उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मुझे गत 31 जुलाई को अपने मन्त्रिमंडल से निकाला था, मगर मैं फिर से अपनी कुर्सी पर वापस आ गया हूं । इस जनसभा में उन्हें साढ़े तीन लाख रुपए की धनराशि भी भेंट की गई ।

प.स. के अनुसार श्री देवी लाल ने गन्ने और खुम्ब के बमूली मूल्य में बढ़ौतरी की घोषणा की । गन्ने का मूल्य अब 45 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ा कर 46 रुपए प्रति क्विंटल और खांड की कीमत

श्रीलंका में युद्ध-विराम के

मल्होत्रा द्वारा पंजा हरियाणा व चंडीगढ़ अधिकारियों के साथ बैठ

चंडीगढ़, 5 जनवरी : राज्यपाल पंजाब (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा ने आज यहां राज भवन पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के सीनियर सि एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की

यह बैठक केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व वाली प्रशासनिक सचिवों की उच्च स्तरीय टीम के

Punjabi Sahatab

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 1 का शेष)

नहीं देखना चाहते । श्री गांधी ने जनता को आह्वान किया कि वे इस बात पर गम्भीरता से विचार करें कि क्या वे धर्म के आधार पर अथवा प्राचीनकाल से चली आ रही संस्कृति के आधार पर राष्ट्रीयता को सुदृढ़ बनाना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि हमें देश के सुखद भविष्य के लिए एक सूत्र में बंध जाना चाहिए ।

उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि भगवान को अपने अभियान के लिए 'टोयटा रथ' की जरूरत नहीं पड़ती ।

श्री गांधी ने विश्वास व्यक्त किया कि देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार का सम्मेलन एक नई दिशा दिखाएगा । उन्होंने कहा कि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद के मसले को उछाल कर कुछ लोग न केवल घृणा फैला रहे हैं, बल्कि देश के विकास को अवरुद्ध कर रहे हैं ।

श्री फारूक अब्दुल्ला ने उन पार्टियों की आलोचना की, जो लोगों की भावनाओं का गलत इस्तेमाल करती हैं । उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात के लिए जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन भी काफी हद तक जिम्मेदार हैं । सम्मेलन में उप प्रधानमंत्री श्री देवी लाल भी उपस्थित थे ।

चेतावनी : प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने आज चेतावनी दी कि अर्थव्यवस्था के जिन क्षेत्रों में इस समय संसाधनों की तंगी है, उनमें यदि उदार नीतियां अपनाई गईं तो देश का भविष्य गिरवी रह जाएगा । मार्केटिंग और विकास पर आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं लालफीताशाही को खत्म करने के लिए उदारीकरण की बात समझ सकता हूं लेकिन देश के स्वरूप संसाधनों को लुटाकर उदारीकरण की नीति अपनाई नहीं जा सकती । श्री चंद्रशेखर ने कहा कि गैर जरूरी दखलंदाजी को रोकने और तुरंत निर्णय लेने के मामले में वह उदारीकरण के विरोधी नहीं हैं लेकिन बदकिस्मती से देश में उदारीकरण के नाम पर हो यह रहा है कि समाज के एक छोटे वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए कीमती संसाधनों को लुटाया जा रहा है । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि देश की आर्थिक रणनीति इसी दिशा की ओर केंद्रित है । हम ऐसी वस्तुओं का आयात नहीं कर सकते जो गैर जरूरी हों ।

श्री चंद्र शेखर ने चेतावनी दी कि अब जनता खोखले चुनावी वायदों को बर्दाश्त नहीं करेगी । न्याय पालिका, संसद और राज-शक्ति के बावजूद संविधान को उठा कर फैंक दिया जा सकता है । हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम ऐसी दुर्गति में न फंसें ।

खाड़ी संकट के शांतिपूर्ण हल की आशा : प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने कहा है कि खाड़ी संकट ने दुनिया को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया है तथा उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस संकट का बातचीत के ज़रिए शांतिपूर्ण हल ढूंढने के हर सम्भव प्रयास किए जाएंगे । सोवियत समाचार एजेंसी 'तास' को दिए गए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सम्बद्ध पक्षों का सद्विवेक जागृत होगा तथा अमरीका और ईराक में सीधी बातचीत के ज़रिए इस जटिल समस्या का समाधान ढूंढा जाएगा ।

'कार वाले तैयार रहें' : श्री चंद्र शेखर ने कार पर चलने वालों को सलाह दी कि वे खाड़ी संकट को देखते हुए कार का कम से कम इस्तेमाल करने के लिए अपने को तैयार रखें । उन्होंने कहा कि यदि खाड़ी संकट और गहराया तो कारों को चलाना मुश्किल हो जाएगा और इसके लिए लोगों को तैयार रहना होगा ।

सार्वजनिक उद्योग कामकाज सुधारें : गुड़गांव : श्री चंद्र शेखर ने यहां चक्करपुर में मारुति उद्योग लिमिटिड की आवासीय बस्ती का उद्घाटन करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कामकाज में सुधार लाने के लिए अपनी व्यवस्था और प्रबन्ध के तरीके को बदलना चाहिए । उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उद्योग का मतलब यह नहीं है कि सरकारी खज़ाना खाली हो जाए ।

महंगाई रोकने के प्रयास : नई दिल्ली : श्री चंद्र शेखर ने अपने निवास स्थान पर आए दिल्ली परिवहन निगम के कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार देश की अर्थ-व्यवस्था को मज़बूत करके महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है ।

मिलिटैंसी : पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

21,000 लूट लिए : इसी जिले के गांव गागू बुआ से कल रात लुटेरों ने एक केन्द्रीय सहकारिता बैंक से 21,000 रुपए लूट लिए ।

गुट संघर्ष में एक मरा : इसी जिले के गांव ठठियां महंता के निकट से पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार यह गुट संघर्ष का मामला है ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि थाना बल्टोहा जिला अमृतसर के गांव महमूदपुर में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके 2 साथी भाग निकलने में सफल रहे । बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त गांव में एक व्यक्ति जसवंत सिंह की बहक पर मिलिटैंट छिपे हुए हैं, जिस पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तत्काल कार्रवाई की । पुलिस ने जब उक्त बहक पर छापा मारा तो मिलिटैंटों ने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया । मारे गए मिलिटैंट के निकट से 1 पिस्तौल, 20 कारतूस, 2 स्टिक बम तथा कुछ अन्य कारतूस बरामद किए गए हैं ।

ठेका लूट लिया : आज रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने तरनतारन रोड अमृतसर में रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित शराब के एक ठेके से 2000 रुपए लूट लिए ।

दुर्दांत मिलिटैंट पकड़ा गया : अमृतसर पुलिस ने आज थाना मजीठा के गांव हक्जा से एक दुर्दांत मिलिटैंट गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया है, जो थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव बद्दोवाल का रहने वाला है । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर और 8 कारतूस बरामद किए गए हैं । जांच अधिकारियों को उक्त मिलिटैंट से पूछताछ करने पर कई सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मारा गया : बटाला (कोछड़) : थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव हरपुरा के निकट एक अज्ञात मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । मृतक मिलिटैंट के निकट से एक 12 बोर की पिस्तौल, 4 कारतूस तथा ए.के. 47 के 20 अन्य कारतूस बरामद किए गए हैं ।

मिलिटैंट मारा गया : बटाला पुलिस जिले के गांव कंडियाला में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल बरामद हुआ है ।

महिला की हत्या : धुरी (सिंगला) : गत रात यहां से कुछ दूर गांव नयामतपुर में मिलिटैंटों ने गांव के पूर्व सरपंच प्रीतम सिंह के घर में घुसकर उसकी पत्नी की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

शराब का ठेका तोड़ दिया : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने गत रात गांव अमरगढ़ में शराब के एक ठेके को तोड़ डाला ।

ट्रक भगा ले गए : जालन्धर जिले के फिल्लौर कस्बे के निकट से कल रात कुछ सशस्त्र लोग सड़क के किनारे खड़ा एक ट्रक नं. पी.आई.पी. 5265 भगा ले गए । ट्रक पर कोयला लदा हुआ था ।

ठेके तोड़ दिए; हथियार छीन लिए : लुधियाना जिले के गांवों हिस्सोवाल तथा ठपई में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के खोखों पर ट्रक चढ़ा कर उन्हें तोड़ दिया । थाना पायल के गांव रामगढ़ में बलवंत सिंह, राजगढ़ के बलविंदर सिंह और सरपंच महेन्द्र सिंह, शाहपुर के जसवन्त सिंह, शेरपुर के सुखकरण सिंह और गलोटी गांव के मनवीर सिंह से कल रात मिलिटैंट उनके हथियार छीनकर ले गए ।

ठेके पर फायरिंग : समराला (भारद्वाज) : गत रात मिलिटैंटों ने यहां से 30 किलोमीटर दूर माछीवाड़ा में सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के शराब के ठेके पर फायरिंग की । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : कपूरथला जिले के गांव इब्राहीम वाला से कल शाम मिलिटैंटों ने तिलकराज नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

महिला की हत्या : कपूरथला जिले के गांव बीरपुर में मिलिटैंटों ने एक महिला की गला घोंट कर हत्या कर दी ।

रिवाल्वर छीन कर ले गए : होशियारपुर जिले में जसवंत राय नामक एक व्यक्ति से मिलिटैंट एक रिवाल्वर, सोने के कुछ गहने और नकदी छीन कर ले गए ।

गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार

गांधीनगर, 5 जनवरी (प.स.) : गुजरात के मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल ने आज अपने दस माह पुराने मंत्रिमंडल में आठ और सदस्यों को शामिल करके उसका विस्तार किया । नए सदस्यों में



जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी की 701वीं जयन्ती पर जालंधर में राज्यस्तरीय शोभा-यात्रा का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व महन्त मोहनदास वैरागी, महन्त रामप्रकाश दास, स्वामी निरंजनानंद एवं श्री गंगादास ने किया । सर्वश्री-अविनाश कपूर, मनोरंजन कालिया, जयकिशन सैनी आदि ने भी इसमें भाग लिया । इनसैट में : शोभा-यात्रा में प्रदर्शित एक झांकी । (छाया : शिव जैमिनी)

जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 701वीं जयंती पर जालंधर नगर में भव्य जलूस

जालंधर, 5 जनवरी (ढल्ल) : आज पंजाब स्तर पर श्री स्वामी रामानंदाचार्य की 701वीं जयंती पर यहां एक विशाल शोभायात्रा श्री महन्त स्वामी मोहनदास वैरागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बाबा मोहनदास ट्रस्ट श्री रघुनाथ मंदिर बाईपास से शोभायात्रा चल कर बाबा लाल द्वारा प्रताप बाग जालंधर में बाकी शोभायात्रा के साथ मिलकर फगवाड़ा गेट, मिलाप चौक, कम्पनी बाग, महर्षि बाल्मीकि चौक, अड्डा बस्तियां, सब्जी मंडी, पटेल चौक, बाल्मीकि गेट, माईहीरा गेट, अड्डा होशियारपुर, खिरारा गेट, भगत सिंह चौक से होती हुई लाल द्वारा प्रताप बाग में सम्पन्न हुई ।

श्रीमहन्त श्री राम प्रकाश दास अध्यक्ष श्री पंचरामानंदीय वैष्णव द्वाबा मण्डल पंजाब मुख्य अतिथि थे । महामण्डलेश्वर श्री गंगादास जी, महंत श्री रामदयालसदास जी, महंत श्री रामदास जी, महंत श्री गोमतीदास जी, महंतश्री प्रेमदास जी, महंत श्री रामकिशनदास शास्त्री, महंत श्री लक्ष्मणदास जी के अतिरिक्त महामण्डलेश्वर स्वामी निरन्जनानंद जी तथा श्री गुरु रविदास सम्प्रदाय तथा अन्य सम्प्रदायों के संतों ने भी भाग लिया । किरयाना मर्चेंट्स एसोसिएशन जालंधर छावनी की ओर से प्रधान श्री नन्द लाल की अगवाई में प्रसाद का स्टाल लगाया गया ।

बड़ी संख्या में सुन्दर व आकर्षक झांकियां शोभा यात्रा में थीं । नगर को बहुत ही सुन्दर ढंग से सजाया गया था । स्थान-स्थान पर लंगर की व्यवस्था लोगों ने की थी । 6 जनवरी को 7 बजे से 9 बजे तक राम यज्ञ होगा । 7 जनवरी 91 को प्रातः 9 बजे पूर्णाहुति तथा 9 से 12 बजे तक संत सम्मेलन बाबा मोहनदास ट्रस्ट श्री रघुनाथ मन्दिर में होगा । राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए विशेष आहुतियां यज्ञ में डाली जाएंगी ।

शोभा यात्रा में विश्व हिन्दू परिषद, प्रजापति ब्रह्माकुमारी, दशहरा कमेटी देवी तालाब, प्राचीन काली मन्दिर देवी तालाब, मानव सेवा समिति, अखिल विश्व गीता महामण्डल, मन्दिर बाबा लाल दयाल दिलबाग नगर, किला नव युवक सभा, युवा प्रताप मंच, श्री जगन्नाथ मन्दिर नकोदर, श्री सीता राम मन्दिर जालंधर छावनी, शिव मन्दिर न्यू प्रेम नगर, श्री रघुनाथ मन्दिर बाईपास, ब्राह्मण सभा बस्ती गुजां, ब्राह्मण सभा सैंट्रल टाऊन, गीता मन्दिर सैंट्रल टाऊन, गीता मन्दिर माडल टाऊन, मन्दिर दानिशमंदा, बाबा लाल दयाल आश्रम बस्ती गुजां, बाबा लालु दयाल मन्दिर प्रताप बाग, श्री सनातन धर्म मन्दिर, संत सम्मेलन द्वाबा मण्डल पंजाब, शक्ति मन्दिर बस्ती शेख रोड, रामा कृष्ण मन्दिर करतारपुर, मन्दिर बैरागियां कोट पक्षियां, श्री कृष्ण मन्दिर रधावां मसन्दां, सिटी बाल्मीकि सभा, श्री कृष्ण मुरारी मन्दिर, श्री अम्बिका सेवा समिति, श्री राम सरोवर मन्दिर, मन्दिर नौहरियां, ऋषि कुटिया गोराया तथा राम मन्दिर व दुर्गा मन्दिर छावनी, ढंढार मंदिर बस्तीगुजां ने भाग लिया ।

डल झील

(पृष्ठ 1 का शेष)

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी के अनुसार गत 29 दिसम्बर को कुछ लोग सुरही खेत में कालिका मंदिर मेले में भाग लेने गए थे । वहां बर्फीले तूफान से आठ व्यक्तियों की मृत्यु होने की खबर है । उन्होंने अधिक लोगों की मृत्यु होने की आशंका व्यक्त की है । पीड़ितों की राहत के लिए चिकित्सकों का दल भेज दिया गया है । जिलाधिकारी ने बताया कि गरुड़ और बख में सर्दी से एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हुई ।

धाली-बसंतपुर-किगल, मार्ग की ओर मोड़ा गया है । आज कुल्लू-मनाली मार्ग भी सात दिनों के बाद यातायात के लिए खोल दिया गया जबकि अन्य पर्यटन स्थल नारकंडा आज नवें दिन भी शेष देश से कटा रहा ।

दूसरी तरफ शिमला के ऊपरी क्षेत्र, ज़िला कुल्लू व चम्बा के अन्दरूनी क्षेत्र तथा किन्नौर, लाहौल-स्पीति, भरमौर व पांगी घाटी के सभी कबायली क्षेत्र आज 11वें दिन भी शेष विश्व से कटे रहे । पांगी घाटी का तापमान जमाव बिन्दु से भी नीचे पहुंच जाने के कारण सामान्य जनजीवन

श्री वैष्णो देवी तीर्थ स्थल का साम्राज्य : दुकानदारों

अमृतसर, 5 जनवरी (सोनी) : श्री वैष्णो देवी मंदिर में भारत से हर वर्ष लाखों यात्री माता जी के दर्शनों के लिए भारी श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं लेकिन मंदिर के कुप्रबंध से परेशान, जेब तराशों से अपनी जेबें कटवा कर और दुकानदारों के हाथों लुट कर मायूसी के आलम में घरों को लौटते हुए अपने आप से ही प्रश्न करते हैं कि ऐसी दुर्दशा कराने की अपेक्षा क्या अपने घर बैठे ही मां को श्रद्धापूर्वक माथा टेकना बेहतर नहीं था ?

गत दिनों श्री वैष्णो देवी के दर्शनों के बाद अमृतसर लौटे एक जत्थे, जिसमें अखिल भारतीय

महिला कांस्टेबल दम तोड़ गई

बटाला, 5 जनवरी (वार्ता) : पंजाब पुलिस की कांस्टेबल अमरजीत कौर (22), जिसका 31 दिसम्बर की रात को यहां पुलिस लाइन्स में एक आग दुर्घटना में 95 प्रतिशत शरीर जल गया था, की कल रात अमृतसर के श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई । एस.पी. (हैड क्वार्टर) आर.एल. भगत ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि कांस्टेबल ने आत्महत्या की है या फिर उसे किसी ने जलाया है ।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त का घेराव

लुधियाना, 5 जनवरी (राजपाल) : कल दोपहर उस समय नगर निगम कार्यालय में भारी हंगामा हुआ और अधिकारियों को पुलिस मंगवानी पड़ी, जब नगर निगम कर्मियों ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त का उनके कमरे में ही घेराव किया और उनके विरुद्ध नारेबाजी की । ये कर्मी हाऊस टैक्स विभाग के एक कर्मचारी श्री चमन सिंह की बहाली की मांग कर रहे थे, जिसे कुछ दिन पूर्व निलम्बित कर दिया गया था । पता चला है कि प्रदर्शनकारी इतने उत्तेजित हो गए कि इस अधिकारी को अपने कार्यालय की खिड़की से भागना पड़ा ।

यदि ईराक कुवैत से हट गया तो उस पर हमला नहीं होगा : बुश

वाशिंगटन, 5 जनवरी (प.स., वार्ता) : राष्ट्रपति जार्ज बुश ने बातचीत की अमरीकी पेशकश को स्वीकार करने के ईराकी फैसले को एक सकारात्मक कदम बताते हुए उसे आश्वासन दिया है कि अगर वह

प्राईवेट खत

शर्म शर्म में रोग को न छुपाएं, डाक्टर साहब को खुद मिलें या पत्र में साफ-साफ लिख दें । सलाह मुफ्त दी जाती है ।

मैनेजर, मोंगा क्लिनिक

ए लारेंस रोड, अमृतसर

सम्पदा में से केवल दस प्रतिशत का ही इस्तेमाल कर रहे हैं । बाकी 90 प्रतिशत पानी बेकार जाता है । उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले चार सालों में देश के प्रत्येक समस्याग्रस्त गांव में पीने का पानी पहुंचा दिया जाएगा । (शेष पृष्ठ 8 पर)

तक गिर गया । अनेक क्षेत्रों में पानी के नल जम जाने से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा । इस सर्दी में अधेड़ उम्र के लोग तो घरों के भीतर बंद हो गए हैं, लेकिन युवा वर्ग, जिसने पहली बार इतनी ठंड पड़ती देखी है यहां जमी हुई 14 किलोमीटर लम्बी

हैं । प्रवक्ता के अनुसार यह रास्ता अभी तक सैनिक सुरक्षा बल और सरकारी वाहनों के लिए ही खोला गया है । अभी तक जम्मू अथवा कश्मीर से नागरिक वाहनों को आने की अनुमति नहीं है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

अनुसार बालीगंज दक्षिण कैबिन पर यह दुर्घटना रात 10.20 बजे उस वक्त घटी, जब पैसेंजर ट्रेन को पीछे से माल गाड़ी ने टक्कर मारी । सूत्रों के अनुसार पूर्वी रेलवे, पुलिस और रेलवे पुलिस के अधिकारी दुर्घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं ।



, जिन्होंने 1983
र को इस पद यात्रा
(छाया : पी.टी.)

पंजाब में 11 मिलिटैंट मारे गए, दो सुरक्षा कर्मियों समेत 11 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 6 जनवरी : रोपड़ जिला में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मारे गए । इस घटना में एक कांस्टेबल की भी जान गई । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 और मिलिटैंट मरे तथा एक सुरक्षा कर्मी समेत 11 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मरे : रोपड़ (राकेश) कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मारे गए । इस घटना में एक कांस्टेबल की भी जान गई । जिला पुलिस प्रमुख मोहम्मद मुस्तफा ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि सुरक्षा बलों ने कल रात पौने 12 बजे के लगभग नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक (नं. पी.सी. के 5055) को रुकने का संकेत किया लेकिन ट्रक में बैठे मिलिटैंट सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग करने के बाद भाग निकले । फायरिंग से कांस्टेबल जसमेजर सिंह की मृत्यु हो गई । सुरक्षा कर्मियों ने जीप में सवार होकर मिलिटैंटों का पीछा किया । बाद में हुई मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मारे गए । दो अन्य अंधेरे में बच कर भाग गए ।

जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार मारे गए मिलिटैंटों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है लेकिन प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि वे बी.टी.एफ. के सदस्य थे । पुलिस ने घटनास्थल से दो बंदूकें, एक .315 बोर की राइफल, एक ए.के. 47 राइफल, एक .455 बोर का राइफल तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का भी बरामद किया है ।

चेतावनी : रोपड़ जिला मैजिस्ट्रेट श्री आर.सी. नैयर ने जिला में प्रिंटिंग प्रैस मालिकों को चेतावनी दी है कि प्रिंट लाईन के बिना मिलिटैंटों के पोस्टर तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री छापने वालों के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाएंगे ।

सुरक्षा कर्मियों पर हमला : लुधियाना (प.स.) : 4 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने लुधियाना सदर क्षेत्र के गांव थनौरा के निकट सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

दो मिलिटैंट मरे : दोराहा (आनंद) पुलिस ने आज लुधियाना जिला के कटाणी कलां गांव में सड़क से दो मिलिटैंटों के शव बरामद किए । मृतकों की पहचान रामपुर निवासी गुरबीर सिंह उर्फ काला तथा छंदड़ा निवासी परमजीत सिंह के रूप में हुई है । घटनास्थल से बी.टी.एफ. के जनरल रछपाल सिंह छंदड़ा की हस्तलिखित चिट्ठी भी मिली है जिसमें कहा गया है कि उक्त दोनों उसके नाम पर लूटपाट करते थे, इसलिए उन्हें सजा दी गई ।

हथियार छीने : कल रात कुछ अज्ञात लोग दोराहा में डा. विजय पाल की डिस्पैंसरी में आए तथा 32 बोर का लाइसैंसी रिवाल्वर छीन कर ले गए । अज्ञात लोग राजगढ़ गांव में सरपंच महेन्द्र सिंह से .303 की राइफल, बलविन्दर सिंह से 12 बोर की बंदूक, शाहपुर गांव में सुहचरण सिंह से बंदूक तथा जसवंत सिंह से रिवाल्वर ले गए । उक्त अज्ञात लोग घलोटी गांव में मनजीत सिंह से भी 12 बोर की लाइसैंसी बंदूक ले गए ।

डाक्टर की हत्या : बुढलाडा (मित्तल) : कल यहां से पांच किलोमीटर दूर स्थित दातेवाल गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने डा. रघुनाथ सिंह मेहता की उनके घर जाकर हत्या कर दी और फरार हो गए । उनके शोक में आज यहां बाजार बंद रहे ।

स्कूटर छीन लिया : कल दो अज्ञात व्यक्तियों ने जसवन्त राय के बेटे अशोक कुमार से उसका बजाज प्रिया स्कूटर (1488) छीन लिया ।

एक की हत्या : मानसा से 'भड़ता' के अनुसार भटिंडा जिला के नंदगढ़ गांव में कल रात मिलिटैंटों ने बिक्कर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ए.एस.आई. की हत्या : बटाला (कोछड़) मिलिटैंटों ने कल रात थाना कादियां के गांव डल्ला हवेलियां में ए.एस.आई. हरजिन्द्र सिंह (35) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हरजिन्द्र सिंह गुरदासपुर में तैनात था और आजकल गांव में छुट्टी पर आया हुआ था । बताया जाता है कि हरजिन्द्र सिंह ने अपने घर में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ रखाया हुआ था । कुछ मिलिटैंट उसके घर आए और उसे कोठे से नीचे लाकर गोलियां मार दीं । हरजिन्द्र सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

महिला की हत्या : इसी गांव में मिलिटैंटों ने श्रीमती गुरजीत कौर उर्फ रेशमा (40) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के चले हुए 9 कारतूस मिले हैं ।

एक की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) : कल रात थाना धारीवाल के गांव सतकोहा में 5 मिलिटैंटों ने गुरमुख सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट गुरमुख सिंह के घर घुस आए । इस पर गुरमुख सिंह भाग खड़ा हुआ लेकिन मिलिटैंटों ने पीछा करके उसे गोलियां मार दीं । बताया जाता है कि कुछ दिन पहले भी कुछ अज्ञात लोग उसके घर आए थे और उसकी बुआ की बेटी छिंदो, जोकि उसी घर में रहती थी, को उक्त अज्ञात लोगों ने उनके लिए रोटी बनाने के लिए कहा था । गुरमुख सिंह ने इसका विरोध किया था । पुलिस ने इस मामले में निजी दुश्मनी की सम्भावना को रद्द नहीं किया ।

सरपंच की हत्या : गुरदासपुर जिला के चक शरीफ गांव में मारुति वैन में सवार छह मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद तीन बजे के लगभग सरपंच अमर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । सरपंच इंका से सम्बद्ध बताया जाता था । वह मिलिटैंटों की हिट लिस्ट में था । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि हत्यारों की व्यापक तलाश की जा रही है ।

पिस्तौल समेत काबू : अबोहर (सदोष) : सदर पुलिस ने पाला सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी गांव बाजिदपुर भोमा को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

गुट संघर्ष में सिख छात्र नेता मरा : पटियाला (भूषण) : आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मजीत गुट) का सक्रिय कार्यकर्त्ता अमरीक सिंह गुट संघर्ष के कारण मारा गया । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने आज यह जानकारी दी । अमरीक सिंह का शव तरहेड़ी-भट्टमाजरा लिंक सड़क से बरामद हुआ । शव पर ए.के. 47 राइफल की गोलियों के निशान थे । घटनास्थल से एक स्कूटर तथा कुछ खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं । बताया जाता है कि इससे पहले लोगों को धमकियां देने के आरोप में (शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

GRAND OPENING
TODAY
(After Renovation)

संसद का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होने की संभावना

नई दिल्ली, 6 जनवरी (इफा) : अधिकृत रूप से पता चला है कि संसद का बजट सत्र 18 या 21 फरवरी से आरंभ होने की संभावना है । यह दोनों तिथियां सरकार के विचाराधीन हैं । पद्धति के अनुसार 1991-92 का बजट प्रस्ताव लोकसभा में माह के अंत

Heart Warmi
20% Off

कर सीमांत की सीपें दें ।

य ने इन सांसदों को नोटिस भेजा था ।
ऐसे सदस्य भी हैं, जिन्होंने सात नवम्बर
श्वनाथ प्रताप सिंह के पक्ष में और 16
ो उनके विरुद्ध मतदान किया था । इनमें
श्री विद्याचरण शुक्ल, श्री शकीलुर्रहमान,
गोवर्धन और श्री सरवर हुसैन भी शामिल

के अनुसार अध्यक्ष इन सदस्यों से
लग या सामूहिक रूप से भेंट कर सकते
सुनवाई एक दिन के अंदर या दो दिन में पूरी
है ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

लियम उत्पादों के संरक्षण पर

दिल्ली (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने आज
कि वर्तमान तेल संकट को मद्देनज़र रखते
यम उत्पादों के संरक्षण के लिए हर संभव
या जाना चाहिए । प्रधानमंत्री से कल सात
मनाये जाने वाले तेल संरक्षण सप्ताह के
र जारी एक संदेश में कहा कि सरकार ने
उत्पादों के इस्तेमाल में किफायत करने
का संरक्षण बढ़ाने के लिए अनेक उपाय
ी आगे भी जारी रहेंगे लेकिन आवश्यक
लियम उत्पादों के संरक्षण की आवश्यकता
महसूस करें ।

ा में कहा गया है कि देश तेल उत्पादन के
पूरी तरह आत्म निर्भर नहीं है और हमारी
ात से अधिक मांग आयात द्वारा पूरी की जा
इन उत्पादों की मांग में तेजी से हुई वृद्धि से
देशी मुद्रा संबंधी संसाधनों पर भारी बोझ



वाल सभा द्वारा रविवार को चंडीगढ़ में
विशाल वैश्य सम्मेलन की अध्यक्षता
हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री बनारसी
। उनके साथ समारोह के आयोजक श्री
श कांसल तथा अन्य पदाधिकारी । (नीचे)
में उपस्थित प्रतिनिधि । (फोटो : पुरी)

द आलम ने शपथ ली

र, 6 जनबरी (पस): श्री खुर्शीद आलम
कर्नाटक के 12वें राज्यपाल के रूप में पद
ीयता की शपथ ली । श्री खां को कर्नाटक
न्यायाधीश एस. मोहन ने शपथ ग्रहण
इस अवसर पर मुख्यमंत्री एस. बंगारप्पा
मंत्री भी मौजूद थे । श्री खां ने जो गोवा के
ाल हैं, श्री भानुप्रताप सिंह की जगह नये

श्री चौहान ने राजधानी के बाहर होने के कारण अध्यक्ष से सोमवार तक का समय मांगा है । इन सदस्यों ने अपने जवाब के साथ अध्यक्ष से मिल कर अपना पक्ष रखने का भी अनुरोध किया था ।

मिलिटैंसी पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमरीक सिंह को पुलिस ने कई बार पकड़ा था ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम इकबाल सिंह, सुखपाल सिंह, साधु सिंह तथा सुखपाल सिंह बताए जाते हैं । पुलिस ने उक्त मिलिटैंटों के कब्जे से एक मारुति कार (न. डी.डी.सी. 2942), बजाज चेतक स्कूटर (नं. पी.आई.सी. 8374), एक रिवाल्वर तथा दो पिस्तौल बरामद किए हैं । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उक्त मिलिटैंटों ने स्वीकार किया है कि वे पटियाला जिला के मंडी गोबिन्दगढ़ क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं । उनके दो साथी भरपूर सिंह तथा अमरीक सिंह भागने में सफल रहे ।

एक की हत्या : अमृतसर (प.स.): मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले के ठाठी गांव में सहायक सब-इंस्पैक्टर सुखदेव सिंह के भाई जसपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस वारदात में श्री सुखदेव सिंह भी घायल हो गए । घटना के समय उक्त दोनों भाई स्कूटर पर कहीं जा रहे थे ।

बैंक लूटा : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के गग्गूभू गांव में स्थित एक बैंक से 4400 रुपया लूट लिया ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : ब्यास थाना के थत्तियां तथा सठियाला गांवों के मध्य एक मिलिटैंट ने उस समय ज़हर खा लिया, जब सुरक्षा बलों ने उसे घेर लिया । अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया ।

मां-बेटे की हत्या : वैरोवाल थाना के मियाविंड गांव में एक मिलिटैंटों ने हरभजन कौर तथा उसके बेटे तलविंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में मिलिटैंटों ने उक्त दोनों के शवों पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उन्हें आग लगा दी ।

एक मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के तरसिक्का गांव के निकट आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक माऊज़र तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

रिवाल्वर छीना : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार पता चला है कि आज यहां सैक्टर 32 में हथियारबंद 2 मिलिटैंट डाक्टर जसमेर सिंह सोनी के घर आए और उनसे रिवाल्वर छीन कर भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

एक की हत्या : जालंधर (प.स.): आज दोपहर बंगा थाना के अंतर्गत नूपुर गांव में मिलिटैंटों ने प्रकाश सिंह नामक एक व्यक्ति की ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एशिया में शां

मास्को, 6 जनवरी (प.स
सेनाध्यक्ष मिखाइल कोलेस्निकोव
और पाकिस्तान के संबंधों में तन
संबंध दक्षिण एशिया में अस्थिर
खतरनाक तत्व हैं । जनरल क
सोवियत सशस्त्र सेना के संयु
मिखाइल मोइसेचेव के नेतृत्व
प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे ।

भारत से लौटने पर एक
कोलेस्निकोव ने कहा कि, "वैसे त
में सराहनीय सुधार हुआ है,
पाकिस्तान के बीच नजदी
राजनीतिक सहयोग, चीन अ
सेनाओं का आधुनिकीकरण तथा
बड़े पैमाने पर इन दोनों देश
उपस्थिति भारत-चीन संबंधों
मार्ग में बहुत बड़ी बाधाएं हैं ।
ने कहा कि दक्षिण एशिया में त
एकमात्र रास्ता आपसी बा
समझौतापरक इंतजाम ही है ।
रास्ता भारत का पारम्परिक ल
स्पष्ट उदाहरण उसका गुट निर
शुरू करना रहा है ।

सोवियत जनरल ने कहा कि
स्थिति काफी अस्थिर है । यह
नहीं होगा कि क्षेत्र में परमाणु प्र
प्रसार और रासायनिक हथियार
स्थिति विस्फोटक हो गई है
समय-समय पर उठने वाली ये आ
सोवियत संघ पश्चिम के साथ अ
करते समय भारत के साथ अपने
कर सकता है । जनरल कोले
"भारत-सोवियत मैत्री पारम्प
मजबूत है । हम सभी क्षेत्रों में नज
सम्पर्क को बनाए रखने के लिए

पैंशन के लिए पात्र ल
की सिफारिश करने

सोनीपत, 6 जनवरी (सपरा)
ने राज्य में सभी जिलाधीशों को
की सिफारिश समाज कल्याण वि
निर्देश दिए हैं जो वृद्धावस्था पैंश
ताकि यह पैंशन चालू वित्तीय व
सके । यह जानकारी मुख्यमंत्री
यहां से 25 कि.मी. दूर फरमाणा
सम्बोधित करते हुए दी । उन्हो
सरकार चार माह की पैंशन रा
भीतर जारी कर देगी ।

गेहूं के भाव आसमान

मोगा, 6 जनवरी (सर्व): आज
300 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच ग
के अनुसार यह आज तक का सब

किसानों को उजाड़ कर डिज़
नहीं बनाने देंगे : बंसी ला

बहादुरगढ़, 6 जनवरी (शर्मा): हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा विकास मंच के अध्यक्ष

चौटाला ने 20 सोने के मुकुट बन
चांदी की छड़ियां मगर आयकर वि

Punjabi Sanatani

कल शाम से माइक्रो-वेव
ी ठीक नहीं हो सकी ।
ा पी.सी. कपूर के अनुसार

कुल्लू घाटी में आज तापमान 0.3 डिग्री रहने से भुंतर क्षेत्र में शीत प्रकोप बना रहा जबकि जालौरी व बाचलिआऊ दर्रों में भारी हिमपात के कारण कुल्लू जिले का बाहरी सूरज क्षेत्र बाकी क्षेत्रों से कट गया

है ।

सूत्रों के अनुसार इस नदी के पानी के बहाव में रुकावट की भी कोई सूचना नहीं है ।

वाहन चालक बत्तियां जला कर न्यूनतम गति से वाहन चला सके जबकि उत्तरी रेलवे की अनेक मेल, एक्सप्रैस व यात्री गाड़ियां भारी धुंध के कारण एक से आठ घंटे विलम्ब से चल रही हैं ।

कमी के हुई : मान

जाता तो यहां की प्रति
ा के बराबर हो गई

लगाया है कि पुलिस
क अधिकारियों का प्रधान
स्थिति बहाल करना या
में नहीं है बल्कि राज्य में
करने में है ।

रोप भी लगाया कि इन
ासन और जीवन शैली के
ासन से दूर चले गए हैं ।
ई निर्वाचित सरकार नहीं

ान के 59वें संशोधन से भी
, विचारों की अभिव्यक्ति
ष्ठ 6 पर)



न से लगभग छः कि.मी.
डिब्बा मालगाड़ी के एक
(छाया : प्रै. ट्र.)

नागरिक गिरफ्तार

इलाके की घेराबंदी कर दी
बच्चों तथा पुरुषों को घरों के
खोजबीन की जा रही है ।
रफ्तार नहीं किया गया है ।

मुरली मनोहर जोशी भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित



नई दिल्ली, 7 जनवरी (वार्ता): डा. मुरली मनोहर जोशी को आज औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया । डा. जोशी एक फरवरी से श्री लाल कृष्ण अडवानी का स्थान लेंगे और उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा ।

इस चुनाव के निर्वाचन अधिकारी श्री सुन्दर सिंह भंडारी ने एक वक्तव्य में यहां कहा कि इस पद के लिए श्री जोशी ही एकमात्र उम्मीदवार थे । उन्होंने बताया कि पांच जनवरी को चार नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे और ये सभी डा. जोशी के थे ।

पंजाब में 10 व्यक्तियों की हत्या : 5 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 7 जनवरी (वार्ता, प.स.): पजाब में कल रात से 5 मिलिटैंट मारे गए, जबकि 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

महिला की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के गांव तलवंडी में दो व्यक्तियों ने कल रात वीर कौर (27) नामक एक महिला की हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 4 खाली कारतूस मिले हैं ।

दो गिरफ्तार : बटाला पुलिस ने पाबरवाली गांव से 2 मिलिटैंटों भाई हरपाल सिंह तथा भाई बाबा सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । उनके पास से 12 बोर की एक देसी पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

एक की हत्या : गुरदासपुर जिले के गांव चक्क श्री में कुछ व्यक्तियों ने सतोख सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट मारा गया : रोपड़ जिले के खिजराबाद गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके दो साथी पकड़ लिए गए ।

दो की हत्या : मक्खू (चंद्र शेखर) : गत रात यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव खम्बे में 4 व्यक्तियों ने 2 भाइयों बलकार सिंह तथा प्यारा सिंह की हत्या कर दी तथा उनके एक अन्य भाई तारा सिंह का अपहरण कर लिया । भागते समय वे 2 बंदूकें तथा 100 कारतूस भी ले गए । उल्लेखनीय है कि मृतकों के एक अन्य भाई की भी कुछ समय पूर्व हत्या कर दी गई थी ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : मलोट (गोयल): मलोट क्षेत्र में कुछ शरारती तत्व 2 व्यक्तियों का अपहरण करके ले गए । उनकी रिहाई के लिए भारी भरकम रकमों की मांग कर रखी है । पता चला है कि गांव तरखानवाला में कुछ अज्ञात व्यक्ति बलविंदर सिंह नम्बरदार का अपहरण करके ले गए और उसकी रिहाई के लिए 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी । ऐसे ही गांव कब्रवाला में एक व्यक्ति हरदयाल सिंह पंडित का कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया और उसकी रिहाई के लिए 2 लाख रुपए की मांग की है ।

पैट्रोल पम्प लूटा : 4 अज्ञात व्यक्तियों ने कल सरायनागा के पैट्रोल पम्प को लूट लिया और 58 हजार रुपए व स्कूटर नम्बर पी.ए.आर. 404 लूट कर फरार हो गए ।

रिवाल्वर छीने : पटियाला (भूषण): चार सशस्त्र व्यक्तियों ने जिले के गांव पहाड़खुर्द में धर्म सिंह के घर से उसका रिवाल्वर छीन लिया । बाद में उन्होंने सूबेदार अजीत सिंह के घर में घुस कर उसका भी रिवाल्वर छीन लिया ।

एक अन्य मिलिटैंट मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले के मेनाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक अन्य मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया । यह दोनों साथी घायल हो गए थे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सरकार पंथक कमेटी की धमकियों के आगे नहीं झुकेगी : सहाय

नई दिल्ली, 7 जनवरी (वार्ता): सरकार ने आज लोकसभा में स्पष्ट रूप से कहा कि वह पंथक कमेटी द्वारा पत्रकारों के लिए आचार संहिता लागू करने जैसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगी । गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत ने आज एक लिखित उत्तर में कहा कि सम्वाददाताओं सहित प्रचार माध्यमों को पर्याप्त सुरक्षा दी जा रही है और सुरक्षा प्रबन्धों की लगातार समीक्षा की जा रही है ।

हथियार : श्री सहाय ने बताया कि पंजाब में 1987 से गत 30 नवम्बर तक बरामद किए गए हथियारों में कुल 901 ए.के. 47 राइफलें तथा 16 प्रक्षेपास्त्र भी हैं ।

कश्मीर : एक प्रश्न के जवाब में श्री सहाय ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर में सेना का वहां वास्तविक नियंत्रण रेखा पर नियंत्रण है । असैनिक प्रशासन की मदद के लिए उन्हें तब बुलाया जाता है, जब जरूरत होती है ।

मिलिटैंट : श्री सहाय ने बताया कि पंजाब में 1989 में 2466 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए तथा नवम्बर 1990 तक 1637 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए । जम्मू और कश्मीर में 1989 के दौरान 124 अलगावलादी गिरफ्तार किए गए । 1990 में जम्मू और कश्मीर राज्य में 4593 व्यक्ति पकड़े गए जिनमें से प्रारम्भिक जांच-पड़ताल

कोई प्रस्ताव इस समय सरकार के पास विचाराधीन नहीं है । गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी ।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद से सम्बन्धित पक्षों के साथ बातचीत की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है और सरकार साम्प्रदायिक सद्भाव और लोक व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न सुझावों पर उचित रूप से विचार करेगी ।

श्री सहाय ने बताया कि अयोध्या विवाद के बारे में दोनों पक्षों द्वारा अपने-अपने समर्थन में दिए गए प्रमाणों की जांच-पड़ताल की जा रही है । उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में आगामी बैठक दस जनवरी को होनी निश्चित है ।

1.20 करोड़ का सोना, 30 लाख की करंसी पकड़ी गई

बम्बई, 7 जनवरी (प.स.): राजस्व गुप्तचर निदेशालय के अधिकारियों ने आज यहां एक कंटेनर जलपोत 'ब्रेवोसिफ' से 1.20 करोड़ रुपए मूल्य की सोने की 300 छड़ें बरामद कीं । यह जहाज बम्बई और दुबई के बीच चलता है ।

तेजेन्द्र खन्ना पंजाब के मुख्य सचिव नियुक्त

नई दिल्ली, 7 जनवरी (वा.): मुख्य आयात निर्यात नियंत्रक श्री तेजेन्द्र खन्ना को तात्कालिक रूप से पंजाब का मुख्य सचिव नियुक्त कर दिया गया है । उन्हें श्री एस.एल. कपूर के स्थान पर नियुक्त किया गया है । श्री एस.एल. कपूर की

Punjabi Sanatani

पार्टियां कृपया बाक्स नं. 234, पंजाब केसरी, जालन्धर को लिखें ।

नीलाम सूचना

श्री मोहिन्दर सिंह पुत्र दमन सिंह, मकान नं. 89, डिफैंस कालोनी, जालन्धर, तहसील और जिला, जालन्धर के विरुद्ध मबलिग असल 58951/- रुपए, ब्याज 19989/-, खर्च कुल मबलिग 78940/- रुपए की डिग्री दी न्यू माडल सहकारी मकान सभा लि., जालन्धर के हक में हो चुकी है पर श्री मोहिन्दर सिंह पुत्र दमन सिंह मकरूज़ उक्त डिग्री की रकम अदा नहीं कर रहा है । इसलिए निम्नलिखित जायदाद 18.1.91 (अठारह जनवरी, 1991) को मकान नं. 89, डिफैंस कालोनी, जालन्धर में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक नीलाम की जाएगी । जो जायदाद नीलाम की जाएगी उसका विवरण निम्नलिखित है :

जायदाद का ब्योरा

मकान नं. 89, डिफैंस कालोनी, जालन्धर Measuring M/11, Sq. ft./172, A Built House.

उत्तर : सड़क, दक्षिण : प्लाट नं. 90, पश्चिम : प्लाट नं. 88, पूर्व : सड़क ।

नीलामी की शर्तें निम्नानुसार हैं :

1. ब्याज की रकम सालम वसूली तक चालू रहेगी । (2) बोली हक में होने वाले व्यक्ति को 15% रकम तुरन्त सेल अफसर के पास जमा करवानी पड़ेगी । बाकी की 85% रकम और स्टैम्प ड्यूटी की रकम 15 दिनों के अंदर जमा करवानी पड़ेगी । ऐसा न किए जाने की सूरत में पहले जमा कराई गई रकम जब्त की जा सकती है । (3) बोली को स्थगित या आगे डाला जा सकता है । (4) नीलाम की जाने वाली जायदाद के पूरे विवरण (सेल अफसर) सहायक रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं, जालन्धर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किए जा सकते हैं । (5) बाकी शर्तें जो शेष हैं, सेल अफसर की तरफ से मौका पर सुनाई जाएंगी ।

शिंगारा सिंह
सेल अफसर
सहायक रजिस्ट्रार,
सहकारी सभाएं, जालन्धर
दिनांक : 4.1.91.

टी. रैड क्रास रैनबसेरा सैक्टर-17, चंडीगढ़

ने पटड़ी वासियों तथा रिक्शा चालकों के लिए एक 'रैनबसेरा' खोला है । धाओं की व्यवस्था की गई है ।

पया लिया जाएगा । रात को खाना 4/- रुपए पर उपलब्ध कराया जाएगा केवल 75 पैसे लिए जाएंगे । रिक्शाओं को खड़ा करने के लिए पर्याप्त

हस्त.
जगजीत पुरी, सैक्रेटरी

फ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

परेशान क्यों ? चमड़ी रोगों व जटिल रोगों का सफल इलाज । डा. दिलबाग, सुल्तानविंड रोड, अमृतसर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate 7.1.91 75/- without trays. NECC suggested retail price 9.80 per dozen.

गुमशुदा

सफेद पामेरियन कुत्ता, 'जीनी', 28.12.90 को

or Sale. Sony 990 Model, with fully automatic, grams for sale. ntact : 63324 dhar.

ए जरूरतमंद लड़की मिलें : 15-F, न्यू

पार्य

ण) उत्तर रेलवे के लिए मोहरबंद 91 को दोपहर जाती हैं जो उनके

.सी. टबीन ब्लाक साईंडिंग बदोबाल

1.60 लाख 00/- । में इस कार्यालय से 5.30 बजे के बीच डाक द्वारा मंगानी ए जा सकते हैं ।

पार्य

उ.रे. मंडल रेल छावनी दिनांक को ग्रैड बठिन्डा ठेके के लिए बंद उपरोक्त ठेके की तिभूति राशि रु.

र्ष तक की है । दोपहर के बाद

कार्यालय से 14 1.1.91 तक और 02.91 को 25/- द अदायगी कर भुगतान के योग्य

निविदा के लिए ऊपर पूर्ण आदेश क अनुभव ही ठेके कार्य हेतु है वरिष्ठ बाला छावनी के

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो शव मिले : तरनतारन पुलिस जिले के गांव वल्टोहा से सुरक्षाबलों ने बंता सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । निकटवर्ती गांव असल अत्तर से भी बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

मिलिटैंड मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के गांव बरपाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भाई हरजिंदर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

गुट संघर्ष में बग्गा मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के गांव चविंडा में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का दर्दात मिलिटैंट दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा गुट संघर्ष में मारा गया । उस पर 50,000 रुपए का परस्कार था । पुलिस के अनुसार बग्गा के विरोधियों ने उसके शव को भागने से पूर्व आग लगा दी ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के गांव दिगीपुर में एक बलविन्दर सिंह नामक मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारा गया ।

कांस्टेबल का शव मिला : आज अमृतसर में ईस्ट मोहन नगर क्षेत्र से कांस्टेबल हरजीत सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

ए.एस.आई. का शव मिला : लुधियाना (मुसाफिर): आज पुलिस को साहनेवाल के निकट ए.एस.आई. राम स्वरूप की गोलियों से छलनी लाश मिली है । मृतक साहनेवाल थाना में ही तैनात था ।

कांस्टेबल-होमगार्ड की हत्या : चार कार सवारों ने साहनेवाल के पुलिस कांस्टेबल तखतेव सिंह और एक होमगार्ड अनूप सिंह की गोलियां मार कर उस वक्त हत्या कर दी जब वह दोनों निकटवर्ती गांव से साहनेवाल की ओर आ रहे थे । हत्यारे दोनों की हत्या करने के बाद उनके हथियार भी ले गए ।

50 हजार रुपए छीने : मुक्तसर (दीपक): आज यहां से लगभग 18 किलो मीटर दूर सराए नागा गांव के निकट दो लुटेरों ने एक स्कूटर सवार को रोक कर उससे 50 हजार रुपए छीन लिए तथा उसके स्कूटर पर सवार होकर भाग गए ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : कल रात जालंधर शहर के बटामंडी क्षेत्र में से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया । बताया जाता है कि मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों से घिर जाने के पश्चात् जहर खा लिया, जिसके कारण वह बेहोश हो गया । उसे सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । इसी जिले के नवांशहर थाने के गांव अरारपुर के निकट से तीन लुटेरों ने सुखबीर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने पटियाला जिले में 7 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनके पास से एक रिवाल्वर तथा दो पिस्तौल बरामद किए ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने तीन लुटेरों नरेश कुमार, नरिन्दर पाल तथा बलविन्दर कुमार को इनकी कार तथा उसके चालक तरलोचन सिंह सहित गिरफ्तार करके उनके कब्जे से इंद्र सिंह निवासी लाजपत नगर जालन्धर से कल रात छीनी 1000 रुपए की राशि बरामद की है । जालन्धर पुलिस ने सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार करके उसके पास से एक रिवाल्वर तथा एक मोटर साइकिल, जो उसने 4 जनवरी को जालन्धर से पिस्तौल की नोक पर छीना था, बरामद किया है ।

शेयर मार्कीट में भारी गिरावट

अमृतसर, 7 जनवरी (वर्मा): ईराक व कुवैत में जंग के बादलों को देखते हुए यहां की शेयर मार्कीट में काफी हद तक गिरावट आई है । यहां तक कि कई शेयर 25 से 50 रुपए तक गिर गए हैं । आम मार्कीट में कोई लेन-देन नहीं हो रहा । शेयर होल्डर उम्मीद लगाए बैठे हैं कि 15 जनवरी के पश्चात् यदि जंग के बादल छट गए तो शेयर मार्कीट में एकदम तेजी आ

सारी खराबियां और बुराइयां निहित थीं, जिसके कारण आज विश्व के उन सभी देशों की राजनीतिक एवं आर्थिक हालत चरमरा उठी है, जहां सारे अधिकार एक जगह केन्द्रित थे ।

ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान निर्माताओं ने जनतांत्रिक संघीय राष्ट्र के बुनियादी तथ्यों की उपेक्षा करके भारत को दरिद्रता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, अन्याय, असमानता, साम्प्रदायिकता और प्राकृतिक साधनों के विनाश की स्थिति में ला खड़ा किया है ।

श्री मान द्वारा दिए गए ज्ञापन में कही गई कुछ अन्य बातें इस प्रकार हैं :

(1) अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन कर पंजाब का पानी दूसरे राज्यों को दिया गया । इसके फलस्वरूप पंजाब को पानी एवं बिजली के मामले में हुई क्षति की भरपाई नहीं की गई ।

(2) पंजाब में केंद्र की औद्योगिक परियोजनाओं में से बहुत कम परियोजनाएं लगाई गईं ।

(3) सशस्त्र बल में नियुक्ति, मध्यम एवं बड़े उद्योगों, वाणिज्यिक उद्योगों और विदेश व्यापार बारे लाइसैंस देने के मामले में संविधान एवं उसकी प्रस्तावना के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन किया गया और पंजाब के मामले में भेदभाव की नीति बरती गई ।

(4) केंद्र सरकार की इजाजत के बिना पंजाब में कोई विदेशी पूंजी निवेश सम्भव नहीं ।

(5) पंजाब के प्रति भेदभाव की नीति अपनाने के फलस्वरूप ही सिखों ने अपने संवैधानिक, जनतांत्रिक, राजनीतिक क्षेत्रीय और आर्थिक अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया ।

(6) संवैधानिक रूप से भारत और पंजाब दोनों कटे हुए हैं । 65वें एवं 76वें संविधान संशोधन के पारित होने के बाद पंजाब भारत का एक उपनिवेश बन कर रह गया है ।

(7) अनेक हिन्दू संगठनों ने हिन्दुत्व के सिद्धांत पर अमल कर आंदोलन शुरू कर दिया है, जिससे भारत हिन्दुत्व और हिन्दूराष्ट्र का पर्याय बन गया है ।

(8) सिखों के सामने अपने धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य हितों की रक्षा के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है । उनके हितों की रक्षा तभी सम्भव है जब अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत, जिसे भारत भी मान चुका है, आत्मनिर्णय का अधिकार सिखों को मिले ।

लुधियाना, (मुसाफिर): अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए परामर्श दिया कि हिन्दू लीडर सिखों के साथ अपने सम्बन्धों का नए सिरे से जायजा लेकर उनको नई शक्ल दें । श्री मान ने कहा कि वह गत वर्ष भाजपा के प्रधान श्री एल.के. अडवानी से मिले थे और सिखों व मुसलमानों के साथ हिन्दुओं के सम्बन्धों पर विचार किया था ।

श्री मान ने कहा कि मैंने श्री अडवानी से कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों में पुरानी आपसी शत्रुता है और शक्ति का संतुलन सिखों के हाथ में है । जब देश का बटवारा हुआ था, उस वक्त देश में चार पक्ष थे । हिन्दू कांग्रेस के साथ और मुसलमान मुस्लिम लीग के साथ थे । तीसरा पक्ष सिख और चौथा पक्ष बरतानवी सरकार थी । उस वक्त हिन्दुओं को हिन्दुस्तान-मुसलमानों को पाकिस्तान दे दिया गया । सिखों ने अपना भाग्य हिन्दुस्तान के साथ जोड़ दिया और उसमें शामिल हो गए ।

उस वक्त के हिन्दू नेताओं ने सिखों को विश्वास दिलाया था कि उनको सारे अधिकार दिए जाएंगे लेकिन 1984 में सिखों पर भारी अत्याचार हुए और उनसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सारे संवैधानिक अधिकार छीन लिए । इसलिए अब सिख तटस्थ हो गए हैं ।

श्री मान ने श्री अडवानी से कहा कि अगर उन्होंने अपना रवैया न बदला तो शक्ति का संतुलन मुसलमानों के हाथ में हो जाएगा । उन्होंने कहा कि मुसलमानों के साथ शत्रुता छोड़ दो । श्री मान ने परामर्श दिया कि पाकिस्तान को सुदृढ़ बनाना चाहिए ताकि वह भारत और चीन के बीच बफर स्टेट के तौर पर काम कर सके । श्री मान के अनुसार

जनता दल (स) सदस्यों ने रवि राय को स्पष्टीकरण दिए

नई दिल्ली, 7 जनवरी (वार्ता): जनता दल छोड़ कर जनता दल समाजवादी में शामिल हो गए लोकसभा के सदस्यों ने आज अध्यक्ष रवि राय के सामने स्पष्टीकरण दिए ।

उल्लेखनीय है कि जनता दल ने इन सदस्यों को पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करने पर अध्यक्ष से उन्हें दल बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित करने की मांग की थी ।

इन सदस्यों ने अध्यक्ष को दिए गए अपने व्यक्तिगत स्पष्टीकरण में कहा है कि जनता दल में विभाजन हो चुका था, इसलिए तत्कालीन जनता दल द्वारा जारी व्हिप का उनके द्वारा उल्लंघन का सवाल ही नहीं है ।

व्यक्तिगत स्पष्टीकरण देने के लिए उपस्थित सदस्यों में उप-प्रधानमंत्री देवी लाल, विदेशमंत्री विद्याचरण शुक्ल, शहरी विकास मंत्री दौलत राम सारण और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री शकीलरहमान शामिल हैं । जनता दल (स) के महासचिव तथा पैट्रोलियम और रसायन मंत्री सत्य प्रकाश मालवीय भी उपस्थित थे ।

ख्याल है कि लोकसभा अध्यक्ष श्री रवि राय सांसदों के मामले में शीघ्र निर्णय देंगे ।

सीवरेज के रेट समान करने की मांग

फगवाड़ा, 7 जनवरी (अशोक): भारतीय जनता युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं सर्वश्री अरुण खोसला, सुदेश शर्मा, तिलक राज कलचा व पवन मल्होत्रा ने पंजाब के राज्यपाल से मांग की है कि राज्य भर में लुधियाना पैटर्न पर सीवरेज के रेट तीन रुपए मासिक ही निश्चित किए जाएं ताकि राज्य में सीवरेज के रेट एक समान लाग हो सकें

प्रैस कौंसिल की सब-कमेटी चंडीगढ़ पहुंची

चंडीगढ़, 7 जनवरी : भारत की प्रैस कौंसिल की सब-कमेटी, जिसमें श्री बी.जी. वर्गीस, श्री जमना दास अख्तर और श्री के. विक्रम राव सम्मिलित हैं, आज चंडीगढ़ पहुंची । यह कमेटी जालन्धर और अमृतसर का दौरा करके आई है ।

कमेटी अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान पंजाब भवन, चंडीगढ़ में प्रैस से संबंधित विभिन्न संस्थाओं और अन्य संगठनों से मिलेगी ताकि वह राज्य में प्रैस को आने वाली कठिनाइयों से अवगत हो सके ।

मिल्कफैड कर्मियों द्वारा आज हड़ताल

जालन्धर, 7 जनवरी (हल्ल): पंजाब स्टेट को-आपरेटिव मिल्क प्लांट्स प्रोजैक्टस एम्पलाइज कन्फैडरेशन के आह्वान पर कल प्रातः से राज्य भर के 7000 कर्मचारी 24 घंटे की हड़ताल करेंगे ।

यह जानकारी देते हुए कन्फैडरेशन के प्रधान श्री अमर नाथ शर्मा ने एक वक्तव्य में कहा कि इस हड़ताल के लिए मिल्कफैड के मैनेजिंग डायरैक्टर जिम्मेदार हैं जो कर्मचारियों की मांगों की अकारण

Punjabi Sarafari

श्री सुबोध कांत ने कहा
समेत पांच उग्रवादी
त किया गया है लेकिन
सम्बद्ध किसी उग्रवादी
करना जरूरी नहीं
श्न के उत्तर में बताया
रिषद दोनों ही विदेशियों
आंदोलन चला रहे हैं ।
असम में 'अगप' द्वारा
ल्फा ने अपनी उग्रवादी
किन उल्फा द्वारा असम
लिओं के साथ व्यक्तिगत
के बारे में सूचना मिली
ण परिषद के सदस्यों में
और उदारता पाई गई

कहा कि तमिलनाडु में
टाइगर्स (लिट्टे) की
से नहीं रोक पाने की
क सरकार को बर्खास्त
लागू करने का कोई
क सरकार इस तरह से
पने राष्ट्रीय दायित्व
टेगी । प्रधानमंत्री ने
त और पर तमिलनाडु
की गतिविधियों की
ो सरकार से समुचित
।

मिलनाडु सरकार ने
ी स्थिति बनाए रखने
संतोषजनक नहीं है ।
राजन ने लिट्टे की
में लोगों की सुरक्षा
ानमंत्री ने कहा कि
करना राज्य सरकार

सवाल के जवाब में
स्स बार ग्रुप की अवैध
ोग देगा ।
ष में गृह राज्यमंत्री
रल, आंध्र प्रदेश तथा
की कोई जानकारी

हस्तक्षेप नहीं
र ने राज्यसभा को
की आजादी की हर
और इसमें सरकार
इरादा नहीं है ।
के अटल बिहारी

म्मेदारी
शेखर
एक मंत्री द्वारा इस
ूहिक उत्तरदायित्व
ोने आरोप लगाया
ए मंत्री से भी
डा. स्वामी के विरुद्ध
श्री जसवंत सिंह की

से स्पष्टीकरण देना
नाम लेकर आरोप
ने का मौका मिलना
बोलने की अनुमति
सवंत सिंह के अपनी
हें बोलने का मौका

शेखर सदन में पहुंच
ाए गए आरोपों को
कहा इस सम्बन्ध में
ी चुकी है और डा.
ातों का खंडन किया

श्रीनगर में गोली चलाने की घटनाओं की संख्या बढ़ी
बद करवाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है । उन्होंने कहा कि सरकार की आलोचना करने पर यह प्रतिक्रिया प्रेस की आज़ादी पर प्रहार है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कालिए आज तीसरे दौर की बातचीत हुई ।

श्री ओवेसी ने बताया कि चंद्रास्वामी ने कुछ सुझाव दिए हैं, जिन पर कमेटी के अन्य पदाधिकारियों के साथ पिछले सप्ताह विचार-विमर्श के दो दौर हुए थे । श्री ओवेसी ने डालमिया ने मुसलमानों के प्रति श्री चन्द्रशेखर के पक्षपातपूर्ण रवैये पर चिंता व्यक्त की थी ।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि धर्म के नाम पर पुराने मुद्दों को उठाना देश के हित में नहीं होगा । इस वक्तव्य पर श्री डालमिया ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री को एक पत्र में कहा कि ऐसा लगता है कि श्री चन्द्रशेखर ने मुस्लिम समुदाय का पक्ष लेने का मन बना लिया है ।

नई दिल्ली से 'मनमोहन शर्मा' के अनुसार बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति और विश्व हिन्दू परिषद के बीच राम जन्म भूमि विवाद को सुलझाने के लिए चल रही वार्ता में गतिरोध उत्पन्न हो गया है । घटनाक्रम के इस नए मोड़ से सरकार बहुत चिंतित है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार विश्व हिन्दू परिषद का एक वर्ग 10 जनवरी को होने वाली त्रिपक्षीय सम्मेलन का बहिष्कार करने पर गम्भीरता से विचार कर रहा है ।

यह भी पता चला है कि विश्व हिन्दू परिषद का उग्रवादी गुट अपने नेताओं पर दबाव डाल रहा है कि वह सरकार के झांसों में न आए और संघर्ष की तैयारी तेज करें । इस गुट की मान्यता यह भी है कि वर्तमान सरकार चंद्रास्वामी के माध्यम से आंदोलन में मतभेद पैदा कर रही है ।

भाई मनजीत सिंह की रिहाई के आदेश

चंडीगढ़, 8 जनवरी (वि.सू.): पंजाब सरकार ने आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रधान भाई मनजीत सिंह की रिहाई के आदेश जारी कर दिए हैं । वह गत कई महीनों से 'टाडा' के तहत संगरूर जेल में बंद हैं । राज्य सरकार ने उनके खिलाफ दर्ज केस वापिस ले लिया है । उनके कुछ साथी जमानतों पर रिहा हो चुके हैं ।

राज्यसभा में 'म्याऊं' !

नई दिल्ली, 8 जनवरी (वार्ता): एक बिल्ली ने वाणिज्य मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी के वक्तव्य पर आर.एस.पी. के सौरेन्द्र भट्टाचार्य द्वारा पूछे जा रहे स्पष्टीकरण के दौरान अप्रत्याशित हस्तक्षेप किया ।

हस्तक्षेप करने वाली बिल्ली की "म्याऊं" से सदन गूंज उठा तो "वाच एंड वार्ड" कर्मचारी सक्रिय हो उठे । पीठासीन उप-सभापति एम.ए. बेबी ने 'निर्णय' दिया कि सदन में सदस्यों तथा कर्मचारियों के अलावा किसी को आने की इजाज़त नहीं है ।

ठहाकों के बीच एक सदस्य ने पूछा, "आज बिल्ली आई है, कल सांप आ गया तो ?" कुछ देर के लिए सदन का माहौल हल्का-फुल्का करके बिल्ली खुद ही एक खिड़की से बाहर कूद गई ।

अकाली वर्कर समेत 10 लोगों की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 8 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अकाली वर्कर समेत 10 लोगों की हत्या हुई तथा 3 मिलिटैंट भी मारे गए ।

अकाली नेता की हत्या : पटियाला (भूषण): मिलिटैंटों ने मल्लेपर थाना क्षेत्र के रुड़की गांव में नम्बरदार बलबीर सिंह की कल रात 8 बजे के लगभग हत्या कर दी । बताया जाता है कि 6 मिलिटैंट श्री बलबीर सिंह के घर में घुस कर उन्हें गोली मार कर भाग गए । श्री सिंह अकाली दल (ब) के कार्यकर्त्ता भी थे ।

एक और व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात पटियाला से 7 किलो मीटर दूर कल्याण गांव में मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बाद में उसे नहर के पुल पर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने इस वारदात की ज़िम्मेदारी ली है ।

महिला की हत्या : मालेरकोटला (आजिज): कल रात थाना अहमदगढ़ के गांव जातीवाल में 4-5 मिलिटैंटों ने एक औरत जन्नत बीबी पत्नी जमालदीन की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतका दाई का काम करती थी । बताया जाता है कि रात को मिलिटैंटों का एक ग्रुप गांव में आ गया । उन्होंने कुछ युवकों को बहुत पीटा । एक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया । इसके बाद मिलिटैंट फरार हो गए ।

शराब के ठेके तोड़ दिए : अहमदगढ़ से 'पुरी' के अनुसार ट्रक में सवार मिलिटैंटों ने कल रात डेहलों थाना के अंतर्गत तीन गांवों गुज्जरवाल, किला रायपुर तथा आसी में ट्रक मार कर शराब के ठेके तोड़ दिए ।

एक मिलिटैंट मरा, एक गिरफ्तार : होशियारपुर (नि.सं.): कल सायं थाना गढ़शंकर के गांव सिंहपुर के पास पुलिस के साथ भिड़न्त में एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी । पुजेवाल की ओर से एक स्कूटर पर तीन युवक आते दिखाई दिए तो पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग से उनमें से एक स्कूटर से गिर पड़ा जबकि अन्य दोनों भाग गए । पास जाकर देखा तो वह मरा पड़ा था । घटनास्थल से पुलिस को एक ए.के. 47 राइफल और कुछ खाली व भरे हुए कारतूस मिले । एस.एस.पी. राजन गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र की तलाशियां आरम्भ कर दी हैं ।

इसी दौरान होशियारपुर पुलिस ने एक मिलिटैंट गुरदेव सिंह जिला अमृतसर निवासी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से आधा किलो विस्फोटक पदार्थ और डैटोनेटर बरामद किए हैं । उससे पूछताछ जारी है ।

स्टेनगन छीन ली : शाहकोट (चोपड़ा): आज यहां दो मिलिटैंटों ने जिला जद नेता श्री बलदेव राज गुप्ता की स्टेनगन छीन ली । उन्होंने एक और आढ़ती का स्कूटर भी छीन लिया और उस पर फरार हो गए । थोड़ी दूर जाकर उन्होंने स्कूटर वहीं छोड़ दिया तथा एक अन्य व्यक्ति का स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): थाना कादियां के गांव लेलकलां में कल रात मिलिटैंटों ने दलीप सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने मौका से ए.के. 47 राइफल के 4 कारतूस बरामद किए हैं ।

शव मिला : फिरोजपुर (प.स.): पुलिस ने कल रात खम्बा गांव के निकट से दारा सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : भटिंडा (प.स.): जिला पुलिस ने बरेटा गांव से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से एक पिस्तौल तथा 256 कारतूस बरामद किए हैं ।

मिलिटैंट का शव मिला : फरीदकोट (प.स.): सुरक्षा बलों ने कल रात मोगा सब-डिवीजन के कलियांवाला क्षेत्र से एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । मृतक का नाम बिंदर सिंह बताया जाता है ।

एक की हत्या : रोपड़ (प.स.): मिलिटैंटों ने कल्याण गांव में मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति

(शेष पृष्ठ 6 पर)



होशियारपुर जिला में गढ़शंकर के निकट सिंहपुर गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात मिलिटैंट का शव । (छाया : गुप्ता)

गृह मंत्रालय द्वारा पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों सुरक्षा इकाइयां स्थापित करने की व्याप

नई दिल्ली, 8 जनवरी (सीमा मुस्तफा): पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा इकाइयां स्थापित करने की अपनी एक व्यापक योजना के अन्तर्गत गृह मंत्रालय द्वारा उन सभी 117 गांवों में बीस बंदूकें प्रति गांव वितरित करने का फैसला किया गया है, जो पहले मिलिटैंसी की कार्रवाइयों से प्रभावित पाए गए थे ।

गृह मंत्रालय के सूत्रों का यह पूरा विश्वास है कि बंदूकों से लैस ऐसे बीस व्यक्तियों के दल पंजाब पुलिस की सहायता के लिए इन क्षेत्रों में काफी हद तक मिलिटैंसी की कार्रवाइयों पर काबू पाने में समर्थ होंगे । इन सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को हथियार प्रदान करने की योजना को तो कई माह पहले ही हरी झंडी मिल गई थी, मगर इस पर कार्यान्वयन केवल इसीलिए अटका हुआ था क्योंकि इन हथियारों में शामिल बंदूकें किसी विदेशी एजैंसी से ही खरीदने का सुझाव दिया गया था । मगर अब यह निर्णय किया गया है कि यह बंदूकें भारतीय फैक्ट्रियों में से ही खरीदी जाएंगी ।

इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने हाल ही में राज्य की स्थिति का जायजा लेने के बाद कई प्रशासनिक कदम उठाने व राज्य की मशीनरी को सुदृढ़ करने का फैसला किया है । इस सिलसिले में लोगों की सुरक्षा इकाइयां स्थापित करने के साथ अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त 60 कम्पनियां भी पंजाब में भेजी जाएंगी । इसी प्रकार दिल्ली की भांति ही अमृतसर, जालन्धर व लुधियाना को 'सुरक्षा योजना' में शामिल करके इन तीनों जिलों में सुरक्षा नेटवर्क में सुधार किया जाएगा । इस सारी कार्रवाई का आशय यही है कि संचार नेटवर्क में इतना अधिक सुधार कर लिया जाए जिससे मिलिटैंटों की किसी भी सम्भावित गतिविधि अथवा कार्रवाई को किसी हद तक कठिन या असम्भव बनाया जा सके । इस उद्देश्य के लिए पंजाब में न केवल अतिरिक्त पुलिस थाने ही स्थापित किए जा रहे हैं बल्कि पहले से ही कार्यरत पुलिस थानों में अतिरिक्त टैलीफोन लाइनें उपलब्ध करवाने के साथ उन्हें मोटर कारें, वायरलैस सैट व अन्य अत्याधुनिक हथियार भी दिए जा रहे हैं ।

इसी दौरान भारत-पाक सीमा पर लगी कंटीली बाड़ को और आगे बढ़ाया जा रहा है तथा रात में गश्त को सुविधाजनक बनाने के लिए सर्चलाइटें भी वहां लगाई जा रही हैं ।

गृह मंत्रालय को आकाशवाणी के चंडीगढ़ केन्द्र से हिन्दी में प्रसारण पर और पंजाबी के लिए भी

प्रधानमंत्री पंजाब की 'वास्तविकताओं' से अनभिज्ञ, उनके द्वारा उठाए पगों से मिलिटैंटों को प्रोत्साहन मिला है : सुरजीत

नई दिल्ली, 8 जनवरी (प.स.): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने आज प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर पंजाब की 'वास्तविकताओं' से अनभिज्ञ होने का

चाहिए ।

श्री सुरजीत ने पंजाब की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश आज कुछ अकाली धड़े

चौकीदार की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन के गुरुनानकपुरा क्षेत्र में पदम बहादर नामक एक चौकीदार की छुरा घोंप कर हत्या कर दी तथा उसका शव एक खम्बे के साथ लटका दिया ।

शराब के ठेके में बम फटा : रैय्या कस्बे में कल रात शराब के एक ठेके में बम विस्फोट हुआ, जिससे शराब की बोतलें क्षतिग्रस्त हो गईं । इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ ।

ठेके पर फायरिंग : 2 घायल : अमृतसर से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि आज रात्रि नगर के सुल्तानविंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों की गोली से दो व्यक्ति उस समय घायल हो गए जब सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों को शराब के ठेके को आग लगाते समय चुनौती दी । घायल हुए व्यक्ति ठेके पर आने वाले ग्राहक थे, जो मिलिटैंटों द्वारा गोली चलाने से घायल हुए । संक्षिप्त मुकाबले के बाद मिलिटैंट भाग निकलने में सफल रहे ।

पैट्रोल पम्प लूटा : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार जिला अमृतसर के थाना झब्बाल के गांव जुगराज में स्थित पैट्रोल पम्प से आज सायं एक मिलिटैंट 9825 रुपए लेकर फरार हो गया ।

अमृतसर में अंधाधुंध फायरिंग : अमृतसर के ईस्ट मोहन नगर (सौ फुटी सड़क) में स्थित रघुनाथ मंदिर में आज रात लगभग 9 बजे 6 मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके पुजारी छोटू राम, बलविंदर तथा एक अन्य भक्त को घायल कर दिया ।

कार सवारों द्वारा फायरिंग : जालंधर : (शेष पृष्ठ 6 पर)

छोटी सी बात ... रंगा

केवल हम ही देश में
साम्प्रदायिक ताकतों को रोक
सकते हैं ।
—डा. मुरली मनोहर जोशी



भाई साहब, तब तो साम्प्रदायिकता पर रोक लगाने का काम उन्हें ही सौंप दिया जाना चाहिए ।

WINTER SALE
FROM MONDAY

Aristocrat's
WINTER SALE OF HOSIERY GOODS
MONDAY the 14th January 1991
Fresh Stocks of
PULLOVERS, JACKETS,
LADIES CARDIGANS, BAGGIES &

CHILDREN'S
JOLLY
sumflag
DUSERS
J SHAWLS
LOTS MORE
ons,
HAR CITY.

deo Ltd.
TH PLEASURE
unjab
onics.
Diwan Asthan.
own, Jalandhar
r Jalandhar District.

EXP
PRIVAT
DOMEST
OVERNITE E
UK USA
Special Ov
Kathmand
Dhaka (Ba
Port Blair
The only
that offer
Documen
Schedule

Punjabi Sanatani

1.1991

न लहर
का शेष)

धार की पहाड़ियों पर बर्फ
ल्लू घाटी में कड़ी सर्दी पड़

हरियाणा तथा चंडीगढ़ के
दन तेज हवाएं चलती रहीं,
लोगों ने कुछ राहत महसूस

मैदानी भागों में 2 डिग्री
पमान के साथ सबसे ठंडा
ूनतम तापमान 2.1 डिग्री
ा में आज न्यूनतम तापमान
लियस तक पहुंच गया ।
में भी जमाव बिन्दु से कम
गया । आगामी 24 घंटों में
स्थानों पर वर्षा या बर्फ पड़ने
क शेष क्षेत्र में मौसम शुष्क

क): आज पुनः क्षेत्र में भारी
व रेल यातायात बुरी तरह

द्ध करने की मांग

नवरी (अशोक): अखिल
क बैंक कर्मचारी संघ के
अरोड़ा ने पंजाब के राज्यपाल
सुरक्षा इकाइयों पर कार्यरत
रक्षा कर्मियों के वेतनमानों में
अनेक भेदभावपूर्ण नीति बंद



तीर्थ जी

न्द जी महाराज

तीर्थ जी

किए जाएंगे । उपर्युक्त
समयानुसार पधार कर

विनीत :
महामंत्री
न महादेव धर्मार्थ ट्रस्ट

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार सवार मिलिटैंटों ने आज रात्रि गढ़ा आबादी में गन्ना फार्म के निकट फायरिंग की और भाग गए । पुलिस के अनुसार फायरिंग में कोई जनहानि नहीं हुई. मिलिटैंटों की मारुति कार का पुलिस द्वारा पीछा किया जा रहा है ।

नागरिक, जवान घायल: एक अन्य घटना में थाना आदमपुर के कस्बा अलावलपुर में सी.आर.पी.एफ. की गोली लगने से एक नागरिक घायल हो गया । पुलिस के अनुसार लोहड़ी मना रहे लोगों द्वारा कथित रूप से हमला किए जाने से सी.आर.पी.एफ. का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया ।

घायल चल बसा : गढ़शंकर से 'गुप्ता' के अनुसार विगत दिनों गांव पछी सुरा सिंह में मिलिटैंटों के हाथों घायल हुए होमगार्ड जवान तरसेम लाल की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : दो राइफलें छीनीं : होशियारपुर (वि.प्र.): दसूहा पुलिस ने मरासगढ़ के मोड़ के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् बजाज चेतक स्कूटर पर सवार एक मिलिटैंट प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसके कब्जे से 12 बोर की एक कटी हुई राइफल, छः कारतूस व ए.के. 47 तीन मैगजीन राइफल के दस खाली कारतूस बरामद किए गए ।

मिलिटैंटों ने होशियारपुर जिला सदर थाने के अधीन हरमोया ग्राम में परमजीत सिंह के घर से 12 बोर की एक सिंगल बैरल राइफल थाना माहिलपुर के अधीन ताजेवाल ग्राम से एक व्यक्ति प्यारा सिंह के घर से उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक छीन ली ।

3 मिलिटैंट और गिरफ्तार : 'वार्ता' के अनुसार होशियारपुर पुलिस ने तीन और मिलिटैंटों निर्मल सिंह, दर्शन सिंह तथा जोगिन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से दो देसी पिस्तौलें, एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

बस यात्री का अपहरण : बटाला (वार्ता): पुलिस जिला बटाला में हरपुरा गांव के निकट आज प्रातः दो मिलिटैंटों ने धर्म चन्द नामक एक व्यक्ति का मिनी बस से अपहरण कर लिया । बस बटाला से ऊधनवाल जा रही थी ।

दो की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात बजौर गांव में भजन कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी जिला के आबियाना गांव में आज तड़के मिलिटैंटों ने करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

निरंकारी की हत्या : भटिंडा (वार्ता): आज प्रातः यहां मिलिटैंटों ने ज्ञान सिंह नामक एक निरंकारी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया । उन पर उस समय फायरिंग की गई जब वे निरंकारी भवन जा रहे थे ।

'सोच' के अनुसार ज्ञान सिंह पंजाब राज्य बिजली बोर्ड में स्टोरकीपर था । उक्त दम्पति पर भटिंडा की गणेश बस्ती में फायरिंग हुई ।

एक व्यक्ति घायल : फिरोजपुर (वार्ता): कल रात चार मिलिटैंटों ने लिल्लीवाला गांव में जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके भांजे को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

खा

(पृष्ठ

इस प्रस्ताव को तुरन्त बाद श्री बुश ने कहा कि यह एक ऐ सभी लोगों से अपी 'सद्दाम हुसैन' अपने

मिस्र में आतं मिस्र के सुरक्षा बल आतंकवादी गुटों के स ईराक ने पश्चिम अपनाए गए रुख के होकर इन गुटों को मि फैलाने का काम सौंपा

अमरीका में अस्पतालों में अमरीका सरकार ने देश के अस्पतालों में उपचार के लिए 2500 पग उठाए हैं । अमरी अस्पतालों में 16000 विश्व युद्ध में इन की

पाकिस्तान से वापसी : इस्लामा रहे युद्ध के बादलों को अमरीकी नागरिकों ने स्वदेश लौटना शुरू अनुसार करीब 200 सप्ताह स्वदेश चले ग

बुश का सद्द व्हाईट हाऊस ने वा जारी कर दिया है जो उ हुसैन को लिखा था । जेम्स बेकर ने जैनेवा अजीज को दिया था बाद उसे स्वीकार क पत्र में सद्दाम हुसैन खाड़ी क्षेत्र में युद्ध छि कीमत चुकानी पड़ेगी समय दांव पर जो स्वतंत्रता नहीं है बलि बुश ने कहा है : "अ राष्ट्रपति बुश ने ईराक युद्ध छिड़ने पर आप ईराकी लोगों को भ उन्होंने कहा है कि करेगा कि ईराक रासा प्रयोग करे या कवैत के दे । यदि अमरीका क आतंकवादी कार्रवाइ जिम्मेदारी आप पर हो कि ईराक बिना किस अविलम्ब खाली कर

आठवीं यो शीघ्र तैयार

जयपुर, 13 जन उपाध्यक्ष मोहन ध पंचवर्षीय योजना का तथा 'योजनावकाश'

Punjab Sahapedia

ए जाएंगे । उपर्युक्त
मयानुसार पधार कर

विनीत :
महामंत्री
महादेव धर्मार्थ ट्रस्ट
द मन्दिर, लुधियाना

पन

ट्री

g rate for 13.1.91
NECC suggested
dozen.

ाऊ

CCD-330-E, April-
CP fully automatic,
Contact : Ph. :

फोन

ase of Telephone
Contact : Ramji
a Phone : 32490.
5.

क सूचना

ार पुत्र किशोरी लाल मेरे
मैंने उसे सारी चल-अचल
है । उसके किसी लेन-देन
वार नहीं हूंगी । श्रीमती
26, फिरोजपुर छावनी ।

सुशील कुमार सुपुत्र श्री
रे कहने व मेरे परिवार के
के साथ अब हमारा कोई
लेन-देन करने वाला स्वयं
द सुपुत्र श्री काला राम,
कुरुक्षेत्र) ।

वाद/प्लाट

यशी प्लाट, बस सर्विस,
/-प्रति वर्गगज । मिलें :
ntre, Anaj Mandi,
e : 25472.

ाथ ही लगते रिहायशी
/242 गज बिकाऊ ।
पर्टी डीलर C/o. स. सुंदर
नगर, अम्बाला छावनी,
पर्स, दाल मंडी, अम्बाला
282), (24359).

शंपल प्लाट 2 गलियां
पुर लुधियाना में बिकाऊ
ड ब्रदर्स (प्रापर्टी डीलर्स),
रोरपुर, लुधियाना, फोन :

of Property & To-let
ntact :—Sharma &
2490.

समय फायरिंग की गई जब वे निरंकारी भवन जा रहे थे ।

'सोच' के अनुसार ज्ञान सिंह पंजाब राज्य बिजली बोर्ड में स्टोरकीपर था । उक्त दम्पति पर भटिंडा की गणेश बस्ती में फायरिंग हुई ।

एक व्यक्ति घायल : फिरोजपुर (वार्ता): कल रात चार मिलिटैंटों ने लिल्लीवाला गांव में जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके भांजे को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

होमगार्ड जवान भागा : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार आज तड़के पंजाब होमगार्ड का एक जवान हरजिन्दर सिंह स्थानीय जल्ला चौकी से हथियार और गोली-सिक्का समेत भाग गया । प्राप्त विवरण के अनुसार हरजिन्दर सिंह की रात 12 बजे से तड़के 3 बजे तक ड्यूटी थी और इस दौरान ही वह तीन सैल्फ लोडिंग राइफलें, सात मैगजीन तथा लगभग दो सौ कारतूस लेकर फरार हो गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । अभियुक्त हरजिन्दर सिंह ममदोट थाना के तूर गांव का निवासी है तथा छुट्टी काटने के बाद कल रात ही ड्यूटी पर आया था । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया । भगौड़े होमगार्ड की तलाश के लिए खोजी कुत्ते भी लगाए गए लेकिन वे मंड क्षेत्र में दरिया के निकट आकर रुक गए ।

एक की हत्या, 5 का अपहरण : लुधियाना (धीमान): गत रात जिला में पांच व्यक्तियों का अपहरण किया गया जबकि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । एक जगह पर एक स्कूटर भी छीना गया ।

थाना ढेसियो के गांव किला हसपुरा में 4-5 मिलिटैंट पुलिस वर्दी में आए और पांच व्यक्तियों का अपहरण करके ले गए । इनमें 63 वर्षीय करनैल सिंह, 18 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह, 77 वर्षीय करतार सिंह, 40 वर्षीय अमर सिंह और 35 वर्षीय करनैल सिंह शामिल हैं ।

दूसरी घटना थाना जगराओं के गांव चक्कर में हुई जहां मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह के घर में घुस कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए ।

फोकल प्वाइंट चौक जोधेवाल में कल रात मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह आनंद से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया और भाग गए ।

एक और व्यक्ति की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल देर रात लुधियाना के इकबाल नगर में मोहन सिंह रामगढ़िया नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

स्टेनगन ले गए : कल रात मिलिटैंट लुधियाना में कांग्रेस (इ) नेता मनमोहन सिंह के गनमैन से स्टेनगन छीन कर ले गए ।

कर्फ्यू में ढील : पटियाला (भूषण): पटियाला शहर में आज प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक कर्फ्यू में दस घंटे की ढील दी गई । विगत वीरवार को हिंसा तथा आगजनी की कुछ घटनाओं के बाद शहर के भीतरी इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया था । इस बीच शहर में आज कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । विवरण देते हुए जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने समराला निवासी सरबजीत सिंह सराभा को गिरफ्तार किया है । सराभा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का सक्रिय सदस्य बताया

आवलम्ब खोली क

आठवीं यो
शीघ्र तैया

जयपुर, 13 ज
उपाध्यक्ष मोहन
पंचवर्षीय योजना
तथा 'योजनावकाश

श्री धारिया आ
सम्भावनाएं' विषय
व्यक्त कर रहे थे ।
कि भारत की पंचव
हैं । उन्होंने कहा
के चलते और विक
के कारण यह योज
है ।

(पु

स्वामी ने फिर से रा
सिंह आयोग की
कानूनी कार्रवाई श

रामकृष्ण हेगड़े
हैं और विश्वनाथ प्र
बोम्मई को राजनी
हेगड़े व्यथित हैं ।
दल पर आए संकट
कोई परामर्श लिय
गया कि वे दिल्ली ह
पद के सम्भावित उ
सिंह द्वारा अपनी
हैं ।

कर्नाटक की र
देवगौड़ा जनता दल
के पूर्व रामकृष्ण हे
हैं क्योंकि उनके
ज़मीन की राजनी
के पास इस तरह क
विकल्प नहीं है ।
बल्कि हेगड़े के स
प्रकाश, पी.जी.आ
को भी मुख्यधारा
लाना चाहते हैं ।
प्रधानमंत्री चंद्रशे
हेगड़े को ब्रिटेन
जाना चाहिए और
(समाजवादी) में श
दल के कई नेता दे
और वह मान रहे
होने के लिए दबा
राजनीति खेल रहे

कर्नाटक जन
कि जिस तरह से
सिंह अपना ऋण
रामकृष्ण हेगड़े
अलावा कोई रास
हेगड़े कर्नाटक में
जब वे जनता दल
पा लें ।

श्री अरवि

Punjab Sanatan

नई दिल्ली, 14 जनवरी (प.स.): झारखंड समस्या के समाधान के लिए कल से यहां केंद्रीय गृह मंत्रालय और झारखंड नेताओं के बीच बातचीत शुरू हो रही है । बातचीत का यह दौर तीन दिन तक जारी रहेगा ।

कुछ भी पड़ा उसे आग में झोंकने का प्रयास किया । लकड़ी का काफी फर्नीचर भी क्षतिग्रस्त हुआ है । करीब तीन लाख रुपए की सम्पत्ति को इस कार्रवाई में नुक्सान पहुंचा है ।

यह विशेष शिविर वेल्लूर फोर्ट में पुराने पुलिस



दिल्ली के कनाट प्लेस नामक स्थान पर सोमवार को एक पैट्रोल पम्प पर वाहनों की भीड़ । (छाया : पी.टी.)

कुछ असामाजिक तत्वों ने अनंतनाग जिले के खुदागी में आज कृषि परिसर स्थित एक धान अनुसंधान केंद्र और चार घरों को आग लगा दी, जिससे सभी मकान जल कर नष्ट हो गए ।

के. सी. एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल डोगर व 5 अन्य मिलिटैंट मरे, ग्रंथी, 2 निहंगों समेत 17 की हत्या, सुरक्षा अधिकारी की बेटी, भतीजे का अपहरण

चंडीगढ़, 14 जनवरी : आज शाम अमृतसर जिला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल बख्शीश सिंह डोगर समेत 3 दर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अकाली नेता, ग्रंथी तथा दो निहंगों समेत 17 लोगों की हत्या हुई तथा तीन और मिलिटैंट भी मारे गए । मिलिटैंटों ने एक सुरक्षा अधिकारी की बेटी तथा भतीजे का अपहरण भी किया । इस बीच अमृतसर जिला में शराब के ठेकेदारों को मिलिटैंटों द्वारा दी गई धमकियों से निपटने के लिए सुरक्षा बल सक्रिय हो गए हैं ।

दो मिलिटैंट, दो नागरिक मरे : फरीदकोट (वार्ता,): कल रात पंज गराइयां गांव के समीप मिलिटैंटों ने पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया । इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट तथा दो नागरिक मारे गए । मृत नागरिकों के नाम सुखमिन्दर सिंह तथा लखबीर सिंह हैं ।

बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार लखबीर सिंह एल.पी.जी. टैंकर का कंडक्टर था और वह फगवाड़ा का रहने वाला था । सुखमिंदर सिंह फोर-व्हीलर का ड्राइवर था और मृतकसर का निवासी था । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति दर्शन सिंह (निवासी रोडे) घायल भी हुआ है । उक्त दोनों मृतकों के वाहन मिलिटैंटों तथा पुलिस के बीच क्रास फायरिंग में फंस गए थे । मुठभेड़ में मिलिटैंटों ने लाइट मशीनगनों का भी इस्तेमाल किया ।

दो लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिला के गांव सील में कल रात गुरदीप सिंह तथा गुलजार सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो निहंगों की हत्या : अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिला के बताला गांव के समीप मिलिटैंटों ने कल रात दो निहंगों बिजला सिंह तथा जोगा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा दो अन्य को घायल कर दिया । मिलिटैंट एक मृतक की राइफल उठा कर ले गए तथा एक ट्रैक्टर को आग लगा गए ।

लै. जनरल समेत 3 मिलिटैंट मरे : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार ब्यास थाना के अंतर्गत बताला गांव में ढाई घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन दर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक की पहचान बख्शीश सिंह डोगर के रूप में हुई है । बख्शीश सिंह डोगर खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजबड़ गुट) का लै. जनरल था । घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । बख्शीश सिंह पर एक लाख रुपए का इनाम था और वह लगभग 70 हत्याओं में पुलिस को वांछित था । उक्त मुठभेड़ शाम 5 बजे से साढ़े सात बजे तक चली । उल्लेखनीय है कि कल रात बताला गांव में इन्हीं मिलिटैंटों ने दो निहंगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

मजीठा के पुलिस अधीक्षक श्री पी.एस. गिल ने बताया कि दो निहंगों जोगा सिंह और बिजला सिंह की हत्या और बलदेव सिंह एवं सुखा सिंह को घायल करने की वारदात के पश्चात् मिलिटैंटों की तलाश के लिए विशेष रूप से शुरू किए गए अभियान के दौरान मिलिटैंटों ने एक बहक में से फायरिंग की । यह बात सिद्ध हो गई है कि उक्त मिलिटैंटों ने ही दोनों निहंगों की हत्या की थी । उन्होंने कहा कि अंधेरा होने पर घटनास्थल से और शस्त्रों की तलाश बंद कर दी गई और यह कल प्रात: शुरू की जाएगी । घटनास्थल से कुछ दस्तावेज और सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के लैटरपैड भी बरामद हुए ।

गोलियों से छलनी शव मिला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव पंडोरी में मिलिटैंटों ने कल एक व्यक्ति प्रीतम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । गोलियों से छलनी उसका शव आज सायं बरामद किया गया ।

महिला समेत 3 लोगों की हत्या : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार आज प्रात: यहां पुरानी सरहाली रोड चुंगी के निकट एक महिला समेत तीन लोगों की गोलियों से छलनी लाशें मिलीं । प्राप्त विवरण के अनुसार मिलिटैंट रात साढ़े दस बजे के करीब सांसियों की बस्ती में बाबा मददशाह वली की समाधि पर आए । एक मिलिटैंट दीवार फांद कर भीतर आ गया तथा उसने बाहर का दरवाजा खोल दिया । इसके बाद एक और मिलिटैंट अन्दर आ गया । मिलिटैंट 45 वर्षीया महिला पूरो तथा 60 वर्षीय दलीप सिंह, जोकि लोहड़ी पर ज्योति जगाने वहां आया हुआ था, को बातचीत करने के बहाने अपने साथ ले आए । भीतर पूरो का लड़का तथा एक अन्य व्यक्ति भी सो रहा था लेकिन मिलिटैंटों ने उन्हें कुछ नहीं कहा । जब मिलिटैंट पूरो तथा दलीप सिंह को ले जा रहे थे तो रास्ते में 65 वर्षीय हरभजन सिंह अपने ट्यूबवैल से लौट रहा था । मिलिटैंटों ने हरभजन सिंह को भी अपने साथ ले लिया और लगभग 400 मीटर दूर ले जा कर उन तीनों पर फायरिंग कर दी । तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

पूरो का पति धागे-तावीज का काम करता था और उसकी मौत के बाद पूरो ने उक्त काम सम्भाल लिया था । हरभजन सिंह अपने पीछे अपनी विधवा, सात बेटियां तथा एक बेटा छोड़ गया है । उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों ने जहां से पूरो तथा दलीप सिंह का अपहरण किया, वहां निकट ही सी.आर.पी. की चौकी है ।

मिलिटैंटों के पोस्टर लगा रहे 4 छात्र काबू : अमृतसर से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि नगर पुलिस ने यहां मजीठा रोड इलाके में आपत्तिजनक पोस्टर चिपकाने के आरोप में स्थानीय मैडिकल कालेज के चार छात्रों को आतंकवादी और तोड़फोड़ गतिविधियां (निरोधक) कानून में कल रात गिरफ्तार कर लिया । एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि छात्रों से मिलिटैंट संगठनों के नौ सत्रीय विशेष सुधार कार्यक्रम से संबंधित एक सौ से अधिक पोस्टर बरामद किए गए हैं । उनके नाम मनजीत सिंह, हरपाल सिंह, गुरदीप सिंह और दयानंद बताए जाते हैं । पुलिस ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक गश्ती दल ने उन्हें मजीठा रोड पर रंगे हाथों पकड़ा ।

मैडिकल के अंतिम वर्ष के छात्र गुरदीप सिंह ने संवाददाताओं के सामने रहस्योद्घाटन किया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल और फैडरेशन नेता बरजिन्दर सिंह के एक निकट सहयोगी ने उसे ये पोस्टर दिए थे । छात्र ने कहा कि उसे ये पोस्टर नगर की दीवारों पर अगले दो दिनों में चिपकाने को भी कहा गया था ।

मिलिटैंटों की चुनौती से निपटने के लिए सुरक्षा बल सक्रिय : मिलिटैंटों ने अपने 'सुधारवादी अभियान' के अधीन शराब के ठेकेदारों को जो धमकियां दी हैं, उनसे निपटने के लिए सुरक्षा बल सक्रिय हो गए हैं । मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री पी.एस. गिल ने उक्त आशय की जानकारी आज एक प्रैस विज्ञप्ति में दी है । श्री गिल ने बताया कि कल से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया, तीन नागरिक घायल हुए तथा पांच मिलिटैंटों को पकड़ा गया । इनमें से दो सूचीबद्ध मिलिटैंट हैं ।

पुलिस अधीक्षक पी.एस. गिल ने बताया कि मिलिटैंटों की इन धमकियों के दृष्टिगत 13-14 जनवरी की रात को 'अलर्ट' घोषित करके विशेष नाके लगाए गए । इसी दौरान 3 मिलिटैंटों ने खल चिया स्थित शराब के एक ठेके को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की तथा नाका पार्टी द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने फायरिंग की तथा उसके बाद बच निकलने का प्रयास भी किया । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया जबकि 2 अन्य बच कर भाग निकलने में सफल हो गए । इस प्रकार शराब के इस ठेके को हानि पहुंचने से बचा लिया गया । मृत मिलिटैंट के कब्जे में .303 बोर का एक पिस्तौल व 2 जीवित कारतूस भी बरामद किए गए तथा खोज करने पर घटनास्थल से भारी संख्या में ए.के. 47 के कारतूसों के खोल भी प्राप्त हुए ।

श्री गिल ने बताया कि मजीठा पुलिस थाने के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sarkari

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 8 का शेष)

अधीन आने वाले क्षेत्रों में लगाए गए नाके के दौरान सुरक्षा बलों के साथ 2 मुठभेड़ों के पश्चात 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इनमें से एक मुकाबला लोपोके पुलिस थाने के अधीन शाहरा गांव के निकट हुआ, जहां से बब्बर खालसा के 3 मिलिटैंट काबू किए गए । इनमें से एक की पहचान दुर्दांत मिलिटैंट बलविन्दर सिंह व दो अन्य की पहचान हरजिन्दर सिंह व जसवंत सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई । इन मिलिटैंटों के कब्जे से जो हथियार बरामद किए गए, उनमें एक दोनाली बन्दूक, .303 बोर की एक पिस्तौल, एच.ई.-35 मार्के के 2 हथगोले व भारी मात्रा में विस्फोटक भी शामिल हैं । इसके बाद दूसरा मुकाबला मेहता पुलिस थाने के निकट गांव रसूलपुर में हुआ जो लगभग एक घंटे तक चला तथा इसके बाद 2 मिलिटैंट गिरफ्तार कर लिए गए । इनमें से एक की पहचान कोटखेड़ा के निवासी लश्कर सिंह उर्फ लाशा जाट तथा दूसरे की पहचान भूपिन्दर सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई । इनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, एक जापानी रिवाल्वर व एक चोरीशुदा कार भी बरामद हुई ।

श्री गिल के अनुसार लश्कर सिंह वांछित तो था मगर दुर्दांत मिलिटैंट नहीं है । वह गुरजट सिंह राजस्थानी के गिरोह खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था तथा डाकाजनी व जबरी लूटपाट के अलावा लगभग एक दर्जन हत्याओं में वांछित था । इन मिलिटैंटों ने गत शनिवार की रात को ब्यास क्षेत्र के पैप्या बाजार में शराब के एक ठेके को आग लगा दी थी ।

इसी दौरान गत रात्रि मकबूलपुरा क्षेत्र में मिलिटैंटों द्वारा शराब के ठेकों को अग्निभेंट करने का प्रयास सुरक्षा बलों द्वारा असफल कर दिया गया । इसके बाद जब भागते हुए मिलिटैंटों का सुरक्षा बलों ने पीछा किया तो मिलिटैंटों ने 3 स्थानों पर गोलियां चलाईं जिससे 3 व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए । मिलिटैंटों के इस दल में 6 सदस्य थे ।

पुलिस के अनुसार इन मिलिटैंटों ने चुनौती दिए जाने के बाद सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । इन मिलिटैंटों ने पूर्वी मोहन नगर क्षेत्र के सुल्तानविंड इलाके में एक पूजा स्थल पर फायरिंग करके 'पुजारी' छोटू राम, बलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति तथा एक अन्य श्रद्धालु को घायल कर दिया । उसके बाद यह मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकलने में सफल हो गए ।

अन्य 2 मिलिटैंट कुलदीप सिंह व मंजीत सिंह ब्यास क्षेत्र के ही एक गांव में से गिरफ्तार कर लिए गए । उनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, एक चोरीशुदा स्कूटर व हथियार बरामद किए गए । यह दोनों मिलिटैंट हत्याओं, जबरी वसूली व डकैती की घटनाओं में संलिप्त थे ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलिटैंटों की धमकियों का काफी प्रभाव दिखाई देने लगा है । इन संगठनों द्वारा समय-समय पर अपनी रणनीति में परिवर्तन किया जाता है । पहले तो इसका नाममात्र ही असर पड़ता था परन्तु अब जबकि सरकार ने नर्म नीति अपना रखी है, इस कारण कोई भी सरकारी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति इनकी धमकियों का विरोध नहीं करता । ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर पुलिस जिला बटाला में स्कूलों को मिलने वाली धमकियों का काफी असर पड़ा है । स्कूलों में 'जन-गण-मन' के राष्ट्रीय गीत पूर्णतः बंद हैं और अधिकतर स्कूलों में मिलिटैंटों द्वारा निर्धारित गीत गाया जाता है । अधिकतर स्कूलों में मिलिटैंटों के अनुसार ही वर्दी पहनी जाती है जबकि कुछ स्कूलों में पूर्णतः छूट है । वहां विद्यार्थी आम कपड़े पहन कर स्कूल आते हैं जबकि कट्टरपंथी विद्यार्थी मिलिटैंटों की निर्देशित वर्दी पहन कर ही आते हैं । जिन क्षेत्रों में कुछ स्कूली अध्यापकों के अपहरण की घटनाएं हो चुकी हैं, वहां एक ही समुदाय के अध्यापक बहुत कम ड्यूटी पर जाते हैं अथवा लम्बी छुट्टी ले गए हैं । जिस कारण शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ा है ।

अब कुछ ऐसी भी सूचनाएं मिली हैं कि कुछ स्कूलों में मिलिटैंट स्वयं जाकर अध्यापक वर्ग को यह गारंटी दे रहे हैं कि सभी अध्यापक ड्यूटी पर आएं, कोई भी अध्यापक वर्ग को तंग नहीं करेगा । एक प्रमुख मिलिटैंट बारे सूचना मिली है कि वह स्वयं कई स्कूलों में गया है परन्तु अध्यापक वर्ग यह दलील देता है कि मिलिटैंटों के कई संगठन हैं और प्रत्येक संगठन का अपना डंडा है । एक संगठन के भरोसे वह अपनी जान खतरे में नहीं डाल सकते । कुछ संगठन तो यहां तक दलील देते हैं कि यह सब पंथक कमेटी, जो कि डाक्टर सोहन सिंह वाली है, सब सरकार के निर्देश पर ही कर रही है ताकि बस्सन सिंह जफरवाल तथा उसके सहयोगी संगठनों का पंजाब में प्रभाव खत्म किया जा सके ।

दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर शराब, मास, सिगरेट-बीड़ी की दुकानें बंद हो चुकी हैं । यहां तक कि कई बैंकों ने अपनी शाखा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद कर दी है, जिससे आम नागरिक प्रभावित हो रहा है । कुछ संगठन अब ऐसी पाबन्दियां लगाने वाले संगठनों के विरुद्ध भी खड़े हो रहे हैं और धीरे-धीरे वह जनता में विश्वास की भावना पैदा कर रहे हैं, जबकि सरकारी तंत्र इस काम में पूर्णतः असफल है । अब हालत यह है कि बब्बर खालसा द्वारा स्थानीय सैकेंडरी स्कूल के बाहर भी एक इश्तहार कुछ रोज पहले लगाया गया था जिसमें यही वर्दी पहनने, जन-गण-मन बोलने पर पाबंदी के अलावा अध्यापक वर्ग को भी कई बातों की चेतावनी दी गई थी । कुछ अध्यापक तो यहां तक कहते हैं कि सरकारी आदेश न मानने पर कोई फर्क नहीं पड़ता परन्तु मिलिटैंटों का आदेश न मानने पर नुकसान हो सकता है । यह सब वह दिल से नहीं मजबूरी में करते हैं । अगर यही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब गांवों के साथ-साथ शहरों में भी सरकारी तंत्र पूर्णतः असफल हो जाएगा और मिलिटैंटों के आदेश ही माने जाएंगे ।

अकाली वर्कर की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज प्रातः साढ़े दस बजे के लगभग यहां से 22 किलोमीटर दूर रायपुर गांव में अकाली वर्कर तथा पूर्व सरपंच साधु सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार साधु सिंह उक्त गांव के बस अड्डे पर अखबार पढ़ रहा था कि एक ट्रैक्टर पर सवार कुछ मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग की, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई । मृतक लैंड मार्टगेज बैंक का वाइस चेयरमैन तथा डायरैक्टर भी था । साधु सिंह का संबंध अकाली दल (ब) के साथ था ।

सुरक्षा अधिकारी की बेटी व भतीजे का अपहरण : संगरूर (गर्ग): कल रात लगभग 15 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने यहां से करीब सात किलोमीटर दूर सोंहिया गांव से बी.एस.एफ. के एक अधिकारी श्री जगदेव शर्मा की 16-17 वर्षीया बेटी कंचनबाला तथा श्री जगदेव शर्मा के भाई सुखदेव शर्मा के 12 वर्षीय बेटे संदीप उर्फ टिंकू का अपहरण कर लिया । इस संबंध में मिली विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों का एक गिरोह ट्रक में सवार होकर रात साढ़े नौ बजे के लगभग उक्त गांव में आया तथा मिलिटैंटों ने श्री शर्मा के मकान का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा न खुलने पर मिलिटैंटों ने दरवाजा तोड़ दिया और कंचनबाला तथा संदीप को अपहृत करके ले गए । कंचन चंडीगढ़ में पढ़ती है और आजकल लोहड़ी के संबंध में गांव आई हुई थी । पुलिस को मौके में एक राइफल का बट भी मिला है । यह राइफल सी.पी.एम. के दिवंगत नेता श्री जगीर सिंह कौलसेड़ी के गनमैन से छीनी गई थी । पुलिस को संदेह है कि श्री कौलसेड़ी की हत्या करने वाले मिलिटैंट ही अपहरण की इस वारदात में संलिप्त हैं । श्री शर्मा श्रीनगर में तैनात हैं ।

राइफल छीनी : एक और घटना में संगरूर से बीस किलोमीटर दूर नागरा गांव में कुछ लुटेरों ने चरणजीत तथा सरजीत नामक दो व्यक्तियों से एक राइफल तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

एक की हत्या : होशियारपुर (वार्ता): कल रात दो मिलिटैंटों ने रायपुर गांव में साधु सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसके ट्रैक्टर पर फरार हो गए ।

एक की हत्या, छः घायल : फिल्लौर (भाखड़ी): कल रात फिल्लौर के 12 लड़के लोहड़ी का त्यौहार मनाने के बाद थाना गोराया के अंतर्गत बड़ा पिंड से अपनी जीप पर लौट रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की, जिससे राकेश कुमार (29) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा छः अन्य युवक घायल हो गए । घायलों को जीप ड्राइवर ने सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया है ।

सरपंच की हत्या मिलिटैंटों ने कल रात जालंधर जिला के पत्तां कलां गांव में सरपंच शिंगारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

धमकी भरे पत्र लिखने वाले गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): थाना डेहलों के तीन युवकों गुरमीत सिंह, दलजीत सिंह और कृपाल गिरि (महंत) को गिरफ्तार किया गया है । उनके खिलाफ यह आरोप है कि वे इस क्षेत्र के स्कूली टीचरों को बच्चों को विशेष वर्दी पहनाने के लिए धमकी भरे खत लिखते थे ।

महिला की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात मिलिटैंटों ने सामाना थाना के अंतर्गत किला लालगढ़ गांव में केसर सिंह की पत्नी गुरदीप कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने गुरदीप कौर से उसके पति की लाइसैंसी रिवाल्वर मांगी थी । महिला द्वारा इन्कार करने पर मिलिटैंटों ने उसे गोलियां मार दीं और भाग गए ।

रांझी की हत्या : पटियाला से 'राज' के अनुसार तीन मिलिटैंटों ने कल रात यहां से 45 किलोमीटर दूर सरहिंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत सम्मती साहिब गुरुद्वारे के ग्रंथी बलवीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार हमलावर बब्बर खालसा से सम्बद्ध थे और उन्होंने हत्या के लिए 9 एम.एम. पिस्तौल का इस्तेमाल किया । यह भी बताया जाता है कि हमलावरों ने पहले भी उक्त ग्रंथी से सम्पर्क किया था और उसे भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के साथ कथित रूप से अपने संबंध तोड़ने के लिए कहा था लेकिन ग्रंथी इसके लिए तैयार नहीं हुआ । कल रात मिलिटैंट फिर गुरुद्वारा में आए तथा ग्रंथी को गोलियां मार कर भाग गए ।

कर्फ्यू समाप्त : पटियाला शहर में स्थिति सामान्य होने के दृष्टिगत आज जिला मैजिस्ट्रेट ने शहर के भीतरी भागों में विगत बीरवार को लगाया कर्फ्यू समाप्त करने के निर्देश दिए हैं ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने मंडी गोबिन्दगढ़ तथा इसके आसपास सक्रिय चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है । उन्हें कल उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे अमलोह रोड पर स्थित शराब का एक ठेका लूट कर मंडी गोबिन्दगढ़ लौट रहे थे । इन लुटेरों के नाम मेजर सिंह उर्फ भूरा (निवासी चनारथल), परमिन्द्र सिंह (निवासी शेरमाजरा), भूमिन्द्र सिंह (निवासी अबेमाजरा) तथा राज कुमार (निवासी उत्तर प्रदेश) बताए जाते हैं । प्रारंभिक जांच के दौरान इन लुटेरों ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने सिगरेट की दुकानें बंद करने तथा स्कूली बच्चों की वर्दियां बदलने की धमकियां दी थीं ।

बी.एस.एफ. की टुकड़ी पर फायरिंग : राजपुरा (मामम): गत रात यहां से 100 किलोमीटर दूर बनूड़ के निकट खरड़ वाले चौक में बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग करने का समाचार मिला है । बताया गया है कि रात के दस बजे हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार मिलिटैंटों ने गश्ती टुकड़ी पर ए.के. 47 से फायरिंग की । बी.एस.एफ. जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट भाग खड़े हुए ।

पिस्तौल छीनी, शराब की बोतलें तोड़ीं : गत रात्रि राजपुरा से 16 किलोमीटर दूर गांव कामीकलां में कुछ मिलिटैंटों ने गांव के सरपंच के भाई से उसका लाईसैंसी विदेशी रिवाल्वर छीन लिया । गांव अजरोर में मिलिटैंटों ने देसी शराब के ठेका में जाकर उसमें रखी शराब की सभी बोतलें सड़क पर फैंक कर तोड़ दीं और ठेका कर्मियों को चेतावनी दी कि ठेका बंद कर दो ।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : 'वार्ता' के अनुसार भटिंडा जिला पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से कुछ हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । फरीदकोट जिला पुलिस ने भी पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे दो बंदूकें, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

जद का आग्रह

(पृष्ठ 3 का शेष)

द्वारा दिया जा रहा समर्थन वापस ले लिया जाए या फिर ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी जाए जिससे उनकी सरकार गिर जाए । इसी चक्कर में वह कुछ वरिष्ठ इंका नेताओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं । ऐसे नेताओं में अधिकांश पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं जिनको इंका अध्यक्ष से यही शिकायत है कि उन्हें दृष्टिविगत कर दिया गया । राष्ट्रीय मोर्चा और वामपंथी मोर्चा ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि जिन पांच मंत्रियों को दलबदल निरोधक कानून के तहत लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया है वे अगर मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते तो राष्ट्रपति को चाहिए कि संविधान की गरिमा बनाए रखने की खातिर इन मंत्रियों को बर्खास्त कर दें । दोनों मोर्चों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से भेंट की और अपनी इस मांग के समर्थन में उन्हें ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में इन दोनों मोर्चों ने कहा है कि नैतिकता और संविधान का तकाजा यही है कि जिन मंत्रियों को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया है उन्हें मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे देना चाहिए ।



जनता दल, भाकपा, माकपा, फारवर्ड ब्लाक तथा कांग्रेस (एस) के नेता सोमवार को राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर राष्ट्रपति भवन से बाहर आते हुए । ज्ञापन में उन पांच मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की गई है, जिनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई है । (छाया : पी.टी.)

बस सतलुज में गिरने से 4 मरे : 2 घायल

शिमला, 14 जनवरी (बा., ख.): यहां से 32 किलोमीटर दूर हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस के सतलुज नदी में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 2 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री डी.एस. मिन्हास ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि यह दुर्घटना कल रात हुई ।

सहाम का आह्वान

(पृष्ठ 3 का शेष)

रहेगा । फिर भी उस कुवैत से इराक को खदेड़ने में कई सप्ताह लग जाएंगे । युद्ध शुरू होने की स्थिति में अमरीका के नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय फौजें अपने आधुनिकतम लड़ाकू विमानों को इराक की संचार सुविधाओं, कमान केन्द्र, सैनिक अड्डों तथा औद्योगिक केन्द्रों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल करेंगी । साथ ही वे कुवैत की सप्लाई लाइन को भी काटेंगी ताकि कुवैत और उसके आसपास तैनात इराक के लगभग पांच लाख 40 हजार सैनिकों का मनोबल तोड़ा जा सके ।

खाड़ी में बहुराष्ट्रीय फौजों के पास लगभग डेढ़ हजार लड़ाकू विमान हैं जबकि इराक की वायुसेना के पास केवल 600 विमान ही हैं । इराक के पास सर्वश्रेष्ठ मिराज एफ. एक है तथा पुराने किस्म के मोबियत मिग विमान भी हैं ।

यह युद्ध क्या रूप लेगा, इसके बारे में अभी से कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता । लेकिन, प्राप्त खबरों के अनुसार अमरीका का यह प्रयास रहेगा कि रिहायशी इलाकों में बमबारी न की जाए ।

क्वेया विवरण देंगे : संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव जेवियर पेरेज दि क्वेया द्वारा आज रात सुरक्षा परिषद के सदस्यों को अपनी संक्षिप्त बगदाद यात्रा का विवरण दिए जाने की सम्भावना है । यह बैठक स्थानीय समय रात नौ बजे शुरू होने वाली है । भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे यह बैठक होगी ।

मात्र संकेत ही कर दे : वाशिंगटन : कनाडा के प्रधानमंत्री ब्रियन मुलरोनी ने कहा है कि यदि कल तक इराक 'कुवैत' से हटने का संकेत दे दे तो खाड़ी में शांति बनी रह सकती है । उनकी बगल में अमरीका के विदेशमंत्री जेम्स बेकर भी बैठे हुए थे । श्री मुलरोनी ने कहा कि वे मानते हैं कि समय सीमा में जितना समय बचा हुआ है, उसमें कुवैत से पूरी वापसी संभव नहीं है परन्तु यदि इराक संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के अनुरूप सिर्फ वापस होने का संकेत भर दे दे तो युद्ध टल सकता है ।

न्यूयार्क : खाड़ी संकट ने अमरीकी अर्थ-व्यवस्था पर गम्भीर दुष्प्रभाव डाला है । इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि युद्ध न छिड़ने पर भी 'मरुथल बचाव' अभियान पर उसे 30 अरब डालर खर्च करना पड़ेगा ।



फिल्लौर के निकट मिलिटैंटों द्वारा कल रात एक जीप पर की गई फायरिंग में मरने वाले राकेश कुमार का शव । (छाया : तरसेम)

अनिश्चितकालीन बंद की चेतावनी

मद्रास, 14 जनवरी (वार्ता): भारतीय फिल्म फैडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि गत नौ जनवरी को 'हिन्दुस्तान फोटो फिल्म' द्वारा रंगीन और श्वेत श्याम फिल्म रीलों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा को तुरन्त वापस नहीं लिया गया तो पूरा फिल्म उद्योग अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा ।

पाकिस्तानी घुसपैठिया मरा

जम्मू, 14 जनवरी : आर.एस. पुरा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ के दौरान एक पाक घुसपैठिया मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग गया ।

मान प्रधानमंत्री से बातचीत जारी रखें : अकाली नेता

लुधियाना, 14 जनवरी (महिन्द्रा): लुधियाना में अकाली दल बादल के नेताओं ने श्री सिमरनजीत सिंह मान से कहा है कि अकाली दलों में एकता के बाद अब उनको पंजाब समस्या हल करने के लिए सभी प्रयास तेज कर देने चाहिएं तथा सिखों की मांगें मनवाने के साथ-साथ पंजाब में अमन की बहाली के लिए उन्हें प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से अपनी बातचीत जारी रखनी चाहिए ।

कल लोहड़ी के अवसर पर अकाली दल बादल के नेताओं की एक अनौपचारिक बैठक में श्री अमरजीत सिंह भाटिया, मोहिन्द्र सिंह मुखी, जत्थेदार दिलबाग सिंह, प्रताप सिंह अकाली, हरि सिंह बजाज, अजीत सिंह धवन, गुरचरण सिंह ने अकाली दल की एकता का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि अकाली दलों की एकता से पंजाब का वातावरण और सद्भावपूर्ण होगा । राष्ट्रीय ईसाई संघ के प्रधान आइजक जान ने भी अकाली एकता का स्वागत किया है । दूसरी तरफ पंजाब युवा कांग्रेस के संयुक्त सचिव श्री तिरलोक चन्द भगत ने अकाली एकता का स्वागत करते हुए कहा है कि अब अकाली लीडर पंजाब में रक्तपात बंद कराने की तरफ भी कदम उठाएं ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैं अपनी लड़की, जिसका स्कूल में नाम मैना देवी और घरेलू नाम प्रोमिला कुमारी है, का नाम स्कूल रिकार्ड में भी प्रोमिला कुमारी रखना चाहता हूं ।

आवश्यकता

आफिस के लिए लड़की की जरूरत है । गिफ्ट इंटरप्राइजिज, रानी बाजार, शरीफपुरा (गली नं. 3, तहसीलपुरा) अमृतसर ।

बोलियों का आमंत्रण (आईएफबी)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

अधीन आने वाले क्षेत्रों में लगाए गए नाके के दौरान सुरक्षा बलों के साथ 2 मुठभेड़ों के पश्चात 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इनमें से एक मुकाबला लोपोके पुलिस थाने के अधीन शाहूरा गांव के निकट हुआ, जहां से बब्बर खालसा के 3 मिलिटैंट काबू किए गए । इनमें से एक की पहचान दुर्दांत मिलिटैंट बलविन्दर सिंह व दो अन्य की पहचान हरजिन्दर सिंह व जसवंत सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई । इन मिलिटैंटों के कब्जे से जो हथियार बरामद किए गए, उनमें एक दोनाली बन्दूक, .303 बोर की एक पिस्तौल, एच.ई.-35 मार्के के 2 हथगोले व भारी मात्रा में विस्फोटक भी शामिल हैं । इसके बाद दूसरा मुकाबला मेहता पुलिस थाने के निकट गांव रसूलपुर में हुआ जो लगभग एक घंटे तक चला तथा इसके बाद 2 मिलिटैंट गिरफ्तार कर लिए गए । इनमें से एक की पहचान कोटखेड़ा के निवासी लश्कर सिंह उर्फ लाशा जाट तथा दूसरे की पहचान भूपिन्दर सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई । इनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, एक जापानी रिवाल्वर व एक चोरीशुदा कार भी बरामद हुई ।

श्री गिल के अनुसार लश्कर सिंह वांछित तो था मगर दुर्दांत मिलिटैंट नहीं है । वह गुरजंट सिंह राजस्थानी के गिरोह खालिस्तान कमांडो फोर्स का सदस्य था तथा डाकाजनी व जबरी लूटपाट के अलावा लगभग एक दर्जन हत्याओं में वांछित था । इन मिलिटैंटों ने गत शनिवार की रात को ब्यास क्षेत्र के रैय्या बाजार में शराब के एक ठेके को आग लगा दी थी ।

इसी दौरान गत रात्रि मकबूलपुरा क्षेत्र में मिलिटैंटों द्वारा शराब के ठेकों को अग्रिभेट करने का प्रयास सुरक्षा बलों द्वारा असफल कर दिया गया । इसके बाद जब भागते हुए मिलिटैंटों का सुरक्षा बलों ने पीछा किया तो मिलिटैंटों ने 3 स्थानों पर गोलियां चलाई जिससे 3 व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए । मिलिटैंटों के इस दल में 6 सदस्य थे ।

पुलिस के अनुसार इन मिलिटैंटों ने चुनौती दिए जाने के बाद सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । इन मिलिटैंटों ने पूर्वी मोहन नगर क्षेत्र के सुल्तानविंड इलाके में एक पूजा स्थल पर फायरिंग करके 'पुजारी' छोटू राम, बलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति तथा एक अन्य श्रद्धालु को घायल कर दिया । उसके बाद यह मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकलने में सफल हो गए ।

अन्य 2 मिलिटैंट कुलदीप सिंह व मंजीत सिंह ब्यास क्षेत्र के ही एक गांव में से गिरफ्तार कर लिए गए । उनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, एक चोरीशुदा स्कूटर व हथियार बरामद किए गए । यह दोनों मिलिटैंट हत्याओं, जबरी वसूली व डकैती की घटनाओं में संलिप्त थे ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलिटैंटों की धमकियों का काफी प्रभाव दिखाई देने लगा है । इन संगठनों द्वारा समय-समय पर अपनी रणनीति में परिवर्तन किया जाता है । पहले तो इसका नाममात्र ही असर पड़ता था परन्तु अब जबकि सरकार ने नर्म नीति अपना रखी है, इस कारण कोई भी सरकारी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति इनकी धमकियों का विरोध नहीं करता । ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर पुलिस जिला बटाला में स्कूलों को मिलने वाली धमकियों का काफी असर पड़ा है । स्कूलों में 'जन-गण-मन' के राष्ट्रीय गीत पूर्णतः बंद हैं और अधिकतर स्कूलों में मिलिटैंटों द्वारा निर्धारित गीत गाया जाता है । अधिकतर स्कूलों में मिलिटैंटों के अनुसार ही वर्दी पहनी जाती है जबकि कुछ स्कूलों में पूर्णतः छूट है । वहां विद्यार्थी आम कपड़े पहन कर स्कूल आते हैं जबकि कट्टरपंथी विद्यार्थी मिलिटैंटों की निर्देशित वर्दी पहन कर ही आते हैं । जिन क्षेत्रों में कुछ स्कूली अध्यापकों के अपहरण की घटनाएं हो चुकी हैं, वहां एक ही समुदाय के अध्यापक बहुत कम ड्यूटी पर जाते हैं अथवा लम्बी छुट्टी ले गए हैं । जिस कारण शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ा है ।

अब कुछ ऐसी भी सूचनाएं मिली हैं कि कुछ स्कूलों में मिलिटैंट स्वयं जाकर अध्यापक वर्ग को यह गारंटी दे रहे हैं कि सभी अध्यापक ड्यूटी पर आएं, कोई भी अध्यापक वर्ग को तंग नहीं करेगा । एक प्रमुख मिलिटैंट बारे सूचना मिली है कि वह स्वयं कई स्कूलों में गया है परन्तु अध्यापक वर्ग यह दलील देता है कि मिलिटैंटों के कई संगठन हैं और प्रत्येक संगठन का अपना ढंग है । एक संगठन के भरोसे वह अपनी जान खतरे में नहीं डाल सकते । कुछ संगठन तो यहां तक दलील देते हैं कि यह सब पंथक कमेटी, जो कि डाक्टर सोहन सिंह वाली है, सब सरकार के निर्देश पर ही कर रही है ताकि वस्सन सिंह जफरवाल तथा उसके सहयोगी संगठनों का पंजाब में प्रभाव खत्म किया जा सके ।

दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर शराब, मास, सिगरेट-बीड़ी की दुकानें बंद हो चुकी हैं । यहां तक कि कई बैंकों ने अपनी शाखा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद कर दी है, जिससे आम नागरिक प्रभावित हो रहा है । कुछ संगठन अब ऐसी पाबन्दियां लगाने वाले संगठनों के विरुद्ध भी खड़े हो रहे हैं और धीरे-धीरे वह जनता में विश्वास की भावना पैदा कर रहे हैं, जबकि सरकारी तंत्र इस काम में पूर्णतः असफल है । अब हालत यह है कि बब्बर खालसा द्वारा स्थानीय सैकेंडरी स्कूल के बाहर भी एक इश्तहार कुछ रोज पहले लगाया गया था जिसमें यही वर्दी पहनने, जन-गण-मन बोलने पर पाबंदी के अलावा अध्यापक वर्ग को भी कई बातों की चेतावनी दी गई थी । कुछ अध्यापक तो यहां तक कहते हैं कि सरकारी आदेश न मानने पर कोई फर्क नहीं पड़ता परन्तु मिलिटैंटों का आदेश न मानने पर नुक्सान हो सकता है । यह सब वह दिल से नहीं मजबूरी से करते हैं । अगर यही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब गांवों के साथ-साथ शहरों में भी सरकारी तंत्र पूर्णतः असफल हो जाएगा और मिलिटैंटों के आदेश ही माने जाएंगे ।

अकाली वर्कर की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज प्रातः साढ़े दस बजे के लगभग यहां से 22 किलोमीटर दूर रायपुर गांव में अकाली वर्कर तथा पूर्व सरपंच साधु सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार साधु सिंह उक्त गांव के बस अड्डे पर अखबार पढ़ रहा था कि एक ट्रैक्टर पर सवार कुछ मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग की, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई । मृतक लैंड मार्टगेज बैंक का वाइस चेयरमैन तथा डायरैक्टर भी था । साधु सिंह का संबंध अकाली दल (ब) के साथ था ।

सुरक्षा अधिकारी की बेटी व भतीजे का अपहरण : संगरूर (गर्ग): कल रात लगभग 15 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने यहां से करीब सात किलोमीटर दूर सोहियां गांव से बी.एस.एफ. के एक अधिकारी श्री जगदेव शर्मा की 16-17 वर्षीया बेटी कंचनबाला तथा श्री जगदेव शर्मा के भाई सुखदेव शर्मा के 12 वर्षीय बेटे संदीप उर्फ टिंकू का अपहरण कर लिया । इस संबंध में मिली विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों का एक गिरोह ट्रक में सवार होकर रात साढ़े नौ बजे के लगभग उक्त गांव में आया तथा मिलिटैंटों ने श्री शर्मा के मकान का दरवाजा खटखटाया । दरवाजा न खुलने पर मिलिटैंटों ने दरवाजा तोड़ दिया और कंचनबाला तथा संदीप को अपहृत करके ले गए । कंचन चंडीगढ़ में पढ़ती है और आजकल लोहड़ी के संबंध में गांव आई हुई थी । पुलिस को मौके से एक राइफल का बट भी मिला है । यह राइफल सी.पी.एम. के दिवंगत नेता श्री जंगीर सिंह कौलसेड़ी के गनमैन से छीनी गई थी । पुलिस को संदेह है कि श्री कौलसेड़ी की हत्या करने वाले मिलिटैंट ही अपहरण की इस वारदात में संलिप्त हैं । श्री शर्मा श्रीनगर में तैनात हैं ।

राइफल छीनी : एक और घटना में संगरूर से बीस किलोमीटर दूर नागरा गांव में कुछ लुटेरों ने चरणजीत तथा सुरजीत नामक दो व्यक्तियों से एक राइफल तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

एक की हत्या : होशियारपुर (वार्ता): कल रात दो मिलिटैंटों ने रायपुर गांव में साधु सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसके ट्रैक्टर पर फरार हो गए ।

एक की हत्या, छः घायल : फिल्लौर (भाखड़ी): कल रात फिल्लौर के 12 लड़के लोहड़ी का त्यौहार मनाने के बाद थाना गोराया के अंतर्गत बड़ा पिंड से अपनी जीप पर लौट रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की, जिससे राकेश कुमार (29) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा छः अन्य युवक घायल हो गए । घायलों को जीप ड्राइवर ने सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया है ।

सरपंच की हत्या मिलिटैंटों ने कल रात जालंधर जिला के पत्ता कलां गांव में सरपंच शिंगारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

धमकी भरे पत्र लिखने वाले गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): थाना डेहलों के तीन युवकों गुरमीत सिंह, दलजीत सिंह और कृपाल गिरि (महंत) को गिरफ्तार किया गया है । उनके खिलाफ यह आरोप है कि वे इस क्षेत्र के स्कूली टीचरों को बच्चों को विशेष वर्दी पहनाने के लिए धमकी भरे खत लिखते थे ।

महिला की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात मिलिटैंटों ने सामाना थाना के अंतर्गत किला लालगढ़ गांव में केसर सिंह की पत्नी गुरदीप कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने गुरदीप कौर से उसके पति की लाइसैंसी रिवाल्वर मांगी थी । महिला द्वारा इन्कार करने पर मिलिटैंटों ने उसे गोलियां मार दीं और भाग गए ।

ग्रंथी की हत्या : पटियाला से 'राजू' के अनुसार तीन मिलिटैंटों ने कल रात यहां से 45 किलोमीटर दूर सरहिंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत सम्पली साहिब गुरुद्वारे के ग्रंथी बलबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार हमलावर बब्बर खालसा से सम्बद्ध थे और उन्होंने हत्या के लिए 9 एम.एम. पिस्तौल का इस्तेमाल किया । यह भी बताया जाता है कि हमलावरों ने पहले भी उक्त ग्रंथी से सम्पर्क किया था और उसे भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के साथ कथित रूप से अपने संबंध तोड़ने के लिए कहा था लेकिन ग्रंथी इसके लिए तैयार नहीं हुआ । कल रात मिलिटैंट फिर गुरुद्वारा में आए तथा ग्रंथी को गोलियां मार कर भाग गए ।

कर्फ्यू समाप्त : पटियाला शहर में स्थिति सामान्य होने के दृष्टिगत आज जिला मैजिस्ट्रेट ने शहर के भीतरी भागों में विगत वीरवार को लगाया कर्फ्यू समाप्त करने के निर्देश दिए हैं ।

4 लुटेरे गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने मंडी गोबिन्दगढ़ तथा इसके आसपास सक्रिय चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है । उन्हें कल उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे अमलोह रोड पर स्थित शराब का एक ठेका लूट कर मंडी गोबिन्दगढ़ लौट रहे थे । इन लुटेरों के नाम मेजर सिंह उर्फ भूरा (निवासी चनारथल), परमिन्द्र सिंह (निवासी शेरमाजरा), भूमिन्द्र सिंह (निवासी अबेमाजरा) तथा राज कुमार (निवासी उत्तर प्रदेश) बताए जाते हैं । प्रारंभिक जांच के दौरान इन लुटेरों ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने सिगरेट की दुकानें बंद करने तथा स्कूली बच्चों की वर्दियां बदलने की धमकियां दी थीं ।

बी.एस.एफ. की टुकड़ी पर फायरिंग : राजपुरा (मासूम): गत रात यहां से 100 किलोमीटर दूर बनूड़ के निकट खरड़ वाले चौक में बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ी पर मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग करने का समाचार मिला है । बताया गया है कि रात के दस बजे हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार मिलिटैंटों ने गश्ती टुकड़ी पर ए.के. 47 से फायरिंग की । बी.एस.एफ. जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग से मिलिटैंट भाग खड़े हुए ।

पिस्तौल छीनी, शराब की बोतलें तोड़ीं : गत रात्रि राजपुरा से 16 किलोमीटर दूर गांव कामीकलां से कुछ मिलिटैंटों ने गांव के सरपंच के भाई से उसका लाइसैंसी विदेशी रिवाल्वर छीन लिया । गांव अजरोर में मिलिटैंटों ने देसी शराब के ठेका में जाकर उसमें रखी शराब की सभी बोतलें सड़क पर फेंक कर तोड़ दीं और ठेका कर्मियों को चेतावनी दी कि ठेका बंद कर दो ।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : 'वार्ता' के अनुसार भटिंडा जिला पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से कुछ हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । फरीदकोट जिला पुलिस ने भी पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे दो बंदूकें, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

जद का आग्रह
(पृष्ठ 3 का शेष)

द्वारा दिया जा रहा समर्थन वापस ले लिया जाए या फिर ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी जाए जिससे उनकी सरकार गिर जाए । इसी चक्कर में वह कुछ वरिष्ठ इंका नेताओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं । ऐसे नेताओं में अधिकांश पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं जिनको इंका अध्यक्ष से यही शिकायत है कि उन्हें दृष्टिविगत कर दिया गया । राष्ट्रीय मोर्चा और वाममार्चा ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि जिन पांच मंत्रियों को दलबदल निरोधक कानून के तहत लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया है वे अगर मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते तो राष्ट्रपति को चाहिए कि संविधान की गरिमा बनाए रखने की खातिर इन मंत्रियों को बर्खास्त कर दें । दोनों मोर्चों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से भेंट की और अपनी इस मांग के समर्थन में उन्हें ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में इन दोनों मोर्चों ने कहा है कि नैतिकता और संविधान का तकाजा यही है कि जिन मंत्रियों को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराया गया है उन्हें मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे देना चाहिए ।



जनता दल, भाकपा, माकपा, फारवर्ड ब्लाक तथा कांग्रेस (एस) के नेता सोमवार को राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर राष्ट्रपति भवन से बाहर आते हुए । ज्ञापन में उन पांच मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की गई है, जिनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई है । (छाया : प्रै.ट्र.)

बस सतलुज में गिरने से 4 मरे : 2 घायल

शिमला, 14 जनवरी (वा., ख.): यहां से 32 किलोमीटर दूर हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस के सतलुज नदी में गिर जाने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 2 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री डी.एस. मिन्हास ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि यह दुर्घटना कल रात

सद्दाम का आह्वान
(पृष्ठ 3 का शेष)

रहेगा । फिर भी उसे कुवैत में ईराक को खदेड़ने में कई सप्ताह लग जाएंगे । युद्ध शुरू होने की स्थिति में अमरीका के नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय फौजें अपने आधुनिकतम लड़ाकू विमानों को ईराक की संचार सुविधाओं, कमान केन्द्र, सैनिक अड्डों तथा औद्योगिक केन्द्रों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल करेंगी । साथ ही वे कुवैत की सप्लाई लाइन को भी काटेंगी ताकि कुवैत और उसके आसपास तैनात ईराक के लगभग पांच लाख 40 हजार सैनिकों का मनोबल तोड़ा जा सके ।

खाड़ी में बहुराष्ट्रीय फौजों के पास लगभग डेढ़ हजार लड़ाकू विमान हैं जबकि ईराक की वायुसेना के पास केवल 600 विमान ही हैं । ईराक के पास सर्वश्रेष्ठ मिराज एफ. एक है तथा पुराने किस्म के सोवियत मिग विमान भी हैं ।

यह युद्ध क्या रूप लेगा, इसके बारे में अभी से कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता । लेकिन, प्राप्त खबरों के अनुसार अमरीका का यह प्रयास रहेगा कि रिहायशी इलाकों में बमबारी न की जाए ।

क्वेया विवरण देंगे : संयुक्त राष्ट्र : संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव जेवियर पेरेज दि क्वेया द्वारा आज रात सुरक्षा परिषद के सदस्यों को अपनी संक्षिप्त बगदाद यात्रा का विवरण दिए जाने की सम्भावना है । यह बैठक स्थानीय समय रात नौ बजे शुरू होने वाली है । भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे यह बैठक होगी ।

मात्र संकेत ही कर दे : वाशिंगटन : कनाडा के प्रधानमंत्री ब्रियन मुलरोनी ने कहा है कि यदि कल तक ईराक 'कुवैत' से हटने का संकेत दे दे तो खाड़ी में शांति बनी रह सकती है । उनकी बगल में अमरीका के विदेशमंत्री जेम्स बेकर भी बैठे हुए थे । श्री मुलरोनी ने कहा कि वे मानते हैं कि समय सीमा में जितना समय बचा हुआ है, उसमें कुवैत से पूरी वापसी संभव नहीं है परन्तु यदि ईराक संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के अनुरूप सिर्फ वापस होने का संकेत भर दे दे तो युद्ध टल सकता है ।

न्यूयार्क : खाड़ी संकट ने अमरीकी अर्थ-व्यवस्था पर गम्भीर दुष्प्रभाव डाला है । इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि युद्ध न छिड़ने पर भी 'मरुथल बचाव' अभियान पर उसे 30 अरब डालर खर्च करना पड़ेगा ।



फिल्लौर के निकट मिलिटैंटों द्वारा कल रात एक जीप पर की गई फायरिंग में मरने वाले राकेश कुमार का शव । (छाया : तरसेम)

अनिश्चितकालीन बंद की चेतावनी

मद्रास, 14 जनवरी (वार्ता): भारतीय फिल्म फैडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि गत नौ जनवरी को 'हिन्दुस्तान फोटो फिल्म' द्वारा रंगीन और श्वेत श्याम फिल्म रीलों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा को तुरन्त वापस नहीं लिया गया तो पूरा फिल्म उद्योग अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा ।

पाकिस्तानी घुसपैठिया मरा

जम्मू, 14 जनवरी : आर.एस. पुरा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ के दौरान एक पाक घुसपैठिया मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग गया ।

मान प्रधानमंत्री से बातचीत जारी रखें : अकाली नेता

लुधियाना, 14 जनवरी (महिन्द्रा): लुधियाना में अकाली दल बादल के नेताओं ने श्री सिमरनजीत सिंह मान से कहा है कि अकाली दलों में एकता के बाद अब उनको पंजाब समस्या हल करने के लिए सभी प्रयास दाव पर लगा देने चाहिएं तथा सिखों की मांगें मनवाने के साथ-साथ पंजाब में अमन की बहाली के लिए उन्हें प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से अपनी बातचीत जारी रखनी चाहिए ।

कल लोहड़ी के अवसर पर अकाली दल बादल के नेताओं की एक अनौपचारिक बैठक में श्री अमरजीत सिंह भाटिया, मोहिन्द्र सिंह मुखी, जत्थेदार दिलबाग सिंह, प्रताप सिंह अकाली, हरि सिंह बजाज, अजीत सिंह धवन, गुरचरण सिंह ने अकाली दल की एकता का स्वागत किया । उन्होंने कहा कि अकाली दलों की एकता से पंजाब का वातावरण और सद्भावपूर्ण होगा । राष्ट्रीय ईसाई संघ के प्रधान आइजक दास ने भी अकाली एकता का स्वागत किया है । दूसरी तरफ पंजाब युवा कांग्रेस के संयुक्त सचिव श्री तिरलोक चन्द भगत ने अकाली एकता का स्वागत करते हुए कहा है कि अब अकाली लीडर पंजाब में रक्तपात बंद कराने की तरफ भी

क्लासीफाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन | आवश्यकता

इस आशा को निरर्थक बताया कि वह अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों के मामले में अमरीका से कोई सहानुभूति प्राप्त कर सकती हैं । अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि श्रीमती भुट्टो विपक्षी नेता के रूप में अपनी भूमिका निभा पाएंगी ।

इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा ।

पंजाब राज भवन के सूत्रों के अनुसार पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) समिति ने इस परिषद के लिए अपने प्रतिनिधियों के नाम भेजने का विश्वास दिलाया है ।

पवित्र नगर घोषित करते हुए इन दुकानों को 26 जनवरी तक बंद करा देने की धमकी दी थी । प्रवक्ता ने बताया कि सुल्तानविंड, पुतलीघर और विजयनगर मोहल्लों के संवेदनशील इलाकों में विशेष छानबीन अभियान चलाए जाएंगे । शिक्षण

जिनमें पिछली सरकार के निर्णय को चुनौती दी गई है ।

उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के.के. वेणुगोपाल ने न्यायालय से आग्रह किया कि वह याचिका दायर करने वाले सभी व्यक्तियों को सचिवों की समिति की रिपोर्ट की प्रतियां दें । श्री वेणुगोपाल ने दावा किया कि इस समिति ने 1984 में सरकार को मंडल आयोग की सिफारिशों पर अमल रोकने की सलाह दी थी । उन्होंने कहा कि समिति ने आयोग की रिपोर्ट में कई विसंगतियों का उल्लेख किया था ।

श्री वेणुगोपाल ने कहा कि वह पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण के खिलाफ नहीं है,लेकिन आरक्षण का आधार आर्थिक होना चाहिए ताकि वास्तविक रूप से गरीब लोगों को इसका लाभ मिल सके ।

6, कपूरथला में 3, फि
होशियारपुर में 2, अ
संगरूर में 2, भटिंडा
लुधियाना में 8 कर्फ्यू

पंजाब में 8 हत्याएं, 2 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 15 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 8 व्यक्ति मारे गए । दो मिलिटैंट भी मारे गया ।

सेना के काफिले पर हमला : बटाला पुलिस जिले के फतेहगढ़ चूड़िया पुलिस थाने के गांव कुलाड़ के निकट मिलिटैंटों ने सेना के काफिले पर हमला कर दिया । सैनिकों द्वारा प्रत्युत्तर में फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । कोई हताहत नहीं हुआ । सीमावर्ती जिलों में सेना की तैनाती के पश्चात् यह शायद सेना पर किया गया पहला हमला है ।

मिलिटैंट मारा गया : बटाला पुलिस जिले में दामोदर गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक स्टिक बम और कुछ कारतूस मिले हैं । उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

मृतक मिलिटैंट की पहचान हरबिंदर सिंह उर्फ बाऊ के रूप में हुई है जोकि गांव घनिए-का-बंगड़ का निवासी है ।

कांस्टेबल का शव बरामद : इसी पुलिस जिले के गांव बेरोवाल से आज सुबह पंजाब पुलिस के कांस्टेबल लखबीर सिंह का शव बरामद किया गया ।

पिस्तौल छीन ली : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार अज्ञात युवकों ने कल रात यहां के सैक्टर-22 में खरड़ के हरजिंदर सिंह नामक व्यक्ति से उस समय पिस्तौल की नोक पर पिस्तौल छीन ली, जब वह अपनी कार में घर जा रहा था ।

मुठभेड़ में 8 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (वार्ता): सेना और पुलिस की संयुक्त टुकड़ी के साथ मुठभेड़ में 8 मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ कल रात उस समय हुई जब सुरक्षा बल क्षेत्र में तलाशी ले रहे थे । मुठभेड़ आज शाम देर तक चली । पांच मिलिटैंट तो कल रात ही मारे गए थे और तीन अन्य आज प्रातः साढ़े नौ बजे के लगभग मरे । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 303 की राइफल तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का भी बरामद हुआ है । मारे गए मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हुई । उनके कुछ साथी बच कर भी भाग गए ।

महिला और उसकी तीन बेटियों की हत्या : अमृतसर (वार्ता, पस.): तरनतारन पुलिस जिला के उप्पल गांव में कल रात सुरेंद्र कौर तथा उसकी 3 बेटियों मंजीत कौर (16), रणजीत कौर (14) तथा गुड्डू (12) की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार इस वारदात में गुरमेल सिंह नामक मिलिटैंट का हाथ है । गुरमेल सिंह मृतकों का रिश्तेदार बताया जाता है । पुलिस के अनुसार कुछ दिन पूर्व उक्त परिवार ने मिलिटैंटों को अपने घर में शरण देने से इन्कार कर दिया था । घटनास्थल से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के 14 खाली कारतूस बरामद किए हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या, उसकी बेटी अपहृत : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के भगवानपुरा गांव में बघेल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई तथा उसकी बेटी परमजीत कौर का अपहरण कर लिया गया । पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी का मामला बताया है ।

एक और व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने भगवानपुरा गांव में काला सिंह नामक एक और व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने आज काला सिंह का शव बरामद किया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अमरीकी सेना अपने हवाई आक्रमणों, थल युद्ध और दूसरे सैन्य अभियान के बारे में सीमित सूचनाएं जारी कर रही है ।

'डेजर्ट स्ट्राम' अभियान आज चौथे दिन में प्रवेश कर चुका है ।

अमरीका और उसके मित्र देशों की सेना को खाड़ी युद्ध में पहले तीन दिनों में अच्छी कामयाबी मिली है लेकिन इससे ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन तथा उनकी विशाल फौज का सफाया होना दूर की बात है । ऐसे में जमीनी हमला तुरन्त शुरू होने की अटकलें लगाना जल्दबाजी होगी । हवाई अभियान से ईराक की युद्धक क्षमता को काफी नुक्सान पहुंचा है, उसकी महत्वपूर्ण संचार प्रणालियां नाकाम हो चुकी हैं और राडार तथा विमान-रोधी अन्य तंत्रों को क्षति हुई है । ईराक के अचल प्रक्षेपास्त्र लांचर नष्ट हो चुके हैं और थलसेना को भी भीषण बमबारी का सामना करना पड़ा है लेकिन उसके सचल प्रक्षेपास्त्र लांचर अब भी कार्यशील हैं । अमरीकी बमवर्षकों ने कल कुवैत में ईराकी संचार केन्द्र को नष्ट कर दिया ।

ब्रिटेन के 'इंडिपैंडैंट' और 'संडे टैलीग्राफ' समाचारपत्रों ने ब्रिटिश गुप्तचर सूत्रों के हवाले से कहा है कि ईराक के 700 युद्धक विमानों में से अभी तक 50 से कम विमान ही हवाई लड़ाई में या हवाई अड्डों पर बमवर्षा में नष्ट हुए हैं । ये विमान भूमिगत बंकरों में छुपाए गए हैं और थोड़ी संख्या में ही बाहर लाए जाते हैं तथा शत्रु से उलझने से बचते हैं । अमरीकी गुप्तचर सूत्रों के अनुसार बहुराष्ट्रीय विमानों के हवाई हमलों में उनके केवल पचास प्रतिशत लक्ष्यों को ही नष्ट कर पाए हैं ।

से पहले चुनाव के लिए वातावरण तैयार होना
अति जरूरी है । उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या
हल के लिए बातचीत करना एक अच्छा कदम है अ
अगर बातचीत मिलिटैंटों से भी होती है तो इसमें क
बुराई नहीं है क्योंकि इससे भटके हुए नौजवान दे
की मुख्य धारा में शामिल हो सकेंगे । परन्तु
सिमरनजीत सिंह मान द्वारा प्रधानमंत्री को दिए म
पत्र जिसमें धारा 51 के अधीन बातचीत की मांग
गई है, उसे कोई भी सरकार स्वीकार नहीं कर सक
क्योंकि इस बात को मानना यही साबित करेगा
सरकार ने खालिस्तान को स्वीकार कर लिया है
उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों में विश्वास
भावना पैदा करना बहुत जरूरी है और सरकार
भी, पंजाब में अपना दबदबा बनाना होगा क्यों
जिस तरह मिलिटैंटों द्वारा आदेश दिए जा रहे
उससे आने वाले समय में गम्भीर समस्याएं पैदा
सकती हैं ?

अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर मंदि
निर्माण बारे श्री बशीर ने कहा कि मन्दिर निर्माण
भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजनीतिक लाभ उठ

लिथुआनिया में सैनिक कार्रव
के विरोध में प्रदर्शन

मास्को, 20 जनवरी (प.स.): क्रैमलिन
सड़कों पर आज लिथुआनिया में सैनिक कार्रवा
विरोध में प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शनकारिय
राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव और रक्षामंत्री दिमि
याजोव के इस्तीफे की मांग की । प्रदर्शनकारी
विलिनियस, कल मास्को', 'गोर्बाच्योव मुर्दाब
और 'येल्तसिन जिन्दाबाद' के नारे लगा रहे थे

ांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार ही कश्मीर घाटी में शांति
त कर सकती है : गिरफ्तार अलगाववादी के उद्गार

जनवरी (नि.स.): सोपोर से
गए 29 वर्षीय कश्मीरी

कश्मीरियों की दयनीय अवस्था, निर्दोषों की हत्याओं तथा आर्थिक संकट जैसे विनाशकारी परिणामों के

था, "जब हमें सेना ने गिरफ्तार किया तो हम अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों की आशंका से आतंकित

और यह सब हमारे कथित आन्दोलन का एक हिस्सा बन गया । अब हममें से कोई भी उनके विरुद्ध

EVER
WI
SALE

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

तीन की हत्या : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिला के वरपाल गांव में बी.एस.एफ. के इंस्पैक्टर बलवंत सिंह के बेटे विक्रमजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने इसे गुट संघर्ष की वारदात बताया है । तरनतारन पुलिस जिला के बांका गांव में मिलिटैंटों ने सम्पूर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिला के जल्लखेड़ा गांव में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक कर्मचारी ज्ञान सिंह की भी कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंटों का भारत में घुसने का प्रयास विफल : सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर जिला के अजनाला सब सैक्टर में कक्कड़ सीमा चौकी के निकट मिलिटैंटों द्वारा पाकिस्तान से भारत में घुसने का प्रयास विफल कर दिया । मिलिटैंट दो ए.के. 47 राइफलें, .30 एम.एम. के 3 पिस्तौल, 4 मैगजीन, .32 बोर के 7 रिवाल्वर तथा 1350 कारतूस छोड़ कर भाग गए ।

हथियार छीने : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात अमृतसर-जालन्धर सैक्शन पर ब्यास-ढिलवां रेलवे स्टेशनों के मध्य जनरल रेलवे पुलिस बल के जवानों से एक लाइट मशीनगन, एक .303 की राइफल, 8 मैगज़ीन तथा लगभग 200 कारतूस छीन लिए ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिला के मेघा गांव में धर्म सिंह नामक एक व्यक्ति की आज दोपहर गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार कल रात मिलिटैंटों ने मेहता के निकट कांस्टेबल मोहकम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मोहकम सिंह कादियां थाना के अंतर्गत ढपई चौकी में तैनात था और घटना के समय छुट्टी लेकर अपने गांव जा रहा था ।

विधवा की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): कल रात 8 बजे के लगभग बंबेहाली गांव में दो मिलिटैंट सुरजीत कौर उर्फ रत्ती नामक एक विधवा के घर आए तथा उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए । गांव से एक किलोमीटर दूर ले जाकर मिलिटैंटों ने सुरजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

चौकीदार की हत्या : होशियारपुर (वार्ता): कल रात तलवाड़ा गांव में बस अड्डे पर प्रकाश सिंह नामक एक चौकीदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

शराब का ठेका जला दिया : भटिंडा (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात चकरामसिंहवाला गांव में शराब का एक ठेका जला दिया ।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम अवतार सिंह, हरप्रीत सिंह, अशोक कुमार, सुरिन्द्र सिंह तथा सुखजीत सिंह हैं । उनसे एक रिवाल्वर, 3 पिस्तौलें, एक बन्दूक, एक ए.के. 47 राइफल, 3 स्कूटर तथा एक वैन बरामद हुई है । भटिंडा पुलिस ने भी 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे एक बन्दूक बरामद की है ।

एक की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): थाना मुल्लांपुर के अंतर्गत कैलपुर गांव में 6 मिलिटैंट मारुति कार में सवार होकर नाजर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा उसे अपहृत कर सीतो नामक एक महिला के घर ले गए । वहां पर मिलिटैंटों ने नाजर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने नाजर सिंह पर सीतो के साथ नाजायज संबंध रखने का आरोप लगाया था ।

एक की हत्या : संगरूर (प.स.): मिलिटैंटों ने हांडिया गांव में नरेश कुमार नामक एक व्यक्ति की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक और व्यक्ति की हत्या : रोपड़ (प.स.): मिलिटैंटों ने कल रात मरोली गांव में रणजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

अज्ञात युवक का शव मिला : पटियाला (राज): स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट से पुलिस ने 24-25 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

वकील की हत्या : जालंधर (प.स.): तीन मिलिटैंटों ने आज रात्रि थाना सदर के गांव रंधावा मसंदा में एक वकील बचित्तर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

गिरफ्तार अलगाववादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

व्यवहार के प्रति अन्य घायल युवक क्रुद्ध हो उठे तथा यहां तक कि उन्होंने कई डाक्टरों पर हमला भी कर दिया, मगर पुलिस ने उन्हें वहां से हटाने के लिए मार-पीट भी की थी ।



सार्वजनिक सूचना

(1) मैंने अपने शिष्य पृथ्वेंद्र स्वरूप से अपना गुरु शिष्य का रिश्ता भंग कर लिया है । जो मुख्तयारनामा मैंने उसे अपनी तरफ से आश्रम के संचालन हेतु दिया था, वो श्री मैं रद्द करता हूं । (2) दंडी स्वामी आश्रम नैनोवाल जट्टां का मदन लाल आहलूवालिया द्वारा बनाए गए दंडी स्वामी पुरुषोत्तम आश्रम चैरीटेबल ट्रस्ट (B-20, South Extension Part-I, New Delhi) से कोई संबंध नहीं है । दंडी स्वामी आश्रम का मैं एकमात्र अधिकारी हूं ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्वार्टर उसमें रहने वालों को अलाट कराने का भी आश्वासन दिया । इस अवसर पर श्री धवन ने जनसभा में उपस्थित सभी लोगों के हाथ उठवा कर अपनी कार्यप्रणाली के समर्थन में विश्वास प्रकट करवाया ।

जनसभा को जनता दल (स) के अखिल भारतीय महासचिव श्री ओम प्रकाश चौटाला, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री हुकम सिंह व फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने भी संबोधित किया । शत्रुघ्न सिन्हा ने कई शेर सुना कर वी.पी. सिंह सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की और चन्द्रशेखर सरकार की कार्यप्रणाली की शुरुआत अच्छी बताते हुए कहा कि इस सरकार को अपनी मजबूती की नहीं बल्कि देश के सामने खड़े मुद्दों को हल करने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है । श्री चौटाला ने कहा कि पिछली सरकार मूल्यों पर आधारित राजनीति की बात तो करती थी लेकिन उसने मूल्यों को पांव तले रौंद दिया । पिछली सरकार ने जो वातावरण दूषित कर दिया था उसे नई सरकार दूर करने का हर संभव प्रयास कर रही है ।

कश्मीर घाटी में रैड अलर्ट घोषित

श्रीनगर, 20 जनवरी (प.स.): सम्पूर्ण कश्मीर घाटी में आज रैड अलर्ट की घोषणा कर दी गई है । यह कदम अलगाववादियों द्वारा कल एक विशाल जलूस निकालने के कारण शांति भंग होने की आशंका के दृष्टिगत उठाया गया है ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान सुरक्षा बलों व अलगाववादियों में कल सम्भावित संघर्ष को टालने के लिए कर्फ्यू लागू करने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है ।

सूत्रों के अनुसार सम्पूर्ण कश्मीर घाटी में सरक्षा प्रबन्ध अत्यन्त कड़े कर दिए गए हैं क्योंकि ऐसी भी रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं जिनके अनुसार अलगाववादियों के कल के प्रस्तावित जलूस में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा भाग लिए जाने की सम्भावना है ।

लगभग सभी प्रतिबंधित अलगाववादी संगठनों ने कल 'कश्मीर बंद' का आह्वान किया है तथा उनमें से कई संगठनों ने जनता से अपील की है कि वह भारी संख्या में उनके द्वारा निकाले जाने वाले जलूस में शामिल हों । यह प्रस्तावित जलूस कल गावकदल से मज़ार-ए-शुरा तक उन लोगों की स्मृति में निकाला जाएगा, जो गत वर्ष 21 जनवरी को मारे गए थे ।

इसी मध्य कश्मीर घाटी में आज आधिकारिक तौर पर स्थिति लगभग शांत व नियंत्रण में बताई गई है, जबकि किसी विशेष अप्रिय घटना की भी कोई सूचना नहीं है ।

एक मरा : एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत सायं लगभग 6.30 बजे कालखड थाना के अंतर्गत बागवांपुरा में बटमालू के निवासी अब्दुल लतीफ का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । अनन्तनाग में जियारत रेशी के निकट मिलिटैंटों ने

ईराकी थलसेना पर हमले

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि इराक ही तय करेगा कि युद्ध क्या मोड़ लेगा और उसका अन्त कब होगा । बी.बी.सी. के अनुसार ईराकी रेडियों ने कहा कि सारी दुनिया जानती है कि ईराक जो कुछ भी कहता है वही करता है । रेडियो की टिप्पणी में कहा गया है कि भविष्य ही यह बताएगा कि युद्ध शुरू तो श्री बुश ने किया, लेकिन वह उसको समाप्त करने में समर्थ नहीं होंगे । इसकी दिशा और इसकी समाप्ति का समय वह (ईराक) तय करेगा, जो धैर्यपूर्वक इसको बर्दाश्त कर रहा है ।

रेडियो की टिप्पणी में कहा गया है कि "इस सम्मानजनक शक्ति परीक्षण की दिशा वे लोग ही तय करेंगे ।"

बहुराष्ट्रीय सेना के हजारों सैनिक तथा सैंकड़ों टैंक कवैत को ईराक के नियंत्रण से मुक्त करवाने के लिए 'थल युद्ध' के उद्देश्य से सऊदी अरब के रेगिस्तान में कुवैत की सीमा की ओर बढ़ रहे हैं । बहुराष्ट्रीय सेना अपने थल सैनिकों की मदद के लिए ईराक की रिपब्लिकन गार्ड यूनिटों पर हवाई हमले भी कर रही है । ब्रिटेन के 'डैजर्ट रैट्स' के नाम से मशहूर टैंक तथा अमरीका के एम-1 अब्रम टैंक कुवैत की सीमा की तरफ 200 किलोमीटर आगे बढ़ गए हैं । अमरीकी नौसैनिक ब्रिगेड को भी सीमा के निकट तैनात कर दिया गया है और वह हमले करने की तैयारियां कर रही है ।

ईराक ने आज सऊदी अरब पर 3 से 5 मिसाइलें दागीं, लेकिन ये खाली रेगिस्तान में गिरीं और इनसे कोई क्षति नहीं हुई । बहुराष्ट्रीय सेनाओं के प्रवक्ता कर्नल अहमद के अनुसार ये 'फ्राग-मिसाइलें' थीं ।

ईराकी सशस्त्र सेना की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय सेना ने राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के गृह नगर टिकरित तथा कई सामरिक महत्व के क्षेत्रों पर हमला किया । बगदाद से 120 किलो मीटर पश्चिम में स्थित टिकरित शहर पर एक प्रक्षेपास्त्र गिरा । ईराकी संचार समिति द्वारा प्रेषित इस विज्ञप्ति में ईराक पर हुए 14 अन्य हमलों की जानकारी भी दी गई है । बहुराष्ट्रीय सेना द्वारा गुरुवार को शुरू किए गए हवाई हमले के बाद ईराक ने पहली बार यह विवरण दिया है । इसमें यह नहीं बताया गया है कि हमले किस विशेष लक्ष्य पर किए गए और कितना नुक्सान हुआ ?

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय सेना के दो लड़ाक विमानों को बगदाद पर आठ को उल कुर्द तथा दो को दन नसीरिया के ऊपर उड़ते समय मार गिराया गया । ईराकी सैनिक विज्ञप्ति के अनुसार उसके जिन क्षेत्रों को हमला हुआ है, उनमें प्रमुख दूर संचार केंद्र वाला अल रामदी शहर और सीरियाई सीमा के निकट स्थित अल अकीम शहर भी शामिल हैं । अल अकीम में ईराक के परमाणु तथा रासायनिक हथियार शोध एवं विकास संस्थान हैं । इसमें कहा गया है कि सभी हमले कल देर रात तथा आज तड़के हुए ।

कवैत के विदेश मंत्री अब्दल-रहमान-अल-अबादी ने कहा है कि कई ईराकी सैनिक भोजन की तलाश में मारे-मारे फिर रहे हैं और उनका नैतिक बल बहुत कम हो गया है । कुछ ईराकी सैनिक अपने शस्त्र और वर्दियां छोड़ रहे हैं । वे पकड़े जाने के भय से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भाग रहे हैं

Bhindi Saifabadi

...र्थों विशेष कर मिट्टी का तेल और
...खपत को सीमित रखने की दृष्टि से
...ल निश्चय किया है ।
...सचिव नरेश चंद्र ने आज प्रमुख
...चिवों की बैठक में इसका जायजा
...सरकारी प्रवक्ता के अनुसार खाड़ी युद्ध
...अधिक समय जारी रहने की स्थिति में
...ने की जरूरत होगी ।
...कहा कि मिट्टी का तेल और कुकिंग
...ल राशनिंग करने का कोई इरादा नहीं
...कार यह सुनिश्चित करना चाहेगी कि
...किफायत के लिए कदम उठाने पर ये
...ताओं तक पहुंचें ।

...दल की लुधियाना रैली ...त होने की सम्भावना

...21 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब के
...में सेना तैनात करने के खिलाफ
...काली दल द्वारा गणतंत्र दिवस के
...6 जनवरी को लुधियाना में की जाने
...गित कर दिए जाने के आसार दिखाई दे
...इसलिए किया जा रहा है ताकि
...भावित टकराव को टाला जा सके ।
...संभव है कि पार्टी के प्रधान श्री
...सह मान 1-2 दिनों तक कोई अंतिम
...सूत्रों के अनुसार श्री मान को
...या है कि एक तो रैली की तैयारी के
...हुत कम है और दूसरा इस चरण पर
...जकर न ली जाए ।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मास्टर हकम सिंह के पुतले उठाए हुए थे । पत्रकारों की टीम ने चंडीगढ़ से लालड़ू तक देखा कि मुसाफिर बसें, ट्रकों के जाम के कारण सड़क पर फंसी खड़ी थी तथा हजारों यात्री पैदल ही चंडीगढ़ की तरफ आते दिखाई दे रहे थे । सड़क किनारे स्थित ढाबों तथा होटलों में इतनी भीड़

सोवियत सैनिकों ने कल रात सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा करने वाले बाल्टिक गणराज्य लातविया के पुलिस मुख्यालय पर हमला किया जिससे 5 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 9 लोग घायल हो गए ।

फैडरेशन के 3 वर्कर गुट संघर्ष में मारे गए, ग्रन्थी समेत 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 21 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 3 वर्कर निजी गुट संघर्ष में मारे गए तथा ग्रंथी समेत 8 लोगों की हत्या हुई ।

फैडरेशन के 3 वर्कर मरे : पटियाला (भूषण, वार्ता): कल रात मिलिटैंटों ने पातड़ां थाना के अंतर्गत बूटगढ़ गांव में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मजीत गुट) के तीन वर्करों धर्मसिंह, केसर सिंह तथा प्रेम सिंह को गोलियों से मार दिया । पुलिस ने इसे मिलिटैंटों के निजी गुट संघर्ष की वारदात बताया है ।

हैड-कांस्टेबल को फांसी लगा दी : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात हवाब गांव से हैड-कांस्टेबल रणबीर सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया और फिर रोपड़ जिला के ही गांव चहेड़ कलां में ले जाकर उसे फांसी लगा दी ।

ग्रंथी की हत्या : दो मिलिटैंट कल रात रोपड़ जिला के किरतपुर क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारे में गए और ग्रंथी करनैल सिंह की हत्या करके भाग गए ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (वार्ता): रात मिलिटैंट रामगढ़ भुल्लर गांव में सरपंच नाहर सिंह के घर में घुस गए और गोलियां मारकर उसकी हत्या करके भाग गए । इस घटना में मेहर सिंह नामक एक व्यक्ति घायल भी हुआ है ।

हमलावरों को भगा दिया : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार कल रात लगभग 9.30 बजे यहां गौशाला रोड पर ताजांवाली गली में ए.के. 56 राइफल तथा अन्य हथियारों से लैस होकर 3 अज्ञात व्यक्ति महेंद्र सिंह के घर आए । महेंद्र सिंह उनसे गुत्थम-गुत्था हो गया हमलावरों ने फायरिंग भी की लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं हुआ । इस बीच महेंद्र सिंह की पत्नी तथा मां भी वहां पहुंच गई और वे

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सेना के लिए अपने 20 डाक्टरों का एक दल भेज रहा है ।

चीन में खाड़ी युद्ध के प्रति जनता की गहरी दिलचस्पी से नाखुश सरकार ने टैलीविजन के राष्ट्रीय समाचारों में प्रथम 20 मिनट तक खाड़ी युद्ध की खबरें देने पर प्रतिबंध लगा दिया है । थाईलैंड में अमरीका और उसके मित्र देशों के दूतावासों पर आतंकवादियों के हमलों की आशंका से राजधानी बैंकाक में सुरक्षा व्यवस्था बहुत कड़ी बना दी गई है ।

इस्लामाबाद : पाकिस्तान सरकार ने खाड़ी में सैनिक भेजने के अपने फैसले को उचित ठहराया है और इराक के प्रति बढ़ते जा रहे समर्थन को रोकने का प्रयास किया जा रहा है । पाकिस्तान में कई माह से अमरीका विरोधी लहर तो चल ही रही थी, अब वहां इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को इस्लाम के एक योद्धा के तौर पर पेश किया जा रहा है और उन्हें एक महाशक्ति को चुनौती देने वाला बताया जा रहा है ।

इस्लामी देश पाकिस्तान ने अमरीकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना में लगभग 11 हजार सैनिक भेजे हैं ।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उच्च नेताओं ने नवाज़ शरीफ सरकार से इसकी खाड़ी नीति के खिलाफ व्यापक जन-आक्रोश को देखते हुए इस्तीफे की मांग की है । पाकिस्तान में कई शहरों में अमरीका विरोधी रैलियां आयोजित की जा रही हैं तथा कई नेताओं ने मियां नवाज़ शरीफ से अपनी सेनाएं खाड़ी से तुरन्त बुलाने का आग्रह किया है ।

यरुशलम, 21 जनवरी (ए.प.): की गड़गड़ाहट के प्रभाव से तेल अवी सप्ताहांत में 30 महिलाओं ने समय से पू जने । यह जानकारी कल यहां अस्पता ने दी ।

इन सूत्रों ने बताया कि जिस रात प्रथ हमले इसराईल पर हुए उस रात सामा दुगनी संख्या में महिलाओं ने बच्चों दिया ।

इंका हाई कमान पवा कोई निर्णय न कर स

नई दिल्ली, 21 जनवरी (ए.स.): न राजनीतिक संकट आज आठवें दिन भी ब कांग्रेस (इ) उच्च कमान मध्यमंत्री शरद पद से हटाने की असंतुष्टों की मांग पर फैसला नहीं कर सकी है । श्री पवार सहयोगी सांसद सुरेश कलमाडी ने पार्टी राजीव गांधी से दो बार बातचीत कर संवाददाताओं से कहा कि अब यह मामल उच्च कमान के विचाराधीन है ।

पुलिस को साम्प्रद बनाने का विरोध

नई दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता): परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु हरि पुलिस बल को "साम्प्रदायिक" बनाए जा खतरनाक कदम बताते हुए कहा है कि को इस तरह के कदम खतरनाक नतीजों करना चाहिए ।

श्री डालमिया ने आज यहां जारी ए साम्प्रदायिक दंगों से निपटने के लिए वि बल गठित किए जाने संबंधी समाचा टिप्पणी करते हुए कहा कि समस्या से एकमात्र समझदारी-भरा रास्ता यही है बल को बिना किसी राजनैतिक दखलंदाज रूप से काम करने दिया जाए ताकि वह

...र सरकार को अधिक दिनों तक बचाए रखने के मूड में नहीं

...सका ।
...ाता है कि इंका नेतृत्व भी अब यही
...कि यादव सरकार से अपना समर्थन
...र्चित रूप से आ गया है, चाहे इसके

भी अधिक समय तक बचाए रखने में अब कोई विशेष रुचि नहीं ले रहा । इंका पहले ही केन्द्र सरकार से दूर जा चुकी है तथा उसने कई मुद्दों पर

कर दिया और यही स्टैंड लिया है कि यह मंत्री लोकसभाध्यक्ष द्वारा अघोषित किए जाने के बावजूद भी अपने पद पर बने रहेंगे । इससे पूर्व इंका नेतृत्व

डा. संजय सिंह के मंत्री बने रहने की स्थिति में भी

भी अटकलों का बाजार काफी गर्म है । इंका द्वारा चन्द्रशेखर सरकार की किसी भी आर्थिक नीति का समर्थन नहीं किया जा रहा । इंका द्वारा इस बात की

भी कटु आलोचना की जा रही है कि स्वयं प्रधानमंत्री

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

हमलावरों पर टूट पड़ी । इस पर हमलावर जान बचा कर भाग निकले ।

कार ड्राईवर का शव मिला : बटाला (कोछड़) : डेरा बाबा नानक थाना के अन्तर्गत फजलाबाद गांव में कार ड्राईवर प्रदीप सिंह का शव बरामद हुआ है । प्रदीप सिंह कलानौर थाना के अंतर्गत कमालपुरा गांव का निवासी था ।

भट्ठा मालिक की हत्या : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के गांव गहरी मंडी में 6 मिलिटैंटों ने एक भट्ठा मालिक इंद्रपाल सिंह (35) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार आज प्रातः सवा दस बजे के लगभग आधी दर्जन मिलिटैंट इंद्रपाल सिंह के पास पहुंचे तथा स्वचालित हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी । गोलियां लगने से इंद्रपाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे श्री गुरु तेग बहादर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर बाद में उसकी मृत्यु हो गई ।

50 हजार रुपए लूटे : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार स्थानीय राम बाग के करीब स्कूटर सवार दो लुटेरों ने एक युवक केशव चंद्र से पिस्तौल की नोक पर आज प्रातः 11.30 बजे के लगभग कैश से भरा उसका बैग छीन लिया और भाग निकले ।

प्राप्त विवरण के अनुसार केशव चंद्र, जो कि इलाका शरीफपुरा में रहता है और शिवाला रोड पर स्थित ग्रामीण विकास बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है, आज प्रातः स्थानीय मेवा मंडी में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 50 हजार रुपया निकलवा कर एक बैग में रख कर जब अपने साइकिल पर सवार होकर जी.टी. रोड पर पहुंचा तो स्कूटर सवार दो लुटेरे भी उसके पीछे हो लिए । कुछ दूरी तक पीछा करने में बादरामबाग के करीब लुटेरों ने उसे घेर लिया तथा पिस्तौल की नोक पर उससे कैश से भरा बैग छीन लिया । लुटेरों की आयु 21-22 वर्ष के बीच बताई जाती है और वे बिना नम्बर वाले स्कूटर पर सवार थे ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने परगट सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक पिस्तौल बरामद किया है । मजीठा पुलिस जिला के अन्तर्गत ब्यास थाना के कलारिया गांव के पास सुरक्षा बलों ने 3 मिलिटैंटों तरसेम सिंह उर्फ पप्पू, सुरेन्द्र सिंह तथा जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया । एक अन्य मिलिटैंट हरदीप सिंह को मेहता थाना के राम दीवाली गांव से पकड़ा गया । पुलिस के अनुसार इन मिलिटैंटों के कब्जे से 32 बोर की 2 पिस्तौलें, 30 बोर का एक रिवाल्वर, 12 बोर की एक बंदूक, एक हथगोला तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

कांस्टेबल ज़ख्मी : मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला में भैनी मट्टियां गांव के निकट पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला किया, जिससे कांस्टेबल रूप सिंह घायल हो गया ।

शव मिला : कत्थूनंगल थाना के अंतर्गत भोपाराय गांव के निकट से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

गला घोंट कर हत्या कर दी : मिलिटैंटों ने कल रात बासरके गिल्लीं गांव में जगतारसिंह नामक एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी । पुलिस ने इसे निजी गुट संघर्ष की घटना बताया है ।

मुठभेड़ का विवरण : फिरोजपुर (धीमान): मक्खू थाना के अंतर्गत निहालके गांव में सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के साथ गत दिवस जो मुकाबला हुआ था, उसका विवरण आज प्राप्त हुआ है । उल्लेखनीय है कि इस मुकाबले में 8 मिलिटैंट मारे गए थे ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल की एक संयुक्त टुकड़ी निहालके गांव में तलाशी ले रही थी । इस बीच जोगिन्द्र सिंह व जरनैल सिंह नामक दो लोगों के दो फार्म हाऊसों के भीतर छिपे मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । कई घंटे तक चली मुठभेड़ में उक्त फार्म हाऊसों में छिपे मिलिटैंटों में से पांच मिलिटैंट मारे गए । इस बीच कुछ अन्य मिलिटैंट फार्म हाऊसों से भाग कर निकटवर्ती जंगल में जा छिपे । सुरक्षा बलों ने उक्त जंगल को घेर लिया । लम्बे समय तक चली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने जंगल में छिपे मिलिटैंटों में से तीन को मार गिराया । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान बुलेटप्रूफ ट्रैक्टरों तथा अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात लड़की की गोली लगने से मृत्यु हो गई । फायरिंग में सीमा सुरक्षा बल का एक जवान एच.के. सतनारायण तथा एक नागरिक चरण सिंह भी घायल हो गया । मारे गए मिलिटैंटों में से दो की पहचान निहालके निवासी कुलवंत सिंह तथा बल्टोहा निवासी जसविंद्र सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है । ये दोनों क्रमशः खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) तथा दशमेश रैजीमैंट के एरिया कमांडर थे । घटनास्थल से 3 ए.के. 47 राइफलें, 2 सैल्फ लोडिंग राइफलें, दो श्री नाट श्री की राइफलें, एक दोनाली बंदूक, एक राकेट लांचर तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । मारे गए आठों मिलिटैंट तरनतारन तथा फिरोजपुर क्षेत्र में हत्या, अपहरण, बलात्कार तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में संलिप्त थे । उक्त मुकाबला लगभग 24 घंटे तक चला ।

लोगों ने एक मिलिटैंट को पकड़ा : गत दिनों जिला फिरोजपुर के उपमंडल फाजिल्का के गांव महुआना बोदला के लोगों ने किक्कर सिंह नामक एक मिलिटैंट को उस समय पकड़ लिया जब वह पांच लाख रुपए की राशि इस गांव के किसी व्यक्ति से जबरी वसूलने के लिए आया था । किक्कर सिंह गांव कटियांवाली, तहसील मुक्तसर, जिला फरीदकोट का रहने वाला बताया जाता है ।

यह जानकारी देते हुए फिरोजपुर जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार ने बताया कि उक्त मिलिटैंट का एक साथी बलदेव सिंह पुत्र सतिन्द्र सिंह निवासी गड्डा डोब, थाना अबोहर भागने में सफल हो गया । बाद में पुलिस ने किक्कर सिंह से 303 बोर की एक राइफल, 32 बोर का एक पिस्तौल, 12 बोर की एक राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद किया । यह मिलिटैंट बब्बर खालसा संगठन के प्रकाश सिंह निवासी कत्तियांवाली, थाना बम्बी, जिला फरीदकोट के गिरोह से संबंधित था तथा पुलिस को हत्या, सरकारी हथियार छीनने तथा अपहरण की कई वारदातों में वांछित था । जिला प्रशासन द्वारा महुआना बोदला गांव के नागरिकों को बहादुरी दिखाने पर शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा ।

एक व्यक्ति घायल : भटिंडा (वार्ता): मिलिटैंटों ने स्थानीय अजीत सिंह नगर में एक मकान में घुस कर गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

6 गिरफ्तार : पंचकूला (वर्मा): मनीमाजरा कस्बे में पुलिस ने टोल टैक्स के विरुद्ध रास्ता रोकने का प्रयास कर रहे 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि 150 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है ।

14 मिलिटैंट काबू : पटियाला जिला पुलिस ने हथियारों समेत चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम सुखविन्दर सिंह, गुरदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह (तीनों राजपुरा थाना के चमारू गांव के निवासी) तथा अरुण कुमार उर्फ राजू बताए जाते हैं । अरुण कुमार उड़ीसा का रहने वाला है तथा उससे एक मारुति कार (नं. डी.डी.के. 5652) बरामद हुई है ।



हत्या, लूटपाट तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में संलिप्त मिलिटैंट किक्कर सिंह को गत दिवस फाज़िल्का उपमंडल के गांव महुआना के निवासियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । चित्र में (ऊपर) पुलिस कर्मियों के साथ अभियुक्त (x) किक्कर सिंह तथा पीछे उसे पकड़े वाले ग्रामीण और (नीचे) उससे बरामद हथियार व गोली-सिक्का । (छाया : पं.के.)

इंका नेतृत्व

(पृष्ठ 3 का शेष)

शामिल होकर सभी परम्पराएं तोड़ दी हैं क्योंकि वह सभी ऐसे समारोहों में कम से कम 2-3 घंटे अवश्य बिताते हैं । इस प्रकार सरकारी कामों में बाधा पड़ी और पंजाब जैसे मामलों पर पूरा ध्यान नहीं दिया जा सका । इंका ने इस बात पर भी जोर दिया है कि श्री चन्द्रशेखर देश में अपनी प्रत्येक यात्रा पर श्री ओम प्रकाश चौटाला को अपने साथ अवश्य ले जाते हैं तथा उन्हें प्रधानमंत्री के बिल्कुल निकट बिठा कर यह आभास दिलाने का प्रयास किया जाता है कि वह उनके मुख्य सलाहकार हैं । शायद यह कदम चौ. देवी लाल को नियंत्रित करने हेतु उठाए जा रहे हैं क्योंकि वह भी स्वयं को काफी उपेक्षित अनुभव करते हैं इसीलिए उत्तर-प्रदेश बारे कोई भी अन्तिम निर्णय लिए जाने से पूर्व इंका नेतृत्व द्वारा ऐसी 'कड़वाहटपूर्ण' स्थिति उत्पन्न करने वाली सभी गतिविधियों पर भी विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा ।

मगर 'वार्ता' के अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस (इ) की अध्यक्षा राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी तथा राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता नारायण दत्त तिवारी ने आज यहां कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी से भेंट कर राज्य सरकार के कामकाज पर पूर्ण असंतोष व्यक्त किया है ।

भेंट के बाद श्रीमती वाजपेयी ने बताया कि उन्होंने पार्टी हाईकमान को राज्य के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम से अवगत करा दिया है और अब हाईकमान जो भी निर्णय लेगी उसे लागू किया जाएगा ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस (इ) कार्यकारिणी अपनी बैठक में इस मुद्दे पर विचार करेगी । श्रीमती वाजपेयी ने बताया कि वे पार्टी अध्यक्ष से शीघ्र ही फिर मिलेंगी ।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है उन्होंने कहा "हम चुनाव का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं । चुनाव कोई हौवा नहीं हैं तथा इनसे घबराने की क्या जरूरत है ?"

श्रीमती वाजपेयी ने कहा कि राज्य के कांग्रेस जन सरकार की अक्षमता से बहुत अप्रसन्न हैं । उनका कहना है कि जब कांग्रेस (इ) शासित दो राज्यों के मुख्यमंत्री केवल एक जिले में साम्प्रदायिक दंगों के कारण हटाए जा सकते हैं तो उत्तर प्रदेश में तो 12 जिले इसकी लपेट में आए । राजधानी लखनऊ में तो अभी भी कर्फ्यू लगा हुआ है ।

उन्होंने बताया कि राम जन्म भूमि मुद्दे को लेकर जनता की मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से नाराजगी बनी हुई है । यदि नेतृत्व में परिवर्तन हो जाए तो जनता में थोड़ी तसल्ली तो होगी ही ।

श्रीमती वाजपेयी ने कहा कि इस समय राज्य में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प है । लोगों के बीच अविश्वास का माहौल पैदा हो रहा है ।

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद से राज्य में उत्पन्न तनाव का जिक्र करते हुए श्रीमती वाजपेयी ने कहा कि अब यह समस्या अकेली राज्य की नहीं है । यह राष्ट्रीय समस्या बन गई है ।

उन्होंने कहा कि यह मामला जितना अधिक लटकेगा उतना ही जटिल होता जाएगा । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) ने 'अयोध्या कांड' की जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने की मांग की थी लेकिन राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त

भारतीय जहाज़ डूबा

पिरायस (यूनान), 21 जनवरी (ए.पी.): एक भारतीय झंडा-युक्त जहाज़ आज तड़के माल्टा में वह गया और राहत एवं बचाव कर्मियों ने 16 शव तथा चार व्यक्तियों को जीवित निकाला । बंदरगाह प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि 15 लोग लापता बताए गए हैं । जहाज़ में 35 भारतीय जहाज़ कर्मी सवार थे ।

एयर बस सौदे की जांच में अमरीका व ब्रिटेन से सहयोग का आग्रह

नई दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता): भारत ने एयर बस ए-320 सौदे में कथित दलाली के मामले की जांच में सहयोग के लिए अमरीका और ब्रिटेन की सरकारों को अनुरोध पत्र भेज दिए हैं । सरकारी सूत्रों ने बताया कि फ्रांस और स्विटज़रलैंड को भी शीघ्र अनुरोध पत्र भेजे जाने वाले हैं ।

अमरीका और ब्रिटेन को अनुरोध पत्र केंद्रीय जांच ब्यूरो के आग्रह पर विशेष न्यायाधीश आर.एल. चुघ ने गत दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में जारी किए ।

रूस में डेढ़ सौ यात्रियों से भरे विमान का अपहरण

वियना, 21 जनवरी (प.स.): सोवियत संघ में आज एक यात्री विमान का अपहरण कर लिया गया । विमान घरेलू उड़ान पर ताशकंद से ओदेस्सा जा रहा था । अपहृत विमान को तर्की में उतरने की अनुमति नहीं मिलने पर बुल्गारिया में बुर्गास ले जाया गया । काला सागर तटवर्ती विश्राम स्थली बुर्गास हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने टैलीफोन पर बताया कि डेढ़ सौ यात्रियों के साथ विमान उड़ान पट्टी पर खड़ा है ।

फारूक-चंद्र शेखर द्वारा कश्मीर घाटी बारे मंत्रणा

नई दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता): जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने आज प्रधानमंत्री चंद्र शेखर से भेंट की और उन्हें कश्मीर घाटी की नवीनतम स्थिति से अवगत कराया । डा. अब्दुल्ला ने घाटी में सुरक्षा बलों द्वारा कथित ज्यादतियों पर असंतोष व्यक्त किया और प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह उन्हें अधिक संयम बरतने को कहें । श्री अब्दुल्ला के साथ सांसद प्रो. सैफुद्दीन सोज़ भी थे ।

मनोनीत

चंडीगढ़, 21 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने इंटक के श्री बलवन्त राय कपूर को राज्य औद्योगिक सलाहकार बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है ।

राज्यपाल द्वारा "पंजाब आर्थिक पैकेज" कार्यक्रम की समीक्षा

चंडीगढ़, 21 जनवरी : पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने आज यहां नए "पंजाब आर्थिक पैकेज" कार्यक्रम के अधीन कार्यों की समीक्षा से संबंधित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के प्रशासनिक सचिवों को जोर देकर कहा कि वे

पठानकोट इलैक्ट्रीकल्ज डीलर्ज एसोसिएशन, पठानकोट के चुनाव में



रमेश शर्मा
मैसर्ज संजय इलैक्ट्रीकल्ज वर्क्स, पठानकोट को प्रधान



एस. के. वालिया
मैसर्ज वालिया एजैंसीज को जनरल सैक्रेटरी



एस. के. खोसला (रुम)
मैसर्ज चैम्पियन इलैक्ट्रीकल्ज कम्पनी को वित्त सचिव चुना गया है ।

Punjab Sahib.org

पास्त्र छोड़े जाने वाले कुछ स्थिर ठिकाने
र हों । मगर ईराक के पास ऐसे 20
जहां से इसराईल व सऊदी अरब पर
प्रक्षेपास्त्र दागे जा सकते हैं । जासूसी
ठिकानों को अभी तक खोज नहीं सके
की प्रचार तन्त्र द्वारा गत वर्ष मई के दौरान
ोटों में भी कहा गया था कि पश्चिमी
ऐसे 2 महत्वपूर्ण ठिकाने उपस्थित हैं,
ास्त्र सफलतापूर्वक दागे जा सकते हैं ।
राक द्वारा इन्हीं अड्डों से 2000 उड़ान
द इन ठिकानों के अस्तित्व बारे कोई
रह गया है ।
ावजूद भी अभी तक ईराक के प्रक्षेपास्त्र
ठकानें व अड्डे गुप्त ही बने हुए हैं ।
माण्डर जनरल नार्मन शवार्जकोप्फ के
अड्डों की खोज करना भूसे के ढेर में से
श करने के समान होगा । उनका दावा
11 अड्डों के बारे में पता चल चुका है,
ऐसे अज्ञात अड्डे भी अस्तित्व में हैं
करना कठिन हो रहा है ।
ी कोई सन्देह नहीं है कि खाड़ी क्षेत्र में
सलसिले में सोवियत संघ ने वर्ष 1974
था बाद में 1986-87 में ईराक की

गुप्तचर सूत्रों को ऐसी कोई पुष्ट जानकारी नहीं कि उसने ऐसी कितनी मिसाइलें बनाई ।

स्कड-बी मिसाइल लगभग 3000 कि.मी. की दूरी तक जा सकती है तथा एक कि.मी. तक के अपने लक्ष्य को वह पूरी तरह तबाह कर सकती है । मगर ईराक ने इनमें अपने तरीके से उन्नति की तथा इनकी

ही लम्बी दूरी तक मार करने वाली कुछ मिसाइलों को पुराने विस्फोटकों की जगह रासयनिक विस्फोटकों से सज्जित कर लिया है । अनुमान है कि ईराक के पास इस समय ऐसी 200-500 मिसाइलें हैं । रासायनिक युद्ध के अमरीकी विशेषज्ञ गार्ड राबर्टस के अनुसार ईराक 'मस्टर्ड गैस' अथवा

अमरीका का यही विचार था कि ईराक इस प्रकार के युद्ध के मामले में अभी 5-10 वर्ष पीछे है । मगर ईराक ने दो वर्ष पूर्व ही इस सम्बन्ध में योग्यताएं प्राप्त कर ली थीं । गत नवम्बर में अमरीका ने यह विचार पुष्ट कर लिया था कि ईराक द्वारा कुछ ही माह में 'परमाणु उपकरण' के निर्माण की संभावना है । इस विचार की पुष्टि ने ही एक ऐसा आधार तैयार किया, जिससे ईराक के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई और भी आवश्यक हो गई ।

दो सैनिकों समेत 11 लोगों की हत्या, 1 मिलिटैंट भी मारा गया

चंडीगढ़, 22 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान दो सैनिकों समेत 11 लोगों की हत्या हुई तथा 1 मिलिटैंट भी मारा गया । इस बीच बटाला से एक शक्तिशाली बम बरामद हो जाने से कोई बड़ी त्रासदी टल गई ।

मुठभेड़ में 2 सैनिक मरे : अमृतसर (वार्ता, प.स.) : तरनतारन पुलिस जिला के पट्टी कस्बे में कल रात मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो जवान मारे गए । बताया जाता है कि सेना की एक गश्ती टुकड़ी पट्टी कस्बे में चावल की एक मिल की तलाशी लेने के लिए गई थी । भीतर छिपे मिलिटैंटों ने सैनिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे लांस नायक जोगिन्दर सिंह और सिपाही पृथ्वीपाल दत्त की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बाद में मिलिटैंट भाग जाने में सफल हो गए ।

दो भाइयों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के मेघा गांव में आज मिलिटैंटों ने गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसके दो बेटों भूपिन्दर सिंह तथा कुलविन्दर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

तेल के मूल्य गिरने से भारत को 700 करोड़ की बचत होगी

नई दिल्ली, 22 जनवरी (आ.): कच्चे तेल और पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में भारी गिरावट के कारण भारत का आयात व्यय लगभग 700 करोड़ रुपये कम होने की सम्भावना है । यदि मूल्यों की यही स्थिति रही तो इस जनवरी से मार्च तक आयात किये जाने वाले 5 मिलियन टन कच्चे तेल तथा 2.5 मिलियन टन पैट्रोलियम पदार्थों पर हमें उक्त राशि का फायदा होने वाला है । इसके अतिरिक्त डालर के मूल्य ह्रास के कारण भी तेल आयात पर विदेशी मुद्रा का निकास कम होगा ।

उन्होंने कहा कि हवा में ईराक पर बे
का वर्चस्व कायम हो जाने से ईराक कुछ
में समर्थ नहीं रह गया है । हम अपन
करके रहेंगे । चाहे इस में कुछ सप्ताह
क्यों न लग जाएं ।

जहां तक इसराईल और सऊदी अ
करने वाले ईराकी स्कड प्रक्षेपास्त्रों की
लांचरों को तलाश कर हवाई हमले क
करने की जी तोड़ कोशिश के बावजू
सेना को कामयाबी नहीं मिली है
अधिकारियों ने खुद स्वीकार किया कि
लक्ष्य के 'कहीं भी नजदीक नहीं हैं ।'

भारत द्वारा खाड़ी
चन्द्रशेखर द्वारा रा

नई दिल्ली, 22 जनवरी (वार्ता)
चंद्रशेखर ने आज शाम राष्ट्रपति आर.
भेंट की और उन्हें खाड़ी स्थिति और
आंदोलन के देशों के माध्यम से खाड़ी
लिए भारत द्वारा की जा रही पहल के
दी । बैठक 40 मिनट तक चली ।

इसी बीच एक सरकारी प्रवक्ता
कहा कि विदेशमंत्री वी.सी. शुक्ल की के
निरपेक्ष देशों के विदेशमंत्रियों के छोटे
हुई बातचीत खाड़ी युद्ध बंद कराने के
द्वारा शुरू की गई नई पहलका हिस्सा है
कहा कि हम अमरीका तथा अन्य सम्बद्ध
सम्पर्क बनाए हुए हैं और युद्ध बंद करा
भरसक प्रयास कर रहे हैं ।

000 पाक प्रशिक्षित अलगाववादियों के घाटी में घुस आने
ा आशंका के दृष्टिगत जम्मू-कश्मीर सीमा पर सेना सतर्क

Punjabi Sahara

...वनस्पति ...के आदेश

...न तेज : जिलाधीश के ...धिकारियों ने जमाखोरों और ...रुद्ध अपना अभियान तेज कर ...में आज साबुन बाजार स्थित ...पर छापा मारा गया और ...ोर की कई घंटों तक तलाशी

...न्ते सप्लाई किए बिना ...ठिन : नेपाल के अनुसार ...वनस्पति घी मिलों को खाद्य ...प्लाई नहीं करती तथा अपने ...सस्ते भाव पर आटा मिलों, ...व्यापारियों को रिलीज नहीं ...के मासिक कोटे में वृद्धि नहीं ...सरकार या जिला प्रशासन का ...में सफल होना कठिन दिखाई

...लाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने ...ओं तथा निर्माताओं की एक ...में जिला के खाद्य तथा आपूर्ति ...ये, जिसमें जिलाधीश ने ...पति घी के निर्माताओं को ...वस्तुओं की महंगाई और ...जाएगी । बताया गया है कि ...र्यों ने स्पष्ट किया कि वह तो ...क मुनाफा लेते हैं, किन्तु भाव ...माता ही वृद्धि करते हैं जिसमें ...वृद्धि करता है । इस प्रकार ...600 रुपए प्रति टीन पहुंच ...डों के घी का भाव 580- ...क है । इस पर वनस्पति घी ...क वह खाद्य तेलों के भाव में ...द्ध करते हैं । यदि सरकार ...सप्लाई करने लगे तो वह ...में कमी करने के लिए तैयार ...ने कहा कि सरकार के इस ...नहीं होगा क्योंकि सरकार ...प्रति क्विंटल देगी जिस पर ...लिए सरकार को यह गेहूं ...ल देना चाहिए ताकि वह ...किलो आटा उपलब्ध कर

...मूर्ति कंट्रोलर श्री सुदर्शन ...म्बास में राशन डिपुओं पर ...आटा राशन कार्डों पर प्रति ...व्यक्ति पर 2.70 पैसे प्रति ...क गेहूं तथा गेहूं के आटे के ...इस सम्बन्ध में भारतीय ...सुनील मेहरा ने मांग की है ...हजार बोरी गेहूं का आटा ...स आटे की ब्लैक में बिक्री ...में कड़े उपाय भी अवश्य

फैडरेशन आफ पंजाब ...के प्रधान श्री धर्मपाल वर्मा ...कही है कि वह आवश्यक

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के कक्कड़ कलां गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । मुठभेड़ में कुलवंत सिंह उर्फ़ कंता नामक एक मिलिटैंट घायल भी हुआ । पुलिस ने घायल मिलिटैंट से एक ए.के. 47 राइफल भी बरामद की है ।

पिता-पुत्र की हत्या : कल रात मिलिटैंटों ने अमृतसर जिला के वल्ह गांव में एक घर में घुसकर प्रीतम सिंह तथा उसके बेटे बलकार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस को संदेह है कि मिलिटैंटों के गिरोह ने कुछ दिन पहले प्रीतम सिंह के पिता के घर को लूटा था । इसके बाद गिरोह के दो सदस्य पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे ।

लूटपाट : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल शाम अमृतसर के आज़ाद नगर क्षेत्र में अवतार सिंह के घर से 25 हजार रुपया नकद, घड़ियां तथा गहने लूट लिए ।

रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सरबजीत सिंह ने जिला की वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत जिला के भीतर 4 बड़ी नहरों के दोनों तरफ पड़ने वाले सौ मीटर क्षेत्र में रात का कर्फ्यू लगा दिया है । यह कर्फ्यू शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक दो माह के लिए लागू रहेगा । ये नहरें हैं : सभराह ब्रांच कैनाल, कौसर ब्रांच लोअर कैनाल, लाहौर ब्रांच लोअर कैनाल तथा मेन ब्रांच लोअर कैनाल । जिला मैजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त नहरें सीमांत क्षेत्रों में बहती हैं और ऐसी रिपोर्ट मिली है कि मिलिटैंट पाक से घुसपैठ तथा हथियारों की तस्करी के लिए उक्त नहरों को रास्ते के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं । जिला मैजिस्ट्रेट ने बताया कि इसे रोकने के उद्देश्य से रात्रि का कर्फ्यू लगाया गया है ।

जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला के सभी बैंक मैनेजरों को भी निर्देश दिया है कि वे शाम को बैंक बंद करने के बाद बैंकों की चाबियां निकटवर्ती सुरक्षा चौकियों में जमा करवाएं । मिलिटैंटों द्वारा रात को बैंक मैनेजरों को अपहृत करके बैंक लूटने की वारदातें रोकने के लिए उक्त कदम उठाया गया है ।

महिला की हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार स्थानीय ब्रह्मचारियां गली में मिलिटैंटों ने रामचन्द्र नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और घर से कीमती सामान लूट कर भाग गए । मृतका का नाम देव रानी बताया जाता है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार घटना के समय देव रानी घर पर अकेली थी । ऐसे संकेत मिले हैं कि उसने मृत्यु से पूर्व मिलिटैंटों का प्रतिरोध भी किया था ।

लड़के का अपहरण : सरहाली क्षेत्र में नौशहरा पन्नुआं गांव से मिलिटैंटों ने नरेन्द्र सिंह के बेटे रिंकू का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

घुसपैठ का प्रयास विफल : अमृतसर जिला के घरिंडा थाना के अन्तर्गत महेन्द्रा सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. जवानों ने पाकिस्तान से भारत में घुस आए मिलिटैंटों पर फायरिंग की, लेकिन वे बच कर पुनः पाकिस्तान भाग गए । बताया जाता है कि पाक रेंजरों ने मिलिटैंटों को भारत में प्रवेश कराने के लिए बी.एस.एफ. का ध्यान बंटाने के उद्देश्य से गोलियां भी चलाई थीं ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (धीमान) : स्थानीय मैनेजर श्री शाम लाल ने बताया कि गत शनिवार को बैंक समय के अनुसार बैंक बंद किया गया था । सोमवार प्रातः जब मुख्य द्वार खोला तो देखा कैंची गेट का ताला टूटा हुआ है । उसी समय वरिष्ठ मैनेजर श्री विजय कुमार शर्मा और पुलिस को सूचित कर दिया गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । खोजी कुत्तों और फिंगर प्रिंट्स विशेषज्ञों की भी सहायता ली गई है ।

2 पुलिस कांस्टेबलों के शव मिले : अमृतसर जिला के मेहता थाना के अंतर्गत गग्गड़भाना गांव से दो पुलिस कांस्टेबलों के शव बरामद हुए हैं । मृतकों के नाम परमजीत सिंह तथा केवल सिंह हैं । वे बटाला में तैनात थे ।

मारे गए 4 मिलिटैंटों की शिनाख्त : फिरोजपुर (बागी): जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज यहां बताया कि मक्खू थाना के अंतर्गत निहालके गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 8 मिलिटैंटों में से 4 की पहचान हुई है । उनके नाम जगतार सिंह ढोला, कुलवंत सिंह उर्फ काला, राजविन्द्र सिंह तथा भजन सिंह बताए जाते हैं । जगतार सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का लैफ्टीनैंट तथा कुलवंत सिंह इसी गुट का एरिया कमांडर था । ये मिलिटैंट तरनतारन तथा फिरोजपुर क्षेत्रों में हत्या के 4 दर्जन मामलों में शामिल थे । इन्होंने हरिके तथा सरहाली क्षेत्र में कई पुलिस थानों पर भी हमले किए थे ।

भारत के प्रयास

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपने तीन सहयोगियों की हत्या की निन्दा करते हुए श्री चंद्र शेखर द्वारा भेजे गए संदेश पर आभार व्यक्त किया है ।

लेकिन न्यूयार्क का समाचार है कि खाड़ी युद्ध बंद कराने के लिए यहां संयुक्त राष्ट्र में जारी राजनयिक प्रयासों के बावजूद खाड़ी संकट के मसले पर इस सप्ताह सुरक्षा परिषद की कोई बैठक बुलाए जाने की सम्भावना नहीं है ।

यह जानकारी सुरक्षा परिषद के मौजूदा अध्यक्ष ज़ायरे के बगबेनी अदेतो जेंगीया ने दी । उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि खाड़ी युद्ध के मुद्दे पर अनेक प्रस्ताव मिले हैं । सभी शांति पहलों पर विचार किया जा रहा है ।

इस बीच यमन ने सुरक्षा परिषद से मांग की है कि वह खाड़ी युद्ध रोकने के लिए एक प्रस्ताव पारित करे ।

ईरान ने कहा है कि गुट-निरपेक्ष आंदोलन के राष्ट्र खाड़ी युद्ध को रोकने के लिए नए शांति प्रयास शुरू किए गए हैं । ईरान की सरकारी संवाद समिति 'इरना' ने विदेश मंत्री अली अकबर विलायती के हवाले से बताया है कि शांति प्रयासों में ईरान के अलावा भारत, युगोस्लाविया और अल्जीरिया शामिल हैं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और मिस्र खाड़ी में शांति के लिए राजनयिक प्रयास कर रहे हैं । उन्होंने शांति प्रयासों के बारे में कोई ब्यौरा नहीं दिया ।

युगोस्लाविया की सरकारी संवाद समिति 'तानजुग' ने खबर दी है कि इन शांति प्रयासों के लिए उनका देश सोवियत संघ, मिस्र तथा कई अन्य देशों से समर्थन प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है ।

इरना ने श्री विलायती के हवाले से बताया है कि ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में शांति के लिए 46 इस्लामी

सऊदी अ...

(पृष्ठ ...

...की कोशिश कर र... सही-सही कोई ब्यौर... उन्होंने यह भी बकूल... संचार तंत्र इस ब... है ।

इरानी संवाद स... जंग से दहशतजदा स... सऊदी अरब से भाग... को कल सैनिक विमा... बाहर ले जाया गया

बगदाद रेडियो ने... टैलीविजन पर बहरा... गए विमान चालकों... ने अपने बीस विमान... जारी की है ।

इराक ने कल ऐल... पकड़े गए लोगों को... खड़ा कर उनका मान... करेगा ताकि अमरीका... सेनाएं और हमला क...

राष्ट्रपति बुश ने... कि जंग हर हाल में... साथ गलत सलूक कर... होगी ।

वाशिंगटन में ए... जवाबी टिप्पणी में... बड़े-बूढ़ों, महिलाओं... बरसा रही है तो... जाएगा ?

बी.बी.सी. ने... कार्यक्रम में खबर... विमान ब्रिटेन में डिज... छिपा रखे हैं । ये हैं... बने ऐसे हैंगरों की... महफ़ज होते हैं । बी... वायुसैनिक अड्डों में अ... बेस हैं जिनमें बहरा... झेल जाने की बेपन... वायुसैनिक अड्डे देश... उनका पता लगाना...

पश्चिमी राजनी... मानना है कि बहुराष्ट्... रमजान के महीने के... मुमकिन हो, मार्च के... या उस पार खत्म क... है कि रेगिस्तानी इल... उनका वहां जीना मु...

सद्दाम कहां हैं

हुसैन कहां हैं ? एक... वह अपने महल के... सुरक्षित हैं । इस बंक... से किया गया है ।

इस साप्ताहिक '... बताया कि उसे यह ज... उसने बताया है कि ज... हमले से भी सुरक्षित... बाद बनाया है । इ... करोड़ डालर लागत...

रिपोर्ट के अनुसा...

Punjabi Sahadat

के गेहूं तथा गेहूं के आटे के
। इस सम्बन्ध में भारतीय
ो सुनील मेहरा ने मांग की है
0 हजार बोरी गेहूं का आटा
इस आटे की ब्लैक में बिक्री
में कड़े उपाय भी अवश्य

र फैडरेशन आफ पंजाब
के प्रधान श्री धर्मपाल वर्मा
ा की है कि वह आवश्यक
जाब के राशन डिपुओं पर
लाई करने का आदेश जारी
वालों को कम कीमत पर
ल सकें । श्री धर्मपाल वर्मा
रुपए किलो हो गया है, घी के
भी महंगी हुई हैं इसलिए
पओं पर ये वस्तुएं अधिक
। उन्होंने कहा कि पड़ोसी
धिक है । पंजाब में केवल
टे को भी बढ़ाया जाए ।

ा परेशान : करतारपुर
युद्ध शुरू हो जाने से खाद्य
दार्थों में भारी वृद्धि हुई है,
न हो गई है । वनस्पति घी
दिनों में 20 से 30 रुपए
। व्यापारिक सूत्रों ने बताया
ार में सामान्य भाव 580
भाव 597 रुपए टीन हो

26 को 'काला
का आह्वान

ी (आ.): प्रतिबंधित असम
ड लिबरेशन फ्रंट (उल्फा)
दिवस का बहिष्कार करने
जनवरी को 'काला दिवस'
प में मनाने का आह्वान

के एक वरिष्ठ
ने हटाया गया

प.स.): विपक्षी लेबर पार्टी
बैक्स को खाड़ी युद्ध के बारे
का विरोध करने के लिए
है । श्री बैक्स सामाजिक
के प्रवक्ता थे । विपक्षी
के मसले पर सरकार का

5 लिए जत्था
को जाएगा

री (सोनी): अ. भा हिन्दू
ी सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने
है कि भारत के विदेश
के अनुसार महाशिवरात्रि
त्रियों का जत्था कटासराज
फरवरी को जाएगा और
जाएगा । इस संबंध में
25 जनवरी तक मांगी गई
है कि जो श्रद्धालु जाने के
ने (श्री बिल्ला से) सम्पर्क

घुसपैठ का प्रयास विफल : अमृतसर जिला के घरिंडा थाना के अन्तर्गत महेन्द्रा सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. जवानों ने पाकिस्तान से भारत में घुस आए मिलिटैंटों पर फायरिंग की, लेकिन वे बच कर पुनः पाकिस्तान भाग गए । बताया जाता है कि पाक रेंजरों ने मिलिटैंटों को भारत में प्रवेश कराने के लिए बी.एस.एफ. का ध्यान बंटाने के उद्देश्य से गोलियां भी चलाई थीं ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (धीमान) : गत दिवस हलवाड़ा में मिलिटैंट एक व्यक्ति मनजीत सिंह की कार छीन कर ले गए, जिसके बाद उन्होंने हलवाड़ा के पंचायत-सदस्य हरि सिंह का उसी कार में अपहरण कर लिया था, जिसकी लाश आज गांव तूसे में मिली है ।

बैंक लूटा : 4 लुटेरों ने आज दोपहर आदमपुर थाना के अन्तर्गत डरौली खुर्द गांव में सहकारी बैंक की शाखा से 47,134 रुपए लूट लिए । भागते समय लुटेरे बैंक के गनमैन की दोनाली बंदूक भी छीन कर ले गए । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है ।

शक्तिशाली बम बरामद : बटाला (कोछड़) : आज स्थानीय मुर्गी मुहल्ला के निकट पुलिस तथा बी.एस.एफ. की एक संयुक्त टु ने मिलकर एक शक्तिशाली बम को नाकारा कर दिया । यह बम मिलिटैंटों ने ज़मीन में दबाकर रखा हुआ था । बम इतना शक्तिशाली था कि इसे नाकारा करते समय सारे बटाला शहर में ज़ोरदार आवाज़ सुनाई दी । एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत ने बताया कि घटनास्थल से प्रायः पुलिस तथा बी.एस.एफ. की गाड़ियां निकलती रहती हैं । समझा जाता है कि मिलिटैंटों ने इन गाड़ियों को निशाना बनाने के लिए बम रखा था । घटनास्थल से 100 मीटर लम्बी तार तथा स्विच भी बरामद हुआ है ।

लाईनमैन की हत्या : थाना सदर बटाला के अन्तर्गत हरसीयां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने एक मकान पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक लाईनमैन हरभजन सिंह की मृत्यु हो गई । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 4 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

सुरक्षा कर्मियों पर हमला : कादियां थाना के अन्तर्गत गांव भैणीवाल के निकट मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर फायरिंग की, जिससे नायक रशीद अहमद घायल हो गया । उसे अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

माकपा वर्कर के मकान पर फायरिंग : 'प.स.' के अनुसार बटाला पुलिस जिला के गांव ठक्कर संधु में मिलिटैंटों ने माकपा के एक वर्कर के मकान पर फायरिंग की । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

फायरिंग : जालंधर (प.स.) : मिलिटैंटों ने कल रात खुर्द गांव में भूपिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर गोलियां चलाईं । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने 5 मिलिटैंट गिरफ्तार किए हैं, जिनमें से कुलविन्दर सिंह निवासी टांगरा जिला अमृतसर एवं केवल राम निवासी दोसांझ कलां, जिला जालन्धर से एक फोर्ड ट्रैक्टर बरामद किया गया है । इन्होंने लगभग 4-5 मास पूर्व गांव टांगरा से रात के समय यह ट्रैक्टर छीना था । हरजीत सिंह उर्फ मानां पुत्र कर्मजीत सिंह निवासी मुहल्ला हरनामदासपुरा,

खाड़ी में शांति के लिए हैं । उन्होंने शांति प्रयास दिया ।

यूगोस्लाविया की 'तानजुग' ने खबर दी है कि उनका देश सोवियत संघ से समर्थन प्राप्त करने क

इरना ने श्री बिलायत ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में श देशों के संगठन की आ प्रस्ताव रखा था, उसे बहु सिर्फ दस राष्ट्रों ने इसका

मुज़फ्फरनगर : प्र प्रताप सिंह ने कहा है कि कराने की कोशिश क दूरगामी परिणाम होंगे ।

श्रीलंका के राष्ट्रपति संकट पर विचार करने के मंत्रिस्तरीय समिति की आह्वान किया है ।

सरकारी वि
सीमेंट की स

नई दिल्ली, 22 अपने सभी विभागों तथा सप्लाई में 15 प्रतिश लिया है तथा उन्हें यह भ वित्तीय वर्ष के शेष तीन अधिक खरीद न की शेखर की अध्यक्षता मे मंत्रिमंडलीय समिति की निर्णय लिया गया ।

तारा सिंह आ

चंडीगढ़, 22 जनवरी को पंजाब के राज्यपाल पी.सी. आर्य का निजी स इससे पूर्व श्री तारा सिंह श्री एच.एम. सिंह के हैं ।

कश्मीर
मरे, 5

श्रीनगर, 22 जन आज नैशनल कांफ्रैंस व जानलेवा हमले में अलगाववादियों समेत पांच अन्य घायल हो ग

एक सरकारी प्रव पिछले 24 घंटों के दौ दो अलगाववादी गिरफ ने सुरक्षा बलों के सा सुरक्षा कर्मियों ने अल छापा मार कर भा गोला-बारूद का जखी

प्रवक्ता ने बता श्रीनगर-पहलगाम सड़ में कल रात आग लगा

प्रवक्ता ने बताया 12 किलो मीटर दूर ग

Punjab Kesari

...से हटाया गया

...री (प.स.): विपक्षी लेबर पार्टी ...नी बैक्स को खाड़ी युद्ध के बारे ...वैये का विरोध करने के लिए ...गया है । श्री बैक्स सामाजिक ...ार्टी के प्रवक्ता थे । विपक्षी ...द्ध के मसले पर सरकार का

...के लिए जत्था ...री को जाएगा

...नवरी (सोनी): अ. भा हिन्दू ...न श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने ...या है कि भारत के विदेश ...दल के अनुसार महाशिवरात्रि ...यात्रियों का जत्था कटासराज ...दस फरवरी को जाएगा और ...ट आएगा । इस संबंध में ...यां 25 जनवरी तक मांगी गई ...हा है कि जो श्रद्धालु जाने के ...उनसे (श्री बिल्ला से) सम्पर्क

...पन

...गार

...टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन ...ा में पुलिस, मोटर-ड्राइवर ...यन आयोग में क्लर्क की भर्ती ...6 से 25 वर्षीय 2/- रुपए ...मावली तथा पंजीकरण फार्म ...ational School of ...letaji Subhash Marg, ...Delhi-110002.

...यवाद/प्लाट

...कट फैक्टरी/रिहायशी सस्ते ... । पक्की रजिस्टरी, लिखें : ...35, मोहन गार्डन, उत्तम ...59, फोन : 652680. (JD)

...सड़क, दिल्ली में प्लाट ... । सम्पर्क करें : 'राणा', ..., नई दिल्ली-64, फोन : ... (JD)

...Marla Industrial Plot ...Jalandhar. Contact : ...ath Road, Opp. Naaz ...hone : 79886.

...यकता

...सक्योरिटी गार्ड्स तथा ...तुरन्त सम्पर्क करें : 8, ..., अम्बाला छावनी ।

...experienced Clerk, ...ypewriting. Salary will ... with qualifications ...y to : Messrs Berry ... Limited, G.T. Road ...-144 009.

...rienced Travelling ...cks line for South, ...preferably graduate ...stries, Near Railway

सुरक्षा कर्मियों पर हमला : कादियां थाना के अन्तर्गत गांव भैणीवाल के निकट मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर फायरिंग की, जिससे नायक रशीद अहमद घायल हो गया । उसे अमृतसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

माकपा वर्कर के मकान पर फायरिंग : 'प.स.' के अनुसार बटाला पुलिस जिला के गांव ठक्कर संधु में मिलिटैंटों ने माकपा के एक वर्कर के मकान पर फायरिंग की । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

फायरिंग : जालंधर (प.स.) : मिलिटैंटों ने कल रात खुर्द गांव में भूपिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर गोलियां चलाईं । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने 5 मिलिटैंट गिरफ्तार किए हैं, जिनमें से कुलविन्दर सिंह निवासी टांगरा जिला अमृतसर एवं केवल राम निवासी दोसांझ कलां, जिला जालन्धर से एक फोर्ड ट्रैक्टर बरामद किया गया है । इन्होंने लगभग 4-5 मास पूर्व गांव टांगरा से रात के समय यह ट्रैक्टर छीना था । हरजीत सिंह उर्फ मानां पुत्र कर्मजीत सिंह निवासी मुहल्ला हरनामदासपुरा, जालन्धर को भी गिरफ्तार किया गया है । उसके पास मिलिटैंट आकर ठहरते रहे हैं और वह जालन्धर शहर में की जाने वाली वारदातों में मिलिटैंटों की सहायता करता था । सहिन्दर सिंह निवासी रापुर, थाना टांडा और कलवंत सिंह निवासी दसियारी, थाना भोगपुर को भी मिलिटैंटों को शरण देने एवं अनुचित रूप से हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । सहिन्दर सिंह से छीनी हुई एक बन्दूक भी बरामद हुई है ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार पुलिस ने ब्राह्मणवाल गांव से तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम मुख्तियार सिंह, मलकीयत सिंह तथा महेन्द्र सिंह हैं । उनसे एक पिस्तौल, 2 हथगोले तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

डाक्टर की हत्या : खरड़ (नि.स.) : मिलिटैंटों ने कल शाम यहां मुख्य बाज़ार में देशपाल सिंह (35) नामक एक डाक्टर की उसके क्लीनिक के बाहर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल शाम 7 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने उक्त डाक्टर को क्लीनिक से बाहर बुलाया और फिर ए.के. 47 राइफल से उस पर फायरिंग करने के बाद भाग गए । डाक्टर देशपाल सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिलिटैंटों की गिनती दो थी और वे हीरोहोंडा मोटरसाइकिल पर सवार थे । इस बीच डाक्टर की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप आज यहां हड़ताल रही । स्कूल भी बंद रहे । 'वार्ता' के अनुसार डा. देशपाल सिंह इंका वर्कर भी थे ।

4 मिलिटैंट पकड़े गए : फरीदकोट (प.स.): सुरक्षा बलों ने नंगल गांव में मुठभेड़ के बाद 4 मिलिटैंटों को पकड़ लिया । उनके नाम इन्द्रजीत सिंह, रणजीत सिंह उर्फ तारु तथा तरसेम सिंह उर्फ सेमा बताए जाते हैं । उनसे कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : मुकेरियां (सुदर्शन): कुछ चोरों ने न्यू बैंक आफ इंडिया की स्वामी प्रेमानन्द कालेज परिसर ब्रांच के स्ट्रांग रूम का ताला कुकिंग गैस की मदद से तोड़ कर उसे लूटने की कोशिश की, जो सफल नहीं हो सके । बैंक के

हैं ।

कश्मीर घाटी... मरे, 5 घाय...

श्रीनगर, 22 जनवरी (प.स.): ... आज नैशनल कांफ्रैंस के नेता गुलाम ... जानलेवा हमले में बच गए ... अलगाववादियों समेत पांच व्यक्ति ... पांच अन्य घायल हो गए ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताय... पिछले 24 घंटों के दौरान पाकिस्ता... दो अलगाववादी गिरफ्तार किए गए ... ने सुरक्षा बलों के सामने आत्म-स... सुरक्षा कर्मियों ने अलगाववादियों ... छापा मार कर भारी मात्रा में ... गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद ...

प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण... श्रीनगर-पहलगाम सड़क पर बने एक... में कल रात आग लगा दी गई ।

प्रवक्ता ने बताया कि उग्रवादियों ... 12 किलो मीटर दूर गागरपोरा (नरब... एक काफिले पर घात लगा कर हम... जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी मारे ... सैनिक घायल हुए । इससे पूर्व रक्षा म... प्रवक्ता ने बताया कि गुलमर्ग रोड ... विस्फोट होने पर काफिले को रु... उग्रवादियों ने उसी समय इस पर गोल... जवानों द्वारा जवाब में गोली चलाने पर ... मारे गए और एक गम्भीर रूप से घाय... जवानों को भी चोट आई ।

उग्रवादियों द्वारा ... कर्मी की हत्या...

गुवाहाटी, 22 जनवरी (प.स.... पिछले 24 घंटों के दौरान युनाइटेड लि... आफ असम के उग्रवादियों ने एक सब-... गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि ... मारा गया और 16 अन्य को सुरक्षा बल... कर लिया ।

रविन्द्र मनचंदा की नि...

नई दिल्ली,22 जनवरी (प.स.... रामास्वामी वेंकटरमन ने श्री रविन्द्र ... प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष ... (राजनैतिक) के पद पर नियुक्त किय... विज्ञप्ति के अनुसार श्री मनचंदा की नि... जनवरी से प्रभावी हो गई है ।

इंका ने खबर को झु...

नई दिल्ली,22 जनवरी (प.स.): ... कल 'दूरदर्शन' द्वारा प्रसारित इस ... निराधार बताया है कि दो अरब राजदूतों ... अध्यक्ष श्री राजीव गांधी से भेंट कर खा... सुलझाने में पहल करने के लिए कहा था ... प्रवक्ता विट्ठल गाडगिल ने आज यहां स... को बातचीत करते हुए कहा कि ... फिलस्तीन मुक्ति संगठन के राजदूतों ... गांधी से मुलाकात जरूर की थी, लेकि... बात नहीं कही थी । उन्होंने बताया कि ... राजदूतों ने श्री गांधी से सिर्फ खाड़ी की सि... में विचार-विमर्श किया था ।

Punjabi Sahitar

) मल्होत्रा ने कहा कि सरकार
य के लोगों में आत्म-विश्वास की
है एवं इस सम्बन्ध में कई पग

के दौरान राज्य के किसी भी निर्दोष शहरी को तंग न किया जाए ।

राज्यपाल ने यह भी कहा कि वह चंडीगढ़ एवं जालन्धर के समाचारपत्रों के सम्पादकों से स्वयं मिल करें ।

राज्यपाल ने दावा किया कि राज्य में अतिरिक्त सुरक्षा बलों के तैनात करने से राज्य के अत्यन्त प्रभावित क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था में सुधार होना

राज्यपाल ने स्वतन्त्रता सेनानियों, राजनीतिक पार्टियों एवं अन्य सामाजिक संगठनों के नेताओं से भी भेंट की और इनकी कठिनाइयों को शीघ्र ही दूर करने का विश्वास दिलाया ।

जनता दल के एक वरिष्ठ नेता श्री सुरेन्द्र
ने अपनी पार्टी के सहयोगियों से विचार-विम
उन्हें सुझाव दिया है कि वे पंजाब मुद्दे को प्राथ
के आधार पर उठाने के लिए वामपंथी पार्टि
मदद लें । उन्होंने कहा कि स्थिति चन्द्र
सरकार के नियंत्रण से बाहर है ।

कल मार्क्सी नेता श्री हरकिशन सिंह सु
तथा इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी
विचार-विमर्श हुआ तथा दोनों ने यह मुद्दा सर्व
पास अपने-अपने स्तर पर ले जाने का फैसला
है । वे सरकार पर शीघ्र कोई कदम उठाने के
दबाव डालने वाले हैं । श्री सुरजीत व श्री गांधी
का विचार था कि पंजाब बारे सरकार की नीति
और उसकी समझ से दूर है । श्री गांधी औ
सुरजीत पंजाब की घटनाओं, विशेषकर प्रशास
विफलता तथा पंथक कमेटी द्वारा जारी की
आचार-संहिताओं से अत्यंत चिंतित हैं ।

श्री सुरजीत ने आज यहां एक पत्रकार सम्
में मांग की कि खालिस्तान के आह्वान की प

पंजाब में 11 मिलिटैंट मारे गए, शिव सेना नेता समेत 10 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 23 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान मुठभेड़ों और निजी गुट संघर्ष की वारदातों में 11 मिलिटैंट मारे गए तथा शिव सेना नेता एवं उसके दो गनमैनों समेत 10 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान मिलिटैंटों ने एक अध्यापक का अपहरण भी कर लिया ।

शिवसेना नेता समेत 6 लोगों की हत्या : अहमदगढ़ से 'परीं व गुप्ता', मालेरकोटला से 'आजिज' तथा धुरी से 'सिंगला' के अनुसार आज शाम 4 बजे के लगभग बिना नम्बर की मारुति कार में सवार मिलिटैंटों ने अहमदगढ़ में अनाजमंडी चौक में अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे हिन्द शिव सेना की पंजाब व हरियाणा शाखा के महासचिव श्री प्रवीण कुमार तथा उनके 2 अंगरक्षकों समेत 5 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । मरने वाले 4 अन्य व्यक्तियों की पहचान गुरदीप सिंह, रूपेश धनिक सुपुत्र भूंदी राम, राकेश धनिक सुपुत्र दया राम तथा टैक्सी ड्राईवर नाजर सिंह के रूप में हुई है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिलिटैंट लगभग 2 किलोमीटर दूर तक फायरिंग करते गए । एक जगह पर उन्होंने पुलिस की एक गाड़ी पर भी फायरिंग की, जिससे ज्ञान सिंह तथा कुलविन्दर सिंह नामक दो पुलिस कर्मी घायल हो गए । फायरिंग से सतनाम कुमार सुपुत्र हरि बाबू भी घायल हो गया । सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटना की खबर फैलते ही सारा शहर बंद हो गया । बताया जाता है कि घटनास्थल से मात्र 50 गज की दूरी पर स्टेट बैंक आफ पटियाला स्थित है और वहां कई सुरक्षा कर्मी तैनात हैं । उक्त सुरक्षा कर्मियों ने मिलिटैंटों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की ।

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार भागते समय उक्त मिलिटैंटों ने धूलकोट के निकट पुनः फायरिंग की, जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई ।

11 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर जिला पुलिस ने लूटपाट करने वाले 3 गिरोहों के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद किया है । गिरफ्तार मिलिटैंटों के नाम बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, अजायब सिंह, मंजीत सिंह, नछत्तर सिंह, नाथ सिंह, दारा सिंह, सेवा सिंह, गुलजार सिंह तथा कश्मीर सिंह हैं । उनसे 3 राइफलें, 3 बंदूकें, 42 कारतूस, 2 स्कूटर तथा के.सी एफ. के लैटरपैड भी मिले हैं ।

एक की हत्या : रोपड़ (वार्ता) : कल रात माली बधवां गांव में मिलिटैंटों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

ईंट भट्ठा मालिक की हत्या : खरड़ (नि.स.) : कल शाम लगभग 5 बजे स्थानीय रंधावा रोड पर मिलिटैंटों ने विपिन कुमार नामक ईंट भट्ठा मालिक की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार 2 मिलिटैंट मोटरसाइकिल पर सवार होकर भट्ठे पर आए और आते ही उन्होंने भट्ठे का टैलीफोन कनैक्शन काट दिया । इसके बाद उन्होंने विपिन कुमार पर फायरिंग की, जिससे विपिन कुमार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

शव मिला : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार थाना सदर के अन्तर्गत बहादुरपुर गांव के निकट पुलिस को एक तांगेवाले का शव मिला है । मृतक की पहचान बाबा अमीर के रूप में हुई है ।

अध्यापक का अपहरण : बटाला पुलिस जिला के गांव अलीवाल के निकट मिलिटैंटों ने सरकारी स्कूल के एक अध्यापक मुल्ख राज का अपहरण कर लिया । अपहृत अध्यापक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है ।

राइफल छीन ली : मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिला के गांव सोहर में जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति से एक राइफल तथा 20 कारतूस छीन लिए । सरकार ने ग्रामीण सुरक्षा योजना के अधीन जरनैल सिंह को राइफल दी थी ।

एक की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार कल रात बटाला पुलिस जिला के बट्टर कलां गांव में सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (वार्ता) : कल रात बरोपाल गांव के बाहर सैनिक शिविर के निकट सैनिकों ने मुठभेड़ के दौरान एक मिलिटैंट को मार गिराया ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वि.प्र.) : अमृतसर जिला के थाना हरिके के गांव नादौड़ में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने उक्त गांव के निकट कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उन्हें चुनौती दी । इस पर उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मारे गए । अभी तक उनकी पहचान नहीं हुई । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 74 राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । उक्त मुठभेड़ प्रातः साढ़े नौ बजे शुरू हुई और प्रातः साढ़े 11 बजे खत्म हुई ।

2 मिलिटैंट गुट संघर्ष में मरे : अमृतसर जिला के बुताला गांव में कल रात दो मिलिटैंट गुट संघर्ष के कारण मारे गए । मृतकों की पहचान हरभजन सिंह तथा मनोहर सिंह के रूप में हुई है । वे

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ं के सम्मेलनों, रों पर रोक

3 जनवरी (पस) : सरकार ने
ी करने के इरादे से विभिन्न
सम्मेलन, सैमिनार तथा
ोजन पर तत्काल प्रभाव से रोक

त सिन्हा ने सभी मंत्रालयों और
श्चित करने का निर्देश दिया है
ों और अधीनस्थ कार्यालयों,
के प्रतिष्ठानों और समस्त
ों द्वारा इस आदेश पर सख्ती से

कहा है कि कोई सम्मेलन या
की है अथवा किसी अन्तर्राष्ट्रीय
हले ही वचन दिया जा चुका है
ो के लिए प्रस्ताव वित्त मंत्रालय
ए ।

GREAT DISCOUNTS
ON WOOLLEN HOSIERY
& READYMADES FOR
LADIES, GENTS & CHILDREN

Fashion Shoppe ®

CHAURA BAZAR, LUDHIANA. PH. 51990

SALE

ग्रीन

खाड़ी देशों से निर्यात किया हुआ मा
बंगलौर, बम्बई व बनारस की साड़ि

समर केप प्रिंट, जरी बार्डर, बूटीदार
सिल्क, चामुंडी शिफोन, बोकेट सा
सिल्क, शिफोन प्रिंट, केप सिल्क प्रिंट,
सैंकड़ों फैंसी साड़ियां ।

200 रुपए से लेकर 2500
रुपए से 1000 रुपए तक,
केवल 35/- में

सेल आज केवल

पता : ग्रीन
कम्पनी बाग के सामने, न
जाल

Punjab Sahitan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दोनों सगे भाई थे । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने उनके घर में घुसकर उन्हें गोलियां मारीं ।

2 और मिलिटैंट गुट संघर्ष में मरे : 'वार्ता' के अनुसार कल रात अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में झब्बाल रोड पर स्थित पैट्रोल पम्प पर गुरुसाहिब सिंह उर्फ साहिब नामक एक मिलिटैंट आपसी लड़ाई के कारण गोलियां लगने से मारा गया । तरनतारन पुलिस जिला के काजी कोट गांव में कल रात अमरीक सिंह नामक एक और मिलिटैंट को भी निजी गुट संघर्ष के कारण गोलियों से मार दिया गया ।

मुठभेड़ के दौरान 2 मिलिटैंट जहर खाकर मरे : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के वल्टोहा थाना के अन्तर्गत लखना गांव में 12 घंटे तक चले मुकाबले में खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध 2 मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा कर्मी उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे । बताया जाता है कि मुठभेड़ के दौरान उक्त दोनों मिलिटैंट गंभीर रूप से घायल हो गए थे । उन्होंने घायलावस्था में ही सायनाइड के कैप्सूल खा लिए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मौका से उ.ए.के. 47 राइफलें, 8 मैगजीन तथा 6 हथगोले बरामद हुए हैं । एक राइफल पर के.सी.एफ. (पंजवड़) अंकित है । मुठभेड़ प्रातः 4 बजे शुरू हुई और सायं 4 बजे तक चली ।

मिलिटैंट हथियार छोड़ कर भागे : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के डरलास गांव में सीमा सुरक्षा बल की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट हथियार छोड़ कर भाग गए । घटनास्थल से 5 ए.के. 56 राइफलें, उनके 5 मैगजीन, 3 पिस्तौलें, उनके 4 मैगजीन, 2 राकेट, विस्फोटक पदार्थों के पैकेट तथा 282 कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिला के अजनाला क्षेत्र में भारत-पाक सीमा के निकट सुरक्षा बलों ने 2 घुसपैठियों को मार गिराया ।

1.10 लाख रुपए लूटे : नाभा से 'जैन' के अनुसार आज दोपहर बाद स्थानीय हॉरलिक्स फैक्टरी के मुख्य द्वार के निकट 2 लुटेरों ने तलसी राम नामक एक दोधी से 1.10 लाख रुपया लूट लिया । उक्त दोधी यह धन राशि फैक्टरी के भीतर स्थित एक बैंक से निकलवा कर ला रहा था ।

इसके अतिरिक्त स्थानीय टीचर्स कालोनी में कुछ लुटेरे नरेंद्र सिंह नामक एक टी.बी. विक्रेता के घर से 10 हजार रुपए नकद तथा उसके एक पड़ोसी के घर से लगभग 14 तोले सोना लूट कर ले गए ।

मिलिटैंटों को भगा दिया : पटियाला (भूषण): यहां से 6 किलोमीटर दूर ननौर गांव में कल रात साढ़े 9 बजे के लगभग मेहर सिंह कम्बोज नामक एक व्यक्ति के घर पर 4 मिलिटैंट आए और उससे उसके लाइसैंसी हथियार मांगने लगे । उन्होंने मेहर सिंह के मकान पर फायरिंग भी की । मेहर सिंह तथा उसके परिवार के सदस्यों ने बहादरी दिखाते हुए मिलिटैंटों पर जवाबी फायरिंग की । इस पर मिलिटैंट अपना हीरो होंडा मोटरसाइकल तथा स्कूटर छोड़ कर भाग गए । पुलिस ने उक्त दोनों वाहन अपने कब्जे में ले लिए ।

हथियार छीने : कल रात पटियाला जिला के सामाना थाना के अंतर्गत सरदारपुर गज्जे गांव में मिलिटैंटों ने सेवक सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से एक रिवाल्वर तथा एक बंदूक छीन ली । मिलिटैंटों ने सामाना थाना के अंतर्गत निजामीबाला गांव के पूर्व सरपंच प्रीतम सिंह से भी एक रिवाल्वर छीन ली ।

2 सुरक्षा चौकियों पर हमले : 'प.स.' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात गुरदासपुर जिला के दारापुर तथा अलावलपुर गांवों में विशेष पुलिस अधिकारियों की चौकियों पर हमले किए । जवाबी फायरिंग पर मिलिटैंट भाग गए । इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ ।

दो मिलिटैंट मरे : गुरदासपुर (विनोद) : सदर पुलिस ने मामूली मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को मार गिराया और उनके पास से हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद की । एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने बताया कि सदर पुलिस ने गांव बब्बेहाली के पास नाकाबन्दी कर रखी थी कि दो युवक आते हुए उसे दिखाई दिए । रुकने को इशारा करने पर युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग पर दोनों युवक दलबीर सिंह और जसविन्दर सिंह मारे गए । इनके कब्जे से एक बन्दूक तथा एक पैकेट विस्फोटक सामग्री एवं कुछ कारतूस बरामद हुए ।



अमरीका के राष्ट्रपति श्री जार्ज बुश मंगलवार को वाशिंगटन में व्हाईट हाऊस में स्थित ओवल आफिस में वरिष्ठ सलाहकारों से खाड़ी की स्थिति पर विचार-विमर्श करते हुए । (छाया : पै.ट्र.)

नेता जी जयन्ती मनाई गई

अमृतसर, 23 जनवरी (वर्मा): आज अमृतसर में विभिन्न स्थानों पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । पंजाब कांग्रेस सेवा दल की ओर से अरुण ज्योति स्कूल में एक शानदार समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब कांग्रेस सेवा दल के चीफ आर्गेनाइजर श्री जुगल किशोर शर्मा ने नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भरपूर श्रद्धांजलि अर्पित की । इसी तरह का एक समारोह नेता जी के बुत के नजदीक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों ने नेता जी को भरपूर श्रद्धांजलियां अर्पित कीं तथा उनके बुत पर फूल मालाएं चढ़ाईं ।

एयर इंडिया द्वारा खाड़ी देशों की उड़ानें शुरू

बम्बई, 23 जनवरी (पस) : एयर इंडिया ने आज खाड़ी देशों की उड़ानें फिर शुरू कर दीं । पहली उड़ान आज तीसरे पहर दुबई के लिए हुई । एयरलाइंस के सूत्रों ने कहा कि वापसी पर विमान में पूरे यात्री लाए जाएंगे ।

मस्कट के लिए हुई उड़ान में यात्रियों की संख्या सामान्य का 50 प्रतिशत थी जबकि दुबई और अबूधाबी के लिए उड़ानों में कम यात्री थे । कल भी इन गंतव्यों के लिए तीन उड़ानें भेजी जाएंगी ।

स्वीडन में बोफोर्स जांच शुरू करने का निर्णय शीघ्र

लंदन, 23 जनवरी (आई.ए.एन.एस.) : स्टाकहोम (स्वीडन) में चीफ प्रोसीक्यूटर श्री लार्स रिंग बर्ग ने सी.बी.आई. अधिकारियों के एक दल से कहा है कि वह बोफोर्स जांच शुरू करने का औपचारिक निर्णय शीघ्र ही ले लेंगे । सी.बी.आई. ने स्वीडन सरकार से अनुरोध किया है कि वह बोफोर्स तथा स्कैंडिनाविस्का एनस्किल्डा बैंक से जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने कानूनी अधिकारों का प्रयोग करे जिसके जरिए बोफोर्स ने कथित रूप से स्विस बैंक को भुगतान किया है । यदि श्री रिंगबर्ग जांच शुरू करने के लिए सहमत हो जाते हैं तो इसकी रिपोर्ट सी.बी.आई. को दे दी जाएगी ।

हितेश्वर सेकिया के भतीजे की उल्फा उग्रवादियों द्वारा हत्या

गुवाहाटी, 23 जनवरी (वार्ता): यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम के संदिग्ध उग्रवादियों ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस (इ) कमेटी के अध्यक्ष हितेश्वर सेकिया के भतीजे प्रदीप सेकिया की आज गोली मार कर हत्या कर दी । वह आयल इंडिया में इंजीनियर थे ।

यहां मिली आधिकारिक खबरों के अनुसार उग्रवादियों ने प्रदीप सेकिया की हत्या डिब्रूगढ़ जिले के दुलियाजान क्षेत्र में की । घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी गई ।

इतिहासकारों द्वारा मस्जिद को बनाए रखने की सलाह

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.): 42 प्रमुख इतिहासकारों के अनुसार इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद के स्थान पर राम मंदिर मौजूद था अथवा वहां मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाई गई थी । इन इतिहासकारों ने एक हस्ताक्षरित वक्तव्य में कहा है कि बाबरी मस्जिद को तोड़ा या हटाया न जाए ।

तमिल उग्रवादियों द्वारा 27 सिंहलियों की हत्या

कोलम्बो, 23 जनवरी (ए.पी., पस) : तमिल उग्रवादियों ने आज तड़के एक सिंहली गांव पर धावा बोला और 27 व्यक्तियों को, जिनमें स्त्रियां तथा बच्चे भी शामिल थे, हत्या कर दी । यह जानकारी सैनिक अधिकारियों ने दी ।

कच्चे तेल के लिए भारत ब्रिटेन की एक कम्पनी से सौदा करेगा

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.): भारत दस लाख टन कच्चे तेल के लिए लंदन स्थित ब्रिटिश पैट्रोलियम कम्पनी के साथ एक बड़े सौदे पर बातचीत चला रहा है । खाड़ी युद्ध को लम्बा खिंचते देख कर तेल का संचित भंडार बनाने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया जा रहा है ।

सांसद के घर पर फायरिंग

श्रीनगर, 23 जनवरी (वार्ता): उत्तरी कश्मीर की

गुमशुदा की तलाश



मेरे पिता श्री प्रीतम चन्द (55) दिमागी खराबी की वजह से 9.1.91 को घर से गए और वापस नहीं आए । उन्होंने लाल काले रंग की कोटी पहनी है । कद 5½ फुट, रंग गंदमी

दिल्ली बम विस्फोटों का सुराग मिला

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.): दिल्ली पुलिस ने शहर में कल हुए दो बम विस्फोटों के मामले में महत्वपूर्ण सुराग हासिल करने का दावा किया है तथा विस्फोटों में संलिप्त पंजाब के दो मिलिटैंटों के शिनाख्ती फोटो जारी किए हैं ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उक्त मिलिटैंट 'बब्बर खालसा' से सम्बद्ध बताए जाते हैं । विस्फोट के लिए उन्होंने 'आर.डी.एक्स.' नामक घातक रसायन, कीलों एवं नट बोल्टों का इस्तेमाल किया । पुलिस द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार विस्फोट में लिप्त एक मिलिटैंट का रंग गेहुआं, चेहरा गोल, माथा छोटा और हल्की छंटी हुई दाढ़ी है । वह दिखने में पतला है, उसका कद लगभग 5 फुट 6 इंच और उम्र 20 से 24 साल के बीच है । दूसरे मिलिटैंट का रंग साफ है, चेहरा गोल, भरी आंखें, हल्की दाढ़ी तथा डीलडौल भारी है । उसका कद लगभग 5 फुट 3 इंच है और उम्र 20 से 22 वर्ष के बीच है । उक्त दोनों मिलिटैंट पंजाबी निर्बाध रूप से बोल सकते हैं ।

जन प्रतिनिधित्व संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति के सुपुर्द

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.): जन प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक 1990 संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है । इस समिति की दो दिवसीय बैठक 31 जनवरी को राजधानी में शुरू होगी ।

सीमैंट के उपयोग पर कटौती

नई दिल्ली, 23 जनवरी (आ.) : सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि सीमैंट के मूल्य कम हों, अगले तीन माह के लिए सीमैंट के उपयोग पर 15 प्रतिशत की कटौती करने के आदेश जारी किए हैं ।

शरद पवार अपनी कुर्सी बचा गए !

नई दिल्ली, 23 जनवरी (इ.टा.): महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री शरद पवार, जिन पर 'गैर वफादारी' का आरोप लगाया था, इस बार सत्ता से हटाए जाने के प्रयास में बच गए हैं तथा अब पद पर बने रहने के लिए तैयार बर तैयार हैं । कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी, श्री पवार के गैर टकरावबादी रवैए से प्रसन्न हैं तथा उन्होंने इस चरण में राज्य में सत्ता परिवर्तन न करने का अंतिम निर्णय ले लिया है । परन्तु श्री पवार को उन असंतुष्ट मंत्रियों को साथ ही रखना पड़ेगा जिन्होंने उनकी बर्खास्तगी की मांग की थी । इंका हाईकमान ने इन मंत्रियों को हटाने की श्री पवार की मांग स्वीकार नहीं की ।

परन्तु पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि मुख्यमंत्री केन्द्रीय नेताओं द्वारा अपमानित किए गए हैं तथा वह यह बात आसानी से भूलने वाले नहीं हैं । एक भूतपूर्व मंत्री के अनुसार "वह (पवार) अभी तक शायद सक्रिय रूप से गैर वफादार नहीं रहे होंगे लेकिन दिल्ली में उन्हें मिलने का समय तय किए बिना प्रतीक्षा करवा कर जैसे अपमानित किया गया है, उससे वह तो क्या कोई भी दोबारा सोचने को विवश हो सकता है ।"

मंत्रिमंडल की बैठक का बहिष्कार : इस बीच महाराष्ट्र के छः असंतुष्ट मंत्रियों ने राज्य मंत्रिमंडल से विद्रोह के बाद आज पहली बार मंत्रिमंडल की एक घंटे तक चलने वाली मीटिंग का बहिष्कार किया । महाराष्ट्र इंका अध्यक्ष एवं शहरी विकास मंत्री शंशीश कुमार शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि वह और पांच अन्य मंत्री, जिन्होंने श्री पवार की बर्खास्तगी की मांग की है, मंत्रिमंडल की बैठकों का बहिष्कार जारी रखेंगे ।

पवार राजीव से मिले : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री शरद पवार ने आज रात्रि कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी के साथ लगभग 90 मिनट तक बातचीत की ।

58 लाख की चांदी ज़ब्त

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.): उत्तर पश्चिमी दिल्ली में आज एक ट्रक से 58 लाख रुपए की चांदी की 25 छड़ें पकड़ी गईं ।

ईरान की पत्रकारों को धमकी

निकोसिया, 23 जनवरी (ए.पी.): ईरान ने उन सभी पत्रकारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी है जो फारस की खाड़ी की चर्चा किसी अन्य नाम से करते हैं । एक ईरानी अखबार ने कल एक अमरीकी प्रवक्ता द्वारा फारस की खाड़ी को 'अरब की खाड़ी' कहे जाने पर आक्रोश व्यक्त किया । अखबार के मुताबिक यह इस क्षेत्र में 'राजनीतिक एवं भौगोलिक परिवर्तन' करने की अमरीकी योजना दर्शाता है ।

सरकार मंडल आयोग द्वारा प्रयुक्त सामग्री जुटाने में असमर्थ

नई दिल्ली, 23 जनवरी (प.स.) : केन्द्र सरकार ने आज उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि मंडल आयोग द्वारा 3743 पिछड़ी जातियों का

सऊदी अरब पर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

के उड़ते हुए टुकड़ों और मलबे से घायल हुए । इसराईल में सैनिक सैंसरशिप के कारण ग्रेटर तेलअबीब स्थित उस जगह का नाम नहीं बताया जा सकता, जहां यह हमला हुआ है । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले से एक तीन-मंजिली इमारत ध्वस्त हो गई । उसकी दीवारें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं । 20 अन्य इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं । घायलों में से अनेक प्रक्षेपास्त्र गिरने के समय इमारत के पास से गुजर रही एक बस के यात्री थे । प्रक्षेपास्त्र के असर से 100 मीटर दायरे में अन्य भवनों की खिड़कियां और दरवाजे उखड़ गए ।

लगभग 30 एम्बुलैंसों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया । इसराईल के रक्षा मंत्री मोशे एरेंस और सेना प्रमुख डॉन शोमरोन ने बाद में घटना की जगह का निरीक्षण किया ।

इसराईल रेडियो ने कहा कि हमले के असर के बारे में अभी कुछ अटकल लगाना जल्दबाजी होगी । लेकिन इतना तो साबित है कि ईराक के खिलाफ सैनिक कार्रवाई करने के लिए सरकार पर दबाव बढ़ जाएगा ।

विदेश उपमंत्री बिनयामिन नेतानयाहू ने कहा कि मंगलवार के प्रक्षेपास्त्र हमले से इसराईल की नीति नहीं बदलेगी ।

श्री नेतानयाहू ने कहा कि ईराक घनी आबादी वाले इलाकों पर आक्रमण कर आतंक फैलाना चाहता है । उन्होंने रेडियो पर कहा कि इसराईल की जनता इन प्रक्षेपास्त्रों और आतंक से विचलित नहीं होगी । उन्होंने कहा कि इसराईल पर खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है । यह साबित हो गया है कि अमरीका के पैट्रियाट राकेट इसराईल के आकाश और जनता की पूरी हिफ़ाज़त नहीं कर सकते । श्री नेतानयाहू ने कहा कि इसराईल की नीति सही समय और स्थान पर वाजिब तरीके से जवाब देने की रही है । लेकिन जवाबी कार्रवाई पूरी तरह सोच-विचार कर ही की जाएगी ।

इसराईली सैनिक सैंसर ने तेल अबीब पर ईराकी मिसाईल के हमले के बाद आज सुबह एक अमरीकी टैलीविजन सेवा, एन.बी.सी. के इसराईल से प्रसारण पर रोक लगा दी । एन.बी.सी. का उपग्रह सम्पर्क काट दिया गया । इसराईली सैंसर के प्रमुख भोसी ओलमर्ट ने कहा कि एन.बी.सी. को पहले से मालूम था कि उसने ईराकी मिसाईल के हमले का जो ब्यौरा दिया, उसको प्रसारित नहीं किया जा सकता था । उन्होंने इस कार्रवाई से दूसरी टैलीविजन नैटवर्क सेवाओं को भी सम्भल जाने की चेतावनी दी ।

सेना के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नेशमेन शाई ने कुछ दिनों पहले संवाददाताओं से कहा था कि मिसाईल की चपेट में आए स्थान की निश्चित जानकारी दे दिए जाने से ईराक को अपना अगला लक्ष्य साधने में मदद मिल जाती है ।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत कमाल खराजी ने कहा है कि इसराईल पर ईराकी स्कड प्रक्षेपास्त्रों के हमले से उन्हें प्रसन्नता हुई । श्री खराजी ने कहा कि पड़ौसियों के साथ इसराईल की लम्बी दुश्मनी को देखते हुए उस पर हमले से हर मुसलमान को खुश होना चाहिए । उन्होंने ऐसी किसी भी कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी, जिससे विवाद और गहरा होगा ।

ईराक के रेडियो के अनुसार इसराईल में तैनात अमरीकी पैट्रियाट प्रक्षेपास्त्र ईराक के अल-हुसैन प्रक्षेपास्त्र को नाकाम करने में विफल रहे । अल हुसैन प्रक्षेपास्त्र से ही कल तेल अबीब पर हमला किया गया था । एक सैनिक विज्ञप्ति के अनुसार बगदाद पर कल रात से तीन बार बमबारी की गई, इसके अलावा तिकरित और अल नसीरय्या व अल अनबर प्रांतों में भी बमबारी की गई ।

सऊदी-ईराकी सीमा के निकट से खबर मिली है कि सऊदी अरब में तैनात अमरीकी सैनिकों ने कंटीले तारों से घिरा बाड़ा बनाया है । सैनिकों का कहना है कि ज़मीनी हमला शुरू होने के पहले सप्ताह के भीतर वे 20 हजार ईराकी सैनिकों को युद्धबंदी बनाकर इसी बाड़े में रखेंगे ।

अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने तेलअबीब पर कल हुए ईराकी स्कड प्रक्षेपास्त्र के हमले की निंदा करते हुए इसराईल के संयम की सराहना की है । यह जानकारी वाशिंगटन में व्हाइट हाऊस के एक प्रवक्ता ने दी ।

डी.पी.ए. के अनुसार प्रवक्ता मर्लिन फ़िट्ज़वाटर ने कहा कि अमरीकी राष्ट्रपति ने इस हमले को बेगुनाह लोगों के खिलाफ आतंक की बर्बर कार्रवाई बताया । श्री फ़िट्ज़वाटर ने कहा कि उनका देश इसराईल सरकार से विचार-विमर्श जारी रखेगा ।

ए.पी. ने बताया कि अमरीकी अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि ईराक अपनी शक्तिशाली सेना का सीमित इस्तेमाल कर रहा है । बहुराष्ट्रीय सेना को हो रहे नुक्सान की पूरी जानकारी नहीं मिल पाने से भी वे परेशान हैं । अधिकारियों को आशंका थी कि ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन इसराईल और सऊदी अरब पर स्कड प्रक्षेपास्त्रों का हमला बंद कर कोई और रणनीति अपनाएंगे । श्री फ़िट्ज़वाटर ने उनका रुख नहीं बदलने पर अचरज ज़ाहिर किया ।

श्री बुश ने इसराईल पर हमले के बाद रक्षा मंत्री डिक चेनी और विदेश मंत्री जेम्स बेकर समेत युद्ध की योजना बनाने वाले अपने सभी सहयोगियों को बुलाया । श्री बुश ने इसराईल की यात्रा पर गए विदेश उपमंत्री लारेंस इंगलबर्गर से फोन पर दो बार

Punjab Kesari Archive

डालर के खर्च आने का अनुमान है ।

इसराईल ने कहा है कि वह तेल अबीब और हैफा पर ताजा ईराकी हमले का जवाब देगा लेकिन उसने

(1) ईराकी स्कड मिसाइल के अवशेष, जो बुधवार की देर रात को अमरीका की मिसाइल निरोधक पैट्रियाट मिसाइल द्वारा रियाद शहर पर नष्ट कर दी गई थी । (2) मंगलवार को ईराकी स्कड मिसाइल के हमले से उसका घर ध्वस्त हो गया था । इस हमले में कम से कम 3 लोग मारे गये थे तथा 70 अन्य घायल हो गये थे । (3) में कोई हताहत नहीं हुआ । जब से खाड़ी युद्ध शुरू हुआ है तब से सहयोगी राष्ट्रों

पंजाब में रेलवे लाइन उड़ा दी : निरंकारी सहित 5 हत्याएं : 2 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 24 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा एक निरंकारी समेत 5 लोगों की हत्या हुई । इस बीच मिलिटैंटों ने कल रात बम विस्फोट करके जालंधर-अमृतसर सैक्शन पर रेल लाइन क्षतिग्रस्त कर दी । अमृतसर पुलिस ने एक ददौत मिलिटैंट को गिरफ्तार भी किया है । इस मिलिटैंट ने 26 जनवरी को अमृतसर में नरसंहार करने की योजना बना रखी थी ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला (वार्ता) : पुलिस जिला बटाला के तारागढ़ गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नामक एक मिलिटैंट मारा गया । सतनाम सिंह हाल ही में जेल से छूटकर आया था । बटाला से 'कोछड़' के अनुसार मिलिटैंटों ने सतनाम सिंह के घर में घुसकर उसे गोलियां मारीं । मृतक स्थानीय डेरा बाबा नानक रोड पर कैमिस्ट की दुकान करता था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

अपहृत अध्यापक लौटा : बाना सदर बटाला के क्षेत्र अलिवाल के निकट से मिलिटैंट मुलराज नामक जिस सरकारी अध्यापक को अपहृत करके ले गए थे, वह घर लौट आया है ।

पूर्व सरपंच की हत्या : नकोदर (गगन) : जालंधर जिला की नकोदर तहसील के गांव सीओबाल में कल रात मिलिटैंटों ने पूर्व सरपंच अवतार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात लगभग 10 बजे एक दर्जन मिलिटैंट ट्रक में सवार होकर श्री अवतार सिंह के घर पर आए । उनमें से कुछ उनके घर की छत पर चढ़ गए और शेष उनके घर का दरवाजा खटखटाने लगे । जैसे ही श्री अवतार सिंह अपनी बंदूक लेकर घर के आंगन में आए, छत पर बैठे मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे श्री अवतार सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो

(शेष पृष्ठ 8 पर)



आपसी लड़ाई में 3 सिपाही मरे, 3 घायल

बटाला, 24 जनवरी (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम के निवास के सामने पुरानी अनाज मंडी में स्थित एक घर में आज सायं एस.एस.पी. की गार्द ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों में फायरिंग होने से 3 पुलिस कांस्टेबलों अवतार सिंह, सतिन्दर सिंह, राजेंद्र सिंह की मृत्यु हो गई जबकि 3 पुलिस कांस्टेबल बलविंद्र सिंह फौजी, भगवान दास व बलविंदर सिंह गम्भीर घायल हो गए । बलविंदर सिंह फौजी को गम्भीरावस्था में अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है । बताया जाता है कि यह मामला आपसी विवाद का है लेकिन पुलिस अधिकारियों की ओर से सरकारी तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई ।

बजट सत्र 27 फरवरी से

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वार्ता) : हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र यहां 27 फरवरी से आरंभ होगा ।

फैडरेशन द्वारा सरकार की ईमानदा लगाने के लिए 'पड़तालिया मिशन' बनाने

चंडीगढ़, 24 जनवरी (संधी) : आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट) के अध्यक्ष भाई मनजीत सिंह ने सिखों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे सभी मिलिटैंट संगठनों, गैर-मिलिटैंट संगठनों, राजनीतिक पार्टियों तथा मानवाधिकार संगठनों सहित अन्य जत्थेबंदियों को सलाह दी है कि वे इकट्ठे होकर एक 'पड़तालिया मिशन' का गठन करें, जो दिल्ली जाकर वार्तालाप शुरू करने से पहले इस बात का पता लगाए कि प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर पंजाब-समस्या के हल करने के लिए मिलिटैंटों की भावनाओं के अनुसार सिखों को क्या कुछ दे सकते हैं ।

आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को उन्होंने कहा कि इस पड़तालिया मिशन का काम केवल इस बात का जायज़ा लेना होगा कि केन्द्र सरकार पंजाब व उससे बाहर जेलों में नजरबंद संघर्षशील नेताओं, हरजिंदर सिंह जिंदा, सुखदेव सिंह सुक्खा, बिमान

अपहर्ता कंवलजीत सिंह गिरफ्तार युवकों निर्मल सिंह व अन्य युवकों ईमानदार है तथा राज्य सिखों के ज़ख्मों पर मर नहीं ।

भाई मनजीत सिंह दिल्ली जा कर सरकार नहीं होनी चाहिए । स इकट्ठे होकर हालात उन्होंने कहा कि फैडरेश सम्पर्क कर पड़तालिया बारे विचार-विमर्श करेगे इस पड़तालिया मिशन जाने वाली वार्ता के फल पता लगाना होगा । इस

(शेष

जार्डन द्वारा ईराक से जा मिलने का फैसला : पश्चिम के लिए

अम्मान, 24 जनवरी (निहाल सिंह) : अब जबकि खाड़ी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रविष्ट हो चुका है तो अम्मान भी बिल्ली के काले बादल छटने की प्रतीक्षा करने लगा है । अब सवाल तो यह पैदा होता

किया । उनके विचार में इस समय साऊदी अरब व मिस्र अत्यन्त आतंकित हैं ।

रह गई हों, मगर वह पि अरब का एक प्रतीक बन

जॉर्डन-वासी वर्तमा को 80 के दशक में अ

Punjabi Tribune Archive

डालर के खर्च आने का अनुमान है ।

इसराईल ने कहा है कि वह तेल अवीव और हैफा पर ताजा ईराकी हमले का जवाब देगा लेकिन उसने

(1) ईराकी स्कड मिसाइल के अवशेष, जो बुधवार की देर रात को अमरीका की मिसाइल निरोधक पेट्रियाट मिसाइल ... मंगलवार को ईराकी स्कड मिसाइल के हमले से उसका घर ध्वस्त हो गया था । इस हमले में कम से कम 3 लोग मारे गये थे तथा 70 अन्य घायल हो गये थे । (... में कोई हताहत नहीं हुआ । जब से खाड़ी युद्ध शुरू हुआ है तब से सहयोगी राष्ट्रों

पंजाब में रेलवे लाइन उड़ा दी : निरंकारी सहित 5 हत्याएं : 2 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 24 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा एक निरंकारी समेत 5 लोगों की हत्या हुई । इस बीच मिलिटैंटों ने कल रात बम विस्फोट करके जालंधर-अमृतसर सैक्शन पर रेल लाइन क्षतिग्रस्त कर दी । अमृतसर पुलिस ने एक दुर्दांत मिलिटैंट को गिरफ्तार भी किया है । इस मिलिटैंट ने 26 जनवरी को अमृतसर में नरसंहार करने की योजना बना रखी थी ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला (वार्ता) : पुलिस जिला बटाला के तारागढ़ गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नामक एक मिलिटैंट मारा गया । सतनाम सिंह हाल ही में जेल से छुटकर आया था । बटाला से 'कोछड़' के अनुसार मिलिटैंटों ने सतनाम सिंह के घर में घुसकर उसे गोलियां मारीं । मृतक स्थानीय डेरा बाबा नानक रोड पर कैमिस्ट की दुकान करता था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

अपहृत अध्यापक लौटा : थाना सदर बटाला के क्षेत्र अलिवाल के निकट से मिलिटैंट मूलराज नामक जिस सरकारी अध्यापक को अपहृत करके ले गए थे, वह घर लौट आया है ।

पूर्व सरपंच की हत्या : नकोदर (गगन) : जालंधर जिला की नकोदर तहसील के गांव सीओवाल में कल रात मिलिटैंटों ने पूर्व सरपंच अवतार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात लगभग 10 बजे एक दर्जन मिलिटैंट ट्रक में सवार होकर श्री अवतार सिंह के घर पर आए । उनमें से कुछ उनके घर की छत पर चढ़ गए और शेष उनके घर का दरवाजा खटखटाने लगे । जैसे ही श्री अवतार सिंह अपनी बंदूक लेकर घर के आंगन में आए, छत पर बैठे मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे श्री अवतार सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो

(शेष पृष्ठ 8 पर)



आपसी लड़ाई में 3 सिपाही मरे, 3 घायल

बटाला, 24 जनवरी (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम के निवास के सामने पुरानी अनाज मंडी में स्थित एक घर में आज सायं एस.एस.पी. की गार्द ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों में फायरिंग होने से 3 पुलिस कांस्टेबलों अवतार सिंह, सतिन्दर सिंह, राजेंद्र सिंह की मृत्यु हो गई जबकि 3 पुलिस कांस्टेबल बलविंद्र सिंह फौजी, भगवान दास व बलविंदर सिंह गम्भीर घायल हो गए । बलविंदर सिंह फौजी को गम्भीरावस्था में अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है । बताया जाता है कि यह मामला आपसी विवाद का है लेकिन पुलिस अधिकारियों की ओर से सरकारी तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई ।

बजट सत्र 27 फरवरी से

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वार्ता) : हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र यहां 27 फरवरी से आरंभ होगा ।

फैडरेशन द्वारा सरकार की ईमानदा... लगाने के लिए 'पड़तालिया मिशन' बना...

चंडीगढ़, 24 जनवरी (संघी) : आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट) के अध्यक्ष भाई मनजीत सिंह ने सिखों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे सभी मिलिटैंट संगठनों, गैर-मिलिटैंट संगठनों, राजनीतिक पार्टियों तथा मानवाधिकार संगठनों सहित अन्य जत्थेबंदियों को सलाह दी है कि वे इकट्ठे होकर एक 'पड़तालिया मिशन' का गठन करें, जो दिल्ली जाकर वार्तालाप शुरू करने से पहले इस बात का पता लगाए कि प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर पंजाब-समस्या के हल करने के लिए मिलिटैंटों की भावनाओं के अनुसार सिखों को क्या कुछ दे सकते हैं !

आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को उन्होंने कहा कि इस पड़तालिया मिशन का काम केवल इस बात का जायज़ा लेना होगा कि केन्द्र सरकार पंजाब व उससे बाहर जेलों में नज़रबंद संघर्षशील नेताओं, हरजिंदर सिंह जिंदा, सुखदेव सिंह सुक्खा, विमान अपहर्ता कंवलजीत सिंह ... गिरफ्तार युवकों निर्मल ... सिंह व अन्य युवकों क... ईमानदार है तथा राज्य ... सिखों के ज़ख्मों पर मर... नहीं !

भाई मनजीत सिंह ... दिल्ली जा कर सरकार ... नहीं होनी चाहिए । स... इकट्ठे होकर हालात ... उन्होंने कहा कि फैडरेश... सम्पर्क कर पड़तालिया ... बारे विचार-विमर्श करेगी ... इस पड़तालिया मिशन ... जाने वाली वार्ता के फल... पता लगाना होगा । इस...

(शेष ...

जार्डन द्वारा ईराक से जा मिलने का फैसला : पश्चिम के लिए

अम्मान, 24 जनवरी (निहाल सिंह) : अब जबकि खाड़ी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रविष्ट हो चुका है तो अम्मान भी विनाश के काले बादल छाने की प्रतीक्षा करने लगा है । अब सवाल तो यह पैदा होता है कि क्या इसराईल भी प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में ... किया । उनके विचार में इस समय सऊदी अरब व मिस्र अत्यन्त आतंकित हैं ।

युद्ध समीक्षा

रह गई हों, मगर वह प... अरब का एक प्रतीक बन...

जॉर्डन-वासी वर्तमा... को 80 के दशक में अ... कट्टरवाद के गठजोड़...

Punjabi Sanjatani

वारदातें पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

गई । घटना के समय श्री अवतार सिंह के साथ उनकी दो बेटियां ही थीं । वे रात भर अपने पिता की लाश के पास बैठी विलाप करती रहीं लेकिन गांव का कोई भी व्यक्ति मिलिटैंटों के भय के कारण वहां नहीं आया । मृतक अवतार सिंह नकोदर क्षेत्र के सी.पी.एम. नेता व पंजाब किसान सभा के तहसील सचिव कामरेड मनोहर सिंह गिल के बहनोई थे । भागते समय मिलिटैंट मृतक की बंदूक भी ले गए । उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पूर्व ही मिलिटैंटों ने इसी गांव के दो आढ़तियों बिशन दास के पोते हरजिंदर कुमार तथा मोहन लाल के पुत्र बलबीर का अपहरण कर लिया था और उन्हें छोड़ने के लिए पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी है । कुछ दिन पूर्व मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव फजलपर में एस.पी.ओ. चौकी से 5 राइफलें भी लूट ली थीं । इस क्षेत्र के लोग मिलिटैंटों की कार्रवाइयों के कारण आतंकित हैं ।

दो लोगों की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात नूरपुर बेदी थाना के अंतर्गत बस्सी गांव में गुरबचन सिंह तथा गुरचरण सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

निरंकारी की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात रोपड़ जिला के खरड़ कस्बे में एक निरंकारी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम बब्बू बताया जाता है और वह पान-बीड़ी की दुकान करता था ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : लुधियाना (प.स.): कल रात मिलिटैंटों ने सुधार थाना के अंतर्गत रजियाना खुर्द गांव में निजी दुश्मनी के कारण एक मिलिटैंट को गोलियों से मार दिया । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मृतक मिलिटैंट धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त था ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात लुधियाना जिला के ढोलां गांव में करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस पर उसके बेटे इंद्रजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

शिव सेना नेता का अंतिम संस्कार : अहमदगढ़ (पुरी)' : शिव सेना नेता श्री प्रवीण थम्मन तथा 4 अन्य व्यक्तियों, जिनकी कल मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी, का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । अंतिम संस्कार के समय शिव सेना नेता जगदीश तागड़ी, दीप चड्ढा, जगदीश पुरी, पवन गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे ।

मिलिटैंटों द्वारा श्री थम्मन पर किया गया यह तीसरा हमला था । इससे पूर्व एक हमले में श्री थम्मन का सुरक्षा गार्ड मारा गया था ।

अहमदगढ़ से 'पवन' के अनुसार उक्त हत्याकांड के विरुद्ध रोषस्वरूप आज शहर में सभी शिक्षा संस्थान तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे । संगरूर के जिलाधीश तथा एस.एस.पी. ने आज घटनास्थल का दौरा किया तथा मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की । उन्होंने प्रत्येक परिवार को 50-50 हजार रुपए की वित्तीय मदद तथा एक-एक हजार रुपए मासिक पैंशन देने की भी घोषणा की । इस बीच शहर में आज शांति तो रही लेकिन तनाव बना रहा । लोगों ने शहर में ढीली सुरक्षा-व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया । उनका मानना है कि यदि शहर में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था होती तो उक्त वारदात न होती । लोगों ने धुलकोट चौक में भी पुलिस तैनात करने की मांग की है ।

घायल मिलिटैंट काबू : अमृतसर (वार्ता): तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत पिछले दिनों सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान घायल हुए चन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट को सरधौर मस्तरा गांव से गिरफ्तार कर लिया ।

दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर सिटी पुलिस ने एक दुर्दांत मिलिटैंट हरजिंदर सिंह ढिल्लों को गिरफ्तार किया है । हरजिंदर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर बताया जाता है । पुलिस ने दावा किया है कि हरजिंदर सिंह ने मिलिटैंटों के सुधारवादी कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जनवरी को गुरुनानक देव विश्वविद्यालय परिसर तथा शहर के कुछ अन्य क्षेत्रों में नरसंहार करने की योजना बना रखी थी ।

बम विस्फोट से रेल लाइन क्षतिग्रस्त : अमृतसर-जालंधर रेल सैक्शन पर कल रात टांगरा और बटारी रेलवे स्टेशनों के मध्य शक्तिशाली बम विस्फोट से 4 फुट रेल लाईन क्षतिग्रस्त हो गई । आज प्रातः रेल लाईन की मुरम्मत करके रेल यातायात बहाल कर दिया गया ।

मारे गए मिलिटैंट की पहचान : तरनतारन पुलिस जिला के लखना गांव में सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में जो दो मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें से एक की पहचान रसाल सिंह उर्फ रसाला के रूप में हुई है । तरनतारन पुलिस जिला के कोट दत्त गांव में भी सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध जो दो मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें से एक की पहचान कश्मीर सिंह के रूप में हुई है । कश्मीर सिंह पुलिस की सूची में शामिल था ।

मारुति वैन छीनी : पट्टी से 'सुरेश' के अनुसार तरनतारन-पट्टी सड़क पर आज प्रातः कैरों गांव के फाटक के निकट 6 मिलिटैंटों ने एक मारुति वैन छीन ली और भाग गए । पहले मिलिटैंटों ने हाथ के इशारे से मारुति वैन रुकवाई और फिर उसमें सवार होकर भाग गए ।

धमकी भरी चिट्ठियां लिखने वाला काबू : होशियारपुर (वार्ता): होशियारपुर पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो स्कूली अध्यापकों को धमकी भरी चिट्ठियां लिख कर बच्चों को 'विशेष' वर्दियां पहनने के निर्देश देते थे । एस.एस.पी. राजन गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम सुखजीत सिंह, बलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह सैनी तथा बलजीत सिंह हैं । उनके कब्जे से खालिस्तान कमांडो फोर्स तथा बब्बर खालसा के लैटर पैड तथा एक खिलौना पिस्तौल भी बरामद हुई है ।

फैडरेशन का सुझाव
(पृष्ठ 3 का शेष)

पूरे सिख जगत को इसकी जानकारी दी जाएगी ।

संवाददाता सम्मेलन में फैडरेशन के संयोजक भाई हरमिंदर सिंह गिल व महासचिव सर्वजीत सिंह सोहल भी मौजूद थे । उन्होंने कहा कि फैडरेशन सिख पंथ के भविष्य को लेकर काफी चिंतित है ।

भाई मनजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर अपनी चंडीगढ़ यात्रा के दौरान सभी मिलिटैंटों व संघर्ष कर रहे अन्य संगठनों को बातचीत के लिए खुला निमंत्रण देकर गए हैं । श्री चंद्रशेखर खालिस्तान के मुद्दे पर भी बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं । उन्होंने कहा कि श्री चंद्रशेखर के इस निमंत्रण से फैडरेशन महसूस करती है कि पंजाब मसले को हल करने के लिए बहु पिछले प्रधानमंत्रियों से अधिक ईमानदार हैं । उन्होंने चंद्रशेखर सरकार की इस उदार हृदयता व वार्ता के निमंत्रण का स्वागत करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी कौम बातचीत के मार्ग से कभी भी भागती नहीं है लेकिन पिछले कड़वे अनुभव, केन्द्र सरकार की सिखों को गुमराह करने की चालें और बार-बार खोखले समझौते कर पंथ को जलील करने की नीतियों से वे सचेत हो चुके हैं, इसलिए फैडरेशन वार्ता के ठोस परिणामों को सामने रखकर सर्वप्रथम श्री चंद्रशेखर की कुछ कर सकने की इच्छा व सामर्थ्य का जायजा लेना जरूरी समझती है ।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भाई मनजीत सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के नेता श्री सिमरनजीत सिंह मान द्वारा केन्द्र के साथ शुरू की गई वार्ता पर कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया लेकिन उन्होंने कहा कि यह वार्ता सभी संघर्षरत संगठनों को साथ लेकर शुरू नहीं की गई । प्रैस की स्वतंत्रता का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि किसी तरह की धमकियां देना अच्छी बात नहीं है, चाहे वह सरकार हो या मिलिटैंट संगठन ।

उन्होंने उन लोगों को भी चेतावनी दी जो फैडरेशन व अन्य संगठनों के नाम पर लोगों से पैसा ऐंठने में लगे हुए हैं । भाई मनजीत सिंह ने लोगों से अपील की कि वे जबरी धन ऐंठने वाले लोगों से सावधान रहें और फैडरेशन को ऐसा करने वाले लोगों के बारे में अवगत कराएं ताकि उचित कार्रवाई की जा सके । उन्होंने कहा कि फैडरेशन भाई-भाई के बीच लड़ाई में विश्वास नहीं रखती ।

उन्होंने मिलिटैंट संगठनों द्वारा 26 जनवरी को किए गए बंद के आह्वान का समर्थन किया । उन्होंने बताया कि फैडरेशन की कार्यकारिणी व जिला अध्यक्षों की 3 फरवरी को अमृतसर में मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें वर्तमान हालात पर खुल कर विचार किया जाएगा ।

बुश गोर्बाच्योव के साथ बैठक रद्द नहीं करेंगे

वाशिंगटन, 24 जनवरी (प.स.): राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संकेत दिया है कि वह सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के साथ मास्को में 11 से 13 फरवरी तक होने वाली शिखर बैठक स्थगित अथवा रद्द नहीं करेंगे । यह जानकारी आज 'वाशिंगटन पोस्ट' ने बाल्टिक अमरीकी सूत्रों के हवाले से दी ।



अहमदगढ़ में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए शिवसेना नेता श्री प्रवीण थम्मन की वीरवार को अहमदगढ़ में अंत्येष्टि कर दी गई । चित्र में उत्तरी भारत शिव सेना के प्रमुख श्री जगदीश तांगड़ी तथा दिवंगत का भतीजा श्री थम्मन की चिता को अग्नि देते हुए । (इन्सैट) श्री थम्मन का एक पुराना चित्र ।
(छाया : तरसेम)

120 भारतीय नर्सें ईराक में फंसी

अम्मान, 24 जनवरी (पस) : ईराक द्वारा जार्डन से लगी अपनी सीमा को पूरी अथवा आंशिक तौर पर बंद करने के कारण बगदाद से आने वाली लगभग 120 भारतीय नर्सें यहां नहीं पहुंच सकी हैं ।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने बताया कि कल देर रात तक भी इन नर्सों के यहां पहुंचने के कोई संकेत भी नहीं मिले थे । इन अधिकारियों ने बताया कि 'आज ईराक से किसी को भी बाहर नहीं आने दिया गया ।'

भारत के राजदूत गजेन्द्र सिंह ने कल यहां बताया कि सीमा पर इन्हीं नर्सों की प्रतीक्षा करते रहे लेकिन वे नहीं आईं ।

इससे पहले सुरक्षा सूत्रों ने भी बताया कि ईराक ने अपनी सीमाएं बंद कर दी हैं । 28 भारतीयों का एक दल बगदाद से साइप्रस, एथेंस और कराची होता हुआ भारत पहुंचा ।

गत सोमवार को यहां पहुंचने पर पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरवेज से यहां पहुंचे श्री जामगेकर ने बताया कि वह जार्डन से एक ईराकी विमान से चले थे लेकिन पड़ोसी देश ने विमान के लिए ईंधन देने से इंकार कर दिया जिसके कारण विमान को इसराईल की ओर मोड़ दिया गया । श्री जामगेकर ने बताया कि दस दिन तक इन्तजार करने के बाद वे एथेंस रवाना हो सके ।

विरोधी रैलियां जारी

इस्लामाबाद, 24 जनवरी (डी.पी.ए.): पाकिस्तान के कई नगरों में कल भी अमरीका विरोधी रैलियां आयोजित हुईं । इनमें मांग की गई कि ईराक के खिलाफ अमरीका के नेतृत्व में हो रहा हमला तत्काल बंद किया जाए ।

रावलपिंडी में आयोजित एक रैली में वक्ताओं ने कहा कि कवैत पर कब्जा एक अरब मसला है और अरबों को ही इसे सुलझाने दिया जाए ।

'आप्रेशन ब्लैक थंडर' केस में 5 कैदी रिहा

अमृतसर, 24 जनवरी (प.स.): स्थानीय सैंट्रल जेल से आज पांच कैदियों को रिहा कर दिया गया । निर्दिष्ट अदालत के न्यायाधीश श्री एस.एस. ग्रेवाल ने कल 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' केस में उक्त पांच कैदियों समेत 40 लोगों को बरी कर दिया था ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पंथक कमेटी के प्रवक्ता निरवैर सिंह, खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल मलकियत सिंह अजनाला, भाग सिंह तथा चंचल सिंह जैसे मिलिटैंटों समेत 25 अन्य कैदियों को अभी तक रिहा नहीं किया गया है क्योंकि उनके विरुद्ध कई अन्य मामले भी हैं । 6 महिलाओं समेत शेष दस अभियुक्त पहले ही ज़मानत पर रिहा हैं । आज रिहा हुए कैदियों में हरदयाल सिंह, जगदीश सिंह खजाला, करतार सिंह, मलकियत सिंह तथा जर्मन सिंह शामिल हैं । विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पुलिस ने उक्त पांचों लोगों के विरुद्ध नए केस बना कर इन्हें पुनः गिरफ्तार करने की विफल कोशिश की । वे लोग इससे पहले ही जेल से जा चुके थे ।

उत्तर-पश्चिम भारत में शीत प्रकोप जारी

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वार्ता): उत्तर-पश्चिम भारत में शीत प्रकोप आज भी जारी रहा जबकि गत 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश के कबायली क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ । क्षेत्र में आज तेज सूर्य चमकने के बावजूद भी बर्फानी हवाओं का जोर रहा । दूसरी तरफ श्रीनगर में भी न्यूनतम तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सैल्सियस नीचे दर्ज किया गया ।

इसी दौरान हिमाचल प्रदेश के शिमला में 2.2, पंजाब के आदमपुर क्षेत्र में 0.8, अमृतसर में 2, पठानकोट में 2.4, हलवाड़ा में 4.8, लुधियाना व पटियाला में 6, चंडीगढ़ में 4, हरियाणा के जिला अम्बाला में 6.4 तथा जम्मू में 7 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया ।

शिवसेना ने बाल ठाकरे से

अकाली सांसदों को चंदा न देने की अपील

चंडीगढ़, 24 जनवरी (वि.प्र.): शिरोमणि अकाली दल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने संगतों से अपील की है कि वे किसी भी सांसद को पार्टी के नाम पर चंदा न दें । उन्होंने आज यहां एक लिखित बयान में पार्टी की ओर से कहा कि बीबी बिमल कौर खालसा तथा बाबा सच्चा सिंह जो विदेश यात्रा पर गए हैं, उन्हें पार्टी के नाम पर चन्दा इकट्ठा नहीं करने दिया जाएगा । शिरोमणि अकाली दल की पार्टी के नाम पर इस तरह धन इकट्ठा करने की कोई नीति नहीं है । पार्टी की टिकट पर सफल हुए लोकसभा सदस्यों से अपील की गई है कि वे अपनी सीटों से इस्तीफा देकर पार्टी प्रधान के हाथ मज़बूत करें और एकता का सबूत दें । पार्टी ने स्वीकार किया है कि अभी तक किसी भी अकाली सांसद ने अपनी सीट से इस्तीफा नहीं दिया है । पार्टी का कहना है कि इसका अपने सांसदों से कोई झगड़ा नहीं है तथा लोकसभा सदस्य पार्टी की मीटिंग में इसलिए नहीं आते कि कहीं श्री मान उनसे इस्तीफा न मांग लें । यह पहला मौका है कि श्री मान की पार्टी ने स्वीकार किया है कि उनकी अपील पर अभी तक किसी भी अकाली सांसद ने इस्तीफा नहीं दिया ।

बजट में करों का भारी बोझ नहीं होगा : यशवंत

बम्बई, 24 जनवरी (प.स.): केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आज यहां कहा कि इस बार बजट में करों का भारी बोझ नहीं होगा । उन्होंने यह घोषणा भी की कि सरकार अप्रत्याशित करों को छोड़ कर बजट पर से गोपनीयता का आवरण उठा देगी ।

यहां महाराष्ट्र आर्थिक विकास परिषद तथा इंडियन मर्चैंट्स चैम्बर की अलग-अलग हुई बैठकों में अपने भाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे व्यापारियों को अपमानित और परेशान करने में कोई विश्वास नहीं । लेकिन अगर मरीज़ को बचाने के लिए कड़वी दवा पिलाने की जरूरत होगी तो हम ऐसा करने में हिचकिचाएंगे भी नहीं ।

राष्ट्रपति अपना भाषण हिन्दी या तमिल में दें : अग्निवेश

नई दिल्ली, 24 जनवरी (प.स.): अंग्रेजी हटाओ आंदोलन के संयोजक और आर्य समाज के नेता स्वामी अग्निवेश ने राष्ट्रपति वेंकटरमन से आग्रह किया है कि वह 41वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपना संदेश हिन्दी अथवा भारतीय भाषा तमिल में दें । श्री अग्निवेश ने आज यहां एक बयान में कहा कि देश-भर के लगभग दस हजार लोगों ने एक पत्र के जरिये राष्ट्रपति से कहा है कि यदि राष्ट्रपति ने अपना मूल भाषण अंग्रेजी में दिया तो लोगों को रेडियो और टैलीविजन बंद करके संदेश का बहिष्कार करना चाहिए ।



तरनतारन में राज्य स्तरीय गणतंत्र-दिवस-समारोह की तैयारियां पूर्ण स्तर पर हो रही हैं । स्टेडियम में मंच और सीढ़ियों की मुरम्मत की जा रही है और मैदान को रोलर से ठीक किया जा रहा है ।
(छाया : रवि भंडारी)

'शरण न मिलने पर मिलिटैंटों ने मकान जला दिया

जालंधर, 24 जनवरी (वार्ता): छः मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात करतारपुर थाना के अंतर्गत बल गांव में एक कुत्ते को गोलियों से मार दिया, जीप, स्कूटर तथा फर्नीचर को आग लगा दी, एक व्यक्ति की पिटाई की और गांव के अन्य लोगों को भी तंग किया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट गांव में एक घर में गए लेकिन बाद में यह पता चलने पर कि उक्त घर अनुसूचित जाति के सदस्य का है, मिलिटैंट वहां से बाहर आ गए । इसके बाद उन्होंने रास्ते में शराब पिए हुए एक व्यक्ति की पिटाई की । फिर उन्होंने सरपंच निर्मल सिंह के घर का लोहे का बड़ा

क्लासीफाइड विज्ञापन

मशीनरी बिकाऊ

जैनरेटर 4 किलोवाट सिंगल फेस, चालू हालत में बिकाऊ है । मिलें : अमन इंडस्ट्री, माडल टाऊन,

आवश्यकता

आवश्यकता है : दिल्ली हेतु सुपरवाइजर, गार्ड, फील्ड आफिसर, क्लर्क, मिलें : डी.पी. सिक्योरिटी

दूसरों को आगे कर
प्रकार हत्याएं नहीं
मिलिटैंटों का शिकार
के लोगों की दृष्टि में

इनके आगे हथियार मत डालें ।

श्री मल्होत्रा ने समाचार-पत्रों की तरफ भी संकेत किया और कहा कि इनका भी वह उचित प्रबन्ध करेंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर भी निर्दोष लोगों का मरना सहन नहीं कर

स्वागत करते हुए कहा कि राज्यपाल महोदय ने जो दृढ़ स्टैंड लिया है, आप उनको पूरा सहयोग दें । जिलाधीश ने कहा कि आज तक किसी राज्यपाल ने इस प्रकार दृढ़ स्टैंड नहीं लिया । दुकानदार भी अब

भेंट किया ।

भाखड़ी के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री ओम प्रकाश मल्होत्रा के यहां आगमन पर बहुजन समाज

(शेष पृष्ठ 12 पर)

HAWAI
GUARANTEE MONTHS
MY ASIAN PRODUCTS

तरनतारन क्षेत्र में 10 मिलिटैंट मारे गए : माकपा नेता सहित 7 की हत्या : उद्योगपति का अपहरण

चंडीगढ़, 25 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 10 मिलिटैंट मारे गए, जबकि माकपा नेता सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और एक उद्योगपति का अपहरण कर लिया गया ।

8 मिलिटैंट मरे : मक्खू (चन्द्रशेखर): गत रात भारत-पाक सीमा के निकट तरनतारन पुलिस जिले में वल्टोहा क्षेत्र के गांव सनताका (कुलवंत चौकी) के निकट सीमा सुरक्षा बल तथा मिलिटैंटों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में 8 मिलिटैंट मारे गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार लगभग 15 मिलिटैंट भारत से पाकिस्तान की ओर जा रहे थे कि उन्हें जवानों ने रुकने के लिए कहा,लेकिन उन्होंने रुकने के स्थान पर फायरिंग आरम्भ कर दी । जवानों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 8 मिलिटैंट घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि 7 भागने में सफल हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक एस.एल.आर. तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

इस मुठभेड़ के पश्चात सीमा सुरक्षा बल के उस विश्वास को बल मिलता है कि मिलिटैंटों के पास हथियारों की कमी हो गई है । बी.एस.एफ. के अनुसार मारे गए सभी 8 मिलिटैंटों का सम्बन्ध खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला गुट से था । वह पाकिस्तान की ओर सुबह लगभग 2.30 बजे हथियार लेने के लिए जा रहे थे । उन्हें बहादुर नगर गांव का सरपंच प्रताप सिंह रास्ता दिखा रहा था । फायरिंग में सरपंच भी मारा गया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल तथा उसके तीन मैगजीन तथा 98 गोलियां, एक एस.एल.आर. तथा इसकी 82 गोलियां, 7 हैंडग्रेनेड, 4 इलैक्ट्रानिक डेटोनेटर तथा 1207 रुपए मिले हैं । घटनास्थल से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एक झंडा भी मिला है, जिस पर कावुल सिंह काले के नाम लिखा हुआ है । सूत्रों के अनुसार यह एस.एल.आर. वही है, जो एस.पी.ओ. कुलदीप सिंह तरनतारन के गांव आसल औतार की चौकी से 6 दिन पूर्व भागते समय अपने साथ ले गया था । विश्वास किया जाता है कि वह भगौड़ा एस.पी.ओ. भी मृतकों में शामिल है । सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट तैनात की गई सेना की रुकावट को पार कर गए थे ।

सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों का इस प्रकार सीमा के पार जाना उनमें व्याप्त हताशा की स्थिति का द्योतक है । इसी प्रकार की गतिविधिया अजनाला सैक्टर में भी देखी गई है । सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों अजनाला क्षेत्र से पकड़े गए हथियारों से यह संकेत मिलता है कि वस्सन सिंह जफ़रवाल के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स के मिलिटैंटों के पास भी हथियारों की कमी हो गई है । सूत्रों के अनुसार हथियारों की आपूर्ति निश्चित बनाने के लिए जफ़रवाल स्वयं पाकिस्तान की ओर से सीमा के निकट तक आया था, परन्तु बी.एस.एफ. ने ऐसे दो प्रयास विफल कर दिए । इस प्रकार के पहले विफल किए गए प्रयास में मिलिटैंट 19-20 जनवरी की रात को कंडे चौकी के पास 3 ए.के. 47 राइफलें, तीन पिस्तौलें, 7 रिवाल्वर तथा गोली-सिक्का छोड़ कर वापस पाकिस्तान भाग गए । इसके पश्चात के.सी.एफ. के मिलिटैंटों ने 21-22 जनवरी की रात को गुलगढ़ तथा शेरपुर चौकियों के मध्य से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास किया,लेकिन यह प्रयास भी विफल कर दिया गया । मिलिटैंट वापस भागते समय 5 ए.के. 56 राइफलें, तीन चीनी पिस्तौलें, कुछ विस्फोटक तथा कुछ गोली-सिक्का वहीं छोड़ गए ।

बी.एस.एफ. जवानों द्वारा धारीवाल पुलिस स्टेशन के गांव सरान में एक स्थान पर मारे गए छापे के दौरान 2 जर्मन राइफलें बरामद की गई हैं । इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है ।

दो मिलिटैंट मारे गए : तरनतारन पुलिस

(शेष पृष्ठ 12 पर)

40%~50%
FOR GENTS
FORMAL SHIRTS
FORMAL TROUSERS
CASUAL SHIRTS
CASUAL TROUSERS
DENIM JEANS
DENIM JACKETS
KURTA PYJAMA
NIGHT SUITS
TIES
AND LOTS MORE
Woollens Just
LEGA
Balmukand
OPP. CAR PARKING.CHA

Punjabi Sanat.in

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

जिले के सारा मिर्ज़ा गांव में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक स्वचालित राइफल तथा 129 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

एक वो हत्या : पटियाला जिले के गांव बच्चियां में मिलिटैंटों ने गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सी.पी.एम. नेता की हत्या : खरड़ (वि.प्र.) : सी.पी.एम. जिला रोपड़ के महासचिव तथा खरड़ नगर पालिका के पूर्व सदस्य जगदीश चन्द्र (70) की गत रात्रि मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे 6 हथियारबन्द व्यक्ति पालिका सीमा में बसे गांव डीं खरड़ में गए और वहां से एक होटल वाले को साथ लेकर जगदीश के घर घुस गए और सारे परिवार को एक स्थान पर एकत्र करके उन्होंने टैलीफोन कट दिया । उन्होंने स्वयं को पुलिस कर्मी बताया । उन्होंने जगदीश चन्द पर यह आरोप लगाया कि उसने सी.पी.एम. द्वारा उनके विरुद्ध छपवाए गए पोस्टर वितरित किए थे । बाद में उन्होंने ए.के.47 राइफल से उसकी हत्या कर दी और वहां से 500 रुपए भी लूट कर ले गए । इस घटना के विरोध में आज खरड़ में बन्द रखा गया ।

शव बरामद : कपूरथला जिले के फगवाड़ा कस्बे के हबीबाद क्षेत्र में से पुलिस ने एक कुएं से शव बरामद किया है ।

पूर्व सरपंच की हत्या का प्रयास : मलोट (गोयल) : मलोट थाने के गांव शेरगढ़ में दो स्कूटर सवार व्यक्तियों ने पूर्व सरपंच हरजिन्दर सिंह के घर में घुस कर अन्धाधुंध फायरिंग करके उसकी हत्या का प्रयास किया । हरपाल सिंह द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर दोनों व्यक्ति स्कूटर वहीं छोड़ कर फरार हो गए ।

राष्ट्रपति बुश को लिखे अपने
किए जाने की जरूरत पर बल
कि सोवियत संघ ने भी भारत
किया है । उन्होंने कहा कि
को एकजुट करने के लिए
क्षेत्र में शांति स्थापित करने
जा सके ।
क्ल श्रीलंका की तीन दिन की
शाम कोलम्बो पहुंचे । श्री
के लिए कोलम्बो अंतर्राष्ट्रीय
का के विदेश मंत्री श्री हेरोल्ड
बर्नांडे तिलकरत्ने और कई

पृष्ठ 8 पर)

ब्रिटिश सांसद द्वारा खाड़ी युद्ध के दौरान को अमरीका का समर्थन न करने की सलाह

ी (आई.ए.एन.एस.): प्रमुख
लेबर पार्टी के नेता टोनी बेन
कि वह खाड़ी युद्ध के दौरान
करे । एक साक्षात्कार के
ह भारतीयों के हित में नहीं
का समर्थन करें और अगर

श्री बेन ने कहा कि जार्डन के राजा हुसैन ने उन्हें बताया कि खाड़ी में युद्ध के बिना ही उनकी उपस्थिति उन्हें भी चुनौतियां मिलने का कारण बन जाएगी । उनका कहना था, "इस समय हम संकटकालीन परिस्थितियों के कगार पर खड़े हैं । संकट अब आने ही वाला है तथा यह काफी लम्बे समय तक जारी भी

अपनी सेनाओं को लेकर साइप्रस में घुस आया था तो वह सोमोश क्यों रहा ? हालांकि अमरीका ने खुद पानामा, ग्रानाडा में घुसपैठ की और दक्षिण अफ्रीका की सरकार को हिला दिया, जहां मण्डेला को गिरफ्तार कर लिया गया था । मगर अब इस

STOP P

मिलिटैंटों द्वा

व्यक्तियों की

चंडीगढ़, 28 ज
मिलिटैंटों ने आज रात्रि ज
में 11 व्यक्तियों की गोली
कर दी और कई अन्य को घ
प्राप्त सूचना के अनुसार
बजे मिलिटैंटों के एक
होशियारपुर में स्थित भी
क्षेत्र के निकट जाती हुई क
रोक लिया और उनमें सव
एकत्रित करके अंधाधुंध
जिससे उनमें से 10 व्यक्ति
गए और एक घायल की ब
मृत्यु हो गई ।

ईराक की यु

वाशिंगटन, 28 जनवरी (प
नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना के
हवाई हमलों से ईराक की युद्ध प्रण
अभी पूरी तरह ध्वस्त नहीं हो प
पोस्ट ने अमरीकी अधिकारियों
जानकारी दी ।

अखबार का कहना है कि यह
से लगा कि रक्षा विभाग ईराक
प्रारम्भिक अनुमान जारी नहीं क
उसके अनुसार इनमें हर रोज परि
इसलिए उन्हें जारी करना सम्भ
अलावा यह इस बात का गलत आ
बहुराष्ट्रीय सेना के हवाई हमल
परिणाम नहीं निकल रहे हैं ।

सूत्रों का कहना है कि 65 प्रति
पट्टियां अभी भी कामकाज में सक्
मंत्रालय ने पिछले सप्ताह ही यह
कि ईराक की शत-प्रतिशत हवाई
गई है और ईराकी वायु क्षेत्र पर
के कारण ईराक के लड़ाकू विमान
रहे हैं ।

इसके अलावा सूत्रों ने यह भी
की वायु रक्षा राडार इकाइयां भ
सप्ताह में नष्ट कर दी गईं, लेकिन
इकाइयों में फिर से काम शुरू हो
को अब चलती-फिरती राडार इक
रहना पड़ रहा है ।

अखबार ने अधिकारियों के
बताया कि युद्ध के शुरू में ईरा
प्रक्षेपास्त्र दागने के तीस स्थापित
शुक्रवार तक इसमें से सिर्फ आठ
नाकारा किए जा सके थे ।

अधिकारियों ने बताया कि

Punjab Archive

का कहना है कि आबादी वाले इलाकों को निशाना न बनाने की पूरी कोशिशें की जा रही हैं और ईराक के औद्योगिक और सैनिक प्रतिष्ठानों को नष्ट करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है ।

बंदरगाह शहर बसरा पर गिराए गए राकेटों से बिजलियां-सी कौंधती रहीं । ईराकी फौजों का आजकल इस शहर में काफी जमाव है ।

मिशन पूरा होते ही 'सेना' लौट आएगी : अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने आज कहा कि उनके देश की सेना ईराक को तबाह करना नहीं चाहती और खाड़ी क्षेत्र में अपना 'मिशन' पूरा करने के तुरन्त बाद वहां से लौट आएगी । श्री बुश ने वाशिंगटन में धार्मिक प्रचारकों के एक दल से कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने में अमरीका महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । उनका यह बयान ईराक में ज़बरदस्त बमबारी पर सोवियत संघ की आलोचना के बाद आया है ।

अमरीकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईराक की जनता और खाड़ी क्षेत्र में उसके महत्व के लिए उनके मन में सम्मान है । ईराक को अमरीका इस कदर अस्थिर करना नहीं चाहता कि वह खुद हमले का निशाना बन जाए ।

सोवियत संघ के विदेश मंत्री एलैक्सांद्र बेस्मर्तनिख ने चेतावनी दी थी कि युद्ध के दूसरे चरण में ईराक की असैनिक आबादी पर खतरा बढ़ता जा रहा है । संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में सिर्फ कुवैत को ईराक से आज़ाद कराने की बात कही गई थी । श्री बेस्मर्तनिख ने कहा कि यह सोवियत संघ के लिए चिंता का मसला है । यह श्री बुश और अमरीका के विदेश मंत्री जेम्स बेकर से खाड़ी युद्ध पर विचार-विमर्श करने के लिए कल यहां पहुंचे थे । श्री बुश ने कुवैत पर दो अगस्त को ईराकी कब्ज़े के बाद से समस्या के राजनयिक हल के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से की गई कोशिशों का ज़िक्र किया । उन्होंने कहा कि ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने इन सब को नामंजूर कर युद्ध अवश्यम्भावी बना दिया था ।

उन्होंने कहा कि अमरीका इस युद्ध को दूसरा वियतनाम नहीं बनने देगा, जहां उसे सैनिक और राजनीतिक तौर पर काफी नुक्सान उठाना पड़ा था । श्री बुश ने कहा कि अमरीका इस लड़ाई को ज़रूर जीत लेगा ।

अमरीका के रक्षामंत्री डिक चेनी ने कहा है कि अमरीकी थल सेनाएं ईराकी सेनाओं पर हमले के लिए फरवरी के अन्त तक तैयार हो जाएंगी ।



बहुराष्ट्रीय सेनाओं द्वारा बगदाद के नागरिक क्षेत्र में की गई भयंकर विनाश लीला का दृश्य । यह चित्र ईराकी न्यूज सर्विस द्वारा जार्डन के समाचारपत्रों को जारी किया गया है । (छाया : प्रै. ट्र.)

उन्होंने कहा कि यह तो स्पष्ट ही है कि थल सेनाएं हमला करेंगी ।

लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति मितरां के शीर्ष सैनिक सलाहकार का कहना है कि उस बहुराष्ट्रीय थल सेनाओं का हमला मध्य फरवरी तक शुरू हो जाने की आशा है ।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति के सेना कार्यालय प्रमुख के अनुसार खाड़ी क्षेत्र में हवाई युद्ध चार सप्ताह में समाप्त हो सकता है ।

एडमिरल जैक्स लंजाड ने कल फ्रांसीसी टैलीविजन को बताया कि थल युद्ध शुरू होने पर भी हवाई युद्ध जारी रहेगा । उन्होंने कहा कि हवाई युद्ध की इस योजना का अनुसरण सभी सम्बद्ध पक्षों को करना होगा ताकि ज़मीनी युद्ध शुरू होने पर ईराकी सेनाओं को अधिकाधिक अशक्त बनाया जा सके और जानमाल का नुक्सान भी कम से कम हो ।

एडमिरल ने कहा कि तीन सप्ताह का समय तय होने के बावजूद भी मौसम सम्बन्धी पिछले कटु अनुभावों को ध्यान में रख कर सम्भव है कि हवाई युद्ध कुछ अधिक समय तक चले । इसलिए हवाई हमले शायद तीन से चार हफ्ते तक चलते रहेंगे ।

अमरीकी रक्षामंत्री डिक चेनी ने अमरीकी अखबारों में प्रकाशित इन आरोपों का खंडन किया है कि सोवियत संघ ईराक को सैनिक सहायता देना जारी रखे हुए है । श्री चेनी ने कहा कि इसका कोई प्रमाण नहीं है कि ईराक को सैनिक आपूर्ति पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लगाई गई रोक का सोवियत संघ ने उल्लंघन किया है । तास के अनुसार श्री चेनी ने यह बात अमरीकी टैलीविजन नैटवर्क एन.बी.सी. को दी गई एक भेंट वार्ता में कही ।

श्री चेनी ने यह भी कहा कि सोवियत संघ अपना वचन निभा रहा है । उसने ईराक को आपूर्ति रोक दी है और अपने अधिसंख्य नागरिकों को वहां से हटा लिया है । यह मानने के लिए कोई आधार नहीं कि सोवियत संघ ने ईराक को किसी भी तरीके से कोई सहायता दी है ।

बताया जाता है कि अमरीकी जनरल श्वार्जकाफ इस बात से काफी नाराज़ हैं कि ईराकी स्कड मिसाइल प्रक्षेपकों की तलाश और उन्हें नष्ट करने में ज़रूरत से कहीं ज्यादा सैन्य क्षमता का इस्तेमाल किया जा रहा है । इन प्रक्षेपकों से, जिनमें से ज्यादातर सचल हैं, ईराक 69 स्कड मिसाइलें अब तक दाग चुका है । इनमें से 45 सऊदी अरब पर और 24 इसराईल पर दागी गई हैं ।

अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश खाड़ी युद्ध को समाप्त करने के लिए 'न्यूट्रान' बम का इस्तेमाल नहीं करेंगे । व्हाइट हाऊस के चीफ आफ स्टाफ जॉन सुनूनू ने यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को न्यूट्रान बम के प्रयोग का सुझाव किसी ने भी नहीं दिया है । यहां तक कि सेना ने भी इस तरह की पहल का कोई सुझाव नहीं दिया है । उन्होंने बताया कि खाड़ी युद्ध का खर्च 40 से 50 अरब डालर के बीच बैठेगा । उन्होंने बताया कि अमरीकी कांग्रेस द्वारा 'युद्ध-कर' लगाने के किसी भी सुझाव का भी बुश विरोध करेंगे ।

कुवैत के निकट एक छोटे द्वीप में फंसे करीब 20 से 30 ईराकी सैनिकों ने बहुराष्ट्रीय सेना के सामने आत्म-समर्पण का संकेत दिया है । यह दावा एक अमरीकी नौसैनिक गुप्तचर अधिकारी कमांडर मार्क लारेस ने किया ।

कमांडर लारेस ने बताया कि दक्षिण कुवैती तट से करीब 32 किलो मीटर उम-अल-मारदीम द्वीप से ईराकी सैनिकों ने संदेश भेजा है कि हम इस पथरीले द्वीप में समर्पण करना चाहते हैं ।

ज़मीनी लड़ाई में पी.एल.ओ. ईराकी सेना का साथ देगा : नई दिल्ली (प.स.): फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के एक अधिकारी ने इस

चाहिए । उसने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह खाड़ी क्षेत्र के सभी अरबों के हित में ईराक को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में देखना भी पसंद कर सकता है ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

में भम्बोई गांव में होमगार्ड जवान की हत्या करने वाले मिलिटैंटों का ही हाथ है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वार्ता) : मजीठा पुलिस जिला के चाचोवाली गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की पहचान सुच्चा सिंह तथा बबली के रूप में हुई है ।

वे बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखते थे और हत्या के बीसियों मामलों में पुलिस को उनकी तलाश थी । घटनास्थल से एक माऊज़र और एक हथगोला भी बरामद हुआ है । मुठभेड़ में कत्थूनंगल थाना प्रभारी श्री धर्म सिंह भी घायल हुए । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

दो मिलिटैंट घायल : मजीठा पुलिस जिला के गांव कोटला सुबा सिंह के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट घायल हो गए । उनके नाम दिलबाग सिंह तथा सुबे सिंह हैं । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के गांधी विंड गांव में संतोख सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

सुरक्षा कर्मी का शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के अदवा गांव के बाहर से सीमा सुरक्षा बल के एक कर्मचारी का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । मृतक की पहचान ए.डी. नायडू के रूप में हुई है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट और मरे : लुधियाना (वार्ता) : आज बोपाराय गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों में एक मिलिटैंट की साहिब सिंह उर्फ़ अमरजीत सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है, जो खालिस्तान कमांडो फोर्स का 'ए' श्रेणी का मिलिटैंट है । वह 50 से अधिक हत्याओं और कई बैंक डकैतियों में वांछित था । उसके साथी की अभी पहचान नहीं हो सकी । बताया जाता है कि ये दोनों मिलिटैंट उस समय भागने की कोशिश कर रहे थे, जब जिला लुधियाना के गांव बोपाराय में सुरक्षा बलों का जांच अभियान जारी था । सुरक्षा बलों को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर और कुछ गोली-सिक्का मिला है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : कल रात मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला के हलवाड़ा गांव में बुलारा सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया । मिलिटैंट बुलारा सिंह को उसी के ट्रक में डालकर ले गए ।

एक की हत्या : आज दोपहर पुलिस जिला बटाला के गांव डडियाला में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

शव मिला : फिरोजपुर (वार्ता) : ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट से एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

ग्रामीणों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया : मक्खू (चंद्रशेखर): कल रात जीरा थाना के अंतर्गत मंसूर देवा गांव में ग्रामीणों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया । बताया जाता है कि रात दस बजे के करीब 7 मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह तथा कुरा सिंह के घरों से दो बंदूकें लूट लीं । कुरा सिंह द्वारा शोर मचाए जाने पर गांव के सरपंच हरबंस सिंह ने अपनी बंदूक निकाल कर गांववासियों की मदद से मिलिटैंटों का मुकाबला किया । मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया और उसका एक साथी घायल हो गया । शेष मिलिटैंट भाग गए । मारे गए मिलिटैंट की पहचान कुरा सिंह के रूप में हुई है । घायल मिलिटैंट कुलविंदर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जिला प्रशासन ने मिलिटैंटों का मुकाबला करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है ।

एक और मिलिटैंट मरा : पटियाला (राजु): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने सामाना के निकटवर्ती तलवंडी मलिक गांव के पास मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने घोड़ों पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को तलवंडी मलिक गांव की ओर आते हुए देखा । सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया । गोली लगने से उसका घोड़ा भी मर गया । दूसरा मिलिटैंट अपने घोड़े पर भाग जाने में सफल रहा । क्रास फायरिंग में एक महिला भी घायल हो गई । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

10 हज़ार रुपया लूटा : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार दो मिलिटैंट शनिवार रात को मुल्लेपुर थाना के अंतर्गत हतोतली गांव के सरपंच गुरनाम सिंह के घर में घुस गए तथा दस हज़ार रुपया लूट कर ले गए । उन्होंने सरपंच से एक रिवाल्वर भी छीन लिया । सरपंच को उक्त धनराशि गांव के विकास कार्यों के लिए सौंपी गई थी ।

रिटायर्ड थानेदार से बंदूक छीनी : कपूरथला (शर्मा): कल शाम कुछ मिलिटैंट अहमदपुर गांव में पुलिस के रिटायर्ड थानेदार अजीत सिंह के घर में घुस गए तथा एक बंदूक और कुछ कारतूस छीन कर ले गए ।

रुपए लूटे : मालेरकोटला (आज़िज़) : आज यहां की घनी आबादी नवाबगंज में जीवन बीमा निगम कार्यालय से तीन मिलिटैंट 36579 रु. बंदूक की नोक पर छीन कर फरार हो गए । बताया जाता है कि एक मिलिटैंट के पास स्टेनगन थी, दूसरे के पास रिवाल्वर और तीसरा खाली हाथ था । ये तीनों कार्यालय में घुसे और खज़ांची से रकम छीन कर भाग गए ।

भूतपूर्व सरपंच का अपहरण : 4 मिलिटैंटों ने आज सायं छहर्टा जिला अमृतसर के निकटवर्ती गांव कोटली नसीर खां के भूतपूर्व सरपंच चरण सिंह का अपहरण कर लिया । बताया गया है कि मिलिटैंट चरण सिंह को उसके घर से उठा कर ले गए ।

ज़रदारी के विरुद्ध 30 लोगों की हत्या का आरोप-पत्र

कराची, 28 जनवरी (प.स.): पुलिस ने आज पाकिस्तान की भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो के पति श्री आसिफ़ ज़रदारी के खिलाफ पिछले साल कम से कम 30 लोगों की हत्या की साजिश रचने से सम्बन्धित एक आरोप-पत्र अदालत में पेश किया है । अदालत के एक अधिकारी के अनुसार

प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वह इसकी जरूरत नहीं समझते क्योंकि बजट अधिवेशन शीघ्र ही होने वाला है जिसके ढाई महीने तक चलने की उम्मीद है ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की मांग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति की ओर से इस तरह की मांग उचित नहीं लगती जो संसद के शीतकालीन अधिवेशन में लोकसभा में एक दिन भी उपस्थित नहीं हुआ हो ।

मांगट अध्यक्ष भी बने

होशियारपुर, 28 जनवरी (अश्विनी): पंजाब सरकार ने श्री डी.एस. मांगट पुलिस महानिदेशक को पंजाब-पुलिस आवास-निगम लि. का अध्यक्ष भी मनोनीत कर दिया है ।

कृषि नीति की घोषणा 2-3 दिन में

जोधपुर, 28 जनवरी (वार्ता): सरकार दो-तीन दिन में राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा कर देगी । यह जानकारी उपप्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री देवी लाल ने आज यहां वायुसेना हवाई अड्डे पर पत्रकारों को दी ।

पाटकर का अनशन खत्म

इंदौर, 28 जनवरी (वार्ता): नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता सुश्री मेधा पाटकर ने 22 दिन से चल रहा अपना अनशन आज त्याग दिया । वह मध्य प्रदेश, गुजरात सीमा पर स्थित फेरकुआ में अनशन पर थीं ।

बोफोर्स

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह आग्रह किया कि वह बोफोर्स तथा स्केन्डियनविस्का एन्सक्लिडा बैंकन से इन तोपों की खरीद का विवरण कानूनी रूप से प्राप्त करें क्योंकि बोफोर्स ने सारा भुगतान जैनेवा तथा ज्यूरिख में स्टाकहोम के बैंक के गुप्त खातों के माध्यम से ही किया था ।

लन्दन में इस दल ने विधि एवं गृह विभाग के अधिकारियों से मिल कर जांच के मामले में उनसे सहयोग लेने की सम्भावना का पता लगाया । ए.ई. सर्विसेज़ कम्पनी ब्रिटेन में ही पंजीकृत है ।

बोफोर्स मामले की प्राथमिकी में इस बात की चर्चा है कि 1986 के मार्च में स्वीडन की कम्पनी से तोपों की खरीद का मामला तय करने में ए.ई. सर्विसेज़ ने दलाली के रूप में 73 लाख अमरीकी डालर की दलाली की राशि प्राप्त की थी ।

लन्दन से यहां प्राप्त सूचनानुसार बोफोर्स तोपों की खरीद के मामले की जांच में ब्रिटेन से सहयोग प्राप्त करने के लिए भारत 'आग्रह पत्र' भेज सकता है । केंद्रीय जांच ब्यूरो ने स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों से यह आग्रह भी किया है कि वे स्विस कैंटोनल कोर्ट से कहे कि भारत को स्विस बैंक के कागज़ात हस्तांतरित करने के मामले को निपटाने में तेजी लाए । यह मामला पांच जब्त खातों से संबंधित है । इन खातों के नाम हैं : ट्यूलिप, मांटब्लांक, लोटस, स्वेस्का इन्कार्पोरेटेड और एक बेनामी खाता ।

स्विस अदालत ने इस मामले में अपना फैसला गत 19 नवम्बर को सुरक्षित रखा था ।

खाड़ी के लिए भारतीय फार्मूला

(पृष्ठ 3 का शेष)

अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे । श्री शुक्ल की इस यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच करीब तीन वर्ष के बाद एक बार फिर द्विपक्षीय आधार पर उच्च स्तरीय सम्पर्क हो गया है । कोलम्बो प्रवास में श्री शुक्ल राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास और देश के अन्य नेताओं से भेंट करेंगे । समझा जाता है कि वह श्रीलंका के नेताओं के साथ द्विपक्षीय महत्व के व्यापक मामलों के साथ-साथ जुलाई 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते की प्रगति पर भी बातचीत करेंगे ।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत सिरोस नासेरी ने कहा है कि खाड़ी में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को उचित नहीं ठहराया जा सकता । उन्होंने कहा कि कुवैत से ईराक को हटाने के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के अलावा कोई भी अन्य कदम विनाशकारी होगा । श्री नासेरी ने ब्रिटेन के एक टैलीविजन इंटरव्यू में बताया कि ईरान के सभी हवाई अड्डों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने किसी भी ईराकी अथवा बहुराष्ट्रीय सेना के सैनिक विमानों को न उतरने दें ।

उन्होंने बताया कि ईराक में स्थिति काफी गम्भीर है, लोग बुरी तरह पीड़ित हैं । सूचना सम्पर्क नहीं है । लोगों को मालूम नहीं है कि उनके रिश्तेदार जीवित हैं अथवा मर गए हैं । वहां खाद्यान्नों और दवाइयां आदि की भी काफी कमी है ।

विदेश उपमंत्री दिग्विजय सिंह और फ्रांस के विदेश राज्यमंत्री एडविग एविस के बीच आज पेरिस में हुई मुलाकात के दौरान गुट निरपेक्ष देशों की खाड़ी शांति योजना पर विचार-विमर्श हुआ । फ्रांस के एक सरकारी प्रवक्ता ने पेरिस में बताया कि दोनों मंत्रियों की मुलाकात लगभग घंटा भर चली । दोनों ने खाड़ी युद्ध के प्रभाव और लड़ाई के बाद सम्भावित स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की । श्री सिंह खाड़ी संकट निपटाने की गुट निरपेक्ष कोशिश के सिलसिले में जिम्बाब्वे की अपनी यात्रा के बीच में अल्जीरिया से पेरिस पहुंचे । श्री एविस खाड़ी संकट से निपटने के लिए बनाए गए फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के विशेष सैल के प्रधान भी हैं ।



श्री ए.के. सहगल, जिन्होंने हरियाणा जन सम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रैस) का कार्यभार सम्भाल लिया है ।

बस का अपहरण

जालंधर, 28 जनवरी (विक्रांत): दो युवकों ने आज आदमपुर से भोगपुर जा रही एक मिनी बस को ढींगरियां गांव के निकट से अपहृत कर लिया । बाद में वे उक्त बस को काला बकरा के निकट छोड़ कर भाग गए । बस ड्राइवर ने बताया कि कल उनका कालेज के कुछ छात्रों के साथ झगड़ा हो गया था । इसी विवाद के चलते आज छात्रों के दो साथियों ने बस का अपहरण किया था । इससे पहले क्षेत्र में यह अफवाह फैल गई थी कि कुछ मिलिटैंट उक्त बस को अपहृत करके ले गए हैं ।

लाला लाजपतराय का जन्म दिवस मनाया गया

होशियारपुर, 28 जनवरी (अश्विनी): लाला लाजपतराय का जन्म दिवस आज यहां धूमधाम से मनाया गया । सर्वेन्ट आफ पीपल्स सोसाइटी की ओर से स्थानीय लाजपतराय शिक्षा केन्द्र में एक समारोह हुआ जिसमें अनेक वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया ।

बाजवा गृह राज्य वापस लौटे

चंडीगढ़, 28 जनवरी (संघी): चंडीगढ़ पुलिस में नव-स्थापित डी.एस.पी. (आप्रेशन्स) के पद पर तीन सप्ताह पूर्व डैपुटेशन पर आए फाज़िल्का के डी.एस.पी. श्री रूपिन्दर सिंह बाजवा वापस अपने गृह राज्य पंजाब चले गए हैं ।

अलगाववाद : कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

का नुक्सान नहीं होने का समाचार मिला है । मगर दो विध्वंसकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

गत दिवस तराल में एक बारूदी सुरंग फटने से एक महिला भी घायल हो गई जबकि अलगाववादियों ने एक प्रमुख पुल देवार को आग लगा दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस महिला की पहचान श्रीमती मुगली के रूप में हुई । उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । दूसरी तरफ अलगाववादियों ने पुलवामा में देवार पुल को आग लगा दी । यह पुल 36 गांवों को तराल के साथ जोड़ता था ।

आज तड़के बारामूला में भी अलगाववादियों तथा सुरक्षा बलों के मध्य संगरामा क्षेत्र में मुकाबला हुआ । दस मिनट तक चलने वाले इस मुकाबले में किसी भी प्रकार के नुक्सान की सूचना नहीं है । इसके अलावा अलगाववादियों ने आज प्रातः अलीकदल में भी सुरक्षा बलों पर हमला किया । इस दौरान भी कोई घायल नहीं हुआ ।

दूसरी तरफ आज प्रातः पांच बजे से घाटी में 14 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई । इस दौरान दुकानें तथा व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले और सड़क मार्गों पर यातायात भी चलता हुआ नज़र आया ।

बुश-गोर्बाच्योव वार्ता स्थगित

वाशिंगटन, 28 जनवरी (वार्ता): खाड़ी युद्ध को देखते हुए अगले महीने सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव और राष्ट्रपति जार्ज बुश के बीच प्रस्तावित शिखर बैठक स्थगित कर दी गई ।

पवार को जाना ही होगा : चवन

जलगांव, 28 जनवरी (प.स.): पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री शंकरराव चवन ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार से इस्तीफा देने की मांग दोहराई है ।

श्री चवन ने कल कहा कि 'पवार को जाना ही होगा और मैं इस बात पर अडिग हूं ।' उन्होंने कहा कि 'हम बच्चे नहीं हैं कि हमें बताया जाए कि क्या करना है या क्या नहीं करना । मैं खुद श्री पवार को इस कुर्सी से हटाने के लिए सक्रिय रहा हूं ।'

उल्फा उग्रवादियों का गोपनीय पत्र पकड़ा गया

ईटानगर, 28 जनवरी (प.स.): असम सरकार ने उल्फा उग्रवादियों का एक गोपनीय पत्र पकड़ा है जिसमें उनके नेताओं ने छुपे उग्रवादियों को सुरक्षा कर्मियों और विशेष तौर से कांग्रेस (इ) के नेताओं पर हमले के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को उल्फा की मौजूदगी का अहसास होता रहे । यह जानकारी राज्यपाल डी.डी. ठाकुर ने कल संवाददाताओं को दी । उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले एक सप्ताह में उल्फा उग्रवादियों की हिंसक घटनाओं में वृद्धि हुई है ।

अमरीकी विमानों को ईंधन ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

देश की वामपंथी पार्टियों ने भी आज खाड़ी युद्ध में शामिल अमरीकी विमानों को भारत सरकार द्वारा ईंधन भरने की सुविधा प्रदान किए जाने संबंधी खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है । माकपा, भाजपा, फारवर्ड ब्लाक और आर.एस.पी. के महासचिवों ने यहां एक संयुक्त बयान में कहा कि इस आशय का समाचार एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित हुआ है । इसके अनुसार यह सुविधा नौ जनवरी से प्रदान की गई है और यह आज भी जारी है । इसे काफी गुप्त रखा गया है । इन पार्टियों ने कहा कि भारत सरकार के लिए यह शर्म की बात है कि उसने गुट-निरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ताक पर रख दिया है और वह अमरीकी साम्राज्यवाद के साथ सहयोग कर रही है ।

गणतंत्र दिवस पर बंद का आह्वान राष्ट्रीय एकता को चुनौती : भाजपा

नई दिल्ली, 28 जनवरी (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंजाब बंद के आह्वान को मिलिटैंटों की ओर से राष्ट्रीय एकता की खुला चुनौती करार दिया है । पार्टी के महासचिव कृष्ण लाल शर्मा ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि पंजाब में मिलिटैंटों की और बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाने तथा दिल्ली में बम विस्फोटों से स्पष्ट है कि वे संविधान के ढांचे के अन्तर्गत बातचीत करने के इच्छुक नहीं हैं । वे अभी भी टकराव का रास्ता अपना रहे हैं और उनका अंतिम लक्ष्य देश के टुकड़े-टुकड़े करना है ।

भय पैदा करने ... प्रकाशित न की ज...

चंडीगढ़, 28 जनवरी ... राज्यपाल जन. (रिटा.) ओ. ... अपील की है कि ऐसी कोई ... की जाए जो वर्तमान परिस्थि... स्थिति पैदा करे । दि ट्रिब्यून ... दशक समारोह में बोलते हु... संचार माध्यमों पर इस सम... है ।

चंद्रशेखर के ... नहीं कि...

नई दिल्ली, 28 जनव... ने जांच के बाद निष्कर्ष ... 1989 से मार्च 1990 ... टैलीफोन टेप नहीं किए गए ... के नेताओं द्वारा आरोप लग...

गांवों के विकल... पुनर्वास की सुवि...

नई दिल्ली, 28 जनव... डा. शंकर दयाल शर्मा ने ... क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों ... की सुविधाएं उपलब्ध कर... शर्मा शारीरिक औषधि ए... आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मे... थे ।

इंका सांसद ...

मद्रास, 28 जनवरी ... लोकसभा सदस्य श्री फकीर... तंजावुर मैडीकल कालेज ... गया ।

शिक्षा सैमीन...

अमृतसर, 28 जनव... जिला शिक्षा अधिकारी द्वा... बताया गया है कि 31 ज... पी.बी.एन सीनियर सैके... अमृतसर में एक शिक्षा सै... जा रहा है, जिसमें पंजाब के ... स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रध... वरिष्ठ अधिकारी भाग लें...

असम में सं... सहित 2...

गुवाहाटी, 28 ज... पिछले 24 घंटों के दौ... राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ... व्यक्तियों की हत्या कर दी... कर दिया, जबकि सुरक्ष... उग्रवादियों को पकड़ा ।

सद्दाम के ... इस्लामीकरण ... कट्टरपंथियों...

नई दिल्ली, 28 ... मुस्लिम युवा सम्मेलन ने ... दी है कि वे ईराकी ... "पागलपन" का इस्लामी... अव्यवस्था का माहौल न...

सम्मेलन की राष्ट्री... "कुछ कट्टरपंथी मुस्लि... मामले में भारतीय मुसल... आज यहां कड़ा रुख अप... है कि वे सद्दाम हुसैन के ... पर मुसलमानों को भड़... सद्दाम की हरकतें न ... गैर-इस्लामी भी हैं ।"

सम्मेलन के अध्यक्ष... ने बैठक की जानकारी ... गाजियाबाद सहित देश... युद्ध को लेकर हुए दंगे प्र... कथित 'जेहाद' आह्व... समर्थन मिलने के कारण...

श्री नकवी ने कह... सेनाओं द्वारा हुआ हमल... गया फैसला है परन्तु... कार्रवाई से सद्दाम हुसै... नया बल मिला है ।

अत्यन्त दुख... स्थाई निवासी ... शनिवार दिनांक ... स्वर्गवास हो ग... बृहस्पतिवार 3... मकान नं. 62-... (हरियाणा) में ह...

इन्दिरा शर्मा (... गौरव, दिवाक... (BATRA)

हमारे पूज्य ... वर्ष माघ की पूर्णि... गए थे । आज ... समस्त परिवार ... अर्पित करता है ... का प्रण दोहरात...

दुर्गा देवी भारद्वा... श्रीनिवास भारद्व... रमण भारद्वाज ... श्रीवर्धन, श्रीनि...

(अधि...

बहुत दु... जाता है कि ...

पंजाब सरकार
पशु पालन विभाग, पंजाब

पंजाब सरकार ने पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने

Sanjay Punjabi

समारोह को सफल बनाने तथा उस दिन पंजाब बंद के आह्वान के खिलाफ डटने वाले सभी राजनीतिक दलों की सराहना करते हुए जन. (रिटा.) मल्होत्रा ने कहा कि वहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर मिलिटैंटों को स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया था कि

कहा गया है कि वे सभी विकास कार्यों को द्रुत गति से पूरा करवाने और जनता की शिकायतें निपटाने के लिए मासिक कार्यक्रम तैयार करें । उन्होंने यह बात बल देकर कही कि अधिकारियों को स्वयं प्राभीण

(शेष पृष्ठ 6 पर)

की दीर्घकालिक वित्तीय नीतियों के बारे में मुद्रा कोष से विस्तार के साथ बातचीत करनी पड़ेगी ।

श्री सिन्हा ने इस सवाल को काल्पनिक बताया कि क्या भारत मुद्रा कोष से बड़ा ऋण लेगा ?





पंजाब में 8 हत्याएं, 2 मिलिटैंट मरे, बैंक से 17.30 लाख लूटे, भीखोवाल हत्याकांड के विरोध में होशियारपुर व हरयाना में हड़ताल

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटे के दौरान मिलिटैंटों ने 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक बैंक से 17.30 लाख रुपये लूट लिये । इस बीच कल रात हुए भीखोवाल हत्याकांड के विरोध में होशियारपुर व हरयाना कस्बे में हड़ताल रही । गत संघर्ष में 2 मिलिटैंट मारे गये ।

11 मृतकों की शिनाख्त हो गई : होशियारपुर (वि.प्र.) : गत रात्रि मिलिटैंटों द्वारा भीखोवाल ग्राम के पास मारे गए एक ही समुदाय के सभी 11 मृतकों की शिनाख्त हो गई है । जो 11 व्यक्ति इस कांड में मारे गए उनमें तीन हरयाना कस्बा के सर्वश्री हीरा लाल, मुनि लाल व राकेश कुमार मैगी थे, हरयाना के करीबी ग्राम मुरादपुरगुरुका के श्री गुरबचन सैनी व श्री राम प्यारा भी इस कांड में मारे गए । अन्य मृतकों में गढ़दीवाला के श्री धर्मेन्द्र सिंह व श्री मक्खन सिंह, चंडीगढ़ के सैक्टर 19 के श्री बलदेव कृष्ण शर्मा, भीखोवाल ग्राम के श्री धर्मपाल व श्री तिलक राज व बस्सी बाहद का एक होमगार्ड जवान श्री सतनाम सिंह भी शामिल था ।

हरयाना के श्री राकेश मैगी, होशियारपुर के बस्सी खवाजू क्षेत्र में मैगी मैडीकोज के मालिक थे व अपनी दुकान बंद करके हरयाना जा रहे थे । मुरादपुरगुरुका ग्राम के श्री गुरबचन सैनी होशियारपुर के रेलवे रोड बाजार में प्रेम साईकल स्टोर के मालिक थे जबकि इसी ग्राम का राम प्यारा श्री गुरबचन की दुकान पर काम करता था । श्री मैगी व श्री गुरबचन सिंह के शोक में आज होशियारपुर नगर में सभी कैमिस्टों व बस्सी खवाजू व रेलवे रोड के कुछ भागों में दुकानदारों ने हड़ताल की ।

पोस्टमार्टम अर्धरात्रि में ही कर दिया गया : भीखोवाल कांड में मारे गए सभी मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम गत रात्रि लगभग । बज

होशियारपुर से गए डाक्टरों की एक विशेष टीम ने हरयाना में जाकर किया व सभी मृतकों के शव उनके परिवारजनों को सौंप दिए गए ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंटों ने जिनकी संख्या लगभग 20-25 थी, सभी लोगों की हत्याएं निर्याजिया ग्राम के एक खेत में ले जाकर कीं ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस घटना की सूचना जिला मुख्यालय में प्राप्त होने पर होशियारपुर से अतिरिक्त सुरक्षा बल मिलिटैंटों की तलाश के कार्य के लिए भेजे गए व पुलिस ने इस हत्याकांड में इस्तेमाल किए जाने वाले ट्रक के ड्राईवर व क्लीनर को चक्कोवाल बधन मार्ग पर मुठभेड़ के पश्चात् काबू कर लिया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की टुकड़ियां विभिन्न ग्रामों में छानबीन का कार्य कर रही हैं ।

इका संसदीय दल के सचिव श्री कमल चौधरी एम.पी. ने भीखोवाल हत्याकांड की कड़ी निन्दा करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में जन-साधारण की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध किए जाएं । श्री चौधरी ने इस हत्याकांड में मारे जाने वालों के परिवार के साथ हार्दिक संवेदना प्रकट की है ।

चंडीगढ़ के श्री बलदेव कृष्ण शर्मा सहकारिता विभाग के उप-मुख्य आडीटर थे ।

जिला प्रशासन ने इस हत्याकांड में मारे जाने वाले सभी लोगों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए की नकद सहायता व 30-30 हजार रुपए के राष्ट्रीय बचत सर्टिफिकेट देने की घोषणा की है ।

मृतक हीरा लाल के बेटे पवन कुमार ने बताया कि उसने जब मिलिटैंटों को बताया कि वह क्लीनशेव सिख शरणार्थी है तथा 1984 में दंगों के बाद दिल्ली छोड़ कर आया है, तो मिलिटैंटों ने उसे छोड़ दिया । नरसहाय से बचने वाले लोगों ने बताया कि मिलिटैंट कह रहे थे कि वे गणतंत्र दिवस पर होशियारपुर में बंद आयोजित न किए जाने का बदला ले रहे हैं । होशियारपुर जिले में टांडा कस्बे को छोड़ कर जहां आंशिक बंद रहा था, कहीं पर भी बंद आयोजित नहीं किया गया । बंद का आह्वान पंथक कमेटी (मानोचाहल) ने किया था ।

एक अन्य बचने वाला युवक साइकिल पर 5 कि.मी. दूर हरयाना थाने में गया और त्रासदी की सूचना दी । मिलिटैंट बाद में ददियाना खुर्द गांव में भी गए तथा उन्होंने लोगों को एक जगह पर इकट्ठे करके उनसे खालिस्तान के नारे लगवाए । होशियारपुर टांडा रोड पर चक्कोवाल के निकट पुलिस गश्ती दल को देखकर मिलिटैंटों ने मुकाबला किए बिना ट्रक छोड़ कर भाग गए ।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार पंजाब इका अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह ने भीखोवाल गांव में मिलिटैंटों द्वारा 11 निर्दोष लोगों की नृशंस व अमानवीय हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है । उन्होंने इस घृणित कांड पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सुरक्षा प्रबंध बढ़ाए जाने के बावजूद प्रशासन आम लोगों को संरक्षण प्रदान करने में विफल रहा है तथा लोग रोज ही राज्य के विभिन्न भागों में अत्याचार का शिकार हो रहे हैं । उन्होंने मृतकों के परिवारों के साथ हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

हत्या : मुकेरियां (मुदर्शन): यहां से 14 कि.मी. दूर दमूहा में जम्मू-पठानकोट मार्ग पर स्थित मोंढी ब्रदर्स पार्ट्स की एक दुकान पर मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

जत्थेदार व सेवादार की हत्या : लुधियाना (धीमान): यहां से 45 कि.मी. दूर कस्बा माछीवाड़ा के गुरुद्वारे में चार मिलिटैंट दाखिल हुए जिन्होंने वहां जत्थेदार पूर्ण सिंह तथा सेवादार उजागर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मिलिटैंट जाते समय जत्थेदार पूर्ण सिंह की बंदूक और एक रिवाल्वर भी ले गए ।

एक अन्य मिलिटैंट कांड : लुधियाना

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मिलिटैंटों ने सोमवार की रात को होशियारपुर जिले के [illegible] लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । चित्र में मृ[illegible] (3) मुनी लाल, (4) गुरबचन सिंह, (5) बलदेव कृष्ण [illegible] (8) राम प्यारा के शव, (9) हीरा लाल के, (10) मुनि [illegible] (12) राकेश मैंगी के परिवार के सदस्य विलाप करते हु[illegible] हरयाना में बंद का दृश्य तथा (14) राज्यपाल जन. ओ[illegible] सम्बोधित करते हुए ।

जयपुर अधिवेशन में भाजपा अप[illegible]

नई दिल्ली 29 जनवरी (प.स.): भारतीय जनता पार्टी जयपुर अधिवेशन में अगले लोकसभा चुनावों में एक लम्बी छलांग लगाने तथा केंद्र में अकेले सरकार बनाने के बारे में रणनीति तैयार करेगी ।

जयपुर में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 31 जनवरी को होगी और उसके बाद एक फरवरी से तीन दिवसीय अधिवेशन शुरू होगा ।

देश की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भाजपा का यह अधिवेशन बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है । अधिवेशन के पहले दिन डा. मुरली मनोहर जोशी श्री लाल कृष्ण अडवाणी से अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे ।

पार्टी का विचार है कि वर्तमान सरकार बहुत अधिक दिनों तक टिक नहीं पाएगी और सम्भवत इसी साल के आरम्भ में मध्यावधि चुनाव होंगे । पार्टी इन सम्भावित मध्यावधि चुनावों के लिए ऐसी रणनीति तैयार करना चाहती है जिससे पिछले दिनों उसे जो राजनीतिक 'लाभ' मिला है, उसे अच्छी तरह 'भुनाया' जा सके । विशेषतौर पर श्री अडवानी की रथयात्रा और अयोध्या मुद्दे पर पार्टी को मिले 'जनसमर्थन' को 'वोट' में बदला जा सके ।

चुनावों के दौरान देश के कोने-कोने में किस तरह पहुंचा जा सके, इस बारे में भी रणनीति तैयार की जाएगी । पार्टी ने इसी उद्देश्य से लगभग सभी जिलों, विशेषकर संसदीय क्षेत्रों में अपने नियमित सचिव नियुक्त करने का फैसला किया है । अधिवेशन में मुख्य रूप से पार्टी के उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह भंडारी के नेतृत्व में गठित कार्यदल की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा । इसी के आधार पर पार्टी अपनी भविष्य की रणनीति तैयार करेगी । इस रिपोर्ट में एक 'चुनाव सेना' गठित करने का भी प्रस्ताव है, जो चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर भी नजर रखेगी और उन पर होने वाले 'अवैध कब्जों' को रोकेगी ।

पार्टी ने सभी संसदीय क्षेत्रों की एक सूची बनाई है तथा इन्हें तीन भागों में बांटा है । पहले भाग में वे सीटें हैं, जिन पर पार्टी का फिलहाल कब्जा है अथवा पार्टी की स्थिति काफी मजबूत है । इस बात पर विशेष विचार किया जाएगा कि अगले चुनावों में इन सीटों को किस तरह पार्टी अपने पास बनाए रखे । इसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली तथा महाराष्ट्र आदि राज्य हैं । दूसरे भाग में वे राज्य हैं, जिन पर भाजपा उभर रही है । इनमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार व कर्नाटक आदि राज्य शामिल हैं । तीसरे भाग में वे राज्य हैं, जहां भाजपा को सीटें जीतने के लिए जी-तोड़ कोशिश करनी है ।

सूत्रों के अनुसार भाजपा के नेताओं को पूरा विश्वास है कि अगले चुनाव में उन्हें एक 'लम्बी छलांग' लगाने का मौका मिलेगा । भाजपा के नेता अधिवेशन में इस बात पर गहरा विचार-विमर्श करेंगे कि पार्टी को केंद्र में अकेले सत्तारूढ़ करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएं । इस बारे में पार्टी इस बार लोकसभा की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है । पार्टी कम से कम साढ़े चार सौ और पांच सौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

सूत्रों के अनुसार पार्टी के नेताओं का विचार है कि इस बार भाजपा चुनावों में अकेले मैदान में उतरे और किसी राष्ट्रीय दल के साथ कोई तालमेल न करे । इस बारे में भी अधिवेशन में गम्भीरता से विचार होगा

छोटी सी बात ... रंजा

तेल के लिए खून नहीं देंगे ।
—अमरीका में युद्ध-विरोधी प्रदर्शनकारी



भाई साहब, अमरीकी राष्ट्रपति बुश हों या ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम, उनकी नजर में तेल की कीमत खून से कहीं अधिक है ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने भी चमकौर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है ।

मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के नया वरयाम गांव में मिलिटैंट गिरोहों की आपसी लड़ाई में एक मिलिटैंट को गोली मारकर मार डाला गया । मृतक की शिनाख्त मेजर सिंह के रूप में की गई है ।

ग्रंथी की हत्या : इसी पुलिस जिले के गांव चकबाली में गुरद्वारे के एक ग्रंथी लखविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार घटना रात आठ बजे हुई बताई जाती है । पुलिस ने इसे मिलिटैंटों की आपसी दुश्मनी का परिणाम बताया है ।

17.30 लाख लूटे : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज दोपहर बाद लगभग 3.15 बजे 5-6 सशस्त्र मिलिटैंटों ने तरनतारन में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 17 लाख 30 हजार रुपए लूट लिए । मिलिटैंट सेना की वर्दी में थे तथा एक जीप पर आए थे । जीप पर 'ब्रिगेडियर' लिखा हुआ था । मिलिटैंटों का सरगना भी ब्रिगेडियर की वर्दी में था । यह जानकारी एस.एस.पी. तरनतारन कार्यालय से मिली है ।

'प.स.' के अनुसार मिलिटैंट बीस लाख से भी अधिक रुपए लूट कर ले गए हैं ।

एक अन्य हत्या : इसी पुलिस जिले में एक अन्य घटना में गांव बघियाड़ी में हरभजन सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

पूर्व सरपंच का अपहरण :अमृतसर जिले में कोटली नौहर खान गांव से पूर्व सरपंच चरण सिंह का अपहरण कर लिया गया है ।

थानेदार के रिश्तेदार की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात फिरोजपुर जिले के उजेके गांव में ए.एस.आई. निरंजन सिंह के एक रिश्तेदार परमजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठ का प्रयास विफल : एक और वारदात में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने फिरोजपुर जिले में बहादर के सीमा चौकी से भारत में प्रवेश करने का मिलिटैंटों का एक प्रयास विफल कर दिया । मिलिटैंट एक ए.के. 56 रायफल, दो पिस्तौले और 1074 कारतूस पीछे छोड़ कर वापस पाकिस्तान भाग गए ।

युवक व युवती की लाशें बरामद : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव औलख के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी दो शव बरामद किए हैं । इनमें से एक शव एक युवती का है जिसकी शिनाख्त कुमारी अमरजीत कौर (22 वर्ष) के रूप में की गई है । युवक की लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी । मृतक युवती थाना मेहता के गांव नंगली की रहने वाली थी और गांव भाम में अपनी बहन के पास आई हुई थी ।

कारखानेदार का अपहरण : गत सायं मिलिटैंटों ने बटाला इंडस्ट्रियल एरिया में एक कारखानेदार राजेश महाजन का अपहरण कर लिया । उल्लेखनीय है कि यह बटाला में अपहरण की लगभग छ घटना है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव झुंगियां में आज सायं एक व्यक्ति जगदेव सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार मिलिटैंट जगदेव सिंह के घर आए और उसका मोटर साइकल मांगा । उसके इंकार करने पर उन्होंने गोलिया मार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए ।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गुरदासपुर पुलिस ने सतनाम सिंह, हरमीत सिंह, गुरबीर सिंह, मलूक सिंह और सोम राज नामक पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल, एक 12 बोर की पिस्तौल तथा कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ । तरनतारन पुलिस ने भी दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनसे एक रिवाल्वर और पिस्तौल बरामद की ।

नाटकीय परिस्थितियों में मिलिटैंट काबू : फगवाड़ा (अशोक) : गत रात्रि सुरक्षा बलों की गोली से घायल हुए एक मिलिटैंट को आज तड़के रोमांचक परिस्थितियों में स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल किया गया है । उप-पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि गत रात्रि जालन्धर में नाका के दौरान सीमा सुरक्षा बल ने मोटर साईकल पर जा रहे दो मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया परन्तु उनके न रुकने पर बल ने गोली चला दी, जिससे गुरबचन सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी गोविंदपुर थाना पुलिस सदर जालन्धर घायल हो गया । फिर दोनों मिलिटैंट लुधियाना की तरफ भागे लेकिन फगवाड़ा व चहेड़ू के मध्य महेटां के निकट मोटर साईकल में पैट्रोल खत्म हो जाने पर वे निकटवर्ती खेतों में जा छिपे । गुरबचन सिंह का साथी उसे घायलावस्था में वहीं छोड़ कर स्वयं एक ट्रक रुकवा कर लुधियाना की तरफ चला गया । कई घंटे उसके वापिस न आने पर गुरबचन सिंह निकटवर्ती एक ढाबे के बाहर एक चारपाई पर घायलावस्था में लेट गया, जहां पुलिस ने उसे दबोच लिया व पूछताछ के बाद मिलिटैंटों की रायल-इन-फील्ड मोटर साईकल खेतों से बरामद कर कब्जे में ले ली तथा घायल गुरबचन सिंह को फगवाड़ा अस्पताल में दाखिल करवाया । वहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस दूसरे मिलिटैंट की तलाश कर रही है ।

मार्कफैड डेढ़ मास तक बिना किसी मुनाफे के माल बेचेगी : बराड़

लुधियाना, 29 जनवरी (वि.प्र.): पंजाब भवन चंडीगढ़ में खाड़ी संकट के दृष्टिगत पंजाब भर के व्यापारी और जिला खाद्य नियंत्रकों की एक जरूरी मीटिंग श्री इंद्रजीत सिंह बिन्द्रा सचिव पनसप व सिविल सप्लाई की अध्यक्षता में हुई । इस मीटिंग में पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान श्री हरदीप सिंह सचदेवा, श्री प्रताप चन्द भुटानी, श्री अविनाश गोयल, पंजाब रिटेल करियाना मर्चेंट्स एसोसिएशन की तरफ से श्री उत्तम चन्द चावला, श्री त्रिलोक सिंह जग्गी, श्री गोपाल दास चावला, श्री एस.एस. बराड़, श्रीमती दूबे, सिविल सप्लाई विभाग व पंजाब भर की आटा मिलों के मालिक, चीनी, घी के थोक व्यापारी शामिल हुए । श्री सचदेवा ने इस मीटिंग में यह विचार रखे जिनका श्री बिन्द्रा व अन्य मैम्बरों ने समर्थन किया : आटे के अलावा राशन डिपो होल्डरों को गेहूं बेचने के लिए दी जाए, गेहूं का आटा खुले बाजार में चार रुपए से ज्यादा न हो । 'धारा' वनस्पति कंट्रोल रेट 26 रुपए के हिसाब से डिपुओं पर बेचने के लिए दिया जाए । दालों पर 3 प्रतिशत मार्कीट फीस खत्म की जाए । इन बातों को श्री बिन्द्रा ने मानने का भरोसा दिया । श्री एस.एस. बराड़ ने मीटिंग में भरोसा दिलाया कि आज से डेढ़ मास तक मार्कफैड बिना किसी मुनाफे के अपना माल बेचेगी । इसका सभी ने स्वागत किया ।

मान शीघ्र ही सिख नेताओं से बातचीत करेंगे

चंडीगढ़, 29 जनवरी (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि अकाली दल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने पंजाब समस्या हल करने के लिए प्रधानमंत्री के साथ दूसरे दौर की बातचीत करने हेतु सिख नेताओं से अलग-अलग तौर पर विचार करने का कार्यक्रम बनाया है । सम्भवत: वह फरवरी मास के पहले सप्ताह शिरोमणि कमेटी के प्रधान श्री बलदेव सिंह सीबिया, बाबा जोगिन्दर सिंह रोडे, दमदमी टकसाल के बाबा ठाकर सिंह व कुछ अन्य नेताओं से बातचीत करेंगे ।

खाड़ी युद्ध के विरोध में प्रदर्शन 2 फरवरी को

होशियारपुर, 29 जनवरी (अश्विनी): आज यहां सी.पी.आई., सी.पी.एम. जनता दल व आर.पी.आई.के प्रतिनिधियों की बैठक कामरेड गुरमेश सिंह की अध्यक्षता में हुई ।

इस में एक प्रस्ताव पास करके खाड़ी युद्ध आरम्भ करने के लिए अमरीका की कड़ी आलोचना की गई । बैठक में खाड़ी युद्ध के विरोध में 2 फरवरी को होशियारपुर में प्रदर्शन करने का भी निर्णय किया गया ।

सद्दाम हुसैन द्वारा
(पृष्ठ 3 का शेष)

ईरान द्वारा ईराकी विमानों को अपने यहां उतरने की अनुमति : बहुचर्चित (प.स.) ईराकी लड़ाकू विमानों को मानवीय कारणों से ईरान में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी । ईरान ने कल इस बात की पुष्टि की कि 6 और ईराकी विमानों ने उसकी वायुसीमा में प्रवेश किया । ईराकी राजदूत मुहम्मद अली अबदी ने कल यहां बताया कि ईराकी लड़ाकू विमान बिना किसी पूर्व घोषणा के उनके देश में आपात स्थिति में उतर रहे थे । उन्होंने कहा कि ईरान 'विशुद्ध मानवीय कारणों' से ईराकी लड़ाकू विमानों को अपने यहां उतरने की अनुमति देगा ।

अमरीका का एक और विमान तबाह : अमरीकी अधिकारियों ने स्वीकार किया कि अमरीका का एक और लड़ाकू विमान कल ईराकी सेना ने मार गिराया । उन्होंने कहा कि ईराक पर हमला करने गए मैरिन कोर के इस ए.वी.-8 हैरियर लड़ाकू विमान का चालक लापता है । युद्ध शुरू होने के बाद इसे मिला कर अमरीका के 11 लड़ाकू विमान नष्ट हो चुके हैं तथा 14 विमान लापता हैं । इसके अलावा बहुराष्ट्रीय सेना के 10 और विमान नष्ट हुए हैं । अमरीकी अधिकारियों का दावा है कि ईराक के चार और लड़ाकू विमान बहुराष्ट्रीय सेना ने मार गिराए और उन्हें मिलाकर उसके 26 विमान हवाई हमले करके जमीन पर ही नष्ट किए गए हैं ।

अमरीका में कड़ी सुरक्षा : खाड़ी युद्ध में शांति की संभावनाओं को काफी धूमिल कर दिया है और अमरीका में एक तरह से किलेबंदी की जा रही है । अमरीकी संसद और व्हाइट हाऊस की इमारतों के चारों ओर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और रक्षा मंत्रालय भवन पैंटागन तथा हवाई अड्डों की कड़ी निगरानी की जा रही है । किसी आतंकवादी खतरे से निपटने के लिए वार्षिक फुटबाल चैम्पियनशिप में भी ऐहतियाती इंतजाम किए गए हैं ।

सुपर बोडयम में सुरक्षा कर्मियों, पुलिस और बम खोजी कुत्तों की भीड़भाड़ है ।

इस बीच खाड़ी से मिल रही खबरों से पता चलता है कि सद्दाम हुसैन और अमरीका में से कोई भी अभी युद्ध समाप्त करने के मूड में नहीं है । इस युद्ध की अमरीका, कुवैत, सऊदी अरब, जापान, जर्मनी तथा अन्य मित्र राष्ट्रों की अपेक्षा गुट निरपेक्ष देशों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी ।

सुरक्षा इंतजामों के तहत अमरीकी डाक तार विभाग ने भी अपनी कुछ सेवाओं में कटौती की और कुछ में सुधार किए हैं ।

बैठक बुलाने का अनुरोध रद्द : संयुक्त राष्ट्र परिषद ने यह कहते हुए परिषद की बैठक बुलाने के यमन के अनुरोध को ठुकरा दिया कि ईराक द्वारा महासचिव जेवियर पैरेज दि क्वैया को लिखे गए कठोर पत्र के मद्देनजर परिषद की बैठक निरर्थक होगी । पत्र में अमरीकी नेतृत्व वाले बहुराष्ट्रीय गठजोड़ और इसराईल के अलावा स्वयं श्री क्वैया को युद्ध के लिए जिम्मेवार ठहराया गया था ।

शांति संदेश : निकारागुआ के पूर्व राष्ट्रपति डेनियल ओर्तेगा ने खाड़ी युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से शांति पहल करते हुए ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को संदेश भेजा है । श्री ओर्तेगा के एक प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि श्री ओर्तेगा जार्डन में ईराकी राजदूत नूरी इस्माइल अलबायस से कल यहां मिले और उन्हें संदेश पत्र सौंपा । प्रवक्ता ने पत्र का ब्यौरा नहीं दिया ।

सद्दाम के खिलाफ विद्रोह का आह्वान : ईराकी सशस्त्र सेनाओं के एक पूर्व कमांडर ने ईराक की सेना तथा जनता से राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के खिलाफ विद्रोह करने और उनका शासन उखाड़ फैंकने का आह्वान किया है । यह जानकारी आज सऊदी पत्रिका अल यागाह ने दी ।

पत्रिका के अनुसार रेडियो कुवैत पर कल प्रसारित अपील में लैफ्टीनैंट जनरल इब्राहीम अल दाऊद ने प्रस्ताव किया कि राष्ट्रपति सद्दाम के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत एक फरवरी को रात बारह बज कर एक सैकेंड पर आम हड़ताल करके की जाए और उनके शासन का अंत होने तक जारी रहे ।

अरब जगत को एकजुट होने की अपील : इस बीच अरब प्रायद्वीप के राष्ट्रवादी अखिल अरब संघर्ष मोर्चे ने एक बयान में अरब जगत से एकजुट होने और दुनिया भर में अमरीकी, ब्रिटिश, फ्रांसीसी और नीदरलैंड के ठिकानों पर हमले करने का आह्वान किया । यह बयान ईराकी रेडियो से प्रसारित किया गया ।

राज्यपाल मल्होत्रा
(पृष्ठ 3 का शेष)

क्षेत्रों में जाना चाहिए ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके ।

उन्होंने जनता से भी अपील की कि वह मिलिटैंटों के खिलाफ संघर्ष छेड़े । उन्होंने कहा कि मिलिटैंटों के खिलाफ लड़ाई मात्र जनता के सक्रिय सहयोग की मदद से ही जीती जा सकती है ।

जन. (रिटा.) मल्होत्रा ने घोषणा की कि परिषद की अगली बैठक 18 फरवरी को होगी ।

जागृति का पुन: प्रकाशन : 'वि.प्र.' के अनुसार राज्यपाल ने रहस्योद्घाटन किया कि पंजाब सरकार हिन्दी पत्रिका 'जागृति' और अंग्रेजी पत्रिका 'एडवांस' का प्रकाशन फिर शुरू कर रही है । ये दोनों पत्रिकाएं मिलिटैंटों की धमकियों के दृष्टिगत बंद की गई थीं ।

उन्होंने कहा कि तबादलों के मामले में सरकार किसी भी तरह से मिलिटैंटों के दबाव में नहीं आएगी । उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही उन राजनीतिक दलों के नेताओं से भेंट करेंगे जो आज की बैठक में नहीं आए हैं ।

बैठक में राज्यपाल के तीनों सलाहकार, राज्य सरकार के मुख्य सचिव व राज्य के उच्चाधिकारियों के अलावा सांसद राजदेव सिंह, भाजपा के मदन मोहन मित्तल, भाकपा के, प्यारा सिंह दियोसी, माकपा के मंगत राम पासला, जद के तेजा सिंह टिवाना, बी.एस.पी. के डा. मोहन सिंह, जद (एस.) के आद लाल तथा जपा के सुरिन्दर सिंह कुंदल ने हिस्सा लिया । इका और अकाली दल ने पहले ही की तरह आज की बैठक का बहिष्कार किया । राजदेव सिंह के अलावा कोई भी सांसद आज की बैठक में नहीं आया ।

बैठक में गर्मागर्मी : ज्ञात हुआ है कि बैठक में आज हड़ताली कृषि टैक्नोक्रेट्स व जूनियर इंजीनियरों के मामले पर काफी गर्मागर्मी हुई । कई राजनीतिक दलों विशेषकर वामपंथी दलों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल जन. (रिटा.) मल्होत्रा से अपील की कि वह टैक्नोक्रेट्स व जूनियर इंजीनियरों की मांग मान लें । सूत्रों के अनुसार सरकारी पक्ष इस बारे कोई सन्तोषप्रद उत्तर नहीं दे सका । काफी बहस के बाद यह फैसला किया गया कि इस बारे राज्यपाल के सलाहकार एवं सम्बद्ध विभागों के प्रशासनिक सचिव कोई रास्ता निकालेंगे ।

जरूरत पड़ी तो पंजाब में सेना बुलाई जाएगी : होशियारपुर (अश्विनी) पंजाब सरकार प्रदेश में हालात सामान्य बनाने में प्रयासरत है । इस उद्देश्य का विश्वास पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव हरयाना में श्मशानघाट के बाहर एकत्रित जनता को सम्बोधित करते हुए दिलाया । श्री मल्होत्रा ने गत रात भीखोवाल में 11 व्यक्तियों की सामूहिक हत्याओं की निंदा करते हुए कहा कि सरकार ऐसी कोशिश कर रही है कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो । श्री मल्होत्रा ने कहा कि वह पंजाब में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आए हैं और इस दिशा में अपने दायित्व को पूरा करने की हर संभव कोशिश करेंगे लेकिन पंजाब की समस्या पुरानी हो जाने के कारण उसे हल करने में कुछ वक्त लगेगा । पंजाब में सेना तैनात करने का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जरूरत पड़ने पर ऐसा भी किया जा सकता है । श्री मल्होत्रा ने भीखोवाल में मारे गए 11 व्यक्तियों के अभिभावकों को हर संभव सहायता दिए जाने की घोषणा की । वाहनों पर अंग्रेजी की बजाए पंजाबी में नम्बर प्लेटें लिखवाने वालों को अपनी नम्बर प्लेटों को पुन: अंग्रेजी में लिखवाने की अपील करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अगर 20 फरवरी तक सभी नम्बर प्लेटें अंग्रेजी में न लिखवाई गईं तो फिर ऐसे लोगों के विरुद्ध परिवहन कानून के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी ।

हरयाना से होशियारपुर पहुंचने के बाद राज्यपाल ने जिला शांति कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि होशियारपुर में सुरक्षा कड़ी की जा रही है ।

म. गांधी बलिदान दिवस को शांति दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

अमृतसर, 29 जनवरी (वर्मा) : पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री सेवा राम अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस ने कल 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान-दिवस इस बार शांति-दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है ।



क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 29.1.91 [illegible]

सार्वजनिक सूचना

मेरा लड़का अवतार सिंह मेरे कहने से बाहर है ।

Punjab Sangrahi

चन्द्रास्वामी के संदेश पर आया हुआ है और समझा जाता है कि उसने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया है कि यदि खाड़ी संकट के कारण सरकार को अधिक कठिनाई हुई तो वह खुशी से भारत की तेल की



जब इस व्यक्ति से यह पूछा गया कि क्या चन्द्रा स्वामी और अदनान खशोगी 3000 करोड़ रुपए के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गए, जिनमें अल उमर मुजाहिदीन की एक प्रशिक्षित उग्रवादी भी है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलगाववादियों ने अनन्तनाग शहर में दो स्थानों पर सुरक्षा बलों के गश्ती दलों पर गोलियां चलाईं जिससे सी.आर.पी. के एक इंस्पैक्टर सहित तीन जवान मारे गए । उग्रवादियों ने कल सायं शोपियां में सीमा सुरक्षा बल के एक वाहन पर गोलियां चलाईं जिससे एक जवान मारा गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्रीनगर-गुलमर्ग मार्ग पर कुंजर में आज सुबह यह सूचना मिलने पर दो घंटे यातायात ठप्प रहा कि उग्रवादियों ने मार्ग पर बारूदी सुरंग बिछा दी है । इस मार्ग पर आठ बजे से दो घंटे के लिए वाहनों का आना-जाना बंद रहा ।

रिपोर्ट में आज बताया गया कि गत रात्रि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग से 79 किलो मीटर दूर उग्रवादियों ने सेना के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया जिसके फलस्वरूप सुरक्षा बल के दो जवान मारे गए और एक अन्य घायल हो गया ।

रिपोर्ट के अनुसार सेना के जवानों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक सिपाही नसीब सिंह मारा गया और दो पुलिस वालों सहित पांच अन्य घायल हो गए । रिपोर्ट के अनुसार नसीब सिंह और दो पुलिस वाले शासकीय वाहन से जा रहे थे कि अचानक सेना के जवानों और उग्रवादियों के बीच हो रही गोलीबारी की चपेट में आ गए । इस घटना में तीन नागरिक भी घायल हो गए ।

इस बीच कल सुरक्षा कर्मियों पर किए गए बम के हमले से घायल चार जवानों में से एक और जवान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया । बडशा चौक में उग्रवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट से घटनास्थल पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक इंस्पैक्टर और एक जवान मारा गया था तथा चार अन्य घायल हो गए थे । तीन अन्य जवानों की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

आधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि गुलाम मोहिउद्दीन वली की लाश पुलिस ने पम्पुर में बाबागाम से बरामद कर ली है । उन्हें कल उनके घर से उग्रवादियों ने अपहृत कर लिया था ।

उग्रवादियों ने कल रात सदर थाने के श्रीनगर एयरपोर्ट रोड पर गोरीपुरा रावलपुरा के पास सैनिक वाहनों पर गोली दागी । सूत्रों ने कहा कि गोली से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

पंजाब में 22 हत्याएं : 5 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 30 जनवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक दम्पति, ग्रंथी तथा सरपंच समेत 22 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 5 मिलिटैंट भी मारे गए ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (वार्ता): मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक मिलिटैंट गुरबख्श सिंह मारा गया । गोलियों से छलनी उसका शव आज प्रात: मेहरसिंह वाला गांव में बरामद हुआ । जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि गुरबख्श सिंह हत्या के बीस से अधिक मामलों में संलिप्त था ।

3 लोगों की हत्या : अमृतसर (वि.प्र.): कल रात तरनतारन पुलिस जिला के पलासौर में मिलिटैंटों ने उधमसिंह नामक एक व्यक्ति के घर से बाहर निकाल लिया और फिर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । उधम सिंह भिखीविंड के डी.एस.पी. के रीडर इकबाल सिंह का पिता था । थाना झब्बाल के गांव जयोबला में मिलिटैंटों ने चरणदास नामक एक व्यक्ति को घर से निकाल लिया और गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । चरणदास जड़ी-बूटियों से लोगों का उपचार करता था । थाना खालड़ा के गांव धुन में मिलिटैंटों ने भोरा सिंह नामक एक व्यक्ति की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी ।

निहंग का शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के जल्लापुर गांव के बाहर से एक निहंग का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । मृतक का नाम गेजा सिंह बताया जाता है ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के करतारपुरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों ने मक्खनविंड गांव में कल रात मुठभेड़ के दौरान दो अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक और व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के कुक्कड़ांवाला गांव में भूपिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के कुक्कड़ांवाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसका नाम हरजिन्द्र सिंह बताया जाता है । उसके दो साथी बच कर भाग गए ।

पुलिस कर्मी का अपहरण : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार कल रात साढ़े 9 बजे के लगभग अमृतसर कंट्रोल रूम का हैड-कांस्टेबल तरलोक सिंह ड्यूटी देकर कपूर नगर में स्थित अपने घर लौट रहा था कि मोटर साइकिल पर सवार 2 मिलिटैंट उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए ।

शव मिला : आज यहां रेलवे लाइन के सामने लिंक रोड से एक अज्ञात युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

आज रात 11.30 बजे बासरके कलां में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति को गोली मार घायल कर दिया, उसे अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

एक की हत्या : गुरदासपुर (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात सोहल गांव में सुखविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार पुलिस ने कल रात बब्बेहाली गांव में नहर पर नाकाबंदी के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक मिलिटैंट अमरीक सिंह उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है । उसे संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद काबू किया गया । अमरीक सिंह खुंडी गांव का निवासी है । घटनास्थल से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

3 लोगों की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात मनोली गांव में भजन सिंह, लखविंदर सिंह तथा हरफूल सिंह को उनके घरों से बाहर निकाल लिया और फिर गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी ।

सरपंच और उसके नौकर की हत्या : पटियाला (राज): मिलिटैंट कल आधी रात के समय सामाना थाना के अन्तर्गत लालगढ़ गांव में सरपंच हरदेव सिंह के घर में घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे सरपंच तथा उसके नौकर की मृत्यु हो गई । हत्यारे भागने में सफल रहे ।

हथियार छीने : दो मिलिटैंटों ने कल रात पटियाला सदर थाना के अधीन रीतलेड़ी गांव में हरदेव सिंह के घर में घुस कर .32 बोर की रिवाल्वर छीन ली । मिलिटैंटों ने सामाना थाना के अंतर्गत अछरल खुर्द गांव में पूर्व सरपंच गुरबचन सिंह के घर में भी .38 बोर की रिवाल्वर छीन ली ।

मिल्क प्लांट के सुरक्षाकर्मी की हत्या : दो मिलिटैंटों ने आज शाम साढ़े पांच बजे के लगभग पटियाला-सरहिन्द रोड पर हसनपुर में मिल्क प्लांट के सुरक्षा कर्मी कुलदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री कुलदीप सिंह अपने राजदूत मोटर साइकिल पर लौट रहे थे कि रास्ते में मिलिटैंटों ने उनसे उनका मोटर साइकिल मांगा । इंकार करने पर उन्होंने श्री कुलदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके बाद मिलिटैंट श्री सिंह मोटर साइकिल पर भाग गए ।

20 व्यक्तियों का अपहरण : लुधियाना (धीमान): कल आधी रात 20-25 मिलिटैंटों, जिन्होंने सी.आर.पी.एफ. की वर्दियां पहन रखी थीं, ने चूहड़ चक और मेहणा गांवों में से 20 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया और बाद में उनमें से बुजुर्ग व्यक्तियों को रिहा कर दिया और शेष को साथ ले गए । उनका अभी तक पता नहीं चल सका । फरीदकोट और लुधियाना से इनकी तलाश में सुरक्षा बलों की छः कम्पनियां भेजी गई हैं । संगरूर पुलिस से भी सहयोग करने को कहा गया है । बताया जाता है कि मिलिटैंट एक ट्रक और एक स्वराज माजदा गाड़ी में आए और सीढ़ियां लगाकर मकानों पर चढ़ गए । घर वालों से कहा कि वह जालन्धर से भाग कर आने वाले शिव सेना के वर्करों की तलाश में आए हैं, उन्हें पूछताछ के लिए साहब के सामने पेश करना है; चूहड़ चक से जिन लोगों का अपहरण किया गया उनके नाम हैं : मलखान सिंह, जगदीश राम, अश्विनी कुमार, रवीन्द्र कुमार, वीरभान, प्रदीप कुमार, विमल कुमार, सत्यपाल, पवन कुमार, बोधराज, किशन लाल, रूप लाल, डाक्टर सुन्दर दास, अनिल कुमार, मदन लाल, जगदीश राम, केवल कुमार, राज कुमार, नरेन्द्र कुमार।जिन अपहृत किए गए लोगों को रिहा कर दिया गया, उनके नाम हैं : मंगत राम, तीर्थ लाल, केवल कृष्ण, अश्विनी कुमार, प्रदीप कुमार, नछत्तर सिंह, बलबीर सिंह को जो धागा-तवीज का काम करते हैं,से रिहा करने से पहले मारपीट की गई ।

मिलिटैंट पहले मेहणा गांव में आए और फिर चूहड़ चक गए । मेहणा के मुलखराज ने बताया कि 6 मिलिटैंट उनके मकान पर आए । उनमें से दो दरवाजे पर खड़े रहे दो मकान के अन्दर आ गए और दो गाड़ी के पास खड़े रहे । उसने बताया कि वह उसके लड़के अनिल कुमार (20) वर्ष और भतीजे राज कुमार (21) को ले गए ।

मिलिटैंट लोगों का अपहरण करके अबोहर नहर की ओर ले गए,वहांउन्हें मलाडर नंगियाल पुल पर लाए । वहां लगभग पांच मिनट तक उन्होंने गोलियां चलाईं, वहां से 40-50 के लगभग खाली कारतूस मिले हैं ।

50 वर्षीय व्यापारी श्री मंगत राम ने बताया कि मिलिटैंट रात बारह और पौने एक बजे के बीच आए और उन्हें रात पौने तीन बजे के लगभग रिहा किया । फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि यह वारदात सम्भवतः गरजंट सिंह बुड़सिंह वाला के गिरोह ने की है । लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी और एस.पी. श्री परमजीत सिंह सूचना मिलने पर सब से पहले घटनास्थल पर पहुंचे ।

मिलिटैंटों ने पुलिस को धोखे में रखने के लिए एक हथकंडा प्रयुक्त किया । उन्होंने नहर के पुल के पास डीज़ल औरचिरमची मिला कर दो-तीन जगह आग लगा दी और पुल के पास चादर और चपलों के सात जोड़े रख दिए और इस प्रकार यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि उन्होंने अपहृत किए जाने वाले व्यक्तियों की हत्या कर दी है ।

मुसाफिर के अनुसार मिलिटैंट गांव मेहणा में सब से पहले 50 वर्षीय दुकानदार मुलखराज के मकान पर गए । उसने बताया कि वह पैशाब कर रहा था, उसे कहा कि हम अमृतसर से आए हैं और हमारे अफसर बाहर खड़े हैं । हमारे साथ चलो, कुछ पूछताछ करनी है । उसके वह मुलखराज उसकेबेटे अनिल कुमार और भतीजे तीनों को साथ ले गए। उससे पहले भी तीन आदमी वहां बैठे थे,उनको भी वहां बिठा दिया,उसके बाद रात डेढ़ बजे चूहड़ चक पहुंचे । दोनों देहात से 29 लोगों को इकट्ठा करके नहर के पुल पर ले गए । उल्लेखनीय है कि आज तक का यह सब से बड़ा अपहरण कांड है

पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट फरीदकोट जिले के उक्त दोनों गांवों से 29 व्यक्तियों का अपहरण करके उन्हें बाद में लुधियाना जिला के जगराव पुलिस थाने के गांव डांगिया ले गए तथा वहां एक पुल पर उनमें से 9 वृद्धों को छोड़ दिया । आशंका है कि बाद में शेष बीस लोगों की हत्या कर दी गई लेकिन पुलिस नियंत्रण कक्ष ने हत्याओं की पुष्टि नहीं की है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार अपहृत व्यक्तियों में अधिकांश लोग किरियाना और कपड़ा बेचते हैं । मिलिटैंटों के पास एक वायरलैस सैट भी था । उन्होंने चेहरों पर नकाब पहन रखे थे । पुलिस को लुधियाना के बस स्टैंड के निकट एक ट्रक नम्बर पी.जे.एम. 6252 मिला है । पुलिस का ख्याल है कि यही ट्रक मिलिटैंटों ने लोगों का अपहरण करने के लिए प्रयुक्त किया है क्योंकि इसमें एक चिरमिची मिली है जिसमें थोड़ा सा रंग पड़ा था और ख्याल है कि इसमें से ही लाल रंग उन्होंने पुल पर भी गिराया था । यह ट्रक तीन दिन पहले थाना मेहना के गांव से छीना गया था । पुलिस के अनुसार इस वारदात की पहली सूचना सुबह साढ़े छः बजे को श्री अमृतपाल ने दी । जगराओं के डी.एस.पी. श्री हरनेक सिंह ने बताया कि क्षेत्र-वासियों के अनुसार मिलिटैंट अपहृतों को बद्दनीकलां लोपों सड़क पर ले गए ।

पुलिस घेरा : पुलिस ने जिला संगरूर के महलकलां गांव को घेर लिया है और घर-घर की तलाशियां जारी है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार बस अड्डे से मिले ट्रक के अतिरिक्त पुलिस को गांव लल्लतोकलां के निकट एक टैम्पू पी.बी.-10 9724 भी मिला है,जो वारदात में प्रयुक्त किया गया है । ट्रक से 250 कारतूस भी मिले हैं । यह भी बताया गया है कि मिलिटैंट नानकसर के निकट सी.आर.पी. की वर्दियां पहन कर चैकिंग भी करते रहे । अपहृत सभी गोयल बिरादरी से सम्बन्ध रखते हैं । इनमें 2 बाप-बेटा और दो सगे भाई भी है । यह भी पता चला है कि सी.आर.पी. की 4 कम्पनियां क्षेत्र में चैकिंग कर रही हैं ।

उधर पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने चंडीगढ़ में इस खबर का खंडन किया है कि कल रात फरीदकोट जिले में अपहृत 29 व्यक्तियों में से 20 की हत्या कर दी गई है । प्रवक्ता ने कहा कि तथ्य यह है कि 9 व्यक्तियों को बाद में छोड़ दिया गया, परन्तु शेष 20 के बारे में अभी कोई पता नहीं चला है । उन्होंने बताया कि मेहणा और चूहड़चक गांवों में अपहृत इन व्यक्तियों का पता लगाने के लिए गहन छानबीन जारी है ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वि.प्र.): जिले के थाना वल्टोहा के गांव माना के निकट मंड के क्षेत्र में आज सुबह मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य हुई मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार थाना वल्टोहा के एस.एच.ओ. एवं सुरक्षा बल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि सुबह लगभग दस बजे गांव माना के निकट मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों को देखकर उन पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की । मुठभेड़ लगभग 11 बजे तक चली । बाद में घटनास्थल में दो मिलिटैंटों के शव मिले । दो ए.के. 47 राइफलें और गोली-सिक्का भी मिला है । पुलिस को शक है कि दोनों का सम्बन्ध मट्ठिठ्याबाली के बस्सन सिंह और दरबारा सिंह के गिरोह से है ।

मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार सुल्तानविंड रोड पर मिलिटैंटों ने अपने एक साथी कुलवंत सिंह को मार डाला । बाद में सी.आर.पी. के जवान भी वहां पहुंच गए लेकिन हत्यारे फरार हो गए ।

अपहृत व्यक्ति का शव मिला : एक अन्य सूचना के अनुसार गत शाम मिलिटैंटों ने गांव कालेके (थाना भिखीविंड) के निवासी सुखविंदर सिंह के घर में घुस कर उसका अपहरण कर लिया था । उसका गोलियों से छलनी शव आज सुबह निकटवर्ती गांव बालेर में से मिला है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मैं इस्तीफ़ा नहीं दूंगा : बरनाला

मद्रास, 1 फरवरी (प.स.): तमिलनाड़ के राज्यपाल सुरजीत सिंह बरनाला ने आज कहा कि वे अपने पद से इस्तीफ़ा नहीं दे रहे हैं । यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में अनेक प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपना इस्तीफ़ा नहीं दे रहा हूं, इसलिए मैं अब तक यहां हूं । यह पूछे जाने पर कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की उन्होंने सिफारिश की थी, तो श्री बरनाला ने कहा, नहीं ।



भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती विजय राजे सिंधिया जयपुर में शुक्रवार को शुरू हुए भाजपा अधिवेशन के अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए । (छाया : प्रैट्ट)

उन्होंने बताया कि मुझे किसी तरह की रिपोर्ट भेजने को नहीं कहा गया । प्रधानमंत्री ने "मुझसे कभी नहीं कहा कि कोई रिपोर्ट तैयार करो अथवा किसी रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करो ।"

श्री बरनाला ने कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला केन्द्र सरकार ने किया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या वे इस फैसले से प्रसन्न नहीं हैं । श्री बरनाला ने जवाब दिया कि राज्यपाल के रूप में मेरे कामकाज में मेरी खुशी अथवा अप्रसन्नता आड़े नहीं आती ।

नई दिल्ली से 'ई.टा.' के अनुसार केंद्र द्वारा तमिलनाड़ का करुणानिधि मंत्रालय बर्खास्त करने तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने के निर्णय से क्षुब्ध राज्यपाल सुरजीत सिंह बरनाला ने अपने पद से त्यागपत्र देने की पेशकश की है ।

सुबिज्ञ सूत्रों के अनुसार राज्य विधानसभा को भंग करने, मंत्रिमंडल को बर्खास्त करने व राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला गत बुधवार को आयोजित एक बैठक के दौरान हुए निर्णय के आधार पर ही कर लिया गया । उस बैठक में श्री बरनाला, गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय व गुप्तचर संस्थाओं के अध्यक्ष भी शामिल हुए थे ।

पता चला है कि इस बैठक के तुरन्त बाद श्री बरनाला ने अपने विचार राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के सामने स्पष्ट कर दिए थे तथा श्री चन्द्रशेखर के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने इस कार्रवाई पर अपनी अप्रसन्नता भी व्यक्त की थी ।

पाकिस्त... लोग म...

नई दिल्ली, 1 ... तड़के आए भूकम्प ... 200 लोगों की मृत्यु ... गए । आधिकारिक स... की रिपोर्ट के अनुस... नुकसान उत्तर-पश्चि... की राजधानी पेशावर ... मलाकंद में 78 और ... करीब चित्राल कस्बे में ... है ।

उत्तरी भारत में ... 4.34 बजे भीषण भू... गए ।

पाकिस्तानी भूकम्प ... स्केल पर यह भूकम्प ...

राजधानी तथा प... किए गए भूकम्प के ... जान-माल की क्षति ... भारत में भूकम्प को ... प्रवक्ता ने कहा कि ... था ।

भूकम्प के झटके ... प्रदेश, राजस्थान, जम्मू ... में भी महसूस किए गए ... नुकसान होने की कोई ...

भूकम्प संबंधी विभ...

Punjab Digital Library



के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह ते हुए । (छाया : प्रैट्ट)

एक द्वारा आत्मदाह

के हाथ का खिलौना बनने का आरोप उनके त्यागपत्र की मांग की है, नुसार राष्ट्रपति ने उनकी सरकार की ष्यक्ष भूमिका नहीं निभाई है । आज बातचीत करते हुए श्री करुणानिधि पति को केंद्रीय मंत्रिमंडल के सरकार ने के निर्णय पर पुनर्विचार करना यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि ाल में इसके लिए क्या सुझाव दिया

ने कहा कि देश से अज्ञानता, बेरोज़गारी को मिटाने के लिए को गांव-गांव जाना होगा तथा यहां नों और आदिवासियों के मनोबल को उन्होंने कहा कि आज़ादी की लड़ाई मा गांधी ने मनोबल को जगाने का । आज फिर वही करने की ज़रूरत

खर ने कहा कि हमारे कुछ विरोधी की सरकार अल्पमत सरकार है । नहीं ले सकती । इसे निरर्थक बताते कि सरकार तो सरकार होती है और ही । उन्होंने कहा कि सरकार का न रहे, गरीब और पिछड़े वर्ग के ों को लाभ किया जाएगा और उनके वास पैदा किया जाएगा । इसी वर्ग ही देश का स्थायित्व है ।

ा कि बेरोजगारों को काम दिलवाने समाज और सरकार की है लेकिन नस को भी बदलना होगा । उन्होंने मतलब बाबूगिरी नहीं होता । हमें बलंबन को अपनाना होगा ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिले के रतौल गांव में कल रात एक युवक का गोलियों से छलनी शव मिला ।

दो की हत्या : एक गिरोह ने कल रात तरनतारन पुलिस जिले के मीरपुर गांव में बलविंदर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी । इसी जिले के घड़ियाला गांव में मिलिटैंटों ने बलकार सिंह की हत्या कर दी ।

मारुति छीनी : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार सबसे संवेदनशील सड़क मजीठा रोड पर स्थित गोपाल नगर से चार मिलिटैंट एक व्यक्ति से असाल्टों की नोक पर उसकी मारुति कार पी.बी. 02 बी. 033 छीन कर ले गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर से 'वर्मा' के अनुसार विगत रात को कुछ मिलिटैंट थाना ब्यास के नजदीकी गांव में अशोक कुमार अरोड़ा के घर में जबरी घुस गए । अशोक कुमार तो उन्हें न मिला लेकिन मिलिटैंटों ने उसकी पत्नी उषा रानी को गोली मार दी तथा बाद में फरार हो गए ।

दो घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर जिले की भारत-पाक सीमा पर अजनाला सैक्टर में दो घुसपैठिए मारे गए ।

स्कूटर छीना : नाभा थाना के गांव तरुकिट के निकट से मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति से बंदूक की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया ।

एक मिलिटैंट मारा गया : पटियाला जिले के घाबलूलां गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ गोलियां मिली हैं ।

'भूषण' के अनुसार पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस को इस बात की सूचना थी कि मिलिटैंट गांव के गुरुद्वारे से अपना कार्य संचालन कर रहे हैं । इस क्षेत्र में हरभजन सिंह मंड के नेतृत्व वाला बब्बर खालसा गिरोह सक्रिय है । समझा जाता है कि मारा गया मिलिटैंट भी बब्बर खालसा का ही है ।

तीन शरणदाता गिरफ्तार : पटियाला में पंजाबी विश्वविद्यालय होस्टल से तीन छात्रों को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार किए गए छात्रों के नाम हरदेव सिंह देवी, भूपिन्दर सिंह तोती तथा उसका भाई बलविंदर सिंह हैं । इस बीच छात्रों की गिरफ्तारी के रोषस्वरूप पंजाबी वि.वि. के छात्रों ने आज दूसरे दिन भी हड़ताल रखी ।

पुलिस ने स्थानीय महिन्द्रा कालेज के होस्टल पर छापा मार कर परगट सिंह को गिरफ्तार किया है ।

बम विस्फोट की योजना थी : पटियाला (भूषण): बटाला जिले के कुछ मिलिटैंटों की यहां 26 जनवरी को यादवेन्द्र स्टेडियम में बम विस्फोट करने की योजना थी । यह रहस्योद्घाटन करते हुए जिला के एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस को समय पर इसकी सूचना मिल गई तथा उसने नगर की सात समृद्ध कालोनियों न्यू लाल बाग, आनंद नगर, दशमेश नगर तथा त्रिपुरी आदि में जनवरी के तीसरे सप्ताह में घर-घर तलाशी ली, जिस पर मिलिटैंट पटियाला छोड़ कर भाग गए तथा एक त्रासदी टल गई । उन्होंने बताया कि सामाना क्षेत्र में पटियाला तथा संगरूर पुलिस ने मिलिटैंटों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया है ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार गांव खुड्डा लाहौरा के निकट एक मिलिटैंट ने पुलिस की पकड़ से बचने के लिए सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली । एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री सुमेध सिंह सैनी के अनुसार इस गांव के निकट तैनात एक पुलिस दल ने जब इस संदिग्ध व्यक्ति को घूमते हुए देख कर रुकने केलिए कहा तो उसने भागना शुरू कर दिया । पुलिस दल ने जब उसका पीछा किया तो उसने रिवाल्वर निकाल कर पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी । जब वह रिवाल्वर की सभी छः गोलियां चला चुका तो पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया । जैसे ही पुलिस दल उसके निकट पहुंचा तो उसने सायनाइड निकाल कर खा लिया और वहीं पर दम तोड़ दिया । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद हुई है ।

चार कार सवारों की हत्या : जालन्धर (विशेष): गत रात जालन्धर जिला के उपमंडल नवांशहर-गढ़शंकर रोड पर स्थित मेंहदीपुर पुल के पास कार सवार मिलिटैंटों ने एक दूसरी कार रोक कर उनमें सवार चार व्यक्तियों को गोली मार दी । सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने मृतक कार सवारों को कार से उतार कर लाईन में खड़ा होने के लिए कहा । कार में 6 व्यक्ति थे, जिनमें से तीन खड़े हो गए, बाकी तीन भाग खड़े हुए । पहले तीनों को समीप से गोली मार कर, फिर भागने वाले तीनों व्यक्तियों के पीछे मिलिटैंट भागे । उक्त तीनों में से एक निकट बनी झोंपड़ियों में छुप गया । मिलिटैंटों ने उसे वहां से निकाल कर गोलियों से छलनी कर दिया । इसी दौरान एक मजदूर नन्द लाल (25) भी जख्मी हुआ । उक्त मिलिटैंटों ने झोंपड़ी में बैठे खाना खा रहे नन्द लाल के माता-पिता को कुछ नहीं कहा । इसके बाद मिलिटैंट वापस कार के पास गए और वहां से फरार हो गए । मृतकों की पहचान राम लाल, हरबंस लाल, जगदीश चन्द्र व फकीर चन्द के रूप में की गई है । यह चारों कपूरथला जिला के रहने वाले हैं । पुलिस ने पोस्ट-मार्टम करके लाशें वारिसों को सौंप दी हैं ।

दो कारें, एक ट्रैक्टर-ट्राली बरामद : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला पुलिस ने दावा किया है कि गत रात्रि मिलिटैंटों द्वारा छीनी गई एक अम्बैसेडर कार नम्बर पी.जे.एल. 21, एक मारुति वैन नम्बर सी.एच.आई. 435 व एक ट्रैक्टर-ट्राली नम्बर पी.बी.क्यू. 5321 पुलिस ने पोजेवाल के पास से बरामद कर ली हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों की तलाश में छापे मारने का काम जारी है ।

पनाम हत्याओं का विवरण :होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि गढ़शंकर थाना के अधीन मिलिटैंटों द्वारा एक कार में सवार दो लोगों की हत्या की घटना का और विवरण प्राप्त हुआ है । पुलिस सूत्रों के अनुसार होशियारपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर पनाम के पास एक लाल रंग की मारुति वैन में सवार चार मिलिटैंटों ने खरड़ से आ रही एक अम्बैसेडर कार को रोक कर ड्राइवर को कार के कागज आदि दिखाने के लिए कहा । कार में सवार कोकोवाल ग्राम के श्री संतोख सिंह राजपूत ने कहा कि मैं बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त हुआ हूं और कागज सुबह दिखा दूंगा, जिस पर मिलिटैंटों ने कार के ड्राइवर श्री तीरथ राम को तथा श्री संतोख सिंह को कार से बाहर निकाल लिया व राइफलों से गोलियां चला कर उनकी हत्या कर दी । मृतक कार ड्राइवर बीनेवाल ग्राम का रहने वाला था । संतोख सिंह, जो बी.एस.एफ. से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् पानीपत वुलन मिल खरड़ में नौकरी करता था, अपनी पत्नी श्रीमती कमला के साथ अपनी लड़की की शादी का सामान खरीद कर अपने ग्राम वापस लौट रहा था । उनकी लड़की की शादी 4 फरवरी की होनी निश्चित हुई थी । श्रीमती कमला ने पुलिस को बताया कि मिलिटैंट हत्याएं करने के पश्चात वैन नम्बर सी.एच.आई. 435 पर बैठ कर समुन्द्रा ग्राम की तरफ चले गए ।

स्कूल में फायरिंग : अध्यापक घायल : जैतो (पराशर): आज प्रातः यहां से एक कि.मी. दूर कोठे सम्पूर्णसिंहवाला में स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में लगभग 9.35 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने आकर गोली चला दी, जिससे एक अध्यापक महेन्द्र सिंह बराड़ घायल हो गया । स्कूल की एक अध्यापिका हरपाल कौर तथा कुछ छात्रों ने ईंटें व पत्थर मार कर हमलावरों को भगा दिया । घायल अध्यापक जिला फरीदकोट सरकारी अध्यापक संगठन के संयोजक हैं ।

मिलिटैंट की पहचान : बटाला (कोछड़): कल थाना सदर बटाला के गांव दयालगढ़ के निकट पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए मिलिटैंट की पहचान खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के चीफ जनरल गुरमेज सिंह उर्फ़ गेजा निवासी धर्मकोट रंधावा (थाना डेरा बाबा नानक) के रूप में हुई है । बटाला जिला पुलिस के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वह अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था । उसके मारे जाने के सम्बन्ध में आज डेरा बाबा नानक, फतेहगढ़ चूड़ियां, कलानौर में हड़ताल रही । बटाला बस अड्डे से प्राइवेट बसें नहीं चलीं ।

एक और मिलिटैंट मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज शाम पुलिस जिला बटाला थाना कादियां के गांव ढपई के निकट पुलिस और बी.एस.एफ. के साथ एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । जिला पुलिस के अनुसार उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है । घटनास्थल से एक राइफल मिली है ।

दो मिलिटैंट मारे गए : फरीदकोट जिले के फुल्लां खेड़ा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों के पास से एक राइफल तथा एक बंदूक मिली है ।

सिपाही की हत्या : समराला (भारद्वाज): आज दोपहर के समय मिलिटैंटों ने यहां से कुछ दूर हरियो गांव के निकट एक छुट्टी पर आए हुए सिपाही खुशी राम का अपहरण कर लिया तथा बाद में कुछ दूर ले जाकर उसकी हत्या कर दी ।

58,000 लूट लिए : रोपड़ जिले में कुराली में भारतीय खाद्य निगम के खज़ांची से दो अज्ञात बंदूकधारियों ने 58,000 रुपए लूट लिए ।

हैड-कांस्टेबल घायल कर दिया : लुधियाना शहर में माडल टाऊन इलाके में दो मिलिटैंटों ने इंडियन बैंक में नियुक्त एक हैड-कांस्टेबल को गोली मारकर घायल कर दिया ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार फरीदकोट जिले में सधावन गांव में तीन लुटेरों ने एक मकान से कुछ सोने के ज़ेवरात लूट कर भागने का प्रयास किया । पुलिस ने उनका पीछा किया और मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया । उनके



गढ़शंकर के निकट वीरवार की रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (ऊपर) तीर्थराम तथा (नीचे) संतोख सिंह । (छाया : गुप्ता)

राइफल छीनी : धूरी (सिंगला): मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव मीमसा में जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की राइफल छीन ली और फरार हो गए ।

चन्द्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बगैर श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि साम्प्रदायिकता और अलगाव की भावना को बढ़ावा देने वाली ताकतों का मुकाबला जनशक्ति और चेतना शक्ति जगाकर किया जाएगा ।

राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ज्यादातर वक्ताओं ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने, साम्प्रदायिक दलों पर प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रीय मसलों को बातचीत के जरिये हल करने पर जोर दिया ।

कई वक्ताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करने, ऊंचे जाति के निर्धन लोगों को आरक्षण देने और महिला वर्ग को समाज में आगे बढ़ाने की मांग की । लगभग सभी वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की इस बात की आलोचना की कि उन्होंने पिछड़ी जातियों को नौकरियों में आरक्षण देने का नाटक किया । दरअसल श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह देश को ऊंची और पिछड़ी जातियों में बांटकर चुनाव लड़ना चाहते थे ।

राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भाग लिया । डा. स्वामी ने कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने चन्द्रशेखर सरकार को समर्थन दिया । उन्होंने बोफोर्स कांड के सिलसिले में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की आलोचना की कि श्री सिंह ने 11 महीने के शासन में बोफोर्स का शोर बहुत मचाया किन्तु इसके तथ्य सामने नहीं लाए ।

आर्थिक प्रस्ताव : गांवों और कृषि को केंद्र में रख कर देश के आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने तथा आर्थिक नीतियों को समाजवादी स्वरूप देने की जनता दल (स) के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन में पुरजोर मांग की गई । अधिवेशन में आर्थिक प्रस्ताव पेश करते हुए संसद सदस्य चांद राम ने कहा कि जब तक देश की आर्थिक नीतियों को महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के सिद्धांतों से नहीं जोड़ा जाएगा, देश में बेरोज़गारी का उन्मूलन तथा गांवों की खुशहाली सम्भव नहीं है ।

प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने घोषणा की कि सभी जातियों के गरीब लोगों को आरक्षण दिया जाएगा । श्री यादव ने मंदिर-मस्जिद विवाद के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया ।

खुर्जा में हिंसा, 6 मरे

बुलंदशहर, 1 फरवरी (वार्ता): बुलंदशहर से 18 किलोमीटर दूर खुर्जा में कल रात हिंसा, आगज़नी, विस्फोट और फायरिंग की घटना के बाद आज प्रातः अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा दिया गया । हिंसा की घटना में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छः व्यक्ति मारे गए तथा लगभग तीन दर्जन व्यक्ति घायल हो गए ।

भूकम्प

(पृष्ठ 3 का शेष)

राजधानी में आल इंडिया इंस्टीच्यूट आफ मैडीकल साईंसिज की आठवीं मंजिल की छत में दरार पड़ गई जबकि अस्पताल परिसर में डाक्टरों के फ्लैट की एक छत आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई ।

जम्मू में 15 पुरानी इमारतों तथा ऊंचे भवनों में दरारें पड़ गईं तथा लोग डर के मारे गलियों में निकल आए । जयपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार राज्य में भारत-पाक सीमा पर हल्के भूकम्प के झटके महसूस किए गए ।

भूकम्प सोवियत संघ में भी : सोवियत संघ के कुछ भागों में भी आज तड़के जबर्दस्त भूकम्प आया । सोवियत संघ के सम्पूर्ण ताजिकस्तान गुणराज्य में और उसके आस-पास के क्षेत्रों में भूकम्प

Punjabi Sanjatani

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

कैमिस्ट की लगी लगाई दुकान Maximum Counter Sale 2500/- (दुकान किराए की), खरीदने के चाहवान सम्पर्क करें । Money

पंजाब केसरी

The Daily PUNJAB KESARI, Jalandhar.

रविवार 3 फरवरी, 1991 तदनुसार 21 माघ 2047

Super GUESS PAPERS

- A Sure way to Success
- A Great way to Success
- A Tried way to Success

For 5th, 6th, 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, B.A. Part I, II, III

Available with your Local Book Sellers

देवस्थली (बलिया), 2 फरवरी (प.स., वार्ता): प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने आज यहां कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और मर्यादा पर आंच नहीं आने दी जाएगी तथा धर्म-निरपेक्षता के सवाल पर किसी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा । श्री चंद्रशेखर ने कहा कि हम सभी समस्याओं का समाधान, चाहे देश के अंदर हों या बाहर, अहिंसा एवं शांतिपूर्ण तरीके से ढूंढने के पक्ष में हैं । श्री चंद्रशेखर जनता दल (स.) के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे ।

अधिवेशन को उप-प्रधानमंत्री एवं पीटी अध्यक्ष देवीलाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने भी सम्बोधित किया । सभी वक्ताओं ने साम्प्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने, लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने तथा पंजाब, कश्मीर, असम, तमिलनाडु जैसी समस्याओं का बातचीत के जरिए हल निकालने का संकल्प व्यक्त किया ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसी राष्ट्रों, विशेषकर पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं उन्होंने कहा कि वहीं विश्व में अनेक देश ऐसे हैं जो कि के निकट आने के प्रयास में जुटे हुए हैं, उस स्थिति में यह कतई अच्छा नहीं होगा कि हमारे दो ये दो देश आपस में झगड़ा करते रहें । उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि दोनों देशों के बीच सद्भाव हो । उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पाकिस्तान से अच्छे संबंध बनाना चाहती है । उन्होंने कहा कि पंजाब और कश्मीर की वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव अवश्य आता है लेकिन इसके कारण वह संबंध बेहतर बनाने की कोशिशों को नहीं छोड़ेंगे ।

सकता है । उन्होंने कहा कि चीन में संबंधों में सुधार हुआ है और हमें खुशी है कि नेपाल व बंगलादेश में जनतंत्र का सफल प्रयोग हुआ है और पाकिस्तान में भी चुनाव के बाद गैर सैनिक शासन कायम हुआ है ।

प्रधानमंत्री ने देश की आंतरिक स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे सामने पंजाब, कश्मीर की समस्याओं के साथ-साथ गरीबी और बेरोजगारी तथा निरक्षरता को देश से हटाने की कड़ी चुनौती मामलों पर आम सहमति हासिल करने की प्रक्रिया कर रही है । उन्होंने दोहराया कि वह बातचीत और अहिंसा के जरिए देश को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी विचार-विमर्श के लिए तैयार है । उन्होंने असम और तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें यह निर्णय बड़े दुख के साथ लेना पड़ा, क्योंकि कोई भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं था । उन्होंने कहा कि इस निर्णय से हो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब पुलिस के महानिदेशक मांगट बम विस्फोट में घायल

विस्फोट लुधियाना नगर के शेरपुर बाईपास के निकट हुआ : घायलों में मांगट के सुरक्षा इंचार्ज व कार ड्राइवर भी शामिल

राज्य में अन्यत्र 6 व्यक्तियों की हत्या : 7 मिलिटैंट भी मरे : 20 अपहृत व्यक्तियों का अभी कोई पता न चला

चंडीगढ़, 2 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब के लुधियाना में आज एक शक्तिशाली बम विस्फोट में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट घायल हो गए, जबकि प्रदेश में 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । 7 मिलिटैंट भी मारे गए । फरीदकोट जिले से कल अपहृत किए गए 20 लोगों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है ।

मांगट की हत्या का प्रयास : लुधियाना (श्रीमान महेन्द्रा, प्रदीप, भाखड़ी): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट आज दोपहर बाद यहां एक बम विस्फोट में घायल हो गए । विस्फोट में आठ अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं । इनमें उनके निजी सुरक्षा अधिकारी श्री आर.सी. सेठी और ए.एस.आई. जीवन सिंह शामिल हैं ।

लुधियाना शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाके में शेरपुर रेलवे पुल पर एक ड्रम में छुपा कर यह बम रखा गया था । रिमोट कंट्रोल के माध्यम से इसका विस्फोट किया गया । बम रेलवे की टैलीफोन तारों से जोड़ा गया था ।

बम का एक टुकड़ा श्री मांगट की ठुड्डी में आकर लगा । उनकी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । विस्फोट में दो अन्य कारों को भी नुक्सान पहुंचा, जबकि एक ट्रक पुल से नीचे उलट गया । विस्फोट में एक जीप भी उड़ गई । वहां से गुजर रही एक सफेद रंग की मारुति कार भी क्षतिग्रस्त हो गई ।

बताया जाता है कि ड्रम में दो बम थे, लेकिन सौभाग्य से दूसरा बम नहीं फटा ।

बम विस्फोट से श्री सेठी की एक टांग उड़ गई । घायलों में छः सिविलियन हैं । घायलों में तेजपाल सिंह, काबुल सिंह तथा जालंधर की दो लड़कियां बबला तथा कांता शामिल हैं । एक अन्य घायल नवीन चौधरी का बाजू उड़ गया । घायलों में एक चार वर्षीय बच्चा भी शामिल है ।







पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट शनिवार को लुधियाना में हुए एक बम विस्फोट में घायल हो गए (1) श्री मांगट की वह बुलेट प्रूफ कार जिसे क्षति पहुंची, (2) वह जीप जो इस विस्फोट की लपेट में आ गई, (3) तारकोल का वह ड्रम जिसमें बम पड़ा था । (छाया : पंजाब केसरी)

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार मिलिटैंटों ने विस्फोट श्री मांगट का सुरक्षा वाहन निकल जाने के तत्काल बाद तब किया जब उनकी बुलेट प्रूफ कार वहां पर पहुंची । श्री मांगट तथा अन्य घायलों को तुरंत ओसवाल अस्पताल ले जाया गया जहां आप्रेशन करके उनके शरीर से बम के टुकड़े निकाले गए ।

शाम को डाक्टरों ने उनकी स्क्रीनिंग की और दयानंद मैडिकल अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डाक्टर शैडांगी को उनके सम्पूर्ण निरीक्षण के लिए तैनात किया गया है ।

श्री मांगट अब खतरे से बाहर हैं, जबकि श्री सेठी और जीवन सिंह की हालत चिंताजनक बनी हुई है । बताया जाता है कि श्री सेठी की आप्रेशन के बाद एक टांग काट दी गई है ।

घायल अधिकारियों को रक्त दैने के लिए पुलिस लाइन्स से 25 कांस्टेबल तुरंत अस्पताल पहुंच गए थे ।

श्री मांगट रात को लुधियाना ठहरने के बाद चंडीगढ़ लौट रहे थे । फरीदकोट जिले के दो कस्बों में अपहृत बीस व्यक्तियों की खोज के अभियान का मौके पर निरीक्षण करने के सिलसिले में वह लुधियाना गए हुए थे । श्री कंवरपाल सिंह के स्थान पर श्री मांगट ने दिसम्बर में पुलिस प्रमुख का पद सम्भाला था । मिलिटैंटों ने लगभग तीन साल पहले श्री मांगट के एक पुत्र की हत्या कर दी थी । वह पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में डाक्टर थे ।

उल्लेखनीय है कि श्री मांगट प्रदेश के दूसरे महानिदेशक हैं जिनकी हत्या का प्रयास किया गया है । इससे पूर्व 1 अक्तूबर, 1986 को जालंधर में पूर्व महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो तथा उनकी पत्नी की हत्या का प्रयास किया गया था ।

20 अपहतों का पता नहीं चला : लुधियाना, फरीदकोट और आसपास के क्षेत्रों में उन बीस व्यक्तियों को खोजने का अभियान जारी है, जिनका पिछले बृहस्पतिवार की रात को फरीदकोट जिले के दो गांवों से अपहरण कर लिया गया था । फरीदकोट जिले के मेहना और चुहचक गांव से 29 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया था, लेकिन उनमें से नौ को कल लुधियाना जिले में अबोहर नहर पुल के पास छोड़ दिया गया था । पुलिस ने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने अभी तक पुलिस और अपहृत व्यक्तियों के परिजनों से कोई सम्पर्क नहीं किया है । आशंका है कि अपहृत व्यक्तियों का सम्भवतः गला घोंट कर उनके शवों को नहर में बहा दिया गया हो । सूत्रों के अनुसार पुलिस को यह भी संदेह है कि इन व्यक्तियों को कुछ मिलिटैंटों की रिहाई के बदले में अपहृत किया गया हो ।

एक अभियुक्त की शिनाख्त : 'धीमान' के अनुसार पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने पत्रकारों को बताया कि 20 व्यक्तियों का अपहरण करने वालों में से एक की शिनाख्त हो गई है । इस अपहरणकर्ता का संबंध गरजंट सिंह बुधसिंहवाला गांव से है । उन्होंने कहा कि अबोहर नहर की ओर नावें भिजवाई जा रही हैं ताकि लापता व्यक्तियों की तलाश की जा सके । इस उद्देश्य के लिए नहर का पानी भी बंद कर दिया गया है । श्री मांगट ने कहा कि इस समय पंजाब में मिलिटैंटों के 125 गिरोह हैं, जिनमें 1800 मिलिटैंट शामिल हैं तथा उन्हें शस्त्रों की कमी अनुभव हो रही है ।

श्री मांगट ने कहा कि जालंधर, कपूरथला और होशियारपुर में विशेष अभियान शुरू हो गए हैं और पटियाला, संगरूर आदि जिलों में तलाशियां लेने का कार्य शुरू हो गया है । श्री मांगट ने यह भी बताया कि लुधियाना नगर में दो और बटाला, जालंधर और अमृतसर नगर में एक-एक थाना कायम किया जा रहा है ।

एक की हत्या : लुधियाना के छापरां गांव के निकट मिलिटैंटों ने कल रात लीलावर सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मारे गए : कपूरथला (शर्मा): जिला कपूरथला में गत रात्रि दो विभिन्न मुठभेड़ों में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए, जबकि तीन फायरिंग करते हुए रात्रि के अंधकार में अपने शस्त्रों सहित भागने में सफल हो गए । पुलिस ने एक राइफल 303, एक माऊजर 30 बोर विदेशी, एक मैगजीन ए.के. 47 राइफल का तथा काफी संख्या में गोली-सिक्का अपने कब्जे में लिया है । थाना भुलत्थ के गांव रावां घकड़ां के निकट धुस्सी बांध पर पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि रात्रि लगभग दस बजे तीन व्यक्तियों ने रुकने के संकेत पर फायरिंग आरम्भ कर दी तथा पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया तथा दो भागने में सफल हो गए । पुलिस ने वहां से एक माऊजर 30 बोर, एक मैगजीन तथा काफी संख्या में गोलियां अपने कब्जे में ली हैं । दूसरी मुठभेड़ थाना डिलवां के गांव हैवतपुर के निकट रात्रि साढ़े दस बजे नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ हुई । जब दो व्यक्तियों ने रुकने के संकेत पर फायरिंग शुरू कर दी तो पुलिस की आत्म सुरक्षा में जवाबी फायरिंग में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी अंधकार का लाभ उठाकर भाग गया । पुलिस ने एक राइफल 303, 12 गोलियां, सात चली गोलियों के खोल तथा 11 ए.के. 47 राइफल की गोलियां अपने कब्जा में ली हैं ।

मंड आप्रेशन : गत दिवस सुबह से सायं तक आई.जी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने गांव बैगोवाल से डिलवां तक मंड आप्रेशन किया था जिसमें डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह संधू भी शामिल हुए थे । रात्रि को पुलिस ने क्षेत्र में नाके लगाए थे ।

पूर्व सैनिक की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात नौ बजे के करीब थाना कहनुवान के गांव सैदोंबाल कलां में चार अज्ञात व्यक्तियों ने एक पूर्व सैनिक सुजान सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

टीना अनिल अम्बानी के साथ दाम्पत्य सूत्र में बंधी

बहुराष्ट्रीय विमानों द्वारा ईराक की पैदल सेना पर भारी बमवर्षा

बगदाद से मिली खबर में ईरानी अधिकारियों ने

विलायती ने श्री हम्मदी से कहा कि युद्ध में ईरान की

चीन के प्रधानमंत्री भारत की यात्रा पर आएंगे

पेइचिंग, 2 फरवरी (प.स.): चीन के प्रधानमंत्री ली फंग ने आज आशा व्यक्त की कि वे इसी वर्ष भारत का दौरा कर सकेंगे । विदेशमंत्री विद्याचरण

Punjabi Sanatan



रूक में से हाथ हिलाते
रैडक्रास के शिविरों में
जिनमें मुख्य रूप से
छाया : ए.पी./प्रे.ट्र.)

नेकों ने भी खाफजी पर
अपनी बंदूकों से गोलियां
। रात भर के युद्ध के बाद
पांच कतारी सैनिकों को
लड़खड़ाते, हंसते, सिगरेट
र कंधे पर बंदूकें लटकाए
रहे थे ।

से नाराजगी जताई :
नों को बम्बई में ईंधन भरने
रत से अपनी नाराजगी का
र-दोस्ताना कार्रवाई बताया
ार ईराक ने इस दावे का भी
मानों का मानवीय कार्यों के
रहा है ।

आज प्रसारित एक बयान में
प्रवक्ता ने कहा, "हमें इन
और क्षोभ हुआ कि भारतीय
मरीकी सी-141 विमानों को
हवाई अड्डेपर ईंधन भरने की
नके जरिए हथियार अथवा
ही ले जाई जा रही थी बल्कि
ए इनका इस्तेमाल किया जा

हंगे, तभी जमीनी युद्ध
रीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने
द्वारा जल्दबाजी में बहुराष्ट्रीय
ड़ाई में उलझाने के झांसे में वे
ने कहा कि जमीनी लड़ाई तभी
मनासिब समझेंगे । उन्होंने
ई हम अपनी शर्तों और अपनी
ाब से शुरू करेंगे, सद्दाम हुसैन

की नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना
अटकल का खंडन किया है कि
सीमा पर सभी मोर्चों से हमला
ा रहा है । ईराक द्वारा सऊदी
गर अल-खाफजी से पीछे हटने
ड़ाई बंद हो जाने के साथ ही
ली बहुराष्ट्रीय सेना ने स्वीकार
ईराक की सेना को काफी कम
वं घोषित दावों का दस प्रतिशत
लीमा में संयुक्त राष्ट्र महासचिव
हा कि फारस की खाड़ी में जग
तलब कतई नहीं है कि इस दिशा
कर दिए जाएं । लीमा रेडियो से
कहा कि 'जंग शुरू होने के कारण
बंद नहीं कर दिए हैं ।'

बहुराष्ट्रीय सेना की मदद
यूनान ने कल कहा कि उसने
के जहाजों और जंगी विमानों को
इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी
रक्षा मंत्री ने संसद में कहा कि
विमान यूनान के आकाश के रास्ते
और जर्मनी, बैल्जियम, डेनमार्क,
ांस और इटली उसकी नौसैनिक
पयोग कर सकते हैं ।
क्षेत्र में तैनात अमरीकी कमांडरों ने
दी अरब के सीमावर्ती खाफजी में
र के मैनिकों ने अमरीकी विमानों
की मदद से तीस ईराकी मारे, 33
करीब चार सौ को बंदी बनाया है ।
सेना ने दावा किया था कि उसने
मारे हैं । सऊदी सेना के जनरल
ल्तान ने बताया कि इस दौरान 12
निक मारे गए और सऊदी सेना के 15
ए, 33 घायल हुए और चार लापता

यात्री भी परेशान : इन दिनों
मा कर रहे अंतरिक्ष यात्री भी खाड़ी
ें देखकर चिंतित हैं । मीर अंतरिक्ष
जूद दो सोवियत अंतरिक्ष यात्रियों ने
ाड़ी क्षेत्र में उठ रहे काले धुएं, पानी में
भारी बमबारी को देख सकते हैं ।

श-सुधा एरंडीमा का मलहम
"वद्रु दमन"
गाएं तुरन्त आराम पाएं
निर्माता :
मना फार्मेसी
मनौनगर-135001
हर जगह मिलता है

ाला जोगी
से नियमित प्रकाशित 1991 का
300 पृष्ठ का 'माडर्न आयुर्वेदिक
समस्त रोग चिकित्सा' सचित्र
मासिक पत्रिकाओं में निरोग रहने
और औषधियां जड़ी-बूटियां, हिन्दी या
35 रु., (इसी मूल्य में विशेषांक भी
पी. 40 रु. ।
ाला जोगी आयुर्वेद मासिक

सोवियत टैलीविजन ने कल रात मीर स्टेशन पर मौजूद विक्टर अफानस्येव तथा मूसा मनारोव से हुई बातचीत प्रसारित की । श्री मनारोव ने कहा, 'विश्व की परी जनता की तरह इन दिनों हमारा ध्यान भी खाड़ी की घटनाओं पर केंद्रित है । इस क्षेत्र का दृश्य देखते हुए हमें रोज युद्ध के चिन्ह दिखाई देते हैं । हम जलते हुए तेल से उठता काला धुआं और पानी में बड़ी मात्रा में फैले तेल को देख सकते हैं ।' श्री अफानस्येव ने कहा, 'इसके अलावा हम रात को बमों के उन हमलों से उठती आग को भी देख सकते हैं, जो कई लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं ।'

भारतीय नर्सें जार्डन पहुंचीं : नई दिल्ली : खाड़ी युद्ध शुरू होने के बाद ईराक में रुकी 116 भारतीय नर्सें और उनके आश्रित आज सुबह जार्डन की सीमा पार करके अल-रुवीशीद में एक सीमावर्ती शिविर पर पहुंचे । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन नर्सों के साथ पंजाब क्रैमिकल्स के कर्मचारियों समेत 30 भारतीय नागरिक भी जार्डन पहुंचे हैं । प्रवक्ता ने बताया कि जार्डन में भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव तथा दूतावास के दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों ने नर्सों से भेंट की । दूतावास के अधिकारियों के साथ ये सभी नर्सें अम्मान जाएंगी जहां से वे अकाबा पहुंचेंगी और अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन संगठन की मदद से उन्हें विमान द्वारा भारत लाने की व्यवस्था की जाएगी ।

भारतीय पहल का स्वागत : जिम्बाब्वे और अल्जीरिया ने गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के जरिए खाड़ी युद्ध समाप्त कराने की भारतीय पहल का स्वागत किया है तथा उसे हर तरह का समर्थन देने का वायदा किया है । विदेश उपमंत्री दिग्विजय सिंह ने अल्जीयर्स, हरारे, लन्दन और पैरिस से लौट कर आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा सार्थक रही है ।

संवाददाता की मान्यता निलंबित : यरुशलम : इसराईल ने प्रैस सैंसरशिप का घोर उल्लंघन करने के आरोप में इसराईल ने 'न्यूजवीक' के संवाददाता थियोडोर स्टेंजर की मान्यता निलंबित कर दी है । सरकार प्रैस कार्यालय के निदेशक योशी ओल्मर्ट ने कल कहा कि खाड़ी युद्ध के बाद देश में लागू सख्त प्रैस सैंसरशिप के उल्लंघन का यह पहला गंभीर मामला है और श्री स्टेंजर पहले संवाददाता है, जिनके प्रैस कार्ड की मान्यता निलंबित की गई है ।

संयुक्त राष्ट्र ईराक में अपने प्रतिनिधि भेजेगा : ईराक को मानवीय सहायता की जरूरत का निर्धारण करने के लिए वहां अपने प्रतिनिधि भेजने के बारे में संयुक्तराष्ट्र संघ अगले सप्ताह निर्णय लेगा । इस बारे में फैसला लिया जाना है कि प्रतिनिधियों को वहां भेजना सुरक्षित रहेगा या नहीं । संयुक्त राष्ट्र महासचिव जेवियर पैरेज दि क्वैया सोमवार को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के निदेशक जेम्स ग्रांट से भेंट करेंगे ।

खालिस्तान के विरोध का संकल्प

(पृष्ठ 1 का शेष)

गया है कि अनुसूचित जाति के लोग और आदिवासी पुलिस जुल्म का अधिक शिकार होते हैं । इन वर्गों की महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार की अनेक घटनाएं हुई हैं ।

खाड़ी युद्ध : भारतीय जनता पार्टी ने अमरीका के उपराष्ट्रपति डेन क्वेल द्वारा खाड़ी युद्ध में परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी को सर्वथा अनुचित और गैर जिम्मेदाराना बताते हुए इसकी भर्त्सना की है । पार्टी के नेता अटल बिहारी बाजपेयी ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि हम किसी प्रकार के परमाणु हथियारों के प्रयोग एवं युद्ध के विरुद्ध हैं ।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुरली मनोहर जोशी ने कृषि प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि उनकी पार्टी कृषि विशेषज्ञों की सलाह से एक व्यापक कृषि नीति दस्तावेज तैयार करेगी ।

भारत के लिए तेल लाने कई टैंकर खाड़ी की बंदरगाहों में

कलकत्ता, 2 फरवरी (वार्ता): भारत में कच्चा तेल लाने के लिए भारतीय जहाजरानी निगम के कई तेल टैंकर खाड़ी की बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं । निगम की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार एम.टी. छत्रपति शिवाजी नामक तेलवाहक जहाज के चार फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के एक बंदरगाह पहुंच जाने की सम्भावना है । एम.टी. नाइक यदुनाथ सिंह नाम का दूसरा टैंकर पांच फरवरी को ईरान के लावान द्वीप के बंदरगाह पहुंचने वाला है ।

चन्द्रशेखर

(पृष्ठ 1 का शेष)

कोई गौरव नहीं महसूस हो रहा है ।

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के विरोध में कुछ लोगों ने छः फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है । उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है, क्योंकि इस तरह के बंद से देश का कल्याण नहीं होगा । उन्होंने कहा कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि अल्पसंख्यक और कांग्रेस (इ) के दबाव में आकर सरकार ने यह कदम उठाया है । उन्होंने कहा कि यदि ये दोनों पार्टियां देश हित में कोई सही सुझाव देती हैं तो क्या हम अपनी आलोचना से बचने के लिए उनकी सही बात को नहीं मानें । कांग्रेस का विरोध करने का सुझाव देने वालों को उन्होंने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस का तलुआ चाटने वाले लोग उन्हें इस तरह का सुझाव न दें । श्री चंद्रशेखर ने कहा कि देश को बचाने के लिए उन्होंने उसकी मदद ली ।

उन्होंने कहा कि पंजाब के मिलिटैंटों के साथ बातचीत की पेशकश को उनकी सरकार की कमजोरी कदापि नहीं समझा जाए । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश को तोड़ने की साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा ।

जनता दल (समाजवादी) के अध्यक्ष देवी लाल ने आज कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वे राज्यशक्ति को गांवों तक पहुंचाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा करें तथा पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत बनाएं । जनता दल (समाजवादी) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन खुले अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए श्री देवी लाल ने

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

दी । बताया जाता है कि इन लोगों ने सुजान सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया था । दरवाजा न खुलने पर ये लोग दरवाजा तोड़कर अन्दर प्रविष्ट हुए तथा सुजान सिंह से पैसे की मांग की । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसे गोली मार दी । सुजान सिंह आज कल उच्ची बस्सी (गुकेरियां) में बिजली बोर्ड में चपरासी के तौर पर कार्यरत था तथा कल सायं ही घर आया था ।

गेजा के बारे में विवरण मिला : बटाला (चौधरी): दो दिन पूर्व थाना सदर बटाला के गांव दयालगढ़ में मारे गए मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ गेजा जो कि खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का स्वयंभू जनरल था के बारे में एस.एस.पी. पंडित सीता राम ने बताया है कि यह मिलिटैंट पुलिस को लगभग 100 से भी अधिक हत्या के केसों में वांछित था । गुरमेज सिंह थाना डेरा बाबा नानक के गांव धर्मकोट रंधावा का रहने वाला था और श्रीमती इंदिरा गांधी के कातिल सतवन्त सिंह का चचेरा भाई था, एस.एस.पी. ने बताया कि यह सूचना मिलने पर कि गुरमेज सिंह अपने साथियों सहित दयालगढ़ में आया हुआ है । पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने उस स्थान को घेरे में ले लिया । दोनों तरफ लगभग डेढ़ घंटा फायरिंग होती रही जिसमें गुरमेज सिंह मारा गया ।

3 स्कूली बच्चों का अपहरण :मिलिटैंटों ने बटाला से 3 स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया ।

शव मिला : रोपड़ जिले के ठेर गांव से एक अन्य व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है । मृतक का नाम करम सिंह बताया गया है ।

इंका नेता की हत्या : अमृतसर (प.स.): युवक कांग्रेस (इ) के जाने-माने नेता मदन लाल गुप्ता की आज रात चौक बाबा भीड़ी वाला इलाके में मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय मदन लाल गुप्ता युवक कांग्रेस (इ) की अमृतसर जिला इकाई के महासचिव थे । मिलिटैंटों ने उन पर उस वक्त गोलियां चलाईं, जब वे अपने कार्यालय से बाहर निकल रहे थे । मिलिटैंट उनकी पहले ही से प्रतीक्षा कर रहे थे । गोली लगते ही श्री गुप्ता ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया ।

अमृतसर में बम फटा : अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार आज बाद दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर यहां के हाल गेट के बाहर एक बम धमाका हुआ जिससे दो स्कूटर और एक साइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार कोई व्यक्ति हाल गेट के बाहर आज दोपहर समाचार पत्रों के स्टालों के निकट एक साइकिल खड़ा कर गया जिसके पिछले कैरियर पर एक इलैक्ट्रिक मोटर बंधी हुई थी । इस मोटर में रखे गए विस्फोट के साथ बिजली की तारें दो बैटरी सैलों के साथ जोड़ी गई थीं । समझा जाता है कि इस जगह, जहां बम साईकिल रखा गया था, पर काफी भीड़ होती है और अक्सर इस स्थान पर सुरक्षा बलों की गाड़ियां भी खड़ी होती हैं, अतः इन्हें क्षतिग्रस्त करने और भीड़ में व्यापक प्राण हानि के उद्देश्य को लेकर ही यह बम यहां रखा गया था । धमाके के साथ ही वह साईकिल जिस पर यह मोटर बम रखा हुआ था की गद्दी को आग लग गई और लोगों में भगदड़ मच गई । धमाके के कुछ क्षण बाद ही हाल गेट के निकट तैनात पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गए और आग को पानी डालकर बुझा दिया गया । साईकिल व उस पर फिट मोटर को पुलिस अपने साथ ले गई ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : थाना भिखीविंड के थानेदार ने कोलके ड्रेन के निकट से 5 मिलिटैंटों राम सिंह, सलचैन सिंह, अमरीक सिंह, चनन सिंह तथा जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके पास से 4 पिस्तौल, एक स्टिक बम तथा असंख्य कारतूस बरामद हुए हैं ।

पांच अन्य मिलिटैंट भी पकड़े गए हैं । इनमें से एक अमृतसर, एक पटियाला तथा 3 फरीदकोट जिले में पकड़े गए हैं ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव थंडे में मिलिटैंटों ने नरिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव चीमा बाठ के निकट से गोलियों से छलनी एक शव मिला है ।

गुट संघर्ष में 5 मरे : अमृतसर (नारंग): गत रात थाना अब्दाल के गांव डंड में एक व्यक्ति जस्सा सिंह तथा गांव जगतपुरा में एक व्यक्ति सुरेन्द्र पाल सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । ये हत्याएं मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम बताई जाती हैं । गुट संघर्ष के ही एक अन्य मामले में गुरदासपुर जिले के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव चीमा खुड्डी में गंडा सिंह नामक व्यक्ति मारा गया, जबकि आज प्रातः यहां मुल्तानविंड रोड पर स्थित तेज नगर की गली नं. 2 में नरेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति का शव मिला है । अधिकृत सूत्रों के अनुसार यह हत्या भी मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है । उधर थाना ब्यास के गांव चीमा बाठ में खूह के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है । यह व्यक्ति भी मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में मारा गया है । बताया गया है कि शव के पास एक पर्चा मिला है जिस पर लिखा गया था कि मरने वाला व्यक्ति लूटमार किया करता था ।

माऊजर पिस्तौल, कार कब्जे में : अमृतसर की मोहकमपुरा आबादी में पुलिस की नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की मारुति वैन कब्जे में लेकर उसमें से एक माऊजर पिस्तौल बरामद किया है, जबकि कार में सवार 3 व्यक्ति भाग जाने में सफल रहे ।

बम निष्क्रिय कर दिया गया : फरीदकोट (जिदल): गत 25 जनवरी को यहां के नेहरू स्टेडियम से जो बम मिला था उसे कल निष्क्रिय कर दिया गया । यह बम उस स्थान से मिला था, जहां राज्यपाल के सलाहकार प्रेम कुमार कठपालिया ने अगले दिन गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना था ।



राजनीतिक पार्टियों द्वारा पंजाब पर संयुक्त मोर्चा बनाने की योजना

नई दिल्ली, 2 फरवरी (संवाददाता) : सत्तारूढ़ जनता दल (स) को छोड़कर सभी राजनीतिक पार्टियां पंजाब के मुद्दे पर एक संयुक्त मोर्चा बनाने की योजना पर विचार कर रही हैं ताकि वे प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर पर इस बात के लिए दबाव डाल सकें कि वह पंजाब में लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए मजबूत उपाय करें नहीं तो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दें । इन पार्टियों का सर्वसम्मत विचार है कि श्री चन्द्रशेखर द्वारा अपनाई गई नीति देश के लिए आत्मघाती है तथा वह देश को टूटने की ओर ले जा रहे हैं ।

फरीदकोट जिले में 20 लोगों का अपहरण, इससे पूर्व होशियारपुर में 11 लोगों की हत्याएं और इससे भी कुछ समय पूर्व लुधियाना के निकट गिल गांव में नरसंहार से विभिन्न पार्टियों के नेताओं का ख्याल है कि इन घटनाओं के लिए श्री चन्द्रशेखर द्वारा अपनाई जा रही नीति जिम्मेदार है ।

गत 28 जनवरी को जब प्रधानमंत्री विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ ईदके गए थे तो इन राष्ट्रीय नेताओं ने उनसे साफ लफ्जों में कहा था कि पंजाब बारे उनकी नीति आत्मघाती है तथा वह मिलिटैंसी और हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं । श्री चन्द्रशेखर ने इन नेताओं को पंजाब बारे उठाए गए कदमों के संबंध में स्पष्टीकरण दिया था परन्तु ये नेता संतुष्ट नहीं हुए और जोर डाल कर कहा था कि वह तत्काल पंजाब बारे सर्वदलीय मीटिंग बुलाएं । उनके साथ जाने वाले नेताओं में हरकिशन सिंह सुरजीत, अटल बिहारी वाजपेयी तथा इन्द्रजीत गुप्त भी शामिल थे परन्तु पंजाब से लौटने के बाद चन्द्रशेखर इतने व्यस्त रहे कि पंजाब को समय नहीं दे पाए हैं । पहले वह अन्तर्राष्ट्रीय शस्त्र विक्रेता अदनान खाशोगी और चन्द्रास्वामी के साथ व्यस्त रहे और उसके बाद पार्टी के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए बलिया चले गए ।

मार्क्सी नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने पंजाब से लौटने के बाद प्रधानमंत्री को दो पत्र लिखे हैं और सर्वदलीय मीटिंग बुलाने की मांग की है । मार्क्सी पार्टी के पोलिट ब्यूरो ने भी एक बयान जारी कर पंजाब में कड़े कदम उठाने की मांग की है । श्री सुरजीत ने कहा है कि यदि श्री चन्द्रशेखर ने बलिया से लौट कर तुरंत सर्वदलीय मीटिंग नहीं बुलाई तो वह स्वयं इसे अगले सप्ताह बुलाने की पहल करेंगे । वह इस बारे में श्री वाजपेयी, श्री गुप्त और श्री राजीव गांधी से भी बात कर चुके हैं ।

पंजाब के राज्यपाल जन. ओ.पी. मल्होत्रा आज सायं यहां आने वाले थे लेकिन उनकी यात्रा रद्द कर दी गई । अब केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोधकांत सहाय कल चंडीगढ़ जा रहे हैं जहां वह राज्य के अधिकारियों से विचार-विमर्श करेंगे । श्री चन्द्रशेखर ने पंजाब का मामला श्री सहाय पर छोड़ रखा है जिन्हें स्थिति का सही अंदाजा नहीं है । श्री सुरजीत को इस बात पर भी आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री पंजाब प्रशासन को मिलिटैंटों से निपटने के लिए फ्रीहैंड क्यों नहीं दे रहे । राज्यपाल श्री मल्होत्रा व राज्य के अन्य अधिकारियों ने श्री सुरजीत से कहा है कि यदि उन्हें फ्रीहैंड दिया जाए तो वे शीघ्र ही मिलिटैंसी पर काबू पा लेंगे ।

इंका अध्यक्ष राजीव गांधी भी प्रधानमंत्री को पंजाब के बारे में तीन पत्र लिख चुके हैं । पार्टी के वरिष्ठ नेता उन पर दबाव डाल रहे हैं कि वह पंजाब का मामला प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री के सामने उठाएं । उनका कहना है कि श्री च खाड़ी के मुद्दे पर पहले ही इंका की उपेक्षा क तथा पंजाब के बारे में भी उनका यही रवैया तो इंका को केन्द्र सरकार से समर्थन वापस चाहिए ।

राजनीतिक प्रेक्षकों ने महसूस किया है दल (स) के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी पंज विशेष महत्व नहीं दिया गया है । श्री रा ने आज सायं अपने सलाहकारों के साथ स्थिति की समीक्षा की और विचार कि पंजाब के संबंध में पार्टी को क्या निर्दे चाहिए ।

पाक में भूकम्प में मरने वालों की संख्या 300 हुई

इस्लामाबाद, 2 फरवरी (वार्ता): पाकिस्तान में कल आए भूकम्प में मरने वालों की संख्या 300 से अधिक हो गई है । कल तड़के एक मिनट से अधिक समय तक आए इस भूकम्प में 500 से अधिक के घायल होने की खबर है । भूकम्प के झटके पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, भारत के कुछ उत्तरी राज्यों तथा सोवियत संघ के दो मध्य एशियाई गणराज्यों उजबेकिस्तान और तजाकिस्तान में भी महसूस किए गए थे । पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार भूकम्प से सर्वाधिक प्रभावित उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए भेजे गए राहत कर्मियों को दूर-दराज के गांवों में पहुंचने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है । कई पहाड़ी गांवों के रास्तों पर उन्हें घटने तक गहरी बर्फ के बीच से जाना पड़ रहा है । हताहतों की संख्या और भी अधिक बढ़ने का अंदेशा है ।

अमरीकी धमकी को गंभीर लिया जाए : जन. सुंद

नई दिल्ली, 2 फरवरी (प.स.): सेनाध्यक्ष जनरल के. सुन्दरजी ने क अमरीकी उप-राष्ट्रपति डान क्वेयन के को कि अमरीका ईराक के विरुद्ध परमाणु के इस्तेमाल की सम्भावना से इन्कार सकता, विश्व समुदाय द्वारा गंभीरतापू जाना चाहिए क्योंकि इसका अभिप्राय यह है कि ईराक यदि युद्ध में रासायनिक ह उपयोग करता है तो अमरीका भी परमाणु से इसका जवाब देगा । फिलहाल हम सोच कर अनदेखी नहीं कर सकते हैं कि यह धमकी शायद ईराक को रासायनिक ह उपयोग से बाज आने की खातिर दी हो भी नहीं है कि यह धमकी सिर्फ उसे आत के लिए दी गई हो । कौन जाने हालात करवट लें कि यह हकीकत में बदल जाए

बलात्कारी हत्यारे को

आगरा, 2 फरवरी (प.स.): एक अवय के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या क बुलंदशहर निवासी एक अपराधी जुम्मन सुबह जिला जेल में फांसी पर लटका दि

अमरीकी विमान इंजन खराबी के कारण सहार में

बम्बई, 2 फरवरी (प.स.): अमरीकी के एक सी-141 परिवहन विमान को खराबी की वजह से सहार अंतर्राष्ट्रीय हवा उतरना पड़ा ।

नवाज़ शरीफ की नीति की तीव्र आलो

इस्लामाबाद, 2 फरवरी (प.स.): नवा सरकार की खाड़ी नीति की आज सर्वदलीय तीव्र आलोचना की गई तथा विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने सऊदी अरब से प सेना वापस बुलाने की मांग की । कुछ कहा कि पाकिस्तान को अमरीका से संबंध चाहिएं तथा ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन समर्थन करना चाहिए

4 दलीय प्रदर्शन 4 को

बम्बई, 2 फरवरी (प.स.): अमरीकी को ईंधन आपूर्ति करने की केंद्र सरकार के विरोध के लिए विभिन्न राजनीतिक कार्यकर्त्ता आगामी चार फरवरी को साताक्रू अड्डे पर प्रदर्शन करेंगे । जनता दल, म कम्युनिस्ट पार्टी, कामगार आघाडी त वामपंथी पार्टियों की प्रदेश जनता दल के क हुई बैठक में यह फैसला किया गया ।

शोक समाचार

जालन्धर, 2 फरवरी : श्री सदेश क श्री वैद्य धर्मपाल शारदा का 24 जनवरी हो गया है । रस्म पगड़ी 3 फरवरी को दो 2 बजे तक 25, मथुरा नगर, सोढल रोड, में होगी ।

युद्धवीर की अंत्येष्

जालन्धर, 2 फरवरी : हिन्दी मिलाप के सम्पादक और श्री यश के छोटे भाई श्री की आज हैदराबाद में अंत्येष्टि कर दी युद्धवीर का कल हैदराबाद में नहाते समय में दिल का दौरा पड़ने से देहांत हो गया

रस्म पगड़ी



कबीरा आये जगत में, जग हंसे हम रोये ।
ऐसी करनी कर चले, हम हंसे जग रोये ।।

आपको बड़े दखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माता **श्रीमती लीलावन्ती** (सुपत्नी स्व. श्री संत राम जी भारती) प्रभु की इच्छा अनुसार 24 जनवरी 1991 दिन वीरवार को स्वर्ग सिधार गई हैं । रस्म पगड़ी दिनांक 5 फरवरी 1991 दिन मंगलवार बाद दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान, "भारती एण्ड कम्पनी", दाना मंडी बंगा (जालंधर) में होगी ।

शोकाकुल :-
मै. भारती एंड कम्पनी जगतराम लाल भारती (सुपुत्र)
दाना मंडी, पुरुषोतम लाल भारती (सुपुत्र)
बंगा-144505. एवम् समस्त परिवार

रस्म किरया



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **श्री देस राज सडाना** 26.1.91 को स्वर्गवास हो गए हैं । रस्म किरया इतवार 3.2.91 को दोपहर 2 बजे चौक हरबंस लाल डेरी वाला, सैदां गेट, जालन्धर में होगी ।

शोकग्रस्त :

मंगत राम सडाना, गुरदास राम डियो होल्डर, हंसराज हरबंस लाल डेरी वाले (भाई), रोशन सडाना, हरि ओम सडाना और गोपाल कृष्ण सडाना (सुपुत्र)

Punjab Archive

राजनी
पर सं

नई दिल्ली, 2
सत्तारूढ़ बनता
राजनीतिक पार्टिया
मोर्चा बनाने की यो
वे प्रधानमंत्री चन्द्र
डाल सकें कि वह
करने के लिए मज
पद से इस्तीफा दे
विचार है कि श्री च
देश के लिए आत्मा
ओर ले जा रहे हैं

फरीदकोट जि
इससे पूर्व होशियार
इससे भी कुछ सम
गांव में नरसंहार
ख्याल है कि इन
द्वारा अपनाई जा

गत 28 जन
पार्टियों के नेताओं
राष्ट्रीय नेताओं ने
पंजाब बारे उनक
मिलिटैंसी और
चन्द्रशेखर ने इन
कदमों के संबंध में
संतुष्ट नहीं हुए अ
तत्काल पंजाब
उनके साथ जाने
सुरजीत, अटल बि
भी शामिल थे
चन्द्रशेखर इतने
दे पाए हैं । पहल
अदनान खाशोगी
और उसके बाद
सम्मेलन में भाग

मार्क्सी नेता
लौटने के बाद प्र
सर्वदलीय मीटिंग
पार्टी के पोलिट
पंजाब में कड़े क
सुरजीत ने कहा है
से लौट कर तुरंत
स्वयं इसे अगले स
इस बारे में श्री
गांधी से भी बात

पंजाब के रा
सायं यहां आने वा
गई । अब केन्द्री
सहाय कल चंडी
अधिकारियों से
चन्द्रशेखर ने पंज
रखा है जिन्हें स्थि
सुरजीत को इस
प्रधानमंत्री पंजाब
के लिए फ्रीहैंड
मल्होत्रा व राज्य
से कहा है कि यदि
ही मिलिटैंसी पर

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

दी । बताया जाता है कि इन लोगों ने सुजान सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया था । दरवाजा न खुलने पर ये लोग दरवाजा तोड़कर अन्दर प्रविष्ट हुए तथा सुजान सिंह से पैसे की मांग की । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसे गोली मार दी । सुजान सिंह आज कल उच्ची बस्सी (एकेरियां) में बिजली बोर्ड में चपरासी के तौर पर कार्यरत था तथा कल सायं ही घर आया था ।

गेजा के बारे में विवरण मिला : बटाला (चौधरी): दो दिन पूर्व थाना सदर बटाला के गांव दयालगढ़ में मारे गए मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ गेजा जो कि खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का स्वयंभू जनरल था के बारे में एस.एस.पी. पंडित सीता राम ने बताया है कि यह मिलिटैंट पुलिस को लगभग 100 से भी अधिक हत्या के केसों में वांछित था । गुरमेज सिंह थाना डेरा बाबा नानक के गांव धर्मकोट रंधावा का रहने वाला था और श्रीमती इंदिरा गांधी के कातिल सतवन्त सिंह का चचेरा भाई था, एस.एस.पी. ने बताया कि यह सूचना मिलने पर कि गुरमेज सिंह अपने साथियों सहित दयालगढ़ में आया हुआ है । पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने उस स्थान को घेरे में ले लिया । दोनों तरफ लगभग डेढ़ घंटे फायरिंग होती रही जिसमें गुरमेज सिंह मारा गया ।

3 स्कूली बच्चों का अपहरण : मिलिटैंटों ने बटाला से 3 स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया ।

शव मिला : गोंदे जिले के ठेर गांव से एक अन्य व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है । मृतक की पहचान करम सिंह बताया गया है ।

अनुसार इन भारतीयों में
हैं । इन्हें समुद्री और वाय
ईराक में केवल 200 भ

भारत व अन्य
मांग सकते

न्यूयार्क, 4 फरव
महासचिव ज़ेवियर पेरेज़
खाड़ी युद्ध से आर्थिक रू
अन्य देशों का यह अधि
मांग करें । श्री कवैया ने
खेद प्रकट किया कि संयुक्त
दिशा में कोई कार्रवाई न
राष्ट्र घोषणा पत्र के अनु
प्रावधान है ।

श्री कवैया ने कहा
राष्ट्र का नहीं है तथा इस
कोई नियत्रण नहीं है, हा
ने दी थी । उन्होंने
सावधानीपूर्वक संयुक्त
रही लड़ाई तथा संयुक्त
बीच का फर्क समझना च

अमरीकी लड़ाक
में ईंधन लेने

नई दिल्ली, 4 फरव
आज इस बात का खंडन
लड़ाकू विमान को-देश
प्रदान की गई है ।

विदेश विभाग
सम्वाददाताओं के सवाल
के ऊपर से उड़ान भर र
विमान को पुनः ईंधन
के लिए किसी विशेष स
है । लेकिन यह एकद
सैनिक विमानों को किसी
भरने की सुविधा प्रदान

प्रवक्ता ने स्पष्ट कि
के बीच देश के ऊपर
बारे में 1985, 198
पर कोई समझौता नहीं
में छपा है ।

कांग्रेस (इ) ने अ
राजीव गांधी के प्रधा
वायुसेना के विमानों
ईंधन भरने की कोई सु
थी ।

Punjabi Bhawan

भारी रश : लालरू-जालंधर, मिनी लालरत्न-जालंधर,
संगम-अमृतसर, अरोड़ा और मलहार-लुधियाना

A Haun
Spille
Mus

अपने सभी नागरिकों को यात्रा स्थगित करने की सलाह भी दी है ।

फ्रांस के नए रक्षामंत्री पियरे जोक्स आज रियाद पहुंचे । वह सऊदी अरब के अधिकारियों से खाड़ी युद्ध पर विचार-विमर्श और फ्रांसीसी सैनिकों की कार्रवाई का निरीक्षण करेंगे ।

सऊदी अरब की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि श्री जोक्स की अगवानी देश के रक्षामंत्री के सहायक ओथमन अल हमीद ने की । श्री जोक्स को जयां पियरे शेवनेमे के इस्तीफे के बाद फ्रांस का रक्षामंत्री बनाया गया है ।

सद्दाम क्या दुआ मांगते हैं ? : "मुझे लगता है कि ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन हर रात सोने से पहले दुआ मांगते होंगे कि पैगम्बर मोहम्मद उनके सपनों में आकर बताएं कि ईराक के प्रक्षेपास्त्र हमलों को रोकने के लिए इसराईल कब जवाबी कार्रवाई शुरू करेगा ।" इसराईल के उप-सेनाध्यक्ष मेजर जनरल अहुद बरक ने कल रात तेल अवीव में यह बात कही ।

मेजर जनरल बरक ने इसराईली टैलीविजन के साथ एक भेंट में कहा कि "उनके विशेषज्ञ ईराक की धमकियों से निपटने के लिए जवाबी कार्रवाई शुरू करने को बेचैन हैं, लेकिन इस युद्ध की-सी जटिल स्थिति में क्रोध, क्षोभ या बेचैनी में कार्रवाई करना बुद्धिमत्ता नहीं है ।"

उन्होंने कहा कि इस युद्ध में वह अन्य युद्धों की तरह स्वाभाविक रूप से जवाबी कार्रवाई करने के पारम्परिक तरीके अपनाने की सलाह नहीं देंगे ।

युद्ध विरोधी प्रदर्शन : दस हजार लोगों ने कल स्पेन की राजधानी मैड्रिड से थोड़ी दूर अमरीका के टोरेजोन वायुसेना अड्डे पर प्रदर्शन कर खाड़ी युद्ध की समाप्ति और स्पेन में अमरीकी अड्डों को बंद करने की मांग की ।

इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने मैड्रिड के पूर्वी उपनगर से अमरीकी अड्डे तक 14 किलो मीटर लम्बा जलूस निकाला । उन्होंने हाथ में पोस्टर और बैनर थाम रखे थे जिन पर अरब सागर में गश्त कर रहे स्पेनी जलयानों की वापसी, अमरीकी अड्डों को बंद करने और पश्चिम एशिया पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने की मांग की गई थी ।

मोरक्को की राजधानी रबात में कल डेढ़ लाख के बीच लोगों ने ईराक के समर्थन में प्रदर्शन किया और शाह हसन से मांग की कि वह खाड़ी से मोरक्को की सैनिक टुकड़ियां वापस बुला लें ।

दूतावास पर बम : यमन की राजधानी साना में कल इटली के दूतावास पर एक छोटा बम फैंका गया जिसके विस्फोट से इमारत को मामूली नुकसान पहुंचा । बम दूतावास की छत पर गिरा ।

भूरे लाल तबदील

नई दिल्ली, 4 फरवरी (प.स.): प्रधानमंत्री के कार्यालय में संयुक्त सचिव श्री भूरे लाल, जो बोफोर्स और अन्य संवेदनात्मक मामलों को निपटा रहे थे, का तबादला कर दिया गया है ।

अदालत ने पूर्व सुनवाई का विन चड्ढा का आग्रह ठुकराया

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी.बी. बंसल ने आज स्वीडन की बोफोर्स तोप कम्पनी के पूर्व एजेंट विन चड्ढा के मुकद्दमे में निर्धारित तिथि से पहले सुनवाई करने से इन्कार कर दिया । मुकद्दमे की सुनवाई 22 फरवरी को होनी है किन्तु श्री चड्ढा की ओर से इसे आज ही शुरू करने का आग्रह किया गया था ।

अदालत में ज़रदारी पर आरोप लगाए गए

कराची, 4 फरवरी (प.स.): एक पाकिस्तानी अदालत ने आज औपचारिक रूप से भूतपूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो के पति श्री आसिफ़ ज़रदारी पर अपराधपूर्ण षड्यंत्र रचने और धन ऐंठने के आरोप लगाए लेकिन ज़रदारी ने इनका खण्डन करते हुए इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया ।

मान सहाय से मिले

चंडीगढ़, 4 फरवरी (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि अकाली दल के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान तथा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय के मध्य कल रात यहां मुलाकात हुई थी ।

इस मुलाकात के दौरान पंजाब की ताजा राजनीतिक स्थिति के अलावा पंजाब समस्या के समाधान हेतु प्रधानमंत्री के साथ प्रस्तावित दूसरे दौर की बैठक और मिलिटैंटों की गतिविधियों बारे भी बातचीत हुई । श्री मान के निकट सूत्रों ने न तो इस भेंट की पुष्टि की है और न ही खण्डन । श्री मान केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्री हरमोहन धवन से भी मिले ।

प्रयास तेज़

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर विचार करने के लिए अरब देशों का एक लघु शिखर सम्मेलन बुलाने पर सलाह-मशविरा कर रहे हैं । अल्जीरिया रेडियो ने राजधानी के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी मगर यह नहीं बताया कि यह शिखर बैठक कहां होगी ।

रफसंजानी की पहल : खाड़ी युद्ध के 19वें दिन आज ईरान के राष्ट्रपति हाशमी रफसंजानी ने युद्ध को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल कर ईराकी और अमरीकी नेताओं से बातचीत करने की पेशकश की । श्री रफसंजानी ने तेहरान में एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि वह खाड़ी में शांति एवं सुरक्षा की खातिर ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन से व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए तैयार हैं । उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति हुसैन को हमारा विचार स्वीकार्य हो तो हम उस आधार पर एक योजना तैयार कर सकते हैं । ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि वह शांति की खातिर अमरीका के साथ अपने देश का सीधा राजनयिक संबंध बहाल करने के लिए भी तैयार हैं ।

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने खाड़ी युद्ध को समाप्त कराने के लिए आज एक छः सूत्री शांति योजना का प्रस्ताव रखा है । श्री शरीफ अल्जीरिया, लीबिया, मोरक्को और ट्यूनीशिया की अपनी दूसरी यात्रा पर अगले सप्ताह रवाना होने वाले हैं ।

पाक पहल रद्द : इस्लामाबाद स्थित ईराकी राजदूत ने पाक प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ द्वारा की जा रही खाड़ी में शांति पहल को आज ठुकरा दिया । राजदूत ने कहा कि वह नहीं समझते कि 45 इस्लामी देशों के संगठन की बैठक बुलाने, जिसके लिए श्री शरीफ़ कोशिश कर रहे हैं, का कोई लाभ होगा ।

पंजाब में वारदात.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक लाख रुपए का पुरस्कार था, इस मुठभेड़ में घायल हो गया, परन्तु वह रात के अंधकार में ही घायल अवस्था में लगभग अढ़ाई किलोमीटर दूर गांव सोढीवाल में एक बहक में जाकर छिप गया । सुबह सुरक्षा बलों ने जब क्षेत्र की छानबीन की तो उन्होंने रक्त के धब्बे लगभग अढ़ाई कि.मी. दूर उक्त बहक तक जाते देखे । इस पर सुबह लगभग 7.30 बजे सुरक्षा बलों ने उक्त बहक को घेरे में ले लिया । यहां लगभग अढ़ाई घंटे ज़ोरदार मुठभेड़ हुई जिसके परिणामस्वरूप गुरबख्श सिंह सहित तीन मिलिटैंट मारे गए । यहां मारे गये एक अन्य मिलिटैंट की पहचान मक्खन के रूप में हुई है । इसी मुठभेड़ में होमगार्ड जवान मेहर सिंह भी मारा गया । वह बहक के भीतर हथियार ढूंढने के लिए गया था कि मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी । उन्होंने मेहर सिंह का शव भी जला दिया ।

मिलिटैंट मारा गया : मुक्तसर में दर्दी के अनुसार गत रात एक मिलिटैंट बलविंदर सिंह उर्फ बीरा निवासी मस्तगढ़ (खेमकरण) मिलिटैंटों की ही गोलियों से मारा गया । बताया जाता है कि पुलिस उसे हथियारों की खोज के लिए लेकर गई थी । वापसी पर पक्की गांव के निकट मिलिटैंटों ने अपने साथी को छुड़ाने के लिए पुलिस पार्टी पर घात लगा कर हमला कर दिया । फायरिंग में बलविंदर सिंह मारा गया ।

एक अन्य मिलिटैंट मारा गया : लुधियाना जिले के बद्दोवाल के निकट कल रात एक मिलिटैंट एक पैट्रोल पार्टी के हाथों उस समय मारा गया, जब उसने वहां स्थित एक सैनिक शिविर में घुसने का प्रयास किया ।

एक की हत्या : लुधियाना जिले के ही गांव शेखपुरा से 8 मिलिटैंटों ने प्रह्लाद सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण करके गांव के बाहर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में मिलिटैंटों ने उसके शव को वहां पर लटका दिया ।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर से मर्दी के अनुसार गत रात यहां से पांच कि.मी. दूर कलोई गांव में मिलिटैंटों ने बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार होकर रात 9 बजे बलदेव सिंह के घर गए तथा पूछा कि वह कहां है । परिवारजनों ने बताया कि वह खेतों में पानी दे रहा है । तब मिलिटैंट खेतों में चले गए तथा वहां उन्होंने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग करके बलदेव सिंह की हत्या कर दी ।

कार छीन ली : मिलिटैंटों ने संगरूर के लखबीरवाला गांव में से एक व्यक्ति की कार छीन ली तथा उसमें बैठ कर फरार हो गए ।

होमगार्ड जवान की हत्या : साइकिल सवार मिलिटैंटों ने संगरूर जिले के चिन्नेवाल गांव के निकट पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें पंजाब होमगार्ड का एक जवान नेक सिंह मारा गया तथा सहायक उपनिरीक्षक सुबेग सिंह घायल हो गया ।

नहरों की शाखाओं के आसपास कर्फ्यू : अमृतसर जिले के पट्टी तथा तरनतारन क्षेत्रों में बहने वाली 7 नहरों की शाखाओं तथा ड्रेनों के आसपास के दोनों ओर के 100 मीटर क्षेत्र में रात 6 बजे से सुबह 6 बजे तक का कर्फ्यू लगा दिया गया है, जो कि 21 मार्च तक लागू रहेगा । जिला मैजिस्ट्रेट के एक आदेश में कहा गया है कि यह कार्रवाई हथियारों की तस्करी रोकने के लिए की गई है ।

घायल एस.पी.ओ. चल बसा : कल रात अमृतसर शहर के सुल्तानविंड में शराब की एक दुकान के पास मिलिटैंटों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर कांस्टेबल बूटा सिंह की हत्या कर दी थी तथा विशेष पुलिस अधिकारी बलवंत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था । घायल बलवंत सिंह भी आज अस्पताल में चल बसा ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : सेना ने तरनतारन पुलिस जिले में दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक मशीनगन, छह मैगज़ीन और सात बारूदी पलीते बरामद किए हैं ।

एक मिलिटैंट मारा गया : मजीठा पुलिस जिले में बाबा बकाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक बम, दो मैगज़ीन तथा 22 कारतूस मिले हैं ।

सरपंच का शव मिला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव वेटिंग से आज सरपंच जोगिन्दर सिंह का शव मिला है । उसका अपहरण कर लिया गया था ।

एक शव मिला : अमृतसर जिले के बहेड़ू पुलिस के निकट से आज सुबह एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया ।

मदन लाल गुप्ता का अंतिम संस्कार कर दिया गया : अमृतसर से वर्मा के अनुसार अमृतसर के प्रमुख पंथ कांग्रेस (इ) नेता श्री मदन लाल गुप्ता, जिनकी गत दिवस मिलिटैंटों ने उनके दफ्तर के बाहर गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनकी अर्थी उनके निवास स्थान गोबिंद नगर सुल्तानविंड रोड से उठाई गई । शवयात्रा में श्री बृज भूषण मेहरा, श्री प्रताप चन्द भण्डारी, प्रोफैसर दरबारी लाल, श्री मनिन्द्र सिंह हीरा, मनिन्द्र जीत सिंह बिट्टा, रामिन्द्र सिंह बुलारिया के अतिरिक्त सैकड़ों कांग्रेसी वर्कर तथा उनके रिश्तेदार साथी व शहरी शामिल हुए । उनका अंतिम संस्कार चाटीविंड श्मशान घाट में किया गया ।

स्कूटर छीना : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार आज शाम कुछ हथियारबंद युवकों ने सरहिंद में निरमल कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

देहात में छापे : होशियारपुर (नि.स.): मिलिटैंटों की तलाश में होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला और गुरदासपुर जिलों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों की 11 कम्पनियों ने आज तीसरे दिन भी जिला के दसूहा गढ़दीवाला और टांडा के क्षेत्रों के दो दर्जन देहात में छापे मार कर तलाशियां लेने का काम जारी रखा । जिला के एस.पी. डिटैक्टिव चिरंजीत सिंह बाजवा ने बताया कि कल रात जिला पुलिस ने कई जगह घात भी लगाई । एस.पी. बाजवा के अनुसार और एक दर्जन लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

8 राइफलें उठा ले गए : जालंधर (प.स.): पुलिस ने बताया है कि मिलिटैंट आज रात्रि जिला जालंधर के थाना भोगपुर की एक ग्रामीण सुरक्षा चौकी से आठ 303 राइफलें कुछ गोली-सिक्के सहित उठा कर ले गए हैं । मिलिटैंटों की संख्या 16 थी और उन्होंने एकदम कार्रवाई करके ग्रामीण सुरक्षा बल के सदस्यों से ये शस्त्र छीन लिए । सूचना मिलने पर उच्च पुलिस अधिकारी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए और क्षेत्र में तलाशियों का काम शुरू कर दिया है ।

फिल्लौर (तरसेम): आज अखिल भारतीय शिव सेना के अध्यक्ष श्री जगदीश तांगड़ी ने कल लुधियाना के थाना डेहलों के निकट शिव सेना नेताओं दीप चड्ढा, हरीश बत्ता के मारे जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पंजाब में जब से राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने कार्यभार सम्भाला है और जब से जगह-जगह नीम फौजी दस्ते लगाए गए हैं, निर्दोष लोगों की हत्याएं बढ़ गई हैं । श्री तांगड़ी ने कहा कि जब तक पंजाब में पुलिस की शक्ति को बढ़ाया नहीं जाता और पंजाब पुलिस में फैले खालिस्तानी समर्थकों को हटाया नहीं जाता, तब तक आतंकवाद रोकना मुश्किल है । आज लुधियाना में उक्त शिव सेना नेताओं का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।



लुधियाना जिले में डेहलों गांव के निकट मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार होने वाले शिव सेना वर्करों दीप चड्ढा व हरीश बत्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय शिव सेना अध्यक्ष श्री जगदीश तांगड़ी व अन्य । इन्सैट में बाएं दीप चड्ढा व दाएं हरीश बत्ता के पुराने चित्र तथा (नीचे) मृतकों की चिताओं को अग्नि भेंट करते हुए उनके भाई । (छाया : तरसेम)

चंद्रशेखर-देवीलाल मतभेदों का खंडन

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और उपप्रधानमंत्री देवी लाल मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) के बावली में नौ फरवरी को संयुक्त रूप से एक किसान सभा को सम्बोधित करेंगे । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए दोनों नेताओं के बीच कोई मतभेद होने से इन्कार किया ।

प्रवक्ता के अनुसार श्री देवी लाल आगामी 11 तारीख को बागपत क्षेत्र के दाहा में एक जनसभा में भाग लेंगे । उपप्रधानमंत्री 17 फरवरी को एक जनसभा के सिलसिले में मोदीनगर (गाज़ियाबाद) भी जाएंगे ।

जनता दल ने आज यहां आरोप लगाया कि अमरीकी विमानों में तेल भरने के सिलसिले में 1987 में भारत और अमरीका के बीच करार हुआ, तब श्री राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे । दल के प्रवक्ता श्री एस. जयपाल रेड्डी ने सम्वाददाताओं को बताया कि इस करार के तहत अमरीकी वायुसेना के विमानों में भारत में तेल भरने की सुविधा मुहैया करने की व्यवस्था की ।

109 नर्सों सहित 291 लोग जार्डन से भारत पहुंचे

बम्बई, 4 फरवरी (प.स.): जार्डन के अकाबा शहर से 291 भारतीय नागरिकों का जत्था आज यहां पहुंचा । इनमें 109 भारतीय नर्सें भी शामिल हैं और ज्यादातर लोग केरल के रहने वाले हैं । इन लोगों को यहां लाने का इंतजाम अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन ने किया है । इन नर्सों की ओर से कुमारी एलिजाबेथ पाटिल ने स्वदेश पहुंचने पर खुशी जाहिर की और कहा कि 17 फरवरी को ईराकी राजधानी बगदाद पर बहुराष्ट्रीय सेनाओं की बमबारी को वे कभी नहीं भूल सकती हैं । ये नर्सें बगदाद के सद्दाम मैडिकल सिटी अस्पताल में पिछले दो महीने से काम कर रही थीं और उन्होंने युद्ध शुरू होने पर अस्पताल के तहखाने में पनाह ले रखी थी । 18 जनवरी को इन्हें भारतीय दूतावास ले जाया गया और वहां से बम्बई तक की यात्रा के लिए जार्डन की सीमा पर ले आया गया ।

स्वदेश लौटने पर प्रसन्न ये नर्सें ईराक स्थित भारतीय दूतावास से काफी नाराज़ हैं । उन्होंने कहा कि कुवैत पर ईराक के हमले के फौरन बाद हम स्वदेश लौटना चाहती थीं, लेकिन दूतावास के अधिकारियों ने हमारी मदद नहीं की । स्वदेश लौटने की मांग पर हमने दो अक्तूबर से काम भी बंद कर दिया, पर दूतावास एक या दूसरे बहाने से हमारी मांग टालता रहा । परिणामस्वरूप हमें युद्ध के खौफनाक अनुभव से गुज़रना पड़ा और बमबारी के बीच सीमा से अपने अस्पताल तक हमें तीन बार आना-जाना पड़ा ।

जार्डन से गत 14 अगस्त के बाद से अब तक 1,37,496 भारतीयों को स्वदेश लाया जा चुका है । अधिकृत तौर पर आज दी गई सूचना के अनुसार इन भारतीयों में से अधिकांश ईराक से लौटे हैं । इन्हें समुद्री और वायुमार्ग से लाया गया । अब ईराक में केवल 200 भारतीय रह गए हैं ।

भारत व अन्य देश मुआवज़ा मांग सकते हैं : क्वैया

न्यूयार्क, 4 फरवरी (प.स.): संयुक्त राष्ट्र महासचिव ज़ेवियर पैरेज़ दि क्वैया ने आज कहा कि खाड़ी युद्ध से आर्थिक रूप से प्रभावित भारत तथा अन्य देशों का यह अधिकार है कि वे मुआवज़े की मांग करें । श्री क्वैया ने एक इंटरव्यू में इस बात पर खेद प्रकट किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के अनुच्छेद 50 में इसका स्पष्ट प्रावधान है ।

श्री क्वैया ने कहा कि खाड़ी का युद्ध संयुक्त राष्ट्र का नहीं है तथा इस विश्व संगठन का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है, हालांकि इसकी अनुमति उसी ने दी थी । उन्होंने कहा कि हमें बड़ी सावधानीपूर्वक संयुक्त राष्ट्र के नियंत्रण में लड़ी जा रही लड़ाई तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत लड़ाई के बीच का फर्क समझना चाहिए ।

अमरीकी लड़ाकू विमानों को भारत में ईंधन लेने की सुविधा नहीं

नई दिल्ली, 4 फरवरी (प.स.): भारत सरकार ने आज इस बात का खंडन किया कि किसी अमरीकी लड़ाकू विमान को देश में ईंधन भरने की सुविधा प्रदान की गई है ।

विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने यहां सम्वाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि देश के ऊपर से उड़ान भर रहे विमान या किसी असैनिक विमान को पुनः ईंधन भरने की सुविधा प्रदान करने के लिए किसी विशेष समझौते की जरूरत नहीं होती है । लेकिन यह एकदम गलत है कि अमरीका के सैनिक विमानों को किसी समझौते के तहत पुनः ईंधन भरने की सुविधा प्रदान की गई है ।

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत और अमरीका के बीच देश के ऊपर सैनिक विमान की उड़ानों के बारे में 1985, 1987 या किसी भी अन्य समय पर कोई समझौता नहीं हुआ जैसा कि कुछ अखबारों में छपा है ।

कांग्रेस (इ) ने आज यह स्पष्ट किया कि श्री राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में अमरीकी वायुसेना के विमानों को भारतीय हवाई अड्डों पर ईंधन भरने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी ।

भाजपा उच्च कमान सांसद डा. जे.के. जैन से अप्रसन्न

जयपुर, 4 फरवरी (आ.): भाजपा उच्च कमान राज्यसभा के सदस्य डा. जे.के. जैन से खाशोगी के प्रसंग पर इतनी अप्रसन्न है कि उन्हें शायद पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत ही न किया जाए । इस अप्रसन्नता का कारण उनके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय शस्त्र विक्रेता अदनान खाशोगी को दिए गए भोज में शामिल होना बताया गया है । यहां तक कि अब शायद विजयाराजे सिंधिया भी उनके बचाव के लिए कुछ न कर सकें, जबकि डा. जैन ने प्रैस पर मामले को उछालने का आरोप लगाते हुए पार्टी का समर्थन प्राप्त करने की गर्ज से कहा, "कम से कम मैं ऐसी उम्मीद नहीं करता था ।"

जब उनसे यह पूछा गया कि उस भोज में एल.के. अडवानी व अटल बिहारी वाजपेयी ने भी शामिल होने से इन्कार कर दिया तब भी उन्हें यह संकेत क्यों प्राप्त नहीं हुआ कि दाल में कुछ काला है तो डा. जैन ने कहा, "मैंने उनके न आने को कोई राजनीतिक महत्त्व नहीं दिया । कुछ दिन पहले ही मेरे घर में एक वैवाहिक समारोह था और जो उसमें शामिल नहीं हुए, उनके बारे में मैंने तो कुछ गलत नहीं सोचा ।"

जार्डन की नर्स को सऊदी अरब में फांसी

तेहरान, 4 फरवरी (प.स.): सऊदी अरब में काम कर रही जार्डन की एक नर्स को सऊदी सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके फांसी पर चढ़ा दिया । यह दावा वायस आफ रिपब्लिक ने सोमवार को किया ।

बताया जाता है कि उक्त नर्स को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब उसने जार्डन में अपने परिवार को टैलीफोन पर यह जानकारी दी कि सऊदी अरब के अस्पताल युद्ध में घायल सैनिकों से भरे पड़े हैं । रेडियो के अनुसार सुरक्षा बलों ने नर्स का टैलीफोन टैप कर लिया था ।

वेतन-विसंगतियां दूर करने की मांग

लुधियाना, 4 फरवरी (नेपाल): पंजाब के आबकारी निरीक्षकों की गत दिवस हुई एक जनरल मीटिंग में सरकार से मांग की गई है कि उनके वेतनमानों में विसंगतियां दूर की जाएं । एसोसिएशन के महासचिव श्री गुरचरण सिंह लूथरा ने बताया कि उनकी यह भी मांग है कि वेतन आयोग की उनकी पदोन्नतियों बारे सिफारिशों को भी तुरन्त लागू किया जाए ।

बचपन से ही सैक्ससम्बन्धी जानकारी दी जाए : साठे

नई दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता): वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेता श्री वसंत साठे ने आज कहा कि सैक्स के प्रति अपराधबोध की भावना को खत्म करने के लिए बचपन से ही सैक्स सम्बन्धी जानकारी दी जानी चाहिए । श्री साठे ने राजधानी के एक पंचतारा होटल में आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय यौन सम्पूर्ति सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में सैक्स सभी सामाजिक बुराइयों की जड़ है ।

उन्होंने कहा कि दंगा, हत्या या अन्य किसी भी प्रकार के अपराध के लिए दोषी व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त होता है और इसका मूल कारण एक हद तक यौन सम्पूर्ति की कमी होती है ।

तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में अमरीका के जान हापकिन्स विश्वविद्यालय के डा. जॉन मनी, अमरीका के किन्से इंस्टीट्यूट की डा. जून रेनिच और देश के शीर्षस्थ सैक्स विशेषज्ञों समेत देश-विदेश के अनेक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं । सम्मेलन में यौन सम्पूर्ति के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श होगा ।

कनाडा में सब से बड़े गुरुद्वारे का उद्घाटन सम्पन्न

टोरंटो, 4 फरवरी (आई.ए.एन.एस.): उत्तर अमरीका के सबसे बड़े कहे जाने वाले गुरुद्वारे के उद्घाटन समारोह में छः हजार से भी अधिक सिखों ने भाग लिया ।

कनाडा में स्कारबोरो स्थित इस गुरुद्वारे का निर्माण गुरसिख सभा द्वारा दो एकड़ भूमि में पांच मिलियन डालर की लागत से करवाया गया है । यह जानकारी सभा के अध्यक्ष मक्खन सिंह ने दी ।

इससे पूर्व हाल ही में दो-दो मिलियन डालर की लागत से दो अन्य गुरुद्वारों का भी निर्माण किया जा चुका है ।

एयर ल... के अपह...

अगरतला, 4... लाइन्स के एक वि... प्रयास किया गया, ... एक युवक ने कल... विमान को अपहृत... चालक दल के स... दबोचा ।

पैट्रोल, डी... कटौती, न...

इलाहाबाद, ... पैट्रोलियम और ... मालवीय ने आ... द्वारा दी गई ... वायुसेना के पा... सुविधा मुहैया... संवाददाताओं से... के पास अगले ... पैट्रोल का पर्या... बात नहीं है ... पैट्रोलियम उत्... राशनिंग करने...

जनग...

नई दिल्ली, ... रामास्वामी वे... ने आज एक ... आगामी शा... जनगणना का...

ईंधन सरका...

नई दि... प्रवक्ता ज... अमरीकी ... जहाजों के ... 1987 में ... उन्होंने सं... को इस ... चाहिए ... राष्ट्रीय मो... के लिए ... कि श्री ... प्रधानमंत्री...

व्यापा...

अमृत... लाने-पी... यकीनी ... आपूर्ति ... हुई, ... परचून ... मीटिंग ... हुआ ...

बैठ... चेताव... इन ज... अन्यथ... जाएगी... विभिन्न... रेट पर... इस त... साबुन... चने ... (कि... वाले... खरी... थैली... करन...

अ...

क...

स...

आ...

...ीफ़ाइड विज्ञापन

...लिंग) मशीनें बिकाऊ ...1421, 51418,

...ate for 4.2.91 ...ECC suggested ...

...31.1.91 को गंगा ...र्कशाप के बीच कहीं ...500 रुपए शुक्राना ...nterprises, Gali ...ritsar.

...मोके, बाल झड़ने का ... सुल्तानविंड रोड,

शिक्षा

LL.B. Professional लखनऊ/कानपुर B.A./B.Com./B.Sc. (one sitting), B.Ed., +2 (गारंटी) R.M.P. Registration 15 दिनों में B.A.M.S. one sitting, Prospectus 10/-. Diamond College, Near Lal Rattan, Opp. Punjab National Bank, Jalandhar.

आवश्यकता

जरूरत है साबका फौजी सिक्योरिटी गार्ड्ज़ की करनाल, पानीपत, कुरुक्षेत्र, पिहोवा, चीका, कैथल के लिए, अच्छी तनख्वाह, इंटरव्यू 4.2.91 से लेकर 10.2.91 तक ली जाएगी, मिलें :—मार्फत सूबेदार नरिन्द्र सिंह, भारत आटो सैंटर, 16, भगत सिंह मार्कीट, सामने कैपिटल सिनेमा, अम्बाला कैंट-133001.



भारी रश : लालरत्न-जालंधर, मिनी लालरत्न-जालंधर, संगम-अमृतसर, अरोड़ा और मलहार-लुधियाना, नीलम-चंडीगढ़, सूरज-पंचकूला, न्यू मैट्रो-फरीदाबाद, सुनील- अबोहर, मैजेस्टिक-मोगा, अलंकार-भटिंडा, के.सी.-जम्मू, मारंग-सोनीपत, अलोरा-पटियाला ।

वीडियो में 'सनम मेरे सनम' का गाना नहीं है और जम्मा-जम्मा का आधा गाना कटा हुआ है, फिल्म का पूरा आनंद लेने के लिए



A Haunting Love Story
Spilled with Greatest
Musical Adventure
जब-जब प्यार सदाएं देगा तुमको
दीवाना बनके
तब-तब तुमको आना ही होगा मीत
मेरे मन के

Meet Mere Man Ke

परिणाम

महाभारत MAHABHARAT

6वें ड्रा का परिणाम, जो 4.2.91 को ...

1st Prize (1) Rs. 11,00,000/-
2nd Prize (2) Maruti Car each
3rd Prize (24) Rs. 5,000/-
A-344276 107547 135720 705678 18...
B-449995 777944 355723 240270 89...
C-215104 627445 737244 258729 15...

All Tickets ending with the follo...

4th Prize (240) Rs. 500/- each (On last 5...
28707 37975 21707 15908 98933 459...
5th Prize (240) Rs. 100/- each (On last 5...
59279 25533 12824 55597 03748 352...
6th Prize (2400) Rs. 50/- each (On last 4...
7496 0262 3999 0526 0263 236...
7th Prize (2400) Rs. 20/- each (On last 4...
0729 7960 3293 1740 7402 132...
8th Prize (24,000) Rs. 10/- each (On last...
014 142 203 303 435 57...

PUNJAB Digital Library

पंजाब में 14 सुरक्षा कर्मियों सहित 20 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 5 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 14 सुरक्षा कर्मियों सहित 20 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि मिलिटैंटों ने एक गांव से ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत दिए गए हथियार लूट लिए ।

5 सुरक्षा कर्मियों सहित 6 की हत्या : नाभा से सुशील जैन के अनुसार गत रात लगभग 8 बजे यहां से कुछ दूर स्थित गांव भुंडर फुलीवाल की सम्पर्क सड़क पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार यह जवान गश्त कर रहे थे कि अचानक उन पर मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया । मृतक सुरक्षा कर्मियों में एक सहायक उप-निरीक्षक, पंजाब पुलिस के दो जवान तथा 2 होमगार्ड जवान शामिल हैं । मृतकों की पहचान हो गई है । ये हैं: सहायक उप-निरीक्षक ईश्वर सिंह (32) निवासी माडल टाउन, पटियाला, कांस्टेबल नाजमणि (21) निवासी हीरा महल नाभा, सिपाही गुरमुख सिंह, होम गार्ड जवान हरनेक सिंह (22) निवासी गांव छज्जू भट्ट, होमगार्ड जवान अवतार सिंह (20) निवासी गांव बुघाकलां तथा लाल चंद निवासी गांव मटोरडा । फायरिंग में एक ए.एस.आई. बलदेव सिंह घायल हो गया । एक अन्य व्यक्ति बब्बू भी घायल हुआ है । घायल बलदेव सिंह ही सभी व्यक्तियों को अपने वाहन में सिविल अस्पताल नाभा लेकर गया । बताया जाता है कि मृतक ईश्वर सिंह की अभी 10-12 दिन पूर्व ही नियुक्ति हुई थी । इसके अतिरिक्त हरनेक सिंह की नियुक्ति भी केवल एक मास पूर्व ही हुई थी । नाजमणि की केवल 20 दिन पूर्व ही सगाई हुई थी ।

पटियाला से भूषण के अनुसार फायरिंग में मारे गए 6 व्यक्तियों के अतिरिक्त 2 व्यक्ति घायल हुए हैं । मृत व्यक्ति लाल चन्द सुरक्षा कर्मियों के साथ उनके वाहन में ही जा रहा था ।

अंतिम संस्कार : आज दोपहर के बाद मारे गए जवानों का पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । नाभा क्षेत्र में यह इस प्रकार की पहली बड़ी वारदात है । हिन्दू शिव सेना की यहां श्री शाम लाल की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इन हत्याओं की निंदा की गई । बैठक में मांग की गई कि क्षेत्र में बी.एस.एफ. को तैनात किया जाए ।

अकाली दल (ब) कार्यकर्त्ता की हत्या : भटिंडा जिले के रोड गांव में कल रात अकाली दल (बादल) के सदस्य हरनेक सिंह की उनके विरोधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

महिला मारी गई : तरनतारन पुलिस जिले में कल रात ठाठियां महंतां गांव में सेना के जवानों और मिलिटैंटों के बीच हुई गोलीबारी में एक बस में सवार एक महिला की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए ।

इस फायरिंग में बस में यात्रा कर रहे तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए । बताया जाता है कि इससे पूर्व इन मिलिटैंटों ने गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया था, जिसे सुरक्षा गार्डों ने असफल कर दिया था ।

दो बैंक सुरक्षा गार्डों की हत्या : लुधियाना जिले के गांव बद्धोवाल में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा पर तैनात हैड कांस्टेबल मक्खन सिंह तथा होम गार्ड बलवंत सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस वारदात में सफाई कर्मी जोगा सिंह घायल हो गया ।

होमगार्ड जवान की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार आज दोपहर लगभग 3 बजे मिलिटैंटों ने यहां से कुछ दूर अकड़पुरा गांव के निकट होमगार्ड के एक जवान रघुबीर सिंह की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार रघुबीर सिंह जो गांव अकड़पुरा में स्थित सुरक्षा चौकी में तैनात था ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



अमृतसर में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए दो पुलिस कर्मचारी बूटा सिंह और बलवंत सिंह, और (नीचे) एक मिलिटैंट का शव जो ब्यास के निकटवर्ती गांव से मिला । (छाया : पं.के.)

...ई न तो 'आज़ादी' ...सकेंगे : फारूक

Punjabi Sanatani

ईराक के रिहायशी इलाकों पर बमबारी करके 'युग का सबसे बर्बर' अपराध किया है । रेडियो के अनुसार मोर्चे पर ईराकी सेना बहुराष्ट्रीय गठजोड़ की इस बर्बर कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए संकेत की प्रतीक्षा कर रही है । "यह हमला इतना ज़बरदस्त होगा कि दुश्मनों के सिर धड़ से अलग हो जाएंगे ।" बगदाद रेडियो से इस प्रसारण के बीच-बीच में कुछ संदेश भी प्रसारित किए गए ।

बगदाद रेडियो द्वारा 'मुख्य केंद्र' से जारी एक सांकेतिक संदेश में कहा गया कि 'यह एक निर्णायक दिन है, जब आप सभी को अपने पूर्व संकल्प को लागू करना है ।' इस संदेश को तीन बार प्रसारित किया गया ।

एक अन्य सांकेतिक संदेश में इस तरह के लोगों, 'हरबाह और उसके मित्र' तथा अल मुतजीर (विजेताओं) से अपील की गई कि "आपके लिए कुछ कर गुज़रने का दिन आ गया है । ऐसा दिन दोबारा नहीं आएगा ।"

बी.बी.सी. द्वारा सुने गए बगदाद रेडियो के प्रसारण में कहा गया कि "प्रत्येक ईराकी लड़की के केश स्वयं उसके खून से भीगे हैं । प्रत्येक ईराकी मां के आंसू अपने बच्चे की मौत पर बह रहे हैं । उनका बदला लेने के लिए जो कुछ भी बन पड़े, किया जाए ।"

आतंकवादी गुटों से अपील : ईराक ने आज अपने समर्थक आतंकवादी गुटों से खाड़ी में सैनिक रूप से सक्रिय अमरीका के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के सदस्य देशों के हितों पर दुनिया के कोने-कोने में हमला करने की अपील की । बगदाद रेडियो से प्रसारित इस अपील में कहा गया है, "एक इस्लामी और अरब देश ईराक के अपने बंधु-बांधवों के विरुद्ध आक्रमण में शामिल किसी भी देश के हित को मत बख्शो ।" साइप्रस से सुने गए इस संदेश में 'अत्याचारियों' और 'कायरों' को चैन से सोने न देने की अपील की गई है ।

ईरान का शांति प्रयास : इस बीच ईरान के राष्ट्रपति अली अकबर हाशमी रफसंजानी ने ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को खाड़ी युद्ध की समाप्ति के लिए अपने सुझाव भेजे । ईरानी संवाद समिति इरना के अनुसार श्री रफसंजानी ने संदेश में कहा कि ईरान युद्ध समाप्त करने की पहलकदमी के तहत इस्लामी सम्मेलन के संगठन खाड़ी राष्ट्रों, पाकिस्तान, तुर्की, संयुक्त राष्ट्र, फ्रांस, अल्जीरिया तथा सोवियत संघ के साथ बातचीत कर रहा है ।

ईरान के राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि ईराक उनका सुझाव मान ले तो अन्य देशों को भी यह मान्य हो सकता है । यद्यपि उन्होंने इसके बारे में अनभिज्ञता जाहिर की कि यह अमरीका को मान्य होगा या नहीं ।

ईराकी सैनिक कमान की कुवैती धरती की लड़ाई में, जो शीघ्र होगी, अमरीका को सबक सिखाया जाएगा ।

ईराकी विमान सूडान में : ईराक ने 17 जनवरी को खाड़ी युद्ध छिड़ने से पहले ही अपने युद्धक विमान और प्रक्षेपास्त्र सूडान भेज दिए थे । यह जानकारी टैलीविजन नैटवर्क ए.बी.सी. ने पिछली रात दी । ए.बी.सी. ने राजनयिकों और सैनिक सूत्रों के हवाले से बताया कि ईराकी विमानों को सूडान की राजधानी खार्तूम के नजदीक दो हवाई अड्डों पर ले जाया गया था । सूडान सरकार ने इन रिपोर्टों का खंडन किया है ।

सूडान के सैनिक सूत्रों के अनुसार प्रक्षेपास्त्रों को लाल सागर तट पर एराऊस और एरकोवित पहुंचाया गया । सूडान के एक जनरल ने कहा कि दो अगस्त को कुवैत पर ईराकी हमले के बाद ये प्रक्षेपास्त्र पोर्ट सूडान पहुंचाए गए थे । टैलीविजन ने कहा कि सैनिक विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठान और मिस्र का आसवान बांध सूडान स्थित ईराकी प्रक्षेपास्त्र और युद्धक विमानों के हमलों का निशाना बन सकते हैं । सूडान बहुत पहले से ईराक से सैनिक सहयोग करता रहा है । ईराक ने युद्ध शुरू होने के बाद से अपनी लगभग 100 विमान ईरान भेज दिए हैं । अमरीकी सैनिक विशेषज्ञों के अनुसार बहुराष्ट्रीय सेना की बमबारी से ईराक अपने विमानों को बचाने के लिए ऐसा कर रहा है ।

2000 बच्चे मरे : खाड़ी युद्ध शुरू होने से पहले दवाओं के अभाव में तथा कुपोषण के कारण कम से कम दो हजार ईराकी बच्चों की मौत हो गई । एक जर्मन सांसद ने जार्डन की रैडक्रास सोसायटी के हवाले से यह जानकारी दी ।

यह आखिरी युद्ध होगा — बुश : राष्ट्रपति जार्ज बुश ने कहा है कि खाड़ी युद्ध अमरीका का अंतिम युद्ध होगा "क्योंकि नई विश्व व्यवस्था में कोई और युद्ध लड़ने की ज़रूरत नहीं होगी ।" श्री बुश ने कल व्हाईट हाऊस में स्काऊटों को सम्मानित करने के समारोह में कहा कि खाड़ी में आपरेशन 'डैज़र्ट स्टार्म' के परिणामों के बारे में कोई संदेह नहीं है । हम वहां इसलिए लड़ रहे हैं कि नई पीढ़ी को कभी युद्ध न करना पड़े । हम अपने बारिसों को एक ऐसे विश्व की धरोहर सौंपेंगे, जिसमें स्थायित्व, सुरक्षा, शांति और न्याय होगा । श्री बुश ने बजट और खाड़ी युद्ध पर बातचीत करने के लिए व्हाईट हाऊस में आए देश के गवर्नरों से कहा, खाड़ी युद्ध योजना के अनुसार चल रहा है । आज "क्या होगा, यह हम तय करेंगे...सद्दाम हुसैन नहीं ।"

इसराईल का फिलस्तीनी ठिकानों पर हमला : इसराईली विमानों ने आज सुबह दक्षिणी लेबनान में कुछ फिलस्तीनी ठिकानों पर बमबारी की, जिसमें कम से कम 3 व्यक्ति मारे गए तथा 15 घायल हो गए । ये ठिकाने फिलस्तीनी मुक्ति संगठन ने फतेह छापामारों के नियंत्रण में थे और वहां से इसराईली क्षेत्र में हमले होते रहते हैं । पुलिस के अनुसार इसराईली विमानों ने बेरूत से 45 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में चार गांवों में फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के फतेह छापामारों के ठिकानों पर राकेट दागे, हमले में छह विमान शामिल थे ।

ईरान मुस्लिम देशों को मदद देगा : ईरान ने मज़हबी नेता आयतुल्ला अली खुमैनी ने कल संकेत दिया कि ईरान इसराईली हमले के शिकार मुस्लिम देशों की सहायता करेगा । ज़ाहिरीतौर पर उनका इशारा ईराकी हमले के जवाब में इसराईल की संभावित जवाबी कार्रवाई की ओर था । उन्होंने कहा कि अगर किसी भी मुस्लिम देश पर अवैध यहूदी देश द्वारा हमला किया जाता है तो ईरान उस देश की सहायता करेगा । उन्होंने कहा कि हम ईराकी आवास पर आई आफ़त से काफ़ी पीड़ित हैं और उसकी तीव्र भर्त्सना करते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि ईराक की जनता और उसके राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन तथा उनके सहयोगियों का मामला एकदम भिन्न है ।

समुद्र की हरी और नीली लहरें अब भी सऊदी अरब के अल खोबर शहर के किनारे से बदस्तूर टकराती हैं । उत्तर की ओर से बह रहे तेल को यहां तक पहुंचने में अभी कुछ दिन लगेंगे ।

कुवैत से 300 किलोमीटर दक्षिण में बसे अल खोबर के लाखों लोग खाड़ी युद्ध छिड़ने के बाद घबरा कर भाग गए थे । ईराकी प्रक्षेपास्त्रों के शुरूआती हमलों के भय से उबरने के बाद अब वे लौटने लगे हैं ।

किनारे पर बैठ कर पक्षियों को चारा खिला रहे एक युवक ने कहा कि अब वास्तव में शांति है और सब कुछ सामान्य हो रहा है लेकिन अचानक ही दहराम हवाई अड्डे से उड़ान भरे तीन विमानों के शोर से वह सहम गया ।

अल खोबर के लोग घरों से निकलते समय अब भी अपने 'गैस नकाब साथ रखना नहीं भूलते, मगर अखबारों की सुर्खियां बताती हैं कि पूर्वी सूबे में ज़िंदगी सामान्य हो चुकी है । यहां के अल ज़ुला बाज़ार में दवा की एक दुकान पर काम करने वाले एक भारतीय रमेश ने बताया कि समूचा व्यवसाय उसे अकेले ही संभालना पड़ रहा है । उसने तलवों के साथ कहा कि उसका सऊदी बॉस अपने परिवार के साथ जेद्दा चला गया है ।

ईराकी प्रक्षेपास्त्रों के हमलों के दायरे से दूर होने के कारण जेद्दा बहुत सुरक्षित जगह बन गया है । रमेश ने कहा कि अपने बॉस की वापसी के बाद वह जेद्दा चला जाएगा । युद्ध शुरू होने के समय की तुलना में अब रात में सायरन बजना और ईराकी

क्षतिग्रस्त एयरवेज कार्यालय जला : पूर्वी यरुशलम में ब्रिटिश एयरवेज का एक दफ्तर पिछली रात आगज़नी में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । यह जानकारी इसराईली पुलिस ने दी ।

सऊदी दूत के निवास पर बम : पाकिस्तान के कराची शहर में कल देर रात सऊदी अरब के महावाणिज्य दूत के निवास पर बम से हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया ।

पुलिस के मुताबिक बम एक वाहन से फेंका गया था, जिससे आवास की चारदीवारी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा वहां तैनात एक चौकीदार मामूली तौर पर घायल हो गया ।

खाड़ी युद्ध में भाग लेने के सिलसिले में आज पहली बार अमरीका के दो विशालकाय बी-52 लम्बीदूरी बमवर्षक विमान की धरती पर उतरे । यह जानकारी अमरीका के एक सैनिक अधिकारी ने लन्दन में दी । दोनों विमान सबसे दक्षिणी इंगलैंड के फेयरफोर्ड वायुसैनिक अड्डे पर उतरे । अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार दिन में ऐसे कुछ और विमान वहां आने वाले हैं ।

खाड़ी में लड़ रहे सैनिकों के शुक्राणु सुरक्षित : न्यूयार्क की खबर है कि अमरीका के अनेक सैनिक खाड़ी युद्ध के लिए जाने से पहले अपने शुक्राणु (वीर्य) सुरक्षित प्रशीतन भंडार में छोड़ गए हैं ताकि यदि वे जीवित न लौटे तो उनके शुक्राणुओं का प्रयोग उनकी संतान पैदा करने के लिए किया जा सके । ऐसे भंडार कैलिफोर्निया, जार्जिया, कैंटकी, उत्तरी कैरोलिना और टैक्सास में हैं । कैलिफोर्निया का प्रशीतन केंद्र वीर्य को एक वर्ष जमा करवाने के लिए 300 से 400 डालर शुल्क लेता है । बाद में हर वर्ष के लिए 75 से 150 डालर लिए जाते हैं ।

इसराईली द्वारा आत्महत्या : तेल अवीव में एक इसराईली ने, जो ईराकी प्रक्षेपास्त्र हमलों को सहन नहीं कर सका था, आत्महत्या कर लिया । उसने अपने फ्लैट में ही आत्महत्या किया । अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया ।

तेल बहरीन की ओर बढ़ रहा है : दो सप्ताह से उत्तरी खाड़ी में बहता हुआ तेल बहरीन की ओर बढ़ रहा है और एक सप्ताह से कम समय में यह तट तक पहुंच जाएगा । 'गल्फ डेली न्यूज' ने समाचार दिया है कि बहरीन के स्वास्थ्य मंत्री जवाद अल अरयद ने कहा कि खाड़ी में छोड़े गए 46 करोड़ गैलन तेल के खतरे से निपटने के लिए बहरीन के पास संसाधन नहीं हैं और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहायता की ज़रूरत है ।

होशियार ! सैल्यूत गिर रहा है !

मास्को, 5 फरवरी (वार्ता): सोवियत उड्डयन नियंत्रण केंद्र ने आज यहां बताया कि सोवियत अंतरिक्ष स्टेशन सैल्यूत-7 कॉस्मोस 1986 धरती से सिर्फ 176 से 190 किलोमीटर दूर रह गया है । तास के अनुसार विशेषज्ञों ने बताया कि स्टेशन के टुकड़े 6 फरवरी को (मास्को टाइम) रात आठ बजे से 7 फरवरी की आधी रात के बीच धरती पर कहीं भी गिर सकते हैं । सोवियत 'जनरल मशीन निर्माण' के उपमंत्री यूरी कोप्तेव का कहना था कि यद्यपि पूरे स्टेशन का कुल वजन 40 टन है, लेकिन धरती पर सिर्फ कैप्सूल ही आ पाएंगे, उनका वजन धरती पर पहुंचते-पहुंचते 1 से 2 टन के बीच रह जाएगा और इसके भी 250 से अधिक टुकड़े हो जाएंगे, इसलिए इससे अधिक नुक्सान होने की सम्भावना नहीं है ।

सऊदी अरब 30 लाख बोरियां खरीदेगा

कलकत्ता, 5 फरवरी (प.स.): सऊदी अरब 'यूद' से सुरक्षा के लिए रेत से भरी पटसन की बोरियों की तलाश कर रहा है और भारत से 30 लाख बोरियां खरीदना चाहता है । यह जानकारी पटसन आयुक्त श्री डे ने आज यहां दी ।

पाक में फिर भूकम्प

इस्लामाबाद, 5 फरवरी (डी.पी.ए.): उत्तरी पाकिस्तान में आज फिर दो बार भूकम्प आया, जिससे एक छोटा पन-बिजली घर क्षतिग्रस्त हो गया । पाकिस्तान टैलीविजन ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से यह खबर देते हुए बताया कि चित्राल जिले में भूकम्प से प्रभावित बिजली आपूर्ति व्यवस्था को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने की कोशिश की जा रही है ।



(1) पुलिस जिला बटाला के गांव भट्टीवाल में गत सोमवार को मिलिटैंटों द्वारा मारे गए अखिल भारतीय रंगरेटा दल के प्रधान जरनैल सिंह कल्हा (2-4) उनके सुरक्षा गार्ड गोपाल दास, अमरजीत सिंह तथा बलविंदर सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपने गांव धर्मकोट जा रहा था कि रास्ते में मिलिटैंटों ने फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं ।

शव मिला : थाना सदर के गांव कास्तीवाल के निकट से आज शाम पुलिस को एक नौजवान का छलनी शव बरामद हुआ है । शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है ।

घायल कांस्टेबल ने दम तोड़ा : बटाला पुलिस जिले में कल रात मिलिटैंटों द्वारा किए गए एक हमले में घायल हुआ पुलिस कांस्टेबल गोपाल दास आज दम तोड़ गया । इस हमले में रंगरूट दल के प्रमुख जरनैल सिंह कल्हा तथा उसके दो सुरक्षा गार्ड घटनास्थल पर ही मारे गए थे ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पिद्दी में मिलिटैंटों ने सरदार कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

युवक का अपहरण : मिलिटैंटों ने तरनतारन से कल शाम जसवीर सिंह नामक एक युवक का अपहरण कर लिया । वह कालेज से लौट रहा था ।

रेल पटरी उड़ा दी : कल आधी रात के समय अमृतसर-जालन्धर रेलवे मार्ग पर टोगरा और बल्लियां रेलवे स्टेशनों के मध्य मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके लगभग 2 मीटर ट्रैक को उड़ा दिया जिससे पास्पलट ट्रेन का एक खाली रैक पटड़ी से नीचे उतर गया । विस्फोट में एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया । विस्फोट बिल्कुल उस समय हुआ जब पायलट ट्रेन उस स्थान से गुजरी, जहां बम रखा हुआ था ।

अटारी में बम विस्फोट : अमृतसर जिले के अटारी के मुख्य बाजार में कल रात एक बम विस्फोट हुआ, इससे एक दुकान के शटर तथा खिड़कियों के शीशों को क्षति पहुंची ।

हथियार छीन ले गए : जालन्धर जिले के गांव सदना में से मिलिटैंट ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को दी गई एक कारबाइन, एक रिवाल्वर, 8 303 राइफलें तथा लगभग 500 कारतूस छीन कर ले गए ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों जिनकी संख्या लगभग 20 थी, ने गांव को चारों ओर से घेरा डाल लिया था तथा गांव से बाहर जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए थे ।

एस.पी.ओ. हथियारों सहित फरार : पुलिस जिला बटाला में तैनात एस.पी. आप्रेशन्ज श्री जे.पी. सिंह के निवास पर संतरी ड्यूटी पर तैनात एस.पी. ओ. बलकार सिंह, एक सैल्फ लोडिंग राईफल (एस.एल.आर.), एक ए.के. 47 राईफल, एक .303 राईफल व काफी गिनती में गोली सिक्का लेकर गत रात लगभग 10 बजे फरार हो गया । एस.पी. आप्रेशन्ज का निवास स्थानीय अलीवाल रोड पर स्थित है । जिला पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार एस.पी. के निवास पर अलग-अलग दिशाओं में सुरक्षा कर्मचारी तैनात हैं और एक दिशा में यह भगौड़ा एस.पी.ओ. सन्तरी ड्यूटी पर तैनात था व इसके साथ दो अन्य सुरक्षा कर्मचारी तैनात थे, जो ड्यूटी के पश्चात सो रहे थे, मौका पाकर यह अपनी व उन दोनों की राइफलें लेकर फरार हो गया । जिला पुलिस व बी.एस.एफ. सक्रियता से इसकी तलाश कर रहे हैं ।

लुटेरों का गिरोह गिरफ्तार : फरीदकोट से जिदल के अनुसार फरीदकोट पुलिस ने लुटेरों तथा डकैतों के एक 6 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार करके उनसे 6 बंदूकें, एक राइफल, बड़ी संख्या में कारतूस तथा 1.24 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए लुटेरे हैं: नछत्तर सिंह, करतार सिंह, रूप सिंह, मक्खन सिंह टीटी और सज्जन सिंह (सभी निवासी संघवां) ।

बैंक से बंदूकें चुरा ले गए : गुरदासपुर से विनोद के अनुसार गत रात धारीवाल थाने के गांव ज़फ़रवाल में कुछ व्यक्ति यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में से ताले तोड़ कर 2 बन्दूकें तथा 18 कारतूस चुरा ले गए ।

गुरबख्श सिंह 100 हत्याओं में वांछित था : फिरोज़पुर से धीमान के अनुसार गत दिवस थाना ज़ीरा के गांव सोढीवाला में एक किसान जरनैल सिंह के फार्म हाऊस पर पुलिस व अर्धसैनिक दस्तों से हुए एक सख्त पुलिस मुकाबले में जो तीन मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें भिडरांवाला टाईगर फोर्स का स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल गुरबख्श सिंह भी शामिल था । यह जानकारी देते हुए पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह मिलिटैंट पुलिस को 100 से अधिक हत्याओं तथा लोगों से एक करोड़ से अधिक की राशि जबरी वसूलने के आरोपों में वांछित था ।

फिरोजपुर में बागी के अनुसार गुरबख्श सिंह धुक्कड़ ने पिछले साल मक्खू जीरा सड़क पर घात लगा कर पुलिस वाहनों कर हमला किया था, जिसमें सी.आर.पी. के तत्कालीन कमांडैंट आर.के. सिंह घायल हो गए थे । धुक्कड़ ने पिछले साल तलवंडी भाई बाजार में फायरिंग की थी, जिसमें आठ व्यक्ति मारे गए थे । वह थाना जीरा में 14 बिहारी मजदूरों की हत्याओं के लिए भी जिम्मेदार था, इसके अलावा धुक्कड़ फिरोजपुर-मोगा सड़क पर घात लगा कर निजी पुलिस के वाहनों पर हमलों के लिए भी जिम्मेदार था ।

पांच सुरक्षा कर्मियों सहित 6 की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने आज रात भिवानी जिला रोपड़ में सुरक्षा बलों की गश्ती पार्टी पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें एक हैड-कांस्टेबल, तीन कांस्टेबल, एक होमगार्ड तथा एक नागरिक मारे गए । उनकी पहचान हैड-कांस्टेबल राकेश कुमार, कांस्टेबल मनमोहन सिंह, स्वर्ण सिंह, मोहिन्दर सिंह, होमगार्ड भगत सिंह तथा नागरिक अमरीक सिंह के रूप में हुई है । मिलिटैंट भागते समय उनकी चार राइफलें भी ले गए ।

सिर्फ पूर्व निर्धारित उड़ानों वाले विदेशी विमानों को ही ईंधन मिल सकेगा

नई दिल्ली, 5 फरवरी (प.स.): तेल कम्पनियों से कहा गया है कि वे नागर विमानन निदेशालय से 'स्पष्ट स्वीकृति' के बिना उन विमानों में फिर से ईंधन न भरें जिनका कोई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम न हो ।

निदेशालय के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों कुछ अमरीकी परिवहन विमानों को देश के कुछ हवाई अड्डों पर पुनः ईंधन दिए जाने के बाद उत्पन्न विवाद के मद्देनजर ये नए दिशा-निर्देश जारी किए गए । इसके बारे में जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि तेल कम्पनियों को इस प्रकार के विमानों में पुनः ईंधन भरने से पूर्व वायु परिवहन नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करना होगा ।

सरकार की गलत नीतियों के कारण मिलिटैंटों के हौसले बढ़ रहे हैं : बलदेव प्रकाश

नई दिल्ली, 5 फरवरी (प.स.): भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक डी.एस. माथुर पर हुए घातक हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि चंद्रशेखर सरकार की गलत नीतियों के कारण ही मिलिटैंटों के हौसले बढ़ रहे हैं ।

पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं डा. बलदेव प्रकाश और श्री कृष्ण लाल शर्मा ने आज यहां एक बयान में कहा कि इससे यह साबित होता है कि अगर सरकार इसी तरह मिलिटैंटों को गलत संकेत देती रही तो इसके परिणाम और भी खतरनाक हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर हुए हमलों से पता चलता है कि मिलिटैंट इस हद तक जा सकते हैं तथा हमारी गुप्तचर एजेंसियां किस तरह पंगु हो गई हैं ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चंद्रशेखर द्वारा मिलिटैंटों से बातचीत की पेशकश और इसके लिए संविधान तक में संशोधन करने का संकेत दिए जाने से मिलिटैंटों के और भी हौसले बढ़ते जा रहे हैं । लगता है कि मिलिटैंटों ने सरकार के प्रयासों को उसकी कमजोरी मान कर अपनी गतिविधियां और तेज कर दी हैं ।

तमिलनाडु में 20,000 गिरफ्तारियां

मद्रास, 5 फरवरी (वार्ता): तमिलनाडु में द्रमुक तथा उससे सम्बद्ध पार्टियों द्वारा करुणानिधि सरकार की बर्खास्तगी के विरोध में कल प्रस्तावित 'बंद' की देखते हुए लगभग 20,000 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है, इनमें अधिसंख्य द्रमुक कार्यकर्त्ता हैं ।

बंगाली विमान अपहर्त्ता द्वारा 'खालिस्तान' बनाने की मांग

अगरतल्ला, 5 फरवरी (प.स.): कलकत्ता से अगरतल्ला जा रहे इंडियन एयर लाइन्स के विमान के अपहरण की कोशिश करने वाले युवक को आज यहां मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया । पुलिस ने बताया कि बरहामपुर कालेज (प. बंगाल) के बी.कॉम तृतीय वर्ष के छात्र आशीष मजूमदार से कल पुलिस की विशेष शाखा के अधिकारियों ने पूछताछ की । पुलिस के अनुसार युवक से अभी और पूछताछ की जाएगी । उसके बारे में पता लगाने के लिए मुर्शिदाबाद में उसके घर संदेश भेजा गया है । युवक दिमागी रूप से कमजोर लगता है । युवक पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को फांसी लगाने, बोफोर्स की सही जांच-पड़ताल और खालिस्तान बनाने की मांग कर रहा था ।

बोफोर्स जांच बारे वी.पी. सिंह को सरकार की नीयत पर शक

बंगलौर, 5 फरवरी (वार्ता) : पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स तोप सौदे की कथित दलाली की जांच कराने बारे चन्द्रशेखर सरकार की नीयत पर संदेह व्यक्त किया है ।

आज यहां संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा कि मेरे कार्यक्रम में श्री भूरेलाल बोफोर्स मामले को देख रहे थे और वर्तमान सरकार ने उन्हें स्थानांतरित कर दिया है । सरकार की नीयत इससे स्पष्ट हो जाती है । इसके अलावा जब तक श्री चंद्रशेखर इंका के समर्थन पर टिके हैं, तब तक वह बोफोर्स की जांच के प्रति गंभीर नहीं हो सकते ।

झंग में दो हत्याओं के बाद कर्फ्यू लगा

इस्लामाबाद, 5 फरवरी (प.स.): पंजाब प्रांत के झंग नगर में आज दो व्यक्तियों की हत्या के बाद अनिश्चित कालीन कर्फ्यू लगा दिया गया ।

अफीम बरामद

जालंधर, 5 फरवरी (विक्रांत): थाना क्षेत्र तीन की एक गश्ती टुकड़ी ने कल शाम पठानकोट बाईपास के पास चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति जसवंत सिंह से 7 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद की है । उक्त अफीम की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताई जाती है ।

अमरीकी विमानों को ईंधन के विरोध में इंका सांसदों का धरना

नई दिल्ली, 5 फरवरी (वार्ता): कांग्रेस (इ) सांसदों ने अमरीकी वायुसेना के विमानों को भारत में ईंधन आपूर्ति की सुविधा दिए जाने के विरोध में प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के निवास के निकट आज प्रातः धरना दिया ।

लाल प्रसाद मंत्रिमंडल बर्खास्त नहीं किया जा रहा : चंद्रशेखर

पटना, 5 फरवरी (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने बिहार में लालू प्रसाद यादव मंत्रिमंडल को बर्खास्त

गुमशुदा की तलाश



मेरा बेटा रविन्द्र नाथ, आयु 11 वर्ष, कद 4'-1", रंग

पर देश के मंत्रालय के एक
के 17 से 35 वर्ष के बीच के
सक्षम नौजवानों से सेना में भर्ती
किया गया ।

त्व वाली बहुराष्ट्रीय सेनाओं ने
शहरों पर प्रक्षेपास्त्रों और विमानों
।

समिति 'इरना' के अनुसार बसरा
र आज भारतीय समय के अनुसार
सवा ग्यारह बजे तक हवाई हमले
ाक की हवाई रक्षा प्रणाली की ओर
नहीं की गई । रिपोर्ट के अनुसार
रदस्त विस्फोटों की आवाजें सुनाई
कारण बसरा से 50 कि.मी. दूर
हर और अबादान में इमारतें तक

रमाणु रिएक्टर क्षतिग्रस्त :
आज दावा किया कि इसराईल पर
ए गए स्कड मिसाइलों से व्यापक
चमी तट और गाज़ा पट्टी से जार्डन
यों के हवाले से रेडियो ने कहा कि
तर में स्थित एक परमाणु रिएक्टर
ली संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गए हैं ।

की तमन्ना !

, 6 फरवरी (प.स.): खाड़ी में जंग
की राष्ट्रपति जार्ज बुश ने पहली
ा जाहिर की है कि सद्दाम हुसैन
बुश ने अपनी प्रैस कांफ्रैंस में कल
ता हूं कि किसी भी तरह से उनकी
जाए ।" यहां समाचार विश्लेषकों
क खाड़ी युद्ध ज्यों-ज्यों खिंचता जा
बुश और सद्दाम हुसैन के बीच
ड़ाई का रूप ले लिया है । अब यह
उसके मित्र देशों तथा ईराक के
हीं रह गई है ।

ानों को ट्रैक्टरों की
द पर सबसिडी

6 फरवरी (प.स.): केंद्र सरकार ने
एकड़ तक जमीन जोतने वाले छोटे
टे ट्रैक्टरों की खरीद के लिए 30
डी 1 अप्रैल से देने की घोषणा की ।
श्व शक्ति तक के इन ट्रैक्टरों की
धकतम 30,000 रुपए तक की
ी ।



लेबनान में सिदोन के निकट शरबा गांव में कुछ फिलिस्तीनी छापामार इसराईली विमानों द्वारा की गई बमबारी से ध्वस्त जीप को देखते हुए । (फोटो : प्रै.ट्र.)

दाखिल दस्तावेज यथाशीघ्र मूल रूप से सत्यापित करे ।

श्री सहाय ने कहा कि सम्बद्ध दलों से अपने दस्तावेजों का संक्षिप्त विवरण इसलिए मांगा गया है

के. एल. ए. के चीफ़ जनरल अवतार सिंह समेत 12 मिलिटैंट मारे गए : डी.एस.पी. के भतीजे, 2 गनमैनों सहित 15 की हत्या

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान डी.एस.पी. के एक भतीजे सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई,जबकि इसी अवधि में 12 मिलिटैंट भी मारे गए ।

डी.एस.पी. के भतीजे सहित 3 की हत्या : मिलिटैंटों ने आज अमृतसर से 35 कि.मी. दूर रैय्या में जी.टी. रोड पर तरनतारन के डी.एस.पी. गुरविन्दर सिंह के भतीजे, पुलिस कांस्टेबल बख्शीश सिंह तथा प्रितपाल सिंह की हत्या कर दी । फायरिंग में डी.एस.पी. का पुत्र मिटू गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

डी.एस.पी. का घर रैय्या में है । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने शाम 4.30 बजे डी.एस.पी. के घर में घुस कर तुरन्त ही दो गनमैनों को फायरिंग करके मार दिया । उसके पश्चात उन्होंने डी.एस.पी. के भतीजे पर फायरिंग की । उसकी अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मृत्यु हो गई ।

अवतार सिंह सहित 4 मिलिटैंट मारे गए : बटाला से कोछड़ और एजैंसी समाचारों के अनुसार आज सुबह थाना सदर बटाला के गांव वैरो नंगल में साढ़े तीन घंटे तक चली मुठभेड़ में अवतार सिंह कत्थूनंगल सहित 4 मिलिटैंट मारे गए तथा हवलदार गुरिंदर सिंह घायल हो गया । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एस.पी. मुख्यालय श्री आर.एल. भगत तथा एस.पी. आप्रेशन्ज श्री जे.पी. सिंह बाल-बाल बच गए । उन्होंने बताया कि मुठभेड़ तब आरम्भ हुई जब पुलिस तथा बी.एस.एफ. के जवान तलाशी ले रहे थे । दो मिलिटैंट सेना में मारे गए तथा दो गांव के एक घर में । दोनों ओर से हथगोलों का प्रयोग खुल कर किया गया । श्री सीता राम ने बताया कि एक मिलिटैंट बच कर निकल गया । मिलिटैंटों के पास से एक 7.62 आटोफाल राइफल नं. 32953, एक ए.के. 74, एक ए.के. 47 राइफल तथा लगभग 450 कारतूस मिले हैं । घटनास्थल से खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का एक लैटर पैड भी मिला है ।

बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि अवतार सिंह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का चीफ़ जनरल था और 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था तथा उसके सिर पर 5 लाख रुपए का ईनाम था । मारा गया एक अन्य मिलिटैंट जीत सिंह उर्फ़ जीता चीमा खुड्डियां गांव का निवासी था ।

प्राप्त विवरण के अनुसार यह मुठभेड़ प्रातः आठ बजे तब शुरू हुई,जब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की एक छानबीन टुकड़ी पर खेतों में छिपे कुछ मिलिटैंटों ने गोलियां चलाईं । टुकड़ी ने सहायता के लिए वायरलैस करके कुछ कुमक मंगाई । इसी बीच मिलिटैंट एक घर में जा घुसे, श्री भगत और श्री सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने उस मकान को घेर लिया । मिलिटैंटों ने उन पर मकान से गोलियां दागीं । सुरक्षा बलों ने अंततः मकान की छत पर पहुंच कर हथगोले फैंके, जिससे मिलिटैंट वहीं मारे गए ।

एक मिलिटैंट मारा गया : करम सिंह नामक एक मिलिटैंट कल रात भटिंडा जिले में अबलू गांव में पुलिस तथा मिलिटैंटों के एक गिरोह के बीच हुई गोलीबारी में मारा गया । पुलिस का एक दल करम सिंह को लेकर जब अबलू से गुजर रहा था तो कुछ मिलिटैंटों ने करम सिंह को पुलिस हिरासत से छुड़ाने के लिए पुलिस दल पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । करम सिंह भागने की कोशिश करते समय गोलीबारी में मारा गया ।

शराब विक्रेता की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात लुधियाना जिले के जेरपुर गांव में एक शराब विक्रेता देस राज की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मारा गया : एक मिलिटैंट भाई करम जीत सिंह का गोलियों से क्षत-विक्षत शव आज सुबह बटाला पुलिस जिले के जैफरवाल गांव के निकट से बरामद हुआ । पुलिस ने इस गिरोह की आपसी रंजिश का परिणाम बताया है ।

ग्रंथी की हत्या : नूरपुर बेदी (चौधरी) : यहां से चार कि.मी. दूर गांव अमामीनपुर के ग्रंथी हरनाम सिंह की दो मिलिटैंटों ने गुरुद्वारे से बाहर ले जाकर गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने नाकाबंदी करके हत्यारों की खोज का काम शुरू कर दिया है ।

दो सेवादारों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में खालड़ा के गांव माड़ी कामोके में एक धार्मिक स्थल के दो सेवादारों की फांसी लगा कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : फिरोजपुर जिले के ममदोट थाने के गांव नसीरा कालियां में मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में भाई नरिन्दर सिंह उर्फ़ निन्दी तथा भाई गुरचरण सिंह मारे गए ।

एक और ग्रन्थी की हत्या : संगरूर जिले के बरनाला क्षेत्र के गुरुद्वारा अतर सिंह वाला के ग्रन्थी हरि सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

एक की हत्या : लुधियाना के गांव चिकोइयां में हथियारबन्द युवकों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

युवक की हत्या : रोपड़ जिले के गांव चमकौर साहिब में संजीव कुमार नामक एक युवक की हत्या कर दी गई ।

कार छीन ली : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार 2 अज्ञात युवकों ने यहां के सैक्टर 34 से पिस्तौल की नोक पर एक मारुति कार नं. सी.एच .-01-बी-866 छीन ली । (शेष पृष्ठ 6 पर)

हुसैन कामेल अल मजीद : दामाद तथ
से कज़िन । इनकी उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है
इन्होंने अपना राजनीतिक जीवन सद्दाम के अंग
के रूप में शुरू किया था । उद्योग एवं
उद्योगीकरण मंत्री के रूप में कामेल ने रासायनि
परमाणु हथियार प्राप्त करने के लिए पश्चिमी दे
औद्योगिक गुप्तचरी का जाल बिछाया था । इ
अमरीकी अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप
यह पैट्रोलियम मंत्री तथा कुवैत के गवर्नर हैं ।

अली हुसन अल मजीद : यह सद्दा
पैतृक वंश से उनके फर्स्ट कज़िन हैं । इन्हें मार्च,
में हालाबजा के कुर्दिश शहर पर गैस आक्रमण
निरीक्षण करने की वजह से 'दी गैसर' के रूप
जाना जाता है । अली हसन 49 वर्ष के हैं तथा
वर्णन 'सद्दाम के सर्वाधिक घृणित चेहरे' के
किया जाता है । सेना में सार्जेंट रह चुके हैं ।
1978 में अल-बाकर यूनिवर्सिटी से मिलिट्री सा
प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त की थी । उस समय
उप-राष्ट्रपति थे ।

बारज़ान ताकृति : सद्दाम के सौतेले भा
आज कल जैनेवा में संयुक्त राष्ट्र में ईराकी रा
हैं । सरकारी पार्टियों में उनके उद्दंड व्यवह
सद्दाम को कई बार परेशानी का सामना करन
है ।

उदई सद्दाम हुसैन : इनकी आयु 30
तथा यह ईराकी ओलिम्पिकस कमेटी के चेयर

बंद के दौरान
से ट्रेन उलटी

नई दिल्ली, 6 फरवरी (वार्ता, प
तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को बर्खास्त कर
विधानसभा भंग करने के केंद्र सरकार के फै
विरुद्ध आज बंद के आह्वान का तमि
पांडिचेरी, केरल तथा पश्चिम बंगाल में कांफ
रहा और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।
और कर्नाटक में बंद का आंशिक असर हुआ
में उसका बहुत कम असर हुआ जबकि
राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाण
चंडीगढ़ में कोई असर नहीं हुआ ।

हिमाचल पर भी बन्द का कोई प्रभा
पड़ा ।

बंद के कारण मध्य और पश्चिमी रेलवे
शेष देश में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं । स
असर दक्षिणी रेलवे और पूर्वी रेलवे पर पा

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार दक्षिण
12 ट्रेनें स्थगित कर दी गईं । इनके अलावा
16 से 20 ट्रेनों को विभिन्न स्थानों प
गया ।

पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन में 15 उ
और तीन मेल तथा एक्सप्रैस ट्रेनों को रोका
माल्दा से कटिहार आने वा
अप-माल्दा-कटिहार पैसेंजर ट्रेन माल्दा से
नहीं हो सकी ।

बंद के सिलसिले में 6 पार्टियों के प्रमु

लंका में भी स्विस प्रणाली पर बैंक खोल दिया गया

6 फरवरी (पंक): पिछले दिनों
के पन्ने के एक कोने में छोटा-सा
या कि श्रीलंका के आठ व्यावसायिक
बैंकों की तरह गुप्त खातों वाली
खाता प्रणाली लागू की है, जो कि
और अप्रवासियों के लिए उपलब्ध
र पड़ कर तो कुछ लोगों ने तो इसे

जानकारी देने के लिए मजबूर कर सके ।
स्विट्ज़रलैंड के संविधान में बैंकों की गोपनीयता के अधिकार का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया गया है । यदि वहां की संसद भी संविधान में संशोधन करना चाहे तो स्विट्ज़रलैंड की परम्परा के अनुसार उसे जनमत संग्रह करवाना पड़ेगा । वहां की जनता बैंकों की गोपनीयता समाप्त करने के प्रावधान का कभी

पता लगाने की कोशिश में रहते है, पर अब तक सफलता उनके हाथ नहीं लगी है । कई बार इन सरकारों ने अपने देशों के गुप्तचरों को इन खातों के भेद पता करने के लिए लगाया, पर वे भी इन खातों का भेद पता करने में असफल रहे और जब इन गुप्तचरों ने बैंक के सामने घूमना-फिरना शुरू किया जिससे बैंक के अन्दर जाने वाले अपने देश के

पड़ता है । ऐसी दशा में यह धन उनको वही शान-शौकत बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है, पर अक्सर ऐसा होता है कि इस धन का उपयोग करने से पहले ही वह खाताधारी दुनिया से कूच कर जाता है । इस स्थिति में यह सारा धन बैंक की सम्पत्ति हो जाता है । लोग कहते हैं कि स्विस बैंकों में हिटलर का और स्टालिन का पैसा भी जमा था । मानी बात है कि उनके मरने के बाद यह सब धन स्विस बैंक का हो

Punjab Canadian

युद्ध परिषद की बैठक की तैयारियां शुरू कर दी है । युद्ध परिषद की बैठक वाशिंगटन में रक्षा मंत्री चेनी तथा सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख पावेल के लड़ाई के मोर्चे से वापस आने पर बुलाई जाएगी । ये दोनों लड़ाई के मोर्चों पर बहुराष्ट्रीय सेनाओं के कमांडर से सलाह-मशविरा करने गए हैं और वापस आकर अपने राष्ट्रपति बुश को जानकारी देंगे । राष्ट्रपति बुश ने कल एक सम्वाददाता सम्मेलन में कहा कि वह ज़रूरत पड़ने पर ज़मीनी जंग का हुक्म देने से नहीं हिचकिचाएंगे । उन्होंने यह संदेह ज़ाहिर किया कि विमानों के हमलों से ही ईराक को कुवैत से शायद निकाल बाहर किया जा सकेगा ।

150 लोग मरे : बगदाद रेडियो ने सैन्य अधिकारियों के हवाले से बताया है कि दक्षिणी ईराकी नगर नासरियाह पर कल रात बहुराष्ट्रीय विमानों द्वारा किए गए हमलों में 35 बच्चों समेत लगभग 150 व्यक्ति मारे गए । बहुराष्ट्रीय प्रक्षेपास्त्र हमलों से बगदाद में तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में एक पुल, संचार केंद्र तथा कुछ रिहायशी इलाके नष्ट हो गए ।

'इरना' ने ईराक से भाग कर आने वाले शरणार्थियों के हवाले में बताया है कि बसरा में ज्यादातर पुल, मस्जिदें, स्कूल तथा रिहायशी इलाके नष्ट हो चुके हैं और बहुत से लोग मारे गए व घायल हुए हैं ।

एफ-117 ए विमानों का प्रयोग : अमरीका कुवैत और ईराक में बमवर्षा के लिए एफ-117ए विमानों का प्रयोग कर रहा है । यह विमान नीची उड़ान में राडार द्वारा 'पकड़ा' नहीं जाता और इसके निशाने अचूक होते हैं । यह ऊंचाइयों से भी प्रभावी प्रहार कर सकता है ।

ईराक का इन्कार : सोवियत संघ में ईराक के राजदूत गाफिल जासिम हुसैन ने कहा है कि आखरी फतह तक ईराक युद्ध जारी रखेगा । कल के 'सोवेत्सकाय रशिया' में प्रकाशित एक भेंट में श्री हुसैन ने कहा कि उनके देश की फतह आवश्यंभावी है ।

इसी बीच 'ओपेक' संगठन के देशों ने तेल का उत्पादन घटा दिया है लेकिन इसके विपरीत इस संगठन से बाहर के देशों ने तेल उत्पादन में 1.5 प्रतिशत वृद्धि की है ।

एथेन्स में दो विस्फोट : यूनान की राजधानी एथेन्स में आज तड़के दो बम विस्फोट हुए,जिससे अमरीकी सिटी बैंक की एक शाखा और फ्रांसीसी दूतावास के एक कर्मचारी की कार को नुक्सान पहुंचा है । पुलिस ने बताया कि करीब तीन सप्ताह पहले खाड़ी युद्ध शुरू होने के बाद से बम विस्फोट की यह चौथी घटना है और फ्रांस के नागरिक घायल हो चुके हैं । आतंकवादी संगठन ने इन विस्फोटों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

लीमा में हमला, 2 मरे : खाड़ी युद्ध आरम्भ होने के बाद अमरीका की एक सुरक्षा कंपनी की पेरू स्थित शाखा पर कल संदिग्ध वामपंथी गुरिल्लों ने हमले किए,जिससे 2 व्यक्ति मारे गए ।

अराफात का बयान : फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात ने कहा है कि ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन कुवैत और फिलस्तीन की समस्याओं को जो आपस में संबद्ध नहीं बता रहे हैं, वह कोई पहली बार नहीं बताया गया बल्कि गत 12 अगस्त को भी उन्होंने यही बात कही थी और ऐसा उन्होंने अधिकृत अरब क्षेत्रों के निवासियों के आग्रह पर किया था । मैक्सिको के टैलीविजन चैनल टैलीविसा के साथ भेंट में सोमवार को उन्होंने कहा कि हम तब तक खाड़ी युद्ध में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और वैधता की दुहाई नहीं दे सकते,जब तक कि हम फिलस्तीन या साइप्रस की समस्याओं के सम्बन्ध में भी इन्हें लागू नहीं करते ।

श्री अराफात ने आज दावा किया कि खाड़ी युद्ध को रोकने के लिए उनके पास अभी भी कुछ प्रस्ताव हैं । उन्होंने आगाह किया कि इस युद्ध को अगर नहीं रोका गया तो समूचा विश्व महाविनाश से घिर जाएगा ।

कुवैती दूत भारत में : कुवैत के 2 दूत राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन और प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम अपने अमीर का संदेश लेकर आज यहां पहुंचे ।

ड विज्ञापन

रोज़गार

Wanted B.Com. Qualified Youngman for Accounts and Stores. Apply : M/s. Construction Rasa Pvt. Ltd., O.T.M. Site, M.E.S., Near 98 Brigade, Sangrur Road, Patiala.

सार्वजनिक सूचना

चक नं. IK (A) मुरब्बा नं. 218/6 अनूपगढ़, जिला गंगानगर (राजस्थान) की मैं अकेली मालिक हूं । मिट्ठू सिंह 63 J (B), राम सिंह निवासी अनूपगढ़ और उनके गैंग के लोगों ने अनूपगढ़ में मेरे कोरे अष्टामों पर 18.12.90 को हस्ताक्षर करवा लिए हैं । यदि कोई इन अष्टामों पर लेन-देन करेगा या अदालती कार्रवाई करता है तो मैं किसी भी प्रकार की जिम्मेवार नहीं हूंगी और अष्टाम रद्द समझे जाएं । चम्पा रानी धर्मपत्नी ओम प्रकाश शर्मा, मकान नं. IX-334-A, मुहल्ला रामपुरा, पठानकोट ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 6.2.91 65/- without trays. NECC suggested retail price 8.65 per dozen.

For Sale Paper Egg Tray Moulding Machine, capacity 720 Trays per hours. Contact : Davinder Singh, 136-140/61, Industrial Area, Chandigarh.

ज्योतिष

जन्मपत्री या हाथ से किस्मत का हाल पूछने के लिए विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषी प्रोफैसर मेहता साहिब को मिलें । तजुर्बा 54 साल । पता : 418, अलबर्ट रोड (सामने दफ्तर नहर), अमृतसर । फोन : 26566.

अली, (5) जवान अवतार सिंह तथा (6) एक अन्य जवान का शव । (नीचे)पुलिस दल मृतकों को सलामी देते हुए । (छाया : सुशील)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

दो मिलिटैंट मारे गए : दो मिलिटैंट आज सुबह लुधियाना जिले के नसराली गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

मिलिटैंट सहित 2 मरे : अमृतसर (मनोहर): पुलिस जिला तरनतारन के कस्बा नौशहरा पन्नुआं में सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य ज़बरदस्त फायरिंग होने और एक मिलिटैंट समेत दो लोगों के मारे जाने का समाचार है । 2 अन्य घायल हैं । मुठभेड़ कल दोपहर 1 और 2 बजे के बीच हुई । दोनों तरफ से फायरिंग होती रही । मिलिटैंट कस्बे के एक बैंक में डाका डाल रहे थे कि उन्होंने सामने से आती हुई पुलिस गाड़ियां देख लीं, जिससे उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । बाद में दोनों ओर से फायरिंग हुई जिसमें एक मिलिटैंट के मरने की खबर है । बाद में सुरक्षा बलों को शक पड़ा कि मिलिटैंट एक बस में सवार होकर निकल चले हैं,तब सुरक्षा बलों ने बस पर फायरिंग कर दी,जिसे एक व्यक्ति मारा गया और 2 अन्य घायल हो गए ।

बाद में सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों का पीछा करते समय ग्रीन एवेन्यू तथा आनंद एवेन्यू क्षेत्रों में फायरिंग की, जिससे वहां आतंक फैल गया, लेकिन फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ । गोपाल नगर के निवासियों ने पुलिस तथा बिजली बोर्ड के विरुद्ध अकुशलता तथा बिजली चले जाने के विरोध में प्रदर्शन किया ।

मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर से नारंग के अनुसार एस.पी. (आपरेशन) तरनतारन आज सायं पट्टी से वलटोहा जा रहे थे कि मार्ग में मिलिटैंटों ने घात लगा कर उनके दल पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि एक अन्य फरार होने में सफल हो गया । मृतक के पास से एक ए.के. 47 राइफल और कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

दो घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिले के बांगली ड्रेन पुल के निकट से पुलिस को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

2 की हत्या :अमृतसर से नारंग के अनुसार आज शाम लगभग 7 बजे मिलिटैंटों ने नगर के गोपाल नगर क्षेत्र में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इस रोड पर एक सप्ताह में यह तीसरी वारदात है । उल्लेखनीय है कि तीनों वारदातों के समय बिजली चली गई ।

फायरिंग में मरने वालों की पहचान दीवान चन्द तथा दीनानाथ के रूप में हुई है । घायल व्यक्ति का नाम अमर जीत है ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने यह हमला इंका नेता कुलवंत राज पर किया था, लेकिन वह बाल-बाल बच गए । वह उस समय दुकान पर बैठे हुए थे । उनके सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन मिलिटैंट फरार हो गए ।

चिकित्सक की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात बटाला पुलिस जिले के पुरियां खुर्द गांव में एक चिकित्सक की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम हरदीप सिंह बताया गया है ।

सुरक्षा चौकी पर फायरिंग : पुलिस थाना सदर बटाला के गांव अक्करपुरा में स्थित ग्रामीण सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित सुरक्षा चौकी पर गत रात लगभग 11.30 बजे मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी । सुरक्षा कर्मचारियों की जवाबी फायरिंग से मिलिटैंट वापिस चले गए । फायरिंग लगभग 1 घंटा चलती रही । जिला पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों तरफ से किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है ।

बिजली बोर्ड कार्यालय में डाका : कुहाड़ा से नि.स. के अनुसार आज लगभग एक बजे 2 साइकिल सवार पिस्तौलधारी यहां से कुछ दूर समराला में बिजली बोर्ड के शहरी कार्यालय से 12028 रुपए लूट कर ले गए ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर से गर्ग के अनुसार कल यहां से 25 कि.मी. दूर गांव दनौला के निकट नाकाबंदी के दौरान एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके तीन साथी भाग गए । एस.पी. ने बताया कि गिरफ्तार मिलिटैंट की पहचान स्वर्ण जीत सिंह के रूप में हुई है । वह आई.टी.आई. भटिंडा का छात्र है तथा अखिल भारतीय सिख छात्र संघ का सदस्य है । पूछताछ के दौरान उसने तीन हत्याओं तथा लूटपाट की चार घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है । उसके बताने पर एक कार, एक वैन, एक पिस्तौल बरामद की गई है । 56000 रुपए, जो उसने पी.आर. टी.सी. के कंडक्टरों से छीने थे, भी बरामद किए गए हैं ।

लुधियाना जिले में बस्ती जोधेवाल के पास एक कब्जे में ले लिए हैं । श्री गुप्ता ने बताया कि इस हत्याकांड में कुल 13 मिलिटैंट शामिल थे, इनमें छह की शिनाख्त हो गई है व उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बलों की तरफ से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं । एस.एस.पी. के अनुसार सारे मिलिटैंट 27 जनवरी की रात को व 28 जनवरी को सारा दिन भीखोवाल ग्राम के पास ही गोबिंदपुर खुन खुन ग्राम में रहे व वहां कई लोगों की मारपीट भी की, एक सिगरेट विक्रेता की दुकान जलाई तथा एक ट्रक के शीशे आदि भी तोड़े । श्री गुप्ता ने बताया कि मिलिटैंटों ने अपने ट्रक पर जनरल परपस मशीनगन भी लगा रखी थी । ढड्ढे फतेहसिंह ग्राम के पास पुलिस व मिलिटैंटों के मध्य मुठभेड़ भी हुई लेकिन मिलिटैंट अंधेरे में भागने में सफल हो गए

एस.एस.पी. ने बताया कि भीखोवाल हत्याकांड के पश्चात् पुलिस ने 150 से अधिक ग्रामों में छापे मार कर 45 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था । 42 लोगों को पूछताछ के पश्चात् छोड़ दिया गया है । एस.एस.पी. ने आशंका प्रकट की कि मिलिटैंट जिला पुलिस व अर्धसैनिक बलों का ध्यान हटाने के लिए पुनः भी किसी जगह पर कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं । जिला भर में पुलिस व सुरक्षा बलों की तरफ से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध कर दिए गए हैं ।

बैंक कर्मी का अपहरण : अमृतसर जिले के गांव सठियाला में कार्यरत एक बैंक कर्मचारी विपिन कुमार का आज शाम अपहरण कर लिया गया । वह उस समय बैंक से घर लौट रहा था ।

मृत सुरक्षा कर्मियों का अंतिम संस्कार : आनंदपुर साहब से सुरेश के अनुसार कल रात रोपड़ जिले के भवानी गांव के निकट मारे गए 5 सुरक्षा कर्मियों का आज उनके गांवों में पूरे पुलिस सम्मान से अंतिम संस्कार कर दिया गया । हैड कांस्टेबल राकेश कुमार का अंतिम संस्कार यहां पर किया गया । इस अवसर पर उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे । शोक स्वरूप दुकानदारों ने बाजार बंद रखे ।

महिलाओं ने तीन व्यक्तियों को हथियारों समेत काबू करवाया : नकोदर से गगन के अनुसार नकोदर थाना के गांव आलेवाली के सरपंच व अकाली नेता सुरेन्द्र सिंह आलेवाली के घर से उनके साथ पहले रह चुके एस.पी. ओज की सहायता के साथ दो .303 की राइफलें व एक स्टेनगन चोरी करके ले जाते समय दो व्यक्तियों को गांव की कुछ औरतों द्वारा उनका मुकाबला कर लेने के पश्चात् गिरफ्तार कर लेने का समाचार है । पुलिस सूत्रों द्वारा पता चला है कि इसी गांव के रहने वाले बलजिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति ने अपने एक और साथी भूपिंदर सिंह निवासी दोसहान थाना पुंडरी करनाल (हरियाणा) की सहायता से कल उक्त सरपंच के घर में दाखिल होकर घर में हाजिर औरतों को डरा कर उनको मिली सरकारी बंदूकें छीन लीं और फरार हो गए । जब उक्त घटना का शोर दूसरे घर की औरतों को पता चला तो गांव की औरतों ने इकट्ठा होकर उन भागते व्यक्तियों पर ईंटें, पत्थर फैंकने शुरू कर दिए और वे दोनों व्यक्ति हथियारों सहित ईंटों की बौछार से बचने के लिए नजदीक के गन्ने के खेतों में घुस गए । अचानक ही जब शाहकोट के थानेदार जसवंत सिंह काहलों को नजदीकी गांव भुल्लर में किसी काम पर आते समय इस घटना का पता चला तो उन्होंने तुरन्त नकोदर के डी.एस.पी. श्री प्रितपाल विर्क को सूचना देकर गन्ने के खेतों को घेरा डाल कर उन दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । इलाका की पुलिस का कहना है कि इस गिरोह ने नया संगठन बना कर लूट मार का काम शुरू कर रखा था । तीसरे व्यक्ति कश्मीरा सिंह को भी गांव कंटेली माजरा से गिरफ्तार कर लिया गया है ।

निदेशक के लड़के का अपहरण : नाभा से सुशील के अनुसार आज यहां लड़कों के सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल से जमा एक के विद्यार्थी परमिंदर उर्फ रूमी को हथियारबन्द व्यक्ति एक कार में अपहृत करके ले गए । रूमी डा. डी.एच. चावला निदेशक लिली पशुपालन फार्म का लड़का है । बाद में पुलिस ने उक्त कार फतेहगढ़ के निकट से बरामद कर ली । फतेहगढ़ पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है ।

ईरान में पैट्रोल की राशनिंग समाप्त

तेहरान, 6 फरवरी (डी.पी.ए.) : ईरान ने देश में पैट्रोल राशनिंग हटा दी है । आठ वर्ष तक चले ईरान-ईराक युद्ध के दौरान बड़ी संख्या में तेल शोधन संयंत्र क्षतिग्रस्त हो जाने से पैट्रोल इस्तेमाल पर अंकुश लगाया गया था । तेलमंत्री गुलाम रजा अकजाडेह के हवाले से ईरानी संवाद समिति ने कहा कि अब पूरे देश में पैट्रोल इच्छानुसार उपलब्ध करा दिया गया है ।

सभी एयर बसें जून तक उड़नें लगेंगी

नई दिल्ली, 6 फरवरी (प.स.): हैदराबाद में विमान चालकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा होने के बाद इंडियन एयर लाइन्स के बेड़े में सभी 18-ए-320 एयर बसों को दोबारा शामिल कर लिया जाएगा । नागर विमानन मंत्री हरमोहन धवन ने आज यह जानकारी दी ।

श्री धवन ने बताया कि एयर लाइन्स के बेड़े में सात ए-320 एयर बसों को शामिल कर लिया गया है और इस महीने दो और एयर बसों को बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा ।

पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि यह तदर्थ सरकार है जो अपने आप में कोई निर्णय लेने में सक्षम नहीं है । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो सरकार अपने दम पर सदन में कोरम तक पूरा नहीं कर सकती, वह देश क्या चलाएगी ।

राष्ट्रीय सरकार की बाबत पूछे जाने पर श्री जोशी ने कहा कि अब इसकी कोई सम्भावना नहीं है । इस स्थिति से निकलने का एकमात्र रास्ता 'चुनाव' है ।

यह पूछे जाने पर कि उनके विचार में चुनाव कब होंगे, श्री जोशी ने कहा कि कभी भी और किसी भी समय हो सकते हैं । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ही आने वाले चुनाव के लिए मुद्दों को निर्धारित करेगी ।

पाक में कश्मीरी अलगाववादियों के समर्थन में हड़ताल का प्रभाव नगण्य

नई दिल्ली, 6 फरवरी (वार्ता): पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कश्मीर के पृथकतावादियों के समर्थन में अपनी जनता की एकजुटता दर्शाने के लिए जिस राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया था, उसका कल नगण्य प्रभाव रहा । इसके विपरीत वहां की जनता खाड़ी युद्ध के कारण अधिक चिन्तित है ।

वायस आफ जर्मनी के अनुसार पाकिस्तान के विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से पाकिस्तान के सभी अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन छपा कर रावलपिंडी, लाहौर और कराची में प्रदर्शन और सभा आयोजित करनेका प्रचार किया गया, इसके बावजूद भीड़ जुटाई नहीं जा सकी ।

देश में खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार

नई दिल्ली, 6 फरवरी (प.स.): सरकार ने आज स्पष्ट किया है कि उसके पास खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार है तथा उसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वितरित किया जा रहा है ।

सरकारी प्रवक्ता ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि सरसों की अच्छी फसल होने के कारण अगले कुछ हफ्तों में बाजार में सरसों का तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की आशा है । प्रवक्ता ने इस खबर को गलत बताया कि राज्य व्यापार निगम पामोलिन का अतिरिक्त कोटा आयात कर रहा है, उन्होंने कहा कि पामोलिन आयात करने का जो पूर्व कार्यक्रम है, उसी मात्रा में इसका आयात किया जा रहा है ।

जद (स) में नहीं जा रहा : हेगड़े

सिरसी (कर्नाटक), 6 फरवरी (प.स.): जनता दल के नेता रामकृष्ण हेगड़े ने कहा है कि उन्होंने जनता दल (स) में शामिल होने का न तो कभी प्रयास किया और न ही ऐसा करने का उनका कोई इरादा है ।

उत्तर-पश्चिम भारत शीत लहर की जकड़ में

चंडीगढ़, 6 फरवरी (वार्ता): हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में गत 24 घंटों के दौरान पुनः हिमपात होने से समूचा उत्तर-पश्चिम भारत फिर से शीत लहर की जकड़ में आ गया है । हिमाचल के लाहौल-स्पीति, किन्नौर जिलों के आदिवासी पट्टी तथा चम्बा जिले की पांगी घाटी में रुक-रुक कर भीषण हिमपात हुआ । रोहतास दर्रा और धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं में भी पुनः हिमपात हुआ । उत्तर-पश्चिम भारत के कई भागों में आज आसमान पर बादल छाये रहे तथा शीत लहर चलती रही ।

कश्मीर घाटी के ऊंचे क्षेत्रों तथा लद्दाख क्षेत्र में भी हिमपात हुआ है । श्रीनगर, धर्मशाला तथा चम्बा में वर्षा हुई । कुछ मैदानी इलाकों में भी हल्के छींटे पड़े । आगामी 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर में वर्षा या हिमपात तथा पंजाब व हरियाणा में कहीं-कहीं वर्षा होने की सम्भावना है ।

42 मरे : शिमला : हिमाचल प्रदेश में हिमपात और ठंड के कारण मरने वालों की संख्या इस ऋतु के दौरान 42 हो गई है । चम्बा जिले में गत चार दिनों के दौरान 8 और लोग ठंड के कारण मृत्यु को प्राप्त हो गए । इस प्रकार वहां ठंड से मरने वालों की संख्या 10 हो गई है ।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद : जम्मू (नि.स.): वर्षा व हिमपात के कारण आज सायं जम्मू-श्रीनगर मार्ग ट्रैफ़िक के लिए बंद कर दिया गया ।

एवं डी.ए. को यू.जी.सी. चुकी है ।

पान की दुक

फगवाड़ा, 6 फरवरी स्थानीय जी.टी. रोड पर कुछ शरारतियों ने 'वी.के. पान-बीड़ी के खोखे पर तो कि अभियुक्त खोखे की तो सिगरेट, बीड़ियां, कुछ नक गर्म चादर उड़ा ले गए ।

जगमोहन द्वा आरोप

नई दिल्ली, 6 फरव और जम्मू-कश्मीर के प राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री आरोप को बेबुनियाद ब कांफ्रैंस और कांग्रेस (इ) थे ।

जू. इंजीनियरों सर्टीफिकेटों की

चंडीगढ़, 6 फरवरी हिमाचल प्रदेश डिप्लोमा आह्वान पर डिप्लोमा अपनी मांगों के समर्थन स्वरूप अपने डिप्लोमा जलाई, 500 से भी अधि अपने डिप्लोमा सर्टिफिके के लिए परिषद के महासचि दी । जिन्होंने सबसे पह बाद में शेष सर्टिफिकेटों दौरान जूनियर इंजीनियर नारे लगाते रहे । उन्होंने उनकी मांगें स्वीकार नहीं संघर्ष जारी रखेंगे । परि सभी जिला मुख्यालयों प सामने भी डिप्लोमा सर्टि गई ।

होशियारपुर (अश्वि डिप्लोमा इंजीनियरों ने भारी रैली की । इस अव इंजीनियरों ने अपने डिप्लो जलाई ।

बंद के दौरान
(पृष्ठ 3 क

'भारत बंद' के दौरान 15 वर्षीय बालक के मारे ज

असम में बंद का आयो कांग्रेस (स), जनता दल त रैलियां कीं ।

बिहार में तमिलनाडु स अमरीकी वायुसेना के परिव विरोध में बंद के दौरान व की घटनाएं हुईं । पुलिस मैंकूराम ने बताया कि भार कंकूरामाओं ने दिल्ली से एक्सप्रेस को बक्सर में रो द्वारा रेलवे लाइन पर धर हिमगिरी एक्सप्रैस भी बहादुरपुर में रुकी रही । सूचना के अनुसार बंद समर्थ और कार्यालयों को जबरद सड़कों पर चल रहे वाहनों बंद समर्थकों ने राजधानी प फेजर रोड स्थित शाखा दिया । समर्थकों ने शहर में अवरोधक लगा कर वाहन दिया ।

सरकारी कार्यालय खुले व्यवस्था अस्त-व्यस्त होने उपस्थिति काफी कम रही असर रहा । सड़कों पर वा

उत्तर-पूर्व रेलवे के वैश जिले से भी रेल गाड़ियों मिली ।

हिम-स्खलन

इस्लामाबाद, 6 फरवरी कश्मीर में पिछले तीन-चार लोगों के हिम-स्खलन में मा

TENDER NOTICE

Labour rates are invited for total electrical lighting points for industrial tube with conduit pipe wiring of newly constru spinning mill over false ceiling. Rates shou within 10 days positively from the da publication.

CHENAB TEXTILE MI

KATHUA (J&K), Pin : 184102

गुमशुदा की तलाश



मेरा पुत्र तिलक राज 3.1.91 को घर से बिना-बताए चला गया है । अगर वह खुद पढ़े तो आ जाए, उसके मां-बाप सख्त बीमार हैं । सूचित करने वाले या मिलाने वाले को डाक

नीलामी सूचना

आम जनता के नोटिस में लाया जाता है कि आफिस-कम-वर्कश नीलामी जनरल मैनेजर पंजाब रोडवेज़ इंडस्ट्रीयल एरिया चंडीगढ़ में दिनांक 25.2.91 सवेरे 10 बजे ग्यारह महीने के लाईसैंस जाएगी । बोली खत्म होने के उपरांत तीन महीने की लाईसैंस फीस अदा करनी पड़ेगी । पेशगी सबसे ज्यादा बोली देने वाले से ली जाए

नीलामी सूचना

Punjabi Sanatan

खाड़ी युद्ध के दौरान ईराक द्वारा अपनी अल-हुसैन मिसाइलों से सऊदी अरब पर हमला लगातार जारी है । चित्र में ईराक द्वारा दागी गई एक स्कड मिसाइल को रास्ते में ही बहुराष्ट्रीय सेनाओं की पैट्रियाट मिसाइल ने असफल कर दिया और इस टकराव से रात के समय सऊदी अरब की राजधानी का आकाश जगमगा उठा । (छाया : ए.पी./प्रै.ट्र.)

नागरिकों की जान गई । बस तो ईराकी अधिकारियों ने बहुराष्ट्रीय सेना की बमबारी से अब तक करीब 1400 नागरिकों के हताहत होने की बात कही है, पर बगदाद गए हुए अमरीका के पूर्व अटार्नी जनरल एवं शांतिवादी नेता रामसे क्लार्क ने बगदाद के ही

हुए पश्चिम एशिया के मसले पर एक अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन बुलाने का फिर आह्वान किया है । श्री मित्तरां ने कल अमरीकी नीतियों से थोड़ा अलग अपना यह रुख जताते हुए ईराकी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा किए जाने की सम्भावना से भी इंकार

जिन्हें हमने करने का शु... चाहता कि युद्ध में ईराक ... जाएं और उसके शहरों प...

फांसीसी राष्ट्रपति ने ...

पंजाब में पत्रकार सहित 7 व्यक्तियों की हत्या, 3 घुसपैठिए और 9 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 8 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान मिलिटैंटों ने एक पत्रकार सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुकाबलों के दौरान 9 मिलिटैंट व 3 घुसपैठिए भी मारे गए । दूसरी तरफ भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स के एक कख्यात मिलिटैंट ने आज जहर खा कर आत्महत्या भी कर ली । वह 150 हत्याओं में वांछित था और उस पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार भी घोषित था ।

इसी दौरान आज पुलिस जिला तरनतारन में भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल व कख्यात मिलिटैंट बलविन्दरसिंह मण्ड ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है ।

वह गत वर्ष तरनतारन के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) हरजीत सिंह की हत्या सहित ऐसी ही कई घटनाओं में वांछित था । आज शाम जब वह पट्टी क्षेत्र में पुलिस द्वारा चारों तरफ से घेर लिया गया तो उसने साइनायड खाकर आत्महत्या कर ली ।

फिरोजपुर जिले में मल्लांवाला ग्राम के समीप सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मंगल सिंह उर्फ मल्ली नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

उसी जिले में हुई एक और वारदात में कल रात गुदड़ी नामक ग्राम के समीप एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । इस मिलिटैंट के तीन साथी फरार होने में सफल हो गए । वारदात की जगह से एक बन्दूक भी मिली है ।

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल रात फिरोजपुर क्षेत्र में दीनानाथ अग्रिम चौकी पर पाकिस्तान से आए एक घुसपैठिए को मार गिराया, जबकि उसके दो साथी वापस पाकिस्तान भाग गए । मारे गए घुसपैठिए से एक 12 बोर की बन्दूक मिली है ।

मजीठा जिले के चक सिकन्दर गांव के पास आज सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से चली गोली में एक व्यक्ति बरकत मसीह मारा गया । सुरक्षा बलों ने जिन तीन मिलिटैंटों को रोका था, वे इस मुठभेड़ के बाद भाग निकले । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और कुछ कारतूस भी मिले ।

जबकि इसी तरह जिला फिरोजपुर के मांगली गांव में आज एक मुठभेड़ के दौरान 4 सुरक्षा कर्मी बुरी तरह घायल हो गए । घायलों में एक ए.एस.आई., दो होमगार्ड जवान व पंजाब सशस्त्र पुलिस का एक कांस्टेबल भी शामिल है । अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था ।

इसी दौरान मजीठा पुलिस जिला के गांव नवां पिंड में भी मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक महिला को घायल कर दिया ।

पंजाब पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट ने आज कहा है कि उन्हें यह पूर्ण विश्वास है कि आम लोगों के नैतिक समर्थन से सुरक्षा बल मिलिटैंटों के खिलाफ अपनी लड़ाई ज्यादा हौसले और हिम्मत से जारी रखेंगे ।

पत्रकार की हत्या : अमृतसर (नारंग): आज सायं साढ़े सात बजे के लगभग बाजार लोहारां में कुछ मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके पत्रकार अमरनाथ वर्मा को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जबकि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई ।

श्री अमरनाथ वर्मा की शवयात्रा कल सायं तीन बजे चौक लछमनसर में उनके निवास से शुरू होगी ।

हमलावर मिलिटैंट मरा : अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन के एस.एस.पी. के अनुसार गत 6 फरवरी को एस.पी. (आप्रेशन) पट्टी पर हमला करने वाले मिलिटैंटों के साथ सुरक्षा बलों से हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट महल सिंह निवासी तलवंडी सोभा सिंह मारा गया और उसके कब्जे से पुलिस को एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन व 23 कारतूसों के अलावा विस्फोटकों से भरा एक थैला भी मिला ।

उन्होंने बताया कि गत छः फरवरी को एस.पी. (आप्रेशन) पट्टी अपने अंगरक्षकों के साथ थाना बल्टोहा से पट्टी आ रहे थे जब अज्ञात मिलिटैंटों ने उनके वाहन पर गोलियों से बौछार की । पुलिस दल ने तुरंत अपने वाहन रोके तथा पूरे इलाके को घेर कर मिलिटैंटों का मुकाबला किया । इस दौरान एक मिलिटैंट मारा गया ।

घुसपैठिया मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : जिला अमृतसर के भारत-पाक सीमा के सैक्टर रानियां में गत रात पाकिस्तान से भारत में अवैध रूप से घुसने का प्रयास करते हुए सीमा सुरक्षा बल के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके एक अन्य साथी को काबू कर लिया गया है । इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. डी.एस. पुंधीर ने बताया कि इनके कब्जे से जो हथियार मिले उनमें एक जी.पी.एम.जी., 4 असाल्ट राइफलें, 6 चीनी पिस्तौलें, 2825 कारतूस, 68 डैटोनेटर/फ्यूज/स्वीच, 26 मैगजीनें, 11 हथगोले, 25 कि.ग्रा. विस्फोटक, जो 50 थैलों में था, 8 राकेट, 4 मैगनेट, 2 वायर कटर भी शामिल हैं ।

मिलिटैंटों से अपील : बुधवार को एक स्थानीय बैंक कर्मी विपिन कुमार के अपहरण की घटना को लेकर आज यहां पंजाब नैशनल बैंक कर्मी संघ की एक विशेष बैठक हुई, जिसमें प्रस्ताव पारित कर मिलिटैंटों से अपील की गई है कि वे विपिन कुमार को छोड़ दें । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने विपिन कुमार का उस समय अपहरण कर लिया था, जब वह डयूटी से वापिस आ रहा था ।

सैनिक की हत्या : संगरूर (गग): कल रात लगभग 7 बजे यहां से 5 किलोमीटर दूर बडबर में एक सैनिक रामेश्वर दास की हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि 3 मिलिटैंट उसके घर गए और ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए । मृतक एम.ई.एस. संगरूर में काम करता था और ड्यूटी से घर आ रहा था कि मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

रिवाल्वर छीन लिया : होशियारपुर (नि.स.): गत रात थाना हरयाना के गांव पंडोरी अराइयां में स्टेनगन और पिस्तौल से लैस मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति विक्रम सिंह के घर जा कर उसका 32 बोर का रिवाल्वर और 6 कारतूस छीन लिए । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : मक्खू (चंद्रशेखर): थाना मल्लांवाला के अधीन गांव कोहाड़ा में रात दस बजे एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया, जिसकी पहचान मंगल सिंह उर्फ मंगली के रूप में की गई । मृतक के पास से 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । यह मल्लांवाला का रहने वाला है । पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है ।

घायल कर दिया : गुरदासपुर (विनोद): गत रात काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव अलावलपुर में दो अज्ञात लुटेरों ने निरंजन सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार दो अज्ञात लुटेरे इसी गांव के नरेन्द्र सिंह के घर आए और उससे पैसों की मांग की, जिस पर नरेन्द्र सिंह भाग खड़ा हुआ परन्तु लुटेरों ने अपनी 12 बोर की बन्दूक से नरेन्द्र पर फ़ायर किया जोकि उसकी बजाय ट्रैक्टर पर आ रहे निरंजन सिंह को लगा । गोली की आवाज़ सुनते ही गांव में बनी स्पैशल पुलिस पोस्ट के जवानों ने भी फ़ायर किए जिस पर लुटेरे भाग गए और घायल को जवानों ने गुरदासपुर अस्पताल पहुंचाया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



सूरजकुंड (हरियाणा) में आयोजित दस्तकारी मेले का शुक्रवार को ... प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर, हरियाणा के राज्यपाल धनिक लाल मंडल और ... नारियल पानी पीते हुए ।

ज्योति बसु के पुत्र व राजीव गांधी में दोस्ती गाढ़ी होने लगी

नई दिल्ली, 8 फरवरी (क.): पश्चिमी बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु के महत्वाकांक्षी उद्योगपति पुत्र चंदन बसु और इंका अध्यक्ष राजीव गांधी एक-दूसरे के निकट आते जा रहे हैं । हाल ही में दोनों की मुलाकात यहां एक मध्यान्ह भोज के अवसर पर हुई । इस अवसर पर दोनों ने ही चीनी व्यंजनों का स्वाद लिया ।

चंदन बसु अपने पिता की राजनीतिक विचारधारा के प्रति सहमत नहीं हैं लेकिन वह अपने पिता के प्रभाव का पूर्ण लाभ उठाते हैं । चंदन बसु के दूसरे मित्र प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अम्बानी हैं । अम्बानी के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए वह अपनी सिंधी पत्नी के साथ कलकत्ता से बम्बई गए । चंदन बसु को स्वराज पाल तथा आर.पी. गोयनकी का आशीर्वाद भी प्राप्त है ।

लखनऊ में 4 जग... विस्फोट, 12 मरे, 30...

लखनऊ, 8 फरवरी (वार्ता): राजधानी के नाका थाना क्षेत्र के उदयगंज नत्था होटल और चारबाग में आज रात हुए 4 अलग-अलग बम विस्फोटों में 12 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और 30 लोग घायल हो गए ।

प.स. के अनुसार 22 घायलों की हालत गंभीर है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एक बम विस्फोट चारबाग स्टेशन के प्रथम श्रेणी के बुकिंग काउंटर पर हुआ जहां तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा लगभग दस व्यक्ति घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार उदयगंज में हुए बम विस्फोट में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है । वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे हैं ।

तीसरा विस्फोट नत्था होटल के तिराहे पर हुआ । पुलिस ने बताया कि चारबाग स्थित कम्प्यूटर आरक्षण केंद्र और नत्था होटल के तिराहे पर हुए बम विस्फोट अ...

चौथा विस्फोट भी ... हुआ । सभी विस्फोट ... और विस्फोट स्थल दो ... थे । रेलवे स्टेशन क्षेत्र ... मारे गए ।

एक सरकारी प्रवक्... नियंत्रण में है । संवेद... पुलिस तैनात कर दी ग...

ये नए विस्फोट ... जाते हैं ।

चिमन भाई ज...

गांधीनगर, 8 फ... मुख्यमंत्री चिमन भाई ... जनता दल (स) में शा... समर्थक जनता दल विध... बातचीत कर रहे हैं ।



सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी व जवान उन हथियारों के साथ जो ... रानिया क्षेत्र से पाक घुसपैठियों के कब्जे से बरामद किए ।

बिहार में कानून एवं व्यवस्था की बिगड़ रही स्थिति पर केंद्र 'मूक दर्शक' नहीं बना रह सकता : सहाय

पटना, 8 फरवरी (प.स.): केंद्रीय गृह एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है तथा कहा है कि केंद्र इस संदर्भ में केवल 'मूक दर्शक' नहीं बना रह सकता है ।

श्री सहाय ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने तथा इसमें सुधार लाने की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की है । केंद्र सरकार इस दिशा में राज्य सरकार को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है । उन्होंने कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था के बारे में उनके किसी भी बयान को केंद्र की धमकी या चेतावनी नहीं माना जाना चाहिए । बिहार पहले ही काफी तोड़-फोड़ झेल चुका है, अब कुछ निर्माण की बातें भी होनी चाहिएं ।

श्री सहाय ने बताया कि उन्होंने कल वैशाली जिले का दौरा किया, जहां हाल ही में कुछ लोगों की सामूहिक हत्या की गई है । उन्होंने कहा कि वे ऐसा महसूस करते हैं कि जिला अधिकारी स्थिति से निपटने में अपने को असमर्थ पा रहे हैं, जो अत्यंत ही खतरनाक है ।

श्री सहाय ने राज्य के अर्द्धसैनिक बलों की 106 कम्पनियों को वापस बुलाए जाने की कार्रवाई के ... (स) का विलय हो सकता है । श्री सहाय ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि दोनों दल एक-दूसरे से सहयोग कर रहे हैं और कोई भी फैसला आपसी बातचीत के बाद किया जाएगा ।

श्री शरद यादव और श्री देवी लाल के बीच हुई कथित गुप्त मुलाकात के संदर्भ में यह पूछे जाने पर कि क्या श्री यादव श्री देवीलाल को जनता दल में वापस ले जाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि यह भी सम्भव है कि श्री देवी लाल श्री यादव को अपने दल में लाने की कोशिश कर रहे हों ।

श्री सहाय ने बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी की सदस्यता से श्री जावेद हबीब के त्यागपत्र को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया ।

श्री सहाय ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह प्रयास है कि अयोध्या विवाद को एक भावनात्मक मुद्दे के बजाय तर्क पर आधारित बनाया जाए । दोनों पक्षों ने अपने दावों के पक्ष में जो प्रमाण दिए हैं, उन्हें एकत्र किया जा रहा है और सरकार उन तथ्यों का तुलनात्मक अध्ययन करेगी ।

क्या-क्या न सहे, हमने सितम...

बम्बई, 8 फरवरी (क.): पूर्व केंद्रीय मंत्री जार्ज फर्नांडीज इस समय आलोचना का कारण बने हुए हैं क्योंकि वह जया जेतली को जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाने के लिए अच्छी-खासी भाग-दौड़ कर रहे हैं ।

देवी लाल का इंका से समझौता हो गया त...

चंडीगढ़, 8 फरवरी (एन.एस. परवाना): हरियाणा इंका में दिलचस्प उतार-चढ़ाव होने के आसार दिखाई दे रहे हैं ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार जहां उपप्रधानमंत्री देवी लाल इंका में शामिल होने का इरादा बना रहे हैं, वहीं राज्य इंका ने भी उनका रास्ता रोकने के लिए कमर कस ली है ।

वह स्व. सर छोटू राम के दोहते हैं, इसलिए भी उन्हें जाटों में आदर से देखा जाता है ।

इसी दौरान इंकाध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने जिला भिवानी के 2 पुराने इंका नेताओं ठाकुर बीर सिंह व जगजीत सिंह सांगवां को दुबारा इंका में शामिल करने की स्वीकृति दे दी है । इन दोनों को गत विधान सभा चुनावों में पार्टी का अनुशासन भंग करने के ... इंका में से निकाल दिया गया था । यह ...

है कि यह सब कुछ बंसी ... लिए ही किया जा र... राजनीतिक पर्यवेक्षकों ... लाल को इंका में शा... लाल स्वयं ही इंका छो... स्थिति में वह राजनीति... नगर बीरेन्द्र सिंह व ... इंका को इन दोनों ...

Punjabi Sanatan

वारदातें पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

ग्रंथी की हत्या : नूरपुर बेदी (चौधरी): यहां से 4 किलोमीटर दूर असमानपुर गांव के ग्रंथी हरनाम सिंह की दो मिलिटैंटों ने घर से बुला कर सड़क पर हत्या कर दी । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है । हत्यारे का अभी कोई पता नहीं चला ।

2 की हत्या : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के गांव भगवानपुर से दो मिलिटैंट एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह पुत्र सोहन सिंह को गत रात्रि लगभग 8½ बजे उसके घर से अपने साथ ले गए तथा थाना करतारपुर के गांव देवीदासपुरा के निकट उसकी गोलियां मार कर हत्या कर गए ।

थाना ढिलवां के गांव धालीवाल बेट के निकट मंड में स्थित एक डेरे से मिलिटैंट एक व्यक्ति बाबा सिंह पुत्र बिशन सिंह को रात्रि लगभग 11 बजे सोए हुए को उठा कर ले गए तथा लगभग 200 गज दूर ले जा कर गोलियां मार कर उसकी भी हत्या कर दी । डेरे पर सोए उसके वृद्ध पिता बिशन सिंह को कुछ नहीं कहा । पुलिस ने केस दर्ज कर लिए हैं ।

अपहरण के बाद हत्या : टांडा (स) : यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव भगवानपुरा में दो मिलिटैंटों ने जोगेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया और उसको थाना करतारपुर के गांव देवदासपुर ले गए जहां उन्होंने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक मिलिटैंट मारा गया, दो फरार : बटाला (कोछड़): आज प्रातः थाना डेरा बाबा नानक के एक गांव कंथियाला में पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ हुए एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके दो अन्य साथी फरार होने में सफल हो गए ।

पुलिस अधीक्षक सीता राम के अनुसार मृत मिलिटैंट की पहचान तरसेम सिंह उर्फ सेमा वासी गांव समराली के रूप में हुई है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित था । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, सात मैगज़ीन, 44 जीवित कारतूस तथा अनेक चले हुए कारतूस भी बरामद हुए ।

एक अन्य मिलिटैंट मारा गया : आज शाम थाना डेरा बाबा नानक के गांव रूपोवाली के निकट सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के मध्य हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए । पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया कि मारे गए मिलिटैंट के निकट से एक 7.62 राइफल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

अंडा विक्रेता घायल कर दिया : पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला क्षेत्र में गुरदासपुर-कादियां फाटक के निकट आज सुबह 8 बजे 2 मिलिटैंटों ने फायरिंग करके एक अंडा विक्रेता विनोद गुप्ता को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे पहले सिविल अस्पताल बटाला में लाया गया लेकिन बाद में अमृतसर भेज दिया गया ।



थाना ढिलवां के गांव धालीवाल बेट के निकट मंड में मिलिटैंटों द्वारा मारे गए बाबा सिंह का शव ।
(छाया : चोपड़ा)

अध्यापकों से 'उगाही' शुरू : जालंधर (का.प्र.): जालंधर के निकट के स्थानों ताजपुर, लाम्बड़ा, प्रतापपुर, कंग साबू आदि सरकारी हाई स्कूलों के अध्यापकों से मिलिटैंटों द्वारा प्रति अध्यापक 100 रुपए की उगाही प्रत्येक मास की पांच तारीख को किए जाने का सिलसिला शुरू होने के समाचार मिले हैं ।

यह भी बताया गया है कि मिलिटैंटों ने स्कूलों के 'हैड्ज़' को सचेत किया है कि वे उनके आने से पूर्व वेतन वितरण न करें और यदि करें तो वह उससे उक्त दर पर की गई कटौती की राशि उन्हें देने के लिए जिम्मेदार होंगे ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का राजेन्द्र सिंह (पिंकू), कद 5'-3", रंग सांवला, उम्र 20 साल, शरीर पतला 5.2.91., सैक्टर 20 से लापता है । अगर किसी को मिले तो नीचे दिए पते पर सूचित करे । अगर पिंकू स्वयं पढ़े तो बिना किसी संकोच एवं घबराहट के घर आ जाए क्योंकि माता-पिता बहुत ज्यादा चिंतित हैं । सूचना देने वाले को खर्च के अलावा मुनासिब इनाम दिया जाएगा ।

पता : सुखदियाल सिंह, मकान नं. 2453-A, सैक्टर 20 C, चंडीगढ़
गंधर्व सिंह (वार्डन), पागल अस्पताल, अमृतसर

फिल्म सैंसर बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा इस्तीफा देने का निर्णय

आगरा, 8 फरवरी (वार्ता): केन्द्रीय फिल्म सैंसर बोर्ड के अध्यक्ष भारतेन्दु प्रकाश सिंघल ने कहा कि वह फरवरी माह के अंत तक अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे।

खाड़ी युद्ध
(पृष्ठ 3 का शेष)

देश को अगर युद्ध में कूदने पर मजबूर किया गया तो वह इस चुनौती का सामना करेंगे । खाड़ी युद्ध शुरू होने के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संदेश में शाह हुसैन ने कहा कि अगर हमें युद्ध में शामिल होने पर मजबूर किया गया तो हम विजय अथवा सम्मानित मौत में से किसी एक का वरण करेंगे । उल्लेखनीय है कि ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन का प्रबल समर्थन करने के कारण जार्डन पर भी युद्ध का खतरा मंडरा रहा है ।

मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप : अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' ने खाड़ी युद्ध के दौरान अमरीका, ब्रिटेन और मध्य पूर्व के राष्ट्रों की कार्रवाईयों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस दौरान मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है । संगठन ने ईराक से युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करने की अपील की है तथा इसराईल से इसराईल अधिकृत क्षेत्रों में युद्धबंदियों और नजरबंदों को गैस मास्क उपलब्ध कराने की मांग की है ।

अमरीकी विमान चालक कठिनाई में : अमरीकी विमान चालकों का कहना है कि ईराक और कुवैत के खिलाफ तीन सप्ताह की लड़ाई के बाद उन्हें बमबारी के लिए लक्ष्यों का पता लगाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । मध्य सऊदी अरब में अमरीकी वायु सेना अड्डे के कमांडर ने बताया कि ईराक का अधिकतर साज-सामान बंकरों में है और ईराक की थल सेना बहुराष्ट्रीय सेना के चालकों को बेवकूफ बनाने के लिए छद्म आकृतियों का उपयोग कर रही है । कर्नल हार्नबर्ग ने कहा, शुरू के दिनों की तुलना में अब बहुत कम ठिकाने मिलते हैं । फ्लाइट कमांडर कर्नल स्टीव पूलमर ने कहा कि ठिकानें तो आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन जिस तरह के ठिकाने हम चाहते हैं, वे आसानी से नहीं मिलते । कर्नल पूलमर ने कहा कि सद्दाम हुसैन ने अपने अधिकतर अस्त्र-शस्त्र जमीन के भीतर रखे हैं । उनका पता लगाना हमारे लिए कठिन है ।

खाड़ी युद्ध और कछुए : खाड़ी क्षेत्र में तेल के बहाव से जल पर्यावरण तो तबाह हो ही जाएगा, इससे कछुओं की कुछ दुर्लभ प्रजातियां भी समाप्त हो जाएंगी । ये कछुए पिछले करोड़ों साल से खाड़ी के पानी के बाशिंदे हैं ।

अमरीका द्वारा जार्डन को दी जा रही सहायता पर पुनर्विचार : खाड़ी युद्ध में जार्डन के बहुराष्ट्रीय गठबंधन विरोधी नए तेवर को देखते हुए अमरीका उसे दी जा रही सहायता पर पुनर्विचार कर रहा है और इसराईल ने भी इस नये तेवर पर गंभीर चिंता जताई है । दूसरी तरफ सीरिया ने अधिकृत फिलस्तीनी क्षेत्र से इसराईल की वापसी के लिए भी कड़ा रुख अख्तियार किए जाने की जरूरत पर बल दिया है ।

इस बीच ईरान के दिवंगत धार्मिक नेता आयतुल्ला खुमैनी के पुत्र हुज्जत-उल-इस्लाम सैयद अहमद खुमैनी ने कहा है कि उनका देश साम्राज्यवाद द्वारा शुरू किए गए युद्ध में भाग नहीं लेगा, लेकिन

सेना द्वारा पाक सरक
तख्ता पलटे जाने
अफवाहों का बाजार

वाशिंगटन, 8 फरवरी (वार्ता): पा
राजधानी इस्लामाबाद में इन दिनों से
प्रतिनिधि सरकार का तख्ता पलटे जा
अफवाहें जोरों पर हैं ।

अखबार 'वाशिंगटन पोस्ट' ने
विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी
यह बात कही है । पत्र के अनुसार पाकि
के शीर्ष अधिकारियों ने हाल ही में अप
दिखाए हैं, उससे जनता में सेना की नीति
आशंका पैदा हो गई है ।

पत्र के अनुसार इस्लामाबाद में इन दि
बगावत की अफवाहों का बाजार गर्म
पाकिस्तान के थलसेनाध्यक्ष जनरल मिर्ज
बेग ने सत्ता पर कब्जा करने की इच्छा व
नहीं दिया है । वरिष्ठ अधिकारियों ने भी
के मन-मस्तिष्क में किसी तरह
महत्वाकांक्षा जागृत होने जैसीसम्भावना
किया है ।

पत्र में कटनीतिक सूत्रों के हवाले से क
कि पाकिस्तानी सैनिक अधिकारियों के क्र
अमरीकी प्रशासन बहरहाल ज्यादा चिंति
क्योंकि अमरीका ने जब से पाकिस्तान क
वाली सहायता में कटौती की है, उसी से पाकि
अमरीका विरोधी लहर तेज हो गई है ।

विहिप ने बाबरी कमेट
बयानों पर आपत्ति ज

नई दिल्ली, 8 फरवरी (वार्ता) : विश्
परिषद ने अखिल भारतीय बाबरी मस्जिद
कमेटी द्वारा दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बय
आज अपनी कड़ी आपत्ति प्रकट करते हुए
इस तरह के भड़कीले बयानों से राम
भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का बातचीत द्व
हल ढूंढने में बाधा उत्पन्न होगी । बाबरी
कमेटी द्वारा कल दिए गए इस बयान पर वि
तोड़ कर बाबरी मस्जिद बनाने का कोई सा
है, परिषद के सचिव सूर्य कृष्ण ने कहा कि
कमेटी के सदस्य शायद यह समझते हैं कि वे
भी बोलेंगे, वह सच है और अन्य जो बात क
वह झूठ है ।

श्री सूर्य कृष्ण ने कहा कि अभी दस दिन प
वह परिषद द्वारा दिए गए दस्तावेजों की जांच
छह सप्ताह का समय मांग रहे थे और अब
जल्दी उन्होंने हमारे दस्तावेजों की जांच किए
यह दावा भी कर दिया ।

उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद एक्शन
के सदस्य यदि इतने ही आश्वस्त थे, तो उन्हें
दस्तावेजों की जांच के लिए छह सप्ताह का
नहीं मांगना चाहिए था ।

खबरों को सैंसर करने का क
इरादा नहीं : मल्होत्रा

Punjabi Sanatan

पंजाब में महंत समेत 5 लोगों की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 9 फरवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक महंत समेत 5 लोगों की हत्या हुई तथा 3 मिलिटैंट भी मारे गए ।

महंत की हत्या : पटियाला (राज.): मोटर साइकिल पर सवार दो मिलिटैंटों ने कल रात आठ बजे के लगभग मुल्लेपुर थाना के अन्तर्गत अक्कर गांव में महंत प्रताप दास (48) की उसके डेरे में घुसकर हत्या कर दी । वारदात के बाद मिलिटैंट भाग गए ।

प्रिंसीपल विज की हत्या में यूनिवर्सिटी के 3 छात्र भी संलिप्त : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि पंजाबी यूनिवर्सिटी के लड़कों के होस्टल से भूपिन्दर सिंह, हरदेव सिंह तथा बलविंदर सिंह नामक जिन तीन छात्रों को गिरफ्तार किया गया था, वे स्थानीय मुल्तानीमल मोदी कालेज के प्रिंसीपल ओ.पी. विज, वयोवृद्ध इंका नेता कैलाश टंडन तथा बहादरगढ़ ब्लाक इंका अध्यक्ष मलूकचन्द की हत्या में संलिप्त थे । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार ये तीनों छात्र हाल ही में पुलिस मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट नरेन्द्र सिंह उर्फ निंदी के नेतृत्व वाले मिलिटैंट गिरोह के सदस्य थे । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार उक्त गिरोह के चार अन्य सदस्य इन्द्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह नाभा, अवतार सिंह तथा गुरदेव सिंह फरार हैं । उनकी तलाश की जा रही है । अवतार सिंह पंजाबी यूनिवर्सिटी में राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर की शिक्षा ले रहा है और इन्द्रसिंह इसी यूनिवर्सिटी से पंजाबी में स्नातकोत्तर की शिक्षा ग्रहण कर रहा है । दीपेन्द्र सिंह कर्नाटक के बीदर नगर में पढ़ता है ।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि मिलिटैंटों ने वारदातें करने के लिए अब नया तरीका अपना लिया है । वे पहले एक पायलट ट्रक भेज देते हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि रास्ते में कहीं सुरक्षा बल तो तैनात नहीं है । इसके बाद राह साफ होने पर एक अन्य ट्रक में मिलिटैंट वारदातें करने के लिए निकल पड़ते हैं । बीरवार रात को बी.एस.एफ. ने सरहिन्द थाना के अन्तर्गत बादली गांव के निकट ऐसे ही एक पायलट ट्रक को रोका था और मुठभेड़ के बाद ट्रक ड्राइवर गुरमुख सिंह को गिरफ्तार किया था । घटनास्थल पर पूछताछ के दौरान उक्त ट्रक ड्राइवर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

प्रवेश सूचना

0.2.1991)

त्यपाल मालिक अभी तक नहीं
ोता तत्कालीन जनमोर्चा गुट से

हले दिन आज श्री बोम्मई के
नीतिक प्रस्ताव, जनता दल के
शिक की रिपोर्ट और अन्य
ोखर और जनता दल छोड़ने
की कड़ी आलोचना की ।
में वर्तमान जनता दल (स)
के शिकंजे में जकड़ी सरकार

र का गठन नहीं : श्री
ीय भाषण में राष्ट्रीय सरकार
संभावना से इन्कार करते हुए
तिक संकट से उबरने का एक
सभा चुनाव कराना है । श्री
द्र में मौजूदा सरकार "मौका
तने दिन सत्ता में रहेगी, देश
ना ही नुक्सान होता रहेगा ।
देश में एक नया राजनीतिक
और इसके तहत कांग्रेस (इ),
और श्री चंद्रशेखर के नेतृत्व
और जन विरोधी पार्टियों के
और वामपंथी दलों के नेतृत्व
दी और धर्म निरपेक्ष ताकतें
उन्होंने कहा कि केवल
पर विभिन्न दलों का एकजुट
या और अब उपरोक्त मुद्दे
कोई समझौता नहीं किया

र व पंजाब पर
बुलाए : भाजपा
री (वार्ता): भारतीय जनता
केंद्र में व्याप्त राजनीतिक
श में कानून और व्यवस्था
ब और कश्मीर का मसला
है ।
कृष्ण लाल शर्मा ने आज
लन में कहा कि सरकार को
मले में आम राय बनाने के
बैठक बुलानी चाहिए ।
आश्वासन भी देना चाहिए
ू किया जाएगा ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

ने यह स्वीकार किया कि वह मिलिटैंटों के गाइड के रूप में काम कर रहा था । बी.एस.एफ. के अधिकारी अभी उससे पूछताछ कर ही रहे थे कि ट्रक में सवार होकर चार मिलिटैंट वहां आ गए । मुठभेड़ के दौरान ट्रक ड्राइवर दर्शन सिंह मारा गया । मिलिटैंट भाग जाने में सफल रहे । जांच से पता चला कि मिलिटैंट उक्त ट्रक को खरड़ से ड्राइवर समेत अपहृत करके लाए थे ।

एक मिलिटैंट मरा : पटियाला जिला के भादसों थाना के अन्तर्गत बेहलियां खुर्द गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उसके दो अन्य साथी भाग जाने में सफल रहे ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : रोपड़ (वार्ता): कल रात मलिकपुर गांव में मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई के कारण भूपिंदर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

बम विस्फोट : रोपड़ जिला के बहरामपुर गांव में कल रात शराब की एक दुकान के पास एक बम विस्फोट हुआ । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

हथियार बरामद : विलम्ब से प्राप्त एक समाचार के अनुसार गत 7 फरवरी को रोपड़ जिले में चमकौर साहब के निकट एक ट्रक से बड़ी संख्या में शस्त्रास्त्र तथा गोली बारूद बरामद हुआ ।

एक की हत्या : जालन्धर (प.स.): मिलिटैंटों ने कल रात भगवानपुरा गांव में जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

रंगरेटा दल के नेता, उसकी पत्नी व बेटी की हत्या : अमृतसर (प.स., वार्ता): मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिला के नवां पिंड गांव के निकट एक टैम्पो पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे रंगरेटा दल के नेता श्री महेन्द्र सिंह, उनकी पत्नी तथा बेटी की मृत्यु हो गई । फायरिंग से टैम्पो में सवार एक अन्य महिला भी घायल हो गई ।

एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिला में रानियां सीमा चौकी के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक का नाम सिकंदर सिंह बताया जाता है । उसके एक साथी बलकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । घटनास्थल से 18 राकेट, 11 हथगोले, 4 ए.के. 47 राइफलें, 4 डैटोनेटर, विस्फोटक पदार्थों के दस पैकेट तथा अन्य हथियार बरामद हुए हैं । उक्त दोनों मिलिटैंट पाक से हथियार लेकर भारत में घुसने का प्रयास कर रहे थे ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के होतिया गांव में पाल सिंह नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

अंत्येष्टि : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार स्थानीय पत्रकार श्री अमरनाथ वर्मा (62), जिनकी कल लक्ष्मणसर क्षेत्र में गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी, की आज शाम यहां अंत्येष्टि कर दी गई । श्री वर्मा की चिता को आग उनके बड़े बेटे श्री अशोक वर्मा ने दी । श्री वर्मा की शवयात्रा उनके निवास स्थान से बाद दोपहर 3.00 बजे शुरू हुई । शवयात्रा में शहर के प्रमुख नागरिकों एवं राजनीतिक तथा सामाजिक नेताओं ने भाग लिया । श्री वर्मा को श्रद्धांजलि देने वालों में अमृतसर के जिलाधीश के अलावा कम्युनिस्ट नेता श्री सतपाल डांग, कांग्रेसी नेता श्री बृजभूषण मेहरा, श्रीमती रत्ना, श्री रणनंदन लाल भाटिया, भाजपा नेता श्री हरीश तनेजा, आल इंडिया हिंदू शिव सेना के प्रधान श्री सुरेंद्र कुमार बिल्ला तथा शिव सेना के प्रधान श्री सुरेंद्र डोगरा शामिल थे । इस बीच स्थानीय पत्रकार संघ तथा विभिन्न राजनीतिक और धार्मिक संगठनों ने श्री वर्मा की हत्या की निंदा की है ।

घायल महिला ने दम तोड़ा : मजीठा पुलिस जिला के चौगावां गांव में मिलिटैंटों के हाथों घायल हुई महिला श्रीमती प्यार कौर ने कल रात अमृतसर के श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

मुकाबले में बस ड्राइवर, मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर के निकटवर्ती गांव माड़ी मेघा में सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों में हुई भिड़ंत में एक बस का ड्राइवर और एक मिलिटैंट मारे गए । बताया गया है कि सुरक्षा बलों ने गांव के निकट एक बस को रोका, जिसमें मिलिटैंटों का एक गिरोह यात्रा कर रहा था । बस रोके जाने पर मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे बस ड्राइवर और एक मिलिटैंट मारा गया । मारे गए मिलिटैंट के निकट से एक पिस्तौल तथा कुछ राऊंड गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

रुपया लूटा : गुरदासपुर (विनोद): कल शाम स्थानीय दोरांगला रोड पर दो मिलिटैंटों द्वारा शराब की दुकान से लगभग 3500 रुपया लूट लिया गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

गिल कांड का मुख्य अभियुक्त काबू : लुधियाना (धीमान): यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव गिल के नजदीक पिछले महीने मिलिटैंटों ने अलग-अलग स्थानों से अपहृत करके एक ही समूह के 12 लोगों की हत्या कर दी थी, उसके संदर्भ में लुधियाना पुलिस ने मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है । उसका नाम सुखमिन्दर सिंह उर्फ बॉबी है । वह जिला मजीठा का निवासी है । इसके कब्जे से एक माऊजर मिला है । पुलिस ने बॉबी और मिलिटैंट गुरमिन्दर सिंह और जरनैल सिंह उर्फ बबला (जिला लुधियाना) को भी गिरफ्तार किया है । ये मिलिटैंट कुछ ग्रंथियों, एक निहंग बलकार सिंह और लगभग एक दर्जन शराब के ठेकों को जलाने व तबाह करने में भी संलिप्त थे । कुछ स्थानों से उन्होंने शस्त्र भी लूटे थे ।

रेल लाईन को क्षति पहुंचाने का प्रयास : पुलिस ने कल रात मंडी गोबिंदगढ़ तथा खन्ना के बीच मिलिटैंटों द्वारा रेल लाईन को क्षति पहुंचाने का प्रयास विफल कर दिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की गश्ती टुकड़ी रेल लाईन पर ड्यूटी दे रही थी । पुलिस कर्मियों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को रेल लाईन के निकट घूमते देखा । पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

पुलिस नाका के निकट का ठेका लूटा : कोहाड़ा (वि.प्र.): गत रात्रि समराला के प्रमुख चौक के निकटवर्ती, जहां पर पुलिस का प्रायः नाका लगा रहता है, एक अंग्रेजी शराब के ठेके से करीब चार हजार रुपए की राशि, दो साइकल सवार पिस्तौलधारियों द्वारा लूटे जाने का समाचार मिला है । उल्लेखनीय है कि इस घटना से दो दिन पहले ही समराला के शहरी बिजली कार्यालय से 12028 रुपए, दो साइकल सवार पिस्तौलधारी लूट ले गए थे तथा इसी हफ्ते में लोपों व बगली गांवों के शराब के ठेके गिराए गए थे तथा मजालियां गांव में सहकारी सभा लूट ली गई थी ।







(1) अमृतसर में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पत्रकार अमरनाथ वर्मा का शव तथा इनसेट उनका पुराना चित्र, (2) मृतक के परिजन शोकाकुल मुद्रा में तथा (3) श्री सुरेंद्र कुमार बिल्ला, श्री वर्मा के बेटे से संवेदना व्यक्त करते हुए । (छाया : रवि)

पुलिस हिरासत में वृद्ध की मृत्यु

फगवाड़ा, 9 फरवरी (अशोक): विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार बीरवार रात को निकटवर्ती गांव मंसूरपुर, थाना फिल्लौर के एक 65 वर्षीय व्यक्ति कर्म चंद की कथित तौर पर फगवाड़ा पुलिस की मारपीट से पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि पुलिस कर्म चंद को एक मामूली झगड़े में थाने लेकर आई । सम्भवतः पुलिस मारपीट में उसकी तबीयत खराब हो गई व उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया, यहां उसकी लगभग आठ घंटे बाद मृत्यु हो गई ।

सुरक्षा परिषद की बैठक

(पृष्ठ 1 का शेष)

कि क्या जमीनी हमला शुरू किया जाए, और य किया जाए तो कब ।

'फ्यूल एयर बम' के प्रयोग की अनुमति मांगी : अमरीकी कमांडर रक्षामंत्री डिक चेनी कुवैत में ईराकी सेना के खिलाफ अपने सबसे ब पारम्परिक हथियार 'फ्यूल एयर बम' का इस्तेमा करने की अनुमति मांग रहे हैं ।

श्री चेनी तथा जनरल पावेल ने कल रात रिया पहुंचने के तुरन्त बाद खाड़ी युद्ध के कमांडर जनर नारमन श्वार्जकोफ के साथ तीन सप्ताह से चल र युद्ध की समीक्षा की । प्राप्त समाचारों से संके मिलता है कि बहुराष्ट्रीय सेना द्वारा कुवैत को मुक्त कराने के लिए हमला शुरू किए जाने से पहले ईराकी सैनिकों का व्यापक पैमाने पर सफाया करने के लि अमरीकी विमान 'फ्यूल एयर बम' गिराने के लि तैयार खड़े हैं ।

'फ्यूल एयर बम' में परमाणु हथियार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल नहीं किया जाता लेकिन यह सीमित स्तर पर परमाणु बम की तरह फटता है और काफी बड़े क्षेत्र में आक्सीजन को जला देता है ।

'फ्यूल एयर बमों' के सम्भावित इस्तेमाल से लगता है कि बहुराष्ट्रीय सेना कुवैत में ईराकी सैनिकों से आत्म-समर्पण करवाने या कम से कम उनका मनोबल तोड़ने की रणनीति बना रही है ।

एक ब्रिटिश कमांडर का कहना है कि बहुराष्ट्रीय बख्तरबंद यूनिटों को ईराक में प्रवेश करना होगा । दूसरी ओर सऊदी अरब ने कहा है कि जमीनी लड़ाई सिर्फ कुवैत तक सीमित रहेगी । सऊदी सूत्रों ने 600 ईराकी टैंक और 400 तोपें नष्ट हो चुकने का दावा किया है ।

जैविक हथियार बनाने की फैक्टरी नष्ट : बहुराष्ट्रीय सेनाओं की बमबर्षा से बगदाद में एक ईराकी फैक्टरी, जो मूलतः बेबी फूड बनाने के लिए स्थापित की गई थी लेकिन बाद में जहां जैविक हथियार बनाए जाने लगे थे, नष्ट हो गए ।

ईराक ने कहा है कि इस सप्ताह दक्षिणी शहर नसीरिया पर बहुराष्ट्रीय विमानों के हमले से 100 नागरिक मारे गए । ईराक ने सऊदी अरब के मुसलमानों से अमरीका के खिलाफ विद्रोह करने और उनके ठिकानों पर हमला करने की अपील की है ।

यूरोपीय समुदाय नई योजना बनाएगा : पैरिस से प्राप्त एक समाचार के अनुसार यूरोपीय समुदाय 19 फरवरी को पश्चिम एशिया पर एक मार्शल योजना तैयार करेगा और उसे इसराईल और क्षेत्र के अरब राष्ट्रों के समक्ष पेश करेगा । यह बात यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष जेक्विस पुस ने कही । श्री पुस ने पैरिस से प्रकाशित अखबार ला क्रोइक्स को बताया कि इस योजना से संयुक्त राष्ट्र संघ, अमरीका और सोवियत संघ और खाड़ी राज्यों को निश्चित रूप से संबद्ध किया जाएगा । परिषद के अध्यक्ष ने फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेता यासर अराफात को इससे अलग रखा, जिन्होंने खाड़ी संघर्ष में ईराक को समर्थन दिया है । श्री पुस ने कहा कि श्री अराफात ने एक भयंकर गलती की है । अरब देशों और इसराईल को मान्य अन्य फिलस्तीनी नेता फिलस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख का स्थान ले लेंगे परन्तु श्री पुस ने इसके साथ ही यूरोपीय समुदाय परिषद की यह नीति भी स्पष्ट कर दी कि "फिलस्तीनियों को आत्मनिर्णय का हक है ।"

सद्दाम प्रकट : ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने जो काफी समय से किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं

berty
ASH
13081
19

"11वां महाशिवरात्रि पर्व सम्मेलन भण्डारा"
"10-11-12-13 फरवरी 1991"
अध्यक्षता-महामण्डलेश्वर श्री 108 श्री स्वामी लक्ष्मण यति जी महाराज "वेदान्ताचार्य" M.A.
स्थान—श्री पीपलेश्वर महादेव मन्दिर, सनातन धर्म महिला मण्डल, 3 जी.न्यू मार्कीट नं. 3, फरीदाबाद (ह.प्र.) ।



शासन
धार पर

24. 40-D	बूथ	238, 244, 246 से 250	7
25. 40-D	एस.सी.ओ.	231, 234, 237	3
26. 41-D	एस.सी.ओ.	37 से 42	6
27. 41-D	बूथ	132 से 143	11

Punjab Sampada

स्पष्ट कह देना चाहिए कि देश को नहीं टूटने दिया

इंका नेता, थानेदार समेत 10 लोगों की हत्या, 5 मिलिटैंट भी मरे

छीना स्कूटर राजपुरा में मिला : राजपुरा से मामस के अनुसार समाचार मिला है कि पिछले दिनों मिलिटैंटों ने पटियाला में हिंदू शिव सेना के मंत्री रमेश भारद्वाज की हत्या करके भागते समय जो स्कूटर छीना था वह स्कूटर नम्बर सी.एच. 01-748 टाऊनशिप महावीर मंदिर रोड पर से बिजली के ट्रांसफार्मर के साथ खड़ा मिला है । इसमें पैट्रोल समाप्त हो गया था । मालूम हुआ है कि यह स्कूटर पुलिस के एक हवलदार का है । उससे एक होमगार्ड का जवान मांग कर पटियाला ले गया था ।

लुटेरे गिरफ्तार : करतारपुर से साहनी के अनुसार गत दिवस थाना करतारपुर पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों अमरीक सिंह निवासी धालीवाल एवं बलदेव सिंह निवासी बिजलीपुर को हिरासत में लिया गया । इन्होंने गत दिवस गांव पोजेवाल में एक व्यक्ति प्रमोद कुमार से उसका स्कूटर एवं बीस हजार रुपए छीना था । इनसे पुलिस ने स्कूटर एवं बीस हजार रुपए बरामद कर लिए हैं ।

पंजाब के मिलिटैंट यू.पी. में पुनः सक्रिय

लखनऊ, 16 फरवरी (हि.टा.) : उत्तर प्रदेश की राजधानी में बम विस्फोट की घटना के तुरत बाद पंजाब के मिलिटैंटों ने प्रदेश में अपनी गतिविधियां तीव्र कर दी हैं तथा पिछले कुछ ही दिनों में उन्होंने बिजनौर जिले में एक कथित पुलिस के मुखबिर की गोली मार कर हत्या कर दी तथा पीलीभीत जिले के पूरानूर क्षेत्र में एक बैंक लूट लिया । गत 12 फरवरी को पांच मिलिटैंटों ने बिजनौर जिले में रेहट थाना के अंतर्गत गांव किरतूर में एक कथित पुलिस के मुखबिर हरदीप सिंह के घर में घुस कर सुबह 7 बजे उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट वहां एक पत्र छोड़ गए जिसमें दावा किया गया है कि वे खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य हैं जबकि पीलीभीत जिले में चार मिलिटैंटों ने पूरनपुर में बरेली कारपोरेशन बैंक से 47000 रुपए लूट लिए । पुलिस सरगर्मी से मिलिटैंटों की तलाश कर रही



गोराया थाना के गांव खुर्द में गत रात्रि मिलिटैंटों के हाथों मारे गए अजीत सिंह का शव । (छाया : तरसेम)



जालन्धर जिले के फिल्लौर थाने के गांव हरीपुर खालसा में गत रात्रि मिलिटैंटों के हाथों मारे गए दो भाइयों (ऊपर) सरवण सिंह, (नीचे) गुरमेज सिंह के शव । (छाया : तरसेम)



(बाएं) चंडीगढ़ के गांव डड्डमाजरा का वह स्थान जहां सारंगपुर गांव के भूतपूर्व सरपंच गुरनाम सिंह की हत्या की गई तथा (दाएं) हत्याकांड में संलिप्त भरपूर सिंह उर्फ भूरा की लाश । भूरा ने स्वयं को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी । (छाया : पुरी)

खाड़ी युद्ध खत्म कराने के सभी प्रयास किए जाएं : जैल सिंह

नई दिल्ली, 16 फरवरी (वार्ता) : फ्रांस, सोवियत संघ और ईरान के राजदूतों ने आज पूर्व राष्ट्रपति जैल सिंह से भेंट करके उनके साथ खाड़ी युद्ध की ताजा स्थिति पर चर्चा की ।

श्री जैल सिंह ने ईराक में नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुवैत से वापसी का ईराकी प्रस्ताव मर्मस्पर्शी है । उन्होंने फ्रांस और सोवियत संघ के राजदूतों से कहा कि खाड़ी युद्ध समाप्त करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिएं । ईरानी राजदूत के साथ अपनी बातचीत में उन्होंने युद्ध विराम के ईरानी प्रयास की सराहना की ।

अमरीकी विमानों को ईंधन....

(पृष्ठ 1 का शेष)

अमरीकी वायुसेना के विमानों को भारतीय हवाई अड्डों पर ईंधन भरने की सुविधा बंद करने की कांग्रेस (इ) लगातार मांग करती रही है । यहां तक कि इसके लिए कार्य समिति की एक विशेष बैठक बुलाकर उसमें इस सम्बन्ध में एक प्रस्ताव पारित किया गया । इस मामले पर उस समय भी चर्चा हुई जब पार्टी अध्यक्ष राजीव गांधी ने राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से पिछले दिनों कई मुलाकातें कीं । कांग्रेस (इ) ने पिछले दिनों स्पष्ट रूप से कहा था कि 11 सप्ताह तक चलने वाले अगले बजट अधिवेशन में सरकार को गम्भीर समस्याओं का सामना करना होगा और उसे इसके लिए अपने को तैयार कर लेना चाहिए ।

बिमल खालसा बजट सत्र में भाग लेंगी

Punjabi Sanatani

पंजाब में 8 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या, 3 का अपहरण, बाल जेल से 2 कैदियों को छुड़ा लिया गया

चंडीगढ़, 17 फरवरी : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 8 मिलिटैंट मारे गए, 6 लोगों की हत्या हुई, 3 व्यक्तियों का अपहरण हुआ और मिलिटैंटों ने बाल सुधार जेल से 2 विचाराधीन कैदियों को छुड़ा लिया ।

4 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर (प.स.): सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज प्रातः तरनतारन पुलिस जिला के बहादुर नगर गांव में खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 3 मैगजीन तथा लगभग 100 कारतूस बरामद हुए हैं । घटनास्थल से बरामद एक हथियार पर 'लैफ्टिनैंट जनरल पिप्पल सिंह' लिखा है ।

अमृतसर जिला के खैरदीन गांव में सुखदीप सिंह उर्फ लाडी नामक एक मिलिटैंट आपसी लड़ाई में मारा गया । तरनतारन पुलिस जिला के रानीवाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक और अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल भी बरामद हुई है ।

सरपंच समेत 2 की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के कंडियाला गांव में मिलिटैंटों ने सरपंच निर्मल सिंह काका की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन सिटी थाना के अंतर्गत क्षेत्र में नरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

मिलिटैंटों ने 2 विचाराधीन कैदी छुड़ा लिए : अमृतसर शहर के पुतली घर क्षेत्र में स्थित बाल सुधार जेल में 5 मिलिटैंट पुलिस की वर्दियां पहन कर आए और गार्डों तथा अन्य स्टाफ को बाथरूम में बंद करके विचाराधीन 2 कैदियों भूपिन्दर सिंह तथा टहल सिंह को छुड़ा कर ले गए ।

मुठभेड़ में **2 और मिलिटैंट मरे** : मजीठा पुलिस जिला के ब्यास थाना के अंतर्गत सठियाला गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा अनेक कारतूस बरामद हुए हैं । मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे ।

तीन मिलिटैंट काबू : अमृतसर जिला के जंडियाला थाना के अंतर्गत भैणी बिदेशां गांव में सुरक्षा बलों ने तीन मिलिटैंटों अवतार सिंह, बख्शीश सिंह तथा बलविंदर शर्मा को गिरफ्तार किया । उनसे एक हथगोला, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

मारे गए 3 मिलिटैंटों की पहचान : अमृतसर जिला के रानियां क्षेत्र में 15 तथा 16 फरवरी की मध्य रात्रि को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 5 मिलिटैंटों में से 3 की पहचान हुई है । उनके नाम तरसेम सिंह, हरपाल सिंह तथा जस्सा सिंह हैं ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के मियांपुर गांव में मक्खन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घोड़ा फरार : 'नारंग' के अनुसार तरनतारन पुलिस द्वारा गिरफ्तार मिलिटैंट जसविंदर सिंह घोड़ा आज हिरासत से फरार हो गया । बताया जाता है कि पुलिस इसे कुछ शस्त्र बरामद करने के लिए ले जा रही थी कि सायं छः बजे के करीब गांव चीमा के पास मिलिटैंटों ने पुलिस वाहन पर फायरिंग कर दी । इसी मुठभेड़ के दौरान घोड़ा फरार हो गया ।

एक मिलिटैंट मरा : नवांशहर (नि.स.): सुरक्षा बलों ने कल रात 11 बजे के लगभग छोकरां गांव के निकट नहर के पुल पर नाकाबंदी की हुई थी । इस दौरान 2 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । सुरक्षा बलों ने जब उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । मारे गए मिलिटैंट की अभी तक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sampadak

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहचान नहीं हुई ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटेंट मरा : फरीदकोट (वार्ता): कल रात कलेर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक मिलिटेंट मारा गया । मारे गए मिलिटेंट की पहचान बलविन्दर सिंह उर्फ घोल के रूप में हुई है । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं । बलविन्दर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स (राजस्थानी गुट) से सम्बद्ध था तथा हत्या, डकैती एवं धन ऐंठने की 20 से अधिक वारदातों में संलिप्त था ।

2 लोगों की हत्या : रोपड़ (वार्ता): मिलिटैंटों ने आज तड़के खरड़ कस्बे में 2 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

तीन लोगों का अपहरण : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला के पक्खोवाल क्षेत्र से कृष्ण कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । होशियारपुर जिला के सभ्रवाल गांव से मिलिटैंटों ने अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । गुरदासपुर जिला के धारीवाल क्षेत्र से भी एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने खन्ना क्षेत्र से 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनमें से तीन के नाम हरदीप सिंह उर्फ दीपा, कर्म सिंह और बलबीर सिंह हैं ।

लूटपाट : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि सदर पुलिस थाना के अधीन ग्राम मेघोवाल गढ़ियां में 9 लुटेरों ने ग्राम के पांच घरों में घुसकर नकदी, जेवर व अन्य कीमती सामान लूट लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरे दूबई से वापस आए एक व्यक्ति हुसन लाल के घर जबरदस्ती दाखिल हो गए व 5000 रुपए नकद तथा जेवर व अन्य कीमती सामान लूटकर ले गए । फिर वे हुसन लाल के भाई राकेश कुमार, एक अन्य व्यक्ति भजन लाल व ग्राम की दो महिलाओं दलबीर कौर व नसीब कौर के घरों से भी कीमती सामान लूट कर ले गए । पुलिस के अनुसार लुटेरों ने खाकी रंग की पैंटें, कमीजें व जैकटें पहनी हुई थीं । सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

राइफल छीनी : गत रात्रि सफेद रंग की एक मारुति वैन में सवार तीन मिलिटैंटों ने मुकेरियां रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी पर गश्त कर रहे एक होम गार्ड जवान रत्न सिंह से उसकी सर्विस राइफल छीन ली । तीनों मिलिटैंट राइफल छीनने के पश्चात मारुति वैन में फरार हो गए ।

निरंकारी प्रमुख की हत्या : रामपुराफूल (सरस्वती): सायं 7 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने निरंकारी प्रमुख श्री बापू सिंह को गोलियां मार कर गम्भीर घायल कर दिया । जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ।

दीक्षित की हालत पहले की

कांस्टेबल समेत 10 लोगों की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 18 फरवरी (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक कांस्टेबल समेत 10 लोगों की हत्या हुई तथा मिलिटैंट मारे गए । इस बीच समूचे लुधियाना जिला में मिलिटैंटों की तलाश में व्यापक अभियान छेड़ा गया है ।

श्रद्धांजलि समारोह में फायरिंग, 2 मरे : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार जिला के चड़ी गांव में कल नक्सलबादी शहीद रौनक सिंह की याद में आयोजित समारोह में मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो लोगों की मृत्यु हो गई । मृतकों के नाम महेन्द्र कौर तथा मितरपाल उर्फ सुखपाल (14) बताए जाते हैं ।

समराला से 'नि.स.' के अनुसार पंजाब किसान संघ के महासचिव मेजर तक्खी, प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शाहकोट, जबर व साम्प्रदायिकता विरोधी मोर्चा, पंजाब की प्रांतीय समिति के सदस्य हरजिन्दर सिंह तथा पंजाब श्रमिक संघ के नेता त्रिलोक खन्ना ने उक्त हत्याकांड की निंदा की है ।

आपसी लड़ाई में 1 मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिला के चड़ी गांव में दो गटों की आपसी लड़ाई में बलवीर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसका शव एक वृक्ष के साथ लटकता मिला ।

कांस्टेबल समेत 5 की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के गांव तरसिक्का से मिलिटैंटों ने कल पुलिस कांस्टेबल जगजीत सिंह का अपहरण कर लिया और बाद में गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । जगजीत सिंह का शव डेरीवाल गांव के निकट खेतों में पड़ा मिला ।

तरनतारन पुलिस जिला के कादगिल गांव में मिलिटैंटों ने मलकीयत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसी पुलिस जिले के अगलगढ़ा गांव में मिलिटैंटों ने बीरो नामक एक महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी । अमृतसर शहर के प्रीत नगर क्षेत्र में मिलिटैंटों ने स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की उस के घर पर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी । अमृतसर जिला के नागली गांव में भी मिलिटैंटों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंट लूटपाट के उद्देश्य से गांव में आए थे । ग्रांव वालों ने उन्हें घेर लिया लेकिन मिलिटैंट फायरिंग करके भाग निकले । गोली लगने से अवतार सिंह की मौत हो गई ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिला के अजनाला थाना के अन्तर्गत नौशहरा ढल्ला गांव में आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल, 2 मैगजीन, 560 कारतूस तथा 2 छड़ी बम बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 1मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के छत्तरीवाल गांव के समीप निशान सिंह नामक एक मिलिटैंट निजी गुट संघर्ष के कारण मारा गया ।

एक मिलिटैंट पकड़ा गया : मजीठा पुलिस जिला में बख्शी सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया । उससे एक पिस्तौल, एक हथगोला तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : मजीठा पुलिस जिला के सठियाला गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों की पहचान कर ली गई है । उनके नाम अमरजीत सिंह उर्फ अमली तथा मलकीयत सिंह हैं ।

एक का अपहरण : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार मिलिटैंट थाना लोपोके के गांव चौगावां में एक व्यक्ति चरणजीत शर्मा के घर में घुस गए और पैट्रोल देने की मांग की । चरणजीत शर्मा द्वारा असमर्थता जताए जाने पर मिलिटैंट उसके भाई

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sampada

जालंधर (19.2.1991)







चेवा सोमवार को पंजाब राजभवन चंडीगढ़ में सम्बोधित करते हुए । (मध्य व नीचे) बैठक में सदस्य ।

चन्द्रशेखर द्वारा.....
(पृष्ठ 3 का शेष)

माना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि ईंधन देना "बंद कर दिया गया नहीं, बंद हो गया है ।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि ईंधन देना बंद किए जाने की खबरें तो उन्होंने आज केवल अखबारों में पढ़ीं ।

यह पूछे जाने पर कि अमरीकी विमानों को ईंधन देने से क्या विश्व में भारत की साख नहीं घटी है, प्रधानमंत्री ने कहा नहीं । उन्होंने कहा कि वह पता लगाएंगे कि अमरीकी विमानों को ईंधन देने का निर्देश बीते समय में किस ने दिया था । उन्होंने कहा कि ईंधन देना मेरे निर्देश से नहीं शुरू हुआ था ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि केवल वही लोग परम्परागत विदेश नीति से सरकार के हटने की बात करते हैं जो अपने घरों में बैठकर नीतियां बनाते हैं । उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से फिलस्तीनियों के हित का समर्थन करती है तथा परम्परागत विदेश नीति से नहीं हटी है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज लेने के लिए भारत की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है । यह पूछे जाने पर कि लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए गए पांच मंत्रियों को क्या पद से हटा दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि ऐसा कोई फैसला होने पर पता लग जाएगा ।

तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने से संबंधित एक सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हम कोई सरकार नहीं गिराते, वे खुद ही गिर जाती हैं । श्री चन्द्रशेखर ने इस समय देश में साम्प्रदायिक माहौल को ठीक-ठाक बताया ।

प्रशासन विरोधी नारे : प्रधानमंत्री के आज हवाई अड्डे पर उतरने पर जनता दल (स) के कार्यकर्त्ताओं ने प्रशासन विरोधी नारे लगाए । जनता दल (स) कार्यकर्त्ताओं ने नारे लगाने उस समय शुरू किए जब उन्हें विमान तल पर उस जगह जाने के लिए अनुमति नहीं दी गई जहां प्रधानमंत्री ने एक सभा को सम्बोधित करना था ।

स्थिति मध्यावधि चुनाव के पक्ष में नहीं : बोलंगीर में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में वह मध्यावधि चुनाव के पक्ष में नहीं हैं लेकिन इस बारे में कोई भी फैसला विभिन्न राजनीतिक दलों की राय पर निर्भर करता है । श्री चन्द्रशेखर ने संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि चुनाव लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग हैं और चुनाव से किसी को डर कर भागना नहीं चाहिए लेकिन उनके विचार में चुनाव के लिए यह सही मौका नहीं है ।

उन्होंने उड़ीसा की बीजू पटनायक सरकार की बर्खास्तगी की सम्भावना रद्द कर दी । उन्होंने कहा कि किसी सरकार की बर्खास्तगी का कोई प्रश्न नहीं है ।

राजीव के रिश्ते में नाना काटजू का देहान्त

जयपुर, 18 फरवरी (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री या कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी के रिश्ते में नाना पी.एन. काटजू का आज यहां निधन हो गया । वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के मौसा 89

वारदातें पंजाब में
(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रदीप कुमार को अपहृत करके ले गए तथा साथ में यह भी कह गए कि अमुक स्थान पर पांच लाख रुपया भेज देना और अपने भाई को छुड़ा लेना ।

20 संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में : सुरक्षा बलों ने अमृतसर में रणजीत एवेन्यू तथा शहर के बाहर स्थित थांडे गांव में घर-घर की तलाशी ली और इस दौरान 20 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

घर-घर की तलाशियां : पुलिस ने लुधियाना जिला में मिलिटैंटों के विरुद्ध जोरदार अभियान शुरू कर रखा है । पिछले दस दिनों में लगभग 125 देहातों में घर-घर की तलाशियां ली गई । इस दौरान पुलिस को वहां से विस्फोटक सामग्री भी मिली है । जो देहात जालन्धर और फिरोजपुर के साथ लगते हैं, वहां उन जिलों की पुलिस से भी सहयोग लिया गया है । आज भी बेट के 14 देहातों की तलाशियां ली गईं । इस आप्रेशन का नेतृत्व पुलिस और सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं ।

एक की हत्या : संगरूर जिला के लौंगोवाल थाना के अधीन टाकीपुर गांव में मिलिटैंटों ने इन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : फरीदकोट जिला के कोटला मेहर सिंह वाला गांव में मिलिटैंटों ने सेमा सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति घायल : रोपड़ जिला के बेला गांव में मिलिटैंटों ने दिलबाग सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा : दो मिलिटैंटों ने आज दोपहरबाद जालन्धर शहर में लाडोवाली रोड पर स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के सब आफिस से 27,653 रुपए लूट लिए ।

कालेज का क्लर्क धन ऐंठने के आरोप में काबू : गरदासपुर पुलिस ने सरकारी कालेज के एक क्लर्क को गिरफ्तार किया है । वह धन ऐंठने के लिए लोगों को धमकी भरे खत लिखता था । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने आज बताया कि उससे एक ए.के. 47 राइफल, 20 कारतूस तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एक लैटरपैड भी मिला है । श्री गोयल ने बताया कि अभियुक्त के 4 साथियों, जिनमें एक एडवोकेट तथा अकाली नेता का बेटा भी शामिल है, को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । श्री गोयल ने बताया कि उक्त क्लर्क को पहले भी दो बार गिरफ्तार किया गया था लेकिन एक अकाली नेता, जोकि धन ऐंठने वाले गिरोह का कथित सरगना बताया जाता है, ने दोनों ही बार उक्त क्लर्क को रिहा करवा लिया था । गिरोह का सरगना अभी तक फरार है ।

बटाला में हत्या : मिलिटैंटों ने आज सायं बटाला के गांव शकरपुरा में एक व्यक्ति अमरीक सिंह की हत्या कर दी ।

मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट भागे : पटियाला से प्राप्त के अनुसार शनिवार रात को तीन मिलिटैंट मलेरपुर थाना के अंतर्गत पतारसी खुर्द में अमरजीत सिंह के घर पर आए और गोलियां मार कर उसे घायल कर दिया । सूचना मिलने पर मलेरपुर थाना से एक पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंच गई और भाग रहे मिलिटैंटों को पतारसी खुर्द गांव के निकट घेर लिया । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट अपने जूते, कम्बल, पगड़ियां, टेप रिकार्डर तथा कुछ गोली-सिक्का छोड़ कर भाग गए ।

धन ऐंठने के आरोप में 3 गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने लोगों से धन ऐंठने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम मनिंदर सिंह उर्फ जोगी (निवासी बी-टैंक, पटियाला) देवेन्द्र सिंह उर्फ बिन्दर तथा इन्द्रजीत सिंह उर्फ हैपी (निवासी पटियाला) बताए जाते हैं । गिरोह का सरगना परमजीत सिंह फौजी उर्फ गुरसेवक सिंह सेना में लांसनायक है और ग्रेनेडों के तौर पर कार्यरत है । पुलिस ने सेना के अधिकारियों से आग्रह किया है कि परमजीत सिंह को जिला पुलिस के हवाले कर दिया जाए । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने दी है ।

श्री शर्मा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटरपैड तथा कुछ धमकी पूर्ण पत्र भी बरामद हुए हैं । अभियुक्तों ने धन ऐंठने के लिए कुछ सिनेमाघरों के मालिकों तथा अन्य विशिष्ट लोगों को पत्र लिखे थे ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम कमलजीत सिंह उर्फ मिनी बाबा, भूपिन्द्र सिंह उर्फ तोती तथा हरदेव सिंह उर्फ देवी हैं । उनसे कुछ हथियार, गोली-सिक्का और एक ट्रक (नं. पी.सी.एफ. 9447) भी बरामद हुआ है ।

रवि नाइक को विश्वास मत प्राप्त

पणजी, 18 फरवरी (वार्ता) : गोवा में 25 दिन पुरानी रवि नाइक सरकार ने आज राज्य विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर लिया ।

विश्वास प्रस्ताव पर बहस में लगभग सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया । विश्वास प्रस्ताव को 36 विधायकों

खाड़ी युद्ध
(पृष्ठ 3 का शेष)

नागरिक मारे जा चुके हैं ।

ईराक के संस्कृति और सूचना मंत्री लतीफ जासिम ने कल इरना को बताया कि गत गुरुवार तक अल नसीरिया में तीन सौ, हिल्ला में 165 और अल फालूजा में 120 व्यक्ति मारे गए ।

ईराक के कई नगरों पर बमवर्षा : ईरानी संवाद समिति 'इरना' ने समाचार दिया है कि ईराक के विरुद्ध जमीनी युद्ध अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन उसका पूर्वाभास देने वाले राकेटों और तोपों के हमले शुरू हो गए हैं । इरना ने अहवाज से खबर दी कि अमरीकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना ने ईराक के दक्षिणी क्षेत्रों में आज एक घंटे तक अनवरत गोले बरसाए । बसरा, फराह, जुबैर, तनुमा और अबुल खासिब पर आज हवाई बमबारी और प्रक्षेपास्त्रों से इतने जोरदार हमले हुए, जिनके धमाकों से दक्षिण ईरान के नगरों अबादान तथा खुर्रम शहर के मकानों की खिड़कियां भी झनझना गईं । अमरीकी तोपखाने ने कल ईराक में 42.5 किलो मीटर भीतर तक एक हजार राकेट और आठ इंच के गोले बरसाए ।

5000 कुवैती मरे : मेड्रिड से कुना की एक खबर के अनुसार कुवैत के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि दो अगस्त के बाद ईराकी सेना ने पांच हजार कुवैतियों को मार डाला । स्पेन में कुवैत के प्रतिनिधि जासिम अल सबाह ने स्पेन के एक साप्ताहिक के साथ भेंट में बताया कि ईराकी सेनाओं ने अभी भी बड़ी संख्या में कुवैतियों को पकड़ रखा है ।

ईरान द्वारा ईराक को हथियार देने का खण्डन : उधर अबूधाबी से कुना पुल के अनुसार ईरान ने जापान के दैनिक अखबारों में छपी इन खबरों का खण्डन किया है कि उसके विमान ईराक में हथियार पहुंचा रहे हैं ।

ईरानी राजदूत ने इन खबरों को 'झूठ और बेबुनियाद' बताया । जापानी अखबारों ने टोक्यो में सैनिक विशेषज्ञों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के विमान हथियार लेकर ईराक जा रहे हैं ।

रफसंजानी जर्मनी को : ईरान के विदेशमंत्री अली अकबर विलायती रफसंजानी आज तीन दिन की सरकारी यात्रा पर जर्मनी रवाना हो गए । श्री विलायती जर्मन विदेशमंत्री के निमंत्रण पर वहां गए हैं । श्री विलायती बोन में उनके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों से भी द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मसलों और खाड़ी युद्ध के बारे में बातचीत करेंगे ।

इसराईल पर हमले में नई किस्म का प्रक्षेपास्त्र प्रयुक्त : ईराक ने शनिवार को इसराईल पर हमला करने के लिए नई किस्म के प्रक्षेपास्त्र का इस्तेमाल किया । बगदाद रेडियो ने कल यह जानकारी दी । ईराक ने इस प्रक्षेपास्त्र का नाम 'हिजरा-अल-सिज्जिल' रखा है । कुरान में एक कहानी है कि काबा पर हमला करने वाले हमलावरों को मार भगाने के लिए खुदा ने विशाल पक्षियों को इसी ढ्राम के हथियार देकर भेजा था ।

लन्दन में एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि यह प्रक्षेपास्त्र संभवतः सोवियत निर्मित स्कड प्रक्षेपास्त्र से भिन्न है । इसराईल और सऊदी अरब पर अब तक ईराक स्कड प्रक्षेपास्त्र ही दाग रहा था ।

ब्रिटेन के एक रक्षा विश्लेषक ने बी.बी.सी. को बताया कि यह नया प्रक्षेपास्त्र स्कड के ही दो अन्य प्रतिरूपों हुसैन और अब्बास जैसा ही हो सकता है ।

15% ईराकी सैनिक हताहत : अमरीकी सेना का दावा है कि पिछले एक महीने की हवाई बमबारी के दौरान कुवैत में तैनात ईराकी सेना में से 15% सेना मार दी गई है या घायल है । कुवैत पर बहुराष्ट्रीय सेना के हवाई हमलों में ईराक के 81,750 सैनिक हताहत हुए हैं ।

अमरीकी टैलीविजन नैटवर्क ए.बी.सी. के अनुसार हताहत सैनिकों में ज्यादातर रिपब्लिकन गार्ड हैं जो बंकरों में थे । अमरीकी रक्षा विभाग ने इस खबर की पुष्टि या खंडन करने से इन्कार किया है । अमरीकी सेना ने कुवैत में ईराकी सेना को हुए नुक्सान का ब्यौरा देने से इन्कार कर दिया ।

एक लाख ईराकी सैनिक मारे गए !: इसी मध्य अमरीकी गुप्तचरों का अनुमान है कि बहुराष्ट्रीय सेनाओं के हवाई हमले से अब तक लगभग एक लाख ईराकी सैनिक मारे गए हैं ।

इसराईल अरबों से शांति वार्ता को तैयार : इसराईली प्रधानमंत्री शमीर ने कल कहा कि इसराईल खाड़ी युद्ध के बाद अरब देशों के साथ शांति वार्ता करना चाहता है । उन्होंने यरुशलम में कहा कि "इसराईल शांति वार्ता के लिए तैयार ही नहीं बल्कि अधीरता से इसकी प्रतीक्षा कर रहा है लेकिन कौन जानता है कि युद्ध के बाद पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र कैसा लगेगा ।"

उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिए । इसके बाद हम बेहतर माहौल में बातचीत की राह पर आगे बढ़ सकते हैं ।

बुश द्वारा सद्दाम का तख्ता पलटने की अपील : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने ईराक के शासक सद्दाम हुसैन का तख्ता पलटने के लिए वहां की जनता से अपील दोहराई । उन्होंने कहा कि ईराक की जनता श्री सद्दाम को उखाड़ फैंके तो उन्हें कोई दुःख नहीं होगा । श्री बुश केनबंकपोर्ट में एक

सहायता जारी रखने का फैसला किया है, हालांकि अमरीकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना ने घोषणा की है कि अम्मान-बगदाद राज मार्ग एक सानवरक निशाना है ।

यूरोपीय समुदाय के अध्यक्ष ने कहा है कि अगर ईराक में नागरिक आबादी और उसके ठिकानों की अपूर्णीय क्षति हुई तो सोवियत संघ ईराक के खिलाफ बहुराष्ट्रीय सेना को दिया अपना समर्थन वापस लेने पर विचार कर सकता है ।



लन्दन में सोमवार को विक्टोरिया स्टेशन पर हुए बम विस्फोट से भीड़ के सामान का मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है । (छपा : प्रै.ट्र.)

श्रीवास्तव प्रधानमंत्री के प्रैस सलाहकार नियुक्त

नई दिल्ली, 18 फरवरी (वार्ता): वरिष्ठ पत्रकार के.पी.श्रीवास्तव को आज प्रधानमंत्री का प्रैस सलाहकार नियुक्त किया गया । आधिकारिक घोषणा के अनुसार प्रैस ट्रस्ट आफ इंडिया (पी.टी.आई.) के पूर्व सम्पादक श्री श्रीवास्तव को अतिरिक्त सचिव का दर्जा प्राप्त होगा । सूत्रों ने बताया कि हरिवंश प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रैस सलाहकार नियुक्त किए गए हैं और उन्हें संयुक्त सचिव का दर्जा प्राप्त है ।

न्यायाधीश रामास्वामी की अदालत का बहिष्कार करने का निर्णय

नई दिल्ली, 18 फरवरी (प.स.): सर्वोच्च न्यायालय की बार एसोसिएशन ने 22 फरवरी से न्यायाधीश वी. रामास्वामी की अदालत का बहिष्कार करने का आज निर्णय किया । न्यायाधीश रामास्वामी के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताएं करने का आरोप है, जब वे पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे ।

बिहार में रैड अलर्ट

पटना, 18 फरवरी (प.स.): बिहार के राज्यपाल मोहम्मद यूनुस सलीम की बर्खास्तगी के विरोध में सत्तारूढ़ जनता दल एवं इसके सहयोगी दलों द्वारा आयोजित कल के प्रस्तावित बिहार बंद के मद्देनजर राज्य भर में रैड अलर्ट कर दिया गया है ।

याकूब खां सीनेट का चुनाव लड़ेंगे

इस्लामाबाद, 18 फरवरी (प.स.): पाकिस्तान के विदेशमंत्री साहबजादा याकूब खां लोगों की अटकलों के बावजूद सीनेट (उच्च सदन) का फिर से चुनाव लड़ेंगे । उनके इस फैसले से सत्तारूढ़ इस्लामी जम्हरी इत्तेहाद के एक हिस्से में असंतोष पैदा हो गया है ।

बजट तैयारी में सरकार इंका के इशारे पर चल रही है : भाजपा

नई दिल्ली, 18 फरवरी (प.स.): भाजपा संसदीय पार्टी ने इस बात पर सख्त एतराज किया है कि बजट के प्रस्तावों के बारे में सरकार राजीव गांधी के इशारों पर चल रही है और श्री गांधी अनाधिकार चेष्टा कर रहे हैं ।

भाजपा संसदीय पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक आज यहां श्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में हुई जिसमें विपक्ष के नेता श्री लालकृष्ण अडवानी भी उपस्थित थे ।

बैठक में इस बात पर गहरी चिंता प्रकट की गई कि सरकार सभी मर्यादाओं का उल्लंघन करके बजट के बारे में कांग्रेस (इ) के नेता प्रणव मुखर्जी से विचार-विमर्श कर रही है जबकि अभी तक कैबिनेट में भी इस पर विचार नहीं हुआ है ।

पार्टी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कांग्रेस (इ) देश में अनिश्चितता और अस्थिरता का माहौल पैदा कर रही है और वर्तमान सरकार को हटाकर स्वयं सत्ता में आने के लिए पैंतरेबाजी कर रही है ।

श्रीलंका में द्वारा 20

वाशिंगटन, 18 फर
सरकार समर्थक खूनी दस्ते त
कर रहे हैं । यह बात आ
बट्टीकलोआ से भेजी एक
प्रतिष्ठित अमरीकी दै
समर्थक हत्यारे दस्ते जिन्ह
युवकों को मार कर और उन
लिए उनके शवों को सड़कों
खूनी तरीका तमिलों पर भी

वाशिंगटन पोस्ट ने
अपनी रिपोर्ट में बताया कि
दस्ते अभी तक 2009 त
हैं । वाशिंगटन पोस्ट ने
के एक पादरी हैरी मिलर
मिशनरियों द्वारा एकत्र आं
की है । पादरी हैरी मिलर
कार्य किया है ।

डाकओं द्वारा
की हत्या, प

लखनऊ, 18 फरव
कृषि उपमंत्री श्री देवी प्रसा
गत रात्रि जिला बहराईच
एक गिरोह ने हत्या कर
अनुसार 10 डाक श्री प्रस
के उद्देश्य से घुसे थे ।
श्रीमती शांति के कानों से
लीं । श्रीमती शांति मा

कन्द्रा ने मिलाव
सैमीनार का उ

अमृतसर, 18 फ
वस्तुओं में मिलावट रोक
रोकथाम कानून के बारे में
उपभोक्ताओं को जानकार
फरवरी से 28 फरवरी त
उद्घाटन समारोह में बो
चावला महासचिव भारत
सरकार से मांग की है कि
जिस तरह सह-बिक्रेताओं
खाद्य पदार्थों के नमूने
मिलावट की रोकथाम को
लिए उत्पादकों एवं बिक्रे
वस्तुओं के बिलों की भी
फार्म 6 ए के अंतर्गत बैच
उत्पादकों के विरुद्ध कार्र
उक्त पखवाड़े सबं
उद्घाटन भाषण में श्री ए
एवं परिवार कल्याण पंज
रोकने के लिए पंजाब में
नमूने भरे गए जिनमें 33
गई । मिलावट के सर्वा
में पाए गए तथा सबसे क

अरुणाचल
सोमवार
72वें ड्रा का परिणाम, जो 18
के सामने निकाला गया :-
1ST PRIZE (1)
Rs. 1,00,000/-
2ND PRIZE (4) Rs. 5
DA-292603
DC-142587
3RD PRIZE (300) Rs. 50
80461 403
05296 505
67878 67390
4TH PRIZE (3,000) Rs. 5
6017 4790 30
8067 2646 76
5TH PRIZE (3,000) Rs. 2
1644 5542 34
5005 9509 29
6TH PRIZE (30,000) Rs.
075 102 23
530 695 76
अगला ड्रा 25
विजेताओं को सूचना है
गजट से मिला लें ।
सब-आर्गनाइजर : मै. वी.
8992, श
पहाड़गंज,
फोन : 7
सैक्रेटरी (लाटरीज़), अ
ईटानगर, अरु

कंचन जंगा साप्ताहि
(सिक्किम
407वें ड्रा का परिणाम, जो 18.2.91 को
जजों के सामने निकाला गया :-
1st PRIZE (1) Rs. 2,00,000/- J-893646

Punjabi Sahara

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कराया गया था और वे स्वस्थ हो गई थीं ।

पंजाब में 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 7 लोगों की हत्या, 2 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 20 फरवरी (प.स., वार्ता): भटिंडा जिला के मानसा बस अड्डे पर स्थित पुलिस चौकी में आज प्रात: बम फटने से 2 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 लोगों की हत्या हुई तथा 2 मिलिटैंट भी मारे गए । इस बीच मिलिटैंटों ने एक डी.एस.पी. के भाई तथा भांजे का भी अपहरण कर लिया ।

बम फटने से 2 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज सवेरे सवा आठ बजे के लगभग स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित पुलिस चौकी में बम फटने से दो सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि न्यू कचहरी रोड पर स्थित एक खोखे के पीछे एक लावारिस बैग पड़ा है । पुलिस कर्मी उस बैग को उठा कर पुलिस चौकी में ले आए । जब बैग को खोला गया तो उसके भीतर पड़ा बम फट गया । इससे पुलिस कांस्टेबल जरनैल सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा होमगार्ड जवान बलवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया । सी.एच.सी. ले जाते समय बलवंत सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया । घटना की सूचना मिलते ही भटिंडा जिला के एस.एस.पी. राजेन्द्र सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह बम किसी भीड़ वाले स्थान पर रखा जाना था लेकिन पुलिस की गश्त तथा बसों की चैकिंग के कारण मिलिटैंट यह बैग खोखे के पीछे फैंक कर चले गए ।

मुठभेड़ का विवरण : गुरदासपुर (विनोद) जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के अन्तर्गत गांव जफरवाल में गत रात पुलिस तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

रदस्त विस्फोट हुए । यह
ईरान की समाचार एजेंसी
ताया कि इन विस्फोटों की
सुनी गई । उसके अनुसार
ी खामोशी के बाद बसरा,
र मिस्सन शहरों पर फिर
और प्रक्षेपास्त्रों से हमले

ाक द्वारा रासायनिक युद्ध
अपनी तैयारी भी कर रही
अधिकारियों ने कहा कि
की स्थिति में उन्हें ईराक
द्वारा रासायनिक हथियार
।

ान के एक अन्य चालक
ब लक्ष्यों को ढूंढ निकालना
अपेक्षा काफी कठिन होता
स्टल तथा उनके एक साथी
दिनों दक्षिणी क्षेत्र में मोर्चे
डी संख्या में ईराकी वाहनों
एफ-111 बम वर्षकों तथा
.एफ.-111 (ए) विमानों
त में ढालदार रेगिस्तानी
ए गए ईराकी बंकरों पर

कारियों के अनुसार खाड़ी
खतरा नहीं होगा, जितना
नुक्सान के अनुसार लगभग
खाड़ी में बह रहा है ।
एक-तिहाई तेल बहराष्ट्रीय
बहा और शेष ईराक ने

दी अरब ने कहा है कि वह
जना को मंजूर नहीं करेगा
की तुरन्त तथा बिना शर्त
ानिक सरकार की बहाली
।

रण : ईरान के राष्ट्रपति
संजानी ने खाड़ी विवाद के
न को आशा की एक किरण
ो ने आज बताया कि श्री
राष्ट्रपति हाफिज असद से
तचीत में कहा कि सीरिया
शामिल देशों को ईराकी
अपनाना चाहिए ।

असद ने युद्ध रोकने के लिए
प्रयासों पर संतोष व्यक्त
ा की कामना की ।

कि यदि बहुराष्ट्रीय सेना
पहल को सही रूप में लें तो
सकते हैं ।

वेतावनी : इसराईली
ी है कि खाड़ी युद्ध में ईराक
भी यदि राष्ट्रपति सद्दाम
ी क्षेत्रीय शांति संभव नहीं
ालय के उप-महानिदेशक
एक सम्बाददाता सम्मेलन
न ही सभी बुराइयों की जड़
हुसैन तथा स्थिरता दोनों
शांति एकदम अलग-अलग

: भारत ने संयुक्त राष्ट्र
को एक नोट दिया है जिसमें
एशिया में शांति की बहाली
मिका निभाने की हिमायत
ने बताया कि भारत इस
थ परामर्श कर रहा है ।
पर सदस्य देशों ने अनुकूल
उनके सुझावों को इसमें
ा का रूप दिया जा सकता

कुछ भारतीय : ईराक
भी कुछ भारतीय फंसे हैं ।
क भारतीय निर्माण कम्पनी
हैं ।

पन

ट्टी
rate for 20.2.91
NECC suggested
ozen.

ार
कों, रेलवे तथा क्लर्कों की
क (10) पास, 16-25
क द्वारा 35 रुपए
कर फार्म और गाइडैंस
मंगवाएं । Advance
8, Islamabad.

ख
मत का हाल पूछने के लिए
सिंह मेहता साहिब को
ता : 418, अलबर्ट रोड
र । फोन : 26566.

कता
r Salesman, Stock
Stove Repair करने
tia Gift Centre,
har.

st-cum-attendant

करें अन्यथा यह लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर सकती है । उन्होंने राजनीतिक नेताओं से भी कहा कि विकास योजनाएं बनाते समय वे दलगत भावनाओं को बीच में न लाएं ।

योजना मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए आज प्रधानमंत्री ने कहा कि मूलभूत मसलों पर विभिन्न राजनीतिक दलों में कोई विवाद नहीं होना चाहिए ।

बिजली परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने पर बल

नई दिल्ली, 20 फरवरी (वार्ता): ऊर्जा मंत्रियों के राजधानी में कल हुए सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया कि सभी विचाराधीन विद्युत परियोजनाओं को जल्द से जल्द मंजूर किए जाने के लिए एक समिति बनाई जाए ।

ऊर्जा सचिव एस. राजगोपालन ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में इस की सिफारिशों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों का सुझाव था कि विद्युत क्षेत्र के प्रस्तावों की हर पहलू से मंजूरी का काम यह समिति करे ।

'शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न

जालन्धर, 20 फरवरी : श्री एन.एस. कंग, डिप्टी कमिश्नर जालन्धर ने आज यहां जिला शांति कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि पंजाब में शांति, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भावना के पक्ष में लोक राय बनाने के लिए शांति रैलियां और शांति मार्च किए जा रहे हैं ।

श्री कंग ने कहा कि इस संबंध में एक विशाल रैली 25 फरवरी को आयोजित की जा रही है, जिसमें समस्त राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं, युथ क्लबों, बुद्धिजीवियों, स्वतंत्रता सेनानियों, पत्रकारों, भूतपूर्व सैनिकों, स्कूल एवं कालेज के प्रिंसीपलों, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को इसमें शामिल होने की अपील की गई है । इस रैली में शांति, आपसी भाईचारे एवं शहर के वातावरण को सुखद बनाने के लिए सुझाव पेश किए जाएंगे और किसी भी राजनीतिक दल को एक-दूसरे पर छींटाकशी करने नहीं दी जाएगी । उन्होंने बताया कि मंच पर से केवल आपसी भाईचारे के नारे लगाए जाएंगे ।

2 इंका समर्थकों समेत 4 की हत्या

गुवाहाटी, 20 फरवरी (वार्ता): असम में पिछले 24 घंटों में संदिग्ध उल्फा उग्रवादियों ने दो कांग्रेसी (इ) समर्थकों सहित चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने आज शाम कामरूप जिला के लामपाड़ा गांव में कांग्रेस (इ) के कार्यकर्त्ता माधव ठाकुरिया की उनके निवास पर गोली मार कर हत्या कर दी ।

भारत ने कोरिया के विमानों को हवाई पट्टी बरतने की अनुमति नहीं दी

सियोल, 20 फरवरी (प.स.): भारत ने खाड़ी जाने वाले दक्षिण कोरिया के सैनिक परिवहन विमानों को अपनी हवाई पट्टी का उपयोग करने की अनुमति देने से आज इंकार कर दिया । रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी ।

चुनावों पर नज़र रखने के लिए राष्ट्रकुल देशों की टीम बंगला देश में

ढाका, 20 फरवरी (डी.पी.ए.): राष्ट्रकुल देशों के 12 सदस्यीय दल के 10 सदस्य 27 फरवरी को बंगला देश में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों पर निगरानी रखने के लिए आज यहां पहुंचे । शेष दो सदस्य रविवार को आएंगे ।

बलात्कार के जुर्म में 100 कोड़े

बारा (पाकिस्तान), 20 फरवरी (प.स.): बलात्कार के जुर्म में एक व्यक्ति को आज यहां बतौर सज़ा सौ कोड़े लगाए गए । अफगान शरणार्थी बहादुर खां पर एक चौदह वर्षीया लड़की का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने का आरोप साबित हो गया था । उसे 7 अन्य मुजरिमों के साथ बारा में दस हजार कबायली दर्शकों की मौजूदगी में कोड़े लगाए गए । लेकिन 7 मुजरिमों को सिर्फ पांच ही कोड़े लगाए गए ।

इन सात लोगों पर चोरी, अपहरण, हैरोइन को सेवन करने और अपराधियों को शरण देने के आरोप थे । 25 वर्षीय बहादुर खा सौ कोड़े खाने के बाद बिना सहारे चलने की हालत में भी नहीं रह गया । बारा पेशावर से सिर्फ 11 किलोमीटर दूर है, लेकिन वह खैबर कबायली एजेंसी का हिस्सा है, जहां बड़े बुजुर्गों का कानून चलता है ।

इतना उत्सुक प्रधानमंत्री फिर नहीं मिलेगा...

नई दिल्ली, 20 फरवरी (वार्ता): शिरोमणि अकाली दल (लौंगोवाल) ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर द्वारा जून 1984 के सेना के 'ब्लू स्टार आप्रेशन' की सार्वजनिक रूप से आलोचना तथा देश की आजादी से पहले और बाद में भी सिखों की कुर्बानियों की प्रशंसा किए जाने का स्वागत किया है ।

दल के प्रवक्ता बख्शी जगदेव सिंह ने आज एक वक्तव्य में कहा कि श्री चंद्रशेखर ने प्रचार माध्यमों की भूमिका पर राजधानी में कल आयोजित एक संगोष्ठी में यह कह कर पूरे सिख समुदाय का दिल जीत लिया है कि 1984 में तत्कालीन सरकार की कार्रवाई एक बड़ी भूल थी । उन्होंने कहा कि ब्लू स्टार आपरेशन कांग्रेस (इ) नेता श्रीमती इंदिरा गांधी



राजस्थान के श्रीगंगानगर जिला में घड़साना थाना के अन्तर्गत 18-पी गांव के निकट सीमा पार करके आये 3 मिलिटैंटों को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में मार गिराया । चित्र में (1-3) मारे गए मिलिटैंटों के शव तथा (4) उनसे बरामद हथियार और गोली-सिक्का । (छाया : जिंदल)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में जो तीन मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें से एक की शिनाख्त हरबंस सिंह के रूप में हुई है । बताया जाता है कि पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की संयुक्त गश्ती पार्टी जब गांव जफरवाल के पास पहुंची तो उसने तीन युवक एक स्कूटर पर सवार होकर एक मकान से निकलते देखे । रुकने के लिए कहने पर युवकों ने गश्ती पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में 1 मिलिटैंट हरबंस सिंह वहीं मारा गया जबकि दो भाग कर खेतों में चले गए और वहां फायरिंग में मारे गए । उनकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी । पुलिस को उनके पास से एक विदेशी मॉऊज़र, 1 रिवाल्वर तथा 4 हथगोले मिले ।

'वार्ता' के अनुसार मुठभेड़ पंथक कमेटी के प्रमुख वस्सन सिंह जफरवाल के घर के बिल्कुल निकट हुई । मारा गया मिलिटैंट हरबंस सिंह वस्सन सिंह का निकट सहयोगी बताया जाता है ।

क्रास फायरिंग में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिला के मक्खू कस्बे में हथियारों की बरामदगी के संबंध में बलविंदर सिंह नामक एक मिलिटैंट को ले जा रही पुलिस पार्टी पर मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । मुठभेड़ में बलविन्दर सिंह मारा गया । इससे पहले बलविंदर सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने क्षेत्र से एक जनरल पर्पज मशीनगन बरामद की थी । बलविंदर सिंह पुलिस की सूची में था ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिला में ही मंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक बन्दूक तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

एक घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिला के ममदोट सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । गोलियों से छलनी उसका शव आज प्रातः बरामद हुआ ।

अपहृत दोधी की हत्या : कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार जिला के फत्तूढींगा गांव से टैम्प में दूध ले जा रहे एक दोधी बख्शीश सिंह, जोकि खानपुर गांव का निवासी था, को कल शाम साढ़े सात बजे मिलिटैंटों ने अपहृत कर लिया तथा मंड क्षेत्र में ले जाकर उसकी हत्या कर दी ।

डी.एस.पी. के भाई व भांजे का अपहरण : धुरी से 'सिंगला' तथा 'जैन' के अनुसार कल रात लगभग 15 मिलिटैंटों ने रोपड़ के डी.एस.पी. अवतार सिंह भल्लर के भाई मास्टर कौर सिंह तथा 14 वर्षीय भांजे कमल जीत सिंह का अपहरण कर लिया । मिलिटैंट घटनास्थल पर एक चिट्ठी भी छोड़ गए हैं जिसमें अपहृतों की रिहाई के बदले में 2 मिलिटैंटों को छोड़ने की मांग की गई है । मिलिटैंट अपनी जीप सारो गांव के निकट छोड़ गए हैं ।

4 मोटर साइकिल छीने : मिलिटैंटों ने धुरी से 3 किलोमीटर दूर गांव कहेड़ में गरमुख सिंह के घर से हीरो होंडा मोटर साइकिल (नं. पी.सी.एल. 377) छीन लिया । इसके बाद मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह के घर से भी एक मोटर साइकिल छीन लिया । फिर मिलिटैंटों ने जहांगीर गांव में दर्शन सिंह के घर से भी एक मोटर साइकिल छीना ।

पटियाला से 'राज' के अनुसार मिलिटैंटों ने सरहिन्दी बाजार के निवासी डाक्टर नवीन कुमार से कल दोपहर बाद भगौड़ा गांव के निकट मोटर साइकिल (नं. पी.बी. 11 बी-0210) छीन लिया ।

सरपंच का शव मिला : अमृतसर जिला के इब्बां गांव के सरपंच जगीर सिंह का आज गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

2 की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के गागर गांव में कल रात मिलिटैंटों ने किशन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के मलमोहरी गांव में मिलिटैंटों ने बख्शीश सिंह नामक एक व्यक्ति की भी गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक अन्य सरपंच की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के बाबा बकाला उपमंडल में आज रात मिलिटैंटों ने एक सरपंच मुख्तयार सिंह की हत्या कर दी ।



फत्तूढींगा गांव से अपहृत दोधी बख्शीश सिंह, जिसकी मिलिटैंटों ने बाद में गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का शव । (छाया : चोपड़ा)



हिमाचल विधानसभा में गर्मागर्मी

शिमला, 20 फरवरी (प.स., ख.): आज हिमाचल विधानसभा में उस समय सदस्यों में गर्मागर्मी हो गई जब जनता दल नेता श्री विजय सिंह मनकोटिया ने बार-बार यह मामला उठाने का प्रयास किया कि मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के समय कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने कथित रूप से विदेशी मुद्रा विनियमों (फेरा) का उल्लंघन किया था । मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने इन आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए इन्हें 'पूर्णतः निराधार' बताया ।

मुख्यमंत्री ने श्री मनकोटिया से कहा कि यदि उनके पास अपने आरोपों के पक्ष में सबूत है तो वह लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कर सकते हैं ।

बीज विक्रेता के विरुद्ध केस दर्ज

होशियारपुर, 20 फरवरी (अश्विनी): सिटी पुलिस ने जिला के मुख्य कृषि अधिकारी डा. जसविन्दर पाल सिंह बेदी की शिकायत पर स्थानीय अफगान रोड के एक बीज विक्रेता के विरुद्ध धारा 420 व सात ई.सी. एक्ट के अधीन जाली व मियाद गुजर चुका सूरजमुखी बीज बेचने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है ।

गत दिवस कृषि अधिकारियों के एक दल द्वारा उक्त बीज विक्रेता की दुकान पर छापा मारने के बाद यह केस दर्ज करवाया गया ।

पंजाब के युवकों बारे राज्यपाल की योजना की प्रशंसा

जालन्धर, 20 फरवरी : जनता दल पंजाब के महासचिव ने राज्यपाल पंजाब श्री ओ.पी. मल्होत्रा द्वारा पंजाब के युवकों के लिए बनाई गई योजना की भरपूर प्रशंसा की है । श्री केसर सिंह ने राज्यपाल द्वारा जालन्धर, लुधियाना व अमृतसर म नगर निगमों के चुनाव कराने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र की बहाली कायम रखी जा सकेगी ।



डा. अम्बेदकर जयन्ती जालन्धर में रैडक्रास भवन में मनाई गई । इस अवसर पर आयोजित समारोह में (ऊपर) बाएं से– सर्वश्री बलवंत सिंह सरहाल, ओम प्रकाश दत्त, आर.एल. सभ्बरवाल संयुक्त निदेशक समाज कल्याण विभाग पंजाब तथा चौ. जगजीत सिंह। (नीचे) उपस्थिति । (छाया : कपूर)

उच्च न्यायालय से

मोहाली नोटीफाइड एरिया कमेटी को नोटिस

चंडीगढ़, 20 फरवरी (गुप्ता): पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सिटीजन्स वैल्फेयर कौंसिल मोहाली की याचिका पर पंजाब सरकार तथा नोटीफाइड एरिया कमेटी मोहाली को 16 अप्रैल का नोटिस जारी किया है । याचिका द्वारा पंजाब सरकार की उस अधिसूचना को चुनौती दी गई थी, जिस द्वारा पानी तथा सीवरेज की दरें बढ़ाई गई थीं ।

थल सेनाध्यक्ष को नोटिस : उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने सुरेन्द्र सिंह नामक एक पूर्व सिपाही की याचिका पर थलसेनाध्यक्ष को नोटिस जारी किया है । इसने 'कोर्ट मार्शल' द्वारा दी गई सजा तथा सेवा से बर्खास्तगी को चुनौती दी थी ।

याचिका विचारार्थ स्वीकार : 'संघी' के अनुसार उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने अम्बाला नगर पालिका के प्रधान कीर्ति प्रसाद जैन व 12 अन्य सदस्यों की वह याचिका विचारार्थ स्वीकार कर ली है जिस द्वारा अम्बाला के जिलाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी । जिलाधीश ने इंका के 4 सदस्यों को अपने त्यागपत्र वापस लेने की अनुमति दी थी ।

ने बताया कि बैठक में पार्टी अपनी भावी रणनीति के बारे में भी विचार-विमर्श करेगी ।

गुजरात का घाटे का बजट

गांधीनगर, 20 फरवरी (प.स.): गुजरात विधानसभा में वित्तमंत्री छबीलदास मेहता ने आज वर्ष 1991-92 के लिए कुल 19 करोड़ 46 लाख रुपए के घाटे का बजट पेश किया ।

देवी लाल
(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनावी तालमेल करना चाहेंगे लेकिन उन्होंने इसका कोई ब्योरा नहीं दिया । बोफोर्स तोप सौदे की जांच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह जांच कार्य अवश्य पूरा होना चाहिए । उन्होंने कहा कि श्री सिंह के शासन काल में वह स्वयं इसकी मांग कर चुके हैं ।

राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है । इसके पीछे केवल सत्ता की भूख है । उन्होंने कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि श्री लाल कृष्ण अडवानी को सत्ता दे दी जाए तो यह विवाद स्वयमेव समाप्त हो जाएगा ।

बी.आई.पी. का अर्थ बैरी इगनोरैंट पर्सन ! : उपप्रधानमंत्री देवी लाल ने आज 'बी.आई.पी.' को नए सिरे से परिभाषित किया और कहा कि इसका अर्थ 'बैरी इग्नोरैंट पर्सन' के अलावा 'बैरी इगनोरैंट पर्सन' भी होता है । उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी गाय, भैंस, बकरी के मामले में बी.आई.पी. (बैरी इगनोरैंट पर्सन) है, जबकि मैं हवाई जहाज़ चलाने के मामले में बी.आई.पी. हूं ।"

उन्होंने यह भी कहा कि श्री राजीव गांधी को विदेश नीति की बड़ी समझ है । यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह बात उन्होंने श्री राजीव की सराहना के तौर पर कही या उन पर कटाक्ष के तौर पर ।

जब जनता दल (स) के असंतुष्टों श्री चादराम, श्री रणजीत सिंह और श्री जगदीप धनकड़ के खेमे के बारे में पूछा गया तो श्री देवी लाल ने कहा, "हर आदमी को अपनी बात कहने का हक है । ये तिलमिला रहे हैं तो क्या बुराई है ? बी.पी. और कांग्रेस (इ) वाले भी तो भिनभिना रहे हैं ।" श्री देवी लाल ने कहा कि अमरीकी वायुसेना के विमानों में तेल भरना बंद करने का फैसला सही है ।

क्या आप भी राजीव गांधी के साथ 'लड्डू डिप्लोमेसी' कर रहे हैं ? इस प्रश्न के जवाब में श्री देवी लाल ने कहा कि "आप मेरे घर आओ, आपको भी लड्डू खिलाऊंगा ।"

क्या आप राजनीति से संन्यास लेंगे, यह पूछे जाने पर श्री देवी लाल ने कहा, "मैं संन्यास क्यों लूं ? कोई साधु तोड़े ही हूं ।" जनता दल के नेता श्री अजीत सिंह के बारे में आपकी क्या टिप्पणी है, यह पूछे जाने पर श्री देवी लाल ने कहा, "डिक्शनरी में 'इनरिलायेबल' शब्द के स्थान पर अजीत लिख दो ।"

श्री देवी लाल ने बोफोर्स सम्बन्धी सवाल के जवाब में कहा कि इस मामले की छानबीन होनी चाहिए । लेकिन उन्होंने कहा कि बोफोर्स के मुद्दे पर हमने लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा । अगर इस मुद्दे पर जीत होती तो हम तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी जीतते ।

उन्होंने कहा कि बोफोर्स के सिलसिले में ही पत्र लिखने के कारण श्री विश्व नाथ प्रताप सिंह ने मुझे उपप्रधानमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था ।

उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नामंजूर

पणजी, 20 फरवरी (प.स.): गोवा विधानसभा में आज भारी शोर शराबे के बीच अध्यक्ष सुरेन्द्र सिरमत ने उपाध्यक्ष प्रकाश वलिप के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कांग्रेस (इ) की मांग ठुकरा दी ।

ज़ैल सिंह द्विजा देवी का हाल पूछने गए

नई दिल्ली, 20 फरवरी (प.स.): भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह आज प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर की पत्नी श्रीमती द्विजा देवी का हाल चाल पूछने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गए । श्रीमती द्विजा देवी का संस्थान में दमे की बीमारी का इलाज चल रहा है । डाक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति में पहले से काफी सुधार हुआ है ।

शोक समाचार



जालन्धर, 20 फरवरी : जालन्धर रेंज के एस.पी. विजीलैंस श्री गोपाल दास, जिनका 12 फरवरी को देहांत हो गया, की रस्म किरया 23 फरवरी को दोपहर एक से दो बजे तक 27-बी, ओल्ड बारादरी, जालन्धर में होगी ।

श्रद्धांजलि समारोह ('शोक सभा')

आह ! श्री के.सी. कोचर जी

बहुत दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय प्रसिद्ध जैन नेता, समाजसेवी, लेखक व चित्रकार **श्री के.सी. कोचर** सुपुत्र स्व. श्री बन्सी लाल जी कोचर (लुंगीवाला) **प्रधान श्री आत्मानन्द जैन सभा, अमृतसर** का शनिवार 2 फरवरी, 1991 को बीकानेर में स्वर्गवास हो गया है । उनके द्वारा जैन समाज के प्रति की गई अथक सेवा सदैव चिर-स्मरणीय रहेगी ।



श्री के.सी. कोचर श्री आत्मानन्द जैन महासभा (उत्तरी भारत) के कार्यकारिणी सदस्य व प्रैस सचिव, श्री

Punjab Sa

रात अचानक हड़ताल कर चले गए ।

लै. जनरल दारा सिंह समेत 7 मिलिटैंट मरे, शिव सेना नेता सहित 12 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 21 फरवरी (प.स., वार्ता) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल दारा सिंह समेत 7 मिलिटैंट मारे गए तथा शिव सेना नेता समेत 12 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के फजलपर गांव के बाहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल दारा सिंह तथा उसका एक अज्ञात साथी मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बल जब उक्त गांव के बाहर स्थित फार्म हाऊस की तलाशी लेने गए तो भीतर छिपे मिलिटैंटों ने फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दारा सिंह तथा उसका एक साथी मारा गया । घटनास्थल से एक लाईट मशीनगन, एक असाल्ट राइफल, छड़ी बम तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का भी मिला है । दाग सिंह 80 से अधिक हत्याओं में पुलिस को वांछित था । उक्त मुठभेड़ लगभग 4 घंटे तक चली ।

शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के खैरदीन गांव से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

शिव सेना नेता की हत्या : मिलिटैंटों ने आज तरनतारन शहर में स्थानीय शिव सेना के प्रधान एडवोकेट जोगेन्द्र पाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के सैरबा गांव में बीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में घुसपैठिया मरा : सुरक्षा बलों ने आज प्रात: खेमकरण सैक्टर से पाकिस्तान में घुसने का प्रयास करने वाले एक अज्ञात व्यक्ति को मार गिराया । उसके साथी सीमा पार करके भागने में सफल रहे ।

मुकाबले के बाद 5 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने आज सायं तरनतारन पुलिस जिले के गांव डिबीपर के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद पांच मिलिटैंटों परगट सिंह, अवतार सिंह, तिन्दर सिंह, अमरीक सिंह और कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक .303 की राइफल, एक 32 बोर की पिस्तौल, एक .315 बोर की पिस्तौल, एक स्टिक बम और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

अमृतसर नगर में हत्या : अमृतसर की संत चन्नन सिंह कालोनी में मिलिटैंटों ने आज रात्रि एक व्यक्ति अमरजीत सिंह की हत्या कर दी ।

2 और मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला मजीठा के गांव मंगा सरिया में सुरक्षा बलों के साथ आज दोपहर हुई मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मेरा केवल एक मिलिटैंट लड़ना

अमृतसर, 21 फरवरी (वार्ता, प.स., सोनी): पंजाब के राज्यपाल जनरल (सेवानिवृत्त) ओम प्रकाश मल्होत्रा ने आज कहा कि यदि मिलिटैंटों ने निर्दोष लोगों की हत्याएं बंद न की तो उनके खिलाफ अधिक कड़े उपाय करने पड़ेंगे । उन्होंने कहा कि सरकार मिलिटैंटों के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रखेगी ताकि पंजाब के लोग शांति से रह सकें और सुरक्षित महसूस करें ।

राज्यपाल आज यहां शांति मार्च संबंधी स्थानीय राम बाग में आयोजित सर्वदलीय शांति सम्मेलन में एकत्रित विशाल जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे । इससे पूर्व उन्होंने इस शांति अभियान का उद्घाटन किया । उन्होंने कहा कि उनका एक सूत्रीय कार्यक्रम यह देखना है कि राज्य में शांति या सामान्य स्थिति वापस लौट आए । उन्होंने कहा कि लोगों के दिलों से भय निकालने और शांति व विश्वास पैदा करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं ।

Punjabi Tribune

वेंकटरमन

(पृष्ठ 3 का शेष)

...ा देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ...त्यधिक प्राथमिकता देती है । ...द के इसी सत्र में रखे जाने की

...कहा कि औद्योगिक विकास की ...लिए सरकार आवश्यक उपाय ...नीति पर एक विवरण संसद के ...एगा ।

...क हमारी सशस्त्र सेनाओं का ...र वे किसी भी बाहरी खतरे का ...ना करने के लिए तैयार है । ...र सेवा निवृत्त दोनों प्रकार के ...ल्याण योजनाओं को उच्च ...हेगी ।

...सेनाओं की खास जरूरतों को पूरा ...ानिकों और प्रौद्योगिकीविदों ने ...दिशा में जो महत्वपूर्ण सफलताएं ...के लिए हमें उन पर गर्व है । ...मिसाइल विकास कार्यक्रम के क्षेत्र ...हुई है । पिछले वर्ष जमीन से ...रने वाले 'पृथ्वी' मिसाइल तथा ...डिमोन्स्ट्रेटर प्रोजैक्ट 'अग्नि' का ...के अब हम इस साल मध्य दूरी की ...पर मार करने वाला मिसाइल ...क्षण करने तथा तीसरी पीढ़ी के ...'नाग' का परीक्षण करने में सफल

...: लगभग समूचे विपक्ष ने आज ...वेंकटरमन के संसद के संयुक्त ...ए गए अभिभाषण का बहिष्कार

...तथा वामपंथी दलों ने तमिलनाडु ...न के विरोध में और भाजपा ने ...जगह लेखानुदान लाने के फैसले के ...सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति के ...हिष्कार किया ।

...ता दल (स) और उसकी समर्थक ...अलावा केवल नैशनल कांफ्रेंस, ...न्दू महासभा के सदस्यों ने संयुक्त ...ा लिया ।

...अभिभाषण का बहिष्कार किया, ...न, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, ...स्ट पार्टी, तेलगू देशम, फारवर्ड ...पी., द्रमुक, असम गण परिषद, ...था अकाली दल (लौंगोवाल) ...ट्रीय मोर्चा, वामपंथी तथा उनके ...आरोप लगाया कि राष्ट्रपति ने ...अवमूल्यन किया तथा मनमाने ढंग ...राष्ट्रपति शासन लागू करने की

इजाजत देकर संवैधानिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ होने दी है ।

राष्ट्रीय मोर्चा के घटक दलों तथा वामपंथी पार्टियों ने बजट सत्र के पहले दिन आज लोकसभा की कार्रवाई का भी बहिष्कार किया । लेकिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने वाली भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लोकसभा की बैठक शुरू होने पर सदन में मौजूद थे ।

राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रति आज राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक में रखी गई ।

जनता दल और इसके सहयोगी दलों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सदन की आज की कार्रवाई का भी बहिष्कार किया, जबकि राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने वाली भारतीय जनता पार्टी के सदस्य तथा उसके नेता अटल बिहारी वाजपेयी सदन में उपस्थित थे ।

सदन अपने पांच पूर्व सदस्यों की मृत्यु पर शोक और श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कल तक के लिए उठ गया ।

इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने संसद के बजट सत्र में बजट के स्थान पर लेखानुदान प्रस्ताव लाए जाने के सरकार के फैसले का मामला उठाने का प्रयास किया । पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने पूछा कि जब राष्ट्रपति ने बजट सत्र बुलाया है तो लेखानुदान प्रस्ताव क्यों लाया जा रहा है ?

सभापति डा. शंकर दयाल शर्मा ने कहा कि इस मामले पर कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विचार होगा ।

प्रदर्शन : जनता दल के कुछ कार्यकर्त्ताओं ने आज प्रातः संसद भवन के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करके लेखानुदान की बजाय पूर्ण बजट पेश किए जाने की मांग की । प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जैसे ही गेट पर पहुंचे, हाथों में तख्तियां लिए हुए कार्यकर्त्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया ।

लोकसभा भंग करने की मांग : जनता दल के सांसदों ने राष्ट्रपति से संसद की संयुक्त बैठक में अभिभाषण नहीं पढ़ने तथा लोकसभा को भंग कर तत्काल चुनाव कराने का अनुरोध किया था । संसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रपति के भाषण के समय संसद भवन में जारी राष्ट्रपति के नाम एक पत्र में श्री जार्ज फर्नांडीस और जनता दल के छह अन्य सांसदों ने कहा कि "आप राष्ट्रीय अपमान की इस सरकार द्वारा तैयार अभिभाषण नहीं पढ़ें और इसे अविलम्ब सत्ताच्युत करें ।"

'जीवन-संध्या' की स्थापना

जालन्धर, 21 फरवरी (वि.): जालन्धर में 'जीवन संध्या' नामक संस्था की स्थापना की गई है । इस स्वयंसेवी संस्था का मुख्य उद्देश्य बेसहारा जरूरतमंद बुजुर्गों की हर तरह से सहायता करना होगा । संस्था की स्थापना श्री एन. के. अरोड़ा, आयुक्त जालन्धर मंडल की सरपरस्ती में की गई है । इसके पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से इस प्रकार हुआ : श्री जोध सिंह प्रधान, श्रीमती परमिन्दर बेरी महासचिव, श्री परमजीत सिंह कालड़ा कोषाध्यक्ष । इसके अलावा सर्वश्री एम.एस. कलसी, जे.के. गुप्ता, एस.एस. राणा, सुधीर परी, के.एल. गुप्ता, कमलेश अरोड़ा, पूर्णिमा बेरी, इंदिरा चुघ, तृप्ता नन्दा, अशोक आनन्द, जगमोहन सिंह, बी.के. सिंघल और आयोध्या दास कार्यकारिणी के सदस्य होंगे ।

हिमाचल में भूमि की खरीद पर प्रतिबंध

शिमला, 21 फरवरी : हिमाचल सरकार ने पुनः स्पष्ट किया है कि हिमाचल में कोई भी व्यक्ति, जो प्रदेश का कृषक नहीं है, वह राज्य सरकार की अनुमति के बिना राज्य में भूमि नहीं खरीद सकता है ।

...ा की तलाश



...पुत्र ...17 ...8 ...को ...ला ...था ...नहीं ...फेद ...ली ...है । ...ाले ...पए ...दिए

पता : ...कुमार शर्मा, ...क, पटियाला ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ के स्थल से एक हथगोला, एक पिस्तौल और ए.के. 47 राइफल की एक मैगजीन बरामद की गई है ।

दो लोगों की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि 8-9 मिलिटैंटों ने यहां से 22 किलोमीटर दूर थाना सदर के गांव मुखवियाना में पुलिस के सेवा मुक्त ए.एस.आई. महेन्द्र सिंह और ग्राम पंचायत के सदस्य श्री लाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । पुलिस को घटना की सूचना आज प्रातः मिली । अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है ।

जिला में दूसरी घटना थाना दसूहा के गांव शाहपुर में हुई, जहां आज प्रातः 9 बजे स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह पर फायरिंग की । जोगेन्द्र सिंह ने अपने लाइसैंसी हथियार से जवाबी फायरिंग की तो एक मिलिटैंट घायल हो गया मगर उसका साथी उसे लेकर फरार हो गया ।

ट्रैक्टर सहित अपहरण : कल रात होशियारपुर थाना सदर के गांव अजराम में 2 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति रवीन्द्र सिंह का उसके ट्रैक्टर समेत अपहरण कर लिया और गांव प्यालां की ओर ले गए ।

लोगों ने एक मिलिटैंट को पीट कर मार डाला : फिरोजपुर से 'धीमान', 'कंतोड़' और 'बागी' के अनुसार कल रात मेहराना गांव के लोगों ने बहादुरी दिखाते हुए एक मिलिटैंट को पीट कर मार डाला । जिला पुलिस प्रमुख के अनुसार दो मिलिटैंट मेहराना गांव में बहादुर सिंह के घर में घुस गए और रुपए मांगने लगे । बहादुर सिंह द्वारा शोर मचाए जाने पर लोग एकत्र हो गए और उन्होंने दोनों मिलिटैंटों को पकड़ कर उनकी जमकर पिटाई की । इससे एक मिलिटैंट की मृत्यु हो गई । बाद में उसकी पहचान कड़ाहेवाला गांव के निवासी बलवंत सिंह के रूप में हुई है । दूसरे मिलिटैंट किक्कर सिंह को पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

3 मिलिटैंट पकड़े गए : फिरोजपुर जिला के कैराल गांव में सुरक्षा बलों पर 3 मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने उक्त मिलिटैंटों को पकड़ लिया । उनके नाम कर्मजीत सिंह, केवल सिंह तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा बताए जाते हैं । उनसे 2 ए.के. 56 राइफलें, दो मैगजीन, 50 कारतूस तथा एक रिवाल्वर भी बरामद हुआ है ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिला के लोहारा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक बंदूक तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

एस.पी.ओ. की हत्या : बटाला पुलिस जिला के मिर्जा जहां गांव में कल रात लगभग 15 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एस.पी.ओ. चौकी पर हमला किया, जिससे एस.पी.ओ. जगीर सिंह की मृत्यु हो गई ।

महिला की हत्या : बटाला पुलिस जिला के कलानौर कस्बे के निकट कल रात सुरेन्द्र कौर नामक एक महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इस वारदात के पीछे पारिवारिक विवाद बताया है ।

एक की हत्या : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार तीन मिलिटैंट आज तड़के 2 बजे के लगभग सरहिन्द नगर में डा. हरदयाल सिंह के बेटे अवतार सिंह के घर में घुस गए और पिस्तौल की नोक पर 5 हजार रुपया तथा सोने की बालियां छीन लीं । भागते समय वे अवतार सिंह को गोली मारकर घायल कर गए । बाद में अवतार सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

हथियार छीने : 4 मिलिटैंटों ने आज तड़के सरहिन्द सिटी में बाबा फतेह सिंह नगर में मस्तान सिंह के घर में घुसकर एक रिवाल्वर छीन लिया ।

दो मिलिटैंट काबू : लुधियाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनसे कुछ हथियार और गोली-सिक्का भी बरामद किया है ।

पति-पत्नी की हत्या : लुधियाना (मुसाफिर): यहां से लगभग 15 किलो मीटर दूर लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर स्थित मुल्लापुर चौक में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने मारुति कार को रोक कर उसमें सवार पति-पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । अभी तक न तो इन पति-पत्नी की शिनाख्त हो सकी है और न ही मालूम हो सका है कि मिलिटैंटों की संख्या कितनी थी । बताया जाता है कि मिलिटैंट पहले ही मुल्लापुर के चौक में खड़े थे और कार को रोक कर वारदात करके भाग गए । घटनास्थल से मुल्लापुर का थाना बिल्कुल निकट है । मृत पति-पत्नी लुधियाना से जगराव जा रहे थे ।

शव बरामद : जिला रोपड़ के गांव पातड़ा में एक व्यक्ति जोगा सिंह का शव मिला है ।

धर्म-स्थानों में धर्म की शिक्षा दी जाए : केशव

लुधियाना, 21 फरवरी (राजपाल): श्री सनातन धर्म प्रचारक मण्डल के प्रधान स्वामी कृष्णानंद केशव ने धर्म प्रचार की आवश्यकता पर बल देते हुए

बुश

(पृष्ठ 3 का शेष)

करबला पर प्रतिदिन बमवर्षा : ईराक के पवित्र शहर करबला के निवासियों ने आज पत्रकारों को बताया कि बहुराष्ट्रीय सेना रोजाना उन पर बमबारी कर रही है । ईराकी अधिकारी विदेशी पत्रकारों को करबला ले गए थे । निवासियों ने बताया कि एक हमले में नगर के प्रमुख अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे अस्पताल की खिड़कियां चटक गईं ।

सऊदी कुवैत सीमा पर बमवर्षा : खाड़ी में जमीनी लड़ाई शुरू करने की दिशा में अमरीका के नेतृत्व वाली मिली-जुली सेना ने एक कदम और आगे जाते हुए अपनी हवाई बमबारी का निशाना अब टैंकों और सैनिक ठिकानों से बदल कर बारूदी सुरंगों पर लगा दिया है । एन.बी.सी. टैलीविजन के अनुसार बहुराष्ट्रीय सेना के लड़ाकू विमानों ने पिछले चौबीस घंटे के दौरान बगदाद पर बमबारी नहीं की है और अमरीकी रक्षा मंत्रालय के अनुसार सऊदी कुवैत सीमा पर बमबारी तेज कर दी है ।

'वाशिंगटन पोस्ट' के अनुसार बहुराष्ट्रीय गठजोड़ की अधिकांश सेनाओं का कुवैती और ईराकी सीमा पर जमाव होगा । ये सैनिक रासायनिक हथियारों से बचने के लिए लगाए गए भारी जटिल एप्रन और मास्कों से लैस होंगे । एक अमरीकी सैनिक अधिकारी के अनुसार इस लड़ाई के शुरू से ही संभवतः रासायनिक हथियारों का प्रयोग होने लगेगा । ईराक द्वारा बिछाए गए बारूदी सुरंगों के जाल को हटाने के लिए सबसे पहले नौसेना के बारूदी सुरंगें हटाने वाले दस्ते जाएंगे, इनके द्वारा साफ किए गए मार्ग पर सेना की टुकड़ियां आगे बढ़ेंगी ।

ईराकी सूचना मंत्री लतीफ जसीम ने खाड़ी में अमरीकी सेना के कमांडर जनरल एच. नार्मन श्वार्जकाफ के इस बयान का खंडन किया कि ईराक हार के कगार पर है । श्री जसीम ने इस बयान को 'सड़े हुए अपराधी दिमाग में उपजा झूठ' बताया ।

ईराक की एक सैनिक विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 24 घंटों में बहुराष्ट्रीय सेना ने सैनिक ठिकानों पर 322 और नागरिक क्षेत्रों में 28 हवाई हमले किए । इनमें एक मस्जिद, दो स्कूल और एक मजदूर यूनियन का कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए ।

बगदाद पर आज सुबह जबरदस्त हवाई हमले हुए । पहला हमला इतना जोरदार था कि झटकों से अप्रभावित रहने वाला अल रशीद होटल भी बुरी तरह हिल उठा और आसपास की इमारतों की खिड़कियां कड़कड़ा उठीं ।

खाड़ी क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच झड़पें जारी हैं । ईराक और अधिकृत कुवैत में ईराकी ठिकानों पर बहुराष्ट्रीय सेना द्वारा बमवर्षा लगातार हो रही है । इसी बीच अमरीकी सेनाधिकारियों ने श्री बुश को सलाह दी है कि ईराक के विरुद्ध जमीनी हमला अभी कुछ समय तक स्थगित रखा जाए ।

कुवैती संवाद समिति 'कुना' ने दावा किया है कि बहुराष्ट्रीय सेनाओं की बमबारी में कुवैत के एक द्वीप में बने ईराकी प्रतिष्ठान तहस-नहस हो गए । इस द्वीप का ईराक द्वारा कुछ समय पूर्व तक उसके नौ सैनिक अड्डे के लिए प्रयोग किया जा रहा था ।

टैंक युद्ध शीघ्र : दुनिया की दोनों महाशक्तियों अमरीका और सोवियत संघ द्वारा निर्मित मुख्य युद्ध टैंकों के बीच खाड़ी क्षेत्र में जल्दी ही संभावित जमीनी युद्धक में सीधी टक्कर होगी । सैनिक विशेषज्ञों के अनुसार अमरीका के नेतृत्व वाले गठजोड़ की थल सेना की मुख्य ताकत एम-1, ए-1, अब्राम्स टैंक माना जा रहा है । इसका मुकाबला ईराकी सेना के टी-72 टैंक से होना है, जो सोवियत संघ में निर्मित है ।

कुवैत के शहजादे ने अपने बयान में कहा कि उनका देश ईराकी सेनाओं की वापसी के बाद भी 'जरूरत पड़ने पर' विदेशी फौजों से खाड़ी क्षेत्र में रुकने का आग्रह कर सकता है ।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव जेवियर पेरेज दी क्वैया ने कहा कि इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अगर ईराक 24 घंटे चाहता है तो इसे समझा जा सकता है । उन्होंने सोवियत पहल को जमीनी युद्ध का खूनखराबा टालने का एक बेहतरीन मौका बताया । ईरान के दूत कमाल ने इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव से भेंट की । उन्होंने श्री क्वैया को ईराक में खाद्य संकट और ईरान आने वाले शरणार्थियों की समस्याओं के बारे में बताया ।

इस बीच चीन और जापान ने आज सोवियत शांति योजना के समर्थन देने की घोषणा की है । चीन, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है और जापान ने खाड़ी युद्ध में सबसे अधिक वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है ।

चीन ने सोवियत शांति प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अमरीका से कहा है कि वह खाड़ी क्षेत्र में शांति लाने का यह अवसर हाथ से न जाने दे ।

लीबिया की चेतावनी : लीबिया के नेता कर्नल मोअम्मर गद्दाफी ने चेतावनी दी है कि ईराक के खिलाफ प्रतिशोध की लड़ाई जारी रही तो वह अरब क्षेत्र में क्रांति का एलान करेंगे जिससे कोई महाद्वीप नहीं बच पाएगा ।

दिग्विजय सिंह बगदाद जाएंगे : खाड़ी युद्ध समाप्त कराने के प्रयास में ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन से मिलने गुट निरपेक्ष देशों का जो प्रतिनिधिमंडल बगदाद जा रहा है, उसमें भारत का

वापसी की घोषणा और उसकी शुरूआत क... इसके साथ ही युद्ध विराम होगा तथा सोवियत ... उस पर हमले नहीं होंगे ।

दूसरे चरण में निम्नलिखित कार्य शामिल ... पुनर्निर्माण की प्रक्रिया, कुवैत पर कब्जा खारिज ... की औपचारिकता, क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्था... करना, ईराकी वापसी के बाद युद्धबंदियों से संब... मसलों पर विचार, ईराक की अखंडता की सब... ओर से गारंटी, अरब-इसराईल संघर्ष पर अंतर्रा... विचार-विमर्श के लिए मास्को पहल करेगा, ई... को हथियार बेचने पर प्रतिबंध उठाने के ... सोवियत संघ ने कोई वायदा नहीं किया है ।

'द टाइम्स' ने यह नहीं लिखा है कि उस... जानकारियां कहां से हासिल कीं ।

एक और शांति योजना : अल्जीरिय... पूर्व राष्ट्रपति अहमद बेनबेला ने कहा कि फ्रांस ... ईराक के अधिकारियों के बीच स्विट्जरलैंड में ... एक गुप्त बैठक में खाड़ी मामले पर सोवियत स... शांति प्रस्तावों जैसी ही एक योजना बनाई गई ... श्री बेनबेला ने अल्जीरियाई रेडियो पर पिछली... प्रसारित एक परिचर्चा में कहा कि वह खुद भी ... बैठक में मौजूद थे । उनके अनुसार इसमें ई... राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के भाई बरजान भी शा... हुए ।

पूर्व राष्ट्रपति ने अमरीका पर शांति की... कोशिशों को नाकाम कर देने का आरोप लगा... उन्होंने कहा कि बैठक के बाद फ्रांस के विदेश... रोला डुयूमा को ईराक जाना था जिससे विवाद ... होने की उम्मीद थी ।

भारत ने प्रतिबंध लगाया : द... कोरिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना ... भारत ने दक्षिण कोरिया के सैनिक परिवहन वि... को खाड़ी युद्ध क्षेत्र में जाने के लिए भारत की... सीमा से गुजरने की इजाजत वापस ले ली है ।

भारत दवाएं ईराक भेजेगा : ईराक... किए गए तुरंत मदद के आग्रह पर भारत एक ... रुपए मूल्य की दवाएं शीघ्र ही बगदाद भेज रहा... दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ... जानकारी दी ।

15 से 20 टन दवाएं विमान द्वारा ... तेहरान भेजी जाएंगी, जहां से ईराक की 'रेड क्र... उन्हें स्थल मार्ग द्वारा बगदाद ले जाएगी ।

अमरीकी सैनिक घर लौटने के इच्छ... दिलों में अमन की तमन्ना लिए आपरेशन ... स्टार्म के सिपाही, कुवैती और बाकी लोग द... रेडियो पर लगातार कान लगाए वतन लौट... लम्बा इंतजार कर रहे हैं ।

इसराईल के प्रधानमंत्री इत्झाक शमीर ने... कहा कि उनका देश खाड़ी युद्ध में शामिल हो... उत्तर नहीं है लेकिन हमारे लिए लड़ाई जरूरी ... सकती है । श्री शमीर ने यह बात आज रात ब... रेडियो पर ईराकी राष्ट्रपति के भाषण के तुरन्त... इसराईली टैलीविजन पर सीधे प्रसारित एक भे... में कही । उन्होंने कहा कि खाड़ी युद्ध में इस... पर ईराकी हमलों के बावजूद उनका देश ... बरतने की नीति पर कायम रहेगा, लेकिन ... साथ में यह भी कहा कि किसी असामान्य कार्रव... स्थिति में हम अपनी नीति पर पुनर्विचार कर... हैं ।

मल्होत्रा

(पृष्ठ 3 का शेष)

आयोजित करने के कार्यक्रम को 'क्रांतिकारी' ... कहा ।

अकाली नेता श्री हरभजन सिंह संधू ने क... पंजाब में शांति गोलियों के जरिए नहीं ला... सकती, चाहे ये गोलियां मिलिटैंटों की हों या ... की ।

पंजाब इंका के महासचिव श्री सेवा राम अ... सरकार को मिलिटैंटों से वार्ता के खिलाफ चे... दी और कहा कि राज्यपाल मिलिटैंटों के ... लड़ाई में अटल रहें । इसके साथ ही उन्होंने ... उनकी पार्टी मिलिटैंटों के साथ बातचीत के ... नहीं है परन्तु यह बातचीत आत्मघाती नहीं ... चाहिए ।

रैली को सम्बोधित करते हुए मार्क्सी पार्टी ... विजय मिश्रा ने कहा कि विदेशी ताकतों के इश... नाचने वाले मिलिटैंटों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे ... में सफल न होने का कारण लोगों की चेतन... उन्होंने लोगों को मिलिटैंसी के खिलाफ जू... पंजाब प्रशासन को अपना सक्रिय सहयोग दे... आह्वान किया ।

इसके उपरान्त राज्यपाल ने ऐतिहासि... बाग से जलियांवाला बाग तक शांति मार्च का... किया । मार्च में हजारों लोगों, स्वतंत्रता सेन... राजनीतिक दलों के कार्यकर्त्ताओं तथा स्कूली... ने भाग लिया । उन्होंने पंजाब में एकता, अ... सद्भावना व शांति के लिए तख्तियां उठ... थीं ।

राज्यपाल ने पंजाब में शांति अभिय... उद्घाटन के उपलक्ष्य में शांति के प्रतीक 'कबूत... भी छोड़ा ।

डा. रोशन लाल आहूजा

...ासीफ़ाइड विज्ञापन

...फोटोस्टैट

...t/Lemination Machines, ...ating, Toner, Dispersent. ...pewriters, 2456, Nalwa ...arganj, Delhi, 526530,

...वेश सूचना

... Model High School, Kot ...andhar, Estd. 1969. ...open for Nursery class,

...जायदाद/प्लाट

... Shops/Booths. Rush ...n. Purchase Readymade ...or 41-D, Chandigarh in a ...end market without any ... most reasonable rates. ...ossession and Registry ...

चिकित्सा

हकलाना व तुतलाना के इलाज हेतु मिलें/लिखें । आदर्श स्पीकिंग इंस्टीट्यूट, जहाजपुल, हिसार (हरियाणा) ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 21.2.91 56/- without trays. NECC suggested retail price 7.50 per dozen.

नाम परिवर्तन

I Dalwir S/o Resham Singh, Village Mitha, District Kapurthala have changed my name to Dalwir Singh. All concerned note please.

पुस्तकें

Just Out Super Recurrent Essays & Current Affairs for all College classes & all competitive examinations. Super Publi-...

Punjab Sanjani

दो एरिया कमांडरों सहित 12 मिलिटैंट मरे : डी.एस.पी. सहित 11 की हत्या

चंडीगढ़, 22 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 एरिया कमांडरों सहित 12 मिलिटैंट मारे गए, जबकि एक डी.एस.पी. सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ में डी.एस.पी., 2 सुरक्षा कर्मी तथा 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वि.प्र.): आज सुबह पुलिस जिला तरनतारन के थाना झब्बाल के गांव भोंजिया में एक खोज आप्रेशन के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड में सी.आर.पी.एफ. के एक सब-इंस्पैक्टर एवं एक हैड-कास्टेबल के अतिरिक्त दो मिलिटैंट भी मारे गए । प्राप्त विवरण के अनुसार आज सुबह उक्त गांव में चल रहे खोज आप्रेशन के दौरान सुरक्षाकर्मियों की मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ हो गई । मुठभेड़ लगभग 11 बजे आरम्भ हुई, जो बाद दोपहर 1.15 बजे तक चली । मुठभेड में सी.आर.पी.एफ. की 33 बटालियन के डी.एस.पी. विशम्भर सिंह, झब्बाल थाना के अतिरिक्त एस.एच.ओ. सब-इंस्पैक्टर निरंजन सिंह तथा हैड-कास्टेबल मेजर सिंह मारे गए । मुठभेड में दोनों मिलिटैंट भी मारे गए । मृत मिलिटैंटों के निकट से एक ए.के. 47 राइफल एवं स्वचालित राइफल बरामद की गई है ।

पहचान : एरिया कमांडर था : मारे गए मिलिटैंटों की पहचान पूर्ण सिंह फौजी तथा हरदीप सिंह के रूप में हुई है । फौजी खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था । वह भूतपूर्व सैनिक था । हरदीप सिंह रेलवे पुलिस से फरार हो गया था । वह फिरोज़पुर में रेलवे शस्त्रागार लूटने की वारदात में संलिप्त था । फौजी अनेक हत्याओं में वांछित था ।

बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार हरदीप सिंह भिडरांवाला टाइगर फोर्स का एरिया कमांडर था तथा उस पर एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था ।

बताया जाता है कि आमने-सामने फायरिंग के दौरान 2 नागरिक भी मारे गए ।

दो मिलिटैंट मारे गए : मजीठा जिले के कत्थूनगल पुलिस थाना क्षेत्र में कल रात मुठभेड में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 रायफल, एक पिस्तौल तथा एक हथगोला मिला है ।

दो मिलिटैंटों के शव मिले : फरीदकोट जिले के निहालसिंह वाला थाना इलाके से दो मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी हुए शव कल बरामद किए गए । जग्गा सिंह और शिंगारा सिंह नामक इन मिलिटैंटों को हाल ही में ज़मानत पर रिहा किया गया था ।

क्रास फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि थाना टांडा के अधीन रडा ग्राम के पास पुलिस व मिलिटैंटों की क्रास फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मीत सिंह उर्फ मीता मारा गया । एस.एस.पी. राजन गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने टांडा के करीब अहियापुर के एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार के घर से सोने के ज़ेवर व अन्य सामान लूटने के आरोप में मीता को गिरफ्तार किया था । मीता के पास से छीना गया एक बजाज चेतक स्कूटर भी मिल गया था । गत रात्रि पुलिस शस्त्र बरामद करने के लिए मीता को एक बुलैट प्रूफ गाड़ी में ले जा रही थी, तो रडा ग्राम के पास घात लगा कर बैठे हुए मिलिटैंटों ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । मीता, जो पुलिस वाहन से नीचे गिर गया था, क्रास फायरिंग में मारा गया ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : एस.एस.पी. ने बताया कि टांडा पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों अमर जीत सिंह, काबुल सिंह व बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । इनके कब्जे से लूटा गया सामान, जिसमें एक वी.सी.पी. व सोने के ज़ेवर आदि शामिल हैं, बरामद कर लिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

की कड़ी आलोचना

उन्होंने कहा कि विश्वनाथ सरकार ने अमरीका के साथ इस सम्बन्ध में एक गुप्त समझौता किया । उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने संसद को बिना विश्वास में लिए हुए यह सुविधा दी, हालांकि संसद का अधिवेशन उस समय चल रहा था । उन्होंने कहा कि जहां तक इस स्थिति के बारे में वर्तमान सरकार का सवाल है, प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर कह ही चुके हैं कि वे इस मामले पर जनता की राय जानेंगे और उनका मकसद जनमत विभाजित करना नहीं है ।

काम-रोको प्रस्ताव नामंजूर : लोकसभा ने अमरीकी सैनिक विमानों को ईंधन की सुविधा देने से संबंधित विपक्ष के काम-रोको प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया । चर्चा के बाद सदन ने 83 के मुकाबले 206 मतों से काम रोको प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया । भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने मत विभाजन में हिस्सा नहीं लिया । सदन ने बाद में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर खाड़ी युद्ध समाप्त कराने के लिए सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के शांति प्रस्ताव का स्वागत किया ।

भारतीय जनता पार्टी ने शुरू में इसमें शामिल होने में थोड़ी हिचक दिखाई । उसका कहना था कि प्रस्ताव अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला है, इसलिए इस प्रस्ताव को बाद में पारित कर लिया जाए । अन्य दलों के नेताओं द्वारा समझाए जाने पर बाद में वह ऐसा करने पर सहमत हो गई ।

कामरोको प्रस्ताव पर हुई लगभग पांच घंटे की चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि भारत सोवियत संघ के प्रस्ताव का समर्थन करता है । उन्होंने अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanchar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट की लाश मिली : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात थाना मेहता क्षेत्र में एक युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है । यह मिलिटैंटों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताया गया है ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : थाना जंडियाला के ही गांव छोटा रायपुर में सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए ।

घुसपैठिया मारा गया : सीमा के खेमकरण सैक्टर में मेहदीपुर के पास एक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसके साथी वापस पाकिस्तान में भाग गए और अपने पीछे एक ए.के. 47 राइफल और उसके 1700 कारतूस, 7 मैगजीन, एक 9 एम.एम. पिस्तौल और उसके 188 कारतूस, 4 मैगजीन, 32 बोर का एक पिस्तौल, एक अन्य पिस्तौल तथा उसके 76 कारतूस, सेफ्टी फ्यूज वायर, वायर कटर, 5 हैंडग्रेनेड छोड़ गया ।

मुठभेड़ : आज सुल्तानविंड और पिंडोरी के बीच पांच मिलिटैंटों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई ।

मारे गए मिलिटैंटों के निकट से 315 बोर की दो बंदूकें, एक अन्य बंदूक जिसकी नाली कटी हुई थी, 6 स्टिक बम, गोली-सिक्का तथा एक हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद किया गया है ।

घुसपैठिया मारा गया : जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर में आज तड़के सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिए को मार गिराया ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव सैदपुर के बाहर से आज शाम एक गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव खडबा में मिलिटैंटों ने बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के गांव गुदोवाल के निकट मिलिटैंटों के गुट संघर्ष के परिणामस्वरूप गुरमीत सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

डाक्टर का शव मिला : मोगा पुलिस ने एक डाक्टर का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

अकाली नेता की हत्या : पटियाला (भूषण) : शिरोमणि अकाली दल घनौर सर्कल के जत्थेदार बलबीर सिंह चमेरू, जोकि मार्कीट कमेटी घनौर के चेयरमैन भी रह चुके हैं, की उनके निवास स्थान गणेश कालोनी, राजपुरा में दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में हत्यारे फरार हो गए ।

एक की हत्या : जालन्धर जिले के नूरमहल थाने के गांव दादूवाल में मिलिटैंटों ने तारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

बैंक से बंदूक ले गए : दसूहा (झावर) : थाना टांडा के गांव आलमपुर में लुटेरों ने स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा में सेंध लगा कर धन चुराने का असफल प्रयास किया परन्तु भागते समय वे एक बंदूक तथा 15 कारतूस ले गए ।

23,000 रुपए लूट लिए : भटिंडा (ग्रोवर) : कल रात यहां तीन मिलिटैंटों ने रमेश कुमार तथा कृष्ण मुरारी से उनका स्कूटर छीन लिया, लेकिन पुलिस ने कहा है कि इस सम्बन्ध में किसी ने केस दर्ज नहीं करवाया है । बुढलाडा में कुछ व्यक्तियों ने एक चावल मिल के मुनीम से 23,000 रुपए लूट लिए ।

धमकी पत्र लिखने वाला गिरफ्तार : पठानकोट (महेन्द्र) : गुरपाल सिंह डी.एस.पी. पठानकोट ने बताया कि सदर पुलिस पठानकोट ने गांव नाजोवाल के एक व्यक्ति गरदीप सिंह नाजोवाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, एक एच.ई. 36 बम, बीस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं । डी. एस.पी. ने बताया कि अभियुक्त नाजोवाल ने जांच के दौरान यह माना कि वह लोगों को धमकी भरे पत्र आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के पैड पर लिखता था । पुलिस के सम्मुख नाजोवाल ने यह भी माना कि वह स्कूलों में बम फैंक डालने के बारे में तथा लड़कों को केसरी पगड़ियां बांधने के बारे में भी धमकी देता रहा है ।

दो भगौड़े पुलिस कर्मी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद) : सदर पुलिस ने लूटमार में शामिल दो पुलिस कर्मचारियों को गिरफ्तार कर इनसे 2 स्कूटर तथा शस्त्र आदि बरामद किए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि किसी सूचना के आधार पर डी.एस.पी. (डिटैक्टिव) के नेतृत्व में गुरदासपुर सदर के गांव हयातनगर के पास नाकाबंदी कर रखी थी कि 2 स्कूटर आते दिखाई दिए । जब नाकापार्टी ने इन्हें रुकने को कहा तो स्कूटर सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस पार्टी ने भी फायरिंग की और इन दोनों पर काबू पा लिया । तलाशी लेने पर इनसे एक रिवाल्वर, एक हथगोला तथा कुछ चले हुए और जीवित कारतूस बरामद किए गए । गिरफ्तार लुटेरों की पहचान कांस्टेबल अजायब सिंह निवासी कोटा और कश्मीर सिंह निवासी तुगलवाल के रूप में हुई है । यह दोनों पी.ए.पी. जालन्धर से निष्कासित कर्मचारी थे । श्री गोयल ने बताया कि यह काफी समय से नौकरी से भगौड़े होकर लूटमार करने में लगे हुए थे । इन दोनों से पूछताछ जारी है । याद रहे कुछ रोज पहले भी दो पुलिस कर्मचारियों ने एक व्यक्ति से 70 हजार रुपया लूटा था, बाद में वे ए.के.47 राईफल सहित गिरफ्तार कर लिए गए थे । एक गनमैन, जोकि एक अकाली नेता को दिया गया था, को भी लूटमार के आरोप में पुलिस ने पकड़ा था ।

पहचान : लुधियाना (धीमान) : कल रात यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर मुलांपुर में जीप में सवार मिलिटैंटों ने एक पति-पत्नी की हत्या कर दी थी, उनकी पहचान हो गई है, वह जगराओं का व्यापारी रवि प्रकाश और उसकी पत्नी पत्नी कमलेश कुमारी थे । वह लुधियाना से जगराओं जा रहे थे । इस संदर्भ में मालूम हुआ है कि यह मिलिटैंट पहले 3 व्यक्तियों का अपहरण कर जीप में डाल ले जा रहे थे, जब उन्होंने दम्पति पर अंधाधुंध फायरिंग की तो उस दौरान संबंधित तीनों अपहृत व्यक्ति वहां से भागने में सफल हो गए ।

2 बिहारी मज़दूर लूट लिए : भुलत्थ

Punjabi Sahapedia

क्लासीफाइड विज्ञापन

व्यापार

250 रुपए मासिक किस्त देकर हर मास स्कूटर फ्रिज हासिल करें । विकी एंटरप्राइजिज, बाहर लाहौरी गेट, अमृतसर ।

गुमशुदा

Registry बाबत मकान नं. 2460/XV-19 (4257/XV-19) मलकियत शांति देवी स्थित कोट भगत सिंह, सुल्तानविंड रोड, अमृतसर गुम हो गई है, सावधान रहें ।

संशोधन

पंजाब केसरी जालन्धर के पेज नं. 4 पर आर्य सीनियर सैकंडरी स्कूल, पठानकोट के क्लासीफाइड इश्तिहार 'आवश्यकता' में जो 10.2.91 को छपा है, में हिन्दी एवं संस्कृत टीचर के स्थान पर केवल हिन्दी टीचर पढ़ा जाए । बी.पी. शर्मा, प्रिंसीपल ।

आवश्यकता

Wanted Smart Nursery trained teachers with Convent Background. Good Emiluments with other benefits to deserving candidates. Contact immediately : Gupta Model High School, 72-Club Road, Ludhiana.

सार्वजनिक सूचना

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती थी कि इस [illegible]

पंजाब में 17 मिलिटैंट, 4 घुसपैठिए मरे : अन्यत्र 8 हत्याएं, इंका नेता के घर के बाहर बम मिला : 3 बस यात्रियों का अपहरण

चंडीगढ़, 23 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 17 मिलिटैंट तथा 4 घुसपैठिए मारे गए जबकि इंका के एक नेता के घर के बाहर बम बरामद होने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया । अन्यत्र एक सब-इंस्पैक्टर, एक निरंकारी सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा तीन बस यात्रियों का अपहरण कर लिया गया।

पांच मिलिटैंट मारे गए : फिरोजपुर जिले के शाहबाल गांव में आज सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य हुए कड़े संघर्ष में 5 मिलिटैंट मारे गए ।

मारे गए 4 मिलिटैंटों की पहचान सुखदेव सिंह, बाज सिंह, तिलक राज तथा गुरध्यान सिंह उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई है । वारदात वाले स्थान से एक ए.के. 47 राइफल, तीन राइफलें, एक रिवाल्वर, एक बन्दूक मिले हैं ।

फिरोजपुर से बागी की सूचना है कि थाना मल्लांपुर के गांव प्यारे शाहवाला में सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य दोपहर 12 बजे से सायं साढ़े 5 बजे तक मुठभेड़ जारी रही और लगभग 5000 गोलियां चलाई गई । मृत मिलिटैंटों के निकट से एक हथगोला और 400 से अधिक कारतूस भी मिले हैं ।

एस.एस.पी. श्री चट्टोपाध्याय के अनुसार इन अभियुक्तों ने जिले में छीना-झपटी की कई वारदातें की थीं और लगभग 50 लाख रुपए छीने थे । उन्होंने शेरखां गांव के एक लाइन सुपरिंटैंडैंट गुरबचन सिंह का अपहरण कर लिया था, जिसे रिहा करवा लिया गया है ।

दो घुसपैठियों के शव मिले : फिरोजपुर सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर आज सुबह दो घुसपैठियों के शव बरामद किए गए ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के धानपुर गांव से पुलिस को आज सुबह एक जसवीर सिंह नामक व्यक्ति का शव मिला है । मृतक को कल रात उसके घर से अपहृत कर लिया गया था ।

दो मिलिटैंटों के शव मिले : मजीठा पुलिस जिले के गांव बट्टर खुर्द के निकट एक खेत में से पुलिस को आज दो क्षतविक्षत शव मिले हैं । पुलिस ने दावा किया है कि यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले की सीमा चौकी मेंहदीपुर के निकट एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 पिस्तौलें, 4 स्टिक बम, 1700 कारतूस बरामद किए गए हैं । उसके साथी भागने में सफल हो गए ।

दो मिलिटैंट मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव अलगांव के निकट सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंटों को मार गिराया । घटनास्थल से एक स्टेनगन, दस किलो विस्फोटक, डेटोनेटर, तार तथा एक मोटर साइकिल मिला है ।

सब इंस्पैक्टर की हत्या, तीन यात्रियों का अपहरण : अमृतसर-तरनतारन सड़क पर गांव गोलवार के निकट मिलिटैंटों ने आज पंजाब सशस्त्र पुलिस के एक सब इंस्पैक्टर हरि प्रकाश की हत्या कर दी । पहले उसका तीन अन्य यात्रियों के साथ उक्त गांव के निकट पंजाब रोडवेज की तरनतारन से अमृतसर आ रही एक बस से अपहरण कर लिया गया था । अन्य तीन यात्रियों को मिलिटैंट अपने साथ ले गए । उनके बारे में पता नहीं चल सका है ।

दो अन्य घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में भारत-पाक सीमा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिए मारे गए ।

सैनिक तथा उसके भाई की हत्या : अमृतसर जिले के रूपावाली गांव में मिलिटैंटों ने आज रात सेना के छुट्टी पर आए एक जवान सुखविन्दर सिंह तथा उसके भाई हरिन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

पुलिस कर्मियों के गिरोह का पर्दाफाश : अमृतसर पुलिस ने 5 पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार करके ऐसे पुलिस कर्मियों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो मिलिटैंट संगठन भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के लिए अपराध करते थे । उनके पास से 2 ए.के. 47 राइफलें तथा एक पिस्तौल बरामद किया गया है ।

अमृतसर जिला पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इन पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त एक हैड कांस्टेबल सहित तीन अन्य व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है । कुछ और गिरफ्तारियों की संभावना है । इस गिरोह का भंडाफोड़ उस समय हुआ जब पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों ने दो पुलिस कर्मियों, जो कि एक व्यक्ति से स्कूटर छीन कर भाग रहे थे, को पकड़ लिया । उन

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

पुलिस कर्मियों ने अभी तक आर.एस.एस. के एक कार्यकर्त्ता सतपाल, माल रोड में एक घर में डाका डालने, फिरौतियां लेने तथा स्कूटर और मोटर साइकिल छीनने की कुछ घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है ।

पुलिस प्रमुख ने इस बात से इंकार किया कि इस गिरोह की यहां पुलिस लाइन्स में नए भर्ती किए गए कर्मियों की हत्या करने की योजना थी । उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि उनकी यहां डाकघर में डाका डालने की योजना थी । एक प्रश्न के उत्तर में श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस में इस प्रकार की और काली भेड़ों के होने की आशंका रद्द नहीं की जा सकती । यह पुलिस कर्मी आसानी से धन कमाने के लिए अपराध करते थे । गिरफ्तार किए गए कांस्टेबलों की पहचान निरवैर सिंह (सरगना), हैड कांस्टेबल अवतार सिंह, कांस्टेबल साहिब सिंह, बलविंदर सिंह (सभी अमृतसर पुलिस जिला) तथा दिलबाग सिंह (मजीठा पुलिस जिला) के रूप में हुई ।



स्वर्ण पदक से सम्मानित डा. मूलख राज जैन, शिवपुरी, लुधियाना, जिनकी एक कृति 'हिन्दी शुक्ल जैन रामायण' प्रकाशित हुई है । इसका जैनेतर रामायणों से तुलनात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है ।

इस गिरोह का गठन बी.टी.एफ. के दो मिलिटैंटों भाई कश्मीर सिंह तथा भाई हरबख्श सिंह के कहने पर किया गया था । पूछताछ के दौरान निरवैर सिंह ने बताया कि लगभग एक मास पूर्व वह मिलिटैंटों द्वारा सप्लाई किए गए हथियार एक सूटकेस में लेकर नगर में आया था ।

खंडन : कुछ समाचारपत्रों में विगत दिवस यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि मिलिटैंटों ने तरनतारन में शिव सेना के नेता श्री जोगिन्दर पाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी है । इस संदर्भ में मृतक के परिवार वालों ने स्पष्टीकरण दिया है कि श्री जोगिन्दर पाल का न तो शिव सेना और न ही किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई संबंध था ।

लड़की की हत्या : भटिंडा जिले के गांव बोहा में मिलिटैंटों ने सुबा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी पुत्री चरणजीत कौर की हत्या कर दी ।

2 का अपहरण : संगरूर जिले के गांव भुल्लर हेरी से मिलिटैंटों ने 2 व्यक्तियों कौर सिंह तथा राम सिंह का अपहरण कर लिया ।

निरंकारी की हत्या : धूरी (सिंगला) : यहां आज शाम लगभग 5.30 बजे दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने एक निरंकारी खेमराज धूरी वाला की गोलियां मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए । खेमराज उस समय अपनी दुकान पर बैठा हुआ था ।

गुट संघर्ष में मारा गया : होशियारपुर (वि.प्र.) : यहां से लगभग 17 कि.मी. दूर गांव मल्ल माजरा में गत रात्रि कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने बलविंदर सिंह उर्फ बल्ली को घर से बुला कर गांव के बाहर ले जाकर गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक कुछ समय पूर्व मिलिटैंट कार्रवाइयों में संलिप्त था । उसके शव का पोस्टमार्टम समराला के अस्पताल में करवाया गया ।

मुठभेड़ में मारा गया : पटियाला (भूषण) : जिले के गांव रायपुर चौबड़ा के निकट नहर के एक पुल पर कल रात सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी अन्धेरे का लाभ उठा कर भाग गया । एस.एस.पी. एस.के. शर्मा ने बताया कि मोटर साइकिल सवार 2 व्यक्तियों को जब रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग आरंभ कर दी । सुरक्षा बलों ने भी प्रत्युत्तर में फायरिंग की । मुठभेड़ लगभग 45 मिनट तक जारी रही । बाद में सुरक्षा बलों को मुठभेड़ स्थल से एक शव, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल, एक 315 बोर की राइफल, एक बन्दूक, गोली सिक्का तथा एक हीरोहोंडा मोटर साइकिल मिला ।

फिरौतियां लेने वाले गिरफ्तार : जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने धमकी पत्र लिखकर फिरौतियां लेने वाले एक गिरोह के दो सदस्यों मेवा सिंह तथा देवी दयाल को गिरफ्तार किया है । यह लोग हथियार छीनने तथा शराब के ठेकों की क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं में भी संलिप्त थे । मेवा सिंह ने अपने साथी के साथ स्वीकार किया कि उन्होंने खन्ना नगर पालिका के एस.डी.ओ. को धमकी पत्र लिखा था तथा गांव बदोली खुर्द से 30 हजार रुपए छीने थे । उन्होंने डेराबस्सी के निकट गांव बकरपुर में एक शराब के ठेके को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था ।

डाक्टर की हत्या : पटियाला जिले के छपार गांव में मिलिटैंटों ने तरसेम लाल नामक एक डाक्टर की हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मारी गई : बटाला (कोछड़) : गिरोहों की आपसी रंजिश की एक और घटना में बटाला पुलिस जिले के जैतो सरजा गांव में मिलिटैंटों ने सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस कर कल रात गोली चलाई जिससे उसकी पत्नी सुरजीत कौर मारी गई । बताया जाता है कि मृतका एक मिलिटैंट गिरोह के लिए शस्त्र ले जाने का काम करती थी ।

एक की हत्या : बटाला पुलिस जिले के गांव तलवंडी झंगला में कल रात मिलिटैंटों ने भाग सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

इंका नेता के घर के बाहर बम मिला : बटाला पुलिस जिले के धारीवाल कस्बे में आज इंका अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक मुश्ताक मसीह के घर के बाहर एक बोरी में लपेटा हुआ 20 किलोग्राम का बम बरामद किया गया । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने बम को हटाया तथा बाद में सैनिक विशेषज्ञों ने उसे निष्क्रिय कर दिया ।

बन्दूक छीन ली : यहां बटाला में मिलिटैंटों ने कल रात गुरु नानक नगर में नरोतम सिंह नामक एक व्यक्ति से एक बन्दूक तथा 6 कारतूस छीन लिए ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिले के गांव चक मदरसा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

गुट संघर्ष में 2 मरे : फरीदकोट जिले के नागल गांव में कल रात गुट संघर्ष में दो मिलिटैंट मारे गए ।

धमकियां देने वाला टैलीफोन आप्रेटर गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान) : लुधियाना पुलिस ने बहुत श्रम करके मिलिटैंटों के नाम पर फिरौतियां प्राप्त करने वाले एक गिरोह के एक सदस्य, जो कि टैलीफोन आप्रेटर है, को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है । गत कुछ मास से लुधियाना के कुछ उद्योगपतियों व व्यापारियों को धमकी भरे पत्र मिले थे कि अमुक समय, स्थान पर इतनी राशि पहुंचा दो, वरना तुम्हारे परिवार के सभी सदस्य मार दिए जाएंगे । इससे नागरिकों में भय फैल गया । इन चिट्ठियों के दृष्टिगत पुलिस ने अपराधियों की तलाश आरम्भ कर दी । कुछ हालतों में ये टैलीफोन पर धमकियां दे देते कि इतनी राशि पहुंचा दो । पुलिस ने ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी और गत दिवस जगतार सिंह टैलीफोन आप्रेटर को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह एक नागरिक से 50 हजार रुपए मांग रहा था । इस संदर्भ में सनसनीखेज उद्घाटनों की संभावना है ।

ईंटें ही दे दो : फिरौतियां वसूल करने के संदर्भ में एक नितान्त रोमांचकारी रहस्योद्घाटन हुआ है । गत सप्ताह एक भट्ठा मालिक को पत्र मिला कि वह 5 लाख रुपए दे नहीं तो उसका परिवार समाप्त कर दिया जाएगा । जब मिलिटैंटों ने टैलीफोन पर अन्तिम धमकी दी तो उस व्यापारी ने कहा कि वह उसे ले जाकर मार सकते हैं । उसके पास कोई धन नहीं है । मिलिटैंटों ने जब यह महसूस किया कि अब उनकी दाल गलने वाली नहीं है तो 5 लाख से घटाकर रकम 30 हजार कर दी । भट्ठा मालिक ने यह राशि भी देने में जब मजबूरी प्रकट की तो अन्त में मिलिटैंटों ने कहा कि अगर वह नकद राशि नहीं दे सकता तो 30 हजार रुपए मूल्य की ईंटें ही दे दे ।

एक मिलिटैंट मारा गया : लुधियाना जिले के माणिमाजरा गांव में मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में दिलराज सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना और संगरूर जिले से एक-एक मिलिटैंट पकड़ा गया ।

तलाशी अभियान जारी : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार पुलिस ने नगर के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपना तलाशी अभियान आज भी जारी रखा । आज हालो माजरा एवं रायपुर खुर्द में घर-घर जाकर तलाशी ली गई ।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (वि.प्र.) : तीन मिलिटैंटों ने गत रात्रि स्थानीय मुहल्ला सुभाष नगर के एक व्यक्ति श्री सालग राम से उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.बी. 07-5292 व 100 रुपए छीन लिए । श्री सालग राम अपने मित्र से मिलने सुभाष नगर से टिब्बा साहब जा रहे थे । सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

हिन्दुओं का पलायन अभी भी जारी

लुधियाना, 23 फरवरी (धीमान): अखिल भारतीय हिन्दू शिव सेना ने प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर को एक तार दी है कि अमृतसर, गुरदासपुर व कुछ दूसरे जिलों में हिन्दुओं का पलायन अभी भी जारी है क्योंकि मिलिटैंटों की सरगर्मियां दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं । सेना प्रधान श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने यह जानकारी देते हुए आज बताया कि जिला अमृतसर के तरनतारन, जंडियाला, रैय्या और टांगरी क्षेत्रों से लगभग 100 परिवार पलायन कर अमृतसर आ गए हैं । पहले जो शरणार्थी अमृतसर, पठानकोट, लुधियाना, दिल्ली व दूसरे स्थानों पर आए, उनको सरकार की ओर से उचित सुविधाएं नहीं मिल रहीं । उन्होंने जोर दिया कि इस संदर्भ में कोई प्रभावित कदम उठाया जाए ।



Punjab Sahapedia

(शेष पृष्ठ 10 पर)

32 बोर का एक रिवाल्वर तथा एक दोनाली शामिल है । (छाया : प.कें.)

आरोप लगाया, "चूंकि इंका पूर्ण बहुमत प्राप्त करने

दुर्दांत अवतार सिंह उर्फ़ तारी समेत 7 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या : चंडीगढ़ व मोहाली में कर्फ़्यू के दौरान घर-घर की तलाशी

चंडीगढ़, 24 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान दुर्दांत अवतार सिंह उर्फ़ तारी समेत 7 मिलिटैंट मारे गए जबकि एक पूर्व कांस्टेबल व पुजारी सहित 6 लोगों की हत्या कर दी गई । इसी बीच चंडीगढ़ के कुछ सैक्टरों तथा मोहाली में कर्फ़्यू के दौरान पुलिस ने घर-घर की तलाशी ली तथा पूछताछ के लिए लगभग 2000 लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें से कई बाद में छोड़ दिए गए ।

दुर्दांत तारी मारा गया : खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) का दुर्दांत मिलिटैंट अवतार सिंह उर्फ़ तारी आज प्रातः भटिंडा जिला में घड़ियालाकलां गांव के निकट मुठभेड़ में मारा गया । वह तरनतारन के एस.पी. (आप्रेशंज) श्री हरजीत सिंह की गत वर्ष हुई हत्या में संलिप्त था और इस हत्याकांड की योजना उसी ने बनाई थी । मृत मिलिटैंट के पास से एक 9 एम.एम. की माऊजर तथा इसके दो मैगजीन बरामद हुए हैं । एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मृतक कई अन्य हत्याओं में भी संलिप्त था ।

हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के बडाला कलां गांव में ज्ञान सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

गांव वालों ने दबोच लिया : अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार हिम्मतपुरा गांव के निवासियों ने गत रात शहर के बाहर एक व्यक्ति जगतार सिंह को धर दबोचा । उसने गांव के गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहब की बीड़ की पवित्रता भंग करने का प्रयास किया था ।

व्यापारी का अपहरण : मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर के मकबूलपुरा इलाके से एक व्यापारी बलविन्दर कुमार का उसके कारखाने से अपहरण कर लिया ।

घायल किया : मिलिटैंटों ने अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र छहर्टा थाना के गांव बासरके में एक व्यक्ति तरसेम सिंह का उसके घर से अपहरण करने के बाद गोली मार कर उसे घायल कर दिया ।

धन ऐंठने वाले गिरोह का भंडाफोड़ : पुलिस ने तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद मिलिटैंटों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो जबरन धन ऐंठने के मामलों के लिए जिम्मेदार है । गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त मंगत सिंह उर्फ़ मंगता, सुखदेव सिंह तथा सतनाम सिंह के रूप में की गई है । पुलिस के अनुसार इन मिलिटैंटों को लाहौरी गेट क्षेत्र में पुलिस की एक नाका पार्टी द्वारा गिरफ्तार किया गया । उनके कब्जे से 'बब्बर खालसा' संगठन का एक लैटरपैड मिला है । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि यह लैटरपैड उन्हें गुरदासपुर के एक मिलिटैंट ने दिए थे ।

2 मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिले के गांव भुजन में दो मिलिटैंटों की लाशें बरामद की हैं । पुलिस के अनुसार वे गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक मैगजीन तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

मोहाली व चंडीगढ़ में कर्फ़्यू के दौरान 2000 लोग हिरासत में : पुलिस सूत्रों ने बताया कि केन्द्र शासित चंडीगढ़ क्षेत्र में, जिसके कुछ भागों में आज सुबह कर्फ़्यू लगा दिया गया था, घर-घर की तलाशी लिए जाने के दौरान कोई मिलिटैंट नहीं पकड़ा जा सका है । सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के लिए लगभग 2000 लोगों को हिरासत में लिया गया था,परन्तु बाद में इनमें से कई लोगों को छोड़ दिया गया ।

विभिन्न कर्फ़्यूग्रस्त सैक्टरों में, जिनमें पंजाब की सीमा के साथ लगते सैक्टर 35, 43, 44, 45व 46 शामिल हैं, ली गई घर-घर की तलाशी में किसी हथियार या गोली-बारूद की बरामदगी की सूचना नहीं है ।

राज्यपाल द्वारा कर्फ़्यूग्रस्त क्षेत्रों का दौरा : पंजाब के राज्यपाल जन. ओ.पी. मल्होत्रा ने आज कर्फ़्यू-ग्रस्त मोहाली और चंडीगढ़ के कुछ सैक्टरों का दौरा किया और लोगों से मिले । जन. मल्होत्रा ने मोहाली में पूछताछ के लिए पकड़े गए कुछ युवकों से बातचीत भी की तथा उन्हें पुलिस द्वारा तलाशियां लिए जाने का उद्देश्य बताया । उन्होंने वहां उपस्थित पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे इस बात का ध्यान रखें कि किसी को अकारण तंग न किया जाए । गत तीन दिनों में यह दूसरा मौका है जब राज्यपाल ने उन क्षेत्रों का दौरा किया है,जहां पुलिस द्वारा तलाशी अभियान जारी है ।

जन. मल्होत्रा ने शहर के कर्फ़्यूग्रस्त सैक्टरों में भी लोगों से बातचीत की तथा सिटी पुलिस से तलाशी अभियान बारे उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए उन्होंने लोगों से बातचीत की ।

राज्यपाल ने इस तलाशी अभियान के कारण लोगों को होने वाली असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए लोगों को बताया कि यह उनके फायदे के लिए किया जा रहा है ।

चंडीगढ़ से 'एन.एस. परवाना' के अनुसार मोहाली में आज का कर्फ़्यू लगभग 12 घंटे तक जारी रहा । कर्फ़्यू सुबह 4 बजे से शुरू हुआ और शाम के 4 बजे तक जारी रहा । कर्फ़्यू के कारण लोगों को दूध व सब्ज़ियां न मिल सकीं । चंडीगढ़ के सैक्टर-35 में कर्फ़्यू प्रातः से दोपहर बाद दो बजे तक लागू रहा । घर-घर की तलाशी लेने का मतलब यह लिया जा रहा है कि पुलिस को शक है कि इन सैक्टरों में कुछ संदिग्ध लोग छुपे हुए हैं ।

पूर्व कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना जिले में कल रात सिधवां वेट में दो मिलिटैंटों ने पूर्व कांस्टेबल नारंग सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

अपहरण के बाद हत्या : लुधियाना जिले के गांव बिशनपुर में मिलिटैंटों ने कल रात एक युवक बलजीत सिंह का अपहरण कर लिया और फिर उसे फांसी लगा कर मार डाला ।

पवित्र बीड़ों को जलाने वाले काबू : लुधियाना जिले के राजगढ़ गांव के निवासियों ने चार मिलिटैंटों को धर दबोचा । इन मिलिटैंटों ने गुरुग्रंथ साहब की चार पवित्र बीड़ों को आग लगा दी थी ।

लुधियाना से 'महिंद्रा' के अनुसार पुलिस ने पंचायत की सूचना पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया है । अभियुक्त दीवार तोड़ कर गुरुद्वारा में दाखिल हुए थे ।

'धीमान' के अनुसार लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने बताया है कि उन्होंने एस.एस.पी. श्री आनंद शर्मा तथा अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा किया । उन्होंने कहा कि किसी शरारती ने श्री गुरुद्वारा साहब की दीवार की एक ईंट निकाल कर उसमें से कपड़े पर मिट्टी का तेल डाल कर और इसे आग लगा कर अन्दर फैंक दिया, जिस कारण पवित्र बीड़ों की जिल्दें जल गईं, परन्तु गुरुवाणी को कोई क्षति नहीं पहुंची । इस घटना पर खेद प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस ने सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है । उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जांच में सहयोग दें । उन्होंने विचार व्यक्त किया कि पवित्र बीड़ों को अब श्री गोइंदवाल साहब भेज दिया जाएगा ।

डेरे के महंत का शव वृक्ष पर लटकता मिला ! : समराला (अश्विनी): यहां से निकटवर्ती गांव हेडों के निकटवर्ती बाबा मनोहर के डेरे के महंत का शव आज प्रातः पुलिस को टोडरपुर गांव के रजबाहा के पुल के समीपवर्ती वृक्ष पर लटकता हुआ मिला । पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत महंत रघुवर दास 'त्यागी' का डेरे में से गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्ति अपहरण करके ले गए थे तथा बताया जाता है कि दूर खड़े किसी वाहन द्वारा उसको घटनास्थल तक ले जाया गया, जहां से दूसरे दिन उक्त महंत का शव वृक्ष के साथ लटकता हुआ मिला । ज्ञात हुआ है कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

छोटी सी बात ... रहा

युद्ध में कोई भी विजेता नहीं होता है ।

—यासर अराफात



भाई साहब, दूसरे शब्दों में यह कहें कि युद्ध में विजेता की भी हालत खस्ता हो जाती है ।

Punjabi Sahitya

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उक्त डेरे में 22 फरवरी को एक विशाल भंडारा हुआ था, जिसमें पहुंचे सैकड़ों सत-महात्माओं की लोगों ने सेवा की थी । एस.एच.ओ. समराला श्री अरमजीत सिंह ने बताया है कि पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । गत कुछ ही दिनों में इस इलाके में ये तीसरी हत्या है, जबकि इससे पूर्व गांव मल्लमाजरा में टी.वी. देख रहे एक व्यक्ति को गांव से बाहर ले जाकर गोलियां मार कर मार डाला गया था । इससे पूर्व गांव चढ़ी के बलबीर सिंह उर्फ़ भीरा का शव उटालां गांव के निकट वृक्ष के साथ लटकता पुलिस को मिला था तथा चढ़ी गांव में ही नक्सली शहीद रौनक सिंह के श्रद्धांजलि समारोह पर फायरिंग करके एक लड़की व प्रवासी श्रमिक को मार डाला गया था । मृतक महंत रघुबर दास 'त्यागी' का इस इलाके में काफी सम्मान था ।

मिलिटैंट मरा, 3 नागरिक घायल : सुरक्षा बलों ने गत रात पटियाला जिले के राजपुरा में एक मिलिटैंट को मार गिराया । इससे पूर्व तीन मिलिटैंट राजपुरा में एक व्यक्ति कन्हैया लाल के घर गए और उससे धन की मांग की परन्तु कन्हैया लाल के शोर मचाने पर बहुत सारे लोग वहां जमा हो गए । इस पर मिलिटैंटों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे भीड़ में तीन लोग घायल हो गए । तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मिलिटैंटों से मुकाबला शुरू हो गया । मुकाबले में 1 मिलिटैंट मारा गया जबकि दो अन्य फरार होने में सफल हो गए । मृत मिलिटैंट के पास से एक 38 बोर का रिवाल्वर मिला है ।

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार मिलिटैंटों की गोलियों से कन्हैया लाल, उसका पुत्र शिव शंकर तथा एक पड़ोसी सतपाल घायल हुए हैं । इससे पूर्व कन्हैया लाल और शिव शंकर साहस का परिचय देते हुए मिलिटैंटों से भिड़ गए थे । मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त भीरा सिंह के रूप में की गई ।

सी.आर.पी. की चौकी पर बम फैंका : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत सायं त्रिपुरी टाऊनशिप में सी.आर.पी.एफ. की एक चौकी पर एक बम फैंका । इससे चौकी के मुख्य भवन के साथ लगते एक टैंट में आग लग गई । टैंट में जवानों के बिस्तर, रज़ाइयां व अन्य वस्तुएं पड़ी थीं । घटना के समय जवान चौकी के मुख्य भवन में टी.वी. देख रहे थे । भवन को भी कुछ क्षति पहुंची है । अभियुक्त फरार होने में सफल हो गए हैं ।

भारद्वाज के भोग समारोह में दो मिलिटैंट काबू : मिलिटैंटों के हाथों शहीद हुए हिन्दू शिव सेना के नेता रमेश भारद्वाज के भोग समारोह में उस समय सनसनी फैल गई, जब आज दोपहर को सनातन धर्म सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जहां यह समारोह आयोजित किया गया था, दो अज्ञात मिलिटैंटों ने चोरी-छुपे घुसने का प्रयास किया परन्तु वहां तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने संदेह होने पर उन्हें दबोच लिया । समझा जाता है कि उन्होंने सी.आर.पी.एफ. को बताया है कि वे वहां हिन्दू शिव सेना के किसी बड़े नेता की हत्या करने के उद्देश्य से आए थे । उनके कब्ज़े से एक रिवाल्वर और एक पिस्तौल बरामद हुआ है ।

मांग समारोह में दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने नागरिक व पुलिस प्रशासन में स्क्रीनिंग कराए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहर और बड़े गांव में सुरक्षा बलों द्वारा फ़्लैग मार्च किया जाना चाहिए । इस अवसर पर पंजाब हिन्दू शिव सेना द्वारा स्वर्गीय रमेश भारद्वाज के परिवार को 50,000 रुपए भेंट किए गए ।

एक और मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को उस समय मुकाबले के लिए ललकारा जब वे फरीदकोट जिले के बाभनगर में एक



समराला के महंत श्री रघुबर दास, जिनकी मिलिटैंटों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी, का एक पुराना चित्र ।

दुकानदार पर गोलियां चला कर भाग रहे थे । सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया जबकि उसका दूसरा साथी बच कर भाग निकला । दुकानदार बाल-बाल बच गया । घटनास्थल से एक राइफल और कुछ कारतूस मिले हैं ।

मिलिटैंट पुलिस हिरासत से फरार : परमा नाम का एक मिलिटैंट फरीदकोट जिले के बड्डा घर के निकट पुलिस हिरासत से भाग निकला । यह मिलिटैंट उस समय भाग निकला जब मिलिटैंटों के एक गिरोह ने परमा को ले जा रहे एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया । भागने से पूर्व मिलिटैंट एक हथगोला और कुछ कारतूस छोड़ गए ।

जाट की हत्या : संगरूर जिले में मिलिटैंट एक व्यक्ति गुरसेवक सिंह जाट के घर में गए और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

लुटेरों ने हजारों रु. का सामान लूटा : फगवाड़ा (कौड़ा): कल रात आठ दर्जन सशस्त्र लुटेरों के गिरोह ने थाना सदर के गांव सलेहड़ा राजपूतां में 3 घरों में बलात घुस कर हजारों रुपए के आभूषण व कीमती सामान लूट लिया और फरार हो गए । पुलिस को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लुटेरों ने लूटने से पूर्व घरों के सदस्यों को कमरों में बंद कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

2 मिलिटैंट मारे गए : कपूरथला (प.स.) : जिला कपूरथला के गंज जेगोवाल में सुरक्षा बलों के साथ आज हुई एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस के अनुसार मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के भाई गुरनाम सिंह चीमा के रूप में की गई है, जो हाल ही में होशियारपुर के निकट 11 लोगों की हत्या के मामले में संलिप्त था ।

मुठभेड़ में एक कांस्टेबल अनूप सिंह भी मारा गया ।



(ऊपर) त्रिपुरी टाऊनशिप, पटियाला स्थित सी.आर.पी.एफ. की चौकी, जहां पर गत दिवस बम विस्फोट हुआ । (नीचे : बाएं से) सतपाल, कन्हैया लाल और शिवशंकर, जो इस विस्फोट में घायल हो गए । (छाया : राजू)

ए.एस.आई. घायल : जिला जालन्धर के थाना बंगा के गांव सज्जो में साइकिल सवार मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. को एक बारात में से बाहर खींच लिया और उसे गोली मार कर घायल कर दिया । ए.एस.आई., जिसका नाम अभी पता नहीं चल सका, को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

अग्निकांड में 17 मरे

मास्को, 24 फरवरी (प.स.): लेनिनग्राद के एक होटल में कल आग लगने से 9 अग्निशमन कर्मियों सहित 17 व्यक्ति मारे गए ।

अलगाववाद : कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

हुए एक और बम विस्फोट से दो वाहनों को क्षति पहुंची । मगर कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ । आज तड़के खानदार में हुए एक भयानक अग्निकांड में नौ मकान जल गए । इनमें से छः पूर्णतः स्वाहा हो गए । आग लगने का कारण विदित नहीं हो सका ।

आधिकारिक रिपोर्टों में कहा गया है कि आज घाटी के किसी भी इलाके में दिन का कर्फ्यू नहीं लगाया गया । घाटी में अन्यत्र स्थिति कमोबेश शांतिपूर्ण रही ।

फांसी देकर हत्या : मिलिटैंट ने नौगाम-बांदीपुर के निवासी मोहम्मद अशरफ गनी की फांसी लगा कर हत्या कर दी । उसका शव आज पलवामा-पम्पोर रोड पर मार्बल पुल पर पड़ा मिला ।

उग्रवादियों ने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में डाक बंगले के निकट एक सुरक्षा चौकी पर एक हथगोला फैंका, लेकिन इससे कोई जनहानि नहीं हुई ।

श्रीनगर के निचल भाग दारीबल-खन्यार में आज प्रातः आग लगने की एक घटना में 6 मकान जल कर राख हो गए ।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार आज श्रीनगर में 2 और बारामूला तथा कपवाड़ा में 2-2 उग्रवादी गिरफ्तार किए । इनमें से चार प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिदीन और एक आप्रेशन बापाकोट से सम्बद्ध है । तीन अन्य उग्रवादी श्रीनगर और बड़गाम जिलों से गिरफ्तार किए गए ।

प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन से संबंधित एक पाक प्रशिक्षित उग्रवादी ने एक ए.के. 47 राइफल, चार मैगजीनों और 150 गोलियों के साथ सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है ।

अडवानी

(पृष्ठ 3 का शेष)

'वार्ता' के अनुसार श्री अडवानी ने बताया कि भाजपा आगामी चनावों में 450 से 500 सीटों के लिए चनाव लड़ेगी और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में उसकी स्थिति मज़बूत होगी । उन्होंने कहा कि इस समय देश को एक सर्वमान्य सरकार की आवश्यकता है और भाजपा ही ऐसी सरकार बना सकती है । बंगला देश के शरणार्थियों के भारी संख्या में आने की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि 50 लाख से ज्यादा शरणार्थी सीमा पार कर चुके हैं । उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिले इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं । उन्होंने केंद्र पर स्थिति से निपट पाने के लिए उचित कदम न उठाने का आरोप लगाया ।

जजों की नियुक्ति

(पृष्ठ 3 का शेष)

अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है ।

अब एक ऐसा समय तेजी से निकट आता जा रहा है जब स्वतंत्रता के बाद से एक आदर्श के रूप में जानी जाने वाली न्यायपालिका साधारण व्यक्ति को न्याय दिलाने की बजाय राजनीतिज्ञों के हितों की ही अधिक सुरक्षा करेगी । मगर फर्क सिर्फ इतना ही रहेगा कि जज किसी भी राजनीतिक दल के औपचारिक सदस्य नहीं होंगे ।

पंजाब के कुछ क्षेत्र.....

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया है । जानकार सूत्रों के अनुसार इस नए पद के सृजित हो जाने पर यू.टी. केडर के आई.पी.एस. अधिकारी श्री राजेश मलिक को नियुक्त किया जाएगा जो कि गत मास तक चंडीगढ़ पुलिस में एस.पी. (सिटी) के रूप में कार्य करते रहे थे ।

कुवैत शहर पर कब्जा

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाएगा ।

समझा जाता है कि ईराक के पास ऐसे रासायनिक और जैविक हथियार हैं, जिन्हें तोपों से छोड़ा जा सकता है ।

सोवियत संघ ने खेद जताया : सोवियत संघ ने आज कहा कि अमरीकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना द्वारा ईराक के खिलाफ थल युद्ध शुरू कर देने से यह लगता है कि अमरीका और उसके मित्र देश सैनिक कार्रवाई के जरिये समस्या का समाधान चाहते हैं । उसने इस बात पर खेद प्रकट किया कि खाड़ी समस्या के शांतिपूर्ण समाधान का एक अच्छा मौका चूक गया ।

सोवियत विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सम्वाददाताओं से कहा कि सोवियत शांति योजना ईराक द्वारा स्वीकार किए जाने से पूरी तरह से एक नई स्थिति बनी है और अब भी मौका है कि सुरक्षा परिषद इस पर विचार करे ।

भारत ने दुख जताया : भारत ने खाड़ी में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इतने बड़े पैमाने पर ज़मीनी युद्ध शुरू होने तथा क्षेत्र में शांति स्थापित करने में गोर्बाच्योव प्रस्ताव के असफल हो जाने पर खेद व्यक्त किया है । नई दिल्ली में आज जारी एक वक्तव्य में सरकार ने इस बात पर गहरा दुख व्यक्त किया कि गोर्बाच्योव के शांति प्रस्ताव और ईराक के कुवैत से बिना शर्त हटने की वचनबद्धता से उत्पन्न हुए अवसर का लाभ नहीं उठाया गया और खाड़ी में ज़मीनी युद्ध शुरू हो गया है । इसमें कहा गया कि ज़मीनी युद्ध के परिणामस्वरूप कुवैत और ईराक में और अधिक विनाश और तबाही, वहां के लोगों की कठिनाइयां और निर्दोष व्यक्तियों की होने वाली मौतों के बारे में सोचकर मन कांप उठता है ।

भारतीय दूतावास स्थानांतरित : ईराक की स्थिति को देखते हुए भारतीय दूतावास को अस्थायी तौर पर बगदाद से हटा कर तेहरान में स्थानांतरित कर दिया गया है । कार्यवाहक राजदूत ए. रमेश के नेतृत्व में सात सदस्यीय राजनयिकों का दल ईरान पहुंच गया है । भारतीय राजनयिकों के अनुसार ईराक की स्थिति में सुधार आने के बाद बगदाद में दूतावास फिर से खोल दिया जाएगा ।

खाड़ी युद्ध और विभिन्न मत : अमरीकी रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बहुराष्ट्रीय सेना कुवैत में कुछ दिनों के घमासान युद्ध के बाद ईराकी सेना को परास्त कर देगी । भूतपूर्व अमरीकी सहायक रक्षा मंत्री लारेंस ने कहा, 'मुझे लगता है कि घमासान युद्ध दो हफ्ते चलेगा लेकिन रक्षा मंत्री डिक चेनी से लेकर अन्य अमरीकी सैनिक नेताओं ने आगाह किया है कि ऐसे दुश्मन के खिलाफ थलयुद्ध आसान नहीं होगा, जो पांच हफ्ते की बमबारी और हवाई हमले के बावजूद अभी भी खतरनाक है ।'

6 बंगला देशी भी मरे : बंगला देश के छः नागरिक ईराक पर बहुराष्ट्रीय सेना की बमबारी में मारे गए । यह जानकारी यहां विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने दी । प्रवक्ता के अनुसार ढाका में ईराकी दूतावास ने बताया कि सासेन शहर पर बहुराष्ट्रीय सेना की बमबारी में ये बंगला देशी मरे । दूतावास ने उनके मारे जाने का दिन नहीं बताया है । मृतक एक कपड़ा फैक्टरी में काम करने वाले लगभग 500 बंगला देशी नागरिकों में से थे । दो अगस्त को कुवैत पर आक्रमण के बाद ईराक में रहने वाले 1,10,000 बंगला देशियों में से ज्यादातर वापस भेज दिए गए थे ।

गुट निरपेक्ष देशों द्वारा मंत्रणा : भारत सहित चार गुट निरपेक्ष राष्ट्रों के विदेशमंत्रियों ने खाड़ी युद्ध समाप्त कराने की अपनी प्रस्तावित शांति योजना को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण बातचीत आज यहां शुरू कर दी । गुट निरपेक्ष आन्दोलन के अध्यक्ष यूगोस्लाविया के विदेशमंत्री, वडिमार लोकार, ईरान के डा. अली अकबर विलायती, क्यूबा के ईसाडोर मैनियका और भारत के विदेश उपमंत्री दिग्विजय सिंह इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देंगे, जोकि ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे । चारों विदेशमंत्री इस हेतु कल बगदाद जा रहे हैं ।

सतर्कता के आदेश : अमरीका के विदेशमंत्री जेम्स बेकर ने खाड़ी में थल युद्ध के दृष्टिगत विश्व-भर में अमरीकी दूतावासों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

गैस पेपर्ज़

हिमाचल (+1, +2, B.A./B.Sc./B.Com., प्रभाकर) के विद्यार्थी सुनहरी सफलता हेतु Deluxe Guess Papers ही खरीदें ।

(Serene/17W)

सार्वजनिक सूचना

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.2.91 56/- without trays. NECC suggested retail price 7.50 per dozen.

(Kamboj/MxW)

फैक्टरी बिकाऊ

पंजाब राज्य बिजली बोर्ड

पंजाब में एरिया कमांडर मुसीबत सिंह समेत 12 मिलिटैंट मरे, 10 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 25 फरवरी (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मुसीबत सिंह समेत 12 मिलिटैंट मारे गए तथा दो सुरक्षा कर्मियों सहित 10 लोगों की हत्या हुई ।

आपसी लड़ाई में 7 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वि.प्र.) : पुलिस जिला मजीठा के थाना जंडियाला के गांव मुच्छल के बाहर खेतों से पुलिस ने 4 मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं । ये चारों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ गिरोह) के सदस्य थे । पुलिस के अनुसार चारों मिलिटैंट निजी गुट संघर्ष के कारण मारे गए । इनमें से दो की शिनाख्त मुसीबत सिंह और मेजर सिंह के रूप में हुई है । ये दोनों ही गांव उमरानंगल के निवासी थे । मुसीबत सिंह एरिया कमांडर था । मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री पी.एस. गिल के अनुसार मुसीबत सिंह तथा मेजर सिंह हत्या के बीसियों मामलों में संलिप्त थे । वे विशेष रूप से सुरक्षा कर्मियों पर हमलों के लिए जिम्मेदार थे । मारे गए दो अन्य मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

थाना झब्बाल के गांव मानोचाहल में पुलिस को 20-22 वर्षीय एक युवक की लाश मिली है । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का मामला है । एक अन्य सूचना के अनुसार भिखीविंड थाना के खजाला गांव के बाहर से पुलिस ने दो भाइयों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं । पुलिस ने बताया है कि यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का ही परिणाम है । प्रतिद्वंद्वी गुट के मिलिटैंट दोनों भाइयों को कल रात उनके घर से उठाकर ले गए थे । मृतकों के नाम सम्पूर्ण सिंह तथा पूरन सिंह बताए जाते हैं ।

दो पुलिस कांस्टेबलों समेत 5 की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार तरनतारन पुलिस जिला के गांव कादगिल में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल शशि कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के मानोचाहल गांव में भी रतन सिंह नामक एक पुलिस कांस्टेबल की मिलिटैंटों ने कल रात गोलियां मारकर हत्या कर दी । कादगिल गांव के बस अड्डे से पुलिस ने आज प्रातः गुरमुख सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के खब्बे बाथ गांव में पुलिस कांस्टेबल गुरदीप सिंह के घर में घुसकर फायरिंग की, जिससे गुरदीप सिंह के भाई मुख्तियार सिंह की मृत्यु हो गई । भागते समय मिलिटैंटों ने फिर फायरिंग की, जिससे मुख्तियार सिंह की पत्नी कश्मीर कौर की भी मृत्यु हो गई ।

गुट संघर्ष में एक और मिलिटैंट मरा : तरनतारन शहर में गली वस्सन सिंह में एक मिलिटैंट को उनके प्रतिद्वंद्वी गुट के सदस्यों ने गोलियों से मार दिया । अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : पटियाला (भूषण) : आज दोपहर 12 बजे के लगभग मुल्लेपुर थाना के बरास गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार स्कूटर पर सवार दो मिलिटैंटों ने बस्सी पठाना में एस.डी.ओ. (ग्रामीण) को गोली मारकर घायल कर दिया । पुलिस ने मिलिटैंटों का पीछा किया । बरास गांव के निकट मिलिटैंटों ने स्कूटर छोड़कर खेतों में छिपकर पुलिस पर गोलियां चलाईं । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दोनों मिलिटैंट मारे गए । अभी तक उनकी पहचान नहीं हुई है । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन, एक रिवाल्वर तथा एक स्कूटर भी बरामद हुआ है ।

अखबारी एजेंट की हत्या : जैतो से 'पराशर' के अनुसार स्कूटर पर सवार मिलिटैंटों ने आज प्रातः जैतो में अखबारी एजेंट अमरनाथ उर्फ़ लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । श्री अमरनाथ पर उस समय फायरिंग की गई, जब वह अखबारों की सप्लाई लेने के लिए रेलवे स्टेशन पर जा रहे थे । इस बीच इस घटना के विरुद्ध रोष-स्वरूप आज जैतो में बंद रहा ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : लुधियाना (मुसाफिर) : आज यहां लुधियाना माडल टाऊन एक्सटैंशन में कृष्ण मंदिर के निकट मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया और एक घायल हो गया । सी.आर.पी. और पुलिस ने नाका लगा रखा था । दो मिलिटैंट साइकल पर आए । पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे एक मिलिटैंट घटनास्थल पर ही

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sentinel

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मारा गया, जबकि दूसरा घायल होकर भाग गया । पुलिस उसकी तलाश कर रही है ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के नारायणगढ़ गांव में मिलिटैंटों ने कमिक्कर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने भटिंडा जिला के चुआली गांव में सुखदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इसी जिला के दयालपुरा गांव में भी मिलिटैंटों ने सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के मोगा नगर के बाहर कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उसका एक साथी बचकर भाग गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : संगरूर जिला के धूरी कस्बे में मिलिटैंटों ने हसराज नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने संगरूर जिला में पैप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के कार्यालय से 27 हजार रुपया लूट लिया । मिलिटैंटों ने इसी जिला में दो घरों से दो बंदूकें भी छीन लीं ।

तीन लोगों का अपहरण : गुरुहरसहाय (कमल भंडारी): गत शाम यहां के 3 लड़कों को तरनतारन और जंडियालागुरु के मध्य कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहृत कर लिया । ये लड़के मारुति कार में ब्यास से गुरुहरसहाय वापस आ रहे थे कि रास्ते में अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर कार सहित उनका अपहरण कर लिया तथा किसी अज्ञात स्थान पर ले गए । बाद में कार ड्राइवर को छोड़ दिया गया । अपहृत होने वाले लड़के सब्जी आदि बेचने का काम करते थे, इनके नाम चरणजीत, अश्विनी और जीत कुमार बताए जाते हैं ।

बैंक कर्मी का अपहरण : मोगा से 'सर्वमित्र' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल शाम यहां निकटवर्ती क्षेत्र में एक बैंक कर्मचारी का अपहरण कर लिया । निकटवर्ती लोहगढ़ी गांव में ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा में कार्यरत उक्त बैंक कर्मी का उस समय अपहरण हुआ, जब वह ड्यूटी के बाद एक थ्री व्हीलर में अपने घर लौट रहा था ।

सुरक्षा कर्मी घायल : बटाला (कोछड़): मिलिटैंटों ने कल रात बटाला सदर थाना के अधीन अम्मोनंगल गांव में बी.एस.एफ. की नाका पार्टी पर हमला किया, जिससे हैड-कांस्टेबल टी.आर. बाला घायल हो गए ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने दो मिलिटैंटों बलजीत सिंह और अवतार सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है । ये मिलिटैंट कई मामलों में वांछित थे ।

मुठभेड़ का विवरण : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के गांव बेगोवाल में कल शाम सुरक्षा बलों के साथ जो मुठभेड़ हुई थी, उसका और विवरण मिला है । उल्लेखनीय है कि साढ़े चार घंटे तक चली उक्त मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर गुरनाम सिंह चीमा तथा उसका एक साथी मारा गया था । मुकाबले में पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल अनप सिंह भी मारा गया था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री अजीत सिंह संधू ने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि बेगोवाल गांव में विगत तीन दिनों से दो मकानों में दस मिलिटैंट छिपे हुए हैं । जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो मकानों को बाहर से ताले लगे पाए । पुलिस ने दरवाजों को खटखटाया तो भीतर छिपे मिलिटैंटों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में दो मिलिटैंट मारे गए जबकि कुछ अन्य मिलिटैंट भागने में सफल हो गए । भागने वाले मिलिटैंटों में खालिस्तान कमांडो फोर्स का ब्रिगेडियर जसपाल सिंह उर्फ़ पाला भी शामिल है । गुरनाम सिंह चीमा के गिरोह ने लगभग 100 लोगों की हत्याएं की थीं । विवरण देते हुए श्री संधू ने बताया कि इस गिरोह ने होशियारपुर जिला के भीखोवाल में एक ही समुदाय के 11 लोगों, घोड़ेवाही में छः लोगों, बलाचक में छः लोगों, चकोली में चार लोगों तथा दाऊदपुर में दो लोगों की हत्याएं की थीं ।

उल्लेखनीय है कि जिन घरों में मिलिटैंट छिपे हुए थे, उनके मालिक अपनी स्त्रियों तथा बच्चों को मकानों में ही छोड़ कर मकानों को बाहर से ताले लगा कर कहीं चले गए थे ।

मुकेरियां में बम फटा, 3 मरे, पंजाब में अन्यत्र 10 लोगों की हत्या, 9 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 26 फरवरी (प.स., वार्ता): जिला होशियारपुर के कस्बा मुकेरियां में आज सायं एक बम फटने से 3 व्यक्ति मारे गए, जबकि जालन्धर में एक डाक्टर की हत्या समेत 10 लोगों की हत्या कर दी गई । जालन्धर में डाक्टर की हत्या करके भागने वाला मिलिटैंट सायं को हुई एक मुठभेड़ में मारा गया । अन्यत्र 8 मिलिटैंट मारे गए ।

बम विस्फोट से 3 मरे : दसूहा से 'झावर' व मुकेरियां से 'सुदर्शन' के अनुसार आज शाम 3.50 बजे मुकेरियां कस्बे में मुख्य बाजार में एक दुकान में बम विस्फोट हुआ, जिससे 3 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 26 अन्य व्यक्ति घायल हुए । घायलों में से 4 की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

इस संबंध में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बम एक पसारी की दुकान पर काऊंटर पर पड़ा था । विस्फोट से वकील सुभाष चंद्र तथा एक ड्राइवर पब्बा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । यह दुकान सुभाष चंद्र के पिता तरलोक महाजन की है । विस्फोट में घायल हुए 26 लोगों में से 10 को प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । मृतक सुभाष चंद्र मुकेरियां भाजपा के महासचिव भी था । विस्फोट में दुकान का नौकर 10 वर्षीय एक बालक भी गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

घायलों में से कुछ की शिनाख्त मोहन सिंह, नरेन्द्र कुमार, प्रो. निर्मल सिंह, सदेश कुमार, मक्खन सिंह, राकेश कुमार, विजय, जसविन्दर सिंह, नीलम शर्मा, बिमला देवी, शिव कुमार, मोहन कुमार, जोगिन्दर शर्मा तथा राज कुमार के रूप में हुई है ।

विस्फोट के तुरन्त बाद मुकेरियां का मुख्य बाजार बंद हो गया । होशियारपुर के जिलाधीश ने मृतकों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए तथा घायलों को 5-5 हजार रुपए देने का ऐलान किया है । घायलों के मुफ्त उपचार की भी व्यवस्था की गई है ।

होशियारपुर से हमारे संवाददाता के अनुसार मुकेरियां बम धमाके में केवल एक व्यक्ति की ही मृत्यु हुई है ।

होशियारपुर जिला पुलिस प्रमुख श्री राजन गुप्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि तीन व्यक्ति मुकेरियां के मुख्य बाजार में सुभाष चंद्र के पिता की दुकान पर कुछ खरीदने आए और काऊंटर पर एक थैला छोड़ कर चले गए । थैले में टाइम बम था ।

इस बीच गुरुवार को मुकेरियां बंद का आह्वान किया गया । जिला पुलिस प्रमुख तथा जिलाधीश ने मृतकों के घरों का दौरा किया तथा इनके परिजनों से सम्वेदना व्यक्त की ।

डाक्टर की हत्या : जालन्धर (का.प्र.): आज प्रातः दस बजे स्थानीय आबादी राजिन्दर नगर में दो मिलिटैंटों ने डा. मलकीयत सिंह की उनकी कोठी में ही स्थित क्लीनिक में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । मृतक वयोवृद्ध वकील भाग सिंह का बेटा था । प्राप्त विवरण के अनुसार 52 वर्षीय डा. मलकीयत सिंह अपने क्लीनिक, जोकि जालन्धर मंडलायुक्त के कार्यालय के सामने है, में एक रोगी को देख रहे थे कि एक युवक ने क्लीनिक का दरवाजा खोला और भीतर आकर चला गया । इसके तुरन्त बाद एक और युवक ने इसी प्रकार दरवाजा खोला और पूछा कि डाक्टर साहब क्या आपके पास कुछ समय है और डाक्टर के हां कहने पर वह भी दरवाजे से ही मुड़ गया । इस बीच पहला युवक फिर क्लीनिक के अन्दर दाखिल हुआ और डाक्टर मलकीयत सिंह पर रिवाल्वर से दो गोलियां दाग दी और बाहर निकल गया । इस पर डाक्टर के परिवार वाले तथा पास-पड़ोस के लोग उन्हें तुरन्त उठा कर मांगट अस्पताल ले गए । वहां से उन्हें उसी समय सिविल अस्पताल ले जाया गया लेकिन वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । सूचना मिलने पर भारी फोर्स के साथ उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर गए । वायरलैस पर सभी नाकों को भी चौकस किया गया लेकिन अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला । बताया जाता है कि डा. मलकीयत सिंह को बिगत 6 मास से धमकी भरे पत्र मिल रहे थे । पोस्टमार्टम के बाद शव संबंधित परिवार के हवाले कर दिया गया, बाद में डाक्टर मलकीयत सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया

(शेष पृष्ठ 6 पर)

खाड़ी युद्ध के दृष्टिगत भारत द्वारा विभिन्न देशों से पैट्रोलियम आयात के प्रबंध

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया । इस अवसर पर उनके प्रशंसक, संबंधी, वकील तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे ।

डाक्टर का एक हत्यारा मारा गया : डा. मलकीयत सिंह, जिनकी आज प्रातः दो मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, का एक हत्यारा मिलिटैंट आज रात्रि माई हीरां गेट जालन्धर के निकट नीला महल में सुरक्षा बलों व पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसके 2 साथी भाग निकले । भाग निकलने वाला एक मिलिटैंट गोली लगने से घायल हो गया था ।

बताया गया है कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने आज रात्रि जब स्कूटर पर जा रहे मिलिटैंटों हरदीप सिंह उर्फ बिक्की, कंवलजीत सिंह और उनके तीसरे साथी को रोका तो इन मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी । जवाबी फायरिंग में हरदीप सिंह मारा गया, जबकि कंवलजीत सिंह घायल हो गया । कंवलजीत सिंह और उसका एक अन्य साथी भाग निकलने में सफल रहे । सुरक्षा बलों ने इन मिलिटैंटों को पकड़ने के लिए सारे क्षेत्र की व्यापक छानबीन शुरू कर दी है ।

पुलिस सूत्रों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मृत मिलिटैंट हरदीप सिंह की जेब में से डाक्टर मलकीयत सिंह का नाम-पता, उनका अन्य विवरण और उनके घर का नक्शा आदि बरामद हुआ है । मृतक के कब्जे से मिले शस्त्रों की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है ।

'प.स.' के अनुसार सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि कुख्यात मिलिटैंट हरदीप सिंह सीमा सिनेमा के निकट एक मकान में छिपा हुआ है, जिस पर सुरक्षा बलों ने उस मकान पर छापा मारा । इस अवसर पर हुई फायरिंग में हरदीप सिंह के मारे जाने के अतिरिक्त उसका एक साथी घायल हो गया । मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों द्वारा की गई फायरिंग में क्षेत्र का एक व्यक्ति भी घायल हो गया, जिसे स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट व उसका बाप मरा : गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि धारीवाल थाने के अधीन गांव दादूवाल में निजी गुटसंघर्ष में एक मिलिटैंट व उसका बाप मारा गया । जिला पुलिस प्रमुख एस.के. गोयल के अनुसार गत रात्रि लगभग ढाई बजे 3 मिलिटैंट दादूवाल निवासी दयाल सिंह के घर आए तथा उसे व उसके पुत्र जसवंत सिंह उर्फ काला और उसकी लड़की रणजीत कौर को अपने साथ घर से बाहर ले गए । इन मिलिटैंटों ने गांव मल्लियांवाली के निकट जाकर दयाल सिंह व जसवंत सिंह को गोलियों से मार दिया तथा रणजीत कौर को वापिस भेज दिया ।

श्री गोयल के अनुसार जसवंत सिंह उर्फ काला बब्बर खालसा से संबंधित था और इन दिनों जमानत पर रिहा हुआ था । उसे गत वर्ष 26 मई, 1990 को धारीवाल पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल व कुछ विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया था । मगर तब उसके साथी उस पर शक करते थे कि जसवंत सिंह कुछ हथियार व विस्फोटक खुर्द-बुर्द कर गया है और इसी चक्कर में गत रात्रि उसके कुछ पुराने साथियों ने उसे तथा उसके पिता को मार दिया ।

3 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): आज दोपहर बाद थाना कादियां के गांव ढपई के निकट पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए तथा एक ए.एस.आई. घायल हो गया । इस सम्बन्ध में प्राप्त विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मी तलाशी अभियान पर जा रहे थे कि ढपई गांव के निकट एक डेरे में छिपे मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की जिससे एक ए.एस.आई. हरबंस लाल घायल हो गया । इसके बाद सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के बीच हुए एक भीषण संघर्ष में तीन मिलिटैंट मारे गए । अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी । घटनास्थल से भारी परिमाण में हथियार और गोली सिक्का भी बरामद हुआ है । घायल ए.एस.आई. को बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक माऊजर, 4 हथगोले, 4 स्टिक बम, 2 डैटोनेटर, ए.के. 47 के 2 मैगजीन तथा 70 कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : डेरा बाबा नानक थाना के अंतर्गत गांव मियां कोठियाला में कल रात मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह (25) नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : लुधियाना (धीमान): जिला के दाद गांव में सुरक्षा बलों ने कल एक मिलिटैंट को मुठभेड़ में मार गिराया । इससे पूर्व कल ही उसका एक साथी लुधियाना के माडल टाऊन एक्सटैंशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । दाद गांव के निकट मारा गया मिलिटैंट माडल टाऊन एक्सटैंशन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गया था ।

रुपए लूटे : आज सायं साढ़े सात बजे मिलिटैंटों ने पिस्तौल दिखा कर लुधियाना की एक मिठाइयों की दुकान के मालिक से 45,000 रुपए लूट लिए । यह घटना डा. गुजरमल रोड पर स्थित विनोदी लाल एंड सन्ज वालों के साथ हुई, जब वे दुकान बंद करने के समय सारे दिन की बिक्री की राशि गिन रहे थे । बताया जाता है कि मिलिटैंट धनराशि उठा कर फायर करते हुए निकटवर्ती गलियों में भाग गए ।

फायरिंग में 6 किसान मरे : अमृतसर जिला के सरहाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नत्थूके गांव के बाहर आज तड़के एक ड्रेन के पुल पर सेना के जवानों ने नाका लगाया हुआ था कि 6 किसान उधर से गुजरे । सैनिकों ने जब उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने भागने का प्रयास किया । सैनिकों ने उन्हें मिलिटैंट समझते हुए फायरिंग कर दी, जिससे सभी छः किसानों की मृत्यु हो गई । फायरिंग से एक बैल की भी मौत हो गई ।

पुलिस के अनुसार उक्त किसान खाली कैनियां लेकर सरहाली से डीजल लेने जा रहे थे । फायरिंग की घटना के बाद निकटवर्ती गांवों के लोग मौका पर पहुंच गए तथा उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया तथा रास्ता रोक दिया । पुलिस तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को शांत किया । प्रशासन ने मरने वाले छः किसानों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए की अनुदान राशि देने का ऐलान किया है ।

अमृतसर के जिलाधीश श्री सरबजीत सिंह ने बताया कि संबंधित परिवारों को प्रति माह सौ-सौ रुपए पैंशन देने, गांव के विकास के लिए एक लाख रुपए देने, गांव में डिस्पैंसरी बनाने, गांव के स्कूल को अपग्रेड करने तथा मारे गए किसानों की याद में स्कूल में एक हाल बनाने का भी निर्णय लिया गया है । मारे गए किसानों के नाम बलबीर सिंह, चरण सिंह, बाबी, परगट सिंह, मेजर सिंह तथा स्वर्ण सिंह हैं ।

दो लोगों को मिलिटैंटों के चंगुल से छुड़ाया गया : तीन मिलिटैंटों के एक गिरोह ने तरनतारन में अनवर कुमार और कुलदीप राज का उस समय अपहरण कर लिया जब वे एक मिनी बस से सफर कर रहे थे । मगर सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों का पीछा कर इन दोनों को छुड़ा लिया और उनका अपहरण करने वाले लाहौरा सिंह, राज कुमार और परगट सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

एक का अपहरण :अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार थाना छहर्टा के अंतर्गत गांव कोटली नसीर खां से आज बाद दोपहर अढ़ाई बजे तीन मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति बलराज सिंह का उस समय अपहरण कर लिया, जब वह अपने खेतों में काम कर रहा था । अपहृत व्यक्ति के बारे में पुलिस को अभी तक कुछ पता नहीं चला ।

शव बरामद : पटियाला से राजू के अनुसार पटियाला सदर के अंतर्गत सिद्धवाल गांव से पुलिस ने कल एक अज्ञात मिलिटैंट का शव बरामद किया । यह मिलिटैंटों की निजी लड़ाई का मामला बताया जाता है ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : पटियाला जिला के जस्सोवाल गांव में निजी गुट संघर्ष के कारण कर्म सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर जिला के फाजिल्का सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 पाक घुसपैठिए मारे गए ।

दो लोगों की हत्या : फिरोजपुर जिला के बस्ती हाजीबड़ी गांव में कल रात मिलिटैंटों ने दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनमें से एक की पहचान मेहर सिंह के रूप में हुई है ।

1.70 लाख रुपया लूटा : संगरूर जिला के लोगोवाल गांव में स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के ग्रिड स्टेशन के कैशियर से मिलिटैंटों ने 1.70 लाख रुपया लूट लिया ।

4 मिलिटैंट काबू : पुलिस ने संगरूर जिला से 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से तीन बन्दूकें, एक एयर गन, 2 स्कूटर, 3 कलाई घड़ियां तथा 30 हजार रुपए मूल्य के सोने के गहने बरामद हुए हैं ।

पंजाब फार्मेसी कौंसिल पुनर्गठित

चंडीगढ़, 26 फरवरी (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने राज्य फार्मेसी कौंसिल को पुनर्गठित किया है क्योंकि पहली कौंसिल की कार्यावधि समाप्त हो गई है । राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक को इस 13 सदस्यीय कौंसिल का प्रधान बनाया गया है । इसके सदस्यों में टी.आर. तनेजा, कुलदीप सिंह, मदन लाल गुप्ता, सुखदेव सिंह, आर.एम. खन्ना, डा. आर.डी. नार, सुखविंदर पाल शर्मा, मान सिंह, सुरेंद्र सिंह सोढी, गोविन्द राम शर्मा तथा कुलदीप सिंह शामिल हैं ।

मंदिर निर्माण सम्बन्धी आंदोलन का तीसरा चरण 15 मार्च से

लुधियाना, 26 फरवरी (नेपाल): श्री राम कार सेवा समिति पंजाब के प्रचार मंत्री श्री कुलतार चन्द वर्मा ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के सम्बन्ध में आंदोलन के तीसरे चरण में 15 मार्च को देश भर में जिला स्तर पर प्रदर्शन करने तथा धरने देने का कार्यक्रम है जिसका नेतृत्व साधु महात्मा करेंगे और डिप्टी कमिश्नरों को ज्ञापन दिए जाएंगे ।

जंडियाला गुरु पालिका के पास वेतन के लिए भी धन नहीं

जंडियाला गुरु, 26 फरवरी (पवन जैन): नगरपालिका सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चुंगी-टैक्स विभाग की लापरवाही और मिलीभगत के कारण चुंगी टैक्स की बड़े पैमाने पर खुले आम चोरी होने के कारण नगरपालिका की आर्थिक हालत इतनी डांवाडोल हो गई है कि उसके पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी धन एकत्रित नहीं होता । किस्तों में कर्मचारियों को वेतन मिलता है । याद रहे कि मास दिसम्बर 1990 का वेतन 31.1.91 तक मिलता रहा । विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप्प पड़े हैं ।

मूल्य वृद्धि के विरुद्ध प्रदर्शन

जालंधर, 26 फरवरी (ढल्ल): पंजाब जनता मोर्चा जिला जालंधर इकाई की ओर से आज कीमतों में वृद्धि के विरुद्ध एक प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसके अंत में डिप्टी कमिश्नर को राष्ट्रपति के नाम

ईराकी सेनाओं की वापसी

(पृष्ठ 3 का शेष)

ला बिलियर ने कहा कि कुवैत से ईराकी सेनाओं वापसी के संकेत मिले हैं । इससे तीन घंटे प अमरीका के एक सैनिक सूत्र ने कहा था कि ईरा वापसी शुरू होने का कोई संकेत नहीं है ।

अमरीकी सूत्र ने बताया कि कुवैत में ईराकी हरकत में है लेकिन वापसी कहे जाने लायक दिखाई नहीं पड़ता । उसने बताया कि बहुराष्ट्र सेना ने ईराकी फौज पर हमले जारी रखे हैं ।

बगदाद रेडियो ने कुवैत से ईराक की वापसी आदेश भारतीय समयानुसार आज तड़के चार दिया । रेडियो ने कहा कि सोवियत संघ के राष्ट्रप मिखाइल गोर्बाच्योव की संशोधित शांति योजना अनुसार आदेश दिया गया । ब्रिटिश ब्राडकास्टि कापरिशन ने भारतीय समयानुसार आज सुबह स चार बजे बजे बगदाद रेडियो के प्रसारण का हवा दिया ।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र में ईराक के राज अब्दुल अमीर अल अनवारी ने सुरक्षा परिषद अधिकृत रूप से सूचित कर दिया है कि ईराक कुवै से अपनी सेनाएं हटा रहा है । उन्होंने परिषद को भी बताया कि श्री सद्दाम हुसैन ने सोवियत राष्ट्रप मिखाइल गोर्बाच्योव से आग्रह किया है कि व युद्धविराम के लिए सुरक्षा परिषद से अपील करें ।

इससे पहले श्री अनवारी ने सुरक्षा परिषद व बैठक में जाने से पूर्व कहा कि वह अपने विदे मंत्रालय की ओर से कुवैत छोड़ने की ईराक व प्रतिबद्धता को दोहराएंगे । उन्होंने कहा कि ईरा सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 660 को ही स्वीका कर रहा है । इस प्रस्ताव में ईराक की सम्पूर्ण औ बगैर शर्त वापसी की मांग की गई है । श्री अनवा ने कहा कि बाकी सभी प्रस्ताव पहले प्रस्ताव 66 के बाद पारित किए गए थे, इसलिए ईराक प्रस्ता संख्या 660 को ही मानने के लिए पूरी तरह तैया है ।

ईराकी राजदूत ने स्पष्ट किया है कि वह अप देश की सरकार और विदेशमंत्री की ओर से बात क रहे हैं, न कि सद्दाम हुसैन की ओर से ।

'ए.पी.' के अनुसार, प्रसारण में कहा गया है कि ईराकी विदेशमंत्री तारिक अजीज ने सोवियत नेतृत्व को इस सेना वापसी के निर्णय की जानकारी दी लेकिन यह नहीं बताया गया कि सोवियत नेताओं से सम्पर्क कैसे किया गया ।

ईराकी नेतृत्व ने संयुक्त राष्ट्र परिषद के प्रस्ताव संख्या 660 के अनुसार कुवैत से सेना हटाने के आदेश दिए ।

सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव को ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन का यह संदेश मिल गया है कि ईराकी नेतृत्व ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 660 के अनुसार कुवैत से अपनी सेनाएं हटाने का निर्णय लिया है । सोवियत संवाद समिति 'तास' के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में सोवियत संघ के राजदूत यूली बोरोन्तसोव ने सुरक्षा परिषद को बताया कि सोवियत सरकार को श्री गोर्बाच्योव के नाम श्री सद्दाम हुसैन का संदेश अभी-अभी मिला ।

तास ने बताया कि श्री बोरोन्तसोव ने ईराकी वक्तव्य के हवाले से कहा कि ईराकी सैनिकों की वापसी का काम शुरू हो चुका है इसलिए सुरक्षा परिषद संबंधित प्रस्ताव पारित कर सकती है ।

सुरक्षा परिषद की बैठक बिना निर्णय के स्थगित : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक आज खाड़ी में युद्ध विराम के बारे में बिना किसी निर्णय पर पहुंचे स्थगित हो गई । ईराक द्वारा कुवैत से वापसी के प्रस्ताव पर अब अनौपचारिक बातचीत भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे शुरू होगी ।

सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधि श्री चिन्मय गरेखान ने कहा कि सोवियत संघ का नया प्रस्ताव महत्वपूर्ण है क्योंकि गत सप्ताह पेश किए गए उसके प्रस्ताव में तुरन्त वापसी तथा ईराक के खिलाफ परिषद के सभी प्रस्तावों को निरस्त करने के सवाल को लेकर विवाद था । सूत्रों के अनुसार नई सोवियत योजना में कहा गया है कि ईराक कुवैत से वापसी की प्रक्रिया जल्द शुरू करे तथा तेजी से अपनी सभी सेना हटा ले । इसके बाद परिषद को खाड़ी संबंधी परिषद के सभी 12 प्रस्तावों पर चर्चा करनी चाहिए ।

अमरीकी प्रतिनिधि श्री पिकरिंग ने वाशिंगटन में स्पष्ट किया कि अमरीका चाहता है कि ईराक सभी 12 प्रस्तावों का पालन करे ।

अमरीका की मांग : व्हाइट हाऊस ने मांग की है कि ईराक के राष्ट्रपति

परिणाम

अरुणाचल प्रदेश स्टेट लाटरीज

डा. प्रत्येक सोमवार

धन-श्री

73वें ड्रा का परिणाम, जो 25.2.91 को ईटानगर में जजों के सामने निकाला गया :-

1ST PRIZE (1)
Rs. 1,00,000/- DG-671238

2ND PRIZE (4) Rs. 5,000/- each
DD-721474 DE-043696
DG-161896 DG-729549

3RD PRIZE (300) Rs. 500/- each (Last 5 digits)
01803 86003 04667
61690 50340 67424
37939 63088 12825 45509

4TH PRIZE (3,000) Rs. 50/- each (Last 4 digits)
4302 8353 1402 9518 4097
7745 9164 8616 1927 6604

5TH PRIZE (3,000) Rs. 20/- each (Last 4 digits)
7837 6140 0275 5787 6160
0259 5402 3597 2496 4833

6TH PRIZE (30,000) Rs. 10/- each (Last 3 digits)
098 176 299 344 482
587 698 708 823 993

अगला ड्रा 4.3.91 को ।

विजेताओं को सुझाव है कि वे अपने नम्बर गव. गजट से मिला लें ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का संजीव कुमार कुलसी, उम्र 13½ साल, कद 5', बाल भूरे, रंग गोरा, शरीर पतला, 20.2.91 प्रातः 8 बजे से लापता है । पहुंचाने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

Punjabi Sahaj Sahaj

राष्ट्रपति जार्ज बुश ने कहा कि बहुराष्ट्रीय सेना तब तक भागते हुए ईराकी सैनिकों पर हमले जारी रखेगी जब तक कि वे अपने हथियार नहीं डाल देते । उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों का और नुक्सान न

बताया कि कुवैत में महिलाओं, बच्चों तथा अन्य नागरिकों को मारा जा रहा है ।

बातचीत के दौरान सम्वाददाताओं को 'ईराकियों द्वारा लगभग 600 स्थानों पर लगाई गई

सक्रिय भूमिका न निभाए जाने के विरुद्ध रोषस्वरूप दिल्ली में बुधवार को विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के सदस्य संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए । (छाया : पी.टू.)

अंतरिम बजट सोमवार को पेश होगा

नई दिल्ली, 27 फरवरी (प.स.): होली के कारण संसद के दोनों सदनों की बैठक 28 फरवरी और एक मार्च को नहीं होगी । दो और तीन मार्च का भी अवकाश होने के कारण अब दोनों सदन सोमवार 4 मार्च को बैठेंगे ।

अंतरिम आम बजट लोकसभा में 4 मार्च को प्रश्नोत्तरकाल के बाद पेश किया जाएगा । सदन में इसके बाद वित्त विधेयक पेश किया जाएगा ।

संसदीय कार्य मंत्री सत्य प्रकाश मालवीय ने आज सदन में यह घोषणा करते हुए बताया कि पंजाब, जम्मू-कश्मीर, असम, तमिलनाड़ और पांडिचेरी, जहां इन दिनों राष्ट्रपति शासन लागू है, के बजट सदन में पांच मार्च को पेश किए जाएंगे ।

6 प्र.श. विकास दर का लक्ष्य

नई दिल्ली, 27 फरवरी (वार्ता): इस बात के संकेत हैं कि योजना आयोग सातवीं योजना अवधि में अर्थ-व्यवस्था में हुई प्रगति को देखते हुए आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990-95) के लिए छह प्रतिशत की आर्थिक विकास दर तय करेगा ।

इससे पहले आयोग ने 6100 अरब रुपए के कुल परिव्यय के साथ 5.5 प्रतिशत की विकास दर का लक्ष्य रखने की बात सोची थी ।

पंजाब में एक सैनिक समेत 8 लोगों की हत्या, 2 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 27 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक सैनिक समेत 8 लोगों की हत्या हुई तथा दो मिलिटैंट भी मारे गए ।

मां-बेटे की हत्या : भटिंडा जिला के आलमपुर मंदिरां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात जसबीर सिंह के घर में घुसकर उसकी पत्नी बलवंत कौर तथा बेटे अवतार सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार खुनीर थाना के घड़ुकानी गांव में मिलिटैंटों ने कल एक व्यक्ति सुखमिन्द्र सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट काबू : रोपड़ जिला पुलिस ने पडियाला गांव के निकट मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया तथा उनसे एक बंदूक और 100 कारतूस बरामद किए ।

बस का अपहरण : लुधियाना (धीमान) : गत रात्रि अज्ञात व्यक्तियों ने खन्ना में खड़ी पी.आर.टी.सी. की एक बस पी.बी.-11-ए 9296 का अपहरण कर लिया जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका । ड्राईवर महेन्द्र सिंह रात को बस खड़ी करके गया था लेकिन प्रातः बस गायब थी ।

दम्पति की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार कल रात मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव पोत में रणजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसे तथा उसकी पत्नी कुलदीप कौर को घर से बाहर निकाल लिया और खेतों में ले जाकर उन दोनों की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के सिहपुरा गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक थ्रीनाट गन भी बरामद हुई है ।

मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के सुरज मिर्जा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के बुलारा गांव से पुलिस ने कल एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

अपहरण के बाद हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के बेहला गांव से मिलिटैंटों ने शिंगारा सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा बाद में इसी पुलिस जिला के रदौर गांव के बाहर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी ।

हथियारों समेत 6 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार मजीठा पुलिस जिला से 6 मिलिटैंटों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया है । इस संबंध में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस पार्टी ने गांव शहजादा और बुड्ढा ठेह के मध्य नाका लगाया हुआ था कि उक्त 6 मिलिटैंटों को इलाका में संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते देखकर घेर लिया गया । पकड़े गए मिलिटैंटों की शिनाख्त जोगिन्द्र सिंह पुत्र बग्गा सिंह, निवासी कलानौर; सविन्द्र सिंह उर्फ शिंदा पुत्र रछपाल सिंह, निवासी अटवाल; हरदीप सिंह पुत्र सोहन सिंह, निवासी रमदासक, अजैब सिंह पुत्र पाला सिंह, निवासी कोटला सुल्तान सिंह; अशोक कुमार पुत्र बलदेव राज, निवासी रमनचक तथा कांस्टेबल तरसेम सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी बिछोया के रूप में हुई है । ये मिलिटैंट बब्बर खालसा और खालिस्तान लिबरेशन आर्मी से सम्बन्धित थे । इनके कब्जे से बरामद हथियारों में दो असाल्ट राइफलें, 2 बंदकें, 2 डैटोनेटर, 1 मैगजीन, 75 कारतूस तथा एक ट्रैक्टर बरामद हुआ है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार पकड़ा गया मिलिटैंट कांस्टेबल तरसेम सिंह पुलिस जिला तरनतारन में तैनात है । यह कांस्टेबल कुख्यात मिलिटैंट मेजर सिंह के गिरोह को आश्रय दिया करता था । मेजर सिंह और उसके गिरोह द्वारा अपहृत किए गए व्यक्तियों को तरसेम सिंह के यहां रखा जाता था और फिर फिरौतियां वसूल की जाती थीं ।

सैनिक की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला में साहनेवाली गांव के निकट सेना की एक गश्ती टुकड़ी पर हमला किया, जिससे एक सैनिक की मृत्यु हो गई तथा 4 अन्य सैनिक घायल हुए । मृतक की पहचान जसबीर सिंह के रूप में हुई है ।

2 घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर जिला के जलालाबाद सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 पाक घुसपैठिए मारे गए ।

अपहृत व्यक्ति को मिलिटैंटों से छुड़ाया गया : भटिंडा पुलिस ने हरदीप सिंह तथा भूपिन्दर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया तथा उनके चंगुल से रतन दास नामक एक व्यक्ति को छुड़ाया । ये मिलिटैंट रतन दास को अपहृत करके भाग रहे थे । उनके कब्जे से कुछ हथियार व गोली-सिक्का भी मिला है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पटियाला जिला के नैना कौंध गांव के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए 5 मिलिटैंट हथियार एवं गोली-सिक्के के साथ । (छाया : राज)

नसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के द्वारा टोका-टाकी के बाद वाकआऊट

मंडल ने उन्हें गुस्से भरे लहजे में कहा, 'टेक यूअर सीट्स' । एक अवसर पर तो श्री मंडल ने सदस्यों को यहां तक कह दिया, "आप लोग यहां अनुशासनहीनता का प्रदर्शन न करें, विरोध करने का यह कोई तरीका नहीं है ।"

इस तरह जब श्री मंडल ने अपना भाषण जारी रखा तो कुछ देर हंगामे के बीच भाजपा और जद के सदस्य नारे लगाते हुए सदन से वाक आऊट कर गए । इस विरोध में माकपा के एकमात्र सदस्य श्री हरपाल सिंह ने भी विपक्ष का साथ दिया पर इंका के सदस्य सदन में बैठे रहे । भाकपा के एक मात्र सदस्य हरनाम सिंह सदन में उपस्थित नहीं थे ।

श्री मंडल को अपना 26 पृष्ठों का अभिभाषण पढ़ने में करीब 65 मिनट लगे । उन्होंने अभिभाषण हिन्दी में पढ़ा । सत्र के पहले दिन आज सदन में करीब सभी दर्शक दीर्घाएं रिक्त पड़ी थीं ।

इससे पूर्व जब पूर्व मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला सदन में प्रविष्ट हुए तो सत्तारूढ़ जद (स) के सदस्यों ने मेजें थपथपा कर उनका स्वागत किया । विपक्ष के सदस्यों के सदन से चले जाने के बाद राज्यपाल को एक मुद्दे पर इंका सदस्यों ने भी टोकना चाहा, पर राज्यपाल ने उनसे कहा, आप अपने समय का सही प्रयोग करें ।

सदन से बाहर पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए श्री वीरेन्द्र सिंह तथा श्री कृपा राम पूनिया ने कहा कि वे श्री मंडल का राज्यपाल के तौर पर पूरा सम्मान करते हैं । हमने सदन के अन्दर उनसे जो आग्रह किया था वह उन्होंने नहीं माना जिसके विरोध स्वरूप हमें वाक आऊट करना पड़ा । श्री पूनिया ने कहा कि हरियाणा में हुए कई मामलों की जांच चल रही है, पर अभी तक उनका कोई परिणाम नहीं निकला है । हमारी मांग है कि मेहम कांड की सी.बी.आई. से जांच कराई जाए और एच.सी.एस. की परीक्षा में हुई धपलेबाजी से पर्दा उठाया जाए ।

माकपा के श्री हरपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में जनता को दैनिक उपभोग की वस्तुएं नहीं मिल रही हैं, जमीनों पर नाजायज कब्जे किए जा रहे हैं तथा नौकरियों में आम लोगों से अन्याय हो रहा है । 'मैंने इन सब बातों पर रोष व्यक्त करने के लिए सदन से 'वाक आऊट' किया है ।'

आज जब राज्यपाल श्री मंडल सदन में पहुंचे तो विधान सभा स्पीकर श्री एस.एस. चट्ठा और सत्तारूढ़ पक्ष ने उनका भरपूर स्वागत किया । अपने अभिभाषण में जब उन्होंने हुकम सिंह सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की तो सत्ता पक्ष ने मेजें थपथपाईं ।

भाजपा का विपक्षी दल मान लिए जाने के बाद सदन में सीटों का आबंटन भी बदल दिया गया है । स्पीकर के ठीक बाईं तरफ भाजपा सदस्यों को सीटें आबंटित की गई हैं तथा स्पीकर के सामने बाईं तरफ जद के सदस्यों की सीटें दी गई हैं । इनके पीछे इंका सदस्यों की सीटें हैं । बजट सत्र के पहले सप्ताह किसी दिन नए उप-स्पीकर का चुनाव किया जाएगा ।

र ने उपलब्ध कराया था : चन्द्रशेखर

में ईराक को समर्थन दे रहे देशों ने भी नहीं किया ।

इस पर श्री फोतेदार ने कहा कि सवाल विरोध का नहीं, अपितु इस बात का है कि क्या आप राष्ट्र द्वारा मान्य नीतियों का पालन कर रहे हैं या नहीं ।

श्री चन्द्रशेखर, 'आपको न तो राष्ट्र द्वारा मान्य नीतियों की जानकारी है और न ही इस बात की कि हमें किस का अनुसरण करना है ।'

श्री फोतेदार, 'आप मान्य नीतियों से हटे हैं ।'

श्री चन्द्रशेखर, 'नहीं, मैं नहीं हटा । आप जो चाहें कर लें । फैसला गलत हो सकता है लेकिन ईंधन आपूर्ति अथवा विमानों को इजाजत जैसे मामलों के लिए राष्ट्र को मान्य किसी नीति जैसी कोई बात नहीं है ।

भारत के मानसून पर असर नहीं : लोकसभा में आज सरकार ने चिंतित सदस्यों को आश्वस्त किया कि खाड़ी युद्ध तथा ईराक में तेल कूंओं में आग लगने का भारत के मानसून पर कोई असर नहीं पड़ेगा । खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री राव बीरेन्द्र सिंह ने प्रश्नोत्तरकाल में कहा कि सरकार ने दो विशेषज्ञ दल गठित किए हैं जो खाड़ी युद्ध में उसके जलने से भारतीय पर्यावरण पर ज्यादा प्रभाव पड़ने की सम्भावना नहीं है ।

सड़क दुर्घटनाएं : जल संसाधन राज्यमंत्री मनुभाई कोटाडिया ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 1990 के दौरान देश के विभिन्न भागों में सड़क दुर्घटनाओं में 54000 लोगों की मृत्यु हुई । दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालकों और अन्य लोगों की लापरवाही है ।

दूरसंचार: संचार उपमंत्री जयप्रकाश ने बताया कि सरकार ने सन् 2000 तक देश में दूरसंचार सेवाओं के विकास विस्तार की व्यापक योजना तैयार की है । तब तक देश में टैलीफोनों की संख्या बढ़ाकर बीस करोड़ करने का प्रस्ताव है ताकि गांवों में भी आवेदन करने पर तत्काल टैलीफोन सुविधा मुहैया की जा सके ।

श्री कोटाडिया ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में इस बात का खंडन किया कि सरकार ने खाड़ी युद्ध के कारण न केवल दिल्ली में बल्कि अन्य राज्यों में भी बस

पाठकों एवं एजेंटों के लिए

Punjabi Jagran

शांत हटने की मांग इराक से की
ने कहा कि कुवैत एक बार फिर
गी में आ सकेगा । उन्होंने कहा
य देश पिछले 48 घंटे से यही
ईराक अमरीका के 22 फरवरी
ार कुवैत से हट जाए ।

खान ने यह भी कहा कि वह यथा
की जान-माल की सुरक्षा चाहते हैं
ती, अमरीकी या किसी अन्य देश

ने कुवैतियों पर
त्याचार किए

वरी (डी.पी.ए.): चारों ओर फैला
अवरोध हर कहीं जले-अधजले
के मिज़ाज पर छाया वीरानापन
ाही की मुकम्मल दास्तान है ।
हैं । किसी से पूछिए, हर किसी
दोस्त या सगे या किसी पड़ोसी के
भयानक त्रासदी की कहानी है,
त से वापसी के पूर्व किए गए
के सबूत भले न हों ।

कल पहुंचे प्रथम पत्रकारों में से
लीबिजन के सम्वादादाता बाब
धिकृत देश को छोड़ने से पहले
ईराकी सैनिकों द्वारा किए गए
चारों के संकेत नगर भर में बिखरे
बताया कि पिछले तीन दिन में
में काफी इजाफा हुआ और कुछ
शंका जताई कि ईराक अपहृत
का भविष्य में खाड़ी समस्या पर
बातचीत में मोहरे की तरह

विजन द्वारा यह पूछे जाने पर कि
पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है,
'यह कहना सम्भवतः इतना ठीक
तट के साथ लगे होटल जला दिए
वन काफी हद तक जलाया और
है ।"

तरह निरापद है, यह पूछे जाने पर
दाता ने कहा, "मुझे यह कहने में

गांधी आज
त लौटेंगे

7 फरवरी (प.स.): कांग्रेस (इ) के
गांधी खाड़ी में अपनी शांति पहल
क्यत संघ और ईरान की यात्रा के
। श्री गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस
11 सदस्यीय उच्च स्तरीय
देशों की यात्रा पर गया था । श्री
ती सोनिया गांधी भी इस यात्रा में
आज ईरान से स्वदेश वापसी पर
रुके । श्री गांधी ने ईरान में
फसंजानी से भेंट की थी ।

ज दुबई में कहा कि खाड़ी में नई
क्षेत्र के देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र
म की जानी चाहिए ।

श्री बी.एस. सूदन को रिक्त पड़े पद पर सी.टी.यू. का डिवीजनल मैनेजर लगा दिया गया है ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

मृतकों की अंत्येष्टि : दसूहा से 'झावर' और मुकेरियां से 'सुदर्शन' के अनुसार कल मुकेरियां में बम विस्फोट की वारदात में मारे गए तीन में से दो लोगों भाजपा नेता श्री सुभाष महाजन तथा उनके दस वर्षीय नौकर मदन लाल का आज यहां अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर अन्य के अलावा पूर्व भाजपा विधायक श्री मोहन लाल, मुकेरियां ब्लाक भाजपा के प्रधान श्री किशोर शास्त्री तथा पंजाब इंका के महासचिव डा. केवल कृष्ण भी मौजूद थे । दसूहा के एस.डी.एम. श्री खुशी राम भी इस अवसर पर उपस्थित थे । इस बीच तीसरे मृतक दिलावर मसीह उर्फ पब्बा को निकटवर्ती गांव नवांपिंड में दफना दिया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जो बम फटा, वह एक देसी बम था और डिब्बे में रखा गया था । सुभाष महाजन ने जब दुकान के काऊंटर पर डिब्बा पड़ा देखा तो उसे खोलने का प्रयास किया, जिस पर धमाका हो गया । इस बीच इस घटना के विरुद्ध रोषस्वरूप आज मुकेरियां में बंद रहा । पुलिस ने बम धमाके के संदर्भ में 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

10 मिलिटैंट पकड़े गए : पटियाला (भूषण): कल शाम साढ़े सात बजे के लगभग नैना कौंध गांव के निकट पुलिस तथा मिलिटैंटों में सवार मिलिटैंटों के बीच मुठभेड़ हुई और इसके बाद 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम ध्यान सिंह, मोहन सिंह, सरेन्द्र सिंह, ज्ञानी राम और बन्ना राम हैं । उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक बन्दूक, कुछ कारतूस और एक मारुति वैन भी बरामद हुई है ।

पटियाला जिला पुलिस ने कल रात यहां से 7 किलो मीटर दूर रौनी गांव के पुल पर नाकाबंदी के दौरान 2 मिलिटैंटों हरदीप सिंह तथा हीरा सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक बन्दूक तथा एक पिस्तौल भी बरामद हुई है ।

पटियाला जिला पुलिस ने कल शाम 4 बजे के लगभग जुल्का थाना के अधीन ओझां गांव के निकट से 3 मिलिटैंटों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया । उनके नाम बलकार सिंह, हरविन्दर सिंह तथा बलबीर सिंह बताए जाते हैं । उनके कब्जे से एक बन्दूक, एक राइफल, एक विदेशी रिवाल्वर, कुछ कारतूस और एक मोटर साईकिल भी बरामद हुआ है ।

मृत मिलिटैंटों से हिट लिस्ट मिली : पिछले दिनों पटियाला जिले के बरास गांव के निकट गुरदेव सिंह तथा कुलवंत सिंह नामक जो मिलिटैंट मारे गए थे, उनसे एक हिट लिस्ट भी बरामद हुई है, जिसमें पटियाला क्षेत्र के 11 प्रमुख राजनीतिक नेताओं और व्यापारियों के नाम थे । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने दी है ।

घायल की हालत खतरे से बाहर : जालन्धर (उल्ल): गत रात्रि नीला महल क्षेत्र में स्कूटर सवार मिलिटैंटों और पुलिस के बीच मुठभेड़ के दौरान कंवलजीत सिंह नामक जो मोहल्ला निवासी घायल हो गया था, वह सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है और उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

सिंघवी
नए उ

नई दिल्ली, 2
विधिवेत्ता डा. लक्ष्म
का उच्चायुक्त नियु
तौर पर आज यहां

लुध



होली



...पाए' के अनुसार युद्धविराम लागू होने के
मनट बाद ईराकी रेडियो ने ईराक की बहादुरी
साम्राज्यवादी नेतृत्व को ठुकराने के बारे में एक
सारित की । प्रसारण में कहा गया कि हमारे
य इतिहास में हमारी बहादुरी का पता चलता
कि हम न्याय और शांति के लिए लड़ रहे हैं ।
ने कहा कि हम दमन और निरंकुशता के
क लड़े । प्रसारण में बहुराष्ट्रीय सेनाओं की
राम की पेशकश का कोई उल्लेख नहीं किया
ईराकी रेडियो ने आज भारतीय समयानुसार
आठ बजे तीन मिनट तक प्रसारित वक्तव्य में
क "ईराक अपना सिर नहीं झुकाएगा ।"
में कहा गया कि "ईराक तलवार की धार की
ना है ।" इस वक्तव्य से करीब आधा घंटा
ी बुश ने व्हाइट हाऊस से सशर्त युद्धविराम
णा की थी ।

ाकों का कहना है कि राष्ट्रपति बुश और
हयोगी देशों ने एक सौ घंटे के थल-युद्ध में
की चौथी सबसे बड़ी सेना को हरा दिया ।

...की पार्टी ...सीटें मिलीं





...हसीना बेगम खालिदा जिया

...मिली हैं ।

...हसीना अपनी पार्टी को विजय पथ पर
...हीं कर सकीं और खुद भी ढाका की दो सीटों
...ई,परन्तु गोपालगंज के अपने गृह निर्वाचन
...ह कामयाब रही हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लै. जनरल रछपाल सिंह व उसके एक साथी समेत 10 मिलिटैंट मरे, 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 28 फरवरी (वार्ता, प.स.): पुलिस जिला में विगत दिनों नवगठित दशमेश रैजीमैंट आफ खालिस्तान का लै. जनरल रछपाल सिंह बिल्ला तथा उसका एक निकटवर्ती साथी मंदिर सिंह आपसी लड़ाई में मारे गए । इसके अतिरिक्त पंजाब और चंडीगढ़ में पिछले 24 घंटों के दौरान 8 और मिलिटैंट मरे तथा एक सुरक्षा कर्मी समेत 8 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मरे : होशियारपुर (वि.प्र.): जिला होशियारपुर में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए । इस हमले में दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गए । एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि आज प्रातः लगभग पौने पांच बजे पुलिस शस्त्र बरामद करवाने के लिए दो मिलिटैंटों हरभजन सिंह उर्फ़ फौजी (जिला गुरदासपुर का निवासी) व स्वर्ण सिंह (जिला होशियारपुर का निवासी), को ले जा रही थी कि माहिलपुर-जेजों मार्ग पर बहादुरपुर अकबाचों के पास घात लगा कर बैठे हुए मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । मुठभेड़ में हरभजन सिंह उर्फ़ फौजी, स्वर्ण सिंह व एक अन्य मिलिटैंट मारा गया ।

श्री गुप्ता के अनुसार इस हमले में दो पुलिस कांस्टेबल भी घायल हो गए । एस.एस.पी. के अनुसार घटनास्थल से एक सिंगल बैरल गन, ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल की एक भरी हुई मैगज़ीन तथा भारी संख्या में भरे हुए व खाली कारतूस भी बरामद हुए । एस.एस.पी. ने बताया कि मारे गए मिलिटैंट उड्डू निहंग के गिरोह के सदस्य थे ।



होशियारपुर जिला पुलिस द्वारा पकड़ा गया मिलिटैंट सर्बजीत सिंह

एस.एस.पी. ने पत्रकार सम्मेलन में बलाचौर पुलिस द्वारा गत रात्रि गिरफ्तार किए गए एक मिलिटैंट सर्बजीत सिंह को भी पेश किया । एस.एस.पी. ने बताया कि सर्बजीत सिंह, जिला होशियारपुर के ग्राम फतेहपुरकलां का रहने वाला है । उसने गत 30 जनवरी को जिला जालंधर के अलाचौर ग्राम में एक मारुति कार में सवार चार लोगों व जिला होशियारपुर की पनाम नामक ग्राम में एक टैक्सी में सवार दो लोगों की हत्याएं की थी । पुलिस ने उसके कब्जे से एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस भी बरामद किए ।

एस.एस.पी. ने बताया कि सर्बजीत सिंह को उसी के ग्राम के एक अन्य मिलिटैंट जैलम्बड ने गलत रास्ते पर चलने के लिए मजबूर किया था ।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना से 'धीमान' व 'भास्कर' के अनुसार कल रात लुधियाना के निकट जी.टी. रोड पर अमलतास होटल के पास मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने इन दोनों मिलिटैंटों को उस समय घेर लिया जब वे सुखीर सिंह नामक एक व्यक्ति से स्कूटर छीन कर भाग रहे थे ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : पिछले दिनों लुधियाना के माडल टाऊन एक्सटैंशन क्षेत्र में मंदिर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो अज्ञात मिलिटैंट मारा गया था, उसकी पहचान आत्मजोत सिंह के रूप में हुई है । यह मिलिटैंट लुधियाना में पंजाब नैशनल बैंक से 5.70 करोड़ रुपए तथा स्थानीय नगर निगम के गेट के पास दो सिपाहियों की हत्या करके 3.20 लाख रुपए लूटने की वारदातों में संलिप्त था । आत्मजोत सिंह ने गुजरात में भी पुलिस कर्मी की हत्या की थी । वह दुर्दांत मिलिटैंट हरजिन्द सिंह उर्फ़ जिन्दा और दलजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू का निकट साथी था ।

एक मिलिटैंट व एक सुरक्षा कर्मी मरा : अमृतसर (प.स., वि.प्र.): मजीठा पुलिस जिला के राजोवाली गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट और एक सुरक्षा कर्मी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

गुट संघर्ष में 2 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला में विगत 23 फरवरी को नवगठित दशमेश रैजीमैंट आफ खालिस्तान से सम्बद्ध 2 दुर्दांत मिलिटैंट आपसी लड़ाई में मारे गए । मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री पी.एस. गिल ने आज यहां यह जानकारी दी । मारे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...रिहा करने की मांग : हरे रंग की मैटाडोर ...में रैड अलर्ट, सेना की मदद मांगी गई

...म नाहिदा को ढूंढ निकालेंगे ।"

...ो इम्तियाज के अपहरण में प्रयोग की गई ...मिल जाने के साथ ही सरक्षा बल इस बात ...त हो गए हैं कि वे नाहीद को उग्रवादियों ...रा लेंगे । सरकारी सूत्रों के अनुसार ...हीद का अपहरण करके फूलवाड़ा ले गए

...के अपहरण की योजना जम्मू एंड ...डैट लिबरेशन फ्रंट के नेता हिलाल बेग ने ...लाल बेग 20 दिन पूर्व ही पाकिस्तान से

...र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुशीर ...तथा उनके सचिव अब्दुल गनी और ...मशीन टूल्स के महाप्रबन्धक एच.एल. ...अपहरण एवं हत्या में भी ...ल.एफ. का हाथ रहा है ।

...इम्तियाज की खोज के लिए विशेष ...या घाटी के कोने-कोने में भेजी गई और ...के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापे

...ा से निर्वाचित नैशनल कांफ्रैंस के ...दस्य प्रो. सैफुद्दीन सोज अपनी पुत्री ...द इम्तियाज के अपहरण के बाद आज ...य विमान से श्रीनगर पहुंचे ।

...धिकारिक सूत्रों के अनुसार इस सिलसिले में ...में 'रैड अलर्ट' की घोषणा कर दी गई है ...क व सैनिक प्रशासन श्रीमती नाहीद की सुरक्षित रिहाई के लिए पूरी तरह सक्रिय हो उठे हैं कल शाम श्रीनगर के चन्नपोरा क्षेत्र में स्थित श्रीमती नाहीद के निवास स्थान से लगभग 200 मीटर दूर 4 अज्ञात अलगाववादियों ने करीब 4.30 बजे उनका अपहरण कर लिया था ।

सूत्रों के अनुसार श्रीमती नाहीद को खोज निकालने के लिए इस समय व्यापक तलाशी अभियानों में सेना की पूरी सहायता ली जा रही है तथा राज्यपाल श्री गिरीश चंद्र सक्सेना भी स्थिति पर कड़ी निगाह रखे हुए हैं । इसी सिलसिले में सारे जम्मू क्षेत्र में भी सतर्कता अत्यधिक बढ़ा दी गई है और क्षेत्र में प्रविष्ट होने वाले तथा क्षेत्र से बाहर निकलने वाले सभी मार्गों को सील करके कड़ी तलाशी ली जा रही है ।

श्रीमती नाहीद इम्तियाज श्रीनगर के प्रबंध व अनुसंधान संस्थान में एक लैक्चरार हैं ।

श्रीमती नाहीद इम्तियाज के पति श्री इम्तियाज फिदा के अनुसार जब वह गत सायं लगभग 5.30 बजे घर पहुंचे तो उन्होंने अपने बेटे को मां की याद में रोते हुए पाया । उनका कहना था, "मैंने राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं है, मैं उन अपहरणकर्त्ताओं से अपील करता हूं कि वे मेरी पत्नी को शीघ्र रिहा कर दें ।" श्रीमती नाहीदा के ससुर प्रो. फिदा मोहम्मद हसैन ने कहा, "हमें राजनीतिक पचड़ों में नहीं फंसना है । छः वर्ष पूर्व नाहीद मेरे घर में मेरी बहू बन कर आई थी तथा तब से ही वह मेरी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...पर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं
कहा कि हाल की घटनाओं ने सि
संयुक्त राष्ट्र पूर्वाग्रह से मुक्त औ
है ।

हवाई अड्डे पर कांग्रेस (इ)
सांसदों और हजारों समर्थकों ने श्
किया ।

यह पूछे जाने पर कि संयु
संरचना किस तरह की होगी, उ
कई तरह से हो सकती है । सुरक्ष
संरचना हो सकती है और म
अधिकार मिल सकते हैं ।

श्री राजीव गांधी ने कुवैत के
बहाल हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त
ईराक वहां से स्वयं हट गया है अ
शुरू हो गया है ।

श्री गांधी ने कहा कि गत व
संकट शुरू होने के बाद से गुट-
गतिरोध दूर करने में अपनी सक्रि
सकता था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ

उन्होंने कहा कि जिस समय
संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव पास हो रह
गुट-निरपेक्ष आंदोलन को सक्रिय कि
था,किन्तु विश्वनाथ प्रताप सिंह की

...सीमित करने के अनुसार युद्धविराम लागू होने के
...मनट बाद ईराकी रेडियो ने ईराक की बहादुरी
...साम्राज्यवादी नेतृत्व को ठुकराने के बारे में एक
...सारित की । प्रसारण में कहा गया कि हमारे
...य इतिहास में हमारी बहादुरी का पता चलता
...कि हम न्याय और शांति के लिए लड़ रहे हैं ।
...ने कहा कि हम दमन और निरंकुशता के
...क लड़े । प्रसारण में बहुराष्ट्रीय सेनाओं की
...राम की पेशकश का कोई उल्लेख नहीं किया
...ईराकी रेडियो ने आज भारतीय समयानुसार
...आठ बजे तीन मिनट तक प्रसारित वक्तव्य में
...क "ईराक अपना सिर नहीं झुकाएगा ।"
...में कहा गया कि "ईराक तलवार की धार की
...ना है ।" इस वक्तव्य से करीब आधा घंटा
...ी बुश ने व्हाइट हाऊस से सशर्त युद्धविराम
...णा की थी ।

...कों का कहना है कि राष्ट्रपति बुश और
...हयोगी देशों ने एक सौ घंटे के थल-युद्ध में
...की चौथी सबसे बड़ी सेना को हरा दिया ।

...स्पेनी संवाद समिति ने ईराकी संवाद समिति ईना को उद्धृत करते हुए कहा कि अमरीकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के बमवर्षक विमान युद्धविराम के बावजूद उत्तेजक ढंग से ईराक पर उड़ानें भर रहे हैं । प्रवक्ता ने इन कार्रवाइयों के परिणामों के विरुद्ध चेतावनी देते हुए बहुराष्ट्रीय सेनाओं को बिना धोखाधड़ी किए युद्धविराम का सम्मान करने के लिए कहा ।

सऊदी अरब में बहुराष्ट्रीय सेना के कमांडर ने कहा कि युद्ध समाप्ति के बाद ईराकी सैनिकों को उनके हथियारों के साथ लौटने की इजाजत दी जाएगी ।

अमरीकी सैनिक अधिकारियों ने कहा "अगर वे हमारे ठिकानों पर आते हैं और हम पर हमला नहीं करते तो हमारी नीति होगी कि हम उन्हें उनके हथियारों के साथ वापस जाने देंगे ।"

इसराईल ने मांग की है कि पश्चिम एशिया में अमन की ज़मानत के लिए यह ज़रूरी है कि सद्दाम हुसैन का तख्ता पलट दिया जाए ।

अनुमान है कि बहुराष्ट्रीय सेना के 126 सैनिक लड़ाई में मारे गए, 56 लापता हैं और 13 को ईराकियों ने बंदी बना लिया है ।

4 सूत्रीय राजनयिक मुहिम : खाड़ी युद्ध में विजय की घोषणा करने के बाद अमरीका ने अब



FOR TRADE ENQUIRIES PLEA
SUPREME FOOD PR
STREET NO. 2, RANJIT NAGAR, (BEHIN

Punjabi Sanatani

ीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जान
युद्ध विराम की श्री बुश की
रह सहमत हैं । लंदन में
रा जारी बयान में कहा गया
श ने कल शाम टैलीफोन पर

ने खाड़ी में युद्ध विराम की
घोषणा का स्वागत किया ।
जो क्लार्क ने कहा कि स्थायी
ए संयुक्त राष्ट्र से महत्वपूर्ण
आग्रह किया जाना चाहिए ।
भी युद्ध विराम का स्वागत
सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि
ा शर्त समर्थन करते हैं ।
निवास से ऐलान किया गया
बंधन की अन्य सरकारों की
रता है कि कुवैत की आजादी
शुरू हुआ युद्ध आज समाप्त

र खाड़ी में युद्ध विराम पर
चंद्रशेखर ने भी संतोष प्रकट

त्री तोशिकी काईफू ने भी
किया है । उन्होंने आशा
संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का
ा ।

ाईल के दूत उरियल सवीर
सफल संचालन के लिए
न्होंने कहा कि इसराईल
के संदर्भ में प्रतिशोधात्मक
त यदि यह खतरा जारी रहा
ा जा सकती है ।

सभा के सभापति थामस
यह युद्ध अवैधानिक रूप से
ा की सरकार ने भी राष्ट्रपति
राहना की है तथा समर्थन

ने भी खाड़ी में युद्धविराम का
ों ने आशा व्यक्त की है कि
ी में स्थायी शांति के लिए

ा बधाई : सऊदी अरब
के अमीर शेख जावर अल
ेश की मुक्ति पर बधाई दी

के अनुसार शाह फहद ने
ातचीत कर उन्हें बधाई दी
ईराकी हमलावर फौजों से
द्वारा दी गई मदद और

ी रिपोर्ट में टैलीविजन के
अमीर ने भी शाह फहद
ा का शुक्रिया अदा किया

ो वोरोन्तसोव ने कहा कि
है कि कुवैत को आजादी
र वह फिर से सम्प्रभुता
उन्होंने कहा कि आगे की
ा नहीं है ।

ने खाड़ी युद्ध को रोकने के
या था । राजनयिकों के
र सुरक्षा परिषद के सदस्य

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गए मिलिटैंटों के नाम रछपाल सिंह उर्फ़ बिल्ला तथा मंदिर सिंह हैं । रछपाल सिंह दशमेश रैजीमैंट आफ खालिस्तान का लै. जनरल था । 'ए' श्रेणी के इस मिलिटैंट की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम था । मंदिर सिंह, रछपाल सिंह का निकट सहयोगी था । इन दोनों मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिला में 50 से अधिक हत्याएं की थीं । श्री गिल ने बताया कि ये दोनों मिलिटैंट घात लगा कर किए गए हमलों में 15-20 सुरक्षा कर्मियों की जानें ले चुके थे । श्री गिल ने बताया कि इन दोनों अधजली लाशें मेहता थाना के अंतर्गत बुट्टर खुर्द गांव से बरामद हुई । लाशों की पहचान आज ही हुई है ।

एक व्यक्ति को फांसी लगा दी : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के लावां गांव में एक व्यक्ति को फांसी लगा दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

एक और व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के प्रताप नगर क्षेत्र के निकट कल मिलिटैंटों ने एक अज्ञात व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : कल रात मिलिटैंटों ने सुल्तानविंड गांव में रतन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके भाई हरभजन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वारदात के बाद मिलिटैंट भाग जाने में सफल रहे ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिला के मुदकी गांव में मिलिटैंटों ने बोहड़ सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कार छीन ली : जलालाबाद (राकेश): आज दोपहर यहां के शराब के ठेकेदार विजय कुमार और राजाराम अपनी सफेद रंग की मारुति कार (नम्बर पी.बी. 05-1599) में खासा डिस्टिलरी से जब जलालाबाद लौट रहे थे तो झब्बाल के निकट 2 सशस्त्र मिलिटैंटों ने उन्हें रोका और एक लिंक सड़क पर ले गए । वहां ले जाकर उनसे कार छीन ली और उन्हें पैदल चले जाने को कहा । कार स्वयं ले जाते हुए बोले कि वापस कर देंगे । दोनों ठेकेदार टैक्सी द्वारा जलालाबाद पहुंचे ।

शराब के ठेके के कारिंदे की हत्या : बरनाला (सिधवानी): कल रात साढ़े आठ बजे बरनाला के ठीकरी वाला चौक में देसी शराब के ठेके के कारिंदे ललित प्रसाद की दो मिलिटैंटों ने ठेके के अन्दर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि ठेका बंद था, मगर उसकी खिड़की खुली थी । दो मिलिटैंट वहां आए और 50 रुपए का नोट देकर शराब की बोतल मांगी । जब कारिंदा उन्हें बोतल देकर 5 रुपए का नोट वापस करने लगा तो मिलिटैंटों ने उस पर गोली चला दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बरनाला में पोस्टमार्टम करके मृतक की लाश उत्तर प्रदेश के फतेहपुर नगर भेज दी गई ।

रुपए लूटे : बरनाला के पी.आर.टी.सी. डिपो पर 2 मिलिटैंट आए और उन्होंने वहां मौजूद परिवहन कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया और फिर सेफ से 43034 रुपए नकद और 12 बोर की बंदूक लेकर फरार होने में सफल हो गए ।

ट्रकों पर फायरिंग : बरनाला से 15



अमृतसर में सरहाल
शव ।

पुलिस की एक पार्टी प
कोई नुक्सान नहीं हुआ

एक की हत्या
गांव में कल रात मोहद
की गोलियां मार कर ह

एक व्यक्ति घा
फिरोज़पुर जिला के तेल
टैंकर पर फायरिंग की,
बैठा एक व्यक्ति जनक

मिलिटैंट का श
के डेरा बाबा नानक सैक
बरामद हुआ है ।

दो मिलिटैंट जह
से 'सधी' के अनुसार अ
बैरियर पर 2 मिलिटैंटों
के लिए जहर खोकर
उसके एक साथी को गि

चंडीगढ़ के एस.एस
मुताबिक ये तीनों मिलिटै
के फेज-I से पिस्तौल क
(नं. सी.एच. 01-बी 4
की तरफ फरार हो
चंडीगढ़-पंचकूला बैरि
तैनात सी.आर.पी.एफ.
तो तीनों मिलिटैंटों ने क
दिशाओं में भागना शु
चंडीगढ़ पुलिस की क
पहुंच गईं और मिलिटैंटो

Punjabi Sahapedia

...ए ...
...या कि अमीर ने भी शाह फहद
...जनता का शुक्रिया अदा किया

...धि श्री वोरोन्तसोव ने कहा कि
...सन्नता है कि कुवैत को आजादी
...है और वह फिर से सम्प्रभुता
...है । उन्होंने कहा कि आगे की
...जरूरत नहीं है ।

...न पुराने खाड़ी युद्ध को रोकने के
...स किया था । राजनयिकों के
...ताव पर सुरक्षा परिषद के सदस्य
...त राष्ट्र में भारतीय राजदूत
...बंद कमरे में चल रही बैठक में
...हा कि हमारा मुख्य उद्देश्य
...करना है ।

...व में कहा गया था परिषद के
...कारियों से कहें कि सुरक्षा परिषद
...ा तथा युद्धबंदियों की रिहाई के
...र्श करेगी । बशर्ते कि ईराक
...ो स्वीकार करले । इसके कुछ
...के अध्यक्ष ने ईराकी राजदूत
...को भारत के प्रस्ताव से अवगत

...ं ही अंधेरा : तेल के कुओं
...हुए घने बादलों और उड़ती हुई
...वैत सिटी में दोपहर बाद से ही
...हा । शहर में बिजली आपूर्ति
...के कारण कभी-कभार चमकने
...इट के प्रकाश और अस्पतालों
...त जैनरेटरों को छोड़ कर पूरा
...कुवैती नागरिकों ने बताया कि
...तेल कूपों में आग लगाने की
...द से वे दिन में ही इस तरह के
...झेल चुके हैं ।

...म का चयन
...की देखरेख में

...फरवरी (वि.प्र.): पंजाब
...के के.एन. मिन्हास गुट व
...ध्य जारी विवाद के दृष्टिगत
...एसोसिएशन (पी.ओ.ए.) ने
...ती प्रतियोगिता में भाग लेने
...का चयन अपनी देखरेख में
...या है ।

...ट शाम की
...र को पेश होगा

...रवरी (वार्ता) : अगले वित्त
...लोकसभा में चार मार्च को
...य प्रश्न काल के तुरंत बाद
...ाएगा ।

...लय अपने पूर्व जारी बुलेटिन
...था इसकी जानकारी सदस्यों
...ट उसी दिन अपरान्ह ढाई
...किया जाएगा ।

...रहे सप्ताह में लोकसभा के
...न्तरिम रेलवे और सामान्य
...लवे की 1991-92 की
...और मतविभाजन शामिल

मिलिटैंटों ने उस पर गोली चला दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बरनाला में पोस्टमार्टम करके मृतक की लाश उत्तर प्रदेश के फतेहपुर नगर भेज दी गई ।

रुपए लूटे : बरनाला के पी.आर.टी.सी. डिपो पर 2 मिलिटैंट आए और उन्होंने वहां मौजूद परिवहन कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया और फिर सेफ से 43034 रुपए नकद और 12 बोर की बंदूक लेकर फरार होने में सफल हो गए ।

ट्रकों पर फायरिंग : बरनाला से 15 किलोमीटर दूर गांव तुनीह के निकट भटिंडा-बरनाला सड़क पर रात 12 बजे कुछ मिलिटैंटों ने 13 ट्रकों, जो माल लेकर बम्बई आदि से आए थे और भटिंडा जा रहे थे, पर एक घंटा तक फायरिंग की, जिससे सभी ट्रकों के टायर फट गए । इससे ट्रैफिक जाम हो गया । बरनाला के एस.डी.एम. के.के. शर्मा और डी.एस.पी. सरदूल सिंह औलख घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने वायु सेना की क्रेन मंगवा कर ट्रकों को सड़क से हटवाया ।

बताया गया है कि मिलिटैंटों ने ट्रकों के टायर फाड़ने के बाद वहां से जा रही एक कार को भी रोका । उसके ड्राइवर, जो एक सिख था, को कहा कि वह तुरन्त भाग जाए, जबकि मालिक को उतार कर उससे बैठकें निकलवाई । फिर उसको भी छोड़ दिया गया । इन घटनाओं से क्षेत्र में भारी आतंक फैल गया है ।

मिलिटैंटों को पनाह देने वाला काबू : संगरूर से 'नि.स.' के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. भुल्लर के अनुसार जिला पुलिस ने मिलिटैंटों को पनाह देने के आरोप में रोमी सिंह तथा उसके लड़के को गिरफ्तार किया है । तलाशी के दौरान उसके घर से ए.के. 47 राइफल के 38 कारतूस तथा चोरी की एक कार (नं. पी.बी. 3-6852) भी बरामद हुई । रोमी सिंह पर कोटफत्ते गांव के मिलिटैंट जीवन ज्योत सिंह तथा उसके साथियों को पनाह देने का आरोप है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार भवानीगढ़ के निकट गुंमट सिंहवाला में रोमी सिंह की कोठी में कुछ मिलिटैंट छिपे होने की सूचना पुलिस को मिली । जब पुलिस वहां पहुंची तो मिलिटैंट भाग गए । पुलिस ने रोमी सिंह तथा उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार यहां से 10 किलोमीटर दूर खेड़ी गांव के निकट मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके में तोड़फोड़ की और उसे भारी नुक्सान पहुंचाया । इस बीच संगरूर जिला पुलिस ने लूटपाट करने वाले तीन लोगों जगराज सिंह, रणजीत सिंह तथा दारा सिंह को गांव की पंचायत की ज़मानत पर छोड़ दिया ।

अध्यापक का अपहरण : समराला से भारद्वाज के अनुसार आज बाद दोपहर एक बजे के लगभग यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव ताजवाल के सरकारी प्राइमरी स्कूल के एक अध्यापक को अपहृत कर लिया गया । उक्त अध्यापक पिछले 40 वर्षों से इसी स्कूल में कार्यरत था ।

पुलिस पार्टी पर फायरिंग : रायकोट से सतीश के अनुसार कल रात यहां से 9 किलोमीटर दूर गांव पक्खोवाल के निकट खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने

मुताबिक ये तीनों मि...
के फेज-I से पिस्तौल...
(नं. सी.एच. 01-...
की तरफ फरार ...
चंडीगढ़-पंचकूला ...
तैनात सी.आर.पी.ए...
तो तीनों मिलिटैंटों ने...
दिशाओं में भागना...
चंडीगढ़ पुलिस की...
पहुंच गई और मिलि...
मिलिटैंटों ने पुलिस...
जवाबी फायरिंग की...
बचा देख कर ...
आत्महत्या करो ...
पुलिस ने काबू क...
रिवाल्वर, उसके क...
एक डैटोनेटर बराम...
से पूछताछ की जा...

ख...
(पु...

अवामी लीग ...
कि उसने चटगांव ...
जीत ली हैं ।

सिर्फ 14 परि...
क्षेत्रों मुंशीगंज और ...
के कारण चुनाव र...

चुनाव लड़ने व...
5 और बंगला देश ...
और इस्लामी एक्य...
निर्दलीय भी कामय...

एक सीट जीत...
जातीय समाज-तांत्रि...
और नैशनल अवाम...

अवामी लीग ...
हुसैन, जमाते इस्ला...
अली, बंगला नैशनल...
फर्रुहमान और बी.ए...
सिद्दीक चुनाव हार...

जातीय पार्टी ...
उनमें पूर्व उपाध्यक्ष...
काज़ी ज़फ़र अहम...
गृहमंत्री रिटायर्ड ...
शामिल हैं । अप...
वरिष्ठ सहायक एच...
गए हैं, कल मतदान...
लिया गया ।

होली प्यार,
करती है

लुधियाना, 2...
हरमिलाप मिशन ...
हरमिलापी जी ने ए...
को होली की बधाई...
आपसी प्यार व स...
उन्होंने लोगों से अ...
विचारों को छोड़ क...
आदर्शों से होली ...

होली पर ...

नई दिल्ली, 2...
होली पर हुड़दंग म...
कर लिए गए ।

Punjabi Sahitam

था, लेकिन हम सिर्फ इस आधार पर ही भारत से संबंध नहीं बिगाड़ेंगे ।

जल्दी से जल्दी वापसी के इरादे की भी व्यक्त किया गया है और ईराक की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति

पंजाब में 15 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र 7 हत्याएं, पुलिस इंस्पैक्टर के 2 भतीजों का अपहरण

चंडीगढ़, 2 मार्च : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में 15 मिलिटैंट मारे गए जबकि अन्यत्र 7 लोगों की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । पुलिस की वर्दी पहने कुछ अज्ञात मिलिटैंटों द्वारा पुलिस के एक इंस्पैक्टर के दो भतीजों का अपहरण कर लिया गया जबकि एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के आगे आत्मसमर्पण कर दिया ।

मिलिटैंट मरा : दसूहा से 'झावर' के अनुसार आज प्रातः यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव मानगढ़ के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया । मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

पता चला है कि क्षेत्र में मिलिटैंटों द्वारा कोई वारदात करने के इरादे बारे मिली सूचना के आधार पर डी.एस.पी. दर्शन लाल शर्मा के निर्देश से पुलिस ने गांव के पास नाका लगा रखा था । प्रातः 10 बजे पुलिस ने स्कूटर पर सवार दो व्यक्तियों को आते देखा तो इनको रुकने का इशारा किया । इस पर इनमें से एक व्यक्ति ने गांव के एक व्यक्ति करनैल सिंह के मकान की आड़ लेकर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में यह मिलिटैंट मारा गया । यद्यपि इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है, पर पुलिस को सन्देह है कि यह भीखोवाल कांड में संलिप्त था, जिसमें कि 11 व्यक्ति मारे गए थे ।

इसके फरार साथी की तलाश जारी है । पुलिस ने फरार हुए मिलिटैंट की शिनाख्त इकबाल सिंह के रूप में की है ।

अपहृत व्यक्ति की हत्या : मोगा से 'आज़ाद' के अनुसार पवन कुमार नामक व्यक्ति, जिसका विगत दिवस मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था, का शव आज प्रातः पुलिस थाना ज़ीरा के एक गांव नूरपुर के पास वृक्ष से लटकता हुआ मिला है ।

पता चला है कि पवन कुमार एक श्री व्हीलर में सवार होकर गांव खोसा कोटला में स्थित बैंक में अपनी ड्यूटी पर जा रहा था कि रास्ते में ही उसका अपहरण कर लिया गया । आज करीब 10 दिनों के बाद उसका शव मिला है ।

एक महिला सहित छः की हत्या : जलालाबाद से 'राकेश मलिक' के अनुसार मिलिटैंटों द्वारा स्थानीय दो गांवों में एक महिला सहित छः व्यक्तियों की हत्या किए जाने की सूचना है ।

पता चला है कि गत रात यहां से 10 कि.मी. दूर थाना जलालाबाद के गांव झुग्गे नंद सिंह वाला में 5-6 सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक ज़मीदार माछीराम के घर में अन्धाधुंध फायरिंग करके उसके दो लड़कों पुरुषोत्तम सिंह और भगवान दास को मार डाला,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बंगला देश की पांचवीं संसद का प्रथम अधिवेशन 5 अप्रैल को

ढाका, 2 मार्च (प.स.): बंगला देश की पांचवीं संसद का पहला अधिवेशन पांच अप्रैल को बुलाया गया है । कार्यवाहक राष्ट्रपति न्यायमूर्ति शहाबुद्दीन अहमद ने आज यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि हालांकि संसद के चुनाव 27 फरवरी को हो चुके हैं लेकिन इसका अधिवेशन निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही बुलाया जा सकता है । इस प्रक्रिया के तहत संसद में निर्वाचित सदस्यों से बहुमत के आधार पर 30 महिला सांसदों का चुनाव किया जाएगा । इसके अलावा उन दो स्थानों पर भी चुनाव कराए जाएंगे जहां चुनाव रोक दिया गया था । इस बीच बेगम खालिदा जिया की आज बंगलादेश नैशनलिस्ट पार्टी (140 स्थान प्राप्त) संसदीय दल का सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया ।

बाला देश में नई सरकार को एक सप्ताह के भीतर शपथ दिलाई जाएगी ।



Punjabi Sansar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

जबकि पुरुषोत्तम सिंह के लड़के अजीत सिंह को घायल कर दिया, जिसकी जलालाबाद के सिविल अस्पताल में हालत खतरे से बाहर है ।

बताया जाता है कि माछी राम रात शौच आदि के लिए खेतों में गया तो मिलिटैंट पहले ही वहां मौजूद थे । उन्होंने माछीराम से उसका नाम तथा यह पूछा कि गांव में उसके अलावा किस-किस के पास ट्रैक्टर हैं ? हमें एक ट्रैक्टर चाहिए । माछीराम ने कहा कि घर चलो, मैं ही तुम्हें ट्रैक्टर दे देता हूं । वह उनको घर ले आया और अपने लड़के को आवाज़ दी । जब लड़का बाहर आया तो मिलिटैंटों ने कहा कि हमें अपने ट्रैक्टर की चाबी दो, हमें जाना है । लड़के ने अन्दर जाकर कहा कि मिलिटैंट आए हैं और ट्रैक्टर मांग रहे हैं । इतने में घर के लोग बाहर आ गए और उन्होंने ट्रैक्टर देने से इंकार कर दिया तथा शोर मचा दिया । इस पर मिलिटैंटों ने ए.के. 47 राइफल से फायरिंग आरम्भ कर दी जिसमें पुरुषोत्तम सिंह और भगवान दास मारे गए जबकि अजीत सिंह घायल हो गया । उसके बाद मिलिटैंट वहां से पैदल ही भाग गए ।

वहां से वे 12 कि.मी. आगे जाकर रात को लगभग 2 बजे गांव रत्ताखेड़ा में एक व्यक्ति दयाल सिंह के डेरे पर पहुंचे । वहां उन्होंने दयाल सिंह, उसके बेटे सुखदेव सिंह, पत्नी निहाल कौर और भाई गुरबख्श सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दयाल सिंह के डेरे पर जाने पर उनके नौकर से उनका सामना हुआ । पूछने पर उसने बताया कि परिवार के शेष सदस्य सामने कमरों में हैं । मिलिटैंटों ने कमरों के द्वार खुलवाए और सारे परिवार को जगाया गया । मिलिटैंट सभी को लेकर आंगन में आ गए । फिर नौकर तथा परिवार के सभी सदस्यों को कमरे में बन्द कर दिया । पहले दयाल सिंह, उसकी पत्नी निहाल कौर, बेटे सुखदेव सिंह और भाई गुरबख्श सिंह को बाजू बांध कर एक घंटा तक उनकी पिटाई करते रहे ।

नौकर के अनुसार, मिलिटैंट उन सबसे कहते रहे कि कुछ दिन पूर्व उनका जो साथी पुलिस मुकाबले में मारा गया था, वह उन्होंने ही मरवाया था तथा उसके पास जो पैसे तथा हथियार आदि थे, वह कहां हैं ? दयाल सिंह ने इंकार किया कि उनके साथी को मरवाने में उसके परिवार का हाथ है तथा न ही उनको उसके हथियारों और रुपयों के बारे कुछ जानकारी है । जब दयाल सिंह ने बार-बार इंकार किया तो उन्होंने मारपीट बन्द करके सब को गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

नौकर ने बताया कि वारदात के बाद मिलिटैंट थोड़ी दूर एक व्यक्ति बख्शीश सिंह के घर गए और उसकी नई मारुति कार लेकर फरार हो गए ।

नौकर ने यह भी बताया कि दयाल सिंह के घर पर कई बार मिलिटैंट आकर ठहरा करते थे और चले जाते थे ।

फिरोज़पुर के जिलाधीश श्री सुरेश कुमार और एस.एस.पी. श्री चट्टोपाध्याय भारी सुरक्षा बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे । सारे क्षेत्र को सील कर दिया गया है और हत्यारों की तलाश सक्रियता से जारी है ।

'प.स.' के अनुसार पुलिस का कहना है कि दयाल सिंह व उसके परिवार के सदस्यों की हत्या मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

गुट संघर्ष में तीन मरे : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार जिला पटियाला के गांव नोगांव में मिलिटैंटों की आपसी दुश्मनी के परिणामतः तीन मिलिटैंटों के मारे जाने की सूचना है । मृतकों की पहचान अजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह तथा जीत सिंह के रूप में हुई है ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : मानसा से 'मेहता' के अनुसार विगत रात मानसा उपमंडल में सुरक्षा बलों के साथ हुए दो मुकाबलों में दो मिलिटैंट मारे गए ।

पहला मुकाबला थाना झुनीर के एक गांव में हुआ । थाना झुनीर के एस.एच.ओ. गश्त पर जा रहे थे कि एक नहर के पुल पर उन्होंने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा । इन्होंने कम्बल लपेट रखे थे । बताया जाता है कि इन्होंने पुलिस को देखते ही उस पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया । मृतक के पास से 12 बोर की एक बन्दूक मिली है ।

दूसरा मुकाबला थाना बोहा के एक गांव में हुआ । रात के समय बोहा थाना के एस.एच.ओ. गश्त पर गांव हाकमवाला से रामावाला की तरफ जा रहे थे कि मार्ग में एक ड्रेन के पुल पर छिपे बैठे मिलिटैंटों ने पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस ने भी जवाब में फायरिंग की । करीब 10 मिनट बाद जब [illegible] पुलिस को एक मिलिटैंट का शव मिला जबकि उसके साथी भाग निकलने में सफल रहे ।

ये दोनों मुकाबले रात के करीब 10 बजे हुए ।

मुकाबले में मरा : भटिंडा से 'प.स.' के अनुसार जिला के गांव लेहरा मुहाबत में सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़त में एक अज्ञात मिलिटैंट के मारे जाने की सूचना है ।

ठेके पर फायरिंग, दो मरे : 'वा.' के अनुसार गत रात मिलिटैंटों ने भटिंडा जिला के गांव चक राजसिंहवाला में शराब के ठेके पर फायरिंग करके सेल्समैन शिवशंकर तथा एक अन्य व्यक्ति प्रकाश सिंह की हत्या कर दी ।

धड़ेबंदी में हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार अमृतसर जिला के तहत पुलिस जिला मजीठा के गांव भरसी राजपूतां में मिलिटैंटों की धड़ेबंदी में एक मिलिटैंट की हत्या कर दी गई है । मृतक की शिनाख्त जोगिन्दर सिंह के रूप में हुई है ।

दो व्यक्तियों की हत्या : गत रात मिलिटैंटों ने अमृतसर जिले के पुलिस थाना भिखीविंड के गांव सुरगा में ईशर सिंह नामक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी जिले के गांव नरपर में मुख्तियार सिंह नामक व्यक्ति के गले में मिलिटैंटों ने फंदा डाल कर उसकी हत्या कर दी ।

पुलिस इंस्पैक्टर के दो भतीजों का अपहरण : गत रात अमृतसर शहर के बाहर स्थित गांव रामपुर में पुलिस की वर्दी पहने अज्ञात मिलिटैंटों ने एक घर में 'छापा' मारा तथा पृथीपाल सिंह नामक एक पुलिस इंस्पैक्टर के दो भतीजों जमीर सिंह तथा सतिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया । यह पुलिस इंस्पैक्टर जिला लुधियाना में तैनात है ।

तीन सुरक्षा कर्मी घायल, एक मिलिटैंट मारा : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार इस जिला में मिलिटैंसी की दो घटनाओं की सूचना मिली है जिनमें सीमा सुरक्षा बल के तीन कर्मी गम्भीर घायल हुए हैं जबकि एक मिलिटैंट पुलिस मुकाबले में मारा गया ।

कल रात माडल टाऊन निवासी बिजली के सामान के दो व्यापारी हरमेश कुमार और परिन्दर कुमार स्कूटर पर एक अस्पताल, जहां उनका कोई रिश्तेदार भर्ती है, की खबर लेने जा रहे थे कि रास्ते में दो साइकिल सवार मिलिटैंटों ने अपना साइकिल सड़क के बीच खड़ा कर उन्हें रोक लिया । उनके बीच हाथापाई हुई । मिलिटैंटों ने गोलियां भी चलाईं लेकिन वह किसी को लगी नहीं । इस पर लोग जमा हो गए । जिस पर ये दोनों मिलिटैंट भाग गए । इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई ।

सी.आई.ए. के डी.एस.पी. अपनी फोर्स के साथ जब पैट्रोलिंग कर रहे थे तो उन्होंने यह सूचना मिलने पर शीघ्रता से गांव जावही के नजदीक नाकाबंदी कर दी । कुछ देर बाद वहां नजदीक ही एक मोपेड गिरा हुआ मिला, इस पर उन्होंने तुरन्त क्षेत्र की छानबीन आरम्भ कर दी । दो युवकों ने पुलिस को देख कर गोलियां चलाईं । पुलिस ने भी मुकाबले में जवाबी फायरिंग की जिससे एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी पहचान नहीं हुई जबकि दूसरा अंधेरे में भाग गया ।

एक अन्य घटना में थाना दाखा के गांव रुड़का के नजदीक घात लगा कर बैठे मिलिटैंटों ने बी.एस.एफ. की पैट्रोलिंग पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे



पंजाब जनता दल समाजवादी का पहला सम्मेलन 4 मार्च को अमृतसर, टाऊन हाल में सुबह 11 बजे हो रहा है ।

पंजाब के प्रधान बलबीर सिंह बुरटाना तथा संसदीय बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन विक्रम सिंह के



बलबीर सिंह बुरटाना, प्रधान

बलबीर सिंह प्रधान जिला अमृतसर

इस सम्मेलन में पहुंचने पर जिला जनता दल (स) के नेताओं, जिला प्रधानों सहित पदाधिकारियों तथा अमृतसर निवासियों को इस सद्भावना सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाता है ।

नोट : 10 बजे सुबह, कार्यकर्त्ता मीटिंग सर्कट हाऊस में होगी ।

निवेदक : बलबीर सिंह प्रधान, हरबंस भगत महासचिव, महेंद्र कौर प्रधान महिला विंग तथा जिला अमृतसर के सभी कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी ।

जारीकर्त्ता : कृष्ण अनेजा, प्रचार सचिव, पंजाब ।

AE Ashwani Enterprises

(Authorised Stockists of ACC Cement)
(Distributors for KAJARIA CERAMICS
No. 1 in Floor & Wall Tiles)

are very much pleased on their appointment as Authorised Distributors for Distt. AMRITSAR of

PERFECT FLOORS

CERA
Madhusudan Ceramics
VITREOUS

Cera
for colour choices

(Mfd. Sanitaryware Products)
Govt. Contractors, Builders & Dealers of Distt. Amritsar & Distt. Gurdaspur may please contact for their requirement.

OFFICE
9-Kairon Market,
Hall Bazar, **Amritsar.**
Ph.: 48456, 52393, 52860.

SHOP
Shop No. 1 & 2, Shopping Complex
Zila Parishad, Court Road,
Opp. Ranjit Avenue, 'A' Block,
Amritsar. Ph. : 65386.

PALTEX MILLS
announces the opening of
PALTEX RETAIL SALE COUNTER
(Suitings & Shirtings)
FANCY CLOTH HOUSE
at BERTHIN, DISTT. BILASPUR (H.P.)

पंजाब के व्यापारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए आज 3 मार्च, दोपहर 12½ बजे

लायन्ज भवन, ऊधम सिंह नगर, लुधियाना में आयोजित



व्यापारी कांग्रेस में पधारने वाले सम्मानीय नेताओं स. बेअन्त सिंह जी प्रधान, पंजाब कांग्रेस, श्री भीखू राम जैन भू.पू. संसद सदस्य व अध्यक्ष ए.आई.सी.सी. ट्रेडर्ज सैल, श्री वेद प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष, पी.पी.सी.सी. (I), व्यापारी सैल, श्री यश जी पत्रकार व भू.पू. मंत्री पंजाब, श्री सतपाल मित्तल

Punjabi Sarat.com

गभग 2 बजे गांव रत्ताखेड़ा में एक व्यक्ति दयाल
सिंह के डेरे पर पहुंचे । वहां उन्होंने दयाल सिंह,
सके बेटे सुखदेव सिंह, पत्नी निहाल कौर और भाई
रबख्श सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दयाल सिंह के डेरे पर जाने पर उनके नौकर से
नका सामना हुआ । पूछने पर उसने बताया कि
रिवार के शेष सदस्य सामने कमरों में हैं ।
मिलिटैंटों ने कमरों के द्वार खुलवाए और सारे परिवार
ो जगाया गया । मिलिटैंट सभी को लेकर आंगन में
ा गए । फिर नौकर तथा परिवार के सभी सदस्यों
ो कमरे में बन्द कर दिया । पहले दयाल सिंह,
सकी पत्नी निहाल कौर, बेटे सुखदेव सिंह और भाई
रबख्श सिंह को बाजू बांध कर एक घंटा तक
नकी पिटाई करते रहे ।

नौकर के अनुसार, मिलिटैंट उन सबसे कहते रहे
क कुछ दिन पूर्व उनका जो साथी पुलिस मुकाबले में
रा गया था, वह उन्होंने ही मरवाया था तथा उसके
स जो पैसे तथा हथियार आदि थे, वह कहां है ?
ाल सिंह ने इंकार किया कि उनके साथी को
वाने में उसके परिवार का हाथ है तथा न ही
वको उसके हथियारों और रुपयों के बारे कुछ
नकारी है । जब दयाल सिंह ने बार-बार इंकार
या तो उन्होंने मारपीट बन्द करके सब की गोलियां
रकर हत्या कर दी ।

नौकर ने बताया कि वारदात के बाद मिलिटैंट
ड़ी दूर एक व्यक्ति बख्शीश सिंह के घर गए और
की नई मारुति कार लेकर फरार हो गए ।

नौकर ने यह भी बताया कि दयाल सिंह के घर
कई बार मिलिटैंट आकर ठहरा करते थे और चले
ते थे ।

फिरोजपुर के जिलाधीश श्री सुरेश कुमार और
.एस.पी. श्री चट्टोपाध्याय भारी सुरक्षा बल के
घटनास्थल पर पहुंचे । सारे क्षेत्र को सील कर
गया है और हत्यारों की तलाश सक्रियता से
ी है ।

'प.स.' के अनुसार पुलिस का कहना है कि
ल सिंह व उसके परिवार के सदस्यों की हत्या
टैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

गुट संघर्ष में तीन मरे : पटियाला से
ण के अनुसार जिला पटियाला के गांव नोगांव में
टैंटों की आपसी दुश्मनी के परिणामतः तीन
टैंटों के मारे जाने की सूचना है । मृतकों की
ान अजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह तथा जीत सिंह
प में हुई है ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : मानसा से
ा के अनुसार विगत रात मानसा उपमंडल में
बलों के साथ हुए दो मुकाबलों में दो मिलिटैंट
ाए ।

हला मुकाबला थाना झुनीर के एक गांव में
। थाना झुनीर के एस.एच.ओ. गश्त पर जा रहे
एक नहर के पुल पर उन्होंने दो संदिग्ध
यों को देखा । इन्होंने कम्बल लपेट रखे थे ।
जाता है कि इन्होंने पुलिस को देखते ही उस
यरिंग शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई में एक
ट मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो
मृतक के पास से 12 बोर की एक बन्दूक
है ।

रा मुकाबला थाना बोहा के एक गांव में
रात के समय बोहा थाना के एस.एच.ओ.
र गांव हाकमवाला से रामावाला की तरफ जा
कि मार्ग में एक ड्रेन के पुल पर छिपे बैठे
टों ने पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस ने भी
जवाब में फायरिंग की । करीब 10 मिनट बाद जब गोलीबारी रुकी तो वहां पुलिस को एक मिलिटैंट का शव मिला जबकि उसके साथी भाग निकलने में सफल रहे ।

ये दोनों मुकाबले रात के करीब 10 बजे हुए ।

मुकाबले में मरा : भटिंडा से 'प.स.' के अनुसार जिला के गांव लेहरा मुहाबत में सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में एक अज्ञात मिलिटैंट के मारे जाने की सूचना है ।

ठेके पर फायरिंग, दो मरे : 'वा.' के अनुसार गत रात मिलिटैंटों ने भटिंडा जिला के गांव चक राजसिंहवाला में शराब के ठेके पर फायरिंग करके सेल्समैन शिवशंकर तथा एक अन्य व्यक्ति प्रकाश सिंह की हत्या कर दी ।

धड़ेबंदी में हत्या : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार अमृतसर जिला के तहत पुलिस जिला मजीठा के गांव भरसी राजपूतां में मिलिटैंटों की धड़ेबंदी में एक मिलिटैंट की हत्या कर दी गई है । मृतक की शिनाख्त जोगिन्दर सिंह के रूप में हुई है ।

दो व्यक्तियों की हत्या : गत रात मिलिटैंटों ने अमृतसर जिले के पुलिस थाना भिखीविंड के गांव सुग्गा में ईशर सिंह नामक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी जिले के गांव नूरपुर में मुख्तियार सिंह नामक व्यक्ति के गले में मिलिटैंटों ने फंदा डाल कर उसकी हत्या कर दी ।

पुलिस इंस्पैक्टर के दो भतीजों का अपहरण : गत रात अमृतसर शहर के बाहर स्थित गांव रामपुर में पुलिस की वर्दी पहने अज्ञात मिलिटैंटों ने एक घर में 'छापा' मारा तथा पृथीपाल सिंह नामक एक पुलिस इंस्पैक्टर के दो भतीजों जमीर सिंह तथा सतिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया । यह पुलिस इंस्पैक्टर जिला लुधियाना में तैनात है ।

तीन सुरक्षा कर्मी घायल, एक मिलिटैंट मारा : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार इस जिला में मिलिटैंसी की दो घटनाओं की सूचना मिली है जिनमें सीमा सुरक्षा बल के तीन कर्मी गम्भीर घायल हुए हैं जबकि एक मिलिटैंट पुलिस मुकाबले में मारा गया ।

कल रात माडल टाऊन निवासी बिजली के सामान के दो व्यापारी हरमेश कुमार और परिन्दर कुमार स्कूटर पर एक अस्पताल, जहां उनका कोई रिश्तेदार भर्ती है, की खबर लेने जा रहे थे कि रास्ते में दो साइकिल सवार मिलिटैंटों ने अपना साइकिल सड़क के बीच खड़ा कर उन्हें रोक लिया । उनके बीच हाथापाई हुई । मिलिटैंटों ने गोलियां भी चलाई लेकिन वह किसी को लगी नहीं । इस पर लोग जमा हो गए । जिस पर ये दोनों मिलिटैंट भाग गए । इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई ।

सी.आई.ए. के डी.एस.पी. अपनी फोर्स के साथ जब पैट्रोलिंग कर रहे थे तो उन्होंने यह सूचना मिलने पर शीघ्रता से गांव जावही के नजदीक नाकाबंदी कर दी । कुछ देर बाद वहां नजदीक ही एक मोपेड गिरा हुआ मिला, इस पर उन्होंने तुरन्त क्षेत्र की छानबीन आरम्भ कर दी । दो युवकों ने पुलिस को देख कर गोलियां चलाईं । पुलिस ने भी मुकाबले में जवाबी फायरिंग की जिससे एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी पहचान नहीं हुई जबकि दूसरा अंधेरे में भाग गया ।

एक अन्य घटना में थाना दाखा के गांव रुड़का के नजदीक घात लगा कर बैठे मिलिटैंटों ने बी.एस.एफ. की पैट्रोलिंग पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे इंस्पैक्टर श्री नन्द सिंह व दो कांस्टेबल श्री अजीत कुमार व [illegible] स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल कराया गया है । पुलिस को घटनास्थल से 50 खाली कारतूस मिले ।

दुर्दांत मिलिटैंट बच निकला : परसों दोराहा के नजदीक खतरनाक मिलिटैंट जगरूप सिंह उर्फ कालक, जिसके लिए लगभग 10 लाख रु. ईनाम है, बच कर निकल गया । बताया जाता है कि वह एक मारुति में अपने साथियों सहित दोराहा के एक पैट्रोल पम्प पर अपनी कार में पैट्रोल डलवाने आया था कि वहीं एक हैडकांस्टेबल भी अपनी कार में पैट्रोल भरवाने आया था, उसने अपनी पिस्तौल से उसे पहचान कर उस पर गोलियां चला दीं, जिस पर जगरूप सिंह पैदल ही भाग गया और साथी कार सहित भाग गए, इसका पीछा किया गया लेकिन वह मिला नहीं ।

मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण किया : फरीदकोट से 'प.स.' के अनुसार इस जिला के गांव चूहड़ चक्क के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण कर दिया । इनकी पहचान कुलदीप सिंह उर्फ डाक्टर तथा हरपाल सिंह के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार ये दोनों लूट मार तथा जब्री धन वसूली की अनेक घटनाओं में लिप्त हैं ।

निषेधाज्ञा लागू : फिरोजपुर से 'प.स.' के अनुसार जिलाधीश श्री सुरेश कुमार ने फिरोजपुर जिले में भारत-पाक सीमा से 500 मीटर के क्षेत्र में सायं 6 बजे से 12 घंटे के लिए, प्रतिदिन के लिए, हर प्रकार की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह कार्रवाई सीमा पार से घुसपैठ रोकने के उद्देश्य से की गई है ।



जलालाबाद पुलिस थाना के गांव झुग्गे नंदसिंहवाला में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (ऊपर) भगवान दास तथा (नीचे) पुरुषोत्तम सिंह । (छाया : पं.के.)

मिलिटैंटों द्वारा साथी की हत्या : गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव ठाटगढ़ में मिलिटैंटों ने अपने एक साथी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक की शिनाख्त त्रिलोचन सिंह के रूप में हुई है ।

अपहृत लड़का लौटा, एक अपहर्त्ता काबू : रायकोट से 'संवाददाता' के अनुसार विगत दिनों यहां के एक व्यापारी के जिस लड़के का अपहरण किया गया था, वह लौट आया है । उसे अपहर्त्ताओं ने क्षेत्र के खेतों में किसी स्थान पर रखा हुआ था, जहां से वह भाग निकला । इस लड़के ने अपने माता-पिता की मदद से पुलिस को सूचित किया, जिस पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मार कर एक अपहर्त्ता को काबू कर लिया, जबकि उसके साथी फरार हो गए । इनकी तलाश जारी है ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : जिला अमृतसर के गांव उमरानंगल के निकट आज रात्रि एक अज्ञात मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।



होशियारपुर जिला के थाना दसूहा के गांव मानगढ़ में पुलिस के साथ हुई भिड़ंत में मारा गया एक अज्ञात मिलिटैंट ।

जेल से मिलिटैंट शस्त्रों सहित फरार : 'प.स.' के अनुसार 14 वर्षीय मिलिटैंट [illegible] सिंह आज रात स्थानीय पुतलीघर बाल सुधार केंद्र से फरार हो गया । वह अपने साथ एक सैल्फ लोडिंग राइफल व तीस कारतूस भी ले जाने में सफल रहा है ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नज़रबंद दो लड़कों में हुए झगड़े से उत्पन्न स्थिति का इस मिलिटैंट ने लाभ उठाया था । झगड़े का कारण जानने के लिए जब ड्यूटी पर तैनात गार्ड अन्दर गया तो दिलबाग सिंह बाहर निकल गया तथा इसने बाहर से दरवाज़ा बंद कर दिया और हथियार लेकर फरार हो गया ।

गत 17 फरवरी से इस जेल में इस तरह की यह दूसरी घटना है । तब 5 मिलिटैंट दो लड़कों भूपिन्दर सिंह व टहल सिंह को छुड़ा कर ले गए थे ।

चीन में 2 मंत्री बर्खास्त

बीजिंग, 2 मार्च (प.स.): चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग ने आज संचार मंत्री छयेन युंग छयांग को व्यक्तिगत लाभार्थ सत्ता का दुरुपयोग करने और निर्माण मंत्री लिन हान श्यांग को अनुशासनहीनता के आरोप में बर्खास्त कर दिया है ।

स्थायी युद्ध विराम
(पृष्ठ 1 का शेष)

ईराक में रखे गए सभी युद्धबंदी सकुशल और स्वस्थ हैं । यह जानकारी अल्जीरिया रेडियो ने रैडक्रास के उन अधिकारियों के हवाले से दी है, जो बगदाद से लौटे हैं । रेडियो ने युद्धबंदियों की संख्या नहीं बताई । उसने यह भी नहीं बताया कि ये युद्धबंदी किन-किन देशों के हैं ।

रैडक्रास का एक दल, जिसमें अल्जीरिया के सैंकड़ों डाक्टर तथा चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं, ईराक की राजधानी जा रहा है ।

लेकिन बहुराष्ट्रीय सेना का मानना है कि ईराक ने दो युद्धबंदियों को यातनाएं देकर मार डाला है । बहुराष्ट्रीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दहराने में यह जानकारी देते हुए कहा कि संभवतः ये दोनों ब्रिटिश वायुसेना कर्मी थे ।

ईराकी-अमरीकी सेनाओं में झड़प : रियाद से ए.पी. के अनुसार अमरीकी सेनाओं ने आज बसरा के दक्षिण पश्चिम में ईराकियों के लगभग 140 टैंक नष्ट कर दिए अथवा काबू कर लिए, जिन्होंने युद्धविराम के पश्चात् प्रथम बार अमरीकी सेनाओं पर हमला किया । 'प.स.' के अनुसार दो अन्य घटनाओं में 2 अमरीकी सैनिक मारे गए । युद्ध विराम के पश्चात् ईराकी और अमरीकी सैनिकों में यह पहली जबरदस्त झड़प थी ।

सद्दाम के विरुद्ध प्रदर्शन : पश्चिमी देशों के संवाददाताओं ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया है कि ईराक के दूसरे सबसे बड़े नगर बसरा में सैनिक और नागरिक राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं । वहां अशांति फैली हुई है और सैनिक एवं नागरिक उत्तर की ओर भाग रहे हैं ।

ईराक ने अमरीकी टैलीविजन कम्पनी सी.बी.एस. के चार सदस्यीय दल को आज रिहा कर दिया ।

1.50 लाख ईराकी सैनिक मरे : ईराक को कुवैत से खदेड़ने के लिए चले 6 हफ्ते के खाड़ी युद्ध के दौरान करीब डेढ़ लाख ईराकी सैनिक मारे गए । यह जानकारी अमरीकी टैलीविजन नैटवर्क एन.बी.सी. ने बहुराष्ट्रीय गुप्तचर एजैंटों के हवाले से दी ।

एन.बी.सी. ने कल अपने एक प्रसारण में बताया कि ज्यादातर ईराकी सैनिक थल युद्ध के पहले ईराकी सैन्य ठिकानों पर बहुराष्ट्रीय सेना की भीषण बमबारी में मारे गए ।

ईराक में 6 सप्ताह के युद्ध में ईराक की कमर टूट चुकी है । उद्योग, बिजली, पानी सप्लाई, संचार, परिवहन और कृषि क्षेत्र में भारी विनाश हुआ है । जिन स्थानों को अमरीकी विमानों ने बार-बार निशाना बनाया, वहां बाकी के नाम पर कुछ भी नहीं बचा है ।

कुवैत में मौतें : ईराकी कब्ज़े से मुक्त होने की खुशी में तोपों से गोले दागे जाने तथा हवा में गोलियां चलाए जाने से कुवैत में कुछ व्यक्ति मारे गए । कुवैत रेडियो ने कल एक प्रसारण में कहा कि देश की आज़ादी तथा जीत की खुशी में इधर-उधर गोले दागे जाने तथा हवाई गोलीबारी में गत दो दिनों में दुर्भाग्य से एक से अधिक व्यक्ति मारे गए । रेडियो ने यह नहीं बताया कि कुल कितने लोग मारे गए या घायल हुए ।

प्रसारण में सभी नागरिकों से कानून का पालन करने को कहा गया है तथा तेल कुओं तथा अन्य तेल प्रतिष्ठानों से दूर रहने और कुछ सड़कों से न गुज़रने की हिदायत भी दी गई, क्योंकि इन स्थानों पर बम पड़े होने की आशंका है ।

शांति-भरी रात : छह सप्ताह में कल पहली बार ईराकियों को वह दिन देखना नसीब हुआ जब हवाई हमले और बमबारी नहीं हुई । अब उन्होंने युद्ध से ध्वस्त हुए अपने देश के भविष्य पर विचार करना शुरू कर दिया है ।

वे उस रात के बाद प्रातःकाल सो कर उठे, जिसमें मुल्क के मुक्त होने की खुशी ज़ाहिर करते हुए तोपें दागी गईं, जबकि इससे पहले जो रातें उन्हें गुज़ारनी पड़ती थीं, उनमें हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाते थे और वे गमगीन हो उठते थे ।

अलगाववाद : जम्मू-कश्मीर में
(पृष्ठ 1 का शेष)

है ।

पंजाब में चुनावों के ठीक : प्रो. द

बीदर, 2 मार्च (वार्ता): [illegible]
जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह [illegible]
पंजाब में चुनाव करवाने के [illegible]
है । आज यहां पत्रकारों से [illegible]
उन्होंने कहा कि नवम्बर, [illegible]
चुनाव के समय राज्य में कोई [illegible]
उन्होंने कहा कि यदि लोकप्रिय [illegible]
हल हो सकती है । उन्होंने अ[illegible]
का राज्यपाल केंद्र के संकेत [illegible]
शक्ति का प्रयोग कर रहा है [illegible]
चंद्र शेखर मूल रूप से तो अ[illegible]
अल्पसंख्यक सरकार के मुखिया [illegible]
हाथ बंधे हुए हैं । स. सिमर[illegible]
संबंध में उन्होंने कहा कि केंद्र [illegible]
चुनावों के अवसर पर रिहा कि[illegible]
स्वयं ही उनसे निपटे ।

पांडीचेरी में राम सरकार बनाने क

पांडीचेरी, 2 मार्च (वार्ता[illegible]
मुख्यमंत्री डा. रामचंद्रन ने रा[illegible]
गठन का दावा प्रस्तुत किया है [illegible]
श्री रामचन्द्रन ने गत 27 दिस[illegible]
दिया था । श्री रामचंद्रन ने आज [illegible]
डा. स्वरूप सिंह से मुलाका[illegible]
विधायकों के समर्थन का एक प[illegible]
(स) के दो विधायकों श्री ए. भ[illegible]
पी. राजावेलू ने पार्टी छोड़ कर [illegible]
सरकार बनाने के लिए समर्थन [illegible]
है ।

जनता दल में नेतृत्व प्रणाली क

नई दिल्ली, 2 मार्च (व[illegible]
वामपंथी पार्टियों जैसा संगठनात्म[illegible]
विचार कर रहा है जिसमें पार्टी [illegible]
मामलों को देखने के लिए राष्ट्रीय [illegible]
पोलित ब्यूरो जैसी समिति बनाने [illegible]

श्री रामकृष्ण हेगड़े की अध[illegible]
सात सदस्यीय समिति अन्य प्र[illegible]
उपर्युक्त प्रस्ताव पर भी विचार क[illegible]
पार्टी के संगठन में पिछड़ी जा[illegible]
विश्वनाथ प्रताप सिंह के साठ प्रति[illegible]
सुझाव पर भी विचार कर रही है [illegible]

पोलित ब्यूरो का सुझाव श्री [illegible]
सम्मेलन में दिया था ताकि पार्टी मे[illegible]
विकसित किया जा सके । [illegible]
सम्वाददाताओं को बताया कि उन[illegible]
मार्च तक अपनी रिपोर्ट को अन्तिम[illegible]

पार्टी अध्यक्ष श्री बोम्मई ने क[illegible]
को बेंगलूर में जनता दल का तीन [illegible]
शिविर आयोजित किया जाएगा जिस[illegible]
के अलावा पार्टी के पुरी अधिवेशन [illegible]
के अमल पर विचार किया जाएगा [illegible]

पार्टी पदों को जातीय आधार पर [illegible]
के बारे में श्री बोम्मई ने कहा कि यह [illegible]
प्रताप सिंह का निजी विचार नहीं [illegible]
दृष्टिकोण है ।

श्री बोम्मई ने मांग की कि [illegible]
लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दें [illegible]
अपने प्रधानमंत्रीकाल में राजनीति[illegible]
टैलीफोन टैप करने के मामले में सद[illegible]
किया । उन्होंने कहा कि उन्हें (राज[illegible]
शर्म और दायित्व बोध है तो 'कम से [illegible]
वह करें ही ।

उतरते समय विमान क दरवाज़ा अचानक खुल

बेंगलूर, 2 मार्च (वार्ता): इंडियन [illegible]
के एक ए-320 एयर बस का आपातका[illegible]
द्वार आज सुबह यहां उतरने के बाद कु[illegible]
अकस्मात खुल गया । एयर बस कलक[illegible]
कलकत्ता की उड़ान पर थी ।

पुलिस ने बताया कि निकास द्वा[illegible]
अनजाने में किसी यात्री अथवा एयर बस [illegible]
खुल गया । विमान में 50 यात्री सवार [illegible]

[illegible] के व्यापारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए आज 3 मार्च, दोपहर 12½ बजे

[illegible]ज भवन, ऊधम सिंह नगर, लुधियाना में आयोजित

[illegible]ारी कांफ्रैंस में पधारने वाले सम्मानीय नेताओं स. बेअन्त सिंह जी [illegible]जाब कांग्रेस, श्री भीखू राम जैन भू.पू. संसद सदस्य व अध्यक्ष [illegible].सी. ट्रेडर्ज सैल, श्री वेद प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष, पी.पी.सी.सी. (I), [illegible]ल, श्री यश जी पत्रकार व भू.पू. मंत्री पंजाब, श्री सतपाल मित्तल [illegible]य इत्यादि का हार्दिक स्वागत है ।

[illegible]हन लाल मोहनी, संगठन मंत्री व श्री नवीन सूद सचिव, पंजाब [illegible]पार सैल) भी शामिल होंगे । सभी व्यापारी सादर आमंत्रित हैं ।



जतिन्दर रामपाल

जतिन्दर रामपाल, महामंत्री
[illegible]ग्रेस कमेटी (इ), व्यापार सैल यू. लाईक साइंटिफिक डाइंग, [illegible]स्ट्रीयल एरिया-ए, लुधियाना, फोन नं. 20219

[illegible]क्री कर हटाओ–व्यापार बचाओ

[illegible]जिला कांग्रेस कमेटी (इ) लुधियाना (व्यापारी सैल)

[illegible]फ से बिक्री कर विभाग द्वारा बनाए गए काले कानून [illegible]chase Return" के विरोध में रविवार 3 मार्च, [illegible]1 को बाद दोपहर 12.30 बजे लायन्स भवन, ऊधम सिंह नगर, लुधियाना में एक भारी

व्यापारी कान्फ्रैंस

[illegible]योजन किया जा रहा है । इस कांफ्रैंस की अध्यक्षता [illegible]प्रदेश कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री बेअंत सिंह करेंगे ।

[illegible] कान्फ्रैंस के मुख्य अतिथि 'भीखू राम जैन' चेयरमैन आल [illegible] कांग्रेस कमेटी (इ) व्यापारी सैल होंगे तथा श्री यश [illegible] मंत्री श्री सतपाल मित्तल एम.पी. व श्री वेद प्रकाश

गुमशुदा की तलाश

मेरा बेटा गौतम उर्फ भोला उम्र 12 साल, रंग साफ, दिनांक 28.2.91, वीरवार से गुम है ।



[illegible]

हमारे पूज्य माता श्रीमती प्रीतम [illegible]
ला. गुरांदिता मल 18.2.91 को स्वर्ग [illegible]
पगड़ी 3.3.91 रविवार 1 बजे हमा[illegible]
ईसे खां रोड पर होगी ।

शोकग्रस्त :

नरंजन लाल अग्रवाल
ओम प्रकाश अग्रवाल
जगदीश चंद्र अग्रवाल
मदन मोहन अग्रवाल
P.C.S. Ludhiana
नरिन्द्र मोहन अग्रवाल
जवाहर लाल अग्रवाल
इंद्रमोहन अग्रवाल ।

विश्वामित्र [illegible]
रजिन्द्र कु[illegible]
गनेश दास [illegible]
यशपाल [illegible]
युधिष्टर [illegible]

मै. गुरांदि[illegible]
राईस मिल[illegible]
नोट : अल[illegible]

केंद्रीय [illegible]

Punjabi Sanatan

पंजाब में 3 मिलिटैंट मरे, 18 गिरफ्तार : अन्यत्र 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 3 मार्च : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में 3 मिलिटैंट मारे गए हैं जबकि 18 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य में अन्यत्र 4 व्यक्तियों की हत्या किए जाने की सूचनाएं मिली हैं ।

तीन मिलिटैंट मरे : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार गत रात से इस जिला में दो घटनाओं में तीन मिलिटैंट मारे गए हैं ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात छहटा पुलिस थाना के गांव बासरके भाणी के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए, जबकि उनके चार साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले । पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, तीन मैगज़ीन तथा अन्य असला मिला है ।

पुलिस को आज मेहता पुलिस थाना के गांव बेगोवाली में एक अज्ञात मिलिटैंट की गोलियों से छलनी लाश मिली है । पुलिस का कहना है कि यह मिलिटैंटों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

चार काबू : ज्ञात हुआ है कि गत रात उमरानंगल के निकट एक नाका पार्टी द्वारा रोके जाने पर कार सवार जिस मिलिटैंट ने सायनाइड खा कर आत्महत्या की थी, पुलिस ने उसके चार साथियों को काबू कर लिया है । ये भी उस मिलिटैंट के साथ कार में जा रहे थे ।

मरने वाले मिलिटैंट की शिनाख्त जगराज सिंह के रूप में हुई है । गिरफ्तार मिलिटैंटों के नाम रवींद्र सिंह, कमलजीत सिंह, गुरदीप सिंह और सुखबीर सिंह बताए गए हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव सुग्गा में कल रात मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति चतर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

छः मिलिटैंट पकड़े : अमृतसर जिले में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से छः मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनकी पहचान रेशम सिंह, लखविंदर सिंह, प्रीतम सिंह, जरजिंदर सिंह, ईबन सिंह तथा गुरविंदर सिंह के रूप में हुई है ।

भाजपा नेता के घर पर फायरिंग : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां में भाजपा नेता कश्मीर सिंह के घर पर गत रात मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मिलिटैंटों ने पहले इसके घर का दरवाजा खटखटाया था । दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने फायरिंग कर दी । परिवार के लोगों द्वारा अपने लाईसैंसी हथियारों से जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट फरार हो गए । उल्लेखनीय



फाज़िल्का पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो लुटेरे तथा उनसे बरामद मिलिटैंट संगठनों के लैटर पैड्स व शस्त्र ।

है कि कश्मीर सिंह पर मिलिटैंटों की ओर से चौथी बार हमला किया गया है ।

दो लुटेरे पकड़े : फाज़िल्का से 'धर्म लूना' के अनुसार फाज़िल्का पुलिस ने मिलिटैंटों के नाम से धमकियां देने वाले दो लुटेरों गुरमीत सिंह निवासी गांव झंडूवाला तथा प्रेम कुमार को गिरफ्तार किया है । प्रेम कुमार एक प्रिंटिंग प्रैस का मालिक है इनको उस समय पकड़ा गया, जब वे गंधार गांव के सरपंच को धमकी भरा पत्र देने जा रहे थे । पुलिस के अनुसार ये दोनों, लोगों को सतनाम सिंह छीना व परमजीत सिंह पंजवड़ के नाम से पत्र लिखते थे।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विमान दुर्घटना में 25 मरे

कोलोराडो स्प्रिंग्ज़, 3 मार्च (ए.पी.): यूनाईटेड एयर लाइन्स के एक बोइंग-737 विमान के अज प्रातः यहां म्यूनिसिपल हवाई अड्डे के नज़दीक दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर जाने से उस पर सवार सभी 25 लोगों की मृत्यु होने का अंदेशा है ।

खालिदा जिया के मार्ग की सभी अड़चनें दूर : 20 वा समर्थन मिला

ढाका, 3 मार्च (वार्ता): बंगला देश में बोम खालिदा जिया के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के

बस में दो बम मिले

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

इनके पास से 38 बोर का एक रिवाल्वर, तीन कारतूस व अनेक लोगों को लिखे गए कई धमकी भरे पत्र मिले हैं ।

मुठभेड़ के बाद तीन गिरफ्तार : फरीदकोट से 'प.स.' के अनुसार इस जिला के गांव उगोके के निकट पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से शस्त्रास्त्र भी बरामद किए गए हैं, जिनमें एक .303 बोर की पिस्तौल, एक .12 बोर की बंदक, एक .12 बोर की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस शामिल हैं ।

पकड़े गए मिलिटैंटों की पहचान भजन सिंह, जसबीर सिंह उर्फ काला तथा पप्पू के रूप में हुई है ।

सरपंच के बेटे की हत्या : 'वा.' के अनुसार लुधियाना जिले के गांव अब्बापुर में मिलिटैंटों द्वारा गांव के सरपंच अमरजीत सिंह के घर में घुस कर उसके पुत्र महेंद्र सिंह की हत्या कर दिए जाने की सूचना है ।

आत्मजोत कई वारदातों में लिप्त था : 'धीमान' के अनुसार गत मास पुलिस मुकाबले में मारे गए एक मिलिटैंट आत्मजोत सिंह के बारे में विस्तृत विवरण मिले हैं । आत्मजोत सिंह कई हत्याओं, बैंक डकैतियों और दूसरी वारदातों में संलिप्त था । वह जो पैसा लूटता था, उससे मद्रास, बम्बई, दिल्ली व कलकत्ता में जाकर होटलों में ठहरता और अय्याशी करता था । उसने यहां से कुछ दूर गांव जवदी में एक मकान किराया पर ले रखा था । वह 12 फरवरी 1987 को स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 5.76 करोड़ रुपए लूटने में भी शामिल था । उसने गुजरात में एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर की हत्या व अहमदाबाद में एक बैंक डकैती भी की थी ।

यह उल्लेखनीय है कि संबंधित बैंक डकैती में लगभग सभी अभियुक्त, जिनमें हरजिन्दर सिंह जिन्दा भी शामिल था, गिरफ्तार किए जा चुके हैं या पुलिस मुकाबलों में मारे गए हैं जबकि इनके दो साथी दलजीत सिंह बिट्टू व गुरशरण सिंह गामा अभी तक फरार हैं ।

अध्यापक की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार निकटवर्ती गांव कुटाला में करीब आधा दर्जन मिलिटैंटों ने एक अध्यापक जयपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन मिलिटैंटों ने वहां बीड़ी-सिगरेट बेचने वालों की पिटाई भी की । उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों ने गत 28 फरवरी को निकटवर्ती गांव ढींढसा से तेजपाल नामक एक स्कूल अध्यापक का अपहरण किया था । आज तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है ।

हत्या : रोपड़ जिला के एक गांव शेखुपुरा में विगत रात तीन मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक का नाम हरपाल सिंह बताया गया है ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने उन दो में से एक मिलिटैंट की शिनाख्त कर ली है, जिसने गत 28 फरवरी को यहां के गांव मनीमाजरा में सायनाइड खाकर आत्महत्या की थी । इस मिलिटैंट की पहचान निर्मल सिंह निवासी गिग्गेमाजरा (जिला रोपड़) के रूप में हुई है । पता चला है कि यह मिलिटैंट बब्बर खालसा से सम्बद्ध संत सिंह गिग्गेमाजरा का भतीजा है, जो कि गत वर्ष यहां के सैक्टर 22 में बम ले जाते हुए विस्फोट में मारा गया था ।

पांच मिलिटैंट गिरफ्तार : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज निकटवर्ती गांव सलारपुर से पांच दर्दांत मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, एक स्टेनगन, एक मैगजीन, दो 303 बोर की राइफलें बरामद की हैं । पुलिस ने इनकी शिनाख्त राजिंदर सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी नारंगशाहपुर, हरदेव सिंह पुत्र सुखबीर सिंह निवासी मुतलाराई, जसविंदर सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी मुतलाराई, बलबीर सिंह व मनजीत सिंह निवासी सलारपुर के रूप में की है । पूछताछ के दौरान अनेक रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

ठेके पर तोड़फोड़ : गत रात्रि निकटवर्ती गांव कलथम में मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके पर तोड़फोड़ की व दो हजार रुपए नकद व शराब की बोतलें लूट लीं ।

इसराईली लड़ाकू विमानों का फिलस्तीनी अड्डों पर हमला

सिडोन (लेबनान), 3 मार्च (प.स.): इसराईली लड़ाकू विमानों ने खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार दक्षिणी लेबनान स्थित फिलस्तीनी अड्डों पर हवाई हमला किया ।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार दो विमानों ने इकलिम प्रांत स्थित फतेह गुट के फिलस्तीनी अड्डे पर राकेट छोड़े । फतेह गुट का नेतृत्व फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासर अराफात कर रहे हैं । सूत्रों के अनुसार हवाई हमलों में चार व्यक्ति घायल हो

मान और मानोचाहल के वक्तव्य सिखों में भ्रम पैदा कर रहे हैं : चिरंजीव सिंह

जालंधर, 3 मार्च (डल्ला) : विश्व हिन्दू परिषद पंजाब के महामंत्री स. चिरंजीव सिंह ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में विभिन्न सिख संगठनों एवं सभी पंजाबियों से अनुरोध किया है कि वह खालिस्तान, पूर्ण आजादी, आत्म निर्णय का अधिकार-खालसा डैमोक्रेसी, सिख न्याय पालिका और थियोक्रेटिक स्टेट अथवा मानवीय मूल्यों पर आधारित सिख समाज जैसे लुभाने सपनों में फंस कर अपने भविष्य को अंधकार में न डालें ।

श्री चिरंजीव सिंह जो होले-मोहल्ले के अवसर पर एक ही दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए समाचारों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, ने कहा कि दोनों पंथक कमेटियां, सिख छात्र संगठन तथा श्री सिमरनजीत सिंह मान के वक्तव्य परस्पर विरोधी हैं तथा सिखों सहित सब वर्गों में केवल भ्रांति उत्पन्न कर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि पंजाब का यह दुर्भाग्य है कि सिख जगत में कोई भी ऐसा नेता नहीं बचा जो सिखों को सही मार्ग दिखाए । उन्होंने कहा आश्चर्य की बात तो यह है कि खाड़कू संगठन जब सिख परिवारों का कत्ल करते हैं तो भी अकाली नेता साहस से हत्यारों की निंदा नहीं करते । यह नेता आम लोगों के समान ए.के. 47 से इतने भयभीत हैं कि सत्य बोलने की बजाय प्रतिदिन नए नारे लगाते हैं ।

परिषद नेता ने कहा नत्थू के बुरज में सैनिकों द्वारा निर्दोष किसानों की हत्या निःसंदेह एक महानिंदनीय घटना है । ऐसी गैर-जिम्मेदार कार्रवाई को क्षमा नहीं किया जा सकता परन्तु इस घटना से श्री मान इस हद तक अपना संतुलन गंवा बैठे कि अपने पिछले सब वक्तव्य भूल कर 'खालिस्तान'—'पूर्ण आजादी' का पुराना राग अलापने वालों की पंक्तियों में सम्मिलित हो गए । नित्य प्रति अपना स्टैंड बदलने में उनकी समानता शायद ही कोई कर सके । वह पहले कहते थे कि यू.एन.ओ. के अधीन पंजाब में चुनाव होंगे, तब हमें स्वीकार होगा । फिर पंजाब में चुनाव भारतीय संविधान के अन्तर्गत करवाने के लिए तैयार हो गए । फिर सब अकाली धड़ों के नेता बन कर प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर से मिलने चले गए । उनकी प्रधानमंत्री से क्या बात हुई, यह अभी तक रहस्य का विषय है परन्तु वह यह कह कर बाहर आए कि 'सिख आत्म निर्णय का अधिकार चाहते हैं' । यह भी कहा कि सब मिलिटैंटों को बातचीत में शामिल करो ।

बजट आज

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रवासी भारतीय कुवैत, ईराक और सऊदी अरब लौटने को तैयार हैं और केरल सहित देश के विभिन्न भागों में इसके लिए विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं ।

ईराकी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए अनुमानत 200 अरब डालर की जरूरत होगी और कुवैत के पुनर्वास के लिए अतिरिक्त 50 अरब डालर की आवश्यकता होगी ।

वर्ष 1991-92 के लिए बजट अनुमानों से इस बात का संकेत मिल जाएगा कि गैर-योजना खर्च में कटौती और सम्पूर्ण बजट घाटे को कम करने के प्रयास में किस हद तक सफलता मिली है ।

अंतरिम बजट में सरकारी सहायता (सबसिडी) के मुद्दे पर भी सरकार के विचार जानने का मौका मिल सकता है । प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने सरकारी सहायता के अनेक मामलों में अनेक सिरे से दृष्टि डालने को कहा है ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

विरोधी आंदोलन के दौरान हरियाणा में सार्वजनिक सम्पत्ति की तोड़फोड़ कराई थी ।

पूर्व गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने धर्म-निरपेक्षता की रक्षा के लिए अयोध्या में "बाबरी मस्जिद" को ध्वस्त किए जाने से बचाया ।

इस रैली के प्रमुख आयोजक हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं मेवात क्षेत्र के नेता खुर्शीद अहमद थे । सभा को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता तथा पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी आदि ने भी सम्बोधित किया ।

'प.स.' के अनुसार श्री वी.पी. सिंह ने कहा कि जनता दल ने अयोध्या में श्री राम मंदिर बनाने का कभी विरोध नहीं किया । लेकिन हम मस्जिद तोड़ कर मंदिर बनाने की कभी स्वीकृति नहीं देंगे । इसके लिए हमने सत्ता छोड़ना उचित समझा लेकिन अपने सिद्धांत से नहीं हटे । धर्म के नाम पर कोई भी गलत कार्य किया जाएगा तो जनता दल उसका विरोध करेगा ।



पंजाब युवा इंका के प्रधान श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा रविवार को अमृतसर में युवा इंका द्वारा आयोजित एक समारोह में कश्मीरी पलायनकर्ताओं को राशन वितरित करते हुए । उनके साथ श्री विजय साहनी व अन्य युवा इंका वर्कर भी खड़े हैं । (छाया : रवि भंडारी)

भाजपा का कोई स्टैंड नहीं : बिट्टा

फगवाड़ा, 3 मार्च (खोसला): आज यहां पंजाब युवा इंका के प्रधान श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा ने भारतीय जनता पार्टी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा का पंजाब समस्या पर कोई स्टैंड नहीं है । भाजपा के नेताओं ने अभी तक पंजाब के मिलिटैंसी से प्रभावित लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया है व उनके नेता सिर्फ बयान ही देते रहे हैं ।

श्री बिट्टा ने एक भेंट में भाजपा पंजाब के प्रधान श्री मित्तल के उस बयान को आधारहीन बताया, जिसमें श्री मित्तल ने पंजाब समस्या के लिए इंका को दोषी ठहराया था । उन्होंने कहा कि वी.पी. सिंह सरकार के शासन के दौरान भाजपा अपने वायदों को भी भूल गई थी । पंजाब में सेना तैनात करने की मांग भाजपा निरन्तर करती रही थी, परन्तु तब पंजाब में सेना को तैनात नहीं करवा सके ।

उन्होंने पंजाब के वर्तमान राज्यपाल श्री

'अजीत' व 'अज दी आवाज़' की प्रतियां ज़ब्त

जालन्धर, 3 मार्च : पुलिस ने आज यहां दो समाचार पत्रों 'अजीत' और 'अज दी आवाज़' की स्थानीय बिक्री की प्रतियां ज़ब्त कर लीं क्योंकि उनमें पंथक कमेटी मानोचाहल का बयान छपा था । दोनों समाचार पत्रों के सम्पादकों श्री बरजिंदर सिंह और श्री भरपूर सिंह बलबीर ने सरकार की इस कार्रवाई की निंदा की है ।

पंजाब के व्यापारियों प्रतिदिन खराब होती ज

लुधियाना, 3 मार्च : पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान श्री एच.एस. सचदेवा ने पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा को एक ज्ञापन दिया है जिसमें कहा गया है कि वर्तमान हालात का जितना प्रभाव पंजाब के व्यापारियों पर पड़ा है उतना शायद किसी पर भी नहीं । पंजाब के व्यापारियों की आर्थिक अवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है । पंजाब के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते चले जा रहे हैं । जिस हालत में हम गुजर रहे हैं उसको देख कर पंजाब के व्यापारियों को कोई विशेष मदद मिलनी चाहिए । पहले एस.टी. फार्म मार्केट से खरीदा जाता था । फिर सरकार ने अपने एस.टी. 22 फार्म छपवा लिए जिससे व्यापारियों पर अफसरशाही का एक हमला हो गया । इस पर आपत्ति की गई तो उस समय के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रयोग एक वर्ष के लिए है । फिर कम्प्यूटर आए मगर वह सफल नहीं हुए । अब सरकार ने बहुत बड़ा धक्का व्यापारियों से 3 जनवरी 1991 को किया जिसके अमृतसर व्यापारी खरीद विवरण दें ।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिना सोचे समझे ज्यादती करना ठीक नहीं । व्यापारी तो पहले ही

बुश-प्रशासन राजीव गांधी की भूमिका से रुष्ट

वाशिंगटन, 3 मार्च (आई.ए.एन.एस.): बुश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इंका के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी द्वारा अमरीकी सैनिक परिवहन विमानों के भारतीय हवाई अड्डों पर ईंधन लेने के मामले पर अमरीका विरोधी व्यवहार अपनाने पर बहुत नाराज हैं चाहे इस बात के संकेत मिले हैं कि वाशिंगटन का अमरीकी परिवहन विमानों को ईंधन भरने की सुविधा समाप्त करने पर नई दिल्ली के प्रति रवैया कठोर नहीं है ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार इससे भारत विरोधी अमरीकी कांग्रेस के सदस्यों को एक ऐसा नुक्ता मिल गया है, जिसको वे इस्तेमाल कर सकते हैं । इन सूत्रों के अनुसार यदि राजीव गांधी पुनः सत्ता में आते हैं तो अमरीका उनको अविश्वसनीय मित्र के रूप में

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

इनके पास से 38 बोर का एक रिवाल्वर, तीन कारतूस व अनेक लोगों को लिखे गए कई धमकी भरे पत्र मिले हैं ।

मुठभेड़ के बाद तीन गिरफ्तार : फरीदकोट से 'प.स.' के अनुसार इस जिला के गांव उगोके के निकट पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से शस्त्रास्त्र भी बरामद किए गए हैं, जिनमें एक .303 बोर की पिस्तौल, एक .12 बोर की बंदूक, एक .12 बोर की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस शामिल हैं ।

पकड़े गए मिलिटैंटों की पहचान भजन सिंह, जसबीर सिंह उर्फ काला तथा पप्पू के रूप में हुई है ।

सरपंच के बेटे की हत्या : 'वा.' के अनुसार लुधियाना जिले के गांव अब्बापुर में मिलिटैंटों द्वारा गांव के सरपंच अमरजीत सिंह के घर में घुस कर उसके पुत्र महेंद्र सिंह की हत्या कर दिए जाने की सूचना है ।

आत्मजोत कई वारदातों में लिप्त था : 'धीमान' के अनुसार गत मास पुलिस मुकाबले में मारे गए एक मिलिटैंट आत्मजोत सिंह के बारे में विस्तृत विवरण मिले हैं । आत्मजोत सिंह कई हत्याओं, बैंक डकैतियों और दूसरी वारदातों में संलिप्त था । वह जो पैसा लूटता था, उससे मद्रास, बम्बई, दिल्ली व कलकत्ता में जाकर होटलों में ठहरता और अय्याशी करता था । उसने यहां से कुछ दूर गांव जवंदी में एक मकान किराया पर ले रखा था । वह 12 फरवरी 1987 को स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 5.76 करोड़ रुपए लूटने में भी शामिल था । उसने गुजरात में एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर की हत्या व अहमदाबाद में एक बैंक डकैती भी की थी ।

यह उल्लेखनीय है कि संबंधित बैंक डकैती में लगभग सभी अभियुक्त, जिनमें हरजिन्दर सिंह जिन्दा भी शामिल था, गिरफ्तार किए जा चुके हैं या पुलिस मुकाबलों में मारे गए हैं जबकि इनके दो साथी दलजीत सिंह बिट्टू व गुरशरण सिंह गामा अभी तक फरार हैं ।

अध्यापक की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार निकटवर्ती गांव कटाला में करीब आधा दर्जन मिलिटैंटों ने एक अध्यापक जयपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन मिलिटैंटों ने वहां बीड़ी-सिगरेट बेचने वालों की पिटाई भी की । उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों ने गत 28 फरवरी को निकटवर्ती गांव ढींडसा से तेजपाल नामक एक स्कूल अध्यापक का अपहरण किया था । आज तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है ।

हत्या : रोपड़ जिला के एक गांव शेखुपुरा में विगत रात तीन मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक का नाम हरपाल सिंह बताया गया है ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने उन दो में से एक मिलिटैंट की शिनाख्त कर ली है, जिसने गत 28 फरवरी को यहां के गांव मनीमाजरा में सायनाइड खाकर आत्महत्या की थी । इस मिलिटैंट की पहचान निर्मल सिंह निवासी गिग्गेमाजरा (जिला

धीमान' के अनुसार गत मास पुलिस मुकाबले में मारे गए एक मिलिटैंट आत्मजोत सिंह के बारे में विस्तृत विवरण मिले हैं । आत्मजोत सिंह कई हत्याओं, बैंक डकैतियों और दूसरी वारदातों में संलिप्त था । वह जो पैसा लूटता था, उससे मद्रास, बम्बई, दिल्ली व कलकत्ता में जाकर होटलों में ठहरता और अय्याशी करता था । उसने यहां से कुछ दूर गांव जवूदी में एक मकान किराया पर ले रखा था । वह 12 फरवरी 1987 को स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से 5.76 करोड़ रुपए लूटने में भी शामिल था । उसने गुजरात में एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर की हत्या व अहमदाबाद में एक बैंक डकैती भी की थी ।

यह उल्लेखनीय है कि संबंधित बैंक डकैती में लगभग सभी अभियुक्त, जिनमें हरजिन्दर सिंह जिन्दा भी शामिल था, गिरफ्तार किए जा चुके हैं या पुलिस मुकाबलों में मारे गए हैं जबकि इनके दो साथी दलजीत सिंह बिट्टू व गुरशरण सिंह गामा अभी तक फरार हैं ।

अध्यापक की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार निकटवर्ती गांव कुटाला में करीब आधा दर्जन मिलिटैंटों ने एक अध्यापक जयपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इन मिलिटैंटों ने वहां बीड़ी-सिगरेट बेचने वालों की पिटाई भी की । उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों ने गत 28 फरवरी को निकटवर्ती गांव ढींढसा से तेजपाल नामक एक स्कूल अध्यापक का अपहरण किया था । आज तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है ।

हत्या : रोपड़ जिला के एक गांव शेखुपुरा में विगत रात तीन मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक का नाम हरपाल सिंह बताया गया है ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने उन दो में से एक मिलिटैंट की शिनाख्त कर ली है, जिसने गत 28 फरवरी को यहां के गांव मनीमाजरा में सायनाइड खाकर आत्महत्या की थी । इस मिलिटैंट की पहचान निर्मल सिंह निवासी गिग्गेमाजरा (जिला रोपड़) के रूप में हुई है । पता चला है कि यह मिलिटैंट बब्बर खालसा से सम्बद्ध संत सिंह गिग्गेमाजरा का भतीजा है, जो कि गत वर्ष यहां के सैक्टर 22 में बम ले जाते हुए विस्फोट में मारा गया था ।

पांच मिलिटैंट गिरफ्तार : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज निकटवर्ती गांव सलारपुर से पांच दुर्दांत मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, एक स्टेनगन, एक मैगज़ीन, दो 303 बोर की राइफलें बरामद की हैं । पुलिस ने इनकी शिनाख्त राजिंदर सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी नारंगशाहपुर, हरदेव सिंह पुत्र सुखबीर सिंह निवासी मुतलाराई, जसविंदर सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी मुतलाराई, बलबीर सिंह व मनजीत सिंह निवासी सलारपुर के रूप में की है । पूछताछ के दौरान अनेक रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

ठेके पर तोड़फोड़ : गत रात्रि निकटवर्ती गांव कुलथम में मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके पर तोड़फोड़ की व दो हजार रुपए नकद व शराब की बोतलें लूट लीं ।

इसराईली लड़ाकू विमानों का

Punjabi Sanatan

पंजाब में 5 मिलिटैंट मरे, 2 लोगों की हत्या; बटाला में थाना के निकट बम विस्फोट, 3 घायल

चंडीगढ़, 4 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 मिलिटैंट मारे गए तथा अखबारी एजैंट समेत 2 लोगों की हत्या हुई । इस बीच आज दोपहर बटाला में पुलिस स्टेशन के निकट बम विस्फोट हुआ, जिससे 3 लोग घायल हो गए ।

...यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश राज्य ...अधिनियम, 1894 (1894 का पहला अधिनियम) ...के अर्न्तगत सरकार के स्वामित्व और नियन्त्रण के ...ने व्यय पर सार्वजनिक परियोजना नामतः गांव डब्बा, ...132 के.वी. लारजी से गगल तक संचार लाईन के ...अपेक्षित है अतएव एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया ...सा कि नीचे विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त ...न अपेक्षित है ।

...भी व्यक्तियों को जो इससे संबंधित हो सकते हैं, की ...धिनियम 1894 की धारा-4 के उपबंधों के अंतर्गत

...क्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल हिमाचल ...कार्यरत अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों ...प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा ...सभी कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं ।

...व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्दांत मिलिटैंट पकड़ा गया : पटियाला जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस ने बब्बर खालसा से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट गुरदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । गुरदेव सिंह पटियाला के त्रिपुरी कालोनी का निवासी बताया जाता है । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि गुरदेव सिंह की गिरफ्तारी से पटियाला के आर्यसमाज चौक और पुलिस डिवीजन नम्बर4 के निकट बम विस्फोट, रेलवे लाईन के निकट से बम की बरामदगी, बारादरी गार्डन में अर्द्धनग्न महिला की प्रतिमा को बम से उड़ाए जाने तथा त्रिपुरी के निकट सी.आर.पी.एफ. चौकी पर बम फैंकने आदि की वारदातों की गत्थी सुलझा ली गई है । पुलिस ने गुरदेव सिंह से दो ऐंटी टैंक सुरंगें, दो भूमिगत सुरंगें, 3 बम, एक रिमोट कंट्रोल, रिमोट कंट्रोल के रिसीवर, दो बैटरियां, डैटोनेटर तथा विस्फोटक पाऊडर बरामद किया है । गुरदेव सिंह की गिरफ्तारी से पुलिस ने पटियाला जिला में एक साथ कई बम विस्फोट करने की बब्बर खालसा की योजना को नाकाम बना दिया है ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : होशियारपुर (वि.प्र.): होशियारपुर के एस.एस.पी. राजन गुप्ता ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत दिनों दसूहा के पास पुलिस मुकाबला में मारे जाने वाले मिलिटैंट की शिनाख्त हो गई है । श्री गुप्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट लखविंद्र सिंह, उर्फ लक्खा, उर्फ काला, उर्फ चीमा थाना दसूहा के ग्राम उस्मान शहीद का रहने वाला था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि यह मिलिटैंट दो समाचारपत्र हॉकरों व दो होमगार्डों को मारने की घटना के अलावा बाघा ग्राम के रिंदमन सिंह, एक ग्रंथी राम सिंह, दसूहा क्षेत्र के एक व्यक्ति मिलखा सिंह, एक हैडकांस्टेबल तथा एक कांस्टेबल समेत कई अन्य व्यक्तियों की हत्याएं करने की घटनाओं में शामिल था ।

श्री गुप्ता के अनुसार यह मिलिटैंट भीखोवाल हत्याकांड में भी शामिल था, जिसमें 11 लोग मारे गए थे । एस.एस.पी. ने बताया कि मारा गया मिलिटैंट शस्त्र छीनने, शराब के ठेके जलाने व कई अन्य घटनाओं में भी पुलिस को वांछित था ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने यहां के गांव मनीमाजरा में एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल और एक .303 की राइफल बरामद की है । बब्बर खालसा गुट से संबंधित उक्त मिलिटैंट जिला जालन्धर का रहने वाला है । उसने कई नाम रखे हुए हैं, जिसमें हरमिन्द्र सिंह, टोनी, सुखविन्द्र सिंह, रूपिन्द्र सिंह व अरविन्द्रजीत शामिल हैं ।

विपक्षी नेता

(पृष्ठ 3 का शेष)

से साबित कर सके कि वह केंद्र में एक स्थिर सरकार के गठन में सक्षम है तथा उसे सदन का विश्वास प्राप्त है तो राष्ट्रपति के लिए यह जरूरी नहीं कि वह प्रधानमंत्री की सलाह मान कर लोकसभा को भंग करें । श्री के.के. वेणुगोपाल और शांति भूषण में इस बात पर मतैक्य था कि राष्ट्रपति एक अल्पमत सरकार की सलाह मान कर सदन को भंग करने पर बाध्य नहीं हैं ।

लोकसभा में ताज़ा दलीय स्थिति :

कांग्रेस (इ)	194
भाजपा	86
जनता दल	77
जनता दल (एस.)	54
सी.पी.आई. (एम.)	33
सी.पी.आई.	12
अन्नाद्रमुक	10
अकाली दल (एम.)	4
आर.एस.पी.	4
फारवर्ड ब्लाक	3
नैशनल कांफ्रैंस	3
बी.एस.पी.	3
झारखंड मुक्ति मोर्चा	3
शिव सेना	3
तेलगू देशम	2
मुस्लिम लीग	2
आई.पी.एफ.	1
एम.जी.पी. एवं मार्क्सी तालमेल	1
कांग्रेस (एस.)	1
आल इंडिया अन्नाद्रमुक	1
केरल कांग्रेस (एम.)	1
एस.एस.पी.	1
ए.बी.एच.एम.एस	1
बी.एन.एल.एफ	1
निर्दलीय	10
खाली	32

कुल 544 (लोकसभा अध्यक्ष शामिल नहीं है)

चंद्रशेखर सरकार ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

भारत की नीति की सभी ने सराहना की है । श्री राजीव गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि "कुछ खुदाई खिदमतगार हैं,जो हर जगह पहुंच जाते हैं, वे सोचते हैं कि विश्व उन्हीं से चलता है ।"

श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि किसी भी देश की विदेश नीति देश के हितों की रक्षा का साधन है, हम इससे इधर-उधर नहीं हटेंगे । उन्होंने कहा कि भारत गुट-निरपेक्षता के रास्ते पर चलता रहेगा और उपनिवेशवाद तथा शोषण के खिलाफ आवाज़ उठाता रहेगा । उन्होंने कहा कि खुदाई खिदमतगारों को अंधेरा दिखाई देता है । सूरज की रोशनी में यदि किसी चिड़िया को नज़र नहीं आए, तो उसमें गलती सूरज की नहीं, चिड़िया की है ।

वह रहस्यमयी पर्ची : लोकसभा में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर द्वारा अपनी सरकार का इस्तीफा देने की घोषणा से ठीक पहले उन्हें सदन में राज्यमंत्री कमल मोरारका द्वारा दी गई एक पर्ची कौतूहल का विषय बनी हुई है । श्री चन्द्रशेखर ने यह पर्ची पढ़कर अंग्रेज़ी में कहा था, "अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता", जिसे सुना नहीं जा सका ।

श्री मोरारका की यह पर्ची संसदीय कार्यमंत्री सत्यप्रकाश मालवीय ने प्रधानमंत्री को दी थी और उन्हें यह पर्ची गृहराज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने दी थी । श्री सहाय को यह पर्ची किसी ने उस समय दरवाजे पर थमाई, जब वह सदन में घुस रहे थे । उस समय दरवाजे पर भारी संख्या में कांग्रेस (इ) सदस्य खड़े थे । सूत्रों के अनुसार उक्त पर्ची पर यह संदेश था कि कांग्रेस (इ) पार्टी लेखानुदान पारित कराने तक सरकार का समर्थन करती रहेगी । लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी ।

इंका के सरकार बनाने के दावे का



इंका अध्यक्ष श्री राजीव गांधी की हरियाणा सी.आई.डी. द्वारा कथित रोष व्यक्त करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के सर मेथी चौक में इंका कार्यकर्त्ता गिरफ्तारी देते हुए तथा (नीचे) इसी स साथ झड़प का दृश्य ।

चन्द्रशेखर को इंका के न टेकने पर इस्तीफा

नई दिल्ली, 6 मार्च (जी.एस. चावला): इंकाध्यक्ष राजीव गांधी के निवास स्थान पर हरियाणा के गुप्तचरों द्वारा निगरानी किए जाने के मुद्दे को लेकर इंका द्वारा संसद का बहिष्कार किए जाने पर चंद्रशेखर सरकार का पतन अपरिहार्य दिखाई दे रहा था । श्री गांधी ने स्टैंड ले रखा था कि सरकार जासूसी का आदेश देने के लिए राजनीतिक स्तर पर कोई जिम्मेवारी सुनिश्चित करे तथा इस बारे में कार्रवाई करे परन्तु श्री चंद्रशेखर ने पहले से ही यह स्टैंड ले लिया था कि वह इस मामले की जांच के आदेश दे चुके हैं तथा जांच की रिपोर्ट प्राप्त होने से पूर्व वह कोई कार्रवाई नहीं करेंगे । इंका ने संकेत दिया था कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहा जाए ।

डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने गत रात से लेकर आज सुबह 11 बजे तक श्री राजीव गांधी और श्री चंद्रशेखर से लगभग आधा दर्जन बार मुलाकातें कीं । डा. स्वामी इंका अध्यक्ष से गत रात एक बजे, फिर 2 बजे और प्रातः 4 बजे भी मिले । अंतिम मीटिंग सुबह 10.30 बजे संसद भवन में की ।

इंका इस बात से दुखी थी कि यह चंद्रशेखर सरकार को सत्ता में लाई और बदले में श्री चंद्रशेखर और श्री चौटाला ने पार्टी अध्यक्ष की ही निगरानी शुरू कर दी । उन्हें विश्वास था कि चंद्रशेखर और

जा सकती थी प्रतिष्ठा का प्र

श्री गांधी मनाने की क पार्टी की सुनिश्चित उदाहरण दि ए.आर. अंत कहा था औ के तौर पर था, जिनके अपनी इस स स्तर पर जि जाती इंका यह टैलीफो

बाद म पर सहमत गृहमंत्री प्र श्री चंद्रशे दबाव में आगे झुक फोन पर स अनुपस्थि पड़ेगा पर

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्दांत मिलिटैंट पकड़ा गया : पटियाला जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस ने बब्बर खालसा से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट गुरदेव सिंह को गिरफ्तार किया है । गुरदेव सिंह पटियाला के त्रिपुरी कालोनी का निवासी बताया जाता है । जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि गुरदेव सिंह की गिरफ्तारी से पटियाला के आर्यसमाज चौक और पुलिस डिवीजन नम्बर4 के निकट बम विस्फोट, रेलवे लाईन के निकट से बम की बरामदगी, बागदारी गार्डन में अर्द्धनग्न महिला की प्रतिमा को बम से उड़ाए जाने तथा त्रिपुरी के निकट सी.आर.पी.एफ. चौकी पर बम फैंकने आदि की वारदातों की गत्थी सुलझा ली गई है । पुलिस ने गुरदेव सिंह से दो ऐंटी टैंक सरगें, दो भूमिगत सरगें, 3 बम, एक रिमोट कंट्रोल, रिमोट कंट्रोल के रिसीवर, दो बैटरियां, डैटोनेटर तथा विस्फोटक पाउडर बरामद किया है । गुरदेव सिंह की गिरफ्तारी से पुलिस ने पटियाला जिला में एक साथ कई बम विस्फोट करने की बब्बर खालसा की योजना को नाकाम बना दिया है ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : होशियारपुर (वि.प्र.): होशियारपुर के एस.एस.पी. राजन गुप्ता ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि गत दिनों दसूहा के पास पुलिस मुकाबला में मारे जाने वाले मिलिटैंट की शिनाख्त हो गई है । श्री गुप्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट लखविंद सिंह, उर्फ लक्खा, उर्फ काला, उर्फ चीमा, थाना दसूहा के ग्राम उस्मान शहीद का रहने वाला था ।

एस.एस.पी. ने बताया कि यह मिलिटैंट दो समाचारपत्र हॉकर व दो होमगार्डों को मारने की घटना के अलावा बाघा ग्राम के रिपुदमन सिंह, एक ग्रंथी राम सिंह, दसूहा क्षेत्र के एक व्यक्ति मिलखा सिंह, एक हैडकांस्टेबल तथा एक कांस्टेबल समेत कई अन्य व्यक्तियों की हत्याएं करने की घटनाओं में शामिल था ।

श्री गुप्ता के अनुसार यह मिलिटैंट भीखोवाल हत्याकांड में भी शामिल था, जिसमें 11 लोग मारे गए थे । एस.एस.पी. ने बताया कि मारा गया मिलिटैंट शस्त्र छीनने, शराब के ठेके जलाने व कई अन्य घटनाओं में भी पुलिस को वांछित था ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने यहां के गांव मनीमाजरा से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल और एक .303 की राइफल बरामद की है । बब्बर खालसा गुट से संबंधित उक्त मिलिटैंट जिला जालन्धर का रहने वाला है । उसने कई नाम रखे हुए हैं, जिसमें हरमिन्द्र सिंह, टोनी, सुखविन्द्र सिंह, रूपिन्द्र सिंह व अरविन्द्रजीत शामिल हैं ।

विपक्षी नेता

(पृष्ठ 3 का शेष)

से साबित कर सके कि वह केंद्र में एक स्थिर सरकार के गठन में सक्षम है तथा उसे सदन का विश्वास प्राप्त है तो राष्ट्रपति के लिए यह जरूरी नहीं कि वह प्रधानमंत्री की सलाह मान कर लोकसभा को भंग करें । श्री के.के. वेणुगोपाल और शांति भूषण में इस बात पर मतैक्य था कि राष्ट्रपति एक अल्पमत

6 मिलिटैंट मरे, 8 लोगों की हत्या : 15 ट्रक जला दिए, चंडीगढ़ में बम विस्फोट से 4 घायल

चंडीगढ़, 7 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 6 मिलिटैंट मारे गए । इनमें से 2 मिलिटैंटों को फैक्ट्री मजदूरों ने मार गिराया । मिलिटैंटों ने 8 लोगों की हत्या कर दी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक असिस्टैंट कमांडैंट की दो पुत्रियों का अपहरण कर लिया तथा 15 ट्रक फूंक दिए । चंडीगढ़ में वायुसेना की मैस में बम विस्फोट से 4 कर्मचारी घायल हो गए ।

बम विस्फोट से 4 घायल : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार यहां स्थित वायु सेना के 3 बी.आर.डी. विंग की आफिसर्ज मैस के बाहर कल रात एक शक्तिशाली बम विस्फोट से 4 कर्मचारी घायल हो गए, जबकि मैस के भवन को काफी क्षति पहुंची । बताया जाता है कि जब विस्फोट हुआ तो उस समय ये कर्मचारी मैस में रात के भोजन की तैयारी कर रहे थे । घायलों के नाम पी. बनिक, डी.पी. मिश्रा, पी. कुमार तथा एस.सी. बोस बताए जाते हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है । इस घटना में मिलिटैंटों का हाथ होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता । पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है ।

फैक्टरी मजदूरों ने 2 मिलिटैंट मार गिराए : पटियाला (मंघेड़ी): यहां से लगभग 40 कि. मी. दूर मंडी गोबिन्दगढ़ में औद्योगिक श्रमिकों के साथ झड़प में दो सशस्त्र मिलिटैंट मारे गए तथा उनके हथियार छीन लिए गए । आज सुबह लगभग 11 बजे चार मिलिटैंट प्रिंस स्टील रोलिंग मिल्स में गए । फैक्टरी मजदूरों ने तत्काल उनके हमले का सामना किया तथा दो मिलिटैंटों को काबू कर लिया । मजदूरों ने उनकी एक ए.के. 47 राइफल तथा एक .38 का रिवाल्वर छीन लिया । संघर्ष में दोनों मिलिटैंट इन्हीं हथियारों से मार गिराए गए । बाकी दो मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए । मृतकों की शिनाख्त रोपड़ जिले के गगन सिंह तथा लुधियाना जिले के खमानों गांव के गुरसेवक सिंह के रूप में की गई है ।

यह अपने ही किस्म का पहला मामला है, जबकि लोगों ने आत्मरक्षा के लिए आगे बढ़ कर सशस्त्र मिलिटैंटों का साहसपूर्वक सामना किया ।

कुछ आधिकारिक सूत्रों के जरिए यह भी पता चला है कि कुछ मिलिटैंटों ने मंडी गोबिन्दगढ़ क्षेत्र में एक बड़े स्टील प्लांट को घेर लिया है परन्तु इसके विवरण नहीं बताए गए ।

गला घोंट कर हत्या : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले के आसल गांव में एक व्यक्ति सतपाल सिंह की गला घोंट कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मरा : सुरक्षा बलों ने भारत-पाक सीमा पर जलालाबाद सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नाहीद की रिहाई के

जम्मू, 7 मार्च (वार्ता): नैशनल कांफ्रैंस के सांसद प्रोफैसर सैफुद्दीन सोज़ की अपहृत बेटी नाहीद इम्तियाज की रिहाई के लिए अलगाववादियों से बातचीत अब भी जारी है । यह जानकारी आज देर रात एक सरकारी प्रवक्ता ने दी ।

प्रवक्ता ने श्रीमती इम्तियाज को रिहा किए जाने के बारे में श्रीनगर से मिली रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि जम्मू एंड कश्मीर स्टूडैंट्स लिबरेशन फ्रंट से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है । उसने कहा कि प्रशासन ने अब तक किसी अलगाववादी को रिहा नहीं किया ।

प्रवक्ता ने बताया कि प्रो. सोज की बेटी की रिहाई के तरीकों को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है । उसने आशा जताई कि श्रीमती इम्तियाज को कल सुबह तक रिहा करा लिया जाएगा ।

Punjab Digital Library

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : मिलिटैंटों ने गत रात भटिंडा में गोबिंदपुर गांव के निकट एक पुलिस गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया । दोनों तरफ से गोलियां चलने पर दो मिलिटैंट स्वर्णजीत सिंह और पवित्तर सिंह मारे गए । मृतक मिलिटैंट वे थे जिन्हें पुलिस गश्ती दल कहीं लेकर जा रहा था ।

हत्या : भटिंडा जिले के गांव भिक्की में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति यादविन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : ए.एस.आई. घायल : मानसा (मेहता) : थाना बहलाडा के कांस्टेबल अमरजीत सिंह की दो मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी तथा ए.एस.आई. जगजीत सिंह उर्फ लैंडलार्ड को घायल कर दिया । पता चला है कि एक पुलिस गश्ती दल कल रात लगभग 9 बजे कलाना मेला में गश्त कर था तो 2 मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग की थी, जिसके परिणाम स्वरूप उक्त घटना घटी ।

दो व्यक्तियों की हत्या: बटाला (कोछड़): मिलिटैंटों ने गत रात बटाला पुलिस जिले के गांव रंगड़ नंगल में करनैल सिंह (50) और प्रेम सिंह (45) नामक दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट पहले उनका घर से अपहरण करके ले गए थे । दोनों मृतक रिश्तेदार थे ।

विस्फोटक पदार्थ बरामद : पुलिस ने एक पूर्व सूचना के आधार पर बटाला जिले में दामादोर गांव के हीरा सिंह के ट्यूबवैल से चार के.जी. शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ बरामद किए ।

1.30 लाख रु. लूटे : धूरी (सिंगला): दो स्कूटर सवारों ने एक व्यक्ति खुशी मुहम्मद से एक लाख 30 हजार रुपए छीन लिए जो उसने स्टेट बैंक आफ पटियाला मालेरकोटला से निकलवाए थे । यह घटना शेरवानी गेट मालेरकोटला के निकट हुई ।

मिलिटैंट मरा : पुलिस गश्ती दल ने आज अमृतसर जिले ककड़ गांव में के निकट मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । उसके दो साथी बच कर निकल जाने में सफल हो गए । मृतक के पास से एक ए.के. 47 राइफल व एक मैगजीन बरामद हुआ है ।

आपसी लड़ाई में मिलिटैंट मरा : इसी जिले में डांगो गांव के निकट मिलिटैंट गुटों की आपसी लड़ाई में बलविंदर सिंह उर्फ राज नामक मिलिटैंट मारा गया । 'प.स.' के अनुसार मृतक का नाम तेजा सिंह है ।

एक अन्य हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के कख गांव में सुरता सिंह की कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

15 ट्रक जला दिए : लुधियाना (मुसाफिर): कल रात जिला फिरोजपुर में चूहड़चक्क और गालिबकलां के बीच मिलिटैंटों ने 15 ट्रकों को जला डाला । मिलिटैंटों ने सड़क पर नाका लगा रखा था । इन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं और उनके कुछ साथी पोजीशन लिए बैठे थे । सड़क पर दोनों ओर से जो ट्रक आता, उसको रोक कर आग लगा देते । यह क्रम 8 बजे रात से 12 बजे तक जारी रहा । एक ड्राइवर सतपाल ने ट्रक नहीं रोका तो उसको गोली मार दी जो मोगा अस्पताल में उपचाराधीन है । बाद में लुटेरे एक जीप और एक मैटाडोर भी ले गए ।

मोगा से 'आजाद' के अनुसार मिलिटैंटों ने ड्राइवरों को तेल की टंकियां तोड़ कर उसमें से तेल निकालने को कहा । बाद में उन्होंने ड्राइवरों को ही ट्रकों को आग लगाने को कहा । ड्राइवर सतपाल को सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है । मिलिटैंटों की संख्या लगभग 30 थी ।

सहायक कमांडैंट की पुत्रियों व पत्नी का अपहरण : जालंधर जिले के मकसूदां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमांडैंट गुरचरण सिंह के घर से उनकी दो पुत्रियों और पत्नी का अपहरण कर लिया । मिलिटैंटों ने बाद में उनकी पत्नी को मुक्त कर दिया ।

रिहाई के लिए व्यापक तलाशी अभियान : जालंधर से 'वार्ता' के अनुसार मिलिटैंटों द्वारा कल लुधियाना से भूतपूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बटा सिंह की एक महिला रिश्तेदार तथा जालंधर से सी.आर.पी.एफ. के असिस्टैंट कमांडैंट की दो पुत्रियों का अपहरण कर लिए जाने के बाद इन महिलाओं की रिहाई के लिए पुलिस ने पंजाब में व्यापक रूप से तलाशी अभियान शुरू कर दिया है । मिलिटैंटों द्वारा उक्त अपहरण बब्बर खालसा के एक कल्याट मिलिटैंट रमिन्दर जीत सिंह उर्फ टैरी की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं ।

पुलिस इस बारे में खामोश रही है कि रमिन्दर जीत सिंह को कहां रखा गया है । परंतु अकाली दल सूत्रों के अनुसार समझा जाता है कि पुलिस ने उसका 20 मार्च तक के लिए रिमांड ले लिया है । उसे 28 फरवरी की शाम को चंद्रीगढ़-पंचकुला बैरियर पर एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था ।

पता चला है कि बब्बर खालसा' ने भूतपूर्व मंत्री की रिश्तेदार श्रीमती भूपेन्द्र कौर तथा सी.आर.पी.एफ. के अधिकारी की पुत्रियों परमजीत कौर (23) और पलविन्दर जीत कौर (17) के अपहरण की जिम्मेदारी ली है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दोनों लड़कियों का अपहरण गत रात जालंधर में डी.ए.वी. कालेज के निकट विवेकानंद पार्क में उनके घर से किया गया था ।

सूत्रों के अनुसार जालंधर में तीन अपहर्ताओं द्वारा छोड़े गए हस्तलिखित पत्र में कहा गया है कि यदि पुलिस रमिन्दर जीत सिंह को रिहा कर देगी तो वे भी सी.आर.पी.एफ. अधिकारी की बेटियों को छोड़ देंगे । पत्र पर बब्बर खालसा के प्रमुख सुखदेव सिंह के नाम से हस्ताक्षर किए गए हैं ।

पुलिस सुबह से ही मिलिटैंटों के छुपने के संदिग्ध ठिकानों पर छापे मार रही है तथा शहर में न्यू सराज गंज वैस्ट, आबादपुरा तथा सराज गंज महल्लों में मारे गए छापों के दौरान रमिन्दर जीत सिंह के 12 रिश्तेदार हिरासत में ले लिए गए हैं, जिनमें उसके मां-बाप और बहन भी शामिल हैं ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): एक अन्य घटना में निकटवर्ती गांव दोसांझ कलां के ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स के मैनेजर श्री के.के. वधवा से दो अज्ञात हथियारबंद नौजवानों ने उनका बजाज चेतक स्कूटर पिस्तौल की नोक पर फगवाड़ा-दोसांझ सड़क पर छीन लिया व फरार हो गए ।



बाघापुराना पुलिस द्वारा गांव उगोके के निकट मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए तीन मिलिटैंट ।

घर लूटा : गत रात्रि निकटवर्ती जंडियाली में लुटेरों के एक हथियारबंद गिरोह ने एक व्यक्ति के घर में घुस कर रंगीन टैलीविजन व वी.सी.आर. सहित घर का सारा सामान लूट लिया व अंधेरे में फरार हो गए ।

पंसारी की हत्या : जालन्धर जिले के कट्टू गांव में मिलिटैंटों ने एक पंसारी की दुकान पर फायरिंग कर दुकान के मालिक मंगत राम की हत्या कर दी तथा एक ग्राहक को घायल कर दिया ।

किसान की हत्या : गत रात जिला फरीदकोट के एक गांव में गुरदेव सिंह किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

प्रोटैस्ट हड़ताल : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के टीचरों ने अपनी सहयोगी टीचर श्रीमती भूपेन्द्र कौर का मिलिटैंटों द्वारा अपहरण किए जाने के विरुद्ध आज प्रोटैस्ट हड़ताल की । अध्यापक संघ की महासभा की बैठक में सरकार से मांग की गई कि उनकी साथी टीचर को शीघ्रातिशीघ्र रिहा करवाया जाए ।

संसद की बैठक स्थगित

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि विपक्ष ने लेखानुदान पारित कराने के लिए जो शर्तें रखी हैं, वे हैं कि राष्ट्रपति लोकसभा भंग करने का आश्वासन देने के साथ यह भी स्पष्ट करें कि श्री चन्द्रशेखर ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे । उन्होंने इसे विपक्ष द्वारा राष्ट्रपति को 'ब्लैक मेल' करना करार दिया ।

श्री गांधी ने कहा कि लेखानुदान एवं राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्यों के बजट पारित कराने तथा पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के मामले अत्यधिक गंभीर हैं और इनके लिए राष्ट्रपति से अपनी शर्तें मनवाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री गांधी ने बताया कि उनका राष्ट्रपति से मिलने का मकसद अपना पूर्ण सहयोग व्यक्त करना था । चुनाव या कार्यवाहक प्रधानमंत्री जैसे विषयों पर राष्ट्रपति से कोई बातचीत नहीं हुई ।

श्री गांधी ने कहा कि अगर चुनावों की घोषणा की जाए तो वह बहुत प्रसन्न होंगे । जनता दल (स) सरकार से समर्थन वापसी के मामले में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी ने समर्थन वापस नहीं लिया था । श्री गांधी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा था कि उनके घर की निगरानी कराने के लिए श्री ओम प्रकाश चौटाला जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए । उन्होंने कहा कि श्री चन्द्रशेखर के ऐसा करने से यह साफ हो जाता है कि उसमें उनका कोई हाथ नहीं है । श्री गांधी ने कहा कि उन्होंने टैलीफोन पर भी श्री चन्द्रशेखर से यही कहा था लेकिन उन्होंने कोई भी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया ।

यह याद दिलाए जाने पर प्रधानमंत्री ने इस मामले की जांच का आश्वासन दिया है । श्री गांधी ने कहा कि सरकार को ऐसे कदम तो उठाने चाहिए थे जिनसे लगता कि वह कुछ कर रही है । उन्होंने कहा कि उन्हें परा विश्वास है कि श्री चौटाला इस मामले के लिए जिम्मेदार हैं । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि श्री चन्द्रशेखर के इस्तीफा देने से उन्हें आश्चर्य अवश्य हुआ है लेकिन श्री चंद्रशेखर के इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करने से उन्हें दुख हुआ है । श्री गांधी के साथ राष्ट्रपति भवन गए कांग्रेस (इ) नेताओं के नाम हैं : सर्वश्री पी.वी. नरसिम्हाराव, दिनेश सिंह, जी.आर. कुमार मंगलम,

मान गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

पत्रकारों को बताया कि श्री मान और पाटा के कुछ अन्य नेता तरनतारन के पास उसमान गांव में एक फार्म हाऊस में ठहरे हुए थे । पुलिस ने उन्हें रैली में जाने से रोक दिया ।

श्री सिद्धू ने आरोप लगाया कि रैली में हिस्सा लेने के लिए पंजाब के विभिन्न हिस्सों से कुछ अन्य नेताओं और कार्यकर्त्ताओं को भी अनेक स्थानों पर रोक दिया गया ।

इंका द्वारा वैकल्पिक सरकार ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

लूंगा ।

श्री राजीव गांधी के बारे में उनका कहना था कि कांग्रेस (इ) नेता ने "गलत वक्त पर गलत निर्णय लिया ।"

उन्होंने कहा कि राष्ट्र-हित में यही सर्वोत्तम उपाय है कि नए चुनाव कराए जाएं ।

अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में उन्होंने स्वीकार किया कि ये उपलब्धियां न तो बहुत बड़ी हैं और न बहुत ज्यादा, लेकिन उन्होंने दावा किया कि उनके सत्ता में आने के बाद एक खास बात यह हुई कि सामाजिक तनावों में कुछ हद तक कमी आई है ।

यह पूछने पर कि क्या विश्वनाथ प्रताप सिंह से संबंध तोड़ने पर उन्हें खेद है, श्री चंद्रशेखर ने कहा कि वह फैसला 'सोच समझ कर' किया गया था तथा उनकी प्रबल धारणा थी कि स्वयं कांग्रेस (इ) से संबंध तोड़ कर प्रधानमंत्री बने श्री सिंह "गलत रास्ते पर जा रहे हैं तथा गलत निर्णय ले रहे हैं ।"

उन्होंने कहा कि निगरानी कांड पर कांग्रेस (इ) द्वारा संसद के बहिष्कार के कारण ही उन्हें इस्तीफा देने के लिए विवश होना पड़ा ।

जनता दल (स) 500 सीटों पर चुनाव लड़ेगा

नई दिल्ली, 7 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने घोषणा की है कि जनता दल (स) आगामी लोकसभा चुनाव में 500 से अधिक सीटों पर अपने 'बलबूते' पर चुनाव लड़ेगा ।

पार्टी के संसदीय दल की आज दोपहर यहां हुई बैठक में प्रधानमंत्री ने इस आशय की घोषणा की । आज शाम यहां संवाददाताओं को इस बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रवक्ता हरमोहन धवन ने कहा कि बैठक में चुनावों में सीटों के तालमेल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई लेकिन संवाददाताओं के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसी भी सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता । बैठक में प्रधानमंत्री चंद्रशेखर तथा उप-प्रधानमंत्री देवी लाल दोनों ने ही सदस्यों से कहा कि वे जनता को चुनावों के लिए तैयार करें जो कि शीघ्र ही होने वाले हैं । प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में कुल 89 सदस्यों ने हिस्सा लिया ।

नूतन की स्मृति में पुरस्कार की स्थापना

नई दिल्ली, 7 मार्च (प.स.): फिल्म संस्कृति के संवर्द्धन के लिए समर्पित एक स्थानीय संगठन 'फिल्म अवलोकन' ने प्रख्यात अभिनेत्री नूतन की स्मृति में एक पुरस्कार की स्थापना की घोषणा की है ।

संगठन के महासचिव तथा प्रमुख सम्पादक राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि यह पुरस्कार उसी अभिनेत्री को प्रति वर्ष दिया जाएगा, जिसने लम्बे समय तक फिल्म उद्योग की उल्लेखनीय सेवा की हो ।

अरुण नेहरू व आरिफ द्वारा इंका में शामिल होने की सम्भावना से इंकार

खुर्जा, 7 मार्च (प.स.): जनता दल के वरिष्ठ नेता और भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण नेहरू और

भण्डारा व सम्मेलन सूचना 1991

महामण्डलेश्वर श्री 108 श्री स्वामी लक्ष्मणदास यति' जी महाराज: वेदान्ताचार्य M.A. की अध्यक्षता में सम्मेलन भण्डारों की सूचना–

(1) 7 मार्च से 10 मार्च तक बैंसी, (2) 14 से 20 मार्च मुरादाबाद, (3) 22 मार्च से 24 तक श्री रामंमदिर–विवेक विहार रामनवमी, (4) 29 मार्च से 31 तक श्री रघुनाथ मंदिर, नजफगढ़, (5) 3 अप्रैल से 7 तक गीता भवन मंदिर, धरौंडा, (6) 12 अप्रैल से 14 तक सनातन धर्म मंदिर-गोहाना ।



स्वामी गुरुचरणदास स्मारक ट्रस्ट

Punjab Sanatan

ले. जनरल हरजिन्द्र सिंह जिन्दा समेत 7 मिलिटैंट मारे गए, इंका नेता सहित 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 8 मार्च (प.स.): पंजाब में पिछले 24 [illegible] के दौरान इंका नेता और 2 पुलिस कर्मियों समेत [illegible] की हत्या हुई तथा के.एल.एफ. के लैफ्टिनेंट [illegible] सहित 7 मिलिटैंट भी मारे गए । अमृतसर [illegible] में कल रात पाकिस्तान से भारत में घुस आए [illegible] मिलिटैंट सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ के बाद [illegible] परिमाण में हथियार छोड़ कर पुनः पाकिस्तान [illegible] गए । इस बीच अम्बाला में आज तड़के सुरक्षा [illegible] ने एक मिलिटैंट को मुकाबला के दौरान मार [illegible] ।

ले. जनरल मारा गया : अमृतसर के बस [illegible] के निकट बुर्ज बाबा फूला सिंह के बाहर आज [illegible] बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान [illegible] फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल हरजिंद्र सिंह [illegible] जिंदा उर्फ पहलवान मारा गया । अमृतसर के [illegible] पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि [illegible] पर एक लाख रुपए का इनाम था और वह [illegible] शहर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 50 [illegible] लोगों की हत्याएं कर चुका था । वह धन [illegible] की कई वारदातों में भी संलिप्त था ।

[illegible] गुप्ता ने बताया कि दो पुलिस कर्मियों ने बुर्ज [illegible] स्थित एक दुकान में जिंदा को बैठा देखा । [illegible] जिंदा ने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग कर [illegible] । जवाबी फायरिंग में जिंदा घायल हो गया और अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया । श्री गुप्ता ने दावा किया कि जिंदा हाल ही में अमृतसर में पत्रकार अमरनाथ वर्मा तथा युवा इंका नेता श्री मदन लाल गुप्ता की हत्याओं में भी संलिप्त था । जिंदा अमृतसर में सक्रिय के.एल.एफ. के गिरोह का सरगना था । उसके 5 अन्य साथी पिछले दिनों सुल्तानविंड क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ 2 अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए थे ।

अम्बाला में मुठभेड़ के दौरान 1 मिलिटैंट मरा

एक और मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने कल शाम अमृतसर जिला में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट एक मिलिटैंट को मार गिराया ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के मन्ना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबलों की उनके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि दोनों कांस्टेबल भाई थे । उनके नाम कुलदीप सिंह तथा बलबीर सिंह हैं । कुलदीप सिंह कपूरथला में गुप्तचर स्टाफ में तैनात था । उसका भाई तरनतारन के पुलिस नियंत्रण कक्ष में वायरलैस आप्रेटर था । दोनों भाई अपने गांव में थोड़े दिनों की छुट्टी पर आए थे ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बलबीर सिंह की आज शादी थी । फायरिंग कल रात सवा आठ बजे के लगभग हुई । उस समय घर में शादी की तैयारियां हो रही थीं ।

मां-बेटे की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के मन्ना गांव में ही मिलिटैंटों ने गुरा सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी बीरो तथा बेटे अंग्रेज सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट हथियार छोड़ कर भागे : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार अजनाला सैक्टर में गत रात्रि पाकिस्तान में भारत में घुसने का प्रयास करने वाले मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद पुनः पाकिस्तान भाग गए । सीमा सुरक्षा बल की ओर से जारी की गई एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुठभेड़ लगभग 50 मिनट तक चली । घटनास्थल से बरामद हथियारों में तीन ए.के. 56 असाल्ट राइफलें, 19 मैगजीन, 4 चीनी पिस्तौलें, 589 कारतूस, दो राकेट, विस्फोटक के 17 पैकेट, दो प्रोपैलेंट ट्यूब तथा कुछ अन्य सामान बरामद हुआ है ।

इस बीच बी.एस.एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया है कि मुठभेड़ उस समय हुई जब मिलिटैंट नदी के रास्ते से भारत में घुस रहे थे । इस लिए यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि मिलिटैंट पुनः पाकिस्तान भाग गए हैं या वे मुठभेड़ में मारे गए हैं और उनके शव नदी में बह गए हैं । जाल और गोताखोरों की मदद से नदी में मिलिटैंटों के शवों की तलाश की जा रही है ।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री पी.एस. गिल ने बताया कि गत 22 फरवरी को गांव रायपुर खुर्द में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो 3 मिलिटैंट मारे गए थे, उनकी शिनाख्त हो गई है । इनके नाम सिम्बल सिंह उर्फ शिम्बा, गुरमेज सिंह तथा जगजीत सिंह बताए जाते हैं । शिम्बा पर 25 हजार रुपए का इनाम था । श्री गिल ने बताया कि ये मिलिटैंट जंडियाला तथा बाबा बकाला क्षेत्रों में सक्रिय थे । श्री गिल ने बताया कि शिम्बा पिछले साल 24 अक्तूबर को कम्युनिस्ट नेता सतपाल डांग के गनमैन तथा गनमैन के पिता की हत्या की वारदात में भी संलिप्त था ।

2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए : पुलिस के अनुसार थाना खेमकरण के गांव रत्तोकी के निकट

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ईराक से कुवैत के लिए निकल पड़े हैं ये लोग, यह जाने बिना कि उनका भविष्य क्या होगा

[illegible] (ईराक), 8 मार्च (ए.पी.): दिलों में [illegible] बिछड़ने का गम और बदन पर जुलमों [illegible] लिए नम्बे खतरनाक रास्तों से गुजरते हुए [illegible] लोगों की जुबान नहीं आंखें ही सारी [illegible] कह देती हैं ।

[illegible] के बयालीस वर्षीय राज गोपालन ने [illegible] कि वह काफी बीमार है । उन्होंने बताया कि [illegible] सुन्नी और लुटेरों के साथ रखा गया जहां [illegible] के लिए जगह नहीं थी । उनके बदन पर [illegible] के निशान खुदबखुद दर्द भरी दास्तान कहते [illegible] । राज गोपालन ने बताया कि वह कुवैत की एक [illegible] के लिए क्रेन चलाते थे । उन्हें इसलिए [illegible] किया गया क्योंकि वे नए परिचय पत्र नहीं [illegible] सके थे । राज गोपालन ने बताया कि वह [illegible] और एक बच्ची को कुवैत में ही छोड़ आए थे [illegible] तक उन्हें यह नहीं मालूम कि वे कहां हैं या [illegible] बीमार लोगों ने तो वहीं दम तोड़ दिया था ।

मिस्र के मोहम्मद इमाम मोहम्मद (30) कुवैत में एक विश्वविद्यालय में एयर कंडीशनर की देखरेख का काम करते थे । कुवैत पर ईराकी कब्जे के फौरन बाद ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । अपने अन्य साथियों की तरह उन्हें भी नहीं मालूम कि उनका भविष्य क्या है । मोहम्मद ने बताया कि उनकी पत्नी और एक नन्हा बच्चा कुवैत में ही हैं उन्हें नहीं मालूम कि वे जिन्दा भी होंगे या नहीं ।

दुर्गम रास्तों से गुजरते ये लोग ईराक से कुवैत के लिए निकल पड़े । यह सोचे बिना कि उनका भविष्य क्या होगा । ये लोग गत शनिवार को ही जेल से छूट पाए । कुछ ईराकी छापामारों ने जेल के दरवाजे तोड़ दिए और सभी लोग बाहर निकल आए ।

नवाज शरीफ ने रक्षा

Punjabi Samachar

समाप्त करने के
यज्ञों, लोकसभा
लों के नेताओं से
है ।

कृष्ण अडवानी
मन से भेंट की ।
ानी ने वर्तमान
क्ष के विचारों से
पक्ष का आग्रह है
सदीय काम-काज
की सिफारिश के
ाए और परम्परा
शेखर कार्यवाहक

ारी वाजपेयी भी

के उपाध्यक्ष कृष्ण
ाष्ट्रपति से आग्रह
कार्यवाहक सरकार
वधि चुनाव कराने
वाजे में किसी भी
टकलबाजी समाप्त

ाजनीतिक दल नए
त, तब राष्ट्रपति को
न करने के लिए इस
हिचकिचाना नहीं

गांधी और उनकी
'गैर जिम्मेदाराना'
ा जाएगा । अपनी
) अध्यक्ष ने अपने को
क का पात्र बनाया

ाष्ट्रपति से मध्यावधि
य करते हुए कहा कि
र सरकार के अधीन
ान सेठ के नेतृत्व में
ने श्री वेंकटरमन से
मुलाकात के दौरान
में कराए जाएं क्योंकि
उस दौरान मुसलमान
प्रमंडल के एक सदस्य
रों से बातचीत में कहा
ते से अनुरोध किया कि
ी सलाह के मद्देनजर
दें ।
क्ष एन.टी. रामाराव ने
पति भवन जाकर भेंट
श्री रामाराव ने श्री
ं के अध्यक्ष मंडल की
से अवगत कराया ।

न न हुआ होता...

प.स.): वयोवृद्ध सिंधी
ा सैयद का कहना है कि
रा न हुआ होता तो
ही अधिक मजबूत और
न्होंने कहा कि बंटवारे से
जोर हो गए ।
ाड़बड़ी और दंगे हर तरफ
इसका अपवाद नहीं है ।
ने यह खबर दी है ।
ामतौर पर दंगे आर्थिक
।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 2 मैगजीनें और 70 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

इंका नेता की हत्या : लुधियाना से 'धीमान' तथा समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात पौने 9 बजे की करीब माछीवाड़ा में ब्लाक इंका प्रधान तथा ट्रांसपोर्टर जगमोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के समय श्री जगमोहन सिंह पैदल ही अपने बेटे जोगिन्द्रपाल सिंह के साथ घर लौट रहे थे ।

मारुति वैन मालिक घायल : लुधियाना के हैबोवाल क्षेत्र में मिलिटैंटों ने मारुति वैन में जा रहे एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया तथा उसकी मारुति वैन लेकर भाग गए । घायल को सी.एम.सी. में भर्ती कराया गया है ।

दुर्दांत मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के नंदगढ़ गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (संघा गट) से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट गुरजंट सिंह उर्फ जैटा मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक मैगजीन भी बरामद हुआ है ।

एक की हत्या : भटिंडा जिला के भिखी गांव में मिलिटैंटों ने यादविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

लाइनमैन की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार कल रात थाना सदर बटाला के गांव लक्खोवाल में मिलिटैंटों ने बिजली बोर्ड के एक लाइनमैन अनूप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । इससे पूर्व मिलिटैंट अनूप सिंह को उसके घर से अपहृत करके ले गए थे । मृतक गांव उमरपुरा में कार्यरत था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 4 कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक व्यक्ति जख्मी : बटाला पुलिस जिला के गांव खानोवाल के निकट कल रात सुरक्षा कर्मियों तथा मिलिटैंटों के बीच मुठभेड़ के दौरान सुखदेव सिंह नामक एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया । उसे बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

स्कूटर छीना : गुरदासपुर (बिनोद): यहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर गुरदासपुर सदर के गांव जीवनवाल के पास मुख्य सड़क पर 2 मिलिटैंटों ने स्थानीय दवाई विक्रेता के कर्मचारी से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया । याद रहे कि दो दिन पहले भी इसी स्थान पर 2 मिलिटैंटों ने सरिन्द्र कुमार से उसका हीरो हांडा मोटर साइकिल (पी.बी./06-6163) छीन लिया था ।

नकदी व गहने लूटे : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि निकटवर्ती गांव कलयम में मिलिटैंटों ने जागीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरी घुस कर 30 हजार रुपए की नकदी, सोने के जेवरात व विदेशी कपड़े इत्यादि लूट लिए और फरार हो गए ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (भयण): पुलिस ने नाभा उपमंडल के गांव मलहेवाल से गुरचरण सिंह मलहेवाल को गिरफ्तार किया है । गुरचरण सिंह तथा उसके भाई दर्शन सिंह पर मिलिटैंटों को शरण देने का आरोप है ।

3 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण : पटियाला जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार पुलिस ने पटियाला सदर थाना के गांव बीबीपुर के निवासी 3 मिलिटैंटों जगमेल सिंह, जसबीर सिंह तथा रणजीत सिंह को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से दो बंदूकें, 2 राइफलें, एक पिस्तौल, गोली-सिक्का तथा दो स्कूटर भी बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा, दो अन्य घायल : अम्बाला में पुलिस के साथ आज प्रातः मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया और उसके दो साथी घायल हो गए । मुठभेड़ यहां कैपिटल सिनेमा चौक के पास हुई । मिलिटैंट एक एम्बैसैडर कार में सवार थे । पुलिस द्वारा कार से उतरने के लिए कहने पर उन्होंने गोलियां चलाईं । पुलिस ने जवाबी गोली चलाई, जिसमें एक मिलिटैंट मारा गया । पुलिस ने उसके दो घायल साथियों को धर-दबोचा । मृतक का नाम दलजीत सिंह बताया गया है और घायल हरजीत सिंह तथा ठाकुर सिंह उसके भाई हैं । वे तीनों दिल्ली के विष्णु नगर के रहने वाले बताए जाते हैं ।

पुलिस ने बताया कि उनके विरुद्ध लूट की कई घटनाओं में शामिल होने का आरोप है । करनाल पुलिस ने उन्हें 1983 में गिरफ्तार किया था । उनके पास से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

2 मिलिटैंट मुकाबले में मरे : होशियारपुर से 'वि.प्र.' के अनुसार एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने बताया कि आज रात्रि थाना बलाचौर के गांव नंपियाली में पुलिस के साथ एक मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए । एस.एस.पी. के अनुसार घटनास्थल से 303 की दो कटी हुई राइफलें और कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

ईराक में सरकार विरोधीसंघर्ष

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्वैया ने वाशिंगटन स्थित स्विस राजदूत एडोअर्ड ब्रूनर को इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रतिनिधि चुना है ।

बहुराष्ट्रीय सेना और ईराक ने युद्धबंदियों और हिरासत में रखे गए नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया तेज करने के लिए कल रियाद में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए । यह समझौता अंतर्राष्ट्रीय रैडक्रास समिति के तत्वावधान में दोनों पक्षों के बीच छह घंटे की बातचीत के बाद हुआ ।

ईरान के एक दैनिक ने कहा है कि पश्चिमी ताकतें ईराक में एक पश्चिमी-समर्थक सरकार कायम करने की कोशिश कर रही हैं । इस दैनिक ने कहा है कि पश्चिमी देश खाड़ी में प्रतिक्रियावादी सरकारों के हितों तथा अपने हितों की सुरक्षा के लिए ईराक में अपनी पिछलग्गू सरकार कायम करने की कोशिश कर रहे हैं ।

सोवियत संघ का कहना है कि अगर ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को अपदस्थ कर भी दिया गया तो भी ईराक के साथ उसकी 1972 में हुई मैत्री संधि कायम रहेगी ।

तेहरान टैलीविजन के साथ कल एक भेंटवार्ता में सोवियत संघ के उप-विदेशमंत्री अलेक्जांद्र बेलोनोगोव ने कहा, "यह संधि दो देशों के बीच हुई थी न कि दो सरकारों के बीच और ईराक की सरकार में परिवर्तन की संभावना के सही सिद्ध हो जाने की दशा में भी संधि कायम रहेगी ।"

कुवैत सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है । इस आशय की औपचारिक घोषणा आज कुवैत शहर में की गई । एक कुवैती नेता के अनुसार कुवैत पर ईराक के कब्जे के दौरान 2800 कुवैती मारे गए ।

जापान में कुवैती राजदूत अब्दुल अजीज अल शरीख ने कल टोक्यो में कहा कि कुवैत में तेल का उत्पादन फिर शुरू करने में कई महीने लगेंगे ।

सऊदी अरब में : अमरीकी विदेशमंत्री जेम्स बेकर आज सऊदी अरब पहुंचे । वह खाड़ी युद्ध के बाद उत्पन्न स्थिति के निपटारे के उद्देश्य से रियाद पहुंचे हैं ।

जेम्स बेकर ने कहा कि वह अपनी इसराईल यात्रा के दौरान फिलस्तीनी प्रतिनिधियों से मिलने को तैयार हैं ।

नाहीद रिहा

(पृष्ठ 3 का शेष)

ए.एस.आई. गुलाम हैदर का अपहरण कर लिया । उसकी तलाश के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है ।

कपवाड़ा के कालारूस क्षेत्र के निवासी मोहम्मद इसहाक मलिक, जो कि कल सेक्टरफर क्षेत्र में सरक्षा बलों तथा अलगाववादियों के बीच फायरिंग के दौरान गोली लगने से घायल हो गया था, ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । इस बीच जम्मू प्रांत के कठुआ जिला के छदवाई गांव से तीन अज्ञात व्यक्तियों के शव मिले हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

2 दुर्दांत अलगाववादी पकड़े गए : कश्मीर फ्रीडम मूवमैंट के स्वयंभू चीफ गुलाम

पंजाब में वीरता प्रदर्शन के लिए बी.एस.एफ. के 13 जवानों को पदक

नई दिल्ली, 8 मार्च (वार्ता): सीमा सुरक्षा बल के सूबेदार तीर्थ राम को बहादुरी के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक मरणोपरांत प्रदान किया गया है जबकि बल के 13 जवानों को पंजाब में साहसिक कार्य के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है । तीर्थ राम के अलावा तीन अन्य को भी पंजाब के विभिन्न भागों में हुई मुठभेड़ में वीरतापूर्वक अपना जीवन बलिदान करने के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया । वे हैं सब इंस्पैक्टर गोरु राम, लांसनायक गौर चंद और कांस्टेबल रबन कुमार । पुलिस पदक से जिन अन्य जवानों को वीरता के लिए सम्मानित किया गया है, वे हैं एम.ई. जार्ज, बजेन्द्र सिंह, एम.एस. चौहान, श्रम सिंह, लालदीन, दलबीर सिंह, बेल्लायन सामी राजू, मोहन सिंह, केसर सिंह और लवदेश बहादुर सिंह ।

उच्च न्यायालय से

विधानसभा स्पीकर द्वारा बनाया गया नियम रद्द

चंडीगढ़, 8 मार्च (गुप्ता): पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एम.आर. अग्निहोत्री ने पंजाब विधानसभा के स्पीकर द्वारा बनाया वह नियम रद्द कर दिया है जिस द्वारा क्लर्कों व टाइपिस्टों के दो केडरों का विलय एक केडर में कर दिया गया था । विधानसभा में सहायक पद पर कार्यरत रघबीर सहाय ने इस नियम को चुनौती दी थी, जिसे कि केडर विलय होने के बाद पदावनत किया गया था । न्यायाधीश ने आदेश दिया है कि क्लर्कों व टाइपिस्टों की अलग-अलग वरिष्ठता सूचियां बनाई जाएं व उनके आधार पर उनको पदोन्नतियां दी जाएं ।

याचिकाएं स्वीकार : न्यायाधीश श्री एम.आर. अग्निहोत्री ने कु. अनीतिन्दर कौर, कु. पल्लवी तथा कु. सोनू भंडारी की वे याचिकाएं स्वीकार कर ली हैं जिन द्वारा पंजाब वि.वि. में एम. फिल कोर्स में प्रवेश दिए जाने की मांग की गई थी । पहले एक खंडपीठ ने याचिकाएं विचारार्थ स्वीकार करते हुए इनको अस्थायी प्रवेश दिए जाने के निर्देश दिए थे ।

राष्ट्रपति से नए चुनावों की घोषणा करने की अपील

अमृतसर, 8 मार्च (नारंग): भारतीय जनता पार्टी अमृतसर के प्रधान स्वामी हीरा नंद व युवा मोर्चा प्रधान श्री राकेश शालीबान ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि राष्ट्रपति तुरन्त लोकसभा भंग कर नए चनावों की घोषणा करें ताकि देश में राजनैतिक अस्थिरता का वातावरण समाप्त हो सके । इका द्वारा चंद्रशेखर सरकार से की गई गददारी के सम्बन्ध में भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस से इनसे ज्यादा क्या उम्मीद की जा सकती थी ऐसा तो होना ही था । हां, यह जरूर है कि अपेक्षित समय से कुछ पहले हो गया । अब एकमात्र हल देश में नए चुनाव करवाना है ।

शहीद सत्कार समिति गठित करने का निर्णय

अमृतसर, 8 मार्च (नारंग): हिन्दु शिव सेना अमृतसर के वरिष्ठ नेता श्री संजय शर्मा ने एक प्रैस बयान में बताया कि सेना के तत्वाबधान में शहीद सत्कार समिति गठित करने का निर्णय किया गया है । इस संदर्भ में मिलिटैंसी का शिकार अमृतसर के शहीदों के परिवारों को सहायता प्रदान की जाएगी । समिति ने राहत सामग्री के रूप में कपड़े, बर्तन तथा सिलाई मशीनें जरूरतमंद शहीद परिवारों को देने की योजना बनाई है । इस उपलक्ष्य में पहला कार्यक्रम आगामी 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा ।

अडवानी

(पृष्ठ 3 का शेष)

साहब देवरस से भी कल नागपुर में भेंट करके अगली चुनाव रणनीति हेतु संघ के सहयोग सम्बन्धी चर्चा की । पार्टी इस चुनाव में अयोध्या कांड, राम मंदिर निर्माण, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की स्थिति को चुनावी मुद्दा बना रही है तथा प्रदेश इकाइयों को इसी सप्ताह से जन-सम्पर्क अभियान शुरू करने के निर्देश

थैचर का अमरीका में भव्य स्वागत : मैडल आफ फ्रीडम मिला

वाशिंगटन, 8 मार्च (प.स.): अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती मार्गरेट थैचर का आज यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया । एक विशेष समारोह में श्री बुश ने उन्हें मैडल आफ फ्रीडम प्रदान किया और उन्हें तथा उनके पति को ठहराने के लिए उस कमरे तक ले गए, जहां महारानी एलिजाबेथ और विन्स्टन चर्चिल ठहर चुके हैं ।

विहिप द्वारा 15 को आंदोलन की घोषणा

लुधियाना, 8 मार्च (महिन्द्रा, धीमान, नेपाल): विश्व हिन्दू परिषद पंजाब यूनिट ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए पंजाब भर में 15 मार्च को आंदोलन चलाने की घोषणा कर दी है । पंजाब यूनिट के प्रधान श्री महंत राम प्रकाश दास, महा सचिव श्री चिरंजीव सिंह तथा प्रचार सचिव श्री कुलतार चंद शर्मा ने यहां कहा कि पंजाब भर में जिला स्तर पर सरकार तथा उनके राजनीतिक नेताओं के विरुद्ध प्रदर्शन किए जाएंगे, जो श्री राम मंदिर के निर्माण के रास्ते में रुकावट पैदा कर रहे हैं ।

श्री चिरंजीव सिंह ने आगे बताया कि 10 मार्च रविवार को श्री राम सत्संग भवन, मोहल्ला छावनी, लुधियाना में विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि लुधियाना में प्रदर्शन घंटा घर से 15 मार्च को आरम्भ होगा तथा लघु सचिवालय में समाप्त होगा । जहां जिलाधीश को ज्ञापन दिया जाएगा ।

पंजाब वासी शांति चाहते हैं : राजेन्द्र सिंह

गुरदासपुर, 8 मार्च (विनोद): पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए अमन मार्च और अमन रैली के सम्बन्ध में आज मौसम खराब होने के बावजूद स्थानीय राजकीय कालेज में अमन रैली का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता श्री राजेन्द्र सिंह सचिव लोक निर्माण विभाग पंजाब ने की । उन्होंने अपने भाषण में कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम जनता का कार्यक्रम है । इसका मुख्य उद्देश्य जहां आपसी भाईचारा पैदा करना है, वहां प्रशासन और जनता में दूरी खत्म करना है, ताकि जनता में विश्वास पैदा हो सके । उन्होंने कहा कि पंजाब वासी शांति चाहते हैं और देश की एकता और अखंडता के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं परन्तु कुछ विदेशी ताकतें हमारे देश की तरक्की, आपसी भाई चारे को बर्दाश्त नहीं करती और हमारे नौजवानों को गुमराह कर गलत दिशा दे रही है । परन्तु अब जनता को सच्चाई का पता चल गया है और लोग शांति चाहते हैं ।

इस रैली का अकाली दलों, जनता दल द्वारा बहिष्कार किया गया जबकि अन्य सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों ने रैली को संबोधित कर देश की एकता और अखंडता के लिए संगठित होने का आह्वान किया ।

दूरसंचार
अमृतसर टैलिफोन के लिए टै

महाप्रबंधक, दूरसंचार अमृतसर, द्वार निदेशालय, नई दिल्ली और/अथवा अन्य म रूप में पंजीकृत मुद्रकों अथवा अन्य प्रतिष्ठि पास पंजीकृत न हों, किंतु क्षमता और साम अंग्रेजी में 8 प्वाएंट टाइप में लगभग 21 डायरैक्टरी के मुद्रण के लिए मोहरबंद नि

2. सामान्यतः उन मुद्रकों से निविदाएं पंजाब, हरियाणा और अमृतसर में अथ हैं ।

3. केवल उन्हीं मुद्रकों को ही अपनी नि 36,000 प्रतियां टैलिफोन डायरैक्टरियां, और डिलिवर कर सकते हैं ।

4. निविदा पत्रक, शर्तों और नियमों अप्रतिदेय, का रेखांकित डाकादेश देकर

ा प्रदेश राज्य वन निगम परिमित
वन कार्य मंडल, धर्मशाला
निविदा सूचना

न निगम परिमित की ओर से, रजिस्टर्ड लेबर सप्लाई मेट्स से, र्माशाला वन मंडल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले धर्मशाला वन मंडल के

Punjab Sanjaani

(शेष पृष्ठ 10 पर)

और जनता दल (समाजवादी) के एक वर्ग से समर्थन

सी.आर.पी. के सहायक कमांडेंट की दोनों बेटियां रिहा

जालंधर, 9 मार्च (वि.प्र.) : मिलिटैंटों द्वारा केंद्रीय आरक्षी बल के सहायक कमांडैंट श्री गुरचरण सिंह की दो पुत्रियों को कल देर रात मुक्त कर दिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जालंधर श्री सरेश अरोड़ा और एक सी.आर.पी. के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार 20 वर्षीय परमजीत कौर और 17 वर्षीय पलविंदर जीत कौर गत रात पौने दो बजे अपने घर पहुंच गई । मिलिटैंटों ने सहायक कमांडैंट की पत्नी और दोनों बेटियों का 6 मार्च को यहां मकसूदां के निकट उनके निवास स्थान से अपहरण कर लिया था । सहायक कमांडैंट की पत्नी को उन्होंने अपहरण के तुरन्त बाद रिहा कर दिया था । अपहरण की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने अपने ऊपर ली थी । उन्होंने इन लोगों को मुक्त करने के लिए बब्बर खालसा जालंधर क्षेत्र के कमांडर रमिन्दर सिंह उर्फ टैणी की रिहाई की मांग की थी ।

जालंधर पुलिस और सी.आर.पी. ने इसके बदले मास्टर अमरीक सिंह के परिवार के कुछ सदस्यों को हिरासत में ले लिया था । कल दोनों तरफ से इन दोनों लड़कियों और अमरीक सिंह के परिवार की रिहाई के संबंध में काफी कोशिशें होती रहीं । अमरीक सिंह के परिवार को रिहा कराने वालों का कहना था कि उनके बच्चों की परीक्षाएं बहुत निकट हैं इसलिये उन्हें रिहा कर दिया जाए । इस पर सुरक्षा बलों का जवाब था कि हमारे बच्चों की भी तो परीक्षाएं हैं जिनका अपहरण करके उन्हें आर्तीकत किया जा रहा है । सुरक्षा बलों का जवाब था कि आपके बच्चे तो फिर भी पढ़ रहे हैं जबकि हमारे बच्चे पढ़ना तो दूर अपनी जान की भी खैर मना रहे होंगे । उनका क्या दोष है ? इस पर देर रात पौने 2 बजे आंखों पर पट्टी बांध कर एक कार में दोनों लड़कियों को उनके घर के निकट छोड़ दिया गया ।

दूसरी ओर मिलिटैंटों ने लड़कियों को एक पत्र लिख कर भी दिया है जिसमें उन्होंने इस अपहरण के लिए क्षमा मांगी है ।

उल्लेखनीय है कि आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष भाई मनजीत सिंह ने कल एक बयान जारी कर मिलिटैंटों की कार्रवाई पर रोष प्रकट किया था तथा सरकार व मिलिटैंट संगठनों से अपील की थी कि महिलाओं को तंग नहीं किया जाना चाहिए बल्कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए ।

मिलिटैंटों का यह पत्र खालिस्तान कमांडो फोर्स (जंजवड़ ग्रुप) की ओर से लिखा गया है तथा इस पर जनरल भाई गुरमुख सिंह नागोके के हस्ताक्षर हैं । इसमें दावा किया गया है कि इस ग्रुप को सोहन सिंह के नेतृत्व वाली पंथक कमेटी का समर्थन प्राप्त है । पत्र में स्पष्ट किया गया है कि "लैटर पैड समय पर उपलब्ध न होने के कारण हमें हमारी सहयोगी जत्थेबंदी बब्बर खालसा ने अपना लैटरपैड दिया तथा अब भी लैटरपैड न होने पर यह पत्र दे रहे हैं ।" इसमें कहा गया है कि हम महिलाओं का अपहरण करने के पक्ष में नहीं हैं परन्तु मजबूर थे तथा शर्मिंदा भी हैं । हम इन्हें केवल लड़किया होने पर छोड़ रहे हैं ।

हमने सी.आर.पी.एफ. के सहायक कमांडैंट की पुत्रियों का, अपने साथी रमिन्दर सिंह टैणी की रिहाई के लिए अपहरण किया । इस अपहरण कांड के लिए हमें पुलिस ने विवश किया ।

'वार्ता' के अनुसार लड़कियों ने बताया कि अपहर्त्ताओं ने उनके साथ बहनों के समान व्यवहार किया था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन लड़कियों को नंदनपुर गांव के पास आंखों पर पट्टी बांध कर छोड़ा गया । मिलिटैंट गत बुधवार को इन लड़कियों और इनकी मां का स्थानीय विवेकानंद पार्क स्थित उनके निवास स्थान से अपहरण करने के बाद उन्हें पैदल ही नंदनपुर गांव तक ले गए थे । वहां से इन लड़कियों को कार में बिठा कर आगे ले गए थे तथा इनकी मां को उसी रात मुक्त कर दिया था क्योंकि मिलिटैंटों के साथियों ने, जो कार लेकर इन लड़कियों को ले जाने आए थे, इनकी मां का अपहरण करने पर आपत्ति की थी ।

लड़कियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कमरे में रखा गया जिसके साथ बाथरूम भी संलग्न था परंतु उन्हें यह नहीं मालूम कि उन्हें किसी गांव में या शहर में रखा गया था । उन्होंने बताया कि जहां से उन्हें कार में बिठा कर ले जाया गया था वहां से इस स्थान तक पहुंचने में डेढ़ घंटा लगा था ।

लड़कियों ने बताया कि एक व्यक्ति अपना मुंह ढांप कर उन्हें खाना देने आया करता था परंतु उन्होंने अपने अपहरण के विरोध में अपने अपहर्त्ताओं के हाथ का खाना खाने से इंकार कर दिया था । जब इस व्यक्ति ने बार-बार उन्हें कहा कि वह उनके भाई के समान है तो लड़कियों ने उसे कहा कि सिख अपनी बहनों का अपहरण नहीं करते या उन्हें कैद करके नहीं रखते हैं ।

लड़कियों ने कहा कि उन्हें कैद करके रखने वाले उन्हें खाना खिलाने के प्रयास में सफल नहीं हुए तथा वे 52 घंटे कैद में रहने के बाद भूखी ही घर लौटी हैं । सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंट रमिंद्र जीत सिंह को रिहा कराने के अपने प्रयास में सफल नहीं हुए ।

उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि लड़कियों के बदले में किसी मिलिटैंट को छोड़ा गया है ।

सूत्रों ने कहा कि रमिन्दर जीत सिंह के पिता मास्टर अमरीक सिंह के परिवार के किसी भी सदस्य को रिहा नहीं किया गया । सूत्रों ने दावा किया कि जिला अकाली दल (मान) शहरी के अध्यक्ष मा. अमरीक सिंह के परिवार के सदस्यों की गिरफ्तारी का अपहरण की घटना से कोई संबंध नहीं है । उन्होंने कहा कि इन लोगों को चंडीगढ़ पुलिस पूछताछ के लिए ले गई है, जहां वे अभी तक हिरासत में हैं ।

3 मिलिटैंट मरे : 5 लोगों की हत्या : अपहृत बच्चे के बदले कुख्यात मिलिटैंट को रिहा करने की मांग

चंडीगढ़, 9 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट व 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए जबकि 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । मिलिटैंटों को शरण देने वाली एक महिला डाक्टर सहित कुछ मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए हैं । पटियाला के डी.एस.पी. के अपहृत भांजे के बदले में मिलिटैंटों ने एक कुख्यात मिलिटैंट को रिहा करने की मांग की है ।

हत्या : बटाला (गुरदासपुर) : चार मिलिटैंट गत रात वैरोनंगल गांव में एक व्यक्ति दर्शन सिंह के घर गए तथा बटाला सदर थाना के अंतर्गत गांव रंगड़ नंगल में उसके भाई अजीत सिंह के घर के बाहर गोली मार कर उसकी (दर्शन सिंह) हत्या कर दी ।

एक अन्य हत्या : कुछ बंदूक धारियों ने गुरदासपुर जिले के बाबरी नंगल गांव में कावल सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

लूटने का असफल प्रयास : नूरपुर बेदी (चौधरी) : गत रात्रि यहां के निकटवर्ती थाना नूरपुर के गांव बाहमणमाजरा के अध्यापक श्री प्रेम सिंह चाहल के घर रात के लगभग 12 बजे 4 सशस्त्र युवक दरवाजा तोड़ कर अन्दर दाखिल हो गए और उक्त अध्यापक को घर से बाहर निकालकर गांव के जमींदार राजा का घर बताने को कहा । प्रेम सिंह के आवाज देने पर जब राजा ने दरवाजा खोला तो उक्त युवकों को असला देखकर राजा ने शोर मचा दिया जिस पर घर के लोग जाग पड़े और सशस्त्र युवक फायरिंग करते हुए भाग गए । अध्यापक प्रेम सिंह ने स्थानीय थाना में सूचना दी है कि मैंने इन चार युवकों में से दो की शिनाख्त कर ली जिनके नाम रजिन्द्र सिंह जिन्द और अमरजीत हैं, जो मेरे गांव के हैं और रोपड़ में रहते हैं । स्थानीय पुलिस ने सरगर्मी से तहकीकात शुरू कर दी है ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : होशियारपुर से 'नि.स.' के अनुसार एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने बताया कि गढ़दीवाला पुलिस ने लूटपाट करने वाले मिलिटैंटों के गिरोह के तीन सदस्यों इकबाल सिंह उर्फ साबी, साहब सिंह उर्फ सीबा और सुखवंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 303 बोर का एक पिस्तौल, एक 12 बोर का पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ अभी जारी है ।

पहचान नहीं : श्री राजन गुप्ता के अनुसार कल रात थाना बलाचौर के गांव ताजोवाल के पास पुलिस मुकाबले में मारे गए 2 मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

तीनों अपहृत घर लौटे : अबोहर (सदोष) : मिलिटैंटों द्वारा गत सोमवार को गांव दलमीर खेड़ा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सलेम में लिट्टे के 2 उग्रवादी, 4 उनके आश्रयदाता गिरफ्तार

मद्रास, 9 मार्च (वार्ता): तमिलनाडु पुलिस ने कल रात सलेम में लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के दो उग्रवादियों तथा उन्हें आश्रय देने वाले चार लोगों को हिरासत में ले लिया । पुलिस ने उनसे बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए । आज यहां प्राप्त सूचना के अनुसार उग्रवादियों के नाम भचियालगन तथा भास्करन हैं । उन पर तोड़फोड़ करने का षड्यंत्र रचने व विस्फोटक पदार्थ कानून के तहत मुकद्दमे दर्ज किए गए हैं और 15 दिन के लिए पुलिस हिरासत में दे दिया गया है ।

Punjabi Sansar.com

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

से अपहरण किए गए तीनों व्यक्ति कल अपने घर वापस लौट आए हैं । मिलिटैंट 9 हथियार, नकदी और गहने भी लूट कर ले गए थे । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने उक्त ग्राम का दौरा करने के बाद बताया कि उन्हें इस बात पर आश्चर्य है कि मिलिटैंट इतनी आसानी से उक्त वारदात कैसे कर गए थे जबकि वहां के लगभग 200 ग्रामीणों के पास शस्त्र हैं । श्री चट्टोपाध्याय को गांव में बताया गया कि पांच मिलिटैंट खाकी वर्दियों में आए थे तथा उनके पास अपने लक्ष्यों की लिस्ट भी थी । कुछ ग्रामीणों द्वारा मिलिटैंटों को गुप्त रूप से सहायता देने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता ।

इस बीच श्री चट्टोपाध्याय ने यहां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक मीटिंग की तथा अबोहर उपमंडल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनके सहयोग की आकांक्षा व्यक्त की । उन्होंने आश्वासन दिया कि दलमीर खेड़ा की घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । इस अवसर पर अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्री एम.पी. सिंह तथा डी.एस.पी. श्री अर्पित शुक्ला भी उपस्थित थे ।

खेतों में हत्या : मलोट (केवल) : मलोट सदर थाना के गांव गुरुसर में गत रात लगभग 8.15 बजे 4 मिलिटैंट बहाल सिंह सरपंच के घर आए तथा उसे घर से बाहर खेतों में ले जाकर गोली मार कर मार डाला ।

कैमिस्ट का अपहरण : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार स्थानीय बैंक रोड का एक कैमिस्ट मुलख राज आज प्रातः सैर करने गया, घर वापस नहीं लौटा । उसके परिवार के सदस्यों ने आशंका व्यक्त की है कि उसका अपहरण कर लिया गया है ।

बच्चे के बदले मंगल सिंह की रिहाई की मांग : पटियाला (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने मांग की है कि उनके लैफ्टीनैंट जनरल मंगल सिंह, जो उनके अनुसार लुधियाना पुलिस की हिरासत में है, को डी.एस.पी. (डिटैक्टिव) पटियाला जी.एस.एस. ग्रेवाल के भांजे साढ़े पांच वर्षीय बलदीप सिंह के बदले में रिहा किया जाए । बलदीप सिंह का 24 दिन पहले गत 15 फरवरी को गुढ़े गांव (थाना जगराव जिला लुधियाना) से उसकी मां के घर से अपहरण कर लिया गया था । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा का कहना है कि उनकी जानकारी के अनुसार मंगल सिंह लगभग 4 माह पूर्व मुकाबले में मारा जा चुका है ।

श्री शर्मा ने कहा कि मिलिटैंट संगठन बच्चों का अपहरण कर गंदी चाल चल रहे हैं । उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि मानवाधिकार संगठन, जो अक्सर झूठे मुकाबलों की बातें करते हैं, इस बारे में खामोश हैं तथा मिलिटैंटों की इन कार्रवाइयों की निंदा नहीं करते । श्री शर्मा ने कहा कि वे मिलिटैंटों की धमकियों के आगे नहीं झुकेंगे ।

शरणदाता महिला डाक्टर गिरफ्तार : पुलिस ने डा. श्रीमती मनिंदर पाल कौर बी.ए.एम.एस. को मिलिटैंटों को शरण देने तथा अपने क्लीनिक में उनके हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है । उसका पटियाला में त्रिपुरी में अपना एक नर्सिंग होम है । पुलिस ने उसके क्लीनिक की तलाशी के दौरान एक स्टिक बम, एक पाइप बम और दो डैटोनेटर बरामद किए हैं । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा के अनुसार उसके साथी रणजीत सिंह फौजी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । वह बब्बर खालसा गिरोह से संबंधित पाई गई है । डा. कौर का कोटकपूरा के डा. शविंद्र सिंह से विवाह हुआ था, और उसने पति से तलाक ले लिया था, परंतु बब्बर खालसा के लोगों द्वारा दबाव डाले जाने पर उसके एक वर्ष पूर्व अपने पति से पुनः विवाह कर लिया था । पूछताछ के दौरान रणजीत सिंह फौजी ने गत माह त्रिपुरी टाऊनशिप में सी.आर.पी.एफ. की चौकी पर हुए बम विस्फोट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

2 घुसपैठिए मरे : सुरक्षा बलों ने भारत-पाक सीमा पर अजनाला सैक्टर में 2 अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया ।

2 मिलिटैंट मरे : पट्टी से संवाददाता के अनुसार गत रात पुलिस जिला तरनतारन के खेमकरण कस्बे में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार खेमकरण के एस.एच.ओ. ने पुलिस दल के साथ कस्बे में एक नाका लगाया हुआ था कि वहां से गुजर रही एक कार को संदेह होने पर रुकने का संकेत किया परंतु कार-सवारों ने रुकने की बजाय फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई तथा कुछ समय तक दोनों तरफ से फायरिंग होती रही । फायरिंग रुकने पर पुलिस ने जब देखा तो कार में दो लाशें पड़ी थीं । लाशों के पास दो ए.के. 47 राइफलें तथा 67 कारतूस पड़े थे ।

मिलिटैंट काबू : पुलिस जिला तरनतारन में ही गांव रत्ता खेड़ा के निकट कल रात एक हल्की मुठभेड़ के बाद सेवा सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से एक स्टिक बम और विस्फोटकों के दो पैकेट बरामद किए गए । उसका एक साथी फरार हो गया ।

एस.एस.पी. के पिता का अपहरण : अमृतसर (प.स.): मिलिटैंटों ने अमृतसर नगर के बाहर स्थित गांव फतेहपुर से एक स्थानीय उद्योगपति श्री भगवंत सिंह का आज उस समय अपहरण कर लिया, जब वे अपने घर से बाहर निकले । 58 वर्षीय श्री भगवंत सिंह भणिपुर के पूर्वी जिले में तैनात एस.एस.पी. श्री हरजीत सिंह संधू आई.पी.एस. के पिता हैं । श्री भगवंत सिंह, जो गांव में एक समारोह में भाग लेने गए थे, का अपहरण करके 2 मिलिटैंट उन्हें आटो रिक्शा में ले गए । श्री



भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स (संघ गुट) के दो मिलिटैंट (ऊपर) बलजीत सिंह उर्फ काला निवासी मीरपुर (जिला लुधियाना) तथा (मध्य) सुखदेव सिंह निवासी गांव खमाणों कलां (जिला लुधियाना) की लाशें, जिन्हें गत दिवस प्रिंस एयो एलाईड इंडस्ट्रीज, मंडी गोबिंदगढ़ में श्रमिकों ने काबू कर लिया था और उनके ही हथियारों से उनको मार डाला था । (नीचे) मिलिटैंटों से छीनी गई ए.के. 47 राइफल और .38 बोर का रिवाल्वर ।

हरजीत सिंह कल ही मणिपुर रवाना हुए थे । पुलिस ने मिलिटैंटों की तलाश शुरू कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने श्री भगवंत सिंह की रिहाई के लिए कुछ मिलिटैंट छोड़ने की मांग की है ।

मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव मोहनपुरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से 3 हथगोले और छड़ बम भी बरामद किए गए हैं ।

महिला की पेड़ से लटकी लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले में आज सिधवां गांव के निकट पेड़ से लटकती एक महिला की लाश मिली है, जिसकी शिनाख्त मीतो के रूप में की गई है ।

लाश बरामद : पुलिस ने इसी पुलिस जिले में नारली गांव के निकट एक व्यक्ति जगतार सिंह की गोलियों से छलनी लाश बरामद की है ।

3 घर जला दिए : मिलिटैंटों ने गत रात्रि पुलिस जिला मजीठा के दो अलग-अलग गांवों में 3 घरों को आग लगा दी । मिलिटैंटों का एक गुट एक व्यक्ति प्रीतम सिंह के घर में घुस गया, जिसके दो लड़के राज्य पुलिस में हैं और घर को आग लगा दी । दूसरी घटना में अभियुक्तों ने गांव पहरी कलां में करतार सिंह और पूर्ण सिंह नामक व्यक्तियों के घरों को आग लगा दी और करतार सिंह के घर में 6000 रुपए नकद तथा 20000 रुपए के आभूषण चुरा कर ले गए ।

दूतावास खोलने की मांग

नई दिल्ली, 9 मार्च (प.स.): भारत ने सऊदी स्थित कुवैत सरकार से वहां भारतीय दूतावास को फिर से खोलने की मांग की है । सरकारी सूत्रों ने अखबारों में छपी इन खबरों को गलत बताया है कि कुवैत सरकार ने कुवैत में भारतीय दूतावास को फिर से खोलने पर आपत्तियां व्यक्त की हैं ।

बंगला देश में अवामी पार्टी को और 3 सीटें मिलीं

ढाका, 9 मार्च (प.स.): बंगला देश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी अवामी लीग ने तीन और संसदीय सीटों पर विजय हासिल कर ली है । चुनाव आयोग ने आज यह घोषणा की । चार

चंद्रशेखर सरकार

(पृष्ठ 1 का शेष)

है ।

श्री भगत ने बताया कि बहुत जल्दी राज्य चुनाव समितियों का गठन कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों का चयन आम सहमति से होगा । उन्होंने बताया कि चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने के लिए जल्दी ही एक समिति का गठन किया जाएगा । इस बार चुनाव अभियान कम खर्चीला होगा और उसमें स्थानीय लोगों को शामिल किया जाएगा । उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जल्दी ही अपना चुनावी दौरा शुरू करेंगे । दौरे का पहला चरण इस महीने के दूसरे सप्ताह में शुरू हो जाएगा । यह चुनावी दौरा तीन चरणों में होगा ।

राष्ट्रपति द्वारा पत्र : राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने श्री चंद्र शेखर और लोकसभा अध्यक्ष रवि राय को एक पत्र लिख कर स्पष्ट किया है कि कामचलाऊ प्रधानमंत्री द्वारा वित्तीय विधेयक लाने में कोई संवैधानिक बाधा नहीं है । उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि "कामचलाऊ प्रधानमंत्री भी पूर्ण प्रधानमंत्री जैसा ही सक्षम है ।" इस बीच श्री वेंकटरमन ने मौजूदा संकट सुलझाने के लिए संवैधानिक और विधि विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श जारी रखे हुए हैं ।

यादव और पटेल राष्ट्रपति से मिले : जनता दल (स) के दो मुख्यमंत्रियों उत्तर प्रदेश के मुलायम सिंह यादव और गुजरात के चिमनभाई पटेल ने आज दोपहर राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से मुलाकात करके देश के वर्तमान राजनीतिक संकट पर विचार-विमर्श किया । कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी की राष्ट्रपति से मुलाकात के फौरन बाद ही इन दोनों मुख्यमंत्रियों ने श्री वेंकटरमन से भेंट की ।

श्री पटेल ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस (इ) के समर्थन पर टिकी उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकारों से कांग्रेस (इ) ने अपना समर्थन वापस नहीं लिया है । यह पूछे जाने पर कि क्या वह मध्यावधि चुनाव की सम्भावना देखते हैं, श्री यादव ने कहा 'केवल राष्ट्रपति बेहतर जानते हैं ।' श्री पटेल ने बाद में श्री गांधी से मुलाकात की । पिछले दो दिनों में श्री गांधी से यह उनकी दूसरी मुलाकात थी ।

इस बीच श्री मुलायम सिंह यादव और श्री चिमन भाई पटेल ने इस बात का खंडन किया कि वे जनता दल समाजवादी और कांग्रेस (इ) के बीच सुलह सफाई की कोशिश कर रहे हैं । दोनों मुख्यमंत्रियों ने पत्रकारों को बताया कि इसकी जरूरत भी नहीं है क्योंकि कांग्रेस (इ) ने समर्थन वापस नहीं लिया है । लेकिन दोनों ने इस बात की पुष्टि की कि वे अपने-अपने राज्यों में वर्तमान स्थिति बनाए रखने अर्थात् कांग्रेस (इ) का समर्थन बरकरार रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं ।

दोनों मुख्यमंत्रियों ने पहले तो राष्ट्रपति के साथ मुलाकात को 'शिष्टाचार भेंट' करार दिया लेकिन बार-बार पूछने पर कहा कि राष्ट्रपति के साथ हुई बातचीत को सार्वजनिक करने की परम्परा नहीं है । श्री पटेल ने सिर्फ इतना कहा कि राष्ट्रपति के साथ देश में राजनीतिक स्थिति के बारे में आम चर्चा हुई । श्री पटेल और श्री यादव के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री हुकम सिंह भी राष्ट्रपति से भेंट करने वाले थे, लेकिन किसी कारण वह यहां नहीं पहुंच सके ।

राष्ट्रपति से आज भेंट करने वाले अन्य नेताओं में उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री गोगांग अपांग, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरन, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनता दल (स) के जगदीश धनखड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनता दल के नेता अरुण नेहरू, असम के पूर्व मुख्यमंत्री पी.के. महंत शामिल हैं । असम के राज्यपाल डी.डी. ठाकर और योजना आयोग के अध्यक्ष मोहन धारिया भी आज राष्ट्रपति से मिले ।

कांग्रेस में हताशा दिखाई देती है :



समाजवादी लाल पार्टी

खुराना ने
है कि वह
राष्ट्रपति
करने और
ले ताकि अ
कहा कि श
उनकी वि
है । उन्हों
भागने की
से भी दूर

राष्ट्र
अप्रैल
राष्ट्रपति
(इ) की चा
परिषद की
नया चुना
निर्वाह करे
ने आज नई
किसी तरह
व्यवस्था
व्यवस्था
है कि रा
संवैधानिक
शेखर की
उन्हें लोक
वक्तव्य
सोमनाथ
एन.ई. ब
उपेन्द्र (ते
दिनेश गो
(फारवर्ड
(आर.एस

चुना
लखनऊ
कि वर्तम
'अपरिहा
अड़डे पर
थे । वे
कि देश
स्थिति न
चुनाव क
हैं ।

यहां
जनता द
तो उन्हों
नहीं है
विरोध न
हो । उ
कांग्रेस (
ली थी,
थे । क
सरकार
टिप्पणी
उन्होंने
श्री
इस्तीफे
(स) और

वीडियो गेम्ज लाइब्रेरी वाले सावधान

अपनी Library में वीडियो गेम लगाएं Cabinate समेत 4500/- लगा कर 100/- रोज तक अतिरिक्त कमाएं अथवा वीडियो गेम्ज Cassette किराया पर देने के लिए रखें—पूरी जानकारी के लिए

PUNJAB ELECTRONICS
Chowk Central Town, Jalandhar.

पेट के रोगों

का खास खानदानी आयुर्वेदिक ईलाज । हमारे ईलाज से बढ़े हुए पेट व शरीर के भारीपन को ठीक करने हेतु मिलें या लिखें । खोई हुई सेहत हेतु भी मिलें—**डा. गुप्ता, गुप्ता दवाखाना (रजि.), नया फव्वारा चौक, निकट बैंक आफ बड़ौदा, यमुनानगर-135001.**

हर सोमवार सुबह 10 से 6 बजे मिलें :

GOLDEN OPPORTUNITY BUSINESS

Join Blue Horse A/c Assembling Hobby Invest Rs. 25,000/- on Air-Conditioning Business, earn Rs. 2500/- per month plus Interest. Also join A/C Assembling Hobby Club. Complete guidance. Contact :

Blue Horse

70 हत्याओं में संलिप्त जसविन्द्र सिंह खजाला समेत 6 मिलिटैंट मरे, अन्यत्र 4 हत्याएं

चंडीगढ़, 10 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर जसविंद्र सिंह खजाला समेत 6 मिलिटैंट मारे गए । इस बीच राज्य में विभिन्न स्थानों पर 4 लोगों की हत्या हुई ।

दुर्दांत मिलिटैंट और उसकी पत्नी मरी : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज दोपहर बाद थाना कादियां के गांव नत्त मोकल के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का एक एरिया कमांडर जसविंद्र सिंह खजाला उर्फ सिपाही मारा गया । मुठभेड़ में उसकी पत्नी बलविंद्र कौर की भी मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि जसविंद्र सिंह हत्या के 70 मामलों में पुलिस को वांछित था । यह मुठभेड़ दोपहर डेढ़ बजे के लगभग शुरू हुई तथा शाम साढ़े तीन बजे तक चली । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज मशीनगन, 30 बोर का माऊजर, एक स्टिक बम तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

लोगों ने एक मिलिटैंट को पीटकर मार डाला : लुधियाना (महिन्द्रा) कल रात मिल रोड चौक पर लोगों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीटकर मार डाला, जबकि उसके दो साथी फरार होने में सफल हो गए । पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि तीन मिलिटैंट लेखराज तथा हरीश कुमार की दुकान पर आए । दोनों दुकानदारों ने उनका मुकाबला किया, लेकिन मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । इससे हरीश कुमार घायल हो गया । फायरिंग से एक राहगीर किशोरी भी जख्मी हो गई । इस बीच लेखराज ने एक मिलिटैंट को पकड़ लिया । मिलिटैंट द्वारा गोली चलाए जाने से लेखराज भी घायल हो गया । इतने में लोग वहां पहुंचाए और उन्होंने एक मिलिटैंट को पकड़ कर उसकी खूब पिटाई की । बाद में पुलिस जब उसे अस्पताल ले जा रही थी तो उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, मरने वाले मिलिटैंट के दो साथी साइकल बहीं छोड़कर फरार होने में सफल हो गए ।

एक की हत्या : सुनाम से 'सुरेन्द्र' के अनुसार कल रात यहां मिलिटैंटों ने करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । मिलिटैंट करनैल सिंह की पत्नी से सोने की बालियां तथा 6 हजार रुपए भी छीनकर ले गए ।

गुट संघर्ष में एक और मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के माड़ोवाल गांव में मिलिटैंटों ने जगतार सिंह नामक मिलिटैंट को कल रात गोलियों से मार दिया । जगतार सिंह मिलिटैंट बनने से पहले एस.पी.ओ. था, लेकिन पिछले दिनों वह ड्यूटी छोड़ कर भाग गया था ।

क्रास फायरिंग में सैनिक मरा : अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में धौलकलां गांव के निकट आज प्रातः पुलिस तथा मिलिटैंटों के बीच मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से राहगीर एक सैनिक की मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार मारे गए सैनिक की अभी तक पहचान नहीं हुई । वह छुट्टी पर आया हुआ था ।

होमगार्ड जवान की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के खब्बे राजपूतां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात होमगार्ड के एक जवान की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दुकानदार की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के गांव चोला साहिब में केवल कृष्ण नैयर नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिये हथियार छोड़ कर भागे : मजीठा पुलिस जिला के बहलोल सीमा क्षेत्र के निकट से भारत में दाखिल होने वाले पाक घुसपैठिये सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा चुनौती दिए जाने पर पुनः पाकिस्तान भाग गए । वे घटनास्थल पर एक ए.के. 56 राइफल, 4 पिस्तौलें, 600 कारतूस तथा विस्फोट के 17 पैकेट छोड़ गए ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार यहां से कुछ मील दूर स्थित गांव खब्बे राजपूतां में कल रात मिलिटैंटों ने मंगल सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahib.com

यते पहुचती हैं, वह तुरन्त दूर की और इसके लिए 'रिमाइंडर्स' दिए नहीं पड़ती । उन्होंने मिलिटैंसी रों की महिलाओं को पुलिस में व उन्हें क्वार्टर भी बरीयता के करने की जरूरत बताई ।

क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के थाने व ग्रुप की मांग की और कहा कि इससे ायन कर गए लोग वापस लौट

शहीद परिवार फंड कमेटी के सह आनंद ने फंड के इतिहास पर कहा कि वह भाई कन्हैया के की प्रक्रिया है और जो इसे ते हैं, वह निहित स्वार्थों के

की चर्चा करते हुए श्री आनंद ने द रहेगा तो प्रैस भी आजाद स की आजादी पर हमले की तो अपनी (प्रैस की) आजादी आगे बलि दे रखी है । यह लोग ाई गई ऐसी पाबंदियों को प्रैस ला बता रहे हैं जिनका उद्देश्य ो बढ़ावा देने से रोकना है ।

ा श्री सतपाल डांग ने कहा कि त परिवारों की अनुदान राशि से एक लाख रुपया करे तथा जा देने की व्यवस्था करे ।

दया कि राज्य सरकारों को जाएं, चुनाव न करवाए जाएं, ों के विरुद्ध सरकार की लड़ाई लस व सुरक्षा बलों से जहां भी ों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की

ा का ध्यान जेलों में मिलिटैंटों दिलाया और कहा कि उन्होंने बनाया है और अन्य कैदियों जिसकी रोकथाम की जानी विश्वविद्यालयों के परिसरों में

18 देशों के दूतावास कुवैत में फिर खुले : ईराकी फौज की वापसी के बाद से कुवैत में 18 देशों के दूतावास पुनः खोल दिए हैं ।

कुवैती संवाद समिति 'कना' के अनुसार इन देशों में खाड़ी के सहयोग परिषद के सदस्य देश सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल हैं । इनके अलावा अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, मिस्र, कनाडा और युगोस्लाविया के दूतावासों ने भी काम करना शुरू कर दिया है ।

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

नामक एक मिलिटैंट को गोलियों से मार दिया । मिलिटैंटों ने कुछ समय पहले मंगल सिंह के भाई बलविंदर सिंह की भी हत्या कर दी थी ।

ग्रामीणों ने एक और मिलिटैंट को पीट कर मार डाला : भटिंडा जिले में ज्योंद गांव के निवासियों ने रुलदा सिंह नामक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला और उसके साथी बलवंत सिंह को पुलिस के हवाले कर दिया । दोनों के पास से 12 बोर की एक पिस्तौल जब्त की गई ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रुलदा सिंह तथा बलदेव सिंह नामक दो मिलिटैंट गांव के बाहर स्थित नायब सिंह नामक एक व्यक्ति के ट्यूबवैल पर गए और उससे नकदी मांगी । नायब सिंह रुपए लाने के बहाने गांव में गया और अपने साथ कुछ लोगों को ले आया । ग्रामीणों ने दोनों मिलिटैंटों को पकड़ कर उनकी खूब पिटाई की जिससे रुलदा सिंह की मृत्यु हो गई ।

चावल और जीरी ले गए : लुधियाना (मागो): कल रात दोराहा में पायल रोड पर स्थित एक राइस शैलर से 6 व्यक्ति चौकीदार तथा अन्य कर्मियों को एक कमरे में बंद करके तीन ट्रक चावल तथा जीरी के लूट कर फरार हो गए । इस घटना का पता सुबह उस समय चला जब शैलर के मालिक हरभजन सिंह शैलर पहुंचे ।

एक की हत्या : गोपड़ जिला के बुर्ज गांव में मिलिटैंटों ने कल रात महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ज्योति बसु ने कहा
जीत की स्थिति में
सत्ता में भागीदार
उन्होंने बताया कि
अलग-अलग घोष
उनमें एक सांझा
है ।

चन्द्रशेखर-
चन्द्रशेखर ने आज
लाल कृष्ण अडवा
बातचीत की । श्री
के समारोह में भाग
सूत्रों के अनुसार प्र
दिल्ली पहुंचने के

श्री अडवानी
प्रधानमंत्री चन्द्रशे
संदेश पर आज शाम
श्री अडवानी ने
संवाददाताओं को ब
टैलीफोन पर सम्पर्क
शाम ही दिल्ली जा
नई दिल्ली लौटने क
प्रधानमंत्री से अप
दिया ।

श्री अडवानी ने
(स) समेत किसी भी
करेगी । श्री अडवा
दलों से तालमेल क
उसका महाराष्ट्र में
उन्होंने कहा कि भाज
लड़ेगी ।

श्री अडवानी ने
टालने की कोशिश
उन्होंने चुनाव टालने
में संदेह व्यक्त किया

भारतीय कम्युनिस
गुप्त ने आज कहा कि
को दूर करने के लिए
तत्काल चुनाव करा
तिरुअनंतपुरम में प्रै
कार्यक्रम में श्री गुप्त ने

लिए अवसर

जनता की जबरदस्त मांग

देहरादून में दो मंजिले मकान व प्लॉट की गौर

आवासीय योजना अजबपुर फेस II

में पंजीकरण की तिथि अब 26.3.91 तक बढ़ाई जाती है

पूर्ण विवरण एवं पंजीकरण हेतु बैंक आफ बड़ौदा

लखनऊ-हजरतगंज
-बी, अम्बाला-कचहरी रोड
ड, लुधियान-क्लॉक टॉवर
ड

अमृतसर—टाऊन हाल, देहरादून—एस्ले हाल
मसूरी, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाज़ियाबाद-राजनगर व
बरेली—सिविल लाइन्स, नई दिल्ली—करोल बाग
M-9, कनॉट सर्कस, डिफैंस कालोनी—शाखाओं से सम्पर्क

रादून विकास प्राधिकरण,

5 व्यक्तियों की हत्या, 5 मिलिटैंट मारे गए, बैंक से 3.50 लाख लूटे

चंडीगढ़, 11 मार्च (वार्ता, प.स.) : पंजाब में कल रात से पांच व्यक्तियों की हत्या हुई जबकि इसी अवधि में 5 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों ने एक बैंक से 3.50 लाख रुपए लूट लिए ।

दो मिलिटैंट मारे गए : रायकोट (राकेश): गत रात्रि लगभग 11 बजे दो मिलिटैंट गांव अंधलू में आए और करनैल सिंह, बलजीत सिंह को घरों से बाहर बुलाकर अपने साथ ले गए । निकटवर्ती सरकारी स्कूल में ले जाकर उन्हें पेड़ों से लटका दिया और गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य सम्वाददाता के अनुसार हत्या की जगह पर मिलिटैंट बघेल सिंह के लैटरपैड के एक कागज पर लिखा हुआ था कि इन दोनों को इसलिए सोधा गया है क्योंकि यह दोनों लोगों से जबरदस्ती रुपया वसूल करते थे और राहजन भी थे । पुलिस के अनुसार यह गुट संघर्ष का मामला है ।

सिगरेट विक्रेता की हत्या : पटियाला से राजू के अनुसार यहां से आठ कि.मी. दूर बहादुरगढ़ में आज सुबह कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने जीवन राम नामक एक सिगरेट विक्रेता की गोली मार कर हत्या कर दी । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि कुछ मिलिटैंटों ने कुछ समय पूर्व उसे सिगरेट बेचना बन्द करने की धमकी दी थी ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : भूषण के अनुसार पुलिस ने अमलोह थाने के गांव राइयां के निकट एक नाकाबन्दी के दौरान भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के एक सदस्य कुलजीत सिंह उर्फ कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है । उसके पास से एक 12 बोर का पिस्तौल तथा 4 कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि उसके गिरोह के सदस्यों चमकौर सिंह तथा अवतार सिंह ने पिछले वर्ष 28 दिसम्बर को एल.आई.सी. कार्यालय खन्ना में से 72,000 रुपए लूटे थे । कुलजीत सिंह ने यह षड्यंत्र रचा था । उस समय वह उक्त कार्यालय के प्रबन्धक का ड्राइवर था । उसे लूट में से 10,000 रुपए प्राप्त हुए थे ।

बैंक से 3.50 लाख लूट लिए : पटियाला जिले के गांव नंदपुर किन्नौर में मिलिटैंटों ने एक सहकारी बैंक से 3.50 लाख रुपए लूट लिए।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के हिम्मोवाल गांव में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति मिंल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

दो की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के मल्लियां गांव में मिलिटैंटों ने सूबेदार बचित्तर सिंह तथा जोगिन्दर सिंह की उनके घरों में गोलियमार कर हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट मारा गया : तरनारन पुलिस जिले के गांव रसूलपुर में आज शाम रक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में जगतार सिंह उर्फगोला नामक एक मिलिटैंट मारा गया । बारदातवाले

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanjari

(12.3.1991)

ले सात सासंदों में से छः सांसद हैं, जबकि एक निर्दलीय सांसद के साथ थे । ज्ञापन पर आठवां ी सिंह का है, जो लोकसभा की घोषित छः सांसदों में शामिल

ज्ञापन : विपक्ष के चार सांसदों र. वेंकटरमन से आग्रह किया कि को तब तक कोई भी नीतिगत ाए, जब तक चुनावों के बाद नई ती । राष्ट्रपति को दिए गए एक दों ने आरोप लगाया है कि बड़ी संख्या में ऐसे औद्योगिक रने तथा कुछ लोगों को फायदा लए हैं, जिनका आधार उचित सिलसिले में ज्ञापन में यह भी ोसैसिंग मंत्रालय ने पिछले कुछ ा में शराब के कारखानों के ए हैं । ज्ञापन पर जनता दल के द्रमुक के जे.एस. राजू, तेलगु रहमान तथा एक अन्य सांसद

ानमंत्री देवी लाल ने श्री चांद वर्तन की मांग को "बकवास" ी चंद्रशेखर के नेतृत्व पर पार्टी । उन्होंने कहा कि हम चुनाव लात ही कुछ ऐसे पैदा कर दिए अलावा और कोई रास्ता नहीं

की धमकी का खंडन : के नेता राम कृष्ण हेगड़े ने उन ा कि राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा नए चुनावों की तिथि न घोषित ा में राष्ट्रीय मोर्चा के सांसद ी हेगड़े ने यहां यह स्पष्टीकरण





तथा निर्दलीय सांसद जिनमें दीप धनकड़ शामिल हैं, पति आर. वेंकटरमन से राष्ट्रपति भवन के बाहर पलों के मन्त्री सत्यप्रकाश से मिलने के पश्चात ाहर । (छाया : प्रै. ट्र.)

दूल्हे का पिता, समेत 7 मरे

), 11 मार्च (वार्ता): चोटिला ले जा रहे एक ट्रक के उल्ट त बारातियों की मृत्यु हो गई र से घायल हो गए । यह े 45 कि.मी. दूर राजकोट ई । दुर्घटना में वर के पिता, की मृत्यु हो गई । वर की ।

महाराज के



कोट)
े बसें चलेंगी ।

ापन

ीतिष
ा धारण करने हेतु मिलें । 35/6, मुहल्ला नम्बर 8,

ल्ट्री
gg rate for 11.3.91 ys. NECC suggested r dozen.
(Kamboj/MkW)

ीफोन
ble from 8 to 96 lines prices. M/s. Bandana rpur Khurd, Near a. Ph. : 72488.
(Milap/20W)

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थान से ए.के. 47 राइफल तथा गोली-सिक्के से भरा हुआ एक थैला मिला है । उसके साथी भागने में सफल हो गए ।

बाद में प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी की कुछ मिलिटैंट गांव के एक फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं । इस पर पुलिस ने वहां छापा मारा । सुरक्षा बलों को देख कर मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । मुठभेड़ काफी देर तक जारी रही । बाद में सुरक्षा बलों को मुठभेड़ स्थल से जगतार सिंह भोला का शव मिला । जगतार सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गिरोह) का प्रमुख मिलिटैंट था ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के गांव कालूबिंड हिन्दुआं में कल रात मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में भाई सदा सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

शव मिला : अमृतसर के सिविल लाइन्स क्षेत्र से आज सुबह सुरिन्दर कुमार नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस ने तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बंदूक, एक एच.ई. 36 किस्म का हथगोला, चार किलो विस्फोटक पदार्थ तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए । इसी पुलिस जिले में पुलिस ने कल रात एक मुठभेड़ के बाद दो अन्य मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनके पास से एक बंदूक तथा एक पिस्तौल बरामद किया गया ।

गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों की पहचान निरवैर सिंह, गुरमेल सिंह, बलदेव सिंह, सोमा सिंह तथा सुरिन्दर सिंह के रूप में हुई है ।

एस.एस.पी. के पिता का सुराग नहीं लगा : एस.एस.पी. हरजीत सिंह के पिता भगवंत सिंह, जिनका गत शनिवार को कथित रूप से अमृतसर के फतेहपुर गांव से अपहरण कर लिया गया था, का अभी कोई सुराग नहीं मिला है । पुलिस खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के ठिकानों पर छापे मार रही है । जिला पुलिस प्रमुख श्री संजीव गुप्ता के अनुसार मिलिटैंटों ने अपने गुट के नेता लै.ज. भाई कंवल नारायण सिंह उर्फ राजबीर सिंह हीरो को रिहा करने की मांग रखी है । श्री गुप्ता ने दावा किया कि हीरो पुलिस हिरासत में नहीं हैं तथा वह 3 मार्च को नगर के बाहरी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अपने 4 साथियों सहित मारा गया था ।

मारे गए सैनिक की पहचान : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र धौलकलां में कल सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य आमने-सामने फायरिंग में जो सैनिक मारा गया था उसकी पहचान जे. मरिमा के रूप में हुई है ।

मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि पुलिस जिला मजीठा में जडियाला कस्बे के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और काफी गोली सिक्का बरामद किया गया । मृत मिलिटैंट का एक साथी फरार होने में सफल रहा ।

बस पर फायरिंग : कपूरथला से शर्मा के अनुसार थाना सुल्तानपुर लोधी के क्षेत्र में गांव बिधिपुर तथा तलवंडी चौधरियां के मध्य गत सायं लगभग 6 बजे सुल्तानपुर लोधी जा रही पी.आर.टी.सी. की एक बस पर मोटर साईकल पर पीछा करके दो अज्ञात मिलिटैंटों ने फायरिंग की । दो गोलियां बस को लगीं परन्तु चालक के बस तीव्र गति से चला कर ले जाने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ । पी.आर.टी.सी. कर्मी संगठन के प्रवक्ता भजन सिंह ने बताया कि थाना सुल्तानपुर लोधी में केस दर्ज करवा दिया गया है ।

अपहरण का प्रयास : कपूरथला के मुहल्ला शेरगढ़ के निवासी श्री नन्द किशोर ने बताया कि गत रात्रि लगभग 9 बजे दो स्कूटर सवार उसको पिस्तौल की नोक पर जबरदस्ती अपने स्कूटर पर बैठा कर ले गए परन्तु आगे पुलिस की जीप मुहल्ला जटपुरा में आती देखकर उसको छोड़कर भाग गए ।

दम्पति घायल : भटिंडा जिले के लाल सिंहवाला गांव में एक दम्पति हरबंस सिंह और उसकी पत्नी सुरिन्दर कौर को गोली मारकर घायल कर दिया गया ।

बस जला दी : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले के गेदानी गांव में एक सरकारी बस में आग लगा दी ।

खंडन : 7 मार्च के समाचार पत्र में फाजिल्का सैक्टर में दो घुसपैठियों के मारे जाने के सम्बन्ध में जो समाचार प्रकाशित हुआ था, सीमा सुरक्षा बल की विज्ञप्ति के अनुसार वह गलत है क्योंकि इस प्रकार की कोई घटना नहीं घटी ।

हीरो 50 हत्याओं में वांछित था : गत तीन मार्च को अमृतसर के निकट छहटां में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक की पहचान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के कंवल नारायण सिंह उर्फ राजबीर सिंह हीरो के रूप में हुई है । अमृतसर जिले के पुलिस प्रमुख संजीव गुप्ता ने आज बताया कि भाई हीरो पर एक लाख रुपए का पुरस्कार था तथा वह 50 से अधिक हत्याओं तथा लूटपाट की घटनाओं में वांछित था । वह अधिकतर अमृतसर सदर तथा झब्बाल क्षेत्र में वारदातें करता था ।

उल्फा के कमांडैंट समेत 19 उग्रवादी गिरफ्तार

गुवाहाटी, 11 मार्च (वार्ता): असम के विभिन्न क्षेत्रों में गत 24 घंटे के दौरान सुरक्षा बलों ने युनाईटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) के एक कमांडैंट तथा 18 अन्य उल्फा उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से काफी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद किए ।



प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर सोमवार को संसद भवन में आते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

बजट पारित

(पृष्ठ 3 का शेष)

हुआ है । अध्यक्ष ने कहा कि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि यह प्रस्ताव 'अर्थहीन' हो चुका है । उन्होंने कहा कि यह सरकार वित्तीय मामले पेश करने और उन्हें निपटाने में पूरी तरह सक्षम है ।

असम में भी राष्ट्रपति शासन बढ़ाने की स्वीकृति : लोकसभा ने असम में राष्ट्रपति शासन की अवधि आगामी 27 मई से छह महीने के लिए और बढ़ाये जाने को आज अपनी मंजूरी दे दी । सदन ने इस आशय का प्रस्ताव 107 के मुकाबले 229 मतों से पारित किया । भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने मत विभाजन में हिस्सा नहीं लिया ।

गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत ने असम में राष्ट्रपति शासन की अवधि छह माह के लिए और बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया । विपक्षी सदस्यों द्वारा इसका विरोध किए जाने पर अध्यक्ष रवि राय ने मत विभाजन कराने का आदेश दिया । विभिन्न दलों के बीच हुई सहमति के अनुरूप प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई । असम में गत वर्ष 27 नवम्बर को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था ।

राज्यसभा की कार्रवाई : राज्यसभा में आज अंतरिम सामान्य बजट, रेल बजट और कुछ राज्यों के बजटों तथा लेखानुदानों को विचार के बाद लोकसभा को लौटा दिया गया । आज सवेरे राज्यसभा की बैठक अपने निर्धारित समय पर 11 बजे शुरू हुई मगर लोकसभा में वित्तीय विधेयकों के पारित होने की प्रतीक्षा में बैठक ढाई बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई । ढाई बजे सदन की कार्रवाई पुनः शुरू होने पर उपसभापति डा. नजमा हेपतुल्ला ने बताया कि वित्त संबंधी विधेयकों के लोकसभा से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति की सूचना अभी सदन को नहीं मिली है, इसलिए सदन की कार्रवाई एक घंटे के लिए स्थगित की जाती है । बाद में वित्तीय विधेयकों पर सदन ने विचार पूरा किया ।

फ्लाईंग मेल बहाल करने की मांग

अमृतसर, 11 मार्च (कमलेश): स्थानीय संस्थाओं और नेताओं ने फ्लाईंग मेल बहाल करने की मांग की है । नगर सुधार परिषद के प्रचार मंत्री श्री सुरेन्द्र जैन, डा. एस.डी. शर्मा और पीपल्ज वैल्फेयर सोसायटी के कलवंत सिंह मठारू ने रेल मंत्री से अपील की है कि रद्द की गई फ्लाईंग मेल बहाल की जाए क्योंकि इससे प्रतिदिन यात्रा करने वालों और व्यापारियों को भारी क्षति हो रही है ।

आंखों का कैम्प सम्पन्न

जालन्धर, 11 मार्च (ढल्ल): निकट के कस्बा आदमपुर की जागृति क्लब की ओर से कस्बा में छठा मुफ्त आंखों का आप्रेशन कैम्प आयोजित किया गया जिसके समापन समारोह की अध्यक्षता डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी ने की । क्लब के चीफ आर्गेनाइजर श्री विजय कुमार शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि 100 से अधिक रोगियों की आंखों के आप्रेशन किए गए, जबकि 1000 से अधिक रोगियों की आंखों की जांच की गई । क्लब के सचिव श्री संजीव चोपड़ा ने श्री भट्टी तथा आप्रेशन आदि करने वाले डाक्टरों का स्वागत किया ।

हरि सिंह हरियाणा जनता दल (स) के प्रधान महासचिव

नई दिल्ली, 11 मार्च (वार्ता): मास्टर हरि सिंह को हरियाणा प्रदेश जनता दल (समाजवादी) का प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है ।

पार्टी के प्रधान महासचिव और हरियाणा जनता दल (स) के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने प्रदेश पदाधिकारियों के नामों की आज यहां घोषणा की । कुंवर बिशन सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है ।

सर्वश्री बलदेव तायल, गया लाल, गुलशन भारद्वाज और महेन्द्र सिंह दहिया को उपाध्यक्ष तथा सर्वश्री कमल लाल जैन, वासुदेव शर्मा, कस्तूरी लाल आहूजा, रिसाल सिंह, मक्खन सिंह, गुरनाम सिंह सैनी और जाकिर हुसैन को महासचिव नियुक्त किया गया है ।

सांसद कपिलदेव शास्त्री को प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाया गया है ।

गद्दी को खतरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

ईरान ने आज कुवैत में अपना दूतावास फिर से खोल दिया । ईरान उन देशों में से एक है, जिन्होंने खाड़ी युद्ध के दौरान बगदाद स्थित अपने दूतावासों को खुला रखा ।

विरोधी गुटों के गठबंधन के प्रवक्ता ने भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच बेरूत के एक होटल में संवाददाताओं को बताया कि क्रांतिकारियों ने ईराक में अब तक 29 शहरों और प्रान्तों पर कब्जा कर लिया है । प्रवक्ता के अनुसार देश का तीन चौथाई भाग क्रांतिकारियों के कब्जे में आ गया है ।

ईराक में कुर्द विद्रोहियों ने उत्तरी शहर इरबिल पर कब्जा कर लिया है । इसके पहले विद्रोहियों और राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के वफादार सैनिकों के बीच भीषण लड़ाई हुई ।

आठ अरब देशों के विदेश मंत्रियों ने अरब-इसराईल विवाद का कोई उचित समाधान ढूंढने के लिए उचित पग उठाने तथा खाड़ी में क्षेत्र के देशों की कमान के तहत ठोस सुरक्षा प्रबंध करने का संकल्प लिया है ।

अमरीकी विदेश मंत्री जेम्स बेकर ने कहा है कि वह अरब देशों से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति के बारे में अपना रवैया स्पष्ट करने को तब तक नहीं कहेंगे जब तक कि उन्हें यह ज्ञात नहीं हो जाता कि इसराईल भी इसके लिए तैयार है । श्री बेकर ने सऊदी अरब में कल आठ अरब देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के बाद काहिरा रवाना होते समय रियाद में कहा, कि मैंने उन्हें इसके बारे में वचन देने के लिए नहीं कहा क्योंकि अभी मुझे यह पता नहीं है कि दूसरी ओर से भी यह संभव है या नहीं।

अमरीकी विदेश मंत्री आज काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति हुस्नी मुबारक से बातचीत करने के बाद यरूशलम के लिए रवाना हो रहे हैं ।

इसराईल अधिकृत क्षेत्र के फिलस्तीनियों को फिलस्तीन मुक्ति संगठन से अमरीकी विदेश मंत्री जेम्स बेकर के साथ बातचीत करने की अनुमति मिल गई है ।

श्री बेकर ने यरूशलम में एक अरब नागरिक द्वारा चार इसराईली महिलाओं की छुरा घोंपने की घटना के बाद यरूशलम शहर का अपने पैदल दौरे का कार्यक्रम रद्द कर दिया है ।

इसराईल अधिकृत पश्चिमी तट और गाजा पट्टी में गत 24 घंटों में इसराईली सेना से मुठभेड़ों में 100 फिलस्तीनी घायल हो गए ।

कुवैत का तेल उत्पादन 85 प्र.श. घटा : कुवैत के तेल मंत्री डा. राचिस लुमेरी ने कहा कि कुवैती तेल ठिकानों के नष्ट होने से देश का तेल उत्पादन 85 प्रतिशत कम हो गया है और पर्यावरण में प्रदूषण भी फैल रहा है । कुवैती मंत्री के अनुसार 12 लाख डालर कीमत का लगभग दस लाख बैरल तेल हर रोज जल जाता है । आग पर काबू पाने में एक से तीन वर्ष तक लग सकते हैं । कुवैत में तेल के लगभग 950 कुएं हैं । ईराकियों ने उन्हें आग लगा दी थी ।

जद (स) द्वारा चुनावों में पार्टी की रणनीति पर विचार

नई दिल्ली, 11 मार्च (प.स.): जनता दल (समाजवादी) ने आज सम्भावित मध्यावधि चुनावों में पार्टी की रणनीति पर विचार-विमर्श किया । पार्टी के सूत्रों ने यहां बताया कि पार्टी के पदाधिकारियों ने चुनाव घोषणा पत्र पर विचार किया । बैठक में चंद्रशेखर सरकार की चार महीनों की उपलब्धियों पर चर्चा हुई । नेताओं ने महसूस किया कि पार्टी को नए चुनावों के लिए तैयार रहना चाहिए । पार्टी पदाधिकारियों की कल पार्टी अध्यक्ष देवी लाल के निवास में भी बैठक होगी । वह आज की बैठक में मौजूद नहीं थे । बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सत्य प्रकाश मालवीय और पार्टी के महासचिव ओम प्रकाश चौटाला ने भी भाग लिया ।

मेरी सरकार को कोई खतरा नहीं : चिमनभाई पटेल

गांधीनगर, 11 मार्च (प.स.): गुजरात के मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल ने आज यहां कहा कि उनकी जनता दल (स) सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि कांग्रेस (इ) ने उन्हें समर्थन जारी रखने का फैसला किया है । श्री पटेल तीन दिन की दिल्ली यात्रा के बाद आज यहां लौटे । वह प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के इस्तीफा के बाद दिल्ली गए थे ।

अधिसूचना जारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार आगामी 28 अप्रैल को अमृतसर नगर निगम के होने वाले चुनावों के सम्बन्ध में सरकारी तौर पर बताया गया है कि जिन नागरिकों की आयु 1 जनवरी, 1991 को 18 वर्ष हो चुकी है और जो मतदाता के रूप में निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं, अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए चार दिन के भीतर अर्थात 15 मार्च तक जिलाधीश कार्यालय को आवेदन कर सकते हैं अथवा व्यक्तिगत रूप में सम्पर्क स्थापित करके अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते हैं ।

'लोकसभा भंग करने ब राष्ट्रपति विलम्ब की नी अपना रहे हैं'

मद्रास, 11 मार्च (वार्ता): तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने आज राष्ट्रपति वेंकटरमन पर आरोप लगाया कि वह कांग्रेस (इ अध्यक्ष राजीव गांधी को छद्म ढंग से प्रधान बनाने के लिए लोकसभा को भंग करने के संबं विलम्ब की नीति अपना रहे हैं । श्री करुणानि आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कि जनता दल (स) और कांग्रेस (इ) के बीच चल अभियान से भी यही जाहिर होता है । करुणानिधि ने कहा कि श्री वेंकटरमन के खि महाभियोग चलाने का प्रस्ताव भी राष्ट्रीय मोच "अस्वीकार्य" नहीं है ।

रसोई गैस की ब्लैक पु जोरों पर

लुधियाना, 11 मार्च (धीमान): कुछ अवधि पश्चात इस महानगर में रसोई गैस की ब्लैक जोरों से आरम्भ हो गई है । अब कुछ व्यापारि राशन कार्ड की आड़ लेकर यह धक्का आरम्भ दिया है कि जिससे महिलाओं को भारी परेशानी है । यह जानकारी देते हुए श्री कमल गुप्ता प्र लुधियाना व्यापार संघ ने जब डी.एफ.सी. का इस ओर दिलाया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि रा कार्ड की रसोई गैस लेने के लिए कोई आवश्यक नहीं ।

कालेज टीचरों द्वारा परीक्षा के बहिष्कार की धमकी

पटियाला, 11 मार्च (भूषण): पंजाब व चंडी के कालेजों के प्रिंसीपलों की फैडरेशन, टीचरों यूनियन तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों की यूनियन संयुक्त संघर्ष समिति ने धमकी दी है कि सी.पी.एफ. स्कीम के स्थान पर पैंशन संबंधी ल देने की उनकी मांग सरकार द्वारा स्वीकार न की तो वे परीक्षाओं का बहिष्कार कर देंगे ।

मिलिटैंटों से संघर्ष कर वालों को एक लाख

मानसा, 11 मार्च (मेहता): जो लोग मिलिटैं से संघर्ष करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा त एक लाख रुपया देकर पुरस्कृत किया जाएगा । बात इस पत्रकार के साथ एक साक्षात्कार में भटि के एस.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह ने कही । उन्ह कहा कि गत दिवस ज्योंद गांव में एक मिलिटैंट पकड़ कर मारने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कि जाएगा तथा उन्हें एक लाख रुपया भी दि जाएगा ।

प्रतिबन्धित बोर शस्त्रों के लाइसैं पंजाब सरकार जारी करेगी

चंडीगढ़, 11 मार्च (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि के सरकार ने प्रतिबन्धित बोर शस्त्रों, (स्वचालित जैसे कि कारबाइन इत्यादि के लाइसैंस जारी कर का अधिकार फिर से पंजाब सरकार को देने फैसला किया है ।

वरिष्ठ सरकारी सूत्रों के अनुसार फिलहाल के ने पंजाब सरकार को इस तरह के 100 लाइसैंस जा करने की अनुमति दी है । यह फैसला राज्य विशेष परिस्थितियों के दृष्टिगत लिया गया लगत है । उल्लेखनीय है कि कई वर्ष पहले इन शस्त्रों लाइसैंस राज्य सरकार ही जारी करती थी, पर फि केंद्र ने विशेष कारणों से ये अधिकार वापस ले लि थे । अब फिर नया फैसला राज्य सरकार के आग्र पर किया गया है ।

जद में निर्णय कुछ नेताओं द्वार ही लिए जाते हैं : सिंह

नई दिल्ली, 11 मार्च (वार्ता): राज्यसभा जनता दल के उपनेता शंकर दयाल सिंह ने आरो लगाया है कि पार्टी में निर्णय सिर्फ कुछ नेताओं द्वा ही लिया जाता है और पार्टी के सांसदों त कार्यकर्ताओं को विश्वास में नहीं लिया जाता उन्होंने आज यहां एक वक्तव्य में पार्टी के नेताओं आग्रह किया कि वे आपस में बैठ कर कोई निर्णय ले की बजाय अन्य सांसदों और कार्यकर्त्ताओं को विश्वास में लें । श्री सिंह ने पार्टी के अध्य एस.आर. बोम्मई, श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह औ श्री मधुदंडवते को आज इस आशय का पत्र लिख है । उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों प विचार-विमर्श करके आगे की रणनीति तय करने लिए संसदीय दल की बैठक तुरन्त बुलाने की मांग क है ।

शोक समाचार

जालन्धर, 11 मार्च : श्री मंगत राम भरत पत्नी व डा. नरेंद्र पाल की मामी श्रीमती अंजना उनकी बेटियों श्वेता व चेतना की रस्म पगड़ी गरुड़ पुराण का भोग 13 मार्च को दोपहर 1 से बजे तक ई.ई. 194, डाकखाने वाली गली, मोहल्ल इंद्रप्रस्थ, रेलवे रोड, जालन्धर में डाला जाएगा


मिजोरम राज्य लाटरीज
परिणाम

4 मिलिटैंट मरे : 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 की हत्या : एस.एस.पी. का अपहृत पिता बरामद, 2 अन्य का अपहरण

चंडीगढ़, 12 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान चार मिलिटैंट मारे गए जबकि मिलिटैंटों ने 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 लोगों की हत्या कर दी तथा एक बच्चे सहित दो लोगों का अपहरण कर लिया ।

दो सुरक्षा कर्मियों सहित तीन की हत्या : नंगल से ग्रेवाल के अनुसार आज दोपहर लगभग 12 बजे मिलिटैंटों ने यहां से दस किलो मीटर दूर गांव भुलान में अंधाधुंध गोलियां चला कर दो पुलिस कर्मचारियों तथा एक ठेके के कारिंदे की हत्या कर दी ।

वार्ता के अनुसार कुछ मिलिटैंटों ने रोपड़ जिले के गांव बल्लां में यूको बैंक की शाखा पर अंधाधुंध फायरिंग कर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल खुशी राम तथा होमगार्ड जवान जैराम की हत्या कर दी । गोली कांड में ठेके का कारिंदा बलदेव सिंह भी मारा गया । भागते समय मिलिटैंट बैंक गार्डों की सर्विस राइफलें भी ले गए ।

आनन्दपुर साहब से 'सुरेश गिरि' के अनुसार दो मिलिटैंटों ने मलान गांव में शराब के एक ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग कर पुलिस कांस्टेबल खुशी राम, होमगार्ड जवान जैराम तथा ठेके के कारिंदे बलदेव सिंह की हत्या कर दी । ये दोनों मिलिटैंट साइकल पर आए थे और वारदात के बाद साइकल पर ही फरार हो गए ।

मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने गत रात रोपड़ जिले में संगतपुरा गांव के निकट मुकाबले में एक मिलिटैंट को मार गिराया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो व्यक्तियों की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार गत रात थाना सदर मानसा के अन्तर्गत दो गांवों माखा तथा सहरना में मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात लगभग तीन मिलिटैंट गांव माखा में आए और उन्होंने राकेश कुमार नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक एक ठेके पर रहता था तथा हत्या से एक दिन पूर्व ही ठेके से अपने घर आया था ।

दूसरी घटना में मिलिटैंटों ने सहरना गांव में मिलखी राम नामक एक दुकानदार की हत्या कर दी । कुछ मिलिटैंट उसकी दुकान पर आए और पूछा कि क्या तुम्हारा ही नाम मिलखी राम है । मिलखी राम के हां करने पर मिलिटैंटों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी ।

दो महिलाओं का गला काट दिया : मिलिटैंटों ने आज सुबह तरनतारन पुलिस जिले के गांव फालोके में दो महिलाओं सुरजीत कौर और मनजीत कौर की गला काट कर हत्या कर दी । मिलिटैंट अपने साथ मरने वालियों की गर्दनें भी ले गए । पुलिस ने दोनों की शीश-रहित लाशें आज सुबह गांव के बाहर बरामद कीं ।

मिलिटैंट मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के गांव किला नेकन के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 9 ज़िंदा कारतूस बरामद हुए हैं ।

आपसी संघर्ष में मरा : तरनतारन पुलिस जिले के काका कंडियाला गांव में मिलिटैंटों के आपसी संघर्ष में हरबंस सिंह उर्फ रब्बा मारा गया ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने आज सुबह शहर के बाहर स्थित सुल्तानविंड पुलिस चौकी पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट फरार हो गए । कोई हताहत नहीं हुआ ।

एस.एस.पी. के अपहृत पिता सकुशल बरामद : अमृतसर (सोनी): एम.एस.पी. अमृतसर द्वारा जारी एक बयान में बताया गया है कि देश के पूर्वी जिला मणिपुर में तैनात एस.एस.पी. हरजीत सिंह संधू के पिता श्री भगवंत सिंह, जिनका मिलिटैंटों ने अपहरण किया हुआ था, को आज अमृतसर पुलिस शहर के सिकंदरी गांव कसेल से एक निर्जन घर से सकुशल वापस लाने में सफल रही है ।

एस.पी. (डी) ने बताया कि पुलिस को, जो गत कई दिनों से श्री भगवंत सिंह (58) की सक्रियता से तलाश कर रही थी, आज एक विशेष सूचना मिली कि श्री भगवंत सिंह को मिलिटैंटों ने गांव कसेल में एक घर में बंद कर रखा है, जिस पर पुलिस ने गांव की घेराबंदी कर तलाशियां लेनी आरम्भ कर दीं । इस अभियान में सफलता बाद दोपहर उस समय मिली, जब श्री भगवंत सिंह को एक निर्जन मकान से बरामद कर लिया गया । पुलिस ने गांव के 7-8 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है ।

हैडकांस्टेबल की हत्या की कोशिश : अमृतसर से 'सभाष नारंग' के अनुसार आज रात्रि 9 बजे 2 मिलिटैंटों ने मजीठा रोड पर स्थित ओडियन गली में हैडकांस्टेबल रणजीत सिंह उर्फ टीटू की हत्या की कोशिश की, लेकिन हैडकांस्टेबल घर के पिछवाड़े में छलांग लगा कर भाग निकला और बच गया । बताया जाता है कि हरे रंग के स्कूटर पर सवार होकर आए मिलिटैंटों ने हैडकांस्टेबल के घर के बाहर स्कूटर खड़ा किया और एकदम आठ दस गोलियां चलाईं, जिससे क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया और लोगों ने सारी गली में घरों की बत्तियां बंद कर दीं । पुलिस वारदात के काफी समय बाद घटनास्थल पर पहुंची । घटनास्थल से 38 बोर की पिस्तौल के 4 खोल बरामद हुए हैं ।

हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात पटियाला जिले के बास गांव में एक व्यक्ति जसवन्त सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

डेरे पर डाका : महंत की हत्या : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार यहां से लगभग 40 कि.मी. दूर बनूड़ में स्थित डेरा बैरागियां में लगभग आधा दर्जन व्यक्तियों ने डाका डाला तथा डेरे के महंत कमलेश्वर दास की गोली मारकर हत्या कर दी । लुटेरों ने महंत की पत्नी 35 वर्षीया अमरजीत कौर तथा उसके पुत्र 14 वर्षीय राजेन्द्र कुमार को घायल कर दिया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है । लुटेरे फरार होने से पूर्व राधाकृष्ण की तीन शताब्दी पुरानी मूर्ति और नकदी व गहने भी लूटकर ले गए ।

कार छीनी : मंडी गोबिंदगढ़ रेलवे फाटक के निकट से दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक सफेद रंग की मारुति कार नं. पी.आई.एम. 717 छीन ली ।

मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिले में गत रात महमोबाल गांव में मिलिटैंट गुटों की आपसी लड़ाई में नानक सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahitya

पति पर महाभियोग चलाए जाने के सुझाव की
की, तो द्रमुक तथा कांग्रेस (इ) सदस्यों के बीच
प-प्रत्यारोपों का तीखा दौर शुरू हो गया।
प उल्लेख के तहत यह मामला उठाते हुए श्री
यण स्वामी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा इस
का सुझाव दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने
प लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह भी
सुझाव का समर्थन कर रहे हैं तथा राष्ट्रीय मोर्चे
ख एन.टी. रामाराव ने इस सुझाव का विरोध
किया है । इस टिप्पणी पर द्रमुक सदस्यों ने
हार विरोध व्यक्त किया । सदस्य सभापति के
न तक पहुंच गए ।

नता दल नेता एम.एस. गुरुपद स्वामी ने कहा
इस आरोप के बारे में श्री सिंह पहले ही
ीकरण दे चुके हैं । सदन में राष्ट्रपति का
व होने पर उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने
था दी कि राष्ट्रपति के विरुद्ध कोई भी टिप्पणी
की कार्रवाई में दर्ज नहीं की जाएगी ।

मुक के वी. गोपालास्वामी के संविधान की एक
कहते हुए कहा कि महाभियोग की व्यवस्था
ान में की गई है और इसके बारे में चर्चा करने में
लत बात नहीं है । उपसभापति की अपील पर
कायम नहीं होने पर श्रीमती हेपतुल्ला ने सदन
क 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी ।

सम : संसद ने आज असम में राष्ट्रपति शासन
धि को 27 मई से छह माह और बढ़ाने के
री प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी ।

्यसभा में आज प्रस्ताव को 60 के मुकाबले में
तों से पारित किया गया । भाजपा ने मतदान
ग नहीं लिया । लोकसभा इसे पहले ही
त दे चुकी है ।

क स्थगित : राज्यसभा विधाई कार्य के
में आज समय से डेढ़ घंटा पहले करीब साढ़े
ने कल तक के लिए स्थगित कर दी गई ।
सभापति नजमा हेपतुल्ला ने सदस्यों को
कि पंजाब में दस मई के बाद राष्ट्रपति शासन
धि बढ़ाने से संबंधित वैधानिक संकल्प सदन
ो नहीं मिला है, इसलिए उस पर कल विचार
ाएगा । कल ही राज्यसभा संसद सदस्यों का
ते और पैंशन आदि बढ़ाए जाने से सम्बद्ध
पर विचार करेगी ।

लोकसभा के सदस्यों ने ग्रुप फोटो खिंचवाया

दिल्ली, 12 मार्च (प.स.): लोकसभा
वि राय, प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और विपक्ष
ाल कृष्ण अडवानी के साथ नौवीं लोकसभा
ों की ग्रुप फोटो की औपचारिकता आज पूरी
।

ी इस बात के संकेत मिलते हैं कि अब
भंग करके नए चुनाव कराए जाएंगे ।
का कार्यकाल समाप्त होने से पहले सदस्यों
फोटो लेने की परम्परा है । लोकसभा
ने ग्रुप फोटो के बारे में कल अध्यक्ष रवि राय
किया था । इस संबंध में लोकसभा
में भी सूचना दी गई थी । ग्रुप फोटो संसद

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट काबू : बटाला पुलिस ने मुठभेड़ के पश्चात एक मिलिटैंट को काबू किया है । उसके पास से कुछ हथियार और गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

लाश मिली : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज थाना डेरा बाबा नानक के गांव रूपोवाली के निकट पुलिस को एक 22 वर्षीय युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है ।

बच्चे का अपहरण : एक अन्य सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने आज प्रातः लगभग पांच बजे कादियां शहर की धर्मपुरा कालोनी में कपूर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से उसका हीरो हांडा मोटर साइकल नं. पी.सी.एम. 9321 छीनकर फरार हो गए । बाद में सुबह लगभग 7.30 बजे इसी मोटर साइकल पर सवार दो मिलिटैंटों ने अशोक कुमार महाजन नामक एक व्यक्ति के आठ वर्षीय लड़के मोहन का अपहरण कर लिया । उस समय मोहन स्कूल जा रहा था । यह घटना रेलवे रोड के निकट हुई ।

सात मिलिटैंट पकड़े : सुरक्षा बलों ने फरीदकोट जिले में दौधर गांव के निकट हुई एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच मिलिटैंटों को दबोच लिया जबकि एक मिलिटैंट लुधियाना में और एक अन्य पटियाला में गिरफ्तार किया गया है ।

दुकानदार का अपहरण : अहमदगढ़ (नि.स.): यहां से दस किलो मीटर गांव राड़ा साहब, जिला लुधियाना में चार मिलिटैंटों ने एक मामूली दुकानदार रौबकुमार अग्रवाल का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

ठेका जला दिया : घुरी (सिंगला): कुछ मिलिटैंटों ने गांव मसौर में शराब के एक ठेके पर शराब की बोतलें फोड़ दीं और ठेके को आग लगा दी ।

खरीद रिटर्न व्यवस्था के विरोध में बंद का निर्णय

जालंधर, 12 मार्च (ढल्ल) : पंजाब कैमिस्ट्स एसोसिएशन ने पंजाब सरकार द्वारा बिक्रीकर कानून में संशोधन कर खरीद रिटर्न भी दायर करने की व्यवस्था लागू करने की कड़ी निंदा की है और रोष प्रकट करने के लिए दो दिन का बंद करने का निर्णय किया है, जिसकी तिथियां जल्द ही घोषित कर दी जाएंगी ।

यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव डा. वी.पी. डोगरा ने खेद व्यक्त किया कि सरकार इस मुद्दे पर वार्ता तक को तैयार नहीं । उन्होंने इस पर भी रोष व्यक्त किया कि राज्यपाल तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को वार्ता के लिए समय निश्चित करने के लिए कई रजिस्टर्ड पत्र लिखे हैं, किन्तु उनका कोई उत्तर नहीं मिला ।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उक्त व्यवस्था वापस नहीं ली तो बन्द के अतिरिक्त संघर्ष के अन्य सख्त पग उठाए जाएंगे ।

एसोसिएशन आफ इंडियन स्पोर्ट्स गुड्ज़ इंडस्ट्रीज़ जालंधर के प्रवक्ता श्री रविन्द्र खुराना ने कहा कि राज्य का व्यापारी आतंकवाद से पहले ही पीड़ित है । बड़े व्यापारियों में कई एक तो दूसरे



रात दिवस पश्चिम येरुशलम में
हुए । रोज़ा की मृत्यु उस समय
युवक ने चाकू से उसे तथा 3 अन्
मंत्री जेम्सबेकर ने अपना येरुश

कश्मीर घाटी में
गतिविधियों के क

जम्मू, 12 मार्च (नि.स.) :
अब तक दूरसंचार विभाग के
अलगाववादियों द्वारा हत्या की जा
अन्य बरी तरह घायल हो चुके हैं
विभाग को राजस्व तथा भवनों के
मशीनरी के संबंध में बम विस्फोटों
हानि उठानी पड़ी है ।

विभाग के जम्मू-कश्मीर सर्कल
एम.सी. त्रेहन ने उक्त आशय की ज
बताया कि विकट परिस्थितियों
दूरसंचार सेवाएं सचारू रूप से कार्य
घाटी में कुछ नई योजनाओं को चालू
रही है ।

उन्होंने कहा कि विभाग के 5
कर्मी जम्मू पलायन कर चुके हैं जबकि
धमकियों तथा कठिनाइयों के बावज
कार्य कर रहे हैं । जो जम्मू पलायन
भी कश्मीर घाटी में ड्यूटी के लिए भे
उन्होंने बताया कि जो कर्मी अब त
उनके आश्रितों को प्रति परिवार एक
सहायता देने के अतिरिक्त उनके बच
लिए भी आवश्यक प्रबंध किए
सरकारी सहायता, विभाग द्वारा
सहायता के अतिरिक्त है ।

श्री त्रेहन ने बताया कि मृतकों
नवीन सप्रू, वीरेन्द्र कौल, रविन्द
अहमद लोन शामिल हैं जबकि घा
राजस्व 20% से अधिक कम हो चु
वित्त वर्ष के दौरान यह राजस्व घाटा
अधिक होने की आशंका है । उनक
श्रीनगर में विभागीय कर्मियों क
बावजूद भी 200 से अधिक नए
किए गए हैं जबकि

Punjabi Kesari

खिलाफ बगावत कर दो । उपप्रधानमंत्री विरोधी दलों के ये नेतागण प्रधानमंत्री की नए लार टपका रहे थे, लेकिन चंद्रशेखर ने को ठुकरा कर साबित कर दिया कि वे देश तृत्व करने में सक्षम हैं ।" उन्होंने कहा ीतिक संकट पैदा करने वालों को जनता

ोट द्वारा उड़ा
0 गिरफ्तार

हले हथगोला फैंका और बाद में अंधाधुंध की । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई भग 15 मिनट चली मुठभेड़ में दोनों तरफ ाहत नहीं हुआ ।

ावादियों ने आज सुबह सौरा थाने के क्षा बलों पर फायरिंग की । सुरक्षा बलों ने र में गोलियां चलाईं लेकिन अलगाववादी रार हो गए ।

उग्रवादी आज दोपहर बाद अनन्तनाग के त में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे

पूर्व कुपवाड़ा जिले में ही कल दो ादी उस समय मारे गए थे, जब उन्होंने भियान के दौरान सुरक्षा बलों पर फायरिंग

बीच अलगाववादियों ने कल जवाहर नगर क्ति रमेश साधु का अपहरण किया और पिटाई करने के बाद उसे छोड़ दिया । जबाग में एक प्राइवेट स्कूल चलाता है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अवश्य ही सबक सिखाएगी ।

वामपंथी दलों ने राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा भंग किए जाने का स्वागत किया जबकि जनता दल (स) के कुछ सदस्यों ने कहा है कि इसे टाला जाना चाहिए था । लोकसभा में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सोमनाथ चैटर्जी ने कहा कि कांग्रेस (इ) के सिद्धांतहीन एवं गैर-जिम्मेदाराना रवैये से लोकसभा भंग करनी पड़ी है । उन्होंने कहा कि वामपंथी पार्टियां मध्यावधि चुनाव के जरिए प्राप्त जनादेश को स्वीकार करने को राजी हैं ।

अखिल भारतीय फारवर्ड ब्लाक के नेता चित्त बसु ने भी लोकसभा भंग होने का स्वागत किया है और कहा है कि उनकी पार्टी मतदाताओं के बीच जाने के लिए तैयार है ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आगामी चुनावों में भाजपा द्वारा जनता दल सरकार के साथ विश्वासघात और श्री चंद्रशेखर द्वारा जनता दल तोड़ने को मुख्य मुद्दा बनाएगी । भाकपा नेता चतुरानन मिश्र ने यह बात कही ।

जनता दल (स) के नेता चांद राम ने कहा कि लोकसभा को भंग किया जाना लोकतंत्र के उद्देश्य के खिलाफ है । उन्होंने कहा कि मध्यावधि चुनाव से देश की अर्थ-व्यवस्था और प्रभावित होगी क्योंकि चुनाव पर दो हजार करोड़ रुपए से भी अधिक खर्च आएगा ।

श्री चांद राम ने कहा कि राष्ट्रपति को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से बातचीत कर एक राष्ट्रीय सरकार के गठन के बारे में प्रयास करना चाहिए था । उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद भी अनिश्चितता बने रहने के आसार नजर आते हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इसी मध्य श्री बंसी लाल ने इस खबर का खंडन किया है कि उन्होंने आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं लाल कृष्ण अडवानी तथा अटल बिहारी वाजपेयी से भेंट की । उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि यह समाचार दुर्भावनापूर्ण है और जानबूझ कर उनकी छवि धूमिल करने के लिए दिया गया है ।

आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि रोकने के लिए भारतीय खाद्य निगम को कहा है कि वह बाजार मूल्य से कम मूल्य पर 15 लाख टन गेहूं खुले बाजार के लिए जारी करे, जो सामान्य वितरण प्रणाली द्वारा वितरित की जाने वाली सामान्य मात्रा से अधिक होगा ।

पंजाब में 6 मिलिटैंट मरे, 5 लोगों की हत्या, ट्रेन पर फायरिंग

चंडीगढ़, 13 मार्च (वार्ता, पस) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 6 मिलिटैंट मारे गए, जबकि 5 लोगों की हत्या कर दी गई । मिलिटैंटों ने एक यात्री गाड़ी पर फायरिंग भी की ।

2 मिलिटैंट मरे : मुक्तसर से मिली रपटों के अनुसार स्थानीय गली नं. 4 में दशमेश नगर क्षेत्र में नछत्तर सिंह प्रधान ट्रक यूनियन मुक्तसर के घर लूट मार करने के उद्देश्य से आए दो मिलिटैंट मार गिराए गए । प्राप्त सूचना के अनुसार शस्त्रों से लैस 2 मिलिटैंट रात को नछत्तर सिंह के निवास स्थान पर आए और तुरन्त उसकी एक बंदूक कब्जे में ले ली । मिलिटैंटों ने परिवार के सभी सदस्यों को एक ओर खड़ा कर कीमती सामान व नकदी देने को कहा । इसी दौरान परिवार का एक सदस्य किसी प्रकार छत पर पहुंच गया और शोर मचा दिया कि मिलिटैंट आ गए हैं । इस पर भारी संख्या में वहां लोग एकत्र हो गए । पुलिस भी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच गई । मिलिटैंटों ने घर के अन्दर से पुलिस पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । दोनों तरफ से लगभग 45 मिनट तक गोलियों का आदान-प्रदान होता रहा । इसी दौरान दोनों मिलिटैंट मारे गए । एक मिलिटैंट की उम्र 20-22 वर्ष तथा दूसरे की लगभग 30 वर्ष लगती है । मिलिटैंटों के कब्जे से नछत्तर सिंह की छीनी हुई बंदूक, कुछ सोना और नकदी मिली है ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : गत रात थाना कोट भाई के गांव खुणण खुर्द में मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । इनमें से एक की शिनाख्त मेजर सिंह के रूप में हुई है । दूसरा अपहृत व्यक्ति एक नम्बरदार है । इनकी रिहाई के लिए 10 लाख रुपए की मांग की गई है ।

शव बरामद : फरीदकोट जिले के अंतर्गत मेहना गांव के मल्ल सिंह के फार्म से एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छिदा शव बरामद हुआ है ।

होमगार्ड जवान का शव मिला : भटिंडा पुलिस जिले में बोहा थाना के तहत क्षेत्र से पंजाब होमगार्ड के जवान बलबीर सिंह की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahatabi



लोकसभा भंग
(पृष्ठ 3 का शेष)

रिकार्ड दो घंटों में पूरी कार्रवाई खत्म कर लोकसभा अगले दिन तक के लिए स्थगित । जनता दल (स) के छह सदस्यों समेत नौ सांसदों ने मध्यावधि चुनाव के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया । उच्चतम न्यायालय ने उस रिट याचिका की सुनवाई तुरन्त शुरू करने से इन्कार किया जिसमें राष्ट्रपति से इस्तीफा मंजूर कर लिए जाने के कारण श्री चन्द्रशेखर को प्रधानमंत्री पद छोड़ देने का निर्देश देने की अपील की गई थी ।

12 मार्च : लोकसभा की बैठक अनिश्चितकालीन के लिए स्थगित । संसद ने वाकआऊट के बीच पंजाब में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए वैधानिक प्रस्ताव पारित किया । श्री देवी लाल ने लोकसभा भंग करने के सवाल पर मतदान की मांग रखी । श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि वह कांग्रेस (इ) से कोई तालमेल नहीं करेंगे । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति ने राष्ट्रीय मोर्चा और वामपंथी दलों के बीच गठबंधन को मंजूरी दी । चुनाव के सवाल पर कांग्रेस (इ) सांसद दो खेमों में बंटे ।

अलगाववाद : कश्मीर में
(पृष्ठ 3 का शेष)

इसे राजपोरा से अपहरण किया गया और दो घंटे बाद छोड़ दिया गया ।

प्रवक्ता ने कहा कि गत सायं से मारे गए विभिन्न छापों के दौरान श्रीनगर, बडगाम तथा बारामूला जिलों से 39 संदिग्ध अलगाववादी पकड़ लिए गए । कुपवाड़ा में आज सुबह प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन का एक स्वयंभू एरिया कमांडर गिरफ्तार किया गया है । प्रवक्ता ने बताया कि आज घाटी में कहीं पर भी दिन का कर्फ्यू नहीं लगा ।

'प.स.' के अनुसार अब्दुल्ला सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है ।

छीना मारा गया
(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तारी के बाद वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान में शामिल हो गया और इसका उप-प्रमुख बन गया था ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाई सत्ता जिन प्रमुख वारदातों में संलिप्त था उनमें गुरदासपुर जिले के गांव पंडोरी महंतां में एक ही समुदाय के 18 लोगों की हत्या, बाबांवाली गांव में सात व्यक्तियों की हत्या, चक सिकन्दर में 9 हत्याएं, जस्तरवाल में 6 हत्याएं, धोलकलां गांव में 9 हत्याएं, गत वर्ष अक्तूबर में राजासांसी में भूतपूर्व अकाली मंत्री श्री शशपाल सिंह की हत्या, गत वर्ष मार्च में वरिष्ठ मार्क्सी नेता श्री हरदेव सिंह की हत्या, गांव हौत्तियां में सुरक्षा बल की चौकी पर 7 एस.पी. ओज की हत्या तथा हथियार लूटने, रोपड़ में 5 हत्याएं तथा हाल ही में दिल्ली में बम विस्फोट शामिल हैं ।

पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि गत वर्ष नवम्बर में गोरे नंगल गांव में एक मुठभेड़ के दौरान अपने छः साथियों के मारे जाने के बाद भाई सत्ता विवश होकर उत्तर प्रदेश को निकल गया था ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

दुकानदार की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में रैय्या थाना क्षेत्र के तहत फेरुमान चौक पर मिलिटैंटों ने एक दुकानदार सुभाष कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला : इसी पुलिस जिले के तिनैल गांव से कल रात गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ ।

महिला की लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले के फैलोके गांव से एक महिला की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

गुटसंघर्ष में मरा : मेहता पुलिस थाना के अंतर्गत मंडेर गांव से गोलियों से छलनी एक अज्ञात लाश मिली है । पुलिस ने दावा किया है कि यह मिलिटैंट गुटों के आपसी संघर्ष का मामला है ।

जिंदा मरा : भाई मनजिंदर सिंह जिंदा को आज अमृतसर जिले के पंडोरी रणसिंह गांव में मिलिटैंटों द्वारा गोली मार कर मार डाला गया । पुलिस ने इसे मिलिटैंट गुटों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताया है ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिले में ही छलेल गांव से एक अन्य मिलिटैंट का शव बरामद हुआ है । समझा जाता है कि उसे प्रतिद्वंद्वी गुट के सदस्यों ने मार डाला है ।

2 लोगों का अपहरण : मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिले के अल्लोवाल गांव से गौरव कुमार का अपहरण कर लिया । एक अन्य घटना में नरेश कुमार उर्फ हैप्पी का फिरोजपुर से अपहरण कर लिया गया ।

अपहृत मिलिटैंट को मार डाला : बाबू सिंह नामक एक मिलिटैंट, जिसका रोपड़ जिले में चित वाली गांव से उसके विरोधी गुट के सदस्यों ने अपहरण कर लिया था, को गत रात गोली मार कर मार डाला गया ।

ट्रेन पर फायरिंग : अहमदगढ़ (पवन) : पता चला है कि चार मिलिटैंटों ने आज सुबह 9 बज कर 50 मिनट पर रोहिरा रेलवे स्टेशन के निकट 5 एल.जे. यात्री गाड़ी पर गोलियां चलाईं परन्तु कोई हताहत नहीं हुआ । इसके बाद मिलिटैंट फरार हो गए । उनका उद्देश्य ट्रेन चालक को मार कर ट्रेन को उलटाना था । ट्रेन अपने निश्चित समय से एक घंटा लेट चल रही थी ।

3 लुटेरे गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस गुरदासपुर ने धमकी भरे पत्र लिख कर धन लूटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों, जिसमें एक आर.एम.पी. डाक्टर भी शामिल है, को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि दीनानगर पुलिस ने डाक्टर कश्मीर सिंह (आर.एम.पी.) मलकीयत सिंह और छिन्दर निवासी नारंगपुर (दीनानगर) को किसी सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर इनसे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । श्री गोयल के अनुसार ये लुटेरे लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर रुपयों की मांग करते थे और पुलिस ने इनके विरुद्ध पहले ही केस दर्ज कर रखा था । याद रहे जिला पुलिस के गत मास मिलिटैंटों के नाम पर लूटमार करने वाले तीन गिरोह गिरफ्तार किए थे ।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : बीती रात कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने गुरदासपुर सदर के गांव हमराजपुर पुलिस चौकी पर जोरदार फायरिंग की । जवानों की जवाबी फायरिंग से मिलिटैंट भाग गए । किसी नुकसान का समाचार नहीं मिला । कुछ मास पहले भी इस चौकी पर मिलिटैंटों ने हमला किया था तब भी जवानों ने डट कर मुकाबला किया था ।

अडवानी
(पृष्ठ 3 का शेष)

राजनीतिक पार्टियां और उसके नेतृत्व का व्यवहार भी ऐसा मुद्दा है जिस पर इस चुनाव में बहस होगी । उन्होंने इस मामले में कांग्रेस (इ) के रवैये का विशेष रूप से उल्लेख किया ।

लोकसभा भंग होने से पहले अटकलबाजियों तथा आंशका के वातावरण के बारे में श्री अडवानी ने कहा कि यदि राष्ट्रपति भवन से इस मामले में विलम्ब के कारण बता दिए जाते तो यह सब कुछ नहीं होता । उन्होंने राष्ट्रपति भवन की इस चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया ।

विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा चन्द्रशेखर सरकार की तुलना के बारे में उनका कहना था कि चन्द्रशेखर सरकार के पास कुछ करने को था ही नहीं इसलिए उस पर क्या टिप्पणी की जाए । एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह पुनः नई दिल्ली क्षेत्र से ही चुनाव लड़ना चाहेंगे, लेकिन इस संबंध में अंतिम फैसला पार्टी करेगी ।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष डा. मुरली मनोहर जोशी ने उम्मीद ज़ाहिर की कि लोकसभा के आने वाले चुनावों में जनता दिखावटी धर्म-निरपेक्षता और नेहरूवादी ढांचे की असफलता के मुद्दों पर स्पष्ट फैसला देगी । लोकसभा भंग किए जाने की घोषणा पर मद्रास में प्रतिक्रिया व्यक्त करते उन्होंने कहा, यह घोषणा करने में यूं तो देरी हुई, लेकिन यह सही और स्वागत योग्य कदम है ।

साम्प्रदायिक संगठनों के चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाए : जोशी

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता) : शेतकरी संगठन ने आज यहां राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन को एक ज्ञापन सौंप कर उनसे आग्रह किया कि सभी साम्प्रदायिक संगठनों पर चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया जाए ।

किसानों के इस संगठन के अध्यक्ष शरद जोशी के अनुसार पहले योजना यह थी कि राष्ट्रपति को यह ज्ञापन दस लाख लोगों के हस्ताक्षरों के साथ अप्रैल के पहले सप्ताह में सौंपा जाएगा, लेकिन लोकसभा भंग होने की वजह से 50,000 हस्ताक्षरों की इसकी पहली किस्त आज प्रस्तुत की गई ।

श्री जोशी ने राष्ट्रपति का ध्यान साम्प्रदायिक संगठनों का राजनीतिक दलों के रूप में मान्यता प्राप्त करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश झूठे दावे की ओर आकर्षित कराया ।

राम नवमी

लुधियाना, 13 मार्च (राजपाल) : श्री रामलीला कमेटी (रजि.) की तरफ से श्री सीतामाता मन्दिर, दरेसी मैदान में विशाल श्री राम नवमी सम्मेलन 14 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया



मुक्तसर में मंगलवार की रात को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए (ऊपर) दो अज्ञात लुटेरों की लाशें तथा (नीचे) उनके पास से बरामद हथियार व नकदी आदि । (छाया : दीपक पाल)



प्रो. पी.जे. करियन जो भंग लोकसभा में इंका के सचेतक थे, नई दिल्ली बैठक से पूर्व इंका प्रधान राजीव गांधी का स्वागत करते हुए ।

भंग लोकसभा में अंतिम दलगत स्थिति

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता): लोकसभा में आज विभिन्न दलों की स्थिति इस प्रकार थी :

कांग्रेस (इ)	194
भाजपा	86
जनता दल	77
जनता दल (एस)	54
कम्युनिस्ट मार्क्सवादी	33
भाकपा	12
अन्नाद्रमुक	10
अकाली दल (मान)	4
आर.एस.पी.	4
फारवर्ड ब्लाक	3
नैशनल कांफ्रैंस	3
बहुजन समाज पार्टी	3
झारखंड मुक्ति मोर्चा	3
शिव सेना	3
तेलगूदेशम	2
मुस्लिम लीग	2
आई.पी.एफ.	1
एम.जी.पी.	1
मार्क्स को-आर्गे.	1
कांग्रेस (एस)	1
अन्य	5
निर्दलीय	10
रिक्त	32
कुल	544

(अध्यक्ष के अलावा)

प्रतिक्रिया
(पृष्ठ 3 का शेष)

पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनादेश प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मोर्चा एवं वामपंथी दल साथ-साथ जनता के सामने जाएंगे । श्री सिंह ने नौवीं लोकसभा को भंग किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि राष्ट्रीय मोर्चा और वामपंथी दलों को चुनाव में 'पूर्ण बहुमत' प्राप्त होगा । उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि "कांग्रेस (इ) के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार" के कारण लोकसभा को भंग करना पड़ा है ।

जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने लोकसभा भंग करने संबंधी राष्ट्रपति की घोषणा की स्वागत करते हुए कहा कि इससे नए चुनाव के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया । उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि देश के मौजूदा राजनीतिक संकट का यही एकमात्र हल था ।

राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष नन्दमूरि तारक रामाराव ने लोकसभा भंग करने के राष्ट्रपति के निर्णय का स्वागत किया । उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक "शुभ कदम" बताया ।

नैशनल कांफ्रैंस के नेता सैफुद्दीन सोज ने कहा कि इसके अलावा और कोई विकल्प था भी नहीं । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि देश को ऐसे 'नाजुक मौके' पर चुनाव का सामना करना पड़ रहा है ।

निर्दलीय सांसद अतिन्दर पाल सिंह ने इस फैसले का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि पंजाब में लोकसभा के साथ राज्य विधानसभा के चुनाव भी कराए जाएंगे ।

पूर्व विधि मंत्री दिनेश गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा भंग किया जाना अवश्यम्भावी था और इससे पिछले कुछ दिनों से लगाई जा रही अटकलें समाप्त हो गई हैं । उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ, उससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई है किन्तु अब जनता को नए प्रतिनिधि चुनने का मौका मिलेगा ।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के अध्यक्ष इब्राहीम सुलेमान सेठ ने भी लोकसभा भंग किए जाने का स्वागत किया है ।

कांग्रेस (इ) के महासचिव वी.एन. गाडगिल ने कहा कि उनकी पार्टी जनता से नया जनादेश प्राप्त करेगी और उसे भरोसा है कि यह बहुमत प्राप्त कर

अधिकतर राजनीतिक
कार्य किया है जो लोक
थे ।

तेलगुदेशम के नेत
सचेतक पी. उपेन्द्र ने
करते हुए कहा कि रा
एवं लोकतांत्रिक पर
(इ) की साजिश वि
जनता उसे सरकार
अच्छा सबक सिखाए

उन्होंने कहा कि
दलों का गठबंधन
जनता दल (स) चु

जम्मू-कश्मीर पै
सिंह ने भी राष्ट्रपति
है । उन्होंने जम्मू-
विधानसभा चुनाव
अनुरोध किया है

शिमला से खज
किए जाने का
मुख्यमंत्री श्री शां
भारत की मिट्टी
इतना बहुमत मिले
इसी पार्टी की हो

श्रीलंका
पर सैनिक
के

कोलम्बो,
इस प्रस्ताव पर
श्रीलंका में कै
ठिकानों पर
कैथोलिक चर्च
लिए हुए हैं ।
अपना अड्डा
अनुसार भारत
पिछली रात श्री
बैठक में अ
विचार-विमर्श
चर्च क्षेत्र में प्र
लिए तैयार हो

पिछड़ेपन
रूपो

नई दि
आधुनिक औ
लिए वहां गरी
की असमान
आधुनिक रूप
के.एन. राव
न्यायाधीश
के.एन. सिंह,
कुलदीप सिं
संविधान पीठ

रोमानि
नि

रोमानि
व्यापार को
सरकारी क्षे
खुली बोली
शुरूआत ब
का जूतों का
स्टोरों में से
लियो सिओ
लिया है ।
स्कूल उपह

सरका
महीनों में
जाएगा ।

रोमा
1989
खुले हैं
वस्तुएं
रोमानिय

Punjabi Sanatani

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

मैंने त्रिलोचन कुमार सुपुत्र श्री गोपाल दास, निवासी सीवन (कैथल) ने अपना नाम बदल कर अशोक

ज्योतिष

जन्मपत्री या हाथ से किस्मत का हाल पूछने के लिए विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषी प्रोफैसर मेहता साहिब को मिलें,

सुविधा आदि बातों को ध्यान में रखा जाएगा । यह पूछने पर कि क्या कांग्रेस (इ) ने आयोग के चुनाव की तिथियों के बारे में सुझाव दिया है, श्री भल्ला ने सकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दल ऐसा कर सकते हैं ।

प्राथमिकी रद्द करने के लिए दायर लोकहित याचिका पिछले साल 19 दिसम्बर को खारिज कर दी थी,

(शेष पृष्ठ 10 पर)





लुधियाना के टैक्सटाईल कालेज के होस्टल में वीरवार को हुए बम विस्फोट में मृतकों (1) सर्वजीत सिंह, (2) देसराज, (3) जगजीत सिंह, (4) अज्ञात, के शव, (5) ध्वस्त भवन का दृश्य । (छाया : काम्बोज)

...यों ने दो जेलों से ...तिक बंदी छुड़वाए

ओटावा में श्री बुश ने पश्चिम एशिया में हथियारों की बिक्री सीमित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाए जाने के कनाडा के प्रस्ताव पर संदेह जताया । उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में हथियारों की दौड़ ठीक नहीं है, फिर भी उनका देश फिलहाल क्षेत्र में हथियारों की बिक्री नहीं रोकेगा ।

श्री मुलारोनी ने आलोचना की कि हथियारों के पांच सबसे बड़े निर्यातक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से हैं । फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेतृत्व पर भी दोनों नेताओं के मतों में अंतर दिखा ।

श्री बुश ने खाड़ी युद्ध के दौरान राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन का 'अति उत्साह' से साथ देने के लिए फिलस्तीनी मुक्ति संगठन (पी.एल.ओ.) के अध्यक्ष यासर अराफात की आलोचना की और कहा कि इससे खाड़ी क्षेत्र में श्री अराफात का प्रभाव घटा है ।

इसी बीच अमरीका ने वाशिंगटन में ईराकी दूतावास और उसकी सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

11 मिलिटैंट मरे, 3 लोगों की हत्या : तीन स्थानों पर ज़बरदस्त बम विस्फोट, बटाला में दुखांत टला

चंडीगढ़, 14 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में 11 मिलिटैंट मारे गए जबकि 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इस बीच राज्य में लुधियाना, गुरदासपुर व नंगल में तीन शक्तिशाली बम विस्फोट हुए । बटाला में एक पुलिस इंस्पैक्टर व उसके अंगरक्षक ने बहादुरी के साथ एक भयानक दुखांत को टाल दिया ।

कालेज होस्टल में विस्फोट से 4 मिलिटैंट मरे : लुधियाना : (महिन्द्रा, मुसाफ़िर, धीमान): आज सुबह चार बजे यहां पुराने बस स्टैंड के निकट गवर्नमैंट किला मोहल्ला टैक्सटाईल कालेज के होस्टल में ज़बरदस्त बम विस्फोट हुआ, जिसके परिणाम-स्वरूप 4 व्यक्ति मारे गए । होस्टल की 20 फुट ऊंची छत उड़ गई । मरने वालों में से 3 की पहचान हो गई है । उनमें एक सर्वजीत सिंह बब्बर खालसा जत्थेबंदी का सक्रिय सदस्य और कालेज का पूर्व विद्यार्थी था । दूसरा जगजीत सिंह विद्यार्थी और तीसरा देसराज सलेम टाबरी का रहने वाला था । चौथे की पहचान नहीं हो सकी है । वे सभी बम बनाते थे और किसी जगह वारदात करने के लिए जाने वाले थे कि अचानक बम फट गया और चारों मारे गए । धमाका इतना ज़बरदस्त था कि होस्टल की 20 फुट ऊंची दीवार मलबे का ढेर बन गई । सर्वजीत सिंह पटियाला के बम कांड में भी संलिप्त था और आजकल पटियाला में रहता था । मृतकों ने स्पोर्ट्स जूते पहन रखे थे, जिससे जान पड़ता है कि वे कोई बड़ी वारदात करने के लिए जा रहे थे । बताया जाता है कि होस्टल में 10 विद्यार्थी थे और 7 बाहर गए हुए थे, जिससे वे बच गए । बम विस्फोट की सूचना मिलते ही आई.जी. आप्रेशन पंजाब चौ.सूबे सिंह और एस.एस.पी. लुधियाना श्री अनिल कुमार शर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

बताया जाता है कि मृतक मिलिटैंट इस बम से घंटाघर क्षेत्र को उड़ाना चाहते थे, जहां प्रातःकाल शहर के सभी अखबारी एजैंट व हॉकर जमा होते हैं ।

प्रिंसीपल की हत्या : लुधियाना से महिन्द्रा व धीमान तथा खन्ना से शर्मा के अनुसार आज प्रातः 9.45 बजे के करीब ए.एस.हायर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसीपल श्री नरेश कुमार खन्ना की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि 4 मिलिटैंट एक नीली मारुति कार में आए । जब छात्रों की परेड के बाद प्रिंसीपल अपने कार्यालय की ओर आ रहे थे तो एक मिलिटैंट ने उन पर फायरिंग की, जिससे वे गिर पड़े । इस पर दूसरे मिलिटैंट ने उन पर दो और गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई । मिलिटैंट भागने में सफल हो गए । इस घटना के बाद छात्रों ने जी.टी. रोड पर ट्रैफ़िक जाम कर दिया और कुछ बसों के शीशे तोड़ दिए । उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । इस घटना के विरोध में आज खन्ना में हड़ताल रही ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना से महिंद्रा के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा के निर्देश पर लुधियाना में छापों का कार्यक्रम जारी है । इस बारे पुलिस ने दावा किया है कि पुलिस डिवीजन नं. 3 के प्रभारी बलबीर चंद तिवाड़ी ने इन छापों के दौरान एक मिलिटैंट सुखदेव सिंह को मंझ फगुआं से गिरफ्तार किया है । यह मिलिटैंट लुधियाना जेल से भाग गया था । पुलिस ने बताया कि वह हैबोवाल में एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या, माडल टाऊन लुधियाना में शराब के ठेके लूटने तथा डिवीजन नं. 3 के क्षेत्र में मोटर साइकिल छीनने के केसों में संलिप्त था । इसके कब्ज़े से 32 बोर का रिवाल्वर और कई कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस के अनुसार एक अन्य व्यक्ति कमलजीत सिंह उर्फ़ बाबा को भी गिरफ्तार किया गया है । उसके कब्ज़े से चोरी का स्कूटर तथा असला भी मिला है । पुलिस प्रभारी बलबीर चंद तिवाड़ी ने एक जुए के अड्डे पर छापा मार कर 5 जुएबाज़ पकड़े हैं । उनके कब्ज़े से 7200 रुपए बरामद हुए हैं ।

2 मिलिटैंट मरे : मलोट से 'केवल' तथा गिद्दड़बाहा से 'राजीव' के अनुसार थाना गिद्दड़बाहा के गांव गुरुसर व कराईवाला के बीच आज सुरक्षा बलों के साथ हुए एक ज़ोरदार मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि उनके 2 साथी फरार होने में सफल हो गए । एक मृतक की शिनाख्त निहाल सिंह एरिया कमांडर के रूप में हुई है । प्राप्त सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने 12 मार्च को गांव खनणकलां के दो व्यक्तियों मेजर सिंह व एक नम्बरदार का अपहरण किया था तथा पुलिस इन अपहृत व्यक्तियों की तलाश के लिए जगह-जगह छापे मार रही थी । आज प्रातः 8.30 बजे के करीब जब सुरक्षा बलों के जवान तलाशियां लेते हुए उक्त गांव के पास पहुंचे तो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

पहले जारी किया जाएगा । यही परम्परा रही है ।

उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथि तय करते समय छात्रों की परीक्षा, रमजान, राजनीतिक दलों की सुविधा आदि बातों को ध्यान में रखा जाएगा । यह पूछने पर कि क्या कांग्रेस (इ) ने आयोग के चुनाव की तिथियों के बारे में सुझाव दिया है, श्री भल्ला ने सकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दल ऐसा कर सकते हैं ।

के. जयचंद्र रेड्डी की दो सदस्यीय खंडपीठ ने आज उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ चल रही सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया । दिल्ली उच्च न्यायालय ने बोफोर्स तोप सौदे के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने के लिए दायर लोकहित याचिका पिछले साल 19 दिसम्बर को खारिज कर दी थी

बोफोर्स तोप सौदे में कथित रूप से दलाली खाने वाले मुख्य अभियुक्त किसी न किसी तरह जांच में रुकावट डालना चाहते हैं । उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से उच्च न्यायालय में लोकहित याचिका दायर की गई थी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



लुधियाना के टैक्सटाईल कालेज के होस्टल में बीरवार को हुए बम विस्फोट में मृतकों (1) सर्वजीत सिंह, (2) देसराज, (3) जगजीत सिंह, (4) अज्ञात, के शव, (5) ध्वस्त भवन का दृश्य । (छाया : काम्बोज)

...यों ने दो जेलों से ...ीतिक बंदी छुड़वाए

ओटावा में श्री बुश ने पश्चिम एशिया में हथियारों की बिक्री सीमित करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाए जाने के कनाडा के प्रस्ताव पर संदेह जताया । उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में हथियारों की दौड़ ठीक नहीं है, फिर भी उनका देश फिलहाल क्षेत्र में हथियारों की बिक्री नहीं रोकेगा ।

श्री मुलारोनी ने आलोचना की कि हथियारों के पांच सबसे बड़े निर्यातक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से हैं । फिलस्तीनी मुक्ति संगठन के नेतृत्व पर भी दोनों नेताओं के मतों में अंतर दिखा ।

श्री बुश ने खाड़ी युद्ध के दौरान राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन का 'अति उत्साह' से साथ देने के लिए फिलस्तीनी मुक्ति संगठन (पी.एल.ओ.) के अध्यक्ष यासर अराफात की आलोचना की और कहा कि इससे खाड़ी क्षेत्र में श्री अराफात का प्रभाव घटा है ।

इसी बीच अमरीका ने वाशिंगटन में ईराकी दूतावास और उसकी सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

11 मिलिटैंट मरे, 3 लोगों की हत्या : तीन स्थानों पर जबरदस्त बम विस्फोट, बटाला में दुकान ढही

ते । सूत्रों ने कहा कि
क्षेत्रों का परिसीमन
कि दिल्ली के आकार और
र दशकों में भारी बदलाव
दल (स), जनता दल और
ल्ली के लिए पूर्ण दर्जे की
न क्षेत्रों के परिसीमन की
हैं ।

शद और नगर निगम के
3 में पांच फरवरी को हुआ
र्ष पूर्व से भंग पड़े हैं ।

को सैनिक शासन रही है : बेनजीर

मार्च (वार्ता): पाकिस्तान की
र भट्टो ने आज अपनी
को मार्शल-ला के एकदम
किया कि मौजूदा इस्लामी
देश को सैनिक शासन के
ल रही है ।

हां भीड़ भरे प्रैस सम्मेलन में
सन की तुलना में निकृष्टतम
करेंगी । उन्होंने सिंध में
ीर कार्यकर्त्ताओं को सरकार
जनीतिक स्तर पर परेशान
गाया । उन्होंने कहा कि
र्यकर्त्ताओं के विरुद्ध फर्जी
रहे हैं । उन्होंने बताया कि
में मत देने से रोकने के लिए
ार्टी के ज्यादातर नेताओं का
ा ।

कहा कि वह अपने पति
रफदारी नहीं कर रही हैं ।
भिन्न अभियोगों में पकड़े गए
र्त्ता निर्दोष हैं । फिलहाल
त अपराधों के कारण जेल में
क अभियोग साबित हो जाते हैं
ी सकती है । उन्होंने कहा
असैम्बली की कार्रवाई का
गा, जब तक सरकार उनकी

ापन

ल्ट्री

gg rate for 14.3.91
ys. NECC suggested
r dozen.
(Kamboj/MxW)

दान

सूर्य कुण्ड के तट पर यज्ञ मंदिर
हेतु दानी भक्त सहयोग दें ।
), कुरुक्षेत्र ।
(D.D. Narha/28C)

यात्रा

बनारस, अयोध्या, नेमीशारण्य
ज मंदिर, कुरुक्षेत्र, फोन :
(D.D. Narha/15C)

परिवर्तन

Dass S/o Shri Rakha
Sarhala Ranuan, Tehsil
Distt. Jalandhar have
to Santokh.
(3684/19W)

मश्वरा

री का बंडल 13.3.91 को
बीच बस से कहीं गिर गया है ।
वाले को खर्च के अलावा 500
एगा । बेअंत सिंह, गुरुद्वारा
ईपास, लुधियाना ।
(3681/34C)

ड्लोमेट अटैची 5 मार्च को प्रिंस
स कार से गिर गया है, उसमें कुछ
की किताबें थीं, पहुंचाने वाले को
जाएगा । सरदार गुरदेव सिंह
र बर्मा, रीगल सिनेमा रोड,
(Mohindra/42C)

शिक्षा

istration (सरकारी मान्य)
र B.A.M.S. (one sitting)
से एक वर्ष में +2,
Sc., M.A./ M.Sc., B.Ed./
nal पास करें । Prospectus
Amar Dass College,
d, Opp. Malri Gate,
(NAMA/41C)

DEFL, जर्मन, फ्रैंच रशियन,
नावेंजियन, डेनिश व इटालियन
ायश, खाना उपलब्ध । मिलें :
फारेन लैंग्वेजिज, 578, बसन्त
सर ।
(Ajanta/MxW)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंटों ने अचानक उन पर घात लगा कर हमला कर दिया । जवानों द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई,जिससे 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 अन्य फरार हो गए । यह मुकाबला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा । पुलिस ने मृतक मिलिटैंटों के कब्जे से उपरोक्त दोनों अपहृत व्यक्ति बरामद कर लिए । इसके अतिरिक्त 3 बंदूकें व एक राइफल भी मिली है । दूसरे मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त दर्शन सिंह के रूप में की गई है । निहाल सिंह पूनिया का तथा दर्शन सिंह बधनी कलां का रहने वाला था ।

गुटबंदी में ग्रंथी को मार डाला : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना बाघा पुराना के गांव जयसिंहवाला में गुरुद्वारे के एक ग्रंथी सुरजीत सिंह का अपहरण कर लिया व गांव के बाहर नहर पर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने इस घटना को मिलिटैंटों की आपसी गुटबंदी का परिणाम बताया है ।

मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिले में ही एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने मार डाला । उसकी गोलियों से छलनी लाश कल रात जिले के जोकरीकलां गांव से मिली है ।

2 लोगों का अपहरण : तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने फरीदकोट जिले में कुंदनखुर्द गांव से मेजर सिंह सुपुत्र बलवंत सिंह तथा मेजर सिंह सुपुत्र गुरबचन सिंह का अपहरण कर लिया ।

भयानक दुखांत टला : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार एक पुलिस इंस्पैक्टर तथा उसके गनमैन द्वारा दिखाई गई बेमिसाल बहादुरी तथा चौकसी के कारण एक भयानक दुखांत टल गया,परन्तु इसके बाद पुलिस इंस्पैक्टर तथा उसका गनमैन मिलिटैंटों की गोलियों से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

इस संबंध में प्राप्त विस्तृत सूचना के अनुसार एक पुलिस इंस्पैक्टर श्री आर.एल. बग्गा अपने एक गनमैन पुलिस कांस्टेबल अमरीक सिंह के साथ आज दोपहर लगभग 2 बजे बटाला से जालंधर अपनी कार में जा रहे थे कि मार्ग में गांव गगड़याना के पास उन्होंने देखा कि मिलिटैंटों ने एक बस रोक कर उसमें से एक ही समुदाय के 30-32 यात्रियों को बाहर निकाला हुआ है । स्थिति की गंभीरता को भांपते ही श्री बग्गा और उनके गनमैन ने मिलिटैंटों पर गोली चला दी । इस पर मिलिटैंटों ने भी श्री बग्गा व उनके गनमैन पर फायरिंग शुरू कर दी,जिससे दोनों पुलिस-कर्मी घायल हो गए तथा उनकी कार को भारी नुक्सान पहुंचा । इस दौरान मिलिटैंट फरार हो गए ।

अस्पताल में दाखिल श्री बग्गा ने बताया कि यदि वह गोली न चलाते तो मिलिटैंट कोई भयानक कांड कर डालते । उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि उन्होंने खुद घायल होकर एक भयानक घटना होने से टाल दी ।

आज सायं श्री बग्गा व उनके गनमैन को जालंधर के अस्पताल में भेज दिया गया है ।

सिनेमा हाल में विस्फोट : 1 मरा : गुरदासपुर (राजेश्वरी): आज दोपहर एक बज कर 10 मिनट पर यहां सोसायटी सिनेमा में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ जिससे एक व्यक्ति मारा गया तथा 5 लोग घायल हो गए । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है । एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल के अनुसार संदेह किया जाता है कि मरने वाले व्यक्ति ने ही सिनेमा हाल में बम रखा था । घायलों में से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है जिसकी शिनाख्त पीदार गांव के दलजीत सिंह के रूप में हुई है । अन्य घायलों के नाम हैं—जगतराम गांव पनियार, अशोक कुमार (ब्रह्मपुर), विजय कुमार बब्बेहाली तथा हरबंस लाल नंगल कोटली ।

विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक व्यक्ति की शिनाख्त हरदीप सिंह के रूप में की गई है । पुलिस के अनुसार जब वह सिनेमा हाल में बम रख रहा था,तभी उसमें विस्फोट हो गया ।

नंगल में बम विस्फोट : नंगल से 'ग्रोवर' के अनुसार आज प्रात: 6 बजे स्थानीय स्टाफ क्लब में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ परन्तु सौभाग्य से किसी किस्म का कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पास के मकानों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने यह कार्रवाई कल यहां होने वाली अमन कमेटी की मीटिंग को विफल करने के लिए की है ।

'शर्मा' के अनुसार बम स्टेज के पास रखा हुआ था, जहां से पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री आर.पी. ओझा ने शांति रैली को संबोधित करना था । विस्फोट की आवाज 5 कि.मी. तक सुनी गई । बम फटने से स्टेज का आधा भाग व स्टाफ क्लब की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई ।

रोपड़ से 'राकेश' के अनुसार नंगल में स्टाफ क्लब में सुबह 6.15 बजे हुए विस्फोट से भवन की छत को मामूली क्षति पहुंची है । जिला प्रशासन प्रवक्ता ने कहा है कि नंगल में शांति रैली अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी ।

छीना की मृत्यु की पुष्टि नहीं हुई : अमृतसर (कमलेश): एस.एस.पी. मजीठा ने एक प्रैस नोट में बताया है कि समाचारपत्रों में सतनाम सिंह छीना तथा उसके साथियों की उत्तर प्रदेश में एक पुलिस मुकाबले में मारे जाने के समाचार की पुष्टि नहीं की जा सकी । इस बारे में प्रयत्न किए जा रहे हैं ।

दो व्यक्ति घायल : अमृतसर से 'सुभाष नारंग' के अनुसार थाना मेहता के अंतर्गत गांव गग्गर घाना के निकट मारुति कार में जा रहे 2 व्यक्तियों राम लुभाया और अमरीक चंद को मिलिटैंटों ने घेर कर उन पर गोलियां चलाईं, जिससे वे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । पीछे से आ रही एक कार में उनको डाल कर बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया ।

सिपाही की हत्या : 'वार्ता' के अनुसार आज सायं अमृतसर के सिविल जिला कचहरी परिसर के निकट मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक सिपाही ज्ञान सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । 'प.स.' के अनुसार सिपाही की हत्या यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव मीराकोट के निकट की गई । पुलिस के अनुसार सिपाही खाना खाने अपने घर जा रहा था, जब मिलिटैंटों ने रास्ते में उसकी हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मरे : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार यहां से एक कि.मी. दूर गांव पथरी से पुलिस को दो लाशें मिली हैं । ये लाशें मिलिटैंटों की हैं । इनकी शिनाख्त जसवंत सिंह जस्सा गांव बलेर तथा हरदेव सिंह उर्फ़ देबा निवासी फरिदीपुर के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का शिकार हुए हैं । ये दोनों पहले संधा के गिरोह से संबंधित थे,परन्तु बाद में वे ज़फ़रवाल के गिरोह में शामिल हो गए थे । पुलिस को मौके से ए.के.47 राइफल के 6 खाली कारतूस मिले हैं ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार एस.एस.पी. श्री भुल्लर ने आज यहां बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ़ ने 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है,जिनकी पहचान हरबंस सिंह, अवतार सिंह तथा चरणजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से एक स्कूटर, 3 बंदूकें व 25 कारतूस मिले हैं ।

छात्र नेता को घायल किया : राजेन्द्रा कालेज भटिंडा में गत सायं जब कोई समारोह हो रहा था तो अमनदीप सिंह नामक मिलिटैंट ने कालेज परिसर में घुसने का प्रयास किया,लेकिन राजेन्द्र सिंह नामक एक छात्र नेता ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने राजेन्द्र को गोली मार कर घायल कर दिया ।

सरपंच की हत्या : मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के गांव सूरजगढ़ में सरपंच नत्था सिंह के घर घुस कर गोलियां चलानी शुरू कर दीं तथा घटनास्थल पर ही उसकी हत्या कर दी ।

सिगरेट, बीड़ियां जला दीं : राजपुरा (मासम): गत दिवस कुछ मिलिटैंटों ने गांव सिदरासी में आकर तीन दुकानों की तलाशी ली और उनका सिगरेट, बीड़ी, तम्बाकू और जर्दा का स्टाक बाहर रख कर आग लगा दी ।



बटाला-जालंधर राजमार्ग पर गांव गग्गड़याना के निकट बस यात्रियों को बचाते हुए मिलिटैंटों की गोलियों से घायल हो गए (ऊपर) पुलिस इंस्पैक्टर श्री आर.एल. बग्गा तथा (नीचे) उनका गनमैन कांस्टेबल अमरीक सिंह अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : कोछड़)

पुल को टाइम बम से उड़ाने का प्रयास

इम्फाल, 14 मार्च (वार्ता): भूमिगत उग्रवादियों ने कल मणिपुर की राजधानी इम्फाल में खुराई में इम्फाल नदी पर बने मुख्य पुल को टाइम बम से उड़ाने का प्रयास किया ।

आधिकारिक सूचनाओं में आज बताया गया कि विस्फोट से पुलिस को मामूली क्षति पहुंची ।

प्रात: आठ बजे के करीब हुए इस विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

पदाधिकारियों की नियुक्ति व चयन

चंडीगढ़, 14 मार्च (वि.प्र.): जद (स) पंजाब के अध्यक्ष बलबीर सिंह ने राकेश पाल पुरी को जिला फरीदकोट (शहरी) इकाई का प्रधान व सुभाष गुलाटी को महासचिव नियुक्त किया है । इसी प्रकार बलबीर सिंह को जिला अमृतसर (शहरी) का प्रधान व हरबंस लाल भगत को महासचिव नियुक्त किया गया है ।

बोफोर्स

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री जेठमलानी ने कहा कि इस सौदे में ली गई कथित दलाली के संबंध में चल रही जांच में सहयोग के लिए पिछले साल फरवरी में भेजे गए अनुरोध पत्र में स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों ने कुछ तकनीकी आपत्तियां उठाई थीं । आपत्तियों को दूर करके संशोधित अनुरोध पत्र अगस्त में भेज दिया गया था । उन्होंने कहा कि इस सौदे के असली अभियुक्तों को संशोधित अनुरोध पत्र के कारण सारी सच्चाई सामने आने का अंदेशा हो गया था । उन्होंने कहा कि इसीलिए असली अभियुक्त ने जांच कार्य रुकवाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया और इसी कड़ी में पहले विशेष जज की अदालत में और फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई ।

कन्हैया लाल मिश्र को भारतेन्दु पुरस्कार

नई दिल्ली, 14 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर सहित नौ लेखकों को आज यहां भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार से सम्मानित किया । यह पुरस्कार जन संचार से संबंधित विषयों पर हिन्दी में सर्वोत्तम मौलिक लेखन के लिए दिया जाता है ।

श्री मिश्र को उनकी पुस्तक 'तपती पगडंडियों पर पद यात्रा' के लिए 25 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया गया । पन्द्रह हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार देवेन्द्र इस्सर को उनकी पुस्तक 'जन माध्यम सम्प्रेषण और विकास' तथा दस हजार रुपए का तीसरा पुरस्कार श्रीमती रेखा रस्तोगी को उनकी पुस्तक 'प्राचीन भारत में प्रेक्षागृह' के लिए मिला । अन्य पुरस्कार विजेता हैं : डा. राम मोहन पाठक, श्री बच्चन सिंह, श्री वीरेन्द्र मोहिल, श्री लक्ष्मी कांत शर्मा एवं जे.एस. मूर्ति तथा डा. दुर्गादास मुखोपाध्याय ।

कुवैत का शासक सबाह स्वदेश लौटा

कुवैत, 14 मार्च (ए.पी.): कुवैत के शासक अमीर जबेर अल अहमद अल सबाह करीब सात मास तक निर्वासित जीवन बिताने के बाद आज स्वदेश लौट आए । कुवैत पर गत दो अगस्त को इराकी सैनिकों के हमले के बाद अमीर देश छोड़ कर सऊदी अरब चले गए थे । कुवैत इंटरनैशनल हवाई अड्डे पर अमीर के विमान से उतरते ही सैनिक बैंड ने उनका स्वागत किया । उनके अभिनन्दन के लिए सरकारी अधिकारी तथा राजनयिक मौजूद थे । अमीर परम्परागत अरब वेशभूषा में थे । हवाई अड्डे पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे ।

उनके स्वागत में आज तड़क-भड़क नहीं थी । जलते तेल के कुओं से निकलते काले धुंओं से आकाश ढका हुआ था । सड़क के किनारे तैनात जवान आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ले रहे थे ।

कुवैत शहर में आज विद्युत और जल आपूर्ति बंद थी और सड़कें जगह-जगह कचरे से पटी पड़ी थीं । अमीर का महल खाड़ी युद्ध के दौरान इस कदर ध्वस्त हो चुका है कि उन्हें कहीं और ठहरना पड़ेगा । शेख जबेर कुवैत से इराकी फौज की वापसी के 16 दिन बाद स्वदेश लौटे हैं । स्वदेश लौटने से पहले अमीर रियाद में रुके और शाह फहद बिन अब्दुल अज़ीज़ से मुलाकात की ।

नई मुद्रा जारी होगी : इस बीच कुवैत सरकार ने घोषणा की है कि वह दस दिन के भीतर इराकी हमले से पूर्व प्रचलित मुद्रा "दीनार" के बदले एक नई मुद्रा जारी कर देगी । कुवैत के सैंट्रल बैंक के गवर्नर शेख सलाम अज़ीज़ ने कहा है कि जिन लोगों के पास दीनार हैं, वे नई मुद्रा से कीमत पर बदल सकेंगे ।

ईराकी विद्रोहियों ने....

(पृष्ठ 0 का शेष)

लिया है ।

संयुक्त राष्ट्र में कुवैती राजदूत ने कल कहा कि कुवैत पर सात मास के अपने कब्जे के दौरान ईराक ने 700 अरब डालर की सरकारी और सार्वजनिक सम्पत्ति लूट ली या तबाह कर दी ।

ईराकी सेनाओं के कब्जे से कुवैत की आजादी के दो सप्ताह और निर्वासन के सात माह बाद कुवैत के शासक आज स्वदेश लौट आएंगे । यह जानकारी कुवैत शहर में कुवैती सूचना मंत्रालय ने आज दी ।

सऊदी अरब के पर्यटक शहर तैफ में रह रहे शेख जबेर अल अहमद अल सबाह की स्वदेश लौटने में देरी के लिए आलोचना की जाती रही है । अधिकारियों ने कहा कि वह रविवार से शुरू हो रहे रमजान के महीने के पहले ही लौटना चाहते थे ।

नई दिल्ली : कुवैत में भारतीय दूतावास फिर खोलने का समुचित प्रबन्ध करने के लिए अधिकारियों का एक छोटा दल जल्द वहां जाएगा । गत वर्ष अगस्त में कुवैत पर ईराकी कब्जे के बाद बंद किए गए भारतीय दूतावास को फिर खोलने पर कुवैत सरकार की मंजूरी के फैसले से भारत को गत मंगलवार को आधिकारिक रूप से अवगत करा दिया गया था ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पहले दूतावास में 70 सदस्य थे, इसे फिर शुरू करने के लिए तत्काल कुछ कर्मचारियों की जरूरत है । अन्य कार्यों के लिए जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त अधिकारी वहां भेजे जाएंगे ।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि ईराक दूत भी दूतावासों को फिर से खोलने के प्रश्न पर विचार-विमर्श के लिए दिल्ली आ रहा है ।

अमरीकी फर्में एशियाई श्रमिक भर्ती करेंगी : कुवैत के पुनर्निर्माण की 100 अरब डालर की योजना में प्रमुख भारतीय कम्पनियां सम्भवता कोई भूमिका नहीं निभाएंगी लेकिन छोटी कम्पनियों को भी अमरीकी फर्मों के, जिन्हें पुनर्निर्माण कार्य में बड़ा हिस्सा मिलेगा, कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ेगा । यह संकेत एक कुवैती अधिकारी ने गत दिवस वाशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस की एक समिति के समक्ष अपने बयान में दिया ।

ऐसा समझा जाता है कि अमरीकी कम्पनियां निर्माण कार्य चलाने के लिए एशियाई श्रमिकों को अधिमान देंगी । खाड़ी युद्ध शुरू होने से पहले लगभग 1.70 लाख भारतीय वहां काम करते थे । उनमें से अधिकतर केरल के थे । ये लोग हर वर्ष 50 करोड़ डालर भारत भेजा करते थे ।

सद्दाम विरोधियों द्वारा कई टैंकों पर कब्जा : बी.बी.सी. ने ईरानी संवाद समिति इरना के हवाले से खबर दी है कि दक्षिण ईराक के कई नगरों में सद्दाम विरोधियों ने बड़ी संख्या में टैंकों पर कब्जा कर लिया है तथा अनेक ईराकी सैनिक उनके खेमे में शामिल हो गए हैं । ईरान भाग कर आए ईराकी शरणार्थियों ने 'इरना' को यह जानकारी दी । रेडियो ने बताया कि दक्षिण ईराक के कई नगरों में बाथ पार्टी समर्थक सैनिकों और सद्दाम विरोधियों के बीच अभी संघर्ष जारी है । शरणार्थियों ने बताया कि बसरा अल्तन्नुमाह, हरेथ अल अमाराह कंदिया और अल अज़ीज़ नगरों में सद्दाम विरोधियों ने टैंकों को अपने कब्जे में ले लिया है । शरणार्थियों ने बताया कि सद्दाम समर्थक सैनिक रिहायशी आबादी पर गोलाबारी जारी रखे हुए हैं । सेना ने कई घरों और मस्जिदों को नष्ट कर दिया । बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं ।

सरकंडे खाकर जीवित हैं : शरणार्थियों के मुताबिक ईराक के मजनूं द्वीप में फंसे अनेक लोग सरकंडे खाकर ज़िन्दा हैं और ईरान में घुसने की तैयारी कर रहे हैं । ये लोग ईराकी सेना के हमलों से बचने के लिए ईरान-ईराक युद्ध के दौरान बने बंकरों में शरण लिए हुए हैं ।

रस्म पगड़ी

भारी शोक एवं दुख के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि हमारी पूज्य **श्रीमती द्रौपदी मोदी** 7 मार्च, 1991 को स्वर्ग सिधार गई हैं । गरुड़ पुराण का भोग और रस्म पगड़ी रविवार, 17 मार्च, 1991 को दोपहर बाद 12.30 बजे, फ्रैंड्ज कालोनी, जी.टी. रोड, मोगा में होगी ।

शोक संतप्त :

एस.एल. मोदी
बी.एम. मोदी एडवोकेट (बेटे)
एस.पी. मोदी
राजेश, जतिंदर (पौत्र)

पुष्पा मोदी (पुत्रवधू)
कांता मोदी (पुत्रवधू)
कमला बांसल (बेटी)
जे.सी. बांसल (दामाद)

रस्म पगड़ी

आपको बड़े दुखी हृदय एवं अश्रुपूर्ण नेत्रों से सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य **श्रीमती प्रकाशवती मल्होत्रा** धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री पन्ना लाल मल्होत्रा M.C. 6 मार्च 1991 को स्वर्ग सिधार गई हैं । रस्म पगड़ी 16 मार्च 1991 शनिवार दोपहर 2 बजे हमारे निवास स्थान टांगा एजैंसी, रेलवे रोड, पठानकोट में होगी ।

—शोक संतप्त—

☆राममूर्ति मल्होत्रा (जेठ), ☆भारत भूषण मल्होत्रा (सुपुत्र), ☆अंजू मल्होत्रा (पुत्रवधू), ☆ऋषव मल्होत्रा (पोता), ☆राशी मल्होत्रा (पोती), ☆डा. के.एल. नैय्यर, ☆इंद्र मोहन कश्यप, ☆सुदेश सहगल (दामाद), ☆श्रीमती सुषमा नैय्यर, ☆श्रीमती मधु कश्यप, ☆श्रीमती कुण्डल सहगल (सुपुत्रियां) ।

मैसर्ज. :—बालक राम एंड सन्ज, राईस मिल्स, टांगा एजैंसी/डल्हौजी रोड, पठानकोट

Phones : 20042, 20377.

वर्ष 1991 का सुपर हिट संगीत



टा टोकणी, मेरे हांथा मैं नेज़ डोल
ह मास लुक लुक देखै सै ।
वाले लोकगीत, नाच, हास्य रस और
रपूर, दो जवां दिलों की प्रेम कहानी
ब्बीली" (रंगवार)

इस फिल्म की VIDEO कैसेट न बनी है न बनेगी ; नए साल की सुपरहिट पंजाबी फिल्म जिसने सफलता के सारे रिकार्ड तोड़ दिए । गुलाबो जट्टी ने सभी का मन मोह लिया
पहली पारिवारिक पंजाबी फिल्म इसमें अरोड़ा की देसकरा सेठ सुनील को

प्रोफैसर प्यारे लाल

जनता की मांग पर नए प्रिंटों के साथ



दो योद्धाओं का टकराव—सन्नी दयोल संजय दत्त



भल्ला ने कहा कि
षित होने से पूर्व यदि
व कराने का संकेत
कसभा के साथ उन
एगा ।

राष्ट्रीय मोर्चे ने भंग लोकसभा के अपने सभी सदस्यों को टिकट देने और महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित बनाने का फैसला किया है । कांग्रेसाध्यक्ष राजीव गांधी ने दावा किया है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत प्राप्त

मुद्दे पर शिकायत का कोई मौका नहीं दिया जाएगा ।

दल के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पिछले चुनाव की तरह इस बार भी 80 प्रतिशत टिकटें पिछड़ी जातियों को देने के फैसले का सख्ती से पालन किया जाएगा ।

पार्टी (भाजपा) तथा उसके सहयोगियों और राष्ट्रीय मोर्चा-वामपंथी गठबंधन के बीच होगा । उनका मत था कि जनता दल (स) सहित अन्य छोटी पार्टियां मुख्य धारा में नहीं होंगी ।

प्रो. दंडवते ने कहा कि कांग्रेस (इ) स्थायित्व का

मोर्चे की स्थिति इस बार निश्चय ही बेहतर होगी, जैसा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की दक्षिण भारत यात्रा के दौरान लोगों के उत्साह से स्पष्ट है । जनता दल नेता ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार गिरने के तत्काल बाद श्री सिंह ने बिना कोई समय गवाए देश



र्यकर्त्ताओं द्वारा शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राजघाट में महात्मा
ई गई क्षति के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारी । इस सम्बन्ध में
र किया गया है । (छाया : पी.टी.आई.)

र्रों द्वारा महात्मा गांधी की
र तोड़फोड़, 11 गिरफ्तार

): महात्मा गांधी की
बहुजन समाज पार्टी
न रूप से तोड़-फोड़
लिए बंद कर दिया
सुबह सात बजे हुई
लोगों को गिरफ्तार

ांओं ने समाधि को
कीदार को पीटा ।
को भी बुझा दिया ।
कि 'राजघाट को
में तबदील कर दिया
ोट क्लब पर पार्टी
। दिल्ली प्रशासन
टना के बाद फौरन
ी समाधि को और
पुलिस की पांचवीं
कर दी गई है ।
नेहरू, लाल बहादर
मधियां जनता के

राजघाट के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई ।

सूत्रों ने बताया कि राजघाट के चौकीदार ने बहुजन समाज पार्टी के समर्थक को जब जूता पहनकर अन्दर जाने से मना किया, उन्होंने समाधि के निकट रखा दानपात्र तोड़ दिया । उग्र कार्यकर्त्ताओं ने संगमरमर के बने राजघाट पर पत्थर फैंके, जिससे समाधि को भी काफी नुक्सान पहुंचा ।

सूत्रों ने बताया कि राजघाट प्रतिदिन सवेरे पांच बजे ही जनता के लिए खुल जाता है और वहां स्थानीय लोग नियमित रूप से टहलने आते हैं । कार्यकर्त्ताओं ने इन लोगों के साथ भी हाथापाई की ।

मौके पर मौजूद एक सुरक्षा कर्मी ने बताया कि हुड़दंगी युवकों में से एक के हाथ में पानी से भरी बोतल थी और उसने ही ज्योति पर सारा पानी डाल दिया । इस ज्योति के चारों ओर विशेष रूप से एक कवर बना हुआ है ताकि बारिश और तेज हवा से ज्योति बुझने न पाए । लेकिन युवकों ने बाप के प्रति घोर निरादर दिखाते हुए इस ज्योति को ही बुझा दिया । ज्योति को बाद में फिर जला दिया गया ।

चंद्रशेखर को पंजाब समस्या के हल की आशा

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने आज कहा कि उनकी 4 मास पुरानी सरकार पंजाब और कश्मीर समस्याओं के समाधान के निकट पहुंच गई थी । यदि उसे दो मास का समय और मिल जाता तो समस्याएं शांतिपूर्वक सुलझा ली जातीं । यह बात उन्होंने विदेशी पत्रकारों की एसोसिएशन द्वारा दिए गए लंच के अवसर पर प्रश्नों के उत्तर में कहीं ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि "अब भी इस तथ्य के बावजूद कि राजनीतिक स्थिति बदल गई है, मैं समझता हूं कि चुनावों से पूर्व कोई रास्ता निकल आएगा और मुझे आशा है कि आपसी बातचीत से पंजाब समस्या का समाधान हो जाएगा ।"

उन्होंने कहा कि पंजाब, कश्मीर तथा असम के तीनों अशांत राज्यों में चुनाव कराना शायद सम्भव हो सके ।

आगामी चुनावों के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उनके रास्ते में एक बाधा यह है कि उनकी पार्टी, जो जनता दल से अलग होकर बनी थी, राष्ट्रीय संगठन नहीं है । (शेष पृष्ठ 8 पर)



फिल्लौर के निकट गांव भारूसिंहपुरा में वीरवार की रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (ऊपर) निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा तथा (नीचे) नम्बरदार बलवीर सिंह के शव । (छाया : तरसेम)



पाकिस्तान की भूतपूर्व प्रधानमंत्री तथा प्रतिपक्ष की नेता बेनजीर भुट्टो अपनी पार्टी के सदस्य युसुफ रज़ा गिलानी तथा अपनी मां श्रीमती नुसरत भुट्टो के साथ वीरवार को इस्लामाबाद में नई सीनेट के चुनावों में मतदान के लिए आई । बेनजीर भुट्टो ने बाद में आरोप लगाया कि इन चुनावों में भारी हेराफेरी हुई है । सत्तारूढ़ इस्लामी जम्हूरी इत्तेहाद सीनेट की अधिकांश सीटों पर विजय हुई है । (फोटो : पी.टी.आई.)

अमरीकी सैनिक युद्ध-विराम-रेखा पार कर ईराक में 30 मील अन्दर घुसे

वाशिंगटन, 15 मार्च (वार्ता, प.स.): अमरीकी सैनिक आज ईराक में युद्ध-विराम-रेखा को पार करके 30 मील अंदर घुस गए ।

अमरीकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन अथवा दहरान स्थित अमरीकी कमांडर जनरल एच. नार्मन श्वार्जकोफ़ के मुख्यालय से इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बताया गया है । वैसे अर्द्ध सरकारी तौर पर संवाददाताओं से कहा गया है कि यह कोई बड़ी कार्रवाई नहीं है क्योंकि जिस क्षेत्र में सैनिकों ने प्रवेश किया है, वह पहले से ही अमरीकी तोपखाने के नियंत्रण में है । ईराक के करीब 15 प्रतिशत भूभाग पर इस समय अमरीकी सेना का नियंत्रण है ।

मगर सैन्य पर्यवेक्षकों का विचार है कि इस बहाने की आड़ में अमरीकी सेना तीस मील का फासला तय करके बगदाद में घुस सकती है ।

युद्ध-विराम समझौते का उपयुक्त समय नहीं : अमरीका और कुवैत का मत है कि ईराक के साथ औपचारिक तौर पर युद्ध-विराम समझौता करने का उपयुक्त समय अभी नहीं आया । वैसे ईराक ने संयुक्त राष्ट्र से कहा कि युद्ध-विराम की सभी शर्तें पूरी कर दी गई हैं, इस लिए उसके विरुद्ध लगे सभी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबन्ध उठा लिए जाएं ।

कुवैत का यह तर्क भी है कि ईराक में बंधक उसके करीब 30 हजार नागरिक अभी नहीं लौटे हैं और वह माल-असबाब भी वापस नहीं मिला है जिसे ईराकी सैनिकों ने लूट लिया था ।

अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने भी कहा है कि ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन जब तक अपने आंतरिक विद्रोह को कुचलने के लिए लड़ाकू हैलीकाप्टरों का उपयोग करते रहेंगे, तब तक "औपचारिक युद्ध विराम करना बड़ा कठिन है ।" उन्होंने कहा कि श्री सद्दाम अपने विरोधियों के खिलाफ जैसा बर्ताव कर रहे है, उससे उस क्षेत्र में स्थिरता सम्भव नहीं होगी ।

कुर्द विद्रोहियों ने आरोप लगाया है कि सद्दाम हुसैन के समर्थक सैनिक ईराक में विद्रोह को दबाने के लिए लड़ाक विमानों तथा हैलीकाप्टरों से नागरिकों पर आक्रमण कर रहे हैं ।

वाशिंगटन में पर्यवेक्षकों ने बताया कि राष्ट्रपति बुश ने अमरीकी शर्तों पर पूर्ण युद्ध-विराम समझौते पर हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर दबाव बढ़ा दिया है । वैसे ईराक की आंतरिक कानून-व्यवस्था या अपने देश के अन्दर श्री सद्दाम के तौर-तरीकों को बदलना संयुक्त राष्ट्र के उन प्रस्तावों का उद्देश्य नहीं था जिसके तहत बहुराष्ट्रीय सेनाओं ने खाड़ी क्षेत्र में कार्रवाई की थी । फिर भी अमरीका का तर्क है कि ईराक की मौजूदा आंतरिक स्थिति से क्षेत्र की स्थिरता को खतरा है ।

अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने फिलस्तीन मुक्ति संगठन से बातचीत के मसले पर कल फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांसवां मितरां को झिड़क दिया । श्री मितरां ने पोर्ट द.फ्रांस में बातचीत के दौरान कल श्री बुश को सुझाव दिया था कि पश्चिम एशिया की समस्या के समाधान के लिए होने वाली बातचीत में फिलस्तीनी मुक्ति संगठन को शामिल कर लिया जाए (शेष पृष्ठ 8 पर)

मल्होत्रा की चंद्रशेखर से राज्य बारे मंत्रणा

नई दिल्ली, 15 मार्च (प.स.): पंजाब के राज्यपाल जनरल ओ.पी. मल्होत्रा (अवकाश प्राप्त) ने आज यहां प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से भेंट कर राज्य की स्थिति पर व्यापक चर्चा की । उनकी बातचीत 45 मिनट तक चली । सरकारी सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को पंजाब के मौजूदा हालात की जानकारी दी । समझा जाता है कि राज्यपाल ने सुरक्षा उपायों के अलावा प्रधानमंत्री से राज्य में संसदीय चुनाव कराने की सम्भावना पर भी विचार किया ।

राज्यपाल ने गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी भेंट की, जो अनुभव करते हैं कि राज्य की स्थिति लोकसभा चुनावों के लिए उपयुक्त नहीं है ।

राज्यपाल फिर भी महसूस करते हैं कि राज्य में संसदीय चुनाव कराने के संबंध में अंतिम निर्णय वहां की स्थिति पर एक मास और नज़र रखने के बाद ही लिया जाना चाहिए । संसद द्वारा 75वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर दिए जाने के बाद राष्ट्रपति शासन की अवधि 11 मई से छः माह के लिए और बढ़ा दी गई है, इसलिए वहां विधानसभा के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं ।

सीनेट में
त मिला

.स.): पाकिस्तान में
ए हुए चुनावों में 24
ढ़ इस्लामी जम्हूरी
दलों ने संसद में
नया है । दूसरी ओर
च स्थानों पर विजयी
हाजिर कौमी मूहिम
को तीन-तीन स्थान
पार्टी जमायत-उल-
और पख्तूनवां-मिल्ली
थान मिला । पांच

कार्य करने वाला
ार. बैंकटरमन

बात कही है । पर
बात का भी कोई

बटाला क्षेत्र में बम धमाका, 1 मरा, 6 घायल, पंजाब में अन्यत्र 4 लोगों की हत्या, 6 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 15 मार्च (प.स., वार्ता): बटाला क्षेत्र में आज एक शक्तिशाली बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई, 6 मिलिटैंट मारे गए तथा बैंक कैशियर से 4 लाख रुपये लूट लिया गया ।

बम विस्फोट, एक मरा : बटाला में 'कोछड़' तथा 'चौधरी' के अनुसार आज बाद दोपहर दो बजे के लगभग यहां से कुछ मील दूर गांव अचल साहिब में बाजार में स्थित दर्जी की दुकान के पिछवाड़े में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । मृतक के चीथड़े उड़ जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी । घायलों के नाम मुख्तियार सिंह, दयाल सिंह, नरेन्द्र कौर, अंग्रेज सिंह, अमरीक सिंह तथा 8 वर्षीय राजविन्द्र सिंह के रूप में हुई है । घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मुख्तियार सिंह की हालत गंभीर बताई जाती है । बटाला पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री सीता राम ने जख्मी लोगों को 5-5 हजार रुपए की तुरन्त मदद देने का ऐलान किया है । इसके अलावा सभी जख्मियों का मुफ्त उपचार करने की भी घोषणा की गई है ।

श्री सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि संदेह है कि धमाके वाले स्थान पर या तो बम बनाया जा रहा था या बम को कहीं ले जाए जाने की तैयारी हो रही थी । यह भी संदेह है कि मृतक स्वयं ही बम बना रहा था या बम को कहीं रखने के लिए ले जाने लगा था । विस्फोट से दर्जी की दुकान का पिछला हिस्सा तबाह हो गया । धमाके से निकटवर्ती 4-5 दुकानों को भी हानि पहुंची ।

'प.स.' के अनुसार बम विस्फोट में 3 लोगों की मृत्यु हुई है तथा 4 अन्य लोग घायल हुए हैं ।

एक की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव रंगड़ नंगल में गत रात मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति केहर सिंह (30) की हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मौका से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

डाक्टर घायल कर दिया : बटाला के मर्गी मोहल्ला में आज रात लगभग 8.30 बजे मिलिटैंटों (शेष पृष्ठ 8 पर)

अम्बाला शहर
कपड़ा मार्कीट में
एवं दुकानें उपलब्ध

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की मुक्ति के लिए विश्व हिन्
अन्य धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा व्याप

हिसार, 15 मार्च (नांदवाल): श्रीराम से विमुख होकर रावण शासन नहीं कर पाया, द्वापर में कंस शासन नहीं कर पाया तथा हिरण्यकश्यप शासन नहीं कर पाया और वर्तमान समय में राजीव, वी.पी. और चन्द्रशेखर भी शासन नहीं चला सके । उसी प्रकार आने वाली सरकार भी प्रभु श्री राम से विमुख होकर शासन नहीं चला सकती ।

उक्त विचार श्री राम कार सेवा समिति के अध्यक्ष व भूतपूर्व विधायक स्वामी भगवान देव आचार्य ने गांव-गांव में । स्वामी जी ने प्रदेश के सभी संतों, महात्माओं को दो और तीन अप्रैल को ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में संसद के खुले अधिवेशन में पहुंचने का आह्वान किया । स्वामी जी ने कहा कि 4 अप्रैल को दिल्ली के बोट क्लब पर एक करोड़ हिन्दू श्री राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण हेतु विराट प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व शिक्षक संस्थाओं को अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने का

भूमि की मुक्ति हेतु विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति व भारतीय मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने आज फगवाड़ा में धार्मिक समिति संयोजक, डाक्टर जोगिन्द्र पाल शर्मा के नेतृत्व में भारी रोष प्रदर्शन किया व रैली की, जिसमें श्री राम कार सेवा समिति के जिला अध्यक्ष राजपाल कोछड़, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रमुख बलवंत राय गुप्ता, विश्व हिन्दू परिषद फगवाड़ा के

punjabi Sanjal

ष्ठ अधिकारी घटना के बाद फौरन
। राष्ट्रपिता की समाधि को और
के लिए दिल्ली पुलिस की पांचवीं
न वहां तैनात कर दी गई है ।
जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर
ा गांधी की समाधियां जनता के
ई हैं ।

मांक पर मौजूद एक सुरक्षा कर्मी ने बताया कि हुड़दंगी युवकों में से एक के हाथ में पानी से भरी बोतल थी और उसने ही ज्योति पर सारा पानी डाल दिया । इस ज्योति के चारों ओर विशेष रूप से एक कवर बना हुआ है ताकि बारिश और तेज हवा से ज्योति बुझने न पाए । लेकिन युवकों ने बाप के प्रति घोर निरादर दिखाते हुए इस ज्योति को ही बुझा दिया । ज्योति को बाद में फिर जला दिया गया ।



फिल्लौर के निकट गांव भारसिंहपुरा में वीरवार की रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (ऊपर) निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा तथा (नीचे) नम्बरदार बलवीर सिंह के शव । (छाया : तरसेम)

प्रवेश किया है, वह पहले से ही
नियंत्रण में है । ईराक के करीब
पर इस समय अमरीकी सेना क

मगर सैन्य पर्यवेक्षकों का
बहाने की आड़ में अमरीकी
फासला तय करके बगदाद में

युद्ध-विराम समझौते

को पाक सीनेट में ई बहुमत मिला

15 मार्च (प.स.): पाकिस्तान में स्थानों के लिए हुए चुनावों में 24 करके सत्तारूढ़ इस्लामी जम्हरी के सहयोगी दलों ने संसद में हासिल कर लिया है । दूसरी ओर जोड़ सिर्फ पांच स्थानों पर बिजयी न पार्टी, मुहाजिर कौमी महिम नल पार्टी को तीन-तीन स्थान नैशनल पार्टी जमायत-उल- (फ़जलुर) और पख्तूनवां-मिल्ली एक-एक स्थान मिला । पांच गए ।

बात ... रंगा

नुसार कार्य करने वाला

—आर. वेंकटरमन



त ने सही बात कही है । पर ते तो इस बात का भी कोई लेंगे ।

बटाला क्षेत्र में बम धमाका, 1 मरा, 6 घायल, पंजाब में अन्यत्र 4 लोगों की हत्या, 6 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 15 मार्च (प.स., वार्ता): बटाला क्षेत्र में आज एक शक्तिशाली बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई, 6 मिलिटैंट मारे गए तथा बैंक कैशियर से 4 लाख रुपया लूट लिया गया ।

बम विस्फोट, एक मरा : बटाला से 'कोछड़ तथा 'चौधरी' के अनुसार आज बाद दोपहर दो बजे के लगभग यहां से कुछ मील दूर गांव अचल साहिब में बाजार में स्थित दर्जी की दुकान के पिछवाड़े में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 6 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । मृतक के चीथड़े उड़ जाने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी । घायलों के नाम मुख्तियार सिंह, दयाल सिंह, नरेन्द्र कौर, अवेज सिंह, अमरीक सिंह तथा 8 वर्षीय राजविन्द्र सिंह के रूप में हुई है । घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मुख्तियार सिंह की हालत गंभीर बताई जाती है । बटाला पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री सीता राम ने जख्मी लोगों को 5-5 हजार रुपए की तुरन्त मदद देने का ऐलान किया है । इसके अलावा सभी जख्मियों को मुफ्त उपचार करने की भी घोषणा की गई है ।

श्री सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि संदेह है कि धमाके वाले स्थान पर या तो बम बनाया जा रहा था या बम को कहीं ले जाए जाने की तैयारी हो रही थी । यह भी संदेह है कि मृतक स्वयं ही बम बना रहा था या बम को कहीं रखने के लिए ले जाने लगा था । विस्फोट से दर्जी की दुकान का पिछला हिस्सा तबाह हो गया । धमाके से निकटवर्ती 4-5 दुकानों को भी हानि पहुंची ।

'प.स.' के अनुसार बम विस्फोट में 3 लोगों की मृत्यु हुई है तथा 4 अन्य लोग घायल हुए हैं ।

एक की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव रंगड़ नंगल में गत रात मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति केहर सिंह (50) की हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मौका से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

डाक्टर घायल कर दिया : बटाला के मर्गी मोहल्ला में आज रात लगभग 8.30 बजे मिलिटैंटों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मल्होत्रा की चंद्र राज्य बारे म

नई दिल्ली, 15 मार्च (
राज्यपाल जनरल ओ.पी. मल्होत्र
ने आज यहां प्रधानमंत्री चंद्रशेख
की स्थिति पर व्यापक चर्चा की
45 मिनट तक चली । सरकारी
राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को पंजाब
की जानकारी दी । समझा जाता
सुरक्षा उपायों के अलावा प्रधान
संसदीय चुनाव कराने की सम्भाव
किया ।

राज्यपाल ने गृह राज्यमंत्री
सहाय और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ
भेंट की, जो अनुभव करते हैं कि
लोकसभा चुनावों के लिए उपयुक्त

राज्यपाल फिर भी महसूस क
संसदीय चुनाव कराने के संबंध में
की स्थिति पर एक मास और नज़र
लिया जाना चाहिए । संसद द्वारा
संशोधन विधेयक को पारित कर
राष्ट्रपति शासन की अवधि 11
लिए और बढ़ा दी गई है, इसलिए क
चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं ।

अम्बाला शहर
कपड़ा मार्कीट में
एवं दुकानें उपलब्ध
की सबसे बड़ी थोड़ कपड़ा मार्कीट,
कालेज रोड व न्यू क्लाथ मार्कीट में
कराए पर उपलब्ध । दुकानों के लिए
दने का सुनहरी अवसर ।
रें :
सुधीर चड्ढा

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि क अन्य धार्मिक, सामाजिक व राज

हिसार, 15 मार्च (नांदवाल) : श्रीराम से विमुख होकर रावण शासन नहीं कर पाया, द्वापर में कंस शासन नहीं कर पाया तथा हिरण्यकश्यप शासन नहीं कर पाया और वर्तमान समय में राजीव, वी.पी. और चन्द्रशेखर भी शासन नहीं चला सके । उसी प्रकार आने वाली सरकार भी प्रभु श्री राम से विमुख होकर शासन नहीं चला सकती ।

उक्त विचार श्री राम कार सेवा समिति के अध्यक्ष व भूतपूर्व विधायक स्वामी भगवान देव प्रभाकर ने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, श्री राम कार सेवा समिति व नगर के अन्य धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करके हुए कहे ।

स्वामी जी ने घोषणा की कि आने वाली सरकार हिन्दू मत की सरकार ही आएगी और अन्य किसी सरकार को यह विराट हिन्दू समाज स्वीकार भी नहीं करेगा । उन्होंने कहा कि श्री राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के लिए 30 अक्तूबर और 2 नवम्बर को जिन राम भक्त हिन्दू वीरों ने अपना बलिदान दिया है, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा । अयोध्या की धरती पर वही रक्त की एक-एक बूंद का बदला लिया जाएगा ।

गांव-गांव में । स्वामी जी ने प्रदेश महात्माओं को दो और तीन अप्रैल स्टेडियम दिल्ली में संसद के खुले अधि का आह्वान किया । स्वामी जी ने को दिल्ली के रोट क्लब पर एक करोड़ जन्म भूमि पर भव्य मंदिर के निर्म प्रदर्शन करेगा । उन्होंने सभी धार्मि आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सि को अधिक से अधिक संख्या में दिल्ल आह्वान किया ।

फगवाड़ा (अशोक) : अयोध्या में



Punjab Sangam

श्री चंद्र शेखर ने कहा कि उनके रास्ते में एक बाधा यह है कि उनकी पार्टी, जो जनता दल से अलग होकर बनी थी, राष्ट्रीय संगठन नहीं है ।(शेष पृष्ठ 8 पर)



फिल्लौर के निकट गांव भारसिंहपुरा में वीरवार की रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (ऊपर) निर्मल सिंह उर्फ़ निम्मा तथा (नीचे) नम्बरदार बलबीर सिंह के शव । (छाया : तरसेम)





(ऊपर) धूरी के निकटवर्ती गांव घनौरी कलां में बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त टैम्पू तथा सड़क पर बिखरी पड़ी खाद की बोरियां और (नीचे) धमाके से सड़क में पड़ा गहरा गड्ढा । (छाया : सिंगला)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने गोलियां चला कर एक आर.एम.पी. डाक्टर सुरेन्द्र कुमार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में भेज दिया गया है ।

जबरी धन बटोरने वाले गिरफ्तार : सदर पुलिस बटाला ने लोगों से जबरी पैसे बटोरने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान आत्मा सिंह, बख्शीश सिंह, सतपाल एवं बलराज सिंह के रूप हुई है । उनके पास से कुछ नकदी भी मिली है ।

क्रास फायरिंग में मिलिटैंट मरा : मक्खू से 'चन्द्रशेखर' के अनुसार कल रात यहां से 15 किलोमीटर दूर पुलिस थाना जीरा के गांव वाड़ा बेअन्त सिंह में पुलिस तथा मिलिटैंटों के बीच क्रास फायरिंग में जसबीर सिंह उर्फ जस्सा नामक एक मिलिटैंट मारा गया । मुठभेड़ उस समय हुई जब पुलिस जसबीर सिंह को हथियारों की बरामदगी के बाद वापस ला रही थी । जसबीर सिंह की निशानदेही पर एक ए.के. 47 राइफल बरामद की गई थी ।

बैंक कैशियर से 4 लाख रुपए लूटे : पट्टी (पाठक): आज प्रात: साढ़े 11 बजे के लगभग एक मिलिटैंट पंजाब नैशनल बैंक की स्थानीय शाखा के कैशियर से 4 लाख रुपए लूट कर भाग गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बैंक कैशियर रोजाना की तरह कार में आज भी स्टेट बैंक आफ पटियाला से कैश लेकर आ रहा था । कार जब पंजाब नैशनल बैंक से लगभग डेढ़ सौ गज दूर ही थी तो एक मिलिटैंट जिसने अपना चेहरा ढांपा हुआ था, ने अपना साइकिल कार के आगे फैंक दिया । इस पर ड्राइवर को कार के ब्रेक लगाने पड़े । कार के रुकते ही मिलिटैंट ने कार के भीतर से रुपयों से भरा बैग निकालिलया और भाग निकला । पुलिस ने बैंक कैशियर सतपाल, गनमैन तथा कार ड्राइवर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई बैंक कर्मियों की मिलीभगत से हुई है क्योंकि वारदात के समय बैंक कर्मियों ने न तो शोर मचाया और न ही गनमैन ने कोई गोली चलाई ।

शव बरामद : पुलिस जिला मजीठा के गांव ढपई के निकट से आज सायं गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया है ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के पदरीकलां गांव में कल रात मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से 1 ए.के. 47 राइफल भी बरामद हुई है ।

मिलिटैंट का शव मिला : तरनतारन पुलिस जिला के साहिरा गांव से पुलिस ने एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : संगरूर जिला के सुकारा गांव से मिलिटैंटों ने डोगर सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

दो लोगों की हत्या : फिल्लौर (तरसेम): कल रात लगभग नौ मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव भारसिंहपुरा से दो व्यक्तियों नम्बरदार बलबीर सिंह तथा निर्मल सिंह उर्फ निम्मा का अपहरण कर लिया तथा गांव के बाहर ले जाकर उन दोनों को गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ : विगत रात्रि फिल्लौर के निकटवर्ती गांव खहिरावाले फाटकों के निकट रेलवे पुलिस की गश्ती टुकड़ी तथा मिलिटैंटों के बीच मुठभेड़ हुई । 45 मिनट तक मुकाबला करने के बाद मिलिटैंट भाग गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ । मिलिटैंट घटनास्थल पर दो स्कूटर तथा एक ए.के. 47 राइफल भी छोड़ गए ।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के हीरोखुर्द गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके दो साथी भाग जाने में सफल रहे । घटनास्थल से एक बंदूक भी बरामद हुई है । मारे गए मिलिटैंट की पहचान बूटा सिंह के रूप में हुई है ।

मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिला के खन्ना खुर्द गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया ।

मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट फरार : अहमदगढ़ (पुरी) यहां से दो कि.मी. दूर जंगेरा नहर के पुल पर गत रात्रि लगभग 11 बजे पुलिस की वर्दी में 'नाका' लगाए बैठे मिलिटैंटों ने एक सरकारी जिप्सी गाड़ी छीन ली तथा भाग निकले । यह वाहन संगरूर के सी.एम.ओ. का था तथा बाद में इन मिलिटैंटों का पुलिस से मुकाबला भी हुआ । ये मिलिटैंट गाव बोहिर में जब इस जिप्सी गाड़ी को लिए खड़े थे, कि इस बीच वहां पुलिस पहुंच गई । मिलिटैंटों ने पुलिस पर गोली चला दी, बाद में दोनों ओर से ज़बरदस्त फायरिंग हुई । इस दौरान किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है । बाद में मिलिटैंट जिप्सी गाड़ी तथा एक हीरो होंडा मोटर साइकिल छोड़कर फरार हो गए ।

बम विस्फोट से टैम्पू क्षतिग्रस्त : धूरी (सिंगला): यहां से आठ किलो मीटर दूर घनौरी कलां गांव में सड़क पर पड़ा हुआ बम कल रात दस बजे के लगभग फट गया, जिससे वहां से गुज़र रहा एक टैम्पू क्षतिग्रस्त हो गया । टैम्पू में खाद की बोरियां थीं जो सड़क पर बिखर गईं । विस्फोट इतना ज़बरदस्त था कि सड़क में गहरा गड्ढा पड़ गया ।

तीन लुटेरे गिरफ्तार : संगरूर जिला पुलिस ने तीन लुटेरों हरभजन सिंह, अवतार सिंह तथा चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है ।

11 मिलिटैंट पकड़े गए : भटिंडा जिला में ट्रक लूटने वाले गिरोह से सम्बद्ध 8 मिलिटैंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से दो बंदकें, एक पिस्तौल और एक नकली स्टेनगन बरामद हुई है । तरनतारन पुलिस जिला के वल्टोहा गांव से पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो मिलिटैंटों सुखबिंदर सिंह तथा कुलबन्त सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से दो डैटोनेटर तथा विस्फोटक पदार्थ भी बरामद हुआ है । तरनतारन थाना के अन्तर्गत बलविंदर सिंह नामक एक और मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके कब्जे से एक पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

एक और मिलिटैंट मुठभेड़ में मरा : फरीदकोट जिला के दीना साहिब गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

स्कूटर छीना : पटियाला (राज): 3 मिलिटैंटों ने सरहिन्द क्षेत्र में मंजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

अमरीकी सैनिक ईराक में घुसे

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकिन श्री बुश ने उन्हें झिड़क दिया हुए इस सुझाव को ठुकरा दिया । श्री बुश ने कहा कि वह फिलिस्तीनियों से बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन फिलस्तीनी मुक्ति संगठन से नहीं ।

संयुक्त राष्ट्र यदि अनुमति न देता तो... 'वाशिंगटन टाइम्स' ने आज समाचार दिया है कि श्री बुश ने कल फ्लोरीडा वेस्ट इंडीज में चार अरब सम्बाददाताओं के साथ एक भेंट में कहा है कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईराक के खिलाफ बल प्रयोग की इजाज़त न दी होती तो वह (श्री बुश) संयुक्त राष्ट्र को 'भाड़ में जाने' के लिए कहते और अमरीकी फौज को फिर भी ईराक पर हमला करने के लिए कहते ।'

भारत-चीन सहयोग करेंगे : भारत और चीन खाड़ी क्षेत्र के देशों में पुनर्निर्माण के कार्यों में सहयोग के लिए सम्भावनाओं की तलाश करेंगे ।

भारत की यात्रा पर आए चीन के योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैल झिऊ और भारत के वाणिज्य मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी के बीच आज दिल्ली में हुई बातचीत के दौरान इस बात पर सहमति हुई । दोनों नेताओं ने आपसी व्यापार तथा आर्थिक सहयोग के मुद्दों पर भी बातचीत की ।

चौटाला चुनाव नहीं लड़ेंगे

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): जनता दल (स) के महासचिव ओम प्रकाश चौटाला ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है । उन्होंने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह विधायक हैं और विधायक ही बने रहेंगे ।

उल्लेखनीय है कि पार्टी अध्यक्ष एवं उपप्रधानमंत्री देवी लाल भी इस आशय की घोषणा पहले ही कर चुके हैं ।

20 बटालियनों के गठन का कार्य तेजी से करने का निर्णय

नई दिल्ली, 15 मार्च (प.स.): सरकार ने अर्द्ध सैनिक बलों की 20 बटालियनों के गठन के काम को आज तेजी से निपटाने का फैसला किया । सरकारी सूत्रों ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अर्द्ध सैनिक बलों की बढ़ी हुई ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 20 बटालियन खड़ी करने का फैसला कुछ समय पहले किया गया था । गृह सचिव श्री आर.के. भार्गव ने चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों की आवश्यकता की समीक्षा के लिए आज अर्द्ध सैनिक बलों के प्रमुखों के साथ एक बैठक की ।

5 मंत्री हटाने बारे याचिका अदालत द्वारा रद्द

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता): दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज उस याचिका को निरर्थक बताते हुए रद्द कर दिया, जिसमें चंद्र शेखर सरकार के पांच मंत्रियों को उनके पद से हटाने की मांग की गई थी । इन पांच मंत्रियों को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद यह याचिका दायर की गई थी ।

राम जन्म भूमि प्रश्न चुनावों



बटाला पुलिस जिला के अचल साहिब गांव में बम (2) दयाल सिंह, (3) अमरीक सिंह, (4) अंगेज़ की में उपचाराधीन हैं ।

लोकसभा चुनाव 19 से 26 मई के बीच

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यकारिणी की पहली बैठक कल दिल्ली में आरम्भ हो रही है । दो दिवसीय इस बैठक में चुनावी तैयारियां, रणनीति और अन्य महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा होगी । बैठक में "हम एक बड़े चुनावी युद्ध की ब्यूह रचना और रणनीति तय करेंगे ।"

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में हिंसा होने के सम्भावना कम लगती है ।

श्री अडवानी ने चुनाव आयोग के इस दावे को गलत बताया है कि चुनावों के दौरान इलैक्ट्रानिक मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए किसी भी पार्टी ने ठोस सुझाव नहीं भेजे हैं । उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों के दौरान तत्कालीन चुनाव आयुक्त आर.के. त्रिवेदी को हमने विस्तृत प्रस्ताव भेजे थे । लेकिन उन प्रस्तावों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई । उस समय राजीव सरकार ने इसके बारे में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई ।

वामपंथी दलों, जिन्होंने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार का बाहर से समर्थन किया था, ने संकेत दिया कि वह लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ।

एक दर्जन घोषणा पत्र : लोक सभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी इस बार अपनी नीति प्राथमिकताओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित मुद्दों को एक घोषणा पत्र में सीमित रखने की बजाए लगभग एक दर्जन घोषणापत्रों में शामिल कर मतदाताओं से समर्थन मांगेगी । यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कुशाभाऊ ठाकरे ने आज भोपाल में दी । उन्होंने बताया कि इस बार प्रत्येक विषय पर एक अलग घोषणापत्र तैयार किया जा रहा है तथा पार्टी की विभिन्न घोषणापत्र समितियां इस कार्य को तेज़ी से पूरा कर रही हैं ।

जद (स) किसी राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव गठबंधन नहीं करेगी : जनता दल (स) अगले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर की किसी भी पार्टी के साथ चुनावी समझौता नहीं करेगी । पार्टी के महासचिव ओम प्रकाश चौटाला ने आज संवाददाताओं को बताया कि पार्टी क्षेत्रीय स्तर की पार्टियों से तालमेल कर सकती है और इसके लिए कुछ दलों से बातचीत भी चल रही है । श्री चौटाला ने चुनाव में तालमेल के लिए क्षेत्रीय स्तर की पार्टी अन्नाद्रमुक और बहुजन समाज पार्टी का नाम लिया । उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों से बातचीत चल रही है ।

श्री चौटाला ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 21 मार्च को नई दिल्ली में होगी, जिसमें चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार किया जाएगा । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले 20 मार्च को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और विधायक दल के नेता भाग लेंगे । श्री चौटाला ने बताया कि 20 मार्च से पहले पार्टी की राज्य इकाइयों के गठन का काम पूरा हो जाएगा ।

जद (स) अभियान 31 से : श्री चौटाला ने बताया कि पार्टी का चुनाव अभियान आगामी 31 मार्च को राजधानी के राम लीला मैदान में रैली के आयोजन से आरम्भ होगा । उन्होंने बताया कि इसी तरह सभी प्रमुख राज्यों की राजधानी में दस अप्रैल से पहले रैलियां आयोजित की जाएंगी ।

पार्टी महासचिव ने कहा कि आगामी 25 और 26 मार्च को कुरुक्षेत्र हरियाणा में पार्टी कार्यकर्त्ताओं का शिविर लगेगा । पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर तथा असम में लोकसभा चुनाव कराए जाने के बारे में पूछे गए प्रश्न के जवाब में श्री चौटाला ने कहा कि अगर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टैंडर सूचना

Sealed Tenders are invited from Reputed/Experienced Contractors for the construction of Public School (IInd Phase) at Panipat. Detail & Drawings can be had from undernoted office during the working days (Monday to Saturday) between 10.00 A.M. to 2.00 P.M. by paying Rs. 125/- (Non Refundable). Last

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 15.3.91 56/- without trays. NECC suggested retail price 7.50 per dozen.

(Kamboj/MxW)

यात्रा

तीर्थ यात्रा नेपाल, बनारस, अयोध्या, नैमीशारण्य

जनसभा से पूर्व संवाददाताओं से अनौपचारिक | इस पर बहस कराई जाए परन्तु राजीव गांधी ने उस

दशमेश रैजीमैंट के सतनाम सिंह सत्ता तथा बी. टी. एफ. के फौजी सहित 7 मिलिटैंट मारे गए, 11 की हत्या

चंडीगढ़, 16 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से दशमेश रैजीमैंट के प्रमुख मिलिटैंट सतनाम सिंह सत्ता तथा भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स के लै. जनरल बलविंदर सिंह उर्फ़ फौजी सहित 7 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने दो ग्रंथियों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने एक रेल गाड़ी पर राकेट से हमला भी किया ।

सत्ता मारा गया : प्रमुख मिलिटैंट एवं 'दशमेश रैजिमैंट' के 'उपप्रमुख' भाई सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उर्फ राहू कल रात पुलिस हिरासत से भाग निकलने की कोशिश में मारा गया ।

सत्ता उस समय मारा गया जब उसका गिरोह मजीठा पुलिस जिले के ब्यास इलाके में सठियाला के निकट पुलिस हिरासत से सत्ता और उसके एक सहयोगी को छुड़ाने का प्रयास कर रहा था । सत्ता का साथी 'लैफ्टिनैंट जनरल' सतनाम सिंह उर्फ मुग्गा भाग निकलने में सफल रहा । मजीठा के पुलिस प्रमुख एस.पी. गिल ने संवाददाताओं को जानकारी दी । श्री गिल ने बताया कि सत्ता को पकड़वाने वाले को पांच लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की गई थी । वह तरनतारन, मजीठा और बटाला पुलिस जिलों तथा उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में दो सौ से अधिक हत्याओं में शामिल था ।

छः महीने पूर्व खालिस्तान कमांडो फोर्स जफरवाल से टूटे हुए एक गिरोह ने 'दशमेश रेजिमैंट' का गठन किया था । भाई सीतल सिंह मतेवाल को इसका पहला प्रमुख बनाया गया था ।

श्री गिल ने बताया कि इस से पहले कल शाम इन दोनों मिलिटैंटों को विशेष सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने मेहता थाने के अन्तर्गत घघर बाना गांव के निकट से गिरफ्तार किया था । उन्होंने बताया कि इन दोनों के कब्जे से एक स्वचालित राइफल, दो मैगजीन, एक माऊजर और हैंड ग्रेनेड तथा कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं । उन्होंने जानकारी दी थी कि उनके हथियार ब्यास इलाके के निकट एक गांव में रखे हैं । उनको उस स्थान तक ले जाया जा रहा था, तभी उनके गिरोह के अन्य सदस्यों ने सठियाला के निकट सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक मैगजीन और कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । श्री गिल ने बताया कि यह गिरोह प्रायः बी.एस.एफ. की चौकियों और वाहनों तथा पुलिस और सैनिकों पर हमले किया करता था ।

फौजी मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले के नौरंगाबाद गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स का प्रमुख मिलिटैंट बलविंदर सिंह फौजी जो कि स्वयंभू लै.ज. था, मारा गया । वह 50 से अधिक हत्याओं में वांछित था ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार फौजी उर्फ बिल्लू ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

दशमेश रैजीमैंट के सतनाम सिंह सत्ता तथा बी. टी. एफ. के फौजी सहित 7 मिलिटैंट मारे गए, 11 की हत्या

चंडीगढ़, 16 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से दशमेश रैजीमैंट के प्रमुख मिलिटैंट सतनाम सिंह सत्ता तथा भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स के लै. जनरल बलविंदर सिंह उर्फ़ फौजी सहित 7 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने दो ग्रंथियों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने एक रेल गाड़ी पर राकेट से हमला भी किया ।

सत्ता मारा गया : प्रमुख मिलिटैंट एवं 'दशमेश रैजिमैंट' के 'उपप्रमुख' भाई सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उर्फ राहू कल रात पुलिस हिरासत से भाग निकलने की कोशिश में मारा गया ।

सत्ता उस समय मारा गया जब उसका गिरोह मजीठा पुलिस जिले के ब्यास इलाके में सहियाला के निकट पुलिस हिरासत से सत्ता और उसके एक सहयोगी को छुड़ाने का प्रयास कर रहा था । सत्ता का साथी 'लैफ्टिनैंट जनरल' सतनाम सिंह उर्फ सुग्गा भाग निकलने में सफल रहा । मजीठा के पुलिस प्रमुख एस.पी. गिल ने संवाददाताओं को जानकारी दी । श्री गिल ने बताया कि सत्ता को पकड़वाने वाले को पांच लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की गई थी । वह तरनतारन, मजीठा और बटाला पुलिस जिलों तथा उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में दो सौ से अधिक हत्याओं में शामिल था ।

छ: महीने पूर्व खालिस्तान कमांडो फोर्स जफरवाल से टूटे हुए एक गिरोह ने 'दशमेश रेजिमैंट' का गठन किया था । भाई सीतल सिंह मतेवाल को इसका पहला प्रमुख बनाया गया था ।

* श्री गिल ने बताया कि इस से पहले कल शाम इन दोनों मिलिटैंटों को विशेष सुरक्षा बल की नाका पार्टी ने मेहता थाने के अन्तर्गत घघर बाना गांव के निकट से गिरफ्तार किया था । उन्होंने बताया कि इन दोनों के कब्जे से एक स्वचालित राइफल, दो मैगजीन, एक माउजर और ढेर सारे विस्फोटक तथा कुछ दस्तावेज बरामद हुए है । उन्होंने जानकारी दी थी कि उनके हथियार ब्यास इलाके के निकट एक गांव में रखे है । उनको उस स्थान तक ले जाया जा रहा था तभी उनके गिरोह के अन्य सदस्यों ने सहियाला के निकट सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक मैगजीन और कुछ खाली कारतूस बरामद किए गए हैं । श्री गिल ने बताया कि यह गिरोह प्राय: बी.एस.एफ. की चौकियों और वाहनों तथा पुलिस और सैनिकों पर हमले किया करता था ।

फौजी मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले के नौरंगाबाद गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स का प्रमुख मिलिटैंट बलविंदर सिंह फौजी जो कि स्वयंभू लै.ज. था, मारा गया । वह 50 से अधिक हत्याओं में वांछित था ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार फौजी उर्फ बिल्लू ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

है कि श्री मान के ज़ोर
टैंट रिहा कर दिया गया
का इनाम था । इस
निर्णय प्रशासनिक स्तर
तिक स्तर पर लिया गया
के इन बयानों की भी
दिया है, जिनमें उन्होंने
ति श्री बश से हस्तक्षेप

से पूछता रहा है कि क्या
भव है ; पंजाब प्रशासन
शीघ्र चुनाव कराने के
ाता है कि राज्य के मुख्य
को विश्वास है कि राज्य
न सकता है । केन्द्र ने गृह
धकारी को पंजाब प्रशासन
ए चंडीगढ़ भेजा था ।
प्रभाव लेकर लौटा है कि
से भयभीत नहीं है ।
ड' को देखते हुए प्रशासन
तैयार है ।

मई में चुनाव कराने का
स्तर तक ही सीमित है तथा
अंतिम निर्णय नहीं लिया
ह भी जानना चाहती है कि
अतिरिक्त सुरक्षा सहायता
ता पड़ सकती है । गृह
र से चुनाव कराए जाने की
वश्यकताओं की जानकारी

ं पंजाब में चुनाव कराने के
र रखती हैं । भाजपा, इंका
ुनाव कराने का कड़ा विरोध
ता दल (स), जनता दल व
र्थन कर रही हैं ।

रकिशन सिंह सुरजीत ने आज
र के लिए पंजाब में मई में
नहीं होगा क्योंकि सरकार ने
ही पंजाब में राष्ट्रपति शासन
किए जाने के लिए संविधान
ार पर स्वीकृति प्राप्त की थी
वों के लिए अनुकूल नहीं है ।
ी सप्ताह में स्थिति पूर्ण रूप से
। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति
अपनी सहमति नहीं देंगे ।

नर्म हुआ : 'पस' के अनुसार
शेखर ने 'जंग' समाचार पत्र
प्रकाशित साक्षात्कार में कहा है
पाकिस्तान का भारत के प्रति
उन्होंने कहा कि यह पहली बार
अमरीका और ब्रिटेन के रवैये में
।

स्तर में उन्होंने कहा कि उनकी
मी करने का समर्थन करती है
व्यक्त किया कि यह तब तक
क क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति में

इंका में गठबंधन नहीं हो
वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने
मी लोकसभा चुनावों में उनकी
दा सीटों पर उम्मीदवार खड़े
ई दिल्ली रवाना होने से पूर्व हवाई
ाओं से बातचीत में श्री चंद्र शेखर
ता दल (स) ने इस बारे में विचार
ी चुनाव अकेले लड़ना चाहिए या
गठबंधन करके ?

पंजाब में वारदात....
(पृष्ठ 1 का शेष)

ग्रंथी की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव अर्जन मंगा में कल रात मिलिटैंटों ने गुरुद्वारे के एक ग्रंथी जोगिन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

घायल चल बसा : बटाला (कोछड़): कल रात स्थानीय संत नगर क्षेत्र में मिलिटैंटों ने जिस सुरेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति को गोलियों से गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, आज उसकी अमृतसर के श्री गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

बम धमाके में कांस्टेबल मारा गया : नंगल (राजेंद्र): दो दिन पूर्व यहां के स्टाफ क्लब में हुए बम धमाके से एक पुलिस कांस्टेबल चानन सिंह की हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार चानन सिंह सी.आई.डी. डिपार्टमैंट में था तथा उस समय ड्यूटी पर था ।

1 पुलिस कर्मी, दो मिलिटैंट मारे गए : अहमदगढ़ (पुरी) यहां से 7 कि.मी. दूर खडेरा नहर पुल पर गत रात लगभग 10 बजे सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मुकाबले में एक पुलिस कर्मी तथा 2 मिलिटैंट मारे गए । बी.एस.एफ. का जवान दुर्गादास घायल हो गया जिसे सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है । प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस व बी.एस.एफ. ने नहर पुल पर नाका लगा रखा था कि सामने से आ रहे एक टैम्पू को रोकने का इशारा किया लेकिन टैम्पू में सवार मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में दो मिलिटैंट तथा एक पुलिस कर्मी राज कुमार मारा गया । शेष मिलिटैंट टैम्पू नं. 10—9568 छोड़ कर फरार हो गए ।

महिन्द्र के अनुसार पुलिस को मिलिटैंटों के कब्जा से दो राइफलें 315 बोर तथा 303 बोर, एक रिवाल्वर, 32 बोर तथा 45 कारतूस मिले हैं ।

ट्रांसपोर्टर की हत्या : एक अन्य घटना में गत सायं मौजा मलिक में दो मिलिटैंटों ने एक ट्रांसपोर्टर नरिन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह स्कूटर पर आए तथा गोलियां चला कर भाग गए ।

शव मिला : लुधियाना जिले के गांव खड़नियां से आज दिलबाग सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला ।

मिलिटैंट का शव मिला : रायकोट (राकेश): गत सायं रायकोट थाना के अंतर्गत गांव लित्तरां के निकट एक मिलिटैंट दर्शन सिंह निवासी सुखाना गांव का शव मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वह एक बार जमानत पर छूटा था । अब फिर कई वारदातों में वह पुलिस को वांछित था ।

ट्रेन पर राकेट दागा : लुधियाना जिले के कुप और अहमदगढ़ रेलवे स्टेशनों के बीच से गुजर रही जाखल-लुधियाना पैसेंजर ट्रेन पर मिलिटैंटों ने कल रात एक राकेट दागा । पुलिस के अनुसार यह राकेट अपने निशाने पर नहीं लगा और एक पेड़ से जा टकराया ।

इंका नेता की हत्या का प्रयास : कल रात ही लुधियाना में 15 किलोमीटर दूर कटनीकलां गांव के पास मिलिटैंटों ने पंजाब कांग्रेस (इ) के कानूनी सैल के महासचिव पुरुषोत्तम दास शर्मा की गाड़ी को टक्कर मार कर उन पर हमले का प्रयास किया लेकिन श्री शर्मा बाल-बाल बच गए । पुलिस ने बताया कि वारदात के समय वह लुधियाना से चंडीगढ़ जा रहे थे ।

2 मिलिटैंट मारे गए : फरीदकोट जिले में गुरुसर गांव के निकट खालिस्तान कमांडो फोर्स के निशान सिंह और दर्शन सिंह नामक दो मिलिटैंट सुरक्षा बलों की गोलियों से मारे गए । पुलिस ने उनसे तीन दुनाली बंदूकें, एक रायफल और कुछ हथियार तथा गोला बारूद बरामद किया ।

शव बरामद : इसी जिले में दौलतगढ़ के निकट एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ ।

एक अन्य ग्रंथी की हत्या : मानसा (मेहता): बोहा पुलिस थाने के गांव अकांवाली में कल रात दो मिलिटैंटों ने एक ग्रंथी कृपाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । वह पाठ करके घर लौट रहा था ।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने संगरूर जिले में तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके पास से बंदूकें तथा कारतूस बरामद किए । पुलिस ने बटाला पुलिस जिले से 3 तथा मजीठा पुलिस जिले से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनसे कुछ हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

मुठभेड़ : मालेरकोटला (आजिज) : कल रात कुछ स्थानीय पत्रकार जालन्धर से स्वास्थ्य विभाग की जिप्सी में जब मालेरकोटला लौट रहे थे तो अहमदगढ़ के निकट सशस्त्र मिलिटैंटों ने उन्हें रोक कर जिप्सी छीन ली और उन्हें एक ट्रक रोक कर उस पर बिठा दिया । मिलिटैंट जिनकी संख्या 6 बताई जाती है, जब जिप्सी लेकर थोड़ी दूर गए तो उनकी मुठभेड़ पुलिस पार्टी से हो गई । दोनों ओर की फायरिंग के बीच मिलिटैंट जिप्सी छोड़ कर फरार हो गए ।

धमकी भरे पत्र लिखने के आरोप में केस दर्ज : होशियारपुर (वि.प्र.): बलाचौर पुलिस ने मैंहदपुर ग्राम के एक युवक कुलवन्त सिंह के विरुद्ध धारा 385 व 506 के अधीन केस दर्ज कर लिया है व जांच शुरू कर दी है । कुलवन्त सिंह के विरुद्ध यह केस एक अध्यापक हरनाम सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है । हरनाम सिंह के अनुसार कुलवन्त ने उसे धमकी पत्र भेजकर 50 हजार रुपए देने की मांग की थी और यह भी लिखा था कि अगर पैसे न दिए तो उसके सारे परिवार को गोलियों से मार दिया जाएगा । हरनाम सिंह के अनुसार इसी ग्राम के दो अन्य अध्यापकों मनमोहन सिंह व सर्बजीत सिंह को भी कुलवन्त ने धमकी पत्र भेजे थे ।

एक व्यक्ति की हत्या : फरीदकोट जिले के गांव दर्दली में सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

पटियाला, (राज): सदर पुलिस ने यहां गुरु नानक नगर में रवेल सिंह नामक एक व्यक्ति के पास से एक बम तथा एक डैटोनेटर बरामद किया है ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर से नारंग के अनुसार मजीठा थाना के चक्क सिकंदर गांव के निकट एक नाकेबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने सच्चा सिंह नामक एक मिलिटैंट को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 27 कारतूस मिले हैं । उसके दो अन्य साथी भागने में सफल हो गए ।

2 होमगार्ड जवानों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव मैनपुर के निकट आज होमगार्ड के दो जवानों की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई । खोज अभियान के दौरान उनके शव मिले । उनकी पहचान जवाहर लाल तथा मोहन सिंह के रूप में हुई है । उनका एक चौकी से अपहरण कर लिया गया था ।

अलगाववाद कश्मीर में...
(पृष्ठ 1 का शेष)

हुआ । आग के कारणों का पता नहीं चला है ।

कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में 7 पाक प्रशिक्षित अलगाववादी मारे गए । घटनास्थल से 5 ए.के. 56 राइफलें, एक सब-मशीनगन बरामद की गई ।

अलगाववादियों ने गंदरबल में पांडेच क्रासिंग पर सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर अचानक हमला कर दिया । केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के जवानों ने बदले में गोलियां चलाईं । दोनों पक्षों में हुए संघर्ष में एक [illegible] एक जवान और दो अन्य नागरिक

राजीव द्वारा अगला चुनाव भी अमेठी से ही लड़ने की घोषणा

भोपाल, 16 मार्च (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज यहां कहा कि मई में होने वाले लोकसभा का मध्यावधि चुनाव वह अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र अमेठी से ही लड़ेंगे । श्री गांधी ने यह बात भोपाल पहुंचने के बाद पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में कही ।

आज के जनमत संग्रह पर टिका है सोवियत संघ का भविष्य

मास्को, 16 मार्च (वार्ता): सोवियत संघ के भविष्य का फैसला कल होने वाला जनमत संग्रह करेगा । यह महत्वपूर्ण कार्य उग्र तेवरों, असंतोष और पृथकतावादी आंदोलनों के बीच होने जा रहा है ।

इंका नगर निगम के चुनाव पार्टी टिकट पर लड़ेगी

लुधियाना, 16 मार्च (महिन्द्रा): पंजाब कांग्रेस के सूत्रों ने आज यहां इस बात का रहस्योद्घाटन किया है कि कांग्रेस के प्रधान श्री राजीव गांधी ने पंजाब कांग्रेस को निर्देश जारी किया है कि पंजाब में तीनों नगर निगमों के चुनाव पार्टी टिकट पर लड़े जाएं । इस बार पंजाब कांग्रेस के प्रधान बेअंत सिंह आज लुधियाना पहुंचे ताकि पार्टी टिकट वितरित करने के लिए उचित प्रबन्ध किए जाएं ।

श्री बेअंत सिंह ने बताया कि इंका लुधियाना, जालन्धर तथा अमृतसर नगर निगमों के चुनाव लड़ेगी । उन्होंने इस संदर्भ में लुधियाना के लिए एक 5 सदस्यीय समिति भी गठित की है, जिसके चेयरमैन श्री सतपाल मित्तल बनाए गए हैं । अन्य सदस्यों में हरनाम दास जौहर प्रधान जिला कांग्रेस, दिवान जगदीश चंद्र, ओम प्रकाश गुप्ता और शमशेर सिंह दूलो महामंत्री प्रदेश कांग्रेस शामिल हैं ।

चुनाव में खड़े होने के इच्छुक प्रत्याशियों से 18 मार्च तक दरखास्तें मांगी गई हैं । इस बारे में अंतिम निर्णय 20 मार्च को कर दिया जाएगा ।

कल पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में पंजाब के राज्यपाल श्री मल्होत्रा के साथ जिला कांग्रेस के प्रधान हरनाम दास जौहर ने भी भेंट की और उनसे मांग की कि वह निगम चुनाव कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दें क्योंकि पंजाब विधानसभा की वोटर लिस्टों के विषय में नगर निगम लुधियाना की वोटर सूचियों में दो लाख के लगभग वोटर कम हैं ।

चुनाव आयोग ने अधिकारियों को व्यवस्था करने को कहा

नई दिल्ली, 16 मार्च (वार्ता): चुनाव आयोग ने लोकसभा के मध्यावधि चुनावों के मद्देनज़र मुख्य चुनाव अधिकारियों को मत पत्रों, मतदान पेटियों, न मिटने वाली स्याही और अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं । आयोग के सूत्रों ने कहा कि तेरह मार्च को लोकसभा भंग होने के शीघ्र बाद ही चुनाव आयोग ने इस आशय के निर्देश दे दिए थे । मुख्य चुनाव अधिकारियों से कहा कि गया है कि वे इन ज़रूरतों की सूची भेजें ।

भाजपा देश की एकता बनाए रखेगी...
(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री भंडारी ने कहा कि महाराष्ट्र में शिव सेना के साथ पिछले चुनाव की तरह ही सामंजस्य होने की संभावना है । यह पूछे जाने पर कि शिव सेना ने इस बार अधिक सीटों की मांग की है, उन्होंने कहा कि भाजपा ने जितने स्थानों पर पिछले चुनाव में उम्मीदवार खड़े किए थे, उससे कम करने का तो सवाल ही नहीं है ।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जनता दल (समाजवादी) के साथ चुनावी तालमेल के बारे में बातचीत होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री भंडारी ने कहा कि

सद्दाम समर्थकों द्वारा नज
1400 मरे : खाड़ी में

वाशिंगटन, 16 मार्च (वार्ता, प.स.): खाड़ी में युद्धविराम के मात्र अभी 16 दिन ही हुए हैं, लेकिन अमरीकी सैनिकों के और आगे बढ़ने और बहुराष्ट्रीय सेना द्वारा ईराकी विमानों को मार गिराने की धमकी से खाड़ी में एक बार फिर संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है ।

अमरीकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के सूत्रों के अनुसार बहुराष्ट्रीय सेना के लड़ाकू विमानों ने हवाई गश्त तेज़ कर दी है और दक्षिण ईराक में अस्थायी



जालन्धर में कटारिया अस्पताल व फुटबाल चौक के मध्य शनिवार को एक बस ने साइकल सवार दो स्कूली बच्चों को कुचल दिया, जिनमें से एक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया । चित्र में सड़क पर पड़ी साइकल तथा इससे कुछ दूरी पर खड़ी बस । इन्सैट में एम.जी.एन. स्कूल की चौथी कक्षा का घायल छात्र तेजेन्द्र सिंह । (छाया : शिव जैमिनी)

जांच के आदेश

नई दिल्ली, 16 मार्च (दिनेश शर्मा): बाप्
समाधि पर कल बहुजन समाजवादी पार्टी
कार्यकर्त्ताओं द्वारा की गई तोड़फोड़ के पीछे अग
और पिछड़ी जातियों में चुनाव से पूर्व तनाव पै
कराने और जानबूझ कर मंडल आयोग की घोषणा
काल जैसे फसाद कराने का कोई भयानक षड्यंत्र
नहीं था ? इस बाबत पुलिस के गुप्तचर विभाग
गृह मंत्रालय ने छानबीन करके तुरन्त रिपोर्ट भेज
का निर्देश दिया है ।

आयातित न्यूजप्रिंट
आबंटन पर 10 प्रतिश
कटौती की घोषणा

नई दिल्ली, 16 मार्च : दी इंडियन न्यूज पे
सोसायटी ने सरकार की उस घोषणा पर चि
व्यक्त की है कि जिसमें आयातित स्टैंडर्ड न्यूज प्रिं
आबंटन पर 10 प्रतिशत कटौती का प्रावधान है
हालांकि यह घोषणा न्यूज प्रिंट सलाहकार समिति
उस बैठक की पूर्व संध्या पर ही की गई जो 15
को केन्द्रीय सूचना व प्रसारण राज्यमंत्री सुबोध
सहाय की अध्यक्षता में होनी थी ।

समिति के अध्यक्ष नरेश मोहन के अन
बैठक में इस आशय सम्बन्धी विचार-विमर्श
किया जाना था, मगर यह घोषणा एकतरफा रू
ही कर दी गई । हालांकि अगले दिन समिति को
फैसले के बारे में बैठक के दौरान अवगत भी
कराया गया । श्री नरेश मोहन ने श्री सहाय को
संदेश में कहा है कि उक्त कटौती का फैसला त
समय में कदापि नहीं करना चाहिए था जबकि च
की घोषणा हो चुकी है तथा इनसे सम्बं
अधिकाधिक समाचारों को प्रकाशित करने के
समाचार पत्रों को अधिक पृष्ठों की आवश्य
होगी । उनका कहना था कि इस कटौती से सम
पत्रों के उत्पादन के व्यय पर अत्यधिक बोझ
तथा कई समाचार पत्र तो यह अतिरिक्त बोझ
के योग्य भी नहीं हो सकेंगे ।

उन्होंने अपील की कि 10 प्रतिशत कटौ
इस फैसले को तुरन्त रद्द करके आगामी तीन म
लिए समाचार पत्रों को इस न्यूजप्रिंट का
प्रतिशत अतिरिक्त आबंटन किया जाए ता
अपनी चुनाव सम्बन्धी आवश्यकताएं पूर्
सकें ।

ीखा चमत्कार

ग (1) हेमिसाल कैप्सूल
(2) शक्तिवर्धक कोर्स (परम उत्तम योग)
श रोगियों के लिए आशा की किरण
म्हारी नई खोज
ी रोग, गजापन व बवासीर ।
दवा नहीं दी जाती । पत्र-व्यवहार गुप्त ।



Punjabi Tribune

के नक्सलवादियों से कोई सम्पर्क बना रखा है ।

सूत्रों ने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों के

दंगों तथा भारत के गौरवमय एवं सुनहरे इतिहास

पंजाब में 17 मिलिटैंट तथा 2 घुसपैठिए मारे गए, 16 की हत्या

चंडीगढ़,17 मार्च (वार्ता, प.स.): पिछले 24 घंटों में पंजाब में 17 मिलिटैंट तथा दो घुसपैठिए मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

परिवार के तीन सदस्यों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के लहाना गांव में मिलिटैंटों ने कल रात बरकत मसीह, उसकी पत्नी सुखो और पुत्र ज्ञान को गोलियां चला कर मार डाला । पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में सात व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । और कहा है कि मिलिटैंट बरकत मसीह के दूसरे पुत्र की तलाश में वहां आए थे ।

घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 12 कारतूस के खोल बरामद किए गए ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के तपियाला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मारे गए : मजीठा पुलिस जिले में रामदास थाना के पास चंडीगढ़ पोस्ट के निकट सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । तरनतारन पुलिस जिले में गांधी रोड पर आज तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की गोली से एक अन्य मिलिटैंट मारा गया ।

शव मिला : अमृतसर जिले के कोहर बिन हिन्दुआं गांव के खेतों से एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

4 की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार कल अमृतसर जिले के भागड़िया गांव में मिलिटैंटों ने चार व्यक्तियों बलबीर सिंह और उसके तीन निजी अंगरक्षकों शभा सिंह, मलकीयत सिंह और जोगिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और बलबीर सिंह के भाई अमरजीत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने आपसी रंजिश को वारदात का कारण बताया है और कहा है कि अपराध के लिए मिलिटैंटों को किराए पर लाया गया था । बताया जाता है कि गांव का सरपंच भाग गया है । मृतक अपने खेतों से एक कार में घर लौट रहे थे ।

दो पाक घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में कल रात सुरक्षाबलों ने एक पाक घुसपैठिए को मार गिराया । एक अन्य पाक घुसपैठिया जो कि भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था, कल रात फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव साखल में मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक और शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के गांव जलाल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

3 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर जिले के भिखीविंड कस्बे में आज डी.एस.पी. के घर पर तैनात सुरक्षा गार्डों के साथ हुई एक मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए । इस घटना में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान और एक नागरिक विनोद कुमार घायल हो गए । मारे गए मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के वस्सन सिंह के गिरोह से संबंधित हैं । मुठभेड़ उस समय हुई जब मिलिटैंटों ने डी.एस.पी. के घर पर फायरिंग की । बताया गया है कि सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों में लगभग 1 घंटा फायरिंग होती रही । मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर हथगोले भी फैंके । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 3 स्टिक बम तथा एक अन्य हथियार बरामद किया गया है । डी.एस.पी. तथा परिवार के अन्य सदस्यों में से कोई हताहत नहीं हुआ ।

5 मिलिटैंट मारे गए : आज सायं पट्टी के गांव चूसलेवड़ में हुई एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । वल्टोहा क्षेत्र के अहमदपुर तथा थालीवाला मोड़ गांवों में हुई मुठभेड़ों में एक-एक मिलिटैंट मारा गया । थाना सदर तरनतारन के गांव रसूलपुर में हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि 3 अन्य भागने में सफल रहे ।

कड़े सुरक्षा प्रबन्ध : अमृतसर (नारंग) अमृतसर शहर में मिलिटैंटों द्वारा सम्भावित बम विस्फोटों की झड़ी लगाने की आशंका को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए जा रहे हैं । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में मिलिटैंटों के पास विस्फोटक पदार्थों की नई खेप पहुंचने की आशंका को देखते हुए, कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । जनता को सावधान किया जाता है कि किसी लावारिस वस्तु को न छुएं । 100 नं. पर किसी भी संदिग्ध वस्तु को देखते ही फोन करें ।

कांस्टेबलों को घायल कर दिया : इस

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में एक सुरक्षा कर्मी सहित 3 मरे : श्रीनगर के पुराने क्षेत्रों में सेना तैनात

श्रीनगर, 17 मार्च (वार्ता, प.स.): श्रीनगर के पुराने इलाकों में आज दूसरे दिन भी सेना तैनात रही, जबकि एक जवान और 2 नागरिक मारे गए तथा 6 अन्य घायल हो गए ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अलगाववादियों और उनसे सांठगांठ रखने वालों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने आज दूसरे दिन भी पुराने शहर में घर-घर जाकर तलाशी ली और सेना ने इस कार्य में सुरक्षा बलों की मदद की । सेना ने इन इलाकों से निकलने के सभी रास्ते कल ही बंद कर दिए थे । कुछ को पूछताछ के लिए हिरासत में भी ले लिया गया है ।

प्रवक्ता ने स्वीकार किया कि कल शाम बटमालू इलाके में अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों की एक गश्ती गाड़ी पर राकेट से हमला किया और गोलियां चलाईं जिससे एक जवान की मृत्यु हो गई और दो घायल हो गए । घायलों को सैनिक अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

अलगाववादियों ने कल रात जवाहर नगर में भी सुरक्षा बलों पर राकेट से हमला किया । राकेट अपने लक्ष्य तक न पहुंच कर सड़क के किनारे गिरा जिससे कुछ क्षति पहुंची । राकेट से हमले के बाद सुरक्षा बलों पर गोलियां भी चलाई गईं । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोली चलाई लेकिन दस मिनट की इस गोली बारी में कोई हताहत नहीं हुआ ।

सूत्रों ने बताया कि सेना के जवानों और अलगाववादियों के बीच गोलीबारी में छह नागरिक घायल हो गए । अलगाववादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक अन्य मुठभेड़ कल रात श्री भट्ट इलाके में हुई । इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

इसी बीच सेना के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि तथाकथित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का स्वयं भू एरिया कमांडर गुलाम रसूल भट्ट बुधवार को सुरक्षा बलों के हाथ से बच निकला । सुरक्षा बल के जवानों ने उसका पीछा किया लेकिन वह सुरक्षा बलों की गिरफ्त में नहीं आ सका ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sansaar

कुचल दिया गया है । उन्होंने चेतावनी दी कि इसके को अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का सामना करना पड़ रहा है जिसका उद्देश्य देश को धार्मिक व जातीय आधार पर विभाजित करना है ।



गत दिनों गिद्दड़बाहा के निकट गांव मुरुसर के निकट मारे गए मिलिटैंट (ऊपर) दर्शन सिंह तथा (नीचे) निहाल सिंह के शव । (छाया : राजीव राही)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिले के नंदपुर गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस के दो कांस्टेबलों को गोली मार कर घायल कर दिया ।

युवती तथा अन्य व्यक्ति की हत्या : दसूहा (झावर) : गत रात लगभग 9 बजे 6 मिलिटैंटों ने दसूहा पुलिस स्टेशन के गांव धनवा पन्नुआं में एक लड़की उषा रानी तथा एक अन्य व्यक्ति दर्शन की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार 4 मिलिटैंट धर्म सिंह के घर गए तथा उन्होंने घर की तलाशी ली तथा धर्म सिंह की पुत्री उषा रानी तथा घर आए एक मेहमान बख्शीश सिंह को गांव में दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर ले गए । दर्शन सिंह के दरवाजा न खोलने पर मिलिटैंट दीवार फांद कर अन्दर घुस गए तथा दरवाजा भी खोल दिया । पहले उन्होंने दर्शन सिंह की हत्या की तथा बाद में उषा रानी की भी हत्या कर दी । उषा रानी की 15 अप्रैल को शादी होने वाली थी । उषा का पिता धर्म सिंह पुलिस में था । मृतक दर्शन सिंह ने तीन माह पूर्व ही होमगार्ड की नौकरी छोड़ी थी । हत्याएं स्टेनगन से की गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट एक जीप में आए थे । 2 मिलिटैंट जीप के पास खड़े रहे थे । बाद में सभी फरार हो गए ।

जस्सा मारा गया : एक मिलिटैंट जगमैल सिंह उर्फ जस्सा को ले जा रहे पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने कल रात फिरोजपुर जिले में हमला किया । पुलिस ने बदले में कार्रवाई की और क्रास फायरिंग में जस्सा मारा गया ।

3 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे : फिरोजपुर (वार्ता): जिला फिरोजपुर के गांव सोढीवाला में एक फार्म हाऊस में छिपे तीन मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ आज सायं डेढ़ घंटा चले मुकाबले में मारे गए । उन की पहचान कुलवंत सिंह काला, तरलोक सिंह और जसविन्द्र कौर के रूप में की गई है । मारे गए मिलिटैंटों के निकट से एक सैल्फ लोडिंग राईफल, एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है । मारे गए मिलिटैंट जिला फिरोजपुर और फरीदकोट में पुलिस और बी.एस.एफ. के अधिकारियों सहित कई अन्य व्यक्तियों की हत्या की घटनाओं, फिरौती तथा लूटमार की घटनाओं में पुलिस को वांछित थे ।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : रोपड़ पुलिस ने 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से 2 रिवाल्वर, दो बंदूकें, एक पिस्तौल तथा गोली सिक्का बरामद किया है ।

3 मिलिटैंट मारे गए : बटाला (कोछड़): थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के एक गांव भट्टीवाल के निकट सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के मध्य हुई एक भीषण मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । बताया के एस.एस.पी. सीता राम ने इस सम्बन्ध में विवरण देते हुए बटाला कि यह मुठभेड़ 4 घंटे तक चली । मृतक मिलिटैंटों के पास से एक ए.के. 74 राइफल उसका एक मैगजीन, 4 हथगोले तथा गोली सिक्के से भरे हुए दो थैले मिले हैं । राइफल के ऊपर खालिस्तान कमांडो फोर्स गुरमुख सिंह नागोके का नाम लिखा हुआ है । पुलिस को संदेह है कि तीनों मृतक मिलिटैंट उक्त गिरोह से ही सम्बन्धित हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना के खन्ना नगर में दाता राम नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात लगभग 8.30 बजे थाना जुल्का के गांव बत्तार में दो मिलिटैंटों ने भरपूर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने भरपूर सिंह को घर से बाहर बुलाया तथा उस पर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग कर दी । उसे पटियाला के अस्पताल में लाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई ।

शराब के ठेकेदार की हत्या : इसी जिले के बस्सी पठाना थाने के गांव बटेरी में कल रात लगभग 15 मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेकेदार कुलवंत सिंह को उसके घर से बाहर खींच कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस को घटनास्थल से एस.एल.आर.के. तीन खाली कारतूस मिले हैं ।

घर-घर की तलाशी : चंडीगढ़ (संघी): चंडीगढ़ पुलिस ने आज सुबह 4 घंटे के लिए यहां के सैक्टर 19 में कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली । इस तलाशी के दौरान कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई । इनमें से कुछ को बाद में छोड़ दिया गया ।

जालन्धर में शतचंडी महायज्ञ और रामनवमी शोभा यात्रा कार्यक्रम

जालन्धर, 17 मार्च (ढल्ल): चैत्र नवरात्रों व श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में राणा मोहनद्वार, श्री रघुनाथ मंदिर, निकट मिल्क प्लांट, बाईपास जालन्धर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता व शांति के लिए आज से शतचंडी महायज्ञ महंत मोहनदास जी बैरागी की अध्यक्षता में शुरू हो गया, जो प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक तथा सायं 3.30 से 5.30 बजे तक होगा और 23 मार्च को प्रातः 9 बजे पूर्णाहुति होगी ।

पूर्णाहुति के पश्चात् आश्रम से एक शोभा यात्रा श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में शुरू होगी, जिसकी अगवाई श्री महंत मोहनदास जी के नेतृत्व में साधु समाज करेगा और जो लाल द्वारा प्रताप बाग में पहुंचेगी, वहां इसमें सारे शहर की झांकियां शामिल होंगी, जो विशाल शोभा यात्रा के रूप में नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वहीं आकर समाप्त होगी ।

इस बीच श्री राम कार सेवा समिति जालन्धर की एक विशेष बैठक श्री द्वारिका दास होंडा प्रधान विश्व हिन्दू परिषद की अध्यक्षता में आज प्रातः लाल द्वारा मंदिर में हुई जिसमें नगर के अनेक मंदिरों व धार्मिक संगठनों व समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए । बैठक में श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया । कार सेवा समिति के सूत्रों ने बताया कि सभी मंदिरों व धार्मिक संगठनों द्वारा तैयार झांकियां 23 मार्च को 1 बजे दोपहर लाल द्वारा मंदिर में पहुंचेंगी जिन्हें ध्वज आदि वहीं दिए जाएंगे ।

पुच्छलतारे में विस्फोट

हैम्बर्ग, 17 मार्च (डी.पी.ए.): बाह्य अंतरिक्ष में बहुत दूर एक पुच्छलतारे में भीषण विस्फोट हुआ है । लेकिन खगोल शास्त्रियों को यह गुत्थी समझ नहीं आ रही है कि आखिर विस्फोट क्यों और कैसे हुआ ।

इस भीषण विस्फोट का पता पिछले महीने के प्रारम्भ में चला था । उन दिनों पुच्छलतारा सूर्य से करीब दो अरब किलोमीटर दूर शनि और मंगल ग्रहों के बीच था । इसका पता यूरोपियन सदर्न आब्जवेंटरी में कार्यरत बेल्जियम के खगोल शास्त्रियों ओलीवियर हाइनीव और एलेन स्नेर्ट ने लगाया । मध्यवर्ती चिली में ला सिला पर्वत शृंखला में 2400 मीटर की ऊंचाई पर बनी वैधशाला से वे पुच्छलतारा का अध्ययन कर रहे थे तो उन्होंने पुच्छलतारे के चारों ओर चमकीले बादलों की परत देखी । इसकी चमक पुच्छलतारे से 300 गुणा अधिक देखी गई । यह बादल पुच्छलतारे की दिशा में उसी के साथ आगे बढ़ रहा है ।



(ऊपर) इंका प्रधान राजीव गांधी शनिवार को भोपाल में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआत करते हुए लोगों के बीच, (नीचे) राजीव गांधी अर्जुन सिंह तथा श्यामा चरण शुक्ला के साथ । (छाया : प्रै.ट्र.)

पाकिस्तान द्वारा पहला स्वदेशी युद्धक टैंक तैयार

इस्लामाबाद, 17 मार्च (प.स.): पाकिस्तान ने स्वदेशी तकनीक से निर्मित मुख्य युद्धक टैंक "अल-खालिद" का माडल तैयार कर लिया है तथा यह सेना को परीक्षण के लिए इस वर्ष जून में दिया जाएगा । सेनाध्यक्ष जन. मिर्जा असलम बेग के अनुसार इसका उत्पादन 1993 में शुरू किया जाएगा । उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रदेश के नौशहरा में सेनाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी ।

जनरल बेग ने कहा कि सेना के स्वदेशी उत्पादन कार्यक्रम के अच्छे नतीजे मिलने शुरू हो गए हैं । उन्होंने दावा किया कि वह दिन दूर नहीं जब इस संबंध में विदेशों पर निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी । उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना पूरी तरह से तैयार है, सीमा पर किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए सक्षम बना दी गई है ।

इस बीच 'जंग' प्रकाशन समूह के अंग्रेजी दैनिक 'द न्यूज' ने आज खबर दी है कि पाकिस्तान के परमाणु विज्ञान तथा तकनालोजी संस्थान को रक्षा तकनालोजी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता मिली है ।

दैनिक ने उच्चस्तरीय सूत्रों के हवाले से बताया कि संस्थान ने 'लेसर रेंज टोहक', बख्तरबंद टोहक और लेसर से उत्पन्न खतरों की टोह लेने वाले उपकरण और ड्राइवरों को रात में दिखाई देने वाले यंत्रों का विकास करने में सफलता प्राप्त की है ।

दैनिक ने बताया कि टैंक रेंज की टोह लेने वाले उपकरण का प्रदर्शन 23 मार्च को सेना की परेड के दौरान किया जाएगा । दैनिक के अनुसार इस उपकरण से पाकिस्तानी सेना की बख्तरबंद टुकड़ियों की सामरिक क्षमता ही नहीं बढ़ेगी बल्कि इससे उसकी मारक क्षमता का भी विकास होगा ।

Punjabi Sanatam

दशमेश रैजीमैंट के लै. जनरल सतनाम सिंह सुग्गा सहित 15 मिलिटैंट, 2 घुसपैठिए मारे गए, अन्यत्र महिला वकील सहित 19 की हत्या

चंडीगढ़, 18 मार्च (वार्ता, प.स.): कल रात से पाक में दशमेश रैजीमैंट के लै. जनरल सतनाम सिंह सुग्गा सहित 15 मिलिटैंट तथा 2 घुसपैठिए मारे गए, जबकि इसी अवधि में मिलिटैंटों ने एक महिला वकील सहित 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में 7 मरे : फिरोजपुर जिले के गांव सिंह वाला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात कुलवंत सिंह के परिवार के सात सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने दावा किया है कि यह विरोधी गुटों के आपसी झगड़े का मामला है ।

मृतकों में कुलवंत सिंह, उसकी पत्नी मलकीत कौर, उनका पुत्र जिन्दा, सोहन सिंह तथा उसकी पत्नी तथा स्वर्ण सिंह तथा उसकी पत्नी शामिल हैं ।

3 की हत्या : फरीदकोट जिले के काली अरियां गांव में मिलिटैंटों ने चौकीदार सरवन सिंह और पीपल सिंह को मार डाला । भटिंडा जिले के गमतिकलां गांव में मिलिटैंटों ने सुखपाल सिंह के घर में घुसकर उसे गोली से मार डाला तथा उसके पिता को घायल कर दिया ।

खेतों में शव मिला : मुक्तसर (दीपकपान): स्थानीय कैनाल कालोनी के सामने खेतों से सिटी पुलिस को आज एक 28-30 वर्षीय युवक का शव मिला, मृतक ने कर्त्ता, पाजामा पहना हुआ था ।

एक मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के निहाल सिंह वाला क्षेत्र में एक मिलिटैंट मारा गया ।

एक अन्य मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के गांव अर्कसियां कलां में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

एक मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले में गोनियाना-जैतो सड़क पर सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

सुग्गा मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के रैय्या कस्बे के निकट खलचियां ड्रेन के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दशमेश रैजीमैंट का लै. जनरल भाई सतनाम सिंह उर्फ सुग्गा मारा गया । पुलिस प्रमुख पी.एस. गिल ने आज बताया कि सुग्गा शुक्रवार को ब्यास के निकट से सुरक्षा बलों की हिरासत से उस समय फरार हो गया था, जब उसे तथा दशमेश रैजीमैंट के एक अन्य मिलिटैंट सतनाम सिंह सत्ता उर्फ राहू को हथियारों की तलाश के लिए ले जाया जा रहा था । भाई राहू उसी दिन भागने के प्रयास में मारा गया था । जब कल रात सुग्गा मारा गया तब वह अपने साथियों के साथ संभवतः सी.आर.पी.एफ. की पोस्ट को उड़ाने जा रहा था । घटनास्थल से एक आर.पी.सी. सैवन राकेट, एक ए.के. 47 राइफल, एक ड्रम मैगजीन, एक बम तथा डैटोनेटर मिले हैं । सुग्गा के 4 साथी भागने में सफल हो गए ।

गटर से शव बरामद : अमृतसर शहर के पुतलीघर क्षेत्र के एक गटर से पुलिस ने एक शव बरामद किया है ।

2 घुसपैठिए मारे गए : खेमकरण सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर 2 पाक घुसपैठिए मारे गए ।

मिलिटैंट मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के खलचियां में सुरक्षा बलों के हाथों एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया गया ।

सुरक्षा कर्मी और उसके पुत्र की हत्या : अमृतसर जिले के झब्बाल पुलिस थाना के गांव धर्मचन्द कोट में कल रात मिलिटैंटों ने एक सुरक्षाकर्मी मल्त्यार सिंह और उसके पुत्र बलविंदर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मल्त्यार सिंह विशेष पुलिस अधिकारी था और एक दिन के अवकाश पर गांव आया हुआ था ।

मिलिटैंट काबू : अमृतसर (वर्मा) : विगत दिवस कृष्णा देवी वाला चौक जोड़ा पीपल से पुलिस ने छापा मार कर अवतार सिंह उर्फ राजू नामक एक खतरनाक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया । वह परिडा थाने के किसी गांव का निवासी बताया जाता है । याद रहे कि यह मिलिटैंट हाल ही में इस इलाके में आया था तथा अ.भा. हिन्दू शिव सेना के प्रधान सुरेन्द्र कुमार बिल्ला के मकान से 20 गज की दूरी पर स्थित मकान में रह रहा था ।

तीन की हत्या : करतारपुर से 'साहनी' के अनुसार गत रात थाना करतारपुर के निकट अली खेड़ा गांव में 5 मिलिटैंटों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार मिलिटैंट रात लगभग साढ़े 12 बजे अली खेड़ा गांव गए तथा वहां काबल सिंह, गुरमेज सिंह तथा किशन सिंह को गोलियां मार कर मार गए । वे पुलिस की वर्दी में थे । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

वकील युवती तथा उसकी मां की हत्या : एक और घटना के अनुसार आज सुबह लगभग सवा 5 बजे करतारपुर के दिल्ली गेट मुहल्ला में एक महिला सरला तथा उसकी बेटी (अर्चना) जो पेशे से वकील थी को मार दिया गया । प्राप्त सूचना के अनुसार दो मिलिटैंट दीवार से छलांग लगा कर उनके घर के अन्दर गए तथा लड़की जो रसोई साफ कर रही थी के मुंह में पिस्तौल डाल कर गोली मार दी तथा मां जो कि पूजा पाठ में लीन थी को भी गोलियों से गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी बाद में मृत्यु हो गई है ।

जालन्धर से 'दल्ल' के अनुसार मृतक वकील युवती का नाम अरुणा मल्होत्रा है । मृतका अपनी माता के साथ रह रही थी । जिला बार एसोसिएशन जालंधर की आज एक आपात बैठक श्री गुरदीप सिंह सचदेवा की अध्यक्षता में हुई जिसमें कु. अरुणा की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व रोष प्रकट किया गया तथा आज और कल अदालती कामकाज का बाईकाट करने का निर्णय किया गया । इसके अतिरिक्त राज्य की बार एसोसिएशनों से भी 19 मार्च तक अदालती कामकाज का बाईकाट करने को कहा गया । एक प्रस्ताव में सरकार से आग्रह किया गया कि वह अमन व कानून की स्थिति पर काबू पाए ।

ग्रन्थी की हत्या : मिलिटैंटों ने जालंधर जिले के करतारपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अली खेड़ा में एक ग्रंथी किशन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने जालंधर जिले के समुन्द्रगढ़ चन्ना गांव में सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं जिससे पुलिस कांस्टेबल बलबीर सिंह मारा गया तथा एक अन्य घायल हो गया । मिलिटैंट कांस्टेबल की दो सर्विस रिवाल्वर लेकर भाग गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : जालन्धर में कल रात मिलिटैंटों ने कौलसर मोहल्ला में राजेन्द्र कुमार नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी । फायरिंग में मृतक की बहन तथा मां घायल हो गई ।

सिपाही की हत्या : संगरूर से गर्ग, पुरी तथा सिंगला के अनुसार गत रात यहां से लगभग 15 कि.मी. दूर समुन्दरगढ़ गांव के निकट मिलिटैंटों ने घात लगाकर एक पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप बाबू सिंह नामक एक सिपाही मारा गया । एक अन्य सिपाही दर्शन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । प्राप्त विवरण के अनुसार तीन मोटर साइकिलों पर सवार पुलिस कर्मी नाके से वापस लौट रहे थे । दो मोटर साइकिल तो आगे निकल गए परन्तु तीसरे मोटर साइकिल पर सवार कर्मियों पर मिलिटैंटों ने घात लगाकर हमला कर दिया । मिलिटैंट मृतक पुलिस कर्मी तथा घायल पुलिस कर्मी की 2 एस.एल.आर. भी ले गए ।

महंत की हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने यहां से लगभग 30 किलोमीटर दूर गांव फुलीवाल में गत रात एक महंत सीतल दास की हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात ... रखा

अब हर पार्टी मंडल रिपोर्ट का राग अलापेगी ।

—वी.पी. सिंह



भाई साहब उनकी नजरों में यह वोट प्राप्त करने का एक आसान तरीका है ।

Punjabi Tribune



करतारपुर में मिलिटेंटों के हाथों मारी गइ (1) वकील अरुण मल्हन (2) गांव अखिखेल थाना करतारपुर के अधीन मिलिटैंटों की गोली से मारा गया ग्रंथी किश्न सिंह (3) मृतक काबुल सिंह तथा (4) मृतक गुरमेज सिंह । (छाया : शिव जैमिनी)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी और एक स्कूटर नम्बर पी.जे.आई. 8082 छीन कर फरार हो गए । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 10 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अपहरण : मलोट से जलन्धरी के अनुसार 5 मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 10 कि.मी. दूर गद्दाडोब गांव में नछत्तर सिंह के पुत्र प्रीतपाल सिंह उर्फ बिट्टू का अपहरण कर लिया ।

कर्मचारी मारा गया : (जैन, सिगला): आज रात्रि लगभग 8 बजे यहां से 2 किलो मीटर दूर कहेरू के निकट कुछ ट्रक सवार मिलिटैंटों ने ए.के. 47 से असाल्ट राइफल से फायरिंग करके शराब के ठेके के एक कर्मचारी चंद सिंह की हत्या कर दी । यहां के एक शराब के ठेकेदार के 7 कर्मचारी एक कार द्वारा हथन से धूरी को जा रहे थे कि उक्त वारदात हो गई । शेष कर्मचारी बाल-बाल बच गए । चंद सिंह गांव फरवाही का रहने वाला था । उल्लेखनीय है कि कल संगरूर में जिले के ठेकों की नीलामी हो रही है ।

शरण देने के आरोप में हैड कांस्टेबल गिरफ्तार : रोपड़ से राकेश के अनुसार रोपड़ पुलिस ने हैड कांस्टेबल मोहन सिंह को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है तथा उसके विरुद्ध टाडा के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । उसे सेवा से निलम्बित कर दिया गया है ।

गुट संघर्ष में दो मरे : रोपड़ जिले के मंगड़ गांव में मिलिटैंटों के दो गिरोहों के बीच हुई मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों के नाम जसविंदर सिंह तथा कमलजीत सिंह बताए गए हैं ।

अंधाधुंध फायरिंग : रोपड़ जिले के गांव सिद्धपुर में कल रात मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके गुलजार सिंह तथा दविन्दर सिंह नामक 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

एक मिलिटैंट मारा गया : बटाला पुलिस जिले के गांव पट्टीवाल में कल रात सुरक्षा बलों के हाथों एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से 1 ए.के. 47 राइफल, एक हथगोला तथा कारतूस मिले हैं ।

पेड़ से लटका शव मिला : बटाला पुलिस जिले के पुंडर गांव में आज सुबह पेड़ से लटका हुआ एक शव मिला ।

4 प्रमुख लुटेरे गिरफ्तार : नाभा (सुशील) : गत दिवस स्थानीय पुलिस ने डी.एस.पी. श्री अनन्त राम शर्मा के नेतृत्व में प्रमुख लुटेरों के गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि पुलिस अधिकारी क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ रही वारदातों से कई दिनों से चिंतित थे । दो लुटेरे मैहस गांव के बताए जाते हैं । पुलिस ने इन लुटेरों से एक मारुति कार, 2 स्कूटर, फिल्मी कैमरे, वी.सी.आर. व जेवरात-नकदी समेत भारी मात्रा में सामान भी बरामद किया है । ये लुटेरे नगर के लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर बच्चों का अपहरण करने, बाद में हत्या करने की धमकी देकर फिरौतियां मांगते थे । गत दिनों इन्होंने यहां की एक फर्म को पत्र लिख कर पहले हथियारों की मांग की, फिर 2 लाख रुपए की मांग की । पत्र में परिवार के सदस्यों को हत्या की धमकी भी दी गई थी । बताया

व्यापारियों से भी फिरौती की मांग की थी । ये लुटेरे बब्बर खालसा इंटरनैशनल के नाम पर लूट मचाते थे और जाली लैटरपैड पर धमकी पत्र लिखते थे । क्षेत्र के लगभग 12 लूटपाट सम्बन्धी मामले इनकी गिरफ्तारी से सुलझ गए हैं । अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस प्रयत्न कर रही है । इन लुटेरों से सनसनीखेज पर्दाफाश होने की संभावना है । मारुति कार भटिंडा के निकट से छीनी गई थी । पुलिस पड़ताल कर रही है ।

500 ईराकी युद्धबंदी
(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए ।

16000 लोगों को मारने का आरोप : तेहरान रेडियो ने आरोप लगाया है कि ईराक में शियाओं के मुकद्दस (पवित्र) शहरों नजफ और करबला में गत दो हफ्तों के दौरान 16000 लोग मारे गए हैं । रेडियो ने आरोप लगाया कि शिया नागरिकों और उनके पवित्र नगरों में विद्रोह को दबाने के लिए 'कत्लेआम' करके ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने 'अक्षम्य अपराध' किया है । रेडियो ने यह भी आरोप लगाया कि दक्षिण शहर नसीरिया और कुछ अन्य ईराकी शहरों पर भी सरकारी सैनिकों की बमबारी से अनेक लोग मारे गए हैं ।

इंका प्रमुख फिल्म स्टारों को पार्टी में लाने के लिए प्रयत्नरत

नई दिल्ली, 18 मार्च (मनमोहन शर्मा): कांग्रेस ने आने वाले चुनाव को सामने रखते हुए अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं एवं फिल्मी स्टारों को कांग्रेस में लाने का प्रयास शुरू कर दिया है । यह कदम कांग्रेस अपने कार्यकर्त्ताओं के मनोबल को ऊंचा उठाने के लिए कर रही है ।

कांग्रेसी सूत्रों के अनुसार कुछ प्रमुख फिल्म स्टारों, जिनमें धर्मेंद्र, हेमामालिनी, मनोज कुमार, राजेश खन्ना आदि शामिल हैं, को भी कांग्रेस में लाने का प्रयास हो रहा है । इनमें से कुछ को कांग्रेस चुनाव दंगल में भी उतार सकती है ।

इनके अतिरिक्त कुछ प्रमुख मुस्लिम नेताओं को भी कांग्रेस में शामिल करने का प्रयास चल रहा है । इनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सैयद मीर कासिम भी शामिल हैं ।

खोपरा का नया समर्थन मूल्य घोषित

नई दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) : सरकार ने इस वर्ष आगामी मौसम के लिए साफ और औसत किस्म के खोपरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1700 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार गत वर्ष की तुलना में यह समर्थन मूल्य 100 रुपए अधिक है । सरकार ने पहली बार कच्चे खोपरा का समर्थन मूल्य भी तय करते हुए इसे 1850 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है ।

उड़ीसा में 100 न्यायिक अधिकारियों द्वारा इस्तीफे

कटक, 18 मार्च (वार्ता): उड़ीसा में विधिसेवा के सौ से अधिक अधिकारियों ने कल अपने पद से इस्तीफा दे दिया । विधानसभा में कुछ मंत्रियों और विधायकों की न्यायपालिका के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में इन अधिकारियों ने यह कदम उठाया ।

राकेश चोपड़ा जदस के सदस्य नहीं : कुसुम

फगवाड़ा, 18 मार्च (खोसला): जिला कपूरथला जनता दल (स) की महासचिव कुमारी कुसुम शर्मा ने आज यहां जारी प्रैस नोट में कुछ समाचारपत्रों में छपी इन खबरों का खंडन किया है कि राकेश चोपड़ा नाम के जिला महासचिव ने जनता दल (स) से त्यागपत्र देकर भाजपा युवा मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की है । कुमारी शर्मा ने स्पष्ट किया कि राकेश चोपड़ा नाम का कोई भी व्यक्ति जिला कपूरथला जनता दल (स) का महासचिव नहीं है व न ही कोई प्राइमरी सदस्य है ।

जनता राम जन्म भूमि के अपमान का बदला लेगी : सिंघल

कोटा, 18 मार्च (वार्ता): विश्व हिन्दू परिषद के महामंत्री अशोक सिंघल ने कहा है कि देश की जनता आने वाले चुनावों में राम जन्म भूमि के 'अपमान' का बदला अवश्य लेगी । श्री सिंघल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राम जन्म भूमि वोट का मुद्दा नहीं बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का सवाल है । उन्होंने कहा कि राम इस देश की संस्कृति के प्रतीक हैं । उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में हिन्दू संगठन की भूमिका पर शीघ्र विचार किया जाएगा ।

शांति रैलियों का अभियान गांव स्तर तक चलाने का निर्णय

चंडीगढ़, 18 मार्च (प.स.): राष्ट्रीय एकता परिषद की उपसमिति ने शांति रैलियों का अभियान ब्लाक तथा गांव स्तर पर भी चलाने का निर्णय किया है । यह निर्णय आज परिषद की पंजाब के मुख्य सचिव तेजेन्द्र खन्ना की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया ।

दल है जो राजनीतिक स्थिरता तथा महिलाओं, युवकों और दलितों के कल्याण की गारंटी दे सकता है । उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रण में रखना भी केवल उन्ही की पार्टी के बस की बात है और यही पार्टी विदेशों में भारत का नाम ऊंचा रख सकती है । अपने बीस मिनट के भाषण में कांग्रेस (इ) नेता ने किसी भी विपक्षी पार्टी या नेता का नाम नहीं लिया ।

श्री राजीव गांधी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पिछले 15 महीनों में समूचे उत्तरी भारत और दक्षिण के कुछ हिस्सों में एक तरह से आग सी लगी थी । पिछले एक वर्ष के दौरान देश में साम्प्रदायिक दंगों और विभिन्न जातियों के बीच हिंसक झड़पों में पांच हजार से छः हजार लोगों की जानें गईं । उन्होंने कहा कि दो गैर कांग्रेस (इ) सरकारों के 15 महीने के 'कुशासन' से देश का आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक तानाबाना छिन्न-भिन्न हो गया । उन्होंने कहा कि यद्यपि कांग्रेस (इ) 1989 के आम चुनावों में अकेली सब से बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी, किन्तु हम ने सत्ता में आने की बजाय जानबूझकर एक बार गैर कांग्रेसी सरकार के कामकाज को देखना चाहा ।

कांग्रेस (इ) अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 15 महीनों के दौरान कुछ पार्टियों ने अपने वोट बैंक मजबूत करने के लिए देश में जाति और धर्म के नाम पर फूट पैदा की । श्री गांधी ने जनता को विश्वास दिलाया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो कीमतों पर नियंत्रण लगाया जाएगा तथा देश को फिर खुशहाली के रास्ते पर लाया जाएगा । सभा को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी, कांग्रेस (इ) महासचिव एच.के.एल. भगत और बलराम जाखड़ ने भी सम्बोधित किया ।

वामपंथी दल नक्सलवादियों से गठजोड़ करेंगे : 10वीं लोकसभा में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में चुनाव से पूर्व बनने वाली रणनीति के तहत वामपंथी दल नक्सलवादियों के संगठन 'इंडियन पीपुल्स फ्रंट' के साथ हाथ मिलाने जा रहे हैं । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने यह पहल की है । वामपंथी दलों के सूत्रों के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में वामपंथी दलों के खिलाफ फ्रंट के उम्मीदवार चुनाव मैदान में आ जाने से गैर-कम्युनिस्ट उम्मीदवार जीत गए थे । सूत्रों के अनुसार इस बात के प्रयास चल रहे हैं कि मार्क्सवादी समन्वय समिति को भी वामपंथी मोर्चे में शामिल कर लिया जाए । पिछले लोकसभा चुनाव में समिति के उम्मीदवार ए.के. राय धनबाद सीट जीते थे । ये कोशिशें इसलिए हो रही हैं ताकि जनता के बीच वाम दलों की एकता का व्यापक असर हो । सूत्रों के अनुसार 1989 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 33 उम्मीदवार चुने गए थे । भाकपा ने 12, आर.एस.पी. ने चार, इंडियन पीपुल्स फ्रंट और एम.सी.सी. ने एक-एक स्थान जीता था ।

चुनाव संहिता : लोकसभा के मध्यावधि चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए आदर्श चुनाव संहिता लागू करने के बारे में आयोग एक-दो दिन के अंदर फैसला करेगा । यह जानकारी आज यहां मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषण ने संवाददाताओं को दी ।

खर्च राशि की अधिकतम सीमा नहीं बढ़ेगी : आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की अधिकतम सीमा में वृद्धि किए जाने की कोई संभावना नहीं है । आधिकारिक सूत्रों ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार द्वारा खर्च की जाने वाली डेढ़ लाख रुपए की सीमा और विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार की पचास हजार रुपए की सीमा में वृद्धि नहीं की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा खर्चा बढ़ाने की सिफारिश अभी सरकार के पास विचाराधीन पड़ी हुई है और सूत्रों ने बताया कि काम चलाऊ सरकार द्वारा इस पर फैसला लेने की कोई संभावना नहीं है । सूत्रों ने बताया कि खर्चे की अधिकतम सीमा प्रत्येक राज्य में अलग-अलग है और सिर्फ बड़े राज्यों में ही डेढ़ लाख रुपए और पचास हजार रुपए की अधिकतम सीमा है । सूत्रों ने कहा कि इस खर्चे में वह खर्चा शामिल नहीं है जो उम्मीदवार के मित्र, रिश्तेदार और राजनीतिक दल व्यय करते हैं ।

मतदाता सूचियां : चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूचियां 25 मार्च को प्रकाशित करने की घोषणा की है । केरल की मतदाता सूचियां 9 अप्रैल को प्रकाशित होंगी ।

भाजपा को चेतावनी : जनता दल (एस.) ने भारतीय जनता पार्टी को आगाह किया है कि वह राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को आगामी लोकसभा चुनाव में मुद्दा न बनाए क्योंकि ऐसा किए जाने पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा होगा और हिंसा फैलेगी ।

जनता दल (एस.) के प्रवक्ता श्री सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 'धर्म को राजनीति के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की पक्षधर है लेकिन यह निर्माण मस्जिद को गिरा कर नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि मंदिर-मस्जिद विवाद को सद्भाव से सुलझाया जाना चाहिए ।

बैंक का हिन्दी प्रतिनिधि सम्मेलन

अमृतसर, 18 मार्च (सोनी): केनरा बैंक अमृतसर मंडल कार्यालय द्वारा गत दिवस अपनी शाखाओं में हिन्दी प्रतिनिधियों का सम्मेलन किया गया, जिसका उद्घाटन श्रीमती आशा रानी सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति तथा निदेशक राजभाषा द्वारा किया गया । सम्मेलन की अध्यक्षता श्री डी.ए. सोमनाथ भट्ट मंडल प्रबन्धक ने की । केनरा बैंक अंचल कार्यालय चंडीगढ़ के राजभाषा अधिकारी श्री एस.सी. गौड़ ने उत्तर भारत में हिन्दी के प्रसार में बैंक की भूमिका पर प्रकाश डाला ।

बच : विमान दुर्घटनाग्रस्त

कलकत्ता, 18 मार्च (प.स.): मुख्यमंत्री ज्योति बसु सहित कई विशिष्ट व्यक्तियों को लेकर कलकत्ता से दिल्ली जा रही इंडियन एयर लाइन्स की एक एयर बस आज शाम दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बच गई । विमान को उड़ान भरने के 45 मिनट के अंदर ही आपात्स्थिति में कलकत्ता हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा । विमान के उड़ान भरने के बाद ही चालक को विमान में आग लगने और बाएं इंजन में विस्फोट की सूचना मिली । चालक ने तुरन्त एक इंजन की सहायता से विमान को आपात्स्थिति में उतार लिया । विमान में श्री बसु के अलावा प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत पांजा और असम के पूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत भी थे ।

आम के आम गुठलियों के दाम

अमृतसर, 18 मार्च (सोनी): सिविल सर्जन कार्यालय के अनुसार आज स्थानीय शक्ति नगर में जिला रैडक्रास सोसाइटी के सहयोग से एक विशाल परिवार कल्याण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें परिवार कल्याण के 62 केसों में आपरेशन किया गया । हर केस को निर्धारित नकद राशि के अतिरिक्त एक-एक किलो देसी घी के डिब्बे भी दिए गए ।

'कमल' चिन्ह पर 26 को होने वाली सुनवाई स्थगित

नई दिल्ली, 18 मार्च (प.स.): चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह का यह अनुरोध स्वीकार कर लिया है कि 'कमल' चुनाव चिन्ह पर 26 मार्च को शुरू होने वाली सुनवाई स्थगित कर दी जाए । मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने आज यह जानकारी दी । श्री अर्जुन सिंह और तीन अन्य दलों ने कमल का चिन्ह जब्त कर लेने की प्रार्थना करते हुए आरोप लगाया था कि पिछले साल श्री लाल कृष्ण अडवानी की रथयात्रा के दौरान इस चिन्ह का दुरुपयोग हुआ है । श्री शेषन ने कहा कि भाजपा के चुनाव चिन्ह के बारे में सभी याचिकाओं की सुनवाई भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी जाएगी ।

हिमाचल के लिए इंका की चुनाव समिति गठित

नई दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता): कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज हिमाचल प्रदेश के लिए चुनाव समिति का गठन किया, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—सर्वश्री एन.सी. पराशर, वीरभद्र सिंह, सुखराम, सत महाजन, हरदयाल, संत राम, विजेन्द्र सिंह, आनन्द शर्मा, पीरू राम, देवराज नेगी, रंगीला राम राव, गंगू राम, ठाकुर सिंह, के.डी. सुलतानपुरी, धर्म सिंह एवं श्रीमती विद्या स्टोक्स । समिति में प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश महिला कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. सेवादल के प्रमुख एवं श्रीमती उषा मल्होत्रा विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेंगी ।



नार्थन इंडिया चैम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष लुधियाना के श्री जगजीत सिंह शाद, जो पंजाब राज्य बिक्री-कर सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किए गए ।



श्री राजेन्द्र सिंह, जिन्हें बार कौंसिल आफ इंडिया का सदस्य चुना गया ।

राष्ट्रीय मोर्चा, वामपंथी दल
(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रोत्साहन देकर श्री चंद्र शेखर की सरकार बनाने वालों और उत्तर प्रदेश में श्री मुलायम सिंह यादव की सरकार को समर्थन देने वालों को स्थायी सरकार देने का वायदा करने का कोई हक नहीं है । उन्होंने कहा कि जिस तरह से हाल में राज्य सरकारों को गिराया गया है उससे कांग्रेस (इ) का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है । जनता दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने कहा कि 1989 के आम चुनाव में जनता ने कांग्रेस (इ) के खिलाफ अपना मत दिया था । उन्होंने कहा कि मोर्चा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, जिसके कारण उसे भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी दलों के सहयोग से केंद्र में सरकार बनानी पड़ी । उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने वायदा किया था कि राष्ट्रीय मोर्चा अपने चुनाव घोषणा पत्र को लागू करे । भाजपा नेताओं ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का समर्थन भी किया था लेकिन आयोग की रिपोर्ट के समर्थन में देश में उठी लहर से घबरा कर बीच में ही उन्होंने विश्वासघात किया ।

तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने कहा कि उनकी सरकार को राष्ट्र विरोधी और देश हित के लिए खतरनाक बता कर बर्खास्त कर दिया गया ।

उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें पांच वर्षों के लिए चुना था किन्तु श्री चंद्र शेखर की अल्पमत सरकार ने कांग्रेस (इ) के दबाव में आकर उन्हें बर्खास्त किया ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा और वामपंथी दलों की सम्मिलित सरकार ही स्थायी और स्वच्छ प्रशासन दे सकती है ।

सभा को सम्बोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कहा कि इस चुनाव में पूरे देश की नजर बिहार पर लगी है और बिहार उसका माकूल जवाब देगा ।

सभा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिब

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

इंगलिश, TOEFL, जर्मन, फ्रैंच रशियन, स्पेनिश, स्वीडिश, नार्वेजियन, डेनिश व इटालियन भाषाएं सीखें । रिहायश, खाना उपलब्ध । मिलें

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 18.3.91 56/- without trays. NECC suggested retail price 7.50 per dozen.

Punjabi Sanjaal



करतारपुर में मिलिटेंटों के हाथों मारी गई (1) वकील अरुण मुल्हन (2) गांव अखिखेल थाना करतारपुर के अधीन मिलिटेंटों की गोली से मारा गया ग्रंथी किशन सिंह (3) मृतक काबुल सिंह तथा (4) मृतक गुरमेज सिंह । (छाया : शिव जैमिनी)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी और एक स्कूटर नम्बर पी.जे.आई. 8082 छीन कर फरार हो गए । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 10 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अपहरण : मलोट से जलन्धरी के अनुसार 5 मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 10 कि.मी. दूर गट्टाडोब गांव में नछत्तर सिंह के पुत्र प्रीतपाल सिंह उर्फ बिट्टू का अपहरण कर लिया ।

कर्मचारी मारा गया : (जैन, सिंगला): आज रात्रि लगभग 8 बजे यहां से 2 किलो मीटर दर कहेरू के निकट कुछ ट्रक सवार मिलिटैंटों ने ए.के. 47 से असाल्ट राइफल से फायरिंग करके शराब के ठेके के एक कर्मचारी चंद सिंह की हत्या कर दी । यहां के एक शराब के ठेकेदार के 7 कर्मचारी एक कार द्वारा हथन से धूरी को जा रहे थे कि उक्त वारदात हो गई । शेष कर्मचारी बाल-बाल बच गए । चंद सिंह गांव फरवाही का रहने वाला था । उल्लेखनीय है कि कल संगरूर में जिले के ठेकों जाता है कि इन लुटेरों ने क्षेत्र के कई प्रमुख डाक्टरों, व्यापारियों से भी फिरौती की मांग की थी । ये लुटेरे बब्बर खालसा इंटरनैशनल के नाम पर लूट मचाते थे और जाली लैटरपैड पर धमकी पत्र लिखते थे । क्षेत्र के लगभग 12 लूटपाट सम्बन्धी मामले इनकी गिरफ्तारी से सुलझ गए हैं । अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस प्रयत्न कर रही है । इन लुटेरों से सनसनीखेज पर्दाफाश होने की सम्भावना है । मारुति कार भटिंडा के निकट से छीनी गई थी । पुलिस पड़ताल कर रही है ।

500 ईराकी युद्धबंदी

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए ।

16000 लोगों को मारने का आरोप : तेहरान रेडियो ने आरोप लगाया है कि ईराक में शियाओं के मुकद्दस (पवित्र) शहरों नजफ और करबला में गत दो हफ्तों के दौरान 16000 लोग मारे गए हैं । रेडियो ने आरोप लगाया कि शिया नागरिकों और उनके पवित्र नगरों में विद्रोह को दबाने के लिए 'कत्लेआम' करके ईराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने 'अक्षम्य अपराध' किया है । रेडियो ने यह भी आरोप लगाया कि दक्षिण शहर नसीरिया और कुछ अन्य ईराकी शहरों पर भी सरकारी सैनिकों की बमबारी से अनेक लोग मारे गए हैं ।

इंका प्रमुख फिल्म स्टारों को पार्टी में लाने के लिए प्रयत्नरत

नई दिल्ली, 18 मार्च (मनमोहन शर्मा): कांग्रेस ने आने वाले चुनाव को सामने रखते हुए अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं एवं फिल्मी स्टारों को कांग्रेस में लाने का प्रयास शुरू कर दिया है । यह कदम कांग्रेस अपने कार्यकर्त्ताओं के मनोबल को ऊंचा उठाने के लिए कर रही है ।

कांग्रेसी सूत्रों के अनुसार कुछ प्रमुख फिल्म स्टारों, जिनमें धर्मेंद्र, हेमामालिनी, मनोज कुमार, राजेश खन्ना आदि शामिल हैं, को भी कांग्रेस में लाने का प्रयास हो रहा है । इनमें से कुछ को कांग्रेस चुनाव दंगल में भी उतार सकती है ।

इनके अतिरिक्त कुछ प्रमुख मुस्लिम नेताओं को भी कांग्रेस में शामिल करने का प्रयास चल रहा है । इनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सैयद मीर कासिम भी शामिल हैं ।

खोपरा का नया समर्थन मूल्य घोषित

नई दिल्ली, 18 मार्च (वार्ता) : सरकार ने इस वर्ष आगामी मौसम के लिए साफ और औसत किस्म के खोपरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1700 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार गत वर्ष की तुलना में यह समर्थन मूल्य 100 रुपए अधिक है । सरकार ने पहली बार कच्चे खोपरा का समर्थन मूल्य भी तय करते हुए इसे 1850 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है ।

उड़ीसा में 100 न्यायिक अधिकारियों द्वारा इस्तीफे

कटक, 18 मार्च (वार्ता): उड़ीसा में विधिसेवा के

Punjab Sanatan

(4) मृतक गुरमेज सिंह । (छाया : शिव जैमिनी)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी और एक स्कूटर नम्बर पी.जे. आई. 8082 छीन कर फरार हो गए । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 10 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

अपहरण : मलोट से जलन्धरी के अनुसार 5 मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 10 कि.मी. दर गहाडोब गांव में नछत्तर सिंह के पुत्र प्रीतपाल सिंह उर्फ बिट्टू का अपहरण कर लिया ।

कर्मचारी मारा गया : (जैन, सिंगला) आज रात्रि लगभग 8 बजे यहां से 2 किलो मीटर दर कहेरू के निकट कुछ ट्रक सवार मिलिटैंटों ने ए.के. 47 से असाल्ट राइफल से फायरिंग करके शराब के ठेके के एक कर्मचारी चंद सिंह की हत्या कर दी । यहां के एक शराब के ठेकेदार के 7 कर्मचारी एक कार द्वारा हथन से धुरी को जा रहे थे कि उक्त वारदात हो गई । शेष कर्मचारी बाल-बाल बच गए । चंद सिंह गांव फरवाही का रहने वाला था । उल्लेखनीय है कि कल संगरूर में जिले के ठेकों की नीलामी हो रही है ।

शरण देने के आरोप में हैड कांस्टेबल गिरफ्तार : रोपड़ से राकेश के. अनुसार रोपड़ पुलिस ने हैड कांस्टेबल मोहन सिंह को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है तथा उसके विरुद्ध टाडा के अन्तर्गत केस दर्ज किया गया है । उसे सेवा से निलम्बित कर दिया गया है ।

गुट संघर्ष में दो मरे : रोपड़ जिले के संगड़ गांव में मिलिटैंटों के दो गिरोहों के बीच हुई मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों के नाम जसविंदर सिंह तथा कमलजीत सिंह बताए गए हैं ।

अंधाधुंध फायरिंग : रोपड़ जिले के गांव सिद्धपुर में कल रात मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके गुलज़ार सिंह तथा दविन्दर सिंह नामक 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

एक मिलिटैंट मारा गया : बटाला पुलिस जिले के गांव पट्टीवाल में कल रात सुरक्षा बलों के हाथों एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से 1 ए.के. 47 राइफल, एक हथगोला तथा कारतूस मिले हैं ।

पेड़ से लटका शव मिला : बटाला पुलिस जिले के पंडर गांव में आज सुबह पेड़ से लटका हुआ एक शव मिला ।

4 प्रमुख लुटेरे गिरफ्तार : नाभा (सुशील) : गत दिवस स्थानीय पुलिस ने डी.एस.पी. श्री अनन्त राम शर्मा के नेतृत्व में प्रमुख लुटेरों के गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि पुलिस अधिकारी क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ रही वारदातों से कई दिनों से चिंतित थे । दो लुटेरे मैहस गांव के बताए जाते हैं । पुलिस ने इन लुटेरों से एक मारुति कार, 2 स्कूटर, फिल्मी कैमरे, वी.सी.आर. व जेवरात-नकदी समेत भारी मात्रा में सामान भी बरामद किया है । ये लुटेरे नगर के लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर बच्चों का अपहरण करने, बाद में हत्या करने की धमकी देकर फिरौतियां मांगते थे । गत दिनों इन्होंने यहां की एक फर्म को पत्र लिख कर पहले हथियारों की मांग की, फिर 2 लाख रुपए की मांग की । पत्र में परिवार के सदस्यों को हत्या की धमकी भी दी गई थी । बताया

Punjabi Sahit

इस बीच आगामी लोकसभा चुनाव में सीटों के

की सम्भावना को ध्यान में रख कर तमिलनाडु के दौरे

पंजाब में 9 मिलिटैंट मारे गए, महिला सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 19 मार्च (वार्ता, प.स.) : पंजाब में कल रात से 9 मिलिटैंट मारे गए जबकि इसी अवधि में मिलिटैंटों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

5 मिलिटैंट मारे गए : गुरदासपुर (विनोद, महेन्द्र): गत रात पुलिस जिला गुरदासपुर में दो विभिन्न मुठभेड़ों में तीन भिडरांवाला टाइगर फोर्स के तथा दो अन्य मिलिटैंट मारे गए । एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि रात दस बजे पंजाब पुलिस व सीमा सुरक्षा बल का संयुक्त गश्ती दल सरकोदा गांव के निकट से जा रहा था कि मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने तुरन्त घेराबंदी करके जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन मिलिटैंट मारे गए जिनकी पहचान जगबीर सिंह उर्फ़ जस्सा, हरदेव सिंह और सतनाम सिंह के रूप में हुई है । घटनास्थल पर एक स्टेनगन, एक 7.62 बोल्ड एक्शन राइफल, 4 हथगोले तथा काफी कारतूस बरामद हुए । मारे गए मिलिटैंट पुलिस जिला बटाला में सीमा सुरक्षा बल की गाड़ियों को बमों से उड़ाने व 20 हत्याओं में संलिप्त थे तथा इनका सम्बन्ध भिडरांवाला टाइगर फोर्स से था ।

एक अन्य घटना में पठानकोट पुलिस लूटमार करने वाले कंवलजीत सिंह उर्फ़ बावा जो मिलिटैंटों से सम्बन्धित था, को माल की बरामदगी के लिए ले जा रही थी कि गांव लमीरी के पास खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने फायरिंग करके कंवलजीत सिंह को छुड़वा लिया, मगर अंधाधुंध गोलीबारी में कंवलजीत सिंह तथा एक अन्य मिलिटैंट मारा गया, जिसकी पहचान नहीं हो सकी ।

मिलिटैंट का शव मिला : मजीठा-बटाला पुलिस जिला की सीमा पर निक्की सराय गांव के निकट बलजीत सिंह नामक एक मिलिटैंट की उसके विरोधियों ने हत्या कर दी । उसका शव आज सुबह बरामद किया गया ।

पेड़ से लटका महिला का शव मिला : पुलिस ने बताया कि संदिग्ध मिलिटैंटों ने कल रात बटाला पुलिस जिले के शिकाला गांव से इन्द्रजीत कौर उर्फ़ नूरी का अपहरण कर लिया और आज सुबह एक पेड़ से लटका उसका शव मिला ।

एक की हत्या : बटाला पुलिस जिले के गांव बल्लेवाल में मिलिटैंटों ने कल रात बलजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

अपहरण : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला के क्षेत्र उमरपुरा से आज लगभग 6 बजे मिलिटैंट एक युवक पप्पी महाजन का अपहरण करके ले गए । अपहृत युवक स्थानीय ठठियारी गेट का निवासी है और उमरपुरा में दूध की डेरी का काम करता है । इसका अपहरण उस समय किया गया, जब वह दुकान पर जा रहा था ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के बिशोवाल गांव में कल रात हरभजन सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट का शव मिला : पुलिस ने बताया कि आज सुबह तरनतारन पुलिस जिले के पत्था खोजा गांव में एक संदिग्ध मिलिटैंट का शव मिला है ।

एक मिलिटैंट मारा गया : तरनतारन जिले के भरोकने गांव के निकट एक मिलिटैंट आज तड़के पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया । उसके पास से एक 303 राइफल तथा दस कारतूस बरामद हुए ।

मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार : पुलिस ने बर्खास्त दो सुरक्षा कर्मियों को आज सुबह अमृतसर शहर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम राजिन्द्र सिंह तथा प्रेमजोत सिंह बताए गए हैं । उनके पास से एक चोरी की मोटर साइकिल और एक रिवाल्वर मिली है ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस ने एक लुटेरे बर्खास्त पुलिस-कर्मी को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरा भाग निकला । दोनों लूटपाट की घटनाओं में संलिप्त थे । उन्होंने कल मजीठा रोड पर गोपाल नगर से पिस्तौल की नोक पर एक मोटर साइकल छीना था और आज सुबह जब ये दोनों उसी मोटर साइकल पर बैठकर पवन नगर से गुज़र रहे थे तो पुलिस की मोबाइल वैन, जो उस समय वहां से गुज़र रही थी, ने उन्हें रुकने का संकेत किया लेकिन उन्होंने पुलिस वैन पार्टी पर फायरिंग की और निकल भागने का प्रयास किया । वैन पार्टी ने इन्हें घेरे में लेकर काबू करना चाहा, लेकिन राजिन्दर सिंह भाग निकलने में सफल हो गया ।

सीमावर्ती गांवों में रात्रि-कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : अमृतसर : पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे लगभग डेढ़ सौ गांवों में शाम से सुबह तक के कर्फ्यू की अवधि दो महीने और बढ़ा दी गई है । जिला मैजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार इन गांवों में 15 मई तक शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Digital Sangam

मल्होत्रा

(पृष्ठ 3 का शेष)

को प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर ने
व वह प्रधानमंत्री से बातचीत कर
र इसी सम्बन्ध में दिल्ली जाकर
लेंगे ।

है कि आज की बैठक में पहली बार
धान श्री बेअन्त सिंह ने भी भाग
क में 28 अप्रैल को प्रस्तावित नगर
का मामला भी विचाराधीन रहा ।
गया कि तीन निगमों के चुनाव भी
लिए तैयार की गई मतदाता सूचियां
ुराए जाएं ।

बैठक के दौरान जद (एस) के
यह कह कर वाकआऊट किया कि
(रिटा.) मल्होत्रा ने मोहाली के
म्बित करने बारे किया वायदा पूरा
। इनका कहना था कि कुछ समय
के इस पुलिस अधिकारी ने युवा जद
श्री एच.एस. छीना का अपमान

र्व सांसद श्री कमल चौधरी ने जब
ना शुरू किया तो जद के साथी रूप
टोक कर कहा कि आप कृपया पंजाबी
ी हंसपाल ने बैठक में जूनियर
मामला उठाया और राज्यपाल से
बातावरण को सुखद बनाने के लिए
इंजीनियरों ने हड़ताल समाप्त की है
को भी उनकी उचित मांगें मान लेनी
जन 173 जूनियर इंजीनियरों को
ानिवृत्ति दी गई है उनको बहाल कर

न ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया
आश्वासन दिया है कि प्रताड़ना नीति
और जे.ई. की मांगों बारे शीघ्र ही
र्णय लिया जाएगा ।

ी में विधानसभा के
ाव कराए जाएंगे

19 मार्च (प.स.): पांडिचेरी के
. हरस्वरूप सिंह ने आज बताया कि
भा चुनावों के साथ उन्होंने यहां की
चुनाव कराने की अधिसूचना जारी
चुनाव आयोग को पत्र लिखा है ।
नों राष्ट्रपति शासन के अधीन है ।

न्यायालय से

ल की परिणाम सूची
ं पेश करने के आदेश

9 मार्च (गुप्ता): जस्टिस एम.आर.
स्टिस एन.के. सोढी पर आधारित
की एक खंडपीठ ने कर्नल आर.ए.
र की गई एक याचिका के प्रत्युत्तर में
आदेश दिया है कि सुनवाई की
त तिथि के दौरान वह अदालत को
0 के चयन मंडल की परिणाम सूची
न कंवर ने अपनी याचिका में उन्हें
द पर पदोन्नत न किए जाने की भारत
खिलाई को चुनौती दी है ।

दायरकर्त्ता ने कहा कि फरवरी
त पदोन्नति मंडल ने उनका चयन
था सेनाध्यक्ष भी उनके चयन के लिए
थे । इस केस की आगामी सुनवाई
होगी ।

(स) को पूर्ण बहुमत न
लोकतांत्रिक दलों से
र विचार होगा : देवी लाल

19 मार्च (वार्ता) : उप-प्रधानमंत्री
(समाजवादी) के अध्यक्ष देवी लाल ने
आगामी आम चुनावों में उनके दल
प्राप्त नहीं होता है तो लोकतांत्रिक
न करने पर विचार किया जाएगा ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर्फ्यू लगा रहेगा । यह कदम हथियारों और विस्फोटक पदार्थों की तस्करी तथा पाकिस्तान से घुसपैठियों की रोकथाम के लिए उठाया गया है । जिला मैजिस्ट्रेट ने अमृतसर जिले में दस मई तक सतलुज और ब्यास नदियों में निजी नौकाओं के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है । सरकारी नौकाएं काम पर रहेंगी । रात दस बजे के बाद सड़कों पर बारात निकालने पर पाबंदी लगा दी गई है । जिला मैजिस्ट्रेट ने नगर के होटलों और रेस्तराओं को रात 11 बजे तक तथा अन्य दुकानों को शाम सात बजे तक खोलने की आज्ञा दी है । जिले के शेष भागों में यह दुकानें शाम 6 बजे तक खुल सकेंगी । हलवाइयों की दुकानें, ढाबे, बेकरी तथा जलपान इत्यादि की दुकानें रात्रि दस बजे तक खुल सकेंगी । शराब के ठेके, सिनेमा तथा वीडियो पार्लर रात नौ बजे तक तथा नाइयों और वीडियो कैसेटों की दुकानें रात आठ बजे तक खुली रह सकेंगी ।

सिनेमा में बम फटा : चौकीदार मारा गया लुधियाना (महिन्द्रा): कल रात सवा दस बजे के पश्चात् दीपक सिनेमा में एक ज़बरदस्त बम फट गया, जिससे सिनेमा के चौकीदार गुलज़ारी लाल की मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बम उस समय फटा, जब सिनेमा का आखिरी शो समाप्त हो चुका था और सिनेमा देखने वाले 150 व्यक्ति सिनेमा हाल से बाहर जा चुके थे । चौकीदार ने जब सिनेमा हाल की पांचवीं कतार की दूसरी कुर्सी के नीचे पड़ा एक थैला उठाया तो इस थैले में रखा बम फट गया । चौकीदार सख्त ज़ख्मी हुआ । उसे अस्पताल में दाखिल किया गया, जहां दो घंटे के पश्चात उसकी मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. ने बताया कि बम फटने से आधी दर्जन कुर्सियां भी उड़ गईं ।

एस.एस.पी. ने बताया कि सम्भवत: यह टाइम बम यदि सिनेमा शो के समय फट जाता तो बहुत हानि हो सकती थी । सिनेमा हाल में जहां बम फटा, वहां 6 इंच का गड्ढा भी पड़ गया । अनिल शर्मा ने सिनेमा वालों से अपील की है कि वे किसी भी उस व्यक्ति को सिनेमा हाल में दाखिल न होने दें, जिसके पास कोई थैला आदि हो ।

पूर्व सरपंच का शव मिला : पूर्व सरपंच बलवन्त सिंह का शव कल फरीदकोट जिले में गांव किल्ली अटियां से बरामद किया गया ।

एक मिलिटैंट मारा गया : सुरक्षा बलों ने होशियारपुर जिले के कलेरां गांव में एक मिलिटैंट को मार गिराया । उसका एक अन्य साथी भाग निकलने में सफल हो गया । घटनास्थल से प्वाइंट 308 की दो पिस्तौलें और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

पांच मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने लूट और फिरौती मांगने के कई मामलों में शामिल पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम करमजीत सिंह, सुखदेव सिंह, जगदीप सिंह, परमजीत सिंह तथा इंदर सिंह बताए गए हैं ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट जिले में से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया । उनके नाम जगदेव सिंह उर्फ राजू तथा अजीत सिंह उर्फ जग्गा बताए गए हैं । उनके पास से एक रिवाल्वर तथा एक राइफल मिली है ।

महिला के घर से राइफल छीन ली : पटियाला (भुषण): दो अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने आज दोपहर थाना भूलेपुर के गांव गुनिया माजा में कुलवन्त कौर के घर में जबरी दाखिल होकर पिस्तौल की नोक पर एक राइफल तथा दस कारतूस छीन लिए तथा फरार हो गए ।

सुरक्षा कर्मियों से हथियार छीन लिए : संगरूर से गर्ग के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात यहां एक शराब के ठेके पर ड्यूटी देकर स्कटर पर वापस जा रहे दो सुरक्षा कर्मियों एक हैड-कांस्टेबल सुखदेव सिंह तथा एक होमगार्ड जवान अमरीक सिंह को रास्ते में रोक कर उनसे एक राइफल तथा 50 कारतूस, एक एस.एल.आर., इसके 80 कारतूस, उनका स्कूटर नं. पी.सी.एल. 3440 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

शव मिला : बटाला पुलिस जिले के गांव बत्तोवाल के निकट से मंजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है ।

दो दुकानों को आग लगा दी : अमृतसर से मनोहर के अनुसार गत रात्रि अज्ञात व्यक्तियों ने छहटा चौक के पास आजाद नगर में पंडित माया राम की दो दुकानों को आग लगा दी । आग की घटना के पीछे मिलिटैंटों का हाथ बताया जाता है ।

एस.एस.पी. कार्यालय की चारदीवारी के साथ बम मिला : जालन्धर : आज शाम लगभग 5 बजे यहां एक बड़ी त्रासदी उस समय टल गई, जब पुलिस कर्मियों ने एस.एस.पी. कार्यालय की चारदीवारी के बाहर पड़ा बम ढूंढ निकाला । अतिरिक्त एस.पी. राजवंत सिंह के अनुसार यह एक देसी टाइम बम था, जिसमें कि विस्फोटक, नट-बोल्ट, सैल तथा घड़ी प्रयुक्त की गई थी । यह 50 मीटर की दूरी तक हानि कर सकता था । 'न.न.ए.' के अनुसार बाद में बम को नकारा कर दिया गया । बम एक डिब्बे में फिट किया गया था । बम चलने का समय 6 बजे था ।

राजवंत सिंह ने बताया कि बम को सबसे पहले डी.एस.पी. (आर.) बलकार सिंह ने देखा तथा एस.पी. (सिटी) के रीडर अरविन्दर कुमार ने उसे नकारा किया । एस.एल.आर. द्वारा बम पर कुछ राऊंड फायर किए गए । जिस डिब्बे में बम रखा गया था, उसमें कुछ डैटोनेटर्स भी थे । यहां उल्लेखनीय है कि 18 मई, 1987 को भी एस.एस.पी. कार्यालय के बाहर एक स्कूटर में रखा हुआ बम मिला था ।

दो गिरफ्तार : जालन्धर से 'प.स.' के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज शाम करतारपुर-मेहमदपुर सड़क पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जंग बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी एक मैगज़ीन और 24 कारतूस मिले । पुलिस ने लाडोवाली रोड से एक व्यक्ति अरविन्दर सिंह को गिरफ्तार किया । उस पर मिलिटैंटों को शरण देने का आरोप है ।

स्वर्ण मंदिर परिक्रमा से शव मिला : अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की परिक्रमा से आज रात एक व्यक्ति जो कि सम्भवत: श्रद्धालु था, का शव बरामद किया गया ।

सुरजीत

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह संधू इत्यादि ने भी संबोधित किया, में श्री हरकिशन सिंह सुरजीत ने भाजपा पर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने धर्म के नाम पर देश में साम्प्रदायिकता के बीज बोने का घृणित प्रयास किया लेकिन अब धीरे-धीरे भाजपा का पारा भी उतरना शुरू हो गया है व लोग इसकी साम्प्रदायिक चालों से सजग होने लग गए हैं । जनता दल (स) के संबंध में भविष्यवाणी करते हुए श्री सुरजीत ने दावा किया कि इस दल का जल्दी ही भोग पड़ जाएगा । उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनने के उपरांत मार्क्सवादी दल पूर्ववत: सरकार पर पहरा देने को ही 'सरकार में शामिल' होने पर अधिमान देगा, ताकि देश के हितों की रक्षा हेतु सजग रहा जा सके ।

पंजाब में चुनाव करवाने से पहले शांति स्थापना की मांग करते हुए श्री सुरजीत ने कहा कि पंजाब में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने व चुनाव करवाने के हम भी पक्ष में हैं, परन्तु चुनावों से पहले चुनावों के उपयुक्त निर्भय व स्वतंत्र वातावरण बनाना अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि मैंने उस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व पंजाब के राज्यपाल को सतर्क कर दिया है । उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंजाब को विश्व की कोई शक्ति विघटित नहीं कर सकती व हमारा दल प्रत्येक कीमत पर देश की एकता, अखंडता व परस्पर भाईचारा संगठित रखने हेतु कार्यरत रहेगा । हमारा दल इसके लिए दो सौ से भी अधिक कार्यकर्त्ताओं का बलिदान भी दे चुका है । उन्होंने कहा कि पंजाब से बाहरी राज्यों के सिख भी पंजाब के संबंध व परिस्थितियों पर भारी चिन्ता में हैं । उन्होंने चुनावों के विषय पर पुन: आते हुए दावा किया कि भविष्य हमारा है व लोग स्वार्थी, साम्प्रदायिक व छोटे-छोटे दलों से ऊब चुके हैं । उन्होंने आशंका प्रकट की कि यदि इन हालातों में पंजाब में चुनाव करवाए गए तो भारी रक्तपात होगा व हिंसक वातावरण ही बनेगा ।

पंजाब किसान सभा के इस राज्य स्तरीय सम्मेलन ने लगभग बीस प्रस्ताव पारित कर पंजाब में पांच हार्स पावर तक की मोटर पर बिजली का बिल माफ करने, बिजली दरों में वृद्धि वापस लेने, बिजली बोर्ड में बढ़ रहे भ्रष्टाचार की जांच करवाने, खेत मजदूरों को घरेलू कनैक्शन व बिजली सप्लाई नि:शुल्क देने, थीन डैम का अविलम्ब निर्माण करने, राज्य में नदियों पर पक्के बांध बनाने, गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 265 रुपए प्रति क्विंटल निश्चित करने, लोगों को आटा तीन रुपए प्रति किलो उपलब्ध कराने, राज्य में कथित पुलिस ज्यादतियां



लुधियाना के दीपक सिनेमा में सोमवार की रात को 10.15 बजे के करीब हुए बम वि
एक व्यक्ति गुलज़ारी लाल की मौत हो गई । चित्र में बम विस्फोट के कारण क्षति-ग्र
सिनेमा घर की कुर्सियां तथा (इनसैट में) मृतक का चित्र । *(छाया : क*

गोर्बाच्योव को भारी समर्थन

मास्को, 19 मार्च (ए.पी.): सोवियत संघ के भविष्य को लेकर हुए जनमत संग्रह में राष्ट्रपति गोर्बाच्योव को भारी समर्थन मिलने की खबरें हैं । दूसरी ओर अलगाववादी प्रवृत्ति वाले गणतंत्रों में जनमत संग्रह में धांधली की बात उठाई गई है ।

राजनीतिक दलों के लिए आचार-संहिता

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनिए उन्हें, जो सरकार चला सकें : कांग्रेस (इ) महासमिति के प्रवक्ता श्री विट्ठल गाडगिल ने आज दिल्ली में कहा कि कांग्रेस (इ) का नारा है : "चुनिए उन्हें, जो सरकार चला सकें ।" भाजपा तथा जनता दल की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि जनता दल का तो विंध्याचल के दक्षिण में अस्तित्व ही नहीं, वह स्थायी सरकार नहीं दे सकता । भाजपा का दृष्टिकोण साम्प्रदायिक है ।

पंजाब में चुनाव का विरोध : कांग्रेस (इ) ने राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि पंजाब में अभी स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लायक माहौल नहीं है, इसीलिए वहां लोकसभा और विधानसभा के चुनाव नहीं कराए जाने चाहिएं । पार्टी के महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आज शाम दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि उनकी पार्टी ने राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से अनुरोध किया है कि वह सरकार को पंजाब में अभी चुनाव नहीं कराने की सलाह दें ।

दोनों पत्रों की कुछ सामान्य बातों का उल्लेख करते हुए श्री आज़ाद ने बताया कि कांग्रेस (इ) हमेशा से ही पंजाब में चुनाव के पक्ष में रही है । इसीलिए 1984 में वहां लोकसभा और विधानसभा दोनों के तथा 1989 में लोकसभा के चुनाव कराए गए ।

लेकिन श्री आज़ाद ने कहा, उसके बाद पंजाब की स्थिति बहुत बिगड़ गई है । यदि वर्तमान माहौल में वहां चुनाव कराए गए तो बहुत खून-खराबा हो सकता है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को भारी चोट पहुंचेगी । यही नहीं, देश की एकता और अखंडता को भी खतरा हो सकता है ।

उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री चंद्र शेखर द्वारा पंजाब में चुनाव कराए जाने के बारे में कोचीन हवाई अड्डे पर दिया गया वक्तव्य बहुत चिन्ता की बात है । पिछले दिनों गृह मंत्रालय की इस रिपोर्ट के आधार पर कि पंजाब में अभी निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव लायक स्थिति नहीं है, सरकार ने संसद से पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने वाला संविधान संशोधन विधेयक पारित कराया था ।

श्री चंद्र शेखर का चुनाव संबंधी प्रस्ताव न केवल सरकार द्वारा तब दिए गए वक्तव्य के विरुद्ध है बल्कि संसद के अनुमोदन का भी उल्लंघन है । दोनों सदनों में अधिकांश सदस्यों ने भी सरकार से राज्य में कानून एवं व्यवस्था को बहाल कर सामान्य स्थिति बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आग्रह

सोवियत संघ में संघीय ढांचा बरकरार प्रश्न पर रविवार को जनमत संग्रह करा था । पन्द्रह में से आठ गणतंत्रों में श्री गोर्बा पक्ष में 70 से 75 प्रतिशत मतदान बाल्टिक गणराज्यों में मतदान काफी कम 50 प्रतिशत हुआ, किन्तु संघीय ढांचे के प मतदान का प्रतिशत काफी अधिक रहा ।

इस बीच सोवियत संघ चार विवादास से दो गिकोटन और हबोभाई को जापान क करने पर विचार कर रहा है लेकिन इसके वह चाहता है कि जापान अन्य दो द्वीपों इटो कुनाशिरी पर से अपना दावा समाप्त क सोवियत विदेश मंत्रालय की तरफ से यह प्रस समय आया है, जब 16 से 19 अप्रैल राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव की टोक्यो पहले दोनों देशों के बीच सम्बन्ध सुध कोशिशें चल रही हैं ।

टिकट के इच्छुक कार्यकर्त्ता
कार्यालय से सम्पर्क क

जालन्धर, 19 मार्च : जनता दल महासचिव श्री सुभाष उप्पल के अनुस निगम के चुनाव में खड़े होने के इच्छुक क 21 मार्च तक पार्टी के स्थानीय कार्यालय 55841) से सम्पर्क स्थापित करें ।

तीन जवान मारे ग

इम्फाल, 19 मार्च (प.स.): बर्मा से सीमा पर स्थित उखरुल जिले में सेना के एक दो ग्रुपों के बीच झगड़े में चली गोली से तीन मारे गए ।

केरल में भी लोकसभा के
विधानसभा के चुनाव संभ

नई दिल्ली, 19 मार्च (आ.) : पश्चिम के बाद केरल में भी वामपंथी मोर्चा द्वारा लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विधान चुनाव कराने की संभावना है । इस संबंध में वामपंथी मोर्चा 21 मार्च को कोई औ निर्णय लेगा । विधानसभा चुनाव पश्चिम मार्च 1993 में तथा केरल में अगले वर्ष थे । कलकत्ता में राज्य मंत्रिमंडल ने विधा चुनाव कराने का अनुमोदन कर दिया है ।

बहुजन समाज पार्टी
बदनाम करने का ष

नई दिल्ली, 19 मार्च (वार्ता): बहुजन पार्टी के अध्यक्ष कांशी राम ने आज आरोप कि गांधी समाधि पर हुई तोड़फोड़ उनकी चुनाव के इन दिनों में बदनाम करने का जिसमें अखबारों और टैलीविजन ने भी निभाई है ।

पाक ने पुन: कश्मीर का

Punjab Sahapedia

रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला

खुली निविदा सूचना नं. 36/90-91

में प्रथम संशोधन

हुसैनपुर में रेल कोच फैक्टरी कम्पलैक्स में सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए फुटकर सिविल कार्यों के लिए निविदा सूचना नं. 36/90-91 के अनुसार, आमंत्रित खुली निविदाएं, जो 11.3.91 को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गवर्नर मल्होत्रा की हत्या करने की मिलिटैंटों की साजिश नाकाम, शक्तिशाली बम बरामद : 10 की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 20 मार्च (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों ने आज लुधियाना के निकट बम और बारूद से भरी एक मैटाडोर को पकड़ कर पंजाब के राज्यपाल श्री ओम प्रकाश मल्होत्रा की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए तथा 9 लोगों की हत्या हुई । अमृतसर जिला के एक गांव में आज तड़के बम फटने से एक युवती की मृत्यु हो गई ।

राज्यपाल की हत्या की साजिश नाकाम : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा): शेरपुर बाईपास पर एक मैटाडोर से लगभग बीस किलोग्राम बारूद और एक बम बरामद करके पंजाब के राज्यपाल श्री ओम प्रकाश मल्होत्रा की हत्या की साजिश को नाकाम बना दिया गया । श्री मल्होत्रा आज दोपहर लुधियाना में ग्रामीण खेलों का उद्घाटन करने के लिए इसी मार्ग से गजरने वाले थे । राज्यपाल के आगमन से कुछ ही घंटे पहले इक्कट बारूद और बम बरामद किया गया । यह बम और बारूद दूरवर्ती किसी स्थान से आ रही तार के साथ जुड़ा हुआ था । उक्त मैटाडोर (नम्बर पी.ए. एक्स 5665) एक कब्रिस्तान के पास खड़ी थी । यह वही क्षेत्र है जहां 2 फरवरी को रिमोट कंट्रोल के माध्यम से जबरदस्त बम धमाका किया गया था और उसमें पंजाब के पुलिस प्रमख श्री डी.एस. मांगट घायल हो गए थे । आज भी इसी ढंग से धमाका करने की साजिश रची गई थी ।

दो लोगों की अपहरण के बाद हत्या : लुधियाना जिला के सरबाहा गांव से मिलिटैंटों ने दो लोगों जोरा सिंह और जगतार सिंह का अपहरण कर लिया तथा बाद में गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी । दोनों मृतकों के शव लुधियाना जिला के समराला कस्बे से बरामद हुए ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के जंडियाली गांव में आज प्रातः मिलिटैंटों ने धन्ना सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

रुपए लूटे : लुधियाना की यंगपुरा कालोनी में स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा से कल दोपहर एक व्यापारी जीतेन्द्र अग्रवाल जब 11 हजार रुपए निकलवा कर ला रहा था तो दो मिलिटैंटों ने उससे रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग गए ।

मरने वाले हॉकर की शिनाख्त : लुधियाना के गुरुनानकपुरा क्षेत्र में 4 मार्च को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए एक अखबारी हॉकर की शिनाख्त कुलदीप कुमार सुपुत्र संसार सिंह के रूप में हुई ।

भट्ठे का मुंशी घायल : फिल्लौर : तरसेम के अनुसार आज सायं लगभग 4 बजे सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना फिल्लौर के गांव समराड़ी में ईंट के भट्ठे पर जाकर भट्ठे के मुंशी प्रेम चंद गुप्ता को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया प्रेम चंद को पहले फिल्लौर अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन बाद में उसे लुधियाना के सी.एम.सी अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया ।

4 लोगों की हत्या : फिरोजपुर जिला के तारेवाले गांव में मिलिटैंटों ने मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी सुरजीत कौर तथा दो बेटियों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । इस घटना में मेजर सिंह के एक सम्बन्धी कुलवन्त सिंह की भी मृत्यु हुई ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिला के तह गांव में मिलिटैंटों ने कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

बम धमाके में लड़की की मौत : अमृतसर जिला के महवा गांव में आज तड़के बम फटने से 18 वर्षीय लड़की भोली की मृत्यु हो गई । भोली गांव के सरपंच रेशम सिंह की बेटी थी । सरपंच का घर एस.पी.ओ. चौकी के निकट स्थित है । पुलिस जांच कर रही है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

punjabi.com

उन्होंने कहा कि वह हरियाणा विकास मंच का
स्तित्व बनाए रख कर अन्य राजनीतिक दलों से
ागामी चुनावों में सीटों के तालमेल के बारे में
चार-विमर्श करेंगे । कांग्रेस (इ) से निष्कासन के
ाद श्री बंसी लाल ने कहा कि अब उनके सामने सभी
कल्प खुले हैं, वह जनता दल या भारतीय जनता
ार्टी के साथ चुनावी तालमेल कर सकते हैं लेकिन
नता दल (स) से कोई बातचीत नहीं होगी ।

चौधरी बंसी लाल ने आज दावा किया कि उन्हें
ांग्रेस (इ) से निष्कासित कराने में उनके प्रतिद्वंद्वी श्री
जन लाल का हाथ है । श्री बंसी लाल कांग्रेस (इ)
अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे
। उन्होंने कहा कि श्री भजन लाल काफी समय से
न्हें इंका से निकलवाने का प्रयास कर रहे थे और
ततः वह इसमें सफल हो गए । पार्टी के अध्यक्ष
जीव गांधी तो भजन लाल की मर्जी के बिना कुछ
ही कर सकते । उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी
मझ से कोई भी पार्टी विरोधी काम नहीं किया ।

ालन्धर में स्कूटर छीनने वाला युवक गिरफ्तार

जालन्धर, 20 मार्च : माडल टाऊन पुलिस ने
ज रात्रि लगभग 10 बजे एक युवक सुशील
मार को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक स्कूटर
र कुछ नगदी भी बरामद कर ली । बताया जाता
कि सुशील कुमार ने आज प्रातः परनोट लिख कर
क व्यक्ति से 5,000 रुपए लेकर अपना स्कूटर
े दे दिया था, लेकिन वह व्यक्ति सायं को जनता
के वरिष्ठ उपप्रधान हरिन्द्रपाल सिंह के पास
टर लेकर आया तो उस समय पंक्चर था । श्री
ह ने जब अपने आदमी को स्कूटर का पंक्चर
बाने के लिए मकैनिक के पास भेजा तो गीता
दर के निकट सुशील कमार ने वह स्कूटर छीन
या, जिसकी पुलिस को रिपोर्ट दे दी गई । इस पर
स ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया ।

क का ज्यादतियों का आरोप मात्र गलत-बयानी : प्रवक्ता

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): भारत ने
म्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कथित ज्यादतियों
बारे में पाकिस्तान सरकार के वक्तव्य को
तंकवादियों और उनके संरक्षकों द्वारा चलाए जा
कप्रचार अभियान का एक अंग" बताया है ।
तीय विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां
कि इस संबंध में जारी पाकिस्तानी वक्तव्य
ों पर आधारित नहीं है बल्कि गलत-बयानी
। प्रवक्ता ने कहा कि पिछले कुछ माह से भारत
पाकिस्तान दोनों की सरकार ने तनाव दूर करने
पारस्परिक विश्वास बढ़ाने की कोशिश का रुख
ए रखा, पर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का यह
व्य इस रुख के खिलाफ है । प्रवक्ता ने आशा
ई कि पाकिस्तानी सरकार शिमला समझौते के
रूप पारस्परिक सहयोग एवं विश्वास का संबंध
ने की जरूरत समझेगी ।

प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश सचिव
रयार खान हफ्ते बाद बातचीत के लिए भारत आ
हैं और ऐसे समय पाकिस्तान का इस तरह का
प माहौल को खराब कर सकता है । यह
चीत करीब आठ महीनों बाद होने जा रही है ।

ब्बती चीन के विरुद्ध र्शन न करें : दलाईलामा

लंदन, 20 मार्च (प.स.): तिब्बत के धार्मिक
लाईलामा ने तिब्बती लोगों से अपील की कि वे

चोपड़ा श्री संत सिंह की विधवा श्रीमती स्वर्ण कौर को 10 हजार रुपए का चैक सहायतार्थ प्रदान करते हुए ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के वलीपुर गांव में आज मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में सुरजीत सिंह उर्फ जोगिन्दर नामक एक मिलिटैंट को गोलियों से मार दिया गया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के दो खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं । मृतक कई अपराधों में संलिप्त था ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के दलेर गांव के निकट सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट महेन्द्र सिंह को मार गिराया । घटनास्थल से 3 हथगोले, 2 मैगजीन, 2 राकेट, एक बंदूक तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला में मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में कल रात हरबंस सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । आज प्रातः गोलियों से छलनी उसका शव भट्टिटके-तरसिक्का लिंक रोड पर पड़ा मिला ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के भाईके गांव में एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है ।

6 मिलिटैंट पकड़े गए : मजीठा पुलिस जिला से तीन मिलिटैंट तथा होशियारपुर जिला से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से एक देसी बम, एक ऐंटी टैंक बम, एक राइफल तथा अनेक कारतूस भी बरामद हुए हैं । लुधियाना जिला के दाखा थाना के रकबा गांव से दो मिलिटैंटों बलविंदर सिंह उर्फ बिज्जू तथा हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

हथियार छीने : पटियाला जिला के तरुड़ गांव के सरपंच जंग सिंह के घर में कल रात आर मिलिटैंट घुस गए और राइफल तथा दस कारतूस छीन कर ले गए । इसी गांव के दिलबाग सिंह के घर से भी मिलिटैंटों ने एक रिवाल्वर तथा 20 कारतूस लूट लिए ।

छीने हुए वाहन बरामद : धूरी से जैन के अनुसार पोखर खुर्द गांव के निकट से पुलिस ने तीन स्कूटर तथा दो मोटर साइकल बरामद किए । ये वाहन लावारिस पड़े थे । मिलिटैंटों ने पिछले दिनों लोगों से ये वाहन छीने थे ।

पुलिस अधिकारी के बेटे का अपहरण : मिलिटैंटों ने भटिंडा जिला के मंडी कलां गांव से एक पुलिस अधिकारी बलदेव सिंह के बेटे अवतार सिंह का अपहरण कर लिया । बलदेव सिंह संगरूर जिला के बरनाला नगर में थाना इंचार्ज है ।

ईंट भट्ठा मालिक का अपहरण : पटियाला (राज) : छह मिलिटैंटों ने आज घनौर थाना के अन्तर्गत कामे कला गांव में स्थित ईंटों के भट्ठे के मालिक विजयपाल सिंह का अपहरण कर लिया ।

पंजाब जदस द्वारा विधानसभा चुनाव कराने की मांग

चंडीगढ़, 20 मार्च (वि.प्र.): पंजाब जदस के प्रधान बलबीर सिंह और सचिव जवाहर लाल शर्मा ने मांग की है कि पंजाब विधानसभा के चुनाव भी शेष देश के होने वाले लोकसभा के मध्यावधि चुनावों के

विद्रोही सेना ने किरकुक शहर के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है । इस शहर की आबादी करीब दो लाख है ।

मोर्चे के प्रवक्ता होशियार जेबारी ने टैलीफोन पर दावा किया कि विद्रोहियों ने कल सवेरे किरकुक के ऊपर उड़ान भर रहे दो सरकारी हैलीकाप्टरों को मार गिराया ।

प्रवक्ता ने बताया कि कुर्द, अरब और ईसाई एक लाख आबादी वाले मोसुल शहर की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं ।

किरकुक में तेल कुओं पर बमवर्षा : इराकी कुर्दिश विद्रोहियों ने आरोप लगाया है कि किरकुक के निकट उन तेल कुओं पर, जिन पर विद्रोहियों का नियंत्रण है, इराकी विमान बमवर्षा कर रहे हैं ।

इसके साथ ही इराक के पवित्र नगर करबला में भीषण लड़ाई होने के समाचार मिले हैं ।

एक कुर्द छापामार नेता ने आज आरोप लगाया कि इराकी हैलीकाप्टरों ने आज उत्तरी इराकी शहर किरकुक के निकट विद्रोहियों के नियंत्रण वाले तेल कुओं पर बमबारी की । पैट्रियाटिक यूनियन आफ कुर्दिस्तान के नेता मलाल तलबानी ने दमिश्क में जारी एक बयान में कहा कि बमबारी इराक और बहुराष्ट्रीय सेना के बीच पिछले मास हुए युद्धविराम समझौते का उल्लंघन है । श्री तलबानी ने समूचे कुर्दिस्तान को आजाद करवाने का दावा किया ।

कुवैती मंत्रिमंडल द्वारा इस्तीफा : कुवैत सिटी : कुवैत के प्रधानमंत्री एवं शहजादा साद अब्दुल्ला अल सबाह ने सरकार के खिलाफ़ देश में जनाक्रोश को देखते हुए अपना मंत्रिमंडल भंग कर दिया है । योजना मंत्री सलमान अल मुताबा ने बताया कि शहज़ादा साद अब्दुल्ला अल सबाह ने कल रात मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इस्तीफ़ा दे दिया ।

श्री मुताबा ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जनता में अपनी आलोचना को देखते हुए यह कदम उठाया । मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है । उन्होंने बताया कि कुवैत के शाह अमीर अल अहमद अल सबाह प्रधानमंत्री साद अब्दुल्ला को शीघ्र ही नए मंत्रिमंडल के गठन के लिए कहेंगे ।

सात महीने के इराकी कब्जे के बाद ध्वस्त कुवैत के पुनर्निर्माण कार्य को पूरी जिम्मेदारी से न निभा सकने के आरोप के कारण कुवैती नेतृत्व पर विदेशी और स्वदेशी आलोचकों का दबाव बढ़ता जा रहा था ।

कुवैती अधिकारियों ने पिछले महीने इराकियों की वापसी के बाद सुरक्षा बहाल करने के लिए सैनिक शासन लागू कर दिया था । संयुक्त राष्ट्र में कुवैती राजदूत श्री अब्दुल हसन ने बताया कि सैनिक प्रशासन के दौरान सरकार बदलना आवश्यक हो जाता है ।

कुवैती जनता में युद्ध के बाद के निर्माण कार्य को लेकर असंतोष है । कुवैत की तेल समृद्ध अर्थ-व्यवस्था अब भारी खामियों का शिकार है । अनुमान है कि कुवैत के पुनर्निर्माण में एक से पांच खरब डालर खर्च आएगा ।

कुवैत सरकार की आलोचना करने के कारण एक कुवैती दैनिक "26 फरवरी" का प्रकाशन रोक दिया गया है । कुवैत की मुक्ति के बाद प्रकाशन आरम्भ करने वाला वह पहला दैनिक था ।

कुवैत के सैंट्रल बैंक के गवर्नर ने कहा है कि आगामी 24 मार्च को कुवैत के बैंक फिर से खोल दिए जाएंगे ।

ईरान-सऊदी अरब में राजनयिक

श्री ज्योति बसु को लोक सभा में भेजा जाना राजनीतिक समझदारी का निर्णय नहीं होगा ।

केन्द्र में मौका मिलने पर राष्ट्रीय मोर्चा तथा वामपंथी दलों द्वारा सांझी सरकार बनाए जाने के प्रस्ताव को देखते हुए श्री ज्योति बसु को लोकसभा में भेजने का प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो गया है । श्री बसु को

श्रीलंका के नौसैनिकों ने भारतीय नौका जला दी

मद्रास, 20 मार्च (प.स.): श्रीलंका की नौसेना के आज तड़के कच्चा टिब के तट से दूर श्रीलंका की जल सीमा में पांच भारतीय मछेरों को एक अन्य नौका में बैठा कर उनकी मछली पकड़ने की नौका में आग लगा दी । यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें श्रीलंका के नौसैनिकों ने रोका और ज़बरदस्ती उतार कर दूसरी नौका में बैठा दिया । यह दूसरी नौका रामेश्वरम से आई थी । मछेरों ने रामेश्वरम लौट कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई ।

जन. थामस केली को व्याख्यानों के निमंत्रण मिलने लगे

वाशिंगटन, 20 मार्च (प.स.): खाड़ी युद्ध के दौरान अमरीकी रक्षा विभाग की ओर से संवाददाताओं को युद्ध का विवरण देने वाले अवकाश प्राप्त जनरल थामस केली को अब चारों ओर से व्याख्यान देने का निमंत्रण मिलने लगा है । श्री केली ने स्वयं कहा कि उन्हें यह नहीं मालूम कि लोगों में उनके प्रति इतना आकर्षण क्यों बढ़ा है, क्योंकि संवाददाताओं को युद्ध का विवरण देने के अलावा वह सारा समय अमरीकी रक्षा विभाग पेंटागन को ही देते रहे हैं । उन्हें अब तक व्याख्यान देने के 39 निमंत्रण मिल चुके हैं । यह संख्या और बढ़ रही है । हर व्याख्यान के लिए उन्हें तीन हजार डालर मिल सकते हैं ।

संविधान में अल्पसंख्यकों के दमन के विरुद्ध कोई प्रावधान नहीं : मान

नई दिल्ली, 20 मार्च (वार्ता): अकाली दल (मान) ने आज यह कहते हुए पंजाब के लिए सम्प्रभुता की मांग रखी कि राज्य के अल्पसंख्यकों के दमन और असमानता बढ़ाए जाने के खिलाफ अभी कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है । पार्टी के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने एक वक्तव्य में कहा "भारतीय संसद में क्रूर बहुमत का इस्तेमाल ऐसे दमनात्मक कानूनों और मनमाने प्रशासनिक कार्यों के लिए किया गया है, जो संविधान की भावना और उद्देश्यों के बिल्कुल खिलाफ है ।" उन्होंने कहा कि इस संविधान का उद्देश्य सामाजिक न्याय दिलाना तथा अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और ऐसे ही अन्य कमजोर तबकों के अधिकारों की रक्षा करना था, पर उसका इस्तेमाल इन उद्देश्यों के बिल्कुल खिलाफ दमन के हथियार के रूप में किया गया है । अकाली नेता ने कहा कि पंजाब, तमिलनाडु और उत्तर-पूर्व समेत देश के कई भागों में असंतोष बढ़ रहा है और हिन्दी भाषी क्षेत्र में भी राजनीतिक अशांति छाई हुई है । उन्होंने कहा कि पंजाब में पिछले 48 मास से लागू राष्ट्रपति शासन से साफ है कि भारतीय राजनीति विकराव के कगार पर पहुंच गई है और इसलिए वह देश के शोषितों की भावनाओं एवं आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं कर सकेगी । उन्होंने कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में उनकी पार्टी को एक सम्प्रभुता सम्पन्न राज्य की मांग रखनी

यह है ही ।

डा. लॉक के अनुसार
अनुसंधान क्षेत्र के पहले ज्ञात
लगभग 100 शोध पत्र लि
जांच से पता चला कि उ
"उड़ाए" हुए थे ।

डा. लॉक के अनुसार
धोखाधड़ी कई तरह की हो
सफल प्रयोगों के आंकड़े दे
कभी हुए ही नहीं, आंकड़ों में
उन्हें चौंका देने वाले आंकड़े
कनिष्ठ व्यक्ति का शोध का
से दे दिया जाता है ।

धोखाधड़ी के सिलसिले
तीन एशियाइयों के उदाहरण
लॉक से यह पूछा गया कि
धोखाधड़ी विकासशील देश
ज्यादा पाई जाती है तो डा. लॉ
है । इस समय जर्नल के पास
उनमें ब्रिटेन से बाहर के लो
आदि सब हैं । उन्होंने कहा
बुराई से निपटने के लिए एक
गई है ।

6.01 करोड़ राजस्व अधिक

चंडीगढ़, 20 मार्च (संघी
ठेकों की नीलामी हुई । इस
की तुलना में 6.01 करोड़ रु
प्राप्त हुआ । यह वृद्धि 34
सर्वाधिक राजस्व 1 करोड़ रु
से प्राप्त हुआ ।

इंका की दूरदर्शन आंदोलन की

नई दिल्ली, 20 मार्च (प
आज चेतावनी दी कि यदि
पक्षपातपूर्ण रवैया तत्काल
खिलाफ व्यापक आंदोलन श
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस (इ) के अ
पार्टी के कार्यकर्त्ताओं को सम्बो
कि दूरदर्शन का रवैया कांग्रेस
है । उन्होंने कहा कि पार्टी अ
सभाओं को नज़र-अंदाज़ किया
छोटे-छोटे अन्य राजनीतिक
दूरदर्शन पर दिखाया जा रहा है

सिद्धार्थ शंकर रे वि चुनाव ल

कलकत्ता, 20 मार्च (प
नेता श्री सिद्धार्थ शंकर रे
विधानसभा का चुनाव लड़ने क
श्री रे ने कांग्रेस (इ) के विधायक
को दिल्ली से इस संबंध में सूचि
अखबारों में छपी उन खबरों को
दार्जीलिंग संसदीय चुनाव क्षेत्र से

श्री रे को पार्टी का नया प्र
जाने की सम्भावना रद्द करते हु
बताया कि श्री रे के अनुसार
गुजरात से लौटने के तुरन्त बाद
किया जाएगा ।

Punjabi Tribune

चार मास के कार्यकलापों का विवरण लेकर हम जनता के बीच जाएंगे ।

श्री देवी लाल ने कहा कि हमारा मुख्य चुनावी नारा "चालीस साल बनाम चार मास, हम चुनाव जीतेंगे-सरकार बनाएंगे" होगा । श्री देवी लाल ने कहा कि श्री [illegible]

और आदिवासियों को सम्मान का जीवन प्रदान करने में समर्थ सरकार की स्थापना के लिए मतदान करने का आह्वान किया गया है । दूसरे प्रस्ताव में संकल्प व्यक्त किया गया है कि देश की एकता और अखंडता में बाधा पहुंचाने वाली हर कोशिश का जनता की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुलझाने के लिए गलत नीतियां अपनाई गई हैं । अगर अखबारों की यह खबर सही है कि श्रीमती नाहीद की रिहाई पांच अलगाववादियों को छोड़ने पर संभव हुई, तो यह रुबिया कांड की पुनरावृत्ति है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गोलियां चलाई, जिससे एक महिला की मृत्यु हो गई ।

अलगाववादियों ने कल देर रात सम्बल के शाहगुन्द में सुरक्षाबलों के गश्ती दल पर गोलियां चलाई तथा जवाबी कार्रवाई को देखते हुए

अलगाववादियों ने जब्री [illegible] इन व्यक्तियों ने इस[illegible] अलगाववादियों को पक[illegible] किया । मगर यह अलगा[illegible] उन्होंने स्वयं को बचाने के[illegible]

दुर्दांत 'धरती धकेल सिंह' समेत 8 मिलिटैंट मरे, हैडकांस्टेबल, ग्रन्थी सहित 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 21 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट 'धरती धकेल सिंह' समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा हैड कांस्टेबल और ग्रंथी सहित 6 लोगों की हत्या हुई । इस बीच मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा बिजली बोर्ड के एक कैशियर से 54 हजार रुपया लूट लिया ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला के व्यास थाना के अन्तर्गत छापियांवाली गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध एक दुर्दांत मिलिटैंट धरती धकेल सिंह मारा गया । उस पर एक लाख रुपए का इनाम था । इस मुठभेड़ में धरती धकेल सिंह का एक साथी भी मरा ।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों की नाका पार्टी ने उक्त क्षेत्र में दो संदिग्ध लोगों को जब चुनौती दी तो उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर धरती धकेल सिंह और उसका एक साथी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक राकेट लांचर, एक राकेट तथा कुछ विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है । पुलिस के अनुसार धरती धकेल सिंह बम धमाके, सुरक्षा बलों पर हमले, बसें जलाने तथा धन ऐंठने की अनेक वारदातों में संलिप्त था ।

भागने की कोशिश करने वाला मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिला के भोरू गांव के निकट राजेन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट उस समय पुलिस की गोली लगने से मारा गया, जब उसने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया । बताया जाता है कि पुलिस की एक पार्टी राजेन्द्र सिंह को ले जा रही थी । रास्ते में राजेन्द्र सिंह ने भागने की कोशिश की । पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन राजेन्द्र सिंह ने कोई परवाह नहीं की । अंततः पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे राजेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई । मारा गया मिलिटैंट भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से सम्बद्ध था ।

एक व्यक्ति का अपहरण : मारुति कार में सवार दो लोगों ने अमृतसर के गुरु नानक पुरा क्षेत्र में स्थित एक मैडिकल स्टोर से जनक राज नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

फायरिंग : मजीठा पुलिस जिला के मानावाला गांव के निकट मिलिटैंटों ने एक ट्रक पर गोलियां चलाई जिससे ट्रकड्राईवर घायल हो गया । घायल का नाम शराफत बताया जाता है ।

एक मिलिटैंट जहर खाकर मरा : तरनतारन पुलिस जिला के तलवंडी चन गांव में सुरेंद्र सिंह उर्फ छिन्दू नामक एक मिलिटैंट ने जहर खाकर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बहुराष्ट्रीय सेना ने कुवैत में बिछाई गई 6 लाख सुरंगें हटा दीं

बहरीन, 21 मार्च (पस, वार्ता): अमरीकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय सेना ने पिछले दो सप्ताहों के दौरान कुवैत में ईराक द्वारा बिछाई 6 लाख बारूदी सुरंगें हटाई हैं । कनाडा, कुवैत, फ्रांस, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमरीकी दलों ने कुवैत में बिछाई गई इन सुरंगों का पता लगा कर उन्हें नाकारा कर दिया । सैनिक सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

उत्तर प्रदेश : लखनऊ : देश के संसदीय इतिहास में पहली बार ऐसा होने की संभावना है कि प्रधानमंत्री के अलावा दो पूर्व प्रधानमंत्रियों की चुनावी तकदीर का फैसला उत्तर प्रदेश के मतदाता करेंगे, इससे पूर्व 1980 के आम चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री चरण सिंह (बागपत) और पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी (रायबरेली) के भाग्य का निर्णय मतदाताओं ने किया था और दोनों को ही विजयश्री भी मिली थी । ज्ञातव्य है कि 1989 के आम चुनाव में श्री चंद्रशेखर बलिया से, श्री राजीव गांधी अमेठी से तथा श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से विजयी हुए थे ।

लोकसभा के आगामी मध्यावधि चुनाव में उत्तर प्रदेश में इस बार गत आम चुनावों की अपेक्षा लगभग पांच लाख मतदाता अधिक होंगे । यहां निर्वाचन निदेशालय से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में गत आम चुनाव में मतदाताओं की संख्या 7,97,11,775 थी, जो अब बढ़ कर 8,02,02,885 हो गई है । इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 4,91,110 बढ़ी है । आगामी मध्यावधि चुनाव के लिए प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 4,41,90,381 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 3,60,12,524 हो गई है ।

आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी तथा विश्वनाथ प्रताप सिंह के उत्तर प्रदेश से ही चुनाव लड़ने की संभावना है ।

उत्तर प्रदेश के मतदाता कई अन्य दिग्गजों की तकदीर का भी फैसला करेंगे । सन् 1989 के आम चुनाव में अविभाजित जनता दल के अजीत सिंह बागपत से, मुफ्ती सईद मुजफ्फरनगर से, अरुण नेहरू बिल्हौर से, मेनका गांधी पीलीभीत से और जनेश्वर मिश्र इलाहाबाद, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीते थे । कांग्रेस (इ) के श्री दिनेश सिंह (प्रतापगढ़), श्रीमती राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी (सीतापुर) और श्रीमती शीला कौल (रायबरेली) को भी 1989 के आम चुनाव में विजय मिली थी । गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से राम जन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष महंत अवैद्यनाथ पिछले आम चुनावों में हिन्दू महासभा के प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए थे ।

आगामी चुनाव में जहां भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को मुख्य मुद्दा बना कर हिन्दू वोटों के आधार पर चुनाव मैदान में उतर रही है, वहीं जनता दल ने पिछड़े वर्गों के उत्थान और मंडल आयोग की सिफारिशों को अपने चुनाव-प्रचार का मुख्य आधार बनाया है । गैर-कांग्रेसवाद के प्रयोग की विफलता के नाम पर इस बार कांग्रेस (इ) ने स्थिर सरकार देने के वायदे को अपना मुख्य आधार बनाया है ।

चुनाव की निश्चित तिथियां अभी घोषित नहीं हुई हैं । फिलहाल प्रदेश में न कोई हवा है और न ही कोई लहर है । चुनावी गठजोड़ भी तय नहीं हो सके हैं । अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा के चुनाव भी होंगे या नहीं । मतदाता के रुख के बारे में कुछ कहना अभी बहुत कठिन है ।

1984 का चुनाव श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर पर लड़ा गया था, जिसमें श्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस (इ) ने प्रदेश की 85 में से 83 सीटें हासिल करके विपक्ष का सफाया कर दिया था । 1989 के आम चुनाव में तत्कालीन राजीव सरकार के विरुद्ध 'गैर-कांग्रेसवाद' के नाम पर एकजुट हुए विपक्ष ने प्रदेश में जनता दल के झंडे तले 54 सीटें हासिल करके कांग्रेस (इ) को केवल 14 सीटों पर सीमित कर दिया था । शेष सीटों पर वामपंथी और भाजपा तथा अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की थी । पिछले आम चुनाव भाजपा के लिए बेहतर परिणामदायक साबित हुए थे क्योंकि 1984 के चुनाव में जहां उत्तर प्रदेश से उसे एक भी सीट पर सफलता नहीं मिली थी, वहीं 1989 में उसने आठ सीटें प्राप्त की थीं ।

चुनाव संहिता : केंद्र और राज्य के सत्ताधारी दलों द्वारा चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन 'अवैध

हार्दिक बधाई

जीवन मोती

ड्रा हर शुक्रवार

के 10वें ड्रा दिनांक 22.3.91 में
टिकट नं. EY-226272 पर प्रथम
पुरस्कार रुपए एक लाख हमारे स्टाकिस्ट

ओम प्रकाश एंड कं., लुधियाना
द्वारा बेचा गया ।

मुख्य स्टाकिस्ट : अखिल सर्विसिज़ लि.
4, कम्युनिटी सैंटर, ईस्ट आफ कैलाश, नई दिल्ली-65.
फोन : 6418701, 6418782, 6426779, तार : आस्क मी

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

हरिद्वार बैसाखी नेमीशारण्य, अयोध्या, बनारस, काठमांडू, नेपाल डीलक्स बस द्वारा । कुरुक्षेत्र यज्ञ मन्दिर, कुरुक्षेत्र, फोन : 1048.
(D.D. Nanha/16C)

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.3.91 60/- without trays. NECC suggested retail price 8.00 per dozen.
(Kamboj/MxW)

रोज़गार

सेना भर्ती नौकरी हेतु पांचवीं, दसवीं पास-फेल से स्नातकों के लिए सेना भर्ती, नेवी, एयरफोर्स में हवालदार, क्लर्क, स्टोर कीपर की हजारों रिक्तियां । विवरणिका एवम् आवेदन फार्म हेतु रुपए नौ (Rs. 9/-) मनिआर्डर द्वारा भेजें । इंस्टीट्यूट आफ कैरियर गाइडैंस, बडनेरा जूनीबस्ती, बडनेरा-444 709 (महाराष्ट्र) ।
(Creative Service/40JID)

भारतीय रेलवे में टिकट कलैक्टर, ट्रेन क्लर्क, अकाउंट्स क्लर्क, स्टैनोग्राफर के अनेकों पद रिक्त हैं । योग्यता दसवीं, आयु 18-25, वेतनमान 950-1500 रुपए, अंतिम तिथि 15.4.1991, आवेदन पत्र, नियमावली मंगाने हेतु 10/- रुपए मनिआर्डर शीघ्र भेजें । Employment Guidance Institute, 6865/4, Ambala City.
(Puran Singh/43JDC)

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा हजारों

टैलीफोन

Attention STD PCO owner's computerise your Booth Install CPD Bangalore PCO Monitor for ready delivery Distributors : Indo Telecom Services, 6190, Ahata Jain Nicholson Road, Ambala Cantt. Phones : 20881, 24953.

चिकित्सा

शारीरिक सेहत बनाएं, खून, वज़न बढ़ाएं, सेहत का सफल देसी इलाज, मिलें : डा. एस.डी. शर्मा, जंडूसिंघा, जालंधर ।
(Malhotra Ent./18JD)

मशीनरी चाहिए

वी रोडरोलर की आवश्यकता है । बेचने वाले जल्दी सम्पर्क करें । रजिन्द्र वेहन ठेकेदार, जेल रोड, गुरदासपुर । फोन : 2584.
(Vinod Gupta/19)

आवश्यकता

मैट्रिक/ग्रैजुएट/पोस्ट ग्रैजुएट, ट्रेंड एवं अनट्रेंड अध्यापिकाएं तथा क्लर्क चाहिएं, प्रमाणपत्रों सहित व्यक्तिगत सम्पर्क करें । प्रिंसीपल, एस.पी. पब्लिक स्कूल, हरनामदासपुरा, कपूरथला रोड, जालंधर ।
(Ajanta/24)

तुरन्त चाहिएं भारी संख्या में शिक्षित नौजवान और भूतपूर्व सैनिकों की, जो हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व हिमाचल की सिविल/पुलिस सिविल कार्यालयों

सामाना, अमृतसर में बम विस्फोट : अन्यत्र 13 लोगों की हत्या : जिलाधीश के सम्बन्धी का अपहरण : 5 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 25 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से विभिन्न घटनाओं में मिलिटैंटों ने 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 5 मिलिटैंट मारे गए । सामाना थाना के पुलिस इंस्पैक्टर का 13 वर्षीय बेटा बम विस्फोट से मारा गया जबकि अमृतसर शहर में हुए शक्तिशाली बम विस्फोट से 2 व्यक्ति घायल हो गए । मिलिटैंटों ने अमृतसर के जिलाधीश के एक निकट संबंधी का अपहरण कर लिया । इसी बीच 3 मिलिटैंटों को भारी परिमाण में असले सहित काबू कर लिया गया ।

बम विस्फोट में इंस्पैक्टर के बेटे की मृत्यु : पटियाला (राज): यहां से 38 कि.मी. दूर सामाना में सामाना थाना प्रभारी इंस्पैक्टर अजीत सिंह के घर में आज सायं 4.30 बजे हुए एक बम विस्फोट से उनके 13 वर्षीय पुत्र बब्बी की मृत्यु हो गई । सामाना में आज आयोजित शांति मार्च के बाद पुलिस इंस्पैक्टर थाना से सटे हुए अपने घर लौटे ही थे और डाईंग रूम में अपनी पत्नी से बातचीत कर रहे थे कि उनका लड़का किचन में चला गया और वहां पड़ी एक खिलौनानुमा वस्तु उठा ली । जब वह किचन से बाहर आया तो खिलौने में फिट किया हुआ बम जोर की आवाज के साथ फट गया जिससे बब्बी गम्भीर रूप से घायल हो गया । बाद में सामाना के सिविल अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई । बब्बी अपनी मां के साथ कल ही लुधियाना से आया था । वह इंस्पैक्टर अजीत सिंह के दो पुत्रों में से एक था ।

लाश बरामद : फिरोजपुर जिले के हरदेसा गांव से आज प्रेम चंद नामक एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

दो बिहारी मजदूरों की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने थाना मेहणा के गांव चुड़चक में दो बिहारी मजदूरों की तेज़धार हथियारों से हत्या कर दी । वे दोनों सगे भाई थे व उनका नाम सुबोध यादव व नारायण यादव था । वे दोनों एक किसान के खेतों में काम करते थे तथा रात को खेत में ही सोए हुए थे । पुलिस को सुबह उनकी लाश मिली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

सिपाही व महिला की हत्या : गत रात थाना बघनी के गांव लोपों में 3 सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक महिला हरबंस कौर तथा एक कांस्टेबल जरनैल सिंह को एक पेड़ पर फांसी देकर मार डाला । महिला गांव हेठोकलां की रहने वाली थी । दोनों की लाशें खेतों में पड़ी मिलीं । हरबंस कौर के बारे में पता चला है कि उसने 26 अप्रैल, 1987 को हथियारबंद मिलिटैंटों से अपने पति धर्म सिंह की हत्या करवा दी थी और तब से अपने गांव से फरार थी । बाद में उसने आत्मा सिंह नामक एक व्यक्ति से विवाह कर लिया था । हत्या वाली जगह से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र भी मिला है ।

मृतकों के आश्रितों को राहत : फिरोजपुर (धीमान): पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने जीरा थाना के तहत गांव हद्दावाला में गत सप्ताह 9 पुलिस कर्मियों के मारे गए संबंधियों के परिवारों को 50-50 हजार रुपए सहायता देने की घोषणा की है । यह जानकारी जिलाधीश श्री सुरेश कुमार ने दी है । उन्होंने कहा कि जीरा थाना के गांव कस्सोआना में 9 पुलिस कर्मियों के मारे गए 8 संबंधियों के परिवारों को भी 50-50 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है ।

महिला की हत्या : मानसा से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 6 कि.मी. दूर गांव चर्कारियां में मिलिटैंटों ने एक महिला बलबीर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात 3 मिलिटैंट उसके घर आए तथा दरवाजा खटखटाया । उसने दरवाजा खोलने की बजाय खिड़की खोली तो उन्होंने वहीं गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

इसी गांव में मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके को आग लगा दी तथा शराब की बोतलें तोड़ दीं ।

डाक्टर की हत्या : मानसा से ही 'मेहता' के अनुसार एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने कोहनगढ़ गांव में एक प्राइवेट डाक्टर लाभ चंद की उसके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

भट्ठा मालिक का अपहरण : विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार गत शुक्रवार को कुछ मिलिटैंटों ने भटिंडा जिले के मानसा से एक ईंट भट्ठा मालिक सुरेश कुमार का अपहरण कर लिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : रायकोट (राकेश): स्थानीय पुलिस ने मनजीत सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार गत 18 फरवरी को गांव उमरपुरा में कामरेड निर्भय सिंह के मकान पर हुई फायरिंग में इसका हाथ था । इस घटना में कामरेड निर्भय सिंह की पत्नी गम्भीर घायल हो गई थीं । कामरेड के पिता द्वारा की गई जवाबी फायरिंग पर मिलिटैंट फरार हो गए थे ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : भटिंडा जिला पुलिस ने जगतार सिंह व प्रीतम सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से .12 बोर की दो दुनाली बन्दूकें बरामद हुई हैं ।

अपहरण : 4 मिलिटैंटों ने गत रात रोपड़ जिले के गांव चेड़ां से हरमिन्दर सिंह नामक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

मिलिटैंट की लाश मिली : बटाला पुलिस जिले के गांव सुक्खा चिड़ा से एक मिलिटैंट की गोलियों से छिदी हुई लाश मिली है । यह मिलिटैंटों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताया जाता है ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि मुल्लांपुर दाखां पुलिस ने चार मिलिटैंटों को पुलिस पर फायरिंग करने पर गिरफ्तार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मीण विकास बैंक
श)—171 003.
6256
प्रमुख स्थान पर (एक ही
,000 वर्गफुट कालीन
/5 वर्ष के लिए पट्टे पर
भग 25 स्कूटरों के लिए
30 किलोवाट का मंजूर
पार्टियां इस विज्ञापन की
प्रबंधक, राष्ट्रीय बैंक,
श)-171 003 को
नाओं (लोकेशन प्लान्स)
दिया हुआ हो । कृपया

छोटी सी बात ... रेखा

आप बताइए कभी आपने राजनीतिक दलों द्वारा मंदिरों का निर्माण करने की बात सुनी है ?

—मुलायम सिंह यादव



भाई साहब राजनीतिक दलों के लिए तो अपनी छवि-निर्माण का काम सबसे महत्वपूर्ण होता है ।

Punjab Sahitya

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया है । पुलिस के अनुसार थाना मुल्लांपुर के प्रभारी गश्त पर थे जब इन मिलिटैंटों नेफायरिंग आरंभ कर दी । पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग करने पर इन मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया । पुलिस ने आगे बताया कि यह मिलिटैंट दिलबाग सिंह उर्फ बिट्टू, जसबीर सिंह उर्फ सीरा, जोगिन्द्र सिंह उर्फ जिंदरी तथा दर्शन सिंह उर्फ जिंदरी हैं, जिनसे भारी संख्या में पिस्तौल तथा कारतूस बरामद हुए हैं ।

ठेके पर हत्या : एक अन्य घटना थाना साहनेवाल के गांव जंडियाली में शराब के ठेके पर हुई । गत रात्रि इस शराब के ठेके पर एक व्यक्ति मनु ठेका के कर्मचारी गरीब दास से मिलने आया था कि किसी ने बाहर से गोली चला दी । गरीब दास तो बच गया लेकिन मनु इस फायरिंग से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई ।

'धीमान' के अनुसार बताया जाता है कि रात सवा नौ बजे यह ठेका बंद था लेकिन इसका कर्मचारी मंगू एक छोटी खिड़की खोल कर शराब बेच रहा था । मिलिटैंटों ने इस खिड़की के अंदर ए.के. 47 की नाल डाल कर गोलियां चला दीं, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया और अस्पताल जाते हुए दम तोड़ गया ।

ड्राइवर व क्लीनर का अपहरण : 3 मिलिटैंटों ने गत रात लुधियाना जिले के गांव कुपकलां से एक ट्रक ड्राइवर व उसके क्लीनर का ट्रक सहित अपहरण कर लिया ।

हत्या : मिलिटैंटों ने आज जालंधर जिले के गांव लिद्दड़कलां में केसर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

3 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पंडोरी राम सिंह के पास तीन मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव मिले । समझा जाता है कि ये लोग मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में मारे गए हैं । मृतक मिलिटैंटों की पहचान कर ली गई है । उनके नाम भाई बलविन्दर सिंह, भाई कुलदीप सिंह और भाई अर्जुन सिंह हैं ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पलविंदर सिंह और कुलदीप सिंह कपूर नगर (सुल्तानविंड) के रहने वाले हैं । कुलदीप सिंह दर्जी था । जबकि अर्जुन सिंह पंडोरी रणसिंह गांव का बताया गया है । सूचना के अनुसार यह तीनों गत दिवस अमृतसर से गए थे । आज इनकी लाशें बरामद हुईं ।

लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले के डंडकसेल गांव में आज एक गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : तरनतारन के ही कच्चा पक्का गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, पांच मैगजीन, 11 हैंडग्रेनेड, 1 पिस्तौल, 1 राकेट लांचर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

लड़की की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के बरपाल गांव में मिलिटैंटों ने कल रात बबली नामक एक लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी ।

लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले के गांव छापियां के निकट जोगेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियों में छलनी लाश बरामद हुई है ।

कुलदीप सिंह सारली को छुड़ाने के लिए भूपेंद्र सिंह का अपहरण किया है । पुलिस का कहना है कि कुलदीप सिंह सारली गत दिवस ही स्थानीय बस स्टैंड के निकट सुरक्षा बलों के घेरे में आने के कारण आत्महत्या कर चुका है ।

सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंटों ने बदले में किसी महत्वपूर्ण मिलिटैंट को रिहा करने की मांग की है । मिलिटैंटों ने श्री बब्बी का पहली बार अपहरण करने के बाद फिरौती की मांग की थी और दो माह तक बंधक रखने के बाद उन्हें रिहा कर दिया था ।

अमृतसर में बम विस्फोट से 2 घायल : 'सोनी' के अनुसार आज सायं लगभग 7.45 बजे अमृतसर शहर के आंतरिक क्षेत्र प्रताप बाज़ार में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ जिससे आसपास के दुकानों के शीशे टूट गए और उस दुकान का शटर दोहरा हो गया जिसके समक्ष विस्फोट हुआ था । विस्फोट से 2 व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है । घायलों के नाम योगेश व सरवन बताए जाते हैं । प्राप्त विवरणों के अनुसार शाम 7.45 बजे के करीब कोई अज्ञात व्यक्ति बाज़ार में फाइन आर्ट प्रैस के निकट एक बंद दुकान के सामने एक साइकिल खड़ी कर गया जिससे बम बंधा हुआ था । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चूंकि उस समय तक बाज़ार की अधिकांश दुकानें बंद हो चुकी थीं इसलिए भयंकर प्राण हानि टल गई । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से गुज़र रहे एक स्कूटर सवार योगेश कुमार की विस्फोट से आग लग गई जिस पर वह पास की गली में भाग गया । उसका स्कूटर भी आग में जलने लगा लेकिन तुरन्त ही निकट के एक दुकानदार ने अपने यहां से अग्नि शामक यंत्र से स्कूटर की आग बुझा दी । पुलिस के अनुसार सरवन, जो एक रिक्शा चालक है, को भी आग से झुलसने से मामूली जख्म हुए हैं । जिस साइकिल पर बम फिट किया गया था वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । योगेश नमक मंडी का निवासी है और कपड़े की दलाली करता है ।

भारी असले सहित 3 मिलिटैंट काबू : अमृतसर (वि.प्र.): एक सूचना के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे थे कि आज शाम 4.30 बजे पुलिस दल ने तीन व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में मोटर साइकिलों पर जाते हुए देखा । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वे भाग निकले । पुलिस दल ने पीछा करके थोड़ी दूर पर संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात इन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त जसवंत सिंह उर्फ जस्सा निवासी मानोचाहल, जोगिन्दर सिंह और दर्शन सिंह (दोनों निवासी टूट गांव) के रूप में हुई है । इनके कब्जे से पुलिस ने एक हीरो हांडा, एक यामा मोटर साइकिल, 8 ए.के. 47 राइफलें, इसके 16 मैगजीन, एक जी.पी.एम.जी., इसके कुछ मैगजीन, 12 रिवाल्वर .455 बोर के, एक राकेट लांचर, चार .303 की राइफलें, 10 हथगोले, एक बड़ा राकेट लांचर, 7 छोटे राकेट लांचर, एक मिनी एंटी टैंक, 46 विस्फोट (20 किलो), 8 डैटोनेटर तथा 2 बंडल तार के अतिरिक्त ए.के. 46 के 300 कारतूस, जी.पी.एम.जी. के 720 कारतूस तथा कई कारतूस .455 बोर के बरामद हुए हैं ।

बम मिला : तपामंडी (गर्ग): अर्धसैनिक बल और पुलिस की मदद से पिछली रात यहां से 10

लोकसभा

(पृष्ठ

यह विषय हाईकमान
इसके बावजूद श्री य
कोशिशें लगातार ज

पटेल को इंका
नहीं : पटना (वार्ता
आज बिहार में जन
अभियान के अन्तर्गत
और सीवान में जनस

बाद में सीतामढ़
हुए श्री चन्द्रशेखर ने
हाईकमान ने कांग्रेस
मुख्यमंत्री श्री चिमन
किया है । उन्होंने
चुनावी समझौता क
करेगी । प्रधानमंत्री
(स) ने अभी तक वि
किया है और न ही इ
प्रधानमंत्री ने लोगों
समय इस बात को
वोट दे रहे हैं, क्या
नहीं ?

बीजू पटनाय
लड़ेंगे ? : उड़
ने आज संकेत दिया
सकते हैं । उन्होंने
वह चुनाव लड़े तो के
लड़ेंगे और लोकसभा
निर्वाचन क्षेत्र पुरी
पिछले चुनाव में के

संयुक्त सरका
पटनायक ने कहा
सरकार बनाने का
उन्होंने कहा कि
न्यूनतम कार्यक्रम
बनाने का विचार

देश को स्थि
राजीव : झांसी (
गांधी ने कहा है कि
मजबूत सरकार की
सके तथा बढ़ती म
श्री गांधी ने आज
करते हुए उत्तर प्र
अभियान शुरू कि
ऐतिहासिक नगरी
बाज़ारों से होकर ग

कांग्रेस (इ) अ
ही करोड़ों नागरिक
को सक्षम सरकार

जनता दल
जनता दल (स) की
समिति में और तीन
है । अब इस समि
हो गई है । यह ज
प्रकाश मालवीय
संवाददाता सम्मेल
शामिल किया गया
और हरियाणा के
केंद्रीय वाणिज्य

एस.पी. (आपरेशन्स) लुधियाना को
पद पर भेजा गया है । एस.पी.
श्री मोहकम सिंह को एस.पी.
क्त किया गया है तथा छुट्टी से
एस. संधू को ए.आई.जी. वैल्फेयर
किया है ।
ले होने की संभावना है ।

में विमान दुर्घटना...

ष्ठ 3 का शेष)

एक अधिकारी ने अपने डिप्टी से
की दीवार फांद कर कैमरे कब्जे
धकारी ने पत्रकारों से कहा कि वे
। जब पत्रकारों ने बताया कि वे
पर नहीं खड़े हैं बल्कि प्राइवेट
अधिकारी ने कहा, "प्रैस को बहुत
ी हुई है ।"
र्णों का पता लगाने के लिए जांच
कया गया है । सूत्रों ने बताया कि
वायुसेना स्टेशन में इंस्ट्रक्टर
ल्ला थे । दो प्रशिक्ष पायलट
और लैफ्टि. शेख विमान के

धानमंत्री द्वारा संवेदना :

र्ति रामास्वामी वेंकटरमन और
र ने आज बंगलौर के पास हुई
यु सेना के 28 अधिकारियों की
व्यक्त किया है ।

ोत्सव कल से

5 मार्च : आर्य समाज माडल
वार्षिकोत्सव 27 से 31 मार्च
जाएगा, जिसमें स्वामी आनंद
प्रधान सार्वदेशिक आर्य
श्री दीक्षानंद, प्रिंसीपल स्वदेश
री, पंडित सत्यपाल पथिक भी

समाचार

मार्च (जोशी): यहां जैन समाज
5 वर्षीय लाला रोशनलाल का
गया । आज शाम को उनका
दिया गया । रस्म पगड़ी 26
30 बजे जैन मंदिर बलाचौर में

कोशिश नाकाम

3 का शेष)

बाहरी क्षेत्रों की भी नाकाबंदी
अभियान शुरू कर दिया । इस
तलाशी ली गई तथा कुछ
में भी ले लिया गया । इनकी
नहीं हो सकी ।
में आज प्रात: लाल बाजार व
ओं ने सुरक्षा बलों द्वारा निर्दोष
ार किए जाने के विरोध में

ी के अन्य क्षेत्रों में स्थिति
नियन्त्रण में रही । सरकारी
के किसी भी भाग में दिन का
ा है ।

मिलिटैंटों ने गत रात लुधियाना जिले के गांव कुपकलां से एक ट्रक ड्राइवर व उसके क्लीनर का ट्रक सहित अपहरण कर लिया ।

हत्या : मिलिटैंटों ने आज जालंधर जिले के गांव लिद्दड़कलां में केसर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

3 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पंडोरी राम सिंह के पास तीन मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव मिले । समझा जाता है कि ये लोग मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में मारे गए हैं । मृतक मिलिटैंटों की पहचान कर ली गई है । उनके नाम भाई बलविन्दर सिंह, भाई कुलदीप सिंह और भाई अर्जुन सिंह हैं ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पलविंदर सिंह और कुलदीप सिंह कपूर नगर (सुल्तानविंड) के रहने वाले हैं । कुलदीप सिंह दर्जी था । जबकि अर्जुन सिंह पंडोरी रणसिंह गांव का बताया गया है । सूचना के अनुसार यह तीनों गत दिवस अमृतसर से गए थे । आज इनकी लाशें बरामद हुई ।

लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले के डडकसेल गांव में आज एक गोलियों से छलनी लाश बरामद हुई है ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : तरनतारन के ही कच्चा पक्का गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, पांच मैगजीन, 11 हैंडग्रेनेड, 1 पिस्तौल, 1 राकेट लांचर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

लड़की की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के बरपाल गांव में मिलिटैंटों ने कल रात बबली नामक एक लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी ।

लाश मिली : तरनतारन पुलिस जिले के गांव छापियां के निकट जोगेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियों में छलनी लाश बरामद हुई है ।

मकान पर स्टिक बम फेंका : तरनतारन नगर में आज रात्रि मिलिटैंटों द्वारा एक मकान पर फैंके गए स्टिक बम से एक स्त्री स्वर्ण कौर मामूली घायल हो गई ।

आत्महत्या करने वाले मिलिटैंट की शिनाख्त : इसी बीच कल अमृतसर बस स्टैंड पर जिस मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी उसकी शिनाख्त बब्बर खालसा के एरिया कमांडर कुलदीप सिंह सारली के रूप में हुई है । वह अमृतसर व तरनतारन पुलिस जिले में हुई असंख्य हत्याओं के अतिरिक्त दिल्ली में तथा बीदर (कर्नाटक) में हुए बम विस्फोटों में संलिप्त था ।

जिलाधीश के रिश्तेदार का अपहरण : अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह के रिश्ते में भाई श्री चरणजीत सिंह उर्फ बब्बी का गत रात कुछ मिलिटैंटों ने कत्थूनंगल थाना के गांव जत्थूवाल स्थित उनके निवास स्थान से अपहरण कर लिया । मिलिटैंटों द्वारा गत वर्ष 10 सितम्बर को भी श्री बब्बी का अपहरण किया गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट जिलाधीश के अंकल श्री भूपिन्दर सिंह के घर की ऊंची चार दीवारी के साथ लकड़ी की सीढ़ी लगा कर घर में घुस गए और 25 वर्षीय श्री बब्बी को अपने साथ ले गए ।

'वि.प्र.' के अनुसार जिलाधीश अमृतसर के निकट संबंधी का अपहरण जेढ़वाल गांव से किया गया तथा अपहृत व्यक्ति का नाम भूपेंद्र सिंह है । सूचनाओं के अनुसार मिलिटैंटों ने बब्बर गिरोह के कमांडर को विस्फोट से आग लग गई जिस पर वह पास की गली में भाग गया । उसका स्कूटर भी आग में जलने लगा लेकिन तुरन्त ही निकट के एक दुकानदार ने अपने यहां से अग्नि शामक यंत्र से स्कूटर की आग बुझा दी ।पुलिस के अनुसार सरवन, जो एक रिक्शा चालक है, को भी आग से झुलसने से मामूली जख्म हुए हैं । जिस साइकिल पर बम फिट किया गया था वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । योगेश नमक मंडी का निवासी है और कपड़े की दलाली करता है ।

भारी असले सहित 3 मिलिटैंट काबू : अमृतसर (वि.प्र.): एक सूचना के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे थे कि आज शाम 4.30 बजे पुलिस दल ने तीन व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में मोटर साइकिलों पर जाते हुए देखा । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वे भाग निकले । पुलिस दल ने पीछा करके थोड़ी दूर पर संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात इन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । इनकी शिनाख्त जसवंत सिंह उर्फ जस्सा निवासी मानोचाहिल, जोगिन्दर सिंह और दर्शन सिंह (दोनों निवासी दूद गांव) के रूप में हुई है । इनके कब्जे से पुलिस ने एक हीरो हांडा, एक यामा मोटर साइकिल, 8 ए.के. 47 राइफलें, इसके 16 मैगजीन, एक जी.पी.एम.जी., इसके कुछ मैगजीन, 12 रिवाल्वर .455 बोर के, एक राकेट लांचर, चार 308 की राइफलें, 10 हथगोले, एक बड़ा राकेट लांचर, 7 छोटे राकेट लांचर, एक मिनी एंटी टैंक, 46 विस्फोट (20 किलो), 8 डैटोनेटर तथा 2 बंडल तार के अतिरिक्त ए.के. 46 के 300 कारतूस, जी.पी.एम.जी. के 720 कारतूस तथा कई कारतूस .455 बोर के बरामद हुए हैं ।

बम मिला : तपामंडी (गर्ग): अर्धसैनिक बल और पुलिस की मदद से पिछली रात यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव पक्खोकलां के नजदीक एक बम मिला । पुलिस सूत्रों के अनुसार जब सुरक्षा पार्टी रात के समय गांव में घर-घर की तलाशी लेने जा रही थी तो तीन नौजवान रास्ते में खड़े मिले । पुलिस ने टार्च मारा तो वे अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले । पुलिस को उस स्थान पर एक बम मिला जो एक बक्से में बंद था । बम को निरीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है ।

मृत 2 लुटेरों की शिनाख्त : पठानकोट (गुप्ता): सिटी पुलिस के इंस्पैक्टर ठाकुर बलकार सिंह ने बताया कि नूरपर पुलिस ने जो दो व्यक्ति राज कुमार पुत्र इनायत मसीह निवासी मेहरपुर कालोनी पठानकोट और हरपाल सिंह पुत्र गुरचरण सिंह गांव ठीकरीवाल (कादियां) को गिरफ्तार किया है, उन्होंने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि 23 मार्च की रात्रि को पठानकोट-सिबली कलियां में पठानकोट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले 2 गैर शिनाख्त-शुदा युवक उनके ही गिरोह के थे । उनके नाम हैं :—गुरदीप सिंह और राजेन्द्र सिंह (दोनों गांव ठीकरीवाल के निवासी) । इन चारों ने मुकेरियां पुलिस से एक बन्दूक और डमटाल पुलिस से 2 बन्दूकें छीनी थीं, जिन्हें बरामद कर लिया गया है । श्री ठाकुर ने बताया कि इसी गिरोह ने कांगड़ा से मारुति वैन चोरी की थी ।

चांद पर दरदर्शी यंत्र लगाने की योजना

वाशिंगटन, 25 मार्च (पस) : अमरीकी नक्षत्र वैज्ञानिकों की एक समिति की राय है कि चांद पर दरदर्शी यंत्र स्थापित करने से पृथ्वी से वैज्ञानिक

Punjab Sanskriti

कराने के लिए आज यहां पहुंचे । उन्होंने भेंट के

तीन से पांच प्रतिशत मतदान हुआ था ।

बमों से विस्फोट करने के प्रयास किए गए ।

अमृतसर में अंधाधुंध फायरिंग से 7 मरे, अन्यत्र 10 हत्याएं, एरिया कमांडर निरवैर सिंह समेत 11 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 26 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान दो स्वयंभू एरिया कमांडरों भाई रंजीत सिंह तथा निरवैर सिंह सहित 11 मिलिटैंट मारे गए ।

आज रात अमृतसर में मिलिटैंटों के ग्रुपों की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण एक ही परिवार के तीन व्यक्ति मारे गए जबकि 4 अन्य व्यक्तियों की भी मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । बाद में पुलिस ने पीछा करके तीन मिलिटैंटों को मार गिराया । अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा होशियारपुर के एक सिनेमाघर में बम विस्फोट हुआ ।

4 मिलिटैंट मारे गए : बटाला (चौधरी): बटाला पुलिस जिले में गत रात अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में चार मिलिटैंट मारे गये । बटाला पुलिस जिला प्रमुख सीता राम ने कहा कि कोटली सूरत मली ग्राम के निकट हुई मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए परन्तु उनका एक साथी एक कार को छोड़ कर भाग गया । यह मुठभेड़ इस कार को रोके जाने के बाद शुरू हुई थी, इसमें मिलिटैंट सवार थे । कार के अलावा दो पिस्तौल और एक नकली पिस्तौल भी मुठभेड़ स्थल से बरामद हुई है ।

पुलिस प्रमुख ने यह भी बताया कि दूसरी मुठभेड़ भालोंवाली ग्राम के निकट हुई जिसमें एक मिलिटैंट मारा गया किन्तु उसके दो साथी फरार हो गए । मुठभेड़ के स्थान से एक हथगोला, पंद्रह कारतूस, ए.के. 47 राइफल और ए.के. 47 की एक मैगज़ीन भी मिली है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : बटाला पुलिस जिले के गांव जेठीकलां में मिलिटैंटों ने सुरिंदर सिंह नामक होमगार्ड जवान की हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : डेरा बाबा नानक सैक्टर में आज एक घुसपैठिया मारा गया ।

निरवैर सिंह मारा गया : मजीठा पुलिस जिले में कल रात भिंडर ग्राम के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में निरवैर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । वह 'भिंडरांवाले टाईगर फोर्स का क्षेत्रीय कमांडर' था । इसकी हत्याओं के कई मामलों में तलाश थी और इस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित था । मारे गए मिलिटैंट से एक ए.के. 47 राइफल भी मिली है ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार निरवैर सिंह का सम्बन्ध बी.टी.एफ.के. के संघा गुट से था ।

गुट संघर्ष में मारा गया : एक अन्य सूचना के अनुसार थाना जंडियाला के गांव मुच्छल में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति परगट सिंह के घर में घुस कर उसे गोलियों से मार दिया । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

1 की हत्या : एक अन्य वारदात में कल रात इसी जिले के रामपुर चीते गांव में मिलिटैंटों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी शिन्दर सिंह को गोली मार कर मार डाला ।

अमृतसर में फायरिंग : 7 मरे, 3 घायल : अमृतसर (नारंग): आज रात यहां मकबूलपुरा क्षेत्र में मिलिटैंटों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग से 5 व्यक्ति मारे गए तथा 3 घायल हो गए ।

वार्ता ने इस वारदात में मरने वालों की संख्या 7 बताई है ।

घायलों में 2 औरतें तथा एक बच्चा शामिल है ।

घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल की गोलियों के 15 खोल और माऊजर पिस्तौल की गोलियों के 6 खोल मिले हैं । एक मास पूर्व भी इसी क्षेत्र में ऐसी वारदात हुई थी ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों में से तीन एक ही परिवार के सदस्य हैं । अमृतसर के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने दावा किया कि यह वारदात मिलिटैंटों के गिरोह के आपसी संघर्ष का नतीजा है ।

पुलिस कंट्रोल रूम का कहना है 5-6 मिलिटैंटों ने स्वर्गीय बचन सिंह के, जिसे कुछ मास पूर्व मिलिटैंटों ने मार डाला था, घर पर हमला करके उसके बेटे बलबीर सिंह, दामाद रूप सिंह और बेटी को मार डाला । मिलिटैंटों ने उसी मकान में किराएदार परमजीत सिंह को भी मार डाला । तंग गली में अंधाधुंध फायरिंग करते हुए जब मिलिटैंट भागे तो एक अन्य व्यक्ति भी गोलियों से मारा गया । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

3 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे : वार्ता के अनुसार पुलिस ने मिलिटैंटों का पीछा करके 3 मिलिटैंटों को मार गिराया ।

पूर्व सैनिक की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में आज शाम मिलिटैंटों ने एक भूतपूर्व सैनिक दलबीर सिंह की उस समय हत्या कर दी जब उसने उन्हें अपनी कार देने से इन्कार कर दिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : हथियार मिले : सुरक्षा बलों ने कल तरनतारन के टूटमांगली गांव में, छापा मार कर तीन मिलिटैंटों को पकड़ लिया । सुरक्षा बलों को यहां तीन मिलिटैंटों के छिपे होने की सूचना मिली थी । छापे के दौरान संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीनों पकड़े गए । वहां से दो मोटरसाइकिल, आठ ए.के. 47 राइफल, एक राकेट लांचर, 16 मैगजीन, 7 राकेट, 8 बम, दो किलो विस्फोटक, दो तार के बंडल और 8 पलीते मिले ।

[illegible]

उससे विस्फोटक और पांच डैटोनेटर बरामद हुए हैं ।

हथियार मिले : इस बीच अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के सीमावर्ती इलाकों में सेना ने सैनिक अभ्यास के दौरान कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए । एक सैनिक अधिकारी ने कल शाम यहां बताया कि यह गोला-बारूद और हथियार सामान्य खोजबीन के दौरान नहीं मिले । उन्होंने कहा कि सैनिक अभ्यास के दौरान कुछ गांव वालों ने उन्हें छिपे हुए हथियार और गोला-बारूद के बारे में बताया था ।

ग्रामीणों के सहयोग से दो मिलिटैंट मारे गए : भटिंडा जिले के गांवों गोनियाना खुर्द, गोनियाना कलां तथा हरि राय के निवासियों ने आज दो मिलिटैंटों, जो बाद में मुठभेड़ में मारे गए, का पीछा करने में सुरक्षा बलों को अद्भुत सहयोग दिया । गांव निवासियों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को देख कर सुरक्षा बलों को उनके छिपने के स्थान से अवगत कराया । एक मिलिटैंट की पहचान रंजीत सिंह के रूप में हुई है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स (बस्सन सिंह) का एरिया कमांडर था । वह 30 से अधिक हत्याओं में वांछित था । जिला पुलिस प्रमुख राजेन्द्र सिंह ने तीनों गांवों के विकास के लिए 9 लाख रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात ... रेखा

चन्द्रशेखर से बेहतर हमारा और कोई नेता नहीं हो सकता ।

—देवी लाल



भाई साहब, उम्मीद करनी चाहिए कि श्री चन्द्रशेखर के लिए उनका यह प्रमाण पत्र [illegible]

दिग्गजों द्वारा अप

नई दिल्ली, 26 मार्च (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और दो पूर्व प्रधानमंत्रियों सहित अधिकतर मंत्रियों के इस बार अपने पुराने निर्वाचन क्षेत्रों से ही चुनाव लड़ने की सम्भावना है ।

प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बलिया से, पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के फतेहपुर से तथा राजीव गांधी के अमेठी से ही चुनाव लड़ने की सम्भावना है । चुनाव जीतने की स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के सम्भावित प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भी उनके पुराने चुनाव क्षेत्र बलरामपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा है ।

कांग्रेस (इ), जनता दल, भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (स) अपने सदस्यों को उनके पुराने क्षेत्रों से ही चुनाव लड़ाने की बात कह रहे हैं । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अगले महीने के पहले सप्ताह में अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे देगी । तब तक मुख्य मुकाबलों की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाएगी ।

फतेहपुर से यदि श्री संत बक्श सिंह अपने भाई विश्वनाथ प्रताप सिंह के खिलाफ लड़ते हैं तो दोनों भाइयों के बीच जम कर मुकाबला होगा । लोकदल के राज्यसभा सदस्य अवधेश सिंह भी सम्भवतः फतेहपुर से ही अपना भाग्य आजमाएंगे । महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी यदि अमेठी से श्री राजीव गांधी को चुनौती देते हैं तो एक बार फिर दो [illegible]

नावों के दौरान ...
(3 का शेष)

लगाया जा सकता ।

ष्ट्रीय मुद्दे महत्वपूर्ण

रतीय जनता पार्टी ने कहा है चुनावों में पिछली बार की नहीं बल्कि 'सकारात्मक' तदाताओं का ज्यादा ध्यान पर राष्ट्रीय मुद्दों की ओर ध्यक्ष श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कारों से बातचीत के दौरान ता इस बार 'वायदों और वे में नहीं आएंगे, बल्कि कलन उनके कार्यक्रमों के न्होंने यह भी दावा किया कि य मुकाबला कांग्रेस (इ) और मोर्चा गठबंधन के बीच ही नता दल (स) कहीं भी चुनाव गा ।

के मुख्यमंत्री सुधीर रंजन लोकसभा के साथ ही राज्य राए जाने की चर्चा में कोई आज अगरतला में कहा कि ग कर लोकसभा चुनाव के ाव कराए जाने की अटकलों ढ़ावा दे रहे हैं ।

बहुकोणीय संघर्ष :

ई माह में दसवीं लोकसभा के में मध्य प्रदेश की 40 सीटों णीय संघर्ष की स्थिति बन लोगों में मध्य प्रदेश में हमेशा ाथ रही है लेकिन इस बार ा अपनी निजी पहचान व ड) को करारी टक्कर दे रही

बक सिखाया जाए :

अडवानी ने आज कांग्रेस अवसरवादी पार्टियां करार इन्हें आगामी मध्यावधि ने की अपील की ।

रोह के 2 गिरफ्तार

र्व (नेपाल): वरिष्ठ पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रैस कि कल पुलिस ने ठगों के चंद्र पाल तथा पवन कुमार उनके नोट दुगुने करने का पुलिस के अनुसार वे सौ के ऊपर रखते थे, जबकि । कल वह कुलदीप सूद थ ठगी करने में लगे हुए से चार बंडल तथा उनका ले लिया है । इस गिरोह ा शुरू कर दी है ।

जुलाई से

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ में एक थानाध्यक्ष और सीमा सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया । मौके से एक ए.के. 47 राइफल और एक अन्य राइफल बरामद की गई ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने संगरूर जिले के छलार कलां गांव में सुखदेव सिंह उर्फ सुखा नाम के एक व्यक्ति के मकान में घुस कर गोलियां चलाईं जिससे वह मारा गया और उसकी दो बेटियां घायल हो गईं ।

दो की हत्या : जालंधर जिले के गांव तेग में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

एक अन्य की हत्या : जालंधर जिले के गांव मेहमूवाल यूसफपर में कलगत देव नामक एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने दावा किया है कि यह निजी दुश्मनी का मामला है ।

महिला की हत्या : लुधियाना (धीमान): थाना सदर के गांव इकलाह से सूचना मिली है कि 2 मिलिटैंट दर्शन सिंह के घर आए और उसकी पत्नी कुलदीप कौर की यह कह कर हत्या कर दी कि वह बदचलनी करने से बाज नहीं आती । वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गई ।

पांच मिलिटैंट गिरफ्तार : रायकोट (राकेश): पुलिस ने अजमेर सिंह, जगदेव सिंह उर्फ रूपी, जरनैल सिंह, जुगराज सिंह राजा तथा बलविंदर सिंह को गिरफ्तार करके उनके पास से कुछ हथियार भी बरामद किए हैं । इन्हें गांव बरमी के निकट एक गोदाम से गिरफ्तार किया गया । वे उस समय एक बैंक तथा कस्बे में अन्य वारदातें करने की योजना बना रहे थे । पुलिस छः व्यक्तियों की हत्याओं तथा इलाके में डाकों के कई ठेके तोड़ने की घटनाओं में वांछित थे ।

टाडा के अंतर्गत गिरफ्तार : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने यहां के सैक्टर 40 के सतिन्दर सिंह नामक एक युवक को मनिमाजरा में एक व्यक्ति से उसकी रिवाल्वर छीनने के आरोप में टाडा के अधीन गिरफ्तार कर लिया है ।

फिरौतियां वसूलने वाले गिरफ्तार : पटियाला (भूषण) जिला पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुरनाम सिंह के नेतृत्व वाले एक ऐसे 4 सदस्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को धमकी पत्र लिख कर फिरौतियां वसूल करते थे । ये लोग नाभा के आसपास सक्रिय थे । गुरनाम सिंह ने नाभा के हथियारों के एक विक्रेता अमरदीप सिंह से दो लाख रुपए तथा कुछ हथियार देने को कहा था । जब अमरदीप सिंह पुलिस के कहने पर निर्धारित स्थान पर पहुंचा तो फिरौती लेने आए गुरनाम सिंह तथा सतपाल सिंह को पकड़ लिया गया । बाद में उनके बताने पर उनके दो अन्य साथियों मोहिन्द्र सिंह तथा चरण सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया । चरण सिंह से एक पिस्तौल भी बरामद की गई । ये लोग एक कार, जोकि उन्होंने छीनी थी, में आए थे । उनके पास से लूट के 5 लाख रुपए, एक कार, एम मोटर साइकिल, तीन स्कूटर, दो बी.सी.आर., एक मूवी कैमरा, एक बी.सी.पी., एक टी.वी. बरामद किया गया है ।

सिनेमाघर में बम फटा : एक मरा : होशियारपुर में एक सिनेमाघर में हुए बम विस्फोट से एक व्यक्ति मारा गया तथा 7 अन्य घायल हो गए ।

होशियारपुर से अश्विनी के अनुसार यह बम दोपहर 2.15 बजे न्यू राज सिनेमा की बालकानी में मध्यांतर के समय फटा । क्योंकि अधिकांश लोग जल पान के लिए बाहर गए हुए थे, इसलिए अधिक लोग हताहत नहीं हुए । मृतक की पहचान कैलाश के रूप में हुई है । वह उत्तर प्रदेश का निवासी था तथा यहां एक स्पिनिंग मिल में कार्यरत था । घायलों के नाम हैं : सतनाम सिंह, कश्मीर सिंह, लक्ष्मीधर, गुरचरण सिंह, कल्पतरू, बलकार कौर तथा सीता बाई ।

इंकाई एक-दूसरे की टांग खींचने में संलग्न

अमृतसर, 26 मार्च (अशोक): आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर अमृतसर के इंका नेताओं में अपनी चौधराहट प्रदर्शित करने के लिए एक-दूसरे की टांग खींचने का कार्य इन दिनों काफी तेज है, जिससे इंका के प्रमुख एवं समर्थित कार्यकर्त्ता काफी खिन्न हैं और इन नेताओं को काफी कोसते नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं यहां तक कह रहे हैं कि इंका को विपक्षी दल इतना आघात पहुंचाने में सक्षम नहीं होंगे, जितना आघात इंका के टांग खेंचू नेता इंका को आगे लाने चित्त गिरा कर पहुंचाएंगे ।

इन समर्पित 3 नेताओं जिनमें एक भू.पू. विधायक भी शामिल है, अमृतसर के केंद्रीय क्षेत्र में सम्बन्धित इंका नेता, जो भू.पू. विधायक भी हैं को नीचा दिखाने और उसके समर्थित प्रत्याशियों को हाईकमान से टिकट न दिए जाने के लिए पूरा दबाव डाल रहा है

स्वर्ण नियंत्रण कानून की समाप्ति के बाद स्टैंडर्ड सोने का कारोबार ठप्प

अमृतसर, 26 मार्च (अशोक): अमृतसर सर्राफा बाजार में इन दिनों स्टैंडर्ड सोने का कारोबार ठप्प पड़ गया है तथा इसका बाजार में कोई लेन-देन नहीं हो रहा । अमृतसर सर्राफा बाजार के एक प्रवक्ता के अनुसार जब से स्वर्ण नियंत्रण कानून समाप्त हुआ है तब से ही स्टैंडर्ड सोने का कारोबार प्रभावित होने लगा है तथा धीरे-धीरे यह समाप्ति के कगार पर आ पहुंचा है ।

इंका राजेश खन्ना को अडवानी के मुकाबले खड़ा करेगी ?





(बाएं) अमृतस
का शटर (दाए
फिट किया गय



पंजाब युवा क
श्री राजीव गां

हौजरी उ
कार्यक्र

लुधियाना
को पेश कठि
संबंधी समस्
बुधवार साय
करेगा ।

जपा-जद

नई दिल्ल
सुब्रह्मण्यम स्
जनता दल (स
चुकी हैं ।

3

गंगानगर
के क्यू हैड चौ
मुठभेड़ में अ
गए ।

सुब्रह्मण्य
'अर्थ शास

नई दिल्
न्यायमंत्री डा
प्रौद्योगिकी स
शास्त्र के प्रो
है । आई.अ

Punjab Sahitya

गरोह के 2
गिरफ्तार

र्च (नेपाल): वरिष्ठ पुलिस
र्मा द्वारा जारी किए गए प्रैस
है कि कल पुलिस ने ठगों के
ं चंद्र पाल तथा पवन कुमार
ो उनके नोट दुगुने करने का
। पुलिस के अनुसार वे सौ
डल के ऊपर रखते थे, जबकि
थे । कल वह कलदीप सद
साथ ठगी करने में लगे हुए
ऐसे चार बंडल तथा उनका
में ले लिया है । इस गिरोह
ाश शुरू कर दी है ।

ज जुलाई से

मार्च (धीमान): स्थानीय
ज अस्पताल की ओर से
सहयोग के साथ जो डैंटल
से आरंभ किया जा रहा है,
गा । इससे पूर्व इस तरह के
दो कालेज चल रहे हैं । इस
ई.एल.जोशी होंगे । पहले
प्रवेश दिया जाएगा । इस
ख से 16 लाख की लागत
त कुर्सियां मंगवाई जा रही

बंदी से उद्योग
ोगा : शर्मा

र्च (नेपाल): चैम्बर आफ
ल अंडर टेकिंग्ज के प्रधान
बयान में कहा है कि आयात
पंजाब की स्टील इंडस्ट्री को
साइकिल, सिलाई मशीन भी
त साल की भारी कमी का
श्री शर्मा ने कहा कि इसमें
यात होगा तथा निर्यात भी

कि आयात को कुछ सीमा
है किन्तु पूरी तरह बंद नहीं
ग प्रभावित न हों ।

पन्न

कृ सूचना

श्री हकम चन्द निवासी
अपने लड़के हंसराज को जो
पनी चल-अचल सम्पत्ति से
लेन-देन करने वाला स्वयं

(Deep/39)

कलदीप कौर मेरे कंट्रोल से
ी चल-अचल सम्पत्ति से
ोई उससे लेन-देन करेगा
तेजिन्द्र पाल कौर विधवा
ज़ार पीर बोदला, मुहल्ला

ा

2 (Direct) B.A./

ने बताया कि पुलिस ने गुरनाम सिंह के नेतृत्व वाले एक ऐसे 4 सदस्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को धमकी पत्र लिख कर फिरौतियां वसूल करते थे । ये लोग नाभा के आसपास सक्रिय थे । गुरनाम सिंह ने नाभा के हथियारों के एक विक्रेता अमरदीप सिंह से दो लाख रुपए तथा कुछ हथियार देने को कहा था । जब अमरदीप सिंह पुलिस के कहने पर निर्धारित स्थान पर पहुंचा तो फिरौती लेने आए गुरनाम सिंह तथा सतपाल सिंह को पकड़ लिया गया । बाद में उनके बताने पर उनके दो अन्य साथियों मोहिन्द्र सिंह तथा चरण सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया । चरण सिंह से एक पिस्तौल भी बरामद की गई । ये लोग एक कार, जोकि उन्होंने छीनी थी, में आए थे । उनके पास से लूट के 5 लाख रुपए, एक कार, एम मोटर साइकिल, तीन स्कूटर, दो वी.सी.आर., एक मूवी कैमरा, एक वी.सी.पी., एक टी.वी. बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि उन्होंने खड़ा तथा तूही में दो पैट्रोल पम्प भी लूटे थे ।

फैक्टरी कर्मियों की हत्याओं का सुराग मिला : रोपड़ (राकेश): जिला पुलिस प्रमुख मोहम्मद मुस्तफा ने दावा किया है कि 22 मार्च को खरड़ के निकट एक फैक्टरी के 27 कर्मचारियों की हत्या के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिल गया है। आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने उस रात हत्यारों के गिरोह को शरण दी थी । उन्होंने बताया कि इस गिरोह, जिसमें कि 10 से 12 सदस्य थे, का संबंध के.सी.एफ. के पंजवड़ गुट से है । उन्होंने बताया कि कराची पुलिस ने गांव कंबेहड़ी के गुरदेव सिंह तथा गांव दल्लवों के कर्मजीत सिंह ग्रंथी को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि पुलिस मिलिटैंटों के ठिकानों के स्थानों पर छापे मार रही है ।

फिरौतियां लेने वाले दो गिरोहों का पर्दाफाश : पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने फिरौतियां लेने वाले दो गिरोहों का भी भंडाफोड़ किया है । ये लोग इस जिले में मिलिटैंसी की आड़ में लूटपाट करते थे । पुलिस ने उनसे हथियार तथा गोली सिक्का भी बरामद किया है । उन्होंने बताया कि पहला गिरोह व्यापारियों, सरपंचों तथा स्कूल हैडमास्टरों को धमकी पत्र लिख कर धन छीनता था तथाकथित सुधार अभियान को लागू करवाता था । इस गिरोह के सदस्यों के नाम जसविंदर सिंह, परमजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जगतार सिंह तथा जसबीर सिंह हैं । दूसरा गिरोह डकैतियां और चोरियां करता था । इसके सदस्यों में सुरिन्दर कुमार, अरविन्दर कुमार शामिल हैं ।

एस.एस.पी. ने बताया कि जिला पुलिस ने पिछले दो महीनों में छापों के दौरान एक ए.के. 94 राइफल, दो ए.के. 47 राइफलें, 7 हथगोले, 4 रिवाल्वर, 4 बंदूकें, एक 303 बंदूक, दो 315 के पिस्तौल तथा दो स्कूटर तथा एक मोटर साइकिल बरामद किया है ।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : धुरी से सिंगला के अनुसार एस.एस.पी. संगरूर एस.एस. भल्लर ने बताया कि जिला पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान 6 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने कपूरथला जिले में लाखन के पड़ड़ा गांव में अमरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

प्रभावित होने की कगार पर आ पहुंचा है

इंका राजेश ख
के मुकाबले



राज

नई दिल्ली, 26 म
स्टार श्री राजेश खन्ना
रहे हैं । जानकार सूत्र
कमान उन्हें नई दिल्ली
पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री
चुनावी मैदान में उतारने

श्री राजेश खन्ना ने
राजीव गांधी से मुलाका
दिल्ली बुलाया गया था
स्वीकार किया कि वह
विचार कर रहे हैं । जब
में खड़े होंगे, तो श्री खन्
गांधी के वफादार सिपाही
जाएगा वह उसी का पा

जनता दल शत्रुघ्न
क्षेत्र से चुनाव में खड़ा क
सिन्हा इस बार चुनाव के
नहीं हैं । उन्होंने कहा कि
बी.पी. सिंह के समर्थन
जनता से जो वायदे कि
सका, इसलिए मैं इस बा
चाहता हूं ।

यह भी पता चला
मनोज कुमार को चुनाव
रही है । उनके पुत्र कुण
दिल्ली में आयोजित ब
सम्मेलन का उद्घाटन
कि कछ ब्राह्मण संस्था
चुनावी दंगल में खड़ा क

कांग्रेस द्वारा विख्यात
बम्बई से पुनः टिकट
वैजयन्ती माला मद्रास के
पर पुनः भाग्य आजमा
दक्षिण भारत की विख्यात
कांग्रेस के टिकट पर विज
चुनाव लड़ने की तैयारी
में भी इसी क्षेत्र से विजय

फिल्म स्टार शबान
मैदान में खड़ा करने का
वामपंथी दलों द्वारा खड़
बब्बर को जनता दल आ
के लिए प्रयास कर रहा है
चुनाव लड़ने से साफ इन
कहना है कि राजनीति उ

भारतीय रेलवे

Punjab Archive

हत्या कर दी ।

पंजाब में 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 27 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 लोगों की हत्या हुई तथा 3 मिलिटैंट भी मारे गये । इस बीच मिलिटैंटों ने 2 लोगों का अपहरण भी किया ।

दो सैनिकों की हत्या : मालेरकोटला से 'आजिज' के अनुसार मिलिटैंटों ने आज यहां दो सैनिकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि विजय कुमार तथा बलवन्त राय नामक दो सैनिक नाभा छावनी से मालेरकोटला के सरहदी गेट क्षेत्र में आए थे और एक नाई की दुकान पर शेव करा रहे थे । इस बीच कुछ मिलिटैंट वहां आए और दोनों सैनिकों को गोलियां मार कर भाग गए । दोनों सैनिकों को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई ।

आपसी लड़ाई में एक मिलिटैंट मरा : बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार पुलिस ने गांव बोढ़ नौ आबाद के निकट से एक मिलिटैंट की गोलियों से छलनी लाश बरामद की है । पुलिस ने बताया है कि यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है । मृतक का नाम जगतार सिंह उर्फ छिंदा बताया जाता है ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के रावाली गांव में कल रात मिलिटैंटों ने गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना जिला के भावांकलां गांव में मिलिटैंटों ने सरपंच नाजर सिंह के घर में घुस कर गोलियां चलाईं, जिससे सरपंच की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

2 शव बरामद : फिरोजपुर जिले के ममदोट सैक्टर में भारत-पाक सीमा के पास से आज सुबह गोलियों से छलनी दो शव बरामद किए गए । दोनों शव मिलिटैंटों के होने का संदेह है ।

एक की हत्या : संगरूर जिला के बल्लियां गांव में मिलिटैंटों ने कल शाम सुखविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो लोगों का अपहरण : मिलिटैंटों ने कल रात संगरूर जिला के बल्लियां गांव से ही सुखदेव सिंह तथा सुरेन्द्र पाल सिंह नामक दो लोगों का अपहरण कर लिया ।

एक की हत्या : भटिंडा जिला के कोट धरमू गांव में मिलिटैंटों ने कल रात मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मानसा से 'मेहता' के अनुसार बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने मुख्तियार सिंह को कल रात उसके घर से अपहृत कर लिया तथा कुछ मील दूर ले जाने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

उनका दल करेल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और असम में अपने उम्मीदवार खड़े करेगा ।

बिहार की स्थिति : बिहार में लोकसभा चुनावों में एक तरफ जनता दल, वाममोर्चा गठबंधन जनता की मंडल मस्जिद भावना को भुनाने की कोशिश में जुटा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस (इ) राष्ट्र के हित में राजनीतिक स्थिरता स्थापित करने का नारा दे रही है । राज्य में इन दोनों को व्यापक जनाधार प्राप्त है, जबकि भारतीय जनता पार्टी अपने सीमित प्रभाव के सहारे मतदाताओं की अयोध्या में राम मन्दिर समर्थक भावना को भुनाने का प्रयास कर रही है ।

इनके अलावा बिहार में जो दो अन्य प्रभावी दल हैं, वे आदिवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का दावा कर रहे हैं । ये दल हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा और भाजपा से अलग हुए गुट सम्पूर्ण क्रांति दल ।

राज्य में जनता दल (स) का संगठनात्मक ढांचा कमज़ोर है । जनता दल (स) ने पिछली लोकसभा के दस सदस्यों को खड़ा करने का निर्णय किया है । इनमें से छः केन्द्रीय मंत्री हैं । इनमें सर्वश्री हुकुमदेव नारायण यादव, सुबोध कांत सहाय, ललित विजय सिंह, राम बहादर सिंह, दसई चौधरी और यशवन्त सिन्हा शामिल हैं ।

इंका-जदस गठजोड़ अत्यावश्यक : **पटेल** : गांधीनगर : गुजरात के मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल ने आज यहां कहा कि वह आगामी मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस (इ) के साथ चुनाव गठजोड़ के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से सम्पर्क बनाए हुए हैं । इन दोनों राज्यों में कांग्रेस (इ) जनता दल (स) सरकार को समर्थन दे रही है । संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पटेल ने कहा कि उनके नेतृत्व में कल पांच सदस्यों का एक दल दिल्ली जाएगा । यह जनता दल (स), हाई कमान और प्रधानमंत्री चंद्र शेखर पर इस बात के लिए ज़ोर देगा कि कांग्रेस (इ) के साथ चुनाव गठजोड़ नितांत आवश्यक है ।

श्री पटेल के अलावा इस दल में राज्य के वित्तमंत्री छबील दास मेहता, विधिमंत्री शशिकांत लखानी, राजस्व मंत्री दलसुख भाई पटेल और जनता दल (स) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नरपत सिंह चावड़ा शामिल होंगे ।

श्री पटेल इस प्रश्न का उत्तर टाल गए कि यदि जनता दल (स) हाईकमान ने उन्हें कांग्रेस (इ) से गठजोड़ की इजाज़त देना स्वीकार न किया गया तो क्या वह क्षेत्रीय दल का गठन करेंगे ।

कर्नाटक में तिकोने मुकाबले सम्भावित : बेंगलूर : कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस (इ), विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी जनता दल और भाजपा के बीच लोकसभा चुनावों में तिकोने मुकाबले होने की सम्भावना है । तीनों पार्टियां सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं ।

जदस-भाजपा चुनावी तालमेल नहीं : जनता दल (स) भारतीय जनता पार्टी के साथ कोई चुनावी तालमेल नहीं करेगा । यह बात दल के प्रवक्ता महासचिव सत्य प्रकाश मालवीय ने आज दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कही । श्री मालवीय ने कहा कि कांग्रेस (इ) के साथ चुनावी समझौते के बारे में दल की आठ सदस्यों वाली समिति अंतिम रूप से विचार करेगी । क्या जनता दल के साथ जनता दल (स) का कोई चुनावी गठबंधन होगा, यह पूछे जाने पर श्री मालवीय ने कहा कि जनता दल की ओर से अभी इस आशय का कोई प्रस्ताव नहीं आया है । आने पर विचार किया जाएगा ।

श्री मालवीय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि



अमृतसर के मकबूलपुरा क्षेत्र में मंगलवार रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए 7 लोगों के शव ।

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

के बाद गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

दो लोगों की हत्या : मानसा से 18 किलो मीटर दूर घम्मन कलां गांव में मिलिटैंटों ने एक ठेकेदार मलकीयत सिंह तथा उसके साथी भूपा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर लिया है ।

3 मिलिटैंट मरे : कल रात अमृतसर शहर में रामबाग के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । यह मुठभेड़ उस समय हुई, जब सुरक्षा बल मकबूलपुरा क्षेत्र में कल रात ही सात लोगों की हत्या करके भागने वाले मिलिटैंटों की तलाश कर रहे थे । पुलिस अधिकारियों को अभी तक इस बात का पता नहीं चला है कि मुठभेड़ में मारे गए तीनों मिलिटैंटों का मकबूलपुरा में हुई वारदात में हाथ था या नहीं । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो पिस्तौलें तथा 20 जीवित कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो पुलिस कर्मियों की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर शहर में इंदिरा कालोनी में प्रीतम सिंह तथा सम्पूर्ण सिंह नामक दो हैड कांस्टेबलों को उनके घरों से बाहर निकाल लिया और बाद में गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिले के मंडिरांवाला गांव के निकट पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर तीन राइफलें, एक बंदूक और गोली-बारूद बरामद किया । गिरफ्तार मिलिटैंटों के नाम हरभजन सिंह, कुलदीप सिंह, बीरा सिंह और रविंद्र सिंह बताए गए हैं ।

2 धमपेठिए मरे : अमृतसर जिला के खेमकरण क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल ने दो पाक घुसपैठियों को मार गिराया ।

मुठभेड़ के दौरान 4 मिलिटैंट भागे : होशियारपुर जिला के चंडीदास गांव में कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एरिया कमांडर सुरेंद्रजीत सिंह मल्लेवाल तथा उसके 4 साथी भाग गए । मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बल गांव में घर-घर की तलाशियां ले रहे थे । उक्त मिलिटैंट एक फार्म हाऊस में छिपे हुए थे । मुठभेड़ के दौरान बी.एस.एफ. का एक कांस्टेबल टी.के. भट्टाचार्य घायल हो गया । मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने हथगोलों का भी इस्तेमाल किया । घटनास्थल से कुछ डायरियां भी मिली हैं, जिनमें उन लोगों के नाम हैं, जो कि मिलिटैंटों की हिटलिस्ट में शामिल हैं ।

दम्पति की हत्या : फरीदकोट जिला के थम्मनवाल गांव में मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल के रिश्तेदार चमकौर सिंह के घर में दाखिल होकर फायरिंग की, जिससे चमकौर सिंह और उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई ।

सिंगापुर में विमान अपहर्त्ता

(पृष्ठ 3 का शेष)

यूसुफ मुगल बताए गए हैं ।

इस्लामाबाद (ए.पी.) : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो की ओर से आज आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान में सत्तारूढ़ मोर्चे ने सिंगापुर एयर लाइन्स के विमान को अपहृत करने का

मिलिटैंट गंगानगर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

अब तो मिलिटैंटों के हौसले यहां तक बुलंद हो गए हैं "कि जो कोई उनकी योजना में बाधा बनेगा उसे मौत की नींद सुला दिया जाएगा ।" अनूपगढ़ की रक्तरंजित घटना इसी बात का मुंह बोलता प्रमाण है । उक्त मृतक परिवार का एक मुखिया पुलिस के लिए मुखबरी करता था व इसी कारण मिलिटैंटों ने पांच जनों की नृशंस हत्या कर दी । यह हरिजन परिवार था व आबादी से दूर एक ढाणी में रहता था ।

गुप्तचर व सुरक्षा एजैंसियों का जाल बिछा होने के बावजूद एक माह में दो घटनाएं इस बात का भी मुंह बोलता प्रमाण हैं कि ये एजैंसियां सर्वथा नाकारा व निकम्मी सिद्ध हो रही हैं । इस समय गंगानगर जिले में चौदह के करीब गुप्तचर एजैंसियां कार्य कर रही हैं, जिन पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपया फूंका जा रहा है, इसके बावजूद कुछ गुप्तचर एजैंसियों की हालत यह है कि वे समाचारपत्रों की कतरनों पर ही निर्भर रहती हैं ।

गत दिनों यहां अचानक केन्द्रीय गृह सचिव ने भी गंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया । उनके साथ संयुक्त सचिव (पुलिस प्रशासन) भी थे व दोनों अधिकारियों का यह दौरा सीमा सुरक्षा बल के सौजन्य से ही था । अधिकारियों ने गंगानगर से चिपटी पाक सीमा का निरीक्षण किया व फिर वापिस दिल्ली रवाना हो गए । गत वर्ष केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने भी जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया था व कहा था, पंजाब एक्शन प्लान योजना के तहत गंगानगर को भी शामिल किया जाएगा । मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ व मिलिटैंसी का वह प्रेत अपना कद धीरे-धीरे पंजाब के समान ही यहां भी बढ़ाने लगा है । अगर इसे कुचला न गया तो यह इस क्षेत्र को भी निगल जाएगा, तब शायद बहुत देर हो चुकी होगी ।

मिलिटैंट इस क्षेत्र में सक्रिय तो हो ही गए हैं व एक तरह से गंगानगर भी अब दूसरा पंजाब बनता जा रहा है, पुलिस की एक के बाद एक असफलताओं से लोगों में भय व्याप्त हो गया है ।

गंगानगर की सीमा पंजाब से भी चिपटी है, इस कारण मिलिटैंटों को आने-जाने के लिए कोई विशेष कठिनाई नहीं है । मगर इस स्थिति से कैसे निपटना होगा, यह अभी तो इतना बड़ा प्रश्न नहीं है, मगर अगर इसी तरह लापरवाही बरती जाती रही तो फिर यह वास्तव में ही एक ऐसा प्रश्न बन जाएगा, जिसका उत्तर खोज पाना असंभव होगा ।

प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा हरियाणा

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री चौटाला की 'चाल' को असफल करने के लिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश करें ।

उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए तथा आगामी चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को राजनीतिक गुंडागर्दी से बचाने हेतु राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए । उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की कि वह अपने अधिकारों का प्रयोग करें व लोकतंत्र की गरिमा की रक्षा करें । "श्री चौटाला को किसी भी तरह काम चलाऊ मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया जाना चाहिए ।"

Punjabi Sansar.com

पूरा करने की क्षमता रखती है ।

श्री अडवानी ने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा की सभी 540 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेगी और प्रत्याशियों की सूची को अगले माह के पहले सप्ताह तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा ।

हैदराबाद : भाजपा की प्रदेश इकाई ने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग से राज्य में चरणबद्ध चुनाव कराने का अनुरोध किया है ।

विघटनकारी ताकतें सिर उठा रही हैं : **मुफ्ती** : मुजफ्फरनगर : जनता दल के नेता तथा पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि देश को बांटने के लिए कुछ ताकतें सिर उठा रही हैं और अपने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को गुमराह कर रही हैं । उन्होंने जनता से अपील की वह सोच-समझ कर अपना मत दें और गलत व्यक्तियों से सतर्क रहें । यहां से लगभग 25 कि.मी. दूर परकाज़ी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री सईद ने आगामी लोकसभा के लिए मुजफ्फरनगर से ही चुनाव लड़ने की घोषणा की तथा कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 11 माह के कार्यकाल में पिछड़े वर्ग के लिए कई योजनाएं बनाईं । उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आई तो वह अपने पिछले अधूरे कार्यों को पूरा करेगी और बजट का पचास प्रतिशत धन ग्रामीण अंचलों के विकास कार्यों पर खर्च करेगी ।

श्री सईद ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए कांग्रेस (इ) से गुप्त समझौता कर लिया है ।

जाखड़ का नाम पैनल में : जयपुर : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस (इ) के संयुक्त मंत्री रमाकांत व्यास ने स्पष्ट किया है कि सीकर संसदीय क्षेत्र के लिए पार्टी प्रत्याशियों के पैनल में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ का नाम भी है । श्री व्यास ने इन खबरों को भी गलत बताया कि श्री जाखड़ का नाम पैनल में नहीं था । उन्होंने कहा कि श्री जाखड़ का नाम पैनल में शामिल करने के लिए पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष परसराम मदेरणा से उन्होंने फोन पर कोई बातचीत नहीं की ।

फारवर्ड ब्लाक 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगा : कलकत्ता : अखिल भारतीय फारवर्ड ब्लाक आगामी मध्यावधि चुनावों में सम्भवतः पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु से 16 स्थानों से लोकसभा के चुनाव लड़ेगा । दल की पश्चिम बंगाल समिति के महासचिव अशोक घोष ने कल यहां बताया कि इस आशय का अन्तिम निर्णय केन्द्रीय समिति की बैठक में लिया जाएगा । बैठक अप्रैल के पहले सप्ताह में दिल्ली में होगी ।

समाजवादी दल 51 सीटों पर लड़ेगा : गोरखपुर : आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय समाजवादी दल के 51 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरेंगे और समान विचारधारा वाले दलों से चुनावी तालमेल भी किया जाएगा । यह जानकारी यहां दल के अध्यक्ष रमाकांत पांडे ने दी । उन्होंने बताया कि उनका दल केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और असम में अपने उम्मीदवार खड़े करेगा ।

बिहार की स्थिति : बिहार में लोकसभा चुनावों में एक तरफ जनता दल, वाममोर्चा गठबंधन जनता की मंडल मस्जिद भावना को भुनाने की कोशिश में जुटा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस (इ) राष्ट्र के हित में राजनीतिक स्थिरता स्थापित करने का नारा दे रही है । राज्य में इन दोनों को व्यापक जनाधार



अमृतसर शहर में राम बाग क्षेत्र में मंगलवार रात को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों के शव ।



अमृतसर में इंदिरा कालोनी में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पंजाब पुलिस के दो कर्मियों के शव ।



अमृतसर के मकबूलपुरा क्षेत्र में मंगलवार रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए 7 लोगों के शव ।

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

के बाद गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

दो लोगों की हत्या : मानसा से 18 किलो

मिलिटैंट गंगानगर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

अब तो मिलिटैंटों के हौसले यहां तक बुलंद हो गए हैं "कि जो कोई उनकी योजना में बाधा बनेगा उसे मौत की नींद सुला दिया जाएगा ।" अनुपगढ़

चंद्रशेखर ने सभी विरोधों के बावजूद

(पृष्ठ 3 का शेष)

जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री गिरीश चंद्र सक्सेना से उनके राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में विचार-विमर्श किया । प्रधानमंत्री ने दोनों राज्यों में तैनात सुरक्षा बलों की स्थिति और इनकी संख्या बढ़ाए जाने पर भी विचार-विमर्श किया ।

प्रधानमंत्री चुनावों की सिफारिश कर सकते हैं अगर... : वार्ता के अनुसार प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने कहा है कि अगर पंजाब, कश्मीर तथा असम की जनता ने वहां चुनाव के अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर दीं तो वह इन तीनों राज्यों में चुनाव कराने की सिफारिश करेंगे । उन्होंने कहा कि इन राज्यों में चुनाव करा कर यहां की जनता को देश की मुख्यधारा में लाया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि वह साफ तौर पर कहना चाहेंगे कि अगर इन राज्यों की जनता ऐसा वातावरण पैदा करती है, जिसमें चुनाव कराए जा सकें तो वह निश्चित रूप से इन राज्यों में चुनाव की सिफारिश करेंगे । श्री चंद्र शेखर ने आई.पी.एस. न्यूज एजैंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि वह इन राज्यों की जनता से हिंसा का रास्ता छोड़ने, शांति स्थापित करने और संविधान के दायरे के अंतर्गत काम करने के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने की अपील कई बार कर चुके हैं ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि इन राज्यों में शांति स्थापित हो जाती है तो चुनाव कराए जाने चाहिएं । लेकिन चुनाव तभी होगा, जब स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की स्थिति होगी । उन्होंने कहा कि इन राज्यों के प्रशासन से उनका बराबर सम्पर्क बना हुआ है और यदि सुरक्षा बलों का कम से कम इस्तेमाल तथा शांति भंग हुए बिना चुनाव कराने की सम्भावना पैदा हुई तो वह चुनाव आयोग से चुनाव कराने के लिए कहेंगे ।

पंजाब में भाजपा द्वारा चुनाव न कराने का आग्रह : भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री से पंजाब तथा असम में चुनाव कराने के मामले में जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करने की अपील की है । पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्ण लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री चंद्र शेखर को लिखे पत्र में कहा है कि दोनों राज्यों में ऐसा माहौल नहीं है कि वहां लोकसभा और विधानसभा के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जा सकें । उन्होंने कहा कि जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है केवल कश्मीर घाटी में ही स्थिति चुनाव के अनुकूल नहीं है । लेकिन जम्मू और लद्दाख क्षेत्र में देश के अन्य भागों के साथ चुनाव कराए जा सकते हैं । श्री शर्मा ने कहा है कि पंजाब में पूरी तरह आतंक का माहौल व्याप्त है और प्रशासन नागरिकों के जानमाल की रक्षा में पूरी तरह असफल रहा है ।

श्री शर्मा ने कहा कि पंजाब में इस समय स्थिति ऐसी है कि अधिकतर लोग अपने-अपने इलाकों से भागे हुए हैं और जो हैं भी वे डर के मारे स्वतंत्र रूप से मतदान नहीं कर सकेंगे । उन्होंने आगाह किया कि यदि चुनाव की घोषणा की जाती है तो इससे राज्य से लोगों का पलायन और तेज ही होगा ।

THIRD
फूल तो दो दिन बहारे जांफ़ज़ा दिखला
हसरत उन गुन्चों पे है जो बिन खिले मुरझ
In Loving, ever lasting and che
memory of our dear Capt. Bhirg
Anand, who left us in tears on th
Tears, Sorrow & grief still flow

Punjab Sanatan

बात उस वक्त और भी बिगड़ गई जब उस

है ।

पंजाब में एरिया कमांडर समेत 12 मिलिटैंट मरे, बहुजन समाज पार्टी के नेता सहित 15 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 28 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के एरिया कमांडर महेंद्र सिंह उर्फ मिंदी समेत 12 मिलिटैंट मारे गए तथा बहुजन समाज पार्टी के एक नेता सहित 15 लोगों की हत्या हुई । इस बीच मिलिटैंटों ने दो लोगों का अपहरण कर लिया ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (धीमान, कतोड़) : कल रात जीरा पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव हरदासा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत मिलिटैंट बलविंदर सिंह उर्फ मरखाई मारा गया । बलविंदर सिंह हत्या के लगभग 20 केसों में वांछित था । हाल ही में जिला फिरोजपुर में कुछ पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हत्याओं के मामले में भी उसका हाथ था । बलविंदर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के हरदीप सिंह उर्फ दीपा गिरोह से सम्बद्ध था । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज मशीनगन, एक पिस्तौल व एक बम बरामद हुआ है । यह जानकारी जिला पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने दी ।

एस.एस.पी. बाल-बाल बचे : बताया जाता है कि हरदासा गांव में मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एस.एस.पी. श्री चट्टोपाध्याय जब घटनास्थल की ओर जा रहे थे तो रास्ते में मिलिटैंटों ने घात लगा कर उनकी कार पर फायरिंग की । कार बुलेट प्रूफ थी, इसलिए श्री चट्टोपाध्याय बाल-बाल बच गए ।

2 कांस्टेबलों के 4 संबंधियों की हत्या : मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिले के धम्मनवाल गांव में कल पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबलों के चार

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Samay

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

रिश्तेदारों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम चमकौर सिंह, उसकी पत्नी रानी, कमलजीत सिंह और उसका भाई चरनजीत सिंह बताए गए हैं ।

दो लोगों का अपहरण : फिरोजपुर जिला के बहा गांव के निकट से मिलिटैंटों ने मिनी बस में सवार दो लोगों का अपहरण कर लिया । इनमें से एक की पहचान संजीव कुमार के रूप में हुई है । दोनों अपहृत कोट ईसा खां के निवासी बताए जाते हैं ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अबोहर (सदोष): आज प्रात: दो मिलिटैंट दलमीर खेड़ा और वरयाम खेड़ा लिंक रोड पर पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए । डी.एस.पी. श्री अदीप शुक्ला ने बताया कि इस सड़क पर थाना खुइयां सरवर की पुलिस ने नाका लगा रखा था । तड़के लगभग साढ़े तीन बजे 5 संदिग्ध व्यक्ति सामने से आते दिखाई दिए । नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत दिया लेकिन उन्होंने खेतों में पोजीशनें लेकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी तुरन्त पोजीशन संभाल कर जवाबी फायरिंग की । क्रास फायरिंग का यह क्रम प्रात: 6 बजे तक जारी रहा । बाद में जब इलाके की छानबीन की गई तो दो मिलिटैंटों की लाशें वहां पड़ी मिलीं । उनके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । घटनास्थल से पुलिस को एक ए.के. 47 राइफल, एक 7.62 बोर राइफल, एक 315 बोर राइफल, दो डबल बैरल बंदूकें और बहुत से कारतूस बरामद हुए । इनमें से तीन हथियार मिलिटैंटों ने गांव दलमीर खेड़ा में लोगों से लूटे थे । मारे गए 2 मिलिटैंटों में से एक की पहचान महेन्द्र सिंह उर्फ मिंदी के रूप में हुई है । वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर था और हत्या, लूटपाट, धन ऐंठने तथा शराब के ठेकों को जलाने की अनेक वारदातों में संलिप्त था ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): आज प्रात: बटाला सदर के अन्तर्गत एक गांव यादपुर सेखवां के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी 2 लाशें बरामद की हैं । इनमें से एक लाश लड़की की है, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । मरने वाले लड़के का नाम हरजीत सिंह बताया जाता है और वह कत्थूनंगल थाना के अन्तर्गत काजीकोड गांव का निवासी था । समझा जाता है कि दोनों मृतक पति-पत्नी थे ।

पुलिस के अनुसार हरजीत सिंह की लाश की शिनाख्त उसके पिता ने की । हरजीत सिंह लगभग 5-6 महीने पहले कुलवंत सिंह नामक एक मिलिटैंट के गिरोह में शामिल हुआ था । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई के कारण उक्त दम्पति की हत्या की गई । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने हरजीत सिंह की हत्या करने के बाद उसकी लाश पर तेजाब छिड़क कर उसे जला दिया । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 11 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण : गुरदासपुर (विनोद): गुरदासपुर जिला के नैनोवाल खुर्द गांव के तीन मिलिटैंटों काबुल सिंह, हरजिन्द्र सिंह तथा हरदीप सिंह ने कल पंचायत सदस्यों तथा गांव के बड़े-बुजुर्ग लोगों की मौजूदगी में जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । श्री गोयल ने बताया कि उक्त तीनों मिलिटैंट धन ऐंठने की वारदातों में संलिप्त थे ।

श्री गोयल ने यह भी बताया कि आत्म-समर्पण करने वालों में से हरदीप सिंह की उम्र 13 साल है और वह 7वीं कक्षा का छात्र है ।

बहुजन समाज पार्टी के नेता की हत्या : लुधियाना से 'धीमान' और समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार कल रात मिलिटैंटों ने खमानो थाना के अन्तर्गत ढारड़कलां गांव में बहुजन समाज पार्टी के सर्कल प्रधान जगन सिंह बालू का गाला मार कर हत्या कर दी । श्री जगन सिंह की उस समय हत्या की गई जब वह गांव में भाग सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर ठहरे हुए थे । श्री जगन सिंह बहुजन समाज पार्टी के प्रधान श्री कांशी राम के आज समराला आगमन के सम्बन्ध में तैयारी के सिलसिले में उक्त गांव में आए हुए थे ।

5 लोगों की हत्या : लुधियाना जिला के साहनेवाल थाना के अन्तर्गत पम्मा गांव में मिलिटैंटों ने आधी रात के समय 5 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों के नाम दर्शन सिंह, अमर सिंह, रामजी, काला तथा बाबू बताए जाते हैं । पुलिस जांच कर रही है ।

घायल जवान ने दम तोड़ा : होशियारपुर (अश्विनी): गत दिवस दसूहा के पास गांव चंडीदास में मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए बी.एस.एफ. जवान टी.के. भट्टाचार्य ने जालंधर में बी.एस.एफ. अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

दोधी समेत 2 की हत्या : अमृतसर (वि.प्र., वार्ता): स्थानीय खालसा कालेज के निकट आज प्रात: मिलिटैंटों ने कश्मीर सिंह नामक एक दोधी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे कश्मीर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इस वारदात में वहां से गुजर रही एक महिला भी गोली लगने से मर गई । वारदात के बाद हत्यारे भागने में सफल रहे ।

सुरक्षा कर्मी घायल : अमृतसर के थाना 'डी' डिवीजन के इलाका में युवा इंका नेता श्री रमिन्द्र बुलारिया के गनमैन बलबीर सिंह पर आज प्रात: कुछ अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाईं । फायरिंग से श्री बलबीर सिंह घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के मुगलचक गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक पिस्तौल, 7 मैगज़ीन तथा 245 कारतूस बरामद हुए हैं ।

आपसी लड़ाई में 2 मिलिटैंट मरे : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के रुड़ाअसल गांव में गुरपाल सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया । गुरपाल सिंह पुलिस में काम करता था लेकिन पिछले दिनों वह ड्यूटी छोड़ कर भाग गया था । अमृतसर जिला के संगला गांव में बलविंदर सिंह उर्फ़ बिल्लू नामक एक मिलिटैंट को भी उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । बिल्लू पिछले वर्ष जोधपुर जेल से रिहा हुआ था ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के पड्डी गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

बाप-बेटे का अपहरण : अमृतसर से सुभाष नारंग के अनुसार 7-8 मिलिटैंटों ने आज झब्बाल रोड पर 3 व्यक्तियों का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन एक व्यक्ति भाग निकला और बच गया, जबकि मिलिटैंट 2 व्यक्तियों कृष्ण लाल और प्रवीण कुमार, जो बाप-बेटा हैं, का अपहरण करके उन्हें अपने साथ ले गए । बताया जाता है कि ये दोनों व्यक्ति अमृतसर के कटड़ा खज़ाना की दाई वाली गली के निवासी थे ।

एस.एच.ओ. के घर पर फायरिंग : आज रात्रि मिलिटैंटों ने अमृतसर के इस्लामाबाद क्षेत्र में थाना डिवीजन-सी के एस.एच.ओ. दर्शन लाल ओहरी के घर पर फायरिंग की ।

दो लोग घायल : रोपड़ जिला के रंगिया गांव में मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह तथा शमशेर सिंह नामक दो लोगों को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के माड़ी मुस्तफ़ा गांव के निकट कल रात जगतार सिंह उर्फ़ निक्कू नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया ।

ठेकेदार की हत्या : दिढ़वा से 'सिंगला' के अनुसार आज दोपहर बाद अढ़ाई बजे के लगभग मिलिटैंटों ने फायरिंग करके मोहन लाल नामक एक ठेकेदार की हत्या कर दी । इस घटना में मृतक का साला भी घायल हो गया ।

एक की हत्या : संगरूर जिला के चक हरिहर गांव में कल रात मिलिटैंटों ने नत्थू राम नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।



मालेरकोटला में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए दो सैनिकों (बाएं) विजय कुमार तथा (दाएं) बलवंत राय के शव । (छाया : शर्मा)

स्वामी तमिलनाडु से चुनाव लड़ेंगे

हैदराबाद, 28 मार्च (प.स.): केंद्रीय विधि मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आज संकेत दिया कि वह अपने पैतृक राज्य तमिलनाडु से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं ।

भाजपा का सत्ता में आने का दावा हवाई : जद

संभावित प्रत्याशियों में से आधे डाक्टर, वकील, इंजीनियर

यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्रपति ने हरियाणा में चुनाव कराने के बारे में चुनाव आयोग से विचार-विमर्श किया है, श्री शेषन ने कहा कि इस प्रकार का विचार-विमर्श एक निरन्तर प्रक्रिया है, इसे सार्वजनिक नहीं किया जाता ।

बरगा उपचुनाव आयुक्त : उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जी.एस. बरगा को उपचुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री शेषन ने बताया कि कई राज्यों से विधानसभा चुनाव कराने को औपचारिक अनुरोध प्राप्त नहीं होने के बावजूद चुनाव आयोग हर गतिविधि की जानकारी रख रहा है और देश के किसी भी भाग में किसी भी स्थिति में उपयुक्त कदम उठाने को तैयार है ।

जद (स) समिति की बैठक आज : जनता दल (स) की आठ सदस्यों वाली उच्च स्तरीय समिति की बैठक कल 29 मार्च को दिल्ली में होगी, जिसमें लोकसभा के मध्यावधि चुनाव की रणनीति पर विचार किया जाएगा । इस समिति की यह पहली बैठक होगी । इसका गठन राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने गत 21 मार्च को किया था । यह जानकारी उप-प्रधानमंत्री एवं जनता दल (स) के अध्यक्ष देवी लाल ने आज यहां दी । उन्होंने कहा कि इस बैठक में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर मौजूद रहेंगे । बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि किस से चुनावी तालमेल करना है और किस से नहीं करना है । क्या उत्तर प्रदेश और बिहार में जनता दल (स) और जनता दल के बीच सीटों का तालमेल संभव है, यह पूछे जाने पर श्री देवी लाल ने कहा कि इसके बारे में कल बैठक में विचार किया जाएगा ।

महाराष्ट्र जनता दल भंग लोकसभा के सभी सांसदों को आगामी चुनावों में टिकट देगा और पार्टी प्रगतिशील लोकतांत्रिक मोर्चे में अपने घटकों के साथ मिलकर राज्य की सभी 48 सीटों पर चुनाव लड़ेगी । जनता दल राज्य इकाई की अध्यक्ष श्रीमती मृणाल गोरे ने कल बम्बई में पत्रकारों को बताया कि पार्टी प्रतिष्ठित दक्षिण बंबई संसदीय चुनाव क्षेत्र में भी अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी । यहां से बंबई क्षेत्रीय कांग्रेस (इ) अध्यक्ष मुरली देवड़ा सांसद हैं ।

संभावित प्रत्याशियों में से आधे डाक्टर, वकील, इंजीनियर : तमिलनाडु तथा पांडिचेरी में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अखिल भारतीय अन्नाद्रमुक के टिकट के लिए आवेदन करने वालों में से लगभग आधे लोग स्नातक, डाक्टर, वकील या इंजीनियर हैं । पार्टी की महासचिव जयललिता ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि कुल 4,103 लोगों ने टिकट के लिए आवेदन किया है जिनमें से 932 स्नातक, 701 वकील तथा 101 डाक्टर हैं ।

पर्यावरण मुख्य मुद्दा : नर्मदा घाटी में आगामी लोकसभा चुनावों में मुख्य मुद्दा पर्यावरण होगा । वहां के लोगों ने अपनी मांगों के प्रति मध्यप्रदेश सरकार की उदासीनता के कारण चुनावों का बहिष्कार करने की धमकी दी है । घाटी के निवासी बांध-विरोधी प्रदर्शनकारियों के प्रति मध्यप्रदेश सरकार के रवैये से क्षुब्ध हैं । पश्चिमी, मध्यप्रदेश की इस नर्मदा घाटी में कुछ बाडवानी तथा अंजद अनुसूचित जनजाति आरक्षित विधानसभा क्षेत्र और धार संसदीय क्षेत्र आता है ।

राष्ट्रीय नेता मद्रास जाएंगे : राष्ट्रीय पार्टियों के वरिष्ठ नेता तमिलनाडु की क्षेत्रीय पार्टियों के साथ सीटों के तालमेल पर बात करने के लिए अगले सप्ताह मद्रास पहुंचने वाले हैं । कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी 30 मार्च को एक दिन की यात्रा पर मद्रास जा रहे हैं और अन्नाद्रमुक की महासचिव सुश्री जयललिता के साथ लोकसभा और पांडिचेरी विधानसभा के सीटों के बंटवारे पर बातचीत करेंगे । कांग्रेस (इ) और अन्नाद्रमुक के बीच तमिलनाडु विधानसभा की सीटों के बंटवारे पर एक सहमति बन गई है । इसके अनुसार 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 168 सीटों पर अन्नाद्रमुक अपने उम्मीदवार खड़े करेगी, जबकि बाकी सीटों पर कांग्रेस (इ) के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे । हालांकि इन सीटों की पहचान अभी नहीं हो पाई है ।

प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर 6 अप्रैल को बेल्लोर में जनता दल (स) के चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे । वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा भी संभवत: अगले सप्ताह मद्रास जाएंगे और अन्नाद्रमुक तथा जनता दल (स) के बीच तालमेल पर विचार-विमर्श करेंगे । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तथा पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु भी 30 मार्च को दो दिन की यात्रा पर मद्रास जाएंगे और द्रमुक अध्यक्ष एम. करुणानिधि से राष्ट्रीय मोर्चा एवं वामपंथी पार्टियों द्वारा अपनाई जाने वाली चुनाव रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे ।

'आबसू' द्वारा चुनाव का विरोध : आल बोडो स्टूडैंट्स यूनियन (आबसू) ने असम में चुनाव कराए जाने का विरोध करते हुए मांग की है कि राज्य में राष्ट्रपति शासन जारी रखा जाए । आबसू के प्रवक्ता फुकन चंद्र बोडो ने आज एक बयान में कहा कि राज्य में अभी चुनाव के अनुकूल स्थिति नहीं है । उन्होंने कहा कि 'बोडोलैंड' मसले के समाधान के बाद ही यहां चुनाव कराए जाने चाहिएं ।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ पार्टियां 'अपने हित साधने की खातिर' चुनाव की मांग कर रही हैं । श्री फुकन ने 'बोडोलैंड' मसले के समाधान के लिए केंद्र द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति के प्रस्तावित दौरे का स्वागत किया ।

अमेठी में लोग मतदान का बहिष्कार करेंगे : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के संसदीय

पंजाब विधानसभा भंग होने की संभावना
(पृष्ठ 3 का शेष)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 28.3.91 60/- without trays. NECC suggested retail price 8.00 per dozen. (Kamboj/MxW)

संशोधन

26.3.91 के पंजाब केसरी में प्रकाशित जालन्धर नगर निगम के वार्ड नं. 33 के कांग्रेसी उम्मीदवार का नाम तिलक राज की बजाए श्री जनक राज चौहान पढ़ा जाए ।
(3846/28C)

जमीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला कैंट आबादी में पक्की सड़कें, पानी, बिजली, रिहायशी व दुकानों के प्लाट 180 से 280 प्रति गज उपलब्ध हैं । मिलें : लक्की प्रापर्टी सैंटर, बब्याल रोड, अम्बाला कैंट, फोन : 21337.
(Malhotra Pub./30C)

Cheap and attractive Plots on Main G.T. Road, Near Ambala Cantt with metalled roads, attractive residential plots, near DRM Office with metalled roads and street lights. Contact : Jain Property Dealer, Dal Mandi, Ambala Cantt. Phones : Office 23495, Resi. : 23195.
(Ashwani Kohli/39C)

रोज़गार

भारतीय रेलवे में टिकट क्लैक्टर, ट्रेन क्लर्क, अकाऊंट्स क्लर्क, स्टैनोग्राफर के अनेकों पद रिक्त हैं । योग्यता दसवीं, आयु 18-25, वेतनमान 950-1500 रुपए, अंतिम तिथि 15.4.1991, आवेदन पत्र, नियमावली मंगाने हेतु 10/- रुपए मनीआर्डर शीघ्र भेजें । Employment Guidance Institute, 6865/4, Ambala City.
(Puran Singh/43JDC)

सेना भर्ती नौकरी हेतु पांचवीं, दसवीं पास-फेल से स्नातकों के लिए सेनार भर्ती, नेवी, एयरफोर्स में हवालदार, क्लर्क, स्टोर कीपर की हजारों रिक्तियां । विवरणिका एवम् आवेदन फार्म हेतु रुपए नौ (Rs. 9/-) मनिआर्डर द्वारा भेजें । इंस्टीट्यूट आफ कैरियर गाइडैंस, बडनेरा जूनीबस्ती, बडनेरा-444 709 (महाराष्ट्र) ।
(Creative Service/40JD)

शिक्षा

Guaranteed +2 (Direct) B.A./ B.Com./ B.Sc. (one sitting) करें । B.Ed./LL.B. Professional RMP (सरकारी मान्य) Registration 15 दिनों में करवा कर BAMS (one sitting) करें । Prospectus Rs. 15/- by M.O. Sanjay Gandhi College, Angra House, Chhota Shimla-171002.
(3764/37W)

B.A./B.Sc./ B.Com./B.Ed. एक वर्षीय (मगध यूनिवर्सिटी), LL.B. Professional (कानपुर), Prospectus 20/- M.O. United College, 44-Dashmesh Nagar, Opp. Defence Colony, Garha Road, Near Bus Stand, Jalandhar.
(NAMA/29W)

लड़का 16 साल, लड़की 17 साल, लड़का 18 साल तीनों की प्यार और इश्क-भरी कहानी

टी.वी. ट्रेनिंग

सीखें कलर, Black/White TV. मिलें : सनफ्लावर TV ट्रेनिंग सैंटर, गली नं. 16, जनकपुरी, लुधियाना । नोट : होस्टल का प्रबन्ध ।
(Rohan/19W)

टैलीफोन

Attention STD PCO owner's computerise your Booth Install CPD Bangalore PCO Monitor for ready delivery Distributors : Indo Telecom Services, 6190, Ahata Jain Nicholson Road, Ambala Cantt. Phones : 20881, 24953.

चिकित्सा

हकलाना, तुतलाना, बेहतरीन इलाज करवाएं । तुरन्त 26 साल । मिलें : पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।
(Bhalla Ads./15JDC)

शारीरिक सेहत बनाएं, खून, वजन बढ़ाएं, सेहत का सफल देसी इलाज, मिलें : डा. एस.डी. शर्मा, जंडूसिंघा, जालंधर ।
(Malhotra Ent./16JD)

आवश्यकता

खरीदियों की आवश्यकता है, अच्छा वेतन । मिलें : सैम्भी इंडस्ट्रीज, 117, अमन नगर, नजदीक दोआबा चौक, जालन्धर ।
(Greatway/16C)

जरूरत है प्रोडक्शन सुपरवाईजर, जॉब इंस्पैक्टर्स, मकैनिकल ड्राफ्टसमैन, ड्रिलर्स, फिटर जो कि कास्टिंग मशीनिंग में 2-3 वर्ष का अनुभव रखते हों । मिलें या लिखें : चेतन कास्टिंग्स प्रा.लि., गांव चक्का (बड़ही), जिला सोलन, हि.प्र. ।
(Ram/36W)

Shoes की दुकान पर काम करने के लिए एक लोकल लड़का चाहिए, शीघ्र मिलें, वेतन योग्यता अनुसार । Suman Departmental Store, Ladowali Road, Near Railway Crossing, Jalandhar.
(3842/26W)

आवश्यकता है : 60 सरक्षा गार्ड, 20 सुपरवाइजर, 30 हैल्पर, 10 फील्ड आफिसर, 6 क्लर्क, 4 ब्रांच मैनेजर, 10 एक्समैन, वेतन योग्यतानुसार, आवास मुफ्त, पक्की नौकरी, साल में दो वर्दी, छ: माह बाद सभी कम्पनी सुविधाएं । केवल फार्म फीस जमा कर तुरंत ड्यूटी लें । मिलें : डी.पी. सिक्योरिटी सर्विस, 151/31, आज़ाद नगर, कन्हैली रोड, रोहतक । E3/482, नन्दनगरी, दिल्ली-110093, भर्ती दोनों जगह, (रविवार खुला) ।
(Adsun/61JD)

जालन्धर में S.T.D. P.C.O. के लिए व्यक्तियों की आवश्यकता है । तुरन्त मिलें : Bombay Tent House, Jail Chowk, Jalandhar City.
(NP/19W)

तुरन्त चाहिएं भारी संख्या में शिक्षित नौजवान और भूतपूर्व सैनिकों की, जो हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व हिमाचल की लिमिटेड/प्राईवेट लिमिटेड कम्पनियों में सिक्योरिटी गार्ड्स, हैड गार्ड्स, सुपरवाइजर, इंस्पैक्टर, आफिसर, असिस्टैंट सिक्योरिटी आफिसर, सिक्योरिटी आफिसर, चीफ सिक्योरिटी आफिसर, गनमैन, ब्रांच मैनेजर की स्थायी नौकरी कर सकें । डाक्टरी, फंड, बोनस, बीमा, आकर्षक वेतन व अन्य सुविधाएं । प्रमाण पत्र सहित स्वयं तुरन्त मिलें/लिखें । सिक्योरिटी सर्विसेज, SCO 834, (पहली मंजिल), चंडीगढ़-कालका रोड, मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

नाबालिग लड़की को ज़बरदस्ती उठा लाने वाले मिलिटैंटों को ग्रामीणों ने घेर लिया : सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दोनों मारे गए

चंडीगढ़, 29 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसी अवधि में तरनतारन तथा गुरदासपुर के निकट बम फटे जबकि अमृतसर तथा लुधियाना में बमों का समय पर पता चल जाने से हादसे टल गए ।

लड़की का अपहरण करके ले जा रहे दो मिलिटैंट मारे गए : गुरदासपुर (विनोद): आज प्रातः जिला पुलिस गुरदासपुर में दीनानगर थाने के गांव तलवंडी में खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन सिंह जफरवाल) गुट के दो मिलिटैंट जो कि एक नाबालिग लड़की का अपहरण करके लाए थे, पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । एक तो मौके पर ही मारा गया, जबकि दूसरा जख्मी होने पर अस्पताल लाते समय रास्ते में दम तोड़ गया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने घटनास्थल पर इस संवाददाता को बताया कि इस सफलता के पीछे गांव तलवंडी के लोगों का मुख्य सहयोग भी शामिल है । उन्होंने बताया कि आज प्रातः लगभग 6.30 पर गांव तलवंडी निवासी पाल सिंह जिसका घर गांव के शुरू होते ही है, अपने घर का दरवाजा खटकने की आवाज सुनी तो जब वह दरवाजा खोलने आया तो उसने एक लड़की द्वारा मचाया जा रहा यह शोर भी सुना कि भाइयो मुझे बचाओ, ये बदमाश मुझे जबरदस्ती उठा लाए हैं । जब पाल सिंह ने घर का गेट खोला तो सामने दो युवक बन्दूकें लिए खड़े थे । जिस पर पाल सिंह एक युवक की राइफल पकड़ कर उससे गुत्थम-गुत्था हो गया परन्तु दोनों लड़की को लेकर जबरदस्ती घर में प्रवेश कर गए । पाल सिंह ने शोर मचा दिया जिस पर सारा गांव उठ खड़ा हुआ और लोगों ने गांव की विशेष कर पाल सिंह के घर की घेराबंदी कर दी । कुछ युवक भाग कर सेना तथा पुलिस को सूचित करने चले गए । इस बीच मिलिटैंट लड़की को छोड़ कर एक कमरे में घुस गए । जब सेना और पुलिस पहुंची तो सेना ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली और पुलिस ने मिलिटैंटों को आत्म-समर्पण करने को कहा परन्तु मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा फायरिंग किए जाने से एक मिलिटैंट सोहन सिंह फौजी निवासी डुगरी मौके पर ही मारा गया जबकि दूसरा कश्मीर सिंह निवासी तुंग गंभीर रूप से जख्मी हो गया । जब कश्मीर सिंह को गुरदासपुर अस्पताल लाया जा रहा था तो रास्ते में वह भी दम तोड़ गया । घटनास्थल से 2 राइफलें (7.62 बोल्ड एकशन) तथा कुछ चले हुए और जीवित कारतूस बरामद हुए है । श्री गोयल के अनुसार मृतक सोहन सिंह फौजी सेना से भगौड़ा था तथा कश्मीर सिंह कई बार पाकिस्तान जा चुका था । उन्होंने बताया कि ये कई हत्याओं में पुलिस को वांछित थे और आज रात लड़की का अपहरण करने से पहले इन्होंने तुंग गांव के सरपंच सतनाम सिंह के घर फायरिंग की थी परन्तु सरपंच घर में नहीं था जिस कारण वह बच गया ।

जिस लड़की का ये मिलिटैंट अपहरण करके लाए थे, उसका नाम बलविन्द्र कौर पुत्री पूरण सिंह निवासी काठगढ़ है । नाबालिग बलविन्द्र कौर (15) तथा उसके पिता पूरण सिंह ने रोते हुए बताया कि बलविन्द्र कौर पांच बहनों में दूसरे नम्बर पर है । इससे बड़ी बहन विवाहित है । उन्होंने बताया कि

तरनतारन तथा गुरदासपुर में बम फटे, अमृतसर और लुधियाना में बम मिले : अन्यत्र 9 मारे गए



(1) जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री सुमन्त कुमार गोयल गांव तलवंडी के लोगों की वीरता की प्रशंसा करते हुए जिन्होंने मिलिटैंटों को घेर लिया, (2) पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक, सोहन सिंह फौजी का शव, (3) मिलिटैंटों से बरामद हथियार । (छाया : विनोद)



काठगढ़ निवासी बलविन्दर कौर जिसका मिलिटैंट अपहरण करके ले जा रहे थे । (छाया : विनोद)

गत रात लगभग 2.00 बजे मिलिटैंटों ने उनके घर का दरवाजा खोलने को कहा और इन दोनों ने पहले खाना बना कर खिलाने को कहा । बलविन्द्र ने बताया कि जब मेरे मां-बाप ने डर के मारे खाना बना कर खिला दिया तो खाना खाने के बाद मिलिटैंटों ने मेरे मां-बाप से कहा कि अपनी एक लड़की हमारे साथ भेजो, जिस पर मेरे मां-बाप ने उनका विरोध किया । मिलिटैंटों ने दो फायर किए । बलविन्द्र के अनुसार जब मां-बाप ने मुझे साथ भेजने से इन्कार कर दिया तो मिलिटैंटों ने सारा परिवार खत्म कर देने की धमकी दी जिस पर मेरे मां-बाप ने उनके पैर पकड़ कर लड़की को न ले जाने की बहुत मिन्नतें कीं परन्तु वे नहीं माने और मुझे जबरदस्ती अपने साथ ले गए ।

बलविन्द्र कौर के अनुसार दोनों रास्ते में मुझे कई तरह की धमकियां देते रहे और गलत हरकतें करते रहे परन्तु मेरी सहायता करने वाला कोई नहीं था परन्तु तब हम गांव तलवंडी पहुंचे तो मैंने शोर मचा दिया । जब एक मिलिटैंट ने मेरी पिटाई भी की । इसी बीच गांव वालों ने मेरी इज्जत और जान बचा ली । बलविन्द्र के अनुसार 'वाहेगुरु' इन पापियों को कभी माफ नहीं करेगा ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sansar

पारवाले पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सुमन्त कुमार गोयल ने लड़की की सारी बात सुनने पर उसे उसके मां-बाप को सौंप दिया । उन्होंने सेना, गांव वालों के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि पंजाब में यह समस्या जनसहयोग से ही खत्म होगी । श्री गोयल ने इस गांव के 10 युवकों को एस.पी.ओ. भर्ती किया और आश्वासन दिया कि वह इस गांव को एक लाख रुपए की ग्रांट दिलाएंगे । उन्होंने कहा कि गांव के जो लोग शस्त्र लेना चाहते हैं, वह उनसे मिल कर शस्त्र लाइसैंस प्राप्त कर सकते हैं । बाद में गांव के निवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने गांव वालों की बहादुरी की प्रशंसा की ।

बम का समय पर पता चला : गुरदासपुर : गत रात जिला पुलिस गुरदासपुर में समय पर शक्तिशाली बम का पता चल जाने से मिलिटैंटों की काहनूवान थाने के अन्तर्गत गांव दारापुर में स्पैशल पुलिस पोस्ट को बम से उड़ा कर कर्मचारियों की हत्या की कोशिश असफल हो गई । जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि काहनूवान थाने के अन्तर्गत गांव दारापुर में लोगों की सुरक्षा के लिए स्पैशल पुलिस पोस्ट बनाई गई थी, जिसमें 10 एस.पी.ओ. और होमगार्ड जवान तैनात थे । गत रात लगभग 8 बजे जब पोस्ट के नजदीक लगा बिजली का बल्ब अचानक बंद हो गया तो जवानों ने जब इसका पता लगाना शुरू किया तो पोस्ट के नीचे की दुकान के चारों ओर ईंटें लगा कर एक थैला पड़ा मिला । दुकान बन्द थी, इसलिए इस थैले पर शक होने से इसकी सूचना वायरलैस पर काहनूवान दी गई परन्तु लगभग 8.45 पर यह बम जोरदार धमाके से फट गया, जिससे करियाने की दुकान और ऊपर बनी पोस्ट गिर गई और एक होमगार्ड जवान कुलदीप सिंह नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर घायल हो गया । धमाके से नजदीकी मकान भी प्रभावित हुआ और उसमें एक महिला शीला और उसका पुत्र बलविन्द्र घायल हो गए । घायलों को तुरन्त गुरदासपुर अस्पताल भर्ती करवाया गया । श्री गोयल ने बताया कि यदि समय पर बम का पता न चलता तो काफी नुक्सान हो सकता था क्योंकि बम का पता चलते ही जवानों ने पोस्ट खाली कर दी थी परन्तु होमगार्ड जवान कुलदीप सिंह सीढ़ियां उतर रहा था कि बम चल गया ।

तरनतारन में बम फटा : 1 मरा, 13 घायल : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार आज दोपहर लगभग 1.30 बजे तरनतारन के तहसील बाजार में एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें एक बालक लक्की मारा गया और चार सुरक्षा कर्मियों समेत 13 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने आज दोपहर बाद तहसील परिसर के निकट खड़े कुछ पुलिस कर्मियों पर एक स्टिक बम फैंका, जिसके फटने से चार सुरक्षा कर्मी और 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । घायलों को तुरंत तरनतारन और अमृतसर के सिविल अस्पतालों में पहुंचाया गया । अमृतसर लाए गए एक बालक लक्की, जिसके उक्त विस्फोट में चीथड़े उड़ गए थे, ने बाद में दम तोड़ दिया । तरनतारन में दाखिल सात घायलों को बाद में छुट्टी दे दी गई । यह तीन सुरक्षा कर्मी हैं : बचित्तर सिंह, बलबीर सिंह, रमेश कुमार ।

अन्य घायल हैं : रति तथा काका (दोनों बच्चे), राजरानी तथा उसका पुत्र ओम प्रकाश, अमरजीत सिंह, हलवाई गुरदीप सिंह, गुरदीप सिंह (हरगोबिन्दपुर), बलबीर सिंह, कुन्दन सिंह, हरि राम तथा बलदेव राज । बताया जाता है कि बम भीड़भाड़ वाले स्थान पर फैंका गया, लेकिन फिर भी मिलिटैंट भाग निकले । बाद में तरनतारन बंद हो गया ।

अमृतसर में बम मिला : अमृतसर के रामबाग के निकट कल रात सी.आई.ए. कार्यालय के सामने एक बम पाए जाने से एक त्रासदी टल गई । बाद में बम को निष्क्रिय कर दिया गया ।

लुधियाना में बम मिला : कल लुधियाना के भीड़-भाड़ वाले भारत नगर चौक में एक टाइम बम का समय से पता चल जाने से एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई । एक व्यक्ति ने बम को देखते ही पुलिस को सूचना दे दी । बम विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर पहुंच कर बम को निष्क्रिय कर दिया ।

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार बम के साथ एक घड़ी भी लगी थी । यूं लगता है कि शहर में बमकांडों के पीछे मिलिटैंट बहुत सक्रिय हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने छहटां पुलिस थाना क्षेत्र के ताजीचक गांव में एक व्यक्ति जगीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव तलवंडी दसौंदा के निकट से कल मिलिटैंटों ने जिन तीन व्यक्तियों का अपहरण किया था, उनमें दो रेशम सिंह तथा निर्मल सिंह की हत्या कर दी ।

सिपाही की हत्या : तपा (गर्ग) : मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 7 कि.मी. दूर मोड़ गांव में सिपाही करनैल सिंह को गोलियां मार कर मार दिया । वह बरनाला में तैनात था तथा छुट्टी पर आया हुआ था ।

एक की हत्या : रोपड़ जिले के रौंगिया गांव में मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

2 शव मिले : होशियारपुर के गांव मंड में से दिलबाग सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है । दिलबाग सिंह, जोकि दफार गांव के एक व्यक्ति सेवा सिंह का सुरक्षा गार्ड था, कुछ समय से इसलिए फरार था क्योंकि उसके हाथों उसी गांव का छज्जू राम नामक एक व्यक्ति अचानक गोली चलने से घायल हो गया था । इसी जिले के गांव टाइकलां से आज एक अन्य शव मिला है ।

महिला की हत्या : लुधियाना में कल रात मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कमला रानी की उसके घर में हत्या कर दी । मिलिटैंट गहने एवं नकदी लेकर भाग गए ।

दो का अपहरण : इसी जिले के रायकोट क्षेत्र में कल रात मिलिटैंटों ने नरिन्दर कुमार और सुन्दर दास का उनके घर से अपहरण कर लिया ।

12 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर जिले में कल रात पुलिस ने दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । भटिंडा जिले में दो मिलिटैंटों को और फिरोजपुर में गुरमेल कौर को कथित राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार कर लिया गया ।

6 तेल टैंकरों को आग लगा दी : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर जिले में छह तेल टैंकरों को आग लगा दी । इनमें से दो को रामपुर गांव के निकट तथा चार को दाबुजी गांव के निकट शेरशाह सूरी मार्ग पर आग लगाई गई । पुलिस के अनुसार आठ हजार लीटर जलनशील तेल से भरे एक टैंक को लोगों ने जलने से बचा लिया ।

तीन ट्रकों को आग लगा दी : मजीठा जिले में मिलिटैंटों ने तीन ट्रकों को आग लगा दी ।

रात्रि कर्फ्यू : फिरोजपुर (बागी): जिला मैजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने आज एक आदेश के द्वारा भारत-पाक सीमा के साथ लगती पांच कि.मी. की पट्टी में शाम 5.30 से सुबह 7.30 तक कर्फ्यू लगा दिया है । एक अन्य आदेश के द्वारा रात 7 बजे से सुबह 5.30 बजे तक बिना सुरक्षा गार्डों के यात्री बसें चलाने पर रोक लगा दी है । इसी प्रकार मवाल, धल्लखुर्द, जीरा, मक्खू तथा धर्मकोट थानों के अंतर्गत शाम 4.30 बजे के बाद से यात्री बसें बिना सुरक्षा गार्डों के साथ लिए चलाने पर पाबंदी लगा दी गई है । यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गए हैं ।

चन्द्रशेखर के दौरे के दृष्टिगत चंडीगढ़ में कड़े सुरक्षा प्रबंध

चंडीगढ़, 29 मार्च (वार्ता) : आगामी 31 मार्च को चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर की प्रस्तावित यात्रा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं ।

पंजाब में हत्याओं का क्रम बढ़ने तथा बम धमाकों के दृष्टिगत यहां हर तरफ चौकसी बढ़ा दी गई है । शहर में हर तरफ सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं तथा नाकों की संख्या बढ़ाई गई है । सुरक्षा बलों की गश्त तेज कर दी गई है ।

प्रधानमंत्री उस दिन प्रात: 9.30 बजे विमान द्वारा चंडीगढ़ आएंगे तथा फिर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री श्री हरमोहन धवन के निवास पर जाएंगे । उसके बाद 10 बजे वह प्रैस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करेंगे । वह गांव मौली जागरां में 'स्लम क्लीयरैंस प्रोजैक्ट' का भी शुभारम्भ करेंगे ।



जालंधर के श्री बी.एस. मक्कड़, जो पंजाब युवा जनता के प्रधान नियुक्त किए गए ।



डी.ए.वी. कालेज जालंधर का आदित्य बच्चर, जिसने अंडेमान- निकोबार में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया ।



नगर निगम अमृतसर द्वारा शहर के भीतरी भागों में सप्लाई किए जा रहे पीने के पानी में गंदगी होने के कारण बीमारियां फैलने की स्थिति पैदा हो गई है । चित्र में सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला नगर निगम के ए.सी. श्री सतपाल महाजन को गंदे पानी का सैम्पल भेंट करते हुए ।

कांग्रेस (स)-जद (स) विलय

नई दिल्ली, 29 मार्च (पस) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस (स) का आज जनता दल (स) में विलय हो गया ।

केरल पूर्ण साक्षर राज्य !

तिरुवनन्तपुरम, 29 मार्च (वार्ता) : केरल 28 अप्रैल को देश का पहला शत-प्रतिशत साक्षर राज्य घोषित कर दिया जाएगा । मुख्यमंत्री ई.के. नयनार की अध्यक्षता में केरल साक्षरता परिषद की आज यहां हुई एक बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस आशय की घोषणा कोझीकोड में की जाएगी ।

राष्ट्रीय साक्षरता आयोग तथा यूनेस्को के निर्देशानुसार कोई भी 90 प्रतिशत साक्षर राज्य शत-प्रतिशत साक्षर राज्य घोषित किया जा सकता है ।

क्रैमलिन के आसपास सामान्य जनजीवन बहाल

मास्को, 29 मार्च (प.स.): आज क्रैमलिन के आसपास सामान्य जनजीवन बहाल हो गया । कल रूसी नेता बोरिस येल्तसिन के समर्थनों द्वारा रैली करने के प्रयास को विफल बनाने के लिए आए हजारों सैनिक तथा पुलिस कर्मी तथा वाहन वापस लौट गए । राष्ट्रपति गोर्बाच्योव ने अतिरिक्त सैनिक तथा पुलिस हटाने का वायदा परा कर दिया ।

कोई भी धर्म किसी से वैर करना नहीं सिखाता : संत कृपाल सिंह

लुधियाना, 29 मार्च (धीमान): "हर धर्म जीने के लिए आपसी प्यार का उपदेश देता है, न कि घृणा का । धर्म का वास्तविक उद्देश्य ही है—जीवन की कला पर प्रयोग करो, स्वयं जीओ व दूसरों को भी जीने दो । कोई भी मत-मतान्तर किसी से वैर करना नहीं सिखाता ।" इन विचारों का प्रकटीकरण सन्त कृपाल सिंह, विश्व रूहानी फाउंडेशन, ने कल महावीर जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में किए । वह इसमें विशेष रूप से भाग लेने के लिए आस्ट्रेलिया से यहां आए । इसका आयोजन एस.एस. जैन सभा, सिविल लाइन्स ने किया था ।

सत जीन्दा कल्याणा

शोकाकुल सेवकों को सूचित किया जाता है कि परम पूजनीय **महन्त जमना दास जी का.**, जिन्होंने तप, कर्म और त्याग से ज्ञान ज्योति जलाई एवं समस्त जीवन सत जीन्दा कल्याणा को अर्पित करते हुए 20.3.89 को ब्रह्मलीन हो गए । रस्म किरया 30 मार्च को सत जीन्दा कल्याणा कालेज, कलानौर (जिला रोहतक) में 1 बजे से 4 बजे तक होगी ।

बाबा हरिदास
बाबा इसर दास, बाबा बसन्त दास,
समस्त सेवक,
स्थान प्रवत्त : लायलपुर आयरन ट्रेडर्स, लोहा मंडी, नारायणा, दिल्ली ।

परिणाम
दुर्गा लक्ष्मी
डीलक्स मासिक बम्पर
तीसरे ड्रा का परिणाम, जो 29.3.91 को निकाला गया :

Punjabi Samachar

बी.टी.एफ. के स्वयंभू लै. जनरल बलबीर सहित 8 मिलिटैंट तथा 1 घुसपैठिया मरा : अन्यत्र 17 हत्याएं

चंडीगढ़, 30 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से बी.टी.एफ. के स्वयंभू लै. जनरल भाई बलबीर सिंह सहित 8 मिलिटैंट तथा 1 घुस पैठिया मारा गया, जबकि मिलिटैंटों ने 5 महिलाओं सहित 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

तीन मिलिटैंट मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के गांव जकीरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए ।

उक्त मुठभेड़ में सेना का एक जवान जीत प्रकाश भी मारा गया तथा एक अन्य जवान सुरिन्दर पाया घायल हो गया ।

एक मिलिटैंट की पहचान बी.टी.एफ. (मानोचाहल) के स्वयंभू लैं. जनरल भाई बलबीर सिंह उर्फ बीरा के रूप में हुई है । बताया जाता है कि बीरा भाई गुरबचन सिंह मानोचाहल का निकट सहयोगी था तथा उस पर पांच लाख रुपए का परस्कार घोषित था । वह अनेक हत्याओं विशेषरूप से फिरोजपुर जिले) में वांछित था ।

दम्पति की हत्या : अमृतसर से वि.पु. के अनुसार तरनतारन जिले के थाना झब्बाल के गांव गागोबुआ में मिलिटैंटों ने सुरमुख सिंह तथा उसकी पत्नी सती की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी । उनके ट्रैक्टर को भी आग लगा दी गई ।

पीट-पीट कर मार दिया : अमृतसर जिले के गांव कामसके में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति रूढ़ सिंह की गत रात उसके घर में घुस कर उसकी पिटाई की । बाद में रूढ़ सिंह जख्मों की ताब न सहते हुए दम तोड़ गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर नगर के खालसा नगर में कल रात मिलिटैंटों ने गुरदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव खुरमियां में मिलिटैंटों ने हरदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

लड़की की हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के लालिया गांव में परमजीत कौर नाम की एक लड़की के मकान में घुस कर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

डाक्टर की हत्या : अमृतसर पुलिस जिला में रानी के रण सिंह ग्राम में मिलिटैंटों ने डा. बलजीत सिंह को गोली से मार डाला । घटनास्थल से कारतूसों के तीन खोल बरामद हुए हैं ।

महिला की हत्या : अमृतसर नगर की सुल्तानविंड बस्ती में हुई एक और वारदात में गुरबचन कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी गई ।

मिलिटैंट मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले में बरगड़िया ग्राम के निकट सेना के साथ हुई मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक मिलिटैंट कल रात मारा गया । मारे गए मिलिटैंट से एक ए.के. 47 राइफल, तीन स्टिक बम, एक वायरलैस सैट तथा भारी मात्रा में गोली बारूद मिला है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Samachar

के प्रति मजाक होगा ।



जिला अमृतसर में गांव दोबुरजी के निकट मिलिटैंटों ने दो ट्रैक्टरों व 5 ट्रकों को इनकी नम्बर प्लेटें पंजाबी में न लिखी होने के कारण आग लगा दी । (चित्रों में जले हुए वाहन (छाया : भोला)

ट्रांसपोर्ट आप्रेटरों द्वारा राष्ट्रव्यापी सांकेतिक बंद के कारण सामान्य कामकाज पूर्णतः ठप्प

नई दिल्ली, 30 मार्च (प.स., वार्ता) ट्रांसपोर्ट आप्रेटरों द्वारा आज एक दिन का राष्ट्रव्यापी सांकेतिक बंद किए जाने से प्रमुख सप्ताहांत केन्द्रों, राज्यों की राजधानियों व केन्द्र शासित प्रदेशों में कामकाज पूर्णतः ठप्प रहा जबकि अनिश्चितकालीन हड़ताल आज छठे दिन में दाखिल हो गई ।

आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दावा किया है कि आज का बंद सफल तथा शांतिपूर्ण रहा । संघ के अध्यक्ष जे.जे. रामसिंह ने एक बयान में हड़तालियों ट्रांसपोर्टरों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली व चंडीगढ़ में आज कोई ट्रक नहीं चला । उनका कहना था कि यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक हरियाणा सरकार 100 रुपए प्रति वाहन पथकर वसूल करने तथा अन्य राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से चुंगी वसूल करने का फैसला वापस नहीं लेती ।

चंडीगढ़, (सधी): सी.पी.आई. की पंजाब परिषद के सहायक सचिव कामरेड भूपेन्द्र साम्बर ने केन्द्र सरकार से भरपूर आग्रह किया है कि वह उत्तर भारत में ट्रक आप्रेटरों की हड़ताल समाप्त करवाने के लिए शीघ्र हस्तक्षेप करे । यह हड़ताल हरियाणा सरकार द्वारा पथ कर लागू किए जाने के विरोध में की गई है । इस हड़ताल से पंजाब तथा अन्य पड़ौसी राज्यों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के भारी अभाव का सामना करना पड़ रहा है तथा कृषक वर्ग को भी रबी की फसल की बिवाई में कठिनाइयां पेश आ रही है ।

कामरेड भूपेन्द्र ने केन्द्र सरकार से पैट्रोलियम पदार्थों पर लगाया गया 25 प्रतिशत सरचार्ज वापस लेने, चुंगी एकत्र करने की प्रणाली समाप्त करने तथा बीमा के प्रिमीयम में वृद्धि को वापस लेने की भी मांग की है ।

जलूस निकालने व ज्ञापन देने का फैसला : जालन्धर : दी जालन्धर गुड्स ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन (रजि.) के अध्यक्ष भूपेन्द्र

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatan

ए महाराष्ट्र में 55000 मतदान
गी ।
प्रभाव राज्य के सभी हिस्सों में
में भारतीय जनता पार्टी और
न भी महाराष्ट्र की एक प्रमुख
रूप में उभरा । उम्मीद है कि
भी यह गठबंधन सशक्त चुनौती

यपुर (वार्ता): कांग्रेस (इ) के
कसभा चुनावों में राजस्थान से
ता दावेदार हैं ।
ोकसभा की 25 सीटें है । पूर्व
शंकर और राजेश पायलट तथा
ध्यक्ष बलराम जाखड़ पहले भी
भा के लिए चुने गए थे । वी
लोकसभा चुनाव हारने से पहले
की भरतपुर और दौसा सीटों से
ो जाखड़ और श्री बूटा सिंह ने भी
ा चुनाव राजस्थान की ही क्रमशः
सीटों से जीता लेकिन तब किसी
बता कर उनका विरोध नहीं
मौका है जब बाहरी प्रत्याशियों
राज्य में पार्टी के एक प्रभावशाली
या जा रहा है लेकिन जिस प्रकार
चुनाव समिति की कल यहां हुई
र तय करने का जिम्मा कांग्रेस
ोध गांधी पर छोड़ा गया, उससे
बचाव अब ठंडा पड़ गया है ।
में चल रही चर्चाओं के अनुसार
ोध गुहमंत्री बूटा सिंह और सीकर
अध्यक्ष बलराम जाखड़ अभी भी
दावेदार हैं । ये दोनों नेता 1989 के
भारतीय जनता पार्टी के कैनाश
ता दल के देवी लाल से हार गए

र में स्थिति अभी स्पष्ट
(वार्ता): उत्तर प्रदेश में विभिन्न
में सीटों के तालमेल पर
रहा है हालांकि अभी तक स्थिति
है ।
श) की उच्च स्तरीय समिति के
के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव
ी में कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव
ी । उस अवसर पर गुजरात के
आई पटेल और केंद्रीय
ाद्योग्य स्वामी भी मौजूद थे । इन
ी गांधी से हुई भेंट के दौरान जनता
के कांग्रेस (इ) से चुनावी तालमेल
ी जानकारी दी थी । विशाल
यर जनता दल (ज) में चुनावी
में स्थिति स्पष्ट नहीं है हालांकि
तालेश जारी रहने की सम्भावना

भारतीय किसान यूनियन के साथ
करने के लिए जनता दल (ज) और
पार्टी दोनों की ओर से प्रयास किए
र है । राष्ट्रीय जनता दल (ज) के
ीय महासचिव सिद्ध यादव ने कुछ
में भारतीय किसान यूनियन के
ी से मुलाकात की थी ।
है इसी बीच उत्तर प्रदेश के
राजेन्द्र गुप्त का कहना है कि भारतीय
के साथ सीटों के तालमेल की बात
ी । हालांकि यह संगठन भी
चुनाव लड़ेगा तो आजमा उनके
ार्यकर्ता पहले भी करेगी । समान
ले उत्तराखंड क्रांतिकारी परिषद से
बात चल रही है । भारतीय
की उत्तर प्रदेश, राज्य परिषद के
क सिंह ने बताया कि प्रदेश में आकाश
ल के बीच तालमेल होगा ।
संगठन : कलकत्ता (प.स.): पश्चिम
बाम मोर्चा आगामी चुनावों में एक
ने फिर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस (इ) से
ा । कैसे गत वर्ष के स्थानीय निकायों
भूतपूर्व सफलता मिलने से इस बार
हौसले बुलंद हैं ।
छपी रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस
ाध्यक्ष सरोज रे ने स्वीकार किया है कि
पूरी तरह हराना 'बहुत कठिन' है
ाशंका है कि आगामी चुनावों में
ी सीटों में बढ़ोतरी होगी
ं) गत दशक में आतंरिक कलह का
। हाल ही में पंजाब के भूतपूर्व
ार्ग शंकर रे को कांग्रेस (इ) का
किए जाने से कुछ आशा बंधी है लेकिन
श्री ए.वी.एन. गली का चौधरी ने भी रे
ा बयानों के जरिए विरोध किया है ।

रावाड़ : जम्मू-कश्मीर में
– (पृष्ठ 1 का शेष)
विध्वंसकारी गिरफ्तार : सुरक्षा
विध्वंसकारी तत्वों को गिरफ्तार

रवादियों समेत 5 मरे : बहराम से
ाचार से बताया गया है कि प्रतिबंधित
ाहिदीन संगठन के अली मुहम्मद नायक
उसी के साथियों ने भोगों से जन एकत्रित
पर मार डाला । हालांकि इस संबंध
धकारिक तौर पर पुष्टि की प्रतीक्षा की जा
प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर और
ों में एक-एक उग्रवादी मारा गया ।
र को उग्रवादियों ने नौगांव के जिस
ई का अपहरण किया था, उसकी लाश
ला जिले के सम्बाल क्षेत्र में पाई गई ।
ाके से ही खलिस अली जिन नामक एक
ा का शव बरामद हुआ है ।

पुर में चौथे दिन भी कर्फ्यू
पुर, 30 मार्च (वार्ता): सहारनपुर में
दिन भी कर्फ्यू जारी है, पर कल रात से
ा घटना का समाचार नहीं मिला है । गत
को यहां रामनवमी के जलूस के दौरान
ने के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था ।
च पर सरकारी सूत्रों के अनुसार मृतकों
ढ़कर 11 बताई गई है ।
यक जांच की मांग : नई दिल्ली
र्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट
जनता दल ने सहारनपुर के साम्प्रदायिक
ायिक जांच और दंगे के लिए उत्तरदायी
डित करने की मांग की है । इन पार्टियों ने
ोगों के परिजनों और उन व्यक्तियों को,
ंपत्ति नष्ट हुई है, समुचित मुआवजा देने
ी है ।

हेक
िणी
लाटरी
ड्रा प्रत्येक शनिवार दूसरा पुरस्कार रु. 5,000/- प्रत्येक
परिणाम
पुरस्कार

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

यह मुठभेड़ तब हुई जब मिलिटैंटों के गिरोह ने सेना के जवानों पर घात लगा कर हमला किया । मारे गए मिलिटैंट के 4 साथी भाग गए । एक अन्य रिपोर्ट के साथ मारे गए मिलिटैंटों का संबंध खालिस्तान कमांडो फोर्स से है ।

मां-बेटी सहित 3 की हत्या : मिलिटैंटों ने अमृतसर जिले के पासवा गांव में पुलिस के सिपाही निशान सिंह तथा दो महिलाओं मोहिन्द्र कौर और उसकी पुत्री बीरो की कल रात गोली मारकर हत्या कर दी । हत्या से पूर्व तीनों को इसी जिले के तुगलवाल गांव से अगहत किया गया था ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर शहर के निकटवर्ती गांव छत्तीस में आज मिलिटैंटों ने सरपंच लक्खा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मारा गया : खेमकरण सैक्टर में भारत पाक सीमा के निकट आज एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

एस.पी.ओ. चौकी पर फायरिंग : अमृतसर जिले के गांव मारारके मैने में स्थित एस.पी.ओ. चौकी पर आज रात मिलिटैंटों ने फायरिंग की । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

2 मिलिटैंट पुलिस मुकाबले में हलाक : नवांशहर (शर्मा): कल रात पौने 12 बजे थाना बंगा में सरहाल गांव के निकट तारपुर पुल पर पुलिस पार्टी ने दो युवकों को स्कूटर पर आते देख कर रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोली चला दी । जवाबी फायरिंग करने पर दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल में एक स्कूटर पीएच 8432, एक 15 बोर की राइफल, 10 खोल और 5 जिन्दा कारतूसों के अतिरिक्त एक 12 बोर की नाली व बट कटी राइफल, 4 भर कारतूस और 6 खोल पुलिस को मिले हैं ।

मिलिटैंट मारा गया : आई.टी.आई. मोगा के निकट सरहा बन्नों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके 2 साथी फरार होने में सफल हो गए । मृत मिलिटैंट के निकट से एक रिवाल्वर बरामद किया है । मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य फायरिंग होने के दौरान एक नागरिक भी घायल हो गया ।

पराक्रम के ठेके पर फायरिंग : एक वरदा : पटियाला जिले के पातड़ां गांव में मिलिटैंटों ने शनिवार के एक ठेके पर फायरिंग करके मौजूद लोगों तथा उसके पुत्र चंद्रभान को घायल कर दिया । बाद में सनौर थाने की अस्पताल जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई ।

स्थानांतर खीना : पटियाला से 'राजू' के अनुसार जिले के गांव भटौर में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक भूतपूर्व सैनिक राजेन्द्र सिंह के घर में दाखिल होकर उसका रिवाल्वर तथा दो कारतूस छीन लिए ।

3 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : मानसा (गर्ग): मिलिटैंटों ने आज यहां से 16 कि.मी. दूर गांव कोटड़ा (माना भीखी) में सुबह 10.30 बजे परेशा की पीसन बुद्दी व रहे कांस्टेबल हरनाम सिंह, हरदयाल सिंह यादव व हरदेव सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य जवान को घायल किया जिस के जवानों की 3 की लाठ थी की राइफलें तथा एक .38 बोर का रिवाल्वर, .आर. भी ले गए ।

गोली लगने से एक स्थिति की मौत : बरनाला (सिसवानी): संगरूर के पुलिस अधीक्षक श्री एस.एस. भुल्लर ने कहा कि महान कला पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने मुकाबले में दलजीत और मिलिटैंटों को ललकारा सिंह के एक मिलिटैंट को मार डाला । मुकाबले में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान भी गम्भीर घायल हो गया । उसके बाजू में गोली लगी है । उसे सी.एम.सी. में दाखिल करवा दिया गया है । अन्य कांग्रेसी में सरवाही गांव का एक व्यक्ति मोहन सिंह और चनवालाल का एसमिंदर सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए । दोनों को बरनाला के सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । श्री भुल्लर के अनुसार संगरूर और लुधियाना जिला की सीमा पर यहां से 23 किलोमीटर दूर गांव जलाल की बाल बी.टी. रोड पर रात एक बजे इन चारों मिलिटैंटों ने ट्रकों और ट्रालियों को रोक रखा था और उनसे डण्डे लूट रहे थे जिनके सम्बर पंजाबी में नहीं लिखे थे उनको मारपीट कर रहे थे । जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो उन्होंने गोलियों का ब्रस्ट मारा और फिर खेतों में छिप गए । पुलिस ने आधे घंटे तक फायरिंग की । बाद में एक मिलिटैंट घायलावस्था में खेतों में पड़ा मिला जो बरनाला अस्पताल जाते समय रास्ते में दम तोड़ गया ।

जीप छोड़ भाग गए : एक अन्य घटना में लोगोवाल क्षेत्र में रात साढ़े दस बजे एसिसवाल के पास दौरान एक संदिग्ध जीप को आते देखा । इसमें मिलिटैंट सवार थे । उन्होंने पुलिस को देख कर जीप वहां छोड़ दी और गांव की ओर भाग गए । यह जीप कपड़ा सिलने वाले गांव के ही दीनानाथ टेलर्स की थी । जीप से दो .30 बोर की स्टेन्स बरामद हुई हैं । पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि रात को सीमा क्षेत्र में तेज होने के कारण सुरक्षा बलों को भारी सतर्कता बरतनी है ।

सहायक पुलिस अधीक्षक पर बम फेंका : एसडीएम जगराओं अतिरिक्त श्री बहादुर और उनके पी.एस.ओ. कुलदीप जख्म रात उस समय बाल-बाल बच गए जब मिलिटैंटों ने तरनतारन में उनके घर पर बम फेंका । विस्फोट से मकान को नुकसान पहुंचा ।

सैनिक वाहन पर बम फेंका : पट्टी (पाठक): आज सुबह पट्टी के बस स्टैंड पर खड़े सैनिकों के वाहन पर मिलिटैंटों ने स्टिक बम फेंका लेकिन सैनिक बाल-बाल बच गए । सैनिक दस्ते की तरह नगर में से सामान लेने आए थे । मिलिटैंटों ने बम बस अड्डे की पिछली तरफ से फेंका, जो कि निशाना चूक गया तथा वाहन के इंजन पर लगा जिससे वाहन का रेडियटर फट गया । मिलिटैंट भागने में सफल हो गए ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा में थाना रमदास के गांव करालियां में रात रात एक मुठभेड़ के बाद चार मिलिटैंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि गांव के बाहर पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि रात 10 बजे के लगभग कुछ व्यक्तियों को देख कर नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया लेकिन उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । दोनों ओर से कुछ देर तक फायरिंग हुई । बाद में पुलिस ने मिलिटैंटों को काबू कर लिया । पकड़े गए मिलिटैंटों की पहचान हीरा सिंह, कुलदीप सिंह, मुखविन्दर सिंह तथा हरभजन सिंह के रूप में हुई है । इनके पास से 2 ए.के. 47 राइफलें, एक एस.एल.आर. एक दो नाली बन्दूक तथा कारतूस बरामद किए गए हैं ।

तीन मिलिटैंट गिरफ्तार : फिरोजपुर पुलिस ने कल रात 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया ।

ट्रैक्टर जला दिया : पुलिस जिला मजीठा के गांव पंडोरी में कुछ मिलिटैंटों ने अवतार सिंह के घर में घुस कर उसके ट्रैक्टर को जला दिया ।

जलाए वाहनों का विवरण : जंडियालागुरु (पवन जैन): कल दबुजी गांव के निकट जी.टी. रोड पर मिलिटैंटों ने जिन वाहनों को आग लगाई थी उसके संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार ड्राइवरों ने बताया कि जी.टी. रोड पर रुकावटें खड़ी करके शस्त्रों से लैस 18-20 मिलिटैंटों ने उन वाहनों को रोकना शुरू कर दिया जिनकी नम्बर प्लेटें अंग्रेजी में थीं । इस तरह घटनास्थल पर 7 तेल टैंकरों तथा ट्रकों को इकट्ठा करके उन पर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी और कुछ समय वहां पर खड़े रहे । जाती बार उन्होंने ड्राइवरों की पिटाई भी की । टैंकरों और ट्रकों पर लाखों रु. मूल्य का डीजल और सामान लदा हुआ था, जोकि जल कर राख हो गया ।

मिले बम का विवरण : लुधियाना (महिन्द्रा): कल स्थानीय भारत नगर चौक में जो भयानक बम मिला था, उसके विवरण प्राप्त हुए हैं, जिनके अनुसार ठेला शराब में पड़े एक फ्रिज में मिलिटैंटों ने एक भयानक बम रख दिया था, लेकिन जब ठेला के एक कर्मचारी ने इस फ्रिज को खोला तो उसे यह बम दिखाई दिया तथा उसने धैर्य से इस बम को फ्रिज से निकाल कर ठेला के बाहर फैंक दिया तथा पुलिस को सूचना दे दी । पुलिस ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच कर इस बम को पीजीआई अधिकारियों की सहायता से नकारा कर दिया । पुलिस ने बताया कि इस बम के साथ पहनी बार एक घड़ी देखी गई । यह टाईम बम था तथा रात के 9 बजे और 10 बजे के मध्य, जब इस ठेके में काफी भीड़ होती है, फटना था तथा जब इस घड़ी की सुइयां निश्चित समय पर इकट्ठी होती थीं तो यह बम धमाका होना था, जिससे भारी संख्या में जानी नुकसान का खतरा था, जो कि कर्मचारी शराब ठेका के धैर्य तथा पुलिस की समय पर चौकसी से टल गया ।

पुलिस वाहन को आग लगा दी : पुलिस की एक अन्य सूचना के अनुसार मलीह पुलिस चौकी के बाहर एक मैटाडोर को एक दर्जन के लगभग संदिग्ध लोगों ने आग लगा दी । इससे पूर्व उन्होंने दो ग्रामीणों का अपहरण किया, लेकिन उन्हें गांव के बाहर छोड़ कर फरार हो गए । ग्रीमान के अनुसार वाहन पुलिस का था ।

हम देश को तोड़ने की कोशिश सफल नहीं होने देंगे : शेखर

बलिया, 30 मार्च (प.स.): प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने आज कहा कि इस देश को तोड़ने की कोशिश हम कतापि कामयाब नहीं होने देंगे, चाहे इसके पीछे कोई अंदरूनी ताकत हो या विदेशी शक्ति ।

'वार्ता' के अनुसार दर्शन सिंह मिलिटैंट था और उसे तथा उसकी बेटियों को विरोधी गुट के मिलिटैंटों ने गोलियां मारी ।

ग्रंथी समेत 2 लोगों की हत्या : संगरूर से 30 किलोमीटर दूर हमीरगढ़ गांव में मिलिटैंटों ने प्यारा सिंह नामक एक ग्रंथी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसी जिला के गांव गोबिंदगढ़ जेजियां में मिलिटैंटों ने बलजीत सिंह नामक एक और व्यक्ति की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

अखबारी हाकर की हत्या : फरीदकोट जिला के रोडे गांव में मिलिटैंटों ने गुरुद्वारा बीबीवाला के निकट अखबारी हाकर जगैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : फरीदकोट जिला के कोटकपूरा क्षेत्र में मिलिटैंटों ने दलीप सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के हाकमसिंहवाला गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बंदूक तथा 17 कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : भटिंडा जिला के बीबीवाला झील गांव से आज प्रातः तारा सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ ।

एक की हत्या : रोपड़ जिला के खरड़ कस्बे में मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

शव मिला : जालंधर जिला के खेड़ा गांव से आज एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । शव पर तेजधार हथियार के निशान थे ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : कपूरथला (शर्मा) : थाना भुलत्थ के अंतर्गत गांव मियानी भाग्गूपुरियां के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने धुस्सी बांध पर नाका लगाया हुआ था कि रात साढ़े 12 बजे के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

आयोग के निर्णय ठाएगी : अडवानी

घोषणा की तब भी किसी ने आपत्ति नहीं की ।

PunjabiStatus.com

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगभग 2 संदिग्ध व्यक्ति वहां से गुजरे । सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 94 राइफल, 4 डैटोनेटर तथा 30 कारतूस बरामद हुए हैं ।

घायल मिलिटैंट ने दम तोड़ा : पटियाला (भूषण) अमलोह थाना के अंतर्गत मियांपुर गांव में विगत एक अप्रैल को ग्रामीणों द्वारा पीटे जाने से घायल हुए मिलिटैंट मेजर सिंह ने राजेन्द्रा अस्पताल में दम तोड़ दिया । उसका एक साथी ग्रामीणों द्वारा पीटे जाने से घटनास्थल पर ही मर गया था ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । कुम्भराहा गांव के निवासी एक मिलिटैंट बलविन्दर सिंह को एक राइफल, एक बंदूक तथा 9 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है । मंडी गोबिन्दगढ़ के संत नगर क्षेत्र के निवासी मिलिटैंट मुख्तियार सिंह को एक राइफल तथा 5 कारतूसों के साथ पकड़ा गया है । पुलिस ने खरोड़ी गांव के निवासी मिलिटैंट बलजीत सिंह को एक पिस्तौल तथा 2 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है । एक अन्य मिलिटैंट को खलासपुर गांव से पकड़ा गया है । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा 3 कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 लोगों का अपहरण : बटाला पुलिस जिला के तारा चक गांव में मिलिटैंटों ने आज दोपहर ओम प्रकाश नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके बेटे तथा एक रिश्तेदार का अपहरण कर लिया ।

मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार कल रात यहां से लगभग 13 किलोमीटर दूर भादसर गांव से जीप सवार 4-5 मिलिटैंट गोपा सिंह नामक एक व्यक्ति को अपहृत करके ले गए । गोपा सिंह का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । पुलिस जांच कर रही है ।

स्त्री की हत्या : आज अमृतसर के जनरल बस स्टैंड के निकट एक स्त्री जोगेन्द्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे निजी शत्रुता का मामला बताया है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : श्रीगंगानगर, (जिदल) आज दोपहर लगभग 1 बजे श्रीगंगानगर जिला में संगरिया-अबोहर सड़क पर ढोलनगर गांव के समीप पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ से कुछ ही समय पूर्व इन मिलिटैंटों ने संगरिया से अबोहर जा रही एक यात्री बस पर अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिससे दर्शन पाल कौर नामक एक महिला की मृत्यु हो गई तथा छह अन्य यात्री घायल हो गए थे । घायलों में तीन की हालत चिन्ताजनक बताई गई है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब के थाना सरदर खुईयां से खबर मिली कि लाल रंग की एक मारुति कार में पंजाब पुलिस की वर्दी पहने कुछ मिलिटैंट इलाके में घूम रहे हैं । राजस्थान पुलिस ने पंजाब के साथ लगती चैक पोस्टों को सचेत कर दिया । दोपहर लगभग सवा बारह बजे सादुलशहर थाना के अंतर्गत करडवाला गांव के पास स्थित चैक पोस्ट पर फायरिंग कर मिलिटैंट राजस्थान में प्रविष्ट हो गए । खबर मिलते ही सादुलशहर थाने के स्टाफ ने पीछा किया । मालारामपुरा क्षेत्र के पास हुई मुठभेड़ में मिलिटैंटों ने एक सिपाही को घायल कर दिया और संगरिया की ओर भाग निकले । ढोलनगर के समीप मिलिटैंटों ने एक बस पर फायरिंग की । इस बीच पीछे से पुलिस पार्टी वहां पहुंच गई और उसने मिलिटैंटों को घेर लिया । मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । एक ने पंजाब पुलिस के ए.एस.आई. तथा दूसरे ने हैडकांस्टेबल की वर्दी पहन रखी थी । पुलिस के अनुसार मारुति कार (नं.जी.यू.आर. 2217) को तीन दिन पहले इन मिलिटैंटों ने डबवाली से चुराया था । मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हुई । उनके कब्जे से चार ए.के. 47 राइफलें, 7 मैगजीन, दो रिवाल्वर तथा 12 बोर की एक बंदूक बरामद हुई है ।

हिमाचल में चौथे दिन भी ऊंचे भागों पर हिमपात

शिमला, 8 अप्रैल (वार्ता): हिमाचल प्रदेश में आज निरंतर चौथे दिन ऊंचे भागों पर हिमपात हुआ और निचली पहाड़ियों पर वर्षा हुई, जिससे राज्य में शीत लहर की जकड़ और मजबूत हो गई ।

चंद्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

आया है । भारत को एक नई सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक व्यवस्था विकसित करनी होगी ताकि दुनिया के साथ कदम मिलाने के लिए मिल कर एकजुट प्रयास कर सकें ।

वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने विकेन्द्रीयकृत प्रशासन तथा राजनीतिक स्वरूप के आदर्शों पर पूरी निष्ठा से तुरन्त अमल करने की आवश्यकता पर बल दिया । इसके लिए कुछ आर्थिक तथा प्रशासनिक अधिकार स्थानीय सरकारों को हस्तांतरित करने होंगे और इससे जनस्वराज की प्रक्रिया की शुरूआत होगी और इससे राज्यों को अधिक स्वतंत्रता मिलेगी और केंद्र तथा राज्यों के बीच वास्तविक संघीय भावना के तहत बेहतर सूझबूझ सुनिश्चित हो सकेगी ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे राज्य बनाए जाने के मसले पर उनकी सांस्कृतिक आकांक्षाओं तथा प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए राज्यों के साथ विचार-विमर्श करके दोबारा गौर किया जाएगा ।

रचनावाहिनी बनाने का सुझाव : प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि देश की जनता की बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए शिक्षित बेरोजगार युवकों को शामिल करके 'रचना वाहिनी' का गठन किया जाए । श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि भारत की जनशक्ति हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय साधन है । यह दुख की बात है कि लाखों शिक्षित एवं अन्य युवक बेरोजगार हैं । 'रचना वाहिनी' में इन्हें शामिल करके इनकी क्षमता का उपयोग सड़कों एवं आवास के निर्माण, जल एवं भूमि के उपयोग के प्रबन्ध, विद्युतीकरण एवं निरक्षरता दूर करने के लिए किया जाना चाहिए ।

गुमराह लोगों को प्यार की बोली से मुख्यधारा में लाया जाए : पटना (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने आज यहां कहा कि अलगाववाद की बात करने वाले गुमराह लोगों को बन्दूक की गोली से नहीं बल्कि प्यार की बोली से मुख्यधारा में लाने की जरूरत है । प्रधानमंत्री ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित एक सभा में कहा कि असम, पंजाब और कश्मीर में गुमराह और भटके लोगों को मेल-मोहब्बत से ही रास्ते पर लाया जा सकता है । उन्होंने कहा कि मैं जब इन राज्यों में चुनाव कराने की बात करता हूं तो कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं को गुस्सा आता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पंजाब और असम के लोग भी संविधान की शपथ लेकर चुनाव में आने को तैयार हैं । प्रधानमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि वे केंद्र में ऐसी पार्टी की सरकार बनाएं, जो गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और समाज के सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं का उचित हल कर सकें ।

रैली को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि जनता दल (समाजवादी) को एक दिन पूर्व तक समर्थन देने वाली कांग्रेस (इ) अब जनता दल (समाजवादी) की आलोचना में लिप्त है लेकिन आने वाले चुनाव में कांग्रेस (इ) को इसका खामियाजा भुगतना होगा । उन्होंने भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की भी आरक्षण नीति के लिए जोरदार आलोचना की तथा आरोप लगाया कि श्री सिंह ने जाति के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास किया है । उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो समाज को टूटने से बचा सकते हैं ।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने दावा किया कि चंद्र शेखर के शासनकाल में पंजाब, कश्मीर और असम की स्थिति में भारी सुधार हुआ है । कपड़ा मंत्री श्री हुकम देव नारायण यादव ने भी रैली को सम्बोधित किया ।

इंका द्वारा 9 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता): कांग्रेस (इ) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नौ प्रत्याशियों के नामों की आज घोषणा की । पार्टी के प्रवक्ता ने आज रात बताया कि चयन समिति ने इन प्रत्याशियों की सिफारिश की थी, जिसे पार्टी अध्यक्ष राजीव गांधी ने मंजूरी दे दी । इन प्रत्याशियों के नाम हैं : सर्वश्री तारिक अनवर (कटिहार), सरफराज अहमद (धनबाद), राम स्वरूप राम (नवादा), शशि कांत मिश्र (गोपालगंज), मनीष मिश्र (झंझारपुर), संजय सिंह (विक्रमगंज) सुश्री मीरा कुमार (सासाराम), राधा किशन किशोर (डाल्टेनगंज) तथा भगवत झा आजाद (दरभंगा) ।

जब मान शिष्टमंडल को शेख

पंजाब में चुनाव न कराने का सुझाव

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनाव न करवाने का अनुरोध : पंजाब प्रदेश इंका समिति द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में आज कहा गया है कि कल इंका, सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.) व भाजपा के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी.एन. शेषण के साथ मिल कर उनसे आग्रह किया कि चूंकि इस समय पंजाब की स्थिति सामान्य नहीं है, इसलिए फिलहाल वहां चुनाव न करवाए जाएं । बाद में इन नेताओं ने पंजाब कांग्रेस भवन में एक संयुक्त बैठक के दौरान स्थिति का जायजा लिया । सभी का यही सर्वसम्मत विचार था कि पंजाब की स्थिति इस समय अत्यन्त त्रासदीपूर्ण है तथा यह इस सीमा तक नहीं सुधरी कि यहां चुनाव करवाए जा सकें ।

इस बैठक में शामिल होने वालों में पंजाब इंका के प्रधान बेअंत सिंह, महासचिव सेवा राम अरोड़ा, सी.पी.आई. (एम.) के सचिव मंगत राम पासला, पंजाब सी.पी.आई. के सचिव प्यारा सिंह दियोसी, जोगिन्दर दयाल व मदन मोहन मित्तल भी थे ।

नक्सलियों ने 2 रेलवे स्टेशन जला दिए

विजयवाड़ा, 8 अप्रैल (वार्ता): आंध्र प्रदेश में पीपल्स वार ग्रुप के नक्सलियों ने 'झूठी पुलिस मुठभेड़' के विरोध में आज दो रेलवे स्टेशनों को आग लगा दी । पुलिस के अनुसार इन नक्सलियों ने प्रकाशम जिले के उलमुगुंदर रेलवे स्टेशन पर हमला कर उसे आग लगा दी । इस घटना में रेलवे स्टेशन के दस्तावेज तथा अन्य उपकरण जल कर बरबाद हो गए लेकिन कोई रेलवे कर्मचारी हताहत नहीं हुआ । एक अन्य घटना में नक्सलियों ने पश्चिम गोदावरी जिले के देंदलूर रेलवे स्टेशन पर हमला किया, इन नक्सलियों ने कुल गुन्टूर जिले के नल्लपटू रेलवे स्टेशन को आग लगा दी थी ।

बागी के विरुद्ध मानहानि का केस

जालन्धर, 8 अप्रैल : जालन्धर के पत्रकार एवं स्वतंत्रता सेनानी का. टहल सिंह बागी के विरुद्ध उनके एक किराएदार श्री नरेन्द्र जोशी ने यहां के प्रथम श्रेणी मैजिस्ट्रेट श्री पी.के. गोयल की अदालत में मानहानि के आरोप में धारा-500 के अंतर्गत मुकद्दमा दायर किया है जिसकी अगली पेशी 30 अप्रैल को होगी ।

कांग्रेसी अपने नेतृत्व के विरुद्ध विद्रोह करें : मालवीय ने दोहराया

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (प.स.): जनता दल (स) ने कांग्रेस (इ) के 'स्थिरता' के नारे को 'खोखला' बताया है और लोगों को सलाह दी है कि वे इस नारे के 'झांसे' में न आएं । पार्टी के प्रवक्ता सत्य प्रकाश मालवीय ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री चंद्र शेखर द्वारा कांग्रेस (इ) कार्यकर्ताओं से अपने नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने की अपील को भी पुनः दोहराया । उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता तथा असम, पंजाब और कश्मीर समस्याओं के लिए कांग्रेस (इ) ही 'जिम्मेदार' है ।

भारत-श्रीलंका में अधिकारी स्तर की वार्ता शुरू

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता): भारत और श्रीलंका के बीच तीन दिन की आधिकारिक स्तर की बातचीत आज यहां शुरू हुई, जिसमें द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा एक संयुक्त आयोग गठित करने के तरीकों पर विचार होगा ।

600 वाहन फंसे

जम्मू, 8 अप्रैल (प.स.): तीन सौ कि.मी. लम्बे जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर शेर बीबी में आज भारी भू-स्खलन से 600 से अधिक ट्रक रुके पड़े हैं । इन पर कश्मीर घाटी के लिए जरूरी चीजें लदी हैं ।

भाजपा द्वारा अपने प्रत्याशियों की सूची जारी

लुधियाना, 8 अप्रैल (महिन्द्रा): नगर निगम लुधियाना के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है । वार्ड 11 पर निर्दलीय प्रत्याशी श्री सतपाल शर्मा के समर्थन की घोषणा की गई है । कांग्रेस ने वार्ड 10 पर भी अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं किया ।

भाजपा के प्रत्याशियों की नई सूची इस प्रकार है : वार्ड 1 शिव सेना नेता रवीन्द्र अरोड़ा, 2 से धर्मपाल एडवोकेट, 3 से का. महेन्द्र पाल, 4 से अशोक कुमार शर्मा, 5 से डा. मुदामा तिवारी, 6 से हरबंस लाल

जोड़-तोड़ शुरू

(पृष्ठ 3 का शेष)

वर्करों ने 'कांग्रेस बचाओ मंच' बना कर पार्टी को तीन धड़ों में बांट दिया है ।

'कांग्रेस बचाओ मंच' के संयोजक रजिन्द्र अर्जुन जिन्होंने पार्टी की इस 'बंदरबांट' के विरुद्ध स्थानीय विधायक बृजभूषण मेहरा की कोठी के बाहर भूख हड़ताल भी रखी थी, ने एक बयान में कहा है कि उनको दिए गए आश्वासनों के बावजूद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष से मिलने नहीं दिया गया । मंच ने इंका हाईकमान से मांग की है कि वह पार्टी की टिकटों के वितरण पर दोबारा विचार करके ऐसे प्रत्याशियों को टिकटें दें, जो जीत सकते हैं और इस तरह से कांग्रेस को विघटन से बचाएं ।

श्री अर्जुन ने कहा कि यदि ऐसा न किया गया तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी इंका को कार्यकर्त्ता ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे ।

'नारंग' के अनुसार इंका क्षेत्रों में जबरदस्त आक्रोश पाया जा रहा है । कल और आज इंका नेताओं सेवा राम अरोड़ा, भूतपूर्व इंका सांसद रघुनन्दन लाल भाटिया, बृज भूषण मेहरा के घरों के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन हुए हैं । यह प्रदर्शन उन उम्मीदवारों ने करवाए हैं, जिन्हें टिकट नहीं मिला । सेवा राम के घर के बाहर तो इंकाई महिलाओं ने बाकायदा स्यापा भी किया है । जिस ढंग से इंका के भूतपूर्व विधायक प्रो. दरबारी लाल के खास आदमियों को टिकटों से वंचित रखा गया है, उससे स्थिति और भी विस्फोटक हो गई है । अब इंका कार्यकर्त्ता उन पर यह दबाव डाल रहे हैं कि वह 'राजीव ब्रिगेड' के उम्मीदवारों को खुल कर समर्थन करें । टिकटें देने वाले नेताओं पर पैसे खाकर भी टिकट न देने का आरोप कई वरिष्ठ इंकाई लगा रहे हैं । टिकट देने वाले नेता शहर से नदारद हो गए हैं, खासतौर पर सेवा राम अरोड़ा पर यह आरोप लग रहा है कि उन्होंने बृज भूषण मेहरा एवं रघुनन्दन लाल भाटिया के साथ मिल कर प्रो. दरबारी लाल को बेइज्जत किया है । दरबारी लाल समर्थक गोपाल दास, डा. राजकुमार, बाबू राम, गुलाब राय, बुधु साई, गब्बर, नामनारायण कौमी, अशोक कुमार, सोहन लाल, सुरेन्द्र लाली, सुरेन्द्र कुमार, प्यारे लाल, कौला राम, राजेन्द्र भल्ला समेत अनेक सशक्त उम्मीदवारों ने इंका को अलविदा कह कर 'राजीव ब्रिगेड' बनाई है ।

इंका सूत्रों ने बताया कि प्रो. दरबारी लाल ने दिल्ली तक गुहार की है, पर सुनवाई नहीं हुई । अब वह या तो इंका से त्यागपत्र देंगे या राजीव ब्रिगेड का नेतृत्व करेंगे जिसके पहले संयोजक सुरेन्द्र शर्मा हैं ।

जोड़-तोड़ शुरू : (वर्मा): नगर निगम चुनाव 28 अप्रैल को होने जा रहे हैं । विभिन्न राजनीतिक दलों कांग्रेस (इ), भाजपा, बसपा, जनता दल आदि ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा के पश्चात चुनावी गतिविधियां एकदम तेज कर दी हैं । भाजपा व इंका द्वारा तो दीवारें लिखवाने का काम भी प्रारम्भ कर दिया गया है ।

कुछ भी हो, लेकिन इंका व भाजपा उम्मीदवारों ने अपना चुनाव प्रचार एकदम तेज कर दिया है तथा दोनों दल निर्दलीय उम्मदीवारों को अपने पक्ष में बिठाने तथा दूसरे दलों के कार्यकर्त्ताओं को तोड़ कर अपने साथ मिलाने में लगे हुए हैं ।

मार्क्सी पार्टी लोकसभा की 71 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 71 प्रत्याशियों की सूची बनाई है । सूची में भंग लोकसभा में पार्टी के दो सदस्यों को छोड़ कर अन्य सभी को फिर उम्मीदवार बनाया गया है ।

यह घोषणा करते हुए पार्टी के नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने आज बताया कि श्री माणिक सान्याल तथा मोती लाल हंसदा इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे । ये दोनों पश्चिम बंगाल से पिछली लोकसभा के लिए चुने गए थे ।

स्वामी सम्भवतः मद्रास से चुनाव नहीं लड़ेंगे

मद्रास, 8 अप्रैल (बी.पी.ओ.): केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी जोकि अन्नाद्रमुक और इंका के सहयोग से तमिलनाडु से लोकसभा का चुनाव लड़ने की सोच रहे थे अब सम्भवतः वहां से चुनाव नहीं लड़ेंगे ।

बताया जाता है कि श्री स्वामी अन्नाद्रमुक की नेता सुश्री जय ललिता से बातचीत करने के अपने

Punjab Kesari

जैतो के निकट सेवावाल में नाटक मेले पर फायरिंग : 22 मरे, 30 घायल

पंजाब में अन्यत्र पी.सी.एस. अधिकारी और अकाली नेता सहित 24 लोगों की हत्या

के.एल.ओ. के चीफ जनरल सहित 8 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 9 अप्रैल (वार्ता, प.स.): जैतो के निकट सेवावाल गांव में मिलिटैंटों ने आज एक नाटक मेले पर फायरिंग की, जिससे 22 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 30 अन्य लोग घायल हो गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक पी.सी.एस. अधिकारी तथा अकाली नेता समेत 24 लोगों की हत्या हुई तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के चीफ जनरल समेत 8 मिलिटैंट मारे गए ।

नाटक मेले पर फायरिंग, 22 मरे : जबर तथा फिरकापरस्त विरोधी फ्रंट द्वारा जैतो के निकटवर्ती गांव सेवावाल में आयोजित एक नाटक मेले पर मिलिटैंटों ने आज दोपहर सवा दो बजे अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 22 लोगों की मृत्यु हो गई तथा लगभग 30 लोग घायल हो गए । घायलों को फरीदकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । यह जानकारी फ्रंट के प्रदेश सचिव श्री अमोलक सिंह ने दी है । इस घटना में श्री अमोलक सिंह बाल-बाल बच गए ।

फरीदकोट से 'जिदल' के अनुसार सेवावाल गांव में 15 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 7 घायलों की फरीदकोट मैडीकल कालेज अस्पताल में मृत्यु हो गई । कुछ घायलों को जैतो, कोटकपूरा तथा लुधियाना के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है । इस घटना में मारे गए लोगों में से 7 की पहचान खेम राज, गरजंट सिंह, जसपाल सिंह, मुख्तियार सिंह, मक्खन सिंह, हरपाल सिंह तथा मेघ राज के रूप में हुई है । एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार हमलावर मिलिटैंटों की संख्या 6 थी और वे सेना की वर्दियों में थे ।

इस बीच सी.पी.आई. के पंजाब सचिवालय के सदस्य डा. जोगेन्द्र दयाल ने सेवावाल गांव में मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग किए जाने की घटना की तीव्र निन्दा की है । डा. दयाल ने प्रभावित परिवारों से गहरी सहानुभूति व्यक्त की है तथा सभी धर्म निरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक ताकतों से आह्वान किया है कि वे हिंसावादी राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ संघर्ष करें ।

अकाली नेता समेत 3 लोगों की हत्या : दसूहा (झावर) जालन्धर जिला के भोगपुर थाने के अन्तर्गत ढांडा सनोरा गांव के निकट कल रात 10 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने अकाली नेता जसवन्त सिंह चीमा, उनके गनमैन राजेन्द्र सिंह तथा कार ड्राइवर पवन कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार ट्रक पर सवार कुछ मिलिटैंट ढांडा सनोरा गांव के निकट वाहनों को रोक कर ड्राइवरों को पीट रहे थे । इस बीच अकाली नेता श्री जसवन्त सिंह चीमा, जोकि जालन्धर से दसूहा जा रहे थे, की कार जब वहां पहुंची तो मिलिटैंटों ने उसे भी रोक लिया और अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे श्री चीमा, उनके गनमैन तथा कार ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और एक अन्य व्यक्ति बलवंत सिंह घायल हो गया । इस घटना में दो अन्य व्यक्ति जसबीर सिंह सेठी तथा बचित्तर सिंह बाल-बाल बच गए । दसूहा के निकटवर्ती गांव खैराबाद निवासी श्री जसवन्त सिंह चीमा दसूहा सर्कल अकाली दल के वरिष्ठ उप-प्रधान थे । इस बीच श्री चीमा की अन्त्येष्टि कल प्रातः 11 बजे की जाएगी ।

शैलर मालिक के भाई का अपहरण : सामाना (बर्मा): चार सशस्त्र युवक कल शाम 7 बजे स्थानीय शैलर मालिक तरसेम दयालगढ़ के भाई नरेश कुमार का उसके घर से अपहरण करके ले गए । वे पैदल आए थे और जाते समय नरेश कुमार व उसके एक पड़ौसी के स्कूटर भी छीन कर ले गए ।

दो व्यक्तियों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के खलचियां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात बलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । अमृतसर जिला के तनेल गांव में मिलिटैंटों ने कल रात सतनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के खेड़ी खुर्द गांव में कल रात मिलिटैंटों ने भाग सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी रेखा की हत्या कर दी ।

5 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के झब्बाल थाना के अंतर्गत लद्दू गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से 4 ए.के. 47 राइफलें, एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । मुठभेड़ प्रातः 11 बजे शुरू हुई तथा शाम 4 बजे तक चली ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला में बलकार सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । उसका शव तरनतारन पुलिस जिला के माड़ी गांव से बरामद हुआ ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक की पहचान नहीं हो सकी है । उसके पास से एक रिवाल्वर और कुछ गोलियां मिली हैं ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिला के गड्ढा दोहर गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शिंगारा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर फायरिंग की, जिससे शिंगारा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना जिला में दोराहा के निकट जी.टी. रोड पर मिलिटैंटों ने शमीम अहमद नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । शमीम अहमद की बाद में मृत्यु हो गई ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लुधियाना नगर निगम के चुनाव में बागी इंकाइयों का 'कांग्रेस बचाओ मोर्चा' भी भाग लेगा

लुधियाना, 9 अप्रैल (महिन्द्रा) : यहां नगर निगम की चुनावी गतिविधियों में अब काफी गर्मी आ गई है । गत दिवस असंतुष्ट कांग्रेस प्रत्याशियों ने, जिनको पार्टी टिकट नहीं मिले अपनी चुनाव बैठक डा. राजेन्द्र हौड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की तथा 'कांग्रेस बचाओ मोर्चा' के नाम पर अपना संगठन कायम किया । डा. हौड़ा तथा मोर्चा नेता केवल सूद ने गत रात्रि घोषणा की कि उन्होंने अपने मोर्चे के टिकट पर 9 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, जो कांग्रेस तथा अन्यों का मुकाबला करेंगे । इस सूची के अनुसार वार्ड नं. 26 से बलराज कृष्णा, 28 से हरमीत सिंह, 39 से नवीन सूद, 40 से देसराज सैनी, 41 से ओंकार सिंह, 42 से यशपाल, 44 से मुनीश चंद्र, 45 से चरणजीत भाटिया, 50 से सतपाल अपलिश कांग्रेस बचाओ मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे । डा. हौड़ा ने बताया कि मोर्चा की दूसरी सूची 10 अप्रैल को जारी की जाएगी ।

दूसरी तरफ इंका चुनाव कमेटी के चेयरमैन श्री सतपाल मित्तल ने अपना चुनाव कार्यालय नेहरू सिद्धांत केंद्र में खोल दिया है तथा वह इंका प्रत्याशियों को सफल कराने के लिए योजना तैयार कर रहे हैं । कल उन्होंने कई निर्दलीय प्रत्याशियों से सम्पर्क किया ताकि वे इंका प्रत्याशियों के पक्ष में 10 अप्रैल को अपने नाम वापस ले लें ।

ठेकेदार सुरजन सिंह ने 10 अकाली प्रत्याशियों

है । उन्होंने कहा कि टिकट बांटने वाली 6 सदस्यीय टीम केवल एक ड्रामा थी । यह सारा श्री सतपाल मित्तल का 'शो' था जिन्होंने केवल अपने चहेतों को ही टिकट दिए । 15-20 वर्ष से कार्य कर रहे कार्यकर्त्ताओं को अनदेखा कर दिया । श्री मित्तल ने उन लोगों को भी टिकट दे दिए जो कभी भी कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य भी नहीं रहे थे ।

उधर श्री सतपाल मित्तल ने कहा कि हम ने पार्टी के टिकट महिलाओं, युवाओं, रमदासियों, स्वतंत्रता सेनानियों व दूसरे वर्गों को दिए हैं । उन्होंने कहा कि झंडे फाड़ने का आरोप सरासर गलत है, जहां तक श्रीमती इंदिरा गांधी को गालियां निकालने का सम्बन्ध है श्री मित्तल ने कहा कि एक बार उनको राज्यसभा के लिए स्वयं श्रीमती गांधी ने व दूसरी बार श्री राजीव गांधी ने टिकट दिया ।

बादल दल द्वारा समर्थन : लुधियाना से महेंद्रा के अनुसार जत्थेदार अमरजीत सिंह भाटिया प्रधान अकाली दल (बादल) द्वारा निम्नलिखित 10 वार्डों के उम्मीदवारों के समर्थन की घोषणा की गई है । वार्ड नं. 1 में देव राज, 2 में मंगत राम, 5 में सच्चा सिंह फौजी, 22 में जसविंदर सिंह भोला, 26 में हरपाल सिंह, 27 में कृपाल सिंह भीक्खी, 34 में उत्तम सिंह, 45 में निरंजन सिंह संधु, 49 में नारायण सिंह तथा 8 में जैमल सिंह ।

Punjabi Tribune Archive

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक और व्यक्ति का अपहरण : लुधियाना जिला के जगराओं कस्बे से मिलिटैंटों ने आज एक पैट्रोल पम्प से हरजिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । मिलिटैंट मारुति कार में सवार थे ।

दुर्दांत मिलिटैंट जहर खाकर मरा : गुरदासपुर (राजेश्वरी) बोपर सैदां गांव में आज दोपहर 12 बजे के लगभग एक दुर्दांत मिलिटैंट परमजीत सिंह पम्मा उर्फ हरि सिंह उर्फ नंद बाबा ने सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली । परमजीत सिंह 50 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने बताया कि घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और 2 मैगजीन बरामद हुए हैं । परमजीत सिंह खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का चीफ जनरल था । परमजीत सिंह से एक फर्जी पहचान पत्र भी मिला है, जोकि सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर हरि सिंह के नाम पर बना हुआ है । श्री गोयल ने बताया कि परमजीत सिंह 1982 में पंजाब पुलिस में भर्ती हुआ था, लेकिन 1984 में आप्रेशन ब्लू स्टार के बाद वह ड्यूटी छोड़ कर भाग गया था । इसके बाद वह मिलिटैंटों के साथ जा मिला था । बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन जमानत पर छूटने के बाद वह पुनः वारदातें करने लगा था ।

इस बीच सूत्रों के अनुसार परमजीत सिंह से एक डायरी भी मिली है, जिसमें कई टैलीफोन नम्बर तथा मिलिटैंटों के नाम आदि लिखे हुए हैं । डायरी में कई बम धमाके करने की योजनाओं का भी उल्लेख किया गया है । सूत्रों ने बताया कि पूर्व सांसद तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के पूर्व प्रधान अतिन्द्रपाल सिंह ने परमजीत सिंह को अपने संगठन को राजनीतिक रूप देने की सलाह दी थी लेकिन परमजीत सिंह ने यह सलाह नहीं मानी थी । बताया जाता है कि परमजीत सिंह दशमेश रैजीमैंट के चीफ जनरल सीतल सिंह का निकट साथी था ।

महिला की हत्या : गुरदासपुर जिला के अटवाल गांव में मिलिटैंटों ने कल रात सरबजीत कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पी.सी.एस. अधिकारी की हत्या : पटियाला (राज.): मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद सवा एक बजे के लगभग स्थानीय माल रोड पर पंजाब लोक निर्माण विभाग की भवन एवं सड़क शाखा के प्रशासनिक अधिकारी श्री हरि ओम बबलानी की उनके कार्यालय में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी । पंजाब सिविल सर्विसिज से सम्बद्ध श्री बबलानी फतेहगढ़ साहिब में सब डिवीजनल मैजिस्ट्रेट भी रह चुके थे ।

यह भी बताया जाता है कि 10 दिन पहले मिलिटैंटों ने श्री बबलानी के दामाद के छोटे भाई, जोकि डाक्टर है, का अमृतसर से अपहरण कर लिया था तथा उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए मांगे थे । पुलिस द्वारा सम्बद्ध मिलिटैंटों के कुछ रिश्तेदारों को पकड़ लिए जाने पर मिलिटैंटों ने अपहृत को छोड़ दिया था । सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि श्री बबलानी की हत्या के पीछे उन्हीं मिलिटैंटों का हाथ है ।

भिवानीगढ़ में फायरिंग : 5 मरे : जिला संगरूर के गांव भिवानीगढ़ में आज रात्रि मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी । फायरिंग से कई अन्य लोग घायल हुए हैं ।

शराब विक्रेता की हत्या : भटिंडा जिला के शेखपुरा गांव में आज प्रातः मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे शराब विक्रेता राम पाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

दम्पति की हत्या : भटिंडा ज़िला के बरगा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने हरदेव सिंह तथा उसकी पत्नी मनजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पति-पत्नी की हत्या : बटाला (कोछड़): थाना बटाला के गांव धीर में गत रात्रि मिलिटैंटों के एक गिरोह ने मोहिन्दर सिंह (50) व उसकी पत्नी कुलवंत कौर (45) की उनके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति सुखजीत सिंह को घायल कर दिया । घायल को अमृतसर के अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है । जिला पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार मौका से ए.के. 47 राइफल के 30 चले हुए कारतूस मिले हैं । मृतक मोहिन्दर सिंह राज मिस्त्री का काम करता था जबकि घायल सुखजीत सिंह उसके पास किसी कार्यवश आया हुआ था ।

अपहरण : पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव ताराचक्क में स्थित एक ट्यूबवैल से मिलिटैंट 2 युवकों को गत दिवस अपहृत करके ले गए । इनके नाम रविन्द्र तथा बब्बी बताए जाते हैं । बाद में मिलिटैंटों ने बब्बी को छोड़ दिया ।

महिला सहित तीन की हत्या : धुरी से 'सिंगला' के अनुसार आज प्रातः यहां से 20 कि.मी. दूर थाना शेरपुर के गांव टिब्बा में एक मारुति कार तथा हीरो होंडा मोटर साइकिल पर आए करीब आठ मिलिटैंटों ने करनैल सिंह नामक व्यक्ति को घर से निकाल कर उसे गोली मार दी । करनैल सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । फिर ये मिलिटैंट कुलदीप सिंह उर्फ दीपा नामक व्यक्ति के घर गए । दीपा घर पर नहीं मिला क्योंकि वह निकटवर्ती गांव गण्डासिंहवाला गया हुआ था । मिलिटैंट गण्डासिंहवाला गए और वहां राय मदीन नामक व्यक्ति के घर से उसकी जीप (नं. डी.एन.सी. 9060) छीन कर तथा दीपा को लेकर वापस गांव टिब्बा आए । वहां आकर इन्होंने दीपा को भी गोलियां मार कर मार डाला । मिलिटैंट अपना मोटर साइकिल वहीं छोड़ गए तथा कार व जीप में वहां से फरार हो गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

इस गांव से जाने के बाद इन मिलिटैंटों ने थाना शेरपुर के ही गांव खेड़ी खुर्द में रेखा नामक एक महिला को घर से बाहर बुलाया तथा उसे भी गोली मार दी । रेखा ने भी मौका पर ही दम तोड़ दिया ।

लोगों ने 3 लुटेरों को पकड़ लिया : फगवाड़ा (कौड़ा): हरगोबिन्दनगर के लोगों ने बड़े साहस के साथ 3 लुटेरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । घटना इस प्रकार बताई जाती है कि तीन नौजवान हरगोबिंदनगर के एक मकान में दोपहर के अढ़ाई बजे दाखिल हुए और उन्होंने घरवालों को तमाम नकदी और आभूषण उसके हवाले करने को कहा । घर की कुछ औरतों ने पड़ोसियों को सूचना दी । लोगों ने तीनों लुटेरों को पकड़ कर उनकी खूब पिटाई की । लुटेरों ने भागने की कोशिश की मगर लोगों ने उन्हें भागने नहीं दिया और पुलिस के हवाले कर दिया । अभियुक्त जिला गुरदासपुर के बताए जाते हैं ।

शव मिला : अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार पुलिस जिला मजीठा के गांव भूएवाल में पुलिस ने एक व्यक्ति भूपेंद्र सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । उसका कुछ दिन पूर्व मिलिटैंट उसके गांव से अपहरण करके ले गए थे ।

युवक चाक सहित गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): सिटी पुलिस ने स्थानीय भंगी चो से तरनतारन के एक युवक दविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसके कब्जे से एक कमानीदार चाक बरामद किया गया । अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : बी.एस.एफ. की नाकापार्टी ने टांडा थाना के अधीन बेचां ग्राम के पास मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों में से एक को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य फरार हो गए । पकड़ा गया मिलिटैंट मुठभेड़ में घायल हो गया था । उसके कब्जे से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस व ए.के. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

पैट्रोल पम्प लूटा : चंडीगढ़ से 'संधी' के अनुसार आज दोपहर यहां के सैक्टर 28 में स्थित एक पैट्रोल पम्प के कैशियर से 2 मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर लगभग 7 हजार लूट लिए । प्राप्त समाचारों के अनुसार दो मिलिटैंट पैट्रोल पम्प पर आए तथा कैशियर चेतन सिंह को मैनेजर के कमरे में ले गए । वहां पर मिलिटैंटों ने कैशियर से रुपयों वाला बैग छीन लिया तथा कैशियर और मैनेजर को कमरे में बंद करके बाहर से ताला लगा दिया और चाबी साथ लेकर भाग गए ।

बताया जाता है कि जब यह वारदात हुई, उस समय चंडीगढ़ पुलिस का एक हैड कांस्टेबल और एक होमगार्ड जवान घटनास्थल पर तैनात था लेकिन इन दोनों को वारदात के बारे में तब पता चला, जब मैनेजर व कैशियर ने खिड़की के रास्ते बाहर आकर उन्हें इसकी सूचना दी । पुलिस ने खबर मिलने पर नाकाबंदी करके वाहनों की तलाशी ली लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला । पिछले तीन दिनों के दौरान शहर में इस तरह की तीसरी घटना है ।

चंडीगढ़ के आई.जी. श्री राधे श्याम गुप्ता के अनुसार पिछले तीन दिनों में शहर में लटपाट की जो घटनाएं हुई हैं, उनमें संलिप्त मिलिटैंटों के बारे में पुलिस ने कई सुराग प्राप्त कर लिए हैं और शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

मारे गए एक मिलिटैंट की शिनाख्त : श्रीगंगानगर (खगर): सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कल दोपहर संगरिया कस्बे के निकट जो दो मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें से एक की पहचान सिकन्दर उर्फ सुक्खा के रूप में हुई है । ये मिलिटैंट खालिस्तान नैशनल आर्मी से सम्बन्धित थे । उनसे कुछ कागजात भी मिले हैं, जिससे पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की सम्भावना है ।

दो घुसपैठिए मरे : श्रीगंगानगर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कर्णपुर सैक्टर में 2 पाक घुसपैठियों को मार गिराया । उनका एक साथी भाग गया ।



जिला जालंधर के भोगपुर थाना के अंतर्गत गांव डंडा सनोरा के निकट मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (1) अकाली नेता जसवंत सिंह, (2) उनके गनमैन राजेन्द्र सिंह तथा (3) कार ड्राइवर पवन कुमार के शव । (छाया : ज़ाबर)

मार्क्सी चुनाव घोषणा पत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

देशवासियों की एकता, सह-अस्तित्व की भावना और बहु-भाषायी एवं बहु-धर्म स्वरूप के लिए खतरा पैदा कर रहा है । लोकतांत्रिक प्रणाली चरमराने लगी है । संसदीय लोकतंत्र तथा केंद्र-राज्य संबंधों जैसी संस्थाएं कमजोर होने लगी हैं । आर्थिक दशा इतनी ज्यादा खराब पहले कभी नहीं थी । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से देश में कांग्रेस ही चूंकि अधिकतर सत्ता में रही है, इसलिए देश की मौजूदा स्थिति का दोष इसी पार्टी पर ज्यादा है ।

भाजपा पर अयोध्या के मामले पर साम्प्रदायिक वैमनस्य फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि लाल कृष्ण आडवानी की रथ यात्रा से साम्प्रदायिक दंगे फैले । मजबूत लोकतंत्र, राज्यों को अधिक अधिकारों सहित केंद्र-राज्य संबंधों के पुनर्गठन, पृथकतावादी ताकतों के विरुद्ध संघर्ष, पंजाब, कश्मीर और असम की उचित मांगें मानते हुए समस्याओं के समाधान, अयोध्या विवाद पर आंदोलन का मार्ग त्यागने की अपील, भूमि सुधार लागू करने का आश्वासन, खेतिहर मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए केंद्रीय कानून का आश्वासन तथा काम के अधिकार को संविधान में मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने जैसे वायदे चुनाव घोषणापत्र में किए गए हैं ।

यूनियन कार्बाइड द्वारा

गैर-कांग्रेसी सरकार ने देश को बर्बादी के कगार पर पहुंचाया : राजीव

कलकत्ता, 9 अप्रैल (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने गैर-कांग्रेसी सरकारों की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि इन सरकारों ने देश को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है ।

स्थानीय चितरंजन दास स्मारक समिति के सचिव को हाल में लिखे एक पत्र में श्री गांधी ने कहा है कि 'गैर-कांग्रेसी सरकारें' असफल रही हैं और लगातार जारी अनिश्चितता स्तर पर भी भारत की साख गिरी है ।

श्री गांधी ने पत्र में कहा है कि देश के विकास के लिए स्पष्ट नीतियों वाली स्थायी सरकार आवश्यक होती है । उन्होंने कहा कि अतीत में केवल कांग्रेसी सरकारों ने ही स्थायित्व दिया ।

पूर्व प्रधानमंत्री के अनुसार पिछले पन्द्रह महीने में जो 'राजनीतिक प्रयोग' किए गए हैं उनकी वजह से देश उथल-पुथल से होकर गुजरा और दिशाहीन होकर रह गया ।

स्वीडन सरकार की कश्मीरी उग्रवादियों से अपील

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): स्वीडन की सरकार ने कश्मीर के उग्रवादियों से बंधक बनाए गए दो स्वीडिश नागरिकों की अविलम्ब एवं बिना शर्त रिहाई की अपील की है । यहां स्वीडिश दूतावास में प्राप्त समाचार के अनुसार स्वीडन की सरकार ने अपहरणकर्त्ताओं से कहा है कि वे कश्मीरी जनता के हित को देखते हुए इन अपहृत नागरिकों को रिहा कर दें । समाचार के अनुसार स्वीडन की सरकार ने कहा है कि कश्मीर घाटी की घरेलू राजनीतिक समस्याओं के कारण इन निर्दोष नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ने नहीं दिया जाएगा ।

टिकट के लिए लाख रुपए की शर्त नहीं रखी : मालवीय

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (प.स.): जनता दल (स) ने ऐसा कोई मानदंड निर्धारित नहीं किया है कि जिनके पास एक लाख रुपए हैं, उन्हें ही अगले चुनाव में पार्टी का टिकट दिया जाएगा । यह स्पष्टीकरण दल के महासचिव सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां दिया । श्री मालवीय सम्वाददाताओं के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे । कुछ समाचारपत्रों में पार्टी के अध्यक्ष देवी लाल के हवाले से यह खबर छपी थी कि पार्टी का टिकट उन्हें ही दिया जाएगा, जिनके पास एक लाख रुपए होंगे ।

स्वामी द्वारा चुनाव लड़ना अभी अनिश्चित

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): वाणिज्य मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने अगले माह तमिलनाडु के डिंडीमल निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फैसला अभी नहीं किया है । डा. स्वामी ने कहा कि उन्हें अभी यह फैसला करना है कि क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे ।

हरियाणा सरकार तबादलों पर पुनर्विचार के लिए सहमत : शेषन

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (वार्ता): हरियाणा सरकार चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप पिछले दिनों किए गए कुछ विवादास्पद तबादलों की समीक्षा करने पर सहमत हो गई है । राज्य सरकार द्वारा चुनावों की पूर्व संध्या पर किए गए ऐसे 93 विवादास्पद तबादलों पर आयोग ने उससे जानकारी मांगी थी, इनमें 25 आई.ए.एस. तथा 15 आई.पी.एस. अधिकारी के तबादले भी शामिल हैं । मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि कर्नाटक सरकार द्वारा किए गए ऐसे 48 विवादास्पद तबादलों के बारे में राज्य ने उसे जो सूचना दी है, आयोग ने उसे काफी संतोषजनक नहीं पाया है तथा इन तबादलों की समीक्षा करने को कहा है ।

लुधियाना की बोस्टल जेल

(पृष्ठ 3 का शेष)

कथित कृपा के दृष्टिगत श्री बल की जेल कार्यालय में दैनिक औसत हाजिरी डेढ़ दो घंटे से अधिक नहीं रही बताई गई, जिसके कारण जेल के अन्य कर्मचारियों द

HINDU COLLEGE, AMRITSAR.

In order to facilitate, the Pre-Admission Coaching for Senior Secondary Part I & II classes and also coaching for enterance tests for Medical and Engineering Colleges, the College has decided to observe the following schedule for the coming Summer months :—

Senior Secondary Part I (Plus One) (Medical/Non Medical) 15.04.1991

पंजाब में 6 मिलिटैंट और 2 घुसपैठिए मरे : मार्कफैड के अधिकारी सहित 2 का अपहरण : तरनतारन में बम फटा

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वार्ता, प.स.) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 6 मिलिटैंट और 2 घुसपैठिए मारे गए जबकि मार्कफैड के एक अधिकारी का अपहरण कर लिया गया । इसी अवधि में तरनतारन में एक बम फटा तथा पटियाला में एक बम मिल जाने से वारदी मच गई ।

दो मिलिटैंट मारे गए : फिरोजपुर जिले के बकाल खान गांव में कल रात राम सिंह नामक मिलिटैंट को ले जाने वाले एक पुलिस दल पर मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया । इस मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए, जबकि एक सिपाही गुरमीत सिंह घायल हो गया । इस बीच राम सिंह भाग जाने में सफल हो गया । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त सच्चा सिंह के रूप में हुई है । मिलिटैंटों के पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक 303 राइफल बरामद की गई ।

एक मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिले के अलीवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ गोलियां बरामद की गई ।

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार पुलिस प्रमुख ने बताया कि बरामद कागजों से पता चला है कि मृतक मिलिटैंट का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ था ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के संदोहा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट कल रात मारा गया और उसके पास से दो 303 राइफलें तथा कुछ गोली-बारूद बरामद किया गया ।

मिलिटैंट ने दम तोड़ा : मेजर सिंह नामक एक मिलिटैंट, जो दो अप्रैल को हुई मुठभेड़ में घायल हो गया था, ने कल रात पटियाला के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : एक अन्य घटना में होशियारपुर जिले के टांडा थाना के बैंचा गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध मिलिटैंट मारा गया । बाद में उसे पहचान लिया गया और उसका नाम मलकीत सिंह बताया जाता है ।



पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मेल्होत्रा बुधवार को जिला फरीदकोट के ऐतिहासिक कस्बे जैतो के निकट गांव सेक्खाल, जहां मिलिटैंटों ने 22 लोगों की हत्या कर दी तथा कई अन्य घायल कर दिए थे, में लोगों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए ।

2 घुसपैठिए मारे गए : फाजिल्का सैक्टर में आज भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 घुसपैठिए मारे गए ।

बम विस्फोट में एक मरा : तरनतारन में आज पराने बस अड्डे के निकट भीड़-भाड़ वाले चौक में एक बम विस्फोट से मोहन लाल नामक एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 12 अन्य व्यक्ति घायल हो गए । 4 घायलों की पहचान तिलक राज, मदन लाल, प्रीतम कौर तथा बलकार सिंह के रूप में हुई है ।

पुलिस ने बताया कि बड़वाला चौक पर हुए इस विस्फोट में निकट के अनेक भवनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए । घायलों में राज्य पुलिस बल का एक हैड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल शामिल है ।

80,000 रुपए लूटे : नकोदर (गगन) : आज यहां से 9 कि.मी. दूर नकोदर-कपूरथला सड़क पर मल्लियां खुर्द गांव में स्थित इंडियन बैंक की शाखा से मिलिटैंटों ने 80,000 रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए । तीन मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार होकर दोपहर 2.40 पर बैंक में आए तथा उन्होंने सुरक्षा गार्ड को रिवाल्वर दिखाकर गेट खोलने के लिए कहा । सुरक्षा गार्ड द्वारा दरवाजा खोलने पर वे रुपए लूटकर फरार हो गए । कुछ दूर जाकर उन्होंने स्कूटर भी छोड़ दिया ।

न.न.ए. के अनुसार युवक पी.यू.एस. 2716 स्कूटर पर आए थे, जो छीना हुआ था । बताया जाता है कि वारदात बैंक के गनमैन की लापरवाही से हुई, जिसने बैंक का दरवाजा खोल रखा था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पाक ईराक का विरोध करके अब डरने लगा

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (वार्ता): पाकिस्तान ने अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए कुछ कठोर कदम उठाए हैं । वहां अवैध तौर पर जाने वालों की सजा

वारदातें पंजाब में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपहरण : लुधियाना में आज मिलिटैंट बलविन्दर सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण कर उसे उसी की कार में ले भागे ।

बम मिला : त्रासदी टली : पटियाला (भूषण) : पुलिस ने आज यहां पंजाब लोक निर्माण विभाग के परिसर, जहां कल हरिओम बबलानी नामक एक अधिकारी की हत्या कर दी गई थी, में पार्क किए गए एक स्कूटर की डिग्गी में से एक बम बरामद किया । स्कूटर का नं. पी.सी.आई. 2134 था । बम रिमोट द्वारा नियंत्रित था । अधिकारियों ने समय पर ही बम का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया और इस प्रकार एक त्रासदी टल गई । स्कूटर की डिग्गी में से एक चिट भी मिली है, जिस पर 'पंजाबी विश्वविद्यालय के डाक्टर गुरतारण सिंह का नाम लिखा हुआ है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार बम उच्च तकनीक से तीन शक्तिशाली बमों को जोड़कर बनाया गया था । इनमें से एक बम रिमोट कंट्रोल के साथ फिट किया था जबकि दो अन्य बम स्कूटर की किक से जोड़े गए थे । जो भी व्यक्ति स्कूटर की किक मारता तो यह सभी बम फट जाते । सूत्रों के अनुसार रिमोट कंट्रोल द्वारा विस्फोट करना लम्बी रेंज के कारण सम्भव नहीं हो सका ।

बबलानी का अंतिम संस्कार : पटियाला (राज) : पी.सी.एस. अधिकारी हरिओम बबलानी, जिनकी कल यहां हत्या कर दी गई थी, का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके पुत्र विजय ने चिता को अग्नि दी । इस अवसर पर पुलिस ने हथियार उल्टे करके सलामी दी । पंजाब के मुख्य सचिव तेजेन्द्र खन्ना ने राज्यपाल की ओर से फूलमाला अर्पित की । इस अवसर पर परसोनल विभाग के सचिव राकेश छाबड़ा, पटियाला मंडल के आयुक्त एस.के. सिन्हा, उप आयुक्त एस.पी. करकरा, एस.एस.पी. एस.के. शर्मा तथा विभिन्न विभागों के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे ।

3 की हत्या : संगरूर (गर्ग) : कल रात यहां से 20 किलोमीटर दूर भवानीगढ़ में जो वारदात हुई थी, उसके सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार तीन व्यक्ति मारे गए थे तथा एक घायल हो गया था । बताया जाता है कि लगभग 6 मिलिटैंटों ने गांव में आते ही फायरिंग आरंभ कर दी, जिसके परिणामस्वरूप रघुबीर कुमार शर्मा, सुखदेव चन्द शर्मा तथा कर्मचन्द नामक तीन व्यक्ति मारे गए, जबकि अम्बाला से आया हुआ एक व्यक्ति श्याम लाल घायल हो गया । इस हत्याकांड के विरोध में आज भवानीगढ़ में पूर्ण बन्द रहा ।

जैतो कांड के मृतकों का अन्तिम संस्कार : जैतो के निकट कल मिलिटैंटों के हाथों मारे गए 22 व्यक्तियों में से 9 का अंतिम संस्कार आज गांव सेवावाल में कर दिया गया । यह मृतक इसी गांव के निवासी थे । इनमें मेघ राज, सदा कौर, पप्पी, बग्गा सिंह तथा जिंदर सिंह शामिल हैं । गुरदेव सिंह नामक एक मृतक का अंतिम संस्कार ढिलवां गांव में किया गया । कर्म सिंह नामक एक व्यक्ति का रामपुरा फूल में तथा जगपाल सिंह का सेलेबाड़ा में अंतिम संस्कार किया गया । इन हत्याओं के रोष स्वरूप आज रामपुराफूल, जैतो तथा निकटवर्ती कस्बों में पूर्ण बन्द रहा ।

वार्ता के अनुसार मरने वाले व्यक्तियों की पहचान बलदेव सिंह, चरणजीत सिंह, लखबीर सिंह, जसबीर सिंह, बूटा सिंह, जसबीर सिंह, अमरजीत सिंह, हरनाम सिंह तथा मक्खन सिंह (सभी गांव सेवावाल), मेघराज, पप्पी, बग्गा सिंह, सदा कौर तथा तेजिन्दर सिंह (सभी गांव बगतुआना), गुरजंट सिंह (ढिलवां कलां), जसपाल सिंह (सैलबड़ा) तथा कर्ण सिंह (रामपुराफूल) ।

निंदा : वामपंथी दलों ने कल जैतो के निकट जबर विरोधी फ्रंट के सदस्यों की हत्या की कड़ी निंदा की है तथा सभी क्रान्तिकारी ताकतों से मिलिटैंटों के विरुद्ध संयुक्त फ्रंट बनाने का आग्रह किया है । फ्रंट के प्रवक्ता जगतार सिंह ने कहा है कि इससे प्रगतिशील ताकतें कमजोर नहीं होंगी । पंजाब इंकलाबी केन्द्र के नेताओं ने भी इन हत्याओं की निंदा की है ।

पंजाब के राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा ने आज सेवावाल का दौरा किया । राज्यपाल ने यह दौरा मृतकों के परिवारों के साथ सहानुभूति प्रकट करने के लिए किया । राज्यपाल ने मिलिटैंटों के साथ सख्ती से निपटने के लिए लोगों से सरकार को सहयोग देने की मांग की और कहा कि सुरक्षा बलों की ओर से दोषियों की तलाश शुरू हो चुकी है और आशा प्रकट की कि कातिल शीघ्र ही पकड़ लिए जाएंगे । श्री मल्होत्रा ने लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा के लिए समस्त पग उठाए जाएंगे ।

मार्कफैड अधिकारी का अपहरण : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पंडोरी गोला से मिलिटैंटों ने मार्कफैड के फील्ड आफिसर केवल कृष्ण का अपहरण कर लिया ।

एक व्यक्ति का अपहरण : इसी पुलिस जिले के गांव दबर्जी से मिलिटैंटों ने अमरनाथ नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

Punjab Sanchar

उग्रवादियों ने एक व्यक्ति त्रिलोचन की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसके लड़के काला सिंह को घायल कर दिया ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सहकारी संस्थान के चुनाव के सिलसिले में यहां तैनात थी । मिलिटैंट मृतक कांस्टेबल की रिवाल्वर भी ले गए ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिला के कौल चौक गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

सरपंच समेत 5 लोगों की हत्या : लुधियाना (धीमान): लुधियाना जिला के कौंकेकलां गांव के निकट मिलिटैंटों ने सरपंच हरबंस सिंह तथा उनके एक साथी दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन दोनों पर उस समय फायरिंग की गई, जब वे स्कूटर पर जगराओं जा रहे थे । 2 मिलिटैंटों ने लुधियाना की डाबा कालोनी में प्रापर्टी डीलर गुरमुख सिंह तथा उनके दो साथियों मधु और राधेश्याम की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी । इससे पूर्व इन्हीं मिलिटैंटों ने डाबा कालोनी में शराब के एक ठेके पर फायरिंग करके ठेके के तीन कर्मचारियों सतीश कुमार, हंस राज तथा राम लखन को घायल कर दिया था ।

स्कूटर छीना : लुधियाना से आहूजा के अनुसार गत दिवस स्थानीय माडल टाऊन क्षेत्र में दो मिलिटैंटों ने बन्दूक की नोक पर एक स्कूटर (नं. पी.बी. 10-सी 2140) छीन लिया । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

स्कूल अध्यापक की हत्या : मोहाली (नर्बदा): स्थानीय फेज 6 में आज प्रात: 8 बजे के लगभग 2 मिलिटैंटों ने स्कूल अध्यापक मोहन लाल शर्मा (45) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री शर्मा अपनी पत्नी, जोकि अध्यापक हैं, को स्कूल छोड़ने के लिए स्कूटर पर अपने घर से जैसे ही बाहर आए, वहां पहले से खड़े 2 मिलिटैंटों में से एक ने बड़े निकट से फायरिंग की । श्री शर्मा को तीन गोलियां लगीं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह वारदात निजी झगड़े का परिणाम बताई जाती है । मृतक नि:संतान था और उसने एक लड़की गोद ली हुई थी । लड़की को गोद लेने पर मृतक के भाई ने एतराज किया था । मृतक का जायदाद के मामले पर अदालत में केस भी चल रहा है । पुलिस को संदेह है कि इस हत्याकांड में भाड़े के लोग संलिप्त हैं ।

घायल ने दम तोड़ा : पटियाला (राजू) : संगरूर जिला के भवानीगढ़ में विगत मंगलवार को मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग में घायल हुए एक व्यक्ति शाम लाल ने आज राजेन्द्रा अस्पताल में दम तोड़ दिया । इसके साथ ही इस घटना में मरने वाले लोगों की गिनती बढ़कर 4 हो गई है ।

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार मुठभेड़ के दौरान सेना के दो कर्मचारी नायब सूबेदार पी. भास्कर पिल्लई तथा हवलदार बी.के. पिल्लई भी घायल हो गए ।

इस बीच फिरोजपुर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सुरेश कुमार ने एक आदेश जारी करके जिला भर में रात 8 बजे से प्रात: 5 बजे तक सुरक्षा कर्मियों के बिना बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । एक अन्य आदेश के जरिए घल खुर्द, मल्लांवाला, मक्खू, जीरा तथा धर्मकोट थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शाम 6 बजे से प्रात: साढ़े 8 बजे तक सुरक्षा कर्मियों के बिना बसें चलाने पर रोक लगा दी गई है । उक्त आदेश 30 अप्रैल तक लागू रहेंगे ।

3 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : श्रीगंगानगर (खुंगर): श्रीगंगानगर पुलिस ने सीमावर्ती विजय नगर क्षेत्र से तीन संदिग्ध लोगों को पकड़ा है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनका संबंध मिलिटैंट गिरोह से हो सकता है । पकड़े गए लोगों में मलजीत सिंह, पाल सिंह व बलदेव सिंह शामिल हैं । इन लोगों के कब्जे से तीन पिस्तौलें, कारतूस और एक मिलिटैंट संगठन का लैटर पैड मिला है । इनके विरुद्ध 'टाडा' के अधीन मुकद्दमा दर्ज किया गया है । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

मारुति वैन ले गए : धुरी (जैन): कल रात 7 मिलिटैंट धुरी थाना के अंतर्गत कांजला गांव में रणजीत सिंह के घर में घुस कर मारुति वैन (नं. पी.बी.-13-2699) छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

रामरहीम सिंह भाजपा में शामिल

पंजाब में एरिया कमांडर समेत 7 मिलिटैंट मरे, स्कूल अध्यापक सहित 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (वार्ता, प.स.) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के 'एरिया कमांडर' सुखचैन सिंह उर्फ सुक्खा समेत 7 मिलिटैंट मारे गए तथा स्कूल अध्यापक सहित 8 लोगों की हत्या हुई ।

एरिया कमांडर समेत 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिला के सुल्तानविंड गांव में नहर के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए और उनका एक साथी बच कर भाग गया । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की पहचान सुखचैन सिंह उर्फ सुक्खा के रूप में हुई है । सुखचैन सिंह बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था और उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम था । वह अमृतसर जिला में 4 पुलिस कर्मियों समेत 24 से अधिक लोगों की हत्याओं में संलिप्त था । उसने कई लोगों से धन भी ऐंठा था । घटनास्थल से एक राइफल, एक पिस्तौल, ए.के. 47 का एक मैगजीन तथा एक हथगोला बरामद हुआ है ।

बम विस्फोट से 1 मरा : अमृतसर जिला के भीड़ीवाला क्रासिंग पर आज बम विस्फोट से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई । मृतक का नाम मोहन लाल बताया जाता है ।

3 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि थाना सरहाली के गांव खारा और चोला साहिब के मध्य पुलिस और मिलिटैंटों में मुठभेड़ होने से 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि उनके दो साथी भाग निकले । बताया जाता है कि थाना सरहाली के एस.एच.ओ. ने गांव खारा और चोला साहिब के मध्य नाका लगाया हुआ था कि उन्होंने कुछ मिलिटैंटों को वहां से गुजरते हुए देखा । जवानों ने जब उन्हें रुकने के लिए कहा तो मिलिटैंटों ने गोली चला दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 3 मिलिटैंट मारे गए । यह मकाबला 15 से 20 मिनट चला । मारे गए मिलिटैंटों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस ने शवों के निकट से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, उसके 27 खोल, एक 12 बोर की नाली कटी बन्दूक, उसके 4 खोल और एक हथगोला बरामद किया है ।

गश्ती पार्टी पर फायरिंग : मिलिटैंटों ने आज रात्रि अमृतसर के बाहरी क्षेत्र दोबुर्जी में सी.आर.पी.एफ. की एक नाकापार्टी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट भाग निकले । सी.आर.पी.एफ. ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 खोल बरामद किए हैं ।

हथगोला फटने से 4 घायल : अमृतसर शहर में शिव मंदिर के निकट एक मिलिटैंट ने सुरक्षा चौकी पर हथगोला फैंका, जिससे सी.आर.पी.एफ. के एक जवान समेत 4 लोग घायल हो गए । सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी ने उक्त मिलिटैंट को मौके पर ही काबू कर लिया ।

ठेकेदार घायल : तरनतारन पुलिस जिला में झब्बाल के निकट मिलिटैंटों ने भारत-पाक सीमा पर बाड़ लगाने का काम करने वाले एक ठेकेदार बीरेन्द्र कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । उस पर उस समय फायरिंग हुई, जब वह बाड़ लगाने के काम का निरीक्षण करने के बाद अपने दो साथियों के साथ कार में अमृतसर लौट रहा था ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिला के मोहम्मद अली शाह गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया और उसके 2 साथियों को पकड़ लिया गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा दो पिस्तौलें बरामद हुई हैं ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : भटिंडा जिला के मंडी कलां गांव में कल शाम मिलिटैंटों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की, जिससे कांस्टेबल हरगोबिन्द सिंह की मृत्यु हो गई । यह पुलिस पार्टी गांव के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Tribune

सकेगी जिनकी कि पुष्टि न हो सके । तथ्यों की

(शेष पृष्ठ 13 पर)

पंजाब में एक मिलिटैंट तथा तीन घुसपैठिए मारे गए; 6 की हत्या

चंडीगढ़, 12 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में एक मिलिटैंट तथा तीन घुसपैठिए मारे गए, जबकि इसी अवधि में मिलिटैंटों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा पिछले महीने हुए बम विस्फोट का एक घायल चल बसा ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : लुधियाना (मुसाफ़िर, महेन्द्रा, धीमान): सरकारी सूत्रों से पता चला है कि आज प्रात: खतरनाक मिलिटैंट भजन सिंह, जो खालिस्तान आर्म्ड फ़ोर्सिस के अवतार सिंह कत्थूनंगल धड़े से सम्बन्ध रखता था, ने सायनाइड कैप्सूल खाकर आत्महत्या कर ली ।

बताया जाता है कि थाना सिधवां बेट में प्रात: साढ़े 6 बजे किसी ने सूचना दी कि खतरनाक मिलिटैंट भजन सिंह अपने ससुराल रामगढ़ खुल्लर में ठहरा हुआ है । सूचना मिलते ही पुलिस ने छापा मार कर सारे गांव को घेर लिया । भजन सिंह को पता चला तो उसने अपनी ए.के. 47 राइफल से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । जब उसने देखा कि उसके इर्द-गिर्द घेरा तंग हो गया है और बचने की कोई राह नहीं तो उसने विष खाकर आत्महत्या कर ली । घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 राइफल, एक हथगोला, एक टाइम बम तथा एक 30 बोर के पिस्तौल के अलावा भारी परिमाण में गोली-सिक्का मिला ।

बताया जाता है कि यह मिलिटैंट 15 हत्याओं में संलिप्त था । इनमें एक पुलिस का ए.एस.आई. तथा एक होमगार्ड जवान भी शामिल था ।

कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात थाना टांडा के गांव झावां में दो मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति प्रकाश सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यकर्त्ता बताया जाता है । पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है ।

पटवारी की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के भाई लड्डू गांव में मिलिटैंटों ने एक पटवारी रसाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट रसाल सिंह को उसके घर से बाहर खींच कर ले गए तथा उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल की गोलियों के तीन खोल मिले हैं ।

तीन घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के अजनाला सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

श्रमिक की पीट-पीट कर हत्या : लिस जिला मजीठा के गांव उधार में कुछ अज्ञात हत्यारों ने एक कृषि मजदूर मुराद इलाही की पीट-पीट कर हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : ओहर (संदोष): सदर पुलिस ने आलमगढ़ गांव के निकट से ज्ञान सिंह तथा कृपाल सिंह नाम के दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । कृपाल सिंह दलमीर खेड़ा गांव में ग्रन्थी है । डी.एस.पी. अर्पित शुक्ला ने बताया कि एक वाहन की जांच के दौरान दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें काबू कर लिया गया । उनके पास से दो राइफलें, 9 कारतूस बरामद किए गए हैं । ये राइफलें उन्होंने दलमीर खेड़ा गांव से पिछले महीने तीन व्यक्तियों को घायल करके छीनी थी । बाद में उन्हें अदालत की भारी फिरौती देकर छोड़ा गया था ।

घायल चल बसा : सरवण मसीह नामक एक व्यक्ति, जो पिछले महीने अमृतसर के प्रताप बाजार में हुए बम धमाके में घायल हो गया था, आज सुबह गुरुनानक अस्पताल में चल बसा ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : रोपड़ जिले में सुरक्षा बलों ने अजीत सिंह उर्फ़ जीता तथा वीर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक 38 बोर का रिवाल्वर तथा उसके 38 कारतूस और एक दोनाली बन्दूक बरामद की है ।

स्कूटर छीना : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार 2 अज्ञात युवकों ने आज दोपहर यहां के गांव बलेड़ी से पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीन लिया ।

2 अपहतों की हत्या : मक्खु (फ़ेरोज़पुर): फ़िरोजपुर जिले के थाना मक्खु के गांव मल्लोल से गत रात अपहृत किए गए दो व्यक्तियों के शव आज बाद दोपहर 3 बजे गांव के एक खेत में से बरामद किए गए । गत रात लगभग 7.30 बजे 6 मिलिटैंट गांव में आए थे तथा पूर्व सरपंच देसा सिंह (5)) तथा समाज सेवक कश्मीरा सिंह (40) का अपहरण करके ले गए थे ।

3 युवतियों द्वारा यमुना में कूद कर आत्महत्या

नई दिल्ली, 12 अप्रैल (प.स.): तीन युवतियों द्वारा आज रात पुराने रेलवे पुल से यमुना नदी में कूद कर कथित आत्महत्या करने की खबर मिली है । पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी की लाश नहीं मिली है ।

Punjab Sanatan

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 1 का शेष)

वहां पर पुलिस का दबाव पड़ने पर इन लोगों की इधर आने की संभावना है ।

पिता व 2 पुत्रों की हत्या : खरड़ (शशि): खरड़ के नज़दीकी गांव गब्बे माजरा में गत रात्रि 5 हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा गांव के निवासी बुजुर्ग रत्न सिंह तथा उसके दो लड़कों की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । यह व्यक्ति रात को घर में सो रहे थे कि 11 बजे के बाद 5 शस्त्र व्यक्ति वहां आए, उन्हें जगाया और रत्न सिंह व उसके दो पुत्रों मोहन सिंह (22 वर्ष) तथा जगीर सिंह (20 वर्ष) को बाहर निकाल उन्हें पीटा और इसके बाद गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी । सूत्रों के अनुसार हमलावरों में से तीन की शिनाख्त भी कर ली गई है ।

अपहृत व्यापारी रिहा : अहमदगढ़ (पुरी): यहां के एक व्यापारी श्री जयगोपाल गोयल, जिनका 6 दिन पूर्व मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था, को आज शाम रिहा कर दिया गया । मिलिटैंट उन्हें शहर से 2 कि.मी. दूर छोड़ गए थे ।

2 लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर के कोट खालसा मोहल्ले में दो व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जिनकी शिनाख्त श्याम लाल व सोहन लाल के रूप में की गई है ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 40 में एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है, जिसकी शिनाख्त अवतार सिंह के रूप में की गई है । उसके पास से एक रिवाल्वर व एक स्कूटर बरामद किया गया है ।

यदि मेरी सरकार और 6 मास सत्ता में रहती, पंजाब समस्या सुलझा देता : चंद्रशेखर

कानपुर, 13 अप्रैल (प.स.): प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर ने आज यहां कहा कि अगर उनकी सरकार छः महीने और सत्ता में रहती तो वह पंजाब, असम और राम जन्मभूमि जैसे मुद्दों को सुलझा लेती । श्री चंद्रशेखर यहां के मेहरबानपुर क्षेत्र में एक आम सभा में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पंजाब, असम और बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मसलों को आपसी विचार-विमर्श से सुलझाने की पहल की थी । उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण वहां मस्जिद को नुक्सान पहुंचाए बिना किया जा सकता है । श्री चंद्रशेखर ने कहा कि कुछ लोग आगामी चुनावों के दौरान हिंसा का वातावरण तैयार करना चाहते हैं । उन्होंने इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों से कहा कि वे चुनाव के दौरान इस तरह की हिंसा न फैलाएं ।

श्री चंद्रशेखर ने पंजाब और असम के मिलिटैंटों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ कर बातचीत के ज़रिए समस्या का हल ढूंढें क्योंकि बंदूक और गोली से किसी अच्छे परिणाम की बजाय बर्बादी ही हाथ लगती है । प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंसा के रास्ते पर बहुत दूर तक नहीं चला जा सकता ।

अमृतसर वार्ड नं. 46

Punjabi Tribune

(शेष पृष्ठ 12पर)

है, जो इस्लाम-विरोधी है ।

पंजाब में 4 मिलिटैंट मारे गए, हैडकांस्टेबल सहित 17 की हत्या

चंडीगढ़, 13 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात से अब तक 4 मिलिटैंट मारे गए जबकि 17 लोगों की हत्या कर दी गई ।

2 मिलिटैंट मरे, 1 घायल : पुलिस के अनुसार तरनतारन कस्बे के नरदी क्षेत्र में आज हुए एक मुकाबले में दो आतंकवादी मारे गए जबकि एक अन्य घायल हो गया । पकड़ा गया मिलिटैंट मुकाबले में गंभीर रूप से घायल हो गया है । घटनास्थल से एक पिस्तौल व तीन हथगोले बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : सेना के जवानों ने गत रात तरनतारन पुलिस जिला के देयो गांव के निकट एक मिलिटैंट, जिसकी शिनाख्त मुख्तयार सिंह के रूप में की गई है, को मार गिराया । मृतक मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 47 राइफल, कुछ कारतूस और गोली-बारूद बरामद हुए हैं ।

नागरिक भी मारा गया : क्रास फायरिंग में एक नागरिक विजय कुमार भी मारा गया ।

2 दुकानदारों की हत्या : आठ मिलिटैंटों के एक गिरोह ने गत रात अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र इस्लामाबाद में दो दुकानदारों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव धूधार में मुराद इंसाई नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

सरपंच सहित 2 की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव भेलोवाल में सरपंच अरूड़ सिंह और एक ग्रामीण अवतार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पूर्व सैनिक की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात अमृतसर जिले के छहटां कस्बे में एक भूतपूर्व सैनिक तिलक राज की गोली मारकर हत्या कर दी ।

गला घोंट कर 2 की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात फिरोजपुर जिला में थाना मक्खू के गांव मालेवाल में बिरसा सिंह और कश्मीर सिंह का उनके घरों से अपहरण कर लिया और गांव के बाहर ले जाकर गला घोंट कर उन्हें मार डाला ।

हैड कांस्टेबल व उसके पिता की हत्या : पांच मिलिटैंट भटिंडा जिले के गांव बहादुरगढ़ में गए तथा एक हैड कांस्टेबल मेजर सिंह और उसके पिता दुल्ला सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक पुलिस लाइन्स भटिंडा में नियुक्त था और अवकाश पर अपने गांव आया हुआ था ।

मिलिटैंट मरा : तीन मिलिटैंटों ने इसी जिले के धाने गांव के निकट एक नाका पार्टी पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी बच कर भागने में सफल हो गया । पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्तौल और कुछ गोली-बारूद बरामद हुआ है ।

2.27 लाख रु. लूटे : लुधियाना (धीरान): यहां से कुछ दूर बढ़ेवाल में 2 मिलिटैंटों ने एक मल के कैशियर श्री रतन सिंह से पिस्तौल दिखा कर लगभग 2.27 लाख रुपए ले लिए । कैशियर यह रकम एक बैंक से निकलवा कर ला रहा था ।

ठेका कर्मी की हत्या : रायकोट (संवाददाता) : यहां से 3 किलोमीटर दूर गांव बुर्ज हरि सिंह (लुधियाना जिला) में स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने शराब के ठेके पर फायरिंग करके कृष्ण लाल नामक एक कर्मचारी की हत्या कर दी ।

गंगानगर में मिलिटैंटों के प्रवेश की आशंका : श्रीगंगानगर (खुंगर) : ऐसी आशंका प्रकट की जा रही है कि पंजाब के एक मिलिटैंट गिरोह के कुछ सदस्य गंगानगर क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं । इस कारण गंगानगर जिले में रैड अलर्ट कर दिया गया है । उच्च पुलिस सूत्रों के अनुसार ये मिलिटैंट मोटर साइकिलों, मारुति कार और फिएट कार में घूमते हैं । ऐसा बताया जाता है कि ये मिलिटैंट भटिंडा व फरीदकोट क्षेत्र में सक्रिय हैं ।

(शेष पृष्ठ 12पर)

Punjabi Sansthan

खालिस्तान कमांडो फोर्स, बब्बर खालसा के 2 एरिया कमांडरों समेत 7 मिलिटैंट मरे : 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पटियाला जिला में आज दोपहर बम विस्फोट में बब्बर खालसा का एक एरिया कमांडर और उसका एक साथी मारे गए । विस्फोट उस समय हुआ जब ये मिलिटैंट स्कूटर की डिक्की में बम ले जा रहे थे । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक एरिया कमांडर समेत 5 मिलिटैंट मरे तथा दो पुलिस कर्मियों समेत 6 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में 3 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : कपूरथला (शर्मा): ढिलवां थाना के अंतर्गत गांव जयरामपुर में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ गुट का ब्रिगेडियर जसपाल सिंह उर्फ़ पाला भी शामिल है । मारे गए दो अन्य मिलिटैंटों के नाम राजविन्द्र सिंह उर्फ़ राजू उर्फ़ फौजी तथा मनदीप सिंह बताए जाते हैं । मुकाबले में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल रणजीत सिंह की भी मृत्यु हो गई ।

जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जसमिन्द्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने गांव जयरामपुर को घेर कर घर-घर की तलाशी लेने का अभियान आरम्भ किया हुआ था कि सुच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान के भीतर से सुरक्षा बलों पर फायरिंग हुई । लगभग तीन घंटे तक हुए मुकाबले में तीन मिलिटैंट तथा एक पुलिस कांस्टेबल की मृत्यु हो गई । मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने हथगोलों का भी इस्तेमाल किया । जसपाल सिंह ने अपने गिरोह के साथ मिल कर जिला अकाली दल (ब) के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बच्चाजीवी समेत 50 से अधिक लोगों की हत्या की थी । यह गिरोह कपूरथला, जालंधर तथा होशियारपुर जिलों में सक्रिय था । उक्त तीनों मिलिटैंटों पर 40-40 हजार रुपए का परस्कार था । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक सैल्फ़लोडिंग राइफल, एक स्टिक बम, के.सी.एफ. के 6 लैटरपैड तथा 289 कारतूस बरामद हुए हैं ।

सरपंच और पंच की हत्या : लुधियाना (धीमान): पुलिस सूत्रों के अनुसार जगराओं थाना के मलिक गांव के पूर्व सरपंच बन्त सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त सरपंच ने आज बैसाखी के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा थड़ा साहब में निशान साहब लहराना था । श्री बन्त सिंह जब गुरुद्वारे के भीतर गए तो बाहर से उन पर ए.के. 47 राइफल से गोलियां चलाई गईं, जो गुरुग्रंथ साहब के ऊपर से गुज़रती हुई बन्त सिंह को लगीं और वहीं उनकी मृत्यु हो गई । इससे दस मिनट पूर्व मिलिटैंटों ने इसी गांव के पंच प्यारा सिंह की हत्या की थी ।

पुलिस क्षेत्रों ने बताया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व बन्त सिंह जेल में रहा था । वह भिंडरांवाला-समर्थक था तथा दमदमी टकसाल का सदस्य था । पुलिस को शक है कि यह मिलिटैंटों की आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

दो मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिला के अरनीवेड़ा गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । उनके नाम जगराज सिंह तथा सुरजीत सिंह बताए जाते हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि उक्त दोनों मिलिटैंट फिरोज़पुर, अमृतसर तथा फरीदकोट जिलों में हत्या तथा धन ऐंठने की अनेक वारदातों में संलिप्त थे । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

कांस्टेबल, उसकी पत्नी व बेटे की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के मगलचक गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल दर्शन सिंह, उनकी पत्नी बेअन्त कौर तथा बेटे प्रभजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ग्रंथी घायल : बाघा पुराना से 'मित्तल' के अनुसार दो मिलिटैंटों ने बाघा पुराना के निकटवर्ती गांव कज्जल के में गुरुद्वारे के ग्रंथी परमजीत सिंह को गुरुद्वारे के प्रांगण में ही गोली मार कर घायल कर दिया । घायल ग्रंथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

3 मिलिटैंट काबू : तरनतारन पुलिस जिला के गुज्जरपुरा गांव में सुरक्षा बलों ने कल शाम सूबेग सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

शंकर दयाल शर्मा
कि आजादी के 44
आधारित समाज की
आह्वान किया कि
आत्म विश्वास से उठ
भी बर्दाश्त नहीं
दबाया जाए ।
साहब अम्बेदकर
में 'डाक्टर बी.आर.
ज" स्मारक ग्रंथ
के महासचिव डा.
इस ग्रंथ में डा.
कृतित्व पर जाने माने
ने प्रकाश डाला
डा. अम्बेदकर को
हुए कहा कि डा.
थे । उन्होंने जीवन
उत्थान के लिए संघर्ष
निर्माण में महत्वपूर्ण

द्वारा चुनावों का निर्णय

शिरोमणि बब्बर
का बहिष्कार करने
भी कराए जाएं ।
हुए दल के अध्यक्ष
राज्य में चुनाव कराना
धान नहीं है और यह
। श्री नारंग ने कहा
नेता भी अगर राज्य
भी केंद्र सरकार के

क्कम संग्राम चुनाव लड़ेंगी

गतो): सिक्किम के
पत्नी दिल कुमारी
क्किम संग्राम परिषद
कर अगले लोकसभा
सीट पर उम्मीदवार
क्रवार को कांग्रेस (इ)
था ।

इंदौर, 14
मुख्यमंत्री फारू
करने की मांग व
मुसलमान जम्म
हैं ? यहां श्री
विश्वनाथ प्रता
की घटनाओं की
एवं कश्मीर के
को, जिसे पंडि
नेताओं ने सोच
सकता । प्रश्न
जम्मू-कश्मीर
रहा है और ऐस
में प्रशिक्षित
बिगड़ रही है
निपटने के लि
आवश्यक है,

बड़े दु
श्री सुभाष
उनका अंति
बजे कपूर
(मंगलवार)
में होगी ।
स्वर्ण लता
सुनील जैन
प्रमोद जैन
नीरू जैन (
Sialk
Kapu

राज
1st Pri
2nd Priz
3rd Priz
4th Priz
5th Priz
6th Priz
digits).
7th Priz
digits).
7658
8th Priz
digits).
5267
9th Priz
digits).
0405
10th Pr

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरामद हुए हैं । मजीठा पुलिस जिला के मोहन भंडारियां गांव के निकट आज प्रातः सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनसे एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

बम विस्फोट में 2 मिलिटैंट मरे : पटियाला जिला के अमलोह थाना के अंतर्गत पहेरी गांव के निकट बम फटने से दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस के अनुसार विस्फोट उस समय हुआ जब ये मिलिटैंट स्कूटर की डिक्की में बम रख कर ले जा रहे थे । समझा जाता है कि मिलिटैंटों ने यह बम किसी भीड़भाड़ वाली जगह पर रखना था ।

'वार्ता' के अनुसार बम विस्फोट में मरने वाले मिलिटैंटों की शिनाख्त जसपाल सिंह और दीपइंद्र सिंह के रूप में की गई है । दीपइंद्र सिंह उर्फ चश्मदीन बब्बर खालसा का कमांडर बताया जाता है ।

अलगाववाद : जम्मू-कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

बड़गाम जिले में बानीगाम गांव में उग्रवादियों ने सरक्षा बलों के गश्ती वाहन पर गोली चलाई । सैनिकों की फायरिंग में प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन का एक कार्यकर्ता मारा गया । मृतक उग्रवादी के पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन और कारतूस बरामद किए गए हैं ।

स्वीडन के इंजीनियरों का अपहरण करने वाले संगठन ने धमकी दी है कि अगर संयुक्त राष्ट्र और एमनेस्टी इंटरनैशनल की टीमें घाटी में नहीं पहुंचेंगी तो बंधकों के खिलाफ 'कड़े कदम' उठाए जाएंगे । कई उग्रवादी तथा अन्य संगठनों ने उग्रवादियों से बंधकों को मुक्त करने की अपील की है । इस बीच जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम मोहम्मद शाह ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव पैरेज द क्वैया से अपील की है कि वह हजारों कथित रूप से निर्दोष कश्मीरी युवकों को रिहा कराने के लिए भारत सरकार पर दबाव डालें ।

आरिफ़ और अरुण के विरुद्ध मक कार्रवाई करने के मूड में नहीं

प.स.): पूर्व जनमोर्चा
मद खान तथा अरुण
कार्रवाई तथा पार्टी में
पर जद नेता प्रतीक्षा
ना रहे हैं ।
रूण नेहरू, खान तथा
काम करने के ढंग के
में ले जाने पर पार्टी
शासनात्मक कार्रवाई
चुनाव के समय इस
डालेगी तथा पार्टी की

'वार्ता' के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रीय मोर्चा के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज कहा कि असम गण परिषद में विभाजन के कारण मोर्चा असमंजस की स्थिति में है ।

श्री सिंह आज यहां राष्ट्रीय मोर्चा का घोषणापत्र जारी करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । उल्लेखनीय है कि मोर्चे के अध्यक्षमंडल की आज सुबह हुई बैठक में असम गण परिषद के किसी प्रतिनिधि ने हिस्सा नहीं लिया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी के उम्मीदवारों का चयन जामा मस्जिद के इमाम द्वारा किया जाएगा, जैसाकि आज कुछ समाचारपत्रों में

Punjab Sanatani

पांडिचेरी में लोकसभा की एकमात्र सीट और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 4 मिलिटैंट मरे, 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 15 अप्रैल (वार्ता, पस) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए जबकि 5 लोगों की हत्या कर दी गई ।

मिलिटैंट मरा : दसूहा से झावर के अनुसार गत रात लगभग 11.30 बजे गांव धनोआ के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया । प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने रात को इस गांव के पास नाका लगाया हुआ था कि साइकल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया । उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने साइकल फैंक कर सुरक्षा बलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवानों ने भी जवाब में गोली चलाई । 15-20 मिनट के मुकाबले के बाद मिलिटैंट मारा गया । मृतक मिलिटैंट के कब्जे से एक 32 बोर की पिस्तौल, कुछ कारतूस, 4 डैटोनेटर, 260 ग्राम विस्फोटक सामग्री तथा काफी लम्बी फयूज वायर बरामद हुई है । बब्बर खालसा के 5 तथा के.सी.एफ के 7 लैटर पैड मिले हैं ।

पिता व 2 पुत्रों की हत्या : मिलिटैंटों का एक गिरोह गत रात बटाला पुलिस जिले के गांव तलवंडी रामा में शिंगारा सिंह के घर गया तथा उसके व उसके दो पुत्रों सुरिन्दर सिंह व बलदेव सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक अन्य हत्या : बटाला पुलिस जिले के ही गांव छोटा बहादर में बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

गुट संघर्ष में मरा : लुधियाना जिले के गिल गांव में एक व्यक्ति मारा गया । इसे गुट मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताया गया है ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : एक लाख की करंसी बरामद : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार कल रात थाना सहनेवाल के गांव पजनेटा के पास एक पुली पर पुलिस ने एक नाका लगा रखा था । दो मिलिटैंट वहां स्कूटर पर आते दिखाई दिए तो पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । इस पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग के बाद एक मिलिटैंट अमरीक सिंह, जो रछपाल सिंह ग्रुप से सम्बद्ध बताया जाता है, पकड़ा गया जब कि उसका साथी भाग निकला । गिरफ्तार मिलिटैंट के कब्जे से एक लाख रुपए की करंसी और एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई ।

एक अन्य मिलिटैंट काबू : समराला पुलिस ने कल लुधियाना जिले में एक मिलिटैंट हरजिंदर सिंह जिल्ली को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 12 बोर की बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

हत्या : तरनतारन जिले में सोहना थाना के अन्तर्गत गांव मैसी मोजरा में एक व्यक्ति कश्मीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।

2 मिलिटैंट मरे : मलोट (गोयल): थाना सदर मलोट के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में एक पुलिस दल यहां से दस कि.मी. दूर गांव करनीखेड़ा के निकट सुन्दर सिंह की धानी में तलाशी ले रहे थे कि धानी से मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा मुकाबला करने पर दो मिलिटैंट मारे गए । मृतकों के पास से एक एक ए.के. 47 राइफल तथा एक 38 बोर का रिवाल्वर मिला है ।

4 बड़े नेताओं की हत्या का प्रयास विफल : पटियाला (भूषण) : लुधियाना जिले में पायल थाना के अंतर्गत गांव रौनी में सरपंच नाहर सिंह के भोग समारोह में शामिल होने के लिए गए पंजाब के चार उच्च राजनीतिक नेताओं की हत्या का प्रयास विफल हो गया क्योंकि मिलिटैंट दीपिन्दर सिंह और बलविन्दर सिंह जिस बम को ले जा रहे थे उसमें मार्ग में ही विस्फोट हो गया था । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये मिलिटैंट अपने स्कूटर एल.एम.एल. वैस्पा की डिकी में बम रखकर रौनी गांव जा रहे थे कि इस जिले में अमलोह थाना के फलेरी गांव के निकट बम फट गया । दीपिन्दर सिंह ने मरते समय घटनास्थल पर इकट्ठे हुए ग्रामीणों को बताया था कि वे यह बम रौनी में सरपंच नाहर सिंह के भोग समारोह में रखने जा रहे थे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Archive

मुख्य चुनाव आयुक्त के बारे में भारतीय जनता पार्टी की टिप्पणियों के खिलाफ केन्द्र सरकार द्वारा कार्रवाई किए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर श्री भल्ला ने बताया कि आयोग का इससे कोई लेना-देना नहीं है । उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि अभी तय नहीं हुई है ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की याचिका के संबंध में मुख्य चुनाव आयुक्त ने श्री मदन लाल खुराना को कल मिलने का समय दिया है ।

चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में आगामी चुनावों की तैयारी पूरे जोर-शोर से कार्यक्रमानुसार चल रही है । जिन राज्यों ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त से अतिरिक्त सशस्त्र बलों की मांग की, उनमें त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अंडेमान निकोबार भी शामिल हैं ।

नामांकन पत्र भरने का काम 19 से शुरू होगा

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (प.स.) : 19 अप्रैल को राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने का काम शुरू हो जाएगा । राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की राज्यवार सूची जारी करना शुरू कर दिया है । चुनाव आयोग इसी सप्ताह विभिन्न राज्यों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर देगा । चुनाव 20, 23 और 26 मई को होने वाले हैं ।

गोयल और अर्जुन सिंह की याचिका में समानता नहीं : भल्ला

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (प.स.): चुनाव आयोग ने आज कहा कि कांग्रेस (इ) के पंजीकरण पर रोक लगाने की श्री चरती लाल गोयल की याचिका और

चुनावों के दौरान मिलिटैंटों द्वारा कोई हिंसक कार्रवाई करने का मंतव्य यह है कि इस क्षेत्र में मिलिटैंसी को जीवन प्रदान किया जाए क्योंकि कोई भी हिंसक वारदात होने से जहां प्रशासन का हौसला साईकिलें, जिप्सी गाड़ियां व जीपें पुलिस को उपलब्ध करवाई गई हैं । अत्याधुनिक किस्म के वायरलैस सैट भी पुलिस को शीघ्र ही उपलब्ध करवाए जाने की

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(1 से 4 तक) गत दिवस मिलिटैंटों द्वारा गंगानगर जिले में एक बस पर की गई फायरिंग में घायल बस यात्री मोहन सिंह, परमजीत कौर, गोमती, जसविन्दर कौर, (5) गंगानगर जिले के संगरिया क्षेत्र में गत दिनों पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया एक मिलिटैंट जो पुलिस की वर्दी पहने था, (6) मिलिटैंटों से बरामद किए गए हथियार व गोली-सिक्का, (7) चोरी की वह मारुति कार, जिसको मिलिटैंट इस्तेमाल कर रहे थे । *(छाया : खुगर)*

चौहान द्वारा विश्व के सिख नेताओं का प्रतिनिधि मंडल बनाने में सहयोग देने का प्रस्ताव

लंदन, 15 अप्रैल (वार्ता): अलगाववादी सिख

शांति चाहती है तो उसे आमंत्रित भारतीय सिख

Punjab Sanatani



ईराक अधिकृत सैफवान के एक शरणार्थी शिविर में आए ईराकी शरणार्थी एक ट्रक में से उतर कर अपना सामान उठाए हुए । यह शरणार्थी दक्षिणी ईराक से आए हैं । (पै.ट्र.)

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

भोग समारोह में 4 बड़े नेता, पंजाब इंका अध्यक्ष बेअन्त सिंह, सी.पी.एम. के राज्य सचिव श्री मंगत राम पासला, भाकपा नेता श्री जगजीत सिंह आनंद तथा वरिष्ठ अकाली नेता श्री जीवन सिंह उमरानंगल शामिल हुए थे, जिन्होंने लोगों से मिलिटैंटों के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने की अपील की थी ।

दीपिन्दर सिंह ने मरने से पूर्व यह भी स्वीकार किया था कि वह गत 9 अप्रैल को पटियाला में पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के प्रशासनिक अधिकारी श्री हरि ओम बबलानी की हत्या में भी संलिप्त था । बम विस्फोट से दीपिन्दर सिंह और बलविन्दर सिंह के परखच्चे उड़ गए थे । पुलिस ने मृतक मिलिटैंट दीपिन्दर सिंह के पास से पी.डब्ल्यू.डी. के एक क्लर्क सर्बजीत सिंह का पहचान पत्र भी बरामद किया है । उससे पूछताछ की जा रही है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा ने कहा कि उन्होंने श्री हरि ओम बबलानी के हत्यारों की शिनाख्त कर ली है ।

मिलिटैंट घायल : पुलिस के साथ मुकाबले में खोले माजरा गांव का मिलिटैंट गुरलाल सिंह घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है । उसका साथी भागने में सफल हो गया । मुकाबला पटियाला-राजपुरा मार्ग पर नाड़ गांव के निकट हुआ था । पुलिस के अनुसार मुकाबले के समय दोनों मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार थे । प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि अभियुक्तों से बरामद हुआ स्कूटर सतलुज-यमुना लिंक नहर परियोजना के एक ओवरसियर का है जिसने पुलिस को बताया कि कौली गांव का जगजीत सिंह उससे दो दिन के लिए स्कूटर मांग कर ले गया था जबकि जगजीत सिंह ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि उससे आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का नेता गुरदेव सिंह स्कूटर ले गया था ।

राइफलें व ट्रक छीना : धूरी (सिंगला) : पांच मिलिटैंटों ने किला हकीमां गांव के सरपंच सागर सिंह तथा दो अन्य व्यक्तियों सुखदेव सिंह व महेन्द्र सिंह से 315 बोर की 3 राइफलें, 12 बोर की एक राइफल और 70 कारतूस तथा इसी गांव में जोगिन्दर सिंह से उसका ट्रक नं. पी.एन.सी. 3059 छीन लिया ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर जिले में हथियारों व गोली-बारूद सहित 4 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए हैं ।

दुकानदार की हत्या : मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार थाना ज़ीरा के गांव घन्नवाल से एक लाश मिली है जिसकी शिनाख्त जगन्नाथ निवासी मक्खू के रूप में हुई है। सूचना के अनुसार वह गांव लौंके कलां में किरयाने की दुकान करता था तथा गत सायं जब वह वापस मक्खू आ रहा था कि कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी साइकिल की रस्सी से ही गला घोंट कर मार डाला । उससे मारपीट भी की गई । उल्लेखनीय है कि यहां मिलिटैंटों द्वारा गला घोंट कर ही हत्याएं की जा रही हैं । गत दिवस मल्लोवाल तथा झंडानवां में जो कत्ल हुए थे, वे भी गला घोंट कर ही किए गए थे ।

शरणदाता गिरफ्तार : नंगल (जेतक): पुलिस के अनुसार नंगल डिपो के ड्राइवर रणधीर सिंह को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है ।

चुनाव सभा में फायरिंग, 1 घायल : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि लगभग 9.50 बजे वार्ड नं. 16 में अकाली दल मान के समर्थन से खड़े निर्दलीय उम्मीदवार जगजीत सिंह हिटलर की कटड़ा दल सिंह, गली सुनियारियां वाली में जब एक चुनाव सभा हो रही थी तो उसी दौरान एक मिलिटैंट ने वहां आकर गोली चला दी, जिससे अवतार सिंह पाली नामक एक युवक घायल हो गया । घायल को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

श्रीलंका की हिंसा में 29 मरे

कोलम्बो, 15 अप्रैल (ए.पी.): श्रीलंका में हिंसा की ताजा घटनाओं में 29 लोग मारे गए । सैनिक अधिकारियों के अनुसार पूर्वी श्रीलंका में तमिल उग्रवादियों ने तीन औरतों और सात बच्चों सहित 17 सिंहली ग्रामवासियों की हत्या कर दी ।

रविवार देर रात को जब इथीमाले गांव के लोग

मिलिटैंटों द्वारा बड़ी कार्रवाई की आशंका

(पृष्ठ 3 का शेष)

सम्भावना है ।

इतने तामझाम के बाद भी लगता है कुछ बदलने वाला नहीं है । क्योंकि 8 अप्रैल को संगरिया कस्बे के पास दो मिलिटैंटों ने फिर एक जघन्य हिंसाकांड कर डाला । मिलिटैंटों ने एक निजी बस पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे एक युवती मारी गई व दस अन्य घायल हो गए । हालांकि बाद में एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने उक्त दोनों मिलिटैंटों को मार गिराया । पुलिस की यह उपलब्धि है ही लेकिन यह भी तथ्य है कि उक्त मिलिटैंट इस घटना से दो दिन पूर्व भी इस क्षेत्र में घुस आए थे व शाहपीनी गांव में महेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के घर पर गए थे । उस समय भी उन्होंने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं । इस कारण अनेक प्रश्न सुरक्षा-व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हैं कि पुलिस दावों के बावजूद मिलिटैंट दोबारा इस क्षेत्र में घुसने में कामयाब कैसे हो गए ? जबकि अभी हाल ही में अनूपगढ़ के पास गांव 86 जी.बी. में हुए हत्याकांड के बाद तो पुलिस स्वयं यह कह रही थी कि चौकसी बढ़ा दी गई है आदि-आदि । लेकिन इस घटना ने पुलिस सुरक्षा की फिर एक बार पोल खोल कर रख दी है ।

कुछ सूत्रों के अनुसार संगरिया में मुठभेड़ में मरे मिलिटैंटों के कब्जे से एक लैटरपैड पर यह लिखा मिला है कि शाहपीनी के महेन्द्र सिंह को सोध दिया गया है । इससे यह पता चलता है कि मिलिटैंट महेन्द्र सिंह को खत्म करने के बाद लैटरपैड का यह पर्चा वहां छोड़ने वाले थे । यह लैटरपैड भी खालिस्तान नैशनल आर्मी का बताया जाता है ।

डाक विभाग की 'कार्य कुशलता' का एक और बेहतरीन उदाहरण

लुधियाना, 15 अप्रैल : डाक विभाग की 'कार्य कुशलता' का एक और बेहतरीन उदाहरण गत दिनों उस समय सामने आया जब स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र के साइकिल पार्ट्स निर्माता बिरदी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज द्वारा लगभग पांच वर्ष पूर्व 30.6.86 को लिखा गया एक पत्र गत 9.4.91 को उन्हें ही विभाग की इस टिप्पणी के साथ वापस मिला कि 'पत्र प्राप्तिकर्ता घर छोड़ गया । भेजने वाले को वापस किया जाता है ।' यह पत्र मिरीकाकलेम के मैसर्ज कांका राजू साइकिल मार्ट को एक व्यापारिक लेन-देन के सिलसिले में लिखा गया था ।

दिलचस्प बात यह थी कि विभाग ने उस पत्र पर एक रुपया देय की मोहर ठोंक दी, हालांकि जिस वर्ष वह पत्र भेजा गया था, उस समय डाक दरें कम थीं । अब विभाग ने उसे 'बेयरिंग' करार देकर पत्र पर एक रुपया वसूल कर लिया ।

द्रमुक ने रा. मोर्चा से नाता तोड़ा

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनाव समिति की बैठक में तमिलनाडु और पांडिचेरी के उन निर्वाचन क्षेत्रों और उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है, जिस पर दल चुनाव लड़ेगा ।

श्री मारन ने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक की चुनाव वार्ता समिति ने राज्य जनता दल के नेताओं के साथ 4 दौर में बातचीत की और विधानसभा की तेरह सीटें और लोकसभा की चार सीटें जनता दल को देने की पेशकश की थी । उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में जनता दल ने विधानसभा की दस तथा लोकसभा की दो सीटों पर चुनाव लड़ा था । जनता दल और द्रमुक के बीच सीटों के तालमेल पर बातचीत में शुरू से ही मतभेद रहे हैं । जनता दल चाहता था कि द्रमुक तमिलनाडु में जनता दल की बढ़ती लोकप्रियता को मान्यता दे और उसे ज्यादा से ज्यादा सीटें दे । श्री मारन ने बताया कि द्रमुक के उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अप्रैल को जारी की जाएगी । उन्होंने बताया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ सीटों के तालमेल पर बातचीत चल रही है और एक-दो दिन में फैसला कर लिया जाएगा ।

वार्ता विफल नहीं हुई : जनता दल के प्रवक्ता श्री जयपाल रेड्डी ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सीटों के बंटवारे के प्रश्न पर जनता दल तथा तमिलनाड के

की वैजयंती माला को भारी कीमत चुकानी पड़ी

मद्रास, 15 अप्रैल (क.): ए.आई.ए.डी.एम.के. की प्रमुख सुश्री जयललिता व तमिलनाडु इंका प्रधान श्री वी.के. राम मूर्ति के प्रति गलत रवैया अपनाने के कारण सिने जगत से राजनीति में आई सुश्री वैजयंती माला बाली को भारी कीमत चुकानी पड़ी है । उनको अपनी द. मद्रास संसदीय सीट से वंचित होना पड़ा है क्योंकि इंका ने यह सीट ए.आई.ए.डी.एम.के. के साथ बदल ली है ।

यद्यपि इंका वाले तो इसे मात्र सीटों की अदला-बदली कह रहे हैं, पर यह बात सहज ही ध्यान में आती है कि इंका अपनी सुरक्षिततम सीट क्यों बदलेगी ? सुश्री बाली के समर्थकों को इस अदला-बदली की पहले भनक मिल गई थी तथा उन्होंने इंका अध्यक्ष को इस बारे विरोध स्वरूप तारें भी दी थीं, पर तब तक बहुत देर हो गई थी ।

सुश्री बाली अभी तक दिल्ली में हैं तथा आशा कर रही हैं कि उनको किसी अन्य संसदीय सीट से टिकट मिल जाएगा पर यह कठिन प्रतीत होता है । उनके समर्थकों का आरोप है कि उनके खिलाफ सुश्री जयललिता व श्री राम मूर्ति ने साजिश की है ताकि वह लोकसभा का चुनाव फिर न लड़ सकें । निश्चय ही सुश्री जयललिता ने सुश्री बाली के साथ पुरानी रंजिश निकाली है क्योंकि 1984 के संसदीय चुनाव में सुश्री बाली ने अपने चुनाव प्रचार हेतु जयललिता को बुलाया तक नहीं था ।

श्री राम मूर्ति के साथ सुश्री बाली के मतभेद 1990 में तब सामने आए थे, जब प्रदेश इंका अध्यक्ष बनने के बाद श्री राम मूर्ति ने द. मद्रास पार्टी शाखा को समाप्त करने का प्रयास किया था । तब सुश्री बाली ने इस कार्रवाई के खिलाफ रोष स्वरूप अनशन भी रखा था ।

राष्ट्रपति से सुब्रह्मण्यम स्वामी को बर्खास्त करने की मांग

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की 'रक्षा' के लिए राष्ट्रपति से विधि एवं न्यायमंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है ।

पार्टी के उपाध्यक्ष के.आर. मलकानी ने कहा कि इसके साथ ही श्री स्वामी के सभी पुराने तथा नए अपराधों की भी जांच कराई जाए । श्री मलकानी यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे । श्री मलकानी ने श्री स्वामी के गैर-जिम्मेदाराना बयानों के लिए उनकी आलोचना की । उन्होंने कहा कि आज श्री स्वामी श्री लालकृष्ण अडवानी के खिलाफ मानहानि का मामला चलाने की बात कर रहे हैं, इससे पहले वह भंग लोकसभा के अध्यक्ष रवि राय को भी 'गिरफ्तार' किए जाने की धमकी दे चुके हैं ।

श्री मलकानी ने भारतीय औद्योगिक संस्थान (आई.आई.टी.) में श्री स्वामी की प्रोफैसर पद पर बहाली तथा बाद में त्यागपत्र देने के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि नियमों के अनुसार वह प्रोफैसर रहते हुए राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते । उन्होंने कहा कि जिस दिन श्री स्वामी ने राजनीतिक गतिविधियां शुरू कीं, उस दिन से उनका प्रोफैसर पद पर दावा समाप्त समझा जाना चाहिए । इसी तरह मंत्री होते हुए वह कुछ देर के लिए भी प्रोफैसर पद नहीं सम्भाल सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा किया । श्री मलकानी ने श्री स्वामी से सारी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है ।

सिन्हा व छः केंद्रीय मंत्री बिहार से जद (स) के प्रत्याशी

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता): वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा तथा छः केंद्रीय मंत्री बिहार से आगामी संसदीय चुनाव में जनता दल (स) के प्रत्याशी होंगे । पार्टी सूत्रों ने आज यहां बताया कि श्री सिन्हा, पटना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे, जबकि श्री हुकमदेव नारायण यादव को दरभंगा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है । सर्वश्री ललित विजय सिंह को बेगूसराय, सुबोध कांत सहाय को रांची, दिग्विजय सिंह को बांका, दसई चौधरी को हाजीपुर तथा रामबहादुर सिंह को महाराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जाएगा । युवा जनता दल (स) के उदय प्रकाश को बाढ़ संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जाएगा ।

अमिता मोदी को हमीरपुर (यू.पी.) से



योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोहन धारिया नजमा हेपतुल्ला तथा सिने तारिका शबाना प्रदान करते हुए ।

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता): राज्यसभा आज़मी उन 28 महिलाओं में शामिल हैं, जि गया । यह पुरस्कार इन महिलाओं को उन लोकसभा के अध्यक्ष श्री रविराय द्वारा दिए गा

डा. हैपतुल्ला को संसदीय मामलों में श्रेष्ठ का पुरस्कार दिया गया जबकि शबाना आज़मी

"महिला शिरोमणि पुरस्कार' प्राप्त करने शाह को समाज सेवा के लिए, मार्ग्रेट अल्वा को पद्मा कास्तगीर को न्यायपालिका, कृष्णा को स परिवार कल्याण, श्रीलता कात्रो को मैनेजमैंट, को पत्रकारिता, शुभ लक्ष्मी खान को नृत्य, इ चिकित्सा सेवाओं, डा. वी. बिजलानी को दवा आई. कादरी को ग्रामीण विकास, प्रीति पावसकर को चिकित्सा शिक्षा, प्रितपाल कौर बस को का परवेज़ एस. धोतीवाला को पर्यटन, डा. सविता भार्गव (यू.के.) को समाज सेवा तथा भूपेंद्र प्रसा

अरुण नेहरू इंका में पांव मार रहे हैं, ले

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (मनमोहन शर्मा जनमोर्चा को पुनर्जीवित करने की तैयारी हो र है । बताया जाता है कि अरुण नेहरू आदि जनमोर्चा के पुराने नेताओं के साथ समझौता करने के स प्रयास विफल हो गए हैं । उड़ीसा के मुख्यमंत्री बी पटनायक, वी.पी. सिंह, अरुण नेहरू, सतपा मलिक एवं आरिफ मोहम्मद खान आदि के समझौत करवाने के प्रयास विफल हो गए हैं ।

यह भी पता चला है कि जनमोर्चा के यह नेत कांग्रेस में लौटने के लिए काफी हाथ-पांव मार रहे ह किन्तु कांग्रेस श्री अरुण नेहरू को अपनी पार्टी में पुन शामिल करने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि श्रीमत सोनिया गांधी उनसे सख्त नाराज हैं । जनमोर्चा के अन्य नेता श्री अरुण तेहरू का साथ छोड़ कर कांग्रेस में वापस जाने का मन नहीं बना रहे हैं ।

जानकार सूत्रों के अनुसार शीघ्र ही दिल्ली में एक सम्मेलन बुला कर अरुण नेहरू और उनके सहयोगियों द्वारा जनमोर्चा का पुनर्गठन किए जाने की घोषणा करने पर विचार हो रहा है । समझा जाता है कि अरुण नेहरू गत एक सप्ताह से इस सम्बन्ध में अपने विभिन्न सहयोगियों से विचार-विमर्श कर रहे हैं । समझा जाता है कि उनके अधिकांश साथियो



पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री एस.एस. मिन्हास लुधियाना के इकबाल नर्सिंग होम व अस्पताल में उत्तर भारत के प्रथम टैस्ट ट्यूब सैंटर का उद्घाटन करते हुए । उनके साथ अस्पताल के चेयरमैन डा. इकबाल सिंह आहलूवा भी हैं । (छाया : धीमान)

चुनाव आयोग की आलोचना एकदम अनुचित : सुब्रह्मण्यम

नई दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता): विधि और न्यायमंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आज राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर कुछ राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे प्रहार तथा उसे रोकने के लिए विधि मंत्रालय द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से अवगत कराया ।

डा. स्वामी ने राष्ट्रपति से अपनी मुलाकात की जानकारी संवाददाताओं को देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं, वे निंदनीय हैं ।

भाजपा के विरुद्ध आगे की कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विधि मंत्रालय के

Punjab Sanrakshan

पंजाब में 4 मिलिटैंट तथा 1 घुसपैठिया मारा गया, अन्यत्र पिता-पुत्र तथा माकपा नेता सहित 7 की हत्या

चंडीगढ़, 16 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 मिलिटैंट तथा 1 घुसपैठिया मारा गया, जबकि इसी अवधि के दौरान मिलिटैंटों ने माकपा नेता तथा पिता-पुत्र सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर की जेल से 4 कम उम्र मिलिटैंट तथा एक कांस्टेबल फरार हो गया ।

पिता-पुत्र की हत्या : दसूहा (झाबर): आज दिन के 11 बजे के लगभग तीन मिलिटैंटों ने स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में एक दुकान पर आकर अंधाधुंध फायरिंग करके वेद प्रकाश (54) तथा उसके लड़के केवल कृष्ण (20) की हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार होकर वेद प्रकाश की दुकान पर आए । इनमें से एक मिलिटैंट स्कूटर के पास खड़ा रहा तथा 2 अन्यों ने दुकान पर जाकर फायरिंग करके वेद प्रकाश तथा केवल कृष्ण की हत्या कर दी । वारदात के पश्चात तीनों भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में से भी फरार हो गए । जैसे ही हत्याओं का समाचार नगर में फैला, पूरा नगर बंद हो गया । लोगों ने पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन करके आरोप लगाया कि वह घटनास्थल पर देरी से पहुंची, जिस कारण मिलिटैंट फरार हो गए । लोगों ने पुलिस को 2 घंटे तक शव न उठाने दिए । होशियारपुर से एस.एस.पी. राजन गुप्ता जब यहां आए तो उन्होंने लोगों को शांत किया । उन्होंने प्रमुख नगर वासियों के साथ एक बैठक भी की तथा उन्हें शांति बनाए रखने का आग्रह किया । पंजाब भाजपा के महासचिव ओ.पी. भारद्वाज ने इस घटना की निंदा की है । जिला अधिकारियों ने मृतकों के परिवारों को एक लाख रुपए देने की घोषणा की है । उल्लेखनीय है कि 1984 में भी इसी बाजार में 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए : भटिंडा जिले के झड़के गांव में आज तड़के सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से 12 बोर की एक बन्दूक, एक रिवाल्वर और एके. 47 राइफल के कुछ कारतूस मिले हैं । उनके 2 साथी भागने में सफल हो गए ।

शव बरामद : फिरोजपुर जिले के मखू थाने के लाइक गांव में कल रात जगन्नाथ नामक व्यक्ति का शव बरामद किया गया ।

मिलिटैंट मारा गया : फिरोजपुर जिले के गांव गढ़ीवाल में एक ड्रेन के निकट आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

घुसपैठिया मारा गया : ममदोट सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर एक घुसपैठिया मारा गया ।

मार्क्सवादी नेता की हत्या : लुधियाना जिले के भिवानी गांव में मिलिटैंटों ने मार्क्सवादी नेता सालग राम की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी । मृतक भारत की जनवादी नौजवान सभा डी.वाई.एफ.आई., जो कि माकपा की युवा शाखा है, के लुधियाना जिले का संयुक्त सचिव था ।

दोराहा से आनंद के अनुसार सालिगराम खालिस्तान का विरोधी था तथा उसने गांव के स्कूल में खालिस्तान के विरुद्ध पोस्टर भी लगाए थे । उसने कुछ समय पूर्व माछीवाड़ा में हुई एक रैली में खालिस्तान के विरुद्ध भाषण भी दिया था ।

एक की हत्या : लुधियाना जिले के कमालपुर गांव में मिलिटैंटों ने परमजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर जिले के बरनाला कस्बे की कच्चा शेखा सड़क से आज सुबह पुलिस को जीत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला ।

मिलिटैंट मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के

जनता दल (स) का घोषणापत्र आज

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर कल 17 अप्रैल को जनता दल (समाजवादी) का चुनाव घोषणापत्र जारी करेंगे । यह जानकारी पार्टी के महासचिव सत्यप्रकाश मालवीय ने आज यहां संवाददाताओं को दी । उन्होंने कहा कि श्री चंद्र शेखर कल शाम पांच बजे पार्टी के केंद्रीय कार्यालय 16, राजेन्द्र प्रसाद रोड पर घोषणापत्र जारी करेंगे ।



जनता दल प्रधान एस.आर. बोम्मई अपनी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मंगलवार को नई दिल्ली में चुनाव चिन्ह केस की सुनवाई के सिलसिले में निर्वाचन आयोग के कार्यालय में । (छाया : पी.टी.आई.)

अब समय आ गया है कि देश को संघीय ढांचा प्रदान किया जाए : बीजू

कटक, 16 अप्रैल (प.स.): उड़ीसा के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने संविधान पर नए सिरे से विचार करने के लिए नई संविधान सभा गठित करने की मांग दोहराई है ।

यहां से चालीस किलो मीटर दूर महलहाटा में एक जनसभा में श्री पटनायक ने कल कहा कि मौजूदा संविधान केंद्र सरकार को व्यापक अधिकार देता है और देश की गरीब जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में असफल रहा है । अब समय आ गया है कि केंद्र में सरकार के ढांचे को बदला जाए और देश को वास्तविक संघीय ढांचा प्रदान किया जाए ।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने सारी सत्ता अपने हाथ में रखी और मुख्यमंत्रियों को हर छोटे से छोटे काम के लिए दिल्ली भागते रहना पड़ा तो देश खंडित हो जाएगा ।

श्री पटनायक ने कहा कि उनका यह 'विद्रोही' तेवर देश से अलग होने के लिए नहीं, बल्कि अपने राज्य और वहां के निवासियों को गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन से बचाने के लिए है । उन्होंने कहा प्रति आक्रोश का प्रतीक हैं । कल को इसी तरह का विद्रोह उड़ीसा, तमिलनाडु या किसी अन्य राज्य में भी भड़क सकता है । उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 21 सीटों में से 18 पर जनता दल और उसके सहयोगी दलों के उम्मीदवार विजयी हुए थे, फिर भी हम अपने लोगों के लिए कुछ नहीं कर सके चाहे वह इस्पात संयंत्र हो या सिंचाई परियोजना केंद्र सरकार ने न तो खुद कुछ किया, न ही हमें कुछ करने दिया ।

श्री पटनायक ने दावा किया कि राज्य को आर्थिक स्वायत्तता देने और देश को वास्तविक संघीय ढांचा प्रदान करने के उनके सुझावों को आगामी चुनाव में उनकी पार्टी अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाएगी । उन्होंने कहा कि इस मसले पर देशव्यापी बहस होनी चाहिए ।

श्री पटनायक की बात का समर्थन करते हुए 3 मंत्रिमंडलीय सहयोगियों विजय महापात्र, दामोदर राउत और एन.के. मोहंती ने जनता से कहा कि श्री

Punjabi Sanjha

...की भड़काने के दावों पाए गए तो उनके ...सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

...ब : पंजाब समस्या के संदर्भ में घोषणा पत्र ...ाया कि किसी भी दबाव में कोई समझौता ...ा जाएगा । देश की एकता और अखंडता के ...ई सौदेबाजी नहीं की जाएगी ।

...ीर : घोषणा-पत्र में कश्मीर का जिक्र करते ...गया है कि राज्य की समस्या का समाधान ...लिए जनता से सहयोग लिया जाएगा । साथ ...ाववादी ताकतों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई ...बात भी घोषणा पत्र में कही गई है ।

...ना की स्वतंत्रता : कांग्रेस (इ) सूचना ...ने की स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए कानून ... । यह वायदा पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में ...है । घोषणापत्र में कहा गया है कि सूचना ...ता अमूल्य अधिकार है । घोषणापत्र में ...है कि टैलीविज़न और रेडियो प्रसारणों के ...ों की स्थापना का अधिकार दिया जाएगा, ...त कानूनों की परिधि में काम करेंगे ।

...ोर्स : कांग्रेस (इ) ने राष्ट्रीय मोर्चा पर ...ाया कि बोफोर्स मुद्दे पर उसने राष्ट्र के ...किया । पार्टी ने अपने घोषणापत्र में कहा ...स्पष्ट हो गया है कि यह सारा विवाद झूठा, ... और बदनीयती से भरपूर था । ...में कहा गया कि बोफोर्स मुद्दे पर कांग्रेस ...सके नेता के विरुद्ध झूठे आरोप लगा कर ...र्चा ने देश को गुमराह किया । इसमें कहा ...ष्ट्रीय मोर्चा ने सत्ता में आने के बाद 15 ...तर बोफोर्स के सत्य को जनता के सामने ...यदा किया था लेकिन 15 महीने गुजरने ...ई 'रहस्योद्घाटन' नहीं किया जा सका । ...पत्र में एयरबस ए-320 की उड़ानें रद्द ...क 'ड्रामेबाज़ी' बताया गया । इसमें कहा ...ा पूर्व कांग्रेस सरकार को बदनाम करने ...कोशिश के चलते किया गया । इसमें ...कि राष्ट्र का 170 करोड़ रुपयों का ...ने के बाद विमानों के इस काफिले को ...ड़ान भरने की आखिर इजाजत दे दी

...व को मिलिटैंटों के बहुमत में आने ...का : कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी ने ...कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पंजाब ...में मिलिटैंटों के बहुमत में आने की ...को देखते हुए केंद्र में एक मजबूत सरकार ...री है ।

...ी ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को देखते ...नई सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद ...रकार बनेगी । उन्होंने कहा कि इस ...धिकतर मिलिटैंट तत्वों के ही चुन कर ...म्भावना है और इस स्थिति से कोई ...कार नहीं निपट सकती । श्री गांधी ...का चुनाव घोषणापत्र जारी करने के बाद ...ों से बातचीत कर रहे थे ।

...कहा कि पंजाब में कानून और व्यवस्था ...खराब है । यदि स्वतंत्र और निष्पक्ष



हरप्रीत सिंह

...र्ड में अपना उम्मीदवार नहीं ...हम पर ठोसे हैं ।

...रहने वाला है । (2) भाजपा का ...ली समर्थक उम्मीदवार भी गोपाल ...ख का रहने वाला है ।

...बाहर के वार्ड में जाना पड़ेगा । ...जवान, गरीबों के हमदर्द, अनथक

...सिंह

...मोहर लगाएं ।

...4 जालन्धर
7. भगत सिंह
8. अजीत सिंह
9. बलबीर

...ज्ञापन

...र्वा चाहिए

...बच्चे के लिए A+ किडनी की ...दानी सज्जन दुकान नं. 75-D, ... अमृतसर फोन : 45944 से

(K.D. Rana/24)

चिकित्सा

...हत बनाएं, खून, वज़न बढ़ाएं, सेहत ...लाज, मिलें : डा. एस.डी. शर्मा, ...

(Malhotra Enterprises/18JD)

पोल्ट्री

Farmers NECC Egg Rate ...s Rs. 52/- per 100 eggs ... This rate is net payable to ... at their farms. Phone :

(Kamboj/M&W)

टैलीफोन

Purchase of Telephone ... Please contact Sanjay ...ana. Phone : 52727, ...365.

(Milap/15)

पुस्तकें

Super B.Ed. Entrance Test ...University), Price Rs. 50/- ...on, Jalandhar.

(Serene)

उन्होंने कहा कि श्री सिंह की सरकार एक 'फिरकापरस्त पार्टी' के सहारे जी रही थी तो देश में साम्प्रदायिकता का जहर तो फैलना ही था ।

आरक्षण की बाबत एक सवाल के जवाब में कहा कि वह चाहेंगे कि आरक्षण का लाभ अल्पसंख्यकों के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को भी मिले । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों में ईसाई भी शामिल हैं ।

यह पूछे जाने पर कि घोषणापत्र में मंडल आयोग का जिक्र तक नहीं है, श्री गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी को आयोग की सिफारिशों पर कड़ी आपत्ति है लेकिन आरक्षण के बारे में पार्टी की नीति में कोई फर्क नहीं आया है ।

आरक्षण की सीमा के बारे में एक सवाल के उत्तर में श्री गांधी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले पर गौर कर रहा है । इसलिए वह इस बारे में किसी विवाद में नहीं फंसना चाहेंगे ।

हरियाणा के तीन लालों में संघर्ष

(पृष्ठ 3 का शेष)

बनाएंगे कि देवी लाल को उससे अधिक ही भुगतना पड़े, जो कभी उन्होंने उनके हाथों भोगा था ।

अगर देवी लाल अपने दल के लिए हरियाणा में बहुमत प्राप्त करने में सफल हो गए तो वह अपना पहला प्रहार भजन लाल पर ही करेंगे ।

राजनीति से संन्यास ले लेने का अपना फैसला एकाएक ही बदलने के पीछे कहा जाता है कि देवी लाल ने हरियाणा में होने वाली चुनावी गतिविधियों से यह भली-भांति अनुमान लगा लिया है कि अगर राज्य की राजनीति में उन्होंने तथा उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने जीवित रहना है तो उन्हें लगातार संघर्ष करते ही रहना होगा क्योंकि भजन लाल अथवा बंसी लाल को बाप-बेटा दोनों पर मुकद्दमा चलाने में कोई कठिनाई नहीं होगी ।

देवी लाल व बंसी लाल इस समय जाट वोटों पर ही निर्भर कर रहे हैं जबकि देवी लाल को राज्य के सिख मतदाताओं की भी सहानुभूति प्राप्त है । मगर राज्य की शहरी वोटें इंका अथवा विकास पार्टी व भाजपा को ही जाएंगी क्योंकि हरियाणा के सिख भजन लाल व बंसी लाल दोनों को ही पसंद नहीं करते । भजन लाल हरियाणा में हुए कई सिख-विरोधी दंगों के साथ जुड़े रहे हैं, मगर फिर भी वह राज्य के पंजाबियों का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं ।

बताया जाता है कि राज्य की 23 विधानसभा सीटों पर सिखों का अच्छा प्रभाव है जबकि जाट बाहुल्य वाली 41 सीटों पर देवी लाल व बंसी लाल में कड़ा मुकाबला होगा । 6 अन्य गैर जाट सीटों पर भाजपा का काफी प्रभाव है । मगर वह अकेले ही यह सीटें अपने दम-खम पर फिर भी नहीं जीत सकती । अहीर बाहुल्य वाली 6 व मुसलमान बाहुल्य वाली राज्य में 4 विधानसभा सीटें हैं ।

देवी लाल व उनके पुत्र ने पहले ही ग्रीन ब्रिगेड का गठन कर रखा है, जो उनकी पारिवारिक सेना के रूप में सक्रिय है । इसमें 10,000 जवान शामिल हैं तथा एक सूचना के अनुसार 6,000 जवानों को सशस्त्र प्रशिक्षण भी दिया गया है जबकि पुलिस के शस्त्रागारों में से अधिकांश हथियार इस समय लापता हैं । मगर इंका तथा बंसी लाल ने ग्रीन ब्रिगेड के मुकाबले के लिए क्या कदम उठाए हैं, यह अभी प्रकाश में नहीं आया । स्पष्टतः उन्होंने भी कोई न कोई प्रबन्ध अवश्य ही किए होंगे । हरियाणा में स्थिति शेष देश से भिन्न होने का एक कारण यह भी होगा ।

अलगाववाद : कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रवक्ता के अनुसार सुरक्षा बलों ने श्रीनगर में एक छापे के दौरान दो हथगोले, दो पक मैगजीनें और सात ए.के. 47 राइफल मैगजीनें भी बरामद कीं । उसने कहा कि कल रात कुपवाड़ा जिले में गुंद गुशी और बोहम्मा में दो बंद मकान आग में जल गए ।

इस बीच मुस्लिम जांबाज फोर्स द्वारा पिछले 17 दिनों से बंधक बनाए गए स्वीडन के दोनों इंजीनियरों को छुड़ाने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हो सकी है । सरकारी सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने उनका पता लगाने के लिए अलगाववादियों के संदिग्ध ठिकानों पर छापे मारे लेकिन इसमें कोई सफलता नहीं मिली । अलगाववादियों द्वारा निर्धारित अंतिम सीमा आज अपरान्ह दो बजे समाप्त हो गई ।

चुनाव सूचना

जालन्धर, 16 अप्रैल : राजपूत वैल्फेयर एसोसिएशन जालन्धर के 1991-92 के चुनाव में श्री सुखदेव राज, मास्टर रत्न चंद व श्री सतिंदर शूर संरक्षक, श्री बलराम बब्बर प्रधान, श्री राम लाल सहदेव वरिष्ठ उपप्रधान, श्री खजान सिंह व मेजर एस. लाल उपप्रधान, श्री बी. राज बब्बर महासचिव, श्री आर.के. चौहान संयुक्त सचिव, श्री सतपाल चौहान वित्त सचिव, श्री कृष्ण लाल सहदेव प्रचार सचिव, श्री के.एल. ढल्ल प्रैस सचिव व श्री जे.एल. कपूर ऑडीटर चुने गए ।



अमृतसर वार्ड नं. 5 के सशक्त, आज़ाद उम्मीदवार श्री राजेंद्र सिंह बग्गा, जिन्हें 'राजीव ब्रिगेड' का समर्थन प्राप्त है । उनके चुनाव निशान 'किश्ती' को अपना कीमती वोट देकर सफल बनाएं । (A)

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का पंकज अरोड़ा उम्र 11 वर्ष, कद 4', रंग सफेद, माथे पर टांके का निशान, कॉफी रंग की

दसूहा में मंगलवार को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पिता-पुत्र वेद प्रकाश तथा केवल कृष्ण के शव । (छाया : झावर)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव खुसर टाली के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इसके निकट से एक 30 बोर का माऊजर व इसके 2 मैगजीन मिले हैं ।

सिपाही को घायल कर दिया : आज बाद दोपहर 3.30 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने श्री हरगोबिन्दपुर-बटाला सड़क पर गांव हरपुरा के निकट एक बस में एक हवलदार जगीर सिंह औलख को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे यहां के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । वह थाना सिटी बटाला में तैनात है । वह जब श्री हरगोबिन्दपुर से बटाला एक बस में सवार होकर आ रहा था कि उसी बस की पिछली सीट पर बैठे एक मिलिटैंट ने फायरिंग करके जगीर सिंह औलख को घायल कर दिया । बाद में मिलिटैंट बस के पीछे आ रहे अपने साथी के मोटर साइकिल पर बैठ कर फरार होने में सफल हो गया ।

ओवरसीयर को घायल कर दिया : 'चौधरी' के अनुसार आज यहां दोपहर सवा 11 बजे जालंधर बाईपास पर मिलिटैंटों ने एक ओवरसीयर को गोलियां मार कर गंभीर घायल कर दिया और फरार हो गए । बताया जाता है कि ओवरसीयर शाम लाल बाईपास पर सड़क का निर्माण करा रहा था कि 2 मिलिटैंट साइकिल पर सवार होकर आए और उसे अपने साथ चलने के लिए कहा । इन्कार करने पर उन्होंने पिस्तौल से गोलियां मार कर ओवरसीयर को गंभीर घायल कर दिया और फिर फरार हो गए ।

अध्यापक का अपहरण : बटाला पुलिस जिले के कादियां कस्बे से दो सशस्त्र व्यक्तियों ने टोडरमल गांव में नियुक्त प्राइमरी स्कूल अध्यापक कृष्ण दयाल का अपहरण कर लिया ।

पूर्व कांस्टेबल की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के जाड़ियाला थाने के वरपाल गांव में कल रात कुछ मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से निकाल कर उसकी हत्या कर दी । जसबीर सिंह पहले कांस्टेबल था ।

जेल से कांस्टेबल तथा 4 मिलिटैंट फरार : कल रात अमृतसर के पुतलीघर क्षेत्र में स्थित बाल सुधार गृह (जेल) में से 4 विचाराधीन कैदी तथा एक पुलिस कांस्टेबल फरार हो गए । वे चार 7.62 बोर की राइफलें, एक स्टेनगन तथा 270 कारतूस भी ले गए । उनके नाम बलकार सिंह, गुरदेव सिंह, गुरचरण सिंह, हरभरपुर सिंह तथा कांस्टेबल सरदूल सिंह हैं । चारों कैदी मिलिटैंट गतिविधियों में संलिप्त थे ।

बताया जाता है कि कांस्टेबल बच्चा-जेल के 4 सुरक्षा गार्डों में से एक था । उस समय शेष तीन सुरक्षा गार्ड भोजन करने गए हुए थे । मिलिटैंटों की उम्र 14 से 15 वर्ष के मध्य बताई जाती है ।

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार बताया जाता है कि सुधारगृह में पांच पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहती है, जबकि गत रात लगभग 8.30 बजे जब यह घटना घटी तो ड्यूटी से तीन पुलिस कर्मी अनुपस्थित थे । सरदूल सिंह ने उक्त बच्चों को भगा ले जाने से पूर्व अपने साथी दूसरे पुलिस कर्मी सतनाम सिंह को सदर थाना से भोजन लाने हेतु भेज दिया और इसके बाद सुधारगृह की महिला वार्डन हरिन्दर कौर और वहां स्थित कुल 8 में से 4 बच्चों को एक कमरे में बन्द कर दिया तथा उपरोक्त चार बच्चों को हथियारों सहित भगा ले जाने में सफल हो गया । सूचनाओं में बताया गया है कि भागने वाले 4 बच्चों में से बलकार सिंह को लगभग 4 मास पूर्व पुलिस ने उस समय काबू किया था, जबकि वह भारत-पाक सीमा के निकट देखा गया था । पुलिस के अनुसार वह सम्भवतः पाकिस्तान से भारत में अवैध रूप से घुसा था । हरभरपुर सिंह के बारे में कहा जाता है कि वह पुलिस कर्मियों को विष देने के षड्यंत्र में पकड़ा गया था । बताया जाता है कि उसका पिता एक सीमांत चौकी में लांगरी के रूप में काम करता है । अन्य दो बच्चों गुरदेव और गुरचरण के बारे में कहा जाता है कि वे फिरोजपुर के इलाके में का-दुक्का मिलिटैंट गतिविधियों में पकड़े गए थे । ड्यूटी से अनुपस्थित तीन पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया गया है ।

हथियारों के तीन तस्कर गिरफ्तार : अमृतसर जिला पुलिस ने हरपाल सिंह, परमजीत सिंह तथा चरणजीत सिंह नामक तीन हथियारों तथा मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है ।

बटाला पुलिस ने करनैल सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके पास से 12 बोर का एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । इसी प्रकार जालन्धर पुलिस ने जसविंदर सिंह उर्फ बाबू (हाकिमपुर) नामक एक व्यक्ति को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

बंदूक छीन ली : पटियाला (भूषण): जिले के डेरा बस्सी थाने के गांव जनेतपुरा में कल रात 4 संदिग्ध मिलिटैंटों ने हाकम सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी 12 बोर की बन्दूक तथा 24 कारतूस छीन लिए ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार बरामद : होशियारपुर (वि.प्र., सूद): आज प्रातः पुलिस की एक नाका पार्टी ने थाना माहलपुर के निकट एक गांव लक्सियां में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन मिलिटैंटों के नाम सीतल सिंह, छिन्दुपाल, जसविन्दर सिंह, अमरजीत सिंह व हरजीत सिंह हैं । इन मिलिटैंटों के कब्जे से एक दोनाली बंदूक, एक अन्य बंदूक, एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किए गए ।

सीमा विवाद के मुद्दे पर गोर्बाच्योव और काइफू के बीच वार्ता

टोक्यो, 16 अप्रैल (ए.पी.): सोवियत राष्ट्रपति मिखाईल गोर्बाच्योव और जापान के प्रधानमंत्री तोशिकी काइफू के बीच सीमा विवाद को लेकर आज यहां बातचीत शुरू हो गई । दोनों देशों के बीच कुछ द्वीपों के आधिपत्य को लेकर विवाद है । इसी विवाद

अगर यह कानून पारित हो जाता है तो अमरीका से अन्य देशों को मिलने वाली हर प्रकार की सहायता में कटौती कर सकने के अधिकार के अलावा, किसी खास देश के प्रति राष्ट्रपति के लचीले या नरम रुख को चुनौती देने के कांग्रेस के अधिकार पर भी रोक लग जाएगी ।

फील्ड रैजीमैंट ने बैसाखी पर्व मनाया

जालन्धर, 16 अप्रैल (प.स.): पश्चिमी क्षेत्र में किसी स्थान पर सेना की फील्ड रैजीमैंट ने बैसाखी पर्व मनाया । इस अवसर पर उपस्थित तीन हजार लोगों में लंगर बांटा गया तथा गुरबाणी का गायन किया गया । समारोह में बड़ी संख्या में पंच तथा सरपंच शामिल हुए तथा उन्होंने जवानों के कार्यों की सराहना की । उल्लेखनीय है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की तैनाती के पश्चात् सेना द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविरों में 20 हजार लोगों की जांच की गई है ।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों द्वारा जादूगरों का सहारा

कलकत्ता, 16 अप्रैल (प.स.): पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के सामने इस बार चुनावों में पहलवानों और फिल्मी सितारों के बीच से चयन करने का विकल्प है । फिर मतदाताओं को रिझाने के लिए नुक्कड़ नाटकों और जादूगरों का भी सहारा लिया जा रहा है ।

भारतीय जनता पार्टी को राज्य में विशेष कर ग्रामीण जनता के बीच लोकप्रियता हासिल नहीं है लेकिन उसने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । भाजपा ने दमदम लोकसभा सीट से 'लौह पुरुष' के नाम से प्रसिद्ध पहलवान मनोहर आइच को अपने उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया है । पार्टी ने कलकत्ता, उत्तर-पश्चिम सीट से फिल्म अभिनेता विक्टर बैनर्जी को खड़ा किया है । विक्टर बैनर्जी का वर्तमान कांग्रेस (इ) सांसद एवं विधिवेता देवी पाल से मुकाबला है ।

सत्तारूढ़ वाममोर्चा और भाजपा मतदाताओं को 'जादू' के सम्मोहन के जरिये भी अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश में लगी है इसके लिए उन्होंने पेशेवर जादूगरों से सम्पर्क किया है ।

इसके अलावा पिछले चुनावों की तरह इस बार भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी 'सांस्कृतिक प्रचार' का मार्ग अख्तियार कर रही है ।

अभिनेता निदेशक उत्पल दत्त जगह-जगह नुक्कड़ नाटक 'सत्तर दशक' का आयोजन कर रहे हैं । इस नाटक में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे के शासनकाल (1972-1977) के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकलापों का वर्णन है । पार्टी सूत्रों के अनुसार इस नाटक में आपातकाल के दौरान कांग्रेस (इ) के 'अत्याचारों' की कहानी उजागर की गई है ।

पंजाब में अभी लोकसभा चुनाव न कराए जाएं : माकपा

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से अपील की है कि वह केंद्र सरकार को मई में लोकसभा चुनावों के साथ पंजाब में भी चुनाव कराने के अपने निश्चय को बदलने के लिए राजी करें ।

मार्क्सवादी पार्टी ने इस संबंध में एक वक्तव्य में कहा है कि सभी प्रमुख पार्टियों की यह राय है कि पंजाब में चुनाव कराने से पूर्व वहां इसके लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाना चाहिए । मार्क्सवादी पार्टी ने कहा है कि यह तभी सम्भव है जब पंजाब में लोकसभा चुनावों के साथ चुनाव न करा कर वहां नई संसद के गठन के बाद चुनाव कराए जाएंगे, जिससे वहां चुनाव की तैयारी और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियां पैदा करने का मौका मिल सकेगा ।

मार्क्सवादी पार्टी ने वैशाखी के दिन तख्त दमदमा साहिब में खालिस्तान समर्थकों द्वारा दिए गए राष्ट्र विरोधी भाषणों और पृथकतावादी आंदोलन जारी रखने के उनके संकल्प की कड़ी निन्दा की है । पार्टी ने कहा है कि वहां हर गांव में खालसा पंचायत कायम करने और एक वर्ष के भीतर समानांतर सरकार गठित कराने का फैसला किया गया । पार्टी ने कहा है कि इस पृष्ठभूमि में मई में लोकसभा के चुनाव के साथ ही पंजाब में चुनाव कराने की चंद्र शेखर सरकार की सिफारिश न केवल अनुत्तरदायी बल्कि खतरनाक है ।

राजनीतिक दलों द्वारा सहयोग ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मतदान का समय : श्री टी.एन. शेषन के अनुसार चुनाव आयोग ने लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों के लिए मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया है । मई में गर्म मौसम के दृष्टिगत देश भर में 10 घंटे मतदान होगा । इस सिलसिले में सर्वदलीय बैठक में आम सहमति हो गई है ।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदान के दौरान अनियमितता संबंधी शिकायतों से निपटने तथा नुक्सान होने से पहले भी कदम उठाने की दृष्टि से 23 जिलों को छोड़ कर सभी जिलों को आयोग के नियंत्रण कक्ष से जोड़ा गया है ।

उन्होंने कहा कि बैठक में इस बात पर भी विचार किया गया कि मतदान के दौरान हथियार लेकर चलने पर पूरी तरह से एक रोक लगा दी जाए लेकिन इसके बारे में बैठक में एक राय कायम नहीं हो पाई । आयोग इस बारे में जल्द ही कोई फैसला करेगा ।

श्री शेषन ने कहा कि बैठक में यह भी फैसला किया गया कि मतदान केंद्रों पर ट्रक तथा ट्रैक्टर जैसे वाहन जाने की अनुमति नहीं दी जाए ताकि इनके जरिए मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर न लाया जा सके । उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के पास निजी वाहनों पर पूरी तरह से रोक लगाना सम्भव नहीं हो पाता ।

श्री शेषन ने बताया कि बैठक में आयोग के निर्देशों के खिलाफ पिछले दिनों कुछ राज्य सरकारों द्वारा किए गए विवादास्पद तबादलों का मुद्दा भी उठा ।

उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप पच्चीस मार्च के बाद राज्यों ने या तो तबादले नहीं

पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में ... पर अवकाश रहेगा । पंजाब, ... चंडीगढ़ में भी सरकारी कार्यालय बं...

बिजनौर के गांव में ... द्वारा एक की हत...

बिजनौर, 16 अप्रैल (नि.स.): ... गांव किरातपुर में संदिग्ध मिलिटैंटों ... बलकार सिंह उर्फ काका नामक युव... मार कर हत्या कर दी तथा उसके पि... बन्दूक व कुछ कारतूस लेकर फरार ...

पता चला है कि पांच मिलिटैंट गां... सोहन सिंह के डेरे में आए । उन्ह... बलकार सिंह (35) को पकड़ लिया... शेष सदस्यों को कमरे में बंद कर ... बलकार सिंह को बाहर लाकर उस ... राइफल से गोलियां चलाईं । उसकी ... गई । उसके शव के पास खालिस्तान ... का एक लैटरहैड मिला, जिस पर मृ... को धमकी दी गई है कि यदि घटना ... पुलिस को दी या शव का पोस्ट-मा... इसके गम्भीर परिणाम निकलेंगे ।

रात बीतने पर पुलिस को घटना ... गई । पुलिस के अनुसार बलकार ... 42 गोलियां लगीं । शव के पा... कारतूस मिले ।



सरकारी प्राइमरी स्कूल गांव टप्प... लुधियाना के विद्यार्थी (बाएं से) अमन... परमिंदर जीत सिंह ने पांचवीं की परीक्षा... समराला में क्रमशः प्रथम व तृतीय ... किया । (छाया ...



लुधियाना के दरेसी मैदान में आयोजि... सेवा संघ (रजि.) के 14वें विराट धर्म... को सम्बोधित करते हुए स्वामी वे... जी । (छाया : ...

सोया दूध पीने से कोले... की मात्रा घट सकती ...

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (प.स.): क... किए गए एक अध्ययन के अनुसार हरर... कप सोया दूध पीने से रक्त में कोलेस्... मात्रा घटाई जा सकती है । इस अध्ययन... भी पता चला है कि किसी व्यक्ति के भ... सोया प्रोटीन बढ़ाने से कोलेस्ट्रोल का स्... होता है भले ही भोजन में कुछ भी अन्य... खाए जाएं । रक्त में कोलेस्ट्रोल की मात्रा ... होने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा ब... है ।

कोच फैक्टरी के कर्मचारी गिरफ्तार...

कपूरथला, 16 अप्रैल (प.स.): पुलिस... रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के 17 कर्मचा... अपने साथियों को डराने के आरोप में गिरफ... लिया । कर्मचारी गत 11 अप्रैल से अपनी ... समर्थन में धरना दे रहे थे ।

भाकपा ने तीन वार्डों ... प्रत्याशी खड़े किए...

जालन्धर, 16 अप्रैल : भारतीय क... पार्टी जिला जालन्धर के सचिव श्री चंद फ... एक प्रैस बयान में कहा है कि पार्टी की ओर ... चुनावों में तीन वार्डों में प्रत्याशी खड़े किए ... उन्होंने बताया कि वार्ड नं. 2 से श्री राज कुम... नं. 25 से श्री सतपाल तथा वार्ड नं. 29 से ... राम चुनाव लड़ रहे हैं ।

ग्रामीण लोगों को शहरों जैसी सु... प्रदान कराई जाएंगी : वत्स...

जालंधर, 16 अप्रैल : राज्य स्तर ... सैमीनार विज्ञान की प्रगति एवं ग्रामीण ... वातावरण के सुधार के संबंध में जिला जा... गांव बड़ा में सम्पन्न हुआ । श्री के.एल... सलाहकार राज्यपाल पंजाब ने इस सैमी... अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ... लोगों को शहर जैसी आधुनिक सुविधाए... करेगी, ताकि शहरों में बढ़ रही आबादी को ... सके । उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के ब... शहरी स्कूलों जैसी समस्त शैक्षिक सुविधाए... करने का सरकार यत्न कर रही है ।

पंजाब में अपनी प्रकार का यह प्रथम ... विज्ञान भवन एवं कम्प्यूटर भवन होगा ... आधारशिला श्री वत्स ने रखी ।

श्री एस.एस. कंग, डिप्टी कमिश्नर जा... इस बात पर दुख व्यक्त किया कि पंजाब में स्व... संस्थाओं की ओर से लोक कल्याण के क... अधिक रुचि नहीं दिखाई जा रही । श्री कंग ... कि प्रत्येक मनुष्य एवं संस्था को लोक कल्य... कामों में अधिक से अधिक योगदान देना चा...

डा. एस.एस. जौहल, चेयरमैन पंजाब ... शिक्षा कौंसिल लुधियाना, जिन्होंने इस सैमीन... आयोजन किया, ने इस अवसर पर बोलते हु... कि शिक्षा का स्तर तब ही ऊंचा उठ सकता है...

Punjabi Sanjay

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

कुलवंत सिंह 100 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था । उसने कैथल में 25, राजपरा में 7 तथा राजस्थान में 15 लोगों की हत्या की थी । इसके अलावा अपहरण तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में भी वह संलिप्त था ।

दो मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के फालोके गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा विभिन्न बोर के कारतूसों का एक बैग बरामद हुआ है । मुठभेड़ में एक मिलिटैंट घायल होने के बाद भाग गया । इसी पुलिस जिला के बहू गांव में कल रात सुरक्षा बलों ने एक और मिलिटैंट जसपाल सिंह उर्फ जस्सा को मार गिराया । घटनास्थल से एक माऊजर भी बरामद हुआ है ।

दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिला के सरहाली क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

तरनतारन में बम धमाका, 5 घायल : तरनतारन कस्बे के चौक भरेवाला में आज रात्रि एक बम फटने से 5 लोग घायल हो गए । घायलों में से दो के नाम कांस्टेबल मनजीत पाल सिंह और हरप्रीत कौर बताए गए हैं ।

अमृतसर नगर निगम वार्ड नं. 6 के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार



नरेश कुमार (काका)

जिनका चुनाव चिन्ह कमल का फूल है, को वोट देकर सफल बनाएं

निवेदक :—नरेश नैयर भाजपा नेता

भूतपूर्व नगर पालिका सदस्य डा. अमरनाथ डोगरा के सुपुत्र जालन्धर नगर निगम के वार्ड नम्बर-41 के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समाज के सच्चे सेवक, हिन्दू-सिख एकता के प्रतीक



डा. विश्व डोगरा

(महासचिव पंजाब कैमिस्ट एसोसिएशन)

जिनका चुनाव चिन्ह कमल का फूल पर मोहर लगा कर कामयाब करें





वार्ड नं. 39 (जालन्धर) के आजाद उम्मीदवार

श्री जगदीश राज (राजा डेरी वाले) चुनाव निशान (कुर्सी)

के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रसिद्ध उद्योगपति श्री हंसराज महाजन । सभी लोगों ने इसे कामयाब करने की अपील की और कहा कि हम उसकी सेवाओं को कदापि भूल नहीं सकते, हम सब कुर्सी पर मोहर लगाएंगे ।



वार्ड नम्बर 50 लुधियाना के आज़ाद उम्मीदवार

श्री चरणदास मवान

जो इस वार्ड के कांग्रेसी उम्मीदवार श्री रमेश जोशी, जनरल सैक्रेटरी पंजाब यूथ कांग्रेस के पक्ष में बैठ गए हैं ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला जालंधर के थाना आदमपुर के क्षेत्र जंडूसिंघा के बस स्टैंड पर आज सायं मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने बस स्टैंड पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे त्रिलोचन सिंह और बलदेव सिंह नामक 2 व्यक्ति मारे गए । त्रिलोचन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि बलदेव सिंह की अस्पताल ले जाते समय मार्ग में ही मृत्यु हो गई । पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई है ।

बंद रहा दसूहा से 'झाबर' के अनुसार गत दिवस यहां पुरानी सब्जी मंडी में मिलिटैंटों द्वारा एक दुकान पर फायरिंग करके वेद प्रकाश तथा उनके बेटे केवल कृष्ण की हत्या किए जाने के विरुद्ध रोषस्वरूप आज दसूहा में पूर्ण बन्द रहा । इस बीच दोनों मृतकों का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

सेवेवाल कांड में संलिप्त दो मिलिटैंट मरे : मलोट से 'गोयल' के अनुसार फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री सुरजीत सिंह बैंस ने बताया है कि पिछले दिनों फरीदकोट जिला के सेवेवाल गांव में 22 लोगों की हत्या करने वाले दो मिलिटैंट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । इनमें से एक की पहचान कर्णजीत सिंह उर्फ कुक्कू के रूप में हुई है ।

शव मिला : फरीदकोट जिला के गौरी शंकर गांव में मिलिटैंटों ने शराब के ठेके के एक कर्मचारी की गोलियां मारकर हत्या कर दी । कल शाम गोलियों से छलनी उसका शव बरामद हुआ ।

खोखे जला दिए : बरनाला (सिधवानी) : कल रात सीखा रोड पर मिलिटैंटों ने तीन प्रवासी मजदूरों बिरजू, राम सेवक और राधेश्याम के पान-बीड़ी-सिगरेट आदि के तीन लकड़ी के खोखे जला कर राख कर दिए ।

युवक की हत्या : कल रात यहां से 4 कि.मी. दूर गांव संघेड़ा में मिलिटैंटों ने एक मजहबी युवक जीत सिंह की पिस्तौल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात 2 बजे कोई व्यक्ति उसे उठा कर घर से बाहर ले गया । प्रातः गोलियों से छलनी उसका शव मिला ।

जीप व स्टेनगन छोड़ गए : लुधियाना (धीमान) : एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने बताया कि कल रात फोकल प्वाइंट थाना के क्षेत्र गोबिन्दगढ़ में पुलिस ने नाका लगा रखा था । एक जीप में सवार कुछ लोग आते दिखाई दिए तो उन्हें रुकने का संकेत दिया मगर उन्होंने जीप से फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग की गई तो वे मौका पाकर एक घर में घुस गए तथा थोड़ी देर बाद वहां से खिसक जाने में सफल हो गए । पुलिस को घटनास्थल से एक जीप, एक स्टेनगन और एक स्टिक बम मिला । उल्लेखनीय है कि यह स्टेनगन अकाली नेता एवं पूर्व सांसद बीबी राजेन्द्र कौर बुलारा के गनमैन से गत 29 मार्च को छीनी गई थी ।

मिलिटैंट भाग निकले : श्री अनिल शर्मा ने बताया कि यहां से 5 कि.मी. दूर बाड़ेवाली कालोनी में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति अमर सिंह के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर उसकी मारुति कार मांगी, मगर अमर सिंह और उसके परिवार वालों ने अपनी लायसैंसी बन्दूक से उन पर गोली चला दी । इस पर मिलिटैंटों ने उन पर जवाबी फायरिंग की । संक्षिप्त मुकाबिले के बाद मिलिटैंट वहां से भाग निकले । अमर सिंह और उसके परिवार के 2 सदस्यों को मामूली चोटें आईं । जिला प्रशासन ने श्री अमर सिंह और उनके परिवार को बीरता दिखाने पर पुरस्कार देने की सिफारिश की है ।

शव मिला : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव निक्को सराय के निकट से पुलिस ने जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । तेजा बिला गांव के निवासी जोगिन्द्र सिंह को कल शाम मिलिटैंट अपहृत करके ले गए थे ।

एक की हत्या : पटियाला शहर में कल रात मिलिटैंटों ने संत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो घुसपैठिए मरे : गुरदासपुर जिला के डेरा बाबा नानक सैक्टर में सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठियों को मार गिराया ।

राजीव द्वारा निर्वाचन क्षेत्र बदलने का खंडन

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता): कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी ने अमेठी संसदीय चुनाव क्षेत्र की बजाय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अफवाह का आज खंडन किया है । श्री गांधी ने ईद मिलन समारोह के दौरान संवाददाताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा कि वह अमेठी से ही

चुनाव न लड़ने का फैसला अटल : अरुण नेहरू

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (प.स.): पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण नेहरू ने आज यहां कहा कि जनता दल के जनमोर्चा घटक के नेताओं का आगामी चुनाव न लड़ने का फैसला अंतिम है लेकिन वे जाति और सम्प्रदाय की राजनीति के खिलाफ पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करेंगे ।

भाजपा को अल्पसंख्यकों का सच्चा मित्र समझें : वाजपेयी

तुमकुर (कर्नाटक), 17 अप्रैल (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज अल्पसंख्यकों से अपील की कि वे उनकी पार्टी को अपना सच्चा मित्र मानते हुए सहयोग दें । श्री वाजपेयी यहां एक चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि जनता दल और कांग्रेस (इ) तो अल्पसंख्यकों की हितैषी होने का नाटक करती है जिसके पीछे उनका उद्देश्य केवल वोट हासिल करना है ।



गोयल डैंटल क्लिनिक जालन्धर के डा. जगदीप गोयल की पत्नी डा. सुजाता गोयल जी.एस.ई. योजना के तहत रोटरी इंटरनैशनल डिस्ट्रिक्ट-307 की ओर से अमरीका के यूनिवर्सिटी आफ ओकलाहोमा कालेज आफ डैंटिस्ट्री में तीन माह तक फिक्स्ड ब्राउन, ब्रिज वर्क एवं मैटल सेरामिक्स का अध्ययन करने के लिए गत दिवस रवाना हो गईं ।

सामाना से एक समुदाय के कई लोगों द्वारा पलायन

सामाना, 17 अप्रैल (वर्मा): शहर से एक समुदाय के बहुत से लोगों का पलायन हो चुका है और इस पलायन में दिन-ब-दिन बढ़ोत्तरी हो रही है क्योंकि आम लोगों का सरकार तथा स्थानीय प्रशासन से विश्वास उठ चुका है । पलायन में बढ़ोत्तरी पंजाब विधान सभा के चुनाव के ऐलान से भी हुई है ।

पलायन का सब से बड़ा कारण यह है कि यह क्षेत्र पिछले कुछ महीनों से बहुत ज्यादा अशांत बन गया है । मिलिटैंट लोगों को अपहृत करके ले जाते हैं और भारी फिरौती वसूलने के पश्चात ही उसे छोड़ते हैं । पिछले तीन महीनों में यहां अपहरण की तीन घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन किसी भी अपहृत का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । शहर के बाजार शाम छः बजे बंद हो जाते हैं और उसके बाद कर्फ्यू जैसा माहौल पैदा हो जाता है । शहर में 8 बजे के बाद पुलिस की कोई गश्त नहीं ।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक सामाना के 25 प्रतिशत लोगों ने हरियाणा के शहरों तथा दिल्ली में प्लाट, कृषि भूमि, दुकानें तथा मकान लेकर करोड़ों रुपए शहर से बाहर निवेश कर दिए हैं । यदि सरकार ने क्षेत्र में शीघ्र कारगर सुरक्षा व्यवस्था न की तो कई और लोग पलायन कर जाएंगे ।

पंजाब में चुनावों का अभी उचित समय नहीं : इंका

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वि.प्र.) : पंजाब प्रदेश इंका ने कहा है कि राज्य में अभी लोकसभा या विधानसभा के चुनाव कराने का उचित समय नहीं है । पार्टी प्रधान श्री बेअन्त सिंह ने यहां एक बयान में कहा है कि प्रदेश में चुनाव शेष देश से अलग कराए जाने चाहिएं क्योंकि राज्य की वर्तमान स्थिति ऐसी है कि यहां स्वतन्त्र चुनाव नहीं कराए जा सकते ।

उनका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं है तथा जनता भय व तनाव के माहौल में रह रही है । उन्होंने जनता से अपील की है कि वे अलगाववाद के खिलाफ मिल कर खड़े



अमृतसर के ह... हजारों मुसलमा... मिलते हुए ।

ईद धम...

नई दिल्ली, 1... हिस्सों में ईद उल... साथ मनाया गया... मुसलमान भाइयों... बधाई दी ।

राजधानी की... बड़ी संख्या में लोगों... में बच्चे और युवक... करने के लिए मस्जि... पड़े । नमाज अदा क... मिल कर एक-दूसरे...

इस अवसर पर... और ईदगाह में विशे...

नकोदर (गगन... मलिक में बनी मस्जि... मुसलमान भाइयों ने... मनाया ।

लुधियाना, 17... जेल रोड स्थित जामा... से ईद-उल-फितर धूम... रोड और जेल रोड पर... बैठे हुए थे ।

नमाज के समय... पत्थर फैंके गए, परन्तु... प्रधान अतीबुर्रहमान ने... मुसलमानों को शांत र... आरोप लगाया कि इंक... सुरक्षा का उचित प्रबन... शरारती तत्वों का पता...

इस अवसर पर... दुखिया गुरुद्वारा कलगी... के अलावा बसपा के रा... तथा युवा इंका के हरभ... बधाई दी । मौलाना... कराई । उन्होंने अपने... भाईचारा बना कर रख... मुसलमानों को तलवार... क्योंकि हजरत मुहम्मद स... रखा करते थे । उन्होंने... दुश्मन और साम्प्रदायिक... कोई भी राजनीतिक दल... बिना नहीं चल सकता ।

गेहूं की सरक...

लुधियाना, 17 अप्रैल... श्री एस.एस. चन्नी ने बता... में गेहूं की सरकारी खरीद... दर से शुरू हो गई जबकि... खरीद की ।

श्री चन्नी ने जिला के... अपनी गेहूं मंडियों में... लाएं ।

डिप्टी कमिश्नर ने ब... मंडियों तथा अस्थायी खरी... खरीद केन्द्र बनाए गए हैं... पनसप और सिविल सप्ल... अलाट किए जा चुके हैं

चंद्र शेखर... सादगी...

नई दिल्ली, 17 अप्रै... शेखर के 65वें जन्म दि... भवनेश्वरी स्थित उनके... महिलाओं के लिए पा... शुरूआत की गई । इस... तकनीकी शिक्षा प्रदान की...

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की हजारों पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास लड़के/लड़कियां 35 रुपए मनिआर्डर/बैंक ड्राफ्ट भेज कर फार्म और गाईडैंस प्रासपैक्टस 30 अप्रैल तक मंगवाएं । Advance Careers, 1095/8, Islamabad, Amritsar-143002.

(Apra/38W)

मैडीकल

बैसाखी की खुशी में 50 रुपए रियायत), ताज उल हिकमत (प्रैक्टिस आफ मैडीसन), समस्त रोग पहचान, चिकित्सा द्वारा अपटूडेट एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी होम्योपैथिक, 1344पृष्ठ 150 रंगीन चित्र सजिल्द हिन्दी या उर्दू 200 रुपए (रियायत 30 अप्रैल 1991 तक 150 रुपए), पोस्टेज 15 रुपए । बी.पी. मंगाएं—निराला जोगी आयुर्वेद मासिक बिहाइंड बस स्टैंड), पानीपत ।

(Multani/54JDC)

सार्वजनिक सूचना

मेरा छोटा भाई टेक बहादर (टेक) मेरे व मेरे परिवार के सभी सदस्यों के कहने से बाहर है, अब हमारा

नाम परिवर्तन

Be it known that I, Hans Raj S/o Sh. Bishan Dass R/o Bootan Mandi, Jalandhar have changed my name to Hans Raj Mal.

कम्प्यूटर

National Computers Near Narinder Cinema, Jalandhar running special vacation courses for Matriculates only. Nominal fee. Join immediately.

ज्योतिष

जन्मपत्री या हाथ से किस्मत का हाल पूछने के लिए विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषी प्रोफैसर मेहता साहिब को मिलें, तजुर्बा 53 साल । पता : 418, अलबर्ट रोड (सामने दफ्तर नहर), अमृतसर, फोन : 26566.

(Sambhav/30C)

जमीन/जायदाद/प्लाट

खरीदें हिमाचल की सुन्दर पहाड़ियों और शांतमय वातावरण में कॉटेज व हट खरीदें । 19 से 21 अप्रैल

रखने का फिर से वायदा किया गया है । उन्होंने कहा

में अवरोध आ गया था ।

लै. जन. काला समेत 6 मिलिटैंट मरे, 7 पुलिस कर्मियों सहित 14 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टनैंट जनरल कुलवंत सिंह उर्फ काला समेत 6 मिलिटैंट मारे गए तथा पटियाला में पुलिस इंस्पैक्टर, सब-इंस्पैक्टर, 5 अन्य कर्मियों सहित 14 लोगों की हत्या हुई ।

7 पुलिस कर्मियों सहित 8 की हत्या : पटियाला (राज.): आज रात्रि यहां से 28 किलो मीटर दूर सामाना में बस स्टैंड पर और वडैच कालोनी में मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग किए जाने से 8 व्यक्ति मारे गए और 3 घायल हो गए । मृतकों में 7 पुलिस कर्मचारी भी शामिल हैं । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने आज रात्रि पहले एक हीरो होंडा मोटर साइकिल छीन कर वडैच कालोनी में अंधाधुंध फायरिंग करके 2 होमगार्डों सोहन लाल और मुख्तियार सिंह तथा एक नागरिक गुरदयाल की हत्या कर दी और 3 व्यक्तियों करनैल सिंह, बहल सिंह और जोगेन्द्र सिंह को घायल कर दिया । बाद में जब पुलिस पार्टी ने मिलिटैंटों का पीछा किया तो उन्होंने बस स्टैंड के निकट घात लगा कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करके सामाना के एस.एच.ओ. कंस सिंह, ए.एस.आई. क्लेर सिंह, हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह, ड्राइवर करतार सिंह और कांस्टेबल हरजिन्द्र की हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में दुर्दांत मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (कंतोड़): फिरोजपुर जिला के गिदड़ीवाल गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (गुरजंट गुट) का लैफ्टनैंट जनरल कुलवंत सिंह उर्फ काला मारा गया । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस. चट्टोपाध्याय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गिदड़ीवाल गांव के निकट नाकाबंदी की हुई थी कि 4 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर कुलवंत सिंह मारा गया लेकिन उसके 3 साथी बचकर भाग निकले । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल भी बरामद हुई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatan



वह जिप्सी, जिस पर बधवार रात को मिलिटैंटों ने सामाना बस अड्डे के निकट फायरिंग करके उसमें सवार 5 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी । (छाया : वर्मा)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

अंतिम संस्कार : धूरी (सिंगला): पुलिस इंस्पैक्टर कंस सिंह, जिनकी गत रात मिलिटैंटों ने सामाना में हत्या कर दी थी, का आज धूरी में सरकारी सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर अनेक नागरिक तथा पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे ।

बंद रहा : सामाना से 'वर्मा' के अनुसार कल रात यहां 7 पुलिस कर्मियों समेत 8 लोगों की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप सामाना में पूर्ण बंद रहा ।

शव मिला : रोपड़ जिला के बड़ियां गांव से कल रात मिलिटैंट हरबंस सिंह नामक एक व्यक्ति को अपहृत करके ले गए । बाद में हरबंस सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ ।

2 कारिंदों की हत्या, ठेके को आग : अहमदगढ़ (पूरी): यहां से 5 कि.मी. दूर गत रात लाटाला गांव में कुछ मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के दो कारिन्दों की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि गत रात्रि 8.30 बजे 4 मिलिटैंट एक मारुति कार में आए तथा गांव में स्थित ठेके के दो कारिंदों निर्मल सिंह व ताम्बी को जबरदस्ती ठेके से बाहर निकाला और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने बाद में ठेके को आग भी लगा दी तथा फरार हो गए । उल्लेखनीय है कि गांव लाटाला में एक पुलिस चौकी भी है, जो घटनास्थल से कुछ गज की दूरी पर ही स्थित है ।

पूर्व सांसद का पी.ए. घायल : बरनाला (सिंधवानी): पत्रकार उजागर सिंह बेदी को मिलिटैंटों ने रेलवे फाटक पर गोलियां मार कर गंभीर घायल कर दिया । श्री बेदी पूर्व अकाली सांसद राजदेव सिंह के पी.ए. भी हैं । दो आदमी उसको स्कूटर पर घर से बुला कर ले गए । जब रोड फाटक के निकट पहुंचे तो वहां खड़े मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर श्री बेदी को घायल कर दिया और भाग गए ।

महंत की हत्या : संगरूर जिला के चट्ठा शेखां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने डेरा के महंत परम मुनि की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट काबू : होशियारपुर जिला पुलिस ने जसबीर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है ।

मिलिटैंटों की तस्वीरें बिक रही हैं : तलवंडी साबो (भटिंडा) (वार्ता): पंजाब में कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बावजूद अब भिंडरांवाले और अत्याधुनिक हथियारों से लैस दर्जनों मिलिटैंटों की बड़ी-बड़ी तस्वीरों की खुलेआम बिक्री हो रही है । पटरियों पर आमतौर पर सिख गुरुओं और स्वर्ण मंदिर की फ्रेम की हुई तस्वीरें बेचने वालों ने अब सुखविन्दर सिंह संघा, जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह और अवतार सिंह ब्रह्मा की तस्वीरें बेचनी शुरू कर दी हैं । आक्रामक मुद्रा में मिलिटैंटों की तस्वीरें युवाओं को काफी आकर्षित कर रही हैं, विशेष तौर पर तूफान की तस्वीरें, जिसकी मृत्यु के बाद अकाली नेताओं ने उसे एक हीरो का दर्जा दिया था ।

हथियार ले गए : मुक्तसर से 'दर्दी' के अनुसार कल रात यहां से 20 किलोमीटर दूर भंग चढ़ी गांव में मिलिटैंट गुरदर्शन सिंह के घर में घुस गए तथा लाइसैंसी बंदूक और पिस्तौल ले गए । भागते समय मिलिटैंट गांव में स्थित शराब के ठेके में पड़ी बोतलें भी तोड़ गए ।

ट्रक ले गए : कल रात वैन में सवार कुछ लोग मुक्तसर में खालसा ट्रेनिंग कालेज की ग्राऊंड में खड़े ट्रकों में से टहल सिंह के ट्रक को स्टार्ट करके ले गए । ट्रक में कंडक्टर भी सो रहा था, जिसे बाद में नीचे उतार दिया गया । उक्त ट्रक आज भटिंडा में पड़ा मिला लेकिन उसके टायर गायब थे ।

दो लुटेरे काबू : लुधियाना (महिन्द्रा): जिला पुलिस-प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में सिटी इंस्पैक्टर श्री नरेन्द्र नाथ ने दो लुटेरों सुरेन्द्र सिंह उर्फ शांति तथा भूपेंद्र सिंह उर्फ बब्बू को गिरफ्तार किया है । अभियुक्तों से भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद किया गया । इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने लूटपाट के कई मामलों का सुराग हासिल करने का दावा किया है ।

शराब विक्रेता की हत्या : लुधियाना जिला के जरगड़ी गांव में मिलिटैंटों ने आज शाम शराब के एक ठेके पर फायरिंग करके एक शराब विक्रेता की हत्या कर दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

चंद्रशेखर का गुप्त समझौता
(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रपति अवगत : कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज दोपहर बाद राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से भेंट कर उनका ध्यान समाचारपत्रों में प्रकाशित इन समाचारों की ओर दिलाया कि प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने दर्दांत मिलिटैंटों के साथ दिल्ली में गुप्त भेंट की और उनकी कई मांगों को स्वीकार कर लिया । बताया जाता है कि श्री नरसिम्हाराव ने राष्ट्रपति को समाचारपत्रों की कतरनें और अनेक अंग्रेजी अनुवाद भी सौंपे । राष्ट्रपति का ध्यान प्रधानमंत्री के दूतों और लंदन में बैठे स्वयंभू खालिस्तानी नेता डा. जगजीत सिंह चौहान से सम्पर्क की ओर भी दिलाया गया ।

विदित हुआ है कि श्री नरसिम्हाराव ने राष्ट्रपति को बताया कि कांग्रेस (इ) प्रधानमंत्री की राष्ट्रविरोधी तत्वों के समक्ष घटने टेकने की नीति से बहुत चिंतित है । पंजाब में प्रतिदिन दर्जनों लोगों का रक्त बह रहा है और श्री चंद्र शेखर रक्त बहाने वाले तत्वों के साथ सुलह-समझौते की बातें कर रहे हैं ।

कांग्रेस (इ) अनुभव करती है कि चंद्र शेखर, जिनके अपने पल्ले कुछ नहीं है, देश की एकता और अखंडता के हितों से खेल रहे हैं और दूसरे राज्य में देश को विघटन के कगार पर पहुंचाने की तैयारियों में लगे हैं ।

एकता के प्रश्न पर कोई समझौता नहीं : शेखर
(पृष्ठ 3 का शेष)

उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझ से कई लोग मिलते-जुलते रहते हैं । मैं यह कैसे कह दूं कि मिलिटैंट मुझ से मिले हैं । मेरी उनसे कोई जान-पहचान नहीं । डा. जगजीत सिंह चौहान के बारे में पूछे जाने पर श्री चंद्रशेखर ने कहा कि मैंने या मेरे किसी राजनीतिक मित्र या किसी सरकारी अधिकारी ने श्री चौहान से कोई सम्पर्क नहीं किया ।

उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में जनता दल (स) और बहुजन समाज पार्टी के बीच सीटों के समझौते बारे बातचीत चल रही है लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हो सका है ।

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री कुलवंत सिंह के सेवानिवृत्ति से 2 हफ्ते पहले किए गए तबादले के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी राय में इस केस में कोई अनियमितता या बेइंसाफी नहीं हुई । चूंकि श्री कुलवंत सिंह सेवानिवृत्त होने वाले थे, इसलिए उनकी जगह नए मुख्य सचिव को लगाना पड़ा । कुछ पत्रकारों ने श्री चंद्र शेखर का ध्यान चौटाला सरकार के आखिरी दिनों में अलाट किए गए प्लाटों की तरफ दिलाना चाहा तो प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि मेरे पास इस संबंध में किसी ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है । मैं अखबारी खबरों के आधार पर जांच के आदेश नहीं दे सकता । उन्होंने कहा कि अगर कहीं भ्रष्टाचार हुआ है तो उसके बारे में भी सरकार को लिखित रूप से शिकायत मिलनी चाहिए, तभी जांच कराई जा सकती है ।

एक पत्रकार ने गिला किया कि कई मामलों, विशेष तौर पर पंजाब में चुनाव कराने के मामले पर मुख्य चुनाव आयुक्त एक पक्ष बन गए हैं, इस बारे में उनका क्या ख्याल है ? श्री चंद्र शेखर ने जवाब दिया कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संगठन है, मैं

पंजाब के लिए
नई दिल्ली, आफ जर्नलिस्ट की सरकारों पत्रकारों तथा उपाय करें ।

यहां कल बैठक में पारित दो दर्जन से अ अनेक घायल को पांच लाख है ।

एन.यू.जे. कराने का भी एवं चंडीगढ़ के तैयार कर रही

ईराक हथिया
विएना, राष्ट्र के अनरो में जानकारिया परमाणु ऊर्जा ने यह जानकार बताया कि वि ईराकी मिशन प्रकार तथा उन जारी किया । यह बताने से आश्चर्यजनक

पार्टी उम्म समझा
नई दिल्ली, ने कहा है कि रा कभी उम्मीदवा जाए । आयोग कोई कड़ा नियम प्रत्याशी गंभीर है, लेकिन कुछ किया जा सकता नहीं ।



श्रीमती मेनका लाख रुपये मूल्य जलाती हुई ।

वन्य जंतु की

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

Medical Store Sale in running condition. Contact : Shiv Shakti Medical Store, Sugar Mill, Chheharta, Amritsar.

For Sale : Rubber Ch...

पुस्तकें

Just out Super B.Ed. Entrance Test Guide (Panjab University), Price Rs. 50/-. Super Publication, Jalandhar.

पंजाब में 2 मिलिटैंट मरे, महंत समेत 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा डेरे के एक महंत तथा शराब के ठेके के दो कारिंदों समेत 8 लोगों की हत्या हुई ।

मुठभेड़ में एक दुर्दांत मिलिटैंट मरा : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के उमर चक गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत मिलिटैंट निरंजन सिंह उर्फ काला मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग निकला । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज मशीनगन, 4 ड्रम मैगजीन तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

एक मिलिटैंट जहर खाकर मरा : अमृतसर में कल रात सोम कुमार नामक एक मिलिटैंट ने पुलिस की हिरासत में जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उसने उस समय जहर खाया, जब पुलिस उसे हथियारों की बरामदगी के लिए लेकर जा रही थी ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिला के कच्चा बरसियां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात अमरजीत सि नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या क दी ।

हत्याकांड का विवरण : पटियाला (राज यहां से 30 किलोमीटर दूर सामाना में कल रा मिलिटैंटों ने 7 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों क गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस संदर्भ विस्तृत रिपोर्ट आज प्राप्त हुई है ।

बताया जाता है कि बुधवार रात को लगभग सात से आठ मिलिटैंटों ने सामाना में बड़ेच कालोनी मोहिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से हीरो होंडा मोट साइकिल छीन लिया तथा बस अड्डा के निकट शरा के ठेके पर तैनात दो होमगार्ड जवानों सोहन ला तथा मल्लियार सिंह की गोलियां मार कर हत्या क दी तथा ठेकेदार गुरदयाल सिंह को घायल क दिया ।

वारदात की सूचना मिलने पर एस.एच.ओ. क सिंह जिप्सी में पुलिस पार्टी को साथ लेक घटनास्थल पर पहुंचे और मिलिटैंटों का पीछ किया । सामाना बस स्टैंड से कुछ ही दूरी प झाड़ियों के पीछे से मिलिटैंटों ने ए.के. 47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे इंस्पैक्टर श्री क सिंह, ए.एस.आई. दलेर सिंह, जिप्सी ड्राइव कांस्टेबल करतार सिंह, गनमैन हरजिन्द्र सिं हैडकांस्टेबल सुखदेव सिंह तथा एक अन्य नागरि अमरजीत सिंह की मृत्यु हो गई । इस घटना में अन्य लोग टहल सिंह और जोगिन्द्र सिंह भी घायल ह गए । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा घटनास्थल का दौरा किया तथा अपराधियों व व्यापक खोजबीन के निर्देश दिए ।

पिता-पुत्र की हत्या : पटियाला जिला अमलोह थाना के अंतर्गत ब्रह्मी गांव में आधा दर्ज मिलिटैंटों ने सोहन सिंह तथा उसके बेटे उपकार सि को उनके घर से बाहर निकाल लिया और फि गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । मिलिटै घर से एक बंदूक भी ले गए । पुलिस ने केस दर्ज क लिया है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर

कश्मीर में 4 मरे, 16 अलगाववादी गिरफ्तार : अपहृत स्वीडिश नागरिकों की तलाश जारी

श्रीनगर, 18 अप्रैल (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में गत 24 घंटों के दौरान एक अलगाववादी मारा गया, 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा सुरक्षा बलों द्वारा 16 संदिग्ध अलगाववादी गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि अपहृत स्वीडिश इंजीनियरों का आज भी कोई सुराग नहीं मिल सका ।

आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार उत्तर कश्मीर के जिला कुपवाड़ा में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक पाक प्रशिक्षित अलगाववादी मारा गया । उसके कब्जे से 2 ए.के. 47 राइफलें, उनकी 2 मैगजीनें, 5 राकेट, 11 राकेट बस्टर, एक चीनी पिस्तौल, उसकी एक मैगजीन, एक हथगोला व अन्य विस्फोटक बरामद हुए ।

प्रवक्ता के अनुसार कल श्रीनगर में अल-बर्क नामक अलगाववादी संगठन के स्वयं-भू ग्रुप कमांडर व पाकिस्तान में प्रशिक्षित 4 अलगाववादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2 पाक प्रशिक्षित अलगाववादियों सहित 6 अलगाववादियों को आज जिला कुपवाड़ा में से काबू किया गया ।

इन स्वीडिश इंजीनियरों की खोज में सुरक्षा बलों ने समूची घाटी में संदिग्ध अलगाववादियों के ठिकानों पर छापामारी तेज कर दी है । वार्ता को पाकिस्तान समर्थक पीपल्स लीग के अलगाववादी संगठन मुस्लिम जांबाज फोर्स ने 18 दिन पहले अपहरण कर लिया था ।

स्वीडिश के इन दोनों इंजीनियरों को रिहा करने की आखिरी समय सीमा 18 अप्रैल को बीत गई है । अलगाववादियों ने धमकी दी है कि दोनों को वे अब किसी भी समय मार डालेंगे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बड़गाम जिले के अतिना गांव में सुरक्षाबलों ने आज तड़के मोहम्मद दर नामक व्यक्ति की लाश बरामद की है ।

पुलवामा जिले के एक फार्म से कल अज्ञात बंदूकधारियों ने एक लाख 40 हजार रुपए लूट लिए । लेकिन पुलिस ने तुरन्त सक्रिय होकर यह समूची रकम एक खेत से बरामद कर ली ।

उग्रवादियों ने बारामूला जिले में पंजनर के निकट दंगरपुरा में अब्दुल अहमद नामक एक व्यक्ति की तथा पुलवामा जिले के सेख में बशीर अहमद नामक एक व्यक्ति की कल गोली मार कर हत्या कर दी ।

हबाल और अनन्तनाग में पिछली शाम कश्मीरी पंडितों के दो बंद मकान मामूली रूप से जल गए ।

Punjabi Sanatan

जबकि राष्ट्रपति पंजाब में चुनाव करवाने के पक्ष में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

शासनकाल में राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद



Punjabi Sahatani

पटियाला जिला के सामाना नगर में मिलिटैंटों ने बुधवार रात को 7 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी तथा 2 अन्य लोगों को घायल किया था । चित्र में (1) मृतक पुलिस इंस्पैक्टर कंस सिंह, (2) ए.एस.आई. वलेर सिंह, (3) ड्राईवर कांस्टेबल करतार सिंह, (4) कांस्टेबल हरजिन्द्र सिंह, (5) हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह, (6) होमगार्ड जवान सोहन लाल, (7) होमगार्ड जवान मुख्तियार सिंह तथा (8) एक अन्य नागरिक अमरजीत सिंह के शव, (9) घायल टहल सिंह तथा (10) जोगिन्द्र सिंह, जोकि अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : राज)

पंजाब में 2 मिलिटैंट मरे, महंत समेत 8 लोगों की हत्या

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुट संघर्ष में मरा : गुट संघर्ष की एक घटना में मिलिटैंट मेजर सिंह को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गत रात अमृतसर जिले के मन्नावाला ड्रेक के पास मार डाला ।

2 लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव बचीविंड में जगीर सिंह व रेशम सिंह नामक दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

3 कांस्टेबलों की हत्या : मिलिटैंटों ने आज प्रातः अमृतसर जिले के गांव वल्ला में तीन पुलिस कांस्टेबलों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त पाल सिंह, जसवीर सिंह तथा इन्द्रजीत सिंह के रूप में की गई है ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले में ब्यास थाना के अंतर्गत गांव खल्लियां के निकट मुकाबले के बाद पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनकी शिनाख्त कृपाल सिंह, सुरत सिंह, रणजीत सिंह, सज्जन सिंह तथा सतनाम सिंह के रूप में की गई है । गिरफ्तार मिलिटैंटों के पास से 2 एच.ई. हैंडग्रेनेड, एक सैल्फ लोडिंग राइफल, एक 12बोर की बंदक तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात होशियारपुर जिले के बशौरी गांव में एक व्यक्ति भूपिन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

घर से शव मिला : होशियारपुर (वार्ता): होशियारपुर की सुभाष नगर आबादी में आज एक व्यक्ति का शव उसके घर में पाया गया । मृतक की शिनाख्त कृष्ण लाल वाल्मीकि के रूप में की गई है ।

सोने की तस्करी करने वाले पाकिस्तानी को 3 साल की कैद

नई दिल्ली, 19 अप्रैल (वार्ता): दिल्ली के एक न्यायालय ने एक पाकिस्तानी नागरिक को तीन साल के सख्त कारावास की सजा सुनाई है । उसके पास से 71 सोने के बिस्कट बरामद किए गए थे ।

पंजाब में चुनाव स्थगित

(पृष्ठ 3 का शेष)

नामांकन पत्र भरे गए । दक्षिणी राज्यों में कर्नाटक में सबसे अधिक 34 तथा आंध्रप्रदेश में 30 नामांकन पत्र भरे गए । तमिलनाडु में 28 उम्मीदवारों ने तथा केरल में 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए । केंद्र शासित क्षेत्र पांडिचेरी से 18 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र भरे ।

पंजाब में चुनावों की पृष्ठभूमि : पंजाब में लगभग एक दशक पूर्व मिलिटैंसी की शुरूआत होने के बाद से राज्य में लोकसभा के लिए तीसरी बार और विधानसभा के लिए दूसरी बार चुनाव होने जा रहे हैं ।

पिछली दो लोकसभा चुनावों में अकाली दल एक प्रमुख शक्ति के रूप में सामने आया था । 1985 के चुनाव में अकालियों ने 13 संसदीय सीटों में से सात जीती थी और 1989 में इसकी संख्या बढ़कर 10 हो गई । इनमें से चार इसके सहयोगियों ने जीती थी तीन निर्दलीय तथा एक बहुजन समाज पार्टी द्वारा जीती गई ।

1985 के विधानसभा चुनाव में 117 में से 73 सीटें जीत कर पहली बार अकाली दल स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में आया था । लेकिन 1988 में विधानसभा भंग कर दी गई ।

राज्य में 1989 के लोकसभा चुनावों पर देश भर में व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी । अधिकांश राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया था कि इन चुनावों के परिणाम मिलिटैंटों के भय और धमकियों से प्रभावित थे । इसी चुनाव के दौरान बर्खास्त आई.पी.एस. अधिकारी सिमरनजीत सिंह मान राष्ट्रीय राजनीति में एक हस्ती बन गए । मगर आश्चर्य की बात तो यह थी कि मिलिटैंसी के साये में हुए इस चुनाव में राज्य भर में किसी प्रकार की हिंसा नहीं हुई ।

1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस (इ) दो और जनता दल एक सीट जीतने में सफल रहे थे । इस चुनाव में जनता दल के वरिष्ठ नेता चौ. देवी लाल को फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से अकाली दल (मान) के समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवार ध्यान सिंह मंड के हाथों 80,000 वोटों से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था । चौ. देवी लाल तीसरे स्थान पर रहे । हालांकि श्री देवी लाल हरियाणा में रोहतक और राजस्थान में सीकर सीटों से जीतने में सफल रहे थे ।

पिछले चुनावों में खालिस्तान लिबरेशन आर्गनाइजेशन के नेता अतिन्दर पाल सिंह (पटियाला) और इंदिरा गांधी के दो हत्यारों में से एक बेअन्त सिंह की विधवा बिमल कौर खालसा (रोपड़) तथा पिता बाबा सुच्चा सिंह (भटिंडा) भी निर्वाचित हुए थे । बिमल कौर खालसा 1985 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार की हैसियत से हार गई थी ।

इस चुनाव का एक अन्य उल्लेखनीय पहलू यह था कि भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों प्रकाश सिंह बादल और सुरजीत सिंह बरनाला के नेतृत्व वाले पारम्परिक अकाली नेतृत्व को जनता ने पूरी तरह नकार दिया । अधिकांश चुनाव क्षेत्रों में उनके उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए ।

इस चुनाव के दौरान भागलपुर जेल में गिरफ्तार श्री सिमरनजीत सिंह मान तरनतारन चुनाव क्षेत्र से चार लाख से भी अधिक मतों से विजयी घोषित हुए थे । लेकिन तलवार लेकर सदन में प्रवेश करने को मुद्दा बना कर उन्होंने लोकसभा में जाने से इन्कार कर दिया । लोकसभा अध्यक्ष द्वारा कई बार उनकी मांग रद्द किए जाने के बाद गत वर्ष 12 अक्तूबर को श्री मान ने लोकसभा से त्यागपत्र दे दिया ।

लेकिन श्रीमती बिमल कौर खालसा और श्री राजदेव सिंह द्वारा श्री मान के पीछे चलने से इन्कार के साथ ही अकाली दल (मान) में दरारें सामने आने लगी । वे दोनों लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने वाले पहले लोगों में से थे । बाद में श्री राजदेव सिंह ने श्री मान से अलग होकर अकाली दल (पंथक) नाम से अपनी पार्टी बना ली ।

इसी प्रकार जेल में रह कर मिलिटैंटों के समर्थन से चुनाव जीतने वाले अतिन्दर पाल सिंह ने भी श्री मान को नेता मानने से इन्कार कर दिया और उन पर इंदिरा गांधी की हत्या के मामले की जांच में तत्कालीन कांग्रेस (इ) सरकार की मदद करने का आरोप लगाया ।

पिछली लोकसभा के पहले सत्र के तत्काल बाद अकाली दल (मान) को एक धक्का लगा जब फरीदकोट चुनाव क्षेत्र से निर्वाचित जगदेव सिंह खुड्डिया की रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर दी गई ।

पिछली लोकसभा भंग होने के समय तक सदन में अकाली (मान) के केवल तीन सदस्य बचे थे, इसके अलावा उनके द्वारा समर्थित तीन निर्दलीय और एक बहुजन समाज पार्टी का सदस्य था ।

बहरीन के उप-वाणिज्य दूत की अपहृत लड़की मिल गई

बम्बई, 19 अप्रैल (प.स.): बहरीन के उप-वाणिज्य दूत जफर हुबैल की 5 वर्षीय पुत्री बेदाद, जिसका कल एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके



सालों से जनता के अनथक सेवक
जालंधर नगर निगम वार्ड नं. 16
से कांग्रेस (आई) के उम्मीदवार
पिशौरी लाल चड्ढा
को अपना कीमती वोट देकर
कामयाब बनाएं



हाथ का निशान
चुनाव चिन्ह

उनकी कामयाबी आपकी अपनी कामयाबी है
जारीकरदा : शोरी टेलर्ज, नया बाजार, जालंधर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टैलीफोन

Punjab Kesari

नगर [illegible] प्रतिनि[illegible]

अमृतसर, [illegible] कमेटी (इ) अ[illegible] कांसरा, जो न[illegible] और श्री अशो[illegible] कि वे एक प्रति[illegible] आयुक्त से भें[illegible] उन्हें अवगत [illegible] दूर हो सकें [illegible] टूटी-फूटी हैं, पी[illegible] उचित प्रबन्ध [illegible]

सिख [illegible]

चंडीगढ़, [illegible] सिख गुरुद्वारा[illegible] तीन सदस्यीय[illegible] उच्च न्यायाल[illegible] श्री हरबंस सिं[illegible] ट्रिब्यूनल के प[illegible] वर्षों में ट्रिब्यू[illegible] थीं । सरका[illegible] भंग किया है [illegible]

वेश्याओं [illegible] को म[illegible]

नई दिल्ली[illegible] उद्धार सभा ने[illegible] से अनुरोध [illegible] वेश्याओं और[illegible] मतदान का अ[illegible] खैराती लाल भ[illegible] किया कि जन[illegible] उनके बच्चों [illegible] वेश्याओं और[illegible] हैं । इसलिए [illegible] चाहिए ।

श्री भोला[illegible] के कोठे पर रा[illegible] सदस्यों के नि[illegible] है । चांदनी [illegible] आज ही निर्म[illegible] किया है, जिसमें[illegible] जबकि वह 5[illegible] में दिल्ली के[illegible] निर्वाचन अधि[illegible] सम्बाददाताओं[illegible] निम्मी बाई के[illegible] है, जबकि प्रमा[illegible] शरीफन दर्शा[illegible]

मुलाय[illegible] भाज[illegible]

बदायूं (उ.प्र[illegible] के मुख्यमंत्री ए[illegible] मुलायम सिंह य[illegible] भारतीय जनता[illegible] और बेरोजगार[illegible]

परिषद में शामिल न किए जाने की सम्भावना है ।

शुरू कर दी ताकि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके ।

न्यायालय की शरण लेने में काफी देर हो चुकी है ।

हैं ।

9 सुरक्षा कर्मियों, भाजपा नेता सहित 20 लोगों की हत्या 'बी' श्रेणी के भाई फूला सिंह समेत पांच मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 19 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में हुई विभिन्न वारदातों में राज्य भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी के सदस्य श्री केदारनाथ तथा नौ सरक्षा कर्मियों सहित 20 लोगों की हत्या कर दी जबकि 'बी' श्रेणी के दुर्दांत मिलिटैंट भाई फूला सिंह सहित 5 मिलिटैंट भी मारे गए ।

6 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' तथा धुरी से 'जैन' व 'सिंगला' के अनुसार गत रात मिलिटैंटों ने जिला संगरूर में 2 विभिन्न घटनाओं में बी.एस.एफ. के 4 जवानों सहित 6 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी ।

इस संबंध में प्राप्त विस्तृत सूचना के अनुसार एक पुलिस पार्टी थाना शेरपुर के गांव गातरा के पास गश्त पर जा रही थी कि गांव के स्कूल में छुप पर बैठे मिलिटैंटों ने घात लगा कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप हैड कांस्टेबल बलजीत सिंह तथा सावन सिंह मौके पर ही मारे गए तथा 3 अन्य सिपाही बलविंदर सिंह, जसपाल सिंह तथा वामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

इस घटना के बाद स्कूल में छुपे हुए मिलिटैंट फरार हो गए । इस घटना के बारे में जब पुलिस व बी.एस.एफ. को सूचित किया गया तो बी.एस.एफ. के जवानों ने मिलिटैंटों का पीछा किया । कुछ दूर जाकर इन मिलिटैंटों का बी.एस.एफ. के जवानों से मुकाबला हुआ । मिलिटैंटों ने फायरिंग करके चार जवानों को मार डाला तथा एक अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया । मृतक जवानों की शिनाख्त लखबीर सिंह, भगवती प्रसाद, दया सिंह तथा रोशन लाल के रूप में हुई है । नामदेव सिंह नामक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया है ।

ठेका जला दिया : **संगरूर से लगभग** 20 कि.मी. दूर गांव नदामपुर में मिलिटैंटों ने गत रात एक शराब के ठेके को जला दिया और इसमें पड़ी बोतलें फोड़ दीं ।

भाजपा नेता की हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार आज बाद दोपहर लगभग 1.20 बजे स्थानीय गुरुद्वारा चौक में मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग कर गुरुनानक मशीनरी स्टोर के मालिक तथा भूतपूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष श्री केदारनाथ गोयल की हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति भागीरथ लाल को घायल कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार दो मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर गुरु नानक मशीनरी स्टोर नामक उक्त दुकान पर आए और इसके मालिक श्री केदारनाथ की हत्या करने के बाद स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

घटना की सूचना मिलते ही पूरा मानसा शहर बंद हो गया । पुलिस घटनास्थल पर तीन घंटा बाद पहुंची ।

अपहृत बच्चा रिहा : धुरी से बनवारी के अनुसार यहां के एक प्रसिद्ध उद्योगपति श्री मंगलसेन के 6 वर्षीय पोते सतीश कुमार नन्नू को मिलिटैंटों ने रिहा कर दिया है । मिलिटैंट उसे गत रात लगभग 7.30 बजे छोड़ गए ।

भाई फूला सिंह मारा गया : बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार 'बी' श्रेणी का मिलिटैंट भाई फूला सिंह, जोकि एरिया कमांडर था तथा आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (रणजीत सिंह बिट्टू) से संबंधित था, ने आज तड़के 5.30 बजे पुलिस के घेरे में आने पर सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली । कल भूतपूर्व सांसद राजदेव सिंह के पी.ए. उजागर सिंह बेदी पर फायरिंग के संबंध में एस.पी. आप्रेशन श्री राजपाल मीना के नेतृत्व में पुलिस व अर्द्ध-सैनिक दस्तों ने जब आज तड़के यहां से 3 कि.मी. दूर छोटे सुरजीत पुरा में एक घर में छापा मारा तो आंगन में खड़ा 28 वर्षीय फूला सिंह यह समझ कर पिछले दरवाजे से खेतों में भाग निकला कि शायद पुलिस उसे ही पकड़ने आई है । जब डेढ़ किलोमीटर तक दौड़ने के बाद वह थक गया तो उसने कालर में रखा सायनाइड चख कर आत्महत्या कर ली । वह उस समय दम तोड़ गया जब उसे बरनाला अस्पताल लाया जा रहा था ।

7 व्यक्तियों की हत्या : पटियाला (राज): इस जिले के दो गांवों में हुई विभिन्न घटनाओं में गत रात 7 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई तथा दो अन्य को घायल कर दिया गया । मृतकों में एक पति-पत्नी भी शामिल हैं । रात के लगभग 8.20 बजे 3 सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना बस्सीपठाना के गांव वडाली आला सिंह में शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके चरन सिंह निवासी गांव बल्हेरीकलां, जोगिन्दर सिंह निवासी ब्राह्मण माजरा (दोनों बाजीगर), सतिन्दर सिंह निवासी बोरां, प्रीतम सिंह निवासी गांव इशर अली थाना सरहिंद तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी । दो व्यक्ति बलविन्दर सिंह निवासी गांव रामपुर तथा जसपाल सिंह निवासी गांव महमूदपुर सोढिया गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें यहां राजेन्द्रा अपस्ताल में भर्ती किया गया है ।

एक अन्य घटना में गांव खेड़ी मेहमां (थाना मुलेपुर) में लगभग आध दर्जन सशस्त्र व्यक्ति एक व्यक्ति केवल कृपाल सिंह के घर में आए तथा उसका, उसकी पत्नी लखविन्दर कौर और पुत्र तेजिन्दर सिंह का अपहरण कर खेतों में ले गए । जहां उन्होंने पति-पत्नी की गोली मार कर हत्या कर दी परन्तु उनके लड़के को छोड़ दिया । इसके बाद मिलिटैंट एक व्यक्ति जसविंदर सिंह से उसका ट्रैक्टर छीन कर फरार हो गए । गांव से थोड़ी दूरी पर वे ट्रैक्टर छोड़ गए ।

उल्लेखनीय है कि इस जिले में गत 2 दिनों में 17 लोगों की हत्या की जा चुकी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार खेड़ी मेहमां की घटना मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष का परिणाम है तथा केवल कृपाल सिंह एक मिलिटैंट जगजीत सिंह उर्फ बिल्ला का शरणदाता था, जो पट्टी (जिला होशियारपुर) का एक खतरनाक मिलिटैंट है ।

2 लुटेरे मरे : दोराहा (आनंद): यहां से लगभग 3 कि.मी. दूर गांव डुम के पुल के निकट पुलिस के साथ आज प्रातः हुए एक मुकाबले में 2 लुटेरे मारे गए । थाना पायल के एस.एच.ओ. मलकीयत सिंह के अनुसार उनके नेतृत्व में आज एक पुलिस पार्टी ने डुम के पुल पर नाका लगाया हुआ था कि प्रातः तीन बजे तीन व्यक्ति एक स्कूटर पर आते दिखे । उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो रुकने की बजाय स्कूटर छोड़ कर उन्होंने पोजीशनें ले लीं और पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों तरफ से लगभग आध घंटे तक गोलियां चलती रहीं । फायरिंग बंद होने के बाद पुलिस द्वारा क्षेत्र की छानबीन करने पर दो लाशें मिलीं । उनके पास से एक 32 बोर की पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा एक लाख 96 हजार 400 रुपए नकद मिले । पुलिस के अनुसार मृतक लुटेरे थे । उनका तीसरा साथी फरार होने में सफल हो गया ।

मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने रोपड़ जिला के पल्हारी गांव में गत रात एक मिलिटैंट को मार गिराया । मृतक के पास से एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sampada

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

दो मिलिटैंटों ने आज यहां से 30 कि.मी. दूर घनौरी खेड़ा गांव में गोली मार कर दो भिखारियों की हत्या कर दी जबकि एक अन्य भिखारी को गम्भीर घायल कर दिया । घायल भिखारी को यहां राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

इसी गांव में गत दिसम्बर में गैस टैंकर विस्फोट से कई लोग मारे गए थे तथा सम्पत्ति का भी भारी नुक्सान हुआ था । मिलिटैंटों ने पहले गांव वालों को इकट्ठे करके उनमें राहत बांटी । जब वे गांव से जा रहे थे तो तीन भिखारियों ने भी उनसे राहत की भीख मांगी, जिसका जवाब उन्होंने गोलियों से दिया ।

मिलिटैंट मरा : मिलिटैंट गुटों के आपसी संघर्ष में एक मिलिटैंट बलदेव सिंह को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गत रात रोपड़ जिले में मकराना गांव के निकट गोली मार कर मार डाला ।

Parties Interested in setting up Rolling Mill.
Contact :
DEE KAY ASSOCIATES
3/18A,
Chandigarh.

परमात्मा न करे

यदि आप या आपका कोई मित्र



अकाली संसदीय बोर्ड गठित

(पृष्ठ 1 का शेष)

गम्भीर परिणाम भी निकल सकते हैं ।

पता चला है कि पुराने अकाली दल (ब) व अकाली दल (ल) के नेता तथा कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह मान के दल से अलग होकर अकाली दल (ब) को पुनः जीवित करने के मूड में हैं । इस बारे अकाली नेताओं में विचार-विमर्श भी जारी है ।

राजधानी के राजनीतिक पर्यवेक्षकों का विचार है कि मान पर रोडे परिवार का काफी दबाव है, इसीलिए ही उन्होंने इस संसदीय बोर्ड में किसी पुराने अकाली नेता को शामिल नहीं किया है । पुराने अकाली नेता इस पासले पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं कि क्यों न श्री बादल व दिवंगत संत हरचंद सिंह लौंगोवाल के समर्थक मिल कर कोई एक अकाली दल पुनर्जीवित कर लें ।

उल्लेखनीय है कि अकाली दल (ल) व अकाली दल (ब) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को अभी तक अपना-अपना दल भंग कर देने के बारे में लिखित रूप से बकायदा सूचित नहीं किया है । इसलिए नया अकाली दल तराजू अथवा तीर कमान में से किसी एक चुनाव निशान का अपने लिए चयन कर सकता है ।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व प्रधान गुरचरण सिंह टोहरा ने इच्छा व्यक्त की है कि वह अब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना चाहते हैं । इसलिए सम्भव है कि वह आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में अकाली प्रत्याशियों के प्रचार अभियान में सक्रिय रूप से भाग न ले सकें । मगर उनकी यह इच्छा भी है कि जिला पटियाला में उनके कुछ समर्थकों को श्री बादल अपनी पार्टी का टिकट अवश्य दें ।

इसी दौरान अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मजीठ गुट) के वरिष्ठ सचिव भाई सर्बजीत सिंह सोहले ने आज यहां सिमरनजीत सिंह मान व प्रकाश सिंह बादल से अलग-अलग मुलाकात के दौरान उनके साथ चुनाव लड़ने बारे बातचीत की ।

अब सभी अकाली नेताओं की निगाहें दिल्ली की तरफ लगी हुई हैं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त टी.एन. शेषन पंजाब में मतदान कराने के लिए कौन-सी तिथि निश्चित करते हैं । पंजाब के कई राजनीतिक दल भी अनुभव करते हैं कि अगर मतदान 20 जून को ही होना है तो इसके लिए 2 माह तक प्रचार पर व्यय करना बेहद कठिन हो जाएगा । सरकार के लिए भी इतने लम्बे समय तक प्रत्याशियों को सुरक्षा उपलब्ध कराना कठिन होगा ।

पता चला है कि पंजाब सरकार भी केंद्र सरकार से सिफारिश करके पंजाब बारे चुनावों का नया कार्यक्रम घोषित करवाना चाहती है ।

SHED FOR SALE
Shed Covered Area

हम ने पांच प्रत्याशी खड़े करने बारे अभी फैसला नहीं किया : टक्कर

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वि.प्र.) : हरियाणा अकाली दल के नेता करतार सिंह टक्कर ने कहा है कि उनकी पार्टी ने डबवाली, सिरसा, नग्गल, जुंडला व फतेहाबाद से अपने पांच प्रत्याशी खड़े किए जाने की पार्टी नेतृत्व से सिफारिश की है । इस बारे कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया । उन्होंने कहा है कि राज्य में दीदार सिंह व गुरदेव सिंह जैसे नेताओं का कोई राजनीतिक महत्व नहीं है ।

Punjab Kesari

तथा असैम में चुनाव कराए जाने के बारे में सभी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

फैसला किया है ।

पार्टी ने घोषणा की है कि प्रत्येक विधानसभा सीट

सदस्य के रूप में शामिल नहीं किया गया है । जिसके

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में 2 भिखारियों सहित 9 लोगों की हत्या, 7 मिलिटैंट व 2 घुसपैठिए भी मारे गए

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में मिलिटैंटों ने 2 भिखारियों सहित 9 लोगों की हत्या कर दी जबकि 7 मिलिटैंट तथा 2 घुसपैठिये भी मारे गए ।

3 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले में गत रात झब्बाल रोड़ पर बोहारू पुल के निकट तीन मिलिटैंटों को उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा गोली मार कर मार डाला गया । मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त केहर सिंह, कलवंत सिंह तथा दिलबाग सिंह के रूप में की गई है । पुलिस ने बताया कि यह तीनों अवैध शराब निकालने के धंधों में संलिप्त थे तथा हत्या से पूर्व इनका अमृतसर शहर से अपहरण किया गया था ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : गुट संघर्ष की ही एक अन्य घटना में एक मिलिटैंट गरमेल सिंह की उसके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा गत रात अमृतसर जिले के सुल्तानविंड क्षेत्र में गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

महंत व उसके पुत्र की हत्या : महंत अजीत सिंह व उसके पुत्र महेन्द्र सिंह की गत रात अमृतसर जिले के सुल्तानविंड क्षेत्र में हत्या कर दी गई । उनकी लाशें आज सुबह एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के बाग में आम के पेड़ों से लटकती पाई गई ।

गुट संघर्ष में दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले में कल रात सुल्तानविंड नाले के पास आपसी संघर्ष में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के छः खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

हत्या : इसी बीच आज सवेरे अमृतसर जिले के ही सुल्तानविंड क्षेत्र में मिलिटैंटों ने नत्था सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

चौकीदार की हत्या : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले में जंडियाला थाना के गांव जोगा सिंह में एक पनसप डिपो के चौकीदार कुंदन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वार्ता के अनुसार मृतक का नाम खेल सिंह है ।

एक अन्य हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले के गांव नेपाल में परमजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । उसकी गोलियों से छलनी लाश आज गांव के बाहर बरामद हुई है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज बाद दोपहर डेढ़ बजे थाना सरहाली के गांव रड़ेल-चहल में से मिलिटैंट एक व्यक्ति देवी सिंह को मारुति कार में अपहरण कर ले गए ।

घर से बाहर बुला कर हत्या : आज आना बेरा वाल के गांव बड़िंग में 2 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुरबचन सिंह के घर में ठहरे एक अन्य व्यक्ति सुबा सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुबा सिंह को घर से बाहर निकाल कर गोली मारी गई । घटना स्थल पर छोड़े गए एक नोट में कहा गया है कि यह व्यक्ति धार्मिक स्थलों का अपमान करता था और सिखी का गलत प्रचार करता था ।

घायल किया : मिलिटैंटों ने रोपड़ जिले में ही एक अन्य घटना में गत रात दातारपुर गांव में एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

2 घुसपैठिए मरे : सरहद बलों ने गरदासपुर जिले में भारत-पाक सीमा के डेरा बाबा नानक सैक्टर में तीन अज्ञात पाकिस्तानी घुसपैठियों में से दो को मार गिराया ।

मार्क्सी वर्कर की हत्या : सुनाम तहसील के एक गांव शाहड़ में करतार सिंह नामक एक मार्क्सी कार्यकर्ता की आज सुबह मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

हिंदू शिव सेना नेता के घर पर फायरिंग : नाभा (सुशील): गत रात स्थानीय थाना सदर के गांव बीनाहेड़ी में पंजाब हिंदू शिव सेना के संगठन सचिव श्री हेमराज मंगला के निवास पर अज्ञात मिलिटैंटों ने फायरिंग की पर श्री मंगला व उनके अंगरक्षक की ओर से जवाबी फायरिंग के कारण कोई हताहत नहीं हुआ । श्री मंगला ने उच्चाधिकारियों से समुचित सुरक्षा की मांग की है ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला पुलिस के अनुसार गत रात्रि पुलिस ने थाना ढिलवां के अंतर्गत गांव नूरपुर जट्टां के निकट नाकाबंदी के दौरान एक मारुति कार सवार प्रीतम सिंह उर्फ काला वासी संगोजला से एक 12 बोर पिस्तौल गोलियों सहित बरामद करके उसे गिरफ्तार किया है । यह मारुति कार न. पी.सी.वी. 1401 भूतपूर्व विधायक रघुबीर सिंह की कोठी के बाहर से गत चार अप्रैल को चोरी हुई थी । प्रारंभिक पूछताछ में प्रीतम सिंह उर्फ काला ने एक फोर्ड ट्रैक्टर भी बरामद करवाया है जोकि 30.10.90 को थाना करतारपुर के गांव सराएखास के दलीप सिंह के डेरा से अज्ञात व्यक्ति छीन कर ले गए थे ।

राइफल छीनी : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात यहां से 25 कि.मी. दूर गांव धौला में महेन्द्र सिंह के घर से एक राइफल व कारतूस छीन लिए ।

2 भिखारियों की हत्या : पटियाला (राज):

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

उतरेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा का मुख्य मुद्दा राष्ट्रीय एकता व अखंडता रहा है और भाजपा देश में गत 44 वर्षों से चले आ रहे एक पार्टी के शासन से जनता को छुटकारा दिलाना चाहती है । वह आज स्थानीय कटड़ा जैमल सिंह में भाजपा के चुनाव-अभियान का शुभारम्भ करते हुए एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे ।

राजनीतिक स्तर पर अन्याय होता रहे । उन्होंने कहा कि भाजपा के आलोचकों के पास क्या जवाब है कि जब शहाबुद्दीन अथवा अन्य मुस्लिम नेता मुस्लिम हितों की बात उठाएं तो कोई उन्हें साम्प्रदायिक कहने का साहस नहीं करता, परन्तु जब भाजपा देश के बहुसंख्यक समाज के हितों की बात उठाती है तो उसे

(शेष पृष्ठ 8.पर)

पंजाब में 7 मिलिटैंट मरे, 7 व्यक्तियों की हत्या, 35 दिन के बच्चे समेत 5 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 5 मिलिटैंट मारे गए, 7 लोगों की हत्या हुई तथा 35 दिन के एक बच्चे समेत 7 व्यक्तियों का अपहरण हुआ ।

गुट संघर्ष में सरपंच मरा : तरनतारन पुलिस जिला के लालू घुम्मन गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरपंच लोकनाथ की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने सरपंच को उसके घर से बाहर बुलाया तथा गोलियां मार कर भाग गए । पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के बर्ज गांव में कल रात तरलोचन सिंह नामक एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक मैगजीन भी बरामद हुआ है ।

महिला की मौत : मजीठा पुलिस जिला के सठियाला गांव के निकट मिलिटैंटों ने एक कार पर फायरिंग की, जिससे कार में सवार एक महिला इंद्रजीत कौर की मृत्यु हो गई तथा उसका ससुर अजीत सिंह घायल हो गया । ये दोनों बयास में स्थित राधास्वामी डेरे पर जा रहे थे ।

गिरोहों की आपसी लड़ाई में मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव मानेके में एक मिलिटैंट निर्मल सिंह की मिलिटैंटों ने गिरोहों के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

मैं मौत से डरता हूं : चंद्र शेखर

वाराणसी, 21 अप्रैल (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने आज काशी की जनता के सामने अपने दिल की बात स्वीकार की कि वह मौत से डरते हैं । श्री चंद्र शेखर ने आज यहां एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि "मैं खुद मौत से डरता हूं, दूसरों की मौत देख कर दहल जाता हूं । मौत चाहे, मिलिटैंट की गोली से हो, चाहे पुलिस की गोली से हो, मौत मौत ही है ।" उन्होंने लोगों से हिंसा छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या का समाधान आपसी बातचीत से ज्यादा अच्छा होता है ।

मिलिटैंटों से बातचीत से सरकार संतुष्ट

नई दिल्ली, 21 अप्रैल (वार्ता): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर तथा पंजाब के राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा द्वारा कुछ मिलिटैंट संगठनों से की गई बातचीत से सरकार संतुष्ट है । इससे पूर्व इस प्रकार के समाचार मिले थे कि सीमा पार से मिलिटैंटों पर यह दबाव डाला जा रहा है कि वे राज्य में चुनावों के दौरान तोड़-फोड़ करें ।

सूत्रों ने आज बताया कि तीन मिलिटैंट गुट 17 तथा 19 अप्रैल के मध्य श्री चंद्र शेखर से मिले थे, जिसके दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि अगर वे हिंसा रोक दें तो सरकार उनकी कुछ उचित शिकायतें दूर करने के लिए तैयार है । सूत्रों के अनुसार चंद्र शेखर पंजाब समस्या के समाधान हेतु किसी से भी बातचीत के लिए तैयार थे और उन्होंने सिमरनजीत सिंह मान से मिलने के पश्चात इस संबंध में प्रयत्न करना छोड़ा नहीं था, हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने उनकी आलोचना भी की थी ।

सरकार को पता चला कि मिलिटैंट गुटों में भी काफी मतभेद हैं और कुछ संगठन सरकार से वार्ता के इच्छुक हैं । सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान स्थित

...ग के निर्देशों के बावजूद तबादले

...ल (अश्विनी): चुनाव ...तबादलों पर लगाई गई ...सरकार के अधीन कुछ ...यों के तबादले कर दिए

...6 अप्रैल को दूर संचार ...चीफ जनरल मैनेजर ने ...फोन विभाग के लगभग ...नियरों के तबादले कर ...अधिकारियों में आठ ...अभियंता स्तर के वे ...जिन्हें पदोन्नत करके ...दिया गया था ।

...द्वारा जारी किए गए ...अनुसार होशियारपुर ...श्री करतारा राम को ...) पटियाला, जालंधर के ...) श्री जी.एस. गिल को ...होशियारपुर, चंडीगढ़ के ...न) श्री बलदेव सिंह को ...) जालंधर व श्री के.एल. ...) सी.ओ. अम्बाला को डिवीजनल इंजीनियर (फोन) चंडीगढ़ तबदील कर दिया गया है ।

इसके अलावा चीफ जनरल मैनेजर ने पदोन्नत किए गए अधिकारियों सर्वश्री ए.एस. तोखी को डिवीजनल इंजीनियर (फोन) लुधियाना, आर.एस. संघा को डिवीजनल इंजीनियर (फोन) फिरोजपुर, मुख्तयार सिंह को डिवीजनल इंजीनियर (फोन) अमृतसर, जे.सी. सिंगल को ए.जी.एम. (एस.पी.) सी.ओ. अम्बाला, किशोरी लाल को डी.ई.पी. चंडीगढ़, एच.बी. शर्मा को डी.ई.पी. लुधियाना, एस.के. बोहरा को डी.ई.पी. पटियाला, एस.एस. भाटिया को डी.ई.पी. जालंधर में तैनात करने के आदेश भी जारी किए हैं ।

मिलिटैंटों द्वारा पंजाब में चुनावों पर विचार

रोपड़, 21 अप्रैल (वार्ता): अकाल फैडरेशन ने आज कहा कि विभिन्न मिलिटैंट संगठन राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सभी पहलुओं पर गम्भीरता से सोच-विचार कर रहे हैं । एक प्रैस विज्ञप्ति में फैडरेशन ने कहा है कि मिलिटैंट संगठन चुनाव मामले पर शीघ्र ही एक सामूहिक निर्णय लेंगे और इसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित बनाएंगे । फैडरेशन द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति, जिस पर भाई कंवर सिंह के हस्ताक्षर हैं, में कहा गया है कि चुनाव

...ताब भाजपा की बैठक ...में पंजाब के चुनावों के ...समन्वित नीति बनाने ...'खालिस्तान' तथा ...हैं ।

...होगा अगर यह सब ...ल कर एक समन्वित ...ा नहीं हो पाता है ...दिनों में अपना कोई

...ा चुनावों में भाग लेने ...। राज्य शाखा पर ही ...डवानी ने कहा इस ...की राय को समुचित ...इस बारे में कोई भी ...ा की राय से ही

...ाटन किया कि उनसे ...ाओं ने कहा था कि ...के लिए चुनावों का ...ने कहा कि मैंने इस ...पनाना स्वीकार नहीं ...क स्थिति का अध्ययन ...निर्णय किया ।

...सरकार के इस कथित ...जिन लोगों के विरुद्ध ...छोड़ दिया जाएगा तो ...रूप से इन लोगों को ...कोई नुक्सान नहीं है,

...श्रमद... ...दुर्घट...

...चंडीगढ़, ...झील से गाद ...भाग लेने के ...प्रातः दुर्घटना ...छात्र नरेन्द्र प... ...तथा 41 अन्य...

...यह बस, ...छात्र व अध्य... ...क्रासिंग पार ...सी.टी.यू. क... ...जिससे स्कूल... ...सवार 23 ...शमशेर सिंह ...सिंह तथा ... ...मोहन लाल ...सी.टी.यू. क... ...को जनरल ... ...हालत गंभी... ...दाखिल क... ...कंडक्टर कर... ...की हालत ...

...आज ह... ...घायलों के...

Punjabi Sahapedia

वारदातें पंजाब में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

आपसी संघर्ष में गत रात्रि गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स से संबंधित था और उसका उसके गांव में स्थित घर से अपहरण किया गया था । उसका शव आज सायं गांव के बाहर खेतों में से बरामद किया गया ।

दो और लोगों का अपहरण : अमृतसर जिला के अजनाला क्षेत्र से मिलिटैंटों ने कल रात कांस्टेबल परगट सिंह का अपहरण कर लिया । फिरोजपुर जिला के मल्लांवाला गांव से भी कल मिलिटैंटों ने जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सायं थाना छहर्टा के गांव गुरु की वडाली में एक अज्ञात मिलिटैंट पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । बताया जाता है कि थाना छहर्टा के एस.एच.ओ. ने नाका लगाया हुआ था कि ट्रैक्टर पर वहां कुछ मिलिटैंट आए । पुलिस कर्मियों ने उन्हें रुकने के लिए जब कहा तो मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके अन्य साथी भाग निकले । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद की है ।

बेरका में बम विस्फोट : आज सायं बेरका में शराब के ठेके के निकट हुए एक बम विस्फोट में एक भवन गिर गया । बम विस्फोट से किसी प्रकार की जनहानि होने की सूचना नहीं है । बताया जाता है कि घटनास्थल पर जबरदस्त फायरिंग होने की भी सूचना मिली है । घटना के विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

2 घुसपैठिए मारे गए : सीमा पार से भारत में घुसे 2 घुसपैठिए भारत-पाक सीमा के ममदोट सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए ।

मिलिटैंट का शव मिला : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार थाना सदर बटाला के गांव तारागढ़ के निकट से पुलिस ने भूपिन्द्र जीत सिंह नामक एक मिलिटैंट का शव बरामद किया है । शव पर गोलियों के निशान पाए गए हैं । काला नंगल गांव का निवासी भूपिन्द्र सिंह हाल ही में जेल से रिहा हुआ था । पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम बताया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव भन्नन के निकट आज प्रातः साढे 8 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने गांव भन्नन के पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह की हत्या कर दी । इस सम्बन्ध में प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार गुरमीत सिंह आज प्रातः बटाला से अपने गांव लौट रहा था कि गांव सुक्खा चिड़ा के निकट मिलिटैंटों ने उसे अपहृत कर लिया । मिलिटैंटों ने गुरमीत सिंह को भन्नन गांव के निकट लाकर गोलियां मार दीं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 4 खाली कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

शव मिला : संगरूर जिला के रामपुरा गांव में खेतों से आज प्रातः एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

पूर्व हैड कांस्टेबल घायल : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव खोखर में कुछ मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक पूर्व हैड कांस्टेबल श्री लाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । पता चला है कि श्री लाल सिंह ने बरनाला सरकार के कार्यकाल में एक दुर्दांत मिलिटैंट को मार गिराया था, इसीलिए उन पर हमला किया गया ।

रिवाल्वर छीनी : संगरूर से कुछ मील दूर धूरी में मिलिटैंटों ने राम सरन नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर उसे ए.के. 47 राइफल दिखाई तथा उससे एक पिस्तौल छीन कर भाग गए ।

मिलिटैंट कार छोड़ कर भागे : संगरूर से लगभग 40 किलोमीटर दूर अमरगढ़ गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सुखविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी मारुति कार छीन ली और भाग गए । मिलिटैंट अभी थोड़ी दूर ही गए थे कि बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने उन्हें रोक लिया । मिलिटैंट कार छोड़ कर फरार हो गए ।

लड़की का अपहरण : गढ़शंकर (होशियारपुर) से 'गुप्ता' के अनुसार यहां से कुछ मील दूर गांव बिनसरे में मोहन दास नामक एक व्यक्ति की 11 वर्षीया लड़की को अपहृत कर लिया गया ।

शराब विक्रेता की हत्या : भटिंडा जिला के दयालपुरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे शराब विक्रेता लेख राज की मृत्यु हो गई ।

एक की हत्या : रोपड़ जिला के मोरिंडा कस्बे में मिलिटैंटों ने चरण सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में 1 मरा : पटियाला जिला के बस्सी पठाना पुलिस स्टेशन के महताबगढ़ गांव में राजेन्द्र सिंह बिन्दरा नामक एक मिलिटैंट आपसी लड़ाई के कारण मारा गया ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के चूड़चक कोंके गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । मुठभेड़ के दौरान केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल का डी.एस.पी. चंद्र हुसैन भी घायल हो गया ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के जुगिआना गांव में राजा राम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

दो लोगों का अपहरण : लुधियाना के बादला क्षेत्र से मिलिटैंटों ने सोहन लाल नामक एक व्यापारी को उसकी कार समेत अपहृत कर लिया । भटिंडा जिला के हंस नगर क्षेत्र से मिलिटैंटों ने कल रात 35 दिन के एक बच्चे का अपहरण कर लिया ।

मिलिटैंटों ने लड़की को जहर दे दिया : फिरोजपुर जिला के मानोचाहाल गांव में कल रात मिलिटैंट सरपंच अवतार सिंह के घर में घुस गए और उसकी बेटी बेअंत कौर को जहर खिला दिया । बेअंत कौर की बाद में मृत्यु हो गई ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : फिरोजपुर : कल रात इस जिले के पक्का अकालेवाला गांव में से एक मुठभेड़ के पश्चात खालिस्तान कमांडो फोर्स (राजवीर फौजी गुट) के 4 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए । एस.एस.पी. के अनुसार उनकी पहचान भाई सच्चा सिंह, भाई बोहड़ सिंह, भाई परगट सिंह तथा भाई मोहिन्दर सिंह के रूप में हुई है । उनके पास से एक 303 बोर का पिस्तौल, एक 12 बोर की बन्दूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं । मजीठा क्षेत्र से भी एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया है ।

मारे गए दो साधुओं की पहचान : पटियाला से 'राजू' के अनुसार घनौरी खेड़ा गांव में कल मिलिटैंटों ने जिन दो साधुओं की हत्या कर दी थी, उनकी पहचान प्रेम गिरि तथा मदन गिरि के रूप में हुई है । इस घटना में घायल हुए एक अन्य साधु का नाम अप्रैल गिरि बताया जाता है ।

ईंट-भट्ठा मालिक घायल : पटियाला जिला के सामाना उप-मंडल के गांव बदनपुर में स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने ईंट-भट्ठा मालिक श्री बालकृष्ण से धनराशि की मांग की । इन्कार किए जाने पर मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी, जिससे श्री बालकृष्ण घायल हो गए । वारदात के बाद मिलिटैंट भाग गए ।

नगर निगम चुनावों में ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मतदाता मताधिकार से वंचित रहेंगे जबकि जालंधर में ही ऐसे मतदाताओं की संख्या एक लाख से भी अधिक है । आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अमृतसर में 4.89 लाख, जालंधर में 3.06 लाख व लुधियाना में 4.50 लाख मतदाता निगम चुनावों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । गत एक दशक के दौरान जो नई कालोनियां आबाद हुई हैं, उनमें से बहुत कम ऐसे मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है, जो 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हैं ।

पंजाब में नई चुनाव अधिसूचना जारी हो

(पृष्ठ 3 का शेष)

साम्प्रदायिकता का नाम दिया जाता है ? उन्होंने कहा कि यदि कश्मीर से तीन लाख लोगों के पलायन के विरुद्ध आवाज उठाना और जम्मू-कश्मीर में मंदिरों को तोड़े जाने एवं अपमानित किए जाने के विरुद्ध भाजपा के आवाज उठाए जाने को साम्प्रदायिकता की संज्ञा दी जाती है तो भाजपा इस आरोप को सहर्ष स्वीकार करती है ।

श्री अडवानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदा ही बहुसंख्यक समाज के हितों को दृष्टिविगत कर मुस्लिम कट्टरपंथियों से समझौते करती आई है । शाहबानो-केस में जिस प्रकार का आचरण कांग्रेसी शासकों ने अपनाया, वह शर्मनाक था । अवसरवादिता और तुष्टिकरण की नीति कांग्रेसी शासकों ने देश की स्वतंत्रता के उपरान्त से ही अपना रखी है । मुस्लिम तुष्टिकरण और दो राष्ट्रों की थ्यूरी अपना कर कांग्रेस पार्टी ने इस देश को दो भागों में विभाजित करवा डाला । अब इस देश में ऐसे कुछ तथाकथित नेता सिर उठा रहे हैं जो कहते फिर रहे हैं कि भारत बहुराष्ट्रीय देश है, अर्थात् इस का हर प्रान्त एक राष्ट्र है । भाजपा को डर है कि वही तुष्टिकरण की नीति फिर अपनाई गई तो यह देश टुकड़े-टुकड़े होकर रह जाएगा । अतः भाजपा इस तुष्टिकरण की नीति के विरुद्ध है ।

श्री अडवानी ने कहा कि भाजपा ने सदा ही अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई है । उन्होंने 1984 के दिल्ली के दंगों का विशेष रूप से उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि दिल्ली में सिखों की हत्याओं को दंगों का नाम देना उचित नहीं है, क्योंकि दंगों का मतलब होता है कि एक समुदाय दूसरे समुदाय के विरुद्ध उठ खड़ा हो, परन्तु दिल्ली में ऐसा नहीं हुआ था, बल्कि निरपराधों एवं निहत्थों की योजनाबद्ध हत्याएं हुई थीं, और यह केवल भाजपा थी जिसने इसका विरोध किया था और सरकारी आंकड़ों जिनमें कहा गया था कि दिल्ली-दंगों में 300 सिख मारे गए हैं, परन्तु भाजपा ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में 2700 निरपराधों की हत्या हुई है ।

भाजपा नेता ने कांग्रेस के गत 44 वर्षों के शासन में भारतीय समाज में आए राजनीतिक पतन का उल्लेख करते हुए कहा कि 1947 से पूर्व लोग देश व समाज को अपनी सेवाएं अर्पित करने के लिए राजनीति में उतरते थे, परन्तु आज स्थिति यह है कि राजनीति 'स्व-सेवा' का साधन बन चुकी है, और कंगाल राजनीति में घुस कर बाहर निकलता है करोड़पति बन कर । यही कारण है कि आज भी देश की समस्याएं, भूख और बेरोजगारी ज्यों की त्यों है ।

श्री अडवानी ने रोचक कटाक्ष करते हुए कहा कि जब मैं कहता हूं कि देश में 44 वर्षों तक कांग्रेस यानी एक पार्टी का शासन रहा तो कांग्रेसजन कहते हैं कि नहीं, 40 वर्ष कांग्रेस का शासन रहा और चार वर्ष विपक्ष का, तो मैं जवाब देता हूं कि विपक्ष का शासन तो आया ही नहीं । 40 वर्ष कांग्रेस ने शासन किया है और चार वर्ष कांग्रेसियों यानी कांग्रेस से बाहर आए हुए असन्तुष्ट कांग्रेसियों ने ।

अन्य वक्ताओं में श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला, श्री सतपाल महाजन और श्री मदन मोहन मित्तल के नाम उल्लेखनीय हैं ।

श्री मित्तल ने नगर-निगम के चुनाव लड़ने वाले सभी भाजपा प्रत्याशियों को फूलमालाएं पहना कर सम्मानित किया । स्थानीय भाजपा नेता सर्वश्री हरीश तनेजा, हीरानंद स्वामी, राकेश शालीवान भी इस अवसर पर मंच पर उपस्थित थे ।

कम्युनिस्टों ने गुजराल के विरुद्ध खड़ा उम्मीदवार हटाया

पटना, 21 अप्रैल (प.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पटना की प्रतिष्ठापूर्ण संसदीय क्षेत्र से अपने घोषित उम्मीदवार श्री राम नाथ यादव का नाम वापस करके पूर्व केंद्रीय विदेशमंत्री श्री इंद्र कुमार गुजराल का समर्थन करने का फैसला किया है । पार्टी ने बिहार के पूर्व राज्यपाल श्री यूनुस सलीम को दरभंगा या बेतिया जहां से वे खड़े होंगे, से समर्थन करने का फैसला किया है । श्री गुजराल और श्री यूनुस सलीम जनता दल के उम्मीदवार बनाए गए हैं ।

2000 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए

नई दिल्ली, 21 अप्रैल (प.स.): अब जबकि नामांकन बंद होने में मात्र पांच दिन शेष हैं, अगले महीने होने जा रहे लोकसभा और विधानसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग द्वा...

(पृष्ठ 3 का शे...

कांग्रेस (इ) ने चुनाव आयो... दिया कि यदि पंजाब के लिए... परिवर्तन नहीं किया गया तो उ... में भाग लेना मुश्किल ... प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव ... उन्हें पार्टी के रुख से अवगत ...

पार्टी के प्रवक्ता प्रणव मुख... चुनाव कार्यक्रम ऐसा ही बना रह... अलग से कराने का कोई लाभ... उनका कहना था कि नामांकन ... बहुत दिनों का अंतर होने के का... उनके समर्थक तथा परिवार के ... निशाना बने रहेंगे । पूरे देश में ... से राज्य में प्रत्याशियों को ... उपलब्ध नहीं कराई जा सकेगी ...

सूत्रों ने बताया है कि यद्यपि ... बात का फैसला नहीं किया है ... लाइसैंस देने पर कब से रोक ... सामान्य प्रक्रिया के अन्तर्गत मत... इस प्रकार का प्रतिबंध लगाया ...

निर्वाचन आयोग ने पंजा... मतदान की नई तिथियों की घो... अभी कोई समय सीमा तय नहीं ... कहा कि इन राज्यों में लोकसभा ... चुनावों की नई तिथियों की घोषण... प्रासंगिक पहलुओं पर विचार कि...

प्रासंगिक पहलुओं की व्याख्... कहा कि सभी राष्ट्रीय दलों के विच... और मतदाताओं की सुरक्षा क... जाएगा ।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने ... आयोग किसी भी ऐसे राज्य में चुना... लिए सक्षम है, जो आयोग के उस ... करेगा जिसमें चुनाव से संबंधित ... तबादलों पर विगत 25 मार्च से रो...

केवल रोहतक से लड़ूंगा

भुवनेश्वर, 21 अप्रैल (प.स.... देवी लाल ने कहा है कि वह केव... क्षेत्र से ही लोकसभा का चुनाव ... आज यहां बताया कि वह 25 ... नामांकन पत्र दाखिल करेंगे ।

अलगाववाद : जम्मू-क...

(पृष्ठ 3 का शेष)

विस्फोट से पुल का एक हिस्सा, ए... और कुछ मकान क्षतिग्रस्त हो गए...

सूत्रों ने बताया कि अलगाववा... राजबाग में एक अन्य पुल में आग ल... मामूली नुक्सान पहुंचा है ।

इस बीच अपहृत स्वीडिश इंजी... 22वें दिन भी कुछ पता नहीं ... स्वीडिश इंजीनियर उड़ी पन बिज... कार्यरत थे और गुलमर्ग से इनका अ... गया था ।

अपहरण की हाल की ... अलगाववादियों ने बारामूला जिले ... परिवार के चार सदस्यों का अपहर... इनमें एक दम्पति और एक पुत्र त... शामिल हैं ।

व्यापारी नजीर अहमद सिद्दीकी ... नहीं चला है । उनके अपहरण का ... है । किसी ने अभी तक उनके ... जिम्मेवारी अपने ऊपर नहीं ली है ...

अनंतनाग के उपमहानिरीक्षक ... मंजूर अहमद का भी कुछ पता नहीं ... 17 अप्रैल को उनका अपहरण कर ...

सुरक्षा बलों ने बारामूला, श्रीनग... जिलों में से 21 अलगाववादियों को ... है और पिछले 24 घंटे के दौरान ... राइफलें, दो हथगोले तथा कुछ ... किए । हिरासत में लिए गए अलगा... स्वयंभू एरिया कमांडर शामिल है ...

इस बीच प्रतिबंधित जम्मू-... लीग के अध्यक्ष अब्दुल हमीद ने ए... कि मुस्लिम जांबाज फोर्स द्वारा स्वी... की रिहाई इस बात पर निर्भर करत... जल्दी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं अपहरण... का जवाब देती हैं ।

सार्वजनिक सूचना

निदेशक, पशु पालन विभाग, पंजाब, चंडीगढ़ द्वारा मुझे श्री अजायब सिंह सुपुत्र श्री पाखर सिंह वैटर्नरी फार्मासिस्ट, पशु हस्पताल, कटानी कलां जिला लुधियाना के दिनांक 17.1.85 से ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण पत्र क्रं.

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अचानक उसने कावड़ा उठा लिया और एक मिलिटैंट को मार डाला, जिसकी बाद में फतेह सिंह के रूप में शिनाख्त की गई, जो मिलिटैंसी की आड़ में लूट मार करता था । दूसरा मिलिटैंट घरवालों के साथ झड़प के बाद भाग निकला ।

पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंसी की घटना नहीं है ।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिले के जुड़कियां थाने के गांव रायपुर में मिलिटैंटों ने करतार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

तीन किसानों की हत्या : जालन्धर जिले के आदमपुर थाने के गांव जलपोतां में आज दोपहर मिलिटैंटों ने खेतों में काम कर रहे तीन किसानों की हत्या कर दी । मृतकों की पहचान गुरमीत सिंह, मोहिन्दर सिंह तथा जसविंदर सिंह के रूप में हुई है । मिलिटैंटों की संख्या 7 बताई जाती है । हत्याएं उन्होंने ए.के. 47 राइफल से की । पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है ।

हथियार लूट कर ले जा रहे मिलिटैंट गिरफ्तार : जालन्धर जिले के करतारपुर थाने के गांव सतोवाली में 6 मिलिटैंटों ने विभिन्न घरों से 5 बारह बोर की बन्दूकें तथा कारतूस लूट लिए । उन्होंने दो स्कूटर भी छीन लिए तथा फरार हो गए ।

पुलिस के अनुसार उक्त हथियार मोहिन्दर सिंह सरपंच, स्वर्ण सिंह, सूरता सिंह, रछपाल सिंह तथा सुलक्खीयत सिंह से छीने गए । बाद में जब मिलिटैंट काला बकरा की तरफ जा रहे थे तो उनका सामना भोगपुर की एक पुलिस पार्टी से हो गया । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने कैप्टन सिंह, गुरदीप सिंह, सौतिन्दर सिंह, इंद्रजीत, नरिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उनसे लूटे हुए हथियार तथा स्कूटर बरामद कर लिए । एक मिलिटैंट रामा भाग निकला ।

पुलिस पोस्ट पर फायरिंग : कपूरथला जिले के गांव तलवंडी चौधरियां में स्थित पुलिस पोस्ट पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ । जवाबों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट भाग गए ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : मक्खू (चन्द्रशेखर) : निकटवर्ती तलवंडी नेपाला नहर पर पुलिस नाके पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की । पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करके एक घंटे तक चली मुठभेड़ के पश्चात् 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । उनकी पहचान केहर सिंह पटरी तथा दहल सिंह के रूप में हुई है ।

पुलिस ने लुधियाना जिले में दो और भटिंडा में से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया ।

बसें चलाने संबंधी आदेश : गुरदासपुर जिले में सुबह 5 बजे से रात 8.30 बजे तक बिना सुरक्षागार्डों के बसें चलाने की अनुमति दे दी गई है । यह आदेश 31 अगस्त तक लागू रहेंगे ।

Punjab Sanad

200 हत्याओं में वांछित खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के डिप्टी चीफ जनरल अवतार सिंह तारी तथा लै. जनरल रंजीत सिंह राना सहित 9 मिलिटैंट तथा 2 घुसपैठिए मारे गए, 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के स्वयंभू डिप्टी चीफ जनरल अवतार सिंह उर्फ़ तारी तथा स्वयंभू लै. जनरल रंजीत सिंह राना सहित 9 मिलिटैंट तथा दो घुसपैठिए मारे गए जबकि मिलिटैंटों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

तारी और राना मारे गए : बटाला (कोछड़) : कल रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट 2 मिलिटैंट मारे गए ।

बटाला पुलिस जिले के एस.एस.पी. सीता राम ने इस सम्बन्ध में बताया कि मृतक मिलिटैंटों की पहचान खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के डिप्टी चीफ अवतार सिंह कत्थूनंगल उर्फ तारी उर्फ सुखराज सिंह तथा लै. जनरल रंजीत सिंह राना के रूप में हुई है । उनका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इन दोनों को एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् गिरफ्तार किया था । मुठभेड़ में रंजीत सिंह मामूली रूप से घायल हो गया था । जिस समय पुलिस उन्हें अस्पताल ले जा रही थी तो रास्ते में रंजीत सिंह तथा अवतार सिंह दोनों ने ही कोई विषाक्त वस्तु खाकर आत्महत्या कर ली ।

एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस को मृत मिलिटैंटों के पास से एक डायरी मिली है, जिसमें उनके द्वारा की गई वारदातों का उल्लेख है । इसके अनुसार उन्होंने बटाला, श्रीहरगोबिन्दपुर, कपूरथला, तरनतारन, मजीठा तथा अमृतसर के क्षेत्रों में 12 पुलिस कर्मियों सहित 150 व्यक्तियों की हत्या की थी । वार्ता के अनुसार दोनों मिलिटैंट 200 हत्याओं में वांछित थे ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : श्री सीता राम ने बताया कि थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव शिकाला के निकट आज सुबह एक मिलिटैंट ने कोई विषाक्त वस्तु खाकर आत्महत्या कर ली । बताया जाता है कि वह सुरक्षा बलों के घेरे में आ गया था ।

एक मिलिटैंट मारा गया : पुलिस जिला बटाला के गांव किशनकोट में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से कुछ हथियार तथा गोली-सिक्का भी बरामद किया गया है ।

एक मिलिटैंट मारा गया : मलोट (जलधरी) गत रात यहां से 5 कि.मी. दूर रत्ता खेड़ा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके चार साथी फरार हो गए । प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त गांव के निकट सुरक्षा बलों ने एक नाका लगाया हुआ था कि रात के समय 5 मिलिटैंट आते हुए दिखाई दिए । सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया, परन्तु उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक मिलिटैंट की पहचान बिक्कर सिंह निवासी बुडाला जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है । उसके निकट से 12 बोर की एक पिस्तौल मिली है ।

गोयल के अनुसार उसके पास से दो स्टिक बम के.सी.एफ. के कुछ दस्तावेज भी मिले हैं ।

डाक्टर की हत्या : संगरूर (गर्ग): आज सुबह 8.30 बजे के लगभग यहां से 35 कि.मी. दूर महल कलां में मिलिटैंटों ने एक डाक्टर जगदीश राय की उसके क्लीनिक में गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार एक स्कूटर पर दो मिलिटैंट आए तथा उन्होंने एकदम से जगदीश राय पर गोली चला दी ।

264 सिलैंडर लूट लिए : गत रात धूरी-संगरूर सड़क पर इंडेन गैस कम्पनी के एक गोदाम से कुछ मिलिटैंटों ने 264 सिलैंडर लूट लिए । इनमें कई सिलैंडर भरे तथा कई खाली थे । मिलिटैंट ट्रक पर आए थे । उन्होंने चौकीदार को एक कमरे में बंद कर दिया था ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए : सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले में गुरू के बडाला गांव के पास मुठभेड़ में दो मिलिटैंटों को मार दिया । मृतक मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल और 150 कारतूस बरामद किए गए । एम माउजर भी बरामद किया गया ।

गुट संघर्ष में मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले के गांव फतेहपुर में भिडरांवाला टाईगर्स फोर्स का जगीर सिंह नामक एक मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारा गया । एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

2 निहंगों की हत्या : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के जफ़ोवाल गांव में दिलबाग सिंह और परमजीत सिंह नाम के दो निहंगो की हत्या कर दी । उनका उनके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

2 घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा पर खेमकरण सैक्टर में सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठियों को मार दिया ।

किशोरी की बहादुरी से मिलिटैंट मारा गया : पुलिस जिला मजीठा के सीमांत गांव कक्कड़ कलां में एक किशोरी ने अनकरणीय उदाहरण प्रदर्शित करते हुए एक संदिग्ध मिलिटैंट की फावड़ा मार कर मार देने की सूचना मिली है । पुलिस के अनुसार 2 सशस्त्र व्यक्ति एक किसान गुरनाम सिंह के घर में गए और उन्होंने उसकी पोती के अपहरण की कोशिश की । जब एक मिलिटैंट ने उसे पकड़ लिया तो उसने उससे स्वयं को छुड़वा लिया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjal

सिंह ने नामांकन पत्र
सीट के लिए तरसेम
उन्होंने भारतीय कृषि
का दावा किया है ।
अकाली दल (मान)
जीत सिंह, चड़त सिंह
विधानसभा चुनावों के
दाखिल किए हैं ।
न) के ही श्री हरचरण
ने अपने नामांकन पत्र

आज फगवाड़ा (सु)
नामांकन पत्र दाखिल
बंद (चाचोकी), गणपत

्यों का फैसला नहीं
ेष)
दिए जाने सम्बन्धी
र कर दीं ।
न ने कहा कि श्री
क्त राजनीतिक दल
र्व चुनाव चिन्ह में
ने का दावा नहीं कर

र प्रदेश में 25 मार्च
ानांतरण किए जाने
शेषन ने आज यहां
ख्य सचिव बी.के.
ारी के.के. खन्ना के
चुनाव कराने के लिए
शेषन ने बाद में
क्त जिलाधिकारी
के स्थानांतरण की
र्च के पूर्व ही किए गए

और निष्पक्ष चुनाव
ड, भेद सभी तरीके

कि 25 मार्च के पूर्व
कार्यों से सम्बन्धित
चुनाव आचार-संहिता
। परन्तु कानूनी तौर
हीं हैं ।
ाल की प्रक्रिया :
काम पूरा हो जाने
न रिटर्निंग अफसर
हरेक उम्मीदवार के
ह सकते हैं । इनमें
एक प्रस्तावक तथा
होगा । यदि कोई
रता है और चारों में
भी उसका केवल एक
ता है । पड़ताल के
रहना स्वयं उसके
स्थित व्यक्तियों को
त्र देखने-परखने

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिया । संदीप कुमार नौशहरा पन्नुआं का रहने वाला है और वह तरनतारन के क्षेत्र में उगाही करने गया था । वह किरयाना की दुकान करता है ।

एक की हत्या : भटिंडा जिला के सतीके गांव में मिलिटैंटों ने बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दुर्दांत मिलिटैंट पकड़ा गया : गुरदासपुर (गुप्ता): कल रात जिला पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन (के.एल.ओ.) के लैफ्टिनैंट जनरल काबुल सिंह को गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. गोयल ने बताया कि पुलिस ने पराना शैला ड्रेन पर नाका लगाया हुआ था कि दो संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर काबुल सिंह पकड़ा गया, जबकि उसका एक साथी भाग गया । काबुल सिंह 20 से अधिक हत्याओं में पुलिस को वांछित था । काबुल सिंह पिछले दिनों गुरदासपुर जिला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दुर्दांत मिलिटैंट परमजीत सिंह उर्फ पम्मा का निकटवर्ती साथी था । के.एल.ओ. में शामिल होने से पहले काबुल सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स में था । काबुल सिंह से पुलिस ने एक माऊजर, एक हथगोला, कुछ कारतूस, पुलिस की 3 वर्दियां तथा 2 बैल्टें भी बरामद की हैं ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : कपूरथला से 'शमां' के अनुसार पुलिस ने कल गांव खैड़ा दोना के निकट मुठभेड़ के बाद एक ट्यूबवैल से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम हरदेव सिंह उर्फ देबू तथा रेशम सिंह उर्फ सोढी बताए जाते हैं । उनसे एक ए.के. 47 राइफल, एक माऊजर, 2 मैगज़ीन तथा 25 कारतूस बरामद हुए हैं ।

चीनी उत्पादन अधिक

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (वार्ता): चीनी वर्ष 1990-91 (अक्तूबर-सितम्बर) में 15 मार्च तक चीनी का कुल उत्पादन पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 9.58 प्रतिशत बढ़ कर 80.38 लाख टन हो गया ।

महिला को 10 वर्ष कैद

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (वार्ता): दिल्ली के एक सत्र न्यायालय ने एक 55 वर्षीय महिला को नशीले पदार्थ रखने के आरोप में दस साल की सख्त कैद की सजा सुनाई है ।

Punjab Archive

नई दिल्ली,
आज जारी उम
दंडवते, इंद्र कु
राम विलास पा
बिहार के पूर्व मु
दास के नाम श

पार्टी ने मह
उम्मीदवारों की
श्री दंडवते मह
चुनाव लड़ेंगे ।
आजमाएंगे ।
चुनाव जीते थे

जार्ज फर्ना
चुनाव लड़ेंगे ।
पासवान हाजी
चुनाव दंगल में
लाख से ज्यादा
है ।



*जनता दल से नि
व सतपाल मलि
मोर्चा नेता राम
मंत्री (दाएं से
सदस्य दिनेश
सम्मेलन में ।*

निष्ठावान स
नामांकन पत्र
गया है, इसलि
चुनाव चिन्ह प

श्री देवी ला
भी थोड़ी शां
मुख्यमंत्री पद के
भी आपसी टक
से कार्य करेंगे
फिर भी उनक

अका

पर अपने अधि
कहां की शराफ
समिति हमारी
पार्लियामैंटरी
प्रतिनिधित्व न

उन्होंने व
उसके लिए सब
उन्होंने सिख स
कर लिया है जि
गत लोकसभा

पंजाब में नि

फ़ाइड विज्ञापन

ना

श्यकता है । वेतन
ोनिक्स, न्यू रेलवे

चिकित्सा

शारीरिक सेहत बनाएं, खून, वज़न बढ़ाएं, सेहत

पंजाब में 3 मिलिटेंट मरे, सुरक्षा कर्मी समेत 13 लोगों की हत्या, 2 का अपहरण

चंडीगढ़, 23 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए, एक सुरक्षा कर्मी समेत 13 लोगों की हत्या हुई, दो लोगों का अपहरण हुआ तथा खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के लैफ्टिनैंट जनरल काबुल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

शराब के ठेके पर फायरिंग, 2 मरे : लुधियाना (धीमान): जिला प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि आज प्रात: 10 बज कर 50 मिनट पर कार सवार 3 मिलिटैंटों ने जगराओं में भीड़ भरे क्षेत्र में घुस कर एक शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे दो व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए । जबकि 5 अन्य घायल हो गए । मरने वालों के नाम चमकौर सिंह और महेन्द्र सिंह बताए जाते हैं । चमकौर सिंह कोकेकला गांव का रहने वाला था । पांच घायलों में से 4 को गम्भीर अवस्था में लुधियाना अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है । मिलिटैंटों ने इस वारदात में ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया । श्री शर्मा के अनुसार लुधियाना अस्पताल में दाखिल घायलों के नाम हैं आसरा राम (श्रमिक), गुरदेव सिंह (कर्मचारी) तथा मुखदेव सिंह, कुलवंत सिंह नामक एक अन्य घायल को जगराओं अस्पताल में दाखिल कराया गया है । वारदात के बाद मिलिटैंट कार में ही फरार हो गए और मलिकपुर की ओर चले गए । उल्लेखनीय है कि पिछले 25 दिनों में मिलिटैंटों ने जिला में शराब के 5 ठेकों पर हमले करके सात व्यक्तियों की हत्या की है ।

सरपंच की हत्या : लुधियाना जिला के रजोना कलां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरपंच मलकीयत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

व्यापारी का अपहरण : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार आज सवेरे 10 बजे के लगभग यहां से 30 किलोमीटर दूर मालेरकोटला में मारुति कार में सवार मिलिटैंटों ने सुप्रीम ट्रेडर्ज के मालिक गोबिन्द राम को अपहृत कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट नीले रंग की मारुति कार (नं. पी.वी. 13—418) में सवार होकर आए तथा श्री गोबिन्द राम को जबरदस्ती कार में डाल कर ले गए । जाते समय मिलिटैंट श्री गोबिन्द राम के बेटे वेद को यह कह गए कि वह अपने पिता को छुड़ाने के लिए मेहराणा के पुल पर 20 लाख रुपया लेकर आ जाए ।

2 मिलिटैंट मरे : मोगा से 'आजाद' के अनुसार कल रात स्थानीय गिल रोड पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस ने सड़क पर नाका लगाया हुआ था कि खेतों से दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो मिलिटैंट मारे गए । इनकी पहचान जग्गा सिंह तथा सरवण सिंह के रूप में हुई है । घटनास्थल से 2 बंदूकें भी बरामद हुई है ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : मोगा सब डिवीजन के एक गांव चूहड़चक में कल रात 9.30 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने सी.आर.पी.एफ. की एक चौकी पर फायरिंग की, जिससे राम मेहर नामक एक इंस्पैक्टर की मृत्यु हो गई । इस घटना में दो अन्य सुरक्षा कर्मी

मुठभेड़ के बाद के.एल.ओ. का लै. जनरल कांबुल सिंह गिरफ्तार

कर्मी सिंह तथा बलविन्दर सिंह घायल हो गए । उन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एक मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के रत्ता खेड़ा गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में विक्रम सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के.47 राइफल तथा एक बंदूक भी बरामद हुई है ।

एक की हत्या : अमृतसर शहर के बुर्जवाली क्षेत्र में मिलिटैंटों ने विरसा राम नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

3 भाइयों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के मानकपुरा गांव में मिलिटैंटों ने कल रात जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी तथा उसके दो भाइयों गुरमुख सिंह और त्रिलोक सिंह की हत्या कर दी ।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिला के मागा गांव के बाहर से पुलिस ने एक व्यक्ति काबुल सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

एक व्यक्ति की गला घोंट कर हत्या : मजीठा पुलिस जिला के जगदेव कलां गांव में मिलिटैंटों ने नरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की कल रात गला घोंट कर हत्या कर दी ।

2 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर शहर के मुस्ताबाद क्षेत्र में कल रात मिलिटैंटों ने एक अज्ञात व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन पुलिस जिला के मन्नन गांव में मिलिटैंटों ने निर्मल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति का अपहरण : तरनतारन पुलिस जिला के खालड़ा गांव से कल रात मिलिटैंटों ने कुलवंत राय नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

2 घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिला के अजनाला सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिए मारे गए ।

रेल इंजन पर फायरिंग : मजीठा पुलिस जिला के कत्थूनंगल गांव के निकट मिलिटैंटों ने अमृतसर-पठानकोट सैक्शन पर एक रेल इंजन पर फायरिंग की । इससे कोई हताहत नहीं हुआ ।

दुकानदार का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज रात्रि मिलिटैंटों ने तरनतारन में संदीप कुमार पुत्र कुलदीप राय का अपहरण कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanstha

बब्बर खालसा के लै. जनरल काबुल सिंह तथा एरिया कमांडर दिलेर सिंह समेत 13 मिलिटेंट मरे, 2 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 24 अप्रैल (वार्ता, प.स.) : पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के 'लैफ्टिनैंट जनरल' काबुल सिंह फौजी तथा 'एरिया कमांडर' दिलेर सिंहदिलेरा समेत 13 मिलिटैंट मारे गए, 2 लोगों की हत्या हुई तथा मिलिटैंटों ने उच्च शक्ति वाले बिजली के एक टावर को बम विस्फोट से उड़ा दिया, जिससे हरियाणा और दिल्ली को की जाने वाली विद्युत आपूर्ति में बाधा पड़ गई ।

2 दुर्दांत मिलिटैंट जहर खाकर मरे : अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार कल रात यहां बब्बर खालसा से सम्बद्ध 2 दुर्दांत मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली । मारे गए मिलिटैंटों के नाम काबुल सिंह उर्फ फौजी तथा दिलेर सिंह उर्फ दिलेरा हैं । काबुल सिंह बब्बर खालसा का लैफ्टिनैंट जनरल था और उसकी गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपए का इनाम था । दिलेर सिंह बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था । ये दोनों 30 सुरक्षा कर्मियों समेत डेढ़ सौ से अधिक हत्याओं में शामिल थे । काबुल सिंह कुछ समय पहले सेना से भाग गया था ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात उक्त दोनों मिलिटैंट अमृतसर शहर की मुस्तफाबाद कालोनी के निकट स्कूटर पर जा रहे थे कि सुरक्षा कर्मियों की एक नाका पार्टी ने उन्हें रुकने के लिए कहा । इस पर मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायरिंग करने के बाद दोनों मिलिटैंटों को घेर लिया । बचकर निकलने का कोई रास्ता न मिलने पर दोनों मिलिटैंटों ने सायनाइड का कैप्सूल खा लिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मिलिटैंटों के कब्जे से एक माऊजर, एक मैगजीन तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

पुलिस के अनुसार हाल ही में अमृतसर के पुतली घर चौक में हुए बम विस्फोट में भी इन्हीं मिलिटैंटों का हाथ था । इस विस्फोट में 7 लोगों की मृत्यु हो गई थी । काबुल सिंह तथा दिलेर सिंह पहले भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के सदस्य थे लेकिन बाद में वे बब्बर खालसा में शामिल हो गए ।

दिलेर सिंह मूल रूप से बिहार का निवासी था लेकिन आजकल वह अमृतसर के रुनानकपरा में रह रहा था । वह कुछ समय पहले विस्फोटक तैयार करने का प्रशिक्षण लेने के बाद पाकिस्तान से लौटा था । पुलिस के अनुसार हाल बाजार में हुए बम धमाके में भी दिलेर सिंह का हाथ था । उसी ने अमृतसर के लंडा बाजार में भी बम रखा था लेकिन पुलिस को तुरंत इसकी सूचना मिल गई थी और बम को नाकारा कर दिया गया था ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : कल रात मजीठा पुलिस स्टेशन के तहत हमजा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हरभजन सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसके 2 साथी बचकर भाग गए । घटनास्थल से एक राइफल तथा 15 कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के मोटे गांव में मिलिटैंटों ने कल रात राजविन्द्र कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 घुसपैठिये मरे : अमृतसर जिले के खालड़ा सैक्टर में सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठियों को मार गिराया । उनका एक साथी बचकर भाग गया ।

विस्फोट से बिजली का टावर उड़ा दिया : पटियाला से राज के अनुसार डेरा बस्सी थाना के अन्तर्गत करोली गांव के निकट कल रात मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके उच्च शक्ति वाले बिजली के टावर (नं. डी-356) को उड़ा दिया, जिससे भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड से हरियाणा और दिल्ली को की जाने वाली विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई । पुलिस ने इस संदर्भ में केस दर्ज कर लिया है ।

आढ़ती के बेटे का अपहरण : 'वार्ता' के अनुसार पटियाला जिला के पातड़ा गांव से मिलिटैंटों ने एक आढ़ती के बेटे गौशन लाल का अपहरण कर लिया ।

जिप्सी से कूदने पर मिलिटैंट की मौत : पटियाला (भूषण) जगतार सिंह नामक एक मिलिटैंट की आज पटियाला जिला में उस समय मृत्यु हो गई, जब वह पुलिस की जिप्सी से नीचे कूद गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस जगतार सिंह तथा 6 अन्य मिलिटैंट गुरचरण सिंह, बलदेव सिंह, सुखदेव सिंह, हरविन्द्र सिंह उर्फ जिंदा, मलकीयत सिंह तथा सुखदेव सिंह को गिरफ्तार करके पुलिस स्टेशन ला रही थी कि जगतार सिंह ने जिप्सी में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

खतरनाक मिलिटैंट गिरफ्तार : बताया गया है कि पकड़ा गया मिलिटैंट इंका महासचिव डा. केवल कृष्ण पर आक्रमण करने के मामले में भी वांछित था । श्रीखोबाल गोली कांड में जहां 11 व्यक्तियों की हत्या की गई थी, में वह शामिल था । इसके अतिरिक्त जिला में उसने 10 और लोगों की हत्या की थी ।

3 मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिला में नांगला गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से दो राइफलें तथा एक बंदूक बरामद हुई है । मारे गए मिलिटैंट की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिला में कालूवाला गांव के पास कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से तीन बन्दूकें बरामद हुई हैं ।

2 हजार रुपया लूटा : फरीदकोट में मिलिटैंटों ने सिकंदर सिंह नामक एक व्यक्ति से 2 हजार रुपया लूट लिया ।

2 और मिलिटैंट मरे : गुरदासपुर जिले में काना अफगाना गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट अवतार सिंह तथा रणजीत सिंह मारे गए ।

एक की हत्या : संगरूर जिला के शेरपुर थाना के अंतर्गत पंजगराइयां गांव में आज दोपहर मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट मृतक की राइफल भी ले गए ।

एक और मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के रामपुरा थाना के अंतर्गत जैतो के गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया ।

नकदी तथा गहने छीने : 4 मिलिटैंटों ने पटियाला जिला के बधाहपर गांव में बंत सिंह के घर से 10 हजार रुपए तथा सोने के गहने छीन लिए और भाग गए ।

मिलिटैंटों का मददगार काबू : नवांशहर (शर्मा): रात रात्रि पुलिस ने गांव धल्लेवाल के एक व्यक्ति महिन्द्र सिंह (पुत्र शिंगारा सिंह) को गिरफ्तार किया है और उससे एक रिवाल्वर एवं तीन कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस व्यक्ति ने सतलुज नदी के अलाही बरूश पत्तन पर किश्ती चलाने का ठेका ले रखा था । वह मिलिटैंटों को सतलुज के दूसरी ओर से लाया करता था और घटना के पश्चात वहीं छोड़ आता था । गांव शेखपुर के सरपंच के कत्ल गांव भारटा में दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या, छोकरा में नहर के पुल पर शराब के ठेके के एक कर्मचारी और राहगीर की हत्या में संलिप्त मिलिटैंट इसी व्यक्ति की किश्ती पर आए थे ।

मिलिटैंटों ने विस्फोट से बिजली का टावर उड़ा दिया: दिल्ली, हरियाणा को विद्युत आपूर्ति में बाधा

Punjab Sanskriti

उन्होंने कहा कि जनता दल ने हरियाणा की सभी लोकसभा एवं विधानसभा की सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का निर्णय किया है ।

वारदातें पंजाब में

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट ठेके के मालिक फतेह सिंह की जीप लेकर भाग गए ।

4 मिलिटैंट कार् : पटियाला से 'भूषण' के अनुसार जिला पुलिस ने नागवां गांव के निकट मुठभेड़ के बाद 3 मिलिटैंटों दर्शन सिंह, कुलदीप सिंह तथा चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक बन्दूक, एक पिस्तौल, गोली-सिक्का, हीरो होंडा मोटर साइकिल तथा एक स्कूटर भी बरामद हुआ है । पटियाला जिला पुलिस ने एक और मिलिटैंट हरजिन्दर सिंह उर्फ जिन्दा को एक पिस्तौल तथा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है ।

महिला की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के वरपाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने अमरजीत कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के जगदेव कलां गांव में नरेन्द्रपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो लोगों की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के ब्याला गांव से आज दोपहर तस्वीर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । तरनतारन पुलिस जिला के चंसलबाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट मारा गया : पुलिस जिला तरनतारन के गांव भरसिंह में आज रात्रि सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

शव मिला : फिरोजपुर जिला के ममदोट सैक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट से एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

4 दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार : फाजिल्का से 'लूना' के अनुसार जलालाबाद सदर पुलिस ने कल भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स (राजस्थानी गुट) से सम्बद्ध चार दुर्दांत मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके नाम महेन्द्र सिंह (टिब्बी कलां निवासी) तथा सुच्चा सिंह, बोहड़ सिंह और परगट सिंह (तीनों महमा गांव निवासी) बताए जाते हैं । फिरोजपुर जिला के पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि घग्गाकलां गांव के निकट पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी कि उक्त चारों मिलिटैंट उधर से गुजरे । पुलिस द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने चारों मिलिटैंटों को पकड़ दिया । पुलिस ने उनके कब्जे से 3 राइफलें, 6 कारतूस, 1 पिस्तौल तथा एक रिवाल्वर भी बरामद किया है । पूछताछ के दौरान मिलिटैंटों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने फिरोजपुर सदर थाना के अंतर्गत क्षेत्र में महलों बाई नामक एक महिला तथा लीलवाली गांव में एक अन्य व्यक्ति की हत्या की थी । इसके अतिरिक्त ये मिलिटैंट लूटपाट की वारदातों में भी संलिप्त थे ।

सजपा द्वारा 46 प्रत्याशियों की सूची जारी

वालों की संख्या बढ़ कर 22 हो गई है ।

लिया गया ।

लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की ।

पठानकोट से 5, नरोट मेहरा से 5, दीनानगर से 12,

पंजाब में 7 मिलिटैंट मरे : ग्रंथी सहित 18 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (वार्ता,प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 7 मिलिटैंट मारे गए तथा ग्रंथी समेत 18 लोगों की हत्या हुई । इस बीच मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति का अपहरण भी किया ।

ग्रंथी समेत 4 लोगों की हत्या : मानसा में 'मेहता' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात 7 बजे के लगभग यहां से 24 किलोमीटर दूर बुढलाडा थाना के अन्तर्गत बच्चुआना गांव में फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी । मरने वालों के नाम देसराज, देव राज, तथा पवन बताए जाते हैं । ये तीनों शराब के पूर्व ठेकेदार थे ।

मानसा से 24 किलोमीटर दूर टिब्बी जटाना गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरद्वारे के ग्रंथी जरनैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 मुठभेड़ों में 2 मिलिटैंट मरे : गुरदासपुर (विनोद): सुरक्षा बलों ने गत रात्रि 2 मुठभेड़ों के दौरान 2 मिलिटैंटों को मार गिराया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. गोयल के अनुसार गत रात्रि 9 बजे के लगभग पंजाब पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के दस्ते धारीवाल के थाने के अधीन गांव सुजानपुर के निकट संदिग्ध ठिकानों में संभावित मिलिटैंटों की खोज कर रहे थे कि एक ट्यूबवैल से 2 मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई । इस दौरान एक मिलिटैंट मारा गया और दूसरा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकला । मृतक के कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल, कुछ जीवित व चले हुए कारतूस मिले हैं ।

श्री गोयल ने बताया कि सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के बीच दूसरी मुठभेड़ आज तड़के 5 बजे तब हुई जब काहनूवान थाने के अन्तर्गत बेरी गांव के पास छानबीन की जा रही थी । इस दौरान मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी, जवाबी फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया और दूसरा सरकंडों की आड़ में भाग निकला । मृतक मिलिटैंट के कब्जे से राइफल, 6 मैगजीन व कुछ कारतूस भी बरामद हुए । मारे गए दोनों मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी ।

2 मिलिटैंट मारे गए : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव कोटला बज्जा सिंह के निकट गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । उनसे एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, एक बन्दूक, एक स्टिक बम, एक बजाज चेतक स्कूटर (नं. पी.आई.ए. 1063) व बड़ी संख्या में चले-अनचले कारतूस मिले हैं ।

एस.एस.पी. श्री सीता राम ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स (पप्पू गिरोह) के सुरजीत सिंह मनोहरपुरा व अमरजीत सिंह चाहलकलां के रूप में हुई है । ये दोनों मिलिटैंट बटाला, गुरदासपुर व मजीठा आदि क्षेत्रों में कम से कम 40 लोगों की हत्याओं में वांछित थे । इसके अलावा बटाला-जालधर राजमार्ग पर उन्होंने अनेक वाहनों पर फायरिंग करके आतंक फैला रखा था ।

पिस्तौल समेत काबू : बटाला सदर पुलिस ने आज प्रातः खोजबीन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति चरणजीत सिंह को काबू करके उसके कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल और उसके 7 कारतूस बरामद किए हैं ।

3 लोगों की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात सवा 11 बजे के लगभग यहां से 25 किलो मीटर दूर नागरा गांव में मिलिटैंटों ने राज रानी तथा जगगर नामक 2 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कल रात ही मिलिटैंटों ने संगरूर से लगभग 35 किलो मीटर दूर दाने गांव में बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

ट्रक जला दिया : मिलिटैंटों ने कल रात संगरूर में 20 किलो मीटर दूर मोड़ गांव में एक व्यक्ति के ट्रैक्टर को जला दिया ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने आज प्रातः संगरूर-महिलां रोड पर जगदीश प्रसाद नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जगदीश प्रसाद मूल रूप से बिहार का निवासी था ।

सिर विहीन शव मिला : होशियारपुर जिला के मझी गांव के निकट से पुलिस ने आज एक युवक का सिर विहीन शव बरामद किया है ।

एक की हत्या : होशियारपुर जिला के डाडा गांव में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : जालन्धर जिला के मियावाल गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । पुलिस ने बताया कि नाका पार्टी ने जब मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी गोलीबारी में दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक बंदूक तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : लुधियाना जिला के मखसोरा गांव से कल रात मिलिटैंटों ने प्रकाश सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

बैंक के गनमैन की हत्या : समराला से 'भारद्वाज' के अनुसार कल रात सरयूकलां गांव में मिलिटैंटों ने समराला में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में कार्यरत गनमैन महमा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस वारदात के विरुद्ध रोषस्वरूप आज समराला में बैंकों में हड़ताल रही ।

हथियार ले गए : मुक्तसर से 'दीपक' के अनुसार कल रात 10 मिलिटैंटों ने खिड़कियांवाला गांव से एक जीप छीन ली और फिर गढ़ी संगर गांव में जैलदार जसविन्दर सिंह तथा बख्शीश सिंह से उनके रिवाल्वर छीन लिए । इसके बाद मिलिटैंटों ने मल्लांवाला गांव में मिट्ठू सिंह से रिवाल्वर तथा अलबेल सिंह से माऊजर छीन लिया । फिर ये मिलिटैंट खिड़कियांवाला गांव में जीप छोड़ कर भाग गए ।

दो लोगों की हत्या : फरीदकोट जिला के मोगा थाना के अंतर्गत साबोवाल गांव में मिलिटैंटों ने कल रात शराब के ठेके के एक कर्मचारी समेत 2 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बाद में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sansar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

कमांडर तेजेन्द्र सिंह मारा गया । वह गिल हत्याकांड लुधियाना सहित 26 हत्याओं में संलिप्त था ।

पुलिस अधीक्षक सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार आज प्रातः चार बजे धारीवाल थाना का प्रबन्धक गांव महादेव कलां के निकट एक गश्ती दल के साथ जा रहा था कि उन पर 5-6 मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी । गश्ती दल की जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि अन्य भाग निकले । बाद में मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त तेजेन्द्र सिंह निवासी सत्कोहा के रूप में हुई । घटनास्थल से 303 बोर की एक राइफल, ए.के. 47 राइफल के 25 व 303 बोर की राइफल के बड़ी संख्या में कारतूस मिले । मृतक मिलिटैंट की जेब से एक डायरी भी मिली, जिसमें उसने अपने साथियों सहित की गई हत्याओं का विवरण दर्ज किया हुआ था । इस विवरण में लुधियाना का गिल हत्याकांड, आरती सिनेमा में बम विस्फोट व एक कालेज के प्रिंसीपल पृथ्वीपाल सिंह की हत्या करना भी शामिल था ।

मगर 'प.स.' के अनुसार यह दुर्दांत मिलिटैंट तेजेन्द्र सिंह बब्बर खालसा से संबंधित था तथा लगभग तीस हत्याओं में इसका हाथ था ।

के.एल.एफ. का दुर्दांत मिलिटैंट काबू : अमृतसर (प.स.): गत रात से अमृतसर क्षेत्र में के.एल.एफ. (खालिस्तान लिबरेशन फोर्स) का एक दुर्दांत मिलिटैंट अरविन्दर सिंह गिरफ्तार कर लिया गया तथा तीन मिलिटैंटों व एक पुलिस कांस्टेबल सहित 9 व्यक्ति मारे गए ।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात्रि ब्यास पुलिस थाना के अधीन भैणी रामदयाल गांव में सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों के साथ एक घंटे तक मुठभेड़ करने के बाद के.एल.एफ. के दुर्दांत मिलिटैंट अरविन्दर सिंह को काबू करने में शानदार सफलता प्राप्त की । उसके सिर पर पांच लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था । वह असंख्य आपराधिक मामलों में वांछित था तथा उसके कब्जे से 303 बोर की एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए जबकि उसके शेष साथी भाग निकले ।

इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में तीन अज्ञात मिलिटैंट भी मारे गए । यह मुठभेड़ें तरनतारन, पट्टी व भिखीविंड में हुई ।

गत रात्रि ही सुल्तानविंड क्षेत्र में मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल गुरभेग सिंह व उसकी साली मारे गए जबकि उसका भाई काबुल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया । यह कांस्टेबल इन दिनों छुट्टी पर था ।

अजनाला पुलिस थाने के अधीन गांव धर्मकोट में एक सरपंच व उसके पुत्र की भी हत्या कर दी गई जबकि ब्यास पुलिस थाना के अधीन गांव फेरूमान में एक ही परिवार के दो सदस्य बलबीर सिंह व कलदीप सिंह मारे गए ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : आज प्रातः 7 बजे के लगभग एक दुर्दांत मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली । सुरक्षा बलों ने जिला तरनतारन के गांवों को घेरा हुआ था । मृतक के कब्जे से एक एच.ई. हथगोला भी बरामद हुआ ।

पुलिस के अनुसार इसके अलावा एक अन्य मिलिटैंट मारा भी गया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल व 6 कारतूस बरामद हुए ।

नम्बरदार के पुत्र व बहू की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव चाटीविंड में 8 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने नम्बरदार जगदीश सिंह के घर में घुस कर उसके पुत्र गुरबीर सिंह व बहू की हत्या कर दी ।

छलनी शव मिला : मजीठा पुलिस थाना के गांव ख्याला से तस्वीर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

अज्ञात की हत्या : आज प्रातः जिला भटिंडा में भी मिलिटैंटों ने गोली मार कर एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी है । उसके बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी ।

'ग्रोवर' के अनुसार यहां से 12 कि.मी. दूर आज प्रातः मिलिटैंटों ने पंजाब पटवार संघ के प्रधान कृष्ण लाल की हत्या कर दी है । मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए ।

महिला की हत्या : लुधियाना (धीमान): थाना समराला के तहत गांव खैरवाला में दो युवकों ने दर्शन सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी बलविन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए ।

होजरी फैक्टरी में जबरदस्त धमाका, 35 घायल : लुधियाना : (धीमान): यहां राहों रोड पर एक होजरी फैक्टरी में आज प्रातः जबरदस्त धमाका हुआ जिसमें 35 से अधिक कर्मचारी व मजदूर घायल हो गए । इनमें दो की हालत गम्भीर बताई जाती है । 8 घायलों को सी.एम.सी. में दाखिल किया गया है ।

बताया जाता है कि यह धमाका प्रातः 8 बजे शुरू होने वाली पहली शिफ्ट से आधा घंटा पहले हुआ । इसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई । धमाके से फैक्टरी की छत उड़ गई और मशीनरी का भी काफी भाग नष्ट हुआ ।

खेतों में ले जाकर हत्या : मालेरकोटला (आजिज): गत रात्रि 12 बजे के लगभग थाना मालेरकोटला के गांव कासापुर में 4 सशस्त्र मिलिटैंट सुखविंदर सिंह के घर में घुस कर सुखविंदर सिंह को गांव से बाहर ले गए और खेतों में ले जा कर हत्या कर दी ।

2 की हत्या, हथियार व कार छीनी : संगरूर (गर्ग): यहां से लगभग 4 कि.मी. दूर गांव मंदेबाल में दो मिलिटैंटों ने कल रात चमकौर सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से बाहर निकाल कर गोलियां मार कर मार दिया । एक अन्य वारदात में यहां से 30 कि.मी. दूर गांव कासापुर में सुखविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति को छः मिलिटैंटों ने रात के एक बजे जगा कर गोलियां मार कर मार दिया । एक अन्य वारदात में यहां से 35 कि.मी. दूर गांव कस्बे में 20 मिलिटैंटों ने गांव में आकर शेर सिंह नामक व्यक्ति से उसका रिवाल्वर छीन लिया । उन्होंने एक अन्य व्यक्ति सुखदेव सिंह की राइफल भी छीन ली । एक अन्य वारदात में यहां से बीस कि.मी. दूर गांव चनड़ के निकट 6 मिलिटैंटों ने एक कार नं. सी.एच.ओ.आई.-7901 छीन ली तथा फरार हो गए ।

'वार्ता' के अनुसार मिलिटैंटों ने इसी जिले के गांव भगवां में भी एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी ।

सिपाही मारा गया : संगरूर से ही कुछ कि.मी. दूर गांव टहलानी से जब दो सिपाही अपनी ड्यूटी दे कर वापस लौट रहे थे तो रास्ते में एक मारुति कार में सवार 5-6 मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की । जिस कारण सिपाही दलजीत सिंह मारा गया तथा उसका दूसरा साथी घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात्रि जिला बटाला के थाना हरगोबिंदपुर के गांव अठवाल में 5 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति कश्मीर सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा कुछ दूर ले जाकर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : समराला (भारद्वाज): यहां के निकटवर्ती गांव खिरनी में कुछ मिलिटैंटों ने भूपिंदर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने 3 मिलिटैंटों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है । उनकी पहचान अवतार सिंह पुत्र करनैल सिंह रामदासिया निवासी गांव अक्कर के रूप में हुई । उसके कब्जे से 303 बोर की एक राइफल भी बरामद हुई । दूसरे मिलिटैंट की पहचान परमजीत सिंह उर्फ पप्पू पुत्र ज्ञान सिंह जाट निवासी बीर बहादुरगढ़ के रूप में हुई । इसके कब्जे से भी 303 बोर की एक राइफल मिली । तीसरे मिलिटैंट की पहचान सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र जोगिन्दरसिंह निवासी बीरबहादुरगढ़ के रूप में हुई तथा इसके कब्जे से भी 303 बोर की एक राइफल पकड़ी गई ।

4 संदिग्ध मिलिटैंट काबू : (प.स.): जिला फिरोजपुर के जलालाबाद सैक्टर में से 4 संदिग्ध मिलिटैंटों को काबू कर लिया गया है । यह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (मानोचाहल) व खालिस्तान कमांडो फोर्स (राजस्थानी) से संबंधित थे । इनसे बड़ी संख्या में हथियार व विफोटक भी बरामद हुए ।

पंजाब में इंका नेताओं को नाम वापस लेने के निर्देश

अलीगढ़ : कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष राजीव गांधी ने आज घोषणा की कि उनकी पार्टी हर कीमत पर अयोध्या में बाबरी मस्जिद की हिफाजत करेगी और उसको हरगिज तोड़ने नहीं देगी । उन्होंने यहां एक सभा में कहा कि अगर कांग्रेस (इ) सत्ता में आई तो धार्मिक स्थलों की हिफाजत के लिए संविधान में संशोधन करेगी ।

श्री गांधी ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो उनकी सरकार विशेष दंगा पुलिस बल बनाएगी, जिसके पास विमान, हैलीकाप्टर और अन्य आधुनिक उपकरण होंगे ।

बाढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी की मृत्यु की जांच की मांग

नई दिल्ली, 13 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह बिहार के बाढ़ संसदीय क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार देवी प्रसाद सिंह की कथित मृत्यु की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) से जांच कराए । पार्टी के प्रवक्ता प्रणव मुखर्जी ने आज दावा किया कि श्री सिंह जीवित हैं तथा एक लावारिस लाश को उनकी लाश बता कर बाढ़ लोकसभा सीट का चुनाव स्थगित कराया गया है । उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि वह श्री देवी प्रसाद की मृत्यु की गलत सूचना पर चुनाव स्थगित करने के अपने आदेश पर पुनर्विचार करे ।

बंगला देश में बाढ़ से 65 मरे, 30000 बेघर

ढाका, 13 मई (डी.पी.ए.): उत्तर पूर्वी बंगला देश में भारी वर्षा के बाद आई बाढ़ से 65 लोगों की मृत्यु हुई है और करीब 30,000 अन्य बेघर हो गए हैं । बचाव कर्मियों के अनुसार वर्षा और आंधी से एक सिंचाई बांध में दरार पड़ गई, घरों के साथ-साथ धान की खेती और सड़कों को भी भारी क्षति पहुंची है ।

4 मरे, 12 घायल, पंजाब 3 मिलिटैंट भी मारे गए

सिंह बाजार में मिलिटैंटों ने आज दोपहर अमरदीप नामक एक व्यक्ति से 30 हजार रुपया लूट लिया । श्री अमरदीप यह रुपया स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से निकलवा कर ला रहे थे ।

एक मिलिटैंट ज़हर खाकर मरा : अमृतसर जिला के मेहता थाना के अंतर्गत कालेके गांव में सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर मेजर सिंह उर्फ पाला नामक एक मिलिटैंट ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । मेजर सिंह से एक पिस्तौल भी बरामद हुआ है ।

अपहरण के बाद हत्या : अमृतसर जिला के गांव लालपुर से कल मिलिटैंट चनन सिंह, उसके पिता सुबा सिंह, दो भाइयों स्वर्ण सिंह तथा जगीर सिंह और बेटे हरप्रीत सिंह को उस समय अपहृत करके ले गए, जब वे खेतों में काम कर रहे थे । बाद में नौशहरा पन्नुआं क्षेत्र से पुलिस ने सुबा सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । अन्य अपहृतों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

एक की हत्या, 2 जख्मी : अमृतसर जिला के अज्वाल थाना के अंतर्गत गांव निहाल सिंह में मिलिटैंट चनन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

प्रस्ताव किया गया क्योंकि चुनाव रद्द होने पर फिर से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने पर काफी धन खर्च होता है ।

उन्होंने कहा कि 1985 में पूरे देश के लिए इस

उल्लेखनीय है कि देश भर में अब तक कुल आठ विधानसभा क्षेत्रों तथा तीन संसदीय क्षेत्रों में चुनाव स्थगित किए गए हैं, जिसमें पंजाब के छः विधानसभा

(शेष पृष्ठ 10 पर)





(बाएं) जालंधर छावनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार कमलजीत सिंह का पुरान चित्र तथा (दाएं) मृतक कमलजीत सिंह का शव ।

जालंधर छावनी विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार कमलजीत सिंह की हत्या, चुनाव स्थगित

जालंधर, 13 मई (वि.स.): जालंधर छावनी विधानसभा क्षेत्र के जिस एक निर्दलीय उम्मीदवार श्री कमलजीत सिंह के लापता होने की चर्चा थी, उसकी हत्या कर दी गई है । कमलजीत सिंह का शव सदर थाना पुलिस के जी.टी. रोड पर परागपुर चुंगी के निकट पड़ा मिला ।

यह जानकारी आज एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने एक भेंट में दी । श्री अरोड़ा ने बताया कि 25 वर्षीय कमलजीत सिंह न्यू जवाहर नगर का निवासी था और वीडियो कैसेट की दुकान करता था । उसने सुरक्षा कर्मी लेने से इन्कार कर दिया था ।

श्री अरोड़ा के अनुसार थाना सदर पुलिस ने 11 मई की प्रातः को कमलजीत का शव बरामद करने के बाद उसे सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसकी पहचान न हो सकने के कारण उसका अंतिम संस्कार नगर निगम स्टाफ ने कर दिया था ।

इस बीच 11 मई की शाम को कमलजीत के परिवार ने थाना डिवीजन नम्बर 6 में कमलजीत के लापता होने की सूचना दी । जब 12 मई को उसके घर वाले दोबारा पुलिस डिवीजन नम्बर-6 में गए तो वहां का एस.एच.ओ. उन्हें थाना सदर में ले गया क्योंकि तब तक एक गैर-शिनाख्ती लाश के मिलने की जानकारी उसे मिल चुकी थी । थाना सदर में कमलजीत के घर वालों ने उसके कपड़ों की पहचान कर ली ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि जहां से कमलजीत का शव मिला, वहां टूटे शीशे बिखरे हुए थे । पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि कमलजीत की मौत गोली लगने के बाद सदमे से हृदय गति रुक जाने के कारण हुई । गोली कान के पीछे लगी और फिर खोपड़ी को चीर कर बाहर निकल गई । पुलिस के अनुसार गोली रिवाल्वर से चलाई गई लगती है ।

कमलजीत सिंह के परिवार के सदस्यों के अनुसार कमलजीत सिंह विगत शुक्रवार को रात 8 बजे अपने भाई के साथ माडल टाऊन में स्थित गुरुद्वारे में सेवा के लिए गया था । उसका भाई तो घर लौट आया लेकिन कमलजीत सिंह वापस नहीं आया । पुलिस को संदेह है कि कोई वहां से उसे अपहृत करके ले गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस बात की पुष्टि करना अभी संभव नहीं कि यह उग्रवादी घटना है । फिर भी इसकी संभावना को रद्द नहीं किया जा सकता । पुलिस का विचार है कि यदि यह उग्रवादी घटना होती तो उग्रवादी इस प्रकार उसे कहीं जाकर हत्या न करते क्योंकि वे तो खुलेआम हत्या करके प्रचार प्राप्त करते हैं । यदि यह किसी उम्मीदवार की ओर से उस पर बैठ जाने के लिए दबाव का परिणाम है तो उसकी हत्या कर देने से तो चुनाव ही टल गया और हत्या करवाने वाले का उद्देश्य ही समाप्त हो गया । सूत्रों के अनुसार जांच अभी जारी है और निश्चित मत बाद में ही व्यक्त किया जा सकेगा ।

श्री अरोड़ा ने इस संदर्भ में कहा कि यद्यपि पुलिस विभाग ने सभी उम्मीदवारों को सरकार की नीति के अनुसार सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय किया है किन्तु जिला के लगभग पौने चार सौ उम्मीदवारों में से 80 ने सुरक्षा गार्ड लेने से इन्कार कर दिया है जिनमें कमलजीत भी शामिल था । उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उम्मीदवारों से दोबारा आग्रह किया जा रहा है कि वे सुरक्षा गार्ड अवश्य रखें । कमलजीत सिंह की हत्या के कारण जालंधर छावनी क्षेत्र, जहां कुल 30 उम्मीदवार खड़े थे, का चुनाव रद्द कर दिया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार इससे पूर्व पंजाब में 4 अन्य प्रत्याशियों की हत्या हो चुकी है । मिलिटैंटों ने 27 अप्रैल को मोगा तथा बाघापुराना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अकाली दल (ब) की टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी श्री मलकीयत सिंह सिद्धू की हत्या कर दी थी, जिससे उक्त दोनों क्षेत्रों में चुनाव

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पूरी कीमत, आधा स्कूटर !

"क्या आप अब भी सड़क पर खड़ा हुआ स्कूटर खरीदना चाहेंगे, जो हर रोज़ धूप व बरसात में खड़ा रहता है व हर रोज़ सुबह बाहर निकाला जाता है तथा शाम को अंदर रखा जाता है, जिससे स्कूटर की उम्र आधी रह जाती है ?"

A
NEW WAVE
IN FASHION

Punjabi Tribune

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

आए तथा चनन सिंह, जोगिन्द्र सिंह तथा नरेन्द्र सिंह को घर से बाहर निकाल कर बुरी तरह से पीटा । मिलिटैंटों ने उन्हें असाल्ट राइफल के बट भी मारे । आज प्रातः चनन सिंह को जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिला के गांव ढंड से पुलिस ने अजमेर सिंह नामक एक मिलिटैंट का शव बरामद किया । पुलिस के अनुसार अजमेर सिंह लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त था और वह मिलिटैंटों की आपसी गुटबाजी में मारा गया ।

शव मिला : अमृतसर जिला के गांव छिछरेवाल से आज प्रातः एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

मारे गए 5 मिलिटैंटों की पहचान : तरनतारन पुलिस जिला के रटौल गांव में विगत 9 मई को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो 7 मिलिटैंट मारे गए थे, उनमें से 5 की पहचान कर ली गई है । इनके नाम हरजिन्द्र सिंह पहलवान, जगतार सिंह भोरसी, लखविन्द्र सिंह, काला सिंह तथा छिंदी सिंह हैं । ये पांचों दुर्दांत मिलिटैंट थे ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर से 'प.स.' के अनुसार कल शाम थाना झब्बाल के गांव कोट धर्म चंद के खेतों से पुलिस ने एक मिलिटैंट का शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

शराब विक्रेता की हत्या : अहमदगढ़ से 'पवन' तथा 'पुरी' के अनुसार यहां से 10 किलो मीटर दूर गांव पहोलीकलां में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके की जीप पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे शराब विक्रेता टहल सिंह की मृत्यु हो गई तथा ठेके के 2 अन्य कर्मचारी जसपाल हैपी तथा सुमन कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए । जीप का ड्राइवर जब अपनी जान बचाने के लिए भागा तो पैर में कांच का टुकड़ा लगने से वह भी घायल हो गया ।

बस कंडक्टर को लूटा : दीनानगर (कपूर): अमृतसर से पठानकोट जा रही पंजाब रोडवेज की एक बस (नं. पी.जे.जी. 4005) के कंडक्टर को आज दो युवकों ने लूट लिया । पता चला है कि दो युवक जिनके पास पिस्तौलें थीं, गुरदासपुर से बस में सवार हुए तथा बरयार के निकट उन्होंने बस रुकवा ली । उन्होंने कंडक्टर को बस से नीचे उतार लिया तथा पिस्तौल दिखा कर कंडक्टर से 400 रुपया छीन लिया ।

एक की हत्या : फगवाड़ा (अशोक): कल आधी रात के समय 2 संदिग्ध नौजवानों ने मानांवाली गांव में शैलेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि दोनों हमलावर सीढ़ी लगा कर शैलेन्द्र सिंह के घर में घुस गए । उस समय शैलेन्द्र सिंह अपने घर के बरामदे में सो रहा था । हमलावरों ने शैलेन्द्र सिंह को जगाया तथा उसे उसके भाई महेंद्र सिंह को मिलवाने के लिए अपने साथ ले गए । 10 मिनट बाद ही वे शैलेन्द्र सिंह को साथ लेकर लौट आए । उन्होंने शैलेन्द्र सिंह की पत्नी से चाय बनवा कर पी और फिर पुनः शैलेन्द्र सिंह को अपने साथ ले गए तथा खेतों में ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

फगवाड़ा सदर पुलिस के इंस्पैक्टर प्रीतम सिंह ने इस घटना को भाइयों में जमीन के झगड़े का मामला बताया । पुलिस ने केस दर्ज करके मृतक की लाश पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दी है ।

गोलियों से छलनी शव मिला : फरीदकोट जिला के भलूर गांव से गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है ।

लुटेरों के दो गिरोह गिरफ्तार : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार लुधियाना पुलिस ने मिलिटैंटों की आड़ में लूट मार की वारदातें करने वाले दो गिरोहों के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में अवतार सिंह (मोगा), बसंत सिंह (मेहलां, थाना सदर), प्रकाश सिंह (जिला संगरूर), महेंद्र सिंह (लहरा, थाना डहलों), जगजीत सिंह पंडित (भाई रणधीर सिंह लुधियाना) और दूसरे गिरोह के सदस्य हरमीत सिंह (थाना सुधार), नछत्तर सिंह (हलवारा) शामिल हैं । गिरोह पैट्रोल पम्पों, स्कूटर सवारों और लोगों से नकदी लूटते थे । वे एक दर्जन से अधिक वारदातों में संलिप्त थे । उनसे एक बंदूक, एक पिस्तौल तथा एक रिवाल्वर बरामद किए गए ।

तेजधार हथियारों से हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव कोट टोडरमल में गत सायं कुछ लोगों ने एक युवक कर्मजीत सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार यह निजी शत्रुता की वारदात है ।

कम्युनिस्ट नेता घायल : पटियाला (राजू): भाकपा की सरहिन्द तहसील समिति के अध्यक्ष श्री नत्था सिंह को कल रात मिलिटैंटों ने बस्सी पठाना में उस समय घायल कर दिया, जब वह अपने घर में बरामदे में सो रहे थे । उन्हें उपचार के लिए पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भेजा गया है ।

5 मिलिटैंट काबू : पटियाला-जिला पुलिस ने विभिन्न मामलों के संबंध में 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । सामाना थाना के कमालपुर गांव के निवासी मिलिटैंट निशान सिंह को सामाना के शाम लाल नामक एक व्यक्ति के अपहरण के मामले में दो मिलिटैंटों जसवंत सिंह तथा जसबीर सिंह उर्फ ढुंडा की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । इसके लिए उक्त दोनों मिलिटैंटों ने निशान सिंह को 10 हजार रुपए दिए थे । निशान सिंह से 10 हजार रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं । कुलदीप सिंह नामक एक अन्य मिलिटैंट को सामाना क्षेत्र में लोगों से हथियार छीनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । कुलदीप सिंह सामाना थाना के अंतर्गत खेड़ी फत्ता गांव का निवासी है । सामाना थाना के अंतर्गत गांव कोटला कसारू के निवासी मेहर सिंह तथा सरहिन्द के निवासी सुखपाल सिंह को हथगोले तथा पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने डेरा शुतराना के निवासी वधावा सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उस पर दुर्दांत मिलिटैंटों नछत्तर सिंह तथा जरनैल सिंह को शरण देने का आरोप है ।

श्रीलंका में 14 मरे

कोलम्बो, 13 मई (वार्ता): श्रीलंका के जाफना प्रायदीप में एक मकान में शक्तिशाली बम विस्फोट होने से कम से कम आठ सैनिक मारे गए । सैनिक अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इसके अलावा देश के पूर्वी तथा उत्तरी भाग में कल अन्य घटनाओं में दो सैनिक, तीन उग्रवादी तथा एक अन्य नागरिक मारा गया ।

जालंधर छावनी क्षेत्र के प्रत्याशी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्थगित हो गया था । इसके बाद 5 मई को मिलिटैंटों ने संगरूर तथा दड़बा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से अकाली दल (पंथक—राजदेव) की टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी श्री अजमेर सिंह खालसा की हत्या कर दी थी और उक्त दोनों क्षेत्रों में भी चुनाव स्थगित हो गया था । 8 मई को मिलिटैंटों द्वारा धनौला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अकाली दल (ब) प्रत्याशी श्री दरबारा सिंह की हत्या के बाद वहां चुनाव रोकने का निर्णय लिया गया था । मिलिटैंटों द्वारा विगत शुक्रवार को लुधियाना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अकाली दल (पंथक—राजदेव) प्रत्याशी श्री सुकत्तर सिंह पंडोरी की भी हत्या कर दी गई, जिससे वहां चुनाव स्थगित किया गया था ।



भाजपा नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जोकि चुनाव प्रचार के सिलसिले में अयोध्या गए हुए थे, को रविवार को अयोध्या के साधू आशीर्वाद देते हुए ।
(छाया : प्रै.ट्र.)

विन्नी मंडेला दोषी पाई गई

जोहानसबर्ग, 13 मई (ए.पी.): दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अदालत ने अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला की पत्नी विन्नी मंडेला को चार युवकों के अपहरण और उनके साथ मारपीट करने के लिए दोषी पाया है । सुश्री विन्नी मंडेला पर 1988 में एक गिरजा घर से चार युवकों का अपहरण करने तथा उन्हें अपने घर में लाकर पिटाई करने के आरोप में मुकद्दमा चल रहा था ।

बसपा वर्कर की हत्या

लखनऊ, 13 मई (वार्ता): फतेहपुर जिले में आज बहुजन समाज पार्टी के एक कार्यकर्त्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

अलगाववाद : जम्मू-कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

मृत्यु का कारण पता नहीं लग पाया ।

सुरक्षा बलों ने आज जिला बुड़गाम, कानीपोरा अरीबाग, ख्वाजाबाग, नेगनवाड़ी और चुकापोरा आबादियों को घेरे में ले लिया ताकि उग्रवादियों को बाहर निकाला जा सके । कुछ उग्रवादी गिरफ्तार भी किए गए हैं, लेकिन उनकी ठीक संख्या का पता नहीं है ।

पुंछ में ढील मिली : जम्मू (प.स.) : जम्मू से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार सीमावर्ती कस्बे पुंछ में छात्रों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए कर्फ्यू में एक घंटे की ढील दी गई ।

कस्बे में कल कुछ उपद्रवी युवकों द्वारा पशु-चिकित्सालय के भवन और दो सरकारी कार्यालयों में आगजनी की घटना के बाद कर्फ्यू लागू कर दिया गया था ।

जम्मू रेंज के पुलिस उप-महानिरीक्षक गोपाल शर्मा ने बताया कि कस्बे में स्थिति नियंत्रण में है । दिन में कर्फ्यू में फिर ढील दी जा सकती है जबकि पुलिस की मदद के लिए और अर्द्धसैनिक बलों को बुलाया गया है ।

20 युवक गिरफ्तार : पुलिस ने पुंछ में हिंसा के आरोप में 20 युवकों को गिरफ्तार किया है । इन्हें जिला के विभिन्न क्षेत्रों से पकड़ा गया । उनसे कुछ पैट्रोल बम भी बरामद हुए हैं ।

अडवानी को लोकसभा में भाजपा को बहुमत मिलने का विश्वास

नई दिल्ली, 13 मई (वार्ता) : भारतीय जनता पार्टी के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने विश्वास व्यक्त किया है कि आगामी चुनाव में उनकी पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा ।

श्री अडवानी ने उत्तर प्रदेश, गुजरात तथा आंध्र प्रदेश के चुनावी दौरे से लौटने के बाद आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भरोसा जाहिर किया । भाजपा नेता ने कहा कि चुनाव से एक माह पहले उन्हें लग रहा था कि आगामी चुनाव में कांग्रेस (इ), जनता दल के नेतृत्व वाले मोर्चे तथा भाजपा के त्रिकोणीय मुकाबले में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा । लेकिन पिछले एक सप्ताह से जो रुख दिखाई पड़ रहा है उससे उन्हें यह आशा बंधी है । उन्होंने कहा कि भाजपा अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस (इ) तथा जनता दल से काफी आगे है । खास तौर पर उत्तर प्रदेश तथा बिहार जैसे राज्यों में, जो चुनावों में अहम भूमिका निभाते हैं, वह काफी आगे है ।

भाजपा नेता ने कहा कि इस बार खास बात यह है कि देश भर में युवा तथा महिलाएं भारी तादाद से भाजपा का समर्थन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि उड़ीसा तथा पं. बंगाल में भी पार्टी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है । उन्होंने कहा कि कुछ अन्य राज्यों में भाजपा सभी का सफाया कर देगी । उन्होंने कहा कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में पार्टी के प्रदर्शन में निर्णायक सुधार आएगा ।

श्री अडवानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में उनकी पार्टी को आशा के अनुरूप समर्थन मिल रहा है जबकि आंध्र प्रदेश में उन्हें अपने दल की स्थिति से सुखद आश्चर्य हुआ । उन्होंने कहा कि कर्नाटक में तो उनके दल ने निश्चित रूप से जगह बना ली है । श्री अडवानी ने कहा कि इस बार पहली बार मतदाता सकारात्मक वोट देंगे । अन्यथा केन्द्र में जब भी गैर-कांग्रेस (इ) सरकार बनी, कांग्रेस को उखाड़ फैंकने के लिए मतदाताओं ने वोट दिया । उन्होंने कहा कि पिछली बार जनता ने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को वोट नहीं दिया था अपितु कांग्रेस को उखाड़ फैंकने के लिए वोट दिया था ।

बिहार के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री अडवानी ने कहा कि वहां की स्थिति खराब है और सत्तारूढ़ दल ही खुद कुछ गड़बड़ियां करा रहा है लेकिन उनकी पार्टी का मानना है कि चुनावों की पूर्व-संध्या पर श्री लालू प्रसाद यादव सरकार हटा कर काम चलाऊ सरकार लाना अथवा वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना उचित नहीं है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहेगी कि श्री यादव समझदारी का परिचय देकर खुद ही इस्तीफा दे दें ।

श्री अडवानी ने कहा कि बिहार में जनता दल पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकता क्योंकि वह पिछली बार 'शिखर' छू चुका है ।

प्रत्याशियों की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ की जाएगी

होशियारपुर, 13 मई (अश्विनी): होशियारपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की बैठक आज यहां जिला परिषद मैदान में रिटर्निंग अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह संधू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अफसर तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए ।

बैठक में कई प्रत्याशियों ने एस्कार्ट गाड़ियां देने की मांग की लेकिन एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने

देश को जनता दल स... का भारी मोल चुका...

नई दिल्ली, 13 मई (जी.एस. चावला) : जनता दल सरकार द्वारा अभूतपूर्व रूप से दिसम्बर 1989 में तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री रुबिया सईद को कश्मीर के अलगाववादियों के कब्जे से छुड़ाने के लिए, बदले में पांच अलगाववादी नेताओं की रिहाई का देश को भारी मूल्य चुकाना पड़ रहा है तथा अब चाहे पंजाब के मिलिटैंट हों या कश्मीर के अलगाववादी या असम के नक्सलवादी, वे राजनीतिज्ञों को अपना लक्ष्य बनाकर इस अभूतपूर्व घटना का पूरा फायदा उठा रहे हैं ।

रुबिया अपहरण कांड के बाद कम से कम आध दर्जन मामलों में मिलिटैंटों ने राजनीतिज्ञों के रिश्तेदारों का अपहरण कर बदले में कुछ प्रमुख मिलिटैंटों को छुड़ा लिया है । अब तक की घटनाओं से यही प्रभाव पड़ता है कि सरकार को राजनीतिज्ञों के अपहृत किए गए रिश्तेदारों की ही अधिक चिंता होती है । गत वर्ष उल्फा के उग्रवादियों ने असम में इंडियन आयल के एक वरिष्ठ अधिकारी का अपहरण किया था और बदले में अपने साथियों को रिहा करने की मांग की थी । इस अधिकारी की पत्नी ने एड़ी चोटी का जोर लगा लिया था कि सरकार उग्रवादियों को छोड़ दे परन्तु वी.पी. सिंह सरकार ने

5 में से घोषित 4 सीटें नेपाली कांग्रेस ले गई

काठमांडू, 13 मई (वार्ता): नेपाल में कल हुए बहुदलीय संसदीय चुनावों के आज घोषित पांच परिणामों में से चार नेपाली कांग्रेस के पक्ष में गए हैं ।

लेकिन शेष जिन चुनाव क्षेत्रों में मतगणना अभी जारी है, उनमें नेपाली कांग्रेस और नेपाली कांग्रेस पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी, लेनिनवादी) बराबरी से बढ़त बनाए हुए हैं । नेपाली कांग्रेस ने दक्षिण नेपाल में बांके-I तथा बांके-II सीटें 7000 मतों से ज्यादा अंतर से जीतीं । काठमांडू घाटी में भक्तपुर-I तथा II सीटों से भी नेपाली कांग्रेस का प्रत्याशी विजयी रहा । आज जीतने वाले एकमात्र गैर-नेपाली कांग्रेस प्रत्याशी नेपाल मजदूर किसान पार्टी के अध्यक्ष नारायण मान बिजूकछे रहे जो भक्तपुर से विजयी घोषित किए गए ।

चुनाव आयोग ने बैठक बुलाई

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्षेत्र तथा एक संसदीय क्षेत्र है । शेष दो विधानसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के हैं । संसदीय क्षेत्रों में एक-एक गुजरात (कच्छ) तथा (बाढ़) बिहार में हैं ।

यह पूछे जाने पर कि क्या वे इस तरह के अध्यादेश के पक्ष में हैं, उन्होंने कहा कि न तो वे पक्ष में हैं और न ही विपक्ष में । उन्होंने कहा कि इस बात पर विचार किया जाएगा कि यह कानून पिछली तारीख से लागू किया जाए अथवा नहीं । उन्होंने कहा कि बैठक में इस बात पर भी विचार किया जाएगा कि आयोग को पूरे देश भर में निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के आधार पर अथवा निर्वाचन क्षेत्रों में मिला कर मतगणना कराने का अधिकार दे दिया जाए । अभी तक आयोग को पंजाब तथा श्रीगंगानगर में यह अधिकार मिला हुआ है ।

बिहार में होम गार्डों को चुनाव ड्यूटी देने की आज्ञा न मिली : बिहार में चुनावों को लेकर चल रही अनिश्चितता के माहौल में आज चुनाव आयोग ने वहां होम गार्डों को चुनाव ड्यूटी पर लगाए जाने संबंधी केंद्र तथा राज्य सरकार का आग्रह पुनर्विचार के बाद नामंजूर कर दिया । श्री शेषन ने यह जानकारी भी दी । इसी बीच आयोग को बिहार में कानून तथा व्यवस्था की स्थिति के बारे में कल शाम केंद्रीय गृह सचिव का एक पत्र मिला है । श्री शेषन ने इस पत्र का ब्यौरा संवाददाताओं को यह कह कर देने से इंकार कर दिया कि यह पत्र 'गोपनीय' लिखा हुआ है । श्री शेषन ने बताया कि पत्र में गृहसचिव ने बिहार के लिए आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय प्रेक्षकों की रपट उसे भेजने की बात दोहराई है ।

प. बंगाल ने नियुक्ति रोकी : कलकत्ता (वार्ता): पश्चिम बंगाल ने 42 हजार होमगार्डों की नियुक्ति को चुनाव आयोग के हस्तक्षेप के बाद बहरहाल रोक दिया गया है ।

पंजाब समस्या चन्द्रशे... करके हल नहीं हो स...

गंगानगर, 13 मई (खुंगर): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हम खालिस्तान की मांग पर कायम हैं । खालिस्तान बनने पर उसमें राजस्थान के गंगानगर इलाके को भी शामिल किया जाएगा । उन्होंने कहा कि हम सरकार से बातचीत करना चाहते हैं । पर यह बातचीत तभी होगी जब सरकार पंजाब में लागू सभी 'दमनकारी' कानून वापस ले लेगी । कोई भी बातचीत आमने-सामने गोलमेज वार्ता ही हो सकती है ।

उन्होंने कहा कि मैं कोई भी गैर-कानूनी बात नहीं करूंगा क्योंकि मैं संविधान में आस्था रखता हूं । उन्होंने कहा कि जो भी लोग अकाली दल (मान) को छोड़कर चले गए हैं उनके जाने से उनकी

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

Ludhiana Farmers NECC Egg Rate for 14.5.91 is Rs. 63/- per 100 eggs without tray. This rate is net payable to the farmers at their farms. Phone : 31604.

बिकाऊ

सफेदे बिकाऊ : सात साल के अनुमानतः 2700 नग, चंडीगढ़से 28 किलोमीटर । बाक्स 232, पंजाब केसरी, जालंधर ।

(Bhushan/17)

Punjabi Sanjaani

भाजपा नेता समेत 9 लोगों की हत्या, 2 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 14 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक भाजपा नेता ऋतु जैन तथा किसान नेता करतार सिंह समेत 9 व्यक्तियों की हत्या हुई तथा 2 मिलिटैंट भी मारे गए । इस बीच पटियाला पुलिस ने मिलिटैंटों के मददगार अकाली नेता वधावा सिंह को गिरफ्तार किया है ।

भाजपा नेता की हत्या : मालेरकोटला से 'आजिज' और 'नरेन्द्र' के अनुसार आज सवेरे साढ़े दस बजे औद्योगिक क्षेत्र में एक मारुति कार में सवार चार मिलिटैंट यहां के एक प्रसिद्ध साइकिल व्यापारी श्री कुंजलाल जैन की फैक्टरी में आए । वह उनके छोटे बेटे भाजपा नेता ऋतु जैन का अपहरण करना चाहते थे । जब उन्होंने उसको जबरदस्ती कार में बिठाने की कोशिश की तो जैन परिवार और मिलिटैंटों के बीच हाथापाई हो गई । इस पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमें ऋतु जैन मारा गया । कुंज लाल, उसका बेटा नवनीत जैन उर्फ नीतू और मुनीम किशोरी लाल घायल हो गए । श्री कुंज लाल व उनके बेटे को सी.एम.सी. लुधियाना और मुनीम को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । नगर में वारदात की खबर आग की तरह फैल गई । हजारों लोग शोक संतप्त परिवार के साथ सहानुभूति के तौर पर उनके घर में इकट्ठे हो गए । नगर में मातमी हड़ताल कर दी गई ।

शराब के एक ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : धूरी (सिंगला): आज प्रातः यहां से 15 कि.मी. दूर गांव सेखां में कुछ मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के बाहर बैठे ठेके के दो कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा ठेके को आग लगा कर फरार हो गए ।

महिला की हत्या : धूरी से 'जैन' के अनुसार कल रात यहां से 10 किलो मीटर दूर लड्डा गांव में मिलिटैंटों ने गुरदेव कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

किसान नेता की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 25 किलो मीटर दूर झनेर गांव में मिलिटैंटों ने करतार सिंह नामक किसान नेता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात साढ़े 10 बजे के लगभग 5 मिलिटैंट श्री करतार सिंह के घर में घुस आए । वे जबरदस्ती करतार सिंह को बाहर ले गए तथा गोलियां मार कर भाग गए । श्री सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । श्री करतार सिंह भारतीय किसान यूनियन के खजांची थे ।

ठेका जला दिया : सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार कल रात यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव धन्गरो में स्थित शराब के ठेके को मिलिटैंटों ने आग लगा दी ।

एक की हत्या, 2 घायल : फिल्लौर (भाखड़ी): आज प्रातः गांव लसाड़ा में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी व दो अन्यों को घायल कर दिया । ज्ञात हुआ है कि प्रातः 9.15 बजे के करीब गांव लसाड़ा निवासी शीतल सिंह, जो गोराया में शराब के ठेकेदार हैं तथा उनका पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पम्पी अपनी मारुति वैन में बैठ कर गोराया

(शेष पृष्ठ 10 पर)



अमृतसर जिला के मजीठा नगर में बम फटने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 12 अन्य व्यक्ति घायल हुए । चित्र में (1) मृतक नरेंद्र कुमार तथा (2) एक वर्षीया बालिका वीरेंदपाल कौर के शव और (3-6) 4 घायल, जो कि अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : भंडारी)

अडवानी द्वा
के गठबंध

बेंगलूर, 14 मई (वार्ता): भारतीय
के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने आज
जनता दल या कम्युनिस्ट पार्टियों के
पार्टी के गठबंधन की सम्भावना से इ
उन्होंने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से
पार्टियों में से किसी से भी हाथ मिलाने क
उठता, क्योंकि इनकी दिलचस्पी केव
जनता पार्टी की आलोचना करने में है

कांग्रेस (इ) से गुप्त समझौते के बा
पर उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रू
जगह खुला दृष्टिकोण रखने में विश्वा
उन्होंने कहा कि छद्म धर्म-निरपेक्षता
अधिक गुनाहगार कांग्रेस (इ) है जबकि
ने पिछले एक वर्ष से अल्पसंख्यकों को
करने के लिए यह रवैया अपनाया ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हिन्दु
वोट बैंक नहीं मानती क्योंकि इस धर्म
इतने अधिक मतांतर हैं कि वे कभी एक
ही नहीं सकते । लेकिन फिर भी इसमें से
लोग हमारे साथ आ जाते तो हमें
होगी ।

यह पूछने पर कि क्या चुनाव के बा
बनने की संभावना है जिसमें किसी का
श्री अडवानी ने कहा कि इसका सवाल ही
क्योंकि भाजपा को चुनाव में ज़बरदस्त
रहा है । उन्होंने कहा कि अधिकांश
भाजपा पहले स्थान पर है और उत्तर
बिहार में तो कांग्रेस (इ) का सफाय

कश्मीर घाटी में
मरे : अग्निकांड

श्रीनगर, 14 मई (प.स., वार्ता): क
में आज 5 अलगाववादियों सहित 8 व्य
जबकि अनन्तनाग में सुरक्षा
अलगाववादियों की फायरिंग के दौरान
नदी में कूदने वाले 12 अन्य लोगों का क
चल सका । इसी मध्य अधिकारियों
जिले में जलूस निकालने पर प्रतिबंध ल
जो 60 दिन तक लागू रहेगा । अंत्येष्टि
भी 100 से अधिक लोग भाग नहीं ले

कुलगाम में एक मुठभेड़ के दौरान
लगभग 150 मकान और दुकानें जल
गईं ।

घाटी में 19 संदिग्ध अलगाववादी
किए गए हैं, जिनमें से 7 श्रीनगर, ब
बारामूला से गत 24 घंटों में गिरफ्तार

शहर के भीतरी भागों में सवेरे आठ
10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई जब
अन्य इलाकों में भी सवेरे पांच बजे से
कर्फ्यू में ढील दी गई है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तरी
कुपवाड़ा जिले में लालपोरा गांव में अल
ने सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर फा
इस बल द्वारा जवाबी फायरिंग क
अलगाववादी मारे गए जबकि उनके अन
गए ।

छतबल के पास एक पुल पर आज स
विस्फोट में एक हाऊस बोट क्षतिग्रस्त
हालांकि इस घटना में किसी के घाय

ट्टा बाज़ार की नज़रों में इंका और भाजपा

ली, 14 मई (एम.एफ.एस.): स्टोरियों
देश में फिलहाल कांग्रेस (इ) की स्थिति
और दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में
है । तीन सौ सीटों पर एक मई तक सात रुपए का भाव था, जो बढ़ कर 15 रुपए तक पहुंच गया है ।
शुभ संकेत है । भाजपा को 75 सीटें मिलने के अंदाजे पर इस समय 10 पैसे का भाव है । एक मई तक
का भाव डेढ़ सौ सीटों तक है । इससे माना जा रहा है कि सटोरियों को लगता है कि इस बार के चुनाव में

पूरी कीमत

"क्या आप अब भी
चाहेंगे, जो हर रोज़ धू
सबह बाहर निकाला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(शेष पृष्ठ 10 पर)

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Archive

ए इंका नियम नहीं बना पाई

ठन दौर में पहुंच गया है ।
का वर्तमान चुनाव घोषणापत्र

ो. ही रहे" : श्री राजीव
मड़गड़ाहट के बीच कहा कि
डीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश ही

गांधी ने लोगों से अपील की
द राज के घोटालों को समाप्त
ने अवसर दें । हम सत्ता में
लों को ठीक कर देंगे ।

भा को चंडीगढ़ इंका प्रधान श्री
याशी श्री पवन कुमार बंसल
शल इत्यादि ने भी सम्बोधित

' के अनुसार श्री गांधी के
पुलिस ने यातायात रोक रखा
यातायात रुका हुआ देखा तो
से कहा, "मैं कोई प्रधानमंत्री
रोक रखा है ।" श्री गांधी ने
कर वहां लोगों से हाथ भी
सुरक्षा बलों को काफी परेशानी
।

में श्री गांधी ने कहा कि अगर
आई तो वह मिलिटैंटों के
ख अपनाएगी, लेकिन साथ ही
किसी भी व्यक्ति से संविधान की
चीत करने को तैयार रहेगी ।
कि यदि पंजाब में अभी चुनाव
थति होगी ? श्री गांधी ने कहा
एक ऐसी विधानसभा आएगी,
के लोगों का नियंत्रण होगा ।
कि इसकी संभावना कम है
में कोई भूल हुई तो पंजाब में
हर हो सकती है ।

र इंका को सफल बनाएं :
शोक) : श्री राजीव गांधी ने
पृष्ठ 10 पर)

शराब के एक ठेके के 2 कर्मियों की

हत्या : धूरी (सिंगला): आज प्रातः यहां से 15 कि.मी. दूर गांव सेखां में कुछ मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के बाहर बैठे ठेके के दो कर्मियों की गोलियां

में शराब के ठेकेदार हैं तथा उनका पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पम्पी अपनी मारुति वैन में बैठ कर गोराया

(शेष पृष्ठ 10 पर)



अमृतसर जिला के मजीठा नगर में बम फटने से 4 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 12 अन्य व्यक्ति घायल हुए । चित्र में (1) मृतक नरेंद्र कुमार तथा (2) एक वर्षीया बालिका वीरेंद्रपाल कौर के शव और (3-6) 4 घायल, जो कि अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : भंडारी)

दिया है कि वे आयात लाइसेंस व अन्य कुछ प्रतिबन्धों

में ढील देंगे लेकिन दूसरी ओर बम्बई के कुछ उद्योगपतियों का कहना है कि भारी बहुमत के बावजूद राजीव गांधी देश का संचालन नहीं कर सके थे । वे यह अनुभव करते हैं कि राजीव गांधी में देश की समस्याओं के समाधान की क्षमता नहीं है ।

अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी का वर्चस्व बना हुआ है ।

पांच विधानसभा क्षेत्रों वाले इस लोकसभा क्षेत्र के दौरे से पता चलता है कि यहां के मतदाताओं पर राजीव सरकार के शासनकाल में इस क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का गहरा प्रभाव है और किसी भी तरह के चुनाव प्रचार से उन्हें इस प्रभाव से मुक्त करना मुश्किल होगा । यह देखते हुए इस क्षेत्र के चुनाव नतीजे से देखने लायक विशेष बात यह होगी कि श्री गांधी के प्रतिद्वंद्वी उनके वोट बैंक को कितना कम करने में कामयाब होते हैं ? उनका यह वोट बैंक किसी पार्टी लाईन की वजह से नहीं बल्कि इस क्षेत्र में जनता को लाभ पहुंचाने के लिए किए गए ठोस कार्यों से बना है ।

अधिकांश व्यावसायिक घरानों का कहना है कि अगर श्री वी.पी. सिंह पुनः सत्ता में आए तो वे वामपंथियों के प्रभाव में आकर बड़े औद्योगिक घरानों के खिलाफ कठोर कदम उठा सकते हैं ।

इस बीच भाजपा बड़े औद्योगिक घरानों का समर्थन प्राप्त करने के लिए भारी प्रयास कर रही है और इस सम्बन्ध में वह औद्योगिक व आर्थिक नीतियों के सम्बन्ध में अपनी स्थिति स्पष्ट कर रही है । भाजपा का कहना है कि उसकी उदार औद्योगिक नीतियों के कारण अनिवासी भारतीयों का उसे समर्थन प्राप्त है । भाजपा ने विदेशों में अपना प्रचार करने के लिए न्यूयार्क में अपना दफ्तर खोल दिया है । वह ब्रिटेन व जर्मनी में भी शीघ्र ही अपने दफ्तर खोलने जा रही है ।

यद्यपि विभिन्न व्यावसायिक घराने चाहते हैं कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

क्योंकि भाजपा की चुनाव में ज़बरदस्त समर्थन मिल

रहा है । उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्यों में
भाजपा पहले स्थान पर है और उत्तर प्रदेश तथा
बिहार में तो कांग्रेस (इ) का सफाया हो सकता

कश्मीर घाटी में 5 अ
मरे : अग्निकांड में 15

श्रीनगर, 14 मई (प.स., वार्ता): कश्मीर घाटी में आज 5 अलगाववादियों सहित 8 व्यक्ति मारे गए जबकि अनन्तनाग में सुरक्षा बलों और अलगाववादियों की फायरिंग के दौरान निकटवर्ती नदी में कूदने वाले 12 अन्य लोगों का कुछ पता नहीं चल सका । इसी मध्य अधिकारियों ने श्रीनगर जिले में जलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया है जो 60 दिन तक लागू रहेगा । अंत्येष्टि समारोह में भी 100 से अधिक लोग भाग नहीं ले सकेंगे ।

कुलगाम में एक मुठभेड़ के दौरान लगी आग में लगभग 150 मकान और दुकानें जल कर राख हो गईं ।

घाटी में 19 संदिग्ध अलगाववादी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से 7 श्रीनगर, बड़गाम और बारामूला से गत 24 घंटों में गिरफ्तार किए गए

शहर के भीतरी भागों में सवेरे आठ बजे से रा 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई जबकि घाटी अन्य इलाकों में भी सवेरे पांच बजे से 17 घंटों त कर्फ्यू में ढील दी गई है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर कुपवाड़ा जिले में लालपोरा गांव में अलगाववादि ने सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर फायरिंग की इस बल द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर अलगाववादी मारे गए जबकि उनके अन्य साथी भ गए ।

छतबल के पास एक पुल पर आज सवेरे हुए ब विस्फोट में एक हाऊस बोट क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने

टा बाज़ार की नजरों में इंका और भाजपा

मई (एम.एफ.एस.): स्टोरियों

है । तीन सौ सीटों पर एक मई तक सात रुपए का

शुभ संकेत है । भाजपा को 75 सीटें मिलने के अंदाजे

का भाव डेढ़ सौ सीटों तक है । इससे माना जा रहा

पूरी कीमत,

"क्या आप अब भी सड़क
चाहेंगे, जो हर रोज़ धूप व

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

जा रहे थे कि घर से कुछ दूर उनकी प्रतीक्षा कर रहे मिलिटैंटों ने कार पर असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चला दीं । इस हमले में कार का चालक बलदेव सिंह मारा गया जबकि श्री शीतल सिंह व उनका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया । इनको सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया गया है जहां इनकी हालत चिन्ताजनक बताई जाती है । जाते समय मिलिटैंट शीतल सिंह की315 बोर व 12 बोर की राइफलें व कारतूस भी ले गए ।

आपसी लड़ाई में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर (नारंग): अमृतसर जिला के वल्टोहा गांव में कश्मीर सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुछ मिलिटैंट कल रात सुरैन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर कश्मीर सिंह तथा उसके लड़के बलबीर सिंह को उठा कर खेतों में ले गए तथा दोनों को गोलियां मार दीं । कश्मीर सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बलबीर सिंह को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल तथा माऊजर के कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में एक और मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के सुरसिंहवाला गांव में एक अज्ञात मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के ममलेहड़ी गांव में मिलिटैंटों ने जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

क्रास फायरिंग में महिला घायल : पट्टी से 'पाठक' के अनुसार आज दोपहर साढ़े 12 बजे के लगभग पट्टी शहर की भट्टियां वाली गली में कुछ मिलिटैंटों ने पुलिस की एक जीप पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । क्रास फायरिंग के दौरान बलबीर कौर नामक एक महिला, जो अपने घर के चौबारे में बैठी थी, घायल हो गई । यह हमला उस समय हुआ, जब पुलिस कर्मी जीप में सभरावां गांव की तरफ से लौट रहे थे । मिलिटैंट ट्रक पर सवार थे । मुठभेड़ के दौरान वे बच कर भाग गए । बाद में पुलिस ने उक्त क्षेत्र में घर-घर की तलाशी ली तथा कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): श्रीहरगोबिन्दपुर थाना के अंतर्गत भट्टीवाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने वीर सिंह (60) नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंटों का मददगार अकाली नेता काबू : पटियाला (भूषण): पटियाला पुलिस ने शुतराना सर्कल के अकाली दल (मान) के नेता जत्थेदार वधावा सिंह को गिरफ्तार किया है । वधावा सिंह अपहरण तथा धन ऐंठने की वारदातों में दुर्दांत मिलिटैंटों को सहयोग देता था । जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा के अनुसार वधावा सिंह, नछत्तर सिंह तथा जरनैल सिंह नामक दुर्दांत मिलिटैंटों का निकटवर्ती साथी था । इस गिरोह ने कुछ व्यापारियों समेत कई लोगों का अपहरण किया था । इस गिरोह द्वारा विभिन्न लोगों से 12 लाख रुपया ऐंठा गया था । इसमें से 1.50 लाख रुपया वधावा सिंह को मिला था ।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : पटियाला जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. शर्मा ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सामाना थाना के अंतर्गत तुलेवाल गांव के निकट विगत एक मई को पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान जो दो मिलिटैंट मारे गए थे, उनकी पहचान जसबीर सिंह उर्फ कुलवंत सिंह उर्फ काला उर्फ पड्डा तथा हरचंद सिंह के रूप में हुई है । ये दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (ज़फरवाल) से सम्बद्ध थे । श्री शर्मा ने यह भी बताया कि विगत 30 अप्रैल को अमलोह क्षेत्र में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में जो एक मिलिटैंट मारा गया था, उसकी पहचान हरपाल सिंह के रूप में हुई है ।

हाल ही में स्थानीय एक अखबारी एजैंट पर हुए हमले के संदर्भ में श्री शर्मा ने बताया कि एक हमलावर निशान सिंह उर्फ लाली रोपड़ जिला में पुलिस के साथ, मुठभेड़ में मारा गया था, जबकि एक अन्य हमलावर गुरदीप सिंह फरार है ।

किसान की हत्या : पटियाला से 'राजू' के अनुसार रायपुर गांव में कल रात साढ़े 8 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने करम सिंह नामक एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य किसान को घायल कर दिया । घायल को स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बैंक लूटा : 4 मिलिटैंटों ने पटियाला जिला के चलेला गांव में स्थित सहकारी बैंक में घुस कर कैशियर से 21 हजार रुपया लूट लिया तथा भाग गए ।

एस.पी.ओ. घायल : पटियाला जिला के सामाना सर्कल इंका अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह का गनमैन एस.पी.ओ. रुपिन्दर सिंह कल उस समय घायल हो गया, जब एक अन्य गनमैन गुरदयाल सिंह की बन्दूक से अचानक गोली चल गई । घायल को स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

कुछ और नज़रबंद रिहा : चंडीगढ़ से 'प.स.' के अनुसार पंजाब में कुछ अन्य स्थानों पर भी नज़रबंदों को रिहा किया गया है, लेकिन उनकी निश्चित संख्या का अभी पता नहीं चला ।

4 मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): कल थाना जगराओं के क्षेत्र में आधी रात के लगभग पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान 4 मिलिटैंटों ने हथियार डाल दिए । उनके कब्जे से एक बम, एक दोनाली बन्दूक तथा 25 बोरी चावल बरामद हुए । ये मिलिटैंट एक ट्रक (नं. पी.सी.जे. 5105) पर सवार थे । बताया जाता है कि जगराओं के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर ने पुलिस के साथ मिल कर नाका लगाया हुआ था । आधी रात के समय वहां से एक ट्रक गुजर रहा था कि पुलिस ने उसको रुकने का संकेत किया । ट्रक पर सवार 2 मिलिटैंटों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । अंत में मिलिटैंटों ने हथियार डाल दिए । इनके नाम हैं : गुरचंद सिंह, भजन सिंह उर्फ भजना, चमकौर सिंह उर्फ गोरा व चमकौर सिंह उर्फ कौड़ा ।

5 घरों से गहने व नकदी लूटी : गढ़शंकर से 'गुप्ता' के अनुसार कल रात सैला खुर्द थाना के अंतर्गत गांव गबड़े लसाड़े में लगभग 30 लुटेरे 5 घरों से 2 लाख रुपए के गहने तथा नकदी लेकर भाग गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लुटेरे पहले अवतार सिंह के घर में दाखिल हुए तथा एक बच्चे को अपने कब्जे में लेकर घर वालों से गहने और नकदी मांगी । आतंकित घर वालों ने लुटेरों को नकदी तथा गहने सौंप दिए । इसके बाद मिलिटैंटों ने राम प्रकाश, जनक राज, सुलतान सिंह तथा मुलतान सिंह के घरों से भी नकदी एवं गहने लूट लिए तथा भाग गए ।

बड़े औद्योगिक घराने ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

राजीव गांधी ही प्रधानमंत्री बनें लकिन कुछ उद्योगपतियों का कहना है कि अगर इंका 200 से कम सीटें जीतेगी तो उनके लिए इंका की सहायता कर पाना कठिन होगा ।

इस बीच अनेक पत्र-पत्रिकाएं राष्ट्रीय मोर्चे व वामपंथी दलों के गठजोड़ के प्रभाव को कम करने के लिए यह नए फार्मूले सुझा रही है कि किस तरह भाजपा को इंका के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करने के लिए मना लिया जाए ।

मैट्रिक का कंडैंस्ड कोर्स शुरू

चंडीगढ़, 14 मई (वि.प्र.): पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 1991-92 से मैट्रिक का कंडैंस्ड कोर्स शुरू करने का निर्णय किया है । यह जानकारी बोर्ड के सचिव श्री जगजीत सिंह सिद्धू ने दी । कोर्स के लिए प्रासपैक्टस तथा एडमिशन फार्म पंजाब के सभी जिलों में स्थित बोर्ड के पाठ्य पुस्तक बिक्री डिपुओं से उपलब्ध हो सकेंगे । फार्म बोर्ड के सचिव के नाम 18 रुपए का ड्राफ्ट भेज कर डाक द्वारा भी मंगाए जा सकते हैं ।

सट्टा बाजार की नजर में ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

नई दिल्ली सीट पर श्री अडवानी पर 25 पैसे का भाव है । यदि कोई एक रुपए का सट्टा लगाए तो उसे जीत पर अलग से 25 पैसे मिलेंगे । इंका के राजेश खन्ना पर साढ़े तीन रुपए का भाव है यानि उनकी स्थिति काफी खराब मानी जा रही है । पूर्वी दिल्ली के कांग्रेस (इ) के श्री भगत पर तीस पैसे के भाव हैं । स्टोरिये श्री भगत पर अभी तक पूरी तरह से आश्वस्त हैं । दक्षिणी दिल्ली सीट पर भाजपा के मदन लाल खुराना की स्थिति लगातार बेहतर होती जा रही है । तीन दिन पहले उन पर 60 पैसे का भाव था जो आज गिर कर 40 पैसे का हो गया है । सटोरियों की नजर में इस सीट से इंका उम्मीदवार रमेश भंडारी की हालत काफी खराब है । सदर बाजार सीट पर इंका के जगदीश टाइटलर पर 70 पैसे का भाव है । उन पर लगातार भाव बढ़ता जा रहा है । यह उनके प्रतिद्वंदी भाजपा के विजय कुमार मल्होत्रा के लिए शुभ संकेत हैं ।

करोल बाग पर भाजपा के कालका दास पर लगने वाले सट्टे का भाव लगातार गिर रहा है । इस वक्त उन पर 40 पैसे का भाव है स्टोरियों की नज़र में उनकी स्थिति बेहतर होती जा रही है । बाहरी दिल्ली सीट पर इंका के सज्जन कुमार पर 55 पैसे का भाव है । उनकी स्थिति भी बेहतर मानी जा रही है । चांदनी चौक सीट पर भाजपा के तारा चंद खंडेलवाल पर 80 पैसे का भाव है । यानी कि स्टोरियों की नज़र में उनकी स्थिति इंका उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल से ज्यादा बेहतर नहीं है ।

बिहार सीमा सील
(पृष्ठ 3 का शेष)

पाकिस्तान के सीमावर्ती इस इलाके में पांच सीटें आती हैं । ये हैं—बाड़मेर, जालौर (सु), पाली, जोधपुर तथा नागौर ।

आज हालात ऐसे हैं कि इन सीटों पर होने वाली हार-जीत से ही जहां राजस्थान में कांग्रेस (इ) की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, वहीं भारतीय जनता पार्टी को भी सही मायने में अपनी हैसियत का अहसास होगा ।

इस बार लोकसभा चुनाव में राजस्थान के दो पूर्व

राजीव
(पृष्ठ 3 का शेष)

जनता से आह्वान किया है कि हिमाचल की चारों सीटों से इंका को सफल बनाया जाए ताकि हिंसा तथा वर्गों के आपसी टकराव को दूर करके राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ता से स्थापित किया जा सके और पटरी से उतरी आर्थिक व्यवस्था को पुनःपटड़ी पर स्थापित किया जा सके ।

यहां से 25 कि.मी. दूर ग्राम शाहपुर में आज कांगड़ा-चम्बा लोकसभा सीट की इंका प्रत्याशी चन्द्रेश कुमारी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि महंगाई की समस्या के समाधान का ऐतिहासिक दायित्व केवल इंका ही निभा सकती है । जनसभा में लगभग दस हजार लोग शामिल हुए ।

श्री गांधी ने चंडीगढ़ रवाना होने से पूर्व यहां गग्गल हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि देश में त्रिशंकु संसद की कोई सम्भावना नहीं है । उन्होंने दल-बदल विरोधी कानून को "अच्छा" बताया । उन्होंने भाजपा पर पंजाब के मिलिटैंटों की गतिविधियों को अनदेखा किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब में चुनावों में भाग लेकर वह मिलिटैंटों के प्रति आदर प्रदर्शित कर रही है ।

काल गर्ल्ज़ के 3 अड्डे पकड़े गए

लुधियाना, 14 मई (धीमान): सिटी पुलिस ने नगर में काल गर्ल्ज़ का अड्डा चलाने वाले 3 अड्डों से 13 महिलाओं व पुरुषों को गिरफ्तार किया है ।

श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार एक अड्डा थाना डिवीजन नं. 6 के क्षेत्र से पकड़ा गया, जहां ज्ञान चंद, उसकी पत्नी हरबंस कौर, शकुन्तला उसकी युवा लड़की रेणु, मनजीत कौर, सुरिन्द्र कुमार तथा परमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया । यह अड्डा ज्ञान चंद के मकान पर चलता था । शकुन्तला हर व्यक्ति से 150 रुपए लेती थी । उसकी नौजवान लड़की रेणु की फीस इससे भी अधिक थी । दूसरा अड्डा थाना डिवीजन सिटी के क्षेत्र में पकड़ा गया था । इस संदर्भ में प्रकाश चंद (50), नसीबा नामक महिला व उसकी लड़की देवी उर्फ काजल (20) को गिरफ्तार किया गया है । तीसरे अड्डे का सुराग थाना सदर के क्षेत्र में मिला । वहां से शांति, कमलेश रानी और नर बहादुर को गिरफ्तार किया गया है । एस.एस.पी. ने कहा कि यह अभियान तेजी से जारी रहेगा ।

बलजीत ढिल्लों का सपना साकार

कैलगरी (अलबर्टा), 14 मई (प.स.): मलेशिया निवासी 24 वर्षीय बलजीत ढिल्लों रॉयल कैनेडियन माऊंटेड पुलिस (आर.सी.एम.पी.) का ऐसा पहला अधिकारी बन गया है, जिसे पगड़ी पहनने की अनुमति मिल गई है । आर.सी.एम.पी. ट्रेनिंग अकादमी में कैनेडा के पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बलजीत ने कहा, 'मेरा सपना पूरा हो गया है ।' नैशनल पुलिस फोर्स के 118 वर्ष के इतिहास में बलजीत ढिल्लों ऐसा पहला अधिकारी है, जिसे ड्यूटी पर पारम्परिक पगड़ी बांधने और दाढ़ी तथा बाल रखने की अनुमति मिली है । उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से इस बात पर ज़ोर दिया जा रहा था कि फोर्स के सिख अधिकारियों को पगड़ी बांधने की अनुमति दी जाए ।

जनहित-याचिका पर नोटिस का राज्यों द्वारा उत्तर न देने का कड़ा नोटिस

नई दिल्ली, 14 मई (वार्ता): उच्चतम न्यायालय ने वेश्याओं के बच्चों को समुचित शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने से सम्बद्ध एक जनहित याचिका पर जारी किए गए नोटिस का कई राज्यों से जवाब नहीं मिलने पर कड़ा रुख अपनाया है ।



जय श्री राम
अयोध्या के शहीदों को भूलो मत,
भूलो मत ।।
साध्वी ऋतम्भरा

ड़ पड़े थे, जिस कारण सुरक्षा का
यस्त हो गया । लोग विशेषकर
तरफ बढ़ आई और उन्होंने श्री
ए । उत्तर में श्री गांधी ने भी
पर फूल बरसाए । श्री गांधी
करीब सवा घंटा देरी से यहां
के वर्तमान चुनाव के सम्बन्ध
में जितनी भी जनसभाएं हुई हैं
जनसभा सबसे बड़ी कही जा
स्वागत में लोगों ने जो उत्साह
इंका जनों में काफी खुशी पाई

लगाया कि गत डेढ़ साल के
सजपा के शासन काल में 'वोट
सों के परिणामत: जो आंदोलन
काल में कभी नहीं चले होंगे ।
सरकार बननी चाहिए जो सभी
लेकर चले । इस पार्टी का
ा चाहिए ।" श्री गांधी ने
सर्फ इंका ही है ।

ों में जितनी मिलिटैंसी बढ़ी है
बढ़ी । इतना ही नहीं इंका के
लिटैंसी पर काफी हद तक काबू
अब हमें सब कुछ नए सिरे से

अपील की कि वह किसी भी
स्वार्थों के लिए धर्म का
नुमति न दे । उन्होंने दावा
ता में आए तो 100 दिनों के
काबू करेंगे । महंगाई की
बजट से हुई थी । केंद्र में
हंगाई रोक सकती है ।
ने दावा किया कि चंडीगढ़ में
करने का फैसला 1989 में
ाया था पर बाद में इस फैसले
ए इंका नियम नहीं बना पाई
न दौर में पहुंच गया है ।
का वर्तमान चुनाव घोषणापत्र

ो. ही रहे" : श्री राजीव
ड़गड़ाहट के बीच कहा कि
ीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश ही

गांधी ने लोगों से अपील की
द राज के घोटालों को समाप्त
अवसर दें । हम सत्ता में

यह लॉबियां भी इस समय भाजपा व इंका समर्थकों में बंटी हुई हैं । अधिकांश व्यापारी व उद्योगपति वामपंथी दलों व राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार बनाए जाने के विरुद्ध हैं । वे इस बारे में भविष्यवाणियां करने वालों से भिन्न हैं ।

विभिन्न व्यावसायिक घरानों ने संयुक्त रूप से तथा अलग-अलग देश के विभिन्न भागों में चुनाव सर्वेक्षण करवाए हैं । कम अधिक वे यह अनुभव

भाजपा नेता समेत 9 लोगों की हत्या, 2 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 14 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक भाजपा नेता ऋत जैन तथा किसान नेता करतार सिंह समेत 9 व्यक्तियों की हत्या हुई तथा 2 मिलिटैंट भी मारे गए । इस बीच पटियाला पुलिस ने मिलिटैंटों के मददगार अकाली नेता वधावा सिंह को गिरफ्तार किया है ।

भाजपा नेता की हत्या : मालेरकोटला से 'आजिज' और 'नरेन्द्र' के अनुसार आज सवेरे साढ़े दस बजे औद्योगिक क्षेत्र में एक मारुति कार में सवार चार मिलिटैंट यहां के एक प्रसिद्ध साइकिल व्यापारी श्री कंजलाल जैन की फैक्टरी में आए । वह उनके छोटे बेटे भाजपा नेता ऋत जैन का अपहरण करना चाहते थे । जब उन्होंने उसको जबरदस्ती कार में बिठाने की कोशिश की तो जैन परिवार और मिलिटैंटों के बीच हाथापाई हो गई । इस पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमें ऋत जैन मारा गया । कंज लाल, उसका बेटा नवनीत जैन उर्फ नीतू और मुनीम किशोरी लाल घायल हो गए । श्री कंज लाल व उनके बेटे को सी.एम.सी. लुधियाना और मुनीम को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । नगर में वारदात की खबर आग की तरह फैल गई । हजारों लोग शोक संतप्त परिवार के साथ सहानुभूति के तौर पर उनके घर में इकट्ठे हो गए । नगर में मातमी हड़ताल कर दी गई ।

शराब के एक ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : धूरी (सिंगला): आज प्रात: यहां से 15 कि.मी. दूर गांव सेखां में कुछ मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के बाहर बैठे ठेके के दो कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा ठेके को आग लगा कर फरार हो गए ।

महिला की हत्या : धूरी से 'जैन' के अनुसार कल रात यहां से 10 किलो मीटर दूर लड्डा गांव में मिलिटैंटों ने गुरदेव कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी और फरार हो गए ।

किसान नेता की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 25 किलो मीटर दूर झनेर गांव में मिलिटैंटों ने करतार सिंह नामक किसान नेता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल रात साढ़े 10 बजे के लगभग 5 मिलिटैंट श्री करतार सिंह के घर में घुस आए । वे जबरदस्ती करतार सिंह को बाहर ले गए तथा गोलियां मार कर भाग गए । श्री सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । श्री करतार सिंह भारतीय किसान यूनियन के संजोची थे ।

ठेका जला दिया : सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार कल रात यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव घरगड़ो में स्थित शराब के ठेके को मिलिटैंटों ने आग लगा दी ।

एक की हत्या, 2 घायल : फिल्लौर (भाड़ी): आज प्रात: गांव लसाड़ा में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी व दो अन्यों को घायल कर दिया । ज्ञात हुआ है कि प्रात: 9.15 बजे के करीब गांव लसाड़ा निवासी शीतल सिंह, जो गोराया में शराब के ठेकेदार हैं तथा उनका पुत्र परमजीत सिंह उर्फ पम्पी अपनी मारुति वैन में बैठ कर गोराया

(शेष पृष्ठ 10 पर)





कृष्ण अडवानी हैं । इस बीच बताया जाता है कि धीरू भाई अम्बानी के नेतृत्व में उद्योगपतियों का एक समूह भाजपा के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर रहा है ताकि इंका ही अकेले एक बड़े राजनीतिक दल के रूप में चुनावों में जीत सके ।

वैसे यह उद्योगपति इस बात को भली-भांति जानते हैं कि वर्तमान स्थिति में चुनावों को प्रभावित कर पाने में वे अधिक कुछ नहीं कर सकते हैं । वे इस समय सिर्फ इतना ही कर सकते हैं कि एक राजनीतिक दल या दूसरे राजनीतिक दल को चुनाव लड़ने के लिए धन देकर उन्हें अपने प्रभाव में रखे ।

चुनाव परिणामों की इस अनिश्चितता की स्थिति का प्रभाव विभिन्न शेयर बाजारों पर भी पड़ रहा है । विभिन्न शेयरों में लड़खड़ाहट से ऐसा लगता है कि उद्योगपति चुनाव परिणामों के प्रति स्वयं आश्वस्त नहीं हैं । यद्यपि शुरू में बम्बई के सट्टा बाजार में इंका के पक्ष में हवा थी परन्तु अब भाजपा ने भी अपना महत्व बढ़ा दिया है । इस प्रकार की रिपोर्ट भी है कि हिन्दी बैल्ट में श्री बी.पी. सिंह ने अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू कर दिया है और कुछ दिनों में वामपंथी दल और राष्ट्रीय मोर्चा भी अपनी स्थिति काफी मजबूत बना कर सामने आ जाएगा ।

राजीव गांधी और लाल कृष्ण अडवानी को ही औद्योगिक व व्यावसायिक घरानों द्वारा महत्व दिए जाने के कई कारण हैं । भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में व्यापारी और उद्योगपति समुदाय को काफी सुविधाएं देने की बात अपने घोषणा पत्र में कही है ।

जहां तक राजीव गांधी का प्रश्न है, वह श्री अडवानी के मुकाबले में उन्हें इसलिए प्राथमिकता देते हैं क्योंकि वे यह समझते हैं कि राजीव गांधी अमरीका और सोवियत संघ दोनों के ही निकट जाने की क्षमता रखते हैं । इसके अलावा राजीव गांधी ने व्यवसाइयों के एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वसन दिया है कि वे आयात लाइसैंस व अन्य कुछ प्रतिबन्धों में ढील देंगे लेकिन दूसरी ओर बम्बई के कुछ उद्योगपतियों का कहना है कि भारी बहुमत के बावजूद राजीव गांधी देश का संचालन नहीं कर सके थे । वे यह अनुभव करते हैं कि राजीव गांधी में देश की समस्याओं के समाधान की क्षमता नहीं है ।

अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी का वर्चस्व बना हुआ है ।

पांच विधानसभा क्षेत्रों वाले इस लोकसभा क्षेत्र

मिनी फैक्टरियां भी पकड़ी गई हैं । 20 लोगों अपने हथियार निकटवर्ती थानों में जमा कराने कहा गया है ।

इसी बीच देश में हो रही चुनाव पूर्व हिंसा मुख रूप से चार राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, प. बंगा

अडवानी द्वारा अ के गठबंधन क

बेंगलूर, 14 मई (वार्ता): भारतीय जनता पार्ट के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने आज कांग्रेस (इ जनता दल या कम्यूनिस्ट पार्टियों के साथ अपन पार्टी के गठबंधन की सम्भावना से इंकार किया उन्होंने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि इ पार्टियों में से किसी से भी हाथ मिलाने का सवाल नह उठता, क्योंकि इनकी दिलचस्पी केवल भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करने में है ।

कांग्रेस (इ) से गुप्त समझौते के बारे में पूछे जा पर उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से गुप्त क जगह खुला दृष्टिकोण रखने में विश्वास रखते हैं उन्होंने कहा कि छद्म धर्म-निरपेक्षता के लिए सबसे अधिक गुनाहगार कांग्रेस (इ) है जबकि जनता दल ने पिछले एक वर्ष से अल्पसंख्यकों को अपनी ओ करने के लिए यह रवैया अपनाया ।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हिन्दुओं को अपना वोट बैंक नहीं मानती क्योंकि इस धर्म के लोगों में इतने अधिक मतांतर हैं कि वे कभी एक वोट बैंक बन ही नहीं सकते । लेकिन फिर भी इसमें से 80 प्रतिशत लोग हमारे साथ आ जाते तो हमें प्रसन्नता ही होगी ।

यह पूछने पर कि क्या चुनाव के बाद ऐसी संसद बनने की संभावना है जिसमें किसी का बहुमत न हो श्री अडवानी ने कहा कि इसका सवाल ही नहीं उठता क्योंकि भाजपा को चुनाव में ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है । उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्यों में भाजपा पहले स्थान पर है और उत्तर प्रदेश तथा बिहार में तो कांग्रेस (इ) का सफाया हो सकता

कश्मीर घाटी में 5 अ
मरे : अग्निकांड में 15

Punjab Archive

सिन्हा ने भाग लिया ।

भारतीय जनता पार्टी ने बैठक में कहा कि वह पंजाब और असम में गड़बड़ी वाले हालात को देखते हुए सिर्फ इन दोनों राज्यों के लिए ऐसा अध्यादेश जारी करने के पक्ष में है ।

जनता दल के सुरेन्द्र मोहन ने कहा कि उनकी पार्टी इस मौके पर अध्यादेश लाने के खिलाफ है और उसका ख्याल है कि चुनाव रद्द करने के बारे में मौजूदा व्यवस्था ही जारी रहनी जानी चाहिए । श्री मोहन ने कहा कि आयोग को इसके बारे में सरकार को कोई सलाह नहीं देनी चाहिए ।

बैठक के बाद केंद्रीय विधि और न्यायमंत्री डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने पत्रकारों को बताया कि सरकार ने अध्यादेश जारी करने का विचार त्याग दिया है लेकिन उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अगले मास नई सरकार बनने के बाद किए जाने वाले व्यापक चुनाव सुधारों में शामिल किया जा सकता है ।

सत्तारूढ़ समाजवादी जनता पार्टी के प्रवक्ता श्री सत्य प्रकाश मालवीय ने कहा कि "हम राजनीतिक सूत्रों के विचारों का आदर करेंगे ।"

निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा भी विरोध : इससे पूर्व एक दर्जन से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों ने आज यहां बोट क्लब पर उस प्रस्तावित विधेयक

(शेष पृष्ठ 12 पर)



(ऊपर) मिलिटैंटों के हाथों मारे गए आदमपुर दोआबा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार बलजिन्द्र सिंह पहलवान का शव तथा (नीचे) गांव सारोवाल का वह मकान, जहां बलजिन्द्र सिंह की हत्या हुई । (छाया : जैमिनी)

3 महिलाओं समेत 8 लोगों की हत्या, 4 घुसपैठिये मरे, शिव सेना नेता घायल, बैंक वैन से 10 लाख रुपया लूटा

चंडीगढ़, 15 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक महिला और उसकी 2 बेटियों समेत 8 लोगों की हत्या हुई, 4 घुसपैठिये मारे गए तथा बैंक वैन से 10 लाख रुपया लूट लिया गया । इस बीच मिलिटैंटों ने शिव सेना के एक नेता सुधीर कुमार कक्कड़ को घायल कर दिया ।

4 घुसपैठिये मरे : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार कल रात अमृतसर जिला के खेमकरण क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 4 घुसपैठिये मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तानी सीमा पार करके आए 4 व्यक्तियों को जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवानों द्वारा जवाबी गोलीबारी किए जाने पर चारों घुसपैठिये मारे गए । बताया जाता है कि वह बंगला देश के नागरिक थे ।

10 लाख रुपया लूटा : मजीठा पुलिस जिले के तरसिक्का गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक के कर्मचारियों से मिलिटैंटों ने 10 लाख रुपया लूट लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बैंक कर्मचारी वैन में उक्त धन राशि ला रहे थे कि बेजाला गांव के निकट मिलिटैंटों ने वैन को रुकवा लिया तथा रुपया लूट कर भाग गए । मिलिटैंट वैन से एक राइफल भी ले गए ।

मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मरा : पटियाला (भूषण) : कल शाम पटियाला जिला के सियोना तथा लंग गांवों के मध्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की एक नाका पार्टी ने साइकिल पर जा रहे 2 संदिग्ध लोगों को जब रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया । उसका साथी भाग जाने में सफल हो गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा एक साइकिल भी बरामद हुआ है । मारा गया मिलिटैंट बब्बर खालसा से सम्बन्धित था ।

अपहृत जमींदार की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात 8 बजे के लगभग पटियाला सदर थाना के निशानदेही पर व्यास दरिया के मोली पत्तन के निकट से 1325 ग्राम विस्फोटक पदार्थ, 4 डैटोनेटर, तार तथा स्टिक बम भी बरामद किया गया । इन मिलिटैंटों ने यह भी स्वीकार किया है कि उन्होंने इस क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के घरों के बाहर भी बम रखने की योजना बनाई थी ।

भाटिया द्वारा ठाकरे के बयान की आलोचना

अहमदाबाद, 19 मई (प.स.): कांग्रेस (इ) के पर्यवेक्षक आर.एल. भाटिया ने शिव सेना के प्रमुख बाल ठाकरे द्वारा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे की सराहना किए जाने की आलोचना की है । श्री भाटिया ने एक वक्तव्य में कहा कि देश के लोगों खास तौर से गुजरात की जनता को श्री ठाकरे के इस वक्तव्य से ठेस पहुंची है ।

द्रमुक-इंका स्वयं सेवकों में संघर्ष : 8 घायल

मदास, 19 मई (प.स.): आज यहां द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) तथा कांग्रेस (इ) के स्वयं सेवकों के बीच हुए संघर्ष में 4 महिलाओं समेत 8 व्यक्ति घायल हो गए । अनेक प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि संघर्षरत गुटों को तितर-बितर करने के लिए तीन राउंड आंसूगैस के गोले छोड़े गए ।

पानी न मिलने से लोग परेशान

अमृतसर, 19 मई (कमलेश): नगर सुधार परिषद के प्रचार सचिव सुरेन्द्र जैन और सदस्य अशोक कुमार सोनी ने कहा है कि इन दिनों नगर में कटड़ा मोहर सिंह, गुरु बाजार, पटेल चौक तथा राम बाग आदि क्षेत्रों में गंदगी के ढेर जमा रहते हैं, जिन्हें कोई नहीं उठाता । इसके अतिरिक्त सारा-सारा दिन पानी बंद रहता है, जिसके कारण क्षेत्र के लोग बहुत परेशान है ।

हैदराबाद (पाक) में अंधाधुंध फायरिंग से 5 मरे, 16 घायल

हैदराबाद, 19 मई (प.स.): दक्षिणी पाकिस्तान के हैदराबाद शहर में एक भीड़भाड़ वाले बाज़ार में मोटर साइकिलों पर सवार बंदूकधारियों ने आज गोलियां बरसाईं, जिससे पांच व्यक्ति मारे गए तथा अन्य सोलह घायल हो गए । पुलिस के अनुसार बाजार में गोली चलाए जाने की घटना में चार व्यक्ति घायल हुए तथा बाद में शहर में भड़क उठे झगड़ों में बारह अन्य घायल हो गए ।

हैलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त : 1 मरा

तिरुवनन्तपरम, 19 मई (वार्ता): वायु दूत की कृषि विमानन शाखा में दिल्ली में कार्यरत ग्रुप कैप्टन ए.सी. चोपड़ा की आज केरल में कोईनीकोल के समीप एक हैलीकाप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई । हैलीकाप्टर से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा था और उसे श्री चोपड़ा ही उड़ा रहे थे । हैलीकाप्टर 110 किलोवाट शक्ति की विद्युत लाइन से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । श्री चोपड़ा की बुरी तरह जलने से मौत हो गई ।

विमान चालकों की हड़ताल समाप्ति की वार्ता अधूरी रही

नई दिल्ली, 19 मई (प.स.): एयर इंडिया के

Punjabi Tribune Archive

पंजाब में वारदात

(पृष्ठ 3 का शेष)

हथियार और रुपए लूटे : लुधियाना जिला के काकोवाल गांव में कल रात मिलिटैंट रघुबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा 2 रिवाल्वरें, एक बन्दूक तथा 10 हजार रुपए नकद छीन कर भाग गए ।

दो मिलिटैंट पकड़े गए : होशियारपुर पुलिस ने भूपिन्द्र सिंह उर्फ भूपा तथा हरजिन्द्र सिंह उर्फ फौजी नामक दो मिलिटैंटों को दो पिस्तौलों तथा कुछ कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : भटिंडा जिला के लखवीर सिंहवाला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने एक परिवार के तीन सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों में लीला सिंह, लछमन सिंह (दोनों भाई) तथा उनका एक रिश्तेदार रूप सिंह शामिल है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीनों मृतक लथाना पुलिस थाना में तैनात कांस्टेबल विरसा सिंह के सम्बन्धी थे ।

पिता-पुत्र की हत्या : फिरोजपुर जिला के बल गांव के निकट से पुलिस ने आज जोगा सिंह तथा उसके बेटे चमकौर सिंह के गोलियों से छलनी शव बरामद किए । इस माह के शुरू में इन दोनों का अपहरण कर लिया गया था । जोगा सिंह पुलिस के असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर कश्मीर सिंह का भाई था ।

एक की हत्या : रोपड़ जिला के चड़ियाला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने ज्ञान सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

इंका नेता के घर पर फायरिंग, 1 सुरक्षा कर्मी मरा : पटियाला (वार्ता, राजू): मिलिटैंटों ने सरहिन्द थाने के अंतर्गत कोटला भाई के गांव में पूर्व कांग्रेसी विधायक बीर देवेन्द्र सिंह के घर पर स्थित सुरक्षा चौकी पर हमला किया, जिससे कांस्टेबल भिंदर सिंह की मृत्यु हो गई । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर हमलावर भाग गए ।

[illegible] : पटियाला जिला के बनुड़ थाना के अंतर्गत गढ़दी नगर गांव में हरिन्द्र सिंह उर्फ रिंकी नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । अम्बाला शहर के मिलाप नगर का निवासी हरिन्द्र सिंह बनुड़, डेरा बस्सी तथा राजपुरा क्षेत्र में धन ऐंठने तथा छीना-झपटी की अनेक वारदातों में संलिप्त था ।

बैंक लूटा : पटियाला जिला के अमलोह थाना के अंतर्गत सलाना गांव में मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद 2 बजे के लगभग केनरा बैंक की शाखा से 1.38 लाख रुपया लूट लिया तथा मंडी गोबिन्दगढ़ की तरफ भाग गए । मिलिटैंटों के पास ए.के. 47 राइफलें थीं । बैंक के गार्ड ने बैंक को लूटने से बचाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की ।

बैंक गार्ड की हत्या, धन राशि लूटी : पटियाला से 30 किलोमीटर दूर ढंढराना गांव में मिलिटैंटों ने बैंक के कैशियर से 60 हजार रुपया लूट लिया । जब गनमैन ने मिलिटैंटों का प्रतिरोध किया तो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

एक की हत्या : तपा मंडी से 'गर्ग' के अनुसार कल रात यहां से 12 किलोमीटर दूर गांव भवा में मिलिटैंटों ने शराब के एक पूर्व ठेकेदार अमर नाथ उर्फ भोला की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रात लगभग साढ़े 8 बजे के लगभग कुछ मिलिटैंट अमर नाथ के घर में घुस आए तथा उससे कहने लगे कि उसने अपने घर में ठेके के लिए जगह दी हुई है, जिस कारण उसे सजा भुगतनी पड़ेगी । इतना कह कर मिलिटैंटों ने अमरनाथ की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घायल ने दम तोड़ा : संगरूर के निकट मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग से घायल हुए काला सिंह नामक एक व्यक्ति ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

शराब का ठेका गिरा दिया : लहरागागा से 'प्रवीण' के अनुसार कल रात निकटवर्ती चोटियां गांव में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके को गिरा दिया ।

बंदूकें छीन लीं : मानसा से 'मेहता' के अनुसार यहां से 5 किलोमीटर दूर खोखर गांव में दो मिलिटैंटों ने 2 लोगों से दो बंदूकें छीन लीं ।

57 हजार रुपए लूटे : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित मोहन आयल मिल के एक कैशियर राकेश कुमार से आज दो लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर 57 हजार रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि राकेश कुमार उक्त राशि, जोकि मिल की थी, लेकर जा रहा था कि गली नत्थे खां के निकट दो लुटेरों ने उसको घेर लिया तथा उससे नकदी छीन कर भाग गए ।

एक की हत्या : फिरोजपुर जिले की सुनवां बस्ती में कल रात मिलिटैंटों ने सज्जन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिला के जलालाबाद सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

स्टेनगन छीन कर ले गए : गुरदासपुर से 'गुप्ता' के अनुसार आज रात मिलिटैंटों ने गुरदासपुर विधानसभा सीट से सजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी श्री जीतेन्द्र देव के घर पर तैनात सुरक्षा कर्मी से स्टेनगन तथा मैगजीन छीन लिए । वारदात के समय श्री जीतेंद्र देव भी घर पर ही थे ।

चुनाव हिंसा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पटना वेटनरी कालेज मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला । उन्होंने दावा किया कि जनता दल और उसकी समर्थक पार्टियों की स्थिति अच्छी रहेगी ।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने कलकत्ता के रास बिहारी क्षेत्र में वोट डाला ।

पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण दोपहर तक वोट नहीं डाल पाए थे । उनकी पत्नी सीता देवी ने सुबह 8.30 बजे लोदी एस्टेट (दिल्ली) मतदान केंद्र पर वोट डाला ।

यू.पी. में हिंसात्मतक घटनाएं इटावा, वाराणसी और बांदा जिलों में भी हुईं ।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में मतदान के दौरान गोली चलाने व आगजनी की वारदातों में 4 व्यक्ति मारे गए और अन्य करीब 50 लोग घायल हो गए । सरकारी सूत्रों ने अभी तक 3 के मरने की पुष्टि की है । यहां आगजनी भी हुई । बुलंद शहर जिले के सिकन्दराबाद क्षेत्र में भी अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है । वहां एक व्यक्ति मारा गया । उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में मतदान स्थगित कर दिया गया है ।

शिवहर और मुजफ्फरपुर में बाद में एक-एक और व्यक्ति मर गया ।

जिला मुजफ्फर नगर के कैराना थाना के गांव भूरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों में गोलियां चलीं । इसी बीच इसी जिले के बावली थाना के गांव

सेना तैनात : प्रवक्ता ने बताया कि इन घटनाओं ने धीरे-धीरे दंगों का रूप ले लिया जो पूरे [illegible] सनौता ग्राम स्थित मतदान केन्द्रों पर आज जनता दल तथा समाजवादी जनता दल के कार्यकर्त्ताओं के बीच जवाबी फायरिंग हुई जिससे एक बच्चे की मृत्यु हो गई । इस घटना की खबर सिकन्दराबाद कस्बे में पहुंचते ही वहां बड़े पैमाने पर लूटमार और आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं । स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए दोनों कस्बों में सेना तैनात की जा रही है ।

वाराणसी में मतदान के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम 50 लोगों के घायल होने की खबर है । नगर में आज शुरू में शांतिपूर्ण मतदान प्रारम्भ हुआ लेकिन कुछ ही समय बाद विभिन्न क्षेत्रों से आगजनी, पथराव और बम फैंकने की खबरें मिलने लगीं । नगर के कबीर चौरा और मारवाड़ी अस्पताल में धारदार हथियारों से घायल करीब 30 लोगों को भर्ती कराया गया है । इनमें कुछ की हालत गम्भीर है ।

नगर के कदौलिया, मदनपुरा, पांडेम हवेली और सुनारपुरा मतदान केन्द्रों पर सन्नाटा छा गया । प्रशासन ने अभी किसी केन्द्र पर मतदान स्थगित करने की घोषणा नहीं की है ।

बांदा में उत्तर प्रदेश के पशु पालन मंत्री जमुना प्रसाद बोस की पुत्री कुमारी सरिता को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब उन्होंने समाजवादी जनता पार्टी के समर्थकों के साथ एक मतदान केन्द्र में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की और एक महिला सिपाही पर कथित हमला किया ।

जनता दल नेता अजीत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र बागपत संसदीय क्षेत्र से भी हिंसा की घटनाओं की खबर मिली है । श्री अजीत सिंह बागपत के अलावा जिले के छपरौली विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ रहे हैं ।

इस बीच सिकन्दरबाद विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी जनता पार्टी के प्रत्याशी चमन सिंह आज पांच दिनों के बाद पुलिस के सामने सही सलामत उपस्थित हो गए । वह पांच दिन से लापता बताए जाते थे ।

इटावा जिले के जसवंत नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हिंसक घटनाओं के कारण कम से कम दस मतदान केन्द्रों पर गड़बड़ी होने की खबर मिली है ।

बिहार में 13 मरे : बिहार में आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 50 से 60% मतदान होने की खबर है जबकि इस दौरान हिंसा की घटनाओं में 13 लोग मारे गए ।

गृह सचिव जिया लाल आर्य ने आज पटना में संवाददाताओं को बताया कि चुनाव से जुड़ी हिंसा की घटनाओं में चार व्यक्ति सीवान में, तीन जहानाबाद

WANTED DISTRIBUTORS FOR PAINTS
A REPUTED COMPANY BASED IN NORTH INDIA MANUFACTURING ISI MARKED PAINTS WISH TO APPOINT CITYWISE DISTRIBUTORS FOR PUNJAB, HARYANA, HIMACHAL, RAJASTHAN AND DELHI AND ALSO FOR STATEWISE DISTRIBUTORS IN THE REST OF INDIA

Punjabi Sanjhi

लै. जनरल प्रभ सिंह कनेडियन समेत 3 मिलिटैंट मरे, सुरक्षा कर्मी सहित 17 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 20 मई (वार्ता, प.स.): तरनतारन पुलिस जिला के फरंदीपुर गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैफ्टिनैंट जनरल प्रभ सिंह उर्फ कनेडियन मारा गया, जबकि गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा उसके कुछ साथी सुरक्षा बलों के चंगुल से फिर भाग निकले । मिलिटैंटों ने पटियाला जिला में भूतपूर्व कांग्रेसी विधायक बीर देवेंद्र सिंह के घर पर फायरिंग की, जिससे वहां तैनात एक सुरक्षा कर्मी की मृत्यु हो गई । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बैंक गार्ड समेत 16 लोगों की हत्या हुई, 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 बैंकों से लगभग 2 लाख रुपया लूट लिया गया ।

मुठभेड़ में लैफ्टिनैंट जनरल मरा : अमृतसर (नारंग, वार्ता) पुलिस जिला तरनतारन के थाना भिखीविंड के अंतर्गत फरंदीपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल बापू प्रभ सिंह उर्फ कनेडियन मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बल गांव में घर-घर की तलाशियां ले रहे थे कि एक फार्म हाऊस के भीतर छिपे मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । 5 घंटे तक चले मुकाबले में प्रभ सिंह उर्फ कनेडियन उर्फ ब्रह्मा सिंह मारा गया । वह 200 हत्याओं के लिए जिम्मेवार था ।

सुरक्षा बलों को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 150 मैगजीन तथा एक अत्याधुनिक राइफल, जिसे ए.एल.आर. के नाम से जाना जाता है, बरामद हुई है । प्रभ सिंह हत्या तथा धन ऐंठने के अनेक मामलों में पुलिस को वांछित था । यह मुठभेड़ आज प्रात: साढ़े 11 बजे शुरू हुई तथा लगभग साढ़े 4 बजे खत्म हुई । प्रभ सिंह पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल का निकटवर्ती साथी था । प्रभ सिंह ने पंजाब से बाहर भी कई वारदातें की थी । उस पर 10 लाख रुपए का इनाम था ।

जानकार सूत्रों के अनुसार गुरबचन सिंह मानोचाहल, सरजीत सिंह बाहिला तथा 5-6 अन्य मिलिटैंट भी इसी फार्म हाऊस में छिपे हुए थे लेकिन उन्हें सुरक्षा बलों की कार्रवाई की पहले ही खबर मिल गई और वे घोड़ों पर चढ़ कर भाग निकले ।

प्रभ सिंह सेना की इंजीनियरिंग कोर में कैप्टन के पद से रिटायर हुआ था । बताया जाता है कि रटोल गांव में पिछले दिनों हुए मुकाबले के दौरान वह अपने कुछ साथियों के साथ बच कर भाग गया था । रटोल गांव में मिलिटैंटों ने जो भूमिगत बंकर बना रखे थे, उनकी योजना प्रभ सिंह ने ही तैयार की थी । आज भी जब सुरक्षा बलों ने प्रभ सिंह को घेरे में लिया तो वह एक कार में बैठकर बचा रहा था ।

राइफलें लूटीं : अमृतसर जिला के थाना सरहाली के गांव भट्ठल सहजा सिंह में दो मिलिटैंटों द्वारा सुरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के घर से .303 बोर की दो राइफलें व 200 कारतूस लूट लिए जाने की सूचना है । ये राइफलें सुरेंद्र सिंह को सरकार की तरफ से दी गई थीं । पुलिस के अनुसार दो मिलिटैंटों में एक निशान सिंह था, जो कि भगौड़ा घोषित है ।

महिला की हत्या : पुलिस थाना तरनतारन के गांव पंडोरी गोलां में दो मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर सुरेंद्र कौर उर्फ छिन्दो नामक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल की गोलियों के तीन खोल मिले हैं ।

ट्रक ड्राइवर को मार डाला : गांव तारपर में पांच-छह मिलिटैंटों द्वारा एक ट्रक ड्राइवर प्यारा सिंह की हत्या कर दिए जाने की सूचना है । प्यारा सिंह जो कि जहानपुर का रहने वाला है, गांव तारपर में अपने मामा के घर आया हुआ था । उसे पिस्तौल से गोलियां मारी गईं । घटनास्थल से गोलियों के 5 खोल मिले हैं ।

लांगरी का शव मिला : गुरुद्वारा बाबा बकाला में लांगरी का काम करने वाले चरण सिंह नामक युवक का शव बाबा बकाला के डाकघर के पास पड़ा मिला है । पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार इसकी हत्या उसी 'गात्रे' से की गई है, जो इसने पहन रखा था ।

गुट संघर्ष में मरा : पुलिस थाना रमदास के गांव कोटला सदर में त्रिलोक सिंह नामक एक व्यक्ति की तीन मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह थाना रमदास के गांव खजान कोट का रहने वाला था तथा कोटला सदर गांव में उसके ससुराल थे । पुलिस का कहना है कि त्रिलोक सिंह की हत्या मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है । त्रिलोक सिंह मिलिटैंसी के ही एक केस में एक साल की कैद भी काट चुका था ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के वैरोवाल थाना के अधीन सागर गांव के निकट मिलिटैंटों ने हरजिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

चौकी पर फायरिंग : पट्टी से 'नि.स.' के अनुसार कल रात सवा नौ बजे के लगभग पट्टी के निकटवर्ती रोही गांव में हरिहर मंदिर के बाहर स्थित सुरक्षा चौकी पर मिलिटैंटों ने हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । सूचना मिलने पर पट्टी से अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी घटनास्थल पर भेजे गए लेकिन मिलिटैंट भाग जाने में सफल रहे ।

शराब विक्रेता की हत्या : लुधियाना (महेन्द्रा) : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला के ललतों गांव में शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे एक शराब विक्रेता की मृत्यु हो गई ।

घायल चल बसा : लुधियाना के किदवई नगर में आर.एस.एस. की शाखा पर मिलिटैंटों के हमले में घायल हुए 4 लोगों में से एक ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया । अब इस हमले में मृतकों की संख्या बढ़ कर 3 हो गई है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Amritsar Sahib

लिस गश्त बढ़ा दी गई
न जिलों से मिली रिपोर्ट
की गश्त जारी है तथा
ना है ।

गृह) एस.के. सक्सेना ने
रो, बेगूसराय और
जाने, सड़क जाम करने
तें हुई हैं ।

झगड़े में
ाई फायरिंग

म): फिल्लौर के निकट
ग करने के लिए आज
करनी पड़ी । पुलिस
और भाग सिंह गढ़ेवाला
ध्यक्षता के लिए काफी
। इन दोनों धड़ों का
जब एक धड़े के कुछ
धड़े ने मिल कर घेराव
नाम कर दिया । दोनों
क्ति महेंद्र सिंह घायल
र 8 व्यक्ति घायल हुए

रदातें
(शेष)

मरा : दसूहा से
के 4 बजे के लगभग
त्तन के निकट ब्यास
के साथ मुठभेड़ में एक
जानकारी के अनुसार
था कि तीन संदिग्ध
ते हुए दिखाई दिए ।
ारा किया तो उन्होंने
लिस द्वारा जवाबी
मिलिटैंट मारा गया,
लिस ने घटनास्थल से
कारतूस भी बरामद

लिया : गढ़शंकर से
ला खुर्द से आधा
सिंह के सरकारी स्कूल
लिया गया । प्राप्त
जैसे ही छुट्टी हुई तो
हां मौजूद लगभग 25
रे में इकट्ठा किया तथा
इस घटना में लगभग
है ।

रण : मक्खू से
ति कार में सवार 4
दूर स्थित गांव पीर
ी नामक एक डाक्टर
त रिपोर्ट के अनुसार
शर चैक कराया तथा
गए । पुलिस डाक्टर

हत्या : बटाला
के गांव मीरपुर के
व बी.एस.एफ. ने



मिलिटैंटों ने कल शाम अमृतसर जिला के पंजवड़ गांव के निकट पुलिस की एक गाड़ी पर फायरिंग की थी, जिससे एक कांस्टेबल तथा एक राहगीर की मृत्यु हो गई तथा 8 पुलिस कर्मी घायल हो गए थे । चित्र में (1) पुलिस की वह गाड़ी, जिस पर फायरिंग की गई, (2) गाड़ी के भीतर फैला हुआ खून तथा (3 से 10) घायल पुलिस कर्मी, जो कि अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : भंडारी)

सभी शीर्ष राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

नई दिल्ली, 22 मई (वार्ता): केंद्रीय विधि और न्यायमंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा है कि सभी राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है ।

राजीव को श्रद्धांजलियां
(पृष्ठ 1 का शेष)

जब एम्बुलैंस से राजीव गांधी के पार्थिव शव को उतार कर तीन मूर्ति भवन में ले जाया जा रहा था तो अनेक लोग फूट-फूट कर रो पड़े ।

तीन मूर्ति भवन में लोग अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शनों के लिए 2 किलोमीटर से भी लम्बी कतारें बांधे खड़े हैं ।

अनेक लोगों को सहसा ही उन क्षणों की दुखद स्मृति भी हो आई थी । इसी स्थान पर 31 अक्तूबर, 1984 को राजीव गांधी की माता श्रीमती इंदिरा गांधी की पार्थिव काया रखी गई थी । सहस्रों लोगों का शोकाकुल समूह आज उसी स्थान पर एक शहीद मां के लाडले शहीद बेटे की पार्थिव देह को लाए जाते देख कर विह्वल हो उठा ।

श्री गांधी के निवास स्थान पर भी बहुत कुछ ऐसा ही शोकाकुल माहौल था, जहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद श्री राजीव गांधी का शव लाया गया था । वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बावजूद अनेक कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं ने जनपथ स्थित निवास स्थान के भीतर प्रवेश कर गए और उन्होंने इस सारे भवन को घेर लिया । उन्हें नियंत्रित करने में पुलिस को काफी

क्या गु
(प

पीपुल्स रिवोल्यूश
यूसुफ ने कहा कि
लिट्टे का काम है

उन्होंने कहा
का काम है, जो न
एशिया क्षेत्र में अ

श्री यूसुफ ने
का मतलब 198
पूर्ण क्रियान्वयन
कांग्रेस-अन्नाद्रम
तमिलनाडु कांग्रे
इससे उन्हें श्री
मिलती रही ।

एक अन्य गु
भी कहा है कि ह
सम्भावना से इन्
ओर लंदन में लि
लिट्टे के हाथ से

श्री गांधी ने
अभिनंदन किया
की जाने लगीं ।
की गई थीं कि अ
हुआ । उस समय
सिर्फ दस मिनटों
गया ।

विस्फोट के स
प्रत्याशी श्रीमती
श्री गांधी का स्वा
थे । श्रीमती चंद्र
तरबतर हो गई
में भर्ती करा दिया

करीब साढ़े
शव को एक वै
गया । उनके श
जहां डाक्टरों के
लगाए ।

श्रीमती सोनि
जिन्हें पहले ही दि
गई थी, यहां पहुं
प्रातः साढ़े छह ब
में दिल्ली के लिए
पत्नी और पुत्री

कल सवेरे म
बम होने का संदेह
चला कि वह क
सुरक्षा प्रबन्ध उस
गांधी साढ़े आठ
तमिलनाडु कांग्रे
पार्टी के अन्य नेत
गांधी ने पत्रकारों
हुए विश्वास व्य
बहुमत मिलेगा

सम्वाददाता
जयललिता ने उन
तश्तरी भेंट की थी
से रवाना हो ग
छाटनी में श्री जव
रुक कर जनता
उन्होंने पोरूर

Punjabi Sahitya

लै. जनरल राजमहल सिंह समेत 8 मिलिटैंट मरे, हैड-कांस्टेबल सहित 7 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 22 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स (पंजवड़ गुट) के लैफ्टिनैंट जनरल राज महल सिंह उर्फ़ मैहला समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा एक हैडकांस्टेबल सहित 7 लोगों की हत्या हुई ।

गुट संघर्ष में लै. जनरल राजमहल सिंह व उसका साथी मरा : अमृतसर (नारंग): मजीठा थाना के अंतर्गत गांव छोडिया से दो मिलिटैंटों की लाशें मिली हैं, जो गोलियों से छलनी थीं । इनमें से एक की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) के लैफ्टिनैंट जनरल राजमहल सिंह उर्फ़ मैहला के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताया है ।

एक मिलिटैंट का शव बरामद : मजीठा पुलिस जिला के थाना जंडियाला के गांव मुच्छल से एक लाश मिली है । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई ।

तेजधार हथियारों से हत्या : पटियाला (राज): कल रात पटियाला सदर थाना के अन्तर्गत अलीपुर गांव में एक किसान नसीब सिंह की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई । नसीब सिंह पर उस समय हमला हुआ जब वह अपने ट्यूबवैल के निकट सो रहा था ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : पटियाला जिला के बनूड़ थाना के अन्तर्गत बगरांना गांव में कल रात सिकंदर सिंह तथा परमजीत सिंह नामक दो मिलिटैंटों को उनके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । ये दोनों मिलिटैंट दर्शन सिंह बेबला गिरोह से सम्बद्ध थे ।

एक की हत्या : ग्रीरडा से 'राज' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात यहां से कुछ मील दूर बमनारा गांव में गुरविन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में हैड कांस्टेबल व एक मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिला के भैणी गांव के निकट कल रात मुठभेड़ में पंजाब पुलिस के हैड कांस्टेबल जसपाल सिंह तथा एक अज्ञात मिलिटैंट की मृत्यु हो गई । मुकाबले में एस.एच.ओ. प्रीतम सिंह भी घायल हुए । दो मिलिटैंट बच कर भाग जाने में सफल हो गए । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के भैणी बग्गा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा एक बंदूक बरामद हुई है ।

4 मिलिटैंट काबू : भटिंडा जिला में कल 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया गया । उनसे एक जीप, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

ठेके के एक कारिंदे की हत्या : खन्ना से शर्मा के अनुसार यहां से आठ किलो मीटर दूर इम्मालपुर गांव में स्थित शराब के एक ठेके के कारिंदे विजय कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई ।

एक की हत्या : बरनाला से 'सिंघवानी' तथा धूरी से 'सिंगला' के अनुसार कल रात 11 बजे के लगभग कोलसेड़ी गांव में मिलिटैंटों ने कामरेड जगरूप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट जगरूप सिंह को उसके घर से जगा कर किसी अन्य मकान में ले गए तथा वहां उसे गोलियां मार दीं । जगरूप सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राजीव की हत्या के मरे, कई जगह से

नई दिल्ली, 22 मई (प.स., वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्षा और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद आज देश भर में हिंसक घटनाओं में कम से कम 13 व्यक्ति मारे गए । सेना को बुलाने के साथ ही कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

तमिलनाड में आज क्रुद्ध भीड़ ने जगह-जगह उत्पात मचाया । तमिलनाड में हिंसक घटनाओं में 5 व्यक्तियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा । आंध्र प्रदेश 2, केरल और पश्चिम बंगाल में 1-1 व्यक्ति मारा गया । 4 लोग पुलिस की गोली से मारे गए ।

खबरों के अनुसार अम्बाला, जयपुर, जलपाइगुड़ी और हैदराबाद में सेना बला ली गई है । सेना ने आज राजधानी में फ्लैग मार्च किया । इसके अलावा आंध्र प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शाम बताया कि कानून और व्यवस्था की स्थिति आम तौर पर नियंत्रण में है और ताज़ा खबर के अनुसार देश के हालात सुधर रहे हैं ।

आंध्र के कृष्णा जिले में विजयवाड़ा शहर के कृष्णलंका में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए की गई पुलिस फायरिंग में सात साल की एक बच्ची मारी गई । चेल्लापल्ली कस्बे में पुलिस की गोली से 12 साल का एक लड़का मारा गया । जिले के अनेक अन्य स्थानों से भी हिंसा और तोड़-फोड़ की रिपोर्ट मिली है । पुलिस ने जिले में कम से कम छः स्थानों पर गोलियां चलाईं ।

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा, काकीनाडा तथा हैदराबाद के सुल्तान बाजार, आबिदस और अफजलगंज क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया । सुल्तान बाजार क्षेत्र में सेना ने आज सुबह फ्लैग मार्च किया । विजयवाड़ा में गड़बड़ी की आशंका वाले क्षेत्रों में सशस्त्र पुलिस चौकियां कायम कर दी गई हैं

Punjab Sanatan

कर लिया तथा ट्रैफिक भी जाम कर दिया । दोनों धड़ों में चली गोली में एक व्यक्ति महेंद्र सिंह घायल हो गया । पुलिस के अनुसार 8 व्यक्ति घायल हुए हैं ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : दसूहा से 'झावर' के अनुसार आज तड़के 4 बजे के लगभग मुकेरियां के गांव नौशहरा पत्तन के निकट ब्यास दरिया के किनारे पर पुलिस के साथ मुठभेड में एक मिलिटैंट मारा गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि तीन संदिग्ध व्यक्ति दरिया पार करके आते हुए दिखाई दिए । पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दो अन्य भाग गए । पुलिस ने घटनास्थल से .303 की एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद किए हैं ।

अध्यापकों को लूट लिया : गढ़शंकर से 'गुप्ता' के अनुसार कल सैला खुर्द से आधा किलोमीटर दूर गांव पट्टी सूरा सिंह के सरकारी स्कूल के सभी अध्यापकों को लूट लिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल में जैसे ही छुट्टी हुई तो वहां कुछ लुटेरे आ घुसे,उन्होंने वहां मौजूद लगभग 25 अध्यापकों को प्रिंसीपल के कमरे में इकट्ठा किया तथा उनकी जेबें खाली करवा लीं । इस घटना में लगभग 1500 रुपए लूटे जाने की खबर है ।

डाक्टर का अपहरण : मक्खू से 'चन्द्रशेखर' के अनुसार मारुति कार में सवार 4 मिलिटैंटों ने यहां से कुछ मील दूर स्थित गांव पीर मुहम्मद से कुलविंदर सिंह गांधी नामक एक डाक्टर का अपहरण कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पहले उन्होंने डाक्टर से ब्लड प्रैशर चैक कराया तथा बाद में उसे कार में डाल कर ले गए । पुलिस डाक्टर की तलाश कर रही है ।

अपहरण के बाद हत्या : बटाला (कोछड़) : थाना सदर बटाला के गांव मीरपुर के निकट से आज प्रातः पुलिस व बी.एस.एफ. ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक की शिनाख्त गांव सुक्खचिढ़ा निवासी दोधी दिलबाग सिंह के रूप में हुई है । मिलिटैंट गत रात दिलबाग सिंह को उसके घर से अपहृत करके ले गए थे ।

छोटेपुर के निजी अंगरक्षक की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) : गत रात पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह छोटेपुर के निजी अंगरक्षक कंवर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात एक व्यक्ति कंवर सिंह को श्री छोटेपुर के घर से बुला कर ले गया और आज प्रातः गांव बच्चे नंगल के बाहर खेतों में गोलियों से छलनी कंवर सिंह की लाश मिली ।

थी तथा घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा देने का कोई उचित प्रबन्ध नहीं था । घायल पुलिस कर्मी काफी देर तक दर्द के मारे छटपटाते देखे गए ।

हत्या : भटिंडा जिले के जोगा राम तीर्थ गांव में आज प्रातः मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुरचरन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में मारा गया : सुरक्षा बलों ने गत रात भटिंडा जिले में साहनेवाल गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । मुठभेड़ के स्थान से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 व्यक्तियों की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' तथा 'गुप्ता' के अनुसार गत रात गांव सादीहरी में मिलिटैंटों ने फायरिंग कर एक ठेके के दो कारिंदों तथा ठेके पर खड़े एक ग्राहक की हत्या कर दी । मारे गए कारिंदों के नाम कश्मीर सिंह गांव गढ़ी (हरियाणा) तथा आत्मा सिंह गांव रतनगढ़ छिंदड़ा हैं जबकि ग्राहक भोला सिंह नम्बरदार गांव सादीहरी का ही निवासी था । जाते समय मिलिटैंट ठेका भी गिरा गए । उनकी संख्या 8-10 बताई जाती है ।

खोखे जलाए : एक अन्य सूचना के अनुसार मेहला चौक गांव में मिलिटैंटों ने बीड़ी-सिगरेट के 4-5 खोखे जला दिए ।

बंदूक ले गए : एक अन्य जानकारी के अनुसार संगरूर के निकट गांव दासीअरक में दो मिलिटैंटों ने प्रद्युमन सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर फायरिंग की । वे जाते समय प्रद्युमन सिंह की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस भी ले गए ।

पुलिस चौकी पर हमला : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि गांव गुजरवाल की सी.आर.पी. चौकी पर मिलिटैंटों ने राकेट लांचरों से हमला किया । पुलिस का कहना है कि चौकी के जवान चौकस थे । इस हमले से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ । पुलिस के अनुसार एक दर्जन मिलिटैंटों ने यह हमला किया था, जो बाद में फरार हो गए । जांच जारी है ।

अपहृत लड़का रिहा : लुधियाना से धीमान के अनुसार चार रोज़ पहले मिलिटैंटों ने यहां से 14 कि.मी. दूर एक पैट्रोल पम्प मलिक के पुत्र विकास कपिला (17) का अपहरण कर लिया था, उसे कल सुबह 3 बजे रिहा कर दिया गया है । विकास कपिला का जब उसके घर के बाहर से मिलिटैंट अपहरण करके ले गए थे, उस समय वह एक नन्हीं बच्ची को खिला रहा था । चार भाइयों के परिवार में वह अकेला लड़का है ।

मारुति कार छीनी : नाभा से सुशील जैन के अनुसार 2 अज्ञात युवक कल सर्कुलर रोड पर शिवा आयल मिल्स के बाहर से श्री अनिल कुमार से मारुति कार नं. जे.के. 02/9796 रिवाल्वर की नोंक पर छीन कर ले गए ।

58.5 हजार की नकदी लूटी : गत दिवस थाना सदर के गांव बौड़ां खुर्द में 4 अज्ञात युवकों ने ग्राम पंचायत के सचिव से 58 हजार 5 सौ रुपए की नकदी छीन ली ।

जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद

एक ही परिवार के 6 सदस्यों, 2 ठेका कारिंदों सहित 12 लोगों की हत्या : 6 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 21 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान मिलिटैंटों ने एक ही परिवार के 6 सदस्यों सहित 12 लोगों की हत्या कर दी जबकि विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट भी मारे गए ।

एक परिवार के 6 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (नारंग): जिला अमृतसर के सरहाली थाना के गांव बुर्जराय में मेजर सिंह नामक व्यक्ति के घर में कुछ मिलिटैंट आए और उन्होंने मेजर सिंह, उसके दो लड़का स्वर्ण सिंह और कुलदीप सिंह, दो लड़कियों मनजीत कौर और परमजीत कौर तथा एक नजदीकी रिश्तेदार लड़की सुरेन्द्र कौर पुत्री गुरनाम सिंह गांव थण्डेहरिके निवासी की हत्या कर दी और सुरेन्द्र कौर के भाई सुरेन्द्र सिंह को घायल कर दिया ।

बताया जाता है कि सुरेन्द्र कौर की सगाई कश्मीर सिंह जंड नामक मिलिटैंट से हुई थी जो बाद में भगौड़ा हो गया था । मेजर सिंह ने जो सुरेन्द्र कौर का रिश्तेदार होने के साथ-साथ बिचौला भी था, सगाई तुड़वा दी थी । इसका बदला लेने के लिए गत रात कश्मीर सिंह अपने 8-10 मिलिटैंट साथियों के साथ उनके घर आ धमका और सुरेन्द्र कौर को साथ ले जाने की इच्छा प्रकट की । इन्कार मिलने पर यह हत्याकांड हो गया ।

वि.प्र. के अनुसार एस.एस.पी. तरनतारन के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि मेजर सिंह के घर आई हुई लड़की का नाम सविन्दर कौर था तथा उसके भाई का नाम सविन्दर सिंह है । सविन्दर कौर पुत्री गुरनाम सिंह निवासी ठाठा, थाना हरिके की सगाई कश्मीरा सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव जंड थाना वल्टोहा के साथ लगभग 2 वर्ष पूर्व हुई थी । लेकिन इस दौरान कश्मीरा सिंह भगौड़ा हो गया और बाद में उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया था । लगभग एक महीना पहले ही वह जेल से बाहर आया था और बाहर आते ही वह अपनी मंगेतर के पिता गुरनाम सिंह पर शादी के लिए दबाव डालने लगा था । लेकिन गुरनाम सिंह न माना और उसने डर के मारे अपनी लड़की और लड़के को, सविन्दर कौर की एक सहेली मनजीत कौर पुत्री मेजर सिंह निवासी [illegible] के घर भेज दिया ।

बताया जाता है कि गत रात लगभग 12.30 बजे कश्मीरा सिंह और सरजीत सिंह उर्फ शिंदा अपने अन्य मिलिटैंट साथियों के साथ मेजर सिंह के घर आ घुसा और परिवार के सभी सदस्यों को एक पंक्ति में खड़ा करके ए.के. 47 से अंधाधंध फायरिंग कर 6 सदस्यों को मार डाला । सविन्दर सिंह बुरी तरह से घायल हो गया है ।

दो सुरक्षा दलों पर हमलों से 2 मरे : 21 घायल

विज्ञप्ति के अनुसार सविन्दर सिंह के पास से 8000 रुपए नकद और सोने की एक अंगूठी मिली है, जो वह अपनी बहन की सगाई के लिए साथ लेकर आया था ।

सेना के गश्ती दल पर बमबारी : 1 मरा, 10 घायल : अमृतसर (नारंग): गत रात्रि लगभग 11 बजे बुटारी और कालेके के दरम्यान सेना की तीन गाड़ियां गश्त कर रही थीं कि कुछ मिलिटैंटों ने उन पर बम फैंके जिससे एक जे.सी.ओ. मारा गया तथा 10 फौजी जवान गंभीर रूप से घायल हो गए ।

2 मिलिटैंटों की लाशें मिलीं : झब्बाल थाना के अंतर्गत मीरपुर गांव में दो मिलिटैंटों की लाशें मिली हैं । लाशों के साथ संघा ग्रुप का एक पत्र पड़ा मिला जिस पर लिखा था—ये हमारे क्षेत्र में फिरौतियां वसूल करते थे, इनको इसी का दंड दिया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार दोनों मृतक मिलिटैंट गिरोह की आपसी लड़ाई में मारे गए हैं । उनके नाम दर्शन सिंह और सुखदेव सिंह हैं ।

2 मिलिटैंट काबू : कत्थूनंगल थाना के अंतर्गत मांगासरायां गांव में पुलिस ने नाका लगा रखा था कि बलविन्दर सिंह और गुलजार सिंह नामक दो मिलिटैंट वहां से गुजरे । पुलिस ने उन्हें रुकने को कहा तो वे भाग खड़े हुए । पुलिस जवानों ने उनका पीछा करके उनको काबू कर लिया । उनके कब्जे से दो पिस्तौल और काफी कारतूस बरामद हुए ।

लाश बरामद : अमृतसर के सुलतानविंड क्षेत्र में नाशपातियों के बाग में एक सिख युवक की लाश बरामद हुई जो गोलियों से बिंधी थी ।

वार्ता के अनुसार मृतक की लाश लखन बाग से मिली है तथा पुलिस ने बताया है कि यह मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष का परिणाम है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर से ही नारंग के अनुसार एक सुरक्षा दल, जिसमें डेरा बाबा नानक के डी.एस.पी. व एस.एच.ओ., फतेहगढ़ चूड़ियां के एस.एच.ओ. व अन्य शामिल थे, आज गुप्त सूचना मिलने पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में काला अफगाना क्षेत्र में डेरों की तलाशी ले रहा था कि नहर की ओर से 3 मिलिटैंट आते दिखाई दिए । मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग से 2 मिलिटैंट घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि तीसरा भागने में सफल हो गया । पुलिस उसकी तलाश में है । मुठभेड़ के स्थान से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीनें, एक 303 की बंदूक तथा इसकी एक मैगज़ीन बरामद हुई है ।

घात लगा कर हमला : एक कांस्टेबल मरा, 11 अन्य घायल : नारंग के अनुसार मिलिटैंटों ने आज पंजवड़ गांव में भोजियां वाले मोड़ पर एक पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया जिससे एक कांस्टेबल हरदीप सिंह मारा गया तथा 11 अन्य सुरक्षा कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

घायलों में ए.एस.आई. चमन लाल, विक्रमजीत सिंह, सकत्तर सिंह, तरलोचन सिंह (तीनों हैड-कांस्टेबल), सतपाल सिंह, जसपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह, हरजिन्दर सिंह, राजेन्द्रपाल सिंह, निर्मल सिंह तथा हरदेव सिंह (सभी कांस्टेबल) शामिल हैं ।

सोनी के अनुसार यह वारदात शाम के करीब 4.30 बजे थाना झब्बाल में पंजवड़ गांव के निकट हुई । मिलिटैंटों के हमले से पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । घायल पुलिस कर्मियों की संख्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

[illegible] इंका नेता का चुनाव विचाराधीन

नई दिल्ली, 21 मई (विशेष): पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस (इ) अध्यक्ष श्री राजीव गांधी, जिनकी आज रात तमिलनाडु में हत्या कर दी गई थी, का पार्थिव शरीर दिल्ली लाने के प्रबन्ध किए जा रहे हैं । ऐसा समझा जाता है कि पार्थिव शरीर आज रात या कल सवेरे तक दिल्ली ले आया जाएगा ।

सूत्रों के अनुसार उनकी अंत्येष्टि कल या परसों करने की सोची जा रही है । चूंकि अन्त्येष्टि में भाग लेने के लिए दूसरे देशों के नेताओं के आने की सम्भावना है, अतः इसमें कुछ विलम्ब भी हो सकता है ।

केंद्र सरकार ने इस हत्या कांड पर किसी भी सम्भावित प्रतिक्रिया को रोकने के लिए देश भर में सतर्कता के आदेश दे दिए हैं ।

श्री राजीव गांधी के निधन से उनके परिवार में ऐसा कोई नज़र नहीं आता, जो कांग्रेस (इ) का नेतृत्व सम्भाल सके । नेहरू परिवार से सम्बद्ध श्री अरुण नेहरू पहले ही कांग्रेस (इ) छोड़ चुके हैं । अब जबकि देश में चुनाव प्रक्रिया जारी है, कांग्रेस (इ) को नेतृत्व-विहीन न छोड़ने के लिए श्री गांधी की जगह किसी को नया नेता चुनने की बात सोची जाने लगी है । नेता पद के लिए जो नाम सामने हैं, उनमें पूर्वश्री नरसिम्हा राव, एन.डी. तिवारी, प्रणव मुखर्जी प्रयास न कर सके ।

इसी बीच राज्यों के कांग्रेस (इ) नेता दिल्ली जा रहे हैं ताकि अपने नेता के अंतिम दर्शन कर सकें और पार्टी का ठीक नेता चुनने में सहायक हो सकें ।

पंजाब की शेष 5 रद्द सीटों का चुनाव भी 22 जून को

चंडीगढ़, 21 मई (वि.प्र.): वरिष्ठ सरकारी सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री टी.एन. शेषन ने पंजाब के शेष 5 रद्द विधानसभा क्षेत्रों आदमपुर, शेरपुर, भदौड़, धर्मकोट व नौशहरा पन्नुआं में भी मतदान 22 जून को कराना मान लिया है । चुनाव प्रत्याशियों की हत्या के कारण इन सीटों का चुनाव रद्द किया गया था ।

इन पांच सीटों बारे घोषित नए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र कल से लेकर 29 मई तक भरे जा सकेंगे । नामांकन पत्रों की जांच 30 मई को होगी तथा प्रथम जून तक नाम वापस लिए जा सकेंगे ।

Punjabi Sanatan

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 31 मई और एक जून को यहां होगी । पार्टी के उपाध्यक्ष के.आर. मलकानी ने आज यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य तथा अन्य पदाधिकारी भी 30 मई को होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे । भाजपा के नव-निर्वाचित सांसदों की दो जून को बैठक होगी ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

9 है । दो घायलों की हालत चिन्ताजनक है । विवरणों के अनुसार थाना झब्बाल की एक पार्टी गांव पंजबड़ में एक मिलिटैंट को पकड़ने गई थी । मिलिटैंट तो न पकड़ा जा सका लेकिन जब यह पुलिस पार्टी वापस लौट रही थी तो पंजबड़ गांव के बाहर भोजियां मोड़ पर छुपे बैठे मिलिटैंटों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी ।

उल्लेखनीय है कि जब घायलों को यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड (पुराने एमरजैंसी वार्ड) में लाया गया तो वहां पर बिजली गुल थी तथा घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा देने का कोई उचित प्रबन्ध नहीं था । घायल पुलिस कर्मी काफी देर तक दर्द के मारे छटपटाते देखे गए ।

हत्या : भटिंडा जिले के जोगा राम तीर्थ गांव में आज प्रातः मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुरचरन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में मारा गया : सुरक्षा बलों ने गत रात भटिंडा जिले में साहनेवाल गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । मुठभेड़ के स्थान से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 व्यक्तियों की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' तथा 'गप्ता' के अनुसार गत रात गांव सादीहरी में मिलिटैंटों ने फायरिंग कर एक ठेके के दो कारिंदों तथा ठेके पर खड़े एक ग्राहक की हत्या कर दी । मारे गए कारिंदों के नाम कश्मीर सिंह गांव गढ़ी (हरियाणा) तथा आत्मा सिंह गांव रतनगढ़ छिंदड़ा हैं जबकि ग्राहक भोला सिंह लम्बरदार गांव सादीहरी का ही निवासी था । जाते समय मिलिटैंट ठेका भी गिरा गए । उनकी संख्या 8-10 बताई जाती है ।

खोखे जलाए : एक अन्य सूचना के अनुसार मेहला चौक गांव में मिलिटैंटों ने बीड़ी-सिगरेट के 4-5 खोखे जला दिए ।

बंदूक ले गए : एक अन्य जानकारी के अनुसार संगरूर के निकट गांव वासीअरक में दो मिलिटैंटों ने प्रद्युमन सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर फायरिंग की । वे जाते समय प्रद्युमन सिंह की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस भी ले गए ।

पुलिस चौकी पर हमला : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि गांव गुजरवाल की सी.आर.पी. चौकी पर मिलिटैंटों ने राकेट लांचरों से हमला किया । पुलिस का कहना है कि चौकी के जवान चौकस थे । इस हमले से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ । पुलिस के अनुसार एक दर्जन मिलिटैंटों ने यह हमला किया था, जो बाद में फरार हो गए । जांच जारी है ।

अपहृत लड़का रिहा : लुधियाना से धीमान के अनुसार चार रोज़ पहले मिलिटैंटों ने यहां से 14 कि.मी. दूर एक पैट्रोल पम्प मलिक के पुत्र विकास कपिला (17) का अपहरण कर लिया था, उसे कल सुबह 3 बजे रिहा कर दिया गया है । विकास कपिला का जब उसके घर के बाहर से मिलिटैंट अपहरण करके ले गए थे, उस समय वह एक नन्ही बच्ची को खिला रहा था । चार भाइयों के परिवार में वह अकेला लड़का है ।

मारुति कार छीनी : नाभा से सुशील जैन के अनुसार 2 अज्ञात युवक कल सर्कुलर रोड पर शिवा आयल मिल्स के बाहर से श्री अनिल कुमार से मारुति कार नं. जे.के. 02/9796 रिवाल्वर की नोंक पर छीन कर ले गए ।

58.5 हजार की नकदी लूटी : गत दिवस थाना सदर के गांव बौड़ां खुर्द में 4 अज्ञात युवकों ने ग्राम पंचायत के सचिव से 58 हजार 5 सौ

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

9 है । दो घायलों की हालत चिन्ताजनक है । विवरणों के अनुसार थाना झब्बाल की एक पार्टी गांव पंजवड़ में एक मिलिटैंट को पकड़ने गई थी । मिलिटैंट तो न पकड़ा जा सका लेकिन जब यह पुलिस पार्टी वापस लौट रही थी तो पंजवड़ गांव के बाहर भोजियां मोड़ पर छुपे बैठे मिलिटैंटों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी ।

उल्लेखनीय है कि जब घायलों को यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड (पुराने एमरजैंसी वार्ड) में लाया गया तो वहां पर बिजली गुल थी तथा घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा देने का कोई उचित प्रबन्ध नहीं था । घायल पुलिस कर्मी काफी देर तक दर्द के मारे छटपटाते देखे गए ।

हत्या : भटिंडा जिले के जोगा राम तीर्थ गांव में आज प्रात: मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुरचरन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में मारा गया : सुरक्षा बलों ने गत रात भटिंडा जिले में साहनेवाल गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । मुठभेड़ के स्थान से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

3 व्यक्तियों की हत्या : संगरूर से पुर्ण तथा 'गुप्ता' के अनुसार गत रात गांव सादीहरी में मिलिटैंटों ने फायरिंग कर एक ठेके के दो कारिंदों तथा ठेके पर खड़े एक ग्राहक की हत्या कर दी । मारे गए कारिंदों के नाम कश्मीर सिंह गांव गढ़ी (हरियाणा) तथा आत्मा सिंह गांव सतनाढ़ छिंदड़ा हैं जबकि ग्राहक भोला सिंह नम्बरदार गांव सादीहरी का ही निवासी था । जाते समय मिलिटैंट ठेका भी गिरा गए । उनकी संख्या 8-10 बताई जाती है ।

खोखे जलाए : एक अन्य सूचना के अनुसार मेहला चौक गांव में मिलिटैंटों ने बीड़ी-सिगरेट के 4-5 खोखे जला दिए ।

बंदूक ले गए : एक अन्य जानकारी के अनुसार संगरूर के निकट गांव वासीअरक में दो मिलिटैंटों ने प्रद्युमन सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान पर फायरिंग की । वे जाते समय प्रद्युमन सिंह की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस भी ले गए ।

पुलिस चौकी पर हमला : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि गांव गुजरवाल की सी.आर.पी. चौकी पर मिलिटैंटों ने राकेट लांचरों से हमला किया । पुलिस का कहना है कि चौकी के जवान चौकस थे । इस हमले से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ । पुलिस के अनुसार एक दर्जन मिलिटैंटों ने यह हमला किया था, जो बाद में फरार हो गए । जांच जारी है ।

अपहृत लड़का रिहा : लुधियाना से धीमान के अनुसार चार रोज़ पहले मिलिटैंटों ने यहां से 14 कि.मी. दूर एक पैट्रोल पम्प मालिक के पुत्र विकास कपिला (17) का अपहरण कर लिया था, उसे कल सुबह 3 बजे रिहा कर दिया गया है । विकास कपिला का जब उसके घर के बाहर से मिलिटैंट अपहरण करके ले गए थे, उस समय वह एक नन्हीं बच्ची को खिला रहा था । चार भाइयों के परिवार में वह अकेला लड़का है ।

मारुति कार छीनी : नाभा से सुशील जैन के अनुसार 2 अज्ञात युवक कल सर्कुलर रोड पर शिवा आयल मिल्स के बाहर से श्री अनिल कुमार से मारुति कार नं. जे.के. 02/9796 रिवाल्वर की नोंक पर छीन कर ले गए ।

...ा था ...
(शेष)

...ौरान उत्पन्न होने वाली
...म नहीं होगी परन्तु फिर
... विचार-विमर्श जारी

...ति संकट की इस घड़ी के
...किए कोई भी ऐसा कदम
...जो संवैधानिक दृष्टि से
...संदर्भ में राष्ट्रीय सरकार
...द विचार उमड़ रहे हैं कि
...कार का गठन कर सकते
...मान कार्यवाहक सरकार
...वा नहीं ? सूत्रज्ञि सूत्रों
...ी बातचीत करने के लिए
...के नेताओं ने राष्ट्रपति से

...ा विश्वास है कि निर्वाचन
...धि के लिए खामख्वाह ही
...है, इससे कुछ दलों को
...की सम्भावना है । सूत्रों
...प्रकट किया कि निर्वाचन
...करने की घोषणा इतनी

...रू
...रवे
...द्वितीय निर्णय
...F डबल बेयरिंग
...रग I.S. अनुसार
...कोल पेकिंग, इस्तेमाल
...आईस बॉक्स के लिये।
...ल्स (प्रा.) लि.
...I. 12, सैक्टर 4,
...4, फोन 82-42258

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

रेलवे पुलिस के अधिकारियों के अलावा रेलवे पुलिस के सहायक महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

युवती की हत्या : अमृतसर (नारंग): अमृतसर के मुस्तफाबाद क्षेत्र के देसा सिंह की पुत्री राजी (15) की गत रात दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । राजी का 5-6 दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था । पर वह कल रात वापस लौट आई थी । अभी वह अपने घर में दाखिल भी नहीं हुई थी कि दो मिलिटैंटों ने उसे गोलियां मार दीं ।

फांसी देकर मार डाला : गत रात ईबनकलां निवासी एक व्यक्ति को कुछ मिलिटैंटों ने गांव बहोड़ू में एक वृक्ष के साथ लटका कर फांसी देकर मार डाला । मृतक की शिनाख्त बिट्टा पुत्र मंगल सिंह के रूप में हुई है । बिट्टा यहां गोल बाग के पास ट्रक मुरम्मत का काम करता था ।

एक की हत्या : पुलिस थाना मेहता के गांव खत्तरां कलां में गत रात कुछ मिलिटैंटों ने प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके दो बेटों अजीत सिंह व दलीप सिंह का अपहरण कर लिया । घर से बाहर ले जाकर उन्होंने अजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि दलीप सिंह ने भाग कर अपनी जान बचाई ।

एक और व्यक्ति की हत्या : अमृतसर में तरनतारन रोड पर बाबा भौड़ीवाला के निकट आज रात मिलिटैंटों ने कंवल शाह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक स्थानीय शास्त्रीय नगर का निवासी था ।

रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर जिला प्रशासन ने जिला से गुजरने वाली 47 नहरों के दोनों तरफ पड़ने वाले 100 फुट के क्षेत्र में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है । जिला मैजिस्ट्रेट श्री सरबजीत सिंह द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पाक घुसपैठियों द्वारा नहरों के रास्ते से भारत में दाखिल होने के सम्भावित प्रयासों के दृष्टिगत उक्त कदम उठाया गया है ।

महिला समेत 2 की हत्या : बटाला (कोछड़) मिलिटैंटों ने कल रात थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चालचक में बलविन्दर सिंह (24) तथा दर्शन कौर (45) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मिलिटैंट उन दोनों को घर से जबरदस्ती अपने साथ ले गए तथा थोड़ी दूर जाने के बाद उन्हें गोलियां मार दी । उन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मौका से ए.के. 47 के 5 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के बुड्ढे नंगल गांव में कंवर सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने कल रात गोलियों से मार दिया ।

गुमशुदा की तलाश



...सिंह उर्फ पप्पी, उम्र 26 साल, ...1990 को घाटी बाल्मीकि, ... । उसके ऊपर के दो दांत भर हुए ...सफर खर्च के अलावा 5000/- ...जाएगा । अगर परमजीत सिंह ...हुंच जाए । विक्की और घर वाले

राजीव गांधी का अंतिम सफर



राजीव की अंत्येष्टि के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध

(पृष्ठ 1 का शेष)

कर सकें । अंत्येष्टि स्थल के आसपास चार हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है । इनमें से परिवार वालों के लिए 200, विदेशी नेताओं के लिए 250, अत्यधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिए 600, प्रैस के लिए 500 तथा सांसदों एवं परिवार के लिए 1500 स्थान होंगे ।

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समाधि स्थल के लिए शक्ति स्थल और यमुना नदी के बीच की 60 एकड़ भूमि आवंटित की है । विधि और न्याय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने संवाददाताओं को बताया कि श्री गांधी की पत्नी श्रीमती सोनिया गांधी तथा उनके परिवार वालों ने इसे स्वीकार कर लिया है । उन्होंने कहा कि यह भूमि दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान (डेसू) की है तथा खाली पड़ी है । उन्होंने कहा कि इस भूमि को बाद में समतल किया जाएगा । शक्ति स्थल की कुछ भूमि भी श्री गांधी के समाधि स्थल में शामिल की जाएगी ।

डा. स्वामी ने बताया कि प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने श्री गांधी के अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं के बारे में उन्हें श्री गांधी के परिवार वालों के सम्पर्क में रहने को कहा है । उन्होंने बताया कि आज उन्होंने श्रीमती सोनिया गांधी से लगभग आधे घंटे तक बातचीत की । उसके बाद उनके परिवार वालों के साथ भी उन्होंने बातचीत की ।

उन्होंने बताया कि सरकार ने विजयघाट और शांति वन के बीच की भूमि को शक्ति स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय किया है । इस भूमि पर श्री गांधी की समाधि बनाई जाएगी ।

श्री राहुल इस घटना से स्तब्ध दिखाई दे रहे थे । वह अपने आंसू रोकने की कोशिश करते हुए सिर झुकाए तीन मूर्ति भवन में आए ।

इस बीच आज भी लाखों लोगों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की । वहां लोगों का तांता लगा हुआ है ।

इस बीच तीन मूर्ति भवन के आसपास एहतियात के तौर पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं । दिल्ली पुलिस के जवान भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं । श्री गांधी के रिश्तेदार और उनके नजदीकी मित्र उनके पार्थिव शरीर के निकट बैठे हुए हैं । राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा श्री गांधी का पार्थिव शरीर पूरी तरह फूलों से ढका हुआ है ।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण अडवानी एवं अटल बिहारी वाजपेयी ने आज तीन मूर्ति भवन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

श्री गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी, पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव, पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह की पत्नी श्रीमती गायत्री देवी और बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भी शामिल थे ।

अन्य लोगों में कांग्रेस (इ) के नेता सिद्धार्थ शंकर रे, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरन, ए.के. एंथनी, पी.जे. कुरियन, पूर्व केंद्रीय मंत्री एम.एम. जैकब और पो के वी थामस भी थे । पी.सी. चाको और पो के वी थामस भी थे ।

राजीव गांधी की हत्या में पार्सल बम प्रयुक्त हुआ ?

नई दिल्ली, 23 मई (हिन्द): पूर्व प्रधानमंत्री व इकाध्यक्ष श्री राजीव गांधी की हत्या करने के ढंग बारे एक अन्य थ्यरी प्रकाश में आई है, जिसके अनुसार सम्भवत: इस हत्याकांड के लिए पार्सल बम का प्रयोग किया गया ।

बताया जाता है कि एक अधेड़ महिला दो अन्य व्यक्तियों सहित श्री राजीव गांधी को एक पार्सल भेंट करने के लिए भीड़ को चीरती हुई आगे निकल गई । पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों द्वारा उसे काबू करने के प्रयासों के बावजूद वह महिला पार्सल को ऊपर उठाए हुए श्री गांधी के निकट पहुंच गई और उसी समय विस्फोट हो गया ।

'हि.टा.' के अनुसार जांच अधिकारी इस सम्भावना को काफी मान्यता दे रहे हैं कि जब श्री गांधी जनता का स्नेह प्राप्त कर रहे थे तो उस समय दो महिलाएं मंच की ओर बढ़ रही थीं ।

स्थानीय पुलिस के एक इंस्पैक्टर के अनुसार एक महिला ने अपनी साड़ी में से कोई वस्तु निकाली तथा उसी समय विस्फोट हो गया । परिणामस्वरूप श्री राजीव गांधी के साथ ही वे दो महिलाएं भी मारी गईं ।

अवैध निर्माण जोरों पर

लुधियाना, 23 मई (महिन्द्रा) : नगर में

Punjab Digital Library

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

रेलवे पुलिस के अधिकारियों के अलावा रेलवे पुलिस के सहायक महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

युवती की हत्या : अमृतसर (नारंग): अमृतसर के मुस्तफाबाद क्षेत्र के देसा सिंह की पुत्री राजी (15) की गत रात दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । राजी का 5-6 दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था । पर वह कल रात वापस लौट आई थी । अभी वह अपने घर में दाखिल भी नहीं हुई थी कि दो मिलिटैंटों ने उसे गोलियां मार दी ।

फांसी देकर मार डाला : गत रात ईबनकलां निवासी एक व्यक्ति को कुछ मिलिटैंटों ने गांव बहोड़ू में एक वृक्ष के साथ लटका कर फांसी देकर मार डाला । मृतक की शिनाख्त बिट्टा पुत्र मंगल सिंह के रूप में हुई है । बिट्टा यहां गोल बाग के पास ट्रक मुरम्मत का काम करता था ।

एक की हत्या : पुलिस थाना मेहता के गांव खत्तरा कलां में गत रात कुछ मिलिटैंटों ने प्रीतम सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके दो बेटों अजीत सिंह व दलीप सिंह का अपहरण कर लिया । घर से बाहर ले जाकर उन्होंने अजीत सिंह को गोलियां मार कर हत्या कर दी जबकि दलीप सिंह ने भाग कर अपनी जान बचाई ।

एक और व्यक्ति की हत्या : अमृतसर में तरनतारन रोड पर बाबा भौड़ीवाला के निकट आज रात मिलिटैंटों ने कंवल शाह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक स्थानीय शास्त्रीय नगर का निवासी था ।

रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर जिला प्रशासन ने जिला से गुजरने वाली 47 नहरों के दोनों तरफ पड़ने वाले 100 फुट के क्षेत्र में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है । जिला मैजिस्ट्रेट श्री सरबजीत सिंह द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पाक घुसपैठियों द्वारा नहरों के रास्ते से भारत में दाखिल होने के सम्भावित प्रयासों के दृष्टिगत उक्त कदम उठाया गया है ।

महिला समेत 2 की हत्या : बटाला (कोछड़) मिलिटैंटों ने कल रात थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चालचक में बलविन्दर सिंह (24) तथा दर्शन कौर (45) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मिलिटैंट उन दोनों को घर से जबरदस्ती अपने साथ ले गए तथा थोड़ी दूर जाने के बाद उन्हें गोलियां मार दी । उन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । मौका से ए.के. 47 के 5 खाली कारतूस बरामद हुए हैं ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के बुड़ढे नंगल गांव में कंवर सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने कल रात गोलियों से मार दिया ।

दुर्दांत मनजिन्द्र सिंह समेत 6 मिलिटैंट मरे, शराब के ठेकों के 5 कारिंदों सहित 13 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 23 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (संघा गुट) के दर्दांत मिलिटैंट मनजिंद्र सिंह समेत 6 मिलिटैंट मारे गए तथा शराब के 2 ठेकों के 5 कारिंदों समेत 13 लोगों की हत्या हुई । इस बीच संगरूर के जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. भुल्लर मिलिटैंटों के हमले में बाल-बाल बच गए। मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला में अहमदगढ़ के निकट बम धमाका करके 2 फुट रेल लाइन उड़ा दी, जिससे एक पायलट इंजन उलट गया । इससे कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव गग्गारपुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए । मुकाबले में संगरूर जिला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. भुल्लर बाल-बाल बच गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने विशेष सूचना मिलने पर गग्गारपुर गांव के निकट नाका लगाया हुआ था । उन्हें यह सूचना मिली थी कि संगरूर के एक कमीशन एजैंट के 20 वर्षीय अपहृत बेटे सुरेश कुमार की रिहाई के बदले में रुपए लेने के उद्देश्य से कुछ मिलिटैंट यहां आने वाले हैं । थोड़ी देर बाद ही सुरक्षा बलों ने वहां एक जीप (नं. आर.जे.के.52) आती देखी । जब सुरक्षा कर्मियों ने जीप को रुकने का इशारा किया तो मिलिटैंटों ने जीप से नीचे उतर कर निकटवर्ती स्कूल की दीवार की आड़ लेकर सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे एक पुलिस कांस्टेबल सोहन सिंह जख्मी हो गया । फिर मिलिटैंटों ने भाग कर एक पक्के मकान में पोजीशनें सम्भाल लीं और सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। संगरूर के एस.एस.पी. श्री एस.एस. भुल्लर जो सुरक्षा बलों का नेतृत्व कर रहे थे, पर एक मिलिटैंट ने गोली चलाई, लेकिन वे बाल-बाल बच गए ।

कुछ समय बाद मिलिटैंट 'तूड़ी' के कोठे में जा छिपे । सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बाहर निकालने के लिए पहले अश्रुगैस छोड़ी और फिर हथगोले फैंके । इसके बावजूद भी मिलिटैंट बाहर नहीं निकले तो सुरक्षा बलों ने रद्दी कागज एक बोरी में डाल कर भीतर फैंके और फिर तेल डाल कर उन्हें आग लगा दी । इस पर मिलिटैंट वहां से भाग निकले । सुरक्षा कर्मियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर तीन मिलिटैंट मारे गए । इनकी पहचान करमजीत सिंह, जसबीर सिंह तथा मनजिन्द्र सिंह के रूप में हुई है । ये तीनों भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (संघा गुट) से सम्बद्ध थे । घटनास्थल से एक ए.के.-47 राइफल, एक पाकिस्तानी पिस्तौल तथा एक जीप भी बरामद हुई है ।

अपहृत युवक का शव मिला : इस बीच पुलिस ने आज प्रातः अपहृत सुरेश कुमार का शव एक नाले के पुल से बरामद किया है । शव पर गोलियों के निशान थे । मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के बदले 5 लाख रुपए मांगे थे ।

2 ठेकों के 5 कारिंदों समेत 6 की हत्या : लुधियाना से 'महेन्द्रा और 'धीमान' के अनुसार विगत 24 घंटों में लुधियाना जिला में शराब के 2 ठेकों के 5 कारिंदों समेत 6 लोगों की हत्या हुई । पुलिस के अनुसार समराला थाने के बागली कलां गांव में मिलिटैंटों ने शराब के ठेके के 3 कारिंदों को गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनमें से 2 की पहचान बलविंदर सिंह तथा ओम प्रकाश के रूप में हुई है । लुधियाना जिला के अटाला गांव में मारुति कार में सवार 3 मिलिटैंटों ने शराब के ठेके के 2 कारिंदों त्रिलोचन सिंह तथा बाम्बी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

नई दिल्ली, 26 मई (जी.एस. चावला): स्वर्गीय राजीव गांधी अपने पीछे कोई वसीयत या बीमा की पालिसी नहीं छोड़ गए है तो क्या वह कोई 'गुप्त' जानकारी, सुझाव या निर्देश छोड़ गए हैं ?

इस बात का पता लगाने के लिए उनके निकट सहयोगी बड़े धैर्य के साथ उनके निवास स्थान पर कोना-कोना छान रहे है तथा विभिन्न कागजों व पुस्तकों की छानबीन कर रहे हैं । परन्तु जिस जगह पर बहुत अधिक लोगों की पहुंच नहीं है वह है राजीव गांधी का निजी कम्प्यूटर और इसकी विभिन्न डिस्कें, जिनका वह गत कई वर्षों से उपयोग करते आ रहे थे । इन चीजों तक केवल श्रीमती सोनिया गांधी और राजीव के सहायक वी. जार्ज की पहुंच है ।

राजीव गत कई वर्षों से केवल कम्प्यूटर का उपयोग करते रहे हैं तथा उन्होंने कोई निजी डायरी जब भी अपने तूफानी दौरों से लौटते, कुछ घंटे अपने कम्प्यूटर कक्ष में बिताते थे । उड़ीसा जाने से पूर्व भी उन्होंने कम्प्यूटर में कुछ जानकारियां भरी थी ।

अब उनके सहयोगी यह पता लगाने के लिए कम्प्यूटर में भरी जानकारियों का अर्थ निकाल रहे हैं कि दुर्भाग्यपूर्ण दिन से पूर्व उन्होंने कम्प्यूटर में कोई आकस्मिक टिप्पणी या कोई सुझाव भरे थे कि नहीं । बहरहाल उन्हें श्री राजीव गांधी की विचारधारा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने में अभी काफी दिन लग जाएंगे ।

उनके सहयोगियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बुरे से बुरे समय में विशेष रूप से श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या तथा बोफोर्स स्कैंडल के उभरने के बाद भी, राजीव ने लिखित रूप में कुछ नहीं छोड़ा, बल्कि वे सभी जानकारियां कम्प्यूटर में भंडार करते रहे ।

पाक टी.वी. द्वारा आधारहीन खबरों का प्रसारण

जम्मू, 26 मई (वार्ता): एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर में सेना और उग्रवादियों के बीच संघर्ष के बारे में पाकिस्तानी इलैक्ट्रानिक मीडिया (टी.वी.) द्वारा प्रसारित खबरें बेबुनियाद हैं । पाकिस्तानी टैलीविजन ने आज सवेरे खबर दी कि भारतीय सेना और कश्मीरी उग्रवादियों में संघर्ष हुआ है । प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में

Punjabi Sanatan

अमृतसर (नारंग): आज प्रातः 5 बजे सदर थाना

नहीं हो सकी । नहर की पानी फिंकवा कर लाश की तलाश जारी है ।









तरनतारन पुलिस जिला के संघा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 9 मिलिटैंट मारे गए । चित्र में (1) वह वाहन, जिसमें मिलिटैंट सवार थे, (2) ज़हर खाकर मरने वाले मिलिटैंट हरभेज सिंह का शव, जिसने कि दुल्हन का लिबास पहन रखा है और (3-6) मारे गए अन्य मिलिटैंटों के शव तथा (7) क्रास फायरिंग में मारी गई एक घोड़ी । (छाया : रवि भंडारी)

राजीव अपने निजी कम्प्यूटर में 'गुप्त' जानकारियां छोड़ गए ?

नई दिल्ली, 26 मई (जी.एस. चावला): स्वर्गीय राजीव गांधी अपने पीछे कोई वसीयत या बीमा की पालिसी नहीं छोड़ गए हैं तो क्या वह कोई 'गुप्त' जब भी अपने तूफानी दौरों से लौटते, कुछ घंटे अपने कम्प्यूटर कक्ष में बिताते थे । उड़ीसा जाने से पूर्व भी उन्होंने कम्प्यूटर में कुछ जानकारियां भरी थीं ।

Punjabi Sanatani

...स्थानीय

...गांधी नृशंस हत्या के शिकार हुए थे ।

अभी तक उस विस्फोट स्थल को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के प्रस्ताव को सरकार की तरफ

...और चक्कर लगा कर उस स्थान को गौर से देख रहे हैं । अनेक शोकाकुल महिलाएं विस्फोट स्थल के निकट रोती हुई देखी गईं ।

विस्फोट स्थल मद्रास-बेंगलूर राजमार्ग के बिल्कुल नज़दीक तथा मद्रास से 40 किलो मीटर दूर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...बैठक हुई लेकिन दूरदर्शन ने इस महत्वपूर्ण बैठक की उपेक्षा की । इस बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या तथा देश के वर्तमान हालात पर गम्भीरता से चर्चा हुई थी ।

उन्होंने दूरदर्शन पर आरोप लगाया कि वह इंका के पक्ष में सहानुभूति का माहौल पैदा करने के लिए

पश्चिम बंगाल में गत चुनाव में भाजपा को 5 लाख वोट मिले थे, इस बार संख्या 30 लाख से भी अधिक बढ़ेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव प्रचार 30 मई से प्रारम्भ करेगी तथा मुख्य नारा होगा "सत्ता में आएंगे-आतंकवाद भगाएंगे, स्थायी सरकार बनाएंगे ।"



...नका पुत्र राहुल गांधी विशेष रेल के कमरे में बनाए गए ...ष मंच पर रखते हुए ।





...लेकर नई दिल्ली से इलाहाबाद के लिए रवाना होने वाली ...ी, राहुल व प्रियंका को ढाढस बंधाया जा रहा है तथा ...समय उपस्थित जनसमूह । (छाया : प्रै.ट्र.)

पंजाब में 7 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 7 मिलिटैंट मारे गए तथा 6 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 2 पुलिस कर्मी मिलिटैंटों का पीछा करते समय रावी दरिया में डूब जाने से मर गए ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वार्ता, नारंग): गत रात्रि थाना रैय्या के अंतर्गत गांव पड्डा में मिलिटैंटों ने अपने ही एक साथी को गोलियों से मार दिया तथा बाद में उसके शव को आग लगा दी । घटनास्थल से एस.एल.आर. के 6 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

अमृतसर जिला के थाना जंडियाला के अंतर्गत शफीपुर गांव में 22 वर्षीय एक मिलिटैंट की गोलियों से छलनी लाश मिली है । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताई जाती है ।

मिलिटैंटों ने अपने ही साथी को मार दिया : गत रात्रि लगभग 11 बजे अमृतसर जिला के पलवांवा गांव में सुरक्षा बलों ने नाका लगाया हुआ था कि 3 मिलिटैंट वहां से गुजरे । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, प्रत्युत्तर में सुरक्षा बलों ने भी गोली चला दी । इस स्थान पर लगभग 30 मिनट तक मुकाबला होता रहा तथा रुक-रुक कर गोलियां चलती रहीं । इसके बाद सुरक्षा बलों ने लाऊडस्पीकर पर मिलिटैंटों से आत्मसमर्पण करने को कहा, जिस पर करतार सिंह अदलीवाला उर्फ फौजी नामक मिलिटैंट ने हाथ खड़े करके आत्म समर्पण कर दिया । इसी दौरान उसने अपनी ए.के. 47 राइफल अपने साथी मिलिटैंटों की ओर खिसका दी तथा वे अन्धेरे का लाभ उठा कर भाग निकले ।

सुरक्षा बलों द्वारा पूछताछ के बाद आत्म समर्पण करने वाले इस मिलिटैंट ने अपने ठिकाने की जानकारी दे दी तथा सुरक्षा कर्मी उसे साथ लेकर उस ठिकाने की ओर चल दिए । जब वे रमदास रेलवे स्टेशन के निकट पहुंचे तो वहां पहले से ही छिपे हुए उन दो फरार मिलिटैंटों ने करतार सिंह पर गोलियां चला दीं तथा भाग निकले । करतार सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । फायरिंग में कश्मीर सिंह नामक एक पुलिस कर्मी भी गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

2 मिलिटैंटों के शव मिले : अमृतसर जिला के भिखीविंड क्षेत्र के सुरसिंहवाला गांव से 2 मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव मिले हैं । इनमें से दिलाबाग सिंह पुत्र वीर सिंह नामक मिलिटैंट भगौड़ा था तथा दूसरा दिलबाग सिंह पुत्र बलकार सिंह वांछित मिलिटैंट था ।

एक मिलिटैंट व 2 पुलिस कर्मी डूब कर मरे : गुरदासपुर से 'विनोद' तथा अमृतसर से नारंग के अनुसार गुरदासपुर जिला के कोहनूवान थाना के अंतर्गत गांव मूलेवाल में पुलिस को सूचना मिली कि वहां 8-10 मिलिटैंट कोई वारदात करने के लिए घूम रहे हैं । इसके बाद तुरंत ही एक पुलिस दल वहां पहुंचा तथा उसे देख कर मिलिटैंट भाग निकले । पुलिस दल ने जब उनका पीछा किया तो उन मिलिटैंटों ने निकट बह रहे रावी दरिया में छलांग लगा दी । यह देख कर उनके पीछे ही कुछ पुलिस कर्मियों ने भी दरिया में छलांग लगा दी, जो सम्भवतः

दो पुलिस कर्मी मिलिटैंटों का पीछा करते समय दरिया में डूब कर मरे।

तैरना नहीं जानते थे । इस दौरान एक मिलिटैंट डूब कर मर गया तथा अजीत सिंह व जगजीत सिंह नामक 2 पुलिस कर्मी भी डूब जाने की वजह से मारे गए । इसके बाद दरिया के इर्द-गिर्द के सारे क्षेत्र को घेर कर सुरक्षा बलों के तैराकों को बुला लिया तथा छानबीन शुरू कर दी गई ।

अमृतसर से 'सोती' के अनुसार रावी दरिया में कूद कर मरने वाले दोनों पुलिस कर्मी पी.ए.पी. के 27वीं बटालियन से सम्बद्ध थे ।

एक व्यक्ति का अपहरण : कल रात मिलिटैंटों ने गुरदासपुर जिला के कलानौर कस्बे के चक्करी बाजार क्षेत्र से नन्द किशोर (42) नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि रात साढ़े आठ बजे के लगभग दो मिलिटैंट दीवार फांद कर नन्द किशोर के घर में दाखिल हो गए तथा उसकी माता से उसके बारे में पूछताछ करने लगे । उसकी माता ने उन्हें बताया कि नन्द किशोर अपने कमरे में है । मिलिटैंट कमरे में गए तथा जबरदस्ती नन्द किशोर को अपने साथ ले गए । जब मिलिटैंट नन्द किशोर को ले जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें सुरक्षा कर्मियों की एक टुकड़ी आते हुए दिखाई दी । मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों का ध्यान बंटाने के लिए एक कोने में विस्फोटक पदार्थों से जोरदार धमाका किया । जब सुरक्षा कर्मी धमाके की आवाज सुनकर उधर गए तो मिलिटैंट पीछे से नन्द किशोर को लेकर भाग गए ।

सदमे से युवती मरी : नन्द किशोर के अपहरण की खबर सुनकर उसके पड़ोस में रहने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में एक जवान, 4 उग्रवादियों सहित 9 मरे

श्रीनगर, 27 मई (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान और चार उग्रवादियों सहित नौ लोग मारे गए तथा सात सुरक्षा कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए, जबकि बारह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनसे भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया । इस बीच दो अपहृत स्वीडिश इंजीनियरों तथा सेना के एक अपहृत जवान का कोई सुराग नहीं मिला है, हालांकि उग्रवादियों ने अनन्तनाग पुलिस अधिकारी मंजूर अहमद को रिहा कर दिया है ।

पुलिस प्रवक्ता ने आज शाम यहां बताया कि उग्रवादियों ने कल शाम कुपवाड़ा जिला के खखद खमडियाल गांव में सीमा सुरक्षा बल के वाहनों पर घात लगा कर हमला किया, जिससे एक जवान की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा सात जवान घायल हो गए । घायलों में दो की हालत गम्भीर है ।

सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की । आधे घंटे तक चली इस गोलीबारी के बीच में पड़ने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए । घायलों में से एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया । सेना के घायल जवानों को सैनिक अस्पताल में तथा घायल असैनिक नागरिकों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

राजीव के एक और प्रशंसक द्वारा आत्महत्या

कानपुर, 27 मई (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या से दुःखी एक व्यक्ति ने आज यहां कानपुर-दिल्ली रेल मार्ग पर पनकी रेलवे स्टेशन के निकट रेल गाड़ी से कट कर आत्महत्या कर ली ।

राजीव ने पांवों पर झुकी महिला को जब उठाने की कोशिश की, तभी बम फटा

मद्रास, 27 मई (वार्ता): अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक के एक पदाधिकारी वी. मरिमुथु श्री राजीव गांधी को श्रीपेरमबुदुर में माला पहनाने वालों की पंक्ति में खड़े थे । उन्होंने बताया कि उन्होंने कथित हत्यारिन को एक लड़की और एक अन्य महिला के साथ खड़े देखा था ।

श्री मरिमुथु ने कहा कि हम लोग अपने मित्रों के साथ उस महिला के भड़कीले मेकअप को लेकर मजाक भी कर रहे थे । वह चंदन का हार लिए हुए थी । उन्होंने कहा कि जिस समय श्री गांधी मंच की ओर जा रहे थे, उस समय हम लोग उनके दाहिनी ओर खड़े थे । इसी समय वह चश्माधारी महिला हमारे पीछे से आकर दूसरी ओर खड़ी दोनों महिलाओं में शामिल हो गई । तभी श्री दास ने घोषणा की कि जो लोग श्री गांधी को माला पहनाना चाहते हों, वे पंक्तिबद्ध हो जाएं । श्री मरिमुथु ने कहा कि कांग्रेस (इ) के नेताओं के हार ग्रहण करने के बाद श्री गांधी तीनों महिलाओं की ओर मुड़ गए । कथित हत्यारिन के बगल में खड़ी लड़की से उन्होंने कुछ बात की और फिर उस महिला की ओर बढ़े ।

विसर्जन आज, अस्थि कलश लेकर विशेष ट्रेन इलाहाबाद रवाना

...ुंचने पर ...ारी और ...ाद रेलवे ...वाहन से ...ों से होते

के अनेक सदस्य अस्थियों के साथ यहां आ रहे हैं । कांग्रेस (इ) के अनेक वरिष्ठ नेता भी विशेष रेल गाड़ी से यहां आएंगे ।

इलोहाबाद के मंडलायुक्त लक्ष्मी चंद ने बताया

उन्होंने बताया कि ऐसा एक अन्य प्लेटफार्म भी बनाया गया है, जिस पर परिवार के सदस्यों के अलावा पत्रकारों तथा फोटोग्राफरों के खड़े होने की व्यवस्था की गई है ।

नई दिल्ली : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की

रखे हुए हैं, बगैर सीटों के इस डिब्बे में फर्श पर दरियां बिछी हुई थीं और अस्थिकलश के निकट उनके परिवार के सदस्य तथा मित्र बैठे हुए थे ।

इस डिब्बे पर पूर्व प्रधानमंत्री का एक रंगीन चित्र रखा हुआ है । यह विशेष रेलगाड़ी गाज़ियाबाद, ...

Punjabi Sanatani

के प्रस्ताव को सरकार की तरफ



रेल के कमरे में बनाए गए





के लिए रवाना होने वाली
बंधाया जा रहा है तथा
(छाया : प्रै.ट्र.)

विस्फोट स्थल चेन्नई-बेंगलूर राजमार्ग के बिल्कुल नज़दीक तथा मद्रास से 40 किलो मीटर दूर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

की उपेक्षा की । इस बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या तथा देश के वर्तमान हालात पर गम्भीरता से चर्चा हुई थी ।

उन्होंने दूरदर्शन पर आरोप लगाया कि वह इंका के पक्ष में सहानुभूति का माहौल पैदा करने के लिए

वोट मिले थे, इस बार संख्या 30 लाख से भी अधिक बढ़ेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव प्रचार 30 मई से प्रारम्भ करेगी तथा मुख्य नारा होगा "सत्ता में आएंगे-आतंकवाद भगाएंगे, स्थायी सरकार बनाएंगे ।"

पंजाब में 7 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 7 मिलिटैंट मारे गए तथा 6 लोगों की हत्या हुई । इस बीच 2 पुलिस कर्मी मिलिटैंटों का पीछा करते समय रावी दरिया में डूब जाने से मर गए ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (वार्ता, नारंग): गत रात्रि थाना रैया के अंतर्गत गांव पड्डा में मिलिटैंटों ने अपने ही एक साथी को गोलियों से मार दिया तथा बाद में उसके शव को आग लगा दी । घटनास्थल से एस.एल.आर. के 6 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

अमृतसर जिला के थाना जंडियाला के अंतर्गत शफीपुर गांव में 22 वर्षीय एक मिलिटैंट की गोलियों से छलनी लाश मिली है । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताई जाती है ।

मिलिटैंटों ने अपने ही साथी को मार दिया : गत रात्रि लगभग 11 बजे अमृतसर जिला के पलवांवा गांव में सुरक्षा बलों ने नाका लगाया हुआ था कि 3 मिलिटैंट वहां से गुजरे । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, प्रत्युत्तर में सुरक्षा बलों ने भी गोली चला दी । इस स्थान पर लगभग 30 मिनट तक मुकाबला होता रहा तथा रुक-रुक कर गोलियां चलती रहीं । इसके बाद सुरक्षा बलों ने लाऊडस्पीकर पर मिलिटैंटों से आत्मसमर्पण करने को कहा, जिस पर करतार सिंह अदलीवाला उर्फ फौजी नामक मिलिटैंट ने हाथ खड़े करके आत्म समर्पण कर दिया । इसी दौरान उसने अपनी ए.के. 47 राइफल अपने साथी मिलिटैंटों की ओर खिसका दी तथा वे अन्धेरे का लाभ उठा कर भाग निकले ।

सुरक्षा बलों द्वारा पूछताछ के बाद आत्मसमर्पण करने वाले इस मिलिटैंट ने अपने ठिकाने की जानकारी दे दी तथा सुरक्षा कर्मी उसे साथ लेकर उस ठिकाने की ओर चल दिए । जब वे रमदास रेलवे स्टेशन के निकट पहुंचे तो वहां पहले से ही छिपे हुए उन दो फरार मिलिटैंटों ने करतार सिंह पर गोलियां चला दीं तथा भाग निकले । करतार सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । फायरिंग में कश्मीर सिंह नामक एक पुलिस कर्मी भी गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

2 मिलिटैंटों के शव मिले : अमृतसर जिला के भिखीविंड क्षेत्र के सुरसिंहवाला गांव से 2 मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव मिले हैं । इनमें से दिलबाग सिंह पुत्र वीर सिंह नामक मिलिटैंट भगोड़ा था तथा दूसरा दिलबाग सिंह पुत्र बलकार सिंह वांछित मिलिटैंट था ।

एक मिलिटैंट व 2 पुलिस कर्मी डूब कर मरे : गुरदासपुर से 'विनोद' तथा अमृतसर से नारंग के अनुसार गुरदासपुर जिला के कहनुवान थाना के अंतर्गत गांव मूलेवाल में पुलिस को सूचना मिली कि वहां 8-10 मिलिटैंट कोई वारदात करने के लिए घूम रहे हैं । इसके बाद तुरंत ही एक पुलिस दल वहां पहुंचा तथा उसे देख कर मिलिटैंट भाग निकले । पुलिस दल ने जब उनका पीछा किया तो उन मिलिटैंटों ने निकट बह रहे रावी दरिया में छलांग लगा दी । यह देख कर उनके पीछे ही कुछ पुलिस कर्मियों ने भी दरिया में छलांग लगा दी, जो सम्भवतः

दो पुलिस कर्मी मिलिटैंटों का पीछा करते समय दरिया में डूब कर मरे ।

तैरना नहीं जानते थे । इस दौरान एक मिलिटैंट डूब कर मर गया तथा अजीत सिंह व जगजीत सिंह नामक 2 पुलिस कर्मी भी डूब जाने की वजह से मारे गए । इसके बाद दरिया के इर्द-गिर्द के सारे क्षेत्र को घेर कर सुरक्षा बलों के तैराकों को बुला लिया तथा छानबीन शुरू कर दी गई ।

अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार रावी दरिया में कूद कर मरने वाले दोनों पुलिस कर्मी पी.ए.पी. के 27वीं बटालियन से सम्बद्ध थे ।

एक व्यक्ति का अपहरण : कल रात मिलिटैंटों ने गुरदासपुर जिला के कलानौर कस्बे के चक्करी बाजार क्षेत्र से नन्द किशोर (42) नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि रात साढ़े आठ बजे के लगभग दो मिलिटैंट दीवार फांद कर नन्द किशोर के घर में दाखिल हो गए तथा उसकी माता से उसके बारे में पूछताछ करने लगे । उसकी माता ने उन्हें बताया कि नन्द किशोर अपने कमरे में है । मिलिटैंट कमरे में गए तथा ज़बरदस्ती नन्द किशोर को अपने साथ ले गए । जब मिलिटैंट नन्द किशोर को ले जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें सुरक्षा कर्मियों की एक टुकड़ी आते हुए दिखाई दी । मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों का ध्यान बंटाने के लिए एक कोने में विस्फोटक पदार्थों से ज़ोरदार धमाका किया । जब सुरक्षा कर्मी धमाके की आवाज़ सुनकर उधर गए तो मिलिटैंट पीछे से नन्द किशोर को लेकर भाग गए ।

सदमे से युवती मरी : नन्द किशोर के अपहरण की खबर सुनकर उसके पड़ोस में रहने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में एक जवान, 4 उग्रवादियों सहित 9 मरे

श्रीनगर, 27 मई (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान और चार उग्रवादियों सहित नौ लोग मारे गए तथा सात सुरक्षा कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए, जबकि बारह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनसे भारी मात्रा में हथियार और गोली-बारूद बरामद किया गया । इस बीच दो अपहृत स्वीडिश इंजीनियरों तथा सेना के एक अपहृत जवान का कोई सुराग नहीं मिला है, हालांकि उग्रवादियों ने अनन्तनाग पुलिस अधिकारी मंजूर अहमद को रिहा कर दिया है ।

पुलिस प्रवक्ता ने आज शाम यहां बताया कि उग्रवादियों ने कल शाम कुपवाड़ा जिला के खसद खमंडियाल गांव में सीमा सुरक्षा बल के वाहनों पर घात लगा कर हमला किया, जिससे एक जवान की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा सात जवान घायल हो गए । घायलों में दो की हालत गम्भीर है ।

सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की । आधे घंटे तक चली इस गोलीबारी के बीच में पड़ने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए । घायलों में से एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया । सेना के घायल जवानों को सैनिक अस्पताल में तथा घायल असैनिक नागरिकों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

राजीव के एक और प्रशंसक द्वारा आत्महत्या

कानपुर, 27 मई (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या से दुःखी एक व्यक्ति ने आज यहां कानपुर-दिल्ली रेल मार्ग पर पनकी रेलवे स्टेशन के निकट रेल गाड़ी से कट कर आत्महत्या कर ली ।

राजीव ने पांवों पर झुकी महिला को जब उठाने की कोशिश की, तभी बम फटा

मद्रास, 27 मई (वार्ता): अखिल भारतीय अन्ना द्रमक के एक पदाधिकारी वी. मरिमुथु श्री राजीव गांधी को श्रीपेरमबदूर में माला पहनाने वालों की पंक्ति में खड़े थे । उन्होंने बताया कि उन्होंने कथित हत्यारिन को एक लड़की और एक अन्य महिला के साथ खड़े देखा था ।

श्री मरिमुथु ने कहा कि हम लोग अपने मित्रों के साथ उस महिला के भड़कीले मेकअप को लेकर मज़ाक भी कर रहे थे । वह चंदन का हार लिए हुए थी । उन्होंने कहा कि जिस समय श्री गांधी मंच की ओर जा रहे थे, उस समय हम लोग उनके दाहिनी ओर खड़े थे । इसी समय वह चश्माधारी महिला हमारे पीछे से आकर दूसरी ओर खड़ी दोनों महिलाओं में शामिल हो गई । तभी श्री दास ने

...न, अस्थि कलश लेकर विशेष ट्रेन इलाहाबाद रवाना

Punjab Sanjan

पंजाब में वारदातें (पृष्ठ 1 का शेष)

लोगों ने मिलिटैंट एकत्र किए

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

वाली 18-19 वर्षीया एक युवती, जो कि नन्द किशोर को अपने पिता समान मानती थी, सदमे के कारण दम तोड़ गई । अपहर्त्ताओं ने खाकी वर्दियां पहनी हुई थीं ।

रेल लाइन उड़ा दी : अहमदगढ़ से 'पवन' तथा धुरी से 'सिगला' और 'जैन' के अनुसार कल रात मिलिटैंटों ने एक शक्तिशाली बम धमाका करके कुप रेलवे स्टेशन के निकट 3 फुट रेलवे लाइन उड़ा दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यह धमाका रात देर गए मतेई गांव के निकट हुआ । धमाके के कुछ देर बाद ही यहां से एक पायलट इंजन ने गुजरना था । विस्फोट के कारण लुधियाना-धुरी सैक्शन पर 5 घंटे तक रेल यातायात ठप्प रहा और हजारों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी । उल्लेखनीय है कि 3 दिन पहले भी इसी लाइन पर बम विस्फोट हुआ था ।

एक की हत्या : कल रात धुरी से 15 किलो मीटर दूर अहमदगढ़ में मिलिटैंटों ने जागर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

अन्तिम संस्कार : संगरूर बस अड्डे पर गत दिवस मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पी.आर.टी.सी. मोटर यूनियन के प्रधान सुखदेव सिंह का आज दोपहर बाद उनके पैतृक गांव कट्टू में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप आज पी.आर.टी.सी. की कोई बस नहीं चली ।

अपहृत बच्चे रिहा : बटाला से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने दो अपहृत बच्चों सोनू तथा राजकुमार को रिहा कर दिया है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कादियां कस्बे के धर्मपुरा मुहल्ला से सोनू को विगत 23 मई को अपहृत किया गया था । वह एक स्कूल अध्यापक का बेटा है । राजकुमार को विगत 24 मई को अपहृत किया गया था । वह एक उद्योगपति का बेटा है ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (राज): पटियाला जिला के ककराला गांव में कल रात तीन बजे के लगभग मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल जगन्नाथ (42) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । उन पर उस समय हमला हुआ, जब वह अपने भाई के साथ स्कूटर पर ककराला गांव जा रहे थे । उनका भाई इस हमले में बाल-बाल बच गया । जिला पुलिस लाइन्स में तैनात उक्त कांस्टेबल आज कल छुट्टी पर था ।

ठीकरी पहरे की अवधि बढ़ी : पटियाला जिला में ठीकरी पहरे की अवधि 25 जुलाई तक बढ़ा दी गई है ।

दुकानदार के बेटे का अपहरण : जालन्धर जिला के शाहकोट थाना के अन्तर्गत बाजवा कलां गांव से कल रात मिलिटैंटों ने हरकिशन लाल नामक एक दुकानदार के बेटे महेन्द्र पाल का अपहरण कर लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके अपहृत की तलाश शुरू कर दी है ।

निरंकारी की हत्या : लुधियाना की शिमलापुरी कालोनी में 2 मिलिटैंटों ने निरंकारी सरजीत सिंह की उनके घर में घुस कर हत्या कर दी । हमले में सुरजीत सिंह का बेटा टिकू घायल हो गया ।

मिलिटैंट का शव मिला : लुधियाना जिला के राढ़ा साहिब क्षेत्र से एक मिलिटैंट का शव मिला है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

2 लोगों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के नागोके गांव में मिलिटैंटों ने गुलज़ार सिंह तथा प्रीतम सिंह नामक 2 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

न्यायमूर्ति वर्मा जांच करेंगे
(पृष्ठ 3 का शेष)

लिए स्वागतकर्त्ताओं की पंक्ति में खड़ी एक महिला से मिलती-जुलती है । लेकिन हत्या के बाद 6 दिन गुज़र जाने पर भी उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है । जांचकर्त्ता खुले मन से विभिन्न थ्यूरियों पर काम कर रहे हैं । इनमें हत्यारी महिला का विदेशी सूत्रों से संबंध होने की सम्भावना भी है ।

विशेष जांच दल ने हत्या केस से सम्बद्ध वह सब सामग्री अपने अधिकार में ले ली है जो तमिलनाडु पुलिस ने इकट्ठी की थी । इसमें कुछ बाल, कपड़े के टुकड़े तथा उस बैल्ट, जिससे विस्फोटक पदार्थ को हत्यारी ने अपने शरीर से बांधा हुआ था, के टुकड़े शामिल हैं ।

जांचकर्ता एक विपक्षी नेता के इस आरोप की भी जांच कर रहे हैं कि हत्यारिन का एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ से सम्पर्क था । इस तरह की महत्वपूर्ण गुत्थियां भी अभी सुलझाई जानी हैं कि हत्यारिन के साथी कौन थे, कौन स्थानीय लोग उसको समर्थन दे रहे थे और कहां से उसने विस्फोटक पदार्थ हासिल किए ।

जांचकर्त्ता लिट्टे के कई विद्रोहियों से भी पूछताछ कर रहे हैं ।

इसी बीच श्री गांधी और लिट्टे की मार्च के शुरू में नई दिल्ली में हुई कथित गुप्त बैठक से हत्या के मकसद की गुत्थी और उलझ गई है । वैसे कांग्रेस (इ) प्रवक्ता प्रणव मुखर्जी ने इस तरह की बैठक होने से इंकार किया है ।

विपक्षी नेता इस हत्याकांड में लिट्टे का हाथ होने से इंकार करने के लिए गुप्त बैठक के बारे में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला दे रहे हैं ।

गुप्तचर अधिकारियों का कहना है कि यदि यह बैठक गुप्त थी तो इसका कोई लिखित रिकार्ड नहीं रखा गया होगा, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इस बैठक में भी कोई बात सिद्ध नहीं हो जाती क्योंकि अक्सर शत्रुओं में भी भेंट होती है ।

पुलिस के पास मैटल डिटैक्टर नहीं थे ? : तमिलनाडु महिला कांग्रेस (इ) अध्यक्ष लक्ष्मी अल्वर्ट और महासचिव रमा देवी ने आरोप लगाया कि श्रीपेरमपुदूर की सार्वजनिक सभा में उपस्थित पुलिस अधिकारियों के पास मैटल डिटैक्टर नहीं थे । इसी सार्वजनिक सभा के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी मारे गए थे ।

एक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि उस दिन वे दोनों रात साढ़े आठ बजे से वहां मौजूद थीं । उस दिन वहां थैलों आदि की जांच-पड़ताल नहीं की गई थी, जो सामान्यतः ऐसे अवसरों पर की जाती है । उन्होंने कहा कि पुलिस ने केवल फूल-मालाओं और शाल आदि को ही देखा, परखा था ।

उन्होंने आरोप लगाया कि श्री गांधी का नाम हिट लिस्ट में होने के बावजूद तमिलनाडु पुलिस ने उनकी सुरक्षा की कोई विशेष व्यवस्था नहीं की थी ।

कुवैत में विदेशियों के काम करने पर रोक

निकोसिया, 27 मई (प.स.): कुवैत ने अपने यहां सभी मंत्रालयों और सरकारी संस्थानों में विदेशियों के काम करने पर रोक लगा दी है ।

कुवैती संवाद समिति ने बताया कि कल लागू किए गए नए नियमों के अनुसार विदेशी अब कुवैती सरकार के लिए केवल उसी स्थिति में काम कर सकेंगे, जब उस कार्य के लिए कोई कुवैती उपलब्ध नहीं रहेंगे ।

पंजाब हाऊसिंग डिवैलपमैंट बोर्ड
(एस.सी.ओ. 63-64, सैक्टर 17-सी, चंडीगढ़)

सूचना

अर्बन एस्टेट्स-I (वाई.पी.एस. भूमि), पटियाला में 132 एम.आई.जी. मकानों की अलाटमैंट के लिए ड्रा 5.6.1991 को सुबह 10 बजे निकाला जाएगा । सभी



रोपड़ जिले में पुलिस के साथ रविवार को मुठभेड़ में मारे गए चार मिलिटैंटों से बरामद असला । (छाया : राकेश)







राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों के शव । (छाया : लीलाधर)

पंजाब में दो प्रत्याशियों की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

रायकोट रोड पर स्थित राजा फिलंग स्टेशन पर अंधाधुंध फायरिंग करके मालेरकोटला विधानसभा क्षेत्र से अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रत्याशी श्री अमृत लाल गोयल की हत्या कर दी । श्री गोयल पर उस समय हमला हुआ, जब वह अपने पैट्रोल पम्प पर बैठे थे । श्री गोयल की हत्या के बाद मालेरकोटला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव स्थगित कर दिया गया है ।

पंजाब में अब तक विधानसभा की 14 सीटों तथा लोकसभा की एक सीट (लुधियाना) के लिए चुनाव स्थगित किए जा चुके हैं । मिलिटैंटों द्वारा विधानसभा के 11 और लोकसभा के एक उम्मीदवार की हत्या कर दिए जाने के कारण ऐसा करना पड़ा । इसके अलावा, दिल का दौरा पड़ने से भी एक उम्मीदवार की मृत्यु हुई ।

चुनाव आयोग ने विधानसभा की 11 सीटों तथा लुधियाना लोकसभा सीट के लिए दोबारा चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है ।

सहाय ने नामांकन पत्र भरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

और कुलवन्त अरोड़ा ने उनके नाम का अनुमोदन और प्रति अनुमोदन किया । यहां पहुंचने पर जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी, पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा तथा पार्टी के स्थानीय नेता कृपाल सिंह ओजला व पी.सी. गुप्ता आदि ने उनका स्वागत किया ।

श्री गुप्ता ने एक बयान में कहा कि चूंकि श्री सहाय अब इस क्षेत्र से हमारी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में मैदान में आ गए हैं इसलिए मैं मैदान से हट रहा हूं । श्री हरदेव सिंह कंडल ने कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र भरे, जो श्री सहाय के साथ दिल्ली से आए थे ।

लुधियाना जाने से पूर्व श्री सहाय प्रातः विमान से

राजीव की अस्थियां
(पृष्ठ 3 का शेष)

श्रीमती सोनिया गांधी आज सुबह पौने नौ बजे प्रियंका और राहुल के साथ तीनमूर्ति भवन पहुंचीं और सीधे वहां गईं, जहां अमलतास के पेड़ के नीचे इन कलशों को रखा गया था ।

कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता और परिवार के नज़दीकी मित्र भी वहां उपस्थित थे, जिनमें फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, आर.के. धवन और गुलाम नबी आज़ाद भी शामिल थे । उपराष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा भी आज दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने तीनमूर्ति भवन आए और उन्होंने कुछ देर श्रीमती सोनिया गांधी से बातचीत की और लौट गए ।

ठीक नौ बजे राहुल गांधी ने दो अस्थिकलशों को तोपगाड़ी में रखा । इनमें से एक संगम में प्रवाहित किया जाएगा और दूसरा अस्थिकलश पूर्व प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र अमेठी ले जाया जाएगा ।

तेरहवीं 2 जून को : विशेष ट्रेन से (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तेरहवीं आगामी दो जून को उनके निवास 10-जनपथ रोड पर अत्यन्त सादगी से होगी । स्व. गांधी के पारिवारिक सूत्रों ने आज बताया कि तेरहवीं के दिन परिवार के सदस्यों और नज़दीकी रिश्तेदारों के बीच ही सभी रस्में होंगी । सूत्रों के अनुसार तेरहवीं से पहले तीस मई को तीन मूर्ति भवन में एक और रस्म दसवां होगी, जिसमें हवन एवं कुछ अन्य संस्कार होंगे । सूत्रों ने बताया कि कल अपरान्ह संगम में स्व. गांधी की अस्थियां विसर्जित करने के अलावा अन्य राज्यों में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए भेजे गए अस्थि कलशों को भी तीस मई से पहले ही विसर्जित कर दिया जाएगा । सूत्रों ने बताया कि स्व. गांधी के प्रकृति-प्रेम को देखते हुए एक कलश वायुसेना के सुपुर्द किया गया है । इस कलश की राख को हिमालय पर्वत श्रृंखला पर उड़ान भरते हुए बिखेरा जाएगा ।

पंजाब, त्रिपुरा में चुनाव टाल दिए जाएं : माकपा

नई दिल्ली, 27 मई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने पंजाब और त्रिपुरा में चुनावों को टालने की मांग की है । माकपा के पोलित ब्यूरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी पंजाब में उम्मीदवारों तथा चुनाव प्रचार में लगे लोगों की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था के बिना चुनाव में भाग नहीं ले सकती । उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में सिर्फ मिलिटैंट ही पंजाब के चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं । श्री सुरजीत ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस (इ) के फैसले का इंतज़ार करेगी ।

कुर्सी ज्यों की त्यों पड़ी है
(पृष्ठ 3 का शेष)

है । अधिकतर कारें और ट्रक यहां दिन में रुकते हैं । तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य परिवहन की बसें यहां से गुजरते समय रफ्तार धीमी कर लेती हैं ताकि मुसाफिर विस्फोट स्थल के दर्शन कर सकें ।

यहां के प्रसिद्ध रामानुज मंदिर के कार्य-पालन अधिकारी ने बताया कि मंदिर के प्रबन्धकों ने विस्फोट स्थल और उसके आसपास डेढ़ हैक्टेयर की जमीन राजीव गांधी स्मारक के लिए देने की पेशकश की है ।

मंदिर के कार्य-पालन अधिकारी श्री जी. अरुमुगम ने बताया कि यह जमीन मंदिर के कब्जे में है और अगर सरकार स्मारक बनाने के लिए इसका अधिग्रहण करना चाहती है तो मंदिर के ट्रस्टियों को कोई आपत्ति नहीं है ।

विस्फोट स्थल के चारों ओर घेराबंदी कर ली गई है । जिस स्थान पर श्री राजीव गांधी गिरे थे, वहां एक पुष्पचक्र रखा गया है । पुलिस कर्मी विस्फोट स्थल पर चौबीसों घंटे निगरानी रख रहे हैं ।

सभा मंच के निकट स्थानीय युवा कांग्रेस (इ) का एक बैनर लगा हुआ है, जिस पर लिखा हुआ है "हमारे प्रिय नेता स्वागतम ।"

मंच के सामने महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिए रखी गई कुर्सियां वैसी की वैसी ही पड़ी हुई हैं । मंच पर श्री गांधी और 2 अन्य नेताओं के लिए रखी गई कुर्सियां भी ज्यों की त्यों हैं ।

Punjab Sanatani

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

मई की रात्रि को उनका अपहरण कर लिया । बाद में उनके नौकर को उन्होंने संदेश दिया कि उन्हें 10 लाख रुपए दिए जाएं । नौकर ने पुलिस को सूचित कर दिया है ।

महिला की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात यहां से 20 किलो मीटर दर गांव भरोर में मिलिटैंटों ने अजीत नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर उसकी पत्नी तेजो की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

हथियार छीने : मिलिटैंटों ने भरोर गांव में ही जरनैल सिंह के घर में घुसकर एक राइफल तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

बंद : मुक्तसर से 'दीपक' तथा 'दर्दी' के अनुसार कल शाम यहां एक निर्दलीय उम्मीदवार श्री जसवन्त सिंह बेदी की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप आज मुक्तसर में बंद रहा । इस बीच आज दोपहर श्री बेदी का अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

एक व्यक्ति का अपहरण : धुरी से 'जैन' तथा 'सिंगला' के अनुसार कल शाम मालेरकोटला के एक व्यक्ति सुशील कुमार सुपुत्र रत्नचन्द को मिलिटैंटों ने अपहृत कर लिया । मिलिटैंटों ने उसे छोड़ने के बदले में एक लाख रुपए की मांग की है ।

विवरण : मिलिटैंटों ने कल रात नौ बजे के लगभग मालेरकोटला में अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रत्याशी श्री अमृत लाल गोयल की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । इस सम्बन्ध में आज और विवरण प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि श्री गोयल चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे लेकिन चुनाव लड़ने के लिए उन पर दबाव डाला गया था । वह शहर के एक प्रमुख व्यापारी तथा समाज सेवक थे । इस वारदात के विरुद्ध रोषस्वरूप आज मालेरकोटला में बंद रहा ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर से 'नागपाल' के अनुसार पुलिस ने प्यारा सिंह तथा कपूर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक पिस्तौल भी मिली है । इन मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव के एक किसान से उसका ट्रैक्टर छीन लिया था ।

चार मिलिटैंट गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): सदर पुलिस ने चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 9 डैटोनेटर व लगभग एक किलो विस्फोटक पाऊडर बरामद किया है । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार होशियारपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर चगरा पुल के पास नाकाबंदी के दौरान बूटा सिंह उर्फ जीत, पुरुषोत्तम कुमार उर्फ मोता, हरजिन्द्र सिंह तथा रमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया । प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों से पूछताछ जारी है ।

दो अपहृतों के शव मिले : भटिंडा जिला के स्वाच गांव से आज जत्थेदार हरनेक सिंह तथा हरनेक सिंह खालसा नामक दो लोगों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं । इसी जिला के कमालू गांव से कल रात मिलिटैंट इन दोनों व्यक्तियों को अपहृत करके ले गए थे ।

महिला समेत दो की हत्या : भटिंडा जिला के भदरा गांव में कल रात 15 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक महिला समेत दो लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतकों के नाम गुरदयाल सिंह तथा बसीहा कौर हैं ।

एक और व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिला के ही बेमन जस्सा सिंह गांव में मिलिटैंटों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की आज दोपहर उसके घर पर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो ग्रंथियों की हत्या : संगरूर जिला के धनौला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरुद्वारे के दो ग्रंथियों लाभ सिंह तथा दलबीर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

शराब विक्रेता की हत्या : लुधियाना जिला के रत्तोवाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे एक शराब विक्रेता बहादर की मृत्यु हो गई ।

श्रमिक की हत्या, लूटपाट : लुधियाना (धीमान): कल रात यहां श्री ख्याली राम के हौजरी कारखाने में डाका पड़ने का समाचार मिला है जिसमें एक वयोवृद्ध श्रमिक नेता श्री हरिकंठ की हत्या भी कर दी गई । बताया जाता है कि डाका रात को फैक्टरी में उस समय पड़ा जब मृतक सोना आदि बना रहा था । डाके का पता आज प्रातः चला जब दरवाजे और कार्यालय का सामान टूटा हुआ मिला ।

डाकुओं ने पहले सेफ को तोड़ा, फिर उसके कैश बाक्स की ब्रीफ केस से चाबियां लेकर खोला । डाकू 32 हजार रुपए नकद और हौजरी की 30-32 लोइयां तथा कुछ पर्चे आदि ले गए । सम्भवतः हरिकंठ ने प्रतिरोध किया, जिस कारण उसकी हत्या की गई । मालिकों ने उसे रहने के लिए वहीं स्थान दे रखा था ।

सेवानिवृत्त हैड-कांस्टेबल के बेटे का अपहरण : लुधियाना जिला के कुलीवाल गांव से मिलिटैंटों ने कल रात सेवानिवृत्त एक हैड कांस्टेबल के बेटे सुखबीर सिंह का अपहरण कर लिया ।

किसान की हत्या : बटाला पुलिस जिला के मान संघवाला गांव में कश्मीर सिंह नामक एक किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी का मामला बताया है ।

अपहृत की हत्या : जालन्धर जिला के बाजवा कलां गांव से विगत रविवार को अपहृत दुकानदार महेन्द्र लाल की बाद में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । महेन्द्र लाल का शव आज फिरोजपुर जिला के बुधोवाल गांव से बरामद हुआ ।

मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंट काबू : फिरोजपुर (धीमान): जिला पुलिस ने कोहाड़ा गांव में सरहिन्द नहर के निकट कल रात मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनके दो साथी बच कर भाग गए । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम रामसरूप तथा सुलखन सिंह हैं । उनसे 2 राइफलें तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

आटा चक्की मालिक की हत्या : पटियाला (राज.) 2 मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद उस्मानपुर गांव में एक आटा चक्की के मालिक रमेश कुमार (30) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट पैदल आए थे और भागते समय रमेश कुमार का स्कूटर ले गए ।

एक और मिलिटैंट गिरफ्तार : अबोहर से 'सदोष' के अनुसार पुलिस ने फाजिल्का बाईपास लिंक रोड पर चिराग ढाणी के निकट से एक मिलिटैंट हरमीत सिंह उर्फ पप्पा को गिरफ्तार किया है । उसके दो अन्य साथी बच कर भाग गए । यह जानकारी डी.एस.पी. श्री अर्पित शुक्ला ने दी है । श्री शुक्ला ने बताया कि हरमीत सिंह से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । वह गुरुहरसहाय के जौआरेवाला गांव का निवासी है । श्री शुक्ला के अनुसार इस गिरोह के दो सदस्य फरार हैं । गिरोह के दो अन्य सदस्यों अंग्रेज सिंह तथा बलदेव सिंह को कल हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था । यह गिरोह फिरोजपुर जिला के ममदोट तथा गुरुहरसहाय क्षेत्र में हत्या, लूटपाट तथा हथियार छीनने की अनेक घटनाओं में संलिप्त था ।

पंजाब में चुनाव 2 सप्ताह तक स्थगित करने की मांग

भटिंडा, 28 मई (पस.): श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीतिक उथल-पुथल के दृष्टिगत सी.पी.आई. की पंजाब इकाई ने राज्य में होने वाले चुनाव कम से कम 2 सप्ताह तक स्थगित करने की मांग की है ।

राज्य इकाई के सहायक सचिव जोगिन्दर सिंह भसीन ने पत्रकारों के साथ गत दिवस बातचीत के दौरान बताया कि पंजाब में चुनावों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल शायद समय पर न पहुंच सकें क्योंकि वे अन्य राज्यों से 18 जून के बाद ही रवाना होंगे और 22 जून तक उन्हें पंजाब में तैनात नहीं किया जा सकेगा ।

अडवानी
(पृष्ठ 1 का शेष)

(इ) नेताओं द्वारा स्थिति सम्भाली नहीं जा सकने के कारण यह नारा स्वयं ही भाजपा के संदर्भ में सार्थक हो गया ।

श्री अडवानी ने कहा कि सभी दल भारतीय जनता पार्टी को 'सीमित' रखने की बात किसी न किसी रूप में करते हैं तथा इसी उद्देश्य के लिए मतदान के पश्चात समीकरणों का अनुमान लगा रहे हैं । इन पार्टियों के रुख से ही स्पष्ट है कि भाजपा एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर कर सामने आ चुकी है ।

पत्रकारों के बीच श्री अडवानी ने यह भी कहा कि पंजाब में सबसे अधिक भाजपा पदाधिकारियों की हत्याएं हुई हैं । मिलिटैंसी का शिकार भाजपा भी कम नहीं हुई है, किन्तु हम इसे मुद्दा नहीं बना रहे बल्कि हमारी घोषणा है कि हमें यदि सेवा का मौका मिला तो पंजाब, कश्मीर, असम व अन्य प्रांतों से मिलिटैंसी को समाप्त करेंगे । अयोध्या कांड के दोषियों को भी बख्शा नहीं जाएगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि मिलिटैंसी व हिंसा को जड़मूल से समाप्त करना, केंद्र में मजबूत सरकार बनाना और राम राज्य की स्थापना को आधार मान कर भाजपा अपना प्रचार अभियान चलाएगी ।

पंजाब के दाल व्यापारी



(ऊपर) राजीव को सरगम में वि के आनंद भव (नीचे) आनंद श्रद्धांजलि दे जनसमूह ।

अ

और प्रियंका कुछ

सोनिया रो

30-40 गज पहले गांधी अचानक उनकी पुत्री प्रिय गई ।

राहुल भी

पिता की अस्थिय की तरफ वापस सोनिया गांधी की उनको सांत्वना दे प्रियंका गांधी भी

सुप्रसिद्ध अभि कलश के साथ थे में भी उनकी कार बेताब नजर आ इलाहाबाद लोकस 1987 में इस्तीफा पत्नी श्रीमती जय थे ।

बल प्रयोग

दायरे के बाहर पु लिए हल्का बल प्

अन्त्येष्टि स्

में विकसित हो

और शक्ति स्थल हट कर भूतपूर्व प्र स्थल को खूबसूरत जाएगा । इसी स अंतिम संस्कार जानकारी देते हुए उनके व्यक्तित्व

एक लाख

प्रियदर्शनी अकाद भविष्य में एक

Introducing

Punjab Sanatan

कलश को रोकेंगे ।

गई है ।

पंजाब में 3 पुलिस कर्मियों, 2 ग्रन्थियों समेत 16 लोगों की हत्या, 3 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 28 मई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 3 पुलिस कर्मियों तथा 2 ग्रंथियों समेत 16 लोगों की हत्या हुई, 3 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 व्यक्तियों का अपहरण हुआ ।

3 पुलिस कर्मियों की हत्या : अमृतसर (नारंग) कल रात 5-6 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने तरनतारन के बाहरी क्षेत्र में एक राइस मिल में स्थित सुरक्षा चौकी पर फायरिंग करके 3 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी । मृतकों के नाम स्वर्ण सिंह, मनप्रीत सिंह तथा सुरजीत सिंह हैं । फायरिंग में होमगार्ड जवान लखविंदर घायल हो गया । मिलिटैंट भागते समय सुरक्षा चौकी से 3 सैल्फ लोडिंग राइफलें, 2 थ्री नाट थ्री की राइफलें तथा 250 कारतूस भी ले गए । एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस हत्याकांड में होमगार्ड लखविंदर सिंह का हाथ होने का सन्देह व्यक्त किया जा रहा है । स्वस्थ होने पर उससे पूछताछ करने पर ही तथ्य सामने आएंगे ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : कल रात ब्यास थाना के अंतर्गत जमालपुर गांव में लगभग 11 बजे एक मिलिटैंट महेंद्र सिंह को के.सी.एफ. एरिया कमांडर जोगा सिंह खानपुर, के.सी.एफ. के लै. ज. बख्शीश सिंह उर्फ बब्बू तथा तीन अन्य दुर्दांत मिलिटैंटों ने गोलियों से मार दिया । इस वारदात का विवरण देते हुए ब्यास थाना के एस.एच.ओ. ने कहा कि 26 मई को हरभजन सिंह नामक एक मिलिटैंट को जोगा सिंह और बख्शीश सिंह ने अपहरण के बाद मार दिया था तो महेंद्र सिंह ने थाने में इसकी सूचना दी थी तथा हरभजन सिंह का पोस्टमार्टम भी महेंद्र सिंह ने करवाया था । इसीलिए कल रात उसे भी मार दिया गया ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला के अजनाला क्षेत्र में आपसी लड़ाई के कारण दो मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक की पहचान नन्द किशोर के रूप में हुई है । नन्द किशोर पहले विशेष पुलिस अधिकारी था, लेकिन बाद में वह मिलिटैंटों के साथ जा मिला था ।

डाक्टर का अपहरण : अमृतसर से नारंग के अनुसार चंडीगढ़ निवासी डा. कपिल देव सिंह जब गत दिवस राजा सांसी आए तो मिलिटैंटों ने 25-26

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahara

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

मई की रात को उनका अपहरण कर लिया । बाद में उनके नौकर को उन्होंने संदेश दिया कि उन्हें 10 लाख रुपए दिए जाएं । नौकर ने पुलिस को सूचित कर दिया है ।

महिला की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव भरोर में मिलिटैंटों ने अजीत नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर उसकी पत्नी तेजो की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

हथियार छीने : मिलिटैंटों ने भरोर गांव में ही जरनैल सिंह के घर में घुसकर एक राइफल तथा कुछ कारतूस छीन लिए ।

बंद : मुक्तसर से 'दीपक' तथा 'दर्दी' के अनुसार कल शाम यहां एक निर्दलीय उम्मीदवार श्री जसवन्त सिंह बेदी की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप आज मुक्तसर में बंद रहा । इस बीच आज दोपहर श्री बेदी का अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

एक व्यक्ति का अपहरण : धूरी से 'जैन' तथा 'सिंगला' के अनुसार कल शाम मालेरकोटला के एक व्यक्ति सुशील कुमार सुपुत्र रत्नचन्द को मिलिटैंटों ने अपहृत कर लिया । मिलिटैंटों ने उसे छोड़ने के बदले में एक लाख रुपए की मांग की है ।

विवरण : मिलिटैंटों ने कल रात नौ बजे के लगभग मालेरकोटला में अकाली दल (लौंगोवाल) के प्रत्याशी श्री अमृत लाल गोयल की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । इस सम्बन्ध में आज और विवरण प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि श्री गोयल चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे लेकिन चुनाव लड़ने के लिए उन पर दबाव डाला गया था । वह शहर के एक प्रमुख व्यापारी तथा समाज सेवक थे । इस वारदात के विरुद्ध रोषस्वरूप आज मालेरकोटला में बंद रहा ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : सुनाम से 'नागपाल' के अनुसार पुलिस ने प्यारा सिंह तथा कपूर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से एक पिस्तौल भी मिली है । इन मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव के एक किसान से उसका ट्रैक्टर छीन लिया था ।

चार मिलिटैंट गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): सदर पुलिस ने चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 9 डैटोनेटर व लगभग एक किलो विस्फोटक पाऊडर बरामद किया है । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार होशियारपुर-अंडीगढ़ मार्ग पर चगरा पुल के पास नाकाबंदी के दौरान बूटा सिंह उर्फ जीत, पुरुषोत्तम कुमार उर्फ मोता, हरजिन्द्र सिंह तथा रमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया । प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों से पूछताछ जारी है ।

दो अपहृतों के शव मिले : भटिंडा जिला के स्वाच गांव से आज जत्थेदार हरनेक सिंह तथा हरनेक सिंह खालसा नामक दो लोगों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं । इसी जिला के कमालू गांव से कल रात मिलिटैंट इन दोनों व्यक्तियों को अपहृत करके ले गए थे ।

महिला समेत दो की हत्या : भटिंडा जिला के भदरा गांव में कल रात 15 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक महिला समेत दो लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतकों के नाम गुरदयाल सिंह तथा बसीहा कौर हैं ।

एक और व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिला के ही बेमन जस्सा सिंह गांव में मिलिटैंटों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की आज दोपहर उसके घर पर ही गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

दो ग्रंथियों की हत्या : संगरूर जिला के धनौला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरुद्वारे के दो ग्रंथियों लाभ सिंह तथा दलबीर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

शराब विक्रेता की हत्या : लुधियाना जिला के रत्तोवाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे एक शराब विक्रेता बहादुर की मृत्यु हो गई ।

श्रमिक की हत्या, लूटपाट : लुधियाना (धीमान): कल रात यहां श्री ख्याली राम के हौज़री कारखाने में डाका पड़ने का समाचार मिला है जिसमें एक वयोवृद्ध श्रमिक नेता श्री हरिकंठ की हत्या भी कर दी गई । बताया जाता है कि डाक रात को फैक्टरी में उस समय घुसे जब मृतक खाना आदि बना रहा था । डाके का पता आज प्रातः चला जब दरवाजे और कार्यालय का सामान टूटा हुआ मिला ।

डाकुओं ने पहले सेफ को तोड़ा, फिर उसके कैश बाक्स को बीफ केस से चाबियां लेकर खोला । डाक 32 हजार रुपए नकद और हौजरी की 30-32 लोइयां तथा कुछ पर्जे आदि ले गए । सम्भवतः हरिकंठ ने प्रतिरोध किया, जिस कारण उसकी हत्या की गई । मालिकों ने उसे रहने के लिए वहीं स्थान दे रखा था ।

सेवानिवृत्त हैड-कांस्टेबल के बेटे का अपहरण : लुधियाना जिला के कुलीवाल गांव से मिलिटैंटों ने कल रात सेवानिवृत्त एक हैड कांस्टेबल के बेटे सुखबीर सिंह का अपहरण कर लिया ।

किसान की हत्या : बटाला पुलिस जिला के मान सिंघवाला गांव में कश्मीर सिंह नामक एक किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई । पुलिस ने इसे निजी दुश्मनी का मामला बताया है ।

अपहृत की हत्या : जालन्धर जिला के बाजवा कलां गांव से विगत रविवार को अपहृत दुकानदार महेन्द्र लाल की बाद में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । महेन्द्र लाल का शव आज फिरोज़पुर जिला के बुधेवाल गांव से बरामद हुआ ।

मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंट काबू : फिरोजपुर (धीमान): जिला पुलिस ने कोहाड़ा गांव में सरहिन्द नहर के निकट कल रात मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनके दो साथी बच कर भाग गए । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम रामसरूप तथा सुलखन सिंह हैं । उनसे 2 राइफलें तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

आटा चक्की मालिक की हत्या : पटियाला (राज) 2 मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद उस्मानपुर गांव में एक आटा चक्की के मालिक रमेश कुमार (30) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट पैदल आए थे और भागते समय रमेश कुमार का स्कूटर ले गए ।

एक और मिलिटैंट गिरफ्तार : अबोहर से 'सदोष' के अनुसार पुलिस ने फाजिल्का बाईपास लिंक रोड पर चिराग ढाणी के निकट से एक मिलिटैंट हरमीत सिंह उर्फ पप्पा को गिरफ्तार किया है । उसके दो अन्य साथी बच कर भाग गए । यह जानकारी डी.एस.पी. श्री अर्पित शुक्ला ने दी है । श्री शुक्ला ने बताया कि हरमीत सिंह से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । वह गुरुहरसहाय के जौआरेवाला गांव का निवासी है । श्री शुक्ला के अनुसार इस गिरोह के दो सदस्य फरार हैं । गिरोह के दो अन्य सदस्यों अंग्रेज सिंह तथा बलदेव सिंह को कल हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था । यह गिरोह फिरोजपुर जिला के ममदोट तथा गुरुहरसहाय क्षेत्र में हत्या, लूटपाट तथा हथियार छीनने की अनेक घटनाओं में संलिप्त था ।

पंजाब में चुनाव 2 सप्ताह तक स्थगित करने की मांग

भटिंडा, 28 मई (पब्र.): श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीतिक उथल-पुथल के दृष्टिगत सी.पी.आई. की पंजाब इकाई ने राज्य में होने वाले चुनाव कम से कम 2 सप्ताह तक स्थगित करने की मांग की है ।

राज्य इकाई के सहायक सचिव जोगिन्दर सिंह भसीन ने पत्रकारों के साथ गत दिवस बातचीत के दौरान बताया कि पंजाब में चुनावों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल शायद समय पर न पहुंच सकें क्योंकि वे अन्य राज्यों से 18 जून के बाद ही रवाना होंगे और 22 जून तक उन्हें पंजाब में तैनात नहीं किया जा सकेगा ।

आडवानी

(पृष्ठ 1 का शेष)

(इ) नेताओं द्वारा स्थिति सम्भाली नहीं जा सकने के कारण यह नारा स्वयं ही भाजपा के संदर्भ में सार्थक हो गया ।

श्री अडवानी ने कहा कि सभी दल भारतीय जनता पार्टी को 'सीमित' रखने की बात किसी न किसी रूप में करते हैं तथा इसी उद्देश्य के लिए मतदान के पश्चात् समीकरणों का अनुमान लगा रहे हैं । इन पार्टियों के रुख से ही स्पष्ट है कि भाजपा एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर कर सामने आ चुकी है ।

पत्रकारों के बीच श्री अडवानी ने यह भी कहा कि पंजाब में सबसे अधिक भाजपा पदाधिकारियों की हत्याएं हुई हैं । मिलिटैंसी का शिकार भाजपा भी कम नहीं हुई है, किन्तु हम इसे मुद्दा नहीं बना रहे बल्कि हमारी घोषणा है कि हमें यदि सेवा का मौका मिला तो पंजाब, कश्मीर, असम व अन्य प्रांतों में मिलिटैंसी को समाप्त करेंगे । अयोध्या कांड के दोषियों को भी बख्शा नहीं जाएगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि मिलिटैंसी व हिंसा को जड़मूल से समाप्त करना, केंद्र में मजबूत सरकार बनाना और राम राज्य की स्थापना को आधार मान कर भाजपा अपना प्रचार अभियान चलाएगी ।

पंजाब के दाल व्यापारी राज्यपाल से मिले

चंडीगढ़, 28 मई (वि.प्र.): दाल मर्चेंट्स एसोसिएशन पंजाब के एक शिष्टमंडल ने आज यहां श्री तुलसी दास जेतवानी के नेतृत्व में राज्यपाल श्री ओ.पी. मल्होत्रा से भेंट की और मांग की कि दाल वालों का कई वर्षों से लम्बित पड़ा केस निपटाया जाए । एसोसिएशन की मांग है कि दाल पर सरकारी किस्त कर 2 प्रतिशत किया जाए जबकि



(ऊपर) राजीव गांधी की अस्थियां मंगलवार को संगम में विसर्जित करने से पूर्व इलाहाबाद के आनंद भवन में ले जाई जा रही हैं तथा (नीचे) आनंद भवन में श्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र अपार जनसमूह । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

अस्थियां विसर्जित

(पृष्ठ 1 का शेष)

और प्रियंका कुछ दिन पहले वहीं पर थीं ।

सोनिया रो पड़ीं : अस्थि विसर्जन स्थल से 30-40 गज पहले राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी अचानक बिफर कर रो पड़ीं । इस समय उनकी पुत्री प्रियंका गांधी उन्हें ढाढस बंधाती देखी गई ।

राहुल भी सुबक पड़ा : राहुल गांधी अपने पिता की अस्थियां प्रवाहित करके जैसे ही किलाघाट की तरफ वापस होने लगे, वह अपनी मां श्रीमती सोनिया गांधी की गोद में सिर रख कर सुबक पड़े । उनको सांत्वना देते हुए श्रीमती सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी भी रो पड़ीं ।

सुप्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन भी अस्थि कलश के साथ थे । उनके प्रशंसक इस दुख के माहौल में भी उनकी कार के आसपास उनकी झलक पाने को बेताब नजर आए । ज्ञातव्य है कि श्री बच्चन इलाहाबाद लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे और 1987 में इस्तीफा देने के बाद आज पहली बार अपनी पत्नी श्रीमती जया बच्चन के साथ इलाहाबाद आए थे ।

बल प्रयोग : किला घाट पहुंचने से पहले सुरक्षा दायरे के बाहर पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा ।

अन्त्येष्टि स्थल खूबसूरत समाधि के रूप में विकसित होगा : नई दिल्ली (प.स.): राजघाट और शक्ति स्थल के बीच यमुना नदी की ओर थोड़ा हट कर भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अंत्येष्टि स्थल को खूबसूरत समाधि के रूप में विकसित किया जाएगा । इसी स्थान पर 24 मई को श्री गांधी का अंतिम संस्कार किया गया था । सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी की समाधि उनके व्यक्तित्व के अनुरूप होगी ।

एक लाख का एकता पुरस्कार : प्रियदर्शनी अकादमी ने आज फैसला किया कि भविष्य में एक लाख रुपए का राष्ट्रीय एकता पुरस्कार "राजीव गांधी स्मारक राष्ट्रीय एकता पुरस्कार" के रूप में प्रदान किया जाएगा ।

श्री राजीव गांधी की अस्थियों को कल हिमालय पर्वत पर बिखेरा जाएगा ।

73 उग्रवादियों के शव दफन करने के बारे अदालती निर्णय आज

श्रीनगर, 28 मई (प.स.): जम्मू-कश्मीर उच्च

Introducing
Tera's
C.P. BATHROOM FITTINGS
ELEGANT & RELIABLE

Punjab Sanatan

एरिया कमांडर देबा लंगा समेत 10 मिलिटैंट मरे : शस्त्रास्त्र का भंडार पकड़ा, 10 लोगों की हत्या, रेल पटरी उड़ा दी, 4 का अपहरण

चंडीगढ़, 29 मई (वार्ता, पस): पंजाब में गत चौबीस घंटों में 10 मिलिटैंट मारे गए तथा शस्त्रास्त्र का एक भंडार पकड़ा गया। इसी बीच 10 लोगों की हत्या कर दी गई तथा रेल पटरी का एक हिस्सा विस्फोट से उड़ा दिया गया।

4 मिलिटैंट मरे : अमृतसर से तारन तारन के अनुसार सदर थाना बटाला के गांव कोटला मज्जा सिंह में प्रातः लगभग पौने दस बजे पंजाब पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के जवान एक गुप्त सूचना के आधार पर कि वहां मिलिटैंट छुपे हैं, वहां गए तो उन पर जबरदस्त फायरिंग शुरू कर दी गई जबकि फायरिंग में चार मिलिटैंट मारे गए जबकि वे भागने में सफल हो गए। तलाशी के दौरान मृतक मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल तथा इसकी दो मैगजीनें, 7.62 की एक राइफल जिसकी नाली कटी हुई थी, दस खोल, पांच राऊंड के अलावा एक माउजर, एक शक्तिशाली बम तथा भिखारीवाला टाइगर फोर्स का एक नैटर पैड मिला। मारे गए मिलिटैंट बी.टी.एफ. से सम्बन्धित थे। उनकी अभी पहचान नहीं हो सकी।

2 अन्य मिलिटैंट मरे : आज प्रातः लगभग साढ़े दस बजे पट्टी पुलिस को सूचना मिली कि ब्राह्मणीवाला गांव में कुछ मिलिटैंट छुपे हुए हैं। पट्टी पुलिस सुरक्षा बलों के साथ वहां दिलबाग सिंह नामक व्यक्ति के घर के पास पहुंची जिसके अन्दर मिलिटैंट छुपे हुए थे, तो अन्दर से मिलिटैंटों ने फायरिंग आरम्भ कर दी जिससे पुलिस का एक सब इंस्पैक्टर रघबीर सिंह सख्त घायल हो गया। उसके गले में गोली लगी। इस पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने घर के अंदर हथगोले फैंके, परिणामस्वरूप दो मिलिटैंट मारे गए। मृतक मिलिटैंटों के पास से 30 बोर का एक माउजर तथा एक माउजर 32 बोर का मिला। इसके अलावा भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी मिला।

घायल पुलिस सब इंस्पैक्टर को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।

'सोनी' के अनुसार मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर धलदेव सिंह उर्फ देबा लंगा निवासी कैंगे तथा बलबीर सिंह उर्फ घुक निवासी सुरसिंहवाला के रूप में हुई। यह जानकारी देते हुए डी.एस.पी. पट्टी श्री सुखदेव सिंह बराड़ ने बताया कि बलबीर सिंह पहले खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित था लेकिन कुछ समय पहले वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स में आ गया था। श्री बराड़ ने बताया कि देबा लंगा पुलिस को लगभग दो दर्जन हत्याओं एवं लूट की वारदातों में वांछित था। उन्होंने कहा कि आज का यह मुकाबला लगभग अढ़ाई घंटे चला।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : अजनाला के एस.एच.ओ. तथा सुरक्षा बलों ने थाना अजनाला के गांव हरहरकलां में नाकाबंदी कर रखी थी कि तड़के लगभग सवा तीन बजे पांच मिलिटैंट आए। उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की और मिलिटैंटों को आत्म समर्पण करने को कहा। आधे घंटे की फायरिंग के बाद तीन मिलिटैंटों ने आत्म समर्पण कर दिया और इस बीच दो मिलिटैंट भागने में सफल हो गए। आत्म-समर्पण करने वाले मिलिटैंट हैं अमनदीप सिंह, दलजीत सिंह और हरभजन सिंह। इनके पास से 7.65 का एक माउजर, 4 राऊंड जीवित कारतूस, 4 खोल, एक 12 बोर की बंदूक, 5 कारतूस, एक किलो बारूद, एक डैटोनेटर, एक ए.के. 47 राइफल की मैगजीन जिसमें 25 राऊंड भरे थे, 17 खोल तथा एक स्टिक बम मिला।





लुधियाना के गांव पंजाब भनौड़ में 28-29 की मध्य रात्रि को हुए बम-धमाके से डेढ़ मीटर रेलवे लाईन टूट गई जिसे तेजी से ठीक करवा कर यातायात के लिए खोल दिया गया। चित्र में रेलवे लाइन की मुरम्मत करते हुए मजदूर। (नीचे) घटनास्थल पर लुधियाना के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा तथा अन्य अधिकारी बम धमाके से हुई क्षति का जायजा लेते हुए। (छाया : कम्बोज)

लाश मिली : अमृतसर शहर के मुल्तानविंड इलाके में आज प्रातः गोलियों से छलनी एक अज्ञात लाश मिली है।

हत्या : विलम्ब से प्राप्त हुई सूचना के अनुसार मजीठा पुलिस जिले के गांव अमलपुर में सोमवार की रात एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

डाक्टर का अपहरण : मिलिटैंटों ने गत रविवार की रात को मजीठा पुलिस जिले के कस्बा राजासांसी से एक डाक्टर कपिलदीप सिंह का अपहरण कर लिया। उसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला।

रेल लाइन उड़ा दी : 2 बोगियां पटरी से उतरीं : लुधियाना (धीमान): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव बनूड़ के नजदीक लुधियाना-फिरोजपुर सैक्शन पर लगभग 8-9 मिलीटैंटों ने 21 इंच रेलवे लाईन को बुरी तरह उड़ा दिया।

बताया जाता है कि मिलिटैंट पैदल आए थे। सबसे पहले उन्होंने 2 गैंगमैनों और 2 रेलवे फाटक कर्मचारियों को बन्दूक दिखाकर एक लाइन में खड़ा कर दिया, इसके पश्चात उन्होंने रेलवे लाइन्स के साथ बम फिट किए और लगभग 15-20 फुट दूर तक इसे एक तार से जोड़ दिया और बम का विस्फोट किया जिससे प्रातः लगभग 2 बजे रेलवे लाईन उड़ गई। लुधियाना से तुरंत राहत ट्रेन भेजी गई। इस विस्फोट के कारण एक रेलवे इंजन, जो पैट्रोलिंग कर रहा था, के साथ लगी 2 बोगियां भी लाइन से नीचे उतर गईं। लुधियाना से प्रातः 5 बजे चलने वाली यात्री गाड़ी को जैक आदि लगाकर वहां से निकाल दिया गया। श्री अनिल शर्मा, एस.एस.पी., घटनास्थल पर पहुंचे। श्री प्रितपाल सिंह घुम्मन एस.एच.ओ. रेलवे थाना सबसे पूर्व वहां पहुंचे। सर्वश्री मुख्तयार चंद एस.पी. आप्रेशन और डी.एस.पी. श्री गुरमीत सिंह रंधावा भी वहां पहुंच गए और जांच आरम्भ कर दी। बताया गया कि रेलवे लाईन उड़ाने के पश्चात मिलीटैंटों ने चारों रेल कर्मचारियों को छोड़ दिया।

6 डाकू गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार गत रात्रि करतार नगर श्मशान घाट के निकट 8 सशस्त्र व्यक्तियों को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बंदी बना लिया। यह किसी राह डाका डालने जा रहे थे। इनमें अली हसैन, अली कासम (दोनों यू.पी.) चरंजीत सिंह, सुरजीत सिंह, देवराज सिंह और मोहन सिंह शामिल हैं। इनके कब्जे से 3 पिस्तौल, एक रिवाल्वर और एक शॉक बरामद हुआ।

निहंग सिंह की हत्या : थाना सदर के गांव रेहना के रहने वाले निहंग सिकदर सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। उसकी लाश आज निकटवर्ती सुआ से मिली।

31000 रु. लूटे : मिलिटैंटों ने कल लुधियाना जिले के बध्नी कलां गांव में एक कृषि सहकारी समिति के कैशियर से 31000 से भी अधिक रुपए लूट लिए।

बहन-भाई की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात लुधियाना जिले के पावटा गांव में एक व्यक्ति दर्शन सिंह व उसकी बहन की गोली मार कर हत्या कर दी। गोलीबारी में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह भी घायल हो गया।

ठेका कारिंदा की हत्या : 3 घायल : संगरूर (गर्ग): यहां से 35 किलो मीटर दूर असतान कलां में एक मिलिटैंट ने शराब के ठेकेदार और

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sansar.com

म एक आटा चक्की के मालिक
की गोलियां मार कर हत्या

...वालात से 37 ...भागने का प्रयास

...मई (वार्ता): लगभग 37 ...पहर बाद यहां शाहदरा ...भागने की कोशिश की । ...एक प्रवक्ता ने दी । ...क-अप की दीवार से ईंट ...बना लिया था लेकिन एक ...का पता चल गया और उसने ...वत किया ।

...भियक्तों को तिहाड़ जेल में ...तों को कुछ फौजदारी मामलों ...के सामने पेश करने के लिए ...था ।

...15 सदस्यीय ...त्रिमंडल गठित

...(प.स.): श्री गिरिजा प्रसाद ...में आज प्रातः यहां 15 ...शाही महल में शपथ दिलाई

...आज जारी एक विज्ञप्ति के ...वीरेन्द्र वीर विक्रम शाह ने श्री ...पन्द्रह सदस्यीय मंत्रिमंडल को ...की शपथ दिलाई ।

...रा बधाई : भारत के ...र ने श्री गिरिजा प्रसाद ...त्री पद संभालने पर बधाई देते ...कि दोनों देशों के सम्बन्ध और

...म्मद खान चुनाव ...के लिए तैयार

...मई (इ.) : जनमोर्चा नेता ...न, जो कि बहराइच से चुनाव ...हटने के लिए तैयार हैं अगर इंका ...हा राव यह महसूस करें कि वहां ...को हटाने के लिए इंका प्रत्याशी

...अधिकारियों को वापस ...ान दल द्वारा आपत्ति

...ई (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल ...प्रशासक द्वारा डैपूटेशन वाले ...नके गृह राज्य भेजने तथा सिखों ...वाले अधिकारियों के बच्चों को ...न्य उच्च पद देने की कार्रवाई पर ...) ने कड़ी आपत्ति की है । दल ने ...पंजाब विरोधी 'लाबी' का काम

...ी सिमरनजीत सिंह मान ने यहां ...ा है कि पहले भी एक बार यह ...स्कूलों को पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ...लगभग कामयाब हो गई थी पर ...ल व राजनीतिक नेतृत्व ने यह ...र दिया था ।

...क इस तरह का विशद फैसला लेना ...का अधिकार है, जोकि शीघ्र ही ...है । उन्होंने राज्यपाल व यू.टी. ...को चेतावनी दी है कि वह इस ...र्रवाई से परहेज करें अन्यथा हमें ...में जाना पड़ेगा तथा चुनाव आयोग ...बात उठानी पड़ेगी क्योंकि यह ...का अतिक्रमण है ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

उसके तीन कारिंदों पर फायरिंग कर दी, जिससे एक कारिंदा मोहन लाल घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया जबकि अन्य तीन घायल हो गए । घायलों में बलजीत सिंह, प्रीतम सिंह सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं जबकि मनोज कुमार गम्भीरावस्था में राजेन्द्र अस्पताल पटियाला में उपचाराधीन है ।

महिल की हत्या : यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव शेरों में कल रात लगभग 10 बजे 2-3 मिलिटैंटों ने बंती नामक एक महिला को घर से बाहिर बुलाया और पशुओं के अस्पताल के पास लेजाकर गोलियां मार कर मार डाला और फरार हो गए ।

18000 रु. लूटे : संगरूर जिले के लेहल कलां गांव से भी कल एक अन्य सहकारी समिति से 18000 रु. लूट लिए गए ।

स्कूटर छीनने भेजा था : बरनाला (सिंधवानी): उप पुलिस अधीक्षक बरनाला श्री सुरजीत सिंह औलख ने बताया कि लोगों द्वारा पकड़े गए मिलिटैंट कुलदीप सिंह पुत्र सुखदेव सिंह निवासी हंडियाया से 32 बोर का अमरीकन पिस्तौल व सात कारतूस बरामद किए गए हैं । जांच के बीच अभियुक्त ने बताया कि उसके पास पांच नामी मिलिटैंटों का आना-जाना है जिनमें बब्बर इंटरनैशनल का हरिबाबा, भटिंडा का एरिया कमांडर अवतार सिंह, दयादीपक भैणीमहिराज व सुखपाल सिंह सुखिया शामिल हैं । उसने बताया कि सुखिया ने उसके सामने बब्बर इंटरनैशनल के लैटरपैड पर गांव नाईवाल के एक निरंकारी व तपा के कांग्रेस नेता श्री रघुवीर चंद को मारने की जिम्मेवारी लेने बारे लिखा था । मिलिटैंट उससे हीरोहांडा व अन्य स्कूटर लोगों से छीनने का काम लेते थे । आज भी दयादीपक ने उसे पिस्तौल देकर कोई अच्छा सा स्कूटर छीनने भेजा था कि लोगों ने पीछा करके उसे पकड़ लिया ।

पाक से हथियार लाने वाला गिरोह काबू : बटाला (चौधरी): कल रात डेरा बाबा नानक पुलिस ने पाकिस्तान से हथियार लाने वाले एक गिरोह के सदस्यों को पकड़ने का दावा किया है । उनके कब्जे से 6 ए.के. 47 राइफलें, एक जनरल पर्पज मशीनगन, 4 नालियों वाली 38 बोर की एक पिस्तौल, 6 माऊजर, 17 स्टिक बम और 3 हजार कारतूस मिले हैं ।

पुलिस अधीक्षक पंडित सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि कोटली सूरत मल्ली में चक्की के पुल पर पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी । कुछ लोगों को आते हुए देख कर जब पुलिस ने ललकारा तो उन्होंने भागने की कोशिश की । जिनमें से 3 को पकड़ लिया गया जबकि 2 अन्य भागने में सफल हो गए । उनकी पहचान इस प्रकार हुई है : बलकारा सिंह गांव बापूपुर थाना सदर गुरदासपुर, मोहन सिंह बडाला बांगर और अमरीक सिंह दौलतपुर का रहने वाला है । पुलिस प्रमुख ने बताया कि के.सी.एफ. (उस्मान) पंथक ग्रुप के उप प्रमुख अजीत सिंह ने बलकारा सिंह जो कि एक तस्कर है को कहा कि हमारे आदमियों ने पाकिस्तान जाना है इसलिए उनकी मदद करो इस काम के लिए उसे एक लाख रुपए भी भेजे गए ।

उल्लेखनीय है कि बलकारा सिंह धड़ा प्रायः पाकिस्तान जाता रहता है । इस तरह कमालपुर की चौकी के रास्ते 7 आदमी पाकिस्तान चले गए । उनमें से 4 आदमी 4 दिनों के बाद हथियार लेकर लौट आए । उन्होंने आकर हथियार मोहन सिंह के घर में छुपा दिए । मोहन सिंह पंजाब बिजली बोर्ड में जे.ई. हैं और सीमा के निकट उनका घर है । वे वहां से धीरे-धीरे हथियार लेकर जाते रहे । मोहन सिंह के घर से बाद में एक 12 बोर की दोनाली बंदूक और एक 303 बोर की राइफल बरामद हुई ।

'कोछड़' के अनुसार एस.एस.पी. श्री सीता राम ने बताया कि उक्त चार नालियों वाला विदेशी पिस्तौल चार स्ट्रोकों वाला था जो कि पंजाब के मिलिटैंटों को पहली बार मिला है । इसका एक बार ट्रिगर दबाने से चार गोलियां इकट्ठी निकलती हैं । उक्त मिलिटैंटों ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि वे यह असला 10-15 दिन पूर्व पाकिस्तान से उसमानवाला ग्रुप के लिए लेकर आए थे । बलकारा सिंह पहले भी अफीम की तस्करी के केस में पाकिस्तान में 6 साल की कैद काट चुका है । उन्होंने यह भी बताया कि उनके 17 व्यक्ति के.सी.एफ. के लैफ्टीनैंट जनरल जीत सिंह के नेतृत्व में कमालपुर चौकी के निकट से पाकिस्तान में दाखिल हुए थे तथा 3 दिन वहां रह कर असला लेकर आए थे । एस.एस.पी. ने स्वीकार किया कि बी.एस.एफ. व सेना की तैनाती के बावजूद सीमा पार से हथियार आने जारी हैं ।

महिला की हत्या : बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव मठोला में गत रात मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर एक महिला कुलदीप कौर को घर से बाहर निकाल कर उसकी हत्या कर दी ।

सरपंच घायल : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव डोगर में मिलिटैंटों ने फायरिंग करके सरपंच सौदागर मसीह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिसे फतेहगढ़ चूड़ियां के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । कुछ दिन पूर्व इसी गांव में 10 मसीहों की हत्या कर दी गई थी ।

चक्की मालिक की हत्या : फगवाड़ा (अशोक): गत रात निकटवर्ती गांव दरवेश पिंड में कुछ अज्ञात हथियारबंद मिलिटैंटों ने एक आटा चक्की मालिक प्यारा लाल पुत्र ज्वाला राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस उप अधीक्षक श्री अजीत सिंह ने बताया कि चार अज्ञात मिलिटैंटों ने प्यारा लाल को घर से बुला कर महल्ले में ही उस पर 303 बोर की सात गोलियां दाग दीं । बताया जाता है कि मृतक गांव विर्क का रहने वाला था और दरवेश पिंड में कई वर्षों से रह रहा था ।

महिला गिरफ्तार : इसी मध्य सदर पुलिस ने निकटवर्ती गांव मानावाला से एक महिला कुलवंत कौर पत्नी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 एम.एम. के 10 जिंदा व 6 खाली कारतूस बरामद किए हैं ।

अपहरण : भटिंडा जिले के चरेटा से आज प्रातः एक व्यक्ति किशन कुमार का अपहरण कर लिया गया ।

एक अन्य महिला की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात रोपड़ जिले के गांव संघां माजरा में एक घर में घुस कर एक महिला केसर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने गत रात जालन्धर जिले में भतीजा गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया ।

छात्रा व एक लड़के का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद जालन्धर शहर में लाडोवाली रोड से गवर्नमैंट कालेज आफ एजूकेशन की एक छात्रा व उसे कथित रूप से छेड़ रहे एक लड़के का अपहरण कर लिया ।

3 मिलिटैंट मारे गए : होशियारपुर जिले के चक भामा गांव में आज प्रातः एक कोंबिंग आप्रेशन के दौरान सुरक्षा बलों के साथ चली 2 घंटे की जबरदस्त मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ के स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक माउजर तथा गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

दसूहा से झावर के अनुसार उक्त घटना थाना दसूहा के गांव बसोआ में हुई । एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने जानकारी दी है कि मिलिटैंटों बारे सूचना मिलने पर डी.एस.पी. दसूहा पुलिस बल लेकर गांव बसोआ पहुंचे तथा उन्होंने वहां कपूर सिंह के घर की तलाशी लेनी चाही । इस पर मकान के चौबारे से फायरिंग शुरू हो गई । पुलिस व बी.एस.एफ. ने भी जवाबी फायरिंग की । पुलिस द्वारा 10 हथगोले भी फैंके गए । मुकाबला प्रातः 6.45 बजे से शुरू होकर 8 बजे तक जारी रहा । फायरिंग बंद होने पर पुलिस द्वारा तलाशी ली गई तो चौबारे से तीन मिलिटैंटों की लाशें बरामद हुईं । यह मुकाबला जब जारी था तो वहां आसपास के गांवों के 5-6 हजार लोग एकत्र हो गए । उन्होंने अपनी आंखों से मुकाबला देखा ।

फायरिंग से महिला घायल : फिल्लौर से तरसेम के अनुसार आज शाम 7 बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने डिवीजनल फारैस्ट आफिसर की पत्नी श्रीमती सुरजीत कौर को गोलियां मार कर घायल कर दिया । स्थानीय अस्पताल में आपरेशन करके गोलियां निकाल दी गईं । गोलियां उस समय चलाई गईं जब वह अपनी कोठी के निकट बच्चों के साथ सैर कर रही थी ।

नरसिम्हा राव अध्यक्ष बने

(पृष्ठ 1 का शेष)

काम में जुट जाना चाहिए । मेरा विश्वास है कि लोग यही चाहते हैं, हजारों कांग्रेसी कार्यकर्त्ता यही चाहते हैं ।"

श्री राव ने कहा कि आगामी चुनावों में विजय की देहरी तक पहुंचे राजीव गांधी की हत्या के कारण लोकतंत्र गहरे संकट में पड़ गया है । कांग्रेस के लिए यह क्षण गहरे विवाद और सर्वोच्च चुनौती का है, जिसका वह परम्परागत साहस और मजबूती से मुकाबला करेगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 106 वर्ष के गौरवपूर्ण इतिहास में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की इस पार्टी पर अनेक बार भारत और इसके लोगों को एकजुट रखने की जिम्मेदारी पड़ी और उसने इसे बखूबी निभाया है । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो सरकार में आने लायक है ही नहीं । इस साम्प्रदायिक पार्टी के सत्ता में आने का मतलब होगा साम्प्रदायिक संघर्ष और घृणा को स्थायी रूप देना । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय मोर्चा भी जातिवादी राजनीति कर रहा है, जिससे देश के हितों को बहुत नुक्सान हो रहा है ।

श्री राव चुनाव प्रचार के लिए देश के विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे । उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति उनके चुनाव दौरों का कार्यक्रम बनाएगी । एक प्रश्न के उत्तर में श्री राव ने बताया कि वह कांग्रेस कार्य समिति और संसदीय बोर्ड में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे ।

उप-प्रधानमंत्री और समाजवादी जनता पार्टी के नेता देवी लाल समेत अनेक राजनीतिज्ञों तथा अन्य तबकों के गण्यमान्य व्यक्तियों ने आज श्री नरसिम्हाराव को कांग्रेस (इ) का अध्यक्ष चुने जाने का स्वागत किया ।

श्री देवी लाल ने श्री राव को लिखे एक पत्र में कहा, "आपको सर्वसम्मति से कांग्रेस (इ) का अध्यक्ष चुने जाने पर मैं बधाई देता हूं । हालांकि यह आपकी पार्टी का अंदरूनी मामला है लेकिन पूर्व कांग्रेसी होने के नाते राजीव गांधी के असमय निधन के बाद नेतृत्व के मामले का सहज निपटारा होने में मेरी दिलचस्पी है ।"

पंजाब कांग्रेस (इ) द्वारा स्वागत : पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री बेअंत सिंह, श्री उमराव सिंह, श्री संतोख सिंह रंधावा, चौ. दर्शन सिंह, श्रीमती राजेन्द्र कौर भट्ठल, श्री यश तथा अन्य कांग्रेस (इ) नेताओं ने श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के कांग्रेस (इ) का अध्यक्ष चुने जाने का स्वागत किया है और कहा है कि राष्ट्रवादी नेता को अध्यक्ष चुन कर कांग्रेस (इ) कार्यकारिणी ने बहुत अच्छा फैसला किया है जो देश तथा पार्टी को आगे ले जाने में सहायक होगा ।

जालन्धर जिला शहरी इंकाध्यक्ष श्री डी.पी. सहगल ने श्री पी.वी. नरसिम्हाराव को अखिल भारतीय इंका का अध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत किया है । उन्होंने कहा कि उनके परिपक्व मार्ग दर्शन में इंका देश को स्थायी सरकार देगी



कांग्रेस (इ) कार्यकारिणी की बुधवार को न... दृश्य ।

सहाय

(पृष्ठ 1 का शेष)

साथियों की खोज : जांचकर्त्ता ने प... प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या करने वाली महि... के दो साथियों की खोज शुरू कर दी है, जिनमें से ए... कुर्ताधारी हट्टा-कट्टा 'पत्रकार' और दूसरा गो... लड़की है । ये दोनों उक्त हत्यारिन के अपने प्रय... में विफल होने पर अपना काम करने वाले थे, ऐ... जांचकर्त्ताओं का ख्याल है ।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा ... कुर्ता-पाजामा पहने और चश्मा लगाए उक्त क... पत्रकार कंधे पर एक थैला लटकाए हुए था और ... में कागज का पैड लिए हुए था । श्री गांधी ... हत्या के थोड़ी देर पहले उसे हत्यारिन के पास ख... देखा गया था ।

उक्त व्यक्ति, जो पत्रकार लगता था अ... पत्रकार होने का दिखावा कर रहा था, मृतकों अ... घायलों में शामिल नहीं है । विस्फोट के बाद उस... अता-पता भी नहीं है ।

सूत्रों ने बताया कि वह 'मानव बम' रहा ह... और श्रीपेरमपुदूर में जनसभा के मंच से श्री गांधी... उतरने के बाद उनकी हत्या करने की उसकी यो... रही होगी ।

अगर... : विस्फोटक विशेषज्ञों के अन... श्रीपेरमपुदूर में 21 मई को यदि सुरक्षा कर्मी... राजीव गांधी की चुनावी सभा में आए प्रत्येक व्य... की धातु खोजी यंत्र (मैटल डिटैक्टर) से जांच कर... तो श्री गांधी की हत्या टाली जा सकती थ... विशेषज्ञों ने आज यहां यूनीवार्ता से कहा कि... अत्यधिक विस्फोटक 'आर.डी.एक्स' था और '... डिटैक्टर' से इसका पता लगाया जा सकता ... विशेषज्ञों के अनुसार बम में डैटोनेटर और बैट... तार धातु के बने थे, जिससे 'मैटल डिटैक्टर' आ... से बम का पता लगा सकता था ।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह कहना सही नहीं ... श्री गांधी को मारने में 'प्लास्टिक विस्फोटक' ... इस्तेमाल किया गया, इसलिए यह 'मैटल डिटै... की पकड़ में नहीं आ सकता था । उन्होंने बता... प्लास्टिक विस्फोटक का अर्थ है कि विस्फोट... लचीला बनाने के लिए उसमें तेल मिलाया ... है ।

विशेषज्ञों ने बताया कि सुरक्षा कर्मि... गुलदस्ते और मालाओं की जांच की लेकिन श्री... का स्वागत करने आए व्यक्तियों की जांच नहीं ...

'आर.डी.एक्स' यानी रिसर्च डिवैल... एक्सप्लोसिव्स अत्याधुनिक विस्फोटक पद... और इसका इस्तेमाल सैनिक अभियान में किया ... है । यह सूजी अथवा चीनी जैसा होता है तथा ... चीनी मिला कर इसे देश में आसानी से ला... सकता है । पानी में चीनी को घोल... आर.डी.एक्स को अलग किया जा सकता है ...

विशेषज्ञों के अनुसार 'आर.डी.एक्स' य... गुप्त स्थानों में आसानी से उपलब्ध है ... आतंकवादी तथा भाड़े के हत्यारे बड़ी आसानी ... हासिल कर रहे हैं । विशेषज्ञों ने बता... श्रीपेरमपुदूर में हुए बम विस्फोट में 50 से...



Punjab Samalam

इस टैंक में शाम छह बज कर तीन
लगी । फायर अधिकारी पी.
रात यहां बताया कि इस दुर्घटना
हुआ ।

रपेक्ष ढांचे
ी.पी. सिंह

: नई दिल्ली (वार्ता): जनता
प्रताप सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री
या के बाद आंध्रप्रदेश में हुई
र लूटपाट की घटनाओं की
की मांग की है ।
न के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई
सोची और वामपंथी दलों का
डल आंध्रप्रदेश की स्थिति को
ए आज हैदराबाद रवाना

रक्षा व्यवस्था
ष लोगों' की
3 को

मई (वार्ता): गृह राज्यमंत्री
ारी सुरक्षा व्यवस्था प्राप्त
ष्ट व्यक्तियों की तीन जन
है, जिसमें इन व्यक्तियों से
ध सहयोग करने का आग्रह

आज यहां सम्वाददाताओं को
लों में देखा गया है कि
मिलने की वजह से सुरक्षा
का सामना करना पड़ रहा
द्वारा सहयोग नहीं किए जाने

तर में उन्होंने कहा कि
ठ नेताओं से उनके चुनाव
ने के लिए गृह मंत्रालय के
ा इंचार्ज बनाया गया है ।
र में कितने व्यक्तियों को
है, श्री सुबोध कांत ने कहा
ी संख्या 353 है ।

सभा का
जून तक

(वार्ता): दसवीं लोकसभा
रन का निर्देश राष्ट्रपति
आयोग को दिया है ।
र तीसरे चरण के मतदान
परिवर्तन को देखते हुए
है । परिवर्तित कार्यक्रम
ो 31 मई को पूरी होनी
ोगी । राष्ट्रपति भवन ने
र यह जानकारी दी ।
पांच जून तक लोकसभा
ा था ।

श्री सुबोध कांत ने बताया कि आत्मघाती तरीके से हत्या की यह अपने किस्म की पहली घटना है, जिसमें कथित हत्यारिन ने अपने शरीर के साथ बम या प्लास्टिक विस्फोटक लपेटा । इस महिला का गर्दन का ऊपरी हिस्सा, दोनों पैर और एक हाथ मिला है, इसलिए पहचान का काम इतना आसान नहीं है, फिर भी जांच दल सभी सम्भव तरीकों से पहचान की कोशिश कर रहा है । एक प्रश्न के उत्तर में श्री सुबोध कांत ने कहा कि जांच आयोग हत्या के कारणों की जांच के अलावा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति रोकने की दृष्टि से वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था में परिवर्तन के बारे में भी सिफारिश करेगा । उन्होंने यह भी बताया कि 18 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई थी और सभी राज्य सरकारों को आवश्यक निर्देश भेज दिए गए थे ।

सूत्रों ने कहा कि हत्याकांड में किसी विदेशी हाथ होने की पुष्टि इस बात से होती है कि विस्फोट के लिए इस्तेमाल की गई नौ वोल्ट की बैटरी पर विदेशी ठप्पा लगा हुआ था । इसके अलावा प्लास्टिक के खोल में रखा हुआ आर.डी.एक्स विस्फोटक भी सामान्य रूप से उपलब्ध नहीं होता है और यह पदार्थ केवल अमरीका, जर्मनी और जापान में ही मिलता है ।

सूत्रों ने कहा कि "ऐसा प्रतीत होता है कि भीड़ के रवैये, श्री राजीव गांधी के चुनाव प्रचार के तरीके और उनकी गतिविधियों तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रख कर 'कमरबंद बैल्ट बम' का निर्माण विशेष रूप से श्री गांधी को मारने के लिए ही किया गया था ।"

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(बाएं) श्री राजीव गांधी की कथित हत्यारिन और (दाएं) उस व्यक्ति का 'क्लोजअप' चित्र, जो एक पत्रकार के स्वांग में था, और जिस पर हत्यारिन के साथी होने का संदेह है । बम विस्फोट से कुछ मिनट पूर्व श्री गांधी के पहुंचने की प्रतीक्षा करते हुए । यह चित्र सी.बी.आई. द्वारा जारी किए गए हैं । (छाया: पी.

इन्हें कल रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब ये लोग फ्रैंकफर्ट जा रहे पी.के. 711 विमान पर सवार होने की कोशिश कर रहे थे । गिरफ्तार किए गए लोगों में दो महिलाएं भी हैं ।

फ्रंट के अध्
लागू करने
रहने पर पु
शुरू कर दे

सोनिया व उनके
सुरक्षा के लिए एस.पी

नई दिल्ली, 29 मई (टा.इ.): चंद्रशेखर सरकार ने राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन के निर्देश पर श्रीमती सोनिया गांधी और उनके बच्चों, राहुल व प्रियंका, की सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी है तथा इस संबंध में स्पैशल प्रोटैक्शन ग्रुप (एस.पी.जी.) के जवानों को तैनात किया गया है । समझा जाता है कि

श्री वेंकटरम
सुरक्षा के प्र
सुरक्षा प्रदा
डाला था ।
गत दिवस श्र
इस बारे में

इसके
बच्चों की सु
टुकड़ी तैनात
स्पैशल ट्रेन
राजीव गांधी
में विसर्जित

इस बात
राष्ट्रीय सुरक्ष
कमांडोज को
यह कमांडो
की ड्यूटी दे
स्पैशल ट्रेन
उठाए जा रहे
परिवार के स
के लिए एस.
है । सूत्रों का
सरकार उल्लंघ
गांधी और उ
करने के लिए
में जो ड्यूटि
प्रकार की ड्यू
मुद्दे पर प्रशा
सकता है ।
आदेश जारी
ही जारी किय

उल्लेखनी
1985 में स
था । अक्तूब
हत्या के बाद
सुरक्षा के लि
आवश्यकता
स्थापना की
भी की गई
प्रधानमंत्री की
होना चाहिए
सुविधा राष्ट्रप
चाहिए । उ
असामान्य प
और उनके प

702

पटना, ट
चुनाव के दूसरे
क्षेत्रों में मतदा
पुनर्मतदान हो

एरिया कमांडर देबा लंगा समेत 10 मिलिटैंट मरे : शस्त्रास्त्र का भंडार पकड़, 10 लोगों की हत्या, रेल पटरी उड़ा दी, 4 का अपहरण

चंडीगढ़, 29 मई (वार्ता, एस): पंजाब में गत चौबीस घंटों में 10 मिलिटैंट मारे गए तथा शस्त्रास्त्र का एक भंडार पकड़ा गया । इसी बीच 10 लोगों की हत्या कर दी गई तथा रेल पटरी का एक हिस्सा विस्फोट से उड़ा दिया गया ।

4 मिलिटैंट मरे : अमृतसर से नारंग के अनुसार सदर थाना बटाला के गांव कोटला मज्झा सिंह में प्रातः लगभग पौने दस बजे पंजाब पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के जवान एक गुप्त सूचना के आधार पर कि वहां मिलिटैंट छुपे हैं, वहां गए तो उन पर जबरदस्त फायरिंग शुरू कर दी गई जबकि फायरिंग में चार मिलिटैंट मारे गए जबकि दो भागने में सफल हो गए । तलाशी के दौरान मृतक मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल तथा इनकी दो मैगजीनें, 7.62 की एक राइफल जिसकी नाली कटी हुई थी, दस खोल, पांच राउंड के अलावा एक माउजर, एक शक्तिशाली बम तथा भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का एक बैनर पैड मिला । मारे गए मिलिटैंट बी.टी.एफ. से सम्बन्धित थे । उनकी अभी पहचान नहीं हो सकी ।

2 अन्य मिलिटैंट मरे : आज प्रातः लगभग साढ़े दस बजे पट्टी पुलिस को सूचना मिली कि ब्राह्मणीवाला गांव में कुछ मिलिटैंट छुपे हुए हैं । पट्टी पुलिस सुरक्षा बलों के साथ वहां दिलबाग सिंह नामक व्यक्ति के घर के पास पहुंची जिसके अन्दर मिलिटैंट छुपे हुए थे, तो अन्दर से मिलिटैंटों ने फायरिंग आरम्भ कर दी जिससे पुलिस का एक सब इंस्पैक्टर रघबीर सिंह सख्त घायल हो गया । उसके गले में गोली लगी । इस पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने घर के अंदर हथगोले फैंके, परिणामस्वरूप दो मिलिटैंट मारे गए । मृतक मिलिटैंटों के पास से 30 बोर का एक माउजर तथा एक माउजर 32 बोर का मिला । इसके अलावा भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी मिला ।

घायल पुलिस सब इंस्पैक्टर को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

'सोनी' के अनुसार मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर घलदेव सिंह उर्फ देबा लंगा निवासी कैरों तथा बलबीर सिंह उर्फ घुक निवासी सुरसिंहवाला के रूप में हुई । यह जानकारी देते हुए डी.एस.पी. पट्टी श्री सुखदेव सिंह बराड़ ने बताया कि बलबीर सिंह पहले खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित था लेकिन कुछ समय पहले वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स में आ गया था । श्री बराड़ ने बताया कि देबा लंगा पुलिस को लगभग दो दर्जन हत्याओं एवं लूट की वारदातों में वांछित था । उन्होंने कहा कि आज की यह मुकाबला लगभग अढ़ाई घंटे चला ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : अजनाला के एस.एच.ओ. तथा सुरक्षा बलों ने थाना अजनाला के गांव हरदोलां में नाकाबंदी कर रखी थी कि तड़के लगभग सवा तीन बजे पांच मिलिटैंट आए । उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की और मिलिटैंटों को आत्म समर्पण करने को कहा । आधे घंटे की फायरिंग के बाद तीन मिलिटैंटों ने आत्म समर्पण कर दिया और इस बीच दो मिलिटैंट भागने में सफल हो गए । आत्म-समर्पण करने वाले मिलिटैंट हैं अवतार सिंह, दलजीत सिंह और हरभजन सिंह । इनके पास से 7.65 का एक माउजर, 4 राउंड जीवित कारतूस, 4 खोल, एक 12 बोर की बंदूक, 5 कारतूस, एक किलो बारूद, एक डैटोनेटर, एक ए.के. 47 राइफल की मैगजीन जिसमें 25 राउंड भरे थे, 17 खोल तथा एक स्टिक बम मिला ।

लाश मिली : अमृतसर शहर के सुल्तानविंड इलाके में आज प्रातः गोलियों से छलनी एक अज्ञात लाश मिली है ।

हत्या : बिलम्ब से प्राप्त हुई सूचना के अनुसार मजीठा पुलिस जिले के गांव अमलपुर में सोमवार की रात एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

डाक्टर का अपहरण : मिलिटैंटों ने गत रविवार की रात को मजीठा पुलिस जिले के कस्बा राजासांसी में एक डाक्टर कपिलदीप सिंह का अपहरण कर लिया । उसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला ।

रेल लाइन उड़ा दी : 2 बोगियां पटरी से उतरीं : लुधियाना (धीमान): यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव बनड़ के नजदीक लुधियाना-फिरोजपुर सैक्शन पर लगभग 8-9 मिलीटैंटों ने 21 इंच रेलवे लाइन को बुरी तरह उड़ा दिया ।

बताया जाता है कि मिलिटैंट पैदल आए थे । सबसे पहले उन्होंने 2 गैंगमैनों और 2 रेलवे फाटक कर्मचारियों को बन्दक दिखाकर एक लाइन में खड़ा कर दिया, इसके पश्चात उन्होंने रेलवे लाइन्स के साथ बम फिट किए और लगभग 15-20 फुट दूर तक इसे एक तार से जोड़ दिया और बम का विस्फोट किया जिससे प्रातः लगभग 2 बजे रेलवे लाईन उड़ गई । लुधियाना से तुरंत राहत ट्रेन भेजी गई । इस विस्फोट के कारण एक रेलवे इंजन, जो पैट्रोलिंग कर रहा था, के साथ लगी 2 बोगियां भी लाईन में नीचे उतर गईं । लुधियाना से प्रातः 5 बजे चलने वाली यात्री गाड़ी को जैक आदि लगाकर वहां से निकाल दिया गया । श्री अनिल शर्मा, एस.एस.पी., घटनास्थल पर पहुंचे । श्री गिंपाल सिंह घुम्मन एस.एच.ओ. रेलवे थाना सबसे पूर्व वहां पहुंचे । सर्वश्री मुख्तयार चंद एस.पी. आप्रेशन और डी.एस.पी. श्री गुरमीत सिंह रंधावा भी वहां पहुंच गए और जांच आरम्भ कर दी । बताया गया कि रेलवे लाईन उड़ाने के पश्चात मिलीटैंटों ने चारों रेल कर्मचारियों को छोड़ दिया ।

6 डाकू गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार गत रात्रि करतार नगर श्मशान घाट के निकट 8 सशस्त्र व्यक्तियों को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बंदी बना लिया । यह किसी जगह डाका डालने जा रहे थे । इनमें अली हुसैन, अली कासम (दोनों यू.पी.) चरंजीत सिंह, सुरजीत सिंह, देवगढ़ सिंह और मोहन सिंह शामिल हैं । उनके कब्जे में 3 पिस्तौल, एक रिवाल्वर और एक चाकू बरामद हुआ ।

निहंग सिंह की हत्या : धना सदर के गांव रेहना के रहने वाले निहंग सिकंदर सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । उसकी लाश आज निकटवर्ती सुआ से मिली ।

31000 रु. लूटे : मिलिटैंटों ने कल लुधियाना जिले के कधनी कला गांव में एक कृषि सहकारी समिति के कैशियर से 31000 रु भी अधिक रुपए लूट लिए ।

बहन-भाई की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात लुधियाना जिले के पाजटा गांव में एक व्यक्ति दर्शन सिंह व उसकी बहन की गोली मार कर हत्या कर दी । गोलीबारी में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह भी घायल हो गया ।

ठेका कारिंदा की हत्या : 3 घायल : संगरूर (गर्ग): यहां से 35 किलो मीटर दूर असतान कलां में एक मिलिटैंट ने शराब के ठेकेदार और

(शेष पृष्ठ 8 पर)





लुधियाना के गांव पंजाब भनौड में 28-29 की मध्य रात्रि को हुए बम-धमाके से डेढ़ मीटर रेलवे लाईन टूट गई जिसे तेजी से ठीक करवा कर यातायात के लिए खोल दिया गया । चित्र में रेलवे लाइन की मुरम्मत करते हुए मजदूर । (नीचे) घटनास्थल पर लुधियाना के एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा तथा अन्य अधिकारी बम धमाके से हुई क्षति का जायजा लेते हुए । (छाया : कम्बोज)

Punjabi Sanatani

क्रम के

सहाय

हुंच जाएंगे

कहा था

गृहमंत्रालय व राज्य सरकार के
के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक
की स्थिति का विवेचन करके तथा
का जायजा लेने के बाद दावा
इस तथ्य से पूर्णत: संतुष्ट है कि
थगित करने की कोई आवश्यकता

हा कि पंजाब में लगभग 6 वर्ष के
बाद चुनाव करवाए जा रहे हैं तथा
थति में स्थगित नहीं किया जाना

निर्दलीय प्रत्याशियों की हत्या की
पंजाब में चुनाव करवाने बारे
का उल्लेख करते हुए श्री सहाय ने
न्धी परिदृश्य को देखने का यह एक
गर कुछ प्रत्याशी मारे जाते हैं तो
कई और प्रत्याशी अपने नामांकन
के लिए उपस्थित हो जाते हैं ।
थ्य प्रचार तंत्र द्वारा उजागर नहीं
"

था कि कुछ शरारती तत्व अपने
ी खातिर पंजाब में चुनावी प्रक्रिया
चाहते हैं अगर ऐसे तत्व अपने खेल में
तो इससे राज्य के विभिन्न समुदाय
आपस में बंट जाएंगे ।

कहा कि उन्होंने जानबूझ कर ही
चुनाव लड़ने का फैसला किया ताकि
रे राज्य में जारी अटकलें समाप्त हो
थ ही यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि केंद्र
करवाने के लिए कटिबद्ध है । उनका
पंजाब से केवल इसीलिए चुनाव लड़
ताबियत की सुरक्षा हो सके और राज्य
मनोबल को सुदृढ़ बनाया जा

उत्तर में श्री सहाय ने कहा कि अखिल
छात्र संघ (मजीत गुट) के प्रत्याशियों
त्म रक्षा' के आधार पर ही लाइसैंस
है तथा इस सम्बन्ध में गृह मंत्रालय ने
को कतई बुरा नहीं समझा । श्री सहाय
महसूस करते हैं कि अगर किसी को
लिए हथियार रखने की आवश्यकता है
इसैंस अवश्य ही जारी किया जाना

(शेष पृष्ठ 8 पर)



चंडीगढ़ में वीरवार को मिलिटैंटों ने भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । चित्र में (1) श्री गुप्ता की पार्थिव देह, (2) श्री गुप्ता की पत्नी तथा अन्य रिश्तेदार विलाप करते हुए, (3) चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल के बाहर पुलिस वाले श्री गुप्ता की हत्या से क्षुब्ध भाजपा वर्करों को शांत करते हुए तथा (4) पुलिस अधिकारी घटनास्थल (x) का निरीक्षण करते हुए । (छाया : पुरी)

भाजपा नेता विजय गुप्ता समेत 5 लोगों की हत्या, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 30 मई (वार्ता, प.स.): चंडीगढ़ में आज प्रात: मिलिटैंटों ने भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक ग्रंथी सहित 4 लोगों की हत्या हुई, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मारे गए तथा बैंक से लगभग ढाई लाख रुपया लूट लिया गया ।

भाजपा नेता की हत्या : चंडीगढ़ में संघी के अनुसार 2 मिलिटैंटों ने आज सुबह यहां के सैक्टर 40 में स्थानीय भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार 40 वर्षीय श्री गुप्ता, जो कि भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य थे, की बेटी की आज सिलाई की परीक्षा थी । उन्होंने अपनी बेटी को परीक्षा केंद्र में भेजने के लिए आटो रिक्शा मंगवाई और जब वह आटो रिक्शा में सिलाई मशीन रख रहे थे तो वहां 2 युवक आए और उन्होंने श्री गुप्ता को पकड़ लिया । बाद में एक युवक ने रिवाल्वर निकाल कर श्री गुप्ता पर 4 गोलियां चला दीं । श्री गुप्ता की मौका पर ही मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि ये दोनों मिलिटैंट, जो कि सुबह से श्री गुप्ता के घर के पास एक पार्क में अखबार पढ़ते हुए देखे गए थे, वारदात के बाद लाल रंग की एक मोटर साइकिल पर बैठ कर फरार हो गए ।

इस घटना के बाद शहर के कई सैक्टरों में स्थिति तनावपूर्ण हो गई । भाजपा वर्कर कई सैक्टरों में जाकर दुकानें बंद करवाते रहे तथा पुलिस दुकानें बंद करवाने वालों को पकड़ने में लगी रही । जब पार्टी वर्करों की गिरफ्तारी का समाचार यहां के जनरल अस्पताल, जहां कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम किया जा रहा था, में पहुंचा तो वहां मौजूद कार्यकर्त्ताओं ने रोष में आकर पथराव शुरू कर दिया, जिससे शवगृह की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए । पार्टी कार्यकर्त्ता पुलिंदर धवन नामक उस पुलिस इंस्पैक्टर को निलम्बित करने की बार-बार मांग करते रहे, जिसके इलाके में श्री गुप्ता की हत्या हुई । श्री धवन, जो कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम करवाने के लिए जनरल अस्पताल में ही आए हुए थे, भाजपा कार्यकर्त्ताओं के रोष को देख कर कई घंटे तक शवगृह में ही छिपे रहे ।

बाद में दोपहर तक भी जब पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने इलाका के पुलिस इंस्पैक्टर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर जनरल अस्पताल के शवगृह को घेरे रखा तो एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री सुमेध सैनी मौका पर गए और पार्टी कार्यकर्त्ताओं की शिकायतों को सुनने के बाद उन्हें श्री गुप्ता की हत्या में संलिप्त लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । बाद में पार्टी नेताओं श्री ज्ञान चन्द गुप्ता तथा श्री सत्यपाल जैन ने भी एस.एस.पी. के आश्वासन पर अपने कार्यकर्त्ताओं को संयम से काम लेने का अनुरोध किया । इसके बाद शवगृह का घेराव खत्म किया गया ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने यहां के सैक्टर 30 में एक अन्य भाजपा नेता पर भी हमला करने का असफल प्रयास किया लेकिन उक्त भाजपा नेता अपनी समझबूझ से बच निकला ।

श्री गुप्ता की हत्या का समाचार मिलते ही लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता उनके परिवार में सहानुभूति प्रकट करने के लिए उनके घर गए । कांग्रेस (इ) की ओर से श्री दौलत राम शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के श्री हरभजन सिंह, समाजवादी जनता पार्टी के कर्नल एम.एल. कोहली आदि ने श्री गुप्ता के घर जाकर इस वारदात पर गहरा दुख प्रकट किया ।

श्री गुप्ता का अंतिम संस्कार कल 10 बजे किया जाएगा । शहर में किसी भाजपा नेता की हत्या की यह चौथी वारदात है । आज की वारदात में शामिल दोनों मिलिटैंटों, जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच बताई जाती है, ने पीले रंग के पटके बांधे हुए थे ।

बताया जाता है कि श्री गुप्ता के 17 वर्षीय बेटे बाबी ने पुलिस को मिलिटैंटों के हुलिए की जानकारी दी है । जब मिलिटैंटों ने श्री गुप्ता की हत्या की तो बाबी थोड़ी ही दूरी पर खड़ा था ।

इस बीच पता चला है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मुलाकात कर यह मांग करने का निर्णय लिया है कि जिस भी नेता को कोई खतरा है, उसे तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए । वारदात के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने जगह-जगह नाके लगा कर वाहनों की तलाशी ली । कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है ।

इस बीच पता चला है कि पुलिस ने इस वारदात में संलिप्त मिलिटैंटों की पहचान करने में सफलता प्राप्त कर ली है । इस वारदात की छानबीन करने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम नियुक्त की गई है ।

चंडीगढ़ भाजपा की ओर से श्री गुप्ता की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए कल शहर में बंद का आह्वान किया गया है । जिला न्यायालय के वकीलों ने श्री गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज अदालतों का बहिष्कार किया । कुछ सैक्टरों में आज दुकानें भी बंद रहीं ।

रैड अलर्ट : श्री विजय गुप्ता की हत्या के दृष्टिगत चंडीगढ़ तथा निकटवर्ती पंजाब और-

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नक्सलियों द्वारा कि
गए विस्फोट से
पुलिस कर्मी मरे

कांकेर/मांडा, 30 मई (वार्ता): पीपल्स वा
के नक्सलियों द्वारा आज यहां से 100 किलो
दूर राजाबोमांगी थाने के लगराया क्षेत्र में पुलि
एक जीप विस्फोट से नष्ट कर दी गई जिससे 7
कर्मी मारे गए । मृतकों में एक डी.एस.पी. तथ
सर्कल इंस्पैक्टर भी था । पुलिस सूत्रों के अ
मृत पुलिस कर्मी विशेष कार्य दल से सम्बद्ध

सजपा द्वारा इंका से तालमे
का प्रयास नहीं

नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता): समाजवादी
पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसकी ओर से कांग्रे
के साथ किसी तरह का तालमेल करने या
स्थापित करने का कोई प्रयास नहीं किया
है । पार्टी की राष्ट्रीय प्रचार अभियान सम
अध्यक्ष तथा केंद्रीय विधि और न्या
सुब्रह्मण्यम स्वामी ने योजना आयोग के उ
मोहन धारिया द्वारा कांग्रेस कार्य समिति को
के संबंध में आज प्रैस कांफ्रैंस में यह स्पष्ट
दिया । उल्लेखनीय है कि श्री धारिया ने अप
कार्य समिति से भी कांग्रेसजनों से एकजुट हो
अपील करने का सुझाव दिया है और कहा
प्रधानमंत्री चंद्र शेखर से भी ऐसा अनुरोध कि
चाहिए ।

डा. स्वामी ने कहा कि श्री धारिया श्री च
के निकट मित्र अवश्य हैं लेकिन पार्टी के नि
के मामलों से उनका कोई संबंध नहीं है,
उनके विचार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी
में पार्टी का विचार नहीं माना जाना चाहिए

कश्मीर घाटी में
उग्रवादियों समेत 3

श्रीनगर, 30 मई (वार्ता, प.स.): कश्मी
में पिछले 24 घंटों में दो उग्रवादियों समेत त
मारे गए तथा एक उग्रवादी समेत पांच लो
हो गए । जबकि सुरक्षा बलों ने
उग्रवादियों" को गिरफ्तार किया और भारी
हथियार और गोला-बारूद बरामद किय
बीच स्टेट स्क्रीनिंग कमेटी ने 48 कश्मीरी
के मामले की समीक्षा की ।

जम्मू क्षेत्र के मेंढर में एक स्कूल से एव
समय पर पता चल जाने से एक दुर्घटना ट
बाद में बम को निष्क्रिय कर दिया गया । पु
ने बताया कि आज तड़के सुरक्षा बलों के सा
में दो पाक प्रशिक्षण उग्रवादी मारे गए
उग्रवादी घायल हो गया । ये उग्रवादी
नियंत्रण रेखा के समीप पाक अधिकृत क
तरफ से भारतीय सीमा में घुसने की कोशि
थे ।

मतदान-स्थगन के वि
दायर याचिका र

नई दिल्ली, 30 मई (प.स.):
न्यायालय ने 10वीं लोकसभा के लिए
तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान स्थ
मुख्य चुनाव आयुक्त के फैसले के खि
याचिका आज खारिज कर दी ।

सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश
कुलदीप सिंह ने पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष
याचिका खारिज करते हुए कहा कि
आयुक्त ने मनमाने तरीके से मतदान
किया है ।

श्री सिंह ने 23 और 26 मई
मतदान स्थगित करके 12 और 15
के आयोग के निर्णय को चुनौती देते हुए
प्रक्रिया को रद्द करने का अनुरोध किया
इसके साथ नए सिरे से पूरा चुनाव क
चुनाव आयोग को देने का भी अनुरो

कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी
निकट 21 मई को हत्या कर दिए
चुनाव आयोग ने मतदान तीन स
स्थगित किया था ।

लहर' राजीव की हत्या से उपजी
सहानुभूति लहर से अप्रभावित

ल्ली, 30 मई (वार्ता): भारतीय जनता
है कि स्थिर और मजबूत सरकार देने के
जपा के) वायदे तथा 'राम लहर' पर श्री
धी की हत्या से उपजी तथाकथित
लहर' का कोई असर नहीं होगा ।

के महासचिव गोविन्दाचार्य ने आज यहां
कि 'राम लहर' लोगों के हृदय को छू चुकी
ना बहुत मुश्किल है । उन्होंने कहा कि
ौर आज की स्थिति में तुलना नहीं की जा
इस समय देश में कोई सहानुभूति लहर
लेकिन यह एक चुनावी मुद्दे के रूप में
चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती
ोंने कहा कि वह जानते हैं कि इस घटना के
पा पर तरह-तरह के आरोप लगाए जाएंगे
ह उनकी उपेक्षा करते हुए अपने स्थिर तथा
सरकार के मुद्दे पर जोर देती रहेगी ।

गोविन्दाचार्य ने देश में चल रही
लश' यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि
ने जन-प्रतिक्रिया के अभाव से स्पष्ट है कि

क्षेत्रों में इसका कुछ असर हुआ जहां भाजपा का कोई प्रभाव नहीं है ।

उनका कहना था कि इस घटना के बाद अनुसूचित जाति का मतदाता, जो कांग्रेस (इ) छोड़ कर जनता दल की ओर झुक गया था, वापस कांग्रेस (इ) में जा सकता है । इसका नुकसान जनता दल को हो सकता है लेकिन उनकी पार्टी पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा ।

चन्द्रशेखर सरकार के भ्रष्टाचार की जांच हो : जेठमलानी

बंगलौर, 30 मई (वार्ता) : जनता दल के राज्यसभा सदस्य राम जेठमलानी ने चन्द्रशेखर सरकार के कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है । श्री जेठमलानी ने आज यहां प्रैस कांफ्रैंस में आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार पिछली सरकार द्वारा शुरू किए गए मुकद्दमों को बंद करके ज्यादा से ज्यादा पैसे बटोर रही है ।'

पाक के पास एक परमाणु बम

वाशिंगटन, 30 मई (प.स.): अमरीकी खुफिया एजैंसियों को अब यह विश्वास हो गया है कि पाकिस्तान के पास कम से कम एक परमाणु बम है ।

'वाशिंगटन पोस्ट' ने आज यह समाचार देते हुए



Punjabi Sahitya

भाजपा नेता विजय गुप्ता समेत 5 लोगों की हत्या, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 30 मई (वार्ता, प.स.): चंडीगढ़ में आज प्रात: मिलिटैंटों ने भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक ग्रंथी सहित 4 लोगों की हत्या हुई, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मारे गए तथा बैंक से लगभग ढाई लाख रुपया लूट लिया गया ।

भाजपा नेता की हत्या : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार 2 मिलिटैंटों ने आज सुबह यहां के सैक्टर 40 में स्थानीय भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार 40 वर्षीय श्री गुप्ता, जो कि भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य थे, की बेटी की आज सिलाई की परीक्षा थी । उन्होंने अपनी बेटी को परीक्षा केंद्र में भेजने के लिए आटो रिक्शा मंगवाई और जब वह आटो रिक्शा में सिलाई मशीन रख रहे थे तो वहां 2 युवक आए और उन्होंने श्री गुप्ता को पकड लिया । बाद में एक युवक ने रिवाल्वर निकाल कर श्री गुप्ता पर 4 गोलियां चला दीं । श्री गुप्ता की मौका पर ही मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि ये दोनों मिलिटैंट, जो कि सुबह से श्री गुप्ता के घर के पास एक पार्क में अखबार पढ़ते हुए देखे गए थे, वारदात के बाद लाल रंग की एक मोटर साईकिल पर बैठ कर फरार हो गए ।

इस घटना के बाद शहर के कई सैक्टरों में स्थिति तनावपूर्ण हो गई । भाजपा वर्कर कई सैक्टरों में जाकर दुकानें बंद करवाते रहे तथा पुलिस दुकानें बंद करवाने वालों को पकड़ने में लगी रही । जब पार्टी वर्करों की गिरफ्तारी का समाचार यहां के जनरल अस्पताल, जहां कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम किया जा रहा था, में पहुंचा तो वहां मौजूद कार्यकर्त्ताओं ने रोष में आकर पथराव शुरू कर दिया, जिससे शवगृह की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए । पार्टी कार्यकर्ता पुष्पिंदर धवन नामक उस पुलिस इंस्पैक्टर को निलम्बित करने की बार-बार मांग करते रहे, जिसके इलाके में श्री गुप्ता की हत्या हुई । श्री धवन, जो कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम करवाने के लिए जनरल अस्पताल में ही आए हुए थे, भाजपा कार्यकर्त्ताओं के रोष को देख कर कई घंटे तक शवगृह में ही छिपे रहे ।

बाद में देरशाम तक भी जब पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने इलाके के पुलिस इंस्पैक्टर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर जनरल अस्पताल के शवगृह को घेर रखा तो एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री सुमेध सैनी मौका पर गए और पार्टी कार्यकर्त्ताओं की शिकायतों को सुनने के बाद उन्हें श्री गुप्ता की हत्या में संलिप्त लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । बाद में पार्टी नेताओं श्री ज्ञान चन्द गुप्ता तथा श्री सत्यपाल जैन ने भी एस.एस.पी. के आश्वासन पर अपने कार्यकर्त्ताओं को संयम से काम लेने का अनुरोध किया । इसके बाद शवगृह का घेराव खत्म किया गया ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने यहां के सैक्टर 30 में एक अन्य भाजपा नेता पर भी हमला करने का असफल प्रयास किया लेकिन उक्त भाजपा नेता अपनी समझबूझ से बच निकला ।

श्री गुप्ता की हत्या का समाचार मिलते ही लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता उनके परिवार से सहानुभूति प्रकट करने के लिए उनके घर गए । कांग्रेस (इ) की ओर से श्री दौलत राम शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के श्री हरभजन सिंह, समाजवादी जनता पार्टी के कर्नल एम.एल. कोहली आदि ने श्री गुप्ता के घर जाकर इस वारदात पर गहरा दुख प्रकट किया ।

श्री गुप्ता का अंतिम संस्कार कल 10 बजे किया जाएगा । शहर में किसी भाजपा नेता की हत्या की यह तीसरी वारदात है । आज की वारदात में शामिल दोनों मिलिटैंटों, जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच बताई जाती है, ने पीले रंग के पटके बांधे हुए थे ।

बताया जाता है कि श्री गुप्ता के 17 वर्षीय बेटे बाबी ने पुलिस को मिलिटैंटों के हुलिए की जानकारी दी है । जब मिलिटैंटों ने श्री गुप्ता की हत्या की तो बाबी थोड़ी ही दूरी पर खड़ा था ।

इस बीच पता चला है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मुलाकात कर यह मांग करने का निर्णय लिया है कि जिस भी नेता को कोई खतरा है, उसे तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए । वारदात के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने जगह-जगह नाके लगा कर वाहनों की तलाशी ली । कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है ।

इस बीच पता चला है कि पुलिस ने इस वारदात में संलिप्त मिलिटैंटों की पहचान करने में सफलता प्राप्त कर ली है । इस वारदात की छानबीन करने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम नियुक्त की गई है ।

चंडीगढ़ भाजपा की ओर से श्री गुप्ता की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए कल शहर में बंद का आह्वान किया गया है । जिला न्यायालय के वकीलों ने श्री गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज अदालतों का बहिष्कार किया । कुछ सैक्टरों में आज दुकानें भी बंद रहीं ।

रैड अलर्ट : श्री विजय गुप्ता की हत्या के दृष्टिगत चंडीगढ़ तथा निकटवर्ती पंजाब और-

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ोव की हत्या से उपजी हर से अप्रभावित

क्षेत्रों में इसका कुछ असर हुआ जहां भाजपा का कोई प्रभाव नहीं है ।

उनका कहना था कि इस घटना के बाद अनुसूचित जाति का मतदाता, जो कांग्रेस (इ) छोड़ कर जनता दल की ओर झुक गया था, वापस कांग्रेस (इ) में जा सकता है । इसका नुक्सान जनता दल को हो सकता है लेकिन उनकी पार्टी पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा ।

चन्द्रशेखर सरकार के भ्रष्टाचार की

Punjabi Sansar

कम के

सहाय

च जाएंगे

कहा था

चालय व राज्य सरकार के
साथ एक उच्चस्तरीय बैठक
थति का विवेचन करके तथा
जायजा लेने के बाद दावा
तथ्य से पूर्णत: संतुष्ट है कि
त करने की कोई आवश्यकता

कि पंजाब में लगभग 6 वर्ष के
चुनाव करवाए जा रहे हैं तथा
में स्थगित नहीं किया जाना

लीय प्रत्याशियों की हत्या की
जाब में चुनाव करवाने बारे
उल्लेख करते हुए श्री सहाय ने
परिदृश्य को देखने का यह एक
कुछ प्रत्याशी मारे जाते हैं तो
और प्रत्याशी अपने नामांकन
लिए उपस्थित हो जाते हैं ।
प्रचार तंत्र द्वारा उजागर नहीं



चंडीगढ़ में वीरवार को मिलिटैंटों ने भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । चित्र में (1) श्री गुप्ता की पार्थिव देह, (2) श्री गुप्ता की पत्नी तथा अन्य रिश्तेदार विलाप करते हुए, (3) चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल के बाहर पुलिस वाले श्री गुप्ता की हत्या से क्षुब्ध भाजपा वर्करों को शांत करते हुए तथा (4) पुलिस अधिकारी घटनास्थल (x) का निरीक्षण करते हुए । (छाया : पुरी)

भाजपा नेता विजय गुप्ता समेत 5 लोगों की हत्या,

Punjab Sanatani

नक्सलियों द्वारा किए
गए विस्फोट से 7
पुलिस कर्मी मरे

कांकीमाडा, 30 मई (वार्ता): पीपुल्स वार ग्रु
के नक्सलियों द्वारा आज यहां से 100 किलो मीट
दूर राजाबोमांगी थाने के लगराया क्षेत्र में पुलिस व
एक जीप विस्फोट से नष्ट कर दी गई जिससे 7 पुलि
कर्मी मारे गए । मृतकों में एक डी.एस.पी. तथा ए
सर्कल इंस्पैक्टर भी था । पुलिस सूत्रों के अनुस
मृत पुलिस कर्मी विशेष कार्य दल से सम्बद्ध थे

सजपा द्वारा इंका से तालमेल
का प्रयास नहीं

नई दिल्ली, 30 मई (वार्ता): समाजवादी जन
पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसकी ओर से कांग्रेस (
के साथ किसी तरह का तालमेल करने या संब
स्थापित करने का कोई प्रयास नहीं किया जा र
है । पार्टी की राष्ट्रीय प्रचार अभियान समिति
अध्यक्ष तथा केंद्रीय विधि और न्यायम
सुब्रह्मण्यम स्वामी ने योजना आयोग के उपाध्य
मोहन धारिया द्वारा कांग्रेस कार्य समिति को लिखे
के संबंध में आज प्रैस कांफ्रैंस में यह स्पष्टीक
दिया । उल्लेखनीय है कि श्री धारिया ने अपने पत्र
कार्य समिति से भी कांग्रेसजनों से एकजुट हो जाने
अपील करने का सुझाव दिया है और कहा है
प्रधानमंत्री चंद्र शेखर से भी ऐसा अनुरोध किया ज
चाहिए ।

डा. स्वामी ने कहा कि श्री धारिया श्री चंद्र शे
के निकट मित्र अवश्य हैं लेकिन पार्टी के निर्णय
के मामलों से उनका कोई संबंध नहीं है, इस
उनके विचार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी
में पार्टी का विचार नहीं माना जाना चाहिए ।

कश्मीर घाटी में
उग्रवादियों समेत 3 मर

(2) श्री गुप्ता की पत्नी तथा अन्य रिश्तेदार विलाप करते हुए, (3) चंडीगढ़ के जनरल अस्पताल के बाहर पुलिस बल क्षुब्ध भाजपा वर्करों को शांत करते हुए तथा (4) पुलिस अधिकारी घटनास्थल (x) का निरीक्षण करते हुए । (छाया : पुरी)

भाजपा नेता विजय गुप्ता समेत 5 लोगों की हत्या, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 30 मई (वार्ता, प.स.): चंडीगढ़ में आज प्रात: मिलिटैंटों ने भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक ग्रंथी सहित 4 लोगों की हत्या हुई, एरिया कमांडर निशान सिंह सहित 5 मिलिटैंट मारे गए तथा बैंक से लगभग ढाई लाख रुपया लूट लिया गया ।

भाजपा नेता की हत्या : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार 2 मिलिटैंटों ने आज सुबह यहां के सैक्टर 40 में स्थानीय भाजपा नेता श्री विजय गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार 40 वर्षीय श्री गुप्ता, जो कि भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य थे, की बेटी की आज सिलाई की परीक्षा थी । उन्होंने अपनी बेटी को परीक्षा केंद्र में भेजने के लिए आटो रिक्शा मंगवाई और जब वह आटो रिक्शा में सिलाई मशीन रख रहे थे तो वहां 2 युवक आए और उन्होंने श्री गुप्ता को पकड़ लिया । बाद में एक युवक ने रिवाल्वर निकाल कर श्री गुप्ता पर 4 गोलियां चला दीं । श्री गुप्ता की मौका पर ही मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि ये दोनों मिलिटैंट, जो कि सुबह से श्री गुप्ता के घर के पास एक पार्क में अखबार पढ़ते हुए देखे गए थे, वारदात के बाद लाल रंग की एक मोटर साइकिल पर बैठ कर फरार हो गए ।

इस घटना के बाद शहर के कई सैक्टरों में स्थिति तनावपूर्ण हो गई । भाजपा वर्कर कई सैक्टरों में जाकर दुकानें बंद करवाते रहे तथा पुलिस दुकानें बंद करवाने वालों को पकड़ने में लगी रही । जब पार्टी वर्करों की गिरफ्तारी का समाचार यहां के जनरल अस्पताल, जहां कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम किया जा रहा था, में पहुंचा तो वहां मौजूद कार्यकर्त्ताओं ने रोष में आकर पथराव शुरू कर दिया, जिससे शवगृह की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए । पार्टी कार्यकर्त्ता पुष्पिंदर धवन नामक उस पुलिस इंस्पैक्टर को निलम्बित करने की बार-बार मांग करते रहे, जिसके इलाके में श्री गुप्ता की हत्या हुई । श्री धवन, जो कि श्री गुप्ता का पोस्टमार्टम करवाने के लिए जनरल अस्पताल में ही आए हुए थे, भाजपा कार्यकर्त्ताओं के रोष को देख कर कई घंटे तक शवगृह में ही छिपे रहे ।

बाद में दोपहर तक भी जब पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने इलाका के पुलिस इंस्पैक्टर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर जनरल अस्पताल के शवगृह को घेरे रखा तो एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री सुमेध सैनी मौका पर गए और पार्टी कार्यकर्त्ताओं की शिकायतों को सुनने के बाद उन्हें श्री गुप्ता की हत्या में संलिप्त लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । बाद में पार्टी नेताओं श्री ज्ञान चन्द गुप्ता तथा श्री सत्यपाल जैन ने भी एस.एस.पी. के आश्वासन पर अपने कार्यकर्त्ताओं को संयम से काम लेने का अनुरोध किया । इसके बाद शवगृह का घेराव खत्म किया गया ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने यहां के सैक्टर 30 में एक अन्य भाजपा नेता पर भी हमला करने का असफल प्रयास किया लेकिन उक्त भाजपा नेता अपनी समझबूझ से बच निकला ।

श्री गुप्ता की हत्या का समाचार मिलते ही लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता उनके परिवार से सहानुभूति प्रकट करने के लिए उनके घर गए । कांग्रेस (इ) की ओर से श्री दौलत राम शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के श्री हरभजन सिंह, समाजवादी जनता पार्टी के कर्नल एम.एल. कोहली आदि ने श्री गुप्ता के घर जाकर इस वारदात पर गहरा दुख प्रकट किया ।

श्री गुप्ता का अंतिम संस्कार कल 10 बजे किया जाएगा । शहर में किसी भाजपा नेता की हत्या की यह चौथी वारदात है । आज की वारदात में शामिल दोनों मिलिटैंटों, जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच बताई जाती है, ने पीले रंग के पटके बांधे हुए थे ।

बताया जाता है कि श्री गुप्ता के 17 वर्षीय बेटे बाबी ने पुलिस को मिलिटैंटों के हुलिए की जानकारी दी है । जब मिलिटैंटों ने श्री गुप्ता की हत्या की तो बाबी थोड़ी ही दूरी पर खड़ा था ।

इस बीच पता चला है कि लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मुलाकात कर यह मांग करने का निर्णय लिया है कि जिस भी नेता को कोई खतरा है, उसे तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए । वारदात के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने जगह-जगह नाके लगा कर वाहनों की तलाशी ली । कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है ।

इस बीच पता चला है कि पुलिस ने इस वारदात में संलिप्त मिलिटैंटों की पहचान करने में सफलता प्राप्त कर ली है । इस वारदात की छानबीन करने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम नियुक्त की गई है ।

चंडीगढ़ भाजपा की ओर से श्री गुप्ता की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए कल शहर में बंद का आह्वान किया गया है । जिला न्यायालय के वकीलों ने श्री गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज अदालतों का बहिष्कार किया । कुछ सैक्टरों में आज दुकानें भी बंद रहीं ।

रैड अलर्ट : श्री विजय गुप्ता की हत्या के दृष्टिगत चंडीगढ़ तथा निकटवर्ती पंजाब और-

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में 2 उग्रवादियों समेत 3 मरे

श्रीनगर, 30 मई (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में दो उग्रवादियों समेत तीन लोग मारे गए तथा एक उग्रवादी समेत पांच लोग घायल हो गए । जबकि सुरक्षा बलों ने "संदिग्ध उग्रवादियों" को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया । इस बीच स्टेट स्क्रीनिंग कमेटी ने 48 कश्मीरी नजरबंदों के मामले की समीक्षा की ।

जम्मू क्षेत्र के मेंढर में एक स्कूल से एक बम का समय पर पता चल जाने से एक दुर्घटना टल गई । बाद में बम को निष्क्रिय कर दिया गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो पाक प्रशिक्षण उग्रवादी मारे गए तथा एक उग्रवादी घायल हो गया । ये उग्रवादी वास्तविक नियंत्रण रेखा के समीप पाक अधिकृत कश्मीर की तरफ से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे ।

मतदान-स्थगन के विरुद्ध दायर याचिका रद्द

नई दिल्ली, 30 मई (प.स.): उच्चतम न्यायालय ने 10वीं लोकसभा के लिए दूसरे तथा तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान स्थगित करने के मुख्य चुनाव आयुक्त के फैसले के खिलाफ दायर याचिका आज खारिज कर दी ।

ग्रीष्मावकाशकालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह ने पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष भीम सिंह की याचिका खारिज करते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मनमाने तरीके से मतदान स्थगित नहीं किया है ।

श्री सिंह ने 23 और 26 मई को होने वाला मतदान स्थगित करके 12 और 15 जून को कराने के आयोग के निर्णय को चुनौती देते हुए सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया को रद्द करने का अनुरोध किया था । उन्होंने इसके साथ नए सिरे से पूरा चुनाव कराने का निर्देश चुनाव आयोग को देने का भी अनुरोध किया था ।

कांग्रेस (इ) अध्यक्ष राजीव गांधी की मद्रास के निकट 21 मई को हत्या कर दिए जाने के कारण चुनाव आयोग ने मतदान तीन सप्ताह के लिए स्थगित किया था ।

र' राजीव की हत्या से उपजी भूति लहर से अप्रभावित

(वार्ता): भारतीय जनता और मजबूत सरकार देने के तथा 'राम लहर' पर श्री से उपजी तथाकथित ई असर नहीं होगा ।

गोविन्दाचार्य ने आज यहां लोगों के हृदय को छू चुकी ल है । उन्होंने कहा कि थिति में तुलना नहीं की जा में कोई सहानुभूति लहर चुनावी मुद्दे के रूप में ों को प्रभावित कर सकती जानते हैं कि इस घटना के ह के आरोप लगाए जाएंगे करते हुए अपने स्थिर तथा र जोर देती रहेगी ।

ने देश में चल रही ा जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्रों में इसका कुछ असर हुआ जहां भाजपा का कोई प्रभाव नहीं है ।

उनका कहना था कि इस घटना के बाद अनुसूचित जाति का मतदाता, जो कांग्रेस (इ) छोड़ कर जनता दल की ओर झुक गया था, वापस कांग्रेस (इ) में जा सकता है । इसका नुक्सान जनता दल को हो सकता है लेकिन उनकी पार्टी पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा ।

चन्द्रशेखर सरकार के भ्रष्टाचार की जांच हो : जेठमलानी

बंगलौर, 30 मई (वार्ता) : जनता दल के राज्यसभा सदस्य राम जेठमलानी ने चन्द्रशेखर सरकार के कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है । श्री जेठमलानी ने आज यहां प्रैस कांफ्रैंस में आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार पिछली सरकार द्वारा शुरू किए गए मुकदमों को बंद करके ज्यादा से

पाक के पास एक परमाणु बम

वाशिंगटन, 30 मई (प.स.): अमरीकी खुफिया एजैंसियों को अब यह विश्वास हो गया है कि पाकिस्तान के पास कम से कम एक परमाणु बम है ।



Punjab Sampadi



होशियारपुर जिला के चक भाभा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों के शव ।
(छाया : झावर)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

हरियाणा में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया है । चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि शहर में मिलिटैंटों के कई संदिग्ध ठिकानों पर छापे मारे गए हैं ।

बताया जाता है कि श्री गुप्ता की हत्या के बाद मिलिटैंट शहर में भाजपा के 2 अन्य नेताओं के घर भी गए, लेकिन वे नेता घर पर नहीं मिले । उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता को कई बार जान से मार देने की धमकी दी गई थी, लेकिन उन्हें कोई सुरक्षा कर्मी नहीं दिया गया था । श्री गुप्ता के परिवार में उनकी पत्नी, 3 पुत्रियां और एक पुत्र हैं ।

3 लोगों की हत्या : संगरूर से गर्ग तथा बरनाला से सिंधवानी के अनुसार थाना महलकलां के गांव पण्डोरी में गत रात्रि लगभग 11 बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस 4 मिलिटैंट अलग-अलग घरों में घुस गए । अर्जुन सिंह, केहर सिंह तथा प्रीतम सिंह नामक तीन लोगों को लिंक रोड पर ले जाकर बांध दिया । बाद में उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । मिलिटैंटों का आरोप था कि उन तीनों ने अमृत सेवन के बाद नशा करना शुरू कर दिया था । इसी वजह से उन्हें 'सोध' दिया गया है । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

एक दुर्दांत मिलिटैंट काबू : संगरूर जिला पुलिस ने गुरचरण सिंह उर्फ गिद्दड़ नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के जोधपुर गांव के निकट आज दोपहर बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी दो मिलिटैंटों का पीछा कर रही थी । उक्त दोनों मिलिटैंटों ने एक फार्म हाऊस में शरण ले ली तथा सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग करने लगे । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक थ्री-नाट-थ्री की राइफल भी मिली है । मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त निशान सिंह तथा गुरिंदर सिंह के रूप में हुई है । निशान सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एरिया कमांडर था और उस पर 40 हजार रुपए का इनाम था । वह हत्या के करीब 50 से अधिक मामलों में संलिप्त था ।

आपसी लड़ाई में 2 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला के मुच्छल गांव में कुलवंत सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया । तरनतारन पुलिस जिला के कोहारका गांव में भी परमात्मा सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गोलियों से मार दिया ।

एक का अपहरण : मजीठा पुलिस जिला के बांदला गांव से कल रात मिलिटैंटों ने संजय कुमार उर्फ टीटू नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार विगत 21 मई को यहां एक मिलिटैंट की लाश मिली थी, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी । आज उसकी शिनाख्त कर ली गई है । मृतक का नाम भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा है । वह कुख्यात मिलिटैंट बलविन्दर सिंह पंजवड़ का भाई था और स्थानीय चौक परागदास का रहने वाला था । यह मिलिटैंट पत्रकार बलबीर सिंह सग्गू की हत्या में भी संलिप्त था ।

दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार : मजीठा पुलिस के प्रमुख ने आज सायं बताया कि पुलिस ने थाना ब्यास में सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा, जो गांव लिद्दड़ का रहने वाला है और दुर्दांत मिलिटैंट है, को गिरफ्तार कर लिया है । उससे एक पिस्तौल बरामद किया गया है ।

घर से अपहरण : 5 मिलिटैंटों ने आज सायं राजा सांसी के नए बस स्टैंड के निकट से एक व्यक्ति जसपाल खतरी का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने जसपाल खतरी के घर में पहुंच कर चाय पी और उसका अपहरण कर लिया । जसपाल खतरी के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए लिखा है कि वे 6 भाई हैं और सारा परिवार इकट्ठा एक ही स्थान पर रहता है । उनका एक भाई गत वर्ष मर गया था ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : आज खालड़ा के एस.एच.ओ. ने गश्त के दौरान 2 मिलिटैंटों को पकड़ लिया, जबकि उनका साथी भाग निकला । पकड़े गए मिलिटैंट निरंजन सिंह पुत्र गोपाल सिंह चकवालिया से डबल बैरल गन, 2 खोल और 6 राऊंड गोलियां और मनजीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह निवासी नारली से 12 बोर की एक पिस्तौल, 3 राऊंड, ए.के. 47 का एक मैगजीन और 13 खोल बरामद किए गए हैं ।

(ऊपर) अकाली दल (ब) के अटारी विधानसभा के प्रत्याशी श्री दलबीर सिंह राणिके, जिनकी शनिवार को मिलिटैंटों ने हत्या कर दी, के शव के निकट उनकी पत्नी विलाप करती हुई, (नीचे) उनके सुरक्षा गार्ड श्री बलकार सिंह घायल अवस्था में अस्पताल में उपचाराधीन । (इनसैट) श्री दलबीर सिंह का पुराना चित्र । *(छाया : ओम भंडारी)*

अनंतनाग के एस. पी. हमले में बाल-बाल बचे, श्रीनगर में एक दर्जन स्थानों पर मुठभेड़ें, 1.15 लाख लूटे

श्रीनगर, 1 जून (वार्ता, प.स.): अनंतनाग जिले के एस.पी. अलगाववादियों के एक हमले में बाल-बाल बच गए, जबकि श्रीनगर में अनेक स्थानों पर सुरक्षा बलों और अलगाववादियों के मध्य आज एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मुठभेड़ें हुईं । इन मुठभेड़ों में एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया । दो महिलाओं की हत्या कर दी गई ।

एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बारामूला, श्रीनगर तथा कुपवाड़ा से आज 29 संदिग्ध विघटनकारियों को गिरफ्तार किया गया है ।

श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर कल शाम पम्पोर के निकट अलगाववादियों ने अनंतनाग के एस.पी. अशोक कुमार गुप्ता के वाहन पर बमों तथा राइफलों से हमला कर दिया । उनके साथ जा रहे अंगरक्षकों ने जबाबी फायरिंग की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ । याद रहे कि अशोक कुमार गुप्ता पर गत 25 मई को भी बानपोह में हमला किया गया था ।

श्रीनगर तथा बारामूला में से आज तलाशी अभियान के दौरान दो पिस्तौलें, एक मैगजीन, 12 राउंड, दो हथगोले तथा 47 राउंड ए.के. 47 राइफल के बरामद किए गए ।

कल रात नादिहलल्ला में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया । जबाबी हमले में एक उग्रवादी मारा गया ।

अस्पतालों में डाक्टरों तथा अन्य स्टाफ के द्वारा आज सामूहिक छुट्टी ले लेने के कारण कामकाज प्रभावित हुआ । वे हिरासत में लिए गए अपने साथियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं ।

सोपोर में बड़े स्तर पर की गई गिरफ्तारियों के विरोध में जलूस निकाल रहे लोगों पर सुरक्षा बलों द्वारा गोली चलाए जाने से दो महिलाओं सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए । दोनों महिलाओं की हालत गंभीर है । नौपोरा, रेहमा तथा गेगपोरा में भी सेना ने नियंत्रण सम्भाल लिया है ।

Punjabi Sanatani

पंज
के
2 मि

चंडीगढ़, 1
अकाली दल (
प्रत्याशी दलबीर
हत्या कर दी
विभिन्न वारदात
तथा 13 अन्य
राज्य में अन्यत्र
हत्या कर दी गई
संगठनों के शीर्ष
मिलिटैंटों को
निर्देश जारी कर
इसके अलावा मि
पकड़े गए हैं ।

प्रत्याशी
आज सायं लगभग
दल (बादल) के
हत्या कर दी है
चुनाव लड़ रहा थ
के निकट की गई

बताया जाता
काफिले के साथ च
रहा था तो भुसा गां
लगभग 20-25
दलबीर के साथी
मिलिटैंटों ने उन्हें
को कहा, मगर
मिलिटैंट सम्भवत

पता चला है
दलबीर के साथी
गए । मगर उसक
रहा । उसने उसे
कर अपने साथ ही
फायरिंग से बलका
गया है । उसके
दलबीर का पेट, सी
वारदात के बाद नि
हो गई ।

यह भी पता च
थीं, जिनमें से एक
वह अपने पीछे 8
पुत्री छोड़ गया है

'प.स.' के अनु
में यही बताया गया
की इस फायरिंग में

ने बताया कि वह शुरू से ही
और कई बार तो वह रात को भी घर
थी, परन्तु मैं अपने दो बच्चों की
छ देखकर भी आंखें मूंदे हुए था ।
हना है कि यदि वह वापिस घर आ
भी उसे कुछ नहीं कहूंगा ।

व सोवियत संघ ने
भेद सुलझाए

1 जून (ए.पी.): अमरीका तथा
यूरोप में परम्परागत हथियारों में
बंधी संधि पर आज अपने बाकी
लिए और इसके साथ ही
एक शिखर सम्मेलन का मार्ग
है । अमरीकी विदेश मंत्री जेम्स
विदेश मंत्री अलेक्जांद्र बेसमर्तनिख
बाद यहां कहा कि इस बारे में हुए
ी 20 अन्य देशों द्वारा पुष्टि की

का मंत्री भ्रष्टाचार
ोप में गिरफ्तार

न (प.स.): उड़ीसा में पूर्व मुख्यमंत्री
टनायक के कांग्रेस (इ) मंत्रिमंडल
और तीन अधिकारियों को राज्य
भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले एक
रफ्तार किया है ।

स का टायर
: उड़ान रद्द

न (वार्ता): इंडियन एयरलाइन्स की
0 का आज अचानक टायर फट
ड़ान रद्द कर दी गई ।

व की हत्या में ...

ष्ठ 1 का शेष)

त बश के विरुद्ध बोल कर किया,
ोकी विमानों को भारत में उंचा
देने का विरोध करके ।
की इस चरण पर शारीरिक रूप से
क हो गई थी क्योंकि बोफोर्स के
ने ठंडा कर दिया था । उनका इन
ानमंत्री बनना निश्चित लगता था
श्व के लोगों के चेहरों पर खुशी
व की नई व्यवस्था की बकालत
रहते थे । यह बात उन लोगों को
ी कि तृतीय विश्व में लूट-खसूट
है ।

त्म करने के लिए यह अवसर
जैसे कि भूतपूर्व गृहराज्य मंत्री पी.
हा है, "दो-तीन दिनों तक
न प्रोटैक्शन ग्रुप) ने श्री गांधी की
ारी सम्भाल लेनी थी । अतः
ही उचित अवसर था ।" राजीव
ढंग बदल लिया था तथा वह लोगों
लग पड़े थे । उन्हें इसके खतरों
किया गया था पर वह बहादुर
वाह किए बिना लोगों के करीब,
रहा । श्रीपेरमपुदूर में तो वह
ए थे कि सामने खड़ी मौत रूपी
पहचान सके ।
में बट मारने वाला नौसैनिक हो
ड़ियों में छुपा बैठा कमजीत सिंह
ला अज्ञात कातिल...यह सब तो

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में
जर्मनी में रह रहे लिट्टे के एक उग्रवादी ऐलैथम्बी
किरुपालन का हाथ होने की सम्भावना के बारे में भी
जांच कर रही है ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

गिरफ्तार मिलिटैंटों की पहचान शमशेर सिंह उर्फ
शोरा पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी बीरावाल गांव,
माखन सिंह जाट, निवासी सहौली, दर्शन सिंह उर्फ
दासो पुत्र दरबारा सिंह मजबी, निवासी बीरावाल,
दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा, निवासी बाडोचकी के रूप
में हुई है जबकि इनका एक साथी गुरजीत सिंह उर्फ
जट्टा पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी बलोवाल फरार हो
गया ।

इन मिलिटैंटों के कब्जे से जो हथियार बरामद
किए गए उनमें एक .455 बोर का रिवाल्वर व
उसके 10 जीवित व 3 चले हुए कारतूस, एक
दोनाली व 5 जीवित कारतूस, एक कैंट बैटल गन व
उसके 7 जीवित तथा 3 चले हुए कारतूस, .32 की
एक रिवाल्वर, दो जीवित व 4 चले हुए कारतूस तथा
एक जिप्सी वाहन भी शामिल है ।

मिलिटैंटों ने कपड़े, अंगूठियां उतार कर छोड़ दिया : होशियारपुर (नि.स.): गत दिनों थाना होशियारपुर के गांव सरहालाकलां से पुलिस वर्दी में मिलिटैंटों ने यूद्धवीर सिंह उर्फ करोड़ी मल का अपहरण कर लिया था, वह रिहा कर दिया गया है । पता चला है कि कैनेडा में रहने वाला करोड़ी मल सोने की अंगूठियां, कड़े और आभूषण बेचा करता था । घटना के दिन मिलिटैंटों ने पुलिस के वेश में उसे थाने चलने के लिए कहा कि वह मिलिटैंटों को धन देता है । मिलिटैंट उसे उसकी कार में बिठा कर ले गए और उसकी सोने की घड़ी और अंगूठियां एवं कपड़े उतार कर उसे छोड़ गए ।

मैट्रिक की
परिव

चंडीगढ़, 1
बोर्ड ने 1992
परीक्षा के लिए
हैं ।

शो

जालंधर, 1
पगड़ी व किरया 4
तक डेरा परमहंस
नौ, जालंधर में हो

☐ लुधियान
चाचा श्री गुरबख्श
रखे गए पाठ का भ
तीन बजे 321,
जाएगा ।

☐ जालंधर
पगड़ी चार जून को
11, सेठ हुकम
कालेज, जालंधर

☐ जालंधर
समाचार के श्री
लाल तलवाड़ के
पंजाब बिजली बो
एस.डी.ओ. श्री र
तलवाड़ की आज
गई, शव यात्रा
जून को प्रातः दस
उनके निवास ई.जी
महल्ला गोबि
(समीप एस.डी.
आरंभ होगी ।

रस्म पगड़ी



कबीरा आया जगत में जग हंसा तुम रोये ।
करनी कुछ ऐसी कर चलो तुम हंसो जग रोये ।।

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि पूजनीय माता जी श्रीमती राज कुमारी बेरी (धर्म पत्नी स्वर्गीय श्री देवराज बेरी) 23.5.91 दिन बीरवार को स्वर्ग सिधार गई हैं ।

रस्म पगड़ी 4 जून 1991 दिन मंगलवार को बाद दोपहर 2 बजे मंदिर श्री बाल माता दीनानगर जिला गुरदासपुर में होगी ।

शोकग्रस्त परिवार

भूपेंद्र बेरी, मुनीष इन्द्र बेरी, सतीश इन्द्र बेरी (सुपुत्र), राज कुमार मल्होत्रा, चरणजीत वर्मा, प्रेम विजेश्वर (दामाद) ।

पुनम जनरल स्टोर दीनानगर ।

हाईरल एक्सपोर्ट्स, D-542, कमला नगर,

पांचवीं बरसी

"बहुत सरल है राजनीति में, मित्र धनी बन जाना !
लेकिन सचमुच बहुत कठिन निर्धन ही रह पाना !!
नैतिकता के संकट में से गुजर रहा है देश !
अविश्वास का ऊपर से है, दुखदायी परिवेश !!"

'थॉट एट मिड नाईट' में व्यक्त
स्व. श्री मनमोहन कालिया के विचार

स्व. श्री मनमोहन कालिया की पांचवीं बरसी पर
गीता मन्दिर सैंट्रल टाऊन, जालन्धर में
आज रविवार को सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा ।

PunjabKesari.com

राजीव गांधी हमारे बीच नहीं हैं । भारत को अपने | की मेहमान है । प्रधानमंत्री और दूसरे मंत्री कुछ | असम को आज़ाद करवाने के नारे लगाए जा रहे हैं

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर मारा गया : मिलिटैंट के परिवार के 7 सदस्यों व 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 की हत्या

चंडीगढ़, 2 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों में गत रात्रि से एक मिलिटैंट के परिवार के सात सदस्यों व 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि सुरक्षा बलों ने आज खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनजिन्द्र सिंह उर्फ मन्ना को एक मुकाबले के दौरान मार गिराया । इसके अलावा 14 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर मारा गया : पटियाला (प.स., वि.प्र.): यहां से 35 किलोमीटर दूर मदनपुर जालेहरी गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों ने 5.30 बजे एक मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनजिन्दर सिंह उर्फ मन्ना को मार गिराया जबकि एक अन्य दुर्दांत मिलिटैंट गुरमीत सिंह मीता फरार होने में सफल हो गया ।

पता चला है कि चंडीगढ़ में हाल ही में भाजपा नेता विजय गुप्ता की हत्या में भी मनजिन्दर सिंह का हाथ बताया जाता है ।

पुलिस को सूचना मिलने पर एक दल ने गांव के बाहर बने फार्म हाऊस पर छापा मारा तथा चुनौती दिए जाने पर वहां मौजूद 2 मिलिटैंटों ने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की तथा परिणाम स्वरूप मन्ना मारा गया ।

इस मुकाबले में पुलिस कांस्टेबल हरमेश सिंह घायल हुआ है, मगर उसकी स्थिति खतरे से बाहर है । पुलिस को सन्देह है कि मन्ना पटियाला, रोपड़ व चंडीगढ़ में हुई कई हत्याओं में संलिप्त था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.के. शर्मा के अनुसार मन्ना वास्तव में सिख छात्र संघ का जिला जत्थेदार था तथा नच्छत्तर सिंह के नाम से खालिस्तान कमांडो फोर्स की पंजवड़ इकाई के एरिया कमांडर के रूप में काम कर रहा था । उसके कब्जे से एक विदेशी रिवाल्वर के अलावा साइनाइड की एक बोतल, एक नकली पहचान पत्र व सिख छात्र संघ का एक लैटर पैड भी बरामद हुआ है, जिसमें अम्बाला के रौशन लाल की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

5 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने नाकाबंदी करके तथा छापे मार कर 5 अन्य मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार इनकी पहचान मलकीयत सिंह, शेर सिंह, शेरा, सुरजीत सिंह उर्फ काकू व बलकार सिंह के रूप में हुई । इनके कब्जे से .38 व .32 बोर के दो विदेशी रिवाल्वर, 410 बोर की एक राइफल, 12 बोर की एक कट्टेवाली गन, बड़ी संख्या में विस्फोटक व 51,000 की नकदी भी बरामद हुई ।

सूत्रों के अनुसार तीनों सुरक्षा कर्मी गांव में दुकानें बंद कराने के बाद जब लौट रहे थे तभी मिलिटैंटों ने गांव से बाहर बस स्टाप के पास उन पर घात लगा कर हमला किया तथा उनकी हत्या कर दी ।

फिल्लौर से 'तरसेम' के अनुसार विशेष पुलिस अधिकारी अमोलक सिंह समराए का निवासी, होमगार्ड रवि कुमार गांव जैतेवाली थाना सदर जालंधर का रहने वाला तथा होमगार्ड सुशील कुमार गांव सिधम थाना बंगा का निवासी था । आज तीनों शवों का सिविल अस्पताल फिल्लौर में पोस्टमार्टम किया गया । पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने तीनों शवों को उनके गांवों में भेज दिया है जहां सरकारी सम्मान सहित उनकी अन्त्येष्टि की जाएगी ।

घटना इस प्रकार बताई जाती है कि तीनों जवानों पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर ए.के. 47 राइफल से हमला किया । यह तीनों जवान कुछ घायल हो गए मगर इसके बावजूद भी उन्होंने मिलिटैंटों का मुकाबला किया मगर इसके बाद के हमले को वे सह नहीं पाए तथा दम तोड़ गए । इसी गांव में कुछ अर्सा पहले भी मिलिटैंटों ने 6 लोगों की हत्या कर दी थी ।

प्रत्याशी के गनमैन से हथियार छीने : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि 9.30 बजे के लगभग यहां से करीब 20 कि.मी. दूर गांव मीनपुर में 14-15 मिलिटैंटों ने धूरी के निर्दलीय प्रत्याशी करनैल सिंह के गनमैन से 4 राइफलें व 200 कारतूस छीन लिए और फरार हो गए । मिलिटैंट एक ट्रक में आए थे तथा उसी में फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भाजपा राजीव की हत्या के बाद हुई हिंसा का मामला राज्यसभा में जोर-शोर से उठाएगी

नई दिल्ली, 2 जून : भारतीय जनता पार्टी श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद आंध्र प्रदेश और देश के कुछ अन्य भागों में हुई हिंसात्मक घटनाओं को राज्यसभा में पूरे जोर-शोर से उठाएगी ।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव जगदीश प्रसाद माथुर ने आज यहां एक बयान में कहा कि भाजपा के राज्यसभा के सदस्यों की एक बैठक कल सुबह होगी, जिसमें पार्टी अपनी रणनीति तैयार करेगी । श्री माथुर ने कहा कि तेलगू देशम के नेता श्री एन.टी. रामाराव ने हिंसा के लिए दोषी लोगों को सजा देने और इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से कराए जाने की मांग को लेकर जो अनशन किया है

जाएगा तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्भव हो सकेंगे ।

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटैलीजैंस (आई.एस.आई.) एजैंसी चुनावों के दौरान भारत में बड़े पैमाने पर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही है । हाल ही में भाजपा में शामिल हुए एक सेनाधिकारी कमांडर एस.डी. सिन्हा ने आज यहां एक बयान में आरोप लगाया कि चुनावों के प्रथम चरण में मेरठ, कानपुर और वाराणसी में जो दंगे हुए थे, उनमें पाकिस्तानी एजैंटों का हाथ था । उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि पाक एजैंट भारत में

Punjab Sarath

पा सकता है, भारत की एकता को अक्षुण्ण रख सकता है और इसे आगे ले जा सकता है । उन्होंने कहा कि राजीव गांधी हमारे बीच नहीं हैं । भारत को अपने

और चुनाव का काम छोड़ना पड़ेगा ।

श्री देवरस ने कहा कि केंद्रीय सरकार कुछ दिनों की मेहमान है । प्रधानमंत्री और दूसरे मंत्री कुछ

अराजकता फैला कर देश को तोड़ना चाहती है । पंजाब में खालिस्तान, कश्मीर, तमिलनाडु और असम को आज़ाद करवाने के नारे लगाए जा रहे हैं ।

ती वह प्रधानमंत्री बनती । अखबार ने श्री गांधी के परिवार के एक मित्र के हवाले से आगे लिखा है वह खुले दिमाग की तथा दृढ़ संकल्पों वाली है । उसमें विरासत का बोध है. । वह शर्मीली नहीं है । उसे अपनी भूमिका के बारे में ठीक-ठीक पता है और उसने अपने मन में अपनी भूमिका तय कर ली है ।

अखबार ने लिखा है कि कुछ भारतीय राजनीतिज्ञों और समीक्षकों का कहना है कि प्रियंका गांधी पर जो विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, वह दरअसल कांग्रेस की कल्पना है और प्रैस ने उसे हवा दी है ।

हिन्दुस्तान टाइम्स के सम्पादक एच.के. दुआ के हवाले से न्यूयार्क टाइम्स ने आगे लिखा है, "वंश तो समाप्त हो गया किन्तु कांग्रेस इस हकीकत को मानना नहीं चाहती है । अभी प्रियंका को छः वर्ष तक इंतजार करना होगा । लेकिन भारतीय राजनीति 6 महीने में बदल जाती है । देश के सामने कई नए नेता हैं जिनके बारे में उसे सोचना है।" अखबार के अनुसार कुछ भारतीय लोगों का कहना है कि सुश्री प्रियंका गांधी ने गत चुनाव में जिस तरह अपने पिता के साथ प्रचार अभियान में भाग लिया था, मुसद की बैठकों में जिस तरह वह भाग लेती रही है

मौका पर श्रीमती सोनिया विचलित नजर आए ।

अखबार ने लिखा है कि मां की तुलना में राजनीति है क्योंकि उसकी मां ने त ठुकरा दिया ।

अखबार ने मार्गरेट कि श्री राजीव गांधी ने एक अपनी मां के सभी गुण हैं मैंने उसे देखा है । उसने मेहनत की । उसने मे चुनी । उसने गृहमंत्रालय कई बार सम्पर्क का भी उम्र की लड़की के लिए है ।" श्रीमती इंदिरा गां पुराने सहयोगी श्री शारद इंदिरा गांधी कहती थीं कि गम्भीर लड़की है । श्री ग का भी कहना है कि प्रियंक उनके बारे में कहा जाता गांधी की तरह दिखती राजनीतिक भी है ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर मारा गया : मिलिटैंट के परिवार के 7 सदस्यों व 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 की हत्या

चंडीगढ़, 2 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों में गत रात्रि से एक मिलिटैंट के परिवार के सात सदस्यों व 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि सुरक्षा बलों ने आज खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनजिन्द्र सिंह उर्फ मन्ना को एक मुकाबले के दौरान मार गिराया । इसके अलावा 14 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर मारा गया : पटियाला (प.स., वि.प्र.): यहां से 35 किलोमीटर दूर मदनपुर जालेहरी गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा बलों ने 5.30 बजे एक मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनजिन्दर सिंह उर्फ मन्ना को मार गिराया जबकि एक अन्य दुर्दांत मिलिटैंट गुरमीत सिंह मीता फरार होने में सफल हो गया ।

पता चला है कि चंडीगढ़ में हाल ही में भाजपा नेता विजय गुप्ता की हत्या में भी मनजिन्दर सिंह का हाथ बताया जाता है ।

पुलिस को सूचना मिलने पर एक दल ने गांव के बाहर बने फार्म हाऊस पर छापा मारा तथा चुनौती दिए जाने पर वहां मौजूद 2 मिलिटैंटों ने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की तथा परिणाम स्वरूप मन्ना मारा गया ।

इस मुकाबले में पुलिस कांस्टेबल हरमेश सिंह घायल हुआ है, मगर उसकी स्थिति खतरे से बाहर है । पुलिस को सन्देह है कि मन्ना पटियाला, रोपड़ व चंडीगढ़ में हुई कई हत्याओं में संलिप्त था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार मन्ना वास्तव में सिख छात्र संघ का जिला जत्थेदार था तथा नच्छत्तर सिंह के नाम से खालिस्तान कमांडो फोर्स की पंजवड इकाई के एरिया कमांडर के रूप में काम कर रहा था । उसके कब्जे से एक विदेशी रिवाल्वर के अलावा साइनाइड की एक बोतल, एक नकली पहचान पत्र व सिख छात्र संघ का एक लैटर पैड भी बरामद हुआ है, जिसमें अम्बाला के रौशन लाल की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

5 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने नाकाबंदी करके तथा छापे मार कर 5 अन्य मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार इनकी पहचान मलकीयत सिंह, शेर सिंह, शेरा, सुरजीत सिंह उर्फ काकू व बलकार सिंह के रूप में हुई । इनके कब्जे से .38 व .32 बोर के दो विदेशी रिवाल्वर, 410 बोर की एक राइफल, 12 बोर की एक कट बैरल गन, बड़ी संख्या में विस्फोटक व 51,000 की नगदी भी बरामद हुई ।

सूत्रों के अनुसार तीनों सुरक्षा कर्मी गांव में दुकानें बंद कराने के बाद जब लौट रहे थे तभी मिलिटैंटों ने गांव से बाहर बस स्टाप के पास उन पर घात लगा कर हमला किया तथा उनकी हत्या कर दी ।

फिल्लौर से 'तरसेम' के अनुसार विशेष पुलिस अधिकारी अमोलक सिंह समराए का निवासी, होमगार्ड रवि कुमार गांव जैतेवाली थाना सदर जालंधर का रहने वाला तथा होमगार्ड सुशील कुमार गांव सिधम थाना बंगा का निवासी था । आज तीनों शवों का सिविल अस्पताल फिल्लौर में पोस्टमार्टम किया गया । पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने तीनों शवों को उनके गांवों में भेज दिया है जहां सरकारी सम्मान सहित उनकी अंत्येष्टि की जाएगी ।

पटना इस प्रकार बताई जाती है कि तीनों जवानों पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर ए.के. 47 राइफल से हमला किया । यह तीनों जवान कुछ घायल हो गए मगर इसके बावजूद भी उन्होंने मिलिटैंटों का मुकाबला किया मगर इसके बाद के हमले को वे सह नहीं पाए तथा दम तोड़ गए । इसी गांव में कुछ अर्सा पहले भी मिलिटैंटों ने 6 लोगों की हत्या कर दी थी ।

प्रत्याशी के गनमैन से हथियार छीने : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि 9.30 बजे के लगभग यहां से करीब 20 कि.मी. दूर गांव मीनपुर में 14-15 मिलिटैंटों ने धूरी के निर्दलीय प्रत्याशी करनैल सिंह के गनमैन से 4 राइफलें व 200 कारतूस छीन लिए और फरार हो गए । मिलिटैंट एक ट्रक में आए थे तथा उसी में फरार हो गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भाजपा राजीव की हत्या के बाद हुई हिंसा का मामला राज्यसभा में जोर-शोर से उठाएगी

नई दिल्ली, 2 जून : भारतीय जनता पार्टी श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद आंध्र प्रदेश और देश के कुछ अन्य भागों में हुई हिंसात्मक घटनाओं को राज्यसभा में पूरे जोर-शोर से उठाएगी ।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव जगदीश प्रसाद माथुर ने आज यहां एक बयान में कहा कि भाजपा के राज्यसभा के सदस्यों की एक बैठक कल सुबह होगी, जिसमें पार्टी अपनी रणनीति तैयार करेगी । श्री माथुर ने कहा कि तेलगु देशम के नेता श्री एन.टी. रामाराव ने हिंसा के लिए दोषी लोगों को सजा देने तथा इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से कराए जाने की मांग को लेकर जो अनशन किया है उससे भाजपा पूरी तरह सहमत है । उन्होंने कहा कि यह खेद की बात है कि आंध्र प्रदेश में हुई उन घटनाओं के बारे में कांग्रेस (इ) के नए अध्यक्ष पी.वी. सिम्हाराव ने निंदा का एक शब्द तक नहीं कहा है । वहां पचास करोड़ रुपयों से अधिक मूल्य की सम्पत्ति बर्बाद कर दी गई है । उन्होंने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश में कांग्रेस (इ) ने हिंसा कराई । स्वयं पुलिस का कहना है कि हिंसा फैलाने वाली भीड़ में कांग्रेस (इ) के दो विधायक उपस्थित थे ।

भारतीय जनता पार्टी ने यह आरोप लगाया है कि

जाएगा तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्भव हो सकेंगे ।

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटैलीजैंस (आई.एस.आई.) एजैंसी चुनावों के दौरान भारत में बड़े पैमाने पर अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही है । हाल ही में भाजपा में शामिल हुए एक सेनाधिकारी कमांडर एस.डी. सिन्हा ने आज यहां एक बयान में आरोप लगाया कि चुनावों के प्रथम चरण में मेरठ, कानपुर और वाराणसी में जो दंगे हुए थे, उनमें पाकिस्तानी एजैंटों का हाथ था । उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि पाक एजैंट भारत में तोड़फोड़ तथा राजनीतिक हत्याओं की कोशिश कर सकते हैं ।



यासर अराफात ने राजीव को एक उनकी हत्या के षड्यंत्र की जानकार

लंदन, 2 जून (प.स.): फिलिस्तीनी मुक्ति मोर्चे के नेता यासर अराफात ने श्री राजीव गांधी को उनकी हत्या के सम्बन्ध में रचे जा रहे एक षड्यंत्र के प्रति एक माह पूर्व ही सचेत कर दिया था ।

यहां 'सौम्यवर' समाचार पत्र ने प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर को उद्धृत करते हुए यह समाचार प्रकाशित किया है ।

इस समाचार पत्र के साथ एक भेंट वार्ता में श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि श्री अराफात जब श्री राजीव गांधी की मृत्यु पर सम्वेदना प्रकट करने के लिए भारत आए थे तब उन्होंने मुझे इस चेतावनी के बारे में बताया था ।

श्री चंद्र शेखर ने कहा कि वह अवसर ऐसा नहीं था जबकि श्री यासर अराफात से इस बारे में विस्तार से चर्चा की जाती लेकिन गुप्तचर एजैंसियों से कहा गया है कि वे श्री अराफात द्वारा दी गई सूचना की पड़ताल करें । प्रधानमंत्री ने इस समाचार पत्र को बताया कि अभी तक श्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में प्रमुख संदेह 'लिट्टे' पर ही है ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या इस हत्याकांड में पंजाब या कश्मीर के मिलिटैंटों की लिट्टे के साथ मिलीभगत की सम्भावना हो सकती है, तो श्री चंद्र शेखर ने कहा कि "मेरे विचार में इस प्रकार के

हत्याकांडों में शायद अप की शामिल नहीं करते हैं ऐसे मामलों में संलिप्त हो रहस्योद्घाटन की सम्भाव

श्री चंद्रशेखर ने कहा कुछ नहीं कह सकते पर हम इस बारे में भी स्पष्ट न किसी अन्य ने तो इस्तेमाल

राजीव हत्या स्थ ही स्मारक बन

श्रीपेरमपुदर, 2 जून प्रधानमंत्री राजीव गांधी की थी, वहां शीघ्र ही स्मारक ब (इ) के स्थानीय सूत्रों ने आज के लिए रामानुजर मंदिर की कोशिश की जा रही है । बेंगलूर राष्ट्रीय राजमार्ग से

श्री राजीव गांधी की श्रीपेरमपुदुर में विशेष धर्मो गई । श्री गांधी की जिस स वहां उनकी तस्वीर पर लोगों श्रद्धांजलि अर्पित की ।

विश्वास नहीं होता कि राजीव न

नई दिल्ली, 2 जून (प.स.): श्री राजीव गांधी राजनीति में कदम रखते हुए झिझकते जरूर थे मगर इस मैदान में आ जाने के बाद उन्हें कभी इस पर पछतावा नहीं हुआ ।

राजीव गांधी के बरसों पुराने दोस्त अमिताभ



कभी नाराज होते नहीं देख आदमी थे ही नहीं ।

यह पूछे जाने पर कि क्या राजनीति में आने पर अफसोस कहा, 'मुझे नहीं लगता ।' दो

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट का छलनी शव मिला : (प.स.): जिला फरीदकोट के गांव गोधेवाल में एक पुल के निकट से आज एक गंदे नाले में से नच्छत्तर सिंह नामक मिलिटैंट का शव मिला है । वह कई अपराधों में वांछित था ।

एक की हत्या, 2 घायल : भटिंडा जिले के झंडावाला गांव में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर छापा मार कर वहां काम कर रहे एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कल रात मजीठा पुलिस जिले के मकोवाल गांव में मिलिटैंटों ने प्रीतम सिंह और उसकी पुत्रवधू को गोली मार कर घायल कर दिया ।

9 मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार बरामद : जिला फिरोजपुर के गांव मल्लेवाला के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद पुलिस ने गुरमीत सिंह व मदन सिंह नामक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है । जिला लुधियाना से भी 5 मिलिटैंट काबू किए गए जबकि 2 मिलिटैंट जिला रोपड़ में से पकड़े गए ।

इनके कब्जे से 12 बोर की एक सी.एम. पिस्तौल, 4 एस.बी.बी.एल. बंदूकें, .45 बोर का एक रिवाल्वर, .32 बोर का एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल व बड़ी संख्या में कारतूस तथा अन्य विस्फोटक भी बरामद हुए ।

मिलिटैंट के परिवार के 7 सदस्यों की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि 7 बजे के लगभग थाना मेहता के अधीन खानपुर गांव में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के साथ सम्बन्धित एक मिलिटैंट जोगा सिंह के घर में घुस कर उसके पिता बचन सिंह, माता दर्शन कौर, बहन मदनजीत कौर, चाची राजिन्दर कौर, उसके पुत्र यादविन्दर सिंह व दो पुत्रियों राज और बेबी की हत्या कर दी ।

इस सम्बन्ध में संदेह है कि यह वारदात अजीत सिंह कोला नामक मिलिटैंट के संगठन ने की है । यह भी पता चला है कि कुछ समय पूर्व जोगा सिंह ने अपने साथियों के साथ करतारपुर के निहंग डेरा में कुछ व्यक्तियों की हत्या करके कुछ ट्रकों को आग लगा दी थी तथा इस वारदात का आरोप अजीत सिंह कोला के गुट पर लगा था । इसीलिए अब यही कहा जा रहा है कि संभवत: अजीत सिंह कोला के गुट ने बदला लेने की भावना से ही यह हत्याएं की हैं ।

हत्यारे सभी सोते हुए व्यक्तियों को मौत की नींद सुला गए । घटनास्थल से ए.के. 47 के बड़ी संख्या में चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं ।

'वार्ता' के अनुसार यह वारदात गुट संघर्ष का ही परिणाम थी ।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि जोगा सिंह खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था । पुलिस को इन हत्याओं के पीछे दशमेश रैजीमैंट के जनरल बलविन्दर सिंह शाहपुर के गिरोह का हाथ होने का संदेह है ।

प्रवक्ता के अनुसार जोगा सिंह ने आज से 5 माह पूर्व सत्तोवाल गांव में बलविन्दर सिंह शाहपुर के अत्यंत निकट साथी खजान सिंह के तीन सम्बन्धियों की हत्या कर दी थी ।

हथियार छीने : अजनाला थाना के अधीन गुज्जरपुरा गांव में वरियाम सिंह नामक व्यक्ति से कुछ मिलिटैंट 303 बोर की राइफल व कुछ कारतूस छीन कर ले गए हैं ।

3 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : जालंधर (प.स.): मिलिटैंटों के हमले में कल रात नूरमहल थाने के समराए गांव में तीन सुरक्षा कर्मी मारे गए ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो रवि कुमार और सुशील कुमार होमगार्ड के जवान थे जबकि एक अमोलक सिंह विशेष पुलिस अधिकारी है । सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंट सुरक्षा कर्मियों की तीन राइफलें भी लेकर भाग गए ।

दलबीर सिंह की अंत्येष्टि सम्पन्न : (प.स.): अकाली दल (ब) के दिवंगत विधानसभा प्रत्याशी दलबीर सिंह रानीके की आज पूर्ण धार्मिक रीति रिवाजों के साथ अंत्येष्टि कर दी गई । उनकी चिता को अग्नि उनके पुत्र ने दी । कल उनकी हत्या कर दी गई थी ।

इस अवसर पर शामिल वरिष्ठ अकाली नेताओं में दल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल, सुखजिन्दर सिंह, गुरदेव सिंह बादल, मंजीत सिंह तरनतारनी, मंजीत सिंह कुलकत्ता व कई इंका, भाजपा, जद तथा कम्युनिस्ट नेता भी उपस्थित थे ।



मिलिटैंटों के हमले में गत रात्रि नूरमहल थाना के गांव समराए में मारे गए तीन सुरक्षा कर्मियों के शव । (ऊपर) विशेष पुलिस अधिकारी अमोलक सिंह, (मध्य) पंजाब होम गार्ड का जवान रवि कुमार व (नीचे) एक अन्य जवान सुशील कुमार ।

(छाया : तरसेम लाल भटियारा)

राज्यसभा का दो दिवसीय सत्र आज से

नई दिल्ली, 2 जून (प.स.) पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की छाया में कल राज्यसभा का दो दिन का विशेष सत्र शुरू होगा । देश के संसदीय इतिहास में संभवत: यह पहला अवसर होगा,



सुपर
सबमर्सिबल
पंपसैट
हाजिर स्टॉक
सुपर पम्पस
प्रा. लि.
इन्डस्ट्रियल एरिया
गोविंदपुरा भोपाल
फोन 546970, 546759

फाइलों की चोरी होने की सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी कोठी नम्बर 12-ए, माडल टाऊन, पटियाला से दो फाइलें जिसमें यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया के सर्टिफिकेट तथा अगली तारीखों के पे-आर्डर थे एवं दूसरी फाईल में हरनाम कौर ट्रस्ट से संबंधित दस्तावेज जिनमें पास किए निर्णय (प्रस्ताव) तथा संबंधित कागज आदि थे चोरी हो गए हैं ।

इसके संबंध में सूचना देने वाले को एक हजार रुपए इनाम दिया जाएगा ।

—Bhushan Sirhindi

अमर सिंह

दी सुखजीत स्टार्च एंड कैमिकल्स लि., फगवाड़ा

31.3.1991 को समाप्त हुई 6 मास की अवधि के लिए लेखा-अपरीक्षित वित्तीय परिणाम

Punjabi Sanskrit

पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा की हत्या

खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल दिलशेर सिंह उर्फ़ शेरा पर हत्या का संदेह : अमृतसर में आज बंद

अन्यत्र एक ही परिवार के 9 सदस्यों सहित 14 व्यक्ति मारे गए, मांगट के संबंधी सहित 3का अपहरण

राज्य में एक निर्दलीय प्रत्याशी और 6 मिलिटैंट गिरफ्तार, 6 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 3 जून : पंजाब में आज मिलिटैंटों ने राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण मेहरा की हत्या कर दी। हत्या उनका कार चालक भी इस घटना में मारा गया, जबकि राज्य में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों में गत रात्रि से अन्यत्र एक ही परिवार के 9 संबंधियों सहित 14 अन्य व्यक्तियों की जीवनलीला भी समाप्त हो गई । इसके अलावा एक निर्दलीय प्रत्याशी व 6 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 6 अन्य मिलिटैंट मारे भी गए । अन्य घटनाओं में पंजाब पुलिस के सहायक निदेशक के एक संबंधी व एक जमींदार सहित मिलिटैंटों ने 3 व्यक्तियों का अपहरण भी कर लिया है ।

विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण मेहरा की हत्या : अमृतसर (अशोक, सोनी) : आज प्रातः 11.30 बजे जिला की बाहरी सड़क बटाला मार्ग पर एक मारुति कार में सवार तीन मिलिटैंटों ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व इंका के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व विधायक श्री बृज भूषण मेहरा की गोलियां मार कर हत्या कर दी है । मिलिटैंटों द्वारा ए.के. 47 राइफलों से की गई अंधाधुंध फायरिंग में श्री मेहरा की कार का चालक भी मारा गया जबकि उनका सरकारी गनमैन बुरी तरह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

घटना के सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार श्री बृज भूषण मेहरा आज प्रातः बटाला मार्ग पर स्थित अपनी फैक्टरी को जा रहे थे कि हरे रंग की एक मारुति कार ने श्री मेहरा की कार का पीछा करना शुरू कर दिया तथा पीछे से ही अंधाधुंध फायरिंग की जिससे श्री मेहरा की फिएट कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गोलियां उनके सिर एवं कंधे के नीचे वाले भाग में धंस गईं । कुछ गोलियां उनके सरकारी गनमैन को भी लगीं हैं । इस दौरान उनकी कार का चालक प्रेम पाल सिंह भी अंधाधुंध फायरिंग से बच नहीं सका और दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि बुरी तरह घायल गनमैन पाल सिंह को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है । उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है ।

इस घटना के सम्बन्ध में विवरण देते हुए एस.एस.पी. संजीव गुप्ता ने बताया कि श्री मेहरा की कार का पीछा मिलिटैंटों की हरे रंग की मारुति उनके घर से ही करती आ रही थी और जब उनकी कार बटाला मार्ग पर थोड़ा आगे निकली तो मारुति में सवार मिलिटैंटों ने श्री मेहरा की कार पर पीछे से जबरदस्त फायरिंग की और इस वारदात के बाद वे बटाला मार्ग पर वेरका की ओर भाग निकले ।

श्री गुप्ता के अनुसार गोलियों की आवाजें सुन कर बटाला मार्ग बाईपास के निकट तैनात सी.आर.पी.एफ. की नाका चौकी चौकन्नी हो गई तथा जब इन मिलिटैंटों की कार नाका चौकी के निकट पहुंची तो उन्होंने जवानों को सतर्क देख कर अपनी कार वापस मोड़ ली ।

उन्होंने बताया कि संदेह होने पर सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने जब घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति के बारे में पता किया तो उन्होंने एक मारुति वैन लेकर उसी समय मिलिटैंटों की कार का पीछा करना चाहा मगर तब तक मिलिटैंटों की कार काफी दूर तक निकल चुकी थी ।

श्री गुप्ता के अनुसार घटनास्थल से प्राप्त विवरणों के आधार पर पुलिस ने हत्यारे गिरोह के बारे में जानकारी ले ली है तथा पुलिस दल उनके संभावित ठिकानों पर छापे मारने के लिए रवाना भी हो गए हैं ।



पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बृज भूषण मेहरा का (1) कपड़े से ढका शव तथा (इनसैट) उनका पुराना चित्र, (2) उनके कार चालक प्रेमपाल सिंह का शव, (3) बटाला मार्ग जहां श्री मेहरा पर हमला किया गया, (4) उनकी कार, जिसमें वह अपने सुरक्षा गार्ड सहित बैठे थे तथा (5) श्री मेहरा के शोकसप्त निकट संबंधी । श्री मेहरा का चेहरा गोलियों से क्षत-विक्षत होने के कारण उसे नंगा नहीं करने दिया गया । (छाया : रवि भंडारी)

'नारंग' के अनुसार बताया जाता है कि श्री मेहरा अपने आवास, जो कि माल रोड पर एस.एस.पी. की कोठी के साथ ही संलग्न है, से अपनी कार में सवार होकर जा रहे थे कि मुस्तफाबाद बिजली घर के निकट कार में सवार मिलिटैंटों ने श्री मेहरा की कार पर गोलियां चलाईं जिससे श्री मेहरा की कार रुक गई । इस पर मिलिटैंट, जिनकी संख्या छः थी, अपनी कार से नीचे उतरे और श्री मेहरा व उनकी कार में सवार उनके अंगरक्षक व कार चालक पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके भाग गए ।

अंत्येष्टि आज, शोक-स्वरूप हड़ताल का फैसला : कपूर' के अनुसार समाज के प्रत्येक वर्ग ने श्री मेहरा की हत्या की निंदा की है ।

कल 4 जून को सायं 5 बजे श्री दुर्याणा श्मशानघाट पर स्व. श्री मेहरा का अंतिम संस्कार किया जाएगा । इस दौरान उनकी पत्नी श्रीमती कमलेश मेहरा, पुत्र राजीव तथा पुत्रियां कंचन, दीपा, अदिति शामिल हैं । श्री मेहरा के सभी बच्चे विवाहित हैं ।

हत्या की निंदा : चंडीगढ़ (वि.प्र.) : पंजाब भाकपा की राज्य परिषद के सदस्य डा. जोगिंदर दयाल ने श्री मेहरा की हत्या की निंदा की है । उन्होंने कहा है कि वरिष्ठ इंका नेता व पूर्व स्पीकर की सिर-फिरोहे हत्या कर दिए जाने से उन लोगों की आंखें खुल जानी चाहिएं, जो राज्य में स्थिति सुधरने के दावे कर रहे हैं । डा. दयाल ने कहा कि क्या केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय अब थोड़ी देर के लिए सोचेंगे कि "क्या स्थिति चुनाव कराने के अनुकूल है ?" उन्होंने भी श्री मेहरा के परिवार से संवेदना व्यक्त की है ।

निहंग के 9 सम्बन्धियों की हत्या : अमृतसर (नारंग) : गत रात मिलिटैंटों ने गांव जोधे करतारपुर में निहंगों के डेरे पर रहने वाले एक निहंग जोगा सिंह के 9 सम्बन्धियों को दो विभिन्न स्थानों पर हत्या कर दी ।

इस निहंग की दो बहनें मनजीत कौर व कंतो पुलिस थाना ब्यास के गांव जमालपुर में विवाहित थीं । मिलिटैंटों ने रात 11 बजे के करीब गांव जमालपुर में मनजीत कौर, कंतो, मनजीत कौर के पति महेंद्र सिंह, सास सुरजीत कौर व ससुर दलीप सिंह की हत्या कर दी । बाद में मिलिटैंट निहंगों के गांव जोधे राए और वहां पर निहंग जोगा सिंह के भाई स्वर्ण सिंह, मां प्रीतम कौर, बहनों प्रसन्नी व हरबंस कौर को मार डाला ।

गांव जोधे में घटनास्थल से खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के प्रमुख जोगा सिंह, जो बी.टी.एफ. से भी सम्बद्ध है, के हस्ताक्षर से युक्त एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि निहंग जोगा सिंह ने मेरे परिवार के सात सदस्यों की हत्या कराई थी, उसका बदला मैंने ले लिया है ।

मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : गत रात गांव लोहारावाली में एक व्यक्ति प्यारा सिंह को गांव के तीन व्यक्तियों कर सिंह, संतोख सिंह व किशन सिंह ने पीट-पीट क मार डाला । बताया जाता है कि प्यारा सिंह मिलिटैंट थी ।

मिलिटैंट काबू, हथियार बरामद : गत रात नाकाबंदी के दौरान अजनाला पुलिस ने रंरेन्दर सिंह नामक एक मिलिटैंट को काबू करके उसा कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल व कुछ कारतूस रामद किए हैं ।

रानीके के हत्यारे सहित 2 मिलिटैंट मारे गए : वि.प्र. के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन सिंह जफरवाल गुट) का लैफ्टीनैंट जनरल सुरजीत सिंह निवासी वीरम तथा उसका एक अन्य साथी जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हसकी, आज प्रातः तरनतारन के थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाला के निकट सुरक्षा बलों के रूब हुए मुकाबले में मारे गए । उनके कब्जे से एवए.के. 47 राइफल व एक माऊजर रिवाल्वर बराद हुई है ।

पुलिस के अनुसार आज प्रातः 8 बजे के लगभग डी.एस.पी. भिखीविंड परमजीत सिंह गांव सुरसिंहवाला में तलाशी अभियान का नेतृत्वकर रहे थे कि गांव के बाहर एक फार्म हाऊस के अंदर से सुरक्षा बलों पर फायरिंग हुई । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से फार्म हाऊस के अंदर छिपे हुए दोनों मिलिटैंट मारे गए । बाद में इनमें से एक की शिनाख्त सुरजीत सिंह के रूप में हुई । यह मिलिटैंट बलविंद्र बिंदा निवासी रामगोबो आ का निकट हयोगी बताया जाता है ।

पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट सुरजीत सिंह के सिर पर पांच लाख रुपए कईनाम घोषित था तथा उसने गत एक जन को गांव सेवाल के निकट अकाली दल (ब) के प्रत्याशी दलबीर सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में एक सैनिक, एक उग्रवादी, 3 सुरक्षा कर्मचारी मारे गए

श्रीनगर, 3 जून (प.स., वार्ता): सेना के एक जवान सहित चार सुरक्षा कर्मी और एक उग्रवादी कल रात से अब तक कश्मीर घाटी में मारे गए, जबकि 3 लोग घायल हो गए । जम्मू-कश्मीर बैंक की पम्पोर शाखा के अपहृत प्रबन्धक और कैशियर को आज यहां सुरक्षा कर्मियों ने अलगाववादियों के चंगुल से मुक्त करा लिया ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पर्यटक स्थल श्रीनगर में आज एक बारूदी सुरंग फटने से पुलिस को गम्भीर अवस्था में सौरा अस्पताल में भर्ती कृा दिया गया है ।

सूत्रों के अनुसार सुरंग के विस्फोट स्थल से पहले ही पायलट जीप के पीछे चल रहे सात-आठ वाहनों के रुक जाने से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई । पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी गई ।

अलगाववादियों ने कल शाम श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर पम्पोर के निकट सेना के जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो जवान बी.टी.बी.पी. के सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराए गए थे । उनके पास 3 गनमैन थे । इनमें से एक छुट्टी पर था और दूसरा उनके साथ बैठा था ।

भारतीय लोकतंत्र किसी भी प्रकार के संकट से निपट सकता है : चंद्रशेखर

नई दिल्ली, 3 जून (प.स.): प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र काफी परिपक्व और मजबूत हो चुका है तथा वह किसी भी प्रकार के संकट से निपट सकता है । श्री चन्द्रशेखर ने दो बंगला देशी पत्रकारों बंगला देश सम्वाद समिति के ए.एस.एम. हबीबुल्लाह और दैनिक इत्तेफाक के हसन शहरयार को दी भेंट में उक्त बात कही ।

उन्होंने कहा कि देश के सामने कई 'जटिल चुनाव के बाद नई सरकार देश की समस्याओं को नए सिरे से देखकर उनके समाधान की कोशिश करेगी । उन्होंने कहा कि देश श्री राजीव गांधी की हत्या के सदमे से उबर गया है । आर्थिक समस्याओं पर उन्होंने कहा कि गरीबी सिर्फ विदेशी ऋद से समाप्त नहीं की जा सकती । राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने में अपने संसाधनों के सही इस्तेमाल और आत्म निर्भरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ।

Punjabi Sanath

...के सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार श्री ... मेहरा आज प्रातः बटाला मार्ग पर स्थित ... फैक्टरी को जा रहे थे कि हरे रंग की एक ... कार ने श्री मेहरा की कार का पीछा करना ... दिया तथा पीछे से ही अंधाधुंध फायरिंग की ... श्री मेहरा की फिएट कार का पिछला हिस्सा ... चकनाचूर हो गया और गोलियां उनके ... कंधे से नीचे वाले भाग में धंस गईं। कुछ ... पहुंच कर स्थिति के बारे में पता किया तो उन्होंने एक मारुति वैन लेकर उसी समय मिलिटैंटों की कार का पीछा करना चाहा मगर तब तक मिलिटैंटों की कार काफी दूर तक निकल चुकी थी।

श्री गुप्ता के अनुसार घटनास्थल से प्राप्त विवरणों के आधार पर पुलिस ने हत्यारे गिरोह के बारे में जानकारी ले ली है तथा पुलिस दल उनके संभावित ठिकानों पर छापे मारने के लिए रवाना भी हो गए हैं।







पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बृज भूषण मेहरा का (1) कपड़े से ढका शव तथा (इनसैट) उनका पुराना चित्र, (2) उनके कार चालक प्रेमपाल सिंह का शव, (3) बटाला मार्ग जहां श्री मेहरा पर हमला किया गया, (4) उनकी कार, जिसमें वह अपने सुरक्षा गार्ड सहित बैठे थे तथा (5) श्री मेहरा के शोकग्रस्त निकट संबंधी। श्री मेहरा का चेहरा गोलियों से क्षत-विक्षत होने के कारण उसे नंगा नहीं करने दिया गया। (छाया : रवि भंडारी)

'नारंग' के अनुसार बताया जाता है कि श्री मेहरा अपने आवास, जो कि माल रोड पर एस.एस.पी. की कोठी के साथ ही संलग्न है, से अपनी कार में सवार होकर जा रहे थे कि मुस्तफाबाद बिजली घर के निकट कार में सवार मिलिटैंटों ने श्री मेहरा की कार पर गोलियां चलाईं जिससे श्री मेहरा की कार रुक गई। इस पर मिलिटैंट, जिनकी संख्या छः थी, अपनी कार से नीचे उतरे और श्री मेहरा व उनकी कार में सवार उनके अंगरक्षक व कार चालक पर स्टेनगनों से तीन ब्रस्ट मारे। श्री मेहरा का चेहरा बिल्कुल विकृत हो गया।

उल्लेखनीय है कि श्री मेहरा की कोठी से आधी फर्लांग पर ही सी.आर.पी. का स्थायी नाका है व उससे आगे एक फर्लांग पर विजय नगर पुलिस स्टेशन भी है। इस सारे रास्ते पर अक्सर सुरक्षा बलों की मोबाइल गाड़ियां घूमती रहती हैं तथा वैसे भी यहां ट्रैफिक काफी रहता है।

श्री मेहरा की हत्या के बाद सुरक्षा बलों ने शहर को सील कर दिया है तथा दुकानें बंद हो गईं। स्कूलों में भी छुट्टी की घोषणा कर दी गई।

'प.स.' के अनुसार समीप के मजीठा पुलिस जिले में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है।

श्री संजीव गुप्ता एस.एस.पी. ने दावा किया है कि श्री मेहरा की हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ गुट के लैफ्टिनैंट जनरल भाई दिलशेर सिंह उर्फ शेरा ने की है। अब इस गुट के संभावित ठिकानों पर लगातार छापे मारे जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार श्री मेहरा को आई.टी.बी.पी. के सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराए गए थे। उनके पास 3 गनमैन थे। इनमें से एक छुट्टी पर था और दूसरा उनके साथ बैठा था।

अंत्येष्टि आज, शोक-स्वरूप हड़ताल का फैसला : 'कपूर' के अनुसार समाज के प्रत्येक वर्ग ने श्री मेहरा की हत्या की निंदा की है।

कल 4 जून को सायं 5 बजे श्री दुर्ग्याणा श्मशानघाट पर स्व. श्री मेहरा का अंतिम संस्कार किया जाएगा, जबकि शव यात्रा 4 बजे माल रोड स्थित उनके निवास से शुरू होगी।

जिला के विभिन्न राजनीतिक दलों व गण्यमान्य नागरिकों ने आज एक संयुक्त अपील में कहा है कि श्री मेहरा की हत्या के शोक-स्वरूप कल मंगलवार को अमृतसर में पूर्ण हड़ताल की जाएगी व बंद रखा जाएगा।

संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री बृज भूषण मेहरा का जन्म 19 मार्च, 1925 को अमृतसर के एक सम्पन्न व्यापारी परिवार में हुआ। उन्होंने स्थानीय हिन्दू कालेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की तथा 1953 में पहली बार नगर पालिका के सदस्य बने और 14 वर्ष तक इसी पद पर रहे। वह 1959 में पालिका के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी चुने गए थे। वर्ष 1980 में वह अमृतसर शहरी हल्का उत्तरी से पंजाब विधानसभा के सदस्य चुने गए थे तथा दरबारा सिंह मंत्रिमंडल के दौरान विधानसभा के अध्यक्ष बने। वर्ष 1985 में वह इसी क्षेत्र से पुनः विधायक चुने गए। उन्होंने कई बार विदेश यात्रा भी की थी।

स्व. श्री मेहरा के परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती करुणा मेहरा, पुत्र राजीव तथा पुत्रियां कंचन, दीपा, अदिति शामिल हैं। श्री मेहरा के सभी बच्चे विवाहित हैं।

हत्या की निंदा : चंडीगढ़ (वि.प्र.): पंजाब प्रदेश के इंका प्रधान श्री बेअन्त सिंह, महासचिव श्री सेवा राम अरोड़ा तथा पार्टी के पूर्व प्रधान श्री संतोख सिंह रंधावा ने श्री मेहरा की हत्या की भर्त्सना करते हुए कहा कि इससे यह सिद्ध हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि दोषियों को तुरन्त पकड़ा जाए। इन नेताओं ने श्री मेहरा के परिवार से संवेदना भी व्यक्त की है।

मिन्हास द्वारा शोक व्यक्त : पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह मिन्हास ने भी श्री बृज भूषण मेहरा की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें एक समर्पित व योग्य राजनीतिज्ञ करार दिया। उन्होंने श्री मेहरा के परिवार से भी सहानुभूति व्यक्त की।

अमृतसर (नारंग): भाजपा के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश, पंजाब भाजपा के नेता श्री बलराम जी दास टंडन तथा श्री सतपाल महाजन ने भी श्री मेहरा की हत्या की भर्त्सना की है।

वि.प्र. के अनुसार नगर में श्री मेहरा की हत्या किए जाने का समाचार फैलते ही शोक व्याप्त हो गया तथा बड़ी संख्या में नागरिक व राजनीतिक दलों के नेता, व्यापारी, व्यापारिक संगठनों के नेता श्री मेहरा की माल रोड स्थित कोठी पर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

श्री बृज भूषण मेहरा की हत्या के शोक में इंका समिति के प्रधान प्रताप चंद भंडारी, स्थानीय भाजपा दल के प्रधान हीरानंद स्वामी व महासचिव हरीश तनेजा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला व प्रचार मंत्री प्रो. लक्ष्मी कांता चावला, पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के महासचिव अमृत लाल जैन व प्रचार मंत्री हरबंस लाल गुप्ता, एस.के. बधवा तथा आर.डी. कपूर नायब सदर अमृतसर व्यापार मंडल ने एक संयुक्त बयान में कल 4 जून को तमाम व्यापारियों व दुकानदारों से पूर्ण बंद रखने तथा हड़ताल करने की अपील की है।

अमृतसर की लगभग सभी ब्लॉक इंका समितियों ने श्री मेहरा की हत्या पर शोक-सभाएं आयोजित की हैं। ब्लाक इंका समिति गोल बाग के प्रधान धर्मवीर व राजेश भनोट ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने जब से पंजाब में चुनाव कराने की घोषणा की है तब से ही पंजाब में हत्याओं का सिलसिला तेज हो गया है।

श्री मेहरा की हत्या की निंदा करने वालों एवं शोक संदेश भेजने वालों में ब्लाक इंका समिति गोपाल नगर के जगदीश शर्मा व शांति समिति किला बंगियां अमृतसर के उपप्रधान फूल चंद गांधी के नाम भी उल्लेखनीय हैं।



कश्मीर घाटी में एक सैनिक, एक उग्रवादी, 3 सुरक्षा कर्मचारी मारे गए

श्रीनगर, 3 जून (प.स., वार्ता): सेना के एक ... सहित चार सुरक्षा कर्मी और एक उग्रवादी ... तक कश्मीर घाटी में मारे गए, ... 3 लोग घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर बैंक ... शाखा के अपहृत प्रबन्धक और कैशियर ... यहां सुरक्षा कर्मियों ने अलगाववादियों के ... मुक्त करा लिया।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पर्यटक स्थल ... में आज एक बारूदी सुरंग फटने से पुलिस ... जवान मारे गए। ये जवान जब अपने वाहन ... रहे थे, तब पशु फार्म के निकट यह विस्फोट ... घटना में दो जवान घायल हो गए। घायलों को गम्भीर अवस्था में सौरा अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार सुरंग के विस्फोट स्थल से पहले ही पायलट जीप के पीछे चल रहे सात-आठ वाहनों के रुक जाने से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी गई।

अलगाववादियों ने कल शाम श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर पम्पोर के निकट सेना के जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें दो जवान घायल हो गए। बाद में एक घायल जवान की मृत्यु हो गई। दूसरे जवान की हालत गम्भीर है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



... भाजपा नेता श्री लाल कृष्ण अडवानी ने भिवंडी में एक रैली को सम्बोधित किया। ... में भाग लेने के लिए आने वाले लोगों की मैटल डिटैक्टर से जांच की गई तथा उनकी तलाशी ली गई।

पंजाब की स्थिति पर उच्चस्तरीय बैठक में विचार : 5 सीटों के चुनाव का फैसला नई सरकार करेगी

चंडीगढ़, 3 जून (वि.प्र.): ज्ञात हुआ है कि पंजाब ... जन. (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा ने आज ... सिविल उच्चाधिकारियों के साथ एक ... राज्य में चुनाव प्रत्याशियों को सुरक्षा देने ... पर विचार किया व ताजा राजनीतिक ... लिया।

... सूत्रों के अनुसार बैठक में इस बात पर ... की गई कि मिलिटैंट आए दिन किसी ... या अन्य प्रमुख व्यक्ति की हत्या कर रहे ... सम्बन्ध में पंजाब विधानसभा के पूर्व ... भूषण मेहरा तथा अटारी विधानसभा ... दल (ब) के प्रत्याशी श्री दलबीर सिंह ... कुछ दिनों तक पहुंच जाएंगी।

पता चला है कि केंद्रीय गृह सचिव श्री आर.के. भार्गव ने पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक 5 जून को नई दिल्ली में बुलाई है। सम्भवतः इस बैठक में भी चुनाव प्रत्याशियों को सुरक्षा देने के मामले पर विचार किया जाएगा।

फैसला नई सरकार करेगी : इस बीच राज्य प्रशासन ने विधानसभा की पांच सीटों मालेरकोटला, मुक्तसर, सुनाम, किला रायपुर तथा अटारी का नया चुनाव कार्यक्रम बनाने का मामला राज्य की नई चयनित होने वाली सरकार पर छोड़ देने का फैसला किया है। चुनाव प्रत्याशियों की मौत के

हमें राजीव के अधूरे काम को पूरा करना है : नरसिम्हाराव

नई दिल्ली, 3 जून (प.स.): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष पी.वी. नरसिम्हाराव ने पार्टी सांसदों से श्री राजीव गांधी के अधूरे काम को पूरा करने का आह्वान किया है।

आज यहां कांग्रेस (इ) दल को सम्बोधित करते हुए श्री राव ने कहा कि 'हमें सोचना है कि श्री राजीव गांधी जैसे मजबूत व्यक्ति की अनुपस्थिति में हम जैसे लोग इस देश, पार्टी और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए क्या कर सकते हैं। यह काम मुश्किल जरूर है क्योंकि वर्तमान हालात की हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी।" श्री राव ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमें इस तरह श्री गांधी की अनुपस्थिति में बैठ कर काम

ग्रीष्मकालीन अवकाश 5 जून से ही होगा

चंडीगढ़, 3 जून (वि.प्र.): पंजाब के शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 5 जून से 8 जुलाई तक ही होगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि इन छुट्टियों का समय बदलने बारे समाचार निराधार हैं। प्रवक्ता के अनुसार तदर्थ अध्यापकों के लिए इन छुट्टियों में वही नियम रहेंगे जो गत वर्ष थे।

भारतीय जांच दल को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला

भारतीय लोकतंत्र किसी भी प्रकार के संकट से निपट सकता है : चंद्रशेखर

नई दिल्ली, 3 जून (प.स.): प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र काफी परिपक्व और मजबूत हो चुका है तथा वह किसी भी प्रकार के संकट से निपट सकता है। श्री चन्द्रशेखर ने दो बंगला देशी पत्रकारों बंगला देश सम्वाद समिति के ए.एस.एम. हबीबुल्लाह और दैनिक 'इत्तफाक' के हसन शहरयार को दी भेंट में उक्त बात कही।

उन्होंने कहा कि देश के सामने कई 'जटिल समस्याएं' हैं लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थानों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद नई सरकार देश की समस्याओं व नए सिरे से देखकर उनके समाधान की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि देश श्री राजीव गांधी की हत्या के सदमे से उबर गया है। आर्थिक समस्याओं पर उन्होंने कहा कि गरीबी सिर्फ विदेशी मदद से समाप्त नहीं की जा सकती। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने में अपने संसाधनों के सही इस्तेमाल और आत्म निर्भरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्री शेखर ने गरीबी की समस्या से निपटने के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



प्रधानमंत्री चंद्रशेखर राज्यसभा के दो दिवसीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली के संसद भवन में पहुंचते हुए। (छाया : ट्रा.)

मान के बयानों में गंभीरता नहीं, चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे : सहाय

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): केंद्रीय गृहराज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा है कि अकाली दल नेता सिमरनजीत सिंह मान द्वारा आजादी या पाकिस्तान से लगी सीमाएं खोलने का आह्वान किए जाने से सरकार अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगी और पंजाब में चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे।

श्री सुबोध कांत ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि गड़बड़ी से ग्रस्त राज्य की जनता इस संदर्भ में श्री मान तथा उनके अनुयायियों की बातों को आशय वही है जो वह कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न मिलिटैंट गिरोहों के कई उम्मीदारों के चुनाव मैदान में आ जाने से पंजाब में लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रही ताकतें पूरी तरह अलग-थलग पड़ गई हैं।

हाल ही में राज्य का दौरा कर लौटे श्री सुबोध कांत ने कहा कि अमृतसर, लुधियाना तथा जालंधर में स्थानीय निकायों के चुनावों के सफल संचलन से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की प्रशासन की क्षमता के बारे में लोगों को भरोसा हुआ है। हिंसा

Punjab Sanjay

बृज भूषण मेहरा की हत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

रानीके की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

अपहृत व्यक्ति छुड़ाया : 'नारंग' के अनुसार मिलिटैंट सरजीत सिंह और बलविन्द्र बिन्दा जिस कमरे में छिपे हुए थे, उसके निकट के एक कमरे में किशन कुमार सुपुत्र बिहारी लाल भी मौजूद था, जिसके हाथ बंधे हुए थे । मिलिटैंटों ने किशन कुमार का कुछ दिन पूर्व अपहरण किया था । पुलिस ने किशन कुमार को छुड़वा लिया ।

चल्लूधारा सप्ताह शुरू : आज से ही आप्रेशन ब्ल्यू स्टार की बरसी मनाने के लिए मिलिटैंटों के आह्वान पर चल्लूधारा सप्ताह (विरोध सप्ताह) शुरू हुआ है ।

मिलिटैंट की लाश मिली : मजीठा पुलिस ने लोपोके के निकट गंदे नाले से एक मिलिटैंट की गोलियों से छलनी लाश बरामद की है । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

10 मारुति कारें छिनीं : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार गत एक सप्ताह में अमृतसर की रेस कोर्स रोड, बसंत एवेन्यू और शास्त्री नगर से 10 मारुति कारें मिलिटैंटों ने पिस्तौलों की नोक पर छीन लीं । यह जानकारी कांग्रेस (इ) के एक बयोवृद्ध नेता ने दी, जिन्होंने अपना नाम प्रकट न करने को कहा । उनके अनुसार उनकी अपनी मारुति कार कल रात्रि 8.30 बजे उनकी कोठी में दो मिलिटैंटों ने बलात् घुस कर पिस्तौल की नोक पर छीन ली थी ।

2650 रु. लूटे : आज लगभग 3 बजे झब्बाल क्षेत्र के गांव कोट धर्मचंद में 3 मिलिटैंटों ने एक सहकारी समिति के सेल्जमैन गुरदयाल सिंह से 2650 रु. छीन लिए तथा चपरासी दविन्दर को स्टोर में बंद कर गए । वे जाते समय वहां से 3 साइकिल भी ले गए ।

मांगट के सम्बन्धी सहित 2 का अपहरण : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा): समराला में शराब के एक ठेकेदार अमरीक सिंह के पुत्र हरदीप सिंह का अपहरण कर लिया गया है । बताया जाता है कि पांच-छः मिलिटैंट कार में आए और लड़के को उठा कर ले गए । थाना सदर खन्ना के गांव नोलावा में भी 9वीं कक्षा के एक छात्र गुरेन्द्र सिंह को 4-5 मिलिटैंट लाल रंग की कार में डाल कर उसका अपहरण करके ले गए हैं । उसके पिता का नाम मोहन सिंह है और वह गांव का सरपंच है । यह व्यक्ति पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट का सम्बन्धी बताया जाता है । उच्च पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

महिला की हत्या : जालंधर (न.न.ए.): गत रात थाना सदर के गांव रंधावा स्थित 32 वर्षीया एक महिला नछत्तरो की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

इस सम्बन्ध में मृतका के बाप ने बताया कि रात के 9 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति आए और बंदूक से उसकी बेटी नछत्तरो के माथे पर गोली मारी, जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गई । दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि यह हत्या ज़मीन के झगड़े के मामले को लेकर की गई है । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश वारिसों को सौंप दी ।

जमींदार का अपहरण : नवांशहर (शर्मा): यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव लोहाडा के प्रभावशाली जमींदार दयाल सिंह उर्फ़ सेठ साहब का रात एक बजे कुछ मिलिटैंटों ने उसके घर से अपहरण कर लिया और अपनी वैन में डाल कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए । बताया जाता है कि मिलिटैंट जाती बार घर के टैलीफोन के तार भी काट गए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । दयाल सिंह आंध्र प्रदेश में ट्रांसपोर्टर बताया जाता है ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : खन्ना (शर्मा): थाना सदर खन्ना की पुलिस पार्टी, जिसका नेतृत्व डी.एस.पी. श्री उमरानंगल कर रहे थे, ने यहां से 4 मील दूर गांव दहेड़ू के ईंटों के भट्ठे में छिपे 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है । उनके नाम हैं—शेर सिंह गांव ओजलादर थाना समराला (यह एरिया कमांडर था), गुरदीप सिंह ठीकरीवाल थाना खमानो-गुरचरण सिंह गांव मंडी थाना सदर खन्ना, हरदीप सिंह गांव सपरा थाना डेहसवा और मुख्त्यार सिंह गांव सिद्धवां थाना चमकौर साहब । उनके कब्जे से 2 राइफलें 315 बोर और 12 बोर के 2 पिस्तौल बरामद हुए हैं । उन्होंने गांव सलाना के बैंक में डाका डालने की बात को स्वीकार किया है ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिले के ढेर गांव के पास आज तड़के एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की गोली से एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है । घटना का विस्तृत ब्यौरा भी अभी तक नहीं मिला है ।

2 की हत्या : (प.स.): मिलिटैंटों ने संगरूर जिले के बरनाला थाने के वाजिदे के गांव में मनोहर लाल की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि मजीठा के निकट भी एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार कुछ मिलिटैंटों ने धुरी विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार करनैल सिंह से सम्बद्ध चार विशेष पुलिस अधिकारियों से चार 303 राइफलें और 200 कारतूस छीन लिए । उम्मीदवार के इस घटना में शरीक होने के कारण उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

मिलिटैंट मारा गया : संगरूर (गर्ग): गत रात 11 बजे के करीब यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव कोलसेड़ी के पास अज्ञात मिलिटैंटों ने एक माल गाड़ी पर फायरिंग की । सूचना मिलने पर जब सुरक्षा बल घटना स्थल पर जा रहे थे तो रास्ते में [illegible] जब जीप को रुकने का इशारा किया गया तो जीप में सवार मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया । मृतक की शिनाख्त गांव पलासौर निवासी, निर्मल सिंह के रूप में हुई है । घटनास्थल से एक दोनाली बन्दूक व 50 कारतूस मिले हैं । तीन मिलिटैंट सुखदेव सिंह, सतगुर सिंह व जसविन्दर सिंह भाग निकले ।

कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (भूषण): गत रात्रि थाना सदर राजपुरा के गांव अलमपुर में पुलिस कांस्टेबल स्वर्ण सिंह पुत्र बहादर सिंह, जो सिविल लाइन थाने में तैनात था, की गोली मार कर हत्या कर दी गई । बताया गया है कि 4 अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति उसके घर की चार दीवारी फांद कर उसके घर में घुसे । उस समय स्वर्ण सिंह सोया हुआ था । कांस्टेबल स्वर्ण सिंह कल ही अपने पैतृक गांव में आया था ।

कश्मीर में अलगाववाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की, परन्तु अलगाववादी भाग निकले । अलगाववादियों ने कल शाम जामा मस्जिद के निकट गौहट्टा में सुरक्षा बलों के गश्ती दल पर गोली चलाई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

स्वीडन के दो अपहृत अभियंताओं श्री जोहान जानसन और श्री जोहान ओल लोमन का आज 65वें दिन भी कोई पता नहीं है ।

एक उग्रवादी मारा गया, 14 द्वारा आत्मसमर्पण : पाक अधिकृत कश्मीर से आज तड़के भारत में घुस रहे 15 पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने ललकारा । उग्रवादियों के गोली चलाने पर पुलिस ने भी जवाब दिया, जिसमें एक उग्रवादी मारा गया और एक घायल हो गया । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 14 उग्रवादियों ने भारी गोला-बारूद समेत आत्मसमर्पण कर दिया ।

मंडलीय आयुक्त श्री वजाहत हबीबुल्ला के कार्यालय पर दागा गया राकेट बीच हवा में ही फट गया, जिससे कोई क्षति नहीं हुई ।

चन्द्रशेखर
(पृष्ठ 3 का शेष)

लिए एक कारगर आर्थिक समिति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि सादगी महज नारा नहीं, बल्कि रणनीति होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में अगर साम्प्रदायिकता को जगह मिली तो स्थिति और खराब हो जाएगी । समाजवादी जनता पार्टी और कांग्रेस (इ) के बीच समीकरण की खबरों पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई पहल नहीं हुई है ।

उन्होंने कहा कि अगर राजनीतिक दल नए समीकरण के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं तो उस पर चर्चा हो सकती है लेकिन फिलहाल मेरे ध्यान में ऐसी कोई पहल नहीं हुई है ।

'आई.एन.एस. विभूति' का जलावतरण

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): नौसेना के उपाध्यक्ष वाइस एडमिरल एस.पी. गोविल ने आज देश के पहले प्रक्षेपास्त्र-युक्त स्वदेशी पोत 'आई.एन.एस. विभूति' का बम्बई के मजगांव गोदी में जलावतरण किया ।

इस पोत का नाम 'विभूति' प्रक्षेपास्त्र के नाम पर रखा गया है ।

रामाराव का मौन अनशन जारी

हैदराबाद, 3 जून (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चा और तेलगू देशम के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव का 'मौन अनशन' आज पांचवें दिन भी जारी रहा ।

श्री रामाराव को आज रिहा कर दिया गया । उन्हें रविवार को गिरफ्तारी के बाद जिस निज़ाम चिकित्सा विज्ञान संस्थान में भर्ती किया गया था, वहां आज ज़बरदस्त उलझन की स्थिति बनी रही । श्री रामाराव के वार्ड से पहरा हटा लिया गया है और पुलिस की अनुपस्थिति में डाक्टर भी उनसे दूर रहे हैं । श्री रामाराव को ज़मानत पर छोड़ा गया है और उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 309 (आत्महत्या का प्रयास) के अंतर्गत दर्ज मुकद्दमे की जांच जारी है ।

श्री रामाराव ने यहां अस्पताल में बिस्तर पर पड़े हुए एक लिखित बयान जारी करते हुए कहा है कि वे डाक्टरों द्वारा ज़बरदस्ती भोजन दिए जाने की बजाय कहीं मर जाना पसंद करेंगे । वे डाक्टरों द्वारा द्रव्य भोजन दिए जाने को ठुकरा देंगे ।

बंद का आयोजन : अनशन पर बैठे राष्ट्रीय मोर्चा तथा तेलगू देशम के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव को गिरफ्तार करके ज़बरदस्ती अस्पताल भेजने के विरोध में चार गैर-कांग्रेसी दलों द्वारा आयोजित 12 घंटे के राज्यव्यापी बंद के कारण आज आंध्र प्रदेश में जनजीवन ठप्प रहा ।

रामाराव की सारी मांगें बिना शर्त मान ली जाएं : राष्ट्रीय मोर्चा

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): राज्यसभा में राष्ट्रीय मोर्चे के सदस्यों ने आंध्र प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि राजीव गांधी की मृत्यु के बाद राज्य में हुई हिंसा की घटनाओं की जांच को लेकर वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव की सारी मांगें बिना शर्त मान लें ।

प्रदर्शन : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद राष्ट्रीय मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं रामविलास पासवान, श्री एम. करुणानिधि तथा श्री एन.टी. रामाराव के घर में हुई लूटपाट के खिलाफ विरोध प्रकट करते हुए जनता दल के सैंकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने आज यहां प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारी जनता दल नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह के समर्थन में नारे लगा रहे थे ।

हरियाणा में राष्ट्रपति शासन को मंजूरी देने के लिए प्रस्ताव

नई दिल्ली, 3 जून (वार्ता): गृहराज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने हरियाणा में लागू राष्ट्रपति शासन को मंजूरी देने संबंधी संवैधानिक प्रस्ताव आज राज्यसभा में पेश किया ।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने इस वर्ष छः अप्रैल को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत घोषणा जारी कर हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था । देश में आम चुनाव के मध्य में राज्यसभा का यह विशेष अधिवेशन बुलाने का उद्देश्य राष्ट्रपति की इस उद्घोषणा को मंजूरी देना है ।

गुजरात में लू से 8 मरे

अहमदाबाद, 3 जून (प.स.): गुजरात में पिछले 48 घंटों के दौरान भीषण गर्मी और लू से कम से कम आठ व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है ।

राज्यसभा के 3 नए सदस्यों ने शपथ ली



श्री राज
पीड़ितों
तेलगूदे
के विरु
कर्मी श्र

'आप

पट्टी,
निर्दलीय
परेशान
प्रत्याशि
बासरके
(कार)
जान को
आज
गोसाई
डी. एस
उम्मीद
पर रिह
जाया
बयान
नहीं प्र
हैं ।
नि
यदि
लेंगे ।
जाएगी
चाहि
और
वि
पार्टि
शस्त्र
18
जान
छेड़

Punjab Sanatan

नीलाम सूचना

खाली बिचुमन ड्रमों को, जो निम्नलिखित पी.डब्ल्यू.डी. स्टोर लुधियाना में पड़े हैं, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 18.6.91 को सुबह 11 बजे नीलाम समिति द्वारा नीलाम किया जाएगा ।

क्रमांक	सब-डिवीजन का नाम	अनुमानित प्रमात्रा
1.	नैशनल हाइवेज़ सब-डिवीजन नं. 2 पी.डब्ल्यू.डी.बी. एंड आर. ब्रांच, लुधियाना	645 अदद



तथा (2) नाभा के निर्वलीय प्रत्याशी प्रीतम सिंह दधेरा का
बी.एस. लंगा का शव, (5) लंगा के कार चालक का शव,
। (छाया : रोज)

2 पंजाब विधानसभा प्रत्याशियों सहित 13 लोगों की हत्या

लोकसभा प्रत्याशी पर हमला : 9 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 4 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब विधानसभा के दो उम्मीदवारों की कल रात पटियाला जिले में हत्या कर दी गई और तरनतारन पुलिस जिले में एक लोकसभा प्रत्याशी मिलिटैंटों के हमले में बाल-बाल बच गया । राज्य के अन्य भागों में पिछले 24 घंटों के दौरान 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 9 मिलिटैंट भी मारे गए ।

2 प्रत्याशियों समेत 4 की हत्या : पटियाला (भूषण) : पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ रहे दो अन्य प्रत्याशियों की मिलिटैंटों द्वारा गत रात लगभग 10 बजे यहां से 6 कि.मी. दूर गांव रोंगला में गोली मार कर हत्या कर दी गई । मृतकों में जत्थेदार बलदेव लंग, जिला अध्यक्ष अकाली दल (मान), जो सामाना हल्के से अकाली दल (मान) के प्रत्याशी के रूप में खड़े थे और प्रीतम सिंह दधेरा, महासचिव जिला अकाली जत्था मान, जो समाना हल्के से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे, शामिल हैं । श्री अजीत सिंह निवासी गांव लचकनी, जो उनके साथ थे और कार का ड्राइवर भी मारे गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार जत्थेदार बलदेव सिंह लंग श्री प्रीतम सिंह दधेरा और श्री अजीत सिंह लचकनी के साथ सामाना से कार द्वारा अपने गांव जा रहे थे । जब उनकी कार रोंगला गांव के निकट पहुंची तो एक अन्य कार उनकी कार के करीब से गुजरी । कुछ आगे जाकर यह कार, जिसमें मिलिटैंट सवार थे, वापस लौटी और मिलिटैंटों ने फायरिंग करके ड्राईवर समेत चारों लोगों की हत्या कर दी । इन हत्याओं के साथ पंजाब के उन निर्वाचन क्षेत्रों, जहां चुनाव रद्द किए जा चुके हैं, की संख्या 18 हो गई है । इनमें एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ रहे 2000 से अधिक प्रत्याशियों को सलाह दी जा रही है कि वे एक साथ यात्रा न करें ।

11 विधानसभा सीटों और लुधियाना लोकसभा सीट पर 12 जून को राज्य की अन्य सीटों के साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है ।

पटियाला से 'समाचार सेवा' के अनुसार जिला पुलिस ने दावा किया है कि उसे जत्थेदार बलदेव सिंह लंग और श्री प्रीतम सिंह दधेरा के हत्यारों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एस.के. शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इन नृशंस हत्याओं में बब्बर खालसा के एरिया कमांडर गरदीप सिंह दधेरा के नेतृत्व वाले गिरोह का हाथ है । उन्होंने कहा कि हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस दल तैनात किए गए हैं ।

उन्होंने कहा कि जत्थेदार बलदेव सिंह लंग प्रीतम सिंह दधेरा और अजीत सिंह लचकनी के साथ अम्बैसेडर कार में जा रहे थे । उनके साथ दो जीपें भी थीं जिनमें सुरक्षा कर्मियों सहित 9 व्यक्ति सवार थे । हमलावर हरी मारुति कार में थे जो पिछली जीप से आगे निकल आई और मिलिटैंटों ने जत्थेदार लंग की कार के पास आकर गोलियां चला कर कार में सवार 3 व्यक्तियों को घटनास्थल पर ही मार डाला । मृतक ड्राईवर की शिनाख्त नहीं हो पाई । अजीत सिंह तथा कांस्टेबल बहादर सिंह घायल हो गए । इतने में जत्थेदार लंग की कार उलट गई और अजीत सिंह की भी मृत्यु हो गई । कांस्टेबल बहादर सिंह भाग कर सिविल लाइन्स पुलिस स्टेशन में पुलिस को सूचना देने चला गया ।

एस.एस.पी. ने रहस्योद्घाटन किया कि जत्थेदार लंग ने सुरक्षा के लिए चीनी असाल्ट राइफल की मांग की थी परन्तु पुलिस ने नियमों के अनुसार उन्हें कार्डाइन उपलब्ध कराई थी । उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के सुरक्षा प्रबन्ध और कड़े किए जा रहे हैं ।

2 मिलिटैंटों के छलनी शव मिले : अमृतसर (नारंग) : आज प्रात: 8.15 बजे के लगभग स्थानीय सुल्तानविंड क्षेत्र में नहर के निकट से 2 मिलिटैंटों की गोलियों से छलनी लाशें मिली हैं । इनमें से एक की पहचान लक्खा सिंह पुत्र प्रीतम सिंह फैंड्स कालोनी निवासी 'डी' डिवीजन के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी । पता चला है कि दोनों आपसी रंजिश में ही मारे गए ।

मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मरे : तरनतारन के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में आज जब सुरक्षा बल व सी.आर.पी.एफ. के जवान झब्बाल क्षेत्र में गश्त लगा रहे थे तो नुरदी गांव के निकट उनकी मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ हो गई । लगभग आधा घंटा तक चलने वाली इस मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए, मगर उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी । इन मृत मिलिटैंटों के कब्जे से जो हथियार मिले उनमें 8 ए.के. 47 राइफलें, 8 एस.एल. आर., एक जी.पी. एम., 303 बोर की एक राइफल तथा बड़ी संख्या में कारतूस भी शामिल हैं । यह मुठभेड़ दोपहर 12 बजे के करीब हुई ।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : रैय्या स्थित बिजली घर में तैनात 2 पुलिस कर्मियों पर फायरिंग करके मिलिटैंटों ने एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि उक्त कार्यालय में आज काफी भीड़ थी तथा लोग नकदी आदि जमा करवा रहे थे । इतने में ही 4 मिलिटैंट आए और फायरिंग करके नरिन्दर सिंह नामक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी, जबकि सविन्दर सिंह नामक दूसरा पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

जली हुई लाश मिली : मजीठा पुलिस जिले के सिधार गांव के निकट गत रात एक जली हुई लाश मिली है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने गत रात मजीठा पुलिस जिले में अजनाला कस्बे के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी शिनाख्त दलजीत सिंह उर्फ बम्ब, हरदेव सिंह उर्फ देवा तथा हरपाल सिंह के रूप में हुई है । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, दो 12 बोर की बंदूकें तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ा प्रबन्धों की निगरानी
क्षक भेजने की मांग

को लेकर केंद्र
ग के रवैये की

तपूर्व स्पीकर
ा शोक व्यक्त

की बात है कि
ुनाव आयोग,
चुनाव कराने
चन दिया था,
में बुरी तरह
कार ने राज्य
की रोकथाम
का सबूत नहीं

और तीसरा
जाने से यह
ों को उचित
राजनीतिक

पार्टियां निर्भय होकर अपना चुनाव प्रचार कर सकें । उनके अनुसार पंजाब सरकार ने चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 300 कम्पनियां मांगी थीं तथा सरकार ने अब तक केवल 115 कम्पनियां भेजने का वायदा किया था । इनमें से भी वास्तव में केवल 40 कम्पनियां भेजी गई हैं ।

उन्होंने कहा—"यह अत्यंत खेद की बात है कि सरकार और चुनाव आयोग पंजाब की घटनाओं को बड़े हल्के ढंग से ले रहे हैं ।"

चुनाव विलम्ब से कराने की मांग : 'प.स.' के अनुसार भाजपा ने पंजाब में चुनाव जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में कराने की मांग की है ताकि निष्पक्ष चुनावों के लिए वहां सुरक्षा बलों को पहुंचने का समुचित समय मिल सके । पार्टी के उपाध्यक्ष श्री आर.के. मल्कानी ने कहा कि केंद्र में नई सरकार के निर्वाचन के बाद ही पंजाब में चुनाव कराए जाने चाहिएं ताकि नई सरकार स्थिति की पुन: समीक्षा कर सके ।

वामपंथी पार्टियां : श्री मल्कानी ने कहा कि मार्क्सी पार्टी के इंका की ओर झुकने से पता चलता है

Punjab Sarkar



मुख्य चित्र (1) खून से लथपथ वह अभागी कार, जिस पर अंधाधुंध फायरिंग की गई तथा (2) नाभा के निर्दलीय प्रत्याशी प्रीतम सिंह दधेरा का शव, (3) अजीत सिंह लचकनी का शव, (4) अकाली दल (मान) के प्रत्याशी बी.एस. लंग का शव, (5) लंग के कार चालक का शव, (6) घायल कांस्टेबल बहादुर सिंह तथा (7) अस्पताल के बाहर एकत्र ग्रामीण । *(छाया : राजू)*

Punjabi Sanatan

भाजपा द्वारा पंजाब में सुरक्षा प्रबन्धों की निगरानी के लिए तुरन्त केन्द्रीय प्रेक्षक भेजने की मांग

नई दिल्ली, 4 जून (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब में उम्मीदवारों को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में सुरक्षा बल तैनात करने तथा सुरक्षा प्रबन्धों की निगरानी के लिए तुरन्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों को भेजने की मांग की है ।

पार्टी के उपाध्यक्ष लाल कृष्ण शर्मा ने आज यहां एक वक्तव्य में पंजाब में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई । उन्होंने सरकार, चुनाव आयोग और सभी कि राज्य में पर्याप्त सुरक्षा प्रबन्ध को लेकर केंद्र सरकार, राज्यपाल और चुनाव आयोग के रवैये की कड़ी आलोचना की ।

भाजपा ने पंजाब विधानसभा के भूतपूर्व स्पीकर श्री बृज भूषण मेहरा की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया ।

श्री शर्मा ने कहा, "यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री, पंजाब के राज्यपाल तथा चुनाव आयोग, पार्टियां निर्भय होकर अपना चुनाव प्रचार कर सकें । उनके अनुसार पंजाब सरकार ने चुनावों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 300 कम्पनियां मांगी थीं तथा सरकार ने अब तक केवल 115 कम्पनियां भेजने का वायदा किया था । इनमें से भी वास्तव में केवल 40 कम्पनियां भेजी गई हैं ।

उन्होंने कहा—"यह अत्यंत खेद की बात है कि सरकार और चुनाव आयोग पंजाब की घटनाओं को



नकोदर में मंगलवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए अकाली दल (मान) के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान । (छाया : प्यारे लाल)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

महिला की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव बुट्टर कलां में गत रात कुछ मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति नाजर सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी प्यार कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य की हत्या : अमृतसर जिले के ही रनगढ़ गांव में तीन मिलिटैंट आज प्रातः जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर गए तथा गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

टाइम बम बरामद : अमृतसर से 'शरद' के अनुसार शहर में सौभाग्य से एक भयंकर कांड होने से टल गया । स्थानीय थाना 'डी' डिवीजन की पुलिस चौकी इस्लामाबाद की पुलिस ने अपने क्षेत्र से गत रात एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक टाइम बम बरामद किया है । पुलिस के अनुसार यह बम किसी भीड़-भाड़ वाले बाजार में रखा जाना था जहां भारी संख्या में लोग हताहत हो सकते थे ।

लोकसभा प्रत्याशी पर हमला : अकाली दल (मान) के एक अन्य वरिष्ठ नेता श्री तरलोचन सिंह तुड़, जो तरनतारन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, कल रात उस समय बाल-बाल बच गए जब मिलिटैंटों ने उन पर तुड़ गांव में एक गुरुद्वारे से लौटते समय गोली चलाई । श्री तुड़ के सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग से मिलिटैंट भाग खड़े हुए । पुलिस ने बताया कि मिलिटैंट गोइंदवाल के पुलिस उपअधीक्षक के नेतृत्व वाले एक पुलिस दल को भी चकमा दे गए ।

कंडक्टर लूट लिया : आज सायं 6 बजे जंडियाला बाईपास के निकट 2 मिलिटैंटों ने बटाला डिपो की मुक्तसर से बटाला जा रही बस के कंडक्टर तरसेम सिंह से 1918 रुपए छीन लिए और भाग गए ।

मिलिटैंटों द्वारा साथी की पीट-पीट कर हत्या : थाना अजनाला के गांव तोड़ाकलां में प्रताप सिंह नामक एक मिलिटैंट को कुछ मिलिटैंटों ने आपसी रंजिश के कारण गांव के गुरुद्वारे के बाहर पीट-पीट कर मार डाला । बताया गया है कि मिलिटैंट प्रताप सिंह के हाथ बांध कर उसे गुरुद्वारे के सामने ले गए थे ।

लूटने आए 2 मिलिटैंटों को गांव वालों ने पकड़ लिया : बरनाला (सिंधवानी) : आज प्रातः साढ़े 7 बजे दो अज्ञात सशस्त्र युवक गांव उपली में एक दुकानदार ज्ञान चंद की दुकान पर आए । उस समय ज्ञान चंद के दो भाई भी दुकान में मौजूद थे । सशस्त्र युवकों ने उन दोनों को बाहर निकाल दिया और ज्ञानचंद को अंदर ले जाकर कहा कि उन्हें तुरन्त एक लाख रुपए दो वरना गोली मार दी जाएगी । ज्ञान चंद ने असमर्थता व्यक्त की और कहा कि इस समय उसके पास केवल 4-5 हजार रुपए हैं और वह भी घर में हैं । इस पर वे दोनों उसे अपने स्कूटर पर दुकान से घर ले गए । इतने में दुकान से निकाले गए ज्ञान चंद के दोनों भाई गुरुद्वारे में पहुंच गए और गुरुद्वारे के लाऊड स्पीकर पर लोगों को सावधान कर दिया कि दो मिलिटैंट उनकी दुकान में दाखिल हो गए हैं । यह सुनते ही गांव के सभी लोग अपने-अपने हथियार, बंदूकें और लाठियां आदि लेकर दुकान के बाद उनके घर की ओर भागे । शोर सुन कर मिलिटैंटों ने ज्ञान चंद को छोड़ दिया और जान बचाने के लिए अपने स्कूटर पर भाग खड़े हुए । गांव के लोगों ने जिनमें महिलाएं भी थीं, उनका पीछा किया तथा उनके स्कूटर पर फायरिंग की जिससे टायर फट गया और वे स्कूटर छोड़ पैदल भागने लगे । दो कि.मी. के फासले पर उनमें से एक को पकड़ लिया गया जबकि दूसरे ने भागना जारी रखा । मगर उसे भी 4-5 कि.मी. दूर पकड़ लिया गया । वह गोली लगने से सख्त घायल हो गया था ।

इन दोनों को गांव के लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि एक की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

हत्या : संगरूर जिले के जाकापाल गांव में गत रात निरंजन सिंह नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों द्वारा हत्या कर दी गई ।

एक मिलिटैंट मरा, 2 फरार : संगरूर जिले में हुई एक मुठभेड़ में निर्मल सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके साथी फरार हो गए । पुलिस के अनुसार ये मिलिटैंट किसी शिकार की तलाश में घूम रहे थे कि इनका पुलिस से सामना हो गया ।

हत्या : भटिंडा जिले के रत्तोखेड़ा गांव में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति महेन्द्र सिंह के घर में घुस कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

ठेका कारिंदे की हत्या : मानसा (मेहता) : कल रात यहां से 25 कि.मी. दूर गांव दोदला में शराब के ठेके के कारिन्दे महिन्दर सिंह बल्द करनैल सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि वह अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में 6-7 व्यक्तियों ने उस पर फायरिंग की और फरार हो गए । थाना बुढलाडा पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

महिला की हत्या : यहां से 35 कि.मी. दूर गांव दानेवाला में महेन्द्र कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी गई जबकि उसकी सास भगवान कौर को सख्त घायल कर दिया गया ।

ठेका कर्मी का बाजू काट दिया : रायकोट (राकेश) : यहां से 7 कि.मी. दूर गांव बर्मी में गत रात्रि लगभग 12 बजे एक मोटर साइकिल व एक मिनी ट्रक में सवार हथियारों से लैस कुछ मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी सुरजीत सिंह के घर में घुस कर उसे बाहर निकाल लिया तथा गांव से बाहर ले गए ।

पता चला है कि इन मिलिटैंटों ने पहले तो सुरजीत सिंह की हत्या का इरादा बनाया, मगर बाद में उससे पूछा कि वह कौन से हाथ से ग्राहकों को शराब देता है तथा इसके बाद उन्होंने तुरन्त ही उसका दायां हाथ काट दिया ।

महिला पंच की हत्या : रायकोट से ही 5 कि.मी. दूर गांव बुर्ज हरि सिंह में आज तड़के 2 बजे 3 मिलिटैंट पैदल ही आए तथा पंचायत की महिला सदस्य गुरतेज कौर उर्फ गेजू के घर में दीवार फांद कर घुस गए और उसे यह कह कर गोलियों से भून दिया कि तुम कामरेड हो और पुलिस को चाय-पानी पिलाती हो । उक्त महिला पंच की हत्या करने से पूर्व मिलिटैंटों ने उसके परिवार के 6 सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया तथा वारदात के बाद पैदल ही फरार हो गए ।

हत्या : लुधियाना जिले के बुर्ज हरि सिंह गांव में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति शेर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिले में सोहना थाना के अंतर्गत गांव बठलाना में एक मिलिटैंट मुठभेड़ में मारा गया ।

राईफल व नकदी चुरा ली : होशियारपुर (वि.प्र.) : थाना दसूहा के अधीन कुलियां ग्राम में एक व्यक्ति सर्व सिंह के घर से उसकी 12 बोर की दोनाली राईफल, 25 कारतूस व 2 हजार रुपए नकदी चोरी किए जाने की सूचना मिली है । पुलिस ने धारा 379 के अधीन चोरी का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

तीन लुटेरे काबू : तपा मंडी (नि.स.) : गत दिवस यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव ढिलवां में स. सुखदेव सिंह ताना प्रधान गुरुद्वारा सिंह सभा के नेतृत्व में गांव निवासियों ने तीन लुटेरे नारायण सिंह सुनार (19), बूटा सिंह मजहबी सिंह (17), मक्खन सिंह मजहबी (13) पकड़ लिए जबकि दो लुटेरे शेर सिंह और सुखदेव सिंह भागने में सफल हो गए । इन लुटेरों ने गांव के लोगों के आगे यह माना कि उनकी योजना तपा मंडी में एक आरे वाले और ढिलवां-तपा रोड पर गुरे साध को भी लूटने की थी । पहले तो गांव वालों ने इनकी खूब पिटाई की और उसके बाद गांव की संगत ने इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस पूछताछ कर रही है ।

लड़की का अपहरण

होशियारपुर, 4 जून (अश्विनी) : थाना बलाचौर के अधीन धोलां ग्राम की एक लड़की कुलविन्द्र कौर का अपहरण किए जाने की सूचना मिली है ।

बयान में कार में आए दोनों व्यक्तियों की स्पष्ट पहचान नहीं बताई थीं और कहा था कि उस वक्त अंधेरा होने के कारण भली प्रकार पहचान पाना सम्भव नहीं था ।

कैलिफोर्निया वार्ता का भेद खुला : कांचीपुरम से कैलिफोर्निया (अमरीका) में 22 मई को फोन पर की गई एक बातचीत को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या से जुड़े होने के संदेह पर केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई जांच बेकार साबित हुई है । यह जानकारी आज यहां विश्वसनीय सूत्रों ने दी । अखबारों में यह रिपोर्ट छपी थी कि कैलिफोर्निया में खुद को लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) का सदस्य बताने वाले एक गुमनाम व्यक्ति ने इस हत्या कांड की जिम्मेदारी अपने संगठन पर ली थी । सूत्रों ने अनुसार ब्यूरो ने इसके बाद कांचीपुरम से कैलिफोर्निया किए गए फोन काल की जांच का निशाना बनाया । सूत्रों के अनुसार जांच से पता लगा कि 22 मई को यह बातचीत अमरीका के एक पर्यटक ने कैलिफोर्निया में बसे अपने परिवार वालों से की थी ।

इंकाई राजीव की हत्या को संजीदगी से नहीं ले रहे : सिकंदरबख्त

नई दिल्ली, 4 जून (पस): राज्यसभा में आज कांग्रेस (इ) के सदस्यों ने एक साथ खड़े होकर भारतीय जनता पार्टी के श्री सिकन्दरबख्त के इस कथन का विरोध किया कि कांग्रेस (इ) के लोग अपने नेता की हत्या को उतनी संजीदगी से नहीं ले रहे हैं जितनी संजीदगी से उन्हें लेना चाहिए था ।

कांग्रेस (इ) सदस्यों के विरोध और सदन में कांग्रेस (इ) के नेता श्री पी. शिव शंकर के आग्रह पर श्री बख्त ने अपनी इस टिप्पणी को वापस ले लिया । इसके बाद श्री बख्त अपनी बात को आगे बढ़ा सके । श्री बख्त पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सदन में चल रही चर्चा में भाग ले रहे थे । श्री बख्त ने कहा कि मौत से सियासी फायदा उठाना ठीक नहीं है । इस पर कांग्रेस (इ) के श्री सीता राम केसरी और श्री राम नरेश यादव ने खड़े होकर इस टिप्पणी का विरोध किया । इस पर भी जब श्री बख्त ने अपनी बात जारी रखी तो सदन में कांग्रेस (इ) के और सदस्य भी खड़े होकर शोर मचाने लगे ।

जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह की फिर मांग

इस्लामाबाद, 4 जून (प.स.): पाक अधिकृत कश्मीर की परिषद ने संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र और निष्पक्ष जनमत संग्रह कराने की एक बार फिर मांग की है ।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अध्यक्षता में यहां हुई परिषद की बैठक ने कहा कि "विवादास्पद क्षेत्र" की जनता को अपने भविष्य का फैसला करने के लिए यह जनमतसंग्रह जरूरी है। परिषद की बैठक में पारित प्रस्ताव में "घाटी की बिगड़ती स्थिति" पर चिन्ता प्रकट की गई । प्रस्ताव में कहा गया कि कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों का भारत भी हिस्सा है ।

जरदारी पर बेनजीर से तलाक के लिए दबाव !

नई दिल्ली, 4 जून (वार्ता): पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने आरोप लगाया है कि नवाज शरीफ की सरकार ने उनके ससुर पर इस बात के लिए दबाव डाला था कि वह अपने पुत्र आसिफ जरदारी को बेनजीर भुट्टो से तलाक लेने के लिए मजबूर करें अन्यथा बुरे परिणाम भुगतने को तैयार रहें ।

बेगम बेनजीर भुट्टो ने वीडियो पत्रिका एच.टी.वी. को एक भेंट में कहा कि जब से मेरी सरकार गिराई गई है तभी से नवाज़ शरीफ सरकार ने मेरे परिवार के विरुद्ध मुहिम छेड़ रखी है और यह धमकी भी उसी का एक हिस्सा थी ।

बेगम भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान की वर्तमान सरकार की ओर से उन्हें बार-बार यह धमकी दी जाती है कि या तो देश छोड़ दो नहीं तो तुम्हें बख्शा नहीं जाएगा ।

सहाय विरोधी नेताओं के घर भी जाते हैं और चाय पीते हैं

लुधियाना, 4 जून (धीमान): लुधियाना लोकसभा क्षेत्र, जहां से 26 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, में कुछ नितांत रुचिकर हालात पैदा हो गए हैं । हालांकि पंजाब कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे वर्तमान चुनाव में किसी भी प्रत्याशी की सहायता न करें लेकिन इसके बावजूद सैंकड़ों कांग्रेसी किसी न किसी उम्मीदवार का खुल्लम-खुल्ला समर्थन कर रहे हैं ।

समाजवादी जनता पार्टी उम्मीदवार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय परसों इस क्षेत्र के आजाद उम्मीदवार श्री सिमरनपाल सिंह (डिकी सिंह) जो श्री के.पी. सिंह पूर्व डी.जी.पी. पंजाब

अहमदाबाद, 4 जून (प.स.): कड़ाके की धूप और लू के कारण गुजरात में एक सप्ताह से चल रही लू से मरने वालों की संख्या 14 हो गई है ।

MEMO

IN EVERLASTING AFFECTIONA
SWEET & CHERISHED MEMORY
OUR BELOVED
Sh. R. R. NANDA
Whose 10th Death Anniversary falls on day 5th June, 1991.
Deeply Remembered by—
Nanda Family
Relatives & Friends,
Nanda Film Distributors (P)
46-Partap Road, Jalandhar Cit
Phone : Off. 57494; Resi. : 797

रस्म

भारी शोक एवं दुख के साथ हम सूचित हैं कि हमारे प्रिय एवं पूज्य पंडित धर्मपाल एक्स-एम.सी., रविवार, 26 मई, 199 स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म पगड़ी बुधवार 5 1991 को देशभक्त यादगार हाल, बी.एम.सी. चौक, जी.टी. रोड, जालंधर में बाद 1 बजे से 2 बजे तक होगी ।
शोकसंतप्त :
प्रोमिला दादा, परमानंद-ललिता
चमन-इंद्रा दादा, सतीश-वीना
अनिल-सुदेश दादा, प्रवीण-भिनी दादा
मिश्रा, कुलदीप-रेखा कौशल (बेटियां
यू.आर. दादा, पं. प्रेम चंद मारकंडा ।
निवास : दादा भवन, 69, सिविल ल
(अलग कार्ड नहीं

रस्म

श्री राम श्री
राम नाम मूद मंगलकारी,
बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि विनोद धीर (सुरिन्द्र कुमारी) पत्नी स्वर्गीय मोहन धीर का 26.5.91 को स्वर्गवास हो उनकी रस्म किरया दिन शुक्रवार 7 जून 19 दोपहर 2 से 3 बजे जैन संथानक, समीट निकट फव्वारे वाला चौक, लुधियाना में हो
शोकग्रस्त :
ओम प्रकाश धीर
सरलावती धीर
राजीव धीर
मीनू और राकेश खन्ना (बेटी-
बोनू और इंद्र अरोड़ा (बेटी-
सुरिन्द्र और किरन धीर (देवर-
जगमोहन और बनीता धीर (देवर-
*M/s. PARIS JEW
*M/s. SWISS DIA
*M/s. PARADISE
(नोट अलग से कोई

रस्म

भारी शोक एवं दुख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे पूज्य सुरिंदरपाल वर्मा 24 मई 1991 स्वर्ग सिधार गए हैं । रस्म कि बुधवार 5 जून 1991 को दोपहर 2 बजे से सायं 3 बजे तक, महावीर समिटरी रोड, सिविल लाइन्स, लुधि में होगी ।
शोक
श्रीमती जानकी दुलारी (मां)
श्रीमती अमरलता (पत्नी)
रीना वर्मा (बेटी),
राज-संतोष (भाई-भाभी)
सुरजीत-अनिता (भाई-भाभी)
जोगिन्दर पाल-आशा (बहनोई-
मै. गुलाब
मै. गुलाब
251, इंड. ए
फोन : 61025, 6

हि.प्र. लो

ग़फ़ अब दो अनोखे रूप में

Punjabi Sahapedia

कार ने 20

ना विश्व

में बेचा !

न (वार्ता): जनता दल के
ड्डी ने आज कहा कि भारत
श्व बाज़ार में 20 टन सोना
ा । उन्होंने कहा कि हमारी
यह सोना ज्यूरिख में मई के
ा गया । उन्होंने कहा कि
है कि सरकार 10 टन सोना
है ।
कि क्या आपकी जानकारी
कहा कि यदि मेरी बात गलत
त बताए ।
ति आर. वेंकटरमन से मांग
को सरकारी खजाने का सोना
चने से रोकें ।
संतुलन की जटिल स्थिति से
बार अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में
टन सोना बेच कर 400
ही की है । यह जानकारी
त रात यहां दी गई । एक
ताया कि यह सोना फिर से
आधार पर बेचा गया है ।
ोने की इस बिक्री से देश में
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा
के तौर पर जमा किए गए
ों पड़ता । यह पूछे जाने पर
कमी को देखते हुए सोने की
की सम्भावना है, प्रवक्ता ने
ा हो चुका है ।"

आज़ाद उम्मीदवार के 3 सुरक्षा गार्डों सहित पंजाब में 17 व्यक्तियों की हत्या

एस.पी. के भतीजे का अपहरण : 2 मिलिटैंट मरे

अमृतसर जिला के 5 कस्बों में रात का कर्फ्यू

चंडीगढ़, 5 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब के होशियारपुर जिले में टांडा विधानसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय उम्मीदवार जसजीत सिंह पिछली रात खाड़कुओं के हमले में बाल-बाल बच गए । लेकिन इस हमले में उनके तीन सुरक्षा गार्ड मारे गए ।

राज्य के अन्य भागों में पिछले 24 घंटों में अन्यत्र 14 व्यक्ति मारे गए । अमृतसर जिले के पांच छोटे कस्बों में सावधानी के तौर पर रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है । इसी बीच 2 मिलिटैंट भी मारे गए ।

उम्मीदवार के 3 सुरक्षा गार्डों की हत्या : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात होशियारपुर जिले के टांडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार व जिला अकाली दल (बादल) के पूर्व अध्यक्ष श्री जसजीत सिंह थियाड़ा के ग्राम आहरां कूंटां स्थित उनके घर पर घात लगा कर हमला किया जिसमें उनके तीन सुरक्षा गार्ड मारे गए तथा 4 अन्य घायल हो गए । हमले में श्री जसजीत सिंह बाल-बाल बच गए । श्री जसजीत सिंह ट्यूबवैल कार्पोरेशन के भूतपूर्व अध्यक्ष हैं तथा भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के निकट साथी हैं ।

मृतकों के नाम कांस्टेबल पिशोरा सिंह, सुरेन्द्र सिंह (एस.पी.ओ.) तथा स्वर्ण सिंह (प्राईवेट गनमैन) हैं । जबकि घायलों में श्री जसजीत सिंह के सुपुत्र किरण जीत सिंह तथा तीन एस.पी.ओ. त्रिलोक सिंह, स्वर्ण सिंह व गुरजीत सिंह शामिल हैं ।

एस.पी. के भतीजे का अपहरण : लुधियाना जिले के दाखा थाने के अंतर्गत तीन मिलिटैंटों ने चक कलां गांव में पुलिस अधीक्षक (आपरेशन्ज़) फिरोजपुर के घर से उनके भतीजे सुखपाल सिंह का अपहरण कर लिया ।

3 घर लूट लिए : अहमदगढ़ (पुरी): यहां से दो कि.मी. दूर गांव छपार में गत रात 5 अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने गांव के तीन घर लूट लिए जहां से वे लगभग चार लाख के गहने, नकदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गए ।

बताया जाता है कि गत रात लगभग 11 बजे अमर सिंह के घर का किसी ने द्वार खटखटाया । द्वार खुला तो पांच सशस्त्र मगर अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस गए । उन्होंने अपना मुंह कपड़ों से ढका हुआ था । उन्होंने घर वालों को डरा-धमका कर 15 हजार रुपया नकद, स्वर्णाभूषण आदि ले लिए और चलते बने ।

इसके बाद वे पांचों हरि सिंह के घर पहुंचे और इसी प्रकार उन्हें भी डरा-धमका कर काफी नकदी तथा सोने के गहने आदि छीन लिए । यहां से वे एक 12 बोर की गन भी ले गए ।

फिर वे वजीर सिंह के घर गए । वहां से उन्होंने बीस हज़ार रुपया नकद, सोने के जेवर व अन्य कीमती सामान छीना और फरार हो गए ।

उनकी यह कार्रवाई लगभग डेढ़ बजे तक चलती रही । उनके पास स्टेनगनें थीं ।

मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने गत रात भटिंडा जिले के गांव बचौना के नजदीक हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । मृतक के पास से एक 12 बोर की बंदूक, दस कारतूस तथा एक हथगोला बरामद हुए हैं ।

तीन लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिले के चानोवाल गांव के निकट एक वैन पर घात लगा कर हमला किया जिससे वैन चालक लाली और वैन में बैठे दो अन्य लोग मारे गए, जिनके नाम शराब के ठेके के सेल्समैन हरिशंकर और राजशरण बताए गए हैं । इस हमले में शराब के ठेके का कांट्रैक्टर राजकुमार और एक सेल्समैन अवध घायल हो गए ।

छुरा घोंप कर हत्या : जालंधर जिले के निज्जर गांव में कुछ हमलावरों ने पलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में छुरा घोंप कर हत्या कर दी गई ।

दो मिलिटैंट पकड़े, शस्त्रास्त्र बरामद : अमृतसर (नारंग): गत रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने थाना पट्टी के गांव परामपुर में एक नाके के दौरान दो मिलिटैंटों को काबू किया है । बताया जाता है कि हीरो होंडा मोटर साइकल पर सवार इन मिलिटैंटों को जब रुकने का संकेत किया गया तो इन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने हवाई फायरिंग करते हुए इनको घेर लिया तथा आत्म-समर्पण के लिए मजबूर कर दिया । इनके कब्ज़े से पी.सी.एम. 1929 नं. के उक्त मोटर साइकल के अलावा एक ए.के. 47, एक ए.के. 74, इन दोनों की 4-4 मैगज़ीनें, 446 कारतूस, एक 32 बोर की पिस्तौल, एक 9 एम.एम. की पिस्तौल, एक इलैक्ट्रिक डैटोनेटर, एक क्लिक वेट, एक क्लीनिंग वायर बुश व एक मैगज़ीन किट बरामद हुई है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)



मिलिटैंटों ने मंगलवार की रात होशियारपुर के गांव आहरां कूंटां में टांडा विधानसभा क्षेत्र से आज़ाद उम्मीदवार व जिला अकाली दल (ब) के पूर्व अध्यक्ष श्री जसजीत सिंह थियाड़ा पर घात लगा कर हमला किया । इस हमले में श्री थियाड़ा बाल-बाल बच गए । चित्र में (1 से 3) हमले के दौरान मारे गए उनके तीन गनमैनों पिशोरा सिंह (कांस्टेबल), सुरेंद्र सिंह (एस.पी.ओ.) स्वर्ण सिंह (प्राइवेट गनमैन) के शव, (4 से 7) हमले में घायल श्री जसजीत सिंह का सुपुत्र किरणजीत सिंह तथा त्रिलोक सिंह, स्वर्ण सिंह व गुरजीत सिंह (तीनों एस.पी.ओ.) हाशियारपुर के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : मून लाइट)

राजीव की हत्या में लिट्टे का हाथ : चंद्र शेखर

वाशिंगटन, 5 जून (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने कहा है कि "यह केवल सम्भव ही नहीं बल्कि पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में श्रीलंका के टाइगरों (लिट्टे) का हाथ था ।" उन्होंने कहा कि उनका इस काम के लिए किसी अन्य ने इस्तेमाल किया अथवा खुद ही उन्होंने यह किया, इस बारे में स्थिति साफ नहीं है ।

ब्रिटेन के एक समाचारपत्र ने नई दिल्ली से एक रिपोर्ट में श्री चंद्र शेखर के हवाले से कहा कि फिलस्तीनी नेता यासर अराफात ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी हत्या के षड्यंत्र की जानकारी दी थी ।

श्री चंद्र शेखर ने कहा कि भारतीय खुफिया एजैंसियों को इस मामले में आगे तहकीकात करने को कहा गया है । उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी की हत्या से आज की दुनिया को आक्रांत कर रही आतंकवाद की समस्या का घिनौना रूप एक बार फिर खुल कर सामने आ गया है ।

अमरीका के एक सुरक्षा तथा आतंकवाद निरोधक सलाहकार पीटर ब्राऊन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम के ज्यादातर विशेषज्ञ पश्चिम एशिया में आतंकवाद की समस्या पर ही ध्यान केन्द्रित किए हुए हैं तथा एशियाई देशों में बढ़ रही हिंसा की प्रवृत्ति के बारे में अनभिज्ञ हैं ।

श्री ब्राऊन ने कहा कि "आतंकवाद की समस्या इतनी व्यापक हो चुकी है कि अब हम केवल फिलस्तीनी और पश्चिम एशिया में सक्रिय आतंकवादी गुटों पर ही अपना ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते । समूची दुनिया में सभी प्रकार के आतंकवादी गुटों ने व्यापक तौर पर हिंसात्मक कार्रवाई करने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित कर दिया है । दक्षिण एशियाई देशों में आतंकवाद की समस्या को सही परिप्रेक्ष्य में नहीं समझा गया है ।"

पोस्ट ने कनाडा के शाही घुड़सवार पुलिस बल के सार्जेन्ट ग्लेन राकवेल के हवाले से यह भी कहा कि कनाडा में सिख आतंकवाद की समस्या भी विकट है । ऐसे सिख आतंकवादी कितने हैं अथवा उनके

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लिट्टे के इंका व द्रमुक से सम्बन्धों की भी जांच कराई जाए : वाजपेयी

भोपाल, 5 जून (वार्ता, प.स.): भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां मांग की कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के सम्बन्ध में इस बात की भी जांच की जानी चाहिए कि लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के कांग्रेस (इ) और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डी.एम.के.) के साथ कैसे सम्बन्ध थे ।

मध्य प्रदेश के एक दिवसीय चुनावी दौर के लिए यहां पहुंचने के तत्काल बाद बैरागढ़ विमान तल पर सम्वाददाताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश को यह जानने का भी अधिकार है कि मार्च में श्री गांधी के साथ लिट्टे के नेताओं की क्या बातचीत हुई थी । इस सम्बन्ध में परस्पर विरोधी बातें कही जा रही हैं ।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार चुनाव के बाद पुनः बातचीत होनी थी, जबकि श्रीलंका से मिली रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत टूट जाने के कारण लिट्टे श्री गांधी को रास्ते से हटा देना चाहता था ।

श्री वाजपेयी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम की इस मांग का समर्थन किया कि तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणाकरण तथा लिट्टे के बीच हुई बातचीत उजागर की जाए ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री वाजपेयी ने श्री गांधी की हत्या का बोफोर्स कांड से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध होने का खंडन किया ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि श्री गांधी की हत्या के पीछे सिंहली आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता । उन्होंने कहा कि श्री गांधी की श्रीलंका यात्रा के समय एक सिंहली ने ही उन पर हमला किया था, जो जानलेवा सिद्ध हो सकता था ।

उन्होंने श्री गांधी की हत्या की जांच कर रही विभिन्न एजैंसियों में समन्वय बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि श्री गांधी की हत्या की जांच कई मूर्खतापूर्ण बताया । श्री वाजपेयी ने वर्मा आयोग की जांच का दायरा बढ़ाए जाने का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें केवल कांग्रेस ही नहीं बल्कि अ दलों के सुझावों पर भी गौर किया जाए ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चुना प्रचार में लगे किसी भी दल के नेता की कितनी सुरक्षा की जाए, लेकिन कोई व्यक्ति यदि अपनी जा देकर भी उसे मारने पर तुला है तो उसे कोई न बचा सकता । किसी भी नेता को 100 प्रतिश सुरक्षा प्रदान करना सम्भव नहीं है ।

श्री वाजपेयी ने नई दिल्ली के एक समाचार प की इस खबर को सच से परे बताया है कि पाकिस्ता के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ ने हिन्दुस्तान मुसलमानों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने अपील की है । श्री वाजपेयी ने इसे काल्पनि उड़ान की उपज बताया । उन्होंने कहा कि इ समाचार में कोई सच्चाई नहीं है ।

उन्होंने कहा कि चुनाव हमारे देश का आंतरि मामला है तथा इसमें पड़ौसी राष्ट्र के प्रधानमंत्री घसीटना उचित नहीं है ।

चुनावी सम्भावनाओं के सम्बन्ध में श्री वाजपे ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने बात दोहराते हुए कहा कि यह निश्चित है कि दस लोकसभा त्रिशंकु नहीं होगी । उन्होंने कहा भाजपा वोटों और सीटों दोनों ही मामलों में दक्षि भारत में आगे कदम बढ़ाएगी । उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की हत्या के बाद उनके परिवार के प्र सहानुभूति है मगर कांग्रेस (इ) के प्रति सहानुभूति कोई लहर नहीं है । वैसे भी अब कांग्रेस (इ) कि लहर का लाभ उठाने में सक्षम नहीं रह गई है ।

'प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रबंधों कोई परिवर्तन नहीं किया गया

नई दिल्ली, 5 जून (प.स.): प्रधानमंत्री

सी.आर.पी.एफ. की 6 और कम्पनियां शीघ्र लुधियाना पहुंच रही हैं : शर्मा

लुधियाना, 5 जून (महिन्द्रा, धीमान): एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि जिला लुधियाना में

सिंह द्वारा चुनावों में भाग लेने का कपक्षीय : बब्बर खालसा इंटरनैशनल

वार्ता): आज एक महत्वपूर्ण
र खालसा इंटरनैशनल ने
क पंथक कमेटी के डाक्टर
के चुनावों में भाग लेने का
ं किया है ।
व कुलवंत सिंह ने आज सायं
ों के वक्तव्य में कहा है कि
ह निर्णय हमारी अनुपस्थिति
र लिया है जबकि हम यह
हैं कि हमने चुनावों में प्रत्यक्ष
भाग नहीं लेना है ।
र डा. सोहन सिंह ने उक्त
प्रतिनिधियों की उपस्थिति में
के साथ संबंधित संस्थाओं के
खनीय है कि डा. सोहन सिंह
मवार को यह घोषणा की थी
ग वाले पांच मिलिटैंट संगठनों
लसा इंटरनैशनल से संबंध
। पंथक कमेटी ने बब्बरों के
ह और वधावा सिंह के स्थान
हबाज़ सिंह को प्रतिनिधि बना

ार डा. सोहन सिंह ने हमारे
ष्कार) का विरोध किया और
त आपत्तियां उठाईं । उस
र्णय परिवर्तित करने के लिए
पर प्रत्येक प्रकार से दबाव

ह की अध्यक्षता में हुई बैठक
व्य में डा. सोहन सिंह को यह
हा गया है कि अपने संघर्ष व
ने के पश्चात् संविधान की
ट संगठन चुनावों में कैसे भाग

ले सकते हैं । बैठक में तलविन्द्र सिंह, वधावा सिंह, महल सिंह, कुलवंत सिंह और बघेल सिंह शामिल हुए ।

वक्तव्य में रहस्योद्घाटन किया गया है कि डा. सोहन सिंह प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर के साथ बातचीत किए जाने की वकालत करते आ रहे हैं । वे श्री चंद्र शेखर के प्रचार का शिकार हो गए हैं, जिन्होंने संविधान की सीमा में रह कर 'वार्ता का ढोंग' शुरू किया था ।

बब्बरों ने कहा है कि उनको अकाल फैडरेशन के मुखिया कंवर सिंह ने कुछ दिन पूर्व बताया था कि डा. सोहन सिंह ने उस (कंवर सिंह) की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के साथ वार्ता करने का निर्णय किया और वार्ता के लिए अपना एक प्रतिनिधि नियुक्त किया तथा प्रतिनिधि को मध्यस्थ के साथ जाकर प्रधानमंत्री से भेंट करने के लिए कहा । प्रतिनिधि और मध्यस्थ के नाम नहीं बताए गए ।

पंथक कमेटी की ओर से लगाए गए इस आरोप कि बब्बर खालसा इंटरनैशनल ने अपनी ब्रिटेन में स्थापित निर्वासित सरकार को भंग नहीं किया, का उत्तर देते हुए वक्तव्य में कहा गया है कि कुछ मास पूर्व हुई इस बैठक में बब्बरों ने डा. सोहन सिंह को स्पष्ट किया था कि 'निर्वासित सरकार' हमने नहीं बनाई । उस बैठक में वधावा सिंह, दलजीत सिंह और परमजीत सिंह पंजवड़ उपस्थित थे । दलजीत सिंह सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का संयोजक है और पंजवड़ पाकिस्तान कमांडो फोर्स के गुट का मुखिया है । दोनों मिलिटैंट संगठन पंथक कमेटी के साथ जुड़े हुए हैं ।

वक्तव्य के अनुसार निर्वाचित सरकार ब्रिटेन में स्थित संगठनों ने बनाई हुई है और बब्बरों को इसे भंग करने का कोई अधिकार नहीं । बब्बरों ने एक

(शेष पृष्ठ 6 पर)



मपुर गांव के निवासी टहल सिंह के घर से बरामद शस्त्रास्त्र और गोली-सिक्का, धियाना श्री अनिल शर्मा ने पत्रकारों को दिखाया । (छाया : काम्बोज)

र पर पंजाब में चुनाव स्थगित करना

Punjabi Sanatan

...क्षा गार्डों ...ों की हत्या

...मिलिटैंट मरे

...त का कर्फ्यू

...तह बादल के निकट साथी

...टेबल पिणोरा सिंह, सुरेन्द्र ...ाथा स्वर्ण सिंह (प्राईवेट ...यलों में श्री जसजीत सिंह के ...ह तथा तीन एस.पी.ओ. ...ड व गुरजीत सिंह शामिल

...तीजे का अपहरण : ...खा थाने के अंतर्गत तीन ...ं गांव में पुलिस अधीक्षक ...र के घर में उनके भतीजे ...रण कर लिया ।

: अहमदगढ़ (पुरी): यहां से ...पार में गत रात 5 अज्ञात ...व के तीन घर लूट लिए जहां ...ब के गहने, नकदी व अन्य ...गए ।

गत रात लगभग 11 बजे ...सी ने द्वार खटखटाया । द्वार ...र अज्ञात व्यक्ति उसके घर ...पना मुंह कपड़ों से ढका हुआ ...को डरा-धमका कर 15 ...ाभूषण आदि ले लिए और

...हरि सिंह के घर पहुंचे और ...र-धमका कर काफी नकदी ...ड्डीन लिए । यहां से वे एक ...गए ।

...घर गए । वहां से उन्होंने ...द, सोने के जेवर व अन्य ...र फरार हो गए ।

...ई लगभग डेढ़ बजे तक ...व स्टेनगनें थीं ।

सुरक्षा बलों ने गत रात ...चौना के नजदीक हुई एक ...को मार गिराया । मृतक के ...ड बंदूक, दस कारतूस तथा ...ड हैं ।

हत्या : मिलिटैंटों ने ...साल गांव के निकट एक वैन ...किया जिससे वैन चालक



मिलिटैंटों ने मंगलवार की रात होशियारपुर के गांव आहरी कंडा में टांडा विधानसभा क्षेत्र से आज़ाद उम्मीदवार व जिला अकाली दल (ब) के पूर्व अध्यक्ष श्री जसजीत सिंह थियाड़ा पर घात लगा कर हमला किया । इस हमले में श्री थियाड़ा बाल-बाल बच गए । चित्र में (1 से 3) हमले के दौरान मारे गए उनके तीन गनमैनों बिशारी सिंह (कांस्टेबल), सुरेंद्र सिंह(एस.पी.ओ.) स्वर्ण सिंह (प्राइवेट गनमैन) के शव, (4 से 7) हमले में घायल श्री जसजीत सिंह का सुपुत्र किरणजीत सिंह तथा त्रिलोक सिंह, स्वर्ण सिंह व गुरजीत सिंह (तीनों एस.पी.ओ.) हाशियारपुर के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : मून लाइट)

राजीव की हत्या में लिट्टे का हाथ : चंद्र शेखर

वाशिंगटन, 5 जून (प.स.): प्रधानमंत्री चंद्र शेखर ने कहा है कि "यह केवल सम्भव ही नहीं बल्कि पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में श्रीलंका के टाइगरों (लिट्टे) का हाथ था ।" उन्होंने कहा कि उनका इस काम के लिए किसी अन्य ने इस्तेमाल किया अथवा खुद ही उन्होंने यह किया, इस बारे में स्थिति साफ नहीं है ।

ब्रिटेन के एक समाचारपत्र ने नई दिल्ली से एक रिपोर्ट में श्री चंद्र शेखर के हवाले से कहा कि फिलस्तीनी नेता यासर अराफात ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी हत्या के षड्यंत्र की जानकारी दी थी ।

श्री चंद्र शेखर ने कहा कि भारतीय खुफिया एजेंसियों को इस मामले में आगे तहकीकात करने को कहा गया है । उन्होंने कहा कि श्री राजीव गांधी की हत्या से आज की दुनिया को आक्रांत कर रही आतंकवाद की समस्या का घिनौना रूप एक बार फिर खुल कर सामने आ गया है ।

अमरीका के एक सुरक्षा तथा आतंकवाद निरोधक सलाहकार पीटर ब्राउन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम के ज्यादातर विशेषज्ञ पश्चिम एशिया में आतंकवाद की समस्या पर ही ध्यान केन्द्रित किए हुए हैं तथा एशियाई देशों में बढ़ रही हिंसा की प्रवृत्ति के बारे में अनभिज्ञ हैं ।

श्री ब्राउन ने कहा कि "आतंकवाद की समस्या इतनी व्यापक हो चुकी है कि अब हम केवल फिलस्तीनी और पश्चिम एशिया में सक्रिय आतंकवादी गुटों पर ही अपना ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते । समूची दुनिया में सभी प्रकार के आतंकवादी गुटों ने व्यापक तौर पर हिंसात्मक कार्रवाई करने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित कर दिया है । दक्षिण एशियाई देशों में आतंकवाद की समस्या को सही परिप्रेक्ष्य में नहीं समझा गया है ।"

पोस्ट ने कनाडा के शाही घुड़सवार पुलिस बल के सार्जेन्ट ग्लेन राकवेल के हवाले से यह भी कहा कि कनाडा में सिख आतंकवाद की समस्या भी विकट है । ऐसे सिख आतंकवादी कितने हैं अथवा उनके

(शेष पृष्ठ 6 पर)

लिट्टे के इंका व द्रमुक से सम्बन्धों की भी जांच कराई जाए : वाजपेयी

मेरी ...
और ...

लिट्टे-कर...

तटवर्ती क्षे...

नई दिल्ली, 5 ...ब्यूरो के निदेशक ... की जांच के लिए ... बाद आज यहां ल...

श्री करण उस... राजीव गांधी हत्या... कल कोलम्बो से ... उन्होंने 'उपयोगी...

उन्होंने कहा ... की साजिश करने ... पांच लाख रुपए ...

यहां सरकारी ... तक हत्यारी महि... हत्याकांड में किसी... के बारे में भी अ... है ।

सूत्रों ने बताय... रचनात्मक सहयो... निदेशक एस.के. ... में ही रुकेंगे । ... अधिकारी डी.आ... साथ मद्रास लौट...

करुणानिधि... रिकार्ड नहीं... मुख्यमंत्री एम. क... आफ तमिल ईलम... गत वर्ष 26 जून ... का कोई रिकार्ड ... जानकारी राज्य ... आज यहां दी ।

मुख्य सचिव ... मसले से सम्बन्धि... तरह छानबीन ... कथित मुलाकात ... नहीं लगा ।

श्री एंटनी पूर्व... मांग का जवाब ... नेता के. पद्मनाभ... मुलाकात की पुष्... करे । श्री पद्मनाभ... उनके कुछ सहयो... थी ।

Punjab Archive

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

युवक की हत्या : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सायं लगभग 4.45 बजे यहां तरनतारन रोड पर साधु सिंह गुरदीप सिंह के शैलर वाली गली में मिलिटैंटों ने एक युवक हरमिंदर सिंह उर्फ बब्बू पुत्र जरनैल सिंह निवासी गली नं. एक, हिम्मतपुरा, अमृतसर की गोली मार कर हत्या कर डाली ।

कालेज का छात्र घायल किया : स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने आज खालसा कालेज अमृतसर के गेट के बाहर दो छात्रों हरकीरत सिंह और हरमिंदर सिंह पर फायर किए जिससे हरकीरत सिंह घायल हो गया । उसे गम्भीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वह बी.ए. का छात्र है ।

5 कस्बों में रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर जिले में तरनतारन क्षेत्र के अंतर्गत पांच सीमावर्ती कस्बों पट्टी, भिक्खीविंड, खेमकरण, हरीके व खालड़ा में एहतियाती तौर पर 31 जुलाई तक लगभग 2 माह के लिए रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है । आज यहां एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि कर्फ्यू रात्रि 9 बजे से प्रातः 4 बजे तक रहेगा । यह पग इन कस्बों में रात के समय मिलिटैंटों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है ।

बस कंडक्टर को लूटा : मिलिटैंटों ने तरनतारन शहर के बाहर जंडियाला बाईपास पर मुक्तसर से बटाला जा रही पंजाब रोडवेज की एक बस के कंडक्टर से 1918 रुपए छीन लिए ।

हत्या : अमृतसर जिले में छहर्टा थानांतर्गत गांव करसाल में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति बचन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

दुकानदार की हत्या : अमृतसर से नारंग की सूचना है कि गली बाबा भीड़ी वाले के दुकानदार किशन लाल को छहर्टा में मिलिटैंटों ने गोली मार दी । एस.एच.ओ. श्री सुरेन्द्र सिंह उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया ।

स्कूटर छीना : संगरूर (गर्ग): यहां से लगभग आठ कि.मी. दूर गांव उभावाल में कल रात एक मिलिटैंट ने जिला लुधियाना के शाहपुर बाली तेजा सिंह का एक स्कूटर पी.बी. 14ए-1270 छीन लिया । वह अपने रिश्तेदार से मिलने आया था ।

लोगों ने मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : एक अन्य घटना में संगरूर से ही लगभग तीस कि.मी. दूर गांव धनौली में लोगों ने एक स्कूटर पर आए दो मिलिटैंटों को पकड़ लिया । एक मिलिटैंट को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । यह घटना दोपहर लगभग 12.30 बजे की है । मारे गए मिलिटैंट का नाम चमकौर सिंह, निवासी खेती गांव है तथा दूसरा मिलिटैंट परमजीत सिंह, जो कि घायल हो गया है, गांव फहवाही का रहने वाला है । पुलिस ने इनके पास से असला भी बरामद किया है ।

'प.स.' के अनुसार दो मिलिटैंट आज सवेरे धनौला थाना के गांव फरवाही में एक दुकानदार ज्ञान चंद के पास आए और उससे एक लाख रुपए मांगे । दुकानदार द्वारा शोर मचाने पर वे भाग खड़े हुए लेकिन लोगों और सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया । पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में चमकौर सिंह नामक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दूसरे को हथियारों और गोली-सिक्के समेत काबू कर लिया गया ।

शव बरामद : संगरूर जिले के रेतगढ़ गांव से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया, जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

संगरूर में पाबंदी के आदेश : जिला मैजिस्ट्रेट संगरूर श्री डी.एस. बैंस ने समूचे जिले में शाम 7 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक मोटर साइकल व स्कूटर पर दोहरी सवारी करने पर पाबंदी लगा दी है । होटल दस बजे तक खुले रहेंगे । शराब के ठेके रात के नौ बजे, दुकानें आठ बजे बंद करने का आदेश दिया गया है । यह आदेश 31 जुलाई तक जारी रहेंगे ।

हत्या : संगरूर जिले के धूर्धल मंदिर नामक गांव में मिलिटैंटों ने गत रात दरबारा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

2 व्यक्तियों की हत्या : भटिंडा जिले के भनल कलां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात मल्ल सिंह और गुरचरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : सुनाम (नगपाल): गत रात यहां से चार कि.मी. दूर गांव बिगरवाल में पवन कुमार के भट्ठे पर चार अज्ञात मिलिटैंटों ने ए.के. 47 से फायरिंग करके राम सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि दो अन्य व्यक्तियों प्रीतम सिंह व सुरेश कुमार को घायल कर दिया ।

संगरूर से गर्ग के अनुसार मारे गए व्यक्ति का नाम बरीब सिंह है । सुरेश कुमार को गम्भीर हालत में सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया है ।

लाश मिली : धूरी (सिंगला): भवानीगढ़ थाना क्षेत्र के गांवों भट्टीवाल कलां और कपियाल के बीच गोलियों से छलनी एक लाश बरामद हुई है । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

दम्पति की हत्या : लुधियाना जिले के चकाल गांव में मिलिटैंटों ने आज सवेरे भाग सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर गोलियां चलाईं जिससे उसकी भतीजी और उसका पति अवतार सिंह मारे गए ।

महिला की हत्या : इसी जिले के बाठां गांव में आज सवेरे मिलिटैंटों ने एक महिला बलजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।



'सरिता' पत्रिका में डा. बी.आर. अम्बेदकर बारे प्रकाशित एक लेख के विरोध में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्त्ता जालंधर में रोष प्रदर्शन करते हुए । (छाया : कपूर)

गुमशुदा की तलाश



श्री यशपाल सुपुत्र श्री हुसन लाल अग्रवाल मोहल्ला न्यू जगतपुरा होशियारपुर से 8.5.91 से लापता है । जिस किसी को भी इस बारे पता चला । कृपया सूचित करें । अगर यश पाल खुद पढ़े तो जल्दी घर आ जाए । उसका लड़का सख्त बीमार है । लेन-देन के बारे में फिक्र न करें ।

मिलें या सूचित करें

श्री हुसन लाल, बांसां वाली गली, न्यू जगतपुरा,



अमृतसर जिले में सुल्तानविंड नहर के पास बरामद दो अज्ञात शव । (छाया : भंडारी)

पंजाब में अब तक 100 भाजपा नेता मारे गए

बलसाड, 5 जून (प.स.): भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवानी ने आज कहा कि पंजाब की हिंसक घटनाओं में उनकी पार्टी के 100 से ज्यादा पदाधिकारी मारे जा चुके हैं । यहां एक चुनाव सभा में उन्होंने कहा कि भाजपा खालिस्तान बनाने का विरोध करती है इसीलिए उसे इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है । पंजाब के लगभग सभी जिलों के अध्यक्षों और सचिवों को निशाना बनाया जा चुका है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी देश की रक्षा के लिए बड़ी से कड़ी कुर्बानी देने को तैयार है । अन्य पार्टियों की तरह हमारा लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं है ।

लिट्टे का हाथ : चन्द्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

कितने गुट हैं, यह बता पाना मुश्किल है । सार्जेन्ट राकवेल एक सिख इंदरजीत सिंह रेयात के मामले में जांच करने वाले दल के एक सदस्य थे । रेयात को पिछली 10 मई को कनाडा-पैसिफिक विमान सेवा के एक विमान के सामान में एक बम रखने का दोषी पाया गया था । इस बम को टोक्यो में एयर इंडिया की एक उड़ान में स्थानांतरित किया जाना था । यह बम बीच में ही फट गया तथा टोक्यो के नारीता हवाई अड्डे पर सामान ढोने वाले दो व्यक्ति मारे गए ।

बब्बर खालसा इंटरनैशनल

(पृष्ठ 3 का शेष)

वक्तव्य जारी करके कहा था कि उनका इससे कोई संबंध नहीं और यह वक्तव्य विदेशी समाचारपत्रों में प्रकाशित हुआ था । समझ नहीं आती कि हमारे विरुद्ध यह आरोप अब क्यों लगाया जा रहा है ।

वक्तव्य में स्पष्ट किया गया है कि कुछ मास पूर्व बना बब्बर अकाली दल बब्बर खालसा इंटरनैशनल की राजनीतिक शाखा नहीं है । हम उस प्रत्येक संगठन के समर्थक रहे हैं और रहेंगे, जो किसी भी प्रकार से 'खालिस्तान' के लिए संघर्ष कर रहा हो ।

वर्षा के कारण लोगों ने गर्मी से राहत अनुभव की

चंडीगढ़, 5 जून (वार्ता): हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों के अलावा पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में आज प्रातः हुई बौछारों के कारण उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में लोगों ने भीषण गर्मी से कुछ राहत अनुभव की है ।

आज इस सम्पूर्ण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर वर्षा के कारण मौसम सुहावना रहा ।

बंगला देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति द्वारा पद त्याग की इच्छा

अब अतिथियों की कारें कोर्स रोड पर नहीं जाने

नई दिल्ली, 5 जून (टा.इ.) : प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और अब उनसे मिलने आने वालों की जांच अत्यधिक चौकसी से की जाती है । जिस मार्ग से होकर उन्हें गुजरना होता है, उसकी भी जांच अच्छी प्रकार से की जाती है ।

7 रेस कोर्स रोड पर भी उन लोगों, जिन्हें प्रधानमंत्री से मिलना होता है, की कारों को सीधे अन्दर नहीं जाने दिया जाता । सभी कारों को बाहर ही पार्क करवा दिया जाता है तथा मिलने आने वालों को सरकारी कार में बैठकर भीतर ले जाया जाता है ।

श्री चन्द्रशेखर ने कल पत्रकारों से सामान्य बातचीत करते हुए रहस्योद्घाटन किया कि लगभग 4 दिन पूर्व उन्हें विश्वविद्यालय क्षेत्र में एक समारोह में भाग लेने हेतु कुछ मिनट के लिए जाना था । वह रात्रि 10.30 बजे अपने निवास से चले, लेकिन रास्ते में कुछ दूर जाकर कार में सवार सुरक्षा गार्डों को आगे जा रही पायलट कार से कार धीमे करने का संदेश मिला । इसके कुछ मिनट बाद रुकने का संदेश आया । जब उन्होंने रुकने का कारण पूछा तो बताया गया कि मार्ग में [illegible] है तथा इसे हटा [illegible] क्योंकि पहले ही [illegible] पाया गया था इस [illegible] करने का निर्णय [illegible]

प्रधानमंत्री ने [illegible] बारे में बताया [illegible] स्थित अपने फार्म [illegible] को सड़क के [illegible] मिली । तब प [illegible] पता लगाने के लि [illegible] कार में विस्फो [illegible] क्षण में रिमोट [illegible] था ।

बाद में प्र [illegible] कारणों से ही [illegible] निवास है, में [illegible] आने दिया ज [illegible] रक्षा मंत्री रंज [illegible] कार में रखी [illegible] हत्या कर दी [illegible] यात्रा के कुछ [illegible]

श्री चन्द्र [illegible] व्यक्तियों जि [illegible] तथा अन्य ज्ञा [illegible] है । उन्होंने [illegible] दी जाएगी

हम संविधान को बदलना नहीं चाहते : अडवानी

वाशिंगटन, 5 जून (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने कहा है कि आस्था के लिहाज से मैं धार्मिक हूं लेकिन कर्म कांडों में विश्वास नहीं रखता ।'

श्री अडवानी ने वाशिंगटन पोस्ट के साथ एक भेंट में कहा, 'मैं यह दावा नहीं करता कि मैं हर रोज मन्दिर जाता हूं या पूजा करता हूं ।

भेंट वार्ता के अनुसार श्री अडवानी के समर्थक उन्हें उदार राष्ट्रवादी नेता मानते हैं जबकि उनके विरोधी उन्हें फासीवादी मानते हैं । अखबार ने श्री अडवानी के रवैये को 'निर्भय उदारवादी' बताया है ।

श्री अडवानी ने कहा कि जब हम हिन्दुत्व की भूमिका की चर्चा करते हैं तब यह भी उसी प्रकार है जैसा कि अगर फ्रांस का परिचय ईसाई देश के रूप में दिया जाए लेकिन इसका यह अर्थ नहीं होता कि फ्रांस में गैर ईसाई दूसरे दर्जे के नागरिक हैं या फ्रांस मजहबी देश है ।

उन्होंने कहा कि हम संविधान को बदलना नहीं चाहते । देश में धर्मनिरपेक्ष संविधान ही रहेगा ।

श्री अडवानी ने तर्क दिया कि भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिमों और सरकार के खिलाफ हिन्दुओं की वाजिब शिकायतों को व्यक्त करके उनके धार्मिक रोष पर नियंत्रण करने में मदद दी है । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिसने धर्मनिरपेक्ष संविधान जारी रखने का संकल्प लिया है ।

देश में होने वाले दंगों का जिक्र करते हुए श्री अडवानी ने कहा कि यह निचले तबके में फैली भ्रांतियों के कारण होते हैं ।

उन्होंने कहा, 'मेरे विचार में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा की हिमायत करने वाले भाजपा कार्यकर्त्ता मेरे समर्थक नहीं हो सकते ।

Punjab Sanchar

पंजाब में एक और प्रत्याशी की हत्या, अन्यत्र 8 का कत्ल, 1 व्यक्ति का अपहरण

चंडीगढ़ सचिवालय के निकट बम विस्फोट : 7 कर्मियों सहित 10 घायल

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स व के.सी.एफ. के दो लै. जनरल मारे गए

चंडीगढ़, 6 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान आज एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी की हत्या कर दी गई जबकि एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित अन्यत्र 8 व्यक्ति मारे गए और एक का अपहरण कर लिया गया । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ों के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एक लैफ्टिनैंट जनरल तथा के.सी.एफ. के एक लैफ्टिनैंट जनरल को भी मार गिराया ।

सचिवालय परिसर में बम विस्फोट, 10 घायल : (संघी): आज प्रातः यहां के पंजाब व हरियाणा सचिवालय परिसर से लगभग 20 गज दूर स्थित स्कूटर स्टैंड के बाहर हुए एक बम विस्फोट में 10 व्यक्ति घायल हो गए जबकि कई वाहनों को क्षति भी पहुंची ।

घायलों में पंजाब पुलिस का कांस्टेबल पाल सिंह, नाईजीरिया का एक छात्र चार्ल्स अमोंदी चीका व एक रद्दी विक्रेता जय नारायण सहित हरियाणा के 7 सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं । इनमें पुलिस कांस्टेबल व नाईजीरिया के छात्र की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें उपचार के लिए पी.जी.आई. में भर्ती कराया गया है । शेष 8 घायलों को जनरल अस्पताल ले जाया गया है ।

इस बम विस्फोट की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । वहां का मुआयना करने के बाद एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि यह बम एक साइकिल के कैरियर पर रखा हुआ था तथा विस्फोट के कारण वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । इसके अलावा एक दर्जन साइकिलों सहित 2 सरकारी कारों के शीशे भी टूट गए । उन्होंने बताया कि यह एक देसी बम था, जिसमें कीलों का प्रयोग किया गया था । इस विस्फोट से कील 10 मंजिला सचिवालय की पांचवी मंजिल तक जा पहुंचे जिससे भवन के कुछ शीशे भी टूट गए ।

हालांकि नगर में सर्वाधिक सुरक्षा व्यवस्था सचिवालय की ही की गई है मगर इस विस्फोट से मिलिटैंटों ने प्रशासन को यह सिद्ध कर दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था में अभी भी कई कमियां हैं । जिस समय यह विस्फोट हुआ, उस दौरान पंजाब के राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा सचिवालय से कुछ ही दूर स्थित पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय परिसर में स्थित नए न्यायिक परिसर की आधारशिला रखने में व्यस्त थे ।

बिहार के पटना और पूर्णिया निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हिंसा और बथों पर कब्जे होने से चुनाव रद्द कर पुनर्मतदान के आदेश दिए गए हैं ।

सात दिन के राजकीय शोक के बाद नए सिरे से प्रचार अभियान फिर शुरू किया गया तो अधिकांश राज्यों में वर्षा, प्रचार के लिए धन की कमी और चुनावी मुद्दों के रातों रात बदलने से प्रचार ढीला

Rush Beat the Summe
WITH
GURDAS MAN
A PRESENTATIO
CHANDIGARH ART
3419, Sector 47-D, C

फोट में 6 घायल

शनिवार की मध्य रात्रि को हुआ । उस समय रोपड़

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन को इसके बारे में पूरा अधिकार है । उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इतने अधिकार प्राप्त हैं कि वह इनका 'दुरुपयोग' भी कर सकते हैं ।

श्री चौटाला ने कहा कि पंजाब में बदली को निदनीय बताया और कहा कि राजनीतिक दल यदि इसे बढ़ावा देंगे तो इसके बुरे परिणाम होंगे तथा लोकतंत्र व्यवस्था के लिए यह बहुत खतरनाक है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) ने विमान का अपहरण करने वाले व्यक्तियों को टिकट देकर इसकी शुरूआत की तथा भारतीय जनता पार्टी तहसीलदार सिंह जैसे व्यक्तियों को चुनाव लड़वा कर इसे बढ़ावा दे रही है ।

श्री चौटाला ने कहा कि लोकसभा में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा । उन्होंने कहा कि संविधान में यह प्रावधान है कि नई सरकार बनने तक काम चलाऊ सरकार काम करती रहेगी ।



जिला जालन्धर के कस्बा नकोदर के गांव लित्तरां में गत दिवस मिलिटैंटों ने कम्युनिस्ट प्रत्याशी व पत्रकार वीरेन्द्र कुमार गगन तथा उनके साथियों की हत्या कर दी । चित्र (1) श्री गगन का शव, (2) उनके साथी सुरजीत सिंह का शव, (3) स्व. गगन के परिवारजन व निकट सम्बन्धी विलाप करते हुए, (4) पार्टी के नेता व कार्यकर्त्ता दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तथा (5) पार्टी की राज्य समिति के सचिव मंगत राम पासला अपने सम्बोधन में इन हत्याओं की निन्दा करते हुए, (6) स्व. गगन के तीन मासूम बच्चे पंकज, रिचा व अजय, (7) उनकी विधवा पत्नी व अन्य शोकग्रस्त संबंधी, (8) वह अभागी गोलियों से छलनी कार जिसमें श्री गगन व उनके साथी यात्रा कर रहे थे तथा (इन्सैट) स्व. गगन का पुराना चित्र । (छाया : पंजाब केसरी व शिव जैमिनी)

असम में चुनाव हिंसा में 2 मरे

गुवाहाटी, 9 जून (प.स.): निचले असम के धुबरी जिले और बराक घाटी में कल चुनाव के दौरान दो प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के संघर्ष में दो व्यक्ति मारे गए और कई अन्य घायल हो गए । आज यहां प्राप्त आधिकारिक सूचना में यह जानकारी दी गई है । पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए हवा में गोलियां चलाई और लाठीचार्ज किया । धुबरी नगर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

प्राप्त खबरों के अनुसार कल गड़बड़ी के कारण तीन मतदान केंद्रों पर मतदान स्थगित कर दिया गया । इनमें से दो मतदान केंद्र कामरूप जिले के कमालपुर विधानसभा क्षेत्र में और एक लखीमपुर जिले के नाओबोचा विधानसभा क्षेत्र में है ।

चुनाव आयोग ने इन मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने के बार में अभी कोई फैसला नहीं किया है ।

असम गण परिषद के एक भूतपूर्व मंत्री मैदुल इस्लाम बोरा को कमालपुर में गड़बड़ी के सिलसिले में उनके चार समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । श्री बोरा कमालपुर विधानसभा सीट से असम गण परिषद के उम्मीदवार हैं ।

पंजाबी व्यापारी भी कश्मीर घाटी छोड़ने लगे, पलायन का नया दौर शुरू

श्रीनगर, 9 जून (प.स.): अलगाववादियों द्वारा चुनौती राजनीतिज्ञों और गैर-कश्मीरियों पर हमले तेज करने से कश्मीर घाटी से पलायन का एक नया दौर शुरू हो गया है । पिछले सप्ताह तीन गैर-कश्मीरियों की दिन-दहाड़े हत्या के बाद बड़ी संख्या में पंजाबी व्यापारी घाटी छोड़ कर जा रहे हैं ।

ये लोग अप्रैल के शुरू में घाटी में वापस लौट कर फिर अपने काम-धंधों में लग गए थे क्योंकि प्रशासनिक और अलगाववाद विरोधी अभियान से हालात में प्रत्यक्ष सुधार आया था । उसके बाद हिंसक घटनाओं में तेजी आने पर घाटी में मौजूद लगभग चार हजार गैर-कश्मीरियों में से डेढ़ हजार घाटी छोड़ कर जा चुके हैं । इनमें से अधिकतर कपड़ा, परचून, पान-सिगरेट तथा ट्रांसपोर्ट आदि का धंधा करते थे ।

भाजपा त्रिपुरा में चुनाव का बहिष्कार नहीं करेगी

नई दिल्ली, 9 जून (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने आज कहा कि त्रिपुरा में चुनाव के लिए उपयुक्त माहौल नहीं होने के बावजूद उनकी पार्टी वहां चुनावों का बहिष्कार नहीं करेगी । पार्टी के उपाध्यक्ष के.आर. मलकानी ने आज संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वाम मोर्चा द्वारा त्रिपुरा में चुनाव के बहिष्कार के फैसले के बाद उनकी पार्टी यह नहीं चाहती कि कांग्रेस (इ) का राज्य में कोई प्रतिद्वंद्वी ही न रह जाए ।

वाजपेयी की हत्या के षड्यंत्र का खंडन

पटना, 9 जून (प.स.): बिहार सरकार के गृह विभाग ने इस समाचार का खंडन किया है कि भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी की नवादा या राजगीर में हत्या का षड्यंत्र रचा गया था । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि माओवादी कम्युनिस्ट सैंटर के वर्कर सहदेव की गिरफ्तारी कथित हत्या षड्यंत्र में नहीं बल्कि शस्त्र नियंत्रण कानून के तहत की गई है ।

दो इंका वर्करों की हत्या

अगरतला, 9 जून (वार्ता): पश्चिमी त्रिपुरा में जिरानिया में आज तड़के कुछ शरारतियों द्वारा बम फैंके जाने से दो कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ता मारे गए तथा दो अन्य सख्त घायल हो गए । हमलावर एक जीप में आए और वोटर स्लिपें बांट रहे कांग्रेस (इ) वर्करों पर बम फैंक कर फरार हो गए ।

की समाप्ति आज

Rush Beat the Summer heat WITH GURDAS MANN NITE Don't Miss

Punjabi Samaani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने एक सूचना मिलने पर मिलिटैंटों के एक सम्भावित ठिकाने पर छापा मारा तथा मुकाबले के दौरान मोहन सिंह फौजी मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो भरी हुए मैगजीनें, एक डायरी व नूरपुर बेदी में मारे जाने वाले लगभग 50 व्यक्तियों की एक सूची भी प्राप्त हुई है ।

श्री मुस्तफा के अनुसार मोहन सिंह फौजी लगभग 100 हत्याओं में वांछित था । उसने पुलिस जिला मजीठा में पुलिस व अर्धसैनिक बल के 30 कर्मियों की भी हत्या की थी ।

निर्दलीय प्रत्याशी की हत्या का प्रयास, कार चालक मारा गया : (वार्ता): जिला लुधियाना के जगराव विधानसभा चुनाव क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ रहे देवेन्द्र सिंह की हत्या का प्रयास आज मिलिटैंटों ने किया तथा इस दौरान उनका कार चालक मारा गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने मलसियां बाजवा गांव के निकट श्री देवेन्द्र सिंह की कार पर घात लगा कर हमला किया तथा इस फायरिंग में उनका चालक घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि श्री देवेन्द्र सिंह बाल-बाल बच गए । उन्हें अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (मंजीत गुट) का समर्थन प्राप्त है ।

छलनी शव मिला : जिला लुधियाना के डेल्हों पुलिस थाना के अधीन क्षेत्र में से आज एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

2 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए : (वार्ता): एक रिपोर्ट के अनुसार जिला फरीदकोट के बाधाघार गांव में सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान दो दुर्दांत मिलिटैंटों कर्म सिंह व नेक सिंह को मार गिराया है जबकि उनके बाकी साथी भाग निकले ।

जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह के अनुसार सुरक्षा बलों ने एक सूचना मिलने के बाद एक फार्म हाऊस पर छापा मारा तथा वहां लगभग 2 घंटे तक मुकाबला हुआ । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 315 बोर की एक राइफल, 12 बोर की एक राइफल, एक पिस्तौल व बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद किए गए हैं ।

श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार यह मिलिटैंट लगभग एक दर्जन हत्याओं तथा लूटपाट की कई वारदातों के लिए जिम्मेवार थे ।

अंतिम समाचार के अनुसार सुरक्षा बल सरार हुए मिलिटैंटों का पीछा जारी रखे हुए थे ।

एक की हत्या, एक का अपहरण : अमृतसर (नारंग): अमृतसर जिला के थाना व्यास के गांव जमालपुर में कुछ मिलिटैंटों ने स्वर्ण सिंह सुपुत्र गुरनाद सिंह, जो कि सतुवाल का रहने वाला है, गोली मार कर मार डाला ।

अमृतसर के गांव फतेहगढ़ शुक्र चक में जितेन्द्र कौर नामक औरत, जो कि करतार सिंह की पत्नी है, ने थाना में रिपोर्ट लिखाई है कि गत रात्रि 5 मिलिटैंट उनके घर आए और उसके बेटे अरविंदर सिंह को मारुति कार में डाल कर ले गए ।

गत रात्रि 11 बजे के लगभग अमृतसर के भीड़ भरे क्षेत्र चौरस्ती अटारी में राकेश कुमार सुपुत्र सरदारी लाल, संजीव कुमार सुपुत्र सदा चंद, जो कि किसी बारात से लौट कर घर वापस आ रहे थे कि कुछ मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

छलनी शव मिला : थाना पट्टी के गांव नथचक्क में एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश मिली है । लाश के पास से ए.के. 47 के तीन खोल भी पड़े मिले हैं । अभी तक इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि लगभग सवा आठ बजे चोला साहिब में एक मिलिटैंट पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया । बताया जाता है कि सरहाली थाने के एस.एच.ओ. गश्त पर थे कि उन्होंने चोला साहिब के मोड़ पर एक मिलिटैंट को हीरो होंडा पर जाते हुए देखा । मिलिटैंट को जब रुकने का संकेत किया गया तो उसने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मारा गया । पुलिस को घटनास्थल से एक राइफल 6.62, उसके चले हुए कारतूसों के 4 खोल, एच.ई. 36 किस्म का एक हथगोला मिला है ।

2 मिलिटैंट मारे गए : आज रात्रि लोपोके थाने के अंतर्गत गांव चविंडा के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । बताया जाता है कि पुलिस ने गांव चविंडा के पास नाका लगा रखा था कि रात्रि 10.15 बजे दो मिलिटैंट सुजुकी मोटर माइकिल पर आए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों मिलिटैंट मारे गए । उनके कब्जे से एक राइफल और 5 कारतूस मिले हैं ।

दो राइफलें छीनीं : होशियारपुर (वि.प्र.): थाना हरयाला के अधीन धामियां ग्राम में एक व्यक्ति सुखविन्द्र सिंह के घर से दो मिलिटैंटों द्वारा सिंगल बैरल गन व कुछ कारतूस छीने जाने की सूचना प्राप्त हुई है । बाद में मिलिटैंट छीनी हुई गन के साथ हवा में फायर करते हुए फरार हो गए ।

एक अन्य घटना में तलवंडी राइयां ग्राम के एक व्यक्ति रूड सिंह से भी उसकी 12 बोर की लाइसैंसी राइफल छीने जाने का समाचार मिला है । पुलिस ने धारा 392-436 आदि के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

टैंकर चोरी व बरामद : बटाला (कोछड़): औद्योगिक शहर बटाला के अलीवाल रोड स्थित एक कारखाना के बाहर खड़ा एक टैंकर जे.के.सी. 4746 गत रात 3 अज्ञात लोग जबरी ले गए । सिटी पुलिस सूत्रों के अनुसार टैंकर स्थानीय दशहरा ग्राऊंड के निकट मिल गया है लेकिन चोर उसके पिछले चारों टायर जैक लगा उतार ले गए हैं ।

शो रूम से 3 स्कूटर चोरी : स्थानीय जालंधर रोड पर स्थित स्कूटरों के शो रूम से गत रात 3-4 अज्ञात लोग चौकीदार से चाबियां लेकर 3 नए बजाज चेतक स्कूटर ले गए । सिटी पुलिस सूत्रों के अनुसार इनमें से एक स्कूटर मिल गया है । मिल पुलिस प्रवक्ता के अनुसार उक्त दोनों वारदातें जानकार लोगों द्वारा ही किए जाने की संभावना है । पुलिस कार्रवाई जारी है ।

मिलिटैंट का छलनी शव बरामद : (प.स.): पुलिस ने मजीठा के गांव शेरों में से गुरनाम सिंह नामक मिलिटैंट का छलनी शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार उसकी हत्या सम्भवत: गुट संघर्ष के कारण ही हुई है ।

लापता व्यक्ति का शव मिला : पुलिस ने मजीठा के बाहरी क्षेत्रों में से आज स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया है । उसका शव जमालपुर गांव में पाया गया, वह संतू नंगल का निवासी था । बताया जाता है कि वह गत सप्ताह से अपने घर से लापता था ।

मिलिटैंट काबू, हथियार बरामद : जिला पटियाला की पुलिस ने हरजीत सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .38 बोर का एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

डी.एस.पी. के भाई का अपहरण : देर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने मलेरकोटला के डी.एस.पी. मुखविंदर सिंह के भाई अरविन्दर सिंह का गत 6 जून को अमृतसर के गांव शुक्रचक में से अपहरण कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार अरविन्दर का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है ।

देश को वित्तीय संकट से निकालने वाली सरकार चाहिए : वाजपेयी

समस्तीपुर, 9 जून (प.स.): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज कहा कि केंद्र में एक ऐसी सरकार की जरूरत है, जो देश को भयानक वित्तीय संकट, निरंतर बढ़ती बेरोजगारी एवं महंगाई तथा अन्य राष्ट्रीय समस्याओं का सही समाधान निकाल कर एक नई दिशा दे सके । श्री वाजपेयी ने यहां एक चुनाव सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी ही इस तरह की सरकार दे सकती है । उन्होंने कहा कि उनका दल देश के गरीबों एवं पिछड़ों को आगे बढ़ाने के खिलाफ नहीं है लेकिन केवल वोट के लिए जात पात के नाम पर भारतीय समाज को विभाजित होते देखना हरगिज नहीं चाहता ।

वेगुसराय : श्री वाजपेयी ने आरोप लगाया कि वाशिंगटन देश की आर्थिक नीतियों का आदेश दे रहा है ।

सोना बेचने से पहले चन्द्रशेखर देश को विश्वास में लेते : वी.पी.

रायपुर, 9 जून (वार्ता): पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि विदेशी ऋण चुकाने के लिए सोना बेचने से पहले प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को देश को विश्वास में लेना चाहिए था ।

श्री सिंह कल यहां माना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

कश्मीर घाटी में 12 अलगाववादी मारे गए

श्रीनगर, 9 जून (प.स.): कश्मीर घाटी में कल रात से 12 अलगाववादी मारे गए । तलाशी अभियानों के दौरान 13 अलगाववादियों को गिरफ्तार किया गया तथा काफी संख्या में हथियार बरामद किए गए । बांदीपुर के आलोसा गांव में बी.एस.एफ. के दो अपहृत इंटैलीजैंस अधिकारियों के तलाश करने के लिए सेना की सहायता ली गई ।

कुपवाड़ा सैक्टर में पांच कि.मी. सीमा पट्टी में आज भारतीय सीमा में घुसने का प्रयत्न करते हुए तीन पाक प्रशिक्षित अलगाववादी मारे गए । उनके निकट से 16एके. 47 राइफलें उनके 38 मैगजीन, 3,703 राऊंड, दो राकेट दागने वाली बंदूकें, पांच राकेट बूस्टर, दो पिस्तौलें, 25 राउंड तथा भारत विरोधी प्रचार की 44 कैसटें बरामद की गई ।

इंका का कोई विकल्प नहीं है : राव

अहमदाबाद, 9 जून (प.स.): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज कहा कि कांग्रेस (इ) का कोई विकल्प नहीं है और वही एकमात्र पार्टी है जो केन्द्र में स्थायी सरकार बना सकती है । श्री राव यहां एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि देश कठिन दौर से गुजर रहा है और उनकी पार्टी के अलावा कोई ऐसी पार्टी नहीं है जो देश की एकता और अखंडता की रक्षा कर सके । उन्होंने राजीव गांधी की हत्या के बाद पार्टी में बिखराव आने का खंडन किया ।

नेतृत्व के लिए कोई मुकाबला नहीं : श्री राव ने दावा किया कि पार्टी के संसदीय दल के नेतृत्व के लिए कोई मुकाबला नहीं चल रहा ।

नई दिल्ली : कांग्रेस (इ) नेता माधवराव सिंधिया ने इन खबरों का खंडन किया है कि वह कांग्रेस (इ) संसदीय दल के नेता पद के दावेदार हैं ।

'इकनामिक टाइम्स' के अनुसार श्री सिंधिया ने इस बात का भी खंडन किया कि वे प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन पैदा कर रहे हैं लेकिन इसके साथ ही कहा कि राजनीति में कोई बात भी आश्चर्यजनक नहीं है ।

उपकरणों के जरिए मेरी जासूसी की जा रही है : बेनज़ीर

इस्लामाबाद, 9 जून (प.स.): पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने आज आरोप लगाया कि कराची स्थित उनके निवास तथा इस्लामाबाद में उनके प्रवास स्थल पर खुफिया उपकरणों के जरिए उनकी नियमित जासूसी की जाती रही है ।

'हिरासत' में लिए प्रत्याशियों द्वारा अनशन की धमकी

अमृतसर, 9 जून (प.स.): पंजाब के अमृतसर जिले में नौ विधानसभा प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार की आजादी सहित अपनी अनेक मांगों के समर्थन में अनशन की धमकी दी है । ये उम्मीदवार उन तीस उम्मीदवारों में शामिल हैं, जिन्हें सुरक्षित 'हिरासत' में रखा गया है क्योंकि उन्होंने अंगरक्षक रखने से मना कर दिया था ।

राजीव की हत्यारिन के कुर्ता-पाजामाधारी साथी को जानने का एक इंजीनियर द्वारा दावा

कैलगरी, 9 जून (प.स.): राजीव गांधी की हत्या केस के संदर्भ में आज एक नाटकीय घटनाक्रम में जाफना के एक श्रीलंकाई इंजीनियर ने दावा किया कि वह श्री गांधी की हत्यारिन के कुर्ता-पाजामा धारी साथी को जानता है ।

इस 27 वर्षीय इंजीनियर अमत लिगम मतिमगन ने यहां अपने कार्यालय के सहयोगियों को बताया कि श्री गांधी की हत्यारिन के साथ हाथ में नोट बुक पकड़े जिस कुर्ता-पाजामाधारी का जो चित्र प्रकाशित

लेकर श्रीलंकाई समाचारपत्रों ने कल प्रकाशित किया, देख कर अमत लिगम यह कहते हुए अपने कार्यालय से चला गया कि वह अपने वकील से सलाह लेगा तथा बाद में भारतीय उच्चायोग में अपने को पेश कर देगा ।

जिस फर्म में अमत लिगम काम कर रहा है, उसके प्रबन्ध निदेशक को यह कहते हुए सरकार द्वारा संचालित समाचारपत्र 'संडे आब्जर्वर' ने उद्धृत किया है कि उत्तरी जाफना का रहने वाला अमत लिगम उनकी फर्म में इस वर्ष मई से काम कर रहा

SAVE YEAR • EXAMS AUGUST '91
ADMISSION GUIDANCE FOR U.P.
LLB
3 Years PROFESSIONAL, B.A. 40% eligible
Prospectus Rs. 15/- by M.O.
SWAMI VIVEKANAND COLLEGE
1708/22-B, CHANDIGARH

SPECIAL WHITE
MARBLE
TAJMAHAL
MARBLE INDUSTRIES
Manufactruer & Suppliers :
White & Colour

Punjab Sanad

अकाली दल (ब) के नेता व प्रत्याशी भुन्दड़ की हत्या का प्रयास : 3 गनमैनों सहित 4 मरे

राज्य में अन्यत्र अध्यापक, इंजीनियर व पूर्व सूबेदार सहित 10 की हत्या

5 मिलिटैंट मारे गए : निर्दलीय प्रत्याशी व 2 मिलिटैंट गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की ारदातों के दौरान आज अकाली दल (ब) के रिष्ठ नेता व पार्टी के प्रत्याशी की हत्या का प्रयास या गया और मिलिटैंटों के हमले में उनके 3 नमैनों सहित 4 व्यक्ति मारे गए जबकि राज्य में न्यत्र गत 24 घंटों के दौरान सेना के एक पूर्व बेदार, एक इंजीनियर व एक अध्यापक सहित10 क्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा रक्षा बलों ने 5 मिलिटैंट मार गिराए, 2 को रफ्तार किया तथा मिलिटैंटों को शरण देने के लिए लिस ने एक निर्दलीय प्रत्याशी को भी काबू कर या है ।

अकाली दल (ब) के नेता व प्रत्याशी ी हत्या का प्रयास, 2 गनमैन मरे : ार्ता, प.स.): जिला भटिंडा में आज अकाली दल ादल) के वरिष्ठ नेता बलविन्दर सिंह भुन्दड़ की ा का प्रयास किया गया, वह सरदूलगढ़ ानसभा चुनाव क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी भी हैं । लिटैंटों द्वारा उन पर घात लगा कर किए गए हमले उनके 2 गनमैन मारे गए मगर श्री भुन्दड़ -बाल बच गए ।

उल्लेखनीय है कि श्री भुन्दड़ पंजाब के पूर्व कृषि मंत्री भी रह चुके हैं । उन पर मिलिटैंटों ने गांव कोट धर्मों के निकट हमला किया था । इस दौरान फायरिंग में एक नागरिक भी मारा गया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री भुन्दड़ पर आज 1.15 बजे हमला किया गया तथा मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । इसके बाद मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए । श्री भुन्दड़ के साथ उनके 3 अन्य गनमैन भी बच निकले हैं ।

मगर मानसा से 'मेहता' के अनुसार इस घातक हमले में श्री भुन्दड़ के 3 निजी गनमैन व एक नागरिक मारा गया ।

इस सम्बन्ध में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री भुन्दड़ अपने गनमैनों के साथ गांव के निकटवर्ती गुरुद्वारा सुरीसर में मत्था टेकने के बाद अपने चुनाव प्रचार अभियान के सिलसिले में जा रहे थे कि 4 मिलिटैंटों ने उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी ।

इस फायरिंग में मारे गए 3 व्यक्तियों की पहचान जोगिन्दर सिंह पुत्र जागीर सिंह, गुरबचन सिंह सरदूलगढ़ व मीत सिंह पुत्र ईशर सिंह के रूप में हुई है । चौथा मृतक एक राहगीर था जिसकी पहचान नहीं हो सकी । इस हमले में 3 अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : पटियाला की सदर पुलिस ने गत दिवस डंकाला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले एक निर्दलीय प्रत्याशी गुरचरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उस पर आरोप लगाया गया था कि वह बब्बर खालसा के मिलिटैंटों को आश्रय व सहायता प्रदान करता है ।

'भूषण' के अनुसार वह भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के मिलिटैंटों को भी शरण देता था । इस गिरफ्तारी की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा ने आज सायं की है ।

संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार : (राजू): पुलिस ने एक संदिग्ध मिलिटैंट हरजीत सिंह पुत्र जागीर सिंह रामगढ़िया निवासी मोहल्ला गुजरां पुलिस थाना राजपुरा को गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्जे से एक देसी रिवाल्वर व 5 कारतूस भी बरामद किए गए ।

पूर्व सूबेदार की हत्या, पुत्र घायल : (कोछड़): पुलिस जिले के चौधरियां गांव में मिलिटैंटों ने सेना के पूर्व सूबेदार हरभजन सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी । इस गोलीबारी में उसका पुत्र बलविन्दर सिंह भी घायल हो गया ।

महिला सहित 4 की हत्या : (धीमान): लुधियाना जिले के तीन गांवों में मिलिटैंटों ने चार व्यक्तियों को गोली से मार डाला । इस गिरोह ने जिले के मालियांकलां गांव में जाकर बारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने इसके बाद निकटवर्ती चीन्ता गांव में जाकर भी दो व्यक्तियों को मार डाला । एक मृतक की शिनाख्त अमर सिंह के रूप में की गई है ।

बाद में यह गिरोह गज्जन गांव गया और वहां एक महिला की हत्या कर दी । मृत महिला की अभी शिनाख्त नहीं हुई है । इसी जिले के झुगियांद्दर गांव के एक निवासी की राइफल छीनने के बाद ये मिलिटैंट फरार हो गए ।

इसके अलावा मिलिटैंटों ने प्रकाश पुरी में गत दिवस मनोहर लाल नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल भी कर दिया है ।

इंजीनियर की हत्या : (प.स.): जिला रोपड़ में आज मिलिटैंटों ने खानपुर पावर स्टेशन के सब डिवीजनल इंजीनियर कमल इन्दर सिंह की

(शेष पृष्ठ 8 पर)



पंजाब के राज्यपाल जन. (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा सोमवार को चंडीगढ़ में राज्य एवं पुलिस अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए

22 को चुनाव अवश्य होंगे : म

चण्डीगढ़, 10 जून (एन.एस. परवाना) : पंजाब के राज्यपाल जन. (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा ने घोषणा की है कि राज्य में चुनाव 22 जून को अवश्य होंगे । अब चुनाव स्थगित किए जाने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता ।

आज वरिष्ठ सिविल व पुलिस अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुछ दिन पूर्व केन्द्र सरकार को यह पत्र लिख चुकी है कि वह 22 जून को चुनाव कराने के लिए तैयार है तथा इस चरण पर चुनाव स्थगित न किए जाएं । उन्होंने कहा कि सरकार स्वतन्त्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वचनबद्ध है ।

बैठक में पंजाब के विभिन्न जिलाधीश, जिला पुलिस प्रमुख डी.आई.जी., आई.जी. पुलिस तथा सी.आर.पी. एवं बी.एस.एफ. के अधिकारी भी मौजूद थे । बैठक में पंजाब के चीफ जनरल मैनेजर टैलीफोन व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे ।

राज्यपाल ने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी ताकतें पंजाब में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना चाहती हैं पर जनता को सरकार चुनने बारे उनके लोकतांत्रिक हक से वंचित नहीं किया जा सकता है ।

उल्लेखनीय है कि जन. (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा आज सुबह ही नई दिल्ली से लौटे हैं तथा तुरन्त बाद आज उन्होंने अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया है । राज्यपा हमारा सर्वप्रथम कार्य प्रत्याशि है । जिला प्रशासन को चाहिए को सुरक्षा लेने हेतु मनाए प्रत्याशियों से कहा कि वे अपन सूचना प्रशासन को दें ताकि सुरक्ष जा सके ।

राज्यपाल ने यह घोषणा की का बहिष्कार करने या किसी विशे दिलाने की धमकियां दे रहे हैं उ कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने हेराफेरी या मतदान केन्द्रों पर क नहीं दी जाएगी ।

बैठक को राज्यपाल के सलाह वत्स, राज्य के मुख्य सचिव श्री वित्तायुक्त (गृह) श्री अजीत सिं सम्बोधित किया । राज्य के पुलिस डी.एस. मांगट ने भी अपने विचार

बैठक में बताया गया कि जिलाधी यह निर्णय लिया गया है कि प्राइवेट रेट पर लेकर उनको सुरक्षा वाहनों किया जाए । श्री चट्ठा ने बताय दृष्टिगत 1300 वायरलैस सैट खरीदे मांगट ने कहा कि शान्तिपूर्वक मतदा अर्धसैनिक बलों से पूरा तालमेल र

जाब में चुनाव के बहिष्कार बारे ार्क्सी पार्टी का अंतिम निर्णय आज

ई दिल्ली, 10 जून (वार्ता): मार्क्सवादी स्ट पार्टी पंजाब में चुनाव मैदान में रहने या के बारे में अंतिम फैसला कल करेगी । पार्टी ा ब्यूरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने वाददाताओं को बताया कि वामपंथी मोर्चे में दलों के अलावा अकाली दल के कुछ गुटों के स संबंध में वह परामर्श कर रहे हैं ।

ोंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में

ुनाव कराने का मतलब मिलिटैंटों की सत्ता

ने के साथ-साथ उन्हें विश्वसनीयता प्रदान भी होगा । राज्य में चुनाव प्रक्रिया शुरू होने आठ जून तक 20 उम्मीदवारों के अलावा निर्दोष लोगों की हत्या हो चुकी है, 47 वारों ने धमकी के बाद नाम वापसी ले लिए हैं भी भी यह सिलसिला जारी है ।

सुरजीत ने कहा कि स्थिति के प्रति सरकार सीनता के कारण मिलिटैंट राज्य में खुलेआम तिविधियां चला रहे हैं और बब्बर खालसा ने य भर में बांटे एक पर्चे में धमकी दी है कि जो खों के साथ धोखा करेंगे, उनकी बारी-बारी की जाएगी । उन्होंने इस बात पर भी व्यक्त किया कि अकाली दल (मान गुट) को ध्यम पर प्रसारण में सिवाय 'खालिस्तान' ड़ कर अपनी इच्छानुसार सब कुछ शामिल छूट दी गई ।

ोंने इस माहौल में चुनाव के बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त के बार-बार बदले जाने वाले बयानों पर भी आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि केंद्र ने जितनी संख्या में सुरक्षा बल (चुनाव के लिए) तैनात करने का वायदा किया है, उसका एक-तिहाई भी अभी राज्य में नहीं पहुंचा है ।

श्री सुरजीत ने श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद त्रिपुरा में मार्क्सवादी पार्टी तथा अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाओं की न्यायिक जांच कराने की मांग की । उन्होंने कहा कि कल राज्य में एक बम विस्फोट में तीन कांग्रेसजनों की मृत्यु से इस बात का पर्दाफाश हुआ है कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी हो रही है । उन्होंने कहा कि बम विस्फोट की घटना के बारे में आकाशवाणी के सुबह नौ बजे और अपरान्ह एक बजे के बुलेटिन में प्रसारित खबर में फर्क से बात की कलई खुल गई । श्री सुरजीत ने कहा कि असलियत का पता लगाने के लिए न्यायिक जांच जरूरी है । मार्क्सवादी पार्टी त्रिपुरा में चुनाव से हटने की घोषणा पहले ही कर चुकी है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

महाराष्ट्र में 3 दिन की भारी वर्षा से 86 मौतें

बंबई, 10 जून (पस, वार्ता) : यह महानगर, से शुरू कर दिया गया है । अशांत समुद्र का पोतों की

चुनाव अभियान तेज होना लेकिन दिलों में आतंक व्य

लुधियाना, 10 जून (धीमान): इस जिला में एक लोकसभा और 12 विधानसभा की सीटों के लिए चुनाव अभियान बहुत तेज हो गया है । अब जनसभाएं भी हो रही हैं । नगर झंडों व माटो इत्यादि से भर गया है । कई उम्मीदवारों ने इस उद्देश्य के लिए चौराहों का बहुत सुन्दर प्रयोग किया है । तिपहिया वाहनों पर लाऊड स्पीकरों से प्रचार हो रहा है । प्रांत के कई क्षेत्रों के उम्मीदवारों ने स्थानीय कलाकारों की आवाज में कैसेट बना लिए

ही सुरक्षित नहीं तो दूसरे कैसे बच

बादल अकाली दल ने चुनाव पहली बार जनसभा की । उन्होंने भी जलसा रखा था, लेकिन जिस व्य आयोजन किया था, बताया जात अंतिम समय में भय के कारण इं क्योंकि ऐसी पब्लिक मीटिंग कराना नहीं । कई गांवों में हालत यह

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घायल चल बसा : पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला बटाला में मिलिटैंटों ने जिस विनोद कुमार नामक युवक को कुछ दिन पूर्व गोलियां मार कर घायल कर दिया था, वह आज घावों की ताव न सहते हुए चल बसा है ।

2 मिलिटैंट मारे गए : फरीदकोट जिले में बुडागढ़ गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट अंग्रेज सिंह फौजी को भी मार गिराया है जबकि इससे पूर्व 2 मिलिटैंट कर्म सिंह व हरनेक सिंह एक दिन पूर्व हुए मुकाबले में मारे गए थे । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक मैगजीन, एक अन्य राइफल व एक बंदूक भी बरामद हुई है ।

इसके अलावा तरनतारन क्षेत्र के चोला साहब गांव के निकट भी एक मुठभेड़ के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक माऊजर, दो राइफल, एक हथगोला व कई कारतूस बरामद किए गए ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार छीने : दो अलग-अलग घटनाओं में मिलिटैंटों ने हथियार छीन लिए जबकि एक मिलिटैंट बग्गर सिंह को एक पिस्तौल और कुछ कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।

32 हजार रुपए छीन कर फरार : अमृतसर (नारंग): आज लगभग 11.15 बजे 3 मिलिटैंटों ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित डेनेज आफिस में से बंदूक की नोक पर खजांची से 32,000 रुपए छीन लिए और फरार हो गए ।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : गत 8 जून को साय 5 बजे ब्यास पुलिस थाना के अधीन दुल्लोनंगल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो 3 मिलिटैंट मारे गए थे, आज उनकी शिनाख्त कर ली गई है । उस समय उनकी पहचान नहीं हो सकी थी ।

पुलिस जिला मजीठा के वरिष्ठ अधीक्षक परमपाल सिंह गिल के अनुसार मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त सुखदेव सिंह पुत्र गुरबचन सिंह निवासी गांव ढढियां थाना ब्यास, लखविन्दर सिंह पूर्व कांस्टेबल पुत्र बग्गा सिंह निवासी मण्ड थाना जंडियाला, दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा पुत्र दर्शन सिंह गांव संधा तरनतारन के रूप में हुई है ।

श्री गिल के अनुसार सुखदेव सिंह 20-25 पुलिस कर्मियों की हत्या में संलिप्त था, लखविन्दर सिंह लगभग 40 हत्याओं के लिए जिम्मेवार था और दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा 50 से भी अधिक हत्याओं व अपहरणों, बलात्कारों तथा फिरौतियों की वारदातों में पुलिस को वांछित था ।

पता चला है कि दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था तथा पिप्पल गिरोह से सम्बन्धित था । वह 'बी' श्रेणी का दुर्दांत मिलिटैंट माना जाता था ।

3 मिलिटैंट, बी.आर.पी.एफ. का एक जवान मरे : थाना भिखीविंड के निकट स्थित गांव फिरोपुर में आज रात्रि पुलिस व सुरक्षा बलों की मिलिटैंटों से हुई एक मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट और सी.आर.पी.एफ. का एक जवान मारे गए । बताया जाता है कि थाना भिखीविंड के एस.एच.ओ. सी.आर.पी.एफ. के जवानों के साथ गश्त कर रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर घात लगा कर हमला किया । जवाबी फायरिंग किए जाने पर 3 मिलिटैंट मारे गए और सी.आर.पी.एफ. का एक जवान मौके पर ही मारा गया । सुरक्षा बलों को घटनास्थल से मृतकों के निकट से एक एस.एल.आर., एक ए.के 47 राइफल, 303 बोर की तीन राइफलें, बलेट एक्शन राइफल, एक स्टेनगन और भारी मात्रा में गोली-सिक्का मिला है ।

गांव सैदपुर में हत्या : थाना लोपोके गांव सैदपुर में मिलिटैंटों ने जोगेन्द्र सिंह पुत्र संता सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक के पास हत्यारों द्वारा छोड़े गए पत्र में बताया गया है कि मृतक मुखबिर था, इसलिए उसकी हत्या की गई ।

अध्यापक की हत्या : बरनाला (सिधवानी): गत दिवस दोपहर 12 बजे के लगभग दो मिलिटैंट गांव छीनीवाल खुर्द में श्री हरि सिंह अध्यापक के घर पहुंचे । उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी । मृतक गांव सैदोवाल के सरकारी स्कूल में अध्यापक था । भदौड़ पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । बरनाला सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरान्त लाश वारिसों के हवाले कर दी गई है ।

आभूषण-नकदी लूटी : होशियारपुर (अश्विनी) : हरयाना कस्बा में 6 सशस्त्र लुटेरों ने स्थानीय पहाड़ी गेट के एक व्यक्ति बलवीर सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर भारी मात्रा में आभूषण, नकदी और कीमती सामान लूट लिया । इस कस्बे के मुहल्ला सैनियां के एक व्यक्ति गिरधारी लाल के घर से भी कीमती सामान लूटने की खबर मिली है ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

से यह हथगोला सड़क पर फटा जिसमें 21 व्यक्ति छर्रे लगने से घायल हुए । घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया गया है ।

कुपवाड़ा जिले के सोपोरा में सुरक्षा बलों तथा अलगाववादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अलगाववादी मारा गया । इसी प्रकार की घटना में बारामूला के पट्टन में दो नागरिक गोली लगने से घायल हुए ।

श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर यहां से 52

निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान से हटा

फगवाड़ा, 10 जून (खोसला): आज यहां फगवाड़ा (सु.) विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी श्री सरिन्द्रपाल सिंह छिंदा ने चुनाव मैदान से हटने का निर्णय लिया है ।

पंजाब में चुनाव स्थगित न किए जाएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

मालवीय द्वारा भी खंडन : समाजवादी जनता पार्टी के महासचिव सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां कहा कि श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद चुनाव स्थगित करने के बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई थी । श्री शेषन ने कल दूरदर्शन पर चर्चा में कहा था कि चुनाव की नई तिथियां घोषित करने से पहले उन्होंने श्री मालवीय से फोन पर चर्चा की थी ।

मद्रास : केन्द्रीय विधि और न्यायमंत्री डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आज कहा कि राजीव गांधी की हत्या के बाद दूसरे और तीसरे चरण का मतदान स्थगित करने का निर्णय स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने लिया था । इससे पूर्व 21 मई की रात को श्री शेषन ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, कैबिनेट सचिव और उनके (स्वामी के) साथ राष्ट्रपति की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन में बातचीत की थी । श्री चंद्रशेखर ने यह कहा था कि मतदान स्थगित करने की घोषणा से पूर्व श्री शेषन राजनीतिक दलों के नेताओं को इसकी जानकारी दे दें ।

चुनाव प्रेक्षकों की बैठक : मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने पंजाब में चुनाव के लिए नियुक्त केंद्रीय प्रेक्षकों की बैठक आज दिल्ली में बुलाई जिसमें राज्य की स्थिति की समीक्षा की गई ।

पंजाब में चुनाव स्थगन का कोई कारण नहीं : **चंद्रशेखर** : वाराणसी : प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने आज स्पष्ट किया कि पंजाब में चुनाव स्थगित करने की कोई वजह नहीं है । श्री चंद्रशेखर बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर उनके साथ यहां आए संवाददाताओं से बात कर रहे थे । उन्होंने कहा कि वैसे पंजाब में निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव कराने अथवा स्थगित करने पर चुनाव आयोग ही फैसला कर सकता है । प्रधानमंत्री ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा ने कल रात उनसे दिल्ली में बातचीत की थी लेकिन राज्य में चुनाव स्थगित करने की कोई सिफारिश नहीं की । उन्होंने कहा कि अब चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूरे होने चाहिएं और उन्हें टालने का कोई औचित्य नहीं है ।

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि राज्यपाल ने चुनाव आयोग को चुनाव की तिथियां कुछ दिन आगे बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए और समय मिल सके । इसके उपरांत गृह सचिव ने राज्यपाल को सुरक्षा प्रबन्धों के लिए पर्याप्त केंद्रीय बल मुहैया कराने का आश्वासन दिया । प्रधानमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पंजाब में एक गुट चुनाव न होने देने के लिए दृढ़ संकल्प है । यह गुट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार करना चाहता है कि भारत में लोकतंत्र नहीं बचा है ।

उन्होंने कहा कि राज्य की 95 फीसदी जनता चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना चाहती है । हम इन लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं की उपेक्षा कैसे कर सकते हैं ।

श्री चंद्रशेखर ने कहा कि कश्मीर में लोगों के जनाधिकार की अवहेलना करके जो विकट स्थिति पैदा की गई है, उसे हम पंजाब में दोहराना नहीं चाहते । उन्होंने कहा कि पंजाब-चुनावों को लेकर संदेह का वातावरण बन रहा था जो चुनाव कराने के फैसले से ठीक हो गया है ।

प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि राज्य में अशांति है किन्तु साथ ही जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से ही हालात सामान्य किए जा सकते हैं । उन्होंने कहा कि असम में चुनावों के दौरान व्यापक हिंसा होने की अटकलें लगाई जा रही

टैंडर नोटिस
संशोधन

ए.सी./पी.वी.सी. पाइप आदि उपलब्ध कराने तथा बिछाने और ट्यूबवैल लगाने के लिए जो टैंडर, 14.5.91 को खुलने थे, अब वे इस कार्यालय में 28.6.91 को खोले जाएंगे । शेष की शर्तें पहले जारी किए गए टैंडर नोटिस के अनुसार ही होंगी ।

निगरान इंजीनियर,
जनस्वास्थ्य (प.ज.स) हल्का
पटियाला

PR/91/1307/4.6.91

TVS SUZUKI LIMITED
WANTED SALES-CUM-SERVICE POINT
FOR
TVS MOPED & MOTORCYCLE
IN THE FOLLOWING TOWNS :
*KARTARPUR *BANGA *NAWANSHAHR *ADAMPUR *BHOGPUR *SULTANPUR LODHI *SHAHKOT *PHILLAUR *GORAYA *LOHIAN.
Contact personally or write within 15 days.
TVS SUZUKI LIMITED
C/O GLOBE AUTO AGENCIES,
923, G.T. ROAD, JALANDHAR CITY.

WARNING
BEWARE OF UNAUTHORISED DEALERS
1. Buy from our authorised dealers only.
2. Insist on our original instruction manual/warranty card.
3. Any refrigerator purchased from any unauthorised dealers shall not be covered under warranty by the company.
Kelvinator®
REFRIGERATORS
Dealers in Ludhiana Distt. :- SAHNEWAL :- Ram Pal & Brothers. MULLANPUR :- Goel Electronics & Manoj Electronics. PHILLAUR :- Verma Electronics & Kalghidhar Electronics. HATHUR :- Kumar Electronics. KHANNA :- Punjab Electronics & Saggar Electronics. JAGRAON :- Deep Enterprises, Norton Electricals & Sigma Electronics. SAMRALA :- Gift Corner, Chandigarh Road. SUDHAR :- Airmen Video Centre. DORAHA :- Sound Service. RAIKOT :- Sharma Electronics. HUMBRAN :- Akal Electronics. JODHAN :- Grewal Electronics. GUJJARWAL :- M.B. Electronics.
(BPL-123A)

प्रियादर्शिनी कालेज आफ
इंजीनियरिंग
(लोक मान्य तिलक जनकल्याण शिक्षण संस्था)
इलैक्ट्रानिक जोन एम.आई.डी.सी., हिंगना रोड
नागपुर-440016
प्रवेश सूचना 1991-92
प्रस्तुत कोर्स (चार वर्षीय डिग्री कोर्स)

ध विच्छेद करने पड़े, ये लोग श्री मान के साथ
कर 'बंद' को असफल बनाने, मुझे (मनजीत)
बंद करवाने तथा सेना की तैनाती के लिए
ार हैं । भाजपा के बारे में उन्होंने कहा कि
क साम्प्रदायिक पार्टी है ।

श्री मुखर्जी ने स्पष्ट किया कि कल प्रैस के लिए जारी पत्र की प्रतिलिपि में अपने शब्द ही था । उन्होंने इस बात से इन्कार किया कि उन्होंने इसके बारे में कल रात संबद्ध अखबार से बातचीत की थी ।

श्री मोदी ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्तियों में तीन महिलाएं भी हैं । गिरफ्तार व्यक्तियों में से भान सिंह तथा रायगढ़ के एक ही परिवार के सदस्य हरदीप सिंह, ज्ञान सिंह, हरचरण कौर, गुरमीत कौर तथा बलजीत कौर के विरुद्ध मिलिटैंटों को पनाह देने का

आर.एस. पिप्पल भी उपस्थित थे । उन्होंने बताया कि दिल्ली के मिलिटैंटों ने सुखविन्दर सिंह को वे हथियार लाने के लिए रायगढ़ भेजा जो भोला सिंह छोड़ गया था । असफल होने पर अमृत पाल सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

न्नो कहां है ?



श्रीमती धन्नो

किन न तो वह अपने मायके पहुंची और न ही

ोर्ट दर्ज करवाई थी जिसमें उसने कहा है कि
गई है । इसके पश्चात जोगेंद्र का कहना है
वाह करके पंजाब के पटियाला जिला के एक
जोगेंद्र बताता है । उसने यह सब पुलिस को
नगण्य बताई जाती है । जोगेंद्र को यह भी
उन्होंने उसे जान से मार डाला हो । जोगेंद्र
।

कम्युनिस्ट प्रत्याशी गुरदेव सिंह बाल-बाल बचे

चंडीगढ़, 11 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान सी.पी.आई. का एक प्रत्याशी सम्भावित घातक हमले से बाल-बाल बच गया जबकि गत 24 घंटों में एक सरपंच सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और कल की फायरिंग में घायल हुआ एक व्यक्ति आज चल बसा । इसके अलावा राज्य में 5 मिलिटैंट भी मारे गए हैं ।

सी.पी.आई. प्रत्याशी सम्भावित घातक हमले से बाल-बाल बचा : (वार्ता, प.स.): गत रात्रि नाभा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी गुरदेव सिंह एक सम्भावित घातक हमले से बाल-बाल बच गया । वह सी.पी.आई. की टिकट पर चुनाव लड़ रहा है ।

बताया जाता है कि जिला पटियाला के नाभा कस्बे में गत रात्रि दो सशस्त्र मिलिटैंट गुरदेव सिंह के घर के निकट आए, मगर उस समय उनका भाई घर के बाहर खड़ा था । वह उन मिलिटैंटों के इरादों को भांप कर उनसे भिड़ गया जबकि उसके 3 अन्य साथियों ने भी मिलिटैंटों को घेर कर उन्हें 'जफ्फा' मार लिया । मगर मिलिटैंटों ने संघर्ष के बाद खुद को छुड़ा लिया और अपने स्कूटर पर तेजी से भाग निकले । वे अपने पीछे फरार होते समय ए.के. 47 राइफल भी छोड़ गए ।

के.एल.एफ. ने अमोलक सिंह की हत्या की जिम्मेवारी ली : मिलिटैंट संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने विधानसभा चुनाव के लिए सी.पी.आई. के प्रत्याशी व मासिक पत्रिका 'सुर्ख रेखा' के सम्पादक अमोलक सिंह की हत्या की जिम्मेवारी ली है । जिला फरीदकोट के गांव मुंजी गुलाब सिंह वाला विधानसभा चुनाव क्षेत्र से अमोलक सिंह चुनाव लड़ रहे थे तथा गत शुक्रवार को मिलिटैंटों ने उनकी हत्या कर दी थी ।

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर परगट सिंह फौजी ने अपने हस्ताक्षर युक्त विज्ञप्ति में कहा है कि अमोलक सिंह की हत्या केवल इसीलिए की गई क्योंकि वह अपनी लोकतांत्रिक टिप्पणियों से सिखों व मिलिटैंट संगठनों में गलतफहमी उत्पन्न कर रहा था ।

5 मिलिटैंट मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के खारादीपर गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । इनमें भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान का परगट सिंह, मेवा सिंह और गुरमेल सिंह शामिल हैं । कई अपराधों के सम्बन्ध में उनकी तलाश थी ।

इनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक बुलेट एक्शन राइफल, एक स्टेनगन, पांच 303 राइफलें और कई कारतूस बरामद हुए हैं ।

संगरूर जिले के रानियां नाला गांव के निकट एक अन्य मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बंदूक और एक स्कूटर बरामद हुआ है ।

पटियाला जिले के सिधुवाली गांव के निकट भी एक अन्य मिलिटैंट सुरेन्द्र सिंह मारा गया ।

'राजू' के अनुसार इस दुर्दांत मिलिटैंट का नाम सुरेन्द्र पाल सिंह था तथा वह गत रात्रि जब एक मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा चारों तरफ से घेर लिया गया तो उसने अत्यंत घायलावस्था में सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली ।

यह भी कहा जाता है कि यह मिलिटैंट अकाली दल (मान) के जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह लंग व प्रीतम सिंह डढेहरा की हत्या में संलिप्त था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि यह मिलिटैंट पैदल ही जा रहा था तथा जब पुलिस ने उसे चुनौती दी तो उसने गोली चला दी । जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद उसने सायनाइड खाकर अपनी जान दे दी । वह बब्बर खालसा के साथ सम्बन्धित था । घटनास्थल से .455 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर भी बरामद हुआ है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के सईदपुर में मिलिटैंटों ने जोगिंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। (शेष पृष्ठ 8 पर)

भाजपा केवल राम मंदिर के मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ रही : वाजपेयी

बस्ती, 11 जून (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने आज कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ राम मंदिर के मुद्दे पर ही यह चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि उसका लक्ष्य राष्ट्र निर्माण का है । श्री वाजपेयी ने यहां चुनाव सभा में कहा कि पिछले वर्ष अक्तूबर में कार सेवक मस्जिद कतई तोड़ना नहीं चाहते थे । उन्होंने कहा कि देश की मस्जिदें आपसी भाईचारे और सद्भाव के कारण सुरक्षित हैं, पुलिस या सरकार के भय से नहीं । उन्होंने कहा कि देश के अनेक मंदिरों को तोड़ कर मस्जिदें बनाई गईं लेकिन भाजपा तो सिर्फ अयोध्या के राम मंदिर का पुनर्निर्माण करना चाहती है और इसका यह लक्ष्य जरूर पूरा होगा । भाजपा नेता ने कहा कि कुछ लोग मस्जिद बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं । ऐसे में भाजपा अगर राम मंदिर के लिए वोट मांगती है तो क्या गलत है ।

पाक में फिर राजनीतिक टकराव का दौर शुरू

नई दिल्ली, 11 जून (वार्ता): पाकिस्तान में एक

ं सहित 40 मरे, 25 घायल

गई । आग पहले एक दुकान में लगी तथा
क्षणों में आसपास की दुकानों तक फैल

ां उच्च सुरक्षा क्षेत्र में पर्यटक स्वागत केंद्र में
दस-बारह सरकारी कार्यालयों के

ध सुधारने का प्रयास

सज्जाद चाहते हैं कि श्री शरीफ के परमाणु
त्र बनाने के प्रस्ताव का भारत सकारात्मक
। भारत ने यह तर्क देते हुए इसे रद्द कर
ा कि परमाणु समस्या एक विश्वव्यापी
है न कि भारत और पाकिस्तान का आपसी
उन्होंने कहा कि वह कश्मीर में
धकर हनन का मामला भी उठाएंगे । बुश
ने पहले कई अवसरों पर पाकिस्तान को

कर्मचारियों को आज दोपहर बाद पुलिस मुख्यालय के सामने से गुजारा गया । किसी कर्मचारी को हिरासत में लिए जाने की अभी सूचना नहीं है ।

पुलवामा कस्बे में जिला विकास बोर्ड की बैठक के विरोध में आज हड़ताल रही । दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे । यातायात काफी कम रहा । सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति पर भी असर पड़ा ।

घाटी में सभी जगह आज रोज की तरह कर्फ्यू में सुबह पांच बजे से 17 घंटे की ढील दी गई । मुस्लिम जांबाज फोर्स ने जिन दो स्वीडिश नागरिकों का अपहरण किया है, उनका अभी तक पुलिस पता नहीं लगा सकी है । एक सैनिक और सीमा सुरक्षा बल के दो कर्मचारियों के बारे में भी कुछ पता नहीं चला है ।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार श्रीनगर में सात ,

प्रश्न पत्र लीक होने की जांच होगी

नई दिल्ली, 11 जून (वार्ता): भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रारम्भिक परीक्षाओं के प्रश्न पत्र 'लीक' होने की उच्चस्तरीय जांच कराने का फैसला सरकार ने किया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जांच का पहला मकसद यह है कि दोबारा परीक्षाएं घोषित होने पर इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो ।

प्रवक्ता ने जांच एजैंसी की जानकारी देने से

Punjab Sanatan



ोज़ापन

बिकाऊ

लायती पुराने ग्राडर, रेल तथा लकड़ी के खड़कियां बिकाऊ हैं। सम्पर्क ाना, फोन : 58358, 56157.

रोज़गार

ा, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की 000 पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास यां 35 रुपए मनीआर्डर/बैंक ड्राफ्ट भेज र गाईडैंस प्रासपैक्टस 30 जून तक Advance Careers, 1095/B, I, Amritsar-143002.

(Miap/39C)

गुमशुदा

6.6.1991 को कार से कहीं गिर गया मेरा Pass-Port, Revolver ोर कीमती कागज़ हैं। पता देने या को उचित इनाम दिया जाएगा। R.K. Advocate, 455-A New Nagar, Jalandhar.

(4592/36)

गर्दा उपलब्ध

idney available. Contact Prem Verma C/o Romesh Nussewal, P.O. Rajpura, Teh. Nimachal.

(4596/16)

पोल्ट्री

nna Farmers NECC Egg Rate 1 is Rs. 61/- per 100 eggs ay. This rate is net payable to rs at their farms. Phone :

(Kamboj/MxWI

प्रवेश सूचना

प्रवेश तीन वर्षीय B.E.M.S. मैडीकल छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए यता मैट्रिक, वरीयता सीनियर सैकेंडरी, 0/- M.O. भेजें। प्राचार्य एस.डी. टीच्यूट, 103, राजेंद्र पार्क, अम्बाला

(Ashwni Kohli/36JDC)

Typewriting and Shorthand xperienced lady steno. Srishti al College, D.C. Road, Near Dr. Ambala Cantt.

(Union Ad/22)

संसदीय क्षेत्र के मतदान अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह इस सीट का परिणाम घोषित नहीं करें। हालांकि मतगणना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यहां भी 16 जून को होगा।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

यात्री उतारने के बाद बस अग्नि भेंट कर दी : मिलिटैंटों ने पट्टी डिपो की पंजाब रोडवेज की एक बस को तरनतारन पुलिस जिले के ब्रह्मपुरा गांव के निकट रोका और यात्रियों को उतारने के बाद बस को आग लगा दी।

यह बस गत सायं फतेहाबाद से चोला साहब जा रही थी कि सरहाली पुलिस थाने के निकट उपरोक्त क्षेत्र में दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने बस को जबरदस्ती रोका तथा बाद में अग्नि भेंट कर दिया।

2 घुसपैठिए मारे गए : भारत-पाक सीमा के डेरा बाबा नानक क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ करने वाले 2 व्यक्ति मारे गए।

महिला सहित 2 की हत्या, छलनी शव मिला : इसी जिला के गांव बाल खुर्द में गत रात्रि मिलिटैंटों ने माया देवी नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी। एक अन्य घटना में ख्याला गांव में भी हरदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

पुलिस जिला तरनतारन के गांव झब्बाल में आज प्रातः प्रीतम सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है। गत रात्रि उसका अपहरण कर लिया गया था।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (महेंद्रा): थाना सदर के गांव तलवाड़ा में 5 अज्ञात लोगों ने सरपंच मुख्तयार सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी हत्या कर दी।

घायल चल बसा : भटिंडा जिले में कल हुई गोलीबारी में घायल नरेन्द्र सिंह ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया है। इस घटना में विधानसभा के उम्मीदवार बलविंदर सिंह भुन्दड़ बाल-बाल बच गए थे।

हथियार बरामद : पटियाला जिले से विधानसभा के एक निर्दलीय उम्मीदवार और एक अन्य मिलिटैंट हरजीत सिंह को कल गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के लिए पैट्रोल पम्पों में तेल आरक्षित

जालंधर, 11 जून : जिलाधीश श्री एन.एस. कंग ने आज यहां बताया कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को कुछ निर्धारित पैट्रोल पम्पों से पैट्रोल व डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सरकार के आदेशानुसार इन पैट्रोल पम्पों को 500 लिटर पैट्रोल तथा डीजल अपने पास सुरक्षित रखना पड़ेगा।

हत्याकांड में 'काने' रघु का हाथ : श्री राजीव गांधी की संदिग्ध हत्यारी स्त्री का कुतांधारी रहस्यमयी साथी लिट्टे का कट्टर उग्रवादी रघु उर्फ रघुरमन समझा जाता है। यह बात आज रात्रि यहां सरकारी सूत्रों ने बताई। राजीव हत्याकांड की जांच कर रहा विशेष दल भारत और कोलम्बो में की गई जांच के बाद इस निर्णय पर पहुंचा है। इन सूत्रों का कहना है कि 36 वर्षीय रघु तमिल उग्रवादियों की गुप्त शाखा का प्रमुख समझा जाता है और वह कई वर्षों से इस ग्रुप के साथ संबंधित है। समझा जाता है कि वह एक आंख से काना है। और उसने अतीत में कई षड्यंत्र रचे हैं। यह विश्वास किया जाता है कि वह श्री गांधी की हत्या के बाद भारत से खिसक गया।

भारत वित्तीय संकट से उबरने में सक्षम

ज्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड), 11 जून (प.स.): प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों को विश्वास है कि भारत करीब 70 अरब डालर के विदेशी ऋण की अदायगी रोके बिना मौजूदा वित्तीय संकट से उबरने में पूरी तरह सक्षम है।

बैंक फार इंटरनैशनल सैटलमैंट्स की सालाना बैठक में भाग लेने आए इन बैंकों के प्रतिनिधियों के अनुसार रिजर्व बैंक के गवर्नर एस.के. टरमनन ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि भारत अपनी पूर्व साख को कायम रखेगा और अपने ऋणों के पुनर्निर्धारण का आग्रह नहीं करेगा।

इसी बीच जापान ने भारत को 300 करोड़ रुपए का ऋण आर्थिक विकास कार्यों के लिए दिया है।

प्रयोग किसी अन्य व्यावसायिक गतिविधि के लिए भी कर सकते हैं।

थिएटर का नाम	कुल भूमि	कुल कवर्ड रकबा	टिप्पणी
पंजाब थिएटर, सरहिंद	4167 व.ग.	686 व.ग.	बंद है
पंजाब थिएटर, बनूड़	4167 व.ग.	616 व.ग.	बंद है
पंजाब थिएटर, सनौर	4167 व.ग.	100 व.ग.	आडिटोरियम 4 से बंद है
पंजाब थिएटर, भवानीगढ़	4167 व.ग.	616 व.ग.	बंद है
पंजाब थिएटर, नूरमहल	4167 व.ग.	686 व.ग.	चालू है
पंजाब थिएटर, बलाचौर	4167 व.ग.	616 व.ग.	बंद है

मुख्य शर्तें और नियम निम्न प्रकार हैं :

1. पेशकश प्रत्येक थिएटर के लिए अलग-अलग दी जानी चाहिए। कोई पेशकश, एक से अधिक थिएटर के लिए नहीं होनी चाहिए।
2. प्रत्येक पेशकश मोहरबंद लिफाफे में होनी चाहिए जिसके ऊपर ये शब्द लि हों "थिएटर....(नाम) की खरीद के लिए पेशकश।"
3. प्रत्येक पेशकश के साथ प्रस्तुत कुल खरीद राशि की 5% अथवा 25,00 रुपए, जो भी अधिक हो, का डीमांड ड्राफ्ट आना चाहिए।
4. धरोहर राशि के बिना प्राप्त होने वाली कोई भी पेशकश रद्द कर जाएगी।
5. खरीदार, समूचे कम्पलैक्स के लिए अथवा भूमि अथवा भवन अथवा मशीन के लिए, अलग-अलग बोली दे सकता है।
6. मैनेजमैंट किसी पार्टी को आगे बातचीत के लिए बुलाने का अधिकार सुरक्षि रखती है।
7. मैनेजमैंट कोई कारण बताए बिना किसी पेशकश को रद्द करने का पू अधिकार सुरक्षित रखती है।
8. अधूरी पेशकशें सर्वथा स्वीकार्य न होंगी।
9. पेशकशें कार्पोरेशन के पंजीकृत कार्यालय में 5 जुलाई, 1991 तक पहुंच जा चाहिएं।
10. परिसर का निरीक्षण किसी कार्यदिवस को सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे त किया जा सकता है। और विवरणों तथा जानकारी के लिए, कृप कार्पोरेशन के पंजीकृत कार्यालय को किसी कार्यदिवस को सुबह 10 बजे सायं 3 बजे के बीच सम्पर्क करें।

(एन.एस. रत्तन, आई.ए.एस.)
चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरैक्
पंजाब फिल्म एंड न्यूज़ कार्पोरेशन लि
52, सैक्टर-4-ए, चंडीग



श्री साईं बाब

Punjabi Sahitari

राष्ट्रपति ने कहा था कि कोई भी
का नेतृत्व कर सकता है । तब
कहा था कि इसका नेतृत्व कोई
कर सकता है और इस सम्बन्ध में
दयाल शर्मा का नाम लिया था ।
ाव कम से कम 6 माह के लिए

त में राष्ट्रपति
र 22 मई की
कुछ हुआ !

ते थे । श्री बी.पी. सिंह और श्री
ाव इतनी लम्बी अवधि के लिए
था राष्ट्रीय सरकार के गठन का
कार कर दिया था । उन्होंने कहा
से छेड़छाड़ नहीं की जानी
में श्री वेंकटरमन दोनों नेताओं
चाहते थे कि चुनावों के बाद वे
शामिल हो जाएंगे । लेकिन
ो यह भी स्वीकार्य न था । बाद
जार्ज फर्नांडीज तथा श्री अजीत
में बातचीत की थी ।

विभिन्न मीटिंगों में श्री ज्योति
कशन सिंह सुरजीत के समक्ष
ठन का प्रस्ताव रखा था परन्तु
ं कोई मज़बूत प्रस्ताव नहीं रखा
ं नेताओं ने इस प्रस्ताव को
लिया, परन्तु राष्ट्रपति ने जब
ल.के. अडवानी और श्री अटल

किया था, परन्तु उन्हें राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के मध्य हुए अंतिम विचार-विमर्श की सही जानकारी नहीं थी । कुछ वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, जिन्होंने अपनी पहचान गुप्त रखने के लिए कहा है, ने राष्ट्रपति भवन के मूव को 'काला तथा महत्वाकांक्षा' वाला बताया ।

उस समय राजनीतिक हल्कों में अनेक अफवाहें उड़ रही थीं तथा कई प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं । देश में आपातकाल घोषित किए जाने की अफवाह थी, जिसे राष्ट्रपति भवन तथा सरकार ने बाद में रद्द किया । चुनाव स्थगित किए जाने की चर्चा भी आम सुनाई दे रही थी । राजनीतिक हल्कों में बिना किसी झिझक के यह भी कहा जा रहा था कि 4 तमिल ब्राहमण (राष्ट्रपति वेंकटरमन, टी.एन. शेषन, मुख्य चुनाव आयुक्त, जी. रामास्वामी अटार्नी जनरल तथा डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी कानून मंत्री) आपस में हाथ मिलाए हुए हैं तथा उनका मूव देखना पड़ेगा । चारों एक-दूसरे के निकट हैं लेकिन उनमें से दो अलग हितों की पूर्ति करते हैं । इस कारण से कि किसी न किसी प्रकार चंद्र शेखर को प्रधानमंत्री बने रहने दिया जाए ।

राष्ट्रपति पिछले कुछ दिनों से चुनावों के बाद की परिस्थिति से निपटने के लिए काफी सक्रिय रहे हैं । उनकी प्राथमिक रिपोर्ट यह है कि इंका बहुमत लेकर सरकार बना लेगी लेकिन अगर त्रिशंकु संसद बनती है तो राष्ट्रपति किसी प्रकार की निन्दनीय स्थिति में नहीं फंसना चाहते । उन्हें आगामी कुछ दिनों में फिर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है और उन्होंने इसके लिए तैयारी कर ली है । राजनीतिक दलों ने यह महसूस करते हुए कि राष्ट्रपति का कुछ झुकाव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अकाली प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य श्री तेजवंत सिंह ग्रेवाल के अनुसार गृह राज्य मंत्री ने उन्हें पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट से भेंट करने के लिए कहा ।

भीतर-भीतर उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे ।

सरकारी वकील जनरल अमीनुलहक ने कहा कि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 3 मिलिटैंट मारे गए, सुरक्षा गार्ड सहित 2 की हत्या

चंडीगढ़, 12 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने एक सुरक्षा गार्ड सहित 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मारे गए : जालंधर जिले के चीमा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी पहचान नहीं हो सकी है । उसके पास से एक राइफल और सात गोलियां बरामद की गईं । सुरक्षा बलों के साथ इसी जिले के बाहमनियां गांव में हुई मुठभेड़ में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया । मारे गए इस मिलिटैंट की भी पहचान नहीं की जा सकी है । उसके पास से एक कारबाइन और एक साइनायड कैप्सूल बरामद किया गया ।

महिला की हत्या : पट्टी (सुरेश): आज दोपहर लगभग 12 बजे पुलिस चौकी कैरों के गांव पराड़का में मिलिटैंटों ने मग्घर सिंह के घर में घुस कर उसकी बेटी बेअंत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बेअंत कौर मारे गए मिलिटैंट जगतार सिंह, जिसका बब्बरों से सम्बन्ध था, की बहन थी । जगतार सिंह की अढ़ाई मास पूर्व हत्या कर दी गई थी । पुलिस सूत्रों का कहना है कि बेअंत कौर की फकीरे गांव में शादी हुई थी लेकिन अपने ससुराल नहीं जा रही थी ।

सुरक्षा गार्ड की हत्या : अमृतसर (नारंग): आज दोपहर झब्बाल के निकट एक पैट्रोल पम्प पर स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने पैट्रोल पम्प पर अपने स्कूटर में पैट्रोल डलवा रहे कामरेड सुरिन्दर सिंह तथा उनके सुरक्षा गार्ड अमरीक सिंह पर फायरिंग करके अमरीक सिंह की हत्या कर दी तथा सुरिन्दर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे अमृतसर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । मिलिटैंट सुरक्षा गार्ड की स्टेनगन भी ले गए । उन्होंने फायरिंग माऊज़र से की थी ।

अमृतसर रेलवे स्टेशन से जम्मू के एक जगदीश कुमार को गिरफ्तार किया गया । उसके कब्ज़े से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

अकाली दल के पार्षद श्री फूलवंत सिंह बुखिया ने आपत्ति की कि नियमों के अनुसार नामजदगियों तथा आज की बैठक के दरम्यान 75 घंटे का वक्फा होना चाहिए था । दूसरी आपत्ति यह थी कि मेयर का चुनाव जालंधर नगर निगम के मेयर के चुनाव के गर्मागर्मी रही । बाद में 13 भाजपा सदस्यों तथा उनके समर्थक सदस्यों ने हाल में ही बैठक की ।

'जैमिनी' के अनुसार इससे पूर्व जालन्धर डिवीज़न के आयुक्त एन.के. अरोड़ा ने 4 मनोनीत महिला सदस्यों को शपथ दिलाई ।

राजीव-हत्याकांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा उसकी साथी नलिनी ने मुदरई में सोमसुन्दरम कालोनी में एक मित्र के घर में कल रात गुजारी थी । दोनों ही आज प्रात: सूर्योदय से पहले ही अपने मित्रों से यह कह कर वहां से चले गए कि वे तिरुनेवेली जा रहे हैं ।

श्री कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस इन दोनों की ही तलाश में सरगर्मी से लगी है । उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना है कि वे दोनों तिरुनेवेली अथवा तमिलनाडु के किसी दक्षिणी जिले की ओर गए हैं ।

श्री कार्तिकेयन ने कहा कि संभवत: इस युवक ने अपनी शक्ल बदलने के लिए अपना सिर मुंडवा लिया है । वह टी. शर्ट तथा पैंट पहने हुए है ।

उन्होंने कहा कि इस युवक का कद नलिनी से छोटा है तथा इसका रंग गेहुआं या भूरा है । नलिनी गोरी तथा दुबले-पतले बदन की है तथा उसके लम्बे काले बाल हैं । वह नीली साड़ी और नीला ब्लाऊज पहने हुए है । श्री कार्तिकेयन ने बताया कि नलिनी हाथ में एक काली लेडीज़ वाच तथा पावों में काले स्लीपर पहने हुए है । दोनों के पास एक-एक बैग है । इनमें से एक पर नीली व सफेद पट्टी लगी है जबकि दूसरा बैग भूरा या चाकलेटी रंग का है । दोनों ही बैग कैनवस या चमड़े से बने हुए हैं ।

श्री कार्तिकेयन ने बताया कि उनके बारे में जो भी सूचना देगा, उसे पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

बताया जाता है कि मुरुगन जाफना के लोगों जैसी तमिल बोलता है । उसकी साथी नलिनी के पास लगभग 25 हजार रुपए हैं ।

विशेष जांच दल को श्री राजीव गांधी की हत्यारिन महिला के कर्ता-पजामा पहने साथी की भी तलाश है । 30 वर्ष की आयु वाला यह व्यक्ति हत्यारिन महिला के साथ श्रीपेरमपुदूर की सभा के स्थल पर देखा गया था तथा स्वयं को फोटो पत्रकार के रूप में प्रदर्शित कर रहा था ।

उल्लेखनीय है कि इसकी साथी महिला ने 'नारी-बम' बन कर श्री राजीव गांधी तथा 17 अन्य व्यक्तियों की जान ले ली थी ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा कर्मियों पर हमला : आज रात अमृतसर के आनन्द एवेन्यू क्षेत्र में मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों पर हमला किया । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

'काना सरगना' अभी जिन्दा है : गांधी की हत्या के षड्यंत्र का 'काना सरगना' अ जिन्दा है । लिट्टे खुफिया संगठन के इस सदि सरगना की राजीव गांधी हत्याकांड में तलाश है राजीव हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच के एक प्रवक्ता ने आज रात यहां बताया कि के जांच ब्यरो भी उसकी तलाश में है । प्रवक्त बताया कि यह खबर कि उसके गुट के आलाक के आदेश पर 'काने सरगना' को ठिकाने लगा गया, पूरी तरह 'से गलत और भ्रामक' है । विश्वास है, वह जिन्दा है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या कथित हत्यारिन सदिग्ध परुष साथी अभी भी तमिलनाडु में है या व से बाहर खिसक गया है, प्रवक्ता ने बताया कि अ उसका अता-पता मालूम नहीं ।

विशेष सूत्रों ने बताया कि कुर्ता-पाजमा व "सदिग्ध व्यक्ति की बाईं आंख नकली है स सभास्थल पर फोटोग्राफर हरि बाबू द्वारा लिए एक फोटो में स्पष्ट नजर आता है कि वह अच्छी त देखने के लिए अपनी दाईं आंख पर जोर दे रहा है इस फोटो को ब्यरो ने जारी किया है । प्रत्यक्षदर्श के अनुसार उन्होंने तीस साल के आसपास उम्र के कुर्ता-पाजामा वाले व्यक्ति को सभा स्थल पर कि आत्मघाती हत्यारिन के साथ देखा था ।

तमिल उग्रवादियों की घुसपैठ से हैरानी : राजीव गांधी हत्याकांड के जांचकर्त्ता एक प्रम श्रीलंकाई तमिल उग्रवादी गुट के तमिलनाडु जन-जीवन में घुसपैठ की व्यापकता से सकते में गए हैं । इस गुट ने राज्य में न केवल सम्पत्ति, सा और एजैंट ही बनाए, बल्कि राजनीतिक गतिविधि में घुसपैठ भी की । विशेष जांच दल के एक प्रवक्त ने यहां बताया कि जांच के विभिन्न चरणों समय-समय पर श्रीलंकाई संबंधों का सामने आ 'आश्चर्य की बात है ।

नौ सदस्यीय गिरोह में 4 श्रीलंकाई : राजीव गांधी की हत्या में कथित रूप से शामिल सदस्यों' के गिरोह के कम से कम चार सद श्रीलंकाई तमिल उग्रवादी हो सकते हैं । प्रवक्ता बताया कि इन श्रीलंकाई तमिल उग्रवादियों के प राज्य में काफी रुपया-पैसा और उन्हें साज-साम की सहायता मुहैया कराने के लिए काफी सम्पर्क थे ही । साथ ही इनका अपने साथियों, एजैंटों एक अच्छा तंत्र भी था ।

बेनजीर द्वारा चुनाव क मांग लेकर आंदोलन कर का निर्णय

इस्लामाबाद, 13 जून (प.स.): पूर्व प्रधानम बेनजीर भुट्टो के नेतृत्व में पाकिस्तान लोकतांत्रि गठबंधन ने एक तटस्थ सरकार की निगरानी में ता चुनाव की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन श करने का फैसला किया है । गठबंधन द्वारा कल ज 'श्वेत पत्र' में इस्लामी जम्हरी इत्तेहाद पर अक्तू 1990 चुनाव में नैशनल असैम्बली के कम से क 70 चुनाव क्षेत्रों में धांधली करने का आर लगाया ।

Punjabi Sahit

का लगातार धंधा करते हैं लेकिन इस देश में सोना बहुत ही पवित्र चीज़ बनी हुई है । लोग जिन्दगी भर इस डर से अपने आभूषण नहीं बेचते कि उन्हें नीचा

(शेष पृष्ठ 8 पर)



दूरदर्शन के महानिदेशक श्री शिव शर्मा पर मिलिटैंटों द्वारा गत दिवस नई दिल्ली में किए गए घातक हमले में श्री शर्मा तो बच गए लेकिन उनके ड्राइवर की मृत्यु हो गई । चित्र में गोलियों से छलनी श्री शर्मा की कार ।

मनमानियां न कर सके । यह दौर खत्म होगा तो लोगों को अपनी कठिनाइयां दूर करने में आसानी होगी । श्री बादल यहां एक चुनाव रैली को सम्बोधित कर रहे थे ।

श्री बादल ने कहा कि पंजाब में दो ही पार्टियां

निर्दलीय महिला प्रत्याशी की हत्या का प्रयास

चंडीगढ़, 14 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान एक निर्दलीय महिला प्रत्याशी की हत्या का प्रयास किया गया, जबकि गत 24 घंटों में 2 कांस्टेबलों सहित 5 व्यक्ति मारे गए तथा कल की फायरिंग में घायल हुए 2 व्यक्ति भी आज घावों की ताव न सहते हुए चल बसे । इसके अलावा एक मिलिटैंट ने अपनी पत्नी सहित ज़हर खाकर जान दे दी तथा एक अज्ञात मिलिटैंट को सुरक्षा बलों ने मार गिराया, जबकि 2 मिलिटैंट गिरफ्तार भी कर लिए गए । इसी बीच मिलिटैंटों ने पंजाब राज्य विद्युत मंडल के 2 कर्मियों का अपहरण भी कर लिया है ।

निर्दलीय महिला प्रत्याशी बाल-बाल बचीं : कपूरथला (वार्ता, प.स., शर्मा) पंजाब में कपूरथला जिले के भुलत्थ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की एक निर्दलीय महिला उम्मीदवार जोगिन्दर कौर आज सवेरे एक हमले में बाल-बाल बच गई । मिलिटैंटों के एक गिरोह ने आज तड़के कपूरथला ज़िले के नंगल लुभाना गांव में सुश्री जोगिन्दर कौर के मकान में घुस कर गोलियां चलाईं । वह इस गोलीबारी में बाल-बाल बच गईं ।

बताया जाता है कि सुश्री जोगिन्दर कौर के सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे मिलिटैंट भाग निकले । दोनों पक्षों में कोई भी घायल नहीं हुआ । घटनास्थल से ए.के. 47 के 22 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

मिलिटैंट व उसकी पत्नी सायनाइड खाकर मरे : अमृतसर (प.स.) आज प्रात: स्थानीय बस अड्डे पर भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एक मिलिटैंट चरणजीत सिंह उर्फ़ चन्नी सायनाइड खाकर मर गया, जबकि उसकी पत्नी मंजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया गया । उसने भी ज़हर खाने की कोशिश की थी ।

'सुभाष नारंग' के अनुसार आज प्रात: 10 बजे के लगभग सुरक्षा बलों को सूचना मिली कि एक संदिग्ध दम्पति स्थानीय बस अड्डा में देहरादून जाने वाली बस में सवार होने वाला है । इसके तुरन्त बाद सी.आर.पी.एफ. की 36वीं बटालियन के कमांडेंट श्री सिद्धू ने बस अड्डे को घेर लिया तथा सुरक्षा कर्मियों ने दोनों को धर दबोचा ।

बताया जाता है कि पकड़े जाने के बाद दोनों ने ही सायनाइड खा लिया । गुरचरण सिंह तो ज़हर के प्रभाव से मारा गया, मगर उसकी पत्नी मंजीत कौर बच गई ।

बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार मंजीत कौर को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया, जहां उसने नर्सों के साथ हाथापाई की तथा एक अन्य ज़हरीला कैप्सूल खा लिया ।

उसने पूछताछ के दौरान बताया कि गुरचरण सिंह घड़ियाला गांव अजनाला का रहने वाला था तथा वह फतहापुर सदर अमृतसर में रहती थी । उसने बताया कि गुरचरण सिंह मिलिटैंट संगठन भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ऑफ खालिस्तान का एरिया कमांडर था और उसने लगभग 35 हत्याएं की थी । इस पूछताछ के दौरान मंजीत कौर पर कम ज़हर वाला कैप्सूल असर कर गया तथा वह भी मर गई ।

2 कांस्टेबलों सहित 5 की हत्या : 2 घायल भी चल बसे : 2 मिलिटैंट गिरफ्तार, एक मारा गया, एक दम्पति ने ज़हर खा लिया : बिजली विभाग के 2 कर्मियों का अपहरण

2 कांस्टेबलों की हत्या : मिलिटैंटों ने आज दिन में खडूर साहब थानांतर्गत नागोके गांव में एक बस में यात्रा कर रहे दो पुलिस कर्मियों सुखदेव सिंह तथा जसवंत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । यह दोनों सिपाही खडूर साहब थाने में तैनात थे । मिलिटैंट इन के पास से एक एस.एल.आर. तथा एक ए.एल.आर. तथा गोली-सिक्का भी अपने साथ ले गए ।

बताया जाता है कि आज दिन में 2 बजे सुखदेव सिंह तथा जसवंत सिंह दो अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वैरोवाल से एक बस पर सवार होकर खडूर साहब आ रहे थे । उनके 2 साथी पुलिस कर्मी पहले ही मार्ग में उतर गए थे ।

खालड़ा थाने के अन्तर्गत नारली गांव में लक्खा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर पुलिस ने छापा मार कर एक 12 बोर की दुनाली बंदूक तथा 2 कारतूस बरामद किए हैं ।

महिला घायल : (वार्ता) इसी ज़िला में मिलिटैंटों ने तेजिन्दर कौर नामक एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया है ।

कल की फायरिंग के दो घायल चल बसे : (प.स.) इसी दौरान कल की फायरिंग में घायल हुए दो व्यक्ति आज घावों की ताव न सहते हुए लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में चल बसे । इनकी पहचान सतनाम सिंह व बलविन्दर सिंह के रूप में हुई है । यह दोनों कल अकाली दल (मान) के प्रत्याशी सतनाम सिंह पर हुए हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे ।

अज्ञात मिलिटैंट मुठभेड़ में मरा : (वार्ता) : जिला भटिंडा में गत रात्रि कुत्तीवाल गांव के निकट पुलिस के एक गश्ती दल के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से .12 बोर की एक बंदूक, उसके कुछ कारतूस व एच.ई. 36 हथगोला भी बरामद हुआ है ।

अपहृत की हत्या : बताया जाता है कि गत रात्रि जिला रोपड़ के गांव रामगढ़ में से 2 मिलिटैंटों ने प्रेम मसीह के घर में घुस कर उसके पुत्र यूसुफ मसीह का अपहरण कर लिया । बाद में मिलिटैंटों ने इस अपहृत की माजरी गांव के निकट गोली मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने इसी जिला के गांव मंडी खरड़ में सुरिन्दर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत को भविष्य में अमरीकी राष्ट्रपति के प्रमाण के बाद ही सहायता मिलेगी

वाशिंगटन, 14 जून (प.स.): अमरीकी प्रतिनिधि सभा में आज पारित एक संशोधन के अनुसार भारत को भविष्य में किसी प्रकार की सहायता मुहैया कराने के पहले राष्ट्रपति को प्रमाणित करना होगा कि वित्तीय वर्ष 1992-93 में उसके पास कोई भी 'अतिरिक्त परमाणु हथियार' नहीं हैं ।

भारत और पाकिस्तान को इस मामले में एक ही तराज़ पर तौलने वाला यह संशोधन कैलीफोर्निया के रिपब्लिकन प्रतिनिधि रावर्ट जे लागोमार्सीनो ने पेश किया था और उसके पक्ष में 242 तथा विपक्ष में 141 मत पड़े । सदन ने सांसद स्टीफन सोलार्ज के इस तर्क को अस्वीकार कर दिया कि भारत के साथ ऐसी व्यवस्था जरूरी नहीं है क्योंकि उसे अमरीका से सिर्फ दो करोड़ बीस लाख डालर (लगभग 4.40 करोड़ रुपए) की मामूली सहायता मिलती है ।

प्रतिनिधि सभा का यह प्रस्ताव सीनेट की मंजूरी के लिए और उसके बाद राष्ट्रपति की सहमति के लिए जाएगा ।

श्री लागोमार्सीनो का यह संशोधन पाकिस्तान पर लागू प्रेसलर संशोधन की ही तरह का है, जिसमें राष्ट्रपति को यह प्रमाणित करना पड़ता है कि पाकिस्तान के पास न तो परमाणु हथियार हैं और न ही वह उसे बनाएगा । जहां तक भारत का सवाल है, भारत पहले ही परमाणु विस्फोट कर चुका है, इसलिए इस प्रावधान का कोई औचित्य नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि इस संशोधन के जरिये अमरीका भारत द्वारा परमाणु हथियार बनाने पर रोक लगाने का प्रयास जरूर करेगा ।

भारत द्वारा चिंता व्यक्त : अमरीकी प्रतिनिधि सभा में भारत के बारे में पारित संशोधन पर भारतीय दूतावास ने चिंता व्यक्त की है । दूतावास के प्रवक्ता और सूचना अधिकारी आर. दयाकर ने कहा कि प्रतिनिधि सभा में लागोमार्सीनो संशोधन पारित होने पर हमें चिंता और निराशा हुई है । सभी जानते हैं कि भारत का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और भारत ने परमाणु हथियार बनाने के मामले में अभी तक बहुत संयम बरता है । हमें आशा है कि इस संशोधन को कानून नहीं बनने दिया जाएगा ।

Punjabi Sanatani

पंजाब अशांत क्षेत्र घोषित

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि किसी ठोस वैध कारण के बिना चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी, जिसके तहत सेवा से बर्खास्तगी भी शामिल है ।

राज्य के सभी जिलों को अशांत क्षेत्र कानून के अंतर्गत शामिल करने के आदेश पर पंजाब के राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा ने हस्ताक्षर किए ।

इस अवसर पर राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट भी उपस्थित थे । श्री मांगट ने कहा कि ये खबरें गलत हैं कि बड़ी संख्या में चुनाव प्रत्याशियों को उनकी इच्छा के विरुद्ध पुलिस ने 'सुरक्षा हिरासत' में ले रखा है । पुलिस महानिदेशक ने इस बात का भी खंडन किया कि मिलिटैंटों ने 14 प्रत्याशियों का अपहरण कर रखा है और चुनाव से एक दिन पहले उनकी हत्या कर दी जाएगी ।

स्थिति स्पष्ट करते हुए श्री मांगट ने कहा कि केवल तीन प्रत्याशी लापता हैं तथा इनमें से दो घोषित अपराधी हैं ।

श्री मांगट ने कहा कि 1621 उम्मीदवारों को सरकारी सुरक्षा प्रदान की गई है, 186 अन्य उम्मीदवारों ने लिखित तौर पर कहा है कि उनको सुरक्षा नहीं चाहिए जबकि 24 प्रत्याशी जेलों में हैं । राज्य तथा बाहर की जेलों में 14 निर्दलीय, अकाली दल (मान) व आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 4-4 प्रत्याशी बंद हैं जबकि दो प्रत्याशियों की सम्बद्धता पता नहीं चल सकी है ।

पत्रकार सम्मेलन में मौजूद राज्य के गृह सचिव श्री अजीत सिंह चट्ठा ने कहा, यद्यपि कुछ मिलिटैंट संगठनों ने राज्य में 22 जून को बंद का आह्वान किया है, पर सरकार सुनिश्चित करेगी कि उस दिन दुकानें व अन्य व्यापारिक संस्थान खुलें जबकि सरकारी कार्यालय आदि तो उस दिन वैसे ही सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहेंगे ।

लुधियाना में आज फ्लैग मार्च : लुधियाना (भाम्बी): लुधियाना लोकसभा व इसके 11 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से चुनाव आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश एस.एस. चन्नी की अध्यक्षता में सैनिक, अर्धसैनिक, पुलिस व नागरिक प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक में चुनावी प्रबन्धों बारे कुछ महत्वपूर्ण निर्णय किए गए । इसके अलावा यह भी फैसला किया गया कि लोगों में आत्मविश्वास उत्पन्न करने के लिए सेना द्वारा दिन में फ्लैग मार्च किया जाएगा व रात को गश्त लगाई जाएगी ।

इस सिलसिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए सारे जिला को 6 भागों में बांट दिया गया है जिसमें सेना की एक बटालियन, पुलिस व नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिए प्रत्येक समय तैयार रहेगी । कानून-व्यवस्था व जनता में विश्वास की बहाली के लिए सेना की एक बटालियन व अर्धसैनिक बलों के जवानों के अतिरिक्त 60 अन्य कम्पनियां भी यहां पहुंच रही हैं । सेना यहां कल 11 बजे फ्लैग मार्च करेगी ।

यहां के लोकसभा व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं की कुल संख्या 14 लाख 87 हजार 202 है । लोकसभा की एक सीट के लिए यहां 26 व 11 विधानसभा सीटों के लिए 256 प्रत्याशी चुनावी दौड़ में शामिल हैं । यहां 1762 मतदान केंद्र बनाए गए हैं—जहां 10,572 अधिकारी तैनात रहेंगे ।

अमृतसर (प.स.): जिला के वरिष्ठ पुलिस व सिविल अधिकारियों की एक बैठक में आज चुनावों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया । बैठक में सेना के अधिकारी भी मौजूद थे । पता चला है कि बैठक में जिले के संवेदनशील भागों में सेना के फ्लैग मार्चों का कार्यक्रम निर्धारित किया गया ।

अनेक गांवों में फ्लैग मार्च : फगवाड़ा (अशोक): पंजाब में करवाए जा रहे चुनावों के दौरान हिंसा की रोकथाम व लोगों का मनोबल बढ़ाने हेतु आज फगवाड़ा उप-मंडल के अनेक गांवों में पुलिस व अर्द्ध-सैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया ।

भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव अभियान में बाधा डालने का आरोप

लुधियाना, 14 जून (धीमान): भाजपा नेता श्री कृष्ण लाल मैनी ने आज एक वक्तव्य में यह आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के प्रत्याशियों के चुनाव अभियान में रुकावटें डालने के लिए कई प्रकार के हथकंडे प्रयोग में लाए जा रहे हैं । उन्होंने यह जानकारी दी कि लुधियाना लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार श्री कृष्ण कांत जैन एडवोकेट के मुख्य चुनाव कार्यालय का टैलीफोन यह कह कर काट दिया गया कि इसके बिल का भुगतान नहीं हुआ जबकि 250 रुपए की बिल राशि नियत अवधि के भीतर केंद्रीय डाकघर में जमा करा दी गई थी ।

रेलवे बोर्ड के नए (मैकेनिकल) सलाहकार नियुक्त

नई दिल्ली, 14 जून : भारतीय रेल सेवा (मैकेनिकल इंजीनियर्स) के सदस्य श्री आर.के. शक्ला को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) में सलाहकार (मैकेनिकल) नियुक्त किया गया है । श्री शुक्ला की नियुक्ति श्री एस.सी. हाजी के स्थान पर की गई है, जो इस महीने के अन्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं । इस समय श्री शुक्ला रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के पद पर कार्यरत हैं ।

इंका कार्यकर्त्ता मताधिकार का प्रयोग न करें : बिट्टा

फगवाड़ा, 14 जून (खोसला): पंजाब यूथ कांग्रेस के प्रधान श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा ने आज यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब में चुनावों में भाग लेकर कांग्रेस (इ), सी.पी.एम., सी.पी.आई. के चुनावी बहिष्कार का लाभ प्राप्त करना चाहती है । भाजपा नेता कर्सियों की भूख के कारण ही चुनाव चाहते हैं । उन्होंने कांग्रेस वर्करों व समर्थकों से अपील की कि वे मताधिकार का प्रयोग न करें ।

राज्यसभा सदस्य पी.के. कुंजाचन का निधन

तिरुअनंतपुरम, 14 जून (प.स.): राज्यसभा सदस्य और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य पी.के. कुंजाचन का लम्बी बीमारी के बाद आज सुबह मैडीकल कालेज अस्पताल में निधन हो गया । वे 66 वर्ष के थे । श्री कुंजाचन के परिवार में उनकी पत्नी, एक पुत्र और पुत्री हैं ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का नीरज चोपड़ा गत 11 जून 1991 से घर से लापता है । तब से उसकी माता बहुत परेशान है । नीरज इसे पढ़े तो घर लौट

गुमशुदा की तलाश



मेरे पति श्री सुरिन्द्र भाटिया, उम्र 32 साल, कद 5'-7", रंग गोरा 5.3.91 सुबह 5.30 घर से गए वापस नहीं

बादल

(पृष्ठ 3 का शेष)

करेगी । निर्दोषों की हत्याओं का उल्लेख करते हुए श्री बादल ने कहा कि इस प्रकार की हत्याओं का अर्थ लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या है । यह सब कुछ विदेशी ताकतों तथा में बैठे अपराधी प्रवृत्ति के राजनेताओं के इशारे पर किया जा रहा है ।

उन्होंने बेरोजगारी के लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली को दोषी ठहराया । उन्होंने कहा कि श्री मान को भ्रष्टाचार का नशा है तथा ऐसे लोगों के लिए राजनीति में कोई स्थान नहीं है ।

चन्द्रशेखर

(पृष्ठ 3 का शेष)

न देखना पड़े लेकिन यह मानसिकता देश के विकास में मदद नहीं कर सकती । सोना गिरवी रखने के फैसले की राजनीतिक दलों द्वारा की गई आलोचना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार अखबारों की सम्पादकीय टिप्पणियों में कहा गया कि इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था ।

इस तर्क के जवाब में कि कार्यवाहक सरकार को सोना गिरवी रखने का फैसला नहीं करना चाहिए, श्री चंद्रशेखर ने कहा कि 'अगर कोई ऋणदाता अपना पैसा वापस मांगता है तो हम उससे यह नहीं कह सकते कि आज हमारे यहां कार्यवाहक सरकार है, कल कोई महान् सरकार आएगी तो आपका ऋण भुगतान कर देगी ।' उन्होंने कहा 'इस देश में हो क्या रहा है ? दुनिया के किसी भी कोने में कोई समझदार आदमी ऐसे इंतजाम पर कोई आपत्ति नहीं उठाएगा जैसे इंतजाम यहां किए गए हैं ।' उन्होंने कहा कि जिस दिन आपके पास पैसे होंगे आप अपना सोना वापस छुड़ा लेंगे । आपको सिर्फ उस पर छह प्रतिशत का ब्याज देना होगा ।'

प्रधानमंत्री ने कानूनी पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर को अपने कोष में जमा सोने के बारे में भी इस प्रकार का फैसला करने का पूरा हक है । इस मामले में तो भारतीय स्टेट बैंक ने कुछ सोना गिरवी रख कर और कुछ सोना आपात् स्थिति के लिए तैयार रख कर यह ऋण लिया है । उन्होंने कहा, 'बस सारा मामला इतना ही है ।' उन्होंने कहा, 'देश की माली हालत इस समय भी उतनी ही खराब थी, जितनी नवम्बर में थी, जब मैंने सत्ता सम्भाली थी । स्थिति में उस समय से न तो सुधार ही हुआ और न गिरावट ही आई है ।' भविष्य में स्थिति में सुधार की सम्भावनाओं के बारे में पूछे जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा, 'जरूरी सिर्फ यह है कि जनता को विश्वास में लेकर ही कठिन फैसले किए जाने चाहिएं ।' कठिन फैसले को परिभाषित करते हुए श्री चंद्रशेखर ने कहा, अधिक मितव्ययता और संसाधनों को ध्यान में रख कर खर्च करने जैसे कदम उठाना ही कठिन फैसले हैं ।'

जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

अदा कर सकें ।

घाटी में अलगाववादियों द्वारा आयोजित बंद के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है । जम्मू-कश्मीर सरकारी कर्मचारी परिसंघ ने भी दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है ।

आज तीसरे दिन भी सरकारी कार्यालय, डाक घर, अदालतें और अन्य अर्द्ध सरकारी कार्यालय बंद रहे और सड़कों पर वाहन नहीं दिखाई दिए । दुकानें बाजार और शिक्षा संस्थान भी बंद रहे । कर्फ्यूग्रस्त बादशाह चौक में कल रात अलगाववादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक चौकी पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने जवाब में गोली नहीं चलाई । सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी । अनंतनाग के शिव पोरा और बारामूला चौक में भी कल रात अलगाववादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई । कहीं कोई हताहत नहीं हुआ ।

अलगाववादियों ने कल रात बमीना-सफदा रोड पर एक लकड़ी का पुल जलाने की असफल कोशिश

निर्वलीय महिला प्रत्याशी की हत्या का प्रयास

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : गांव माजरा के निकट सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से 2 रिवाल्वर व कुछ कारतूस भी बरामद किए गए ।

नम्बरदार की हत्या : नवांशहर (शर्मा): गत रात्रि यहां से लगभग 7 कि.मी. दूर गांव गौंसला में मिलिटैंटों ने मस्तान सिंह नामक एक नम्बरदार की हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि वह खेतों में शौच-क्रिया से निवृत्त होने गया था कि मिलिटैंटों के काबू आ गया और उसकी हत्या कर दी गई ।

छात्र को रिहा करने की अपील : इसी दौरान सरकारी हाई स्कूल नौलड़ी के अध्यापकों ने मिलिटैंटों से अपील की है कि वे उनके स्कूल के नवीं कक्षा के छात्र गुरविन्दर सिंह को सुरक्षित रूप से तुरन्त रिहा कर दें । मिलिटैंटों ने गत 3 जून को उसका अपहरण कर लिया था ।

लूटपाट की 4 वारदातें : (प.स.): भटिंडा, जालन्धर व लुधियाना जिलों में मिलिटैंटों ने लूटपाट की 4 वारदातों के दौरान विभिन्न बोरों के कुछ हथियार व उनके कारतूस छीन लिए तथा अमृतसर के जावाकोट क्षेत्र में स्थित उपडाकघर में से 1515 रुपए लूट लिए ।

विद्युत मंडल के 2 कर्मियों का अपहरण : मक्खू (शेखर) मिलिटैंटों ने थाना जीरा के गांव होलांवाली में स्थित पंजाब राज्य विद्युत मंडल के फरीदकोट उपमंडल के अधीक्षण अभियन्ता महिन्दर सिंह रंधावा व उनके एक सहकर्मी तरसेम लाल का उनकी कार-सहित बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया ।

बताया जाता है कि गत 5 दिनों से बंद 66 के.वी. के सब-स्टेशन के पुनः चालू करने के लिए वह उसकी निगरानी पर तैनात थे तथा जब उनका अपहरण किया गया, वे सरकारी कार में यात्रा कर रहे थे ।

स्कूटर छीन लिया : होशियारपुर (नि.स.): यहां से थोड़ी दूर गांव साहरी में तीन युवकों ने एक व्यक्ति गुरदेव सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर (पी.बी. 08-1421) छीन लिया और फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : बलाचौर (स): गत रात्रि अर्द्ध-सैनिक बलों ने बलाचौर के गांव मोजेवाल मजारा चो में संक्षिप्त मुकाबले के बाद दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों को पकड़ लिया, जिनके कब्जे से दो 38 बोर के रिवाल्वर, 2-2 कारामब कारतूस और स्कूटर पी.बी.आर. 6393 बरामद हुए । इन मिलिटैंटों के नाम अवतार सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी हवेली खुर्द (रोपड़) और रमणीक सिंह पुत्र शेर सिंह गांव कंगनाबेट हैं ।

तीसरे चरण का मतदान आज

(पृष्ठ 3 का शेष)

मोर्चा ने राज्य में राजीव की हत्या को प्रचार का मुख्य मुद्दा बनाया है तथा लोगों में संवेदना उत्पन्न करने के लिए नए पोस्टर छापे हैं ।

आंध्र प्रदेश में तेलगू देशम पार्टी के नेता और राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष एन.टी. रामाराव ने श्री गांधी की हत्या के बाद राज्य में हुई हिंसा की जांच तथा दोषियों को सज़ा और प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए उपवास रखा । अन्य राज्यों में भी प्रचार कार्य धीमा रहा तथा किसी-किसी क्षेत्र में वर्षा ने भी थके हुए मतदाता और उम्मीदवारों के कार्य में बाधा डाली । कल के मतदान के लिए कांग्रेस (इ) ने सबसे अधिक 164 प्रत्याशी खड़े किए हैं तथा 22 जगह इसके सहयोगी अन्ना द्रमुक और जनता दल (गुजरात) ने अपने



लुधियान... प्रशासन...

Punjab Archive

मिलिटैंटों द्वारा किला रायपुर, बद्धोवाल स्टेशनों पर 110 ट्रेन यात्रियों की निर्मम हत्या

किला रायपुर में यात्री ट्रेन के गार्ड तथा ड्राईवर का अपहरण

सिख छात्र संघ के मोरिंडा विधानसभा प्रत्याशी की हत्या, चुनाव रद्द

अन्यत्र एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 12 की हत्या

मुठभेड़ में एरिया कमांडर व 4 अन्य मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 15 जून (वार्ता, प.स., विभिन्न संवाददाता): मिलिटैंटों ने आज जिला लुधियाना में 2 यात्री ट्रेनों पर अंधाधुंध फायरिंग करके 110 व्यक्तियों की हत्या कर दी और कई अन्य को घायल कर दिया । मिलिटैंट किला रायपुर में ट्रेन के ड्राईवर एवं गार्ड का भी अपहरण करके ले गए ।

पंजाब में मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान कल आधी रात के बाद रोपड़ जिले के मोरिंडा में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के प्रत्याशी की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी और एक ही परिवार के 5 सदस्यों सहित 12 व्यक्ति भी मारे गए । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ों में के.सी.एफ. के एक कमांडर सहित 5 मिलिटैंटों को मार गिराया । इसी दौरान हालांकि पुलिस ने कल के दो विद्युत कर्मियों को छुड़वा लिया, मगर आज एक कर्मचारी सहित 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया ।

लुधियाना, (विनोद महिन्द्रा): मिलिटैंटों ने आज रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे जिला लुधियाना में 2 यात्री ट्रेनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर 87 लोगों की हत्या कर दी । पहली घटना लुधियाना-फिरोज़पुर रेल मार्ग पर स्थित बद्धोवाल स्टेशन पर हुई, जहां 42 यात्री मारे गए और कई अन्य घायल हो गए । घायलों में से कइयों की स्थिति गंभीर बताई जाती है । दूसरी घटना लुधियाना-धूरी रेल मार्ग पर स्थित रेलवे स्टेशन किला रायपुर में लगभग साढ़े 9 बजे हुई और मिलिटैंटों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 45 व्यक्ति मारे गए तथा कई लोग घायल हो गए ।

मृतकों की संख्या और अधिक होने की आशंका जताई जाती है कि ट्रेन जब बद्धोवाल से किला रायपुर की ओर लगभग 2 किलो मीटर आगे आ पहुंची तो मिलिटैंटों ने रेल मार्ग 9/10-11 पर बम रख कर और रेल की पटरियां उखाड़ दीं ।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए पंजाबियों को आह्वान किया है कि वे दिलेरी से प्रजातंत्र पर हुए इस हमले का मुकाबला करें ।

'मुसाफिर' के अनुसार मिलिटैंटों ने ट्रेन को जराई गांव के निकट रोका और यात्री गाड़ी के 2 डिब्बों में घुस कर ये हत्याएं कीं ।

'धीमान' के अनुसार मिलिटैंट किला रायपुर में यात्री गाड़ी के ड्राईवर और गार्ड का अपहरण करके ले गए । यहां सी.एम.सी. में रात्रि 12 बजे तक 15 घायल यात्री लाए गए थे, जिनमें स्त्रियां और बच्चे शामिल हैं ।

'धीमान' ने रात्रि देर गए यह सूचना दी है कि बद्धोवाल और किला रायपुर में मरने वाले ट्रेन यात्रियों की संख्या क्रमशः 51 और 25 है, यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी ।

'प.स.' के अनुसार मृतकों की संख्या 110 है और 70 यात्री घायल हुए । बद्धोवाल की घटना में 62 और किला रायपुर की घटना में 48 यात्री मारे गए ।

अभी तक यह पता नहीं चल सका कि उक्त दो वारदातों में कितने मिलिटैंट शामिल थे ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी. एस. मांगट ने आज रात्रि बताया कि अभी तक यह पुष्टि की जानी है कि क्या मिलिटैंट फिरोज़पुर से लुधियाना जा रही गाड़ी में सवार थे या उन्होंने तब फायरिंग की, जब गाड़ी बद्धोवाल रेलवे स्टेशन के निकट धीमी हुई ?

इस वारदात के बाद राज्य में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है । वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

सिख छात्र संघ के प्रत्याशी की हत्या : (वार्ता, प.स.) रोपड़ जिले के मोरिंडा इलाके में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के एक विधानसभा उम्मीदवार की कल आधी रात के बाद मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी है ।

पुलिस ने बताया कि अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के मनजीत सिंह गुट के उम्मीदवार जतिन्दर सिंह चमकौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे थे । उन्हें रतनगढ़ के एक गुरुद्वारा में गोली मारी गई । इस घटना में उनका अंगरक्षक घायल हो गया ।

चुनाव विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस क्षेत्र का चुनाव रद्द कर दिया गया है ।

पुलिस ने बताया कि श्री जतिन्दर सिंह को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति उनसे मुलाकात करना चाहते हैं, तो वे रात बारह बज कर पांच मिनट पर गुरुद्वारा पहुंचे । उस समय उनके साथ सरकारी अंगरक्षक नहीं थे ।

जिले में सेना की तैनाती के बावजूद हत्यारे उम्मीदवार की हत्या करने के बाद फरार हो गए हैं ।

मौजूदा चुनाव प्रचार के दौरान मिलिटैंटों ने विधानसभा के 19 उम्मीदवारों की हत्या की है । लोकसभा के दो प्रत्याशियों को भी मिलिटैंटों ने मार डाला और विधानसभा के एक अन्य उम्मीदवार का दिल की गति रुक जाने से निधन हो गया ।

अब विधानसभा की 117 में से 105 और लोकसभा की 13 में से 12 सीटों पर चुनाव होगा । 23 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 20 उम्मीदवारों की मृत्यु हो चुकी है ।

22 जून को राज्य में होने वाले चुनाव के साथ 11 विधानसभा और एक लोकसभा सीट की चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू की गई ।

एक ही परिवार के 5 सदस्यों सहित 6 की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले के धोतिया गांव में गुर सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस कर उनके तीन बेटों बलविन्दर सिंह, जोगिन्दर सिंह और सुखन सिंह तथा उसके पौत्र इंदरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट बाद में गुर सिंह को अपने साथ उसी गांव में मोहिन्दर कौर के मकान में ले गए और वहां मोहिन्दर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । भागते समय मिलिटैंटों ने गुर सिंह को भी गोली मार डाला ।

ठेके के 2 कर्मचारियों की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज रात्रि लगभग 10 बजे यहां सुल्तानविंड रोड पर स्थित कपूरनगर में शराब के एक ठेके पर कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग करके ठेके के दो कर्मचारियों की हत्या कर दी । बताया जाता है कि एक कर्मचारी की हत्या ठेके के अंदर और एक की बाहर की गई ।

दुर्घटना सहित 3 का अपहरण : पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला गुरदासपुर के पुलिस थाना दीनानगर के गांव खुजाला में से 4 मिलिटैंटों ने एक दुर्घटना का अपहरण कर लिया है । यह अपहरण जगीर सिंह के डेरे में से किया गया ।

इसके अलावा लुधियाना के टैगोर नगर में से भी मिलिटैंटों ने एक मारुति वैन चालक चन्द्र मोहन का अपहरण कर लिया ।

ठेका कर्मी की हत्या : गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव रामना अलवल में 2 मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर हमला कर वहां के सेल्समैन की हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : जिला भटिंडा के गांव नासिहा में हरदेव सिंह नामक एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार इस मिलिटैंट का नाम हरजिन्दर सिंह था । बताया जाता है कि आज तड़के जब पुलिस इस मिलिटैंट को काबू करके हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी तो पुलिस दल पर मिलिटैंटों के एक गुट ने हमला करके गोलियां चलाईं । इसके जवाब में पुलिस दल ने भी फायरिंग की तथा इसी दौरान गिरफ्तार मिलिटैंट हरजिन्दर सिंह मारा गया ।

लड़की की हत्या : जिला लुधियाना के गांव मंसूरा में 4 मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर परमजीत कौर नामक एक लड़की की हत्या कर दी । मृतका के पिता का नाम बाबू सिंह है ।

मगर 'धीमान' के अनुसार कल रात थाना सुधार के गांव मंसूरा में एक भाई-बहन की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । पुलिसानुसार बाबू सिंह टेलर-मास्टर का बेटा परमजीत सिंह व उसकी बेटी नवजोत कौर अपने घर के बाहर बैठे थे तथा उस वक्त बिजली भी बंद थी मिलिटैंटों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिस पर वे घटनास्थल पर ही मारे गए ।

के.सी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 4 मिलिटैंट मारे गए : सदर पुलिस जिला बटाला के गांव कोटला माझा के निकट पुलिस बल के साथ हुई एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के दुर्दांत मिलिटैंट सुखदेव सिंह उर्फ लाली सहित 4 मिलिटैंट मारे गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अन्य 3 मृतक मिलिटैंटों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हुई है । जबकि घटनास्थल से कुछ हथियार व विस्फोटक भी बरामद किए गए ।

एकीकृत अकाली दल का अध्यक्ष बाल-बाल बचा : जिला होशियारपुर मिलिटैंटों द्वारा किए गए एक हमले में एकीकृत अकाली दल के प्रधान संगत सिंह बाल-बाल बच गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उनके सुरक्षा कर्मियों ने भी मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में गोली चलाई, मगर मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए । इस फायरिंग में बलविन्दर सिंह नामक हैड कांस्टेबल घायल हो गया ।

जत्थेदार के गनमैन घायल : अमृतसर (नारंग) स्थानीय तरनतारन मार्ग पर आज दोपहर लगभग 12 बजे जत्थेदार जसबीर सिंह के 2 गनमैनों हरभजन सिंह व हरिया राज़े को हवेली क्षेत्र में मिलिटैंटों ने गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि उस समय वे दोनों खाना खाने जा रहे थे । उन्हें गम्भीरावस्था में गुरु नानक देव अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

अपहृत विद्युत कर्मी रिहा : फिरोज़पुर, (बागी, प.स.) पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए जिला फिरोजपुर के गांव होलांवाली में से अपहृत विद्युत विभाग के 2 कर्मियों अधीक्षण अभियन्ता मोहिन्दर सिंह व कनिष्ठ अभियन्ता तरसेम लाल को छुड़वा लिया है, जबकि उनका अपहरण करने वाले मिलिटैंट पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर फरार हो गए ।

बताया जाता है कि उक्त दोनों अधिकारियों के साथ ही एस.डी.ओ. गुरबख्श सिंह का भी अपहरण कर लिया था । इन तीनों को छुड़वाने में पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के नाका दल ने जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस. चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

त्रिशंकु संसद की स्थिति में इंका तथा रा.मो. की सांझा सरकार बनने की सम्भावना

नई दिल्ली, 15 जून (जी.एस. चावला): मतदान के तीसरे चरण की समाप्ति के पश्चात सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता आने वाले दिनों में केंद्र की स्थिति के बारे में अपने-अपने दलों के साथियों से विचार-विमर्श करने के लिए राजधानी लौट आए हैं ।

इंका नेता बहुमत मिलने की आशा में चुनाव परिणाम निकलने के पश्चात उत्पन्न होने वाली स्थिति के बारे में गुट बैठकें कर रहे हैं । वे इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि त्रिशंकु संसद की स्थिति में स्थिति से कैसे निपटना है ?

कुछ इंका, राष्ट्रीय मोर्चा तथा वा.मो. नेता अभी भी इस बात से आशंकित हैं कि त्रिशंकु संसद की स्थिति में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन राष्ट्रीय सरकार बनाने का अपना प्रस्ताव पुनः रखेंगे । एक वरिष्ठ वाम नेता के अनुसार ऐसा दिखाई देता है कि राष्ट्रपति भाजपा को सरकार में लाने के इच्छुक हैं । एक रा.मो. नेता ने कहा कि जिस सरकार में भाजपा होगी, उसमें हमारा भागीदार होना असम्भव है । उधर इंका नेतृत्व राष्ट्रीय सरकार का सुझाव आने पर उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है और ऐसा दिखाई देता है कि इंका इस सुझाव को अस्वीकार कर देगी और अगर वह सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई तो भी वह उस सरकार में शामिल नहीं होगी, जिसमें भाजपा शामिल होगी ।

जनता दल के वरिष्ठ नेताओं ने भी आज देश की राजनीतिक स्थिति के बारे में विचार-विमर्श किया । इसमें त्रिशंकु संसद बनने से उत्पन्न स्थिति पर भी विचार किया गया । यह महसूस किया गया कि चुनावों के बाद के परिदृश्य अन्य चीजों के अतिरिक्त इस बात की आतरिक स्थिति पर भी निर्भर करेगा । इसमें यह बात भी शामिल है कि इंका संसदीय दल का नेता कौन चुना है तथा और क्या इंका एक होकर रह भी सकती है ? जद नेताओं ने आज राष्ट्रीय हित में इंका तथा रा.मो. के मिल कर काम करने तथा भाजपा को विपक्ष में बैठने पर मजबूर करने की सम्भावनाओं पर भी विचार किया ।

त्रिशंकु संसद की स्थिति में इंका रा.मो. की सांझा सरकार की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता । वामपंथी दलों के लिए भी यह उचित होगा । रा.मो. नेताओं की वा.मो. नेताओं से भी इस संबंध में बातचीत हो रही है ।

माकपा आने वाले दिनों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है । ज्योति बसु तथा हरकिशन सिंह सरजीत त्रिशंकु संसद की स्थिति में इंका को समर्थन दे सकते हैं और अगर इंका-रा.मो. ने हाथ मिला लिए तो भी माकपा इस परा का स्वागत करेगी । श्री सुरजीत इस संदर्भ में पिछले दिनों इंका नेताओं से मिले भी हैं । माकपा की पोलित ब्यरो परिणाम निकलने के तुरंत बाद नए सांसदों के एक बड़े गुट को सोनिया गांधी को नेता बनाने के लिए कहना चाहिए । लेकिन सोनिया गांधी अभी तक राजनीति में परे रहने के अपने निर्णय पर दृढ़ प्रतिज्ञ हैं और यही दिखाई देता है कि वह सांसदों को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनने के लिए ही कह सकती हैं । सोनिया गांधी का नेता चुनने के मामले पर एक छोटा-सा संकेत पार्टी में किसी मुकाबले की आशंका को समाप्त कर सकता है । एन.डी. तिवारी तथा शरद पवार यहां पर सोमवार तक पहुंच रहे हैं । अर्जुन सिंह भी यहां पहुंच रहे हैं ।

पिछले दिनों लखनऊ में इंका नेताओं की हुई बातचीत की भी आज यहां इंका हल्कों में समीक्षा की गई । बताया जाता है कि श्री शरद पवार लखनऊ बातचीत से अप्रसन्न हैं । शरद पवार गुट अभी भी इस बात के लिए बल दे रहा है कि नेता का चुनाव गुप्त मतदान के द्वारा किया जाए लेकिन दूसरा गुट सर्वसम्मत चुनाव चाहता है ।

यह योजना भी बनाई जा रही है कि चुनाव परिणाम निकलने के तुरंत बाद नए सांसदों के एक तथा केंद्रीय समिति की 20 से 22 जून तक यहां बैठक हो रही है, जिसमें पार्टी के अंतिम स्टैंड के बारे में निर्णय लिया जाएगा । यह सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है कि माकपा इंका को बाहर से समर्थन करेगी ।

हालांकि भाजपा सरकार बनाने का दावा कर रही है लेकिन जानकार सूत्रों के अनुसार पार्टी केवल 1989 की अपनी स्थिति में ही कुछ सुधार कर पाएगी, लेकिन यह शायद मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरेगी, जो कि नई सरकार के लिए अनेक समस्याएं खड़ी कर सकने में सक्षम होगी ।

तीसरे दौर में 185 सीटों के लिए लगभग 55 प्रतिशत मतदान : गणना आज से शुरू

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता, प.स.): आम चुनाव के तीसरे दौर के मतदान में 185 संसदीय सीटों के लिए सात राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोट डालने का काम पूरा हो गया । इस दौरान हिंसा की कुछ घटनाएं भी हुईं, जिनमें 18 लोगों की मृत्यु हो गई ।

समझौता किया तथा 155 क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार खड़े किए । जनता दल ने 111 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए तथा बाकी जगहों पर राष्ट्रीय मोर्चा की सहयोगी पार्टियों ने अपने प्रत्याशी खड़े किए । सजपा ने भी तमिलनाडु में एक मोर्चा बनाया हुआ है तथा कर्नाटक में जनता दल से सहयोग

कब्जा करने व हिंसा की घटनाएं हुईं । फर्रुखाबाद जिले में निर्दलीय प्रत्याशी उपदेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

मतदान स्थलों पर कब्जा करने की सर्वाधिक घटनाएं बलिया जिले में हुईं । जिला के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के तीन तथा बलिया विधानसभा

सोनिया गांधी राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेंगी !



राजकोट, 15 जून : राजकोट एस्ट्रोलाजिकल सोसायटी के अध्यक्ष व एस्ट्रोलाजिकल सोसायटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रधान मार्कण्ड राबल के

श्री अडवानी इस समय अत्याधिक तनाव युक्त व बुरे वक्त में से गुजर रहे हैं । वह सम्भवतः गांधी नगर से हार जाएंगे । उन्हें आने वाले दिनों में सर्वत

पंजाब के चुनावों पर अभी भी अनिश्चितता की तलवार : मान दल चुनाव से हट सकता है ?

चंडीगढ़, 15 जून (एन.एस. परवाना): सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के हर छोटे-बड़े शहर में सेना के फ्लैग मार्च कराने के फैसले के बावजूद आगामी 22 जून को राज्य में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव पर अभी अनिश्चतता की तलवार लटक रही है ।

कर देंगे । इन नेताओं का कहना है कि इस बारे उच्च स्तर पर विचार जारी है । इकाइयों की इच्छा है कि नई सरकार कार्यभार संभालते ही पंजाब में चुनाव रुकवाने हेतु सम्बद्ध कानून में, अध्यादेश के माध्यम से संशोधन कर दे ।

में एक बड़ी पार्टी के रूप में सामने आएगा । अतः नई सरकार को सोच-समझ कर कोई कदम उठाना चाहिए ।

पता चला है कि केंद्रीय प्रेक्षक पंजाब में पहुंच चुके हैं तथा वे मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेकर

Punjab Sahitar

लन्दन में लिट्टे कार्यकर्त्ताओं में अफरातफरी मची

लन्दन, 15 जून (प.स.): राजीव गांधी की हत्या करने वाली आत्मघाती महिला के दो साथियों की गिरफ्तारी के बाद ब्रिटेन स्थित लिट्टे कार्यकर्त्ताओं में अफरातफरी मच गई है । ब्रिटेन के अधिकारी लिट्टे की गुपचुप गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं । 'कमांडर' किट्टु के नाम से मशहूर लिट्टे के नेता एस. कृष्ण कुमार का कहना है कि यह एक लोकतांत्रिक देश है और ब्रिटेन की सरकार बिना सबूत कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है । यह पूछे जाने पर कि क्या लिट्टे के कार्यकर्त्ताओं ने राजीव गांधी की हत्या की, कमांडर किट्टु ने जवाब दिया कि हम लन्दन में रहते हैं ।

प्रारम्भिक परीक्षा सितम्बर में

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता): संघ लोक सेवा आयोग भारतीय प्रशासनिक सेवा, प्रारम्भिक परीक्षा 1991 आगामी सितम्बर में आयोजित कराने की योजना बना रहा है ।

तीसरे दौर का मतदान
(पृष्ठ 1 का शेष)

बलिया जिले के ही दोआबा तथा सलेमपुर ससदीय क्षेत्र में आने वाले सीचर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर मारपीट और मतदान स्थलों पर कब्जा करने की घटनाएं हुई हैं ।

चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ऐटा जिले के निधौलीकला विधानसभा सीट मे समाजवादी जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश चन्द्र यादव गोली लगने से मारे गए । यहां प्राप्त सरकारी सूचनाओं के अनुसार पोंसा मतदान केन्द्र पर श्री यादव के समर्थकों और कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं में संघर्ष के दौरान गोली लगने से श्री यादव घायल हो गए । उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मृत्यु हो गई ।

फैज़ाबाद जिले के टांडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मे प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के कार्यकर्त्ताओं के बीच पथराव और बम फैंकने की घटना में छह व्यक्ति घायल हुए । स्थिति पर काबू पाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

महाराष्ट्र से मिली खबरों के अनुसार दूसरे दौर की पंद्रह सीटों के लिए आज लगभग 55 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । राज्य में नांदेड़ क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के एक प्रत्याशी की मृत्यु के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया । राज्य में अधिकतर क्षेत्रों में मतदान धीमे से सामान्य रहा । पुलिस के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण रहा । स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी । बम्बई सैंट्रल और दक्षिण बम्बई के कई मतदाताओं ने शिकायत की कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है । कई केंद्रों पर युवकों की लम्बी कतारें भी देखी गई ।

अहमदाबाद से मिली खबरों के अनुसार गुजरात

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

सफलता प्राप्त की ।

श्री चट्टोपाध्याय ने विवरण देते हुए बताया कि जब उन्हें यह सूचना मिली कि मिलिटैंटों ने तीनों अधिकारियों का सरकारी कार नं. पी.जे.ओ. 126 सहित अपहरण कर लिया है तो उसी समय सारे क्षेत्र को घेर लिया गया । इसके बाद नदी की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस के एक हैड कांस्टेबल व पंजाब होमगार्ड के एक जवान ने उस कार को संदिग्ध अवस्था में जाते देख कर रुकने का संकेत किया, मगर अपहरणकर्त्ता मिलिटैंटों ने गोली चला दी । जवाब में उक्त कर्मियों ने भी फायरिंग की, मगर मिलिटैंट अन्धकार का लाभ उठा कर फरार हो गए ।

13 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (वि.प्र.) : सरहिन्द क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने गत रात्रि मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट संगठन बब्बर खालसा के 6 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें सामाना पुलिस थाना के गांव कोटला नास्सरू का सरिंदर सिंह खत्री भी शामिल है । उसने स्वीकार किया है कि उसने सामाना में 2 व्यक्तियों का अपहरण किया था ।

रंधेड़ी गांव के गुरपाल सिंह व पुलिस थाना भवानीगढ़ में डेरा मुंशीवाला के जगतार सिंह व कुलदीप सिंह उर्फ जाबा ने भी स्वीकार किया है कि वे बब्बर खालसा तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के साथ संबंधित रहे हैं ।

अन्य मिलिटैंटों में कुलविंदर सिंह—लाहौरी कलां, जसबीर सिंह—हाजीपुर, जरनैल सिंह—डाओन खुर्द, शमशेर सिंह निवासी गुरुद्वारा दःख निवारण साहब भी शामिल हैं । इनके कब्जे से 5 पिस्तौल, एक हथगोला, 9 कारतूस व एक मारुति कार भी बरामद की गई ।

गत 24 घंटों के दौरान जो 7 संदिग्ध मिलिटैंट काबू किए गए, उनमें जरनैल सिंह—गांव बाटुटा व हरचंद सिंह—गांव बाटुटा शामिल हैं । सभी ने स्वीकार किया है कि वे बब्बर खालसा अथवा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के साथ संबंधित रहे हैं ।

शेषन की राष्ट्रपति से भेंट

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता): मतदान का तीसरा तथा अंतिम चरण पूरा होने पर मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने आज शाम राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से भेंट की । सूत्रों के अनुसार श्री शेषन ने राष्ट्रपति को आज हुए मतदान के बारे में जानकारी दी ।

सुबोध कांत सहाय
(पृष्ठ 1 का शेष)

भरोसा है कि लोग इसका कोई अनुकूल जवाब नहीं देंगे । इसके पीछे कोई सामाजिक समर्थन नहीं है । सरकार ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए व्यापक स्तर पर प्रबन्ध किए हैं ताकि मतदाता निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें ।

इटावा और पूर्णिया क्षेत्रों में चुनाव रद्द करने का निर्णय बरकरार

नई दिल्ली, 15 जून (वार्ता): चुनाव आयोग ने पूर्णिया और इटावा संसदीय क्षेत्रों में चुनाव रद्द करने का अपना पहला निर्णय बरकरार रखा है । इटावा संसदीय क्षेत्र के विधानसभा चुनाव भी रद्द रहेंगे ।

आयोग द्वारा आज यहां जारी विवरण के अनुसार आयोग ने इन दोनों चुनाव क्षेत्रों सम्बन्धी निर्णय पर पुनर्विचार करने की याचिकाओं पर विचार करने के बाद फैसले को बदलने का कोई आधार नहीं पाया ।

आयोग ने अपने फैसले में फिर कहा कि उसे बिना पूर्व सुनवाई के उपलब्ध सूचना के आधार पर चुनाव रद्द करने और याचिका मिलने पर अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करने का पूरा अधिकार है ।

आयोग ने कहा कि पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के बाद भी आयोग का यही मत है कि इन दोनों संसदीय क्षेत्रों में व्यापक रूप से हिंसा, मतदान केन्द्रों पर कब्जा तथा जोर जबरदस्ती हुई ।

इटावा के एक विधानसभा क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव तथा पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव चुनाव लड़ रहे हैं ।

सजपा नेता सूर्यदेव सिंह का निधन

बलिया, 15 जून (वार्ता): समाजवादी जनता पार्टी के नेता सूर्यदेव सिंह का आज पूर्वान्ह यहां निधन हो गया । वह 50 वर्ष के थे ।

श्री सिंह अपने पैतृक गांव गोहनी छपरा आए थे, जहां आज सवेरे उनकी तबीयत एकाएक खराब हो गई । उनको निकट के एक चिकित्सा केन्द्र में पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी गई लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई ।

नजरबंद प्रत्याशियों को खाना नहीं दिया जाता

लुधियाना, 15 जून (महिन्द्रा): लुधियाना संसदीय सीट के दो प्रत्याशियों गुरबख्श सिंह तथा सुरेश अरोड़ा ने लिखित प्रैस नोट में सूचित किया है कि पुलिस ने उनको 12 जून से सर्किट हाऊस में नजरबंद कर रखा है तथा न उन्हें बाहर जाने की अनुमति दी जाती है न खाना दिया जाता है ।

राजीव हत्याकांड सम्बन्धी दस्तावेज बरामद
(पृष्ठ 1 का शेष)

एस.आई.टी. ने अभियुक्तों के पास से जब्त किया गया सामान भी न्यायालय में पेश किया । मुरुगन के पास से 10,421 रुपए, एक पाकेट डायरी और एक अंग्रेजी-तमिल शब्दकोष जब्त किया गया, जिस पर कर्नाटक, दावणगेरे के होटल तीसामा लॉज का पता लिखा हुआ था । नलिनी के

राव को संसद में इंका दल का नेता बनाए जाने की संभावना

नई दिल्ली, 15 जून (हि.टा.) : इंका नेता उन संभावनाओं का पता लगाने में व्यस्त हैं जिनके तहत संसद में पार्टी नेता का चुनाव सुचारू रूप से हो सके । यद्यपि चुनाव परिणाम घोषणा के बाद ही सारी स्थिति अगले सप्ताह स्पष्ट होगी फिर भी पार्टी नेता विविध स्तर पर उक्त मामले बारे विचार जारी रख रहे हैं ।

एक विचार यह है कि पार्टी प्रधान श्री पी.वी. नरसिम्हाराव को संसदीय दल का नेता बना दिया जाए तथा श्री एन.डी. तिवारी को पार्टी का प्रधान बना दिया जाए । उप-प्रधानमंत्री के पद हेतु भी विचार जारी है । इस बारे अभी कोई नाम सामने नहीं आया है पर सम्भवत: यह व्यक्ति कोई दक्षिण भारतीय होगा ।

उक्त विचार पर गत दिवस लखनऊ के [illegible] कार्लटन में एक बैठक के दौरान विचार किया गया था । पार्टी सूत्रों के अनुसार यह बैठक 'भाग्य संयोग' थी । इसमें श्री राव, श्री तिवारी, श्री एम.एल. फोतेदार, श्री अर्जुन सिंह व श्री के.एन. [illegible] भी उपस्थित थे ।

सत्तारूढ़ होने पर चौटाला के [illegible] जांच करवाऊंगा : भजन

नई दिल्ली, 15 जून (मनमोहन [illegible]) हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल ने [illegible] यहां घोषणा की है कि इंका सत्ता में आते ही [illegible] के पूर्व मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला और [illegible] साथियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के [illegible] सी.बी.आई. द्वारा जांच करवाएगी ।

साप्ताहिक सत्संग

लुधियाना, 15 जून : आर्य समाज [illegible] पश्चिम द्वारा 16 जून को प्रात: 8 बजे [illegible] सत्संग श्री एस.एल. खन्ना के निवास 20 [illegible] एन्क्लेव, सिविल लाइन्स, लुधियाना में [illegible] किया जाएगा ।

शोक समाचार

जालन्धर, 15 जून : बाजार नौहरिया [illegible] देवराज हितकारी की रस्म पगड़ी 17 जून को [illegible] दो से तीन बजे तक गीता मन्दिर, [illegible] जालन्धर में होगी ।

□ जालंधर : डा. अशोक चड्ढा [illegible] लाला तारा चन्द चड्ढा की रस्म पगड़ी [illegible] दोपहर दो से तीन बजे तक ई.बी.-12 [illegible] मुहल्ला, जालंधर में होगी ।

■ जालंधर : एस.डी.ओ. श्री गुरदेव [illegible] सुपुत्र श्री जगजीत सिंह की आत्मिक [illegible] रखे गए पाठ का भोग 17 जून को [illegible]

Punjabi Santati

ट्रेन हत्याकांड के दोषियों की तलाश के लिए 2 गांवों की घेराबंदी

चंडीगढ़, 16 जून : गत रात्रि मिलिटैंटों द्वारा किए गए रायपुर बद्धोवाल स्टेशनों पर किए गए हत्याकांड में मरने वालों की संख्या आधिकारिक तौर पर 75 तथा घायल होने वालों की संख्या 46 बताई गई है। जबकि हत्यारों की खोज के लिए पुलिस द्वारा 2 गांवों की घेराबंदी कर ली गई है। इस भयानक घटना के विरोध में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा गैर-राजनीतिक तथा सामाजिक दलों द्वारा 17 जून को पंजाब बंद का आह्वान भी किया गया है।

75 मरे, 46 घायल

दो ट्रेनों पर हमले में 75 मरे, 46 घायल हुए : लुधियाना (वार्ता, प.स., शीमान, मेहता ब्यूरो, महिन्द्रा, मुसाफिर, राजपाल): एक आधिकारिक वक्ता के अनुसार पंजाब के लुधियाना जिले में कल रात मिलिटैंटों द्वारा दो ट्रेनों पर हमले में कम से कम 75 व्यक्ति मारे गए तथा 46 अन्य घायल हो गए।

अनौपचारिक तौर पर समाचार एजेंसियों तथा सरकारी सूत्रों द्वारा दिए गए इस आंकड़े का खंडन किया कि हमले में 110 से अधिक व्यक्ति मारे गए।

पुलिस के अनुसार फिरोजपुर-लुधियाना सवारी गाड़ी को बद्धोवाल रेलवे स्टेशन के निकट मिलिटैंटों ने गोलियों से छलनी कर दी तथा 29 अन्य घायल कर दिए। किल्ला रायपुर में हुई घटना में 26 यात्री मारे गए तथा 16 अन्य घायल हो गए।

बद्धोवाल ट्रेन गोलीकांड में घायल तीन व्यक्तियों में से एक ने दम तोड़ दिया और इसके साथ ही इस घटना में मारे जाने वाले व्यक्तियों की संख्या 49 हो गई है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष ने यहां लुधियाना पुलिस मुख्यालय (अभियान) के हवाले से कहा कि बद्धोवाल रेलवे स्टेशन से अब ट्रेन लुधियाना शहर की तरफ जाते ही चार मिलिटैंट इंजन के कैबिन में घुस गए। ट्रेन मुश्किल से डेढ़ किलोमीटर ही चली होगी कि मिलिटैंटों ने ड्राइवर को ट्रेन रोकने के लिए मजबूर किया और उनके एक साथी ने चेन खींच दी।

ट्रेन रुकने के साथ ही बाहर खड़े अन्य मिलिटैंट डिब्बों में घुस गए तथा उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इससे 42 लोग घटनास्थल पर ही मारे गए तथा 36 अन्य घायल हो गए। इन घायलों में से छः व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

पुलिस का कहना है बताया कि इसी तरह की एक अन्य घटना में रायपुर बद्धोवाल स्टेशनों पर किए गए हत्याकांड में मरने वालों की संख्या अधिकारिक तौर पर 75 तथा घायल होने वालों की संख्या 46 बताई गई है। जबकि हत्यारों की खोज के लिए पुलिस द्वारा 2 गांवों की घेराबंदी कर ली गई है। इस भयानक घटना के विरोध में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा गैर-राजनीतिक तथा सामाजिक दलों द्वारा 17 जून को पंजाब बंद का आह्वान भी किया गया है।



बद्धोवाल ट्रेन हत्याकांड में मारे गए 48 यात्रियों में से कुछ के बद्धोवाल स्टेशन के प्लेटफार्म पर पड़े हुए शव। (छाया : सम्भोव)



इसी स्टेशन के प्लेटफार्म के एक अन्य भाग में पड़े कुछ और शव। (छाया : सम्भोव)



बद्धोवाल ट्रेन हत्याकांड को देख कर सहमे हुए चार बच्चे। ये अपने मां-बाप के साथ वैष्णो देवी जा रहे थे। गोली कांड में उनकी सहर गई जबकि मां-बाप घायल हो गए। (छाया : सम्भोव)





हत्यारों की खोज जारी, दो गांवों की घेराबंदी : लुधियाना जिले में दो ट्रेनों के 75 यात्रियों के हत्यारों की ढोर-गोर से खोज जारी है तथा सुरक्षा बलों ने संदिग्ध हत्यारों के सम्भावित छिपने के स्थानों दो गांवों को घेर रखा है।

यहां प्राप्त खबरों के अनुसार सुरक्षा बलों ने लुधियाना जिले के हड्डा गांव को घेर रखा है। समझा जाता है कि बद्धोवाल ट्रेन हत्याकांड के डिम्पेडा नरसंहार सात हत्यारों से यहां शरण ली हुई है। यह वही घटनास्थल के काफी निकट है।

जिला रायपुर गोलीबारी के डिम्पेडा मिलिटैंट घटनास्थल से मात्र कर फीरोजपुर जिले के [illegible] की निमेदारी नहीं ली है।

पुलिस के अनुसार फिरोजपुर-लुधियाना सवारी गाड़ी को बद्धोवाल रेलवे स्टेशन के निकट मिलिटैंटों ने गोलियों से छलनी कर दी तथा 29 अन्य घायल कर दिए। किल्ला रायपुर में हुई घटना में 26 यात्री मारे गए तथा 16 अन्य घायल हो गए।

बद्धोवाल ट्रेन गोलीकांड में घायल तीन व्यक्तियों में से एक ने दम तोड़ दिया और इसके साथ ही इस घटना में मारे जाने वाले व्यक्तियों की संख्या 49 हो गई है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष ने यहां लुधियाना पुलिस मुख्यालय (अभियान) के हवाले से कहा कि बद्धोवाल रेलवे स्टेशन से अब ट्रेन लुधियाना शहर की तरफ जाते ही चार मिलिटैंट इंजन के कैबिन में घुस गए। ट्रेन मुश्किल से डेढ़ किलोमीटर ही चली होगी कि मिलिटैंटों ने ड्राइवर को ट्रेन रोकने के लिए मजबूर किया और उनके एक साथी ने चेन खींच दी।

ट्रेन रुकने के साथ ही बाहर खड़े अन्य मिलिटैंट डिब्बों में घुस गए तथा उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इससे 42 लोग घटनास्थल पर ही मारे गए तथा 36 अन्य घायल हो गए। इन घायलों में से छः व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

पुलिस का कहना है बताया कि इसी तरह की एक अन्य घटना में रायपुर बद्धोवाल स्टेशनों पर किए गए हत्याकांड में मरने वालों की संख्या अधिकारिक तौर पर 75 तथा घायल होने वालों की संख्या 46 बताई गई है। जबकि हत्यारों की खोज के लिए पुलिस द्वारा 2 गांवों की घेराबंदी कर ली गई है। इस भयानक घटना के विरोध में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा गैर-राजनीतिक तथा सामाजिक दलों द्वारा 17 जून को पंजाब बंद का आह्वान भी किया गया है।

विवरण के अनुसार स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रात 9.10 बजे स्टेशन मास्टर प्रीतम सिंह सेखों ने जब फिरोजपुर-लुधियाना यात्री रेल गाड़ी को हरी झंडी देकर विदा किया तो सम्भवतः वह यह जानते ही नहीं थे कि उन्होंने उस गाड़ी को वास्तव में नर्क की आग में झोंक दिया है। उस गाड़ी में सवार लगभग 400 यात्री भी शायद यह नहीं जानते थे कि उनमें से कई की तो यह अन्तिम यात्रा ही साबित होने वाली है।

यह रेल गाड़ी धीमी गति से जैसे ही स्टेशन में से बाहर निकली तो तीन युवा मिलिटैंट इस गाड़ी के इंजन में जबरदस्ती सवार हो गए तथा उन्होंने इंजन चालक व उसके दो सहायक फायरमैनों की छाती पर ए.के. असाल्ट राइफलें तान दीं और चेतावनी दी कि अगर उन्होंने उनका कहा न माना तो वे उनकी हत्या

मान लिया गया था। इस बारे भी काफी उलझन रहे कि जिन्होंने बचने के लिए गाड़ी से बाहर छलांगें लगाई थीं, उनमें से कितने मिलिटैंटों की गोलियों से मारे गए। यही वीभत्स कांड किला रायपुर में भी हुआ।

इस भीषण नरसंहार के बाद रेल गाड़ी को वापस बद्धोवाल रेलवे स्टेशन लाया गया। उस समय गाड़ी की विभिन्न बोगियां गोलियों से छलनी थीं तथ चारों तरफ खून ही खून बिखरा हुआ था और उस दौरान एक बोगी में एक ही परिवार के चार मृत सदस्य ऐसे भी नज़र आए जिनके हाथों में चपातियां पकड़ी हुई थीं। गोलियां चलने के दौरान वे सम्भवतः रात्रि भोजन कर रहे थे। मृतकों में कुछ ऐसे परिवार भी हैं, जो धार्मिक कारणों से हरिद्वार जा रहे थे।

इसके बाद जब रेलगाड़ी में से पहचान के लिए शव बाहर निकालने का क्रम शुरू हुआ तो वहां हृदय-विदारक दृश्य उत्पन्न हो गया। रेलवे स्टेशन पर असंख्य व्यक्ति अपने सम्बन्धियों की शिनाख्त के लिए आए थे तथा कई महिलाएं तो अपने रिश्तेदारों को मृत देख अचेत भी हो गईं।

मृतकों की शिनाख्त : बताया जाता है कि इस अभागी रेलगाड़ी में यात्रा करने वालों में सरकारी रेलवे पुलिस का एक जवान, होमगार्ड का एक जवान, सेना के 3 व सीमा सुरक्षा बल का एक कर्मचारी भी था, जो मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार हो गए।

रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों के सामान में एक ऐसा स्कूल बैग भी देखा गया, जिस पर योगेश के नाम की पर्ची लगी थी तथा उसमें पुस्तकें थीं।

इस गोली वर्षा में बचने वाले भाग्यशालियों में 2 भाई चमन लाल (32) व नरेश कुमार (17) भी शामिल हैं, जो अपने परिवार के साथ फिरोजपुर से ऋषिकेश जा रहे थे, जहां उन्होंने एक विवाह समारोह में भाग लेना था। इस वारदात में उनका भाई श्याम लाल मारा गया जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए।

Punjabi Sanatan

की लाल घाड़ी विधान सभा क्षेत्र से 21 वोटों से हार गए।

75 मरे, 46 घायल

दो ट्रेनों पर हमले में 75 मरे, 46 घायल हुए : लुधियाना (वार्ता, प.स., धीमान, शेर, कम्बोज, मोहिन्द्रा, मुसाफिर, राजपाल): एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पंजाब के लुधियाना जिले में कल रात मिलिटैंटों द्वारा दो ट्रेनों पर हमले में कम से 75 व्यक्ति मारे गए तथा 46 अन्य घायल हुए ।

प्रवक्ता ने गैर सरकारी सूत्रों द्वारा दिए गए इस आंकड़े का खंडन किया कि हमले में 110 से 125 व्यक्ति मारे गए ।

प्रवक्ता के अनुसार फिरोजपुर-लुधियाना लाइन पर बद्धोवाल रेलवे स्टेशन के निकट मिलिटैंटों ने 49 यात्रियों की हत्या कर दी तथा 29 अन्य घायल कर दिए । किला रायपुर में हुई घटना में 26 यात्री मारे गए तथा 16 अन्य घायल हो गए ।

बद्धोवाल ट्रेन गोलीकांड में घायल तीस व्यक्तियों में से एक ने दम तोड़ दिया और इसके साथ ही मारे जाने वाले व्यक्तियों की संख्या 49 हो गई है ।

पुलिस नियंत्रण कक्ष ने यहां लुधियाना पुलिस मुख्यालय (अभियान) के हवाले से कहा कि बद्धोवाल रेलवे स्टेशन से जब ट्रेन लुधियाना शहर की तरफ चली तो सभी चार मिलिटैंट इंजन के कैबिन में घुस गए । उन मुश्किल से डेढ़ किलोमीटर ही चली होगी कि मिलिटैंटों ने ड्राइवर को ट्रेन रोकने के लिए मजबूर किया और उनके एक साथी ने चेन खींच दी ।

ट्रेन के रुकने के साथ ही बाहर खड़े अन्य मिलिटैंट भी कई डिब्बों में घुस गए तथा उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इससे 42 लोग मौके पर ही मारे गए तथा 36 अन्य घायल हो गए । बाद में घायलों में से छः व्यक्तियों की मृत्यु हो गई ।

नियंत्रण कक्ष ने बताया कि इसी तरह की एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने लुधियाना-धूरी ट्रेन को किला रायपुर रेलवे स्टेशन के बाहर रोक लिया । मिलिटैंटों ने 26 यात्रियों को गोली मार कर हत्या कर दी तथा 16 अन्य घायल हो गए ।

अभी तक किसी मिलिटैंट गुट ने इन हत्याकांडों की जिम्मेदारी नहीं ली है ।

हत्यारों की खोज जारी, दो गांवों की घेराबंदी : लुधियाना जिले में दो ट्रेनों के 75 यात्रियों के हत्यारों की जोर-शोर से खोज जारी है तथा सुरक्षा बलों ने कथित हत्यारों के सम्भावित छिपने के स्थानों दो गांवों को घेर रखा है ।

यहां प्राप्त खबरों के अनुसार सुरक्षा बलों ने लुधियाना जिले के ढाहा गांव को घेर रखा है । समझा जाता है कि बद्धोवाल ट्रेन हत्याकांड के जिम्मेदार लगभग सात हत्यारों ने यहां शरण ली हुई है । यह जगह घटनास्थल के काफी निकट है ।

किला रायपुर गोलीबारी के जिम्मेदार मिलिटैंट घटनास्थल से भाग कर फरीदकोट जिले के बढानीकलां गांव में छिप गए । सुरक्षा बलों ने इन मिलिटैंटों का पीछा किया और वहां जाकर खोजबीन शुरू कर दी है ।

राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा ने आज सुबह लुधियाना जाकर दोनों घटनास्थलों का दौरा किया ।

पंजाब पिछले 2 सप्ताह से भी अधिक समय से भय व आतंक से ग्रस्त है तथा पंजाब में चुनावों को अस्त-व्यस्त करने के लिए मिलिटैंट संगठनों द्वारा 21 तथा 22 जून को किए गए 'पंजाब बंद' के आह्वान से लोगों में और भी आतंक व्याप्त हो गया है । सरकार ने जनता में विश्वास की भावना उत्पन्न करने के लिए तथा मिलिटैंटों की गतिविधियों से निपटने के लिए पंजाब में सेना को तैनात कर दिया है । इस स्थिति में प्रतीत होता है कि सरकार के लिए प्रदेश में चुनाव स्थगित करना कठिन लग रहा है । लेकिन वहीं इस बात के प्रति भी गंभीर आशंका प्रकट की जा रही है कि कहीं कल रात जैसी ही अन्य किसी हिंसक घटना की पुनरावृत्ति न हो जाए ।

पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति से सम्बन्धित अधिकारी भी मिलिटैंट ग्रुपों की गतिविधियों से चिंतित हैं ।

इस बीच सरकारी क्षेत्र इस बात को लेकर चिंतित हैं कि मिलिटैंटों ने लुधियाना जिलों में ही रेल यात्रियों की इतनी बड़ी संख्या में हत्या क्यों की ? अभी तक वे इस बारे में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन लुधियाना में हुआ यह नरसंहार श्री सुबोध कांत सहाय के लिए अवश्य एक चुनौती है ।

पुनर्मतदान के दौरान बम फैंकने से 3 घायल

लखनऊ, 16 जून (वार्ता): पुनर्मतदान के दौरान आज यहां कालीचरण इंटर कालेज मतदान केंद्र के बाहर कुछ लोगों द्वारा देसी बम फैंकने से तीन लोग घायल हो गए । इनमें नगर पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं ।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार आज सुबह यह घटना उस समय घटी जब लखनऊ (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के लिए कालीचरण इंटर कालेज मतदान केंद्र पर हो रहे मतदान के दौरान सजपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला ने बूथ में जाने का प्रयास किया लेकिन अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया ।

असम में मतगणना एक दिन के लिए स्थगित

गुवाहाटी, 16 जून (प.स.): असम में 14 लोकसभा और 124 विधानसभा सीटों की मतगणना कल तक स्थगित कर दी गई है । चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि चुनाव क्षेत्रों के आधार पर मतगणना की जाए । इसके पूर्व मतदान केंद्रों के आधार पर मतगणना करने का निर्देश था । मतगणना कल नौ बजे शुरू होगी ।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भास्कर बरुआ ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को आदेश दिया कि नई प्रक्रिया के अनुसार मतगणना के लिए वे आवश्यक प्रबन्ध करें ।

विवाल्डी रेडीमेड्स की परिपूर्णता

पी.के. धूमल (भाजपा) | डी.डी. खजूरिया (भाजपा)

कांगड़ा से भाजपा के श्री डी.डी. खजूरिया ने कांग्रेस (इ) प्रत्याशी श्रीमती चंद्रेश कुमारी को 10,369 मतों से हराया ।

अपनी हार का बदला ले लिया । श्री
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को 26,627 मतों
। वह 1989 में श्री महेश्वर सिंह से 28
से पराजित हुए थे ।

डी. सुल्तानपुरी ने लगातार चौथी बार
यु.) सीट पर विजय हासिल की । इस
भाजपा के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी श्री
रूप को 46,860 मतों से हराया ।

ने कांगड़ा और हमीरपुर सीटों पर अपना
करार रखा, लेकिन इस बार उसके
ों की जीत का अंतर काफी कम हो

लुधियाना में 3-4 जगह फायरिंग

लुधियाना, 17 जून (मुसाफिर): अज रात्रि यहां 9½ से 10½ बजे के करीब मिलिटैंटों ने 3-4 जगहों पर फायरिंग की, जिससे कई लोग घायल हो गए । बताया गया है कि मिलिटैंट माडल टाऊन में पुलिस चौकी के निकट से शुरू हुए थे और डुगरी रोड, चर्विडी रोड पर फायरिंग करते हुए नेहरू नगर में जा पहुंचे और निकट स्थित मल्होत्रा पैलेस सिनेमाघर पर भी फायरिंग की ।

लुधियाना के एस.एस.पी. ने हिंद समाचार पत्र समूह को फायरिंग का विवरण देते हुए बताया कि डुगरी रोड पर जहां सी.आर.पी.एफ. की आठवीं बटालियन का कैम्प है, पुल पर आ रहे एक स्कूटर सवार कुछ अज्ञात लोगों ने फायरिंग की, जिस पर सी.आर.पी.एफ. के कैम्प में मौजूद 10-12 संतरियों ने गोली चलाई । एस.एस.पी. ने बताया कि इस घटना में 3 लोग घायल हुए हैं । स्कूटर सवारों पर गोली चलाते वाले मिलिटैंट बच कर निकल गए ।

ाणा में मुख्यमंत्री के लिए 3 दावेदार

ढ़, 17 जून (एन.एस. परवाना): वधान सभा के चुनाव में इंका द्वारा बहुमत लिए जाने के बाद अब मुख्यमंत्री पद के दावेदारों श्री भजन लाल, श्री बीरेन्द्र सिंह शेर सिंह सुर्जेवाला में मुकाबला है । इस श्री भजन लाल आदमपुर सीट से रिकार्ड वोटों से विजयी हुए हैं । इतनी बढ़त उम्मीदवार को नहीं मिली है ।

जीत के बाद श्री भजन लाल ने कहा कि मंत्री पद की दावेदारी में शामिल हैं । ा कि यह फैसला पार्टी हाई कमान करेगा इंका विधायक दलों के नेताओं का चुनाव कहां हो ?

भारतवर्ष की सबसे बढ़िया
ओम प्रकाश धूप
वालों के अन्य श्रेष्ठ उत्पादन
महाबीर
डीलक्स धूप
(फोर इन वन)
महाबीर
डीलक्स अगरबती
(थ्री इन वन)
मस्ती भरी
सुगन्ध
महाबीर के संग

बड़बा कलां विधानसभा क्षेत्र में सजपा के मणिराम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंका के भरत सिंह को 643

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सूचना मिली थी कि उस मकान में शेर सिंह अपनी पत्नी व बहन के साथ रह रहा है । उसने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी तथा जवाबी फायरिंग के दौरान

मुकाबले में एक मिलिटेंट मारा गया जबकि उसका साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक दुनाली बंदूक और एक मारुति कार मिली है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उम्मीदवार राजमोहन गांधी की जमानत जब्त हो गई है । श्री गांधी ने 1989 में श्री राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से लोकसभा का चुनाव लड़ा था और हार गए थे ।

ट्रेन नरसंहार के विरुद्ध पंजाब बंद

चण्डीगढ़, 17 जून : गत शनिवार की रात्रि को मिलिटैंटों द्वारा जिला लुधियाना के बद्धोवाल व किला रायपुर रेलवे स्टेशनों पर किए गए भीषण नरसंहार के विरुद्ध आज पंजाब में बंद आयोजित किया गया तथा हड़ताल रखी गई । इसके अलावा कई स्थानों पर शोक सभाएं आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई ।

जालन्धर (वार्ता) : विभिन्न दलों के आह्वान पर आज नगर में लगभग पूर्ण बन्द रहा । इस दौरान ढाबे, चाय व पान की दुकानें, कैमिस्टों की दुकानें तथा व्यापारिक संस्थान बन्द रहे ।

इसके अलावा बंगा, नवांशहर, करतारपुर, गोराया व भोगपुर में भी करीब पूर्ण बन्द रहा । जबकि पुलिस जिला गुरदासपुर में बंद का प्रभाव आंशिक था । बस व रेल सेवा सामान्य रूप से चलती रही ।

होशियारपुर (अश्विनी) : भाजपा की पंजाब बंद की अपील पर आज यहां लगभग पूर्ण बन्द रहा । पार्टी वर्करों ने अपने चुनाव दफ्तर में एक शोकसभा की जिसमें रेलयात्रियों की निर्दयतापूर्ण हत्याओं की कड़ेस शब्दों में निंदा की गई और शोक संतप्त परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की गई । जिला के दूसरे हिस्सों से भी बन्द की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं ।

मुकेरियां (सुवर्धन) : लुधियाना रेल हत्याकांड के विरुद्ध आज यहां मुकेरियां, तलवाड़ा, हाजीपुर में पूर्ण बन्द रहा । विभिन्न जगहों पर शोकसभाएं हुईं और मृतकों को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

अमृतसर (कमलेश) : किला रायपुर और बद्धोवाल में रेलयात्रियों की निर्मम हत्याओं के विरोध में आज नगर में पूर्ण हड़ताल रही । सरकारी संस्थान खुले रहे मगर कामकाज नर्म रहा । किशोर चन्द प्रधान पंजाब ब्राह्मण सभा ने एक बयान में इन हत्याओं की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से मांग की है कि मिलिटैंसी के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाएं और इस काम के लिए सेना की भी सहायता ली जाए ।

'अशोक सोनी' के अनुसार नगर की चारदीवारी के बाहरी क्षेत्रों में बंद को कोई समर्थन नहीं मिला । मगर भीतरी भागों में पूर्ण बन्द रहा । कुछेक प्राइवेट स्कूल भी बन्द रहे, मगर सरकारी स्कूल खुले थे । रेल व बस सेवा सामान्य रही ।

कपूरथला (शर्मा) : जिला लुधियाना में दो रेलगाड़ियों में सामूहिक निर्मम नरसंहार के विरुद्ध रोष व शोक स्वरूप आज यहां आंशिक बन्द रहा । विभिन्न बाजारों आदि में कारोबारी संस्थान बन्द थे ।

जम्मू (प.स.) : मिलिटैंटों द्वारा बद्धोवाल व किला रायपुर में किए गए भीषण नरसंहार के विरुद्ध आज जम्मू व निकटवर्ती क्षेत्रों में बन्द आयोजित किया गया तथा हड़ताल रखी गई । इस बंद का आह्वान शिव सेना ने किया तथा अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने इसका समर्थन किया था ।

इस दौरान सभी दुकानें व व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रहे तथा सरकारी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में उपस्थिति भी सामान्य रही ।

प्रदेश इंका समिति के महासचिव हरिचंद ने इन हत्याओं की निन्दा करते हुए जनता से एकता व सद्भावना बनाए रखने की अपील भी की ।

धुरी (सिंगला) : निर्दोष रेल यात्रियों की निर्मम हत्या के विरोध में आज यहां पूर्ण बन्द रहा । नगर में कोई भी दुकान नहीं खुली थी ।

लुधियाना (धीमान) : इंका, भाजपा, सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.), अकाली दल (बादल) व शिव सेना द्वारा संयुक्त तौर पर किला रायपुर व बद्धोवाल रेलवे स्टेशनों पर रेलगाड़ियों में मिलिटैंटों द्वारा किए गए निर्मम नरसंहार के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए पंजाब बन्द का जो आह्वान किया गया था, उससे अधिकांश महानगर बन्द रहा । यहां तक कि रैस्टोरैंट, ढाबे, टी-स्टाल, हलवाइयों व सब्जी विक्रेताओं की भी दुकानें पूर्णतः बन्द थीं । सड़कों पर ट्रैफिक सामान्य था । बैंकों में बहुत कम कार्य हुआ ।

जनता दल शहरी की एक बैठक श्री हरीश खन्ना की अध्यक्षता में हुई । एक प्रस्ताव में इस घिनावने गोली कांड की जोरदार निंदा की गई । यह मांग भी की गई कि इस कांड में शहीद होने वाले हर परिवार को 50 हजार रुपए की बजाए एक-एक लाख रुपया मुआविजा दिया जाए ।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त गोलीकांडों के मृतकों के प्रति सम्वेदना व्यक्त करने के लिए भाजपा व कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना चुनाव अभियान बन्द रखा और आज भी प्रचार स्थगित रहा । कल मान अकाली दल वालों के थ्री व्हीलरों पर प्रचार हो रहा था ।

'सुनील' के अनुसार बड़े पैमाने पर हुए नरसंहार के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के आह्वान पर आज सुबह अखबार पढ़ने के बाद कई दुकानदारों ने इसके विरोध में अपना कारोबार बन्द करने का निर्णय किया । लुधियाना का भीड़ भरा क्षेत्र चौड़ा बाजार, माधोपुरी, सी.एम.सी. चौक, लक्कड़ बाजार, फील्डगंज पूर्ण रूप से बन्द रहे ।

'आहूजा' के अनुसार पंजाब प्रदेश युवा कांग्रेस के संयुक्त सचिव शाम सुन्दर मल्होत्रा, लुधियाना युवा कौंसिल के कैलाश कपूर, हौजरी नेता राजा धीर व गुलशन टंडन तथा व्यापारी नेता जगमोहन शर्मा ने इस घिनौने कृत्य की कड़ी निन्दा की है ।

फगवाड़ा (अशोक) : लुधियाना के रक्तिम हत्याकांडों के रोष में आज विभिन्न दलों की अपील पर फगवाड़ा पूर्ण बन्द रहा । इस बन्द में डाक्टरों, कैमिस्टों, सब्जी विक्रेताओं सहित सारे व्यापारी वर्ग ने भाग लिया । स्थानीय एस.डी.एम. स. कुलवीर सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक स. अजीत सिंह दिन भर क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे । इसी दौरान पंजाब भाजपा के अध्यक्ष मदन मोहन मित्तल, महासचिव जगदीश राय मोंगा, चौ. स्वर्णा राम, जिला भाजपा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

शोपियां के थानेदार तथा उनके 4 अंगरक्षकों का अपहरण, अन्यत्र 2 अलगाववादी मारे गए

श्रीनगर, 17 जून (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में अलगाववादियों ने कल रात शोपियां के थानेदार तथा उनके 4 अंगरक्षकों का अपहरण कर लिया जबकि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अलगाववादी मारे गए तथा एक घायल सुरक्षा कर्मी दम तोड़ गया ।

दक्षिण कश्मीर के शोपियां कस्बे में कल रात अलगाववादियों ने वहां के थानेदार (एस.एच.ओ.) मोहम्मद रमजान बाग तथा उनके 4 अंगरक्षकों का अपहरण कर लिया । सरकारी सूत्रों ने आज बताया कि हालांकि किसी अलगाववादी संगठन ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पुलिस को प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन पर संदेह है ।

इन अंगरक्षकों में एक हैड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल हैं । इन पुलिस कर्मियों का वाहन भी लापता है ।

सत्रों के अनुसार अनन्तनाग में आज सुबह अलगाववादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक दुकानदार मारा गया ।

सेना ने आज शहर के बटमालू इलाके में अलगाववादियों को खोज निकालने के लिए प्रवेश किया । सेना ने सैनिक वर्दी में बटमालू इलाके को घेर लिया । सेना को अलगाववादियों के विभिन्न संगठनों की इस इलाके में बैठक करने का समाचार मिला था । सेना ने इस इलाके के सब रास्तों की नाकेबंदी कर दी ।

पुलिस ने बताया कि श्रीनगर के पुराने हवाई अड्डे, पुराने बारजुल्ला क्षेत्र में अलगाववादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के एक तलाशी दल पर हमला किया । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो अलगाववादी घटनास्थल पर ही मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल मिली है । सुरक्षा बलों ने अन्य हमलावरों को पकड़ने के लिए

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sahitani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट मारा गया : थाना सदर जालन्धर के गांव कोटली थान सिंह के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके 3 साथी भाग निकले ।

हमले में 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला मजीठा के टरपरियां गांव में गत रात्रि जब एक पुलिस दल गिरफ्तार किए गए 2 मिलिटैंटों को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रहा था तो उन पर कुछ अन्य मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया । इस दौरान क्रास फायरिंग में दोनों गिरफ्तार मिलिटैंट मारे गए । उनकी पहचान गुरमेल सिंह उर्फ गाला तथा प्रेम सिंह उर्फ प्रेमा के रूप में हुई ।

घटनास्थल से एक राइफल, एक पिस्तौल, बडी संख्या में कारतूस व एक किलो विस्फोटक भी बरामद हुए हैं ।

बताया जाता है कि गुरमेल सिंह उर्फ दया सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर था तथा वह 25 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था । कुछ दिन पूर्व ही उसने जोधे गांव में निहंग जोगा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की हत्या कर दी थी । उस पर 40,000 रुपए का इनाम भी घोषित था जबकि प्रेम सिंह को पुलिस ने गत दिवस ही एक बम व पिस्तौल के साथ काबू किया था ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने गत रात्रि जिला रोपड़ व होशियारपुर में से 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । इनके नाम जसबीर सिंह, बलवंत सिंह व गुलजार सिंह हैं । इनके कब्जे से 315 बोर की एक रिवाल्वर, 303 बोर की एक राइफल, .38 बोर का एक रिवाल्वर, 9 एम.एम. की एक पिस्तौल व कई कारतूस बरामद किए गए ।

फैडरेशन के 2 कार्यकर्त्ताओं की हत्या : दसूहा (झावर) व टांडा (गुप्ता) आज प्रात: 7 बजे आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दफ्तर के बाहर एक वैन में आए मिलिटैंटों ने अंधाधुन्ध फायरिंग शुरू कर दी । इससे फैडरेशन के दो कार्यकर्त्ता कुलदीप सिंह (चकवड़ मुकेरियां निवासी) तथा चरण सिंह (दसूहा) की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य कार्यकर्त्ता घायल हो गया । हमलावर भागने में सफल हो गए । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र को घेर लिया है ।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के थरीके गांव में सुरक्षाबलों के एक वाहन पर गोलियां चलाईं जिसमें एक हैड-कांस्टेबल रजिन्दर सिंह मारा गया तथा सहायक उप-निरीक्षक नरिन्दर सिंह घायल हो गया ।

2 की हत्या, ठेका कर्मी घायल : मजीठा पुलिस जिले के माधूपिंडी गांव में मिलिटैंटों ने कल रात तरलोचन सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिले के कोट मंसूर गांव में दीवान चन्द के घर में घुस कर उनके एक संबंधी गुरबचन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंटों ने कल रात रोपड़ जिले के कुराली में शराब के एक ठेके पर धावा बोल कर शिव सिंह को घायल कर दिया ।

महिला की हत्या : अहमदगढ़ (पुरी): गत रात्रि यहां महिन्दर कौर नामक एक महिला की दहलीज रोड पर स्थित उसके निवास में हत्या कर दी गई । इस वारदात के दौरान उसका पति वाहेगुरु सिंह भी घायल हो गया, जिसे सी.एम.सी. लुधियाना में भर्ती कराया गया है । यह घटना रात 11.30 बजे के करीब हुई ।

बताया जाता है कि हत्यारे एक मारुति वैन में आए थे तथा उसी वाहन में हत्या के बाद फरार हो गए ।

बैंक लूटा : 'राज' के अनुसार दो अज्ञात मिलिटैंटों ने आज गांव धेरी में स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा से पिस्तौल की नोक पर 7610 रुपए लूट लिए हैं ।

पंजाब में चुनाव रद्द करने के घातक परिणाम होंगे : सहाय

लुधियाना, 17 जून (प.स.): केंद्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय ने विचार व्यक्त किया है कि नई सरकार द्वारा पंजाब में चुनाव रद्द करने के 'घातक' परिणाम होंगे । श्री सहाय ने यहां एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि नई सरकार के लिए इस संबंध में कोई अनिश्चितता उत्पन्न करना हानिकारक होगा क्योंकि राज्य में एक लम्बे अर्से के बाद चुनाव कराए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र समर्थक और

असम में 'अगप' को बड़ा झटका लगा

गुवाहाटी, 17 जून (वार्ता): असम में विधानसभा चुनाव के परिणाम मिलने शुरू होने पर आज असम गण परिषद (अगप) को बड़ा झटका लगा । अगप के एक पूर्व मंत्री सामसिन्हा दिफू (सुरक्षित) क्षेत्र में हार गए । राज्य के अब तक घोषित आठ परिणामों में से कर्बिआंगलोंग पर्वतीय जिले की चारों सीटें स्वायत्त राज्य मांग कमेटी (ए.एस.के.) को मिलीं, जबकि दो कांग्रेस (इ) को तथा एक सोशलिस्ट यूनिटी सैंटर आफ इंडिया और एक निर्दलीय को मिली है । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार कांग्रेस (इ) ऊपरी असम के एक दर्जन विधानसभाई क्षेत्रों में बढ़त लिए हुए है, जबकि असम गण परिषद चार तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और प्लेंस ट्राइबल काउंसिल आफ असम (पी.टी.सी.ए.) एक-एक सीट पर आगे हैं । नूतन असम गण परिषद के दिग्गज एवं राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री बुन्दावन गोस्वामी तेजपुर में कांग्रेस (इ) प्रत्याशी से पिछड़े हुए हैं । पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस (इ) नेता नाजी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों से काफी आगे हैं ।

पर्यवेक्षकों ने पंजाब बारे रिपोर्ट दी

नई दिल्ली, 17 जून (प.स.): पंजाब के लिए नियुक्त 39 पर्यवेक्षकों ने वहां की स्थिति के बारे में अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को दे दी है । यह जानकारी आज चुनाव उपायुक्त डा. आर.पी. भल्ला ने संवाददाताओं को दी । इन रिपोर्टों में क्या सिफारिश की गई है, इस बारे में कुछ भी बताने से डा. भल्ला ने इंकार कर दिया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब में चुनाव की तिथि को बढ़ाया जाएगा, डा. भल्ला ने केवल इतना कहा कि वहां पर 22 जून को चुनाव होंगे ।

प्रभाकर माचवे का निधन

इंदौर, 17 जून (वार्ता): विख्यात साहित्यकार एवं इंदौर से प्रकाशित दैनिक 'चौथा संसार' के सम्पादक डा. प्रभाकर माचवे का आज यहां अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया । वह 74 वर्ष के थे ।

जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

आज पूरे इलाके को घेराबंदी कर ली । नागरिकों को घरों से बाहर निकाल लिया गया ।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राज मार्ग पर पम्पोर में अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों के वाहनों पर गोलियां चलाईं । इन वाहनों में हथियार थे । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की हालांकि किसी के हताहत होने का कोई समाचार नहीं है ।

अलगाववादियों की पुलवामा में वानजूबाग पुल पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई परन्तु किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । पुलवामा में शनिवार को हथगोले के हमले में जो पांच सुरक्षा कर्मी घायल हो गए थे, उनमें से एक कल रात अस्पताल में दम तोड़ गया ।

हरियाणा में इंका को बहुमत

(पृष्ठ 3 का शेष)

वोटों के अंतर से हराया ।

सोनीपत से 'जगदीश' के अनुसार सोनीपत विधानसभा क्षेत्र में इंका के श्री श्याम कुमार ने सजपा के श्री सतेन्द्र कुमार को 8800 वोटों के अंतर से हराया । कैलाना विधानसभा सीट से इंका की श्रीमती शांति राठी ने सजपा के श्री वेद सिंह मलिक को 8173 वोटों के अंतर से हराया । रोहट विधानसभा सीट से इंका के हुकुम सिंह ने सजपा के महेन्द्र सिंह दहिया को मात्र 38 वोटों के अंतर से हराया । राई विधानसभा क्षेत्र में सजपा के श्री जयपाल सिंह ने इंका के श्री जसवंत सिंह चौहान को 597 वोटों के अंतर से हराया ।

पंजाब बंद

(पृष्ठ 3 का शेष)

थीं । जी.टी. रोड क्षेत्र में कई दुकानें खुली हुई थीं । बस सेवा व रेल यातायात सामान्य था ।

अध्यक्ष रामस्वरूप अरोड़ा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नेता तेजस्वी कुमार, महेश मड़िया, धार्मिक समिति के संयोजक डाक्टर जोगिन्दर पाल शर्मा, शांति समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल कौड़ा, इंका नेता मनमोहन शर्मा इत्यादि ने इस हत्याकांड को अमानवीय बताते हुए निन्दा की है ।

'खोसला' के अनुसार शहर के मुख्य बाजार रेलवे

जीते



राजीव गांधी (इंका) | सुनील दत्त (इंका)



जयललिता (अन्ना द्रमुक) | अजीत सिंह (जद)



वी.आर.सिंघिया (भाजपा) | उमा भारती (भाजपा)



ज्योति बसु (सी.पी.एम.) | ए. त्रिवेदी (भाजपा)



ए.आर. अंतुले (इंका) | राजेश पायलट (इंका)

आंध्र प्रदेश से लोकसभा सीटें दलगत स्थिति

कुल सीटें : 42	घोषित : 15
तेलगू देशम	9
इंका	3
भाजपा	1
भाकपा	1
माकपा	1



बी.पी. सिंह (जद) | साजन कुमार (इंका)



बी.सी. शुक्ला (सजपा) | जार्ज फर्नांडीस (जद)

इंका लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रतिद्वंद्वी को 182000 मतों से हरा कर पांचवीं बार चुनाव जीते हैं ।

उड़ीसा में 1989 के चुनाव में कांग्रेस (इ) का प्राय: सफाया हो गया था, परन्तु इस बार के चुनाव में उसने जनता दल को प्रबल आघात लगा कर आज दोपहर तक घोषित 19 सीटों में से 12 पर कब्जा कर लिया । राज्य में सत्तारूढ़ जनता दल को मात्र पांच सीटें ही मिली हैं । एक सीट कम्युनिस्ट पार्टी को और एक ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को मिली है ।

महाराष्ट्र में अब तक घोषित 38 लोकसभा परिणामों में से 31 कांग्रेस (इ) के पक्ष में गए हैं जबकि जिन दस सीटों पर मतगणना चल रही है उनमें से भी चार में वह आगे है । भाजपा को अब तक तीन सीटें मिली हैं और तीन ही शिव सेना ने जीती है ।

प. बंगाल विधानसभा में वाममोर्चे को बहुमत मिल गया है । केरल विधानसभा में यू.डी.एफ. तथा पांडिचेरी में इंका को स्पष्ट बहुमत मिल गया है जबकि उत्तर प्रदेश में भाजपा जीत की ओर अग्रसर है ।

पश्चिम बंगाल के सूचना मंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य जादवपुर विधानसभाई क्षेत्र से निर्वाचित हो गए है ।

मुम्बई उत्तर पश्चिम संसदीय सीट से कांग्रेस (इ) के सुनील दत्त ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिव सेना के रमेश प्रभु को 56,745 मतों से पराजित किया । कांग्रेस (इ) ने इस सीट पर अपनी पकड़ बरकरार रखी है ।

श्री अवतार सिंह भडाना कांग्रेस (इ) फरीदाबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हो गए । उन्होंने जनता दल के खुर्शीद अहमद को पराजित किया ।

सजपा के एच.डी. देव गौड़ा कर्नाटक के क्षेत्र से जीत गए हैं ।

बिहार के शिवहर क्षेत्र से जद के हरि किशोर सिंह, सीतामढ़ी से जद के नवल किशोर सिंह जीत गए हैं । रांची से केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय हार गए हैं । उन्हें भाजपा के राम टहल चौधरी ने हराया । जद के राम सुन्दर दास हाजीपुर से जीत गए हैं । उन्होंने केन्द्रीय उपमंत्री दस्सा चौधरी को हराया । कटिहार से पूर्व राज्यपाल मोहम्मद यूनुस सलीम ने इंका प्रत्याशी तारिक अनवर को हराया ।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिनेश सिंह (इंका) प्रतापगढ़ से हार गए हैं ।

गुजरात से अपना भाग्य आजमा रहे चारों पूर्व केन्द्रीय मंत्री मनुभाई कोटाडिया मगनभाई बारोट शांति भाई पटेल और जे.बी. शाहर चुनाव हार गए हैं ।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजीत सिंह बागपत से चुनाव जीत गए हैं ।

दिल्ली में करोल बाग से भाजपा के कालका दास दिल्ली सदर से इंका के जगदीश टाइटलर, चांदनी चौक से भाजपा के ताराचंद खंडेलवाल, दक्षिण दिल्ली से भाजपा के मदन लाल खुराना, नई दिल्ली से भाजपा के लाल कृष्ण अडवानी चुनाव जीत गए हैं ।

बाहरी दिल्ली से इंका के सज्जन कुमार 85 हजार मतों से विजयी घोषित किए गए हैं ।

दिल्ली की करोलबाग (सुरक्षित) संसदीय सीट से भाजपा के कालका दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस (इ) की श्रीमती कृष्णा तीर्थ को 2500 मतों से पराजित किया । भाजपा ने इस सीट पर अपनी पकड़ बरकरार रखी ।

पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से भाजपा के बैकुंठ लाल शर्मा 'प्रेम' ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस (इ) के श्री एच.के.एल. भगत को 61,778 मतों से पराजित किया है । इस सीट को भाजपा ने कांग्रेस (इ) से छीना है ।

मिजोरम से इंका के डा. सी. सिल्वारा जीत गए हैं । मणिपुर से पूर्व मुख्यमंत्री आर.के. जयचंद सिंह हार गए हैं । त्रिपुरा की दोनों सीटों से इंका के संतोष मोहन और महारानी विभु कुमारी देवी जीत गई हैं ।

केरल की बडागडा सीट से के.पी. उन्नीकृष्णन (कांग्रेस-स) जीत गए हैं ।

मुजफ्फरनगर से पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद हार गए हैं ।

महाराष्ट्र की कोलाबा सीट से इंका के ए.आर. अंतुले जीत गए हैं । पूर्व केन्द्रीय मंत्री गिरधर गोमांगो कोरापुर से जीत गए हैं ।

मुस्लिम लीग के अध्यक्ष इब्राहीम सुलेमान सेठ जीत गए हैं ।

Punjabi Sahapedia

[illegible]	27	[illegible]	22
[illegible]		भाजपा	4

तस्वीर बनाई । उन्होंने बताया कि अपनी जांच में आधुनिक टैक्नालोजी को इस्तेमाल में ला रहे विशेष जांच दल ने संदिग्ध के चेहरे की विशेषताओं के

चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है, उन राज्यों से सीमा सुरक्षा बल तथा केन्द्रीय सुरक्षा बल के 500 कर्मियों का अंतिम दल पंजाब भेज दिया गया है ।

राजीव गांधी हत्याकांड में सी.बी.आई. द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के चित्र । (1) नलिनी, (2) नलिनी की मां पद्मा, (3) नलिनी का भाई भाग्यनाथन तथा (4) मुरुगन, जिसके बारे में समझा जाता है कि वह लिट्टे का सदस्य है । (छाया : प्रै.ट्र.)

फरीदकोट लोकसभा के अकाली दल (बादल) प्रत्याशी की हत्या : चुनाव रद्द

[illegible], 18 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की [illegible] वारदातों में आज अकाली दल (बादल) के [illegible] प्रत्याशी व वरिष्ठ नेता भाई शमिंदर सिंह [illegible] विस्फोट द्वारा हत्या कर दी गई तथा उनके [illegible] एक अन्य विधानसभा प्रत्याशी व एक [illegible] गंभीर रूप से घायल हो गए । इसी दौरान [illegible] भारतीय सिख छात्र संघ के प्रत्याशी के [illegible] हुए हमले में उनके 4 अंगरक्षक मारे गए [illegible] मिलिटैंटों ने राज्य के पुलिस महानिदेशक की [illegible] हमला करके वाहन चालक व 2 अन्य को [illegible] कर दिया । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने [illegible] लुधियाना में व्यापक नरसंहार की योजना को [illegible] कर दिया है ।

अकाली दल (बादल) के प्रत्याशी की हत्या, दूसरा प्रत्याशी घायल : मुक्तसर [illegible] अकाली दल (बादल) के फरीदकोट से [illegible] प्रत्याशी श्री शमिंदर सिंह की आज प्रातः [illegible] मिलिटैंटों ने हत्या कर दी है ।

श्री शमिंदर सिंह आज प्रातः मुक्तसर की जोधू [illegible] में एक चुनाव सभा को संबोधित करने के [illegible] थे । जब वह मंच पर चढ़ कर अभी कुछ ही [illegible] पाए थे कि मंच के नीचे एक ज़बरदस्त [illegible] हुआ, जिससे भाई शमिंदर सिंह के तन के [illegible] उड़ कर इधर-उधर बिखर गए और मंच के [illegible] फुट गहरा गड्ढा पड़ गया । विस्फोट के [illegible] ज़बरदस्त भगदड़ मच गई और यह खबर [illegible] की आग की तरह सारे क्षेत्र में फैल गई ।

[illegible] में इसके बाद एकदम हड़ताल हो गई । [illegible] अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं तथा [illegible] की चारों ओर से घेराबंदी कर ली गई है । [illegible] दल बादल के प्रमुख नेता भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

[illegible] जाता है कि यह विस्फोट रिमोट कंट्रोल से [illegible] क्योंकि घटनास्थल से एक बैटरी और [illegible] के नीचे बिछी हुई बिजली की तारें मिली हैं जो 60-70 फुट लम्बी हैं । भाई शमिंदर सिंह अपने पीछे विधवा पत्नी के अतिरिक्त तीन लड़कियां छोड़ गए हैं ।

श्री शमिंदर सिंह ने अपना राजनीतिक जीवन एक आम कार्यकर्ता के तौर पर शुरू किया था । वह ब्लाक समिति व मार्कीटिंग कमेटी के सदस्य भी बने तथा जिला अकाली जत्था के महामंत्री भी रहे ।

1985 में फरीदकोट से वह लोकसभा के सदस्य भी चुने गए और कुछ समय तक अकाली संसदीय दल के नेता भी रहे । गत 1989 में वह लोकसभा के चुनाव हार गए ।

श्री शमिंदर सिंह पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना की गवर्निंग बाडी के सदस्य भी थे तथा गुरुनानक कालेज मुक्तसर की प्रबन्धक समिति के उपाध्यक्ष भी थे । वह उस समय शिरोमणि अकाली दल के महामंत्री भी रहे, जब श्री जगदेव सिंह तलवंडी अकाली दल के प्रधान थे ।

श्री शमिंदर सिंह की हत्या से फरीदकोट संसदीय चुनाव रद्द कर दिया गया है ।

'दीपक पाल' के अनुसार यह बम ज़मीन में 2-3 फुट नीचे दबाया गया था तथा इसके तार 100 फुट दूर तक खींच कर एक टी स्टाल तक ले जाए गए थे और वहां एक बैटरी के साथ उन्हें जोड़ दिया गया था जबकि बम को माईक के साथ फ़िट गया था ।

इस बम विस्फोट में मुक्तसर विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी दयाल सिंह संधु व पार्टी का एक कार्यकर्त्ता मास्टर रिखी राम गंभीर रूप से घायल हो गए ।

'वार्ता' के अनुसार एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि यह बम विस्फोट एक घर में हुआ, जहां भाई शमिंदर सिंह निमंत्रण मिलने के बाद हरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति से बातचीत करने गए थे ।

बताया जाता है कि बम के साथ सम्बन्धित बैटरी एक मेज़ के नीचे छिपाई गई थी तथा बम संभवतः निकट ही पड़े सिक्कों से भरे एक थैले में फ़िट किया गया था । ऐसी आशंका भी की जा रही है कि यह विस्फोट हरनाम सिंह के पुत्र गुरमीत सिंह ने ही किया था, जो बब्बर खालसा का मिलिटैंट सदस्य है ।

पुलिस ने हरनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसका पुत्र गुरमीत सिंह फरार हो गया है ।

श्री सिंह पंजाब में चुनाव टालने के उद्देश्य से मिलिटैंटों द्वारा की जा रही हिंसक घटनाओं में मारे जाने वाले लोकसभा के तीसरे प्रत्याशी हैं । इससे पूर्व जालंधर और लुधियाना सीटों के प्रत्याशियों की हत्या कर दी गई थी जिसके कारण वहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है । हालांकि लुधियाना में निर्धारित समय पर चुनाव कराने के लिए पुनः अधिसूचना जारी कर दी गई है ।

अंत्येष्टि सम्पन्न : आज दोपहर बाद भाई शमिंदर सिंह का पूरे सरकारी सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के प्रधान बलदेव सिंह सीबिया तथा कई अन्य नेता व अधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से प्रकाश सिंह बादल, गुरदेव सिंह बादल व गुरचरण सिंह निहालसिंहवाला शामिल हैं ।

स्व. शमिंदर सिंह के छोटे भाई हरनिरपाल सिंह ने चिता को अग्नि दी ।

डा. दयाल द्वारा निंदा : जालन्धर : सी.पी.आई. की राज्य परिषद के सदस्य डा. जोगिन्दर दयाल ने भाई शमिंदर सिंह की हत्या की निंदा करते हुए फैडरेशन के प्रत्याशी सरूप पर किए गए हमले की कटु आलोचना की है । उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में केवल कुछ सीटें प्राप्त करने के लिए ही चन्द्रशेखर ने मिलिटैंटों के साथ जो गुप्त समझौता किया है, यह सब उसी का परिणाम है । उन्होंने राष्ट्रपति से भी अपील की कि वह पंजाब में जारी खूनी दौर को समाप्त करने के लिए खुद हस्तक्षेप करें ।

डा. दयाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी.एन. शेषन से भी अनुरोध किया कि पंजाब में चुनाव फिलहाल स्थगित कर दिए जाएं । उन्होंने सुबोध कांत सहाय पर भी मिलिटैंटों के साथ प्रत्यक्ष मिलीभगत होने का आरोप लगाया ।

किसानों के मसीहा थे : लुधियाना (महेन्द्रा) : भाजपा के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण लाल शर्मा ने एक बयान में अकाली नेता भाई शमिंदर सिंह की मुक्तसर में मिलिटैंटों द्वारा की गई हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । उन्होंने कहा कि इस कांड के पीछे उन लोगों का हाथ है, जो पंजाब में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को रोकना चाहते हैं । इससे प्रत्याशियों की कड़ी व्यवस्था के प्रबन्धों का सरकार का दावा भी अनावृत्त हो गया है । उन्होंने कहा कि भाई शमिंदर सिंह राष्ट्रीय एकता के ध्वजवाहक एवं किसानों के मसीहा थे ।

मांगट की कार पर फायरिंग, चालक सहित 3 घायल : लुधियाना (महिन्द्रा) : गत रात्रि पंजाब के पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट की कार पर मिलिटैंटों ने ज़ोरदार फायरिंग की तथा परिणामस्वरूप कार चालक घायल हो गया ।

पुलिस ने बताया कि उक्त वाहन का चालक श्री मांगट के परिवार को डुगरी रोड पर छोड़ कर लौट रहा था कि मिलिटैंटों ने कार पर फायरिंग आरम्भ कर दी । चालक के अतिरिक्त दो अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं । उन तीनों को सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल किया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है । मिलिटैंट फायरिंग करने के बाद फरार हो गए ।

कार चालक का नाम कांस्टेबल परमिन्दर सिंह व अन्य 2 घायल नागरिकों के नाम सतपाल व मदन गोपाल बताए जाते हैं ।

संभावित हत्याकांड की योजना विफल : 'आहूजा' के अनुसार गत रात्रि सी.आर.पी.एफ. के अधिकारियों व जवानों ने शहर में मिलिटैंटों द्वारा किए जाने वाले संभावित हत्याकांड की योजना को विफल कर दिया ।

डुगरी रोड पर स्थित 61 बटालियन (सी.आर.पी.एफ.) के डिप्टी कमांडर आप्रेशन श्री

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस महानिदेशक मांगट की कार पर फायरिंग, चालक व 2 अन्य घायल : लुधियाना में सम्भावित नरसंहार की योजना विफल : रोपड़ में सिख छात्र संघ के प्रत्याशी के घर पर हमला : फायरिंग में 4 अंगरक्षक मारे गए : अन्यत्र एक लुटेरा मरा, 2 घायल



श्री शमिंदर सिंह

Punjabi Sanatan

Let's see wh
Mrs Hess – Arch
from Stuttgar
has to say abo
her Philco.
VALUE
FOR MO

शमिन्दर सिंह की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ताज मोहम्मद ने बताया कि मिलिटैंट सी.आर.पी.एफ. वालों को गोलियों की आड़ में रोक कर माडल टाऊन क्षेत्र में एक बड़ा हत्याकांड करना चाहते थे, जिसे जवानों ने विफल कर दिया ।

श्री मोहम्मद ने बताया कि मिलिटैंटों ने पहले तो नहर की तरफ से तथा बाद में सामने रिहायशी इलाके की तरफ से फायर किए । दंगा पीड़ित कालोनी में जो लोग घूम रहे थे, उन्हें सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने अंदर जाने व बत्तियां बुझाने का निर्देश दिया तथा बल की 2 टुकड़ियां राम सिंह व जगीर सिंह इंस्पैक्टर के नेतृत्व में बाहर निकलीं और उन्होंने जवाबी फायरिंग की ।

इस अधिकारी ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र की छतों से ए.के. 47 व जी.पी.एम.जी. से मिलिटैंटों ने फायर किए । बाद में उन्होंने 97 बटालियन पर भी फायर किए । फायरिंग लगभग आधा घंटा तक चलती रही, स्वयं ताज मोहम्मद ने भी पोज़ीशन संभाली व मिलिटैंटों की इस योजना को विफल कर दिया गया ।

इस क्षेत्र में 61 व 97 बटालियन के अतिरिक्त सी.आर.पी.एफ. व आई.टी.बी.पी. का कैम्प भी है । कल रात घटनास्थल पर सी.आर.पी.एफ. के आई.जी. एस.एन. माथुर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे ।

गत रात की फायरिंग के कई चर्चे : 'धीमान' के अनुसार कल रात सफेद रंग की मारुति कार में मिलिटैंटों ने 4 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर जो गोली-वर्षा की, उसके संदर्भ में कई तरह के चर्चे हैं । एक रुचिकर पहलू यह है कि लोकसभा व विधानसभा के चुनाव लड़ रहे कुछ प्रत्याशियों ने इसे अपने मतदाताओं की सहानुभूति प्राप्त करने के लिए प्रयोग किया । वे यह प्रचार कर रहे हैं कि यह आक्रमण उनकी हत्या करने के लिए किया गया था । कुछ राजनीतिक क्षेत्रों में यह भी कहा जा रहा है कि 2-3 उम्मीदवारों का अंगुली पर रक्त लगा कर यह शहीद होने वाली बात है ताकि वे मुफ्त में ही मतदाताओं की सहानुभूति प्राप्त कर लें । इस कांड में एक पुलिस कांस्टेबल व 2 नागरिक घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

यह बिल्कुल गलत है कि माडल टाऊन व किसी दूसरे क्षेत्र में भी गोलियां चलीं । कुछ शहरियों के अनुसार मिलिटैंटों ने माडल टाऊन, माडल हाऊस, निर्मल नगर, डुगरी रोड व दूसरे क्षेत्रों में भी गोलियों की आवाजें सुनीं ।

कुछ उम्मीदवारों ने कहा कि मिलिटैंटों ने उनकी हत्या करने का असफल प्रयास किया और उनके निवासों पर भी गोलियां चलाई गईं । लोकसभा के 2 उम्मीदवारों सर्वश्री सुरेश अरोड़ा व गुरबख्श सिंह ने बताया कि मिलिटैंटों ने निर्मल नगर में श्री अरोड़ा के घर पर फायरिंग की । उनके सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की । उनका कहना है कि गोलियां 15-20 मिनट तक चलीं । पुलिस ने इन दोनों उम्मीदवारों को उनकी सुरक्षा के लिए सर्किट हाऊस में रखा है ।

उपरोक्त गोलीकांड से माडल टाऊन व दूसरे क्षेत्रों और गोली-बारूद बरामद किया है ।

प्रत्याशी के निवास पर हमला, 4 अंगरक्षक मारे गए : रोपड़ जिले में कुराली थाने के पपराली गांव में मोरिंडा विधानसभा सीट के लिए आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के उम्मीदवार सरूप सिंह के निवास पर मिलिटैंटों ने गोलियां चलाईं ।

इस गोलीबारी में तीन अंगरक्षक पुलिस कर्मी और उनका एक निजी अंगरक्षक मारा गया । पुलिस ने बताया कि मिलिटैंट एक राइफल, एक कारबाईन तथा एक ए.के. 47 राइफल और कुछ गोली-बारूद लेकर भाग गए । श्री सरूप सिंह इस हमले में बाल-बाल बच गए ।

मृतकों की शिनाख्त बलजीत सिंह, रामचन्द्र व भूपिन्दर सिंह (तीनों कांस्टेबल) तथा मल सिंह के रूप में हुई है ।

मधुबनी संसदीय क्षेत्र का चुनाव रोकने का निर्देश

पटना, 18 जून (प.स.): चुनाव आयोग ने मधुबनी संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी को चुनाव परिणाम की घोषणा रोक रखने का निर्देश दिया है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव सुरज प्रसाद ने आज रात यह जानकारी देते हुए कहा कि मधुबनी में मतगणना की समाप्ति के बाद भाकपा उम्मीदवार भोगेन्द्र झा, कांग्रेस (इ) नेता डा. जगन्नाथ मिश्र से 90,000 से अधिक मतों से आगे थे । श्री प्रसाद ने कहा कि चुनाव आयोग ने डा. मिश्र के अनुरोध पर ऐसा निर्देश दिया है जो बिल्कुल अनुचित और पक्षपातपूर्ण है । उन्होंने परिणाम की घोषणा तुरन्त करने की मांग की । उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के इस निर्देश के विरुद्ध उनकी पार्टी ने कल मधुबनी बंद का आह्वान किया है ।

बम विस्फोटों के सम्बन्ध में पंजाब का मिलिटैंट पकड़ा गया

नासिक, 18 जून (प.स.): सिटी पुलिस ने मुंबई के अंधेरी और घाट कोपर में अनेक बम विस्फोटों की वारदातों में शामिल पंजाब के मिलिटैंट परमजीत अजीत सिंह जाट उर्फ़ पम्मी को गिरफ्तार कर लिया है । धले में गिरफ्तार इस मिलिटैंट ने यह स्वीकार किया है कि उसने गत सात मई को एक स्थानीय थियेटर में टाइम बम रखा था ।

निर्वाचि



वाजपेयी (भाजपा)

उत्तर पूर्वी राज्यों

अरुणाचल कुल स्थान :	2
मणिपुर कुल स्थान :	2
मेघालय कुल स्थान :	2
मिजोरम कुल स्थान :	1
नागालैंड कुल स्थान :	1
सिक्किम कुल स्थान :	1
त्रिपुरा कुल स्थान :	2
पांडीचेरी कुल स्थान :	1

झाड़ियों से 11

जम्मू, 18 जून
जम्मू-पठानकोट राजमार्ग निकट झाड़ियों में से 1 गए ।

वरिष्ठ नेता क्या सोचते

वी.पी. सिंह : अगर इंका समर्थन मांगती है तो देश के हित में कुछ मुद्दों पर हैं, लेकिन रामो और वामो के साथ विचार-विमर्श करके ।

चंद्रशेखर : अब हम स्वयं तो नहीं कह सकते कि हमारा समर्थन लो, यह है । राष्ट्रीय सरकार बनाने के बारे में राष्ट्रपति कोई सुझाव नहीं दे सकते । यह म को आपस में तय करके करना होता है ।

वाजपेयी : भारत में अगर मस्जिद के नाम पर वोट मांगे जा सकते हैं तो मंदि वाले साम्प्रदायिक कैसे हो सकते हैं ? उत्तर प्रदेश और दिल्ली में अलग-अलग स के लिए अच्छी शुरूआत है ।

मुरली मनोहर जोशी : राम मंदिर का मामला न्याय पालिका की परिधि से केस का उदाहरण सामने है, जहां न्याय पालिका का आदेश नहीं माना गया औ उपयोग केवल मंदिर मुद्दे को लटकाने के लिए किया गया है । समाधान न्याय से हो तो अच्छा है ।

नरसिम्हाराव : हमें किसी न किसी से तो समर्थन लेना ही पड़ेगा और राजनी

उनकी हत्या करने के लिए किया गया था । कुछ राजनीतिक क्षेत्रों में यह भी कहा जा रहा है कि 2-3 उम्मीदवारों का अंगुली पर रक्त लगा कर यह शहीद होने वाली बात है ताकि वे मुफ्त में ही मतदाताओं की सहानुभूति प्राप्त कर लें । इस कांड में एक पुलिस कांस्टेबल व 2 नागरिक घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

यह बिल्कुल गलत है कि माडल टाऊन व किसी दूसरे क्षेत्र में भी गोलियां चलीं । कुछ शहरियों के अनुसार मिलिटैंटों ने माडल टाऊन, माडल हाऊस, निर्मल नगर, डुगरी रोड व दूसरे क्षेत्रों में भी गोलियों की आवाजें सुनीं ।

कुछ उम्मीदवारों ने कहा कि मिलिटैंटों ने उनकी हत्या करने का असफल प्रयास किया और उनके निवासों पर भी गोलियां चलाई गईं । लोकसभा के 2 उम्मीदवारों सर्वश्री सुरेश अरोड़ा व गुरबख्श सिंह ने बताया कि मिलिटैंटों ने निर्मल नगर में श्री अरोड़ा के घर पर फायरिंग की । उनके सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की । उनका कहना है कि गोलियां 15-20 मिनट तक चलीं । पुलिस ने इन दोनों उम्मीदवारों को उनकी सुरक्षा के लिए सर्कट हाऊस में रखा है ।

उपरोक्त गोलीकांड से माडल टाऊन व दूसरे क्षेत्रों में भारी आतंक फैल गया ।

एक सरकारी सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने माडल टाऊन से गोलियां चलानी आरम्भ कीं तथा वे डुगरी रोड, शिमलापुरी और दूसरे क्षेत्रों में से गुजरते हुए गोलियां चलाते गए ।

एक लुटेरा मरा, 2 अन्य घायल : नवांशहर (शर्मा): यहां से 2 किलोमीटर दूर गांव बेगमपुर में आधी रात के बाद 6-7 लुटेरे आए और एक घर का दरवाजा खुलवानी चाहा परन्तु घर वालों ने शोर मचा कर गांव वालों को सावधान कर दिया । लोग छतों पर चढ़ गए और इसी बीच लुटेरों ने गोली चला दी । जवाबी गोलीबारी से गांव वालों ने एक लुटेरे को मार दिया और दो अन्य को घायल कर दिया ।

लुटेरे मरने वाले की चारपाई पर डाल कर तथा घायलों को भी अपने साथ ले गए ।

पुलिस ने सूचना मिलते ही क्षेत्र की घेराबंदी कर ली परन्तु लुटेरे भाग गए मगर पुलिस को उन लुटेरों के साथी का शव आधा किलोमीटर दूर खेतों में चारपाई पर पड़ा मिल गया और साथ ही दो बोर की बंदूक, एक विदेशी राइफल, एक रिवाल्वर तथा बहुत से कारतूस और गोलियां भी चारपाई पर रखी मिलीं । शव पर छोटी इलायची काफी मात्रा में बिखरी हुई थी । इस शव की पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गिरोह इस क्षेत्र में लूट-खसूट कर रहा है । विदेशी राइफल भी गांव भंगला से लूटी हुई थी ।

क्रास फायरिंग में नागरिक मरा : (प.स.): जिला संगरूर के गांव मैदेवाल में आज एक नाका के निकट नाजर सिंह नामक एक नागरिक सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई क्रास फायरिंग में मारा गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस नाका पर जिन तीन मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया गया था, वे फायरिंग करते हुए भाग निकले ।

2 अन्य हत्याएं : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने जिला गुरदासपुर के साहारी गांव में गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर

नासिक, 18 जून (प.स.): सिटी पुलिस ने मुंबई के अंधेरी और घाट कोपर में अनेक बम विस्फोटों की वारदातों में शामिल पंजाब के मिलिटैंट परमजीत अजीत सिंह जाट उर्फ़ पम्मी को गिरफ्तार कर लिया है । धुले में गिरफ्तार इस मिलिटैंट ने यह स्वीकार किया है कि उसने गत सात मई को एक स्थानीय थियेटर में टाइम बम रखा था ।

झाड़ियों

जम्मू, 1
जम्मू-पठानको
निकट झाड़ियों
गए ।

वरिष्ठ नेता क्या सोच

बी.पी. सिंह : अगर इंका समर्थन मांगती है तो देश के हित में कुछ हैं, लेकिन रामो और वामो के साथ विचार-विमर्श करके ।

चंद्रशेखर : अब हम स्वयं तो नहीं कह सकते कि हमारा समर्थन है । राष्ट्रीय सरकार बनाने के बारे में राष्ट्रपति कोई सुझाव नहीं दे सकत को आपस में तय करके करना होता है ।

वाजपेयी : भारत में अगर मस्जिद के नाम पर वोट मांगे जा सकते वाले साम्प्रदायिक कैसे हो सकते हैं ? उत्तर प्रदेश और दिल्ली में अल के लिए अच्छी शुरूआत है ।

मुरली मनोहर जोशी : राम मंदिर का मामला न्याय पालिका की केस का उदाहरण सामने है, जहां न्याय पालिका का आदेश नहीं मा उपयोग केवल मंदिर मुद्दे को लटकाने के लिए किया गया है । सम से हो तो अच्छा है ।

नरसिम्हाराव : हमें किसी न किसी से तो समर्थन लेना ही पड़ेगा है, जो पुराने कांग्रेसी वापस आ रहे हैं, वह अपने स्वार्थों के लिए वापस बात नहीं है ।

यादव : आर.एस.एस. ने जनता में जो भ्रम फैलाए थे, उन्हें हमार स्वीकार करते हैं । भाजपा को बधाई ।

वैचारिक लड़ाई भी जरूरी : मानोचाहल



पंथक कमेटी (पंज मैंबरी)

PANTHIC COMMITTE (FIVE-MEN)

पंथक कमेटी की तरफ से जारी प्रैस नोट के मुख्य पृष्ठ की फोटो कापी ।

अमृतसर, 18 जून : पांच सदस्यीय पंथक कमेटी की एक बैठक श्री गोइंदवाल साहिब में हुई, जिसे सम्बोधित करते हुए गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा अन्य नेताओं ने कहा कि उनकी ओर से चुनाव लड़ने का फैसला सही व समयानुकूल है ।

उन्होंने कहा कि चुनावों संबंधी डा. सोहन सिंह वाली पंथक कमेटी की ओर से अपनाई गई दविधापूर्ण नीति के कारण ही पंथक कमेटी में मतभेद पैदा हुए हैं । मानोचाहल तथा अन्य नेताओं ने कहा कि इस समय केवल हथियारों से जंग नहीं लड़ी जा

व्यवस्था के
पहुंचेंगे ।
खाने-पीने क
श्री एन
बताया कि
264 संवेद
9 सुपरवाई
साथ ताल मे
श्री जी.आई
कि चुनाव
लिए गए है
विभाग की
मिलिटैंटों
है ताकि चु
हो सके ।
सुरक्षा प्रदा
गई है ।

जरदा

कराची
पूर्व प्रधान
जरदारी
रहे न्याया
परिसर मे
आज सुब

माव

चुना

नई
कम्यनि

Punjab Sampadani

जवाबी फायरिंग की । उनकी कहनी है कि गोलियां 15-20 मिनट तक चलीं । पुलिस ने इन दोनों उम्मीदवारों को उनकी सुरक्षा के लिए सर्कट हाऊस में रखा है ।

उपरोक्त गोलीकांड से माडल टाऊन व दूसरे क्षेत्रों में भारी आतंक फैल गया ।

एक सरकारी सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने माडल टाऊन से गोलियां चलानी आरम्भ कीं तथा वे डुगरी रोड, शिमलापुरी और दूसरे क्षेत्रों में से गुजरते हुए गोलियां चलाते गए ।

एक लुटेरा मरा, 2 अन्य घायल : नवांशहर (शर्मा): यहां से 2 किलोमीटर दूर गांव बेगमपुर में आधी रात के बाद 6-7 लुटेरे आए और एक घर का दरवाज़ा खुलवाना चाहा परन्तु घर वालों ने शोर मचा कर गांव वालों को सावधान कर दिया । लोग छतों पर चढ़ गए और इसी बीच लुटेरों ने गोली चला दी । जवाबी गोलीबारी से गांव वालों ने एक लुटेरे को मार दिया और दो अन्य को घायल कर दिया ।

लुटेरे मरने वाले को चारपाई पर डाल कर तथा घायलों को भी अपने साथ ले गए ।

पुलिस ने सूचना मिलते ही क्षेत्र की घेराबंदी कर ली परन्तु लुटेरे भाग गए मगर पुलिस को उन लुटेरों के साथी का शव आधा किलोमीटर दूर खेतों में चारपाई पर पड़ा मिल गया और साथ ही दो बोर की बंदूक, एक विदेशी राइफल, एक रिवाल्वर तथा बहुत से कारतूस और गोलियां भी चारपाई पर रखी मिलीं । शव पर छोटी इलायची काफी मात्रा में बिखरी हुई थी । इस शव की पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गिरोह इस क्षेत्र में लूट-खसूट कर रहा है । विदेशी राइफल भी गांव भंगला से लूटी हुई थी ।

क्रास फायरिंग में नागरिक मरा : (प.स.): जिला संगरूर के गांव मैदेवाल में आज एक नाका के निकट नाज़र सिंह नामक एक नागरिक सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई क्रास फायरिंग में मारा गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस नाका पर जिन तीन मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया गया था, वे फायरिंग करते हुए भाग निकले ।

2 अन्य हत्याएं : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने जिला गुरदासपुर के साहारी गांव में गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

होशियारपुर जिले के दसूहा थाने में उस्मान शहीद गांव में एक व्यक्ति चरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने फरीदकोट, गुरदासपुर और अमृतसर जिले से चार संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके कुछ हथियार

केस का उदाहरण सामने है, जहां न्याय पालिका का आदेश नहीं मान उपयोग केवल मंदिर मुद्दे को लटकाने के लिए किया गया है । सम से हो तो अच्छा है ।

नरसिम्हाराव : हमें किसी न किसी से तो समर्थन लेना ही पड़ेगा है, जो पुराने कांग्रेसी वापस आ रहे हैं, वह अपने स्वार्थों के लिए वापस बात नहीं है ।

यादव : आर.एस.एस. ने जनता में जो भ्रम फैलाए थे, उन्हें हमारा स्वीकार करते हैं । भाजपा को बधाई ।

वैचारिक लड़ाई भी जरूरी : मानोचाहल



पंथक कमेटी की तरफ से जारी प्रैस नोट के मुख्य पृष्ठ की फोटो कापी ।

अमृतसर, 18 जून : पांच सदस्यीय पंथक कमेटी की एक बैठक श्री गोइंदवाल साहिब में हुई, जिसे सम्बोधित करते हुए गुरबचन सिंह मानोचाहल तथा अन्य नेताओं ने कहा कि उनकी ओर से चुनाव लड़ने का फैसला सही व समयानुकूल है ।

उन्होंने कहा कि चुनावों संबंधी डा. सोहन सिंह वाली पंथक कमेटी की ओर से अपनाई गई दविधापूर्ण नीति के कारण ही पंथक कमेटी में मतभेद पैदा हुए हैं । मानोचाहल तथा अन्य नेताओं ने कहा कि इस समय केवल हथियारों से जंग नहीं लड़ी जा सकती, बल्कि लोगों को लामबंद करना तथा वैचारिक लड़ाई लड़ना भी जरूरी है ।

मानोचाहल ने पंजाब में उम्मीदवारों के कत्लों की निन्दा करते हुए मिलिटैंट संगठनों को उक्त हत्याएं तुरन्त रोकने की चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो पंथक कमेटी मिलिटैंट संगठनों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करेगी ।

व्यवस्था के
पहुंचेंगे । स
खाने-पीने का
श्री एन ए
बताया कि जि
264 संवेदन
9 सुपरवाईज़
साथ तालमेल
श्री जी.आई.
कि चुनाव के
लिए गए हैं
विभाग की
मिलिटैंटों के
है ताकि चुना
हो सके ।
सुरक्षा प्रदान
गई है ।

जरदारी

कराची,
पूर्व प्रधानम
जरदारी के
रहे न्यायाधी
परिसर में
आज सुबह

माकप

चुनाव

नई दि
कम्यनिस्ट प
टालने का
पार्टी
अनुसार मि
वाले पोस्टर
विज्ञप्ति
उम्मीदवारों
ज़िंदगी के
को होने वा
करने में प
शर्मिंदर सि
निंदा की अ
बावजूद हो

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

सातवीं, आठवीं, नौवीं फेल शर्तिया मैट्रिक करें । मैट्रिक पास Direct 10+1 या 10+2 करें । पास कराने की गारंटी । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.
(Soni/30C)

Doctor's by Correspondence

रोज़गार

नेवी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की लगभग 10,000 पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास, लड़के/लड़कियां 35 रुपए मनीआर्डर/बैंक ड्राफ्ट भेज कर फार्म और गाईडैंस प्रासपैक्टस 30 जून तक मंगवाएं । Advance Careers, 1095/B, Islamabad, Amritsar-143002.
(Milan/38)

Punjabi Sanatani

भाजपा राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का समर्थन करेगी लेकिन समर्थन प्राप्त करने के लिए पहल कांग्रेस (इ) को ही करनी होगी ताकि इस समर्थन का इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं कर सके ।

अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी । उन्होंने कहा कि हम उसकी स्थिति समझ कर ही प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि जनता दल, राष्ट्रीय मोर्चा और वामपंथी दलों ने मिल कर

चलने वाली कांग्रेस (इ) सरकार को मुद्दों के आधार पर समर्थन देगी । पार्टी के प्रवक्ता सत्य प्रकाश मालवीय ने आज यहां प्रैस कांफ्रैंस में एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही । यह पूछे जाने पर कि समर्थन बाहर से दिया जाएगा या सरकार में शामिल

सरकार का होना जरूरी है जिसमें दलगत राजनीति की उपेक्षा करके विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल किए जाएं । श्री साठे ने अपनी एक हाल ही में प्रकाशित पुस्तक में यह बात कही है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

थानेदार समेत 5 लोगों की हत्या, 1 पाक घुसपैठिया और 2 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 19 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक थानेदार समेत 5 लोगों की हत्या हुई और एक पाक घुसपैठिया तथा 2 मिलिटैंट मारे गए । इस बीच पंजाब हिन्दू शिव सेना का एक नेता मिलिटैंटों के हमले में बाल-बाल बच गया ।

थाना इंचार्ज की हत्या : जालन्धर (न.न.ए.): आज सुबह लगभग सवा 7 बजे जालन्धर के बाहरी क्षेत्र में स्थित गांव वरियाना के निकट दो मिलिटैंटों ने थाना सदर के इंचार्ज पुलिस इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस सम्बन्ध में जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.के. अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह श्री गुरपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ उक्त गांव में तलाशी ले रहे थे कि दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही वहां से भागने लगे । भागते हुए वे एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन ले गए । पुलिस ने भी उनका पीछा करना शुरू कर दिया । इसी दौरान इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह अपने सुरक्षा गार्डों को एक तरफ घेराबंदी करने का आदेश देकर दूसरी तरफ से मिलिटैंटों की तलाश में अकेले अपनी मारुति जिप्सी में आगे बढ़ गए । एक हवेली के पास गाड़ी खड़ी कर जब वह हवेली की तरफ बढ़ने लगे तो इतने में खेतों में छिपे बैठे दो मिलिटैंटों में से एक ने ए.के. 47 राइफल से गोलियों की बौछार कर दी, जिससे इंस्पैक्टर गुरपाल सिंह ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । बाद में उक्त मिलिटैंट एक अन्य स्कूटर छीन कर जिला कपूरथला के मंड क्षेत्र की ओर फरार हो गए।वे मृतक पुलिस इंस्पैक्टर का सर्विस रिवाल्वर भी ले गए । पुलिस द्वारा कातिलों का पीछा जारी है । पुलिस ने मृतक इंस्पैक्टर की लाश पोस्टमार्टम के बाद उसके वारिसों को सौंप दी । मृतक को उसके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है ।

ग्रामीण ने एक मिलिटैंट को मार गिराया : जालन्धर जिला के बेगमपुर गांव में गुरइकबाल सिंह ने अपने घर में घुस आए 4 मिलिटैंटों में से एक को मार गिराया । मिलिटैंटों ने जब दरवाजे पर दस्तक दी तो गुरइकबाल सिंह को शक हो गया । उसने अपनी लाइसैंसी बन्दूक से गोलियां चलाईं, जिससे एक मिलिटैंट मारा गया ।



जालन्धर में मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थाना सदर के एस.एच.ओ. गुरपाल सिंह का शव । (छाया : जैमिनी)

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के कक्ख गांव में एक अज्ञात मिलिटैंट आपसी लड़ाई के कारण मारा गया ।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के ठट्ठा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने विक्रम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घायल दम तोड़ गया : अहमदगढ़ (पुरी) : मिलिटैंटों की गोलियों से घायल बाहेगुरु सिंह गत रात दम तोड़ गया । दो दिन पूर्व मिलिटैंटों की गोलियों से बाहेगुरु सिंह की पत्नी तो घटनास्थल पर ही मर गई थी जबकि बाहेगुरु सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया था । उसे सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करवाया गया था, जहां वह गत रात दम तोड़ गया ।

शव मिला : होशियारपुर जिला के सठियाल गांव से पुलिस ने जसवंत सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया है ।

गोली लगने से एक मरा : संगरूर जिला के नाढेवाल ड्रेन के निकट सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को रुकने का संकेत किया, लेकिन उस व्यक्ति ने कोई परवाह नहीं की । इस पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा गोली चलाए जाने से उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है ।

पाक घुसपैठिया मरा : गुरदासपुर जिला के डेरा बाबा नानक सैक्टर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

शिव सेना नेता बाल-बाल बचा : पंजाब हिन्दू शिव सेना के सचिव श्री विजय कपूर आज

(शेष पृष्ठ 6 पर)



मुक्तसर में वह स्थल, जहां मंगलवार को एक चुनाव सभा में भूतपूर्व सांसद तथा अकाली दल (बादल) के फरीदकोट लोकसभा चुनाव क्षेत्र के प्रत्याशी भाई शमिन्दर सिंह की एक बम विस्फोट में हत्या कर दी गई । यह बम विस्फोट कितना शक्तिशाली था इसका अनुमान सभा स्थल के टूटे हुए फर्नीचर तथा जमीन में बन गए गड्ढे से आसानी से लगाया जा सकता है । (इनसैट) भाई शमिन्दर सिंह का पुराना चित्र ।

सेना ने 'हिजबुल्ला' के चीफ़ कमांडर और उस के 10 साथियों को पकड़ा : 9 सुरक्षा कर्मी लापता

श्रीनगर, 19 जून (वा.प.स.): कश्मीर घाटी में कल शाम से अब तक सेना ने बटमालू में अपने खोज अभियान के दौरान एक अलगाववादी संगठन के 'हिजबुल्ला' के चीफ कमांडर तथा उसके 10 प्रमुख साथियों को पकड़ा है । मिलिटैंटों ने एक बैंक के भवन पर राकेटों से हमला करने का प्रयास किया जिसे विफल कर दिया गया । मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर स्वचालित हथियारों से भी हमला किया । इस बीच कश्मीर घाटी में रविवार से सीमा सुरक्षा बल की गुप्तचर शाखा के 2 अधिकारी तथा 7 पुलिस कर्मी लापता बताए गए हैं ।

अधिकृत सूत्रों ने आज यहां बताया कि अपहृत किए गए पुलिस कर्मियों में जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस के दो सिपाही और शोपियां थाना के प्रभारी मुहम्मद रजा बेग शामिल हैं । सूत्रों ने बताया कि रविवार, सोमवार की रात को अपहृत किए गए नैशनल कांफ्रैंस के पूर्व विधायक अब्दुल गनी बेरी को बिना कोई नुक्सान पहुंचाए कल रात रिहा कर दिया गया ।

बटमालू शहर में अलगाववादियों की धर-पकड़ के लिए अतिरिक्त सेना भेजी गई है ।

आगजनी की अलग-अलग घटनाओं में घाटी में कल शाम से आज तक 15 घर तथा 10 दुकानें जल गई ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलगाववादियों के विरुद्ध सेना द्वारा बटमालू क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सेना ने पाकिस्तान समर्थक संगठन 'हिजबुल्ला' के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद भट्ट उर्फ मुश्ताक उल इस्लाम तथा उसके 10 साथियों को गिरफ्तार किया है । मुश्ताक ने वर्ष 1983 में भारत व वैस्टइंडीज के मध्य हुए एक दिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट की पिच को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया था । अन्य कई मामलों में भी उसकी तलाश थी । मुश्ताक की गिरफ्तारी सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है । खोजबीन के दौरान इन अलगाववादियों से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, ए.के. 47 राइफलें, हथगोले, राकेट व राकेट लांचर बरामद किए गए हैं ।

सूत्रों ने बताया कि अनंतनाग स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया के भवन में रह रहे सुरक्षा बलों पर अलगाववादियों ने कल रात राकेटों से हमले किए ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने विशेष सूचना मिलने पर बटमालू में पुलिस मुख्यालय के बाहर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में नाकाबंदी की हुई थी और खोजबीन का काम चल रहा था । इसी अभियान के दौरान हिजबुल्ला के 11 अलगाववादी पकड़े गए । गिरफ्तार अलगाववादियों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में शांतिपूर्ण चुनावों के लिए सुरक्षा बल सावधान

चंडीगढ़, 19 जून (वार्ता): पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट ने कहा है कि

उन्होंने कहा कि गत 29 अप्रैल के बाद से आज तक लोकसभा के तीन व विधानसभा के 23 स्थानों का

सीधे रूप से चुनाव ड्यूटी पर तैनात रहेंगे । ये सारे

गड़बड़ हो जाने की स्थिति में सुरक्षा बलों के वहां

Punjabi Sahitani

पंजाब में सुरक्षा प्रबन्ध

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्याशियों, मतदाताओं आम जनता को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेगी । उन्होंने कि सुरक्षा बलों की अतिरिक्त कम्पनियां चुनाव प्त होने के बाद भी राज्य में, जब तक आवश्यक ा जाएगा, तैनात रहेंगी ।

श्री मांगट ने मतदाताओं तथा आम जनता से ील की है कि वे सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग ।

भिति सरकाघाट पंजी.
स्थापना 1987
शुरू
मंडी हि.प्र. सरकार द्वारा पंजीकृत, पंजी. संख्या ला शुरू है:
ंग व ट्रेनिंग (5) एम्प्लायडरी
& Training, Govt. of India के Training ली जाती है जो पूरे भारत वर्ष में मान्य है । हिमाचली थान का बढ़िया भवन है, बढ़िया स्टाफ व फर्नीचर है । सीमित हैं । पिछले सत्र का परिणाम शत-प्रतिशत ासपैक्टस 20 रु. भेज कर लिया जा सकता है । लिया जाता ।
चेयरमैन,
घाट जिला मंडी 175024 हि.प्र. फोन : 19.

गों के माहिर डा.ए. कुमार
, बम्बई वाले)
) डबल गोल्ड मैडलिस्ट, 6 मैडल, 12 अवार्ड विजेता, द्वारा सम्मानित, मैम्बर रायल सोसायटी आफ हैल्थ टियों, करतों, भस्मों व बिजली यंत्रों द्वारा हर आयु में नई के लिए मिलें । डा. साहिब द्वारा आयुर्वेद पर वर्षों के खों के आधार पर मर्दाना सेहत व स्त्री पुरुष रोगों के , असर रखने वाली औषधियों को S.S.M. आयुर्वेद डा. साहिब को सम्मानित किया गया । सावधान-नीम यां बेचने वालों से बचें । हमारी दवाइयां केवल हमारे प्त रखा जाता है । पत्राचार केवल बठिंडा पते पर ही
हल, माल रोड (गोल डिगी के पास, जनता दांतों के 5, 6391, 3355.
, S.V. रोड, बोरीवली 'W'

की सूचना को इनाम

जाता है कि हमारा ट्रक नं. गी (किशमिश) के थे, वाघा । कुछ लोगों ने चहेड़ू पुल के पास ली हालत में उलटा हुआ ट्रक एक बारे में FIR फगवाड़ा के सदर रा माल जो चोरी हो गया था । किए जाने की सूचना देने वाले को ा और उसका नाम भी गुप्त रखा :—

उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने मुलायम सिंह सरकार को उसके किए की सजा दी ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंटों के हमले में बाल-बाल बच गए । मिलिटैंटों के फिल्लौर और गोराया के मध्य जी.टी. रोड पर उनकी जीप पर गोलियां चलाईं ।

प्रत्याशियों का हत्यारा गिरफ्तार : संगरूर : जिला पुलिस श्री एस.एस. भुल्लर ने एक प्रैस बयान में बताया कि विधानसभा क्षेत्र मालेरकोटला, डिडबा एवं धनौला के उम्मीदवारों की हत्याओं के लिए जिम्मेदार मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया गया है । एक अन्य उम्मीदवार के कातिल की पहचान हो गई है । एक गुप्त सूचना के आधार पर 16 जून को एस.एच.ओ. धनौला ने सी.आर.पी. की पार्टी के साथ गांव कट्टू के नजदीक एक जीप पकड़ी । जीप में सफर कर रहे दलीप सिंह निवासी गांव बडबर ने पुलिस की गिरफ्त में आ जाने पर जहर खा लिया । पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसकी जान बच गई । डाक्टरी इलाज के बाद दलीप सिंह से पूछताछ की गई । उसने बताया कि वह बब्बर खालसा के साथ संबंधित है और उसने दरबारा सिंह लौंगोवाल, अजमेर सिंह और अमृत लाल गोयल की हत्याएं की हैं । उसने बताया कि उसने गांव खेड़ी एवं भुल्लरहेड़ी में भी वारदातें की हैं । पुलिस से छीनी हुई स्टेनगन एवं 17 कारतूस भी उससे बरामद किए गए हैं । दलीप सिंह के विरुद्ध पुलिस स्टेशन धनौला में केस दर्ज किया गया है । उसके शेष साथियों की तलाश की का रही है । श्री भुल्लर ने बताया कि भदौड़ विधानसभा के उम्मीदवार के कातिल का भी पता चल गया है ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): गत सायं स्थानीय ग्रीन पार्क कालोनी में कुछ नौजवानों ने इंद्रजीत नामक एक व्यापारी से उसका वैस्पा स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।



पिछले दिनों मिलिटैंटों ने सैनिक स्कूल, नाभा के सीनियर लैक्चरर प्रो. के.के. बंसल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर) प्रो. बंसल का शव तथा (नीचे) उनके परिजन विलाप करते हुए ।
(छाया : जैन)

नई सरकारों के गठन की तैयारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

हरा दिया । गोरखपुर से श्री राम जन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष महंत अवैद्यनाथ (भाजपा) जीत गए हैं ।

कन्नौज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी



तमिलनाडु के तिरुचेंगौड़े संसदीय चुनाव क्षेत्र से चुनी गईं अन्ना द्रमुक की सांसद डा. श्रीमती के.एस. सुन्दरम, जिन्हें देश में सर्वाधिक 5,21,580 मत मिले । *(छाया : पै.ट्र.)*

रविवार की अपेक्षा शनिवार को अवकाश

चंडीगढ़, 19 जून : पंजाब सरकार ने 23 जून रविवार की अपेक्षा 22 जून शनिवार को राज्य में समस्त दुकानों एवं व्यापारिक संस्थानों को बंद रखने की घोषणा की है । यह निर्णय इसलिए किया गया है ताकि दुकानों, व्यापारिक संस्थानों के मालिक एवं कर्मचारी 22 जून को होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में भाग ले सकें ।

पटवा द्वारा इस्तीफे की मांग नामंजूर

भोपाल, 19 जून (वार्ता) : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री सुंदर लाल पटवा ने विपक्ष की इस मांग को आज नामंजूर कर दिया कि राज्य में लोकसभा परिणामों के परिप्रेक्ष्य में उनकी पार्टी को सत्ता से हट जाना चाहिए ।

बेनज़ीर ने सुरक्षा मांगी

कराची, 19 जून (वार्ता): पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनज़ीर भुट्टो ने विपक्ष की नेता के रूप में अपने लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग की है । यह मांग उनकी तरफ से गृहमंत्री को लिखे गए पत्र में की गई है ।

वर्षा व मिट्टी धंसने से 112 मरे

सांतियागो, 19 जून (पस) : उतरी चिली के एक तटवर्ती नगर में कल वर्षा व मिट्टी धंसने से कम से कम 112 व्यक्ति मारे गए । गृहमंत्री ने यह जानकारी दी ।

राजीव गांधी के जूते सोनिया गांधी को सौंपे गए

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता): पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री पी. चिदम्बरम ने कल श्रीमती सोनिया गांधी को 'लोट्टो ब्रांड' के वे जूते सौंपे, जो दिवंगत इंका नेता श्री राजीव गांधी ने हत्या के समय पहने हुए थे । श्रीमती सोनिया गांधी ने ये जूते प्राप्त करने के लिए चेंगलपट्टू के न्यायिक न्यायाधीश के समक्ष 'भावनात्मक आधार पर' एक याचिका दायर की थी । ये जूते तथा जुराबें श्रीमती सोनिया गांधी की वकील सुश्री नलिनी चिदम्बरम, जोकि श्री पी. चिदम्बरम की धर्मपत्नी हैं, को गत सोमवार को सौंप दिए गए थे । सुश्री चिदम्बरम ने अदालत को लिख कर दिया है कि यदि जांच एजैंसियों को जरूरत पड़ी तो वह ये जूते लौटाना सुनिश्चित करेंगी ।

गया । मिलिटैंसी के विरुद्ध संघर्ष के दौरान शहीद हुए हिन्द समाचार पत्र समूह के पूर्व प्रधान सम्पादक स्वर्गीय श्री रमेश चंद्र को मरणोपरांत 'वीरता अवार्ड' दिया गया । इन समारोहों को श्री सुरिन्दर कमार बिल्ला, एस.पी. आप्रेशन्स श्री लश्कर सिंह, श्री सुरिन्दर डोगरा, पंजाब भाजपा महासचिव चौ. स्वर्ण राम तथा अमन कमेटी के अध्यक्ष श्री मनोहर लाल कौड़ा आदि ने सम्बोधित किया ।

बिहार के 3, कर्नाटक के 1 संसदीय क्षेत्र की मतगणना अवैध घोषित

नई दिल्ली, 19 जून (वार्ता): चुनाव आयोग ने बिहार के तीन तथा कर्नाटक के एक संसदीय क्षेत्र की मतगणना को अवैध घोषित कर दिया है । इन क्षेत्रों में चुनाव अधिकारियों ने आयोग द्वारा मतगणना के नतीजों पर लगाई गई रोक का उल्लंघन करके नतीजा घोषित कर दिया था । मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन ने आज शाम संवाददाताओं को यह जानकारी दी । बिहार में सासाराम, बिक्रमगंज, औरंगाबाद तथा कर्नाटक में दावणगेरे के नतीजों को रद्द किया गया है । औरंगाबाद का नतीजा कल रद्द किया गया । इन क्षेत्रों के बारे में मिली शिकायतों के आधार पर आयोग ने यह निर्देश जारी किए थे । चुनाव उपायुक्त डी.एस. बग्गा ने बताया कि सासाराम तथा बिक्रमगंज में आयोग ने मतगणना पर रोक लगाई थी लेकिन वहां के चुनाव अधिकारी ने न केवल मतगणना की बल्कि नतीजा भी घोषित कर दिया । श्री बग्गा ने कहा कि इन चुनाव क्षेत्रों में मतगणना के बारे में हुई अनियमितताओं की जांच पूरी होते ही आयोग वहां नतीजे घोषित कर देगा । आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए आयोग दावणगेरे तथा औरंगाबाद के चुनाव अधिकारियों के तबादले का पहले ही आदेश दे चुका है । श्री बग्गा ने बताया कि बिहार सरकार ने औरंगाबाद के लिए नए चुनाव अधिकारी का नाम सझाया है, जिस पर आयोग विचार कर रहा है । मुंगेर, बेगुसराय में भी अभी मतगणना बाकी है । वहां कुछ मतपेटियां गायब होने के मामले की चुनाव अधिकारी के खिलाफ जांच चल रही है । श्री बग्गा ने बताया कि आयोग के सचिव इन मामलों की जांच करने कल बिहार जा रहे हैं ।

चुनाव 22 को ही होंगे : मल्होत्रा

पटियाला, 19 जून (वार्ता): पंजाब के राज्यपाल जनरल ओम प्रकाश मल्होत्रा ने आज फिर कहा है कि राज्य में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव निर्धारित तारीख 22 जून को ही होंगे ।

उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में चुनाव प्रक्रिया रोकने के बारे विघटनकारी शक्तियों के इरादे सफल नहीं होने देगी ।

जनरल मल्होत्रा यहां माल रोड के समीप एक झील के निर्माण कार्य की आधारशिला रख रहे थे । उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए राज्य में लोकप्रिय सरकार की बहाली आवश्यक है । उन्होंने लोगों से मतदान में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि जनता को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी ।

चीन पाक को प्रक्षेपास्त्र बेचने सम्बन्धी अमरीका से

तक शेष सभी राज्यों से चुनावों की सूचियां प्राप्त हो जाने की बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त संवाददाताओं को बताया कि आ सभी राज्यों के सफल उम्मीदवा हो जाने के बाद आयोग ये सूचि किसी समय पेश करेगा और आ के गठन के बारे में अधिसूचना

उन्होंने कहा कि चुनाव प्र जून को ही खत्म हो जाना था ले परिणामों में विलम्ब से इस ति बढ़ाया गया था ।

इंका के साथ मामले में बीजू- समर्थन नहीं

नई दिल्ली, 19 जून (इटा मिल कर सरकार बनाने के मुख्यमंत्री श्री बीजू पटनायक प्रमुख नेता श्री अजीत सिंह द्वार को लेकर जनता दल में तीव्र म की राजनीतिक समिति की प्रस्ताव को समर्थन नहीं मिल

श्री बोम्मई के घर पर हुई बीजूपटनायक ने अपने विचार कहा कि मेरा अब भी यही वि संयुक्त सरकार बनाने के विचार किया जाना चाहिए उनके विचारों का समर्थन कर केंद्र में स्थायी सरकार का प दूसरी ओर श्री बी.पी. सिंह का हमें विपक्ष में बैठने के लिए ज उस जनादेश के प्रति निष्ठावा

केन्द्र में इंका को

(पृष्ठ 3 का

संजीव रेड्डी बाहरी बनाने के विरुद्ध : अनंत पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रे में या तो मिली-जुली सरकार पार्टी की टिकाऊ सरकार के लि समाजवादी जनता पार्टी के कांग्रेस में लौट कर राजनीति साफ करना चाहिए । श्री टैलीफोन पर दिए अपने इंटर समर्थन के आधार पर बनी स सकतीं, ऐसा पिछले अनुभवों

उन्होंने केंद्र में टिकाऊ आवश्यकता पर जोर दिया विश्वास कायम हो सके और की जा सकें ।

जम्मू-कश्मीर में

(पृष्ठ 3 का

में रहमणि गुट का मुख्य सं गनई शामिल है । अभि अलगाववादी मारा गया । किया था । प्रवक्ता ने अलगाववादियों से 16 ए मशीनगनें, 3 राकेट लांचर गोली-सिक्का भी मिला है हिजबुल्ला के विरोधी गुट ने थी कि कुछ दुर्दांत अलगाव का आयोजन कर रहे हैं ।

Punjab Sahib

...लिया जाए, इसलिए हम इस रास्ते पर कठिनाइयों के बावजूद आगे बढ़े हैं और सफल होंगे। श्री सहाय ने कहा कि पंजाब की निर्वाचित

धीमान के अनुसार श्री सुबोध कांत सहाय जो परसों शाम भारी वर्षा के बावजूद अचानक नई दिल्ली चले गए थे, ने कल यहां वापस आकर अपन

पंजाब में 3 की हत्या, विभिन्न मुकाबलों में 4 मिलिटैंट व लुटेरा मरे : 17,000 की लूट

चंडीगढ़ 20 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने पृथक मुकाबलों में 4 मिलिटैंट व एक लुटेरा मार गिराए। इसके अलावा दो घटनाओं में मिलिटैंटों ने 17,000 की धनराशि भी लूट ली है।

...की हत्या, एक अज्ञात शव बरामद : (प्र.स.): लुधियाना जिले के घुगनी कलां गांव में मिलिटैंटों ने किरपाल सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस कर उसके पुत्र प्रभजोत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने ...तारन जिले के सिकंदर गांव के पास एक स्थान से गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया है।

'वार्ता' के अनुसार आज प्रातः जिला संगरूर के गांव बहानाबाद में मिलिटैंटों ने प्रीतम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी है।

पुलिस मुकाबले में मिलिटैंट मरा : लुधियाना (धीमान): कल रात थाना बन्ना सदर के क्षेत्र में गांव तन्हेड़ी में एक पुलिस मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया। उसकी पहचान नहीं हुई। उसके कब्जे से एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी पर फायरिंग : लुधियाना (धीमान, मुसाफिर): यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव सरींह के मोड़ पर सी.आर.पी.एफ. की गश्ती वैन पर एक मकान की छत से अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से 6 जवान तथा एक राहगीर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह गश्ती पार्टी चुनाव प्रबन्धों का जायजा लेने गई थी। घायलों के नाम इस प्रकार हैं :—दल बहादुर, प्रसन्न कुमार, बाल किशन, सरदार सिंह, विजय राघव, शहज़ादा सिंह और राहगीर मोहन सिंह। 3 घायलों की हालत नाजुक बताई जाती है।

दो वारदातों में 17,000 लूटे : जिला बटाला के पंजगराई गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से दो बंदूकधारियों ने 11 हजार रुपए लूट लिए हैं। दूसरी वारदात में लुधियाना के बाहर सतलुज नदी पुल के पास दो मिलिटैंटों ने पंजाब रोडवेज की एक बस के कंडक्टर से छह हजार रुपए लूट लिए। बस नकोदर से लुधियाना जा रही थी।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, दूसरा फरार : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि थाना सदर कोटकपूरा के गांव बुर्ज जवाहर सिंह वाला के निकट पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। घटनास्थल से एक माऊज़र, एक राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लुधियाना के वोटरों से अ...



श्री सुबोध कांत सहाय





लोकसभा से

समाजवादी जनता पार्टी के प्रत्याशी

श्री सुबोध कांत सहाय

को अपना बहुमूल्य वोट देकर उन्हें सफल बन...

तथा

...जदूरों, दलितों, किसानों, व्यापारियों, उद्योगपतियों तथा कर्मचा...

को एक निर्वाचित सरकार देने का मिशन लेकर आया हूं । उनकी निर्वाचित सरकार ही उनकी समस्याओं को हल कर सकेगी । उन्होंने कहा कि उनके नेता एवं प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर की इच्छा थी कि पंजाब में लोकतंत्र बहाल किया जाए, इसलिए हम इस रास्ते पर कठिनाइयों के बावजूद आगे बढ़े हैं और सफल होंगे । श्री सहाय ने कहा कि पंजाब की निर्वाचित

छात्र संघ द्वारा चुनावों में भाग लेने की स्वीकृति दिया और कहा कि उन्होंने मिलिटैंटों को सही रास्ता दिखाया है । उन्होंने चुनाव का बहिष्कार करने वालों की कड़ी आलोचना की ।

धीमान के अनुसार श्री सुबोध कांत सहाय जो परसों शाम भारी वर्षा के बावजूद अचानक नई दिल्ली चले गए थे, न कल यहां वापिस आकर अपना

गया है ।

कराची में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा 12 की हत्या

इस्लामाबाद, 20 जून (यू.पी.आई.) : दक्षिण पाकिस्तान के कराची शहर में कल अज्ञात बंदूकधारियों ने 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

पंजाब में अब भी चुनाव स्थगित कर दिए जाएं : माकपा

नई दिल्ली, 20 जून (प.स.): मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी ने आज मांग की है कि पंजाब को मिलिटैंटों के हाथों में जाने से बचाने के लिए इस अंतिम चरण पर भी पंजाब में चुनाव स्थगित कर दिए जाने चाहिए । पार्टी की पोलिट ब्यूरो के सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि पंजाब में मिलिटैंट उम्मीदवारों और राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं की हत्याएं कर रहे हैं और 22 जून को मतदान देने वालों से निपटने की धमकियां दे रहे हैं, अतः वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने की स्थितियां नहीं हैं ।

दो जवान और 6 अलगाववादियों समेत 10 व्यक्ति मारे गए । बटमालू में अलगाववादियों तथा उनके शरणदाताओं के सफाए के लिए सेना का धरपकड़ अभियान एक भारी सफलता के साथ ही आज दोपहर समाप्त हो गया । इस अभियान में 4 प्रमुख अलगाववादियों को गिरफ्तार किया गया तथा काफी हथियार बरामद किए गए ।

बांदीपुर से कुछ दिन पूर्व अपहृत किए गए सीमा सुरक्षा बल के दो गुप्तचर अधिकारियों मोहम्मद अकबर तथा सैफुद्दीन के शव आज नौहरा तथा हब्बाकदल से मिल गए । उनका अपहरण अल उमेर अलगाववादी संगठन ने किया था । सूत्रों के अनुसार उनकी हत्या उनके शरीरों के साथ विस्फोटक तारें बांध कर उन्हें मानव बम बना कर की गई ।

पुलवामा जिले के गांव नीहामा में सुरक्षा बलों और अलगाववादियों के मध्य हुई मुठभेड़ में 5 अलगाववादी तथा एक नागरिक मारा गया । घटनास्थल से तीन ए.के. 56 राइफलें, 6 मैगजीनें, 96 राऊंड तथा 2 हथगोले बरामद हुए हैं । कुपवाड़ा जिले में कल ऋषिगुंड नामक स्थान पर एक अन्य मुठभेड़ में एक अलगाववादी मारा गया, जबकि

पुलिस प्रवक्ता ने ... बटमालू में तलाशी ... अलगाववादी पकड़े ... संगठन का प्रमुख मुश्ता ... साहिब', उसका डि... सैफ-उल-इस्लाम गुल... (जिला कमांडर) तथा ... साहिब' (रैजीमैंट कमांड... भागने के प्रयत्न में स... अलगाववादी मारा गया ... अभियान में 18 ए.के. ... मशीनगनें, तीन राकेट ... पिस्तौल बरामद किए ...

कल रात जम्मू में ... व्यक्ति घायल हो गए त... पहुंची ।

अलगाववादियों ने ... भी केंद्रीय रिज़र्व पुलिस ... चलाई, जिसके जवाब ...

(शेष ...

पंजाब में 3 की हत्या, विभिन्न मुकाबलों में 4 मिलिटैंट व लुटेरा मरे : 17,000 की लूट

चंडीगढ़, 20 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने पृथक मुकाबलों में 4 मिलिटैंट व एक लुटेरा मार गिराए । इसके अलावा दो घटनाओं में मिलिटैंटों ने 17,000 की धनराशि भी लूट ली है ।

...ों की हत्या, एक अज्ञात शव बरामद : (प.स.): लुधियाना जिले के घुगनी कलां गांव में मिलिटैंटों ने किरपाल सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस कर उसके पुत्र प्रभजोत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने तरनतारन जिले के सिकंदर गांव के पास एक स्थान से गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया है ।

'वार्ता' के अनुसार आज प्रातः जिला संगरूर के गांव जहानाबाद में मिलिटैंटों ने प्रीतम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी है ।

पुलिस मुकाबले में मिलिटैंट मरा : लुधियाना (धीमान): कल रात थाना खन्ना सदर के क्षेत्र में गांव रतनहेड़ी में एक पुलिस मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी पहचान नहीं हुई । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी पर फायरिंग : लुधियाना (धीमान, मुसाफिर): यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव सरींह के मोड़ पर सी.आर.पी.एफ. की गश्ती वैन पर एक मकान की छत से अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से 6 जवान तथा एक राहगीर घायल हो गए । पुलिस के अनुसार यह गश्ती पार्टी चुनाव प्रबन्धों का जायज़ा लेने गई थी । घायलों के नाम इस प्रकार हैं :—दल बहादुर, प्रसन्न कुमार, बाल किशन, सरदार सिंह, विजय राघव, शहज़ादा सिंह और राहगीर मोहन सिंह । 3 घायलों की हालत नाजुक बताई जाती है ।

दो वारदातों में 17,000 लूटे : जिला बटाला के पंजगराई गांव में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से दो बंदूकधारियों ने 11 हजार रुपए लूट लिए हैं । दूसरी वारदात में लुधियाना के बाहर सतलुज नदी पुल के पास दो मिलिटैंटों ने पंजाब रोडवेज की एक बस के कंडक्टर से छह हजार रुपए लूट लिए । बस नकोदर से लुधियाना जा रही थी ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, दूसरा फरार : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि थाना सदर कोटकपूरा के गांव बुर्ज जवाहर सिंह वाला के निकट पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया । घटनास्थल से एक माऊज़र, एक राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में चुनाव प्रचार अभियान समाप्त : मतदान कल : संवेद...

चंडीगढ़, 20 जून (प.स.): पंजाब में लोकसभा की 13 में से 11 और विधानसभा की 117 में से 105 सीटों के लिए परसों 22 जून को होने वाले मतदान हेतु चुनाव अभियान आज सायं समाप्त हो गया ।

राज्य में अब तक 3 लोकसभा और 21 विधानसभा उम्मीदवार मारे जा चुके हैं, जिसके कारण तीन लोकसभा और 23 विधानसभा सीटों में चुनाव रद्द कर दिया गया । एक लोकसभा और 11 विधानसभा क्षेत्रों के लिए ताज़ा चुनाव प्रक्रिया गत एक जून को समाप्त हो गई थी । चुनाव प्रक्रिया दोबारा शुरू होने के बाद भी दो लोकसभा और 12 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की हत्या के कारण चुनाव रद्द हो गया ।

चार वर्ष पूर्व राज्य सरकार बर्खास्त होने और राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद पंजाब में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं जबकि लोकसभा चुनाव 1989 में हुए थे । इस समय लोकसभा के लिए 185 तथा विधानसभा के लिए 1732 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं ।

इस समय समूचे राज्य को गड़बड़ी वाला क्षेत्र घोषित करके शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना को तैनात किया गया है । संवेदनशील स्थानों पर सेना ने मोर्चा संभाल लिया है और मार्च कर रही है ।

उम्मीदवारों और अन्य नागरिकों के मारे जाने की वारदातों को देखते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग राज्य में स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं । हाल ही में लुधियाना जिले में रेल यात्रियों की नृशंस हत्या कर दी गई थी । केंद्रीय गृहमंत्री सुबोध कांत सहाय भी एक बम विस्फोट में बाल-बाल बच गए

अवश्य जाएगा ।

भारतीय जनता ... पार्टी, भारतीय कम्यु... पार्टी राज्य में चुनाव... सामान्य स्थिति और ... अखंडता का वातावर...

अकाली दल (मा... जनमत संग्रह' जनादे... अन्य अकाली दल खा... लेकिन आनन्दपुर स... समर्थक हैं ।

वामपंथी दलों ने ... नहीं लड़ने का फैसला ... माहौल में चुनाव लोक... इससे खालिस्तान ... डरा-धमका कर राज्य... में सफल हो जाएंगे लेकि... बने रहने पर सहमत ...

अकाली दल (ब...

लुधियाना के वोटरों से अपील







Punjabi Sanjani

नंगड़ी विधानसभा...

(पृष्ठ 3 का शेष)

र है कि अकाली दल (ब) इस
के तौर पर उभर कर सामने
के प्रधान श्री बादल की इच्छा है
न कुछ हिन्दू प्रत्याशी जीत जाएं
नाते समय इनको प्रतिनिधित्व
न उद्देश्य से उनकी पार्टी ने कुछ
समर्थन भी दे रखा है ।

में से 105 विधानसभा सीटों के
त: 7 से सायं 5 बजे तक मतदान
ाशियों की हत्या के कारण 12
ा चुनाव रद्द हो चुका है ।
संसदीय सीटों फरीदकोट व
भी रद्द हो चुका है ।यहां के भी
ो हत्या कर दी गई थी ।
ाओं के अनुसार इस बार देहातों
ने की संभावना है क्योंकि कई
चुनाव बहिष्कार की धमकी दे
में सम्भवत: मतदान ठीक

रकार ने करीब 600 प्रत्याशियों
सत में ले रखा है ।
य में नए मंत्रियों के लिए कमरे
ई है । कुछ प्रशासनिक सचिवों,
उनसे सम्बद्ध शाखाओं को
भेजा जा रहा है ।
के अनुसार मिलिटैंटों और उन्हें
खिलाफ छेड़े गए इस अभियान की
संख्या में हथियारों के भंडार को
।
बताया कि चार दिन के इस
पच्चीस ए.के. 47 राइफलें, चार
ल, राइफलें, राकेट लांचरों और
भारी मात्रा में गोला-बारूद भी
क्षेत्रों से सेना तो हटा ली गई है
बल की गश्त सभी सड़कों पर

: जम्मू-कश्मीर में

ठ 3 का शेष)

परन्तु पंद्रह मिनट तक हुई इस
के हताहत होने का समाचार नहीं
, रैनावाड़ी, राजबाग, सकेदफर,
वकदल में भी कल शाम सुरक्षा
और गश्ती दलों पर भारी
क्षा बलों ने भी जवाब में गोलियां
रक सूत्रों के अनुसार इन वारदातों
होने की सूचना नहीं मिली है ।

हिजबुल्ला और अन्य कई
के आह्वान पर आयोजित बंद के
जनजीवन ठप्प रहा । बंद का
प्रमुख मुश्ताक उल इस्लाम

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रत्याशी के घर पर फायरिंग : बाघा पुराना (ज्ञान): आज सुबह गांव रजियाना में इस विधानसभा सीट से अकाली दल (ब) के प्रत्याशी श्री साधू सिंह बराड़ के घर पर कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग की । उनके सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी फायरिंग की । इस पर मिलिटैंट भाग गए । श्री साधू सिंह उस समय घर में सो रहे थे । वह बाल-बाल बच गए ।

जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह के अनुसार इन दोनों मिलिटैंटों ने घात लगा कर पुलिस के गश्ती दल पर हमला किया था । इस दौरान जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया व उसका साथी भाग निकला ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गत रात्रि थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर जाजन में पुलिस व अर्धसैनिक बलों के साथ हुए एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया व उसके 2 अन्य साथी बच निकले । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन व 14 कारतूस तथा 30 खोल मिले हैं ।

पुलिस मुकाबले में लुटेरा मरा : नवांशहर (शर्मा): यहा से 6 किलोमीटर दूर राहों की श्मशान भूमि में रात 11 बजे पुलिस मुकाबले में एक लुटेरा मारा गया जबकि उसके साथी भागने में सफल हो गए । उसकी पहचान भौरा पुत्र शफी के रूप में हुई है, जो लुधियाना जिला का रहने वाला है ।

निकट के गांव करयाम भंगला व अमरगढ़ के वासियों ने लाश देख कर बताया कि यह लुटेरा उस गिरोह के साथ था, जिसने पिछले दिनों उनके गांव में कुछ घर लूटे थे ।

मिलिटैंट को फांसी देकर मार दिया : तरनतारन पुलिस जिले में गत रात्रि एक मिलिटैंट को उसके विरोधियों ने गांव दग्गपुर में फांसी देकर मार दिया । पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गुरभेज सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है । उसका कुछ दिन पूर्व अपहरण किया गया था ।

नेता का चुनाव कल

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता) : नए नेता के चुनाव के लिए हरियाणा कांग्रेस (इ) विधायक दल की बैठक 22 जून को शाम चार बजे चंडीगढ़ में बुलाई जाएगी ।

राष्ट्रीय मोर्चा-वाममोर्चा गठबन्धन विपक्ष में बैठेगा

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चा और वाममोर्चा का गठबन्धन दसवीं लोकसभा में विपक्ष की भूमिका निभाएगा और नई सरकार को महों पर



जलालाबाद पुलिस द्वारा गत दिनों गिरफ्तार किए गए 4 मिलिटैंट तथा उनके कब्जे से बरामद हथियार व अन्य गोली-सिक्का । (छाया : राकेश मलिक)

नरसिम्हा राव

(पृष्ठ 3 का शेष)

संसदीय दल के नेता का चयन करने की प्रक्रिया के सवाल को हल करने के उद्देश्य से कल रात केन्द्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक हुई थी । इस बैठक में श्री पवार तथा पार्टी के पांच अन्य मुख्यमंत्री विशेष आमंत्रित व्यक्तियों की हैसियत से मौजूद थे । इसी बैठक में सर्वसम्मति से फैसला करके श्री करुणाकरण और श्री रे को सांसदों की राय मालूम करने की जिम्मेदारी दी गई थी ।

श्री शरद पवार ने आज श्री राव से करीब पांच मिनट बातचीत करने के बाद कहा कि उन्होंने श्री राव को रचनात्मक सहयोग देने का फैसला किया है । उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी के कामकाज में लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को प्रतिपादित करना था । श्री पवार की इस घोषणा के बाद संसदीय दल की पूर्व निर्धारित बैठक संसद के केन्द्रीय कक्ष में हुई, जहां श्री राव को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया ।

पवार उप-प्रधानमंत्री पद की कल्पना के विरुद्ध : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार ने केंद्र में उप-प्रधानमंत्री पद की कल्पना का विरोध किया है । श्री पवार, जो श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के पक्ष में संसदीय दल के नेता पद की स्पर्धा से हट गए, ने आज श्री राव के चुनाव के बाद संवाददाताओं को बताया कि "मैं यह पद बनाने में विश्वास नहीं करता । मैंने हमेशा सत्ता का एक केंद्र रखने की वकालत की है ।" संवाददाताओं ने पूछा था कि क्या वे नई परिस्थिति में उप-प्रधानमंत्री बनना पसंद करेंगे ? यह पूछने पर कि क्या वे केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होंगे, श्री पवार ने टिप्पणी की कि महाराष्ट्र में रहने में क्या दिक्कत है ?

सर्वत्र स्वागत : पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं ने श्री नरसिम्हाराव के कांग्रेस (इ) संसदीय दल का नेता

पवार भूमि घोटाले के कागज़ देख कर भागे

नई दिल्ली, 20 जून (मनमोहन शर्मा): महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री शरद पवार कांग्रेस संसदीय दल के नेता पद के लिए चुनाव लड़ने से क्यों अचानक पीछे हट गए ? यह अभी तक राजधानी के राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

बताया जाता है कि श्री शरद पवार कांग्रेस अध्यक्ष श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के साथ मुलाकात करने के बाद अचानक लापता हो गए और वह चार घंटे तक गायब रहे । उनके समर्थक उन्हें प्रत्येक जगह खोजते रहे, किन्तु वह उनका पता न लगा सके । कहा जाता है कि श्री पवार कांग्रेस चौकड़ी के एक वरिष्ठ नेता कैप्टन सतीश शर्मा के साथ कनाट प्लेस में स्थित एक आलीशान होटल में थे । वहां पर उन्हें कैप्टन सतीश शर्मा ने कुछ कागज़ दिखाए । इसके बाद उन्होंने नेता के पद के लिए होने वाले चुनाव से हट जाने का निर्णय किया ।

कहा जाता है कि कैप्टन सतीश शर्मा ने श्री पवार को जो कागज़ात दिखाए थे, वह बम्बई के कथित भूमि घोटाला के बारे में थे । विधि मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने इस कथित घोटाले के संबंध में संवाददाताओं से चर्चा भी की थी और यह संकेत दिया था कि केंद्र सरकार इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने पर विचार कर रही है । मगर प्रधानमंत्री श्री चंद्र शेखर ने यह स्पष्टीकरण दिया था कि केंद्र सरकार ने कोई भी फाइल श्री पवार के खिलाफ राष्ट्रपति को नहीं भेजी है । इसके बाद श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भी यह कहा था कि सरकार ने शरद पवार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की कोई सिफारिश नहीं की है । मगर राजनैतिक क्षेत्रों में यह चर्चा जरूर है कि चौकड़ी ने इस घोटाले का इस्तेमाल श्री पवार को नरसिम्हाराव के मार्ग से हटाने के लिए दबाव के रूप में किया है ।

चौटाला द्वारा मुजरा के मुख्य

चंद्र शेखर द्वारा जनत का आभार व्यक्त

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री च शेखर ने कहा है कि हमारे सामने राष्ट्र की एक और अखंडता को कायम रखने और आर्थि संकट से निपटने की गम्भीर चुनौती है, कि जन-सहयोग से ही दूर किया जा सकता है । चंद्र शेखर ने आज रात राष्ट्र के नाम अपने विद संदेश में कहा कि देश की समस्याओं को टकर से नहीं बल्कि आपसी मेल-मिलाप से हल कि जा सकता है लेकिन दु:ख की बात यह है कि दे में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो धर्म और जाति के आध पर संघर्ष का वातावरण बनाए रखना चाहते हैं उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से निपटने के लि हम केवल विदेशी सहायता पर निर्भर नहीं सकते । देश को अपने पैरों पर खड़ा कर होगा । इसका एक ही रास्ता स्वावलम्बन अ सादगी है ।

उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि गरीब भुख, प्यास, शोषण और दमन के खिलाफ सं करें और एक नए भारत के निर्माण में योगद दें । उन्होंने कहा कि कल एक नई सरक पदभार सम्भालेगी लेकिन देश की समस्याओं समाधान आपके सहारे ही होगा । उन्होंने क कि जनता से उन्हें जो स्नेह और सद्भावना मि है, उसके लिए वह आभार व्यक्त करते हैं त देशवासियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की काम करते हैं ।

राजीव-हत्याकांड के संबं में एक और गिरफ्तारी

मद्रास, 20 जून (प.स.): श्रीलंका के त मूल के मरियप्पन को आज यहां हवाई अड्डे मुम्बई जाने वाले विमान पर चढ़ते समय हिरास ले लिया गया । पुलिस सूत्रों ने यहां बताया मरियप्पन से मद्रास छोड़ने के कारणों का पता ल के लिए पूछताछ की जा रही है । मरियप्पन समय मद्रास छोड़ रहा है, जब विशेष जांच दल राजीव गांधी हत्याकांड की जांच की जा रही है

शिवराजन पोरूर में आया-जाया कर था : राजीव गांधी हत्याकांड का एक प्रमुख क अभियुक्त शिवराजन एक अन्य अभियुक्त रा पायस के मद्रास के पोरूर क्षेत्र स्थित मकान अक्सर आया-जाया करता था । पायस के पड़ोसी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गांधी की हत्या किए जाने तक इसी क्षेत्र में परचून की दुकान जाफना, इटली, डेन्मार्क कनाडा से संदेश पहुंचाने का अड्डा थी । ये सं पायस के ज़रिए ही इस दुकान पर पहुंचाए जाते थे पोरूर मद्रास का एक उपनगर है ।

मधुबनी चुनाव परिणाम र किया जाए : मिश्र

नई दिल्ली, 20 जून (प.स., वार्ता): मि

Punjab Sanatani

क जन प्रतिनिधि आधिनियम में
दया जाएगा, जिससे पंजाब में
नए सिरे से शुरू करने के लिए
। ऐसा इसीलिए किया जा रहा
चुनाव लड़ने का अवसर मिल

नीतिक पर्यवेक्षकों का विचार है
म्बर तक पंजाब में लोकसभा
नाव अवश्य ही कराने पड़ेंगे
ज्य में राष्ट्रपति शासन लागू

तिक परिदृश्य के अनुसार पंजाब
की अवधि और अधिक बढ़ाने के
ारा पेश किए जाने वाले संशोधन
मर्थन नहीं करेगी ।
न से पंजाब सरकार के लिए भी
ड़ी हो गई है कि प्रत्याशियों को
क्षा गार्डों का क्या किया जाए ?
ा वापस ले ली जाती है तो उनकी
प्रश्न हो सकता है और अगर यह
ली जाती तो फिर और 3 माह के
हन करना पड़ेगा ।
सरकार ने निर्देश जारी किए हैं
ी गई सुरक्षा व्यवस्था फिलहाल
मगर इस समय यह विचार आम
के श्री मल्होत्रा किसी भी समय
पद से त्यागपत्र दे सकते हैं । नई
ाब के प्रशासन में रद्दोबदल करने
भव है कि राज्यपाल के सभी
दिए जाएं । जबकि मुख्य सचिव
प पुलिस के महानिदेशक डी.एस.
भी सम्भावित है ।

सीटों का चुनाव पहले ही रद्द किया जा चुका था ।

मख्य चुनाव आयुक्त ने कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से मुलाकात की तथा उनसे पंजाब में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

एक सरकारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि

घोषणा की गई थी लेकिन इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद केंद्र सरकार ने आयोग से पंजाब के साथ-साथ असम में शेष देश के साथ चुनाव नहीं कराए जाने का आग्रह किया । केंद्र सरकार का तर्क था कि शेष देश के साथ चुनाव कराए जाने से वह इन दो संवेदनशील राज्यों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात नहीं करा

रिपोर्ट कि पंजाब में स्थिति बिगड़ रही है, के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने केंद्र सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार के लिए कहा था लेकिन सरकार 22 जून को चुनाव कराने के अपने पूर्व निर्णय पर दृढ़ रही । इसी बीच मार्क्सी नेता श्री सुरजीत ने श्री शेषन को पत्र लिख कर उन्हें बढ़ोवाल और किला

जून को होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव सितम्बर तक स्थगित कर दिए गए हैं बातचीत के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सेना तैना रखने के सम्बन्ध में चर्चा होगी ।

पंजाब में 6 सुरक्षा कर्मी घायल : अन्यत्र 2 की हत्या

चण्डीगढ़, 21 जून (प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों में सी.आर.पी.एफ. के 6 कर्मी घायल हो गए जबकि 2 व्यक्तियों की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी । इसके अलावा 3 संदिग्ध मिलिटैंट काबू भी कर लिए गए हैं ।

हमले में 6 सुरक्षा कर्मी घायल : लुधियाना जिले के शहरियां गांव के पास मिलिटैंटों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक गश्ती दल पर हमला कर छः कर्मियों और जीप ड्राइवर को जख्मी कर दिया । दो घायलों की हालत नाजुक बताई गई है ।

एक की हत्या, एक घायल : पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र रमदास में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मजीठा जिले के नासिर गांव में प्रकाश सिंह नामक एक व्यक्ति घायल हो गया है ।

3 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने संगरूर जिले में दो और तरनतारन जिले में एक संदिग्ध मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । इनके पास

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कोलम्बो में भीषण बम विस्फोट से सेना का मुख्यालय ध्वस्त : 100 मरे, 200 घायल

कोलम्बो, 21 जून (वार्ता, पस) : कोलम्बो में सैनिक मुख्यालय में, जहां से तमिल विद्रोहियों के विरुद्ध सरकारी कार्रवाई का संचालन किया जाता है, आज एक जबरदस्त विस्फोट हुआ जिससे भारी संख्या में लोग मारे गए ।

कोलम्बो के केन्द्र में स्थित इस स्थान में विस्फोट से रक्षा मंत्रालय की समूची संयुक्त कार्रवाई कमान (जे.ओ.सी.) ध्वस्त हो गई ।

प्रधानमंत्री डी.बी. विजयतुंग ने, जो रक्षा राज्यमंत्री भी हैं, विस्फोट स्थल पर पत्रकारों को बताया, "हम हताहतों की गिनती नहीं कर सकते । मृतकों के शवों और घायलों को हटाया जा रहा है । वरिष्ठ सैनिक तथा पुलिस अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 70 से 100 के बीच बताई है जबकि घायलों की संख्या 200 बताई गई है ।

पुलिस ने कहा कि इमारतों के मलबे और कारों में और मृतकों के मिलने की आशंका है ।

विस्फोट इतना जबरदस्त था कि सड़क में दो मीटर गहरा और छह मीटर चौड़ा गड्ढा हो गया ।

सैनिक बैरकों पर विस्फोट का पूरा प्रभाव पड़ा । विस्फोट की प्रकृति से लगता है कि बम कार में रखा गया था हालांकि पुलिस के अधिकारियों ने इस संभावना पर इस समय टिप्पणी करने से इंकार कर दिया ।

विस्फोट के कारण सड़क के दोनों तरफ बनी मुख्यालय की अनेक इमारतें नष्ट हो गई हैं । इमारत के नजदीक रहने वाले और अनेक राहगीर विस्फोट में मारे गए अथवा घायल हो गए । अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए । हताहतों में अधिकतर मुख्यालय में तैनात सैनिक हैं ।

विस्फोट सुबह नौ बजकर 45 मिनट पर हुआ । एक समाचार एजैंसी का संवाददाता उस समय संयुक्त कार्रवाई कमान के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात कर रहा था कि एक तेज धमाके के साथ अचानक टैलीफोन लाइन कट गई और संवाददाता के घर की छत में दरारें पड़ गईं तथा खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए । संवाददाता का घर कमान मुख्यालय से आधा किलोमीटर की दूरी पर है ।

संवाददाता ने सड़क के किनारे पर क्षत-विक्षत श देखे । अनेक वाहनों में आग लग गई ।

इमारत के काफी नजदीक स्थित लड़कियों के ए स्कूल को कोई नुक्सान नहीं पहुंचा ।

7 उग्रवादी मारे गए : इसी बीच श्रीलंक सुरक्षा बलों ने पूर्वी श्रीलंका में अपनी ताजा आक्राम कार्रवाई के दौरान 7 संदिग्ध तमिल उग्रवादियों मार दिया ।

आपात स्थिति बढ़ी : श्रीलंका संसद तमिल छापामारों की समस्या से निपटने के लि 1989 में लागू आपात स्थिति की अवधि को फिर ब दिया है ।

BRI
IN
The Colle
College in th



Ashima Bhatia, First in State
(Medical Group) Marks : 380

माकपा द्वारा स्वागत, शेष सभी दलों द्वारा निंदा

न (वार्ता, प.स.): निवर्तमान
ने पंजाब में चुनाव स्थगित
रनाक और नई सरकार द्वारा
ना 'अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण' कदम

बात पर खेद व्यक्त किया कि जल्दबाजी में वे चुनाव स्थगित किए जाने की सूचना प्रधानमंत्री को नहीं दे सके ।

श्री चन्द्रशेखर की राय है कि चुनाव आयोग

और निष्पक्ष चुनाव करवा पाना उसे संभव नहीं लगता ।

सजपा द्वारा विरोध : समाजवादी जनता पार्टी ने पंजाब चुनाव को 22 जून से बढ़ा कर 25 सितम्बर कर देने सम्बन्धी चुनाव आयोग के फैसले

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने कहा कि अगर यह फैसला पहले ले लिया गया होता तो बहुत लोगों की जान बच जाती । उन्होंने कहा कि अगर पंजाब में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव हो जाता तो

Punjab Sanaan

ीय जनता पार्टी, फगवाड़ा ।

ड विज्ञापन

आवश्यकता

रिटेल कैमिस्ट शाप के लिए शिक्षित अनुभवी लड़के चाहिएं । कस्तूरी लाल एंड सन्स, सदर बाज़ार, कपूरथला । (4986/16)

प्रवेश सूचना

सनातन धर्म गर्ल्ज़ सीनियर सैकेंडरी स्कूल, पुराना बाज़ार, लुधियाना बढ़ते कदमों पर, परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत । 18 विद्यार्थी उच्च प्रथम श्रेणी में पास, शेष सभी दूसरी श्रेणी में । सफलता का श्रेय स्कूल के अनुभवी स्टाफ, प्रधानाचार्य, श्री सुदर्शन कुमार अग्रवाल प्रधान और श्री वेद प्रकाश चोपड़ा जनरल सैक्रटरी के सिर है । प्रथम जुलाई से 10+1 का दाखला शुरू । आर्ट्स ग्रुप के सभी विषयों का उत्तम प्रबंध । (Mohindra/96)

सार्वजनिक सूचना

मैं, राजेंद्रकौर, विधवा अजीत सिंह, वासी मकान नं. 11, आदर्श नगर, लुधियाना, घोषित करती हूं कि मेरा लड़का गुरमीत सिंह, 26 साल, विवाहित, बुरी संगति के कारण मेरे कंट्रोल से बाहर है । मैं उसे अपनी चल/अचल जायदाद से बेदखल करती हूं । मैं/परिवार का कोई सदस्य उसके किसी काम का जिम्मेदार नहीं । (Preshar Ad/51)

मेरा लड़का प्रमोद कुमार मेरे कहने से बाहर है, मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं । जो उससे लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा । कृष्णा देवी, 2, रेलवे कालोनी, फिरोज़पुर छावनी । (Arora Book Centre/33)

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता): कांग्रेस (इ) के प्रवक्ता प्रणव मुखर्जी ने आज कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर कोई मतभेद नहीं हैं ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

से गोला-बारूद और हथियार बरामद हए हैं ।

छात्र का अपहरण : समराला (भारद्वाज): गत सांय यहां से कुछ मील दूर बलारा गांव में से मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह नामक छात्र का अपहरण कर लिया । वह दसवीं कक्षा का विद्यार्थी है । मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए की मांग की है ।

गांव में हत्या : तरनतारन जिला अमृतसर में गांव भिखीविंड में एक सशस्त्र मिलिटैंट ने एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की हत्या कर दी ।

सेना के काफिले पर हमला : गत रात्रि जिला मजीठा के गांवों लोपोके और चोगावां के मध्य मिलिटैंटों ने सेना के एक काफिले पर घात लगा कर हमला करने का असफल प्रयास किया । जवाबी फायरिंग किए जाने से मिलिटैंट अपने पीछे एक राकेट, दस डैटोनेटर, 72 राकेट जोली सिक्का और 5 किलो विस्फोटक सामग्री छोड़ कर भाग गए ।

बकरीद की नमाज़ कल

जालंधर, 21 जून : अंजुमन इस्लामिया के प्रधान सैय्यद मुहम्मद अफज़ाल के अनुसार ईद-उल-ज़हा (बकरीद) की नमाज़ कल दस जिलहिज्ज अनुसार 23 जून को मस्जिद रेलवे रोड जालंधर में प्रातः साढ़े सात बजे और मस्जिद पुरानी कचहरी में साढ़े आठ बजे अदा की जाएगी ।

शोक समाचार

जालंधर, 21 जून : श्री आत्मा सिंह सैनी के

हमारे प्रिय इन्द्रजीत चड्ढा जून 1991 को निधन हो गया है । उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए पाठ का भोग मंगलवार 25 जून, 1991 को हमारे निवास स्थान, मकान नं. 217-R, रेलवे कालोनी नं. 3, थापर लाटरी स्टाल, संत नगर, जालन्धर शहर में 11.00 बजे पड़ेगा ।

शोकग्रस्त परिवार–
कौशल्या देवी (माता)
रमेश लाल, नरेश लाल, सुनील दत्त (भाई)



पाठ का भोग

ੴ सतिगुर प्रसादि ॥
वेल वलंदे जंदू लंघदे लंघिउ वन्न पए ॥

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे सरदार सुरिंदर सिंह कलड़ा सुपुत्र स्वर्गीय सरदार नरैण सिंह कलड़ा अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करते हुए 15.6.91 दिन शनिवार को स्वर्ग सिधार गए हैं । उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री अखंड पाठ साहब का भोग 23.6.91 दिन रविवार को हमारे गृह 686-E भाई रणधीर सिंह नगर में सुबह 8 बजे पड़ेगा और अन्तिम अरदास गुरद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, भाई रणधीर सिंह नगर, ई-ब्लाक, लुधियाना में 1 से 3 बजे तक होगी । अन्तिम अरदास में शामिल होने की कृपा करें ।

दुखी हृदय :-
तेजिन्दर कौर (माता), नवनीत कौर (पत्नी), गगनप्रीत सिंह (लड़का), कमलजीत सिंह (भाई), अमरीक सिंह-किरण, इंद्रपाल सिंह-बलजीत कौर, उमा कपूर-शम्मी (शमाद और बहनें)

Kalra Trading, Ferozepur Road, Ludhiana.
फोन : निवास : 57345. (अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे हैं)



In Memorium

O, The Dearest of the all
May thy soul rest in peace.

In the everlasting memory of late **Sh. Prem Nath Bhardwaj** who left for his heavenly abode on the 22nd of June 1983. Although Eight years have passed yet never a minute without your thought.

Family, Relatives, Friends, The



Punjabi Cartoon

मंत्रिमंडल की तरह तीन स्तरीय होगा । वह अपने मंत्रिमंडल में हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करेंगे । यदि कल मंत्रिमंडल गठित करते समय कोई कमी रह गई तो उसे एक सप्ताह में मंत्रिमंडल के विस्तार के दौरान दूर कर दिया जाएगा ।

गलत है कि चुनाव स्थगित करने का फैसला श्री शेषन का है ।"

उन्होंने नई इंका सरकार से प्रश्न किया कि उसके पास कौन-सी जादू की छड़ी है जो वह तीन मास में

किए जाने के खिलाफ क्या उनका दल अन्य समवैचारिक दलों के साथ मिल कर कोई संयुक्त एक्शन प्लान बनाने के लिए तैयार है ? उन्होंने कहा कि 24 जून को चंडीगढ़ में उनकी पार्टी की

मल्होत्रा निर्दोष : 'वार्ता' के अनुसार एक प्रश्न के उत्तर में श्री बादल ने कहा कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने पाया है कि लोग

(शेष पृष्ठ 10 पर)

खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के 3 नेताओं सहित 5 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान समाचार पत्र की एक वैन पर हुई फायरिंग में एक व्यक्ति मारा गया तथा 4 अन्य घायल हो गए जबकि अन्यत्र 3 महिलाओं की हत्या कर दी गई । इसके अलावा खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के 3 शीर्ष नेताओं सहित 5 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । इसी दौरान एक बम विस्फोट द्वारा 2 फुट लम्बी रेल पटरी भी ध्वस्त कर दी गई है ।

खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के 3 मिलिटैंट नेता मारे गए, अन्य 2 गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान) मिलिटैंटों की ओर से पाकिस्तान में न केवल ट्रेनिंग प्राप्त करने का काम ही जारी है अपितु उनके नेता यहां से हथियारों की तस्करी और आप्रेशन से सम्बद्ध अपनी गतिविधियां भी लगातार जारी रखे हुए हैं । यह रहस्योद्घाटन आज यहां से थोड़ी दूर तीन मिलिटैंट नेताओं के पुलिस मुकाबले में मारे जाने के बाद हुआ ।

पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मिलिटैंट लीडर बटाला पुलिस जिला से सम्बन्ध रखते हैं । उनके कब्जे से भारी शस्त्रास्त्र भी बरामद हुआ है । इसमें 3 ए.के. 47 राइफलें, 4 विदेशी पिस्तौल और माऊज़र, एक सर्विस रिवाल्वर, दो दोनाली बंदूकें, एक 315 बोर की राइफल और 5 हजार रुपए नकदी के अतिरिक्त सफेद रंग की एक बिल्कुल नई जिप्सी जीप नं. पी.सी.एन. 2461 बरामद हुई है ।

श्री शर्मा ने बताया कि तीन खतरनाक मिलिटैंट नेता खालिस्तान लिबरेशन आर्मी से सम्बन्ध रखते थे । इनमें से एक अजीत सिंह उर्फ बेला सिंह स्वयंसिद्ध मेजर जनरल,जो विस्तृत स्तर पर तस्करी में वांछित था और 4-5 बार पाकिस्तान भी गया था । यह अपने और दूसरे संगठनों के लिए बहुत सरगर्मी से काम करता रहा है । पहले वर्ष वह पाकिस्तान से आध दर्जन के लगभग स्टेनगनें और 10 पिस्तौल लाया था, जो उसने अपने साथियों में वितरित कर दिए । दूसरा जोगिन्द्र सिंह उर्फ किकर सिंह स्वयंसिद्ध ब्रिगेडियर, तीसरा स्वयं सिद्ध एरिया कमांडर बलविन्दर सिंह था ।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह ग्रुप पिछले 4-5 सालों से काफी सरगर्म था । इसका नेता कपूर सिंह उर्फ निरजन सिंह उर्फ शमशेर सिंह है । यह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का प्रमुख है और इन दिनों पाकिस्तान में बैठा ही अपनी सरगर्मियां चला रहा है । श्री शर्मा के अनुसार कल रात पुलिस थाना डेहलवा में संक्षिप्त मुकाबले में पुलिस ने 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया ।

समाचारपत्र की वैन पर फायरिंग: एक मरा, 4 घायल : अन्यत्र 3 की हत्या : भटिंडा में रेल पटरी ध्वस्त



मिलिटैंटों द्वारा समाचार पत्र की वैन तथा एस्कार्ट वाहन पर की गई फायरिंग के दौरान (1) मारे गए पी.ए.पी. के कांस्टेबल हरविन्दर सिंह का शव, (2) घायल वाहन चालक पवन कुमार, (3) पी.ए.पी.का घायल कांस्टेबल दर्शन सिंह व (4) सी.आर.पी.एफ. का घायल कांस्टेबल ईश्वर सिंह । (छाया : कम्बोज)

समाचारपत्र की वैन पर फायरिंग, एक मरा, 4 घायल : लुधियाना से 14 किलोमीटर दूर आलमगीर गुरुद्वारे के पास मिलिटैंटों ने गत रात्रि धूरी की ओर जाती हुई समाचार पत्र की एक वैन पर गोलियां चलाईं,जिसमें वैन का चालक पवन कुमार घायल हो गया और सहायता दल का सिपाही हरविंदर सिंह मारा गया ।

वारदात में तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल सिपाहियों को स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'धीमान' के अनुसार यहां से लगभग 14 कि.मी. दूर गांव आलमगीर के नज़दीक एक ढाबे पर अखबार वालों व उनके साथ एस्कार्ट वालों की गाड़ियां रुकीं तो मिलिटैंटों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं तथा सुरक्षाबल वालों ने भी जवाबी फायरिंग की । पी.ए.पी. के कांस्टेबल के सिर में गोलियां लगीं ।

पुलिस वाहन का चालक पवन कुमार व सी.आर.पी. के कांस्टेबल ईश्वर सिंह तथा दर्शन सिंह गम्भीर रूप से घायल हुए हैं । उनका सी.एम.सी. में उपचार किया जा रहा है ।

लुधियाना जिले में खमानों मंडी में एक मकान से बंदूकधारियों ने एक व्यक्ति वज़ीरचंद का अपहरण कर दस हजार रुपए लूट लिए हैं ।

अपहृत रिहा : इस बीच मिलिटैंटों ने गत 18 मई को एक अपहृत चिकित्सक गोविंदर सिंह चोपड़ा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahitani

राव
(पृष्ठ 1 का शेष)

जनता एकजुट होकर खड़ी है । देशवासियों ने देश को बांटने तथा लोकतंत्र पर चोट करने वाली ताकतों को करारा जवाब दिया है । हमने एक बार फिर लोकतंत्र की शक्ति दिखा दी है व सिद्ध कर दिया है कि भारतवासियों की एकता को कोई चुनौती नहीं दे सकता ।"

श्री राव ने कहा कि उनकी 'टीम' भारतवासियों की धड़कन पहचानती है । उन्होंने विशाल आधार वाला कमज़ोर वर्ग उन्मुख मंत्रिमंडल बनाया है ।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने की तरफ तुरन्त ध्यान देगी ।

नरसिम्हाराव ने आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में देश की समग्र आर्थिक स्थिति की समीक्षा की । बैठक में मुख्य रूप से भुगतान संतुलन की विषम स्थिति, बढ़ते घाटे और महंगाई जैसी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिन पर नई सरकार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है ।

समझा जाता है कि भुगतान असंतुलन की समस्या के समाधान के लिए विदेशी मुद्रा भण्डार को बढ़ाने पर भी बैठक में विचार किया गया । बैठक में अन्य लोगों के अलावा डा. मनमोहन सिंह भी उपस्थित थे, जिन्हें वित्तमंत्री बनाए जाने की संभावना है । उन्होंने कल केन्द्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली थी । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज की बैठक इस बात की द्योतक है कि नए प्रधानमंत्री देश के सामने मौजूद आर्थिक संकट को हल करने के लिए कितना महत्व दे रहे हैं ।

बैठक में प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव एस.के. मिश्रा, वित्त सचिव एस.पी. शुक्ला, व्यय सचिव के.पी. गीता कृष्णन और राजस्व सचिव पी.के. लाडिडी ने भी भाग लिया ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विमल जालान, मुख्य आर्थिक सलाहकार दीपक नैयर और वाणिज्य सचिव एम.एस. आहलूवालिया भी बैठक में उपस्थित थे ।

अर्थ-व्यवस्था सुधारने के लिए कदम : केंद्रीय मंत्री और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह ने आज कहा कि देश की संकटग्रस्त अर्थ-व्यवस्था को दो साल के अन्दर दुरुस्त करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे । श्री सिंह ने आज 'यूनीवार्ता' से मुलाकात में कहा कि सभी लोग किफायत बरतें तो अर्थ-व्यवस्था के विशाल संकट से उभरा जा सकता है । उनके अनुसार विदेशी मुद्रा के बावजूद यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश अंतर्राष्ट्रीय भुगतान की जिम्मेदारियों को पूरा करे । उन्होंने कहा कि भुगतान संतुलन समस्या से निपटने का एकमात्र रास्ता बजट घाटे को कम करना है । इन समस्याओं से निपटने के लिए देश को किफायत बरतने को तैयार रहना चाहिए ।

डा. सिंह ने कहा कि सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) से विचार-विमर्श जारी है । उन्होंने कहा कि आई.एम.एफ., विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक की नजरों में भारत की साख अच्छी है । उन्होंने कहा कि देश की साख बनाए रखते हुए सभी आर्थिक जिम्मेदारियां पूरी करने के लिए हर जरूरी उपाय किए जाएंगे । साथ ही देश को कर्ज के जाल में फंसने भी नहीं दिया जाएगा । श्री सिंह ने कहा कि नई सरकार के सामने आर्थिक मोर्चे पर विशाल समस्याएं हैं । इन सबको सुलझाने के लिए तुरंत ध्यान दिए जाने की जरूरत है ।

श्री सिंह ने कहा कि आर्थिक और सामाजिक मोर्चों पर देश ने काफी तरक्की की है, लेकिन यह रफ्तार जनता की आकांक्षा की तुलना में बेहद कम है । उन्होंने कहा कि पिछले बरसों में दुनिया के नक्शे में काफी बदलाव आया है । भारत की तुलना में छोटे और कम संसाधन वाले कई देश हमसे आगे निकल गए हैं । उन्होंने कहा कि भारत अपनी मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं रह सकता । आधुनिक

लोकसभा चुनाव 1991 के परिणामों की राज्यवार तालिका

राज्य (सीटें)	रद्द	घोषित	इंका	भाजपा	जद	माकपा	भाकपा	सजपा	अन्य/नि.
आंध्र प्रदेश (42)	1	41	24	1		1	1		14
अरुणाचल (2)		2	2						
असम (14)		14	8	2		1			3
बिहार (54)	5	46		5	27	1	7		6
गोआ (2)		2	2						
गुजरात (26)	1	25	4	20					1
हरियाणा (10)		10	9						1
हिमाचल (4)		4	2	2					
कर्नाटक (28)	1	26	21	4				1	
केरल (20)		20	13			3			4
मध्य प्रदेश (40)		40	27	12				1	
महाराष्ट्र (48)	1	47	37	5		1		4	
मणिपुर (2)		2	1						1
मेघालय (2)		2	2						
मिजोरम (1)		1	1						
नागालैंड (1)		1	-						1
उड़ीसा (21)	1	20	12		6	1	1		
पंजाब (13)									
राजस्थान (25)		25	13	12					
सिक्किम (1)		1							1
तमिलनाडु (39)		39	28						11
त्रिपुरा (2)		2	2						
उत्तर प्रदेश (85)	3	82	5	50	22		1	4	
प. बंगाल (42)		42	5			27	3		7
अंडेमान व निकोबार (1)		1	1						
चंडीगढ़ (1)		1	1						
दादर व नगर हवेली (1)		1	1						
दमन व दीव (1)		1	1						
दिल्ली (7)		7	2	5					
लक्षद्वीप (1)		1	1						
पांडिचेरी (1)		1	1						
कुल योग (524)	13	507	225	119	55	35	13	5	55



साऊथ ब्लाक नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हाराव अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक के दौरान अपने वरिष्ठ साथियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

कि सरकार अपना पूर्ण बजट जुलाई में पेश कर देगी । उन्होंने कहा कि अभी बहुत समय बाकी है और सरकार अपना बजट समय पर पेश कर देगी ।

इस बार 253 व्यक्ति पहली बार लोकसभा के सदस्य बने

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

को कल छोड़ दिया है ।

3 महिलाओं की हत्या : गांव सिधवांबेट में मिलिटैंट श्री सतपाल के घर आए व उसकी पत्नी श्रीमती हरबंस कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी है ।

मिलिटैंट ने एक अन्य महिला की कोटमाना गांव में गोली मार कर हत्या कर दी है ।

इसके अलावा मिलिटैंटों ने जिला पटियाला के गांव दातल में चनन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में ज़बरदस्ती घुस कर आज उसकी पत्नी रौशनी देवी की हत्या कर दी ।

दुर्दांत मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : पटियाला (राज): पुलिस थाना डेरा बस्सी के गांव भगवास में आज प्रातः बब्बर खालसा के दुर्दांत मिलिटैंट जझार सिंह ने सायनाइड खाने के बाद कएं में कूद कर आत्महत्या कर ली । वह इस मिलिटैंट संगठन के एरिया कमांडर अमरीक सिंह कौली का डिप्टी था । उसे सुरक्षा बलों ने घेर लिया था ।

बताया जाता है कि जब पुलिस उसके काफी निकट पहुंच गई तो उसने सायनाइड खा ली तथा अपने मकान के निकट ही स्थित कूएं में छलांग लगा दी । जब उसे बाहर निकाला गया तो वह मर चुका था ।

पुलिस ने मृतक की भाभी अमरजीत कौर को भी हिरासत में ले लिया है । उस पर बब्बर खालसा के मिलिटैंटों के साथ सम्बन्ध रखने का आरोप है ।

इस छापे के दौरान बाकी मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए । पुलिस ने एक स्कूटर व एक मोटर साइकल भी घटनास्थल से बरामद किया है ।

2 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार, 10 हजार लूटे : (प.स.): गुरदासपुर जिले से 2 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए हैं ।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : अबोहर (सदोष) : रात पौने एक बजे थाना सदर के एस.एच.ओ. ने करीबी गांव कुंडल के पास नाका लगा रखा था कि सम्पर्क सड़क से दो संदिग्ध युवक स्कूटर पर आते दिखाई दिए । उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस बल ने जवाबी फायरिंग आरम्भ कर दी । यह क्रम काफी देर तक चलता रहा । प्रातः छानबीन के दौरान घटनास्थल से एक मिलिटैंट की लाश मिली जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया था ।

डी.एस.पी. अर्पित शुक्ला ने बताया कि मृत मिलिटैंट के पास से जर्मनी निर्मित एक माऊज़र तथा ए.के. 47 राइफल के अनेक खाली कारतूस मिले । मृतक की पहचान नहीं हो सकी । पता चला है कि जिस स्कूटर पर वे आए थे, वह थाना सदर मलोट के गांव शामखेड़ा में किसी व्यक्ति से छीना गया था ।

2 फुट रेल पटरी क्षतिग्रस्त : पुलिस ने बताया कि एक शक्तिशाली बम विस्फोट से भटिंडा जिले में बरेटा और बुडलाढा स्टेशनों के बीच रेल पटरी करीब दो फुट तक क्षतिग्रस्त हो गई है । इससे जाखल-फिरोज़पुर सैक्शन पर रेलों के आवागमन में रुकावट पैदा हो गई ।

रिवाल्वर सहित काबू : बलाचौर (स) थाना बलाचौर के हवालदार मोहन लाल ने कल सायं कंगना पुल बाईपास रोड पर चैकिंग के दौरान बलदेव सिंह पुत्र मस्सा सिंह, वासी रजादा, थाना कादियां, जिला गुरदासपुर को पकड़ा । तलाशी लेने पर एक 38 बोर रिवाल्वर, 5 जिन्दा कारतूस उसके कब्जा से मिलने की सूचना मिली है ।

राज्यपाल मल्होत्रा ने इस्तीफा दिया
(पृष्ठ 1 का शेष)

पता चला है कि श्री मल्होत्रा के स्थान पर किसी अन्य सेवा निवृत्त सैनिक जनरल को ही नियुक्त किया जाएगा । इनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल

योजना आ
नई दिल्ली, उपाध्यक्ष मोहन देंगे ।

श्री धारिया वह आयोग के अ पी.वी. नरसिम्ह योजना (1990 धारिया ने कहा इस्तीफा सौंपना प्रधानमंत्री अपनी

बीजू को बखास्त कि
नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री बीज कि केंद्र में सत्तारू सरकार को कभी

काफी हताश ने गत दिवस यहा हुए कहा कि जि तमिलनाड् में द्रम उससे ही स्पष्ट है छुटकारा पाने के लि जरूरत नहीं रह तमिलनाड् सरकार राज्यपाल की रिपो

भजन लाल हरि
(पृ

दिए जाने की आवश जाएगी कि यदि को अकेली निकले तो व सके ।

पार्टी को बहुम जनता का धन्यवाद व कि श्री देवी लाल व श्र हैं । उन्होंने कहा कि को विधानसभा का छोटी बात नहीं है ।

प्रदेश इंका प्रधा भाषण में कहा कि पा सहयोग से सरकार च

भजन लाल

हरियाणा इंका विधाय बाद श्री भजन लाल राज्यपाल श्री धनिक उन्हें अपने नेता चुने सिलसिले में इंका विधा की प्रति दी । इस अव श्री शमशेर सिंह सुर्जे मंडल ने श्री भजन ल मंत्रिमंडल के गठन का

श्री भजन लाल रा कल तीसरी बार शप 1979 तथा 1982

अम्बाला (शर्मा): बनने पर अम्बाला युवा ने प्रसन्नता व्यक्त की हरियाणा का विकास पह अवसर पर यह भी मांग रहे पंजाबियों को भी मंत्रि जाए । श्री वीरपाल शाह करने की मांग भी की ग

बिहार सजपा झा द्वारा
पटना, 22 जून समाजवादी जनता पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव नैतिक जिम्मेवारी स्वीका इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष दे पार्टी की आज यहां आयो ने अपने इस्तीफे की प्रति

Punjabi Samata.in

कल्याण, श्री सलमान खुर्शीद
वी. रंगय्या नायडू को संचार, श्री
ह तथा कुमारी गिरिजा व्यास को

कानून मंत्री	: भास्कर रेड्डी
तेल, प्राकृतिक गैस मंत्री	: श्री बी. शंकरानन्द

नहीं किया गया । वे सभी इस बात से अप्रसन्न हैं कि महाराष्ट्र को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया । कल ही श्री पवार ने भी बम्बई में यही कहा था ।

पंजाब में 9 मिलिटैंट मरे, इंका पार्षद समेत 8 की हत्या

चंडीगढ़, 23 जून : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक इंका पार्षद तथा 2 व्यापारियों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि सुरक्षा बलों ने विभिन्न मुकाबलों के दौरान 9 मिलिटैंट मार गिराए तथा एक को गिरफ्तार कर लिया गया ।

इंका पार्षद की हत्या(नारंग): आज रात नौ बजे के लगभग स्थानीय मकबूलपुरा क्षेत्र में इंका के नव-निर्वाचित पार्षद तारा सिंह के घर में कुछ मिलिटैंट आए तथा गोलियां मार कर तारा सिंह की हत्या करने के बाद भाग गए ।

किसान की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला मजीठा के गांव वरपाल में मिलिटैंटों ने एक किसान करतार सिंह की हत्या कर दी ।

विभिन्न मुकाबलों में 4 मिलिटैंट मरे : (वार्ता): भटिंडा जिले के घड़ुआं गांव के निकट मिलिटैंटों के एक गिरोह ने बलदेव सिंह नाम के एक मिलिटैंट को ले जा रहे पुलिस के दल पर कल रात घात लगा कर हमला किया । सुरक्षा बल और मिलिटैंटों के बीच हुई गोलीबारी में बलदेव सिंह मारा गया ।

तरनतारन पुलिस जिले के घरत गांव के पास सुरक्षा कर्मियों के साथ कल रात एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से 12 बोर की एक बंदूक और कुछ गोलियां मिली हैं ।

संगरूर जिले के कलीदा गांव के निकट एक अन्य मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की गोली से दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक पिस्तौल और कुछ गोलियां मिली हैं ।

'गर्ग' के अनुसार कल सायं 7.30 बजे इन 2 मिलिटैंटों ने सुनाणी गेट स्थित शराब के ठेके पर फायरिंग की तथा इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने वहां पहुंच कर उन मिलिटैंटों का पीछा किया और कुछ दूर जाने पर उनमें मुकाबला हो गया । जब मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी बंद कर दी तो घटनास्थल के निकट जाने पर उन्हें मृत पाया गया । घटनास्थल से हथियारों के अलावा एक बजाज चेतक स्कूटर भी बरामद किया गया है ।

बताया जाता है कि मारे गए इन मिलिटैंटों की पहचान थाना धुरी के गांव डंढरा के अवतार सिंह व पातड़ां मंडी के एक गांव हरयाऊं खुर्द के गुरमेल सिंह के रूप में हुई है । यह दोनों मिलिटैंट संगरूर पुलिस को हत्याओं सहित एक दर्जन से भी अधिक केसों में वांछित थे ।

4 मिलिटैंट मुठभेड़ में मारे गए : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भेट पत्तन के निकट गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ हुई एक मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए व इनके तीन साथी बच कर फरार होने में सफल रहे ।

यह विवरण देते हुए एस.एस.पी. श्री सीताराम ने बताया कि मौका से एक ए.के. 47 राइफल, एक बैरल कटी 303 बोर राइफल, एक मैगजीन, 55 जिन्दा व 17 चले हुए कारतूस मिले हैं । श्री सीताराम के अनुसार अभी तक इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

उनका कहना था कि गत दिनों थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर चानन के निकट मुकाबले में मारे गए मिलिटैंटों की भी पहचान नहीं हो सकी है । उनके अनुसार शक्ल-सूरत से वे इस क्षेत्र के नहीं लगते । समझा जाता है कि मिलिटैंटों ने एक-दूसरे के जिले में जाकर वारदातें करने की योजना बनाई है ।

'चौधरी' के अनुसार एक मुकाबला गांव शाहपुर चानन थाना डेरा बाबा नानक में हुआ जहां एक मिलिटैंट मारा गया । उसके कब्जे से भी एक ए.के. 47 राइफल मिली । यह मिलिटैंट बटाला में वारदात करने जा रहे थे और यहां वह के.सी.एफ. 'काकू' ग्रुप को मिलने आए थे ।

घर से बुलाकर 3 की हत्या : (प.स.) गत रात्रि जिला भटिंडा के गांव उत्तत शादीवाल में मिलिटैंटों ने 3 व्यक्तियों को उनके घरों से बाहर बुला कर उनकी हत्या कर दी । मृतकों की पहचान प्यारा सिंह, दलजीत सिंह व बलकार सिंह के रूप में हुई है ।

ट्रक क्लीनर मारा गया : जिला लुधियाना के गांव रोड़ियां के निकट मिलिटैंटों द्वारा एक ट्रक पर अंधाधुन्ध फायरिंग करने से ट्रक क्लीनर मौके पर ही मारा गया । इस ट्रक में पुलिस का एक गश्ती दल सफर कर रहा था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

13 लोगों की हत्या

पटना, 23 जून (वार्ता): भोजपुर जिले में कल रात नरसंहार की दो घटनाओं में कम से कम तेरह व्यक्ति मारे गए ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों की गोली से लुधियाना जिले के बरुखड़ा गांव के पास आज सवेरे एक अन्य मिलिटैंट मारा गया । अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है । उसके पास से दो दोनाली बन्दूकें और 25 कारतूस मिले ।

आटा चक्की के मालिक का अपहरण : एक अन्य घटना में लुधियाना जिले में मिलिटैंटों ने आटा चक्की के मालिक गुरदयाल सिंह का कल रात अपहरण कर लिया ।

शराब की दुकान के कर्मी की हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के तिखों गांव में शराब की दुकान के कर्मचारी राजिन्दर सिंह को मार डाला ।

पीछा करके मिलिटैंट मार गिराया : संगरूर जिले के सिबिया गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर धावा बोल कर उसके मालिक को घायल कर दिया । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक गश्ती दल ने उनका पीछा किया और एक मिलिटैंट को गोली से मार गिराया । हालांकि उसका साथी भाग निकला । मृत मिलिटैंट की अभी शिनाख्त नहीं हुई ।

अज्ञात छलनी शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के अदोवाल गांव में आज सुबह गोलियों से छलनी एक शव मिला । शव की शिनाख्त नहीं की जा सकी ।

शराब के ठेका मालिक की हत्या : भटिंडा जिले के पीणें गांव में मिलिटैंटों ने कल रात शराब के एक ठेके पर हमला करके उसके मालिक राजविन्दर सिंह की हत्या कर दी ।

दुकानदार की हत्या : पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिन्दपुर के गांव उधनवाल में आज मिलिटैंटों ने जगन्नाथ नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

जालन्धर में पाबंदी : जालंधर से मिली एक रिपोर्ट के अनुसार इस जिले में दुपहिया वाहनों पर दो वयस्क पुरुषों के सवारी करने पर सवेरे साढ़े पांच बजे से दो घंटा तक प्रतिबंध लगा दिया गया है । समाचारपत्र एजेंटों और दिहाड़ीदारों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है ।

जिलाधीश के अनुसार कर्फ्यू लागू होने वाला यह प्रतिबंध आगामी 31 अगस्त तक लागू रहेगा । हालांकि 3.5 से कम हार्स पावर वाले इस प्रकार के सभी वाहनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा । जिलाधीश के आदेशानुसार 3.5 से अधिक हार्स पावर वाले दुपहिया वाहनों पर रात आठ बजे से सवेरे साढ़े सात बजे तक प्रतिबंध लागू रहेगा । इस दौरान दो वयस्क पुरुष एक साथ इन वाहनों पर सवारी नहीं कर सकेंगे ।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि होटल और रेस्तरां भी रोजाना रात नौ बजे तक ही खुले रहेंगे । हलवाईयों, ढाबों, चाय और पान की दुकानों तथा बेकरियों की दुकानों को भी केवल रात दस बजे तक खुले रहने के आदेश दिए गए हैं । शहरी क्षेत्रों में शराब के ठेके रात साढ़े 11 बजे तक और ग्रामीण क्षेत्रों में रात पौने आठ बजे तक खुले रहेंगे । दवाइयों की दुकानें भी रात पौने आठ बजे तक ही खुली रहेंगी । हालांकि रैडक्रास की दवाइयों की दुकानें चौबीस घंटे खुली रहेंगी ।

मुठभेड़ में बब्बर खालसा का मिलिटैंट मरा : चंडीगढ़ में आज सायं गांव धीनास के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका एक अन्य साथी फरार होने में सफल हो गया ।

प्रथम रिपोर्ट के अनुसार स्पैशल सैल के इंस्पैक्टर प्रेम चौहान के नेतृत्व में जब एक पुलिस दल ने दो स्कूटर सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत किया तो वे स्कूटर को दूसरी तरफ भगा ले गए । मगर पुलिस दल ने उनका पीछा किया तथा सैक्टर 23 की व्यस्त मार्कीट में उनका मुकाबला हो गया । इस दौरान एक व्यक्ति मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी भाग निकला । यह मुकाबला 10 मिनट तक चलता रहा ।

इसी दौरान सभी क्षेत्रों को घेर कर रैड अलर्ट की घोषणा कर दी गई है । वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं जबकि फरार मिलिटैंट को खोजा जा रहा है ।

'संघी' के अनुसार यह मिलिटैंट बब्बर खालसा से सम्बन्धित था तथा इसका नाम बलजीत सिंह बताया गया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वह जिला पटियाला के गांव बहादुरगढ़ का रहने वाला था । उसके पास से एक रिवाल्वर व कई कारतूस बरामद किए गए हैं । पुलिस को इसे मिलिटैंट की गत 30 मई को यहां के सैक्टर 40 में भाजपा नेता विजय गुप्ता व गत वर्ष सारंगपुर के एक पूर्व सरपंच की हुई हत्या तथा लूटपाट की कई वारदातों में काफी समय से तलाश थी ।

बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यह मिलिटैंट नगर में फिर कोई वारदात करने वाले हैं तथा कल प्रात: से ही पुलिस काफी चौकस थी । आज बाद दोपहर 2 मिलिटैंटों को सैक्टर 28 में देखा गया तथा इनका पीछा करने पर पहले सैक्टर 23 में पुलिस ने इन्हें पकड़ने का प्रयास किया । तब दोनों ओर से गोलियां चलीं । मगर दोनों मिलिटैंट अलग-अलग दिशा में भाग निकले । इनमें से एक ने एक व्यक्ति का स्कूटर छीना तथा फरार होने का प्रयास किया । मगर पुलिस ने उसे गांव धीनास में जा घेरा, जबकि दूसरे की खोज में कई स्थानों पर छापे मारे गए ।

यह भी पता चला है कि पुलिस ने 3 संदिग्ध युवकों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट मरे : पट्टी (पाठक): गत रात्रि 4-5 मिलिटैंट गांव सभराऊ के बाहर से मनोहर सिंह (20) व राम सिंह (21) को अगवा करके ले गए तथा सभराऊ-दबली सड़क पर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 चले हुए कारतूस भी मिले हैं ।

वहां से खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का एक लैटरपैड भी मिला है जिस पर लिखा था कि उक्त दोनों व्यक्ति लूटपाट करते थे । इस लैटरपैड पर निरवैर सिंह दीप सिंह वाला, निशान सिंह लाहोरिया, परमजीत सिंह कसेल, अजीत सिंह फल्ड बनचढ़ी, नरिन्दर सिंह फतेहपुर के हस्ताक्षर हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का ही परिणाम है ।

मिलिटैंट साईनायड खा कर मरा : रायकोट (राकेश): गत रात्रि यहां से एक कि.मी. दूर सुए के पुल पर जब सुरक्षा कर्मी नाका लगाए हुए थे तो करीब 12 बजे साइकिल पर आ रहे एक अज्ञात मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों को देख कर फायरिंग करनी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने तथा खुद को घिरा हुआ पा कर उस मिलिटैंट ने साईनायड खा कर आत्महत्या कर ली ।

उसके साईकिल के कैरियर पर रखी बोरी की तलाशी लेने पर उसमें से 12 बोर की एक दोनाली राइफल, 303 बोर की 3 राइफलें, एक स्टेनगन, 28 जीवित व 2 चले हुए कारतूस मिले । इस मिलिटैंट के दाएं हाथ की अंगुलियां कटी हुई थीं । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : लुधियाना (धीमोल): गत 24 घंटों के दौरान जिला लुधियाना से मिलिटैंसी की कई घटनाएं हुई । जिनमें एक मिलिटैंट मुकाबले में मारा गया । पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने बताया कि कल जिला में तीन मुकाबले हुए । गांव दाऊद में सुरक्षा बलों ने नाका लगा रखा था । दो युवक स्कूटर पर आते दिखाई दिए । जब उनको रुकने का संकेत किया तो उन्होंने फायरिंग कर दी । जवाबी फायरिंग पर एक तो मारा गया जबकि दूसरा फरार होने में सफल हो गया । मरने वाले से 3 दोनाली बन्दूकें, एक राइफल और दूसरा असला बरामद हुआ ।

श्री शर्मा ने कहा कि तीसरा मुकाबला सरीन गांव में हुआ जहां मिलिटैंट मारुति कार में सवार थे, जब रुकने को कहा गया तो उन्होंने मारुति तेज कर ली और अंधेरे में गुम हो गए, आगे जाकर कार छोड़ गए ।

निहंग सिंह की हत्या : पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि आखिरी वारदात गांव नसराली में हुई । पांच मिलिटैंट एक मारुति कार में आए, बुड्ढा दल के निहंग बचन सिंह की उसके घर में हत्या करके फरार हो गए ।

हथियार छीन कर फरार : जिला के गांव रतीपुर में मिलिटैंट एक व्यक्ति निर्मल सिंह के घर आए । उसका 32 बोर का पिस्तौल और 5 कारतूस, ए.के. 47 राइफल की नोक पर छीन कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उम्मीदवार भी दुखी, अंगरक्षक भी दुखी !

होशियारपुर, 30 जून (ओबेनी कपूर): पंजाब सरकार द्वारा चुनाव में खड़े प्रत्याशियों से उन्हें सुरक्षा के लिए दिए गए सुरक्षा वाहन वापस लेने के पश्चात जिले के कई उम्मीदवार पुन: साइकल व रिक्शा पर सवारी करते देखे गए हैं । प्रशासन द्वारा इन उम्मीदवारों को दिए गए अंगरक्षक भी अब साइकल व रिक्शा पर ही उनके पीछे जाते हैं । सरकार द्वारा सुरक्षा वाहन वापस लेने के पश्चात अधिकांश उम्मीदवारों ने पुलिस अधिकारियों को लिख कर दे दिया है कि उनको प्रदान की गई सुरक्षा वापस ले ली जाए । दूसरी तरफ कुछ एक उम्मीदवारों के सुरक्षा गार्डों ने अपने अधिकारियों से प्रार्थना की है कि उनको उम्मीदवारों की सुरक्षा ड्यूटी से हटा कर किसी अन्य स्थान पर तैनात किया जाए क्योंकि यह उम्मीदवार उनसे अपने घरों का कामकाज करवाते हैं ।

4 कस्टम अधिकारी निलम्बित

नई दिल्ली, 30 जून (सं.मे.): हाल ही में 4 कस्टम अधिकारियों के निलम्बन के साथ तस्करी के मामलों में कस्टम अधिकारियों को राजनीतिज्ञों के साथ हुई सांठगांठ अनावृत्त हुई है । निलम्बित किए गए कस्टम अधिकारी पालम हवाई अड्डे पर तैनात थे और "एयर पूल" से संबंधित थे । वे करोड़ों रुपए के मूल्य की चीजें स्मगल करने में मदद करते पाए जाने पर निलम्बित किए गए । केंद्रीय उत्पादन शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड के सूत्रों के अनुसार इन चार अधिकारियों को काम-चलाऊ चंद्र शेखर सरकार के प्रभावशाली राजनीतिज्ञों का समर्थन प्राप्त था । ऐसा समझा जाता है कि उनकी इस स्थान पर तैनाती एडीशनल कलैक्टर (हवाई अड्डे) श्री बी.के. गुप्ता के विरोध के बावजूद की गई थी । ऐसा करते-करते अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से सलाह तक नहीं ली गई थी । उनकी तैनाती का विरोध करने वाले श्री गुप्ता को बाद में सज़ा के तौर पर ट्रांस्फर कर दिया गया था ।

स्लोवेनिया ने यूगोस्लाव सेना का अल्टीमेटम ठुकराया

लूबयाना (यूगोस्लाविया), 30 जून (डी.पी.ए.): स्लोवेनिया और यूगोस्लाविया की सेनाओं के बीच लड़ाई तेज होने की आशंका पैदा हो गई है ।

यूगोस्लाविया से अलग स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित करने वाले गणराज्य स्लोवेनिया की संसद ने संघीय सेना की उस चेतावनी को नामंजूर कर दिया है जिसमें यूगोस्लावियायी सैनिकों पर आज सुबह नौ बजे से हमला न करने के लिए कहा गया है । संसद के इस फैसले की जानकारी स्लोवेनियायी रेडियो की एक रिपोर्ट में दी गई ।

संघीय सेना ने कहा था कि यदि उसकी चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह 'निर्णायक कार्रवाई करेगी ।

पर्यवेक्षकों ने निर्णायक कार्रवाई का अर्थ लूबयाना पर हमले और स्लोवेनिया सरकार पर नियंत्रण से लगाया है ।

स्लोवेनियायी संसद की बैठक में यूगोस्लाविया की कार्रवाई को बर्बर हमले की संज्ञा देते हुए उसकी निंदा की गई तथा यूरोपीय समुदाय से पर्यवेक्षक भेजने की अपील की गई । स्लोवेनिया की संसद ने यूगोस्लाविया सेना की शर्तों को ठुकरा दिया है और आजादी के अपने फैसले पर अडिग रहने का निश्चय किया है ।

स्लोवेनिया की संसद ने कहा है कि गत मंगलवार को पारित आजादी का प्रस्ताव अब भी प्रभावी है ।

लूबयाना में उस क्षेत्र को सील कर दिया गया है, जहां अधिकतर महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय हैं। इन इलाकों में केवल विशेष अनुमतिपत्र के आधार पर ही प्रवेश मिल सकता है ।

कल रात बैलग्रेड टी.वी. पर एक विशेष प्रसारण में यूगोस्लाविया के लैफ्टिनैंट जनरल मार्को नेगोवैं नोविक ने कहा था, "हम एक गृह-युद्ध के शुरूआती दौर में हैं ।"

यूगोस्लावियायी टैलीविजन पर इस चेतावनी के प्रसारण के तुरंत बाद स्लोवेनियायी रेडियो और टैलीविजन ने अपने कार्यक्रम बीच में रोक कर जनता

मान पदच्युत : बाबा जोगेंद्र सिंह प्रधान निर्वाचित

लुधियाना, 30 जून (महिन्द्रा, मुसाफिर): गया कि वे कौम के नेतृत्व के सम्बन्ध में उनका पूरा साथ देंगे ।

...रा हेगड़े समिति की ...बारे निर्णय स्थगित

विधान में संशोधन पर विचार पूरा नहीं किया जा सका और तय हुआ कि जो भी अपना सुझाव इसके बारे में देना चाहें, लिखित रूप में 10 जुलाई तक पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को दे दें ।

श्री रेड्डी ने आज की बैठक का ब्यौरा देते हुए कहा कि संगठनात्मक चुनाव के लिए कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है । पार्टी के सदस्यता भर्ती अभियान की अंतिम तिथि 15 सितम्बर रखी गई है और अध्यक्ष सहित अन्य पदों के चुनाव दिसम्बर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा ।

दल के प्रवक्ता ने इस आशंका को सत्य से परे बताया कि हेगड़े समिति की सिफारिशों को लागू करने में आनाकानी की जा रही है । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने पहले ही सिद्धांतत: इस समिति की सिफारिशों को मान कर संगठनात्मक ढांचे में फेरबदल करने का मन बना लिया है ।

श्री रेड्डी ने कहा कि हेगड़े समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए पार्टी संविधान में संशोधन एवं परिवर्तन करना लाजिमी है और जब तक इस काम को पूरा नहीं कर लिया जाता तब तक तकनीकी बाधाओं को दूर करना संभव नहीं होगा । उन्होंने बताया कि यह कहना गलत होगा कि कार्यकारिणी ने हेगड़े समिति की रिपोर्ट को रद्द कर दिया है ।

लेकिन इसी बीच कार्यकारिणी ने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा गत फरवरी में पार्टी के संगठनात्मक स्वरूप में जो भी परिवर्तन सुझाए थे, उनकी पुष्टि कर दी और भविष्य में उन्हें तत्परता से लागू किया जाएगा । हेगड़े समिति का एक महत्वपूर्ण सुझाव था कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी को पुनर्गठित कर इसकी सदस्य संख्या 21 कर दी जाए ।

श्री रेड्डी ने कहा कि बैठक में संगठन एवं विधान के मसले पर लगभग घंटे भर चर्चा हुई । इसके बाद

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...र तार लगाने का ...री : भटनागर

जहां तक बस चले किसी मिलिटैंट या घुसपैठिए को बख्श नहीं रहे ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री भटनागर ने कहा कि बल के नए रंगरूटों को खाड़कू विरोधी अभियान के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है । उन्होंने कहा कि देश के भीतर अमन व कानून की हालत से निपटने हेतु जुटाने के परिणामस्वरूप बल के जवानों के प्रशिक्षण पर कुप्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि वह आंतरिक सुरक्षा के लिए तभी जुटाए जाते हैं, जब हथियारों के इस्तेमाल की जरूरत पड़ती है । उन्होंने यह भी कहा कि आंतरिक सुरक्षा की ड्यूटी के लिए बल का कोई अलग विंग स्थापित करने की योजना नहीं ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री भटनागर ने कहा कि अभी तक जिन हथियारों का प्रशिक्षण बल के जवानों को दिया जाता है, उनमें मुख्यत: एस.एल.आर. (सैल्फ लोडिंग राईफल) है और वह पर्याप्त समझी जा रही है । उन्होंने साथ ही बताया कि देश की डिफैंस फैक्ट्रियों में जो नई 5.56 बोर राइफल निर्माण की जा रही है, वह ए.के. 47 राइफल से बेहतर है जिसे मिलिटैंट इस्तेमाल करते हैं किन्तु हथियार ही सब कुछ नहीं होता, जवानों के लिए

स्तीफा दे : कार्यकारिणी ने मुख्य
टी.एन. शेषन से इस्तीफे की मांग की
कि यदि वह महाभियोग से बचना
ही एकमात्र रास्ता उनके लिए बचा
गी ने श्री शेषन पर पक्षपातपूर्ण और
पनाने का आरोप लगाया है ।

सैकिया मंत्रिमंडल

द्वारा शपथ

30 जून (वार्ता): असम में श्री
ा के नेतृत्व में कांग्रेस (इ) मंत्रिमंडल
ने आज शपथ ग्रहण की । राज्यपाल
ने दिसपर परेड ग्राऊंड में मंत्रियों को
यता की शपथ दिलाई ।

ण समारोह में अन्य व्यक्तियों के
हाटी उच्च न्यायालय के मुख्य
अन्य न्यायाधीश और प्रशासनिक
स्थित थे । इनके अलावा नागालैंड के
सी.एस. जमीर, सिक्किम के पूर्व
ी. गुरुंग और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री
जूमदार भी मौजूद थे ।

ण करने वाले 36 मंत्रियों में से 21
के हैं और शेष राज्यमंत्री हैं । कैबिनेट
र्व मुख्यमंत्री भी हैं ।

LLEGE,
iversity)
TICE
rce in Ambala City,
tion in Sports and
Arts and Commerce
9 A.M. to 1.30 P.M.
Commerce start from
Mohan Lal Aggarwal
Secretary
city

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

फरार हो गए ।

12 मिलिटैंट गिरफ्तार : बरनाला (सिधवानी): एस.एस.पी. संगरूर श्री एस.एस. भुल्लर ने बताया कि डी.एस.पी. बरनाला सरदूल सिंह औलख और इंस्पैक्टर जसपाल सिंह की कोशिशों से पुलिस ने 12 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । मिलिटैंटों का यह गिरोह वाहन छीनने और लूटमार करने की वारदातों में व्यस्त था । 14 मार्च 1991 को उन्होंने बरनाला के जयपाल का ट्रक (पी.डी.ए. 2645) छीना और एक सप्ताह पूर्व 2 लाख रुपए में बेच दिया । पुलिस ने अभियुक्त स्वर्णजीत सिंह से उक्त ट्रक बरामद किया है । पुलिस ने दो अन्य अभियुक्तों जसविन्दर सिंह और भोला सिंह को भी गिरफ्तार किया है । नट-निवासी रामपाल मेहरा को भी गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया है । यह एक सप्ताह पूर्व गांव सोखिया से छीना गया था । एक हीरो होंडा मोटर साइकिल (नम्बर 4617) भी बरामद किया जो गांव ठीकरीवाला से छीना गया था । 12 बोर का देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए । एक वी.सी.आर. और 12 हजार रुपए मूल्य के आभूषण भी बरामद किए हैं ।

श्री भुल्लर ने कहा कि कल जो पूर्व-सांसद के अंगरक्षकों को गिरफ्तार किया गया, उन पर आरोप है कि उन्होंने कुछ मास पूर्व श्री राजदेव सिंह की हत्या के लिए बम रखा था मगर वह फटा नहीं और उसे नाकारा बना दिया गया था । जिनके हाथों वह बम कोठी में रखवाया गया, वह राजदेव सिंह के करीबी साथी थे । वह बम कहां से आया, कैसे आया, किन लोगों ने बनाया था, इसकी जांच हो रही है ।

4 मिलिटैंट मारे गए : मानसा (मेहता): गत रात्रि यहां से 25 कि.मी. दर गांव दोना में 5 घंटे तक चलने वाले एक मुकाबले के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए तथा एक होमगार्ड जवान भी जान गंवा बैठा ।

बताया जाता है कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि बलजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में मिलिटैंट छिपे हुए हैं । जब पुलिस, सी.आर.पी.एफ. व बी.एस.एफ. ने संयुक्त रूप से उस घर को घेर कर मिलिटैंटों से बाहर निकलने को कहा तो उन्होंने अंदर से फायरिंग करनी शुरू कर दी । सायं 6 से रात 11 बजे तक चले इस मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों ने होमगार्ड जवानों का भी प्रयोग किया । इस मुकाबले में मरने वाला जवान बलदेव सिंह एस.एच.ओ. बोहा का निजी गनमैन था । इस सारे सिलसिले में मुकाबले का नेतृत्व मानसा के डी.एस.पी. मुख्तियार सिंह ने किया । इस मुकाबले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर की तलाशी ली जा रही है ।

'वार्ता' के अनुसार इनमें से 3 मृत मिलिटैंटों की पहचान जीत सिंह, गुलाब सिंह व माड़ा सिंह के रूप में हुई है ।

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त राजेंद्र पाल उर्फ राजेंद्र सिंह उर्फ गुल्लू के रूप में हुई है ।

ठेके के दो कर्मी घायल : इसी दौरान आज सायं 7.15 बजे संगरूर के निकट उपली रोड पर 2 मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग करके दो कर्मियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । घायल को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

गोलियों से छलनी शव बरामद : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार थाना पट्टी के गांव अतवाल में पुलिस ने गोलियों से छलनी एक व्यक्ति का शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

बस कंडक्टर से 2000 रुपए छीन लिए : भिखीविंड गांव से हरिके जा रही एक बस के कंडक्टर से गांव कालेके के निकट कुछ मिलिटैंटों द्वारा उसका थैला छीन लिए जाने की सूचना मिली है । कंडक्टर के थैले में 2000 रुपए थे ।

2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन के गांव गगनेवाल में आज रात्रि एक मठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए और उनके 3 साथी पकड़ लिए गए । घटनास्थल से 2 असाल्ट राइफलें, एक लाईट मशीनगन, एक .12 बोर की, एक राइफल और गोली-सिक्का बरामद किया गया है । गिरफ्तार मिलिटैंटों की राजेन्द्र सिंह, नाथ सिंह और रविन्द्र वीर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है ।

के.सी.एफ. का मिलिटैंट मारा गया : आज सायं थाना ब्यास के गांव शेरों वाधा में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (के.सी.एफ.) पंजवड धड़े का एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि 2 अन्य भाग निकले । पुलिस ने घटनास्थल से एक सैल्फ लोडिंग राइफल, एक बोतल बम और एक छड़ हथगोला तथा भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया है ।

खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का [illegible]: गुरदासपुर (विनोद): आज सायं जिला गुरदासपुर में 40 से अधिक हत्याओं में वांछित खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का स्वयंभू ब्रिगेडियर जसबीर सिंह उर्फ काला अपने साथी रत्न सिंह के साथ मारा गया । जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री एस.के. गोयल ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि आज सायं थाना धारीवाल के गांव तलवंडी विर्क वाहियां सड़क पर पुलिस और बी.एस.एफ. ने नाकाबंदी कर रखी थी कि एक स्कूटर पर 3 युवक आते दिखाई दिए, जिन्होंने रुकने का संकेत देने पर फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस व बी.एस.एफ. द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो मिलिटैंट मारे गए । उनके निकट से एक 303 बोर की राइफल, 12 बोर की राइफल और ए.के. 47 के काफी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं ।

बताया गया है कि जसबीर सिंह उर्फ काला गांव गोसल का निवासी था और खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के स्वयंभू इस ब्रिगेडियर पर 40,000 रुपए का ईनाम था । यह 10 पुलिस कर्मियों समेत 40 व्यक्तियों की हत्याओं में वांछित था । वह खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के चीफ बलबीर सिंह उर्फ भिल्ली का दायां हाथ समझा जाता था । दूसरा मृत मिलिटैंट रत्न सिंह उर्फ लाटू गांव लखाना का रहने वाला था ।

चिब द्वारा चुनाव स्थगन को चुनौती देने का फैसला

पठानकोट, 30 जून (महेन्द्र): जनता दल के नेता श्री राजेन्द्र सिंह चिब भूतपूर्व मंत्री जो गुरदासपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, ने पंजाब में चुनाव स्थगित करने को अपने वकील एम.सी. मेहता एडवोकेट के जरिए सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज करने का फैसला किया है ।

श्री चिब ने बताया कि चुनाव आयोग ने पंजाब में उस समय चुनाव स्थगित कर दिया जबकि पोस्टल बैल्ट पेपर मतदाताओं को पहुंच चुके थे और चुनाव प्रतिक्रिया शुरू हो चुकी थी । उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में वह उम्मीदवारों को मुआविजा देने के बारे में भी रिट करेंगे ।

उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त श्री शेषन ने कांग्रेस के दबाव के कारण यह चुनाव स्थगित किया । उन्होंने कहा कि चुनाव 15 सितम्बर तक अवश्य हो जाना चाहिए ।

शांता कुमार राष्ट्रपति से मिले

शिमला, 30 जून : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन से भेंट की । यह भेंट एक शिष्टाचार थी । बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को राज्य की अनेक विकास गतिविधियों बारे अवगत करवाया ।

हरियाणा में और 49 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़, 30 जून (संधी): हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले करने का क्रम जारी रखते हुए आज छट्ठी वाले दिन के बावजूद चौथे चरण में 31 और आई.ए.एस. तथा 18 एच.सी.एस. अधिकारियों के तबादले कर दिए ।

स्लोवेनिया

(पृष्ठ 3 का शेष)

कहा है ।

ज्यूरिख (प.स.): दस हजार से अधिक क्रोएट, स्लोवेनियायी और अलबेनियायी लोगों ने कल ज्यूरिख में प्रदर्शन किया । ये लोग अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से स्लोवेनिया और क्रोशिया की आज़ादी को मान्यता देने और वहां से यूगोस्लाविययी सेना हटाने की मांग कर रहे थे ।

यूरोपीय समुदाय का स्लोवेनिया को अल्टीमेटम : लंदन (पस.): यूरोपीय समुदाय ने आज स्लोवेनिया को अल्टीमेटम दिया कि वह स्वतंत्रता की अपनी घोषणा को निलम्बित कर दे तथा तुरंत युद्धविराम के लिए सहमत हो जाए । 12 राष्ट्रों के इस समुदाय की चेतावनी को स्वीकार न किये जाने की स्थिति में समुदाय क्या कार्रवाई करेगा, यह स्पष्ट नहीं है ।

इससे पूर्व समुदाय की मंत्रिपरिषद के वर्तमान अध्यक्ष जैक्विसयूस ने कहा कि यूगोस्लाविया के स्लोवेनिया तथा क्रोशिया दोनों गणराज्यों ने यूरोपीय समुदाय की शांति योजना का उल्लंघन किया है ।

कश्मीर में अलगाववादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कुपवाड़ा में मुस्लिम जांबाज़ फोर्स के दो पाक प्रशिक्षित अलगाववादी पकड़े गए । उनके पास से एक ए.के. राइफल, चार मैगज़ीनें, 110 कारतूस तथा एक हथगोला बरामद हुआ । अलूचीबाग क्षेत्र में आज प्रात: अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों पर एक राकेट दागा तथा बाद में गोलियां भी चलाईं । राकेट के निशाना चूक जाने के कारण कोई क्षति नहीं हुई ।

खनियार के निकट कल रात अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर एक हथगोला फैंका । प्रवक्ता ने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । पुलवामा जिले के पाहू पुल पर तैनात सुरक्षा बलों पर अलगाववादियों ने कल रात गोली चलाई मगर इसमें कोई हताहत नहीं हुआ । कुपवाड़ा जिले में कल तलाशी अभियान के दौरान विस्फोटकों के दो पैकेट, दो राकेट और दो बारूदी पलीते मिले ।

सुरक्षा कर्मी का अपहरण : अलगाववादियों ने कल रात बटवारा क्षेत्र से एक सुरक्षा कर्मी का अपहरण कर लिया ।

इसराईली अधिकारी भारत आएगा : यरुशलम (प.स.): इसराईल का कहना है कि वह कश्मीरी अलगाववादियों द्वारा इस सप्ताह श्रीनगर में एक इसराईली के अपहरण पर बातचीत के लिए आज अपना एक वरिष्ठ अधिकारी भारत भेज रहा है ।

विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रालय में एशियाई और अफ्रीकी मामलों के लिए सहायक महानिदेशक मोशे येगर आज नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे । वह एक इसराईली के अपहरण और एक इसराईली की हत्या की घटना के बारे में गुरुवार को भारतीय अधिकारियों से बातचीत करेंगे । भारत और इसराईल के पूर्ण राजनयिक संबंध नहीं हैं ।

पाक द्वारा संदेह व्यक्त : इस्लामाबाद : पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कहा है कि श्रीनगर में इसराईली पर्यटकों की कथित मौजूदगी संदेहास्पद है ।

पाक विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि वह इसराईली पर्यटकों पर श्रीनगर में अलगाववादियों के कथित हमले के बारे में अखबारों में छपी खबरों पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं, लेकिन इस पर यकीन करना मुश्किल है कि इतनी बड़ी संख्या में इसराईली पर्यटक कश्मीर में सिर्फ वहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने आए थे । प्रवक्ता ने यह प्रतिक्रिया कश्मीर में आए इसराईली पर्यटकों में से कई का अलगाववादियों द्वारा अपहरण करने तथा पर्यटकों और अलगाववादियों के बीच इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक पर्यटक और दो अलगाववादियों के मारे जाने से संबंधित खबरों के बाद व्यक्त की है ।

इस बीच अलगाववादी संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के सूत्रों ने बताया है कि एक ब्रिटिश सांसद ने फ्रंट के अध्यक्ष अमानुल्ला खां से पाकिस्तान में सम्पर्क करके श्रीनगर में अलगाववादियों द्वारा बंधक बनाए गए एक इसराईली पर्यटक की रिहाई में मदद करने का आग्रह किया है ।

भारत विदेशी मुद्रा ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

पाकिस्तान ने छ: करोड़ सत्तर लाख डालर का ऋण लिया ।

श्री क़ुरैशी ने एशिया की आर्थिक स्थिति के विषय में कहा कि क्षेत्र के विकासशील देशों को पिछले बारह महीने में विश्व की बिगड़ी आर्थिक स्थिति तथा आर्तारिक आर्थिक और राजनैतिक उथल-पुथल के कारण काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है । उन्होंने कहा कि भारत भूगतान संतुलन के गम्भीर संकट के बावजूद भुगतान कर रहा है । श्री क़ुरैशी ने कहा कि भारत और चीन मूलभूत आर्थिक सुधार करने वाले हैं ।

वैन के झुग्गियों में घुसने से तीन महिलाएं मरीं

पटियाला, 30 जून (राजू): कल रात यहां रेलवे स्टेशन के निकट एक तेज रफ्तार वैन के दो झुग्गियों में घुस जाने के कारण दो परिवारों की तीन महिलाएं मारी गईं तथा एक 11 वर्षीय लड़की गम्भीर घायल हो गई । उसे राजेन्द्र अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । मारी गई महिलाओं के नाम रत्ना (55) शिवगामी (40) तथा बदाम्बा (60) हैं । घायल लड़की रामाइया शिवगामी की पुत्री है ।

कारगिल की वार्षिक योजना के लिए 14 करोड़ मंजूर

जम्मू, 30 जून (प.स.): लद्दाख क्षेत्र के कारगिल जिले की वार्षिक योजना के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक मंजूर किए गए हैं । पिछले वर्ष 12.63 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे ।

बेगूसराए में इंका, मु
में भाकपा को बढ़

पटना, 30 जून (वार्ता): बिहार के दो निर्वाचन क्षेत्रों में चल रही मतगणना के जो मिले हैं, उनके अनुसार बेगूसराय में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती कृष्णाशाही तथा मुंगेर में कम्युनिस्ट पार्टी के ब्रह्मानंद मंडल आगे हैं ।

बेगूसराय में कांग्रेस (इ) की श्रीमती कृष्ण अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता दल के रा राय से 21 हजार मतों से आगे है ।

मुंगेर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के श्री ब मंडल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस डी.पी. यादव से 9728 मतों से आगे चल र

77 वर्षीया वृद्धा को नंगा क
गलियों में घुमाया गया

उज्जैन, 30 जून (वार्ता): मध्य प्र रतलाम जिले के पंगराला गांव में गत दिनों 7 वर्षीया बूढ़ी महिला को नंगा किए जाने गलियों में घुमाए जाने की खबर मिली है । डिवीजन के पुलिस उप-अधीक्षक प्रकाश यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सिलसिले में नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें दो महिलाएं भी हैं । श्री नायडू ने क कुछ लोगों ने पंगराला गांव के भवन मोधिया कि उसकी पुत्री इसलिए बीमार है कि 77 बूढ़िया मैनाबाई वैरागी ने उस पर जादू रखा है । यह जान कर मोधिया जाति के मैनाबाई वैरागी के कपड़े उतार कर उसे दिया और उसे गलियों में घुमाया ।

रूस में आर्थिक गिराव
कारण गर्भपात बढ़

मास्को, 30 जून (ई.टा.): यहां सम 'कोमसोमोलस्काया प्रावदा' ने अपने एक स कहा है कि सोवियत संघ में मृत्यु वृद्धि, आर्थि की दर में कमी तथा घटते जीवन स्तर के क में गर्भपात कराने वाली महिलाओं की संख्य बढ़ती जा रही है । 15 से 49 वर्ष की आय वाली 10 महिलाओं में से एक महिला गर्भपात करवाती है । बार-बार गर्भपात क समय से पूर्व जन्म लेने वाले शिशुओं की 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

पत्र के अनुसार 1000 गर्भवती महि से 137 महिलाएं अपने गर्भपात करवाती

वित्त मंत्रालय के अधिका
में परिवर्तन नहीं

नई दिल्ली, 30 जून (प.स.): केन्द्र स इन समाचारों का खंडन किया है कि वित्त म वरिष्ठ अधिकारियों को बदला जा रहा सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि वित्त मंत्री डा. म सिंह ने अधिकारियों की अपनी टीम में पूर्ण व्यक्त किया है । वित्त मंत्रालय ने इन ख गलत बताया है कि वित्त सचिव एस.पी राजस्व सचिव पी.के. लहरी, व्यय सचि कृष्णन और मुख्य आर्थिक सलाहकार दीपक बदला जा रहा है ।

वित्त मंत्री ने भारतीय रिजर्व बैंक के गव वेंकटरामन में भी पूर्ण विश्वास प्रकट किया

अरोड़ा व नेहरा को मंत्रि
में लिया जाना निश्चि

सिरसा, 30 जून (रवि दिवाकर): नि रोड़ी से इका टिकट पर विधानसभा चुना वाले श्री लक्ष्मण दास अरोड़ा व श्री जगदी को भजन लाल मंत्रिमंडल में शामिल करना निश्चित हो गया है ।

हरपाल सिंह हरियाणा विधान
के अस्थाई स्पीकर

चंडीगढ़, 30 जून (वि.प्र.): नई ह विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस (इ) सद हरपाल सिंह को अस्थाई स्पीकर नियुक्त कि है । श्री हरपाल सिंह 9 जुलाई को शुरू होने व में सदस्यों को शपथ दिलाएंगे ।

नरसिम्हाराव हर सप्
पार्टी वर्करों से मिला क

नई दिल्ली, 30 जून (प.स.): कांग्रेस (इ) का कामकाज सुधारने के लिए प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव, जो पार्टी के अध्यक्ष भी हैं, हर पार्टी मुख्यालय में तीन घंटे पार्टी वर्करों से मिल और उनकी समस्याएं हल किया करेंगे ।

सूत्रों के अनुसार श्री राव का पक्का विश्व कि महत्वपूर्ण विषयों पर पार्टी के संग

Admission Guidance For
MBBS/BE (USSR)
Free Education Boarding & Lodging by USSR Govt. Scholarship 4800/-PM.
MBBS-BDS, B.E—B/D. Pharmacy/Polytechnic
Karnataka/Maharashtra/Bihar
Contact : Liasion officer Dr. H.S. Preet M.A. P H.D. L.L.B.
Principal-in-Chief

ोज्ञापन
पोल्ट्री
a Farmers NECC Egg Rate
is Rs. 65/- per 100 eggs
. This rate is net payable to
s at their farms. Phone :
(Kamboj/M×W)
दाखला सूचना
ion Open. For Computer
ew Batches Starts from
y. Limited Seats. Contact :-
Systems International, 6-B,
r Nagar Market, Jalandhar.
(Maharani Ads/23W)
कनीकल ट्रेनिंग
ीविज़न, रंगदार, VCR, ट्रांजिस्टर,
रेफ्रीजिरेशन, ट्रक, कार, बार-बैंडर,
ैकेनिक कोर्स । सुविधाएं डिप्लोमा,
, हियरशा उपलब्ध । दाखला शुरू,
, टी.आई.टी. कालेज, 232, डिफैंस
चौक खासला कालेज, जालंधर ।
(Milap/34C)
रोज़गार
T.V. Course (I.T.I.) पास लड़के
मिलें : National Electronics
ollege, Opp. Bus Stand,
(Milap/18W)
ा, रेलवे में भर्ती । इच्छुक मैट्रिक
आर्डर भेजकर गाईडैंस प्रासपैक्टस
नैशनल कालेज, सनौली रोड,
(4769/20JDC)
2 क्लर्कों की आवश्यकता । योग्यता
यु 18-31, वेतन 1699/-,
वंग प्रासपैक्ट्स हेतु 10/- रुपए
। National Institute,
ase-XI Mohali, Chandigarh.
(4769/30C)

Punjabi Sansar

ठिकानों को जब्त
पर विचार

लाई (प.स.) श्रीलंका के और उसके उपनगरीय इलाकों कम पांच 'छिपने के ठिकानों' को त जब्त करने पर विचार कर रहे को यहां रक्षा मंत्रालय के आप्रेशन कार बम विस्फोट की योजना के राथन को पकड़ने के प्रयास हो रहे कि करीबी सूत्रों ने बताया कि लिट्टे छिपने तथा कार बम बनाने के लिए कम से कम पांच मकानों को सील था विस्फोट के सिलसिले में लिट्टे वादी गिरफ्तार किए गए हैं ।

न को हुए विस्फोट के अलावा दो तरह के विस्फोट को भी जांच कर ा मंत्री रंजन विजयरत्ने मारे गए

ो मरे : उत्तरी श्रीलंका में पिछले भग्न तमिल उग्रवादी गुटों के बीच तेरह उग्रवादी मारे गए ।

य को तेज
देने के निर्देश

गे । उन्होंने यह भी कहा है कि वेश के अलावा सरकार कुछ खास य कम्पनियों को निवेश की छूट देगी धुनिक तकनीक का लाभ उठाया जा न्ध में वित्त मंत्री ने भारतीय उद्योग ते की रुकावटों को दूर करने के लिए न की नए सिरे से समीक्षा करने की ।

के चुनाव घोषणापत्र में उद्यमों को जी बाजार के विकास, नियंत्रण ान बनाने, नई तकनीक के आयात क्षमता बढ़ाने का वादा किया गया ार्टी ने उन क्षेत्रों से सार्वजनिक क्षेत्र ो वादा किया है, जिनमें निजी तथा मता विकसित कर ली है ।

शों के राज्यपालों
राष्ट्रपति से भेंट

, 1 जुलाई (प.स.) महाराष्ट्र के . सुब्रह्मण्यम ने आज यहां राष्ट्रपति टरमन से मुलाकात की । हिमाचल पाल वीरेन्द्र वर्मा और त्रिपुरा के थ रेड्डी भी राष्ट्रपति से मिले ।

एक ऐसी संस्था है जो अपने वायदों से नहीं मुकर सकती ।"

जितेन्द्र प्रसाद प्रधानमंत्री के राजनीतिक सचिव

नई दिल्ली, 1 जुलाई (प.स.): अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव जितेन्द्र प्रसाद को प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव का राजनीतिक सचिव नियुक्त किया गया है । श्री राव पार्टी के अध्यक्ष भी हैं ।

मूल्य की पुनरीक्षा का देश के बड़े उद्योगपतियों ने स्वागत किया है क्योंकि इससे देश के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा ।

भारतीय रिजर्व बैंक में विदेश निवेश विभाग में मुख्य अधिकारी पी.बी. कुलकर्णी ने भी अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपए के अवमूल्यन को 'दैनिक प्रक्रिया का हिस्सा' बताया है । श्री कुलकर्णी ने यूनीवार्ता से बातचीत में स्वीकार किया कि आज रुपए का अवमूल्यन साधारण से अधिक हुआ है लेकिन हमें इसे अधिक महत्व नहीं देना चाहिए । उन्होंने कहा कि अवमूल्यन करने से पहले कई पहलुओं पर विचार किया गया और ऐसा अवसर बहुत कम आता है ।

रुपए के अत्यधिक अवमूल्यन से आज सुबह इंटर बैंक एक्सचेंज बाजार के प्रमुख कारोबार में भारी उतार-चढ़ाव आ गया । (शेष पृष्ठ 6 पर)

वारसा पैक्ट समाप्त

प्राग, 1 जुलाई (प.स.): वारसा पैक्ट के छः सदस्य देशों के नेताओं ने आज एक करार पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत इस पैक्ट को खत्म कर दिया गया है ।

पंजाब में 11 मिलिटैंट मारे गए और 11 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई,जबकि विभिन्न घटनाओं में 11 मिलिटैंट मारे गए तथा 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा चंडीगढ़ से 1.88 लाख की धन राशि भी लूट ली गई है ।

के.सी.एफ. के कुख्यात मिलिटैंट सहित 7 गिरफ्तार : तरनतारन जिले के मसूदगांव के निकट कल रात सुरक्षा कर्मियों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया । इनमें से एक खालिस्तान कमांडो फोर्स के परमजीत सिंह पम्मा गुट का कुख्यात मिलिटैंट गुरविंदर सिंह उर्फ़ लद्दा भी शामिल है

लद्दा की कई अपराधों के मामलों में तलाश की जा रही थी । मिलिटैंटों के पास से .12 बोर की डी. बी. बी.एल. बंदूक, एन.ई. 36 हथगोला, .12 बोर की एक बंदूक, एक स्कूटर और कई कारतूस बरामद हुए ।

भटिंडा में सुरक्षा बलों ने चार मिलिटैंटों अमर सिंह, बूटा खान, मेजर सिंह व जवाहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनसे भी कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किया ।

एस.पी.ओ. व होमगार्ड की हत्या : एक अन्य घटना में फिरोज़पुर जिले के ज़ीरा में मिलिटैंटों ने विशेष पुलिस अधिकारी सतपाल की हत्या कर दी । भटिंडा जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र में होमगार्ड जवान मीशा सिंह की भी हत्या कर दी गई है ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : पुलिस ने फरीदकोट जिले के कोटकपूरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार सुश्री गुरपिंदर कौर को डराने, धमकाने और जबरन धन वसूलने के आरोप में गिरफ्तार कर तीन जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है ।

गोली मार कर घायल कर दिया : पटियाला जिले के ढींडसा क्षेत्र में मिलिटैंट एक व्यक्ति हरजिंदर सिंह के घर में घुस गए और उसके नौकर रंजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात भटिंडा जिले के छेठेवाल गांव में मोधम सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

1.88 लाख की धनराशि लूटी : (संधी) : आज दोपहर एक मारुति कार में सवार 4 कथित मिलिटैंटों ने यहां के सैक्टर 32 में कोल्ड ड्रिंक बनाने वाली एक कम्पनी के कैशियर से पिस्तौल की नोक पर उस समय 1.88 लाख रुपए लूट लिए,जब वह

एस. पी. ओ. व होमगार्ड सहित 9 की हत्या : चंडीगढ़ में 1.88 लाख रुपए लूटे : निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार

इस राशि को जमा कराने के लिए बैंक जा रहा था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कम्पनी का कैशियर इन्द्रजीत सिंह अपने स्कूटर पर सवार होकर बैंक जाने के लिए जैसे ही बाहर निकला, मारुति कार में सवार 2 युवकों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया । बैंक से कुछ पहले ही सैक्टर 32 के फायर स्टेशन के भवन के निकट इन कथित मिलिटैंटों ने कैशियर को रोक लिया और उसे पिस्तौल दिखा कर नकदी व उसका स्कूटर छीन लिया । इस दौरान 2 मिलिटैंट कार में ही बैठे रहे जबकि दो अन्य स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

कुछ देर बाद पुलिस ने कैशियर के स्कूटर को सैक्टर 32 में ही वारदात के स्थान से थोड़ी दूर लावारिस स्थिति में पड़ा बरामद कर लिया । इन कथित मिलिटैंटों की आयु 22 से 25 वर्ष के मध्य बताई जाती है । इनकी खोज के लिए पुलिस ने जगह-जगह वाहनों की तलाशी भी ली, मगर इन्हें काबू करने में सफलता नहीं मिली ।

के.एल.एफ. के एरिया कमांडर ने ज़हर खाकर आत्महत्या की : लुधियाना (महेन्द्रा,मुसाफिर) : कल शाम अर्द्ध सैनिक बलों और पुलिस के आप्रेशन के दौरान गांव बमीपुर थाना जगराओं में के.एल.एफ. का एरिया कमांडर भिंदर सिंह उर्फ़ खजिंदर सिंह बराड़ सेवा सिंह वाला थानों जैतो ने उस वक्त ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली,जब वह सुरक्षा बलों के घेरे में आ गया । उसके कब्ज़े से महत्वपूर्ण कागज़ात, उसका फोटो बरामद किया गया है । बताया गया है कि गांव में उस वक्त स्क्रीनिंग चल रही थी,जब वह घेरे में आ गया ।

पुलिस अधीक्षक श्री अक्षिन शर्मा ने बताया कि भिंदर जैतो का कट्टर पंथी मिलिटैंट था । वह जिला फरीदकोट में 40 हत्याओं में वांछित था । कुछ समय पहले हुए सेवा सिंह वाला हत्याकांड, जिसमें 18 कामरेड मारे गए थे,का वह बड़ा अभियुक्त था । उसने वाघापुराना क्षेत्र के कम्युनिस्ट प्रत्याशी अमोलक सिंह की गनमैनों सहित हत्या कर दी थी । जैतो के गांव हसनी वाला में उसने 5 लोगों की हत्या की थी । अभी जांच जारी है । उससे हथियार मिलने की भी संभावना है ।

सरपंच व उसके पुत्र की हत्या : मोरिन्डा (राज) : थाना मोरिन्डा के गांव लुधेड़ी में मिलिटैंटों ने सरपंच सुरजीत सिंह व उसके पुत्र गुरबिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि गत आधी रात को मिलिटैंटों ने सरपंच के पुत्र को घर से बाहर बुलाया, मगर सरपंच भी ज़बरदस्ती उसके साथ ही निकल आया । मिलिटैंटों ने दोनों को बाहर ले जाकर गोलियों से उन्हें भून डाला और खुद फरार हो गए ।

संदिग्ध मिलिटैंट मरा : आदमपुर (प.स.) : गत रात्रि थाना आदमपुर के अधीन गांव हरिपुर के निकट पुल पर कुछ अज्ञात व संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस की वर्दी में नकली नाका लगाया हुआ था कि अचानक ही वहां आदमपुर पुलिस का एक गश्ती दल पहुंच गया । उन्हें देखते ही नाका लगाए संदिग्ध व्यक्तियों ने फायरिंग शुरू कर दी तथा पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया जबकि उसके साथी फरार हो गए । मृतक के निकट से 12 बोर की एक राइफल बरामद हुई ।

थाना आदमपुर के एस.एच.ओ. के अनुसार यह राइफल 3-4 दिन पूर्व ही गांव डरोली कलां के एक व्यक्ति से छीनी गई थी । इस संदिग्ध मृतक मिलिटैंट की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी ।

बी.एस.एफ. के 2 जवानों की हत्या : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि गांव चीमा खुड्डी के निकट बी.एस.एफ. की 92वीं बटालियन के गश्त कर रहे 2 जवानों पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की, जिसमें एक लांस नायक सोना राम गोप व सिपाही वरुण कुमार मारे गए ।

बताया जाता है कि बी.एस.एफ. के 15 जवान पैदल ही इस क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर अचानक ही फायरिंग कर दी । मगर जवानों द्वारा की गई फायरिंग के परिणामस्वरूप मिलिटैंट भाग निकले ।

आपसी रंजिश में महिला सहित 4 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग) व पट्टी (पाठक) : तरनतारन के गांव कंग में आज दोपहर लगभग 12 बजे 6-7 मिलिटैंटों ने अजीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह, दलबीर सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह, सुरजीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी कंग व कौशल्या पत्नी धर्मा, निवासी दशमेश नगर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह सभी व्यक्ति गत 4-5 दिनों से यहां संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे । मिलिटैंटों ने इन पर आवारागर्दी करने का आरोप लगाया ।

पुलिस के अनुसार यह हत्याएं आपसी रंजिश का ही परिणाम हैं । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 7 चले हुए खोल भी मिले ।

दुकानदार की हत्या : गत रात्रि खलचियां थाना जंडियाला में कुछ मिलिटैंटों ने चाय की दुकान

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब
नियुक्ति

नई दिल्ली, 1 ज
लिए नए राज्यपाल क
यह जानकारी आज
संवाददाताओं के साथ
दी ।

पंजाब का नया
रहा है, इस बारे में श्री
से इंकार किया । श्री
राज्यपाल के कार्यों
राज्यपाल के रूप में
काम किया है, किन
के बीच पंजाब के चु
में कमी रह जाने से श्री
था और जिसकी
दिया ।

चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्रश्नों क
कि सरकार पंजाब
बारे में विचार कर
अधिसूचना जारी
पंजाब में सितम्बर
तिथि निर्धारित की
महीने की लम्बी अ
प्रत्याशियों बल्कि
पड़ने की आशंका

नहीं हुआ तथा मतगणन
महाराष्ट्र से श्री एन.
कलमाडी का नाम लिय
केन्द्र में पूर्व इंका मंत्रि
श्री शरद पवार के समर्थ
गांधी के मंत्रिमंडल में
हैरानगी की बात नहीं
उपेक्षा की गई थी उनम
में शामिल कर लिया

इंका का एक वह
संरचना से असंतुष्ट है
फिलहाल अपने अगले
हैं तथा अपने गुट क
नव-निर्वाचित सांसदों
पहुंचने की प्रतीक्षा कर
बढ़ाने का प्रयास करें
नरसिम्हाराव को ब
परिस्थिति में डालने के
हो गए हैं ।

कुछ वरिष्ठ असं
कहना शुरू कर दिया
अक्षम हैं तथा फाइलें
कुछ मंत्रियों के हवा

Punjab Sanchar

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

करने वाले एक व्यक्ति सुभाष कुमार (60) की गोली मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल का एक चला हुआ कारतूस मिला है ।

आपसी रंजिश में पीट-पीट कर मार डाला : गत रात्रि जडियाला में ही बंता सिंह पुत्र जवंद सिंह को कुछ मिलिटैंटों ने पीट-पीट कर मार डाला । यह हत्या भी संभवत: आपसी रंजिश का परिणाम है । मृतक के बारे में सन्देह किया जाता है कि वह मिलिटैंट था ।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : गत साय 7.05 बजे व्यास थाना के अधीन शेरों बग्गा गांव में पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाका लगाया था कि कुछ मिलिटैंट पैदल आते हुए दिखाई दिए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि बाकी भाग निकले ।

मृतक मिलिटैंट के निकट से एक एस.एल.आर., एक अति शक्तिशाली बम व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का भी मिला है ।

के.सी.एफ. के सदस्य सहित 4 मिलिटैंट काबू : गत रात्रि अजनाला के एस.एच.ओ. ने कोटला सक्यांवाली गांव में नाका लगाया हुआ था तथा दो मिलिटैंटों को आते देख कर जब रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । मगर उनमें से एक को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त कर ही ली, जबकि उसका साथी भाग निकला । काबू किए गए इस मिलिटैंट की शिनाख्त बलविन्दर सिंह उर्फ़ बिट्टू निवासी चमियारी थाना अजनाला के रूप में हुई । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ गुट से संबंधित था । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी 2 मैगज़ीनें व 46 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

आज प्रात: 4 बजे व्यास थाने के अधीन मिलिटैंटों के गांव के नाम से मशहूर खानपुर में पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त नाके के दौरान 3 मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया मगर उन्होंने भागने की कोशिश की, परन्तु फोर्स अधिक होने के कारण उन्हें जीवित ही काबू कर लिया गया ।

अरुणाचल प्रदेश स्टेट लाटरीज़
धन-श्री
दुः प्रत्येक सोमवार
91वें ड्रा का परिणाम, जो 1.7.91 को इंदानगर में जेकों के सामने निकाला गया :-
1ST PRIZE (1)
Rs. 1,00,000/- DS-684609
2ND PRIZE (3) Rs. 5,000/- each
DS-938960 DT-307308
DV-457996
3RD PRIZE (300) Rs. 500/- each (Last 5 digits)
47142 19449 31467
93248 98171 66469
85401 28448 25345 17482
4TH PRIZE (3,000) Rs. 50/- each (Last 4 digits)
7425 0094 5861 1364 1842
3194 9460 5986 6307 4883
5TH PRIZE (3,000) Rs. 20/- each (Last 4 digits)
1084 8738 3525 2740 1076
8271 5812 4989 4758 0807
6TH PRIZE (30,000) Rs. 10/- each (Last 3 digits)
098 161 253 392 424
591 638 751 810 942
अगला ड्रा 8.7.91 को ।
विजेताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने नम्बर गव. गजट से मिला लें ।

इन मिलिटैंटों की पहचान जोगिन्दर सिंह पुत्र मस्सा सिंह, हरजिन्दर सिंह पुत्र बलवंत सिंह व हरभेज सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह के रूप में हुई । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 20 कारतूस व 32 बोर का एक भरा हुआ रिवाल्वर भी मिला है ।

होमगार्ड को पीट-पीट कर मार डाला : वैरोवाल के एस.एच.ओ. के अनुसार कोटली मरूसा मेंडन्द सिंह नामक एक व्यक्ति के 4 गनमैन होमगार्ड बलविन्दर सिंह, गुरमेज सिंह, हरदीप सिंह व कुलविन्दर सिंह गत 29 जून को थाने में अपने हथियार जमा करा के फरार हो गए थे ।

मगर गत रात्रि 12 बजे गुरमेज सिंह अपने साथी बलविन्दर सिंह के साथ अपने ससुर करनैल सिंह के घर गांव वडिंग सूबा में गया तथा वहां अजायब सिंह पुत्र हरनाम सिंह के घर को लूटने के लिए चले गए । मगर आहट पाकर अजायब सिंह जाग उठा और बलविन्दर सिंह को जफ्फा मार कर पकड़ लिया । इतने में वहां कई लोग एकत्र हो गए तथा उन्होंने बलविन्दर सिंह को पीट-पीट कर मार डाला । जबकि गुरमेज सिंह को काबू कर लिया गया । गुरमेज के साथ उसका साला गुलाब सिंह भी था, जो भाग निकला ।

2 मिलिटैंट मुकाबले में मरे : पट्टी से कुछ मील दूर आज प्रात: 10.00 बजे गांव बुट्टा में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए ।

बताया जाता है कि थाना हरिके, थाना बल्लोहा व थाना पट्टी के एस.एच.ओ. सुरक्षा बलों के साथ क्षेत्र में छापे मार रहे थे कि गांव कोट बुड्डा के निकट छिप कर बैठे हुए मिलिटैंटों ने घात लगाकर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा यह मुकाबला आज दोपहर 12.00 बजे तक चला । जब मिलिटैंटों की ओर से फायरिंग बन्द हुई तो सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की तलाशी ली तथा वहां से 2 मिलिटैंटों के शव मिले ।

पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 74 के 71 चले हुए कारतूस, 303 बोर की राइफल के 24 खोल व एक पिस्तौल भी बरामद की ।

हथियार छीन लिए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार सुल्तानविंड पुलिस चौकी के कुछ सिपाही, जो मकबूलपुरा स्थित बैंक आफ बड़ौदा की बांच पर सुरक्षा ड्यूटी देकर लौट रहे थे, जब पंडित किशोर चंद की फैक्टरी के पास पहुंचे तो मिलिटैंटों ने उन्हें रोक कर उनसे शस्त्र छीन लिए ।

उद्योगपति का अपहरण : पटियाला से 'राज' के अनुसार आज तीन संदिग्ध मिलिटैंटों ने, जो स्टेनगनों और रिवाल्वरों से लैस थे, पटियाला से 40 किलोमीटर दूर मंडी गोबिन्दगढ़ से एक उद्योगपति पवन कुमार बंसल का अपहरण करके ले गए । पुलिस जांच कर रही है ।

स्कूटर छीना : पटियाला जिले के ही भूलेपुर थाना के क्षेत्र सोहागा के निवासी गुरदेव सिंह से आज दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने उसका स्कूटर छीन लिया ।

जम्मू में लूट की घटना

जम्मू, 1 जुलाई (नि.स.) : आज शाम यहां सब्ज़ी मंडी में टैक्नीकल शिक्षा विभाग के कैशियर से 18734 रुपए उस समय लूट लिए गए, जब वह यह राशि निकलवा कर जा रहा था और सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी खरीदने को रुक गया । पुलिस ने बाद में दो अभियुक्तों राजेश और चंचल सिंह को गिरफ्तार करके उनसे आधी धन-राशि बरामद कर ली ।

कथित खांड घोटाले में सुखराम सी.बी.आई. द्वारा आरोप मुक्त

नई दिल्ली, 1 जुलाई : ऐसा समझा जाता है कि

चवन
(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि कांग्रेस के सुझाव पर यह फैसला किया था । उन्होंने कहा कि जब यह फैसला किया गया तब कांग्रेस की सरकार अस्तित्व में नहीं थी ।

पंजाब के मिलिटैंटों के साथ बातचीत की पहल के बारे में श्री चवन ने कहा कि वे ऐसे लोगों की तलाश में हैं जिनके साथ इस तरह की बातचीत की जा सके, किन्तु उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बातचीत संविधान की परिधि के अन्दर और तभी सम्भव हो सकती है, जब मिलिटैंट हिंसा का रास्ता छोड़ दें ।

श्री चवन ने कहा कि केवल पंजाब में ही नहीं, जहां भी वास्तविक समस्याओं का सवाल है, सरकार उन पर बातचीत के लिए तैयार है । आंध्र प्रदेश में नक्सलवादी समस्या के बारे में उन्होंने कहा कि यदि नक्सलवादियों ने अपनी गतिविधियों को न छोड़ा तो सरकार को उनके विरुद्ध कठोर कदम उठाने पर विवश होना पड़ेगा ।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और बिहार के मुख्यमंत्रियों की एक बैठक शीघ्र बुलाई जाएगी, जिसमें नक्सलवादी समस्या का मुकाबला करने के बारे में विचार किया जाएगा ।

ईंडियन आयल कार्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक दुरई स्वामी तथा कुछ अन्य लोगों के अपहरण के संबंध में प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चवन ने आशा व्यक्त की कि कश्मीर घाटी के अलगाववादियों ने इन अपहरणों के बदले अपने तीन व्यक्तियों की रिहा करने की जो मांग की है, उस पर राज्यपाल की सलाह के अनुसार कार्य किया जाएगा ।

श्री चवन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले लोगों को विशेष रूप से ऐहतियात बरतनी होगी । लोगों को जम्मू-कश्मीर जाने से बचना चाहिए । बहुत जरूरी काम होने पर ही सुरक्षा प्रबन्धों के बीच वहां जाना चाहिए ।

असम में उल्फा उग्रवादियों द्वारा अपहरण की घटना के बारे में श्री चवन ने कहा कि श्री हितेश्वर सैकिया द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने में हुई दो दिन की देरी का उल्फा ने फायदा उठाया है ।

राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के संबंध में श्री चवन ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और केंद्र को उम्मीद है कि वह एक जिम्मेदार राज्य सरकार के नाते इस समस्या को सहयोग और आपसी बातचीत के जरिए हल करेगी ।

श्री चवन ने इस बात से इन्कार किया कि सरकार बड़ी संख्या में राज्यपालों के तबादले करना चाहती है, किन्तु साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी ऐसे राज्यपाल को बदला जा सकता है, जो किसी प्रकार की समस्या खड़ी करने की कोशिश करेगा ।

रुपए का अवमूल्यन
(पृष्ठ 3 का शेष)

भाजपा द्वारा आलोचना : भारतीय जनता पार्टी ने सरकार द्वारा रुपए का अत्यधिक अवमूल्यन करने के लिए उसकी कड़ी आलोचना करते हुए आज कहा कि उसे देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर श्वेत-पत्र जारी करना चाहिए । पार्टी के उपाध्यक्ष के.आर. मलकानी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति से निपटने को जल्दबाज़ी में कोई निर्णय नहीं न लिया जाना चाहिए । इस समस्या से निपटने के लिए सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श जरूरी है । उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रुपए का अवमूल्यन किया है तो यह स्पष्ट करना भी उसका दायित्व है कि निर्यात को भारत के पक्ष में करने के लिए क्या किया जा रहा है ।



अमृतसर नगर निगम के मेयर श्री ओम प्रकाश सोनी ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया । चित्र में उनके साथ डिप्टी मेयर श्री रमिन्द्र सिंह बैठे हैं । (छाया : रवि भंडारी)

पवार द्वारा अग्रिम सीमा क्षेत्रों की यात्रा

जम्मू-कश्मीर में अग्रिम सीमा क्षेत्रों में कोई चान, 1 जुलाई (प.स.): रक्षामंत्री श्री शरद पवार की आज जम्मू-कश्मीर सैक्टर के अग्रिम सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा के दौरान ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए चिकित्सा सुविधाओं के प्रबन्धों की समीक्षा की गई । श्री पवार ने अपनी प्रथम यात्रा पर दिल्ली से यहां सैनिक ठिकानों पर पहुंचने के बाद सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की । श्री पवार ने अग्रिम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों, जिन्हें कठिन पर्यावरण और शून्य तापमान से भी कम हालात का सामना करना पड़ता है, के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से पूछताछ की ।

रक्षा मंत्री के साथ उनकी पत्नी तथा रक्षा सचिव श्री एन.एन. वोहरा भी थे । हवाई अड्डे पर सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया । सेना के अधिकारियों द्वारा श्री पवार को अग्रिम क्षेत्रों में तैनात सेना की यूनिटों की तैयारी के बारे में भी बताया गया । श्री पवार बुधवार को दिल्ली वापस जाने से पूर्व कल सियाचिन हिमनद क्षेत्र में महत्वपूर्ण अग्रिम सैनिक ठिकानों की यात्रा पर भी जाएंगे ।

राज्य व्यापार निगम में कर्मचारियों की छंटनी होगी

नई दिल्ली, 1 जुलाई (हटा): राज्य व्यापार निगम (एस.टी.सी.) ने अपने कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक रिटायरमैंट योजना को स्थगित कर दिया है जिससे कि वह अपने यहां कार्यरत फालतू कर्मचारियों की छंटनी कर सके ।

अतिरिक्त कर्मचारियों की छंटनी के लिए कदम उठाए जा चुके हैं, लेकिन निगम वास्तविक रूप में छंटनी 6 माह बाद ही शुरू कर सकेगा । निगम को कर्मचारियों की छंटनी करने से पूर्व श्रम मंत्रालय की अनुमति लेनी पड़ेगी ।

कहा जाता है कि इस निगम को मौखिक रूप से कहा गया है कि वह अपने 2600 कर्मचारियों में से 1000 कर्मचारियों की छंटनी करे ।

स्टाइप मेसिक युगोस्लाविया के नए राष्ट्रपति

बैलग्राद (युगोस्लाविया), । जुलाई (ए.पी.) : युगोस्लाविया के संघीय अध्यक्षमंडल ने विद्रोही गणराज्य के नेता स्टाइप मेसिक को आज संघ का राष्ट्रपति चुन लिया ।

आशा है कि उनके चुनाव से युगोस्लाविया के विघटन के लिए जिम्मेदार एक कारण समाप्त हो जाएगा और स्लोवेनिया में शांति बहाल की जा सकेगी ।

केंद्र सरकार से बाबरी मस्जिद की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेने का आग्रह

नई दिल्ली, 1 जुलाई (वार्ता): बाबरी मस्जिद आंदोलन समन्वय समिति ने केंद्र सरकार से बाबरी मस्जिद की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेने तथा धार्मिक स्थलों की स्थिति 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने के लिए शीघ्र कानून बनाने का

Punjab Sanatan

डमटाल के निकट बस में बम फटा, 5 मरे : मोरिंडा के निकट रेल पटरी उड़ा दी गई

प्रत्याशी के गनमैन सहित 6 मिलिटैंट मरे : 4 एस.पी.ओ., 4 डाकू गिरफ्तार, 3 लुटेरों द्वारा आत्म-समर्पण

2 महिलाओं सहित 6 की हत्या : दो बैंकों से 2.10 लाख रु. लूटे

चंडीगढ़, 2 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक नम्बरदार व 2 महिलाओं सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि एक प्रत्याशी के गनमैन के अलावा 5 मिलिटैंट भी मारे गए । दूसरी तरफ डमटाल के क्षेत्र में एक बस में बम विस्फोट के कारण 5 यात्री घटना स्थल पर ही मारे गए तथा 24 अन्य घायल हो गए । मिलिटैंटों ने मोरिंडा के निकट लगभग 1.5 मीटर लम्बी रेल पटरी ध्वस्त कर दी तथा विभिन्न घटनाओं में 2,10,441 रुपए की धन-राशि भी लूट ली गई ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के नेहरा बेगा गांव के पास कल रात सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से 12 बोर की एक बन्दूक और कुछ कारतूस मिले ।

गुट संघर्ष में एक मरा : जिला अमृतसर के गांव अमीरपुर में कुछ मिलिटैंटों ने तारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हत्या गुट संघर्ष का ही परिणाम है ।

एक अन्य हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव सभराम में मिलिटैंटों ने उधम सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

1.72 लाख लूटे : जिला रोपड़ के गांव खड्ड मान में स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा में से मिलिटैंटों ने आज 1.72 लाख की धनराशि लूट ली ।

प्रत्याशी के गनमैन की हत्या, 4 एस.पी.ओ. गिरफ्तार : संगरूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी व पूर्व सांसद राजदेव सिंह के साथ जुड़े उनके एक गनमैन की हत्या कर दी गई है । वह मिलिटैंटों की वारदातों में संलिप्त था ।

पुलिस अधीक्षक सुखदयाल सिंह भुल्लर के अनुसार उनके साथ जुड़े 3 अन्य एस.पी.ओ. फरार हो गए हैं जबकि 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है । गिरफ्तार होने वाले इन एस.पी.ओ. का नाम सुरजीत सिंह, जोगिन्दर सिंह, बूटा सिंह व दलजीत सिंह है ।

श्री भुल्लर के अनुसार यह एस.पी.ओ. लूटमार करने, फिरौतियां वसूलने व हथियार छीनने की कई घटनाओं में संलिप्त थे ।

2 कर्मी घायल किए : संगरूर जिले के उप्पली गांव में कल मिलिटैंटों ने शराब की दुकान के दो कर्मचारियों को गोली मार कर घायल कर दिया ।

अपहृत उद्योगपति को छुड़ाया, 2 मिलिटैंट मरे : पटियाला (राज.) मंडी गोबिंदगढ़ के उद्योगपति पवन कुमार बांसल, जिसका कल उसकी फैक्टरी अजीत कॉटन मिल्ज से अपहरण कर लिया गया था, को आज शाम बस्सी पठाना पुलिस स्टेशन के बेहादरगढ़ गांव से छुड़वा लिया गया ।

एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों के दलों ने आज शाम उस घर पर छापा मारा, जहां मिलिटैंट छिपे हुए थे । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में फायरिंग की । इसी अवधि में अपहृत उद्योगपति उस घर से बाहर निकल आया तथा सुरक्षा बलों ने उसे बचा लिया । फायरिंग में दो मिलिटैंट मारे गए । घर की तलाशी लिए जाने के दौरान वहां से सालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर पैड पर लिखा हुआ एक पत्र मिला, जिसमें उद्योगपति के परिवार से 22,50,000 रुपए की मांग की गई थी । पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा 38 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर भी मिला । पत्र पर के.सी.एफ. के भाई जगजीत सिंह तथा भाई जसबीर सिंह के हस्ताक्षर थे ।

बस में बम विस्फोट : 5 मरे 24 घायल : पठानकोट (महेंद्र, विनोद): यहां से 6 कि.मी. दूर दिल्ली से पठानकोट आ रही डी.टी.सी. की एक बस में डमटाल स्थान पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के निकट बम फटने से 4 व्यक्तियों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । जबकि 24 अन्य यात्री घायल हो गए । इनमें से 8 की स्थिति गम्भीर है । घायलों को सैनिक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

बस में हुआ यह विस्फोट इतना जबरदस्त था कि बस का सारा पिछला हिस्सा ध्वस्त हो गया ।

'प.स.' ने मृतकों की संख्या 5 बताई है ।

बस का ड्राईवर और कंडक्टर सुरक्षित हैं ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार यह बस आज प्रातः दिल्ली से जम्मू के लिए रवाना हुई थी और जब यह शाम 6.30 बजे पठानकोट से गुज़री तो वहां से कुछ लोग बस में चढ़े । बम डमटाल में सायं 7.30 बजे के लगभग फटा ।

रेल पटरी ध्वस्त : रोपड़ जिला के मोरिन्डा रेलवे स्टेशन के पास आज सवेरे हुए एक बम विस्फोट में रेल की पटरी का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया ।

यहां मिली एक रिपोर्ट के अनुसार पटरी पर तीन और बम पड़े मिले, जिन्हें निष्क्रिय करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए ।

'राज' के अनुसार रोपड़ के एस.एस.पी. मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि मिलिटैंटों ने यह 4 बम रिमोट कंट्रोल के माध्यम से विस्फोट के लिए फिट किए थे । गत आधी रात के करीब एक बम फटने से उसी समय पुलिस की घेराबंदी के बाद 3 अन्य बम फटने से रह गए ।

कुराली से 'शुक्ला' के अनुसार मिलिटैंटों ने एक कि.मी. लम्बी तार बिछा कर रेलपटरी पर 5 बम फिट किए थे, जिनका सम्पर्क एक बैटरी से था । रात एक बजे के लगभग जब एक मालगाड़ी उस पटरी से गुज़री, तभी वहां एक बम फट गया । इससे मालगाड़ी के इंजन व कुछ डिब्बों को भी क्षति पहुंची व रेल पटरी का एक बड़ा भाग ध्वस्त हो गया ।

एक रिपोर्ट के अनुसार अगर यह मालगाड़ी वहां से न गुज़रती तो मिलिटैंटों का निशाना पैसेंजर नंगल डैम डाक सेवा गाड़ी थी ।

नम्बरदार का छलनी शव मिला : (प.स.) बटाला पुलिस जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां गांव के नम्बरदार मोहिन्दर सिंह का आज गोलियों से छलनी शव नैनाचक के एक नाले से मिला है ।

'कोहंद' के अनुसार इस संबंध में प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक मिलिटैंट 45 वर्षीय मोहिन्दर सिंह के घर जबरदस्ती घुस गए तथा उसे घर से बाहर निकाल कर उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 2 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

20,441 लूटे : 2 मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद 12.45 बजे यहां जालन्धर रोड पर स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय में से 10,941 रुपए की धन राशि लूट ली ।

एक अन्य घटना में 2 मिलिटैंटों ने एक बजे के करीब बटाला सदर थाना के गांव अलीवाल में स्थित बिजली बोर्ड के एक अन्य कार्यालय में से 9500 रुपए की धन-राशि भी लूट ली है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने तरसेम मसीह नामक एक व्यक्ति की कलानौर के गांव डेरीवाल डीबाला में गोलियां मार कर हत्या कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुपरफ़ास्ट ब्यास में ठहरा करेगी

फगवाड़ा, 2 जुलाई (अशोक): उत्तरी रेलवे ने अमृतसर व नई दिल्ली के मध्य चलने वाली 'सुपरफ़ास्ट एक्सप्रैस' को ब्यास में स्थायी ठहराव (स्टाप) प्रदान कर दिया है ।

मिलिटैंटों द्वारा हैड कांस्टेबल की हत्या

लखनऊ, 2 जुलाई (वार्ता): कल रात नैनीताल जिला के रामनगर थाना के अंतर्गत पीरुमदारा पुलिस चौकी के हैड कांस्टेबल की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट चौकी से 4 राइफलें, एक बन्दूक तथा लगभग 200 कारतूस भी ले गए । मृतक हैड कांस्टेबल का नाम भगवान सिंह है । इस घटना में राकेश नामक एक कांस्टेबल घायल हो गया । सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों की धरपकड़ के लिए व्यापक अभियान छेड़ा है ।

चीन को चेतावनी

प्रक्षेपास्त्रों की प्रहार क्षमता 200 मील की है, जो मिसाइल टैक्नालोजी कंट्रोल गाइड लाइन के अन्तर्गत नहीं आती ।

अमरीका के विदेश मंत्री जेम्स बेकर ने पिछले महीने 'सीनेट' की एक उपसमिति की बैठक में कहा था कि चीन द्वारा प्रक्षेपास्त्रों के हस्तांतरण से अमरीका के साथ उसके सम्बन्धों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है । अमरीका के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि वाशिंगटन को भय है कि पाकिस्तान को एम. 11 प्रक्षेपास्त्रों की बिक्री से भारत तथा पाकिस्तान के सम्बन्ध और तनावपूर्ण हो सकते हैं ।

अमरीका के विदेश उपमंत्री रिचर्ड बार्थोलोमिया ने पिछले महीने चीन की यात्रा कर उसे समझाने का प्रयास किया था कि वह पाकिस्तान को प्रक्षेपास्त्रों की बिक्री न करे, लेकिन चीनी नेतृत्व पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने इस बारे में वाशिंगटन को कोई आश्वासन नहीं दिया । श्री बार्थोलोमिया ने भी चीन को बदले की कार्रवाई की चेतावनी दी थी, जिसमें आर्थिक प्रतिबंध भी शामिल थे ।



Punjabi Sanatan

सरकार
भावित

ाज सुबह बताया कि 1984
शाह के मंत्रिमंडल में मंत्री
अपहरण के पाकिस्तान के
है । उन्होंने कहा, "हमारी
अपने घर में है ।" एक
बताया कि एक वरिष्ठ
नके घर मिल कर आया

धकारियों पर बढ़ते हमलों
ों को देखते हुए लोगों को
घाटी में अन्य जगहों पर
सहित 6 व्यक्ति मारे गए
किया गया है। उनके पास
र तथा गोला-बारूद भी

अपहृत इंजीनियर जान
सन कहां है, यह पता नहीं
इनका अपहरण मुस्लिम
था । इस अलगाववादी
नागरिकों का चित्र जारी
किया गया है कि ओलमैन
रा में सुरक्षा बलों की हाल
ायल हो गए थे । चित्र में
बैठा दिखाया गया है ।
वाई गई है । उनके दूसरे
ाक पहने दिखाया गया

लों ने अपहृत इसराईली
के लिए श्रीनगर तथा घाटी
ापे मारे हैं । इसराईली
रने वालों का कहना है कि
प्रतिनिधि को ही सौंपेंगे ।

हैर और डागापुरा के बीच
यों के गोली से छलनी शव
ारी प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे
याएं आपसी गुट संघर्ष में

ठ 8 पर)

ख जल्दी तय
लाने की मांग

राष्ट्रहित से कोई लेना-देना
ने कहा कि मिलिटैंटों की
ाशियों की हत्या के बाद भी













(1) डी.टी.सी. की वह बस जिसमें डमटाल के स्थान पर बम विस्फोट हुआ, (2) विस्फोट से क्षतिग्रस्त बस के अन्दर का दृश्य, (3) बस की क्षत-विक्षत छत, (4 से 6) मृतकों में से तीन के शव । (छाया : महेन्द्र गुप्ता)

इंका ने 'चालाकियां' जारी रखीं तो वह एक वर्ष भी सरकार नहीं चला सकेगी : खुराना

चंडीगढ़, 2 जुलाई (संघी): भाजपा के अखिल भारतीय सचिव श्री मदन लाल खुराना-सांसद ने विचार व्यक्त किया है कि यदि केंद्र में इंका ने अपने अल्पमत में होने की सच्चाई को न समझा और विपक्ष को साथ लिए बिना 'चालाकियों' से काम लेना जारी रखा तो वह 5 वर्ष तो क्या एक वर्ष भी सरकार नहीं चला पाएगी ।

यहां आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री खुराना ने कहा कि इंका ने अपनी सरकार के गठन वाले दिन ही विपक्ष को विश्वास में लिए बिना पंजाब के चुनाव स्थगित कर दिए थे और अब रुपए का अवमूल्यन कर दिया है । इतना ही नहीं लोकसभा स्पीकर के मामले पर भी वह विपक्ष के साथ सहमति करने की अपेक्षा अपना फैसला थोंपने की बात कर रही है । यदि इंका ने यही रवैया रखा तो संसद में कोई ऐसा मुद्दा आएगा जिस पर उसे मुंह की खानी पड़ेगी ।

श्री खुराना ने कहा कि इंका के भीतर जो गुट पनप रहे हैं उनसे भी इस सरकार के कायम रहने पर प्रश्न चिन्ह लगना शुरू हो गया है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब में चुनाव स्थगित करके इस मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश करेंगे ।

लोकसभा स्पीकर के चुनाव के मामले बारे श्री खुराना ने कहा कि चाहे स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ पार्टी का होता है पर अब क्योंकि इंका बहुमत में नहीं है अतः इस मामले पर सभी पार्टियों के साथ बातचीत होनी चाहिए ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि लोकसभा के वर्तमान स्पीकर श्री रविराय को वह एक अच्छा आदमी मानते हैं पर क्योंकि वह जनता दल से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अमरीका द्वारा चीन को

वाशिंगटन, 2 जुलाई (वार्ता): बुश प्रशासन ने चीन को चेतावनी दी है कि यदि उसने पाकिस्तान को एम. 11 प्रक्षेपास्त्रों की प्रस्तावित बिक्री के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया तो अमरीका उसके विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध और कड़े करेगा ।

अमरीकी विदेश विभाग की पत्रकार

प्रक्षेपास्त्रों की प्रहा
मिसाइल टैक्नालो
अन्तर्गत नहीं आती

अमरीका के वि
महीने 'सीटी की

डमट
मोनि

प्रत्यार्श के

2 महि

चंडीगढ़ 2
जारी मिलिटैंटों की
सायं से एक नम्ब
व्यक्तियों की हत्या
के गनमैन वे अल
दूसरी तरफ डमट
विस्फोट के कारण
गए तथा 24 अन
मोरिडा के निकट
पटरी ध्वस्त कर
2,10,44 रुप

मुठभेड़ में
के नेहरा गांव
साथ हुई मुठभेड़ में
पास से 12 बार
मिले ।

गुट संघर्ष में
गांव अमीरपुर में
एक व्यक्ति की ह
अनुसार वह हत्या

एक अन्य ह
के गांव सरम में
एक व्यक्ति की हत्या

1.72 लाख
खड्ड मार्ग में स्थित
मिलिटैंटों ने आज
ली ।

प्रत्याशी के
एस.पी.ओ
निर्वाचन क्षेत्र से चु
सांसद रामदेव सिंह
की हत्या कर दी गई

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 4 चले हुए कारतूस मिल हैं ।

18,000 लूटे : आज बाद दोपहर 12.30 बजे के लगभग बटाला के मकरपुरा क्षेत्र में स्थित देहाती विकास बैंक में से मिलिटैंटों ने 18,000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए ।

महिला की हत्या : अमृतसर (नारंग) : गत रात्रि 11.30 बजे के लगभग सुल्तान विंड रोड पर कुछ मिलिटैंटों ने लखविन्दर कौर नामक एक महिला को उसके घर से बाहर निकाल कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

अपहरण के बाद महिला की हत्या : गत रात्रि 11 बजे के लगभग फतेहगढ़ चूड़ियां के पड़ाचा गांव में 2 मिलिटैंटों ने सुरजीत कौर नामक एक महिला का उसके घर से अपहरण कर लिया । इस महिला की लाश आज रमदास थाना के अधीन गांव हवेलियां में मिली । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल का एक चला हुआ खाली कारतूस भी मिला है । यह हत्या संभवतः आपसी रंजिश का ही परिणाम है ।

4 डाकू गिरफ्तार : गत 25 जून को अमृतसर के बटाला रोड पर राजा नामक एक व्यक्ति निवासी गली बांके बिहारी वाली के घर में एक डाका पड़ा था, जिसमें डाकू लगभग 4.25 लाख का सामान लूट कर ले गए थे । इस वारदात के अपराधी 4 डाकुओं को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा इनके शेष 4 साथी अभी तक फरार हैं । जिन डाकुओं को गिरफ्तार किया गया है, उनके नाम कल्पनाथ उर्फ़ कल्लू, रामजीत उर्फ़ पप्पू, परमजीत उर्फ़ टीटू व कुलवंत सिंह हैं, जबकि फरार होने वाले डाकुओं की शिनाख्त तरसेम मसीह, परसराम उर्फ़ पप्पू, राजू व जोगा के रूप में हुई । इनसे 82,922 हजार की लूटी गई धनराशि भी बरामद की गई है तथा आगे जांच जारी है ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में आज शाम भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स (मानोचाहल ग्रुप) के एक मिलिटैंट भाई अमरजीत सिंह उर्फ़ बिल्लू ने अपने ही घर में सुरक्षा बलों में घिर जाने पर साइनायड ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली । अमृतसर पुलिस जिले के प्रमुख श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने यह सूचना मिलने पर बिल्लू के घर पर छापा मारा कि वह अपने ही गिरोह के सदस्यों से घायल होने के बाद वहां शरण लिए हुए है । वह लगभग 15 हत्याओं में वांछित था । उसने पुलिस के देखते ही अपने घायल पांव पर बंधी पट्टी से छुपाया, साइनायड ज़हर का कैप्सूल निगल लिया और शीघ्र उसकी मौत हो गई ।

एक मिलिटैंट मुठभेड़ में मरा : 'प.स.' के अनुसार आज अमृतसर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का इक्रत मिलिटैंट मारा गया । फोर्स के छीना गुट का लै. जनरल भाई सुखदेव सिंह सुक्खा उर्फ़ सुखविन्दर सिंह भोलियां, जिसके सिर पर इनाम था, अजनाला थाना के गांव टीहरी के निकट मठभेड़ में मारा गया । आधे घंटे तक चली मठभेड़ में वह सख्त घायल हो गया और बाद में दम तोड़ गया । वह गरदासपर के गांव पंडोरी में 17 हत्याओं और बनवालाली में 9 हत्याओं समेत 100 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । उसने पुलिस पर घात लगा कर कई हमले भी किए थे, कई सुरक्षा कर्मी मारे थे तथा हथियार लूटे थे । उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीनें, 60 कारतूस और दो स्टिक बम मिले । वह दर्दात मिलिटैंट भाई सतनाम सिंह छीना का निकट सहयोगी था ।

लुटेरों द्वारा आत्मसमर्पण : लुधियाना (मुसाफिर) : एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस का मिलिटैंटों पर दबाव बहुत बढ़ गया है । उन्होंने बताया कि गत रात गांव लल्ला थाना जगराओं में पुलिस ने नाका लगा रखा था कि तीन लुटेरे पैदल आते दिखाई दिए जिन्हें रुकने को कहा गया । उन्होंने रुकने की बजाए पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग के सामने वे टिक न सके । उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया । उनके कब्जे से 12 बोर की दोनाली बन्दूक, 10-12 कारतूस तथा 10-12 कारतूसों के खोल बरामद किए गए । इनकी पहचान अमरजीत सिंह, कर्म सिंह और गुरमेल सिंह के रूप में हुई है । ये तीनों मजहबी सिख बताए जाते हैं जिनकी आयु 22 से 25 साल तक की है ।

श्री शर्मा ने यह भी बताया कि ये तीनों मिलिटैंटों के नाम पर लोगों से हथियार छीन कर पैट्रोल पम्प तथा लोगों को लूटा करते थे । इन्होंने अपना गिरोह बना रखा था ।

एक का अपहरण : इसी दौरान मिलिटैंटों ने जिला लुधियाना से जसविन्दर सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण भी कर लिया है ।

3 मिलिटैंट वाहन छोड़ भागे : पुलिस ने ममराला और खमान् के दरम्यान चंडीगढ़ मार्ग पर गत रात नाका लगा रखा था । लगभग 11 बजे तीन मिलिटैंट दो हीरो होंडा मोटर साइकिलों पर आए । उन्हें रुकने को कहा गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग पर वे दोनों दुपहिया वाहन वहीं छोड़कर भाग खड़े हुए ।

अज्ञात शव मिला : होशियारपुर (निस) : थाना टांडा के गांव जौड़ा में एक व्यक्ति धर्म सिंह के ट्यूबवैल पर एक 24-25 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश पड़ी मिली है । उसके शरीर पर तेज धार हथियार के कई घाव हैं । स्थाल किया जाता है कि उसकी हत्या करने के बाद लाश को यहां फैंक दिया गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

अपहरण की साज़िश के पीछे अकाली नेता का हाथ : जालन्धर (न.न.ए.): विगत 7 मार्च की रात्रि को मकसूदां स्थित सी.आर.पी.एफ. के सहायक कमांडैंट स. गुरचरण सिंह के निवास स्थान से उनकी 2 पुत्रियों का अपहरण किए जाने के मामले में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं जबकि पुलिस इस संबंध में खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर मनजीत सिंह उर्फ़ मन्ना को गत 24 जून को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है । मगर मन्ना के 3 अन्य साथी अभी भी वांछित हैं ।

उक्त जानकारी देते हुए एस.पी (डी.) आर.के. बेदी ने बताया कि इस कथित साज़िश के पीछे एक अकाली नेता का हाथ है । जिसने इस साज़िश का आयोजन करके इस कथित अपराध को करने के लिए मकसूदां के ही सुरजीत सिंह को कार्य के लिए तैयार करवाया था तथा कथित अपहरणकर्त्ता सुरजीत सिंह के घर से पनाह भी लेते रहते थे । उसके पास मनजीत सिंह उर्फ़ मन्ना जोकि तरनतारन के गांव कल्ला का रहने वाला है भी आता-जाता था ।

जिस दिन अपहरण की घटना हुई उस दिन सुरजीत सिंह सहायक कमांडैंट के घर आया था और पुलिस की सारी कारवाई को वह देख रहा था । पुलिस ने अपनी ओर से कारवाई करके दोनों लड़कियों को बरामद किया था । इन लड़कियों को गिल गांव में अवतार सिंह के घर रखा गया था । गिल गांव का निवासी अवतार सिंह फरार बताया जाता है । पुलिस उसकी तलाश में छापे मार रही है । पुलिस को इन फरार तीनों व्यक्तियों, जिनमें जीवन सिंह (निवासी गोपाल नगर जालन्धर), मनजीत सिंह उर्फ़ लालू और रछपाल सिंह शामिल हैं, शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाने की आशा है ।

मारुति छीनी : गत सायं थाना सदर के क्षेत्र मकसूदां के निकट तीन स्कूटर चालक मिलिटैंटों द्वारा पिस्तौल की नोक पर इंद्र कुमार नामक व्यक्ति से उसकी मारुति कार, जिसका नं. पी.बी.-07/0702 था, छीन ले जाने की सूचना प्राप्त हुई है । इस संबंध में थाना सदर की पुलिस ने केस दर्ज करके कार छीन कर भागे हुए मिलिटैंटों की तलाश शुरू कर दी है ।

मुद्रा स्फीति बढ़ने की आशका

नई दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव इंद्रजीत गुप्त ने आज कहा कि रुपए की विनिमय दर में किए गए अवमल्यन से मुद्रा स्फीति और व्यापार असंतुलन काफी बढ़ जाएगा । श्री गुप्त ने यहां एक बयान में कहा कि कीमतों की बढ़ौत्तरी सिर्फ आयातित सामान तक ही नहीं सीमित रहती बल्कि इसका असर समचे बाजार पर पड़ता है । उन्होंने कहा कि इससे समाज के कमजोर तबके को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरनाग (कुलगाम) से कल एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ । उसकी जेब से एक पर्ची मिली है, जिसमें हिजबुल मुजाहिदीन ने हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की है ।

अनंतनाग जिले में कनिगाम में आज सुरक्षा बलों की गोली से एक अलगाववादी मारा गया, इसके पूर्व अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया था । इस वारदात के बाद एक अन्य अलगाववादी को गिरफ्तार कर लिया गया । उसके पास से ए.के. 47 राइफल और कुछ गोली-बारूद बरामद हुआ । फतेहकदल में अलगाववादियों ने 1 युवक की गोली मार कर हत्या कर दी ।

कपवाड़ा जिले में कल एक पाक प्रशिक्षित अलगाववादी को गिरफ्तार किया गया । उसके पास से एक ए.के. 56 राइफल, चार मैगज़ीन, 285 कारतूस और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई । श्रीनगर जिले से दो प्रशिक्षित अलगाववादियों सहित सात उपद्रवियों को कल गिरफ्तार कर लिया गया । प्रवक्ता ने बताया कि जिले में छानबीन के दौरान एक हथगोला एक छड़ी बम और अन्य सामग्री बरामद हुई ।

सैयद हमीदपरा नवाब बाजार के हाजी गुलाम कादिर बेग के घर में कल रात हुए बम विस्फोट में दो मकानों को काफी नुक्सान पहुंचा ।

कश्मीरी पंडित की हत्या : इस बीच आज श्रीनगर-उड़ी मार्ग पर स्थित वत्र निगम के डिपो के पास एक कश्मीरी पंडित को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई । कल रात बडगाम में सीमा सुरक्षा बल की एक टुकड़ी पर गोली चलाई गई । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोली चलाई ।

श्रीमती दुरई स्वामी की अपील : नई दिल्ली (प.स.): श्री दुरई स्वामी की पत्नी श्रीमती सत्या दुरई स्वामी ने आज यहां कश्मीरी अलगाववादियों से पुरजोर अपील की कि उनके पति को सुरक्षित रिहा कर दिया जाए ।

श्रीमती दुरई स्वामी ने कश्मीरी अलगाववादियों के नाम एक पत्र में यह अपील की । यह पत्र फैक्स के जरिए जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल को भेजा गया ताकि वे इसे किसी मध्यस्थ के जरिए अलगाववादियों तक पहुंचा दें । श्रीमती दुरई स्वामी ने पत्र में लिखा है, "मैं अपने कश्मीरी भाइयों से जिन्होंने गत 28 जून से मेरे पति को बंधक बना रखा है, अपील करती हूं कि मेरे पति को सुरक्षित लौटने दिया जाए ।"

कृष्ण कुमार श्रीनगर आएंगे : नई दिल्ली से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार श्री स्वामी की रिहाई का प्रयास करने में मदद देने के लिए पैट्रोलियम राज्यमंत्री एस. कृष्ण कुमार और पैट्रोलियम सचिव अशोक चन्द्र कल श्रीनगर जाएंगे । श्री कृष्ण कुमार ने एक अनौपचारिक भेंट में बताया कि "श्री दुरई स्वामी की रिहाई के सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं । हम लगातार जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और गृहमंत्री से सम्पर्क बनाए हुए हैं ।"

उन्होंने आशा प्रकट की कि श्री स्वामी की रिहाई की सीमा को आगे बढ़ा दिया जाएगा । पैट्रोलियम मंत्रालय इस बात का पूरा प्रयत्न कर रहा है कि श्री स्वामी को कोई नुक्सान नहीं होने पाए । तेल उद्योग ने उनके अपहरण पर गहरी चिंता व्यक्त की है लेकिन यह मामला सरकार की नीति से भी जुड़ा हुआ है कि अलगाववाद से कैसे निपटा जाए ।

श्री कृष्ण कुमार ने कहा कि कल वे श्रीनगर में राज्य के राज्यपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बात करेंगे ।

क्वेया की अपील : संयुक्त राष्ट्र (वार्ता): संयुक्त राष्ट्र महासचिव जेवियर पैरेज़ द क्वेया ने कश्मीरी उग्रवादियों द्वारा बंधक बनाए गए एक इसराईली को तत्काल मुक्त करने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसी कार्रवाई से कोई उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है । श्री क्वेया ने यह अपील आज एक बयान के ज़रिये की, जिसे उनके प्रवक्ता ने जारी किया ।

आयकर छूट सीमा 50,000 रु. की जाए'

लुधियाना, 2 जुलाई (राजपाल): पंजाब प्रदेश इंका व्यापार सैल ने प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव को एक ज्ञापन भेज कर मांग की है कि केंद्रीय बजट में इस बार आयकर छूट सीमा 50,000 रुपए की जाए, क्योंकि बढ़ती हुई महंगाई से व्यापारी वर्ग के अलावा नौकरी-पेशा लोग बुरी तरह परेशान हैं । व्यापार सैल के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश मल्होत्रा ने ज्ञापन की प्रति पत्रकारों को देते हुए कहा है कि पंजाब में वर्तमान चुनाव प्रक्रिया को तत्काल रद्द करना चाहिए ताकि उम्मीदवारों की मौत से जो डर व्याप्त है, वह खत्म हो सके ।

श्री मल्होत्रा ने पंजाब सरकार से अनुरोध किया

उच्च न्यायालय ने तीन जजों के अधिकार छीने

संगरूर, 2 जुलाई (गर्ग): पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय ने कथित शिकायतें मिलने पर संगरूर के जिला सैशन जज गुरजीत सिंह संधू, सीनियर सब जज जी.सी. सुमन तथा बरनाला के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गरदयाल सिंह के अधिकार वापस ले लिए हैं तथा शिकायतों की जांच के आदेश दे दिए हैं ।

सिख छात्र संघ द्वारा 3 सदस्यीय समिति गठित

अमृतसर, 2 जुलाई (प.स.): अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ मजीत गुट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है जो पंजाब में चुनाव के दौरान कांग्रेस (इ), माकपा और भाकपा उम्मीदवारों के खिलाफ समान विचारधारा वाली पार्टियों के संयुक्त मोर्चे के गठन के तरीकों का पता लगाएगी ।

कल रात यहां फैडरेशन के प्रमुख नेताओं की बैठक में इस आशय का फैसला किया गया । बैठक की अध्यक्षता फैडरेशन के प्रधान मंजीत सिंह ने की ।

फैडरेशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति में फैडरेशन के दो महासचिवों सर्बजीत सिंह जम्मू और हरमिंदर सिंह गिल के अलावा लखबीर सिंह ढिल्लो भी हैं ।

फैडरेशन के महासचिव हरमिंदर सिंह गिल ने विज्ञप्ति में कहा कि समान विचारधारा वाली पार्टियों का विलय तो सम्भव नहीं है लेकिन कांग्रेस (इ), माकपा और भाकपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए संयुक्त उम्मीदवार के सवाल पर कुछ सहमति जरूर हो सकती है ।

पानी न मिलने पर लोगों द्वारा धरना

कपूरथला, 2 जुलाई (शर्मा): नगर में गत कई दिनों से चले आ रहे पीने के पानी के अभाव के विरुद्ध रोषस्वरूप आज दोपहर पुरानी अनाज मंडी के आढ़तियों, व्यापारियों तथा रेलवे रोड के निवासियों ने चार बत्ती चौक में एक घंटा कड़कती धूप में सड़क पर धरना देकर यातायात ठप्प कर दिया । यह लोग हाय पानी-हाय पानी कहते हुए नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध नारे लगा रहे थे । रेलवे रोड पर स्थित ट्यूबवैल तथा पानी की टैंकी सफेद हाथीवनी हुई है । पानी की टैंकी में लीकेज के कारण पानी नहीं भरता । ट्यूबवैल अधिकतर खराब रहता है । अब कुछ दिनों से बिजली होते हुए भी पानी अलोप रहता है, जबकि बार-बार बिजली बंद होने के कारण पानी का नलों से अलोप होना सामान्य बात है । लोगों के लिए नहाना तो एक ओर, पीने के पानी के लाले पड़े हुए हैं । ऊंचे क्षेत्रों तथा दूसरी मंजिल के निवासियों की स्थिति अधिक दयनीय है । नगर पालिका प्रशासक श्री जे.एस. सोढी के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ ।

पंजाब में शीघ्र चुनाव कराने की मांग

नई दिल्ली, 2 जुलाई (प.स.): शिरोमणि अकाली दल (मास्टर तारा सिंह) के अध्यक्ष जत्थेदार रछपाल सिंह ने पंजाब में जल्द से जल्द चुनाव करवा कर वहां राष्ट्रपति शासन खत्म करने की मांग की है । जत्थेदार रछपाल सिंह आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

उन्होंने पंजाब की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां शीघ्र चुनाव कराना राज्य के हक में होगा । पंजाब में चुनाव स्थगित किए जाने सम्बन्धी चुनाव आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वहां उम्मीदवारों द्वारा प्रचार के लिए खर्च की गई राशि का मुआवजा दिया जाए । साथ ही मारे गए उम्मीदवारों को कम से कम 5-5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए ।

उन्होंने सिख प्रतिनिधित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वित्तमंत्री पद पर डा. मनमोहन सिंह की नियुक्ति प्रशंसनीय कदम है, लेकिन केंद्र सरकार में कम से कम दो सिखों को शामिल किया जाना चाहिए । उन्होंने पंजाब में भी सिख राज्यपाल की नियुक्ति की वकालत की ताकि वह अपने समुदाय की समस्याओं को बेहतर ढंग से सुलझा सके ।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंका की उपलब्धि बेहतर रही

नई दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता): हाल में सम्पन्न हुए चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस (इ) की उपलब्धि बेहतर रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में उसे

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला छावनी Railway Station से केवल 5 KM दूर 300 व 1210 गज के Residential/Industrial Plots, Metalled Road पर स्थित केवल 75/- प्रति गज बिकाऊ ।

ज्योतिष

सुप्रसिद्ध ज्योतिषी हस्तरेखा, जन्म पत्री दिखा कर पूर्ण जीवन का हाल जानें । पता :-3529/23-D, चंडीगढ़ ।

(Jagson Ads/160)

उग्रवादी नाफना के वैलवेत्तीतुरई का निवासी था । वह लिट्टे का कार्यकर्त्ता था । जांच दल ने 21 जून को हुए इस विस्फोट के बारे में करीब 20 लोगों से पूछताछ की थी ।

कि वह मौजूदा कठिनाइयों की जिम्मेदार संरचनात्मक समस्याओं के समाधान के लिए गम्भीर सुधार कार्यक्रमों को लागू करने का इरादा रखती है ।" श्रीमती स्केफर ने कहा कि भारत निस्संदेह

मक्खू, तरनतारन, चमीड़ी, ब्यास में तैनात सैनिक हटा लिए गए हैं जबकि डेरा बाबा नानक, अजनाला, अटारी, झब्बाल, खालड़ा, पट्टी में तैनात सैनिकों की जगह नए सैनिक तैनात किए जा रहे हैं ।

से किसी हमले की आशंका
मजबूत करनी पड़ रही है
लगभग 75 कि.मी. क्षेत्र
विश्व का सब से ऊंचा यु
श्री पवार ने कहा

100 हत्याओं में वांछित खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल मंजीत सिंह सहित 6 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 3 जुलाई (वार्ता, प.स.): खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनेंट जनरल मिलिटैंट मंजीत सिंह उर्फ लाली अमृतसर शहर में आज सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया । वह 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था । पंजाब के अन्य भागों में पिछले 24 घंटों में 5 मिलिटैंट मारे गए जबकि एक सेवानिवृत्त कैप्टन सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । तरनतारन में हुए एक बम विस्फोट में एक दर्जन से अधिक व्यक्ति घायल हो गए ।

मिलिटैंट मरा : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज सुबह लगभग 11.30 बजे स्थानीय शिवाला रोड पर पुलिस मुकाबले में एक मिलिटैंट मंजीत सिंह उर्फ लाली पुत्र दीदार सिंह निवासी गांव फतूढ़ीगा थाना कत्थूनंगल मारा गया ।

वार्ता के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल मंजीत सिंह उर्फ लाली 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

प.स. के अनुसार मंजीत सिंह पंजवड़ गुट का सुरिया कमांडर था तथा उस पर 25,000 रुपए का पुरस्कार था । इस मुठभेड़ में एस.एच.ओ. अशोक कुमार गम्भीर घायल हो गया ।

मुठभेड़ का विवरण देते हुए अमृतसर के एस.एस.पी. संजीव गुप्ता ने बताया कि सुराग मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र के रेलवे फाटक पर नाका लगाया हुआ था । ज्यों ही एक तिपहिया वाहन में यात्रा कर रहे मिलिटैंट को पकड़ा गया, तो उसने पुलिस सब-इंस्पैक्टर अशोक कुमार के साथ गुत्थमगुत्था होकर उसका रिवाल्वर छीन लिया । इसी मध्य उसने

सेवा निवृत्त कैप्टन सहित 12 की हत्या, तरनतारन में बम फटा

अपनी 9 एम.एम. की पिस्तौल निकाल कर सब-इंस्पैक्टर पर फायरिंग करके उसे गम्भीर घायल कर दिया । सब-इंस्पैक्टर की टांग पर गोली लगी । श्री गुप्ता के अनुसार यह मिलिटैंट जो लगभग 50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था तथा जालन्धर और अमृतसर के क्षेत्रों में वारदातें करता था, को बाद में सुरक्षा बलों ने गोली मार कर मार डाला । उसकी जेब से एक पिस्तौल तथा कुछ सायनाइड की गोलियां बरामद की गईं ।

श्री गुप्ता ने बताया कि उसे पहले जालन्धर पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन पिछले वर्ष वह भाग निकला था ।

बताया जाता है कि मंजीत सिंह के.सी.एफ. के संस्थापक सदस्यों में से था ।

स्टिक बम विस्फोट : लगभग एक दर्जन लोग घायल : आज दोपहर 12.55 बजे तरनतारन के बोड़ी वाला चौक में कुछ मिलिटैंटों ने एक स्टिक बम फैंका जिसके विस्फोट से लगभग 10-12 लोग घायल हो गए । घायलों में से एक हैड कांस्टेबल की हालत गम्भीर बताई जाती है जिसे अमृतसर के अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

प.स. के अनुसार गम्भीर रूप से घायल एक व्यक्ति सब्जी विक्रेता है । अन्य घायलों में एक डाक्टर तथा एक दुकानदार शामिल हैं ।

सरपंच की हत्या : अमृतसर जिले के डेलेवाल गांव में मिलिटैंटों ने सरपंच सदा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

तीन की हत्या : अमृतसर जिले के भैनी मस्सा सिंह गांव में चार मिलिटैंटों ने कल रात मजहबी सिख अमरीक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । इसी जिले के माड़ी मेघा गांव से आज सवेरे गोलियों से छलनी एक शव मिला । इसके अतिरिक्त सरहाली पुलिस थाने के वारियां गांव में इकबाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

मिलिटैंट मारा गया : मजीठा पुलिस जिले के तीरा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट सुखदेव सिंह कल रात मारा गया । उसके पास से एक ए.के. 47 रायफल, दो मैगजीनें और दो स्टिक बम बरामद हुए ।

एक अन्य मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के झागड़ी क्षेत्र में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में राम तीर्थ नामक एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

सेवानिवृत्त कैप्टन की हत्या : सेवानिवृत्त सैनिक कैप्टन भाग सिंह की मिलिटैंटों ने भटिंडा जिले के संगत पुलिस स्टेशन क्षेत्र के तहत गिरगेर में हत्या कर दी ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : एक मिलिटैंट भटिंडा जिले में भीमा गांव के पास कल रात मारा गया । मृतक के पास से एक 32 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले हैं ।

एस.आई. की हत्या : लुधियाना (धीमान): एस.आई. पुलिस श्री मदन लाल कपूर की आज प्रातः फिरोजपुर रोड पर दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने गोलियां चलाकर हत्या कर दी । उस समय वह एक वर्कशाप में अपनी मारुति कार की मुरम्मत करवा

(शेष पृष्ठ 10 पर)



हाल ही में जिला लुधि
हथियार ।

सरकार किसानों के लिए ऋण माफी योजना पर पुनर्विचार करेगी : जाखड़

नई दिल्ली, 3 जुलाई (प.स.): कृषिमंत्री बलराम जाखड़ ने आज यहां कहा कि पिछली सरकार के बहुचर्चित कृषि नीति वक्तव्य और किसानों के लिए ऋण माफी योजना पर उनकी सरकार पुनर्विचार करेगी । श्री जाखड़ ने यह भी कहा कि देश में कृषि पर आधारित उद्योगों का जाल बिछाने तथा कृषि वस्तुओं के निर्यात संवर्द्धन के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे ।

श्री जाखड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि किसानों की मौजूदा हालत को बेहतर बनाने और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए सरकार समय पर उन्हें नए बीज, उर्वरक, तकनीकी सहायता और अन्य सुविधाएं मुहैया कराएगी । श्री जाखड़ ने कहा कि इस देश के लिए कृषि सबसे बड़ा उद्योग है क्योंकि इस पर देश की आर्थिक समृद्धि निर्भर है । उन्होंने कहा, "किसान का जीवन सबसे कठोर होता है । उसके हितों का ध्यान रखना होगा । वह 12 माह अपने काम में लगा रहता है और उसकी मेहनत पूरी तरह निर्यात से जुड़ी होती है । इसलिए ध्यान रखना है कि किसानों के हितों पर चोट नहीं पहुंचे ।"

आपकी सरकार समाप्त करने जा रही है, यह पूछे जाने पर केंद्रीय कृषिमंत्री ने कहा कि इस मामले की भी हम समीक्षा कर रहे हैं । उन्होंने कहा, "देखना पड़ेगा कि इस योजना का ऋण प्रणाली पर क्या प्रभाव पड़ा है ।"

श्री जाखड़ ने इस बारे में कहा कि यह भी विचार करना जरूरी होगा कि क्या एक वक्त की ऋण माफी से किसानों की दशा सुधर सकती है । उनसे जब यह पूछा गया कि क्या आप समझते हैं कि ऋण माफी की योजना सस्ती लोकप्रियता के लिए लागू की गई थी, श्री जाखड़ इस सवाल का उत्तर देने की बजाय सिर्फ मुस्कराए ।

श्री जाखड़ ने कहा, "इस पर गौर करना जरूरी है कि क्या ऋण माफी योजना ने हमारी अर्थ-व्यवस्था में कोई परिवर्तन किया ? किन व्यक्तियों की इस योजना का लाभ मिला ? क्या जो ऋण माफी के योग्य थे, उन्हें ऋण माफ हुए ? कहीं इससे पूरी ऋण प्रणाली को नुक्सान तो नहीं हुआ आदि ?"

रिज़र्व बैं

बम्बई, 3 जुलाई (वा
इंडिया ने मुद्रा से संबंधित नी
आज रात बैंक दर और इस
वाणिज्यिक बैंकों की जमा दरें
पुनर्वित्त दर बढ़ा दी है ।

रिज़र्व बैंक के गवर्नर
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों
है कि यह फैसला विदेशी
यथाशीघ्र समायोजित करने
है ।

उन्होंने कहा कि नई बैं
समाप्त होने के साथ प्रभाव
प्रतिशत की वृद्धि की गई है
की दर 10 से 11 प्रतिशत
अतिरिक्त इससे जुड़ी रिज़र्व
दरों में भी अगली सूचना तक
दी जाएगी ।

रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित
जमा दरों में भी एक प्रतिशत की
सुनिश्चित किया जा सके कि बै
कार्यक्रमों को अपने संसाधनों
और अन्य वैकल्पिक बचत उप
सकें ।

नई दरें सिर्फ नई जमा राशि
की मियाद पूरी हो गई है, उसक
होंगी ।

नई जमा दरें (एफ.सी.ए
खातों को छोड़ कर) निम्नलिखि
46 दिन से लेकर एक सा

पंजाब का संकटग्रस्त उद्योग बिजली



पंजाब पुलिस के सब-इंस्पैक्टर श्री मदन लाल, जिनकी बुधवार को मिलिटैंटों ने लुधियाना में हत्या कर दी (ऊपर बाएं) का मृतक शरीर (ऊपर दाएं) उनका एक पुराना चित्र, जो उन्होंने मृत्यु से एक दिन पूर्व ही खिंचवाया था (नीचे) विलाप करते हुए परिवार के सदस्य। (छाया : कम्बोज)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

रहे थे । मिलिटैंटों ने, जो सम्भवत: उनका पीछा कर रहे थे, पास आकर उन पर गोलियां चलाईं, जिससे वह सख्त घायल हो गए । उन्हें सी.एम.सी. में दाखिल कराया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

श्री कपूर को अत्यंत साहसी अफसर समझा जाता था । उनका नाम मिलिटैंटों की हिटलिस्ट में था । पहले भी तीन-चार बार उनकी हत्या का प्रयत्न किया गया था । कुछ मास पूर्व एक मिलिटैंट स्कूटर पर आया था और उनकी जान लेना चाहता था, उसे उन्होंने बिना किसी हथियार के पकड़ कर गिरा दिया था । श्री कपूर को उनकी बीरता के लिए बहुत से पुरस्कार, नकद इनाम और पदक मिल चुके हैं ।

वह अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन लड़के और एक 14 वर्षीया लड़की छोड़ गए हैं । वह सी.आई.ए. में ए.एस.आई. थे । उन्हें तरक्की देकर एस.आई. बनाया गया था । वह आज या कल एस.एच.ओ. मालेरकोटला का कार्यभार सम्भालने वाले थे जहां उनका तरक्की के बाद तबादला किया गया था ।

एस.एस.ए. की हत्या : यहां से 46 कि.मी. दूर कोटला शम्सपुर बिजली घर के एस.एस.ए. हकम सिंह की गत रात अज्ञात व्यक्ति (या व्यक्तियों) ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पता चला है कि गत रात गांव में बिजली की सप्लाई बंद हो गई । इस पर गांव के लोगों ने बिजली घर का घेराव किया । इतने में बिजली आ गई मगर कुछ समय बाद पुन: चली गई । लोगों ने क्रोध में आकर पुन: घेराव किया । श्री हुकम सिंह ने कहा कि उन्हें नुक्स ढूंढना पड़ेगा जिसमें समय लगेगा । इसी बीच किसी ने उन पर गोलियां चला दीं और उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया । इस मामले को लेकर बिजली कर्मचारियों में भारी नाराजगी फैल गई है ।

प्रत्याशी की हत्या का प्रयास : धूरी (सिंगला) : धूरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी करनैल सिंह पर कल रात मिलिटैंटों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए । बताया गया है कि कल कुछ मिलिटैंट उनके गांव भीमसा में उनके घर रात 12 बजे आए और उन्हें बुलाकर बाहर ले गए और गोली मार कर घायल कर दिया । श्री करनैल सिंह को सिविल अस्पताल धूरी में भर्ती करवा दिया गया है ।

लुटेरे गिरफ्तार : संगरूर पुलिस ने लूट मार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है और इस गिरोह के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है । इनके नाम हैं अमर सिंह, बूटा सिंह, मेजर सिंह (I), जवाहर सिंह, राजेन्द्र सिंह, दरबारा सिंह, हरजिंदर सिंह, मेजर सिंह, अवतार सिंह, मेजर सिंह (II), अवतार सिंह, दर्शन सिंह, मुख्तयार सिंह, जसपाल सिंह । इनके कब्जे से 3 लाख 69 हजार रुपए का सामान बरामद हुआ है । एक स्वराज माजदा, एक मारुति कार, एक स्कूटर, सोने के आभूषण, एक दोनाली बंदूक और 6 कारतूस बरामद हुए हैं ।

ग्रंथी की हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात यहां से 30 कि.मी. दूर गांव गुमार घाट में मिलिटैंटों ने अन्धाधुंध फायरिंग करके एक गुरुद्वारे के ग्रंथी तारा सिंह की हत्या कर दी ।

एक की हत्या : जालन्धर जिले में औठोला गांव के सुदेश कुमार की मिलिटैंटों ने गोली मारकर पिछली रात हत्या कर दी । गोलीबारी में सुदेश कुमार के दो बेटे इन्द्रजीत और बृजभूषण घायल हो गए ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राज): पटियाला सदर पुलिस ने अलीपुर आरियां गांव के निकट से एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात कश्मीरा सिंह (हरियाणा), जगीर सिंह (अलीपुर आरियां) तथा जरनैल सिंह राजपूत (अलीपुर आरियां) नामक तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से एक 12 बोर की पिस्तौल, एक 315 बोर की पिस्तौल तथा कारतूस बरामद किए गए हैं ।

सुरक्षा बलों ने भटिंडा जिले में सनौर गांव में एक मुठभेड़ के बाद एक मिलिटैंट सुखदेव सिंह उर्फ प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । एक 32 बोर की पिस्तौल, एक हथगोला और 18 कारतूस उससे जब्त किए गए ।

अपहृत उद्योगपति को मान के पिता के पास में रखा गया था : पटियाला (भूषण): मंडी गोबिन्दगढ़ के उद्योगपति पवन कुमार बांसल, जिनको 1 जुलाई को मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था तथा कल सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करके दो मिलिटैंटों को मार कर जिन्हें छुड़वा लिया था, को मिलिटैंटों ने अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगिन्दर सिंह मान के आलियां गांव के निकट स्थित बाग में रखा था । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा के अनुसार यह गांव मान परिवार का गृह गांव है । एस.एस.पी. ने बताया कि पवन कुमार बांसल को कल शाम बाग में कमांडो भेजकर छुड़वाया गया था । एक मिलिटैंट भाग निकलने में सफल हो गया ।

एस.पी.ओ. की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव गहरी मंडी में कल रात मिलिटैंटों ने एस.पी.ओ. सकत्तर सिंह की हत्या कर दी । उसका पहले अपहरण कर लिया गया था ।



अमृतसर में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स का मिलिटैंट मंजीत सिंह मारा गया चित्र (1) वह तिपहिया वाहन, जिसमें मंजीत सिंह सवार था तथा घटनास्थल पर बिखरा खून, (2) वह मकान, जहां से कुछ अन्य मिलिटैंट के भाग जाने की शंका है, (3) मिलिटैंट मंजीत सिंह का शव, (4) घायल एस.एच.ओ. अशोक कुमार अस्पताल में उपचाराधीन, (5) तरनतारन में बुधवार को हुए बम विस्फोट में घायल हैड कांस्टेबल सुखराज सिंह अस्पताल में उपचाराधीन, (6) सुल्तानविंड क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया मिलिटैंट अमरजीत सिंह बिट्टू। (छाया : रवि भंडारी)

मुठभेड़ में मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के तीर्थ गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जोगा राम नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

एक अन्य सरपंच की हत्या : जिला अमृतसर के खालड़ा थाने के एक गांव में मिलिटैंटों ने जसवंत सिंह नामक एक सरपंच की हत्या कर दी ।

शव बरामद : होशियारपुर जिले के गांव जौड़ा से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में कल रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव नवां वरियाम में इकबाल सिंह नामक मिलिटैंट मारा गया ।

युवक की पीट-पीट कर हत्या : अमृतसर नगर के रमदास क्षेत्र में कल रात मिलिटैंटों ने बलवीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

निर्यात सबसिडी समाप्त होगी ?

नई दिल्ली, 3 जुलाई (प.स.): 48 घंटे पूर्व प्रमुख मुद्राओं की तुलना में रुपए की कीमत घटाए जाने के बाद सरकार द्वारा अब निर्यात राज सहायता (सबसिडी) वापस लेने का ऐलान किए जाने की सम्भावना है, जोकि नकद क्षतिपूर्ति समर्थन के रूप में दी जाती है । प्रधानमंत्री के नज़दीकी सूत्रों ने आज यह जानकारी दी ।

सूत्रों के अनुसार राज सहायता अब निरर्थक हो गई है । इस नए कदम से 2000 करोड़ रुपए की बचत होगी । सूत्रों ने कहा कि संशोधित प्रतिपूर्ति प्रणाली शीघ्र लागू की जाएगी । इससे नौकरशाही का चक्कर घटेगा तथा आयातकर्त्ता खुद विदेशी मुद्रा का प्रबंध करने पर मजबूर हो जाएंगे ।

कश्मीर में अलगाववाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

इस बीच संयुक्त राष्ट्र सैनिक पर्यवेक्षक मिशन कार्यालय की निगरानी पर तैनात अर्धसैनिक बलों को हटा कर जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस को तैनात कर दिया गया है ।

पूरे श्रीनगर शहर में अर्धसैनिक बलों को तैनात कर दिया गया है । राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो सवेरे से ही राजधानी के मुहल्लों के चक्कर लगा रहे हैं ।

अलगाववादियों तथा सरकार के बीच चल रही बातचीत को ध्यान में रखते हुए सेना को भी सतर्क कर दिया गया है । स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने भी निगरानी बढ़ा दी है जिसमें कि बातचीत के विफल हो जाने से उत्पन्न किसी भी स्थिति का सामना किया जा सके ।

सुरक्षा बलों तथा पुलिस ने भी अभी व्यापक खोजबीन अभियान शुरू नहीं किया है मगर पैदल चलने वालों तथा बसों और अन्य वाहनों से यात्रा करने वालों की कड़ी निगरानी की जा रही है ।

अपहर्त्ताओं को रिहा करने की अपील : नई दिल्ली (प.स.): सात प्रमुख बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, न्यायविदों तथा एक पूर्व सांसद ने आज कश्मीरी अलगाववादियों से इंडियन आयल कार्पोरेशन के अपहृत कार्यकारी निदेशक के. दुरई स्वामी, स्वीडन के दो इंजीनियरों तथा इसराईल के एक पर्यटक को मानवीय आधार पर रिहा कर देने का आग्रह किया है ।

इन लोगों ने एक संयुक्त अपील में अपहर्त्ताओं से कहा कि वे विवेक से काम लें तथा अपहरण किए गए लोगों को बिना शर्त रिहा कर दें ।

अपील पर हस्ताक्षर करने वाले लोग हैं कश्मीर के पूर्व सांसद प्रो. सैफुद्दीन सोज, प्रख्यात न्यायविद बी.एम. तारकुंडे, पूर्व राजनयिक बदरुद्दीन तैयब जी, सुप्रसिद्ध पत्रकार बी.जी. वर्गीज और ए.एम. खुसरो तथा मानव अधिकारों के लिए संघर्षरत इंदर मोहन ।

बवेजा का बयान
(पृष्ठ 3 का शेष)

रहस्योद्घाटन किया कि राज्य सरकार बोर्ड के कर्जे के ब्याज के आधे भाग को वहन करने पर सहमत हो गई है । इससे बोर्ड को कुछ राहत मिलेगी ।

दूरसंचार विभाग

कार्यालय डी.ई.टी.एम./डब्ल्यू. सर्वे एंड इंस्टालेशन पंजाब, तीसरी मंजिल, नया टैलीफोन एक्सचेंज भवन मास्टर तारा सिंह नगर, जालन्धर (144001)

निविदा सूचना

नं. : डीईटी/एमडब्ल्यूएस/टैंडर/III/1 दिनांक जालन्धर में 2.7.91

डिविजनल इंजीनियर माइक्रोवेव (सर्वेक्षण एवं संस्थापन) पंजाब, तीसरी मंजिल,

रुपए के अवमूल्यन के मुद्दे पर नर

अकाली दल मान के प्रत्याशी, उसके 2 गनमैनों सहित पंजाब में 15 हत्याएं : 9 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 4 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों में गत सायं से अकाली दल मान के प्रत्याशी सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई है तथा एक उद्योगपति का अपहरण कर लिया गया, जबकि दूसरी तरफ सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स के 4 सदस्यों सहित विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा मिलिटैंसी की वारदातों में संलिप्त होने के आरोप में विधानसभा के एक निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है ।

एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के हेरथपुर झाम्बे गांव के पास सुरक्षा बलों की गोली से आज सवेरे एक मिलिटैंट मारा गया । अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है । घटना का ब्यौरा भी अभी नहीं मिला है ।

मिलिटैंट का छलनी शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के बग्गा कलियाना गांव में आज सवेरे गोलियों से छलनी एक अज्ञात मिलिटैंट का शव मिला ।

इस स्थान से ए.के. 47 असाल्ट राईफल के कुछ कारतूस भी बरामद हुए । पुलिस को संदेह है कि दो गुटों की आपसी लड़ाई में उक्त मिलिटैंट मारा गया ।

महिला का छलनी शव मिला, एक की हत्या : लुधियाना से आज एक महिला का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है । लुधियाना के ही समराला थाना क्षेत्र के कगराली गांव के हुकम सिंह की दो मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

धन-राशि व हथियार लूटे : अन्य अलग-अलग घटनाओं में मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के सदर थाना के एक उप-डाक-घर में से नौ हजार रुपए और एक अन्य स्थान से हथियार लूट लिए ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : मोगा विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार गुरसेवक सिंह को मिलिटैंसी की गतिविधियों में संलग्न रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

एक की हत्या, एक छलनी शव मिला : जिला अमृतसर में ही मिलिटैंटों ने उदोके क्षेत्र में सुखपाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि एक गांव में से आज एक युवक का छलनी शव बरामद किया गया है ।

अकाली दल मान के प्रत्याशी सहित 4 की हत्या : अमृतसर (नारंग): गत रात्रि गमटाला गांव में कुछ मिलिटैंटों ने वेरका विधानसभा चुनाव क्षेत्र से लड़ रहे अकाली दल मान के प्रत्याशी बलवंत सिंह, उनके समर्थक तरसेम सिंह व बलवंत सिंह के 2 गनमैनों रामशरण तथा अशोक कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंट फरार होते समय गनमैनों के हथियार भी अपने साथ ले गए ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने इन व्यक्तियों को पहले बंधक बनाया तथा बाद में उनकी हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि 12 बजे के लगभग ए.के. 47 राइफलों से लैस 4 मिलिटैंट दीवार फांद कर बलवंत सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुसे थे ।

मृतक बलवंत सिंह की विधवा गुरदीप कौर ने बताया कि उनमें से दो मिलिटैंट उनके निकट आ गए तथा दो उनके सोए हुए गनमैनों के निकट ऊपर छत पर चले गए । इन मिलिटैंटों में से एक ने बलवंत सिंह से पूछा कि वह कौन-सी पार्टी का प्रत्याशी है, जिस पर उसने बताया कि वह अकाली दल मान के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है तथा उसने अमृत भी छका हुआ है । इस पर मिलिटैंटों ने बलवंत सिंह के हाथ उसकी पीठ के पीछे ले जाकर बांध दिए तथा गुरदीप कौर को धमकी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो वे उसे भी मार डालेंगे । इसी प्रकार छत पर गए मिलिटैंट उनके गनमैनों व एक सम्बन्धी को भी उनके हाथ बांध कर नीचे ले आए और फिर वे चारों को घर से बाहर ले गए ।

गुरदीप कौर के अनुसार उसने कुछ समय बाद ही गोलियां चलने की आवाज़ें सुनीं, मगर वह डर के मारे घर में ही दुबकी रही । जब सुबह उसने बाहर जाकर देखा तो उसे उसके पति, उनके दोनों गनमैनों व एक सम्बन्धी के शव पड़े मिले ।

'अशोक सोनी' के अनुसार बताया जाता है कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने सतर्क होकर नाका लगाया हुआ था तथा 6 मिलिटैंटों को संदिग्ध अवस्था में गांव कीरतपुर के निकट घूमते हुए देखा गया और सुरक्षा बलों ने उन्हें ललकारा । इसके जवाब में मिलिटैंटों ने गोली चला दी तथा सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । इसमें एक मिलिटैंट तो उसी समय मारा गया जबकि 5 अन्य भाग निकले । सुरक्षा बलों ने तुरन्त ही उनका पीछा किया तथा थोड़ी दूर जाकर ही उन्हें घेर लिया और दोनों पक्षों में पुनः मुठभेड़ शुरू हो गई । इस मुकाबले में 3 और मिलिटैंट मारे गए । इन मारे गए चारों मिलिटैंटों में से 3 की शिनाख्त हो गई है । इनमें से एक निरवैर सिंह निवासी जगतपुरा भी है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)







पटियाला जिला के गांव तलारनियां के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए (ऊपर व मध्य) के.सी.एफ. के दो अज्ञात मिलिटैंटों के चित्र, (नीचे) इनके कब्जे से बरामद एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा .38 बोर का एक रिवाल्वर । इन मिलिटैंटों ने मंडी गोबिंदगढ़ के एक उद्योगपति श्री पवन कुमार बंसल का अपहरण कर उनको अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगिंदर सिंह मान के फार्म हाऊस में रखा था । यह भिड़ंत भी इसी फार्म हाऊस में हुई । (छाया : राजू)



मिलिटैंटों के हाथों मारे गए वेरका विधानसभा चुनाव क्षेत्र से अकाली दल मान के प्रत्याशी (1) बलवंत सिंह का शव तथा (2, 3) व (4) उनके गनमैनों व अन्य समर्थक-सम्बन्धी का शव और (5) अमृतसर के चाटीविंड क्षेत्र में मारे गए मिलिटैंट जवाहर सिंह का शव । (छाया : रवि भंडारी)

पंजाब में बिजली

पटियाला, 4 जुलाई (भूषण) : पंजाब में बिजली के घोर संकट के लिए राज्य बिजली बोर्ड की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं । पिछले कुछ वर्षों में बोर्ड ने सरकार से मिले धन का प्रयोग विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए किया और सम्वहन (ट्रांसमीशन) प्रणाली की उपेक्षा की है ।

बोर्ड के चेयरमैन श्री एच.एस. बवेजा के अनुसार इस वक्त बोर्ड के पास रोजाना 650 यूनिट बिजली उपलब्ध है । इसमें 50 लाख यूनिट बिजली खपतकारों को नहीं दी जा रही है क्योंकि संचार प्रणाली कमजोर है ।

दूसरी ओर हरियाणा बिजली बोर्ड पंजाब से अधिक दूरदर्शी निकला है । उन्होंने उत्पादन के साथ-साथ विद्युत सम्वहन पर पूरा ध्यान दिया । यहां तक कि अब हरियाणा के तीन कोनों में 400 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन हैं और 400 के.वी. लाइनें हैं जिनसे वह बिजली का पूरा प्रयोग कर रहा है । पंजाब में एक भी 400 के.वी. ग्रिड का सबस्टेशन नहीं है तथा न ही इस शक्ति की ट्रांसमिशन लाइनें हैं । पिछले कुछ वर्षों में पंजाब बिजली बोर्ड की यह कोशिश रही है कि विद्युत उत्पादन को बढ़ा कर तत्कालीन सत्तारुढ़ सरकार से वाह वाही प्राप्त की जाए और नाम कमाया जाए । ट्यूबवैलों को बिजली की सप्लाई में बोर्ड 94 पैसे यूनिट हानि उठा रहा है । इसके बावजूद देहातों में बिजली चोरी बढ़ गई है और लोग कुंडी लगा कर सीधे बिजली के खम्भे से बिजली ले रहे हैं । पिछले दो दिनों में बोर्ड के चेयरमैन की देख-रेख में स्टाफ ने इलाका देवीगढ़ में छापे मारे और एक दर्जन से अधिक मोटरें कब्जे में लीं लेकिन यह

Punjabi Sanjaran

बीन्द्र खुराना ने मांग की है कि
रिहाई की जाए व बिजली
ा जाए ।

पेयजल की सप्लाई 16
ी : शर्मा : होशियारपुर
यारपुर नगरपालिका के
तिलक राज शर्मा ने बताया
तरफ से नगर में पेयजल की
भी संभव पंप उठा रही है ।
न नलोईया, रेलवे मंडी व
के पास चालू कर दिए गए
चौक वाला ट्यूबवैल गत छ:
था । एक अन्य ट्यूबवैल जो
है रविवार त क चालू कर

कि जिला योजना बोर्ड द्वारा
त से दो नए ट्यूबवैलों की
ी में खुदाई की जा रही है ।
ाह के अंदर-अंदर पूरा हो

के अनुसार नगर में पेयजल
से 8 बजे तक, 10 बजे से 11
3 बजे तक व बाद दोपहर 4
क की जाएगी ।

ं द्वारा संघीय सेना
पर हमला

डी.पी.ए.): स्लोवेनिया को
र सुन कर युगोस्लाविया के
ों उत्तेजित नागरिकों द्वारा
पर हमला किए जाने से दो
व अन्य घायल हो गए ।

दियों की भारत में
कने को पग

ई (प.स.): श्रीलंका के
को रोकने के लिए केंद्र और
टीय क्षेत्रों में नौसेना और
और चौकसी बढ़ाने का
ची शरद पवार ने आज यहां
ष्म नारायण सिंह से इसके
या ।
बताया कि श्री पवार ने
ज्यपाल से भेंट कर तटवर्ती
के उपायों पर विचार

द्वारा स्वागत
(का शेष)

ार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
र ऋण देने के अनुरोध पर
र कर रहा है । इसमें दो
कालिक है जो भुगतान
टने के लिए मांगा गया

में इस प्रकार के संकट का
मूल्यन जैसा कदम कठिन
मय भारत में इस प्रश्न पर

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

मुकाबले में बी.टी.एफ. के 4 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार आज लगभग 12 बजे जिला अमृतसर के सदर थाना के अधीन कीरतगढ़ गुरुद्वारे के निकट सी.आर.पी.एफ. के एक गश्ती दल पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की तथा सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से दोनों पक्षों में मुकाबला शुरू हो गया, जो सायं 4.00 बजे तक जारी रहा । इस सिलसिले में मुकाबले वाले स्थान पर अतिरिक्त फोर्स भेजी गई तथा सुरक्षा बलों ने भिडरांवाला टाईगर्स फोर्स (बी.टी.एफ.) के 4 दुर्दांत मिलिटैंट मार गिराए । इनमें से 2 की शिनाख्त जगदीश सिंह असाई निवासी तरनतारन, सुखबीर सिंह पुत्र आत्मा सिंह निवासी थान्हे गांव के रूप में हुई, जबकि 2 मिलिटैंट पहचाने नहीं जा सके ।

घटनास्थल से बरामद हथियारों में एक एस.एल.आर., 2 माऊज़र, 2 स्टिक बम व बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का भी शामिल है ।

पता चला है कि इसी एस.एल.आर. से ही दलबीर सिंह रानीके की भी हत्या की गई थी । यह सभी मिलिटैंट सैंकड़ों हत्याओं, जब्री वसूलियों व फिरौतियां लेने तथा सुरक्षा बलों पर हमलों के मामलों में वांछित थे ।

उद्योगपति का अपहरण : गत प्रात: सुल्तानविंड क्षेत्र में नगर की प्रतिष्ठित मोटर पम्पों की फैक्टरी में 2 मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर सारे स्टाफ को बन्दक की नोक पर एक कमरे में बंद कर दिया तथा मालिक राजेश अरोड़ा पुत्र दीवान चंद निवासी मकबूल रोड का अपहरण करके ले गए । उन्होंने इस उद्योगपति से 20 लाख रुपए की मांग की थी ।

बताया जाता है कि राजेश ने इस अपहरणकर्त्ता मिलिटैंटों की बहुत मिन्नतें कीं कि वे उसे छोड़ दें तथा वह उन्हें उनकी मांगी हुई धन राशि दे देगा । मगर मिलिटैंटों का कहना था कि उसे 'बाबा जी' ने बुलाया है और इस मामले में वही अन्तिम फैसला करेंगे ।

इसी दौरान इस अपहृत उद्योगपति का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है ।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि चाटींविंड क्षेत्र में जवाहर सिंह पुत्र बचन सिंह को कुछ मिलिटैंटों ने घर से बाहर निकाल कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि यह हत्या आपसी रंजिश का ही परिणाम थी तथा मृतक के बारे में भी सन्देह किया जाता है कि वह मिलिटैंट था ।

दुकानदार घायल कर दिया : आज लगभग 11 बजे स्थानीय धर्म सिंह मार्कीट में 2 मिलिटैंटों ने एक दुकानदार रामनारायण चोपड़ा पुत्र जगन्नाथ चोपड़ा निवासी 4 जेल रोड को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पहले रामनारायण से कैश का थैला मांगा तथा उसके मना करने पर उन्होंने गोली चला दी ।

2 बम फटे : 8 घायल : आज रात्रि अमृतसर नगर की भगतांवाला और इस्लामाबाद आबादियों में दो बम फटने से कम से कम 8 व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस ने यह सूचना देते हुए बताया

जालन्धर : थाना सदर के क्षेत्र मकसूदां के निकट से गत दिनों 3 मिलिटैंटों ने श्री इन्द्र कुमार जैन नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उनकी सफेद रंग की जो मारुति कार छीन ली थी, उसका नम्बर पी.बी. 07-ए/0702 बताया गया है जबकि तीनों मिलिटैंट जिस स्कूटर पर सवार थे, उसका नम्बर पी.बी.-08ए/7856 बताया गया है । इस घटना के बाद लुटेरे मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए थे ।

2 अन्य मिलिटैंट मरे : सुनाम (सिंगला): आज दोपहर 12.45 बजे यहां की निकटवर्ती नीलोवाल नहर के पुल पर हुए मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से .315 बोर की एक पिस्तौल, .12 बोर की एक पिस्तौल तथा पी.बी. 13-ए/4636 नवम्बर का स्कूटर बरामद हुआ । शवों को पोस्ट मार्टम के लिए संगरूर के अस्पताल में भेज दिया गया है । पुलिस दल का नेतृत्व एस.एच.ओ. बलदेव सिंह ने किया ।

रुपए के अवमूल्यन पर भाजपा द्वारा सरकार की खिंचाई

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वितथ): भारत सरकार द्वारा रुपए के अवमूल्यन तथा सत्ता सम्भालने के तुरन्त बाद ही दो बार रुपए की कीमतों पर दबाव डालने की कार्रवाई की भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी निंदा की है । पार्टी के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री के. मलकानी ने कहा कि इस निर्णय से भारत की अर्थ-व्यवस्था पर असर पड़ेगा । अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से जो ऋण लिया गया है, उसमें अपने आप दस प्रतिशत बढ़ौत्तरी हो जाएगी । इसी तरह जिन अप्रवासी भारतीयों का भारत में पैसा लगा है, उसका भी मूल्य बढ़ जाएगा । श्री मलकानी के अनुसार महंगाई का असर आयातित वस्तुओं पर ज्यादा पड़ेगा । अकेले पैट्रोलियम की कीमत में 1000 करोड़ रुपए की वृद्धि की आशंका है ।

भाजपा नेता ने कहा कि जिस प्रकार एक जुलाई और तीन जुलाई को रुपए का मूल्य घटाया गया है, इससे कई सवाल उठ खड़े हुए हैं । पिछले सप्ताह रुपए का मूल्य पौंड की तुलना में 3.5 प्रतिशत बढ़ा था आखिर रातों-रात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार में ऐसा क्या हो गया, जो रुपए का मूल्य दो बार गिराना पड़ा ? इस बीच साम्यवादी (सी.पी.एम.) ने इस निर्णय के खिलाफ जन-आंदोलन छेड़ने की धमकी दी है ।

मानसून अभी तीन दिन दूर

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता): राजधानी दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत में अगले तीन दिन तक मानसून आने की कोई उम्मीद नहीं है ।

मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने आज बातचीत में इससे अधिक कुछ बता पाने में असमर्थता प्रकट की, किन्तु विभाग की दीर्घकालीन भविष्यवाणी के अनुसार कुछ स्थानों पर मानसून भले देर से पहुंचे लेकिन इस वर्ष पूरे देश में मानसून आमतौर पर सामान्य रहने में कोई संदेह नहीं है ।

सेना हटाने से विपरीत प्रभाव नहीं
(पृष्ठ 3 का शेष)

पहले ही चुनाव स्थगित कर दिए गए । इन हालात में उनके लिए पंजाब में रुकना कठिन है । ये चुनाव कैसे और क्यों स्थगित किए गए यह पूछे जाने पर श्री

राज्यपाल
बिजली

अमृतसर, 4
नागरिक पानी की
और बिजली के संब
ओ.पी. मल्होत्रा अ
नगर में सुबह 8 ब
वह यहां सर्किट हाउ
विभाग वालों ने सब
करने वाला फीड
राज्यपाल सर्किट हा
लिए रवाना हुए तो
कर दी गई और वह
के मार्ग की बिजली

श्री मल्होत्रा द
बाद जलियांवाला
दुर्गाणा मंदिर की
साहब क्षेत्र की बि
दुर्गाणा मंदिर मार
चालू कर दी गई
से वापस सर्किट हा
बिजली पुन: चालू
बिजली गुल ।

यह बिजली
अमृतसर के नागरि

भारत-पाक
वार्ता जु

नई दिल्ली,
पाकिस्तान के बीच
की बातचीत जुल
सरकारी प्रवक्ता
सचिव मुचकुंद दबे
शहरयार खान ने व
कि इसके बाद सित
निर्धारण, नशीले
एक-दूसरे के परम
विषय में बातचीत

हरियाण
प

नई दिल्ली,
ने हरियाणा सरक
जिसमें दिल्ली के
अनुरोध किया ग
संयंत्र को बंद हो
जलाशय का स्त
था ।

दिल्ली जल
सूत्रों के अनुसार
हरियाणा के मुख्
हजार क्यूसिक प
तार भेज कर
हरियाणा सरका
दिल्ली के लिए
उससे वजीराब
संतोषजनक हो

Punjab Sampada

ज्यपाल भीष्म नारायण सिंह से इसके
विमर्श किया ।
सूत्रों ने बताया कि श्री पवार ने
वन में राज्यपाल से भेंट कर तटवर्ती
ी बढ़ाने के उपायों पर विचार

ब बैंक द्वारा स्वागत

(पृष्ठ 3 का शेष)

के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
रब डालर ऋण देने के अनुरोध पर
थ विचार कर रहा है । इसमें दो
ण अल्पकालिक है जो भुगतान
से निपटने के लिए मांगा गया

य दिनों में इस प्रकार के संकट का
लिए अवमूल्यन जैसा कदम कठिन
न्तु इस समय भारत में इस प्रश्न पर
ति है । वास्तविकता तो यह है कि
ोष से ऋण लेने की प्रक्रिया जनता
उसके वित्तमंत्री मधु दंडवते ने
के मूल्य में वृद्धि के बाद ही शुरू
वपक्षी राजनीतिज्ञों ने, जिन्होंने
लोचना की है, वित्तीय संकट का
लिए कोई वैकल्पिक सुझाव नहीं
य मुद्रा के अवमूल्यन से विश्व बैंक
ा कोष को कोई आश्चर्य नहीं हुआ

लंदन : भारत द्वारा रुपए के
अप्रवासी भारतीयों में मिश्रित
किन उनमें से अधिकतर ने यह
भारत में विभिन्न कंट्रोलों में ढील
उठाने जरूरी हैं । ब्रिटिश उद्योग
अवमूल्यन से भारत में विदेशी
बाधा नहीं पड़नी चाहिए ।

ा रवैया सहयोगपूर्ण : नई

ा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण
अमरीकी रवैया 'सहयोगपूर्ण'
पर यह जानकारी दी गई ।
प्रवक्ता ने इस बारे में प्रश्नों का
वंाददाताओं को बताया कि
से भारत ने जब ऋण मांगा तो
सद्भावपूर्ण तथा मददगार का

दल भारत पहुंचा :

का एक उच्च स्तरीय दल आज
ह भारतीय अधिकारियों से इस
रेगा कि मुद्रा कोष से विपल
न ऋण प्राप्त करने के लिए क्या
केंद्रीय बजट में शामिल किए
ों ने यह जानकारी दी ।

की रस्म भोग

3 का शेष)

ां सादा कपड़ों में निकट पहची
व्यक्ति को काब कर लिया ।
ों ने सम्बद्ध स्कूल के भवन से
रू कर दिया । किसी ने स्कूल
लाई, जिससे सबइंदर सिंह
हो गया । इसके बाद पलिस
तर करने के लिए लाठीचार्ज
के गोले फैंके तथा बाद में हवाई

रात्रि चाटीविंड क्षेत्र में जवाहर सिंह पुत्र बचन सिंह को कछ मिलिटैंटों ने घर से बाहर निकाल कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि यह हत्या आपसी रंजिश का ही परिणाम थी तथा मृतक के बारे में भी सन्देह किया जाता है कि वह मिलिटैंट था ।

दकानदार घायल कर दिया : आज लगभग 11 बजे स्थानीय धर्म सिंह मार्कीट में 2 मिलिटैंटों ने एक दकानदार रामनारायण चोपड़ा पुत्र जगन्नाथ चोपड़ा निवासी 4 जेल रोड को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पहले रामनारायण से कैश का थैला मांगा तथा उसके मना करने पर उन्होंने गोली चला दी ।

2 बम फटे : 8 घायल : आज रात्रि अमृतसर नगर की भगतांवाला और इस्लामाबाद आबादियों में दो बम फटने से कम से कम 8 व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस ने यह सूचना देते हुए बताया कि ये बम सम्भवतया छड़-हथगोले थे और ये उन व्यक्तियों पर फैंके गए थे, जो अपने घरों के बाहर बैठे हुए थे । दोनों घटनाओं में चार-चार व्यक्ति घायल हुए । घायलों में एक स्त्री और एक बच्चा भी शामिल हैं ।

सरपंच सहित 3 की हत्या : तरनतारन पुलिस थाना के अधीन रत्तौल गांव में सुरक्षा बलों को तलाशी अभियान के दौरान मज़हबियों के श्मशानघाट में से रत्तौल के सरपंच उमराव सिंह, हरि सिंह व मक्खन सिंह के गोलियों से छलनी शव मिले । घटनास्थल से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतस भी मिले हैं । सन्देह किया जाता है कि इनकी हत्याएं मिलिटैंटों ने ही की हैं ।

जबकि 'वार्ता' के अनसार तीनों मृतक सम्बन्धी थे । हरि सिंह व मक्खन सिंह, सरपंच उमराव सिंह के पुत्र थे ।

अकाली नेता की हत्या : बरनाला (सिधवानी): रात लगभग 9 बजे बरनाला में 3 मिलिटैंटों ने अकाली नेता और इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बरनाला के पर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंट अकाली लीडर के घर गए और घंटी का बटन दबाया, जैसे ही गेट खुला और महेंद्र सिंह सामने आए, मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग करके वहीं पर हत्या कर दी । उसके बाद वह फरार होने में सफल हो गए ।

मार्क्सवादी पार्टी राष्ट्रीय मोर्चे के साथ अपना विवाह होने के बावजूद कांग्रेस के साथ 'प्रेम सम्बन्ध' बना रही है ।

—लाल कृष्ण अडवानी

Punjab Sampada

कुपवाड़ा जिले के बाटोकोटे गांव में कल शाम सीमा सुरक्षाबल और अलगाववादियों के बीच गोलीबारी में दो व्यक्ति बशीर अहमद मलिक और हबीबुल्लाह भट्ट घायल हो गए । सीमा सुरक्षा बल का एक दल जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट की बैठक होने की खबर पाकर उक्त गांव में गया था, लेकिन अलगाववादी भाग गए । सुरक्षाबलों ने मकानों पर छापे मार कर जे.के.एल.एफ. से संबंधित साहित्य बरामद किया ।

गुट संघर्ष में दो अलगाववादी मरे : श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र पंडोह में आज गुट संघर्ष में दो अलगाववादी मारे गए । यह पता नहीं चल सका कि संघर्ष अलगाववादियों के किन गुटों के मध्य हुआ ।

एक अन्य अलगाववादी मरा : प्रतिबंधित जे.के.एल.एफ. का कार्यकर्त्ता फारूक अहमद कल चित्तार-हूमा गंदेरबल क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

30 हजार लूटे : उपग्रह दूरसंचार के मंडलीय अभियंता ने यूनीवार्ता को बताया कि कुछ बन्दूकधारियों ने उनके तीन अधिकारियों से अनन्तनाग जिले में 30 हजार रुपए लूट लिए । वे अपने विभाग को तनख्वाह वितरित करने जा रहे थे ।

एक अलगाववादी मारा गया : सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बड़गाम में आज मुठभेड़ में एक अलगाववादी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया । प्रवक्ता ने कहा कि घायल अलगाववादी को गिरफ्तार कर लिया गया । उसके पास से दो ए.के. 47 राइफलें तथा उनके पांच मैगज़ीन बरामद हुए ।

कुपवाड़ा और श्रीनगर से कल हिजबुल मजाहिदीन के दो प्रशिक्षित अलगाववादियों सहित पांच अलगाववादी गिरफ्तार किए गए । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफलें, दो मैगज़ीन, साठ कारतूस, एक पिस्तौल, एक मैगज़ीन और पांच कारतूस बरामद हुए हैं ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

प्रभावित है तथा सभी मिलिटैंट संगठन यहां सक्रिय हैं ।

दो होमगार्ड जवानों की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव पण्डूरी तख्त मल में कल रात मिलिटैंटों ने होमगार्ड के दो जवानों इनायत मसीह व बलविन्दर सिंह की हत्या कर दी । उनके गोलियों से छलनी शव आज बरामद किए गए हैं ।

महिला की हत्या : पुलिस जिला भटिण्डा के गांव रंगरियाल में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जगजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी नरिन्दर कौर की हत्या कर दी ।

अज्ञात छलनी शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव देवीदासपुरा में आज पुलिस ने गोलियों से छलनी एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है ।

दर्जी घायल किया, कर्मी की हत्या : अमृतसर के चौड़ा बाजार में आज 3 मिलिटैंटों ने दर्जी की एक दुकान पर जाकर गोली चला दी, जिससे दुकान का मालिक घायल हो गया और उसका एक कर्मी स्टीफन उर्फ टीटा मारा गया ।

'नारंग' के अनुसार पुलिस ने बताया है कि दर्जी सतनाम सिंह और मिलिटैंटों की फायरिंग से मारा जाने वाला उसका कर्मचारी स्टीफन दोनों ही पहले मिलिटैंट रहे थे ।

घायल चल बसा : गत दिनों अमृतसर की धर्म सिंह मार्कीट में घायल हुआ राम नारायण गत रात्रि गुरु नानक देव अस्पताल में घावों की ताव न सहता हुआ चल बसा ।

पैट्रोल पम्प के कैशियर की हत्या : मिलिटैंटों ने आज छहर्टा में एक पैट्रोल पम्प के कैशियर जमनादास की गोली मार कर हत्या कर दी तथा वहां से धनराशि लूट कर फरार होते समय उन्होंने गया लाल नामक एक व्यक्ति को घायल भी कर दिया ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिले के बैरोवाल क्षेत्र से दो मिलिटैंटों जसबीर सिंह और नरिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । उनके पास से एक 303 सी.एम. पिस्तौल और दस कारतूस बरामद किए गए ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : भटिंडा जिले के रामपुरा फूल विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी बलदेव सिंह को स्थानीय बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है । उसके पास से एक 32 बोर की रिवाल्वर और कुछ कारतूस भी बरामद किए गए ।

दो भाइयों को घायल किया : एक अन्य घटना में मजीठा पुलिस जिले के एक्सचेंज गांव में मिलिटैंटों ने ईश्वर सिंह तथा कुलवंत सिंह नामक दो भाइयों के घर में घुसकर उनका अपहरण कर लिया । ईश्वर सिंह ने जब भागने की कोशिश की तो मिलिटैंटों ने उसे गोली मार कर घायल कर दिया तथा कुलवंत सिंह को भी बुरी तरह पीटने के बाद छोड़ दिया । वह भी घायल हो गया है ।

बम फटने से मिलिटैंट मरा : छहर्टा औद्योगिक क्षेत्र में आज एक मिलिटैंट बम फटने से मारा गया । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंट एक डाकखाने में रखने के लिए बम ले जा रहा था, जो गेट के निकट ही फट गया । इस मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

बस जला दी : संगरूर (गर्ग) : गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर गांव फतेहगढ़ में मिलिटैंटों ने एक मिनी बस को आग लगा दी । बताया जाता है कि यह बस गत दिवस बंद के दौरान चलती रही थी ।

फायरिंग में एक मरा : सुनाम (नागपाल) : गत रात्रि यहां से 8 कि.मी. दूर गांव घड़ियाला में मिलिटैंटों व सुरक्षा बलों के मध्य हुई फायरिंग में गांव के ही एक घर की छत पर सो रहा एक व्यक्ति जंग सिंह (65) मारा गया ।

बताया जाता है कि गांव में आधी रात के समय पुलिस व मिलिटैंटों में अचानक मुकाबला शुरू हो गया था । पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक सर्च लाइट व एक स्कूटर मिला है ।

3 मिलिटैंट मारे गए : पट्टी (गोठक) : गत रात्रि 8.30 बजे के करीब गांव कैरों में 3 मिलिटैंट मारे गए । एक मिलिटैंट की पहचान भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के गामा के रूप में हुई है ।

बताया जाता है कि गत रात्रि 4 मिलिटैंट एक अन्य मिलिटैंट गामा के घर में आए । दो मिलिटैंटों को तो गामा ने झपका मार कर पकड़ लिया, जबकि उसके बाकी साथियों ने फायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप गामा व उसके झपके में फंसे दोनों मिलिटैंट मौके पर ही मारे गए । इस घटना के बाद बाकी दोनों मिलिटैंट फरार हो गए ।

पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक हीरो होंडा मोटर साइकिल व एक स्कूटर मिला है । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का ही परिणाम है ।

बताया जाता है कि गामा के घर में आने वाले चारों मिलिटैंट सेना की वर्दी में थे ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार गुरनाम सिंह उर्फ़ गामा खालिस्तान कमांडो फोर्स (भाई सीता सिंह गुट) का एरिया कमांडर था ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : एक अन्य मुकाबले में आज प्रातः सराली मंड में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका एक अन्य साथी बच कर भाग निकला ।

बताया जाता है कि आज तड़के 5.30 बजे के करीब पट्टी के एस.एच.ओ. ने सी.आर.पी.एफ. की एक टुकड़ी के साथ तलाशी अभियान शुरू किया था कि उन्हें 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए नज़र आए । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी ज़बाबी फायरिंग की, जिससे एक संदिग्ध मिलिटैंट मारा गया व दूसरा फरार हो गया । पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल मिली है ।

बैंक में से 3,70,646 लूटे : बटाला (कोछड़) : आज प्रातः करीब 11.30 बजे 2 मिलिटैंटों ने नगर के एक व्यस्त क्षेत्र गुरुद्वारा कंध साहब के निकट स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक की शाखा में से 3,70,646 रुपए की धनराशि लूट ली व फरार हो गए ।

बताया जाता है कि 2 मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार होकर बैंक में आए तथा बन्दूकों की नोक पर बैंक के सभी कर्मियों को एक ओर खड़े करके एक बोरी में नोट भरे और बाद में फरार हो गए । जिस समय इस बैंक में यह डाका पड़ा, उस दौरान आई.जी. सूबे सिंह टाऊन हाल में उच्चाधिकारियों व नगर के राजनीतिक नेताओं के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति बारे विचार कर रहे थे । ज्ञातव्य है कि गत कुछ दिनों में गुरदास जिला बटाला में मिलिटैंसी की वारदातें बढ़ी हैं ।

छलनी शव मिला : थाना हरगोबिन्दपुर के एक गांव पनवा के निकट आज प्रातः पुलिस को जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है । गत रात मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था ।

एस.पी.ओ. द्वारा हत्या : सुल्तानपुर लोधी (नरेश) : यहां से चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी डाक्टर बलकार सिंह के गनमैन एस.पी.ओ. लाभ सिंह ने कथित तौर पर बलकार सिंह के कम्पाऊंडर की गांव शेखूपुरा में हत्या कर दी है ।

बताया जाता है कि एस.पी.ओ. लाभ सिंह कम्पाऊंडर से पूछा करता था कि डाक्टर बलकार सिंह अपने पैसे कहां रखता है । जब उसने यह जानकारी देने से इंकार किया तो लाभ सिंह ने कम्पाऊंडर की कथित रूप से गोली मार कर हत्या कर दी ।

कारें छीनने की घटनाएं बढ़ीं : लुधियाना (महिन्द्रा) : जिला लुधियाना में कारों की छीना-झपटी की घटनाओं में वृद्धि हो गई है । कल शाम सैंदर खन्ना में मंजी साहिब गुरुद्वारा के निकट लुटेरों ने एक मारुति कार ए.के. 47 की नोक पर छीन ली । इसी प्रकार मौज़ा शाहपुर थाना पायल के निकट एक मोटर साइकिल भी छीन लिया गया ।

पुलिस की सूचना के अनुसार एक मारुति कार सराभा नगर से छीन ली गई थी, बाद में उसका नम्बर तबदील कर लिया गया, लेकिन यह कार माडल टाऊन के निकट पंक्चर हो गई । लुटेरों ने उस कार को छोड़ कर माडल टाऊन से ही एक अन्य कार छीन ली तथा उसमें बैठ कर फरार हो गए ।

महिला मिलिटैंट का शव मिला : अमृतसर (सुभाष नारंग) : आज प्रातः गोइंदवाल के एस.एच.ओ. जब शापरी गांव में चरणजीत कौर नामक एक महिला मिलिटैंट के निवास पर छापा मारने गए तो उन्हें वहां उसकी लाश मिली । वहां पूछताछ करने पर पता चला कि गत रात्रि 4 मिलिटैंट लगभग 9 बजे उसके घर आए तथा उसकी हत्या करके चले गए । उसके पति का नाम बलविन्दर सिंह है ।

मिलिटैंट का छलनी शव मिला : जंडियाला थाना के अधीन एक ड्रेन के निकट से 18-19 वर्षीय एक अज्ञात मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव मिला है । बताया जाता है कि उसकी हत्या सम्भवतः आपसी दुश्मनी के कारण ही हुई है ।

10 दुकानें जल कर राख : आज प्रातः स्थानीय कबाड़ी बाजार में 10 दुकानें जल कर राख हो गईं । इसे जहाज़गढ़ भी कहते हैं । इनमें एक दुकान भाजपा पार्षद बनारसी दास नाहल की भी थी । उनका कहना है कि यह मिलिटैंटों की ही कार्रवाई है और प्रमुख रूप से उन्हीं की दुकान को निशाना बनाया गया ।

घायल चल बसा : होशियारपुर (अश्विनी) : पिछले दिनों यहां गढ़दीवाला रिजर्व क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी श्री ओम प्रकाश के गनमैन से हथियार छीनने की कोशिश में असफल होने पर भागे मिलिटैंटों ने एक फल विक्रेता रमेश कुमार उर्फ़ टीटू को गोली मार कर घायल कर दिया और उसका स्कूटर छीन कर फरार हो गए थे । टीटू की हालत गंभीर होने पर उसे सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया था । आज 2 बजे बाद दोपहर उसकी मौत हो गई ।



राष्ट्रीय मोर्चा तथा वाम मोर्चा के नेताओं की शनिवार को नई दिल्ली में हुई बैठक का एक दृश्य । (छाया : पी.टी.)

लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव अब निश्चित

नई दिल्ली, 6 जुलाई (वार्ता): लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव अब लगभग निश्चित हो गया है । राष्ट्रीय मोर्चा व वामपंथी दलों ने रवि राय को इस पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला कर चुनाव की सम्भावना को और पक्का कर दिया । [illegible] पहले ही स्पष्ट कर चुकी है

हासिक जीत के बाद
र ओजस्वी वक्ता एवं
ध्यक्ष
हर जोशी
जाना पार्क, जम्मू में
ा सायं 4 बजे
सम्बोधन करेंगे ।
ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें
प्रचार विभाग
प्रदेश भारतीय जनता पार्टी

, जालंधर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट, जालंधर
न्पनिविदा सूचना
र्यों के लिए इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट जालंधर की स्वीकृत
र पंजीकृत श्रम और निर्माण संस्थाओं से मोहरबंद
क दर निविदाएं आमंत्रित हैं । निविदाएं जालंधर
डल टाऊन रोड पर कार्यालय में 25.7.91 को
प्त की जाएंगी और उसी समय और तिथि को
प्रतिनिधियों के सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित
त एन.आई.टी., अनुमान, ड्राइंगें, ट्रस्ट कार्यालय में
कार्यालय समय के दौरान देखी जा सकती हैं ।

अनुमानित लागत	धरोहर राशि	पूर्ति का समय

(जे.पी. नगर) में
मंजिला) फ्लैट

जरूरी सूचना

होटल नेक, जम्मू में अच्छा सुझाव न मिलने के कारण हमने अपनी बाकी तबदील करके जगदम्बे होटल (गुम्मट के नीचे), नज़दीक जनरल बस स्टैंड में खोल दी है ।



डा. बंगाली (Skin Specialist)

मेहत, पेशाब गर्मी, बवासीर, पत्थरी, शुगर, बालों का झड़ना, दमा-पुराना नज़ला, चमड़ी, कील-छाइयां, कद लम्बा, औरतों के रोग, शराब और अफीम का सफल इलाज ।

अब मिलें :
जम्मू : होटल जगदम्बे, हर सोमवार और मंगलवार ।
पठानकोट : होटल टूरिस्ट, शनिवार और रविवार ।
अमृतसर : हर बुधवार, वीरवार और शुक्रवार ।
मिलें या लिखें :

डा. बंगाली
दुकान नं. 5 (ऊपर)
नज़दीक बस स्टैंड, अमृतसर
(नोट : अमृतसर और पठानकोट में दवाई रोज़ाना मिलती है)

दूरसंचार विभाग
कार्यालय, डिविजनल इंजीनियर, टैलिकाम प्राजैक्टस, 386, लाजपत नगर, जालन्धर शहर
मीमो नं. टीपी/ जेएल/ टी-65/ ओएफसी/ जालन्धर मुकेरियां पठानकोट-कठुआ/ 3

This is to inform to the General public that we have cancelled the sub-dealer ship of M/s. B.S.J. Electronics, Link Road, Ludhiana for selling of Blue Star Water Cooler and Air Conditioner.

Punjabi Sanatan

मुख्य भाखड़ा नहर के एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास

पंजाब में अन्यत्र एक लै. जनरल समेत 10 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 7 जुलाई (वार्ता, प.स.): रोपड़ जिला में कल रात मिलिटैंटों ने मुख्य भाखड़ा नहर के एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन गुट) के लैफ्टिनैंट जनरल जसपाल सिंह उर्फ जस्सा समेत 9 मिलिटैंट मारे गए, 6 लोगों की हत्या हुई तथा एक पुलिस कर्मी के भाई का अपहरण कर लिया गया ।

भाखड़ा नहर एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास : रोपड़ जिले में मिलिटैंटों ने कल रात मुख्य भाखड़ा नहर पर बने बुधकी नदी एक्विडक्ट (जलसेतु) को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । मिलिटैंटों ने 2 राकेट दागे । इससे एक्विडक्ट को मामूली रूप से क्षति पहुंची, जिसके परिणामस्वरूप पानी का रिसाव शुरू हो गया । अधिकारियों ने एक्विडक्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की तुरंत मुरम्मत कर दी ।

मुठभेड़ में लै. जनरल समेत 3 मिलिटैंट मरे : मोगा (आजाद) फरीदकोट जिला के कपूरा गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने उक्त गांव के निकट नाकेबंदी की हुई थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे तीन मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक मिलिटैंट की पहचान जसपाल सिंह उर्फ जस्सा के रूप में हुई है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था और संतुबाला गांव में रहता था । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक जनरल पर्पज मशीनगन, एक बोतल टाईप बम, विस्फोटक पदार्थ तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

एक और मिलिटैंट मरा : *फरीदकोट जिला के* थाना पुरा थाना के अंतर्गत मालिके गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में केवल सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसके दो साथी बच कर भाग

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट महिलाएं मरीं : अमृतसर (नारंग) गत रात्रि लगभग 11 बजे सुल्तानविंड क्षेत्र के अधीन पत्ती गांव में रुपा पुत्री हरचरण सिंह के घर उसकी सहेली हरजीत कौर पुत्री बलविन्दर सिंह गई हुई थी कि कुछ मिलिटैंटों ने उस घर में घुस कर रुपा व हरजीत को जबरदस्ती बाहर निकाल लिया और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 4 चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों महिलाएं मिलिटैंट थीं तथा उनकी हत्या आपसी रंजिश का परिणाम है ।

अपहरण करने आए मिलिटैंट मुकाबले के बाद फरार : आज तड़के 3 बजे के लगभग छहर्टा थाना के अधीन नसीर खान गांव में कुछ मिलिटैंट एक ट्रैक्टर व एक स्कूटर पर सवार हो कर सुरक्षा चौकी के निकट से गुजरे । इस क्षेत्र में रात्रि कालीन कर्फ्यू लागू है । बताया जाता है कि सुरक्षाकर्मियों ने जब इन मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया कि उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । यह मुकाबला 45 मिनट तक चलता रहा तथा इसके बाद उक्त मिलिटैंट अपने वाहन छोड़ कर भाग निकले । कहा जाता है कि मिलिटैंट पंचायत सदस्य जगजीत सिंह का अपहरण करने आए थे ।

आपसी झगड़े में मिलिटैंट मरा : आज तड़के 4 बजे अमृतसर सदर थाना के अधीन इब्बन कलां गांव में दुर्दांत मिलिटैंट बीरा पुत्र उजागर सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला है । वह गत तीन-चार माह से भगौड़ा था और कई वारदातों में वांछित था । जांच करने पर पुलिस को पता चला कि कुछ मिलिटैंटों का आपसी झगड़ा चल रहा था कि रात को चार-पांच मिलिटैंट आए और बीरा को मारने के बाद भाग गए ।

2 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण : आज तड़के लगभग 4 बजे अमृतसर जिला के मेहता थाना के अधीन गांव राम दीवाली में पुलिस ने नाका लगाया *हुआ था कि इस दौरान दो मिलिटैंट उधर से गुजरे ।* पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने गोली चला दी । पुलिस कर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की । यह मुकाबला 15 मिनट तक चला । इस बीच वहां सुरक्षा बलों की एक और टुकड़ी पहुंच गई तथा मिलिटैंटों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया । 5-7 मिनट की खामोशी के बाद दोनों मिलिटैंटों ने हाथ उठा कर आत्मसमर्पण कर दिया । इनकी पहचान हरपाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह व सुखदेव सिंह पुत्र जगतार सिंह के रूप में हुई । इनके पास से 12 बोर की एक राइफल, 4 कारतूस, 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा तीन जीवित कारतूस भी बरामद किए गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों मिलिटैंट हत्या, अपहरण, फिरौती, जबरी वसूली तथा बलात्कार की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के थारू गांव में निर्मल सिंह नामक एक मिलिटैंट आपसी लड़ाई में मारा गया ।

दो लोगों की हत्या : अमृतसर जिला के पट्टी थाना के अंतर्गत तलवंडी सोभा सिंह गांव में कल रात मिलिटैंटों ने अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन सदर थाना के अन्तर्गत भोजाला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने मस्सा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : तीन मिलिटैंट कालिया सिंह, प्रीतम सिंह और श्याम सिंह कल रात भटिंडा पुलिस गश्ती दल के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गए । इनके पास से तीन पिस्तौलें और 12 कारतूस मिले । एक मिलिटैंट होशियारपुर जिले में हथियारों समेत पकड़ा गया ।

भाजपा कार्यकर्त्ता के गनमैन की हत्या : मिलिटैंटों ने आज दोपहर अमृतसर शहर के न्यूप्रताप नगर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्त्ता डा. राम गुलाटी के गनमैन नरेन्द्र कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मरा : अमृतसर शहर के कोट हरनाम दास क्षेत्र में मिलिटैंटों ने बलवंत सिंह उर्फ बल्ला नामक एक व्यक्ति को आज दोपहर बाद गोलियों से मार दिया । पुलिस ने इस वारदात को *मिलिटैंटों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताया है ।*

होमगार्ड जवान की हत्या : संगरूर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

punjabi sarafan

मुख्य भाखड़ा नहर के एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास

पंजाब में अन्यत्र एक लै. जनरल समेत 10 मिलिटैंट मरे, 6 लोगों की हत्या

रूपड़, 7 जुलाई (वार्ता, प.स.): रोपड़ जिला में कल रात मिलिटैंटों ने मुख्य भाखड़ा नहर के एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । इस बीच पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में खालिस्तान कमांडो फोर्स (जस्सा सिंह) के लैफ्टिनैंट जनरल जसपाल सिंह उर्फ जस्सा सहित 9 मिलिटैंट मारे गए, 6 लोगों की हत्या हुई तथा एक पुलिस कर्मी के भाई का अपहरण कर लिया गया ।

भाखड़ा नहर एक्विडक्ट को राकेटों से उड़ाने का प्रयास : रोपड़ जिले में मिलिटैंटों ने कल रात मुख्य भाखड़ा नहर पर बने बुधकी नदी एक्विडक्ट (जलसेतु) को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया । मिलिटैंटों ने 2 राकेट दागे । इससे एक्विडक्ट को मामूली रूप से क्षति पहुंची, जिसके परिणामस्वरूप पानी का रिसाव शुरू हो गया । अधिकारियों ने एक्विडक्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की तुरंत मुरम्मत कर दी ।

मुठभेड़ में लै. जनरल समेत 3 मिलिटैंट मरे : मोगा (आजाद) फरीदकोट जिला के कपूरे गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने उक्त गांव के निकट नाकाबंदी की हुई थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे । सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे तीन मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक मिलिटैंट की पहचान जसपाल सिंह उर्फ जस्सा के रूप में हुई है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल था और संतवाला गांव में रहता था । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक जनरल पर्पज मशीनगन, एक बोतल टाईप बम, विस्फोटक पदार्थ तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

एक और मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के कोटकपूरा थाना के अंतर्गत मानिके गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में केवल सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसके दो साथी बच कर भाग गए ।

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट महिलाएं मरीं : अमृतसर (नारंग) गत रात्रि लगभग 11 बजे सुल्तानविंड क्षेत्र के अधीन पत्ती गांव में रुपा पुत्री हरचरण सिंह के घर उसकी सहेली हरजीत कौर पुत्री बलविन्दर सिंह गई हुई थी कि कुछ मिलिटैंटों ने उस घर में घुस कर रुपा व हरजीत को जबरदस्ती बाहर निकाल लिया और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह महिलाएं मिलिटैंट थी तथा उनकी हत्या आपसी रंजिश का परिणाम है ।

अपहरण करने आए मिलिटैंट मुकाबले के बाद फरार : आज तड़के 3 बजे के लगभग छहर्टा थाना के अधीन नसीर खान गांव में कुछ मिलिटैंट एक ट्रैक्टर व एक स्कूटर पर सवार हो कर सुरक्षा चौकी के निकट से गुजरे । इस क्षेत्र में रात्रि कालीन कर्फ्यू लागू है । बताया जाता है कि सुरक्षाकर्मियों ने जब इन मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया कि उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की । यह मुकाबला 45 मिनट तक चलता रहा तथा इसके बाद उक्त मिलिटैंट अपने वाहन छोड़ कर भाग निकले । कहा जाता है कि मिलिटैंट पंचायत सदस्य जगजीत सिंह का अपहरण करने आए थे ।

आपसी झगड़े में मिलिटैंट मरा : आज तड़के 4 बजे अमृतसर सदर थाना से अधीन इब्बन कलां गांव से दुर्दांत मिलिटैंट बीरा पुत्र उजागर सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला है । वह गत तीन-चार माह से भगौड़ा था और कई वारदातों में वांछित था । जांच करने पर पुलिस को पता चला कि कुछ मिलिटैंटों का आपसी झगड़ा चल रहा था कि रात को चार-पांच मिलिटैंट आए और बीरा को मारने के बाद भाग गए ।

2 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण : आज तड़के लगभग 4 बजे अमृतसर जिला के मेहता थाना के अधीन गांव राम दीवाली में पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि इस दौरान दो मिलिटैंट उधर से गुजरे । पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने गोली चला दी । पुलिस कर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की । यह मुकाबला 15 मिनट तक चला । इस बीच वहां सुरक्षा बलों की एक और टुकड़ी पहुंच गई तथा मिलिटैंटों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया । 5-7 मिनट की खामोशी के बाद दोनों मिलिटैंटों ने हाथ उठा कर आत्मसमर्पण कर दिया । इनकी पहचान हरपाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह व सुखदेव सिंह पुत्र जगतार सिंह के रूप में हुई । इनके कब्जे से 12 बोर की एक राइफल, 4 कारतूस, 32 बोर का एक रिवाल्वर तथा तीन जीवित कारतूस भी बरामद किए गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों मिलिटैंट हत्या, अपहरण, फिरौती, जबरी वसूली तथा बलात्कार की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के थारू गांव में निर्मल सिंह नामक एक मिलिटैंट आपसी लड़ाई में मारा गया ।

दो लोगों की हत्या : अमृतसर जिला के पट्टी थाना के अंतर्गत तलवंडी सोभा सिंह गांव में कल रात मिलिटैंटों ने अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । तरनतारन सदर थाना के अन्तर्गत भोजाला गांव में कल रात मिलिटैंटों ने मस्सा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : तीन मिलिटैंट कालिया सिंह, प्रीतम सिंह और श्याम सिंह कल रात भटिंडा पुलिस गश्ती दल के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़े गए । इनके पास से तीन पिस्तौलें और 12 कारतूस मिले । एक मिलिटैंट होशियारपुर जिले में हथियारों समेत पकड़ा गया ।

भाजपा कार्यकर्ता के गनमैन की हत्या : मिलिटैंटों ने आज दोपहर अमृतसर शहर के न्यूप्रताप नगर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता डा. राम गुलाटी के गनमैन नरेन्द्र कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मरा : अमृतसर शहर के कोट हरनाम दास क्षेत्र में मिलिटैंटों ने बलवंत सिंह उर्फ बल्ला नामक एक व्यक्ति को आज दोपहर बाद गोलियों से मार दिया । पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताया है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : संगरूर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Digitized by Panjab Digital Library

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला के हाथिनपुर गांव में मिलिटैंटों ने पंजाब होमगार्ड जवान तेजा सिंह की गोलिया मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के जोगी माजरा गांव में 4 मिलिटैंट सरपंच जसवंत सिंह के घर में घुस गए तथा सिकंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद भाग गए ।

लुधियाना (धीमान): परसों 4 मिलिटैंट स्थानीय उद्योगपति अशोक का अपहरण कर ले गए थे । पता चला है कि उन्होंने उसकी रिहाई के लिए 25 लाख मांगे थे, लेकिन उन्होंने कोई रकम लिए बिना नई ए.सी. कार के बदले उसे रिहा कर दिया । पता चला है कि ये मिलिटैंट उपरोक्त लिखित उद्योगपति कारखाने में प्रातः साढ़े 7 बजे आए व बन्दूक की नोक पर कार की चाबियां ले लीं व अशोक की कार में ले गए । रास्ते में उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल तंग नहीं करेंगे बल्कि सैर कराएंगे । उसे लेकर दिन भर कार में घूमते रहे । पुलिस कंट्रोल ने उस कार का नम्बर देकर सारे पंजाब में वायरलैस पर सूचित कर दिया था । इसके बावजूद भी किसी नाका पार्टी या पुलिस ने इसका नोटिस ही न लिया । पता चला है कि श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस केस का गम्भीर नोटिस लिया है । शाम को मिलिटैंट अशोक सहित कार में उसकी राजकीय कालेज रोड वाली कोठी में आए और उसके बड़े भाई को प्यार से कहा कि हम तुम्हारे भाई व कार वापस कर रहे हैं । इसके बदले हमें नई एयर कंडीशंड कार दे दी जाए । वह कार लेकर चले गए ।

सरपंच का शव मिला : थाना पायल के बिलासपुर गांव से पुलिस को सरपंच त्रिलोक सिंह का गोलियों से छलनी शव मिला है । यह गांव के छप्पड़ के पास पड़ा था । पुलिस जांच कर रही है ।

खोखा जला दिया : जालन्धर शहर में जी.टी. रोड पर रैडक्रास भवन के निकट पान सिगरेट का एक खोखा जला हुआ पाया गया । पुलिस के अनुसार इस घटना में मिलिटैंटों का हाथ होने का संदेह है ।

मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा : गोराया (सिहरा): कल रात गोराया के निकट पुलिस ने नाका लगा रखा था कि दो संदिग्ध युवक पैदल आए । पुलिस ने रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक तो मारा गया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया; जिसकी तलाश जारी है । मृतक मिलिटैंट की पहचान अभी तक नहीं हो सकी । उसने दाढ़ी रखी हुई है मगर सिर पर केश नहीं हैं । पुलिस को घटनास्थल से जर्मनी का बना 32 बोर का पिस्तौल और 11 कारतूस तथा उनके 4 खोल मिले । मृतक की लाश पोस्टमार्टम के लिए फिल्लौर सिविल अस्पताल भेज दी गई है ।



जालंधर के लाजपत नगर में मिलिटैंटों द्वारा जलाए गए पान-सिगरेट के खोखे के अवशेष । (छाया : प्यारे)

स्कूटर छीना : होशियारपुर (नि.स.): आज दोपहर बाद 4 बजे के लगभग 3 मिलिटैंटों ने बडाला बाही गांव के पास एक व्यक्ति खुब चंद से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया । खुब चंद मरुली ब्राह्मणां गांव का निवासी है और घटना के समय वह अपने गांव लौट रहा था ।

अपहृत युवक लौटा : होशियारपुर के कमालपुर मुहल्ले के निवासी कुलवंत राय का लड़का रमन कुमार, जिसे कथित रूप से अपहृत कर लिया गया था, आज अपने घर लौट आया । पुलिस के अनुसार रमन कुमार ने अभी तक पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है ।

टांडा के अधीन केस दर्ज : होशियारपुर जिला में माहिलपुर पुलिस ने एक युवक तरसेम सिंह के विरुद्ध टांडा के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । उस पर आरोप है कि उसने अपने घर में मिलिटैंटों को पनाह दी थी ।

अंतिम संस्कार : होशियारपुर में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए युवक रमेश कुमार का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । आज फल व सब्जी विक्रेताओं ने शोक हड़ताल की ।

पुलिस कर्मी के भाई का अपहरण : फरीदकोट जिला में मिलिटैंटों ने पुलिस के सहायक सब इंस्पैक्टर के भाई सदा सिंह का अपहरण कर लिया ।



गोराया के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात मिलिटैंट का शव । (छाया : तरसेम)

सांसद का देहांत

रांची, 7 जुलाई (वार्ता) : पश्चिम बंगाल के पुरुलिया संसदीय क्षेत्र से फारवर्ड ब्लाक के सांसद चित्तरंजन महतो का आज यहां एक नर्सिंग होम में निधन हो गया ।



गत दिनों कलानौर के डाक्टर ज्ञान चन्द शर्मा के पुत्र परवीन कुमार का विवाह गुरदासपुर के श्री भूषण चन्द शर्मा की पुत्री प्रीती शर्मा से हुआ । (Advt.)

आपको सहर्ष सूचित किया जाता है कि **परम पूज्य गुरुदेव अनन्त श्री विभूषित ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज,** इंगलैंड, कैनेडा, अमरीका व हालैंड में भारतीय दर्शन व धर्म का संदेश जनमानस तक पहुंचाते हुए विश्व शांति के लिए आपके शहर में पधार रहे हैं । आपका धर्म विज्ञान समन्वित प्रवचन **9.7.91 से 21.7.91** तक प्रतिदिन प्रातः **7 से 8** बजे तक श्री कृष्णा



जत्थेबंदियां करने वालों की तलाश जारी : शर्मा

लुधियाना, 7 जुलाई (महिन्द्रा): गत 4 जुलाई के दिन मौजा कालख थाना डेहलों में मिलिटैंट जगरूप सिंह की रस्म भोग के अवसर पर गड़बड़ हुई थी तथा जहां पुलिस को हवाई फायरिंग, लाठीचार्ज तथा आंसू गैस का प्रयोग करना पड़ा था । पुलिस ने इस बारे में छापे मार कर 20 व्यक्तियों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । इनके अतिरिक्त एक व्यक्ति सुखविन्दर सिंह को हत्या के प्रयास तथा कई अन्य धाराओं के अधीन गिरफ्तार किया गया है ।

आज एस.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि अभी और भी कई व्यक्तियों की गिरफ्तारी सम्भव है । स्टेज सचिव जसबीर सिंह के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया गया है । पुलिस को अनेक उन व्यक्तियों की तलाश है, जिन्होंने लोगों को पुलिस के विरुद्ध लड़ने के लिए उत्तेजित किया था ।

याद रहे कि मिलिटैंट जगरूप सिंह के भोग में लगभग 5 हजार ग्रामीण शामिल हुए थे । वहां पब्लिक में से पुलिस पर फायरिंग हुई थी तथा पुलिस का एक सिपाही व अन्य एक दर्जन के लगभग पुलिस कर्मचारी घायल हुए थे । वहां मिलिटैंट संगठनों का एक संदेश भी पढ़ कर सुनाया गया था ।

बढ़ोवाल कांड : जंजीर एक वृद्ध ने

लुधियाना, 7 जुलाई (धीमान): गत 15 जून को बढ़ोवाल व किला रायपर रेलवे स्टेशनों पर मिलिटैंटों द्वारा किए गए निर्मम नरसंहार में 77 मासूम मारे गए व 78 घायल हुए थे । इस संदर्भ में नई जानकारियां मिली हैं । जगराओं की एक युवा महिला अपने पति व छोटे बच्चों के साथ इस अभागी गाड़ी में यात्रा कर रही थी । उसका पति भी मरने वालों में था । महिला ने पुलिस को दिए एक बयान में यह बताया है कि इस गाड़ी में जगराओं रेलवे स्टेशन से एक वृद्ध भी चढ़ा था । बढ़ोवाल रेलवे स्टेशन से 2 दर्जन युवक, जो मिलिटैंट हो सकते हैं, भी सवार हुए । जब यह गाड़ी स्टेशन से चली तो

पल्लेदारों द्वारा धरना

फगवाड़ा, 7 जुलाई (अशोक): एफ.सी.आई. के पल्लेदारों ने आज यहां अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया । पल्लेदारों के एक प्रतिनिधि ने बताया है कि धरने का क्रम 14 जुलाई तक जारी रखा जाएगा ।

इस बूढ़े ने अ
तरह यह गा
हो गई ।
अलग-अलग
जिससे चीख
इंजन के सा
अंतिम हरिद्व
डिब्बे में सव
सैनिक भी म
उसका पति

इस महि
यह पूर्व नियो
तलाश में है
बढ़ोवाल रेल
बंदूक की नो
रोकने के लि
गाड़ी धीमी
आर.एस. सि
इस दुखद रा
के एक थाने
ड्यूटी पर थे
सम्भव था

अब यह
रेलवे स्टेश
आर.पी.एफ
ठाकुर क्षेत्रीय
सिंह एस.ए
अधिकारी
आर.पी.एफ
उन्हें जगाया
सहायता की
जा सके ।
राज्यपाल भ
रेलवे दिल्ली
पहुंचा था ।

अब पत
पर इस कांड
से बाहर खड़
ट्रक गांव भट
चलाया और
साथ बैठाया
बीच उन्होंने
उतारा ।
सहित एक
अपने घर ज
लिया । स
प्रमाण नहीं

भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र को 10 करोड़ रुपए से भी अधिक की हानि !

बम्बई, 7 जुलाई (ब्लि.): भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र को गत जून में हुई व्यापक वर्षा से सम्भवतः 10 करोड़ रुपए से भी अधिक की हानि हुई है । इस दौरान अत्यधिक संवेदनशील व बहुमूल्य लेजर, मास स्पैक्ट्रोमीटर्स तथा कई अन्य महत्वपूर्ण उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए । इनमें से कई को तो बदला जाना भी असम्भव है ।

शीर्षस्थ सविज्ञ सूत्रों के अनुसार इस हानि के परिणाम अत्यधिक गम्भीर होने की आशंका है । इसके अलावा 100 वैज्ञानिकों का काम भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है ।

केंद्र के एक सूत्र के अनुसार किसी भी वैज्ञानिक के लिए अपना कार्यक्षेत्र एकदम बदल लेना सम्भव नहीं है इसलिए कुछ वैज्ञानिकों के लिए तो उनकी परियोजना व्यावहारिक रूप से समाप्त हो गई है ।

इस सूत्र का कहना था कि वर्षा ने तहखाने में बनी माइक्रोलर लैबोरेटरियों के उपकरणों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है । मगर वर्षा को चाहे नहीं रोका जा सकता था, परन्तु प्रबन्धकों ने अगर समय पर योजनाबद्ध कार्रवाई की होती तो इतना नुक्सान नहीं हो सकता था । इसके लिए उपयुक्त कोषों का न मिलना भी जिम्मेवार है ।

इस केंद्र में मल्टी डिसिप्लनरी रिसर्च स्कीम, कैमिस्ट्री व मेटल्लर्जी विभाग को अत्यधिक हानि हुई है । इस हानि से केंद्र का कार्य 2-3 वर्ष पीछे पड़ गया है । गैर-सरकारी ठेकेदार अभी भी तहखाने में स्थित प्रयोगशालाओं में से पानी तथा कीचड़ को निकालने में लगे हुए हैं ।

सूत्रों के अनुसार चूंकि कुछ उपकरण स्पंदन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं, इसीलिए उन्हें तहखाने की प्रयोगशालाओं में ही स्थापित किया गया । अब इन उपकरणों के प्रयोग से पूर्व इनके पूर्णतः सूखने की प्रतीक्षा करनी होगी । मगर फिर भी इन उपकरणों को अगर ग्राऊंड फ्लोर पर स्थापित कर दिया जाता तो सम्भवतः उनकी सुरक्षा हो सकती थी । हालांकि इन उपकरणों ने 2000 वर्गफुट से अधिक स्थान कतई नहीं घेरना था । मगर ऐसा नहीं किया गया ।

मगर वैज्ञानिकों की चिन्ता यही है कि यह समस्या सम्भवतः पहली बार के लिए ही नहीं उठी । चूंकि वर्षा की भयावह स्थिति का अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता, इसलिए ऐसे हालात में कुछ नुक्सान पुनः होने की भी आशंका उभर आई है ।

फिर भी इतना होने के बावजूद केंद्र के प्रशासन में किसी व्यक्ति विशेष पर लापरवाही बरतने के आरोप में अंगुली उठाना कठिन है, इसलिए कहा तो यही कहा जा सकता है कि उच्चाधिकारी सामूहिक रूप से असफल रहे ।

इंका भाजपा से गठजोड़ कर रही है : नम्बूद्रीपाद

तिरुअनंतपुरम, 7 जुलाई (प.स.): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ई.एम.एस. नम्बूद्रीपाद ने आज कहा कि कांग्रेस (इ) नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी से सम्बन्ध बनाने की कोशिश कर रहा है ।

श्री नम्बूद्रीपाद ने यहां कहा कि वामपंथी पार्टियों ने कांग्रेस (इ) के एक वर्ग के सहयोग की पेशकश ठुकरा दी थी क्योंकि इसमें वामपंथी पार्टियों से राष्ट्रीय मोर्चे से सम्बन्ध तोड़ देने के लिए कहा जा रहा था ।

लोकसभा सत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

है : कांग्रेस (इ) और उसकी सहयोगी पार्टियां 243, भारतीय जनता पार्टी 123, जनता दल 55, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी 35, कम्युनिस्ट पार्टी 12 तथा शेष अन्य ।

राजीव हत्या षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

की हत्या की थी और कि उसके शव की अब और जरूरत नहीं है । तनु के शव पर 22 मई को रासायनिक संलेपन करके उसे सुरक्षित रखा गया था । जांच दल को यह साक्ष्य भी मिला था कि विस्फोट में प्रयुक्त बम वाली बैल्ट से चिपके हुए मांस

निगम की लापरवाही से लाखों नागरिक परेशान

अमृतसर, 7 जुलाई (कमलेश): नगर निगम ने गत सप्ताह से लाखों नागरिकों को गर्मी की तीव्रता और बिजली व पानी के अभाव ने नर्क की आग में धकेल रखा है । निगम अधिकारी अकारण बिजली का कट लगा देते हैं और दिन में कम से कम 108 बार बिजली की आंख मिचौनी होती है । नहाना, धोना तो एक तरफ, पीने का पानी भी कठिनता से उपलब्ध होता है । नगर सुधार परिषद के प्रधान श्री

Punjab Sarathi

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ांधी की हत्या व कार म्यता के प्रमाण मिले

3 जुलाई (प.स.): श्रीलंका पुलिस को मिले हैं, जिनसे श्री राजीव गांधी की रक्षा मंत्रालय परिचालन मुख्यालय हुए कार बम विस्फोट की घटनाओं ोड़ा जा सकता है । इस कार बम व कर रहे गुप्तचरों ने कोलम्बो के नट्टे के एक ठिकाने से श्री गांधी की तनु उर्फ धानु उर्फ गायत्री का एक या है ।

एक संवाद एजैंसी के अनुसार सुरेन्द्र क कुख्यात आतंकवादी कोलम्बो के छपा हुआ था, वहां से तनु का फोटो । सुरेन्द्र को कार बम का मूल गया है ।

विस्फोट और रक्षा मंत्री रंजन हत्या का मूल षड्यंत्र रचने वाले बम से तनु का फोटो मिला है । क आम बागान में छिपे वरातन ने को पुलिस से घिर जाने पर ी थी ।

वर्षीय योजना की रे अभी कोई निर्णय नहीं

3 जुलाई (प.स.): योजना आयोग अभी फैसला करना है कि आठवीं अवधि 1990-91 से शुरू होगी य वर्ष से । इस महत्वपूर्ण मसले ोग निर्णय करेगा । आयोग का नहीं किया गया है । आयोग के खर्जी ने वित्तीय लेखकों के फोरम ोधित करते हुए यहां यह बात

वर्मा द्वारा त्यागपत्र

3 जुलाई (वार्ता): दिल्ली उच्च धीश एम.एल. वर्मा ने त्यागपत्र ने अपना त्यागपत्र गत शनिवार था उसकी प्रति मुख्य न्यायाधीश ी प्रस्तुत कर दी । उनके द्वारा म का कारण अभी ज्ञात नहीं हो

र्ष जुलाई में न्यायाधीश बने थे ल 2004 तक इस पद पर कार्य लय के किसी स्थायी न्यायाधीश का यह प्रथम अवसर है ।

रोहरवार खान ने कहा कि पाकिस्तान ने सितम्बर के प्रथम सप्ताह में वार्ता आयोजित करने का सुझाव दिया है । उन्होंने कहा, "अब हम इस संबंध में दूसरी तरफ से पुष्टिकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

इससे पूर्व माले में हुए दक्षेस शिखर सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री श्री माधव सिंह सोलंकी ने कहा था, "हम पाकिस्तान के साथ वार्ता का स्तर आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं ।"

के साथ रासायनिक हथियारों के अप्रसार के मुद्दे पर भी बातचीत करने को तैयार है । उन्होंने कहा–"हम इस संबंध में नई दिल्ली में नई सरकार की प्रतिक्रिया चाहते हैं ।"

इस बीच पाकिस्तान के विदेशी मामलों के सैक्रेटरी जनरल श्री अकरम जाकी ने कहा है कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए भारत के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है ।

पंजाब में 4 मिलिटैंट मरे, 2 कांस्टेबलों समेत 4 लोगों की हत्या, 3 का अपहरण

चंडीगढ़, 8 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 4 मिलिटैंट मारे गए, 2 पुलिस कांस्टेबलों समेत 4 लोगों की हत्या हुई तथा एक मिल मालिक सहित 3 लोगों का अपहरण हुआ ।

गुट संघर्ष में महिला समेत 2 मरे : अमृतसर (नारंग): तरनतारन पुलिस जिला के पहलवानके गांव में कल रात खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध 5 मिलिटैंटों ने दलबीर कौर तथा रूप सिंह को उनके घरों से अपहृत कर लिया तथा गांव के बाहर ले जाकर उनको गोलियां मार दीं । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने इस घटना को गिरोहों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताया है ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : कल रात अमृतसर के थाना 'बी' डिवीजन के अन्तर्गत कपूर नगर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उसका एक साथी साइकिल पर भागने में सफल हो गया । घटनास्थल से एक माऊजर तथा 3 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

राइफल ले गए : आज प्रातः दस बजे रैय्या चौकी का पुलिस कर्मी संतोख सिंह ग्रामीण विकास बैंक में ड्यूटी पर जा रहा था कि 4 मिलिटैंटों ने रास्ते में ही उससे सैल्फ लोडिंग राइफल छीन ली तथा छोटा रैय्या की तरफ भाग गए ।

मिल मालिक का अपहरण, कर्मी की हत्या : फरीदकोट जिला के सिंधवाला गांव से कल रात मिलिटैंटों ने एक रोलिंग मिल के मालिक किशोरी चंद का अपहरण कर लिया तथा मिल के एकाऊंटैंट शैलू राम की गोली मारकर हत्या कर दी । सूचना मिलने पर पुलिस ने मिलिटैंटों का पीछा किया, लेकिन वे गोलीबारी के बाद भागने में सफल हो गए ।

हमले में कांस्टेबल की मृत्यु : पटियाला (राजू) : पटियाला जिला के वडाली आला गांव के निकट कार में सवार मिलिटैंटों ने पुलिस के एक दल पर हमला किया, जिससे कांस्टेबल प्रितपाल सिंह की मृत्यु हो गई । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । क्रास फायरिंग में एक नागरिक जख्मी हो गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुकाबले में कार में बैठा एक मिलिटैंट घायल भी हुआ । मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट रोपड़ जिला के चूनी गांव की तरफ फरार



रविवार को जिला कैथल के एक गांव में मिलिटैंटों के हमले में (ऊपर) घायल हुआ हरियाणा पुलिस का सिपाही ऋषि प्रकाश, (नीचे) हमले में मारा गया हवलदार बरजिन्दर सिंह । (छाया: राजगिरी)

हुए । पुलिस ने उक्त मिलिटैंटों की गिरफ्तारी के लिए अभियान छेड़ा है ।

अपहरण : भादसों थाना के अन्तर्गत वीरधन गांव से आज प्रातः मारुति कार में सवार 3 मिलिटैंटों ने काका सिंह के घर में घुस कर उसके 5 वर्षीय भतीजे विक्की का अपहरण कर लिया । मिलिटैंटों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

नजरबंदी को

गुवाहाटी, 8 जुलाई (व प्रतिबंधित असम संयुक्त मु सभी नजरबंद कार्यकर्त्ताओं व दे दी और अपील की कि उ व्यक्तियों को मुक्त कर दे ।

राज्य के मुख्यमंत्री हिते श और आकाशवाणी के गुवाहा के इस फैसले की घोषणा की जरूरी हुआ तो उल्फा की मां उस पर लगा प्रतिबंध हटा दि ने कहा कि आम माफी की सरकार की हार या जीत नहीं उन्होंने कहा कि यह सम्पादकों, वकीलों, राजनी महिलाओं स्वयंसेवी संगठनों बाद लिया गया ।

श्री सैकिया ने बताया कि मुक्त कराने के लिए सरका सम्पर्क कायम नहीं कर पा व्यक्तियों में एक सोवियत इं

श्री सैकिया ने कहा कि सहित दो अपहृत व्यक्तियों की छः नेताओं को छोड़ने की मां ओर से सरकार को अभी तक व है । मुख्यमंत्री ने कहा कि अ चाहती है और राज्य सरका बातचीत के लिए आगे आने है ।

उन्होंने कहा कि हो सक शिकायतें जायज हों और इसी उठाए हों लेकिन उन्हें अपनी करने के लिए बातचीत का रास्त

नक्सलियों ने विस्फोट से उ

हैदराबाद, 8 जुलाई (वा निजामाबाद जिले के वेला निर्माणधीन पुलिस थाने को व ग्रुप के उग्रवादियों ने विस्फो निजामाबाद जिले के पुलिस अ सीमा ने आज बताया कि नक्स थाने को डायनामाइट से उड़ाया के पुलिस क्वार्टरों को कोई नुक

बताया जाता है कि इस वि जुलाई को येल्लारेड्डीपल्ले नक्सलवादियों और पुलिस के बी जिसमें तीन नक्सली मारे गए थे विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं

ामी के अपहर्त्ताओं द्वारा रिहाई के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ाने से

ाई (प.स., वा.): इंडियन आयल ारी निदेशक श्री के. दुरई स्वामी नकी रिहाई के लिए निर्धारित तक की समय अवधि को और कर दिया है । श्री दुरई स्वामी छ साथियों की रिहाई की मांग

ी का अपहरण करने वाले

आशा है ।" इन सूत्रों का कहना है कि अलगाववादियों की मांगों बारे 'काफी भ्रम की स्थिति' है ।

खुशवंत सिंह द्वारा रिहाई की अपील : नई दिल्ली : प्रख्यात पत्रकार व लेखक खुशवंत सिंह ने आज श्री दुरई स्वामी के अपहरणकर्त्ताओं को अपील की है कि वे श्री स्वामी को शीघ्र ही रिहा कर दें

सिने अभिनेताओं द्वारा भी अपील : बम्बई : तेल क्षेत्र के अधिकारियों ने श्रीनगर दूरदर्शन को प्रसारण के लिए एक वीडियो कैसेट प्रस्तुत की है, जिसमें सिने अभिनेताओं दिलीप कुमार व सलमान खान द्वारा के. दुरई स्वामी की रिहाई की अपील की गई है ।

हुआ ।

सूत्रों ने बताया कि नई सड़क ह चौकी पर कल रात जब अलगाव व फैंका तो एक नागरिक घायल हो

अलगाववादियों ने कल श्रीन क्षेत्र गन्देरबल के निकट दुदरहा

Punjab Archive

वितरण में कड़े

केन्द्र से आग्रह

है ।

या कि पिछले एक सप्ताह में
में उत्तरी ग्रिड में सरासी के
हुआ । इस अवरोध के कारण
तक बिजली सप्लाई में बाधा

कि प्रदेश के जिन कारखानों को
गई थी उन्हें थोड़े से ही समय
शुरू कर देने पर केन्द्रीय
बिजली बोर्ड की प्रशंसा की

कि मौजूदा स्थिति में पंजाब
सल के लिए नलकूपों को यथा
क अवधि तक बिजली उपलब्ध
रहा है । उन्होंने आशा प्रकट
ने के साथ ही प्रदेश में विद्युत
एगा ।

के हल के लिए

की जाए : बिल्ला

(विक्रांत): पंजाब में हिंदू बनाम
ाब में शांति की बहाली के
जाए जिसमें केंद्र सरकार,
को विश्वास में लें । उक्त
ाव सेना के प्रधान श्री सुरिन्द्र
।

ी कि पंजाब में चुनाव शांति
वाए जाएं । उन्होंने पंजाब
त्र से सेना की कुछ टुकड़ियां
रते हुए कहा कि अपहरण,
संख्या बढ़ रही है पर फिर भी
पस बुला रही हैं । उन्होंने
ले करने की मांग की है ।

ाना नगरनिगम के मेयर के
र्टी व इंका के बीच हुए
। उन्होंने अकाली दलों की
उन्हें न तो पंथ से प्यार है
केवल सत्ता के भूखे हैं और
हैं । श्री सिमरनजीत सिंह
संतुलन ही खो बैठे हैं । वह
गुमराह कर रहे हैं ।

कि पंजाब में अल्पसंख्यक
व सरकारी नौकरियों में
उन्होंने जम्मू-कश्मीर के
की मांग की है ।

कलम्बो, 8 जुलाई (वार्ता): पूर्वी श्रीलंका में संदिग्ध तमिल विद्रोहियों ने कल जिस गांव में मुसलमान ग्रामीणों की सामूहिक हत्याएं की थीं उस स्थान से दो शव और बरामद होने से इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 27 हो गई है । यह जानकारी आज यहां सैनिक अधिकारियों ने दी ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उक्त बच्चे की रिहाई के लिए 20 हजार रुपए की फिरौती मांगी है । जाते समय मिलिटैंट घर से एक बंदूक भी ले गए ।

कांस्टेबल समेत 2 की हत्या : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार आज प्रातः कुमकलां क्षेत्र के गांव मंडली ढनवाली में मिलिटैंटों ने मदन लाल नामक एक व्यक्ति के शराब के ठेके पर फायरिंग की, जिससे पुलिस कांस्टेबल कुंदन लाल तथा ठेके के कारिंदे महेश कुमार की मृत्यु हो गई । इस घटना में सुखदेव सिंह नामक एक व्यक्ति घायल हो गया ।

एक का अपहरण : लुधियाना के माडल टाऊन एक्सटैंशन में 4 मिलिटैंट अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर आए और उसके लड़के संदीप सिंह को कार में डाल कर ले गए ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट भाग निकले : लुधियाना जिला के चुबकी गांव के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के दौरान दो मिलिटैंट बचकर भाग गए । रोपड़ जिला में विशालपुर पुलिस चौकी पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की । पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

एक मिलिटैंट काबू : रोपड़ जिला के रतननगढ़ गांव के निकट से पुलिस ने एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । अभी तक उसकी पहचान नहीं हुई ।

मिलिटैंट का शव मिला : बटाला पुलिस जिला के श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र से पुलिस ने कल एक अज्ञात मिलिटैंट की गोलियों से छलनी शव बरामद किया । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस का मानना है कि यह वारदात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

डाकखाना लूटा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार आज दोपहर बाद 3 बजे के लगभग अमृतसर-बटाला मुख्य मार्ग पर स्थित एक डाकखाने से 2 मिलिटैंटों ने 7663 रुपए 70 पैसे लूट लिए और फरार हो गए । ये मिलिटैंट पैदल आए थे और पैदल ही भाग गए ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

की गई ।

संघ के प्रवक्ता के.सी. सुदर्शनजी ने संवाददाताओं को बताया कि यदि घाटी में आपात काल घोषित कर दिया जाता है तो अपराधियों और पृथकतावादी तत्वों पर सैनिक अदालतों में तेजी से मुकद्दमे चलाए जाएंगे ।

बैठक में कहा गया कि केंद्र को पाकिस्तान को चेतावनी देनी चाहिए कि यदि वह पाक अधिकृत कश्मीर में कश्मीरी अलगाववादियों को प्रशिक्षण देना बंद नहीं करता तो भारत को सैनिक कार्रवाई करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ेगा ।

बैठक में कश्मीर छोड़ कर आए लोगों के भविष्य पर भी चिंता व्यक्त की गई तथा उनके पुनर्वास का आह्वान किया गया ।

दर्जन कर्मचारी घायल
लाठीचार्ज, अश्रु गैस
व्यक्ति घायल नहीं हु

पुलिस ने कठिन
निभाई । स्टेज पर मि
वालों को भी पकड़ा
पुलिस कर्मचारी सादा
हुए थे । उन्होंने जूते

25

(पृष्ठ

गम्भीर स्थिति से निपट

रुपए का और
वेंकटरमन ने कहा कि
अवमूल्यन सोवियत सं
दृष्टिगत किया गया क
भारत की मदद की है

उन्होंने यहां पत्रव
विनिमय दर में कमी द्वि
अधिक की गई । पिछ
अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा
अवमूल्यन किया गया
भविष्य में रुपए के औ
नहीं है ।

प्रतिक्रिया : बम्ब
शांति लाल सोनावाला ने
ट्रांसफर करने के भार
का स्वागत किया है तथ
घड़ी में यह एक सही क
से बातचीत करते हुए उ
विदेशी मुद्रा अर्जित कर
करना चाहिए, भले ही
बेचा जाए या गिरवी र
मांग की कि अप्रवासी भ
शुल्क के बिना सोना ल
उन्होंने कहा कि यदि जरू
प्रतिशत तक आयात शु

फैडरेशन आफ इंडिय
के अध्यक्ष श्री रामू दओ
आफ इंगलैंड में ट्रांसफर
है । उन्होंने कहा है कि
भारत की विश्वसनीयता
भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय ब
उन्हें हर कीमत पर पू
उन्होंने कहा कि यदि भ
भुगतान न किया तो भवि
नहीं देगा ।

समाजवादी जनता
कम्यूनिस्ट पार्टी ने मां
विदेश भेजे जाने के बारे
करें । सजपा और माक
बयानों में सरकार के इस
इन पार्टियों ने इस बात
कि इस बारे में जनता
गया । सजपा प्रवक्ता
एक प्रैस कांफ्रैंस में इस
किया । उनके अनुसार
दो दिन पहले ही कहा थ
खत्म हो गया है ।

डा. स्वामी ने सरका
भेजे जाने की शर्तों के बा
उन्होंने कहा कि इस मूल
खराब स्थिति में ही बेचा

एरिया कमांडर अमरजीत सिंह समेत 5 मिलिटैंट मरे, कांस्टेबल सहित 2 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 9 जुलाई (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों द्वारा मिलिटैंटों के विरुद्ध शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान अमरजीत सिंह तथा बिजयपाल सिंह नामक दो दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में 3 और मिलिटैंट मरे, एक कांस्टेबल समेत 2 लोगों की हत्या हुई तथा एक व्यापारी का अपहरण हुआ । इस बीच लुधियाना दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी श्री महेन्द्र सिंह मिलिटैंटों के हमले में बाल-बाल बच गए ।

मुठभेड़ में 2 दुर्दांत मिलिटैंट मरे: अमृतसर (ग्रामीण) सुरक्षा बलों द्वारा मिलिटैंटों के विरुद्ध जो विशेष अभियान शुरू किया गया है, उसके अंतर्गत आज दो दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए । प्राप्त विवरण के अनुसार मजीठा पुलिस जिला के हसनपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत मिलिटैंट विजयपाल सिंह मारा गया । 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' के दौरान जिन मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था, विजयपाल सिंह उनमें से एक था । वह पिछले कई वर्षों से अमृतसर

हमले में एक निर्दलीय प्रत्याशी बाल-बाल बचा

क्षेत्र में सक्रिय था । उसे 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' के दौरान गिरफ्तार किया गया था और अभी कुछ ही पहले ही उसे जमानत पर छोड़ा गया था । इसके बाद वह खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजबड़) में शामिल हो गया था । वह हत्या के 100 से भी अधिक मामलों में पुलिस को वांछित था ।

तरनतारन पुलिस जिला के गांव बहादुर नगर में सुरक्षा बलों के साथ 2 घंटे तक चले मुकाबले में बब्बर खालसा से संबद्ध एक खतरनाक मिलिटैंट अमरजीत सिंह मारा गया । अमरजीत सिंह 'एरिया कमांडर' था और उसकी गिरफ्तारी पर 2 लाख रुपए का इनाम था । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद हुआ है ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : कल रात तरनतारन पुलिस जिला के गांव कल्ला में गुरमेज सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया । कल रात तरनतारन थाना के अंतर्गत ठट्ठी खारा गांव में 4 मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह तथा धन्ना सिंह को उनके घरों से अपहृत कर लिया तथा निकटवर्ती गांव पंडोरी तरलमल में ले जाकर दोनों को गोलियां मार दी । गुरचरण सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घायल धन्ना सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताया है ।

एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : अमृतसर जिला के सरहाली गांव में कुछ मिलिटैंट गुरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस आए । घर वालों ने दर्शन सिंह नामक एक मिलिटैंट को पकड़ कर उसकी जम कर पिटाई की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । अन्य मिलिटैंट भाग गए ।

बालक के अपहरण का प्रयास : अमृतसर शहर के निकटवर्ती कोट खालसा गांव से मिलिटैंटों ने एक बालक के अपहरण का प्रयास किया ।

निर्दलीय प्रत्याशी बाल-बाल बचा : लुधियाना (ग्रामीण, महेन्द्रा) आज प्रातः स्थानीय डुगरी कालोनी में 2 मिलिटैंटों ने लुधियाना देहाती विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी श्री महेन्द्र सिंह पर फायरिंग की लेकिन श्री सिंह बाल-बाल बच गए । श्री सिंह के अंगरक्षक द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

व्यापारी का अपहरण : लुधियाना जिला के हठूर गांव से कार सवार 3 मिलिटैंटों ने बनारसी दास नामक एक व्यापारी का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि श्री बनारसी दास सैर के लिए गए थे कि रास्ते में आराम करने के लिए एक अस्पताल के निकट बैठ गए । इस बीच मिलिटैंट वहां आए और श्री बनारसी दास को पिस्तौल की नोक पर कार में बिठा कर ले गए ।

मुठभेड़ के बाद मिलिटैंट काबू : लुधियाना से लगभग 16 किलोमीटर दूर अबोहर नहर के नजदीक से पुलिस ने मुकाबले के पश्चात् एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि तीन

(शेष पृष्ठ 6 पर)

संसद भवन परिसर में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

नई दिल्ली, 9 जुलाई (प.स.): दसवीं लोकसभा का प्रथम सत्र आज अत्यधिक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ । जगह-जगह पर सादे कपड़ों में सुरक्षा कर्मी प्रत्येक आगंतुक पर निगाह रखे हुए थे । राजीव गांधी की हत्या और मिलिटैंटों के हमले की आशंका के दृष्टिगत सुरक्षा कर्मियों ने सारे परिसर की खुब छानबीन की और निकटवर्ती इमारतों की छतों पर पक्के निशानेबाज सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे ।

संसद भवन परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी । संसद भवन परिसर के निकट सशस्त्र सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे तथा कई स्थानों पर अवरोधक लगाए गए थे ।

हाल ही में संसद भवन के अन्दर स्थापित पुलिस कंट्रोल रूम में उन्नत किस्म के उच्च प्रौद्योगिकी वाले संचार उपकरण लगाए गए हैं ।

अपहर्त्ताओं द्वारा

Punjab Sanjar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

संदिग्ध व्यक्ति जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया । उन्होंने गोलियां चला दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इसमें एक मिलिटैंट घायल हो गया । उसके साथी भागने में सफल हो गए । पुलिस ने घायल मिलिटैंट को दबोच लिया । उसकी पहचान किला रायपुर के गुरदीप सिंह के रूप में हुई है । उसको अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । उसके कब्जे से एक राईफल, एक मोटर साईकिल व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । वह लूटमार की कई वारदातों में वांछित था ।

कांस्टेबल की हत्या : रोपड़ जिला के कालापुर गांव में मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल ज्ञान सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उक्त कांस्टेबल रोपड़ के ए.एस.पी. के साथ सम्बद्ध था ।

आखिर मिलिटैंटों ने हाथ खड़े कर दिए : रोपड़, (महेंद्र जैन): जिला रोपड़ के वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री मोहम्मद मुस्तफा ने आज यहां बताया कि आज सुबह लगभग 4.30 बजे एक पुलिस पार्टी जब गश्त पर थी तो जिला रोपड़ के थाना कुराली क्षेत्र के गांव किशनपुरा के निकट कुछ मिलिटैंटों ने घात लगा कर पुलिस की गाड़ियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । तुरन्त पुलिस वाहन रुके तथा अपने बचाव में गोलियां चलानी शुरू कीं । 20 मिनट की गोलीबारी के बाद पुलिस पार्टी प्रमुख ने मिलिटैंटों को हथियार फैंक कर आत्म-समर्पण के लिए कहा तो कोई रास्ता न पाकर कुल सात मिलिटैंटों ने हथियार फैंक कर आत्म-समर्पण कर दिया । पुलिस दल ने उनसे एक 9 एम.एम. माऊजर, 2 राइफलें 303 तथा 2 पिस्तौलें .315 बोर, 2 बोतल बम तथा काफी मात्रा में जीवित कारतूस भी बरामद किए हैं । श्री मुस्तफा ने बताया कि आत्म-समर्पण करने वाले मिलिटैंटों की पहचान अमरजीत सिंह जट्ट गांव मकडौना खुर्द, थाना मुरिण्डा, दिलबाग सिंह निवासी गांव गीगे माजरा थाना सोहाना, विक्रमजीत सिंह गांव पिपल माजरा थाना चमकौर साहिब, बरधीर सिंह गांव खैरपुर थाना कुराली गांव खैरपुर तथा गुरचरण सिंह गांव भुट्ठा खेड़ी जिला पटियाला के रूप में हुई ।

रिटायर्ड सूबेदार की हत्या : संगरूर जिला के नत्थूहरे गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सेना से रिटायर हुए सूबेदार प्रेम सिंह की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने जालन्धर और रोपड़ जिलों से पांच-पांच मिलिटैंट गिरफ्तार किए हैं ।

पिस्तौल ले गए : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल शाम यहां से कुछ मील दूर गांव संधुपति में मिलिटैंट कुलवंत सिंह नामक सहकारी इंस्पैक्टर से उसकी पिस्तौल छीनकर ले गए ।

स्कूटर छीना : संगरूर से 35 किलो मीटर दूर महक कलां गांव में मिलिटैंट मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.जे.एस. 4965 छीन कर भाग गए ।

पैट्रोल पम्प पर फायरिंग : संगरूर जिला में महक कला रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प पर कल शाम कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग की । इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ ।

चौकी पर फायरिंग : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे फगवाड़ा-नकोदर रोड पर स्थित गांव जगतपुर में मिलिटैंटों ने पुलिस चौकी पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । मुठभेड़ लगभग 15 मिनट तक चली ।

4 और मिलिटैंट पकड़े गए : पटियाला (भूषण): बनुड़ थाना क्षेत्र के मनौली गांव के निकट से सुरक्षा बलों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों लक्खा सिंह तथा सुखपाल सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया । पटियाला सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक और मुठभेड़ के बाद 2 मिलिटैंटों को पकड़ा । इनके नाम अमरीक सिंह तथा लखबीर सिंह हैं ।

राईफल छिनी : पटियाला (भूषण): गांव वजीराबाद थाना सरहिन्द में आज तड़के 3 बजे 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने सोहन सिंह के घर में दाखिल होकर उससे पिस्तौल की नोक पर 12 बोर की राईफल छीन ली और भाग गए ।

बैंक की जीप छीनी : बटाला (कोछड़): थाना सिटी बटाला के क्षेत्र में जालन्धर रोड से कल शाम 2 मिलिटैंट स्थानीय इलाहाबाद बैंक शाखा की जीप पी.बी./06/6170 छीन कर ले गए । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मिलिटैंट जीप में जब्री सवार हुए और मेहता चौक जाकर ड्राईवर को उतार कर जीप लेकर फरार हो गए ।

स्कूटर छीना : थाना सदर बटाला के गांव अच्चल के निकट से 2 मिलिटैंट गांव मिश्रपुरा निवासी सन्तोख सिंह से बजाज चेतक स्कूटर पी.आई.डी. 2171 छीन कर फरार हो गए ।

Public Notice



"This is to bring to the notice of the general public that Shri Sat Prakash Kapoor S/o Shri Babu Ram Kapoor, Formerly an employee designated as a Sales Man, 3-Wheeler, in M/s Dada Motors, B.M.C. Chowk, Jalandhar, **ceases to be in our pay roll of staff w.e.f. 1.7.1991.** Persons dealing with him in the same capacity will do so at his own risk and responsibility."

FOR QUALITY GAS LIGHTERS



TOPAZ-MAHARAJA-NIRMA SUN—BBQ—NTK etc.

R.K. AGENCIES
208, Pratap Market, Sadar Bazar, Delhi-6 Ph.: 772818

राजीव के हत्यारे की वायरलैस बरामद

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि उस पुलिस कर्मी को तिरुनेलवेली कट्टावोभन जिले के मनीमुधर में स्थानांतरित कर दिया गया है ।

श्री दंडायुतपाणि ने कहा कि कई पुलिस कर्मी विस्फोट के तुरन्त बाद भाग गए थे । घटनास्थल पर पाया गया यह पहचान पत्र इस बात की पुष्टि करता है । उन्होंने मांग की कि जो पुलिस कर्मी मौके से फरार हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ।

क क्षेत्रों के पास विकसित क्षमता है ।
ादन के उन क्षेत्रों तक सीमित रहेगी,
ौर इक्विटी पूंजी में श्रमिकों की
ण सार्वजनिक क्षेत्र में शामिल करना
है ।

ने कहा कि भारतीय उद्योगों की
र गुणवत्ता को बढ़ा कर विश्व स्तर
ए ऐसे क्षेत्रों में टैक्नालोजी के आयात
सरल बनाया जाएगा, जहां देशी
राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं

वर्ग विकास निगम स्थापित

वेंकटरमन ने कहा कि सरकार
शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए
रते समय इन वर्गों के अधिक निर्धन
मिकता देगी । जहां अधिक निर्धन
न्ध नहीं होंगे, वहां यह लाभ इन्हीं
गों को दिया जाएगा । उन्होंने कहा
छड़ा वर्ग विकास निगम की स्थापना
सुनिश्चित करेगी कि आरक्षण का
प से पिछड़े ऐसे लोगों को भी दिया
मान योजनाओं के दायरे में नहीं

न ने कहा कि सरकार इंदिरा महिला
ग्रामीण क्षेत्रों में जवाहर रोजगार
रने के लिए प्रतिबद्ध है और अगले
देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी
के लिए राजीव गांधी के नाम पर एक
कार्यक्रम लागू करेगी ।

त्या जांच : राष्ट्रपति ने कहा कि
गांधी हत्या जांच आयोग के कार्यक्षेत्र
ी और उसे व्यापक बनाएगी । श्री
ा कि राजीव गांधी की हत्या से देश
बढ़ती हुई प्रवृत्ति को रोकने की
तरफ तेजी से ध्यान आकृष्ट हुआ
ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या से
का सामना भारत की जनता ने धैर्य
ाथ किया, जिसके फलस्वरूप लोकतंत्र
ौर देश को अस्थिर करने की कोशिश
क्तों को निराशा हाथ लगी । हाल ही
म चुनावों ने एक बार फिर भारत की
ाली की शक्ति और जीवन्तता
।

ने कहा कि कानूनी दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय
त्ति एवं जनजाति आयोग के गठन का
ा किया जाएगा और उसको प्रभावी
सभी सहायता प्रदान की जाएगी ।
चित जाति एवं जनजाति वित्त और
म को मजबूत बनाया जाएगा ।
धिकारों के हितों की रक्षा के लिए एक
क किया जाएगा, जिसे सभी ज़रूरी
शक्तियां प्राप्त होंगी ।

ने कहा कि महंगाई पर काबू करने के
रकार जमाखोरी, मुनाफाखोरी

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

विस्फोट में 3 पुलिस कर्मी मरे, 7 अन्य घायल : अमृतसर (सुभाष नारंग) गत रात्रि 12 बजे के करीब पुलिस जिला तरनतारन क्षेत्र के गांव लालपुरा टोटियां में स्थित एस.पी. ओज चौकी पर कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । इस पर चौकी पर तैनात जवानों ने पुलिस से सम्पर्क स्थापित किया तथा और फोर्स भेजने को कहा ।

बताया जाता है कि एक कार में जब अन्य पुलिस कर्मी उस चौकी की ओर जा रहे थे तो रास्ते में मिलिटैंटों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग में विस्फोट होने के कारण उनकी वह कार ध्वस्त हो गई, जिससे 3 पुलिस कर्मी मारे गए व 7 अन्य घायल हो गए । मृतकों में 2 ए.एस. आई.ज ओम प्रकाश व बलबीर सिंह तथा कांस्टेबल काबुल सिंह शामिल हैं । जबकि घायलों में एक हैड कांस्टेबल कर्मजीत सिंह व 6 कांस्टेबल्ज सुरेन्द्र पाल सिंह, गुरबख्श सिंह, सुखविन्दर सिंह, रछपाल सिंह, जोगिन्दर सिंह व सुरजीत सिंह है । इन्हें अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार बताया जाता है कि निरीक्षण करने के बाद रात 12 बजे के लगभग जब यह अतिरिक्त पुलिस फोर्स वापस लौट रही थी तो लालपुरा गांव के बाहर एक कच्चे रास्ते में मिलिटैंटों ने एक बारूदी सुरंग बिछा रखी थी, जब उनका वाहन इस सुरंग पर से गुजरा तो भीषण विस्फोट के साथ ही वह ध्वस्त हो गया । इस दल का नेतृत्व कर रहा डी.एस.पी. बच गया है ।

कार चालक की हत्या : रायकोट (राकेश) यहां से 5 कि.मी. दूर गांव तलवंडी राए में गत मध्य रात्रि को 5 मिलिटैंट पैदल चल कर चमकौर सिंह उर्फ कौरा नामक एक कार चालक के घर में आए व उसे अम्बैसैडर कार में साथ ही चलने को कहा । मगर कौरा ने उनके साथ जाने से इन्कार कर दिया तथा उन्हें कार ले जाने को कहा ।

इस पर मिलिटैंटों ने जब उसे विवश किया तो चमकौर ने भागने की कोशिश की, इस पर मिलिटैंटों ने उसे गोली मार दी और कार को छोड़ कर चले गए । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल का एक तथा .38 बोर के कई चले हुए कारतूस मिले हैं ।

प्रत्याशी व उसका साथी गिरफ्तार : गुरदासपुर (विनोद) जिला पुलिस अधीक्षक सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार जिला पुलिस ने होशियारपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से खड़े अखिल भारतीय छात्र संघ के प्रत्याशी सुरिन्दर सिंह उर्फ बिल्ला और उसके एक अन्य साथी कुलवंत सिंह निवासी पठानकोट को रोपड़ से जबरी वसूलियों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है ।

श्री गोयल के अनुसार कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि वे उनसे धमकी दे कर रुपए मांगते हैं तथा जांच करने पर जब तथ्य सही पाया गया तो उन्हें कल गिरफ्तार कर लिया गया ।

पाबंदी लागू : जिला मैजिस्ट्रेट जगपाल सिंह संधु ने एक आदेश जारी करके जिला भर में बस सेवा, श्री व्हीलरों व टैम्पो के चलने पर रात 8.30 बजे से प्रातः 5.00 बजे तक पाबंदी लगा दी है, जो आगामी 25 अगस्त तक लागू रहेगी ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार मारा गया मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ संबंधित था तथा इसकी शिनाख्त सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र ईशर सिंह निवासी महेशपुरा जिला लुधियाना के रूप में हुई है ।

पैट्रोल पम्प मालिक की हत्या : पठानकोट (गुप्ता): आज रात्रि लगभग 10 बजे सुजानपुर में मिलिटैंटों ने एक पैट्रोल पम्प पर हमला करके मालिक बैजनाथ सरकारी ठेकेदार को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जब उसे अस्पताल में ले जाया जा रहा था तो मार्ग में ही उसकी मृत्यु हो गई ।



तरनतारन पुलिस जिला में लालपुरा के निकट मिलिटैंटों द्वारा किए गए विस्फोट में घायल चार पुलिस कर्मचारी अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : ओम भंडारी)

मार्ग प्रशस्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

बारे में इंका और भाजपा में हुए समझौते को राष्ट्रीय मोर्चा-वामपंथी गठबंधन द्वारा कोई विशेष महत्व नहीं दिया जा रहा । वे समझते हैं कि सरकार ने इस मामले को सही ढंग से नहीं निपटाया परन्तु इस मुद्दे पर इंका के भीतर काफी आक्रोश है । श्री नरसिम्हाराव के विरोधी वरिष्ठ इंका नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर न तो पार्टी को और न ही अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों को विश्वास में लिया है तथा लोकसभा अध्यक्ष के मुद्दे पर सर्वसम्मति को संसदीय मामलों के मंत्री श्री गुलाम नबी आज़ाद की विफलता के रूप में लिया जा रहा है । कुछ पार्टी सांसद तो गत दिवस पार्टी के संसदीय दल की आवश्यक बैठक बुलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की योजना भी बना रहे थे । परन्तु बाद में यह विचार त्याग दिया गया तथा कुछ दिन और प्रतीक्षा करने का निर्णय किया गया ।

इस बीच श्री गांधी परिवार के वफादार सांसदों ने प्रधानमंत्री द्वारा एक राष्ट्रीय दैनिक को दिए गए साक्षात्कार को गम्भीरता से लिया है, जिसमें श्री नरसिम्हाराव ने अप्रत्यक्ष रूप से सेंट किट्स कांड में स्वर्गीय राजीव गांधी को संलिप्त किया है ।

प.स. के अनुसार कांग्रेस (इ) ने आशा व्यक्त की है कि लोकसभा में उसे कल विश्वास मत हासिल हो जाएगा । पार्टी प्रवक्ता सी.पी. ठाकुर ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान विश्वास व्यक्त किया कि इस पहले शक्ति परीक्षण में आम राय की भावना कायम होगी और सरकार इसमें सफल रहेगी ।

भारतीय जनता पार्टी ने नरसिम्हाराव मंत्रिमंडल के विश्वास मत प्रस्ताव पर सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध वोट डालने के लिए अपने सभी लोकसभा सदस्यों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया है । लोकसभा में भाजपा के 117 सदस्य हैं । पार्टी ने अपने व्हिप में

फिर

बेचने के आरो
आवारागर्दी के
8 लोग पकड़े
हथियारों में दो

घरिंडा थान
व्यक्ति अफीम
जबकि 10 व्यक्ति
किए गए हैं ।
केस में 86, अफ
भी 7 लोग गि
हथियारों में एक
शामिल हैं ।

पुलिस अधि
वसूल करने वा
386, 506 व
गया है ।

उन्होंने बत
कांस्टेबल भी पक
करते थे और दो
एक सब-इंस्पैक्ट
भी 'टाडा' के अ

पुलिस अधि
लाइन्स क्षेत्र में जो
गया था उनकी ज

पुनः जांच
अमृतसर पुलिस
गतिविधियों में सं
पर बाहर आए ह
शामिल करने के
छोड़ दिया गया है,
विस्तृत जांच का
सके कि जेलों से वा
हैं और कितने पुनः
हो गए हैं । यह
श्री परमपाल सिंह
निर्मल सिंह ढिल्लो

श्री सिद्धू ने
अध्ययन में पाया
अथवा मुख्यधारा
युवकों में से लगभ
पुरानी गतिविधिय
कानून-व्यवस्था स
काम पहले से भी

संवाददाताओं
युवकों की दोबारा
अदालत को उसकी
बताते हुए ऐसे युव
लिए नहीं कहती तो
की अदालत में पुनः
सारी 'हिस्ट्रीशीट'
है । अब यह देखन
युवकों की जमानतें
उन्होंने बताया कि
मिलिटैंसी में संलिप्त
जाने वाले युवकों त
कर लेती हैं ।

पुलिस अधिका
जगराज सिंह नामक
जोकि गांव जसगैर
उसने बताया कि वह
बेचने का धंधा करत

Punjab Sanjaal

निवासी पठानकोट को रोपड़ से जब्बो वसूलियों के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है ।

श्री गोयल के अनुसार कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि वे उनसे धमकी देकर रुपए मांगते हैं तथा जांच करने पर जब तथ्य सही पाया गया तो उन्हें कल गिरफ्तार कर लिया गया ।

पाबंदी लागू : जिला मैजिस्ट्रेट जगपाल सिंह संधु ने एक आदेश जारी करके जिला भर में बस सेवा, श्री व्हीलरों व टैम्पो के चलने पर रात 8.30 बजे से प्रातः 5.00 बजे तक पाबंदी लगा दी है, जो आगामी 25 अगस्त तक लागू रहेगी ।

मुकाबले में 3 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (कन्टोड, धीमान) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस. चट्टोपाध्याय के अनुसार गत रात्रि पुलिस थाना जीरा के अधीन गांव बुल्लो में एक पुलिस दल ने नाके के दौरान 5 मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने का संकेत किया, मगर वे नहीं रुके । जब उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने फायरिंग कर दी तथा जवाब में नाका पार्टी ने भी गोली चलाई । यह मुकाबला आधा घंटा तक चलता रहा तथा इसके बाद जब क्षेत्र की तलाशी ली गई तो 3 अज्ञात मिलिटैंटों के शव बरामद किए गए । जबकि उनके दोनों साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले ।

घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, .12 की एक बन्दूक, 303 बोर की एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी मिले ।

मिलिटैंट बच निकले : कलानौर (सर्बजीत) गत सायं डेरा बाबा नानक के गांव दालम नंगल के निकट लगभग आधा घंटा तक चलने वाले एक मुकाबले के बाद 2 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के फन्दे से बच निकले हैं ।

दुकानदार का अपहरण : पट्टी (स.) गत रात्रि पुलिस थाना पट्टी के गांव सभरा में मिलिटैंटों ने एक दुकानदार हजारी शाह का अपहरण कर लिया ।

बताया जाता है कि रात 10 बजे मिलिटैंट गांव में आए व दुकानदार को अपने साथ ही जबरदस्ती ले गए । कुछ समय पूर्व इस दुकानदार के भतीजे का भी अपहरण कर लिया गया था ।

रेल पटरी ध्वस्त : (पाठक): पट्टी से 18 किलोमीटर दूर खेमकरण-पट्टी रेलमार्ग पर आज सायं 4 बजे कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके 2 स्थानों पर वल्टोहा-घड़ियाला रेल पटरी को ध्वस्त कर दिया । उस समय एक यात्री रेलगाड़ी खेमकरण से पट्टी आ रही थी, जिसे वल्टोहा में ही रोक लिया गया । यह विस्फोट रेलगाड़ी आने से दो मिनट पूर्व हो गया ।

पता चला है कि जब घटनास्थल की ओर डी.एस.पी. पट्टी सुखदेव सिंह बराड़ जा रहे थे तो सायं 5.30 बजे गांव धारीवाल के निकट कुछ मिलिटैंटों ने उन पर हमला कर दिया । पुलिस बल द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से वे धान के खेतों में जा छिपे जबकि सुरक्षा बलों ने खेतों को चारों तरफ से घेर लिया । यह मुकाबला सायं 7.30 बजे तक जारी था ।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : पटियाला (गज): गत 2 जुलाई को बस्सी पठानां के निकट गांव तलानिया में स्थित अकाली नेता जोगिंदर सिंह मान के फार्म हाऊस में एक मठभेड़ के दौरान जो मिलिटैंट मारा गया था, उसकी शिनाख्त हो गई है ।

खबरों पर पूरा विवरण चाहा ।

लड़के सहित पांच व्यक्ति बाल-बाल बच गए ।

में क्षतिग्रस्त हुई कार का निरीक्षण करते हुए । (छाया : अनिल पुरी)

अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा था ।

पंजाब में 2 सरपंचों, सैनिक व दम्पति सहित 19 की हत्या

चंडीगढ़, 12 जुलाई (वार्ता, प.स.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत रात से 2 सरपंचों, अध्यापक व दम्पति सहित 19 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा सिख छात्र संघ के एक प्रत्याशी व 9 मिलिटैंटों को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार भी कर लिया, जबकि राज्य में से एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा और एक डाक घर को भी लूट लिया गया है ।

अध्यापक व छात्रा की हत्या : जिला लुधियाना के गांव केले में आज एक स्कूल परिसर में मिलिटैंटों ने लछमन दास लेखी नामक एक अध्यापक व एक छात्रा की गोली मार कर हत्या कर दी है ।

मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के झिडावाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कल रात दो मिलिटैंट मारे गए । अभी उनकी शिनाख्त नहीं हुई है । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीन और एक 303 राइफल मिली ।

हथियारों सहित मिलिटैंट पकड़ा : एक अन्य मिलिटैंट परमात्मा सिंह को एक पिस्तौल और कुछ कारतूसों सहित पकड़ा गया है ।

एक अन्य हत्या : मिलिटैंटों ने गुरदासपुर जिले के जोगावाल भंगारियां गांव में गुरदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी है ।

'विनोद' के अनुसार उसका पहले अपहरण कर लिया गया था ।

सरपंच की हत्या : जिला पटियाला में कल रात हुई एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने नूरपुरा गांव के सरपंच जगतार सिंह के घर जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । मौके से ए.के.47 राइफल की गोलियों के 17 खोल मिले हैं ।

3 व्यक्तियों की हत्या : भटिंडा जिले के कोठा थंडरवाल गांव में आज सवेरे छह मिलिटैंटों ने करम सिंह और नाथ सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । भागते समय मिलिटैंट अपने साथ जगरूप सिंह नाम के एक व्यक्ति की जीप भी ले गए ।

इसी जिले में एक अन्य घटना में कुदियाना गांव में मिलिटैंटों ने कल रात मिट्ठू सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा, साथी गिरफ्तार : जिला लुधियाना के ललितो गांव में आज सायं सरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : नाभा (जैन) : गत रात्रि नाभा उपमंडल के थाना भादसों के अधीन क्षेत्र में मिलिटैंटों ने पुलिस की एल्विन निसान गाड़ी पर फायरिंग करके अपने एक साथी मिलिटैंट रणजीत सिंह काला को छुड़वाने की कोशिश की, मगर इस दौरान काला मारा गया तथा ए.एस.आई. बलदेव सिंह व होमगार्ड का जवान गुरजंट सिंह घायल हो गए । दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । मिलिटैंट काला गांव कावड़ी का रहने वाला था ।

बताया जाता है कि रणजीत सिंह काला को गत 10 जुलाई को एक मुकाबले के दौरान काबू किया गया था तथा रात को भादसों थाना की पुलिस उसे किसी स्थान पर बरामदगी के लिए ले जा रही थी ।

घायल ए.एस.आई. बलदेव सिंह 5 फरवरी को भुन्दड़ गांव के निकट हुई फायरिंग में भी घायल हुआ था ।

पटियाला से 'राजू' के अनुसार मृतक मिलिटैंट ने पहले पूछताछ के दौरान स्वीकार किया था कि उसने व उसके साथियों जरनैल सिंह हरगाना, किसान सिंह उर्फ बेला व बिन्दर ने मिल कर सिख छात्र संघ के प्रत्याशी बोबी की हत्या की थी ।

जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मरे : पट्टी (त.) : गत रात्रि पुलिस थाना हरिके के अधीन गांव हरिके के ही निकट मिलिटैंटों ने घात लगा कर एस.एच.ओ. के वाहन पर फायरिंग की तथा पुलिस ने भी इसके जवाब में फायरिंग की । इसके बाद जब पुलिस ने क्षेत्र की तलाशी ली तो वहां 2 मिलिटैंटों के शव मिले, जिनके निकट 2 ए.के. 47 राइफलें, 2 मैगजीनें व .303 बोर की एक राइफल भी पड़ी थी ।

इन मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी तथा इन्हें लावारिस करार देकर इनका अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

पुलिस कर्मी के मकान पर बम फैंका : गत रात्रि को होशियारपुर नगर में मिलिटैंटों ने एक पुलिस कर्मी सुखपाल सिंह के मकान पर बम फैंका । वह डी.एस.पी. बाबा बकाला का गनमैन है ।

बम मकान के पिछवाड़े जाकर फटा तथा परिवार के सभी सदस्य बच गए ।

इलैक्ट्रिशियन की हत्या : समराला (भारतीज) : गत रात्रि गांव चकली अमल में मिलिटैंटों ने एक इलैक्ट्रिशियन जोगिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतक बिजली की मोटरें मुरम्मत करने का कार्य करता था ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि मिलिटैंटों ने थाना कलेहगढ़ चूड़ियां के एक गांव पराचा के निकट बाबा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । मृतक गांव बबाहाली का रहने वाला था तथा गत सायं एक तांगे में बैठ कर अपने गांव जा रहा था कि पराचा गांव के निकट मिलिटैंटों ने उसे तांगे में से जबरदस्ती नीचे उतार लिया और उस पर फायरिंग करके उसे मार दिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : बटाला सदर पुलिस ने चौरावाली गांव के निकट रणजीत सिंह उर्फ पप्पी उर्फ कमांडो नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्जे से .12 बोर की एक बंदूक, 2 चले हुए व जीवित कारतूस बरामद किए गए हैं । यह मिलिटैंट बब्बर खालसा ग्रुप के साथ सम्बन्धित है तथा डल्ला वाली गांव का निवासी बताया जाता है ।

सैनिक का शव मिला : अमृतसर (ग्रामीण) : मेहता थाना के अंतर्गत गरंगड़ भाना गांव में बलवीर सिंह सुपुत्र जोगिन्दर सिंह, जो कुछ दिन पहले सेना से छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था और जिसे आज ही वापस जाना था, की लाश उक्त गांव में रडिस्ट्री फार्म मांगे । इसी बीच उन्होंने वहां टैलीफोन की तारें काट दीं और 2751 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

ठेके के 2 कारिंदों की हत्या : संगरूर (गर्ग) : यहां से 35 कि.मी. दूर गांव हमीरगढ़ में गत रात्रि 4 मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर जगराव के ठेके पर आए तथा अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इससे ठेके के 2 कारिंदे घटनास्थल पर ही मारे गए । इनकी शिनाख्त जयपाल व जंग बिहारी के रूप में हुई है ।

लड़की की हत्या : खन्ना (ग्रामी) : आज बाद दोपहर चार अज्ञात युवक, जो दो स्कूटरों पर सवार थे, श्री हंसराज ठेकेदार के घर आए । दो बाहर खड़े रहे जबकि दो अन्दर घुस गए । अन्दर जाने वालों ने श्री हंसराज से उनका लाइसैंसी रिवाल्वर मांगा मगर उन्होंने कहा कि मैंने अपना रिवाल्वर बेच दिया है । इस पर उन्होंने रसीद दिखाने को कहा । इसी दौरान श्री हंसराज की बेटी घर से बाहर भाग आई और उसने शोर मचाना आरम्भ कर दिया । इससे घबरा कर बाहर खड़े मिलिटैंटों में से एक ने गोली चला दी, मगर लड़की भाग कर पड़ोसी के घर में घुस गई और बच गई । इतनी देर में लोग जमा होने शुरू हो गए तो चारों मिलिटैंट दो स्कूटरों पर सवार अलग-अलग दिशा में भागे । इसी बीच एक रिक्शा आकर मुहल्ले में रुकी जिसमें चार लड़कियां नीचे उतरीं जो स्कूल से लौटी थीं । दो मिलिटैंटों ने उस रिक्शा पर गोली चला दी—यह समझ कर कि लोग उनको पकड़ने के लिए रिक्शा से उतरे हैं । एक 12-13 वर्षीय लड़की परवीत कौर सुपुत्री गुरपूर्ण सिंह बब्बी उस गोली से घायल हो गई, जिसने अस्पताल जाकर दम तोड़ दिया ।

पुलिस ने मिलिटैंटों का पीछा किया, मगर वे हाथ नहीं आए ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान) : श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट मरे : सिख छात्र संघ का प्रत्याशी व 9 मिलिटैंट गिरफ्तार : अन्यत्र एक का अपहरण : डाकघर लूटा

Punjabi Sanatani



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सैक्टर 20 चंडीगढ़ की रेहड़ी मार्कीट में शुक्रवार की रात को हुए बम विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुई कार का निरीक्षण करते हुए । (छाया : अनिल पुरी)

Punjabi Sahatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने आज बताया कि पुलिस ने 3 मिलिटैंटों, जो लोगों से बलात् रकमें बटोरते थे, को गिरफ्तार किया है। उनमें जसमिन्दर सिंह (महता-चावला ग्रुप) भी शामिल है। उसने हाल ही में यहीं से कुछ दूर एक फार्म हाऊस में से एक सरपंच की माता व पत्नी को पिस्तौल दिखा कर 40 हजार रुपया नकद लूट लिया था। इसके कब्जे में से 35 हजार रुपए बरामद हुए जो सम्बन्धित सरपंच को वापस कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मजीत सिंह और पलविन्दर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है, जो जिला गुरदासपुर निवासी हैं। उनके कब्जे से एक स्कूटर, एक देसी पिस्तौल और खालिस्तान कमांडो फोर्स के बैंटर पैड बरामद हुए।

श्री शर्मा ने बताया कि भाई रणधीर सिंह नगर में जब 2 मिलिटैंट एक व्यापारी की कोठी में लूटमार करने गए तो क्षेत्र निवासियों ने जिला होशियारपुर के एक गुरमीत सिंह व पवित्तर सिंह को काबू कर लिया। उनके कब्जे से 2 देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए। एस.एस.पी. ने कहा कि जिन नागरिकों ने इनको पकड़ा, उनकी बहादुरी के लिए उन्हें सरकार द्वारा पुरस्कृत करने के लिए सिफारिश की जा रही है।

सिख छात्र संघ का प्रत्याशी गिरफ्तार : श्री शर्मा ने बताया कि एक हत्या के सदर्भ में धुरी जिला संगरूर विधानसभा क्षेत्र के सिख छात्र संघ के प्रत्याशी बचित्तर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी धारा 302/3/4 और शस्त्र कानून के अन्तर्गत की गई।

उन्होंने कहा कि गत 2 अप्रैल को बलदेव सिंह पटवारी और अमरनाथ रमदासिया की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के 2 अभियुक्त रणजीत सिंह व मस्तर सिंह फरार है, जबकि तीसरा अपराधी बलविन्दर सिंह उस समय मारा गया, जब वह अपने स्कूटर के साथ बम फिट करके ला रहा था और इसे एक समारोह में चलाया जाना था। बम रास्ते में ही फट जाने से वह व इसका एक साथी दोनों ही घटनास्थल पर मारे गए थे।

स्कूटर छीना : होशियारपुर (अश्विनी): दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने गत दिवस स्थानीय प्रताप बाजार के एक कपड़ा विक्रेता रमेश कुमार से पिस्तौल की नोक पर उसका अवन्ति स्कूटर छीन लिया। रमेश कुमार अपने भाई अश्विनी कुमार के साथ आदमवाल जा रहा था कि आदमवाल के मोड़ पर पैदल आ रहे 2 मिलिटैंटों ने उन्हें घेर लिया तथा उनका स्कूटर छीन कर फरार हो गए।

सदर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सरपंच की हत्या : जालधर (न.त.ए.): गत रात थाना भोगपुर के गांव बंदिया में सरपंच जगदीश सिंह की 2 अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों द्वारा गोली मार कर हत्या किए जाने की सूचना मिली है।

इस सम्बन्ध में जिला के पुलिस प्रमुख सुरेश कुमार अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात 2 मिलिटैंट सरपंच जगदीश के घर दीवार फांद कर अंदर गए और उसे उस समय गोली मार दी जब वह छत पर सो रहा था। मृतक को.12 बोर की बंदूक से गोली मारी गई है।

वाहन छीनने वाले मिलिटैंटों की तलाश शुरू : आज सुबह स्थानीय भगत सिंह कालोनी के निकट तीन सशस्त्र मिलिटैंटों द्वारा एक जीप जिसका नं. पी.आई.क्यू. 2786 है, छीन लेने के बाद परागपुर चुंगी के निकट उसे छोड़ कर पुन: एक नीले रंग की मारुति कार जिसका नं. पी.बी.-10/5454 है, छीन ले जाने की सूचना मिली है।

बताया जाता है कि सबसे पहले उक्त जीप भगत सिंह कालोनी के निकट तीन मिलिटैंटों ने उस समय छीन ली, जब उसे साफ किया जा रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने पर जिला भर में नाकाबंदी करके वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी, जिस पर इन मिलिटैंटों ने परागपुर चुंगी के पास जीप खड़ी कर वहां पर रुकी एक नीले रंग की मारुति कार छीन ली व जालधर शहर की तरफ भाग गए। पुलिस ने इन कार सवार मिलिटैंटों की तलाश मरगर्मी से शुरू कर दी है।

एक व्यक्ति का अपहरण : गत रात थाना बंगा के गांव चाहलवुर्द स्थित परगन सिंह के घर में 3 सशस्त्र मिलिटैंटों ने उसके बेटे सतनाम सिंह का अपहरण कर लिया। इस सम्बन्ध में थाना बंगा की पुलिस ने केस दर्ज करके सतनाम की तलाश शुरू कर दी है।

हत्यारा मिलिटैंट काबू : पटियाला (भूषण): आज तड़के 4.30 बजे पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान भट्ठामाजरा स्थित नहर के एक पुल पर नायब सिंह पुत्र जोगा सिंह मज़हबी, निवासी गांव भटुआ,नामक एक मिलिटैंट को काबू कर लिया है। उस समय वह चोरी की एक मारुति कार में सवार था।

इस मिलिटैंट ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने सिकन्दर कौर पत्नी अजीत सिंह मज़हबी निवासी भटुआ की हत्या करने के बाद उसका शव एक बोरे में बंद किया तथा गांव के बाहर स्थित एक कुएं में उसे फैंकने के लिए कार में डाल कर ले गया। मगर वह ऐसा न कर सका क्योंकि उस समय वहां कई व्यक्ति घूम रहे थे, इसलिए उसने लाश को एक खुली जगह पर फैंक दिया।

इस हत्यारे मिलिटैंट के कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल व चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

2 लुटेरे गिरफ्तार : फिल्लौर (निर्मल): गोराया पुलिस ने 2 ऐसे लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जो विभिन्न गुरुद्वारों में से जबरी धनराशि वसूल किया करते थे। इनकी पहचान रविन्दर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी लुधियाना व शेरजंग सिंह निवासी करनाल के रूप में हुई है।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इन लुटेरों ने कई गुरुद्वारों में से हजारों की राशि वसूल की तथा यह दोनों आज भी एक गुरुद्वारा में से 500 रुपए वसूल करके आ रहे थे कि प्रबन्धक द्वारा पुलिस को सूचित करने पर सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि यह लुटेरे बाकायदा टैलीफोन करके आते थे।

बिजली कार्यालय लूटा : सुनाम से मिली के अनुसार आज दोपहर पौने तीन बजे बिजली बोर्ड सुनाम ग्रिड के कैशियर रामनाथ से 2 मिलिटैंटों ने 30319 रुपये लूट लिये तथा कैशियर को उसके कमरे में बंद करके उसके स्कूटर पर ही भाग गए।

एक मिलिटैंट की शिनाख्त : पठानकोट (गुप्ता): डी.एस.पी. श्री जी.एस. सैनी ने बताया कि जिन दो मिलिटैंटों ने गत रात्रि सुजानपुर में पैट्रोल पम्प मालिक बैजनाथ शर्मा की हत्या ए.के. 47 राइफल से की थी, उनमें से एक का नाम सुखदेव सिंह काहनवां है। दोनों मिलिटैंट पैदल आए। श्री सैनी ने कहा कि मिलिटैंट दोपहर को पूजा ढाबे पर आए थे और श्री शर्मा के संबंध में पछताछ करते रहे, उन्होंने पैट्रोल पम्प के मालिक को गोली मारी लेकिन 3 कर्मचारियों को कुछ नहीं कहा। मिलिटैंट पम्प मालिक से धन चाहते थे, गत वर्ष भी मिलिटैंटों ने वहां से पांच हजार रुपए लूटे थे। आज श्री शर्मा के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी हत्या के विरुद्ध आज सुजानपुर और पठानकोट में हड़ताल रही और क्षेत्र में पैट्रोल पम्प बंद रहे।

अभिनंदन समारोह आज

जालन्धर, 12 जुलाई : जालन्धर नगर निगम के मेयर श्री जय किशन सैनी का 13 जुलाई को सायं 4.30 बजे नैशनल गैस्ट हाऊस, फगवाड़ा गेट, जालन्धर में अभिनंदन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता बरिष्ठ इंका नेता श्री यश करेंगे।

ADMISSION NOTICE

Seats available in M.B.B.S., B.D.S., B.E., B-Pharmacy, D-Pharmacy, Poly. Tech. in Recognised Colleges of MARATHWADA UNIVERSITY (Aurangabad).

Note : Hurry up ! Seats limited.

CONTACT PERSONALLY :

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का अमरजीत सिंह उमर 25 साल, कद 5'-3", रंग गंदमी, नज़र

जन्मभूमि मुद्दे पर लोकसभा में झड़पें

नई दिल्ली, 12 जुलाई (वार्ता): राम जन्मभूमि विवाद से संबंधित एक निजी प्रस्ताव को लेकर आज लोकसभा में भाजपा तथा वामपंथी सदस्यों के बीच झड़पें हुईं और हंगामे के कारण लगभग 70 मिनट तक सदन की कार्रवाई ठप्प रही।

मार्क्सवादी पार्टी के जैनुल आबेदिन के इस निजी प्रस्ताव में सरकार से अयोध्या में मंदिर-मस्जिद विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने के लिए शीघ्र कदम उठाने तथा सभी पूजा स्थलों की स्थिति 15 अगस्त, 1947 के अनुरूप बनाए रखने के लिए कानून बनाने का अनुरोध किया गया है। भाजपा के मदन लाल खुराना ने इस पर एक संशोधन दिया था जिसे सचिवालय ने यह कह कर अस्वीकार कर दिया कि उक्त मामला अदालत के विचाराधीन है।

भाजपा का कहना था कि यदि मूल प्रस्ताव पर बहस हो सकती है तो उनके संशोधन पर क्यों नहीं। इस बात को लेकर भाजपा सदस्यों की वामपंथी सदस्यों के साथ तीखी झड़पें हुईं। भाजपा सदस्यों ने सदन में नारेबाजी भी की। अध्यक्ष शिवराज पाटिल ने कहा कि संशोधन के बारे में वह विचार करने के बाद व्यवस्था देंगे।

वित्तमंत्री ने बसु से मंत्रणा की इच्छा जताई

कलकत्ता, 12 जुलाई (प.स.): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री ज्योति बसु ने आज यहां बताया कि देश के आर्थिक संकट से निपटने के लिए उन्होंने हाल ही में जो सुझाव दिए थे, उन पर वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने उनसे विचार-विमर्श करने की इच्छा जताई है। श्री बसु ने यहां एक सभा में बताया कि इस बारे में श्री सिंह ने आज ही उनसे टैलीफोन पर बातचीत की। डा. सिंह ने स्वयं कलकत्ता आकर इस बारे में उनसे मिलने की इच्छा भी व्यक्त की थी लेकिन संसद का सत्र जारी होने के कारण ऐसा सम्भव नहीं।

संसद में बहस

(पृष्ठ 3 का शेष)

वायदा किया भी है।

श्री फर्नांडीज ने सरकार से सामाजिक न्याय और प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी के बारे में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) पार्टी का पिछले 40 वर्ष में जो कार्यकलाप रहा है तथा इस सरकार ने पिछले 21 दिनों में जो काम किए हैं, उससे यह सरकार विश्वास हासिल करने की पात्र नहीं है।

कांग्रेस (इ) के शरद दिघे ने सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से इस विश्वास मत का विरोध नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी दलों को सोचना चाहिए कि इस प्रस्ताव का विरोध करना क्या ठीक है।

उन्होंने कहा कि यदि यह सरकार गिर गई तो चुनाव के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाएगा। यह भी सब जानते हैं कि जनता इतनी जल्दी तीसरा आम चुनाव नहीं चाहती। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विपक्षी दलों को सदबुद्धि आएगी क्योंकि राजनीतिक आर्थिक स्थिरता के लिए यही एक रास्ता है कि सरकार चलती रहे।

श्री दिघे ने कहा कि जब कांग्रेस (इ) की सरकार सत्ता में आई तो जनता ने राहत की सांस ली थी। जनता स्थिरता और एक ऐसी सरकार चाहती थी जो देश के सम्मुख समस्याओं का समाधान कर सके।

प्रधानमंत्री ने इस बात का खंडन किया कि उनकी सरकार ने विश्वास मत के दौरान राष्ट्रीय मोर्चा का समर्थन हासिल करने के लिए उसके साथ कोई 'सौदा' किया है। श्री राव ने सरदार वल्लभभाई पटेल को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए आयोजित विशेष अलंकरण समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस आशय के एक विशेष सवाल पर यह बात कही।

राष्ट्रीय मोर्चा के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी इस आशय के एक सवाल पर कहा कि मोर्चा ने कांग्रेस (इ) के साथ कोई सौदा नहीं किया है।

इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फैसले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि भाजपा क्या करेगी।"

कपूर लघु उद्योग, कृषि ग्रामीण उद्योग विभाग के सचिव बने

नई दिल्ली, 12 जुलाई (प.स.): श्री एस.एल. कपूर को लघु उद्योग और कृषि ग्रामीण उद्योग विभाग का सचिव तथा श्री आर. वासुदेवन को इस्पात विभाग का सचिव बनाया गया है। श्री कपूर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव रह चुके हैं और अब तक कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी थे। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार श्री जफर सैफुल्लाह को अल्पसंख्यक आयोग का सचिव बनाया गया है।

उच्च न्यायालय द्वारा 'अजीत' की याचिका दाखिल

चंडीगढ़, 12 जुलाई : पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने आज समाचारपत्र 'अजीत' की ओर से पंजाब सरकार की अघोषित सैंसरशिप को चुनौती देने संबंधी याचिका को दाखिल कर लिया। उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश श्री जी.सी. मित्तल और मान्य न्यायाधीश एच.एस. बेदी पर आधारित इस खंडपीठ ने आज लम्बी बहस के पश्चात् इस याचिका को दाखिल करते हुए समाचारपत्र 'अजीत' की ओर से उठाए गए मुद्दों पर बहस के लिए 24 जुलाई की तिथि निश्चित कर दी।

सोने की बिक्री बारे विपक्षी असंतुष्ट

(पृष्ठ 3 का शेष)

की बिक्री के समाचार को अत्यन्त चिंताजनक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कीमत से कम मूल्य पर सोने की बिक्री की गई है।

वित्त मंत्री ने इस आरोप के जवाब में कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर आई.जी. पटेल को इस सिलसिले में गलत ढंग से उद्धृत किया गया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के मौजूदा गवर्नर से इस सम्बन्ध में श्री पटेल से आज मुलाकात कर उनके कथित वक्तव्य पर स्पष्टीकरण मांगा था।

जनता दल के श्री चन्द्रजीत यादव ने पूछा कि क्या यह खबर सही है कि और सोने की बिक्री के लिए जापान के बैंक से बात चल रही है। उन्होंने सोना बेचे जाने को राष्ट्र के लिए चिंता की बात करार देते हुए जानना चाहा कि सरकार देश का कितना सोना बेचना चाहती है। श्री यादव ने सरकार से देश की अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी कि विदेशी मुद्रा का भंडार तीन माह के आयात से नीचे न गिरने पाए।

प्रसारण अधिकार देने बारे अभी नियम नहीं बनाए गए

नई दिल्ली, 12 जुलाई (प.स.): सार्वजनिक निगमों को प्रसारण या टैलीकास्ट का अधिकार देने का फैसला करने के लिए सरकार ने अभी नियमों तथा शर्तों को तैयार नहीं किया है और न ही इस बारे में कोई अंतिम निर्णय किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने एक अखबार में छपी इस आशय की एक खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज यहां संवाददाताओं को बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अजीत पांजा ने टैलीविजन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कुछ चुने हुए लोगों को कभी भी आमंत्रित नहीं किया। प्रवक्ता के अनुसार श्री पांजा ने सिर्फ इतना कहा था

दुर्दांत लखविंदर सहित पंजाब में 8 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 13 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत साय से होमगार्ड के एक जवान सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान के.सी.एफ. के अध्यक्ष के साथी दाएं हाथ दुर्दांत मिलिटैंट लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा को मार गिराया । इसके अलावा विभिन्न घटनाओं में 7 अन्य मिलिटैंट भी मारे गए तथा 10 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया । मिलिटैंटों ने एक फैक्टरी के मालिक व एक अन्य व्यक्ति का अपहरण भी किया तथा चुंगी से धनराशि भी लूट ली गई ।

3 मिलिटैंट मरे : गत रात्रि सुरक्षा बलों ने जिला भटिण्डा के क्षेत्र चक फतेह सिंह वाला में एक अज्ञात मिलिटैंट को मुकाबले में मार गिराया । इस दौरान एक एस.पी.ओ. भी घायल हो गया ।

इसके अलावा धान सिंह गांव के निकट भी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

गत रात्रि ही पुलिस जिला तरनतारन के गांव कंग में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला ।

गत रात्रि ही पुलिस जिला तरनतारन के गांव कंग में सुरक्षा बलों ने आत्मा सिंह नामक एक मिलिटैंट को मुठभेड़ में मार गिराया है ।

2 की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव जट्टां में मिलिटैंटों ने जसवंत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने बच्छारे गांव में किशोरी लाल जोशी नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला : जिला रोपड़ के गांव पाल्हेड़ी में एक नाले में से मेहर सिंह नामक एक व्यक्ति का शव मिला है । मिलिटैंटों ने गांव नंगलियां स्थित उसके निवास से उसका अपहरण कर लिया था ।

अन्यत्र होमगार्ड सहित 11 की हत्या : फैक्टरी मालिक सहित 2 का अपहरण : विभिन्न स्थानों पर 10 मिलिटैंट गिरफ्तार

अज्ञात शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव कोटला सुल्तान सिंह में आज एक अज्ञात शव बरामद किया गया है ।

छात्र व एक अन्य महिला की हत्या : गत रात्रि जिला लुधियाना के खन्ना क्षेत्र में मिलिटैंटों ने नई बस्ती इलाके में हरवीण कुमार नामक एक छात्र की गोली मार कर हत्या कर दी ।

इसी जिले में एक अन्य घटना के दौरान मिलिटैंटों ने तुरमरी गांव में दलजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर गोली चला दी, जिससे उसकी पत्नी गुरमीत कौर मारी गई व उसका संबंधी दीवान सिंह घायल हो गया ।

रिवाल्वर देने से इंकार करने पर हत्या : पुलिस के अनुसार 4 मिलिटैंटों ने खन्ना के ही एक गांव में हसराज नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसका रिवाल्वर मांगा तथा उसके इंकार करने पर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

9 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने संक्षिप्त मुकाबले के बाद जिला फिरोजपुर में से 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि जिला फरीदकोट में 4 व जिला अमृतसर तथा पटियाला में से भी एक-एक मिलिटैंट काबू किया गया ।

चुंगी से 3000 लूटे : पुलिस के अनुसार सशस्त्र मिलिटैंटों ने जालन्धर नगर के नंगल शामा क्षेत्र में स्थित चुंगी में से बंदूक की नोक पर कैशियर से 3,000 रुपए लूट लिए ।

एक अन्य अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने आज तड़के जिला फिरोजपुर के गांव बरपाल के निकट एक अन्य अज्ञात मिलिटैंट को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया ।

प्रतिबंध लागू : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज सतलुज और ब्यास नदियों में प्राईवेट नौकाएं चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है जो सितम्बर तक प्रभावी रहेगा ।

मिलिटैंटों व असामाजिक तत्वों द्वारा आने-जाने के लिए प्राइवेट नौकाओं का इस्तेमाल किया जाता है, इसे रोकने के लिए उक्त कदम उठाया गया ।

जिला मैजिस्ट्रेट ने उक्त आदेश के तहत कस्बों में रात पौने आठ बजे तथा अन्यत्र रात पौने सात बजे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

दुकानें बंद करने का समय भी निर्धारित किया है । होटल और रेस्तरां रात एक बजे तथा शराब की दुकानें रात नौ बजे तक खुली रह सकती हैं ।

के.सी.एफ. के अध्यक्ष का दायां हाथ दुर्दांत मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज तड़के मजीठा पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने जंडियाला थाना के अधीन मलवाल गांव में एक संयुक्त नाके के दौरान जब कुछ मिलिटैंटों को आते देखा तो उन्हें रुकने का संकेत किया गया, मगर उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा वहां लगभग 15 मिनट तक मुकाबला होता रहा ।

इस मुकाबले में लखविन्दर सिंह उर्फ़ लक्खा पुत्र बेअंत सिंह निवासी सठियाली काहनूवान मारा गया जबकि उसके बाकी साथी फरार हो गए ।

मजीठा के पुलिस अधीक्षक परमजीत सिंह गिल के अनुसार लखविन्दर सिंह उर्फ़ लक्खा खालिस्तान कमांडो फोर्स का दुर्दांत मिलिटैंट था । वह 50 से अधिक हत्याओं, अपहरणों, फिरौतियों व बलात्कारों के मामलों में संलिप्त था । उसने लुधियाना में भी कई हत्याएं की थीं तथा वहां तेल के गोदाम में टैंकरों को आग लगा दी थी ।

मृतक मिलिटैंट लखविन्दर सिंह उर्फ़ लक्खा खालिस्तान कमांडो फोर्स के अध्यक्ष पप्पू खजाला का दायां हाथ था । उसके कब्जे से एक विदेशी माऊजर, एक डैटोनेटर, एक हिरक बम व 2 किलो विस्फोटक भी मिले हैं ।

इंका नेता की पत्नी की हत्या : आज तड़के 3.30 बजे अमृतसर के बेरका क्षेत्र में 3 मिलिटैंटों ने इंका के स्थानीय प्रधान राजकुमार के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसे तथा उसकी पत्नी जसपाल को गोली मार दी । जसपाल तो मौके पर ही मारी गई, मगर राजकुमार को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

मारुति छीनी : गत रात्रि 10.30 बजे के करीब ब्यास थाना के अधीन रैय्या के निकट कुछ मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर शाम लाल नामक एक व्यक्ति की मारुति कार नं. एन.बी.एस. 1912 छीन ली तथा फरार हो गए ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : बटाला (गुरदासपुर): गत रात्रि थाना सिटी पुलिस के अधीन गांव बकरखाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका एक अन्य साथी फरार हो गया ।

जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट के कब्जे से एक बैरल कटी 303 बोर की राइफल तथा 10 चले व 8 जीवित कारतूस मिले हैं । इसकी पहचान नहीं हो सकी ।

2 शव मिले : थाना सदर पुलिस को गांव चाहल के निकट से 2 भाइयों के गोलियों से छलनी शव मिले हैं ।

इस सम्बन्ध में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मृतक भाइयों की पहचान अजायब सिंह (32) व गुरनाम सिंह (28) के रूप में हुई है । दोनों भाई गांव मिश्रवाल के निवासी थे तथा इनमें से एक का गत सायं 4 मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था ।

घटनास्थल से पुलिस को ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

एक का अपहरण : टांडा (काहलों): गत रात्रि यहां से 8 कि.मी. दूर मिलिटैंटों ने गांव मियानी खास में से गोपाल सिंह पुत्र भगत सिंह का अपहरण कर लिया है । मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए की मांग की है ।

कामयाब आयुर्वैदिक इलाज
गर्मी-बरसात में खुजली, एग्जीमा, एलर्जी, पेचिस, गैस, एसीडिटी, कमजोरी, पेशाब, स्त्री-पुरुष रोग चिकित्सा हेतु सम्पर्क करें—सुबह 9 से 1, सायं 4 से 7, रविवार 9 से 2 बजे तक ।
डा. धीर ही-शी हैल्थ क्लीनिक
2-नेहरू केंद्र, निकट भाईवाला चौक, फिरोजगांधी मार्कीट, लुधियाना (फोन : 30500)

गुमशुदा की तलाश
मेरा लड़का अजय कुमार उर्फ पप्पी उम्र 19 साल कद 5 फुट 3 इंच, रंग सांवला दिनांक 15-4-91 से लापता है। कृपया पहुंचाने वाले को खर्चा के इलावा एक हजार रुपया इनाम दिया जाएगा ।
पता : चंद्रभान बजाज
47/18 राजा पार्क, नजदीक महाजन सोप फैक्टरी,



Punjabi Sanatan

जसपाल को गोली मार दी । जसपाल तो मौके पर ही मारी गई,मगर राजकुमार को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

मारुति छीनी : गत रात्रि 10.30 बजे के करीब व्यास थाना के अधीन रैय्या के निकट कुछ मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर शाम लाल नामक एक व्यक्ति की मारुति कार नं. एन.बी.एस. 1912 छीन ली तथा फरार हो गए ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि थाना सिटी पुलिस के अधीन गांव बकरखाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया,जबकि उसका एक अन्य साथी फरार हो गया ।

जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट के कब्जे से एक बैरल कटी 303 बोर की राइफल तथा 10 चले व 8 जीवित कारतूस मिले हैं । इसकी पहचान नहीं हो सकी ।

2 शव मिले : थाना सदर पुलिस को गांव चाहल के निकट से 2 भाइयों के गोलियों से छलनी शव मिले हैं ।

इस सम्बन्ध में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मृतक भाइयों की पहचान अजायब सिंह (32) व गुरनाम सिंह (28) के रूप में हुई है । दोनों भाई गांव मिश्रवाल के निवासी थे तथा इनमें से एक का गत सायं 4 मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था ।

घटनास्थल से पुलिस को ए.के.-47 के 6 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

एक का अपहरण : टांडा (काहलों) : गत रात्रि यहां से 8 कि.मी. दूर मिलिटैंटों ने गांव मियानी खास में से गोपाल सिंह पुत्र भगत सिंह का अपहरण कर लिया है । मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए की मांग की है ।

होमगार्ड जवान की हत्या : पट्टी (पाठक) : गत रात्रि पुलिस थाना भिक्खीविंड की चौकी कच्चां-पक्कां के गांव दयालपुरा में कुछ मिलिटैंटों ने होमगार्ड के एक जवान हरदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह जवान छुट्टी पर तरनतारन गया हुआ था ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने उसका पहले अपहरण किया तथा फिर उसे दयालपुरा ले आए । वहां उसे रस्से से जकड़ कर वृक्ष के साथ बांध दिया गया और यातनाएं दी गईं । उसके बाद उसे गोलियों से छलनी कर दिया गया । मृतक जवान पट्टी के एस.एच.ओ. बलदेव किशन का गनमैन था । घटनास्थल से भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक पत्र भी मिला है ।

2 मिलिटैंटों ने जहर खाकर आत्महत्या की : लुधियाना, (धीमान) : कल रात गांव ललतों के नजदीक पुलिस के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंटों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली जबकि उनका तीसरा साथी भागने में सफल हो गया ।

पुलिस के अनुसार 3 मिलिटैंट एक स्कूटर पर जा रहे थे, उनको जब रुकने का संकेत दिया गया तो उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इस दौरान 2 मिलिटैंटों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली । अभी तक उनकी पहचान नहीं हुई है ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

इंका सांसद पवन बांसल के चचेरे भाई का अपहरण

पंजाब में 9 मिलिटैंट मरे, एक सुरक्षा कर्मी सहित 9 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 14 जुलाई (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने चंडीगढ़ से निर्वाचित इंका सांसद श्री पवन बांसल के चचेरे भाई श्री एम.एल. बांसल का आज तपामंडी से अपहरण कर लिया । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 9 मिलिटैंट मारे गए तथा एक सुरक्षा कर्मी समेत 9 लोगों की हत्या हुई ।

इंका सांसद के चचेरे भाई का अपहरण : तपामंडी से 'गर्ग' और 'मारकंडा' तथा संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार आज दोपहर बाद एक बजे के लगभग मारुति कार में सवार मिलिटैंटों ने यहां के एक पैट्रोल पम्प से स्थानीय नगर पालिका के पूर्व प्रधान तथा ट्रक यूनियन के अध्यक्ष श्री एम.एल. बांसल का अपहरण कर लिया । श्री बांसल चंडीगढ़ से निर्वाचित इंका सांसद श्री पवन बांसल के चचेरे भाई हैं ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सफेद मारुति कार में सवार 4 मिलिटैंट श्री एम.एल. बांसल के पैट्रोल पम्प पर आए तथा उन्होंने अपनी कार में पैट्रोल डलवाया । इसके बाद वे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाने के बहाने दफ्तर में गए तथा श्री एम.एल. बांसल को पिस्तौल की नोक पर कार में डाल कर ले गए । सारे क्षेत्र को सील करके सम्बद्ध मिलिटैंटों की तलाश की जा रही है ।

2 कारिंदों की हत्या : कल रात तपामंडी से 7 किलोमीटर दूर गांव पक्खोकलां में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर फायरिंग की, जिससे 2 कारिंदों की मृत्यु हो गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दो मिलिटैंट एक मोटर साइकिल पर सवार होकर आए और ठेके के बाहर बैठे एक कारिंदे दर्शन लाल को गोलियों से मार दिया । इसके बाद मिलिटैंटों ने एक ठेके के भीतर बैठे एक अन्य कारिंदे शिव कुमार की भी हत्या कर दी । मिलिटैंट अपना मोटर साइकिल वहीं छोड़ गए तथा एक जीप (नं. पी.जे.एस. 4470) में फरार हो गए ।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा : मिलिटैंटों ने संगरूर जिला में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के एक कार्यालय से 30 हजार रुपया लूट लिया ।

हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे स्थानीय तिलक नगर क्षेत्र में हरिंदर सिंह बेदी सुपुत्र संत सिंह बेदी के घर कुछ मिलिटैंट आए और गोली मार कर हरिंदर सिंह की हत्या कर दी ।

मुठभेड़ों में 2 मिलिटैंट मरे : आज प्रातः जंडियाला थाना के बई पड़ गांव में पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि एक अम्बैसेडर कार में कुछ मिलिटैंट सवार आए । पुलिस दल ने जब कार को रुकने का इशारा किया तो मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके शव के पास से 315 बोर की एक पिस्तौल बरामद हुई है ।

एक अन्य घटना में जंडियाला थाना और वल्लोहा थाना के प्रभारी अधिकारी जंडियाला थाना क्षेत्र में कुछ बहकों की तलाशियां ले रहे थे कि एक ईंट-भट्ठे में छुपे कुछ मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी शिनाख्त कुलबिंदर सिंह उर्फ लाडी पुत्र दर्शन सिंह निवासी जंडियाला के रूप में की गई है । मृतक के शव के पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन और 45 कारतूस बरामद हुए हैं ।

दो और मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के लोहके गांव में आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक बंदूक भी बरामद हुई है । यह मुठभेड़ एक घंटा तक चली । मुकाबला उस समय हुआ, जब सुरक्षा कर्मी उक्त गांव में तलाशियां ले रहे थे ।

पिता-पुत्र की हत्या : अमृतसर से 'मनोहर' के अनुसार 12 जुलाई को दोपहर एक बजे के लगभग मिलिटैंटों ने अमृतसर जिला के गांव बासरके में कुंदन लाल तथा उनके बेटे सरबण लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इससे पहले भी कुंदन लाल पर हमला हुआ था और वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे । इस हमले के बाद वह सपरिवार शहर आ गए थे लेकिन यह परिवार कुछ दिन पहले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanchar

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

ही दोबारा गांव में जा बसा था ।

एक और व्यक्ति की हत्या : सरहाली थाना क्षेत्र के गांव मंडा में मिलिटैंटों ने स्वर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस हमले में स्वर्ण सिंह का पिता लाभ सिंह घायल हो गया ।

किसान की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिला के तलवंडी चक गांव में चैन सिंह नामक एक किसान की छुरा घोंप कर हत्या कर दी ।

एक और मिलिटैंट मारा गया : थाना सरहाली के गांव ठठ्ठियां महंता में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के वल्टोहा क्षेत्र में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक मैगजीन भी बरामद हुआ है ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिला के नारंगाबाद गांव में केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल की एक टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया, जिससे नेत्र सिंह नामक एक जवान की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य जवान घायल हो गया ।

एक की हत्या : रोपड़ जिला के घंदाना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने साधु राम नामक एक व्यक्ति की उसके घर पर ही गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के अबुल गांव के निकट पुलिस दल और मिलिटैंटों के एक गिरोह के बीच क्रास-फायरिंग में मंदिर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । मिलिटैंटों ने पुलिस दल पर उस समय घात लगाकर हमला किया, जब मंदिर सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था । इस घटना में एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : पटियाला (राजू): सामाना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निजामीवाला गांव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसका एक साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैटरपैड भी बरामद हुआ है । जिस घर में मिलिटैंटों ने शरण ले रखी थी, उसके मालिक रत्न सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

एक और मिलिटैंट मरा : पटियाला जिला के कोटला नसाऊ गांव में शेर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बंदूक भी मिली है ।

मित्तरां द्वारा ईराक के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई की धमकी

वाशिंगटन, 14 जुलाई (प.स.): फ्रांस के राष्ट्रपति मित्तरां ने ईराक के खिलाफ सैनिक कार्रवाई करने की धमकी दी है । उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर हम सद्दाम हुसैन की बची-खुची परमाणु क्षमता को नष्ट करने या वहां के लोगों (कुर्द और शिया) के प्रति उनकी निरंकुश कार्रवाई को समाप्त करने के लिए नई सैनिक कार्रवाई करने को तैयार हैं ।

लिट्टे को कुचलने का फैसला
(पृष्ठ 3 का शेष)

मिला हुआ है और लिट्टे द्वारा डी.एम.के. कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

अब राजनीतिक क्षेत्रों द्वारा यही आशंका व्यक्त की जा रही है कि चूंकि इस बार न केवल लोकसभा बल्कि विधानसभा चुनावों में भी डी.एम.के. का सफाया हो गया है, इसलिए उसके कार्यकर्त्ता आने वाले कुछ माह में पूर्णतः निराश होकर कदाचित हिंसात्मक गतिविधियों में संलिप्त हो जाएंगे । तब इस सिलसिले में उन्हें लिट्टे द्वारा सहयोग दिया जाना भी आशंकित है और अगर कहीं ऐसा हो गया तो कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ कर गम्भीर हो जाएगी ।

इस संदर्भ में सुरक्षा एजैंसियां बेहद चिन्तित हैं । प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने 27 जुलाई को तमिलनाडु का दौरा करने की योजना बनाई थी । मगर सुरक्षा एजैंसियों ने उनके इस दौरे को हरी झंडी नहीं दी । इसी प्रकार राज्य की मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता को भी सलाह दी गई है कि वह सुरक्षा एजैंसियों की राय के अनुसार ही चलें और अत्यधिक सावधान रहें ।

कहा जाता है कि डी.एम.के. नेतृत्व को वास्तव में लिट्टे के साथ काफी सहानुभूति रही तथा यह तथ्य गत वर्ष की शुरूआत में उस समय उजागर हुआ जब डी.एम.के. दल सत्तारूढ़ था । उस समय यह मामला संसद में भी उठाया गया था । यहां तक कि सैनिक उच्चाधिकारी तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के ध्यान में भी यह तथ्य बार-बार लाते रहे और गत वर्ष तमिलनाडु में लिट्टे व असम में उल्फा की खतरनाक कार्रवाइयों बारे केबिनेट की राजनीतिक मामलों संबंधी समिति को भी बता दिया गया था । सैनिक उच्चाधिकारियों ने तब दोनों संगठनों की गतिविधियों बारे पूर्ण जानकारी देते हुए बताया था कि इस सारे सिलसिले में सेना को किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सैनिक अधिकारियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह से तब कोई उपयुक्त कदम उठाने की गुहार की थी, मगर उस समय उनके लिए राजनीतिक विवशताएं ही महत्वपूर्ण थीं क्योंकि तब असम व तमिलनाडु की सरकारें केन्द्र में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार की सांझीदार थीं । तब उन्होंने इस मामले को पूर्णतः दृष्टिविगत कर दिया, मगर उनके स्थान पर उस समय अगर कोई अन्य होता तो उसके लिए वैसा सोचना निश्चित रूप से देशद्रोहपूर्ण विचार होता । मगर चंद्रशेखर सरकार ने अन्ततः दोनों राज्यों की सरकारों को हटा दिया था ।

भूकम्प
(पृष्ठ 3 का शेष)

आज 2.39 बजे भूकम्प के हल्के झटके अनुभव किए गए जो कुछ सैकेंड तक रहे । किसी क्षति का समाचार नहीं है ।

जम्मू में भी आज तीसरे पहर भूकम्प के हल्के झटके आए ।

पाकिस्तान में भी भूकम्प : पेशावर (ए.पी.): आज पाकिस्तान के अनेक क्षेत्रों में भूकम्प आया । पेशावर तथा इस्लामाबाद में भूकम्प शास्त्रियों ने कहा कि वे इसके उद्गम केंद्र का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं । झटके एक मिनट तक जारी रहे ।

राज्य सरकारों को जमाखोरी, कालाबाज़ारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया

नई दिल्ली, 14 जुलाई (प.स.): मूल्यों पर मंत्रिमंडल की समिति ने आज राज्य सरकारों से जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है ।

वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि देश में खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है । वित्तमंत्री समिति के गठन के 24 घंटे के भीतर हुई उसकी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे । वह इस तर्क से सहमत नहीं हुए कि रुपए के मूल्य में हाल के परिवर्तन का आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि पर प्रभाव पड़ा है ।

आकलन के अनुसार पिछले एक हफ्ते में थोक मूल्य सूचकांक में करीब शून्य दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है । सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में संबंधित विभागों से देश के विभिन्न हिस्सों में खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर निगरानी के लिए एक समिति बनाने को कहा गया है । प्रवक्ता ने कहा कि संबंधित विभाग खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की कमी को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कदम उठाएंगे ।

बैठक में वित्तमंत्री के अलावा कृषिमंत्री बलराम जाखड़, वाणिज्य राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम, खाद्य राज्यमंत्री नरुण गोगोई और नागरिक आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री कमालुद्दीन अहमद ने भाग लिया । पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री बी. शंकरानंद और रेलवे मंत्री जाफर शरीफ बैठक में हिस्सा नहीं ले सके क्योंकि वे शहर में नहीं थे ।

बैठक में चावल, गेहूं, दालें, खाद्य तेल, चीनी, चाय, सीमैंट और अभ्यास पुस्तिकाओं की मूल्य स्थिति की समीक्षा की ।

डा. सिंह ने कहा कि रुपए के मूल्य में बदलाव के बाद मूल्य में वृद्धि के लिए कोई युक्तिमूलक आधार नहीं है । उन्होंने कहा कि स्टाक की स्थिति खास कर अनाज और खाद्य तेलों का स्टाक काफी है और इसलिए इन वस्तुओं की कीमतों में अचानक बढ़ौतरी का कोई युक्तिमूलक आधार नहीं है ।

उत्तर-पर्व क्षेत्र में वर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बैठक में वहां आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तथा उपलब्धता के विशेष आकलन की भी समीक्षा की गई । प्रवक्ता ने कहा कि मूल्य स्थिति की समीक्षा और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए उपाय करने हेतु समिति की बैठक समय-समय पर होती रहेगी ।

पंजाब के नए राज्यपाल बारे निर्णय कुछ ही दिनों में

नई दिल्ली, 14 जुलाई (प.स.): सरकार पंजाब में नए राज्यपाल की नियुक्ति के बारे में अगले कुछ दिनों में निर्णय कर लेगी ।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने आज यहां बताया कि राज्यपाल के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है । पंजाब की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए इन नामों पर विचार चल रहा है ।

वर्तमान राज्यपाल जनरल (रिटायर्ड) ओ.पी. मल्होत्रा को ही राज्यपाल पद पर बने रहने के प्रश्न पर सूत्रों ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस पद पर नहीं रहना चाहता तो उसे बनाए रखना उचित नहीं होगा । उल्लेखनीय है कि जनरल मल्होत्रा ने चुनाव आयोग द्वारा पंजाब में चुनाव स्थगित कर देने के विरोध में अपने पद से त्यागपत्र देने की घोषणा की थी ।

इस बीच गृहमंत्री एस.बी. चवन द्वारा अगले सप्ताह पंजाब और जम्मू-कश्मीर का दौरा करने की सम्भावना है । श्री चवन इन दोनों राज्यों में जाकर स्वयं स्थिति का आकलन करना चाहते हैं ।

सूत्रों ने बताया कि गृहमंत्री ने इस बीच दोनों राज्यों के कई प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया है कि सरकार पंजाब और जम्मू-कश्मीर में जल्दी से जल्दी लोकप्रिय सरकार बनाना चाहती है भले ही वहां कोई भी दल सत्ता में आए ।

सूत्रों ने कहा कि यहां यह महसूस किया जा रहा है कि दोनों राज्यों में वर्तमान प्रशासन तंत्र वहां की स्थिति का सामना नहीं कर सकता ।

केन्द्र में नई सरकार बनने के बाद से इन दोनों राज्यों के कई प्रतिनिधिमंडलों ने यहां विभिन्न नेताओं से भेंट की है । पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने भी यहां

फिल्म अभिनेत्री चॉकलेट फैक्टरी स्थापित करेगी

बम्बई, 14 जुलाई (इटा): श्रेष्ठ अभिनय के लिए तीन बार उर्वशी पुरस्कार से सम्मानित फिल्म अभिनेत्री टी. शारदा अब एक नए ही व्यवसाय में मैदान में आ रही हैं । उन्होंने लोटस चॉकलेट कम्पनी लिमिटेड नामक एक फूड प्रोसैसिंग कम्पनी शुरू की है । इस कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक श्री विजयराघवन के अनुसार उनकी कम्पनी ने मलेयेशिया की कम्पनी कोकोआ स्पेशिलिटीज लिमिटेड के साथ कोको की आपूर्ति के लिए एक पांच वर्षीय समझौता किया है । उन्होंने कहा कि लोटस चॉकलेट कम्पनी अपने कुल उत्पादन का एक बड़ा भाग विश्व मार्कीट में निर्यात करेगी तथा शेष का उपयोग स्वदेशी मार्कीट के लिए किया जाएगा ।

भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है : सुरजीत

नई दिल्ली, 14 जुलाई (वार्ता): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ पोलित ब्यूरो सदस्य हरकिशन सिंह सुरजीत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश के एकमात्र विपक्ष के रूप में अपने को पेश करके और वाम मोर्चे को कांग्रेस (इ) को सत्ता में बने रहने में सहायता करने की सलाह देकर जनता को गुमराह कर रही है ।

एक बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस (इ) की हाल ही में घोषित आर्थिक नीतियों को स्वीकार किया है । भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवानी ने एक अंग्रेजी दैनिक को इंटरव्यू में इन नीतियों का समर्थन किया है ।

यह पूछे जाने पर कि यदि नरसिम्हाराव सरकार लोकसभा में विश्वास मत पाने में असफल रही तो माकपा क्या करेगी, श्री सुरजीत ने कहा कि उनकी पार्टी मध्यावधि चुनावों के विरुद्ध है ।

राष्ट्रीय मोर्चा उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेगा : इसी बीच वामपंथी दलों के सूत्रों के अनुसार वामपंथी दल और राष्ट्रीय मोर्चा लोकसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करने पर विचार कर रहे हैं ।

दलाईलामा के रूस पहुंचने

Punjab Kesari

पंजाब में विभिन्न घटनाओं में 27 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 15 जुलाई : पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 27 मिलिटैंट मारे गए जबकि 10 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । इनके अलावा एक मिलिटैंट पुलिस की हिरासत में से फरार होने में भी सफल हो गया । इसी दौरान सैंट्रल बैंक आफ इंडिया की एक शाखा में से 3 लाख रुपए की धनराशि लूट ली गई जबकि दूसरी तरफ राज्य में एक स्कूल के प्रिंसीपल व उसकी पत्नी सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई है ।

विभिन्न मुकाबलों में 6 मिलिटैंट मरे : पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन में विभिन्न मुकाबलों के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने पट्टी पुलिस थाना के अधीन गांव लाखा के निकट भी 2 मिलिटैंटों को मुठभेड़ में मार गिराया । इन सभी मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के मेनखेड़ा गांव में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक मुठभेड़ में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया ।

2 अन्य मिलिटैंट मुकाबले में मरे : सुरक्षा बलों ने पुलिस जिला तरनतारन के गांव बांका के निकट आज एक मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंटों को मार गिराया । इन मिलिटैंटों की पहचान बगीचा सिंह व हरपाल सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल व एक दोनाली बंदूक भी बरामद हुई ।

सूत्रों के अनुसार यह मुकाबला 4 घंटों तक चला था ।

बब्बर खालसा के 2 मिलिटैंटों सहित 3 गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिले की एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बब्बर खालसा गुट के तीन में से दो मिलिटैंटों को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस की प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वे बब्बर खालसा के भाई कुलदीप सिंह फौजी गुट के सदस्य थे ।

'आपरेशन ब्लैक थंडर' के बाद स्वर्ण मंदिर से पकड़े गए भाई जगदीश सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है । दो वर्ष पूर्व रिहाई के बाद भाई जगदीश सिंह इस गुट में दोबारा शामिल हो गया और वह अमृतसर तथा गुरदासपुर जिले के मेहता और श्री हरगोबिन्दपुर इलाके में विशेष रूप से सक्रिय था ।

अपहृत का छलनी शव मिला : फरीदकोट जिले में सिंहवाला गांव में अपहृत किशोर चंद का आज गोलियों से छलनी शव गांव की रेलवे क्रासिंग से मिला है । किशोर चंद का कल अपहरण हुआ था ।

2 मरे, 2 घायल : पुलिस के अनुसार अमृतसर में इसी दौरान दो व्यक्ति मारे गए तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान सहित दो अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं । घटना का विस्तृत विवरण फिलहाल नहीं मिल सका ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर से ही कल रात दो मिलिटैंटों साहिब सिंह और जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है ।

बैंक से 3 लाख लूटे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव घोते में मिलिटैंटों ने आज सैंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा में से 3 लाख रुपए लूट लिए हैं । फरार होते समय मिलिटैंट बैंक के गार्ड की 2 बंदूकें भी अपने साथ ही ले गए । बताया जाता है कि बैंक कर्मी यह धनराशि बैंक की दूसरी शाखा में से ला रहे थे ।

छलनी शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव जंडियाला के निकट से केवल सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

सिंह उर्फ बब्बू को मार गिराया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मारे गए तीनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के दुर्दांत सदस्य थे । बब्बू के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, 45 कारतूस व अन्य विस्फोटक भी मिले ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : गत रात्रि पट्टी थाना के ए.एस. आई. गुरमीत सिंह ने लोका गांव में छापा मार कर एक मिलिटैंट अनंत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से ए.के. 47 राइफल के 10 कारतूस भी मिले हैं ।

2 महिला मिलिटैंट मरीं : गत रात्रि बटाला थाना के इनाकोट गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सत्या व बलविन्दर कौर नामक 2 महिला मिलिटैंटों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों महिलाएं मिलिटैंटों की साथी थीं । हत्याओं ने घटनास्थल पर एक पत्र भी छोड़ा है, जिसमें दोनों महिलाओं को बदचलन मिलिटैंट मारा गया था ।

आपसी रंजिश में दो और मिलिटैंट मरे : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज सायं 6.45 बजे कैरों गांव में कुछ मिलिटैंट जसपाल सिंह वल्द दलबीर सिंह और बलबीर सिंह वल्द बंता सिंह के घर में गए और उन दोनों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार दोनों मृतक भी मिलिटैंट थे और ये हत्याएं आपसी रंजिश का परिणाम है । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल्स की 7 गोलियों के खोल मिले ।

4 मिलिटैंट मारे गए : नारंग के अनुसार तरनतारन थाना सदर के एस.एच.ओ. ने बताया कि आज रात लगभग 10.30 बजे चटाला गांव के पास दो मिलिटैंट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए । उन्होंने कहा कि वहां लगाए गए नाके के पास दो संदिग्ध व्यक्ति आए । रुकने को कहे जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग से वे दोनों मारे गए । घटनास्थल से एक 303 राइफल और बीस गोलियां मिली जबकि 40 गोलियों के खोल मिले ।

इसी प्रकार थाना सिटी तरनतारन के गांव कक्के कंडियाला के पास लगाए गए एक नाके पर मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसके 50 राऊंड, एक 303 राइफल और उसके 20 राऊंड मिले ।

संजीव पाहवा बाल-बाल बचे : लुधियाना (धीमान) : आज प्रातः 9 बज कर 5 मिनट पर भारत के प्रमुख साइकल निर्माता एम.डी. रालसन साइकल उद्योग के व्यवस्था निदेशक श्री संजीव पाहवा (23) उस वक्त बाल-बाल बच गए जब सशस्त्र मिलिटैंटों ने उनकी कार पर गोलियों की बौछाड़ कर दी । इस आक्रमण में उनका गनमैन भूपेन्द्र सिंह घायल हो गया, जिसको सी.एम.सी. में दाखिल करवा दिया गया है ।

पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा जो सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे, ने बताया कि पाहवा अपनी लम्बी कार में अपनी मां और बहन के साथ फैक्टरी को जा रहा था । जैसे ही वह मुख्य द्वार सामने जी.टी. रोड पर पहुंचे तो दो तीन मिलिटैंटों ने उन्हें कार रोकने का संकेत दिया लेकिन उन्होंने दाल में कुछ काला अनुभव करते हुए असली रास्ता छोड़ कर कार कच्चे रास्ते पर डाल दी । वह बिल्कुल घबराए नहीं । इस पर मिलिटैंटों ने कार पर गोलियां चला दीं । चार गोलियां कार में लगीं जिससे कार की भारी हानि हुई लेकिन यह तीनों बाल-बाल बच गए ।

श्री शर्मा के अनुसार घटनास्थल से नौ खाली कारतूस मिले हैं । उल्लेखनीय है कि संजीव के पिता श्री ओम प्रकाश पाहवा का चार-पांच माह पहले देहांत हो गया था ।

स्कूल के प्रिंसीपल व उसकी पत्नी की हत्या : कल रात संत नगर हैब्बोवाल में एक स्कूल के प्रिंसीपल और उसकी पत्नी की मिलिटैंटों ने आक्रमण करके हत्या कर दी । पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने बताया कि वह एक किराये के कान में रहते थे और एक प्राईवेट स्कूल चला रहे थे। कल रात मृतक श्री मुनी लाल और उसकी पत्नी कृष्णा कांता घर के आंगन में सो रहे थे जबकि बच्चे अंदर के अंदर सो रहे थे । आक्रमणकारी आए औरतों की हत्या करके चले गए । पुलिस ने मकान के मालिक करनैल सिंह गांव लादियां को गिरफ्तार कर लिया है । बताया जाता है कि वह अपना कान खाली करवाना चाहता था । पुलिस का ख्याल है कि यह मामला आपसी झगड़े का है ।

मिलिटैंट मरा : पुलिस अधीक्षक श्री निल शर्मा ने बताया कि थाना सदर के गांव बहादुर की सड़क पर सी.आर.पी.एफ. ने नाका लगा रखा । एक मोपेड पर दो नौजवान आते दिखाई दिए । रोकने का इशारा दिया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग पर एक गिर गया । उसने जहर खा लिया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । उसके कब्जे से 36 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस मिले हैं । उसकी पहचान कुलवंदर सिंह के तौर पर हुई है । वह जिला फिरोजपुर का रहने वाला था । वह एक खतरनाक मिलिटैंट था ।

बताया जाता है कि वह कल भी कोई शक्तिशाली बम फिट करने जा रहे थे क्योंकि मृतक के कब्जे से एक बैटरी और स्विच भी मिला है । उसके कब्जे से मिले कुछ दस्तावेजों से मिलिटैंटों के कई ठिकानों का भी पता चला है ।

मारुति छीनी : कल रात लुधियाना के मर नगर से 2 मिलिटैंट पिस्तौल दिखा कर एक मारुति कार छीन कर ले गए । गैर सरकारी सूत्र के अनुसार यह कार चंडीगढ़ के इंका सांसद के किट संबंधी की बताई जाती है ।

पुलिस हिरासत से मिलिटैंट फरार : होशियारपुर (वि.प्र.) : खुड्डा बस कांड में वांछित एक मिलिटैंट गत रात पुलिस हिरासत से फरार हो गया । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मिलिटैंट गुरदीप सिंह जिसे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था, पूछताछ के लिए होशियारपुर लाया गया था । रात हवालात की ईंटें खिसका कर और सलाखें तोड़ कर फरार हो गया । पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी में कोताही बरतने पर एक संतरी को

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अन्यत्र 10 मिलिटैंट गिरफ्तार : एक अन्य पुलिस हिरासत से फरार : 7 निर्दोषों की हत्या : सैंट्रल बैंक आफ इंडिया से 3 लाख रुपए लूटे

पुलिस सूत्रों के अनुसार उसकी हत्या सम्भवतः निजी दुश्मनी के कारण मिलिटैंटों ने ही की है ।

मुकाबले में 3 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि मेहता थाना के एस.एच.ओ. ने पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ डेरा पुल पर नाका लगाया हुआ था कि सामने से 2 मिलिटैंटों को आते देख कर जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने गोली चला दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की तथा उसी दौरान वहां सी.आर.पी.एफ. की एक टुकड़ी भी आ पहुंची । इसके बाद हमलावर मिलिटैंटों को संयुक्त रूप से घेर लिया गया तथा उन्हें आत्म-समर्पण करने को कहा गया । इन मिलिटैंटों ने हाथ उठा कर आत्मसमर्पण कर दिया । इनकी पहचान बलजीत सिंह उर्फ बिट्टा पुत्र गुरजीत सिंह निवासी गांव लंगली थाना मेहता व नरिन्दर सिंह उर्फ निंदा पुत्र रतन सिंह निवासी हरगोबिन्दपुर के रूप में हुई । इनकी तलाशी लेने पर इनसे एक-एक मौजर रिवाल्वर भी मिला ।

जब इन मिलिटैंटों को और हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था तो गांव धनुशामपरा में से उनके गुजरते हुए वहां छिपे कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी । इस दौरान आत्म-समर्पण करने वाले दोनों मिलिटैंटों ने पुलिस की जीप में से नीचे छलांग लगा दी तथा अन्य मिलिटैंटों के साथ मिल कर सुरक्षा बलों के साथ मुकाबला करना शुरू कर दिया । 20 मिनट तक चलने वाले इस मुकाबले में सुरक्षा बलों ने बलजीत सिंह उर्फ बिट्टा, नरिन्द्र सिंह उर्फ निन्दा व जगदीश करार दिया गया था ।

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट मरे : गत रात्रि खालड़ा थाना के अधीन धुंन गांव में कुछ मिलिटैंटों ने रेशम सिंह व अमरीक सिंह नामक 2 मिलिटैंटों की गोली मार कर हत्या कर दी तथा तीसरे मिलिटैंट जरनैल सिंह को घायल कर दिया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आपसी रंजिश का परिणाम था ।

भिड़ंत में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि मरहाली थाना के अधीन ठठियां गांव में पुलिस के साथ भिड़ंत में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया । मृतक के निकट से 32 बोर का एक रिवाल्वर, 5 कारतूस व एक बजाज चेतक स्कूटर मिला है । इसी क्षेत्र में कल भी एक



जिला लुधियाना की पुलिस के साथ गत दिनों भिड़त में मारे गए खालिस्तान कमांडो फोर्स के चोटी के मिलिटैंट कुलविंदर सिंह उर्फ राजू का शव ।

Punjab Sandesh

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

निलम्बित कर दिया है । पुलिस उसकी तलाश में सरगर्म है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : खन्ना (शर्मा): नगर से 12 किलोमीटर दूर लुधियाना की ओर कोट सेखों में रात साढ़े 10 बजे दो अज्ञात युवक मेवा सिंह के ट्यूबवैल पर आए । उनमें से एक ने पिस्तौल की नोक पर गांव के किसी अमीर घराने का पता बताने के लिए कहा । जब कुछ पता न चल सका तो उन दोनों को कमरे में बंद करके गांव की ओर चल दिए । रात में दीवार फांद कर निरंजन सिंह के घर घुस गए । उनमें से एक ने निरंजन सिंह,उसकी पत्नी, बेटे और बहू को एक जगह खड़ा कर लिया और घर में जो भी नकदी और आभूषण हैं उनके हवाले करने को कहा । निरंजन सिंह के यह कहने पर कि हमारे पास 200 रुपए हैं । हम खेत में रहते हैं इसे ले लो । तो उनमें से एक ने जिसने एक लोहे के सरिए को कपड़े से ढांप रखा था और उसको ए.के. 47 राइफल बता रहा था, ने कहा कि तुम्हारे लड़के की शादी हुई है । उसके आभूषण उनके हवाले कर दो । निरंजन सिंह ने कहा कि आभूषण बैंक लाकर में हैं । इस पर उन्होंने घर की तलाशी लेने के लिए कहा । जैसे ही वह तलाशी लेने के लिए मुड़े तो निरंजन सिंह ने पीछे से जफ्फा मार लिया । इस पर दूसरे ने निरंजन सिंह के सिर पर वह सरिया दे मारा लेकिन निरंजन सिंह के लड़के ने इतने में दूसरे को भी काबू कर लिया । निरंजन सिंह की पत्नी ने दोनों पर तलवार से हमला कर दिया और वह दोनों ही घायल हो गए । बाद में आधी रात को ही लोग उनको पकड़ कर थाना सदर ले आए । पुलिस ने केस दर्ज करके दोनों को ही सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया है । जहां निरंजन सिंह भी उपचाराधीन है । शहर के लोग भारी संख्या में इन दोनों को देखने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं । उनकी पहचान गुरमुख सिंह सुपुत्र रणधीर सिंह मुहल्ला गोपाल नगर लुधियाना के तौर पर हुई है और वह स्वयं को डाक्टर बताता है, जबकि दूसरे का नाम स्वर्ण सिंह,पुत्र गोपाल सिंह साहनेवाल का है ।

बंद रहा : तपा मंडी (गर्ग): इका सांसद पवन बांसल के चचेरे भाई का मिलिटैंटों द्वारा अपहरण कर लिए जाने के विरुद्ध आज रोषस्वरूप तपा नगर पूर्णतः बंद रहा । सरकारी कार्यालयों में काम होता रहा, मगर नगर में फिर भी भय का वातावरण बना हुआ है ।

सीमा सुरक्षा बल के अपहृत पूर्व इंस्पैक्टर की हत्या : गुरदासपुर (विनोद) : गत रात्रि नरोट मेहरा थाना के अधीन गांव नंगल फरीदा में से 2 अज्ञात मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल के जिस पूर्व इंस्पैक्टर जगमोहन सिंह का अपहरण कर लिया था, आज प्रातः गोलियों से छलनी उसका शव परमानंद गांव के निकट मिला है । इस क्षेत्र की घेराबंदी करके छानबीन शुरू कर दी गई है ।

बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व ही इसी क्षेत्र में बैजनाथ नामक एक अन्य व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई थी ।

एक की हत्या : बटाला (कोछड़) गत रात्रि कादियां के गांव लीह लाप में मिलिटैंटों ने जोगिन्दर सिंह (45) नामक एक व्यक्ति को उसके घर से जबरदस्ती बाहर ले जा कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 2 चले हुए कारतूस मिले हैं ।

मृत मिलिटैंट की शिनाख्त : कलानौर (सर्बजीत) : गत रात पीलीभीत में जो 10 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान मारे गए थे, उनमें से एक की पहचान सुर्जन सिंह उर्फ बिट्टू गांव मानेपुर के रूप में हुई है । वह पुलिस को कई वारदातों में वांछित था ।

पुलिस द्वारा स्पष्टीकरण : पटियाला (राज) : जिला पुलिस ने आज यहां इस तथ्य से इन्कार किया है कि दुर्दांत मिलिटैंट सुख राम की माता का पुलिस ने अपहरण कर लिया था । पुलिस के अनुसार इस आशय के प्रकाशित समाचार निराधार हैं ।

एक प्रवक्ता के अनुसार भिडरांवाला टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के दुर्दांत मिलिटैंट सुख राम की माता का कछ कार संबार अपहरण करके ले गए थे । तब से ही उसका कोई सुराग नहीं मिला है जबकि इस मामले से पुलिस का कोई भी सम्बध नहीं है ।

हत्यारा मिलिटैंट गिरफ्तार : जालन्धर (न.स.ए.): जालन्धर पुलिस ने हिन्द समाचार के समाचार सम्पादक स्वर्गीय इंद्रजीत सूद और जगबाणी के श्री बंत सिंह के हत्यारे मिलिटैंट मनमोहन सिंह उर्फ पप्पू को जिला सैशन जज की अदालत के बाहर से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह एक वकील के द्वारा जाली जमानत पर रिहा हो कर भूमिगत होने वाला था । इस सम्बन्ध में पुलिस ने मनमोहन सिंह उर्फ पप्पू तथा उसके दो भाइयों धर्मबीर सिंह, सुरजीत सिंह और वकील शेरगिल के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है । इन तीनों को अभी गिरफ्तार किया जाना है ।

इस सम्बन्ध में एस.पी. (डी) आर.के. बेदी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस प्रमुख ने जिला सैशन जज को डेढ़ मास पहले एक पत्र (डी.ओ.) लिख कर इस मिलिटैंट के बारे में कहा था कि उक्त मिलिटैंट जेल से फरार होने की योजना बनाएगा अथवा जाली जमानत पर रिहा होने की कोशिश करेगा तथा यह भी निवेदन किया गया था कि इसकी जमानत की अर्जी स्वीकार न की जाए ।

यदि पुलिस समय पर उसे गिरफ्तार न करती तो उसने भूमिगत हो जाना था और उसके द्वारा पुनः वारदातें करने की सम्भावना थी ।

स्वयं-भू एरिया कमांडर गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने दशमेश रैजिमैंट के जिला जालन्धर के स्वयं-भू एरिया कमांडर दर्दांत मिलिटैंट दयाल सिंह उर्फ दयाला निवासी गांव मत्तेवाल जिला अमृतसर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक एच.ई. 36 किस्म का हथगोला बरामद किया है । यह मिलिटैंट अमृतसर जिला पुलिस की आधी दर्जन हत्याओं, आधी दर्जन बैंक डकैतियों और चार पुलिस चौकियों पर फायरिंग करने के मामलों में वांछित था ।

इस सम्बन्ध में एस.पी. (डी) आर.के. बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मिलिटैंट की अमृतसर में सेना के आने के बाद डर कर जालन्धर में अपने गिरोह का संगठन तैयार करके अपनी सरगर्मियां तेज करने की योजना थी जो कि उसने गिरफ्तारी के बाद प्राथमिक जांच के दौरान बताया । इससे पूछताछ जारी है । अभी तक इसने जिला अमृतसर के गांव जेठूवाल स्थित बैंक से 75000 रु, चननके गांव के बैंक से 85000, मतेवाल से 25000 रु. व इसके अलावा गांव मतेवाल के अजीत सिंह उसकी पत्नी व बेटी, गांव खिदवाली में एक कत्ल और दयालगढ़ में दो हत्याएं करना तथा चुगावां, बंगे, कलेरा पुलिस थानों पर गोलीबारी करने की अनेक वारदातें करना स्वीकार किया है । पुलिस ने इसे थाना भोगपुर के गांव कालाबकरा स्थित नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया था ।

इसकी गिरफ्तारी से जालन्धर जिले में कई हत्याएं होने की वारदातों से बचाव हो गया है ।

लम्बे मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : मुक्तसर (दर्दी): यहां के निकटवर्ती गांव शीरवाली में सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य 5 घंटे के लम्बे मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए । इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मुकाबला प्रातः 11 बजे शुरू हुआ तथा सायं 4 बजे तक चला ।

मुकाबले में कथित अज्ञात मिलिटैंट मरा : मानसा (मेहता) गत रात्रि यहां से 50 कि.मी. दूर थाना सरदूलगढ़ के गांव मानसेडा में पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले में एक कथित अज्ञात मिलिटैंट मारा गया ।

बताया जाता है कि गत रात्रि लगभग 10 बजे गांव की पक्की सड़क पर पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि 3 व्यक्ति गांव की ओर पैदल ही आते देखे गए, जिन्हें रुकने का संकेत किया गया । मगर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । परिणामस्वरूप एक कथित मिलिटैंट मौके पर ही मारा गया जबकि बाकी दो अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए ।

सैनिक शिविर मुक्त कराने के लिए कार्रवाई

कोलम्बो, 15 जुलाई (प.स.): श्रीलंका की सेनाओं ने कल रात तमिल विद्रोहियों से घिरे सैनिक शिविर को मुक्त कराने के लिए समुद्री रास्ते से कार्रवाई शुरू की । सरकारी सेनाएं अत्याधुनिक हथियारों के जरिए विद्रोहियों को खदेड़ने के प्रयास में हैं ।

संशोधन

राजरथ मंडे लाटरी 8.7.91 को सिकन्दराबाद में सम्पन्न एवं 9.7.91 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित [illegible] के 25वें ड्रा के परिणाम में छपा दूसरे

नरसिम्हाराव

(पृष्ठ 3 का शेष)

कुछ हाथों में केंद्रित रहने को ही बढ़ावा मिलेगा । उन्होंने पिछले सप्ताह समाचारपत्रों में छपी इस टिप्पणी को गलत बताया कि भारत के आर्थिक संकट का कारण उसका समाजवाद से चिपका रहना है ।

फारवर्ड ब्लाक के चित्त बसु ने कहा कि कांग्रेस (इ) सरकार अल्पमत में है, इसलिए उसे टकराव की बजाय सहमति का रास्ता अपनाना चाहिए था लेकिन पिछले तीन सप्ताह के अपने कार्यलिय के दौरान उसने इसका कोई संकेत नहीं दिया ।

जनता दल के राम बिलास पासवान ने विश्वास मत का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक संकट आते ही हमेशा कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी एक हो जाते हैं । आज भी साम्प्रदायिक शक्तियां संगठित होने की कोशिश कर रही हैं और कुछ राजनीतिक दल उन्हीं का सहारा ले रहे हैं । अन्य दलों के भारी विरोध के बीच श्री पासवान ने कहा कि आजादी के 43 वर्ष बाद वस्तुतः आज भारत हिंदू राष्ट्र ही है, जहां शीर्षस्थ पदों पर कुलीन हिन्दुओं का वर्चस्व है ।

सदन के नेता श्री अर्जुन सिंह ने विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि देश की जनता ने राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति तैयार करने का जनादेश दिया है और इसकी शुरुआत इस प्रस्ताव के रूप में कांग्रेस (इ) की ओर से की गई है । श्री सिंह ने सदन को आश्वस्त किया कि कांग्रेस (इ) नेहरू-इंदिरा-राजीव की नीतियों एवं कार्यक्रमों से पीछे नहीं हटेगी और साम्प्रदायिक ताकतों के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगी ।

मानवाधिकार संगठनों को निष्कर्ष से पूर्व व्यापक जांच करनी चाहिए

नई दिल्ली, 15 जुलाई (प.स.): कश्मीर घाटी में सेना द्वारा ज्यादतियां किए जाने के लगाए जाते आरोप के सम्बन्ध में पैस परिषद की तीन सदस्यीय समिति द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में मानवाधिकार संगठनों तथा इसके कार्यकर्त्ताओं से कहा गया है कि वे अपनी जांच को तब तक प्रकाशित न करें जब तक दूसरे धड़े को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर न मिल जाए ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मानवाधिकार संगठनों को अंतिम निष्कर्ष निकालने से पूर्व सभी पक्षों की व्यापक जांच करनी चाहिए ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कनान बलात्कार कांड के संबंध में कपवाड़ा के जिला मैजिस्ट्रेट श्री यासीन द्वारा तथ्यों की जांच किए बिना दी गई प्राथमिक रिपोर्ट से काफी हानि हुई और बाद में भ्रम उत्पन्न हुए ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मानवाधिकार संगठनों को कश्मीर तथा अन्य स्थानों पर चौकसी का काम करना चाहिए, लेकिन यह काम बहुत ध्यानपूर्वक करना होगा । रिपोर्ट में कश्मीरी अलगाववादियों को इसराइली पर्यटकों का अपहरण करने के लिए मानवाधिकारों के उल्लंघन का दोषी ठहराया गया है । रिपोर्ट में कहा गया है कि कश्मीर से 180,000 व्यक्ति पलायन कर चुके हैं ।

पुलिस के व्यवहार के विरुद्ध दुकानदारों द्वारा हड़ताल

लुधियाना, 15 जुलाई (महिन्द्रा): आज यहां सिविल लाइन्स क्षेत्र के प्रमुख बाजारों दण्डी स्वामी रोड, दीप नगर, ग्रीन पार्क आदि के सैकड़ों दुकानदारों ने पुलिस के व्यवहार के विरुद्ध रोष व्यक्त करते हुए हड़ताल की, धरना दिया तथा यातायात ठप्प कर दिया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात चौक दण्डी स्वामी में हलवाई की एक दुकान, जोकि किराए पर है, के मालिक ने कुछ सशस्त्र व्यक्तियों के साथ उक्त दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया । उन्होंने दुकान के बाहर सोए हुए हलवाई की पिटाई की और दुकान का ताला तोड़ कर सामान ट्रक में लादना आरंभ कर दिया । तभी क्षेत्र के चौकीदार ने क्षेत्र के दुकानदार संघ के प्रधान राकेश सूद को सूचित कर दिया । वह रात्रि के एक बजे घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपने लाइसैंसी रिवाल्वर से हवाई फायर करके ट्रक में सामान लादने से रोक दिया और पुलिस को भी सूचित कर दिया ।

जब लगभग पौन घंटे के पश्चात् पुलिस वहां पहुंची तो राकेश सूद के अनुसार वहां आई ए.एस.आई. स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने

ADMISSION NOTICE
Estd. : 1990
B.E.M.S. Medical Course
N.E.H. Medical College & Hospital
Camps : Jangra Dharamshala, Kurukshetra-132118
B.E.M.S. प्रथम/द्वितीय वर्ष तथा M.D.E.H. में आवेदन पत्र (लड़के व लड़कियां) आमंत्रित हैं ।
योग्यता : मैट्रिक अथवा समकक्ष, +1, +2 बायालोजी को प्राथमिकता, प्रासपैक्टस : कार्यालय से 25/- रुपए अथवा रु. 35/- का ड्राफ्ट/M.O. प्राचार्य के नाम भेज कर मंगवाएं ।
Office Timings : 8.00 A.M. to 2.00 P.M.
Note : (1) All kind of E.H.P. Medicine Suppling Facility available in Medico-Section.
(2) All type of acute and chromic Patients Treated with E. H. P. Medicine.
PRINCIPAL

परिणाम
जय महावीर सुपर बम्पर
15.7.91 को जजों की उपस्थिति में सम्पन्न दूसरे ड्रा का परिणाम :
1st PRIZE (1) : Rs. 12 LAKHS JSH-327084
2nd PRIZE (1) : Rs. 1.51 LAKHS Or
One Maruti A.C. Car JSE-403018
3rd PRIZE (12) : Rs. 5000/- EACH
JSE-050703 JSG-587889 JSH-173191
JSE-537605 JSG-345725 JSH-061141
JSE-409000 JSG-893087 JSH-535666
JSE-669587 JSG-537006 JSH-563467
4th PRIZE (300) : Rs. 500/- EACH (Ending with last 5 digits)
81611 65700 23685 69993 19134 19868 80127 88800 23902 71501
5th PRIZE (3000) : Rs. 50/- EACH (Ending with last 4 digits)
7920 3808 7145 5430 9404 7541 1178 0704 1154 5506
6th PRIZE (3000) : Rs. 20/- EACH (Ending with last 4 digits)
3104 3325 5684 6872 1625 4537 1145 3777 5440 3177
7th PRIZE (30,000) : Rs.10/-EACH (Ending with last 3 digits)
005 109 242 353 419 576 640 751 871 919

Punjab Kesari



दक्षिण दिल्ली के
डकैती के बाद
के लिए बैंक के

दिल्ली
5 लो
नई दिल्ली,
दिल्ली के ओ
स्टेट बैंक आफ
बैंक डकैती में
अन्य घायल हो
लूट कर ले गए
मृतकों में
सुरक्षा कर्मचा
कैशियर अशोक
शर्मा और ए
शिनाख्त अभी
गंभीर रूप से
आयुर्विज्ञान स
ही मृत्यु हो गई
अस्पताल में
स्वचालित ह
एक सफेद मा
बजे बैंक में आ
कर दिया ।
बैंक के ए
ग्यारह बजे
गार्ड के पास

वायुदूत
विरुद्ध
नई दिल्
सतर्कता शा
कामकाज की
रिपोर्ट में कह
निदेशक श्री
एस.बी. सेन
के विरुद्ध आप
कहा गया है
विमान सेवा
जालन्ध
आज प्रातः
अंतिम संस्का
स्थानीय हर
जाएगा । श
नगर निकट
■ जा
जोशी की पत
की गत दिवस
हो गई ।
उनकी
भोग (रस्म
बजे उनके नि
होगा ।
अम्बा

पंजाब में विभिन्न घटनाओं में 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 16 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 10 मिलिटैंट मारे गए जबकि 6 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया तथा एक मिलिटैंट पुलिस की हिरासत में से फरार भी हो गया । राज्य में अन्यत्र 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 का अपहरण कर लिया गया ।

मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : सुरक्षा बलों की गोली से फरीदकोट जिले के सीरवाली गांव के पास परसों रात एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन और काफी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया था । बताया जाता है कि इसी जिले में कल रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में मुकन्द सिंहवाला गांव के पास सुरक्षा बलों की गोली से एक अन्य मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

अन्य मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : जालंधर के लसेड़ा गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक रिवाल्वर और कुछ गोलियां मिली हैं ।

जालन्धर से 'न.न.ए.' के अनुसार इस सम्बन्ध में पुलिस विभाग के एस.एस.पी. ने जानकारी देते हुए बताया कि रात के लगभग 11 बजे उक्त गांव लसेड़ा स्थित पुलिस की नाका पार्टी ने तीन संदिग्ध मिलिटैंटों को आते देखा और उन्हें रूकने का संकेत दिया किन्तु उन मिलिटैंटो ने पुलिस पर गोलियां चलाई और भागने का नाकाम प्रयास भी किया जिस पर पुलिस की जवाबी गोलियों से दो मिलिटैंट वहीं पर मारे गए और तीसरा अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिले के सैधपुर गांव में सुरक्षा बलों की गोली से आज सवेरे एक मिलिटैंट मारा गया ।

अन्यत्र 6 मिलिटैंट गिरफ्तार : एक अन्य पुलिस हिरासत से फरार : राज्य में 7 की हत्या : 2 का अपहरण

रोपड से 'राकेश' के अनुसार इस मिलिटैंट की पहचान हो गई है । इसका नाम पिथीपाल सिंह बताया गया है तथा वह ढोलां माजरा का रहने वाला था ।

रोपड़ के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशंस) एस.एस. बसरा ने आज यहां पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि गत रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में मिलिटैंसी की कोई वारदात होने वाली है । गांव सैधपुर व रैतों में पुलिस ने नाका लगाया हुआ था कि उन्हें एक साइकल सवार मिलिटैंट आता हुआ दिखाई दिया, जिसने पुलिस को देखते ही साइकिल से उतर कर फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की तथा मुकाबले में वह मारा गया ।

श्री बसरा के अनुसार मृतक मिलिटैंट का संबंध भिण्डरावाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान से है । उसके कब्जे से 2 ए.के. 47 राइफलें, एक एस.एल.आर., एक स्टेनगन, 9 मि.मी. का एक रिवाल्वर, .455 व .355 बोर के एक-एक पिस्तौल, कुछ चित्र व आवश्यक कागजात भी बरामद हुए हैं ।

उनका कहना था कि उक्त मिलिटैंट एक दर्जन से भी अधिक वारदातों में वांछित था । उसने कुराली के एक आढ़ती से 3 लाख रुपए की जबरी वसूली भी की थी ।

एक अन्य अज्ञात मिलिटैंट मरा : कल रात सुरक्षा बलों की गोली से खेमकरण क्षेत्र में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया । अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है ।

मिलिटैंट फरार : फरीदकोट जिले में आज सवेरे गुरदेव सिंह नामक एक मिलिटैंट पुलिस की हिरासत से फरार हो गया है ।

6 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने कल रात संगरूर और फरीदकोट जिलों में से तीन-तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है ।

छलनी शव मिला : गत रात्रि जिला फरीदकोट में सुखदेव सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मोरार कलां गांव में से बरामद किया गया है ।

अपहृत का सुराग नहीं : इस बीच चंडीगढ़ से इका सांसद पवन कुमार बांसल के चचेरे भाई श्री मिठनलाल के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है । मिठनलाल का संगरूर जिले में स्थित एक पैट्रोल पम्प से रविवार को अपहरण कर लिया गया था ।

पति-पत्नी की हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात यहां से 5 कि.मी. दूर गांव कमोमाजरा में 3-4 मिलिटैंटों ने पति-पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया गया है कि अमरजीत कौर और उसका पति शमशेर सिंह अपने खेतों में स्थित मकान में सो रहे थे कि मिलिटैंटों ने आकर पहले उन्हें जगाया और फिर बांध कर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

आपसी संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के झब्बाल गांव में मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष में दो मिलिटैंट मारे गए । इनकी शिनाख्त दिलबाग सिंह और जरनैल सिंह के रूप में की गई है । इनके गोलियों से छलनी शव आज बरामद किए गए ।

एक मिलिटैंट, एक नागरिक गोलीबारी में मरे : तरनतारन पुलिस जिले के सकीरा गांव में सुरक्षा बलों की गोली से आज सवेरे एक मिलिटैंट मारा गया । इस गोलीबारी में एक नागरिक भी मारा गया है । अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

...ही जा रही है । आपराधियों का पता लगाने ...लिए पुलिस दल हरियाणा और पंजाब भेजे गए ।

इस सिलसिले में अब तक किसी को गिरफ्तार ...ीं किया गया है । पुलिस आयुक्त ने अभियुक्त की ...रफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले व्यक्ति के ...ए आज एक लाख रुपए ईनाम की घोषणा की ।

अगर कल की घटना में मिलिटैंटों के शामिल ...ने की पुष्टि हो जाती है तो दिल्ली में यह इस किस्म ...ा पहली वारदात होगी । 1985 की शुरूआत में ...जधानी को निशाना बनाने वाले मिलिटैंटों ने अब ...क यहां बैंक डकैती नहीं की थी ।

...हिला स्वास्थ्य समितियां बनाने का फैसला

चंडीगढ़, 16 जुलाई : पंजाब सरकार ने वर्ष ...991-92 के दौरान राज्य के सभी गांवों में ...हिला स्वास्थ्य समितियां गठित करने का निर्णय ...या है । इस तरह पंजाब देश का प्रथम राज्य होगा ...हां ऐसी समितियां होंगी । प्रत्येक समिति में 15 ...दस्य होंगे जिनमें से 5 सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी ...हिला कर्मी होंगी जबकि 10 अन्य सदस्य आम ...नता से लिए जाएंगे ।

...निजी लाटरियां रोकने हेतु ...धारा '294-ए' लागू करने का फैसला

चंडीगढ़, 16 जुलाई (वा.): पंजाब सरकार ने ...ाज्य के कुछ भागों में अनधिकृत रूप से निजी ...ाटरियां शुरू होने का कड़ा नोटिस लेते हुए इनको ...ोकने के लिए धारा '294-ए' लागू करने का ...ैसला किया है ।

राज्य के गृह विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां ...हा है कि सभी जिलाधीशों व पुलिस के वरिष्ठ ...धीक्षकों को अनुदेश दिए गए हैं कि इन लाटरियों ...र अंकुश लगाने के लिए वे भारतीय दंड संहिता की ...ारा 294-ए के प्रावधानों को लागू करें ।

प्रवक्ता के अनुसार उक्त धारा के तहत किसी ...ाटरी का कोई कार्यालय बनाना या उस लाटरी का ...ड़ा निकालने हेतु स्थान निर्धारित करना, जो ...ाज्य-लाटरी नहीं है व सरकार द्वारा अधिकृत नहीं है, ...तिबन्धित है तथा दंडनीय है ।

...द्धि के विरुद्ध पंजाब भर में ...ौर कलर लैब्ज की ओर से

...टैस्ट हड़ताल

...ं प्रयोग आने वाली रंगदार फिल्में, ...मान की कीमतों में जो वृद्धि हुई है

...तरह कम कस्टम ड्यूटी से विदेशों ...न और प्रैस वालों को मंगवाने की

जारीकर्ता : हरबंस लाल ढंड, ...ोसिएशन (रजिस्टर्ड), जालंधर

पोल्ट्री

Ludhiana Farmers NECC Price for ...7.7.91 is Rs. 73/- per Hundered eggs ...ithout trays. Phone : 31604.

(Kamboj/15W)

सार्वजनिक सूचना

मैं शाम सुंदर गोयल पुत्र मदन लाल गोयल, ...2/25 जालंधर छावनी अपने पुत्र अनिल कुमार ...ोयल विवाहित को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से ...दखल करता हूं । वह मेरे कहने से बाहर है, उससे ...किसी प्रकार का लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार ...ोगा ।

...उठाए गए हैं । अब तक 80 हजार नागरिकों को हैजा निरोधक टीके लगाए जा चुके हैं ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

भट्ठा कर्मचारी की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात लगभग 11 बजे मेहता थाना के अन्तर्गत 'चन्नन के भट्ठे' के निकट नाथ दी खुई के पास भट्ठे के एक कर्मचारी बिशम्भर सिंह की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

शराब पी रहे व्यक्ति की हत्या : अमृतसर से नारंग के अनुसार आज रात 8.15 बजे के लगभग यहां कचहरी चौक में एक शराब ठेके के पास मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति जॉन की गोलियों से हत्या कर दी । मृतक वहां शराब पी रहा था ।

बच्चे का अपहरण : जिला अमृतसर के अजनाला थानांतर्गत गांव फतेहवाल में मिलिटैंटों ने गत रात्रि एक व्यक्ति सुखचैन सिंह के 4 वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि तीन मिलिटैंट उसके घर में आए और उससे तीन लाख रुपए मांगे । उसके इन्कार करने पर वे उसके 4 वर्षीय बेटे रमणदीप सिंह को उठा कर ले गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : यहां से 25 कि.मी. दूर गांव लौंगोवाल में 4-5 मिलिटैंट एक व्यक्ति अजीत सिंह के घर गत रात 12 बजे गए और उसे बाहर बुला कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

थानेदार के बेटे का अपहरण : लुधियाना (धीमान): कल रात थाना जगराओं के गांव चौकी मान में 6 मिलिटैंट एक थानेदार श्री हरभजन सिंह के 16 वर्षीय युवा बेटे दलजीत सिंह उर्फ काला का बंदूक की नोक पर अपहरण करके ले गए । वे इन दिनों जिला पटियाला की चौकी तपड़ी में तैनात है । पुलिस तलाश के लिए सक्रिय हो गई है ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे, 2 अन्य फरार : बटाला (चौधरी): पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मड़ी बूचियां में एक पुलिस मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 अन्य बच कर फरार हो गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि 9.30 बजे पुलिस के एक दल ने नाका के दौरान 4 मिलिटैंटों को आते हुए देखा तथा जब उन्हें चुनौती दी गई तो उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि उनके बाकी 2 साथी भाग निकले । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 व 62 बोर की राइफल के चले हुए 12 कारतूस भी मिले हैं ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : मोगा (आजाद): आज सुबह निहाल सिंह वाला के एस.एच.ओ. ने नाकाबंदी के दौरान 3 मिलिटैंटों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया । उन्हें रुकने के लिए कहा गया था, लेकिन वह गोलियां चलाने लग पड़े । पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो उन्होंने हथियार फैंक कर हाथ खड़े कर दिए । उनकी पहचान रणजीत सिंह उर्फ जीत निवासी पखर वढ़ (12 बोर की पिस्तौल तथा कारतूस सहित) बलदेव सिंह उर्फ नीला (कटी हुई नाली की बन्दूक तथा कुछ कारतूसों सहित) तथा केवलजीत सिंह उर्फ मिंटू पुत्र अजमेर सिंह निवासी बुध सिंह वाला (12 बोर की कट बैरल गन तथा कारतूसों सहित) के रूप में हुई है ।

युवा जद नेता भाजपा में शामिल

जालंधर, 16 जुलाई (नि.स.): युवा जनता दल पंजाब के उप-प्रधान श्री अमृत अरोड़ा ने गत दिवस जनता दल से त्यागपत्र देकर अपने साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली ।

अलगाववादी वारदातों की निंदा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बंधकों' का उल्लेख किया गया । साथ ही इसमें ...

वास्तविक नियंत्रण रखा पार कर भारत पहुंच दी अलगाववादियों को मार गिराया और एक को गिरफ्तार कर लिया । मुठभेड़ के बाद 4 ए.के. 56 तथा ए.के. 47 राइफलें तथा उनके 78 मैगजीन, 400 राऊंड गोली सिक्का तथा एक हथगोला बरामद किया गया ।

अलगाववादियों ने पुलवामा के आहू गांव में सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर हमला कर एक जवान को घायल कर दिया । बड़गाम के मगाम में आज सुबह एक अलगाववादी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

हड़ताल की अफवाह : बारामूला में आज दोपहर उस समय भय व्याप्त हो गया जब यह अफवाह फैल गई कि अलगाववादी हड़ताल की योजना बना रहे हैं । दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए, लेकिन लगभग 30 मिनट बाद दुकानें पुनः खुल गईं ।

वार्ता अन्तिम दौर में : चवन : नई दिल्ली : गृहमंत्री शंकर राव चवन ने आज राज्यसभा को बताया कि भारतीय तेल निगम के कार्यकारी निदेशक दुरई स्वामी की रिहाई के लिए बंधकों के साथ अन्तिम दौर की वार्ता चल रही है । श्री चवन ने इस वार्ता के बारे में जानकारी देने से इंकार करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के हित में नहीं होगा ।

गृहमंत्री शून्यकाल के दौरान कांग्रेस (इ) के सैयद रिजवी द्वारा श्री स्वामी की रिहाई के सम्बन्ध किए जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्नों का जवाब दे रहे थे । श्री चवन ने सदस्यों से अनुरोध किया कि वे इस मामले को बार-बार उठाकर ऐसी स्थिति पैदा न होने दें, जिससे बंधकों को यह मालूम हो कि श्री स्वामी की रिहाई के लिए दबाव डाला जा रहा है ।



वाहनों में ईंधन की खपत कम करने वाले 'अकोनोग्रीन सिस्टम' नामक उपकरण का चित्र, जिसका निर्माण मैसर्ज़ पेरी पार्क (प्रा.)लि. यू.के. ने किया है । भारत में इस उपकरण का निर्माण सम्भवतः पटियाला के ही किसी उद्यमी द्वारा किया जाएगा । इस उपकरण के बारे में दावा किया जाता है कि इसके प्रयोग से वाहनों में पैट्रोल व डीजल की खपत 8% से 10% तक कम हो जाएगी । (छाया : राजू)

'अकोनोग्रीन सिस्टम' से पैट्रोल व डीज़ल की खपत घटाई जा सकेगी

पटियाला, 16 जुलाई (भूषण): एक स्थानीय निर्माता सरदारा सिंह ढिल्लों ने बरतानवी फर्म मैसर्स पेरी-पार्क प्राइवेट लि. के साथ सहयोग का समझौता किया है जिसके तहत वह इस फर्म से 'अकोनोग्रीन सिस्टम' आयात करेंगे और फिर उनके सहयोग से इसे भारत में तैयार करेंगे ।

'अकोनोग्रीन सिस्टम' के तहत कारों, स्कूटरों आदि में पैट्रोल व डीज़ल की खपत 8 से 10 प्रतिशत तक घटाई जा सकती है । इस सम्बन्ध में थापर कारपोरेट रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट सैंटर पटियाला ने इस सिस्टम को टैस्ट करके रिपोर्ट दी है कि इसके इस्तेमाल से पैट्रोल व डीज़ल की खपत घटाई जा सकती है । अनुमान लगाया गया है कि ट्रक में पैट्रोल व डीज़ल की खपत कम करके 25 हज़ार से 30 हज़ार रुपए वार्षिक की बचत की जा सकती है ।

पासवान उपनेता निर्वाचित

नई दिल्ली, 16 जुलाई (वार्ता): राम विलास पासवान को जनता दल संसदीय पार्टी का लोकसभा ...

...आने लगे हैं । डा. सिंह कांग्रेस (इ) के अरविंद नेता कुलकर्णी और डा. रत्नाकर पांडे के बीस टन जब्त शुदा सोने की बिक्री संबंधी प्रश्न का उत्तर दे रहे थे । उन्होंने जनता दल के राजमोहन गांधी के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अर्थ-व्यवस्था में सुधार हेतु सोने का सहारा लेने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत 'स्थिर' हुई है ।

उन्होंने कहा कि सोना बाहर भेजने का फैसला सुखद निर्णय नहीं है, लेकिन भारी घाटे के कारण स्थिति यह हो गई थी कि देश के पास कैरोसीन, उर्वरक और पैट्रोलियम आदि जैसे जरूरी सामान के आयात के लिए भी धन नहीं रह गया था ।

सोने से जुड़ी देशवासियों, खासकर महिलाओं की भावनाओं संबंधी श्री कुलकर्णी के प्रश्न के उत्तर में वित्तमंत्री ने कहा कि वह जानते हैं कि भारतीय महिलाएं सोना बाहर भेजे जाने को पसंद नहीं कर सकतीं ।

बेनजीर की गिरफ्तारी की आशंका

कराची, 16 जुलाई (वार्ता): यहां पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व ने आशंका व्यक्त की है कि सरकार बिलावल हाऊस पर छापा मार सकती है और बेनजीर भुट्टो को उनके विदेश से वापस लौटने पर गिरफ्तार कर सकती है । पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने यहां जारी एक बयान में चेतावनी दी कि यदि ऐसा कोई कदम उठाया गया तो उसके 'गम्भीर' नतीजे होंगे ।

श्री गणपति महोत्सव कमेटी का गठन

लुधियाना, 16 जुलाई (राजपाल): श्री गणेश जी का अवतार दिवस समारोह मनाने के लिए यहां युवकों ने श्री गणपति महोत्सव कमेटी का गठन किया है, जिसके संरक्षक श्री जगदीश बजाज, अध्यक्ष श्री हरीश बेदी, प्रधान श्री कमल गुप्ता, महासचिव श्री ओम प्रकाश तलवाड़, कोषाध्यक्ष श्री चमन कपूर के अलावा सर्वश्री हीरा लाल गोयल, राकेश धवन, सुमन वर्मा, हर्ष मित्तल, जगदीश शर्मा, जुगल किशोर इत्यादि अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं । यह जानकारी देते हुए कमेटी के प्रवक्ता श्री शक्ति कपूर ने बताया कि श्री गणेश जी के अवतार दिवस पर सम्मेलन, प्रभात फेरियां व शोभा यात्रा इत्यादि के आयोजन किए जाएंगे ।

जन प्रतिनिधित्व संशोधन बिल राज्यसभा में पास

नई दिल्ली, 16 जुलाई (वार्ता): राज्यसभा ने आज जन प्रतिनिधित्व संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिसमें निर्वाचन आयोग को जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए बिना 10वीं लोकसभा के गठन का अधिकार देने का प्रावधान है । विधेयक इस वर्ष 18 अप्रैल के राष्ट्रपति के अध्यादेश के स्थान पर लाया गया जिसमें जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए बगैर शेष देश में चुनाव कराए जाने जा सकने की व्यवस्था थी । ।

विधि एवं न्याय राज्यमंत्री पी. रंगाराजन कुमारमंगलम ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सदस्यों को आश्वासन दिया कि सरकार 'सभी से सहयोग लेकर' जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शीघ्र पुनर्स्थापना के उपाय करेगी ।

विहिप का राज्य स्तरीय सम्मेलन 3, 4 अगस्त को

फगवाड़ा, 16 जुलाई (अशोक) : विश्व हिन्दू परिषद पंजाब का विशेष राज्य स्तरीय सम्मेलन आगामी तीन व चार अगस्त को फगवाड़ा में होगा । उक्त जानकारी देते हुए परिषद के संगठन सचिव चिरंजीव लाल शर्मा ने आज यहां बताया कि इस राज्य स्तरीय सम्मेलन को परिषद के अनेक केन्द्रीय ...

...लेने वाले हैं । उन्होंने भावना ... वह मस्जिद को गिराने के पक्ष ... जगदीश प्रसाद माथुर ने इस ... किया ।

रेलयार्ड बम ... के.सी.एफ. ...

बम्बई, 16 जुलाई (प.स.) ... यार्ड में विगत 19 अप्रैल ... रेलगाड़ी में हुए बम विस्फोट में ... फोर्स (के.सी.एफ.) का हाथ है ...

महाराष्ट्र विधानसभा में ... मेहता ने आज एक प्रश्न के उ... दी । उन्होंने सदन को बत... कमांडो फोर्स ने सरकार को ए... विस्फोट की जिम्मेदारी स्वीका...

राज्यसभा की बै...

नई दिल्ली, 16 जुलाई (... आगामी 22 जुलाई को होने ... जुलाई को होगी । राज्यसभा ... सैकिया ने आज सदन की बैठ... जानकारी दी ।

उच्च न्याय...

अभय सिंह क... पेशगी जमान...

चंडीगढ़, 16 जुलाई (गु... उच्च न्यायालय ने हरियाणा ... ओम प्रकाश चौटाला के पुत्र ... अंतरिम पेशगी जमानम मंजूर ... सिंह ने अपनी याचिका में ... सुप्रिया (अभय सिंह की पत्नी) ... अपनी गिरफ्तारी की आशंका ...

न्यायाधीश श्री आई.एस... दिया है कि उक्त दो मामलों ... गिरफ्तारी की स्थिति में उन... जमानत बांड पर रिहा कर दिया ... ने राज्य सरकार को 26 जुल... किया है । उल्लेखनीय है कि ... 1990 के दौरान हुई गड़बड़ ... पुलिस की फायरिंग से तीन व्य... चुनाव में श्री अभय सिंह के पि... चौटाला भी प्रत्याशी थे । न... थाना सिटी रोहतक के एस.एच... की भी अंतरिम पेशगी जमानत ... कर ली है । याचिकादाताओं ... एस.सी. मनोचा तथा श्री वीरे... हुए ।

रद्द : पी.सी.एस. (न्या... संजीव कुमार व अन्य उम्मीदव... न्यायालय की एक खण्डपीठ ... इन्होंने कतिपय संशोधन नि... चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति ... किया था ।

निर्देश : उच्च न्याया... ने पंजाब के उद्योग निदेशक ... जिला उद्योग केंद्र बटाला ... पखवाड़े में फैसला किया जाए ... स्केल फाऊंडरी एसोसिएशन ... पर दिए गए हैं ।

परिणाम

पवन ट्यू...

दिनांक 16.7.91 को स... ड्रा का परि...

1st PRIZE
Rs. 1,00,000/-

Punjabi Sanjati

सारी, अहमदनगर इलाहीबाग, जकेरी आदि में सेना

सम्मेलन में पेश करते हुए ।

(छाया : प.स.)

पुलिस ने कमांडो कार्रवाई करके अपहृत बच्चे को बचाया

चंडीगढ़, 17 जुलाई (वार्ता, प.स.): पुलिस ने कमांडो कार्रवाई करते हुए एक अपहृत बच्चे को मिलिटैंटों के चंगुल से छुड़ा लिया, जबकि कल रात से पंजाब में नकदी लूट कर भाग रहे 2 मिलिटैंटों सहित 8 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों ने 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । डमटाल के निकट से पुलिस ने भारी विस्फोटक सामग्री बरामद की ।

मिलिटैंटों ने आज रात श्रीहरगोबिंदपुर के मेन बाजार में फायरिंग करके एक कांस्टेबल की हत्या कर दी ।

श्रीहरगोबिन्दपुर में फायरिंग से कांस्टेबल मरा : बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात 8 बजे पुलिस जिला बटाला के कस्बा श्रीहरगोबिन्दपुर के मुख्य बाजार में मिलिटैंटों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग से एक कांस्टेबल प्रेम सिंह मारा गया तथा एक होमगार्ड जवान गरदयाल सिंह सख्त घायल हो गया । मिलिटैंट उनकी एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा एक 303 राइफल छीन कर फरार हो गए । पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करके मिलिटैंटों की तलाश शुरू कर दी है ।

बंगलादेशी नागरिक मारा गया : फाजिल्का : कल रात फाजिल्का सैक्टर में दिलावर भैनी सीमा चौकी के निकट भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रचार करते हुए सीमा सुरक्षा बल के जवानों के हाथों मोहम्मद सलीम (22) नामक एक बंगलादेशी नागरिक मारा गया, जबकि उसका भाई मोहम्मद जिया उल रहमन (13) घायल हो गया । उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

हत्या : अमृतसर (नारंग) : गत रात पुलिस थाना घरिंडा के गांव मालवाल में मिलिटैंटों ने दलीप सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो मिलिटैंट मरे : गत रात थाना भिक्खीविंड के गांव फिरंगीपुर में एक पुलिस पार्टी पर अचानक दो मिलिटैंटों ने हमला किया । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों मारे गए । एक मिलिटैंट की शिनाख्त हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल व एक 315 बोर की राइफल मिली है ।

गुट संघर्ष में मरा : गत रात थाना वैरोवाल के गांव रामपुरा में मिलिटैंटों ने साधु सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके बेटे रेशम सिंह को घर से निकाल लिया व एक वृक्ष के साथ लटका कर उसे फांसी दे दी । रेशम सिंह भी मिलिटैंट था । पुलिस के अनुसार यह हत्या मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

के. एल. एफ. के 4 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने गत रात शहर में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर के.एल.एफ. से

नकदी लूट कर भाग रहे 2 मिलिटैंटों सहित 8 मिलिटैंट मारे गए ; श्रीहरगोबिन्दपुर में मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग, सिपाही मरा : अन्यत्र 9 हत्याएं, डमटाल के निकट विस्फोटक बरामद

सम्बद्ध चार मिलिटैंटों वीरेन्द्र सिंह उर्फ़ लक्की पुत्र त्रिलोचन सिंह, चौक बाबा भीड़ीवाला, इन्द्रजीत सिंह उर्फ़ सन्नी पुत्र जगजीत सिंह अरोड़ा, चौक बाबा साहिब, मुखदेव सिंह गुरा पुत्र जागीर सिंह, प्रताप नगर (यह सब रूप से गांव घड़ियाला का निवासी है) तथा सुखदेव सिंह उर्फ़ फौजी पुत्र हरबंस सिंह, अन्तर्यामी कालोनी को गिरफ्तार किया है ।

यह जानकारी आज जिला कोतवाली में एक पत्रकार सम्मेलन में एस.पी. (मुख्यालय) श्री परमपाल सिंह सिद्धू तथा एस.पी. (डी.) श्री निर्मल सिंह ने दी है । इस अवसर पर एस.पी. (आप्रेशन्स) श्री एस.के. सिंह व डी.एस.पी.-I श्री जी.एस. ढिल्लों भी मौजूद थे । पत्रकारों के समक्ष चारों मिलिटैंटों को भी पेश किया गया । पकड़े गए मिलिटैंट वीरेन्द्र सिंह से एक स्टेनगन तथा अन्य तीनों से 32 बोर की एक रिवाल्वर बरामद हुई है । स्टेनगन सरकारी है तथा इस बात का पता लगाया जा रहा है कि यह कहां से छीनी गई है ।

श्री सिद्धू व श्री निर्मल सिंह ने बताया कि वीरेन्द्र सिंह 'रिंग लीडर' है तथा यह 'पर्दधी' उसने के.एल.एफ. के एक प्रमुख हरिंदर सिंह पहलवान के बाद प्राप्त की है । इनके अन्य तीन साथियों परगट सिंह, रवि व मेजर सिंह के ठिकानों पर भी छापे मारे गए पर ये भाग निकले । इनकी तलाश जारी है ।

इन मिलिटैंटों ने अमृतसर शहर में बब्बू, जसबीर सिंह बिट्टू, इका नेता मदन लाल गुप्ता, पत्रकार अमरनाथ वर्मा, पवन मित्तल, सुरेन्द्र पाल सिंह, हलवाई खूबी राम के पुत्र सहित 10 लोगों की हत्या की थी । इन्होंने स्थानीय सचदेवा अस्पताल, जे.एस. आर्ट्स, एक पाइप फैक्टरी, एक शैलर, एल.आई.सी. कार्यालय, एक स्कूटर एजैंसी सहित कइयों से भारी फिरौतियां भी वसूल की थीं । इन मिलिटैंटों ने बताया है कि फिरौतियों आदि का पैसा वे परगट सिंह के पास जमा कराते थे । परगट सिंह के.एल.एफ. के प्रमुख मिलिटैंटों में से एक है । उसके कहने पर इन्होंने एक मिलिटैंट के परिवार को 50000 रुपए भी दिए थे । के.एल.एफ. के इस धड़े में 25 सदस्य हैं, जो कि अमृतसर शहर में सक्रिय थे ।

4 शरणदाता गिरफ्तार : श्री सिद्धू व श्री निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने के.एल.एफ. के मिलिटैंटों को शरण देने वाले चार व्यक्तियों रमेश कुमार उर्फ़ भैय्या पुत्र राम लाल, कोट हरनामदास, त्रिलोक सिंह उर्फ़ तोची पुत्र धर्म सिंह लुबना, बाबा भीड़ीवाला, दलीप सिंह पुत्र दल सिंह, न्यू आज़ाद नगर तथा अवतार सिंह उर्फ़ बिट्टू पुत्र बघेल सिंह, रामसर रोड को भी गिरफ्तार किया है । इन चार शरणदाताओं के साथियों जगजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह, चौक करोड़ी, जागीर सिंह फौजी, निरवैर सिंह पुत्र मेजर सिंह, चौक परागदास, देवेन्द्र सिंह उर्फ़ कमांडो के ठिकानों पर भी छापे मारे गए हैं, परन्तु ये बच निकले । इनकी तलाश जारी है तथा ये शीघ्र ही गिरफ्त में आ जाएंगे । इन में से देवेन्द्र सिंह उर्फ़ कमांडो दुर्दांत मिलिटैंट है ।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि करीब 25 बिचौलियों की शिनाख्त कर ली गई है तथा इन पर नज़र रखी जा रही है । उन्होंने कहा कि ये बिचौलिए पहले धमकी-भरा पत्र लिखाते थे तथा फिर बीच में पड़ कर सौदा कराते थे ।

इस वर्ष के प्रारम्भ से पुलिस मिलिटैंसी के 3592 मामलों की छानबीन कर रही थी । इनमें से 1580 केस रजिस्टर किए गए हैं । कुल 5158 मामलों में से 3638 मामले अदालतों में भेजे गए हैं । पिछले कुछ दिनों में अमृतसर पुलिस ने 1330 व्यक्तियों को खराब चरित्र के आरोप में पकड़ा है ।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय में 137 मिलिटैंट पकड़े गए हैं, 77 मारे गए हैं । इनमें 12 दुर्दांत मिलिटैंट थे । असाल्ट राइफलों सहित 98 अग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं ।

मिलिटैंटों द्वारा बड़ी कार्रवाई की आशंका : विश्वस्त पुलिस सूत्रों के अनुसार आशंका है कि आने वाले दिनों में इस नगर में मिलिटैंटों द्वारा कोई बड़ी कार्रवाई की जा सकती है, विशेषकर बस स्टैंड तथा शहर की भीड़ भरी व्यापारिक जगहों पर किसी दुर्घटना की आशंका अधिकारी वर्ग कर रहा है और इसके लिए व्यापक प्रबन्ध भी जारी हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दूसरी तरफ पिछले सप्ताह से सुरक्षा बलों तथा पुलिस को मिली भारी सफलताओं के कारण आक्रोश में मिलिटैंटों द्वारा जवाबी प्रहार किए जाने से भी इंकार नहीं किया जा सकता । जहां तक अमृतसर पुलिस प्रशासन का सम्बन्ध है, उसे इस जुलाई माह में शहर-भर में कई सफलताएं मिल चुकी हैं । कई दुर्दांत मिलिटैंट पकड़े गए हैं अथवा मुकाबले में मारे गए हैं । सूत्र इस बात से इंकार नहीं करते कि उन्हें यह सफलताएं जनता द्वारा दिए गए सहयोग से ही प्राप्त हुई हैं, किन्तु अधिकारी सूचना माध्यम का विवरण नहीं देते और उनकी यह योजना सफल भी हुई है । जिस भी नागरिक द्वारा उच्च पुलिस अधिकारियों को कोई सूचना दी जाती है, उसे नितान्त गुप्त रखा जाता है । यही कारण है कि जनता का मनोबल बढ़ा है और पुलिस द्वारा किए गए सामयिक प्रयासों से मिलिटैंसी को दबाने में सफलता प्राप्त हुई है । पुलिस सूत्र अगामी दिनों में भी और कामयाबी प्राप्त करने के लिए आशान्वित हैं ।

सेवानिवृत्त अध्यापक की हत्या : आज शाम 5 बजे अमृतसर के ईस्ट मोहन नगर में सुदेश मशीन टूल्स फैक्टरी के बाहर बैठे एक सेवानिवृत्त अध्यापक जनक राज पुत्र पूर्ण चंद की तीन मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी

मिलिटैंट के तीन सम्बन्धियों की हत्या : गत रात 8.30 बजे जिले के गांव सांघना में रेशम सिंह ठंडे गिरोह के दो मिलिटैंटों लक्खा जहाज और बलदेव सिंह बाठ ने गुरमेज सिंह नामक एक अन्य मिलिटैंट के घर में घुस कर उसके पिता अजीत सिंह, माता गुरो तथा एक अन्य व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट भागते समय एक हीरो हांडा तथा एक रिवालवर भी ले गए । घटना की सूचना आज सुबह मिली । मिलिटैंटों ने जाते समय वहां एक पत्र छोड़ दिया, जिसमें हत्याओं की सूचना देने वाले को 'सोध' देने की धमकी दी हुई थी । पुलिस ने इसे मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का मामला बताया है ।

नकदी लूट कर भाग रहे 2 मिलिटैंट मारे गए : तरनतारन पुलिस जिले के फतेहाबाद करबे के निकट सी.आर.पी.एफ. के साथ एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । पुलिस के अनुसार मिलिटैंट पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से नकदी लूट कर भाग रहे थे कि सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने उन्हें ललकारा । कुछ देर चली मुठभेड़ के पश्चात् दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से दो पिस्तौल तथा लुटी हुई 14,876 की नकदी बरामद हुई है ।

शरण देने के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने सुरजीत कौर, ईशर कौर तथा तेजेन्द्र कौर नामक तीन महिलाओं को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

13 मिलिटैंट गिरफ्तार : बटाला पुलिस जिले के डेरा बाबा नानक क्षेत्र से शिन्दा मसीह, सुखपाल सिंह तथा सुखविंदर सिंह नामक तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक स्टेनगन, चार 32 बोर के रिवाल्वर, एक स्टिक बम तथा काफी कारतूस बरामद किए गए ।

रोपड़ जिले से 5 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए । कपूरथला जिले से संजय तथा अश्विनी नामक दो मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए । लुधियाना, फरीदकोट तथा फिरोज़पुर जिलों से भी एक-एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया । उनके पास से कुछ हथियार तथा गोली-सिक्का भी मिला है ।

अध्यापक की हत्या : फरीदकोट जिले में दो मिलिटैंटों ने एक अध्यापक की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम बलजिंदर सिंह बताया गया है ।

भारी संख्या में विस्फोटक सामग्री बरामद : पठानकोट (महेन्द्र) : पठानकोट के डी.एस.पी. गुरपाल सिंह बस्सी ने बताया है कि एक गुप्त सूचना पर पठानकोट तथा डमटाल (हिमाचल) पुलिस ने पंजाब-हिमाचल सीमा पर चक्की दरिया के पुल से एक कि.मी. दूर एक खड्ड से 33 हथगोले, 12 गन कॉटन स्लैब बम, 32 फ्यूज़ माचिस डटोनटर्स बरामद किए हैं । इन्हें डमटाल पुलिस को सौंप दिया गया है । समझा जाता है कि इन्हें मिलिटैंटों द्वारा वहां छिपाया गया था तथा इनसे 55 बम धमाके किए जा सकते थे । पुलिस ने क्षेत्र को घेर कर जांच शुरू कर दी है ।

बच्चे के अपहरण का प्रयास : खन्ना (शर्मा) : आज यहां उस वक्त ज़बरदस्त सनसनी फैल गई, जब एक माडल स्कूल के बच्चे का अपहरण करने की कोशिश की गई । पहली कक्षा का यह बच्चा एक अमीर घराने से सम्बन्ध रखता है और एक स्थानीय उद्योगपति का लड़का है । बच्चों को स्कूल ले जाने वाले एक रिक्शा चालक ने बताया कि जब वह बच्चों से भरी रिक्शा को लेकर एस.डी.एम. की अदालत के आगे निकल गया तो एक स्कूटर पर दो युवक आए । एक स्कूटर पर बैठा रहा, जबकि दूसरे ने कहा कि अमुक फैक्टरी वालों का बच्चा कौन-सा है ? जब रिक्शा वाले ने कहा कि वह इस रिक्शा में नहीं, तो उसने पिस्तौल से गोली मारने की धमकी दी जिस पर रिक्शा वाले ने बच्चा बता दिया । इस पर उन्होंने बच्चे को रिक्शा से उतार लिया । इतने में एक व्यक्ति पीछे से आ गया, उसने सारी बात सुन कर कहा कि हम यह बच्चा नहीं देंगे । मिलिटैंटों ने उसको भी गोली मार देने की धमकी दी, लेकिन सौभाग्य से पीछे से और रिक्शा आ गई । उनको देख कर दोनों मिलिटैंट भाग खड़े हुए और बच्चे का अपहरण होने से बच गया ।

दो नागरिक मारे गए : मुक्तसर (दीपकपाल) : कल यहां से कुछ दूर गांव भानसिंह वाला के निकट कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस दल पर उस समय फायरिंग आरम्भ कर दी, जब पुलिस तथा सुरक्षा बलों का एक टुकड़ा गांव के चक्कर लगा रही थी । पुलिस ने भी फायरिंग की । मुठभेड़ 5 घंटे तक चली, जिसमें दो नागरिक मारे गए । पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबन्दी कर दी है । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगज़ीन तथा एक दोनाली बन्दूक मिली है ।

रेल पटरी क्षतिग्रस्त : रोपड़ जिले के चुंगराली गांव के निकट एक बम विस्फोट में रेल पटरी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया ।

बाद में रेल ट्रैक को मुरम्मत करके यातायात बहाल कर दिया गया ।

विस्फोट में 5 जवान घायल : बटाला (कोछड़) : गत रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव हरचोवाल के निकट मिलिटैंटों द्वारा एक बारूदी सुरंग से विस्फोट किए जाने के परिणामस्वरूप बी.एस.एफ. की 95वीं बटालियन की एक जीप उड़ गई, जिससे 5 जवान घायल हो गए । घायल जवानों की पहचान इंस्पैक्टर मुख्त्यार सिंह, हवलदार रणबीर सिंह, नायक करनैल सिंह, सिपाही अमरजीत सिंह तथा साधु राम के रूप में हुई है ।

2 मिलिटैंट मारे गए : मानसा (मेहता) : गत रात 11 बजे यहां से 16 कि.मी. दूर गांव बोड़ावाल के निकट सुरक्षाबलों के साथ एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने एक नाले पर नाका लगाया हुआ था कि 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए । उन्हें रुकने के लिए कहने पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गए । उनके पास से एक 12 बोर की बन्दूक, 315 बोर की एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

मारे गए मिलिटैंट की पहचान : जालंधर (न.न.ए.): गत 6 जुलाई को थाना गोराया के गांव रूढ़का कलां में पुलिस और मिलिटैंटों के मध्य भिड़ंत हो जाने के फलस्वरूप जो अज्ञात मिलिटैंट मारा गया था, पुलिस ने उसकी कर्मजीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी गांव कोठार के रूप में पहचान की है । इस संबंध में एस.पी. (डी.) श्री आर.के. बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक मिलिटैंट पुलिस को कई स्कूटर, कारें छीनने व चोरियों के मामलों में वांछित था । उसने यमुनानगर से किराए पर ली एक कार, जो कि रोपड़ के निकट आकर कार-वाहक से छीन ली थी, को जला दिया था । वह गांव सियारा व सोफीपुर से 2 स्कूटर छीनने, गांव भंडियाला जिला होशियारपुर में एक शराब के ठेके से शराब की बोतलें चरा कर बाद में उसे आग लगा देने की कई वारदातों में शामिल था ।

रात्रि कर्फ्यू की अवधि बढ़ी : अमृतसर जिला अधिकारियों ने आज घुसपैठ रोकने के लिए सीमावर्ती 50 गांवों में जारी रात्रि कर्फ्यू को 15 सितम्बर तक बढ़ा दिया है । कर्फ्यू रात्रि 8 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा ।

शव बरामद : फरीदकोट जिले के मुराड़कलां गांव से आज गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया ।

कमांडो ने अपहृत बच्चा छुड़ाया : मजीठा पुलिस ने चार साल के एक बच्चे रूबलदीप को अपहरण के चौबीस घंटे के भीतर छुड़ा लिया । तीन लाख रुपए की फिरौती के लिए इस बच्चे का अपहरण किया गया था ।

मजीठा के पुलिस प्रमुख पी.एस. गिल के हवाले से आज जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस कार्रवाई में 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के दो मिलिटैंट पकड़े गए, जबकि तीसरा भाग निकला । श्री गिल ने कहा कि बच्चे का सोमवार रात को उसके गांव तत्तेवाल से अपहरण हुआ था । पुलिस को सूचना मिली कि बच्चा इस गांव से चार किलोमीटर दूर कबीरपुरा गांव में है । इसके बाद पुलिस कल शाम कबीरपुरा पहुंची । उस वक्त मिलिटैंट एक ट्यूबवैल पर बैठे हुए थे । श्री गिल के अनुसार पुलिस दल को देखते ही उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । मिलिटैंटों ने बच्चे को मार डालने की धमकी दी, लेकिन पुलिस के कमांडो ने मुस्तैदी से कार्रवाई की और मिलिटैंटों को धर दबोचा । बच्चे को बिना किसी नुक्सान के बचा लिया गया ।

बच्चे की माता ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार की रात को लगभग 9 बजे तीन-चार मिलिटैंटों ने उनके घर में घुसकर बंदूक की नोक पर बच्चे को छीन लिया । मिलिटैंटों ने अपने मुंह ढके हुए थे तथा उस समय बिजली गई हुई थी तथा उसके पति सुखचैन सिंह जो कि सेना में हैं, घर पर नहीं थे । कुछ देर बाद उनमें से दो वापस आए तथा कहा कि बच्चे की रिहाई के लिए तीन लाख रुपए लेकर अमुक स्थान पर पहुंच जाएं ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बच्चे को मां-बाप को सौंप दिया है ।

गिरफ्तार मिलिटैंटों की पहचान सुखजिंदर सिंह उर्फ लाडी तथा मुखत्यार सिंह के रूप में हुई है । उनके पास से एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा एक दोनाली बंदूक बरामद की गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार जैसे ही पुलिस दल नलकूप के पास पहुंचा, वहां छुपे मिलिटैंटों ने दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । वे अपहृत बालक को लेकर नलकूप के कमरे से बाहर आ गए । इस पर सामने मोर्चा लगाए एक पुलिस दल ने पीछे हटना शुरू कर दिया लेकिन तभी थानेदार जरनैल सिंह के नेतृत्व में एक अन्य पुलिस दल ने पीछे से धावा बोल कर अपहर्ताओं को दबोच लिया और बालक उनसे मुक्त करा लिया । कार्रवाई के समय मिलिटैंटों में से दो नलकूप के कमरे में थे । तीसरे की भी शिनाख्त कर ली गई है, वह वहां मौजूद नहीं था ।

मोहाली में मिलिटैंट मरा : वार्ता के अनुसार आज रात रोपड़ जिले के मोहाली नगर में एक अज्ञात मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

राजीव हत्या केस

(पृष्ठ 3 का शेष)

अभियुक्तों की पहचान गुप्त रखी जा रही है ।

सूत्रों के अनुसार अभियुक्त जून के अंतिम सप्ताह में फर्जी पासपोर्ट और वीसे की मदद से नई दिल्ली पहुंचे । सूत्रों ने बताया कि इन्हें इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने उस समय गिरफ्तार किया, जब ये लोग लंदन जाने वाले विमान पर सवार होने वाले थे ।

ब्यूरो यह भी पता लगा रहा है कि उन्हें विमान के टिकट खरीदने के लिए 40 हजार रुपए कहां से प्राप्त हुए ? सूत्रों के अनुसार दोनों अभियुक्त दिल्ली में अलग-अलग होटलों में पांच साथियों के साथ रह रहे थे । अभी इनके साथियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

हत्या-पूर्वाभ्यास की वीडियो फिल्म प्राप्त : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के जिम्मेदार आत्मघाती दस्ते ने अति विशिष्ट लोगों की सभाओं में सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्तापन की जांच के लिए जो पूर्वाभ्यास किए थे, उसकी वीडियो फिल्म एक महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर हासिल कर ली गई है ।

हत्याकांड की जांच कर रहे दल को यह वीडियो फिल्म आज शाम सौंपी गई । इसमें पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की एक चुनाव रैली के दृश्य हैं, जिसमें राजीव गांधी की हत्या के प्रमुख षड्यंत्रकर्ता शिवरासन को सारे सुरक्षा प्रबन्ध तोड़ कर अग्रिम पंक्ति में पहुंच कर पत्रकारों के साथ बैठा दिखाया गया है ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की मद्रास शहर के बीचों-बीच में हुई चुनाव रैली की यह वीडियो फिल्म पीजुअल मीडिया यूनिट ने बनाई थी । इसे पाक्षिक पत्रिका 'फ्रंट लाइन' ने प्राप्त कर लिया था ।

श्रीपेरमपुदर में श्री राजीव गांधी की हत्या के ठीक एक पखवाड़े पहले श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की आठ मई को हुई रैली की इस फिल्म में शिवरासन को मंच से केवल पांच-छह मीटर दूर पैस के लिए निर्धारित बाड़े में अग्रिम पंक्ति में बैठा दिखाया गया है । इस सभा को श्री सिंह तथा जनता दल के अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया था ।

इस फिल्म में जितनी बार कैमरा दर्शकों से मंच की ओर घूमता है, शिवरासन दिखाई पड़ता है । उसे विभिन्न भंगिमाओं में दिखाया गया है लेकिन अन्य सम्वाददाताओं की भांति वह एक बार भी कुछ लिखते हुए नहीं दिखाई पड़ता ।

शिवरासन के चेहरे पर कैमरा घूमते हुए वह कुछ बेचैन हालत में दिखाई पड़ता है और अपनी व्यग्रता छिपाने की गरज से एक बार मुस्कराता भी दीख पड़ता है ।

यह वीडियो फिल्म 'फ्रंट लाइन' पत्रिका के सम्पादक एन. राम ने आज शाम मद्रास में विशेष जांच दल को सौंपी ।

श्री राम ने एक सम्वाददाता को, जिसने यह फिल्म देखी, बताया कि यह आत्मघाती दस्ते द्वारा चोरी-छिपे की जा रही तैयारियों का, जिनकी परिणति श्री राजीव गांधी की हत्या में हुई, एक अकाट्य साक्ष्य है ।

श्री राम ने बताया कि जांचकर्त्ताओं को हत्याकांड के सिलसिले में पकड़े गए लोगों ने इस बात की जानकारी दी थी कि नंदनम की रैली समेत अन्य सभाओं में किए गए पूर्वाभ्यासों में वे मौजूद रहते थे । यह फिल्म इस बात की पुष्टि करती है ।

दुरई स्वामी

(पृष्ठ 3 का शेष)

कुपवाड़ा जिले के कालारुज में आज अलगाववादियों के एक ठिकाने से एक ए.के. 56 राइफल, दो पिस्तौल तथा दो हाथगोले बरामद हुए ।

इसी बीच श्रीनगर के विभिन्न मोहल्लों में 96 घंटे तक अभियान चलाने के उपरांत सेना और अर्ध सैनिक बलों को आज दोपहर बाद वापस बुला लिया गया है ।

संसद को विश्वास में लिया जाए : नई दिल्ली (वार्ता): भारतीय तेल निगम के निदेशक दुरई स्वामी की रिहाई के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में संसद को विश्वास में लेने की मांग आज राज्यसभा में की गई ।

शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कांग्रेस (इ) के सुरेश कलमाडी ने कहा कि समाचारपत्रों की रिपोर्ट के अनुसार जम्मू-कश्मीर प्रशासन छह अलगाववादियों को छोड़ने पर विचार कर रहा है । उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि एक तरफ गृहमंत्री कुछ भी बताने से इन्कार करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाचारपत्रों में इस तरह की खबरें छप रही हैं । उन्होंने कहा कि सरकार को कम से कम संसद को विश्वास में लेना चाहिए । उनकी ही पार्टी के ए.जी. कुलकर्णी तथा जनता दल के मोहम्मद अफजल ने भी इसका समर्थन किया ।

चुनाव सूचना

जालन्धर, 17 जुलाई : माडल-पब्लिक स्कूलों के प्रबन्धकों की एसोसिएशन की गत दिवस लुधियाना में आयोजित चुनाव बैठक में नवांशहर के श्री डी.पी. दत्ता प्रधान, लुधियाना के श्री राजेंद्र कृष्ण शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान, जालन्धर के श्री एम.डी. सभ्रवाल उपप्रधान, लुधियाना के श्री इंद्रजीत मल्होत्रा महासचिव, गोराया के श्री बी.के. सेखड़ी व लुधियाना के श्री करनैल सिंह सचिव तथा लुधियाना की श्रीमती बी. राय वित्त सचिव चुने गए ।

प्रधानमंत्री 3 दिन जनता से मिला करेंगे

नई दिल्ली, 17 जुलाई (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव, मोती लाल नेहरू मार्ग स्थित अपने निवास पर सप्ताह में तीन दिन जनता से मुलाकात करेंगे । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को सुबह पौने नौ बजे लोगों से मिला करेंगे ।

गुमशुदा की तलाश



29 वर्षीय मधुबाला, दिमागी कमजोर, हरा सूट पहने 26 जून से लापता है । नीचे पते पर सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा ।

1. कंबल नैन, 79, पत्थरों वाला बाजार, जगाधरी
2. कृष्ण लाल गिरधर, 4/849, जाफर नवाज, सहारनपुर

मन्दिर माता जी लाल भवन, रानी का बाग, अमृतसर

हरिद्वार में भवन निर्माण

दान की अपील



पूज्य माता लाल देवी

☐ इस मास लाल भवन अमृतसर में गुफा वैष्णो देवी में दर्शनार्थियों की संख्या 60,000 से ऊपर रही ।

☐ आप सभी धर्म प्रेमी भाई बहनों द्वारा भूमिदान यज्ञ में डाली गई दान राशि से हरिद्वार में भारत माता मन्दिर के निकट 3000 वर्ग गज के प्लाट को खरीद लिया गया है तथा अब शीघ्र ही भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ हो रहा है ।

☐ भवन निर्माण के लिए 150/- रुपए प्रति वर्गफुट दान देकर पूज्य माता जी का आशीर्वाद प्राप्त करें ।

☐ एक कमरे की लागत 35000/- रुपए तथा 50,000/- रुपए आएगी । बनवाने वाले दानी सज्जनों की नाम शिला लगाई जाएगी तथा उनके लिए पेशगी सूचना पर कमरा उनके ठहरने के लिए सुरक्षित मिलेगा ।

नोट : दान राशि पर आय कर में छूट मिलेगी ।

धन्यवाद :—

सूरज प्रकाश जनरल सैक्रेटरी, पूज्य माता लालदेवी ट्रस्ट (रजि.) लाल भवन, अमृतसर

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

ज्योतिष

जन्मपत्री या हाथ से किस्मत का हाल पूछने के लिए विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषी प्रोफैसर मेहता साहब को मिलें, तजुर्बा 54 साल । पता : 418, अलबर्ट रोड (सामने दफ्तर नहर), अमृतसर, फोन : 26566. (Sambhav/30C)

आवश्यकता

आवश्यकता है सेल्जमैनों की, जो कि बिजली का सामान कमिशन बेसिस पर बेच सकें । मिलें : प्रातः 8 से 10.30 बजे तक । WZ-155, राम नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018. (9410/27JD)

घर के काम-काज के लिए एक आया की आवश्यकता है । सम्पर्क करें प्रिंसीपल सैंट्रल कालेज आफ एजुकेशन, 126, रानी का बाग, अमृतसर । (Milap/23W)

50 भूतपूर्व सैनिक सिक्योरिटी गार्ड । लिबर्टी फुटवीयर कम्पनी, करनाल, अमन सिक्योरिटी और डिटैक्टिव्स । इंटरव्यू 19 जुलाई । (Jai/16W)

शिक्षा

गारंटिड पत्राचार मैट्रिक, इंटर, दसवीं डायरैक्ट B.A. फाइनल/RMP करें । आदर्श इंस्टीच्यूट, झूला रोड, ऋषिकेश ।

बिकाऊ

हलवाई की दुकान का फर्नीचर अच्छी हालत में । जगन्नाथ हलवाई, धूरी-148024. (S.P. Single/15W)

पोल्ट्री

Ludhiana Farmers NECC Price for 18.7.91 is Rs. 73/- per Hundered eggs without tray. Phone : 31604. (Kamboj/15W)

पुस्तकें

ताज एलोपैथी (समस्त रोग माडर्न चिकित्सा) 300 पृष्ठ 30 रुपए पोस्टेज 6 रुपए । बी.पी. मंगाएं । निराला जोगी आयुर्वेद मासिक (बिहाईंड बस स्टैंड), पानीपत । (Multani/23JD)

जमीन/जायदाद/प्लाट

Shops For Sale in Heart of City Milap Road, Model Town, New Jawahar Nagar. Contact : Sodhi Property Dealers, Masand Chowk, Model Town, Jalandhar. Phones : Office : 3120, Residence : 55034. (Greatway/28W)

19 Marla Corner Plot in Rose Park for sale. Contact : Sanjay Sachdeva, N.K.

दूरसंचार विभाग

मंडलीय इंजीनियर टैलिकाम परियोजनाएं, वायसराय काटेज, निकट विक्टरी टनल, शिमला—171003.

नं. डीई/टीपी/एसएम/ओएफसी/ट्रेंच/पुल/III/91-92/32. भारत के राष्ट्रपति की ओर से चंडीगढ़-कालका-परवाणु प्रखंड में 1.65 मीटर की सांकेतिक



रेल किरायों में ... अवरुद्ध करते ...

शिरो... कमे...

अमृतसर, ... गुरुद्वारा प्रबन्ध... सीबिया द्वारा ... बावजूद एक ... जिप्सी एवं 30... लिए जाने से प्र... है ।

शिरोमणि... अध्यक्ष बलदेव... की नई एय... अंगरक्षकों के ... की खरीदने, ग...

संतों ... रण...

नई दिल्ली... परिषद के मह... घोषणा की ... धार्मिक स्थान... तथा संघर्ष क... आगामी 20 ... संसद की बैठक... के साथ बातचीत... के सभी धार्मि... स्थिति बनाए... सरकार की ... मांग करती है... का विचार ...

सरकार... प्रदेश विधान... केन्द्र सरकार... पूजास्थलों के... 15 अगस्त, 1... उसके बड़े ... संवाददाताओं... कहा कि धार्मि... को आधार ... सकते हैं तथा... लाभ उठाएंगे...

श्री श्रीव... में 1947 के ब... में बदल दि... 1947 की स्थि... देश साम्प्रदा... कहा कि प्र... उसी तारीख... की जाए ।

भूमि-...

फगवाड़... निकटवर्ती ... जमींदार ... भतीजों ज... कृपाणों से ... अनुसार ह...

ला...

नई दि... मुख्यमंत्री ... नरसिम्हारा... स्थिति से ...

नेताओं...

नई ... प्रधानमंत्रि... सिंह सहि... हत्या कर... के दोनों स...

जनत... मामला उ... प्रकाशित... मद्रास में ... देश के प्र... का षड्यं... सरकार ...

उन्हों... इसकी ज... होती तो ... होती । ... जारी क... अर्जुन सि... सहमत है... लाएंगे ... सिब्ते र... सच्चाई ...

टी.एन. शेषन की हत्या के लिए बब्बर खालसा के मिलिटैंट दिल्ली पहुंचे : पंजाब में एरिया कमांडर सहित 8 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 18 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब के मिलिटैंट संगठन बब्बर खालसा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त टी.एन. शेषन की हत्या करने के षड्यंत्र का पर्दाफाश हो गया है, हालांकि इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस संगठन के सदस्य पंजाब से दिल्ली में भी पहुंच चुके हैं । इसी दौरान गत सायं से राज्य में सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर एक दुर्दांत मिलिटैंट को मार गिराया तथा विभिन्न घटनाओं में 7 अन्य मिलिटैंट मारे भी गए जबकि 7 को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इसके अलावा होमगार्ड के एक जवान सहित 6 व्यक्तियों की हत्या भी कर दी गई है ।

शेषन की हत्या के षड्यंत्र का पर्दाफाश : जिला अमृतसर में 'बब्बर खालसा' के गिरफ्तार किए गए 2 मिलिटैंटों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी.एन. शेषन की हत्या के षड्यंत्र का पूछताछ के दौरान पर्दाफाश किया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज यहां दावा किया कि हाल ही में बब्बर खालसा के काबू किए गए 2 मिलिटैंटों ने श्री शेषन की हत्या करने के सनसनीखेज षड्यंत्र की स्वीकारोक्ति की है।

इस अधिकारी ने बताया कि एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ दिन पहले बब्बर खालसा के लैफ्टिनैंट जनरल दुर्दांत मिलिटैंट धर्म सिंह कश्तीवाल के नेतृत्व में 5 मिलिटैंटों का एक गिरोह अमृतसर से दिल्ली चला गया है, उन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी.एन. शेषन की हत्या की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कश्तीवाल बब्बर खालसा का न केवल शीर्षस्थ मिलिटैंट ही माना जाता है बल्कि उसे अत्याधुनिक ढंग से संवेदनशील बम विस्फोट करने का विशेषज्ञ भी समझा जाता है। इसके अलावा उसे खतरनाक विस्फोटक उपकरणों के प्रयोग में भी दक्षता प्राप्त है।

रिपोर्ट के अनुसार बब्बर खालसा का यह गिरोह इस समय श्री शेषन की हत्या के लिए दिल्ली में मौजूद है तथा दिल्ली की कानून-व्यवस्था की मशीनरी को अत्यधिक सतर्क कर दिया गया है।

के.सी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला तरनतारन में आज तलवंडी सोभा सिंह क्षेत्र के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक ज़बरदस्त मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक एरिया कमांडर व उसका साथी मिलिटैंट मारे गए। इन मृतक मिलिटैंटों के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, .12 बोर की एक बंदूक व कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने इन मिलिटैंटों को चुनौती दी थी तथा उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा उसके बाद वहां मुकाबला शुरू हो गया।

कहा जाता है कि इस मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों के हमले का सामना करने के लिए हथगोलों व हल्की मशीनगनों का भी प्रयोग किया।

बाद में मृतक मिलिटैंटों में से एक की पहचान सरवण सिंह के रूप में हुई। वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स (ज़फ़रवाल) से संबंधित था तथा पट्टी क्षेत्र का एरिया कमांडर था। वह विभिन्न प्रकार की कई वारदातों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था।

होमगार्ड जवान की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन में 'गुरु का खूह' क्षेत्र में मिलिटैंटों ने उमराओ सिंह नामक होमगार्ड के एक जवान की हत्या कर दी।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : कल रात मजीठा पुलिस जिले के बाबा बकाला नगर में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी भाग निकला। उसके पास से एक देसी बम, एक डैटोनेटर और कुछ गोलियां बरामद की गई।

एक की हत्या : बटाला पुलिस जिले के टल्हे गांव में कल रात मिलिटैंटों ने ज्ञान सिंह के घर में घुस कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। 'कोड्ड' के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : कल रात पुलिस ने लुधियाना और जालंधर जिलों से एक-एक मिलिटैंट को और मजीठा जिले से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है।

मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : मंगरूर जिले के धरमगढ़ गांव के पास सुरक्षा बलों की गोली से आज सवेरे एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक राइफल और कुछ गोली-बारूद मिला है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : रोपड़ जिले के मोहाली में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक माऊज़र और एक राइफल मिली है। इसी क्षेत्र में कल भी एक मिलिटैंट मारा गया था।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : बाघापुराना (ज्ञान मित्तल): आज दोपहर बाद 2 बजे के करीब तीन मिलिटैंट गांव ढिलवां कलां में अजायब सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में उसकी राइफल लूटने के लिए गए । मगर उनमें से एक को लोगों ने पकड़ लिया परन्तु उसने अपने-आपको 'गोत्तरा' मार कर आत्महत्या कर ली । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी, जबकि शेष दो मिलिटैंट राइफल छीन कर फरार होने में सफल रहे ।

2 की हत्या, एक घायल : जिला लुधियाना के गांव शेरपुर कलां में मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर बहादुर सिंह व अर्जुन सिंह नामक 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी। हत्यारे मिलिटैंट फरार होते समय निकटवर्ती एक गली में से एक जीप भी छीन कर ले गए।

इसी जिला के गांव लोप्पो में 3 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया तथा बाद में फरार हो गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने इस व्यक्ति से उसकी लाइसैंसी बंदूक मांगी थी मगर उसके इंकार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हरियाणा सरकार द्वारा पथ-कर बसूली के फैसले में काफी परिवर्तन

चंडीगढ़, 18 जुलाई (राकेश संधी): हरियाणा सरकार ने दूसरे राज्यों में पंजीकृत निजी वाहनों के राज्य में प्रवेश पर उनसे 100 रु. दैनिक की दर से पथ-कर लेने बारे विगत सरकार के फैसले में काफी परिवर्तन कर दिया है ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल ने बताया कि स्कूल बसों, समाचारपत्र ले जाने वाले वाहनों, एम्बुलैंसों तथा दमकलों को इस कर से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है । यानी टैक्सी से 100 की अपेक्षा 50 रु., आधी बाँडी वाले ट्रकों से 75 रु. पथ-कर लिया जाएगा पर अन्य ट्रकों से पहले की तरह 100 रु. दैनिक पथ-कर लिया जाएगा ।

श्री भजन लाल ने बताया कि पूरी बाँडी वाले ट्रकों के मालिक यदि चाहें तो 100 रु. दैनिक की अपेक्षा 2000 रु. मासिक की दर से यह कर जमा करा सकते हैं । पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए श्री भजन लाल ने कहा कि पथ-कर की दरों में कमी कर दिए जाने से राजस्व में 10 से 12 करोड़ रु. की वार्षिक क्षति होगी । उन्होंने आशा व्यक्त की कि दरें कम करने से कर चोरी भी घटेगी । "हमने यह फैसला ट्रांस्पोर्टरों की मांगों को ध्यान में रख कर किया है ।'

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हिमाचल में महामारी की रोकथाम के लिए

शिमला, 18 जुलाई (प.स., स.): हिमाचल प्रदेश के मंडी तथा हमीरपुर जिलों में महामारी के रूप में फैले आंत्रशोथ रोग पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उक्त जानकारी दी ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा दलों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न जिलों में इस महामारी की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों में सक्रिय कर दिया गया है। कर्मचारियों द्वारा सभी गांवों में घर-घर जाकर लोगों को जल के शुद्धिकरण के लिए क्लोरीन की गोलियां बांटी जा रही हैं। इसके अलावा प्राकृतिक जल स्रोतों तथा जनस्वास्थ्य विभाग की पेयजल योजनाओं के जल भंडारों के क्लोरीनेशन का अभियान भी बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है। जिलाधीशों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अधिकार दिए गए हैं कि वे आंत्रशोथ के रोगियों के उपचार के लिए आवश्यकतानुसार औषधियां खरीद लें। उन्हें यह भी अधिकार दिया गया है कि वे आंत्रशोथ से पीड़ित रोगियों को अस्पतालों में पहुंचाने के लिए वांछित संख्या में वाहनों का अधिग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल स्रोतों की सफाई व क्लोरीनेशन के अन्तर्गत यह भी देखा जा रहा है कि सम्बन्धित जल स्रोत का पानी पीने के योग्य है भी या नहीं। जिन जल स्रोतों में अत्यधिक प्रदूषण पाया जाएगा, उन्हें बंद कर देने के आदेश दे दिए गए हैं।

श्री शांता कुमार ने कहा कि प्रदेश में लम्बे सूखे तथा मानसून में विलम्ब के कारण यह महामारी राज्य सरकार द्वारा इसे नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे भरसक प्रयासों के बावजूद 15 जुलाई के बाद पुनः फैली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस रोग पर नियंत्रण पाने के लिए अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रोग से निपटने के प्रयासों में ऑल इंडिया आयुर्विज्ञान के एक दल को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आंत्रशोथ की महामारी से मरने वाले वयस्क तथा बाल रोगियों के परिवारों को क्रमशः 10 हजार तथा 2500 रुपए मुआवजे के रूप में प्रदान किए

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

करने पर उसे गोली मार कर घायल कर दिया।

2 अन्य की हत्या : इसके अलावा मिलिटैंटों ने जिला अमृतसर के गांव लोलेवाल में प्रकाश सिंह व पुलिस जिला मजीठा के गांव भांगली खुर्द में एक अज्ञात व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी है।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार बरामद : पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना ब्यास के गांव ध्यानपुरा में से सुरक्षा बलों ने 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से बड़ी संख्या में हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद की। इन मिलिटैंटों की पहचान अतर सिंह व सरवण सिंह के रूप में हुई है।

आपसी रंजिश में एक मिलिटैंट की हत्या : बटाला (कोलड़) थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के एक गांव कुलूवाल के निकट पुलिस को आज प्रातः एक वृक्ष के साथ लटकता हुआ एक शव मिला है, जिसकी पहचान गांव भंगाली के कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार यह हत्या मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

के.सी.एफ. का खतरनाक मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): खालिस्तान कमांडो फोर्स के सम्बवाल ग्रुप के खतरनाक मिलिटैंट लखविंदर उर्फ लक्खा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । वह गांव हरलालपुर का रहने वाला है और पिछले माह पुलिस मुकाबले के दौरान भाग निकलने में सफल हो गया था । उस के कब्जे से एक जी.पी.एम.बी. बैल्ट एक ड्रम मैगज़ीन और 50 कारतूस मिले ।

मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : कल दोपहर बाद थाना गोविंदगढ़ के गांव शेरपुर में त्रिलोक सिंह नामक एक व्यक्ति के घर पर हमला करने वाले तीन मिलिटैंटों में से एक को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला जबकि एक अन्य मिलिटैंट को काबू कर पुलिस को सौंप दिया । जबकि तीसरा मिलिटैंट बच निकलने में सफल हो गया । एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा के अनुसार इन मिलिटैंटों ने रिवाल्वर दिखा कर त्रिलोक सिंह से एक लाख रुपए की मांग की थी । परिवार के सदस्यों द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग तुरन्त उनके घर पहुंच गए । उन्होंने दो मिलिटैंटों को जम कर पिटाई की और उन्हें काबू कर लिया । उनमें से एक मिलिटैंट को जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तो वह मार्ग में ही दम तोड़ गया ।

ग्रामीणों को इनाम मिलेगा : श्री शर्मा ने कहा कि मिलिटैंटों को पकड़ने में उदाहरणीय साहस का प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीणों को उचित इनाम दिया जाएगा । मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

लक्खा व प्रेमा काबू : एस.एस.पी. ने कहा कि गांव हरलालपुर का लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा, जो गत माह मरहिट पुलिस के साथ मठभेड़ होने पर बच निकला था, को गिरफ्तार कर लिया गया है । उसके पास से एक ड्रम मैगजीन तथा जनरल पर्पज मशीनगन की एक बैल्ट 50 कारतूसों समेत बरामद हुई है, उसकी शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल ग्रुप) के सदस्य के रूप में की गई है ।

थाना अमलोह के गांव सलाना जीवनसिंह वाला का प्रेम सिंह उर्फ प्रेमा भी गिरफ्तार कर लिया गया है । उसके कब्जे से एक बन्दूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । वह एक मठभेड़ में मारे गए मिलिटैंट बलजीत सिंह उर्फ भुट्टो का सगा भाई है । 'भुट्टो' थाना खन्ना के क्षेत्र में मारा गया था ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर से नारंग के अनुसार अजनाल थाना के एस.एच.ओ. सुरक्षा बलों के साथ आज जब लाल धम्मन गांव से मनन गांव जा रहे थे तो रास्ते में मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो मिलिटैंटों मंजीत सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी मानोचाहल कलां (एक 303 राइफल तथा 7 जिंदा कारतूस सहित) तथा सतनाम सिंह सत्ता पुत्र दारा सिंह गांव पट्टी (एक 38 बोर की पिस्तौल तथा 50 राऊंड सहित) गिरफ्तार कर लिए गए ।

फायरिंग करके दो घायल : आज शाम जंडियाला के चौक पर 2 स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने फायरिंग करके 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया । घायलों से एक बस्सन सिंह पुलिस का सिपाही है । मिलिटैंट फरार हो गए ।



राजीव गांधी हत्याकांड में हाल ही में गिरफ्तार किए गए एन... विशेष अदालत में पेश किया गया । फोटो खींचे छुपाते हुए । उसका 30 दिन के लिए पुलिस रिमांड दिया



VIJAY BAJAJ
(ADVOCATE)

has been ELECTED Vice-President of Distt. Taxation Bar Association (Sales-Tax) LUDHIANA for the year 1991-92.

(A)

पथकर वसूली

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने बताया कि राज्य की सीमा पर विभागों द्वारा लगाए गए बैरियरों को प्रथम अगस्त से एक ही बैरियर में तबदील कर देने का फैसला किया गया है । यह निर्णय जनता को परेशानी से बचाने के लिए किया गया है ।

पालिका चुनाव प्रक्रिया शुरू : श्री भजन लाल ने बताया कि राज्य की 81 में से 66 नगर पालिकाओं की चुनाव प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है । आजकल मतदाता सूचियां संशोधित की जा रही हैं । चुनावों की प्रस्तावित तिथि 28 अगस्त है ।

उन्होंने बताया कि 15 पालिकाओं के सीमांकन के मामले को लेकर अदालत में चल रहे केस के कारण इनके चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के सहकारी

लघु उद्योग को सीमित मूल्यों पर स्टील उपलब्ध करवाया जाए

लुधियाना, 18 जुलाई (भाखड़ी): यूनाइटिड साइकल व पार्ट्स निर्माता एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल श्री जोगिन्दर कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव से मिला और आग्रह किया कि नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत लघु उद्योग का विशेष ध्यान रखा जाए और कच्चे माल की कीमतों पर अंकुश लगाया जाए । एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने प्रधानमंत्री से कहा कि स्टील की वितरण नीति में जो सरकारी कंट्रोल है, उसे समाप्त न किया जाए और न ही ऐसा किया जाए कि स्टील का कुछ भाग खुली मार्कीट में बेचा जाए और कुछ पर कंट्रोल रखा जाए । इससे स्टील की कीमतों में भारी वृद्धि होने की आशंका है । अगर किसी सूरत में कंट्रोल समाप्त करना ही पड़े तो लघु उद्योग को सीमित मूल्यों पर स्टील उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाए । शिष्टमंडल ने प्रधानमंत्री से कहा कि कलकत्ता में डिवैलपमैंट कमिश्नर (आई.व एस.) को बंद न किया जाए क्योंकि यह लघु उद्योग व छोटे इंजीनियरिंग निर्यातकों के हितों का विशेष ध्यान रखता है । श्री जोगिन्दर कुमार जो फैडरेशन

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

लाटरी

खुशखबरी सरताज बम्पर लाटरी का पहला इनाम 12 लाख रुपए टिकट नम्बर D-860477 आनंद लाटरी एजैंट, माल रोड, सोलन द्वारा बेची टिकट पर निकला ।

(M.P. Sharma/24W)

पोल्ट्री

नाम परिवर्तन

मैं मनजिन्द्रपाल पुत्र परमजीत सिंह, वासी 27-B, ऊधम सिंह नगर, लुधियाना ने अपना नाम बदल कर मनजिन्द्रपाल से मनजिन्द्रपाल सिंह रख लिया है ।

(Brightway/21W)

टैलीफोन

Attention STD. PCO owner's rates

Punjabi Gaurav

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अलगाववादियों को कल सुबह 11 बजे रिहा किया

पंजाब में दो लैफ्टिनैंट जनरलों सहित 12 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 19 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक सैनिक व एक ए.एस.आई. सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अध्यापक व एक छात्र सहित 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इसी दौरान सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक लैफ्टीनैंट जनरल को मार गिराया तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक लैफ्टीनैंट जनरल का शव भी बरामद किया गया जबकि 10 अन्य मिलिटैंट मारे गए तथा 7 को गिरफ्तार भी कर लिया गया है ।

एक मिलिटैंट ने आत्महत्या की, 2 मुठभेड़ में मारे गए : फरीदकोट जिले के घोलबान वालागांव में एक मिलिटैंट ने उस समय आत्महत्या कर ली जब गांव वालों ने उसे घेर लिया। उसके तीन साथी भाग निकले। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

सुरक्षा बलों के हाथों इसी जिले के दाऊधर गांव के निकट एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। इन मारे गए मिलिटैंटों की भी शिनाख्त अभी नहीं की जा सकी है। मुठभेड़ स्थल से एक बंदूक, 1.50 किलो विस्फोटक और भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया है।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : एक अज्ञात मिलिटैंट कल रात रोपड़ जिले में भिवानी गांव के निकट पुलिस के एक गश्ती दल के साथ मुठभेड़ में मारा गया। घटनास्थल से .30 बोर की एक राइफल, नौ कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया गया है।

अपहृत सैनिक का शव मिला : सेना के एक जवान निरंजन सिंह का अमृतसर के बाहरी इलाके 'गुरु के वडाली' स्थित उसके घर से अपहरण कर लिया गया था। आज एक खेत से उसका गोलियों से क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। घटनास्थल से ए.के. 47 और .30 बोर की राइफल के चले हुए कारतूस बरामद हुए।

लड़की की हत्या: मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिले के बज्जू गांव में नसीबो नामक एक लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी है।

एक की हत्या, एक छलनी शव मिला : मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के बल्लूवाल गांव में केवल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। इसी पुलिस जिले के देवीदासपुरा गांव में बलकार सिंह नामक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है।

ठेके के कारिन्दे की हत्या : गत रात्रि मिलिटैंटों ने एक वारदात में पुलिस जिला मजीठा के गांव बल्लू में पवन कुमार नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। वह शराब के एक ठेके का कारिन्दा था।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव डंड कमेल में सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात मिलिटैंटों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। यह मुठभेड़ तलाशी अभियान के दौरान शुरू हुई। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व उसकी 2 मैगजीनें भी मिली हैं।

आपसी झगड़े में 2 मिलिटैंट मरे, एक व्यक्ति का अपहरण : फरीदकोट जिले के कब्रवाला गांव में एक गिरोह के आपसी झगड़े में कल रात 2 मिलिटैंट संतोख सिंह व नरिन्दर सिंह मारे गए। मिलिटैंटों ने उसी गांव के बलवंत सिंह का अपहरण भी कर लिया है।

अध्यापक व एक अन्य का अपहरण : पुलिस जिला बटाला के गांव भुल्लारे में से मिलिटैंटों ने जुगल किशोर नामक एक अध्यापक का अपहरण कर लिया है।

गत रात्रि जिला फिरोज़पुर में से गुरदर्शन सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति का भी अपहरण कर लिया गया है।

हत्यारा मिलिटैंट मारा गया : गत रात्रि जिला रोपड़ के छतामला गांव में सुरक्षा बलों ने परमजीत सिंह उर्फ ज्ञानी नामक एक दर्दात हत्यारे मिलिटैंट को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट स्वराज ट्रैक्टर के इंजीनियरों व कुछ समय पूर्व इस जिले में हुए बस यात्री संहार में संलिप्त था।

के.एल.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल का शव मिला : लुधियाना (धीमान): खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के ले. ज. कुलदीप सिंह उर्फ पीपा की लाश कल गांव दौलत शेख में मिली। वह अत्यन्त खतरनाक मिलिटैंट था। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह 30 हत्याओं और अन्य वारदातों में संलिप्त था। उसने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पूर्व प्रधान श्री टोहरा, पुलिस महानिदेशक श्री मागट और पूर्व-गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय पर घातक हमले किए।

बताया जाता है कि गत बुधवार की रात को पीपा अपने साथियों के साथ जगराओं की आबादी अगवार लोपोके के एक मकान में दाखिल हुआ। मालिक मकान मिरागराज और उसके बेटे ने उन पर 12 मिनट तक फायरिंग की। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीपा गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे ट्रैक्टर ट्राली में ले गए, मगर उसकी लाश उक्त गांव में मिली। वह लुधियाना के गांव शेखूपुरा का रहने वाला था।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : थाना खन्ना सदर पुलिस ने भारी भागदौड़ और साहस के साथ 7 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि गत रात ये मिलिटैंट एक व्यापारी के घर आए और पिस्तौल की नोक पर 50 हज़ार रु. प्राप्त कर लिए। संयोगवश थाना के एस.एच.ओ. पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे तो उन्हें एक कार दिखाई दी, जिसे रुकवा कर उन्होंने जांच की तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने कार में सवार सातों मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया और उक्त धन राशि भी बरामद कर ली। गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों के नाम हैं:अमरजीत सिंह, बलविन्दर सिंह, राकेश कुमार, कमल बख्शी, काका सिंह, मलकीयत सिंह और बिक्की उर्फ़ काका।

किसान का अपहरण : स्थानीय चन्द्र नगर में मिलिटैंटों ने एक किसान गुरप्रीत सिंह का अपहरण कर लिया और रिहाई के लिए 18 लाख रुपए की मांग की। पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट बेअन्त सिंह के घर आए। उन्होंने बाप-बेटे का अपहरण कर लिया। जाते समय उन्होंने बेअन्त सिंह को छोड़ दिया और भिंडरांवाला टाइगर फोर्स लैटरपैड पर एक पत्र छोड़ गए कि आज रात 18 लाख रुपया अदा करो वरना गुरप्रीत सिंह को 'सोध' दिया जाएगा।

ठेके के कारिन्दे को घायल कर दिया : खन्ना (शर्मा): यहां से 7 कि.मी. दूर गांव दहेड़ू में 18-20 वर्षीय दो अज्ञात युवक एक स्कूटर पर शराब के ठेके पर आए। एक ने अन्दर जाकर शराब का 'अद्धा' (आधी बोतल) मांगा, जबकि दूसरा बाहर स्कूटर स्टार्ट करके खड़ा था। जब कारिन्दा उसे 'अद्धा' देने लगा तो अन्दर गए युवक ने उसके सिर में गोली मार दी। इसके बाद वे दोनों भाग गए। कारिन्दे की अस्पताल में दशा गम्भीर है।

होमगार्ड जवान घायल : जालन्धर (न.न.ए.): गत रात्रि 10.30 बजे थाना आदमपुर पुलिस की नाका पार्टी पर सफेद रंग की मारुति कार में सवार मिलिटैंटों की फायरिंग के परिणामस्वरूप सुरजीत राम नामक होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग पर कार सवार मिलिटैंट जिला होशियारपुर की तरफ फरार हो गए। घायल जवान सुरजीत राम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस सम्बन्ध में पुलिस के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना आदमपुर के सब-इंस्पैक्टर ने कहा कि आदमपुर तथा भोगपुर के मध्य नाका बंदी कर रखी थी कि उक्त सफेद रंग की कार आती देखी गई। कार को रुकने का इशारा किया गया परन्तु उन्होंने रुकने के स्थान पर पुलिस पर गोलियां चलाईं और इस घटना के मध्य होमगार्ड का एक जवान जख्मी हो गया।

छात्र का अपहरण : थाना नूरमहल के गांव पौआदड़ा स्थित एक स्कूल में से दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों द्वारा कक्षा 10 के एक छात्र दविन्दर सिंह का अपहरण कर लिए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। दविन्दर सिंह क_न का रहने वाला है। पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज करके अपहरणकर्ताओं की खोज सरगर्मी से प्रारम्भ कर दी है।

एक मिलिटैंट मारा गया : अमृतसर (नारंग): झब्बाल थाना के एस.एच.ओ. एक पुलिस दल के साथ ठंड गांव में खोजबीन के कार्य में व्यस्त थे कि मिलिटैंटों ने अचानक उन पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग की गई तो उसमें एक मिलिटैंट मारा गया।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राज्य में अन्यत्र सैनिक व ए.एस.आई. सहित 12 व्यक्तियों की हत्या : अध्यापक व छात्र सहित 5 का अपहरण : 7 मिलिटैंट गिरफ्तार

मुसलमानों को स्वयं राम जन्म-भूमि हिन्दुओं को सौंप देनी चाहिए : कल्याण सिंह

लखनऊ, 19 जुलाई (वार्ता): मुसलमानों को बाबरी मस्जिद के ढांचे को स्वयं स्थानांतरित कर रामजन्म भूमि हिन्दुओं को सौंप देनी चाहिए क्योंकि यह जर्जर ढांचा यूं भी बहुत दिन तक बरकरार नहीं रह सकेगा । ऐसा करके मुसलमान न केवल अपनी मस्जिद की सुरक्षा कर सकेंगे, बल्कि हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द की ऐतिहासिक मिसाल भी कायम करेंगे । प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने आज 'यूनीवार्ता' से एक विशेष भेंट के दौरान यह राय व्यक्त की ।

श्री कल्याण सिंह ने अपने मंतव्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि बाबरी मस्जिद का ढांचा इतना जर्जर हो चुका है कि उसे बहुत अर्से तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकता है । उसकी मुरम्मत भी सम्भव नहीं है, इसलिए उसके नाम पर देश में खून-खराबा क्यों हो ? वह भी एक ऐसे ढांचे के लिए, जो वास्तव में मस्जिद है ही नहीं ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन मुसलमान स्वयं ढांचे को स्थानांतरित करने को सहमत हो जाएंगे, हिन्दू दूसरे स्थान पर करोड़ों की लागत से मुसलमानों के लिए मस्जिद बना देंगे । श्री राम न केवल हिन्दुओं के पूर्वज हैं बल्कि मुसलमानों के भी पूर्वज हैं । मज़हब बदल लेने से पितृत्व नहीं बदलता । इस सच्चाई को मुसलमान भाइयों को स्वीकार करना होगा ।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1936 से इस ढांचे में नमाज़ नहीं पढ़ी जा रही है । वहां कीर्तन चल रहा है । रामलला की मूर्तियां स्थापित हैं । वर्ष 1957 से वहां मुसलमानों का प्रवेश वर्जित है तथा वर्ष 1986 में ताला भी मंदिर मान कर ही खोला गया था ।

इन स्थितियों में करान के अनुसार'यह ढांचा मस्जिद नहीं रह गया है, फिर उसके नाम पर खून खराबे का क्या औचित्य है ?' उन्होंने कहा, 'सरकार आज भी मस्जिद गिराने नहीं, बल्कि स्थानांतरित करने के पक्ष में है । अगर मुसलमान अपने नेताओं के बहकावे में न आए तो यह समस्या बहुत शीघ्र हल हो सकती है ।'

Punjabi Sanatan

Punjab Sanskrit

ांड में गिरफ्तार किया जाने वाला यह 13वा
है ।
ों के अनुसार पुलिस ने 25 वायरलैस सैट,
सुरंगों वाले 121 डिब्बे, 50 हथगोले और
0 लीटर पैट्रोल बरामद किया । ये वस्तुएं
टट के निकट एक नारियल कुंज के पास बालू
रे में छिपा कर रखी गई थीं । षण्मुगम
यम में उसी गांव का रहने वाला है, जो
ाई तमिल उग्रवादियों के लिए प्रवेश एवं
मन के उपयोग में आता रहा है ।

उच्च न्यायालय से
क्षात्कार लेने का निर्देश

चंडीगढ़, 19 जुलाई (गुप्ता): रविन्दर सिंह
क एक कानून स्नातक (अनुसूचित जाति वर्ग) ने
व सरकार तथा पंजाब लोक सेवा आयोग को
का पी.सी.एस. (न्यायिक शाखा) का साक्षात्कार
सम्बन्धी निर्देश देने के लिए एक याचिका दायर
है । खंडपीठ ने याचिका स्वीकार करके 2
म्बर को सुनवाई की तिथि तय करके लोक सेवा
योग को निर्देश दिया है कि वह सामान्य वर्ग का
णाम घोषित कर दे तथा आरक्षित वर्ग की सूची
कार को सौंप दे ।

पीलीभीत कांड की जांच
(पृष्ठ 3 का शेष)

सूरवारों को सख्त से सख्त सज़ा देने की मांग की
।

नोटिस : उच्चतम न्यायालय ने उस जनहित
चिका पर आज नोटिस जारी किए, जिसमें आरोप
गाया गया है कि पुलिस ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के
ीलीभीत जिले में दस तीर्थ यात्रियों को फर्जी मुठभेड
ं मार डाला । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंगनाथ
मश्र और न्यायमूर्ति पी.बी. सावंत ने उत्तर प्रदेश
रकार और चार अन्य को नोटिस जारी किए ।
नोटिस का जवाब दस दिन के भीतर दिया जाना है ।
एडवोकेट आर.एस. सोढी ने एक राष्ट्रीय अंग्रेजी
दैनिक में प्रकाशित उन दो समाचारों के आधार पर
याचिका दायर की, जिनमें कहा गया था कि जो दस
उग्रवादी तथाकथित मुठभेड़ में मारे गए, वे दरअसल
तीर्थ यात्री थे । याचिका दायर करने वाले ने मृतकों
के परिवारों को उचित मुआवजे और संरक्षण दिए
जाने की मांग की है ।

सुनहरी अवसर

नौकरी की जगह अपना निजी कारोबार शुरू करें । केवल 10,000 रुपयों में लघु उद्योग शुरू करें । बना हुआ माल कम्पनी लेगी । ट्रेनिंग व कर्ज की सुविधा । केवल पांच यूनिट के लिए बुकिंग शुरू है ।

नोट :—नौकरी वाले यह काम पार्ट टाइम भी कर सकते हैं ।

मिलें :

Royal Industrial Group.
S.C.O. 2405-06, Sector 22-C, (Near Aroma Hotel) Chandigarh.

खुशखबरी

मैट्रिक गारंटी से पास करें।
दसवीं पास+2 करें।
मार्च 1992 में+1 फेल बी.ए. I करें।
सितम्बर 91 में+1 फेल या पास बी.ए. II करें ।

Contact Personally From 9 AM To 5 PM with documents upto 30th July, 91.TO—

(1) **M.B. College**
Mandi Bagh Khazanchian, Near Gur Mandi, Ludhiana (Estd. 1954)

(2) **Raman Degree College**
101-A, Green Park, Ludhiana.



खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का लैफ्टिनैंट जनरल बलजीत सिंह उर्फ पप्पू चित्र में पुलिस कांस्टेबल की वर्दी में नज़र आ रहा है । यह दुर्दांत मिलिटैंट गत दिनों पुलिस मुकाबले के दौरान पीलीभीत (यू.पी.) में मारा गया था । (छाया : पंजाब केसरी)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

अपहृत का शव मिला : गत रात्रि मेहता थाना के अधीन जलालुस्मान गांव में कुछ मिलिटैंटों ने मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया था। आज प्रातः ज़िला तरनतारन के गांव पखोके में उसका शव मिला है।

एक की हत्या : मेहता थाना के अधीन खजाला गांव में परगट सिंह पुत्र इन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति को घर से ज़बरदस्ती निकाल कर 2 मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी है।

मुकाबिले में 2 मिलिटैंट मरे : छहर्टा थाना के गांव ताजेचक में पुलिस एवं सुरक्षा बलों के मिलिटैंटों के साथ आज बाद दोपहर दो बजे से चल रहे मुकाबिले में सायं 4 बजे तक खालिस्तान कमांडो फोर्स का लै. ज. कश्मीर सिंह ठंडगढ़ मारा गया।

बताया जाता है कि इस मुकाबले में मंगल सिंह उर्फ मंगा नामक मिलिटैंट भी मारा गया । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीनें, बड़ी संख्या में चले हुए कारतूस, 9 एम.एम. की एक पिस्तौल भी मिली है। बताया जाता है कि कश्मीर सिंह 50 से भी अधिक हत्याओं में वांछित था

ए.एस.आई. की हत्या : गत रात्रि 12.30 बजे के करीब अमृतसर पुलिस नियंत्रण कक्ष में कार्यरत ए.एस.आई. अजीत सिंह के भाई लालो जी नगर में स्थित घर में कुछ मिलिटैंट आए तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए ।

बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व मिलिटैंट उसकी हत्या करने के इरादे से उसके घर आए थे, परन्तु तब उक्त पुलिस कर्मी ने गोली चला दी और वे भाग गए थे ।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि बल्टोहा थाना के अन्तर्गत गांव अलकों में मुच्चा सिंह पुत्र इनायत सिंह के घर कुछ मिलिटैंट आए और उसकी हत्या करके चले गए। जाते हुए एक पत्र छोड़ गए कि यह शराब पीता था, इसलिए इसकी हत्या की गई।

2 की हत्या : मुक्तसर (दीपक): गत रात 9 बजे के लगभग यहां से 4 कि.मी. दूर कवारवहल गांव में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति निरंजन सिंह (65) व उसके पोते संतोख सिंह (22) की गोलियां मार कर हत्या कर दी है।

बताया जाता है कि कुछ मिलिटैंट निरंजन सिंह के घर में आए तथा उसकी व उसके पोते की हत्या करके फरार हो गए। ऐसा भी कहा जाता है कि संतोख सिंह का एक चाचा प्रताप सिंह कभी मिलिटैंट बन गया था तथा वह कल शाम पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले में मारा गया था। इन हत्याओं के बारे में सन्देह किया जाता है कि यह सम्भवतः आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

सी.पी.एम. नेता की हत्या : पटियाला (राजू) गत रात्रि गांव पाबला में कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने सी.पी.एम. के नेता व किसान सभा के अध्यक्ष कामरेड गुलजार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि रात के समय ए.के. 47 राइफलों से लैस 5 मिलिटैंट उनके घर में घुसे तथा उन्हें गोली मार कर फरार हो गए। श्री गुलज़ार सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उनके बदन में 6 गोलियां धंसी पाई गईं।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि निकटवर्ती गांव चहेड़ू के निकट दो अज्ञात हथियारबंद मिलिटैंटों ने बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.सी.एन. 1563 छीन लिया व फरार हो गए ।

बिजली बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने की अपील

पटियाला, 19 जुलाई (भूषण): पंजाब बिजली कर्मचारी फैडरेशन ने बिजली बोर्ड के नए अध्यक्ष से अपील की है कि वह बोर्ड के प्रबन्ध में सुधार लाने के लिए प्रभावी पग उठाएं । बरसों से चल रहे भ्रष्टाचार, परिवार पोषण और फिजूलखर्चियों को खत्म किया जाए ताकि बोर्ड की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके ।

अजीत सिंह व शरद यादव में उच्च पदों के लिए खींचतान

नई दिल्ली, 19 जुलाई (टै.ग्रा.) : ऐसा लगता है कि जनता दल में उच्च पदों के लिए पुनः खींचतान शुरू होने वाली है। बिहार के मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव, श्री शरद यादव को पार्टी में कोई ऊंचा स्थान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि श्री अजीत सिंह इस प्रयास के सख्त विरोधी हैं।

श्री शरद यादव, जोकि बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव हार चुके हैं, श्री लालू यादव की सहायता से पार्टी का प्रधान महासचिव अथवा इसके संसदीय दल का अध्यक्ष बनने के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। समझा जाता है कि श्री अजीत सिंह, जो स्वयं भी इन पदों की इच्छा रखते हैं, ने श्री यादव के दावों का कड़ा विरोध किया है। उनके निकट सूत्रों ने कहा कि पार्टी पदों के लिए वर्तमान खींचतान के चलते श्री अजीत सिंह पार्टी अध्यक्ष श्री एस.आर. बोम्मई को भी चुनौती दे सकते हैं कि पार्टी का अध्यक्ष उन्हें (अजीत सिंह को) बनाया जाए।

इसी संबंध में सूत्रों ने कहा कि श्री अजीत सिंह और उनके समर्थक तो श्री वी.पी. सिंह के "प्रिय आरक्षण फार्मूले" को भी चुनौती देने के लिए तैयार बैठे हैं, जिसमें पार्टी के चार में से तीन उच्च पद अनुसूचित जातियों/जनजातियों, पिछड़ी श्रेणियों तथा अल्प संख्यकों को देने की बात कही गई है। श्री अजीत सिंह के समर्थकों को आशंका है कि श्री शरद यादव प्रधान महासचिव या संसदीय दल के अध्यक्ष पद के दावे के लिए अपने 'पिछड़े दर्जे' का लाभ उठा सकते हैं, क्योंकि श्री अजीत सिंह जाट होने के कारण इस लाभ से वंचित रह जाएंगे।



पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में (बाएं से) गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल तलवाड़ा के विकास कुमार ने 729 तथा शिव देवी कन्या हाई स्कूल जालन्धर की हर्षदीप कौर ने 726 अंकों सहित क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

हरियाणा में तबादले जारी

चण्डीगढ़, 19 जुलाई (संघी) : हरियाणा सरकार द्वारा प्रशासनिक स्तर के उच्चाधिकारियों का व्यापक स्तर पर तबादला करने का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम के सातवें चरण में आज 34 एच.सी.एस. अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है।

तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के प्रयास होंगे : जाखड़

नई दिल्ली, 19 जुलाई (प.स.): कृषि मंत्री डा. बलराम जाखड़ ने आज राज्यसभा को आश्वासन दिया कि सरकार देश में तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगी।

शाम को दिल्ली बाजार—(19 जुलाई, एन.एन.एस.)

दिल्ली क्लाथ	217.00	तेल सोयाबीन टैंकर (प्रति 10 किलो)	298
हिंद मोटर	23.25	मूंगफली तेल टैंकर (10 किलो)	375
रिलायंस इंडस्ट्रीज	130.50	तिल तेल (10 किलो)	300
चांदी टंच हाजिर (प्रति किलो)	6805	तेल बिनौला (10 किलो)	311
चांदी डिलिवरी (प्रति किलो)	6825	तेल चावल खाद्य (10 किलो)	265
चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा)	7525	तेल चावल अखाद्य (10 किलो)	193
सोना बिट्ठर (10 ग्राम)	3920	फैट्टी एसिड आयल (क्विंटल)	2440
सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम)	4000	सरसों वायदा दिल्ली अगस्त	206.30
मिल डिलिवरी : वनस्पति यू.पी. (प्रति टीन)	525-530	सरसों वायदा आगरा मई	x
वनस्पति हरियाणा और पंजाब (टीन)	530-546	गुड़ मुजफ्फरनगर दिसम्बर	153.90
तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो)	286.00	गुड़ मुजफ्फरनगर जुलाई	x

लुधियाना की मंडियां—19 जुलाई (नेपाल)

गेहूं 235-247, मक्की 340-350, मक्का 350-360, तोरिया 900-950, सरसों 975-1050, बाजरा 400-410, जौ 250-260, सरसों का तेल (सूरज) 475-480, चना देसी 650-730, चना रूसी 750-800, दाल चना 790-820, काबली चना देसी 1100-1200, काबली चना आयातित 1250-1350, मोठ 600-610, लोबिया सफेद 950-1050, मटर देसी 700-750, मटर आयातित 950-1050, मूंग पालिशी 900-1050, मूंग देसी 700-800, मूंग धुली 1050-1200, उड़द साबुत 950-1150, दाल उड़द धुली 1200-1350, दाल अरहर 1200-1400, राजमाह चित्रा 1150-1250, राजमाह लाल 1100-1200, काले मसूर 950-1050, चावल बासमती

पौंड के मुकाबले रुपए की कीमत निम्नतम स्तर पर

बम्बई, 19 जुलाई (प.स.): भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ब्रिटिश मुद्रा पौंड स्टर्लिंग की तुलना में रुपए की दर आज तीन बार में 0.88% घटा देने से पौंड के मुकाबले रुपए की कीमत अब तक के निम्न स्तर पर पहुंच गई । रिज़र्व बैंक ने कल ही रुपए की कीमत में 0.91% की एकमुश्त कमी कर दी थी । सप्ताह के दौरान भारतीय मुद्रा की दर 3.60% घटाई गई है, जिससे पौंड 1.55% महंगा हो गया है । महीने के शुरू से ही रुपए के मूल्य में तेजी से गिरावट आई है । एक जुलाई को रिज़र्व बैंक ने पौंड के मुकाबले रुपए का मूल्य 8.05 प्रतिशत घटा दिया था तथा तीन जुलाई को इसमें 10.58% की और कमी कर दी गई थी ।

आज के मूल्य ह्रास से रुपए की मौजूदा विनिमय दर 43.38 रुपए प्रति पौंड हो गई है, जोकि गत मास में मात्र 34.36 रुपए थी । इस प्रकार पौंड 9.02 रुपए महंगा होगया है ।

जर्मन मार्क के मुकाबले भी रुपए का मूल्य 3.69% घटा दिया गया है । अब यह दर 14.64 रुपए प्रति मार्क हो गई है ।

अमरीका द्वारा ईराक के विरुद्ध पुनः सैनिक कार्रवाई की चेतावनी

वाशिंगटन, 19 जुलाई (ए.पी.): अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ईराक को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के प्रति काफी गम्भीर हैं, चाहे इसके लिए दूसरी बार सेना के इस्तेमाल का सहारा क्यों न लेना पड़े। यह जानकारी देश के रक्षामंत्री डिक चेनी ने कल यहां दी।

रक्षामंत्री के इस बयान से लगता है कि संयुक्त राष्ट्र शर्तों की ईराक की ओर से उपेक्षा पर अमरीका का धैर्य जवाब दे रहा है। श्री चेनी ने कहा "हम वह स्थिति नहीं आने दे सकते, जब ईराक के पास परमाणु हथियार होंगे।" श्री चेनी ने कहा कि ईराक को अपने नाभिकीय, रासायनिक और जैविक हथियारों का पूरा ब्यौरा पेश करना चाहिए। उसे अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षकों को अपने संयंत्रों की जांच करने की इजाजत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईराक अगर ऐसा नहीं करता तो अमरीका के पास पर्याप्त सैनिक ताकत है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अमरीका इस मामले में सेना का इस्तेमाल कर सकता है।

अफ्रीकी नैशनल कांग्रेस समझौते की इच्छुक

जोहान्सबर्ग, 19 जुलाई (ए.पी.): अफ्रीकी नैशनल कांग्रेस ने सुधारों को जारी रखने के लिए सरकार पर व्यापक दबाव बनाए रखने का आह्वान किया है लेकिन संकेत दिया है कि वह समझौते की भी इच्छुक है।

पिछले महीने चुनाव के बाद अफ्रीकी नैशनल कांग्रेस के नेताओं की यहां पहली बैठक हुई, जिसमें कट्टरपंथियों और उदारवादियों के बीच संतुलन साधते हुए कार्यकारी समिति का गठन किया गया। कल ही एक समाचार पत्र में अफ्रीकी नैशनल कांग्रेस के नेता नैल्सन मंडेला का साक्षात्कार प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि उनका संगठन रंगभेद की समाप्ति के लिए बातचीत शुरू कराने की खातिर कुछ छूट देगा । श्री मंडेला ने कहा कि वह अपने रास्ते से हट कर लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि बातचीत के जरिए ही समस्या का हल निकल सकता है ।

चीन में 7 भ्रष्ट व्यक्तियों को मौत की सजा

पेइचिंग, 19 जुलाई (डी.पी.ए.): चीन में भ्रष्टाचार के आरोप में सात व्यक्तियों को मौत की सजा सुनाई गई है। इसमें पार्टी का एक सचिव भी शामिल है।

विकासशील देशों में लड़कियां कुपोषण से अधिक मरती हैं

हेम्बर्ग, 19 जुलाई (डी.पी.ए.) : विकासशील देशों में लड़कों की तुलना में लड़कियां कुपोषण से अधिक मरती हैं, जबकि सम्पन्न औद्योगिक देशों में इसका उल्टा होना आम बात है।

संयुक्त राष्ट्र बाल राहत कोष (यूनीसेफ) की हाल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी भारत में पांच वर्ष से कम आयु वर्ग में लड़कों की तुलना में लड़कियों की मृत्यु दर दस प्रतिशत अधिक है। यूनीसेफ के एक अध्ययन के अनुसार 5 से 9 वर्ष के बीच आयु वर्ग में लड़कियों की मृत्यु दर 40 प्रतिशत है।

यूनीसेफ का कहना है कि भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश में हर छठी लड़की की मृत्यु लापरवाही के कारण होती है। विश्व में दस करोड़ बच्चों में से छह करोड़ लड़कियां सिर्फ इसलिए स्कूल नहीं जातीं, क्योंकि उन्हें घर का कामकाज संभालना पड़ता है। अध्ययन में कहा गया है कि अफ्रीका और एशिया में 10 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग की लड़कियां प्रतिदिन सात घंटे घर पर काम करती हैं।

नलबंदी आप्रेश
बावजूद पुत्र ने ज

शाहाबाद मारकंडा, 19
कुमार गुप्ता): शाहाबाद नगर
गत 25 जून 1990 को
अस्पताल में नलबंदी का आप्रेश
इसके बावजूद गत 19 जनव
सात मास बाद इस महिला ने
दिया । इस महिला का बंधी
क्रमांक 34/98 है ।

महिला के पति ने बताया
वक्त महिला दो मास की ग
सम्बन्धित चिकित्सकों ने घोर
और बिना गर्भ समाप्त कि
दिया । वैसे भी नलबंदी के
सम्बन्धित चिकित्सकों की अ
है । यह परिवार विभाग
कार्रवाई करने की सोच रहा

रेल सेवा में सुधा
जाए : आ

लुधियाना, 19 जुलाई (
यात्री संघ के सचिव श्री अशो
रेल टिकटों के किराए में वृद्धि
करते हुए इसे दैनिक यात्रियों
बोझ बताया । उन्होंने कहा
जा रहे हैं, पर रेल सेवा का स्त
उन्होंने कहा कि पिछले ल
4647-अप फ्लाइंग मेल नि
रही है । कई बार यह एक घ
लेट हो जाती है, जिससे दैनिक
सफर करना पड़ता है । श्री
मेन लाइन पर चलने वाल
पैसेंजर गाड़ी व 338-डाऊन
लगाया जाए क्योंकि कोयले
कारण यह गाड़ी कई बार
जाती है क्योंकि ये इंजन फेल
यह भी मांग की कि लुधिय
एक्सप्रैस गाड़ी चलाई जाए
खन्ना तथा 4647-अप फ
में एक-एक मिनट का ठहर

सोनिया द्वारा
चुनाव लड़ने व

नई दिल्ली, 19
सोनिया गांधी सम्भवतः श
यात्रा पर जाएंगी । यह
संवेदना स्वीकार करने
व्यक्त' करने के लिए है
निश्चित लगता है कि
उम्मीदवार होंगी । अमे
केवल कुछ स्थान ही चुने
सुरक्षा प्रबन्ध आई.जी.
की देखरेख में होगा ।

सुबन्ना को मैग

मनीला, 19 जुलाई
के वी. सुबन्ना को इस व
सृजनात्मक संचार कला
पुरस्कार दिया जाएग
पुरस्कार देने वाले स
निनासम नाट्य संस्था
सुबन्ना को ग्रामीण भा
फिल्म दिखाने का श्रेय
ग्रामीण जनता के सां
सर्वश्रेष्ठ फिल्मों तथा
है।

पाक में ज
की सुनव
विशे

इस्लामाबाद,
पाकिस्तान की राष्ट्र
संशोधन विधेयक क
कर कुछ खास तरह
30 दिन के भीतर क
करने का अधिकार

संशोधन के अ
को सरकार की अ
अदालतों में चुनौ
इस्लामी जम्हूरी
217 सदस्यीय स
पारित कर दिया

विशेषज्ञों ने
विधेयक मूल प्रस्त
प्रस्ताव में तो
सरकार को को
घोषित कर वहां
दिया जाना था

प्रधानमंत्री
व्यापक कानून
को तेजी से अ
उन्होंने कहा कि
से खिलवाड़ न

इड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मैं जयदेई पत्नी स्वर्गीय लछमनदास, गांव भरनोट, डाकघर डूघली, तहसील व जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश, अपने पोते अशोक कुमार सुपुत्र पृथ्वी चंद द्वारा किए जाने वाले किसी भी लेन-देन की जिम्मेदार नहीं हूं । नोट करें ।

(Lalit NA./36W)

पोल्ट्री

पोल्ट्री खाद केज से बाहर सूखी हुई खाद 1/75

प्रवेश सूचना-संशोधन
आई.टी.आई, चंडीग

Punjabi Gazette

इस बीच अलगाववादियों ने अनन्तनाग में दो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

राजनीतिक दलों में मतभेद हैं, सरकार एकीकृत

पंजाब में 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 11 की हत्या : विभिन्न घटनाओं में 13 मिलिटैंट भी मरे, 4 अन्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 13 मिलिटैंट भी मारे गए तथा 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया ।

4 छलनी शव मिले : पुलिस जिला मजीठा के गांव पट्टी चड़ियां में से आज सायं 4 अज्ञात व्यक्तियों के गोलियों से छलनी शव ड्रेन ब्रिज से मिले हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार वे सम्भवत: संदिग्ध मिलिटैंट थे तथा उनकी हत्या भी शायद आपसी रंजिश का ही परिणाम है । उनके निकट पड़े हुए एक पत्र में लिखा था कि वे लूटपाट व जबरी वसूलियां करने में संलिप्त थे,इसीलिए उनकी हत्या की गई ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : व्यापारी की हत्या : भटिंडा जिले के जौड़ सिंहवाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक रिवाल्वर मिली। एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने मवेशियों के एक व्यापारी बिट्टू राम की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी। यह घटना इसी जिले के नथाना गांव में हुई। मृतक हरियाणा का निवासी था। मिलिटैंट मृतक के दस हजार रुपए लेकर फरार हो गए।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : तरनतारन पुलिस जिले के पखोके गांव में कल रात पुलिस ने दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है।

एक शव मिला, एक की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला बटाला के गांव मंडियाला में से भूपिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। 'कोछड़' के अनुसार पहले इसका अपहरण कर लिया गया था। इसी जिला के इनाकोट नामक गांव में गत रात्रि जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या भी कर दी गई।

अज्ञात शव मिला : जिला रोपड़ के माजट गांव में से आज प्रात: एक अज्ञात शव बरामद किया गया है।

2 अन्य की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला मजीठा के गांव तरपाई में कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी। इनकी शिनाख्त हरपाल सिंह व सुरिन्दर सिंह के रूप में हुई है।

घायल मिलिटैंट चल बसा : पता चला है कि पुलिस जिला मजीठा के गांव चाननके में स्थित एक ठिकाने में खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का एक घायल मिलिटैंट माधा सिंह उर्फ बीरा चल बसा है। वह कुछ दिन पूर्व मेहता चौक में पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ के दौरान बुरी तरह घायल हो गया था तथा इस मुठभेड़ के दौरान वह फरार होने में सफल भी हो गया था। वह 50 से भी अधिक हत्याओं में वांछित था।

सीमा पार से आए 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): इस क्षेत्र में गत रात्रि सीमा पार से घुस आए भारतीय पंजाब के 2 मिलिटैंटों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया। यह मिलिटैंट जब सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसे ही थे तो सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें चुनौती दी मगर उन्होंने फायरिंग कर दी। जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से वे दोनों मारे गए। इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल में 2 ए.के. 47 राइफलें मिली है।

अज्ञात मिलिटैंट का शव मिला : गत रात्रि श्रीहरगोबिन्दपुर थाना के अधीन इनाकोट गांव में एक मिलिटैंट का शव मिला है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

कांस्टेबल की हत्या : गत रात्रि झब्बाल थाना के अधीन लालू घुम्मन गांव में कुछ मिलिटैंटों ने जस्सा सिंह नामक एक कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी है।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि कत्थुनंगल थाना के अधीन फत्तूभीला गांव में भिंडरवाले टाइगर्स फोर्स के दुर्दांत मिलिटैंट रवेल सिंह उर्फ सेमी उर्फ मेहताब सिंह पुत्र प्यारा सिंह की इसी संगठन के 2 अन्य मिलिटैंटों हरदेव सिंह व जगदीश सिंह ने गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य की हत्या : गत रात्रि जंडियाला थाना के अधीन गांव भक्खन विंडी में कुछ मिलिटैंटों ने अमर सिंह पुत्र निरंजन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी है। उस समय वह अपने घर में सोया हुआ था।

बैंक लुटने से बचा : आज 11.15 बजे के करीब पुलिस थाना मजीठा के अधीन मत्तेवाल गांव में एक सहकारी बैंक लुटने से बच गया। इस बैंक में 4 सशस्त्र मिलिटैंट डाका डालने के उद्देश्य से आए तथा उन्होंने गोलियां चला कर मैनेजर परगट सिंह व क्लर्क बलविन्दर सिंह को घायल कर दिया। इसी दौरान बैंक के गनमैनों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसके बाद मिलिटैंट खाली हाथ ही फरार हो गए।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : खन्ना (शर्मा): यहां से 16 कि.मी. दूर गांव जर्ग के गुरुद्वारा राडा साहब में खन्ना, चंडीगढ़ और पायल की पुलिस ने आज तड़के छापा मारा। पुलिस को सूचना मिली थी कि वहां मिलिटैंट छुपे हुए हैं। यह जानकारी देते हुए डिप्टी पुलिस कप्तान श्री उमरानंगल ने बताया कि जब पुलिस ने वहां घेरा डाला तो भीतर छिपे दो मिलिटैंट साथ लगते गन्ने के खेतों में जा छिपे। फिर आपसी फायरिंग के दौरान एक अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया जबकि दूसरे ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से जो ड्राइविंग लाइसैंस मिला है, उस पर लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा नाम लिखा है। उसका सम्बन्ध बब्बर खालसा से था। वह अनेक घटनाओं में पुलिस को वांछित था। उससे काफी गोली-सिक्का भी मिला।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

छोटी सी बात ... रंगा

हम अधिक बोलने के बजाय काम करने पर ज्यादा ध्यान देंगे ।

—जय ललिता



भाई साहब, सभी मुख्यमंत्रियों को इस बात पर अमल करने के लिए जरूर कहा जाना चाहिए ।

Punjab Sentinel

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

विशेष जज के बंगले पर हमला, सुरक्षा गार्ड की हत्या : पटियाला (राजू): जिला जेल नाभा के विशेष जज एस.के. चोपड़ा के बंगले पर गत रात्रि 12.15 बजे 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने बारादरी गार्डन में ए.के. 47 राइफलों व रिवाल्वरों से फायरिंग की ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार हमलावर मिलिटैंटों ने बंगले की पुलिस गार्ड चौकी पर निशाना साध कर फायरिंग की तथा वहां सोया हुआ सुरक्षा गार्ड हरनेक सिंह मारा गया, उसे छः गोलियां लगीं । ड्यूटी पर तैनात अन्य संतरियों ने भी जवाबी फायरिंग की, परन्तु हमलावर भाग निकले । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि बंगले की चारदीवारी न होने तथा वहां बिजली का प्रबन्ध न होने से ही मिलिटैंटों ने हमले का साहस किया । उनका कहना था कि मृतक हरनेक सिंह गांव मलिक का रहने वाला था तथा गत अप्रैल में उसके दो संबंधियों की भी मिलिटैंटों ने ही हत्या कर दी थी ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : श्री शर्मा ने बताया कि गत दिवस सरहिंद में पुलिस ने शेर सिंह पुत्र मोहिन्दर सिंह नामक एक हरियाणवी मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है । वह जिला करनाल के थिंगरा गांव का रहने वाला था तथा लोगों से जब्री वसूलियां करता था । उसने इसी सिलसिले में 40 हजार से अधिक की रकम एकत्र की थी । गत दिवस भी वह एक 'पार्टी' से दस हजार की वसूली करने जा रहा था कि उसे पुलिस ने धर दबोचा ।

मारुति कार बरामद : श्री शर्मा ने बताया कि मिलिटैंटों ने मण्डी गोबिन्दगढ़ के व्यापारी पवन कुमार बांसल का जिस मारुति कार में अपहरण किया था, उसे बरामद कर लिया गया है ।

मारुति जिप्सी बरामद : श्री शर्मा ने यह भी बताया कि पुलिस ने एक ऐसी मारुति जिप्सी भी बरामद की है, जिसमें सवार होकर 2 संदिग्ध मिलिटैंट गत दिवस पंजाबी विश्वविद्यालय में प्रवेश कर गए थे । जब सदर पुलिस ने उनका पीछा किया तो वे जिप्सी को विधि विभाग के निकट छोड़ कर फरार हो गए ।

मान का बावर्ची गिरफ्तार : (भूषण): जिला पुलिस ने अकाली नेता सिमरनजीत सिंह मान के बावर्ची बलदेव सिंह को दुर्दांत मिलिटैंटों तथा अपहरणकर्त्ताओं को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है । वह पुलिस स्टेशन बस्सी पठानां के गांव तलानियां में वर्षों से यह काम कर रहा था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान बलदेव सिंह ने स्वीकार किया है कि वह सिमरनजीत सिंह मान के गैर-सरकारी गनमैन सहित कई दुर्दांत मिलिटैंटों को अपने क्वार्टर में शरण देता रहा है । वह कई बार फिरौतियां भी वसूल करने गया तथा गत वर्ष अप्रैल में उसने मिलिटैंटों के साथ मिल कर खन्ना के एक उद्योगपति के पुत्र का अपहरण कर लिया था तथा सात लाख रुपए की फिरौती वसूल करने के बाद ही उसे दो दिन के पश्चात् रिहा किया था । उसने बताया कि उसने तथा उसके कई साथियों ने अकाली दल मान के जाली पहचानपत्र बनवा रखे थे ।



जिला सोलन में नालागढ़ क्षेत्र के बरोटीवाला में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान मारे गए मिलिटैंट का शव । यह मिलिटैंट नालागढ़ की विभिन्न वारदातों में संलिप्त था । (छाया : ज्ञान)

स्त्री की हत्या : आज सायं अमृतसर की गुरनाम नगर आबादी में मिलिटैंटों ने एक स्त्री बलबीर कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतका मंदिर वाली गली में अपने घर से गुरुद्वारा शहीदां की ओर जा रही थी ।

प्रापर्टी डीलर की हत्या : दो मोटर साइकिल सवारों ने आज सायं कपूरथला की प्रीतनगर आबादी में मिलिटैंटों ने प्रापर्टी डीलर हरभजन सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी ।

एक और हत्या : पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव ईना कोट में मिलिटैंटों ने आज सायं जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

और 2 मिलिटैंट मारे गए : आज प्रातः जिला अमृतसर में खालड़ा बैरियर पर सुरक्षा कर्मियों और मिलिटैंटों में हुई भिड़ंत में एक मिलिटैंट स्वर्ण सिंह पुत्र बलबीर सिंह (सेवादार गुरुद्वारा केसगढ़ साहिब) तथा एक अन्य मिलिटैंट मारा गया ।

1600 रुपए छीने : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि भूलाराई कालोनी में सेवा दास नामक एक संत से कुछ मिलिटैंटों ने 1600 रुपए छीन लिए तथा वे जाते हुए उससे कह गए कि वह 25,000 रुपए और तैयार रखे, वे फिर किसी दिन आ कर ले जाएंगे ।

कीपा बद्धोवाल नरसंहार में शामिल था : लुधियाना (धीमान): मिलिटैंट कुलदीप सिंह उर्फ़ कीपा, जिसका शव परसों गांव शेखपुरा से मिला था, के संदर्भ में अब पता चला है कि इसकी गिरफ्तारी के लिए 5 लाख का पुरस्कार था । वह अधिकतर फरीदकोट, संगरूर व लुधियाना जिलों में वारदातें करता था । वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (गुरजट सिंह बुधसिंहवाला) का स्वयंभू लै. जनरल था । पुलिस के अनुसार वह 100 से अधिक हत्याओं व दूसरी वारदातों में वांछित था । पुलिस के अनुसार कुलदीप सिंह बद्धोवाल नरसंहार में भी शामिल था ।

मिलिटैंटों द्वारा 5 श्रमिकों का अपहरण

लखनऊ, 20 जुलाई (प.स.): बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र में चार मिलिटैंटों ने आज प्रातः 5 मजदूरों का उस समय अपहरण कर लिया, जब वे गंगा नहर एवं दतनाम नदी पर साइफ़न नाले के कार्य में संलग्न थे । गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुंच गए हैं तथा अभियुक्तों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है ।

राजीव के एक हत्याके की मौत

(पृष्ठ 1 का शेष)

की मौत की सभी कोणों से जांच की जाएगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि उसे मारा गया अथवा उसने आत्म हत्या की।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि आत्म-समर्पण करने के तुरंत बाद शनमुगम ने पुलिस को बताया कि लिट्टे के सदस्य पिछले कई साल से उसके घर अक्सर आते थे । उसका लिट्टे के साथ घनिष्ठ सम्पर्क कायम हो गया और उसे अपनी तस्कर गतिविधियों के संचालन में लिट्टे का सहयोग मिलने लगा । शनमुगम ने बताया कि आत्मघाती दस्ता 30 अप्रैल को जब उसके घर आया था तो उसने अपनी यात्रा का उद्देश्य नहीं बताया था । श्री गांधी की हत्या के बाद उसकी समझ में आया कि तनु और एक आंख वाला शिवरासन इस हत्याकांड में शामिल हैं ।

शनमुगम को तंजावुर जिले में तटवर्ती वेदारण्यम इलाके में लिट्टे की गतिविधियों के बारे में काफी जानकारी थी । तंजावुर जिले का बड़ा इलाका दलदली और जल से घिरा होने के कारण उग्रवादियों की प्लास्टिक नौकाओं के चोरी-पिछे आने-जाने और उन्हें छिपाने का अच्छा ठिकाना है । समझा जाता है कि शनमुगम बहुत से स्थानीय तस्करों में से एक था और नारियल के विशाल बागान तथा जमीनों का बेनामी स्वामी था । इन नारियल बागान को लिट्टे के धन से खरीदा गया था, जिसके बदले में लिट्टे कार्यकर्त्ताओं को यहां जब-तब आने-जाने की सुविधाएं प्रदान की जाती थीं । शनमुगम ने पुलिस को यह भी बताया कि लिट्टे के लोग उसके मकान पर जब मर्ज़ी होती, आया और जाया करते थे । वह उनके आने-जाने पर कभी नज़र नहीं रखता था । वह जब मकान पर नहीं रहता था, तब भी लिट्टे के लोग उसके यहां आते रहते थे ।

वेदारण्यम में तनाव : नागपट्टिनम : तमिलनाडु में तंजावुर जिले के वेदारण्यम में तनाव व्याप्त था । स्थानीय लोग राजीव गांधी की हत्या के मामले के एक अभियुक्त शनमुगम का शव ले जाने का विरोध कर रहे थे । वेदारण्यम के गांधी पार्क में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित थे । वहीं शव पेड़ पर एक रस्सी से लटका मिला था । वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए नागपट्टियम लाने दिया गया । शव को कड़े सुरक्षा प्रबन्ध के लाया गया । इससे पूर्व शरीर के सभी हिस्सों का एक्स-रे लिया गया । मद्रास में सरकारी सूत्रों ने बताया कि नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल में शव की जांच की गई । इसके बाद शव संबंधियों को सौंप दिया गया । सम्भवतया कल उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

शनमुगम की 'सेना' : बताया जाता है कि आज आत्महत्या करने वाले राजीव हत्याकांड के अभियुक्त शनमुगम की अपनी एक निजी 'सेना' थी । खतरनाक हथियारों और अत्यन्त शक्तिशाली संचार प्रणाली से लैस यह 'सेना' सीमा शुल्क और पुलिस अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती थी । इस 'सेना' के बूते पर वह वेदारण्यम और आसपास के तटीय इलाके की स्थानीय जनता को आतंकित रखता था ।

एक और अभियुक्त गिरफ्तार : कुड्डलोट (प.स.): लिट्टे के एक कथित वरिष्ठ कार्यकर्त्ता महेन्द्रन और उसे पनाह देने वाले तीन लिट्टे समर्थकों को कल रात यहां से कुछ दूर कुरिनजिपडि में गिरफ्तार कर लिया गया । महेन्द्रन की एक टांग भारतीय शांति सेना के साथ मुठभेड़ के दौरान टूट गई थी । तीन महीने पहले वह बगैर पासपोर्ट के भारत प्रवेश कर गया था । कुरिनजिपडि जाने से पहले वह कुछ समय मद्रास रुका । पिछले हफ्ते तीन बार उसने दो लिट्टे समर्थकों के साथ तटवर्ती पिचावरम क्षेत्र का दौरा किया । आशंका है कि राजीव गांधी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त एक आंख वाले शिवरासन के साथ उसके सम्पर्क रहे हैं ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 1 का शेष)

सौरा थाना के विचार भाग में अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की । घटना में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है ।

इसी कस्बे के नज़दीकी नई बस्ती इलाके में अलगाववादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों पर हमला किया और

सफ़र ज़िन्दगी और म

बरेली, 20 जुलाई (प.स.): ज़िन्दगी और मौत के बीच कितना फासला लेकिन मुहम्मद अनवर के लिए यह पैमाइश पूरे 125 किलो मीटर की है जिसका कोई चालक नहीं था, अपने मवेशियों के संग मौत का उसका अजी हिम्मत के चलते ही उसे मौत के दरवाजे से वापस खींच लाया ।

यह घटना पिछले जुम्मे के रोज की है, जब वह अपने मवेशियों को ले एक माल गाड़ी पर सवार थी। मुरादाबाद जिले में मतलबपुर नामक एक स्थ कट गया, जिससे गाड़ी वहीं रुक गई । इसका ड्राइवर अपने सहायक को नीचे उतरा और इसका जुड़ना था कि माल गाड़ी चल पड़ी । ड्राइवर और उ रहे और गाड़ी लगभग 70 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ कर उ बिना ड्राइवर की यह गाड़ी एक के बाद एक स्टेशन पार करते छुक-छुक क अनवर इस पर सवार तन्हा यात्री था और उसके संग-संग थे उसके ढेर स इसकी भनक लगी तो उसकी रुह कांप उठी लेकिन उसने परवरदीगार क और गाड़ी को रोकने की ठान कर एक-एक कर चारों डिब्बे फांदता-ल आनन-फानन में उसकी कैबिन में जा घुसा ।

वहां यह देख कर उसके होश उड़ गए कि वाकई कोई ड्राइवर न रही थी । उसने जिन्दगी में पहली बार रेल के इंजन के भीतर कदम रखा गर्ज से उसने फुर्ती के साथ हरेक स्विच और बटन पर हाथ रख उसे दबा शुरू-शुरू में हर स्विच उसे दगा देता गया और गाड़ी रुकने का नाम नहीं नहीं हारी और स्विचों पर अपनी आजमाईश का सिलसिला जारी रखा उंगली हरे रंग के एक स्विच पर जा पड़ी और उसे दबाते ही गाड़ी एक गाड़ी ने ड्राईवर के बिना 125 किलो मीटर का सफर तय कर लिया था और खुद अपने लिए और अपने मवेशियों के लिए एक नई जिन्दगी पा किया ।

ऐलिफैंटा सैन्य शिविर पर कब्जे के सैनिकों तथा उग्रवादियों में

कोलम्बो, 20 जुलाई (प.स.): उत्तरी श्रीलंका के मन्नार में कल भीषण संघर्ष के दौरान कम से कम 30 लिट्टे छामापार और तीन श्रीलंकाई सैनिक मारे गए । उधर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ऐलिफैंटा पास सैन्य शिविर पर नियंत्रण के लिए आज 11वें दिन भी संघर्ष जारी रहा ।

सैनिक अधिकारियों ने बताया कि ऐलिफैंटा पास शिविर पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है और शिविर की ओर बढ़ते सैनिक दस्तों ने अपनी स्थिति और भी मज़बूत कर ली है । उन्होंने बताया कि युद्ध क्षेत्र से कल की लड़ाई के बारे में कोई ब्यौरा नहीं मिला है । क एम्बुलैंसों को पहुंचाते देखा कोई भी टि ऐलिफैंटा पास संघर्ष में अ छापामार औ चुके हैं । स जिले के वा छापामारों के कम तीस ि गए ।

उल्फा से सम्बद्ध 11 युवकों द्वारा आत्म-समर्पण

ईटानगर, 20 जुलाई (वार्ता): ऊपरी असम के लखीपाथर उल्फा कैम्प में दो मास तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 13 युवकों में से 11 ने आज यहां मुख्यमंत्री श्री अपांग के समक्ष बिना शर्त आत्म-समर्पण कर दिया । इस मौके पर श्री अपांग के मंत्रिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव, गृह सचिव और अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे ।

सोनिया की पूर्ण सुरक्षा की जाएगी : नरसिम्हाराव

नई दिल्ली, 20 जुलाई (वार्ता): प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज कहा कि सरकार श्रीमती सोनिया गांधी को पूरी सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक होने पर कानून में भी परिवर्तन करेगी । राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए और यह काम जरूर होगा । उन्होंने कहा कि सरकार गांधी परिवार के सामने उपस्थिति खतरों से पूरी तरह अवगत है और वह देश की इस बेशकीमती धरोहर की हर कीमत पर रक्षा करेगी ।

ईराक में सेना-कुर्द विद्रोहियों में संघर्ष : 500 मरे

जैनेवा, 20 जुलाई (ए.पी.): ईराक में सेना और कुर्द विद्रोहियों के बीच फिर से छिड़े संघर्ष में पिछले दो दिनों में लगभग 500 लोग मारे गए या जख्मी हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कल यहां और बगदाद में दी। एक पश्चिमी राजनयिक ने बताया कि विद्रोहियों ने लगभग एक हजार ईराकी सैनिकों को बंधक बना लिया है, जिनमें 700 घायल हैं। कुर्द विद्रोहियों ने 14 ईराकी टैंकों को कब्जा में किया और 14 को नष्ट कर दिया है। राजनयिकों के

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का रमेश कुमार भल्ला, उम्र 35 साल, कद 5'-10", रंग साफ, इकहरा शरीर 16.7.91 मंगलवार सुबह से लापता है । पहुंचाने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा । यदि रमेश खुद यह पढ़े तो फौरन घर आ जाए । आपकी सब समस्या हल कर दी जाएगी । सभी घर वाले दुखी हैं ।

राज कुमार भल्ला
365, भारत नगर, लुधियाना

EveryDay DAILY LOTTERY

76वें ड्रा का परिणाम, जो 20.7.91 को सायं 3 बजे निकाला गया :-

1st Prize Rs. 1,01,000/-	619435
2nd Prize Rs. 5,000/-	857662
3rd Prize Rs. 200/-	19435
4th Prize Rs. 150/-	9435
5th Prize Rs. 100/-	435
6th Prize Rs. 85/-	5

ड्रा आज सायं 3 बजे ।
कृपया परिणाम अधिकृत गजट से मिला लें ।
सोल सैलिंग एजेंट : जय एजेंसीज़,
नई दिल्ली, फोन : 5732476

Punjabi Sanjaal

पंजाब में 2 सरपंचों व दम्पति सहित 18 की हत्या

चंडीगढ़, 21 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से 2 सरपंचों व दम्पति सहित 18 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 3 मिलिटैंट मारे गए और बब्बर खालसा के एरिया कमांडर सहित 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इसके अलावा राज्य में से 2 व्यक्तियों का अपहरण भी कर लिया गया है ।

विभिन्न वारदातों में 4 की हत्या, 2 घायल : गत रात्रि जिला अमृतसर के क्षेत्र छहर्टा के बाहरी इलाके में मिलिटैंटों ने मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य घटना में गत रात्रि ही पुलिस जिला मजीठा के गांव कोहाड़ा मेहनियां में मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । इसी जिले के तरपाई गांव में मिलिटैंटों ने मास्टर शिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की भी हत्या कर दी है ।

पुलिस जिला तरनतारन के गांव धुनिडा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । इस दौरान रणधीर सिंह व हरभजन सिंह नामक अन्य 2 व्यक्ति घायल हो गए ।

• विभिन्न घटनाओं में 3 मिलिटैंट मरे, बब्बर खालसा के एरिया कमांडर सहित 4 मिलिटैंट गिरफ्तार • राज्य में अन्यत्र 2 का अपहरण • चंडीगढ़ में पुलिस चौकी पर मिलिटैंटों का हमला, एक मरा, 4 घायल

2 अन्य की हत्या : जिला फिरोजपुर के फेमेवाल गांव में गत रात्रि मिलिटैंटों ने प्रेम सिंह नामक एक व्यक्ति व हरजीत कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : जिला फिरोजपुर के लोपोके गांव में मिलिटैंटों ने दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में गत रात्रि जबरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी बचन कौर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मठभेड़ में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि जिला फिरोजपुर के ही भलसियां गांव में सुरक्षा बलों ने मठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया । उसके निकट से एक ए.के. 47 राइफल व उसके कुछ कारतूस मिले हैं ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : पुलिस जिला बटाला के गांव जेहा में से गत रात्रि मिलिटैंटों ने सन्ता सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

एक अन्य घटना के दौरान जिला लुधियाना के शिमला पुरी क्षेत्र से मिलिटैंटों ने सुरिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया है ।

सम्वाददाता बाल-बाल बचा : होशियारपुर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार गत मध्य रात्रि को हरयाना कस्बे में हिन्दुस्तान समाचार के सम्वाददाता सगली राम पर मिलिटैंटों ने घातक हमला किया, मगर वह बाल-बाल बच गया । पुलिस के अनुसार जब उसके निवास पर तैनात गार्डों ने जवाबी फायरिंग की तो अज्ञात मिलिटैंट .455 बोर का एक रिवाल्वर घटना स्थल पर ही छोड़ कर फरार हो गए ।

सरपंच के भाई की हत्या : गत रात्रि पुलिस थाना बल्टोहा के गांव टूट में मिलिटैंटों ने एक सरपंच के भाई हरबंस सिंह की हत्या कर दी।

2 छलनी शव मिले : भारत-पाक सीमा के निकट जलालाबाद सैक्टर से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया है। गत रात्रि ही पुलिस जिला बटाला के गांव छीना में से भी अमरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया।

दम्पति की हत्या : जिला फिरोजपुर के गांव कारोके में संदिग्ध मिलिटैंटों ने भजन सिंह नामक एक व्यक्ति तथा उसकी पत्नी चिन्दी की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

छात्र संघ के 2 मिलिटैंट कार्यकर्त्ता काबू: पुलिस ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के 2 मिलिटैंट कार्यकर्त्ताओं को धमकी भरे पत्र लिखने तथा जबरी वसूलियां करने के आरोप में काबू कर लिया है। इनकी पहचान परमजीत सिंह उर्फ पम्मा तथा गुरमीत सिंह के रूप में हुई। इन्हें एक धर्म स्थान से उस समय काबू किया गया जब वे कुलदीप सिंह नामक एक उद्योगपति से 2 लाख रुपया वसूल करने की योजना बना रहे थे।

2 मिलिटैंटों का रिमांड मिला: गत 30 नवम्बर को विश्व हिन्दू परिषद पंजाब के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र विज की हत्या करने वाले दो कथित हत्यारे मिलिटैंटों का रिमांड प्राप्त करके पुलिस ने उन्हें 2 अगस्त तक के लिए जुडिशियल लॉक अप में भेज दिया है। गत दिवस पुलिस ने प्रीतम सिंह उर्फ टुण्डा तथा प्रीतम सिंह नामक इन दोनों हत्यारे मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया था।

जिला फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह ने कहा है कि पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि गुरजंट सिंह बुद्ध सिंह वाला, कुलदीप सिंह कीपा, कुलवंत सिंह व कुछ अन्य प्रमुख मिलिटैंटों ने डा. विज्ञान की हत्या का षड्यंत्र रचा था। उनका कहना था कि कुलवंत सिंह व कुलदीप सिंह कीपा हाल ही में पुलिस मुकाबलों के दौरान मारे जा चुके हैं।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार :जिला फरीदकोट के मलोट पुलिस थाना में सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

र के दायरे को
द्धि की संभावना

के निवेश की अनुमति शामिल है । वैसे अभी तक आधिकारिक तौर पर इसका आकलन तो नहीं किया गया है कि देश की अर्थ-व्यवस्था में कितना काला धन लगा हुआ है, लेकिन एक अध्ययन के अनुसार देश में हर साल करीब चालीस हज़ार करोड़ रुपए के काले धन में बढ़ौत्तरी होती है । अप्रवासी भारतीयों और अन्य भारतीयों द्वारा सरकारी माध्यम से देश में पैसा भेजने के काम को प्रोत्साहित करने के लिए भी कुछ नए कार्यक्रमों की घोषणा की जा सकती है ।

जहां तक अप्रत्यक्ष करों का सवाल है, सरकार पर आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क की दरों में कटौती के लिए काफी दबाव पड़ रहा है, क्योंकि रुपए के हाल के अवमूल्यन से आयात काफी महंगा हो गया है । यह दबाव देश के भीतर और विदेश दोनों ओर से पड़ रहा है । इस सम्बन्ध में यह दलील दी जा रही है कि न केवल औद्योगिक देशों बल्कि विकासशील देशों में भी सीमा शुल्क की दर चालीस प्रतिशत से अधिक नहीं है ।

सरकार में कुछ वर्ग तो इस बात से सहमत हैं कि

Jhanjhi Sanatani



गत 12 जुलाई को लुधियाना से कुछ दूर गांव ललतो कलां के निकट पुलिस मुकाबले में मारे गए एक अज्ञात मिलिटैंट का शव । (छाया : धीमान)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लिया। इनकी पहचान सुखवंत सिंह व गुरचरण सिंह के रूप में हुई है, इनके कब्जे से 2 राइफलें भी बरामद की गई।

एक अन्य की हत्या :गत रात्रि जिला पटियाला के गांव अजनाला खुर्द में कुछ मिलिटैंटों ने एक घर में जबरदस्ती घुस कर भरपूर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

सरपंच की हत्या :गत रात्रि मिलिटैंटों ने जिला रोपड़ के बरसालपुरा गांव में घुस कर वहां के सरपंच की हत्या कर दी।

लुटेरा मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला पटियाला के बनूड़ पुलिस थाना क्षेत्र में से पुलिस ने एक शेर सिंह नामक एक लुटेरे मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से .12 बोर की एक पिस्तौल भी बरामद हुई।

चाचा-भतीजी की हत्या : मक्खू (शेखर) : गत रात्रि लगभग 11.30 बजे यहां से थोड़ी दूर गांव खेलीवाल में कुछ मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति व उसकी भतीजी की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि कुछ मिलिटैंट दीवार फांद कर गत रात्रि ध्यान सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए तथा उसका अपहरण करने का प्रयास किया। वह बिजली विभाग में लाइनमैन है। उसकी बेटी ने मिलिटैंटों से प्रार्थना की कि उसके पिता का अपहरण न किया जाए, परन्तु मिलिटैंटों ने रणजीत कौर नामक इस युवती की गोली मार कर हत्या कर दी। इसी दौरान ध्यान सिंह का भाई प्रेम सिंह भी आगे आ गया तथा मिलिटैंटों ने गोली मार कर उसकी भी हत्या कर दी, जबकि ध्यान सिंह का एक अन्य भाई हीरा सिंह भी इस गोलीकांड में घायल हो गया।

एक व्यक्ति की हत्या :धूरी (जैन) : गत रात्रि निकटवर्ती गांव खोड़ी फोडिया में मिलिटैंटों ने मेवा सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार :संगरूर (गर्ग) गत रात्रि स्थानीय पुलिस ने यहां से लगभग 20 किलो मीटर दूर गांव अकाल में बब्बर खालसा के एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी शिनाख्त सर्वजीत सिंह निवासी होई गांव के रूप में हुई। वह स्वयं को संगठन का एरिया कमांडर कहता था। एस.एस.पी. एस.एस. भूल्लर के अनुसार यह मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं व लूटमार की कई अन्य वारदातों में पुलिस को वांछित था।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला ने थाना कादियां के गांव ढुपई के निकट गत रात पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में 2 कार सवार मिलिटैंट मारे गए। एस.एस.पी. सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस व सीमा सुरक्षा बल ने रात लगभग 2.30 बजे गांव ढुपई के निकट नाका लगा रखा था कि उन्होंने सामने से आ रही एक कार को रुकने का संकेत किया लेकिन कार में सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी व सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में वे मारे गए। इनके निकट से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन, 35 कारतूस, एक विदेशी माऊजर, इसके चार कारतूस व एक कार पी.यू.डी. 8081 बरामद हुई है। इन मृतक मिलिटैंटों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

सरपंच की हत्या : लुधियाना (धीमान): कल रात गांव राजगढ़ के बाहर मिलिटैंटों ने गांव चौकीमान के सरपंच श्री तारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए।

अपहृत घर लौटा :गत 16 जुलाई को गांव मान से मिलिटैंटों ने एक पुलिस अधिकारी के बेटे बलजीत सिंह उर्फ काला (16 वर्षीय) का अपहरण कर लिया था। आज वह अपने आप ही गांव वापस आ गया है। काला 9वीं कक्षा का छात्र है।



चंडीगढ़ में मलोआ पुलिस चौकी पर मिलिटैंटों के हमले में घायल (ऊपर) सब-इंस्पैक्टर बनारसी दास, (मध्य में) जोगिन्द्र सिंह और (नीचे) हैडकांस्टेबल राजपाल अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : अनिल पुरी)

फरार मिलिटैंटों की तलाश : सूचना मिली है कि थाना जगराओं के गांव चकूर मल्ला के बीच पुलिस वालों ने नाका लगाया हुआ था कि एक जीप में 4 मिलिटैंट आते नजर आए। जब उनको रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन अंधेरे का लाभ उठाते हुए मिलिटैंट भागने में सफल हो गए। वे अपने पीछे एक डीजल वाली जीप व कुछ कारतूस छोड़ गए। उनकी तलाश जारी है।

दो स्कूटर छीने : होशियारपुर (वि.प्र.): गत दिवस दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने स्थानीय हरयाना रोड पर धोबी चो के निकट पी.ए.पी. के एक कांस्टेबल सुखजिन्द्र सिंह उर्फ मेजर सिंह से उसका एल.एम.एल. वैस्पा स्कूटर छीन लिया व दसूहा की तरफ फरार हो गए। एक अन्य घटना में थाना टांडा के अधीन ग्राम झजी में एक अध्यापक अमरजीत सिंह के घर से उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.सी.डी. 1559 दो मिलिटैंटों ने छीन लिया। घटना के समय अमरजीत सिंह की पत्नी सुखविन्द्र कौर ही घर में मौजूद थी ।

मिलिटैंटों द्वारा पुलिस चौकी पर हमला, एक मरा, 4 घायल : चंडीगढ़ (संघी): मिलिटैंटों ने आज रात चंडीगढ़ शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित गांव मलोआ की पुलिस चौकी पर अंधाधुंध फायरिंग करके चौकी के इंचार्ज सब इंस्पैक्टर श्री बनारसी दास समेत 5 व्यक्तियों को सख्त घायल कर दिया । श्री बनारसी दास की हालत चिंताजनक बताई जाती है । घायलों में हैड कांस्टेबल राजपाल, होम गार्ड जवान रामायण वर्मा तथा पुलिस में भर्ती होने के लिए आया एक युवक जोगेन्द्र सिंह शामिल हैं । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने चौकी पर, जो एक बरसाती नदी के किनारे स्थित है, तीन तरफ से हमला किया । अंतिम समाचार आने तक पुलिस और मिलिटैंटों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी ।

'प.स.' के अनुसार होम गार्ड जवान रामायण वर्मा ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

बताया जाता है कि पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है और किसी वाहन को बाहर नहीं जाने दिया जा रहा ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती वाहन पर भी गोलियां चलाईं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

चौकी पर हमला उस समय हुआ जब हैड कांस्टेबल और होमगार्ड जवान गश्त से लौट कर चौकी इंचार्ज से बातचीत कर रहे थे ।

बताया जाता है कि चौकी पर हमले के बाद मारुति कार में भाग रहे मिलिटैंटों से पुलिस की मुठभेड़ हुई और कुछ जगहों पर फायरिंग अंतिम समाचार मिलने तक जारी थी ।

मिलिटैंटों ने बाद में शाहपुर चौक और पिकाडिली चौराहे पर भी फायरिंग की ।

चंडीगढ़ शहर और पड़ौसी राज्यों पंजाब, हिमाचल तथा हरियाणा में रैड अलर्ट घोषित कर दिया गया है ।

धीरेन्द्र ब्रह्मचारी संकट में

नई दिल्ली, 21 जुलाई (इ.वी.): दिवंगत श्रीमती इंदिरा गांधी के नजदीकी समझे जाने वाले धीरेन्द्र ब्रह्मचारी अब फिर संकट में हैं ।

प्राकृतिक चिकित्सा योग संस्थान, जोकि पहले धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के नियंत्रण में था और बाद में सरकार ने इसे अधिग्रहीत कर लिया था, के चौकीदार सीता राम ने शिकायत की है कि ब्रह्मचारी दो बार उसकी 12 वर्षीया बेटी को जबरदस्ती उसके घर से ले गया और उसकी इच्छा के विपरीत उसे अपने परिसर में बंधक बना कर रखा । सीता राम ने बताया कि ब्रह्मचारी ने अशोक रोड पर स्थित विश्वायतन योगाश्रम में एक तथा 15 जून के बीच उसकी बेटी को 'गलत काम' करने के लिए मजबूर किया ।

इस संवाददाता से भेंट के दौरान सीता राम ने बताया कि ब्रह्मचारी एक जुलाई को उसकी बेटी को फ्रैंड्स कालोनी में स्थित उसके घर से ले गया और उसने उसी कालोनी में स्थित अपने बंगले में उसकी बेटी को बंधक बना कर रखा । 5 जुलाई की सुबह को लड़की वहां से भाग कर अपने घर लौट आई । सीता राम ने बताया कि उसी दिन शाम को ब्रह्मचारी कार में अपने भतीजे मुरली चौधरी के साथ पिस्तौल लेकर उसके घर आया और धमकी दी कि यदि उसने अपनी लड़की उनके साथ न भेजी तो उसके सारे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा । सीता राम ने श्रीनिवासपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है लेकिन उस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई । पुलिस ने अभी तक लड़की की मैडिकल जांच भी नहीं कराई है ।

दूसरी तरफ धीरेन्द्र ब्रह्मचारी का कहना है कि 'सीता राम ने मेरी जगह पर अवैध कब्जा किया हुआ है । जब उसे जगह छोड़ने के लिए कहा तो उसने मुझे बदनाम करने के लिए उक्त आरोप लगा दिए ।'

राजीव हत्या केस

(पृष्ठ 3 का शेष)

षण्मुगम का शव कल रात उसके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया । आज शाम कड़ी सुरक्षा के बीच उसके गांव कोडीकायडू में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया । जब षण्मुगम की शव यात्रा निकली तो वेदारण्यम तथा कोडीकायडू और उसके आसपास के इलाकों में काफी तनाव था लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।

सशस्त्र पुलिस कर्मी इन इलाकों में गश्त कर रहे हैं । अतिरिक्त जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक कल से ही वेदारण्यम में डेरा डाले हैं । प्राप्त समाचार के अनुसार इन इलाकों की स्थिति अब सामान्य होती जा रही है ।

2000 श्रीलंकाई गिरफ्तार : इसी बीच पुलिस ने तमिलनाडु के विभिन्न भागों से ऐसे 2000 श्रीलंकाई तमिलों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने पुलिस के पास अपना पंजीकरण नहीं कराया था । अकेले मद्रास में ही 100 श्रीलंकाई तमिल पकड़े गए हैं ।

विधायकों को संरक्षण की मांग : तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता ने विधायकों को सुरक्षा प्रदान करने की आज मांग की । यह मांग उन खबरों के दृष्टिगत की गई जिनमें कहा गया था कि लिट्टे राजीव हत्या केस में गिरफ्तार अपने सदस्यों को रिहा करवाने के लिए विधायकों का अपहरण करने की योजना बना रहा है ।

सूचना देने के लिए विशेष फोन नम्बर : राजीव हत्या केस की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने आम लोगों के लिए जांच दल को सूचनाएं देना सुविधाजनक बनाने के लिए मद्रास में एक विशेष फोन नम्बर (107) की व्यवस्था की है । इस नम्बर से बिना पैसा खर्च किए बात की जा सकती है और चौबीसों घंटे सूचना दी जा सकती है ।



रक्षा मंत्री शरद पव... आप्रेशन का स्वयं...

आर्थिक संक... द्वारा उठाए...

लखनऊ, 2... पार्टी के वरिष्ठ... आर्थिक संकट क... सरकार द्वारा उठ... बताया लेकिन स... कारणों को स्पष्ट... आज यहां पार्टी... थे । उन्होंने क... निगम और रक्षा... इस गम्भीर आ... जिम्मेदार है ।

श्री वाजपेयी... सभी दलों की रा... हुए आशा व्यक्... विस्तृत विचार-... कि बढ़ती मिलि... को गम्भीर खत...

श्रीलंक... पर क...

कोलम्बो, 2... राष्ट्रपति जे.आ... के साथ जुलाई... कायम रहना च... से बातचीत क... सुरक्षित है और... चाहिए। अगर... उसे लिट्टे की ज्य... कि ऐसी हालत... रख रहे हैं। उ... कहेगा कि वह... करता है।

भारत-श्री... राजीव गांधी... जयवर्द्धन ने... समझौता अब... सामाजिक जी... की मौजूदा रा... उन्होंने देश... सरकार के रु... पूर्व राष्ट्रपति... का उल्लंघन... सरकार समे...

बम ...

इलाहा... जार्ज टाऊन... बम विस्फो... शरारती लो...

TENDER

Sealed Tenders are invited from the Contractors of repute for the following :

i) That the College Canteen is to be given on rental basis.
ii) That the Canteen is well furnished.
iii) That the total strength likely to be 1500 and they are to be served as per the approved rates.
iv) That the contract would remain valid upto March, 1992 but it can be extended for a further period after negotiations.
v) That the Contractor is bound to deposit a sum of Rs. 2000/- as a security, whose tender is accepted. The security will be forfeited, if the Contractor fails to undertake the Contract after reaching the agreement.
vi) That for clarification an any point you may contact the undersigned before sending the tender.
vii) That the undersigned reserves the right to reject the quotations without assigning any reason.

The quotation should be superscribed as 'Tender for Canteen' and must reach the under signed on or before 25.7.91. The tenders received after the said date are liable to be rejected.

Sd :- D.L. Anand
Principal,
D.A.V. College, Hoshiarpur

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

Ludhiana Farmers NECC Price for 22.7.91 is Rs. 76/- per Hundered eggs. without tray. Phone : 31604. (Kamboj/15W)

नाम परिवर्तन

मैं फूल कुमार जिंदल सुपुत्र श्री बचन लाल जिन्दल द्वारा फूल स्टील इंडस्ट्रीज, जी.टी. रोड, सरहिन्द साईड मंडी गोबिन्दगढ़ ने अपना नाम बदल कर प्रवीण कुमार रख लिया है । सभी संबंधित नोट करें । (4938/33W)

व्यापार

दाखला सूचना

सीखें : टैलीविज़न, रंगदार, VCR, ट्रांजिस्टर, इलैक्ट्रीशियन, रैफ्रीजिरेशन, ट्रक, कार, बार-बैंडर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स । सुविधाएं डिप्लोमा, रोजगार सहायता, रिहायश उपलब्ध । दाखला शुरू, मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज, 232, डिफेंस कालोनी, निकट चौक खालसा कालेज, जालंधर । (Milep/34C)

तीर्थ यात्रा

लुधियाना से शुक्रताल, नेबीशरण, अयोध्या, नंदीग्राम, परागराज चतरकट, काशी, गयाजी, 21 अगस्त से 10 दिन के लिए, 10 अगस्त को 6 दिन के ... 24 सितम्बर को बद्रीनाथ,

SHIV DEVI ALWA...

SHIV DEVI GIRLS HIGH SCHOOL, JA...

MAINTAINS ITS GLORIOUS TRADITIONS IN THE P...
EDUCATION BOARD MATRICULATION EXAMINATIO...
STUDENTS APPEARED 231 PASS...
FIRST DIVISIONS 171, SECOND DIVISIONS 56, THIRD DIV...

Punjabi Sanatani

पंजाब में 2 परिवारों के 10 सदस्यों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 22 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से 2 परिवारों के 10 सदस्यों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई है जबकि एक मिलिटैंट भी मारा गया । इसके अलावा राज्य में से 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है ।

2 सेवादारों की हत्या : गत रात्रि जिला भटिंडा के गांव भागीविंड के निकट मिलिटैंटों ने गुरुद्वारा डेरा बाबा बड़भाग सिंह के 2 सेवादारों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर जसबीर सिंह ने गुरुद्वारे के ग्रंथी बंत सिंह व एक अन्य सेवादार काका सिंह को जबरदस्ती बाहर निकाला तथा उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : बरनाला क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने 6 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से 3 दोनाली बंदूकें, एक एस.एल.आर. व कई कारतूस बरामद किए गए ।

एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या : जालन्धर सदर पुलिस थाना के गांव चाचोवाल में कल देर रात मिलिटैंटों ने एक ही परिवार के 7 सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतकों में परिवार का मुखिया करतार सिंह, उसका पुत्र, चार महिलाएं व एक बच्चा भी शामिल है। इस सिलसिले में जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

जंडियाला से 'जैमल' के अनुसार यह हत्या कांड रात 9 बजे के करीब उस समय हुआ जब 8-9 मिलिटैंट ए.के. 47 राइफलों से लैस होकर गांव में एक किसान परिवार के घर जबरदस्ती घुस गए। मृतकों में करतार सिंह के अलावा उसका पुत्र बघेल सिंह, उसकी दो बहुएं सुरिन्दर कौर व कश्मीर कौर, दो पौत्रियां कमलजीत कौर व जसवीर कौर तथा पौत्र जस्सा सिंह भी शामिल है। जब यह घटना हुई, उस समय सभी टी.वी. देख रहे थे। मिलिटैंट जाते हुए एक भैंस को भी गोली मार कर उसे मार गए तथा वहां खड़े एक ट्रैक्टर को भी उन्होंने आग लगा दी।

बताया जाता है कि अन्य गांव वासियों को वारदात का तो रात को ही पता चल गया था, मगर वे डर के मारे अपने घरों से बाहर नहीं निकले। पुलिस अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई है।करतार सिंह के परिवार में अब केवल तीन सदस्य ही बचे हैं। एक उसका पुत्र रवेल सिंह तथा एक पौत्र व एक पौत्री।

एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार यह घटना आपसी दुश्मनी का ही परिणाम है तथा इस वारदात में हरि सिंह व उसके दो पुत्र फूला सिंह तथा संतोख सिंह शामिल पाए गए हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

मिलिटैंट मरा : संगरूर जिला के बरोर गांव में सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट कुलवंत सिंह को मार गिराया।

2 बस यात्रियों की हत्या : तीन मिलिटैंटों ने भटिंडा जिले के भाटी गांव के निकट एक निजी बस को रोका तथा दो यात्रियों को खींच कर बाहर निकाला और गोली मार कर उनकी हत्या कर दी।

दम्पति की हत्या : एक अन्य घटना में कुछ मिलिटैंट मजीठा पुलिस जिले के साहिबजादा गढ़ क्षेत्र में बचित्तर सिंह के मकान में घुस गए और उसे तथा उनकी पत्नी परमजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना के राजगढ़ गांव में मिलिटैंटों ने करतार सिंह की हत्या कर दी।

एक ही परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : पुलिस थाना पट्टी के गांव कोट बुद्धा में गत रात्रि 9 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने प्रीतम सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी तथा उसकी पत्नी मोहिन्दर कौर व बहू जोगिन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 व्यक्ति घायल : मिलिटैंटों ने पट्टी पुलिस थाना के गांव सावड़ी में स्वर्ण सिंह व हरिके कस्बे में परगट सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया।

राज्य में अन्यत्र एक मिलिटैंट मरा : 8 अन्य गिरफ्तार : 42,000 रुपए लूटे

मुकाबले के बाद 2 मिलिटैंट काबू : अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में 3 सशस्त्र मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उससे 2 लाख रुपए की मांग की, मगर उसने तुरन्त ही अलार्म बजा दिया। जिससे पुलिस का एक गश्ती दल वहां पहुंच गया व उन मिलिटैंटों तथा सुरक्षा बलों में मुकाबला शुरू हो गया।

इस फायरिंग के दौरान एक एस.पी.ओ. मेवासिंह घायल हो गया। जबकि सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को काबू करने में सफलता प्राप्त कर ली, परन्तु उनका तीसरा साथी फरार हो गया। पकड़े गए इन मिलिटैंटों की शिनाख्त हरजीत सिंह उर्फ जीत तथा गुरदेव सिंह के रूप में हुई है। इनके कब्जे से हथियारों व विस्फोटकों के अलावा खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड भी बरामद किया गया।

हिंदू शिव सेना नेता पर हमला : हिंदू शिव सेना उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष राकेश कुमार महाजन तथा उनके 4 अन्य निकट संबंधी मिलिटैंटों के हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं । उन पर पुलिस जिला मजीठा के गांव उमरानंगल में घात लगा कर हमला किया गया । यह सभी चंडीगढ़ से अमृतसर आ रहे थे तथा जब गांव उमरानंगल में शीतल पेयजल पीने लगे तो मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग की । घायल होने वालों में श्री राकेश कुमार महाजन के अलावा ज्ञान चंद महाजन, सुरिन्दर कुमार महाजन व दो किशोर विक्की तथा विकास महाजन भी शामिल हैं । इनके अतिरिक्त श्री महाजन का गनमैन, पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया । सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

42 हजार रुपए लूटे : फिल्लौर (निर्मल) आज यहां इंदड़ा कलासके गांव में 2 पिस्तौलधारियों ने सर्वजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से 42 हजार रुपए लूट लिए। वह यह राशि पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में से निकलवा कर ले जा रहा था।

औद्योगिक नीति पर आज फिर विचार-विमर्श होगा

नई दिल्ली, 22 जुलाई (वार्ता): औद्योगिक नीति में सुधार लाने संबंधी प्रस्तावों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कल फिर से विचार-विमर्श होगा । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रियों के एक दल ने अपनी दो बैठकों में चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया है । इससे पूर्व मंत्रिमंडल ने उद्योग मंत्रालय द्वारा बनाए गए प्रस्तावों पर विचार करने के बाद इनकी बारीकी से जांच के लिए मंत्रियों का दल गठित किया था । प्रवक्ता ने कहा कि औद्योगिक नीति में सुधारों की घोषणा संसद में बजट से पूर्व या बाद में की जाएगी ।

Punjabi Sanjaan

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में परिषद के अध्यक्ष डा. विमल जालान और अन्य सदस्य भाग लेंगे।

भी भारत को कुल मिला कर 45 करोड़ रुपए का ऋण देने जा रहे हैं । इतनी आमद होने से भारत



Punjabi Sanatani

जिला जालंधर के गांव चाचोवाल में रविवार रात को मिलिटैंटों की गोलियां से मारे गए एक किसान परिवार के 7 सदस्यों (1) बघेल सिंह, (2) सुरेंद्र कौर, (3) करतार सिंह, (4) कश्मीर कौर, (5) जसवंत सिंह, (6) कमलजीत, (7) हरप्रीत कौर के शव । (8) विलाप करते हुए परिवार के सदस्य ।

(छाया : शिव जैमिनी)

जिला लुधियाना के डुगरी रोड क्षेत्र स्थित माडल टाऊन इलाके की वह सड़क (1) जहां बम फिट किया गया था, (2) सी.आर.पी.एफ. की क्षतिग्रस्त बस, (3) सड़क से 200 गज दूर पड़ी एक ट्रैक्टर-ट्राली का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी जिसमें बैटरी द्वारा रिमोट लगा कर विस्फोट किया गया, (4) सी.आर.पी.एफ. के जवान अपने एक घायल साथी को अस्पताल ले जाते हुए तथा (इन्सैट) पंजाब एण्ड सिंध बैंक का एक कर्मी जो वहां से गुज़रते हुए घायल हो गया था । (छाया : राजेश भाम्बी)

खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल पंजवड़ सहित 21 मिलिटैंट मरे : 2 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 जुलाई : पंजाब में सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल पंजवड़ को मार गिराने में सफलता प्राप्त कर ली है, जबकि विभिन्न घटनाओं में 20 अन्य मिलिटैंट मारे गए व 2 को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इसके अलावा गत सायं से राज्य में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान जिला लुधियाना में सी.आर.पी.एफ. की एक बस को बम विस्फोट से ध्वस्त करने का प्रयास किया गया, जिससे एक जवान मारा गया व 15 अन्य घायल हो गए, जबकि अन्यत्र भाजपा युवा मोर्चा जिला संगरूर के प्रधान, एक सरपंच सहित 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

के.सी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल व अन्य दुर्दांत मिलिटैंट मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज छहर्टा थाना के अधीन मोहल्ला कृष्ण नगर में सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल व सिख छात्र संघ (बिट्टू गुट) के उप-प्रधान डा. बरजिन्दर सिंह पंजवड़ व इसी संगठन के एक अन्य शीर्षस्थ नेता त्रिलोचन सिंह को मार गिराया। यह मुकाबला 45 मिनट तक चला।

बताया जाता है कि ओ.सी.एम. मिल में काम करने वाला एक कर्मी जोगा सिंह जब 11.30 बजे कृष्णनगर स्थित अपने निवास में गया तो उसने देखा कि 2 मिलिटैंट वहां छिपे बैठे थे। उसने तुरन्त पुलिस को सूचना दी तथा सुरक्षा बलों ने छापा मार कर वहां उसके मकान को घेर लिया। इसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई,जो 12.15 बजे तक जारी रही। इस मुकाबले में के.सी.एफ. के उक्त दोनों मिलिटैंट मारे गए।

बताया जाता है कि पंजवड़ पर 10 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था तथा वह 150 से भी अधिक हत्याओं में वांछित था। उसने अमृतसर में ही 60 से अधिक हत्याएं कीं। वह पत्रकार बलबीर सिंह सम्रा की हत्या में भी सम्बन्धित था। उसने 100 से अधिक अपहरण, लूटमार, बलात्कार व जबी वसूलियों की वारदातें कीं। वह अचूक निशानेबाज़ था तथा उसका सोहन सिंह वाली पंथक कमेटी से सम्बन्ध रहा। वह कई बार पाकिस्तान भी जा चुका था, जबकि त्रिलोचन सिंह पर 2 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था। वह 40 से अधिक हत्याओं व अन्य वारदातों में वांछित था। घटनास्थल से चीन निर्मित 2 पिस्तौल व बड़ी संख्या में विस्फोटक भी मिले।

इन मृतक मिलिटैंटों की तलाशी लेने पर एक ऐसी सूची भी मिली, जिसमें 200 से अधिक व्यक्तियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें 'सीधा' जाना था। इस सूची में इंका, भाजपा, वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेताओं, वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के नाम भी शामिल थे।

अशोक सोनी के अनुसार बरजिन्दर सिंह पंजवड़ खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ गुट का अध्यक्ष था, जबकि त्रिलोचन सिंह इसी संगठन का लैफ्टिनैंट जनरल था ।

व्यापारी का अपहरण : गत शनिवार की रात्रि को अमृतसर के प्रसिद्ध कार व्यापारी नैशनल मोटर्स के मालिक श्री विजय शर्मा का मिलिटैंटों ने उनके रणजीत एवेन्यू स्थित घर से अपहरण कर लिया । जानकार सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट श्री शर्मा की रिहाई के लिए 50 लाख रुपए मांग रहे हैं ।

2 मिलिटैंट मारे गए : थाना ब्यास के गांव सठियाला में आज मिलिटैंटों ने अपने ही 2 साथियों की हत्या कर दी, जिनकी शिनाख्त के.सी.एफ. के एरिया कमांडर सुखदेव सिंह और जसविंदर सिंह के रूप में की गई है । सुखदेव सिंह 50 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था, जबकि जसविंदर सिंह सूचीबद्ध मिलिटैंट था । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 8 खोल बरामद किए गए हैं ।

पूर्व सरपंच की हत्या : गत रात्रि ब्यास थाना के अधीन खासी गांव में बख्शीश सिंह उर्फ कलयुग ने अपने साथियों के साथ मिल कर खासी गांव के पूर्व सरपंच ऊधम सिंह की हत्या कर दी, वह निहंग-मुखी अजीत सिंह पोहले के साथ भी सम्बन्धित था। अजीत सिंह व जोगा सिंह में पुरानी रंजिश चली आ रही है।

3 मिलिटैंट मार गिराए : गत रात्रि थाना ब्यास के अधीन ठठियां गांव के निकट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक हीरो होंडा व एक स्कूटर पर 3 संदिग्ध मिलिटैंटों को आते देख कर जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा तीनों मिलिटैंटों को मार गिराया। घटनास्थल से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, एक एच.ई. 36 हथगोला, एके. 47 के 3 व 2 एम.एम. के 2 कारतूस तथा एक हीरो होंडा व एक स्कूटर बरामद किया है।

बम विस्फोट में सी.आर.पी.एफ. का जवान मरा, 15 अन्य घायल : लुधियाना (धीमान, मुसाफ़िर): आज प्रात: लगभग 10 बजे डुगरी रोड पर दो शक्तिशाली बम विस्फोट हुए जिनमें सी.आर.पी.एफ. के 16 जवान घायल हो गए। इनमें से एक जवान कांस्टेबल कन्हैया लाल की अस्पताल में मृत्यु हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बताई जाती है।

बताया जाता है कि सी.आर.पी.एफ. 87वीं बटालियन के 24-25 जवान ड्यूटी खत्म करके वापस अपने कैम्प डुगरी रोड जा रहे थे कि लिंक रोड और डुगरी रोड के मध्य सड़क पर लगभग दो बम रखे हुए थे। इस जगह से लगभग एक फर्लांग के फासले पर मिलिटैंटों ने एक ट्रैक्टर और ट्राली खड़ी कर रखी थी। ट्रैक्टर के आगे जैक लगा हुआ था ताकि ऐसा लगे कि ट्रैक्टर खराब है। साथ खड़ी ट्राली में ईंटें रखी हुई थीं। ट्रैक्टर में 24 वोल्ट की बैटरी रखी हुई थी। मिलिटैंट ट्राली रायकोट बस्सियां से किसी को छीन कर लाए थे। बैटरी के साथ तार लगी थी। तार का कुछ भाग मिट्टी डाल कर दबाया गया था। ज्यों ही सी.आर.पी.एफ. के जवान बस में वहां से गुज़रे, मिलिटैंटों ने रिमोट कंट्रोल से बटन दबा कर विस्फोट कर दिए। सड़क पर चार-चार फुट गहरे गड्ढे पड़ गए। बस का निचला भाग बुरी तरह नष्ट हो गया। उसके शीशे टूट गए।

घायल जवानों को सी.एम.सी. अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा और एस.पी. सिटी श्री मित्तल घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस का ख्याल है कि यह काम खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (गुरजट सिंह बुधसिंह वाला) का है और यह बदला लेने के लिए किया गया है।

घायल जवानों के नाम इस प्रकार हैं—शमशेर सिंह (25), उन्नीकृष्णन (44), प्रभुदयाल (32), हरनाम सिंह (22), के.ए. पाठक (45), टी. सोनूवान (24), सतिन्दर पारंग, ओंकार मल (42), सतपाल सिंह बस चालक (51), ए. जनार्दन (42), कन्हैया लाल (जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई), महेन्द्र सिंह (23), नज़ीर हुसैन, बासु मोतियान (जिसकी हालत गंभीर है), भोपाल सिंह (37) और निर्मल कुमार (30)।

बम विस्फोटों के बाद मिलिटैंटों ने फायरिंग भी की। फायरिंग में एक बैंक अधिकारी गुरचरण सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लुधियाना में बम विस्फोट से सी.आर.पी. की बस उड़ाने का प्रयास: एक जवान मरा, 15 घायल : राज्य में अन्यत्र भाजपा युवा मोर्चा के प्रधान, सरपंच सहित 14 व्यक्तियों की हत्या



अकाली दल (ब) के नेतृत्व में अकाली दल (ब) का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति आर. वेंकटरमण को, पीलीभीत कांड बारे, एक ज्ञापन देने के बाद (छाया : पी.टी.आई.)

सरकार द्वारा पीलीभीत यिक जांच का आदेश

अक्तूबर, नवम्बर मास के दौरान कार सेवकों की मृत्यु के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करने में उत्तर प्रदेश सरकार जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाएगी । केंद्रीय श्री राम कार सेवा समिति द्वारा गत रविवार को राज्य सरकार से दोषी अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने की मांग का ज़िक्र किए जाने पर उन्होंने कहा, "पूरा मामला सरकार के विचाराधीन है ।" उन्होंने कहा, "हम जल्दबाज़ी में कोई काम नहीं करना चाहते । हम ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहते, जिससे पीछे हटना पड़े ।"

भाजपा ने न्यायिक जांच की सिफारिश की थी : नई दिल्ली (प.स.): उत्तर प्रदेश के पीलीभीत कांड की जांच करके लौटे भारतीय जनता पार्टी के जांच दल ने इस घटना की हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच कराने की सिफारिश की है । जांच दल के संयोजक मदन लाल खुराना ने यहां लौटने पर पार्टी के संसदीय दल के नेता लाल कृष्ण अडवानी से यह सिफारिश की ।

श्री अडवानी इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह से बातचीत कर रहे हैं । पीलीभीत में गत 13 जुलाई को पुलिस के हाथों दस व्यक्ति मारे गए थे ।

राजीव हत्या केस की जांच सही दिशा में चल रही है : चवन

मद्रास, 23 जुलाई (प.स., वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन ने आज कहा कि राजीव गांधी हत्या केस की जांच कर रहा विशेष जांच दल/एस.आई.टी. सही दिशा में काम कर रहा है । उन्होंने कांग्रेस (इ) महासमिति द्वारा विशेष जांच दल की कार्य प्रणाली की आलोचना और विशेष जांच दल में परिवर्तनों बारे प्रकाशित खबरों पर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया ।

उन्होंने तमिलनाडु के तंजावुर जिले के तटवर्ती क्षेत्र वेदारण्यम का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद लौट कर मीनाक्वकम हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विशेष जांच दल द्वारा की गई प्रगति और राजीव हत्या केस के एक अभियुक्त षण्मुगम द्वारा आत्महत्या बारे कल संसद में बयान देंगे ।

श्री चवन ने, जिन्होंने राजीव गांधी हत्या-कांड के मुख्य अभियुक्त षण्मुगम के बच कर भागने और संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मृत्यु का आज घटनास्थल पर जाकर जायज़ा लिया, संवाददाताओं से कहा कि वह नहीं कह सकते कि षण्मुगम ने आत्महत्या की या वह हत्या का शिकार हुआ ।

उन्होंने कहा कि वह वेदारण्यम क्षेत्र के ऊपर से उड़े किन्तु तकनीकी कारणों से ज़मीन पर नहीं उतरे लेकिन उन्होंने वह स्थान देखा,जहां से तेज रफ्तार की नौका से आध घंटे में जाफना पहुंचा जा सकता है ।

वेदारण्यम के तटवर्ती क्षेत्र का प्रयोग लिट्टे उग्रवादी भारत में प्रवेश और यहां से जाने के लिए करते हैं ।

वेदारण्यम हाल तक श्रीलंका के तमिल उग्रवादियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है । श्री चवन कल रात ही तमिलनाडु के दो दिन के दौरे पर यहां पहुंचे थे ।

यहां से वेदारण्यम के लिए रवाना होने से पूर्व उन्होंने राजभवन में राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह से बातचीत की । राज्य के पुलिस महानिदेशक एस. श्रीपाल तथा राजीव गांधी हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच दल के प्रमुख डी.आर. कार्तिकेयन ने भी श्री चवन से भेंट की । श्री कार्तिकेयन ने उन्हें जांच में हुई प्रगति से अवगत कराया ।

तिरुचिरापल्ली : केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन ने आज कहा कि वह तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जय ललिता से श्रीलंकाई तमिलों को राज्य से वापस भेजने के सवाल पर विचार-विमर्श करेंगे । उन्होंने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों को बताया कि राज्य से श्रीलंकाई तमिलों की वापसी का मामला सुश्री जय ललिता के नज़रिए पर निर्भर है । गृहमंत्री ने कहा कि शरणार्थियों और उग्रवादियों में फर्क करना बहुत मुश्किल है । अभी तक बहुत कम तादाद में शरणार्थियों ने पुलिस थानों में अपना पंजीकरण

(शेष पृष्ठ 8 पर)



केंद्रीय गृह मंत्री श्री शंकर राव चवन मंगलवार को श्रीपेरमपुदूर में उस स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, जहां पर विगत 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या की गई थी । (छाया : पी.टी.आई.)

दुरई स्वामी को छुड़ाने के प्रयास जारी, मध्यस्थता कर रहे नजीर अहमद सिद्दीकी का कोई सुराग नहीं

श्रीनगर, 23 जुलाई (वार्ता, प.स.): कश्मीर में भारतीय तेल निगम के कार्यकारी निदेशक के. दुरई स्वामी का 26 दिन पहले अपहरण करें लिया गया था । उनकी रिहाई के समझौते के तहत

आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है । नौहट्टा, खनियार और अबिगुजर थाना क्षेत्रों में



जिला लुधियाना के डुगरी रोड क्षेत्र स्थित माडल टाऊन इलाके की वह सड़क (1) जहां बम फिट किया गया था, (2) सी.आर.पी.एफ. की क्षतिग्रस्त बस, (3) सड़क से 200 गज दूर पड़ी एक ट्रैक्टर-ट्राली का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी जिसमें बैटरी द्वारा रिमोट लगा कर विस्फोट किया गया, (4) सी.आर.पी.एफ. के जवान अपने एक घायल साथी को अस्पताल ले जाते हुए तथा (इन्सैट) पंजाब एण्ड सिंध बैंक का एक कर्मी जो वहां से गुज़रते हुए घायल हो गया था । (छाया : राजेश भाम्बी)

खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जो स्कूटर पर जा रहा था, घायल हो गया। आई.जी. सी.आर.पी.एफ. अस्पताल में जवानों को देखने गए।

बाद में उन्होंने जन-प्रतिनिधियों को बताया कि एक साल में उनके लगभग 60 जवान मारे गए हैं, इसके बावजूद सी.आर.पी.एफ. के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि लड़ाई में उतार-चढ़ाव आते ही रहते हैं।

सी.आर.पी.एफ. की बस पर फायरिंग से 2 जवान घायल : धीमान): आज तड़के लगभग 5 बजे डुगरी रोड स्थित ठेके के पास मिलिटैंटों ने सी.आर.पी.एफ. की एक बस पर घात लगा कर फायरिंग की,जिससे दो जवान घायल हो गए। उन्हें सी.एम.सी. में दाखिल करा दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की राय है कि यह वारदात इसलिए की गई ताकि सी.आर.पी.एफ. कम्पलैक्स में जब उच्चाधिकारी यहां पहुंचे तो उन्हें गोली का निशाना बनाया जाए मगर कोई अधिकारी उस समय वहां न पहुंचा। बाद में मिलिटैंट फरार हो गए।

4 व्यक्तियों की हत्या : मक्खू (शेखर) व फिरोज़पुर (जगदीप कन्तोड़): पुलिस थाना ज़ीरा के गांव तलवंडी जैले खां में गत रात्रि मिलिटैंटों ने एक घर में ज़बरदस्ती घुस कर महिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति, उसकी पत्नी समित्तर कौर, उनके तीन वर्षीय पौत्र बुद्ध व 10 वर्षीया पौत्री बॉबी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए। उक्तआशय की जानकारी ज़ीरा के डी.एस.पी. ने दी है।

2 मिलिटैंट मारे गए : थाना धर्मकोट के गांव कडियाल में पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले के दौरान 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक ए.के. 56 राइफल व 12 बोर की एक बंदूक भी मिली है।

के.सी.एफ. के 2 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे : थाना मक्खू के अधीन गांव सभराओं में पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के 2 मिलिटैंट निशान सिंह व काबुल सिंह मारे गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार निशान सिंह 50 हत्याओं में वांछित था। उनके कब्ज़े से एक ए.के. 47 राइफल, 303 बोर की एक बंदूक, दो स्टिक बम, 4 डैटोनेटर व अन्य विस्फोटक मिले हैं।

एक मिलिटैंट मरा : मक्खू क्षेत्र में ही गत रात्रि एक मुठभेड़ के दौरान सुखदेव सिंह उर्फ़ छोटा ब्रह्मा नामक दुर्दांत मिलिटैंट मारा गया। पता चला है कि सुरक्षा बलों की नाकाबंदी के दौरान जब 2 मिलिटैंटों को आते हुए देखा गया तो उन्हें रुकने का संकेत करने पर उन्होंने गोली चला दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई करने पर सुखदेव सिंह उर्फ़ छोटा ब्रह्मा मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीन व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

सरपंच के पुत्र की हत्या : फगवाड़ा (अशोक) : गत रात्रि निकटवर्ती गांव नरूड़ के निकट दो स्कूटर सवार हथियारबंद मिलिटैंटों ने







अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । चित्र में (1) वह मकान, जहां मिलिटैंट छिपे हुए थे, (2 और 3) मारे गए मिलिटैंटों बरजिन्द्र सिंह पंजवड़ तथा तरलोचन सिंह छापा के शव । *(छाया : पं.के.)*

अन्य घटना में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात्रि गांव मेहमादपुर में छज्जू सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक के बारे में कहा जाता है कि वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से भी सम्बन्धित था ।

अज्ञात शव मिला : पुलिस थाना अमलोह के गांव लादपुर में गत सायं एक केशधारी युवक का शव मिला, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस के अनुसार वह कदाचित मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या आपसी रंजिश के कारण ही हुई ।

3 मिलिटैंट मरे : मुक्तसर (दर्दी): यहां से 5 कि.मी. दूर गांव कबरवाला में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए। उनका उसने 3 हत्यारों को पहचान लिया है, जिनके नाम बंता सिंह गांव कलसी, रेशम सिंह व दर्शन सिंह दोनों गांव मर्गिंदपुर हैं।

एक अन्य की हत्या : पुलिस थाना तरनतारन के गांव मुरादपुरा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने गुरमुख सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

बांसल के भाई का कोई सुराग नहीं : संगरूर (गर्ग): पुलिस अधीक्षक के अनुसार सांसद पवन बांसल के भाई का अभी भी कोई सुराग नहीं मिला है। मिलिटैंटों ने उसका एक पैट्रोल पम्प पर से अपहरण कर लिया था।

डटिनेटर व अन्य विस्फोटक मिले हैं।

एक मिलिटैंट मरा : मक्खू क्षेत्र में ही गत रात्रि एक मुठभेड़ के दौरान सुखदेव सिंह उर्फ़ छोटा ब्रह्मा नामक दुर्दांत मिलिटैंट मारा गया। पता चला है कि सुरक्षा बलों की नाकाबंदी के दौरान जब 2 मिलिटैंटों को आते हुए देखा गया तो उन्हें रुकने का संकेत करने पर उन्होंने गोली चला दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई करने पर सुखदेव सिंह उर्फ़ छोटा ब्रह्मा मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीन व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

सरपंच के पुत्र की हत्या : फगवाड़ा (अशोक) : गत रात्रि निकटवर्ती गांव नरूड़ के निकट दो स्कूटर सवार हथियारबंद मिलिटैंटों ने पांछट गांव के सरपंच अवतार सिंह के सुपुत्र ठेकेदार जसबीर सिंह की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी जब वह फगवाड़ा से मोटर साईकल पर अपने गांव पांछट वापस जा रहा था । जसबीर सिंह को लुधियाना अस्पताल में घायलावस्था में दाखिल किया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । आज जसबीर सिंह के अंतिम संस्कार में सैंकड़ों नागरिकों ने भाग लिया ।

एक घायल : होशियारपुर (वि.प्र.): थाना गढ़शंकर के अधीन माधोवाल गांव में दो मिलिटैंटों ने गत रात्रि एक व्यक्ति हरबंस सिंह के घर में दाखिल होकर ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग की । हरबंस सिंह को घायल अवस्था में अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त : बटाला (कोछड़) : पुलिस अधीक्षक सीता राम के अनुसार गत 20 व 21 जुलाई की मध्य रात्रि को थाना कादियां के गांव ढपई के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो 2 मिलिटैंट मारे गए थे, उनकी शिनाख्त हो गई है। एक मिलिटैंट सतनाम सिंह उर्फ़ मंता निवासी गांव बुरीया खुर्द तथा दूसरा निरंजन सिंह निवासी गांव कोटला मुलतान सिंह था। दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे तथा इन्होंने कई गांवों में वारदातें की थीं।

श्री सीता राम के अनुसार बटाला में एक विशेष तलाशी अभियान के अधीन पुलिस व सीमा सुरक्षा बल मिल कर रात के समय 60-65 स्थानों पर नाका लगाते हैं।

लाश मिली : थाना सदर बटाला के एक गांव आलीवाल के निकट से पुलिस ने आज प्रातः एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश बरामद की है जिसकी शिनाख्त रुपिन्दर सिंह (22) निवासी ढढियाला के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार यह हत्या संभवतः मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

एस.पी.ओ. घायल : गत रात्रि फतेहगढ़ चूड़ियां के एक गांव पब्बाराली में पुलिस व मिलिटैंटों के मध्य हुई आपसी फायरिंग के दौरान अमरजीत सिंह नामक एक एस.पी.ओ. घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

कथित मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ (संघी): पुलिस ने गत दिवस सैक्टर 26 में नाकाबंदी के दौरान एक कथित मिलिटैंट परमिंदर सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक कार्बाइन व उसके 6 कारतूस बरामद किए । यह मिलिटैंट सैक्टर 20 का रहने वाला है ।

एक व्यक्ति की हत्या : पटियाला (राजू): गत मध्य रात्रि को नाभा सदर पुलिस थाना के गांव

(1) वह मकान, जहां मिलिटैंट छिपे हुए थे, (2) और (3) मारे गए मिलिटैंट बरजिन्द्र सिंह पंजवड़ तथा तरलोचन सिंह छापा के शव । *(छाया : पं.के.)*

अन्य घटना में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने गत रात्रि गांव मेहमादपुर में छज्जू सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक के बारे में कहा जाता है कि वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स से भी सम्बन्धित था ।

अज्ञात शव मिला : पुलिस थाना अमलोह के गांव लादपुर में गत सायं एक केशधारी युवक का शव मिला, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । पुलिस के अनुसार वह कदाचित मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या आपसी रंजिश के कारण ही हुई ।

3 मिलिटैंट मरे : मुक्तसर (दर्दी) : यहां से 5 कि.मी. दूर गांव कबरवाला में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए। बताया जाता है कि गत रात्रि सुरक्षा बलों ने डी.एस.पी. इन्द्रजीत रंधावा के नेतृत्व में नाकाबंदी की हुई थी कि करीब 12 बजे 3 युवक आते हुए नज़र आए। जब उन्हें रुकने का संकेत दिया गया तो उन्होंने गोली चला दी तथा पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और साढ़े तीन घंटे तक वहां मुकाबला चलता रहा। बाद में पुलिस को वहां 3 अज्ञात मिलिटैंटों के शव मिले। उनके निकट से 2 ए.के. 47 राइफलें, 12 बोर की एक बंदूक व कुछ कारतूस भी मिले हैं।

लुटेरा मरा : मलोट (जालंधरी) : गत रात्रि बिरला रोड पर करीब 10 बजे एक कपड़ा विक्रेता के घर में कुछ लुटेरे आए। वे कुछ दिन पूर्व मांगी गई फिरौती की पांच लाख रुपए की रकम वसूल करने आए थे। घरवालों ने पुलिस को भी सूचना दी हुई थी तथा लुटेरों के वहां पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें घेर लिया और लुटेरों ने भी पुलिस को देख कर गोली चला दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक लुटेरा मारा गया, जबकि दूसरा फरार होने में सफल हो गया। मारे गए इस लुटेरे की पहचान लखविन्दर सिंह लक्खा निवासी फरीदकोट के रूप में हुई है। वह फिरौती वसूल करने के कई मामलों में पुलिस को वांछित था। उसके निकट से एक रिवाल्वर व एक पिस्तौल मिली है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आवश्यक संरचनात्मक और नीति सम्बन्धी सुधारों और स्थिरीकरण उपायों के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के बाद हमारी अर्थव्यवस्था समुचित मूल्य स्थिरता और अधिक सामाजिक समानता के साथ पुनः विकास के रास्ते पर लौट आएगी।

वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने बजट पेश करते हुए कहा कि गैर औद्योगिक उपयोग के लिए मिट्टी के तेल की कीमत दस प्रतिशत कम कर दी जाएगी जिसका मतलब है कि अक्तूबर 1990 में बढ़ी कीमतों में 50 प्रतिशत की कमी होगी ।

वित्त मंत्री ने कहा कि अत्यन्त कठिन आर्थिक स्थिति के बावजूद गरीबों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए ऐसा किया जा रहा है जिनके लिए मिट्टी का तेल प्रकाश और ईंधन का एक अनिवार्य स्रोत है । उन्होंने कहा कि डीजल की कीमत में कोई वृद्धि नहीं होगी तथा किसानों को डीजल सप्लाई सुनिश्चित करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे । इस संबंध में राज्य सरकारों से बातचीत की जाएगी । उन्होंने कहा कि पैट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में प्रस्तावित वृद्धि आज शाम से प्रभावी हो जाएगी । इसके लिए पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा अलग से आवश्यक अधिसूचना जारी की जा रही है ।

डा. सिंह ने कहा कि इस माह के शुरू में रुपए की कीमत में किए गए समायोजन के कारण कच्चे तेल और पैट्रोलियम उत्पादों के आयात बिल की रुपए में कीमत बढ़ेगी । इस कारण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पैट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि करना आवश्यक हो गया था । उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे पैट्रोलियम उत्पादों की खपत में वृद्धि को रोकने में भी मदद मिलेगी ।

नए कर प्रस्ताव; एक नजर में :

* घरेलू रसोई गैस, मोटर स्पिरिट और घरेलू इस्तेमाल वाली विमान टरबाइन ईंधन की कीमत में 20 प्रतिशत वृद्धि।

* गैर-औद्योगिक इस्तेमाल वाले डीजल और कैरोसीन को छोड़ कर अन्य पैट्रोलियम पदार्थों की कीमत में 10 प्रतिशत वृद्धि।

* गैर औद्योगिक इस्तेमाल वाले मिट्टी के तेल के मूल्य में 10 प्रतिशत कटौती।

* कैल्शियम अमोनियम नाइट्रेट, अमोनियम क्लोराइड, अमोनियम सल्फेट और सल्फेट आफ पोटाश जैसे उर्वरक मूल्य नियंत्रण से मुक्त। अन्य सभी उर्वरकों की कीमत में औसत 40 प्रतिशत की वृद्धि।

विधानसभा के उम्मीदवार समेत 5 मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ (प.स.): पुलिस ने आज रात्रि यहां कहा है कि पंजाब विधानसभा के चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सहित 5 मिलिटैंटों को नगर में शस्त्रों और गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया है । मनजीत सिंह उर्फ लवली निवासी मोहाली को शस्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है, उसके कब्ज़े से एक अवैध रिवाल्वर मिला है । मनजीत सिंह पंजाब विधानसभा के चुनाव के लिए आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का एक उम्मीदवार है और उसने

* वातानुकूलित रेस्त
व्यय कर का प्रस्ताव।
* सीमा शुल्क की अ
150 प्रतिशत की गई।
* कीटनाशकों पर उ
* कुटीर उद्योग में ब
उत्पाद शुल्क नहीं।
* टिफिन बाक्स, चम
होंगे।
* खाद्य तेल, उच्च
उत्पाद शुल्क से मुक्त।
* मछुआरों द्वारा प्रय
पर सीमा शुल्क पूरी तरह
* सामान्य अखबारी
मुक्त किया गया।
* कम ईंधन की खपत
मुक्त।
* बिना फिल्टर की
10 से 25 रु. प्रति हजार बढ़
शुल्क में पांच से दस रुप
फिल्टर सिगरेटों पर उत्पाद
हजार बढ़ाया गया।
* खुली बिक्री की चीन
पैसे प्रति किलो की वृद्धि, ले
में कोई वृद्धि नहीं।
* शीरे पर आबकारी
बढ़ाया गया।
* चाय, कॉफी, म
दोपहिया वाहनों को छोड़
दोगुना करने से 1010 कर
होगा।
* वी.एच.एस. किस्
वी.सी.पी. पर उत्पाद शुल्
250 रु. प्रति सैट तथा अन
व वी.सी.पी. पर यह शुल्
30% कर दिया गया है
* रैफ्रीजिरेटरों पर उ
से बढ़ा कर 800 रुपए वि
* रंगीन टैलीविजन
रु. से बढ़ा कर 750 रुप
इसके अलावा एयर कंडीश
के घरेलू उपकरणों पर भी
है ।
* मक्खन, सॉस, जैम,
होंगे।
* कृषि पर आधारित
मुक्त। 35 प्रतिशत पटसन
उद्योगों पर उत्पाद शुल्क
* कृत्रिम हीरा बनाने
आक्साइड' पर आपात शुल
* यूनिट ट्रस्ट तथा अन्य
पर कर में रियायत दी जा
* पर्यटन को बढ़ावा देने
में नए होटलों को व्यय क
* निगम-कर की दर 42
प्रतिशत की गई। 15
रहेगा।
* बैंकों आदि को ब्याज
प्रतिशत की दर से कर देन

Punjabi Sahar.in

कार्पोरेशन, पालिका बाजार,
ट । फोन : 21148.
(Pushpak/30C)

यात्रा

वर कन्याकुमारी द्वारिकापुरी
रा, डा. रूप कुमार, कुरुक्षेत्र
: 1048.
(Krishan Dhamija/191)
नाथ, केदारनाथ किराया
, चूना चौक, हिल रोड,
25139.
(Ashwini Kohli P.C./16)

सूचना

idance for M.B.B.S., Mechanical, Industrial nics etc.) D. Pharma, orrespondence) LL.B. B.Sc., B.Com. Direct nic +2 Direct R.M.P. gree College, Near ome, College Road,
(M.P. Gupta/41C)

क्षा

न हों । आठवीं फेल मैट्रिक र्रें । +1 फेल +2 करें । B.A.I फेल B. A. III करें M.P. Registration, कीरती कालेज, कैलाश
(Mahindra/40C)

10 दिनों में करके BAMS
b बिना पर्व योग्यता करें ।
t करें, +2 (साईंस आर्ट्स
। दाखला फार्म जा रहे हैं ।
L.B.-B.Ed.-J.B.T.-OT
diploma courses in
date 30.7.91. City
Bus Stand, Opp.
Jalandhar; Nalanda
Gate, Jalandhar.
td. 1964.
(Ad. Asso/65C)

ट्रिक, इंटर, दसवीं डायरैक्ट
। आदर्श इंस्टीच्यूट, झुला
(9414/15JD)

ीं मैट्रिक, इंटर+2, बी.ए.,
एम.पी. डाक्टर बनने हेत
फार्म भरें । राष्ट्रीय डिग्री
हिसार-125001.
(Imprint/26D)
(Mohindra/40C)

टीचर ट्रेनिंग, लायब्रेरियन,
फैक्टर, वैटरनरी डाक्टर,
र्स, प्रवेश हेतु सम्पर्क
पीठ, 233, टैगोर पार्क,
(25JDC)

बी.ए. डायरैक्ट फाईनल
फैशनल) डी. फार्मेसी, बी.
MP करने हेतु निःशुल्क
लेज, F-19, शकूरपुर
: 7180340.
(SM Advt/2GJD)

ल्ली)+2 (दिल्ली, भोपाल)
., बी.काम., एम.ए.,एम.
mination. बी.एड., लॉ,
रामर्शा । सुदर्शन कालेज,
। इंडियन कालेज, नजदीक
।

गोलीबारी में एक मरा, 3 घायल : लुधियाना (धीमान): कल रात माडल टाउन, माडल हाऊस व डुगरी रोड पर रहस्यमयी हालत में लगभग आधा घंटा तक काफी गोलीबारी हुई । इससे इन आबादियों में बहुत आतंक छा गया । एक कालोनी में तो सरक्षा बलों ने सभी लाइटें बंद करा दीं । इस गोलीबारी में शास्त्री नगर का एक निवासी अमरजीत सिंह मारा गया और माडल टाउन निवासी आर.पी. सिंह, जनक राज व अशोक कुमार गम्भीर घायल हो गए । उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जो स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, ने आज बताया कि रात लगभग 9½ बजे सी.आर.पी.एफ. वालों की एक गाड़ी डुगरी रोड, जहां कल भारी बम विस्फोट हुआ था, से गुजरी तो इस क्षेत्र के किसी मकान की छत से उन पर गोलियां चलाई गईं । इस पर सी.आर.पी.एफ. वालों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । इस गाड़ी के पीछे 2 और गाड़ियां आ रही थीं, इसमें सवार सी.आर.पी.एफ. वालों ने भी गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । इस तरह यह क्रास फायरिंग हुई ।

यह उल्लेखनीय है कि इस गोलीबारी में माडल टाउन व माडल ग्राम की कुछ कोठियों के बाहर भी आकर गोलियां लगीं । क्षेत्र निवासी आतंक से सहमे रहे ।

बरनाला बंद रहा : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से थोड़ी दूर बरनाला में जनता दवा मोर्चा की संगरूर इकाई के प्रधान सुरेश चौधरी की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप आज बरनाला में पूर्ण बंद रहा । इस गोली कांड में सुरेश कुमार नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया था ।

2 कांस्टेबलों की हत्या : पटियाला (राज): पुलिस थाना पात्तड़ां के गांव हरियो खुर्द के निकट गत रात्रि कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया जिससे 2 कांस्टेबल मारे गए व एक अन्य घायल हो गया । मृतकों के नाम जसवंत सिंह व राज कुमार हैं जबकि घायल कांस्टेबल चमकौर को स्थानीय राजिन्द्रा अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । पता चला है कि मिलिटैंटों ने बट वाले के पीछे छिप कर हमला किया था ।

बिजली बोर्ड के कार्यालय में डाका : समराला (भारद्वाज): दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने आज लगभग 1.15 बजे दोपहर को माछीवाड़ा में बिजली बोर्ड के कार्यालय में से 24891 रुपए लूट लिए । वह 3763 रुपए का एक चैक भी ले गए हैं । पता चला है कि डाका डालने आए दोनों मिलिटैंट उसी स्कूटर पर सवार थे जो उन्होंने माछीवाड़ा से लगभग 8 कि.मी. दूर गांव डाऊड़िया में ही बिजली बोर्ड के 2 कर्मियों जगदेव सिंह व कर्म सिंह से करीब 11 बजे आज ही छीना था । इस स्कूटर का नम्बर पी.आई.सी. 8081 है ।

शराब का ठेका तबाह : गत रात्रि मिलिटैंटों ने उच्चा पिंड नामक एक गांव में अंग्रेजी शराब के एक ठेके को पूर्णतः तबाह कर दिया । ऐसा माना जाता है कि यह तबाही बम विस्फोट द्वारा ही की गई ।

विधानसभा के उम्मीदवार समेत 5 मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ (पु.स.): पुलिस ने आज रात्रि यहां कहा है कि पंजाब विधानसभा के चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सहित 5 मिलिटैंटों को नगर में शस्त्रों और गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार किया है । मनजीत सिंह उर्फ लवली निवासी मोहाली को शस्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है, उसके कब्जे से एक अवैध रिवाल्वर मिला है । मनजीत सिंह पंजाब विधानसभा के चुनाव के लिए आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन का एक उम्मीदवार है और उसी फिरौती की कई घटनाओं में अपनी स्वीकारोक्ति की है ।

गिरफ्तार किए गए परमिंदर सिंह और दिलपाल सिंह दोनों चंडीगढ़ के रहने वाले हैं और बी.टी.के.एफ. से सम्बद्ध हैं तथा वे नगर में वाहनों और शस्त्र छीनने की कई घटनाओं में वांछित थे । खरड़ के निवासी भूपिंदर सिंह उर्फ भिंदा को भी शस्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने बटाला जिला अमृतसर के कुलवंत सिंह उर्फ शहीद को भी गिरफ्तार किया है । पूछताछ पर उसने बताया कि वह बब्बरों के मढ़ा सिंह गिरोह के साथ सम्बन्धित है । उसने बाबा बकाला में एक व्यक्ति प्रेम कुमार व उसकी पत्नी की हत्या की थी । जिला भटिंडा की गुलाबा मंडी में पुलिस के साथ मठभेड़ में एक पुलिस कर्मी की भी हत्या की थी । इन मिलिटैंटों के कब्जे से दो .303 की सर्विस राइफलें, एक कार्बाइन, दो रिवाल्वर बरामद किए गए हैं । इससे पूर्व गिरफ्तार किए गए दो सिपाहियों सुखदेव सिंह और गुरमीत सिंह से एक .303 की सर्विस राइफल बरामद की गई ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : गुरदासपुर सिंह नामक एक मिलिटैंट बटाला सदर थाने में दो गुटों की दुश्मनी में मारा गया ।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : संगरूर जिले के हसनपुर गांव में मठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और दस कारतूस बरामद हुए हैं ।

उद्योगपति का अपहरण : पुलिस के अनुसार मारुति कार पर सवार मिलिटैंटों ने एक टायर फैक्टरी के मालिक राम कुमार का भटिंडा जिले के रामपुरा नगर से अपहरण कर लिया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : जालन्धर जिले के सेहम कलियां गांव में आज सवेरे दो मिलिटैंटों ने जसपाल राम की उनके घर पर गोली मार कर हत्या कर दी है ।

इस साल का सुपरहिट संगीत से भरपूर
*मैं तुझे छोड़ कर कहां जाऊंगा
*मैं हूं Talk of the Town
*कहनी है इक बात
*मैं आया तेरे लिए
*नाच के ऐसा दिखाऊंगा

मिनी जिम्नाज़ियम

जालंधर, 24 जुलाई : योजना बोर्ड द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को पूर्व भर्ती प्रशिक्षण देने हेतु जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के परिसर में 4.82 लाख रुपए

* रंगीन टैलीविजन पर उत्पाद शुल्क 5 रु. से बढ़ा कर 750 रुपए कर दिया गया है इसके अलावा एयर कंडीशनरों व अन्य इलैक्ट्रॉनि के घरेलू उपकरणों पर भी यह शुल्क बढ़ाया है ।

* मक्खन, घी, जैम, सूखी सब्जियां, पनीर होंगे ।

* कृषि पर आधारित उद्योग उत्पाद शुल्क मुक्त । 35 प्रतिशत पदार्थ का इस्तेमाल करने उद्योगों पर उत्पाद शुल्क आधा ।

* कृत्रिम हीरा बनाने वाले पदार्थ 'जिरमोनि ऑक्साइड' पर आयात शुल्क में कमी ।

• यूनिट ट्रस्ट तथा अन्य म्युचुअल फंड के नि पर कर में रियायत दी जाएगी ।

• पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुछ चुने गए ह में नए होटलों को व्यय कर से 10 वर्ष तक छूट ।

• निगम-कर की दर 42 प्रतिशत से बढ़ा कर प्रतिशत की गई । 15 प्रतिशत सरचार्ज ज रहेगा ।

• बैंकों आदि को ब्याज से होने वाली आय प प्रतिशत की दर से कर देना होगा ।

• विदेशों में बेची जाने वाली वस्तुओं पर उत्प शुल्क में रियायत ।

• बोतल बंद शीतल पेयों पर कर में कोई नहीं ।

• छपाई मशीनों पर अक्तूबर-90 से की शुल्क वृद्धि समाप्त होगी ।

• 50 से 75 सी.सी. क्षमता वाले दोपहिया वाह पर शुल्क की दर घटा कर 15 प्रतिशत की गई । श्याम टैलीविजन उत्पाद शुल्क से मुक्त, वीडियो आडियो कैसेटों पर शुल्क दुगा

• विदेशों से आने वाले यात्रियों के निजी सामा पर सीमा शुल्क से छूट की सीमा 2000 रु. से बढ़ा 2400 रु. की गई ।

• निर्माण कार्यों में काम आने वाले एल्यूमीनि उत्पादों को उत्पाद शुल्क से छूट मिलेगी ।

• रद्दी कागज पर आयात शुल्क की दर पुनः दिसम्बर 1990 की दर के बराबर लाई गई है । इस उद्देश्य देश की कम सम्पदा का संरक्षण करना है ।

• मोटर पार्ट्स पर उत्पाद शुल्क 50 प्रतिशत बढ़ा कर 60 प्रतिशत किया गया है । टैक्सियों आबकारी की दर नहीं बदली गई है ।

* सिगल सुपर फास्फेट उर्वरक उत्पादकों को दी जाने वाली प्रति टन सबसिडी अधिकतम सीमा लागू ।

* चीनी पर सबसिडी समाप्त, राशन की चीनी 85 पैसे प्रति किलो महंगी । चीनी का नया भाव 6.1 रु. प्रति किलो ।

इंका द्वारा लोक सम्पर्क अभियान शुरू करने की घोषणा

लुधियाना, 24 जुलाई (महिन्द्रा): कांग्रेस लोक सम्पर्क अभियान आरम्भ करने की घोषणा की है । जिला कांग्रेस (इ) शहरी के प्रधान हरनाम दा जौहर ने कल 25 जुलाई को एक बैठक बुलाई है जिसमें सभी इंका पार्षद तथा कार्यकारिणी के सदस्य शामिल होंगे । इस बैठक में लोक सम्पर्क अभियान बारे विचार किया जाएगा तथा 31 जुलाई को इस बारे होने वाली विशाल बैठक का कार्यक्रम नियमि किया जाएगा । पंजाब कांग्रेस के प्रधान बेअंत सिं 31 जुलाई को लोक सम्पर्क अभियान आरम्भ

Punjabi Tribune



अमृतसर जिला के मनन गांव के निकट मिलिटैंटों ने 5 बस यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । चित्र में (1) वह बस, जिस पर यात्री सवार थे, (2) बस की छत, जहां कि यात्रियों की हत्या की गई, पर बिखरा खून, (3-7) मृतकों के शव और (8-12) घायल यात्री, जो कि अस्पताल में उपचाराधीन हैं । (छाया : रवि)

महिला प्रत्याशी समेत 14 लोगों की हत्या, 4 मिलिटैंट मरे, बम धमाके से रेल लाईन उड़ा दी

चंडीगढ़, 25 जुलाई (प.स., वार्ता): मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर जिला के अंतर्गत राजा सांसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की महिला प्रत्याशी कुलदीप कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 14 लोगों की हत्या हुई, 4 मिलिटैंट मारे गए तथा बम धमाके से एक मीटर रेल लाईन उड़ा दी गई ।

महिला प्रत्याशी की हत्या : अमृतसर (नारंग, वार्ता): अमृतसर जिला के राजा सांसी विधानसभाई निर्वाचन क्षेत्र की एक निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती कुलदीप कौर की मजीठा पुलिस जिले के रड़ाला गांव में कल रात 10 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने उनके घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी। फायरिंग में उनके पति जोगिन्दर सिंह भी घायल हो गए। बताया जाता है कि हमलावर मिलिटैंटों में श्रीमती कुलदीप कौर का भगौड़ा गनमैन भी शामिल था। स्थगित किए जा चुके विधानसभा चुनाव के अब तक 24 प्रत्याशियों की मिलिटैंटों द्वारा हत्या की जा चुकी है। इसके अलावा एक उम्मीदवार का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था । मिलिटैंटों ने कल पहली बार पंजाब में किसी महिला प्रत्याशी की हत्या की है ।

दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिला के पुलिस थाना हरिके के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कल रात गांव थटियाल में नाका लगा रखा था। 9 बजे के करीब नाका पार्टी ने दो युवकों को आते देख रुकने का इशारा किया, पर उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों मिलिटैंट मारे गए। इनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, इसके दो मैगजीन, 50 गोलियां व गोलियों के 40 खोल, एक स्टिक बम मिला है। इनके पास से एक डायरी भी मिली है जिसमें कई नाम व पते लिखे हुए हैं। इसके अलावा इनसे बी.टी.एफ. का एक लैटर-हैड भी मिला है। लैटर हैड पर लिखा है कि कल 5 बस यात्रियों तथा कुछ दिन पूर्व गांव बुड्ढा कोट में दो महिलाओं की हत्या इन्होंने की थी।

बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा : मिलिटैंटों ने कल शाम तरनतारन पुलिस जिला के मानोचाहल गांव में स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय से 32 हजार रुपया लूट लिया ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : जालंधर (न.न.ए.): गत रात्रि थाना करतारपुर के गांव मल्लियां में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने उक्त गांव में नाकाबंदी की हुई थी कि 3 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे। जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो मिलिटैंट मारे गए जबकि तीसरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकला। घटनास्थल से एक रिवाल्वर, एक बंदूक तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ है। मारे गए मिलिटैंटों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई।

मिलिटैंट द्वारा आत्मसमर्पण : जालंधर जिला के शाहकोट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाह्मणियां गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद गुरमीत सिंह नामक एक मिलिटैंट ने आत्मसमर्पण कर दिया। उसका एक साथी बच कर भाग गया। पकड़े गए मिलिटैंट से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं।

एक और व्यक्ति की हत्या : जालंधर जिला के नकोदर क्षेत्र में श्याम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

अपहृत छात्र रिहा : जालंधर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 19 जुलाई को पवाद्रा के गवर्नमैंट हाई स्कूल से अपहृत 15 वर्षीय छात्र देवेन्द्र सिंह को अपहर्त्ताओं ने कल शाम मुक्त कर दिया। मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपए मांगे थे। पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र सिंह को जमशेदपुर में उसके एक सम्बन्धी के घर के पास छोड़ दिया गया।

बम विस्फोट से रेल लाइन उड़ा दी : मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिला में कल रात महेश्वरी सेधवां तथा तलवंडी स्टेशनों के बीच एक जबरदस्त बम विस्फोट करके लगभग एक मीटर रेलवे लाइन उड़ा दी।

3 लोगों की हत्या : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा): थाना जगराओं के गांव चीमा में कल रात मिलिटैंटों ने एक मकान में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे बलदेव सिंह, उसके दामाद नाहर सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति चरण सिंह की मृत्यु हो गई।

निषेधाज्ञा : लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश जारी करके जिला भर में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जलूस निकालने और रैलियां करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 21 सितम्बर तक लागू रहेगा।

डाक घर लूटा : मिलिटैंटों ने कल लुधियाना शहर में चीमा चौक के निकट स्थित एक डाक घर से 3 हजार रुपए से अधिक की धन राशि लूट ली ।

एक व्यक्ति घायल : लुधियाना के सराभा नगर में स्कूटर सवार 2 मिलिटैंट जगदीश राय की दुकान पर आए तथा उससे रुपए मांगने लगे । जगदीश राय के लड़के अनिल कुमार ने एक मिलिटैंट को पकड़ लिया लेकिन दूसरे मिलिटैंट ने अनिल कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : फिरोजपुर (कंतोड़): जिला पुलिस ने मल्लांवाला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आरिफ गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । इनके नाम बिरसा सिंह, पूरन सिंह तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा हैं । उनके कब्जे से 3 बदूकें तथा 8 कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक और मिलिटैंट काबू : अबोहर से 'सदोष' के अनुसार पुलिस ने सुखजिन्दर सिंह उर्फ गोरा निवासी बल्लोहा को आज उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कंडल गांव में स्थित ईंटों के एक भट्ठे से धन ऐंठने के लिए जा रहा था । बताया जाता है कि सुखजिंदर सिंह कुछ दिन पहले उक्त भट्ठे पर रुपए लेने गया था । भट्ठे वालों ने उसे बीरवार को आने के लिए कहा था । दूसरी तरफ भट्ठे वालों ने पुलिस को सूचित कर दिया । पुलिस ने नाकाबंदी करके सुखजिन्द्र सिंह को काबू कर लिया । उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा 3 कारतूस बरामद हुए हैं ।

महिला की हत्या : तपामंडी से गर्ग के अनुसार कल रात यहां 9 बजे के लगभग 3-4 मिलिटैंटों ने पाल कौर नामक एक महिला की

(शेष पृष्ठ 6 पर)



Punjab Sarkari

पांच सीमावर्ती राज्यों....

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्योंकि उनमें लेफ्ट हैंड ड्राइव प्रणाली होती है।

विपक्षी सदस्यों ने कांग्रेस (इ) की सत्याबहिन के इस प्रस्ताव पर खासी टीका टिप्पणी तथा शोरगुल किया कि मारुति कम्पनी की शुरूआत करने वाले संजय गांधी का मारुति फैक्टरी में एक चित्र भी नहीं है। श्री थुंगन ने कहा कि मारुति फैक्टरी में संजय गांधी की प्रतिमा लगाए जाने के बारे में सरकार बातचीत कर रही है।

इन्सैट-2 ए का प्रक्षेपण अगले वर्ष : इन्सैट शृंखला की दूसरी पीढ़ी का अत्याधुनिक और अति संवेदनशील उपग्रह इन्सैट-दो ए अगले वर्ष के प्रारम्भ में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री की ओर से कार्मिक और पैंशनमंत्री मारग्रेट अल्वा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पूरी तरह से देश में विकसित इन्सैट-दो शृंखला में कुल पांच उपग्रह होंगे, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता इन्सैट-एक शृंखला के उपग्रहों से डेढ़ गुणा ज्यादा होगी। इस वर्ष सुदूर संवेदन उपग्रह आई.आर.एस.-1 बी प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

दूरदर्शन के समाचार वाचक : सूचना और प्रसारण उपमंत्री गिरिजा व्यास ने बताया कि दूरदर्शन में अंग्रेजी में 25 तथा हिन्दी में 29 समाचार वाचकों का पैनल है और इनमें से किसी भी समाचार वाचक को पैनल से हटाया नहीं गया है।

अखबारी कागज़ : कुमारी व्यास ने एक अन्य लिखित उत्तर में बताया कि सरकार का अखबारी कागज़ पर राहत देने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन सामान्य अखबारी कागज़ पर से आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

पैप्सी के उत्पादन पर रोक नहीं : सरकार का पैप्सी के उत्पादन पर रोक लगाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह अवश्य सुनिश्चित किया जाएगा कि पैप्सी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करे।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां मार कर हत्या कर दी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने पाल कौर के मकान का दरवाजा खटखटाया। पाल कौर द्वारा दरवाजा खोलने पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे पाल कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पाल कौर का पति जग्गा सिंह कुछ वर्ष पहले एक झगड़े में मारा गया था।

घायल ने दम तोड़ा : रोपड़ जिला के बलेर गांव में मिलिटैंटों ने पवन कुमार नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया। पवन कुमार ने बाद में पी.जी.आई. में दम तोड़ दिया।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (नि.स.): जिला पुलिस ने 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम गुरचरण सिंह, बल सिंह तथा रामपाल उर्फ पाली हैं।

एक की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के जंडियाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत मखेरविडी गांव में मिलिटैंटों ने लक्खा सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी।

4 साइकिल सवारों की हत्या : आज रात्रि जिला अमृतसर के गांव इब्बन कलां के निकट मिलिटैंटों ने 4 साइकिल सवारों की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 अन्य की हत्या : आज रात्रि जिला अमृतसर के गांव फतेहपुर में मिलिटैंटों ने जसपाल सिंह की हत्या कर दी। बासरके गिल गांव में एक अन्य व्यक्ति की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

बंद विफल रहा : मिलिटैंटों द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय पंजाब बंद आज पहले दिन बेअसर रहा। रोपड़ तथा अमृतसर जिलों और गुरदासपुर जिला के कुछ भागों में बंद से जनजीवन अवश्य प्रभावित हुआ।

पीलीभीत में मारे गए 10 लोगों में से 8 मिलिटैंट थे : भाजपा

नई दिल्ली, 25 जुलाई (पस) : भाजपा के तथ्यान्वेषी दल का, जो पीलीभीत गया था, निष्कर्ष है कि वहां पुलिस के साथ मुठभेड़ों में मारे गए 10 व्यक्तियों में से 8 निश्चित रूप से मिलिटैंट थे। चार सदस्यीय दल के नेता श्री मदन लाल खुराना ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि जो दो अन्य व्यक्ति मारे गए थे, उनकी भी मिलिटैंटों से मिलीभगत थी।

जांच दल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में मिलिटैंटों की गतिविधियां दस वर्षों से जारी हैं लेकिन किसी भी सरकार ने उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की। पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 15 मुठभेड़ें हो चुकी हैं लेकिन किसी सरकार ने उनकी जांच का आदेश नहीं दिया। श्री खुराना ने कहा कि अन्य पार्टियां इस मामले पर हाय-तौबा मचा रही हैं क्योंकि वे भाजपा सरकार को, जो हाल ही में यू.पी. में सत्तारूढ़ हुई है, बदनाम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री और कांग्रेस (इ) सांसद श्री बूटा सिंह ने, जिन्होंने यह मामला उठाया है, दिल्ली में 1984 के दंगों के मामले में कुछ नहीं हालांकि उस समय वह गृहमंत्री थे। श्री खुराना ने जानना चाहा कि अल्पसंख्यक आयोग सिर्फ पीलीभीत ही क्यों गया। वह जम्मू क्यों नहीं गया जहां कश्मीर घाटी के शरणार्थी आए हुए हैं।

आरिफ और नेहरू राजनीति से कुछ समय के लिए अवकाश पर

नई दिल्ली, 25 जुलाई (क.): बताया जाता है कि जनमोर्चा नेता श्री आरिफ मोहम्मद खान अब कुछ समय के लिए राजनीतिक भागदौड़ से दूर रहने जा रहे हैं। वह 'भारत में धर्म-निरपेक्षता' विषय पर अपना शोधकार्य पूरा करके डाक्टरेट की डिग्री लेने के इच्छुक हैं। समझा जाता है कि वह एक वर्ष तक ऑक्सफोर्ड में रहेंगे।

उनके मित्र श्री अरुण नेहरू भी आजकल शहर में हैं लेकिन वह राजनीतिक मित्रों से मेल-मुलाकात नहीं कर रहे हैं। इन दोनों मित्रों के जल्दी ही भारतीय राजनीति के मैदान में पुनः उतरने की कोई सम्भावना नहीं दिखाई देती है।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिसका समन्वयक एक कश्मीरी भाषी युवक यासीन भट है।

इस गिरोह को कश्मीर घाटी में विभिन्न

राजीव गांधी हत्याकांड के ... की ज़मानत पर निर्णय

मद्रास, 25 जुलाई (वार्ता): केंद्रीय जांच ब्यूरो ने आज अदालत में कहा कि राजीव गांधी हत्याकांड के सिलसिले में गिरफ्तार पेरारीवलन ने इस हत्याकांड में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

पेरारीवलन तथा शुभा सुन्दरम् की ज़मानत की अपील का विरोध करते हुए सी.बी.आई. के वकील जैकब डेनियल ने कहा कि इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि पेरारीवलन लिट्टे के प्रमुख नेताओं से मिलने कई बार जाफना गया। श्री डेनियल ने कहा कि उसने इलैक्ट्रानिक इंजीनियरी में डिप्लोमा किया है और राजीव गांधी की हत्या का षड्यंत्र रचने वालों ने उसकी इस योग्यता का इस्तेमाल किया। पेरारीवलन कई बार जाफना गया।

उन्होंने इस बारे में विस्तृत ब्यौरा भी दिया कि इन दोनों को ज़मानत पर क्यों नहीं छोड़ा जाना चाहिए। न्यायाधीश एस.एम. सिद्दीकी ने पक्ष तथा विपक्ष के तर्क सुनने के बाद कहा कि वह अपना निर्णय 29 जुलाई को देंगे।

श्री डेनियल ने कहा कि शुभा सुन्दरम के मद्रास स्थित फोटो स्टुडियो में लिट्टे के उग्रवादी बैठक किया करते थे और हत्याकांड का संदिग्ध मुख्य अभियुक्त शिवरासन भी कई बार वहां आया।

उन्होंने कहा कि हत्याकांड की खबर मिलने के बाद इस घटना में मारे गए फोटोग्राफर हरि बाबू का कैमरा हासिल करने की सुन्दरम की कोशिशों तथा अन्य गतिविधियों से यह स्पष्ट है कि वह भी षड्यंत्र में शामिल था।

सी.बी.आई. के वकील ने कहा कि पेरारीवलन ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह सिद्धांततः लिट्टे का समर्थक है।

श्री डेनियल ने कहा कि इस बात के साक्ष्य हैं कि पेरारीवलन ने वायरलैस उपकरण में इस्तेमाल की जाने वाली एक बैटरी खरीद कर शिवरासन को दी थी। यह बैटरी और कुछ अन्य उपकरण लिट्टे के एक अन्य उग्रवादी विजयन के घर की रसोई में बने चार फुट गहरे गड्ढे से बरामद किए गए थे। विजयन पुलिस की हिरासत में है।

श्री डेनियल ने कहा कि पेरारीवलन कुछ समय पद्मा और भाग्यनाथन (अभियुक्त एक और दो) के घर पर रहा और 22 मई को फरार हो गया। वह लिट्टे के समर्थन में पर्चे, पैम्फलेट आदि प्रकाशित करने का काम भी करता था। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने विजयन के घर से इन दस्तावेज़ों के साथ कुछ खाली कारतूस भी बरामद किए थे।

पेरारीवलन को पुलिस हिरासत में रखने के कारण सी.बी.आई. को बहुत सारे सुराग और अन्य वस्तुएं मिलीं, जिनमें शिवरासन की नकली आंख भी

जांच अ... जांच ब्यूरो के... षण्मुगम की मृ... यहां नई दिल्ली...

षण्मुगम नहीं : बताय... तस्कर था, जि... था। 10 क... इस तस्कर क... भी दर्ज नहीं... ही उसके वि... जाता है कि... सुरक्षा मिली...

गिरफ... नई दिल्ली... के मामले में... सुरक्षा के लि... पुलिस बल... ने यह निर्ण... एन. षण्मु... शव तमि... निकट रह... पाया गया...

षण्म... इलम (वि... सम्भावन... शिवरास... सकता...

उन... आचर... षण्मुग... वर्मा...

स... जायन... लेक... चाह... जांच... ने क... हत्य... की... लेक... त... की...

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

नासिक कुम्भ रामेश्वर कन्याकुमारी द्वारिकापुरी 25 तीर्थ डीलक्स बस द्वारा, डा. रूप कुमार, कुरुक्षेत्र यज्ञ मंदिर, कुरुक्षेत्र, फोन : 1048.

(Krishan Dhamija/191)

बिकाऊ

एक आयल मिल 3 मशीनों 100 हार्स पावर सहित बिकाऊ है। फोन : 708-2693, मुक्तसर।

(Sadosh Ad/15W)

Punjabi Samatani

आपत्ति की और कहा कि सदस्य कोई केले और आलू नहीं है, जिनकी गिनती दर्जनों में की जाए । पीठासीन सभापति ने इसके बाद अपने कथन में सुधार करते हुए दो दर्जन के बजाय चौबीस कहा ।

राज्यसभा में कांग्रेस (इ), द्रमुक तथा अन्नाद्रमुक के सदस्य प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मांग को लेकर सभापति के आसन के सामने पहुंच गए। दो सदस्य तो फर्श पर बैठ गए। अपनी सीटों पर वापस जाने की उपसभापति नजमा हैपतुल्ला के अनुरोधों का उन पर

नहीं हुए और सदन से वाकआऊट कर गए। इस मामले को लेकर सदन में हो रहे शोरगुल के बीच लोकदल के राम अवधेश सिंह ने अगली पंक्ति में आकर खनिज पदार्थों की रायल्टी के मामले में बिहार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सकती है । श्री के. विजय भास्कर रेड्डी ने सार्वजनिक और सहकारी क्षेत्रों को एकाधिकार एवं प्रतिबंधित व्यापार व्यवहार अधिनियम (एम. आर. टी.पी.) के दायरे में लाए जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया । उन्होंने कहा कि सरकार के

सरहिन्द-रोपड़ रेलवे लाईन की 1.5 मीटर लम्बी पटरी बम विस्फोट से ध्वस्त : पुलिस लाईन पर राकेटों से हमला

चंडीगढ़, 26 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 1.5 मीटर लम्बी रेल पटरी बम विस्फोट से ध्वस्त कर दी गई तथा पुलिस लाईन पर राकेटों से हमला भी किया गया । इसके अलावा माकपा कार्यकर्त्ता सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि अन्यत्र 8 मिलिटैंट भी मारे गए । दूसरी तरफ 3 मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण किया, 2 लुटेरे काबू किए गए तथा एक प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

रेलवे लाईन ध्वस्त, पुलिस लाईन पर हमला : मिलिटैंटों ने एक जबरदस्त बम विस्फोट करके सरहिन्द-रोपड़ रेलवे लाईन की 1.5 मीटर लम्बी रेल पटरी को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा मिलिटैंटों ने रोपड़ पुलिस लाईन पर राकेटों से हमले किए और सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाब में गोलियां चलाने पर मिलिटैंट भाग गए। इस जवाबी कार्रवाई में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस लाईन पर मिलिटैंटों ने दो राकेट दागे,पर लक्ष्य तक पहुचने के पहले ही उनका विस्फोट हो गया। अनधिकृत जानकारी के अनुसार मिलिटैंटों ने छह राकेट पुलिस लाईन पर दागे।

2 अन्य की हत्या : मिलिटैंटों ने एक अन्य वारदात में फरीदकोट जिले के लथेके गांव में हरचरन सिंह की और मजीठा जिले के माखन बिद्रे गांव में लक्खन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है।

सेल्समैन की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात ही भटिंडा जिले के बाजेवाल ग्राम में एक शराब की दुकान पर धावा बोला और अजय पाल नामक सेल्समैन को मार डाला। गोली लगने से एक और सेल्समैन घायल भी हो गया। इसी जिले के तलाली गांव में एक महिला गुरबचन कौर को गोली मार कर घायल कर दिया गया।

माकपा कार्यकर्त्ता की हत्या : एक और वारदात कल रात लुधियाना जिले के भूरे कला ग्राम में हुई,जिसमें मिलिटैंटों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता महेन्द्र सिंह के घर में घुस कर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़) गत रात्रि थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव मदरा के निकट पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ हुए एक मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए। एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार मृतक मिलिटैंटों की पहचान कुलवंत सिंह उर्फ छिंदी उर्फ घोड़ी तथा सिकंदर सिंह के रूप में हुई है। दोनों ही गांव मदरा के निवासी थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीनें, 2 एच.ई. 36 हथगोले मिले हैं। मृतक

शव मिला : थाना सदर के एक गांव हसनपुरा के निकट से पुलिस को वृक्ष के साथ लटकता हुआ एक शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी। उसकी हत्या के कारणों का भी पता नहीं चला है।

बम विस्फोट में 3 मिलिटैंट मारे गए : मंगरूर (गर्ग) व धूरी (मिगला): आज लड़के 4 बजे के करीब यहां से कुछ मील दूर शेरपुर कस्बे में मिलिटैंटों के छिपने वाले स्थान पर एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने से 3 मिलिटैंट मारे गए। मृतकों में

पंजाब में माकपा कार्यकर्त्ता सहित 8 की हत्या : अन्यत्र 8 मिलिटैंट भी मारे गए : 3 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण, 2 लुटेरे काबू, एक प्रत्याशी गिरफ्तार।

मिलिटैंट पुलिस को 16-17 हत्याओं व मिलिटैंसी की अन्य वारदातों में वांछित थे।

में 2 की शिनाख्त गुरमीत सिंह व कुलविन्दर सिंह के रूप में हुई है। गुरमीत सिंह गुरुद्वारा नानकसर के एक



यह चित्र उन चार मिलिटैंटों का है जिन्होंने भटिंडा में पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट के सम्मुख राष्ट्र की मुख्य धारा में फिर से शामिल होने का प्रण किया (छाया : वासुदेव कालड़ा)

नन्ही जोगा सिंह का बेटा है। उसकी पत्नी भी इस विस्फोट में घायल हो गई। उसके अलावा एक अन्य महिला भी इस दौरान घायल हुई।

इस बम विस्फोट के कारण मकान के तीन कमरों की छत ढह गई तथा कम से कम 2 मिलिटैंट उनके नीचे दब कर मर गए। आज दोपहर तक 3 शव मलबे में से निकाले जा चुके थे। पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक एस.एल.आर., 315 बोर की एक राइफल, 9 एम.एम. का एक पिस्तौल, ए.के. 47 राइफल की 2 मैगजीनें व एस.एल.आर. की एक मैगजीन मिली है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट तब हुआ,जब वहां बम का निर्माण किया जा रहा था। इस बम के निर्माण के बाद मिलिटैंटों ने इससे सम्भवत: पुलिस अधिकारियों को ही अपना निशाना बनाना था।

एक व्यक्ति की हत्या : गोराया (सीहरा) गत रात्रि 12 बजे के लगभग कुछ मिलिटैंटों ने एक निकटवर्ती रुड़का खुर्द में जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। बताया जाता है कि 4 मिलिटैंटों ने गत रात्रि उसे सोए हुए को उठा कर उसके मकान से दूर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। यह भी कहा जाता है कि मिलिटैंट उसे चेतावनी दिया करते थे कि वह शराब पीकर अनैतिक कार्य न किया करे। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 2 चले हुए कारतूस मिले हैं।

'न.न.ए.' के अनुसार थाना गोराया की पुलिस ने इस सम्बन्ध में कैस दर्ज करके कातिल मिलिटैंटों की तलाश आरम्भ कर दी है।

2 लुटेरे काबू : (महिन्द्रा, धीमान) : नगर पुलिस ने 2 लाख रुपए बटोरने वाले दो लुटेरे रंगे हाथों पकड़े हैं। पुलिस अधीक्षक (नगर) आर.पी. मित्तल ने बताया कि इन लुटेरों को पुलिस ने सफेद कपड़ों में निश्चित स्थान पर छापा मार कर काबू किया। इनकी पहचान अवतार सिंह उर्फ तारी (चौक बाबा थान सिंह लुधियाना) व जसविन्द्र सिंह लवली के रूप में हुई। श्री मित्तल ने बताया कि इन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...में अतिशीघ्र मेरे समर्थक सदस्यों की संख्या 51 से 60 हो जाएगी : भजन लाल

पृष्ठभूमि को सामने रख कर मेरी सरकार ने फैसला किया है कि अगले वर्ष से कुरुक्षेत्र नगर पालिका के क्षेत्र में शराब और मीट की कोई दुकान या ठेका नहीं खोला जाएगा । 'प्रैस से मिलिए' कार्यक्रम लगभग डेढ़ घंटे तक जारी रहा और इसमें श्री भजन लाल ने हरेक प्रश्न का उत्तर विवरणों, तथ्यों व दलील सहित दिया।

फैसला करना चाहिए । उन्होंने कहा कि मैं खुद, श्री. देवी लाल, श्री. बंसी लाल इस तरह की पैंशन लेने के अधिकारी नहीं हैं । यह पैंशन तो पात्र लोगों को ही मिलनी चाहिए । इस बारे में उपसमिति बना दी गई है जो अंतिम निर्णय लेगी ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चाहे हरियाणा की आर्थिक हालत इस समय ठीक नहीं है लेकिन फिर भी हम चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कोई

हाईकोर्ट हो ।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि चार दिन पहले डबवाली पुलिस स्टेशन में अभय सिंह चौटाला के खिलाफ उसकी पत्नी सप्रिया की मौत के सम्बन्ध में धारा 302 के तहत केस दर्ज किया गया है । याद रहे कि श्रीमती सप्रिया की नवम्बर 1988 में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी ।

अपनी सरकार की एक महीने की कारगुज़ारी पर प्रकाश डालते हुए श्री. भजन लाल ने कहा कि इस अवधि में बिजली का रिकार्ड तोड़ उत्पादन हुआ और किसानों को अधिकतम बिजली आपूर्ति की गई । आज हरियाणा में बिजली की कोई समस्या नहीं और न ही किसी क्षेत्र में कोई कटौती लगी है । आज से औद्योगिक क्षेत्र में लगी हुई कटौती भी समाप्त कर दी गई है ।

Punjab Samachar

था कि केवल उन
जाए,जो हरियाणा

निर्माण की चर्चा
के मैंने इस बारे में
ाव को पत्र लिखा
मंत्री से मिले हैं ।
वर्षों से चल रहा है
का । हमारी इच्छा
सड़क संगठन को
पंजाब हमारा बड़ा
को उसका हिस्सा
ल रिफाइनरी की
ने कहा कि भारत
है कि इस बारे में
जाएगा । उन्होंने
वैध कब्जे समाप्त
रहा है । अगले वर्ष
गांवों में भी पेयजल
र 6 माह के अंदर
ाएगी ।

ं उन्होंने कहा कि
सभा के अध्यक्ष श्री
र 16 सदस्यीय
क दल के नेता प्रो.
का दर्जा दिया है ।
ने कहा कि चंडीगढ़
फ आर्किटैक्ट श्री
बाद उन्हें एक वर्ष
यू.टी. प्रशासन कोई
हम श्री मेहता की
ा कि भारत सरकार
ने की मंजूरी दे दी

के इस समारोह में
ा श्री सुरेन्द्र कुमार
ओझा, लोक सम्पर्क
देशक लोक सम्पर्क
ढ़ क्षेत्रीय इंका प्रधान
ए ।



न लाल चंडीगढ़ पैस
बोधित करते हुए ।
(छाया : पुरी)

पर खाद

निर्देश

प्र.): पंजाब सरकार ने
म्बद्ध विभागों को यह
एं हैं कि राज्य के सभी
क बजट-पर्व रेलों पर
के पंजाब श्री आर.सी.
शों का उल्लेखन करने
ड़ी कार्रवाई की

वसर

ी कारोबार घर पर
रुपए लगाकर, दो
सुविधा । मुनाफा
र्टिड इन्वैस्टमैंट ।
वाले यह काम पार्ट

ts के सेल्स एजैंट
Accessories

rial Group
(First Floor)
ear Aroma)
ARH.

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दोनों लुटेरों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है तथा पुलिस को बताया है कि उनका पांच सदस्यीय गिरोह है, जो लूटमार करता है। उनका नेता लुधियाना के एक प्रोफैसर का बेटा है तथा दो अन्य खन्ना के निवासी हैं। पुलिस इन तीनों को गिरफ्तार करने की कोशिश में है। उनके कब्जे में 9 एम.एम. का एक पिस्तौल भी बरामद किया गया है।

इन दोनों ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के लैटरहैड पर एक नागरिक से 2 लाख रुपया मांगा था।

मिलिटैंट की शिनाख्त : बाघापुराना (जालं) : जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह ने बताया है कि विगत दिवस थाना सादिक के अन्तर्गत मुठभेड़ में मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त हरभै सिंह उर्फ धीरा गांव काहन सिंह वाला के रूप में हुई है। वह दुर्दांत मिलिटैंट दीप सिंह दीपा के गिरोह का सक्रिय सदस्य था। उसने 50 के करीब हत्याएं व अन्य कई लूटपाट की वारदातें की थी, जिनमें 20 पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हत्याएं भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गांव काहन सिंह वाला के सरपंच जमवंत सिंह को भी इसी मिलिटैंट ने मारा था।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : होशियारपुर (वि.प्र.) : गत रात्रि लगभग पौने 12 बजे थाना माहिलपुर के अधीन ग्राम मक्खनगढ़ के चौ के पास गढ़शंकर व माहिलपुर पुलिस स्टेशनों के कुछ अधिकारियों पर तीन मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया। पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार मारे गए मिलिटैंट की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने घटनास्थल से 12 बोर का एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

4200 रुपए व जेवर छीने : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने थाना माहिलपुर के अधीन लालपुर ग्राम के छुट्टी पर आए एक सैनिक प्यारा सिंह के घर जबरदस्ती घुस कर 4200 रुपए व सोने के कुछ जेवर लूट लिए तथा फरार हो गए।

उम्मीदवार गिरफ्तार : पुलिस ने माहिलपुर (सु.) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार हरजिन्द्र सिंह खालसा को एक डाक्टर को इग्नान-धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

प्रत्याशी जमानत पर रिहा : पटियाला (भूषण) : नाभा जेल की निर्दिष्ट अदालत के विशेष जज एस.के. चोपड़ा ने डेकाला विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी गुरचरण सिंह को जमानत पर रिहा कर दिया है। उसे दुर्दांत मिलिटैंटों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे 10 हजार रुपए की जमानत पर रिहा किया गया है।

3 मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि खेमकरण के एस.एच.ओ. ने मस्तगढ़ में नाकाबंदी के दौरान 3 मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने को कहा, परन्तु उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तथा बाद में इन तीनों मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया। इनकी पहचान सुखदेव सिंह उर्फ दीपा पुत्र अजायब सिंह, जसविंदर सिंह पुत्र लाल सिंह व हरजिन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह के रूप में हुई है। उनके कब्जे से 12 बोर की एक राइफल, 2 पिस्तौल व गोली-सिक्का बरामद हुआ है।

पिस्तौल छीन कर फरार : गत रात्रि मजीठा थाना के अधीन सोइयां गांव में स्वर्ण सिंह पुत्र चनन सिंह के घर में घुस कर कुछ मिलिटैंटों ने उसका 38 बोर का रिवाल्वर छीन लिया तथा फरार हो गए।

बरखा
एण्ड पार्टी
रंगारंग संगीत कार्यक्रमों,
मेंहदी की रात व गजलों
के लिए अब
अम्बाला में भी
बुकिंग करा सकते हैं ।
मिलें—हर शनिवार : होटल सनवीर,
116 स्टाफ रोड, अम्बाला कैंट फोन : 25152
दिल्ली फोन : 7124873

अपहृत चार सवार छुड़ाए, 5 गिरफ्तार

मरे : (अशोक सोनी): पुलिस जिला मजीठा ने आज यहां गांव ओछर में मिलिटैंटों के साथ हुए एक कड़े संघर्ष के बाद स्थाना गांव में से 24 जुलाई को अपहृत किए गए दो कार सवारों राज कुमार व जोगिंदर सिंह को छुड़वा लिया, जबकि इस मुकाबले में 2 मिलिटैंट भी मारे गए । उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि 24 जुलाई को कुछ मिलिटैंटों ने एक मारुति कार में सवार अमृतसर के दो व्यक्तियों राज कुमार व डा. जोगिंदर सिंह का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया था तथा इनके परिवारजनों ने इस संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी जबकि मिलिटैंटों ने उनसे फिरौती की मांग की हुई थी ।

इस दौरान पुलिस को आज सूचना मिली कि कुछ मिलिटैंट गांव कोटली, ओछर व चाविडा के बाहर बने फार्म हाऊसों में छिपे हुए हैं । इसी आधार पर जब गांव ओछर में बने एक फार्म हाऊस पर पुलिस ने छापा मारा तो वहां छिपे मिलिटैंटों ने पुलिस को देख कर फायरिंग शुरू कर दी, जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग से मिलिटैंट फार्म हाऊस से निकल भागे और निकट स्थित चरी के खेतों में छिप कर सुरक्षा बलों पर पुनः फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी पुनः जबाबी फायरिंग की तथा मुकाबला खत्म होने पर घटनास्थल की छानबीन के बाद खेतों में से 2 मिलिटैंटों की लाशें मिलीं, जिनकी शिनाख्त तरसेम सिंह उर्फ कालू निवासी गांव चीमा खुर्द व अरविंदर सिंह उर्फ बघेल सिंह निवासी गांव कोहाला के रूप में हुई । यह दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ गुट) के साथ संबंधित थे ।

पुलिस ने बताया कि इसी गांव ओछर में मिलिटैंटों द्वारा अपहृत दोनों व्यक्ति राज कुमार व डा. जोगिंदर सिंह भी सकुशल मिल गए हैं । घटनास्थल से पुलिस को एक ए.के. 47 राइफल, इसकी 3 मैगजीनें, .30 बोर का एक विदेशी रिवाल्वर व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का मिला ।

नारंग के अनुसार उक्त मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं, लूटपाट, फिरौतियां लेने की घटनाओं में वांछित थे ।

कम्पाऊंडर का शव मिला : अमृतसर कत्थूनंगल के गांव बेगोवाल निवासी बलराज सिंह, जो कि पशुओं के अस्पताल में कम्पाऊंडर था, का शव सांगड़े गांव के निकट से मिल गया है । वह कल उक्त गांव में किसी कामकाज से गया था, लेकिन घर नहीं लौटा था ।

जलता हुआ शव मिला : कत्थूनंगल थाने के गांव अबदाला में शिंगारा सिंह नामक एक व्यक्ति जब पशुओं को चरा रहा था तो उसने निकटवर्ती ड्रेन पर एक अज्ञात नवयुवक का शव जलते हुए देखा । युवक के हाथ पीछे बंधे हुए थे ।



वफादार गार्ड : चंडीगढ़ सचिवालय में कार्यरत एक कर्मचारी का पालतू कुत्ता उसके साथ घर से दफ्तर के प्रवेश द्वार तक आता है तथा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक द्वार पर बैठ कर मालिक का इंतजार करने के बाद शाम को उसके स्कूटर के साथ भाग कर घर तक जाता है । चित्र में कुत्ता सचिवालय के प्रवेश द्वार पर मालिक की प्रतीक्षा में । (छाया : पुरी)

कावेरी जल-विवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

के साथ हो रहे भेदभाव पर विरोध व्यक्त किया और उन्होंने इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। जनता दल के चिमनभाई मेहता ने कहा कि गुजरात को दी जाने वाली तेल रायल्टी में बृद्धि पर भी चर्चा करानी चाहिए।

समाजवादी जनता पार्टी के यशवंत सिन्हा तथा मार्क्सवादी दीपेन घोष ने भी कावेरी जल विवाद पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मांग का समर्थन किया। इस मामले को सदन में उठाए जाने पर भी कुछ सदस्यों ने



भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों द्वारा शुक्रवार को नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आयोजित धरने का एक दृश्य । गैस-त्रासदी के पीड़ितों ने मांग की है कि इस कांड की जांच के लिए एक राष्ट्रीय आयोग गठित किया जाए तथा त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को अंतरिम सहायता प्रदान की जाए । (छाया : पै. ट्र.)

लालू आज निर्णय लेंगे

नई दिल्ली, 26 जुलाई (वार्ता): बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आज यहां कहा कि वह आगामी 29 जुलाई से प्रधानमंत्री के कार्यालय के समक्ष अनशन शुरू करने के बारे में अंतिम निर्णय कल लेंगे ।

रेल बजट पास

नई दिल्ली, 26 जुलाई (प.स.) : राज्यसभा द्वारा आज स्वीकृति के बाद रेल बजट लोकसभा को लौटा दिए जाने के साथ रेल बजट को संसद की स्वीकृति मिल गई । लोकसभा इसे पहले ही पास कर चुकी है ।

चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के सदस्यों ने यात्री सुविधाएं बढ़ाने का अनुरोध किया और रेलों का विस्तार करने की मांग की । विपक्षी सदस्यों ने दूसरे दर्जे के यात्री किराए बढ़ाने की आलोचना की ।

पंजाब कामिलिटैंट श्रीगंगानगर में गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, 26 जुलाई (प.स.): पंजाब का एक मिलिटैंट, जो कई हत्याओं और डकैतियों में पुलिस को वांछित था, राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है । अवतार सिंह उर्फ मनजीत सिंह उर्फ लड्डू को, जो बब्बर खालसा (हरभजन सिंह ग्रुप) का स्वयंभू एरिया कमांडर बताया जाता है, को कल गिरफ्तार किया गया । पूछताछ के दौरान उसने संगरूर जिले में तीन विधानसभा उम्मीदवारों तथा कई अन्य लोगों की हत्याओं और एक बैंक डकैती समेत दो डकैतियों में अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की है ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

नसीरूल इस्लाम ने हिज्बुल मुजाहिदीन से नाता तोड़ लिया था और अपना अलग गुट हिज्बुल मुजाहिदीन (इस्लाम की फौजी बाजो) बना लिया था, जबकि मुख्य हिज्बुल गुट स्वयं को जमायते इस्लामी का फौजी बाजो कहता है।

इस बीच हजरतबल में दो अलगाववादी संगठनों के मध्य हुई मुठभेड़ में दो नागरिकों के मारे जाने की कुछ अलगाववादी संगठनों ने जांच शुरू कर दी है। अल उमर के प्रमुख मुश्ताक जरगार ने घोषणा की है कि इस घटना के लिए दोषी व्यक्तियों से हथियार वापस ले लिए गए हैं और उनको लोगों के सामने पेश किया जाएगा। हजरतबल की घटना की विभिन्न अलगाववादी संगठनों ने कड़ी निंदा की है।

दरई स्वामी को पाकिस्तान ले जाया गया ? नई दिल्ली (बजाज): यहां ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि भारतीय तेल निगम के अधिकारी श्री दरई स्वामी को, जिनका कश्मीर में अलगाववादियों ने अपहरण कर लिया था, सम्भवतः पाकिस्तान ले जाया गया है। इस मामले में भारतीय गुप्तचर तंत्र बिल्कुल असफल रहा है और अब श्री दरई स्वामी की रिहाई भाग्य के भरोसे रह गई है ।

सिंघल

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सिंघल ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने परिषद को संकेत दिया है कि वह अयोध्या विवाद पर 'टकराव' का रुख नहीं अपनाएगी । उन्होंने कहा कि वह सरकार के इस 'निर्णय' का स्वागत करते हैं । उन्होंने वामपंथी दलों पर पिछले कई वर्षों में

फैमिली पैंशन के लिए आधी सदी तक इंतजार

मद्रास, 26 जुलाई (वार्ता): एक पुलिस इंस्पैक्टर की विधवा को फैमिली पैंशन पाने के लिए आधी सदी तक इंतजार करना पड़ा। तमिलनाडु के कुम्भकोणम के पुलिस इंस्पैक्टर टी.आर. विजयराघवचारी का निधन 30 सितम्बर, 1941 को हुआ। उनकी पत्नी श्रीमती कल्याणी को फैमिली पैंशन नहीं मिली क्योंकि तब यह योजना थी ही नहीं। 1989 में फैमिली पैंशन योजना लागू हुई। तब भी उन्हें फैमिली पैंशन नहीं मिली। 22 वर्ष बाद श्रीमती कल्याणी का भाग्य जागा। तमिलनाडु की नई सरकार ने प्रशासन संभालने के 15 दिन के भीतर उसे फैमिली पैंशन देने की घोषणा की। श्रीमती कल्याणी को 482 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से करीब 37,120 रुपए पैंशन के रूप में मिलेंगे।

बैंकों द्वारा 7434 करोड़ रुपए के ऋण माफ किए गए

नई दिल्ली, 26 जुलाई (वार्ता): कृषि तथा ग्रामीण ऋण राहत योजना के तहत सरकारी, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने गत एक जुलाई तक 297.56 लाख व्यक्तियों के कुल 7434 करोड़ रुपए के ऋण माफ किए हैं ।

वित्त राज्यमंत्री दलबीर सिंह ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि उक्त बैंकों के अलावा किसी अन्य बैंक से लिए गए ऋण को माफ करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । उन्होंने कहा कि 1990 में शुरू की गई इस योजना के तहत सरकारी बैंकों ने 93.7 लाख, सहकारी बैंकों ने 164.59 लाख तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 37.21 लाख व्यक्तियों के ऋण माफ किए हैं ।

पुनः सीमांकन : विधि और न्याय मंत्री पी.आर. कुमारमंगलम ने बताया कि सरकार के पास लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों का पुनः सीमांकन करने का प्रस्ताव है । उन्होंने बताया कि 1981 की जनगणना के आधार पर संसदीय क्षेत्रों के फिर से निर्धारण के लिए गत वर्ष 30 मई को राज्यसभा में एक संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया था । इसके लिए कोई समय सीमा नहीं बताई गई है लेकिन पुनः सीमांकन के बाद भी सदस्यों की संख्या तथा राज्यों में कुल सीटें पहले जितनी ही रहेंगी ।

पंजाब : श्री कुमारमंगलम ने एक अन्य प्रश्नकर्त्ता को बताया कि पंजाब में चुनाव टाले जाने तक सरकारी तौर पर लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए उस पर खर्च हो चुके थे । इसमें प्रत्याशियों द्वारा किया गया खर्च शामिल नहीं है ।

अकाली 'दोनों' के रिश्तेदारों को सरोपे भेंट करते हैं

लुधियाना, 26 जुलाई (धीमान): पंजाब कांग्रेस (इ) प्रधान श्री बेअंत सिंह ने आज एक इंटरव्यू में अकालियों पर आरोप लगाया कि वे पंजाब समस्या को और उलझा रहे हैं । यह अकाली नेता बहुत कायर हो चुके हैं । उनमें सत्य बोलने का साहस नहीं है । वे केवल मिलिटैंटों को प्रसन्न करने वाली ही बातें कहते हैं । हैरानी है कि वे मरने वालों व मारने वाले मिलिटैंट दोनों के भोगों के रस्म समारोहों में उनके रिश्तेदारों को सरोपे भेंट करते हैं । उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव कराने से पंजाब समस्या हल न होगी बल्कि वह अधिक उलझ जाएगी ।

श्री बेअंत सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है

सीफाइड विज्ञापन

Punjab Sahitani

एगा और 6 माह के अंदर
कर दी जाएगी ।

उत्तर में उन्होंने कहा कि
विधानसभा के अध्यक्ष श्री
रिश पर 16 सदस्यीय
विधायक दल के नेता प्रो.
के नेता का दर्जा दिया है ।
में उन्होंने कहा कि चंडीगढ़
ही चीफ आर्किटैक्ट श्री
वृत्ति के बाद उन्हें एक वर्ष
जैसे ही यू.टी. प्रशासन कोई
न लेगा हम श्री मेहता की
बताया कि भारत सरकार
द्र खोलने की मंजूरी दे दी

र्यक्रम के इस समारोह में
र्क मंत्री श्री सुरेन्द्र कुमार
ी.एस. ओझा, लोक सम्पर्क
तथा निदेशक लोक सम्पर्क
चंडीगढ़ क्षेत्रीय इंका प्रधान
ल हुए ।



भजन लाल चंडीगढ़ प्रैस
को संबोधित करते हुए ।
(छाया : पुरी)

टों पर बाद
निर्देश

(वि.प्र.): पंजाब सरकार ने
से सम्बद्ध विभागों को यह
दिए हैं कि राज्य के सभी
स्टाक बजट-पूर्व रेटों पर
शक पंजाब श्री आर.सी.
निर्देशों का उल्लंघन करने
रुद्ध कड़ी कार्रवाई की

अवसर

निजी कारोबार घर पर
र रुपए लगाकर, दो
सुविधा । मुनाफा
ारंटिड इन्वैस्टमैंट ।
ो वाले यह काम पार्ट

rts के सेल्स एजैंट
er Accessories

rial Group
(First Floor)
Near Aroma)
GARH.

अन्य कई लूटपाट की वारदात की थी, जिनमें 20 पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हत्याएं भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गांव काहन सिंह वाला के सरपंच जसवंत सिंह को भी इसी मिलिटैंट ने मारा था।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : होशियारपुर (वि.प्र.) : गत रात्रि लगभग पौने 12 बजे थाना माहिलपुर के अधीन ग्राम मक्खनगढ़ के चौ के पास गढ़शंकर व माहिलपुर पुलिस स्टेशनों के कुछ अधिकारियों पर तीन मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया। पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार मारे गए मिलिटैंट की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने घटनास्थल से 12 बोर का एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

4200 रुपए व ज़ेवर छीने : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने थाना माहिलपुर के अधीन लालपुर ग्राम के छुट्टी पर आए एक सैनिक प्यारा सिंह के घर जबरदस्ती घुस कर 4200 रुपए व सोने के कुछ ज़ेवर लूट लिए तथा फरार हो गए।

उम्मीदवार गिरफ्तार : पुलिस ने माहिलपुर (सु.) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार हरजिन्द्र सिंह खालसा को एक डाक्टर को डराने-धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

प्रत्याशी ज़मानत पर रिहा : पटियाला (भूषण) : नाभा जेल की निर्दिष्ट अदालत के विशेष जज एस.के. चोपड़ा ने डंकाला विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी गुरचरण सिंह को ज़मानत पर रिहा कर दिया है। उसे दुर्दांत मिलिटैंटों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे 10 हज़ार रुपए की ज़मानत पर रिहा किया गया है।

3 मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि खेमकरण के एस.एच.ओ. ने मस्तगढ़ में नाकाबंदी के दौरान 3 मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने को कहा, परन्तु उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तथा बाद में इन तीनों मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया। इनकी पहचान सुखदेव सिंह उर्फ़ दीपी पुत्र अजायब सिंह, जसविंदर सिंह पुत्र लाल सिंह व हरजिन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह के रूप में हुई है। उनके कब्ज़े से 12 बोर की एक राइफल, 2 पिस्तौल व गोली-सिक्का बरामद हुआ है।

पिस्तौल छीन कर फरार : गत रात्रि मजीठा थाना के अधीन सोइया गांव में स्वर्ण सिंह पुत्र चनन सिंह के घर में घुस कर कुछ मिलिटैंटों ने उसका 38 बोर का रिवाल्वर छीन लिया तथा फरार हो गए।

बरखा
एण्ड पार्टी
रंगारंग संगीत कार्यक्रमों, मेंहदी की रात व गजलों के लिए अब
अम्बाला में भी बुकिंग करा सकते हैं ।
मिलें—हर शनिवार : होटल सनवीर, 116 स्टाफ रोड, अम्बाला कैंट फोन : 25152
दिल्ली फोन : 7124873





वफादार गार्ड : चंडीगढ़ सचिवालय में कार्यरत एक कर्मचारी का पालतू कुत्ता उसके साथ घर से दफ्तर के प्रवेश द्वार तक आता है तथा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक द्वार पर बैठ कर मालिक का इंतज़ार करने के बाद शाम को उसके स्कूटर के साथ भाग कर घर तक जाता है । चित्र में कुत्ता सचिवालय के प्रवेश द्वार पर मालिक की प्रतीक्षा में । (छाया : पुरी)

कावेरी जल-विवाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

के साथ हो रहे भेदभाव पर विरोध व्यक्त किया और उन्होंने इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। जनता दल के चिमनभाई मेहता ने कहा कि गुजरात को दी जाने वाली तेल रायल्टी में वृद्धि पर भी चर्चा करानी चाहिए।

समाजवादी जनता पार्टी के यशवंत सिन्हा तथा मार्क्सवादी दीपेन घोष ने भी कावेरी जल विवाद पर

नई दिल्ली
मुख्यमंत्री लाल
वह आगामी
के समक्ष अनध
कल लेंगे ।

रेल

नई दिल्ली
आज स्वीकृति
दिए जाने के स
मिल गई । ल
है ।

चर्चा के
सुविधाएं बढ़ा
विस्तार करने
दर्जे के यात्री

पंजाब क

श्रीगंगानग
एक मिलिटैंट,
पुलिस को वा
गिरफ्तार किया
सिंह उर्फ़ लड्डू
ग्रुप) का स्वयंभू
कल गिरफ्तार
उसने संगरूर
तथा कई अन्य
डकैती समेत
बात स्वीकार

कश्

नसीरूल इस्लाम
लिया था और
(इस्लाम की फ
मुख्य हिज्बुल
फौजी बाजों कह

इस बीच हज
के मध्य हुई मुठ
कुछ अलगाववाद
अल उमर के प्रम
कि इस घटना
वापस ले लिए ग
किया जाएगा।
अलगाववादी सं

दुरई स्वाम
गया ? नई दि
व्यक्त की जा रह
अधिकारी श्री दु
अलगाववादियों
सम्भवतः पाकिस्त
भारतीय गुप्तचर
अब श्री दुरई स्वा
गई है ।

(पृ

श्री सिंघल ने
परिषद को संकेत दि

सीमा सुरक्षा बल का गश्ती वाहन बारूदी सुरंग विस्फोट में ध्वस्त : 2 कर्मी मरे, 3 अन्य घायल

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों में गत 24 घण्टों के दौरान सीमा सुरक्षा बल का एक गश्ती वाहन बारूदी सुरंग में विस्फोट करके ध्वस्त कर दिया गया जिससे 2 कर्मी मारे गए व 3 अन्य घायल हो गए जबकि राज्य में अन्यत्र 2 दम्पतियों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा एक मिलिटैंट पुलिस हिरासत में से फरार हो गया तथा 5 अन्य मारे गए व एक छात्र का अपहरण कर लिया गया। सुरक्षा बलों ने 3 मिलिटैंटों व 2 लुटेरों को काबू भी कर लिया है।

सीमा सुरक्षा बल के 2 जवान मरे, 3 घायल : मिलिटैंटों के एक दल ने बटाला पुलिस ज़िला के अर्जन मांगा गांव के निकट बारूदी सुरंग में विस्फोट कर सीमा सुरक्षा बल के गश्तीदल के पांच जवानों को घायल कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों और मिलिटैंटों के बीच हुई गोलीबारी में एक नागरिक भी मारा गया।

मगर बाद में 2 सुरक्षा कर्मी घावों की ताव न सहते हुए चल बसे। इनकी पहचान सब-इंस्पैक्टर महाबीर सिंह व कांस्टेबल जे. राज के रूप में हुई है। सभी जवान एक वाहन में सवार थे तथा उनका यह गश्ती वाहन विस्फोट के दौरान पूर्णत: ध्वस्त हो गया।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बटाला से मिली रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि चहात कलां गांव में तलाशी के दौरान आज सवेरे एक मुठभेड़ में दलबीर सिंह उर्फ भेरा जाट नाम का एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक बंदूक, चार कारतूस और एक मैगजीन मिली। मृतक मिलिटैंट का साथी भागने में सफल रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीता राम ने बताया कि यह मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के जवान मिलिटैंटों की खोज में निकले थे और इलाके की तलाशी ले रहे थे। इन मिलिटैंटों ने ही अर्जन मांगा गांव के पास आज सवेरे बारूदी सुरंग में विस्फोट किया था, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल के पांच जवान घायल हो गए।

आपसी झगड़े में एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर ज़िला के फातापुर गांव में कल रात मिलिटैंटों के आपसी झगड़े में एक मिलिटैंट छत्तर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

दो दम्पतियों की हत्या : मजीठा पुलिस ज़िला के पट्टू गांव में कल रात बीर सिंह तथा उसकी पत्नी दीप कौर की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इसी ज़िला के बुलाटा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने बाबा सिंह और उसकी पत्नी की गोली मार कर हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना में स्वर्ण सिंह की और इसी ज़िले के फुदा गांव में उजागर सिंह की हत्या कर दी।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरा : पुलिस ज़िला तरनतारन के गांव तख्तचक के निकट गत रात्रि मिलिटैंटों की आपसी रंजिश में गुरदीप सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

पुलिस हिरासत से मिलिटैंट फरार : ज़िला जालंधर के पुलिस थाना शाहकोट के मंड क्षेत्र में आज तड़के गुरमीत सिंह नामक एक मिलिटैंट पुलिस की हिरासत में से उस समय फरार हो गया जब उसे हथियार बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था। बताया जाता है कि पुलिस की हिरासत से बचने के लिए उसने सतलुज नदी में छलांग लगा दी थी। वह ज़िला फिरोज़पुर का निवासी था तथा उसे हाल ही में शाहकोट पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

> पंजाब में अन्यत्र 2 दम्पतियों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या : विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट मरे, एक पुलिस हिरासत से फरार : छात्र का अपहरण : 3 मिलिटैंट व 2 लुटेरे गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों के अनुसार फरार मिलिटैंट की तलाश के अब तक के सभी प्रयास विफल रहे हैं।

लापता चिकित्सक का शव मिला : गत वीरवार से लापता आर.एम.पी. चिकित्सक सुखदेव राम का शव गत सायं ज़िला जालंधर के पुलिस थाना आदमपुर के गांव जेठूपुर के खेतों में पाया गया।

गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त : ज़िला पटियाला की पुलिस ने गत वीरवार को 3 मिलिटैंट गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो दोनाली बंदूकें व 38 बोर की एक रिवाल्वर बरामद की। इन मिलिटैंटों की पहचान गुरचरण सिंह, लाल सिंह व रामपाल के रूप में हुई है।

एक अन्य की हत्या : ज़िला संगरूर के गांव शुसना में गत रात्रि मिलिटैंटों ने तेजा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी।

छलनी शव मिला : ज़िला फिरोज़पुर के ममदोट सैक्टर के निकटवर्ती खेतों में से आज तड़के एक अज्ञात छलनी शव बरामद किया गया।

हथियार छीने : मिलिटैंटों ने दो स्थानों पर घात लगा कर सुरक्षा बल के दो दलों पर हमले किए और उनसे 8 राइफलें छीन लीं। तुंगवाल गांव के पास टैम्पो से जा रहे होमगार्ड के जवानों से चार राइफलें छीनी गईं जबकि चार अन्य राइफलें गुरदासपुर के निकट ग्राम सुरक्षा बल से छीनीं गईं।

एक व्यक्ति की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि गांव लण्डे में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी हत्या कर दी। ये अज्ञात व्यक्ति उससे उसकी लाइसैंसी रिवाल्वर मांग रहे थे परन्तु उसके इंकार करने पर उन्होंने उसकी हत्या कर दी।

लड़के का अपहरण : गत सायं गांव चंदनवां के एक डाक्टर कृष्ण लाल गर्ग के 10 वर्षीय पुत्र अमृतराज उर्फ गोगा का मारुति कार में सवार 4 मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया। गोगा नैशनल कांवैंट स्कूल मोगा का छात्र है। वह गत सायं जब स्कूल से पढ़ने के बाद स्कूली बस में अपने गांव वापिस आ रहा था तो मिलिटैंटों ने बंदूक की नोक पर बस को रोका और उसका अपहरण करके ले गए।

उल्लेखनीय है कि डा. कृष्ण लाल गर्ग पहले पलायन कर गए थे परन्तु गांववासियों के अनुरोध पर वह वापिस आ गए।

सिरकटी लाश मिली : जगरांव पुलिस को खेतों में से एक ऐसा शव मिला है, जिसका सिर काट कर धड़ से अलग कर दिया गया था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार यह हत्या निजी दुश्मनी का ही परिणाम है।

हत्या का प्रयास विफल : लुधियाना (धीमान): स्थानीय राजगुरु कालोनी के 2 व्यापारियों की 3 मिलिटैंटों ने हत्या करने का जो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

अभी भी समय

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

प्रयत्न किया उसे दोनों ने ही बड़े साहस व बहादुरी से मुकाबला करके असफल बना दिया। बताया जाता है कि शाम के समय जब दुकान बंद होने वाली थी तो 3 मिलिटैंट अनिल गुप्ता की दुकान पर आए। इनमें से एक दुकान से कुछ दूर खड़ा रहा जबकि 2 ने आकर वस्तुएं पैक करा लीं। इतने में वहां खड़े 3-4 ग्राहक सौदा लेकर चले गए तो दुकानदार ने खरीदे सौदे के दाम मांगे। इस पर उन्होंने पिस्तौल निकाल कर अनिल गुप्ता से कहा कि सारा कैश उनके हवाले कर दे, वरना गोली मार देंगे। अनिल गुप्ता के भाई ने बहादुरी दिखा कर इस मिलिटैंट को जफ्फा मार कर जकड़ लिया। दूसरे भाई ने भारी बट्टा उठा कर दूसरे के सिर पर मारा जिससे वो गिरा मगर फिर सम्भल गया। इस तरह यह कुश्ती काफी देर तक चलती रही। जिस मिलिटैंट के पास पिस्तौल था उसने जफ्फे में से निकल कर गोली चला दी, जो एक दुकानदार के निकट से गुजर गई। वो बाल-बाल बचा। अंत में तीनों ही मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर भाग गए।

श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व श्री आर.पी. मित्तल एस.पी. सिटी घटनास्थल पर गए।

अपहृत बरामद : पटियाला (भूषण): जिला के पुलिस थाना भादसों के गांव बीरदानों के निवासी सुरिन्दर सिंह उर्फ कॉक के साढ़े चार वर्षीय अपहृत भतीजे विक्की को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार एक सूचना के आधार पर पुलिस ने रायपुर चौबारां गांव में ईंटों के एक भट्ठे पर छापा मारा जहां दोनों अपहरणकर्त्ता छिपे हुए थे। मगर छापे के दौरान वे अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए। इनकी पहचान माधर सिंह निवासी लाढोवाल व रणजीत सिंह उर्फ बिल्ला निवासी गांव पाल्ला अलूना जिला लुधियाना के रूप में हुई। क्षेत्र की छानबीन करने के दौरान अपहृत विक्की को बरामद कर लिया गया तथा उसके अलावा एक ए.के. 47 राइफल, 315 बोर की एक राइफल, कुछ कारतूस व बब्बर खालसा के पेम्फलैट आदि भी मिले।

2 लुटेरे गिरफ्तार : (राज): पुलिस ने स्थानीय राजिन्दरा अस्पताल में से 2 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है जो धमकी भरे पत्र लिख कर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के लिए जबरी वसूलियां व लूटपाट करते थे। उनके कब्जे से 2 पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए। इनकी शिनाख्त बहादुरगढ़ के एस्कार्टस प्राईवेट लिमिटिड संस्थान में कार्यरत इंजीनियर जी. सिंह व जिला लुधियाना के समराला गांव के रामदासिया दिलप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

अपहृत छुड़वाया, मिलिटैंट मरा : अमृतसर (अशोक सोनी): अमृतसर के बाहरी क्षेत्र अजीत नगर में आज दोपहर बाद मिलिटैंटों व सुरक्षा बलों के मध्य हुए एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि मिलिटैंटों द्वारा अपहृत व्यक्ति को पुलिस ने सकुशल रूप से छुड़वा लिया। इस संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि 9 बजे हबीबपुरा क्षेत्र में से मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह नामक एक सुनार का अपहरण कर लिया। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो अधिकारियों ने जवानों को निकटवर्ती क्षेत्रों में सतर्क कर दिया।

बताया जाता है कि आज ही दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि मिलिटैंटों ने अपहृत जसबीर सिंह को सुल्तानविंड क्षेत्र के अजीत नगर इलाके में एक व्यक्ति ज्ञानी स्वर्ण सिंह के निवास में रखा हुआ है। इसके तुरन्त बाद ही उस मकान को घेर लिया गया। सुरक्षा बलों को घेराबंदी करते देख कर जसबीर सिंह की निगरानी के लिए बैठे मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी तथा सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की। इसी दौरान पुलिस ने उक्त घर की बाहरी दीवार तोड़ दी तथा एक पुलिस टुकड़ी ने घर में प्रवेश किया जबकि घेरा डाले अन्य जवानों ने फायरिंग जारी रखी। यह मुकाबला 3 घंटे तक चलता रहा। इस दौरान जसबीर सिंह की निगरानी करने वाला मिलिटैंट मारा गया। उसकी शिनाख्त निरवैर सिंह के रूप में हुई है। वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुक्खा गुट का सदस्य था। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस मिले हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस ने मुकाबले से पूर्व उस घर में से 2 महिलाओं व 2 बच्चों को बाहर निकाल लिया था।



अमृतसर के क्षेत्र अजीत नगर में शनिवार की दोपहर को (1) मकान में मारे गए मिलिटैंट निरवैर सिंह का शव, (3) मकान में संघर्ष (4) सुरक्षा बलों द्वारा मकान की तोड़ी गई चारदीवारी का दृश्य क्षेत्र निवासी सुरक्षा बलों की कार्रवाई देखते हुए।

दिनेश सिंह द्वारा जयललिता से भेंट

मद्रास, 27 जुलाई (प.स.): पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री के विशेष प्रतिनिधि श्री दिनेश सिंह ने आज तमिलनाडु की मुख्यमंत्री सुश्री जय ललिता से उनके निवास पर जाकर भेंट की। समझा जाता है कि उन्होंने तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच चल रहे कावेरी जल विवाद के बारे में बातचीत की। बातचीत एक घंटे से अधिक समय तक चली। प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने 25 जुलाई

निर्धन वर्ग को शीघ्र न्याय दिलाने क

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वार्ता): उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रंगनाथ मिश्र ने समाज के निर्धन वर्गों को शीघ्र न्याय दिलाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की सातवीं लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए न्यायमूर्ति श्री मिश्र ने कहा कि देश में अधिसंख्य लोग निर्धन हैं और वे सही ढंग से जीवनयापन नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन लोगों को जल्दी से जल्दी न्याय दिलाने के लिए ऐसे उपाय करने होंगे कि उन्हें एक अदालत से दूसरी अदालत में न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों पर मानवतावादी दृष्टिकोण अपना कर समाज में मैत्री और आपसी सद्भाव का माहौल बहाल किया जा

द्वार पर ही
बताया कि
लगाई जा
फैसला इन
पंजाब
कार्यवाहक
मित्तल ने

सुरे

प्रभावों
पता लगा
थे। प्र
राजनेता
उन्होंने
के अल

शुभ सूचना



प्रेमी भक्तों को सूचित किया जाता है कि बाबा शमन शाह जी का सालाना भंडारा रविवार 11 अगस्त 1991 को हर साल की तरह मनाया जा रहा है। भक्त जन इस शुभ अवसर पर मन्दिर बाबा शमन शाह, टुंडा तालाब, अमृतसर में पहुंच कर अपना जीवन सफल बनाएं।

शुभ सूचना



जैन भूषण विश्व केसरी श्रीमद् जैनाचार्य श्री विमल मुनि जी महाराज वर्ष 1991 के चातुर्मास के लिए श्री महावीर जैन भवन, आदर्श नगर, जालंधर में पधार चुके हैं। सभी भक्त जनों से प्रार्थना है कि उनके मनोहर प्रवचनों से लाभ उठाएं।

प्रवचन समय : प्रातः 7.30 से 9.00 बजे प्रति दिन।
स्थान :—श्री महावीर जैन भवन, कपूरथला रोड, आदर्श नगर, जालंधर।

—निवेदक—
प्रधान
श्री महावीर जैन भवन निर्माण सोसाइटी, जालंधर

Punjab Gazette

ईराक में भूकम्प, 20 मरे

बगदाद, 28 जुलाई (प.स.): भूकम्प से ईराक के कई क्षेत्रों में बुधवार को 20 व्यक्ति मारे गए । इरबल नगर के पास के कुर्द-बहुल इलाके में भूकम्प से 100 घर नष्ट हो गए ।

भारत को यदि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से सितम्बर तक ऋण मिल गया तो देश के लिए कोई समस्या खड़ी नहीं होगी, लेकिन यदि ऋण मिलने में देरी हुई तो भारत को अपनी भुगतान जिम्मेदारियां निपटाने के लिए विदेशी मुद्रा हासिल करने के उद्देश्य से और सोना बेचना या गिरवी रखना पड़ेगा ।

प्रत्याशी का अपहरण, 10 मिलिटैंट मरे, ए. एस. आई. सहित 12 की हत्या

चंडीगढ़, 28 जुलाई (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने कल रात बनूड़ विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह निहंग का अपहरण कर लिया। पिछले 24 घंटों में पंजाब में 10 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों ने एक ए.एस.आई. सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

निर्दलीय प्रत्याशी का अपहरण : 6 मिलिटैंटों ने बनूड़ विधानसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह निहंग का कल रात पटियाला जिले के थाना डेराबस्सी के गांव लोहगढ़ से अपहरण कर लिया । उनके अंगरक्षकों ने अपहरणकर्त्ताओं का पीछा किया लेकिन वे प्रत्याशी के घर से लगभग 100 गज दूर प्रतीक्षा कर रही मिनी बस में बैठ कर फरार हो गए ।

पटियाला से भूषण के अनुसार मिलिटैंटों की संख्या लगभग एक दर्जन थी तथा उन्होंने गांव के गुरुद्वारे में दाखिल होकर गुरमीत सिंह का अपहरण किया और मैटाडोर में उन्हें कालका की ओर ले गए । पुलिस द्वारा प्रत्याशी की खोज जारी है ।

पति-पत्नी व पुत्र की हत्या : एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने कल आधी रात के समय पातड़ां पुलिस थाने के गांव अटाला में गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर उसकी, उसकी पत्नी लक्ष्मण कौर तथा पुत्र रछपाल सिंह (30) की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

भागते समय मिलिटैंट उनकी एक 12 बोर की राइफल भी ले गए ।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले के सजापुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । मृत मिलिटैंटों के पास से एक राइफल, एक पिस्तौल, कुछ कारतूस मिले हैं । मिलिटैंट स्कूटर पर सवार थे ।

मुसाफिर के अनुसार इससे पूर्व नाका पार्टी ने मिलिटैंटों को रुकने को कहा था मगर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी फायरिंग में मारे गए ।

एक अन्य की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के रउद गांव में स्वर्ण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिले के बिर्क खेड़ा गांव में एक अन्य मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । उनके पास से एक बम, एक एच. ई. 36 हथगोला, दो पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए । मल्लोट से जालंधर के अनुसार सुरक्षा बलों ने पुल के निकट नाका लगाया

(शेष पृष्ठ 8 पर)



गत रात पुलिस थाना सादिक, जिला फरीदकोट में मिलिटैंटों व पुलिस के बीच हुई फायरिंग के बाद खतरनाक मिलिटैंट बलविंदर सिंह तथा सुरिन्दर सिंह निवासी काऊनी गिरफ्तार किए गए । चित्र में इन मिलिटैंटों से बरामद की गई 5 ए.के. 47 राइफलें, बम तथा अन्य असला ।

भारत को यदि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से सितम्बर तक ऋण मिल गया तो देश के लिए कोई समस्या खड़ी नहीं होगी, लेकिन यदि ऋण मिलने में देरी हुई तो भारत को अपनी भुगतान जिम्मेदारियां निपटाने के लिए विदेशी मुद्रा हासिल करने के उद्देश्य से और सोना बेचना या गिरवी रखना पड़ेगा ।

के दो सौदरथ उग्रवादियों ने आज सुबह यहां डा. मनस्वामी नगर में बम विस्फोट करने के पश्चात सायनाइड कैप्सयुल खाकर उस समय आत्महत्या कर ली, जब पुलिस ने उन्हें उनके घर में पकड़ने का प्रयास किया । संदेह है कि दोनों राजीव हत्याकांड में संलिप्त थे । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उग्रवादी गुना तथा किशोर सायनाइड के जहर तथा विस्फोट के प्रभाव के कारण मरे । यह विस्फोट उन्होंने पुलिस को अपने से दूर रखने के लिए किया था ।

पुलिस ने यह सूचना मिलने पर उस घर में छापा मारा था कि वहां उग्रवादी छिपे हुए हैं । पुलिस ने जैसे ही घर में प्रवेश करने का प्रयास किया तो अंदर एक विस्फोट हो गया ।

पुलिस के अनुसार घर में मौजूद दो उग्रवादी गुना तथा किशोर विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए। गुना ने कुछ ही देर में अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया और बाद में किशोर की भी मृत्यु हो गई।

वैसे नगर पुलिस आयुक्त श्री रामन ने बताया कि तुरन्त यह पता नहीं चल सका कि लिट्टे के उक्त दोनों उग्रवादी 'विस्फोट में मारे गए थे या उन्होंने साइनाइड खाकर आत्महत्या की। लिट्टे के उग्रवादी अपने पास हमेशा साइनाइड के कैप्सूल रखते है।

श्री रामन ने बताया कि पुलिस ने मकान की घेराबंदी करने के बाद इन उग्रवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा था। दोनों ने ही आत्मसमर्पण करने से इन्कार किया तथा पुलिस को धमकी दी कि अगर उसने घर के भीतर घुसने का प्रयास किया तो वे आत्महत्या कर लेंगे। इसी बीच विस्फोट की आवाज सुनी गई। पुलिस दरवाजा तोड़ कर भीतर गई तो उसने देखा कि दोनों ही उग्रवादी तड़प रहे है। श्री रामन ने कहा कि इस सम्बन्ध में जांच के आदेश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि दोनों ही मृतक जाफना (श्रीलंका) के रहने वाले है।

बताया जाता है कि इन दोनों ही उग्रवादियों ने



राजीव गांधी हत्याकांड का एक प्रमुख अभियुक्त षण्मुगम जो वेदारण्यम में गत दिनों रहस्यमय स्थितियों में मृत पाया गया था ।

आत्महत्या करने व विस्फोट करने से पूर्व कुछ दस्तावेजों को भी आग लगाई थी। शहर के मंडापालयम क्षेत्र में कल गिरफ्तार किए गए दो अन्य श्रीलंकाई व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान लिट्टे के इन दोनों उग्रवादियों के बारे में पता चला था तथा पुलिस ने वहां छापा मारा था।

पुलिस इन उग्रवादियों के अन्य सम्पर्क सूत्रों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

श्री रामन ने कहा कि विस्फोट में एक वायरलैस, कुछ कागजात और करंसी नोट भी नष्ट हो गए। इस घर से एक 9 एम.एम. की पिस्तौल भी बरामद हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों उग्रवादियों ने एक जिलेटिन स्टिक का उपयोग करके एक एल.पी.जी. गैस के सिलैंडर में विस्फोट किया था।

इसी बीच मद्रास से राज्य अपराध रैल विभाग के विशेषज्ञों के एक दल को जांच के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया है।

राजीव गांधी हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच दल के प्रमुख श्री डी.आर. कार्तिकेयन भी कोयम्बटूर में घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए गए है।

षण्मुगम की मृत्यु की जांच : मद्रास से प्राप्त समाचारों के अनुसार केंद्रीय जांच ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक श्री एस.के. दत्ता, जो कि राजीव गांधी हत्याकांड के एक अभियुक्त षण्मुगम की गत सप्ताह वेदारण्यम में हुई रहस्यमय मृत्यु की जांच कर

ल.एफ. के अमानुल्ला खां अब पाक सरकार से निराश

(वार्ता): तथाकथित ट के एक गुट के नेता

सत्ता में आई तो जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रतिद्वंद्वियों के तौर पर कई संगठन खड़े कर दिए गए

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट का कोई सरोकार नहीं है ।

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट की छात्र शाखा को 'इख्वानुल मुसलमीन' में बदल दिया है । यह

आवश्यक
क्रिएटिव पब्लिशर्ज द्वारा प्रकाशि
भूल के कारण भगवान वाल्मीकि जी
गई थीं । पुस्तक के प्रकाशक ने

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

हुआ था । संकेत करने पर मिलिटैंटों के न रुकने पर फायरिंग में दोनों मारे गए ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिले के गांव कपूरे के निकट कल रात एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंट सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 315 बोर की राइफल और एक स्टिक बम बरामद किया गया है ।

महंत की हत्या : बाघापुराना से जान के अनुसार थाना बाघापुराना के गांव राजेआना में दो मिलिटैंटों ने गत रात लगभग 9 बजे महंत हरबंस सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । दोनों स्कूटर पर आए थे तथा हत्या करके स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

अपहृत बच्चे का सुराग नहीं लगा : शुक्रवार को बाघापुराना के डाकटर कृष्ण लाल गर्ग के अपहरण किए गए पुत्र अमित (11) का अभी तक कुछ पता नहीं चला है । शुक्रवार को 4 मारुति वैन सवार मिलिटैंटों ने पांचवीं कक्षा के छात्र अमित का उस समय अपहरण कर लिया था, जब वह स्कूल बस में मोगा से बाघापुराना आ रहा था । उल्लेखनीय है कि डा. गर्ग अप्रैल में पंजाब से पलायन कर गए थे लेकिन कुछ समय पूर्व पुनः यहां लौट आए थे । इस अपहरण के बाद यहां पर भय का वातावरण बन गया है और अनेक लोग पलायन करने की सोचने लगे हैं ।

संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात 2 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर जिले के भोएवाल गांव में सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात 2 सौंदर्धय मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने गांव के निकट नाका लगाया हुआ था । दूर से 4 व्यक्तियों को पैदल आते देख कर रुकने के लिए कहा गया । इस पर उन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी । मुठभेड़ लगभग 15 मिनट तक चली । दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य दो भाग गए । गिरफ्तार किए गए दो मिलिटैंटों की पहचान भाई दरबारा सिंह तथा हरदयाल सिंह (मेहता) के रूप में हुई है । उनके पास से एक 7.62 राइफल, दो डैटोनेटर्स, एक वायरलैस सैट, एक मैगज़ीन तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए हैं ।

पुलिस कर्मी की हत्या : अमृतसर जिले के रामबाला गांव के पास मिलिटैंटों ने एक मिनी बस से बाहर खींचकर एक पुलिस के ए.एस.आई. सर्वजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वह बटाला में पदस्थापित था ।

मां-बेटे की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव बंडाला में कल रात मिलिटैंटों ने दलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी तथा उसकी मां की हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव बोरेवाल कंग में कल रात मिलिटैंटों ने दीदार सिंह उर्फ लाडी नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

आपसी प्रतिद्वंद्विता में 2 मरे : पुलिस जिला मजीठा के गांव सौरींगया में मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों बलदेव सिंह और प्रताप सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने दावा किया है कि यह गिरोहों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का मामला है ।

एक और हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव जहांगीर में मिलिटैंटों ने प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

एक मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के तुगवाली गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक अन्य मुठभेड़ में कल रात एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक 12 बोर की बंदूक तथा कुछ राऊंड गोली-सिक्का प्राप्त हुआ है ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : इसी जिले में एक अन्य मुठभेड़ में गांव रुड़की में कल रात सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया, लेकिन उसके दो साथी भाग गए । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ राऊंड गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : मानसा से मेहता के अनुसार गत रात यहां से 40 कि.मी. दूर केदला गांव में करतार सिंह नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : गरदयाल कौर नामक एक महिला की भी इसी गांव में मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

कांस्टेबल के घर को आग लगा गए : रोपड़ जिले के गांव भागोवाल में मिलिटैंटों ने कल रात कांस्टेबल ड्राइवर सुरिंदर सिंह के घर में घुस कर फायरिंग करके उसके पिता को घायल कर दिया तथा भागते समय उसके घर को आग लगा गए ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर जिले के लोपोके, जंडियाला तथा ब्यास थानों में से 4 संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार मिलिटैंटों की पहचान बलविंदर सिंह बिन्दा, अनोख सिंह (खलचियां), पुरुषोत्तम सिंह (कोटली कार्टाना) तथा हरभजन सिंह के रूप में हुई है । उनके पास से एक 12 बोर की पिस्तौल, 22 राऊंड गोली-सिक्का तथा दो बम बरामद किए गए हैं ।

9 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने लुधियाना जिले के बहादरगढ़ गांव के निकट से एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात 7 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक दोनाली बन्दूक, 4 पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं । होशियारपुर पुलिस ने दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है ।

दोनाली बंदूक सहित मिलिटैंट गिरफ्तार : होशियारपुर (वि.प्र.): हाजीपुर पुलिस ने एक मिलिटैंट फम्मन सिंह, जो ज़मानत पर रिहा था, को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर की एक दोनाली बंदूक व एक दर्जन कारतूस भी बरामद किए हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार फम्मन सिंह ने यह बंदूक अपने संगी चाचा मोहिंद्र सिंह सरपंच ग्राम सरीहपुर के घर से चोरी की थी ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने फरीदकोट जिले में सुरिन्दर सिंह तथा बलजिन्दर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से तीन ए.के. 47 राइफलें, एक 12 बोर की बन्दूक, एक एच.ई. 36 हथगोला, एक बोतल बम तथा लगभग 100 कारतूस बरामद किए हैं ।

एक व्यक्ति का अपहरण : जालन्धर जिले के बगा गांव निवासी लाल चंद भल्ला के पुत्र रामपाल का कल रात मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया । पुलिस के अनुसार राम पाल देर रात के समय स्कूटर पर लाखपुर जा रहा था कि सशस्त्र मिलिटैंटों ने उसे रास्ते में रोक लिया तथा उसके स्कूटर पर ही उसे अपने साथ ले गए ।

कैश-स्कूटर छीन लिया : फगवाड़ा से अशोक के अनुसार आज शाम फगवाड़ा-चहेड़ू के मध्य दो अज्ञात हथियारबंद युवकों ने, जो कि एक स्कूटर पर सवार थे, ने जसवाल फिलिंग स्टेशन नांगल एक पैट्रोल पम्प से 512 रुपए लूट लिए । वे भागते समय टैलीफोन की तारें काट गए । इसके पश्चात उन्होंने गांव गंडवां के निकट जोगा राम नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नं. पी.ए.जे. 2165 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

अब तक बादल बहुत कम बरसे !

चंडीगढ़, 28 जुलाई (प.स.): मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान मानसून सत्र के दौरान प्रथम जून से गत 24 जुलाई तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ में बहुत कम वर्षा हुई । इस अवधि में चंडीगढ़ में 220 मि.मी. वर्षा हुई, जो सामान्यतः 360 मि.मी. हुआ करती थी । हिमाचल प्रदेश के 6 से 12 जिलों में भी वर्षा कम हुई, मगर कांगड़ा में सामान्य 465 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई ।

पंजाब के 7 जिलों में भी कम वर्षा हुई, परंतु भटिंडा में 109 मि.मी. व लुधियाना में 185 मि.मी. सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई । हरियाणा में 2792 मि.मी. वर्षा हुई । राज्य के 7 जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई जबकि 5 जिलों में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई ।

वेंकटरमन
(पृष्ठ 3 का शेष)

इससे हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा व्यवस्था का स्पष्ट पता चलता है कि पुलिस किस ढंग से मंत्रियों की सुरक्षा कर रही है ।

राष्ट्रपति द्वारा पावन स्नान : राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने आज प्रातः ऐतिहासिक कुरुक्षेत्र नगर के पवित्र ब्रह्म सरोवर में पावन स्नान किया तथा वन्दना की ।

मुख्यमंत्री द्वारा विमोचन : मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल ने गीता ज्योति नामक साप्ताहिक समाचार पत्र के कुरुक्षेत्र विकास विशेषांक का आज विमोचन भी किया ।

राजीव की वसीयत की तलाश

नई दिल्ली, 28 जुलाई (स.मे.): गृहमंत्री शंकरराव चवन के तमिलनाडु दौरे के बाद राजीव गांधी हत्याकांड में जो तेजी आई, उससे कांग्रेस का अंतःपुरी खेमा काफी संतुष्ट नज़र आ रहा है, लेकिन कांग्रेस के एक खेमे में राजीव गांधी की वसीयत के न मिल पाने से काफी चिन्ता व्याप्त बताई जाती है ।

चर्चा है कि सत्ता से हटने के बाद जब राजीव गांधी की सुरक्षा से एस.पी.जी. को हटाया गया तो स्व. राजीव गांधी अपने जीवन को खतरा भले महसूस करते रहे, लेकिन उन्होंने देश और कांग्रेस के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का दायरा छोटा करना मंजूर नहीं किया । ऐसा माना जाता है कि कुछ ज्योतिषियों की भविष्यवाणियों में श्री गांधी की जीवन रेखा के 'खंडित' होने का उल्लेख भी उनके मन में आशंकाओं को कभी-कभी प्रश्रय देता पाया जाता था, इसलिए स्थितियों और अपनी जिम्मेवारियों को दृष्टि में रख कर श्री गांधी ने तीन विश्वस्त वकीलों की सहायता से अपनी वसीयत बनवाई थी, जो कहा है, किसी को पता नहीं । अब तक राजीव गांधी के विश्वस्त माने जाने वाले अनेक वकीलों की चुप्पी से यह रहस्य और गहराता लग रहा है ।

स्व. नेहरू की वसीयत में देश के नाम जो संदेश और प्रेरक तत्व थे, उनको देखते हुए यह माना जाता है कि श्री गांधी ने अपनी वसीयत में देशवासियों और अपने सहकर्मियों के लिए ऐसी कुछ इच्छा जरूर व्यक्त की होगी, जो आगे चल कर युवकों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सके । श्री गांधी की जीवनशैली जिस तरह देश के लिए अंतिम दिनों में समर्पित हो गई थी, उसे देखते हुए देशवासियों के लिए उनकी 'वसीयत' एक नई ऊर्जा का स्रोत बन सकती है, ऐसा कांग्रेस के अंदरूनी हल्कों में विश्वास है, इसलिए वसीयत के न मिलने पर गहरी चिन्ता भी व्यक्त की जा रही है ।

कश्मीरी हिंदुओं द्वारा अलगाववादियों से कड़ाई से निपटने की मांग

जयपुर, 28 जुलाई (प.स.): आल इंडिया कश्मीरी समाज ने एक प्रस्ताव पारित करके प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव को कश्मीर के हिंदुओं की समस्याओं के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन देकर उनके समाधान की मांग करने का निर्णय किया है । समाज ने अलगाववादियों से कड़ाई से निपटने की भी मांग की है । आज यहां सम्पन्न दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर से आए कश्मीरियों के करीब 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

सम्मेलन में यह भी मांग की गई कि कश्मीर अलगाववादियों के साथ यदि कोई बातचीत की जाती है तो उसमें कश्मीर के इस समाज के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के किसी भी समझौते के समय कश्मीर के अल्पसंख्यकों एवं अन्य समुदायों के लोगों को भी शामिल किया जाए ताकि उनके साथ कोई अन्याय नहीं हो सके ।

सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर को अन्य राज्यों के स्तर पर लाने की भी मांग की गई ।

डकैतों द्वारा 5 हत्याएं

कराची, 28 जुलाई (प.स.): दक्षिण पाकिस्तान के एक गांव पर डाकुओं ने धावा बोला और पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

लिट्टे उग्रवादियों द्वारा आत्महत्या
(पृष्ठ 3 का शेष)

सुश्री जयललिता द्वारा गत मई में पेरम्बूर इलाके में संबोधित की गई एक जनसभा की फ्रैम दीर्घा में भी बैठे देखा गया । यह जनसभा भी राजीव गांधी की हत्या के कुछ समय पूर्व हुई थी ।

सूत्रों ने बताया कि इन हत्यारों को श्री वी.पी. सिंह और जयललिता की सभाओं में जाने से सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने तथा बाद में श्री पेरम्बूदूर में राजीव

टैक्सी चालकों के लिए ये खू

कानपुर, 28 जुलाई (वार्ता): कानपुर के टैक्सी चालकों में भय और आतंक व्याप्त है क्योंकि पिछले कुछ समय में ही यहां एक के बाद एक तेरह टैक्सी चालक अचानक गायब हो गए और बाद में उनकी लाशें मिलीं ।

एक ऐसा ही हादसा गत सोमवार को भी हुआ। श्री राम मूर्ति गुप्ता अपनी टैक्सी में सवारी बैठा कर मोहदा की ओर चले, लेकिन बीच में लापता हो गए। अगले दिन हमीरपुर जिले में एक ग्राम के पास खेत में उनका शव मिला मगर उनकी टैक्सी का कहीं अता पता नहीं था।

पिछले तीन वर्षों में कानपुर में ऐसी लगभग दो दर्जन रहस्यपूर्ण वारदातें हो चुकी हैं। इनमें से ज्यादातर में अभी तक रहस्य का पर्दा नहीं उठा सका। पुलिस और कानपुर कार-टैक्सी एसोसिएशन दोनों का ही मानना है कि प्रदेश में ऐसे संगठित गिरोह सक्रिय हैं जिनके सदस्य भाड़े पर टैक्सी लेते हैं और शहर से दूर सुनसान इलाकों से गुजरते वक्त टैक्सी चालक की हत्या कर टैक्सी लेकर चम्पत हो जाते हैं।

इन वारदातों के कारण ये राहें टैक्सी चालकों के लिए एक हद तक खूनी रास्ते बन कर रह गई हैं। कानपुर राजमार्ग से लखनऊ, इलाहाबाद, उन्नाव, वाराणसी, फर्रुखाबाद तथा गोरखपुर सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों की सीमाओं मेरठ की ऐसी राहें बनती जा रही हैं जिन पर चलते हुए अनेक टैक्सी चालक अपनी जान गंवा चुके हैं।

मगर फिर भी सर्कस के किसी खतरनाक खेल की तरह सैंकड़ों टैक्सी चालक इन राहों पर रोज ही चलते हैं क्योंकि दो जून की रोटी जुटाने के लिए इन राहों पर टैक्सी चलाना उनकी मजबूरी है। अकेले कानपुर से ही लगभग सवा छह सौ टैक्सियां इन खूनी कहे जाने लगे इन मार्गों पर रवाना होती हैं।

पिंडारी लुटेरों से काफी मिलती-जुलती कार्यप्रणाली अपनाने वाले ये खूनी लुटेरे पहले यात्री बन कर आते हैं और अपना विश्वास जमाते हैं। फिर सफर के दौरान वे टैक्सी चालक पर पीछे से घात लगाकर उसकी हत्या कर देते हैं और उसकी टैक्सी ले जाते हैं।

लगभग तेरह साथियों की हत्या होने तथा दो दर्जन से अधिक टैक्सियों के लूट जाने की रहस्यपूर्ण घटनाओं के बाद टैक्सी चालकों ने अब आंदोलन की राह अपना ली है। सैंकड़ों टैक्सी चालकों ने गत शुक्रवार को स्थानीय कचहरी प्रांगण में अपनी सुरक्षा की गुहार के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार उनके कुछ लेबर को देखते हुए पुलिस ने उनका नेतृत्व कर रहे सात टैक्सी चालकों को बंदी बना लिया तथा क्रेन की सहायता से उनकी टैक्सियां उठा कर जब्त कर ली।

अपने नेताओं की गिरफ्तारी के बावजूद आंदोलनकारी टैक्सी चालकों के हौसले पस्त नहीं हुए

भारत-पाक में रासायनिक शस्त्रों के मसले को हल करने के लिए वार्ता जारी

जेद्दा (सऊदी अरब), 28 जुलाई (ए.पी.): पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच रासायनिक हथियारों के मसले को हल करने के लिए द्विपक्षीय बातचीत चल रही है । दैनिक 'अरब न्यूज' के साथ एक भेंटवार्ता में श्री शरीफ ने कहा, "हम परमाणु हथियारों के बारे में भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं ।" पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका प्रस्ताव है कि अमरीका, चीन, सोवियत संघ और भारत-पाकिस्तान के साथ बैठ कर भारतीय महाद्वीप को परमाणु हथियारों से मुक्त रखने के उपाय पर बातचीत कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि उनके इस प्रस्ताव पर चीन सहमत है तथा सोवियत संघ की प्रक्रिया भी अनुकूल है, किंतु अभी भारत से कोई उत्तर नहीं मिला है । श्री शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को डर है कि इसराईल उसके नाभिकीय ठिकानों पर हमले कर सकता है और यदि ऐसा हुआ तो इसे युद्ध की घोषणा माना जाएगा ।

उन्होंने पाक के परमाणु प्रतिष्ठान अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षण के लिए खोलने का सुझाव नामंजूर कर दिया है । उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर चेतावनी दी कि पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट करने के लिए होने वाली किसी भी कार्रवाई को सहन नहीं किया जाएगा ।

चवन दौ

श्रीनगर, 28 एस.बी. चवन द्वा किए जाने की सम्भ स्थिति का विवेचन इस दौरान वह ज

रिपोर्टों के अ वापस नई दिल्ली बारे राजनीतिक विस्तृत कार्य-यो श्री चवन अपने प्रक्रिया शुरू क जायज़ा लेंगे । फारूख अब्दुल्ला है । वह इस सम लौटने वाले हैं । पूर्व भी उनके स हैं ।

इसी दौरान नौशेरी में श्री चव का आह्वान कि जावेद मीर ने स वे नई दिल्ली प्रकार की राजनै

80 लाख

नई दिल्ली, से भी अधिक जल्द ही इनका हमेशा के लिए

यह जानकार आफ इंडाइडेनेस एस.आर.के. मि डा. मलिक मोतियाबिंद की है। दो दशक पह प्रतिशत 55 था हो गया है।

स्टील उपयोग

पंचकला, बिजली बोर्ड ने तथा रोलिंग मि से सायं 6.3 बिजली उपयो को अधिकतम जुलाई से इस बिजली बोर्ड बिजली बोर्ड बिजली की रि रोजाना औस सप्लाई की ग यह उपलब्ध 218.21 हिस्सा अर्थात् क्षेत्र को सप्ल क्षेत्र में इस अ तथा 125 सप्लाई की

विज्ञप्ति

पावर स्टेशन सम्भव हुआ अवधि में अ लाख यूनिट 1990 व उत्पादन 42.44

सामरि संधि

मास्को सोवियत स

Punjab Samachar

क्लासीफाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

Kothi, 12 Marla in Nijatam Nagar. Capoor & Co., 189, Adarsh Nagar, Jalandhar. Phone : 73788. (NAMA/15C)

व्यापार

Zena Lipsticks के लिए पंजाब तथा हरियाणा के लिए डिस्ट्रीब्यूटर चाहिएं । वित्तीय सुदृ पार्टियां सम्पर्क करें । Jain Enterprises, 125/2, Gali No.3, East Moti Bagh

तक हुई गोलीबारी में जम्मू कश्मीर पुलिस का कांस्टेबल मोहम्मद हमजा और मुस्तफा कमाल नामक एक व्यक्ति मारा गया । सोपोर के करालदंग में आज तड़के तीन मकान आग लगने से राख हो गए

(शेष पृष्ठ 8 पर)

तौबा मचाते थे। उन्होंने कहा कि जिला भर के संवेदनशील पंजाब के साथ लगे इलाकों में बनाए गए पुलिस बैरियर नाममात्र का ढकोसला हैं। इन पुलिस बैरियरों पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई इंतजाम उपलब्ध नहीं करवाया गया है। इन बैरियरों पर

चुनौती दी गई है। अदालत ने आदेश दिए हैं कि याचिकाओं पर सुनवाई 20 अगस्त को होगी। श्री शेषन को चुनौती देने वाली ये याचिकाएं श्री आई.के. गुजराल, श्री अमर पाल सिंह और श्री कृपाल सिंह द्वारा दायर की गई हैं।

और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस (इ) और अखिल भारतीय अन्नाद्रमुक के बीच तालमेल सम्भव हुआ ।

इसी मध्य उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्रार ने कावेरी नदी जल विवाद पर राष्ट्रपति से मिले पत्र पर

दिल्ली तथा चंडीगढ़ में बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार के.एन.ए. के 2 मिलिटैंट गिरफ्तार

चंडीगढ़, 29 जुलाई (वार्ता, प.स.): चंडीगढ़ पुलिस ने दिल्ली और चंडीगढ़ में बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार तथाकथित खालिस्तान नैशनल आर्मी के दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । पंजाब में पिछले चौबीस घंटों में 4 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने 2 प्रवासी मजदूरों तथा दो महिलाओं सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । सी.आर.पी.एफ. ने तुरन्त कार्रवाई करके एक अपहृत को छुड़वा लिया ।

दिल्ली, चंडीगढ़ में बम विस्फोटों के जिम्मेदार 2 मिलिटैंट गिरफ्तार : चंडीगढ़ से संघी के अनुसार चंडीगढ़ पुलिस ने तथाकथित खालिस्तान नैशनल आर्मी से सम्बन्धित 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके दिल्ली व चंडीगढ़ में हुए बम विस्फोटों के कई केस हल करने का दावा किया है। इन गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों के पास से भारी संख्या में हथियार, गोली-सिक्का तथा विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है।

चंडीगढ़ के आई.जी. राधेश्याम गुप्ता ने इन मिलिटैंटों के पकड़े जाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनमें जिला अमृतसर के गांव घुने का रहने वाला कृपाल सिंह उर्फ गुल्लू और उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद की राम प्रसाद कालोनी का रहने वाला सर्बजीत सिंह उर्फ सबी शामिल हैं। दोनों को कल मुठभेड़ के बाद उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान यह पता चला है कि दोनों पिछले महीने चंडीगढ़ में पंजाब के सिविल सचिवालय के बाहर और दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए बम विस्फोटों सहित इसी महीने के दौरान ईस्ट दिल्ली में आनंद विहार के निकट बम विस्फोट से रेलवे ट्रैक उड़ाने की वारदातों में शामिल थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनेक हत्याओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। श्री गुप्ता ने बताया कि दोनों मिलिटैंट जिला सिरसा में कुछ मास पूर्व आर.एस.एस. कार्यकर्त्ताओं की शाखा पर गोलियां चला कर 20 व्यक्तियों की हत्या करने सहित लगभग आधा दर्जन हत्याओं की वारदातों में भी संलिप्त थे। उनके पास से 2 ए.के. 47 राइफलें, उनके 4 मैगजीन एवं 101 कारतूस, एक 30 बोर की पिस्तौल, एक विस्फोटक स्लैब ब्लैक, 2 एच.ई. हथगोले, 4 नॉक इलैक्ट्रिक डैटोनेटर्स, 10 बम स्टिकें, 3 फोटो सैंस्टिक डैटोनेटर्स, 4 प्रैशर बम, दो टिम्बर डिबाइस तथा फ्यूज वायर बरामद की गई हैं।

श्री गुप्ता ने बताया कि इनके कब्जे से पकड़ी गई मारुति कार भी चोरी की पाई गई है। इस पर जाली नम्बर प्लेट लगी हुई है। पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने बताया कि ये मिलिटैंट पंजाब के अमृतसर एवं पटियाला जिले में पिछले एक वर्ष से वारदातें कर रहे थे। इन वारदातों में संलिप्त इनके 3 साथियों की भी तलाश की जा रही है। इस सम्बन्ध में दिल्ली पुलिस से सहयोग लिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले शुक्रवार को दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में जिस महिला को मिलिटैंटों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, वह इन्हीं मिलिटैंटों के गिरोह से सम्बन्धित है। श्री गुप्ता ने बताया कि सर्बजीत सिंह (30) जो कि पहले अमृतसर में ही रहता था, आजकल दिल्ली में ठेकेदारी करता था, जबकि कृपाल सिंह (26), जो कि पंजाब पर्यटन निगम के एक कर्मचारी का पुत्र है, आजकल बेरोजगार है। उन्होंने यह भी बताया कि इन मिलिटैंटों की दिल्ली एवं चंडीगढ़ में कई जगह बम विस्फोट करके लोगों को भयभीत करने और दिल्ली में कई राजनीतिक नेताओं की हत्या करने की साजिश थी। श्री गुप्ता ने इन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किए जाने का स्थान बताने से इंकार कर दिया।

□ अन्यत्र 4 मिलिटैंट मरे, □ 2 महिलाओं तथा 2 प्रवासी मजदूरों सहित 9 की हत्या □ अपहृत को छुड़वाया, अपहृत प्रत्याशी का सुराग नहीं

वार्ता के अनुसार श्री गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार मिलिटैंट चंडीगढ़ की एक रेहड़ी मार्कीट में बम विस्फोट के लिए भी जिम्मेदार थे । उन्होंने बताया कि इन मिलिटैंटों का 7 सदस्यों का गिरोह है, जिनमें से 5 सदस्य अभी भगौड़े हैं । यह गिरोह पटियाला जिले में हाई वोल्टेज पावर ट्रांसमीशन टॉवर को उड़ाने में भी संलिप्त था ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : दो मिलिटैंट तरन तारन पुलिस जिले के भिखीविंड क्षेत्र में लाधोवाल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। घटनास्थल से एक राइफल, एक रिवाल्वर और विभिन्न श्रेणियों के 66 कारतूस और एक स्कूटर मिला है।

लूटने आए मिलिटैंट गोली खाकर भागे : अमृतसर से अशोक के अनुसार नगर के क्षेत्र भूषणपुरा में एक चक्की वाले को लूटने आए दो मिलिटैंटों को अपनी 'आसामी' की बंदूक की गोली खाकर भागने पर मजबूर होना पड़ा। पुलिस के अनुसार आज दोपहर दो बजे दो मिलिटैंट, जो साइकिलों पर सवार थे, सतीश कुमार नामक एक चक्की वाले के पास आए और उससे दो लाख रुपए की मांग की। बताया जाता है कि इसी दौरान चक्की वाले ने अपनी दोनाली बंदूक निकाली और फायर कर दिया, जिससे एक मिलिटैंट घायल हो गया। दूसरे ने तुरन्त अपने घायल साथी को अपनी साइकिल पर बैठाया और भाग निकला। लुटेरे मिलिटैंट अपना एक साइकिल घटनास्थल पर ही छोड़ गए।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने मजीठा पुलिस जिले में एक मामूली मुठभेड़ के बाद चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो पिस्तौल, दो बम, 72 कारतूस तथा गोला-बारूद बरामद किया। गिरफ्तार किए मिलिटैंटों के नाम बलविंदर सिंह, अमोलक सिंह, पुरुषोत्तम सिंह और हरभजन सिंह हैं।

2 प्रवासी मजदूरों की हत्या : भूलत्थ से गोगना के अनुसार गत रात थाना करतारपुर के गांव पैंतड़ कलां में 11 बजे के लगभग 4 मिलिटैंटों ने सुरिन्द्र कौर उर्फ छिंदो नामक एक महिला के दो प्रवासी मजदूरों को घर से बाहर निकाल कर खेतों में ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी। उनके नाम आलम तथा राजू बताए जाते हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि 28 जून को मिलिटैंटों ने इनकी मालकिन सुरिंदर कौर की हत्या कर दी थी।

घटनास्थल से पुलिस ने 10 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस सूत्रों द्वारा दी गई एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट प्रीतम सिंह तथा जोगिंदर सिंह, जिनके पास उत्तर प्रदेश के यह मजदूर काम करते थे, के फार्म हाऊस पर गए। वहां से वे दोनों मजदूरों को सुरिन्द्र पाल के निकटवर्ती फार्म हाउस पर ले गए और गोली मार कर हत्या कर दी। सुरिन्द्र पाल, जिसे तेजधार हथियार का घाव आया है, को जालंधर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

महिला की हत्या : संगरूर से गर्ग के अनुसार गत रात यहां से 20 कि.मी. दूर गांव लौंगोवाल में मिलिटैंटों ने अमरजीत कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी।

एक और महिला की हत्या : संगरूर जिले के कक्कड़पुर गांव में कल रात मिलिटैंटों ने नछत्तर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला घायल : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात लुधियाना से 5 कि.मी. दूर गाव गगड़पुर में नछत्तर कौर नामक एक महिला को गोली मार कर गम्भीर घायल कर दिया। उसे सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवा दिया गया है।

मुठभेड़ के बाद अपहृत को छुड़वाया : एस.एस.पी. अनिल कुमार शर्मा ने आज बताया कि गत रात 10.30 बजे 5 मिलिटैंटों ने हैबोवाल से गुरमीत सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से अपहृत कर लिया। सूचना मिलने पर सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने उनका पीछा किया तथा चूहड़पुर के मोड़ पर मिलिटैंटों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान मिलिटैंट तो भाग गए, परन्तु गुरमीत सिंह को छुड़वा लिया गया।

घायल कर गए : लुधियाना जिले के ढल्ला गांव में मिलिटैंट ने इंद्र जीत सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया।

माकपा नेता विस्फोट में बाल-बाल बचे : लुधियाना जिले के जगराओं के निकट आज

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राम मंदिर के मुद्दे पर वार्ता विफल रही तो
उत्तर प्रदेश सरकार कानून बनाएगी : सिंघल

शिमला, 29 जुलाई (खजूरिया, प.स.): विश्व

बल्कि यह राष्ट्रीय सम्मान और देशभक्ति का प्रतीक

विभाजित रहेगा तो हिन्दू समाज को खतरा बना

अ
नागरिक सभा, यमुनानग
खेल-कूद तथा सांस्कृति
श्री राजेश



जिला जालन्धर के गांव पत्तड़ कलां में सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए (ऊपर) आलम का शव, (मध्य) राजू का शव व (नीचे) घायल सुरेंद्र पाल सिंह उर्फ निक्का । (छाया : शिव)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

दोपहर माकपा के राज्य स्तरीय नेता तरसेम सिंह जोधा तथा 4 अन्य एक बारूदी सुरंग विस्फोट तथा उसके पश्चात मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग में बाल-बाल बच गए । माकपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि माकपा की राज्य समिति के सदस्य श्री जोधा, पार्टी की जिला लुधियाना समिति के सदस्य कृपाल सिंह तथा उनके तीन सुरक्षा गार्ड जब जीप में जा रहे थे तो मिलिटैंटों ने एक बैटरी द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट करके जीप को उड़ा दिया । विस्फोट से जीप का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कुशल चालक जीप को तुरन्त धान के खेतों में ले गया तथा सुरक्षा गार्डों ने गन्ने के खेत के दूसरी ओर पोजीशनें ले लीं । मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग का सुरक्षा गार्डों द्वारा जवाब दिया गया । बाद में मिलिटैंट किसी का स्कूटर छीन कर भाग गए । दोनों ओर से कोई भी हताहत नहीं हुआ । गन्ने के खेत में एक बैटरी तथा फ्यूज वायर बरामद हुई है ।

मिलिटैंट मरा : एक मिलिटैंट किशन सिंह को ले जा रहे एक पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के ब्राह्मण गांव के निकट घात लगा कर हमला किया। पुलिस दल ने भी जवाबी गोली-बारी की। गोलीबारी में किशन सिंह मारा गया। पुलिस दल दो ए.के. 47 राइफलें बरामद करके लौट रहा था।

पटियाला से राजू के अनुसार किशन सिंह उर्फ कैला जो कि भादसों पुलिस थाने के गांव गुरथाली का रहने वाला था, को पुलिस ने कल ही गिरफ्तार किया था। वह रोपड़ तथा पटियाला जिलों में अनेक हत्याओं तथा लूटपाट की वारदातों में शामिल था।

दोनाली बंदूक बरामद : पुलिस ने भादसों थाने के गांव नोहरा निवासी नरिन्द्र सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार करके उसके पास से एक दोनाली बंदूक बरामद की है।

अपहृत प्रत्याशी का कुछ पता नहीं : बनूड़ विधानसभा के अपहृत निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह निहंग का अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

राइफलें छीन ले गए : गुरदासपुर से विनोद के अनुसार थाना काहनुवान के गांव चैनीमीरवा में 27-28 जुलाई की रात को कुछ मिलिटैंटों ने गांव की सुरक्षा के लिए उपलब्ध करवाई गई 4 मस्कट राइफलें छीन लीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने गांव निवासियों को एक स्थान पर एकत्र कर लिया और कहा कि वह पुलिस अधिकारी हैं और राइफलों का निरीक्षण करने आए हैं। इसी बहाने उन्होंने राइफलें मंगवा लीं और फरार हो गए।

एक की हत्या : बटाला पुलिस जिले के श्री हरगोबिंदपुर में मिलिटैंटों ने जोगिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में ही गोली मार कर हत्या कर दी।

स्कूटर छीना : बटाला से चौधरी के अनुसार बटाला सदर पुलिस थाने के गांव प्रतापगढ़ में मिलिटैंटों ने बन्दूक की नोक पर सरपंच कश्मीर सिंह का वेस्पा स्कूटर छीन लिया ।

महंत की हत्या : फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार कल रात स्थानीय माल रोड पर स्थित लालावाली समाधि के महंत की समाधि परिसर में गलाघोंट कर हत्या कर दी गई । उसका शव दरी में लिपटा हुआ मिला । उसके हाथ बंधे हुए थे तथा उसके मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था । उसकी हत्या का पता तब चला जब आज सुबह एक महिला समाधि पर गई ।

कांस्टेबल का शव मिला : रोपड़ जिले की बुदकी नदी के निकट से आज सुबह पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल मस्तान सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 30.7.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 78/-, Chandigarh Rs. 78/50, Ambala Rs. 78/50.

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (कंटोड़) : जीरा थाना के अंतर्गत कस्सोआना गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी की हुई थी कि 2 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे। जब सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने गोलियां चला दीं। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया। उसकी पहचान धर्म सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी भंगाली के रूप में हुई है। उसका एक साथी बच कर भाग निकला। जिला पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि धर्म सिंह का नाम पुलिस की सूची में शामिल था और वह हत्या के 30 से अधिक मामलों में संलिप्त था। वह गांव हड्डांवाली तथा कस्सोआना में दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस कर्मियों के 18 रिश्तेदारों की सामूहिक हत्या के मामले में भी वांछित था। वह मोगा के निकट रेल लाइन पर बम धमाके की घटना में भी संलिप्त था। उसने भटिंडा, फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में अनेक लोगों को फिरौती के लिए अपहृत भी किया था।

ट्रक की चेसी छीन ले गए : राजपुरा से मासूम के अनुसार समाचार मिला है कि गत रात पटियाला बाईपास पर एक व्यक्ति से तीन मिलिटैंट ट्रक की नई चेसी छीन कर ले गए। बताया गया है कि ये तीनों मिलिटैंट चेसी वाले के साथ बैठ कर आए फिर बाईपास पर आकर उसे वक्ष से बांध दिया, गोलियां चलाईं और कहा कि कोई आगे न आए, हम मिलिटैंट हैं और चेसी भगा कर ले गए।

2 और हत्याएं : मिलिटैंटों ने आज पुलिस जिला मजीठा के गांव चीमा बाठ में एक व्यक्ति भूपेंद्र सिंह की हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने आज रात्रि अमृतसर नगर के बाहरी क्षेत्र गांव बिशनपुरा में एक व्यक्ति बीर सिंह की हत्या कर दी ।

कश्मीर में अलगाववाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

और 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है । सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज तड़के गांदेरबल से मुजफ्फर अहमद और हमजा दास नामक व्यक्तियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए । उग्रवादियों के हाथों मारे गए मोहम्मद यासीन का शव आज दोपहर बाद सौरा में मिला ।

उग्रवादियों ने आज श्रीनगर के व्यस्त लाल चौक क्षेत्र में स्थित होटल ग्रीन स्टार के एक कर्मचारी अमा गनई को गोली मार कर घायल कर लिया, बाद में गनई की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय सड़क पर यहां से 12 किलो मीटर दूर बसे पम्पोर में आज हड़ताल रही । इसका आयोजन कल कुछ लोगों की सुरक्षा बलों के हाथों गिरफ्तारी के बाद किया गया था ।

जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले में कल पाकिस्तान प्रशिक्षित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । सीमा पार कर भारत में घुसे एक पाकिस्तानी नागरिक को सांबा सैक्टर में गिरफ्तार किया गया ।

जसवंत सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया । चर्चा अधूरी रही ।

राज्यसभा में आज आरोप लगाया गया कि "राजनीतिक इच्छा शक्ति" की कमी के कारण विभिन्न आर्थिक समस्याओं से निपटना सरकार के बस की बात नहीं है । सदन में विपक्ष के नेता जयपाल रेड्डी ने 1991-92 के आम बजट पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि इस सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने घुटने टेक दिए हैं और उसी के निर्देशानुसार वह कदम उठा रही है । श्री रेड्डी ने सरकार से यह बताने की मांग की कि एक निजी न्यास 'राजीव गांधी फाउंडेशन' को किस आधार पर करदाताओं का पैसा दिया गया है ।

श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार मुद्रा कोष के कहे अनुसार ही विभिन्न आर्थिक कदम उठा रही है और उसने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का भारतीय बाजार पर कब्जा करने का मार्ग खोल दिया है ।

कांग्रेस (इ) के सी.पी. ठाकुर ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के दिशा में पहला सार्थक कदम है ।

दूसरी तरफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ई. बालानन्दन ने कहा कि यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा तैयार किया गया है । उन्होंने कहा कि बजट से विदेशी स्रोतों पर निर्भरता बढ़ेगी और घरेलू उद्योग धंधे चौपट हो जाएंगे ।

कांग्रेस (इ) के ए.जी. कुलकर्णी ने बजट को साहसिक बताते हुए कहा कि काले धन की समस्या से निपटने के लिए भी इसमें इतना ही साहस दिखाया जाना चाहिए था ।

भाजपा के वीरेन जे. शाह ने बजट को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला बताया । उन्होंने कहा कि जनता पर प्रति वर्ष कर का भारी बोझ रोकने के लिए अनावश्यक खर्च कम करना बहुत जरूरी है ।

कांग्रेस (इ) के जगेश देसाई ने लेवी चीनी के मूल्य में वृद्धि की आलोचना की । उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार नीति से तैयार शुदा माल के निर्यात के बजाय कच्चे माल का निर्यात बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि रुपए के अवमूल्यन के बाद यदि निर्यात 30 से 40 प्रतिशत तक नहीं बढ़ा तो विदेशी मुद्रा स्थिति में सुधार नहीं हो सकेगा ।

समाजवादी जनता दल के कमल मोरारका ने कहा कि बजट से गरीबों तथा निचले तबके के लोगों पर बरा प्रभाव पड़ेगा । उन्होंने कहा कि विदेशी प्रौद्योगिकी तथा मदद मांग कर "हम अपनी आज़ादी का समर्पण कर रहे हैं ।"

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चतुरानन मिश्र ने सुझाव दिया कि प्रशासनिक खर्च को कम करने के लिए प्रशासन का विकेंद्रीयकरण किया जाना

जंगलों में छिपे : वीभत्स कां

बरेली, 29 जुलाई (नि.स.): पंजाब के मिलिटैंट भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित जंगलों में छिपे हुए हैं और कोई ऐसा वीभत्स कांड करने की योजना बना रहे हैं, जिससे कि प्रशासन सकते में आ जाए और वे पीलीभीत कांड का बदला चुका सकें । सूत्रों का कहना है कि इन मिलिटैंटों के पास अत्याधुनिक शस्त्रों का जखीरा है और वे हर तरह से सुरक्षा बलों से मुकाबला करने में सक्षम हैं ।

वहीं दूसरी ओर जनपद बिजनौर में कथित मिलिटैंट संगठन बब्बर खालसा ने भी अपनी मौजूदगी का दावा पेश करते हुए पुलिस थानों को राकेट लांचरों व बमों से उड़ाने की धमकियां देकर कहा है कि यदि पुलिस ने निर्दोष सिखों का उत्पीड़न बंद न किया तो इसका अंजाम बुरा होगा । बताया जाता है कि तराई के जंगलों में छिपे मिलिटैंट इस बार गिन-गिन कर पुलिस थानों व चौकियों को अपना निशाना बनाने पर आमादा हैं । जनपद बिजनौर में मिलिटैंटों ने पुलिस बल पर हमला करके अपने इस मंसूबे का खुलासा भी किया है ।

हाल ही में काशीपुर के निकट एक भयानक दुर्घटना उस समय घटने से बच गई जब एक यात्री बस में लावारिस पड़े सूटकेस में रखे बम को नष्ट कर दिया गया और बस में सवार लगभग दो दर्जन यात्रियों की जान बचा ली गई । इसके अतिरिक्त मिलिटैंटों ने जनपद बिजनौर के ग्राम रानीपुर के निकट रतलाम व मध्य गंगा नहर पर बन रहे साइफन पुल के निर्माण कार्य में लगे तीन अपहरण कर लिया की ओर से पत्र भेज

पुलिस विभाग मिलिटैंटों के एक हैं और इसी के मिलिटैंटों के खिल दिए हैं, साथ ही पूर्ण सतर्कता बर विभाग ने मिलिटै को अत्याधुनिक की घोषणा की है, अभियान चलाने



विदेश मंत्री माधव सिंह सोलंकी तथा श्रीलंका के विदेश मंत्री जे.ई.एच. हेरात सोमवार को नई दिल्ली में दोनों देशों द्वारा एक संयुक्त आयोग स्थापित किए जाने के संबंध में हुए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद इसकी प्रतिलिपियों का आपस में आदान-प्रदान करते हुए । (छाया : पी.टी.)

भारत-श्रीलंका द्वारा संयुक्त आयोग की स्थापना

नई दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता): भारत और श्रीलंका ने द्विपक्षीय व्यापार को संस्थागत करने और उसका नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए एक संयुक्त आयोग की स्थापना की है । आयोग के गठन के समझौते पर भारत की ओर से विदेश मंत्री माधव सिंह सोलंकी और श्रीलंका की ओर से विदेश मंत्री हेरलडहेरात ने आज यहां हस्ताक्षर किए । दोनों विदेश मंत्री आयोग के सह-अध्यक्ष होंगे । आयोग के दो उप-आयोग होंगे एक वित्तीय एवं व्यापारिक निवेश के मामले देखेगा तथा दूसरा उप-आयोग सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक मामलों के लिए होगा । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि उप-आयोगों की अगस्त या सितम्बर में कोलम्बो में बैठक होगी ।



विदेश राज्यमंत्री एडुअर्डो फ्लेरियो बेलेम पैलेस, लिस्बन में पुर्तगाल के राष्ट्रपति मारियो सोरेज़ (दाएं) के साथ । (छाया : पै.ट्र.)

पुर्तगाल भारत को आज 280 किलो आभूषण सौंपेगा

लिस्बन, 29 जुलाई (प.स.): गोआ में औपनिवेशिक शासन के दौरान पुर्तगाली बैंक में जमा सोने के आभूषणों को कल एक विशेष समारोह में भारत को सौंप दिया जाएगा । पुर्तगाल का बैंकों नैशनल अल्ट्रामेरिनो ये आभूषण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सौंपेगा । 280 किलो ग्राम के सोने के आभूषणों का बाज़ार मुख्य डेढ़ करोड़ डालर आंका गया है ।

भारत-पुर्तगाल समझौता सम्पन्न : उधर भारत और पुर्तगाल ने आज दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन संबंधी उद्योगों में निवेश के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए । यह समझौता पांच वर्ष की अवधि के लिए होगा । भारत के विदेश राज्यमंत्री एडुअर्ड फ्लेरियो तथा पुर्तगाल के विदेश मंत्री डा. दुराओ ब्योसो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

पुर्तगाल के राष्ट्रपति डाक्टर मारियो सोरेस अगले साल भारत में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ।

बाबरी एक्शन कमेटी टूटने लगी

नई दिल्ली, 29 जुलाई (दिनेश): आगामी 3 अगस्त को जामा मस्जिद में बाबरी एक्शन कमेटी की हंगामी बैठक होने से पूर्व ही उत्तर प्रदेश एक्शन कमेटी के संयोजक श्री आजम खान और कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुल्तान ओवेसी के बीच भारी मतभेद पैदा हो गए हैं । परिणामस्वरूप वी.पी. सिंह गुट और मुलायम सिंह धड़े द्वारा संयुक्त मंच बनाने का प्रस्ताव खटाई में पड़ गया है । सुल्तान ओवेसी इमाम बुखारी के अति निकट हैं तथा आंध्र प्रदेश हैदराबाद के मुसलमानों में उनका अच्छा रुतबा माना जाता है जबकि आजम खान उत्तर प्रदेश में

मलेशिया

इपोह (मलें यहां सुलतान मलेशिया ने पूर्व 2-1 से हराया

राजीव हत्य समेत

तिरुचिरापल हत्याकांड की रात यहां चार श्री हिरासत में ले पुलिस सूत्रों के के एक मकान गया । उनके (22), राबिन्स बताए गए हैं ।

फैक्टरी

कोयम्बटूर : बाहरी इलाके बिस्फोटक पदा कम 10 हजार फैक्टरी शहर तमिलनाडु के देवराम ने बत खंखार उग्रवा की गई । इन किया गया था बनाए जाने वा श्रीलंका भेजे की जा रही है भेजी जा चकी

देर रात पकड़े

अगरतल पंचायत राज्य अधोपतन" दिया गया है जानकारी दे उपजाति युव आज शाम ह

सूत्रों ने युवकों ने यहा पर पकड़ा । रात युवती के नुकसान पहु मांग कर भा रवाना हो ग के बारे में का गई ।

प्रधान का दौ

जम्मू, कांफ्रेंस के बयान में का आरोप प्रधानमंत्री प्राप्त शिष्ट वास्तविकत सरकार की रही अतः

मिलि आरो

कलाय शरण एवं द्वारा तीन गत 6 जु नामक व्य विजयेन्द्र इन लोगों

पुलिस गिरफ्तार बोहड़ सिंह उक्त व्यक्ति बीच पुलि भी गिरफ्त कोई कार प्रेरणा देत हबलदार रुपए की

अ

फगव नगरपालि यदि पालि स्वीकार आंदोलन

बुश व

वाशि राष्ट्रपति

Punjabi Parichay.com



जिला जालन्धर के गांव पत्तड़ कलां में सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए (ऊपर) आलम का शव, (मध्य) राजू का शव व (नीचे) घायल सुरेंद्र पाल सिंह उर्फ निक्का । (छाया : शिव)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 8 का शेष)

दोपहर माकपा के राज्य स्तरीय नेता तरसेम सिंह जोधा तथा 4 अन्य एक बारूदी सुरंग विस्फोट तथा उसके पश्चात मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग में बाल-बाल बच गए । माकपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि माकपा की राज्य समिति के सदस्य श्री जोधा, पार्टी की जिला लुधियाना समिति के सदस्य कृपाल सिंह तथा उनके तीन सुरक्षा गार्ड जब जीप में जा रहे थे तो मिलिटैंटों ने एक बैटरी द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट करके जीप को उड़ा दिया । विस्फोट से जीप का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कुशल चालक जीप को तुरन्त धान के खेतों में ले गया तथा सुरक्षा गार्डों ने गन्ने के खेत के दूसरी ओर पोजीशनें ले लीं । मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग का सुरक्षा गार्डों द्वारा जवाब दिया गया । बाद में मिलिटैंट किसी का स्कूटर छीन कर भाग गए । दोनों ओर से कोई भी हताहत नहीं हुआ । गन्ने के खेत में एक बैटरी तथा फ्यूज वायर बरामद हुई है ।

मिलिटैंट मरा : एक मिलिटैंट किशन सिंह को ले जा रहे एक पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के ब्राह्मण गांव के निकट घात लगा कर हमला किया। पुलिस दल ने भी जवाबी गोली-बारी की। गोलीबारी में किशन सिंह मारा गया। पुलिस दल दो ए.के. 47 राइफलें बरामद करके लौट रहा था।

पटियाला से राजू के अनुसार किशन सिंह उर्फ कैला जो कि भादसों पुलिस थाने के गांव गुरथाली का रहने वाला था, को पुलिस ने कल ही गिरफ्तार किया

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (कंटोड़) : जीरा थाना के अंतर्गत कस्सोआना गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी की हुई थी कि 2 संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे। जब सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने गोलियां चला दीं। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया। उसकी पहचान धर्म सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी भंगाली के रूप में हुई है। उसका एक साथी बच कर भाग निकला। जिला पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि धर्म सिंह का नाम पुलिस की सूची में शामिल था और वह हत्या के 30 से अधिक मामलों में संलिप्त था। वह गांव हड्डाबाली तथा कस्सोआना में दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस कर्मियों के 18 रिश्तेदारों की सामूहिक हत्या के मामले में भी वांछित था। वह मोगा के निकट रेल लाइन पर बम धमाके की घटना में भी संलिप्त था। उसने भटिंडा, फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में अनेक लोगों को फिरौती के लिए अपहृत भी किया था।

ट्रक की चेसी छीन ले गए : राजपुरा से मासूम के अनुसार समाचार मिला है कि गत रात पटियाला बाईपास पर एक व्यक्ति से तीन मिलिटैंट ट्रक की नई चेसी छीन कर ले गए। बताया गया है कि ये तीनों मिलिटैंट चेसी वाले के साथ बैठ कर आए फिर बाईपास पर आकर उसे वृक्ष से बांध दिया, गोलियां चलाईं और कहा कि कोई आगे न आए, हम मिलिटैंट हैं और चेसी भगा कर ले गए।

2 और हत्याएं : मिलिटैंटों ने आज पुलिस जिला मजीठा के गांव चीमा बाठ में एक व्यक्ति भूपेंद्र सिंह की हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने आज रात्रि अमृतसर नगर के बाहरी क्षेत्र गांव बिशनपुरा में एक व्यक्ति वीर सिंह की हत्या कर दी ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

और 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । आग लगने के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है । सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज तड़के गांदेरबल से मुजफ्फर अहमद और हमजा दास नामक व्यक्तियों को गोलियों से छलनी शव बरामद किए । उग्रवादियों के हाथों मारे गए मोहम्मद यासीन का शव आज दोपहर बाद सौरा में मिला ।

उग्रवादियों ने आज श्रीनगर के व्यस्त लाल चौक क्षेत्र में स्थित होटल ग्रीन स्टार के एक कर्मचारी अमा गनई को गोली मार कर घायल कर लिया, बाद में गनई की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय सड़क पर यहां से 12 किलो मीटर दूर बसे पम्पोर में आज हड़ताल रही । इसका आयोजन कल कुछ लोगों की सुरक्षा बलों के हाथों गिरफ्तारी के बाद किया गया था ।

जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले में कल पाकिस्तान प्रशिक्षित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । सीमा पार कर भारत में घुसे एक पाकिस्तानी नागरिक को सांबा सैक्टर में गिरफ्तार किया गया ।

जसवंत सिंह

सामूहिक उत्तरद
उन्हें मंत्रिपरिषद
है। उन्होंने सदन
स्थिति स्पष्ट कर

इस पर श्री सि
राममूर्ति से तथ्यों
सकते। संसदीय
उत्तेजित सदस्यों
समय तमिलनाड

विपक्षी सदस
चाहते थे कि सर
एक निश्चित सम
विपक्षी सदस्यों
पाटिल ने कहा
परस्पर विरोधी
को इस बारे में
दी है। सदस्यों
किया कि आव
वक्तव्य दिए जा

इससे पहले
कावेरी जल विव
पर आरोप लगा
न्यायालय को
अन्याय किया
सरकार का पक्ष
उन्हें सिर्फ कर्ना
वैधता पर उच
चाहिए थी।

इस मामले
सदस्यों ने पार्टी
आधार पर वि
(इ) के सदस्य
न्यायालय को भे
पार्टी के तमिल
अनवरासू तथा
आलोचना की।
न्यायाधिकरण
में केंद्र और क
है।

श्री अनवरा
अधिकारी पर
सरकार को कु
जिनके आधार
भाजपा के श्री
मामले को न्याय
की बात समझ
न्यायालय का
बाध्यकारी होग

इस बीच
राममूर्ति के ब
वामपंथी दल,
मांग की कि श्री
चाहिए और क
फिर इस्तीफा
वक्तव्य चाहते
जब सदन के ने
में वह अपनी

तथा सुरक्षा गार्डों ने गन्ने के खेत में पुलिस और पोजीशनें ले लीं । मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग का सुरक्षा गार्डों द्वारा जवाब दिया गया । बाद में मिलिटैंट किसी का स्कूटर छीन कर भाग गए । दोनों ओर से कोई भी हताहत नहीं हुआ । गन्ने के खेत में एक बैटरी तथा फ्यूज वायर बरामद हुई है ।

मिलिटैंट मरा : एक मिलिटैंट किशन सिंह को ले जा रहे एक पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के ब्राह्मण गांव के निकट घातलगा कर हमला किया। पुलिस दल ने भी जवाबी गोली-बारी की। गोलीबारी में किशन सिंह मारा गया। पुलिस दल दो ए.के. 47 राइफलें बरामद करके लौट रहा था।

पटियाला से राजू के अनुसार किशन सिंह उर्फ कैला जो कि भादसों पुलिस थाने के गांव गुरयाली का रहने वाला था, को पुलिस ने कल ही गिरफ्तार किया था। वह रोपड़ तथा पटियाला जिलों में अनेक हत्याओं तथा लूटपाट की वारदातों में शामिल था।

दो नाली बंदूक बरामद : पुलिस ने भादसों थाने के गांव नोहरा निवासी नरिंद सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार करके उसके पास से एक दोनाली बंदूक बरामद की है।

अपहृत प्रत्याशी का कुछ पता नहीं : बनूड़ विधानसभा के अपहृत निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह निहंग का अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

राइफलें छीन ले गए : गुरदासपुर से विनोद के अनुसार थाना काहनुवान के गांव चैनीमीरवां में 27-28 जुलाई की रात को कुछ मिलिटैंटों ने गांव की सुरक्षा के लिए उपलब्ध करवाई गई 4 मिस्र राइफलें छीन लीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने गांव निवासियों को एक स्थान पर एकत्र कर लिया और कहा कि वह पुलिस अधिकारी हैं और राइफलों का निरीक्षण करने आए हैं। इसी बहाने उन्होंने राइफलें मंगवा लीं और फरार हो गए।

एक की हत्या : बटाला पुलिस जिले के श्री हरगोबिंदपुर में मिलिटैंटों ने जोगिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में ही गोली मार कर हत्या कर दी।

स्कूटर छीना : बटाला से चौधरी के अनुसार बटाला सदर पुलिस थाने के गांव प्रतापगढ़ में मिलिटैंटों ने बन्दूक की नोक पर सरपंच कश्मीर सिंह का वेस्पा स्कूटर छीन लिया ।

महंत की हत्या : फरीदकोट से जिन्दल के अनुसार कल रात स्थानीय माल रोड पर स्थित लालावाली समाधि के महंत की समाधि परिसर में गलाघोंट कर हत्या कर दी गई । उनका शव दरी में लिपटा हुआ मिला । उसके हाथ बंधे हुए थे तथा उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था । उसकी हत्या का पता तब चला जब आज सुबह एक महिला समाधि पर गई ।

कांस्टेबल का शव मिला : रोपड़ जिले की बुदकी नदी के निकट से आज सुबह पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल मस्तान सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 30.7.91

शेष आज दोपहर बाद तारों में मिलेगा ।

उग्रवादियों ने आज श्रीनगर के व्यस्त लाल चौक क्षेत्र में स्थित होटल ग्रीन स्टार के एक कर्मचारी अमा गनई को गोली मार कर घायल कर लिया, बाद में गनई की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय सड़क पर यहां से 12 किलो मीटर दूर बसे पम्पोर में आज हड़ताल रही । इसका आयोजन कल कुछ लोगों की सुरक्षा बलों के हाथों गिरफ्तारी के बाद किया गया था ।

जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले में कल पाकिस्तान प्रशिक्षित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया । सीमा पार कर भारत में घुसे एक पाकिस्तानी नागरिक को सांबा सैक्टर में गिरफ्तार किया गया ।

जसवंत सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया । चर्चा अधूरी रही ।

राज्यसभा में आज आरोप लगाया गया कि "राजनीतिक इच्छा शक्ति" की कमी के कारण विभिन्न आर्थिक समस्याओं से निपटना सरकार के बस की बात नहीं है । सदन में विपक्ष के नेता जयपाल रेड्डी ने 1991-92 के आम बजट पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि इस सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने घुटने टेक दिए हैं और उसी के निर्देशानुसार वह कदम उठा रही है । श्री रेड्डी ने सरकार से यह बताने की मांग की कि एक निजी न्यास 'राजीव गांधी फाउंडेशन' को किस आधार पर करदाताओं का पैसा दिया गया है ।

श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार मुद्रा कोष के कहे अनुसार ही विभिन्न आर्थिक कदम उठा रही है और उसने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का भारतीय बाजार पर कब्जा करने का मार्ग खोल दिया है ।

कांग्रेस (इ) के सी.पी. ठाकुर ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के दिशा में पहला सार्थक कदम है ।

दूसरी तरफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इं. बालानन्दन ने कहा कि यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा तैयार किया गया है । उन्होंने कहा कि बजट से विदेशी स्रोतों पर निर्भरता बढ़ेगी और घरेलू उद्योग धंधे चौपट हो जाएंगे ।

कांग्रेस (इ) के ए.जी. कुलकर्णी ने बजट को साहसिक बताते हुए कहा कि काले धन की समस्या से निपटने के लिए भी इसमें इतना ही साहस दिखाया जाना चाहिए था ।

भाजपा के वीरेन जे. शाह ने बजट को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला बताया । उन्होंने कहा कि जनता पर प्रति वर्ष कर का भारी बोझ रोकने के लिए अनावश्यक खर्च कम करना बहुत जरूरी है ।

कांग्रेस (इ) के जगेश देसाई ने लेवी चीनी के मूल्य में वृद्धि की आलोचना की । उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार नीति से तैयार शुदा माल के निर्यात के बजाय कच्चे माल का निर्यात बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि रुपए के अवमूल्यन के बाद यदि निर्यात 30 से 40 प्रतिशत तक नहीं बढ़ा तो विदेशी मुद्रा स्थिति में सुधार नहीं हो सकेगा ।

समाजवादी जनता दल के कमल मोरारका ने कहा कि बजट से गरीबों तथा निचले तबके के लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा । उन्होंने कहा कि विदेशी प्रौद्योगिकी तथा मदद मांग कर "हम अपनी आज़ादी का समर्पण कर रहे हैं ।"

Punjabi Sansar

पंजाब में पत्रकार समेत 8 लोगों की हत्या, 2 का अपहरण, 6 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 30 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से एक पत्रकार समेत 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट भी मारे गए तथा एक लुटेरे सहित 3 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा राज्य में 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया तथा सुरक्षा बलों का एक काफिला बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया ।

सुरक्षा बलों का काफिला बचा : गुरदासपुर जिले में एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है । बताया जाता है कि गांव कहनूवान में सुरक्षा बलों के शिविर मुख्यालय से नियमित गश्त के लिए वाहनों के काफिले के निकलने के कुछ ही सैकेंड पहले मुख्यालय के बाहर सड़क पर बारूदी सुरंग का यह विस्फोट हुआ । जिला पुलिस प्रमुख एस.के. गोयल के अनुसार विस्फोट से सड़क पर दो मीटर गहरा गड्ढा हो गया पर कोई भी हताहत नहीं हुआ, न ही किसी वाहन को नुकसान पहुंचा ।

4 व्यक्तियों की हत्या : मजीठा थाना क्षेत्र के कत्थूनंगल इलाके के रुपियांवाली गांव में तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने एक मकान में छापा मारकर अजीत सिंह, रवेल सिंह और जसवन्त सिंह को गोली मार दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कारतूस के खोल बरामद हुए ।

मजीठा पुलिस जिले के ही भांगली खुर्द गांव में एक व्यक्ति की चाक घोंप कर हत्या कर दी गई । उसकी पहचान हरदेव सिंह के रूप में हुई है ।

किसान की हत्या : एक किसान हरबंत सिंह को मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के बुलाडा गांव में उसके ट्यूबवैल के निकट मार डाला ।

2 अन्य की हत्या : फिरोजपुर जिले के सलीमपुर गांव में मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों इंदर सिंह और रूड़ सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक का अपहरण : 3 मिलिटैंट गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला के ब्यास इलाका के पूरनसिंह का अपहरण कर लिया गया है जबकि पटियाला और लुधियाना जिला में तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया गया । उनके कब्जे से कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ ।

पुलिस अधीक्षक का मकान जला दिया : इसी दौरान मिलिटैंटों ने पटियाला जिला के किला रायपुर गांव में जिला पुलिस अधीक्षक सरबजीत सिंह के मकान में आग लगा दी ।

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के मोहरकलां गांव में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में कल रात दो मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक डबल बैरल गन, 12 कारतूस और दो ए.के. 47 की मैगजीन बरामद की गई ।

मिलिटैंट मरा, कांस्टेबल घायल : बटाला पुलिस जिला के कादियां थाना क्षेत्र के अधीन दनियां सेंध गांव की एक पुलिस चौकी पर कुछ बदमाशों ने हमला किया, जिसमें से एक मिलिटैंट मारा गया और एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया । कांस्टेबल का नाम जसबीर सिंह बताया जाता है जबकि मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व उसकी दो मैगजीन बरामद हुई हैं ।

'कोछड़' व 'चौधरी' के अनुसार गत सायं 5.30 बजे एक नाका पार्टी ने सामने से आ रहे दो मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया था, मगर उन्होंने चुनौती दिए जाने पर गोली चला दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया व दूसरा फरार हो गया । घटनास्थल से एक अमरीकी पिस्तौल व उसके कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

दुर्दांत मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : मोगा : गत सायं मोगा-जीरा मार्ग पर संक्षिप्त मकाबले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा चारों तरफ से घेर लिए जाने के कारण दुर्दांत मिलिटैंट सुखमन्दिर उर्फ मन्दिर ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह के अनुसार मृतक के कब्जे से एक स्टेनगन व एक मैगजीन बरामद हुई । वह एक दर्जन से अधिक हत्याओं व मिलिटैंसी की वारदातों में संलिप्त था ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जब एक गश्ती दल ने उक्त मिलिटैंट को झाड़ियों में छिपते देखा तो उसे चुनौती दी गई, मगर उसने गोली चला दी । तब इस पुलिस दल ने उसे चारों तरफ से घेर कर जवाबी फायरिंग की, मगर उसने स्वयं को घिरा पाकर आत्म हत्या कर ली ।

पता चला है कि मृतक मिलिटैंट बब्बर खालसा नामक संगठन से सम्बन्धित था ।

घायल मिलिटैंट चल बसा : जिला अमृतसर के भणपुरा में कल सतीश कुमार नामक एक चक्कीवाले की गोली से घायल हुआ मिलिटैंट आज अस्पताल में दम तोड़ गया ।

फरार मिलिटैंट का शव मिला : गत रविवार को पुलिस की हिरासत से फरार होने वाले मिलिटैंट गुरमीत सिंह का शव गत रात्रि जिला जालन्धर के गांव मुलेवाल खेड़ा के निकट पाया गया ।

बच्चे का अपहरण : एक अन्य घटना में गत रात्रि जिला रोपड़ के टोडर माजरा गांव में मिलिटैंटों ने हैड कांस्टेबल अमर सिंह के घर में घुस कर उसके नौ वर्षीय पुत्र शिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया ।

डाक घर लूटा : अमृतसर (अशोक): पुलिस के अनुसार थाना मेहता के अधीन गांव मेहता चौक में स्थित डाक घर से आज बाद दोपहर दो मिलिटैंटों ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कश्मीर हिंसा में 2 अलगाववादियों सहित 7 मरे, दुरई स्वामी की रिहाई के प्रयास जारी

श्रीनगर, 30 जुलाई (वार्ता): कश्मीर घाटी में गत 24 घंटे में दो अलगाववादियों समेत 7 व्यक्ति मारे गए और आठ सुरक्षा कर्मी घायल हुए, जबकि भारतीय तेल निगम के कार्यकारी निदेशक के. दुरई स्वामी को मुक्त कराने के प्रयास जारी हैं । सुरक्षा बलों ने इस दौरान 27 अलगाववादियों को गिरफ्तार किया और उनसे काफी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद किए ।

कपर्यग्रस्त सीमा पट्टी के निकट सुरक्षा बलों से मठभेड़ में एक अलगाववादी मारा गया । मुठभेड़ स्थल से तीन ए.के. 47 राइफलें, दो राकेट, दो राकेट बस्टर और दो हजार से अधिक कारतूस बरामद किए गए ।

सोपोर में आज अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं । सुरक्षा बलों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । गोलीबारी में दो व्यक्ति मारे गए ।

प्रवक्ता के अनुसार सुरक्षा बलों ने कल श्रीनगर में पाकिस्तान प्रशिक्षित एक अलगाववादी को सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर हमला किया । घटना में कोई हताहत नहीं हुआ । यहां पर सी.आर.पी.एफ. की एक चौकी पर भी हमला किया गया । अनंतनाग जिले के बिजबेहड़ा गांव में भी कल रात सुरक्षा बलों और अलगाववादियों के बीच मुठभेड़ हुई ।

नातीपोरा में आज सुबह अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों पर एक हथगोला फैंका तथा राकेट से हमला किया । सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की । घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन राकेट से एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया ।

सरकारी प्रवक्ता ने एक सम्वाद समिति की टैलीफोन एक्सचेंज पर हथगोला फैंके जाने की खबर का आज खंडन किया है । उसने खबर को आधारहीन बताते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला एक्सचेंज पर नहीं हुआ है ।

सुरक्षा बलों ने आज केंद्रीय श्रीनगर में दो स्थानों पर अलगाववादियों तथा उनके शरणदाताओं के

Punjabi Sahitya



कोयम्बटूर (तमिलनाडु) के डा. मनुस्वामी नगर में स्थित वह मकान जहां पुलिस द्वारा घिर जाने पर श्रीलंका के 2 लिट्टे उग्रवादियों ने गत रविवार को आत्महत्या कर ली थी । (दाएं) इन मिलिटैंटों से पुलिस द्वारा बरामद वायरलैस सैट तथा अन्य वस्तुएं ।

सौ से अधिक हत्याओं में संलिप्त के.सी.एफ. एरिया कमांडर निरवैर सिंह सहित 3 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 31 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर निरवैर सिंह, जोकि 100 से अधिक हत्याओं में वांछित था, सहित तीन मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 2 का अपहरण कर लिया ।

एरिया कमांडर निरवैर सिंह सहित 2 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (कन्तोड़, अनेजा): खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन सिंह ग्रुप) का एरिया कमांडर निरवैर सिंह आज तड़के अपने ही साथी मिलिटैंटों और पुलिस की क्रास फायरिंग में उस समय मारा गया, जब एक पुलिस पार्टी उसे थाना सदर जलालाबाद के गांव चक जानीसर में किसी मोर्चे में छुपे हुए हथियार बरामद कराने के लिए ले जा रही थी । विस्तृत जानकारी देते हुए फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि जैसे ही पुलिस पार्टी निरवैर सिंह को लेकर मोर्चे पर पहुंची, वहां छुपे 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाई और मुकाबला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा । इस बीच निरवैर सिंह ने मौका देख कर भागने की कोशिश की,परन्तु क्रास फायरिंग में मारा गया । हमलावर मिलिटैंटों ने भी भागने का प्रयास किया, जिसमें एक मिलिटैंट मारा गया जबकि दो बच निकलने में सफल हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, 10 कारतूस, 3 हथगोले, 15 किलो विस्फोटक सामग्री, 11 डैटोनेटर, एक थामसन गन 2 मैगजीन सहित एक मैगजीन जनरल पर्पज मशीनगन का, चार स्टिक बम और एक जीप पी.यू.सी. 222 बरामद हुई है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह कुख्यात मिलिटैंट था और 100 से भी अधिक हत्याओं में फिरोजपुर, फरीदकोट, अमृतसर, तरनतारन और रोपड़ पुलिस को वांछित था । वह इन प्रमुख वारदातों में संलिप्त था । रोपड़ जिले में एस.वाई.एल. नहर पर काम करने वाले 27 मजदूरों की सामूहिक हत्या, फरीदकोट जिले के गांव

अन्यत्र एस.पी.ओ. सहित 4 की हत्या, बालक सहित 2 का अपहरण

दीपसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, थाना भिखीविंड के गांव सूरसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, रामसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, तारासिंहवाला में 4 व्यक्तियों तथा रत्ताखेड़ा में 6 व्यक्तियों की हत्या । वह कई अपहरण, फिरौती और हथियार छीनने की घटनाओं में वांछित था ।

जलालाबाद में मलिक के अनुसार एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह को श्रीगंगानगर की केंद्रीय जेल में रखा गया था तथा पुलिस कल उसे हथियारों की बरामदगी के लिए श्रीगंगानगर से लेकर आई थी । निरवैर सिंह ने पुलिस को चकमा देने के लिए गलत बयानबाजी की थी कि हथियार जीरा के निकट एक गांव मेहरसिंहवाला में रखे हुए हैं । पुलिस जब उस गांव में पहुंची तो वहां से हथियार न मिल सके । बाद में पूछताछ में निरवैर सिंह ने बताया कि हथियार जलालाबाद के गांव जानीसर में दबा कर रखे हुए हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह 1981 में सेना में भे भगौड़ा हो गया था । उन्होंने बताया कि निरवैर सिंह को छुड़वाने के लिए मिलिटैंटों ने लगभग 2 घंटे तक फायरिंग की ।



बब्बर खालसा का स्वयंभू एरिया कमांडर अवतार सिंह जो श्रीगंगानगर पुलिस द्वारा पकड़ा गया। यह पाकिस्तान जाने की फिराक में था।
(छाया : सुगर).

एक अन्य मिलिटैंट मरा : एक अन्य मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट कल रात फिरोजपुर जिले में जीरा पुलिस थाना क्षेत्र के फतेहगढ़ गांव के निकट मारा गया । पुलिस ने बताया कि मिलिटैंट को रुकने का संकेत किया गया था । इस पर उसने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसके तीन मैगजीन और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

सरपंच की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना माहिलपुर के ग्राम मननहाना के युवा सरपंच परमिन्द्रजीत सिंह की ए.के. 47 से गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार दो मिलिटैंट रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे परमिन्द जीत सिंह के घर जबरदस्ती दाखिल हो गए व उसे नींद से जगा कर उसकी हत्या करके फरार हो गए । फायरिंग में उसका पुत्र घायल हो गया ।

तुरंत कार्रवाई करके अपहृतों को मुक्त कराया : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर में सतपाल नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उर्वरक मूल्य वृद्धि के विरोध में संसद के दोनों सदनों से विपक्ष का

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स., वार्ता): उर्वरकों पर राज-सहायता कम करने तथा उनकी कीमतें बढ़ाने के मसले पर आज संसद के दोनों सदनों में चिंता व्यक्त की गई तथा विपक्षी सदस्यों ने दोनों

कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने कहा कि उन्हें किसानों के साथ पूरी सहानुभूति है,लेकिन इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के मामले में वह अपने-आप कुछ नहीं कर सकते। कृषि मंत्री के जवाब से

100 करोड़ रुपए कहां से जुटाए गए?कांग्रेस (इ) के सदस्यों ने श्री वर्मा की इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया तो विपक्ष के अनेक सदस्य उनके समर्थन में खड़े हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक

गए। तब अध्यक्ष को श्री वर्मा से कहना पड़ा कि वह अपने को निर्धारित मुद्दे तक ही सीमित रखें। सदन के नेता अर्जुन सिंह ने इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहा लेकिन विपक्ष की लगातार टोका-टाकी के कारण वह बोल नहीं सके। इस पर अध्यक्ष ने अपने

Punjab Sahatoni

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुत्र नरिंदर पाल तथा दो अन्यों बलदेव एवं सरिदर को अपहरण कर लिया । सुरक्षा कर्मियों ने अपहरणकर्त्ताओं का पीछा कर सुरिंदर और बलदेव को मुक्त करा लिया । नरिंदर पाल को मिलिटैंट अपने साथ लेकर भाग गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के मेहता पुलिस थाने के गांव बल्ला में आज सुबह मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

डाक घर लूटा : दो मिलिटैंटों ने व्यास पुलिस थाने के गांव बाबा बकाला में डाक घर से 5,451 रुपए लूट लिए ।

बालक का अपहरण : अमृतसर में कल रात एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने रणजीत कालोनी से मनप्रीत सिंह (11) नामक बालक को उसके घर से अपहृत कर लिया ।

बताया जाता है कि मनप्रीत शराब के एक प्रमुख व्यापारी नरिंदर सिंह का पुत्र है । मिलिटैंटों ने उनके घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर धन मांगा था । इंकार करने पर वे मनप्रीत का अपहरण करके ले गए ।

विशेष पुलिस अधिकारी की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव लालपरा में नियुक्त विशेष पुलिस अधिकारी रमेश चंद्र की गोली मार कर हत्या कर दी ।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट जिले में से पुलिस ने कल रात 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । इनमें से 6 जिले में 40 लूटपाट की घटनाओं तथा फिरौतियां लेने की अनेक घटनाओं में संलिप्त हैं ।

स्कूटर छीन ले गए : गुरदासपुर (विनोद): आज दोपहर लगभग 12 बजे दीनानगर थाने के गांव पनियार की मुख्य सड़क पर 2 मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर प्राण सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

2 छात्र मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर) : कल लुधियाना पुलिस ने गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज लुधियाना के एक छात्र सुखविन्दर सिंह और गवर्नमैंट कालेज चंडीगढ़ के बी.एस.सी. के छात्र गुरइकबाल सिंह (दोनों गुरदासपुर के निवासी हैं) को सनसनीपूर्ण हालात में गिरफ्तार किया है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुखदेव सिंह छीना ने आज बताया कि कल दिन के समय दोनों छात्रों ने पिस्तौल की नोक पर एक कार पी.बी. 10 बी, 0570 किसी से छीन ली और लेकर फरार हो गए । पुलिस ने उनका पीछा किया और दो घंटे के संघर्ष के बाद साहनेवाल थाने के निकट उनको पकड़ लिया । उनके कब्जे से एक पिस्तौल 9 एम.एम. का बरामद हुआ । कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया ।

एस.पी. ने बताया कि इन दोनों ने अपने कालेजों के कई अन्य छात्रों के नाम भी पुलिस को बताए हैं जो इस प्रकार की वारदातें करते हैं और सभी छात्रों को बदनाम करते हैं । पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयत्नशील है ।

4 कारें बरामद : 5 चोर गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने कार चोरों के एक गिरोह के 5 सदस्यों को भी गिरफ्तार करने का दावा किया है । उन्होंने 5 कारें चोरी की हैं जबकि उनके कब्जे से 4 कारें बरामद की गई हैं । उनके नाम राजेन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, अजीत सिंह, बलदेव सिंह भोली और गरमीत सिंह बताए जाते हैं । ये सभी आलमगीर और गिल गांव के रहने वाले हैं । पुलिस के अनुसार ये लोग गुरुद्वारा आलमगीर में माथा टेकने आए लोगों की बाहर खड़ी कारें चुरा कर ले जाते थे । श्री छीना ने बताया कि उनके कब्जे से चोरी का एक स्कूटर भी मिला है ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि निकटवर्ती गांव दोसांझ कलां के निकट दो अज्ञात हथियारबंद मिलिटैंटों ने एक ग्रामीण स्कूटर सवार से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए ।

इंस्पैक्टर का घर जला दिया : संगरूर (गर्ग): मिलिटैंटों ने आज दोपहर 12 बजे भवानीगढ़ में पुलिस इंस्पैक्टर स्वर्ण सिंह के घर को आग लगा कर जला दिया ।

एक अन्य की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव बंगाली खुरो में मिलिटैंटों ने हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

40,000 के गहने लूट ले गए : जालन्धर (हल्ल) : स्थानीय प्रकाश नगर में 29 जुलाई को बाद दोपहर 3.30 बजे 12 नं. कोठी में तीन लटेरों द्वारा पिस्तौल की नोक पर लगभग 40,000 रुपए के सोने के गहने लूट कर ले जाने का समाचार मिला है ।

प्राप्त समाचार के अनुसार 20-25 वर्ष के तीन युवक दिन के 3.30 बजे प्रकाश नगर स्थित श्री



थाना सदर जलालाबाद के गांव चक जानीसर के निकट मुठभेड़ में मारा गया मिलिटैंट सिरदैर सिंह (बाएं) तथा एक अन्य मिलिटैंट (नीचे) मुठभेड़ के पश्चात बरामद हथियार । (छाया : राकेश)

नगर निगम कर्मियों द्वारा धरना

जालन्धर, 31 जुलाई (वा.) — जालन्धर में वाटर सप्लाई, सीवरमैन, फायर ब्रिगेड व निगम ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की यूनियनों व कर्मचारी दल पर आधारित फैडरेशन की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में आज निगमायुक्त के कार्यालय के बाहर धरना दिया गया । फैडरेशन के प्रधान श्री कमल किशोर शर्मा के अनुसार यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं । उन्होंने बताया कि आयुक्त को 26.6.91 और 15.7.91 को इस बारे में ज्ञापन दिए गए थे, किन्तु उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । उनकी मुख्य मांगें हैं— क्लर्कों पर 1.1.86 के ग्रेड लागू करना, जो क्लर्क पदोन्नत कर इंस्पैक्टर बनाए गए हैं, उन्हें इंस्पैक्टर का ग्रेड देना आदि ।

बीरेन्द्र सिंह अध्यक्ष पद छोड़ेंगे ?

रोहतक, 31 जुलाई (संजय): हरियाणा के राजस्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बीरेन्द्र सिंह शीघ्र ही अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे । ऐसा संकेत उन्होंने कल यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए दिया । श्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि मुझे मंत्री पद या अध्यक्ष पद में से एक को चुनना पड़ेगा तो मैं अध्यक्ष पद को ही चुनूंगा ।

श्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भजन लाल मंत्रिमंडल में उन्होंने किसी भी विधायक को मंत्री बनाने के लिए सिफारिश नहीं की । उन्होंने कहा कि वे भली-भांति जानते हैं कि किन-किन विधायकों ने उनसे धोखा किया है । राजस्व मंत्री ने कहा कि हरियाणा विकास पार्टी के अध्यक्ष चौ. बंसी लाल को कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा ।

कोयले पर रायल्टी बढ़ी

नई दिल्ली, 31 जुलाई (वार्ता) : सरकार ने कोयले पर रायल्टी बढ़ाने का फैसला किया है । कोयला राज्यमंत्री पी.ए. संगमा ने आज लोकसभा में अपनी ओर से दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि कोयले की संशोधित रायल्टी दर 70 रुपए प्रति टन होगी। संशोधित रायल्टी का ब्यौरा सदन में रखा जाएगा । श्री संगमा ने बताया कि रायल्टी बढ़ने से कोयले की कीमतों में 10 रुपए प्रति टन की वृद्धि हो सकती है ।

कावेरी जल-विवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

चाहती है तो वह ऐसा कर सकता है । राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय से कावेरी न्यायाधिकरण के अंतरिम आदेश के संबंध में कर्नाटक द्वारा जारी अध्यादेश तथा विवाद से संबंधित अन्य मुद्दों पर राय मांगी है ।

न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा तथा मध्य प्रदेश को नोटिस जारी करने का सुझाव स्वीकार नहीं किया । इन राज्यों को नोटिस जारी करने का सुझाव कावेरी मामले में उठाए गए इस मुद्दे के कारण दिया गया था कि 1956 के अंतर्राज्यीय जल विवाद कानून के अंतर्गत नियुक्त न्यायाधिकरण को अंतरिम आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है ।

न्यायाधीशों ने कहा कि वे राष्ट्रपति द्वारा मांगी गई राय का दायरा बढ़ाना नहीं चाहते ।

कर्नाटक का स्टैंड : बेंगलूर (वार्ता): कर्नाटक का कहना है कि कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण ने तमिलनाडु को 205 टी.एम.सी. पानी देने का अंतरिम आदेश यदि पानी की उपलब्धता के आधार पर दिया होता तो वह उसे स्वीकार कर लेता ।

कर्नाटक सरकार के सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष पानी देने में कोई समस्या नहीं है किन्तु ऐसे वर्ष में जिसमें कावेरी में पानी कम हो, पानी देना कठिन होगा । प्रवक्ता ने कहा कि इस स्थिति को ध्यान में रख कर अंतरिम आदेश में 'पानी की उपलब्धता' शब्द जोड़ा जाना चाहिए था । 'उपलब्धता' शब्द न होने से आदेश अव्यावहारिक हो गया है ।

सूत्रों ने बताया कि अब तक कर्नाटक तमिलनाडु को हर वर्ष 140 से 180 टी.एम.सी. पानी देता रहा है । प्रवक्ता ने कहा कि तमिलनाडु जोर दे रहा है कि समझौता वार्ता शुरू होने से पहले ही न्यायाधिकरण के आदेश पर उसे पानी देना शुरू कर दिया जाए । कर्नाटक का कहना है कि इस समय समझौता-वार्ता शुरू करने से कम पानी वाले वर्ष में पानी की मात्रा के बारे में समझौता हो सकता है । कर्नाटक इस बारे में दीर्घकालीन दृष्टिकोण चाहता है ।

रामलीला कमेटी को राजनीति का अखाड़ा न बनाया जाए : तांगड़ी

लुधियाना, 31 जुलाई (महिन्द्रा): रामलीला

इंका समिति द्वारा चुनाव परिणामों की समीक्षा

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स.): कांग्रेस (इ) द्वारा पिछले चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए गठित समिति ने अपना काम शुरू कर दिया है । समिति ने सबसे पहले बिहार और उत्तर प्रदेश में पार्टी की भारी पराजय पर विचार करने का निश्चय किया ।

समिति के अध्यक्ष श्री राम निवास मिर्धा ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में ही पार्टी के सर्वाधिक उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हुई थीं । श्री मिर्धा की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं । समिति की तीसरी बैठक कल हुई थी, जिसमें पार्टी अध्यक्ष प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने भी भाग लिया ।

श्री मिर्धा ने कहा कि समिति अपने काम के सिलसिले में सभी उम्मीदवारों तथा अन्य सभी सम्बद्ध लोगों से मिलेगी । समिति इस संबंध में प्रदेश अध्यक्षों से भी बात करेगी । उन्होंने कहा कि समिति इस बात का भी पता लगाएगी कि जो लोग अभी तक कांग्रेस (इ) का समर्थन करते रहे हैं, उन्होंने पिछले चुनाव में पार्टी का साथ क्यों नहीं दिया तथा उन्हें पुनः किस तरह पार्टी के साथ लाया जा सकता है ? श्री मिर्धा ने बताया कि समिति की रिपोर्ट देने के बारे में कोई समयावधि तय नहीं की गई है । समिति प्रत्येक राज्य के हिसाब से काम पूरा करने के साथ-साथ अपनी रिपोर्ट देती रहेगी । उन्होंने कहा कि समिति अन्य बातों के साथ-साथ इस बात का भी पता लगाएगी कि असंतुष्टों और पार्टी के आंतरिक मतभेदों की चुनाव परिणामों में क्या भूमिका रही है ? समिति इस बात की भी जांच करेगी कि कौन से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मुद्दों का परिणामों पर असर पड़ा है ? समिति इस संबंध में इन मुद्दों पर पार्टी को भावी भूमिका के बारे में भी सुझाव देगी ।

रंगरलियां मनाने की तैयारी करते पकड़े गए

फगवाड़ा, 31 जुलाई (खोसला): कल रात स्थानीय सिटी पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर एक 35 वर्षीया स्त्री विजय रानी व नौजवान नज़ीर मुहम्मद को कथित रूप से रंगरलियां मनाने की तैयारी करते पकड़ लिया । उनके विरुद्ध धारा 109 के अधीन केस दर्ज किया गया है । विजय रानी तीन बच्चों की मां है ।

पुलिस रिमांड : थाना सदर पुलिस ने कुछ दिन पहले निकटवर्ती गांव भुवियाना में आपसी रंजिश के कारण सरवण सिंह नामक व्यक्ति की हत्या के आरोप में तरसेम सिंह, जसविन्दर सिंह व परमजीत सिंह को धारा 302 के अधीन गिरफ्तार किया था । अदालत ने उनका तीन दिन का पुलिस रिमांड दिया है ।

पुनर्विचार का इरादा नहीं : गुजरात की चिमनभाई पटेल सरकार को समर्थन देने के निर्णय पर कांग्रेस (इ) का पुनर्विचार करने का अभी कोई इरादा नहीं है । पार्टी प्रवक्ता प्रो.सी.पी. ठाकुर ने आज यहां संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि अभी ऐसी कोई बात नहीं हुई है, जिसके कारण इस निर्णय की समीक्षा की जाए ।

बोफोर्स बहस शीघ्र खत्म करने की सलाह

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स.): उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने आज सम्बद्ध पक्षों को सलाह दी कि वे अपनी बहस शीघ्र खत्म करें ताकि बोफोर्स मामले की सुनवाई जल्द से जल्द समाप्त की जा सके ।

खंडपीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश एस.आर. पांडियन ने यह विचार व्यक्त किया कि यह मामला गत 15 मार्च से ही खींचा जा रहा है । उन्होंने सम्बद्ध पक्षों से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द अपनी बहस समाप्त कर दें । इस पीठ के दूसरे न्यायाधीश के.जे. रेड्डी ने भी इसी तरह के तर्क दिए और कहा कि बहस के दौरान माहौल को गर्म करने की कोई जरूरत नहीं है ।

इन न्यायाधीशों ने यह मत तब प्रकट किया, जब जनता दल के वकील ने अदालत से यह आग्रह किया कि वह बहस की समाप्ति की कोई समय सीमा तय करें ।

यू.पी. में मिलिटैंसी की घटनाओं में कोई गिरफ्तारी नहीं

नई दिल्ली, 31 जुलाई (वार्ता) : उत्तर प्रदेश के नैनीताल, बिजनौर तथा शाहजहांपुर जिलों में इस माह हुई मिलिटैंसी की घटनाओं के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। गृहमंत्री शंकरराव चवन ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मिली सूचना के अनुसार मिलिटैंटों के हमलों में नैनीताल में 9 व्यक्ति मारे गए तथा 10 घायल हुए, बिजनौर में एक व्यक्ति मरा तथा 8 घायल हुए तथा शाहजहांपुर में 4 व्यक्ति मरे और दो घायल हुए।

राशन की चीनी अगस्त के पहले सप्ताह में भी मिलेगी

लुधियाना, 31 जुलाई (नेपाल): जिला खाद्य तथा आपूर्ति कंट्रोलर श्री सुदर्शन गोयल ने बताया कि जिन राशन कार्ड धारकों को जुलाई मास की राशन की चीनी तय भाव निर्धारित न किए जाने के कारण

Punjabi Samachar

दोनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के बीच तीन अगस्त को बातचीत शुरू होगी। चार सदस्यों के सचिव स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रिमंडल-सचिव नरेश चन्द्र करेंगे।

राज्यपाल ने मिलिटैंटों से आग्रह किया कि वे हिंसा का मार्ग त्यागें तथा राष्ट्र की मुख्य धारा में आएं। उन्होंने कहा कि गोलियों से किसी भी समस्या सहन नहीं कर सकता है।

जाए, जिसमें 25,000 रुपए की सबसिडी शामिल हो तथा पलायनकर्त्ताओं की किराया-राशि बढ़ाई जाए और पंजाब में शांति करवाई जाए ताकि वे अपने-अपने घरों को लौट सकें ।

नई दिल्ली, 1 अगस्त (प.स.): आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि तथा बजट में लगाए गए करों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी का महिला मोर्चा कल दो अगस्त को संसद भवन पर प्रदर्शन करेगा ।

बी.टी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल राम सिंह समेत 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 1 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट भी मारे गए ।

अपहरण के बाद होमगार्ड जवान की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव शेख चक के निकट कुछ संदिग्ध मिलिटैंटों ने होमगार्ड के एक जवान रमेश चंद की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने पहले उसका अपहरण कर लिया था ।

फांसी देकर हत्या : जिला अमृतसर के गांव खप्पर खेड़ी में मिलिटैंटों ने आपसी रंजिश में भोला नामक एक व्यक्ति की फांसी देकर हत्या कर दी ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले के खानकोट गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए। इन मिलिटैंटों से एक पिस्तौल, एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए।

हिरासत से भागा मिलिटैंट डूब कर मरा : संगरूर जिले में कल शाम अवतार सिंह नामक एक मिलिटैंट ने पुलिस की हिरासत से भागने के बाद एक नहर में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मिलिटैंट को सुरक्षा बल हथियार बरामद करने के लिए ले जा रहे थे।

विशेष पुलिस अधिकारी घायल : गुरदासपुर जिले के चक शरीफ गांव में मिलिटैंटों ने विशेष पुलिस अधिकारी दिलबाग सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया।

शराब विक्रेता की हत्या : फरीदकोट जिले के लाडिके गांव में कल शाम कुछ मिलिटैंटों ने शराब की एक दुकान पर हमला करके दुकानदार बाली राम की हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : लुधियाना जिले के हाड़ बेत गांव में कल रात मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतकों के नाम वेदव्यास और सदा राम बताए गए हैं।

लूट ली ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार मिलिटैंट एक ट्रक में सवार थे तथा उन्होंने मिनी बस के आगे

3 अन्य मिलिटैंट मरे : पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने गत रात्रि जिला फिरोजपुर के एक गांव वाड़ा पाहूविड के निकट एक मुकाबले के दौरान 3 मिलिटैंटों को मार गिराया ।

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार सुरक्षा बलों को संदेह है कि इन मारे गए मिलिटैंटों में से एक यादविंदर सिंह याद भी हो सकता है । वह कई वारदातों में पुलिस को वांछित है ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : चंडीगढ़ पुलिस ने जगरांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे एक निर्दलीय प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उसे गत दिवस उस समय काबू किया गया जब वह अपने कब्जे में रखे रिवाल्वर का लायसैंस दिखाने में असमर्थ रहा । पुलिस के अनुसार उसका यही दावा था कि उसका वह हथियार लायसैंसशुदा है । आगे जांच जारी है ।

ठेके के कारिंदे की हत्या : अहमदगढ़ (पुरी): गत रात्रि लगभग 7 बजे शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके मिलिटैंटों ने कारिंदे राजकुमार की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है।

अपहरण के बाद हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव धारीवाल सोट्टिया के निकट से पुलिस ने आज प्रातः गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। जिला के पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इसकी शिनाख्त बिशन सिंह के रूप में हुई है और इसे गत रात 6 मिलिटैंट गांव भरथ से इसके घर से अपहृत करके ले गए थे।

दो अज्ञात मिलिटैंट मरे : मलोट (केवल): गत रात्रि यहां से कुछ कि.मी. दूर होके गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 2

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस कांस्टेबल, होमगार्ड जवान समेत 8 की हत्या : 4 मिलिटैंट गिरफ्तार : 92000 की धनराशि लूटी

92,000 रुपए लूटे : पुलिस जिला बटाला के निकट गांव सांगवां में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक मिनी बस को रोक कर एक सहकारी बैंक के कैशियर से 92,000 रुपए की धन राशि अपना ट्रक ले जाकर बस को रुकने पर विवश कर दिया । इसके बाद वे धन राशि लूट कर फरार हो गए । बैंक के इस कैशियर का नाम हरजिन्दर सिंह बताया गया है ।

अपहर्त्ताओं द्वारा दुरई स्वामी की हत्या की धमकी : नई समय सीमा निर्धारित

श्रीनगर, 1 अगस्त (प.स.): भारतीय तेल निगम के कार्यकारी निदेशक श्री के. दुरई स्वामी के अपहर्त्ताओं ने धमकी दी है कि यदि कल अपराह्न 3 बजे तक जावेद अहमद शल्ला समेत उनके 7 जेलबंद साथियों को रिहा नहीं किया गया तो श्री दुरई स्वामी की हत्या कर दी जाएगी । एक अज्ञात व्यक्ति, जिसने स्वयं को इख्वानुल मुसलमीन का प्रवक्ता बताया है, ने टेलीफोन करके उक्त आशय की धमकी दी ।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक श्री जे.एन. सक्सेना ने श्री दुरई स्वामी की हत्या की नई धमकी के संदर्भ में कहा कि 'हमने वायदा पूरा किया है । हमने पहल करके तीन नज़रबंदों को रिहा किया है । अब अलगाववादियों को वायदे के मुताबिक श्री दुरई स्वामी को छोड़ देना चाहिए । सरकार इसके बाद ही अन्य अलगाववादियों को रिहा करेगी ।

राज्यपाल गिरीशचन्द्र सक्सेना के अनुसार सरकार श्री दुरई स्वामी और तीन कैदी अलगाववादियों की साथ-साथ रिहाई पर जोर दे रही है लेकिन अपहर्त्ता चाहते हैं कि उनके 7 कैदी साथियों को श्री दुरई स्वामी की रिहाई से तीन घंटे पहले रिहा किया जाए।

इससे पूर्व अलगाववादियों ने अधिकारियों के साथ हुए एक समझौते के मुताबिक गत बीस जुलाई को श्री दुरई स्वामी को रिहा नहीं किया था। इस समझौते के तहत श्री दुरई स्वामी को उनके एवज में छोड़े गए तीन अलगाववादियों के ठिकानों पर पहुंच जाने के बाद रिहा किया जाना था लेकिन अपहर्त्ताओं ने इसके बजाय सात अन्य अलगाववादियों की रिहाई की मांग पेश कर दी। इनमें से एक जावेद अहमद शल्ला भी शामिल है, जो कश्मीर विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. मुशीर उल हक और उनके निजी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट मारे गए, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू (शेखर): गत रात्रि यहां से थोड़ी दूर गांव फतेहगढ़ में बख्शीश सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि वह अपने खेतों में पानी देने जा रहा था कि एक नाका पर सुरक्षा बलों ने उसे रुकने को कहा परन्तु वह नहीं रुका । जिसके तुरन्त बाद सुरक्षा बलों ने गोली चला दी तथा परिणामस्वरूप वह मारा गया ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक सोनी): मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार अमृतसर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपए की फिरौती की रकम वसूल करने आए 4 मिलिटैंटों को आज तड़के कत्थूनंगल के गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब के निकट से एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उनका कहना था कि एक पुष्ट सूचना के आधार पर कि कुछ मिलिटैंटों ने नगर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपयों की मांग की हुई है तथा यह रकम कत्थूनंगल के निकट स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब में सौंपी जानी है, पुलिस ने गुरुद्वारा के निकट अपना जाल बिछा दिया । इसके बाद तड़के 4 बजे एक मारुति वैन को गुरुद्वारा की ओर आते देखा गया तथा पुलिस ने जब उसे रुकने का संकेत किया तो वैन में बैठे मिलिटैंटों ने पुलिस पर हथगोला फैंका और 2 फ़ायर भी किए ताकि वे पुलिस के चंगुल से निकल सकें । मगर पुलिस दल ने इन वाहन सवार मिलिटैंटों को काबू करने में सफलता प्राप्त कर ली और उनकी वैन भी कब्ज़े में कर ली ।

इन चारों मिलिटैंटों की शिनाख्त जसविंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी नंगल पांवां, सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता पुत्र जागीर सिंह, निवासी भांगली कलां, परगट सिंह पुत्र अवतार सिंह, निवासी भांगली कलां व पूर्व सिपाही रछपाल सिंह पुत्र मोहिन्दर सिंह, निवासी लोहारा कलां के रूप में हुई । इनके कब्जे से .12 बोर का एक पिस्तौल, एक एच.ई. 36 ग्रेनेड, एक बम, .30 बोर का एक पिस्तौल व गोली-सिक्का बरामद किया गया । इन मिलिटैंटों ने पुलिस के समक्ष कई वारदातें करना स्वीकार किया है ।

लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : आज सायं थाना ब्यास के गांव खानपुर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैफ्टिनैंट जनरल भाई राम सिंह उर्फ अमरीक सिंह मारा गया । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह मिलिटैंट, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईमान था, लगभग एक सौ हत्याओं में वांछित था । उसे सुरक्षा बलों ने उस समय दबोचा, जब वह मोपड पर जा रहा था । उसने सुरक्षा बलों के रुकने के संकेत पर फायरिंग करनी शुरू कर दी, सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. का एक कांस्टेबल प्रीतम सिंह घायल हो गया । घटना स्थल से एक माऊज़र, दो मैगज़ीन और गोली-सिक्का बरामद किया गया है । भाई राम सिंह 3 मास पूर्व गांव खानपुर में एक निहंग जोगा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्तों में से एक था ।

सिपाही की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन में मिलिटैंटों ने एक सिपाही जसवंत सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह का गोलियों से छलनी शव गांव रत्तौल के एक नाले में पड़ा मिला । मृतक तरनतारन नगर में तैनात था और झब्बाल क्षेत्र में स्थित अपने गांव दसौंधा सिंह में छुट्टी पर गया था कि गत सोमवार को मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का सुभाष चंद्र आयु 24 साल, कद 5'-6", रंग साफ, ब्राऊन कलर की पैंट और सफेद धारी वाली कमीज पहने हुए है, 11.7.91 से गुम है । अगर खुद पढ़े तो जल्दी घर वापस आ जाए । पिता जी सख्त बीमार हैं । पता देने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कर्म चंद, बड़गाची ढाबा, चौक रैनक बाजार, जालन्धर

दुर्घटना में महिला की मृत्यु

फगवाड़ा, 1 अगस्त (खोसला): आज सुबह फगवाड़ा-गोराया के मध्य जी.टी. रोड पर एक मोपेड व टैम्पो के बीच टक्कर हो जाने से 40 वर्षीया महिला प्यार कौर की मृत्यु हो गई व सुखदेव सिंह नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे लुधियाना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

भारत खेड़ा टारा दुरई स्वामी की रिहाई के लिए अपील

चंडीगढ़, 1 अगस्त (प.स.): एच.एम.टी. की श्रीनगर शाखा के जनरल मैनेजर श्री एच.एल. खेड़ा, जिनकी जावेद अहमद शल्ला ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी, के बेटे श्री भारत खेड़ा ने इख्वानुल मुसलमीन से अपील की है कि भारतीय तेल निगम के अपहृत कार्यकारी निदेशक श्री दुरई स्वामी को छोड़ दिया जाए क्योंकि वे निर्दोष हैं ।

श्री भारत खेड़ा ने शल्ला से यह भी प्रश्न किया है कि क्या मेरे पिता और कश्मीर विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. मशीर उल हक भी निर्दोष नहीं थे । उनकी हत्या से क्या मिला ? श्री खेड़ा ने कहा कि उक्त दोनों अधिकारियों की हत्या के लिए शल्ला सम्बद्ध परिवारों के प्रति जवाबदेह है ।

श्री खेड़ा ने अपने हस्ताक्षरित वक्तव्य में श्री दुरई स्वामी की रिहाई के लिए प्रार्थना की है और साथ ही यह भी कहा है कि यदि किसी चरण पर सरकार दुरई स्वामी के बदले में शल्ला को छोड़ने के लिए सहमत हो जाए तो सरकार श्री हक तथा श्री खेड़ा के परिवारों के प्रति जवाबदेह होगी, जो कि जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल की हठधर्मी के कारण मारे गए ।

श्रीलंका में सैनिक शिविर अब सरकारी सेना के घेरे में

कोलम्बो, 1 अगस्त (वार्ता): श्रीलंका के उत्तर में सामरिक महत्व के एलीफैंट दर्रे की ओर तेजी से बढ़ते सैनिक तमिल उग्रवादियों के चंगुल से सैन्य शिविर को अब किसी भी क्षण मुक्त करा सकते हैं ।

सैनिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि एलीफैंट दर्रे के सैन्य शिविर पर तमिल उग्रवादियों ने 22 दिन से घेराबंदी की हुई है और इस दौरान दो हजार तमिल उग्रवादी मारे गए । मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बाद प्रवक्ता ने कहा कि शिविर को आज "शाम या फिर दो दिन बाद मुक्त कराया जा सकता है । अंतिम निर्णय थल सेना के कमांडर लेंगे ।"

प्रवक्ता ने बताया कि सैनिकों ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के कई मजबूत ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त कर दिया है । आज सुबह सैनिकों ने जब आगे बढ़ना शुरू किया तो वे शिविर से सिर्फ ढाई कि.मी. दूर थे ।

31 किलो की रसौली निकाली गई

जोधपुर, 1 अगस्त (वार्ता): जोधपुर अस्पताल एवं रिसर्च सैंटर में 57 वर्षीय शिवकिशन वोहरा का कल आपरेशन कर करीब 31 किलो वजनी रसौली निकाली गई।

दैनिकोपयोगी वस्तुओं के मूल्य कम किए जाएं मित्तल

फगवाड़ा, 1 अगस्त (अशोक): पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल ने केंद्र से मांग की है कि जनहित में पैट्रोल, खादों व रसोई गैस सहित दैनिकोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में कमी करने के लिए अविलम्ब क्रियात्मक व कठोर पग उठाए जाएं । इसके लिए दलीय हितों व दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य किया जाए तथा मात्र राष्ट्रीय हित तथा जनहित को ही ध्यान में रखा जाए । आज फगवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मित्तल ने सरकार से किसान-विरोधी व जनविरोधी नीति पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार राजीव गांधी फाऊंडेशन के लिए एक सौ करोड़ रुपए तो रख रही है, लेकिन निर्धन वर्ग को राहत देने संबंधी नीति पर उदासीनता से कार्य कर रही है । उन्होंने आशंका प्रकट की कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीति से जनसाधारण की बढ़ रही महंगाई से कमर टूट कर रह जाएगी ।

बाबा बुड्ढा जी नगर के लोग नगर निगम से दुःखी

जालन्धर, 1 अगस्त : बाबा बुड्ढा जी नगर, रामा मंडी के लोग नगर निगम से परेशान हैं । इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है और गलियां और नालियां कच्ची होने के कारण कीचड़ से भरी हुई हैं, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है । क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम का ध्यान कई बार इस तरफ दिलाया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

अमृसर में हैज़े का प्रकोप बढ़ रहा है : अश्विनी

अमृतसर, 1 अगस्त (सोनी): जिला यूथ इंका अमृतसर देहाती के महासचिव श्री अश्विनी कुमार ने नगर निगम अमृतसर के मेयर से मांग की है कि वह नगर निगम की जलापूर्ति में दवाओं की मिलावट सुनिश्चित बनाएं क्योंकि शहर में हैज़े का प्रकोप बढ़ रहा है, विशेषकर शहर की बाहरी आबादियों छहटा, पुतलीघर और विजय नगर में हैज़े के फैलने की अधिक शिकायतें हैं । यह भी मांग की गई है कि उक्त आबादियों में हैज़े के निःशुल्क टीके लगाने का भी प्रबन्ध किया जाए ।

जन्माष्टमी उत्सव मिल कर मनाएं

लुधियाना, 1 अगस्त (राजपाल): लुधियाना की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं भारती सेवा संघ की संचालिका महामंडलेश्वर स्वामी वेद भारती, श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान सुदर्शन अग्रवाल, श्री राम लीला कमेटी के प्रधान प्रेम पराशर, ओम प्रकाश विग, जय माता वैष्णो देवी ट्रस्ट के अमरनाथ जय माता इत्यादि ने सभी लोगों से अपील की है कि वे जन्माष्टमी उत्सव मिल कर मनाएं । इस



जालन्धर में वीर
निकट जी.टी. रो
हो जाने से 2
(ऊपर) दुर्घटना
शाम लाल औ
उल्लेखनीय है
मारुति कार त
दुर्घटना के बा
गया लेकिन
लिया गया ।

भाजपा के क

अमृतस
की हालत
पानी तथा
भाजपा सां
धरना दिया
लिए प्रभावी

मुक्ति

नई
पर्यावरणवि
अदालत में
के दौर से
पर्यावरण
अक्तूबर,
कोशिश
के वकील
दौरान क
अपने क
था ताकि
बातचीत
स्वैच्छि
उन्होंने
रिपोर्ट
लगाया
को नई
में उन



दयोर कैहंदा नच भाभिए
और अन्य कैसेटों के बाद RIMPY
CASSETTES पेश करते हैं, नए

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट मारे गए, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू (शेखर): गत रात्रि यहां से थोड़ी दूर गांव फतेहगढ़ में बख्शीश सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि वह अपने खेतों में पानी देने जा रहा था कि एक नाका पर सुरक्षा बलों ने उसे रुकने को कहा परन्तु वह नहीं रुका । जिसके तुरन्त बाद सुरक्षा बलों ने गोली चला दी तथा परिणामस्वरूप वह मारा गया ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक सोनी): मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार अमृतसर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपए की फिरौती की रकम वसूल करने आए 4 मिलिटैंटों को आज तड़के कत्थूनंगल के गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब के निकट से एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उनका कहना था कि एक पुष्ट सूचना के आधार पर कि कुछ मिलिटैंटों ने नगर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपयों की मांग की हुई है तथा यह रकम कत्थूनंगल के निकट स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब में सौंपी जानी है, पुलिस ने गुरुद्वारा के निकट अपना जाल बिछा दिया । इसके बाद तड़के 4 बजे एक मारुति वैन को गुरुद्वारा की ओर आते देखा गया तथा पुलिस ने जब उसे रुकने का संकेत किया तो वैन में बैठे मिलिटैंटों ने पुलिस पर हथगोला फैंका और 2 फ़ायर भी किए ताकि वे पुलिस के जंगल से निकल सकें । मगर पुलिस ने इन वाहन सवार मिलिटैंटों को काबू करने में सफलता प्राप्त कर ली और उनकी वैन भी कब्जे में कर ली ।

इन चारों मिलिटैंटों की शिनाख्त जसविंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी नंगल पांवां, सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र जागीर सिंह, निवासी भांगली कलां, परगट सिंह पुत्र अवतार सिंह, निवासी भांगली कलां व पूर्व सिपाही रछपाल सिंह पुत्र मोहिन्दर सिंह, निवासी लोहारा कलां के रूप में हुई । इनके कब्जे से .12 बोर का एक पिस्तौल, एक एच.ई. 36 ग्रेनेड, एक बम, .30 बोर का एक पिस्तौल व गोली-सिक्का बरामद किया गया । इन मिलिटैंटों ने पुलिस के समक्ष कई वारदातें करना स्वीकार किया है ।

लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : आज सायं थाना ब्यास के गांव खानपर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैफ्टिनैंट जनरल भाई राम सिंह उर्फ अमरीक सिंह मारा गया । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह मिलिटैंट, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईमान था, लगभग एक सौ हत्याओं में वांछित था । उसे सुरक्षा बलों ने उस समय दबोचा, जब वह मोपड पर जा रहा था । उसने सुरक्षा बलों के रुकने के संकेत पर फायरिंग करनी शुरू कर दी, सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. का एक कान्स्टेबल प्रीतम सिंह घायल हो गया । घटना स्थल से एक माऊजर, दो मैगजीनें और गोली-सिक्का बरामद किया गया है । भाई राम सिंह 3 मास पूर्व गांव खानपर में एक निहंग जोगा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्तों में से एक था ।

सिपाही की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन में मिलिटैंटों ने एक सिपाही जसवंत सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह का गोलियों से छलनी शव गांव रत्तौल के एक नाले में पड़ा मिला । मृतक तरनतारन नगर में तैनात था और झब्बाल क्षेत्र में स्थित अपने गांव दसौंधा सिंह में छुट्टी पर गया था कि गत सोमवार को मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था ।

दुर्घटना में महिला की मृत्यु

फगवाड़ा, 1 अगस्त (खोसला): आज सुबह फगवाड़ा-गोराया के मध्य जी.टी. रोड पर एक मोपेड व टैम्पो के बीच टक्कर हो जाने से 40 वर्षीया महिला प्यार कौर की मृत्यु हो गई व सुखदेव सिंह नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे लुधियाना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

रामश्रद्धा की तलाश



मेरा लड़का सुभाष चंद्र आयु 24 साल, कद 5'-6", रंग साफ, ब्राऊन कलर की पैंट और सफेद धारी वाली कमीज पहने हुए है, 11.7.91 से गुम है । अगर खुद पढ़े तो जल्दी घर वापस आ जाए । पिता जी सख्त बीमार हैं । पता देने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कर्म चंद, बड़गाची ढाबा, चौक रैनक बाजार, जालन्धर



दयोर कैहंदा नच भाभिए
और अन्य कैसेटों के बाद RIMPY CASSETTES पेश करते हैं, नए अंदाज में डिस्को और भंगड़े के शौकीनों के लिए पंजाबी के हिट गीतों की कैसेट



नै धग्धे दी



दे पुठला

VEY PUNNANA
वे पुनणा

भारत खेड़ा की रिहाई

चंडीगढ़, 1 अ
की श्रीनगर शाखा
एच.एल. खेड़ा, जिन
अपहरण के बाद ह
भारत खेड़ा ने इख्वा
है कि भारतीय तेल
निदेशक श्री दरई
क्योंकि वे निर्दोष हैं

श्री भारत खेड़ा
किया है कि 'क्या
विश्वविद्यालय के
हक भी निर्दोष नहीं
मिला ? श्री खेड़ा
अधिकारियों की ह
परिवारों के प्रति जव

श्री खेड़ा ने अप
दरई स्वामी की रिहा
साथ ही यह भी कह
सरकार दरई स्वामी
के लिए सहमत हो
श्री खेड़ा के परिवारों
कि जम्मू-कश्मीर
हठधर्मी के कारण

श्रीलंका में अब सरका

कोलम्बो, 1 अ
में सामरिक महत्व
बढ़ते सैनिक तमिल
शिविर को अब किसी

सैनिक प्रवक्ता
दर्रे के सैन्य शिविर प
से घेराबंदी की हुई है
उग्रवादी मारे गए ।
के बाद प्रवक्ता ने क
या फिर दो दिन बाद
अंतिम निर्णय थल से

प्रवक्ता ने बत
टाइगर्स आफ तमिल
और बंकरों को ध्वस्
सैनिकों ने जब आगे
सिर्फ ढाई कि.मी. दू

31 किलो की

जोधपुर, ।
अस्पताल एवं रिसर्च
वोहरा का कल आ
वजनी रसौली निक

अस्पताल सूत्रों
संभवतः पहली बार
गई है। मैडिकल
आर.के. हरनेजा
फलौदी निवासी
पांच-छः वर्षों से अ
बराबर बढ़ती जा

Punjab Sahitya

पश्चिमी राजनायकों ने बताया कि ईराक की जनता की मानवीय आवश्यकताओं को देखते हुए ईराक द्वारा सीमित मात्रा में तेल बेचने पर अनौपचारिक सहमति हो गई है हालांकि अभी इस सम्बन्ध में विस्तार से बातचीत होनी बाकी है।

न कहीं किसी गाड़ी में कोई लाश मिल सकती है । सुरक्षा कड़ी कर दी गई है ।

इस बीच राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक आकस्मिक बैठक आज शाम यहां राजभवन

सूत्रों ने अपहर्त्ताओं की प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में बताया कि "कभी वे अपनी मांगें बढ़ा देते हैं और कभी कम कर देते हैं ।" श्री दुरई स्वामी का अपहरण करने वाले अलगाववादी संगठन इख्वानुल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चुनाव आयोग द्वारा "दुर्भावनावश" की गई कार्रवाई है क्योंकि चुनाव आयोग 19 जून तक विशेष रूप से बयान देता रहा था कि राज्य में चुनाव स्थगित नहीं किए जाएंगे । इस मामले पर सुनवाई 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है ।

'लैफ्टिनैंट जनरल', हथियारों के तस्कर समेत 8 मिलिटैंट मरे : 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 2 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक लैफ्टिनैंट जनरल भाई धीर सिंह धीरा समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या हुई ।

हथियारों का दुर्दांत तस्कर मारा गया : मजीठा पुलिस जिला के गांव मंदरांवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हथियारों का एक दुर्दांत तस्कर एवं मिलिटैंट स्वर्ण सिंह मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मी स्वर्ण सिंह को फतेहगढ़ चूड़ियां से हथियारों की बरामदगी के बाद वापस लेकर जा रहे थे कि मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया । क्रास-फायरिंग में स्वर्ण सिंह मारा गया । स्वर्ण सिंह पाकिस्तान से खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) तथा बब्बर खालसा जैसे कई मिलिटैंट संगठनों को हथियारों की सप्लाई करता था । उसे 15 दिन पहले जम्मू में गिरफ्तार किया गया था । वह कई बार पाकिस्तान का दौरा कर चुका था । बताया जाता है कि पाकिस्तानी रेंजरों के साथ स्वर्ण सिंह ने दोस्ताना सम्बन्ध बना रखे थे और वे हथियारों की तस्करी में स्वर्ण सिंह को मदद देते थे ।

दो मिलिटैंट जहर खाकर मरे : अमृतसर शहर के कबीर नगर क्षेत्र में दो मिलिटैंटों स्वर्ण सिंह तथा दलजीत सिंह ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उनसे एक माऊजर तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध थे और उन्होंने पिछले 2 महीनों के दौरान 6 बस यात्रियों समेत कम से कम 20 लोगों की हत्याएं की थीं ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर जिला के चौथा कलां गांव में मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर लक्खा सिंह, उसकी मां वीर कौर तथा बेटी महेन्द्र कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वीर कौर का पति पूरन सिंह घटनास्थल से भाग जाने के कारण बच गया।

मां-बेटी की हत्या : दसूहा से 'झावर' के अनुसार यहां से 1 किलो मीटर दूर थल्ले गांव में मिलिटैंटों ने आज दोपहर दो महिलाओं की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 1.10 बजे दो मिलिटैंट रिटायर्ड डी.एस.पी. अजीत सिंह की कोठी पर आए । एक मिलिटैंट बाहर स्कूटर स्टार्ट करके खड़ा रहा, जबकि दूसरा कोठी के भीतर प्रवेश कर गया । उसने एक कमरे में मौजूद अजीत सिंह की पत्नी सुखदेव कौर तथा उनकी विवाहिता बेटी हरप्रीत कौर (24) से रिवाल्वर मांगी । उस समय श्री अजीत तथा उनका बेटा दूसरे कमरे में थे । पड़ोस वाले कमरे में शोर सुनकर वे दोनों उस कमरे में आ गए । इस पर मिलिटैंट ने फायरिंग शुरू कर दी । मां-बेटी रिटायर्ड डी.एस.पी. तथा उनके बेटे को बचाने के लिए उन दोनों के आगे कूद गई । गोलियां लगने से सुखदेव कौर की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बेटी ने अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया । हमले में पिता-पुत्र बाल-बाल बच गए । वारदात के बाद मिलिटैंट चंडीदास लिंक रोड की तरफ फरार हो गए ।

कारिंदे की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि थाना बाघापुराना के गांव लधाई में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के कारिंदे बंत राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिला के राऊके कलां गांव में सुरक्षा बलों ने कल रात 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया। घटनास्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक तथा बड़े परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

मुकाबले में एक और मिलिटैंट मरा : जालन्धर (न.न.): भोगपुर थाना के अंतर्गत बहराम श्रेष्टा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके दो साथी बच कर भाग गए। घटनास्थल से एक बंदूक तथा 2 कारतूस भी बरामद हुए हैं।

घटना का विवरण : फिरोजपुर से 'कंतोड़' के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि कल शाम थाना जीरा के अन्तर्गत गांव बड़ा पहुंविड के खेतों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों की पहचान हो गई है । उनके नाम लछमन सिंह, हरबंस सिंह तथा मस्सा सिंह हैं । लछमन सिंह तथा हरबंस सिंह दुर्दांत मिलिटैंट थे । उक्त तीनों मिलिटैंटों का

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में मिलिटैंसी पर काफी सीमा तक नियंत्रण : मल्होत्रा

लेकिन वहां भोला सिंह नहीं मिला। इसके पश्चात् जब पुलिस दल तलाशी अभियान चलाता हुए गांव बहादुरपुर में तलाशी ले रहा था तो अचानक मिलिटैंटों ने पुलिस दल पर फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप संगरूर के एस.पी. (आप्रेशन) श्री जी.एस. संधू घायल हो गए। इस पर पुलिस ने मिलिटैंटों पर फायरिंग की तथा 2 मिलिटैंट मारे गए तथा अन्य फरार हो गए। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान निगम दीप सिंह तथा हरबंस सिंह फौजी के रूप में हुई है। निगम दीप स्वयं को बब्बर खालसा का एरिया कमांडर कहता था।

12 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने भटिंडा जिले से तीन और लुधियाना जिले से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

ADMISSION GUIDANCE
HURRY UP !
A few seats available
Karnatka/Bihar.
M.B.A.; B.E., D. Pharma;
B. Pharma, B.A.M.S.
SUNBEAM COLLEGE
GHUMAR MANDI, LUDHIANA Phone 33770

फेल विद्यार्थी निराश न हों
—1 फेल, —2 करें
Arts Commerce, Science
(C.B.S.E, Bhopal)
आठवीं, नौवीं के बिना मैट्रिक करें
P.S.E.B. open School
Contact the Principal
ORIENTAL COLLEGE
Gole Market, Near Chander Ice-Cream Model Town, Ludhiana.

सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

अपहृत रिहा : मिलिटैंटों ने गत दिवस अहमदगढ़ के एक पैट्रोल पम्प से अशोक कुमार नामक जिस व्यक्ति का अपहरण कर लिया था, उसे आज छोड़ दिया गया।

राइफल छीन ली : धूरी (सिंगला): कल रात निकटवर्ती गांव भुजलहेड़ी में कुछ मिलिटैंटों ने भगवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे 315 बोर की राइफल छीन ली।

तलाशियां : कल रात जब पुलिस घनौड़ी कला गांव में तलाशियां ले रही थी तो धन्ना सिंह नामक एक युवक के भय के कारण छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी एक टांग टूट गई। इस पर पुलिस ने फायरिंग की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

एक की हत्या :संगरूर जिले के लाठर माजरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरुप चंद नाम के व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। वे उसकी बंदूक और मोटर साइकिल लेकर भाग गए।

दो की हत्या : फरीदकोट जिले के फेलूवाल गांव में बलविंदर सिंह नामक व्यक्ति को मार डाला। इसी जिले के रोडे गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरमेल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

ADMISSION OPEN
For One Year Diploma in
Home Science
Contact :—
MRS. SANDHU's
HOME SCIENCE COLLEGE
Bhai Bala Chowk, Ludhiana
Ph. : 23629.

सेहत, चुस्ती व तंन्दरुस्ती के माहिर
शाही खानदानी हकीमों के 13वें चमकदार सितारे
डा. ओंकार चन्द्र जी जगपाल (सुपुत्र शाही हकीम श्री ज्ञान चंद जी)
से आज ही मिल कर अपने जटिल रोगों से आराम पाएं। फोन : 23251
खास नोट : हर बुधवार, वीरवार क्लीनिक बंद रहेगा।
हैल्थ क्लीनिक, कोठी नं. 1318, सैक्टर 15-बी, चंडीगढ़



ADMISSION NOTICE
G.G.N. COLLEGE OF MEDICAL TECHNOLOGY
(Co-Educational)
(Affiliated to Board of Technical Education Haryana, Chandigarh)
Gaur Building, Near Syndicate Bank, Ambala Cantt. Phone No. 25382.
ADMISSION open for highly job-oriented TWO YEAR'S DIPLOMA COURSE IN MEDICAL LABORATORY TECHNOLOGY Own Pathological Clinics for testing Blood, Sugar, Stools, Urine, Sputum, E.C.G. Candidates with Matric or equivalent having Science Subjects and with atleast 45% marks are eligible. Prospectus available on payment Rs. 30/- at counter and Rs. 40/- by post. Last date 15.8.91
B.L. Gaur
Chairman.

कम पढ़े, खामोश क्यों...?
मैट्रिक पास, +2 फेल सितम्बर, 1991 में पंजाबी यूनिवर्सिटी से बी.ए.-II करो या पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से अप्रैल, 1992 में बी.ए.-I करो। 8वीं, 9वीं फेल शर्तिया सितम्बर, 1991 में दसवीं पास करो।

तेरी बाप तो नहीं आया, अब उसकी सजा तुझे दी जाएगी। इस पर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। मलकीयत सिंह को जो 2 गनमैन मिले हुए थे, वे शौच आदि के लिए खेतों में गए हुए थे। जब वे लौट रहे थे तो उनमें से एक विनय सूद की हत्या कर दी गई जबकि दूसरा बच निकला। जाते समय मिलिटैंट गनमैनों के हथियार भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

दो की हत्या : दूसरी वारदात गांव बड़ूंदी में हुई। कल रात 5 मिलिटैंट गांव में आए और कुलदीप सिंह तथा रामस्वरूप (सेवा निवृत्त कांस्टेबल) को बाहर खेतों में ले गए जहां दोनों की हत्या करके वे फरार हो गए।

सेवा निवृत्त कांस्टेबल की हत्या : तीसरी वारदात लुधियाना शहर के माता नगर क्षेत्र में हुई। सेवा निवृत्त कांस्टेबल गुरदयाल सिंह सुबह अपने घर की ओर दूध लेकर आ रहा था कि रास्ते में मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंटों के अनुसार वह पुलिस का मुखबिर था।

दो मिलिटैंटों को छुड़ा ले गए : चौथी घटना जिला के गांव खंजरवाल थाना जगराओं की है। बताया जाता है कि जगराओं पुलिस 2 मिलिटैंटों को असला वगैरा बरामद करने के उद्देश्य से लिए जा रही थी कि गांव खंजरवाल के निकट कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया और गिरफ्तार मिलिटैंटों दरबारा सिंह तथा जगजीत सिंह को हथकड़ियों सहित छुड़ा कर भाग जाने में सफल हो गए।

दो मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिले के अड्डिया गांव के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो मिलिटैंट कल रात मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक और एक स्कूटर बरामद किया गया।

एरिया कमांडर तथा एक अन्य मारा गया : रोपड़ (राकेश) : कल रात रोपड़ जिले के खरड़ थाने के गांव पल्हेड़ी के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का चंडीगढ़ तथा रोपड़ जिलों का एरिया कमांडर हरप्रीत सिंह उर्फ असाल्ट

हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मारे गए मिलिटैंटों के पास से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

महेन्द्र के अनुसार श्री मुस्तफा ने बताया कि तथाकथित स्वयं भू एरिया कमांडर जिला रोपड़ के गांव मुंडी खरड़ के कामरेड जगदीश कुमार सहित दो अन्य व्यक्तियों की हत्या, खरड़ के एक ईंट भट्ठा मालिक विपन कुमार की हत्या, खरड़ के एक निरंकारी पान विक्रेता की हत्या, खरड़ थाना के अंतर्गत गांव फरदूल्लापुर के पवन कुमार की हत्या, मुंडी खरड़ गांव की एक महिला सुरेन्द्र कौर की हत्या, कुराली के गांव अल्लापुर से एक लाख रुपए नकद तथा स्वर्णाभूषण और एक पिस्तौल के लूटने, चंडीगढ़ के निकट गांव बिलौंगी के एक पैट्रोल पम्प से नकदी लूटने, मुंडी खरड़ से एक मोटर साइकिल छीनने, मोहाली के फेज दो में से एक मोटर साइकिल छीनने, खरड़ कस्बा के मुख्य बाजार में एक डाक्टर की हत्या करने तथा खरड़ क्षेत्र में से भारी रकमें वसूलने के लिए पत्र लिखने जैसे गम्भीर दोषों में पुलिस को वांछित था। वरिष्ठ पुलिस कप्तान ने बताया कि रोपड़ जिला से भिंडरांवाला टाइगर फोर्स तथा बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंधित 80 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है और उनमें से अनेक को अपना जीवन सुधारने के आश्वासन मिलने पर जमानतों पर छोड़ दिया गया है।

दोहरी सवारी पर तीन घंटों का प्रतिबंध : होशियारपुर (अश्विनी): जिला प्रशासन ने जिला भर में रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक बिना सशस्त्र गार्द के बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रक, कारें, मैटाडोर व अन्य चार पहिया वाहन नैशनल व राज्य हाईवे को छोड़ कर अन्य मार्गों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक नहीं चलाए जा सकेंगे। स्कूटरों, मोटर साइकलों व मोपडो आदि पर प्रातः 4 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोहरी सवारी बिठाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी अन्य आदेशों में कहा गया है कि जिला भर में शस्त्र लेकर चलने, जलसे जलूस आयोजित करने व लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी। यह सारे आदेश 30 सितम्बर 91 तक लागू रहेंगे।

अमरनाथ यात्रा
नासिक कुम्भ-बम्बई
प्रस्थान : 17.8.91 (11 दिन)
पोर्ट ब्लेयर अंडमान निकोबार, त्रिवेंद्रम, गोआ, मैसूर, द्वारिका, सोमनाथ, माऊंट आबू, पुरी, अयोध्या, पटना, गया, कटड़ा, ज्वालाजी, कांगड़ा। प्रस्थान : 27, 28 सितम्बर, 4, 5, 11 अक्तूबर। डीलक्स कोचिज़ द्वारा एल.टी.सी. का लाभ उठाएं।
अकबर टूरिस्ट
848, लाजपत राय मार्केट, दिल्ली-6.
फोन : 231005, 2518374.

कद लम्बा करें
औरतों, मर्दों के कद बढ़ाने की उम्र 23 साल तक; दवाई आयुर्वेदिक, कोई साइड इफैक्ट नहीं करती
Dr. S. D. SHARMA

Corrigendum

Reference Punjab State Shubh Lakshmi Deluxe Weekly Lottery result of 15th Draw Published in this Newspaper on 1.8.91. Please read the following line after 2nd Prize. "All tickets ending with following numbers in all series."

पेट के रोगों
का खास खानदानी आयुर्वेदिक ईलाज। हमारे ईलाज से बढ़े हुए पेट व शरीर के भारीपन को ठीक करने हेतु मिलें या लिखें, खोई हुई सेहत हेतु भी मिलें :
डा. गुप्ता—
गुप्ता दवाखाना (रजि.), नया फव्वारा चौक, निकट बैंक आफ बड़ौदा, यमुनानगर-135001
हर सोमवार सुबह 10 से 6 बजे मिलें :
होटल शीश महल, चौक घंटाघर, लुधियाना
(बाकी दिन यमुनानगर मिलें)

सार्वजनिक नीलामी
महिन्दरा एफसी-(1972) और

मिलिटैंट पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के बाद निकटवर्ती गांव राय में खेतों में जा छिपे। पुलिस ने उनका पीछा किया और उन्हें घेर लिया। इस बीच वहां और सुरक्षा बलों को बुला लिया गया। एक घंटे तक चले मुकाबले में दोनों मिलिटैंट मारे गए। उनका नाम संतोख सिंह उर्फ सुक्खा तथा बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला हैं। खालिस्तान कमांडो फोर्स के जफरवाल गुट से सम्बद्ध ये दोनों मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं में संलिप्त थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 4 मैगज़ीनें, एक .303 बोर राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पखोके में से आज जसबीर सिंह नामक एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव मिला। उसका दूसरे गुट के मिलिटैंटों ने कल उसके घर से अपहरण कर लिया था।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : लोपोके थाना के गांव फागवां के निकट आज एक नाका पार्टी ने एक कार को जांच के लिए रोका तो सर्बजीत सिंह तथा बूटा सिंह नामक दो मिलिटैंटों ने कार छोड़ कर भागने का प्रयास किया, परन्तु सुरक्षा बलों ने उनका पीछा करके उन्हें तुरन्त दबोच लिया। उनके पास से एक बम तथा ए.के.47 राइफल के 15 कारतूस बरामद किए गए हैं। कार जब्त कर ली गई है।

हवलदार की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): थाना मेहता के अधीन मैसमपुर गांव में अमृतसर कोतवाली का हवालदार जगजीत सिंह किसी सरकारी कार्य से जा रहा था कि गांव के बाहर ही कुछ मिलिटैंटों ने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात युवक की लाश मिली : जंडियाला थाना के अधीन गदली गांव में एक क्लीन शेव अज्ञात युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है।

पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है।

के.सी.एफ. का मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़, चौधरी) : थाना सदर बटाला के गांव अर्जुन मांगा के निकट गत रात सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया था लेकिन उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी। जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंटों मारा गया तथा दूसरा फरार हो गया। मृतक के निकट से एक .32 बोर की विदेशी पिस्तौल, के.सी.एफ. के तीन लैटर पैड तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

विकास शनियार लॉटरी
3.8.91 को सम्पन्न 22वें ड्रा का परिणाम :

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/-	VG-136588
2nd Prize (2) Rs. 1,000/-	VD-136588 VE-136588
3rd Prize (12) Rs. 500/- each	36588
4th Prize (135) Rs. 100/- each	6588
5th Prize (1350)	

Punjab Sanjal

कृष्णप्पा को 40 हजार रुपयों अग्रिम रूप में अदा किया था । मकान मालिक से भी विशेष जांच दल द्वारा पूछताछ की जा रही है ।

इसी बीच विशेष जांच दल के अध्यक्ष श्री करुणाकरन आज बेंगलूर से मद्रास रवाना हो गए ।

यदि स्थिति ऐसी ही रही तो पार्टी टूट भी सकती है। श्री राममूर्ति ने श्री चिदम्बरम और श्री अरुणाचलम की खासतौर पर आलोचना की।

इस पूरे विवाद का असर अन्नाद्रमुक-कांग्रेस (इ)

करने के लिए एक मध्यस्थ के घर में रखा था,लेकिन अपहर्त्ताओं ने अपने वायदे से मुकरते हुए श्री दरई स्वामी को रिहा नहीं किया ।

इस बीच आज बारामूला में अर्धसैनिक बलों की

चाणक्य होटल स्थित केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की चौकी पर कल रात अलगाववादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से हमला किया । जवानों ने जवाबी कार्रवाई नहीं की । (शेष पृष्ठ 8 पर)

खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल बख्शीश सिंह उर्फ कलयुग समेत 16 मिलिटैंट मरे

चण्डीगढ़, 4 अगस्त (वार्ता, प.स.) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल को मार गिराया तथा विभिन्न घटनाओं में अन्यत्र 2 अपहरणकर्त्ताओं सहित 15 अन्य मिलिटैंट भी मारे गए जबकि राज्य में 2 बैंक अधिकारियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई।

के.सी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने मजीठा जिले के जमालपुर के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक लैफ्टिनैंट जनरल को मार गिराया। उसका नाम बख्शीश सिंह उर्फ बाबू उर्फ कलयुग है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन व 30 कारतूस भी मिले। उसके सिर पर एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : एक अज्ञात मिलिटैंट कल रात सुरक्षा बलों के साथ फिरोजपुर जिले के पिप्पल इलाके में एक मुठभेड़ में मारा गया। घटनास्थल से एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए है।

2 स्कूटर सवार मिलिटैंट काबू : स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों को लुधियाना जिले में समराला चौक के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद धर दबोचा गया। उनके नाम हरनीक सिंह और पवन कुमार हैं। उनके पास से .12 बोर की एक पिस्तौल और 303 बोर की एक बंदूक बरामद हुई।

मिलिटैंटों द्वारा अपने 5 साथियों की हत्या : मिलिटैंटों ने अपने पांच साथियों को तरनतारन पुलिस जिले के डडवाल गांव में मार डाला। मृतकों में एक मिलिटैंट भूपेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू भी था। वह तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (मानोचाहल) से सम्बद्ध था। मिलिटैंट अपने मृत साथियों के हथियार भी लेकर भाग गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों का एक गिरोह झालड़ सिंह के घर पहुंचा। बाद में कुछ और मिलिटैंट भी वहां पहुंच गए। वहां उनमें आपसी लड़ाई शुरू हो गई जिसमें 5 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से कुछ हथियार भी मिले हैं।

मुठभेड़ में 2 अन्य मिलिटैंट मरे : इसी पुलिस जिले के आइमा खुर्द गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अन्य मिलिटैंट मारे गए। मृत मिलिटैंट के पास से एक बंदूक और एक पिस्तौल मिली।

2 मिलिटैंट मुकाबले में मरे : तरनतारन पुलिस जिले के सुरसिंहवाला गांव में दो मिलिटैंट सुरक्षा बलों से मुकाबले में कल रात मारे गए। एक थामसन बंदूक, एक राइफल और कुछ गोलियां उनके पास से बरामद हुई।

मुठभेड़ में 2 अपहरणकर्त्ता मरे, अपहृत का सुराग नहीं : अभी तक मजीठा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के भाई डाक्टर प्रभजीत सिंह का अपहरण के बाद से कोई सुराग नहीं मिल पाया है। संगरूर जिले में इस अपहरण में शामिल दो व्यक्ति सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तथा अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की जा चुकी है।

डा. प्रभजीत सिंह का भटिंडा जिले के एक गांव की डिस्पैंसरी से शुक्रवार की रात को अपहरण किया गया था।

पिता-पुत्री की हत्या : फरीदकोट जिले के जमालवाले गांव में मिलिटैंटों ने मेहर सिंह के घर में घुस कर उनकी तथा उनकी पुत्री रानी की हत्या कर दी ।

अग्निकांड : पुलिस जिला मजीठा के गांव मानावाला में 10 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक फैक्टरी में जबरदस्ती घुस कर पशु आहार की 200 बोरियों, तेल के एक टैंकर व 2 ट्रकों को आग लगा कर राख कर दिया।

डाकघर लूटा : एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार गत सायं दो सशस्त्र युवकों ने जालंधर में प्रीत नगर स्थित एक उप-डाकघर में से 40 रुपए की धनराशि लूट ली।

एक अन्य घटना में दो सशस्त्र मिलिटैंट जिला जालंधर के पुलिस थाना करतारपुर के अधीन गांव सरायखास में केवल सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस में से उसका ट्रैक्टर व ट्राली ले गए।

मिलिटैंट द्वारा आत्म हत्या : अमृतसर के एक सिनेमा गृह में दलबीर सिंह उर्फ टीटू नामक एक मिलिटैंट ने आज पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर सायनाइड खाकर आत्म हत्या कर ली। बताया जाता है कि जब उसने सायनाइड खाया तो उसे तुरन्त अस्पताल पहुंचा दिया गया, जहां से वह भाग खड़ा हुआ। मगर बाद में अस्पताल परिसर में उसका शव पाया गया तथा उसके निकट से एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस भी बरामद हुए।

ग्रामीणों को शिनाख्ती कार्ड देने की योजना : एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार जिला अमृतसर के भारत-पाक सीमा वाले ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने की योजना का कार्य अक्तूबर माह के अन्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्रों तथा धुस्सी बांध के इर्द-गिर्द के इलाकों के लगभग 100 गांवों में रहने वालों को इस योजना में शामिल किया गया है।

एक अन्य की हत्या : धूरी (संगरूर): तीन मिलिटैंटों ने रात दस बजे मीरहेड़ी गांव में तरनजीत उर्फ तरनी की घर से बुला कर गांव के बाहर ले जाकर गोली मार कर हत्या कर दी। याद रहे तरनजीत सिंह ने दो माह पहले शहर के एक डाक्टर सुभाष कुमार से एक मिलिटैंट का नाम लेकर 2500 रुपए की मांग की थी। उस समय लोगों ने उसे मार-पीट कर भगा दिया था।

2 मिलिटैंट फरार : सुनाम (सुरेन्द्र): गत सायं यहां से 10 कि.मी. दूर गांव जखेवा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मिलिटैंटों के हुए एक मुकाबले के बाद दो मिलिटैंट अपना मोटर साइकिल छोड़ कर फरार हो गए।

मिलिटैंट मरा : मानसा (मेहता): गत रात्रि यहां से करीब 15 कि.मी. दूर गांव रायपुर के निकट सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके 2 साथी फरार होने में सफल हो गए।

पुलिस उप-अधीक्षक मुख्त्यार सिंह के अनुसार पुलिस ने उक्त गांव के निकट नाका लगाया हुआ था कि तीन मिलिटैंट आते हुए नजर आए। जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके 2 साथी भाग निकले। यह मुकाबला लगभग 5 घंटे तक चलता रहा। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त भुकरा सिंह उर्फ परोला निवासी गरेवाल के रूप में हुई। घटनास्थल से

(शेष पृष्ठ 8 पर)



लुधियाना में गत रात्रि कुछ अज्ञात युवकों की गोली का शिकार हुए (ऊपर) पंजाब नैशनल बैंक के पंजाब ज़ोन के सहायक महाप्रबन्धक ए.सी. घई का शव, (मध्य) क्षेत्रीय प्रबन्धक जे.के. बेदी का शव तथा (नीचे) घायल श्रीमती घई अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : कम्बोज)

2 बैंक अधिकारियों सहित 4 लोगों की हत्या

Punjabi Sanatan

summer SALE
Shirts, Kurta Pajama Fancy
Blouses Baba Suits

SUMMER SALE
SHIRTS & TROUSERS

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

303 बोर की एक राइफल भी मिली, जो उसने एक ग्रामीण से छीनी थी।

2 बैंक अधिकारियों की हत्या : लुधियाना (राजपाल): कल रात कुछ अज्ञात युवकों ने पंजाब नैशनल बैंक पंजाब जोन के महायक महाप्रबन्धक ए.सी. घई और क्षेत्रीय मैनेजर श्री जे.के. बेदी की उनके निवास स्थान पर हत्या कर दी। श्री बेदी को छ: गोलियां और श्री घई को 8 गोलियां लगी। श्री बेदी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि श्री घई को बचाने की डाक्टरों ने भरपूर कोशिश की। उन्हें 18 बोतल खून भी दिया लेकिन प्रात: तीन बजे वह दम तोड़ गए। श्री बेदी अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक 7 वर्षीय बेटा छोड़ गए हैं। वह 45 वर्ष के थे। श्री घई, जो कि बम्बई से पदोन्नत होकर लुधियाना आ गए थे, अपने पीछे पत्नी और दो बेटे छोड़ गए हैं। इन दोनों अधिकारियों की हत्या की खबर सुन कर बैंक के कई अधिकारी और कर्मचारी उनके निवास स्थानों पर पहुंच गए। बैंक के पंजाब जोन के मैनेजर श्री आर.जी. पुरी ने इन उच्चाधिकारियों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि उनकी हत्या से बैंक दो योग्य अधिकारियों को खो बैठा है। बैंक अधिकारी संघ और वर्कमैन यूनियन ने शोक प्रस्ताव पास कर श्री घई और श्री बेदी को श्रद्धांजलि भेंट की।

लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने बैंक के कर्मचारियों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस वारदात से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वह शांत रहें।

'महिन्द्रा' के अनुसार पुलिस ने बताया कि गत रात्रि 9 बजे और 10 बजे के मध्य दोनों बैंक अधिकारियों के निवासों पर दो मारुति कार सवारों ने फायरिंग की। घुमार मंडी में श्री बेदी की मृत्यु हो गई जबकि रणधीर सिंह नगर में श्री घई मारे गए। श्री अविनाश घई की धर्मपत्नी सन्तो घई और उनका लड़का श्रीकांत भी घायल हो गया। दोनों घायलों को दयानंद अस्पताल दाखिल किया गया है।

एक ही गिरोह का काम : लुधियाना के पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर मिले कारतूसों के खोलों से पता चलता है कि यह एक ही गिरोह का काम है जो एक के बाद दूसरे अधिकारी के घर में दाखिल हुए। याद रहे श्री घई की पत्नी श्रीमती सुनीता और उनका लड़का भी फायरिंग से घायल हुए हैं।

पता चला है कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मिलिटैंटों ने बैंक के अधिकारियों को उनकी हत्या करने के लिए क्यों चना जबकि उनमें से आज तक किसी को मिलिटैंटों की ओर से धमकी नहीं मिली। अभी तक पुलिस किसी भी परिणाम पर नहीं पहुंच सकी। बताया गया है कि मिलिटैंट श्री घई और श्री बेदी की कोठी पर बिना किसी रोक-टोक के दाखिल हुए। उनमें से किसी को संदेह भी नहीं था कि मिलिटैंट उन्हें भी किसी कारण निशाना बना सकते हैं। यह भी पता चला है कि मिलिटैंट बैंक के एक और अफसर श्री आहूजा के घर भी गए। मगर वह सौभाग्य से घर पर नहीं थे। वह दिल्ली गए हुए थे।

अंतिम संस्कार : दोनों मृतक अधिकारियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के बड़े-बड़े उद्योगपति, बैंक अधिकारी और नई दिल्ली से आए पंजाब नैशनल बैंक के चेयरमैन रशीद जेलानी और वित्त मंत्रालय के बैंकिंग सैक्शन के संयुक्त सचिव तितिन मुखर्जी इस अवसर पर मौजूद थे।

श्री जेलानी ने शोकसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का हमारे बीच से चला जाना अत्यन्त दु:खदायी है और अर्थ-व्यवस्था के लिए हानिकारक है। उन्होंने घोषणा की कि पीड़ित परिवारों को बैंक की ओर से पूरी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

देग की ब्लैक के विरुद्ध प्रदर्शन होगा

बटाला, 4 अगस्त (कोछड़) : बटाला में गत कई वर्षों से हो रही कोटे की देग की जोरदार ब्लैक के विरुद्ध सीटू 9 अगस्त को जिला उद्योग केन्द्र बटाला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगी। स्थानीय सीटू नेताओं द्वारा पत्रकारों को भेजे प्रैस नोट में आरोप लगाए गए हैं कि यहां के फाऊंडरी यूनिटों के अधिकतर मालिक कोटा की देग प्राप्त करके इस देग से उत्पादन नहीं करते, बल्कि कोटा की देग दोगुणे रेट पर अन्य शहरों में बेच देते हैं, जिस कारण हजारों मजदूर व फाऊंडरी यूनिटों में कार्य करने वाले कारीगर बेकार हो गए हैं।



जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान 7 संदिग्ध अलगाववादियों को पलवामा में और एक को श्रीनगर में गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया है।

बारामूला जिले में शिलवाट गांव के निकट अलगाववादियों ने आज प्रात: सुरक्षा बलों पर हमला किया। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में 2 व्यक्ति मारे गए तथा 7 गोलियां लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने एक मृतक की शिनाख्त गुलाम हसन के रूप में की है।

श्रीनगर में बटमाल जनरल बस स्टैंड पर हुई एक ऐसी ही घटना में अज्ञात खालिद शेख नामक एक व्यक्ति मारा गया जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अलगाववादियों ने बस स्टैंड के निकट सुरक्षा बलों पर एक हथगोला फेंका और फिर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। संघर्ष में कुछ नागरिक घायल हो गए जिनमें से एक बाद में दम तोड़ गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा बारामूला जिले में बटटरगाम में पांच व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे जिनमें से एक का गोलियों से छिदा हुआ शव आज केरारी पुलिस थाना को सौंप दिया गया। कपवाड़ा और बारामूला जिलों में कुछ स्थानों से तलाशी अभियान के दौरान एक राकेट प्रोजैक्टाइल गन, एक राकेट, एक दोनाली बंदूक, एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीनों और 60 कारतूसों सहित, दो पिस्तौल, दो मैगजीनों व 20 कारतूसों सहित बरामद किए गए हैं।

श्रीनगर के हरवन क्षेत्र में अलगाववादियों और बी.एस.एफ. के जवानों में हुए मुकाबले में 4 नागरिक घायल हो गए।

फाइलें एक वर्ष से दबी पड़ी हैं

बटाला, 4 अगस्त (कोछड़) : डायरैक्टर इंडस्ट्रीज विभाग चण्डीगढ़ द्वारा बटाला में लगाए गए लगभग 80-85 नए फाऊंडरी यूनिटों की फाइलें लगभग एक वर्ष से दबाए रखने के कारण व स्यासर न करने के कारण मालिकों को लाखों रुपए का नुक्सान सहन करना पड़ रहा है और उनके द्वारा बैंकों से लिए ऋण पर लाखों रुपए ब्याज पड़ चुका है। यह जानकारी देते हुए स्थानीय पंजाब उद्योग एसोसिएशन के प्रधान श्री पवन कुमार पम्मा ने पत्रकारों को बताया कि इस कार्य के लिए दर्जनों बार सचिव व निदेशक उद्योग विभाग कार्यालय के चक्कर काटे गए हैं और सचिव उन्हें निदेशक की ओर व निदेशक उन्हें सचिव की ओर चक्कर कटवाते जा रहे हैं लेकिन लगता है कि उनकी फाइलें कहीं धूल-मिट्टी के नीचे दफन होकर रह गई है।

अंतरिक्ष में सोवियत यात्री को बचाया गया

केप केनवरल, 4 अगस्त (पस) : पृथ्वी की कक्षा में एक सोवियत अंतरिक्ष यात्री को गत 27 जुलाई को अंतरिक्ष में चलते समय बचाया गया।

भजन लाल का महापंजाब का न

अम्बाला छावनी, 4 अगस्त (शर्मा, कोहली) आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता तथा सजपा विधायक सम्पत सिंह ने कहा कि भजन लाल का महापंजाब का नारा गलत है। हम इसका विरोध करते हैं, क्योंकि हमने बड़ी कठिनाइयों के पश्चात हरियाणा बनवाया था।

श्री सिंह ने आरोप लगाया कि हरियाणा के एक मंत्री जिनके विरुद्ध हत्या का मुकद्दमा चल रहा है, पिछले दिनों सरकारी कार में अदालत में गए और सरकारी वाहन का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि इस मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा भजन लाल सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। उदाहरणस्वरूप उन्होंने बताया कि पिछले दिनों कुछ शरारती तत्वों ने देवी लाल के पोते अजय सिंह के खेतों में जाकर कुछ शरारती तत्वों ने शरारत की लेकिन जब अजय ने इसकी शिकायत की तो उन्हीं के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में सजपा कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों को तंग किया जा रहा है।

सम्पत सिंह ने कहा कि प्रदेश में कैडर ब्रिगेड और रैड ब्रिगेड ने भजन लाल की शह पर आतंक मचा रखा है। उन्होंने कहा कि सजपा सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किए थे, इसे सरकार ने आते ही उन्हें बन्द कर दिया है। जिन सरकारी अधिकारियों को हमने नियुक्त किया था, उन्हें निकालना आरम्भ कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रेवाल आयोग ने मेहम कांड के बारे में जो रिपोर्ट दी है उसे तुरंत प्रकाशित किया



दो करोड़ रुपए की सोने की छड़ें बरामद

punjabi Sanstam

अकाली दल (बादल) की दिल्ली शाखा के अध्यक्ष जत्थेदार अवतार सिंह हित ने बताया कि श्री बादल के साथ पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्त्ता भी धरने पर बैठेंगे ।

इस्लामाबाद में गत दिवस संसद भवन के समक्ष रखी सांकेतिक भूखहड़ताल के दौरान अपना पल्लू ठीक करते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

इससे पूर्व विपक्ष और कांग्रेस (इ) दोनों ने ही अनुमान लगा लिया था कि सदन में मौजूद कांग्रेस (इ) सदस्य संख्या में विपक्ष से कम थे ।

पाक से आ रहे मिलिटैंटों के 4 गाइड, के.सी.एफ. के एरिया कमांडर समेत 18 मिलिटैंट मारे गए : 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 5 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान पाक से आ रहे मिलिटैंटों के 4 गाइड, के.सी.एफ. के एरिया कमांडर समेत 18 मिलिटैंट मारे गए । पंजाब में अन्यत्र 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : पुलिस के अनुसार गत रात्रि पुलिस ज़िला मजीठा के थाना ब्यास के गांव भिंडर में सुरक्षा बलों ने सुखविन्दर सिंह नामक एक मिलिटैंट को मार गिराया । घटनास्थल से एक माऊजर व 5 कारतूस की बरामद किए गए ।

भगौड़ा होमगार्ड जवान गुट संघर्ष में मरा : गत रात्रि ज़िला पटियाला के गांव काल्वा में मिलिटैंटों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस का दावा है कि वह होमगार्ड का भगौड़ा जवान था तथा इन दिनों जमानत पर रिहा था । वह लूटपाट व जब्री वसूलियों की कई घटनाओं में पुलिस को वांछित था । उसकी हत्या गुट संघर्ष का परिणाम बताई जाती है ।

दम्पति घायल : गत रात्रि जिला पटियाला के गांव बस्सी पठानां में मिलिटैंटों ने एक दम्पति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

मिलिटैंटों के 4 गाईड मारे गए : पठानकोट (गुप्ता): बताया जाता है कि 4 अज्ञात व्यक्ति, जो पाकिस्तान की तरफ से भारत में टिंडा चौकी (नरोट जैमल सिंह) से प्रवेश कर रहे थे, सीमा सुरक्षा बल द्वारा एक मुठभेड़ में मार दिए गए हैं । गुरपाल सिंह बस्सी डी.एस.पी. पठानकोट ने बताया कि वे पाकिस्तान से आने वाले मिलिटैंटों के गाईड थे । आज सिविल अस्पताल पठानकोट में उनके चारों शवों का पोस्टमार्टम करवा दिया गया ।

आपसी रंजिश में एक की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि पुलिस थाना भिखीविंड के अधीन मरजिदपुरा गांव में 4 सशस्त्र मिलिटैंटों ने दलजीत सिंह उर्फ पप्पू उर्फ गुरमेल सिंह की उसके घर में जबरदस्ती घुस कर हत्या कर दी। यह हत्या आपसी रंजिश का परिणाम थी।

आपसी दुश्मनी में 3 की हत्या : पता चला है कि पुलिस थाना जंडियाला के अधीन गांव वरपाल में महिन्दर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी मेहता अपने ससुराल आया हुआ था कि कुछ मिलिटैंटों ने उनके घर में घुस कर महिन्दर सिंह तथा उसके ससुर रूढ़ सिंह पुत्र मान सिंह व बलवंत कौर पत्नी महिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि ये हत्याएं रेशम सिंह ठाण्डे गुट के मिलिटैंटों ने आपसी दुश्मनी के कारण की हैं।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : पुलिस थाना ब्यास के अधीन क्लेर मांगट गांव में पुलिस व सुरक्षा बलों के एक संयुक्त नाके के दौरान जब सामने से आते हुए कुछ मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से उनमें से एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि बाकी भाग गए। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त सिकन्दर सिंह पुत्र शिंगारा सिंह के रूप में हुई। घटनास्थल से एक माऊजर व 4 कारतूस बरामद किए गए हैं।

ए.एस.आई. घायल : पुलिस जिला मजीठा के गांव चौगवां में आज हीरा सिंह नामक एक ए.एस.आई. उस समय घायल हो गया, जब कुछ मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की। यह ए.एस.आई. एक पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए मेहता से अमृतसर जा रहा था।

स्कूटर छीना : (मनोहर): कल शाम गांव बालेचक्के से मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर बजाज प्रिया स्कूटर पी.आई.ए. 5659 छीन लिया है । इस बारे पुलिस को रिपोर्ट लिखा दी गई है ।

4 मिलिटैंट मरे : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीताराम ने आज यहां बताया है कि पुलिस थाना बटाला सदर के गांव डंबोई में सुबह 10 बजे के करीब बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान के.सी.एफ. (जफरवाल ग्रुप) का मिलिटैंट दीदार सिंह उर्फ दारा (गांव डढियाला नजारा) मारा गया, जबकि उसके दो साथी बच निकले।

घटनास्थल से जापानी मार्का का 'टैनप्रो' वाकी-टाकी सैट मिला है जिसके 999 चैनल हैं। इसकी मदद से मिलिटैंट पुलिस व सुरक्षा बलों के संदेश सुन लिया करते थे। इसके अलावा वहां से एक बैग भी मिला है जिसमें के.सी.एफ. (जफरवाल ग्रुप) के लैटरपैड थे। दीदार सिंह बटाला क्षेत्र में गत दो महीनों में करीब दो दर्जन लोगों का अपहरण करके 10 से 20 लाख रु. तक की फिरौती वसूल करने के मामलों में वांछित था।

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार मारे गए चारों व्यक्ति मिलिटैंटों के गाईड नहीं, बंगला देश के निवासी थे ।

इसी पुलिस जिले के थाना कादियां के गांव ततले के पास गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से कटी हुई दोनाली बंदूक मिली है।

गत रात ही थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भट्टीवाल के पास सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक स्टेनगन, एक मैगजीन, एच.ई. 36 हथगोला तथा 72 कारतूस मिले हैं।

मुकाबले के बाद मिलिटैंट का शव बरामद : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि से आज प्रातः तक फगवाड़ा तथा गोराया के मध्य मौली व तखरा गांव के निकट मिलिटैंटों व सुरक्षा बलों के मध्य रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। इस मुकाबले के बाद एक मिलियैंट का शव आज प्रातः

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पुलिस ने आध दर्जन बम विस्फोटों के केस सुलझाए

जम्मू, 5 अगस्त (निस) : पता चला है कि पुलिस ने किश्तवाड़ के एक व्यक्ति गुलाम मुहम्मद को गिरफ्तार कर डोडा जिले में हुए लगभग आध दर्जन विस्फोटों के केसों को सुलझा लिया है। इनमें किश्तवाड़ के डाकघर में हुए विस्फोट का मामला भी शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने गुलाम मुहम्मद से पूछताछ के बाद डोडा जिले में हुई विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त कुछ अन्य व्यक्तियों की भी शिनाख्त कर ली है। इनमें कुछ सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं।

पुलिस ने खाद्य व आपूर्ति विभाग के एक स्टोर कीपर को भी गिरफ्तार किया है जो डोडा जिले के मारवाह क्षेत्र में तैनात था। कहा जाता है कि इस स्टोर कीपर से भी जिले में अलगाववादियों की गतिविधियों के बारे में काफी कुछ रहस्योद्घाटन होने की संभावना है।

पंजाब में मिलिटैंसी की गतिविधियों में तेजी आने की आशंका

गुरदासपुर, 5 अगस्त (विनोद गुप्ता): पंजाब में चल रही मिलिटैंसी सम्बन्धी जो सूचनाएं सीमा पार पाकिस्तान से और यहां अपने ही देश से मिल रही हैं, उनसे स्पष्ट होता है कि पंजाब में एक बार फिर मिलिटैंसी की गतिविधियों में तेजी आने की आशंका

अपनी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगता दिखाई दे रहा है और विशेष कर अति विशिष्ठ व्यक्तियों पर हमला भी मिलिटैंट इसीलिए नहीं कर पाते क्योंकि सुरक्षा प्रबन्ध काफी ज्यादा हैं । जिस कारण मिलिटैंटों ने पंजाब के प्रमुख लोगों जिनमें राजनीतिज्ञ व पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं की हत्या करने के

वह व्यक्ति वापस चला गया और मिलिटैंट आहलुवालिया को बम सौंप दिया गया । जिस पर मिलिटैंटों ने उसकी पिटाई भी की और वह व्यक्ति अब लापता बताया जाता है । इसी तरह यह प्रयोग पुनः किया जाएगा परन्तु अन्त में यह तकनीक महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या के लिए ही प्रयोग की

नई योजनाओं पर विचार किया है । सूत्रों के अनुसार इस बैठक, जो लाहौर में हुई, में इस बात पर भी विचार किया गया कि कश्मीर घाटी में मिलिटैंटों को व्यापक सफलता मिलने का क्या कारण है ? अन्त में बैठक में यही निर्णय लिया गया कि पंजाब में भी निर्दोष लोगों की हत्याएं करने की अपेक्षा पुलिस तथा

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरामद किया गया व घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व 100 कारतूस भी मिले।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने मौली के निकट रेलवे फाटक के गेटकीपर को भी केबिन में घुस जाने का निर्देश दिया तथा इसी मध्य स्थानीय रेलवे स्टेशन अधीक्षक स्वर्ण सिंह सरूर ने घटना की सूचना मिलते ही हावड़ा मेल व जम्मू मेल यात्री रेलगाड़ियों को काफी समय तक फगवाड़ा स्टेशन पर ही रोके रखा। बीच में कुछ देर के लिए फायरिंग रुकने पर ही इन यात्री ट्रेनों को गतव्य के लिए रवाना किया गया।

मगर गोराया से 'सेहरा' के अनुसार पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया और एक भागने में सफल हो गया, जबकि उनकी फायरिंग से एक सी.आर.पी.एफ. का जवान गंभीर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 8 बजे गोराया पुलिस एस.एच.ओ. श्री राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी कि जब गांव चचारड़ी और गांव थकड़ के बीच नहर के पुल पर पहुंची तो नहर की पट्टी पर 2 युवक हीरो होंडा मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिए। जब उनको रोकने का संकेत किया तो वह अपना मोटर साइकिल छोड़ कर निकट के गन्ने के खेत में छिप गए और पोजीशन लेकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। उस वक्त पुलिस ने वायरलैस द्वारा और फोर्स बुला ली और गन्ने के खेत का घेराव जारी रखा। आज प्रातः 6 बजे जब उनकी तलाश शुरू हुई तो फिर गन्ने के खेत से फायरिंग शुरू हो गई। एक गोली सी.आर.पी.एफ. के जवान के कंधे पर लगी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। प्रातः फिर क्रास फायरिंग हुई। तलाश करने पर खेत से एक मिलिटैंट की लाश मिल गई। संभवतः वह रात का ही गंभीर घायल हो चुका था और फिर दम तोड़ गया। दूसरे की तलाश की गई मगर वह नहीं मिला। शायद वह भाग चुका था।

राजेन्द्र सिंह के अनुसार मृतक की पहचान नहीं हो सकी। लाश के निकट ए.के. 47 और एक माऊजर मिला है। पुलिस ने हीरो होंडा पी.सी.-1786 कब्जे में ले लिया है।

लुटेरे को पीट-पीट कर मार दिया : फिरोजपुर (जगदीप कन्तोड़) : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत दिवस जीरा पुलिस थाना के गांव पण्डोरी खतीरां में ग्रामीणों ने 3 में से एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जिनके बारे में सन्देह किया जाता है कि वे लुटेरे थे। उन्होंने बताया कि गत रात्रि तीनों व्यक्ति लूट के इरादे से आए थे, परन्तु ग्रामीणों ने उन्हें काबू कर लिया। इनमें से 2 तो भाग निकले, परन्तु एक को पीट-पीट कर मार दिया गया। फरार होने वाले लुटेरे अपने पीछे ए.के. 47 राइफल जैसा खिलौना छोड़ गए हैं।

2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि मौजा मानूपुर थाना मदर खन्ना में मिलिटैंटों ने पांच व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन ग्रामीण, एक सिपाही तथा एक एस.पी.ओ. शामिल हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार चार मिलिटैंट मानूपुर में आधी रात को दाखिल हुए तथा उन्होंने उपरोक्त व्यक्तियों को घरों में उठाया और सड़क पर ले जाकर उन पांचों की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में गुरदास सिंह सिपाही सरहिन्द थाना में तैनात था और अपने घर वालों से मिलने आया हुआ था। भाग सिंह एस.पी.ओ. डी.एस.पी. खन्ना के साथ तैनात था। मृतक ग्रामीणों के नाम भूपिन्द्र सिंह और अवतार सिंह थे, जबकि पांचवें की शिनाख्त नहीं हो सकी। मिलिटैंट जाते समय देहात के दो स्कूटर छीन कर ले गए।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, 5 अपहृत छुड़वाए गए : गुरदासपुर (विनोद): पुलिस जिला गुरदासपुर में काहनूवान थाना के अधीन 3 गांवों में से मिलिटैंटों द्वारा अपहृत 5 व्यक्तियों को 4 घंटे तक चले मुकाबले के बाद रिहा करवा लिया गया है जबकि इस मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसका साथी फरार हो गया। इस मुठभेड़ का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सुमन्त कुमार गोयल ने किया।

श्री गोयल ने घटनास्थल से आकर बताया कि गत रात्रि 2 मिलिटैंटों ने करतार चंद व मुख्तियार सिंह निवासी बद्धावाल, बलवंत सिंह व बोंदा सिंह निवासी नूना बरकतां तथा सतबीर सिंह निवासी मल्हड़ों का अपहरण कर लिया तथा जाते हुए वे एक ट्रैक्टर भी अपने साथ ही ले गए। पुलिस को जब इस सम्बन्ध में सूचना मिली तो सीमा सुरक्षा बल की सहायता से क्षेत्र की घेराबंदी करके खोज-बीन शुरू कर दी गई। मगर इसी बीच किसी ने सूचना दी कि थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव हरचोवाल के बाहर एक पुलिस कांस्टेबल के डेरे में मिलिटैंटों ने कुछ व्यक्तियों को जबरदस्ती बंद कर रखा है। इसके बाद सुरक्षा बलों ने उक्त डेरे की घेराबंदी कर ली तथा मिलिटैंटों को अपहृत व्यक्ति रिहा करने को कहा परन्तु मिलिटैंटों ने एक कमरे में से गोली चलानी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा यह मुकाबला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा। जब सुरक्षा बलों की फायरिंग प्रभावहीन रही तो उस कमरे में हथगोले फैंके गए जिससे कमरे की छत टूट गई तथा मिलिटैंटों की फायरिंग भी रूक गई।

सुरक्षा बलों ने जब उस कमरे की तलाशी ली तो



थाना नरोट जैमल सिंह जिला गुरदासपुर के क्षेत्र में स्थित टीडा सीमा चौकी के पास पाकिस्तान से भारत में घुसने वाले मिलिटैंटों के 4 गाईडों के शव, जो बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए। (छाया : महेंद्र)

वहां से एक मिलिटैंट की लाश मिली जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया। श्री गोयल के अनुसार मृतक की शिनाख्त लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा के रूप में हुई है। कमरे में से एक कारबाइन मिली जबकि शेष गोली-सिक्का हथगोलों की मार से नष्ट हो गया।

इस डेरे की तलाशी लेने के बाद सभी अपहृत व्यक्तियों को रिहा करवा लिया गया। श्री गोयल के अनुसार डेरे में से कांस्टेबल का परिवार भी फरार हो गया।

मिलिटैंट की मिलिटैंटों द्वारा हत्या : पुलिस थाना भिखीविंड के निकट आज मिलिटैंटों ने गिरोहों की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण एक अन्य मिलिटैंट की हत्या कर दी।

पम्मा व दो अन्य मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के गांव मानेके में आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल धड़े) का एरिया कमांडर भाई परमजीत सिंह उर्फ पम्मा उर्फ कमला और उसके 2 अन्य साथी मारे गए। अन्य मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए मिलिटैंट क्षेत्र में मिलिटैंसी के कई अपराधों में संलिप्त थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक .303 की राईफल और भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है।

चलता-फिरता एड्स क्लिनिक

पुणे, 5 अगस्त (वार्ता): जानलेवा बीमारी 'एड्स' से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए यहां एक चलता-फिरता क्लिनिक तैयार किया गया है। यह क्लिनिक भारतीय स्वास्थ्य संगठन ने तैयार किया है। इसका उद्घाटन कल यहां किया गया।

संगठन की पुणे शाखा के निदेशक मेहता इस क्लिनिक के प्रमुख होंगे। उनके साथ चिकित्सा कार्यकर्त्ताओं का एक दल भी होगा।

संयुक्त दल गठित

(पृष्ठ 3 का शेष)

सचिवों द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि प्रदेश प्रशासन पूर्ण एकता, अखंडता तथा अपनी सभी इकाइयों में पूर्ण समझ के साथ कार्य करता है, ताकि राष्ट्र विरोधी तथा समाज विरोधी तत्वों की चुनौती का सामना किया जा सके।

'लुधियाना के कर्मी रैली में शामिल न हुए थे'

लिट्टे की योजना

(पृष्ठ 3 का शेष)

नौ सेना के वायरलैस संदेश में बाधा पहुचने के बाद राज्य की पुलिस पूरी ताकत के साथ लिट्टे के यहां पास दूरसंचार व्यवस्था होने की सम्भावनाओं का पता लगाने में जुट गई है। वायरलैस पर बोलने वाले अनजान व्यक्ति ने दावा किया कि वह मुदरै से बोल रहा है और वह बातचीत में कोड भाषा का प्रयोग कर रहा था। पुलिस ने इस सम्भावना से इंकार नहीं किया कि कोई व्यक्ति गुमराह करने की कोशिश कर रहा हो। नौसेना के अधिकारियों ने बाद में उसी फ्रीक्वेन्सी पर कई बार वायरलैस सैट किया लेकिन कुछ नहीं हुआ।

वायरलैस के सवाल को मदुरै शहर के कुछ क्षेत्रों के लोगों की उस शिकायत से भी जोड़ा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि 28 जुलाई को दूरदर्शन से आ रही मलयालम फिल्म का प्रसारण बड़ी देर तक गायब रहा लेकिन चित्र पटल पर इस दौरान बाधा के बारे में कुछ नहीं बताया गया। अन्य क्षेत्रों से ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है।

किट्टू के सम्बन्ध में सीमा बढ़ी : लंदन, (प.स.): ब्रिटिश अधिकारियों ने लिबरेशन टाईगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता कृष्ण कुमार उर्फ किट्टू को ब्रिटेन छोड़ कर चले जाने के लिए निर्धारित समय सीमा को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। किट्टू को उनकी गतिविधियां सार्वजनिक हित के अनुकूल न पाए जाने के कारण सरकार ने ब्रिटेन से निष्कासित किए जाने का आदेश दिया था।

'ट्रैंक्विलाइजर गन' का प्रयोग नहीं : मद्रास (प.स.): राजीव गांधी हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने आज अखबारों में छपी इस खबर का खंडन किया कि उसने लिट्टे उग्रवादियों को साइनाइड खाने से रोकने के लिए ट्रैंक्विलाइजर गन के उपयोग की योजना बनाई है। जांच दल के प्रधान डी.आर. कार्तिकेयन ने यहां बताया कि जानवर को पकड़ने के लिए इस्तेमाल में आने वाली इस बन्दूक का इस मामले में कोई उपयोग नहीं हो सकता, क्योंकि इस सिरिज की नीडल का शरीर में कुछ समय तक बने रहना जरूरी होता है ताकि उसका असर हो सके, जबकि लिट्टे उग्रवादी गिरफ्तारी की आशंका के समय साइनाइड कैप्सूल अपनी गर्दन में टांगे रहते हैं, इसलिए इस नीडल का उनके शरीर पर प्रभाव होने की बहुत कम गुंजाइश रहती है।

डिबैंचर, कर मुक्त, सार्वजनिक बांड पर ब्याज दर सभी पाबंदियां हटीं

नई दिल्ली, 5 अगस्त (वार्ता): सरकार ने डिबैंचर और अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्रों के कर-मुक्त बांड के अलावा अन्य सार्वजनिक बांड पर ब्याज-दर संबंधी सभी प्रतिबंध हटा लिए हैं। आज जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार ऋण-प्राप्ति संबंधी ऐसे उपायों पर ब्याज-दर का निर्धारण अब बाजार-शक्ति द्वारा किया जाएगा। कम्पनियों को डिबैंचर जारी करने से पहले "क्रैडिट रेटिंग एजैंसियों से ब्याज-दर संबंधी सलाह लेनी होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बांड और डिबैंचर जारी करने संबंधी अन्य सभी नीति निर्देश पूर्ववत जारी रहेंगे। अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्रों द्वारा जारी किए जाने वाले कर-मुक्त बांड पर एकमुश्त नौ प्रतिशत ब्याज

लॉयन्स क्लब, सिरसा (विशाल)

द्वारा निकाले गए लक्की ड्रा के परिणाम निम्नलिखित रहे :-

प्रथम पुरस्कार (स्कूटर)—R-288

द्वितीय पुरस्कार (B/W टी.वी.)—P-504

तृतीय पुरस्कार (वाशिंग मशीन)—R-575

चौथा पुरस्कार (20 वाल क्लॉक)—B-485, P-504, G-687, J-637, S-666, Q-908, C-756, O-209, M-198, T-471, L-374, F-260, H-478, I-011, D-544, N-514, K-220, E-861, A-171, R-434.

Punjabi Sanchari

हर परियोजना के लिए केन्द्रीय बजट में
रखे जाने के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के
भजन लाल ने कहा कि आज प्रातः ही
य वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह से फोन
य में बातचीत की है। वित्तमंत्री ने इस
के लिए बजट में प्रावधान कराने का पूरा
ाया है।

ालिया के विरुद्ध
ल निरोधक कानून के
न कार्रवाई की मांग

ी, 6 अगस्त (वार्ता): राज्यसभा में
एक विधेयक गिर जाने की कल की
घटना को लेकर आज सदन में अनेक
ग्रेस (इ) के एस.एस. आहलुवालिया के
बदल निरोधक कानून के तहत कार्रवाई
। विशेष उल्लेख के दौरान कम्युनिस्ट
ुरुदास दासगुप्त ने यह मामला उठाया
क सचेतक का उल्लंघन करके श्री
ा ही कल इस विधेयक के गिरने का
सलिए उनके विरुद्ध उक्त कानून के तहत
जानी चाहिए। कई अन्य सदस्यों ने भी
समर्थन किया।

ति नजमा हेपतुल्ला ने सदस्यों को
वे यह मुद्दा सभापति के सामने रखें।
भारी शोर-शराबे के बीच सदन में
के उपनेता एन.के.पी. साल्वे ने कहा कि
ओर से कोई सचेतक जारी नहीं किया
ए उसके उल्लंघन का सवाल ही पैदा

को मुद्रा कोष से मदद
ारे वार्ता शुरू

ी, 6 अगस्त (वार्ता): अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा
व बैंक से आर्थिक सहायता लेने के बारे
क स्तर की बातचीत आज यहां शुरू हो
ट्रीय मुद्रा कोष का प्रतिनिधिमंडल श्री
केर के नेतृत्व में आज वित्त मंत्रालय
ारियों से मिला । उन्होंने मुद्रा कोष के
ज वित्त मंत्रालय, वरिष्ठ अधिकारियों
न्होंने मुद्रा कोष की अतिरिक्त व्यवस्था
रत को ऋण सहायता उपलब्ध कराने
विमर्श किया । विश्व बैंक का
न श्री हेंज बरगिन के नेतृत्व में वित्त
अधिकारियों से मिला और उन्होंने
ामंजस्य, ऋण पर विचार-विमर्श

ंथी दल केंद्र

अब क्या कर लें ? उन्होंने कहा कि वह इस
नियुक्ति को पसन्द नहीं करते हैं ।

श्री मुखजिन्दर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि पहले वह पिछले 10 साल का

निकट आज दोपहर ब्रह्मपुत्र मेल के 12 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण दो व्यक्ति मर गए और तीन घायल हो गए ।

पैप्सू रोडवेज के डिपो मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या, 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 6 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान पैप्सू रोडवेज़ बरनाला डिपो के मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या हुई, 10 मिलिटैंट मारे गए तथा एक छात्र का अपहरण कर लिया गया ।

डिपो मैनेजर की हत्या : बरनाला (सिधवानी): आज शाम 6 बजे मिलिटैंटों ने पैप्सू रोडवेज़ बरनाला डिपो के मैनेजर साधू सिंह सिद्धू की हत्या कर दी । बताया जाता है कि श्री सिद्धू स्थानीय एस. डी. कालेज के निकट स्थित अपने घर में प्रवेश करने लगे तो दो मिलिटैंट उनके पीछे चले गए । उस समय श्री सिद्धू का ड्राईवर भी उनके साथ था । जब ड्राईवर ने उक्त युवकों से आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने श्री सिद्धू को निमंत्रण पत्र देना है । इसके साथ ही उक्त युवक श्री सिद्धू के कमरे में घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे । श्री सिद्धू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका ड्राईवर घायल हो गया । वारदात के बाद मिलिटैंट भाग गए ।

संगरूर से गर्ग के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटरपैड मिला है, जिस पर जगरूप सिंह, राजबीर सिंह बसी और डिम्पल के हस्ताक्षर हैं । इसमें कहा गया है कि प्रथम अगस्त को बंद वाले दिन इस मैनेजर की ओर से बसें चलवाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): कल रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जिसकी पहचान बलबीर सिंह के रूप में हुई है । उसके चार साथी बचकर भाग गए । घटनास्थल से एक राइफल, एक छड़ी बम तथा 25 कारतूस बरामद हुए हैं ।

राइफल तथा कारतूस ले गए : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव आज़मपुर में कुछ मिलिटैंट प्रताप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से 303 बोर की एक राइफल तथा 50 कारतूस ले गए । प्रताप सिंह को यह राइफल आत्म रक्षा के लिए मिली थी ।

गुट संघर्ष में मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव नत के निकट से पुलिस को गोलियों से छलनी एक लाश मिली है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक की शिनाख्त इसी गांव के व्यक्ति मंगा के रूप में हुई है । मंगा को कल रात मिलिटैंट उसके घर से जबरी ले गए थे और वह लूटमार की वारदातों में संलिप्त था ।

छात्र का अपहरण : बटाला के खजूरी गेट क्षेत्र में स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के गेट से मिलिटैंट आज प्रातः पौने आठ बजे के लगभग 10वीं श्रेणी के एक छात्र रोहित कुमार बख्शी पुत्र श्री विजय कुमार बख्शी का अपहरण करके ले गए । छात्र का बस्ता व रोटी का डिब्बा स्कूल से कुछ दूरी पर सड़क पर पड़ा मिला है । अपहृत छात्र का पिता निर्धन है और वह खजूरी गेट के बाहर एक छोटी सी वर्कशाप चलाता है ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : जालन्धर जिला के चचराड़ी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । मुकाबले में एक पुलिस कांस्टेबल धनराज घायल हो गया । घटनास्थल से एक माऊजर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

सरपंच घायल : जालन्धर जिला के बंगा थाना के अंतर्गत चेता गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरपंच संता सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । मिलिटैंटों ने संता सिंह को इसलिए गोली

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अलगाववादियों को श्रीनगर से खदेड़ने के लिए सेना हरकत में आई

श्रीनगर, 6 अगस्त (वार्ता, प.स.): श्रीनगर में सेना अर्द्ध सैनिक बलों की सहायतार्थ हरकत में आ

में स्टेट बैंक आफ इंडिया पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर गोली चलाई। जवानों ने जवाबी

आलोचना को भी गलत बताया कि
मुद्रास्फीति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि
वित्तीय और मुद्रानीति का पालन करने

इंदौर में पकड़े
हत्याओं में शा

इंदौर, 6 अगस्त (प.स.): इंदौर
गिरफ्तार मिलिटैंटों में से दस लाख रुप
वाले उग्रवादी माधव सिंह ने हत्या
वारदातों में शामिल होने की बात काब
चार मिलिटैंटों को गत शनिवार को गिर
गया था । पैंतीस वर्षीय माधव सिंह ने
दिए बयान में कहा है कि उसने मिलिटै
बाद प्रारम्भिक दौर में 20 हत्याएं की
उसने कितनी हत्याएं कीं, इसकी सही सं
याद नहीं है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि माधव सिंह
बब्बर खालसा के जत्थेदार बाबा सुखदे
उसे केंद्रीय गृहमंत्री श्री शंकर राव चवन
पुत्र का अपहरण करने को कहा था
गिरफ्तार मिलिटैंटों की रिहाई के लिए
दबाव डाला जा सके ।

माधव सिंह ने पुलिस को बताया
गृहमंत्री के दामाद श्री शतभावकर को,
के राज्यमंत्री भी हैं, के पुत्र के अपहरण की
अंतिम रूप बब्बर खालसा के एक सदस्य



अपनी मांगों के सम्बन्ध में गत दि

Punjab Archive

प्रस्तावित 40 प्रतिशत वृद्धि को कम करके 30 प्रतिशत करने का निश्चय किया है। इस कमी से हमें इस मद में चालू वर्ष के बजट में 1350 करोड़ रु. की बचत होगी, जबकि पहले 1800 करोड़ रु. की बचत होने का अनुमान था।

उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को इस वृद्धि से पूरी तरह का छूट देने का मतलब 405 करोड़ रु. की अतिरिक्त राज सहायता देना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस बजट में व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने अपने बजट प्रस्तावों तथा रुपए के मूल्य में समायोजन जैसे अन्य आर्थिक कदमों को उचित बताते हुए कहा कि ऐसा अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को खुश करने के लिए नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए किया गया है।

सत्तापक्ष के सदस्यों ने वित्त मंत्री की घोषणा का मेज़ थपथपा कर स्वागत किया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने मूल्य वृद्धि में केवल दस प्रतिशत कमी की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि उर्वरकों पर दी जाने वाली राज सहायता बढ़ कर 6000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, उन्होंने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था जिस हालत में है वह इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती। सरकार वसूली मूल्य में वृद्धि करके किसानों को उर्वरक की कीमत में बढ़ोतरी से होने वाले घाटे की क्षतिपूर्ति करने के लिए कृतसंकल्प है।

उन्होंने कहा कि वह इस बात से सहमत हैं कि छोटे और सीमांत किसानों को वसूली मूल्यों से लाभ नहीं होता, क्योंकि उनके पास बेचने के लिए अतिरिक्त खाद्यान्न नहीं होता। सरकार ने उनके हितों का ध्यान रखते हुए ही उन्हें कीमतों में वृद्धि से पूरी तरह छूट देने का फैसला किया है।

खाना पकाने की गैस के मूल्यों में वृद्धि करने के निर्णय को वित्त मंत्री ने कष्टप्रद बताया,लेकिन कहा कि मौजूदा आर्थिक संकट के दौर में ऐसा करना आवश्यक हो गया था। इस वृद्धि के लिए उन्होंने गृहणियों से क्षमायाचना की। उन्होंने कहा कि गत वर्ष अक्तूबर में जब अन्य पैट्रोलियम उत्पादों की कीमत में वृद्धि की गई थी, उसी समय गैस की कीमतों में वृद्धि होनी चाहिए थी,लेकिन पिछली सरकार ने पता नहीं क्यों ऐसा नहीं किया और यह निर्णय इस सरकार को करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि इस गैस पर बड़ी मात्रा में राज सहायता दी जाती है। कीमतों में 20 प्रतिशत वृद्धि किए जाने के बाद इस मद पर दी जाने वाली सहायता 906 करोड़ रुपए से घट कर 780 करोड़ रुपए रह जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रति गैस सिलैंडर की उत्पादन लागत करीब 130 रुपए है। 20 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद प्रति सिलैंडर करीब 60 रुपए की राज सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि

परियोजना के लिए केन्द्रीय बजट में
जाने के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के
न लाल ने कहा कि आज प्रातः ही
वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह से फोन
में बातचीत की है। वित्तमंत्री ने इस
ाए बजट में प्रावधान कराने का पूरा
है।

लिया के विरुद्ध
निरोधक कानून के
कार्रवाई की मांग

6 अगस्त (वार्ता): राज्यसभा में
विधेयक गिर जाने की कल की
ना को लेकर आज सदन में अनेक
(इ) के एसाएस. आहलुवालिया के
न निरोधक कानून के तहत कार्रवाई
विशेष उल्लेख के दौरान कम्युनिस्ट
दास गुप्त ने यह मामला उठाया
सचेतक का उल्लंघन करके श्री
ी कल इस विधेयक के गिरने का
ाए उनके विरुद्ध उक्त कानून के तहत
ी चाहिए। कई अन्य सदस्यों ने भी
र्थन किया।

नजमा हेपतुल्ला ने सदस्यों को
यह मुद्दा सभापति के सामने रखें।
री शोर-शराबे के बीच सदन में
पनेता एन.के.पी. साल्वे ने कहा कि
र से कोई संचेतक जारी नहीं किया
उसके उल्लंघन का सवाल ही पैदा

मुद्रा कोष से मदद
रे वार्ता शुरू

6 अगस्त (वार्ता): अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा
बैंक से आर्थिक सहायता लेने के बारे
तर की बातचीत आज यहां शुरू हो
मुद्रा कोष का प्रतिनिधिमंडल श्री
र के नेतृत्व में आज वित्त मंत्रालय
यों से मिला। उन्होंने मुद्रा कोष के
वित्त मंत्रालय, वरिष्ठ अधिकारियों
ने मुद्रा कोष की अतिरिक्त व्यवस्था
को ऋण सहायता उपलब्ध कराने
र्श किया। विश्व बैंक का
ी हेंज बरगिन के नेतृत्व में वित्त
धिकारियों से मिला और उन्होंने
जस्य ऋण पर विचार-विमर्श

ी दल केंद्र
र से नाखुश

6 अगस्त (जी.एस. चावला):
सम्हाराव सरकार की कारगुजारी से
विशेष रूप से सरकार की आर्थिक
रही महंगाई से नाराज हैं लेकिन
स्थिति नहीं बनाना चाहते, जिससे
।
त ब्यूरो की बैठक 18 से 20
। इसके बाद 28 से 30 अगस्त
समिति की बैठक होगी। उक्त

काम कर चुके हैं, जब वह तब कुछ नहीं कर सकता
अब क्या कर लेंगे। उन्होंने कहा कि वह इस
नियुक्ति को पसन्द नहीं करते हैं।

श्री सर्वजिन्दर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को
चाहिए कि पहले वह पिछले 10 साल का

नई दिल्ली, 6 अगस्त (वार्ता): असम की
राजधानी गुवाहाटी से 63 कि.मी. दूर रंगिया के
निकट आज दोपहर ब्रह्मपुत्र मेल के 12 डिब्बे
पटरी से उतर जाने के कारण दो व्यक्ति मर गए और
तीन घायल हो गए।

पैप्सू रोडवेज के डिपो मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या, 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 6 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान पैप्सू रोडवेज बरनाला डिपो के मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या हुई, 10 मिलिटैंट मारे गए तथा एक छात्र का अपहरण कर लिया गया।

डिपो मैनेजर की हत्या : बरनाला (सिधवानी): आज शाम 6 बजे मिलिटैंटों ने पैप्सू रोडवेज बरनाला डिपो के मैनेजर नाथू सिंह सिद्धू की हत्या कर दी। बताया जाता है कि श्री सिद्धू स्थानीय एस.डी. कालेज के निकट स्थित अपने घर में प्रवेश करने लगे तो दो मिलिटैंट उनके पीछे चले गए। उस समय श्री सिद्धू का ड्राईवर भी उनके साथ था। जब ड्राईवर ने उक्त युवकों से आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने श्री सिद्धू को निमंत्रण पत्र देना है। इसके साथ ही उक्त युवक श्री सिद्धू के कमरे में घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। श्री सिद्धू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका ड्राईवर घायल हो गया। वारदात के बाद मिलिटैंट भाग गए।

संगरूर से गर्ग के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटरपैड मिला है, जिस पर जगरूप सिंह, राजबीर सिंह बसी और डिम्पल के हस्ताक्षर हैं। इसमें कहा गया है कि प्रथम अगस्त को बंद वाले दिन इस मैनेजर की ओर से बसें चलवाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : बटाला (कोहड़): कल रात थाना पहाड़गढ़ चड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जिसकी पहचान बलबीर सिंह के रूप में हुई है। उसके चार साथी बचकर भाग गए। घटनास्थल से एक राइफल, एक छड़ी बम तथा 25 कारतूस बरामद हुए हैं।

राइफल तथा कारतूस ले गए : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव आज़ूमपुर में कुछ मिलिटैंट प्रताप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से 303 बोर की एक राइफल तथा 50 कारतूस ले गए। प्रताप सिंह को यह राइफल आत्म रक्षा के लिए मिली थी।

गुट संघर्ष में मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव नत के निकट से पुलिस को गोलियों से छलनी एक लाश मिली है। जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक की शिनाख्त इसी गांव के व्यक्ति मंगा के रूप में हुई है। मंगा को कल रात मिलिटैंट उसके घर से जबरी ले गए थे और वह लूटमार की वारदातों में संलिप्त था।

छात्र का अपहरण : बटाला के खजूरी गेट क्षेत्र में स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के गेट से मिलिटैंट आज प्रातः पौने आठ बजे के लगभग 10वीं श्रेणी के छात्र रोहित कुमार बख्शी पुत्र श्री विजय कुमार बख्शी का अपहरण करके ले गए। छात्र का बस्ता व रोटी का डिब्बा स्कूल से कुछ दूरी पर सड़क पर पड़ा मिला है। अपहृत छात्र का पिता निर्धन है और वह खजूरी गेट के बाहर एक छोटी सी वर्कशाप चलाता है।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस ने आज बताया कि लुधियाना ज़िले के छोजेवाला गांव में दो दलों के बीच हुए संघर्ष में लछमण सिंह नामक संदिग्ध मिलिटैंट मारा गया ।

दुकानदार का छलनी शव मिला : तरनतारन ज़िले के पंडोरी गोला गांव के पास गोलियों से छलनी सुरिन्दर कुमार नामक एक दुकानदार का आज शव मिला है ।

मिलिटैंट फरार : संगरूर ज़िले के थामनासिंहवाला गांव में एक नहर पर बने पुल के पास जिन्दरपाल सिंह नामक मिलिटैंट पुलिस की गिरफ्त में से निकल भागा । यह घटना उस वक्त हुई जब पुलिस इस मिलिटैंट को हथियार बरामद कराने के लिए अपने साथ ले जा रही थी ।

मिलिटैंट ने साइनाइड खा ली : अमृतसर ज़िले के सोहना मंडी के पास सुरक्षा बलों से घिर जाने पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के कुख्यात मिलिटैंट जगजीत सिंह उर्फ जग्गा ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली है । जग्गा की पिछले साल पत्रकार अमरनाथ वर्मा की हत्या सहित विभिन्न हत्याओं के मामलों में तलाश थी ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर ज़िले में और तरनतारन ज़िले में सुरक्षा बलों ने एक-एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । संगरूर में गिरफ्तार मिलिटैंट की शिनाख्त भूरा सिंह व तरनतारन में गिरफ्तार मिलिटैंट की पहचान प्रदीप सिंह उर्फ भूरा के रूप में हुई । इनसे जो हथियार बरामद किए गए उनमें एक हथगोला, 30 कारतूस व एक रिवाल्वर भी शामिल हैं ।

एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान मित्तल): गत रात्रि लगभग 12 बजे 5 सशस्त्र मिलिटैंटों ने बाघा पुराना नगर की घनी आबादी वाले मोहल्ले बाबा रोड़ू बस्ती में तोड़ू राम नामक एक सब्जी वाले के परिवार के पांच सदस्यों की गोलियां मार हत्या कर दी तथा एक सदस्य को गम्भीर रूप से घायल कर गए । मृतकों में एक महिला भी शामिल है । मृतकों की शिनाख्त संत लाल (50), उसकी पत्नी कृष्णा देवी (45), उनके दो बेटे राजेश कुमार व मुकेश कुमार तथा संत लाल का बड़ा भाई कृष्ण लाल उर्फ कालू शामिल हैं । घायल की पहचान संत लाल के बेटे राज कुमार उर्फ राजू के रूप में हुई, जिसे लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है । दोनों मृतक भाई संत लाल व कृष्ण लाल सब्जी मंडी में आढ़ती थे ।

पुलिस के अनुसार मिलिटैंट घर की दीवार फांद कर अंदर आए तथा उन्होंने मुकेश कुमार का अपहरण करने का प्रयास किया । घर वालों द्वारा विरोध करने पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिस कारण उक्त परिवार के 5 सदस्य मारे गए । इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंट हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

मृतक संत लाल के परिवार में केवल दो लड़कियां ही बाकी बची हैं, जिनमें एक विवाहित है तथा अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए वह कल ही यहां आई थी ।

यह भी कहा जाता है कि हत्यारे मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे तथा घर में दाखिल होने से पूर्व उन्होंने टैलीफोन की तारें काट दी थीं । पुलिस ने इस घटना के संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

ज़िला फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. एस.एस. बैंस, ज़िला फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह व ज़िलाधीश सर्वेश कौशल ने घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी ।

सभी मृतकों का आज यहां के सिविल अस्पताल में विशेष तौर पर सी.एम.ओ. के नेतृत्व में डाक्टरों के एक दल ने पोस्टमार्टम किया तथा बाद में उनका सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया गया । इससे पूर्व सामूहिक शव यात्रा में असंख्य व्यक्तियों ने भाग लिया ।

प्रत्याशी की हत्या : बरनाला (सिंधवानी): यहां से 10 कि.मी. दूर गांव करमगढ़ में कुछ मिलिटैंटों ने आज प्रातः 7.30 बजे पंजाब विधानसभा के चुनावों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी बिक्कर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । 35 वर्षीय बिक्कर सिंह पर मिलिटैंटों ने रिवाल्वर से फायरिंग की तथा उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । बिक्कर सिंह गांव का सरपंच भी था । मिलिटैंटों ने उसकी हत्या से पूर्व उसे यह भी कहा कि वह राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के पुत्र गगनदीप के साथ अकाल तख्त को मिलिटैंटों से स्वतंत्रत करवाने गया था ।

हत्यारे मिलिटैंट पैदल ही आए थे तथा वे वारदात के बाद पैदल ही फरार हो गए । बिक्कर सिंह अपने पीछे विधवा व दो छोटे बच्चे छोड़ गया है । उसकी हत्या से क्षेत्र का चुनाव रद्द कर दिया गया है ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : सुनाम (नागपाल): स्थानीय एस.एच.ओ. बलदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने यहां से 10 कि.मी. दूर गांव मल्लां में एक मिलिटैंट सुखपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उसने 12 मई 1991 को कथित रूप से गांव के तरसेम चंद नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी । उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीन व 40 कारतूस बरामद किए हैं ।

मां-बेटी की हत्या : पटियाला (राजू): पुलिस ने यहां से 20 कि.मी. दूर गन्नौर पुलिस थाना के अधीन गांव सारलरा में से 50 वर्षीया एक महिला लाजवंत कौर व उसकी बेटी परमजीत कौर का शव बरामद किया है । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पहले इन दोनों का अपहरण कर लिया था तथा बाद में इनकी हत्या कर दी गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

उद्योगपति के बेटे का अपहरण : लुधियाना (मुसाफिर): पंजाब में अपहरण की वारदातों में वृद्धि होती जा रही है । आज यहां फोकल प्लाइट ढंडारी कलां में 3 बजे दोपहर पश्चात एक कारखानेदार महेंद्रपाल के लड़के अमृतपाल का मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया । पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि दो मिलिटैंट पैदल ही महेंद्र पाल के घर गए । उस वक्त महेंद्र पाल घर में मौजूद नहीं थे । उनके लड़के अमृतपाल को पैदल ही घर से बाहर लाया गया और एक चोरी की मारुति कार पर सवार होकर फरार हो गए । क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।

एस.पी. व उसके परिवार की हत्या का प्रयास ? : गुरदासपुर (गुप्ता): गत दिवस एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ज़िला पुलिस मुख्यालय के अधीक्षक बलबीर बावा व उनके परिवार की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इख्वानुल मुसलमीन द्वारा डा. खोसा के अपहरण का दावा : घाटी में 'पहिया जाम' रहा

श्रीनगर, 24 अगस्त (प.स., वार्ता): अलगाववादी संगठन इख्वानुल मुसलमीन ने दावा किया है कि न्यू इंडिया एश्योरैंस कम्पनी के महाप्रबन्धक डा. एस.एल. खोसा का अपहरण उसने किया है । इस संगठन ने ही इंडियन आयल कार्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक के. दुरई स्वामी का अपहरण किया था ।

38 वर्षीय डा. खोसा का 13 अगस्त को अधिक सुरक्षा वाले रैजीडैंसी रोड क्षेत्र स्थित उनके कार्यालय से इस्राहिल संगठन के सशस्त्र युवकों ने अपहरण कर लिया था । इस अपहरण के 24 घंटे बाद ही इस्राहिल संगठन ने डा. खोसा के अपहरण की जिम्मेदारी लेते हुए स्पष्ट किया था कि उनका संगठन अलगाववादी अथवा राजनीतिक संगठन नहीं है ।

इख्वानुल मुसलमीन ने अब दावा किया है कि इस्राहिल संगठन उनके संगठन का ही अंग है । उसने सरकार से डा. खोसा की रिहाई के लिए बातचीत शुरू करने को कहा है ।

7 मरे : पहिया जाम : कश्मीर घाटी में कल रात से अब तक दो अलगाववादियों सहित 7 व्यक्ति मारे गए, जबकि एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया और 11 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कश्मीर परिवहन कल्याण संघ द्वारा बटमालू में बृहस्पतिवार को बस स्टैंड पर अर्ध सैनिक बलों की कथित ज्यादतियों के विरोध में किए गए 'पहिया जाम' के आह्वान की वजह से कश्मीर घाटी में आज सभी प्रकार के वाहन सड़कों से गायब रहे ।

राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन की कल की जम्मू-कश्मीर यात्रा के विरोध में अलगाववादियों के आह्वान पर 18 घंटे के बंद के बाद सोपोर को छोड़ कर श्रीनगर और घाटी के अन्य क्षेत्रों में दुकानें और व्यापारिक संस्थान आज खुले । सोपोर के व्यापारी 14 अगस्त को निर्दोष लोगों की हत्या का विरोध करते हुए शहर से सुरक्षा बलों को हटाने की मांग कर रहे हैं । शहर में आज लगातार ग्यारहवें दिन दुकानें बंद रहीं ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कल राजपुरा थाने के अंतर्गत दरंगनार में अलगाववादियों ने सीमा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देसाई को 'भारत रत्न'



बम्बई, 24 अगस्त (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को आज देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' की उपाधि प्रदान की गई। श्री देसाई ने अपने आवास पर यह सम्मान केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव अशोक भाटिया से प्राप्त किया। श्री भाटिया ने राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन की

पाक कश्मीर मामले पर युद्ध की सीमा तक जाना चाहता है तो चुनौती स्वीकार की जाए : शर्मा

भुवनेश्वर, 24 अगस्त (वार्ता): भाजपा के उप-प्रधान श्री कृष्ण लाल शर्मा संसद सदस्य ने आज यहां कहा कि यदि पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई भारत के विरुद्ध रखता है तो उसके खिलाफ

भारत को इस चुनौती को स्वीकार कर लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि जहां तक शस्त्रों की संख्या का प्रश्न है, भारत ऐसा कोई अवसर न दे और

ुनिस्ट पार्टी के केंद्रीय समिति भंग

र्मा में बताया कि श्री गोर्बाच्योव ने उन्हें हटा ने गलत फैसले का परिचय दिया है लेकिन इस सोवियत संघ में जो भूम एवं अनिश्चितता की बनी रही, उसमें यह सब स्वाभाविक था। कहा कि श्री गोर्बाच्योव को जब के.जी.बी. के क्रिचकोव तथा रक्षा मंत्री जनरल याजोव जैसे सहयोगियों ने धोखा दिया तो उन्होंने हर पर शक करना शुरू कर दिया।

तकों का अन्तिम संस्कार : इस सप्ताह त संघ में राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव का पलटने की असफल कोशिश के दौरान मारे ोन लोगों के अन्तिम संस्कार में हजारों सियों ने हिस्सा लिया । क्रेमलिन की लाल ईंटों दीवार के चारों ओर आज हजारों लोग मौजूद इनके हाथों में फूल और राष्ट्रीय ध्वज थे । रण में मातमी धुन बज रही थी । मृतकों के ं के पास उनके शोकाकुल रिश्तेदार हाथों में त्तियां लिए थे । इस मौके पर राष्ट्रपति इल गोर्बाच्योव काले रंग का मातमी सूट पहने थे । मंगलवार की रात जब सेना के टैंक रूसी को घेरने के लिए आगे बढ़ रहे थे तब वहां जमा ं लोग इन टैंकों के आगे लेट गए थे और इसी वे गोली अथवा कुचलने से मारे गए थे ।

श को विद्रोह की सफलता की आशा थी : अमरीकी राष्ट्रपति श्री जार्ज बुश ने निक रूप से तो गोर्बाच्योव के खिलाफ बगावत फल होने पर संदेह व्यक्त किया था, लेकिन बुश लाहकार मंडली मंगलवार को इस नतीजे पर थी कि विद्रोह सफल हो जाएगा।

मरीकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने वाशिंगटन टाइम्स' को बताया कि और तो और ीकी अधिकारियों ने दो गोपनीय परमाणु ों पर नए सोवियत प्रशासकों के साथ बातचीत का मन भी बना लिया था। अधिकारी ने कहा श्री बुश ने गत सोमवार को यह टिप्पणी पूरे ास के साथ नहीं की थी कि जनसमर्थन से विद्रोह ल हो सकता है। उनकी इस टिप्पणी का मकसद था कि प्रतिरोध को प्रोत्साहित किया जाए। कारी ने कहा कि "मैं नहीं समझता हूं कि श्री बुश सोमवार की सुबह इस बात की कोई ठोस कारी थी कि विद्रोह असफल होगा।" अधिकारी ताया कि मंगलवार की सुबह हुई बैठक में भी का यह मानना था कि विद्रोह के सफल होने की ावनाएं असफल होने से अधिक हैं।

लिए नए सिरे से की सम्भावना

ा लेने का मौका मिल जाएगा । इससे पहले स ने पंजाब में चुनावों का बहिष्कार किया था । कांग्रेस (इ) ने यह स्टैंड लिया था कि मिलिटैंट ोंने अलगाववाद को मुख्य मुद्दा बनाया था, ों को 'खालिस्तान' के प्रति जनमत के रूप में । प्रदेश में लोकसभा की 13 तथा विधानसभा 17 सीटें हैं ।

पंजाब में 25 सितम्बर को चुनाव होने वाले राज्य में सबसे पहले देश के बाकी हिस्सों के 20 मई को चुनाव कराने की अधिसूचना जारी ई थी, लेकिन 19 अप्रैल को चुनाव आयोग ने स्थगित करके वहां 22 जून को चुनाव कराने लान किया । श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के में नई सरकार के सत्ता सम्भालने के कुछ घंटे ही चुनाव आयोग ने पुनः पंजाब चुनाव की आगे डाल कर 25 सितम्बर कर दी । म क्षणों में चुनाव स्थगित करने का अकालियों

Punjabi Sanatani

n Class III to XII (All Subjects)
available with your local Bookseller.
greenway



रैक्सोना हवाई चप्पल
टंडन आर्ट्स
बाजार कलां, जालंधर
फ़ोन नं. 72248.

लाशें देखी गईं मगर उनकी पहचान नहीं हो सकी।

संवाददाताओं का एक दल कल दोपहर घटनास्थल पर गया था, उस समय सैकड़ों लोग दरार

नहीं
रमन

क कार्रवाइयों के इतिहास
ी नहीं की गई।"
रियों की प्रशंसा करते हुए
सरकार सर्द प्रदेशों में
वाले अत्याधुनिक हथियार
मुहैया करा रही है और
ार सैनिक बलों के अनुरूप
का प्रयास कर रहे हैं।
रक्षा मंत्री पद पर रहते हुए
इलाकों का दौरा किया था
बाद भी वे दूर-दराज सीमा
नों में दिलचस्पी लेते रहे हैं।
वे पर्वतों की हाड़-कम्पाती
चिलचिलाती धूप और कड़ी
की रक्षा में जुटे देखते हैं तो
जाता है।



बाघापुराना में गत रात्रि मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार हुए (1) मुकेश कुमार, (2) राजेश कुमार, (3) कृष्णा देवी, (4) कृष्ण कुमार उर्फ कालू (इनसैट-पुराना चित्र), (5) संत लाल के शव, (6) घटनास्थल पर बिखरा खून तथा (7) विलाप करती महिलाएं। (छाया : शर्मा स्टूडियो)

गोर्बाच्योव द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा, केंद्रीय समिति भंग

मास्को, 24 अगस्त (प.स., वार्ता): सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाईल गोर्बाच्योव ने आज कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव पद से त्यागपत्र दे दिया और पार्टी की केंद्रीय समिति को भंग कर दिया, पार्टी की सारी सम्पत्ति को जब्त कर लिया और पार्टी

भेंटवार्ता में बताया कि श्री गोर्बाच्योव ने उन्हें हटा कर अपने गलत फैसले का परिचय दिया है लेकिन इस सप्ताह सोवियत संघ में जो भ्रम एवं अनिश्चितता की स्थिति बनी रही, उसमें यह सब स्वाभाविक था। उन्होंने कहा कि श्री गोर्बाच्योव को जब के.जी.बी. के

पंजाब में एक ही परिवार के
निर्दलीय प्रत्याशी सहित 14 व्यक्ति
राज्य में अन्यत्र 2 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 24 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक ही परिवार के 5 सदस्यों व एक निर्दलीय प्रत्याशी सहित 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 3 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया ।

लम्बरदार की हत्या : मिलिटैंटों ने जालन्धर जिले के गन्नाचौर गांव में करनैल सिंह नामक एक लम्बरदार (राजस्व अधिकारी) की आज गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हमलावर 3 बजे के लगभग आए तथा करनैल सिंह की उसके घर में हत्या करके फरार हो गए ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस ने आज बताया कि लुधियाना जिले के छोजेवाला गांव में दो दलों के बीच हुए संघर्ष में लखमण सिंह नामक

यह भी कहा जाता है कि हत्यारे मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे तथा घर में दाखिल होने से पूर्व उन्होंने टैलीफोन की तारें काट दी थीं । पुलिस ने इस घटना के संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

जिला फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. एस.एस. बैंस, जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह व जिलाधीश सर्वेश कौशल ने घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी ।

सभी मृतकों का आज यहां के सिविल अस्पताल में विशेष तौर पर सी.एम.ओ. के नेतृत्व में डाक्टरों के एक दल ने पोस्टमार्टम किया तथा बाद में उनका सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया गया

Punjabi Sanatan

लावर का शव भारत : अकाली दल (मान)

अगस्त (प.स.): अकाली दल
सिमरनजीत सिंह मान ने भारत
काउंसलर को तार भेज कर,
रकार से आग्रह किया है कि
य राजदत श्री जे.एफ. रिबैरो पर
हमले के दौरान सुरक्षा बलों के
ावर का शव भारत भेजा जाए ।
ति आज पत्रकारों को जारी करते
व भाई राम सिंह ने कहा कि यदि
ा है कि मृतक हमलावर सिख है
न्त विमान द्वारा भेजा जाए ताकि
ार सिख परम्पराओं के अनुसार

ने यह भी कहा है कि पकड़े गए
नी संरक्षण दिया जाए तथा उन
ं केस चलाया जाए । श्री मान ने
व को भारत लाने तथा गिरफ्तार
कानूनी प्रक्रिया का सारा खर्च
करेगा ।

तचीत करते हुए भाई राम सिंह ने
ों सोवियत संघ में श्री मिखाइल
सत्ता में आने का स्वागत करती

ने सिख पात्रों को उपहासपूर्ण
ाने पर पाकिस्तानी दूरदर्शन की

के तराई क्षेत्र में टैंट सक्रिय

अगस्त (नि.स.): तराई क्षेत्र के
में जाफराबाद, बदिया के गांव
ाला, भाजरावाला, सावंलाला
चपेट में आ गए हैं ।

के उपरान्त 'घोड़ा' संगठन इस
क्य है । पिछले दिनों ग्राम
क्टर एन.के. शर्मा के अपहरण
ों का एक साथ अपहरण करके
त्र में अपनी गतिविधियों का
। इससे पूर्व नजीबाबाद में हुई
लिटैंटों का हाथ होने के सबूत
कोटद्वार पुलिस की चौकसी के
ी गतिविधियां जारी हैं । गत
ाबाद के मध्य मिलिटैंटों ने
मीटर दूर घात लगा कर पुलिस
की एक जीप पर अंधाधुंध
क एस.आई. सहित कई पुलिस
कर दिया । पिछले दिनों
के मध्य मिलिटैंट दो जीपों का
।

स व जाफराबाद पुलिस चौकी
पर मिलिटैंट एक जीप को छोड़

नामक व्यक्ति का मिलिटैंटों
रण कर लिया जबकि वह
र अपने फार्म की ओर जा रहा
कि मिलिटैंटों ने उससे एक
कर 4 दिन बाद छोड़ा ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

नाटकीय ढंग से ज़हरीली मिठाई खिला कर हत्या करने का असफल प्रयास किया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत दिवस एक अज्ञात केशधारी युवक श्री बाबा के कार्यालय में आया परन्तु उस समय वह वहां उपस्थित नहीं थे । उस व्यक्ति ने स्वयं को श्री बाबा का मित्र बता कर उनके स्टैनो को मिठाई का एक डिब्बा दिया और कहा कि इसे उनके घर पहुंचा दिया जाए । इसके बाद वह वहां से चला गया ।

बताया जाता है कि स्टैनो कल्याण दास व अर्दली बशीर मसीह ने डिब्बे में से थोड़ी-सी मिठाई निकाल कर खा ली और इसके साथ ही उनकी तबीयत खराब हो कर दशा चिन्ताजनक हो गई । इन दोनों को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां आज उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पता चला है कि मिठाई के इस डिब्बे पर किसी भी दुकान का नाम नहीं था तथा इसमें बंद मिठाई को निरीक्षण के लिए भेज दिया गया है । चूंकि यह ज़हरीली मिठाई श्री बाबा व उनके परिवार तक नहीं पहुंची, इसलिए वे सौभाग्यवश बच गए ।

4 व्यक्तियों की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): आज सायं लगभग साढ़े 7 बजे मोही से कड़ोल को जा रही शराब के ठेकेदारों की वैन पर मिलिटैंटों ने फायरिंग करके 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में 2 सिक्योरिटी गार्ड बलदेव सिंह और बहादुर सिंह, वैन ड्राइवर रविन्द्र सिंह के अतिरिक्त शराब के ठेके का एक कर्मी पली राम भी शामिल है । इस हमले में एक सिपाही हरजिन्दर सिंह घायल हो गया, जो इस फायरिंग में मामली घायल हो गया । यह घटना मोही के निकट ही हुई बताई जाती है । पुलिस ने मिलिटैंटों की तलाश करनी शुरू कर दी है ।

खाद विक्रेता का अपहरण : जंडियालागुरु (सुखदेव): यहां से 6 किलोमीटर दूर टांगरा मंडी बी.टी. रोड से एक खाद विक्रेता अश्विनी कुमार का उसकी दुकान से सुबह 10 बजे 2 सशस्त्र मिलिटैंट अपहरण करके ले गए ।

मज़दूरों की न्यूनतम मज़दूरी बढ़ाने का निर्णय

नई दिल्ली, 24 अगस्त (वार्ता): केन्द्र सरकार ने बेतिहर मज़दूरों की न्यूनतम मजदूरी फिर से निधारित करने का निश्चय किया है ।

श्रम मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अकुशल मज़दूरों की मज़दूरी अब प्रतिदिन 15 रुपए से 22 रुपए 50 पैसे के बीच होगी । अर्धकुशल मज़दूरों की मज़दूरी 19 रुपए 10 पैसे से 27 रुपए 90 पैसे के बीच होगी । कुशल मज़दूरों को 23 रुपए 80 पैसे से 35 रुपए 30 पैसे के बीच मिलेगा ।

अमरनाथ में इस बार बड़े आकार का शिवलिंग बना

जम्मू, 24 अगस्त (नि.स.): यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इस बार श्री अमरनाथ तीर्थ स्थल पर बर्फ से बने शिवलिंग का आकार गत वर्षों

पंजाब में विध्वंसक

लुधियाना, 24 अ
केन्द्रीय गृह-राज्यमंत्री
रात्रि कहा कि पंजाब
चुनाव शीघ्र कराने
चुनाव स्थगित करना
लोकतांत्रिक प्रक्रिया
शक्तियों की ज़बान
सभी राजनैतिक द
पार्षदों, भू.पू. फौजी
सम्बोधित कर रहे थे
थे।

उन्होंने कहा कि
इच्छा पूरी करने नहीं
पंजाब में अपनी जान
लड़ें। वह वास्तव में इ
लोकतन्त्र को पंजाब
लोग चुन के आएंगे, उ
बातचीत आरम्भ हो
जो लोग पंजाब में चुन
ऐसा करने के पीछे रा
टकराव के रास्ते पर
सदभावपूर्ण नहीं बन
लुधियाना के निकट ब
रेल हत्या कांडों में इत
शक्तियों द्वारा चुनाव
था। सरकार उन लोग
स्थगित कर दिए।

श्री सुबोध कांत
हालात अधिक खराब
आवाज सुन नहीं र
सरकारी ढांचे से उ
नेतृत्व पर विश्वास नह
पंजाब-समस्या का क
नहीं। राजनीतिक
पंजाब-समस्या स्वार्थी
सहाय ने कहा कि पंज
निकालने की आवश्यक
आह्वान से पंजाब बन

बाबरी मस्जि ज्यों की त्यों

नई दिल्ली, 24
मस्जिद के उप-इमा
नेतृत्व में कई मुस्लिम
श्री एस.बी. चव्हाण के
किया कि वे अल्पसंख्य
करने और उनके लिए
की योजनाएं शुरू कर
की भेंट वार्ता में मुस्लि
का एक ज्ञापन दिया,
दंगा नियंत्रण फोर्स

त पर जोर देते हुए कहा कि
त हैं, कहा कि सरकार को
है तथा उन पर किसी द्वारा
सवाल ही नहीं पैदा होता ।
ज्य में उच्च भारी प्रशासन
लाल के आरोप में कोई दम
कि चौ. बंसी लाल के शासन
नस महानिदेशक हुआ करते
1986 में चौ. बंसी लाल
ी को पुलिस महानिदेशक
तब तीन वरिष्ठ आई.पी.एस.
महानिदेशकों के रूप में
। उन्होंने कहा कि राज्य में
केंद्र का सम्बन्ध है, इस
सला किया गया था ।

: मुख्यमंत्री ने कहा कि दो
के सत्ता सम्भालने के बाद
थति में काफी सुधार हुआ है
त्याकांड सहित मिलिटैंटों की
मले सुलझा लिए गए हैं ।
त हत्याकांड में संलिप्त तीनों
कर ली गई है । उन्होंने कहा
के संलिप्त अपराधी हरियाणा
उन्होंने इस मामले की जांच
राधियों की पहचान बताने से
उन्होंने कहा कि राज्य में
न्य वारदातों के सिलसिले में
तार किया गया है ।

वाकथित 'कच्छा बिगेड', जो
और डकैतियों के मामलों में
तहस कर दिया गया है तथा
गिरफ्तार कर उनसे लूट का
ल बरामद किया गया है ।

रियों को कोड़े,
र्ष कैद

अगस्त (प.स.): दक्षिणी
नगर में एक छह वर्षीय
ार करने वाले दो व्यक्तियों
ोड़े लगाए गए।

एक शरई अदालत ने
ा। हजारों आदमियों की
भियुक्तों को तीस-तीस कोड़े
25 वर्ष की जेल की सजा भी

बात उजागर हुई । सूत्रों का मानना है कि ऐसा जाल पर्याप्त राजनीतिक संरक्षण के बिना सम्भव नहीं है ।

सूत्रों ने बताया कि हालांकि अब तक की जांच से हत्याकांड में लिट्टे के हाथ होने के संकेत मिलते हैं उच्चशक्ति के वायरलैस सैट भी पकड़े जा सके जिनसे लिट्टे उग्रवादी जाफना में अपनी आलाकमान से सम्पर्क साधा करते थे ।

बहरहाल षणमुगम की मौत से हुए नुक्सान की भरपाई लिट्टे उग्रवादी संथन की गिरफ्तारी से कुछ

विदेशमंत्री ए.एस.एम. मुस्तफीजुरहमान तीन दिन की यात्रा पर कल यहां पहुंच रहे हैं । इस दौरान भारत और बंगला देश दो समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे और व्यापार व आर्थिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे ।

एरिया कमांडर मग्घर सिंह समेत 8 मिलिटैंट मरे, 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 25 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के एरिया कमांडर मग्घर सिंह समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस (वायरलैस) के डायरैक्टर श्री सुखदेव सिंह के पिता समेत 2 लोगों का अपहरण कर लिया ।

5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : अमृतसर (नारंग) : गत रात्रि लगभग 12 बजे तरनतारन थाना के अधीन नूरदी गांव में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पुलिस चौकी पर अंधाधुंध फायरिंग करके वहां तैनात 5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। हमलावर मिलिटैंटों की संख्या 12 से 15 के बीच बताई जाती है। मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार होने वाले सुरक्षा कर्मियों में हरजीत सिंह व गुरदेव सिंह (दोनों कांस्टेबल) तथा बेअंत सिंह, जसवंत सिंह व जगदीश सिंह (तीनों होमगार्ड जवान) शामिल हैं। हत्याकांड के बाद फरार होते समय मिलिटैंट उक्त पुलिस चौकी से हथियार व गोली-सिक्का भी ले गए। इनमें 2 एस.एल.आर., एक स्टेनगन, 2 बुलेट एक्शन राइफलें, 303 बोर की एक बंदूक व अन्य विस्फोटक शामिल हैं।

हथियार लूटे : गत रात्रि बेरोवाल थाना के अंतर्गत खड़ूर साहिब में पाल सिंह, जोकि अकाली दल (मान) की टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है, के दो प्राइवेट गनमैनों मुख्तियार सिंह तथा साधा सिंह ने इसी प्रत्याशी के सरकारी गनमैनों बलविन्दर सिंह, रणजीत सिंह तथा बलविन्दर सिंह से एक एस.एल.आर., एक बंदूक, एक बुलेट एक्शन राइफल तथा लगभग दो सौ कारतूस छीन लिए और भाग निकले ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पिता का अपहरण

हवलदार पर हमला : सीमा सुरक्षा बल का हवलदार दलबीर सिंह आज जीप में अमृतसर से बटाला जा रहा था कि कत्थूनंगल के निकट मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । हवलदार सिंह बाल-बाल बच गए । जीप को काफी क्षति पहुंची ।

मकान जला दिया : मिलिटैंटों ने जंडियाला थाना के गांव बटाला जौहल में होमगार्ड जवान अमरीक सिंह के मकान को जला दिया ।

मुठभेड़ में 3 और मिलिटैंट मरे : लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर): आज प्रातः लुधियाना पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मलोद के निकट इंटरनैशनल बब्बर खालसा के 3 मिलिटैंट मारे गए ।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने इस वारदात की जानकारी देते हुए बताया कि 4 मिलिटैंट 2 स्कूटरों पर मलोद के निकट नहर पर आ रहे थे कि पुलिस ने आगे नाका लगा रखा था । उन्होंने आते ही पुलिस पर गोलियां चला दीं । पुलिस की जवाबी फायरिंग में 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि चौथा भागने में सफल हो गया और एक स्कूटर साथ ले गया ।

मृतकों में एक इंटरनैशनल बब्बर खालसा का एरिया कमांडर और सूचीबद्ध मिलिटैंट मग्घर सिंह लाढेवाल जिला संगरूर का रहने वाला था, दूसरा प्रीतम सिंह गांव रब्बों थाना डेहलों जिला लुधियाना का था । तीसरे की पहचान नहीं हो सकी ।

एस.एस.पी. ने बताया कि ये मिलिटैंट हत्याओं, छीना-झपटी और अपहरण आदि के 35 केसों में संलिप्त थे । उनके कब्जे से एक स्कूटर, एक ए.के. 47 राइफल, एक 315 बोर की राइफल और 9 एम.एम. का एक पिस्तौल बरामद हुए ।

उन्होंने मालेरकोटला में दो फौजी जवानों की हत्या की थी और उनसे 9 एम.एम. का पिस्तौल छीना था । उन्होंने पायल ब्लाक के इंका-प्रधान और गांव रोनी के सरपंच श्री नाहर सिंह की हत्या की थी । चौड़ा पुल के निकट एक एस.पी.ओ. की हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर घाटी में 4 उग्रवादियों, 1 महिला समेत 6 व्यक्ति मारे गए

श्रीनगर, 25 अगस्त (वार्ता): कश्मीर घाटी में पिछले चौबीस घंटों में चार उग्रवादी और एक महिला समेत छः व्यक्ति मारे गए, जबकि एक

इससे पूर्व कहा गया था कि डा. खोसा का अपहरण इसाहिल नामक संगठन ने किया है, जो इख्वानुल मुसलमीन नामक अलगाववादी संगठन का ही एक

एक हज़ार बच्चों ने प्रधानमंत्री को राखी बांधी

नई दिल्ली, 25 अगस्त (प.स.): रक्षा बंधन के अवसर पर आज एक हज़ार से भी अधिक बच्चों ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के निवास पर उन्हें राखी बांधी । राखी बंधवाने के बाद बच्चों को संबोधित करते हुए श्री राव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी बच्चों के कल्याण के लिए

में अपने सैनिक मामलों का वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया था । मार्शल अख्रोमेयेव सामान्यतः अमरीकी और पश्चिमी देशों के नेताओं से बैठकों के दौरान श्री गोर्बाच्योव के साथ मौजूद रहते थे ।

श्री गोर्बाच्योव ने आज कहा कि कट्टरपंथियों द्वारा किया गया विद्रोह इसलिए विफल हो गया कि सोवियत समाज और हमारे लोगों का सोचने का तरीका गत 6 वर्षों में बदल गया है । वैसे यह विद्रोह हमारे लिए एक सबक है ।

रईसा सख्त बीमार : सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव की पत्नी रईसा गम्भीर रूप से बीमार हैं । वह तभी से बीमार हैं जब उनके पति को अपदस्थ करने का प्रयास किया गया था । यह जानकारी राष्ट्रपति के एक प्रवक्ता ने दी है । श्री गोर्बाच्योव के प्रैस कार्यालय के प्रवक्ता इगोर मालशिन्को ने बताया कि "श्रीमती गोर्बाच्योव गम्भीर रूप से बीमार हैं ।" उन्होंने इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी ।

रईसा गोर्बाच्योव को सार्वजनिक तौर पर पिछली बार यहां हवाई अड्डे पर तब देखा गया था जब वह तख्ता पलट के दौरान तीन दिन तक श्री गोर्बाच्योव के साथ क्रीमिया में नज़रबंद रहने के बाद मास्को लौटी थीं ।

मास्को (ए.एफ.पी.): रूस गणराज्य के राष्ट्रपति बोरिस यैल्तसिन के एक अध्यादेश पर रूसी प्रशासन ने सोवियत कम्युनिस्ट अभिलेखागारों को कल अपने नियंत्रण में ले लिया ।

पूर्व सोवियत विदेशमंत्री एडुअर्ड शेवर्दनाद्ज़े ने कल कहा कि राष्ट्रपति गोर्बाच्योव उनके खिलाफ विद्रोह के प्रयास के लिए कुछ हद तक खुद भी जिम्मेवार हैं क्योंकि उन्होंने इस सिलसिले में मिले पूर्व संकेतों को नज़रंदाज किया । श्री शेवर्दनाद्ज़े ने, जिन्होंने गत दिसम्बर में त्यागपत्र देते समय आसन्न तानाशाही की चेतावनी दी थी, उन्होंने यह भी कहा कि श्री गोर्बाच्योव क्रीमिया स्थित ग्रीष्मकालीन विश्रामगृह में तीन दिनों की नज़रबंदी के बाद जब मास्को लौटे तो उन्होंने स्थिति को सही ढंग से



Punjabi Sahzam

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

की और उसकी एस.एल.आर. छीन कर फरार हो गए । पायल के शराब के ठेके में एक कारिन्दे की हत्या और दो को घायल कर दिया था । गांव नमराली में निहंग बचन सिंह की हत्या की । मर्धल जिला संगरूर में जौड़ा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की । राजगढ़ के सरपंच लक्ष्मणदास की लगभग 15 दिन पूर्व हत्या की थी । गांव बागलां जिला पटियाला में शराब के ठेकेदार मोहनी की हत्या की थी । दरबारा सिंह बसोलिया की हत्या की और जिला पटियाला में कोआपरेटिव सोसाइटी के गनमैन की हत्या की और सोसाइटी से 60 हजार रुपए लूट कर ले गए । गांव लसोई से काहला सिंह का अपहरण किया और फिर तीन लाख रुपए फिरौती लेकर उसे रिहा किया । थाना मलोद से 6 वर्ष के एक बच्चे का अपहरण किया और उसके घर वालों से डेढ़ लाख रुपए वसूल करके उसे रिहा किया । मालेरकोटला में जीवन बीमा कम्पनी की बांच लूटी और 32 हजार रुपए ले गए । गांव छोकरा थाना अमरगढ़ से डोगर नामक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी ।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने यह भी बताया कि इस गिरोह के दो मिलिटैंट पहले ही मारे जा चुके हैं : एक तपिन्दर सिंह नाभा और दूसरा, गांव गवार थाना अमरगढ़ का बलविन्दर सिंह । ये स्कूटर पर बम फिट करके ले जा रहे थे । इनका तीसरा साथी बचित्तर सिंह (लाडेवाल) पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । यह धूरी विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार है ।

जो मिलिटैंट आज मारे गए हैं, उनकी योजना उक्त जिलों में शराब के ठेके उड़ाने की थी । इंका नेताओं की हत्या, पुलिस और अर्ध सैनिक बलों पर हमला करना भी उनकी योजना में शामिल था ।

जिला पुलिस-प्रमुख के अनुसार एक व्यक्ति गुरमेज सिंह वल्द बाज सिंह को छापा मार कर शिमलापुरी लुधियाना से पकड़ा गया है । उसने शिमलापुरी के ही एक व्यक्ति से 73 हजार रुपए लूट लिए थे । यह रकम उससे बरामद कर ली गई है । बताया जाता है कि यह व्यक्ति लोगों को धमकी पूर्ण पत्र लिख कर रुपए बटोरा करता था ।

पुलिस अधिकारी के पिता समेत 2 का अपहरण : लुधियाना जिला के खमानो थाना के अन्तर्गत फरीर गांव से आज तड़के मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस (वायरलैस) के डायरैक्टर श्री सुखदेव सिंह के पिता श्री सदानंद सिंह का अपहरण कर लिया। कपूरथला जिला के गांव तलवंडी चौधरियां से मिलिटैंटों ने सुभाष चन्द्र नामक एक और व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

ठेकेदार तथा एक अन्य की हत्या : बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार आज तीसरे पहर 1.30 बजे पैदल आए दो मिलिटैंटों ने गांव हंडेआया के बाजार में स्टेट बैंक की बांच के पास ताश खेल रहे लोगों पर एक 47 राइफल से फायरिंग की जिससे शराब के ठेकेदार और पूर्व सरपंच हरबंस लाल उर्फ कुकड़ी और एक दुकानदार विजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 5 अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति शिवजी राम की हालत नाजुक बताई जाती है।

इस घटना के बाद मिलिटैंट पैदल ही वहां से चले गए। पुलिस कप्तान (हैड क्वार्टर) श्री बलदेव सिंह बुट्टर ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मिलिटैंटों का मुख्य निशाना श्री हरबंस लाल थे।

महिला घायल : सुनाम से 25 किलोमीटर दूर गांव हरिगढ़ में कल रात 3 मिलिटैंट एक व्यक्ति के घर में आए और उसकी पत्नी बलबीर कौर को अपने साथ ले गए। घर से थोड़ी दूर ले जाने के बाद उन्होंने बलबीर कौर को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गई। उसे संगरूर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला के एक गांव में कल रात मिलिटैंटों ने रखी सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के धनसिंहवाला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक दोनाली बन्दूक मिली है । मुकाबले में एक एस.पी.ओ. इन्द्रजीत सिंह भी घायल हुआ ।

5 मिलिटैंट काबू : पटियाला जिला से गमदूर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया। तरनतारन पुलिस जिला के माड़ी मेघा गांव से सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : संगरूर से 'गर्ग' तथा सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार गांव खेड़ी तथा सजूमा के मध्य आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए। इनमें से प्यारा सिंह नामक एक मिलिटैंट होमगार्ड का भगौड़ा जवान था। प्यारा सिंह कराचो चौकी में तैनात था, जहां पर पिछले दिनों मिलिटैंटों ने हमला करके 9 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी थी। प्यारा सिंह इस वारदात के बाद फरार हो गया था और मिलिटैंटों से जा मिला था। मारे गए एक अन्य मिलिटैंट का नाम कर्म सिंह बताया जाता है। घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, 38 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं। मुकाबले में सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

3 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण : फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ ने होशियारपुर रोड पर गांव पांछटा की सड़क के समीप इंस्पैक्टर श्री हरभजन सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी की हुई थी कि वहां से तीन अज्ञात नौजवान गुजरे । सुरक्षा कर्मियों द्वारा इशारा किए जाने पर उन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग के बाद तीनों मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया । दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त हरबंस सिंह, सरबजीत सिंह व सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से 2 राइफलें, एक रिवाल्वर तथा 21 कारतूस बरामद हुए हैं ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार कर लिया था । तब उन अलगाववादियों ने पूछताछ के दौरान बता दिया था कि श्री स्वामी को कहां बंदी बना कर रखा गया है ।

इसी दौरान इख्वानुल मुसलमीन के अध्यक्ष जावेद अहमद शाल्ला ने अपनी रिहाई के बाद एक जनसभा में कहा है कि अगर इसी तरह हम अपनी मांगों के बारे में डटे रहे तो हम उम्मीद से भी कहीं ज्यादा प्राप्त कर लेंगे । उसने बताया कि उन्होंने

उन्हें मौत की सजा का प्रावधान है । आठवें नेता गृहमंत्री बोरिस पुगो ने आत्महत्या कर ली थी । राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव ने कहा है कि सत्ता हथियाने की कोशिश करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा ।

विलनिस (ए.पी.): नार्वे और डेनमार्क ने आज सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा करने वाले बाल्टिक गणराज्यों लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया से राजनयिक सम्बन्ध स्थापित कर लिए । यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी ।

राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद इन तीनों गणराज्यों ने अपना स्वतंत्रता अभियान तेज कर दिया है ।

वाशिंगटन : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव पद छोड़ देने को सुधार के रास्ते पर आगे का कदम बताते हुए इसका स्वागत किया है । केनेबंकपोर्ट में, जहां वह छुट्टियां मना रहे हैं, संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री बुश ने कल कहा कि सोवियत संघ में हो रही घटनाएं अमरीका के लिए अनुकूल दिखाई दे रही हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि अमरीका सोवियत संघ को उसकी आर्थिक समस्याओं के हल के लिए नकद सहायता उपलब्ध कराने को तैयार है । श्री बुश ने कहा कि "हम मदद के लिए तैयार हैं, पर पहले हम सुधारों को लागू होते हुए देखना चाहते हैं ।"

श्री बुश ने कहा कि इस समय यदि सोवियत संघ को बड़ी नकद सहायता दी जाए तो वह उसका उपयोग नहीं कर पाएगा।वैसे जर्मनी तथा अमरीका के कुछ अन्य मित्र देश नकद सहायता देने की वकालत कर रहे हैं ।

गुरुवार को लंदन में सात प्रमुख औद्योगिक देशों की होने वाली बैठक में सोवियत संघ को दी जाने वाली सहायता में तत्काल वृद्धि करने की वकालत करने वाले देशों का नेतृत्व जर्मनी करेगा, जबकि अमरीका इस बात पर जोर देगा कि पश्चिम की आर्थिक सहायता प्राप्त करने से पहले सोवियत संघ को व्यापक सुधार लागू करने होंगे ।

जानकार सूत्रों के अनुसार अमरीका चाहता है कि सोवियत संघ अर्थ-व्यवस्था को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करे, कृषि फार्मों को निजी हाथों में दे दे और विदेशी निवेशकों को आकृष्ट करने के लिए रूबल को अन्य मुद्राओं के साथ परिवर्तनीय बनाए ।

बाल्टिक राज्यों को मान्यता मिल सकती है : चेनी : अमरीका के रक्षामंत्री रिचर्ड चेनी ने आज कहा कि अमरीका देर-सवेर बाल्टिक गणराज्यों की स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है । श्री चेनी ने एन.बी.सी. टैलीविजन पर अपने प्रसारण में कहा कि बोरिस येल्तसिन के सिद्धांत और मूल्य अमरीका के अनुरूप हैं । अमरीका को विश्वास है कि वह सोवियत रक्षा खर्च में कटौती अवश्य करेगा । श्री चेनी ने कहा कि सोवियत संघ में तख्ता पलट के विफल होने का एक बड़ा कारण यह था कि वहां सेना बंटी और सेना के तीनों अंगों के कमांडर तख्ता पलट

बैंक आफ महाराष्ट्र
प्रैस विज्ञप्ति
महाबैंक द्वारा बहुलाभकारी जमा योजना का शुभारम्भ

बैंक आफ महाराष्ट्र द्वारा जारी किए गए क्रैडिट कार्ड के सम्बन्ध में जनसाधारण से उत्साहवर्द्धक प्रश्रय प्राप्त करने के पश्चात बैंक अपनी एक और नई जमा योजना 'चिन्तामणि' योजना आरम्भ करने जा रहा है । यह योजना औपचारिक रूप से 19 अगस्त 1991 को एक समारोह में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री एस. वेंकिटरमणन् के कर-कमलों द्वारा शुभारम्भ की जा चुकी है ।

गत पखवाड़े में बैंक द्वारा जनसाधारण को इस योजना से अवगत करवाने से यह परिलक्षित हुआ है कि यह योजना जनसाधारण में अति लोकप्रिय होगी । इस



पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

की और उसकी एस.एल.आर. छीन कर फरार हो गए । पायल के शराब के ठेके में एक कारिन्दे की हत्या और दो को घायल कर दिया था । गांव नाराली में निहंग बचन सिंह की हत्या की । सर्धल जिला संगरूर में जौड़ा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की । राजगढ़ के सरपंच लक्ष्मणदास की लगभग 15 दिन पूर्व हत्या की थी । गांव बागलां जिला पटियाला में शराब के ठेकेदार मोहनी की हत्या की थी । दरबारा सिंह बसोलिया की हत्या की और जिला पटियाला में कोआपरेटिव सोसाइटी के गनमैन की हत्या की और सोसाइटी से 60 हजार रुपए लूट कर ले गए । गांव लसोई से काहला सिंह का अपहरण किया और फिर तीन लाख रुपए फिरौती लेकर उसे रिहा किया । थाना मलोद से 6 वर्ष के एक बच्चे का अपहरण किया और उसके घर वालों से डेढ़ लाख रुपए वसूल करके उसे रिहा किया । मालेरकोटला में जीवन बीमा कम्पनी की बांच लूटी और 32 हजार रुपए ले गए । गांव छोकरा थाना अमरगढ़ से डोगर नामक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी ।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने यह भी बताया कि इस गिरोह के दो मिलिटैंट पहले ही मारे जा चुके हैं : एक तपिन्दर सिंह नाभा और दूसरा, गांव गवार थाना अमरगढ़ का बलविन्दर सिंह । ये स्कूटर पर बम फिट करके ले जा रहे थे । इनका तीसरा साथी बचित्तर सिंह (लादेवाल) पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । यह धूरी विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार है ।

जो मिलिटैंट आज मारे गए हैं, उनकी योजना उक्त जिलों में शराब के ठेके उड़ाने की थी । इंका नेताओं की हत्या, पुलिस और अर्ध सैनिक बलों पर हमला करना भी उनकी योजना में शामिल था

जिला पुलिस-प्रमुख के अनुसार एक व्यक्ति गुरमेज सिंह वल्द बाज सिंह को छापा मार कर शिमलापुरी लुधियाना से पकड़ा गया है । उसने शिमलापुरी के ही एक व्यक्ति से 73 हजार रुपए लूट लिए थे । यह रकम उससे बरामद कर ली गई है । बताया जाता है कि यह व्यक्ति लोगों को धमकी पूर्ण पत्र लिख कर रुपए बटोरा करता था ।

पुलिस अधिकारी के पिता समेत 2 का अपहरण : लुधियाना जिला के खमानो थाना के अन्तर्गत फरौर गांव से आज तड़के मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस (वायरलैस) के डायरैक्टर श्री सुखदेव सिंह के पिता श्री सदानंद सिंह का अपहरण कर लिया। कपूरथला जिला के गांव तलवंडी चौधरियां से मिलिटैंटों ने सुभाष चन्द्र नामक एक और व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

ठेकेदार तथा एक अन्य की हत्या : बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार आज तीसरे पहर 1.30 बजे पैदल आए दो मिलिटैंटों ने गांव हंडैआया के बाजार में स्टेट बैंक की बांच के पास ताश खेल रहे लोगों पर ए.के. 47 राइफल से फायरिंग की जिससे शराब के ठेकेदार और पूर्व सरपंच हरबंस लाल उर्फ कुकड़ी और एक दुकानदार विजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 5 अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति शिवजी राम की हालत नाजुक बताई जाती है।

इस घटना के बाद मिलिटैंट पैदल ही वहां से चले गए। पुलिस कप्तान (हैड क्वार्टर) श्री बलदेव सिंह बुटटर ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मिलिटैंटों का मुख्य निशाना श्री हरबंस लाल थे।

महिला घायल : मुक्तसर से 25 किलोमीटर दूर गांव हरिगढ़ में कल रात 3 मिलिटैंट एक व्यक्ति के घर में आए और उसकी पत्नी बलबीर कौर को अपने साथ ले गए। घर से थोड़ी दूर ले जाने के बाद उन्होंने बलबीर कौर को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गई। उसे संगरूर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक और व्यक्ति की हत्या : गढ़िवा जिला के एक गांव में कल रात मिलिटैंटों ने रोही सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के धनसिंहवाला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक दोनाली बन्दूक मिली है । मुकाबले में एक एस.पी.ओ. इन्द्रजीत सिंह भी घायल हुआ ।

5 मिलिटैंट काबू : पटियाला जिला से गमदूर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया। तरनतारन पुलिस जिला के माड़ी मेघा गांव से सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : संगरूर से 'गर्ग' तथा सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार गांव खेड़ी तथा सजूमा के मध्य आज आतः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए। इनमें से प्यारा सिंह नामक एक मिलिटैंट होमगार्ड का भगौड़ा जवान था। प्यारा सिंह कराची चौकी में तैनात था, जहां पर पिछले दिनों मिलिटैंटों ने हमला करके 9 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी थी। प्यारा सिंह इस वारदात के बाद फरार हो गया था और मिलिटैंटों में जा मिला था। मारे गए एक अन्य मिलिटैंट का नाम कर्म सिंह बताया जाता है। घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, 38 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं। मुकाबले में सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

3 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण : फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ ने होशियारपुर रोड पर गांव पांछटा की सड़क के समीप इंस्पैक्टर श्री हरभजन सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी की हुई थी कि वहां से तीन अज्ञात नौजवान गुजरे । सुरक्षा कर्मियों द्वारा इशारा किए जाने पर उन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग के बाद तीनों मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया । दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त हरबंस सिंह, सरबजीत सिंह व सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से 2 राइफलें, एक रिवाल्वर तथा 21 कारतूस बरामद हुए हैं ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार कर लिया था । तब उन अलगाववादियों ने पूछताछ के दौरान बता दिया था कि श्री स्वामी को कहां बंदी बना कर रखा गया है ।

इसी दौरान इख्वानुल मुसलमीन के अध्यक्ष जावेद अहमद शल्ला ने अपनी रिहाई के बाद एक जनसभा में कहा है कि अगर इसी तरह हम अपनी मांगों के बारे में डटे रहे तो हम उम्मीद से भी कहीं ज्यादा हासिल कर लेंगे । उसने बताया कि उन्होंने

गोर्बाच्योव के खिलाफ

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्हें मौत की सजा का प्रावधान है । आठवें नेता गृहमंत्री बोरिस पुगो ने आत्महत्या कर ली थी । राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव ने कहा है कि सत्ता हथियाने की कोशिश करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा ।

विलनियस (ए.पी.): नार्वे और डेनमार्क ने आज सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा करने वाले बाल्टिक गणराज्यों लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया से राजनयिक सम्बन्ध स्थापित कर लिए । यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी ।

राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद इन तीनों गणराज्यों ने अपना स्वतंत्रता अभियान तेज कर दिया है ।

वाशिंगटन : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव पद छोड़ देने को सुधार के रास्ते पर आगे का कदम बताते हुए इसका स्वागत किया है । केनेबंकपोर्ट में, जहां वह छुट्टियां मना रहे हैं, संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री बुश ने कल कहा कि सोवियत संघ में हो रही घटनाएं अमरीका के लिए अनुकूल दिखाई दे रही हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि अमरीका सोवियत संघ को उसकी आर्थिक समस्याओं के हल के लिए नकद सहायता उपलब्ध कराने को तैयार है । श्री बुश ने कहा कि "हम मदद के लिए तैयार हैं, पर पहले हम सुधारों को लागू होते हुए देखना चाहते हैं ।"

श्री बुश ने कहा कि इस समय यदि सोवियत संघ को बड़ी नकद सहायता दी जाए तो वह उसका उपयोग नहीं कर पाएगा।वैसे जर्मनी तथा अमरीका के कुछ अन्य मित्र देश नकद सहायता देने की वकालत कर रहे हैं ।

गुरुवार को लंदन में सात प्रमुख औद्योगिक देशों की होने वाली बैठक में सोवियत संघ को दी जाने वाली सहायता में तत्काल वृद्धि करने की वकालत करने वाले देशों का नेतृत्व जर्मनी करेगा, जबकि अमरीका इस बात पर जोर देगा कि पश्चिम की आर्थिक सहायता प्राप्त करने से पहले सोवियत संघ को व्यापक सुधार लागू करने होंगे ।

जानकार सूत्रों के अनुसार अमरीका चाहता है कि सोवियत संघ अर्थ-व्यवस्था को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करे, कृषि फार्मों को निजी हाथों में दे दे और विदेशी निवेशकों को आकृष्ट करने के लिए रूबल को अन्य मुद्राओं के साथ परिवर्तनीय बनाए ।

बाल्टिक राज्यों को मान्यता मिल सकती है : **चेनी** : अमरीका के रक्षामंत्री रिचर्ड चेनी ने आज कहा कि अमरीका दे-मवेर बाल्टिक गणराज्यों की स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है । श्री चेनी ने एन.बी.सी. टैलीविजन पर अपने प्रसारण में कहा कि बोरिस येल्तसिन के सिद्धांत और मूल्य अमरीका के अनरूप हैं । अमरीका को विश्वास है कि वह सोवियत रक्षा खर्च में कटौती अवश्य करेगा । श्री चेनी ने कहा कि सोवियत संघ में तख्ता पलट के विफल होने का एक बड़ा कारण यह था कि वहां सेना

बैंक आफ महाराष्ट्र
प्रैस विज्ञप्ति
महाबैंक द्वारा बहुलाभकारी जमा योजना का शुभारम्भ

बैंक आफ महाराष्ट्र द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्ड के सम्बन्ध में जनसाधारण से उत्साहवर्द्धक प्रश्रय प्राप्त करने के पश्चात बैंक अपनी एक और नई जमा योजना 'चिन्तामणि' योजना आरम्भ करने जा रहा है । यह योजना औपचारिक रूप से 19 अगस्त 1991 को एक समारोह में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री एस. वेंकिटरमणन् के कर-कमलों द्वारा शुभारम्भ की जा चुकी है ।

गत पखवाड़े में बैंक द्वारा जनसाधारण को इस योजना से अवगत करवाने से यह परिलक्षित हुआ है कि यह



Punjabi Sanatan

Punjabi Sanatan

सीमा सुरक्षा बल ने 6 पाक घुसपैठिए मार गिराए : के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वार्ता, प.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब में 6 पाक घुसैपठियों को मार गिराया, जबकि गत सायं से विभिन्न घटनाओं में के.एल.ओ. के लैफ्टिनैंट जनरल व बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मारे गए । इसके अलावा राज्य में एक कांस्टेबल समेत 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 3 अन्य का अपहरण कर लिया गया । आज रात्रि अमृतसर में बम विस्फोट में दो व्यक्ति घायल हो गए ।

बच्ची का अपहरण : पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात्रि अमृतसर के क्षेत्र बाबा बकाला में से 9 वर्षीया एक बच्ची गीतिका का अपहरण कर लिया है । बताया जाता है कि उस समय यह बच्ची कार में ब्यास से अमृतसर लौट रही थी ।

पुलिस के अनुसार इस कार में उसके माता-पिता भी थे तथा वे ब्यास के राधास्वामी डेरे से वापस आ रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन्हें रोक लिया । इसके बाद वे कार को गांव खानपुर में ले गए जहां गीतिका के पिता सुरिन्दर सिंह व उनकी पत्नी को नीचे उतार दिया गया तथा बच्ची का अपहरण कर लिया गया । मिलिटैंटों ने बच्ची की रिहाई के लिए फिरौती की मांग की है ।

3 छलनी शव मिले : पुलिस जिला भटिंडा के गांव लेलीवाल में से आज तड़के गोलियों से छलनी 3 शव बरामद किए गए हैं । इनमें से एक की शिनाख्त मिट्ठू सिंह के रूप में हुई, जबकि शेष दो शव पहचाने नहीं गए । बताया जाता है कि गत रात्रि मिलिटैंटों ने मिट्ठू सिंह का अपहरण कर लिया था ।

चौकी पर हमला : पुलिस जिला मजीठा के गांव झंडे में कत्थूनंगल पुलिस थाना के अधीन मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर हमला किया । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट फरार हो गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

पंजाब में अन्यत्र बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मरे : कांस्टेबल समेत 10 की हत्या : 3 व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर में बम धमाका

विद्युत कर्मी की हत्या : आज सायं जिला रोपड़ के खरड़ क्षेत्र में 2 मिलिटैंटों ने पंजाब राज्य विद्युत मंडल के एक अकाऊंटैंट खैरायती लाल अरोड़ा की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए । श्री अरोड़ा चंडीगढ़ जा रहे थे ।

के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल व उसका साथी मारा : अमृतसर (सुभाष नारंग): पुलिस जिला मजीठा के वरिष्ठ अधीक्षक परमजीत सिंह गिल ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का लैफ्टिनैंट जनरल जगतार सिंह जग्गा उर्फ धमाका अपने साथी सहित मारा गया है ।

इस घटना का विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि गत रात्रि लगभग 10.30 बजे मजीठा थाना के अधीन गांव लिद्दड़ में पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के एक संयुक्त नाका दल ने पी.बी. 02-बी. 3702 नम्बर के स्कूटर पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु वे निकट के खेतों में जा छिपे और स्कूटर को सड़क पर ही छोड़ गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खेतों को घेर लिया तथा बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर मंगवा कर वे उन संदिग्ध मिलिटैंटों की खोज में खेतों में घुस गए। खेतों में छिपे दोनों मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी तथा जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे वे दोनों संदिग्ध मिलिटैंट मारे गए।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कश्मीर में 2 अलगाववादियों सहित 6 लोग मारे गए, 41 अलगाववादी गिरफ्तार

श्रीनगर, 26 अगस्त (प.स., वार्ता): कश्मीर घाटी में कल रात से दो अलगाववादियों सहित छः व्यक्ति मारे गए, जबकि घाटी में चौदह दिनों के हड़ताल के बाद आज दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान ने इस बंद का आयोजन किया था ।

सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहर गंडेरबल में तलाशी अभियान के दौरान 41 संदिग्ध अलगाववादियों को गिरफ्तार किया । इनमें

राजीव हत्या केस : दूसरा जांच आयोग गठित

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता): सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.सी. जैन की अध्यक्षता में दूसरे जांच आयोग का गठन किया है ।

एक सरकारी घोषणा में आज यहां कहा गया कि यह एक-सदस्यीय जांच आयोग राजीव गांधी हत्याकांड की पहले से जांच कर रहे न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता वाले जांच आयोग के अतिरिक्त कार्य करेगा ।

नया आयोग हत्याकांड के घटनाक्रम तथा उन सभी तथ्यों और हत्या से संबंधित परिस्थितियों की जांच करेगा जो वर्मा जांच आयोग के दायरे से बाहर हैं । यह आयोग इस बात की भी जांच करेगा कि क्या कोई व्यक्ति, समूह अथवा एजैंसी हत्या की योजना बनाने तथा इसे छिपाने के लिए जिम्मेदार है और क्या हत्या के लिए कोई षड्यंत्र किया गया था । न्यायमूर्ति जैन आयोग को अपनी रिपोर्ट 6 महीने के अंदर प्रस्तुत करनी होगी । वह अंतरिम रिपोर्ट भी पेश कर सकता है । जांच आयोग का मुख्यालय दिल्ली में होगा ।

इसी बीच सरकार ने न्यायमूर्ति वर्मा आयोग का कार्यकाल भी बढ़ा दिया है । इस आयोग की अवधि आज समाप्त हो रही थी । आयोग को अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर 1991 तक पेश करनी है ।



में घुसने का हुक्म दिया गया था। कमांडर के इंकार करने पर हमले का समय पहले 8 बजे, फिर 10 बजे, फिर बुधवार को एक बजे और तड़के तीन बजे तक के लिए टाला गया।

बुधवार को पौ फटने तक संसद भवन पर कब्जा नहीं किया जा सका। विद्रोह की कार्रवाई असफल

गोली मार देने का उन्हें आदेश दिया गया था।

गोर्बाच्योव अस्वस्थ नहीं हुए थे : सोवियत राष्ट्रपति गोर्बाच्योव की नजरबंदी के दौरान तैयार वीडियो टेप कल सोवियत टैलीविजन पर दिखाया गया जिसमें श्री गोर्बाच्योव ने विद्रोहियों

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अधिकारियों और धनी किसानों के पास बेचने का धंधा शुरू कर दिया। पुलिस प्रमुख ने बताया कि अभियुक्त के इकबालिया बयान के अनुसार उक्त बांड उन्होंने स्टेट बैंक आफ इंडिया की इंदौर ब्रांच में किसी के माध्यम से प्राप्त किया था। ऐसे बांड खरीदने वालों के बारे में न तो बैंक कोई रिकार्ड रखता है, न ही सरकार।



बांड की एक फोटो प्रतिलिपि ।

बाद में अभियुक्तों ने अपने ग्राहकों की तलाश में देश का कोना-कोना छान मारा। पुलिस का अनुमान है कि अभियुक्तों ने इस ठगी से करोड़ों रुपए इकट्ठे करके बम्बई के फैशनेबल क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी इमारतें और बंगले, कारें और ऐश्वर्य का दूसरा सामान

12 हजार

दयालपुर

संहिता की

धारा 34 के

ने इस केस

अधिकारी

सीमा सुरक्षा बल ने 6 पाक घुसपैठिए मार गिराए : के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वार्ता, प.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब में 6 पाक घुसपैठियों को मार गिराया, जबकि गत सायं से विभिन्न घटनाओं में के.एल.ओ. के लैफ्टिनैंट जनरल व बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मारे गए । इसके अलावा राज्य में एक कांस्टेबल समेत 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 3 अन्य का अपहरण कर लिया गया । आज रात्रि अमृतसर में बम विस्फोट में दो व्यक्ति घायल हो गए ।

बच्ची का अपहरण : पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात्रि अमृतसर के क्षेत्र बाबा बकाला में से 9 वर्षीया एक बच्ची गीतिका का अपहरण कर लिया है । बताया जाता है कि उस समय यह बच्ची कार में ब्यास से अमृतसर लौट रही थी ।

पुलिस के अनुसार इस कार में उसके माता-पिता भी थे तथा वे ब्यास के राधास्वामी डेरे से वापस आ रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन्हें रोक लिया । इसके बाद वे कार को गांव खानपुर में ले गए जहां गीतिका के पिता सुरिन्दर सिंह व उनकी पत्नी को नीचे उतार दिया गया तथा बच्ची का अपहरण कर लिया गया । मिलिटैंटों ने बच्ची की रिहाई के लिए फिरौती की मांग की है ।

3 छलनी शव मिले : पुलिस जिला भटिंडा के गांव लेलीवाल में से आज तड़के गोलियों से छलनी 3 शव बरामद किए गए हैं । इनमें से एक की शिनाख्त मिट्ठू सिंह के रूप में हुई, जबकि शेष दो शव पहचाने नहीं गए । बताया जाता है कि गत रात्रि मिलिटैंटों ने मिट्ठू सिंह का अपहरण कर लिया था ।

चौकी पर हमला : पुलिस जिला मजीठा के गांव झंडे में कत्थूनंगल पुलिस थाना के अधीन मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर

पंजाब में अन्यत्र बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मरे : कांस्टेबल समेत 10 की हत्या : 3 व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर में बम धमाका

हमला किया । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट फरार हो गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

बिजली कर्मी की हत्या : आज सायं जिला रोपड़ के खरड़ क्षेत्र में 2 मिलिटैंटों ने पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के अकाउंटैंट खैरायती लाल अरोड़ा की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए । श्री अरोड़ा चंडीगढ़ जा रहे थे ।

के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल व उसका साथी मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): पुलिस जिला मजीठा के वरिष्ठ अधीक्षक परमजीत सिंह गिल ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइज़ेशन के लैफ्टिनैंट जनरल जगतार सिंह जग्गा उर्फ धमाका अपने साथी सहित मारा गया है।

इस घटना का विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि गत रात्रि लगभग 10.30 बजे मजीठा थाना के अधीन गांव लिद्दड़ में पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के एक संयुक्त नाका दल ने पी.बी. 02-बी. 3702 नम्बर के स्कूटर पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु वे निकट के खेतों में जा छिपे और स्कूटर को सड़क पर ही छोड़ गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खेतों को घेर लिया तथा बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर मंगवा कर वे उन संदिग्ध मिलिटैंटों की खोज में खेतों में घुस गए। खेतों में छिपे दोनों मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी तथा जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे वे दोनों संदिग्ध मिलिटैंट मारे गए।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

राजीव हत्या केस : दूसरा जांच आयोग गठित

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता): सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.सी. जैन की अध्यक्षता में दूसरे जांच आयोग का गठन किया है ।

एक सरकारी घोषणा में आज यहां कहा गया कि यह एक-सदस्यीय जांच आयोग राजीव गांधी हत्याकांड की पहले से जांच कर रहे न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता वाले जांच आयोग के अतिरिक्त कार्य करेगा ।

नया आयोग हत्याकांड के घटनाक्रम तथा उन सभी तथ्यों और हत्या से संबंधित परिस्थितियों की जांच करेगा जो वर्मा जांच आयोग के दायरे से बाहर हैं । यह आयोग इस बात की भी जांच करेगा कि क्या कोई व्यक्ति, समूह अथवा एजैंसी हत्या की योजना बनाने तथा इसे छिपाने के लिए जिम्मेदार है और क्या हत्या के लिए कोई षड्यंत्र किया गया था । न्यायमूर्ति जैन आयोग को अपनी रिपोर्ट 6 महीने के अंदर प्रस्तुत करनी होगी । वह अंतरिम रिपोर्ट भी पेश कर सकता है । जांच आयोग का मुख्यालय दिल्ली में होगा ।

इसी बीच सरकार ने न्यायमूर्ति वर्मा आयोग का कार्यकाल भी बढ़ा दिया है । इस आयोग की अवधि आज समाप्त हो रही थी । आयोग को अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर 1991 तक पेश करनी है ।





कश्मीर में 2 अलगाववादियों सहित 6 लोग मारे गए, 41 अलगाववादी गिरफ्तार

श्रीनगर, 26 अगस्त (प.स., वार्ता): कश्मीर घाटी में कल रात से दो अलगाववादियों सहित छः व्यक्ति मारे गए, जबकि घाटी में चौदह दिनों के हड़ताल के बाद आज दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान

ने इस बंद का आयोजन किया था ।

सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहर गंडेरबल में तलाशी अभियान के दौरान 41 संदिग्ध अलगाववादियों को गिरफ्तार किया । इनमें

Punjabi Samachar

वे उन संदिग्ध मिलिटैंटों की खोज में खेतों में घुस गए। खेतों में छिपे दोनों मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी तथा जवानों ने भी जबावी फायरिंग की, जिससे वे दोनों संदिग्ध मिलिटैंट मारे गए।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दिल्ली में होगा ।

इसी बीच सरकार ने न्यायमूर्ति वर्मा आयोग का कार्यकाल भी बढ़ा दिया है । इस आयोग की अवधि आज समाप्त हो रही थी । आयोग को अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर 1991 तक पेश करनी है ।

राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ ने अपने हाल ही के दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव और केंद्रीय गृह मंत्री श्री एस.बी. चवन से भेंट करके उनके साथ प्रदेश की ताजा स्थिति बारे विस्तार से बातचीत की थी। पंजाब के अधिकारियों का जो दल दिल्ली से लौटा है, उसमें से कुछ एक का विचार है कि पंजाब विधानसभा के चुनाव बारे

पंजाब प्रदेश इंका के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन श्री एम.एस. चीमा ने इस प्रतिनिधि को बताया कि मिलिटैंसी से त्रस्त होकर बटाला और डेरा बाबा नानक क्षेत्र से अनेक परिवार पलायन करके दिल्ली आए हैं। विस्थापितों ने यहां पंजाब के राज्यपाल से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनसे भेंट नहीं हो सकी। तब विस्थापितों के प्रतिनिधि ए.डी.सी. और रैजीडैंट कमिश्नर से मिले और अपना दुख-दर्द सुनाया और पंजाब के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन दिया। विस्थापितों को नहीं मालूम कि उनका ज्ञापन राज्यपाल तक पहुंचा है या नहीं ? रैजीडैंट कमिश्नर से मुलाकात के बावजूद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो विस्थापितों ने कल प्रधानमंत्री से भेंट की तथा उन्हें अपना दुख-दर्द सुनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को पंजाब भवन में बैठे अधिकारियों के रवैये से भी अवगत कराया। श्री चीमा के अनुसार प्रधानमंत्री ने अधिकारियों के रवैये पर खेद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि दिल्ली की शरण में आए विस्थापितों को आज प्रातः से पंजाब भवन से अस्थायी निवास, कपड़ा और भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने यह आश्वासन पूर्व इंका सांसद श्री कमल चौधरी की मार्फत भिजवाया। विस्थापितों ने आरोप लगाया कि पंजाब भवन से किसी भी अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली, जबकि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण बोट क्लब के मैदान में खुले आकाश तले पड़े 10 बच्चे, 13 महिलाएं और 8 वृद्ध बीमार हो गए हैं। सारा राशन पानी में भीग गया है।

भीष्म नारायण व जय ललिता की राष्ट्रपति से भेंट

मद्रास, 28 अगस्त (प.स.): तमिलनाडु के राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह और मुख्यमंत्री जय ललिता ने आज यहां राजभवन में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से अलग-अलग मुलाकातें कीं। राजभवन सूत्रों ने बताया कि ये बैठकें आधे घंटे तक चलीं। सूत्रों ने इन्हें शिष्टाचार भेंटें बताया है।

'यू.पी. सरकार द्वारा मंदिर विधेयक पर केंद्र को आपत्ति नहीं होनी चाहिए'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (दिनेश) : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को अयोध्या मंदिर निर्माण हेतु विधेयक लाने तथा इस सम्बन्ध में कानून बनाने का वैधानिक अधिकार है तथा केंद्र सरकार इसमें बाधक नहीं बन सकती। भारतीय जनता युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई द्वारा आज सायं विट्ठल भाई पटेल भवन में लोकसभा उपाध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुनैया के सम्मान में प्रदेशाध्यक्ष श्री विजय जौली की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में श्री वाजपेयी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए धर्म-स्थली यथास्थिति 1947 विधेयक में से अयोध्या मंदिर विवाद को मुक्त रखना भाजपा और रामभक्तों की ऐतिहासिक विजय है। परिस्थितियां साक्षी बन रही हैं कि मंदिर निर्माण को अब कोई ताकत नहीं रोक पाएगी।

'राष्ट्रपति सुप्रीमकोर्ट से उसके ही फैसलों के औचित्य की सलाह नहीं ले सकते'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (वार्ता): उच्चतम न्यायालय में आज दलील दी गई कि राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से इसके बारे में राय नहीं ले सकते कि उसके निर्णय सही हैं या नहीं ?

यह दलील कावेरी जल-विवाद पर राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय से राय जानने के मामले में तमिलनाडु सरकार की ओर से उसके वकील के पाराशरन ने दी।

मुलायम सिंह की सुरक्षा-व्यवस्था खत्म करने पर लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली, 28 अगस्त (पस): लोकसभा में आज सभी पक्षों के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पूरी सुरक्षा करने

जालन्धर मंडल अपने लक्ष्य को पार करेगा : मुखर्जी

जालन्धर, 28 अगस्त : भारतीय जीवन बीमा निगम के श्री एस.के. मुखर्जी, प्रादेशिक प्रबन्धक (विपणन), नई दिल्ली ने जालन्धर मंडल के प्रथम दौरे पर शाखा प्रबन्धकों के सम्मेलन को तथा मंडल प्रबन्धक क्लब के सदस्यों को सम्बोधित किया।

श्री मुखर्जी ने कहा कि जालन्धर मंडल का इतिहास है कि इसने अधिकतम वृद्धि-दर दी है और उत्तर क्षेत्र के मंडलों के समूह में नव-व्यवसाय का काफी योगदान दिया है। जालन्धर मंडल का नाम सारे भारत में इसकी उपलब्धियों के लिए चर्चित है। चालू वित्तीय वर्ष 1991-92 के लिए जालन्धर मंडल के लिए 284 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि यह मंडल इस लक्ष्य को प्राप्त ही नहीं करेगा अपितु इसको पार कर जाएगा।

श्री मदन लाल गांधी वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक जालन्धर ने भी समारोह में भाग लिया।

हाईकोर्ट का काम ठप्प

नई दिल्ली, 28 अगस्त (प.स.): दिल्ली उच्च न्यायालय में आज तीसरे दिन भी कामकाज ठप्प रहा। वकीलों ने दीवानी अदालतों में मुकद्दमों की सीमा पांच लाख रुपए किए जाने के विधेयक के विरोध में आज भी अदालतों का बहिष्कार किया। वकील राजधानी में पांच न्यायिक जिले बनाने की भी मांग कर रहे हैं।

देवी लाल ने लंगर-लंगोटे कसने शुरू कर दिए

रोहतक, 28 अगस्त (सजय): विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौ. देवी लाल ने हरियाणा में भजन लाल के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए लंगर-लंगोटे कसने शुरू कर दिए हैं।

मालूम हुआ है कि चौ. देवी लाल भजन लाल सरकार के विरुद्ध चलने वाली मुहिम का श्रीगणेश अपने जन्म दिवस (जोकि सितम्बर माह में है) पर रोहतक से आरम्भ करेंगे। भजन लाल के विरुद्ध आंदोलन चलाने के लिए चौ. देवी लाल ने अपनी पार्टी के तमाम कार्यकर्त्ताओं को विशेष निर्देश दे दिए

Punjab Kesari

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिस्तौल की नोक पर 2970 रुपए लूट लिए हैं ।

लुटेरा काबू : अमृतसर के क्षेत्र सुल्तानविंड के मोहल्ला कोट आत्मा राम में आज प्रात: 9.15 बजे गुलजार सिंह नामक एक सुनार के घर में घुसकर दो लुटेरे उसका कीमती सामान ले गए । फरार होने से पूर्व इन मिलिटैंटों ने पिस्तौल तान कर गुलजार सिंह को धमकी दी कि वे उससे अपने साथी मिलिटैंट को पुलिस के हाथों मरवाने का बदला अवश्य लेंगे ।

उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को इसी क्षेत्र में जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था तथा अगले ही दिन पुलिस ने अजीत नगर में छापा मारकर उसे सकशल रिहा करवा लिया था जबकि उस कार्रवाई के दौरान निगरानी कर रहा एक मिलिटैंट मारा भी गया था । उसकी शिनाख्त निरबैर सिंह के रूप में हुई थी ।

पता चला है कि गुलजार सिंह अपहृत किए गए जसबीर सिंह का भाई है । उसके घर में लूट की वारदात की सूचना पाकर एक पुलिस दल तुरन्त ही घटनास्थल पर पहुंचा तथा फरार हो रहे दोनों लुटेरों में से एक मिलिटैंट को काबू कर लिया । इसकी शिनाख्त गुरमुख सिंह उर्फ पप्पू निवासी भगतांवाला के तौर पर हुई है जबकि इसके फरार होने वाले साथी की पहचान दलीप सिंह उर्फ बिट्टू निवासी भगतांवाला के रूप में हुई ।

दो मिलिटैंट काबू : मोगा में 'आजाद' के अनुसार आज शाम यहां 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया गया । ये मिलिटैंट एक घर में लटपाट की असफल कोशिश करने के बाद भाग रहे थे । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दो मिलिटैंट न्यू टाऊन की गली नम्बर 3 में स्थित दर्गा दास नामक एक व्यक्ति के घर आज शाम 4 बजे के लगभग लूटपाट की नीयत से दाखिल हो गए । मिलिटैंटों को देख कर दर्गा दास की बहू ने पड़ोसियों को खबर कर दी । वहां पर लोगों के एकत्र होने पर मिलिटैंट फरार हो गए । लोग भी मिलिटैंटों के पीछे भागे । इस बीच स्थानीय नेता श्री जगदीश पुरी के गनमैनों ने जब लोगों को मिलिटैंटों के पीछे भागते देखा तो उन्होंने दोनों मिलिटैंटों को दबोच लिया तथा सी.आर.पी.एफ. के हवाले कर दिया ।

पत्रकार की हत्या : दोराहा से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने आज रात स्थानीय पत्रकार श्री के.के. आनन्द की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री आनन्द पर उस समय फायरिंग हुई, जब वह बाजार से अपने घर लौट रहे थे । वह अपने पीछे पत्नी तथा दो बच्चे छोड़ गए हैं ।

रक्त-दान शिविर

अमृतसर, 30 जुलाई : पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अपने स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित रक्त-दान एवं वर्गीकरण शिविर का उद्घाटन बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक आर.आई.एस. सिद्धू ने किया ।

आम सूचना

श्री मारवाड़ी विद्यालय, पुरानी मार्कीट, अमृतसर

की साधारण सभा की चुनाव सभा 20.7.91 को विद्यालय भवन में हुई । इसमें निम्नलिखित सदस्य तथा पदाधिकारी (मैनेजिंग कमेटी के लिए) चुने गए :

1. डा. ओम प्रकाश सिंघानियां (प्रधान), 2. श्री ओम प्रकाश गोइंका (मंत्री), 3. श्री विष्णु स्वरूप कसेरा (वित्त मंत्री), 4. श्री ललित किशोर नेवटिया (मैनेजर), 5. श्री बाबू लाल बाजोरिया (सदस्य), 6. श्री संतोष कुमार (सदस्य), 7. श्री जगदीश प्रसाद गोइंका (सदस्य), 8. श्री विनोद कुमार बागला (सदस्य), 9. श्री अमर नाथ पौद्दार (सदस्य), 10. श्री बृजेश कुमार सिंघानियां (P.T.A.), 11. श्रीमती आशा गुप्ता (शिक्षाविद), 12. श्री संजीव कुमार कौचर (शिक्षाविद), 13. श्रीमती सुमन शर्मा (अध्यापिका), 14. श्रीमती रजनी सोनी (अध्यापिका), 15. DEO अमृतसर ।

रामभूमि का ताला

(पृष्ठ 3 का शेष)

रक्षा करना अध्यादेश का सीमित उद्देश्य है। इससे न तो किसी कानून का उल्लंघन हुआ है और न ही देश की अखंडता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय जल विवाद कानून का सम्मान करते हुए ही न्यायाधिकरण के अंतिम फैसले का अध्यादेश की परिधि में शामिल नहीं किया गया है। अंतरिम फैसले को गजट करने के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायाधिकरण के अंतिम फैसले को ही कानून अधिसूचित किया जा सकता है।

भाजपा की मांग : नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल ने राष्ट्रीय जल-नीति बनाए जाने की मांग की है । संसदीय दल की आज यहां हुई बैठक में केंद्र सरकार द्वारा कावेरी जल विवाद उच्चतम न्यायालय को सौंपे जाने के फैसले का स्वागत किया गया । मगर साथ ही भाजपा ने कावेरी मुद्दे पर सत्तारूढ़ पार्टी और उसके समर्थक दल के सदस्यों द्वारा सदन में अपनाए गए "गैर जिम्मेदाराना और आपत्तिजनक ढंग" की आलोचना भी की ।

राजीव

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि जिन दो लिट्टे उग्रवादियों ने खुदकशी की, उनमें से एक डिक्सन को शिवरासन का अंतरंग बताया जाता था। श्री सिन्हा ने कहा कि गृहमंत्री श्री गांधी की हत्या के मामले में बड़ी ताकतों का हाथ होने की आशंका व्यक्त कर चुके हैं। इसके बावजूद, इस मामले के महत्वपूर्ण गवाहों और उनके सहयोगियों को 'गायब' होने दिया जा रहा है। आश्चर्य है कि लिट्टे उग्रवादियों की खुदकशी के मामले की जांच तमिलनाडु पुलिस से कराई जा रही है।

कांग्रेस (इ) के वी. नारायणसामी ने इस मामले की जांच सी.बी.आई. के किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने की मांग की। समाजवादी जनता पार्टी के डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि डिक्सन इस मामले में एक मुख्य व्यक्ति था, जिसके आत्महत्या कर लेने से जांच कार्य में बाधा पड़ेगी । कुछ सदस्यों ने जानना चाहा कि राजीव गांधी की हत्या के मामले में महत्वपूर्ण सुराग देने वाले षणमुगम के अंतिम संस्कार में भाग लेने उपरोक्त दोनों लिट्टे सदस्य यदि आए थे तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं कर पाई थी। श्री

भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज

जयपुर, 30 जुलाई (वार्ता) : भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उ
पिछले बीस महीनों से अपने वेतन तक के लिए तरस रहा है। भार
आनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए एन.आर. बुगालिया क
इसलिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के खि

वर्ष 1985 से राज्य के झुंझनूं जिला सैनिक बोर्ड में सहायक परि
बुगालिया का इस सब के बावजूद हौसला पस्त नहीं हुआ है। वह
तो अब क्यों समर्पण करूं।"

भ्रष्टाचार के खिलाफ श्री बुगालिया की जंग उस वक्त शुरू हु
बीस हजार रुपए के गबन का मामला सरकार के सामने रखा।
नाम के इस बाबू ने बेनामी फर्मों से करीब बीस हजार रुपए

श्री बुगालिया के अनुसार उन्होंने न केवल यह मामला सरक
भी अपने कब्जे में कर लिया। उनके अनुसार इसी के बाद उन्हे
पहले राज्य सैनिक बोर्ड के सचिव ने उनसे तमाम कागजात उसी
लेकिन जब श्री बुगालिया ने ऐसा करने से इन्कार किया
दिया।

श्री बुगालिया का कहना था कि इसके बाद भी राज्य सैनिक
बंद नहीं किया। उन्होंने मेरा वेतनमान कम करने तक की
अब हालत यह है कि श्री बुगालिया को दिसम्बर 1989 से
अपने परिवार का खर्च चलाने की चिंता में दिनों-दिन घुल रहे
वेतन भुगतान बंद होने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को अ

श्रीलंकाई सेना द्वारा लि

कोलम्बो, 30 जुलाई (पम., ए.पी.) : एलीफैंट दर्रे के पास शिविर में फंसे सैनिकों को छुड़ाने के लिए आगे बढ़ रही श्रीलंकाई सेना ने उग्रवादियों के एक मजबूत गढ़ को ध्वस्त करने का दावा करते हुए आज कहा कि तकरीबन 70 लिट्टे उग्रवादियों को मार गिराया।

संघर्ष में एक लैफ्टिनैंट सहित चार सैनिक भी मारे गए। सैनिक अधिकारियों ने बताया कि सरकारी सैनिकों तथा तमिल उग्रवादियों के बीच अब तक के इस सबसे बड़े संघर्ष में 12 सैनिक गंभीर रूप से घायल भी हुए।

यहां संयुक्त आपरेशन कमान में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेना के जवानों ने विद्रोहियों की किलेबंदी तोड़ कर खंदकों पर अपना कब्जा बहाल

Punjab Sanatan



कोयम्बटूर (तमिलनाडु) के डा. मनुस्वामी नगर में स्थित वह मकान जहां पुलिस द्वारा घिर जाने पर श्रीलंका के 2 लिट्टे उग्रवादियों ने गत रविवार को आत्महत्या कर ली थी । (दाएं) इन मिलिटैंटों से पुलिस द्वारा बरामद वायरलैस सैट तथा अन्य वस्तुएं ।

सौ से अधिक हत्याओं में संलिप्त के.सी.एफ. एरिया कमांडर निरवैर सिंह सहित 3 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 31 जुलाई (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर निरवैर सिंह, जोकि 100 से अधिक हत्याओं में वांछित था, सहित तीन मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 2 का अपहरण कर लिया ।

एरिया कमांडर निरवैर सिंह सहित 2 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (कन्तोड़, अनेजा): खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन सिंह ग्रुप) का एरिया कमांडर निरवैर सिंह आज तड़के अपने ही साथी मिलिटैंटों और पुलिस की क्रास फायरिंग में उस समय मारा गया, जब एक पुलिस पार्टी उसे थाना सदर जलालाबाद के गांव चक जानीसर में किसी मोर्चे में छुपे हुए हथियार बरामद कराने के लिए ले जा रही थी । विस्तृत जानकारी देते हुए फिरोजपुर के एस.एस.पी. श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि जैसे ही पुलिस पार्टी निरवैर सिंह को लेकर मोर्चे पर पहुंची, वहां छुपे 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाई और मुकाबला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा । इस बीच निरवैर सिंह ने मौका देख कर भागने की कोशिश की,परन्तु क्रास फायरिंग में मारा गया । हमलावर मिलिटैंटों ने भी भागने का प्रयास किया, जिसमें एक मिलिटैंट मारा गया जबकि दो बच निकलने में सफल हो गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, 10 कारतूस, 3 हथगोले, 15 किलो विस्फोटक सामग्री, 11 डैटोनेटर, एक थामसन गन 2 मैगजीन सहित एक मैगजीन जनरल पर्पज मशीनगन का, चार स्टिक बम और एक जीप पी.यू.सी. 222 बरामद हुई है ।

एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह कुख्यात मिलिटैंट था और 100 से भी अधिक हत्याओं में फिरोजपुर, फरीदकोट, अमृतसर, तरनतारन और रोपड़ पुलिस को वांछित था । वह इन प्रमुख वारदातों में संलिप्त था । रोपड़ जिले में एस.वाई.एल. नहर पर काम करने वाले 27 मजदूरों की सामूहिक हत्या, फरीदकोट जिले के गांव

अन्यत्र एस.पी.ओ. सहित 4 की हत्या, बालक सहित 2 का अपहरण

दीपसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, थाना भिखीविंड के गांव सूरसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, रामसिंहवाला में 7 व्यक्तियों, तारासिंहवाला में 4 व्यक्तियों तथा रत्ताखेड़ा में 6 व्यक्तियों की हत्या । वह कई अपहरण, फिरौती और हथियार छीनने की घटनाओं में वांछित था ।

जलालाबाद में मलिक के अनुसार एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह को श्रीगंगानगर की केंद्रीय जेल में रखा गया था तथा पुलिस कल उसे हथियारों की बरामदगी के लिए श्रीगंगानगर से लेकर आई थी । निरवैर सिंह ने पुलिस को चकमा देने के लिए गलत बयानबाजी की थी कि हथियार जीरा के निकट एक गांव मेहरसिंहवाला में रखे हुए हैं । पुलिस जब उस गांव में पहुंची तो वहां से हथियार न मिल सके । बाद में पूछताछ में निरवैर सिंह ने बताया कि हथियार जलालाबाद के गांव जानीसर में दबा कर रखे हुए हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि निरवैर सिंह 1981 में सेना में भे भगौड़ा हो गया था । उन्होंने बताया कि निरवैर सिंह को छुड़वाने के लिए मिलिटैंटों ने लगभग 2 घंटे तक फायरिंग की ।



बब्बर खालसा का स्वयंभू एरिया कमांडर अवतार सिंह जो श्रीगंगानगर पुलिस द्वारा पकड़ा गया। यह पाकिस्तान जाने की फिराक में था।
(छाया : सुगर).

एक अन्य मिलिटैंट मरा : एक अन्य मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट कल रात फिरोजपुर जिले में जीरा पुलिस थाना क्षेत्र के फतेहगढ़ गांव के निकट मारा गया । पुलिस ने बताया कि मिलिटैंट को रुकने का संकेत किया गया था । इस पर उसने गोली चला दी । जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसके तीन मैगजीन और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

सरपंच की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना माहिलपुर के ग्राम मननहाना के युवा सरपंच परमिन्द्रजीत सिंह की ए.के. 47 से गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार दो मिलिटैंट रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे परमिन्द जीत सिंह के घर जबरदस्ती दाखिल हो गए व उसे नींद से जगा कर उसकी हत्या करके फरार हो गए । फायरिंग में उसका पुत्र घायल हो गया ।

तुरंत कार्रवाई करके अपहृतों को मुक्त कराया : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर में सतपाल नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उर्वरक मूल्य वृद्धि के विरोध में संसद के दोनों सदनों से विपक्ष का

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स., वार्ता): उर्वरकों पर राज-सहायता कम करने तथा उनकी कीमतें बढ़ाने के मसले पर आज संसद के दोनों सदनों में चिंता व्यक्त की गई तथा विपक्षी सदस्यों ने दोनों

कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने कहा कि उन्हें किसानों के साथ पूरी सहानुभूति है,लेकिन इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के मामले में वह अपने-आप कुछ नहीं कर सकते। कृषि मंत्री के जवाब से

100 करोड़ रुपए कहां से जुटाए गए?कांग्रेस (इ) के सदस्यों ने श्री वर्मा की इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया तो विपक्ष के अनेक सदस्य उनके समर्थन में खड़े हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक

गए। तब अध्यक्ष को श्री वर्मा से कहना पड़ा कि वह अपने को निर्धारित मुद्दे तक ही सीमित रखें। सदन के नेता अर्जुन सिंह ने इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहा लेकिन विपक्ष की लगातार टोका-टाकी के कारण वह बोल नहीं सके। इस पर अध्यक्ष ने अपने

Punjab Sahatoni

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुत्र नरिंदर पाल तथा दो अन्यों बलदेव एवं सरिदर को अपहरण कर लिया । सुरक्षा कर्मियों ने अपहरणकर्त्ताओं का पीछा कर सुरिंदर और बलदेव को मुक्त करा लिया । नरिंदर पाल को मिलिटैंट अपने साथ लेकर भाग गए ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के मेहता पुलिस थाने के गांव बल्ला में आज सुबह मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

डाक घर लूटा : दो मिलिटैंटों ने व्यास पुलिस थाने के गांव बाबा बकाला में डाक घर से 5,451 रुपए लूट लिए ।

बालक का अपहरण : अमृतसर में कल रात एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने रणजीत कालोनी से मनप्रीत सिंह (11) नामक बालक को उसके घर से अपहृत कर लिया ।

बताया जाता है कि मनप्रीत शराब के एक प्रमुख व्यापारी नरिंदर सिंह का पुत्र है । मिलिटैंटों ने उनके घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर धन मांगा था । इंकार करने पर वे मनप्रीत का अपहरण करके ले गए ।

विशेष पुलिस अधिकारी की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन पुलिस जिले के गांव लालपरा में नियुक्त विशेष पुलिस अधिकारी रमेश चंद्र की गोली मार कर हत्या कर दी ।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट जिले में से पुलिस ने कल रात 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । इनमें से 6 जिले में 40 लूटपाट की घटनाओं तथा फिरौतियां लेने की अनेक घटनाओं में संलिप्त हैं ।

स्कूटर छीन ले गए : गुरदासपुर (विनोद): आज दोपहर लगभग 12 बजे दीनानगर थाने के गांव पनियार की मुख्य सड़क पर 2 मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर प्राण सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया ।

2 छात्र मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर) : कल लुधियाना पुलिस ने गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज लुधियाना के एक छात्र सुखविन्दर सिंह और गवर्नमैंट कालेज चंडीगढ़ के बी.एस.सी. के छात्र गुरइकबाल सिंह (दोनों गुरदासपुर के निवासी हैं) को सनसनीपूर्ण हालात में गिरफ्तार किया है । एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुखदेव सिंह छीना ने आज बताया कि कल दिन के समय दोनों छात्रों ने पिस्तौल की नोक पर एक कार पी.बी. 10 बी, 0570 किसी से छीन ली और लेकर फरार हो गए । पुलिस ने उनका पीछा किया और दो घंटे के संघर्ष के बाद साहनेवाल थाने के निकट उनको पकड़ लिया । उनके कब्जे से एक पिस्तौल 9 एम.एम. का बरामद हुआ । कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया ।

एस.पी. ने बताया कि इन दोनों ने अपने कालेजों के कई अन्य छात्रों के नाम भी पुलिस को बताए हैं जो इस प्रकार की वारदातें करते हैं और सभी छात्रों को बदनाम करते हैं । पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयत्नशील है ।

4 कारें बरामद : 5 चोर गिरफ्तार : लुधियाना पुलिस ने कार चोरों के एक गिरोह के 5 सदस्यों को भी गिरफ्तार करने का दावा किया है । उन्होंने 5 कारें चोरी की हैं जबकि उनके कब्जे से 4 कारें बरामद की गई हैं । उनके नाम राजेन्द्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, अजीत सिंह, बलदेव सिंह भोली और गरमीत सिंह बताए जाते हैं । ये सभी आलमगीर और गिल गांव के रहने वाले हैं । पुलिस के अनुसार ये लोग गुरुद्वारा आलमगीर में माथा टेकने आए लोगों की बाहर खड़ी कारें चुरा कर ले जाते थे । श्री छीना ने बताया कि उनके कब्जे से चोरी का एक स्कूटर भी मिला है ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि निकटवर्ती गांव दोसांझ कलां के निकट दो अज्ञात हथियारबंद मिलिटैंटों ने एक ग्रामीण स्कूटर सवार से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए ।

इंस्पैक्टर का घर जला दिया : संगरूर (गर्ग): मिलिटैंटों ने आज दोपहर 12 बजे भवानीगढ़ में पुलिस इंस्पैक्टर स्वर्ण सिंह के घर को आग लगा कर जला दिया ।

एक अन्य की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव बंगाली खुरो में मिलिटैंटों ने हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

40,000 के गहने लूट ले गए : जालन्धर (हल्ल) : स्थानीय प्रकाश नगर में 29 जुलाई को बाद दोपहर 3.30 बजे 12 नं. कोठी में तीन लटेरों द्वारा पिस्तौल की नोक पर लगभग 40,000 रुपए के सोने के गहने लूट कर ले जाने का समाचार मिला है ।

प्राप्त समाचार के अनुसार 20-25 वर्ष के तीन युवक दिन के 3.30 बजे प्रकाश नगर स्थित श्री



थाना सदर जलालाबाद के गांव चक जानीसर के निकट मुठभेड़ में मारा गया मिलिटैंट सिरदैर सिंह (बाएं) तथा एक अन्य मिलिटैंट (नीचे) मुठभेड़ के पश्चात बरामद हथियार । (छाया : राकेश)

नगर निगम कर्मियों द्वारा धरना

जालन्धर, 31 जुलाई (वा.) — जालन्धर में वाटर सप्लाई, सीवरमैन, फायर ब्रिगेड व निगम ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों की यूनियनों व कर्मचारी दल पर आधारित फैडरेशन की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में आज निगमायुक्त के कार्यालय के बाहर धरना दिया गया । फैडरेशन के प्रधान श्री कमल किशोर शर्मा के अनुसार यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं । उन्होंने बताया कि आयुक्त को 26.6.91 और 15.7.91 को इस बारे में ज्ञापन दिए गए थे, किन्तु उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । उनकी मुख्य मांगें हैं— क्लर्कों पर 1.1.86 के ग्रेड लागू करना, जो क्लर्क पदोन्नत कर इंस्पैक्टर बनाए गए हैं, उन्हें इंस्पैक्टर का ग्रेड देना आदि ।

बीरेन्द्र सिंह अध्यक्ष पद छोड़ेंगे ?

रोहतक, 31 जुलाई (संजय): हरियाणा के राजस्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बीरेन्द्र सिंह शीघ्र ही अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे । ऐसा संकेत उन्होंने कल यहां एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए दिया । श्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि मुझे मंत्री पद या अध्यक्ष पद में से एक को चुनना पड़ेगा तो मैं अध्यक्ष पद को ही चुनूंगा ।

श्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भजन लाल मंत्रिमंडल में उन्होंने किसी भी विधायक को मंत्री बनाने के लिए सिफारिश नहीं की । उन्होंने कहा कि वे भली-भांति जानते हैं कि किन-किन विधायकों ने उनसे धोखा किया है । राजस्व मंत्री ने कहा कि हरियाणा विकास पार्टी के अध्यक्ष चौ. बंसी लाल को कांग्रेस पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा ।

कोयले पर रायल्टी बढ़ी

नई दिल्ली, 31 जुलाई (वार्ता) : सरकार ने कोयले पर रायल्टी बढ़ाने का फैसला किया है । कोयला राज्यमंत्री पी.ए. संगमा ने आज लोकसभा में अपनी ओर से दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि कोयले की संशोधित रायल्टी दर 70 रुपए प्रति टन होगी। संशोधित रायल्टी का ब्यौरा सदन में रखा जाएगा । श्री संगमा ने बताया कि रायल्टी बढ़ने से कोयले की कीमतों में 10 रुपए प्रति टन की वृद्धि हो सकती है ।

कावेरी जल-विवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

चाहती है तो वह ऐसा कर सकता है । राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय से कावेरी न्यायाधिकरण के अंतरिम आदेश के संबंध में कर्नाटक द्वारा जारी अध्यादेश तथा विवाद से संबंधित अन्य मुद्दों पर राय मांगी है ।

न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा तथा मध्य प्रदेश को नोटिस जारी करने का सुझाव स्वीकार नहीं किया । इन राज्यों को नोटिस जारी करने का सुझाव कावेरी मामले में उठाए गए इस मुद्दे के कारण दिया गया था कि 1956 के अंतर्राज्यीय जल विवाद कानून के अंतर्गत नियुक्त न्यायाधिकरण को अंतरिम आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है ।

न्यायाधीशों ने कहा कि वे राष्ट्रपति द्वारा मांगी गई राय का दायरा बढ़ाना नहीं चाहते ।

कर्नाटक का स्टैंड : बेंगलूर (वार्ता): कर्नाटक का कहना है कि कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण ने तमिलनाडु को 205 टी.एम.सी. पानी देने का अंतरिम आदेश यदि पानी की उपलब्धता के आधार पर दिया होता तो वह उसे स्वीकार कर लेता ।

कर्नाटक सरकार के सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष पानी देने में कोई समस्या नहीं है किन्तु ऐसे वर्ष में जिसमें कावेरी में पानी कम हो, पानी देना कठिन होगा । प्रवक्ता ने कहा कि इस स्थिति को ध्यान में रख कर अंतरिम आदेश में 'पानी की उपलब्धता' शब्द जोड़ा जाना चाहिए था । 'उपलब्धता' शब्द न होने से आदेश अव्यावहारिक हो गया है ।

सूत्रों ने बताया कि अब तक कर्नाटक तमिलनाडु को हर वर्ष 140 से 180 टी.एम.सी. पानी देता रहा है । प्रवक्ता ने कहा कि तमिलनाडु जोर दे रहा है कि समझौता वार्ता शुरू होने से पहले ही न्यायाधिकरण के आदेश पर उसे पानी देना शुरू कर दिया जाए । कर्नाटक का कहना है कि इस समय समझौता-वार्ता शुरू करने से कम पानी वाले वर्ष में पानी की मात्रा के बारे में समझौता हो सकता है । कर्नाटक इस बारे में दीर्घकालीन दृष्टिकोण चाहता है ।

रामलीला कमेटी को राजनीति का अखाड़ा न बनाया जाए : तांगड़ी

लुधियाना, 31 जुलाई (महिन्द्रा): रामलीला

इंका समिति द्वारा चुनाव परिणामों की समीक्षा

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स.): कांग्रेस (इ) द्वारा पिछले चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए गठित समिति ने अपना काम शुरू कर दिया है । समिति ने सबसे पहले बिहार और उत्तर प्रदेश में पार्टी की भारी पराजय पर विचार करने का निश्चय किया ।

समिति के अध्यक्ष श्री राम निवास मिर्धा ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में ही पार्टी के सर्वाधिक उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हुई थीं । श्री मिर्धा की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं । समिति की तीसरी बैठक कल हुई थी, जिसमें पार्टी अध्यक्ष प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने भी भाग लिया ।

श्री मिर्धा ने कहा कि समिति अपने काम के सिलसिले में सभी उम्मीदवारों तथा अन्य सभी सम्बद्ध लोगों से मिलेगी । समिति इस संबंध में प्रदेश अध्यक्षों से भी बात करेगी । उन्होंने कहा कि समिति इस बात का भी पता लगाएगी कि जो लोग अभी तक कांग्रेस (इ) का समर्थन करते रहे हैं, उन्होंने पिछले चुनाव में पार्टी का साथ क्यों नहीं दिया तथा उन्हें पुनः किस तरह पार्टी के साथ लाया जा सकता है ? श्री मिर्धा ने बताया कि समिति की रिपोर्ट देने के बारे में कोई समयावधि तय नहीं की गई है । समिति प्रत्येक राज्य के हिसाब से काम पूरा करने के साथ-साथ अपनी रिपोर्ट देती रहेगी । उन्होंने कहा कि समिति अन्य बातों के साथ-साथ इस बात का भी पता लगाएगी कि असंतुष्टों और पार्टी के आंतरिक मतभेदों की चुनाव परिणामों में क्या भूमिका रही है ? समिति इस बात की भी जांच करेगी कि कौन से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मुद्दों का परिणामों पर असर पड़ा है ? समिति इस संबंध में इन मुद्दों पर पार्टी को भावी भूमिका के बारे में भी सुझाव देगी ।

रंगरलियां मनाने की तैयारी करते पकड़े गए

फगवाड़ा, 31 जुलाई (खोसला): कल रात स्थानीय सिटी पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर एक 35 वर्षीया स्त्री विजय रानी व नौजवान नज़ीर मुहम्मद को कथित रूप से रंगरलियां मनाने की तैयारी करते पकड़ लिया । उनके विरुद्ध धारा 109 के अधीन केस दर्ज किया गया है । विजय रानी तीन बच्चों की मां है ।

पुलिस रिमांड : थाना सदर पुलिस ने कुछ दिन पहले निकटवर्ती गांव भुवियाना में आपसी रंजिश के कारण सरवण सिंह नामक व्यक्ति की हत्या के आरोप में तरसेम सिंह, जसविन्दर सिंह व परमजीत सिंह को धारा 302 के अधीन गिरफ्तार किया था । अदालत ने उनका तीन दिन का पुलिस रिमांड दिया है ।

पुनर्विचार का इरादा नहीं : गुजरात की चिमनभाई पटेल सरकार को समर्थन देने के निर्णय पर कांग्रेस (इ) का पुनर्विचार करने का अभी कोई इरादा नहीं है । पार्टी प्रवक्ता प्रो.सी.पी. ठाकुर ने आज यहां संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि अभी ऐसी कोई बात नहीं हुई है, जिसके कारण इस निर्णय की समीक्षा की जाए ।

बोफोर्स बहस शीघ्र खत्म करने की सलाह

नई दिल्ली, 31 जुलाई (प.स.): उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने आज सम्बद्ध पक्षों को सलाह दी कि वे अपनी बहस शीघ्र खत्म करें ताकि बोफोर्स मामले की सुनवाई जल्द से जल्द समाप्त की जा सके ।

खंडपीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश एस.आर. पांडियन ने यह विचार व्यक्त किया कि यह मामला गत 15 मार्च से ही खींचा जा रहा है । उन्होंने सम्बद्ध पक्षों से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द अपनी बहस समाप्त कर दें । इस पीठ के दूसरे न्यायाधीश के.जे. रेड्डी ने भी इसी तरह के तर्क दिए और कहा कि बहस के दौरान माहौल को गर्म करने की कोई जरूरत नहीं है ।

इन न्यायाधीशों ने यह मत तब प्रकट किया, जब जनता दल के वकील ने अदालत से यह आग्रह किया कि वह बहस की समाप्ति की कोई समय सीमा तय करें ।

यू.पी. में मिलिटैंसी की घटनाओं में कोई गिरफ्तारी नहीं

नई दिल्ली, 31 जुलाई (वार्ता) : उत्तर प्रदेश के नैनीताल, बिजनौर तथा शाहजहांपुर जिलों में इस माह हुई मिलिटैंसी की घटनाओं के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। गृहमंत्री शंकरराव चवन ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मिली सूचना के अनुसार मिलिटैंटों के हमलों में नैनीताल में 9 व्यक्ति मारे गए तथा 10 घायल हुए, बिजनौर में एक व्यक्ति मरा तथा 8 घायल हुए तथा शाहजहांपुर में 4 व्यक्ति मरे और दो घायल हुए।

राशन की चीनी अगस्त के पहले सप्ताह में भी मिलेगी

लुधियाना, 31 जुलाई (नेपाल): जिला खाद्य तथा आपूर्ति कंट्रोलर श्री सुदर्शन गोयल ने बताया कि जिन राशन कार्ड धारकों को जुलाई मास की राशन की चीनी तय भाव निर्धारित न किए जाने के कारण

Punjabi Samachar

दोनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के बीच तीन अगस्त को बातचीत शुरू होगी। चार सदस्यों के सचिव स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रिमंडल-सचिव नरेश चन्द्र करेंगे।

राज्यपाल ने मिलिटैंटों से आग्रह किया कि वे हिंसा का मार्ग त्यागें तथा राष्ट्र की मुख्य धारा में आएं। उन्होंने कहा कि गोलियों से किसी भी समस्या सहन नहीं कर सकता है।

जाए, जिसमें 25,000 रुपए की सबसिडी शामिल हो तथा पलायनकर्त्ताओं की किराया-राशि बढ़ाई जाए और पंजाब में शांति करवाई जाए ताकि वे अपने-अपने घरों को लौट सकें ।

नई दिल्ली, 1 अगस्त (प.स.): आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि तथा बजट में लगाए गए करों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी का महिला मोर्चा कल दो अगस्त को संसद भवन पर प्रदर्शन करेगा ।

बी.टी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल राम सिंह समेत 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 1 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट भी मारे गए ।

अपहरण के बाद होमगार्ड जवान की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव शेख चक के निकट कुछ संदिग्ध मिलिटैंटों ने होमगार्ड के एक जवान रमेश चंद की गोली मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंटों ने पहले उसका अपहरण कर लिया था ।

फांसी देकर हत्या : जिला अमृतसर के गांव खप्पर खेड़ी में मिलिटैंटों ने आपसी रंजिश में भोला नामक एक व्यक्ति की फांसी देकर हत्या कर दी ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले के खानकोट गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए। इन मिलिटैंटों से एक पिस्तौल, एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए।

हिरासत से भागा मिलिटैंट डूब कर मरा : संगरूर जिले में कल शाम अवतार सिंह नामक एक मिलिटैंट ने पुलिस की हिरासत से भागने के बाद एक नहर में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मिलिटैंट को सुरक्षा बल हथियार बरामद करने के लिए ले जा रहे थे।

विशेष पुलिस अधिकारी घायल : गुरदासपुर जिले के चक शरीफ गांव में मिलिटैंटों ने विशेष पुलिस अधिकारी दिलबाग सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया।

शराब विक्रेता की हत्या : फरीदकोट जिले के लाडिके गांव में कल शाम कुछ मिलिटैंटों ने शराब की एक दुकान पर हमला करके दुकानदार बाली राम की हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : लुधियाना जिले के हाड़ बेत गांव में कल रात मिलिटैंटों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतकों के नाम वेदव्यास और सदा राम बताए गए हैं।

लूट ली ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार मिलिटैंट एक ट्रक में सवार थे तथा उन्होंने मिनी बस के आगे

3 अन्य मिलिटैंट मरे : पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने गत रात्रि जिला फिरोजपुर के एक गांव वाड़ा पाहूविड के निकट एक मुकाबले के दौरान 3 मिलिटैंटों को मार गिराया ।

मक्खू से 'शेखर' के अनुसार सुरक्षा बलों को संदेह है कि इन मारे गए मिलिटैंटों में से एक यादविंदर सिंह याद भी हो सकता है । वह कई वारदातों में पुलिस को वांछित है ।

निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार : चंडीगढ़ पुलिस ने जगरांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे एक निर्दलीय प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उसे गत दिवस उस समय काबू किया गया जब वह अपने कब्जे में रखे रिवाल्वर का लायसैंस दिखाने में असमर्थ रहा । पुलिस के अनुसार उसका यही दावा था कि उसका वह हथियार लायसैंसशुदा है । आगे जांच जारी है ।

ठेके के कारिंदे की हत्या : अहमदगढ़ (पुरी): गत रात्रि लगभग 7 बजे शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके मिलिटैंटों ने कारिंदे राजकुमार की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है।

अपहरण के बाद हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव धारीवाल सोट्टिया के निकट से पुलिस ने आज प्रातः गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। जिला के पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इसकी शिनाख्त बिशन सिंह के रूप में हुई है और इसे गत रात 6 मिलिटैंट गांव भरथ से इसके घर से अपहृत करके ले गए थे।

दो अज्ञात मिलिटैंट मरे : मलोट (केवल): गत रात्रि यहां से कुछ कि.मी. दूर होके गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 2

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पुलिस कांस्टेबल, होमगार्ड जवान समेत 8 की हत्या : 4 मिलिटैंट गिरफ्तार : 92000 की धनराशि लूटी

92,000 रुपए लूटे : पुलिस जिला बटाला के निकट गांव सांगवां में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक मिनी बस को रोक कर एक सहकारी बैंक के कैशियर से 92,000 रुपए की धन राशि अपना ट्रक ले जाकर बस को रुकने पर विवश कर दिया । इसके बाद वे धन राशि लूट कर फरार हो गए । बैंक के इस कैशियर का नाम हरजिन्दर सिंह बताया गया है ।

अपहर्त्ताओं द्वारा दुरई स्वामी की हत्या की धमकी : नई समय सीमा निर्धारित

श्रीनगर, 1 अगस्त (प.स.): भारतीय तेल निगम के कार्यकारी निदेशक श्री के. दुरई स्वामी के अपहर्त्ताओं ने धमकी दी है कि यदि कल अपराह्न 3 बजे तक जावेद अहमद शल्ला समेत उनके 7 जेलबंद साथियों को रिहा नहीं किया गया तो श्री दुरई स्वामी की हत्या कर दी जाएगी । एक अज्ञात व्यक्ति, जिसने स्वयं को इख्वानुल मुसलमीन का प्रवक्ता बताया है, ने टेलीफोन करके उक्त आशय की धमकी दी ।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक श्री जे.एन. सक्सेना ने श्री दुरई स्वामी की हत्या की नई धमकी के संदर्भ में कहा कि 'हमने वायदा पूरा किया है । हमने पहल करके तीन नज़रबंदों को रिहा किया है । अब अलगाववादियों को वायदे के मुताबिक श्री दुरई स्वामी को छोड़ देना चाहिए । सरकार इसके बाद ही अन्य अलगाववादियों को रिहा करेगी ।

राज्यपाल गिरीशचन्द्र सक्सेना के अनुसार सरकार श्री दुरई स्वामी और तीन कैदी अलगाववादियों की साथ-साथ रिहाई पर जोर दे रही है लेकिन अपहर्त्ता चाहते हैं कि उनके 7 कैदी साथियों को श्री दुरई स्वामी की रिहाई से तीन घंटे पहले रिहा किया जाए।

इससे पूर्व अलगाववादियों ने अधिकारियों के साथ हुए एक समझौते के मुताबिक गत बीस जुलाई को श्री दुरई स्वामी को रिहा नहीं किया था। इस समझौते के तहत श्री दुरई स्वामी को उनके एवज में छोड़े गए तीन अलगाववादियों के ठिकानों पर पहुंच जाने के बाद रिहा किया जाना था लेकिन अपहर्त्ताओं ने इसके बजाय सात अन्य अलगाववादियों की रिहाई की मांग पेश कर दी। इनमें से एक जावेद अहमद शल्ला भी शामिल है, जो कश्मीर विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. मुशीर उल हक और उनके निजी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट मारे गए, जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 9 एम.एम. की एक पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू (शेखर): गत रात्रि यहां से थोड़ी दूर गांव फतेहगढ़ में बख्शीश सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि वह अपने खेतों में पानी देने जा रहा था कि एक नाका पर सुरक्षा बलों ने उसे रुकने को कहा परन्तु वह नहीं रुका । जिसके तुरन्त बाद सुरक्षा बलों ने गोली चला दी तथा परिणामस्वरूप वह मारा गया ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर (अशोक सोनी): मजीठा के एस.एस.पी. के अनुसार अमृतसर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपए की फिरौती की रकम वसूल करने आए 4 मिलिटैंटों को आज तड़के कत्थूनंगल के गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब के निकट से एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उनका कहना था कि एक पुष्ट सूचना के आधार पर कि कुछ मिलिटैंटों ने नगर के एक धनी व्यक्ति से 2 लाख रुपयों की मांग की हुई है तथा यह रकम कत्थूनंगल के निकट स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब में सौंपी जानी है, पुलिस ने गुरुद्वारा के निकट अपना जाल बिछा दिया । इसके बाद तड़के 4 बजे एक मारुति वैन को गुरुद्वारा की ओर आते देखा गया तथा पुलिस ने जब उसे रुकने का संकेत किया तो वैन में बैठे मिलिटैंटों ने पुलिस पर हथगोला फैंका और 2 फ़ायर भी किए ताकि वे पुलिस के चंगुल से निकल सकें । मगर पुलिस दल ने इन वाहन सवार मिलिटैंटों को काबू करने में सफलता प्राप्त कर ली और उनकी वैन भी कब्ज़े में कर ली ।

इन चारों मिलिटैंटों की शिनाख्त जसविंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी नंगल पांवां, सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता पुत्र जागीर सिंह, निवासी भांगली कलां, परगट सिंह पुत्र अवतार सिंह, निवासी भांगली कलां व पूर्व सिपाही रछपाल सिंह पुत्र मोहिन्दर सिंह, निवासी लोहारा कलां के रूप में हुई । इनके कब्जे से .12 बोर का एक पिस्तौल, एक एच.ई. 36 ग्रेनेड, एक बम, .30 बोर का एक पिस्तौल व गोली-सिक्का बरामद किया गया । इन मिलिटैंटों ने पुलिस के समक्ष कई वारदातें करना स्वीकार किया है ।

लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : आज सायं थाना ब्यास के गांव खानपुर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैफ्टिनैंट जनरल भाई राम सिंह उर्फ अमरीक सिंह मारा गया । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह मिलिटैंट, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईमान था, लगभग एक सौ हत्याओं में वांछित था । उसे सुरक्षा बलों ने उस समय दबोचा, जब वह मोपड पर जा रहा था । उसने सुरक्षा बलों के रुकने के संकेत पर फायरिंग करनी शुरू कर दी, सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । मुठभेड़ में सी.आर.पी.एफ. का एक कांस्टेबल प्रीतम सिंह घायल हो गया । घटना स्थल से एक माऊज़र, दो मैगज़ीन और गोली-सिक्का बरामद किया गया है । भाई राम सिंह 3 मास पूर्व गांव खानपुर में एक निहंग जोगा सिंह के परिवार के 9 सदस्यों की हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्तों में से एक था ।

सिपाही की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन में मिलिटैंटों ने एक सिपाही जसवंत सिंह की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह का गोलियों से छलनी शव गांव रत्तौल के एक नाले में पड़ा मिला । मृतक तरनतारन नगर में तैनात था और झब्बाल क्षेत्र में स्थित अपने गांव दसौंधा सिंह में छुट्टी पर गया था कि गत सोमवार को मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का सुभाष चंद्र आयु 24 साल, कद 5'-6", रंग साफ, ब्राऊन कलर की पैंट और सफेद धारी वाली कमीज पहने हुए है, 11.7.91 से गुम है । अगर खुद पढ़े तो जल्दी घर वापस आ जाए । पिता जी सख्त बीमार हैं । पता देने वाले को उचित शुक्राना दिया जाएगा ।

कर्म चंद, बड़गाची ढाबा, चौक रैनक बाजार, जालन्धर

दुर्घटना में महिला की मृत्यु

फगवाड़ा, 1 अगस्त (खोसला): आज सुबह फगवाड़ा-गोराया के मध्य जी.टी. रोड पर एक मोपेड व टैम्पो के बीच टक्कर हो जाने से 40 वर्षीया महिला प्यार कौर की मृत्यु हो गई व सुखदेव सिंह नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे लुधियाना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

भारत खेड़ा टारा दुरई स्वामी की रिहाई के लिए अपील

चंडीगढ़, 1 अगस्त (प.स.): एच.एम.टी. की श्रीनगर शाखा के जनरल मैनेजर श्री एच.एल. खेड़ा, जिनकी जावेद अहमद शल्ला ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी, के बेटे श्री भारत खेड़ा ने इख्वानुल मुसलमीन से अपील की है कि भारतीय तेल निगम के अपहृत कार्यकारी निदेशक श्री दुरई स्वामी को छोड़ दिया जाए क्योंकि वे निर्दोष हैं ।

श्री भारत खेड़ा ने शल्ला से यह भी प्रश्न किया है कि क्या मेरे पिता और कश्मीर विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. मशीर उल हक भी निर्दोष नहीं थे । उनकी हत्या से क्या मिला ? श्री खेड़ा ने कहा कि उक्त दोनों अधिकारियों की हत्या के लिए शल्ला सम्बद्ध परिवारों के प्रति जवाबदेह है ।

श्री खेड़ा ने अपने हस्ताक्षरित वक्तव्य में श्री दुरई स्वामी की रिहाई के लिए प्रार्थना की है और साथ ही यह भी कहा है कि यदि किसी चरण पर सरकार दुरई स्वामी के बदले में शल्ला को छोड़ने के लिए सहमत हो जाए तो सरकार श्री हक तथा श्री खेड़ा के परिवारों के प्रति जवाबदेह होगी, जो कि जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल की हठधर्मी के कारण मारे गए ।

श्रीलंका में सैनिक शिविर अब सरकारी सेना के घेरे में

कोलम्बो, 1 अगस्त (वार्ता): श्रीलंका के उत्तर में सामरिक महत्व के एलीफैंट दर्रे की ओर तेजी से बढ़ते सैनिक तमिल उग्रवादियों के चंगुल से सैन्य शिविर को अब किसी भी क्षण मुक्त करा सकते हैं ।

सैनिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि एलीफैंट दर्रे के सैन्य शिविर पर तमिल उग्रवादियों ने 22 दिन से घेराबंदी की हुई है और इस दौरान दो हजार तमिल उग्रवादी मारे गए । मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बाद प्रवक्ता ने कहा कि शिविर को आज "शाम या फिर दो दिन बाद मुक्त कराया जा सकता है । अंतिम निर्णय थल सेना के कमांडर लेंगे ।"

प्रवक्ता ने बताया कि सैनिकों ने लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के कई मजबूत ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त कर दिया है । आज सुबह सैनिकों ने जब आगे बढ़ना शुरू किया तो वे शिविर से सिर्फ ढाई कि.मी. दूर थे ।

31 किलो की रसौली निकाली गई

जोधपुर, 1 अगस्त (वार्ता): जोधपुर अस्पताल एवं रिसर्च सैंटर में 57 वर्षीय शिवकिशन वोहरा का कल आपरेशन कर करीब 31 किलो वजनी रसौली निकाली गई।

दैनिकोपयोगी वस्तुओं के मूल्य कम किए जाएं मित्तल

फगवाड़ा, 1 अगस्त (अशोक): पंजाब भाजपा अध्यक्ष श्री मदन मोहन मित्तल ने केंद्र से मांग की है कि जनहित में पैट्रोल, खादों व रसोई गैस सहित दैनिकोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में कमी करने के लिए अविलम्ब क्रियात्मक व कठोर पग उठाए जाएं । इसके लिए दलीय हितों व दलीय राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य किया जाए तथा मात्र राष्ट्रीय हित तथा जनहित को ही ध्यान में रखा जाए । आज फगवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मित्तल ने सरकार से किसान-विरोधी व जनविरोधी नीति पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार राजीव गांधी फाऊंडेशन के लिए एक सौ करोड़ रुपए तो रख रही है, लेकिन निर्धन वर्ग को राहत देने संबंधी नीति पर उदासीनता से कार्य कर रही है । उन्होंने आशंका प्रकट की कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीति से जनसाधारण की बढ़ रही महंगाई से कमर टूट कर रह जाएगी ।

बाबा बुड्ढा जी नगर के लोग नगर निगम से दुःखी

जालन्धर, 1 अगस्त : बाबा बुड्ढा जी नगर, रामा मंडी के लोग नगर निगम से परेशान हैं । इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है और गलियां और नालियां कच्ची होने के कारण कीचड़ से भरी हुई हैं, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है । क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम का ध्यान कई बार इस तरफ दिलाया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

अमृसर में हैज़े का प्रकोप बढ़ रहा है : अश्विनी

अमृतसर, 1 अगस्त (सोनी): जिला यूथ इंका अमृतसर देहाती के महासचिव श्री अश्विनी कुमार ने नगर निगम अमृतसर के मेयर से मांग की है कि वह नगर निगम की जलापूर्ति में दवाओं की मिलावट सुनिश्चित बनाएं क्योंकि शहर में हैज़े का प्रकोप बढ़ रहा है, विशेषकर शहर की बाहरी आबादियों छहटा, पुतलीघर और विजय नगर में हैज़े के फैलने की अधिक शिकायतें हैं । यह भी मांग की गई है कि उक्त आबादियों में हैज़े के निःशुल्क टीके लगाने का भी प्रबन्ध किया जाए ।

जन्माष्टमी उत्सव मिल कर मनाएं

लुधियाना, 1 अगस्त (राजपाल): लुधियाना की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं भारती सेवा संघ की संचालिका महामंडलेश्वर स्वामी वेद भारती, श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान सुदर्शन अग्रवाल, श्री राम लीला कमेटी के प्रधान प्रेम पराशर, ओम प्रकाश विग, जय माता वैष्णो देवी ट्रस्ट के अमरनाथ जय माता इत्यादि ने सभी लोगों से अपील की है कि वे जन्माष्टमी उत्सव मिल कर मनाएं । इस



जालन्धर में वीर
निकट जी.टी. रो
हो जाने से 2
(ऊपर) दुर्घटना
शाम लाल औ
उल्लेखनीय है
मारुति कार त
दुर्घटना के बा
गया लेकिन
लिया गया ।

भाजपा के क

अमृतस
की हालत
पानी तथा
भाजपा सां
धरना दिया
लिए प्रभावी

मुक्ति

नई
पर्यावरणवि
अदालत में
के दौर से
पर्यावरण
अक्तूबर,
कोशिश
के वकील
दौरान क
अपने क
था ताकि
बातचीत
स्वैच्छि
उन्होंने
रिपोर्ट
लगाया
को नई
में उन



दयोर कैहंदा नच भाभिए
और अन्य कैसेटों के बाद RIMPY
CASSETTES पेश करते हैं, नए

पश्चिमी राजनायकों ने बताया कि ईराक की जनता की मानवीय आवश्यकताओं को देखते हुए ईराक द्वारा सीमित मात्रा में तेल बेचने पर अनौपचारिक सहमति हो गई है हालांकि अभी इस सम्बन्ध में विस्तार से बातचीत होनी बाकी है।

न कहीं किसी गाड़ी में कोई लाश मिल सकती है । सुरक्षा कड़ी कर दी गई है ।

इस बीच राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक आकस्मिक बैठक आज शाम यहां राजभवन

सूत्रों ने अपहर्त्ताओं की प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में बताया कि "कभी वे अपनी मांगें बढ़ा देते हैं और कभी कम कर देते हैं ।" श्री दुरई स्वामी का अपहरण करने वाले अलगाववादी संगठन इख्वानुल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चुनाव आयोग द्वारा "दुर्भावनावश" की गई कार्रवाई है क्योंकि चुनाव आयोग 19 जून तक विशेष रूप से बयान देता रहा था कि राज्य में चुनाव स्थगित नहीं किए जाएंगे । इस मामले पर सुनवाई 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है ।

'लैफ्टिनैंट जनरल', हथियारों के तस्कर समेत 8 मिलिटैंट मरे : 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 2 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एक लैफ्टिनैंट जनरल भाई धीर सिंह धीरा समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 5 लोगों की हत्या हुई ।

हथियारों का दुर्दांत तस्कर मारा गया : मजीठा पुलिस जिला के गांव मंदरांवाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हथियारों का एक दुर्दांत तस्कर एवं मिलिटैंट स्वर्ण सिंह मारा गया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मी स्वर्ण सिंह को फतेहगढ़ चूड़ियां से हथियारों की बरामदगी के बाद वापस लेकर जा रहे थे कि मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया । क्रास-फायरिंग में स्वर्ण सिंह मारा गया । स्वर्ण सिंह पाकिस्तान से खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) तथा बब्बर खालसा जैसे कई मिलिटैंट संगठनों को हथियारों की सप्लाई करता था । उसे 15 दिन पहले जम्मू में गिरफ्तार किया गया था । वह कई बार पाकिस्तान का दौरा कर चुका था । बताया जाता है कि पाकिस्तानी रेंजरों के साथ स्वर्ण सिंह ने दोस्ताना सम्बन्ध बना रखे थे और वे हथियारों की तस्करी में स्वर्ण सिंह को मदद देते थे ।

दो मिलिटैंट जहर खाकर मरे : अमृतसर शहर के कबीर नगर क्षेत्र में दो मिलिटैंटों स्वर्ण सिंह तथा दलजीत सिंह ने पुलिस के घेरे में आ जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली । उनसे एक माऊजर तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध थे और उन्होंने पिछले 2 महीनों के दौरान 6 बस यात्रियों समेत कम से कम 20 लोगों की हत्याएं की थीं ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : अमृतसर जिला के चौथा कलां गांव में मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर लक्खा सिंह, उसकी मां वीर कौर तथा बेटी महेन्द्र कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वीर कौर का पति पूरन सिंह घटनास्थल से भाग जाने के कारण बच गया।

मां-बेटी की हत्या : दसूहा से 'झावर' के अनुसार यहां से 1 किलो मीटर दूर थल्ले गांव में मिलिटैंटों ने आज दोपहर दो महिलाओं की हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 1.10 बजे दो मिलिटैंट रिटायर्ड डी.एस.पी. अजीत सिंह की कोठी पर आए । एक मिलिटैंट बाहर स्कूटर स्टार्ट करके खड़ा रहा, जबकि दूसरा कोठी के भीतर प्रवेश कर गया । उसने एक कमरे में मौजूद अजीत सिंह की पत्नी सुखदेव कौर तथा उनकी विवाहिता बेटी हरप्रीत कौर (24) से रिवाल्वर मांगी । उस समय श्री अजीत तथा उनका बेटा दूसरे कमरे में थे । पड़ोस वाले कमरे में शोर सुनकर वे दोनों उस कमरे में आ गए । इस पर मिलिटैंट ने फायरिंग शुरू कर दी । मां-बेटी रिटायर्ड डी.एस.पी. तथा उनके बेटे को बचाने के लिए उन दोनों के आगे कूद गई । गोलियां लगने से सुखदेव कौर की तो मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बेटी ने अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया । हमले में पिता-पुत्र बाल-बाल बच गए । वारदात के बाद मिलिटैंट चंडीदास लिंक रोड की तरफ फरार हो गए ।

कारिंदे की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि थाना बाघापुराना के गांव लधाई में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के कारिंदे बंत राम की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिला के राऊके कलां गांव में सुरक्षा बलों ने कल रात 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया। घटनास्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक तथा बड़े परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

मुकाबले में एक और मिलिटैंट मरा : जालन्धर (न.न.): भोगपुर थाना के अंतर्गत बहराम श्रेष्टा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके दो साथी बच कर भाग गए। घटनास्थल से एक बंदूक तथा 2 कारतूस भी बरामद हुए हैं।

घटना का विवरण : फिरोजपुर से 'कंतोड़' के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि कल शाम थाना जीरा के अन्तर्गत गांव बड़ा पहुंविड के खेतों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों की पहचान हो गई है । उनके नाम लछमन सिंह, हरबंस सिंह तथा मस्सा सिंह हैं । लछमन सिंह तथा हरबंस सिंह दुर्दांत मिलिटैंट थे । उक्त तीनों मिलिटैंटों का

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में मिलिटैंसी पर काफी सीमा तक नियंत्रण : मल्होत्रा

भटिंडा, 2 अगस्त : यहां से 40 किलोमीटर दूर गांव शेरगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए पंजाब के राज्यपाल जनरल ओ.पी. मल्होत्रा ने पंजाबियों द्वारा की जा रही मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस वर्ष गड़बड़ की स्थिति के रहते हुए भी राज्य में केंद्रीय भण्डार में 71 % गेहूं का योगदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हाल ही में लगभग 5000 अध्यापक एवं 500 डाक्टर भर्ती किए गए हैं ताकि गांवों के स्कूलों एवं अस्पतालों में स्टाफ की कमी न रहे। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वह उन कर्मचारियों के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजें जो गांवों में ड्यूटी पर नहीं पहुंचते। पंजाब सरकार ग्राम्य विकास के लिए शुरू किए गए विकास कार्यक्रम के अधीन इस वर्ष हर जिले में एक-एक बड़ा गांव सर्वपक्षीय विकासार्थ चुना जाएगा एवं इसके विकासार्थ 30 से 40 लाख रुपए प्रति गांव व्यय किए जाएंगे।

पंजाब में मिलिटैंसी का उल्लेख करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि इस पर काफी [illegible] जा चुका है एवं सुरक्षा बल इसका मुकाबला कर रहे हैं। भटिंडा शहर के सीवर एवं वर्षा के पानी के निकासार्थ 16.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 8 करोड़ रुपए इस वर्ष एवं 8.50 करोड़ रुपए आगामी वर्ष व्यय किए जाएंगे।

बोफोर्स मामले में बहस लम्बी खिंचने पर अफसोस व्यक्त

नई दिल्ली, 2 अगस्त (वार्ता): उच्च न्यायालय ने बोफोर्स तोप सौदे के मामले में जिरह लम्बी खिंचने पर आज फिर अफसोस जाहिर करते हुए सम्बद्ध पक्षों से कहा कि वे अपनी दलील तेजी से पूरी करें ।

न्यायमूर्ति एस.आर. पडियन ने कहा कि दलीलों को बेवजह लम्बा खींचा जा रहा है । वह न्यायमूर्ति के.जे. रेड्डी के साथ मामले की सुनवाई कर रहे हैं ।

एक याचिकाकर्त्ता एच.एस. चौधरी के वकील के.जी. भगत ने अदालत में कहा कि वह अपनी दलील बुधवार को पूरी कर लेंगे, ताकि दूसरा पक्ष अगले दिन से अपना जवाब दे सके ।

Punjabi Sanarani

3.8.1991

चुके हैं, परन्तु वहां से
गए हैं । अध्यापक
आग्रह किया है कि
जाए ।

: 18 मरे

(प.स.): यहां से 16
में कालिया सीर के
एक बस के गिर जाने
3 यात्रियों की मृत्यु हो
गए ।



बेटी श्वेता 7½
रेलू परेशानी की
वाले को उचित

विनोद सूरी
मपुरा, जालंधर

AND
REABOUT
831

VAY
CINEMA,
M, STORE,
WALL ON
FOR SITE

MOTORS,

DAYS TO :
LANDHAR.

ापन

ापार

ाना, जालंधर में किरयाना
जक जान-पहचान व विश्वास
ors या Retired Persons
business. Don't Miss
tunity. Write immedi-
23, Punjab Kesari,

(Pushpak/35W)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सम्बन्ध यादविंदर सिंह उर्फ यादू के गिरोह से था ।

श्री चट्टोपाध्याय ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों को यह सूचना मिली थी कि मिलिटैंटों ने दो लोगों का अपहरण कर लिया है तथा उन्होंने अपहृतों को गांव बड़ा पहुंविंड में छिपा रखा है । सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली । वहां छिपे बैठे मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर तीनों मिलिटैंट मारे गए तथा उनके कब्जे से दोनों अपहृतों कुलबीर सिंह और बाज सिंह को मुक्त करा लिया गया । कुलबीर सिंह ने बताया कि मिलिटैंटों ने उसकी रिहाई के बदले में आठ लाख रुपए मांगे थे । मुठभेड़ लगभग दो घंटे तक चली । घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक स्प्रिंग राइफल, दो अन्य राइफलें तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ ।

बम विस्फोट : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा श्रीहरगोबिन्दपुर में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के निकट बम विस्फोट किया, जिससे ठेके की एक दीवार गिर गई । धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ ।

फायरिंग : बटाला पुलिस जिला के ही गांव अक्करपुरा में कल रात मिलिटैंटों ने विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर फायरिंग की । सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

4 मिलिटैंट तथा उनका एक आश्रयदाता काबू : पटियाला (राजू): जिला पुलिस ने चार मिलिटैंटों तथा उनके एक आश्रयदाता को गिरफ्तार किया है । उनसे दो किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, एक राइफल, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है । पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम रुपिन्दर सिंह उर्फ रूपी, पुत्र निर्मल सिंह, जसपाल सिंह उर्फ पाला, पुत्र संत सिंह, सुपिन्द्र सिंह, पुत्र जसवन्त सिंह, गुरदर्शन सिंह, पुत्र किरपाल सिंह तथा सुरजन सिंह पुत्र बलकार सिंह हैं । पूछताछ के दौरान सुपिंदर सिंह ने स्वीकार किया है कि उसने अपने साथियों से मिलकर रोपड़ जिला के संत माजरा में सुच्चा सिंह तथा खरड़ में एक डाक्टर की हत्या की थी । उसने यह भी माना है कि वह हत्या तथा हथियार छीनने की कई अन्य घटनाओं में भी संलिप्त था । उसने स्थानीय राजपुरा रोड से एक बजाज चेतक स्कूटर (नं. 11-बी-3455) भी छीना था ।

20 हजार रुपए छीने : नवांशहर (शर्मा): आज यहां दोपहर पौने दो बजे यहां की फर्म मैसर्स भगत फ्रूट प्रोडक्टस का कर्मचारी धर्मपाल यूको बैंक से 20 हजार रुपए लेकर स्कूटर पर आ रहा था । जब वह आर्य समाज रोड पर अपनी दुकान से 20 गज की दूरी पर था तो दो युवक स्कूटर सवारों ने रिवाल्वर दिखा कर कैश का थैला छीन लिया और फरार हो गए । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल भाई धीर सिंह उर्फ धीरा, जो गुरजंट सिंह बुद्धसिंहवाला धड़े से सम्बन्धित था, ने आज सुरक्षा बलों द्वारा जंडियाला थाने के कुछ गांवों में किए गए तलाशी अभियान के दौरान गांव मानूवाल में अपने दो साथियों के साथ पकड़े जाने के बाद सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । धीरा के साथ पकड़े गए मिलिटैंटों में से एक तरनतारन पुलिस में कार्यरत पुलिस कांस्टेबल था । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार धीरा लुधियाना, फिरोजपुर, संगरूर जिलों में कई हत्याओं में वांछित था और उसके सिर पर 5 लाख रुपए का ईनाम था ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के बुंडाला गांव में आपसी लड़ाई के कारण महिन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

मेघालय सरकार गिराने के लिए विधायकों का अपहरण

नई दिल्ली, 2 अगस्त (वार्ता): मेघालय में कुछ विधायकों का कथित अपहरण कर वहां की सरकार को गिराने के प्रयासों पर आज संसद के दोनों सदनों में गहरी चिंता व्यक्त की गई। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी ने यह



फिरोजपुर जिला के गांव बड़ा पहुंविंड में वीरवार शाम को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों (1) हरबंस सिंह, (2) लछमन सिंह तथा (3) मस्सा सिंह के शव और (4 एवं 5) उनके कब्जे से मुक्त कराए गए कुलदीप सिंह व बाज सिंह । (छाया : बागी)

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुसलमीन ने धमकी दी थी कि यदि जावेद अहमद शल्ला सहित जेलों में बंद सात अलगाववादियों को आज दोपहर बाद 3 बजे तक रिहा नहीं किया गया तो श्री दुरई स्वामी की हत्या कर दी जाएगी । अपहरणकर्त्ता अभी तक खामोश बैठे हैं ।

राज्यपाल श्री जी.सी. सक्सेना ने कहा कि सरकार ने श्री दुरई स्वामी की रिहाई के लिए आज दोपहर बाद तक मध्यस्थों से सम्पर्क बनाए रखा, हालांकि अपहर्त्ताओं ने दावा किया है कि वे श्री दुरई स्वामी के भाग्य का फैसला कर चुके हैं । उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इख्वानुल मुसलमीन को कभी भी यह धमकी नहीं दी थी कि यह श्री दुरई स्वामी की रिहाई के लिए अपने अधीन पूरे बलों को लगा देगी ।

श्री सक्सेना ने इख्वानुल मुसलमीन के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि सरकार को मीडिया के जरिए ही इख्वानुल मुसलमीन के बयान का पता चला था ।

उन्होंने कहा, "हम आज दोपहर बाद तक मध्यस्थों के साथ सम्पर्क बनाए रहे । हमें मध्यस्थों से इस प्रकार का कोई संदेश नहीं मिला है । यह सच है कि हमने श्री दुरई स्वामी और जेलों में बंद अलगाववादियों की साथ-साथ रिहाई के लिए जोर डाला था । यह सच है कि हम नहीं चाहते थे कि कोई भी पक्ष शरारत करे । हमने इस बयान को ध्यान में रखा था ।"

सरकार और अपहर्त्ताओं में 19 जुलाई को हुए समझौते के अंतर्गत सरकार द्वारा 20 जुलाई को तीन अलगाववादी छोड़े जाने थे, जिसके तीन घंटे बाद श्री दुरई स्वामी को रिहा किया जाना था । मध्यस्थ बने श्री नजीर अहमद सिद्दीकी ने समझौते के अनुसार 20 जुलाई को सायं 6 बजे तीन अलगाववादी इख्वानुल मुसलमीन को सौंप दिए थे परन्तु जब वह श्री दुरई स्वामी को लाने के लिए गए तो अलगाववादियों द्वारा बंधक बना लिए गए और इसके 10 दिन बाद रिहा किए गए थे ।

58 वर्षीय श्री दुरई स्वामी के अपहरण का आज 36वां दिन है । उनका गत 28 जून को यहां से 15 कि.मी. दूर बलहामा जेवान में स्थित मिट्टी के तेल के डिपो से उस समय अपहरण कर लिया गया था, जब वह डिपो का निरीक्षण कर रहे थे ।

सेना व सुरक्षा बलों ने बड़गाम जिले के कुछ क्षेत्रों और श्रीनगर में अलगाववादियों और उनके समर्थकों को पकड़ने के अभियान के अंतर्गत घर-घर की तलाशियां लीं ।

उल्फा ने अपहृतों की रिहाई की समय-सीमा बढ़ा दी

गुवाहाटी, 2 अगस्त : उल्फा ने आज अपहृत व्यक्तियों की रिहाई की समय-सीमा अनिश्चित काल तक बढ़ा दी ताकि सरकार जेल में बंद उल्फा कार्यकर्त्ताओं और उनके समर्थकों की रिहाई की व्यवस्था कर सके । उल्फा के 'कमांडर-इन-चीफ' परेश बरुआ ने यहां जारी अपने बयान में कहा कि जब तक सरकार उनके कार्यकर्त्ताओं को रिहा नहीं करेगी, किसी भी उपहृत व्यक्ति नहीं छोड़ा जाएगा ।

इसी मध्य असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने आज कहा कि उनकी सरकार ने उल्फा के साथ कोई सीधा सम्पर्क स्थापित नहीं किया है ।

5 यात्री लेकर 'एटलांटिस' अंतरिक्ष में रवाना

केप केनावरल, 2 अगस्त (वार्ता): अमरीकी यान 'एटलांटिस' को आज सुबह ग्यारह बज कर दो मिनट पर अंतरिक्ष में छोड़ा गया । सौ टन वज़न वाले इस यान पर पांच अंतरिक्ष यात्री सवार हैं । इसके साथ एक संचार उपग्रह भी भेजा गया है । यान भारी गरज के साथ अपने दोनों बूस्टर राकेटों से ज्वाला छोड़ता हुआ उठा और एटलांटिक महासागर के ऊपर से होता हुआ आकाश में चला गया ।

चंडीगढ़ पंजाब को देने की घोषणा तुरन्त की जाए : उमरानंगल

फगवाड़ा, 2 अगस्त (अशोक): वयोवृद्ध वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार जीवन सिंह उमरानंगल ने पंजाब की विगत 13 वर्षों से लटक रही समस्या के समाधान हेतु चंडीगढ़ पंजाब को तत्काल देने की घोषणा करने, क्षेत्रीय व जल विवाद का निर्णय करने हेतु पंजाब, हरियाणा व हिमाचल के सभी राजनीतिक दलों की संयुक्त बैठक बुला कर आम सहमति पर पहुंचने तथा इन तीनों राज्यों के प्रशासकीय प्रमुखों (पंजाब के राज्यपाल, हरियाणा व हिमाचल के मुख्यमंत्रियों) की संयुक्त बैठक बुला कर ठोस रचनात्मक निष्कर्ष पर पहुंचने की केंद्र से अपील की है ।

आज यहां इस सम्वाददाता के साथ विशेष भेंटवार्ता के दौरान जत्थेदार उमरानंगल ने केंद्र व राज्यों के सम्बन्धों व राज्यों को अधिक अधिकार देने के मामले के हल हेतु सरकारिया आयोग की रिपोर्ट तुरन्त लागू करने की मांग की ।

जालन्धर नगर निगम के व उपमहापौर के चुन

चंडीगढ़, 2 अगस्त (राजेन्द्र गुप्ता): पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय की एक खण्डपीठ ने आज जालन्धर नगर निगम के पार्षद मनोरंजन कालिया द्वारा दायर एक याचिका के आधार पर निगम के वरिष्ठ उप महापौर व उप महापौर के चुनाव पर रोक लगा दी है। जस्टिस आई.एस. टिवाना व जस्टिस जे.एल. गुप्ता पर आधारित खण्डपीठ ने पंजाब सरकार व जालन्धर के आयुक्त को आगामी 14 अगस्त 1991 तक लिखित वक्तव्य देने के आदेश भी जारी किए हैं।

श्री कालिया ने अपनी याचिका में दलील दी है कि गत 12 जून 1991 को महापौर के चुनाव हुए, मगर वरिष्ठ उपमहापौर व उपमहापौर के चुनाव नहीं करवाए गए क्योंकि मतदान पद्धति के आधार पर इंका यह दोनों पद प्राप्त नहीं कर सकी थी। इसीलिए इन चुनावों को कुछ देर के लिए रद्द कर दिया गया ताकि मतदाताओं को लुभाया जा सके। इस केस में श्री कालिया की ओर से एडवोकेट जे.के. सिबल पेश हुए जबकि जालन्धर नगर निगम का प्रतिनिधित्व पूर्व विधि मंत्री जगन्नाथ कौशल व टी.एस. दोआबिया ने किया तथा पंजाब सरकार की ओर से ओ.पी. गोयल ने बहस में भाग लिया।

जालन्धर से 'ढल्ल' के अनुसार इस याचिका में मुख्य बात यह कही गई है कि स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जो पहले दिशा-निर्देशन किया गया था, उसके अनुसार सीनियर व डिप्टी मेयर का चुनाव एक वोट से किया जना चाहिए, किन्तु जालन्धर निगम के मेयर की बार-बार कोशिश के परिणामस्वरूप जो स्पष्टीकरण विभाग की ओर से दिया गया है, उसके अनुसार यह मेयर की मर्ज़ी पर छोड़ दिया गया है कि वह एक वोट से या दो वोट की व्यवस्था से चुनाव करवाए, जो कि सम्बन्धित नियमों की भावना के प्रतिकूल है ।

दूसरी ओर आज मेयर ने उक्त दोनों पदों के लिए चुनाव के लिए निगम की जो बैठक 3 बजे बाद दोपहर बुलाई हुई थी, वह स्थगित कर दी गई । स्थगित करने का नोटिस प्रातः 9.30 बजे ही जारी

रुपए का मूल्य 9.94 पैसे !

नई दिल्ली, 2 अगस्त (वार्ता): औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (1960 को आधार वर्ष मान कर) के अनुसार आंके जाने पर रुपए का वर्तमान मूल्य मई 1991 में 9.94 पैसे रह गया था । यह जानकारी आज लोकसभा में वित्त राज्यमंत्री श्री रामेश्वर ठाकुर ने श्री हरिकेवल प्रसाद को एक लिखित उत्तर में दी ।

खोखों के पक्का होने के इंतज़ार में 44 वर्ष गुज़र गए !

लुधियाना, 2 अगस्त (कुलदीप आहूजा): पंजाब के प्रमुख औद्योगिक नगर लुधियाना के मुख्य बाजार चौड़ा बाजार में कुछ खोखों वाले दुकानदार सन 1947 से अपने खोखों को पक्की दुकानें बनाने का इंतज़ार कर रहे हैं ।

चौड़ा बाजार दुकानदार संघ के प्रधान श्री शंकर दास ने बताया कि चौड़ा बाजार में तहसील के आगे 45 खोखे हैं, जिनसे लोग अपनी रोटी-रोज़ी कमाते हैं । 1947 से यहां बसे हुए यह दुकानदार पिछले कई वर्षों से प्रयत्न कर रहे हैं कि उनकी दुकानें पक्की बन जाएं लेकिन न तो जिला प्रशासन, न नगर निगम और न ही पंजाब सरकार इस समस्या पर ध्यान देती है ।

पंजाब को आंत्रशोथ आदि से बचाने की बहुपक्षीय रणनीति

चंडीगढ़, 2 अगस्त : पड़ौसी राज्य में फैले हैं एवं पेट की बीमारियों के कारण काफी संख्या में मृत्यु के केसों को मुख्य रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पंजाब ने इस बात को विश्वसनीय बनाने के लिए कि यह बीमारी पंजाब वासियों में न फैले, इ



ने के लिए आधुनिक कमरों
स्वागत है।

एडवास बुकिंग के लिए
सकता है

UR

UMWARES



Serving Sets, Trays
other Gift items.

जाएगा।

इसके उपरान्त उन्होंने जिला अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित किया, जिसमें जिला में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया।

पत्रकारों को बताया कि 'जावेद अहमद शल्ला के मामले पर अलग से विचार किया जाएगा ।' उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि रिहा किए जाने वाले अलगाववादियों की सूची में शल्ला भी शामिल

अहमद शल्ला को भी रिहा करने के सिद्धांत पर सहमत हो गई है ।

अधिकारियों ने मध्यस्थों के जरिए अपने ताजा प्रस्ताव आज अपहर्त्ताओं के पास पहुंचाए ताकि 37 दिन पुराना संकट हल किया जा सके । सरकारी सूत्रों ने बताया कि सरकार अब इन प्रस्तावों पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उन्होंने कहा कि हाल ही के वर्षों में जो महत्व घटनाएं हुई हैं । वर्षों तक अलग-अलग गुटों में कर रहे लोग जहां एक तरफ आंध्र प्रदेश, पंजा बंगाल और बिहार के सर्वाधिक प्रभावित सीमा क्षेत्रों में एक साथ आने के प्रयास में हैं, वहां दू तरफ नक्सलवादी और कुछ आतंकवादी गुट उ में समन्वय बढ़ा रहे हैं । उन्होंने कहा कि आने

एस.एस.पी. के भाई का अपहरण, प्रत्याशी के पुत्र तथा गनमैन सहित 10 की हत्या

दो एरिया कमांडरों समेत 11 मिलिटैंट मरे, 2 को छुड़ाया

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस जिले के वरिष्ठ अधीक्षक के भाई का गत रात संगरूर जिले में से अपहरण कर लिया तथा लुधियाना जिले में अपने दो साथियों को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया । इसके अलावा पिछले 24 घंटों में पंजाब में हुई अन्य वारदातों में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के चंडीगढ़ और रोपड़ जिलों के एरिया कमांडर हरप्रीत सिंह तथा एक अन्य एरिया कमांडर सहित 11 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने एक प्रत्याशी के पुत्र तथा गनमैन सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

एस.एस.पी. के भाई का अपहरण : मिलिटैंटों ने भटिंडा पुलिस जिले के हीरों कला गांव में से कल शाम मजीठा पुलिस जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमजीत सिंह के भाई डा. प्रभजीत सिंह को सरकारी पशु चिकित्सालय से अपहरण कर लिया। वह पशुओं के चिकित्सक है। अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट प्रमुख मिलिटैंट अवतार सिंह लड्डू की रिहाई की मांग कर रहे हैं। लड्डू को हाल ही में राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था। मिलिटैंटों ने धमकी दी है कि अगर लड्डू को मंगलवार से पूर्व रिहा नहीं किया गया तो डा. प्रभजीत सिंह की हत्या कर दी जाएगी।

वार्ता के अनुसार डा. प्रभजीत सिंह का अपहरण बब्बर खालसा के लै. जनरल माधा सिंह के नेतृत्व वाले गिरोह ने किया है। (शेष पृष्ठ 10 पर)

FROM 5.8.91 TO 17.8.91
SALE

SUMMER
SALE
Special offer!
Gent's Shirt
Rs. 85/- Only
DRASTIC CUT IN PRICES
KIDDIES, LADIES & GENTS GARMENT
Adam & Eve
CORNER
SHOP No. 7, OLD COURT
G.T. ROAD, JALANDHAR.

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

एरिया कमांडर सहित 2 मिलिटैंट मरे : संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस को सुराग मिला है कि डा. प्रभजीत सिंह को मिलिटैंट संगरूर जिले में ले आए हैं तथा अपहरण के पीछे बब्बर खालसा के एक प्रमुख मिलिटैंट भोला सिंह का हाथ है। भोला सिंह ने अभी तक पंजाब के अनेक लोगों का अपहरण किया है। इस सुराग के आधार पर मजीठा पुलिस जिले से आई एक पुलिस पार्टी ने गत रात तथा आज सुबह शेरपुर के एक निकटवर्ती गांव घनौरी कलां में भोला सिंह के एक छिपने के स्थान पर छापा मारा लेकिन वहां भोला सिंह नहीं मिला। इसके पश्चात् जब पुलिस दल तलाशी अभियान चलाता हुए गांव बहादुरपुर में तलाशी ले रहा था तो अचानक मिलिटैंटों ने पुलिस दल पर फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप संगरूर के एस.पी. (आप्रेशन) श्री जी.एस. संधू घायल हो गए। इस पर पुलिस ने मिलिटैंटों पर फायरिंग की तथा 2 मिलिटैंट मारे गए तथा अन्य फरार हो गए। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान निगम दीप सिंह तथा हरबंस सिंह फौजी के रूप में हुई है। निगम दीप स्वयं को बब्बर खालसा का एरिया कमांडर कहता था।

12 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने भटिंडा जिले से तीन और लुधियाना जिले से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दो प्रत्याशियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था : एजैंसी की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मारे गए एरिया कमांडर का नाम दया दीपक सिंह है। हरभजन सिंह मंड गट के इस मिलिटैंट पर हत्या, धन ऐंठने के 50 मामलों में शामिल होने का आरोप था। बताया जाता है कि संगरूर जिले से विधानसभा के दो निर्दलीय उम्मीदवारों अजमेर सिंह और दर्शन सिंह की हत्या में भी उसका हाथ था। चंडीगढ़ से कांग्रेस (इ) के लोकसभा सदस्य पवन कुमार बांसल के भाई के अपहरण में भी वह शामिल था।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात संगरूर से 20 कि.मी. दूर गांव बखोपीर में मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

अपहृत रिहा : मिलिटैंटों ने गत दिवस अहमदगढ़ के एक पैट्रोल पम्प से अशोक कुमार नामक जिस व्यक्ति का अपहरण कर लिया था, उसे आज छोड़ दिया गया।

राइफल छीन ली : धूरी (सिंगला): कल रात निकटवर्ती गांव भुजलहेड़ी में कुछ मिलिटैंटों ने भगवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे 315 बोर की राइफल छीन ली।

तलाशियां : कल रात जब पुलिस घनौड़ी कला गांव में तलाशियां ले रही थी तो धन्ना सिंह नामक एक युवक के भय के कारण छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी एक टांग टूट गई। इस पर पुलिस ने फायरिंग की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

एक की हत्या : संगरूर जिले के लाठर माजरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरूप चंद नाम के व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। वे उसकी बंदूक और मोटर साइकिल लेकर भाग गए।

दो की हत्या : फरीदकोट जिले के फेलूवाल गांव में बलविंदर सिंह नामक व्यक्ति को मार डाला। इसी जिले के रोडे गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरमेल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

प्रत्याशी के पुत्र, गनमैन की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार पहली वारदात रायकोट विधानसभा क्षेत्र के गांव बोपाराय में हुई जहां कुछ मिलिटैंट बसपा प्रत्याशी मलकीयत सिंह के घर आए और उसे साथ चलने को कहा। उसके इंकार करने पर मिलिटैंट उसके नौजवान बेटे गुरप्रीत सिंह को अपने साथ घर से बाहर, खेतों में ले गए। उसको कहा कि तेरा बाप तो नहीं आया, अब उसकी सजा तुझे दी जाएगी। इस पर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। मलकीयत सिंह को जो 2 गनमैन मिले हुए थे, वे शौच आदि के लिए खेतों में गए हुए थे। जब वे लौट रहे थे तो उनमें से एक विनय सूद की हत्या कर दी गई जबकि दूसरा बच निकला। जाते समय मिलिटैंट गनमैनों के हथियार भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

दो की हत्या : दूसरी वारदात गांव बड़ूंदी में हुई। कल रात 5 मिलिटैंट गांव में आए और कुलदीप सिंह तथा रामस्वरूप (सेवा निवृत्त कांस्टेबल) को बाहर खेतों में ले गए जहां दोनों की हत्या करके वे फरार हो गए।

सेवा निवृत्त कांस्टेबल की हत्या : तीसरी वारदात लुधियाना शहर के माता नगर क्षेत्र में हुई। सेवा निवृत्त कांस्टेबल गुरदयाल सिंह सुबह अपने घर की ओर दूध लेकर आ रहा था कि रास्ते में मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंटों के अनुसार वह पुलिस का मुखबिर था।

दो मिलिटैंटों को छुड़ा ले गए : चौथी घटना जिला के गांव खंजरवाल थाना जगराओं की है। बताया जाता है कि जगराओं पुलिस 2 मिलिटैंटों को असला वगैरा बरामद करने के उद्देश्य से लिए जा रही थी कि गांव खंजरवाल के निकट कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया और गिरफ्तार मिलिटैंटों दरबारा सिंह तथा जगजीत सिंह को हथकड़ियों सहित छुड़ा कर भाग जाने में सफल हो गए।

दो मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिले के अड्डिया गांव के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो मिलिटैंट कल रात मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक और एक स्कूटर बरामद किया गया।

एरिया कमांडर तथा एक अन्य मारा गया : रोपड़ (राकेश): कल रात रोपड़ जिले के खरड़ थाने के गांव पल्हेड़ी के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का चंडीगढ़ तथा रोपड़ जिलों का एरिया कमांडर हरप्रीत सिंह उर्फ असाल्ट

पत्रकार सम्मेलन में बताया कि नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया था। वे मोटर साइकिल पर आ रहे थे लेकिन रुकने के स्थान पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाब में की गई फायरिंग में दोनों मारे गए। हरप्रीत सिंह गुरदासपुर जिले के कलानौर का रहने वाला था। उनके पास से एक 38 बोर तथा एक 9 एम.एम. की पिस्तौल बरामद तथा कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है। पुलिस प्रमुख ने दावा किया कि इस गिरोह का आगामी कुछ दिनों में सफाया कर दिया जाएगा, क्योंकि गिरोह के शेष 5 सदस्यों का भी सुराग लगा लिया गया है। उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। श्री मुस्तफा ने बताया कि यह गिरोह रोपड़ जिले में एक दर्जन हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मारे गए मिलिटैंटों के पास से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

महेन्द्र के अनुसार श्री मुस्तफा ने बताया कि तथाकथित स्वयं भू एरिया कमांडर जिला रोपड़ के गांव मुंडी खरड़ के कामरेड जगदीश कुमार सहित दो अन्य व्यक्तियों की हत्या, खरड़ के एक ईंट भट्ठा मालिक विपन कुमार की हत्या, खरड़ के एक निरंकारी पान विक्रेता की हत्या, खरड़ थाना के अंतर्गत गांव फरदूल्लापुर के पवन कुमार की हत्या, मुंडी खरड़ गांव की एक महिला सुरेन्द्र कौर की हत्या, कुराली के गांव अल्लापुर से एक लाख रुपए नकद तथा स्वर्णाभूषण और एक पिस्तौल के लूटने, चंडीगढ़ के निकट गांव बिलौंगी के एक पैट्रोल पम्प से नकदी लूटने, मुंडी खरड़ से एक मोटर साइकिल छीनने, मोहाली के फेज दो में से एक मोटर साइकिल छीनने, खरड़ कस्बा के मुख्य बाजार में एक डाक्टर की हत्या करने तथा खरड़ क्षेत्र में से भारी रकमें वसूलने के लिए पत्र लिखने जैसे गम्भीर दोषों में पुलिस को वांछित था। वरिष्ठ पुलिस कप्तान ने बताया कि रोपड़ जिला से भिंडरांवाला टाइगर फोर्स तथा बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंधित 80 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है और उनमें से अनेक को अपना जीवन सुधारने के आश्वासन मिलने पर जमानतों पर छोड़ दिया गया है।

दोहरी सवारी पर तीन घंटों का प्रतिबंध : होशियारपुर (अश्विनी): जिला प्रशासन ने जिला भर में रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक बिना सशस्त्र गार्द के बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रक, कारें, मैटाडोर व अन्य चार पहिया वाहन नैशनल व राज्य हाईवे को छोड़ कर अन्य मार्गों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक नहीं चलाए जा सकेंगे। स्कूटरों, मोटर साइकलों व मोपडों आदि पर प्रातः 4 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोहरी सवारी बिठाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी अन्य आदेशों में कहा गया है कि जिला भर में शस्त्र लेकर चलने, जलसे जलूस आयोजित करने व लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी। यह सारे आदेश 30 सितम्बर 91 तक लागू रहेंगे।

ADMISSION GUIDANCE
HURRY UP !
A few seats available
Karnatka/Bihar.
M.B.A.; B.E., D. Pharma;
B. Pharma, B.A.M.S.
SUNBEAM COLLEGE
GHUMAR MANDI, LUDHIANA Phone 33770

फेल विद्यार्थी निराश न हों
—1 फेल, —2 करें
Arts Commerce, Science
(C.B.S.E, Bhopal)
आठवीं, नौवीं के बिना मैट्रिक करें
P.S.E.B. open School
Contact the Principal
ORIENTAL COLLEGE
Gole Market, Near Chander Ice-Cream Model Town, Ludhiana.

ADMISSION OPEN
For One Year Diploma in
Home Science
Contact :—
MRS. SANDHU's
HOME SCIENCE COLLEGE
Bhai Bala Chowk, Ludhiana.
Ph. : 23629.

सेहत, चुस्ती व तंन्दरुस्ती के माहिर
शाही खानदानी हकीमों के 13वें चमकदार सितारे



Punjabi Sanatani

लुधियाना (मुसाफिर) : जिला में चार वारदातों में मिलिटैंटों ने 5 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जिनमें 2 गनमैन, 2 सेवा निवृत्त कांस्टेबल तथा चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी का नौजवान बेटा शामिल है। इसके अतिरिक्त एक वारदात में मिलिटैंट अपने दो साथियों को हथकड़ियों सहित पुलिस की हिरासत से छुड़ा कर ले गए।

प्रत्याशी के पुत्र, गनमैन की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार पहली वारदात रायकोट विधानसभा क्षेत्र के गांव बोपाराय में हुई जहां कुछ मिलिटैंट बसपा प्रत्याशी मलकीयत सिंह के घर आए और उसे साथ चलने को कहा। उसके इंकार करने पर मिलिटैंट उसके नौजवान बेटे गुरप्रीत सिंह को अपने साथ घर से बाहर, खेतों में ले गए। उसको कहा कि तेरा बाप तो नहीं आया, अब उसकी सजा तुझे दी जाएगी। इस पर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। मलकीयत सिंह को जो 2 गनमैन मिले हुए थे, वे शौच आदि के लिए खेतों में गए हुए थे। जब वे लौट रहे थे तो उनमें से एक विनय सूद की हत्या कर दी गई जबकि दूसरा बच निकला। जाते समय मिलिटैंट गनमैनों के हथियार भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

दो की हत्या : दूसरी वारदात गांव बड़ैदी में हुई। कल रात 5 मिलिटैंट गांव में आए और कुलदीप सिंह तथा रामस्वरूप (सेवा निवृत्त कांस्टेबल) को बाहर खेतों में ले गए जहां दोनों की हत्या करके वे फरार हो गए।

सेवा निवृत्त कांस्टेबल की हत्या : तीसरी वारदात लुधियाना शहर के माता नगर क्षेत्र में हुई। सेवा निवृत्त कांस्टेबल गुरदयाल सिंह सुबह अपने घर की ओर दूध लेकर आ रहा था कि रास्ते में मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंटों के अनुसार वह पुलिस का मुखबिर था।

दो मिलिटैंटों को छुड़ा ले गए : चौथी घटना जिला के गांव खजरवाल थाना जगराओं की है। बताया जाता है कि जगराओं पुलिस 2 मिलिटैंटों को असला वगैरा बरामद करने के उद्देश्य से लिए जा रही थी कि गांव खजरवाल के निकट कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया और गिरफ्तार मिलिटैंट दरबारा सिंह तथा जगजीत सिंह को हथकड़ियों सहित छुड़ा कर भाग जाने में सफल हो गए।

दो मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिले के अड्डिया गांव के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो मिलिटैंट कल रात मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक और एक स्कूटर बरामद किया गया।

एरिया कमांडर तथा एक अन्य मारा गया : रोपड़ (राकेश) : कल रात रोपड़ जिले के खरड़ थाने के गांव पल्हेड़ी के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का चंडीगढ़ तथा रोपड़ जिलों का एरिया कमांडर हरप्रीत सिंह उर्फ असाल्ट उर्फबाड़ा तथा उसका एक साथी मारा गया।

जिला पुलिस प्रमुख मोहम्मद मुस्तफा ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया था। वे मोटर साइकिल पर आ रहे थे लेकिन रुकने के स्थान पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाब में की गई फायरिंग में दोनों मारे गए। हरप्रीत सिंह गुरदासपुर जिले के कलानौर का रहने वाला था। उनके पास से एक 38 बोर तथा एक 9 एम.एम. की पिस्तौल बरामद तथा कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है। पुलिस प्रमुख ने दावा किया कि इस गिरोह का आगामी कुछ दिनों में सफाया कर दिया जाएगा, क्योंकि गिरोह के शेष 5 सदस्यों का भी सुराग लगा लिया गया है। उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। श्री मुस्तफा ने बताया कि यह गिरोह रोपड़ जिले में एक दर्जन हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मारे गए मिलिटैंटों के पास से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

महेन्द्र के अनुसार श्री मुस्तफा ने बताया कि तथाकथित स्वयं भू एरिया कमांडर जिला रोपड़ के गांव मुंडी खरड़ के कामरेड जगदीश कुमार सहित दो अन्य व्यक्तियों की हत्या, खरड़ के एक ईंट भट्ठा मालिक विपन कुमार की हत्या, खरड़ के एक निरंकारी पान विक्रेता की हत्या, खरड़ थाना के अंतर्गत गांव फरदूलापुर के पवन कुमार की हत्या, मुंडी खरड़ गांव की एक महिला सुरेन्द्र कौर की हत्या, कुराली के गांव अल्लापुर में एक लाख रुपए नकद तथा स्वर्णाभूषण और एक पिस्तौल के लूटने, चंडीगढ़ के निकट गांव बिलौंगी के एक पैट्रोल पम्प से नकदी लूटने, मुंडी खरड़ से एक मोटर साइकिल छीनने, मोहाली के फेज दो में से एक मोटर साइकिल छीनने, खरड़ कस्बा के मुख्य बाजार में एक डाक्टर की हत्या करने तथा खरड़ क्षेत्र में से भारी रकम वसूलने के लिए पत्र लिखने जैसी गम्भीर वारदातों में पुलिस को वांछित था। वरिष्ठ पुलिस कप्तान ने बताया कि रोपड़ जिला से भिंडरावाला टाइगर फोर्स तथा बब्बर खालसा इंटरनैशनल के संबंधित 80 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है और उनमें से अनेक को अपना जीवन सुधारने के आश्वासने मिलने पर जमानतों पर छोड़ दिया गया है।

दोहरी सवारी पर तीन घंटों का प्रतिबंध : होशियारपुर (अश्विनी) : जिला प्रशासन ने जिला भर में रात 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू लगाने के बाद अब इसमें और अधिक ढील देते हुए रात 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहनों को ही चलने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.के. सिन्हा ने जिला भर में दोहरी सवारी पर तीन घंटों का प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार सुबह 5 बजे से 8 बजे तक, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक तथा रात 7 बजे से 10 बजे तक दोहरी सवारी पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन आदेशों के अनुसार सभी प्रकार के वाहनों पर यह प्रतिबंध लागू होगा। इन आदेशों के अनुसार जिला में कर्फ्यू के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन आदेशों के अनुसार जिला में कर्फ्यू के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन आदेशों के अनुसार जिला में कर्फ्यू के दौरान सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया : भारत-पाक सीमा के जलालाबाद में मारा गया।

रेलवे स्टेशन मास्टर से नकदी छीनी : मंडी गोबिन्दगढ़ (सेवक) : गत दिनों स्थानीय रेलवे स्टेशन के सुपरिंटैंडैंट हरदेव सिंह से दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा 4032 रुपए की नकदी छीने जाने का समाचार है। बताया जाता है कि वह स्टेट बैंक आफ पटियाला गुरु की नगरी में पैसे जमा करवाने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में दो संदिग्ध स्कूटर सवारों ने उनसे बैग छीन लिया। इस बारे में पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है।

मुठभेड़ में 2 और मिलिटैंट मरे : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार लोपोके थाना पुलिस ककड़ कला गांव में तलाशियां ले रही थी कि 2 मिलिटैंट पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के बाद निकटवर्ती गांव राय में खेतों में जा छिपे। पुलिस ने उनका पीछा किया और उन्हें घेर लिया। इस बीच वहां और सुरक्षा बलों को बुला लिया गया। एक घंटे तक चले मुकाबले में दोनों मिलिटैंट मारे गए। उनका नाम संतोख सिंह उर्फ सुक्खा तथा बलविंदर सिंह उर्फ बिल्ला हैं। खालिस्तान कमांडो फोर्स के जफरवाल गुट से सम्बद्ध ये दोनों मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं में संलिप्त थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 4 मैगजीन, एक .303 बोर राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के गांव पखोके में से आज जसबीर सिंह नामक एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव मिला। उसका दूसरे गुट के मिलिटैंटों ने कल उसके घर से अपहरण कर लिया था।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : लोपोके थाना के गांव फागवां के निकट आज एक नाका पार्टी ने एक कार को जांच के लिए रोका तो सर्बजीत सिंह तथा बूटा सिंह नामक दो मिलिटैंटों ने कार छोड़ कर भागने का प्रयास किया, परन्तु सुरक्षा बलों ने उनका पीछा करके उन्हें तुरन्त दबोच लिया। उनके पास से एक बम तथा ए.के.47 राइफल के 15 कारतूस बरामद किए गए हैं। कार जब्त कर ली गई है।

हवलदार की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग) : थाना मेहता के अधीन मैसमपुर गांव में अमृतसर कोतवाली का हवालदार जगजीत सिंह किसी सरकारी कार्य से जा रहा था कि गांव के बाहर ही कुछ मिलिटैंटों ने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात युवक की लाश मिली : जंडियाला थाना के अधीन गदली गांव में एक क्लीन शेव अज्ञात युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है।

पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है।

के.सी.एफ. का मिलिटैंट मरा : बटाला (कौछड़, चौधरी) : थाना सदर बटाला के गांव अर्जुन मांगा के निकट गत रात सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया था लेकिन उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी। जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया तथा दूसरा फरार हो गया। मृतक के निकट से एक .32 बोर की विदेशी पिस्तौल, के.सी.एफ. के तीन लैटर पैड तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिला के जण्डियाला थाना क्षेत्र के अधीन कड़ियां तथा अमर खुर्द गांवों के मध्य एक ड्रेन के पुल पर आज रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक रिवाल्वर, एक बन्दूक तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है।

दुरई स्वामी

(पृष्ठ 1 का शेष)

अलगाववादियों के उत्तर का इतजार कर रही है। परन्तु श्री दुरई स्वामी के अपहर्त्ताओं ने ताजा प्रस्तावों पर अपनी खामोशी अभी नहीं तोड़ी है। संगठन ने ऐलान किया है कि उसने गत रात अधिकारियों से बातचीत विफल होने के बाद श्री दुरई स्वामी की किस्मत का फैसला कर दिया है। राज्य पुलिस के महानिदेशक जे.एन. सक्सेना ने श्री दुरई स्वामी और अलगाववादियों की एक साथ अदला-बदली की सरकार की पेशकश को दोहराया है।

इस बीच कश्मीर घाटी में कल रात से एक अलगाववादी मारा गया और 14 अलगाववादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अलगाववादी ने सुरक्षा बलों के सामने आत्म-समर्पण कर दिया। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार कुपवाड़ा जिले के कालगली क्षेत्र में तलाशी के दौरान एक अलगाववादी मारा गया और दो अन्य को गिरफ्तार किया गया। श्रीनगर में करणनगर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में कल रात एक बम पाया गया, जिसे बाद में बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। दक्षिणी कश्मीर के सोपोर क्षेत्र में स्थित तारजू में कल रात दो अलगाववादी गिरोहों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन व्यक्ति घायल हो गए। कल रात एक पाक प्रशिक्षित अलगाववादी ने सुरक्षा बलों के समक्ष समर्पण कर दिया। इसके अलावा पुलिस ने आज 12 अलगाववादियों को कुपवाड़ा जिले में गिरफ्तार किया।

सुरक्षा चौकियों पर हमला : कल रात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की राजबाग स्थित चौकियों पर अलगाववादियों ने हथगोले फैंके और बारजुल्ला की चौकियों पर राकेटों से हमले किए। दोनों स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायर किए लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

आज सुबह बस्ती में उस समय आतंक फैल गया जब अलगाववादियों ने हाजी मस्जिद बस्ती के निकट गोली बारी शुरू की। सूत्रों के अनुसार इस घटना में भी कोई हताहत नहीं हुआ।

रीडर का अपहरण : कश्मीर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में रीडर फैयाज अहमद का कल विश्वविद्यालय परिसर से अपहरण कर लिया गया। किसी संगठन ने अभी तक उनके अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुल जला दिया : अनंतनाग जिले में डोरु को पर्यटक स्थल कोकरनाग से जोड़ने वाले लकड़ी के पुल को कल रात अलगाववादियों ने आग लगा दी। पुल का काफी भाग नष्ट हो गया।

अलगाववादी संगठनों में विभाजन : प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख जावेद अहमद मीर द्वारा विरोधी अलगाववादी संगठन पर विश्वासघात का आरोप लगाए जाने के साथ ही कश्मीरी अलगाववादी संगठनों के अंदर विभाजन स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आ गया है।

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के स्वयंभू चीफ कमांडर जावेद अहमद मीर ने एक विशेष अलगाववादी संगठन को अपहरण और फ्रंट की गतिविधियों को निष्क्रिय बना देने की अपनी कार्रवाई से बाज आने के लिए दस दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस अलगाववादी नेता ने जुम्मे की नमाज अदा करने के दौरान ऐतिहासिक जामा मस्जिद में सार्वजनिक रूप से विरोधी अलगाववादी संगठन पर हमले किए। उसने कहा कि अगर किसी

अमरनाथ यात्रा

नासिक कुम्भ-बम्बई

प्रस्थान : 17.8.91 (11 दिन)

पोर्ट ब्लेयर अंडमान निकोबार, त्रिवेंद्रम, गोआ, मैसूर, द्वारिका, सोमनाथ, माऊंट आबू, पुरी, अयोध्या, पटना, गया, कटड़ा, ज्वालाजी, कांगड़ा। प्रस्थान : 27, 28 सितम्बर, 4, 5, 11 अक्तूबर। डीलक्स कोचिज़ द्वारा एल.टी.सी. का लाभ उठाएं।

अकबर टूरिस्ट

848, लाजपत राय मार्केट, दिल्ली-6.

फोन : 231005 2518374

Corrigendum

Reference Punjab State Shubh Lakshmi Deluxe Weekly Lottery result of 15th Draw Published in this Newspaper on 1.8.91. Please read the following line after 2nd Prize. "All tickets ending with following numbers in all series."

पेट के रोगों

का खास खानदानी आयुर्वैदिक इलाज। हमारे इलाज से बढ़े हुए पेट व शरीर के भारीपन को ठीक करने हेतु मिलें या लिखें, खोई हुई सेहत हेतु भी मिलें :

डा. गुप्ता—

गुप्ता दवाखाना (रजि.), नया फव्वारा चौक, निकट बैंक आफ बड़ौदा, यमुनानगर-135001

निकास

शनिवार लॉटरी

3.8.91 को सम्पन्न 22वें ड्रा का परिणाम :

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- VG-136588

Punjab Sanchar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

एरिया कमांडर सहित 2 मिलिटैंट मरे : संगरूर से गर्ग के अनुसार पुलिस को सुराग मिला है कि डा. प्रभजीत सिंह को मिलिटैंट संगरूर जिले में ले आए हैं तथा अपहरण के पीछे बब्बर खालसा के एक प्रमुख मिलिटैंट भोला सिंह का हाथ है। भोला सिंह ने अभी तक पंजाब के अनेक लोगों का अपहरण किया है। इस सुराग के आधार पर मजीठा पुलिस जिले से आई एक पुलिस पार्टी ने गत रात तथा आज सुबह शेरपुर के एक निकटवर्ती गांव घनौरी कलां में भोला सिंह के एक छिपने के स्थान पर छापा मारा लेकिन वहां भोला सिंह नहीं मिला। इसके पश्चात् जब पुलिस दल तलाशी अभियान चलाता हुए गांव बहादुरपुर में तलाशी ले रहा था तो अचानक मिलिटैंटों ने पुलिस दल पर फायरिंग कर दी जिसके परिणामस्वरूप संगरूर के एसपी. (आप्रेशन) श्री जी.एस. संधू घायल हो गए। इस पर पुलिस ने मिलिटैंटों पर फायरिंग की तथा 2 मिलिटैंट मारे गए तथा अन्य फरार हो गए। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान निगम दीप सिंह तथा हरबंस सिंह फौजी के रूप में हुई है। निगम दीप स्वयं को बब्बर खालसा का एरिया कमांडर कहता था।

12 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने भटिंडा जिले से तीन और लुधियाना जिले से दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दो प्रत्याशियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था : एजैंसी की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मारे गए एरिया कमांडर का नाम दया दीपक सिंह है। हरभजन सिंह मंड गट के इस मिलिटैंट पर हत्या, धन ऐंठने के 50 मामलों में शामिल होने का आरोप था। बताया जाता है कि संगरूर जिले से विधानसभा के दो निर्दलीय उम्मीदवारों अजमेर सिंह और दर्शन सिंह की हत्या में भी उसका हाथ था। चंडीगढ़ से कांग्रेस (इ) के लोकसभा सदस्य पवन कुमार बांसल के भाई के अपहरण में भी वह शामिल था।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात संगरूर से 20 कि.मी. दूर गांव बखोपीर में मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

अपहृत रिहा : मिलिटैंटों ने गत दिवस अहमदगढ़ के एक पैट्रोल पम्प से अशोक कुमार नामक जिस व्यक्ति का अपहरण कर लिया था, उसे आज छोड़ दिया गया।

राइफल छीन ली : धूरी (सिंगला): कल रात निकटवर्ती गांव भुजलहेड़ी में कुछ मिलिटैंटों ने भगवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उससे 315 बोर की राइफल छीन ली।

तलाशियां : कल रात जब पुलिस घनौड़ी कलां गांव में तलाशियां ले रही थी तो धन्ना सिंह नामक एक युवक के भय के कारण छत से छलांग लगा दी, जिससे उसकी एक टांग टूट गई। इस पर पुलिस ने फायरिंग की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

एक की हत्या : संगरूर जिले के लोठर माजरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरूप चंद नाम के व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। वे उसकी बंदूक और मोटर साइकिल लेकर भाग गए।

दो की हत्या : फरीदकोट जिले के फेलूवाल गांव में बलविंदर सिंह नामक व्यक्ति को मार डाला। इसी जिले के रोडे गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरमेल सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

लुधियाना (मुसाफिर): जिला में चार वारदातों में मिलिटैंटों ने 5 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी, जिनमें 2 गनमैन, 2 सेवा निवृत्त कांस्टेबल तथा चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी का नौजवान बेटा शामिल है। इसके अतिरिक्त एक वारदात में मिलिटैंट अपने दो साथियों को हथकड़ियों सहित पुलिस की हिरासत से छुड़ा कर ले गए।

प्रत्याशी के पुत्र, गनमैन की हत्या : पुलिस सूत्रों के अनुसार पहली वारदात रायकोट विधानसभा क्षेत्र के गांव बोपाराय में हुई जहां कुछ मिलिटैंट बसपा प्रत्याशी मलकीयत सिंह के घर आए और उसे साथ चलने को कहा। उसके इंकार करने पर मिलिटैंट उसके नौजवान बेटे गुरप्रीत सिंह को अपने साथ घर से बाहर, खेतों में ले गए। उसको कहा कि तेरा बाप तो नहीं आया, अब उसकी सजा तुझे दी जाएगी। इस पर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। मलकीयत सिंह को जो 2 गनमैन मिले हुए थे, वे शौच आदि के लिए खेतों में गए हुए थे। जब वे लौट रहे थे तो उनमें से एक विनय सूद की हत्या कर दी गई जबकि दूसरा बच निकला। जाते समय मिलिटैंट गनमैनों के हथियार भी साथ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

दो की हत्या : दूसरी वारदात गांव बड़ूंदी में हुई। कल रात 5 मिलिटैंट गांव में आए और कुलदीप सिंह तथा रामस्वरूप (सेवा निवृत्त कांस्टेबल) को बाहर खेतों में ले गए जहां दोनों की हत्या करके वे फरार हो गए।

सेवा निवृत्त कांस्टेबल की हत्या : तीसरी वारदात लुधियाना शहर के माता नगर क्षेत्र में हुई। सेवा निवृत्त कांस्टेबल गुरदयाल सिंह सुबह अपने घर की ओर दूध लेकर आ रहा था कि रास्ते में मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंटों के अनुसार वह पुलिस का मुखबिर था।

दो मिलिटैंटों को छुड़ा ले गए : चौथी घटना जिला के गांव खंजरवाल थाना जगराओं की है। बताया जाता है कि जगराओं पुलिस 2 मिलिटैंटों को असला वगैरा बरामद करने के उद्देश्य से लिए जा रही थी कि गांव खंजरवाल के निकट कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया और गिरफ्तार मिलिटैंटों दरबारा सिंह तथा जगजीत सिंह को हथकड़ियों सहित छुड़ा कर भाग जाने में सफल हो गए।

दो मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिले के अड्डिया गांव के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो मिलिटैंट कल रात मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्तौल, एक बंदूक और एक स्कूटर बरामद किया गया।

एरिया कमांडर तथा एक अन्य मारा गया : रोपड़ (राकेश): कल रात रोपड़ जिले के खरड़ थाने के गांव पल्हेड़ी के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का चंडीगढ़ तथा रोपड़ जिलों का एरिया कमांडर हरप्रीत सिंह उर्फ असाल्ट उर्फलाडी तथा उसका एक साथी पप्पू मारा गया। जिला पुलिस प्रमुख मोहम्मद मुस्तफा ने यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि नाका पार्टी ने उन्हें रुकने का संकेत किया था। वे मोटर साइकिल पर आ रहे थे लेकिन रुकने के स्थान पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाब में की गई फायरिंग में दोनों मारे गए। हरप्रीत सिंह गुरदासपुर जिले के कलानौर का रहने वाला था। उनके पास से एक 38 बोर तथा एक 9 एम.एम. की पिस्तौल बरामद तथा कुछ गोली सिक्का बरामद हुआ है। पुलिस प्रमुख ने दावा किया कि इस गिरोह का आगामी कुछ दिनों में सफाया कर दिया जाएगा, क्योंकि गिरोह के शेष 5 सदस्यों का भी सुराग लगा लिया गया है। उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। श्री मुस्तफा ने बताया कि यह गिरोह रोपड़ जिले में एक दर्जन हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मारे गए मिलिटैंटों के पास से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

महेन्द्र के अनुसार श्री मुस्तफा ने बताया कि तथाकथित स्वयं भू एरिया कमांडर जिला रोपड़ के गांव मुंडी खरड़ के कामरेड जगदीश कुमार सहित दो अन्य व्यक्तियों की हत्या, खरड़ के एक ईंट भट्ठा मालिक विपन कुमार की हत्या, खरड़ के एक निरंकारी पान विक्रेता की हत्या, खरड़ थाना के अंतर्गत गांव फरदूल्लापुर के पवन कुमार की हत्या, मुंडी खरड़ गांव की एक महिला सुरेन्द्र कौर की हत्या, कुराली के गांव अल्लापुर से एक लाख रुपए नकद तथा स्वर्णाभूषण और एक पिस्तौल के लूटने, चंडीगढ़ के निकट गांव बिलौंगी के एक पैट्रोल पम्प से नकदी लूटने, मुंडी खरड़ से एक मोटर साइकिल छीनने, मोहाली के फेज दो में से एक मोटर साइकिल छीनने, खरड़ कस्बा के मुख्य बाजार में एक डाक्टर की हत्या करने तथा खरड़ क्षेत्र में से भारी रकमें वसूलने के लिए पत्र लिखने जैसे गम्भीर दोषों में पुलिस को वांछित था। वरिष्ठ पुलिस कप्तान ने बताया कि रोपड़ जिला से भिंडरांवाला टाइगर फोर्स तथा बब्बर खालसा इंटरनैशनल से संबंधित 80 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है और उनमें से अनेक को अपना जीवन सुधारने के आश्वासन मिलने पर जमानतों पर छोड़ दिया गया है।

दोहरी सवारी पर तीन घंटों का प्रतिबंध : होशियारपुर (अश्विनी): जिला प्रशासन ने जिला भर में रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक बिना सशस्त्र गार्द के बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रक, कारें, मैटाडोर व अन्य चार पहिया वाहन नैशनल व राज्य हाईवे को छोड़ कर अन्य मार्गों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक नहीं चलाए जा सकेंगे। स्कूटरों, मोटर साइकलों व मोपडो आदि पर प्रातः 4 बजे से प्रातः 7 बजे तक दोहरी सवारी बिठाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी अन्य आदेशों में कहा गया है कि जिला भर में शस्त्र लेकर चलने, जलसे जलूस आयोजित करने व लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर भी पूरी तरह पाबंदी रहेगी। यह सारे आदेश 30 सितम्बर 91 तक लागू रहेंगे।

ADMISSION GUIDANCE
HURRY UP !
A few seats available
Karnatka/Bihar.
M.B.A.; B.E., D. Pharma;
B. Pharma, B.A.M.S.
SUNBEAM COLLEGE
GHUMAR MANDI, LUDHIANA Phone 33770

फेल विद्यार्थी निराश न हों
—1 फेल, —2 करें
Arts Commerce, Science
(C.B.S.E, Bhopal)
आठवीं, नौवीं के बिना मैट्रिक करें
P.S.E.B. open School
Contact the Principal
ORIENTAL COLLEGE
Gole Market, Near Chander Ice-Cream Model Town, Ludhiana.

ADMISSION OPEN
For One Year Diploma in
Home Science
Contact :—
MRS. SANDHU's
HOME SCIENCE COLLEGE
Bhai Bala Chowk, Ludhiana.
Ph. : 23629.

सेहत, चुस्ती व तन्दरुस्ती के माहिर
शाही खानदानी हकीमों के 13वें चमकदार सितारे
डा. ओंकार चन्द जी जगपाल (सुपुत्र शाही हकीम श्री



अमरनाथ यात्रा

खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल बख्शीश सिंह उर्फ कलयुग समेत 16 मिलिटैंट मरे

चण्डीगढ़, 4 अगस्त (वार्ता, पस.) : पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल को मार गिराया तथा विभिन्न घटनाओं में अन्यत्र 2 अपहरणकर्त्ताओं सहित 15 अन्य मिलिटैंट भी मारे गए जबकि राज्य में 2 बैंक अधिकारियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई।

के.सी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने मजीठा जिले के जमालपुर के निकट एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक लैफ्टिनैंट जनरल को मार गिराया। उसका नाम बख्शीश सिंह उर्फ बाबू उर्फ कलयुग है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन व 30 कारतूस भी मिले। उसके सिर पर एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : एक अज्ञात मिलिटैंट कल रात सुरक्षा बलों के साथ फिरोजपुर जिले के पिप्पल इलाके में एक मुठभेड़ में मारा गया। घटनास्थल से एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए है।

2 स्कूटर सवार मिलिटैंट काबू : स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों को लुधियाना जिले में समरोला चौक के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद धर दबोचा गया। उनके नाम हरनीक सिंह और पवन कुमार हैं। उनके पास से 12 बोर की एक पिस्तौल और 303 बोर की एक बंदूक बरामद हुई।

मिलिटैंटों द्वारा अपने 5 साथियों की हत्या : मिलिटैंटों ने अपने पांच साथियों को तरनतारन पुलिस जिले के हडवाल गांव में मार डाला। मृतकों में एक मिलिटैंट भूपेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू भी था। वह तथाकथित भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (मानोचाहल) से सम्बद्ध था। मिलिटैंट अपने मृत साथियों के हथियार भी लेकर भाग गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों का एक गिरोह झाल्ड सिंह के घर पहुंचा। बाद में कुछ और मिलिटैंट भी वहां पहुंच गए। वहां उनमें आपसी लड़ाई शुरू हो गई जिसमें 5 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से कुछ हथियार भी मिले हैं।

मुठभेड़ में 2 अन्य मिलिटैंट मरे : इसी पुलिस जिले के आइमा खुर्द गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अन्य मिलिटैंट मारे गए। मृत मिलिटैंट के पास से एक बंदूक और एक पिस्तौल मिली।

2 मिलिटैंट मुकाबले में मरे : तरनतारन पुलिस जिले के सुरसिंहवाला गांव में दो मिलिटैंट सुरक्षा बलों से मुकाबले में कल रात मारे गए। एक थ्रीनाट बंदूक, एक राइफल और कुछ गोलियां उनके पास से बरामद हुई।

मुठभेड़ में 2 अपहरणकर्त्ता मरे, अपहृत का सुराग नहीं : अभी तक मजीठा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के भाई डाक्टर प्रभजीत सिंह का अपहरण के बाद से कोई सुराग नहीं मिल पाया है। संगरूर जिले में इस अपहरण में शामिल दो व्यक्ति सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तथा अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की जा चुकी है।

डा. प्रभजीत सिंह का भटिंडा जिले के एक गांव की डिस्पैंसरी से शुक्रवार की रात को अपहरण किया गया था।

पिता-पुत्री की हत्या : फरीदकोट जिले के जमालवाले गांव में मिलिटैंटों ने मेहर सिंह के घर में घुस कर उनकी तथा उनकी पुत्री रानी की हत्या कर दी।

अग्निकांड : पुलिस जिला मजीठा के गांव मानावाला में 10 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक फैक्टरी में जबरदस्ती घुस कर पशु आहार की 200 बोरियों, तेल के एक टैंकर व 2 ट्रकों को आग लगा कर राख कर दिया।

डाकघर लूटा : एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार गत सायं दो सशस्त्र युवकों ने जालंधर में प्रीत नगर स्थित एक उप-डाकघर में से 40 रुपए की धनराशि लूट ली।

एक अन्य घटना में दो सशस्त्र मिलिटैंट जिला जालंधर के पुलिस थाना करतारपुर के अधीन गांव सरायखास में केवल सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस में से उसका ट्रैक्टर व ट्राली ले गए।

मिलिटैंट द्वारा आत्म हत्या : अमृतसर के एक सिनेमा गृह में दलबीर सिंह उर्फ टीटू नामक एक मिलिटैंट ने आज पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर सायनाइड खाकर आत्म हत्या कर ली। बताया जाता है कि जब उसने सायनाइड खाया तो उसे तुरन्त अस्पताल पहुंचा दिया गया, जहां से वह भाग खड़ा हुआ। मगर बाद में अस्पताल परिसर में उसका शव पाया गया तथा उसके निकट से एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस भी बरामद हुए।



लुधियाना में गत रात्रि कुछ अज्ञात युवकों की गोली का शिकार हुए (ऊपर) पंजाब नैशनल बैंक के पंजाब ज़ोन के सहायक महाप्रबन्धक ए.सी. घई का शव, (मध्य) क्षेत्रीय प्रबन्धक जे.के. बेदी का शव तथा (नीचे) घायल श्रीमती घई अस्पताल में उपचाराधीन। (छाया : कम्बोज)

2 बैंक अधिकारियों सहित 4 लोगों की हत्या

ग्रामीणों को शिनाख्ती कार्ड देने की योजना : एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार जिला अमृतसर के भारत-पाक सीमा वाले ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने की योजना का कार्य अक्तूबर माह के अन्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्रों तथा धुस्सी बांध के इर्द-गिर्द के इलाकों के लगभग 100 गांवों में रहने वालों को इस योजना में शामिल किया गया है।

एक अन्य की हत्या : धूरी (सिंगला) : तीन मिलिटैंटों ने रात दस बजे मीरहेड़ी गांव में तरनजीत उर्फ तरनी की घर से बुला कर गांव के बाहर ले जाकर गोली मार कर हत्या कर दी। याद रहे तरनजीत सिंह ने दो माह पहले शहर के एक डाक्टर सुभाष कुमार से एक मिलिटैंट का नाम लेकर 2500 रुपए की मांग की थी। उस समय लोगों ने उसे मार-पीट कर भगा दिया था।

2 मिलिटैंट फरार : सुनाम (सुरेन्द्र) : गत सायं यहां से 10 कि.मी. दूर गांव जखेवा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मिलिटैंटों के हुए एक मुकाबले के बाद दो मिलिटैंट अपना मोटर साइकिल छोड़ कर फरार हो गए।

मिलिटैंट मरा : मानसा (भेहता) : गत रात्रि यहां से करीब 15 कि.मी. दूर गांव रायपुर के निकट सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके 2 साथी फरार होने में सफल हो गए।

पुलिस उप-अधीक्षक मुख्त्यार सिंह के अनुसार पुलिस ने उक्त गांव के निकट नाका लगाया हुआ था कि तीन मिलिटैंट आते हुए नजर आए। जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसके 2 साथी भाग निकले। यह मुकाबला लगभग 5 घंटे तक चलता रहा। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त भकरा सिंह उर्फ गरोवा निवासी गरेवाल के रूप में हुई। घटनास्थल से

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

303 बोर की एक राइफल भी मिली, जो उसने एक ग्रामीण से छीनी थी।

2 बैंक अधिकारियों की हत्या : लुधियाना (राजपाल) : कल रात कुछ अज्ञात युवकों ने पंजाब नैशनल बैंक पंजाब जोन के सहायक महाप्रबन्धक ए.सी. घई और क्षेत्रीय मैनेजर श्री जे.के. बेदी की उनके निवास स्थान पर हत्या कर दी। श्री बेदी को छ: गोलियां और श्री घई को 8 गोलियां लगीं। श्री बेदी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि श्री घई को बचाने की डाक्टरों ने भरपूर कोशिश की। उन्हें 18 बोतल खून भी दिया लेकिन प्रात: तीन बजे वह दम तोड़ गए। श्री बेदी अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक 7 वर्षीय बेटा छोड़ गए हैं। वह 45 वर्ष के थे। श्री घई, जो कि बम्बई से पदोन्नत होकर लुधियाना आ गए थे, अपने पीछे पत्नी और दो बेटे छोड़ गए हैं। इन दोनों अधिकारियों की हत्या की खबर सुन कर बैंक के कई अधिकारी और कर्मचारी उनके निवास स्थानों पर पहुंच गए। बैंक के पंजाब जोन के मैनेजर श्री आर.जी. पुरी ने इन उच्चाधिकारियों की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि उनकी हत्या से बैंक दो योग्य अधिकारियों को खो बैठा है। बैंक अधिकारी संघ और वर्कमैन यूनियन ने शोक प्रस्ताव पास कर श्री घई और श्री बेदी को श्रद्धांजलि भेंट की।

लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी ने बैंक के कर्मचारियों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस वारदात से गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वह शांत रहें।

'महिन्द्रा' के अनुसार पुलिस ने बताया कि गत रात्रि 9 बजे और 10 बजे के मध्य दोनों बैंक अधिकारियों के निवासों पर दो मारुति कार सवारों ने फायरिंग की। घुमार मंडी में श्री बेदी की मृत्यु हो गई जबकि रणधीर सिंह नगर में श्री घई मारे गए। श्री अविनाश घई की धर्मपत्नी सन्ता घई और उनका लड़का श्रीकांत भी घायल हो गया। दोनों घायलों को दयानंद अस्पताल दाखिल किया गया है।

एक ही गिरोह का काम : लुधियाना के पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर मिल कारतूसों के खोलों से पता चलता है कि यह एक ही गिरोह का काम है जो एक के बाद दूसरे अधिकारी के घर में दाखिल हुए। याद रहे श्री घई की पत्नी श्रीमती सुनीता और उनका लड़का भी फायरिंग से घायल हुए हैं।

पता चला है कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मिलिटैंटों ने बैंक के अधिकारियों को उनकी हत्या करने के लिए क्यों चना जबकि उनमें से आज तक किसी को मिलिटैंटों की ओर से धमकी नहीं मिली। अभी तक पुलिस किसी भी परिणाम पर नहीं पहुंच सकी। बताया गया है कि मिलिटैंट श्री घई और श्री बेदी की कोठी पर बिना किसी रोक-टोक के दाखिल हुए। उनमें से किसी को संदेह भी नहीं था कि मिलिटैंट उन्हें भी किसी कारण निशाना बना सकते हैं। यह भी पता चला है कि मिलिटैंट बैंक के एक और अफसर श्री आहूजा के घर भी गए। मगर वह सौभाग्य से घर पर नहीं थे। वह दिल्ली गए हुए थे।

अंतिम संस्कार : दोनों मृतक अधिकारियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के बड़े-बड़े उद्योगपति, बैंक अधिकारी और नई दिल्ली से आए पंजाब नैशनल बैंक के चेयरमैन रशीद जेलानी और वित्त मंत्रालय के बैंकिंग सैक्शन के संयुक्त सचिव नितिन मुखर्जी इस अवसर पर मौजूद थे।

श्री जेलानी ने शोकसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का हमारे बीच से चला जाना अत्यन्त दुखदायी है और अर्थ-व्यवस्था के लिए हानिकारक है। उन्होंने घोषणा की कि पीड़ित परिवारों को बैंक की ओर से पूरी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

देग की ब्लैक के विरुद्ध प्रदर्शन होगा

बटाला, 4 अगस्त (कोछड़) : बटाला में गत कई वर्षों से हो रही कोटे की देग की जोरदार ब्लैक के विरुद्ध सीटू 9 अगस्त को जिला उद्योग केन्द्र बटाला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगी। स्थानीय सीटू नेताओं द्वारा पत्रकारों को भेजे प्रैस नोट में आरोप लगाए गए हैं कि यहां के फाऊंडरी यूनिटों के अधिकतर मालिक कोटा की देग प्राप्त करके इस देग से उत्पादन नहीं करते, बल्कि कोटा की देग दोगुणे रेट पर अन्य शहरों में बेच देते हैं, जिस कारण हजारों मजदूर व फाऊंडरी यूनिटों में कार्य करने वाले कारीगर बेकार हो गए हैं।

[illegible]

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान 7 सांदिग्ध अलगाववादियों को पलवामा में और एक को श्रीनगर में गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया है।

बारामूला जिले में शिलवाट गांव के निकट अलगाववादियों ने आज प्रात: सुरक्षा बलों पर हमला किया। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में 2 व्यक्ति मारे गए तथा 7 गोलियां लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने एक मृतक की शिनाख्त गुलाम हसन के रूप में की है।

श्रीनगर में बटमाल जनरल बस स्टैंड पर हुई एक ऐसी ही घटना में अब्दुल खालिद शेख नामक एक व्यक्ति मारा गया जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अलगाववादियों ने बस स्टैंड के निकट सुरक्षा बलों पर एक हथगोला फैंका और फिर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। संघर्ष में कुछ नागरिक घायल हो गए, जिनमें से एक बाद में दम तोड़ गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा बारामूला जिले में बटटरगाम में पांच व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे जिनमें से एक का गोलियों से छिदा हुआ शव आज केरारी पुलिस थाना को सौंप दिया गया। कपवाड़ा और बारामूला जिलों में कुछ स्थानों से तलाशी अभियान के दौरान एक राकेट प्रोजैक्टाइल गन, एक राकेट, एक दोनाली बंदक, एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगजीनों और 60 कारतूसों सहित, दो पिस्तौल, दो मैगजीनों व 20 कारतूसों सहित बरामद किए गए हैं।

श्रीनगर के हरवन क्षेत्र में अलगाववादियों और बी.एस.एफ. के जवानों में हुए मुकाबले में 4 नागरिक घायल हो गए।

फाइलें एक वर्ष से दबी पड़ी हैं

बटाला, 4 अगस्त (कोछड़) : डायरैक्टर इंडस्ट्रीज विभाग चण्डीगढ़ द्वारा बटाला में लगाए गए लगभग 80-85 नए फाऊंडरी यूनिटों की फाइलें लगभग एक वर्ष से दबाए रखने के कारण व स्यासर न करने के कारण मालिकों को लाखों रुपए का नुक्सान सहन करना पड़ रहा है और उनके द्वारा बैंकों से लिए ऋण पर लाखों रुपए ब्याज पड़ चुका है। यह जानकारी देते हुए स्थानीय पंजाब उद्योग एसोसिएशन के प्रधान श्री पवन कुमार पप्पा ने पत्रकारों को बताया कि इस कार्य के लिए दर्जनों बार सचिव व निदेशक उद्योग विभाग कार्यालय के चक्कर काटे गए हैं और सचिव उन्हें निदेशक की ओर व निदेशक उन्हें सचिव की ओर चक्कर कटवाते जा रहे हैं लेकिन लगता है कि उनकी फाइलें कहीं धूल-मिट्टी के नीचे दफन होकर रह गई है।

Punjabi Sahatar

पाक से आ रहे मिलिटैंटों के 4 गाइड, के.सी.एफ. के एरिया कमांडर समेत 18 मिलिटैंट मारे गए : 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 की हत्या

चंडीगढ़, 5 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान पाक से आ रहे मिलिटैंटों के 4 गाइड, के.सी.एफ. के एरिया कमांडर समेत 18 मिलिटैंट मारे गए । पंजाब में अन्यत्र 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : पुलिस के अनुसार गत रात्रि पुलिस ज़िला मजीठा के थाना ब्यास के गांव भिंडर में सुरक्षा बलों ने सुखविन्दर सिंह नामक एक मिलिटैंट को मार गिराया । घटनास्थल से एक माऊजर व 5 कारतूस की बरामद किए गए ।

भगौड़ा होमगार्ड जवान गुट संघर्ष में मरा : गत रात्रि ज़िला पटियाला के गांव काल्वा में मिलिटैंटों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस का दावा है कि वह होमगार्ड का भगौड़ा जवान था तथा इन दिनों जमानत पर रिहा था । वह लूटपाट व जब्री वसूलियों की कई घटनाओं में पुलिस को वांछित था । उसकी हत्या गुट संघर्ष का परिणाम बताई जाती है ।

दम्पति घायल : गत रात्रि जिला पटियाला के गांव बस्सी पठानां में मिलिटैंटों ने एक दम्पति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

मिलिटैंटों के 4 गाईड मारे गए : पठानकोट (गुप्ता): बताया जाता है कि 4 अज्ञात व्यक्ति, जो पाकिस्तान की तरफ से भारत में टिंडा चौकी (नरोट जैमल सिंह) से प्रवेश कर रहे थे, सीमा सुरक्षा बल द्वारा एक मुठभेड़ में मार दिए गए हैं । गुरपाल सिंह बस्सी डी.एस.पी. पठानकोट ने बताया कि वे पाकिस्तान से आने वाले मिलिटैंटों के गाईड थे । आज सिविल अस्पताल पठानकोट में उनके चारों शवों का पोस्टमार्टम करवा दिया गया ।

आपसी रंजिश में एक की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि पुलिस थाना भिखीविंड के अधीन मरजिदपुरा गांव में 4 सशस्त्र मिलिटैंटों ने दलजीत सिंह उर्फ पप्पू उर्फ गुरमेल सिंह की उसके घर में जबरदस्ती घुस कर हत्या कर दी। यह हत्या आपसी रंजिश का परिणाम थी।

आपसी दुश्मनी में 3 की हत्या : पता चला है कि पुलिस थाना जंडियाला के अधीन गांव वरपाल में महिन्दर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी मेहता अपने ससुराल आया हुआ था कि कुछ मिलिटैंटों ने उनके घर में घुस कर महिन्दर सिंह तथा उसके ससुर रूढ़ सिंह पुत्र मान सिंह व बलवंत कौर पत्नी महिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि ये हत्याएं रेशम सिंह ठाण्डे गुट के मिलिटैंटों ने आपसी दुश्मनी के कारण की हैं।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : पुलिस थाना ब्यास के अधीन क्लेर मांगट गांव में पुलिस व सुरक्षा बलों के एक संयुक्त नाके के दौरान जब सामने से आते हुए कुछ मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से उनमें से एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि बाकी भाग गए। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त सिकन्दर सिंह पुत्र शिंगारा सिंह के रूप में हुई। घटनास्थल से एक माऊजर व 4 कारतूस बरामद किए गए हैं।

ए.एस.आई. घायल : पुलिस जिला मजीठा के गांव चौगवां में आज हीरा सिंह नामक एक ए.एस.आई. उस समय घायल हो गया, जब कुछ मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की। यह ए.एस.आई. एक पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए मेहता से अमृतसर जा रहा था।

स्कूटर छीना : (मनोहर): कल शाम गांव बालेचक्क से मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर बजाज प्रिया स्कूटर पी.आई.ए. 5659 छीन लिया है । इस बारे पुलिस को रिपोर्ट लिखा दी गई है ।

4 मिलिटैंट मरे : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सीताराम ने आज यहां बताया है कि पुलिस थाना बटाला सदर के गांव डंबोई में सुबह 10 बजे के करीब बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान के.सी.एफ. (जफरवाल ग्रुप) का मिलिटैंट दीदार सिंह उर्फ दारा (गांव डढियाला नजारा) मारा गया, जबकि उसके दो साथी बच निकले।

घटनास्थल से जापानी मार्का का 'टैनप्रो' वाकी-टाकी सैट मिला है जिसके 999 चैनल हैं। इसकी मदद से मिलिटैंट पुलिस व सुरक्षा बलों के संदेश सुन लिया करते थे। इसके अलावा वहां से एक बैग भी मिला है जिसमें के.सी.एफ. (जफरवाल ग्रुप) के लैटरपैड थे। दीदार सिंह बटाला क्षेत्र में गत दो महीनों में करीब दो दर्जन लोगों का अपहरण करके 10 से 20 लाख रु. तक की फिरौती वसूल करने के मामलों में वांछित था।

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार मारे गए चारों व्यक्ति मिलिटैंटों के गाईड नहीं, बंगला देश के निवासी थे ।

इसी पुलिस जिले के थाना कादियां के गांव ततले के पास गत रात पुलिस व बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से कटी हुई दोनाली बंदूक मिली है।

गत रात ही थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भट्टीवाल के पास सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक स्टेनगन, एक मैगजीन, एच.ई. 36 हथगोला तथा 72 कारतूस मिले हैं।

मुकाबले के बाद मिलिटैंट का शव बरामद : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत रात्रि से आज प्रातः तक फगवाड़ा तथा गोराया के मध्य मौली व तखरा गांव के निकट मिलिटैंटों व सुरक्षा बलों के मध्य रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। इस मुकाबले के बाद एक मिलियैंट का शव आज प्रातः

(शेष पृष्ठ 6 पर)

किया है।

'वार्ता' के अनुसार इंदौर में गिरफ्तार पंजाब के मिलिटैंटों की संख्या 9 है जिनमें 4 बब्बर खालसा के सदस्य हैं । उनसे आधुनिक आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं ।

यह जानकारी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा ने आज सम्वाददाताओं को दी । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों में दो महिलाएं भी हैं जबकि उनके चार साथी अभी फरार हैं ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन मिलिटैंटों ने पंजाब सीमा सुरक्षा बल के उपमहानिरीक्षक के रिश्तेदार निर्मल सिंह का अपहरण मालेगांव (महाराष्ट्र) से किया था । इस दल के प्रमुख माधो सिंह को आशंका है कि उसके भानजे लक्खा सिंह को पंजाब पुलिस ने बंदी बना रखा है जबकि पुलिस ने यह प्रचारित किया था कि लक्खा सिंह मुठभेड़ में मारा गया । लक्खा सिंह को छुड़ाने के लिए ही इस दल ने निर्मल सिंह का अपहरण किया था तथा उसे वे पंजाब ले जा रहे थे । पर इंदौर में निर्मल सिंह ने किसी तरह पुलिस को सूचित कर इन मिलिटैंटों को पकड़वा दिया ।

पुलिस ने आध दर्जन बम विस्फोटों के केस सुलझाए

जम्मू, 5 अगस्त (निस) : पता चला है कि पुलिस ने किश्तवाड़ के एक व्यक्ति गुलाम मुहम्मद को गिरफ्तार कर डोडा जिले में हुए लगभग आध दर्जन विस्फोटों के केसों को सुलझा लिया है। इनमें किश्तवाड़ के डाकघर में हुए विस्फोट का मामला भी शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने गुलाम मुहम्मद से पूछताछ के बाद डोडा जिले में हुई विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त कुछ अन्य व्यक्तियों की भी शिनाख्त कर ली है। इनमें कुछ सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं।

पुलिस ने खाद्य व आपूर्ति विभाग के एक स्टोर कीपर को भी गिरफ्तार किया है जो डोडा जिले के मारवाह क्षेत्र में तैनात था। कहा जाता है कि इस स्टोर कीपर से भी जिले में अलगाववादियों की गतिविधियों के बारे में काफी कुछ रहस्योद्घाटन होने की संभावना है।

पंजाब में मिलिटैंसी की गतिविधियों में तेजी आने की आशंका

गुरदासपुर, 5 अगस्त (विनोद गुप्ता): पंजाब में चल रही मिलिटैंसी सम्बन्धी जो सूचनाएं सीमा पार पाकिस्तान से और यहां अपने ही देश से मिल रही हैं, उनसे स्पष्ट होता है कि पंजाब में एक बार फिर मिलिटैंसी की गतिविधियों में तेजी आने की आशंका

अपनी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगता दिखाई दे रहा है और विशेष कर अति विशिष्ठ व्यक्तियों पर हमला भी मिलिटैंट इसीलिए नहीं कर पाते क्योंकि सुरक्षा प्रबन्ध काफी ज्यादा हैं । जिस कारण मिलिटैंटों ने पंजाब के प्रमुख लोगों जिनमें राजनीतिज्ञ व पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं की हत्या करने के

वह व्यक्ति वापस चला गया और मिलिटैंट आहलूवालिया को बम सौंप दिया गया । जिस पर मिलिटैंटों ने उसकी पिटाई भी की और वह व्यक्ति अब लापता बताया जाता है । इसी तरह यह प्रयोग पुनः किया जाएगा परन्तु अन्त में यह तकनीक महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या के लिए ही प्रयोग की

नई योजनाओं पर विचार किया है । सूत्रों के अनुसार इस बैठक, जो लाहौर में हुई, में इस बात पर भी विचार किया गया कि कश्मीर घाटी में मिलिटैंटों को व्यापक सफलता मिलने का क्या कारण है ? अन्त में बैठक में यही निर्णय लिया गया कि पंजाब में भी निर्दोष लोगों की हत्याएं करने की अपेक्षा पुलिस तथा

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बरामद किया गया व घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व 100 कारतूस भी मिले।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने मौली के निकट रेलवे फाटक के गेटकीपर को भी केबिन में घुस जाने का निर्देश दिया तथा इसी मध्य स्थानीय रेलवे स्टेशन अधीक्षक स्वर्ण सिंह सरूर ने घटना की सूचना मिलते ही हावड़ा मेल व जम्मू मेल यात्री रेलगाड़ियों को काफी समय तक फगवाड़ा स्टेशन पर ही रोके रखा। बीच में कुछ देर के लिए फायरिंग रुकने पर ही इन यात्री ट्रेनों को गतव्य के लिए रवाना किया गया।

मगर गोराया से 'सेहरा' के अनुसार पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया और एक भागने में सफल हो गया, जबकि उनकी फायरिंग से एक सी.आर.पी.एफ. का जवान गंभीर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 8 बजे गोराया पुलिस एस.एच.ओ. श्री राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी कि जब गांव चचारड़ी और गांव थकड़ के बीच नहर के पुल पर पहुंची तो नहर की पट्टी पर 2 युवक हीरो होंडा मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिए। जब उनको रोकने का संकेत किया तो वह अपना मोटर साइकिल छोड़ कर निकट के गन्ने के खेत में छिप गए और पोजीशन लेकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। उस वक्त पुलिस ने वायरलैस द्वारा और फोर्स बुला ली और गन्ने के खेत का घेराव जारी रखा। आज प्रातः 6 बजे जब उनकी तलाश शुरू हुई तो फिर गन्ने के खेत से फायरिंग शुरू हो गई। एक गोली सी.आर.पी.एफ. के जवान के कंधे पर लगी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। प्रातः फिर क्रास फायरिंग हुई। तलाश करने पर खेत से एक मिलिटैंट की लाश मिल गई। संभवतः वह रात का ही गंभीर घायल हो चुका था और फिर दम तोड़ गया। दूसरे की तलाश की गई मगर वह नहीं मिला। शायद वह भाग चुका था।

राजेन्द्र सिंह के अनुसार मृतक की पहचान नहीं हो सकी। लाश के निकट ए.के. 47 और एक माऊजर मिला है। पुलिस ने हीरो होंडा पी.सी.-1786 कब्जे में ले लिया है।

लुटेरे को पीट-पीट कर मार दिया : फिरोजपुर (जगदीप कन्तोड़) : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत दिवस जीरा पुलिस थाना के गांव पण्डोरी खतीरां में ग्रामीणों ने 3 में से एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जिनके बारे में सन्देह किया जाता है कि वे लुटेरे थे। उन्होंने बताया कि गत रात्रि तीनों व्यक्ति लूट के इरादे से आए थे, परन्तु ग्रामीणों ने उन्हें काबू कर लिया। इनमें से 2 तो भाग निकले, परन्तु एक को पीट-पीट कर मार दिया गया। फरार होने वाले लुटेरे अपने पीछे ए.के. 47 राइफल जैसा खिलौना छोड़ गए हैं।

2 सुरक्षा कर्मियों सहित 5 की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि मौजा मानूपुर थाना मदर खन्ना में मिलिटैंटों ने पांच व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में तीन ग्रामीण, एक सिपाही तथा एक एस.पी.ओ. शामिल हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार चार मिलिटैंट मानूपुर में आधी रात को दाखिल हुए तथा उन्होंने उपरोक्त व्यक्तियों को घरों में उठाया और सड़क पर ले जाकर उन पांचों की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में गुरदास सिंह सिपाही सरहिन्द थाना में तैनात था और अपने घर वालों से मिलने आया हुआ था। भाग सिंह एस.पी.ओ. डी.एस.पी. खन्ना के साथ तैनात था। मृतक ग्रामीणों के नाम भूपिन्द्र सिंह और अवतार सिंह थे, जबकि पांचवें की शिनाख्त नहीं हो सकी। मिलिटैंट जाते समय देहात के दो स्कूटर छीन कर ले गए।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, 5 अपहृत छुड़वाए गए : गुरदासपुर (विनोद): पुलिस जिला गुरदासपुर में काहनूवान थाना के अधीन 3 गांवों में से मिलिटैंटों द्वारा अपहृत 5 व्यक्तियों को 4 घंटे तक चले मुकाबले के बाद रिहा करवा लिया गया है जबकि इस मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसका साथी फरार हो गया। इस मुठभेड़ का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सुमन्त कुमार गोयल ने किया।

श्री गोयल ने घटनास्थल से आकर बताया कि गत रात्रि 2 मिलिटैंटों ने करतार चंद व मुख्तियार सिंह निवासी बद्धावाल, बलवंत सिंह व बोंदा सिंह निवासी नूना बरकता तथा सतबीर सिंह निवासी मल्हड़ों का अपहरण कर लिया तथा जाते हुए वे एक ट्रैक्टर भी अपने साथ ही ले गए। पुलिस को जब इस सम्बन्ध में सूचना मिली तो सीमा सुरक्षा बल की सहायता से क्षेत्र की घेराबंदी करके खोज-बीन शुरू कर दी गई। मगर इसी बीच किसी ने सूचना दी कि थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव हरचोवाल के बाहर एक पुलिस कांस्टेबल के डेरे में मिलिटैंटों ने कुछ व्यक्तियों को जबरदस्ती बंद कर रखा है। इसके बाद सुरक्षा बलों ने उक्त डेरे की घेराबंदी कर ली तथा मिलिटैंटों को अपहृत व्यक्ति रिहा करने को कहा परन्तु मिलिटैंटों ने एक कमरे में से गोली चलानी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा यह मुकाबला लगभग 4 घंटे तक चलता रहा। जब सुरक्षा बलों की फायरिंग प्रभावहीन रही तो उस कमरे में हथगोले फैंके गए जिससे कमरे की छत टूट गई तथा मिलिटैंटों की फायरिंग भी रूक गई।

सुरक्षा बलों ने जब उस कमरे की तलाशी ली तो



थाना नरोट जैमल सिंह जिला गुरदासपुर के क्षेत्र में स्थित टीडा सीमा चौकी के पास पाकिस्तान से भारत में घुसने वाले मिलिटैंटों के 4 गाईडों के शव, जो बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारे गए। (छाया : महेंद्र)

वहां से एक मिलिटैंट की लाश मिली जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया। श्री गोयल के अनुसार मृतक की शिनाख्त लखविन्दर सिंह उर्फ लक्खा के रूप में हुई है। कमरे में से एक कारबाइन मिली जबकि शेष गोली-सिक्का हथगोलों की मार से नष्ट हो गया।

इस डेरे की तलाशी लेने के बाद सभी अपहृत व्यक्तियों को रिहा करवा लिया गया। श्री गोयल के अनुसार डेरे में से कांस्टेबल का परिवार भी फरार हो गया।

मिलिटैंट की मिलिटैंटों द्वारा हत्या : पुलिस थाना भिखीविंड के निकट आज मिलिटैंटों ने गिरोहों की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण एक अन्य मिलिटैंट की हत्या कर दी।

पम्मा व दो अन्य मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन के थाना वल्टोहा के गांव मानेके में आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल धड़े) का एरिया कमांडर भाई परमजीत सिंह उर्फ पम्मा उर्फ कमला और उसके 2 अन्य साथी मारे गए। अन्य मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए मिलिटैंट क्षेत्र में मिलिटैंसी के कई अपराधों में संलिप्त थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक .303 की राईफल और भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है।

चलता-फिरता एड्स क्लिनिक

पुणे, 5 अगस्त (वार्ता): जानलेवा बीमारी 'एड्स' से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए यहां एक चलता-फिरता क्लिनिक तैयार किया गया है। यह क्लिनिक भारतीय स्वास्थ्य संगठन ने तैयार किया है। इसका उद्घाटन कल यहां किया गया।

संगठन की पुणे शाखा के निदेशक मेहता इस क्लिनिक के प्रमुख होंगे। उनके साथ चिकित्सा कार्यकर्त्ताओं का एक दल भी होगा।

संयुक्त दल गठित

(पृष्ठ 3 का शेष)

सचिवों द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि प्रदेश प्रशासन पूर्ण एकता, अखंडता तथा अपनी सभी इकाइयों में पूर्ण समझ के साथ कार्य करता है, ताकि राष्ट्र विरोधी तथा समाज विरोधी तत्वों की चुनौती का सामना किया जा सके।

'लुधियाना के कर्मी रैली में शामिल न हुए थे'

लिट्टे की योजना

(पृष्ठ 3 का शेष)

नौ सेना के वायरलैस संदेश में बाधा पहुचने के बाद राज्य की पुलिस पूरी ताकत के साथ लिट्टे के यहां पास दूरसंचार व्यवस्था होने की सम्भावनाओं का पता लगाने में जुट गई है। वायरलैस पर बोलने वाले अनजान व्यक्ति ने दावा किया कि वह मुदरै से बोल रहा है और वह बातचीत में कोड भाषा का प्रयोग कर रहा था। पुलिस ने इस सम्भावना से इंकार नहीं किया कि कोई व्यक्ति गुमराह करने की कोशिश कर रहा हो। नौसेना के अधिकारियों ने बाद में उसी फ्रीक्वेन्सी पर कई बार वायरलैस सैट किया लेकिन कुछ नहीं हुआ।

वायरलैस के सवाल को मदुरै शहर के कुछ क्षेत्रों के लोगों की उस शिकायत से भी जोड़ा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि 28 जुलाई को दूरदर्शन से आ रही मलयालम फिल्म का प्रसारण बड़ी देर तक गायब रहा लेकिन चित्र पटल पर इस दौरान बाधा के बारे में कुछ नहीं बताया गया। अन्य क्षेत्रों से ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है।

किट्टू के सम्बन्ध में सीमा बढ़ी : लंदन, (प.स.): ब्रिटिश अधिकारियों ने लिबरेशन टाईगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता कृष्ण कुमार उर्फ किट्टू को ब्रिटेन छोड़ कर चले जाने के लिए निर्धारित समय सीमा को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। किट्टू को उनकी गतिविधियां सार्वजनिक हित के अनुकूल न पाए जाने के कारण सरकार ने ब्रिटेन से निष्कासित किए जाने का आदेश दिया था।

'ट्रैंक्विलाइजर गन' का प्रयोग नहीं : मद्रास (प.स.): राजीव गांधी हत्याकांड की जांच कर रहे विशेष जांच दल ने आज अखबारों में छपी इस खबर का खंडन किया कि उसने लिट्टे उग्रवादियों को साइनाइड खाने से रोकने के लिए ट्रैंक्विलाइजर गन के उपयोग की योजना बनाई है। जांच दल के प्रधान डी.आर. कार्तिकेयन ने यहां बताया कि जानवर को पकड़ने के लिए इस्तेमाल में आने वाली इस बन्दूक का इस मामले में कोई उपयोग नहीं हो सकता, क्योंकि इस सिरिज की नीडल का शरीर में कुछ समय तक बने रहना जरूरी होता है ताकि उसका असर हो सके, जबकि लिट्टे उग्रवादी गिरफ्तारी की आशंका के समय साइनाइड कैप्सूल अपनी गर्दन में टांगे रहते हैं, इसलिए इस नीडल का उनके शरीर पर प्रभाव होने की बहुत कम गुंजाइश रहती है।

डिबैंचर, कर मुक्त, सार्वजनिक बांड पर ब्याज दर सभी पाबंदियां हटीं

नई दिल्ली, 5 अगस्त (वार्ता): सरकार ने डिबैंचर और अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्रों के कर-मुक्त बांड के अलावा अन्य सार्वजनिक बांड पर ब्याज-दर संबंधी सभी प्रतिबंध हटा लिए हैं। आज जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार ऋण-प्राप्ति संबंधी ऐसे उपायों पर ब्याज-दर का निर्धारण अब बाजार-शक्ति द्वारा किया जाएगा। कम्पनियों को डिबैंचर जारी करने से पहले "क्रैडिट रेटिंग एजैंसियों से ब्याज-दर संबंधी सलाह लेनी होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के बांड और डिबैंचर जारी करने संबंधी अन्य सभी नीति निर्देश पूर्ववत जारी रहेंगे। अधिकृत सार्वजनिक क्षेत्रों द्वारा जारी किए जाने वाले कर-मुक्त बांड पर एकमुश्त नौ प्रतिशत ब्याज

लॉयन्स क्लब, सिरसा (विशाल)

द्वारा निकाले गए लक्की ड्रा के परिणाम निम्नलिखित रहे :-

प्रथम पुरस्कार (स्कूटर)—R-288

द्वितीय पुरस्कार (B/W टी.वी.)—P-504

तृतीय पुरस्कार (वाशिंग मशीन)—R-575

चौथा पुरस्कार (20 वाल क्लॉक)—B-485, P-504, G-687, J-637, S-666, Q-908, C-756, O-209, M-198, T-471, L-374, F-260, H-478, I-011, D-544, N-514, K-220, E-861, A-171, R-434.

Punjabi Sanchari

पैप्सू रोडवेज के डिपो मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या, 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 6 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान पैप्सू रोडवेज बरनाला डिपो के मैनेजर समेत 5 लोगों की हत्या हुई, 10 मिलिटैंट मारे गए तथा एक छात्र का अपहरण कर लिया गया ।

डिपो मैनेजर की हत्या : बरनाला (सिधवानी): आज शाम 6 बजे मिलिटैंटों ने पैप्स रोडवेज बरनाला डिपो के मैनेजर नाथ सिंह सिद्धू की हत्या कर दी । बताया जाता है कि श्री सिद्धू स्थानीय एस. डी. कालेज के निकट स्थित अपने घर में प्रवेश करने लगे तो दो मिलिटैंट उनके पीछे चले गए । उस समय श्री सिद्धू का ड्राईवर भी उनके साथ था । जब ड्राईवर ने उक्त युवकों से आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने श्री सिद्धू को निमंत्रण पत्र देना है । इसके साथ ही उक्त युवक श्री सिद्धू के कमरे में घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे । श्री सिद्धू की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका ड्राईवर घायल हो गया । वारदात के बाद मिलिटैंट भाग गए ।

संगरूर से गर्ग के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटरपैड मिला है, जिस पर जगरूप सिंह, राजबीर सिंह बसी और डिम्पल के हस्ताक्षर हैं । इसमें कहा गया है कि प्रथम अगस्त को बंद वाले दिन इस मैनेजर की ओर से बसें चलवाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): कल रात थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जिसकी पहचान बलबीर सिंह के रूप में हुई है । उसके चार साथी बचकर भाग गए । घटनास्थल से एक राइफल, एक छड़ी बम तथा 25 कारतूस बरामद हुए हैं ।

राइफल तथा कारतूस ले गए : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव आज़मपुर में कुछ मिलिटैंट प्रताप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से 303 बोर की एक राइफल तथा 50 कारतूस ले गए । प्रताप सिंह को यह राइफल आत्म रक्षा के लिए मिली थी ।

गुट संघर्ष में मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव नत के निकट से पुलिस को गोलियों से छलनी एक लाश मिली है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मृतक की शिनाख्त इसी गांव के व्यक्ति मंगा के रूप में हुई है । मंगा को कल रात मिलिटैंट उसके घर से ले गए थे और वह लूटमार की वारदातों में संलिप्त था ।

छात्र का अपहरण : बटाला के खजूरी गेट क्षेत्र में स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के गेट से मिलिटैंट आज प्रातः पौने आठ बजे के लगभग 10वीं श्रेणी के एक छात्र रोहित कुमार बख्शी पुत्र श्री विजय कुमार बख्शी का अपहरण करके ले गए । छात्र का बस्ता व रोटी का डिब्बा स्कूल से कुछ दूरी पर सड़क पर पड़ा मिला है । अपहृत छात्र का पिता निर्धन है और वह खजूरी गेट के बाहर एक छोटी सी वर्कशाप चलाता है ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : जालन्धर जिला के चचराड़ी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । मुकाबले में एक पुलिस कांस्टेबल धनराज घायल हो गया । घटनास्थल से एक माऊज़र तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

सरपंच घायल : जालन्धर जिला के बंगा थाना के अंतर्गत चेता गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरपंच संता सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । मिलिटैंटों ने संता सिंह को इसलिए गोली

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sampoorn

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मार्ग क्योंकि उसने अपने लाइसैंसी हथियार देने से इंकार कर दिया था ।

एक मिलिटैंट ज़हर खाकर मरा : फिरोजपुर जिला के कलेरवाशा गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर बोहड़ सिंह नामक एक मिलिटैंट ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली ।

निजी संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के बलेर गांव में मख्तियार सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया ।

आपसी लड़ाई में एक और मिलिटैंट मरा : अमृतसर शहर के सिविल लाइन्स क्षेत्र में मैडीकल एक्लेव के निकट अमरीक सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया ।

गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस थाना के अन्तर्गत गांव बरपाल का एक दर्दान्त मिलिटैंट मेजर सिंह पुत्र जसवन्त सिंह (निवासी पंडोरी तख्तमल, थाना झब्बाल) कुछ मिलिटैंटों के हाथों मारा गया । कल मेजर सिंह ने अमृतसर से 4-5 वर्ष के एक बच्चे का अपहरण कर लिया था और उसे अपने साथ लेकर बरपाल गांव जा रहा था कि कुछ मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी और बच्चे को अपने साथ लेकर चले गए ।

दो मिलिटैंट घायल : अमृतसर से नारंग के अनुसार गत रात गांव काला अफगाना में प्रताप सिंह पुत्र दलीप सिंह के घर कुछ मिलिटैंट आए और वहां से 303 बोर की एक राइफल तथा 25 कारतूस ले गए । गांव के कुछ व्यक्तियों, जिन्हें अपनी रक्षा के लिए सरकार की ओर से राइफलें मिली हुई हैं, ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे दो मिलिटैंट घायल हो गए, मगर उनके साथी उन्हें साथ लेकर भागने में सफल हो गए ।

एक की हत्या : तपामंडी (गर्ग): कल रात यहां से 3 किलो मीटर दूर दराज गांव में मिलिटैंटों ने नछत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 3-4 मिलिटैंट नछत्तर सिंह के घर आए तथा उसका दरवाजा खटखटाया । नछत्तर सिंह जब बाहर आया तो मिलिटैंट उसे गोलियां मार कर भाग गए । नछत्तर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । 'वार्ता' के अनुसार यह वारदात मिलिटैंटों के निजी गुट संघर्ष का परिणाम है ।

दुकानदार की हत्या : तपामंडी से 7 किलो मीटर दूर पखोकलां गांव में मिलिटैंटों ने कृष्ण कुमार नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने कृष्ण कुमार को उसके घर से बाहर बुलाया तथा गोलियां मार कर भाग गए ।

मुकाबले में 1 और मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिला में शाहवाल गांव के निकट आज प्रातः एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में समर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

दो की हत्या : फरीदकोट जिला के हरी गांव में मिलिटैंटों ने कल रात शराब की एक दुकान के दो कर्मचारियों अजीत सिंह और गुरमीत सिंह की हत्या कर दी ।

पुलिस हिरासत से मिलिटैंट फरार : सुखदेव सिंह नामक एक मिलिटैंट, जिसे हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जाया जा रहा था, उस समय पुलिस हिरासत से भाग गया, जब मिलिटैंटों के एक गिरोह ने लुधियाना जिला के बस्ती गुज्जरां के निकट पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : पटियाला (वार्ता): जिला के गरदयालपुरा गांव के समीप आज दोपहर सुरक्षा कर्मियों द्वारा हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जाया जा रहा एक मिलिटैंट अवतार सिंह उस समय गोली लगने से मारा गया, जब मिलिटैंटों के एक गिरोह ने सुरक्षा कर्मियों पर हमला कर दिया ।

पटियाला से 'राजू' के अनुसार इस मुठभेड़ में तीन पुलिस कांस्टेबल जरनैल सिंह, सुखविंदर सिंह तथा सुखदयाल सिंह घायल हो गए । उन्हें स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अवतार सिंह भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स से सम्बद्ध था और उसे मिलिटैंटों को आश्रय देने के आरोप में हाल ही में पकड़ा गया था । मुठभेड़ से पूर्व अवतार सिंह की निशानदेही पर सुरक्षा बलों ने एक .315 बोर की राइफल, एक ए.के. 47 राइफल तथा एक देसी राइफल बरामद की थी । मुकाबला प्रातः साढ़े 11 बजे शुरू हुआ और लगभग 4 घंटे तक चला । मुकाबले के बाद मिलिटैंट भाग गए । सारे क्षेत्र को सील करके उनकी तलाश की जा रही है ।

धन ऐंठने वाले 3 व्यक्ति काबू : पटियाला जिला पुलिस ने सामाना क्षेत्र में शराब, मांस तथा सिगरेटों की दुकानों से धन ऐंठने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम बलवंत सिंह, नाजर सिंह तथा राज सिंह हैं । उनसे एक मारुति वैन, एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

पशु चिकित्सक को लूटा : आज दोपहर सवा दो बजे के लगभग मिलिटैंटों ने नाभा में एक पशु चिकित्सक से 1.68 लाख रुपया लूट लिया । उक्त पशु चिकित्सक अस्पताल कर्मियों को वेतन देने के लिए यह धन राशि बैंक से निकलवा कर ले जा रहा था । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : जलालाबाद (अनेजा) : मिलिटैंटों ने कल रात घाघा कलां गांव के पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह के बेटे मंजीत सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया । मिलिटैंटों ने मंजीत सिंह की रिहाई के बदले में 8 लाख रुपए की मांग की है ।

15 मिलिटैंट काबू : रोपड़ जिला पुलिस ने 15 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम राजेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, गुरदर्शन सिंह, गगनजीत सिंह, जगतार सिंह, सुखजिन्दर सिंह, दिलबाग सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सोहन सिंह, अमरीक सिंह, रणजीत सिंह, शाम सुन्दर तथा संतोख सिंह हैं । उक्त मिलिटैंट हत्या, लूटपाट तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में संलिप्त बताए जाते हैं । इनके कब्जे से 3 दोनाली बन्दूकें, एक खिलौना पिस्तौल तथा भारी परिमाण में कारतूस तथा विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं ।

बस पर फायरिंग : जंडियाला पुलिस थाने के एक गश्ती दल ने आज रात्रि पुलिस जिला मजीठा में गांव मल्लियां के बस स्टैंड पर अमृतसर जा रही एक बस को गोलियां मार कर रोक कर नरसंहार करने की मिलिटैंटों की कोशिश असफल कर दी । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने चंडीगढ़ से आ रही बस को रोकने की कोशिश की और उस पर अंधाधुंध फायरिंग की तो बस न रुकी लेकिन परिणामस्वरूप एक महिला घायल हो गई ।

4 मिलिटैंट मारे गए : संगरूर (गर्ग): संगरूर से 20 किलो मीटर दूर गांव शेरों कोठे सिंह में आज पुलिस और मिलिटैंटों में हुए 6 घंटे के मुकाबले में 4 मिलिटैंट मारे गए । पुलिस ने देर तक मुकाबले के पश्चात हथगोले फैंक कर उस मकान की छतें उड़ा दीं, जिनमें से मिलिटैंट फायरिंग कर रहे थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार बाद में पैट्रोल से भीगी बोरियों के टुकड़ों के आग लगा कर फैंका गया, जिस पर मिलिटैंट बाहर को भागने के लिए विवश हुए और मुकाबला



बेदखली सूचना

मेरा लड़का राजेश विज उर्फ बिट्टू, आयु 20 साल मेरे कहने से बाहर है और बुरी आदतों का शिकार है । वह बुरी संगत से परिवार का नाम बदनाम कर रहा है । मैंने उसे अपनी सारी चल-अचल जायदाद से बेदखल कर दिया है । उसके साथ जो कोई भी लेन-देन करेगा, वो खुद जिम्मेदार होगा ।

दर्शना कुमारी
विधवा स्व. सोम नाथ विज,
निवासी 47, गांधी कालोनी, लुधियाना

परिणाम

राजस्थान स्टेट लॉटरीज

राजमंगल
वीकली लॉटरी

दस टीकटों के ब्लॉक में कम से कम रु. १५ की गारंटी

126वें ड्रा का परिणाम जो 6.8.91 को निकाला गया :–

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- E-633042

2nd Prize (4) Rs. 1,000/-
C-633042 D-633042 F-633042 G-633042

Tickets ending with following numbers in all series

3rd Prize (40) Rs. 500/- 33042

मुख्य स्टाकिस्ट :
मै. राजमंगल एंटरप्राइज़िज़,
81, रैगड़पुरा,
नई दिल्ली
फोन: 5714309, 5723364

संशोधन

4.8.91 के पंजाब केसरी में अंतिम से पहले पृष्ठ पर प्रकाशित काऊंट मैडीकल इंस्टीट्यूट एंड हास्पिटल सैक्ड ई/39, नेहरू नगर, बसंत सिनेमा के पास गाजियाबाद के विज्ञापन मैडीकल प्रवेश सूचना में सामान्य सूचना के ऊपर यह लाईन भी पढ़ी जाए, "डी.एम.एल.टी. (डिप्लोमा इन मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नालोजी) नौ माह पाठ्यक्रम" ।

Punjab Sahitan

उत्पादन प्रक्रिया में संलिप्त एवं अर्द्धनिर्मित स्थिति में पड़े तेल को इस लेखे-जोखे से अलग रखा जाएगा।

तक उनकी पार्टी संघर्ष जारी रखेगी। उल्लेखनी है कि मंडल दिवस के अवसर पर आज राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के तहत यह रैली आयोजित की गई थी।



(ऊपर) राजस्थान के रायसिंह नगर में पृथ्वीसर सीमा चौकी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए पाक घुसपैठिये का शव तथा (नीचे) उससे बरामद 6 ए.के. 56 राइफलें, 21 मैगज़ीनें, 1730 कारतूस, 2 पिस्तौलें तथा अन्य विस्फोटक सामग्री। (फ़ोटो: विनय

एरिया कमांडर सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता समेत 7 मिलिटैंट मरे, 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 7 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक एरिया कमांडर सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता तथा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के उप-प्रमुख गुरमेज सिंह उर्फ गेजा समेत 7 मिलिटैंट मारे गए, 5 लोगों की हत्या हुई तथा एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया।

एरिया कमांडर समेत 2 मिलिटैंट मरे : मानसा (मेहता) : कल रात यहां से 32 किलोमीटर दूर सैदोवाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए। डी.एस.पी. धी मुख्तियार सिंह ने मुठभेड़ का विवरण देते हुए बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि गांव सैदोवाल के गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति के घर कुछ मिलिटैंट छिपे हुए हैं। सुरक्षा कर्मियों ने गुरनाम सिंह के मकान को घेर लिया तथा भीतर छिपे मिलिटैंटों को बाहर आने के लिए कहा। इस पर मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दो सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर दो मिलिटैंट मारे गए। इनकी पहचान सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता तथा गुरमेज सिंह उर्फ़ गेजा के रूप में हुई है। सतनाम सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एरिया कमांडर था और गुरमेज सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का उप-प्रमुख था। मुकाबले में बी.एस.एफ. कमांडेंट प्रमोद कुमार तथा कॉन्स्टेबल बेला सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मुकाबला मंगलवार दोपहर एक बजे के लगभग शुरू हुआ और शाम सात बजे तक चला। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 47 राइफल, एक बंदूक तथा 50 कारतूस बरामद हुए हैं।

हड़ताल : कल शाम बनाला में पी.आर.टी.सी. के डिपो मैनेजर श्री साधु सिंह सिधू की हत्या के विरुद्ध रोषस्वरूप पी.आर.टी.सी. कर्मियों ने आज यहां हड़ताल की। मानसा से नाभा कोई बस बाहर नहीं गई तथा न ही आई।

मुठभेड़ का विवरण : संगरूर से 'गर्गज' के अनुसार कल रात यहां से 20 किलोमीटर दूर ख शेरों कोठे में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 मिलिटैंट मारे गए थे। आज इस घटना का ब्र विवरण मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

X-Citing Range of
• Shirts
• Trousers

Punjabi Sahitya

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बलों को यह सूचना मिली थी कि नाहर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कुछ मिलिटैंट छिपे हुए हैं। सुरक्षा कर्मियों ने तुरत मकान को घेर लिया। दोनों तरफ से ज़बरदस्त फायरिंग हुई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने अश्रु गैस, हथगोलों तथा पैट्रोल बमों का इस्तेमाल किया। फायरिंग बंद होने पर सुरक्षा कर्मी जब मकान के भीतर गए तो वहां 5 मिलिटैंटों के शव पड़े मिले। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ़ सीतल उर्फ़ झक्खड (वल्टोहा), दर्शन सिंह (वल्टोहा), गुरबाज सिंह (कैथल), बिल्ला उर्फ़ जसविन्दर सिंह (भटिंडा) तथा परगट सिंह (तलवंडी) के रूप में हुई है। सुरजीत सिंह के.सी.एफ. के पंजवड़ गुट से सम्बन्धित था और उस पर एक लाख रुपए का ईनाम था। वह लगभग 50 हत्याओं में संलिप्त था। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 56 राइफल, एक 7.62 बोर की राइफल, एक 12 बोर की बन्दूक, दो मैगजीन, चोरी का एक स्कूटर तथा के.सी.एफ. एवं बी.टी.एफ. के लैटरपैड भी मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरजीत सिंह मिलिटैंट संगठनों को हथियार बेचने के लिए यहां आया था।

तीन खतरनाक मिलिटैंट मरे : बाघापुराना से 'मित्तल' के अनुसार आज प्रातः 5 बजे के करीब पुलिस थाना बाघापुराना के गांव लंगेयाणा नवां के निकट एक भिड़न्त में तीन खतरनाक मिलिटैंट मारे गए। इस सारी कार्रवाई में एक एस.पी.ओ. भी मारा गया। जिला फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने बताया है कि पुलिस की एक नाका पार्टी ने प्रातः छः मिलिटैंटों को एक ट्रैक्टर पर घूमते देखा था। जब इनको रुकने का इशारा किया गया तो इन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन मिलिटैंट मारे गए जबकि उनके तीन साथी भाग जाने में सफल हो गए। उन्होंने बताया कि यह भिड़न्त करीब 20 मिनट तक चली।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त गुरजंट सिंह निवासी गांव बूटासिंहवाला, अमर इकबाल सिंह उर्फ़ हैप्पी निवासी गांव आलमवाला तथा सरवन सिंह फौजी निवासी गांव घुम्मनवाला के रूप में हुई है, ये तीनों के.एल.एफ. से सम्बद्ध थे तथा 100 के करीब हत्याओं, लूटपाट व अपहरण के मामलों में पुलिस को वांछित थे। घटनास्थल से एक ए.के. 74 राइफल, एक 315 बोर की राइफल, एक 315 बोर की पिस्तौल, 4 मैगज़ीनें, बड़ी संख्या में कारतूस तथा एक बोतल बम मिला है। मारा गया मिलिटैंट सरवन सिंह फौजी 62 वर्ष का था तथा सेवानिवृत्त सैनिक था। मारा गया एस.पी.ओ. बाघापुराना का बलवंत सिंह है।

एक की हत्या : पटियाला जिला के वरधाना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने महेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

किसान की हत्या : मजीठा पुलिस जिला के नांगली गांव में कल रात मिलिटैंटों ने निर्मल सिंह नामक एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

सेवादार की हत्या : होशियारपुर जिला के शेरगढ़ गांव में कल रात कुछ मिलिटैंट दर्शन सिंह के डेरे में घुस गए तथा सेवादार जुझार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना जिला के कौंके कलां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने गुरदेव कौर के घर में घुस कर उसके बेटे जगजीत सिंह की हत्या कर दी।

एक व्यक्ति का अपहरण : कल रात मिलिटैंटों ने लुधियाना में गुरु तेग बहादुर अस्पताल के मकैनिक अजमेर सिंह का अपहरण कर लिया।

निहंग गिरफ्तार : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार कपूरथला जिले के गांव संगतपुरा के निकट सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के बाद प्रीतम सिंह नामक एक निहंग को गिरफ्तार कर लिया। प्रीतम सिंह से एक बंदूक, कुछ कारतूस तथा बिना नम्बर वाला एक स्कूटर बरामद हुआ है। यह निहंग गत माह पांधर गांव के सरपंच के पुत्र ठेकेदार जसबीर सिंह की हत्या में संलिप्त था।

दो मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के बूह गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए।

दिल्ली यू. पी. बार्डर से 8 किलोमीटर दूर फ्रीहोल्ड प्लाट्स खरीदें

शक्ति नगर 60/-

कालोनी नौयडा के समीप, इन्द्रापुरम के सामने

पक्की रजिस्ट्री, 25% एडवांस देकर प्लाट बुक करवाएं, नकद भुगतान पर 5% की छूट।

प्रमोटर्स : जवाहर लाल एण्ड सन्स

एस. के. प्रापर्टीज़ (रियल एस्टेट एजैंट)

217, प्रथम मंजिल दरीबाकलां चांदनी चौक दिल्ली, फोन : 3265732, घर : 7243289.

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों ने भारी संख्या में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया और एक पाक प्रशिक्षित अलगाववादी को गिरफ्तार किया। इस बीच सुरक्षा बलों ने डोडा जिले से आज पाक प्रशिक्षित दो अलगाववादियों को गिरफ्तार किया। कश्मीर के किसी भी हिस्से में आज दिन का कर्फ्यू नहीं रहा।

एक पूर्व विधायक मोहम्मद सुलतान पंडितपुरी को उसके एक सहायक के साथ आज हंदवाड़ा-बारामूला रोड पर हिरासत में ले लिया गया।

सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी कि सुरक्षा बलों तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस के कुछ जवानों समेत आठ व्यक्ति उस समय घायल हो गए, जब आज दो बजे ऐन शहर में एक सुरक्षा वाहन पर एक हथगोला फैंका गया। प्रदर्शनी चौक के निकट भी इसी प्रकार की एक घटना में छह अन्य लोग घायल हो गए।

मैं पहले भी संवेदनशील पदों पर काम कर चुका हूं : सुरेन्द्र नाथ

चंडीगढ़, 7 अगस्त (प.स.): श्री ओ.पी. मल्होत्रा द्वारा पंजाब के राज्यपाल पद से त्यागपत्र देने के पश्चात जब केंद्र को लगभग डेढ़ मास तक कोई उचित व्यक्ति पंजाब के राज्यपाल के संवेदनशील पद के लिए नहीं मिला तो केंद्र श्री सुरेन्द्र नाथ को किस प्रकार इस पद पर लाने में सफल हुआ ? यह प्रश्न आज यहां पत्रकार सम्मेलन में नवनियुक्त राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को जब वह मद्रास गए हुए थे तो उन्हें तुरंत दिल्ली पहुंचने के लिए कहा गया। जब उन्हें यह पद स्वीकार करने के लिए कहा गया तो उन्होंने सोचने के लिए कुछ समय मांगा। उन्होंने बताया कि हालांकि मुझे इस पद में प्लस प्वाइंटों की अपेक्षा माइनस प्वाइंट अधिक दिखे, फिर भी मैंने इस पद को स्वीकार कर लिया क्योंकि मैं पहले भी मिजोरम तथा जम्मू-कश्मीर में संवेदनशील पदों पर काम कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि अगर इसमें कुछ अच्छाई है तो मैं इसे देश के लिए करूंगा।

अमृतसर आएंगे : अमृतसर (प.स.): श्री सुरेन्द्र नाथ स्वर्ण मंदिर, दुर्ग्याणा मंदिर में माथा टेकने तथा जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कल यहां आएंगे।

जद द्वारा प्रदर्शन

होशियारपुर, 7 अगस्त (अश्विनी): जनता दल व रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया की तरफ से चीनी, खाद व अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में की गई वृद्धि के विरोध में व मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू किए जाने की मांग के समर्थन में जिला कचहरी के समक्ष एक रैली व प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

राज्यपाल ओ.पी. मल्होत्रा को विदाई

पवार द्वारा पंजाब व कश्मीर समस्याओं के राजनीतिक हल का आह्वान

बम्बई, 7 अगस्त (प.स.): रक्षामंत्री शरद पवार ने पंजाब और कश्मीर की समस्याएं राजनीतिक प्रक्रिया द्वारा हल करने का आह्वान आज किया और कहा कि इन राज्यों में सेना की तैनाती, यद्यपि बिगड़ी स्थिति के कारण उचित है, न्यूनतम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में सेना ने अच्छा काम किया है और लोगों के धन्यवाद की पात्र बनी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की पाकिस्तान से लगती लगभग सारी सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सारी सीमा पर सेना तैनात करना संभव नहीं लेकिन कुछ संवेदनशील हिस्सों में सेना तैनात है। शेष हिस्सों में बी.एस.एफ. तैनात है। उन्होंने कहा कि राज्यों की कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए सेना तैनात नहीं की जा सकती। वह इस मामले पर मुख्यमंत्रियों के साथ शीघ्र विचार करेंगे।

सुरेन्द्र नाथ

(पृष्ठ 3 का शेष)

मामले में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि पंजाब समस्या के हल के लिए वह कोई 'बनी बनाई' योजना लेकर पंजाब नहीं आए हैं। यहां स्थिति का जायजा लेकर तथा विचार-विमर्श करके ही वह कुछ कह सकते हैं। उन्होंने प्रैस और पंजाबियों से अपील की कि वे प्रदेश की स्थिति सुधारने के मामले में मेरी सफलता की कामना करें।

इससे पूर्व राज भवन में हुए एक विशेष समारोह में पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री आई.एस. टिवाना ने श्री सुरेन्द्र नाथ को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। समारोह में पंजाब के मुख्य सचिव श्री तेजेन्द्र खन्ना ने राष्ट्रपति के वे दो आदेश पढ़ कर सुनाए कि श्री सुरेन्द्र नाथ को पंजाब का राज्यपाल तथा यू.टी. चंडीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

समारोह में इंका नेता बेअन्त सिंह, संतोख सिंह रंधावा, महेन्द्र सिंह गिल, हरचरण सिंह बराड़, दौलत राम शर्मा के अलावा भाजपा नेता मदन मोहन मित्तल, जद नेता तेजा सिंह टिवाना, पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री सुरजीत सिंह मिन्हास भी उपस्थित थे।

हरियाणा की तरफ से इस समारोह में राज्यपाल श्री धनिक लाल मंडल, मुख्यमंत्री श्री भजन लाल तथा उनके कुछ साथी मंत्री आए हुए थे। उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश तथा पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ के उच्चाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

तेलगू देशम बजट में कटौती प्रस्ताव पेश करेगी

Punjabi Sanatani

पंजाब में 9 सुरक्षा कर्मियों, भारोत्तोलक व महिला सहित 15 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 8 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों में गत 24 घंटों के दौरान 9 सुरक्षा कर्मियों, एक महिला व भारोत्तोलक सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक एस.डी.ओ. का अपहरण कर लिया गया जबकि बम विस्फोट की एक घटना में 3 सुरक्षा कर्मियों व एक महिला सहित 13 व्यक्ति घायल हो गए । इसके अलावा राज्य में विभिन्न घटनाओं के दौरान 10 मिलिटैंट भी मारे गए ।

भारोत्तोलक की हत्या : जालधर में आज प्रात: स्थानीय गुरु गोबिन्द सिंह स्टेडियम के निकट स्कूटर सवार कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने राष्ट्रीय स्तर के भारोत्तोलक अजय वर्मा की गोलियां मार कर हत्या कर दी। समझा जाता है कि स्कूटर सवार वे सशस्त्र व्यक्ति संभवत: मिलिटैंट थे तथा हत्या के बाद वे फरार होने में सफल हो गए। जिस समय उक्त वारदात हुई, उस दौरान अजय वर्मा दैनिक अभ्यास के लिए स्टेडियम जा रहा था।

बताया जाता है कि स्कूटर सवार हत्यारों की संख्या 2 थी।

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि अजय वर्मा अभ्यास के बाद स्टेडियम से वापस आ रहा था।





जालन्धर में वीरवार को प्रात: 7.45 बजे कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने भारोत्तोलन के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अजय वर्मा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । चित्र में (ऊपर बाएं) मृतक का पुराना चित्र,(ऊपर दाएं) अजय वर्मा का शव तथा (नीचे) उसके निकट सुबंधी विलाप करते हुए । इस वारदात के समय अजय वर्मा दैनिक अभ्यास के लिए स्थानीय गुरु गोबिन्द सिंह स्टेडियम में जा रहा था । (छाया : आर.के. कोहली)

महिला की हत्या : जिला फरीदकोट के गांव चुड़ड चक में मिलिटैंटों ने सिमरनजीत कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला लुधियाना के गांव सेरमी में मिलिटैंटों ने भाग सिंह तथा रोमी गांव में हरमिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

छलनी शव मिला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव भूलर में आज प्रात: एक अज्ञात युवक का गोलियों से छलनी शव मिला है।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला भटिंडा के गांव फटनवाला में सुरक्षा दलों के साथ गत रात्रि हुए एक मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए, जिनकी फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से कुछ हथियार भी बरामद हुए है।

एस.डी.ओ. का अपहरण : जिला लुधियाना के गांव पखोवाल के निकट से आज मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पंजाब राज्य विद्युत मंडल के एस.डी.ओ. नायब सिंह संधु का अपहरण कर लिया है।

हैड कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (ग्रामीण) मिलिटैंटों ने गत रात्रि मेहता थाना के अधीन नगली गांव में पुलिस हैड कांस्टेबल प्रीतम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी। कपूरथला में तैनात उक्त हैडकांस्टेबल नंगली गांव में अपने ससुराल आया हुआ था।

दो मिलिटैंट जहर खाकर मरे : आज प्रात: 4 बजे घरिंडा पुलिस ने मानकपुरा गांव में नाका लगाया हुआ था कि दो मिलिटैंट स्कूटर पर आए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने के लिए कहा तो मिलिटैंटों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करके उन्हें काबू कर लिया। पुलिस कर्मी अभी उनसे पूछताछ कर ही रहे थे कि उन्होंने तुरन्त जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इनकी पहचान दलजीत सिंह उर्फ बिल्ला (निवासी फावाड़ा) तथा सुरेन्द्र सिंह (निवासी बामरके गिलवां) के रूप में हुई है। इनसे 2 पिस्तौल तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद हुआ है।

बम विस्फोट में 1 सुरक्षा कर्मी की मृत्यु : बटाला थाना के अन्तर्गत बलपुरियां गांव में मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक वैन पर बम फैंका, जिससे एक हैडकांस्टेबल अर्जुन सिंह की मौका पर ही मृत्यु हो गई और कांस्टेबल हरिचन्द, मट्ठा धार, दलजीत, जलाल सरकर, देव दत तथा कल शेख गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गुट संघर्ष में दम्पति मरा : गत रात्रि खालड़ा गांव में आत्मा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर कुछ मिलिटैंट आए तथा उसके बेटों के बारे में पूछताछ की। आत्मा सिंह द्वारा अपने बेटों का कोई अता-पता न दिए जाने पर मिलिटैंटों ने आत्मा सिंह तथा उसकी पत्नी हरबस कौर को गोलियां मार दी, जिससे उन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने इसे मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताया है।

पिस्तौल बरामद : अमृतसर के कोट करनैल सिंह क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर 32 बोर का एक पिस्तौल पार्क में दबा निकाला।

अन्यत्र बम विस्फोट में 3 सुरक्षा कर्मियों व महिला सहित 13 घायल : विभिन्न घटनाओं में 10 मिलिटैंट मरे : पंजाब राज्य विद्युत मंडल के एस.डी.ओ. का अपहरण

कस्टम विभाग के 2 कर्मी घायल : रात्रि साढ़े 11 बजे प्राप्त एक सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने आज रात्रि थाना लोपोकी के गांव पहरी और खासा के मध्य कस्टम विभाग के कर्मियों की कार पर फायरिंग करके 2 कर्मियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि कस्टम इंस्पैक्टर श्री बलबीर सिंह और ड्राइवर लक्खा सिंह वाघा सीमा से उस समय घर लौट रहे थे, जब मिलिटैंटों ने उन पर हमला किया । घायलों को अमृतसर में लाकर अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

बम धमाके में 13 लोग घायल : आज प्रात: झब्बाल बस अड्डे पर बम विस्फोट हुआ, जिससे 13 लोग घायल हो गए। इनमें 3 पुलिस कर्मी बलविन्दर सिंह, सलामत मसीह तथा अवतार सिंह है। घायल होने वाले अन्य व्यक्तियों के नाम जनक राज, राम सिंह, तरसेम सिंह, दुवा राम दलबीर सिंह, स्वर्ण सिंह, गौरी, काला, अजय तथा सरन्द्र कौर हैं।

'अशोक सोनी' के अनुसार विस्फोट प्रात: 8.30 बजे हुआ तथा यह धमाका दूध के एक बर्तन के माध्यम से किया गया। इस विस्फोट में 12 व्यक्ति घायल हुए, जिसमें एक महिला भी शामिल है जबकि 2 घायलों की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है।

बम विस्फोट में 7 सुरक्षा कर्मी मरे : गत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र में जंडियाला-तरनतारन मार्ग पर स्थित माता गंगा कालेज फार विमैन के निकट हुए एक बम विस्फोट में सी.आर.पी.एफ. के गश्ती दल का वाहन ध्वस्त हो गया जिसमें बैठे सी.आर.पी.एफ. के 6 कर्मी व पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल मारा गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार सी.आर.पी.एफ. का उक्त वाहन गश्ती ड्यूटी पर जा रहा था कि जब वह उक्त स्थान पर पहुंचा तो वहां सड़क के उस भाग के निकट, जहां मुरम्मत कार्य चल रहा था, एक भीषण बम विस्फोट हो गया। जिसमें सुरक्षा कर्मियों का गश्ती वाहन टुकड़े-टुकड़े हो गया। इस वाहन में बैठे सभी सुरक्षा कर्मी मारे गए। मृतकों की पहचान इस प्रकार हुई, (1) सी.आर.पी.एफ. का इंस्पैक्टर दीवान चंद, (2) नायक एम.के. अत्तर, (3) लांस नायक नेक राज सेन, (4) कांस्टेबल मुल्तान खान, (5) कांस्टेबल चालक प्रवीण भाई, (6) कांस्टेबल हल्कू राम व (7) पंजाब पुलिस का कांस्टेबल कंवलजीत सिंह।

बताया जाता है कि यह घटना रात 12.30 बजे हुई। सी.आर.पी.एफ. नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह बम विस्फोट शायद बाइसी सुरंग के माध्यम से किया गया है। पता चला है कि इस विस्फोट में पंजाब पुलिस का मारा गया कांस्टेबल सी.आर.पी.एफ. के गश्ती दल के साथ उनके गाईड के तौर पर बैठा हुआ था।

2 मिलिटैंट मरे : मानसा (मेहता) यहां से 25 कि.मी. दूर गांव झुनीर में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। बताया जाता है कि रात 11.30 बजे पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 2 व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों मिलिटैंट मारे गए जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 12 गए जिनकी बोर की एक दोनाली बंदूक, 455 बोर की एक रिवाल्वर व गोली सिक्का मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : पट्टी (म.) आज दोपहर 12.30 बजे मिलिटैंटों ने पट्टी थाना के गांव नतूर के निकट एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर जिले के झब्बाल में वीरवार को हुए बम विस्फोट में घायल हुए कुछ व्यक्ति अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया : रवि)



तरनतारन में वीरवार को सुरक्षा बलों की जीप को बम से उड़ा दिया गया । (ऊपर) वह इमारत जिसके शीशे विस्फोट से टूट गए । (नीचे) वह सड़क जहां सीवरेज का काम चल रहा था और जहां बम छिपाया गया था । (छाया : रवि)

Punjabi Sanatam

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी। प्राप्त विवरण के अनुसार 3 व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर नतूर से पट्टी आ रहे थे कि नतूर परिसर के निकट उन पर मिलिटैंटों ने घात लगाकर फायरिंग कर दी। इस दौरान एक स्कूटर सवार मारा गया जबकि दो अन्य बच गए। मृतक की शिनाख्त सुखविन्दर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह हत्या निजी दुश्मनी के परिणामस्वरूप हुई है।

एक व्यक्ति की हत्या, एक अन्य घायल : बटाला (कोछड़) थाना डेरा बाबा नानक के गांव शिकार मछियां में गत रात्रि 5-6 मिलिटैंटों ने एक ट्यूबवैल पर फायरिंग करके बलकार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा अजमेर सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस फायरिंग में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : पठानकोट (गुप्ता) गत रात्रि रणजीत सागर बांध पर नाकाबंदी के दौरान एक मिलिटैंट ने गिरफ्तार होने के भय से जहर खाकर आत्महत्या कर ली जबकि 2 अन्य मिलिटैंटों को काबू कर लिया गया है मगर उनका एक साथी फरार होने में सफल हो गया।

पठानकोट के डी.एस.पी. गोपाल सिंह बस्सी के अनुसार पुलिस थाना धार के एस.एच.ओ. ने एक दल के साथ रणजीत सागर बांध पर नाका लगा रखा था कि सामने से एक मारुति कार में 4 व्यक्ति आते दिखाई दिए। जब उन्हें रोका गया तो उनमें से एक ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो उसने गिरफ्तारी के भय से साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से मिले शिनाख्ती कार्ड के अनुसार उसका नाम बलदेव सिंह पुत्र कश्मीरा सिंह है। वह धारकलां का रहने वाला था। पुलिस को संदेह है कि यह शिनाख्ती कार्ड जाली है। उनका एक साथी जो अमृतसर के मैडिकल कालेज का विद्यार्थी कुलदीप सिंह था, भागने में सफल हो गया जबकि पुलिस ने जिन दो को काबू किया उनके नाम सर्वजीत सिंह गांव ऑरकिन थाना रमदास व हरदीप सिंह गांव डल्हा थाना कादिया हैं। उनके कब्जे से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले हैं। डी.एस.पी. के अनुसार यह मिलिटैंट पठानकोट में कोई वारदात करने के लिए आए थे। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

ठेका लूटा : लुधियाना (महिन्द्रा): कल सायं दो लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर धरी फाटक का शराब का ठेका लूट लिया और वहां से पिस्तौल की नोक पर 12 हजार रुपए छीन कर फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि मौजा जंडियाली में रतन सिंह की मारुति कार खड़ी थी। मिलिटैंट उसे ले गए तथा अपनी मारुति कार वहीं छोड़ गए। पुलिस का कहना है कि परसों स्थानीय गुरु तेग बहादुर अस्पताल के बिजली मैकेनिक अजमेर सिंह का मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया। उन्होंने मौजा फवाजके से एक व्यक्ति पवित्तर सिंह की मारुति कार छीन ली तथा फरार हो गए।



पुलिस थाना बाघा पुराना के गांव लंगियाना के निकट सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में मारे गए (1) एस.पी.ओ. बलवंत सिंह, (2) मिलिटैंट अमर इकबाल सिंह हैप्पी, (3) सरबन सिंह फौजी थम्मन वाला व (4) गुरजंट सिंह निवासी बूटावाला के शव। (छाया : ज्ञान मित्तल)

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर हमले करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। घर-घर की तलाशी ली जा रही है। कुछ सैनिकों ने मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च किया। सरकारी सूत्रों के अनुसार तलाशी के दौरान अभी तक किसी गांव से गिरफ्तारी या हथियारों की बरामदगी की खबर नहीं है।

राज्यपाल अमृतसर में

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब समस्या वार्ता से हल हो सकती है : चंडीगढ़ (संघी) : पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ ने आज यहां कहा कि पंजाब समस्या ऐसी समस्या नहीं, जिसका समाधान वार्ता से न किया जा सके।

राजभवन में प्रशासनिक सचिवों एवं विभागों के प्रमुखों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य में मिलिटैंसी का बढ़िया उत्तर यह है कि विकास गतिविधियों की गति को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि मेरा यह भरसक प्रयत्न रहेगा कि लोगों को खुली सरकार प्रदान की जाए एवं अधिकारियों से कहा कि वे लोगों को सुगमता से उपलब्ध हों। श्री सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, जो चंडीगढ़ अपनी दुख-तकलीफ लेकर आता है, वह सम्बन्धित अधिकारी को सुनाए बिना वापिस नहीं लौटना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि चुनी हुई सरकार की अनुपस्थिति में प्रशासन का और भी अधिक दायित्व बन जाता है कि वह लोगों की कठिनाइयों एवं समस्याओं का समाधान करे।

श्री सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि नवयुवकों के कल्याणार्थ जो स्कीमें हैं, उन्हें प्रशासन की ओर से उच्चतम प्राथमिकता दी जाएगी ताकि नवयुवकों को अर्थपूर्ण अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में कामकाज के सुधार के लिए भारी गुंजाइश है। यदि विभागों में अधिक कुशलता एवं विश्वास पैदा किया जाए तो यह राज्य के लोगों के लिए एक बड़ी देन होगी। श्री सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि पंजाब ने कृषि एवं अन्य बहुत से क्षेत्रों में बढ़िया उदाहरण स्थापित किए हैं और यह राज्य पुनः अपने लोगों को कुशल एवं उत्तरदायी सरकार प्रदान करने के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि विभिन्न प्रशासनिक विभागों में वचनबद्धता की भावना होनी चाहिए ताकि इनके कामकाज में और अधिक तालमेल हो सके।

राज्यपाल ने अधिकारियों पर बल दिया कि वे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे करें एवं अपने दौरों के नोट्स तैयार करें तथा सिफारिशों के आधार पर फालो-अप एक्शन को आश्वस्त बनाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि जहां जरूरत हो, वहां अचानक

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

आठवीं नौवीं फेल दसवीं शर्तिया पास करें +1 फेल +2 (Art Sc., Com.) करें। पास कराने की गारंटी K.S. College, Shivaji Nagar, Ludhiana Ph. : 60419.

(2340/26JUC)

Estd : 1974 PH. : 27737
ADMISSION GUIDANCE
MATRIC PASS OR

नाम परिवर्तन

मैं बोहती देवी पुत्री श्री ईश्वर सिंह, पत्नी श्री केहर सिंह मान, निवासी गोघड़ीपुर, करनाल ने अपना नाम बदल कर सरोज देवी रख लिया है, संबंधित नोट करें।

(H.O. Gandhi/27W)

तीर्थ यात्रा

नासिक, कुम्भ रामेश्वर, कन्याकुमारी, द्वारिकापुरी 45 तीर्थ, डीलक्स बस, शिव कुमार टेलर मास्टर, लाडवा (कुरुक्षेत्र)।

Punjabi Sanatani

अंसूसी अभियान पर थी।

शुक्रवार को नई दिल्ली में वित्तमंत्री के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करती हुई । (छाया : प्रै.ट्र.)

मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में

909 करोड़ रुपए खर्च होंगे । वाणिज्य राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने लोकसभा में यह जानकारी।

लोगों ने पीट-पीट कर मिलिटैंट को मार डाला : अन्यत्र 6 मिलिटैंट मरे : घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 9 अगस्त (वार्ता, प.स.): लुधियाना में आज लोगों ने एक मिलिटैंट की पीट-पीट कर हत्या कर दी, जबकि उसके 2 अन्य साथी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । राज्य में अन्यत्र विभिन्न घटनाओं में 4 और मिलिटैंट मारे गए । पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं में नाभा सैंट्रल जेल के सहायक अधीक्षक, 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक पाक घुसपैठिए को मार गिराया ।

जेल के सहायक अधीक्षक की हत्या : जिला पटियाला में मिलिटैंटों ने गत सायं झाल गांव के निकट नाभा सैंट्रल जेल के सहायक अधीक्षक फकीर सिंह राही की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी जब वह अपने गांव जलवत जा रहे थे।

2 मिलिटैंटों के छलनी शव मिले : जिला अमृतसर के बाहरी क्षेत्र गुरु की वडाली में से पुलिस ने आज प्रातः 2 अज्ञात मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं।

मिलिटैंट फरार : जिला रोपड़ में गत सायं मंजीत सिंह नामक एक मिलिटैंट उस समय पुलिस की हिरासत में से फरार हो गया जब उसे हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था। यह घटना डुगरी नहर के पुल के निकट हुई।

मिलिटैंट के माता-पिता की हत्या : पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने आज अमृतसर के बाहरी क्षेत्र सांगना में मंगल सिंह नामक एक व्यक्ति व उसकी पत्नी अमरीक कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल पर छोड़े गए एक संदेश में खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ गुट) ने इस हत्या की जिम्मेवारी ली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त दम्पति का बेटा भूपिन्दर सिंह उर्फ बिट्टू भी एक कुख्यात मिलिटैंट था तथा गत 4 अगस्त को वह तरनतारन में हुए एक गुट संघर्ष के दौरान मारा गया था। उस घटना में उसके अलावा 4 अन्य मिलिटैंट भी मारे गए थे।

ग्रामीण की हत्या : एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने जिला पटियाला के गांव बस्सी पठानां में एक ग्रामीण गुरचरण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 चौकीदारों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले में पंडोरी कलां गांव में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक गोदाम के 2 चौकीदार को गोली से मार डाला। मृतकों की शिनाख्त गोविन्द बहादुर और युद्ध बहादुर के रूप में की गई है।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिले के छत्तेवाला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात गुरदेविन्दर सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : जिला अमृतसर के गांव ठाण्डे में आज पुलिस ने 2 अज्ञात मिलिटैंटों के शव बरामद किए हैं। अनुमान है कि इन दोनों मिलिटैंटों की हत्या गुट संघर्ष का ही परिणाम है।

पाक घुसपैठिया मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आज एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। बताया जाता है कि थाना घरिण्डा में रौडांवाली चौकी में तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तड़के 3 बजे जब पाकिस्तानी क्षेत्र से 2 घुसपैठियों को आते देखा तो उन्हें चुनौती दी गई परन्तु उन्होंने गोली चला दी। भारतीय जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग के दौरान उनमें से एक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी वापस पाकिस्तान की ओर भाग गया। मृतक घुसपैठिए की शिनाख्त नहीं हो सकी।

नाभा सैंट्रल जेल के सहायक अधीक्षक, 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 9 व्यक्तियों की हत्या

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने घटनास्थल से जो हथियार बरामद किए उनमें 32 बोर की 10 पिस्तौलें, 32 बोर की 20 मैगजीनें, 32 बोर के 28 कारतूस, 16 बारूदी थैले, एक वायर कटर, एक चैस्ट पिन, एक खाली बैग, 5 मीटर फ्यूज वायर, एके. 47 राइफल की एक मैगजीन तथा एके. 47 राइफल के 101 कारतूस शामिल हैं।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : गत रात्रि जंडियाला थाना के अधीन झीता गांव में मिलिटैंटों ने बाबा ज्ञानचन्द झीतांवाले के 2 गनमैन सुरक्षा कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इनकी शिनाख्त एस.पी.ओ. जसपाल सिंह व होमगार्ड जवान बलविन्दर सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जब इन दोनों सुरक्षा कर्मियों की हत्या की गई, उस समय वे दवाई लेने जा रहे थे।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. जसमिन्द्र सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना सदर फगवाड़ा के क्षेत्र में नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ के दौरान एक स्कूटर सवार मिलिटैंट अंधकार का लाभ उठा कर भाग गया जबकि दूसरे मिलिटैंट प्रीतम सिंह को एक बगैर नम्बर के स्कूटर सहित गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर की एक दोनाली बंदूक तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया है। इस मिलिटैंट का गांव पाछटा के जसबीर सिंह की हत्या में हाथ था।

लोगों ने मिलिटैंट पीट-पीट कर मार डाला, दो मुठभेड़ में मरे : लुधियाना (महिन्द्रा): जिला लुधियाना में आज लोगों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला, जबकि उसके 2 साथी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मिलिटैंट पंजाब माता नगर से एक व्यक्ति का अपहरण करके ले गए थे । आज जब एक मिलिटैंट फिरौती की राशि प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजाब माता नगर में आया तो लोगों ने पकड़ कर उससे पूछताछ करनी शुरू कर दी । पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसके 2 साथी गांव धांदरा में बैठे हैं । इस पर लोग उत्तेजना में आ गए और उस मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला । लोगों ने गांव धांदरा में छिपे 2 मिलिटैंटों की पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर पुलिस ने गांव में जाकर दोनों मिलिटैंटों को घेर लिया । बाद में दोनों मिलिटैंट मुकाबले में मारे गए ।

बस जला दी : लहरागागा (खोखर): आज सायं करीब 4.30 बजे सिरसा से पण्डरी जा रही एक प्राइवेट बस को गांव खानेवाद के निकट रोक कर मिलिटैंटों ने आग लगा दी । इससे पूर्व उन्होंने सभी यात्रियों को बस में से उतार दिया था । आग लगने से बस पूरी तरह राख हो गई ।

चीन में तूफान से 12 मरे

पेइचिंग, 9 अगस्त (एपी.) : चीन के शंघाई प्रांत में आए तूफान से 12 व्यक्तियों की जानें गई हैं और सैकड़ों मकान ढह गए हैं। सरकारी सूत्रों ने आज बताया कि शंघाई में मूसलाधार बारिश के साथ आया तूफान लगभग 12 घंटे तक चला। समाचारपत्रों के अनुसार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बाढ़ आई हुई है और कई इलाकों में तो कुछ ही घंटों में 21 सैंटीमीटर तक वर्षा हुई।

कॉफ़मैन श्रीनगर पहुंचे

श्रीनगर, 9 अगस्त (प.स., वार्ता): ब्रिटिश लेबर पार्टी के नेता गैराल्ड कॉफ़मैन आज सुबह यहां पहुंच गए। श्री कॉफ़मैन आजकल भारत के दौरे पर आए हुए हैं। 1988 के मध्य से अलगाववादियों की गतिविधियों में तेज़ी आने के बाद श्री कॉफ़मैन यहां आने वाले पहले विशिष्ट विदेशी हैं। श्री कॉफ़मैन यहां सरकारी मेहमान होंगे और राज्यपाल गिरीश चंद्र सक्सेना से भी मुलाकात करेंगे।

कल जम्मू रवाना होने से पहले वह श्रीनगर और बारामूला का दौरा करेंगे। श्री कॉफ़मैन स्थानीय पत्रकारों से मुलाकात भी करेंगे। वह अन्य शिष्टमंडलों से भी मिलेंगे। जम्मू में वह कश्मीरी शरणार्थियों के एक शिष्टमंडल से भी मिलेंगे।

Punjabi Sanatan

पंजाब की विभिन्न घटनाओं में 13 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र पूर्व सरपंच सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 13 मिलिटैंट मारे गए तथा पूर्व सरपंच सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । राज्य में अन्यत्र 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया तथा 7 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए जबकि एक बम बरामद होने से बड़ी दुर्घटना टल गई । इसके अलावा मिलिटैंटों ने एक ठेका भी लूट लिया ।

4 मिलिटैंट मारे गए : पुलिस ने बताया कि भटिंडा जिले में ललुआना गांव के पास एक मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। इसी जिले के बुर्ज काहन सिंह वाला गांव के पास एक अन्य मुठभेड़ में 2 अन्य अज्ञात मिलिटैंट मारे गए।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले में कीरतगढ़ गांव के पास हुई एक मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक माऊजर रिवाल्वर भी मिला है।

7 मिलिटैंट गिरफ्तार : तरनतारन जिले में 2 संदिग्ध मिलिटैंट तथा लुधियाना जिले में 5 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए हैं।

एक व्यक्ति का अपहरण : मिलिटैंटों ने जिला होशियारपुर के गांव सैला खुर्द से बेअंत राज नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया ।

कारिंदे सहित 2 की हत्या, ठेका लूटा : जिला फरीदकोट के गांव बलूर में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के कारिंदे मगत राम की हत्या कर दी तथा ठेके से 2,000 रुपए लूट कर ले गए।

इसी जिले के लाधिके गांव में भी मिलिटैंटों ने बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के रामगढ़ गांव में पूर्व सरपंच प्रीतम सिंह तथा भागीर गांव में भाग सिंह निहंग की गोली मारकर हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले के लागो देवा गांव में करनैल सिंह की हत्या कर दी है।

दुर्घटना टली : बटाला जिले में समय रहते

राज्य में 3 व्यक्तियों का अपहरण : 7 मिलिटैंट गिरफ्तार : ठेका लूटा : बम बरामद होने से बड़ी दुर्घटना टली

एक बम बरामद होने से एक बड़ी दुर्घटना टल गई है। पुलिस ने बताया कि इस बम को पुलिस दल ने बटाला जिले के उधनवाला गांव में खड़ी एक कार के पास पड़ा पाया। अगर बिस्फोट हो जाता तो इससे भारी तबाही हो सकती थी। बम को सुरक्षित जगह ले जाया गया।

जवाबी फायरिंग में मिलिटैंट मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग) गत रात्रि थाना सदर के गांव थाण्डे में सी.आर.पी.एफ. व पंजाब पुलिस की एक संयुक्त नाकाबंदी के दौरान जब सुरक्षाबलों ने एक वाहन पर 2 मिलिटैंटों को देखा तो उन्हें रुकने का संकेत किया गया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जबाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया तथा उसका साथी फरार होने में सफल हो गया। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।

मिलिटैंट को फांसी लगा दी : गत रात्रि पट्टी थाना के अधीन कोट बुड्ढा गांव में तारा सिंह नामक एक मिलिटैंट को कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने घर से बाहर निकाल कर फांसी लगा दी। वह इन दिनों जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस के अनुसार यह हत्या आपसी रंजिश का परिणाम है।

लड़के का अपहरण : पुलिस जिला मजीठा के गांव लोपोके में आज प्रातः 10 बजे 2 सशस्त्र मिलिटैंटों ने काला नामक एक हलवाई की दुकान पर जाकर उसके लड़के का अपहरण कर लिया।

2 व्यक्तियों की अपहरण के बाद हत्या : पटियाला (राजू) गत सांय यहां से 65 कि.मी. दूर पुलिस थाना पात्तड़ां के गांव दुग्गल आलम में 6 सशस्त्र मिलिटैंटों ने इन्द्रजीत पुत्र प्रेमचन्द व राजिन्दर सिंह पुत्र तेजा सिंह का अपहरण कर लिया तथा घर से बाहर ले जाकर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस हत्याकांड में ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया गया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

स्कूटर छीना : आज शाम दो सशस्त्र व्यक्तियों ने रूप लाल शर्मा नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया । उस समय वह घग्गीर से अम्बाला जा रहा था ।

मारे गए 4 मिलिटैंटों का विवरण : लुधियाना (विनोद महिन्दा): कल रात जफरवाल ग्रुप के एरिया कमांडर सुखविन्दर सिंह और उसके 3 मिलिटैंट साथियों के पुलिस मुकाबले में मारे जाने से

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

अनेक राजनीतिक नेताओं की हत्या तथा अपहरण की मिलिटैंटों की योजना नाकाम हो गई।

एस.पी. मिटी श्री आर.पी. मित्तल और एस.पी. डिटैक्टिव स. सुखदेव सिंह छीना ने आज यहां पत्र-प्रतिनिधियों को बताया कि 6 अगस्त को मिलिटैंटों ने पंजाब माता नगर लुधियाना से एक प्रमुख हौजरी मालिक के 15 वर्षीय बेटे हरीश कुमार का अपहरण कर लिया था और उन्होंने हौजरी मालिक से 7 लाख रुपए फिरौती की मांग की थी। इसके साथ ही उन्होंने यह धमकी भी दी थी कि यदि पुलिस को खबर की गई तो उसके सारे परिवार को ही 'सोध' दिया जाएगा। हौजरी मालिक ने डर के मारे इस बात की सूचना किसी को न दी। कल सायं उन मिलिटैंटों का एक साथी मनजीत सिंह जो अशोक नगर लुधियाना का ही निवासी था, हौजरी मालिक के घर रुपया लेने के लिए पहुंच गया। उसके पास 9 एम.एम. का पिस्तौल था। मुहल्ला वालों ने उसे काबू कर लिया और मार-पीट करके उससे सारी जानकारी प्राप्त कर ली कि हरीश कुमार को कहां छुपा कर रखा गया है। इसी दौरान मारपीट करने से मिलिटैंट तो दम तोड़ गया, मगर मुहल्ला वालों ने इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दे दी, तथा उस द्वारा दी जानकारी के आधार पर करीबी गांव धादरां के खेतों में एक फार्म हाऊस पर छापा मारा गया। जब सुरक्षा बलों ने फार्म हाऊस को घेरे में लेकर उनको ललकारा तो उन्होंने अन्दर से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग पर निर्मल सिंह उर्फ निम्मा गांव नल जिला जालन्धर तथा जसबीर सिंह उर्फ तख्त सिंह उर्फ तख्ता गांव धर्म सिंहवाला जिला फरीदकोट मारे गए और बाद में इनकी लाशें वहां पड़ी हुई मिलीं। इनके एक और साथी की लाश पास के खेत से मिली। उसका नाम सुखविन्दर सिंह उर्फ मुक्खा गांव ककड़ जिला अमृतसर बताया जाता है। निर्मल सिंह के कब्जे से एक असाल्ट राइफल, एक खाली मैगजीन और एक भरी हुई मैगजीन बरामद हुई। जसबीर सिंह से 315 बोर की राइफल और सुखविन्दर सिंह से एके. 47 असाल्ट राइफल तथा 2 मैगजीनें मिलीं।

उक्त दोनों पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये मिलिटैंट इंस्पैक्टर जनरल पुलिस पी.एच.पी. श्री एम.एस. भुल्लर के पिता और भाई का अपहरण करने की वारदात में संलिप्त थे। जीरा में गांव मलूके से पलायन करने वाले मजदूरों की हत्या, जिला जालन्धर में गांव नल में पंजाब पुलिस के कर्मचारियों की हत्या करके तथा पुलिस से हथियार छीनने के बाद फरार हो गए थे। इंस्पैक्टर कश्मीर सिंह भिंडर के भाई और भतीजे का कुछ मिलिटैंटों को छुड़ाने के लिए अपहरण किया था और बाद में उनकी हत्या कर दी थी। बाडा काली रोड थाना मुक्तसर के सरपंच की हत्या की थी। लोहिया और मक्खू के स्थान पर बार रेल-पटरी पर बम फैंके थे। लतेहाड़ गजतुड़ तहसील जीरा में पंजाब नैशनल बैंक की वैन को तीन लाख रुपए लूटने के बाद आग लगा दी थी। मोगा के आढ़ती मोहन लाल का अपहरण करके 16 लाख रुपए लूटे थे। मोगा के निकट दौलतपुर के विपिन कुमार का अपहरण किया और रुपए न मिलने पर उसकी हत्या कर दी थी। सुपरिटैंडैंट जेल फिरोजपुर के भतीजे और 2 जेल वार्डनों की हत्या कर दी थी।

मुसाफिर के अनुसार पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि उन मिलिटैंटों ने राजस्थान सीमा पर स्थित अनूपगढ़ में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या की थी। गुरु नानक इंजीनियरिंग कालेज के देवेन्द्र कुमार की हत्या कर दी थी। जालन्धर बाईपास पर का. महेन्द्र सिंह की हत्या की थी। हैबोवाल लुधियाना के गुरमीत सिंह का अपहरण किया था मगर सी.आर.पी.एफ. ने तात्कालिक कार्रवाई करके उसे उनके पंजे से छुड़वा लिया था।

4 मिलिटैंट मारे गए, एस.एच.ओ. समेत 3 घायल : जिला अमृतसर के सीमांत क्षेत्र थाना घरिंडा के गांव हेर में आज सायं हुई एक मुठभेड़ में मरने वाले 4 मिलिटैंटों में कख्यात मिलिटैंट भूपेंद्र सिंह उर्फ मग्गा और गुरनाम सिंह गामा भी शामिल हैं। सुरक्षा बलों से मिलिटैंटों की यह मुठभेड़ 2 घंटे तक जारी रही। मुठभेड़ में घरिंडा थाने के एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर मनदीप सिंह और 2 अन्य नागरिक घायल हो गए। श्री मनदीप सिंह को पहले अमृतसर नगर के एक अस्पताल में दाखिल करवाया गया लेकिन बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

घटना स्थल से 12 बोर की 3 बंदूकें, एक स्टेनगन और एक एच-36 हथगोला और अन्य गोली-सिक्का बरामद किया गया है। पुलिस ने कहा है कि अंधेरे के कारण क्षेत्र की और तलाशी लेनी आज रात्रि रोक दी गई है, तलाशी कल प्रातः ली जाएगी।

2 मिलिटैंट मरे : मानसा (मेहता) गत रात्रि यहां से 10 कि.मी. दूर गांव पपीआला में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से 12 बोर की एक पिस्तौल, 12 बोर की एक दोनाली बंदूक व 9 कारतूस मिले हैं। मृतक मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी।

कम्पाऊंडर का अपहरण : रामपुराफूल (शर्मा) गत रात्रि स्थानीय सिविल अस्पताल के एक कम्पाऊंडर चमन लाल का कुछ मिलिटैंटों ने उसके घर से अपहरण कर लिया। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

अंसारी राजीव-हत्याकांड के बाद हुई हिंसा की जांच करेंगे

हैदराबाद, 10 अगस्त (प.स.): जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अंसारी के नेतृत्व में गठित एक सदस्यीय आयोग पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद

'छड़ी मुबारक' की पूजा इस बार जम्मू में की जाएगी

जम्मू, 10 अगस्त (नि.स.): श्री अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए 'छड़ी मुबारक' की पूजा श्रीनगर की बजाय इस बार जम्मू में होगी। इस आशय का निर्णय धर्मार्थ ट्रस्ट परिषद की बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता इस ट्रस्ट के एक मात्र ट्रस्टी डा. कर्ण सिंह ने की। ट्रस्ट की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह फैसला घाटी की अशांत स्थिति को देखते हुए किया गया है। 'छड़ी मुबारक' की पूजा 19 अगस्त को रणवीरेश्वर मन्दिर जम्मू में श्री महादेव गिरि, दशनामी अखाड़ा ट्रस्ट, श्रीनगर के सहयोग से की जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार 19 अगस्त को रणवीरेश्वर मन्दिर में 'छड़ी मुबारक' की पूजा धर्मार्थ परिषद के अध्यक्ष युवराज विक्रमादित्य सिंह द्वारा की जाएगी। प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस के.के. गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। पर्यटक स्वागत केन्द्र जम्मू में तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण 20 अगस्त तक किया जाएगा। चंदनवाड़ी के लिए तीर्थ यात्रा 21 अगस्त को आरम्भ होगी। पहलगाम से चंदनवाड़ी के लिए यह यात्रा मिनी बसों में की जाएगी। 'छड़ी मुबारक' यात्रा 20 अगस्त को जम्मू से दशनामी अखाड़ा श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेगी और 25 अगस्त को श्री अमरनाथ जी के दर्शन होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध प्रतिबंध जारी रखने पर जोर

लंदन, 10 अगस्त (प.स.): भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रतिबंध जारी रखने पर बल देते हुए कहा है कि अमरीका जैसे कुछ देशों की भांति प्रतिबंध हटाना इस समय उचित नहीं होगा। भारतीय प्रतिनिधि अवकाश प्राप्त न्यायाधीश राजेन्द्र सच्चर ने जेनेवा में रंगभेद निवारण और अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए गठित उप आयोग की बैठक में कहा कि अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रतिबंध हटाने के विरुद्ध है।

पहली बार एक भारतीय लायन्स क्लब इंटरनैशनल का अध्यक्ष बनेगा

जोधपुर, 10 अगस्त (वार्ता): लायन्स क्लब इंटरनैशनल के 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार एक भारतीय नागरिक इस संस्था का अध्यक्ष बनेगा। अगले साल हांगकांग में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के श्री रोहित मेहता अध्यक्ष पद का कार्यभार सम्भालेंगे। इस साल डोनाल्ड बैंकर अध्यक्ष बने हैं। वर्ष 1917 में स्थापित संस्था इस साल हीरक जयंती मना रही है।

पाक मंत्रिमंडल द्वारा भारत से हुए दो समझौतों की पुष्टि

इस्लामाबाद, 10 अगस्त (प.स.): पाकिस्तान मंत्रिमंडल ने भारत के साथ हुए दो समझौते का आज औपचारिक रूप ये अनुमोदन कर दिया। इन समझौतों में सैन्य अभ्यासों की पूर्व सूचना देने और हवाई सीमा के उल्लंघनों को रोकने की व्यवस्था है। इन समझौतों पर गत अप्रैल में नई दिल्ली में विदेश सचिव स्तर की भारत-पाक वार्ता के चौथे दौर में हस्ताक्षर हुए थे। सूचना एवं प्रसारण मामलों के प्रधानमंत्री के सलाहकार शेख रशीद अहमद ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान के विदेश सचिव शहरयार मुहम्मद प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ के विशेष दूत के रूप में आगामी 19 अगस्त को नई दिल्ली रवाना होंगे। पहले वे 18 अगस्त को रवाना होने वाले थे। उन्होंने कहा कि श्री खान भारतीय विदेश सचिव और अन्य नेताओं से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समस्याओं के समाधान और तनाव कम करने के उपायों के बारे में बातचीत करेंगे।

लिट्टे उग्रवादी रामेश्वरम में

(पृष्ठ 1 का शेष)

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों की नौका अपने तीन इंजनों के कारण किसी हैलीकाप्टर जैसी तेज गति से भाग सकती है।

कोयम्बटूर में खोजबीन अभियान तेज़ : कोयम्बटूर (प.स.): कोयम्बटूर नगर पुलिस ने कल रात यह सूचना मिलने के बाद अपना खोजबीन अभियान और तेज कर दिया कि शिवरासन और

SALE

DRASTIC CUT IN PRICES

KIDDIES, LADIES & GENTS GARMENTS

SPECIAL OFFER : GENTS SHIRTS 85/-ONLY

Adam & Eve CORNER

SHOP No. 7, OLD COURTS, G.T. ROADS, JALANDHAR.

खुशखबरी खुशखबरी खुशबरी

हमें इस वर्ष भी गर्व है अपने स्कूल के शतप्रतिशत मैट्रिक के परिणाम पर : हमारे निम्नलिखित विद्यार्थियों का परिणाम पंजाब में अत्यधिक सराहनीय रहा। अन्य सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में अच्छे अंक लेकर पास रहे :



मोहित जैन अंक 716 (पंजाब में छठा स्थान)



खुजोत सिंह अंक 660



दीपक जैन अंक 652



दिनेश गुप्ता अंक 613



जतिंदर पाल अंक 604



जसदीप सिंह अंक 594

हमारे योग्य अध्यापकगण के घोर परिश्रम, बच्चों के प्रति स्नेह तथा बच्चों के माता-पिता द्वारा हमारे स्कूल के प्रति अनूठे विश्वास को ही हमारी प्रति वर्ष उन्नति का यह श्रेय जाता है।

प्रिंसीपल

ब्लिस किंडरगार्टन स्कूल

फगवाड़ा रोड, होशियारपुर, फोन : 2992.

ABC-27/BKS

हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी

पत्राचार पाठ्यक्रम निदेशालय, शिमला-171005.

प्रवेश सूचना

Punjabi Sanatan

जाता है कि वह एक तस्कर है । तीनों गिरफ्तार

सके क्योंकि वह इन सभाओं में एक प्रैस रिपोर्टर की हैसियत से हिस्सा लिया करता था ।

ने कल दावा किया था कि इस बैंक में हिमालय टैक्सटाइल के 34 लाख डालर जमा थे ।

व्याप्त बेचैनी से अवगत कराया जो सबसिडी व लिए जाने पर खादों के मूल्य बढ़ने से पैदा हुई है सुरेन्द्र नाथ ने यह भी कहा कि पंजाब का के

दो लैफ्टिनैंट जनरलों समेत 7 मिलिटैंट मारे गए, जमींदार व स्कूल मास्टर सहित 7 की हत्या

चंडीगढ़, 11 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक जमींदार व एक स्कूल मास्टर सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में के.एन.ए. के 2 लैफ्टिनैंट जनरलों सहित 7 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा राज्य में अन्यत्र 5 सुरक्षा कर्मी घायल हो गए तथा सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों से मुकाबला करके एक अपहृत को छुड़वाने में भी सफलता प्राप्त की है ।

छुरा मार कर घायल कर दिया : पटियाला (राज.): आज सायं यहां साईं मार्कीट के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सुखदेव सिंह (22) पुत्र सुजन सिंह निवासी शाही समाधां को छुरा मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया तथा फरार हो गए । घायल को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

4 सुरक्षा कर्मी घायल : फरीदकोट जिले के छोर चक गांव में सुरक्षा बलों के एक वाहन पर मिलिटैंटों द्वारा बम फैंके जाने से उसमें सवार चार सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इनके नाम हैड-कांस्टेबल जनकराज, कांस्टेबल चालक सिकंदर सिंह (दोनों पंजाब पुलिस), इंस्पैक्टर रतन सिंह व कांस्टेबल जसबीर सिंह (दोनों सी.आर.पी.एफ.) हैं।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा, अपहृत छुड़वाया : एक अन्य मुकाबले में कल लुधियाना जिले में एक मिलिटैंट मारा गया। घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि मिलिटैंटों ने माता नगर इलाके के हरीश कुमार का अपहरण कर लिया। सूचना मिलने पर गश्ती दल ने मिलिटैंटों का पीछा किया तथा दोनों तरफ की गोलीबारी में एक मिलिटैंट मारा गया और बाकी भाग निकले। हरीश कुमार को सुरक्षित छुड़ा लिया गया है।

अपहृत सुरक्षित लौटा : मिलिटैंटों ने कल जिला होशियारपुर के गांव सैला खुर्द में से वेद राज बेदी नामक जिस व्यक्ति का अपहरण किया था वह अपने घर में सुरक्षित रूप से लौट आया है।

मां-बेटे की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि ब्रह्मबाल थाना के अधीन कोट कर्मचंद नामक गांव में सुखदेव सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह के घर में 7-8 सशस्त्र मिलिटैंट आए तथा उसे बंदूक की नोक पर जबरदस्ती घर से बाहर निकाल लिया परन्तु उसकी माँ सोहिन्दर कौर भी उसके पीछे ही घर से बाहर निकल आई तथा मिलिटैंट दोनों का अपहरण करके ले गए। आज तड़के पुलिस ने दोनों मां-बेटा के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं। घटनास्थल से एके. 47 राइफल के 5 खोल मिले हैं।

राज्य में अन्यत्र 5 सुरक्षा कर्मी घायल : सुरक्षा बलों ने मुकाबला करके अपहृत छुड़वाया

मगर 'पस.' के अनुसार सुखदेव सिंह एक नव-नियुक्त सिपाही था तथा प्राप्त विवरण के अनुसार सुखदेव सिंह का पहले तो मिलिटैंटों ने उसके गांव से अपहरण कर लिया। इस पर उसकी मां अपने बेटे के जीवन की भीख मांगती हुई उन मिलिटैंटों के पीछे-पीछे गिड़गिड़ाते हुए चलने लगी लेकिन मिलिटैंटों ने बेटे को छोड़ना तो दूर उसकी मां की भी गोली मार कर हत्या कर दी।

एक पखवाड़ा पहले मिलिटैंट सुखदेव सिंह नामक इस सिपाही के पिता और छोटे भाई की हत्या पहले ही कर चुके हैं।

फांसी लगा कर हत्या : गत रात्रि कत्थूनगल थाना के अधीन वरियाम नंगल गांव में कुछ मिलिटैंटों ने गुरुद्वारे में सोए भजन सिंह पुत्र बूटा सिंह को उठाया तथा उसे बाहर ले जाकर फांसी लगा कर उसकी हत्या कर दी।

स्कूल मास्टर की हत्या : आज तड़के 3.45 बजे थाना मेहता के अधीन पट्टीकलां गांव में बलजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह के घर कुछ सशस्त्र मिलिटैंट ट्रैक्टर पर बैठ कर आए तथा उसे घर से बाहर निकाल कर ट्रैक्टर पर ही बिठा कर खब्बे राजपूता गांव में ले गए और वहां उन्होंने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी तथा ट्रैक्टर भी वहीं छोड़ दिया। घटनास्थल से एके. 47 राइफल के 6 खोल मिले हैं। बलजीत सिंह पट्टीकलां के एक स्कूल में मास्टर था।

दुकानदार की हत्या : मक्खू (शेखर): आज दोपहर बाद लगभग 12.45 बजे यहां से करीब 16 कि.मी. दूर मलावाला खास गांव में मिलिटैंटों ने जगदीश लाल अरोड़ा नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए। बताया जाता है कि यह मिलिटैंट आयरन स्टोर की उक्त दुकान पर उसकी हत्या करने के बाद अपना स्कूटर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanchar

र में नहीं जा सके । ये लोग
ीत का दर्द तो सुनते हैं, परन्तु
ओं के संबंध में घर से बाहर

फीर से गिला करते हुए कहा
ो कवि भी चुप हैं, क्योंकि
जाब को तो न्यायाधीश भी
। सरकार ने मेरी जनवरी की
र अगस्त में देते हुए राज्य से
परिवारों की कोई सहायता
दिया है ।" उन्होंने नए
ाब में अभी भी 'ड्रैस कोड'
कार से 'बैटल ड्रैस' में परेड
केवल सेना ही बचा सकती
र यहां के लोग रो रहे हैं ।
ा कि, "केवल कुछ दिनों के
तथा यहां की सरकार को

जाब के पूर्व मंत्री तथा इंका
"स्थिति बहुत ही खराब हो
नसे छुटकारा चाहते हैं ।
भी देख लिया । अभी तक
ोड़ पंजाब में लागू हैं ।
श्री ओम प्रकाश मल्होत्रा
ड़े दावे करते रहे हैं, परन्तु
। पहले यह लड़ाई पंजाब
परन्तु अब बात बहुत दूर
दल अपने स्टैंड परिवर्तित
यही चाहिए कि देश की
विश्वास रखने वाले दल
धान के लिए एक मोर्चा

र परिवार की ओर से हिन्द
टर श्री तिलक राज सूरी ने
च्यवाद किया ।

विस्फोटों से अब लोग मरे

स्त (पवन जैन): बम
में 48 लोग मारे जा चुके
ारी के अनुसार वर्ष 91 में
न्न शहरों व कस्बों में
पर किए गए बम धमाकों
की घटनाओं में से 24
गए हैं, जिनमें 4 पुलिस
और 7 सी.आर.पी.एफ. के

इकी द्वारा रुकावट खड़ी किए जाने का पर्दाफाश करेगी । उन्होंने कहा कि पार्टी की राज्य कार्यकारिणी द्वारा शीघ्र ही कार्यक्रम के विवरणों को अंतिम रूप दिया जाएगा ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

वहीं छोड़ कर पैदल ही भाग निकले।

जमींदार की हत्या : बटाला (कोहड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव धौलपुर में गत रात मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर एक जमींदार व उद्योगपति गुरमेज सिंह उर्फ गेजा (35) की हत्या कर दी। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 2 मशस्त्र मिलिटैंट इसे घर से ले गए व गांव से दूर ले जाकर इसकी हत्या कर दी।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे, कांस्टेबल घायल : एक अन्य मुठभेड़ में कल रात होशियारपुर जिले के थांडा गांव में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। इस मुठभेड़ में पंजाब पुलिस का कांस्टेबल अमरीक सिंह भी घायल हो गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल और ग्यारह कारतूस मिले हैं।

सिपाही की हत्या : दिड़बा (गुप्ता) आज सायं 7 बजे के लगभग खेतला से मोटर साइकिल पर दिड़बा आ रहे 2 पुलिस कर्मियों पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की तथा सिपाही दया सिंह की हत्या कर दी जबकि हवालदार गुरबचन सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे संगरूर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

दो लैफ्टिनैंट जनरलों समेत 4 मिलिटैंट मरे :जिला भटिंडा के गांव मंडी रघु बंघी में आज सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में के.एन.ए. के चार मिलिटैंट, जिनमें से दो की सरन सिंह और गुरतेज सिंह (दोनों लैफ्टिनैंट जनरल) के रूप में शिनाख्त की गई है, मारे गए । प्राप्त सूचना में कहा गया है कि 4 मिलिटैंटों ने एक व्यापारी के स्कूल जाने वाले एक बच्चे का आज फिरौती के लिए अपहरण किया । पुलिस ने सूचना पाकर मिलिटैंटों का पीछा किया और बच्चे को एक मुठभेड़ के बाद बचा लिया । मुकाबला रात्रि देर गए तक जारी रहा । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो जीपें और एक कार बरामद की है ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : भगता भाई गांव में हुई एक अन्य मुठभेड़ में आज 4 मिलिटैंट गिरफ्तार कर लिए गए । उनके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल, दो .12 बोर की राईफलें, एक चोरी की मारुति कार बरामद की गई है ।

आर.पी.एफ. बनतालाब, श्रीनगर

आग़ बट. सैंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स, ग्रुप सैंटर, बनतालाब, मू और कश्मीर) की ओर से, सर्वथा अस्थायी और दैनिक उजरत आधार आग़िज़लरी कांस्टेबल (जी.डी.) के रूप में सूचीयन के लिए, 26.8.91 ह 9 बजे निम्नलिखित वर्गों के कर्मचारियों का चयन किया जाएगा । ए अथवा आग़िज़लरी बटालियन को भंग किए जाने के समय पर बल में ा न होगा । (i) जनरल-177, एस/सी-35, और एस/टी-18;

जनरल उम्मीदवारों के लिए	आदिवासी उम्मीदवारों के लिए	गोरखों, गढ़वालियों, कुमाऊंनियों, डोगरों और मराठा उम्मीदवारों के लिए
170 सैं.मी.	162.50 सैं.मी.	165 सैं.मी.

नई दिल्ली, 11
(इ) नेता श्री वसंत सा
पी.वी. नरसिम्हाराव
बीच दीवार खड़ी करने
नेताओं के प्रयास सफल
संवाददाताओं से कहा
नेता जो बदली राजनी
महसूस कर रहे हैं श्री
दुरुपयोग उनके और प्र
करने के अपने तुच्छ प्र
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि
नहीं होंगे । उन्होंने क
राव और श्रीमती सोनि
को नेतृत्व और दिशा
श्रीमती सोनिया गांधी ने
100 करोड़ रुपए के
जिस तरह से सरकार
है, उसके लिए कांग्रेस
होना चाहिए ।

हिंसा समा कश्मीर बारे

नई दिल्ली, 11
विस्थापितों ने कहा है
समाप्त होने के बाद ही
जानी चाहिए । विस्थ
समिति के महासचिव
बयान में कश्मीर सम
राजनीतिक बातचीत
की । उन्होंने कहा कि
नेताओं का भरोसा छो
समाप्त हो चुकी है ।
जम्मू-कश्मीर के लोगो
तलाश होनी चाहिए ।

खाद्यान्न उत्प हासिल हो

नई दिल्ली, 11 अ
बलराम जाखड़ ने कहा है
वर्षा कम होने के बावजू
के खाद्यान्न उत्पादन का
लक्ष्य हासिल करने की
बताया कि कुछ इलाकों
अच्छी फसलों के आसा

फैक्टरी

जालन्धर, 11 अ
सोडल रोड पर चोर रात
खिड़की की जाली, शीश
45000 रु. का सामा
दर्ज करके जांच शुरू क

इसका जी



Punjab Archive

नेता लाल कृष्ण आडवानी और मदन के नेता अर्जुन सिंह बातचीत करेंगे ।

सूत्रों के अनुसार इससे पूर्व भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के बीच भी कुछ बातचीत हुई । इस बातचीत का ब्यौरा नहीं मिल पाया । सूत्रों के अनुसार इस सारे मामले का असर लोकसभा के उपाध्यक्ष के चनाव पर नहीं पड़ेगा।(शेष पृष्ठ 8 पर)



जिला कपूरथला के गांव रत्तड़ा में मारे गए (1) निरजन सिंह, (2) एजैट सिंह, (3) अवतार सिंह के शव तथा (4) सिविल अस्पताल के बाहर मृतकों के सम्बन्धी विलाप करते हुए ।

मत दिखाए गए लेकिन पर्चियों के वितरण के बाद विधेयक के पक्ष में 133 और विपक्ष में 116 मत पड़े। इस कारण चालीस मिनट का समय व्यर्थ निकल गया।

विधेयक पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए गृहमंत्री शंकर राव चवन ने सदन को आश्वासन दिया कि

गुरुद्वारा प्रबंधक की हत्या करके भाग रहे 2 मिलिटैंटों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया

चंडीगढ़, 12 अगस्त (वार्ता, प.स.): करतारपुर में गुरुद्वारा के एक प्रबन्धक की हत्या करके भाग रहे 2 मिलिटैंटों को सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करके मार गिराने में सफलता प्राप्त की, पंजाब में अन्यत्र कल रात से 6 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने कालेज लैक्चरार, अध्यापक, 2 भाइयों तथा 3 महिलाओं सहित 18 अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी । मिलिटैंट एक मां से उसका बेटा छीन ले गए ।

गुरुद्वारा मैनेजर की हत्या, दो मिलिटैंट मरे : जालन्धर (न.न.ए.): आज सुबह करतारपुर में बाबा ध्यान सिंह के डेरे पर दो मिलिटैंटों द्वारा अंधाधुंध गोलियां चला कर बाबा ध्यान सिंह की हत्या कर दी गई। इसके बाद करार होने के असफल प्रयास के दौरान सुरक्षाबलों की एक गश्त कर रही पार्टी के अचानक वहां पहुंच जाने पर व गश्ती दल द्वारा घेरे जाने पर मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप दोनों मिलिटैंट मारे गए। पुलिस ने इन दोनों के कब्जा से दो एके. 47 राइफलें और कुछ गोली सिक्का बरामद किया है। इस सम्बन्ध में जिला पुलिस चीफ श्री एस.के. अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह लगभग 8.15 पर बाबा ध्यान सिंह के डेरे पर दो मोटर साइकिल सवार मिलिटैंटों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर बाबा ध्यान सिंह की हत्या तथा एक प्रवासी श्रमिक को घायल करके भागते हुए कुछ दूरी पर अपना मोटर साइकिल छोड़ कर एक ट्रैक्टर छीन लिया व उस पर सवार होकर फरार होने लगे कि अचानक सी.आर.पी.एफ. की एक गश्ती पार्टी वहां पहुंच गई। उन्हें देख कर दोनों मिलिटैंट ट्रैक्टर छोड़ कर गांव डुग्गरी के पास खेतों में छिप कर सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाने लगे। सुरक्षा बलों ने घेरा डाल कर इन पर जवाबी गोलियां चलाई। कुछ समय बाद इस मुकाबले के दौरान दोनों मिलिटैंट मारे गए।

सब डिवीजन जालन्धर के डी.एस.पी. बलकार सिंह के अनुसार बाद में एक मिलिटैंट की पहचान गुरमेज सिंह उर्फ गेजा के रूप में हुई है । वह थाना करतारपुर के गांव बिसराम पुर का निवासी था। उसका शव वारिसों के हवाले कर दिया गया है ।

प.स. के अनुसार बाबा ध्यान सिंह माता गुजरी गुरुद्वारे तथा गुरु अर्जुन देव माडल स्कूल के मैनेजर थे। सूत्रों के अनुसार खडूर साहिब के बाबा उत्तम सिंह के बाबा ध्यान सिंह को उक्त गुरुद्वारे तथा स्कूल की कार सेवा का काम सौंपा था। सूत्रों के अनुसार ऐसा आरोप है कि कुछ वर्ष पूर्व बाबा ध्यान सिंह ने किसी परिवार द्वारा स्कूल को दान दी गई भूमि का कुछ भाग अपने नाम करवा लिया था। इसके विरुद्ध एक निहंग ने आवाज उठाई लेकिन पिछले दिनों वह निहंग कपूरथला पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था। सूत्रों के अनुसार बाबा की हत्या के पीछे यह मामला भी एक कारण हो सकता है।

कालेज प्राध्यापक की हत्या : संगरूर (गर्ग): मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद लगभग 2 बजे यहां रणबीर कालेज के प्राध्यापक जी.बी. सिंह की रणबीर क्लब कालोनी में स्थित उनकी कोठी में गोलियां मार कर हत्या कर दी।

अध्यापक की हत्या : संगरूर से 30 कि.मी. दूर गांव माडवी में स्कूल को जा रहे अध्यापक मलूक सिंह की दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 भाइयों सहित तीन की हत्या : कपूरथला (शर्मा): थाना कोतवाली के अंतर्गत गांव रत्तड़ा के एक घर से पांच सशस्त्र मिलिटैंट दो सगे भाइयों निरजन सिंह तथा एजैट सिंह को अपहरण करके अवतार सिंह के ट्यूबवैल पर ले गए तथा वहां अवतार सिंह सहित तीनों की एके.47 राइफलों से गोलियां मार कर निर्मम हत्याएं कर दी। बताया जाता है कि रात्रि लगभग 12 बजे पांचों मिलिटैंट कमरे में तथा छत पर सोए हुए निरंजन सिंह (35), एजैट सिंह (22) को जगा कर अपने साथ ले गए थे। दोनों सगे भाई जिला स्टुडैंट्स यूनियन के प्रधान कुलवन्त सिंह के भाई थे। पुलिस ने मिलिटैंट जरनैल सिंह उर्फ जैला वासी बूह तथा उसके साथी बलविन्द्र सिंह उर्फ काली को मुजरिम मनोनीत किया है। आज यहां सी.पी.एम. तथा सी.पी.आई. ने इन हत्याओं की निन्दा की है। इस घटना की सूचना मिलते ही जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जसमिन्द्र सिंह ने अन्य पुलिस अधिकारियों सहित घटना स्थल का निरीक्षण किया। मंड क्षेत्र में मिलिटैंटों की खोज आरम्भ है।

4 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण : कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जसमिन्द्र सिंह ने बताया कि थाना सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में गांव आलूवाल के निकट धुसी बांध पर 8-9 अगस्त की रात्रि को विशेष नाका लगाए पुलिस पार्टी ने रात्रि लगभग 2 बजे गांव सख्खवाल की ओर से बिना लाइटों के आते एक ट्रैक्टर को रुकने का संकत किया तो ट्रैक्टर सवारों ने नीचे कूद कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग आरम्भ कर दी। पुलिस पार्टी के जवाबी फायरिंग करने पर चार मिलिटैंटों ने अपने आपको पुलिस के हवाले कर दिया। इन्होंने अपने नाम सलविन्द्र सिंह, मंजीत सिंह दोनों वासी इन्दपुर थाना सुल्तानपुर, सुखनाम सिंह उर्फ शामा वासी शेख मांगा तथा अमेज सिंह वासी मालूवाल थाना मक्खू बताए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक ट्रैक्टर स्वराज 735, तीन 12 बोर की बंदूकें, एक 12 बोर बन्दूक तथा 26 कारतूसों के खाली खोल बरामद किए हैं।

उद्योगपति घायल : अहमदगढ़ (पुरी): आज प्रातः 6.30 बजे झपार मार्ग पर स्थित रघुबीर मैकेनिकल वर्क्स के मालिक उद्योगपति राम कुमार के घर में जाकर दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने फायरिंग करके उसे घायल कर दिया। बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व यही मिलिटैंट इसी स्कूटर पर राम कुमार के घर आए तथा उससे 4 लाख रुपए की मांग की थी। आज प्रातः जब मिलिटैंट इस रकम की वसूली के लिए आए तो राजकुमार व उसके तीनों भाई उनके साथ लेन-देन बारे बातचीत करते रहे। इसी दौरान राज कुमार के भाइयों में से एक ने मिलिटैंटों में से एक को जफ्फा मार लिया परन्तु उसने गोली चला दी जो राम कुमार के सिर में लगी। इसके बाद मिलिटैंट अपना बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी. 10-बी : 4286 वहीं छोड़ कर भाग निकले तथा उन्होंने आगे जाकर एक अन्य व्यक्ति से उसका स्कूटर छीना और फरार हो गए।

हैडकांस्टेबल की हत्या : लुधियाना जिले में मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक हैड कांस्टेबल सुरिन्द्र सिंह की हत्या कर दी तथा एक अन्य पुलिस कर्मी राज कुमार को घायल कर दिया। इन पुलिस कर्मियों पर उस समय हमला किया गया जब वे माछीवाड़ा के निकट भोलापुर गांव में गश्त लगा रहे थे।

दो की हत्या : फिरोजपुर जिले में अलग-अलग वारदातों में मिलिटैंटों ने गांव मल्लांवाला के बलवंत सिंह और अबोहर क्षेत्र के गांव धानी हनुमान दास के मोहन राम की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : फरीदकोट जिले में गांव चूहड़चक में सच्चा सिंह की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी। वार्ता के अनुसार मृतक का नाम बंत सिंह है।

दो शव मिले : अमृतसर जिले में पट्टी थाना के गांव वामनीवाला में गोलियों से छलनी एक अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। पटियाला जिले में से भी कल रात एक अन्य शव पड़ा मिला उस पर भी गोलियों के निशान थे।

घायल कर गए : फिरोजपुर जिले में गांव चक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

□ अन्यत्र 6 मिलिटैंट मारे गए □ लैक्चरार, अध्यापक, दो भाइयों तथा 3 महिलाओं सहित 18 की हत्या □ मां से बेटा छीन ले गए

कर्नाटक के 37 इंका विधायकों द्वारा राव से भेंट, बंगारप्पा को हटाने की मांग

नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी): कर्नाटक कांग्रेस (इ) के 37 विधायकों ने आज प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष श्री पी.वी. नरसिम्हाराव से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री के पद से श्री एस. बंगारप्पा को हटाने की मांग की गई है।

कांग्रेस (इ) विधायक दल के उप-नेता एच. गौडा के नेतृत्व में 32 विधायकों एवं 5 विधान पार्षदों के इस दल ने श्री राव से कहा कि जब तक श्री बंगारप्पा को नहीं हटाया जाएगा, कांग्रेस (इ) के अस्तित्व की रक्षा नहीं की जा सकती। इन शुब्ध विधायकों ने श्री बंगारप्पा के खिलाफ भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोप लगाए। उन्होंने बंगारप्पा सरकार की खामियों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर दिन सरकार की नई-नई गलतियों की चर्चा होने से कांग्रेस (इ) पार्टी जनता की नजर से गिरती जा रही है। इसका एक ही उपाय है कि सरकार का नेतृत्व किसी दूसरे व्यक्ति को सौंप दिया जाए।

असंतुष्टों के अनुसार उन्होंने श्री नरसिम्हाराव को बताया कि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की उनकी मांग का उद्देश्य हाईकमान को उलझन में डालना नहीं है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के मामले में वे हाईकमान के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। असंतुष्टों ने पार्टी अध्यक्ष को यह भी बताया कि उन्होंने कर्नाटक की ताजा स्थिति से उन्हें (नरसिम्हाराव को) अवगत करा दिया है और पार्टी को बचाने तथा चुनावी वायदों को पूरा करने के लिए हाईकमान के आध्रप्रदेश की स्थिति से निपटने में व्यस्त है और कर्नाटक की समस्या से बाद में निपटा जाएगा। असंतुष्ट सूत्रों के अनुसार श्री राव ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि हाईकमान कर्नाटक की स्थिति की समीक्षा करेगा तथा नेतृत्व परिवर्तन की मांग के संदर्भ में शीघ्र ही निर्णय लेगा। प्रधानमंत्री ने असंतुष्ट गुट के साथ फोटो भी खिचवाया।

नई दिल्ली से 'जी.एस. चावला' के अनुसार असंतुष्ट गुट के विधायकों ने पार्टी महासचिव श्रीमती मीरा कुमार तथा पार्टी अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव श्री जीतेन्द्र प्रसाद से भी मुलाकात की । असंतुष्टों ने प्रदेश इंका अध्यक्ष श्री ऑस्कर फर्नांडीज से कल भेंट की थी ।

पार्टी अध्यक्ष के निकट समझे जाने वाले एक वरिष्ठ इंका नेता ने आशा व्यक्त की कि कर्नाटक की स्थिति से शीघ्र ही निपट लिया जाएगा । उक्त नेता के अनुसार इस समय हाईकमान असंतुष्टों को किसी भी तरह का प्रोत्साहन नहीं देगा क्योंकि इससे प्रदेश में पार्टी की सरकार के स्थायीत्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । समझा जाता है कि पार्टी हाईकमान श्री बंगारप्पा से कहेगा कि असंतुष्टों को साथ लेकर चला जाए तथा उनकी शिकायतों को दूर किया जाए । असंतुष्टों की अधिकतर शिकायतें प्रदेश मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद ही पैदा हुई हैं । पार्टी हाईकमान को पता है कि विधानसभा में श्री बंगारप्पा को पार्टी विधायकों का भारी बहुमत हासिल है और असंतुष्टों से उन्हें कोई खतरा नहीं है । पिछले हफ्ते श्री

साथ पुनः सम्पर्क स्थापित

श्रीनगर में पकड़ लिए गए ।

2 अपहृत कर्मियों का सुराग नहीं मिला : दूरसंचार विभाग के जिन दो कर्मचारियों का 'जेहाद फोर्स' ने कथित तौर पर पांच अगस्त को अपहरण किया था उनके भविष्य के बारे में भी अभी

पाक भारत के अ
तथा आतंकवादियों

पोर्ट लुई, 12 अगस्त (प.स.): विदेश मंत्री माधव सिंह सोलंकी का विचार है कि भारत और पाकिस्तान अपने सभी आपसी मसले शिमला

समर्थन करने का वचन दिया था । दोनों दलों के बीच यह आम सहमति थी कि अध्यक्ष सत्ता पक्ष से होना चाहिए और उपाध्यक्ष लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का होना चाहिए ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कलां में एस.पी. आप्रेशन के घेर पर तैनात एक कांस्टेबल रविन्दर सिंह को मिलिटैंटों ने घायल कर दिया।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के भोपाल टोकनी गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके दो साथी भाग गए।

मुठभेड़ में मरा : फिरोजपुर जिले के गांव मैसूर देवा में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया।

गुट संघर्ष में मरा : तरनतारन पुलिस जिले के गांव कैरों में मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में एक मिलिटैंट मारा गया।

एक मिलिटैंट मारा गया : होशियारपुर जिले के सरीहपुर गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया। उसके निकट से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ गोली सिक्का मिला है।

दो घरों को लूट लिया : खन्ना से हमारे संवाददाता के अनुसार वहां से 7 किलोमीटर दूर इकालाही गांव में कल लगभग आधी रात को 9 लोग, जिनमें से कुछ पुलिस वर्दी में थे, आए। उन्होंने दो जमीदारों को घरों के दरवाजे यह कह कर खुलवाए कि तुम्हारे यहां मिलिटैंट छुपे हुए हैं और तलाशी लेने चंडीगढ़ से आए हैं। वे तलाशी के बहाने पहले घरों में दाखिल हुए और फिर घर वालों को इकट्ठा करके एक जगह बांध दिया। वे उनके घरों से जेवर, नकदी तथा कीमती सामान ले कर भाग गए। एक तीसरे घर का दरवाजा खुलवाने की भी उन्होंने कोशिश की थी लेकिन वह न खुलने पर वे खिड़कियां और दरवाजे क्षतिग्रस्त कर गए।

लड़के का अपहरण : आज प्रातः सात बजे 5 अज्ञात युवक खन्ना में एक सफेद मारुति कार में स्प्रिंग डेज स्कूल के निकटस्थ श्री नरेन्द्र पाल की कोठी पर आए। उनमें से तीन तो कार में बैठे रहे जबकि दो टैलीफोन करने के बहाने कोठी के अंदर चले गए। फोन वाले कमरे में जाकर एक ने रिवाल्वर निकाल लिया और नरेन्द्र पाल से कहा कि वह अपना पिस्तौल उनके हवाले कर दे। नरेन्द्र पाल ने कहा कि पिस्तौल उसके पास नहीं तो वे तलाशी लेने के बहाने बाथरूम में चले गए, जहां उनकी पत्नी अपने 9 वर्ष के बेटे संदीप को नहला रही थी। उन्होंने संदीप को नंगी हालत में ही बाजू से पकड़ लिया और बाहर कार की तरफ ले भागे। लड़के की मां उनके पीछे भागी और जाकर कार की खिड़की को पकड़ लिया लेकिन अपहर्त्ता कार को स्टार्ट करके उसे भी साथ ही घसीट ले गए। स्कूल के पास जाकर उसका हाथ छूट गया और वह गिर गई। अपहर्त्ता नंगे लड़के को लेकर फरार हो गए।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : लुधियाना जिले के गांव बद्दोवाल में मिलिटैंटों ने भाग सिंह उर्फ बागी नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले में कल रात गांव मंडर कलां में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

शराब विक्रेता की हत्या : भटिंडा जिले में मिलिटैंट ने गांव लोवेवाल में एक शराब विक्रेता युवराज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के गांव भवानी बाला में कल रात मिलिटैंटों ने एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट मरा : मक्खू (चंद्रशेखर): जीरा थाना के एक गांव में कल रात हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । मुठभेड़ रात लगभग 7 बजे आरम्भ हुई तथा 2 घंटे चली । घटनास्थल से एक ट्रैक्टर, एक राइफल तथा गोली-सिक्का मिला है ।

एक अन्य महिला की हत्या : अमृतसर जिले के ब्यास थाने के गांव फत्तोवाल में मिलिटैंटों ने गुरनाम कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।





भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल की सोमवार को संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित बैठक की अध्यक्षता श्री लाल कृष्ण अडवानी ने की, बैठक में नागरिक उड्डयन एवं पर्यटन मंत्री श्री माधव राव सिंधिया द्वारा भाजपा के विरुद्ध कथित टिप्पणी के सिलसिले में पार्टी की भावी नीति पर विचार-विमर्श किया गया । (छाया : प्रैस ट्रस्ट)

पहले उसका उसके घर से अपहरण कर लिया गया था ।

बम विस्फोट करके जीप उड़ा दी : बाघा पुराना (ज्ञान): महाना पुलिस थाना क्षेत्र में मिलिटैंटों ने कल रात बम-विस्फोट करके पुलिस की एक गश्ती जीप को उड़ा दिया, किन्तु किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। बम जमीन के नीचे रखा हुआ था।

2 बस यात्रियों का अपहरण : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज दोपहर जालन्धर से बटाला जा रही एक प्राइवेट बस 'गोल्डन टैम्पल बस' को मिलिटैंटों ने थाना ब्यास के कस्बा सठियाला के निकट रोक कर उसमें से एक ही समुदाय के 2 व्यक्तियों को नीचे उतार लिया । इसके पश्चात मिलिटैंट उन दोनों को एक टैम्पो में बिठा कर ले गए ।

शव मिला : थाना पट्टी के गांव कैरों में पल के पास एक 30 वर्षीय युवक की गोलियों से छलनी लाश मिली है, जिसके निकट ए.के. 47 राईफल के 4 खोल भी पड़े थे ।

शव मिला : कपूरथला (सेखड़ी): गत शुक्रवार तथा शनिवार की रात को शेखूपर के जिस व्यक्ति सरदारी लाल आनन्द को अज्ञात व्यक्ति अपहृत करके ले गए थे, उसका शव नकोदर के निकट गांव कलारां से मिला है । यह दावा पुलिस की ओर से किया गया है ।

होम गार्ड जवान की हत्या : लुधियाना जिले के गांव छज्जू में कल रात मिलिटैंटों ने होमगार्ड जवान चमकौर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

घर में घुस कर जेवर लूट ले गए : फगवाड़ा (अशोक) : आज प्रातः 11 बज स्थानीय हरगोबिन्द नगर की कालोनी में तीन हथियारबंद अज्ञात मिलिटैंटों ने नरिंदर कुमार बांगा नामक कपड़ा व्यापारी की कोठी में जबरी दाखिल होकर घर से लगभग एक लाख रुपए के सोने के जेवर इत्यादि लूट लिए व उसकी पत्नी किरणबाला व माता यमुना देवी को घायल कर उन्हें बांधकर स्टोर में फैंक गए व बाहर से दरवाजा बंद करके भाग गए । बाद में सास व पुत्रवधू द्वारा शोर मचाने पर पड़ौसियों ने दरवाजा खोला व उन्हें बाहर निकाला । इस घटना से क्षेत्र में भारी आतंक उत्पन्न हो गया । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय डी.एस.पी. अजीत सिंह, सिटी पुलिस इंस्पैक्टर सतपाल जोशी भारी पुलिस फोर्स लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए । कोठी में चीखो पुकार के दौरान ही किरण बाला ने बताया कि आज प्रातः वह कपड़े धो रही थी कि दो मिलिटैंटों, जिनके पास पिस्तौल थे, ने दरवाजा खटखटाया व पूछने पर उन्होंने कहा कि दरवाजा खोलो अथवा गोली मार देंगे, की चेतावनी दी । दरवाजा खोलवा कर वह घर में दाखिल हो गए । अंदर आते ही उन्होंने मेरी सास को एक कमरे में ले जाकर उसकी सोने की चूड़ियां जबरी उतारलीं, जिससे वह घायल हो गई । मेरे द्वारा शोर मचाने पर उन्होंने मुझे बालों से घसीट लिया व मारपीट की । हम दोनों सास, पत्रवधू को कमरे में बंद कर सोने के जेवरात हमारे शरीर से उतरवा कर तथा शेष स्टोर की अलमारी से निकाल कर चलते बने ।

'टोहरा सिखों के प्रभाव को तारपीड़ो कर रहे हैं'

लुधियाना, 12 अगस्त (महिन्द्रा): गत रात्रि अकाली दल बादल के एक नेता ने यहां कहा है कि गुरचरण सिंह टोहरा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के नेतृत्व से हटाए जाने के बाद एक नई चाल के साथ अकाली राजनीति में उभरने का प्रयास कर रहे हैं तथा अकाली दलों में एकता का नारा लगा कर अकाली दल बादल के नेतृत्व में सिखों के बढ़ रहे प्रभाव को तारपीड़ो कर रहे हैं । इस नेता के अनुसार जत्थेदार टोहरा मिलिटैंटों के समर्थन का सहारा भी ले रहे हैं । इस नेता ने कहा कि अकाली दल बादल के प्रधान प्रकाश सिंह बादल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अकाली दलों में एकता के किसी भी अभियान में पीछे नहीं रहे ।

'शहीद पत्रकार के.के.

डोनेशन के विरुद्ध विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदर्शन

अमृतसर, 12 अगस्त (नारंग): आज छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में 'डोनेशन' के खिलाफ रोष जलूस निकाल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया । स्कूल कालेजों के प्रशासन छात्रों के दाखिले के समय तरह-तरह के अनोखे ढंगों से "चंदे" की मांग करते हैं और चन्दा न देने पर उन्हें दाखिल न करके उनके साथ अन्याय करते हैं । स्थानीय प्रशासन भी सब कुछ जानते हुए भी चुप है । विद्यार्थी परिषद ने 'डोनेशन' के खिलाफ आज सभी शिक्षण संस्थान बंद करवाए और जलूस निकाला । छात्रों ने एक रोष रैली भी की। छात्र विद्यार्थी परिषद जिन्दाबाद, कालेज प्रशासन "हाय-हाय" अमृतसर प्रशासन "हाय-हाय" के नारे लगा रहे थे ।

'डोनेशन' के खिलाफ अमृतसर के जिलाधीश श्री सर्बजीत सिंह को एक ज्ञापन देकर मांग की गई सरकार शिक्षण संस्थाओं में 'डोनेशन' की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कालेजों और स्कूलों को सख्त ताड़ना दे, ताकि छात्रों के साथ अन्याय न हो सके ।

लिट्टे द्वारा कर्नाटक सचिवालय उड़ा देने की धमकी

बंगलूर, 12 अगस्त (वार्ता): लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) द्वारा राज्य सचिवालय को उड़ा देने की धमकी को देखते हुए सचिवालय के इर्द-गिर्द सुरक्षा व्यवस्था आज और कड़ी कर दी गई । सचिवालय के प्रवेश द्वार पर सशस्त्र पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं । शहर के पुलिस आयुक्त आर. रामलिंगम समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । सुरक्षा प्रबंधों में पुलिस के प्रशिक्षित कुत्तों की भी मदद ली जा रही है ।

सचिवालय सूत्रों के अनुसार जनता के सचिवालय भवन में प्रवेश पर दो दिन के लिए रोक लगा दी गई है । कावेरी का पानी तमिलनाडु के लिए नहीं छोड़ने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में लिट्टे ने चौदह अगस्त को विधान सौध तथा मुख्यमंत्री निवास को उड़ाने की धमकी दी है ।

फ्रैंड्ज कौंसिल द्वारा 'शहीद परिवार फंड में प्रतिमास योगदान देने की घोषणा

लुधियाना, 12 अगस्त (विनोद महिन्द्रा): फ्रैंड्ज सिटिजन कौंसिल के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में गत रात्रि कौंसिल के अध्यक्ष श्री रमन गम्बर ने कौंसिल के उद्देश्यों के बारे में घोषणा करते हुए हिन्द समाचार शहीद परिवार फंड के लिए 2100 रुपए का चैक दिया । श्री रमन गम्बर ने यह भी घोषणा की कि अब भविष्य में कौंसिल की ओर से प्रतिमास शहीद परिवार फंड में कुछ राशि का योगदान नियमितता से किया जाएगा । श्री गम्बर ने गूंगे-बहरे बच्चों के स्थानीय स्कूल के लिए भी 1100 रुपए प्रतिमास देने की घोषणा की । उन्होंने बताया कि अब कौंसिल की ओर से निर्धन युवतियों के विवाहों और मैडीकल शिविरों का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा । इस अवसर पर उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी कौंसिल का राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक संस्था है ।



अखिल भारतीय आयुर्वेद सम्मेलन के उपाध्यक्ष वैद्य प्रकाश नाथ तिवारी वैद्य मंडल जालंधर द्वारा आयोजित समारोह में मेयर श्री जयकिशन सैनी को सम्मानित करते हुए ।

राजीव-हत्याकांड सुनवाई 'शुभा सुन्दरम की याचिका रद्द

मद्रास, 12 अगस्त (प.स.): राजीव गांधी हत्या कांड की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने एक फोटो एजैंसी के मालिक एवं अभियुक्त शुभा सुन्दरम की ओर से दायर उस याचिका को आज रद्द कर दिया है जिसमें अभियुक्त को हिरासत में भेजने बा अदालत के अधिकार को चुनौती दी गई थी ।

विशेष अदालत के न्यायाधीश एस.एस सिट्टीकी ने फैसला दिया कि 'टाडा' के तहत नियुक्त विशेष अदालत को, किसी को हिरासत में भेजने आदि के लिए न्यायिक मैजिस्ट्रेट के अधिकार प्राप्त होते हैं । न्यायाधीश ने इस सिलसिले में उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि उक्त अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश को किसी अपराध पर विचार करने का अधिकार है पर उसे अभियुक्तों को हिरासत में भेजने या जमानत पर रिहा करने का अधिकार नहीं है तो स्थिति अत्यन्त विरोधाभासपूर्ण हो जाएगी ।

8 व्यक्तियों पर 'टाडा' लागू : इसी मध्य कोयम्बटूर से प्राप्त एक अन्य सूचना के अनुसार 8 व्यक्तियों पर 'टाडा' लाग किया गया है, जिनमें गत मास गिरफ्तार रघु और विक्की भी शामिल हैं ।

अमेठी से चुनाव नहीं लड़ूंगी : सोनिया

नई दिल्ली, 12 अगस्त (आ.): श्रीमती सोनिया गांधी ने अमेठी से उपचुनाव लड़ने की सम्भावना को साफ इंकार कर दिया है । पता चला है कि राजीव फाऊंडेशन की क्षेत्रीय समितियों के संयोजकों की बैठक में श्रीमती गांधी ने अपने स्वर्गीय पति की सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ने का अनुरोध बड़ी मजबूती से ठुकरा दिया है । फाऊंडेशन समिति के सदस्यों की मीटिंग 30 जुलाई को उनके 10 जनपथ स्थित निवास स्थान पर हुई थी । श्रीमती गांधी की इस बात से कम से कम फिलहाल उनके राजनीति में आने के सम्बन्ध में अटकल बाजियां समाप्त हो गई हैं ।

जम्मू में बम धमाके से कई घायल

जम्मू, 12 अगस्त (सच्चर): आज रात्रि 9 बजे सिटी थाने के निकट पंजाब नैशनल बैंक के सामने एक जबरदस्त बम धमाका होने से कई लोग घायल हो गए । सरकारी क्षेत्रों के अनुसार घायलों की संख्या 7 है जबकि अस्पताल से मिली सूचना अनुसार घायलों की संख्या 19 बताई गई है । 3 घायलों की हालत नाजुक है । बम धमाके के बाद वहां अफरातफरी फैल गई ।

6 सुंदरियों का मुंह काला करके जलूस निकाला

अमृतसर, 12 अगस्त (मनोहर): नगर पुलिस ने छः सुंदर युवतियों, जो कि शहर में कथित रूप से जिस्म फरोशी के अड्डे चला रही थी, का काला मुंह करके खुली जिप्सी में खड़े करके जलूस निकाला । इन युवतियों को लारेंस रोड की तरफ से पकड़ा गया । शहर के पुलिस थाना सिविल लाईन इलाके में इन युवतियों को कई घंटे तक घुमाया गया ।

नरसिम्हाराव से पंजाब आने का आग्रह

अमृतसर, 12 अगस्त (नारंग): हिन्द शिव सेना पंजाब के वरिष्ठ नेताओं सर्वश्री ओम प्रकाश अरोड़ा, अविनाश जौली, संजय शर्मा, संजय कुमार अरोड़ा कुमार ने एक संयुक्त पत्र में प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव से मांग की है कि वह पंजाब का दौरा करें । पत्र में पंजाब में मिलिटैंसी का विस्तृत रूप देते हुए इन नेताओं ने लिखा है कि पंजाब के लोग अपने आपको असहाय भयभीत समझते हैं

अमीना को एक दिन और ना



पूज्य माता लाल देवी जी

नी सज्जनों की नाम शिला
के ठहरने के लिए सुरक्षित

ई शीतला
चलो !
की तरफ से 5वां वार्षिक
र को मां चिन्तपूर्णी शीतला
ब के सुप्रसिद्ध गायक 'भजन
महामाई का गायन करेंगे ।
वे इस बार जागरण में अवश्य
ने योग्य होगा ।
ी बिहारी लाल कृष्ण कुमार

Wire & Cables
ी धर्मपाल शर्मा
, कैशियर सतीश सिंगला,
, सैक्रेटरी : प्रमोद अरोड़ा

Punjab Sarachar

खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल व एरिया कमांडर सहित पंजाब में 6 मिलिटैंट मारे गए

चण्डीगढ़, 13 अगस्त (वार्ता, प.स.) : पंजाब में सुरक्षा बलों ने गत 24 घंटों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल व एरिया कमांडर सहित 6 मिलिटैंटों को मार गिराया व 6 अन्य को गिरफ्तार कर लिया, जबकि राज्य में अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई।

बस कंडक्टर की हत्या : जालंधर जिले में शाहकोट थाने के गांव खानपुर में एक बस कंडक्टर की हत्या कर दी गई। जालंधर निगम परिवहन के इस सह-चालक की पहचान नरिन्दर सिंह के रूप में हुई है।

मिलिटैंट गिरफ्तार : गुरदासपुर जिला क्षेत्र में एक मिलिटैंट विक्रमजीत कालिया को अन्य मिलिटैंटों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक की हत्या : अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बटाला पुलिस जिले के साखोवाल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने बलविंदर सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : फिल्लौर पुलिस थाने के जैजा खुर्द गांव में पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अवतार सिंह और अजायब सिंह नाम के इन दो अभियुक्तों के पास से एक राइफल और एक बंदूक बरामद हुई।

घायल कर दिया : संगरूर जिले के रोडका गांव में तीन हमलावरों ने रफीक नाम के एक व्यक्ति के घर पर कल रात गोलियां चलाईं जिससे वह घायल हो गया।

अन्यत्र 10 व्यक्तियों की हत्या : 6 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला फरीदकोट के गांव सम्भारा में गत रात मिलिटैंटों ने 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनकी पहचान नच्छत्तर सिंह व गुरा सिंह के रूप में हुई । इससे पूर्व मिलिटैंटों ने उक्त दोनों व्यक्तियों का अपहरण कर लिया था ।

अज्ञात शव मिला : जिला होशियारपुर के फगवाड़ा मार्ग स्थित टैम्पो स्टैंड से आज एक अज्ञात शव मिला है ।

हत्यारे मिलिटैंट की शिनाख्त : गत [illegible] सिंह की हत्या करने वाले चारे मिलिटैंट की भी शिनाख्त हो गई है । उसका नाम दर्शन सिंह निवासी उस्मान शाहिद बताया गया है । उसके दूसरे साथी की शिनाख्त कल ही गुरमेज सिंह उर्फ गेजा के रूप में हो गई थी । ये दोनों मिलिटैंट हत्याकांड के बाद कल फरार होते समय सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुकाबले में मारे गए थे । उन्हें 194 बटालियन के जवानों ने घेर लिया था ।

बताया जाता है कि दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पजवड़ गुट) से संबंधित थे तथा जालन्धर, होशियारपुर व कपूरथला जिलों में सुरिन्दरजीत सिंह मल्लेवाल के आदेशों पर सक्रिय थे ।

अन्य मृत मिलिटैंट की पहचान : पुलिस ने गत 2 अगस्त को जिला जालन्धर के भोगपुर क्षेत्र में मारे गए मिलिटैंट की भी पहचान कर ली है । वह जिला होशियारपुर के गांव लंडोरी का निवासी हरमीत सिंह था तथा 'दूषित सोच कमांडो फोर्स आफ खालिस्तान' की दोआबा जोन का एरिया कमांडर था । वह चाचा फतेह सिंह के रूप में कार्य करता था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

जब अपने हो जाएं बेवफ़ा तो....!

कपूरथला, 13 अगस्त (शर्मा): अपने ही सगे संबंधियों का रक्त किस सीमा तक सफेद हो सकता है, इसका मुंह बोलता उदाहरण यहां पुरानी अनाज मंडी में शरण लिए हुए 14 वर्षीया एक अनाथ ब्राह्मण लड़की तथा उसका तीन वर्षीय छोटा भाई हैं, जिन्हें एक षड्यंत्र के अधीन उनकी मासी ने गलत बस में बिठा दिया तथा स्वयं खिसक गई ।

लड़की जोकि काफी डरी तथा सहमी हुई है, ने बताया कि उसका नाम प्रिय है तथा उसके भाई का नाम बंटी है । वह फरीदाबाद की रहने वाली है तथा मकान नं. 228 में वह अपने माता-पिता व चाचा-चाची के साथ रह रही थी । उसके मां-बाप के जीवित होने पर उसके चाचा-चाची उनसे बहुत प्यार करते थे । लगभग तीन वर्ष पूर्व जब उसका भाई मां के गर्भ में था तो पिता की मृत्यु हो गई । फिर माता भी उसे जन्म देकर चल बसी तो चाचा-चाची का बर्ताव भी बदल गया । उसका चाचा महेश शर्मा किसी कार्यालय में काम करता है जबकि चाची ज्योति शर्मा अध्यापिका है । वे दोनों उनको घर में बंद रखते तथा घर का सारा काम करवाते व उनसे मारपीट भी करते । इन अनाथ बच्चों की मासी गीता से वे दोनों कोई विचार-विमर्श करते रहते तथा आपस में मकान बेचने की बातें भी करते । लुधियाना में उनकी भुआ का स्वर्गवास हो चुका है । मामा को कभी इन लोगों ने घर आने नहीं दिया था । गत सप्ताह उसका विवाह करने की बात कह कर मासी अनाथ प्रिय तथा उसके भाई को फरीदाबाद से जालन्धर बस अड्डा पर ले आई तथा वहां एक बस में उन्हें बिठा कर स्वयं बहाने से उसकी मां के कंगन तथा कपड़े लेकर खिसक गई । बस जब लाम्बड़ा बस अड्डे पर रुकी तो वह अन्य यात्रियों के साथ वहीं उतर गई । वह



अपनों की बेवफ़ाई का शिकार प्रिय तथा उसका छोटा भाई बंटी । (छाया : चोपड़ा)

जब चाय की एक दुकान पर अपने भाई के साथ बैठी थी तो रहम दिल दुकानदार ने अपने चौबारा में स्थित पुलिस चौकी में इस बारे सूचना दी और दोनों को अपने घर में आश्रय दे दिया ।

लड़की के यह बताने पर कि उसका मौसा अजय शर्मा तथा मासी गीता कपूरथला में रहते हैं, दुकानदार पुलिस के साथ एक वैन में लड़की को लेकर पुरानी अनाज मंडी में आए । वहां उसकी मासी-मौसा का पता नहीं चला तो पंडित राम चंद, श्री धर्मपाल गुप्ता आदि ने लड़की व उसके भाई को श्री धर्म पाल गुप्ता के परिवार में रख लिया । इस सारे मामले की सूचना मुख्यमंत्री हरियाणा तथा एस.एस.पी. फरीदाबाद को भेजी जा रही है ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार जालन्धर की बस्ती दानिशमंदां में से एक दुर्दांत मिलिटैंट सुरिन्दर सिंह उर्फ शिन्दा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से विस्फोटक बरामद किए गए हैं । वह कई वारदातों में वांछित था ।

2 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार जिला अमृतसर के गांव चीमा व थाना मदर में से गरनाम सिंह नामक मिलिटैंट को भी काबू करके उनके कब्जे से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद किए गए हैं । ये दोनों मिलिटैंटों को आश्रय दिया करते थे ।

5 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़) : आज थाना कादियां के गांव नत्त मोकल के निकट पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ हुए एक मुकाबले में 5 मिलिटैंट मारे गए।

एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार इनमें से 2 मिलिटैंटों की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के लेफ्टिनैंट जनरल जसवंत सिंह उर्फ जस्सा आहलुवालिया निवासी खजाला व इसी संगठन के एरिया कमांडर सुरजीत सिंह उर्फ बिजली के रूप में हुई है। घटनास्थल से एक एके. 74, 3 एके. 47, एक माऊजर, 3 स्टिक बम, कई डेटोनेटर, बड़ी संख्या में विस्फोटक पदार्थ व 2-3 बैग भी मिले हैं।

श्री सीता राम के अनुसार प्रातः 11.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक चले इस मुकाबले में पंजाब पुलिस का कांस्टेबल हीरा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना (मुसाफिर): गत रात कुछ अज्ञात मिलिटैंट आलमगीर में एक व्यक्ति सिकन्दर सिंह को उसके घर से उठा कर ले गए और बाहर ले जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : गत रात थाना खन्ना के गांव राहोन में 5-6 मिलिटैंट आए। जब सुरक्षा बलों ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि बाकी फरार होने में सफल हो गए। घटनास्थल से सुरक्षा बलों को एक 12 बोर का पिस्तौल, एक रिवाल्वर और 40 कारतूस बरामद हुए।

चौकीदार की हत्या : अबोहर (सदोष): यहां के निकटवर्ती एक फार्म हाऊस में गत मध्य रात्रि को 5 अज्ञात लुटेरों ने महंतनाथ नामक एक चौकीदार की उस समय हत्या कर दी,जब उसने उन लुटेरों को अपने मालिक हनुमानदास के घर में जबरदस्ती घुसने से सफलतापूर्वक रोक लिया। डी.एस.पी. शुक्ला के अनुसार सारे क्षेत्र की पुलिस ने घेराबंदी कर ली है तथा घटनास्थल से 12 बोर के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच के लिए खोजी कुत्तों का भी सहयोग लिया है।

इसके अलावा क्षेत्र में चोरी की 2 घटनाओं की भी सूचना मिली है।

लाठियां मार कर हत्या : बटाला (कोछड़): गत सायं थाना सदर के गांव सैदमुबारक के निकट 5-6 व्यक्तियों ने लाठियां मार कर प्रकाश सिंह (22) की हत्या कर दी तथा कुलवंत सिंह को घायल कर दिया। वे दोनों बटाला में काम करके अपने गांव घसीटपुर जा रहे थे। पुलिस के अनुसार यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह हत्या मिलिटैंटों ने की अथवा किसी अन्य ने।

दो शव बरामद : पटियाला से 'राज' के अनुसार स्थानीय करतार कालोनी के निवासी मंगत राम (23) पुत्र अमर सिंह का शव पावर कालोनी के निकट एक ड्रेन से मिला है । मंगत राम के सिर पर चोट के निशान हैं । मंगत राम पिछले रविवार को एस्कार्ट्स फैक्टरी, जहां वह काम करता था, गया था लेकिन फिर घर नहीं लौटा । पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है ।

पुलिस ने पटियाला की डी.सी. डब्ल्यू. कालोनी के पिछवाड़े में स्थित एक तालाब से 33-34 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया है । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई ।

कॉफमैन का प्रस्ताव रद्द

(पृष्ठ 3 का शेष)

करने के लिए दबाव डाला जा रहा है । विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यहां कहा कि इस संधि से परमाणु हथियार रखने वाले देशों को कतिपय लाभ मिलते हैं और इस प्रकार यह भेदभावपूर्ण है । प्रवक्ता ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने की चीन की मंशा पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया । उसने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा

राजीव हत्या षड्यंत्र में बी.सी.सी.आई. का हाथ ?

नई दिल्ली, 13 अगस्त (वार्ता): लोकसभा में आज विपक्ष के सदस्यों ने बैंक आफ क्रेडिट एंड कामर्स इंटरनैशनल के बम्बई शाखा के कार्यकलापों पर सदन में चर्चा की मांग की । उन्होंने बैंक के विरुद्ध भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया । अन्ना जाशी न सदन में शून्य काल के दौरान यह मामला उठाया और कहा कि कुछ समाचारपत्रों में खबर छपी है कि इस विवादग्रस्त बैंक से उत्तर प्रदेश के दो पूर्व मंत्रियों का भी संबंध था ।

जनता दल के रविराय ने कहा कि उन्हें अपनी हाल की बेंगलूर यात्रा में यह अफवाह सुनने को मिली कि राजीव गांधी की हत्या में भी यह बैंक कथित रूप से शामिल था ।

असम बंद का निर्णय रद्द

नई दिल्ली, 13 अगस्त (वार्ता): अखिल बोडो छात्र संघ ने 15 अगस्त से 1001 घंटे के असम बंद आयोजित करने के अपने निर्णय पर अमल न करने का फैसला किया है । छात्र संघ ने यह फैसला केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन के अनुरोध पर किया है ।

राष्ट्रपति का संदेश आज

नई दिल्ली, 13 अगस्त (प.स.): दूरदर्शन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल रात आठ बजे राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन का राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करेगा । दूरदर्शन के सभी केंद्र इसे रिले करेंगे ।

दूरदर्शन की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति के सम्बोधन के तुरन्त बाद इसका हिन्दी अनुवाद प्रसारित किया जाएगा जबकि क्षेत्रीय केंद्र अपनी-अपनी भाषाओं में इसका अनुवाद प्रसारित करेंगे ।

विज्ञप्ति के अनुसार दूरदर्शन 15 अगस्त को लाल जिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के ध्वजारोहण तथा उनके भाषण का भी सुबह 7.10 से सीधा प्रसारण करेगा । इसे भी दूरदर्शन के सभी केंद्र रिले करेंगे ।

दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चुनावों के लिए कड़ी सुरक्षा

(पृष्ठ 3 का शेष)

'ढल्ल' के अनुसार श्री ओझा ने आई.पी.एस. अधिकारी श्री प्रमोद के नेतृत्व में आयोजित पुलिस, होम गार्ड्ज़, एन.सी.सी. कैडेट्स, गर्ल्ज़ गाईड आदि पर आधारित मार्चपास्ट की सलामी ली। जिलाधीश एन.एस. कंग तथा एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा भी उनके साथ थे।

श्री ओझा ने उपस्थित-जनों को उन हजारों स्वतन्त्रता संग्रामियों की याद दिलाई, जिन्होंने देश की आज़ादी की प्राप्ति के लिए वर्षों तक जेलों में यातनाएं सहीं और अपने जीवन न्यौछावर किए। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि आज उसी पंजाब में रक्तरंजित वातावरण बना हुआ है क्योंकि कुछ लोग गुमराह होकर विदेशी शक्तियों के हाथ में खेल रहे हैं।

श्री ओझा ने कहा कि पंजाब अपने श्रम व लगन के कारण सारे देश में उद्योग व कृषि आदि के क्षेत्रों में अग्रणी स्थान प्राप्त कर गया था, किन्तु गत कुछ वर्षों की त्रासदीपूर्ण स्थिति के कारण वह कई राज्यों से पीछे हो गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार जनता के सहयोग से उक्त स्थिति पर शीघ्र काबू पा लेगी और पंजाब अपना पूर्व अग्रणी स्थान प्राप्त कर लेगा।

श्री ओझा ने सरकारी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को समाज का ट्रस्टी समझें। उन्हें जो पद व काम सौंपा गया है, वह समाज की ओर से दिया गया है और उन्हें यह काम ईमानदारी से पूरा करना चाहिए। इससे लोगों को सुख मिलेगा।

समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग पी.टी. शो आदि पेश किया। छात्रों ने राष्ट्रभक्ति के गीत व कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

श्री ओझा ने कुछ स्वतन्त्रता सेनानियों को ताम्रपत्र भेंट किए। उन्होंने होमगार्ड्ज़ के शहीद 3 जवानों के परिवारों को एक-एक लाख रुपए के अनुदान के चैक भी दिए।

जालंधर नगर निगम के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के संबंध में एक समारोह आयोजित हुआ। जालंधर नगर निगम के मेयर श्री जय किशन सैनी ने वहां एकत्रित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार रहें। उन्होंने निगम कर्मियों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार खत्म करने की शपथ लें। श्री सैनी ने जिला इंटक द्वारा आयोजित एक समारोह में भी ध्वजारोहण किया। समारोह की अध्यक्षता कामरेड बृजलाल ने की। लक्ष्मी वैलफेयर क्लब लक्ष्मीपुरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निगम के मेयर ने स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। समारोह की अध्यक्षता श्री गुरदयाल सिंह ने की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी भार्गव कैम्प द्वारा एक समारोह स्थानीय भार्गव कैम्प में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री श्री दर्शन सिंह के.पी. ने की। इस अवसर पर सर्वश्री सरदारी लाल, सुरेन्द्र महे, वीरेन्द्र शर्मा, मेला राम 'सुमन' तथा ची. जगत राम भी शामिल हुए।

स्वामी राम भारती, आयुक्त नगर निगम

Punjab Sanjan

पार्टी के भीतर मची हलचल के बारे में पूछे गए प्रश्नों

निर्वाह उनके बाद आई सरकार ने नहीं किया।

अन्य नेताओं के साथ भाग लेते हुए । (छाया : पी.टी.आई.)

फैसलों पर अमल चाहते हैं, उसे पर भी श्री अजीत सिंह नाराज हैं।

पंजाब में कम्युनिस्ट नेता व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 16 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से 2 सुरक्षा कर्मियों व ट्रक यूनियन के एक प्रधान सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट मारे गए तथा अन्यत्र एक सरपंच सहित 6 को गिरफ्तार भी कर लिया गया । इसके अलावा एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों की हिरासत में से फरार होने में सफल हो गया है ।

इसके अलावा मिलिटैंटों ने एक कम्युनिस्ट नेता की हत्या भी कर दी है ।

कम्युनिस्ट नेता की हत्या : आज सायं जिला संगरूर के सफीपुर खुर्द गांव में दो मिलिटैंटों ने घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग की तथा सी.पी.आई (एम.) के नेता सुरजीत सिंह की हत्या कर दी । इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंट फरार हो गए ।

किसान की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात मजीठा पुलिस जिले के मुंडाला गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक का नाम निर्मल सिंह बताया गया है। वह किसान था।

घायल कर दिया : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले में कल रात गुरनाम सिंह नाम के एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया।

मिलिटैंट फरार : फुला सिंह नाम का एक मिलिटैंट कल रात जालंधर जिले के बगा थाना से फरार हो गया है। उसे हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में एक गांव ले जाया जा रहा था कि वह रास्ते में ही भागने में कामयाब हो गया।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले में मरगिंदपुर गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक छड़ी बम, साइनायड कैप्सूलों से भरी एक बोतल और कारतूस बरामद किए हैं।

2 सुरक्षा कर्मी व 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे: मजीठा पुलिस जिले में तरसिके का गांव के निकट डेरीवाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक जवान मारा गया। मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो पाई, जबकि मृत जवान का नाम देशमुख है। वह सी.आर.पी.एफ. की 73वीं बटालियन का जवान था।

विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र सरपंच सहित 7 गिरफ्तार, एक अन्य पुलिस हिरासत से फरार

इस मुठभेड़ में पंजाब पुलिस का भी एक कांस्टेबल मारा गया।

घटनास्थल से एक एस.एल.आर., एक एके. 47 राइफल, 365 कारतूस और एक हीरो होंडा मोटर साइकिल भी बरामद हुई।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने बताया कि अमृतसर में व्यास थाने के अंतर्गत गांव भिड़र के करनैल सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुलदीप सिंह नामक एक अन्य मिलिटैंट बटाला थाना के कादियां क्षेत्र में पकड़ा गया। संगरूर जिले में दो तथा जालंधर जिले में भी एक मिलिटैंट पकड़ा गया। उनके पास से हथियार भी बरामद हुए है।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंसी की गतिविधियों में संलिप्त ग्राम सरपंच को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव बुण्डाला के निकट से सुरक्षा बलों ने गुरमेल सिंह नामक एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार उसकी हत्या संभवतः गुट संघर्ष का ही परिणाम है।

अपहृत का शव मिला : जसवीर सिंह नामक 10 वर्षीय एक बच्चे का शव आदि प्रातः जिला होशियारपुर के गांव दादूपुर गोराया के एक बगीचे में से मिला है। वह गत प्रातः से ही लापता था तथा समझा जाता है कि उसका अपहरण कर लिया गया था।

छुरे मार कर हत्या : गत रात्रि जिला कपूरथला में फगवाड़ा के खेड़ा मार्ग पर जीवन राम नामक एक व्यक्ति की छुरे मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह निजी दुश्मनी का मामला है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, साथी फरार : पुलिस जिला तरनतारन के गांव कच्चा-पक्का में आज सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया। घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल मिली है।

ट्रक यूनियन के प्रधान की हत्या : धूरी (सिंगला): आज सवेरे 9.30 बजे धूरी ट्रक यूनियन के प्रधान निर्भय सिंह की दो मिलिटैंटों ने हत्या कर दी। बताया जाता है कि इन दोनों मिलिटैंटों ने निर्भय सिंह को उसके कार्यालय में से जबरदस्ती बाहर निकाला और उसे उसकी मारुति वैन में बिठा कर कार्यालय के पिछवाड़े ले गए। वहां उन्होंने एके. 47 राइफल से अंधाधुंध गोलियां चला कर निर्भय सिंह की हत्या कर दी और उसकी वैन नं. पी.बी. 13-3385 लेकर फरार हो गए। दोनों मिलिटैंट पैदल ही आए थे।

निर्भय सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद उनके बारिसों को सौंप दिया गया। इस हत्या के शोक स्वरूप आज यहां पूर्ण बंद रहा। बताया जाता है कि निर्भय सिंह मिलिटैंटों की हिटलिस्ट में थे ।

'जैन' के अनुसार निर्भय सिंह की वैन निकटवर्ती नहर के एक पुल पर खड़ी बाद में बरामद कर ली गई। स्व. निर्भय सिंह अपने पीछे विधवा, 2 बेटे व 2 बेटियां छोड़ गए हैं।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : बटाला (कोहड़, चौधरी): गत रात्रि पुलिस थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भट्टीवाल में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया। घटनास्थल से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए है।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि भाम गांव में बब्बर खालसा के 2 मिलिटैंटों ने प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से बब्बर खालसा दल का एक पत्र बरामद किया है, जिसमें लिखा था कि प्यारा सिंह देसी शराब बनाता था और अफीम बेचता था। वहां से एके. 47 राइफल के 4 चले हुए कारतूस मिले है।

महिला की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव लाधू भाना में गत रात्रि मिलिटैंटों ने मुख्तियार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी रत्तन कौर की हत्या कर दी।

3 मिलिटैंट मारे गए : आज रात्रि थाना सदर बटाला के गांव कोट मज्जा के निकट सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य हुए मुकाबले में 3 मिलिटैंट मारे गए, जिनमें अजमेर सिंह नामक मिलिटैंट भी शामिल है, जो पहले एक पुलिस कांस्टेबल था । अजमेर सिंह गत वर्ष दिसम्बर में गांव घुम्मन की चौकी में तैनात था और फरार होने के समय सैल्फ लोडिंग राइफलें और एक बाकी टोकी सैट ले गया था । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज मशीन गन, एक लाईट मशीन गन, एक ए.के. 47 राइफल, एक वाकीटाकी सैट और बहुत सी विस्फोटक सामग्री और गोली सिक्का बरामद किया गया है ।

अपहरण के बाद हत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से 30 कि.मी. दूर गत रात्रि 11 बजे के लगभग 4 मिलिटैंटों ने गांव दीवाना में बहादुर सिंह नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा यह कह कर उसे अपने साथ ले गए कि उससे गुरुद्वारे में एक घोषणा करवानी है, मगर गुरुद्वारे में पहुंचने से पूर्व ही मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatan

दैनिक पंजाब केसरी, जालंधर 17.8.1991

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

यह भी पता चला है कि अलगाववादी और बच्चों की आड़ में 45 दियों के शव चोरी छुपे निकाल कर ले गए किसी स्थान पर दफना दिया । प्रवक्ता ने कि घाटी में विभिन्न स्थानों से 5 ादी गिरफ्तार किए गए हैं ।

ारी सूत्रों ने बताया कि रैनवाड़ी के पास कल गाववादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की र हमला किया.जवाबी कार्रवाई में मजूर र उर्फ सलीम नामक अलगाववादी मारा सूत्रों के अनुसार अलगाववादियों ने कल गाम जिले के मागम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस चौकी पर तीन राकेट दागे । श्रीनगर में ेमा स्थित चौकी पर भी राकेट दागा गया । नों पर पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई की किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

ी के विभिन्न क्षेत्रों से अपहृत सात व्यक्तियों में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है । हत व्यक्तियों में न्यू इंडिया एश्योरैंस कम्पनी मैनेजर डा. एस.एल. खोसा तथा दूर संचार के दो कर्मचारी शामिल हैं ।

हिर' के अनुसार पीपल्स वैल्फेयर कमेटी, र्ज यूनियन तथा इंश्योरैंस कर्मचारियों ने डा. ा. खोसा की सुरक्षित रिहाई के लिए अपील की न्होंने आशंका व्यक्त की है कि यदि श्री खोसा ु हुआ तो घाटी में इंश्योरैंस का कार्य ठप्प हो । जिससे लोगों को भारी परेशानी होगी ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी।

भारोत्तोलक की हत्या के सम्बन्ध में एक गिरफ्तार : जालन्धर : एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार जालन्धर में न्यू सराज गंज के एक निवासी कमल चरणजीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र मास्टर अमरीक सिंह को स्थानीय सैंट्रल टाऊन के निवासी राष्ट्रीय स्तर के भारोत्तोलक अजय वर्मा उर्फ राजू की हत्या के सम्बन्ध में गिरफ्तार करके उसके कब्जे से वह ए.के. 47 राइफल व उसके 6 कारतूस बरामद किए हैं, जिनका प्रयोग उसने इस अपराध में किया था ।

प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार उसने गत 26 मई, 91 को भार्गव कैम्प के बुड्ढा मल पार्क में हुए बम विस्फोट व गत 6-7 मार्च 91 की अर्ध रात्रि को मकसूदां में सी.आर.पी.एफ. के एक अधिकारी की 2 लड़कियों के अपहरण में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

अखबारी कागज

(पृष्ठ 3 का शेष)

राज्य व्यापार निगम तथा वाणिज्य विभाग से बातचीत की । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने भी इस मामले में सम्बद्ध मंत्रियों से विचार-विमर्श किया । प्रवक्ता ने बताया कि राज्य व्यापार निगम के गोदामों से अखबारी कागज की आपूर्ति शुरू किए जाने के निर्देश दिए जा चुके हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य सूचना अधिकारी की अध्यक्षता में छोटे और मझोले समाचारपत्रों के बारे में गठित समिति की सिफारिशों को भी शीघ्र लाग

इंका में आंतरिक तनाव

(पृष्ठ 3 का शेष)

करते रहे हैं। ये सांसद, जिनकी संख्या लगभग 80 तक पहुंच चुकी है, इन सभी बातों से उत्तेजित महसूस कर रहे हैं और इन मुद्दों को उठाने के लिए किसी उचित अवसर की तलाश में हैं। ऐसे सांसदों की संख्या बढ़ रही है। एक विचार यह है कि 26 अगस्त तक प्रतीक्षा की जाए जबकि राज्यसभा की बैठक हो रही होगी तथा सभी सांसद यहां पहुंच चुके होंगे। वे इन मुद्दों पर श्री नरसिम्हाराव की पार्टी के संसदीय दल की मीटिंग के अतिरिक्त संसद में भी परेशान करने की योजना बना रहे हैं। पार्टी नेतृत्व के विरुद्ध पनप रहा असंतोष एक हल्के विद्रोह का रूप भी धारण कर सकता है।

'शेख मुजीब का हत्यारा भी उनका प्रशंसक है !

ढाका, 16 अगस्त (वार्ता): बंगला देश के संस्थापक नेता शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या में शामिल सेना के एक अवकाश प्राप्त अधिकारी का कहना है कि वह आज भी शेख मुजीब को देश भक्त मानता और इस देश की स्वतंत्रता के लिए उनके योगदान के कारण उनका सम्मान करता है ।

बंगला देश की सेना के अवकाश प्राप्त कर्नल फारूक ने अंग्रेजी दैनिक "मार्निंग सन" को दिए इंटरव्यू में कहा है कि वह बंगला देश के लिए शेख मुजीबुर्रहमान के योगदान के कारण उनका सम्मान करता है । कर्नल फारूक तथा अब्दुर्रशीद ने 15 अगस्त 1975 की सैनिक क्रांति का षड्यंत्र रचा था, जिसके कारण शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या की गई और उनकी साढ़े तीन वर्ष पुरानी सरकार का तख्ता पलट गया था ।

कोई हारा कोई जीता—लोकतंत्र है कुछ रीता

नई दिल्ली, 16 अगस्त (दिनेश): स्वाधीनता पर्व के उपलक्ष्य में युवा परिषद की दिल्ली इकाई द्वारा फिक्की सभागार में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित विभिन्न कवियों ने देश की वर्तमान परिस्थिति पर काव्य पाठ किया । श्री वाजपेयी ने समय की व्यथा व्यक्त करते हुए कहा—

कोई हारा कोई जीता—लोकतंत्र है कुछ रीता रीता
दल जीते हारे पर देश न हारे
अब उदास है भारत मां रे ।

श्री कृष्णा मित्र ने युवाओं को आह्वान किया—

आज कश्मीर की धरा तुम्हें पुकारती,
पंचनद प्रदेश में बुला रही है भारती ।

हरि ओम पवार ने व्यंग्यात्मक शैली में कहा :

पूरा मौसम धुआं धुआं दिखता है तो दिखने दो,
अम्बर धरती अंधा कुआं दिखता है तो दिखने दो,
शायद दिल्ली का सिंहासन मुझको पद्मश्री देगा,
इसलिए मुझको दरबारों का अभिनंदन लिखने दो ।

गोबिन्द व्यास ने व्यवस्था पर कुछ इस प्रकार प्रहार किया :

बस्ती बस्ती आग लगी, आओ जंगल ढूंढे हम,
जिस दल दल में कमल खिले हों,
ऐसे दल दल ढूंढें हम ।

ओम प्रकाश आदित्य ने कुछ ऐसे कहा—

जिनने कर्कम किए फल-फूल रहे हैं वे
कर्म करते जो उन्हें फल नहीं मिलता,
खबरों में प्रतिदिन चित्र जिनके छपे हैं,
उनका चरित्र निर्मल नहीं मिलता ।

राकेश शर्मा ने निर्धनों की व्यथा क
हुए कहा कि—

इस बरस कहीं सूखा देश में नहीं हो
निर्धनों की आंख को बादलों में रख

कुंवर बेचैन के गीतों ने हरपल
भले ही हम में तुम में कुछ रूप रंग
है खुशबुओं में फर्क क्या गुलाब तुम—

रुपए के अवमूल्यन के बारे में अ
कहा कि—

रुपए न हुआ, आदमी का चरित्र हो
जो गिरना शुरू हुआ तो गिरता च

इनके अतिरिक्त ओमनारायण
कपूर, दीप गोयल, उद्यन आर्य आदि ने
किया ।

अब और विभाजन न
देंगे : बलदेव प्र

अमृतसर, 16 अगस्त (सुभा
भाजपा की तरफ से कल शहीद हरब
स्मारक स्थल पर विशाल कार्यक्र
"अखंडता दिवस" के रूप में मनाय
मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के रा
डा. बलदेव प्रकाश ने सम्बोधित क
आज देश में अलगाववादी शक्तिया
में संलग्न हैं । पंजाब जल रहा है,
पहाड़ियों से ठंडी हवाओं की जगह बा
रही है, असम में विद्रोह की स्थिति
में गड़बड़ है अर्थात् भारत को मिल
खतरे में है ।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक

बैंक फ्रॉड केस में सेठिया के विरुद्ध पुरक आरोप-पत्र

Punjabi Sanatan

पंजाब में मां-बेटा सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 17 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से मां-बेटा सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया जबकि राज्य में 2 मिलिटैंट भी मारे गए और एक अन्य फरार हो गया ।

एक मिलिटैंट मरा, दूसरा फरार : फरीदकोट जिले में चूहड़चक गांव के पास कल रात कुछ मिलिटैंटों ने जोगिन्दर सिंह उर्फ छोटे नामक एक मिलिटैंट को ले जा रहे पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया। इस मुठभेड़ में जोगिन्दर सिंह भाग निकला,जबकि गुरबख्श सिंह नाम का एक अन्य मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक राइफल, एक पिस्तौल और ढाई किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : जिला लुधियाना के गांव हलवाड़ा के निकट सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया। घटनास्थल से 48 बोर की एक माऊज़र, उसके 8 कारतूस, एके. 47 राइफल के 7 खाली कारतूस व एक स्कूटर बरामद हुआ है।

मां-बेटे की हत्या : पुलिस के अनुसार भिखीविंड पुलिस थाना के अधीन गांव सरविंड में मिलिटैंटों ने राजिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति व उसकी मां स्वर्ण कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व दोनों का उनके घर से अपहरण कर लिया गया था।

एक व्यक्ति का अपहरण : मिलिटैंटों ने फिरोज़पुर जिले के मैहन सिंहवाला गांव से देसराज नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है।

मृत मिलिटैंटों की पहचान : बटाला से चौधरी के अनुसार गत दिवस गांव कोट मजलिस में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए तीन मिलिटैंटों की पहचान हो गई है। पुलिस जिला बटाला के पुलिस अधीक्षक श्री सीता राम ने इस घटना का विवरण बताते हुए जानकारी दी कि मरने वाला मिलिटैंटों का प्रमुख मनप्रीत सिंह बब्बर खालसा से सम्बन्ध रखता था और कम से कम 20 हत्याओं में वांछित था। पुलिस को इस बात की जानकारी मिल गई थी कि मिलिटैंटों ने सड़क पर बारूदी सुरंगें बिछा रखी हैं, अगर पुलिस आएगी तो उसकी गाड़ियां उड़ जाएंगी और भारी जीवन-हानि भी होगी। इसलिए पुलिस और बी.एस.एफ. के जवानों ने धीरे सिंह के खेत का जहां भारी संख्या में मिलिटैंट शरण लिए हुए थे, घेराव कर लिया। जब मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों को आते देखा तो तीन मिलिटैंट वहां रह गए, शेष भागने में सफल हो गए। इनका सुरक्षा बलों के साथ लगभग 10 घंटे तक मुकाबला जारी रहा। सुरक्षा बल अपनी गाड़ियां पीछे छोड़ कर आगे पैदल ही गए थे। मरने वालों में मनप्रीत के अतिरिक्त अजमेर सिंह और राजविंदर सिंह शामिल थे। अजमेर सिंह और राजविंदर सिंह पूर्व सिपाही थे,जो 11 जनवरी 1991 को भुलान चौकी से काफी हथियारों समेत फरार हो गए थे।

वारदात के बाद पुलिस को वहां से एक एके. 47 राइफल, एक एल.एम.जी. और एक सामान्य गन, 370 कारतूस भी मिले। इसके अतिरिक्त 5 किलो बारूदी पाऊडर, 22 डैटोनेटर और अन्य सामान भी मिला है।

2 शव मिले : संगरूर (गिरी) : आज प्रातः यहां से 10 कि.मी. दूर गांव भड़ी में गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति का शव वृक्ष के साथ लटकता हुआ पाया गया। आज ही यहां से 15 कि.मी. दूर नागरी महलां में गोलियों से छलनी एक शव मिला है। घटनास्थल से एके. 47 के चले हुए कुछ कारतूस भी मिले हैं। इस मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

एक व्यक्ति की हत्या : यहां से 20 कि.मी. दर गांव ईना बाजवा में गत रात्रि लगभग 9 बजे कुछ मिलिटैंटों ने कृपाल सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से जबरदस्ती बाहर निकाला तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : इसी गांव में मिलिटैंटों ने बाद में मलकीयत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी महिन्दर कौर को बाहर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

वैन छीनी : सुनाम (सिंगला): गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर गांव चेतला में कुछ मिलिटैंटों ने हथियारों की नोक पर एक व्यापारी से उसकी मारुति वैन पी.बी. 13-6868 छीन ली तथा फरार हो गए ।

राज्य में अन्यत्र 2 मिलिटैंट मरे एक फरार : 2 व्यक्तियों का अपहरण : 2 मिलिटैंट व एक अपहरणकर्त्ता गिरफ्तार : मारुति वैन व कार छीनी



गत दिवस मिलिटैंटों के हाथों मारे गए धूरी ट्रक यूनियन के प्रधान निर्भय सिंह का शव तथा (इनसैट) उनका पुराना चित्र । (छाया : बनवारी जैन)

अज्ञात शव मिला : गांव धमोरा के निकट नहर में से 18 वर्षीया एक लड़की का शव मिला है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

नौकर का अपहरण : लुधियाना (धीमान): कल आधी रात के लगभग 2 मिलिटैंट एक व्यापारी रविन्द्र जैन की कोठी सराभा नगर में आए और बन्दूक दिखा कर उसके घरेलू नौकर जीत सिंह का अपहरण करके उनकी कार में ले गए । लगभग 5

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanjarani

...न दुर्घटना की जांच

(पृष्ठ 1 का शेष)

नहीं मिली। उन्हें बाद में निर्धारित ... कर दिया गया।

...लाश के काम में लगे दल के सदस्यों ... डा. सिंह ने कहा कि विमान ...के शव उनकी कुर्सियों पर सुरक्षा ...पाए गए, जिससे पता चलता है कि ...फोट' हुआ उस समय विमान हवाई ...की तैयारी कर रहा था । प्राथमिक ...ोटों के अनुसार नोबिनखोनोऊ के ...न में आग लगते देखी ।

सहयोग देगा : वाशिंगटन ...न में कल इंडियन एयर लाइंस के ...37 की दुर्घटना के जांच कार्य में ...के लिए अमरीकी हवाई सुरक्षा ... सदस्यीय दल कल नई दिल्ली पहुंच ... नेतृत्व श्री थामस आर.कोनरॉय ...सके अन्य दो सदस्य सर्वश्री दीपक ... डब्ल्यू. डोनर है।

...न दुर्घटना में चालक दल समेत सभी ...ए। सरकारी सूत्रों के अनुसार श्री ...के सहयोगियों को भारत में जांच के ...न्यता प्राप्त प्रतिनिधियों के रूप में ...या है। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन ...तर्गत बोइंग-737 का निर्माता होने ... को विमान दुर्घटनाओं की जांच में ...भेजने का कानूनी अधिकारी प्राप्त

... और श्री जोशी राष्ट्रीय परिवहन ...तिनिधि हैं, जबकि श्री डोनर संघीय ... से संबद्ध हैं, जो हवाई मार्गों के ... निर्धारित करता है।

...ीय उड्डयन प्रशासन ने कल रात ... एयर लाइंस को सुरक्षा कारणों से ...जन थर्स्ट रिवर्सर' उपकरण का ...ने का आदेश दिया। इस आशय का ...ह आदेश जारी किया गया कि ...पकरण की भूमिका हो सकती है। ...मुख्य काम विमान के उतरने समय ...ंच से पता चला था कि दुर्घटना से ...चालू था और 'कॉकपिट रिकार्डर' ... दुर्घटना से कुछ ही सैकेंड पहले ...दस्य 'थर्स्टर' बंद करने के लिए ...देख रहे थे। इम्फाल में कल ...ोइंग-737 के मुकाबले बोइंग-767 ...आधुनिक विमान है। अमरीका की ...स इस समय 767 माडल के लगभग ...के अलावा ये 139 अन्य देशों में ... रहे हैं।



पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

किलोमीटर दूर जाकर यह कार किसी कारण बंद हो गई, इस पर दोनों मिलिटैंटों ने एक एस.डी.ओ. राम कृष्ण का स्कूटर जबरदस्ती छीन लिया तथा उस पर जीत सिंह को लेकर फरार हो गए । पुलिस तलाश कर रही है ।

मिलिटैंट को पीटा : पटियाला (भूषण): गत दिवस पुलिस थाना सरहिन्द के गांव भामरसी में ग्रामीणों ने अमलोह निवासी स्वर्ण सिंह नामक मिलिटैंट को पीट-पीट कर उस समय गम्भीर रूप से घायल कर दिया जब उसने अपने अन्य 2 साथियों के साथ पिस्तौल की नोक पर गांव अच्ची रुड़की के कर्म सिंह का स्कूटर छीन लिया । मगर उसने विरोध किया तथा मदद के लिए चिल्लाते हुए स्वर्ण सिंह को जफ्फा मार कर काबू कर लिया । इसके बाद उसे ग्रामीणों ने पीटने के पश्चात् पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस ने उसे फतेहगढ़ साहब के सरहिन्द अस्पताल में भर्ती करवा दिया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा के अनुसार जिला में ग्रामीणों द्वारा ऐसी बहादुरी दिखाने का यह दसवां अवसर था । उनका कहना था कि स्कूटर छीनने की इस घटना में संलिप्त शेष दो मिलिटैंटों की पहचान कर ली गई है । उनके नाम अमलोह निवासी छज्जू सिंह व बडाली निवासी बलवंत सिंह हैं ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने मुलकीयत सिंह उर्फ कला जाट, निवासी नोहरा तथा रणजीत सिंह जाट, निवासी म्यानपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12 बोर की पिस्तौल व 2 किलो विस्फोटक भी जब्त किया है ।

अपहरणकर्त्ता गिरफ्तार : पुलिस थाना भादसों के गांव बब्बरपुर के निवासी व बब्बर खालसा के प्रमुख कार्यकर्त्ता पाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । यह व्यक्ति उस गिरोह का सदस्य है, जिसने जिला संगरूर के क्षेत्र अमरगढ़ में दशमेश इंजीनियरिंग वर्क्स के मालिक के पुत्र हरजीत सिंह का अपहरण कर लिया था तथा उसे बाद में 40 लाख रुपए की फिरौती लेकर छोड़ा गया था । इस गिरोह के 2 अपहरणकर्त्ता गुरजंट सिंह उर्फ बंटी निवासी झांगल जिला बटाला व पंजाब सशस्त्र पुलिस की 82वीं बटालियन के हैड कांस्टेबल नरिन्दर सिंह को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था ।

पाकिस्तानी सेना में सत्ता का शांतिपूर्ण परिवर्तन

इस्लामाबाद, 17 अगस्त : पाकिस्तान ने गत बुधवार को हर्षोल्लास से अपना स्वाधीनता दिवस मनाया । इस अवसर पर इसके राजनीतिक इतिहास में एक अनूठी घटना देखने को मिली और वह है निर्वाचित नागरिक सरकार द्वारा निर्धारित किए गए समय पर सेनाध्यक्ष की शांतिपूर्ण ढंग से सेवानिवृत्ति । पाकिस्तान की आज़ादी के 44 वर्षों में आधी से भी अधिक अवधि तक सेना ने शासन किया है और सेना के अन्दर उचित रूप से सत्ता का परिवर्तन पाकिस्तान को एक कदम आगे ले गया है, क्योंकि देश में लोकतंत्र तीन वर्ष पूर्व ही लौटा है । यह सेना में एक नए युग के आरम्भ का भी संकेत है जिसे कई चुनौतियों के सामने अपना लक्ष्य

1500 ब्ल... की दुकानें ख... स्तर प...

नई दिल्ली, 17... दिवस के अवसर पर प्र... द्वारा घोषित कार्यक्रम... 1500 ब्लाकों में रा... प्रस्ताव पर अज... विचार-विमर्श हुआ ... आयोजित इस बैठक ... कमालुद्दीन और विभा... सार्वजनिक वितरण व... बारे में जानकारी दी ... अनुसार प्रधानमंत्री ... विकेंद्रीयकरण और ... शामिल करने की अ... इसके बेहतर क्रियान्व... बीच समन्वय और ... निगरानी की स्थायी ... की ।

प्रधानमंत्री ने क... व्यवस्था गांवों तक ... 1500 ब्लाकों में ... सरकार के पक्के इरादे... व्यवस्था में जल्द से ... प्रवक्ता के अनुसार इ... उद्देश्य से सार्वजनिक... परिषद की दो दिवसी... होगी । बैठक 23 अ... सम्भावना है । चुनी... जाने वाली राशन की ... कोयला, मिट्टी का तेल... उचित दाम पर उपल...

कश्मीर ...

(पृष्ठ ...

अलगाववादियों ने ... सुरक्षा बल के एक शि... राकेट का निशाना चूक... नहीं हुआ। सूत्रों के अनु... रात श्रीनगर में क़ालख... बल की एक चौकी पर ... नहीं पहुंचा। इस बीच ... अखबारों में छपी इस ... सोपोर में दो अलगाव...

बारामूला, सो... कश्मीर के बारामूल... अलगाववादियों द्वार हि... अधिकारियों ने आज ... प्रशासन की मदद के ...

कुछ कांग्रेसी अ... रखना चा...

नई दिल्ली, 17 ... नेता वसंत साठे ने आज... पार्टी को कुछ व्यक्तिय... हताशा से उबारने की ... पार्टी को बचाने नहीं आ...

Punjabi Sanatan

विधानसभा प्रत्याशी तथा 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या, 2 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 18 अगस्त (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने कल रात फिरोज़पुर छावनी विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी अवतार सिंह की हत्या कर दी । पंजाब में अन्यत्र पिछले 24 घंटों के दौरान 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि 2 मिलिटैंट मारे गए ।

प्रत्याशी की हत्या : फिरोज़पुर छावनी विधानसभा क्षेत्र के एक निर्दलीय प्रत्याशी अवतार सिंह की मिलिटैंटों ने कल हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि अवतार सिंह की कल रात बल्लोवाल गांव, में उनके घर में गोली मारकर हत्या की गई । वह पंजाब में चुनाव की घोषणा के बाद से मारे जाने वाले 25वें उम्मीदवार हैं, जिनमें लोकसभा के तीन उम्मीदवार हैं ।

एक की हत्या : एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने फिरोज़पुर के ईंटांवाली गांव में एक व्यक्ति गुरबंत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल का शव मिला : लुधियाना जिले के बहादरके गांव से आज पंजाब पुलिस के हैड-कांस्टेबल बलबीर सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया । यह जगरांव थाने में पदस्थापित था ।

बम फटा : मजीठा शहर में कल शाम शराब की एक दुकान के बाहर एक बम विस्फोट में चार व्यक्ति घायल हो गए । एक की हालत गम्भीर बताई गई है । यह बम मिलिटैंटों ने रखा था । गम्भीर घायल श्रृंगारा सिंह को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । दो अन्य घायलों के नाम हंस राज तथा बुई लाल हैं ।

दो मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला में दो मिलिटैंटों रणजीत सिंह और पाल सिंह को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस और दो किलो ग्राम विस्फोटक बरामद किया गया ।

ए.एस.आई. की हत्या : बाघापुराना (झार) : गत रात लगभग नौ बजे थाना बाघापुराना के गांव छोटाघर में सशस्त्र मिलिटैंटों ने विवाह में शामिल हुए पंजाब पुलिस के एक ए.एस.आई. गरजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतक जिला भटिंडा में तैनात था और एक पुलिस कांस्टेबल के विवाह में शामिल होने आया था । उसे जब गोलियां मारी गई तो उस समय वह खाना खा रहा था ।

महिला की हत्या : समराला से भारद्वाज के अनुसार गत रात 9.30 बजे यहां के निकटवर्ती गांव मादपुर में मिलिटैंटों ने एक महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

बस जला दी : एक अन्य सूचना के अनुसार समराला से डेढ़ कि.मी. दूर खटरां गांव में कुछ शरारती तत्वों ने धागा मिल की लड़कियों को छोड़ने आई बस को आग लगा कर जला दिया । बस को जलाने से पूर्व उन्होंने लड़कियों को बस में से उतार दिया । बस का नं. 9599 है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : सुनाम (सिंगला): आज दोपहर दो बजे दो मारुति कार सवार युवकों ने संगरूर में पुलिस के सब-इंस्पैक्टर अशोक पुरी के भाई रमेश पुरी का अपहरण कर लिया । कार का नम्बर 1387 था ।

मिलिटैंट द्वारा सायनाइड खाकर आत्म-हत्या : अमृतसर (नारंग): गत रात भिखीविंड थाने के गांव कच्चा पक्का के निकट पुलिस द्वारा घिर जाने पर एक मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । बताया जाता है कि भिखीविंड के एस.एच.ओ. नहर के किनारे गश्त लगा रहे थे कि सामने से स्कूटर पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया । पुलिस को देखकर वह स्कूटर वहीं छोड़ कर एक खेत में छिप गया । बाद में डी.एस.पी. भी वहां पहुंच गए । अपने-आपको घिरा हुआ पाकर मिलिटैंट ने आत्म-हत्या कर ली ।

युवती की हत्या : थाना पट्टी के गांव लोके में गत रात तीन मिलिटैंटों ने धीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी सुखराज कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा उसे, उसकी पत्नी सतवन्त कौर तथा पुत्र निरवैर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

नकदी तथा आभूषण लूट ले गए : दसूहा (झांवर): थाना टांडा के निकटवर्ती गांव मयानी में 6 हथियारबंद व्यक्तियों ने जोगिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से 20 हजार रुपए नकद तथा कुछ आभूषण, एक कैमरा तथा अन्य सामान पिस्तौल की नोक पर लूट लिया और फरार हो गए । लुटेरे जोगिन्दर सिंह की पास-बुक तथा पैंशन की कापी भी ले गए । लुटेरे सफेद रंग की मारुति वैन नं. पी.डी.बाई. 7916 में सवार होकर आए थे । पुलिस के अनुसार दो लुटेरों की पहचान हो गई है तथा वे त्रिलोक सिंह तथा सुखदेव सिंह शहीद ऊधम सिंह नगर, अमृतसर के रहने वाले हैं ।

मिलिटैंट की पहचान : पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना दसूहा के गांव शरीहपुर में गत दिवस जो अज्ञात मिलिटैंट मारा गया था, उसकी पहचान बलदेव सिंह उर्फ काला निवासी कौलपुर, थाना मकेरियां के रूप में हुई है । दसूहा के डी.एस.पी. जैमल सिंह ने बताया कि उक्त मिलिटैंट तरनतारन, अमृतसर, कादियां, काहनूवान तथा होशियारपुर में की गई अनेक वारदातों के लिए पुलिस को वांछित था । बताया जाता है कि बलदेव सिंह सेवानिवृत्त डी.एस.पी. अजीत सिंह निवासी थला (दसूहा) की पत्नी तथा पुत्री की हत्या में भी शामिल था । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दिनों वह क्षेत्र के अनेक महत्वपूर्ण व्यक्तियों की हत्या करने की योजना बना रहा था ।

दो बन्दूकें छीन ले गए : गत रात डेढ़ बजे के लगभग टांडा थाना के गांव खरनखर्द में महिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में से तीन मिलिटैंट दोनाली बन्दूक तथा 17 कारतूस तथा स्वर्ण सिंह के घर से दोनाली बन्दूक तथा 15 कारतूस छीन ले गए ।

एक की हत्या : जालन्धर जिले के गांव घम्मन में आज दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति की

(शेष पृष्ठ 10 पर)

बी.सी.सी.आई. के भारत में कार्यकलापों की जांच की जाए : वाजपेयी

लखनऊ, 18 अगस्त (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने बैंक आफ क्रेडिट एंड कामर्स इंटरनैशनल (बी.सी.सी.आई.) के देश में कार्यकलापों की जांच के लिए एक सर्वदलीय संसदीय जांच समिति गठित किए जाने की मांग की ।

आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि बी.सी.सी.आई. के बारे में वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह का बयान वास्तव में असलियत को बताता कम है, छिपाता अधिक है ।

भाजपा नेता ने केंद्र सरकार से मुद्रास्फीति की बढ़ती दर तथा मूल्य वृद्धि के मद्देनजर अगले बजट में आयकर कटौती की सीमा 22 हजार रुपए से बढ़ा कर 30 हजार रुपए करने की भी मांग की ।



पाकिस्तान की विपक्षी नेता बेनज़ीर भुट्टो शनिवार को कराची के निकट ओरंगी कस्बे में पार्टी के एक कार्यकर्त्ता सरदार अहमद के घर में शरण लेने के पश्चात पार्टी कार्यकर्त्ताओं से घिरी हुई । इससे पूर्व मोहाजिरों से संबंधित सशस्त्र व्यक्तियों ने घर पर फायरिंग की थी तथा उनकी कार पर पत्थर फैंके थे । बेनजीर मोहाजिरों द्वारा मार दिए गए अहमद के घर सहानुभूति व्यक्त करने गई थीं । उनकी पार्टी के पांच कार्यकर्त्ता घायल हो गए ।

Punjab Archive

विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

1 अगस्त रक्षाबन्धन पर श्रीअमरनाथ, , पहलगांव, बेरीनाग, वैष्णोदेवी, चामुण्डाजी, ी, चिन्तपुरनी, किराया 550/- तथा 1 र नासिक कुम्भ मिलें :—समित यात्रा समिति डक लुधियाना फोन : 20393, 34521. (Kulbhi Ahsan-29C)

जमीन/जायदाद/प्लाट

wo seven marlas Adjoning Plots for at Green Model Town Five minutes from Model Town Market. act :—Puran STD Booth Old apur Octroi Jalandhar. Ph. : 59377. (NAMA/30W)

सूचना

रा लड़का रमेश कुमार उर्फ पिका कुसंगति में है रे कंट्रोल में नहीं अतः मैंने उसे बेदखल कर दिया उसके किसी भी लेन-देन अथवा कृत्य का मैं या रिवार जिम्मेवार नहीं है । धर्मपाल सुपुत्र ण 62, गली फकीर खाना, बाज़ार, कसेरियां, नर । (Sbm/45W)

रोज़गार

वी, सेना, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की ग 10,000 पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास, /लड़कियां 35 रुपए मनीआर्डर/बैंक ड्राफ्ट भेज र्म और गाइडैंस प्रासपैक्ट्स 31 अगस्त तक डाक गवाएं । Advance Careers, 1095/8, mabad, Amritsar-143002. (Milap/40JDC)

भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था।

कर्फ्यू खत्म : बारामूला और सोपोर की स्थिति में सुधार को देखते हुए अधिकारियों ने वहां से कर्फ्यू हटा लिया है।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां मार कर हत्या कर दी । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया ।

मिलिटैंट की पहचान : पुलिस ने तरनतारन पुलिस थाने के पंजवड़ चौक में गुट संघर्ष में मारे गए तीन मिलिटैंटों में से एक की पहचान सुखराज सिंह के रूप में की है । वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का प्रमुख मिलिटैंट था ।

एक अन्य की हत्या : होशियारपुर ज़िले के गांव पट्टी सुरसिंह में मिलिटैंटों ने शमिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : लुधियाना ज़िले के गांव हुसैनपुर में जीत सिंह नामक एक संदिग्ध मिलिटैंट की विरोधी गुट से संबंध रखने वाले मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।

तथा राजौरी के कुछ गांवों में की गई । सूत्रों के अनुसार भारतीय सैनिक पूरी तैयारी के साथ बैठे हैं और किसी भी ऐसे हमले का मुंह तोड़ जवाब देंगे ।

लोकसभा की 17 सीटों पर उप-चुनाव के बारे निर्णय शीघ्र ही

नई दिल्ली, 18 अगस्त (प.स.): चुनाव आयोग अमेठी समेत लोकसभा की 17 सीटों पर उप-चुनाव कराने पर जल्द निर्णय करेगा । इन सीटों के लिए अक्तूबर के अंत अथवा नवम्बर के शुरू में चुनाव कराए जाने की उम्मीद है । मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन अगले हफ्ते काम पर लौटने पर इस संबंध में निर्णय करेंगे । आजकल वे छुट्टी पर हैं । चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि जिन राज्यों में उप-चुनाव होने हैं, उनमें से अधिकांश ने आयोग को लिखा है कि मौजूदा मानसून के बाद चुनाव कराना अधिक उपयुक्त होगा । ये चुनाव इस दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं कि प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव तथा उनके मंत्रिमंडल के 2 सदस्य संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं । संवैधानिक रूप से उन्हें मंत्री बनने के छः महीने के भीतर किसी न किसी सदन का सदस्य बनना जरूरी होगा ।

की पटकथा लिखने में व्यस्त

हैदराबाद, 18 अगस्त (सं.मे.): आजकल श्री एन.टी. रामाराव अपनी नई फिल्म 'सम्राट अशोक' की पटकथा लिखने में व्यस्त हैं । श्री रामाराव स्वयं इस फिल्म में अभिनय नहीं करेंगे । उनका बेटा बाल कृष्ण मुख्य भूमिका निभाएगा । श्री रामाराव के अनुसार उनकी यह नई फिल्म देश प्रेम, समाज कल्याण, सामाजिक न्याय, समानता तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश देगी ।

हैजे, टाइफाइड के टीके निःशुल्क लगाए जाएंगे

जालन्धर, 18 अगस्त : नगर पार्षद श्री गुलशन शर्मा और पंजाब के डिप्टी कंट्रोलर वित्त एवं लेखा श्री दर्शन सिंह के अनुसार आज श्री प्राण गुप्ता मैमोरियल लैबोरेटरी, 63-64, न्यू जवाहर नगर (महिला सत्संग भवन) जालन्धर में आयोजित मैडीकल कैम्प में बच्चों को हैजे और टाइफाइड के निरोधक-टीके लगाए गए । अब यह निर्णय किया गया है कि 1 सितम्बर तक प्रतिदिन सायं 4 से साढ़े 5 बजे तक ये टीके निःशुल्क लगाए जाया करेंगे ।

स्वयं जारी किए। श्री बच्चन के 'सर्वोच्च सुरक्षा' प्रदान किए जाने

वह जब कभी कहीं जाते हैं उनके सुरक्षा कर्मी जाते हैं। उनके निवास पहरा रहता है। उनके लिए इतनी क्या इसलिए की गई है कि उनका राजीव गांधी परिवार से है, यह अ

इसहाक खां पर बी. स्कैंडल में संलिप्तता

इस्लामाबाद, 18 अगस्त (प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो गुलाम इसहाक खां और उनके परि भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बैंक कामर्स इंटरनैशनल के स्कैंडल में की ओर संकेत किया । उन्होंने चाहूंगी कि राष्ट्रपति इसहाक खां ने बैंक के मुनाफों को कर मुक्त करने था ।

उत्तर प्रदेश सरक अधिकारियों को

नई दिल्ली, 18 अगस्त (प सरकार ने राज्य के सभी वरिष्ठ आदेश दिए हैं कि अनुसूचित जा सम्बद्ध कोई भी अप्रिय घटन अधिकारी चौबीस घंटे के भीत मुआयना करें तथा राज्य सरकार रिपोर्ट भेजें ।

पंजाब में इंडस्ट्रीयल सैक्टर के लिए उत्पादकता पर

Punjab Sahib Bhuvan

सम्पत्ति की सुरक्षा की गारंटी मिले।

श्री यानायेव ने कहा कि हम मानते हैं कि हमारी

पंजाब पुलिस प्रमुख मांगट के ममेरे भाई का अपहरण, 13 की हत्या, 7 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 19 अगस्त (वार्ता, प.स.): बब्बर खालसा के मिलिटैंटों ने आज दुःसाहस पूर्ण कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस के प्रमुख डी.एस. मांगट के ममेरे भाई का अपहरण कर लिया । पंजाब में गत रात से मिलिटैंटों ने 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी और इसी अवधि में 7 मिलिटैंट मारे गए ।

मांगट के सम्बन्धी का अपहरण : संगरूर जिले के रोहेड़ा गांव से आज सुबह बब्बर खालसा के मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के प्रमुख डी.एस. मांगट के रिश्ते के भाई उजागर सिंह का उसके घर से अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि उजागर सिंह श्री मांगट के मामा का पुत्र है । मिलिटैंटों ने उजागर सिंह के घर में घुसने से पूर्व एक वाहन छीना था । उसी वाहन में वे उसका अपहरण करके ले गए । घटनास्थल से मिली एक पर्ची में उजागर सिंह की रिहाई के बदले बब्बर खालसा के प्रमुख मिलिटैंट माधा सिंह, जिसने पिछले दिनों महाराष्ट्र में केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन की पत्नी का अपहरण करने की योजना बनाई थी, को पांच दिन के भीतर रिहा करने की मांग भी की गई है । पर्ची पर बब्बर खालसा के प्रमुख मिलिटैंट सुखदेव सिंह बब्बर के हस्ताक्षर हैं ।

बाद में प्राप्त रिपोर्ट में श्री मांगट के मामा सच्चा सिंह के घर से मिली पर्ची में माधा सिंह बब्बर के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्यों को रिहा करने की बात भी की गई है । माधा सिंह बब्बर खालसा का स्वयंभू लै. जनरल है तथा प्रमुख रूप से तरनतारन पुलिस जिले में वारदातें करता था । कुछ समय पूर्व उसे वारदातें करने के लिए पंजाब के बाहर भेजा गया था । गृहमंत्री की पत्नी का अपहरण करने में असफल रहने के पश्चात उसने मध्य प्रदेश के इन्दौर से एक प्रमुख पुलिस अधिकारी के सम्बन्धी का अपहरण कर लिया था, लेकिन उक्त सम्बन्धी उनके चंगुल से बच निकला । बाद में माधा सिंह को मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसे गृहमंत्री की पत्नी के अपहरण के सम्बन्ध में महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया गया ।

डी.आई.जी. के अपहृत सम्बन्धी का पता नहीं चला : इसी बीच बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री बी.एस. संधू के एक निकट सम्बन्धी जिसका बब्बर खालसा के मिलिटैंटों ने अमृतसर जिले के गांव जगदेव कलां से 11 अगस्त को अपहरण कर लिया था, का अभी तक कुछ पता नहीं चला है । श्री सन्धू दिल्ली में नियुक्त हैं । पुलिस के अनुसार इस सम्बन्ध में कल अपहृत के परिवार की ओर से दर्ज करवाए गए केस में कहा गया है कि पांच मिलिटैंट श्री सन्धू की बहन के घर में दाखिल हुए और उन्होंने बहन के लड़के दलबीर सिंह का अपहरण कर लिया । इन मिलिटैंटों ने भी बब्बर खालसा के प्रमुख मिलिटैंट माधा सिंह को रिहा करने की मांग की है ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : मिलिटैंटों ने कल रात जालंधर जिले के काहना देसियां गांव के निकट सुरक्षा बल के एक दल पर हमला बोल दिया। सुरक्षा बलों का दल एक अन्य मिलिटैंट संतोख सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रहा था। इस हमले के बाद हुई मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी में संतोख सिंह की मृत्यु हो गई। बाद में मुठभेड़ स्थल से एक अन्य मिलिटैंट का भी शव बरामद किया गया। मुठभेड़ स्थल से एक असाल्ट राइफल तथा इसकी एक मैगजीन भी बरामद हुई। हमला करने वाले अन्य मिलिटैंट फरार हो गए।

मिलिटैंट द्वारा आत्म हत्या : तरनतारन जिले के अकबरपुर गांव के समीप एक मिलिटैंट को कल रात सुरक्षा बलों ने घेर लिया तो उसने सायनाइड खा कर आत्म हत्या कर ली।

प्रत्याशी सहित 2 मिलिटैंट पकड़े गए : दसूहा (झावर) : थाना टांडा गांव गड़ा में हुई एक मुठभेड़ के पश्चात आज सुबह मंगल सिंह तथा सजीव कुमार नामक दो मिलिटैंटों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों अमृतसर के निवासी हैं। सजीव कुमार हल्का अटारी से विधानसभा का निर्दलीय प्रत्याशी भी है ताथाकथित रूप से नैशनल समाचार का पत्रकार भी है।

डी.एस.पी. दसूहा जैमल सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी ने नाका लगाया हुआ था कि एक सफेद रंग की मारुति कार आती दिखाई दी और उसे रुकने का संकेत किया गया। कार में 6 व्यक्ति सवार थे। उन्होंने पुलिस पार्टी को देख कर फायरिंग आरम्भ कर दी तथा लगभग आधा घंटा दोनों ओर से फायरिंग हुई। इसी मध्य कार में से 4 मिलिटैंट फरार हो गए, जबकि उपरोक्त दोनों मिलिटैंटों तथा कार के चालक होशियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। होशियार सिंह को ये 15 अगस्त को अमृतसर से किराए पर लाए थे और इन्होंने 17 अगस्त की रात को थाना टांडा के गांव मयानी में जोगिन्दर सिंह नामक व्यक्ति के घर में पिस्तौल की नोक पर डाका डाला था। डाके में उन्होंने 20 हजार रुपए नकद तथा स्वर्ण आभूषण लूट लिए थे। पुलिस ने इनके पास से 12

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanchar

सोवियत संघ को अमरीकी

जनता दल दोफाड़

गा कि सोवियत संघ की
रहे। पूर्व विदेश राज्यमंत्री
निगत संघ में हुए परिवर्तन
सकती है।
कहा कि सोवियत संघ का
इससे भारत से उसके संबंधों
न कहा कि यह देखना होगा
और पश्चिमी देशों तथा
राज्यों की क्या प्रतिक्रिया

गोर्बाच्योव भारत के अन्य
ों देशों के संबंध और प्रगाढ़
रुचि ली। श्री सिंह ने कहा कि
रिवर्तन की खबर सबसे पहले
। उन्होंने कहा कि सोवियत
है कि सोवियत-भारत मैत्री
कर रह जाए।



न जिसे तमिलनाड़ के
व से शनिवार को गिरफ्तार
ससे पूछताछ के पश्चात
नाटक में लिट्टे के ठिकानों
दन से बरामद किया गया
था खिलौना राइफल भी
(छाया : पी.टी.आई.)

के नए महानिदेशक

स्त (प.स.): आकाशवाणी
क शशि कपूर को उसका
ा गया है ।

कालियों पर दबाव

का शेष)

ो है कि श्री सीबिया द्वारा
कमेटी की बैठक में अकाली
(लौं) और अकाली दल
भाग लेते हैं या नहीं। श्री
क एक सितम्बर को बुलाने
आम विचार यह है कि श्री
सुरजीत सिंह बरनाला और
द ही इस कमेटी का सदस्य

है कि मिलिटैंटों ने जब से श्री
किया है तब से वह अकाली
मिलिटैंटों की भाषा बोलने

ट समाचारों के अनुसार श्री
ा चले गए हैं। अभी यह पता
की यात्रा का उद्देश्य क्या है।
ादल, श्री बरनाला व कैप्टन
खवादी अकाली नेता चुनावों
के विरुद्ध हैं।

हर सोमवार
श्री
लॉटरी
निकाले गए 39वें ड्रा
रिणाम:—
AE-394357
AG-394357
94357

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)



टांडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो मिलिटैंट।

बोर की पिस्तौल तथा लूटे हुए रुपयों में से 5 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

शव मिला : टांडा (काहलों) : यहां से 5 कि.मी. दूर गांव बस्सी जलाल के खेतों में से एक 30-40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। बताया जाता है कि पहले इस व्यक्ति को निकटवर्ती एक ट्यूबवैल पर यातनाएं दी गईं तथा बाद में शव को खेतों में फैंक दिया गया।

दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला): कल रात सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव दरवेश पिंड के निकट नाकाबंदी के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों रणजीत सिंह राणा व चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से .32 बोर, 12 बोर के 2 पिस्तौल तथा 7 कारतूस बरामद किए हैं ।

3 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज सायं पुलिस जिला तरनतारन के गांव खब्बे डोगरा के निकट सरहद बलों के साथ हुई भिड़ंत में 3 मिलिटैंट मारे गए । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त कर ली गई है, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एरिया कमांडर बलविंद्र सिंह उर्फ छत्तरा निवासी गांव बाठ का था । इस सम्बन्ध में प्राप्त सूचना में कहा गया है कि आज दोपहर को 1 बजे दो मिलिटैंटों ने गांव खब्बे डोगरा में एक फिएट कार पी.सी.एस. 10 छीन ली । पुलिस ने इसकी सूचना मिलते ही मिलिटैंटों का पीछा करना शुरू कर दिया । मिलिटैंट कार में पैट्रोल डलवाने के लिए उसे एक पैट्रोल पम्प पर ले गए, इसी दौरान उन्होंने कार में एक अन्य मिलिटैंट को भी बिठा लिया । मिलिटैंटों ने जब पुलिस को देखा तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी, 4 घंटे के मुकाबले के पश्चात 3 मिलिटैंट मारे गए । तीनों मिलिटैंट खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । घटनास्थल से पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, एस.एल.आर., एक हथगोला और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है । पुलिस के अनुसार छत्तरा कई अपराधों में पुलिस को वांछित था ।

शव बरामद : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव दाद जोध के सरपंच की सूचना पर पुलिस ने गांव के खेतों से एक 20-22 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त भूंदड़ सिंह नाई उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई है, जो यहां अपनी बहन के पास गांव निक्के मराय में रहता था और आरे पर काम करता था ।

वाहनों पर मिलिट्री रंग करने पर पाबंदी : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज जिले में जीपों तथा वैनों पर तथा अन्य वाहनों पर मिलिट्री रंग करने तथा किसी व्यक्ति द्वारा मिलिट्री की वर्दी पहनने पर रोक लगा दी है, जो कि 16 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगी ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले के भगवानपुर गांव में सरदूल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़) : बटाला पुलिस जिले के कादियां राजपूतां में मिलिटैंटों ने कल रात प्यारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य की हत्या : अमृतसर जिले के फाकना हरियां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात हरि सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

नौकर का अपहरण : मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिले के जागोवाल गांव में जस्सा सिंह के घर में घुस कर उसके नौकर का अपहरण कर लिया।

एक की हत्या : मजीठा के बरपाल गांव में मिलिटैंटों ने पाल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में मरा : अमृतसर जिले के बाघा गांव में एक संदिग्ध मिलिटैंट तरसेम सिंह निहंग मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में मारा गया।

महिला की हत्या : धूरी (सिंगला) : यहां से 5 कि.मी. दूर गांव बब्बर पुर में गत रात लगभग 9 बजे तीन मिलिटैंटों ने मुकन्द सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी जसवंत कौर को घर से बाहर खेतों में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

ग्रन्थी की हत्या : समराला (भारद्वाज) : गत रात निकटवर्ती जटाना गांव में मिलिटैंटों ने एक ग्रन्थी हरदीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : मिलिटैंट कल रात जालंधर जिले के नूरमहल थाने के तमाड़ गांव के बुद्ध सिंह के घर में घुस गए तथा अंधाधुंध गोलियां चला कर उसकी पत्नी बलबीर कौर को मार दिया और उसके भाई बलजिन्दर सिंह को घायल कर दिया।

फिल्लौर से तरसेम के अनुसार बलबीर कौर की शादी कुछ समय पूर्व ही हुई थी । इस कांड को देख कर वहां पर उपस्थित उनकी नानी सदमे से ही दम तोड़ गई । घायल बलविंदर सिंह को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने घर में घुस कर नकदी तथा गहनों की मांग की थी ।

नौकर की हत्या : फिरोजपुर जिले के गांव दुने में कल रात मिलिटैंटों ने बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके नौकर की हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के गांव बकरा में मिलिटैंटों ने हरि सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एरिया कमांडर सहित तीन गिरफ्तार : जालन्धर (न.ना.ए.): थाना सदर की पुलिस द्वारा भगत सिंह कालोनी में से गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात तीन खतरनाक मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 2 ए.के. 47 राइफलें बरामद किए जाने की सूचना मिली है । गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों में कुलवंत सिंह, एरिया कमांडर परमीत सिंह दोनों (गांव कालके चौक मेहता थाना निवासी) व मोहिन्दर सिंह शामिल हैं । इन तीनों का संबंध खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से है और ये गुरजट सिंह बुढ़सिंहवाला के नेतृत्व में वारदातें करते थे । इस संबंध में एस.पी. (डी.) श्री आर.के. बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त तीनों मिलिटैंटों ने नवम्बर 1990 में देहरादून (उत्तर प्रदेश) में एक बैंक में डाका मारते समय वहां पर 4 आदमियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी तथा गांव बडाला थाना ब्यास में पुलिस के एक वाहन को बम विस्फोट से उड़ाया था, जिसमें एक ए.एस.आई. मारा गया था और थाना मेहता के गांव मेहसमपुर स्थित एक सिपाही की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । लूटपाट की अन्य घटनाओं में भी ये पुलिस को वांछित थे ।

लुधियाना में गोली चली, 4 घायल : लुधियाना से धीमान और मुसाफिर के अनुसार आज वहां पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के लगभग भारत नगर चौक में बैंक आफ इंडिया के सामने रौनक वाली जगह पर गोली चल गई जिससे 4 व्यक्ति घायल हो गए लेकिन डाका डालने का प्रयास विफल हो गया।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा के अनुसार गोली चलने के कुछ ही मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और पुलिस ने अभियुक्तों का घेरा तंग कर दिया है। आशा है कि उनकी गिरफ्तारी शीघ्र संभव हो सकेगी।

श्री शर्मा के अनुसर 11.30 बजे दाखा मोटर्स फर्म के दो कर्मचारी स्कूटर पर वहां आए। जैसे ही उन्होंने स्कूटर खड़ा किया, एक कार वहां आकर रुकी जिसमें 3 मिलिटैंट सवार थे। वे कार से बाहर निकले और उनमें से एक ने दादा मोटर्स के एक कर्मचारी उदय चंद को अफ्फा मार लिया जबकि दूसरे ने उस पर गोली चला दी। उदय चंद सख्त घायल हो गया। गोलियों से 3 अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। उनमें हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड का स्टैनो विमल कुमार तथा दो रिक्शा चालक मोहम्मद हामिल और पृथीपाल शामिल हैं। इसी दौरान बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड (इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस) संजय कुमार ने, जो ड्यूटी पर तैनात था, अपनी कार्बाइन से मिलिटैंटों पर 23 गोलियां चलाईं जो उनकी कार पर लगीं लेकिन वे भागने में सफल हो गए। श्री शर्मा ने बताया कि संजय कुमार की गोलियों से मिलिटैंट भी घायल हुए हैं। पुलिस ने उनका पीछा करके उन्हें घेरे में ले लिया है। श्री शर्मा ने कहा कि यदि सुरक्षा गार्ड फायरिंग न करता तो मिलिटैंट अंधाधुंध फायरिंग करके न जाने कितने लोगों की जानें लेते।

मिलिटैंट उक्त फर्म के कर्मचारियों से कैश लूटना चाहते थे लेकिन कैश, जो एक लाख से दो लाख रुपए के बीच था, पहले ही बैंक में पहुंच गया था। श्री शर्मा ने बताया कि संजय कुमार को इनाम देने की सिफारिश की गई है।

अपहृत नौकर का शव मिला : गत बीरवार को 2 मिलिटैंट स्थानीय उद्योगपति रवि जैन के घरेलू नौकर जीत को कार में अपहृत करके ले गए थे, कल उसका शव गांव लल्ली में से मिला है। यूं लगता है कि उसे बुरी तरह टार्चर किया गया। हो सकता है कि मिलिटैंटों ने जीत को श्री जैन का बेटा समझ कर उसकी हत्या कर दी हो।

यह उल्लेखनीय है कि सराभा नगर की जिस कोठी में जीत का अपहरण किया गया, के पड़ौस में ही नायब सिंह संधू एस.डी.ओ. पंजाब राज्य बिजली बोर्ड का भी निवास है। कुछ दिन पूर्व मिलिटैंटों ने उनको गांव पक्खोवाल में दोपहर के समय अपहृत कर लिया था लेकिन कुछ दिन पश्चात उन्हें छोड़ दिया गया था।

आढ़ती का अपहरण व हत्या : कल जैत जिला लुधियाना के कस्बा जगराओं के एक आढ़ती सतनाम के घर 3 मिलिटैंट आए और उसका अपहरण करके स्कूटर पर ले गए। जगराओं से 4 किलोमीटर दूर नानकसर के पास उसका शव मिला।

दो बंदूकें व कारतूस लूट लिए : थाना हरयाना के अधीन खरल खुर्द ग्राम में तीन मिलिटैंटों ने टूर यूनियन टांडा के अध्यक्ष मोहिन्द्र सिंह के घर से एक विदेशी डबल बैरल गन व 17 कारतूस छीन लिए। इन्हीं मिलिटैंटों ने बाद में ग्राम के नम्बरदार सरवण सिंह के घर से भी एक दोनाली बंदूक व 15 कारतूस छीन लिए।

लुटेरों का गिरोह गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों से पांच लुटेरों के एक गिरोह को गिरफ्तार करके लूटपाट के अनेक मामले सुलझाने का दावा किया है। उनकी पहचान मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मोहिन्दर सिंह, अमरजीत सिंह (सभी गांव समराए) तथा हरमेल सिंह (जंडियाला) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक दोनाली बन्दूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

अमीना-केस की सुनवाई 21 तक स्थगित

नई दिल्ली, 19 अगस्त (प.स.): दिल्ली की एक अदालत ने हैदराबाद की दस वर्षीया अमीना के 60 वर्षीय अरब शेख से विवाह के मामले पर चल रही सुनवाई 21 अगस्त तक के लिए आज स्थगित कर दी ।



हमारे पुत्र
राजेश शर्मा (बिन्दू)
की प्रिय और सदैव स्मरणीय
स्मृति में जो आज के दिन
20/8/88 को स्वर्ग
सिधारा था ।

श्री. एल. शर्मा (पिता)
अन्जना शर्मा (माता)
परवेश शर्मा (भाभि)
राजेश शर्मा (बहनोई)

R-636, मारुति मान ब्लाक
एशियाड ग्राम कम्प्लेक्स, नयी दिल्ली

क्रमिक भूखहड़ताल

पटियाला, 19 अगस्त (भूषण): पंजाब राज्य मिनिस्टीरियल सेवाएं यूनियन की पटियाला शाखा का 11 सदस्यों का एक जत्था आज यहां अपनी मांगों के समर्थन में उपायुक्त के कार्यालय के बाहर क्रमिक भूखहड़ताल पर बैठा । यह भूखहड़ताल 27 अगस्त तक चलेगी । 28 और 29 अगस्त को चंडीगढ़ में पूरे प्रदेश के कर्मचारी भूखहड़ताल करेंगे ।

चतुर्थ प

हजार खुशियां मिलने पर भी आंसू
तुम्हारी याद के उजाले हमें राह दि

हमारे परम प्रिय **जनश्रुति महाजन** को आज उ
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं ।

वेद प्रकाश महाजन (पिता), संतोष महाजन
श्यामसुखा (बहन), डा. कांति श्याम
Neelkamal SGNR

रस्म

बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है
जैन धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री दीवान चन्द जैन क
हो गया है । रस्म पगड़ी दिनांक 21.8.9
स्थान E.G. 1068, मुहल्ला गोविन्दगढ़ ज
शोक

बलबीर कुमार जैन, कुलदीप चन्द जैन, सु
कुमार जैन, विमल कुमार जैन

पुण्य

हमारी प्रिय **श्रीमती कमला रानी** जो
के दिन स्वर्ग सिधार गई थीं । आज उनकी
के अवसर पर हम सभी परिवारजन स्वर्गीय
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं । याद में :

ओम प्रकाश मलहन
अजय, सुनील
अनुराधा, सोनिया (पु
अनिता, वरिन्द्र मुरगई (बेटी
मीना-अश्विनी कत्याल (बेटे
M/s. Anil Enterprises Jala
M/s. Sunil Trading Co., Jala

रस्म प

कबीरा आए जग में, जग हंसा त
ऐसी करनी कर चलो, तुम हंसो ज

आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया
पुत्रवधू किरण शर्मा 12.8.91 दिन सोम
गई है । उसकी रस्म पगड़ी 22.8.91 दि
निवास स्थान W.N. 128, बस्ती दानि
शहर में दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी ।

—: शोकाकुल :—

कुलदीप राज शर्मा (पिता) देस
मोहन शर्मा (भाई) सु
राजू शर्मा (भाई) जग
काका शर्मा (भाई) अ

रस्म

रहने को सदा दहर में आता नहीं
तुम जैसे गए वैसे भी जाता नहीं

भारी शोक एवं दुख के साथ हम सूचित क
तरसेम कुमार जी पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रका
1991 को निधन हो गया है । रस्म पगड़ी
1991 को दोपहर बाद 2 से 3 बजे तक आर्य
पशम वाला अमृतसर में होगी ।

शोक संतप्त :—

फकीर चन्द (दादा), शकुन्तला देवी (माता)
प्रोमिला रानी (पत्नी), अश्विनी, अतूल (ल
M/s Faqir Chand Om Pa
Pasham Wala Amri

चौथी

हमारे पूज्य **श्री देवराज जी**
आज ही के दिन स्वर्ग सिधार गए
उनकी चौथी पुण्य स्मृति के अवस
सभी परिवारजन उनके आदर्शों
रहने का संकल्प दोहराते
श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं ।

याद में :

राजेश रानी धीर
अनिल धीर, मुहीश धीर

RASAM UTHALA

With deep sorrow we inform the sad demise of **Smt. Jamuna Devi Kapoor** w/o Late Shri Ram Lal Kapoor on 18th August, 1991. RASAM CHAUTHA AND UTHALA will be held at Geeta Mandir, Model Town, Jalandhar City on Tuesday



राष्ट्रीय गवर्नमेंट आफ भूटान
भूटान डेली
लॉटरी
RESULT OF 43rd DRAW OF 19.8.91

1st Prize Nu/Rs. 1,00,000/-	1BR-306498
2nd Prize Nu/Rs. 5,000/-	1BQ-306498
3rd Prize Nu/Rs. 1,000/-	06498
4th Prize Nu/Rs. 500/-	6498
5th Prize	

Punjab Sahitani



वरदन जिसे तमिलनाडु के
एक गांव से शनिवार को गिरफ्तार
था जिससे पूछताछ के पश्चात
को कर्नाटक में लिट्टे के ठिकानों
। वरदन से बरामद किया गया
बैटरी तथा खिलौना राइफल भी
। (छाया : पी.टी.आई.)

वाणी के नए महानिदेशक

9 अगस्त (प.स.): आकाशवाणी
निदेशक शशि कपूर को उसका
क्त किया गया है ।

का अकालियों पर दबाव

(पृष्ठ 3 का शेष)

ा बाकी है कि श्री सीबिया द्वारा
एक्शन कमेटी की बैठक में अकाली
ी दल (लौं.) और अकाली दल
निधि भाग लेते है या नहीं। श्री
की बैठक एक सितम्बर को बुलाने
खी है। आम विचार यह है कि श्री
न, श्री सुरजीत सिंह बरनाला और
ह शायद ही इस कमेटी का सदस्य
गे।

त यह है कि मिलिटैंटों ने जब से श्री
हमला किया है तब से वह अकाली
हट कर मिलिटैंटों की भाषा बोलने

त अपुष्ट समाचारों के अनुसार श्री
मरीका चले गए है। अभी यह पता
क उनकी यात्रा का उद्देश्य क्या है।
क श्री बादल, श्री बरनाला व कैप्टन
उदारवादी अकाली नेता चुनावों
ए जाने के विरुद्ध हैं।

डॉ हर सोमवार
श्री
ली लॉटरी
को निकाले गए 39वें ड्रा
का परिणाम:—
00/- AE-394357

दो संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : फगवाड़ा (खोसला): कल रात सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव दरवेश पिंड के निकट नाकाबंदी के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों रणजीत सिंह राणा व चरणजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से .32 बोर, 12 बोर के 2 पिस्तौल तथा 7 कारतूस बरामद किए हैं ।

3 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज सायं पुलिस जिला तरनतारन के गांव खब्बे डोगरा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में 3 मिलिटैंट मारे गए । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त कर ली गई है, जो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एरिया कमांडर बलविंद्र सिंह उर्फ छत्तर निवासी गांव बाठ का था । इस सम्बन्ध में प्राप्त सूचना में कहा गया है कि आज दोपहर को 1 बजे दो मिलिटैंटों ने गांव खब्बे डोगरां में एक फिएट कार पी.सी.एस. 10 छीन ली । पुलिस ने इसकी सूचना मिलते ही मिलिटैंटों का पीछा करना शुरू कर दिया । मिलिटैंट कार में पैट्रोल डलवाने के लिए उसे एक पैट्रोल पम्प पर ले गए, इसी दौरान उन्होंने कार में एक अन्य मिलिटैंट को भी बिठा लिया । मिलिटैंटों ने जब पुलिस को देखा तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी, 4 घंटे के मुकाबले के पश्चात 3 मिलिटैंट मारे गए । तीनों मिलिटैंट खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । घटनास्थल से पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, एस.एल.आर., एक हथगोला और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है । पुलिस के अनुसार छत्तर कई अपराधों में पुलिस को वांछित था ।

शव बरामद : थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव दाद जोध के सरपंच की सूचना पर पुलिस ने गांव के खेतों से एक 20-22 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त भूपेंद्र सिंह नाई उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई है, जो यहां अपनी बहन के पास गांव निक्को सराय में रहता था और आरे पर ज़ूम करता था ।

वाहनों पर मिलिट्री रंग करने पर पाबंदी : अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज जिले में जीपों तथा वैनों पर तथा अन्य वाहनों पर मिलिट्री रंग करने तथा किसी व्यक्ति द्वारा मिलिट्री की वर्दी पहनने पर रोक लगा दी है, जो कि 16 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगी ।

एक की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले के भगवानपुर गांव में सरदूल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़) : बटाला पुलिस जिले के कादियां राजपूतां में मिलिटैंटों ने कल रात प्यारा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य की हत्या : अमृतसर जिले के फाकना हरियां गांव में मिलिटैंटों ने कल रात हरि सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

नौकर का अपहरण : मिलिटैंटों ने बटाला पुलिस जिले के जागोवाल गांव में जस्सा सिंह के घर

राइल गवर्नमेंट आफ भूटान
भूटान डेली
लॉटरी
RESULT OF 43rd DRAW OF 19.8.91
1st Prize Nu/Rs 1,00,000/- 1BR-306498
2nd Prize Nu/Rs 5,000/- 1BQ-306498

कर वहां पर उपस्थित उनकी नानी सदमे से ही दम तोड़ गई । घायल बलविंदर सिंह को लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने घर में घुस कर नकदी तथा गहनों की मांग की थी ।

नौकर की हत्या : फिरोजपुर जिले के गांव दुते में कल रात मिलिटैंटों ने बलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके नौकर की हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के गांव बकरा में मिलिटैंटों ने हरि सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एरिया कमांडर सहित तीन गिरफ्तार : जालन्धर (न.न.प.): थाना सदर की पुलिस द्वारा भगत सिंह कालोनी में से गत रात संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात तीन खतरनाक मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 2 ए.के. 47 राइफलें बरामद किए जाने की सूचना मिली है । गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों में कलवंत सिंह, एरिया कमांडर गुरमीत सिंह दोनों (गांव कालेके चौक मेहता थाना निवासी) व मोहिन्दर सिंह शामिल हैं । इन तीनों का संबंध खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से है और ये गुरजंट सिंह बुद्धसिंहवाला के नेतृत्व में वारदातें करते थे । इस संबंध में एस.पी. (डी.) श्री आर.के. बेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त तीनों मिलिटैंटों ने नवम्बर 1990 में देहरादून (उत्तर प्रदेश) में एक बैंक में डाका मारते समय वहां पर 4 आदमियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी तथा गांव बेदाला थाना ब्यास में पुलिस के एक वाहन को बम विस्फोट से उड़ाया था, जिसमें एक ए.एस.आई. मारा गया था और थाना मेहतपुर के गांव मेहसमपुर स्थित एक सिपाही की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । लूटपाट की अन्य घटनाओं में भी ये पुलिस को वांछित थे ।

लुधियाना में गोली चली, 4 घायल : लुधियाना से धीमान और मुसाफिर के अनुसार आज वहां पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के लगभग भारत नगर चौक में बैंक आफ इंडिया के सामने रौनक वाली जगह पर गोली चल गई जिससे 4 व्यक्ति घायल हो गए लेकिन डाका डालने का प्रयास विफल हो गया।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा के अनुसार गोली चलने के कुछ ही मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और पुलिस ने अभियुक्तों का घेरा तंग कर दिया है। आशा है कि उनकी गिरफ्तारी शीघ्र संभव हो सकेगी।

श्री शर्मा के अनुसर 11.30 बजे दादा मोटर्स फर्म के दो कर्मचारी स्कूटर पर वहां आए। जैसे ही उन्होंने स्कूटर खड़ा किया, एक कार वहां आकर रुकी जिसमें 3 मिलिटैंट सवार थे। वे कार से बाहर निकले और उनमें से एक ने दादा मोटर्स के एक कर्मचारी उदय चंद को जफ्फा मार लिया जबकि दूसरे ने उस पर गोली चला दी। उदय चंद सख्त घायल हो गया। गोलियों से 3 अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। उनमें हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड का स्टैनो विमल कुमार तथा दो रिक्शा चालक मोहम्मद हामिल और पृथीपाल शामिल हैं। इसी दौरान बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड (इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस) संजय कुमार ने, जो ड्यूटी पर तैनात था, अपनी कार्बाइन से

आढ़ती का अपहरण व हत्या : कल रात जिला लुधियाना के कस्बा जगराओं के एक आढ़ती सतनाम के घर 3 मिलिटैंट आए और उसका अपहरण करके स्कूटर पर ले गए। जगराओं से 4 किलोमीटर दूर नानकसर के पास उसका शव मिला।

दो बंदूकें व कारतूस लूट लिए : थाना हरयाना के अधीन खरल खुर्द ग्राम में तीन मिलिटैंटों ने ट्रक यूनियन टांडा के अध्यक्ष मोहिन्द्र सिंह के घर से एक विदेशी डबल बैरल गन व 17 कारतूस छीन लिए। इन्हीं मिलिटैंटों ने बाद में ग्राम के नम्बरदार सरवण सिंह के घर से भी एक दोनाली बंदूक व 15 कारतूस छीन लिए।

लुटेरों का गिरोह गिरफ्तार : जालन्धर पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में पांच लुटेरों के एक गिरोह को गिरफ्तार करके लूटपाट के अनेक मामले सुलझाने का दावा किया है। उनकी पहचान मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मोहिन्दर सिंह, अमरजीत सिंह (सभी गांव समराए) तथा हरमेल सिंह (जंडियाला) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक दोनाली बन्दूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

अमीना-केस की सुनवाई 21 तक स्थगित

नई दिल्ली, 19 अगस्त (प.स.): दिल्ली की एक अदालत ने हैदराबाद की दस वर्षीया अमीना के 60 वर्षीय अरब शेख से विवाह के मामले पर चल रही सनवाई 21 अगस्त तक के लिए आज स्थगित कर दी ।



हमारे पुत्र
राजेश शर्मा (बिन्टू)
की प्रिय और सदैव स्मरणीय
स्मृति में जो आज के दिन
20/8/88 को स्वर्ग
सिधारा था।

सी. एल. शर्मा (पिता)
अन्जना शर्मा (माता)
परवेश शर्मा (बहिन)
राजेश शर्मा (बहनोई)

R-636, मारुति मान ब्लाक
एशियाड ग्राम कम्पलेक्स, नयी दिल्ली

RASAM UTHALA

With deep sorrow we inform the sad demise of **Smt. Jamuna Devi Kapoor**



Punjabi Sanath

और गुना ने सायनाइड निगल कर आत्महत्या कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बूटा सिंह के संबंधी का अपहरण, 10 मिलिटैंट मारे गए, 5 महिलाओं सहित 11 की हत्या

चंडीगढ़, 20 अगस्त (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने अमृतसर से आज भारत के पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह के संबंधी का अपहरण कर लिया, जबकि पंजाब में कल रात से 10 मिलिटैंट मारे गए । इसी अवधि में मिलिटैंटों ने 5 महिलाओं सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

बूटा सिंह के सम्बन्धी का अपहरण : अमृतसर शहर की रामतीर्थ सड़क पर मारुति कार नं. पी.बी. 023556 में आए दो मिलिटैंटों ने भारत के पूर्व गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के सम्बन्धी रणजीत सिंह (17), का आज सवेरे सात बजकर पचास मिनट पर अपहरण कर लिया। रणजीत सिंह राम ज्योति पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र है। रणजीत सिंह श्री प्यारा सिंह का पुत्र है। वह अमृतसर की रेलवे कालोनी का निवासी है।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार रणजीत सिंह बूटा सिंह की बहन के दामाद का लड़का है। रणजीत सिंह की मां ने बताया कि मिलिटैंट एक कार में आए और स्कूल के बाहर से उसके बेटे को जबरन कार में बैठा ले गए। उसने बताया कि उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई थी, लेकिन जिस समय यह घटना घटी उस समय रणजीत के साथ कोई सुरक्षाकर्मी नहीं था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दावा है कि पुलिस दल मिलिटैंटों का पीछा कर रहे हैं और लड़के को किसी भी क्षण छुड़ा लिया जाएगा। लड़के की मां ने बताया कि स्कूली बच्चों सहित अनेक लोगों ने अपहरण होते देखा लेकिन किसी ने भी मिलिटैंटों से जूझ रहे उसके पुत्र की सहायता नहीं की।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार इन अपहरणकर्त्ताओं ने भी बब्बर खालसा के प्रमुख मिलिटैंट भाई माधा सिंह तथा उसके परिवार को रिहा करने की मांग की है । माधा सिंह को पिछले महीने मध्य प्रदेश पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया था । उल्लेखनीय है कि पंजाब पुलिस प्रमुख डी. एस. मांगट के ममेरे भाई उजागर सिंह, जिसका ब्लैक संगरूर जिले के गांव रोहेड़ा से अपहरण कर लिया गया था तथा बी.एस.एफ. के दिल्ली में नियुक्त डी.आई.जी. श्री आर.एस. संधू के निकट संबंधी दलबीर सिंह, जिनका मिलिटैंटों ने 11 अगस्त को मजीठा क्षेत्र के एक गांव से अपहरण कर लिया था, को छोड़ने के बदले में भी मिलिटैंटों ने माधा सिंह की रिहाई की मांग की हुई है ।

मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए : फरीदकोट जिले के कोटकपूरा कस्बे के बाहर नाथा पुल के निकट सुरक्षा बलों की गोली से चार मिलिटैंट मारे गए। मृतकों के पास से एक एके. 56 राइफ, तीन बंदूकें और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया गया।

बाद में 2 मिलिटैंटों की पहचान हरदेव सिंह तथा निर्मल सिंह के रूप में हुई है ।

बच्चे के अपहरण का प्रयास : राजपुरा (मालसू): दो दिन पूर्व शाम 4 बजे गांव घमौलीकि निकट टाऊनशिप के एक मुहल्ला में से कार सवार एक मिलिटैंट नेसात-आठ वर्षीय बच्चे रिंकू पुत्र शंकर लाल का अपहरण कर लिया। बताया गया है कि बच्चा ज्यों ही घर से बाहर निकला उसका मुंह द करके कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसे कार में डाल ल कार भगा ली। जब कार आगे चली तो पीछे बै अज्ञात व्यक्ति नेपिस्तौल की नोक पर बच्चे व ड्राइवर से कहा कि चुपचाप बैठे रहो। सरहिन्द रेलवे फाट पर फाटक बंद होने पर जब कार रुकी तो अज्ञा व्यक्ति पेशाब करने नीचे उतरा तो भले मान

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Archive

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

ड्राइवर ने बच्चे को दरवाजा खोल कर भगा दिया। उसने स्वयं कार दूसरी ओर भगा ली। बच्चा एक रेहड़े पर घर वापस आया और उसने सारी कहानी बताई। पुलिस को सूचना दे दी गई है। अब मुहल्ले वाले इस घटना से डरे हुए हैं।

युवक के अपहरण का प्रयास : फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय पुलिस ने एक नौजवान लड़के को अपनी बहन के प्रेमी का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि कल रात 10 बजे के करीब जीप पर सवार 5 नौजवानों मंजीत सिंह उर्फ सोढ़ी, सोनी तथा अजमेर सिंह, जंग सिंह व गुरचरण सिंह (तीनों भाई) ने 20-22 वर्षीय लड़के जगदीप सिंह सुपुत्र दर्शन सिंह को किसी बहाने अपनी जीप में बैठा लिया व उसका अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि जगदीप सिंह और तीनों भाइयों की बहन का प्रेम सम्बन्ध था। जगदीप सिंह का लड़की के घर अक्सर आना-जाना भी बना हुआ था। कुछ दिनों पूर्व इस प्रेम कहानी का पता लड़की के भाइयों को चला तो उन्होंने अपने साथियों की सहायता से बहन के प्रेमी को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। जब कल रात जगदीप सिंह का अपहरण करने की सूचना पुलिस को मिली तो थाना सिटी इंस्पैक्टर एस.पी. जोगी की अगवाई में फिल्लौर, नूरमहल व अन्य गांवों में छापे मारे गए व अपहरणकर्त्ताओं का पीछा किया गया। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर अपहरणकर्त्ता घबरा गए व जगदीप सिंह को रात 2 बजे के करीब सराए रोड पर छोड़ दिया।

पुलिस ने इन पांचों अपहरणकर्त्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयोग की गई जीप भी बरामद कर ली गई है। शेष 4 अभियुक्त अभी तक फरार हैं।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना शहर में मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक 12 बोर की पिस्तौल तथा एक मोटर साइकिल बरामद किया गया है।

लुधियाना से महिन्द्र के अनुसार पुलिस अधीक्षक नगर श्री आर.पी. मित्तल ने बताया कि चीमा चौक में मारे गए ये व्यक्ति लूटेरे थे और प्रवासी मजदूर थे। ये दोनों लूटेरे घरों और फैक्टरियों में जाकर ताले तोड़ते और सामान लूट कर ले जाते थे। पुलिस को इन दोनों की बहुत देर से खोज थी। श्री मित्तल के अनुसार उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और अन्य सामान बरामद हुआ है।

एस.एस.पी. के भतीजे को गोली मार दी : अमृतसर में टपई रोड पर आज बटाला पुलिस जिले के एस.एस.पी. सीता राम के भतीजे रजिन्द्र कुमार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उसके निवास के निकट गोली मार कर घायल कर दिया। गोली रजिन्द्र कुमार के कंधे में लगी। उसे तुरत गुरु नानक देव अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जाती है।

महिला की हत्या : गत रात श्री हरगोबिंदपुर थाने के गांव नुरपुर में रतन सिंह नामक एक जाट के घर कुछ मिलिटैंट आए और उसके बेटे सुन्दर सिंह जो भगौड़ा है, के बारे में पूछा। कुछ भी न बताने पर मिलिटैंट रतन सिंह की पत्नी हरभजन कौर को घर से बाहर ले गए और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

फायरिंग : आज प्रातः लगभग साढ़े 7 बजे गांधी ग्राऊंड अमृतसर के पास हीरे होंडा पर सवार दो मिलिटैंटों ने सादे कपड़े पहने पुलिस कर्मियों पर माऊजर से फायरिंग की। जवाबी फायरिंग पर वे एक गली में घुस गए और माऊजर छिना कर सभी लाल नामक व्यक्ति से स्कूटर छीन कर उस पर सवार होकर फरार हो गए।

अशोक के अनुसार एस.एस.पी. अमृतसर संजीव गुप्ता ने कहा है कि माल रोड पर मिलिटैंटों के साथ हुए संघर्ष में पुलिस के सफेद कपड़ा धारी कर्मियों ने मोटर साइकिल सवार मिलिटैंटों की पहचान कर ली थी और जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो तब उन्होंने फायरिंग की।

इनमें से एक की पहचान खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर दविन्दर सिंह के रूप में हुई है।

महिला की हत्या : मगरूर जिले के बब्बनपुर गांव में मिलिटैंटों ने जसवंत कौर नाम की एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक और महिला की हत्या : लुधियाना जिले के माधपुर गांव में मिलिटैंटों ने सुरजीत कौर नाम की एक महिला की हत्या कर दी।

एक अन्य महिला की हत्या : धूरी (सिंगला): आज सुबह 6 बजे यहां से कुछ दूर धनौरी कला गांव में स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने अजमेर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए।

एक की हत्या : रोपड़ जिले के गांव तुरे में मिलिटैंटों ने पाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य की हत्या : फिरोजपुर जिले के फागू गांव में एक व्यक्ति मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार हो गया।

घायल चल बसा : बटाला जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां शहर में 14 अगस्त को हुई गोलीबारी में घायल एक व्यक्ति चनन सिंह की आज मृत्यु हो गई।

पूर्व मंत्री के सुरक्षा कर्मियों पर हमला : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले में चाबा गांव के निकट पूर्व मंत्री हरि सिंह के साथ जाने वाले सुरक्षा कर्मियों की जीप पर हमला किया। हमले में विशेष पुलिस अधिकारी दर्शन सिंह घायल हो गए। उस समय हरि सिंह जीप में नहीं थे।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालधर जिले में से पांच संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए। अमृतसर जिले में से एक मिलिटैंट गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से हथियार और बिस्फोटक सामग्री बरामद की है।

विधानसभा प्रत्याशी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): घनौर विधानसभा क्षेत्र से अ.भा. सिख छात्र संघ (मंजीत) के प्रत्याशी गुरसेवक सिंह हरपालपुर को पुलिस ने एक मिलिटैंट सुखविंदर सिंह के भोग समारोह के अवसर पर 'जनतक जागरण' नामक एक पुस्तिका, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री प्रकाशित है, बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गुरसेवक सिंह सिख छात्र संघ की जिला पटियाला इकाई का उपप्रधान भी है। इससे पूर्व भी उसे 'टाडा' के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था लेकिन अदालत ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया था। इस भोग समारोह के केस के सम्बन्ध में अकाली दल मान का सर्कल जत्थेदार अमर सिंह नलिनी भी वांछित है। उस पर उत्तेजक भाषण देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार नलिनी भूमिगत हो गया है।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा के अनुसार परगट सिंह (मछरराय खुर्द) नामक एक मिलिटैंट को 12 बोर की कट बैरल बन्दूक सहित गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से कुछ गोली सिक्का तथा एक बोतल सायनाइड भी बरामद किया गया है। आरंभिक पूछताछ के दौरान उसने बब्बर खालसा संगठन से अपने सम्बन्ध होना तथा गांव नुरपुर के सरपंच जगतार सिंह की हत्या में संलिप्त होना स्वीकार किया है।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राज): पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान अवतार सिंह तथा रजिन्दर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक रिवाल्वर, एक 12 बोर की बन्दूक, कुछ गोली सिक्का तथा एक स्कूटर बरामद किया है।

वकील तथा उसकी पुत्री की हत्या : दिड़बा (गुप्ता): मिलिटैंटों ने आज शाम वकील कंवल कृष्ण, जोकि गांव टूल बंजारा के सरपंच भी थे, की तथा उनकी 4 वर्षीय पुत्री हिना की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह दिड़बा से मारूति कार पी.आई.एल.-9567 में अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में उन पर फायरिंग कर दी गई। वह मार्क्सी पार्टी की जिला कमेटी के सदस्य भी थे।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले के ठाठा किशन सिंह गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया।

गुट संघर्ष में एक मरा : अमृतसर जिले के सरहाली कला गांव में मिलिटैंटों ने हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह गुट संघर्ष का मामला है।

2 मिलिटैंट मरे, 2 शव बरामद : अमृतसर से नारंग के अनुसार थाना झब्बाल के गांव सोहियां में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए, जबकि घटनास्थल के निकट से एक पुरुष और एक लड़की का शव बरामद किया गया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के खेतों में 2 शव पड़े हैं, जिनमें से एक लड़की का है और दूसरा किसी पुरुष का। पुलिस को घटनास्थल पर कुछ असामान्य होने की आशंका थी, अतः वह जीपें कुछ दूर छोड़ कर घटनास्थल पर पैदल ही पहुंची। वहां पुलिस ने तार देख कर अनुमान लगाया कि यहां कुछ गड़बड़ है। इसी दौरान पुलिस ने खेतों में 3 मिलिटैंटों को भागते हुए देखा। पुलिस ने जब उन मिलिटैंटों को रुकने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि तीसरा भाग निकला। पुलिस ने घटनास्थल से एक .315 बोर की राइफल और एक ए.के. 47 राइफल, ए.के. 47 राइफल के काफी मैगजीन, 2 हथगोले और सड़क पर फ़िट किया हुआ बम बरामद किया है। इसके अतिरिक्त सड़क पर से एक पुरुष और एक लड़की का शव भी बरामद किया गया है।

गोर्बाच्योव

(पृष्ठ 3 का शेष)

समिति की रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा गया है कि श्री गोर्बाच्योव सकुशल हैं। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि गोर्बाच्योव कहां गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि श्री गोर्बाच्योव विमान में चढ़ते समय एकदम स्वस्थ नजर आ रहे थे।

गोर्बाच्योव को मास्को लाया गया ? इस बीच श्री बोरिस येल्तसिन के एक सहायक ने बताया है कि श्री मिखाइल गोर्बाच्योव को क्रीमिया, जहां वह छुट्टियां, बिताने गए थे, से सैनिक विमान में मास्को लाया गया। कल कट्टरपंथियों ने श्री गोर्बाच्योव को अपदस्थ करने के बाद घर में नजरबंद कर दिया था।

मास्को में कर्फ्यू : सोवियत संघ की राजधानी मास्को में आज से रात्रि कर्फ्यू लगा दिया गया।

गृहयुद्ध की आशंका : भूतपूर्व सोवियत विदेश मंत्री एडुअर्ड शेवर्दनाद्ज ने मिखाइल गोर्बाच्योव की बर्खास्तगी के बाद देश में अब गृहयुद्ध छिड़ने की आशंका व्यक्त की है। श्री शेवर्दनाद्ज ने पिछले वर्ष दिसम्बर में यह कहते हुए इस्तीफा दिया था कि कट्टरपंथी श्री गोर्बाच्योव के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

अमरीका से दोस्ती की इच्छा : थल सेना तथा के.जी.बी. समर्थित सोवियत संघ की नई सरकार ने बुश प्रशासन को एक संदेश भेजकर अमरीका के साथ दोस्ती की इच्छा जाहिर की है।

अल्टीमेटम : श्री बोरिस येल्तसिन ने आज सोवियत संसद के अध्यक्ष श्री अनातोली लक्यानोव को अल्टीमेटम दिया है कि 24 घंटे के भीतर उन्हें (येल्तसिन को) श्री मिखाइल गोर्बाच्योव से मिलने तथा विदेश से आए डाक्टरों की टीम की श्री गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य की जांच करने की अनुमति दी जाए।

आपात् बैठक : लंदन (वार्ता): सोवियत संघ में कट्टरपंथी कम्युनिस्टों द्वारा कल की तख्ता पलट की कार्रवाई से पैदा हालात का जायजा लेने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अधिकारियों की एक आपात् बैठक हुई। यूरोपीय समुदाय के 12 देशों के विदेश मंत्री भी इसी मसले पर विचार के लिए होग में इकट्ठे हो रहे हैं।

सोनिया को पत्र नहीं लिखा : जयललिता

मद्रास, 20 अगस्त (प.स.): तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने आज यहां इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने कावेरी जल विवाद के मामले को लेकर श्रीमती सोनिया गांधी को एक पत्र लिखा है।

100 तमिल छापामार मारे गए

कोलम्बो, 20 अगस्त (प.स.): सेना ने उत्तरी श्रीलंका में एलिफैंट दर्रे से करीब साढ़े छः किलोमीटर उत्तर में पराभ के निकट हवाई हमले किए, जिसमें करीब एक सौ तमिल छापामार मारे गए। हवाई हमले के दौरान लिट्टे उग्रवादियों द्वारा बाय सैनिकों को भ्रम में डालने के लिए रखी गई लकड़ी की नकली विमान-भेदी तोपें नष्ट कर दी गईं।

देह व्यापार में पकड़ी गई औरत नकली स्टाफ़ नर्स

अमृतसर, 20 अगस्त (प.स.): यहां देह व्यापार के संबंध में पुलिस ने इस माह के दूसरे सप्ताह 14 लड़कियों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया था, उस संबंध में जांच-पड़ताल से पता चला है कि इस मामले में संलिप्त जिस औरत को स्थानीय एक अस्पताल की नर्सिंग विभाग का वार्डन बताया जा रहा था, वह वास्तव में नर्स नहीं थी।

एस.पी. सिटी श्री हरदीप सिंह ढिल्लों ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इस औरत का नाम गुरदीप कौर है तथा वह कृष्ण नगर की रहने वाली है। इस औरत ने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि वह स्थानीय एक अस्पताल की स्टाफ़ नर्स है। छापे के दौरान पुलिस को उसके घर से नर्स की वर्दी भी मिली थी। श्री ढिल्लों ने बताया कि जब पुलिस ने संबंधित अस्पताल में कर्मचारियों की सूची की जांच की तो उसमें गुरदीप कौर का नाम ही नहीं था।

नर्सों द्वारा हड़ताल का आह्वान : उल्लेखनीय है कि नर्सों के संगठन ने अपने व्यवसाय पर लगाए गए झूठे लांछन के विरुद्ध अपना विरोध प्रकट करने के लिए हड़ताल का आह्वान किया है।

वितली सोवियत संघ के कार्यकारी प्रधानमंत्री

मास्को, 20 अगस्त (वार्ता): सोवियत संघ के उपप्रधानमंत्री वितली दोगड़ुयेव को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। यह जानकारी सोवियत टैलीविजन ने आज रात दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री वेलेंतिन पावलोव कल रात से बीमार हैं और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है।

रस्म प

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है प्रिय प्रमोद कुमार नरूला तिथि 9.8.91 को स्वर्ग सिधार गए हैं।

रस्म पगड़ी तिथि 22.8.91 दिन वीरवार को एक बजे दोपहर कृष्णा मन्दिर, मोहल्ला सचदेवा, फिरोजपुर शहर में होगी।

शोकग्रस्त :—

जनकरानी नरूला (माता), अनु नरूला (धर्मपत्नी)
केवल कृष्ण मग्गू (ससुर), संतोष मग्गू (सास)
सुरिन्द्र कुमार नरूला, रविन्द्र कुमार नरूला,
परवेश कुमार नरूला, विनोद कुमार नरूला।

नरूला होटल : फोन 3862
विनोद कुमार एंड सन्ज, फोन :

रस्म/

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है
चौधरी गुज्जरमल थापर Ex. Presid
10.8.91 को स्वर्ग सिधार गए हैं। उनक
22.8.91 दिन वीरवार को 3 से 4 बजे आत्म
आत्मनगर, लुधियाना में होगी।

शोकग्रस्त :

धनराज थापर, छज्जूराम थापर, शारदा-व
कृष्ण चंद थापर (भाई) तृप्ता-
शोभा-रमेश मेहरा (बेटी व दामाद) रेखा
विनोद-विपन थापर (पौत्रवहू व पौत्र) रीटा

M/s. Sumeet Expo
Atul Textiles P

निविदा

अधोहस्ताक्षरी द्वारा हरियाणा के राज्य श्रम व निर्माण समितियों से आईटम रेट के हैं। यह सभी फार्म 50/- रु. की नकद प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाएं अधो दोपहर 3.00 बजे उन ठेकेदारों अथवा उ खोली जाएंगी जो उस समय उपस्थित हो

जिला हिसार में फतेहाबाद-हंसपुर सा
ऊंचा करना (मिट्टी का कार्य)
अ.रा. रु. 1,98,800/- ध.रा
4000/-.
स. अ.- एक मास

(ह

PRDH/1029/14468-70/16.8.91-C

महाशक्ति बम्पर

महाशक्ति बम्पर के तीसरे ड्रा का परिणाम, जो 20.8.91 को हैदराबाद में जजों के सामने निकाला गया :

1st PRIZE (1) : Rs. 10 LAKHS — MJ-578845
2nd PRIZE (1) : Rs. 50,000/- — MK-234480
3rd PRIZE (6) : Rs. 5000/- EACH
MH-854220 MJ-395530 MK-782982
MH-440816 MJ-610758 MK-809344
4th PRIZE (300) : Rs. 500/- EACH (LAST 5 DIGITS)
51383 25338 79530 58021 30134 68278 43894 16910 99218 02473
5th PRIZE (3000) : Rs. 50/- EACH (LAST 4 DIGITS)
1655 3738 8566 0262 7449 6345 4501 6238 8242 6582
6th PRIZE (3000) : Rs. 20/- EACH (LAST 4 DIGITS)
5557 7816 7823 8642 9512 3591 7245 6472 8045 5254
7th PRIZE (30,000) : Rs. 10/- EACH (LAST 3 DIGITS)
018 182 216 392 444 553 664 791 870 924

आगामी ड्रा 20.9.91 को।

नोट : कृपया परिणाम को अधिकृत गजट से अंतिम रूप से मिला लें।

सोल सैलिंग एजेंट्स : श्याम एसोसिएट्स, 19, कनॉटसैंटल, अनैक्सी, रीगल बिल्डिंग के पीछे, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110-001, फोन : 310883, 310955.
जारीकर्ता : आन्ध्र सैक्रेटरी यू. एंड आर.डी.एस. (इंडिया) आंध्र प्रदेश राज्य।

राजश्री ट्यूस्डे वीकली लॉटरी

20.8.91 को सम्पन्न 20वें ड्रा का परिणाम :

1st Prize
Rs. 1,00,000/- UU-650071

2nd Prize Rs. 1,000/-

परिणाम नवदुर्गा इन्स्टैंट लाटरी

22वें ड्रा (नवदुर्गा इंस्टैंट लाटरी) का परिणाम, जो 20.8.91 को निकाला गया :—

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- N-189874

भारतीय जी

मंडल का

पालिसीधारकों

जीवन बीमा पालिसी
बंद पड़ी पालिसियों

मजबूत भारत के अपने सपने के साथ
सदी में ले जाना चाहते थे। डा. शर्मा
विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफैसर
बोस द्वारा लिखित पुस्तक 'द प्रोफाइल
र : राजीव गांधी, टैगोर एंड शांति
मोचन कर रहे थे। श्री गांधी 1985 से
विश्व भारती विश्वविद्यालय के
र। इस पुस्तक में विश्व भारती
के विकास में श्री गांधी के योगदान का

खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री
ीर योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रणव
द थे।

आज जिला जालंधर में विभिन्न
ान संस्थाओं द्वारा सद्भावना दिवस
जमनेजियम हाल जालंधर में एक
में जिला के 308 खिलाड़ियों ने भाग
रोह में खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण की
भाव के बिना, धर्म एवं भाषा के क्षेत्र
ारतवासियों की एकता, शांति एवं
ाए काम करेंगे। इस समारोह की
कपूर जिला अटार्नी ने की।

(राजपाल): भारत विकास
से स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्म
ाद के निदेशक श्री हरकेश मित्तल
मनाया गया । इस अवसर पर श्री
ाधी को भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट
कि श्री गांधी ने छोटी आय में जो
ट, वे भारत के इतिहास में ही नहीं
इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखे

नोहर): भारत के पूर्व प्रधानमंत्री
व गांधी का जन्म दिवस आज
प्रेस (इ) द्वारा 'सर्वधर्म प्रार्थना' के
। इस समारोह की अध्यक्षता करते
ा सुरिन्द्र शर्मा ने मांग की है कि श्री
दिवस और जन्म दिवस पर राष्ट्रीय
ाग की जाए।

ब्रिगेड के नेताओं डा. राजकुमार,
जोगिन्द्र पाल टीटू, बलबीर सिंह
ला शैड्यूलकास्ट परिषद, फूल चंद
न्द्र कुमार, दलीप सिंह पोपली,
न लाल, प्रवीण कुमार, रजिन्द्र
ाण दिए।

शुभा द्वारा आत्महत्या

पृष्ठ 3 का शेष)

ी वाली दवाएं होती हैं । यह टीम
तड़के बेंगलूर पहुंची । उसके
गया ।

से पूर्व का माहौल : बेंगलूर
में कल रहस्यमय सन्नाटा छाया
ाश पर डरावने बादल छाए हुए
ता था कि कुछ ही घंटों में यहां
वाला है । यनीवार्ता के दो
घर के पास पहुंचे जहां उग्रवादी
ने वहां उत्सुक लोगों की भीड़
ड़क से उस घर के पास वाले घर
टिक रिजर्व पुलिस बल के
ांस्टेबल दिखाई दे रहे थे ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

ड्राइवर ने बच्चे को दरवाजा खोल कर भगा दिया। उसने स्वयं कार दूसरी ओर भगा ली। बच्चा एक रेहड़े पर घर वापस आया और उसने सारी कहानी बताई। पुलिस को सूचना दे दी गई है। अब मुहल्ले वाले इस घटना से डरे हुए हैं।

युवक के अपहरण का प्रयास : फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय पुलिस ने एक नौजवान लड़के को अपनी बहन के प्रेमी का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि कल रात 10 बजे के करीब जीप पर सवार 5 नौजवानों मंजीत सिंह उर्फ सोढ़ी, सोनी तथा अजमेर सिंह, जंग सिंह व गुरचरण सिंह (तीनों भाई) ने 20-22 वर्षीय लड़के जगदीप सिंह सुपुत्र दर्शन सिंह को किसी बहाने अपनी जीप में बैठा लिया व उसका अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि जगदीप सिंह और तीनों भाइयों की बहन का प्रेम सम्बन्ध था। जगदीप सिंह का लड़की के घर अक्सर आना-जाना भी बना हुआ था। कुछ दिनों पूर्व इस प्रेम कहानी का पता लड़की के भाइयों को चला तो उन्होंने अपने साथियों की सहायता से बहन के प्रेमी को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। जब कल रात जगदीप सिंह का अपहरण करने की सूचना पुलिस को मिली तो थाना सिटी इंस्पैक्टर एस.पी. जोशी की अगवाई में फिल्लौर, नूरमहल व अन्य गांवों में छापे मारे गए व अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर अपहरणकर्ता घबरा गए व जगदीप सिंह को रात 2 बजे के करीब सराए रोड पर छोड़ दिया।

पुलिस ने इन पांचों अपहरणकर्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना में प्रयोग की गई जीप भी बरामद कर ली गई है। शेष 4 अभियुक्त अभी तक फरार हैं।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना शहर में मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक 12 बोर की पिस्तौल तथा एक मोटर साइकिल बरामद किया गया है।

लुधियाना से महिन्द्र के अनुसार पुलिस अधीक्षक नगर श्री आर.पी. मित्तल ने बताया कि चीमा चौक में मारे गए ये व्यक्ति लुटेरे थे और प्रवासी मज़दूर थे । ये दोनों लुटेरे घरों और फैक्टरियों में जाकर ताले तोड़ते और सामान लूट कर ले जाते थे । पुलिस को इन दोनों की बहुत देर से खोज थी । श्री मित्तल के अनुसार उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और अन्य सामान बरामद हुआ है ।

एस.एस.पी. के भतीजे को गोली मार दी : अमृतसर में टपई रोड पर आज बटाला पुलिस जिले के एस.एस.पी. सीता राम के भतीजे रजिन्द्र कुमार को कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उसके निवास के निकट गोली मार कर घायल कर दिया। गोली रजिन्द्र कुमार के कंधे में लगी। उसे तुरंत गुरु नानक देव अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जाती है।

महिला की हत्या : गत रात श्री हरगोबिंदपुर थाने के गांव नूरपुर में रतन सिंह नामक एक जाट के घर कुछ मिलिटैंट आए और उसके बेटे सुन्दर सिंह जो घायल एक व्यक्ति चनन सिंह की आज मृत्यु हो गई।

पूर्व मंत्री के सुरक्षा कर्मियों पर हमला : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले में चाबा गांव के निकट पूर्व मंत्री हरि सिंह के साथ जाने वाले सुरक्षा कर्मियों की जीप पर हमला किया। हमले में विशेष पुलिस अधिकारी दर्शन सिंह घायल हो गए। उस समय हरि सिंह जीप में नहीं थे।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालंधर जिले में से पांच संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए। अमृतसर जिले में से एक मिलिटैंट गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

विधानसभा प्रत्याशी गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): घनौर विधानसभा क्षेत्र से अ.भा. सिख छात्र संघ (मंजीत) के प्रत्याशी गुरसेवक सिंह हरपालपुर को पुलिस ने एक मिलिटैंट सुखविंदर सिंह के भोग समारोह के अवसर पर 'जनतक जागरण' नामक एक पुस्तिका, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री प्रकाशित है, बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया है । गुरसेवक सिंह सिख छात्र संघ की जिला पटियाला इकाई का उपप्रधान भी है । इससे पूर्व भी उसे 'टाडा' के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था लेकिन अदालत ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया था । इस भोग समारोह के केस के सम्बन्ध में अकाली दल मान का सर्कल जत्थेदार अमर सिंह नलिनी भी वांछित है । उस पर उत्तेजक भाषण देने का आरोप है । पुलिस के अनुसार नलिनी भूमिगत हो गया है ।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस प्रमुख एस.के. शर्मा के अनुसार परगट सिंह (मछरांय खुर्द) नामक एक मिलिटैंट को 12 बोर की कट बैरल बन्दूक सहित गिरफ्तार किया गया है । उसके पास से कुछ गोली सिक्का तथा एक बोतल सायनाइड भी बरामद किया गया है । आरम्भिक पूछताछ के दौरान उसने बब्बर खालसा संगठन से अपने सम्बन्ध होना तथा गांव नूरपर के सरपंच जगतार सिंह की हत्या में संलिप्त होना स्वीकार किया है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राज): पुलिस ने एक नाकाबंदी के दौरान अवतार सिंह तथा रंजिन्दर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके पास से एक रिवाल्वर, एक 12 बोर की बन्दूक, कुछ गोली सिक्का तथा एक स्कूटर बरामद किया है ।

वकील तथा उसकी पुत्री की हत्या : दिड़बा (गुप्ता) मिलिटैंटों ने आज शाम वकील केवल कृष्ण, जोकि गांव टुल बंजारा के सरपंच भी थे, की तथा उनकी 4 वर्षीय पुत्री हिना की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वह दिड़बा से मारुति कार पी.आई.एल.-9567 में अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में उन पर फायरिंग कर दी गई । वह मार्क्सी पार्टी की जिला कमेटी के सदस्य भी थे ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले के ठाठा किशन सिंह गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया।

गुट संघर्ष में एक मरा : अमृतसर जिले के सरहाली कलां गांव में मिलिटैंटों ने हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह गुट संघर्ष का मामला है।

2 मिलिटैंट मरे, 2 शव बरामद : देखा । पुलिस ने जब उन मिलिटैंटों को रुकने के लिए कहा तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि तीसरा भाग निकाला । पुलिस ने घटनास्थल से एक .315 बोर की राइफल और एक ए.के. 47 राइफल, ए.के. 47 राइफल के काफी मैगजीन, 2 हथगोले और सड़क पर फ़िट किया हुआ बम बरामद किया है । इसके अतिरिक्त सड़क पर से एक पुरुष और एक लड़की का शव भी बरामद किया गया है ।

गोर्बाच्योव

(पृष्ठ 3 का शेष)

समिति की रिपोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा गया है कि श्री गोर्बाच्योव सकुशल हैं। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि गोर्बाच्योव कहां गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि श्री गोर्बाच्योव विमान में चढ़ते समय एकदम स्वस्थ नजर आ रहे थे ।

गोर्बाच्योव को मास्को लाया गया ? इस बीच श्री बोरिस येल्तसिन के एक सहायक ने बताया है कि श्री मिखाइल गोर्बाच्योव को क्रीमिया, जहां वह छुट्टियां, बिताने गए थे, से सैनिक विमान में मास्को लाया गया । कल कट्टरपंथियों ने श्री गोर्बाच्योव को अपदस्थ करने के बाद घर में नजरबंद कर दिया था ।

मास्को में कर्फ़्यू : सोवियत संघ की राजधानी मास्को में आज से रात्रि कर्फ़्यू लगा दिया गया ।

गृहयुद्ध की आशंका : भूतपूर्व सोवियत विदेश मंत्री एडुअर्ड शेवर्दनाद्जे ने मिखाइल गोर्बाच्योव की बर्खास्तगी के बाद देश में अब गृहयुद्ध छिड़ने की आशंका व्यक्त की है। श्री शेवर्दनाद्जे ने पिछले वर्ष दिसम्बर में यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया था कि कट्टरपंथी श्री गोर्बाच्योव के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

अमरीका से दोस्ती की इच्छा : थल सेना तथा के.जी.बी. समर्थित सोवियत संघ की नई सरकार ने बुश प्रशासन को एक संदेश भेजकर अमरीका के साथ दोस्ती की इच्छा जाहिर की है ।

अल्टीमेटम : श्री बोरिस येल्तसिन ने आज सोवियत संसद के अध्यक्ष श्री अनातोली लक्यानोव को अल्टीमेटम दिया है कि 24 घंटे के भीतर उन्हें (येल्तसिन को) श्री मिखाइल गोर्बाच्योव से मिलने तथा विदेश से आए डाक्टरों की टीम की श्री गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य की जांच करने की अनुमति दी जाए ।

आपात् बैठक : लंदन (वार्ता): सोवियत संघ में कट्टरपंथी कम्यूनिस्टों द्वारा कल की तख्ता पलट की कार्रवाई से पैदा हालात का जायज़ा लेने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अधिकारियों की एक आपात् बैठक हुई । यूरोपीय समुदाय के 12 देशों के विदेश मंत्री भी इसी मसले पर विचार के लिए हेग में इकट्ठे हो रहे हैं ।

सोनिया को पत्र नहीं लिखा : जयललिता

मद्रास, 20 अगस्त (प.स.): तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने आज यहां इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने कावेरी जल विवाद के मामले

देह व्य
और

अमृतस
के संबंध में
लड़कियों सं
उस संबंध में
मामले में
अस्पताल की
रहा था, वह

एस.पी.
यहां संवाददा
गरदीप कौर
हैं । इस
पुलिस को
की स्टाफ न
घर से नर्स
बताया कि
कर्मचारियों
कौर का ना

नर्सों
उल्लेखनीय
पर लगाए
प्रकट करने

वितालं
का

मास्को
'उप-प्रधान
कार्यवाहक
जानकारी
रिपोर्ट के अ
रात से बीम
दी गई है

बी
प्रिय प्र
सिधार
र
को ए
सचदेव

जनकर
केबल
सुरिन्द्र
परवेश

बी
चौधरी
10.8
22.8
आत्मा

वाली एक डायरी भी पाई गई । गृहमंत्री ने कहा कि इस सूचना के आधार पर बंगलूर सिटी पुलिस ने 'रंगनाथ' नामक एक दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया । इस व्यक्ति ने कथनकर्ता में उस घर के बारे में सूचना दी, जिसका प्रबन्ध उसने छः उग्रवादियों के

सात बजे लिट्टे उग्रवादियों ने मकान के अंदर सुराख बनाया और किसी प्रत्यक्ष कारण के बिना अंधाधुंध गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक जारी रही और तीन पुलिस वाले जख्मी हो गए । जख्मी कार्मिक
(शेष पृष्ठ 8 पर)

बिजली गिरने से 3 स्त्रियों मरी

जयपुर, 21 अगस्त (प.स.): यहां से तीस किलोमीटर दूर जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बांसखो गांव में आज बिजली गिरने से तीन महिलाओं की मृत्यु हो गई ।

बम्बई के पुलिस आयुक्त के दो भाइयों, डी.आई.जी. के सम्बन्धी तथा उद्योगपति का अपहरण

चंडीगढ़, 21 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में प्रमुख व्यक्तियों के सम्बन्धियों के अपहरणों में आई तेजी में आज मिलिटैंटों ने बम्बई के पुलिस आयुक्त के दो भाइयों का संगरूर जिले से तथा दिल्ली में नियुक्त बी.एस.एफ. के एक डी.आई.जी. के सम्बन्धी का मजीठा से अपहरण कर लिया । इसके अतिरिक्त लुधियाना से एक उद्योगपति का भी अपहरण कर लिया गया । गत रात से मिलिटैंटों ने आठ व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि इसी अवधि में 5 मिलिटैंट तथा एक घुसपैठिया भी मारा गया ।

बम्बई के पुलिस आयुक्त के दो भाइयों का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज सुबह महाराष्ट्र कैडर के एक आई.पी.एस. अधिकारी के दो भाइयों का अपहरण कर लिया।

संगरूर जिले के मोरांवाली गांव में से जसकरण सिंह और चेत सिंह का उनके घर से अपहरण किया गया। ये दोनों बम्बई के पुलिस आयुक्त चरण सिंह आजाद के भाई हैं। जसकरण सिंह और चेत सिंह के घर से मिले एक पर्चे में प्रतिबंधित 'बब्बर खालसा' के प्रमुख सुखदेव सिंह बब्बर ने अपहरण की जिम्मेदारी लेते हुए इन दोनों व्यक्तियों की रिहाई के बदले दो मिलिटैंटों माधा सिंह और अवतार सिंह लड्डू की रिहाई की मांग की है।

गत सोमवार को बब्बर खालसा संगठन के मिलिटैंटों ने माधा सिंह की रिहाई के लिए ही जिला संगरूर के रोहेड़ा गांव से पंजाब पुलिस प्रमुख डी.एस. मांगट के ममेरे भाई उजागर सिंह का अपहरण किया था । उजागर सिंह के बदले में माधा सिंह की रिहाई के लिए पांच दिन का समय दिया गया है ।

माधा सिंह को मध्य प्रदेश पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। बाद में उसे केन्द्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन की पुत्री के अपहरण का प्रयास करने के सिलसिले में महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया गया। अवतार सिंह लड्डू जो कि राजस्थान पुलिस की हिरासत में है, को गंगानगर में से गिरफ्तार किया गया था।

डी.आई.जी. के सम्बन्धी का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज मजीठा से बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री एम.एस. संधू के एक सम्बन्धी बलबीर सिंह का अपहरण कर लिया। श्री संधू आजकल दिल्ली में नियुक्त हैं।

लुधियाना में उद्योगपति का अपहरण : लुधियाना (धीमान) : आज पूर्वाह्न 3 मिलिटैंट एक प्रमुख उद्योगपति श्री विपिन जैन की फैक्टरी में आए और श्री जैन का उनकी ही कार में अपहरण करके ले गए। इस घटना से सारे क्षेत्र में भय फैल गया है।

*** पंजाब में आठ व्यक्तियों की हत्या ***
बब्बर खालसा के सूचिबद्ध मिलिटैंट सहित 5 मिलिटैंट मारे गए,
***घुसपैठिया भी मरा**

गुट संघर्ष में मारा गया : एक अन्य संदिग्ध मिलिटैंट हरदीप सिंह लुधियाना जिले के जट्टा गांव में दो गुटों की मुठभेड़ में मारा गया।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : अपहृत मिला : फिरोजपुर (कुलोड) : एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने बताया कि गत रात्रि पुलिस थाना मुल्लांवाली के एस.एच.ओ. जोगेन्द्र कुमार, पुलिस चौकी ढंडों के इंस्पैक्टर किशन सिंह क्षेत्र में गश्त पर थे कि लगभग साढ़े 2 बजे किन्हीं अज्ञात मिलिटैंटों ने विभिन्न दिशाओं से उन पर फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने जवाबी फायरिंग की जो लगभग एक घंटा होती रही। फायरिंग बन्द होने पर पुलिस को एक अज्ञात मिलिटैंट की लाश मिली। पुलिस को मेहरसिंहवाला गांव का देसराज पुत्र तेलूराम भी मिला जिसका मिलिटैंटों ने फिरौती के लिए अपहरण कर रखा था। फायरिंग के दौरान वे उसे वहीं छोड़ कर भाग गए थे।

बाद में मिलिटैंटों की पहचान बब्बर खालसा के हीरा सिंह उर्फ मिस्त्री के रूप में हुई है। वह सूचीबद्ध मिलिटैंट था तथा हत्याओं और लूटपाट के अनेक केसों में वांछित था।

बूटा सिंह के सम्बन्धी का पता नहीं चला : कल मंगलवार को भी दो मिलिटैंटों ने पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह के एक रिश्तेदार को अमृतसर से अपहरण किया था, उसका अभी तक कोई पता नहीं है तथा न ही मिलिटैंटों की ओर से कोई शर्त सामने आई है ।

हत्या : पट्टी (पाक.) : गत रात 6 मिलिटैंटों ने पट्टी के गांव बोपाराय में अजीत सिंह पुत्र निरंजन सिंह के घर में घुस कर अजीत सिंह का अपहरण करके उसे बाहर ले जाकर गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 के 6 चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं। डी.एस.पी. सुखदेव सिंह तथा एस.एच.ओ. रामनाथ ने घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात बताया कि यह निजी दुश्मनी का मामला है, जिसमें मिलिटैंटों की सहायता ली गई है।

शव मिला : बाघापुराना (ज्ञान) : बद्देवाला गांव के निकट नहर में से गत रात एक युवक का शव मिला है। संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है।

2 की हत्या : भटिंडा जिले के गांव मेहराज में कल रात 4 मिलिटैंटों ने जगीर सिंह उर्फ जग्गा तथा पूर्ण सिंह (चौकीदार) की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

घुसपैठिए का शव मिला : फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में कल रात एक संदिग्ध घुसपैठिए का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया।

घायल कर गए : अमृतसर में मिलिटैंटों ने आज हरदस सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया।

सब इंस्पैक्टर घायल : मजीठा जिले के बरपाल गांव में स्थित पुलिस चौकी पर मिलिटैंटों ने
(शेष पृष्ठ 8 पर)

नई दिल्ली, 21 अगस्त (प.स.): रोमानिया में भारत के राजदूत श्री जे.एफ. रिबैरो की हालत आज स्थिर बताई गई । उन्हें कल सिख मिलिटैंटों ने गोली मार कर घायल कर दिया था ।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि गोली श्री रिबैरो के कूल्हे में लगी है और उनका अस्पताल में इलाज हो रहा है । प्रवक्ता ने सम्वाददाताओं से कहा कि घटना के सम्बन्ध में पकड़े गए एक हमलावर के प्रत्यावर्तन पर बाद में विचार किया जाएगा । प्रवक्ता ने बताया कि श्री रिबैरो की जान के लिए खतरे की सूचनाएं सरकार को मिलती रही हैं । ताजा रिपोर्ट हमले से तीन दिन पहले मिली थी ।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत की प्रार्थना पर रोमानियन अधिकारियों ने श्री रिबैरो की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पग उठाए थे । उनके निवास के बाहर वर्दीधारी रक्षकों की संख्या बढ़ा दी गई थी और सादे कपड़ों में रक्षक भी भारतीय दूतावास की इमारत पर और श्री रिबैरो आमतौर पर जिस रास्ते से गुजरा करते हैं, उस पर तैनात कर दिए गए थे ।

प्रवक्ता ने कहा कि रोमानिया सरकार से कहा गया है कि श्री रिबैरो पर हमला करने वाले 4 मिलिटैंटों में से जो एक फरार हो गया है, उसे गिरफ्तार करने के प्रयास तेज कर दें । प्रवक्ता ने हमलावरों के नाम प्रवक्ता ने कहा कि गोली चला कर श्री गिराया तथा एक अ अस्पताल में है । जबकि चौथे की तल

विदेशमंत्री भाध सचिव सुचकुव दूबे ने के शीघ्र स्वास्थ्य-ला ने कहा कि भारत सर तथा अन्य देशों में सं की गतिविधियों बारे सरकार को भेज दी है कार्य में हर सहयोग

भारत का रो

दिल्ली (वार्ता): भारत कि वह रोमानिया में की सुरक्षा कड़ी करने अपने यहां आने से रो कहा कि भारत ने रोम कि वह उन हमलाव तेज कर दे, जिन्होंने हमला किया ।



भारतीय तेल निगम के अधिकारी के दरड़ स्वामी रिहाई की पश्चात वह अड्डे पर सवार राज्य मंत्री राजेश पायलट के साथ प्रसन्नचित्त मुद्रा में

Punjabi Parivar

...या हाथ काट दिया जाएगा।
...ने में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
...ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
...च समझौता कराने में प्रतिबंधित
...रेशन फ्रंट के एक पूर्व नेता के पिता
...ी और कुछ अन्य प्रमुख नागरिकों
...निभाई।

...ववादी छोड़ने का दावा : ...चवन ने दावा किया है कि भारतीय ...धिकारी के. दरई स्वामी के बदले ...लगाववादियों में से केवल एक के ...अपराधों के आरोप हैं । श्री चवन ने ...में दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि ...) बजे पांच अलगाववादियों को रिहा ...श्री दरई स्वामी के सुरक्षित श्रीनगर ...छठे अलगाववादी जावेद अहमद ...नत पर रिहा किया गया । जावेद पर ...राधों के आरोप हैं ।

...बताया कि पहले हुए समझौते के ...जुलाई को तीन अलगाववादियों को ...था लेकिन श्री दरई स्वामी के रिहा ...से वह प्रयास असफल रहा था ।

...मी की राष्ट्रपति से भेंट : दरई ...यहां राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन ...श्री दरई स्वामी कश्मीरी उग्रवादियों ...ने के बाद आज यहां पहुंचे । बीस ...लाकात में श्री दरई स्वामी ने अपनी ...सरकार के प्रयासों के लिए राष्ट्रपति ...दिया ।

...ई स्वामी ने पैट्रोलियम मंत्री बी. ...र गृहमंत्री शंकर राव चवन से भी ...।

...र प्रतिक्रिया : जम्मू से 'नि.स.' के ...कार जिस ढंग से श्री दरई स्वामी को रिहा ...उसे लेकर यहां मिश्रित प्रतिक्रिया पाई ...ए कांग्रेसजन और नैशनल कांफ्रेंस के ...श्री दरई स्वामी की रिहाई को सरकार की ...जीत मान रहे हैं, विभिन्न विपक्षी नेताओं ...है कि सरकार ने अलगाववादियों के ...आगे घटने टेक कर नई प्रथा स्थापित

नेता श्री भगवंत स्वरूप ने कहा कि उन्हें ...मली थी कि सुरक्षा बल श्री दरई स्वामी ...ा लेने की स्थिति में थे, परन्तु दिल्ली में ...ताओं ने बातचीत द्वारा रिहाई कराने पर ...था ।

...च यह भी सूचनाएं हैं कि राज्य प्रशासन ...न्याधिकारी इस बात से अप्रसन्न हैं कि ...ार कश्मीर में राज्य प्रशासन को ...ली बना रही है । उनमें यह भावना पाई ...कुछ राजनेता विशेषकर कश्मीर घाटी में ...प्रभावशाली हो चुके प्रशासन को पंगु ...नए जिम्मेदार हैं ।

...में 7 मरे : दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग ...एक बारूदी सुरंग फटने से दो व्यक्ति मारे ...कारियों ने बताया कि बारामूला में कल ...दियों और सुरक्षा दलों के बीच घमासान ...अन्य व्यक्ति घायल हो गए। श्रीनगर के ...दी वाले सकीदफर इलाके से आज दो बम ...। बम निरोधक दस्ते ने इन्हें नाकाम कर

...क प्रशिक्षित अलगाववादी सहित तीन ...दियों को कल पुलवामा जिले से हथियार ...बारूद के साथ गिरफ्तार कर लिया

...के अनुसार बारामूला में सुरक्षा बलों ...ववादियों के बीच हुए भीषण संघर्ष में ...मारे गए । यहां प्राप्त सूचनाओं के ...तलाशी के दौरान 12 लोगों को ...किया गया ।

...र के व्यस्त लाल चौक इलाके में ...दियों ने एक सुरक्षा वाहन पर बम फेंका । ...सुरक्षा कर्मियों और अलगाववादियों में हुई ...दो सुरक्षा कर्मी तथा दो स्कूली लड़कियां ...ई । रलाविध गांव में एक बारूदी सुरंग ...ना का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया ।

...के अनुसार बारामूला में मरने वालों में ...ववादी भी शामिल है, जबकि एक ...ने कपवाड़ा में मारा गया । बारामूला ...संघर्ष में सुरक्षा बल के 11 जवान भी ...ए ।

...राजीव-हत्या षड्यंत्र ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

...हर हैं ।

...ी ने कहा कि उग्रवादियों ने या तो इसलिए ...कि वे उसकी आड़ में भागना चाहते थे या ...दीक कुछ हलचल के कारण की, जहां ...वाली टूटी हुई लारी को हटाने की कोशिश ...।

...के अनुसार दो उग्रवादी, जो सम्भवतः ...कोशिश में बाहर आए थे, पुनः घर के ...ए। बाद में शाम 8 बजे उग्रवादियों द्वारा ...-8 राऊंड गोलियां और चलाई गईं। श्री ...ाया कि 20 अगस्त की प्रातः दिल्ली से ...कुमुक तथा आधुनिकतम सायनाइड ...क दवा के साथ चिकित्सा दल के पहुंचने ...ह साढ़े छह बजे मकान पर धावा बोला ...ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो ने दरवाजे को ...और मकान में घुस गए । उन्हें लिट्टे ...के सात शव मिले ।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां चलाईं, जिसमें एक सब इंस्पैक्टर सुखविंदर सिंह घायल हो गया। लुधियाना के सिरथला गांव में स्थित एक पुलिस चौकी पर भी हमला किया गया लेकिन किसी के घायल होने का समाचार नहीं है।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने बताया कि भटिंडा जिले के तपकाट गांव के पास हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध मिलिटैंटों को दो बंदूकों और कुछ कारतूसों सहित पकड़ लिया गया।

कालका मेल पर फायरिंग : धूरी (सिंगला) : मिलिटैंटों ने भटिंडा जा रही कालका मेल पर गोलियां चलाईं लेकिन किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। यह फायरिंग चितावाला तथा कौलसिटी नामक स्टेशन के मध्य की गई।

छलनी शव मिला : इसी जिले के गांव महला चौक के निकट से गोलियों से छलनी एक शव मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : धूरी (जैन) : गत रात यहां के निकटवर्ती गांव भुल्लरहेड़ी में मिलिटैंटों ने जगरूप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक अपने एक दोस्त के ट्यूबवैल पर सोया पड़ा था।

एक अन्य शव मिला : अमृतसर (अशोक) : अमृतसर जिले में अटारी-खेमकरण रेल लाइन के निकट से पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है।

होमगार्ड जवान और उसके पिता को घायल कर दिया : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर शहर के मकबूलपुरा इलाके में होमगार्ड के एक जवान सुलखान सिंह, उसके दो भाइयों तथा पिता हरबंस सिंह को घसीट कर उनके घर से बाहर निकाला। बाद में उन्होंने सुलखान सिंह के दोनों भाइयों को तो छोड़ दिया लेकिन उसे और उसके पिता को गोली मार दी। घायल सुलखान सिंह किसी प्रकार वहां से बच निकला। सुलखान सिंह के पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सुरक्षा गार्ड का शव मिला : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र पत्तड़ फार्म हाऊस से आज पुलिस ने विशेष पुलिस अधिकारी ज्ञान सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। वह राजनीतिक नेता दलबीर सिंह पन्नू का सुरक्षा गार्ड था। उसे मिलिटैंटों ने कल अपहृत कर लिया था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन थाना जंडियाला के गांव बंडाला में एक मिलिटैंट जरनैल सिंह उर्फ भेणी अपने साथियों की गोलियों से मारा गया ।

बच्ची का अपहरण : अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार आज रात्रि यहां के एक प्रसिद्ध होटल, जो सिविल लाइन्स में स्थित है, के बाहर से एक अज्ञात दम्पति ने रहस्यमयी परिस्थितियों में एक व्यापारी राज महेंद्र सिंह की डेढ़ वर्षीय बेटी सभीया का अपहरण कर लिया । बच्ची को नौकरानी सैर के लिए पार्क में ले जा रही थी । अपहरणकर्ता दम्पति बच्ची को लेकर मोटर साइकिल पर फरार हो गया ।

हत्या का प्रयास : रायकोट (सतेश) : यहां से 10 कि.मी. दूर उमरपुरा गांव के निकट आज प्रातः लगभग 7.30 बजे छुपे हुए दो मिलिटैंटों की फायरिंग से कामरेड निर्भय सिंह बाल बाल बच गए। फायरिंग के समय वह घर के निकट सैर में थे और फायरिंग शुरू होते ही वह जमीन पर लेट गए थे। कामरेड निर्भय सिंह के गनमैनों ने भी जवाबी फायरिंग की और मिलिटैंटों का पीछा किया लेकिन मिलिटैंट पैदल ही फरार होने में सफल हो गए। घटनास्थल से एके. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले मिलिटैंटों ने कामरेड निर्भय सिंह के घर पर भी फायरिंग की थी। उस घटना में उनकी पत्नी घायल हो गई थी।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार आज रात्रि यहां मोती नगर में पुलिस के साथ मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गये और उनके दो साथी भागने में सफल हो गए । बताया जाता है कि आज मिलिटैंटों ने अर्बन एस्टेट में दाखिल होकर वहां से एक स्कूटर पी. बी. 10-सी. 2898 को छीन लिया । अभी यह संदेश नियंत्रण कक्ष द्वारा वायरलैस पर नगर में अपने गश्ती दलों को प्रसारित किया जा रहा था कि थाना फोकल प्वाइंट के इंस्पैक्टर नरेन्द्र पाल भार्गव, जो उस समय गश्त पर थे, ने गश्त के दौरान वायरलैस संदेश पाकर मिलिटैंटों का पीछा करना शुरू कर दिया और उनका मिलिटैंटों से मुकाबला हो गया । मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका एक साथी घायल हो गया और दूसरे 2 अन्य भाग निकले, जिनकी तलाश की जा रही है ।

घायल मिलिटैंट की बाद में मृत्यु हो गई । घटनास्थल से 12 बोर का एक पिस्तौल, 12 बोर की एक राइफल और छीना हुआ स्कूटर बरामद किया गया है ।

सरकार पर देश के हित बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बेचने का आरोप

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता): लोकसभा में आज सरकार की नई औद्योगिक नीति की कड़ी आलोचना की गई और विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के हित को विश्व बैंक तथा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हाथ बेच दिया है । उद्योग मंत्रालय की अनुदान मांगों पर आज दूसरे दिन

सोवियत संघ में क्रांति विफल
(पृष्ठ 3 का शेष)

मास्को के कमांडेंट कर्नल जनरल निकोलाई कालीनिन ने कहा "आज सुबह की हिंसा में कई लोग मारे गए हैं और कुछ जख्मी हुए हैं।" 'तास' संवाद समिति ने कहा कि सोवियत संविधान के गंभीर उल्लंघन और आपात-स्थिति के दौरान की गई उत्तेजनापूर्ण टिप्पणी और हरकतों की वजह से यह दुर्घटना हुई। कर्नल जनरल कालीनिन ने कहा कि "राजधानी में कर्फ्यू लागू होने के बाद भी रूसी विधानमंडल भवन के नजदीक गार्डन रिंग रोड और न्यू अर्बट स्ट्रीट पर गश्त लगा रहे बख्तरबंद वाहनों पर हमले किए गए।

उन्होंने कहा कि कई लोगों ने शराब पी रखी थी और गश्ती दल का आदेश नहीं मान रहे थे। उन्होंने कई बसों और अन्य वाहनों को आग लगा दी।

उन्होंने कहा कि पर्चे बांट कर और रेडियो के जरिए प्रचार कर मास्को-वासियों से सड़कों पर निकल आने तथा रूसी विधानमंडल भवन की हिफाजत करने का आह्वान किया गया। इससे शहर में खतरनाक स्थिति पैदा हो गई। कर्नल जनरल कालीनिन ने कहा कि "अपराधी आग्नेयास्त्र और विस्फोटक लिए हुए थे। इन हरकतों की पहले से जानबूझ कर तैयारी कर ली गई थी।"

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अमरीकी दूतावास के समीप चाईकोवस्की मार्ग पर एक भूमिगत रास्ते से गुजर रहे टैंकों के मार्ग में लोगों ने बाधाएं खड़ी कीं । करीब एक दर्जन बसों को त्रिभुज के आकार में खड़ा कर बनाए गए अवरोध को तोड़ने के लिए टैंकों की गति तेज हो गई और गोलियां चलने लगीं । प्रदर्शनकारियों ने एक टैंक की खिड़की पर कपड़ा फैंकना चाहा, ताकि चालक को बाहर दिखाई न दे । एक व्यक्ति ने उस टैंक पर चढ़ने की कोशिश की । चालक दल ने टैंक का एक दरवाजा खोला और उस व्यक्ति को गोली मार दी । इस घटना के बाद वहां सैकड़ों की संख्या में कुछ नागरिकों ने बख्तरबंद गाड़ियों को घेर कर शर्म-शर्म के नारे लगाए और उन पर पांच गोले फैंके ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के नागरिकों ने एक झड़प के बाद नौ बख्तरबंद वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया और जीत की खुशी मनाते हुए उन्हें चलाकर रूसी संसद भवन ले गए।

वेचर ने गोर्बाच्योव की कुशल-क्षेम पूछी : लंदन (प.स.): सोवियत संघ के रूसी गणराज्य के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने ब्रिटेन की भूतपूर्व प्रधानमंत्री मारगेट थैचर से श्री मिखाइल गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य की जांच के लिए प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय जांच दल का नेतृत्व करने को कहा है । श्री येल्तसिन की एक सहयोगी जी. स्टारोवोइतोवा ने यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि कल श्रीमती थैचर ने श्री येल्तसिन को टैलीफोन करके मास्को के ताजा हालात पर बातचीत की और श्री गोर्बाच्योव के बारे में पूछा । सुश्री स्टारोवोइतोवा ने ब्रिटेन के टैलीविजन को बताया कि श्री येल्तसिन गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य के बारे में श्रीमती थैचर को विस्तार से बताना चाहते थे, लेकिन श्रीमती थैचर अपने मित्र श्री गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य के बारे में ही ज्यादा पूछताछ करती रहीं । श्री येल्तसिन ने उनसे श्री गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य की जांच करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय आयोग का संयोजक बनने को कहा और श्रीमती थैचर इसके लिए राजी हो गईं । इस आयोग में विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक प्रतिनिधि और एक नोबल पुरस्कार विजेता व्यक्ति को शामिल किया जाएगा ।

पाकिस्तान से पिस्तौल लेकर आ रही महिला गिरफ्तार

अमृतसर, 21 अगस्त (प.स.): एक भारतीय महिला को कल शाम लाहौर से आने पर अटारी रेलवे स्टेशन पर हथियारों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया ।

नफीसा बेगम नाम की यह 35 वर्षीया महिला सहारनपुर की रहने वाली है तथा उस समय पकड़ी गई जबकि वह अटारी-दिल्ली एक्सप्रेस में सवार हो रही थी । उसके पास से 9 एम.एम. का एक पिस्तौल बरामद हुआ । कस्टम के कलेक्टर श्री एम.एस. नेगी ने बताया कि जब यह महिला मैटल डिटैक्टर द्वार से होकर गुजर रही थी तो उसके सामान में इस पिस्तौल के होने का पता चला । उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों में यह इस प्रकार का दूसरा मामला है ।

श्री नेगी ने बताया कि जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि यह महिला दिल्ली से विमान द्वारा लाहौर गई थी तथा वहां से दिल्ली के लिए रेलगाड़ी से आ रही थी ।

इस महिला ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया कि यह पिस्तौल एक पाकिस्तानी व्यक्ति ने सहारनपुर के एक आदमी के लिए भिजवाया था । इस औरत को पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया है ।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई

नई दिल्ली, 21 अगस्त (प.स.): प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्रियों तथा नागरिक आपूर्ति से सम्बद्ध राज्यमंत्रियों की एक बैठक बुलाई है, जिसमें जनवितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए पगों पर विचार किया जाएगा । इस सम्बन्ध में नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिवों की बैठक कल बुलाई जा रही है ।



सोवियत संघ के अपदस्थ राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के प्रमुख सलाहकार एलेग्जैंडर याक... गत दिवस मास्को सिटी कौंसिल भवन से मास्कोवासियों को सम्बोधित करते हुए । श्री एलेग्... मांग की है कि श्री गोर्बाच्योव को सोवियत संघ के लोगों को सम्बोधित करने की अनुमति दी ज... भवन की बालकोनी पर लगे बैनर पर लिखा है, "सत्ता परिवर्तन करने वालों पर भरोसा न... जाएगा । उनका साथ मत दें ।" (छाया...

टी.डी.एस. लाटरी व्यवसाय को ले डूबे

नई दिल्ली, 21 अगस्त : भारत सरकार ने इस बार बजट में एक नया सैक्शन-194 जी. डाला है, जिसके अनुसार टी.डी.एस. यानी स्रोत पर कर की कटौती लाटरी के इनामों पर लाटरी एजैंटों, सैलरों और स्टाकिस्टों को दी जाने वाली राशि पर भी लागू होगी'। यह कर 10% रखा गया है । लाटरी एजैंटों, सैलरों और स्टाकिस्टों को दी जाने वाली राशि पर टी.डी.एस. लगाने के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए लाटरी आर्गेनाइजर्स एसोसिएशन के सचिव श्री अजय मेरी ने लाटरी टिकटों की बिक्री की प्रक्रिया के बारे में बताया कि सबसे पहले किसी राज्य या सोसायटी को राज्य सरकार से लाटरी चलाने की आज्ञा लेनी पड़ती है । उसके बाद वह राज्य सरकार या सोसायटी एक निश्चित राशि की प्राप्ति की गारंटी पर लाटरी चलाने और उसके टिकटों की बिक्री के लिए एक आर्गेनाइजिंग एजैंट नियुक्त करती है । वह आर्गेनाइजिंग एजैंट फिर स्टाकिस्ट नियुक्त करता है । स्टाकिस्ट लाटरी टिकट आगे एजैंट को बेचता है तथा एजैंट अपने छोटे-छोटे लाटरी विक्रेताओं (जिन्हें लाटरी सैलर कहा जाता है) को बेचता है । इन लाटरी सैलरों की संख्या लाखों में है । यह अनगिनत सैलर देश के छोटे-छोटे गांवों, कस्बों और शहरों में व्यापक रूप से फैले हैं ।

प्रायः लाटरी के ड्रा में बड़े इनामों के अलावा रु. 5/- से लेकर रु. 5,000/- तक के हजारों छोटे पुरस्कार भी होते हैं । इन सभी पुरस्कारों पर लाटरी एजैंटों तथा सैलरों के लिए भी थोड़ी-थोड़ी राशि के पुरस्कार होते हैं । एक उदाहरण देते हुए लाटरी आर्गेनाइजर्स एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव मैम्बर तथा मै. वी. कुमार लाटरीवाला के भागीदार श्री दीपक कुमार ने बताया कि अगर एक लाख 5/- वाले 40000 पुरस्कार हैं तो 40000 पुरस्कार एजैंटों के लिए भी हो 40000 पुरस्कार ही सैलरों के लिए भी

अगर 5 रुपए के इनाम पर एजैंट की राशि 5 रुपए है तो 50-50 पैसे के 40000 पुरस्कारों पर टी.डी.एस. कटेगा तरह अगर सैलर की इनाम राशि 5 रु 50-50 पैसे के हिसाब से 40000 उन पर भी टी.डी.एस. और कटेगा । यानी सि के इनाम पर ही एक ड्रा में ही 80000 पर टी.डी.एस. काटना पड़ेगा । लाटरी व इतने ज्यादा पुरस्कार होते हैं और क्योंकि ड्रा तो हर रोज ही होते हैं इसलिए इतने सा का विवरण बना कर टी.डी.एस. क अप्रायोगिक और असम्भव कार्य है ।

इसी बात का समर्थन करते हुए मै. कम्पनी के स्वामी श्री करण लथरा ने टिप्प हर रोज लाखों सैलरों जिनसे आर्गेनाइजि सीधा सम्बन्ध नहीं है, न वह उनके नाम- है, उनके 50 पैसे से लेकर 5 रुप छोटी-छोटी राशियों के टी.डी.एस. टी.डी.एस. सर्टीफिकेट देना नामुमकिन है कर की कटौती के नियम के अनुसार सर्टीफिकेट पर जिस व्यक्ति का टी.डी. जाता है, उसका नाम-पता होना आव अगर लाखों की संख्या में रोज टी.डी.एस. बनने लगे तो कागज, समय और जबरदस्त बर्बादी होगी ।

वी. कुमार लाटरीवाला के श्री दीपक सुझाव दिया कि अगर सरकार के लिए ल तथा सैलरों को दी जाने वाली राशि पर लगाना बहुत जरूरी है तो उसे चाहिए कि लिए एक न्यूनतम राशि निर्धारित कर अनुसार रु. 1000 से ऊपर के इनामों प एजैंटों तथा सैलरों का टी.डी.एस. कटन

अगर सरकार ने उपरोक्त बातों पर बिना टी.डी.एस. लागू किया तो यह नि देश में लाटरी व्यवसाय मर जाएगा और खत्म हो गई तो राज्य सरकारों को लाटरी से हर वर्ष हो रही करोड़ों रुपए की आ जाएगी । केंद्र सरकार को भी लाटरी आयकर के रूप में होती है, वह भी समाप्त और सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे वे छोटे- जो बहुत छोटी-सी धन राशि से लाट सम्मानपूर्वक अपना गुजारा करते अधिकतर लोग अशिक्षित और बहुत से हैं । अगर लाटरी बंद हो गई तो यह बेरोजगार हो जाएंगे और बर्बादी के क जाएंगे । ये बेरोजगार लोग किसी और इतने स्व-रोजगार के अवसर प्राप्त क कभी नहीं ।

निर्यातक मुद्रा आपूर्ति में तंगी के लिए तैयार रहें : चिदम्बरम

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता): केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पी. चिदम्बरम ने आज कहा कि पिछले ग्यारह सालों में भुगतान संतुलन में कुल 70 अरब डालर का घाटा रहा है । उन्होंने बताया कि पिछले साल व्यापार घाटा 5.7 अरब डालर रह गया । श्री चिदम्बरम आज यहां व्यापार घरानों की एक खुली बैठक को सम्बोधित कर रहे थे । बैठक का आयोजन फैडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (फियो) ने किया था । श्री चिदम्बरम ने बताया कि प्रत्येक तीन रुपए के निर्यात के लिए हम चार रुपए का आयातित सामान प्रयोग करते हैं । हम साधारण मुद्रा क्षेत्र से आयात नहीं कर सकते और रुपए भुगतान क्षेत्र को निर्यात नहीं कर सकते । सरकार ऐसी निर्यात व्यवस्था को, जिसमें सरकारी सहायता देनी पड़ती है और जो हितकारी नहीं है अधिक समय तक जारी नहीं रख सकती । उन्होंने निर्यातकों से कुछ समय तक मुद्रा आपूर्ति में तंगी वाली स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया ताकि निर्यात को देश के लिए लाभदायक बनाया जा सके ।

यशवंत सिन्हा की गिरफ्तारी पर रेलमंत्री द्वारा खेद व्यक्त

नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता): रेलवे मंत्री जाफर शरीफ ने आज लोकसभा में पूर्व वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा तथा पूर्व सांसद हरीश रावत की रेलवे सुरक्षा बल के कुछ कर्मचारियों के साथ अपने निवास स्थान पर गिरफ्तारी पर खेद व्यक्त किया।

सदन के सदस्यों की पूछताछ पर रेलमंत्री ने अपने निवास स्थान पर धरने के समय इन नेताओं की गिरफ्तारी की जानकारी दी। धरना देने वाले व्यक्ति रेलवे सुरक्षाबल को अपना संघ बनाने और मजदूर संघ की गतिविधियां शुरू करने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे।

श्री शरीफ ने बताया कि उन्होंने पुलिस से कह दिया था कि वह शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों से छेड़छाड़ न करें। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पुलिस ने यह कार्रवाई उनका निवास स्थान निषिद्ध क्षेत्र में होने के कारण की।

सोमाली प्रधानमंत्री

फ्रैंड्ज़ सिटीजन कौंसिल लड़कियों का विवाह क

लुधियाना, 21 अगस्त (महिन्... सिटीजन कौंसिल के प्रधान श्री रमे... घोषणा की है कि उनकी संस्था सीता मा... वाले दिन दो निर्धन लड़कियों का विवाह करेगी । श्री रमन ने कहा है कि यदि विधवा को आर्थिक सहायता की आवश्य... वह उनकी संस्था से सम्पर्क करें ।

रक्तदान शिविर 2

लुधियाना, 21 अगस्त (महिन्द्रा): कौंसिल ने घोषणा की है कि वे इन्सानियत रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी शामिल करेंगी । परिषद के प्रधान श्... सिंह चन्नी ने आज यहां पत्रकारों से बा... हुए बताया कि कौंसिल अपनी सदस्... डाक्टरों तथा औषधियां बेचने वालों क... करेगी, जो निर्धन बीमारों को सस्ता उप... कराएंगे । श्री चन्नी ने बताया कि उ... लुधियाना में 23 अगस्त को रक्तदान... आयोजन कर रही है ।

Punjab Archive

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

गोलियां चलाईं, जिससे एक सब इंस्पैक्टर सुखविंदर सिंह घायल हो गया। लुधियाना के सिरथला गांव में स्थित एक पुलिस चौकी पर भी हमला किया गया लेकिन किसी के घायल होने का समाचार नहीं है।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने बताया कि भटिंडा जिले के तपकोट गांव के पास हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध मिलिटैंटों को दो बंदूकों और कुछ कारतूसों सहित पकड़ लिया गया।

कालका मेल पर फायरिंग : धूरी (सिंगला) : मिलिटैंटों ने भटिंडा जा रही कालका मेल पर गोलियां चलाईं लेकिन किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। यह फायरिंग चितावाला तथा कौलसिटी नामक स्टेशन के मध्य की गई।

छलनी शव मिला : इसी जिले के गांव महला चौक के निकट से गोलियों से छलनी एक शव मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : धूरी (जैन) : गत रात यहां के निकटवर्ती गांव भुल्लरहेड़ी में मिलिटैंटों ने जगरूप सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक अपने एक दोस्त के ट्यूबवैल पर सोया पड़ा था।

एक अन्य शव मिला : अमृतसर (अशोक) : अमृतसर जिले में अटारी हरिकरण रेल लाइन के निकट से पुलिस ने एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है।

होमगार्ड जवान और उसके पिता को घायल कर दिया : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर शहर के मकबूलपुरा इलाके में होमगार्ड के एक जवान सुलखान सिंह, उसके दो भाइयों तथा पिता हरबंस सिंह को घसीट कर उनके घर से बाहर निकाला। बाद में उन्होंने सुलखान सिंह के दोनों भाइयों को तो छोड़ दिया लेकिन उसे और उनके पिता को गोली मार दी। घायल सुलखान सिंह किसी प्रकार वहां से बच निकला। सुलखान सिंह के पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सुरक्षा गार्ड का शव मिला : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र पल्ला फार्म हाऊस से आज पुलिस ने विशेष पुलिस अधिकारी ज्ञान सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। वह राजनीतिक नेता दलबीर सिंह पल्ला का सुरक्षा गार्ड था। उसे मिलिटैंटों ने कल अपहृत कर लिया था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन थाना जंडियाला के गांव बंडाला में एक मिलिटैंट उरनैल सिंह उर्फ भैणी अपने साथियों की गोलियों से मारा गया।

बच्ची का अपहरण : अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनुसार आज रात्रि यहां के एक प्रसिद्ध होटल, जो सिविल लाइन्स में स्थित है, के बाहर से एक अज्ञात दम्पति ने रहस्यमयी परिस्थितियों में एक व्यापारी राज महेंद्र सिंह की डेढ़ वर्षीय बेटी समीया का अपहरण कर लिया। बच्ची को नौकरानी सैर के लिए पार्क में ले जा रही थी। अपहरणकर्ता दम्पति बच्ची को लेकर मोटर साइकिल पर फरार हो गया।

हत्या का प्रयास : रायकोट (राकेश) : यहां से 10 कि.मी. दूर उमरपुरा गांव के निकट आज प्रातः लगभग 7.30 बजे छुपे हुए दो मिलिटैंटों की फायरिंग से कामरेड निर्मल सिंह बाल बाल बच गए।

सोवियत संघ
(पृष्ठ 3

मास्को के कमांडैंट
कालीनिन ने कहा "आज
मारे गए हैं और कुछ ज
समिति ने कहा कि सं
उल्लंघन और आपात-
उत्तेजनापूर्ण टिप्पणी औ
दुर्घटना हुई। कर्नल जन
"राजधानी में कर्फ्यू ल
विधानमंडल भवन के न
न्यू अर्बट स्ट्रीट पर गश्त
पर हमले किए गए।

उन्होंने कहा कि कई
और गश्ती दल का आदे
कई बसों और अन्य वाह

उन्होंने कहा कि पर्चे
ज़रिए प्रचार कर मास्
निकल आने तथा रूसी
हिफ़ाज़त करने का आह्व
में खतरनाक स्थिति पैद
कालीनिन ने कहा कि
विस्फोटक लिए हुए थे
जानबूझ कर तैयारी कर

प्रत्यक्षदर्शियों ने ब
के समीप वाईबोर्ग्स्की
से गुज़र रहे टैंकों के मा
कीं। करीब एक दर्जन
खड़ा कर बनाए गए अव
की गति तेज हो गई अ
प्रदर्शनकारियों ने एक
फैंकना चाहा, ताकि चाल
एक व्यक्ति ने उस टैंक प
चालक दल ने टैंक का ए
व्यक्ति को गोली मार दी
सैंकड़ों की संख्या में ल
गाड़ियों को घेर कर श
उन पर पांच गोले फैंके

एक अन्य रिपोर्ट
नागरिकों ने एक झड़प
को अपने कब्जे में ले लि
हुए उन्हें चलाकर रूसी

थैचर ने गोर्ब
पूछी : लंदन (प.स.
राष्ट्रपति ब
भूतपूर्व प्रधानमंत्री मार
गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य
अन्तर्राष्ट्रीय जांच दल क
श्री येल्तसिन की एक स
यह जानकारी दी। उन
थैचर ने श्री येल्तसिन क
ताज़ा हालात पर बातची
बारे में पूछा। खुश्
ब्रिटिश टैलीविज़न क
सोवियत संघ के हालात
विस्तार से बताना चाह
अपने मित्र श्री गोर्बाच्यो
ज्यादा पूछताछ करती
श्री गोर्बाच्योव के स्वा
अन्तर्राष्ट्रीय आयोग का

Punjab Archive

निकाला। बाद में उन्होंने सुलतान सिंह के दोनों भाइयों को तो छोड़ दिया लेकिन उसे और उनके पिता को गोली मार दी। घायल सुलतान सिंह किसी प्रकार वहां से बच निकला। सुलतान सिंह के पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सुरक्षा गार्ड का शव मिला : अमृतसर के बाहरी क्षेत्र पक्खू फार्म हाऊस से आज पुलिस ने विशेष पुलिस अधिकारी ज्ञान सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। वह राजनीतिक नेता दलबीर सिंह पक्खू का सुरक्षा गार्ड था। उसे मिलिटैंटों ने कल अपहृत कर लिया था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : तरनतारन थाना जंडियाला के गांव बंडाला में एक मिलिटैंट जरनैल सिंह उर्फ भैणी अपने साथियों की गोलियों से मारा गया ।

बच्ची का अपहरण : अमृतसर से प्राप्त सूचना के अनसार आज रात्रि यहां के एक प्रसिद्ध होटल, जो सिविल लाइन्स में स्थित है, के बाहर से एक अज्ञात दम्पति ने रहस्यमयी परिस्थितियों में एक व्यापारी राज महेंद्र सिंह की डेढ़ वर्षीय बेटी सर्मीता का अपहरण कर लिया । बच्ची को नौकरानी सैर के लिए पार्क में ले जा रही थी । अपहरणकर्ता दम्पति बच्ची को लेकर मोटर साइकिल पर फरार हो गया ।

हत्या का प्रयास : रायकोट (राकेश) : यहां से 10 कि.मी. दूर उमरपुरा गांव के निकट आज प्रातः लगभग 7.30 बजे छपे हुए दो मिलिटैंटों की फायरिंग से कामरेड निर्भय सिंह बाल-बाल बच गए। फायरिंग के समय वह घर के निकट खेतों में थे और फायरिंग शुरू होते ही वह जमीन पर लेट गए थे। कामरेड निर्भय सिंह के गनमैन ने भी जवाबी फायरिंग की और मिलिटैंटों को पीछा किया लेकिन मिलिटैंट पैदल ही फरार होने में सफल हो गए। घटनास्थल से एक .30 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले मिलिटैंटों ने कामरेड निर्भय सिंह के घर पर भी फायरिंग की थी। उस घटना में उनकी पत्नी घायल हो गई थी।

मठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना से 'महिन्द्रा' के अनुसार आज रात्रि यहां मोती नगर में पुलिस के साथ मकाबले में दो मिलिटैंट मारे गये और उनके दो साथी भागने में सफल हो गए । बताया जाता है कि आज मिलिटैंटों ने अर्बन एस्टेट में दाखिल होकर वहां से एक स्कूटर पी.बी.10-सी. 2898 को छीन लिया । अभी यह संदेश नियंत्रण कक्ष द्वारा वायरलैस पर नगर में अपने गश्ती दलों को प्रसारित किया जा रहा था कि थाना फ्लैकल प्वाइंट के इंस्पैक्टर नरेन्द्र पाल भार्गव, जो उस समय गश्त पर थे, ने गश्त के दौरान वायरलैस संदेश पाकर मिलिटैंटों का पीछा करना शुरू कर दिया और उनका मिलिटैंटों से मकाबला हो गया । मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका एक साथी घायल हो गया और दूसरे 2 अन्य भाग निकले, जिनकी तलाश की जा रही है ।

घायल मिलिटैंट की बाद में मृत्यु हो गई । घटनास्थल से 12 बोर का एक पिस्तौल, 12 बोर की एक राइफल और छीना हुआ स्कूटर बरामद किया गया है ।

सरकार पर देश के हित बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बेचने का आरोप

एक व्यक्ति ने उस टैक्स पर चालक दल ने टैंक का एक व्यक्ति को गोली मार दी । सैंकड़ों की संख्या में क्रुद्ध गाड़ियों को घेर कर शर्म- उन पर पांच गोले फैंके ।

एक अन्य रिपोर्ट के नागरिकों ने एक झड़प के को अपने कब्जे में ले लिया हुए उन्हें चलाकर रूसी स

थैचर ने गोर्बाच्यो पूछी : लंदन (प.स.): गणराज्य के राष्ट्रपति मिखा भूतपूर्व प्रधानमंत्री मारगरि गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य की अन्तर्राष्ट्रीय जांच दल का न श्री येल्तसिन की एक सहयो यह जानकारी दी । उन्होंने थैचर ने श्री येल्तसिन को टै ताज़ा हालात पर बातचीत के बारे में पूछा । श्रीमती थै इंडिपैंडैंट टैलीविज़न को सोवियत संघ के हालात के विस्तार से बताना चाहते अपने मित्र श्री गोर्बाच्योव ज्यादा पूछताछ करती रहीं श्री गोर्बाच्योव के स्वास्थ्य अन्तर्राष्ट्रीय आयोग का सद श्रीमती थैचर इसके लिए रा में विश्व स्वास्थ्य संगठन क नोबल पुरस्कार विजेता ज जाएगा ।

पाकिस्तान से आ रही महिल

अमृतसर, 21 अगस्त महिला को कल शाम ला रेलवे स्टेशन पर हथियारों गिरफ्तार कर लिया गया

नफीसा बेगम नाम की सहारनपर की रहने वाली गई जबकि वह अटारी-दिल्ली रही थी । उसके पास से पिस्तौल बरामद हुआ । एम.एस. नेगी ने बताया कि डिटैक्टर द्वार से होकर गुजर में इस पिस्तौल के होने का कि पिछले 15 दिनों में मामला है ।

श्री नेगी ने बताया कि पता चला कि यह महिला लाहौर गई थी तथा वहां से आ रही थी ।

इस महिला ने प्रारंभि बताया कि यह पिस्तौल ए सहारनपर के एक आदमी इस औरत को पछताछ के दिया गया है ।

प्रधानमंत्री ने की बैठक

नई दिल्ली, 21 अगस्त पी.वी. नरसिम्हाराव ने शाम

Punjabi Sahit

नों की फिश प्लेटें हटा दीं,
टरी से उतर गए ।

ऊदी 'दूल्हा' न
न अमीर

गस्त (वार्ता): सऊदी अरब
पति के किसी नागरिक का
करना प्रतिबंधित है, इसलिए
से अपील की थी कि वह
स्लम संस्थानों और केंद्रों को
ो अनुमति के बिना विवाह
र्थों और सऊदियों के विवाह
र से बचने के लिए दो वर्ष
ंत्रालय को भेजा गया था ।
हया अमद मोहम्मद अल
के निकाह से छिड़े विवाद के
ने कहा कि सऊदी गृह
के बाद दूताबास दल्हन के
। दल्हा-दल्हन की आयु
आर्थिक स्थिति के बीच
ा है । इसके अतिरिक्त
हमति भी ली जाती है ।
हा है कि न्यायिक हिरासत
नहीं है और न ही शेख या
सेवानिवृत्ति से पहले वह

फ़सी से
: चवन

चाल वर्ष में अब तक 35
घुसपैठियों और सीमा पार
या रोका गया।
चौधरी ने कहा कि पंजाब
को अपनी ओर से वहां के
प्रयास करना चाहिए और
ने की कोशिश करनी

कि पंजाब में मिलिटैंटों का
समितियों का गठन किया
जानना चाहा कि क्या
कोई ठोस उपाय कर रही

प्रश्न के उत्तर में कहा कि
210 गांवों में लोगों को
ा चुके हैं।
ंत्री के एक प्रश्न के उत्तर में
ब के भटके नौजवानों को
ने के लिए राज्य के नए
वश्यक कदम उठाएंगे।
गृहमंत्री चवन ने कहा कि
ड़ाने के लिए निष्ठापूर्वक
ई तथा इसके लिए कोई भी
ष्ठ 6 पर)

विश्वास का प्रस्ताव रखने पर भाजपा ने विरोध किया है ।

श्री वाजपेयी ने कहा कि भाजपा लोकसभा में प्रस्तावित बजट में कटौती प्रस्तावों पर जोर देकर मतदान की मांग करेगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस

तथा पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट शामिल हैं।

ज. (रिटा.) ओपी. मल्होत्रा के स्थान पर इस गड़बड़ग्रस्त राज्य के राज्यपाल का पद संभालने के बाद श्री सुरेन्द्र नाथ पहली बार दिल्ली गए है।

12 पाक घुसपैठिए मारे गए : अन्यत्र अज्ञात घुसपैठिए सहित 6 मिलिटैंट मरे, 6 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 अगस्त (वार्ता, प.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 12 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया जबकि विभिन्न घटनाओं में एक अन्य अज्ञात घुसपैठिए सहित 6 मिलिटैंट मारे गए तथा 6 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा राज्य में राजपुरा भाजपा के उपाध्यक्ष व सुरक्षा कर्मी सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य का अपहरण कर लिया गया । विध्वंसक गतिविधियों के कारण एक नहर में दरार उत्पन्न हो जाने से बाढ़ आने का खतरा भी पैदा हो गया है ।

12 पाक घुसपैठिए मारे गए : अमृतसर से प्राप्त समाचार में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर जिले में भारत-पाक सीमा के भिखीविंड क्षेत्र में धोल के निकट 12 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

अमृतसर की एक खबर में सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया है कि धेह कलां चौकी के पास से भारतीय सीमा में घुसपैठ का प्रयास करने वाले आठ पाकिस्तानी मारे गए और 4 अन्य घुसपैठिए भिखीविंड क्षेत्र में ढाल चौकी के पास मारे गए ।

सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने बताया कि घुसपैठियों को घुसपैठ में मदद देने के लिए पाकिस्तानी रेंजरों ने गोलियां चलाईं ।

प्रवक्ता ने बताया कि जिस क्षेत्र में घुसपैठ हुई, वहां कर्फ्यू लगा है । सीमा सुरक्षा बल द्वारा गोलियां चलाए जाने पर कई घुसपैठिए वापस पाक सीमा में भाग गए ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर के कीरतगढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों ने कल रात एक मुठभेड़ में 2 मिलिटैंटों को मार गिराया और उनके पास से एक माऊजर तथा एके. 47 राइफल की मैगजीन बरामद की।

आपसी संघर्ष में मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिले के वडाला गांव में कल रात दो गिरोहों के आपसी संघर्ष में जरनैल सिंह नाम के एक मिलिटैंटों की उसके विरोधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी।

कांस्टेबल की हत्या : कपूरथला जिले के पंडोरी राजपूताना में आज तड़के कांस्टेबल गुरचरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

अज्ञात शव बरामद : पुलिस ने मजीठा पुलिस जिले के मगत गांव में आज सुबह गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

कम्युनिस्ट नेता पर हमला : पुलिस ने बताया कि मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के उमरपुरगांव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नीरभाई सिंह पर गोलियां चलाईं लेकिन निशाना चूक गया। उनके अंगरक्षकों ने भी गोलियां चलाईं जिसके परिणामस्वरूप मिलिटैंट घटनास्थल से भाग गए।

एक व्यक्ति का अपहरण : पुलिस के अनुसार मिलिटैंट मजीठा जिले के जगदेव कलां में दलबीर सिंह के घर घुसे और उसके पुत्र बलबीर सिंह का अपहरण कर लिया। मिलिटैंट घर से एक राइफल भी उठा कर ले गए है।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला और जालंधर जिलों से हथियार और गोली-बारूद के साथ चार संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जालंधर से प्राप्त एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने बृजमोहन नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करने की घोषणा की है। उसके कब्जे से 9 मि.मी. बोर का एक पिस्तौल व 4 कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस के अनुसार मजीठा पुलिस जिले में आज खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक कुख्यात मिलिटैंट सहित दो

(शेष पृष्ठ 6 पर)



रय्या के निकट मिलिटैंटों के आपसी झगड़े में मारे गए (ऊपर) गुरिन्दर सिंह बिट्टू तथा (नीचे) बलवंत सिंह सिपाही के शव । (छाया : फांके)

Punjabi Sarat.com

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

संदिग्ध मिलिटैंटों की एक प्रतिद्वंद्वी मिलिटैंट संगठन ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।

इनकी शिनाख्त पूर्व पुलिस कांस्टेबल बेअंत सिंह और सुरेन्द्र सिंह के रूप में हुई।

अज्ञात शव मिला : जिला होशियारपुर के बस्सी जलाल क्षेत्र में से आज तड़के एक अज्ञात शव मिला है।

अज्ञात घुसपैठिए का शव मिला : गत रात्रि थाना गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में से एक अज्ञात घुसपैठिए का शव बरामद किया गया है।

भाजपा उपाध्यक्ष सहित 2 की हत्या, 6 अन्य घायल : (भूषण): भाजपा की राजपुरा इकाई के उपाध्यक्ष वैद्य जय भगवान व उनके एक मरीज़ कुलवंत सिंह की गत सायं 7.30 बजे गांव हरपालपुरा में स्थित उनके क्लीनिक में दो अज्ञात मिलिटैंटों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । इस गोलीकांड में 6 अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए जिनके नाम राममूर्ति, कुलजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, नसीब सिंह, जगीर सिंह, रणजीत सिंह व एक वर्षीय बच्चा रमेश कुमार है ।

वैद्य जय भगवान को गम्भीर हालत में राजिन्दरा अस्पताल लाया गया, जहां वह घावों की ताव न सहते हुए चल बसे जबकि कुलवंत सिंह घटना स्थल पर ही दम तोड़ गया था । राजपुरा पुलिस ने धारा 302, 307, 34 के अधीन केस दर्ज कर लिया है ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कलानौर के गांव लोपो में गत रात 4 मिलिटैंटों ने फायरिंग करके गुरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हत्यारों ने एके 47 राइफलों का प्रयोग किया था।

नहर में दरार : संगरूर (गर्ग): आज प्रातः यहां से 20 कि.मी. दूर कुछ शरारती तत्वों ने बबनपुर



जिला संगरूर सी.पी.आई. की समिति का सदस्य व सरपंच केवल कृष्ण तुरबंजारा जिसकी 20 अगस्त को सायं 6.30 बजे मिलिटैंटों ने हत्या कर दी ।



भैलटप के निकट मिलिटैंटों के हाथों मारे गए एक पूर्व सिपाही गुरचरण सिंह का पुराना चित्र (छाया : गोगना)

नहर में दरार उत्पन्न कर दी है।

प्राप्त सूचना के अनुसार आज तड़के 4.30 बजे गांव बाठां व संसार के मध्य स्थित उक्त नहर में विध्वंसक कार्रवाई करके 50 फुट से भी अधिक बड़ी दरार उत्पन्न कर दी गई है तथा घटना के समय नहर में 2400 क्यूबिक फुट पानी बह रहा था। इस नहर में दरार आ जाने से मलार गांव पानी में डूब गया है जबकि सम्बन्धित अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ रोपड़ हैडवर्क्स को गांव में पानी का बहाव रोकने को कह दिया गया है।

बताया जाता है कि नहर में यह दरार मोटर पटड़ी दिशा की ओर से उत्पन्न की गई। इस नहर की कुल चौड़ाई 175 फुट है। इस दरार के कारण कई और गांवों के डूब जाने का भी खतरा है।

नवयुवक की हत्या : मानसा (मेहता) यहां से 24 कि.मी. दूर गांव जोगा में मिलिटैंटों ने राजकुमार अग्रवाल नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

प्राप्त सूचना के अनुसार गत रात्रि 9.30 बजे 3 मिलिटैंट राजकुमार के घर आए तथा उसे जबरदस्ती बाहर ले गए और उससे किसी व्यक्ति के मकान का पता पूछा परन्तु उसने इन्कार कर दिया जिस पर मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

2 मिलिटैंट फरार : एक अन्य घटना में गत रात्रि दलानगल गांव में 2 मिलिटैंट कुंदन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर आए । मगर उसने शोर मचा दिया जिससे उसके पड़ोसी एकत्र हो गए तथा इसी दौरान मिलिटैंट फरार हो जाने में सफल हो गए ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : जलालाबाद (अनेजा): स्थानीय पुलिस ने आज यहां गश्त के दौरान 2 मिलिटैंटों को हथियारों व गोली-सिक्के सहित गिरफ्तार कर लिया है । इन मिलिटैंटों की पहचान रणजीत सिंह व शेर सिंह के रूप में हुई है ।

कालका मेल पर फायरिंग : संगरूर जिले में कौल छेड़ी और छेतोंवाली स्टेशनों के मध्य 87 अप कालका मेल ट्रेन पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग की । किसी प्रकार की हानि की सूचना नहीं है ।

एरिया कमांडर गिरफ्तार : जालन्धर : आज रात्रि थाना सदर के गांव मीरपुर-मंड के मध्य रेलवे फाटक के निकट पुलिस के साथ हुए संक्षिप्त मुकाबले के बाद एक मिलिटैंट गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया । बताया जाता है कि थाना सदर के एस.एच.ओ. फाटक के निकट से गुजर रहे तो उन पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट गुरचरण सिंह उर्फ कमलजीत सिंह ने आत्म-समर्पण कर दिया, जो पी.ए.पी. का एक डिसमिस सिपाही है । वह थाना मेहता के गांव फरदेवो का निवासी था और उसने अपने संगठन का नाम कमलजीत रखा हुआ था । वह दशमेश रैजिमैंट आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर है । उसके कब्जे से पुलिस ने एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक मैगजीन, कुछ खोल बरामद किए हैं ।

डैंटल डाक्टरों की सेवाएं नियमित करने का फैसला

चंडीगढ़, 22 अगस्त (गुप्ता): पंजाब सरकार ने 1978 व 1982 में तदर्थ आधार पर नियुक्त किए गए डैंटल डाक्टरों की सेवाएं नियमित करने का फैसला किया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि इन पदों को पंजाब लोक सेवा आयोग के अधिकार क्षेत्र से निकाल दिया गया है ।

गोर्बाच्योव मास्को लौटे

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री येल्तसिन लगभग 15 माह पहले रूस गणराज्य के राष्ट्रपति बने थे । तब से वह लगातार श्री गोर्बाच्योव पर सुधारों में तेजी लाने के लिए दबाव डालते रहे हैं । अब श्री गोर्बाच्योव अगर गणराज्यों को अधिकार देना जारी रखते हैं तो इससे श्री येल्तसिन की छवि ही बनेगी और अगर वह गणराज्यों की ज्यादा अधिकारों की मांग नजरंदाज करेंगे तो श्री येल्तसिन राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें चुनौती दे सकते हैं ।

सेना व के.जी.बी. के अधिकारों में कटौती होगी : इस समूचे प्रकरण में नक्सान विद्रोह की साजिश रचने वाले नेताओं, सेना और के.जी.बी. को पहुंचा है । विद्रोह करने वालों के खिलाफ देशद्रोह के मामले में जांच की जाएगी । विद्रोह की नाकामी के बाद सेना और के.जी.बी. के अधिकारों में और कटौती होगी । खासकर कम्यूनिस्ट पार्टी की छवि को इस विद्रोह से काफी ठेस पहुंची है ।

विद्रोह में किसका हाथ था ? : मलीबू कैलिफोर्निया (ए.पी.): विश्व शतरंज चैम्पियन सोवियत संघ के कास्पारोव ने कहा है कि उनके देश में तख्ता पलटने की कार्रवाई में सम्भवतः खुद श्री मिखाइल गोर्बाच्योव का ही हाथ है । यहां विश्राम कर रहे कास्पारोव ने आज कहा, मैं समझता हूं कि इसमें गोर्बाच्योव का हाथ है लेकिन अभी यह कहना मुश्किल है कि वह किस हद तक शामिल थे । मेरे विचार से उन्होंने (गोर्बाच्योव ने) तख्ता पलटने वालों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि यह देश में उनकी लोकप्रियता को बढ़ाने का एकमात्र मौका था ।"

उल्लेखनीय है कि अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने तख्ता पलट में गोर्बाच्योव का हाथ होने की बात को हास्यास्पद बताया है ।

अट्ठाइस वर्षीय कास्पारोव ने सोमवार की रात को एक टैलीविजन कार्यक्रम में कहा था कि सोवियत संघ में आया संकट कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा । उन्होंने आज कहा कि उन्हें इस बात पर खुशी है कि उनकी बात सही साबित हुई ।

श्री गोर्बाच्योव के दोबारा सत्ता सम्भाल लेने के बाद आज यूरोपीय समुदाय, ब्रिटेन और जापान की ओर से सोवियत संघ की आर्थिक मदद फिर शुरू करने की घोषणा की गई ।

हालैंड के विशेष मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि सोवियत संघ को यूरोपीय समुदाय की मदद मिलना अब 99 प्रतिशत पक्का हो गया है । समुदाय सोवियत संघ को 47 करोड़ 20 लाख डालर की तकनीकी सहायता और 59 करोड़ डालर का खाद्य सहायता कर्ज़ देने वाला है ।

सोवियत संघ में तख्ता पलट के बाद यूरोपीय समुदाय के विदेशमंत्रियों ने हेग में हुई एक आपात् बैठक में उसे अपनी प्रस्तावित आर्थिक सहायता रोक दी थी । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉन मेजर ने सोवियत संघ के लिए अन्य पश्चिमी सहायता कार्यक्रमों पर पुनर्विचार का आश्वासन दिया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि सोवियत संघ को नकदी की बजाय तकनीकी कौशल की जरूरत है । श्री मेजर ने सोवियत संघ को ब्रिटेन से मिलने वाली 8 करोड़ 30 लाख डालर की तकनीकी सहायता पर लगे प्रतिबंध

मिलिटैंट संगठन दूतावासों की पग उ

नई दिल्ली, 2 ने विदेशों में स्थित के लिए विशेष एज लिया है, जिन्हें वि रोमानिया में तीन फ्रांसिस रिबैरो पर को देखते हुए एक बैठक की अध्य फ्लेरो ने की । आज यहां बताय पहचान कर ली परन्तु प्रवक्ता ने इंकार किया ।

प्रवक्ता ने दूतावासों को सू गए जाएंगे । की गोलीबारी खतरे से बाहर है । उसने कह और उनका ती रिबैरो अभी आगंतुकों को

वी.पी पर

नई दिल्ली राष्ट्रीय कार्य तथा आठ सि मामलों की अपनी बैठक किया । रा अगस्त को सर्वश्री अर्ज

गुमशुदा की तलाश

90 वर्षीय श्री अमीर चंद जो कि मानसिक परेशानी के कारण कहीं लापता हैं । वह सफेद कमीज व धोती और सिर पर पगड़ी पहने हुए हैं । पता देने वाले सज्जन को 500 रुपए ईनाम दिया जाएगा ।



झॉम आटो-मोबाइल्ज़
लाडवा रोड, पिपली (फोन : 1032)

क्लासीफाइड विज्ञापन

गुमशुदा

तीर्थ यात्रा

Punjabi Samachar

सरकारी यात्रा पर जर्मनी आएंगे । यह घोषणा जर्मनी सरकार ने आज यहां की । तीन दिन की इस यात्रा के दौरान श्री राव जर्मनी के चांसलर हेलमुट कोल के साथ बॉन में भारत महोत्सव का उद्घाटन करेंगे ।

मामले बनाए गए थे, जिनमें लगभग 248.57 करोड़ रुपए की राशि शामिल थी।

उत्पाद शुल्क : श्री ठाकुर ने बताया कि बीस शीर्षस्थ भारतीय उद्योगपतियों के खिलाफ उत्पाद

भेजी जा चुकी है। इन अफसरों में से एक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू की जा चुकी है। शेष 8 मामलों में केन्द्रीय जांच ब्यूरो की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

जानकारी में लाना चाहते हैं ।" एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि इस प्रस्ताव के परिणामस्वरूप प्रदेश कांग्रेस (इ) में असन्तुष्टों की गतिविधियों में तेजी आई, तो यह अच्छा ही होगा ।

जिला संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के भाई तथा 3 अन्य व्यक्तियों का मिलिटैंटों द्वारा अपहरण

राज्य में पंचायत सचिव, पंच व दम्पति सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट मरे : सिख छात्र संघ का प्रत्याशी, सुरक्षा कर्मी, 8 मिलिटैंट व उनका आश्रयदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक एस.एस.पी. के भाई व 3 अन्य व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया, जबकि पंचायत सचिव, पंच व दम्पति सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट मारे गए तथा सुरक्षा बलों ने सिख छात्र संघ के प्रत्याशी, एक सुरक्षा कर्मी, 8 मिलिटैंटों व उनके आश्रयदाता को गिरफ्तार कर लिया है ।

एस.एस.पी. के भाई का अपहरण : संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुखदयाल सिंह भुल्लर के भाई का अपहरण कर लिया गया है। पता चला है कि मिलिटैंटों ने आज फिरोजपुर जिले के मक्खू थाना क्षेत्र के निहाल के गांव में श्री भुल्लर के भाई मुख्तियार सिंह का उनके घर से अपहरण किया। यह अपहरणकर्त्ता 2 मिलिटैंटों मथा सिंह और अवतार सिंह लड्डू की तुरन्त रिहाई की मांग कर रहे थे। इन दोनों मिलिटैंटों को महाराष्ट्र पुलिस ने गृहमंत्री शंकर राव चवन की पुत्री का अपहरण करने का असफल प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

मथा सिंह और उसके साथी की रिहाई के लिए मुख्तियार सिंह के रूप में छठे व्यक्ति का अपहरण किया गया है। इससे पहले पंजाब के पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट, सीमा सुरक्षा बल के उप-महानिरीक्षक एम.एस. संधू, पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह और बम्बई पुलिस के आयुक्त ने दो भाइयों सहित अन्य रिश्तेदारों का भी संगरूर और लुधियाना से अपहरण किया जा चुका है।

बताया जाता है कि मुख्तियार सिंह का अपहरण 8 मिलिटैंटों के सशस्त्र गिरोह ने किया।

मक्खू से 'चंद्रशेखर' के अनुसार अपहृत मुख्तियार सिंह को गत दिनों पुलिस ने सरकारी सुरक्षा की पेशकश की थी, परन्तु उसने इंकार कर दिया । इसके बाद पुलिस ने उन्हें 2 राइफलें व 150 कारतूस दे दिए थे । बताया जाता है कि बेअन्त खालसा से संबंधित 15 मिलिटैंट गत रात्रि 9 बजे उसके घर में आए तथा मुख्तियार सिंह का अपहरण करने के साथ ही वे दो सरकारी राइफलें व 150 कारतूस तथा मुख्तियार सिंह की निजी दोनाली व 20 कारतूस भी ले गए ।

इन अपहरणकर्त्ता मिलिटैंटों की तलाश में पुलिस लगातार छापे मार रही है ।

3 अन्य व्यक्तियों का अपहरण : पुलिस ने बताया कि मिलिटैंटों ने फिरोजपुर और भटिंडा जिलों से तीन अन्य व्यक्तियों का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया है।

फिरोजपुर जिले के मस्ती मांचियां गांव में मिलिटैंटों ने एक लड़के अमरदास और उसके घर के नौकर पुरुषोत्तम दास का अपहरण कर लिया। भटिंडा जिले में बाबू सिंह का भी अपहरण कर लिया गया है।

आपसी दुश्मनी में एक की हत्या : दो गिरोहों की आपसी दुश्मनी में कल रात लुधियाना जिले के दाऊदपुर गांव में अवतार सिंह की हत्या कर दी गई। इसी घटना में जोगिन्दर सिंह नाम का व्यक्ति घायल हो गया। घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल व 12 बोर के 4 कारतूस भी मिले हैं।

मिलिटैंटों द्वारा अपने साथी की हत्या : मिलिटैंटों ने अपने एक साथी जगदेव सिंह की पटियाला जिले के रैतगढ़ गांव में उसके घर पर हत्या कर दी।

8 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस सूत्रों के अनुसार सात संदिग्ध मिलिटैंटों को हथियार और गोली समेत जालंधर, भटिंडा, तरनतारन और बटाला जिलों में गिरफ्तार किया गया है।

जालंधर से प्राप्त एक सूचना में बताया गया है कि पुलिस जिला मजीठा में सुरक्षा बलों ने गुरचरण सिंह उर्फ चन्नी उर्फ कंवलजीत सिंह नामक एक अन्य मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक एके 47 राइफल व उसकी मैगजीन बरामद की है।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन के वल्टोहा थाना के अधीन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक का नाम लक्खा सिंह है ।

प्रत्याशी गिरफ्तार : 2 की हत्या : भटिंडा (वासु): एक पुलिस अधिकारी ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि मिलिटैंटों को आश्रय देने के सम्बन्ध में गुरचरण सिंह पुत्र स्वर्गीय स. धन्ना सिंह गुलशन पूर्व केंद्रीय मंत्री को उनके घर से कल गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने धारा 212, 216 के अधीन केस दर्ज किया है। गुरचरण सिंह सिख छात्र संघ (मनजीत गुट) की तरफ से विधानसभा (रिजर्व पक्का कलां) का प्रत्याशी है।

इससे पूर्व पुलिस ने हरचन्द सिंह अकाली दल (मान) के उम्मीदवार को भी मिलिटैंटों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया हुआ है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लूटमार करने वालों ने भिक्खीविंड की हमीर कौर और मुकन्द सिंह को गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी है।

'सोच' के अनुसार विस्तृत विवरण में बताया गया है कि गत रात यहां से 70 किलोमीटर दूर भिक्खीविंड कस्बा में तीन सशस्त्र लुटेरों ने मुकन्द सिंह व उसकी पत्नी हमीर कौर की हत्या में 12 बोर की बंदूक का प्रयोग किया। पुलिस ने 12 बोर के 8 खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद किए हैं।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि लुटेरे कुछ दिन पहले मुकंद सिंह के घर आए थे मगर उसने लुटेरों को 3700 रुपए दे दिए थे। पिछली रात लुटेरों ने उसके घर में जबरदस्ती दाखिल होकर बाकी रकम की मांग की। मुकंद सिंह ने जब और रुपया देने से इन्कार कर दिया तो लुटेरों ने उसे तथा उसकी पत्नी को गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने तीन लुटेरों शिंगारा सिंह, स्कूटर सिंह व उनके एक और साथी के विरुद्ध धारा 302 के अधीन मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

सुरक्षा कर्मी गिरफ्तार : स्थानीय पुलिस ने सी.आर.पी.एफ. के एक कर्मचारी छत्तर सिंह को पी.आर.टी.सी. के एक नेता दर्शन सिंह के घर में दीवार फांद कर पिछली रात दाखिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने छत्तर सिंह के कब्जे से नौ इंच का एक चाकू भी बरामद किया जिससे छत्तर सिंह ने दर्शन सिंह पर हमला करने का यत्न किया था।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि मजीठा पुलिस थाना के अधीन मैहमसपुरा गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सरबर मसीह पुत्र लाल मसीह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

3 शव मिले : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के गांव धवन के निकट आज प्रातः पुलिस ने वृक्ष के साथ लटके हुए 2 शव बरामद किए जिनके बारे में ख्याल किया जाता है कि इन व्यक्तियों की फांसी लगा कर हत्या कर दी गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन शवों की शिनाख्त जसबीर सिंह (40) पंचायत सचिव गांव कोट मजलिस व अजीत सिंह (42) सदस्य पंचायत कोट मजलिस के रूप में हुई है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब की पवित्र धरती पर किसी निर्दोष का खून नहीं बहना चाहिए : सुबोधकांत

लुधियाना, 23 अगस्त (महिन्द्रा): पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय ने आज यहां कहा कि पंजाब की पवित्र धरती पर किसी निर्दोष का खून नहीं बहना चाहिए। श्री सहाय राष्ट्रीय मानवता परिषद की ओर से आयोजित एक रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंजाब में निर्दोषों का बहुत खून बह चुका है मगर दूसरी ओर, जिन बीमार लोगों को खून की जरूरत है, उनके लिए भी खून जमा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रक्तदान शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है। रक्तदान एक पवित्र दान माना गया है, जिसकी एक-एक बूंद मनुष्य के प्राण बचाने के लिए खर्च की जाती है। उन्होंने पंजाब के लोगों से अपील की कि वे प्रतिज्ञा करें कि यहां किसी निर्दोष का रक्त बहने नहीं दिया जाएगा बल्कि जरूरतमंद रोगियों को बचाने के लिए खून जमा किया जाएगा।

नगर निगम के महापौर श्री सतप्रकाश ने इस अवसर पर दिए अपने भाषण में लोगों को विश्वास दिलाया कि वह रक्तदान शिविरों के प्रबन्धकों की प्रत्येक संभव सहायता करें।

शिविर के प्रबन्धक तथा परिषद के प्रधान श्री चरणजीत सिंह चन्नी ने श्री सहाय, महापौर तथा अन्य मेहमानों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह प्रत्येक व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

श्री पवन कुमार शर्मा तथा अन्य कई शहरियों ने भी भाषण दिए।

शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

Punjabi Sanjam

बिल

द दिये ने सदन के
ताया कि विशेष
त का फैसला कर
ना नोटिस के पेश
य्यक के महत्व को
करने का फैसला
स्तर पर विधेयक
र सदस्य इस पर
ी सोमनाथ चैटर्जी
त करने की अपील
थलों की पवित्रता
सी तरह की रोक
कि इस विधेयक में
। उन्होंने कहा कि
आशंका निर्मूल है।
ी विधेयक को पेश
न पर आपत्ति नहीं
आर.एस. मिश्र,
भी विधेयक पेश
हा कि विधेयक में
। श्री अडवानी का
पहले इसे सदस्यों
ताकि उन्हें तैयारी
स तरह का कानून
क्षेत्र पर भी संदेह
गर यह सदन के
ला तो आज ही
में आती है लेकिन
न चलेगा, इसलिए
पेश करने में कोई
का कहना था कि
जाएगी, जो अभी
. रावत का कहना
धालय की राय के

गई आपत्तियों का
कहा कि संविधान
ी के अनुसार संसद
ा अधिकार है। श्री
गू करने पर किसी
विधान के अनुच्छेद
स्थिति में विधेयक के
वश्यकता नहीं है।
त ही महत्वपूर्ण है
लगी है।

र : केंद्रीय गृह
ाज लोकसभा को
प बाबरी मस्जिद के
नहीं निकलता, तब
थल में यथास्थिति
के इस आश्वासन
र आवेदन ने 15
नुसार, देश के

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग) गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर गांव भुनर हेड़ी में मिलिटैंटों ने जगरूप सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

कार छोड़ कर फरार : संगरूर से 30 कि.मी. दूर गांव दराज के निकट पी.ए.ई. 2175 नम्बर की अम्बैसेडर कार में 6 मिलिटैंट जा रहे थे कि सामने पुलिस के एक नाका को देख कर वे कार छोड़ कर फरार हो गए।

2 बंदूकें छीनीं : एक अन्य सूचना के अनुसार गांव कुतबा में गत रात्रि 4 मिलिटैंटों ने हरदीप सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी एक दोनाली बंदूक व उसके कारतूस छीन लिए। एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने इसी गांव के सुखबीर सिंह नामक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की एक बंदूक छीन ली।

मिलिटैंट मरा : हरियाणा के थाना कैथल के गांव गुहला का एक मिलिटैंट जिंदरपाल सिंह उर्फ मिट्ठा भी भवानीगढ़ पुलिस की गोलियों का शिकार हो गया है।

आश्रयदाता गिरफ्तार : गत रात्रि यहां से 8 कि.मी. दूर गांव इलवाल के एक बेरी जरनैल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर मिलिटैंटों को आश्रय देने का आरोप है।

हत्या के बाद फरार : संगरूर से 35 कि.मी. दूर गांव कालझरानी में गत रात्रि मिलिटैंटों ने मान सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा वहां से फरार हो गए।

श्री सनातन धर्म महोत्सव कमेटी की बैठक कल

लुधियाना, 23 अगस्त (राजपाल): श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए श्री सनातन धर्म महोत्सव कमेटी (रजि.) की विशेष बैठक 25 अगस्त को सुबह 11 बजे श्री हरिदेव मंदिर, लुधियाना में होगी। कमेटी के प्रधान श्री बंसी लाल छाबड़ा ने बताया कि कमेटी से सम्बन्धित मंदिरों व संस्थाओं की तरफ से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा पर्व निर्धारित तिथि के अनुसार 31 अगस्त को दोपहर बाद तीन बजे निकाली जाएगी जिसका उद्घाटन जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी करेंगे तथा झंडा लहराने की रस्म वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा अदा करेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के नेता श्री चिरंजीव सिंह पूजन करवाएंगे व नगर निगम के मेयर श्री सत प्रकाश इनाम बांटेंगे।

डबल रोटी के नए रेट निर्धारित

जालन्धर, 23 अगस्त : डा. रणजीत सिंह पवार, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने प्रैस के नाम जारी एक बयान में बताया कि सब-डिवीजनल अधिकारी (सिविल) जालन्धर की अध्यक्षता में जालन्धर शहर के बेकरी मालिकों के साथ बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से बेकरी मालिकों की ओर से

जैन महात्मा द्वारा

दिल्ली, 23 अग
श्वेताम्बर मूर्तिपूजक
राजस्थान के एक प्रव
मूर्तिपूजक जैन सम्प्र
विजय श्री चतुर्मास हेत
जुलाई से बेड़ा में हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि
को और सांवत्सरिक
गुरुवार को आयोजित

इनके अलावा चत
के उत्सव और गुरु
धार्मिक मर्यादाओं एवं
राजस्थान भर से जैन

11 वर्षीय

अमृतसर, 23 अ
फुट लम्बा एवं शारीरि
अवधेश 29 जुलाई
राकेश के साथ हावड़
था। पप्पू पानी पीने
उतरा लेकिन उसके प
चल पड़ी। राकेश
जगाधरी पहुंचा तो ए
पप्पू को इप्लीकेट हाव
भेज दिया गया है लेकि
जिस किसी को वह मि
मकान नम्बर-216,
हसैनपुरा, जी.टी. रोड
करे।

हरियाणा पर

चंडीगढ़, 23 अग
ने आज से कर्मचारियों
प्रतिबंध लगा दिया है
आदेश में कहा गया है
आदेश रद्द किए जाएं
की जाएगी। यदि
राजनीतिक व अन्य
तबादले संबंधी कोई
अनुशासनात्मक
विभागाध्यक्षों से कह
आधार पर कोई तब
पहले उसका प्रस्ताव
भेजा जाए, जिसमें
तबादला करना अनि

इंश्योरैंस क

चंडीगढ़, 23 अगस्
दिनों न्यू इंडिया एश्यो
एम.एल. खोसा का अ
क्षेत्र में विभिन्न इंश्यो
वाले कर्मचारियों में
नैशनल इंश्योरैंस क
कर्मचारी सुनील कुमा
भी चिंता व्यक्त की है

Punjab Sanath

क्सोना हवाई चप्पल

टंडन आर्ट्स
बाजार कलां, जालंधर
फोन नं. 72248.

बाशी तक लगभग 10 किलोमीटर क्षेत्र में आधा दर्जन लाशें देखी गई मगर उनकी पहचान नहीं हो सकी।

संवाददाताओं का एक दल कल दोपहर घटनास्थल पर गया था, उस समय सैंकड़ों लोग दरार

संगरूर के जिलाधीश श्री तनवीर सिंह बैंस ने कल घटनास्थल पर पहुंच कर देहातियों को क्षति का मुआविजा देने का यकीन दिलाया और वहीं पशुओं के चारे के लिए 10 हजार रुपए देने की घोषणा की।



हुए (1) मुकेश कुमार, (2) राजेश कुमार, ट-पुराना चित्र), (5) संत लाल के शव, ी महिलाएं। (छाया : शर्मा स्टूडियो)

पंजाब में एक ही परिवार के 5 सदस्यों व निर्दलीय प्रत्याशी सहित 14 व्यक्तियों की हत्या

राज्य में अन्यत्र 2 मिलिटैंट मरे, 3 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 24 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक ही परिवार के 5 सदस्यों व एक निर्दलीय प्रत्याशी सहित 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 3 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया ।

लम्बरदार की हत्या : मिलिटैंटों ने जालन्धर ज़िले के गन्नाचौर गांव में करनैल सिंह नामक एक लम्बरदार (राजस्व अधिकारी) की आज गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हमलावर 3 बजे के लगभग आए तथा करनैल सिंह की उसके घर में हत्या करके फरार हो गए ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस ने आज बताया कि लुधियाना ज़िले के छोजेवाला गांव में दो दलों के बीच हुए संघर्ष में लछमण सिंह नामक संदिग्ध मिलिटैंट मारा गया ।

दुकानदार का छलनी शव मिला : तरनतारन ज़िले के पंडोरी गोला गांव के पास गोलियों से छलनी सुरिन्दर कुमार नामक एक दुकानदार का आज शव मिला है ।

मिलिटैंट फरार : संगरूर ज़िले के थामनासिंहवाला गांव में एक नहर पर बने पुल के पास जिन्दरपाल सिंह नामक मिलिटैंट पुलिस की गिरफ्त में से निकल भागा । यह घटना उस वक्त हुई जब पुलिस इस मिलिटैंट को हथियार बरामद कराने के लिए अपने साथ ले जा रही थी ।

मिलिटैंट ने साइनाइड खा ली : अमृतसर ज़िले के सोहना मंडी के पास सुरक्षा बलों से घिर जाने पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के कुख्यात मिलिटैंट जगजीत सिंह उर्फ जग्गा ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली है । जग्गा की पिछले साल पत्रकार अमरनाथ वर्मा की हत्या सहित विभिन्न हत्याओं के मामलों में तलाश थी ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर ज़िले में और तरनतारन ज़िले में सुरक्षा बलों ने एक-एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । संगरूर में गिरफ्तार मिलिटैंट की शिनाख्त भूरा सिंह व तरनतारन में गिरफ्तार मिलिटैंट की पहचान प्रदीप सिंह उर्फ भूरा के रूप में हुई । इनसे जो हथियार बरामद किए गए उनमें एक हथगोला, 30 कारतूस व एक रिवाल्वर भी शामिल हैं ।

एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या : बाघा पुराना (ज्ञान मित्तल): गत रात्रि लगभग 12 बजे 5 सशस्त्र मिलिटैंटों ने बाघा पुराना नगर की घनी आबादी वाले मोहल्ले बाबा रोड़ बस्ती में तोड़ राम नामक एक सब्जी वाले के परिवार के पांच सदस्यों की गोलियां मार हत्या कर दी तथा एक सदस्य को गम्भीर रूप से घायल कर गए । मृतकों में एक महिला भी शामिल है । मृतकों की शिनाख्त संत लाल (50), उसकी पत्नी कृष्णा देवी (45), उनके दो बेटे राजेश कुमार व मुकेश कुमार तथा संत लाल का बड़ा भाई कृष्ण लाल उर्फ कालू शामिल हैं । घायल की पहचान संत लाल के बेटे राज कुमार उर्फ राजू के रूप में हुई, जिसे लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है । दोनों मृतक भाई संत लाल व कृष्ण लाल सब्जी मंडी में आढ़ती थे ।

पुलिस के अनुसार मिलिटैंट घर की दीवार फांद कर अंदर आए तथा उन्होंने मुकेश कुमार का अपहरण करने का प्रयास किया । घर वालों द्वारा विरोध करने पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिस कारण उक्त परिवार के 5 सदस्य मारे गए । इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंट हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए ।

मृतक संत लाल के परिवार में केवल दो लड़कियां ही बाकी बची हैं, जिनमें एक विवाहित है तथा अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए वह कल ही यहां आई थी ।

यह भी कहा जाता है कि हत्यारे मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे तथा घर में दाखिल होने से पूर्व उन्होंने टैलीफोन की तारें काट दी थीं । पुलिस ने इस घटना के संबंध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

ज़िला फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. एस.एस. बैंस, ज़िला फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह व ज़िलाधीश सर्वेश कौशल ने घटनास्थल का दौरा किया तथा पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी ।

सभी मृतकों का आज यहां के सिविल अस्पताल में विशेष तौर पर सी.एम.ओ. के नेतृत्व में डाक्टरों के एक दल ने पोस्टमार्टम किया तथा बाद में उनका सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया गया । इससे पूर्व सामूहिक शव यात्रा में असंख्य व्यक्तियों ने भाग लिया ।

प्रत्याशी की हत्या : बरनाला (सिंधवानी): यहां से 10 कि.मी. दूर गांव करमगढ़ में कुछ मिलिटैंटों ने आज प्रातः 7.30 बजे पंजाब विधानसभा के चुनावों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी बिक्कर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । 35 वर्षीय बिक्कर सिंह पर मिलिटैंटों ने रिवाल्वर से फायरिंग की तथा उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । बिक्कर सिंह गांव का सरपंच भी था । मिलिटैंटों ने उसकी हत्या से पूर्व उसे यह भी कहा कि वह राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला के पुत्र गगनदीप के साथ अकाल तख्त को मिलिटैंटों से स्वतंत्रत करवाने गया था ।

हत्यारे मिलिटैंट पैदल ही आए थे तथा वे वारदात के बाद पैदल ही फरार हो गए । बिक्कर सिंह अपने पीछे विधवा व दो छोटे बच्चे छोड़ गया है । उसकी हत्या से क्षेत्र का चुनाव रद्द कर दिया गया है ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : सुनाम (नागपाल): स्थानीय एस.एच.ओ. बलदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने यहां से 10 कि.मी. दूर गांव मल्लां में एक मिलिटैंट सुखपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । उसने 12 मई 1991 को कथित रूप से गांव के तरसेम चंद नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी । उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगज़ीन व 40 कारतूस बरामद किए हैं ।

मां-बेटी की हत्या : पटियाला (राजू): पुलिस ने यहां से 20 कि.मी. दूर गन्नौर पुलिस थाना के अधीन गांव सारलरा में से 50 वर्षीया एक महिला लाजवंत कौर व उसकी बेटी परमजीत कौर का शव बरामद किया है । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पहले इन दोनों का अपहरण कर लिया था तथा बाद में इनकी हत्या कर दी गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

उद्योगपति के बेटे का अपहरण : लुधियाना (मुसाफिर): पंजाब में अपहरण की वारदातों में वृद्धि होती जा रही है । आज यहां फोकल प्लाईट ढंडारी कलां में 3 बजे दोपहर पश्चात एक कारखानेदार महेंद्रपाल के लड़के अमृतपाल का मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया । पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि दो मिलिटैंट पैदल ही महेंद्र पाल के घर गए । उस वक्त महेंद्र पाल घर में मौजूद नहीं थे । उनके लड़के अमृतपाल को पैदल ही घर से बाहर लाया गया और एक चोरी की मारुति कार पर सवार होकर फरार हो गए । क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।

एस.पी. व उसके परिवार की हत्या का प्रयास ? : गुरदासपुर (गुप्ता): गत दिवस एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ज़िला पुलिस मुख्यालय के अधीक्षक बलबीर बाबा व उनके परिवार की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

युनिस्ट पार्टी के , केंद्रीय समिति भंग

ार्ता में बताया कि श्री गोर्बाच्योव ने उन्हें हटा अपने गलत फैसले का परिचय दिया है लेकिन इस ह सोवियत संघ में जो भूम एवं अनिश्चितता की ति बनी रही, उसमें यह सब स्वाभाविक था। ने कहा कि श्री गोर्बाच्योव को जब के.जी.बी. के क्ष क्रिचकोव तथा रक्षा मंत्री जनरल याजोव जैसे ष्ठ सहयोगियों ने धोखा दिया तो उन्होंने हर क पर शक करना शुरू कर दिया।

मृतकों का अन्तिम संस्कार : इस सप्ताह यत संघ में राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव का ा पलटने की असफल कोशिश के दौरान मारे तीन लोगों के अन्तिम संस्कार में हजारों वासियों ने हिस्सा लिया । क्रेमलिन की लाल ईंटों ी दीवार के चारों ओर आज हजारों लोग मौजूद । इनके हाथों में फूल और राष्ट्रीय ध्वज थे । वरण में मातमी धुन बज रही थी । मृतकों के तों के पास उनके शोकाकुल रिश्तेदार हाथों में बत्तियां लिए थे । इस मौके पर राष्ट्रपति ाइल गोर्बाच्योव काले रंग का मातमी सूट पहने द थे । मंगलवार की रात जब सेना के टैंक रूसी द को घेरने के लिए आगे बढ़ रहे थे तब वहां जमा रों लोग इन टैंकों के आगे लेट गए थे और इसी न वे गोली अथवा कुचलने से मारे गए थे ।

बुश को विद्रोह की सफलता की आशा ी थी : अमरीकी राष्ट्रपति श्री जार्ज बुश ने जनिक रूप से तो गोर्बाच्योव के खिलाफ बगावत सफल होने पर संदेह व्यक्त किया था, लेकिन बुश सलाहकार मंडली मंगलवार को इस नतीजे पर ची थी कि विद्रोह सफल हो जाएगा।

अमरीकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'वाशिंगटन टाइम्स' को बताया कि और तो और रीकी अधिकारियों ने दो गोपनीय परमाणु लों पर नए सोवियत प्रशासकों के साथ बातचीत ने का मन भी बना लिया था। अधिकारी ने कहा श्री बुश ने गत सोमवार को यह टिप्पणी पूरे श्वास के साथ नहीं की थी कि जनसमर्थन से विद्रोह फल हो सकता है। उनकी इस टिप्पणी का मकसद ी था कि प्रतिरोध को प्रोत्साहित किया जाए। धिकारी ने कहा कि "मैं नहीं समझता हूं कि श्री बुश सोमवार की सुबह इस बात की कोई ठोस नकारी थी कि विद्रोह असफल होगा।" अधिकारी बताया कि मंगलवार की सुबह हुई बैठक में भी ी का यह मानना था कि विद्रोह के सफल होने की भावनाएं असफल होने से अधिक हैं।

लिए नए सिरे से की सम्भावना

स्सा लेने का मौका मिल जाएगा । इससे पहले ंग्रेस ने पंजाब में चुनावों का बहिष्कार किया था । ब कांग्रेस (इ) ने यह स्टैंड लिया था कि मिलिटैंट न्होंने अलगाववाद को मुख्य मुद्दा बनाया था, नावों को 'खालिस्तान' के प्रति जनमत के रूप में गे । प्रदेश में लोकसभा की 13 तथा विधानसभा 117 सीटें हैं ।

पंजाब में 25 सितम्बर को चुनाव होने वाले । राज्य में सबसे पहले देश के बाकी हिस्सों के थ 20 मई को चुनाव कराने की अधिसूचना जारी ी गई थी, लेकिन 19 अप्रैल को चुनाव आयोग ने नाव स्थगित करके वहां 22 जून को चुनाव कराने ा ऐलान किया । श्री पी.वी. नरसिम्हाराव के तृत्व में नई सरकार के सत्ता सम्भालने के कुछ घंटे हले ही चुनाव आयोग ने पुनः पंजाब चुनाव की

इख्वानुल मुसलमीन द्वारा डा. खोसा के अपहरण का दावा : घाटी में 'पहिया जाम' रहा

श्रीनगर, 24 अगस्त (प.स., वार्ता): अलगाववादी संगठन इख्वानुल मुसलमीन ने दावा किया है कि न्यू इंडिया एश्योरैंस कम्पनी के महाप्रबन्धक डा. एस.एल. खोसा का अपहरण उसने किया है । इस संगठन ने ही इंडियन आयल कार्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक के. दुरई स्वामी का अपहरण किया था ।

38 वर्षीय डा. खोसा का 13 अगस्त को अधिक सुरक्षा वाले रैजीडैंसी रोड क्षेत्र स्थित उनके कार्यालय से इस्राहिल संगठन के सशस्त्र युवकों ने अपहरण कर लिया था । इस अपहरण के 24 घंटे बाद ही इस्राहिल संगठन ने डा. खोसा के अपहरण की जिम्मेदारी लेते हुए स्पष्ट किया था कि उनका संगठन अलगाववादी अथवा राजनीतिक संगठन नहीं है ।

इख्वानुल मुसलमीन ने अब दावा किया है कि इस्राहिल संगठन उनके संगठन का ही अंग है । उसने सरकार से डा. खोसा की रिहाई के लिए बातचीत शुरू करने को कहा है ।

7 मरे : पहिया जाम : कश्मीर घाटी में कल रात से अब तक दो अलगाववादियों सहित 7 व्यक्ति मारे गए, जबकि एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया और 11 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कश्मीर परिवहन कल्याण संघ द्वारा बटमालू में बृहस्पतिवार को बस स्टैंड पर अर्ध सैनिक बलों की कथित ज्यादतियों के विरोध में किए गए 'पहिया जाम' के आह्वान की वजह से कश्मीर घाटी में आज सभी प्रकार के वाहन सड़कों से गायब रहे ।

राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन की कल की जम्मू-कश्मीर यात्रा के विरोध में अलगाववादियों के आह्वान पर 18 घंटे के बंद के बाद सोपोर को छोड़ कर श्रीनगर और घाटी के अन्य क्षेत्रों में दुकानें और व्यापारिक संस्थान आज खुले । सोपोर के व्यापारी 14 अगस्त को निर्दोष लोगों की हत्या का विरोध करते हुए शहर से सुरक्षा बलों को हटाने की मांग कर रहे हैं । शहर में आज लगातार ग्यारहवें दिन दुकानें बंद रहीं ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कल राजपुरा थाने के अंतर्गत दरंगनार में अलगाववादियों ने सीमा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देसाई को 'भारत रत्न'



बम्बई, 24 अगस्त (प.स.): पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को आज देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' की उपाधि प्रदान की गई। श्री देसाई ने अपने आवास पर यह सम्मान केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव अशोक भाटिया से प्राप्त किया। श्री

पाक कश्मीर मामले पर युद्ध की सीमा तक जाना चाहता है तो चुनौती स्वीकार की जाए : शर्मा

भुवनेश्वर, 24 अगस्त (वार्ता): भाजपा के उप-प्रधान श्री कृष्ण लाल शर्मा संसद सदस्य ने आज

भारत को इस चुनौती को स्वीकार कर लेना चाहिए । उन्होंने कहा कि जहां तक शस्त्रों की

Punjabi Tribune



बाघापुराना में गत रात्रि मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार हुए (1) मुकेश कुमार, (2) राजेश कुमार, (3) कृष्णा देवी, (4) कृष्ण कुमार उर्फ कालू (इनसैट-पुराना चित्र), (5) संत लाल के शव, (6) घटनास्थल पर बिखरा खून तथा (7) विलाप करती महिलाएं। (छाया : शर्मा स्टूडियो)

PunjabiSahit.com

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

नाटकीय ढंग से ज़हरीली मिठाई खिला कर हत्या करने का असफल प्रयास किया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत दिवस एक अज्ञात केशधारी युवक श्री बाबा के कार्यालय में आया परन्तु उस समय वह वहां उपस्थित नहीं थे । उस व्यक्ति ने स्वयं को श्री बाबा का मित्र बता कर उनके स्टैनो को मिठाई का एक डिब्बा दिया और कहा कि इसे उनके घर पहुंचा दिया जाए । इसके बाद वह वहां से चला गया ।

बताया जाता है कि स्टैनो कल्याण दास व अर्दली बशीर मसीह ने डिब्बे में से थोड़ी-सी मिठाई निकाल कर खा ली और इसके साथ ही उनकी तबीयत खराब हो कर दशा चिन्ताजनक हो गई । इन्हीं दोनों को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां आज उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पता चला है कि मिठाई के इस डिब्बे पर किसी भी दकान का नाम नहीं था तथा इसमें बंद मिठाई को निरीक्षण के लिए भेज दिया गया है । चूंकि यह ज़हरीली मिठाई श्री बाबा व उनके परिवार तक नहीं पहुंची, इसलिए वे सौभाग्यवश बच गए ।

4 व्यक्तियों की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): आज सायं लगभग साढ़े 7 बजे मोही से कड़ोल को जा रही शराब के ठेकेदारों की वैन पर मिलिटैंटों ने फायरिंग करके 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में 2 सिक्योरिटी गार्ड बलदेव सिंह और बहादुर सिंह, वैन ड्राइवर रविन्द्र सिंह के अतिरिक्त शराब के ठेके का एक कर्मी पली राम भी शामिल है । इस हमले में एक सिपाही हरजिन्दर सिंह बच गया, जो इस फायरिंग में मामूली घायल हो गया । यह घटना मोही के निकट ही हुई बताई जाती है । पुलिस ने मिलिटैंटों की तलाश करनी शुरू कर दी है ।

खाद विक्रेता का अपहरण : जंडियालागुरु (सुखदेव): यहां से 6 किलोमीटर दूर टांगरा मंडी जी.टी. रोड से एक खाद विक्रेता अश्विनी कुमार का उसकी दकान से सुबह 10 बजे 2 सशस्त्र मिलिटैंट अपहरण करके ले गए ।

एरिया कमांडर मग्घर सिंह समेत 8 मिलिटैंट मरे, 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 25 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के एरिया कमांडर मग्घर सिंह समेत 8 मिलिटैंट मारे गए तथा 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 लोगों की हत्या हुई । इस दौरान मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस (वायरलैस) के डायरैक्टर श्री सुखदेव सिंह के पिता समेत 2 लोगों का अपहरण कर लिया ।

5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : अमृतसर (ग्रामीण) : गत रात्रि लगभग 12 बजे तरनतारन थाना के अधीन नूरदी गांव में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पुलिस चौकी पर अंधाधुंध फायरिंग करके वहां तैनात 5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। हमलावर मिलिटैंटों की संख्या 12 से 15 के बीच बताई जाती है। मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार होने वाले सुरक्षा कर्मियों में हरजीत सिंह व गुरदेव सिंह (दोनों कांस्टेबल) तथा बेअंत सिंह, जसवंत सिंह व जगदीश सिंह (तीनों होमगार्ड जवान) शामिल हैं। हत्याकांड के बाद फरार होते समय मिलिटैंट उक्त पुलिस चौकी से हथियार व गोली-सिक्का भी ले गए। इनमें 2 एस.एल.आर., एक स्टेनगन, 2 बुलेट एक्शन राइफलें, 303 बोर की एक बंदूक व अन्य विस्फोटक शामिल हैं।

हथियार लूटे : गत रात्रि बेरोवाल थाना के अंतर्गत खडूर साहिब में पाल सिंह, जोकि अकाली दल (मान) की टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है, के दो प्राइवेट गनमैनों मुख्तियार सिंह तथा साधा सिंह से इसी प्रत्याशी के सरकारी गनमैनों बलविन्दर सिंह, रणजीत सिंह तथा बलविन्दर सिंह से एक एस.एल.आर., एक बंदूक, एक बुलेट एक्शन राइफल तथा लगभग दो सौ कारतूस छीन लिए और भाग निकले ।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पिता का अपहरण

हवलदार पर हमला : सीमा सुरक्षा बल का हवलदार दलबीर सिंह आज जीप में अमृतसर से मजीठा जा रहा था कि कत्थूनंगल के निकट मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । दलबीर सिंह बाल-बाल बच गए । जीप को काफी क्षति पहुंची ।

मकान जला दिया : मिलिटैंटों ने जंडियाला थाना के गांव बटाला जौहल में होमगार्ड जवान अमरीक सिंह के मकान को जला दिया ।

मुठभेड़ में 3 और मिलिटैंट मरे : लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर): आज प्रात: लुधियाना पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मलोद के निकट इंटरनैशनल बब्बर खालसा के 3 मिलिटैंट मारे गए ।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने इस वारदात की जानकारी देते हुए बताया कि 4 मिलिटैंट 2 स्कूटरों पर मलोद के निकट नहर पर आ रहे थे कि पुलिस ने आगे नाका लगा रखा था । उन्होंने आते ही पुलिस पर गोलियां चला दीं । पुलिस की जवाबी फायरिंग में 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि चौथा भागने में सफल हो गया और एक स्कूटर साथ ले गया ।

मृतकों में एक इंटरनैशनल बब्बर खालसा का एरिया कमांडर और सूचीबद्ध मिलिटैंट मग्घर सिंह लाढेवाल जिला संगरूर का रहने वाला था, दूसरा प्रीतम सिंह गांव रब्बों थाना डेहलों जिला लुधियाना का था । तीसरे की पहचान नहीं हो सकी ।

एस.एस.पी. ने बताया कि ये मिलिटैंट हत्याओं, छीना-झपटी और अपहरण आदि के 35 केसों में संलिप्त थे । उनके कब्जे से एक स्कूटर, एक ए.के. 47 राइफल, एक 315 बोर की राइफल और 9 एम.एम. का एक पिस्तौल बरामद हुए ।

उन्होंने मालेरकोटला में दो फौजी जवानों की हत्या की थी और उनसे 9 एम.एम. का पिस्तौल छीना था । उन्होंने पायल ब्लाक के इंका-प्रधान और गांव रोनी के सरपंच श्री नाहर सिंह की हत्या की थी । चौड़ा पुल के निकट एक एस.पी.ओ. की हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sarkari

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

की और उसकी एस.एल.आर. छीन कर फरार हो गए । पायल के शराब के ठेके में एक कारिन्दे की हत्या और दो को घायल कर दिया था । गांव नमराली में निहंग बचन सिंह की हत्या की । मर्धल जिला संगरूर में जौड़ा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या की । राजगढ़ के सरपंच लक्ष्मणदास की लगभग 15 दिन पूर्व हत्या की थी । गांव बागलां जिला पटियाला में शराब के ठेकेदार मोहनी की हत्या की थी । दरबारा सिंह बसोलिया की हत्या की और जिला पटियाला में कोआपरेटिव सोसाइटी के गनमैन की हत्या की और सोसाइटी से 60 हजार रुपए लूट कर ले गए । गांव लसोई से काहला सिंह का अपहरण किया और फिर तीन लाख रुपए फिरौती लेकर उसे रिहा किया । थाना मलोद से 6 वर्ष के एक बच्चे का अपहरण किया और उसके घर वालों से डेढ़ लाख रुपए वसूल करके उसे रिहा किया । मालेरकोटला में जीवन बीमा कम्पनी की बांच लूटी और 32 हजार रुपए ले गए । गांव छोकरा थाना अमरगढ़ से डोगर नामक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी ।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने यह भी बताया कि इस गिरोह के दो मिलिटैंट पहले ही मारे जा चुके हैं : एक तपिन्दर सिंह नाभा और दूसरा, गांव गवार थाना अमरगढ़ का बलविन्दर सिंह । ये स्कूटर पर बम फिट करके ले जा रहे थे । इनका तीसरा साथी बचित्तर सिंह (लाडेवाल) पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । यह धूरी विधानसभा क्षेत्र का उम्मीदवार है ।

जो मिलिटैंट आज मारे गए हैं, उनकी योजना उक्त जिलों में शराब के ठेके उड़ाने की थी । इंका नेताओं की हत्या, पुलिस और अर्ध सैनिक बलों पर हमला करना भी उनकी योजना में शामिल था ।

जिला पुलिस-प्रमुख के अनुसार एक व्यक्ति गुरमेज सिंह वल्द बाज सिंह को छापा मार कर शिमलापुरी लुधियाना से पकड़ा गया है । उसने शिमलापुरी के ही एक व्यक्ति से 73 हजार रुपए लूट लिए थे । यह रकम उससे बरामद कर ली गई है । बताया जाता है कि यह व्यक्ति लोगों को धमकी पूर्ण पत्र लिख कर रुपए बटोरा करता था ।

पुलिस अधिकारी के पिता समेत 2 का अपहरण : लुधियाना जिला के खमानो थाना के अन्तर्गत फरीर गांव से आज तड़के मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस (वायरलैस) के डायरैक्टर श्री सुखदेव सिंह के पिता श्री सदानंद सिंह का अपहरण कर लिया। कपूरथला जिला के गांव तलवंडी चौधरियां से मिलिटैंटों ने सुभाष चन्द्र नामक एक और व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

ठेकेदार तथा एक अन्य की हत्या : बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार आज तीसरे पहर 1.30 बजे पैदल आए दो मिलिटैंटों ने गांव हंडेआया के बाजार में स्टेट बैंक की बांच के पास ताश खेल रहे लोगों पर एक 47 राइफल से फायरिंग की जिससे शराब के ठेकेदार और पूर्व सरपंच हरबंस लाल उर्फ कुकड़ी और एक दुकानदार विजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 5 अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति शिवजी राम की हालत नाजुक बताई जाती है।

इस घटना के बाद मिलिटैंट पैदल ही वहां से चले गए। पुलिस कप्तान (हैड क्वार्टर) श्री बलदेव सिंह बुट्टर ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मिलिटैंटों का मुख्य निशाना श्री हरबंस लाल थे।

महिला घायल : सुनाम से 25 किलोमीटर दूर गांव हरिगढ़ में कल रात 3 मिलिटैंट एक व्यक्ति के घर में आए और उसकी पत्नी बलबीर कौर को अपने साथ ले गए। घर से थोड़ी दूर ले जाने के बाद उन्होंने बलबीर कौर को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गई। उसे संगरूर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला के एक गांव में कल रात मिलिटैंटों ने रखी सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के धनसिंहवाला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक दोनाली बन्दूक मिली है । मुकाबले में एक एस.पी.ओ. इन्द्रजीत सिंह भी घायल हुआ ।

5 मिलिटैंट काबू : पटियाला जिला से गमदूर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया। तरनतारन पुलिस जिला के माड़ी मेघा गांव से सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : संगरूर से 'गर्ग' तथा सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार गांव खेड़ी तथा सजूमा के मध्य आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए। इनमें से प्यारा सिंह नामक एक मिलिटैंट होमगार्ड का भगौड़ा जवान था। प्यारा सिंह कराचो चौकी में तैनात था, जहां पर पिछले दिनों मिलिटैंटों ने हमला करके 9 सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी थी। प्यारा सिंह इस वारदात के बाद फरार हो गया था और मिलिटैंटों से जा मिला था। मारे गए एक अन्य मिलिटैंट का नाम कर्म सिंह बताया जाता है। घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, 38 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं। मुकाबले में सीमा सुरक्षा बल के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें पटियाला के राजेन्द्रा अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

3 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण : फगवाड़ा (खोसला): कल रात स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ ने होशियारपुर रोड पर गांव पांछटा की सड़क के समीप इंस्पैक्टर श्री हरभजन सिंह के नेतृत्व में नाकाबंदी की हुई थी कि वहां से तीन अज्ञात नौजवान गुजरे । सुरक्षा कर्मियों द्वारा इशारा किए जाने पर उन्होंने नाका पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग के बाद तीनों मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया । दोनों ओर से लगभग 15 मिनट तक गोलियां चलती रहीं । गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त हरबंस सिंह, सरबजीत सिंह व सुरजीत सिंह के रूप में हुई है । उनके कब्जे से 2 राइफलें, एक रिवाल्वर तथा 21 कारतूस बरामद हुए हैं ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिरफ्तार कर लिया था । तब उन अलगाववादियों ने पूछताछ के दौरान बता दिया था कि श्री स्वामी को कहां बंदी बना कर रखा गया है ।

इसी दौरान इख्वानुल मुसलमीन के अध्यक्ष जावेद अहमद शाल्ला ने अपनी रिहाई के बाद एक जनसभा में कहा है कि अगर इसी तरह हम अपनी मांगों के बारे में डटे रहे तो हम उम्मीद से भी कहीं ज्यादा प्राप्त कर लेंगे । उसने बताया कि उन्होंने

उन्हें मौत की सजा का प्रावधान है । आठवें नेता गृहमंत्री बोरिस पुगो ने आत्महत्या कर ली थी । राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव ने कहा है कि सत्ता हथियाने की कोशिश करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा ।

विलनिस (ए.पी.): नार्वे और डेनमार्क ने आज सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा करने वाले बाल्टिक गणराज्यों लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया से राजनयिक सम्बन्ध स्थापित कर लिए । यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी ।

राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के खिलाफ असफल विद्रोह के बाद इन तीनों गणराज्यों ने अपना स्वतंत्रता अभियान तेज कर दिया है ।

वाशिंगटन : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने सोवियत राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव पद छोड़ देने को सुधार के रास्ते पर आगे का कदम बताते हुए इसका स्वागत किया है । केनेबंकपोर्ट में, जहां वह छुट्टियां मना रहे हैं, संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री बुश ने कल कहा कि सोवियत संघ में हो रही घटनाएं अमरीका के लिए अनुकूल दिखाई दे रही हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि अमरीका सोवियत संघ को उसकी आर्थिक समस्याओं के हल के लिए नकद सहायता उपलब्ध कराने को तैयार है । श्री बुश ने कहा कि "हम मदद के लिए तैयार हैं, पर पहले हम सुधारों को लागू होते हुए देखना चाहते हैं ।"

श्री बुश ने कहा कि इस समय यदि सोवियत संघ को बड़ी नकद सहायता दी जाए तो वह उसका उपयोग नहीं कर पाएगा।वैसे जर्मनी तथा अमरीका के कुछ अन्य मित्र देश नकद सहायता देने की वकालत कर रहे हैं ।

गुरुवार को लंदन में सात प्रमुख औद्योगिक देशों की होने वाली बैठक में सोवियत संघ को दी जाने वाली सहायता में तत्काल वृद्धि करने की वकालत करने वाले देशों का नेतृत्व जर्मनी करेगा, जबकि अमरीका इस बात पर जोर देगा कि पश्चिम की आर्थिक सहायता प्राप्त करने से पहले सोवियत संघ को व्यापक सुधार लागू करने होंगे ।

जानकार सूत्रों के अनुसार अमरीका चाहता है कि सोवियत संघ अर्थ-व्यवस्था को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करे, कृषि फार्मों को निजी हाथों में दे दे और विदेशी निवेशकों को आकृष्ट करने के लिए रूबल को अन्य मुद्राओं के साथ परिवर्तनीय बनाए ।

बाल्टिक राज्यों को मान्यता मिल सकती है : चेनी : अमरीका के रक्षामंत्री रिचर्ड चेनी ने आज कहा कि अमरीका देर-सवेर बाल्टिक गणराज्यों की स्वतंत्रता को मान्यता दे सकता है । श्री चेनी ने एन.बी.सी. टैलीविजन पर अपने प्रसारण में कहा कि बोरिस येल्तसिन के सिद्धांत और मूल्य अमरीका के अनुरूप हैं । अमरीका को विश्वास है कि वह सोवियत रक्षा खर्च में कटौती अवश्य करेगा । श्री चेनी ने कहा कि सोवियत संघ में तख्ता पलट के विफल होने का एक बड़ा कारण यह था कि वहां सेना बंटी और सेना के तीनों अंगों के कमांडर तख्ता पलट

बैंक आफ महाराष्ट्र
प्रैस विज्ञप्ति
महाबैंक द्वारा बहुलाभकारी जमा योजना का शुभारम्भ

बैंक आफ महाराष्ट्र द्वारा जारी किए गए क्रैडिट कार्ड के सम्बन्ध में जनसाधारण से उत्साहवर्द्धक प्रश्रय प्राप्त करने के पश्चात बैंक अपनी एक और नई जमा योजना 'चिन्तामणि' योजना आरम्भ करने जा रहा है । यह योजना औपचारिक रूप से 19 अगस्त 1991 को एक समारोह में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री एस. वेंकिटरमणन् के कर-कमलों द्वारा शुभारम्भ की जा चुकी है ।

गत पखवाड़े में बैंक द्वारा जनसाधारण को इस योजना से अवगत करवाने से यह परिलक्षित हुआ है कि यह योजना जनसाधारण में अति लोकप्रिय होगी । इस



नहीं किया जा सका। विद्रोह की कारवाई असफल

सीमा सुरक्षा बल ने 6 पाक घुसपैठिए मार गिराए : के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वार्ता, प.स.): सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब में 6 पाक घुसैपठियों को मार गिराया, जबकि गत सायं से विभिन्न घटनाओं में के.एल.ओ. के लैफ्टिनैंट जनरल व बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मारे गए । इसके अलावा राज्य में एक कांस्टेबल समेत 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 3 अन्य का अपहरण कर लिया गया । आज रात्रि अमृतसर में बम विस्फोट में दो व्यक्ति घायल हो गए ।

बच्ची का अपहरण : पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने गत रात्रि अमृतसर के क्षेत्र बाबा बकाला में से 9 वर्षीया एक बच्ची गीतिका का अपहरण कर लिया है । बताया जाता है कि उस समय यह बच्ची कार में ब्यास से अमृतसर लौट रही थी ।

पुलिस के अनुसार इस कार में उसके माता-पिता भी थे तथा वे ब्यास के राधास्वामी डेरे से वापस आ रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन्हें रोक लिया । इसके बाद वे कार को गांव खानपुर में ले गए जहां गीतिका के पिता सुरिन्दर सिंह व उनकी पत्नी को नीचे उतार दिया गया तथा बच्ची का अपहरण कर लिया गया । मिलिटैंटों ने बच्ची की रिहाई के लिए फिरौती की मांग की है ।

3 छलनी शव मिले : पुलिस ज़िला भटिंडा के गांव लेलीवाल में से आज तड़के गोलियों से छलनी 3 शव बरामद किए गए हैं । इनमें से एक की शिनाख्त मिट्ठू सिंह के रूप में हुई, जबकि शेष दो शव पहचाने नहीं गए । बताया जाता है कि गत रात्रि मिलिटैंटों ने मिट्ठू सिंह का अपहरण कर लिया था ।

चौकी पर हमला : पुलिस जिला मजीठा के गांव झंडे में कत्थूनंगल पुलिस थाना के अधीन मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर

पंजाब में अन्यत्र बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 5 मिलिटैंट मरे : कांस्टेबल समेत 10 की हत्या : 3 व्यक्तियों का अपहरण : अमृतसर में बम धमाका

हमला किया । जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट फरार हो गए । इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ ।

विद्युत कर्मी की हत्या : आज सायं जिला रोपड़ के खरड़ क्षेत्र में 2 मिलिटैंटों ने पंजाब राज्य विद्युत मंडल के अकाउंटेंट खैरायती लाल अरोड़ा की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए । श्री अरोड़ा चंडीगढ़ जा रहे थे ।

के.एल.ओ. का लैफ्टिनैंट जनरल व उसका साथी मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): पुलिस जिला मजीठा के वरिष्ठ अधीक्षक परमजीत सिंह गिल ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन का लैफ्टिनैंट जनरल जगतार सिंह जग्गा उर्फ़ धमाका अपने साथी सहित मारा गया है।

इस घटना का विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि गत रात्रि लगभग 10.30 बजे मजीठा थाने के अधीन गांव लिद्दड़ में पुलिस व बी.आर.पी.एफ. के एक संयुक्त नाका दल ने पी.बी. 02-बी. 3702 नम्बर के स्कूटर पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु वे निकट के खेतों में जा छिपे और स्कूटर को सड़क पर ही छोड़ गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने खेतों को घेर लिया तथा बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर मंगवा कर वे उन संदिग्ध मिलिटैंटों की खोज में खेतों में घुस गए। खेतों में छिपे दोनों मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर गोली चला दी तथा जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे वे दोनों संदिग्ध मिलिटैंट मारे गए।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

कश्मीर में 2 अलगाववादियों सहित 6 लोग मारे गए, 41 अलगाववादी गिरफ्तार

श्रीनगर, 26 अगस्त (प.स., वार्ता): कश्मीर घाटी में कल रात से दो अलगाववादियों सहित छः व्यक्ति मारे गए, जबकि घाटी में चौदह दिनों के हड़ताल के बाद आज दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान ने इस बंद का आयोजन किया था ।

सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहर गंडेरबल में तलाशी अभियान के दौरान 41 संदिग्ध अलगाववादियों को गिरफ्तार किया । इनमें

राजीव हत्या केस : दूस जांच आयोग गठित

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता): सरकार प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की जांच के दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्याया न्यायमूर्ति एम.सी. जैन की अध्यक्षता में दूसरे आयोग का गठन किया है ।

एक सरकारी घोषणा में आज यहां कहा ग यह एक-सदस्यीय जांच आयोग राजीव हत्याकांड की पहले से जांच कर रहे न्या जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता वाले जांच आय अतिरिक्त कार्य करेगा ।

नया आयोग हत्याकांड के घटनाक्रम त सभी तथ्यों और हत्या से संबंधित परिस्थिति जांच करेगा जो वर्मा जांच आयोग के दायरे हैं । यह आयोग इस बात की भी जांच करेगा कोई व्यक्ति, समूह अथवा एजैंसी हत्या की बनाने तथा इसे छिपाने के लिए जिम्मेदार है हत्या के लिए कोई षड्यंत्र किया गया न्यायमूर्ति जैन आयोग को अपनी रिपोर्ट 6 अंदर प्रस्तुत करनी होगी । वह अंतरिम रि पेश कर सकता है । जांच आयोग का म दिल्ली में होगा ।

इसी बीच सरकार ने न्यायमूर्ति वर्मा आ कार्यकाल भी बढ़ा दिया है । इस आयोग आज समाप्त हो रही थी । आयोग को अप 31 दिसम्बर 1991 तक पेश करनी है









Punjabi Sanatan



पुलिस जिला मजीठा के गांव लिद्दड़ में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारे गए के.एल.ओ. के लैफ्टिनैंट जनरल (बाएं ऊपर) जगतार सिंह जग्गा उर्फ धमाका का शव तथा (दाएं ऊपर) उसके साथी अज्ञात मिलिटैंट का शव । नीचे (बाएं) घटना स्थल से बरामद हथियार व (दाएं) मजीठा के एस.पी. आप्रेशन एच.आर. बांगा पत्रकारों को घटना की जानकारी देते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Bhaitari

27.8.1991



श्री गिल

मालगाड़ी पर दो घायल

(वा.) गत रात वे स्टेशन के निकट एक रा कार्यालय किए जाने से

सलाहकार बने

(प.स.) : प्रधानमंत्री ी मुलायम सिंह यादव, जो, 16 अगस्त, 1991 को ी है ।

र रोक जारी

(वार्ता) : सरकार ने 21 कोजारी को जेलों की फैसला किया है ।

नरपेक्षता बंद : आत्मा नंद

र (कमलेश) : श्री राम कार ज्ञानानंद स्वामी आत्मा ा, जो सन्यास से इन्कार ा था, 16 अगस्त, 1991 को ा को जिंद पेश किया है। ने कहते हुए इस के इस ना को ख्ति की थी कि ने अपने को ब्रह्म ा घोषित कर दिया है। ने कहा कि ब्रह्म ा के कारण ही वे ा को ब्रह्म ा घोषित करने की मांग की

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री गिल ने बताया कि मृतक मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के लैफ्टिनैंट जनरल जगतार सिंह जग्गा उर्फ धमाका के रूप में हुई जबकि उसके दूसरे साथी की पहचान नहीं हो सकी। श्री गिल का कहना था कि जग्गा पहले बब्बर खालसा का मदस्य था तथा बाद में उसने अपना उक्त संगठन कायम कर लिया। वह पुलिस को 30 से भी अधिक हत्याओं, मजीठा में 2 बम धमाकों व नागकलां में 7 पुलिस कर्मियों की हत्याओं में वांछित था। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 38 बोर का एक रिवाल्वर, एक दोनाली बंदूक व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का मिला है।

श्री गिल ने बताया कि अब मिलिटैंट अपने लैटरपैडों की बजाए अन्य संगठनों के लैटर पैड प्रयोग कर रहे हैं। इसी सिलसिले में गत दिनों अजनाला में बब्बर खालसा के पैड पर खालिस्तान कमांडो फोर्स के एक संदेश लिख कर 4.20 लाख रुपए की धनराशि वसूल की थी।

'अशोक सोनी' के अनुसार जग्गा पर 35,000 रुपए का पुरस्कार घोषित था।

बताया जाता है कि के.एल.ओ. का गठन वास्तव में अतिन्दर पाल सिंह ने किया था जो बाद में सांसद बन कर रिहा हो गया। दूसरी तरफ जगतार सिंह जग्गा ने अपने नाम के साथ 'धमाका' तब जोड़ा जब उसने मजीठा में प्रथम बम विस्फोट किया था। के.एल.ओ. में अब केवल 10 मिलिटैंट ही रह गए हैं।

मुकाबले में 6 मिलिटैंट मरे : मंगरूर (गर्ग) : कल प्रात: यहां से करीब 8 कि.मी. दूर गांव खेड़ी स्थित पंजाब विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्र में पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ हुए लगभग 13 घण्टे के जबरदस्त मुकाबले में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के मंगरूर जिले के एरिया कमांडर बलबीर सिंह वासी बूहरू सहित 6 मिलिटैंट मारे गए जबकि सीमा सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया। बाकी मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त प्यारा सिंह, शिंगारा सिंह वासी ककूवाल, कर्मजीत सिंह वासी लौंगोवाल के रूप में हुई जबकि एक अन्य मिलिटैंट की पहचान नहीं हो सकी।

बताया जाता है कि मारा गया मिलिटैंट प्यारा सिंह होमगार्ड का पूर्व कर्मचारी था तथा वह 11 जून 1991 से फरार था जबकि कर्मजीत सिंह को पुलिस किसी केस में पकड़ कर जब पहले ले गई थी तो गांव लौंगोवाल की पंचायत ने उसे छुड़वा लिया था। मगर वह बाद में पुन: वारदातें करने लग गया। इस गिरोह ने 11 जून को धरांचू पुलिस चौकी पर हमला करके पुलिस के 8 जवानों व शराब के एक ठेके के करिन्दे की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी एक मैगजीन व 45 कारतूस, एक एस.एल.आर. उसकी एक मैगजीन व 6 कारतूस बरामद किए हैं।

बताया जाता है कि जिस केंद्र में यह मुकाबला हुआ, उसे मिलिटैंट गत 3 माह से प्रयोग में ला रहे थे। इस मुकाबले में मारे जाने वाले सभी मिलिटैंट कौर व 7 वर्षीय लड़के संदीप कुमार का अपहरण किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। बच्चों के पिता की शिकायत पर सदर पुलिस ने बाड़िया के एक व्यक्ति बिशन दास के विरुद्ध धारा 364 के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। चूहड़ सिंह ने आशंका प्रकट की है कि बच्चों का अपहरण उनकी हत्या के उद्देश्य से किया गया।

मिलिटैंट का शव मिला : पटियाला (राज.): पुलिस ने मंडी गोबिंदगढ़ के गांव लाददपुर की नहर के निकट से सुरजीत सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह रामदासिया नामक मिलिटैंट का शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वह सम्भवत: गुट संघर्ष के परिणामस्वरूप मारा गया।

3 व्यक्तियों की हत्या : जिला संगरूर के बरनाला कस्बे से 10 कि.मी. दूर गांव हंडियाया में आज स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने फायरिंग करके शराब के एक ठेकेदार हरबंस लाल, विजय कुमार व शिवजी कुमार नामक 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 4 अन्य को घायल कर दिया।

स्त्री की हत्या : पटियाला (राज.): तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पटियाला-संगरूर सीमा पर स्थित हरदिया गांव में गुलाब सिंह नामक एक मजदूर की पत्नी बलदेव कौर को बुरी तरह घायल कर दिया। उसे यहां राजेन्द्रा अस्पताल में लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

बम धमाके में 2 घायल : आज रात्रि अमृतसर की आबादी सुल्तानविंड में एक धार्मिक स्थल पर मिलिटैंटों द्वारा एक बमनुमा वस्तु फैंके जाने से 2 व्यक्ति घायल हो गए। घायलों राजेन्द्र सिंह और बलि शाह को गुरुनानक अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में दाखिल करवाया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। बम देसी था और बोतल में बना हुआ था। घटनास्थल के निकट सुरक्षा बलों की एक चौकी होने के बावजूद अभियुक्त एक स्कूटर पर भागने में सफल रहे।

मिलिटैंट मारा गया : जिला भटिंडा के गांव सिंघो के निकट आज सायं सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट सरदूल सिंह मारा गया। उसके कब्जे से एक कटी हुई 303 की राईफल बरामद की गई है।



बम्बई में लार्सन एंड टूब्रो के उत्तेजित शेयर होल्डरों को अनिल अम्बानी तथा मुकेश अम्बानी शांत करने का प्रयास करते हुए। ये लोग शेयर होल्डरों की आम सभा की असाधारण मीटिंग स्थगित होने के कारण नाराज थे। (छाया : पी.टी.)

बैठक स्थगित

बम्बई, 26 अगस्त (वार्ता): लार्सन एंड टूब्रो की आज होने वाली साधारण आम बैठक 16 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक धीरू भाई अम्बानी को 'लार्सन एंड टूब्रो' का निदेशक और मुकेश डी. अम्बानी को प्रबन्ध निदेशक नियुक्त करने के लिए बुलाई गई थी। अम्बानी घराने के

: 1. श्री जोगिन्दर लाल जैन
र्माण सोसाइटी) मैसर्ज नरेश
कुमार जैन सुपुत्र श्री सरदारी
न इस महोत्सव की प्रधानता
ज जी जैन मैसर्ज गुजरांवाला
श्रीपाल जी जैन सुपुत्र श्री
लन्धर वाले आचार्य विमल
करेंगे।
न्धर, 2. ग्रेट हार्ट पब्लिक
राओं, 4. स्वामी लालचन्द
जैन एकाडमी, ऊधमपुर,
मू, 7. सन्मति विमल जैन
र श्री संतोख सिंह सकरी,
भा, मण्डी रोड, 11. श्री
न युवक मंडल, 14. श्री जैन
वयुवती संघ, 17. सन्मति

ातुर्मास में प्रत्येक शनिवार
पारना होता है।

प्रधान चातुर्मास कमेटी
श्री मदन लाल जैन लाहौर वाले
टी, जालन्धर।

ज्ञापन

पोल्ट्री

rmers Price for 27.8.91
Eggs without Tray is
67/-, Chandigarh Rs.
ala Rs. 67/50. NECC
tail Price 80 Ps per Egg.
(Kamboj) 7277W

जनिक सूचना

का अनुपम शर्मा मेरे कहने सुनने में
ई मेरा उससे कोई सम्बन्ध नहीं ।
अंचल सम्पत्ति में बेदखल कर दिया
न करने वाला स्वयं जिम्मेदार
र शर्मा, B-164, रेलवे कालोनी,
(Ashwani Kohli / 415W)

रोजगार

पास, 16-25 वर्षीया लड़क/
ा, एयरफोर्स, बैंकों, रेलवे तथा
संबंधी गाइडेंस पासपैक्टस तथा
6/- रूपए मनिआर्डर/बैंक ड्राफ्ट
मंगवाएं : Mukesh Career
l Gaila, Jalandhar.
(5898)/2.8.0

वश्यकता

मिले हैं।

छलनी शव मिला : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस थाना बटाला सदर के गांव बोदे दी खुई के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है। मृतक की आयु करीब 45 वर्ष है तथा उसकी जेब से बरामद होने वाले कागजों में एक परिचय पत्र भी है, जिसमें उसका नाम सुरजीत सिंह पुत्र रक्खा राम कारबां गुड्स एजेंसी, पटेल चौक, जालंधर लिखा है।

कांस्टेबल की हत्या : लुधियाना (महेंद्रा): कल रात जसबीर सिंह कांस्टेबल की उसके गांव भिखी थाना डेहलों में हत्या कर दी गई। वह प्रति नियुक्ति पर नगर निगम लुधियाना में ड्यूटी देता था। कल रात 7-8 मिलिटैंट उसके घर आए और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी तथा फरार हो गए।

स्कूटर छीना : पुलिस ने बताया कि गत दिवस मौजा हबंड़ा में मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर छीन लिया। जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो वे अपना रिवाल्वर व स्कूटर सड़क पर ही छोड़ कर फरार हो गए।

मारुति कार छीनी : (धीमान): कल 2 मिलिटैंट सराभा नगर के एक व्यापारी वीरेंद्र मोहन की मारुति कार को बंदूक की नोक पर छीन ले गए।

श्री मोहन अपनी पत्नी सहित कार में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। जब वे कोठी से कुछ दूर गए तो स्कूटर सवार 2 युवकों ने उन्हें रुकने का संकेत किया। उन्होंने यह समझा कि शायद उनका स्कूटर खराब हो गया है और वर्षा में उन्होंने नजदीक हो जाना है। अतः उन्होंने कार रोक ली। एक युवक ने राइफल दिखा कर कहा कि वे अपने सभी कागज निकाल लें उन्हें केवल कार की आवश्यकता है। अगर उन्होंने ऐसा न किया तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे। इस पर उन्होंने सभी कागज निकाल लिए तथा उनकी पत्नी व बच्चे भी कार से बाहर आ गए। एक मिलिटैंट इस मारुति कार पी.बी.-10-0454 को चला कर ले गया जबकि दूसरा मिलिटैंट स्कूटर पर गया। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

3 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : कपूरथला (शर्मा): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार जसमिंदर सिंह ने बताया है कि थाना सदर फगवाड़ा के क्षेत्र में गांव पांछटा के निकट रात्रि को एक मामूली मुठभेड़ के पश्चात नाका लगाए पुलिस दल ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों हरबंस सिंह वासी उपलाना थाना माहलनवाल जिला लुधियाना, सर्वजीत सिंह वासी लंडे थाना सदर लुधियाना, अजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह वासी भट्टीवाल थाना श्री हरगोबिंदपुर जिला गुरदासपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे में 12 बोर की दो बंदूकें, एक देसी पिस्तौल 12 बोर तथा 29 कारतूस बरामद किए हैं। इन से पूछताछ जारी है।

भाई-बहन का अपहरण : होशियारपुर (अश्विनी): थाना सदर के अधीन ग्राम जल्लोवाल में एक व्यक्ति चूहड़ सिंह की 10 वर्षीया लड़की गुरविन्द्र

पंजाब में चुनाव अक्तूबर में ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

फरीदकोट जिलों को और छः मास के लिए गड़बड़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। सरकार अनुभव करती है कि इन जिलों में अभी स्थिति खराब है। जालंधर, कपूरथला व होशियारपुर जिलों को इस निर्णय की परिधि से बाहर रखा गया है।

सिगरेटकेविज्ञापनों पर रोक विचाराधीन

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता): केंद्र सरकार सिगरेटों से सम्बन्धित विज्ञापनों पर प्रतिबंध अथवा नियंत्रण पर विचार कर रही है। यह जानकारी आज लोकसभा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एम.एल. फोतेदार ने एक लिखित उत्तर में दी।

उल्फा उग्रवादियों द्वारा बंधकों की हत्या करने की धमकी

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वि.स.): केंद्र उल्फा उग्रवादियों के सामने टेक रहा है । उग्रवादियों ने यह धमकी दी है कि यदि कल तक जेलों में बंद उल्फा उग्रवादियों की रिहाई शुरू न की तो वह बंधक बनाए गए 11 सरकारी कर्मचारियों की एक-एक करके हत्या करनी शुरू कर देंगे । समझा जाता है कि असम के मध्यमंत्री श्री हितेश्वर सैकिया केंद्र पर उल्फा उग्रवादियों को जेलों से मुक्त करने की मांग पर जोर दे रहे हैं ।

वर्षा से 7 मरे

बुलंदशहर, 26 अगस्त (वार्ता): बुलंदशहर जनपद में पिछले 36 घंटों से लगातार वर्षा होने के कारण 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। मकानों की दीवारें गिरने से बुलंदशहर में पांच तथा अनूप शहर में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई

माधा सिंह
(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंटों के छुपने के ठिकानों पर ले जाया गया।

जून के अंतिम सप्ताह में दोनों बहनें, माधा सिंह और इन्द्रजीत सिंह के साथ ट्रेन द्वारा व्यास से दिल्ली गईं। राजधानी में वे एक चुराई हुई कार में शिवपूरी, इंदौर और अंततः महाराष्ट्र में मनमाड साहब पहुंचे। गुरुद्वारा मनमाड साहब के कार सेवक ने यह जानकर कि उसके सामने दो दुर्दांत मिलिटैंट खड़े हैं, उन्हें दो कमरे दे दिए।

उन्होंने वहां दो सप्ताह बिताए जहां दोनों लड़कियों से हर रोज बलात्कार होता रहा। इस बीच माधा सिंह और इन्द्रजीत सिंह अपने स्थानीय साथियों के साथ कहीं जाते रहे जिसके बारे में लड़कियों को कोई जानकारी नहीं है। मिलिटैंटों ने अपने एक साथी कुलवंत सिंह शहीद की रिहाई के लिए निर्मल सिंह निम्मा नामक किसी व्यक्ति का अपहरण भी किया था।

कलम-छोड़ हड़ताल का आह्वान

चंडीगढ़, 26 अगस्त (वि.प्र.) : पंजाब राज्य



Punjab Sahaj

पंजाब में 12 व्यक्तियों की हत्या : आपसी शत्रुता में 3 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 27 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 2 महिलाओं सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि आपसी दुश्मनी में 3 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा राज्य में अन्यत्र सिख छात्र संघ के सचिव व एक फरार मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया । दूसरी तरफ सुरक्षा बलों से बचने के लिए एक मिलिटैंट ने आत्महत्या कर ली ।

अपहरण : तरनतारन पुलिस जिले में कल रात अनाज मंडी में मिलिटैंटों ने परमजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया।

शव बरामद : जिला कपूरथला के रेहाना जट्टां गांव में से गत सायं संजीव कुमार नामक एक लड़के का शव बरामद किया गया। शव पर तेज़धार हथियारों के प्रहार के निशान थे।

3 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): जंडियाला थाना के अधीन आज तड़के 3 बजे देवीदासपुरा गांव में करीब 7-8 मिलिटैंटों ने निर्मल सिंह पुत्र करतार सिंह, परगट सिंह पुत्र बुआ सिंह, दिलबाग सिंह पुत्र उजागर सिंह को उनके घरों से जबरदस्ती बाहर निकाला व निकटवर्ती रेलवे लाइन के पास ले जाकर उनकी गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक अन्य की हत्या : गत रात्रि लगभग 11 बजे कलानौर थाना के अधीन भगवां गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सुलखन सिंह पुत्र बावा सिंह को जबरदस्ती उसके घर से बाहर निकाला व तेज़धार के हथियार से उसकी हत्या कर दी । फरार होते समय मिलिटैंट घटनास्थल पर एक पत्र भी छोड़ गए जिसमें लिखा था कि इसने अपनी बहू को मारा था, इसलिए इसे 'सोध' दिया गया है ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत सायं बलजिन्दर सिंह नामक एक मिलिटैंट ने बाघापुराना थाना के अधीन गांव छोटिया में उस समय एक कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली जब एक पुलिस दल ने उसके मकान में छापा मारा तथा उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया । बलजिन्दर सिंह को कुएं में से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

आपसी दुश्मनी में 3 मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला बटाला के अधीन बिजलीवाला गांव में करीब 15-16 मिलिटैंटों ने गत रात्रि सर्बजीत सिंह उर्फ अम्बा, भिन्दर सिंह व चरन निक्का नामक तीन व्यक्तियों को उनके घर से जबरदस्ती बाहर निकाला तथा गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । फरार होते समय हत्यारे घटनास्थल पर बब्बर खालसा का एक लैटरपैड छोड़ गए, जिस पर लिखा था कि चूंकि इन व्यक्तियों ने हमारे साथी मनप्रीत सिंह की हत्या करवाई थी, इसलिए इन्हें 'सोध' दिया गया है । बताया जाता है कि तीनों मृतक मिलिटैंट थे तथा इनकी हत्या भी सम्भवतः आपसी दुश्मनी का ही परिणाम है ।

खेतों में ले जाकर हत्या : बटाला (कोछड़): एक सूचना के अनुसार थाना कलानौर के गांव पन्नुआं में मिलिटैंटों ने गत रात्रि एक घर में जबरदस्ती घुसकर लक्खा सिंह नामक एक व्यक्ति को बंदूक की नोक पर बाहर निकाला व निकटवर्ती खेतों में ले जाकर उसकी हत्या कर दी ।

2 महिलाओं की हत्या : मानसा (मेहता): गत रात्रि यहां से लगभग 25 कि.मी. दूर गांव अनूपगढ़ में दो मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो महिलाओं मुख्तियार कौर व उसकी देवरानी महिन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

सिख छात्र संघ का सचिव व फ़रार मिलिटैंट गिरफ्तार : एक व्यक्ति का अपहरण : मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने मुख्तियार कौर से 20,000 रुपए की मांग की थी, परन्तु उसने यह कह कर इन्कार कर दिया कि उसके पास तो केवल एक हजार रुपए हैं । इस पर मिलिटैंट उसे अपने साथ जबरदस्ती घर से निकाल कर उसकी देवरानी महिन्दर कौर के पास ले गए, जहां दोनों की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई । घटनास्थल से 12 बोर के कुछ खाली कारतूस मिले हैं ।

दो शराब विक्रेताओं की हत्या : भटिंडा (सोच): गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर मिलिटैंटों ने रामां मंडी के निकट शराब के दो विक्रेताओं सुखदेव सिंह व राकेश सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा चार अन्य को घायल कर दिया । घायलों में पुलिस कांस्टेबल मुख्तियार सिंह, होमगार्ड के दो जवान गुरभिन्दर सिंह व हरभजन राम तथा एक अन्य विक्रेता पाला सिंह शामिल हैं । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने ए.के. 47, 303 बोर व 12 बोर की राइफलों से फायरिंग की ।

ठेकेदार, जूनियर इंजीनियर की हत्या : होशियारपुर (वि.प्रे.): 2 मिलिटैंटों ने आज सायं थाना माहलपुर के गांव बुखोमाजरा में होशियारपुर के एक ठेकेदार श्री अशोक कुमार त्रेहन और पंजाब पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन के एक जूनियर इंजीनियर श्री गुरसेवक शर्मा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने बताया कि श्री त्रेहन होशियारपुर के मुहल्ला मिलाप नगर के रहने वाले थे और वह जूनियर इंजीनियर श्री गुरसेवक शर्मा के साथ माहलपुर जा रहे थे कि सड़क के किनारे खड़े दो मिलिटैंटों ने उनको रोक कर अपना मोटर साइकिल देने को कहा । श्री त्रेहन ने मोटर साइकिल देने से इंकार करते हुए एक मिलिटैंट को जफ्फा मार लिया । इस पर दूसरे मिलिटैंट ने अंधाधुंध फायरिंग करके दोनों की हत्या कर दी और मोटर साइकिल लेकर फरार हो गए ।

श्री गुप्ता के अनुसार उक्त मिलिटैंट पीछे कहीं से स्कूटर पर आ रहे थे कि गांव के निकट उनके स्कूटर की क्लच की तार टूट गई, इसलिए उन्होंने कोई वाहन छीनने के इरादे में हत्याएं कीं । पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है ।

स्कूटर छीना : फगवाड़ा (अशोक): गत

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahit.com

फैडरेशन ने 11 सितम्बर को राज्यपाल के निवासस्थान राजभवन के बाहर राज्यव्यापी धरना देने का फैसला किया है।

इस सम्बन्ध में फैडरेशन ने 18 सूत्रीय मांगपत्र तैयार किया है जो राज्यपाल को पेश किया जाएगा। इसमें एक मांग यह है कि राज्यपाल का एक सलाहकार अनुसूचित जाति के किसी वरिष्ठ अधिकारी को लगाया जाए।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिवस कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने गांव जंडियाली के निकट एक डाक्टर स्वर्ण राम से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया। इससे पूर्व इन मिलिटैंटों ने टैम्पो यूनियन के अध्यक्ष बाबा सिंह के घर पर वारदात करने की असफल चेष्टा की थी।

छात्र संघ का सचिव गिरफ्तार : नवांशहर (शर्मा): बंगा पुलिस ने बघेल सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और इससे एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ पर उसने पुलिस को बताया कि उसके साथियों ने गांव जस्सो माजरा में एक लड़के की हत्या करनी थी। बघेल सिंह गांव ढैपुर थाना आदमपुर का रहने वाला है और सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन जिला होशियारपुर का सचिव है।

फरार मिलिटैंट पुनः गिरफ्तार : पटियाला (राजू): जिला पुलिस ने स्वर्ण सिंह पुत्र भाग सिंह मजहबी निवासी अमलोह नामक मिलिटैंट को पुनः गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व उसे तब काबू किया गया था, जब वह अपने दो अन्य साथियों के साथ एक स्कूटर छीनने का प्रयास कर रहा था तथा बाद में जब उसे एक अस्पताल में पुलिस की हिरासत में रखा गया था तो वह फरार हो गया। उसके कब्जे से बरामद किया गया एक स्कूटर नं. पी.बी. 10 ई-1571 भी बरामद किया गया है।

भजन लाल बनाम बंसी लाल

(पृष्ठ 3 का शेष)

गांधी की हत्या के बाद श्री बंसी लाल पुनः इंका में जाना चाहते हैं तथा इसे हरियाणा इंका के अनेक नेता व मंत्री पसन्द नहीं करते हैं। मजेदार बात यह है कि इंका हाई कमान ने श्री बंसी लाल के पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह—सांसद, के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है यद्यपि वह हरियाणा में हाल ही के चुनाव में इंका प्रत्याशियों के खिलाफ तथा हविपा के समर्थन में प्रचार करते रहे हैं। हरियाणा इंका के प्रधान श्री बीरेन्द्र सिंह ने कई सप्ताह पहले कहा था कि उन्होंने पार्टी हाई कमान से सिफारिश की है कि वह श्री सुरेन्द्र सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करे, पर अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

र उपग्रह छोड़ा

(ए.पी.): जापान ने और अधिक स्पष्ट प्रसारण धुनिक उपग्रह छोड़ा है। भाग ने कल यहां बताया ीविजन चैनलों के लिए रेगा। इसमें एक विशेष र्यक्रम सीधे दर्शकों के घरों ा पकड़े जा सकेंगे।

संदों द्वारा लिंक ो करने की मांग

गस्त (प.स.): केंद्रीय जल शुक्ल ने आज कहा कि र पूरी न हो पाने पर भी खड़ा नहरों के माध्यम से रहा है। श्री शुक्ल ने यह ों के साथ एक बैठक में नक नहर को तेजी से पूरा न्होंने कहा कि वे महसूस के पूरा न होने से हरियाणा पने हिस्से का पूर्ण उपयोग उसे हर वर्ष 100 करोड़ है। उन्होंने कहा कि यदि हन क्षमता उनके डिजाइन जाए तो पानी की सप्लाई है। उन्होंने कहा कि हिस्से की अदायगी कर रहा

लिंक नहर के बन जाने पर के पानी में अपने पूरे हिस्से ।

अलगावबाद

का शेष)

व्यक्तियों को घायल कर में अलगाववादियों तथा फायरिंग में एक व्यक्ति लों ने कुपवाड़ा जिला से ट, 3 सुरगें, ए.के. 47 की गोले बरामद किए ।

अमीना बेगम से शादी

गुरुकुल कांगड़ी के पूर्व रजि

हरिद्वार, 27 अग विश्वविद्यालय के पूर्व की आज यहां विश्वविद्य व्यक्तियों ने गोली मार

पुलिस के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर एक गोली उनके पेट म लगी ।

वाहनों को गैस से चल

नई दिल्ली, 27 वाहनों में पैट्रोल तथा नैचरल गैस के इस्तेमाल की एक कार्य योजना मुताबिक 66,700 16,800 डीजल च नैचरल गैस चालित बन वर्षों में पूरा किया जाएग गैस मंत्रालय परियोजन कर रहा है। इस परिय से हर साल 225 कर पैट्रोलियम उत्पादों के इस तरह से विदेशी मु

सक्सेना

श्रीनगर, 27 अग राज्यपाल श्री गिरीश बुलावे पर आज रात्रि गए। श्री सक्सेना नरसिम्हाराव, गृहमंत्री रक्षामंत्री श्री शरद पव

सोवियत संघ भारतीय साम्य प्रभावित होना

कलकत्ता, 27 अ के मुख्यमंत्री ज्योति सोवियत संघ अब टूट घटनाक्रम से भारत प्रभावित होना स्वा कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्र लेने के लिए नई दिल्ली ने संवाददाताओं से कह पिछले 70 वर्षों में जो अब वहां नहीं रह गई भारत की मार्क्सवादी निर्धारित रास्ते पर चल पर । उन्होंने कहा कि सोवियत संघ के विचार-विमर्श होगा समिति की बैठक सितम्बर को श्री बसु त जाएंगे, इसके लिए निमंत्रण आया है ।

विषैली

होशंगाबाद, 27 अग 100 किलोमीटर दूर

TVS—MOPEDS
E SERVICE CAMP
N'T MISS THIS OFFER
9th to 30th August 1991.
ts. Free Checkup, Plus On the Spot Advise by Specially
Engineer From TVS Suzuki.
SERVICE CENTRE
IVALIK AUTO CENTRE

Punjab Sanatani

आई.आर.एस-1 बी. उपग्रह बंगलौर में टैस्टिंग के लिए थर्मोवैक चैम्बर में उतारा जाता हुआ । इस उपग्रह को कल 29 अगस्त को सोवियत संघ के बैकोनूर कास्मोड्रोम से अंतरिक्ष में छोड़ा जाएगा ।
(छाया : पी.टी.)

कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन सरकार इन पर अंकुश लगाने और इसे एक खास सीमा तक ही नियंत्रित करने की दिशा में सचेष्ट है।

श्री अहमद ने कहा कि जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, ताकि बनावटी अभाव की

जा सकती है।

कांग्रेस (इ) के श्री दिग्विजय सिंह ने सरकार से पूछा कि पार्टी घोषणापत्र में 100 दिनों के भीतर कीमतों को कम करने का वायदा पूरा करने की दशा में वह क्या कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

जाएगा । उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल को बदलना आवश्यक है तो हम उसे बदल देंगे लेकिन यह परिवर्तन उनके राज्य में जाने और वहां की स्थिति का मौके पर जायजा लेने के बाद किया जा सकता है ।

पंजाब में 13 लोगों की हत्या : 5 मिलिटैंट मरे, 6 व्यक्तियों का अपहरण

चंडीगढ़, 28 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 13 लोगों की हत्या हुई, 5 मिलिटैंट मारे गए तथा 6 लोगों का अपहरण हुआ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : फिरोज़पुर जिला के मछियां गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मृतक की पहचान गुरमेज सिंह उर्फ गेजा के रूप में हुई है। घटनास्थल से एक बंदूक भी बरामद हुई है। फिरोजपुर जिला के मल्लियांवाली गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कल रात एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

घर में घुस कर हत्या : कल रात फिरोज़पुर जिला के जोक नोध गांव में मिलिटैंटों ने मान सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। भागते समय मिलिटैंट मृतक की रिवाल्वर तथा राइफल भी ले गए।

शव मिला : लुधियाना जिला के मेहमासिंहवाला गांव के निकट से आज प्रातः रणजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला।

नर्स की हत्या : अमृतसर (नारंग): छहर्टा थाना के गांव गुमानपुर में गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने भूपिंदर कौर नामक नर्स की हत्या कर दी। वह पजवड़ गांव में नौकरी करती थी। यह आपसी शत्रुता का मामला बताया गया है।

दो व्यक्तियों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के लालू घुम्मन गांव में कल रात दो मिलिटैंटों ने प्यारा सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। इसी पुलिस जिला के गांव बल्टोहा में करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

घायल बालिका ने दम तोड़ा : अमृतसर में स्वतंत्रता दिवस पर बम विस्फोट में घायल हुई 4 वर्षीया एक बालिका ने आज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

दुकानदार की हत्या: मजीठा पुलिस जिला के होतियां गांव में आज प्रातः मिलिटैंटों ने नाथ सिंह नामक एक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी। फायरिंग में कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति घायल भी हुआ।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिला के दुबली गांव में सोमा सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया।

कम्पाऊंडर का अपहरण : रोपड़ जिला के मोरिंडा गांव में कल रात मारुति कार में सवार 3 मिलिटैंटों ने दर्शन सिंह नामक एक कम्पाऊंडर का अपहरण कर लिया।

दम्पति की हत्या : भटिंडा जिला के किशनगढ़ गांव में मिलिटैंटों ने आज प्रातः गुरजंट सिंह तथा उसकी पत्नी जीतो की उनके घर पर ही हत्या कर दी।

अपहरण के बाद हत्या : भटिंडा जिला के अहमदपुर गांव से मिलिटैंटों ने हरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से अपहृत कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

एक ही हत्या : मानसा से 'मेहता' के अनुसार कल रात यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव आदमपुर में नछत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

दो लोगों की हत्या : बटाला (कोछड़): बटाला पुलिस जिला के भगतुपुरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने गुलजार सिंह के घर में घुस कर उसकी

(शेष पृष्ठ 6 पर) हत्या कर दी



जिला होशियारपुर के गांव मुख्तमजारा के निकट मंगलवार शाम मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस आवास निगम के जूनियर इंजीनियर श्री गुरसेवक शर्मा तथा ठेकेदार श्री अशोक त्रेहन की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । चित्र में (1) श्री शर्मा तथा (2) श्री त्रेहन के शव और (इनसैट) उनके पुराने चित्र, (3) श्री शर्मा के परिजन तथा (4) श्री त्रेहन के परिजन विलाप करते हुए ।
(छाया : मून लाइट)

Punjabi Sanjati

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा उसके साले रणजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। भागते समय मिलिटैंटों ने गुलजार सिंह के मकान को भी आग लगा दी। फार्यरिंग में एक गाय की भी मृत्यु हो गई।

4 का अपहरण : पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव टण्ड मुनेश में अलग-अलग घरों से गत रात्रि मिलिटैंट तीन लोगों गुरमेज सिंह (55), पाल सिंह (45) व ध्यान सिंह (28) को अपहृत करके ले गए। मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव खजाला में भी एक व्यक्ति दर्शन सिंह (60) का अपहरण कर लिया। जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पुलिस व बी.एस.एफ. अपहृतों की तलाश कर रही है।

ट्रांस्पोर्टर का अपहरण : खन्ना (शर्मा): कल रात 11 बजे के लगभग जी.टी. रोड गुरुद्वारा के पास सेवा सिंह प्रेमी ट्रांस्पोर्टर के घर 10-12 लोग सिरों पर पीले पटके बांधे और गले में गातरे डाले आए और उन्होंने उस दो मंजिला मकान को घेरे में ले लिया जहां श्री प्रेमी सो रहे थे। उनमें से कुछ साथ वाली दुकान से होते हुए दूसरी मंजिल पर जा पहुंचे। जब श्री प्रेमी ने उन्हें आते देखा तो वह ऊपर की छत पर जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि "मिलिटैंट आ गए, मुझे बचाओ, मुझे बचाओ।" हालांकि इस सारे क्षेत्र में अधिकांश रिहायशी मकान हैं लेकिन कोई भी मदद को नहीं आया।

एक बयान में घर वालों ने बताया कि मिलिटैंट कह रहे थे कि हमें पता चला है कि आपके पास मिलिटैंट आते हैं, इसलिए घर की तलाशी लेनी है। उन्होंने घर की तलाशी ली और जाते हुए श्री प्रेमी को साथ ले गए, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला। उनकी पत्नी का कहना है कि उसको डर है कि कहीं पुलिस वाले ही मिलिटैंटों के वेश में आए हों अन्यथा वे यह न कहते कि मिलिटैंट घर में आते हैं, हमने तलाशी लेनी है। इस घटना की शहर में बड़ी चर्चा है।

दो मिलिटैंट मरे : पटियाला जिला के ढबलां गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक राइफल तथा एक बंदूक बरामद हुई है।

एक और मिलिटैंट मरा : फाजिल्का से 'लूना' के अनुसार कल रात फरीदकोट-मुलतोड़ सड़क पर चढ़ियांवाला गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। उसका एक साथी बच कर भाग निकला। घटनास्थल से बिना नम्बर का एक मोटर साइकिल, एक हथियार तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ है।

वाहन छीन लिए : सुनाम से 'सिंगला' के अनुसार कल शाम यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव रोगला में लुटेरों ने स्टेनगन की नोक पर गुरजंट सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.बी. 13-0353 छीन लिया। मिलिटैंटों ने नरोत्तम सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति से भी उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल पी.बी.-13-1822 छीन लिया और भाग निकले।

अंतिम संस्कार : होशियारपुर (ब्यू. प्र.): गत सायं होशियारपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर मुखोमाजरा ग्राम के पास मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पंजाब पुलिस आवास निगम के जूनियर इंजीनियर श्री गुरसेवक शर्मा व होशियारपुर के एक युवा ठेकेदार श्री अशोक कुमार चेहन का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर पंजाब पुलिस के आई.जी. व पंजाब पुलिस आवास निगम के प्रबन्ध निदेशक श्री गुरबचन जगत, निगम के मुख्य अभियंता, होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता, एस.पी. (मुख्यालय) श्री हरभजन सिंह बाजवा, डी.एस.पी. (सिटी), श्री बलदेव राज तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य नागरिक मौजूद थे।

सोवियत संघ ने नया प्रक्षेपास्त्र बनाया

मास्को, 28 अगस्त (प.स.): सोवियत संघ ने नया बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र बनाया है जो दस हजार किलो मीटर की दूरी तक मार कर सकता है। एक सोवियत दैनिक ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

महंगाई

(पृष्ठ 3 का शेष)

बजट पेश होने के बाद के अगले 20 दिनों में आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हुई। नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री कमालुद्दीन अहमद ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि बजट पेश होने के बाद के अगले बीस दिनों में चावल के मूल्य में 3.6 प्रतिशत, गेहूं के मूल्य में 5.3 प्रतिशत, ज्वार के मूल्य में 6.5 प्रतिशत, अरहर की कीमतों में 2.9 प्रतिशत, चाय में 9.8 प्रतिशत तथा चीनी की कीमतों में 9.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है। श्री अहमद ने बताया कि इस दौरान प्याज की कीमतों में 12.6 प्रतिशत, सरसों के तेल में 7.6 प्रतिशत तथा गुड़ की कीमत में 2.2 प्रतिशत वृद्धि हुई।

राज्यसभा में आज सभी दलों के सदस्यों ने बजट तथा रुपए के अवमूल्यन के बाद पिछले तीन सप्ताहों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी से हुई वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से जानना चाहा कि वह कीमतों को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाने वाली है। विषय उल्लेख के तहत यह मामला उठाते हुए कम्युनिस्ट पार्टी के गुरुदास दासगुप्त ने कहा कि वित्तमंत्री मनमोहन सिंह की नीतियां मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बनी हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण वित्तमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

अमीना का निकाह वैध पाया गया !

हैदराबाद, 28 अगस्त (वार्ता): 11 वर्षीया अमीना और सऊदी अरब के 60 वर्षीय याहिया एच.एम. एल. शेख का निकाहनामा 'वैध' पाया गया है। इस मामले की जांच कर रहे दो सदस्यीय दल ने यह बात कही है। जांच दल नई दिल्ली से परसों यहां आया था।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के इंस्पैक्टर महेन्द्र जीत सिंह भट्टी और सब-इंस्पैक्टर मोहन लाल ने अपनी प्रारम्भिक रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने काजी सैयद महमूद हुसैन और दो प्रत्यक्षदर्शियों, शहर की विशेष पुलिस के हैड कांस्टेबल सैयद निजामुद्दीन और सैयद फरुउद्दीन से भेंट की और पाया कि निकाहनामा आठ अगस्त को सम्पन्न हुआ था।

स्कूल के रिकार्ड के अनुसार अमीना का जन्म एक मई 1980 को हुआ था।

दिल्ली पुलिस को अपहरणकर्त्ता की तलाश



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, प्रीत विहार की 17 वर्षीय सुषमा सेठी के कथित

प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब के विस्थापितों से किया गया वायदा पूरा नहीं हुआ

नई दिल्ली, 28 अगस्त (दि.श.): पंजाब से आए तीन सौ विस्थापितों को आज उम्मीद थी कि पंजाब भवन का घेराव करने से प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव द्वारा दिया गया आश्वासन पूरा हो जाएगा। लेकिन 'दिल्ली ऊंची सुनती है' की कहावत उस समय सिद्ध हो गई, जब पंजाब भवन के अधिकारियों ने कोरा जवाब दे डाला कि उन्हें प्रधानमंत्री अथवा उनके कार्यालय से कोई निर्देश नहीं मिला। पंजाब भवन से किसी वरिष्ठ अधिकारी ने उनसे बातचीत करना भी मुनासिब नहीं समझा। अंततः विस्थापित लगभग 2 घंटे तक पंजाब प्रशासन और कांग्रेस सरकार विरोधी नारेबाजी करके भूखे-प्यासे बोट क्लब की ओर लौट गए। इस तरह प्रधानमंत्री 24 घंटे के भीतर ही अपना वायदा भूल गए।

पंजाब प्रदेश इंका के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन श्री एम.एस. चीमा ने इस प्रतिनिधि को बताया कि मिलिटैंसी से त्रस्त होकर बटाला और डेरा बाबा नानक क्षेत्र से अनेक परिवार पलायन करके दिल्ली आए हैं। विस्थापितों ने यहां पंजाब के राज्यपाल से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनसे भेंट नहीं हो सकी। तब विस्थापितों के प्रतिनिधि ए.डी.सी. और रैजीडैंट कमिश्नर से मिले और अपना दुख-दर्द सुनाया और पंजाब के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन दिया। विस्थापितों को नहीं मालूम कि उनका ज्ञापन राज्यपाल तक पहुंचा है या नहीं ? रैजीडैंट कमिश्नर से मुलाकात के बावजूद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो विस्थापितों ने कल प्रधानमंत्री से भेंट की तथा उन्हें अपना दुख-दर्द सुनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को पंजाब भवन में बैठे अधिकारियों के रवैये से भी अवगत कराया। श्री चीमा के अनुसार प्रधानमंत्री ने अधिकारियों के रवैये पर खेद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि दिल्ली की शरण में आए विस्थापितों को आज प्रातः से पंजाब भवन से अस्थायी निवास, कपड़ा और भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने यह आश्वासन पूर्व इंका सांसद श्री कमल चौधरी की मार्फत भिजवाया। विस्थापितों ने आरोप लगाया कि पंजाब भवन से किसी भी अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली, जबकि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण बोट क्लब के मैदान में खुले आकाश तले पड़े 10 बच्चे, 13 महिलाएं और 8 वृद्ध बीमार हो गए हैं। सारा राशन पानी में भीग गया है।

भीष्म नारायण व जय ललिता की राष्ट्रपति से भेंट

मद्रास, 28 अगस्त (प.स.): तमिलनाडु के राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह और मुख्यमंत्री जय ललिता ने आज यहां राजभवन में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन से अलग-अलग मुलाकातें कीं। राजभवन सूत्रों ने बताया कि ये बैठकें आधे घंटे तक चलीं। सूत्रों ने इन्हें शिष्टाचार भेंटें बताया है।

'यू.पी. सरकार द्वारा मंदिर विधेयक पर केंद्र को आपत्ति नहीं होनी चाहिए'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (दिनेश) : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज यहां कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को अयोध्या मंदिर निर्माण हेतु विधेयक लाने तथा इस सम्बन्ध में कानून बनाने का वैधानिक अधिकार है तथा केंद्र सरकार इसमें बाधक नहीं बन सकती। भारतीय जनता युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई द्वारा आज सायं विट्ठल भाई पटेल भवन में लोकसभा उपाध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुनैया के सम्मान में प्रदेशाध्यक्ष श्री विजय जौली की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में श्री वाजपेयी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए धर्म-स्थली यथास्थिति 1947 विधेयक में से अयोध्या मंदिर विवाद को मुक्त रखना भाजपा और रामभक्तों की ऐतिहासिक विजय है। परिस्थितियां साक्षी बन रही हैं कि मंदिर निर्माण को अब कोई ताकत नहीं रोक पाएगी।

'राष्ट्रपति सुप्रीमकोर्ट से उसके ही फैसलों के औचित्य की सलाह नहीं ले सकते'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (वार्ता): उच्चतम न्यायालय में आज दलील दी गई कि राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय से इसके बारे में राय नहीं ले सकते कि उसके निर्णय सही हैं या नहीं ?

यह दलील कावेरी जल-विवाद पर राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय से राय जानने के मामले में तमिलनाडु सरकार की ओर से उसके वकील के पाराशरन ने दी।

मुलायम सिंह की सुरक्षा-व्यवस्था खत्म करने पर लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली, 28 अगस्त (पस): लोकसभा में आज सभी पक्षों के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पूरी सुरक्षा करने

जालन्धर मंडल अपने लक्ष्य को पार करेगा : मुखर्जी

जालन्धर, 28 अगस्त : भारतीय जीवन बीमा निगम के श्री एस.के. मुखर्जी, प्रादेशिक प्रबन्धक (विपणन), नई दिल्ली ने जालन्धर मंडल के प्रथम दौरे पर शाखा प्रबन्धकों के सम्मेलन को तथा मंडल प्रबन्धक क्लब के सदस्यों को सम्बोधित किया।

श्री मुखर्जी ने कहा कि जालन्धर मंडल का इतिहास है कि इसने अधिकतम वृद्धि-दर दी है और उत्तर क्षेत्र के मंडलों के समूह में नव-व्यवसाय का काफी योगदान दिया है। जालन्धर मंडल का नाम सारे भारत में इसकी उपलब्धियों के लिए चर्चित है। चालू वित्तीय वर्ष 1991-92 के लिए जालन्धर मंडल के लिए 284 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि यह मंडल इस लक्ष्य को प्राप्त ही नहीं करेगा अपितु इसको पार कर जाएगा।

श्री मदन लाल गांधी वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक जालन्धर ने भी समारोह में भाग लिया।

हाईकोर्ट का काम ठप्प

नई दिल्ली, 28 अगस्त (प.स.): दिल्ली उच्च न्यायालय में आज तीसरे दिन भी कामकाज ठप्प रहा। वकीलों ने दीवानी अदालतों में मुकद्दमों की सीमा पांच लाख रुपए किए जाने के विधेयक के विरोध में आज भी अदालतों का बहिष्कार किया। वकील राजधानी में पांच न्यायिक जिले बनाने की भी मांग कर रहे हैं।

देवी लाल ने लंगर-लंगोटे कसने शुरू कर दिए

रोहतक, 28 अगस्त (सजय): विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौ. देवी लाल ने हरियाणा में भजन लाल के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए लंगर-लंगोटे कसने शुरू कर दिए हैं।

मालूम हुआ है कि चौ. देवी लाल भजन लाल सरकार के विरुद्ध चलने वाली मुहिम का श्रीगणेश अपने जन्म दिवस (जोकि सितम्बर माह में है) पर रोहतक से आरम्भ करेंगे। भजन लाल के विरुद्ध आंदोलन चलाने के लिए चौ. देवी लाल ने अपनी पार्टी के तमाम कार्यकर्त्ताओं को विशेष निर्देश दे दिए

Punjab Kesari

भीषण बम विस्फोट में चंडीगढ़ के एस.एस.पी. सुमेध सैनी बाल-बाल बचे : 2 मरे, 13 घायल

पंजाब में अन्यत्र सरपंच और तहसीलदार सहित 15 व्यक्तियों की हत्या : विभिन्न घटनाओं में 7 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान आज चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक की बम विस्फोट द्वारा हत्या का असफल प्रयास किया गया तथा उनके 2 सुरक्षा कर्मी मारे गए व अन्य कई व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए । राज्य में अन्यत्र सरपंच व तहसीलदार सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल रंजीत सिंह समेत 7 मिलिटैंट मारे गए ।

बम विस्फोट में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घायल, 2 मरे : (राकेश सघी) आज दोपहर यहां मिलिटैंटों ने एक जबरदस्त बम विस्फोट करके चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया जबकि इस दौरान 2 पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गई व करीब एक दर्जन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए।

बताया जाता है कि यह बम विस्फोट यहां के सैक्टर-17 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर दोपहर बाद लगभग 2.30 बजे उस समय हुआ जब श्री सैनी अपने कार्यालय से घर जा रहे थे।

प्राप्त सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने यह बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल के माध्यम से किया। विस्फोट स्थल से लगभग 500 गज की दूरी पर पुलिस को रिमोट कंट्रोल भी पड़ा मिल गया है। यह बम नीले रंग की एक अम्बैसेडर कार नं. पी.बी.एल.-4559 में रखा हुआ था तथा यह कार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर सड़क पर ही खड़ी की गई थी। कहा जाता है कि श्री सैनी जैसे ही इस कार के समीप से गुजरे तो मिलिटैंटों ने उसी समय रिमोट कंट्रोल के माध्यम से बम विस्फोट कर दिया। श्री सैनी की कार नं. डी.डी.बी.-1265 भी इस विस्फोट के दौरान चकनाचूर हो गई। उनकी इस कार में सवार उनका गनमैन ए.एस.आई. लालू राम तथा चालक अमी चंद विस्फोट के दौरान मारे गए जबकि श्री सैनी की कार के पीछे चल रही जिप्सी में बैठे सी.आर.पी.एफ. से सम्बन्धित उनके कई सुरक्षा कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।

बताया जाता है कि इस बम विस्फोट से श्री सैनी के उक्त दोनों गनमैनों व कार चालक के बदन के अंग 100 गज के घेरे में इधर-उधर बिखर गए। इस विस्फोट से बैंक के भवन की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। इस बम विस्फोट के धमाके की आवाज करीब 5 कि.मी. के क्षेत्र तक सुनी गई।

इस वारदात ने चंडीगढ़ पुलिस के हौसले पस्त करके रख दिए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे कई वरिष्ठ अधिकारियों को पहले तो यह विश्वास ही नहीं हो रहा था कि यह बम विस्फोट श्री सैनी की कार को उड़ाने के लिए किया गया है। बताया जाता है कि श्री सैनी रोजाना ही अपनी कार की नम्बर प्लेट बदला करते थे तथा हमेशा रास्ता भी बदल-बदल कर ही अपने घर जाते थे। श्री सैनी काफी समय से मिलिटैंटों की हिट लिस्ट में हैं।

श्री सैनी आज दोपहर अचानक ही अपनी तबियत कुछ खराब होने के कारण अपने कार्यालय से उठ कर अपने घर की ओर चल दिए थे।

बताया जाता है कि बम विस्फोट होते ही श्री सैनी की कार तथा उस कार में उसी समय आग लग गई, जिसमें बम रखा गया था। फायर ब्रिगेड ने तुरन्त ही घटनास्थल पर पहुंच कर आग को बुझाया व घायलों को तत्काल ही पी.जी.आई. में पहुंचा दिया गया। इस विस्फोट के कारण उस समय वहां से गुजर रहे कई लोगों सहित बैंक के कुछ कर्मी भी बुरी तरह घायल हो गए। लंच-टाईम होने के कारण बैंक के कई कर्मी विस्फोट के समय सड़क पर ही इधर-उधर टहल रहे थे।

अब तक मिलिटैंटों के हाथों मारे गए प्रत्याशियों में अकाली दल (मान) के चार, अकाली दल (बादल) के तीन, अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के दो, अकाली दल (लौंगोवाल), अकाली दल (पंथक), कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा का एक-एक और दस निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं।

डी.एस.पी. के संबंधी का अपहरण : लुधियाना (मुसाफिर) : थाना खन्ना के गांव कोटलाबाला में कुछ मिलिटैंट कर्मराज वीर सिंह के घर आए और उसका अपहरण करके ले गए। वह पटियाला के डी.एस.पी. सुरजीत सिंह का साला है।

घर-घर तलाशी : पुलिस और सुरक्षा बलों ने राहों रोड पर स्थित देहात में घर-घर की तलाशियां लीं ताकि वहां छिपे मिलिटैंटों का पता लगाया जा सके। इस आप्रेशन का नेतृत्व आई.जी. आप्रेशन चौधरी सूबे सिंह कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि लुधियाना में अपहरण की वारदातें बहुत बढ़ गई हैं। मिलिटैंटों के बेट एरिया में स्थित देहात में छिपने के ठिकाने हैं। श्री सिंह ने बताया कि शहर की आबादियों सराभा नगर, फोकल प्वाइंट आदि क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दिन की गश्त और पुलिस फोर्स भी बढ़ा दी गई है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव चीमा खुड्डी के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक एस.एल.आर. व ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले हैं।

जवाबी फायरिंग से 2 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (कन्तोड़) : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत रात्रि पुलिस थाना सदर फिरोजपुर के अधीन पुलिस चौकी बुक्कन खां वाला के क्षेत्र में लगभग 10.30 बजे सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी के दौरान 3 अज्ञात व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। इसके बाद जब क्षेत्र की तलाशी ली गई तो दो मिलिटैंटों के शव बरामद किए गए, जबकि उनका तीसरा साथी फरार हो गया था।

श्री चट्टोपाध्याय के अनुसार इन मिलिटैंटों की पहचान जगीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह व केसर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी पुलिस थाना वल्टोहा के रूप में हुई। घटनास्थल से एक ए.के. 56 राइफल व उसके 30 जीवित कारतूस, एक राकेट, 12 बोर की एक बंदूक व उसके 2 कारतूस बरामद हुए।

श्री चट्टोपाध्याय ने बताया कि जगीर सिंह करीब 30 हत्याओं में वांछित था। उसने मुख्य रूप से लुधियाना के गिल गांव में 12 व तरनतारन के गांव डासूवाल में 5 हत्याएं सामूहिक रूप से कीं।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजेवड़ गुट) के प्रमुख सदस्य थे।

2 अज्ञात शव मिले : धूरी (जैन): जिला संगरूर की पुलिस ने आज प्रातः थाना भवानीगढ़ क्षेत्र से एक अज्ञात शव बरामद किया है, जो गोलियों से छलनी था।

बरनाला पुलिस ने भी गत दिवस 27 वर्षीय बसंत सिंह नामक एक व्यक्ति का छलनी शव बरामद किया था।

दुर्दांत मिलिटैंट काबू : गुरदासपुर (विनोद) : गत रात्रि गुरदासपुर सदर पुलिस ने एक दुर्दांत मिलिटैंट को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि करीब दस बजे हयादनगर में एक नाका के दौरान 2 मिलिटैंटों को आते देख कर सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा 10 मिनट के मुकाबले के बाद एक मिलिटैंट को काबू कर लिया गया परन्तु उसका दूसरा साथी फरार हो गया। इस मिलिटैंट की शिनाख्त बलकार सिंह उर्फ पाशा निवासी अटवाल के रूप में हुई है। इसके कब्जे से 2 हथगोले व कुछ कारतूस बरामद किए गए।

दूसरी तरफ फरार मिलिटैंट की शिनाख्त मनजीत सिंह निवासी अलावलपुर के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह पहले भी पकड़ा गया था परन्तु पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : होशियारपुर जिले के दहियापुर गांव में दो गिरोहों के आपसी संघर्ष में मिलिटैंटों ने अपने एक साथी बलदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

अमृतसर शहर के सिविल लाइन एवेन्यू में कल रात मिलिटैंटों ने मदन सिंह नाम के एक व्यक्ति की उसके घर में गोली मार कर हत्या कर दी।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : जिला फिरोजपुर के गांव पंडोरी खत्रियां में आज सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात मिलिटैंट को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस भी बरामद हुए।

अपहरण : जिला फिरोजपुर के गांव मल्लांवाला में आज दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने विजय कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है।

विभिन्न वारदातों में 2 व्यक्तियों की हत्या : गत रात्रि अमृतसर के सिविल लाइन एवेन्यू क्षेत्र में मिलिटैंटों ने एक मकान में जबरदस्ती घुस कर मदन लाल नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

गत रात्रि ही जिला संगरूर के एक गांव में सशस्त्र मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव पक्खू विंग में गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक राइफल, दोनाली बंदूक व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

दुर्दांत मिलिटैंट को फरीदकोट पुलिस ले गई : श्रीगंगानगर (खुंगर): पंजाब के फरीदकोट जिले की पुलिस दुर्दांत मिलिटैंट अवतार सिंह उर्फ लड्डू को कल अपने साथ फरीदकोट ले गई है। सुविज्ञ सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि फरीदकोट पुलिस इस दुर्दांत मिलिटैंट को पेशी के लिए अपने साथ ले गई। इस मिलिटैंट को गत माह गंगानगर पुलिस ने स्थानीय धान मंडी में से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इस मिलिटैंट ने यह स्वीकार किया था कि इसने पंजाब में पंथक कमेटी के एक प्रत्याशी सहित विधानसभा के तीन उम्मीदवारों की हत्या की थी। इसके अलावा भी अवतार सिंह ने पंजाब में अनेक हत्याओं के अलावा कई अन्य घृणित वारदातें कीं। वह अब तक गंगानगर जेल में बंद था।

उल्लेखनीय है कि बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर अवतार सिंह लड्डू व इसी गिरोह के एक अन्य मिलिटैंट माधा सिंह, जिसे गत दिनों इंदौर में पकड़ा गया है, के अनेक साथियों ने पंजाब में अनेक लोगों का अपहरण किया हुआ है। अपहृतों में पंजाब पुलिस के प्रमुख डी.एस. मांगट के ममेरे भाई, बूटा सिंह के एक सम्बन्धी, बम्बई पुलिस के उपायुक्त चरण सिंह आज़ाद के दो भाई, संगरूर के एस.पी. के भाई, मजीठा के जिला पुलिस अधीक्षक के भाई शामिल हैं।

बादल अधिकृत

अमृतसर, 30 अगस्त (प.स.): अकाली दल बादल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल को एक सितम्बर को आनन्दपुर साहिब में हो रहे द्वितीय सिख एकता समागम में भाग लेने के लिए अधिकृत किया गया है । अकाली दल बादल के उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह मजीठा ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी ।

अयोध्या भूमि विवाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

दल के उपाध्यक्ष राम बिलास पासवान ने आज यहां जारी एक बयान में कहा है कि केंद्र को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि इस मामले में वह मौन दर्शक नहीं बना रहेगा और अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करेगा । उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विवादास्पद स्थल हिन्दू परिषद को सौंपे जाने के प्रयास पर चिन्ता ज़ाहिर की ।

श्री पासवान ने कहा कि ऐसा किए जाने का तात्पर्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय की विशेष पीठ के आदेश की खुली अवहेलना और न्यायालय की अवमानना करना होगा । उन्होंने कहा कि जनता दल इस विवाद को बातचीत से हल करने का पक्षधर है और यह भी चाहता है कि इसे हल करने के लिए न्यायिक प्रक्रिया तेज की जाए ।

सैनी पर हम... वालों की प...

फरीदकोट, 30 अगस्त... पुलिस के महानिदेशक डी... सायं यहां पत्रकारों के साथ... बताया कि चंडीगढ़ पुलिस... सुमेध सिंह सैनी पर हमला... पहचान कर ली है तथा उन... कर लिया जाएगा ।

इसके बाद श्री मांगट ने... के कई प्रतिनिधियों के साथ... की तथा जनता की समस्या...

अकाली दल (... का विवाद न...

अमृतसर, 30 अग... अकाली दल (बादल) अमृ... करने के लिए कल हाई क... आयोजन करके सरदूल सिंह... कर अन्य पदाधिकारियों... लेकिन वाद-विवाद पहले की... टकसाली अकाली नेताओं... पत्रकार सम्मेलन का बहिष्...

बैठक में स्वर्गीय श्री हर... मंत्री, आरेवाला पूर्व प्रधा... मक्खन सिंह भाटिया के ध... यहां तक कि कल ही कुछ प... को अध्यक्ष मानने में आना... उनकी सेवाएं नज़रअंदाज...

कैम्पा पेयों में बी...

लुधियाना, 30 अग... कैम्पा कोला तथा अन्य पेयों... स्थानीय फर्म मैसर्ज मोह... जनरल मैनेजर श्री चरणजी... कि उनके किसी भी पेय... किया जाता तथा सरकार... सभी निर्देशों का कड़ाई से...

उन्होंने कहा कि राज... पेयों में बी.वी.ओ. के प्रय... प्रचार भ्रामक, निराधार त... दूर है । श्री चरणजीत सि... का राष्ट्रीय तथा राज्य स... विश्लेषण किया जा चुक... बी.वी.ओ. न पाए जाने के... मौजूद हैं ।

श्रीलंका...
(पृष्ठ 3...

विपक्ष की नेता और... सिरिमाओ भण्डार ना... सम्मेलन में कहा कि संसद... सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्... महाभियोग के प्रस्ताव...

श्रीमती भंडारनायके... किया कि संसद में राष्ट्र... खिलाफ महाभियोग पर... बहुमत हासिल कर लेगा... यहां संसद भवन में... संवाददाता सम्मेलन में... आगे की रणनीति तय क... नेता सोमवार को बैठक...

जालन्धर दूरदर्शन...

प्रातः 7.00 प्रातःकाली... शिक्षा का कार्यक्रम, 2.00 ... लिए, 5.25 संक्षेप खबरें, ... खबरें, 7.50 हिंदी फीचर... समाचार, 9.00 रिश्ते, 9... पंख (नाटक), बाद में समाचा...

आकाशवाणी जाल...

प्रातः 4.30 और सायं... कीर्तन, प्रातः 6.35 खेती... 2.30 लोक गीत, सायं 4... 6.30 देहाती कार्यक्रम, ... प्रीतम : डा. मनजीत सिंह...

आकाशवाणी का राष्ट्री...

रात्रि 7.10 मंजर, 7... 8.05 विविधा हिन्दी : ... रिव्यू : सुनील सहगल, 1... संगीत, 1.30 एम. वेंटक... 2.30 इन्द्रधनुष: विविध... प्रातः 4.00 मैसूर दुराई... संगीत, 5.50 आज का...

AIRPAK WORLDWIDE COURIERS

with own network of over 100 branches assure next day delivery for DELHI, BOMBAY, CALCUTTA, MADRAS & other major towns contact Zonal Office :—

AIRPAK INTERNATIONAL PVT. LTD;

(H/A : PREMIER COURIERS (INDIA)
Guru Gobind Singh Tower, Near Chowk Dholewal, Ludhiana. Phone : 51054.

	DELHI	BOMBAY	CALCUTTA	MADRAS	BANGALORE
Ph.	524151	6128460	383778	866672	577662

(Also contact for Agency in Punjab & Chandigarh for unrepresented areas)

डीज़ल एवं पैट्रोल के थ्री व्हीलर खरीदें

हरियाणा में सेल टैक्स पेड, कम कीमत पर KAL/175 डीज़ल एवं पैट्रोल चैसिस, आटो रिक्शा डिलिवरी वैन तथा थ्री व्हीलर खरीदें और सब- डीलरशिप केलिए सम्पर्क करें :



मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर,
हरियाणा ट्रैक्टर कम्पनी,
गोहाना रोड, सोनीपत (हरियाणा) । फोन : शोरूम : 2942, निवास : 4245.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

Showroom with basement located in Kiryana Wholesale Market, Sector 1, Parwanoo, for Immediate Sale.
JOGINDER CHANDIGARH
Phones : 26354, 45059.

अम्बाला कैंट, अम्बाला शहर तथा जगाधरी में आबादी के साथ लगती हुई developed कालोनियों में, बिजली पानी, मैटल्ड रोड, पार्क इत्यादि सभी सुविधाओं सहित रिहायशी प्लाट 75/- प्रति वर्गगज से 400/- रु. प्रति वर्ग गज़ खरीदने हेतु सम्पर्क करें । Development Centre Jain & Co., Opp. Civil Hospital, Ambala Cantt, Phone : 23059. (Malhotra/52W)

अम्बाला छावनी-रेलवे स्टेशन, नज़दीक 170/- गज़ प्लाट खरीदें । पंजाब वासियों को विशेष

मशीनरी बिकाऊ

Gatta Factory—Machinery for Sale. Contact : Jain Property Dealer, Dal Mandi, Ambala Cantt. Ph. : 23495. (Pushpak/15W)

चिकित्सा

पुरानी बीमारियों का इलाज चाईनीज़ तरीके से करवाने के लिए हर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को मशविरा करें । डा. कौशल (एम.डी. मैडीसिना आलट्रनेटिवा) चाईनीज़ मैडीसन क्लीनिक, 2359/23-C, चंडीगढ़ । (Jai/29C)

शिक्षा

मैट्रिक (दिल्ली) 8वीं पास/फेल योग्य 10+2 (सीधे) बी.ए.बी.काम. (सीधे) प्रैप इंटर के बाद एल.एल.बी. (3 वर्षीय व्यावसायिक) प्रथमा (मैट्रिक) चौथी, पांचवीं, सातवीं पास करें । वैद्यविशारद आयुर्वेदरत्न आर.एम.पी. (पटना) रजिस्ट्रेशन 15 दिनों में Prospectus Rs. 15/- by M.O. संजय गांधी कालेज, अंगरा हाऊस, छोटा शिमला-171002. (5329/47W)

रेल कोच फैक्टरी (कपूरथला...
तिलक ब्रिज, नई दिल्ली-110002
बोली आमंत्रण

छलनी शव मिला : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि लोका गांव में एक अज्ञात केशधारी युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार उसकी हत्या मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का परिणाम है।

सेवानिवृत्त थानेदार की हत्या : गत रात्रि थाना गोइंदवाल के अधीन मुण्डा गांव में मिलिटैंटों ने एक सेवानिवृत्त थानेदार सुलक्खन सिंह सहित 5 की हत्या : गत रात्रि थाना सदर के अधीन रूड़ीवाला गांव में करीब 12:30 बजे कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक मकान में जबरदस्ती घुस कर अंधाधुंध फायरिंग करके 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी। मृतकों की शिनाख्त प्रीतम सिंह उपप्रधान भाजपा (देहाती) व वेरका से विधानसभा के प्रत्याशी, ज्ञान सिंह व शमशेर सिंह (दोनों एस.पी.ओ.), धीर सिंह तथा सुरत सिंह के रूप में हुई। बताया जाता है कि मिलिटैंट इस हत्याकांड के

AIRPAK WORLDWIDE COURIERS

with own network of over 100 branches assure next day delivery for DELHI, BOMBAY, CALCUTTA, MADRAS & other major towns contact Zonal Office :—

AIRPAK INTERNATIONAL PVT. LTD;
(H/A : PREMIER COURIERS (INDIA)
Guru Gobind Singh Tower, Near Chowk Dholewal,
Ludhiana. Phone : 51054.

	DELHI	BOMBAY	CALCUTTA	MADRAS	BANGALORE
Ph.	524151	6128460	383778	866672	577662

(Also contact for Agency in Punjab & Chandigarh for unrepresented areas)

डीज़ल एवं पैट्रोल के थ्री व्हीलर खरीदें

हरियाणा में सेल टैक्स पेड, कम कीमत पर KAL/175 डीज़ल एवं पैट्रोल चैसिस, आटो रिक्शा डिलिवरी वैन तथा थ्री व्हीलर खरीदें और सब- डीलरशिप केलिए सम्पर्क करें :



मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर,
हरियाणा ट्रैक्टर कम्पनी,
गोहाना रोड, सोनीपत (हरियाणा)। फोन : शोरूम : 2942, निवास : 4245.

क्लासीफाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

Showroom with basement located in Kiryana Wholesale Market, Sector 1, Parwanoo, for Immediate Sale.

JOGINDER CHANDIGARH
Phones : 26354, 45059.

अम्बाला कैंट, अम्बाला शहर तथा जगाधरी में आबादी के साथ लगती हुई developed कालोनियों में, बिजली पानी, मैटल्ड रोड, पार्क इत्यादि सभी सुविधाओं सहित रिहायशी प्लाट 75/- प्रति वर्गगज से 400/- रु. प्रति वर्ग गज़ खरीदने हेतु सम्पर्क करें।

मशीनरी बिकाऊ

Gatta Factory—Machinery for Sale. Contact : Jain Property Dealer, Dal Mandi, Ambala Cantt. Ph. : 23495.
(Pushpak/15W)

चिकित्सा

पुरानी बीमारियों का इलाज चाईनीज़ तरीके से करवाने के लिए हर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को मशविरा करें। डा. कौशल (एम.डी. मैडीसिना आलटरनेटिवा) चाईनीज़ मैडीसन क्लीनिक, 2359/23-C, चंडीगढ़।
(J&/29C)

शिक्षा

मैट्रिक (दिल्ली) 8वीं पास/फेल योग्य 10+2 (सीधे) बी.ए.बी.काम. (सीधे) प्रैप इंटर के बाद एल.एल.बी. (3 वर्षीय व्यावसायिक) प्रथमा (मैट्रिक)

घर-घर तलाशी : पुलिस और सुरक्षा बलों ने राहों रोड पर स्थित देहात में घर-घर की तलाशियां लीं ताकि वहां छिपे मिलिटैंटों का पता लगाया जा सके। इस आप्रेशन का नेतृत्व आई.जी. आप्रेशन चौधरी सूबे सिंह कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि लुधियाना में अपहरण की वारदातें बहुत बढ़ गई हैं। मिलिटैंटों के बेट एरिया में स्थित देहात में छिपने के ठिकाने हैं। श्री सिंह ने बताया कि शहर की आबादियों सराभा नगर, फोकल प्वाइंट आदि क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दिन की गश्त और पुलिस फोर्स भी बढ़ा दी गई है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव चीमा खुर्द के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक एस.एल.आर. व एके. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस मिले हैं।

जबाबी फायरिंग से 2 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (कन्तोड़) : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत रात्रि पुलिस थाना सदर फिरोजपुर के अधीन पुलिस चौकी बुक्कन खां वाला के क्षेत्र में लगभग 10:30 बजे सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी के दौरान 3 अज्ञात व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जबाबी फायरिंग की तथा करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। इसके बाद जब क्षेत्र की तलाशी ली गई तो दो मिलिटैंटों के शव बरामद किए गए, जबकि उनका तीसरा साथी फरार हो गया था।

श्री चट्टोपाध्याय के अनुसार इन मिलिटैंटों की पहचान जगीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह व केसर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी पुलिस थाना बल्टोहा के रूप में हुई। घटनास्थल से एक ए.के. 56 राइफल व उसके 30 जीवित कारतूस, एक राकेट, 12 बोर की एक बंदूक व उसके 2 कारतूस बरामद हुए।

श्री चट्टोपाध्याय ने बताया कि जगीर सिंह करीब 30 हत्याओं में वांछित था। उसने मुख्य रूप से लुधियाना के गिल गांव में 12 व तरनतारन के गांव डासूवाल में 5 हत्याएं सामूहिक रूप से कीं।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार दोनों मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ गुट) के प्रमुख सदस्य थे।

2 अज्ञात शव मिले : धूरी (जैन): जिला संगरूर की पुलिस ने आज प्रातः थाना भवानीगढ़ क्षेत्र से एक अज्ञात शव बरामद किया है, जो गोलियों से छलनी था।

बरनाला पुलिस ने भी गत दिवस 27 वर्षीय बसंत सिंह नामक एक व्यक्ति का छलनी शव बरामद किया था।

दुर्दांत मिलिटैंट काबू : गुरदासपुर (विनोद) : गत रात्रि गुरदासपुर सदर पुलिस ने एक दुर्दांत मिलिटैंट को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि करीब दस बजे हयादनगर में एक नाका के दौरान 2 मिलिटैंटों को आते देख कर सुरक्षा बलों ने उन्हें रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा 10 मिनट के मुकाबले के बाद एक हत्या : गत रात्रि अमृतसर के सिविल लाइन एवेन्यू क्षेत्र में मिलिटैंटों ने एक मकान में जबरदस्ती घुस कर मदन लाल नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

गत रात्रि ही जिला संगरूर के एक गांव में सशस्त्र मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव पक्खू विंग में गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक राइफल, दोनाली बंदूक व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

दुर्दांत मिलिटैंट को फरीदकोट पुलिस ले गई : श्रीगंगानगर (खुंगर) : पंजाब के फरीदकोट जिले की पुलिस दुर्दांत मिलिटैंट अवतार सिंह उर्फ लड्डू को कल अपने साथ फरीदकोट ले गई है। सुविज्ञ सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि फरीदकोट पुलिस इस दुर्दांत मिलिटैंट को पेशी के लिए अपने साथ ले गई। इस मिलिटैंट को गत माह गंगानगर पुलिस ने स्थानीय धान मंडी में से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इस मिलिटैंट ने यह स्वीकार किया था कि इसने पंजाब में पंथक कमेटी के एक प्रत्याशी सहित विधानसभा के तीन उम्मीदवारों की हत्या की थी। इसके अलावा भी अवतार सिंह ने पंजाब में अनेक हत्याओं के अलावा कई अन्य घृणित वारदातें कीं। वह अब तक गंगानगर जेल में बंद था।

उल्लेखनीय है कि बब्बर खालसा के स्वयंभू एरिया कमांडर अवतार सिंह लड्डू व इसी गिरोह के एक अन्य मिलिटैंट माधा सिंह, जिसे गत दिनों डेंदौर में पकड़ा गया है, के अनेक साथियों ने पंजाब में अनेक लोगों का अपहरण किया हुआ है। अपहृतों में पंजाब पुलिस के प्रमुख डी.एस. मांगट के ममेरे भाई, बूटा सिंह के एक सम्बंधी, बम्बई पुलिस के उपायुक्त चरण सिंह आज़ाद के दो भाई, संगरूर के एस.पी. के भाई, मजीठा के जिला पुलिस अधीक्षक के भाई शामिल हैं।

बादल अधिकृत

अमृतसर, 30 अगस्त (प.स.): अकाली दल बादल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल को एक सितम्बर को आनन्दपुर साहिब में हो रहे द्वितीय सिख एकता समागम में भाग लेने के लिए अधिकृत किया गया है। अकाली दल बादल के उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह मजीठा ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

अयोध्या भूमि विवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

दल के उपाध्यक्ष राम बिलास पासवान ने आज यहां जारी एक बयान में कहा है कि केंद्र को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि इस मामले में वह मौन दर्शक नहीं बना रहेगा और अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करेगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विवादास्पद स्थल हिन्दू परिषद को सौंपे जाने के प्रयास पर चिन्ता ज़ाहिर की।

श्री पासवान ने कहा कि ऐसा किए जाने का तात्पर्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय की विशेष पीठ के आदेश की खुली अवहेलना और न्यायालय की अवमानना करना होगा। उन्होंने कहा कि जनता दल इस विवाद को बातचीत से हल करने का पक्षधर है और यह भी चाहता है कि इसे हल करने के लिए न्यायिक प्रक्रिया तेज की जाए।

कैम्पा पेयों

लुधियाना, ...
कैम्पा कोला तथा ...
स्थानीय फर्म मैं...
जनरल मैनेजर श्री...
कि उनके किसी ...
किया जाता तथा ...
सभी निर्देशों का ...

उन्होंने कहा ...
पेयों में बी.वी.ओ...
प्रचार भ्रामक, नि...
दूर है। श्री चर...
का राष्ट्रीय तथा ...
विश्लेषण किया ...
बी.वी.ओ. न पाए...
मौजूद हैं।

विपक्ष की ने...
सिरिमाओ भण्ड...
सम्मेलन में कहा ...
सत्तारूढ़ दल के ...
महाभियोग के ...

श्रीमती भंडा...
किया कि संसद ...
खिलाफ महाभिय...
बहुमत हासिल क...
यहां संसद भवन...
संवाददाता सम्मे...
आगे की रणनीति...
नेता सोमवार को...

जालन्धर ...

प्रातः 7.00 प्रा...
शिक्षा का कार्यक्रम, 2...
लिए, 5.25 संसेप स...
खबरें, 7.50 हिंदी...
समाचार, 9.00 रिम...
पंस (नाटक), बाद में...

आकाशवाणी ...

प्रातः 4.30 औ...
कीर्तन, प्रातः 6.35...
2.30 लोक गीत, स...
6.30 देहाती कार्यक्...
प्रीतम : डा. मनजीत...

आकाशवाणी का ...

रात्रि 7.10 मंज...
8.05 विविधा हिन्दी...
रिव्यू : सुनील सहगल...
संगीत, 1.30 एम...
2.30 इन्द्रधनुषः वि...
प्रातः 4.00 मैसूर ...
संगीत, 5.50 आज ...

Punjab Archive

पंजाब में बरनाला ट्रक यूनियन के अध्यक्ष व 11 आप्रेटरों सहित 26 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 1 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से बरनाला ट्रक यूनियन के अध्यक्ष व 11 आप्रेटरों तथा 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 26 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 2 बंगला देशीय घुसपैठियों सहित 9 मिलिटैंट भी मारे गए तथा एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया।

12 व्यक्तियों की हत्या : संगरूर : आज शाम यहां मिलिटैंटों ने 11 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी। यह वारदात बरनाला पुलिस थाना के संगेरी चौक में हुई।

बताया जाता है कि कुछ व्यक्ति सरपंच बिकर सिंह की रस्म भोग में भाग लेकर लौट रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर घात लगा कर हमला किया तथा अंधाधुंध फायरिंग करके 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने गत 24 अगस्त को सरपंच बिकर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी।

पता चला है कि उक्त सभी 11 व्यक्ति एक जीप में सवार थे। मिलिटैंटों ने जीप रुकवाने के बाद उन्हें जबरदस्ती बाहर निकाला तथा उनकी हत्या कर दी।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों के गिरोह ने इस जीप के पीछे आ रही कार पर भी अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे कार में सवार ट्रक यूनियन बरनाला के अध्यक्ष मलकियत सिंह भी घटनास्थल पर ही मारे गए।

जीप में सवार जिन 11 व्यक्तियों की हत्या की गई है, उनकी शिनाख्त प्यारा सिंह, तेजा सिंह, शेर सिंह, जगराज सिंह, रेशम सिंह, बिल्लू सिंह, चरणजीत सिंह, चमकौर सिंह, करनैल सिंह, मुख्तियार सिंह व ठाकुर सिंह के रूप में हुई है। यह सभी ट्रक आप्रेटर थे।

3 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : कपूरथला जिले में बहेला गांव के निकट मिलिटैंटों के गिरोह ने पुलिस के गश्ती दल पर हमला किया और हैड कांस्टेबल पितपाल सिंह, कांस्टेबल परगट सिंह और होमगार्ड के जवान देसराज की हत्या कर दी। इस दौरान होमगार्ड का एक अन्य जवान मंगलदास घायल हो गया।

महिला की हत्या : जालंधर जिले के लाडकियां गांव में तीन मिलिटैंटों ने गुरमेल सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 मिलिटैंटों द्वारा आत्महत्या : जोरा सिंह और भगवंत सिंह नामक 2 मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के राजुखे गांव में सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले सुरक्षा बलों ने उनके पास से 4 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ, एक राइफल, एक पिस्तौल और 40 कारतूस बरामद किए।

'भूषण' के अनुसार दोनों मिलिटैंट बनूड़ें पुलिस थाने में बम विस्फोट के लिए जिम्मेदवार थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस.के. शर्मा ने बताया कि भगवंत सिंह होमगार्ड जवान था तथा पुलिस थाने में बतौर इलैक्ट्रीशियन कार्यरत था।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने तीन मिलिटैंटों निर्मल सिंह, गुलजार सिंह और जगतार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तीन बंदूकें बरामद हुईं।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के रूपा खेड़ी गांव में देवराज नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : एक अन्य मुठभेड़ में परमजीत सिंह उर्फ पम्मा नामक मिलिटैंट लुधियाना जिले में मारा गया। 'महिन्द्रा' के अनुसार वह के.एल.एस. का सक्रिय सदस्य था तथा उसने मौज़ा बोदलवाला में दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी थी।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : जालंधर जिले में तोरां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ कल रात मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसका साथी भाग निकला। मृत मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : जिला संगरूर के पाखपीर विदाते गांव में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से 12 बोर की एक बंदूक भी बरामद हुई है।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : जिला जालंधर के गांव काबुलपुर में आज तड़के मिलिटैंटों ने एक मकान में ज़बरदस्ती घुस कर बाबा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

घर से निकाल कर हत्या : जिला संगरूर के मालेरकोटला पुलिस थाना के अधीन एक गांव में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने प्यारा लाल नामक एक व्यक्ति को घर से बाहर निकाल कर उसकी हत्या कर दी।

अपहृत का शव मिला : पुलिस जिला मजीठा के गांव रैय्या की एक नहर में से आज पुलिस ने पाला सिंह नामक एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। गत मंगलवार को पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव मानेर में से उसका अपहरण कर लिया गया था।

छुरे मार कर महिला की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव कुल्ला में गत रात्रि दो अज्ञात आक्रमणकारियों ने चिन्दो नामक एक महिला को घर से बाहर निकाला व छुरे मार कर उसकी हत्या कर दी।

एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : फरीदकोट जिले में कल रात झंडेवाला गांव में मिलिटैंटों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर गुरमेल सिंह, उनके दो पुत्रों और एक नौकर की गोलियां मार कर मार डाला।

व्यापारी का अपहरण : लुधियाना (धीमान): कल रात यहां गिल रोड पर एक प्रमुख व्यापारी श्री इंद्रजीत नागपाल का मिलिटैंटों की ओर से अपहरण कर लिया गया। बताया जाता है कि वह गिल रोड पर अपनी दुकान का शटर गिरा कर और ताला लगा कर जब अपनी कार में सवार होने लगा तो एकदम वहां आए मिलिटैंटों ने पिस्तौल दिखा कर कहा कि "अपनी नहीं, हमारी कार में बैठो—हम काफी देर से तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे थे कि कब दुकान बंद करते हैं और कब हम तुम्हें अपने साथ ले चलें अतः उसे अपनी कार में बिठाया और ले गए।

बाद में सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा श्री नागपाल के घर गए और नागपाल के घर वालों को विश्वास दिलाया कि पुलिस उन्हें शीघ्र बरामद कर लेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बहुत से देहात की तलाशी शुरू कर दी है। श्री शर्मा ने बताया कि गत माह अगस्त

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विभिन्न घटनाओं में 2 बंगलादेशीय घुसपैठियों सहित 9 मिलिटैंट भी मारे गए : व्यापारी का अपहरण

केन्द्र द्वारा गैर इंका सरकारों के साथ पूर्ण सहयोग : बिजली कर्मियों की हड़ताल से सख्ती से निपटेंगे : शांता

हमीरपुर, 1 सितम्बर (चंद्रशेखर, प.स.): हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने कहा है कि देश में गैर-इंका सरकारों को उनके विकास-कार्यक्रमों के लिए केन्द्र सरकार से पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए जो भी योजनाएं भेजी हैं, उनके प्रति केन्द्र सरकार ने 'सकारात्मक' रवैया प्रदर्शित किया है।

उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान बदली राजनीतिक स्थितियों में, जबकि देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग पार्टियां सत्तारूढ़ हैं, केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों में बेहतर तालमेल व समझबूझ होनी चाहिए।

श्री शांता कुमार ने दावा किया कि हिमाचल सरकार द्वारा शुरू किए गए 'अन्त्योदय कार्यक्रम' की प्रधानमंत्री श्री पी.वी नरसिम्हाराव ने नई दिल्ली में हाल ही में हुए मुख्यमंत्री सम्मेलन में सराहना की थी। यह कार्यक्रम समाज के सबसे विपिन्न व्यक्तियों की किसी जाति व वर्ग का भेदभाव किए बिना उन्नति करने के लिए प्रारम्भ किया गया है।

श्री शांता कुमार ने केन्द्र सरकार की देश में पन-बिजली क्षमता के दोहन हेतु निजीकरण संबंधी एक अधिनियम के प्रारूप को कैबिनेट की स्वीकृति प्रदान करने पर अपना आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे हिमाचल प्रदेश के लोगों की एक बड़ी जीत करार दिया, जोकि पिछले कई सालों से इस मामले में संघर्षरत थे। मुख्यमंत्री ने कहा—इससे न केवल हिमाचल प्रदेश के लोग ही लाभान्वित होंगे, अपितु देश के दूसरे भागों को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश में आधे विद्युत स्रोतों का भी दोहन किया जाए तो उससे राज्य को बिना एक कौड़ी खर्च किए 600 करोड़ रुपया सालाना शुद्ध लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को इस समय सभी स्रोतों से कुल आय तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक नहीं पड़ती।

श्री शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश के इंकाई नेताओं द्वारा दिल्ली में बैठे अपने वरिष्ठ नेताओं को राज्य की विभिन्न परियोजनाओं के बारे में उलटी तस्वीर दर्शाने के लिए उनकी भर्त्सना की तथा कहा कि यह लोग तो केवल विरोध के नाम पर ही विरोध कर रहे हैं, इन्हें राज्य के लोगों से कोई भी प्यार नहीं।

नाथपा-झाकड़ी विद्युत परियोजना का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री कल्पनाथ राय के मध्य हुए समझौते को न्यायोचित बताया। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार हड़ताली बिजली कर्मचारियों की मांगें स्वीकार कर लेती है तो इसे इस महत्वपूर्ण विद्युत परियोजना से वंचित होना पड़ेगा, जिसके लिए 1100 करोड़ रुपए की राशि विश्व बैंक दे रहा है और वह इस शर्त पर कि इस परियोजना का क्रियान्वयन नाथपा-झाकड़ी विद्युत निगम की देखरेख में हो। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के संदर्भ में पहला समझौता पूर्व इंकाई सरकारों ने ही किया था तथा अब प्रदेश के इंकाई नेता अपनी ही गलतियों का पुलिंदा भाजपाइयों पर क्यों फैंक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो नया समझौता उन्होंने किया है, उसमें उन सभी खामियों को दूर किया गया है जो कर्मचारी विरोधी तथा प्रदेश के हितों के विपरीत थीं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वे इस योजना के सैद्धांतिक मामले पर कर्मचारियों से किसी भी प्रकार की बातचीत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके दरवाज़े बातचीत के लिए हमेशा खुले हैं, परन्तु जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि वह हड़ताल को खत्म करने के लिए कठोर से कठोर कानून को अमल में लाएंगे। उन्होंने इस हड़ताल को जन-विरोधी, गैर-कानूनी बताया। उन्होंने कहा कि जनता को पानी तथा बिजली से वंचित रखने वाले समाज के दुश्मन हैं। सरकार उन सभी को नौकरी से निकाल बाहर करेगी, जो जनजीवन को ठप्प करने का कुप्रयास करेंगे।

श्री शांता कुमार ने हाल ही में किए गए तबादलों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

में जिला लुधियाना में सारे साल के मुकाबले में हत्याओं और अपहरण की घटनाएं अधिक हुई हैं । एक और वरिष्ठ अधिकारी ने इस संदर्भ में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बताया कि इसका बड़ा कारण लुधियाना में बढ़ रही समृद्धि है ।

मारुति छीन ली : आज प्रातः फिरोजपुर रोड पर एक व्यक्ति विजय कुमार पैट्रोल पम्प पर अपनी मारुति कार में तेल डलवाने के लिए आया । तेल लेने के बाद जब वह जाने लगा तो दो मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर मारुति छीन ली और फरार हो गए ।

2 बंगला देशीय घुसपैठिए मरे : पट्टी (पाठक): जिला अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में गत रात्रि बाबा पीरशाह चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने 2 बंगला देशीय घुसपैठियों को मार गिराया तथा एक अन्य को काबू कर लिया, जबकि उनके शेष साथी वापस भाग गए ।

स्कूटर छीना : दिड़बा (सुरेश): आज दोपहर बाद करीब 1.30 बजे 2 मिलिटैंटों ने पी.बी. 13-4603 नम्बर का एक बजाज चेतक स्कूटर एक व्यक्ति से पिस्तौल दिखा कर छीन लिया ।

हमला : धूरी (सिंगला, जैन): आज प्रात करीब 7.30 बजे नगर पालिका रोड पर बाल्मीकि बस्ती के निकट कार सवार 3 मिलिटैंटों ने सी.आई.ए. स्टाफ बहादुरसिंहवाला के हवालदार विजय कुमार पर अंधाधुंध फायरिंग की परन्तु वह किसी के घर में घुस कर अपनी जान बचाने में सफल हो गया । उसकी दो अंगुलियां नकारा हो गई हैं ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिलिटैंटों ने करीब 36 फायर किए तथा इस दौरान कई राहगीर भी बाल-बाल बचे । घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने तक मिलिटैंट फरार हो चुके थे । बताया जाता है कि जब विजय कुमार पर हमला हुआ तब वह स्टेशन जा रहा था ।

मोटर साइकिल छीना : धूरी से 3 कि.मी. दूर रात के करीब 12 बजे 2 अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने जंग सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर हथियारों की नोक पर उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल नं. पी.बी. 13-1707 छीन लिया ।

हिरासत से रिहा : मोहाली (वर्मा): पुलिस ने कल यहां फेज-7 में एक मुकाबले के दौरान मारे गए दुर्दांत मिलिटैंट गुरजंट सिंह राजस्थानी के शव का पोस्ट-मार्टम करवाने के बाद उसका अंतिम संस्कार करवा दिया है । इसी दौरान पुलिस ने निर्दलीय प्रत्याशी हरमिन्दर सिंह ढिल्लों व उसके परिवार को पूछताछ के बाद हिरासत से रिहा कर दिया है ।

नर्स की हत्या : अमृतसर (नारंग): आज शाम यहां सुल्तान विंड रोड पर कुछ मिलिटैंटों ने बलजिन्दर कौर नामक एक नर्स की हत्या कर दी । फायरिंग में रानी नामक एक अन्य महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का मामला है, क्योंकि पहले बलजिन्दर कौर के मिलिटैंटों से सम्बन्ध रहे हैं । वह स्थानीय गुरु रामदास अस्पताल में काम करती थी ।

वाहनों पर हथगोला फैंका : आज रात्रि लगभग 9 बजे नगर के राम बाग क्षेत्र में एक मारुति कार जिसमें डा. राज कुमार सवार थे, एक पुलिस का वाहन तथा एक अन्य गाड़ी जा रही थी कि एक साइकिल सवार ने एक हथगोला फैंका, जिससे डा. राज कुमार की मारुति कार तथा दूसरी गाड़ी के शीशे टूट गए । डा. राज कुमार के सुरक्षा गार्डों ने हिम्मत दिखा कर उतर कर साइकिल सवार मिलिटैंट को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि अमृतसर के पुलिस जिला मजीठा के गांव ख्याला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राईफल, एक मैगजीन और कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक और नर्स की हत्या : पुलिस ज़िला मजीठा के ही गांव कामोके में एक वारदात में सरकारी स्टाफ नर्स राजेंद्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

महिला की हत्या : नवांशहर (स): थाना बंगा के गांव लादिया में गत रात पौने दस बजे गुरमेल सिंह के घर तीन मिलिटैंट आए, जबकि उनके साथ चौथा व्यक्ति उन्हें घर बता कर भाग गया । गुरमेल सिंह ने मिलिटैंटों को देख कर भागने की कोशिश की जिस पर उसे गोली मार दी गई । फिर भी वह भागने में सफल हो गया । बाद में उसकी पत्नी सुरेन्द्र कौर की गोलियां मार कर हत्या करके यह मिलिटैंट पैदल ही भाग गए । गुरमेल सिंह को यहां सिविल अस्पताल में डाक्टरी सहायता देकर डिस्चार्च कर दिया गया और उसकी पत्नी का पोस्ट-मार्टम करने के बाद शव को संस्कार के लिए गांव लादिया ले जाया गया ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा लड़का टोनी, उम्र 18 वर्ष, कद 5'-4", रंग गंदमी, 15.6.91 से दिमागी खराबी के कारण लापता है । पता देने वाले/पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा ।

—रघुनाथ लाल, 62/12, भार्गव कैम्प, जालंधर ।

एस.डी. कन्या महाविद्यालय
सीनियर सैकेंडरी स्कूल, फगवाड़ा



की इस वर्ष की मेधावी छात्रा बिन्दु गोयल सुपुत्री श्री मुरारी लाल गोयल, जिसने +1 साईंस ग्रुप Medical में 334 अंक लेकर कपूरथला जिले में प्रथम आकर विद्यालय का नाम उज्ज्वल किया । इस छात्रा ने मैट्रिक 1989-90 में भी कपूरथला जिला में प्रथम स्थान ग्रहण किया था ।

HAPPY NEWS FOR

NON JCO'S/EX-SERVICEMEN AND DEFENCE CIVILIANS EMPLOYEES RUSH FOR BAJAJ SUPER SCOOTER READY DELIVERY AT CSD RATES.



YOURS FRIENDLY DEALER,
NORTON MOTORS, AMBALA CANTT.
PH. : 21171, 23171.

Malhotra Publicity.

पंजाब नैशनल बैंक
निविदा सूचना

नई लकड़ी की पेटियों के स्थानीय निर्माताओं/सप्लायरों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं जिनके साथ धरोहर राशि के रूप में 2000/- रुपए का बैंक ड्राफ्ट आना चाहिए, जो मैनेजर, जोनल स्टेशनरी सैंटर, पंजाब नैशनल बैंक, जालन्धर के पक्ष में बना हो । पेटियां सूखी सफेदा लकड़ी की, बाहरी आकार 63x40x30 सैं.मी. में 1 सैं.मी. मोटी लकड़ी और 6.5 सैं.मी. की दूरी पर 3.75 सैं.मी. लम्बे कीलों के साथ 5 सैं.मी. लम्बे-चौड़े, 16 फट्टों (बैटन्स) के साथ बनाई जानी हैं । ऊपर का ढक्कन समुचित ढंग में फिक्स होना चाहिए और बैंक का नाम विशिष्टियों के अनुसार दो स्थानों पर (तक और से सूचित करने के लिए) अंकित होना चाहिए । लगभग 500 से 600 लकड़ी की पेटियां प्रति मास खंडों में (आवश्यकता के अनुसार) खरीदी जाएंगी । धरोहर राशि के बिना निविदाएं स्वीकार्य न होंगी । स्वीकृत निर्माता/सप्लायर को 5000/- रुपए की जमानत राशि जमा करानी होगी और स्वीकृत दरें (करों से रहित) स्वीकृति की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होंगी और हमारे जोनल स्टेशनरी सैंटर के एफ.ओ.आर. गोदाम होनी चाहिएं, जो कपूरथला रोड जालन्धर शहर पर स्थित है । निविदाएं रिजनल मैनेजर, पंजाब नैशनल बैंक, सिविल लाइन्स, जालन्धर शहर के पास 13.9.91 को या पहले पहुंच जानी चाहिएं । निविदाएं 14.9.91 को सुबह 11 बजे उन निविदकों के सामने खोली जाएंगी, जो उपस्थित होना चाहेंगे । बैंक कोई कारण बताए बिना किसी निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

—मैनेजर

Punjabi Sanatani

पंजाब में सी. पी. आई. (एम.) के 3 कार्यकर्त्ताओं सहित 12 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पुलिस मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत रात में सी.पी.आई. (एम.) के 3 कार्यकर्त्ताओं व एक सरपंच सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा कई विभिन्न घटनाओं में 8 मिलिटैंट भी मारे गए।

सी.पी.आई. (एम) के 3 कार्यकर्त्ताओं की हत्या : पुलिस जिला मजीठा के गांव तोला नगल के निकट आज सायं मिलिटैंटों ने मार्क्सी पार्टी की एक मिनी बस में से सी.पी.आई. (एम) के तीन कार्यकर्त्ताओं को जबरदस्ती बाहर निकाला तथा गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

अपहरण के बाद सरपंच की हत्या : जिला जालन्धर के निकटवर्ती गांव बैंसा में मिलिटैंटों ने सरपंच सुरिन्दर सिंह का अपहरण करने के बाद गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

संदिग्ध महिला मिलिटैंट मरी, दूसरी घायल : जिला अमृतसर के बहादुर नगर क्षेत्र में मिलिटैंटों ने एक घर में ज़बरदस्ती घुस कर एक संदिग्ध महिला मिलिटैंट बलजिन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा रानी कौर नामक दूसरी संदिग्ध महिला मिलिटैंट को घायल कर दिया। पुलिस ने अनुसार यह हमला गुट संघर्ष का ही परिणाम है।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : एक अज्ञात मिलिटैंट ने अमृतसर जिले के राम बाग चौक के निकट सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली। इस मिलिटैंट ने आत्महत्या सुरक्षा बलों से अपने को घिरा देख कर गिरफ्तारी से बचने के लिए की। इससे पूर्व मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के गश्ती दल पर बम भी फैंका था।

2 व्यक्तियों की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के भानीपुर गांव में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी है। मृतकों की शिनाख्त दर्शन सिंह व नाहर सिंह के रूप में हुई है।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव कोटली अबला में एक मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि पुलिस जिला मजीठा के गांव निजर में मिलिटैंटों ने भाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलिया मार कर हत्या कर दी।

शिनाख्त व विवरण : पुलिस के अनुसार गत रात्रि पुलिस थाना लोपोके के गांव ब्याला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो मिलिटैंट मारा गया था, उसकी शिनाख्त हो गई है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त विवरण के अनुसार नाकादल ने मोटर-साइकिल पर आ रहे एक व्यक्ति को जब रुकने का संकेत दिया तो उसने रुकने से इंकार कर दिया तथा सुरक्षा बलों ने उसी समय गोली चला दी, जिससे वह घटनास्थल पर ही मारा गया। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी एक मैगजीन व ए.के.47 तथा .303 बोर की राइफलों के करीब 100 कारतूस बरामद किए।

पुलिस के अनुसार मृतक की जेब से एक शिनाख्ती कार्ड भी मिला है, जिससे पता चलता है कि वह छहर्टा में पंजाब राज्य विद्युत मंडल का लाइनमैन था। इस कार्ड पर उसका नाम करतार सिंह छपा है तथा उसके कब्जे से बब्बर खालसा इंटरनैशनल का एक लैटर हैड भी मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला संगरूर के गांव हावस में गत रात्रि मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर जसविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : दो संगठनों के आपसी संघर्ष के दौरान मिलिटैंटों के एक गिरोह ने आज पुलिस जिला तरनतारन के गांव पखोके में बलविन्दर सिंह उर्फ बिन्द नामक मिलिटैंट की हत्या कर दी । वह लगभग 6 माह पूर्व ही मिलिटैंट बना था तथा तब से ही अपने घर में फरार था । आज उसका गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है ।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : कपूरथला (शर्मा): थाना कोतवाली के क्षेत्र गांव सैफलाबाद के निकट मंड में नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात कथित मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके दो अन्य साथी फायरिंग करते हुए अंधकार का लाभ उठा कर अपने शस्त्रों सहित भागने में सफल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से एक बैरल कटी 12 बोर की दोनाली बन्दूक, 8 जीवित कारतूस तथा एक ए.के. 47 राइफल की चली हुई गोलियों के खोल अपने कब्जे में लिए है।

जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जसमिन्द्र सिंह ने बताया कि जन्म अष्टमी के पवित्र त्यौहार के कारण जिला-भर में सुरक्षा के कडे प्रबंध थे। रात्रि एक बजे मंड में नाका लगाए पुलिस दल ने तीन व्यक्तियों को रुकने का संकेत किया तो उन्होंने पुलिस दल पर फायरिंग आरम्भ कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया, जिसकी अभी पहचान नहीं हुई है। मंड में पुलिस तथा सुरक्षा बलों का आप्रेशन आरम्भ है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राज्य में अन्यत्र विभिन्न घटनाओं में 8 मिलिटैंट भी मारे गए : डी. एस. पी. पर हमला : मिलिटैंटों ने चौकी से हथियार लूटे : एक व्यक्ति का अपहरण



कपूरथला के निकट मंड में रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए एक अज्ञात मिलिटैंट का शव । (छाया : चोपड़ा)

Punjabi Sanstant

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपहृत बच्चे का शव मिला : मोगा (सर्व): स्थानीय पुलिस ने 5 वर्षीय एक बच्चे का शव बरामद किया है, जिसका कुछ दिन पूर्व दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था। बताया जाता है कि अपहरणकर्त्ता मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे तथा अपहृत बच्चा पंजाब राज्य विद्युत मंडल के एक कर्मी का पुत्र था।

घायल: कोदर (गगन दीप): गत रात्रि करीब 10 बजे थाना शाहकोट के गांव ऊधोवाल में तीन लुटेरों ने एक घर में ज़बरदस्ती घुस कर लूटपाट की कोशिश की, मगर वे परिवार के एक सदस्य नरेन्द्र सिंह द्वारा शोर मचाने पर असफल रहे तथा फरार हो गए लेकिन वे लुटेरे फरार होते समय नरेन्द्र सिंह को बुरी तरह घायल कर गए, उसे लुधियाना के सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

डी.एस.पी. बाल-बाल बचे, अज्ञात मिलिटैंट मरा : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि गढ़शंकर पुलिस स्टेशन के अधीन कितना गांव में ए.के. 47 राइफलों से लैस दो मिलिटैंटों ने दसूहा उप-मंडल के डी.एस.पी. जैमल सिंह की जीप पर उस समय फायरिंग शुरू कर दी, जब वह कुछ अन्य पुलिस कर्मचारियों सहित गश्त पर जा रहे थे।

उक्त जानकारी देते हुए एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीप बुलेट प्रूफ होने के कारण जैमल सिंह बाल-बाल बच गए। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से एक मिलिटैंट मारा गया जबकि एक अन्य भागने में सफल हो गया।

प्रवक्ता के अनुसार घटनास्थल से एक ए.के.47 चीनी राइफल, एक मैगज़ीन, 10 जीवित व 22 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं।

प्रवक्ता के अनुसार अभी तक मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।

लूटमार का प्रयास असफल : फगवाड़ा (अशोक): आज प्रात: दिन-दिहाड़े शहर की धनाढ्य कालोनी की हरगोबिन्द नगर पुन: मिलिटैंसी की गतिविधियों का शिकार होने से बच गई,जब चार हथियारबंद अज्ञात स्कूटर सवारों ने राम सिंह नामक व्यापारी की कोठी में ज़बरी दाखिल होकर लूटमार करने का असफल प्रयास किया व गृहिणी सुदेश द्वारा चौकसी से कोठी की छत पर चढ़ कर शोर मचाने पर पड़ौसियों के तत्काल इकट्ठे होते देख अभियुक्त भाग निकले।

उल्लेखनीय है कि शहर की इस पॉश कालोनी में चोर-लुटेरों के गिरोह कई मास से सक्रिय हैं। पुलिस की लापरवाही से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना (महिन्द्रा): आज शाम सवा छ: बजे गिल रोड के निकट 2 मिलिटैंट मारे गए। पुलिस के अनुसार 2 व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में एक मारुति वैन पर गिल रोड पर जाते हुए देखा गया। पुलिस की ओर से चुनौती दिए जाने पर वह मारुति से उतर कर किसी का स्कूटर छीनने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने गोली चला दी जिससे दोनों संदिग्ध मिलिटैंट और 2 राहगीर मारे गए और 6 घायल हो गए। पुलिस पार्टी ने इससे पूर्व ए.एस.पी. रोहित चौधरी के नेतृत्व में मिलिटैंटों का पीछा किया था। इन तीनों की अभी पहचान नहीं हो सकी।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा के अनुसार मारे गए मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स (पैंथा ग्रुप) से संबंधित थे और उनका भारी संख्या में हथियारों और व्यापारियों के अपहरण की घटनाओं में हाथ था। घटनास्थल से 3 ए.के. 47 राइफलें, दो पिस्तौलें, एक कार और एक स्कूटर बरामद किया गया है।

मिलिटैंटों ने हथियार लूटे : पट्टी (पाठक): आज दोपहर 12 बज कर 55 मिनट पर 12-13 मिलिटैंटों ने यहां से 7-8 कि.मी. दूर गांव लोहका स्थित चौकी से हथियार लूट लिए तथा फरार हो गए।

बताया जाता है कि सभी मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे तथा ऐल्वन निसान वाहन में आए और चौकी में आते ही उन्होंने कहा कि वे हथियारों का निरीक्षण करने आए हैं। यह चौकी कामरेड गुरनाम सिंह के घर में स्थित है।

इससे पहले कि चौकी में तैनात सुरक्षा कर्मी वायरलैस द्वारा यह पुष्टि कर पाते कि हथियारों के निरीक्षण के लिए किसी को भेजा तो नहीं गया, तब तक मिलिटैंट 303 बोर की 6 राइफलें व उनके 150 कारतूस, एक बुलेट एक्शन राइफल व उसके 44 कारतूस, एक स्टैनगन, उसकी 2 मैगज़ीनें व 10 कारतूस ले कर फरार हो गए। मिलिटैंट फरार होते समय कामरेड गुरनाम सिंह के पिता स्वर्ण सिंह को भी अपने साथ ले गए।

मगर उसी समय पट्टी थाना का एस.एच.ओ. रामनाथ व कैरों चौकी का इंचार्ज भी वहीं पहुंच गए तथा डी.एस.पी. सुखदेव सिंह भी दूसरी तरफ से वहीं आ गए। पता चला है कि हथियार लूट कर फरार होने वाले मिलिटैंटों को दयालपुर राजपूतां गांव के निकट घेर लिया गया,परन्तु वे मिलिटैंट अपने वाहन सहित गन्ने के खेतों में जा घुसे।

अन्तिम समाचार मिलने तक पुलिस ने अर्ध सैनिक बलों के साथ मिल कर खेतों को घेरा हुआ था।

सरपंच की हत्या : बंगा से खोसला के अनुसार आज सायं साढ़े 6 बजे यहां से 10 किलो मीटर दूर बहराम के निकट दो मिलिटैंटों ने गांव भरोमजारा के सरपंच सोहन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मिलिटैंट मोटर साइकिल पर आए थे और सरपंच के घर में जा घुसे। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल तथा 9 एम.एम. शस्त्र के चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं। सोहन सिंह पर मिलिटैंटों ने पहले भी हमला किया था, उस समय मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया था।

बिमल खालसा का देहांत

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद में एक बिजली मकैनिक को बुला कर कपड़े धोने वाली मशीन की जांच कराई गई। मकैनिक ने जांच-पड़ताल के बाद कहा कि मशीन से करंट लगने की कोई सम्भावना नहीं है।

श्रीमती खालसा ने 1989 के लोकसभा चुनाव में रोपड़ संसदीय सीट से अकाली दल (मान) की टिकट पर चुनाव लड़ा था तथा तीन लाख वोटों से जीत प्राप्त की थी। अकाली गुटों की फूट के कारण इस बार उन्होंने इस क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के



कैमलिन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जान मेजर (ऊपर) साथ तथा (नीचे) श्री जान मेजर रशियन फैडरेशन गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए।

सार्वजनिक वितरण प्र
लिए केंद्र ने मुख्यमंत्रि

नई दिल्ली, 2 सितम्बर (प.स.): कमज़ोर वर्ग के लोगों के उत्थान और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार राज्यों के मुख्य मंत्रियों के साथ इस मास के अंत तक दो दिवसीय बैठक का आयोजन कर रही है।

राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक भी जल्दी ही आयोजित की जाएगी, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति, अल्पसंख्यक समुदाय और अन्य वर्गों के लोगों पर अत्याचार के मामलों पर विचार किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनौपचारिक बैठक के बाद एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बैठक के पहले ही दिन अत्याचारों का मामला उठाया जाएगा और दूसरे दिन सार्वजनिक वितरण प्रणाली का मामला उठाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस बैठक के संबंध में राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेज दिए हैं। उनमें कहा गया है कि बैठक में देश-भर में इस बारे समान दृष्टिकोण अपनाने के बारे में भी चर्चा की जाएगी।

बैठक की तिथियों के बारे में फैसला अगले कुछ दिनों में हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में राज्य सरकारों से कमज़ोर वर्गों पर अत्याचारों को न रोक पाने वाले अधिकारियों के खिलाफ "सख्त कार्रवाई" करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि मैं व्यक्तिगत रूप से आप से आग्रह करता हूं कि आपके राज्य में प्रशासनिक मशीनरी ऐसी हो ताकि ऐसी घटनाएं न हो पाएं।

सूचना

पंजाब में सभी होटल और रैस्टोरैंट हड़ताल पर

पंजाब की होटल और रैस्टोरैंट एसोसिएशन की 1 सितम्बर 1991 को 'होटल सिटी हार्ट' में आयोजित आपात बैठक के दौरान यह निर्णय किया गया कि होटल और रैस्टोरैंट उद्योग पर लगाए जाने वाले 15 प्रतिशत व्यय कर के विरुद्ध हमारा रोष व्यक्त करने के लिए 3 सितम्बर 91 से सुबह 6 बजे से शुरू होकर, 4 सितम्बर-91 को सुबह 6 बजे तक, 24 घंटों की पूर्ण हड़ताल रखी जाए।

कर्नल हरशरण सिंह प्रधान,
पंजाब होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन

हिमाचल प्रदेश सरकार
राज्य लाटरीज निदेशालय
निविदा सूचना

निम्नलिखित साप्ताहिक लाटरियों की टिकटों की बिक्री के लिए आर्गनाइजिंग एजैंटों की नियुक्ति के लिए पेशकशें आमंत्रित हैं :

1. गोल्डन मण्डे,
2. गोल्डन ट्यूजडे,
3. गोल्डन वैडनस्डे,
4. गोल्डन थर्सडे,
5. गोल्डन फ्राइडे,
6. गोल्डन सैटर्डे,
7. गोल्डन संडे,

2. लाटरी कारोबार में अनुभव रखने वाली, और ठोस वित्तीय स्तर रखने वाली और प्रत्येक साप्ताहिक लाटरी के लिए दो लाख रुपए की नकद सिक्योरिटी तथा पर्याप्त बैंक गारंटी उपलब्ध कराने की स्थिति रखने वाली पार्टियां, प्रत्येक साप्ताहिक लाटरी के प्रत्येक ड्रा में मुद्रित टिकटों के कुल मूल्य के प्रतिशतक के आधार पर, प्रत्येक लाटरी के लिए अलग-अलग लाभ की गारंटीशुदा राशि की अपनी पेशकशें, निर्धारित प्रोफार्मा पर और मोहरबंद लिफाफे में जिसके ऊपर'.....की आर्गनाइजरशिप के लिए पेशकश' शब्द लिखे हों, निदेशक राज्य लाटरीज हिमाचल प्रदेश बिजलानी भवन, [illegible] सचिवालय शिमला-171002 को भेजने के लिए आमंत्रित हैं, जो

Punjab Sahapedia

तरनतारन में बम विस्फोट में 1 मरा, अन्यत्र 7 की हत्या : 9 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (वार्ता, प.स.): तरनतारन में आज सायं हुए बम विस्फोट में एक व्यक्ति मारा गया जबकि 4 अन्य घायल हो गए । पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक बस के चालक व सह-चालक सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा राज्य में मिलिटैंटों ने एक हैड-कांस्टेबल सहित 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया है ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों ने आज तड़के भटिंडा जिले के बुर्ज ढिलवां गांव में हुई मुठभेड़ में तीन मिलिटैंटों को मार गिराया। मृत मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त शिगारा सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल से 2 बंदूकें व अन्य विस्फोटक बरामद हुए।

बस चालक व सह-चालक की हत्या : मिलिटैंटों ने भजीठा पुलिस जिले के कुकरवाली गांव के निकट बस चालक चंचल सिंह और कंडक्टर बाज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। यह बस अमृतसर स्थित एक कम्पनी की निजी बस थी।

हैड-कांस्टेबल सहित 3 का अपहरण : मिलिटैंटों ने गुरदेव सिंह तथा उसके एक संबंधी पुलिस हैड-कांस्टेबल अमर सिंह और उसके पिता कैहर सिंह का रोपड़ जिला स्थित उनके मकान से अपहरण कर लिया है।

मिलिटैंटों द्वारा साथी की हत्या : गत रात्रि तरनतारन पुलिस जिले के एक गांव पक्ख में बलविन्दर सिंह नामक एक मिलिटैंट अपने ही साथियों के हाथों मारा गया । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

मिलिटैंट मारा गया : तरनतारन पुलिस जिले में दयाल राजपूतां गांव के निकट आज हुए एक मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । रात्रि देर गए तक मुकाबला जारी था ।

2 अज्ञात छलनी शव मिले : पुलिस जिला मजीठा के पुलिस थाना जंडियाला में से सुरक्षा बलों ने गोलियों से छलनी 2 शव बरामद किए हैं।

बताया जाता है कि इन शवों के बारे में जानकारी मिलने पर जब एक पुलिस दल वाहन में सवार होकर इनकी बरामदगी के लिए आ रहा था तो उनके वाहन को बम विस्फोट करके ध्वस्त करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कोई भी सुरक्षा कर्मी घायल नहीं हुआ।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : जिला अमृतसर के गांव संघना के निकट आज शाम एक मुकाबले के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए । इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

पुलिस ने बताया है कि सुरक्षा बलों ने गांव संघना में छापा मारा था क्योंकि अशोक कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण करने के बाद मिलिटैंटों का एक गिरोह वहां छिपा हुआ था ।

वहां पर हुई भिड़त में चार मिलिटैंट मारे गए जबकि अपहृत व्यक्ति को मुक्त करा लिया गया । मारे गए एक मिलिटैंट की शिनाख्त 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' के एक सूचीबद्ध मिलिटैंट लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा जहाज के रूप में हुई है । अंतिम सूचनाएं मिलने तक भिड़त जारी थी । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, दो दोनाली बन्दूकें तथा दो हथगोले बरामद किए हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : पुलिस ने बताया है कि गत रात अज्ञात मिलिटैंटों ने भिक्खीविंड पुलिस थाना के तहत गांव माडी गौद सिंह में गरबक्श सिंह

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanarah

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

तरनतारन में बम विस्फोट : 1 मरा : तरनतारन (नि. स.) : तरनतारन में आज रात्रि 7.45 बजे रोडवेज वर्कशाप के सामने एक पैट्रोल पम्प पर बम विस्फोट हुआ, जिसमें 55 वर्षीय डा. प्यारा सिंह मौके पर ही मारे गए और 4 अन्य व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से एक का नाम बिल्ला फ्रूट वाला बताया जाता है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह बम वहां से गुजर रहे एस.एच.ओ. की जीप पर फैंका गया था परन्तु उनका बचाव हो गया ।

'प.स.' के अनुसार मारे गए व्यक्ति का नाम प्यारा सिंह बताया गया है । 7 घायलों में से 4 अशोक कुमार, सुखदेव सिंह, सुखदेव सिंह (दूसरा) और जगत किशोर गम्भीर रूप से घायल हुए हैं । 3 बच्चों को मामूली चोटें आई, जिन्हें अस्पताल में से बाद में छुट्टी दे दी गई ।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोहड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाम में गत रात्रि 4 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति प्रीतम सिंह को उसके घर से जबरी बाहर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस वारदात में ए.के. 47 राइफल प्रयुक्त की गई है।

लाश बरामद : पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाम के निकट से पुलिस ने गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

एक व्यक्ति का अपहरण : धूरी (सिंगला) : यहां से 4 कि.मी. दूर गांव कोहड़ी में कुछ मिलिटैंटों ने सन्तोख सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है।

अपहरण का प्रयास विफल : मोगा (सर्व) : जिला फरीदकोट के गांव दीआर में गत दिवस ग्रामीणों ने दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों द्वारा एक बच्चे का अपहरण करने का प्रयास विफल कर दिया। दोनों मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे।

बताया जाता है कि जब कुछ ग्रामीणों ने उन मिलिटैंटों को बच्चे को जबरदस्ती ले जाते हुए देखा तो उन्हें घेर कर ग्रामीणों ने काबू कर लिया। मगर अपहरणकर्त्ता मिलिटैंट बच्चे को छोड़ कर फरार होने में सफल हो गए। गत 3 दिनों के दौरान इस गांव में यह ऐसी दूसरी वारदात है।

विस्तृत विवरण : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): मिलरगंज के प्रताप चौक में पुलिस के साथ हुए मुकाबले में कल शाम जो 2 मिलिटैंट मारे गए थे, के संदर्भ में और जानकारी देते हुए अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि यह दोनों खालिस्तान कमांडो फोर्स (सुखविन्दर सिंह पैंटा ज़फरवाल ग्रुप) के सदस्य थे । उन्होंने गत दिनों लुधियाना में कई उद्योगपतियों, व्यापारियों, बच्चों और दूसरे लोगों का अपहरण किया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक मारुति कार में सवार दो मिलिटैंट जा रहे थे तथा पुलिस को पहले ही उनके शहर में प्रवेश की सूचना मिल चुकी थी । इस कार को देख कर पुलिस पार्टी ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने गोलियां चला दीं । पुलिस की गोलियों से मिलिटैंटों की कार के शीशे टूट गए और उनमें से एक गम्भीर रूप से घायल हो गया । दोनों मिलिटैंटों ने कार छोड़ कर एक स्कूटर छीना और उस पर भाग गए । कुछ दूर पुलिस की आ रही एक अन्य पार्टी ने जब यह देखा कि स्कूटर के पीछे वाला सवार खून से लथपथ है तो उन्हें रुकने का संकेत किया, परन्तु उन्होंने गोलियां चला दीं । पुलिस की जवाबी फायरिंग से दोनों ही मारे गए । श्री शर्मा ने बताया कि इस ग्रुप ने जिनका अपहरण किया, उनमें हरजीत सिंह दुआ, परमजीत सिंह, बलविन्दर सिंह और चरणजीत बजाज के 9 वर्षीय व 11 वर्षीय 2 बेटे भी शामिल हैं । यह सब भारी रकमें देकर रिहा हो चुके हैं । उन्होंने कहा कि राहों रोड के उद्योगपति विपन जैन के अपहरण के लिए जो गिरोह जिम्मेदार था, उसका एक सदस्य गत दिवस पुलिस के साथ मुकाबले में भगवानपुरा में मारा गया था ।

उल्लेखनीय है कि पैंटा गिरोह के लगभग 15-16 सदस्य इस जिला में बहुत सक्रिय हैं । इसके अतिरिक्त खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ ग्रुप) भी अपहरण की वारदातें कर रहा है । अगस्त मास में इस जिला में अपहरण के 21 केस हुए । श्री जैन व दूसरे उद्योगपतियों के अपहरण से शहर में भारी आतंक है । राहों रोड के कुछ उद्योगपति अब अपने कारखाने मिट्टी के भाव बेच रहे हैं । कई स्थानीय उद्योगपतियों ने अब प्राइवेट सुरक्षा गार्ड रख लिए हैं, फिर भी वे कारखानों में पहले की तरह जाने से हिचकिचा रहे हैं ।

2 घुसपैठिए मारे गए : सीमा सुरक्षा बल ने आज सायं भारत-पाक सीमा के अटारी सैक्टर में पुल कंजरी चौकी के निकट घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया ।



चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी के सुरक्षा कर्मी ए.एस.आई. भाले राम (दाएं) तथा कार चालक हैड-कांस्टेबल अमीचंद (बाएं) जो चंडीगढ़ में हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में मारे गए थे, की रस्म पगड़ी 8 सितम्बर को पुलिस लाइन्स, सैक्टर 26, चंडीगढ़ में दोपहर 1.30 बजे होगी ।

अपराध प्रक्रिया संहिता संशोधन बिल पुनः पेश

नई दिल्ली, 3 सितम्बर (वार्ता): गृहमंत्री शंकर राव चवन ने आज राज्यसभा में अपराध प्रक्रिया संहिता (दूसरा संशोधन), विधेयक पुनः पेश किया।

राज्यसभा में पिछले अधिवेशन में कांग्रेस (इ) के श्री एस. एस. आहलुवालिया का एक प्रस्ताव पारित हो जाने के कारण यह विधेयक गिर गया था। सदस्यों ने आज यह विधेयक पेश किए जाने के समय काफी जिरह की। उन्होंने जानना चाहा कि यह विधेयक वही है अथवा परिवर्तित है।

विमान दुर्घटना में 20 मरे

कुआलालम्पुर, 3 सितम्बर (वार्ता): सारावाक राज्य में आज लौंग मेरीडान के पास एक विमान जंगल में गिर कर नष्ट हो जाने से 20 लोग मारे गए । 6 अन्य यात्री बचा लिए गए ।

इंका संसदीय दल की बैठक न हुई

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर (प.स.): उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि के मामले पर विचार करने के लिए बुलाई गई कांग्रेस (इ) संसदीय दल की बैठक आज नहीं हो सकी । पार्टी के प्रवक्ता चंद लाल चन्द्राकर ने संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि तीन दिन के अवकाश के बाद आज सुबह तक काफी सांसदों के राजधानी नहीं पहुंच पाने के कारण यह बैठक स्थगित कर दी गई । उन्होंने बताया कि अगली बैठक की तिथि बाद में तय की जाएगी ।

पाक सरकार की एजैंसियां सिंध में अस्थिरता पैदा कर रही हैं

नई दिल्ली, 3 सितम्बर (वार्ता): पाकिस्तान के सिंध प्रांत के विपक्षी राजनीतिक दलों का आरोप है कि वहां केंद्रीय सरकार की एजैंसियां अस्थिरता पैदा करने की प्रयासरत हैं ताकि वहां विदेशी नागरिकों को बताया जा सके। साथ ही वहां मजहबी कट्टरता के

संशोधन

3.9.91 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित

पंजाब में मालगाड़ी के गार्ड व पटवारी सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

चण्डीगढ़, 5 सितम्बर (वार्ता, पस.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से मालगाड़ी के एक गार्ड व एक पटवारी सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 8 मिलिटैंट भी मारे गए। इसके अलावा एक व्यक्ति का मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया जबकि सुरक्षा बलों ने 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

विभिन्न घटनाओं में पटवारी सहित 3 की हत्या : जालधर जिले के भोरा गांव में श्रीमती देवो और लुधियाना जिले के मतयानी गांव में जसपाल सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

एक अन्य घटना में संगरूर में फेरूमान चौक के पास शिवराज नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। वह गांव का पटवारी था। इन सभी वारदातों के बाद हत्यारे मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए।

3 अन्य मिलिटैंट मरे : तरनतारन के दयालपुर राजपूता गांव में गत सोमवार से शुरू हुई एक मुठभेड में सुरक्षा बलों ने तीन और मिलिटैंटों को मार गिराया है। मुठभेड़ कल रात समाप्त हो गई थी तथा इस दौरान कुल सात मिलिटैंट मारे गए हैं।

मुठभेड़ स्थल से नौ बाल्ट एक्शन राइफल, एक एस.एल.आर. और एक. राइफल की तीन मैगज़ीनें बरामद हुई। एक प्रवक्ता के अनुसार आज सुबह से फिर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

लिस्टिड मिलिटैंट मारा गया : सुरक्षा बलों ने भटिंडा जिले के मेहता गांव के निकट खालिस्तान कमांडो फोर्स (बब्बर गुट) के गुरजंट सिंह नामक लिस्टिड मिलिटैंट को कल रात मार गिराया।

पाक घुसपैठिया मारा गया : सीमा सुरक्षा बल ने गत रात्रि भारत-पाक सीमा के अटारी सैक्टर की राजाताल चौकी क्षेत्र में एक पाक घुसपैठिए को मार गिराया।

बम विस्फोट से 2 घायल : पुलिस के अनुसार गत रात्रि चाटीविंड क्षेत्र में एक रिक्शा में बम विस्फोट होने से 2 व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। इनमें एक रिक्शा चालक प्रह्लाद सिंह व दूसरा अजय कुमार है।

मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके गार्ड किशन चंद की हत्या कर दी। वह राजपुरा का निवासी था। मृतक अपने पीछे विधवा, 3 लड़के व एक लड़की छोड़ गया है।

पुलिस कर्मियों पर फायरिंग : गत रात्रि ही मिलिटैंटों ने जाखल मंडी के गांव साधनवास में दो पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाई, परन्तु वे बाल-बाल बच गए। मिलिटैंट इस हमले के बाद फरार हो गए।

एक मिलिटैंट मरा, 4 गिरफ्तार :

विभिन्न घटनाओं में 8 मिलिटैंट भी मारे गए, 4 अन्य गिरफ्तार : एक व्यक्ति का अपहरण

मृतक की पहचान : जिला भटिंडा के गहरी भागी गांव में गत दिवस जिन दो महिलाओं को मिलिटैंटों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, उनमें से एक की शिनाख्त सुभाष चन्द्र के रूप में हुई है।

बच्ची का शव मिला : जिला कपूरथला के गांव नूरपुर जलोहर में गत दिवस एक तलाब के निकट एक बच्ची का शव मिला। यह बच्ची गत मंगलवार से लापता थी।

मालगाड़ी के गार्ड की हत्या : जाखल (खोखर) : गत रात्रि जाखल मंडी के क्षेत्र में मिलिटैंटों ने एक मालगाड़ी के गार्ड किशन चंद की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात्रि करीब 12.30 बजे मालेरकोटला से दिल्ली जा रही यह मालगाड़ी जब जाखल स्टेशन के आऊटर पर रुकी हुई थी तो बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सारचूर के निकट पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि 4 ने आत्म-समर्पण कर दिया। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त जगीर सिंह भंगाली थाना मजीठा व 4 गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त अजायब सिंह बस्तपुर कलानौर, दयाल सिंह टरपई मजीठा, जसविन्द्र सिंह, मैदपुर सदर बटाला व दलजीत सिंह हरिया मजीठा के रूप में हुई है। इनसे 2 एच.ई. 36 हथगोले, एके. 47 राइफल के 2 मैगज़ीन व 28 कारतूस बरामद किए गए हैं।

युवक का अपहरण : कपूरथला (शर्मा) : थाना सदर कपूरथला के गांव काला संघियां में गत रात्रि लगभग 8 बजे दो संदिग्ध व्यक्ति



(ऊपर) सुल्तानविंड अमृतसर का वह स्थान, जहां बम फटा। (मध्य में) बम से घटना स्थल पर ही मारे गए बच्चे का शव। (सबसे नीचे) गम्भीर रूप से घायल एक बच्चा अस्पताल में चिकित्साधीन नजर आ रहा है। (छाया : रवि भंडारी)

एक घर से 16-17 वर्षीय एक नवयुवक राकेश कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार का बलपूर्वक पिस्तौल की नोक पर अपहरण करके ले गए तथा अपहृत के दादा ओम प्रकाश को कह गए कि उनकी मांग के अनुसार फिरौती देकर लड़के को ले आना। अपहरणकर्त्ता ने फिरौती की धनराशि तथा स्थान सम्बन्धी कुछ नहीं बताया है।

बम विस्फोट में बच्चा मरा, 2 अन्य घायल : अमृतसर (अशोक सोनी) : आज दोपहर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद करीब 2 बजे जिला के सघन क्षेत्र सुल्तानविंड में एक भीषण बम विस्फोट में 3 बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक बच्चा अस्पताल ले जाते समय घावों की ताव न सहते हुए रास्ते में ही दम तोड़ गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार सुल्तानविंड गांव के निकट नहर की एक पुली के करीब स्थित एक हैंडपम्प के साथ ही मिलिटैंटों ने एक बम फिट किया हुआ था ताकि क्षेत्र में तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवानों को विस्फोट करके हानि पहुंचाई जा सके। मगर घटनास्थल से बल का नाका दल काफी दूर तैनात था। इसी दौरान 3 बच्चे खेलते हुए सम्भवत: पानी पीने के लिए ही घटनास्थल पर आए तथा ज्यों ही उन्होंने हैंडपम्प चलाने की कोशिश की, उसी समय विस्फोट हो गया।

मृतक बच्चे की शिनाख्त किशोर (10) निवासी कोट बाबा दीप सिंह व घायलों की शिनाख्त रामचंद्र (15) निवासी चित्रा टाकीज रोड तथा रोहित (1) के रूप में हुई है।

2 मिलिटैंटों के छलनी शव मिले : पुलिस ने जंडियाला पुलिस थाना के एक गांव तथा कत्थूनंगल पुलिस थाना के गांव हरिया में से 2 अज्ञात मिलिटैंटों के छलनी शव बरामद किए हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी हत्या गुट संघर्ष का परिणाम है।

कैशियर की हत्या : जिला लुधियाना के जगरांव पुलिस थाना के अधीन एक गांव में स्कूटर सवार मिल टैंटों ने ईंटों के एक भट्ठे के कैशियर अवतार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। फरार होते समय वे कुछ नगदी व मृतक का स्कूटर भी अपने साथ ही ले गए।

मिलिटैंट की शिनाख्त : लुधियाना से धीमान के अनुसार गत सोमवार को मिलरगंज के प्रताप चौक में पुलिस मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए थे, इनमें से एक की पहचान हो गई है। वह कख्यात अवतार सिंह आफ दड़बा जिला संगरूर का निवासी था। यह जानकारी एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा ने दी। वह संगरूर व लुधियाना जिला में कई घटनाओं में वांछित था। पता चला है कि अवतार सिंह ने संत हरचंद सिंह लौंगोवाल के हत्यारे जरनैल सिंह हलवाड़ा, जो पुलिस मुकाबले में मारा गया था, को शरण दी थी।

2 की हत्या : गढ़शंकर (नि.स.): आज सायं लगभग 4.50 बजे यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव कुक्कड़ा के शराब के ठेके पर 4 मिलिटैंटों ने ठेके के कर्मचारी हरि सिंह पुत्र अमी चंद निवासी गांव रामपर बिलड़ों की हत्या कर दी। बाद में इन मिलिटैंटों ने हाजीपुर लहिरां के ठेके पर ठेके के कर्मचारी महेंद्रपाल पुत्र बिशन राम गुजर निवासी गांव हाजीपर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बाद में मिलिटैंट एक स्कूटर गांव गोरों महताबपुर से छीन कर फरार हो गए। डी.एस.पी. हरतेज सिंह सेखों पुलिस पार्टी लेकर 20 मिनट में गांव हाजीपुर लहिरां पहुंचे और अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी।

चंडीगढ़ शीघ्र पंजाब के हवाले किया जाए : जद की मांग



पटियाला में 3C
दुर्दांत मिलिटैंट
संगठन के मास
क्रमशः 16 व
हत्याओं में वां
प्रयोग की गई स

22

कोलंबो, 5 सि
उत्तर-पूर्वी प्रांत मे
पिछले तीन दिन के
में 226 तमिल ह
श्रीलंका सेना के

सेना के एक
लिबरेशन टाइगर्स

राम मंदि
स्थान पर

फतेहपुर, 5 सि
राजस्वमंत्री ब्रह्म
राम मंदिर का नि
होगा जहां भगवान

श्री द्विवेदी ने
निर्माण में आने
करेगी।

सोडल मो
बारे अगल

जालन्धर, 5
मंदिर की सम्पत्ति
हरबंस लाल, अ
प्रकाश सहगल,
श्री जे.एस. माही
की अदालत में
गवाही के लिए

पंजाब में
विचार-वि

अमृतसर, 5
महामंत्री श्री सेवा
प्रदेश कांग्रेस (इ)
7 सितम्बर को

रद पवार

3 का शेष)

ा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री
प्रस्तावों के साथ भारत आए थे
कर लिया लेकिन, श्री पवार ने
शायद ही एक दिन ऐसा गया हो
ीमा पर गोलीबारी न की हो।
ीबारी की आड़ में वह कश्मीरी
भारत भेजना चाहते हैं।
ाकिस्तान की यह कार्रवाइयां
बनाने के रास्ते में रुकावट डाल
पनी कथनी और करनी में फर्क
। श्री पवार ने बताया कि विदेश
को इस्लामाबाद जा रहे हैं और
को पाक अधिकारियों के साथ

कहा कि देश की सेनाएं पड़ौसी
भी प्रकार के सम्भावित खतरे का
पूर्णत: सक्षम हैं। उन्होंने कहा
सेनाएं उनके पास उपलब्ध
किस्म के आधुनिक हथियारों
विरोधियों से किसी भी प्रकार के
मुकाबला करने में पूर्णत: सक्षम

कि भारत की सुरक्षा के बारे में
ारम्परिक दृष्टिकोण में कोई
है। श्री पवार ने कहा कि हाल
के. कृष्णकुमार को उनकी हाल
त्रा के दौरान आश्वासन दिया
ांतरिक परिवर्तनों का प्रभाव
संबंधों पर नहीं पड़ेगा।

ा कि वह स्वयं सोवियत संघ
बदली हुई परिस्थिति में दोनों
सहयोग पूर्ववत जारी रहे
इसके बारे में 1995 तक चलने
त आदान-प्रदान पहले की तरह

हा कि इसके साथ हमें यह भी
ाने वाले काफी समय तक विश्व
क्ति रहेगी और इससे कुछ
के सामने आ सकती हैं।

न से अकाली-एकता
क्षति ही पहुंचेगी

सितम्बर (महिन्द्रा): आनन्दपुर
म्बर को बुलाया गया पंथक
ों में एकता लाने में तो सफल हो
इससे अकाली एकता को भारी
शंका है। पंजाब में चुनावों के
के विरोधी सिख-सूत्रों के अनुसार
तथा झूठे मुकाबलों के संबंध में
था, लेकिन चुनाव के
कर दिया गया।

प्रकाश सिंह बादल पर हैरान हैं
खामोश कैसे बैठे रहे लेकिन अब
ो बयान समाचारपत्रों में छप रहे
हा है कि अकाली नेतृत्व अपनी
विभाजित हो रहा है। जब श्री
न ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय

Kumar Sachdeva

लै. जनरल गुरमेज सिंह घड़ियाला समेत 9 मिलिटैंट मरे, 2 ट्रेन यात्रियों सहित 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 6 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के लै. जनरल गुरमेज सिंह उर्फ घड़ियाला समेत 9 मिलिटैंट मारे गए तथा 2 ट्रेन यात्रियों सहित 6 लोगों की हत्या हुई ।

लै. जनरल समेत 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के पट्टी थाना के अंतर्गत खब्बे राजपूतां गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए । इनमें से एक मिलिटैंट की पहचान गुरमेज सिंह उर्फ घड़ियाला के रूप में हुई है । गुरमेज सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का लैफ्टिनैंट जनरल था और उस पर 10 लाख रुपए का पुरस्कार था । पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरमेज सिंह ने तरनतारन क्षेत्र में कम से कम 300 लोगों की हत्या की थी । गुरमेज सिंह 13 सदस्यीय उस मिलिटैंट गिरोह का सदस्य था, जिसने विगत सोमवार को लोखा गांव से कम्युनिस्ट नेता श्री गुरनाम सिंह के पिता श्री स्वर्ण सिंह का अपहरण किया था । इस गिरोह के 7 सदस्य पिछले दिनों राजपूतां गांव में सुरक्षा बलों के साथ 60 घंटे तक चली लम्बी मुठभेड़ में मारे गए थे । उस दिन मरने वालों में लै. जनरल सतनाम सिंह सत्ता उर्फ चुसलेवड़ भी शामिल था ।

पुलिस के अनुसार आज उस समय मुकाबला शुरू हुआ, जब घड़ियाला तथा उसके एक साथी ने पट्टी के एस.एच.ओ. श्री रामनाथ के नेतृत्व में जा रही एक पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया । मौका पर तुरंत और सुरक्षा कर्मी पहुंच गए और उन्होंने उक्त दोनों मिलिटैंटों को घेर लिया । मुठभेड़ के दौरान दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 315 बोर की राइफल तथा भारी परिमाण में गोली सिक्का भी बरामद हुआ है ।

दो ट्रेनों पर फायरिंग, 2 महिलाएं मरीं : लुधियाना (धीमान): यहां से 13 किलोमीटर दूर साहनेवाल के निकट कल रात मिलिटैंटों के एक गिरोह ने दो ट्रेनों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे दो महिलाओं की मृत्यु हो गई तथा 19 अन्य यात्री घायल हो गए। रेलवे पुलिस (पंजाब) के ए.आई.जी. श्री राजेन्द्र सिंह तथा लुधियाना जिला पुलिस प्रमुख श्री अनिल शर्मा ने आज यहां एक संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में बताया कि ट्रेनों पर फायरिंग की घटना का महत्वपूर्ण सुराग मिल गया है। जिन दो ट्रेनों पर फायरिंग की गई, उनमें पाकिस्तान-अटारी-दिल्ली स्पैशल ट्रेन तथा दिल्ली-जम्मू शालीमार एक्सप्रैस शामिल हैं। फायरिंग रात 12 बज कर 10 मिनट तथा 12 बज कर 30 मिनट के बीच हुई।

पुलिस अफसरों ने बताया कि दोनों ट्रेनों के साथ सुरक्षा दस्ते थे। पहले गोलियां शालीमार एक्सप्रैस पर चलाई गईं, जिससे दिल्ली के एक रेलवे खलासी की पत्नी विमला देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा 5 अन्य महिलाएं घायल हो गईं। इनमें से एक महिला श्रीमती प्रकाश कौर (लुधियाना) की हालत गम्भीर है। एक अन्य घायल महिला श्रीमती अंजीत कौर (श्रीनगर) तथा उसकी बेटी इंदपाल कौर को सी.एम.सी. में भर्ती कराया गया है। एक और घायल महिला श्रीमती गीता देवी उत्तर प्रदेश के धौलपुर की रहने वाली है। पुलिस अफसरों ने बताया कि अटारी स्पैशल ट्रेन पर फायरिंग से मुल्तान निवासी श्रीमती फातिमा (60) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना में 14 अन्य यात्री घायल हो गए। इनमें से 12 को रेलवे स्टेशन पर ही प्राथमिक सहायता दे दी गई। गम्भीर रूप से घायल हुए सलीम तथा नसीम बेगम को यहां के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अटारी ट्रेन में 7 सुरक्षा कर्मी तथा शालीमार एक्सप्रैस में 8 सुरक्षा कर्मी जा रहे थे। उन्होंने भी डिब्बे में 36 गोलियां चलाईं। पुलिस को घटनास्थल से एके. 47 के कई खाली कारतूस मिले हैं।

अपहृत व्यापारी घर लौटा : लुधियाना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने आज बताया कि गत 31 अगस्त को मिलिटैंटों ने जिस व्यापारी का अपहरण कर लिया था, वह आज प्रातः घर लौट आया है। प्रमुख व्यापारी श्री इंद्रजीत नागपाल का गिल रोड से उस वक्त अपहरण कर लिया गया था, जब वह रात को अपनी दुकान बंद करके घर वापिस जाने के लिए अपनी कार में सवार होने लगा था। मिलिटैंटों ने उसे पिस्तौल की नोक पर अपनी कार में बिठा लिया और फरार हो गए थे।

2 लोगों का अपहरण : फिरोजपुर जिला के कोटईसा खां गांव से मिलिटैंटों ने राकेश कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। लुधियाना जिला के रौणी गांव से मिलिटैंटों ने मंजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा वैन छीन ली।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



लुधियाना जिला में साहनेवाल के निकट मिलिटैंटों द्वारा फायरिंग किए जाने से मारी गई दो महिलाओं (1) विमला देवी तथा (2) फातिमा के शव और (3) इस घटना में घायल हुई एक महिला तथा उसकी बेटी, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है । (छाया : कम्बोज)

Punjab Sampada

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

2 मुठभेड़ों में 4 मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिला में कल ध्यान सिंह नामक एक मिलिटैंट को सुरक्षा कर्मी हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जा रहे थे कि सोखरिया गांव के निकट मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया। क्रास फायरिंग में ध्यान सिंह मारा गया। मुठभेड़ में लखविंद्र सिंह उर्फ लक्खा नामक एक अन्य मिलिटैंट की भी मृत्यु हो गई। घटनास्थल से एक ए के 74 राइफल भी बरामद हुई है। फरीदकोट जिला के पिपली पक्की कला गांव में कल रात 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से दो बंदूकें भी बरामद हुई है।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिला के लोला गांव में गुट संघर्ष के कारण एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। इसी पुलिस जिला के हरिया गांव में भी एक अज्ञात मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया।

दम्पति की हत्या : धूरी (संगला) मिलिटैंटों ने कल रात शेरपुर खुर्द गांव से बीर सिंह तथा उसकी पत्नी चरणजीत कौर को अपहृत कर लिया तथा बाद में गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी।

अपहृत को ढूंढ निकाला : संगरूर जिला के एसएसपी ने आज यहां बताया कि विगत 2 सितम्बर को लोहटबद्धी गांव से अपहृत इंद्रजीत सिंह को रोमी गांव से बरामद किया गया। पुलिस ने जीत सिंह नामक एक अपहर्ता को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मारा : मजीठा पुलिस जिला के राजासांसी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक बंदूक तथा कुछ गोलियां बरामद हुई हैं।

दो घुसपैठियों के शव मिले : फिरोजपुर तथा गुरदासपुर सैक्टरों से आज दो घुसपैठियों के शव बरामद हुए।

2 लोगों की हत्या : होशियारपुर जिला के ठक्करवाल गांव में कल रात दर्शन सिंह तथा सतनाम सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

10 कैदी फरार

कोयम्बटूर, 6 सितम्बर (प.स.): डकैती के मामलों में अभियुक्त दस विचाराधीन कैदी कल शाम तमिलनाडु के कोयम्बटूर जिले में अदालत से जेल लाए जाते समय पुलिस हिरासत से निकल भागे ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में बम विस्फोट से 1.68 मीटर लम्बी रेलवे लाइन उड़ाई : 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या

चंडीगढ़, 7 सितम्बर (वार्ता, पस.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान एक बम विस्फोट द्वारा 1.68 मीटर लम्बी रेलवे लाइन उड़ा दी गई तथा मिलिटैंटों ने गत सायं से एक विद्युत कर्मी व एक कांस्टेबल सहित 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी और दो पैट्रोल पम्पों को लूट लिया।

रेलवे लाइन उड़ा दी : जालंधर से प्राप्त एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आज तड़के बुटारी और तांगड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन पर हुए एक बम विस्फोट के कारण अमृतसर-जालंधर मार्ग पर रेल यातायात में बाधा पड़ी।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि मिलिटैंटों ने 1.68 मीटर लम्बी रेलवे लाइन उड़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि अमृतसर से जालंधर की ओर जाने वाली रेल गाड़ियों का आवागमन सामान्य रहा लेकिन दूसरी ओर जाने वाले रेल मार्ग अवरुद्ध हुए। सूत्रों ने बताया कि रेल मार्ग की मुरम्मत के बाद ही इस मार्ग पर रेल यातायात पुनः शुरू हो सकेगा।

अमृतसर-नई दिल्ली सुपर फास्ट एक्सप्रैस, अमृतसर-बम्बई डीलक्स ट्रेन, अमृतसर-लुधियाना एक्सप्रैस तथा अमृतसर-सरहिन्द यात्री गाड़ी अभी तक शहर के रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंची है।

विभिन्न वारदातों में कांस्टेबल सहित 3 की हत्या : भटिंडा जिले के पक्का कला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात शराब बेच रहे एक व्यक्ति की हत्या कर दी। इसी जिले के मंडी कलन गांव में मिलिटैंटों ने कल रात सुखदेव दास नाम के एक कांस्टेबल को मार डाला।

मिलिटैंट कल रात होशियारपुर जिले के चौराउदी गांव में केवल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस गए और गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

अज्ञात शव मिला : पुलिस के अनुसार फतेहगढ़ चूड़ियां के निकट आज मुख्य सड़क पर गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव मिला है।

विद्युत कर्मी सहित 3 की हत्या : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव भगतोपुरा में 2 सशस्त्र मिलिटैंटों ने पंजाब राज्य विद्युत मण्डल के कर्मी सलविन्दर सिंह (32) को घर से बाहर निकाला तथा गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी। इस वारदात में एके. 47 राइफल का प्रयोग किया गया।

'पस.' के अनुसार मिलिटैंटों ने इसी गांव में धनविन्दर सिंह व केवल सिंह नामक 2 अन्य व्यक्तियों की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी है।

2 पैट्रोल पम्प लूटे : मुक्तसर (दर्दी) : गत रात्रि कोटकपूरा मार्ग पर स्थित 'तीर्थ आटोमोबाईल' नामक पैट्रोल पम्प से मिलिटैंटों ने 12 हजार रुपए व 'फिल-इन-फ्लाई' नामक एक अन्य पैट्रोल पम्प से 1600 रुपए लूट लिए। तीर्थ आटोमोबाईल में वह पिछली तरफ से ग्रिल तोड़ कर प्रविष्ट हुए व सेफ में से रकम निकाल कर ले गए।

चोरों ने इसी मार्ग पर देसी शराब के एक ठेके का

(शेष पृष्ठ 8 पर)



गत दिवस लुधियाना पुलिस द्वारा मिलिटैंटों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद बरामद हथियारों का दृश्य । इस मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए थे । (छाया : धीमान)

Punjabi Tribune

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

ताला भी तोड़ा परन्तु उन्हें वहां से कुछ नहीं मिला।

फायरिंग करने वाले काबू : जाखल मंडी (खोखर) : गत रात्रि 12 बजे जाखल गांव में फायरिंग करने वाले मारुति वैन में सवार 5 व्यक्तियों को पुलिस के एक गश्ती दल ने काबू कर लिया है। उनके कब्जे से 12 बोर की एक राइफल बरामद की गई व उनकी मारुति वैन भी कब्जे में ले ली गई है।

इसी गांव में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने लाल सिंह नामक व्यक्ति के घर में फायरिंग की परन्तु वह बच गया। फायरिंग करने वाले उससे 50000 रु. की मांग कर रहे थे।

स्कूटर छीना : कपूरथला (शर्मा) : थाना सदर कपूरथला के गांव कोट करार खां के निकट गत सायं लगभग साढ़े 5 बजे इसी गांव के एक दुकानदार रवि कुमार का बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.सी.यू. 5050 दो सशस्त्र संथित मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर छीन लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

सिपाही घायल : आज सुबह लगभग साढ़े 7 बजे मंड में आप्रेशन के दौरान एक सुरक्षा कर्मी से अचानक एस.एल.आर. चलने के कारण एक सिपाही कुलदीप सिंह घायल हो गया। गोली उसके बाएं कंधे में लगी है।

रिक्शा चालक मरा : जैतो (जिंदल) : यहां से तीन किलोमीटर दूर गांव रामूवालिया में एक रिक्शा चालक (40) पुत्र श्री ठन्ड सिंह की भेदभरी हालत में गोली लगने से मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति की मौत मिलिटैंटों द्वारा चलाई गई गोली से ही हुई है।

दुकानदार की हत्या : जिला पटियाला के गांव हरदासपुरा में आज तड़के 2 सशस्त्र मिलिटैंटों ने पूर्णचंद नामक एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए।

Punjab Kesari Patiala

कील से उनकी काफी खुल कर बातचीत

उन्होंने कहा, "जो कदम उठाए गए हैं, वे वापस नहीं

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जाब में पुलिस इंस्पैक्टर के परिवार के सदस्यों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या

गढ़, 8 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में लटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत क पुलिस इंस्पैक्टर के परिवार के 7 सदस्यों पंच सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी क विभिन्न घटनाओं में 12 मिलिटैंट भी । इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल के 2 पाकिस्तानी घुसपैठियों को भी मार ।

ड़ में 2 मिलिटैंट व एक सुरक्षा रा, 3 अन्य घायल : जिला भटिंडा के नामक गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ न का एक लिस्टिड मिलिटैंट गुरमेल सिंह तथा उसका एक अन्य साथी मारा गया ... डी.एस.पी. व 2 कांस्टेबल शामिल हैं। न से एक ए.के. 47 राइफल व एक रिवाल्वर

स्तानी घुसपैठिया मारा गया : क्षा बल के सूत्रों के अनुसार सीमा सुरक्षा र्मियों ने गत रात्रि गुरदासपुर जिले में चवस की के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा में घुसने की कोशिश करते समय या। इसके पास से कुछ हथियार, इलैक्ट्रिक कटर और भारतीय तथा पाकिस्तानी हैं।

और घुसपैठिया मारा गया : सुरक्षा ल रात्रि अजनाला सैक्टर में भारत-पाक ध्यानपुर गांव के पास कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में ठिए को मार गिराया ।

स अधिकारी के परिवार के सात की हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी) ला मजीठा के थाना अजनाला के अन्तर्गत वाला में गत रात्रि मिलिटैंटों ने थाना में तैनात इंस्पैक्टर मक्खन सिंह के परिवार दस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इंस्पैक्टर मक्खन सिंह की पत्नी कश्मीर रानी, इंस्पैक्टर का भाई गुरमेज सिंह, रा जसपाल सिंह, इंस्पैक्टर मक्खन सिंह के कुलविंदर सिंह व बलविंदर सिंह (दोनों) और एक अन्य भतीजा कंवलप्रीत सिंह ।

निर्मम हत्याकांड के सम्बन्ध में प्राप्त के अनुसार गत रात्रि करीब 12.30 बजे लिटैंट इंस्पैक्टर मक्खन सिंह एवं पड़ौस में इयों के घरों में घुसे और मक्खन सिंह की टी को उनके आंगन में ले आए जबकि अन्य पड़ौस में इंस्पैक्टर मक्खन सिंह के भाई ह व उसके बेटे जसपाल सिंह को उनके घर से उठा कर मक्खन सिंह के घर में ले आए तथा बाकी मिलिटैंट मक्खन सिंह के दूसरे भाई तेजा सिंह के दो बेटों कुलविंदर सिंह व बलविंदर सिंह को तथा कुछ अन्य मिलिटैंट कंवलप्रीत सिंह (पुत्र फौजा सिंह) को उनके घरों से उठा कर इंस्पैक्टर के घर के आंगन में ले आए।

इसके बाद मिलिटैंटों ने इन सभी को एक पंक्ति में खड़े करके अंधाधुंध फायरिंग की तथा सभी की हत्या कर दी। घटनास्थल से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के 17-18 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं।

■ विभिन्न घटनाओं में 12 मिलिटैंट भी मारे गए

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पुलिस जिला तरनतारन में [illegible] मिलिटैंटों ने गांव उसमों ([illegible]) में दिलबाग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

इसी पुलिस जिला के गांव कक्का कंडियाला में गत रात 10.30 बजे मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर कर्म सिंह नामक एक युवक की हत्या कर दी।

यह दोनों [illegible] मिलिटैंट गुटों के आपसी संघर्ष का परिणाम बताई गई हैं।

मिलिटैंट हत्या के बाद शव साथ ले गए ? : अमृतसर से 'सुभाष नारंग' के अनुसार थाना सदर तरनतारन के एस.एच.ओ. ने आज बताया कि गत रात्रि लगभग 12 बजे 3 मिलिटैंट काबुल सिंह पुत्र अनोख सिंह के गांव बरियाना में स्थित घर में घुस गए, जिस पर काबुल सिंह के घर के सभी सदस्य भाग गए लेकिन काबुल सिंह काबू आ गया । घटनास्थल पर भारी मात्रा में खून जमा हुआ मिला है । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि क्या काबुल सिंह की हत्या कर दी गई है या उसे घायलावस्था में मिलिटैंट साथ ले गए हैं या उसका शव साथ ले गए हैं ? घटनास्थल से राईफल के 5 खोल बरामद हुए हैं ।

पिटाई के बाद हत्या : गत रात्रि थाना तरनतारन के गांव खेरा में बलदेव सिंह पुत्र प्रीतम सिंह के घर में 13-14 मिलिटैंट जबी घुस आए । पहले उन्होंने बलदेव सिंह को कुंडी के डंडे से पीटा, फिर उसकी रिवाल्वर से हत्या कर दी ।

मिलिटैंट मारा गया : गत रात्रि थाना झब्बाल के गांव सोहल में एक मिलिटैंट जगतार सिंह पुलिस के साथ हुए मुकाबले में मारा गया, जबकि उसके दो साथी भाग जाने में सफल हो गए । बताया जाता है कि सब-इंस्पैक्टर हुकम सिंह ने नाका लगा रखा था कि उसने 3 मिलिटैंट बलबीर सिंह पुत्र चनन सिंह के खेतों की ओर जाते देखे । जब उनको ललकारा गया तो मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राईफल के 15 खोल, एक दूसरी राईफल के 18 खोल बरामद किए गए हैं ।

एक मिलिटैंट मारा गया : बटाला (चौधरी): गत रात थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर जाजर में एक मिलिटैंट मारा गया। एस.एस.पी. श्री सीताराम ने बताया कि कल रात लगभग साढ़े 9 बजे जब एस.एच.ओ. ने नाका लगा रखा था तो 2 संदिग्ध व्यक्ति नजर आए। उन्हें रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया और दूसरा फरार होने में सफल हो गया। मृतक के पास से एक दोनाली बंदूक, 4 कारतूस, 31 ए.के. 47 सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली। यह घटना मिलिटैंसी की लगती है।

2 व्यक्तियों की हत्या : मलोट (जालंधरी): गत रात्रि थाना सदर मलोट के गांव कंडियावाली के पुल पर मिलिटैंटों ने कालू राम व राज सिंह नामक 2 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी तथा बलविन्दर सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया, जिसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

स्कूटर छीना : राहों (भांगड़ा): गत दिनों एक स्थानीय कैमिस्ट का कुछ सशस्त्र युवकों ने स्कूटर गांव मजारा के पास छीन लिया। उन्होंने जाते समय कैमिस्ट से मार-पिटाई भी की और उसकी नकदी भी छीन कर ले गए। इससे पूर्व भी एक बार उसका स्कूटर छीना जा चुका है।

लुधियाना में भगदड़, मिलिटैंटों के हाथों सिपाही घायल : लुधियाना से धीमान के अनुसार आज शाम यहां बारौनक बाजार घुमार मंडी में, जहां भारी भीड़ थी, अचानक गोली चलने से भगदड़ मच गई । कई लोग एक-दूसरे को रौंद कर आगे निकल गए । बताया जाता है कि यहां गुरुद्वारे के साथ एक कैमिस्ट की दुकान के पीछे लकड़ी का एक खोखा पड़ा था । पुलिस को सूचना मिली कि उसमें एक मिलिटैंट छुपा हुआ है । जब पुलिस वहां पहुंची तो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अमर शहीद लाला

चंडीगढ़, 8 सितम्बर : हिन्द समाचारपत्र समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगतनारायण का बलिदान दिवस कल 9 सितम्बर को विभिन्न स्थानों पर व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा । कुछेक स्थानों पर इस संबंध में आज भी श्रद्धांजलि समारोहों का आयोजन किया गया ।

पत्रकार सम्मानित : अमृतसर (नारंग, अशोक वर्मा, मनोहर): आज यहां अमर शहीद लाला जगत नारायण जी का बलिदान दिवस एकता

Punjab Sanatan

कमांडर व दुर्दांत मिलिटैंट बलविंदर सिंह जटाना के कब्जे से बरामद (1) किसी जसबीर सिंह के नाम से भारत सरकार के इंटैलीजैंस ब्यूरो का बना जाली शिनाख्ती कार्ड, (2) किसी बलदेव सिंह के नाम से बना जाली ड्राइविंग लाइसैंस तथा (3) किसी अन्य बलदेव सिंह के नाम पर बनाया गया सी.टी.यू. चंडीगढ़ के महाप्रबन्धक का जाली कार्ड। इसी मुठभेड़ में मारे गए मालवा जोन के पूर्व कमांडर दुर्दांत मिलिटैंट चरणजीत सिंह चन्ना से बरामद किसी सुरजीत सिंह निवासी फरीदकोट के नाम पर बना जाली ड्राइविंग लाइसैंस । (छाया : राज)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

खोखे में बैठे मुल्लां टाइप युवक ने रिवाल्वर से गोली चला दी, जिससे कांस्टेबल अवतार सिंह जख्मी हो गया । इसी दौरान मिलिटैंट भाग गया । पुलिस उसकी तलाश करती रही लेकिन वह हाथ न आया । घायल सिपाही को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

6 मिलिटैंट मरे : मक्खू में चंद्र शेखर के अनुसार आज यहां से 12 कि.मी. दूर जीरा थाना के गांव कामेबाली बस्ती के बाहर सरक्षा बलों व मिलिटैंटों के बीच हुई मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मारे गए । मिलिटैंटों के कब्जे से एक 7.6 की राइफल, चार ए.के. 47 राईफलें, एक .12 बोर की पिस्तौल, एक .38 बोर की विदेशी पिस्तौल तथा एक डायरी बरामद हुई है । मारे गए मिलिटैंट इकबाल सिंह वाले गिरोह के सदस्य बताए गए हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा कोट ईसे खां से अपहृत किए गए एक व्यक्ति की तलाश में छापे मारे जा रहे थे कि यह मुठभेड़ हो गई । गन्ने व धान के खेतों में लगभग 6 घंटे तक मुकाबला होता रहा । इसमें पुलिस, सी.आर.पी.एफ. तथा बी.एस.एफ. ने भाग लिया । सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ के दौरान बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर का प्रयोग भी किया गया ।

स्कूटर छीन लिया : मक्खू के निकटवर्ती गांव मल्लेशाह के एक व्यक्ति वीरेन्द्र सिंह से गांव बसोआना के निकट एक सशस्त्र व्यक्ति ने उसका पीले रंग का स्कूटर छीन लिया । वीरेन्द्र सिंह उस समय जीरा से फिरोजपुर जा रहा था और गांव बसोआना के निकट स्कूटर खड़ा करके पेशाब कर रहा था ।

पूंजी के पलायन को रोकें : अडवानी

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (वा.): लोकसभा में विपक्ष के नेता लाल कृष्ण अडवानी ने आज कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों की व्यापक क्षमताओं को देखते हुए आर्थिक संकट से उबरना नामुमकिन नहीं है।

उन्होंने कहा 'इच्छा शक्ति का अभाव और चुनौतियों का सामना करने से बचने की प्रवृत्ति ही

इलैक्ट्रोनिक एक्सचेंज इसी माह स्थापित होगी

फगवाड़ा, 8 सितम्बर (अशोक): फगवाड़ा की चिरप्रतीक्षित चार हजार लाइनों की इलैक्ट्रोनिक टैलीफोन एक्सचेंज इसी मास के अंत में स्थापित हो जाएगी ।

आज का रूस
(पृष्ठ 3 का शेष)

सर्वाधिक जातीय संघर्ष के संकट से ग्रस्त है। यहां आर्मेनियन अल्पसंख्यक अपने लिए एक अलग प्रदेश काराबारव बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। 4 वर्षों से आर्मेनियन और अज़रबाइजानी आपस में लड़ रहे हैं। वहां से दंगों, रक्तपात, हिंसा, एक-दूसरे के लोगों को बंधक बनाए जाने की घटनाओं के समाचार मिल रहे हैं। वहां बार-बार सेना को हस्तक्षेप करना पड़ता है। इसी वजह से इस इलाके को 'सोवियत संघ का लेबनान' कहा जाने लगा है।

इसी प्रकार की स्थिति ओस्तिया में है जिसका आधा दक्षिणी भाग जौर्जिया में पड़ता है। ओस्तियन मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं और वे जौर्जियनों, जो कि कट्टर ईसाई हैं, के साथ संघर्षरत हैं।

जौर्जिया की राजधानी तबलिसी में स्थिति और भी उलझी हुई है। इसके कट्टरपंथी राष्ट्रपति गम्सखुर्दिया जौर्जिया के लिए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करते रहे हैं, जबकि ओस्तियन सोवियत संघ से अलग होने का विरोध करता रहा है। गम्सखुर्दिया को एक देशभक्त जौर्जियन तथा विद्वान माना जाता है लेकिन पिछले माह हुई विफल बगावत को उनके द्वारा 'अप्रत्यक्ष समर्थन' देने से लोग उन्हें अब एक छोटा 'हिटलर' कहने लगे है।

उनके सर्वाधिक कटु आलोचकों में भूतपूर्व विदेश मंत्री श्री शेवरनाद्ज़े हैं। अब उनसे इस गणराज्य में हो रहे जातीय संघर्ष को समाप्त कराने में सहायता देने का आग्रह किया जा रहा था।

जब जौर्जिया की राजधानी मॉस्को के राष्ट्रपति से

पांच लाख रुपए की अंतरिम राहत की घोषणा की है । उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार के एक व्यक्ति को आयोग में रोज़गार दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं ।

श्री कृष्ण कुमार ने असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया से भी बातचीत की । आयोग के चेयरमैन को लिखे एक पत्र में श्री कृष्ण कुमार ने आश्वासन दिया कि सरकार तेल क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों में कार्य कर रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी । श्री बरुआ दूसरे इंजीनियर हैं, जिनकी उल्फा उग्रवादियों ने हत्या की है । इससे पहले सोवियत इंजीनियर सेमेई का उल्फा ने अपहरण कर बाद में उन्हें मार डाला था, लेकिन उनका शव बरामद नहीं किया जा सका था ।

सभी राजनीतिक दलों द्वारा निन्दा : असम में सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने इंजीनियर टी. एस. राज और एमनैस्टी इंटरनैशनल की असम शाखा के संयोजक विपुल महंत की उल्फा उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने की निन्दा की है । राज्य के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने इसे कायरतापूर्ण कार्य बताया और कहा कि सभी व्यक्तियों को इस कार्य की जोरदार शब्दों में भर्त्सना करनी चाहिए । मुख्यमंत्री कल विधानसभा में इस संबंध में एक बयान देंगे । उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है । पूर्व गृह मंत्री तथा नूतन असमगण परिषद के नेता भृगु कुमार फूकन ने हत्या की निन्दा करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि उसने बंधकों के मसलों को ठीक ढंग से नहीं निपटाया । उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता के व्यापक समर्थन के बावजूद सरकार स्थिति को कारगर तरीके से निपटने में असफल रही है ।

अद्भुत नाग पकड़ा गया !

तंजावुर, 8 सितम्बर (वार्ता): पिछले दिनों कुंभकोणम के निकटवर्ती वालगईमन में एक घर से एक अद्भुत नाग पकड़ा गया । इस नाग का फन मानवीय चेहरे से मिलता-जुलता है ।

इस नाग के फन पर मानवीय आंखों से मिलते-जुलते दो निशान हैं और उनके ऊपर भौंहें बनी हुई हैं । इससे थोड़ा नीचे नाक और मुंह अंकित है । कुल मिला कर नाग का फन मानवीय चेहरे से मेल खाता है । घर के मालिक ने 4 फुट लम्बे इस नाग को पकड़ने के लिए सपेरे की मदद ली । इस अद्भुत नाग को देखने के लिए कई लोग उक्त सपेरे के घर गए । कई

Punjabi Tribune.com

समझौता एक्सप्रैस पर मिलिटैंटों द्वारा पुनः फायरिंग, पाक नागरिक सहित 3 यात्री घायल

पंजाब में सुरक्षा कर्मी समेत 5 व्यक्तियों की हत्या

1 मिलिटैंट भी मरा, राज्य में 3 व्यक्तियों का अपहरण

चंडीगढ़, 9 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में टैंटों ने समझौता एक्सप्रैस पर पुनः फायरिंग एक पाक नागरिक सहित 3 रेल यात्रियों को न कर दिया, जबकि मिलिटैंसी की विभिन्न तों में गत सायं से एक सुरक्षा कर्मी व 2 ाओं सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई एक महिला सहित 3 व्यक्तियों का अपहरण या गया । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने एक ट भी मार गिराया ।

समझौता एक्सप्रैस पर फिर फायरिंग, घायल : पटियाला (राजू) : गत रात टैंटों ने मंडी गोबिन्दगढ़ व सरहिंद रेलवे के मध्य अटारी स्पैशल ट्रेन (समझौता प) पर फिर से फायरिंग की जिसके स्वरूप कराची (पाकिस्तान) निवासी द जमील पुत्र बी. खां घायल हो गया।

वे पुलिस के एआईजी राजेन्द्र सिंह के घायल मोहम्मद जमील को सरहिंद रेलवे पर प्राथमिक चिकित्सा दे दी गई थी। इसके डी निर्धारित समयानुसार दिल्ली रवाना हो होने बताया कि इस गाडी में मौजूद सुरक्षा ने हमलावरों की तरफ जवाबी फायर भी रेल गाडियों को सुरक्षा उपलब्ध करान हेतु पाय भी किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों की प सैट उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि किसी ात् स्थिति में वे रेलवे पुलिस मुख्यालय से थापित कर सकें।

ने बताया कि रेल गाडियों पर फायरिंग नों को पकडने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

'वार्ता' के अनुसार रात 12.35 बजे के आसपास हुई इस घटना में तीन यात्री घायल हुए थे। इनमें से एक का नाम मोहम्मद जमील है।

उल्लेखनीय है कि इसी गाड़ी पर गत शुक्रवार को भी जिला लुधियाना में साहनेवाल व दोराहा रेलवे स्टेशनों के मध्य फायरिंग की गई थी। उस घटना में एक पाकिस्तानी महिला मारी गई थी व कुछ अन्य यात्री घायल हो गए थे।

कल रात की घटना यद्यपि पटियाला जिला में हुई है, पर यह घटनास्थल गत शुक्रवार की घटना वाले स्थान से तीन स्टेशन ही आगे है।

पाबंदी लागू : (भूषण) : जिला मैजिस्ट्रेट एस.पी. करकरा ने आज कुछ पाबंदी आदेश लागू किए हैं, जो आगामी 2 नवम्बर तक जारी रहेंगे। इन आदेशों द्वारा विभिन्न दुकानों के खुलने व बंद होने के समय निर्धारित किए गए हैं तथा पूरे जिले में आग्नेयास्त्र, विस्फोटक व हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान बसों के समय भी निर्धारित रहेंगे तथा मकान मालिकों को भी किराएदारों के संबंध में प्रशासन के विभिन्न आदेशों का पालन करना होगा।

महिला की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग) : थाना मेहता के अधीन भाटिके गांव में सुरिन्दर कौर नामक एक महिला की दुकान पर आकर कुछ मिलिटैंटों ने गत दिवस उससे बैटरी के सैल मांगे तथा जब वह सैल लेने दुकान के अन्दर गई तो मिलिटैंटों ने उसके बेटे के बाजू बांध कर उसके अपहरण का प्रयास किया। मगर सुरिन्दर कौर ने तुरंत ही वापिस आकर एक मिलिटैंट को जफ्फा मार लिया परन्तु उसके बाकी साथियों ने उसी समय गोलियां मार कर सुरिन्दर कौर की हत्या कर दी तथा फरार हो गए।

एक अन्य महिला की हत्या, उसकी सास का अपहरण : थाना मेहता के ही अधीन आता क्षेत्र में गत रात्रि एस.डी.एम. के गनमैन निर्मल सिंह के बुड्डा कलां गांव में स्थित मकान में कुछ मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर कहा कि अपनी बेटी को बाहर भेजो क्योंकि उससे कुछ बातें करनी हैं। मगर निर्मल सिंह की पत्नी सुरिन्दर कौर बाहर आ गई तथा मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी और फरार होते समय निर्मल सिंह की मां गुरदीप कौर का अपहरण करके उसे अपने साथ ही ले गए।

एक व्यक्ति की हत्या : धूरी (सिंगला) : आज प्रातः 8.30 बजे 2 मिलिटैंटों ने थाना अमरगढ़ के गांव छतरी वाला में गुरदीप सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह अपने स्कूटर पर उस समय कहीं जा रहा था। घटनास्थल से एके 47 राइफल के 2 चले हुए कारतूस मिले हैं।

वाहन छीने : कुछ मिलिटैंटों ने आज बुगरा गांव में फौजा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरी घुस कर बंदूक की नोक पर उसका हीरो होंडा मोटर साईकिल नं. पी.बी. 13/ए-4140 छीन लिया।

दूसरी वारदात में 3 सशस्त्र मिलिटैंटों ने घोंदड़ा गांव के हरजिन्दर सिंह से हथियारों की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी.13/ए-4063 छीन लिया।

एक व्यक्ति का अपहरण : (जैन) : गत रात्रि करीब 11 बजे यहां से 3 कि.मी. दूर गांव केहरू में 3 मिलिटैंटों ने संतोख सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरी घुस कर उसका बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया।

फायरिंग : गत रात्रि मिलिटैंटों ने यहां से 6 कि.मी. दूर गांव पेधनी कलां में पंजाब प्रदेश युवा इकाई की महासचिव गुरदेव कौर धुमाण के निवास पर अंधाधुंध फायरिंग की परन्तु जब उनके सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की तो हमलावर मिलिटैंट फरार हो गए।

मार्कीट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की हत्या : गुरदासपुर (बिनोद) : गत रात्रि थाना काहनूवान के अधीन गांव माडा में कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने काहनूवान मार्कीट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष महिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

म मंदिर के निर्माण में बाधा डाली तो गम्भीर परिणाम होंगे : विहिप

ला, 9 सितम्बर (पस.): विश्व हिन्दू की संचालन समिति ने केंद्र सरकार को दी है कि यदि अयोध्या में राम मंदिर के में बाधा डाली गई तो इसके गम्भीर परिणाम

ति की तीन दिवसीय बैठक, जो कि आज यहां ई, में एक प्रस्ताव पारित करके विहिप ने क्त की है कि केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की में 27 व 28 सितम्बर को प्रस्तावित बैठक में प्रश्न पर स्पष्ट जनादेश देने के लिए उत्तर प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त किया है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि 'राम भक्तों ने अपने बलिदान देकर तथा लाठियां और गोलियां खाकर यह सिद्ध कर दिया है कि जब तक अयोध्या में भगवान राम का मंदिर नहीं बन जाता, हिन्दू चैन से नहीं बैठेंगे।

एक अन्य प्रस्ताव पारित करके विहिप ने मुसलमानों से आग्रह किया है कि वे मुस्लिम नेताओं पर इस बात के लिए दबाव डालें कि करोड़ों हिन्दुओं

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी।

पुलिस के अनुसार रात 8.30 बजे के करीब 2 मिलिटैंटों ने महिन्दर सिंह को घर से बाहर बुला कर उसकी हत्या की। इस हत्या में ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया गया। महिन्दर सिंह अकाली दल बादल से संबंधित था।

इसी दौरान आज धारीवाल में बंद रखा गया तथा हड़ताल की गई। गत दिवस मिलिटैंटों ने धारीवाल थाना के इंस्पैक्टर के परिवार के 7 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी।

पिस्तौल सहित काबू : मलोट (जालंधरी) : गांव जंडवाला का इकबाल सिंह नामक व्यक्ति गत दिवस अपनी भाभी जसविन्द्र कौर को गोली मार कर फरार हो गया था। आज सिटी पुलिस के ए.एस.आई. सुरिन्द्र सिंह ने उसे एक पिस्तौल व 2 जीवित कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 516, 25, 54, 59 के अधीन चालान करके मामला अदालत में पेश कर दिया गया है।

मृत मिलिटैंट की पहचान : लुधियाना (धीमान) : गत 2 सितम्बर को मिलरगंज में पुलिस मुकाबले में जो 2 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए थे, वे खालिस्तान कमांडो फोर्स (गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला) के गिरोह के सदस्य थे। इनमें से एक अवतार सिंह उर्फ तारी की तो पहले ही पहचान हो गई थी। श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि अब दूसरे मिलिटैंट की पहचान हो गई है। उक्त संगठन का कथित लैफ्टिनैंट जनरल था। इसका नाम पंजाब सिंह उर्फ लखविन्दर सिंह उर्फ पंजाबा गांव फतेहगढ़ सेवियां जिला लुधियाना है। इस गिरोह के सदस्यों ने जिला संगरूर और लुधियाना में लगभग 90 लोगों की हत्याएं की थीं जिनमें केवल संगरूर में ही 30 हत्याएं शामिल हैं। दूसरी कई वारदातों के अतिरिक्त यह इनमें भी वांछित थे। जिला संगरूर में प्रिंसीपल आर.डी. जिन्दल, इंका नेता रघुबीर सिंह के दो गनमैनों व भवानीगढ़ में एक डी.एस.पी. की हत्याओं में भी वे शामिल थे। इन्होंने थाना सुधार (जिला लुधियाना) के सुधार गांव के नजदीक 2 वारदातों में 27 ट्रक जला दिए थे। गत मास यहां डुगरी रोड पर सी.आर.पी.एफ. पर फायरिंग करके उन्होंने एक अधिकारी की हत्या करके व 16 कांस्टेबलों को घायल कर दिया था।

मुठभेड़ में मारे गए 5 मिलिटैंटों की शिनाख्त : फिरोजपुर (जगदीप कन्तोड़) : गत दिवस जीरा थाना के गांव कामेवाली बस्ती के बाहर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए 6 में से 5 मिलिटैंटों की शिनाख्त हो गई है। इनके नाम इकबाल सिंह उर्फ बाला पुत्र हरदीप सिंह जाट निवासी बुट्टर, बलकार सिंह उर्फ कटोरा पुत्र मेहर सिंह जाट, सुखविन्दर सिंह पुत्र छिन्दर सिंह निवासी वल्टोहा, सुरमुख सिंह उर्फ सुम्मा पुत्र दया सिंह जाट निवासी फतेहगढ़ सबराह तथा बलवंत सिंह निवासी मोगा हैं।

बताया जाता है कि इकबाल सिंह उर्फ बाला 20 हत्याओं में वांछित था तथा उसने जिला संगरूर के एस.एस.पी. के भाई का भी अपहरण किया था। वह खालिस्तान कमांडो फोर्स (वस्सन सिंह जफरवाल गुट) का लैफ्टिनैंट जनरल था।

मिलिटैंट मरा : जाखल (खोखर) : निकटवर्ती गांव चोटियां में पुलिस के साथ हुए मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया है। थाना मुनख के एस.एच.ओ. भरत सिंह ने बताया कि जाखल-लुधियाना मार्ग पर एक नाके के दौरान सुरक्षा बलों ने जब 2 स्कूटरों पर 3 संदिग्ध व्यक्तियों को आते हुए देखा तो उन्हें रुकने का संकेत किया गया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उनमें से एक तो मारा गया जबकि बाकी दो व्यक्ति एक स्कूटर पर भाग निकले

पुलिस ने घटनास्थल से 315 बोर की एक रिवाल्वर, 3 चले हुए कारतूस व एक स्कूटर बरामद किया है।

एक अन्य व्यक्ति का अपहरण : मिलिटैंटों ने कल रात तरनतारन जिले के सदर थाना क्षेत्र से काबुल सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है।

कांस्टेबल की हत्या, 2 अन्य सुरक्षा कर्मी घायल : जिला रोपड़ में आज सायं घराना व सोथल गांवों के मध्य मिलिटैंटों ने एक नाका दल पर फायरिंग करके एक कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस दौरान एक ए.एस.आई. व एक अन्य कांस्टेबल भी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक व घायल कर्मियों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी।

मगर खरड़ से 'शशि' के अनुसार मृतक कांस्टेबल की शिनाख्त लखविंदर सिंह के रूप में हुई है तथा घायल ए.एस.आई. का नाम अरविंदर वीर सिंह व कांस्टेबल का नाम फकीर सिंह बताया गया है। इन दोनों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि झाड़ियों में छिपे मिलिटैंटों ने इन सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर उस समय हमला किया जब वे एक कार में सवार हो कर गश्त के लिए जा रहे थे।

निषेधाज्ञा लागू : अमृतसर : जिला मैजिस्ट्रेट ने आज कुछ पाबंदी आदेश जारी किए हैं, जो आगामी 5 नवम्बर तक लागू रहेंगे।

बैंक मैनेजर का अपहरण : मक्खू से चंद्रशेखर के अनुसार यहां से कुछ मील दूर गांव गुलामवाली के सिंडीकेट बैंक एंड सिंध बैंक के मैनेजर श्री सवितोज सिंह को मिलिटैंटों ने उस समय अपहरण कर लिया, जब वह मल्लावाला से फिरोजपुर को आ जा रहे थे। मिलिटैंट उन की कार भी ले गए।

बिजली बोर्ड का कैशियर लुटा : बटाला (पु.स.) : दो मिलिटैंटों ने आज दोपहर यहां भल्लर रोड पर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कैशियर कुलवंत सिंह से 34,398 रुपए लूट लिए। पुलिस के अनुसार दो सशस्त्र मिलिटैंट कैशियर के कमरे में घुस गए थे और उन्होंने उसे सारी धन राशि उन्हें सौंपने के लिए कहा था।

इंजीनियर की हत्या पर क्षोभ
(पृष्ठ 3 का शेष)

सेना तैनात की जाएगी : गुवाहाटी (प.स.) : असम सरकार ने आज घोषणा की कि वह राज्य में उल्फा की गतिविधियों पर काबू पाने के लिए सेना और अर्द्ध सैनिक बल तैनात करने पर गम्भीरता से विचार कर रही है। असम विधानसभा में एक बयान देते हुए मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने कहा कि सरकार उल्फा गिरोहों की हिंसक कार्रवाइयां जारी रहने के दृष्टिगत खामोश नहीं रहेगी। तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के युवा इंजीनियर टी.एस. राजू और एमनैस्टी इंटरनैशनल के ब्रांच कन्वीनर बी. महंत की उल्फा उग्रवादियों द्वारा हत्याओं का जिक्र करते हुए श्री सैकिया ने कहा कि सरकार को कठोर पग उठाने होंगे।

उल्फा ने बंगला देश, चीन से सम्पर्क स्थापित किए : सैकिया : असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने आज दावा किया कि राज्य के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन संयुक्त मुक्ति वाहिनी असम (उल्फा) ने बंगला देश और चीन से सम्पर्क स्थापित कर लिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा में अपने बयान में कहा है कि उल्फा के एक स्वयंभू नेता की डायरी से उक्त तथ्य का रहस्योद्घाटन हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उल्फा का उक्त नेता अप्रैल में बंगला देश गया था। बंगला देश से लौट रहे दो उल्फा सदस्यों की गिरफ्तारी से इस बात की पुष्टि हुई। इन दो सदस्यों को मेघालय में गिरफ्तार कर लिया गया था। उल्फा ने बंगला देश में एक प्रशिक्षक शिविर स्थापित कर लिया है। श्री सैकिया ने बताया कि गिरफ्तार उल्फा उग्रवादियों ने पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया कि उल्फा नेता बंगला देश जाते रहे हैं तथा उन्होंने वहां के प्रमुख व्यक्तियों से सम्पर्क स्थापित कर लिए हैं।

भुवनेश्वर : असम में उल्फा द्वारा बंधक बनाए गए व्यक्तियों में एक आर. मोहन्ती की चार वर्षीया पुत्री ने अपहर्त्ताओं से अपने पिता का जीवन दान देने की याचना की है।

Punjabi Sahitya

सके।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

घटनाओं पर हम इस सदन में चर्चा नहीं करते।

घटनाओं का उल्लेख किया। कुछ सदस्यों ने राम जन्म

सकता है।

हुआ।

कुपवा

निकट भार

संगरूर ज़िला में 9 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण,बब्बर खालसा के डिप्टी चीफ समेत 10 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 10 सितम्बर (वार्ता,प.स.): संगरूर ज़िला में आज 9 मिलिटैंटों ने समर्पण कर दिया । पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के डिप्टी चीफ नायब सिंह गिल समेत 10 मिलिटैंट मारे गए तथा 3 लोगों की हत्या हुई । इस बीच सुरक्षा बलों ने मजीठा पुलिस ज़िला के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल के भाई डा. प्रभजीत सिंह तथा सांसद पवन बांसल के चचेरे भाई मिट्ठन लाल को मिलिटैंटों के चुंगल से छुड़ा लिया गया । इन दोनों को पिछले दिनों अपहृत कर लिया गया था ।

9 मिलिटैंटों द्वारा समर्पण : संगरूर जिला में आज एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के अंतर्गत 9 मिलिटैंटों ने प्रशासन के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । इनमें से तीन मिलिटैंट खतरनाक बताए जाते हैं । उक्त मिलिटैंटों ने अमरगढ़ क्षेत्र के कुछ गांवों की पंचायतों तथा अमरगढ़ थाना के एस.एच.ओ. की प्रेरणा से आत्म-समर्पण किया । आत्म-समर्पण करने वाले मिलिटैंटों के नाम हरजिन्द्र सिंह उर्फ हिंद, सर्बजीत सिंह, हिम्मत सिंह, केसर सिंह, प्रितपाल सिंह, निरंजन सिंह, जीत सिंह, पाल सिंह, जसमेल सिंह तथा प्रितपाल सिंह हैं । आपराधिक मामलों में वांछित दुर्दांत मिलिटैंटों हरजिन्द्र सिंह उर्फ हिन्द, सर्बजीत सिंह तथा प्रितपाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि शेष छः मिलिटैंटों को सम्बन्धित गांवों की पंचायतों की जमानत पर रिहा कर दिया गया ।

हरजिन्दर सिंह उर्फ हिन्द ने 5 लोगों की हत्या की थी । सर्बजीत सिंह संगरूर जेल में वार्डन था लेकिन वह मिलिटैंटों के साथ जा मिला था । एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि हरजिन्दर सिंह, सर्बजीत सिंह तथा प्रितपाल सिंह दुर्दांत मिलिटैंट मगर सिंह लद्देवाल के उकसावे में आकर मिलिटैंसी की वारदातें करने लगे थे । समर्पण करते समय हरजिन्दर सिंह ने अधिकारियों को दो ए.के. 47 राइफलें, 4 मैगजीन, 206 कारतूस तथा 2 हथगोले भी सौंपे ।

मुकाबले के बाद 2 अपहृतों को छुड़ाया, 1 मिलिटैंट भी मरा : पटियाला से 'भूषण' तथा संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार मजीठा पुलिस ज़िला के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल के अपहृत भाई डा. प्रभजीत सिंह तथा सांसद पवन कुमार बांसल के अपहृत चचेरे भाई मिट्ठन लाल को आज सुरक्षा बलों ने पटियाला ज़िला के खंघ गांव के निकट मिलिटैंटों से हुए मुकाबले के बाद छुड़ा लिया । मुठभेड़ में 'बब्बर खालसा' का डिप्टी चीफ नायब सिंह गिल भी मारा गया । मिलिटैंटों ने डा. प्रभजीत सिंह को विगत 2 अगस्त को भटिंडा ज़िला के हीरा कलां गांव के पशु चिकित्सालय से अपहृत किया था । श्री मिट्ठन लाल का अपहरण संगरूर ज़िला के तपा कस्बे में स्थित उनके पैट्रोल पम्प से विगत 12 जुलाई को हुआ था । उक्त मुठभेड़ में पटियाला तथा संगरूर ज़िलों की पुलिस ने भाग लिया । मुकाबला लगभग एक घंटे तक चला । नायब सिंह हत्या के कई केसों में पुलिस को वांछित था । उस पर 40 हजार रुपए का पुरस्कार था । मुठभेड़ में नायब सिंह का भाई तथा एक अन्य मिलिटैंट भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल भी बरामद हुई है । रिहा हुए व्यक्तियों ने पुलिस को बताया कि मिलिटैंट राजस्थान सीमा पर गिरफ्तार मिलिटैंट अवतार सिंह लड्डू तथा मध्य प्रदेश में गिरफ्तार माधा सिंह को रिहा किए जाने की मांग कर रहे थे ।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर (सोनी) : पुलिस जिला तरनतारन के अन्तर्गत गांव कसेल के बाहर गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसका एक साथी बच

एस.एस.पी. परमजीत सिंह व सांसद पवन बांसल के 2 अपहृत भाइयों को छुड़ाया गया

कर भाग निकला। प्राप्त विवरण के अनुसार कल रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने गांव कसेल के बाहर एक नहर की पुली पर नाका लगाया हुआ था कि रात 11 बजे के लगभग नाका पार्टी ने एक मोटर साइकिल पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्तियों को देख कर उन्हें रुकने का संकेत किया। इस पर मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी बच कर भाग गया। मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त सुखविन्द्र सिंह सोहल के रूप में हुई है। यह मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध था। उसके कब्जे से एक माऊजर, एक छड़ी बम, जनरल पर्पज मशीनगन का एक मैगजीन तथा के.सी.एफ. के जनरल लाभ सिंह का फोटो भी मिला है।

50 हजार रुपए छीने : अमृतसर शहर के इलाका हुसैनपुरा में एक सीमैंट डीलर से आज प्रातः 7.20 बजे थाना झब्बाल के अंतर्गत एक गांव में पुलिस के साथ हुए मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए । बताया गया है कि सी.आर.पी.एफ. थाना झब्बाल के गांव मानोचाहल और सखीरा के मध्य गश्त कर रही थी कि उसने 2 युवकों को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा । रुकने के लिए कहने पर मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । इस पर सी.आर.पी.एफ. ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दोनों मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से सी.आर.पी.एफ. ने एक माऊजर और गोली सिक्का बरामद किया है ।

2 और मिलिटैंट मारे गए : थाना भिखीविंड के गांव सिहपुरा और पल्ला के मध्य आज सायं भिखीविंड के डी.एस.पी. और एस.एच.ओ. गश्त कर रहे थे कि उन्होंने 2 युवकों को संदिग्धावस्था में भागते हुए रोका । लेकिन इन युवकों ने एकदम फायरिंग करनी शुरू कर दी लेकिन जवाबी फायरिंग में ये दोनों मारे गए । पुलिस ने घटनास्थल से 32 बोर का एक रिवाल्वर और 12 बोर की एक नाल कटी राईफल बरामद की है ।

सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बचे : मजीठा पुलिस जिला के बराड़ गांव के निकट कल रात सी.आर.पी.एफ. की एक टुकड़ी जीप पर जा रही थी कि रास्ते में मिलिटैंटों द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंग फट गई । विस्फोट से सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के मंडी कलां गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं।

मिलिटैंट का शव मिला : रोपड़ जिला के घरंगा गांव के निकट से सुरक्षा बलों ने खोजबीन के दौरान एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है। इसी स्थान पर कल मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में एक सुरक्षा कर्मी मारा गया था तथा 2 अन्य घायल हो गए थे।

दो और मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिला में बुड्ढा गांव के निकट आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है। मारे गए मिलिटैंट के शेष साथी एक जीप छोड़ कर भाग निकले।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिला के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



(ऊपर) गत दिवस फिरोजपुर जिला के थाना जीरा के अंतर्गत पुलिस के साथ मुठभेड़ में मरने वाले खालिस्तान कमांडो फोर्स के 6 मिलिटैंटों की लाशें तथा (नीचे) उनके कब्जे से बरामद हथियार एवं गोली-सिक्का । (छाया : कंतोष)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

बुर्ज गांव में कल रात मिलिटैंटों ने प्रकाश चन्द नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

ट्रेनों पर फायरिंग करने वाला मिलिटैंट मारा गया : लुधियाना (महिन्द्रा): आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट ने एक पत्रकार सम्मेलन में रहस्योद्घाटन किया कि साहनेवाल के निकट जो 2 रेल गाड़ियों पर फायरिंग हुई थी, उस संबंध में वांछित मिलिटैंट जगदीप सिंह जट्टा हमीरा के निकट मुकाबले में मारा जा चुका है । उस पर 40 हजार रुपए का इनाम था । उन्होंने कहा कि किलारायपुर और लोहारा के रेलवे स्टेशनों पर जो दो हत्या कांड हुए थे उन्हें करने वाले 12-12 मिलिटैंटों के ग्रुप थे । उनमें से दोनों ग्रुपों के 4-4 मिलिटैंट मारे जा चुके हैं । शेष हिरासत में ले लिए गए हैं और कुछ यहां से छोड़ कर लौटा कर चुके हैं । बद्दोवाल रेलवे स्टेशन हत्या कांड करने वाला मनोहर सिंह और सुरजीत फौजी का ग्रुप था । किला रायपुर रेलवे स्टेशन पर हत्याकांड करने वाला जगरूप कालड़ा का ग्रुप था । श्री मांगट ने अपहरण के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि बहुत से अपहरणकर्त्ता गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन कुछ अभी फरार भी हैं । लुधियाना में अपहरण की वारदातें हुई हैं, लेकिन जितनी अफवाहें हैं उतनी वारदातें नहीं । श्री मांगट ने कहा कि पुलिस की नफरी उतनी ही रहेगी, लेकिन पुलिस थानों की प्रणाली को बेहतर बनाया जाएगा । उन्होंने कहा कि जनता में विश्वास बहाल करने के लिए जिला प्रशासन, कारगर कदम उठाएगा । उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद अमृतसर और जालन्धर में अपहरण की कोई घटना नहीं घटी है, लेकिन लुधियाना में वारदातें हुई हैं ।

श्री मांगट ने स्वीकार किया कि राजस्थान सीमा मार्ग से मिलिटैंटों को आधुनिकतम शस्त्रास्त्र मिल रहे हैं, लेकिन पंजाब पुलिस दूसरे राज्यों की पुलिस से भी इस संबंध में तालमेल बनाए हुए है ताकि हथियारों की तस्करी रोकी जा सके । उन्होंने कहा कि रोपड़ के हैड कांस्टेबल के दो रिश्तेदारों जिनका मिलिटैंटों ने अपहरण किया था, को छुड़ा लिया गया है । शेष अपहरण किए गए लोगों को शीघ्र छुड़ा लिया जाएगा । श्री मांगट ने इस बात को स्वीकार किया कि सीमाओं से तस्कर होकर मिलिटैंटों को ए.के. 94 राइफलें मिली हैं । लुधियाना, जालन्धर और अमृतसर नगर निगमों में फिलहाल पुलिस आयुक्त की नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं है । चुनाव में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों को पूरी सुरक्षा दी गई है । उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस को और आधुनिकतम एस.एल.आर. तथा अन्य हथियारों से लैस किया जाएगा । आज यहां श्री मांगट ने थाना प्रभारियों और अर्द्ध सैनिक दस्तों से मिल कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया ।

मां की हत्या : धुरी (मिंगला): बरनाला थाना के अन्तर्गत ठीकरीवाला गांव में स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने सुखविंद कौर नामक एक नर्स की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ के दौरान मिलिटैंट फरार : गोराया से 'मीहरा' के अनुसार संग ठेसियां गांव के निकट मिलिटैंटों ने एक पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए ।

कार लूटेरों का गिरोह काबू : गोराया पुलिस ने 5 सदस्यीय कार लूटेरों के एक गिरोह को काबू किया है ।



पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट बैंगलवार को लुधियाना में पी.डब्ल्यू.डी. के रैस्ट हाऊस में नागरिकों के एक शिष्टमंडल से भेंट करते हुए ।

सिंघल
(पृष्ठ 3 का शेष)

वार्ता के अनुसार खचाखच भरे सम्वाददाता सम्मेलन में सम्वाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में श्री सिंघल ने कहा कि प्रबन्ध समिति ने शिमला में निर्णय लिया कि मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने की तारीख गुप्त रखी जाए ।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय बहुत सोच-समझ कर तैयार की गई "रणनीति" के तहत लिया गया है । उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर पुनर्निर्माण-कार्य अगले कुछ ही दिनों में शुरू हो जाएगा ।

बाबरी मस्जिद को "स्थानांतरित" करने सम्बन्धी प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह निर्णय मुस्लिम समुदाय को करना है कि वह मस्जिद को कब, कहां और किस विधि से हटाकर दूसरे स्थान पर ले जाना चाहता है ।

कांस्टेबल व उसके परिवार के 5 सदस्यों समेत 14 लोगों की हत्या : बम फटने से थानेदार मरा

रेल गाड़ी पर फायरिंग से एक सुरक्षा कर्मी की मौत : 3 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल तथा उसके परिवार के 5 सदस्यों समेत 14 लोगों की हत्या हुई । बटाला पुलिस जिला में बम फटने से श्रीहरगोबिंदपुर थाना के एस.एच.ओ. की मृत्यु हो गई । अमृतसर जिला में ट्रेन पर फायरिंग से एक सुरक्षा कर्मी मारा गया । मिलिटैंटों ने एक वकील समेत 2 लोगों का अपहरण किया । इस बीच राज्य में 3 मिलिटैंट भी मारे गए ।

पुलिस कांस्टेबल तथा उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या : समूहर से 'गर्ग' तथा धूरी से 'सिंगला' और 'जैन' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात 12 बजे के लगभग बुगरां गांव में एक पुलिस कांस्टेबल तथा उसके परिवार के 5 अन्य सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। प्राप्त विवरण के अनुसार मिलिटैंट चीमा पुलिस चौकी में वायरलैस आपरेटर के रूप में कार्यरत पुलिस कांस्टेबल सतपाल के घर में घुस आए तथा अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। गोलियां लगने से कांस्टेबल सतपाल के अलावा उसकी पत्नी सीता देवी, मां विद्यावती, पिता बलदेव कृष्ण, 17 वर्षीय पुत्र प्रदीप सिंह तथा बेटी अमरजीत कौर की मृत्यु हो गई। इस हमले में सतपाल का एक बेटा टोनी बच गया। पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 20 खाली कारतूस बरामद किए हैं। धूरी के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद लाशें वारिसों को सौंप दी गई हैं।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के बालेचक गांव में मिलिटैंटों ने मक्खन सिंह तथा उसके दो पुत्रों दलबीर सिंह और गुरिन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने इस घटना को व्यक्तिगत शत्रुता का मामला बताया है।

एक की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के बलेर गांव में अमर सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

ट्रेन पर फायरिंग से कांस्टेबल मरा : आज दोपहर मिलिटैंटों के एक गिरोह ने अमृतसर जिला में संगराना रेलवे स्टेशन पर खेमकरण-अमृतसर पैसेंजर ट्रेन पर फायरिंग की, जिससे रेलवे सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल की मृत्यु हो गई । मिलिटैंटों ने ट्रेन की अन्तिम बोगी पर गोलियां चलाईं । बोगी में बैठे 6 अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए । पंजाब में पिछले एक सप्ताह के भीतर आज चौथी बार किसी ट्रेन पर फायरिंग हुई है । इससे पूर्व मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला में विगत शुक्रवार को शालीमार एक्सप्रैस तथा समझौता एक्सप्रैस पर तथा उसके बाद विगत सोमवार को पटियाला जिला में पुनः समझौता एक्सप्रैस पर फायरिंग की थी ।

मिलिटैंट मारा गया : पुलिस जिला मजीठा के गांव राम दीवाली में आज रात्रि मिलिटैंटों के साथ हुई एक रक्तिम मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया, जबकि एक डी.एस.पी. घायल हो गया ।

बाद में प्राप्त समाचारों के अनुसार सी.आर.पी.एफ. के डी.एस.पी. का नाम भानु प्रताप है और उनके साथ एक कांस्टेबल तेजेन्द्र सिंह भी घायल हुआ है । बताया गया है कि मिलिटैंटों ने गन्ने के एक खेत में शरण ले रखी थी । अंतिम समाचार मिलने तक दोनों ओर से फायरिंग जारी थी ।

मिलिटैंट बच निकले : पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह मिलिटैंटों की धरपकड़ के लिए अमृतसर, कपूरथला तथा फिरोजपुर जिलों में फैले मंड क्षेत्र में तीन दिवसीय अभियान छेड़ा। तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि मंड में कई स्थानों पर अपने ठिकाने पुनः बना लेने वाले मिलिटैंट अभियान के दौरान बच कर भाग निकले। उनके अड्डों से कपड़े, कम्बल, दवाइयां, निरोध के पैकेट तथा कुछ अन्य सामान बरामद हुआ है। श्री सिंह ने बताया कि गग्गरवाल, मुंडा तथा केरियां गांव के क्षेत्र में उगे सरकंडों को साफ कर दिया गया है ताकि वहां मिलिटैंट शरण न ले सकें। श्री सिंह ने बताया कि यह कोई विशेष अभियान नहीं था। सुरक्षा कर्मी समय-समय पर ऐसे अभियान चलाते रहते हैं। श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों ने मंड में सतलुज तथा ब्यास नदियों में गश्त के लिए नौकाएं हासिल की हैं।

बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर कारगर सिद्ध हो रहे हैं : तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री नरेंद्रपाल सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र तरनतारन में मिलिटैंटों के विरुद्ध लड़ाई में सुरक्षा बलों के लिए बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर अत्यधिक कारगर सिद्ध हो रहे हैं । पिछले साल अगस्त में छोटा झब्बाल गांव में मिलिटैंटों के साथ 48 घंटे तक चली मुठभेड़ में पहली बार बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों का प्रयोग किया गया था । प्रदेश भर में सुरक्षा बलों के पास कुल 50 ऐसे ट्रैक्टर हैं । इनमें से चार ऐसे ट्रैक्टर तरनतारन पुलिस जिला के पास हैं । श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षा बलों ने भाई लाधी, वसलेवड़, बाथ, भोजियां, रटोल, दयालपुर, राजपूतां तथा कई अन्य स्थानों पर मिलिटैंटों के साथ मठभेड़ों के दौरान बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों का प्रयोग किया और इन मठभेड़ों में 60-70 मिलिटैंटों को मार गिराया । मारे गए मिलिटैंटों में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लै. जनरल सतनाम सिंह चुसलेवड़ तथा गुरमीत सिंह घड़ियाला भी शामिल हैं । इस दौरान कई अन्य संगठनों के कुछ दुर्दांत मिलिटैंटों को भी मार गिराया गया ।

श्री नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि उक्त ट्रैक्टरों की बाडी का निचला हिस्सा और मजबूत बनाया जा रहा है ताकि बमों तथा बारूदी सुरंगों का उन पर असर न हो । इन ट्रैक्टरों में सैल्फ लोडिंग राइफलों तथा लाइट मशीनगन से लैस 4 सुरक्षा कर्मी बैठ सकते हैं । श्री सिंह के अनुसार मिलिटैंट संगठनों में नई भर्ती के लिए पैसे की लालसा है । नवयुवक रातों-रात अमीर बनने के लिए मिलिटैंट संगठनों में शामिल होते हैं । श्री सिंह ने दावा किया कि तरनतारन क्षेत्र में सीमा पार से हथियारों की तस्करी बिल्कुल रुक गई है ।

अपहृत का शव मिला : फगवाड़ा (अशोक): आधी दर्जन मिलिटैंटों ने सोमवार रात को निकटवर्ती गांव टांडा बघाना के दो फार्म हाऊसों से अजीत सिंह व परविंदर सिंह का अपहरण कर लिया। 50 वर्षीय अजीत सिंह का शव कल रेहाना जट्टा गांव के निकट नहर के पुल के नीचे से बरामद हुआ। परविंदर सिंह का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिला के मोही नगल गांव में कल रात मिलिटैंटों ने दसोधा

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मिलिटैंटों ने मंगलवार रात को धूरी के निकटवर्ती बुगरां गांव में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । चित्र में (1) मृतक बलदेव कृष्ण, (2) विद्यावती, (3) सीता देवी, (4) कमलजीत कौर तथा (5) हरदीप सिंह के शव । (छाया : सिंगला)

सीबिया द्वारा 'दमन' विरोधी समिति गठित

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (प.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह सीबिया ने एक 31 सदस्यीय राज्य दमन विरोधी समिति गठित की है जो कथित सरकारी दमन के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए कार्यक्रम बनाएगी । श्री सीबिया ने आज यहां यह घोषणा करते हुए कहा कि इसमें सभी अकाली दलों और सिख संगठनों को प्रतिनिधित्व देने के लिए और भी विस्तार किया जाएगा ।

श्री सीबिया ने कहा कि समिति की पहली मीटिंग 18 सितम्बर को लुधियाना के गुरुद्वारा अकालगढ़ में की जाएगी जिसमें 24 सितम्बर को लुधियाना में ही आयोजित की जाने वाली प्रथम संयुक्त रैली का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि यह रैली शांतिपूर्ण होगी तथा इसमें कोई नारे नहीं लगाए जाएंगे ।

श्री सीबिया ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों की चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि अकाली दल (मान) और आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (बाबर), कांबूल सिंह, अध्यक्ष अकाली दल (ल), करतार सिंह नारंग, अध्यक्ष अकाली दल (बब्बर), मनजीत सिंह अध्यक्ष आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, अजमेर सिंह लखोवाल, अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, बलबीर सिंह राजेवाल, अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (मान), बीबी हरशरण कौर, अखंड कीर्तनी जत्था, शेर सिंह दमछेड़ी, अध्यक्ष आल इंडिया यूथ अकाली दल, जस्टिस अजीत सिंह बैंस, अध्यक्ष पंजाब मानवाधिकार संगठन, जनरल नरेन्द्र सिंह, विरसा सिंह मल्होत्रा, बब्बर सिख विद्यार्थी संगठन, अनवार अहमद, घट गिनती फ्रंट, हरिन्दर सिंह, जगदेव सिंह तलवंडी, गुरचरण सिंह टोहरा, तोता सिंह, सुर्जन सिंह ठेकेदार, हरिन्दर सिंह नार्वे, जगजीत सिंह, लायर्ज फैडरेशन, गुरिंदर सिंह ढिल्लों, सिख लायर्ज एसोसिएशन, अमरजीत सिंह पंथरी, सिख स्टूडैंट फैडरेशन, बापू तरलोक सिंह, मलविंदर सिंह माली, बूटा सिंह भट्टी शिरोमणि दशमेश दल तथा कुलदीप सिंह वडाला ।

Punjab Archive

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

वकील समेत 2 का अपहरण : भटिंडा जिला में कल मिलिटैंटों ने एक वकील रणबीर मनसिया का उनके घर से अपहरण कर लिया। भटिंडा जिला के मंधा गांव से मिलिटैंटों ने कल रात मदन लाल नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया। मिलिटैंट मदन लाल की रिहाई के लिए 15 लाख रुपया मांग रहे हैं।

बम विस्फोट में थानेदार की मृत्यु : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी पन्नुआं के निकट आज प्रातः सवा आठ बजे मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके पुलिस की एक बुलेट प्रूफ गाड़ी उड़ा दी। इसमें सवार श्री हरगोबिन्दपुर थाना के एस.एच.ओ. सब इंस्पैक्टर गुरदीप सिंह (24) की मौका पर ही मृत्यु हो गई। श्री गुरदीप सिंह के 3 गनमैन पुलिस कांस्टेबल निर्मल सिंह, कुलबीर सिंह तथा परगट सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। इन्हें बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट से पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिला पुलिस के उच्चाधिकारी मौका पर पहुंच कर मिलिटैंटों की तलाश के लिए छेड़े गए अभियान का निरीक्षण कर रहे हैं। जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया। घटनास्थल से कई मीटर लम्बी तार तथा एक बैटरी भी बरामद हुई है। पुलिस की गाड़ी के पीछे-पीछे बी.एस.एफ. की दो गाड़ियां भी आ रही थीं। ये सुरक्षा कर्मी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। बम विस्फोट के बाद खेतों में छिपे मिलिटैंट फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

एक और व्यक्ति की हत्या : गढ़शंकर (अनिल) : गत रात्रि यहां से 6 कि.मी. दूर गांव बोरा के निकट 2 मिलिटैंटों ने स्वरूप सिंह पुत्र चैन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

आपसी लड़ाई में 1 मरा : लुधियाना (धीमान) : आज शाम राहों रोड पर 2 मिलिटैंटों ने 24 वर्षीय एक दुकानदार परमजीत सिंह पम्मा की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि 2 स्कूटर सवार पम्मा की दुकान पर आए और उसे बुला कर अपने साथ ले गए और उसकी कनपटी पर गोलियां मार कर उसे मार डाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिलिटैंटों के हथियार में साइलैंसर लगा हुआ था। पम्मा मनियारी की दुकान करता था और आजकल जमानत पर था। उसके विरुद्ध कुछ मुकद्दमे चल रहे थे। यह मिलिटैंटों की आपसी शत्रुता का केस बताया जाता है। यह भी बताया गया है कि पम्मा को पुलिस वाले पूछताछ के लिए ले गए थे और इस घटना से 2 घंटे पहले ही उसे छोड़ा गया था। राहों रोड आजकल मिलिटैंटों की गतिविधियों का केंद्र बनी हुई है। पिछले दिनों यहां के एक प्रमुख उद्योगकार विपिन जैन का मिलिटैंट अपहरण करके ले गए थे, लेकिन कुछ दिनों बाद रिहा कर दिया था। इसके बाद भी इस रोड पर मिलिटैंसी की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

3 मिलिटैंट काबू : पटियाला से प्राप्त के अनुसार पटियाला जिला पुलिस ने गत 24 घंटों में गश्त व नाकाबंदी के दौरान 3 संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। इनमें बब्बर खालसा का एक दुर्दांत मिलिटैंट भूरा, निवासी गांव बक्खोमीर (थाना भवानीगढ़, जिला संगरूर) भी शामिल है। उसके पास से इंगलैंड में निर्मित एक 25 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं। दो मिलिटैंटों बहादर सिंह, निवासी गांव टोहरा व बलविंद्र सिंह, निवासी गांव कौल (थाना सदर नाभा) को गिरफ्तार कर उनके पास से एक छीना हुआ स्कूटर भी बरामद किया गया है।

लूटने आए मिलिटैंट को मार गिराया : आज पटियाला जिला के बरगोना गांव में हरमिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस आए एक मिलिटैंट को हरमिन्द्र सिंह के ससुर हरनाम सिंह ने गोली से मार गिराया। उक्त मिलिटैंट लूटपाट के उद्देश्य से घर में घुसे थे।

वी.एस. नारायण का देहांत

बंबई, 11 सितम्बर (वार्ता): जन्म भूमि समाचार पत्र समूह के महाप्रबन्धक वी.एस. नारायण का आज तड़के यहां दिल का दौरा पड़ने से प्राइवेट नर्सिंग होम में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे।



पिछले दिनों जाखल के निकटवर्ती गांव चोटियां में मुकाबले में मारे गए एक अज्ञात मिलिटैंट की लाश। (छाया : केवल)



पटियाला जिला के संघ गांव में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए बब्बर खालसा के डिप्टी चीफ नायब सिंह का शव। (छाया : राजू)

5 पुलिस कर्मियों को कैद

(पृष्ठ 3 का शेष)

है। श्री पटेल को अपमानित करने के इस कांड में वह मुख्य रूप से दोषी पाया गया। इंस्पैक्टर शर्मा को दो हजार रुपए जुर्माना देने का आदेश भी दिया गया। जुर्माना न देने पर उसे तीन महीनों की साधारण कैद की सजा और भुगतनी पड़ेगी।

सहायक सब-इंस्पैक्टर साबिया को पांच महीने की साधारण कैद और दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। हैड-कांस्टेबल कालाजीभाई और कांस्टेबल प्रताप सिंह को दो-दो महीने की साधारण कैद और पांच-पांच सौ रुपए के जुर्माने की सजा दी गई है। तहसीलदार सारस को दो महीने के साधारण कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक घगल को एक महीने के साधारण कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

न्यायालय ने पहले न्यायालय की अवमानना के लिए कुछ अन्य व्यक्तियों को भी नोटिस जारी किए थे किन्तु उपयुक्त सबूत उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें

मूल्य निर्धारकों से कोटेशन आमंत्रण सूचना

पंजीकृत मूल्य निर्धारकों से पंजाब हाऊसिंग डिवैलपमैंट बोर्ड की अचल परिसम्पत्तियों के मूल्य निर्धारण के लिए मोहरबंद कोटेशनें आमंत्रित हैं। अचल

दशमेश रैजीमैंट का अध्यक्ष मत्तेवाल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया

विभिन्न घटनाओं में 2 लैफ्टिनैंट जनरलों व एक एरिया कमांडर सहित 10 मिलिटैंट मरे, 4 अन्य गिरफ्तार

पंजाब में हैड कांस्टेबल के परिवार के 7 सदस्यों व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 15 व्यक्तियों की हत्या

मंड क्षेत्र में मिलिटैंटों के विरुद्ध व्यापक अभियान

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध सुरक्षा बलों ने अपने संघर्षपूर्ण अभियान के दौरान गत 24 घंटों में दशमेश रैजीमैंट के अध्यक्ष, 2 लैफ्टिनैंट जनरलों व बब्बर खालसा के एक एरिया कमांडर सहित विभिन्न मुकाबलों में 11 मिलिटैंटों को मार गिराने में शानदार सफलता प्राप्त की, जबकि 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया । इसके अलावा राज्य में हैड कांस्टेबल के परिवार के 7 सदस्यों व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 15 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि सुरक्षा बलों ने मंड क्षेत्रों में मिलिटैंटों के विरुद्ध व्यापक अभियान भी शुरू कर दिया है ।

दशमेश रैजीमैंट का अध्यक्ष मत्तेवाल व 4 अन्य दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए : मेहता पुलिस थाना के अधीन गांव बेलोवाल व रामदीवाली के मध्य सुरक्षा बलों ने 32 घण्टे तक लगातार चलने वाले एक मुकाबले के दौरान दशमेश रैजीमैंट के अध्यक्ष व पंथक कमेटी (मानोचाहल) के सदस्य सीतल सिंह मत्तेवाल, इसी गुट के दो लैफ्टिनैंट जनरलों गुरनाम सिंह उर्फ सैक्रेटरी तथा तरसेम सिंह कोहर को मार गिराया। इस मुकाबले में 2 अन्य दुर्दांत मिलिटैंट भी मारे गए जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी।

मत्तेवाल के सिर पर कुल मिला कर 30 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था जबकि दोनों उक्त लैफ्टिनैंट जनरलों के सिर पर 10-10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। मत्तेवाल को मानोचाहल का अत्यंत निकटस्थ बताया जाता है।

इस मुकाबले में सी.आर.पी.एफ. के कमांडैंट एम.एस. यादव व डिप्टी कमांडैंट भानु प्रताप सिंह तथा पुलिस के एक कांस्टेबल सहित 11 सुरक्षा कर्मी भी गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।

बताया जाता है कि यह मुकाबला कल तड़के ही शुरू हो गया था। सुरक्षा बलों को ऐसी रिपोर्ट मिली थी कि कुछ मिलिटैंट उक्त गांवों में छिपे हुए हैं तथा इसके तुरन्त बाद उस स्थान की घेराबंदी कर ली गई। इस मुकाबले में कल शाम तक केवल एक मिलिटैंट ही मारा गया था जबकि मत्तेवाल व 3 अन्य आज मारे गए। मुठभेड़ स्थल पर वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी व पुलिस के कई उच्चाधिकारी मौजूद थे और मिलिटैंटों के भाग निकलने के सभी मार्ग पहले ही बंद कर दिए गए थे।

पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ अब तक का सबसे बड़ा आप्रेशन था तथा इसे एक उपलब्धि माना जा रहा है।

मत्तेवाल 3 अक्तूबर 1989 को मानोचाहल वाली पंथक कमेटी का सदस्य बना था। इस मुठभेड़ में मारे गए सभी मिलिटैंट सुरक्षा बलों पर व्यापक हमले करने, बम विस्फोट करने, अनेकों हत्याओं, जबी दसूलियों व फिरौतियों के मामलों में वांछित थे तथा उन्होंने यह वारदातें पुलिस जिला मजीठा, व्यास, कत्थूनंगल, मेहता व जंडियाला के पट्टी क्षेत्रों में की थीं।

पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार घटनास्थल से एक टैलीस्कोपिक गन, एक जनरल पर्पज मशीन गन व 3 ए.के. 47 राइफलें तथा बड़ी मात्रा में कारतूस व विस्फोटक मिले हैं।

सीतल सिंह पंजाब में सर्वाधिक वांछित खूंखार मिलिटैंट था । उसने गत वर्ष तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) छोड़ कर अपनी दशमेश रैजीमैंट बनाई थी । वह 200 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

अमृतसर से नारंग के अनुसार 32 घंटे तक चले इस मुकाबले में मिलिटैंट और सुरक्षा बल 25-30 किलो मीटर के क्षेत्र में ही गन्ने और धान के खेतों में छिपते-छिपाते रहे और मुकाबला करते रहे । मिलिटैंट सबसे पहले एक किसान संतोख सिंह के गन्ने के खेतों में घुसे थे । मत्तेवाल के साथ मारे गए 2 अन्य मिलिटैंटों की शिनाख्त गरमुख सिंह उर्फ गोखा और गरदयाल सिंह, जो श्री हरगोबिंदपुर थाने का किसी गांव का रहने वाला था, के रूप में की गई है ।

बताया जाता है कि शीतल सिंह मत्तेवाल ज्यादातर सी.आर.पी.एफ. और पुलिस की चौकियों पर हमले करने का आदी बताया जाता है । उसने रूपोवाल, मत्तेवाल और अब्दाल में सुरक्षा कर्मियों पर घात लगा कर हमले किए थे तथा कई सरकारी बसों को जलाया था । उसने जयंतीपुर में बैंक-डकैती की थी और वह बटाला, मेहता, जंडियाला में अपहरण और फिरौतियों की घटनाओं का मुख्य अभियुक्त था और अचूक निशानेबाज था । वह बलात्कार के कई केसों में वांछित था ।

गांव बलेर में हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव बलेर में मिलिटैंटों द्वारा एक व्यक्ति अमर सिंह की हत्या किए जाने की सूचना मिली है ।

मिलिटैंट और 2 व्यक्ति मारे गए : थाना वल्टोहा के गांव बहादरगढ़ में आज सायं एक मिलिटैंट समेत 3 व्यक्ति मारे गए । पुलिस के अनुसार 3 मिलिटैंट सुबेग सिंह और मुख्तियार सिंह नामक दो व्यक्तियों की हत्या करके और एक मृतक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

8 बस यात्रियों का अपहरण

मक्खू, 12 सितम्बर (चंद्रशेखर): आज सायं करीब 5.15 बजे मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गांव खड़र में अमृतसर से फरीदकोट जा रही पंजाब रोडवेज़ पठानकोट की एक बस में से 8 यात्रियों को निकाल कर उनका अपहरण कर लिया । इन यात्रियों में 7 एक ही समुदाय से संबंधित थे ।

बताया जाता है कि बाद में इस घटना की सूचना बस चालक ने ज़ीरा पुलिस को दी, जिस पर पुलिस दल अपहृत यात्रियों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर रवाना हो गए ।

पंजाब की स्थिति से केन्द्र को सख्ती के साथ निपटना ही होगा : शर्मा

चंडीगढ़, 12 सितम्बर (प.स.): भाजपा के उपाध्यक्ष एवं सांसद श्री कृष्ण लाल शर्मा ने कहा है कि पंजाब की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि सरकार को इससे सख्ती से निपटने का फैसला लेना ही होगा अन्यथा मामला उस हद तक बढ़ जाएगा जहां से लौटना सम्भव नहीं होगा।

यहां एक बयान में श्री शर्मा ने कहा है कि गत 22 जून के चुनाव स्थगित करने तथा परिणामस्वरूप जन. (रिटा.) ओ.पी. मल्होत्रा जैसे योग्य राज्यपाल समर्थकों का औज़ार बने हुए हैं। उन्होंने इस बात पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि राज्यपाल के सचिव किसान रैली के विवादास्पद मंच पर गए थे।

उन्होंने कहा कि पंजाब अभी केन्द्रीय गृहमंत्री श्री एस.बी. चवन के दौरे की प्रतीक्षा कर रहा है। श्री शर्मा ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पंजाब के नए राज्यपाल ने प्रदेश सलाहकार परिषद को निष्क्रिय बना कर रख दिया है। उन्होंने इस परिषद की बैठक तुरन्त बुलाए जाने की मांग की तथा कहा कि श्री

Punjabi Sanjabi

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

की पत्नी श्रीमती अमरीक कौर के निजी अंगरक्षक स ट बलेट एक्शन राइफल छीन कर भाग गए के सुरक्षा बलों के साथ हुई मठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि 2 मिलिटैंट भाग गए । पुलिस के अनसार यह निजी दश्मनी का मामला है और इसमें किराए के मिलिटैंटों की मदद ली गई । पुलिस ने मारे गए मिलिटैंट से एक सुधरी हुई राईफल बरामद की है ।

हैड कांस्टेबल के परिवार के 7 सदस्यों की हत्या : पंजाब में गत रात मिलिटैंटों ने एक पुलिस हैड कांस्टेबल के परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी। बताया जाता है कि तरनतारन पुलिस जिले के खुर्द गांव में कुछ मिलिटैंट हैड कांस्टेबल बाल सिंह के घर में घुस गए और उसके पिता करनैल सिंह, मां गुरबचन कौर, भाई मुख्तियार सिंह, चाचा गुरदीप सिंह, चाची मोहिन्दर कौर, चचेरे भाई देसा सिंह तथा एक अन्य रिश्तेदार सुखवंत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने बाद में बाल सिंह के घर में आग लगा दी।

के.सी.एफ. के 2 कुख्यात मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के सिहपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक मुठभेड़ में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ ग्रुप) का एक कुख्यात मिलिटैंट सुखपाल सिंह और उसका एक साथी मारे गए।

4 सुरक्षा कर्मी घायल : एक अन्य घटना में भोपाराई गांव के निकट मिलिटैंटों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के चार जवान घायल हो गए हैं।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने जिला फरीदकोट के गांव कोट सुखिया में आज मुठभेड़ के दौरान एक मिलिटैंट को मार गिराया, जिसकी पहचान नहीं हो सकी।

मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला संगरूर में आज हरविन्दर सिंह उर्फ भूरा नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट को गिरफ्तार करके पुलिस ने उसके कब्जे से .25 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया है।

प्रत्याशी का गनमैन फरार : अमृतसर के राजासांसी विधानसभा चुनाव क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी जोगिन्दर सिंह भुल्लर का सरकारी गनमैन सरमुख सिंह अपने हथियार लेकर फरार हो गया है। वह एस.पी.ओ. के पद पर तैनात था। वह गत रात्रि ले लापता है तथा अपने साथ 303 बोर की 3 राइफलें व करीब 150 कारतूस भी ले गया है।

इस निर्वाचन क्षेत्र में एक निर्दलीय महिला प्रत्याशी की हत्या के बाद चुनाव स्थगित कर दिए गए थे।

मिलिटैंटों के विरुद्ध फिर अभियान : हरिके (अमृतसर): सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिला में निकटवर्ती ब्यास और सतलुज नदियों के संगम पर सरकंडों के दरियाई क्षेत्र में बने ठिकानों से मिलिटैंटों को निकालने के लिए हाल ही में फिर से एक अभियान छेड़ा है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि इस 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में समय-समय पर ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। कपूरथला, फिरोजपुर और तरनतारन पुलिस तथा सीमा सुरक्षा बल के इन अभियानों का उद्देश्य मिलिटैंटों को फिर से इन इलाकों में अड्डे बनाने से रोकना है। इस इलाके को कभी दुर्गम माना जाता था, मगर सुरक्षा बलों ने अगस्त 1989 में एक बहुत अभियान छेड़ कर यहां से मिलिटैंटों को भगा दिया था।

इस अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने अब इस इलाके में अपनी चौकियां बना ली हैं। इस समूचे मंड इलाके पर उसका पूरा नियंत्रण है। इस पर कब्जा करने की मिलिटैंटों की लगातार कोशिशों को उसने नाकाम कर दिया है।

मौजूदा अभियान के दौरान पुलिस ने मंड में घुसने के चारों रास्तों दरगाई शाह, कारमोवाल, किरियां और मरार गांवों को सील कर दिया है। मंड के केंद्र की छानबीन का काम सीमा सुरक्षा बल ने शुरू किया तथा कपूरथला, तरनतारन और फिरोजपुर पुलिस अपने-अपने इलाकों में यह अभियान चला रही है। इस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों को लाने व ले जाने के लिए मोटर बोट का भी इस्तेमाल किया गया। सीमा सुरक्षा बल अब इस इलाके में रोजाना नियमित तौर पर मोटर बोट से गश्त लगा रहा है।

मंड के तरनतारन पुलिस जिले में पड़ने वाले एक बड़े इलाके में मिलिटैंटों के छिपने का जरिया बने सरकंडों को काट दिया गया है। कटाई के दौरान पुलिस को कुछ कम्बल और दवाएं मिली, जिनसे पता चलता है कि मिलिटैंट इस इलाके का इस्तेमाल छिपने के लिए कर रहे थे। इस अधिकारी ने सम्भावना व्यक्त की कि सरकंडों में छिपे मिलिटैंट अभियान से पहले भाग गए होंगे।

इस अधिकारी ने एक सवाल पूछे जाने पर कहा कि दो साल पहले मंड की कमान सीमा सुरक्षा बल के हाथों में आने के बाद से पड़ोस में तरनतारन पुलिस जिले के गांवों में अपराध घट गए हैं। उसने दावा किया कि मिलिटैंट अब मंड को छिपने का सुरक्षित स्थान नहीं समझते हैं।

सीमा सुरक्षा बल की 13 चौकियों में से 9 मंड के अंदर और बाकी उसकी सीमाओं पर हैं। हर चौकी पर मशीनगन तथा मोर्टार जैसे अत्याधुनिक हथियारों से लैस 20 जवान तैनात रहते हैं। चौकियों तक बिजली का इंतजाम नहीं रहने के कारण हर चौकी पर रात के लिए शक्तिशाली सर्चलाइट दिए गए हैं। हरेक चौकी पर 20 मीटर ऊंचा टावर होता है।

आपसी लड़ाई में मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिले के मंडर थाना क्षेत्र में एक मिलिटैंट की हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि वह मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का शिकार हुआ। इसकी जिम्मेदार परमजीत सिंह उर्फ पम्मा के रूप में हुई।

फायरिंग : लुधियाना जिले के काहनूवान में भी मिलिटैंटों ने पुलिस के गश्ती दल पर गोलियां चलाईं। इस घटना में किसी के मरने की खबर नहीं है।

मां-बेटे की हत्या : लुधियाना जिले के नीलियां गांव में पिछली रात मिलिटैंटों ने दलीप कौर और निर्मल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व उनका अपहरण कर लिया गया था। कहा जाता है कि अपहरणकर्त्ता मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में थे।

'धीमान' के अनुसार दोनों मृतक मां-बेटा थे।

दिल्ली यू.पी. के बाद अमृतसर के भी सब रिकार्ड तोड़ने के बाद
एक लड़की की पुकार सुनसे प्यार करो

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : (मुसाफिर): आज बाद दोपहर कुछ मिलिटैंटों ने तहसील जगराओं के कस्बा डला के पास एक तिपहिया वाहन पर घात लगा कर हमला करके 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि दो अन्य सख्त घायल हो गए। मृतक है बलबीर सिंह कांस्टेबल और गुरमेल सिंह होमगार्ड। प्रताप सिंह होमगार्ड और तिपहिया वाहन चालक सख्त घायल हो गए।

कार छीन ली : आज यहां दिन-दहाड़े दो मिलिटैंटों ने गुरुतेग बहादुर अस्पताल के निकट बंदूक की नोक पर एक कार छीन ली और उसी में बैठ कर फरार हो गए।

बब्बर खालसा का एरिया कमांडर मारा गया : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में पुलिस थाना सदर बटाला के गांव कोटला भामां के निकट गत सायं पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि इसके तीन साथी बच कर फरार हो गए।

जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इसकी शिनाख्त बब्बर खालसा के एरिया कमांडर कुलदीप सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ डरबी निवासी गांव बडियाला नत्त के रूप में हुई है और मुठभेड़ स्थल से पुलिस को 2 एके. 47 राइफलें, एक एके. 54 राइफल, 1 माऊजर, 30 बोर के 150 कारतूस मिले हैं।

जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार वह पुलिस को 70-80 वारदातों में वांछित था और सीमा पार पाकिस्तान से मिलिटैंटों के लिए हथियार लाने में माहिर था। वह अनेकों बार हथियारों की खेप लाया था। इस पर काफी इनाम भी घोषित था।

3 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : फाजिल्का (धर्मलूना): थाना सदर फाजिल्का की पुलिस ने गत रात्रि फाजिल्का-फिरोजपुर मार्ग पर गांव लाधूका के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान कुलवंत सिंह उर्फ कांटा, ओम सिंह उर्फ ओमी व गुरदीप सिंह उर्फ दीपा के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल, .38 बोर व .32 बोर की दो देसी पिस्तौलें, 17 जीवित कारतूस व एक एच.ई. 36 हथगोला बरामद किया गया।

स्कूटर छीना : पटियाला (राजू): गत दिवस पुलिस थाना बस्सी पठानां के गांव बदरी में से 3 अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने के.सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर जबरदस्ती छीन लिया तथा फरार हो गए।

हथियार छीने : संगरूर (गर्ग): यहां से 20 कि.मी. दूर गांव रेतराणा में गत रात्रि 3-4 मिलिटैंटों ने गुरचरण सिंह नामक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी 12 बोर की एक राइफल व 16 कारतूस छीन लिए।

बताया जाता है कि फरार होने से पूर्व मिलिटैंट गुरचरण सिंह के भाई प्रीत महिन्दर सिंह के घर में भी गए तथा उसकी 500 बोर की राइफल भी छीन ली और भाग निकले।

दुकानदार घायल किया : मक्खू (चन्द्रशेखर): आज यहां के निकटवर्ती गांव मल्लांवाला में 2 स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने एक दुकानदार अशोक कुमार को गोलियां मार कर घायल कर दिया। बताया जाता है कि यह मिलिटैंट पहले सतपाल चक्की वाले के बारे में पूछते रहे थे परन्तु वह घोखे से चमन लाल चक्की वाले के पास चले गए तथा वहां खड़े अशोक कुमार को अपने साथ चलने को कहा परन्तु उसने जब इन्कार कर दिया तो मिलिटैंटों ने उसके माथे पर गोलियां मारीं और फरार हो गए। उसे गंभीर अवस्था फरीदकोट में दाखिल करवाया गया है।

इस घटना के कारण आज यहां मल्लावाला में रोषस्वरूप बंद रहा।

जिला भटिंडा के गांव में हत्या : जिला भटिंडा के गांव मोही नंगल में एक व्यक्ति दर्शन सिंह की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी।

दमने विरोधी सप्ताह आज से

जालन्धर, 12 सितम्बर : रेल मजदूर यूनियन की उत्तरी शाखा रेलवे के अधिकारियों के दिन-प्रतिदिन बढ़ते दमन तथा महंगाई के विरुद्ध 13 से 19 सितम्बर तक उत्तरी क्षेत्र के सभी मंडलों में दमन विरोधी सप्ताह मनाएगी। जगह-जगह गेट मीटिंगों का आयोजन किया जाएगा।

रक्तदान शिविर आज

फगवाड़ा, 12 सितम्बर (खोसला): स्थानीय फगवाड़ा सिटी जूनियर चैम्बर द्वारा कल 13 सितम्बर को प्रातः 9.30 बजे गुरु नानक पुस्तकालय में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। आज सायं जूनियर चैम्बर द्वारा आयकर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की समिति की बैठक 15 को

जालन्धर, 12 सितम्बर : जालन्धर शहर में 26 अक्तूबर से 5 नवम्बर तक होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की समिति की एक बैठक 15 सितम्बर दिन रविवार को स्थानीय श्री लाल द्वारा मंदिर में सुबह 10.30 बजे होनी निश्चित हुई है। इस बैठक में सभी मंदिर प्रधान, सचिव, मोहल्ला प्रधान व सचिव तथा धार्मिक संस्थाओं के प्रधान व सचिव आमंत्रित हैं।

चोर बीस हजार का माल ले गए

'बलम के रखवाले' और 'शो शानदार कामयाबी के साथ चल रहा है

पंजाब राइस मिलर्ज एसोसिएशन

वार्षिक जनरल बाडी मीटिंग विजय पैलेस, सामने गेट नं. 1, पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, फिरोजपुर रोड, लुधियाना में रविवार 15 सितम्बर 1991 को सुबह 11 बजे होनी निश्चित हुई है। कृपया सभी इसमें भाग लें। मीटिंग में चंदे पर पुनर्विचार किया जाएगा।

बृज मोहन जुलका, प्रधान

हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित
वन कार्य मंडल पांगी।

अल्पकालिक निविदा सूचना

पांगी वन कार्य मंडल किलाड़ के कार्यालय में लाट नं. 1/91-92 का वन में मानवीय ढुलवान लकड़ी तथा लाट नं. 7/89-91 शोर कस्लुन से लकड़ी का ढुलवान रोड साईड डिपू से रोहली रोड साईड डिपू तक ट्रैक्टर/ट्राली द्वारा के लिए पंजीकृत श्रमिक पूर्तिकर्त्ताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं निविदाएं 20.9.91 को 3 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी के किलाड़ स्थित कार्यालय में पहुंच जानी चाहिएं। जो कि उनके द्वारा उसी दिन सायं 3.15 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। लकड़ी तथा कार्य के विवरण व निविदा शर्तों तथा धरोहर राशि आदि के विषय में उपरोक्त कार्यालय में 10.9.91 के बाद किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है। यदि आवश्यकता समझी गई तो निविदा की दरों की नीलामी निविदादाताओं के बीच उसी दिन समय व स्थान पर होगी।

हस्त.
मंडलीय प्रबन्धक

"वन लगाएं रोजी कमाएं"
पांगी/1708/91

क्लासीफाइड विज्ञापन

नाम परिवर्तन

I have changed the name of my daughter from Dimple Dhiman to Krutika Dhiman, Kanwar Jit Singh, 13-Lajpat Nagar, Jalandhar.

टैलीफोन

Attention STD PCO owner! Computerised your booth install CPD PCO Monitor rate Rs. 22500/- for early Delivery : Indotel Telecom 6838, Ahata Jain Near PNB Nicholson Road, Ambala Cantt. Phone : 82226.

सार्वजनिक सूचना

मेरे दो लड़के हरकश नाथ और प्रवीण कुमार, दोनों शादीशुदा हैं जो मेरे कहने में नहीं हैं। दोनों मेरी संगत में पड़ गए हैं मेरे से अलग रहते हैं। इसलिए मैं उन दोनों लड़कों की आपसी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सरजीत कौर पत्नी शिवचरण दास गांव बराड़ा जिला अम्बाला।

आवश्यकता

चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल की लिमिटिड/प्राईवेट लिमिटिड कम्पनियों में सीनियर आफिसरों, सिक्योरिटी आफिसरों, गार्डों, गनमैनों, बाँच मैनेजरों, स्टैनो, टाईपिस्टों, क्लर्कों, रिसैप्शनिस्टों, स्टोर कीपरों, टैलीफोन आपरेटरों, चपड़ासी, ड्राइवरों, हैल्परों, ड्रर्न, फिटर, बैल्डरों आदि के पदों हेतु रिटायर फौजी/ नौसैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, जेसीओ/एनसीओ की शीघ्र आवश्यकता है। सम्पर्ण बायोडाटा एवं प्रमाणपत्रों सहित सम्पर्क करें। News Jobs Associates (Regd.) Gurdaspur Road, Opp. Bajaj Auto, Pathankot. (पठानकोट)।

दुकान पर काम हेतु Peon चाहिए। तनख्वाह योग्यता अनुसार। सुपर पब्लिकेशन्ज, पुरानी रेलवे रोड, जालंधर।

नौकरियों के इच्छुक लड़के और लड़कियां प्राईवेट सर्विस के लिए सम्पर्क करें। S.V. Consultancy, Chaudhary Market Opp. White House Petrol Pump, Water Tankee, Ludhiana.

Star Pharmaceuticals, Near Sports College Jalandhar, Urgently Requires Graduate Girls/Women Good Looking, Receptionist/Typist/Clerk. Handsome

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 13.9.91 Per Hundred Eggs without Tray Rs Ludhiana Rs. 75/-, Chandigarh Rs. 76/-, Ambala Rs. 76/-, NECC Suggested Retail Price 85 Ps per Egg.

शिक्षा

ड्राइंग, 10+1, 10+2 शर्तिया पास करने के लिए मिलें/पास कराने की गारंटी। Metro College, Bazar, Narsinghdass, Near Majith Mandi, Amritsar. Phone : 47664.

पधारिए हमारा डाक्टर बनें :—विभिन्न मैडीकल डिग्री/डिप्लोमा एवं आर.एम.पी. फार्मासिस्ट के लिए मिलें या लिखें। प्राचार्य—सी.एल.ई.एच. मैडीकल कालेज और इंस्टीच्यूट, पुरानी जक्कनपुर, पटना—(बिहार)।

Admission Guidance Coaching MBBS BDS, D-Pharmacy, B-Pharmacy, B.Ed. (Correspondence), LL.B. (Professional), M.A., M.Sc. (one sitting), B.A./B.Com./B.Sc. (Direct) Matric+ (Direct) RMP, BAMS (one sitting). Prospectus Rs. 20/-. Anand College, Opp. Thana Sadar, (Near Rly. Locoshed), Amritsar.

जमीन/जायदाद/प्लाट

सम्पूर्ण विकसित रिहायशी प्लाट-सेक्टर से Develope होते Sector-10 के निकट 'वासुदेव नगर'। 27½' चौड़ी सड़कें—जल आपूर्ति, पार्क-मॉदर, कम्यूनिटी सैंटर। Plots Demarcated. Construction Started. 500 गज का Plot खरीदें। तुरन्त Construction करें। "200-बोरी Cement Free लें।" यह सुविधा पहली 10-Booking पर 10 October तक है। Aggarwal Property Developers (दाल मंडी वाले) Dal Mandi, Ambala Cantt. 25697. Note : हमसे मिलते जुलते नामों से सावधान। विशेषतया सुदर्शन चक्र Logo देखें। हमारे Advt. में दाल मंडी वाले छपा होगा।

6000/- एडवांस बाबत बाउंडरी देकर सजग विहार, राम विहार, विस्तार में प्लाट खरीदें। शेष किस्तों में। जोशी एसोसिएट्स दिल्ली Branch-विनोद जोशी 70-Gopal Nagar, अमृतसर, फोन :

खतरा है ।

दौरान एक शव भी बरामद हुआ।

हैं।

संगरूर के डी.टी.ओ. सहित विभिन्न वारदातों में 6 व्यक्तियों की हत्या : अन्यत्र 7 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से संगरूर के डी.टी.ओ. सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 7 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करके 5 अपहृत बस यात्रियों को बचा लिया तथा 4 मिलिटैंटों व उनके 2 आश्रयदाताओं को गिरफ्तार कर लिया गया । दूसरी तरफ आज भी कुछ मिलिटैंटों ने बस यात्रियों के अपहरण का विफल प्रयास किया ।

5 अपहृत यात्री बचा लिए गए : फिरोजपुर जिले में सुरक्षा बलों ने अपहृत किए गए उन आठ बस यात्रियों में से पांच को बचा लिया है, जिनका कल मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया था कल कुछ मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले के खड़र गांव के निकट राज्य परिवहन की एक बस में से आठ यात्रियों का अपहरण कर लिया था तथा सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों का पीछा किया और मक्खू के निकट मुठभेड़ के बाद पांच यात्रियों को बचा लिया गया । इनमें दो इंदरजीत सिंह और पूरन चंद हैं जबकि शेष तीन में एक श्रमिक, एक लौटरी वाला और एक पुलिस कर्मी है । अन्य अपहृत यात्रियों की खोज का काम लगातार जारी है ।

घायल सुरक्षा कर्मी ने दम तोड़ा : मजीठा पुलिस जिला के बुलेवाल गांव में विगत वीरवार को

पंजाब में कुछ और बस यात्रियों के अपहरण का प्रयास : 5 अपहृत यात्री बचाए गए : 4 मिलिटैंट व 2 आश्रयदाता गिरफ्तार

मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में घायल सी.आर.पी.एफ. कांस्टेबल विनोद कुमार ने आज यहां के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया । मुकाबले में घायल सी.आर.पी.एफ. कमांडैंट एम.एस. यादव, डी.एस.पी. भान प्रताप तथा कुछ अन्य सुरक्षा कर्मियों की हालत स्थिर बनी हुई है । पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री डी.एस. मांगट तथा सी.आर.पी.एफ. के प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने अस्पताल में घायल सुरक्षा कर्मियों की कुशलक्षेम पूछी ।

श्री मांगट तथा श्री गिल ने अमृतसर क्षेत्र के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मीटिंग करके स्थिति का जायजा लिया । इस बीच सुरक्षा बलों ने बुलेवाल गांव में खोजबीन के दौरान एक नया हथियार बरामद किया । इसका नाम 'ड्रैगन राइफल' बताया जाता है । यह हथियार बुलेट प्रूफ वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर सकता है । इस हथियार का इस्तेमाल मुठभेड़ में मारा गया दुर्दांत मिलिटैंट सीतल सिंह मतेवाल कर रहा था । इस हथियार पर टैलीस्कोप भी लगा हुआ है ।

युवक का शव मिला : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार लोपोके थाना के अधीन वाड़ीके गांव में 20-22 वर्षीय एक युवक की गोलियों से छलनी लाश खेतों से बरामद हुई है ।

रुपए छीने : अमृतसर में मोहन इंटरनैशनल होटल के बाहर केवल कृष्ण नामक एक व्यक्ति को 2 मिलिटैंटों ने रोक कर उससे 62724 रुपए छीन लिए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sarkar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

आपसी दुश्मनी में एक व्यक्ति की हत्या : जिला गुरदासपुर के गांव उच्चा थारा में गत रात्रि कुछ हमलावरों ने रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह हत्या आपसी दुश्मनी का परिणाम है ।

बस यात्रियों के अपहरण का प्रयास : मक्खु (चंद्रशेखर): आज तड़के 5.30 बजे के करीब मिलिटैंटों ने मक्खु से थोड़ी दूर एक बस को रोक कर उसमें से कुछ यात्रियों का अपहरण करने का प्रयास किया । मगर उस बस में कई बुजुर्गों व बच्चों के सवार होने से वे किसी का भी अपहरण न कर सके ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : गत सायं गांव मंसूरदेवा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में निर्मल सिंह उर्फ निम्मा नामक एक मिलिटैंट मारा गया । वह स्वयं को एक मिलिटैंट संगठन का एरिया कमांडर कहता था । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल मिली है ।

डी.टी.ओ. की हत्या, 3 घायल : संगरूर (गर्ग): आज दोपहर 11.45 बजे 2 अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों ने जिला ट्रांस्पोर्ट कार्यालय में जबरदस्ती घुस कर डी.टी.ओ. आर.पी. गुप्ता की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा 3 अन्य कर्मियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायलों में डी.टी.ओ. का स्टैनो प्रेम सिंह, क्लर्क कुलदीप चंद शर्मा व जिला परिषद का क्लर्क मोहम्मद नायक शामिल हैं

बताया जाता है कि इन चारों घायलों को पटियाला के राजिन्दरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डी.टी.ओ. आर.पी. गुप्ता घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ गए।

पटियाला से 'राज' के अनुसार श्री गुप्ता अपने पीछे एक पुत्र व 3 पुत्रियां छोड़ गए हैं। अभी कल ही उनके बेटे की शादी हुई थी।

3 मिलिटैंट मरे : गत रात्रि जिला संगरूर के गांव पखो कैंचियां में सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में 3 मिलिटैंट मारे गए जिनकी शिनाख्त मिट्ठन सिंह उर्फ मिट्ठा निवासी गांव तलवाड़ा थाना जाखल, कुलदीप सिंह दीपा निवासी फरीदकोट व भोला निवासी गांव लहरा जिला भटिंडा के रूप में हुई।

घटनास्थल से पुलिस को एक कारबाइन, एक ए.के. 47 राइफल, काफी संख्या में कारतूस व विस्फोटक तथा एक मारुति वैन नं. पी.बी. 01-0278 मिली है।

मिलिटैंट गिरफ्तार : यहां से 34 कि.मी. दूर अहमदगढ़ में सुरक्षा बलों ने स्वर्ण सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से कुछ हथियार बरामद किए हैं।

2 मिलिटैंट मरे, 2 सुरक्षा कर्मी घायल : लुधियाना (धीमान): यहां से 13 किलोमीटर दूर गुरुद्वारा आलमगीर के नजदीक आज तड़के पुलिस के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए। इनमें एक खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ ग्रुप) का कुख्यात मिलिटैंट सुखदेव सिंह गांव गिल निवासी है, जो कई अपहरणों व दूसरी घटनाओं के अतिरिक्त 20 हत्याओं में भी संलिप्त था। गत वर्ष 6 अप्रैल को उसने अकाली नेता श्रीमती राजेन्द्र कौर बुलारा पूर्व सांसद के एक सुरक्षा गार्ड की कारबाइन भी छीनी।

श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि पुलिस ने आलमगीर के नजदीक नाकाबंदी की थी कि दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। उनको रोकने पर उन्होंने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। इस मुकाबले में पुलिस के 2 हैड कांस्टेबल जसविंदर सिंह व प्रेम सिंह घायल हो गए। वे खतरे से बाहर हैं। घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, 1 रिवाल्वर, 1 बम और काफी संख्या में कारतूस बरामद हुए।

एक व्यक्ति की हत्या, 3 अन्य घायल : कल रात मेहरबान गांव में मिलिटैंटों का एक ग्रुप एक व्यक्ति हरजीत सिंह के घर आया और उसको जबरदस्ती उठा कर ले गया। उसे साथ लेकर एक और व्यक्ति जसवंत सिंह के घर आए और उसे कहा कि हमारा एक साथी 7-8 माह पहले कुछ शस्त्रास्त्र यहीं रख गया था, वह लाकर दो। उसने जवाब दिया कि मेरे पास ऐसा कोई व्यक्ति नहीं आया तो उसे भी जबरदस्ती उठा कर ले गए और कुछ दूर जाकर इन दोनों को बुरी तरह से पीटा। जसवंत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। रास्ते में रसाल सिंह, पाल सिंह और हरजीत सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया।

अपहृत का शव मिला : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): गत दिवस निकटवर्ती गांव टांडा बधाना में मिलिटैंटों द्वारा अपहृत किए दो व्यक्तियों जिनमें से एक अजीत सिंह की लाश मंगलवार को रिहानाजट्टां के निकट नहर से बरामद हो गई थी, के बाद अब दूसरे अपहृत व्यक्ति परविंदर सिंह का शव भी निकटवर्ती गांव सिम्बली की नहर में पुल के नीचे से बरामद हुआ है, उक्त जानकारी पुलिस सूत्रों ने आज यहां दी।

घायल कार्यकारी अभियंता चल बसा : पटियाला (भूषण): पंजाब राज्य विद्युत मंडल के जालंधर उड़न दस्ते के घायल कार्यकारी अभियंता आर.के. गर्ग ने गत रात्रि लुधियाना के दयानंद मैडीकल कालेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। लगभग एक पखवाड़ा पूर्व कुछ अपराधियों ने उसके घर में जबरदस्ती घुस कर गोलियां मार कर उसे घायल कर दिया था।

विद्युत मंडल की अभियंता परिषद ने आज अपने दिवंगत साथी को एक बैठक में श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अपने कल्याण कोष में से उसके परिवार को 75,000 रुपए की सहायता देने का फैसला किया गया।

बैंक लूटने का प्रयास विफल : (राजू): यहां से 6 कि.मी. दूर पैन गांव में पंजाब एंड सिंध बैंक के सुरक्षा कर्मियों ने शाखा को लूटने से बचा लिया।

बताया जाता है कि 2 अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों ने बैंक में जबरदस्ती घुस कर ए.के. 47 राइफलों से बैंक के सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। जब बैंक के सुरक्षा कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की तो आक्रमणकारी मिलिटैंट फरार हो गए। फरार होते समय मिलिटैंट एक डाक्टर की दुकान के बाहर खड़ा मोटर साइकिल नं. पी.यू.बी. 4848 भी ले गए।

3 मिलिटैंट, 2 आश्रयदाता गिरफ्तार : मिलिटैंटों को पनाह देने के आरोप में तरनतारन जिले से गुरां सिंह और गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । फाजिल्का-जलालाबाद मार्ग पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

2 व्यक्तियों का अपहरण, एक रिहा : अपहरण की एक अन्य वारदात में मिलिटैंट जिला लुधियाना के दोराहा क्षेत्र में स्थित एक क्लिनिक में से डा. हरबंस सिंह व उसके पुत्र रविन्दर सिंह को उठा कर ले गए । मगर बाद में उन्होंने डा. हरबंस सिंह को रिहा कर दिया जबकि उसका पुत्र उनके कब्जे में ही है ।

हमला : पुलिस जिला बटाला के गांव राधेर नंगल में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर रॉकेटों से हमला किया परन्तु राकेट निशाना चूक गए । इस दौरान किसी भी प्रकार की हानि का समाचार नहीं है ।

मारुति वैन छीनने वाला काबू : नवांशहर (शर्मा): एक व्यक्ति ने गत सायं माहिलपर से एक मारुति वैन नं. पी.बी.-10 ई.-0445 किराए पर ली और रास्ते में गांव सनावा के निकट ड्राइवर को घायल करके वैन भगा ले गया । यहां थाना में सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर मारुति वैन पकड़ ली और लखबीर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह जाट, निवासी नमोलियां थाना माहिलपुर को गिरफ्तार कर लिया ।

धमकी भरे पत्र लिखने वाला काबू : गत दिवस नवांशहर में पुलिस ने एक व्यक्ति प्रेम चंद पुत्र बक्शी (झियर) निवासी माहल खुर्द को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को धमकी भरे पत्र लिख कर रुपए बटोरने का प्रयत्न करता था । उसके कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल और सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, नवांशहर सर्कल का एक लैटर पैड व कुछ पत्र मिले हैं ।



जिन्हें अपहरण का खतरा है, वे पुलिस सुरक्षा लें

श्रीनगर, 13 सितम्बर (पी.स.): प्रशासन ने आज यहां उन व्यक्तियों को पुलिस सुरक्षा लेने की सलाह दी, जिनको अलगाववादियों द्वारा अपहृत किए जाने का खतरा है । अलगाववादियों द्वारा घाटी में अपहरण की घटनाओं में वृद्धि होने की वजह से प्रशासन ने यह सलाह दी ।

सरकारी प्रवक्ता ने आज शाम सम्वाददाताओं को बताया कि अपहरण का खतरा होने वाले दौरे पर आए व्यक्तियों को श्रीनगर स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष को लिखने की सलाह दी गई है जिससे उनके सुरक्षा इन्तजाम पर विचार किया जा सके । प्रवक्ता ने कहा कि अलगाववादी संगठनों ने घाटी में दौरे पर आए व्यक्तियों तथा स्थायी नागरिकों के अपहरण की योजना बनाई है ।

जैल सिंह अपने संस्मरणों पर आधारित पुस्तक लिखेंगे

इलाहाबाद, 13 सितम्बर (वार्ता): भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह अपने संस्मरणों पर आधारित एक पुस्तक लिख रहे हैं । यह पुस्तक जल्द ही हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू व गुरुमुखी चार भाषाओं में प्रकाशित होगी । श्री जैल सिंह ने आज यहां यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि पुस्तक में वह अपनी याददाश्त के अनुसार राजनैतिक व गैर राजनैतिक विषयों पर रोचक घटनाओं का उल्लेख करेंगे । भूतपूर्व राष्ट्रपति दो दिन की यात्रा पर आज यहां आए ।

2 नाबालिग लड़

गुरदासपुर, 13 सितम्बर (विनोद गुप्ता): यहां से 10 किलोमीटर दूर प्रमुख ऐतिहासिक कस्बा तालिबपुर पिण्डोरी (पिण्डोरी महंता) से 2 नाबालिग लड़कियों के रहस्यमयी ढंग से गायब हो जाने से लड़कियों के परिवार वाले और पुलिस विभाग काफी परेशान हैं।

गांव तालिबपुर पिण्डोरी निवासी तीर्थराम, जो सीमा सुरक्षा बल में बटालियन क्वार्टर मास्टर है और शाम सिंह ने बताया कि उनकी लड़की ममता देवी पुत्री तीर्थ राम और निर्मला देवी पुत्री शाम सिंह रोजाना की तरह 10 सितम्बर को सरकारी हाई स्कूल पिण्डोरी में पढ़ने के लिए गई। दोनों ही 10वीं कक्षा की छात्राएं हैं, मगर स्कूल से वे वापस घर नहीं आईं। श्री तीर्थ राम ने बताया कि वह 10 सितम्बर को ही ड्यूटी से छुट्टी लेकर वापस घर पहुंचा तो पता चला कि उसकी लड़की ममता एक अन्य लड़की निर्मला के साथ लापता है।

श्री तीर्थ राम के अनुसार ममता देवी की आयु 15 वर्ष और निर्मला देवी की आयु 17 वर्ष है। 10 सितम्बर को वे रोजाना की तरह सुबह 7.00 बजे स्कूल गईं और लगभग 8.30 बजे वे स्कूल से कुछ खाने का सामान लेने बाहर अपनी सहेलियों को कह कर गईं और फिर वापस नहीं आईं।

श्री तीर्थ राम के अनुसार स्कूल से मिली जानकारी के अनुसार ममता और निर्मला स्कूल में ही

तराई में 6 मिलिटैंट गिरोह सक्रिय

हल्द्वानी, 13 सितम्बर (नि.स.): तराई क्षेत्र में इन दिनों 6 मिलिटैंट गिरोह सक्रिय हैं जिनके सदस्यों की संख्या 500 से अधिक हो चुकी है । पता चला है कि ये सभी गिरोह आपसी तालमेल कर तराई में अफरातफरी मचाने के उद्देश्य से किसी बड़ी वारदात की रणनीति तैयार किए बैठे हैं तथा कभी भी कोई भयंकर कांड कर सकते हैं ।

यह गोपनीय जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को मिली है । समझा जाता है कि इसी के तहत पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह ने एक माह में दूसरी बार जनपद नैनीताल का दौरा कर अधिकारियों की बैठक की है ।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि तराई क्षेत्र में लखीमपुर खीरी, नैनीताल, बिजनौर, हरिद्वार, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली और रामपुर में इन दिनों खालिस्तान कमांडो फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन आर्मी, भिंडरांवाला सैफ्रन टाइगर्स आफ खालिस्तान, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स, सतनाम सिंह छीना गुट और बब्बर खालसा आदि गिरोह पूरी तरह सक्रिय हैं ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

बिकाऊ

कैथल, हरियाणा में 9000 मर्गी, केज फ़ार्म, ज़मीन एक एकड़ बिकाऊ । सम्पर्क करें–भारत फ़ीड बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने, कैथल ।
(Surinder Thakral/21W)

नाम परिवर्तन

I, Lt. Col. Harjendra Singh R/o 149, Sahid Nagar, Amritsar Cantt, have changed the name of my daughter from Miss Tina to Bhavneet Kaur.
(Manjesh/24W)

सार्वजनिक सूचना

मैं, बीर सिंह सुपुत्र कृपा राम, निवासी पचौड़िया (करनाल) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा लड़का नरेश कुमार मेरे कहने से बाहर है, इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं । मैं नरेश के किसी भी प्रकार के लेनदेन, झगड़े आदि का जिम्मेदार नहीं हूं ।
(H.O. Gandhi/50W)

टैलीफोन

Attention STD PCO owner's Computersied your booth install CPD PCO Monitor rate Rs. 22900/-, for early Delivery : Indo Telecom Services, 6190, Ahata Jain Near PNB Nicholson Road, Ambala Cantt. Phone : 82220.
(Rishu Garg/30C)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 14.9.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 75/-, Chandigarh Rs. 76/-, Ambala Rs. 76/-, NECC Suggested Retail Price 85 Ps per Egg.
(Kamboj/27W)

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

अम्बाला छावनी-रेलवे स्टेशन, नज़दीक 170/- गज प्लाट खरीदें । पंजाबवासियों को विशेष छूट । पंजाब प्रापर्टी सैंटर, फुटबाल चौक, स्टेडियम रोड, अम्बाला छावनी ।
(Pushpak/23W)

अम्बाला कैंट, अम्बाला शहर तथा जगाधरी में आबादी के साथ लगती हुई developed कालोनियों में, बिजली, पानी, मैटलड रोड, पार्क इत्यादि सभी

आम सूचना

मेरा लड़का कलवंत सिंह मुझ से झगड़ता रहता है । मेरे कहने से बाहर है । मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं । मेरा उससे अब कोई सम्बन्ध नहीं–इंद्र सिंह एन.एच. 297-6, नीला महल, जालंधर ।

ज्योतिष

बिना पूछे दिल का हाल बताने वाले बंगाली तांत्रिक (मियां पाशा जी) हर समस्या का समाधान है । हरबंसपुरा, लुधियाना ।
(Mohindra/18C)

आवश्यकता

Wanted male receptionist/Instructor, Ladies Receptionist/Instructor. Tara's Health Club, 339-New Jawahar Nagar, Jalandhar.
(N.P./15W)

शॉट ब्लास्टिंग मशीनें बनाने वाली फैक्टरी को अच्छे तजुर्बेकार वैल्डरों, फैब्रीकेटरों तथा फ़िटरों की ज़रूरत है । तनख्वाह योग्यता अनुसार । वीरवार नागा । मिलें: परफैक्ट इंजीनियरिंग वर्क्स, 149, अमन नगर, माई खाई, नज़दीक दोआबा चौक, जालंधर शहर ।
(Greatway/35C)

Apeejay School, New Jawahar Nagar, Jalandhar. Wanted 1. An experienced trained post graduate Commerce teacher to teach accountancy and Commerce to plus-two classes. Attractive Govt. Grade. Higher start to deserving candidate possible. 2. An Overseer to supervise building construction and maintenance having Degree or Diploma in Civil Engineering. Salary negotiable. Please come for interview with application on 16.9.1991 at 12.30 P.M. J.K. Kohli, Principal.
(NAMA/67W)

H.V. Pharma (Gujarat) Requires 22 Medical Representatives (BA/B.Sc.), 2 Accountants (BA/B.Com.), 10 Clerks (B.A.), 4 Typists (Experienced), 20 Suppliers (Experienced), 2 Peons (Middle/Ex. Serviceman). Interview on 16-17-18 Sept. at 11 A.M. at Opposite New Distt. Civil Hospital, Hamirpur (Himachal) No T.A. D.A. Admissible
(56325/47W)

Punjabi Sahapedia

लाठीचार्ज करना पड़ा जिससे करीबन दो दर्जन | गड़बड़ उस वक्त शुरू हुई जब पुलिस चौकी के मैन

8 सुरक्षा कर्मियों सहित 18 व्यक्तियों की हत्या, भटिंडा में बम विस्फोट, 2 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 14 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से 8 सुरक्षा कर्मियों सहित 18 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, इनमें भटिंडा में हुए बम विस्फोट में मारे गए 2 व्यक्ति भी शामिल हैं । इसी अवधि में दो मिलिटैंट भी मारे गए । मिलिटैंटों ने एक अन्य बम विस्फोट करके रेलवे पटड़ी का एक टुकड़ा उड़ा दिया, जिससे एक माल गाड़ी पटड़ी से उतर गई ।

चार सुरक्षा कर्मियों सहित 6 की हत्या : रामपुराफूल (तरसेम): गत रात यहां से 15 कि.मी. दूर बालोके गांव के निकट पुलिस पार्टी पर मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग में 3 जवान तथा शराब के एक ठेके का एक करिंदा मारे गए। तीन अन्य होमगार्ड जवान तथा एक शराब के ठेके का एक अन्य करिंदा घायल हो गए। बताया जाता है कि रात लगभग 8.30 बजे पुलिस पार्टी शराब के ठेके पर ड्यूटी देकर वापस चौकें गांव लौट रही थी तो रास्ते में खेतों में बैठे मिलिटैंटों ने पार्टी की वैन के ऊपर घात लगाकर फायरिंग कर दी, जिससे होमगार्ड के तीन जवान हवलदार हरलाप सिंह, अनूप सिंह, केवल सिंह तथा ठेके का एक करिंदा दर्शन सिंह मारे गए, जबकि होमगार्ड जवान मनजीत सिंह, परमजीत सिंह तथा हरी सिंह और ठेके का एक करिंदा बंत सिंह घायल हो गए। घायलों को रामपुराफूल के अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के पश्चात वारिसों को सौंप दिए गए हैं।

बाद में एजैंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में एक घायल पुलिस कांस्टेबल तथा शराब के ठेके के एक करिंदे की भी मृत्यु हो गई।

बम विस्फोट में 2 मरे : भटिंडा (ग्रोवर): आज शाम स्थानीय गोल डिग्गी चौक के निकट हुए एक जबरदस्त बम विस्फोट में कम से कम दो व्यक्ति मारे गए तथा लगभग एक दर्जन घायल हो गए । सरकारी तौर पर मृतकों की अभी पुष्टि नहीं हुई है । धमाका इतना शक्तिशाली था कि 100 गज दूर दुकानों के शीशे भी टूट गए । दोनों मृतक राहगीर बताए जाते हैं ।

एजैंसी की रिपोर्ट के अनुसार मृतकों के नाम राजिन्दर कुमार तथा सुरेश कुमार हैं । बम एक दुकान के बाहर एक साइकिल पर रखा हुआ था । मारा गया व्यक्ति एक दुकानदार तथा उसका नौकर था ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले के ही मारा सिंहवाल गांव में दो गुटों की आपसी लड़ाई में एक संदिग्ध मिलिटैंट कुलवंत सिंह मारा गया।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahadari

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

एक की हत्या : जालन्धर जिले के तलवंडी गांव में कल रात एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात जालन्धर जिले में भोगपुर कस्बे की नवीं आबादी में राम लाल नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

बाद में प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार राम लाल समाचार पत्र हाकर था।

घायल कर दिया : भटिंडा जिले में रल्ला गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को मिलिटैंटों ने गोली मार कर घायल कर दिया। जवान का नाम तेग वर्मा बताया गया है।

सरपंच का अपहरण : मिलिटैंटों ने कल रात ही फिरोजपुर जिले में शाहदीन गांव से सरपंच गुरनाम सिंह का उनके घर से अपहरण कर लिया।

रेल पटरी उड़ा दी : होशियारपुर जिले के मुकेरियां रेलवे स्टेशन के अंतर्गत पूरन गांव के पास 15 फुट रेल पटरी शक्तिशाली बम विस्फोट से उड़ा दी गई। क्षतिग्रस्त रेल मार्ग से गुजरने समय आज सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

एक की हत्या : लुधियाना (शर्मा) यहां से 7 किलोमीटर दूर लुधियाना की ओर जी.टी. रोड पर स्थित देहड़ गांव में कल रात 2 बजे के लगभग 4, 5 अज्ञात व्यक्ति आए। वे पहले एक घर में गए जहां से नकदी और आभूषण बंदूक की नोक पर लूट लिए। उसके बाद दूसरे घर में गए। वहां से भी इसी तरह नकदी और आभूषण लूटे और उसके बाद वह निरंजन सिंह के घर गए, उससे भी नकदी और आभूषण मांगे, लेकिन निरंजन सिंह ने उनमें से एक को जफ्फा मार लिया, जिसे छुड़ाने के लिए उनमें से एक ने निरंजन सिंह को गोली मार दी। निरंजन सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लुटेरे उसके घर से भी नकदी और आभूषण लेकर चम्पत हो गए। पुलिस ने केस करके पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई है।

4 होमगार्ड जवानों की हत्या : कल रात तरनतारन जिले के बलाचौर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने होमगार्ड मक्खन सिंह, बगीचा सिंह, केवल सिंह और गुरिन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंट पहले इनके मकान में घुसे और इनका अपहरण किया और फिर गोली मार कर हत्या कर दी।

एजैंसी की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है तथा मारे गए व्यक्ति मिलिटैंट ही हैं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के चीता गांव से एक व्यक्ति अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया। पुलिस के

ा से पारित कर

ा : राज्यसभा ने आज
मुद्रा को बांडों में लगाने
र्वसम्मति से ध्वनिमत से
लौटा दिया। लोकसभा
दिए जाने से इस विधेयक
ों की मंजूरी मिल गई है।
ा उत्तर देते हुए वित्त
ने कहा कि पिछले ढाई
ए गए कदमों से आर्थिक

वन को उड़ाने
च सकते हैं

(टा.ए.): सरकार को
ई प्राप्त हुई है कि पंजाब
टैंट जिनके विदेशों में
कर बम विस्फोट द्वारा
। यह बात गत बुधवार
ज पाटिल की अध्यक्षता
के साथ एक बैठक में
ई। राजनीतिक दलों के
ए गए कि इस रिपोर्ट के
ने जाने वाले लोगों की
तथा किसी भी प्रकार
दी जानी चाहिए और
पूर्व सांसद, विधायक
टेल डिटैक्टर से गुजार
।

है कि सुरक्षा कारणों के
र्वाई देसने आने वाले
दिन जारी किए जाएं,
सिफारिश की हो। यह
श्चात ही जारी किए

क के विरुद्ध
क्तूबर से

र (प.स.): विश्व हिन्द
संबंधी विधेयक पारित
दो अक्तूबर से एक
।

नशोक सिंघल ने आज
ताया कि परिषद के
ों को इस विधेयक के
। श्री सिंघल ने बताया
न के अधिग्रहण संबंधी
रकार जल्द लाएगी।
णि का कार्य आसान हो
वास व्यक्त किया कि
क्षेत्र के दायरे में निर्माण
ो जाएगा।

चढ़ाने वाले
दस्य काबू

(वार्ता): जिले के
रोह के दो सदस्यों की
कम आयु के बच्चों के
ाने के कुत्सित कार्य में
का मामला प्रकाश में

स्थित देहड़ गांव में कल रात 2 बजे के लगभग 4, 5 अज्ञात व्यक्ति आए। वे पहले एक घर में गए जहां से नकदी और आभूषण बंदूक की नोक पर लूट लिए। उसके बाद दूसरे घर में गए। वहां से भी इसी तरह नकदी और आभूषण लूटे और उसके बाद वह निरंजन सिंह के घर गए, उससे भी नकदी और आभूषण मांगे, लेकिन निरंजन सिंह ने उनमें से एक को जफ्फा मार लिया, जिसे छुड़ाने के लिए उनमें से एक ने निरंजन सिंह को गोली मार दी। निरंजन सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लुटेरे उसके घर से भी नकदी और आभूषण लेकर चम्पत हो गए। पुलिस ने केस करके पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई है।

4 होमगार्ड जवानों की हत्या : कल रात तरनतारन जिले के बलाचौर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने होमगार्ड मास्टर सिंह, बगीचा सिंह, केबल सिंह और गुरदित सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंट पहले इनके मकान में घुसे और इनका अपहरण किया और फिर गोली मार कर हत्या कर दी।

एजैंसी की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है तथा मारे गए व्यक्ति मिलिटैंट ही हैं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के चीता गांव से एक व्यक्ति अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति की मृत्यु अंतर गिरोह दुश्मनी से हुई।

एक की हत्या : भटिंडा जिले के गांव कौरसिंहवाला में कल रात मिलिटैंटों ने बाबू सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एक और हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव फतेहपुरा भंजपूताना में कल रात मिलिटैंटों ने कश्मीर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : लुधियाना जिले के गांव हथूर में कल रात मिलिटैंटों ने लछमन सिंह के घर में प्रविष्ट होकर उसकी पत्नी सुरजीत कौर की हत्या कर दी।

समझौता एक्सप्रैस पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली : अमृतसर : गत 6 तथा 9 सितम्बर को लुधियाना के निकट समझौता एक्सप्रैस रेलगाड़ियों पर की गई फायरिंग की जिम्मेदारी भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (मानोचाहल) ने ली है। इस सम्बन्ध में आज यहां एजैंसी के पास मागेन की डाक द्वारा एक प्रैस नोट आया है। इस फायरिंग में एक महिला मारी गई थी, जबकि 15 अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। इन गाड़ियों में पाकिस्तानी यात्री यात्रा कर रहे थे।

पुलिस वाहन पर हमला : लुधियाना में मिलिटैंटों ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के निकट एक पुलिस वाहन पर हमला किया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

विदेशी मुद्रा का अवैध धंधा करने के आरोप में 2 गिरफ्तार

जालन्धर, 14 सितम्बर (न.स.ए.): प्रवर्तन निदेशालय द्वारा विदेशी मुद्रा अधिनियम के अधीन लुधियाना के 2 व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा का अवैध धंधा करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए जाने की

श्री गिल ने ड
शिष्टमंडल को तुर
में भेजने का आग्र
कमांडर श्री एस.के
अमृतसर के पुलिस
कर इन नवयुवकों

श्री शर्मा ने ज
श्री गुप्ता ने कहा
जांच का काम एस
सिद्धू को सौंप चु
अधिकारियों के वि
आश्वासन श्री श

युवक की गि
3 घंटे

लुधियाना, 1
लगभग 13 किलो
हजारों लोगों ने ल
बिल्कुल जाम कर
दिए ताकि कोई भी
लगभग 3 घंटे
अधिकारियों को
पुलिस द्वारा मंगली
लेने के विरुद्ध लग
छोड़ दिया तो यह

बंगला देश
घायल,

ढाका, 14
विपक्षी अवामी ली
दोपहर तक की अ
80 लोग घायल
किए गए। हड़त
बड़े शहरों में सा
गया।

ब्रिटेन ने
क

बर्लिन, 14
सोवियत संघ को
हाकी प्रतियोगिता
टीम हाफ टाइम त

पाक ने आस्ट्रेलि

एक अन्य मैच
2-1 से पराजित
पाकिस्तान जर्मनी

दीपक ने त

जालन्धर, 14
स्तर के दीपक ठु
शानदार खेल का
रैंकिंग टेबल टैनिस
कब्जा जमाया। इ
इस प्रतियोगिता में
पंजाब चैम्पियन प
तीन गेमों में 22
बालक वर्ग में यज
14, 21-19 से
यजविन्दर सैनी की
सिंह सोढी को सीध
पराजित कर ती

Punjab Kesari

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

एक की हत्या : जालन्धर जिले के तलवंडी गांव में कल रात एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात जालन्धर जिले में भोगपुर कस्बे की नवीं आबादी में राम लाल नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

बाद में प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार राम लाल समाचार पत्र हाकर था।

घायल कर दिया : भटिंडा जिले में रल्ला गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को मिलिटैंटों ने गोली मार कर घायल कर दिया। जवान का नाम तेग वर्मा बताया गया है।

सरपंच का अपहरण : मिलिटैंटों ने कल रात ही फिरोजपुर जिले में शाहदीन गांव से सरपंच गुरनाम सिंह का उनके घर से अपहरण कर लिया।

रेल पटरी उड़ा दी : होशियारपुर जिले के मुकेरियां रेलवे स्टेशन के अंतर्गत पूरन गांव के पास 1.5 फुट रेल पटरी शक्तिशाली बम विस्फोट से उड़ा दी गई। क्षतिग्रस्त रेल मार्ग से गुजरते समय आज सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

एक की हत्या : खन्ना (शर्मा) यहां से 7 किलोमीटर दूर लुधियाना की ओर जी.टी. रोड पर स्थित देहड़ू गांव में कल रात 2 बजे के लगभग 4, 5 अज्ञात व्यक्ति आए। वे पहले एक घर में गए जहां से नकदी और आभूषण बंदूक की नोक पर लूट लिए। उसके बाद दूसरे घर में गए। वहां से भी इसी तरह नकदी और आभूषण लूटे और उसके बाद वह निरंजन सिंह के घर गए, उससे भी नकदी और आभूषण मांगे, लेकिन निरंजन सिंह ने उनमें से एक को जफा मार लिया, जिसे छुड़ाने के लिए उनमें से एक ने निरंजन सिंह को गोली मार दी। निरंजन सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लुटेरे उसके घर से भी नकदी और आभूषण लेकर चम्पत हो गए। पुलिस ने केस करके पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी गई है।

4 होमगार्ड जवानों की हत्या : कल रात तरनतारन जिले के अलाचौर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने होमगार्ड मुखैल सिंह, बगीचा सिंह, केबल सिंह और गुरिन्दर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंट पहले इनके मकान में घुसे और इनका अपहरण किया और फिर गोली मार कर हत्या कर दी।

एजैंसी की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है तथा मारे गए व्यक्ति मिलिटैंट ही हैं ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के चीता गांव से एक व्यक्ति अमरीक सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति की मृत्यु अंतर गिरोह दुश्मनी से हुई।

एक की हत्या : भटिंडा जिले के गांव कौरसिंहवाला में कल रात मिलिटैंटों ने बाबू सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एक और हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव फतेहपुर राजपूताना में कल रात मिलिटैंटों ने कशमीरा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : लुधियाना जिले के गांव हथूर में कल रात मिलिटैंटों ने लछमन सिंह के घर में प्रविष्ट होकर उसकी पत्नी सुरजीत कौर की हत्या कर दी।

समझौता एक्सप्रैस पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली : अमृतसर : गत 6 तथा 9 सितम्बर को लुधियाना के निकट समझौता एक्सप्रैस रेलगाड़ियों पर की गई फायरिंग की जिम्मेदारी भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (मानोचाहल) ने ली है। इस सम्बन्ध में आज यहां एजैंसी के पास संगठन की डाक द्वारा एक प्रैस नोट आया है। इस फायरिंग में एक महिला मारी गई थी, जबकि 15 अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। इन गाड़ियों में पाकिस्तानी यात्री यात्रा कर रहे थे।

पुलिस वाहन पर हमला : लुधियाना में मिलिटैंटों ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के निकट एक पुलिस वाहन पर हमला किया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

विदेशी मुद्रा का अनैध धंधा

उन्होंने अपहरण वाले दिन ही रिहा कर दिया था,

पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

स्वीकार करने का लिखित आश्वासन देना होगा।

3 एरिया कमांडरों समेत 12 मिलिटैंट मरे, सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 15 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 3 एरिया कमांडरों समेत 12 मिलिटैंट मारे गए तथा एक सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों से 5 मिलिटैंटों को भी गिरफ्तार कर लिया है ।

मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर जिला के रामगढ़ गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए । इनमें से 2 की पहचान गुरमीत सिंह तथा गुरमेल सिंह के रूप में हुई है । ये दोनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के (दीपा गुट) के एरिया कमांडर थे । मारे गए दो अन्य मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हुई । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक ए.के. 56 राइफल, एक बन्दूक, एक रिवाल्वर, 5 किलोग्राम विस्फोटक तथा 4 डैटोनेटर बरामद हुए हैं ।

3 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए : जिला भटिंडा के गांव बागे रघु में आज तड़के सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स ऑफ खालिस्तान के 3 दुर्दांत मिलिटैंटों को मार गिराया। इनकी शिनाख्त कमल जीत सिंह, हरभजन सिंह व रघुबीर सिंह के रूप में हुई तथा घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें व कुछ अन्य हथियार और गोली सिक्का भी बरामद हुआ है । कमलजीत सिंह उक्त मिलिटैंट संगठन का एरिया कमांडर था । ये मिलिटैंट भटिंडा, गुरदासपुर, अमृतसर तथा फरीदकोट जिले में अपराध के करीब 4 दर्जन मामलों में संलिप्त थे ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : जिला लुधियाना के गांव आलूमा के निकट गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए। घटनास्थल से .315 बोर की एक राइफल मिली है।

2 अन्य अज्ञात मिलिटैंट मारे गए : गत रात्रि जिला फिरोजपुर के गांव खाई फेमेके के निकट सुरक्षा बलों ने 2 अन्य अज्ञात मिलिटैंटों को मुठभेड़ में मार गिराया। घटनास्थल से 2 पिस्तौल व कुछ कारतूस मिले हैं।

3 मिलिटैंट काबू : सुरक्षा बलों ने पुलिस जिला मजीठा में से एक तथा जिला रोपड़ में से 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुछ हथियार बरामद किए हैं।

दुर्दांत मिलिटैंट व उसका साथी गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने आज संगरूर में एक नाका के दौरान सुरिन्दर सिंह बाबा नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट व जसविन्दर सिंह नामक उसके एक अन्य साथी को काबू कर लिया है। सुरिन्दर सिंह ने आरम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वह बब्बर खालसा के एरिया कमांडर अमरीक सिंह कोहली सहित कई दुर्दांत मिलिटैंटों को आश्रय देता रहा है।

उसने यह भी माना कि श्री राजीव गांधी की हत्या

बम विस्फोट में 2 सुरक्षा कर्मी घायल : 5 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : हथियार लूटे

के बाद उसने मिठाइयां बांटी थीं तथा हर्षपूर्ण नारे लगाए थे। इसके अलावा वह पंजाबी विश्वविद्यालय के कुछ अध्यापकों को धमकीपूर्ण खत लिखने में भी संलिप्त रहा है।

बम विस्फोट में 2 सुरक्षा कर्मी घायल : जिला गुरदासपुर के गांव बेरी के निकट आज एक जबरदस्त बम विस्फोट के दौरान 2 सुरक्षा कर्मी बुरी तरह घायल हो गए। इनकी पहचान पंजाब पुलिस के हैड-कांस्टेबल दर्शन मसीह व होमगार्ड के कांस्टेबल सोमनाथ के रूप में हुई। उस समय वे एक वाहन में गश्त करने जा रहे थे। इस विस्फोट में उनका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार विस्फोट बारूदी सुरंग फटने से हुआ । गश्ती पार्टी के शेष सदस्य इस विस्फोट में बाल-बाल बच गए । घायलों को गुरदासपुर के अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

अपहृत लौटा : पटियाला में तैनात प्लैस उप-अधीक्षक का संबंधी कर्णबीर पाल सिंह उर्फ गुग सिंह कल लुधियाना जिले में अपने घर लौट आया। मिलिटैंटों ने उनका अपहरण कर लिया था।

हथियार ले गए : अमृतसर जिले के बेदेरा बाबा नानक में तैनात पुलिस उप-अधीक्षक बलदेव सिंह के भाई कुलदीप सिंह के मकान में घुसकर मिलिटैंट एक दोनाली बंदूक तथा एक राइफल ले गए।

अपहृत की हत्या : अमृतसर जिले के बाबा घुम्मन गांव में मिलिटैंटों ने बाबा सिंह नामक व्यक्ति

(शेष पृष्ठ 10 पर)

श्रीलंका के राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव लाने की अनुमति

कोलम्बो, 15 सितम्बर (ए.पी.): श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष ने राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव लाने की अनुमति दे दी है और उन्हें संसद भंग करने से मना कर दिया है ।

अध्यक्ष मोहम्मद हनीफा ने श्री प्रेमदास को लिखे पत्र में कहा है, "मैंने महाभियोग प्रस्ताव को बहस के लिए स्वीकार किया है क्योंकि यह संविधान की सभी शर्तों को पूरा करता है । इसलिए राष्ट्रपति संसद को भंग नहीं कर सकते ।" इस पत्र की प्रतियां स्थानीय अखबारों, विपक्षी दलों तथा सत्तारूढ़ यूनाइटेड नैशनल पार्टी के संसदीय दलों के नेताओं और संसद के प्रधान सचिव को भेजी गई हैं ।

महाभियोग से बचने के लिए श्री प्रेमदास ने गत शुक्रवार को श्री मोहम्मद से कहा था कि 24 सितम्बर से शुरू हो रहे संसद के सत्र की कार्य सूची में शामिल नहीं होने के कारण यह प्रस्ताव रद्द हो चुका है । सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने महान्यायवादी सनील डि सिल्वा के हवाले से यह राय दी थी लेकिन श्री मोहम्मद द्वारा महाभियोग प्रस्ताव को औपचारिक रूप से बहस के लिए स्वीकार कर लेने के बाद अब उसकी वैधता के संबंध में कोई देह नहीं रह गया है । कानून के तहत संसद में बहुमत के जरिए राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जा सकता है और यदि संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया गया हो तो उस पर बहस होने तक सदन को भंग नहीं किया जा सकता ।

विपक्षी सदस्यों के अतिरिक्त सत्तारूढ़ पार्टी के कम से कम 47 सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं । इसमें श्री प्रेमदास पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और तमिल विद्रोहियों के साथ गुप्त समझौते करने का आरोप लगाया है ।

75 लिट्टे उग्रवादी मरे : श्रीलंका के पूर्वोत्तर मुलैतिव जिले में घने जंगलों में चले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Aristocrat's
SALE

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

की गोली मार कर हत्या कर दी। इससे पहले बावा को थारु गांव से अपहृत कर लिया गया था।

सरपंच की हत्या : फगवाड़ा (अशोक, खोसला, मेहरा): आज प्रात: 9.30 बजे के लगभग 2 मिलिटैंटों ने यहां से थोड़ी दूर गांव चहेड़ू में सरपंच प्रेम नाथ उप्पल की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त गांव में आज ग्रामीण खेलों का आयोजन होना था तथा दोपहर के समय प्रसिद्ध लोकगायक हंसराज हंस ने भी अपना कार्यक्रम पेश करना था। बताया जाता है कि एक स्कूटर पर सवार होकर 2 मिलिटैंट खेलों के आयोजन स्थल पर आए तथा कहा कि हम खेलों में भाग लेने आए है और सरपंच से मिलना चाहते है। जब उन्हें यह बताया गया कि सरपंच प्रेम नाथ उप्पल पंचायत भवन में मिलेंगे तो वे वहां चले गए तथा वहां ए. के. 47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग करके घटनास्थल पर ही उनकी हत्या कर दी। इस वारदात के बाद हत्यारे मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए।

पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कई चले हुए कारतूस मिले हैं। कपूरथला के एस. एस. पी. जसमिन्दर सिंह कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वह आज अचानक ही फगवाड़ा में आए हुए थे।

एक व्यक्ति की हत्या : टांडा (काहलों): आज सायं 4 बजे के लगभग यहां से 10 कि. मी. दूर टाहली गांव के निकट हंसा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह हत्या निजी दुश्मनी का परिणाम थी।

मुकाबले में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : फिरोज़पुर (कन्तोड़ बागी): फिरोज़पुर सदर के गांव फत्तूवाला के निकट सरहद बल ने एक मुकाबले में 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया ।

एस.एस.पी. सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार यह मुकाबला 2 घंटे तक चलता रहा और इस दौरान दोनों तरफ से जबरदस्त गोलीबारी हुई ।

बंगला देशीय अपराधी फरार : नरोट जैमल सिंह (भाटिया): पता चला है कि बंगला देश का एक निवासी अपराधी थाना नरोट जैमल सिंह (गुरदासपुर) से फरार होने में सफल हो गया है । बताया जाता है कि इस अपराधी का रिमांड तीन मास का मिला हुआ था । थाना में इसको रसोई घर में हैल्पर बना कर रखा गया था । रात्रि के समय पुलिस कर्मचारी दिल-बहलावे के लिए शराब का सेवन कर रहे थे और अपराधी को हथकड़ी लगाना भूल गए । इस समय का लाभ उठाते हुए अपराधी फरार हो गया जबकि उसका रिमांड पूरा होने में 5-6 दिन बाकी थे ।

यह भी पता चला है कि वह अपराधी विदेश में भी जेल की दीवार फांद कर फरार होने में सफल रहा था । स्थानीय पुलिस उसको पकड़ने में असफल रही है ।

सर्वाधिक लोकप्रिय
रूम हीटर
अब

अस्पताल में टिटनैस से 70 बच्चे मरे

मुरैना (म.प्र.), 15 सितम्बर (वार्ता): मध्य

Punjabi Sanatani

ज्वार, बाजरा, अरहर, मूग, चाय, चीनी, गुड़ और

पंजाब में 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या : 8 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत रात्रि से 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि अन्यत्र 15 मिलिटैंट भी मारे गए। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने 2 महिलाओं सहित 15 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया है। देर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य पुलिस के एक इंस्पैक्टर का गत दिनों अपहरण कर लिया गया।

पुलिस इंस्पैक्टर का अपहरण : देर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब पुलिस के एक इंस्पैक्टर गुरदीप सिंह को गत सोमवार को तरनतारन पुलिस जिले में उनके गांव खान रायजादा से अपहृत कर लिया गया। वह मालेरकोटला में सी.आई.डी. प्रभाग में तैनात थे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इंस्पैक्टर गुरदीप एक दिन की छुट्टी पर गांव गए थे। वह वहां

■ 2 महिलाओं सहित 15 मिलिटैंट गिरफ्तार : ■ राज्य पुलिस के एक इंस्पैक्टर का अपहरण

घर से कुछ मित्रों से मिलने के लिए निकले और तब से उनका पता नहीं है। एक सप्ताह की प्रतीक्षा के बाद ही उनके परिवार के लोगों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट की।

2 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज रात डेरा बाबा नानक थाने के अंतर्गत गांव मीर खजान के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए, जबकि उनके 2 साथी भाग निकले । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 2 शक्तिशाली हथगोले मिले हैं । सुरक्षा बलों ने वहां पर नाका लगाया हुआ था कि सामने से एक मोटर साइकिल तथा एक स्कूटर पर 4 मिलिटैंट आते हुए दिखाई दिए । उनके न रुकने पर यह मुठभेड़ हो गई ।

छलनी शव मिला : अमृतसर शहर के समीप पुल्लानविड गांव के बाहर एक बगीचे में आज सुबह गोलियों से छलनी एक शव मिला है।

शिव सेना नेता का अपहरण : आज रात्रि 9.20 बजे अमृतसर-बटाला रोड पर विजय नगर चौकी के सामने टंडन नगर क्षेत्र में 4 मिलिटैंटों ने हिन्दू शिव सेना अमृतसर के उप-प्रधान श्री अरुण कुमार पोपा का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि मिलिटैंट एक सफेद मारुति कार में सवार थे और उन्होंने पिस्तौल की नोक पर श्री पोपा का अपहरण किया ।

7 अन्य संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार : सात अन्य संदिग्ध मिलिटैंटों को हथियारों और कारतूसों समेत लुधियाना, पटियाला और बटाला जिलों में से गिरफ्तार किया गया है।

तेजधार हथियारों से हत्या : जिला जालन्धर के भोगपुर पुलिस थाना के अधीन गांव नौगज़ा में गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने स्वर्ण चंद नामक एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला फिरोजपुर के गांव बड़ा चाहलसिंह में गत रात्रि मिलिटैंटों ने नेकी सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट मरा : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से 40 कि.मी. दूर गांव मुनाक के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। इसकी पहचान जिन्दर पाल सिंह उर्फ जीता के रूप में हुई। वह खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के साथ सम्बन्धित था। वह संगरूर व लुधियाना में कई वारदातों में वांछित था। उसने एक प्रत्याशी व एक पत्रकार की भी हत्या की थी।

ट्रक ले गए : गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर तपामंडी में ट्रक यूनियन तपा के प्रधान सुरजीत सिंह का ट्रक कुछ अज्ञात व्यक्ति ले गए।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(ऊपर) भटिंडा में बम विस्फोट में मारे गए दो व्यक्तियों राजेन्द्र कुमार तथा सुरेश कुमार की लाशें तथा (नीचे) मृतकों के परिजन विलाप करते हुए । (छाया : कालड़ा)

Punjabi Sahara.in

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपहरण के बाद हत्या : गत रात्रि पाल सिंह नामक एक व्यक्ति का शव संगरूर पुलिस लाइन के निकट से मिला। उसका जो बिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था।

मिलिटैंट गिरफ्तार : यहां से 30 कि.मी. दूर मुनाक पुलिस ने गुरदेव सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से कुछ हथियार बरामद किए।

2 व्यक्तियों की हत्या : मक्खू (चन्द्रशेखर): गत रात्रि यहां से थोड़ी दूर गांव वाला हेनसिंह में मिलिटैंटों ने नेक सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

इसके अलावा गांव होला साहब में भी गत रात्रि करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह आपसी दुश्मनी का मामला है।

मिलिटैंट गिरफ्तार : गत रात्रि बस्ती राम वाला क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। गिरफ्तार मिलिटैंट के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल मिली है।

अपहरण के बाद 4 व्यक्तियों की हत्या : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): गत रात्रि काहनूवान थाना के अधीन गांव शीह भट्टियां में मिलिटैंटों ने 4 व्यक्तियों का अपहरण करने के बाद उनकी हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार कल रात करीब 8 बजे लगभग 7-8 मिलिटैंट ए.के. 47 राइफलों से लैस होकर उक्त गांव में गए तथा नाहर सिंह, रतन सिंह, दो भाइयों प्रकाश सिंह व हजारा सिंह का जबरदस्ती अपने साथ ले गए। आज प्रातः इन चारों के गोलियों से छलनी शव गांव से एक कि.मी. दूर मिले हैं।

एस.एस.पी. सुमन्त कुमार गोयल के अनुसार इस घटना की सूचना पुलिस को प्रातः ही मिली तथा हत्यारों की भी पहचान कर ली गई है। इनमें गांव के ही 3 व्यक्ति नरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह व लक्खा सिंह शामिल हैं तथा तीनों ही आपस में भाई हैं। श्री गोयल के अनुसार नरेन्द्र सिंह भगौड़ा है तथा इनका आपस में भूमि सम्बन्धी विवाद था। उक्त चारों व्यक्तियों की हत्या गुट संघर्ष का ही परिणाम है।

महिला समेत 4 मिलिटैंट गिरफ्तार : खन्ना (शर्मा): पुलिस की एक नाका पार्टी ने एक महिला समेत चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान जसपाल सिंह, सुभाष चन्द्र, शाम लाल और हरदीप कौर के रूप में की गई है। ये लोग दो स्कूटरों पर सवार थे। नाके पर रुकने को कहे जाने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। 15 मिनट के मुकाबले के बाद मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके कब्जे से हथियार और गोली-सिक्का मिला। दोनों स्कूटर भी चोरी के थे। वे कई टुक और कारें छीनने के केसों में संलिप्त बताए जाते हैं। अभियुक्ता हरदीप कौर के जिम्मे मिलिटैंटों द्वारा अपहृत बच्चों की देखभाल करने का काम था।

दो होमगार्डों की हत्या : यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव भराई में आज प्रातः 10:00 बजे 4 मिलिटैंटों ने, जो दो स्कूटरों पर आए, पंजाब एंड सिंध बैंक की ब्रांच के गेट पर ड्यूटी दे रहे दो होमगार्डों अनवार सिंह और निर्मल सिंह की गोलियों से हत्या कर दी। जाते समय वे उनके हथियार भी साथ ले गए। दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिए गए।

2 कांस्टेबलों की हत्या : पटियाला (राजू): पुलिस थाना बस्सी पठाना के गांव नागवां में आज मिलिटैंटों ने दो पुलिस कांस्टेबलों किशन सिंह व जसबीर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। दोनों कांस्टेबल बस्सी पठाना पुलिस थाने से नागवां में स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा में ड्यूटी देने जा रहे थे। मोटर साइकिल पर सवार दोनों हत्यारे मिलिटैंट फरार हो गए।

बताया जाता है कि उन्होंने नागवां बस भट्टे के निकट कांस्टेबलों पर फायरिंग की जिससे किशन सिंह तो मौके पर ही मर गया जबकि जसबीर सिंह का वे अपहरण करके ले गए तथा थोड़ी दूर ले जाकर उसकी भी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

महिला की हत्या : आज तड़के कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव घांग्घा में प्रीतम सिंह हरिजन नामक एक व्यक्ति की पत्नी माया देवी की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

दो मिलिटैंट मारे गए : होशियारपुर (वि.प्र.): आज प्रातः लगभग सात बजे थाना माहिलपुर के अधीन मैहंगरवाल ग्राम में एक निहंग मान सिंह के फार्म हाऊस पर हुए मुकाबले में दो मिलिटैंटों के मारे जाने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मारे गए मिलिटैंट गुरबाज सिंह (ग्राम पद्धी सूरा सिंह) व गुरदयाल सिंह उर्फ दीशा (ग्राम रसूलपुर) बी.टी.एफ. से सम्बन्धित थे। पुलिस को घटनास्थल से भारी मात्रा में गोली-सिक्का भी मिला है।

जालंधर रेंज के डी.आई.जी. गुरइकबाल सिंह मुल्लर व होशियारपुर के एस.एस.पी. राजन गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात् बताया कि मारे गए दोनों मिलिटैंट हत्या की दर्जनों वारदातों व लूटपाट के बहुत से केसों में संलिप्त थे। यह दोनों सतनाम सिंह छीना के गिरोह के सदस्य थे।

मिलिटैंट दम्पति गिरफ्तार : सदर बटाला की पुलिस ने जसवंत सिंह व बलबीर कौर नामक मिलिटैंट दम्पति को गांव जटोलमारा में से गिरफ्तार किया है। उन पर मिलिटैंटों को आश्रय देने व हथियारों की खरीद में उनकी सहायता करने का आरोप है।

बम धमाके के मृतकों की पहचान : भटिंडा (बास कालड़ा): गत सायं भटिंडा नगर के निकट गोल डिग्री मार्केट में सी.आर.पी.एफ. की चौकी के निकट हुए बम धमाके में मारे गए दोनों व्यक्तियों की पहचान हो गई है। सरकारी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में एक दुकानदार राजिन्दर कुमार पुत्र शिव लाल व उसकी दुकान का कारिन्दा सुरेश कुमार था। इस दौरान एक व्यक्ति मामली रूप से घायल भी हुआ। मृतकों के शव पोस्ट-मार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिए गए हैं।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : भटिंडा (ग्रोवर): जिला भटिंडा के एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत सायं रामां मंडी क्षेत्र में एक मुकाबले के दौरान मारे गए 3 मिलिटैंटों की शिनाख्त खालिस्तान टाइगर्स फोर्स (संघा गुट) के एरिया कमांडर अमरजीत सिंह उर्फ भूपिन्दर सिंह उर्फ भिंडा तथा हरभजन सिंह निवासी पुलिस थाना झब्बाल व सुखबीर सिंह उर्फ बलबीर सिंह के रूप में हुई है। यह मिलिटैंट 100 से अधिक जघन्य वारदातों में वांछित थे तथा जिला भटिंडा में गत 75 दिनों से सक्रिय थे।

बताया जाता है कि एक सूचना के आधार पर ही पुलिस ने इनको घेर कर इनके साथ 5 घंटे तक मुकाबला किया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों व मशीन गनों का भी प्रयोग किया था।

इन मिलिटैंटों की पहचान के सिलसिले में गत दिवस एक सरकारी रिपोर्ट में इनके नाम कुछ और बताए गए थे।

मृत मिलिटैंटों की पहचान : फिरोजपुर (कन्तोड़, धीमान, बागी) व मक्खू (चंद्र शेखर): गत रात्रि रामगढ़ गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले के दौरान जो 4 मिलिटैंट मारे गए थे, उन सभी की पहचान हो गई है। इनमें से 2 मिलिटैंटों की पहचान तो कल ही हो गई थी, जबकि 2 अन्य की पहचान आज हुई। इनके नाम बलकार सिंह व सुरजीत सिंह हैं। बताया जाता है कि कल गुरमीत सिंह व गुरमेल सिंह की पहचान हुई थी।

इस मुकाबले में मारे गए उक्त चारों मिलिटैंट 30 पुलिस कर्मियों की हत्या के अलावा कई कारिन्दों की हत्या में भी वांछित थे।

के.सी.एफ. का लैफ्टीनैंट जनरल मारा गया : बाघापुराना (ज्ञान): फरीदकोट जिला के लगियाना गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल) का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तथा कुख्यात मिलिटैंट सुखदेव सिंह उर्फ टिड्डी मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया।

सुखदेव सिंह 35 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था। उसके पास से एक 315 बारे की राइफल, दो बम और कुछ कारतूस बरामद हुए।

बताया जाता है कि दोनों ही एक स्कूटर नं. पी.डी. 03-6285 पर सवार थे तथा सुरक्षा बलों ने जब उन्हें रुकने का संकेत किया तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा कर्मियों की जवाबी फायरिंग के दौरान दोनों मारे गए। घटनास्थल से एक स्कूटर, एक राइफल, दो बाक्स बम व 50 जीवित कारतूस बरामद हुए।

हैड-कांस्टेबल व उसके भाई की हत्या : जिला लुधियाना के बसीपुरा गांव में पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल तथा उसके भाई की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान जरनैल सिंह व हरदेव सिंह के रूप में हुई।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : कल रात ही भटिंडा जिले के पल्ही गांव के समीप हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस मिले।

एक अन्य अज्ञात मिलिटैंट भटिंडा जिले के फूली गांव के निकट एक मुठभेड़ में मारा गया है।



भटिंडा जिला में रामामंडी के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों से बरामद हथियारों को जिला पुलिस प्रमुख श्री ऐच.एस. काहलों पत्रकारों के समक्ष प्रदर्शित करते हुए। (छाया : कालड़ा)





राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में फोजूवाला गांव के निकट सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी के दौरान 4 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया। चित्र में गिरफ्तार मिलिटैंट (1) मेजर सिंह, (2) गुरजंट सिंह, (3) सिगारा सिंह, (4) बलबीर सिंह तथा (5) बहू वाहन, जिसमें मिलिटैंट सवार थे। ये मिलिटैंट पाकिस्तान से हथियार लाने के लिए जा रहे थे। (छाया : विनय)



मिलिटैंट जगविन्दर सिंह सिद्धू निवासी गांव रकबा जिला लुधियाना जो रोमानिया में भारतीय राजदूत जे.एफ. रिबैरो पर हुए कातिलाना हमले के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारा गया।

विहिप द्वारा जमा धन के दुरुपयोग की जांच की मांग

नई दिल्ली, 16 सितम्बर (वार्ता): राज्यसभा में आज विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अयोध्या मंदिर के

मिलिटैंटों के विरुद्ध अभियान

(पृष्ठ 3 का शेष)

वहां गहरी खन्दकें खोद दी गई हैं।

इंटैलीजैंस के सूत्रों के अनुसार एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान भी मिलिटैंटों की कार्रवाइयों से अधिक सन्तुष्ट नहीं है तथा पाकिस्तानी उच्चाधिकारियों ने अब अपना ध्यान कश्मीरी अलगाववादियों की ओर ही अधिक केन्द्रित कर दिया है। पंजाब के मिलिटैंट हथियारों के अभाव में भटकते फिर रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने पंजाब के मिलिटैंटों को निर्देश दिए हैं कि वे हथियारों को फिजूल में बर्बाद न करें बल्कि अपने शस्त्रों व विस्फोटकों का प्रयोग बड़े पैमाने पर विनाश के लिए ही करें।

सूत्रों के अनुसार अब मिलिटैंट संगठनों की आपसी दुश्मनियां भी बढ़ गई हैं तथा डा. सोहन सिंह के नेतृत्व वाली पंथक कमेटी बब्बर खालसा इंटरनैशनल के साथ मिल कर दमदमी टकसाल के विरुद्ध खड़ी हो गई है।

सुरक्षा बल इस समय पंजाब के उक्त तीनों जिलों में स्थिति पर कड़ी निगाह रखे हुए हैं तथा उन्हें आशा है कि मिलिटैंट संगठन उन्हें 'युद्ध' के लिए अब अधिक देर तक प्रतीक्षा नहीं कराएंगे। सुरक्षा बल इस समय अपना विशेष व्यापक अभियान शुरू करने के लिए एक ऐसे सुनहरी मौके की तलाश में हैं जो उनके अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में मिलिटैंसी को समाप्त करने के लिए अब एक अंतिम अवसर ही होगा।

इसी दौरान इंटैलीजैंस एजैंसियों के कार्यालय भी इस समय सूचनाएं प्राप्त करने में अत्यधिक व्यस्त हैं तथा यह दावा भी किया जा रहा है कि सुरक्षा बल व नागरिक प्रशासन मिलिटैंटों को धर दबोचने अथवा उनका खात्मा करने में कोई ढील नहीं बरत रहे। इसीलिए मिलिटैंटों के 'सर्वोच्च नेतृत्व' के खात्मे में सुरक्षा बलों ने व्यापक सफलता अर्जित की है।

RAILWAY RECRUITMENT BOARD, JAMMU-SRINAGAR RAILWAY COLONY (WEST), JAMMU TAWI PIN 180004

10.9.91 को इस समाचारपत्र में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में कृपया निम्नलिखित संशोधनों को नोट करें :

"वर्ग नं. 1, स्टैनोग्राफर (अंग्रेजी) में, अंत में कृपया 'मैट्रिक स्टैंडर्ड-सी-I' की बजाए 'मैडिकल स्टैंडर्ड-सी-I' पढ़ें। वर्ग नं. 8 और 9 असिस्टैंट स्टेशन मास्टर और गुड्ज गार्ड में न्यूनतम योग्यताएं कृपया ग्रैजुएट/प्रोबेशन अवधि। प्रशिक्षण की बजाए, ग्रैजुएट। प्रोबेशन अवधि/प्रशिक्षण पढ़ें। वर्ग नं. 16, 'जूनियर मकैनिकल मैटालर्जिकल असिस्टैंट की बजाए जूनियर कैमिकल मैटालर्जिकल असिस्टैंट' पढ़ें।

गुर्दा चाहिए
बल्ड ग्रुप O—POSITIVE
मिलें : HOUSE NO. 20, SECTOR-15, CHANDIGARH.



हर माह 17 से 30 तक
हस्त रेखा व अंक ज्योतिष के विशेषज्ञ
विजय भदौरिया विश्व प्रसिद्ध Lucky STONE SPECIALIST
अपने भविष्य एवं जीवन की समस्याओं का हल जानने के लिए मिलें :
ज्योतिष अनुसंधान केंद्र
बंसल सदन, नजदीक बस स्टैंड, हिसार
समय सुबह 9.00 से 1.00 तथा 3 से 6 बजे तक

गुमशुदा की तलाश



श्री राम प्रकाश बजाज

हमारे पिता श्री राम प्रकाश बजाज रंग गोरा, 58 वर्षीय, कद 5'-3", करीम कमीज-पाजामा, काली गुर्गाबी, लाल परना, टाइटन की काले पट्टे वाली घड़ी पहने, बाएं हाथ पर ओइम गुदा हुआ, कभी-कभी चश्मा भी लगाते हैं। पंजाबी बोल-चाल, 31.8.91 शनिवार को घर से सुबह चले गए हैं।

पिता जी, हम सब तथा झाई जी की तबीयत बहुत चिन्ता वाली है। कृपया आप तुरंत इतला करें, हम आपको ले जाएंगे। पहुंचाने वाले को/सूचना देने वाले को खर्च के अलावा 3000/- शुक्राना दिया जाएगा।

मैसर्ज अमर राईज मिल्ज, इंद्री (करनाल)
फोन : 7300-7281.
श्री दर्शन लाल बजाज, 522/13 एक्टेंशन अर्बन एस्टेट, करनाल
शिवाजी एडवर्टाइजिंग, जी.टी. रोड, करनाल, फोन : 2200.
Shivaji

RAILWAY RECRUITMENT BOARD, JAMMU-SRINAGAR RAILWAY COLONY (WEST), JAMMU TAWI PIN : 180004

संशोधन

इस समाचार पत्र में 10.9.91 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में कृपया निम्नलिखित संशोधनों को नोट किया जाए :

1. वर्ग नं. 3, कुशल लाइनमैन (इलैक्ट्रिकल पावर), स्केल : 950-1500 (आर.पी.एस.)।
2. वर्ग नं. 4, कुशल ट्रेन लाइटिंग फिटर (टी.एल.), स्केल : 950-1500 (आर.पी.एस.)
3. वर्ग नं. 5, कुशल फिटर ओई और पी (इलैक्ट्रिकल पावर), स्केल : 950-1500 (आर.पी.एस.)
4. वर्ग नं. 6, कुशल रैफ्रिजरेटर मकैनिक (एयर कंडीशन इलैक्ट्रिकल डिपार्टमैंट), स्केल : 950-1500 (आर.पी.एस.)
5. वर्ग नं. 7, फायरमैन 'ए'/डीजल असिस्टैंट, स्केल : 950-1500 (आर.पी.एस.)

उक्त पदों के लिए न्यूनतम योग्यताएं कालम में कृपया कुल अथवा उच्चतर योग्यताओं में 50% अंक जोड़ें/एससी/एसटी के लिए मैट्रिकुलेशन में उत्तीर्ण।

वर्ग नं. 4 अर्थात कुशल ट्रेन लाइटिंग फिटर (टीएल), के लिए न्यूनतम योग्यताओं में से

सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न भिड़ंतों में 14 मिलिटैंट मरे : 4 गिरफ्तार : भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद

चंडीगढ़, 17 सितम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में सुरक्षा बलों ने गत शाय से विभिन्न मुकाबलों के दौरान 14 मिलिटैंटों को मार गिराया तथा 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया जबकि विभिन्न वारदातों के दौरान राज्य में एक पुलिस उपनिरीक्षक के परिवार के 6 सदस्यों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा बड़ी संख्या में हथियार व गोली सिक्का भी बरामद किया गया है ।

3 मिलिटैंट मारे गए : जिला लुधियाना के खलारा गांव के समीप मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के एक दस्ते पर उस समय घातलगा कर हमला किया जब वे निर्मल सिंह और हरनरन सिंह नामक 2 मिलिटैंटों को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रहे थे । सुरक्षा बलों ने जवाबी गोलियां चलाईं । इस घटना में सुरक्षा बलों के साथ जा रहे उक्त दोनों मिलिटैंट एवं एक अन्य मिलिटैंट मारा गया । इस मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

एक मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : भटिंडा जिले के रड़िया गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गुरबंट सिंह राम का एक मिलिटैंट मारा गया । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक राइफल, 21 गोलियां, 36 हथगोले, एसाल्ट राइफल की आठ मैगजीन तथा एक ट्रक बरामद किया ।

मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : बटाला पुलिस जिले के मीर रुछना गांव में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । इन मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी है । पुलिस ने मुठभेड़स्थल से एक असाल्ट राइफल, दो हथगोले तथा कुछ गोलियां बरामद की हैं ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : होशियारपुर जिले के कोहर गांव में सुरक्षाबलों के साथ कल रात मुकाबले में हरि सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़स्थल से एक असाल्ट राइफल तथा कुछ गोलियां बरामद की हैं ।

महिला की हत्या : रात्रि पुलिस जिला मजीठा के गांव शेरों बाघा में 3 सशस्त्र मिलिटैंटों के एक दल ने एक घर में जबरदस्ती घुस कर अमरीक कौर नामक एक महिला की हत्या कर दी ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने इसी जिला में सिन्दर सिंह बारदीप सिंह नामक 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार बरामद किए हैं ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले के उल्लेवाला गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक राइफल तथा कुछ गोलियां बरामद की हैं ।

एक अज्ञात मिलिटैंट मरा, दूसरा फरार : पटियाला जिले के आलमपुर गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका एक अन्य साथी भाग निकला । मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक दोनाली बन्दूक तथा कुछ गोली बारूद बरामद किया है ।

पंजाब के सुरक्षा अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार को सतर्क किया : पंजाब के सुरक्षा अधिकारियों ने नेपाल से आग्नेय अस्त्रों और गोली बारूद की सम्भावित तस्करी के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार को सतर्क किया है ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऐसे समाचार हैं कि हाल के महीनों में ऐसे हथियार भेजे गए हैं, लेकिन ये हथियार पंजाब तक नहीं पहुंच पाए क्योंकि मिलिटैंटों को इन हथियारों को पंजाब तक पहुंचाने में कठिनाई हो रही है । समझा जाता है कि इन हथियारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत इलाके के मिलिटैंटों में वितरित कर दिया गया है ।

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मिलिटैंट इस वर्ष जुलाई से हथियारों की सप्लाई के लिए नए मार्ग ढूंढ रहे हैं । अमृतसर क्षेत्र के 145 कि.मी. सीमा क्षेत्र में कंटीले तार और फ्लड लाइटें लगाने का काम पूरा होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा के पंजाब संवेदनशील के रास्ते मिलिटैंटों के लिए हथियारों की आपूर्ति पूरी तरह रुक गई है ।

पुलिस उप-निरीक्षक के परिवार के 6 सदस्यों समेत पंजाब में 13 व्यक्तियों की हत्या

पुलिस उपनिरीक्षक के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या : लुधियाना (मुसाफिर, धीमान, राजेश) : गत रात्रि समराला में कुछ मिलिटैंटों ने पुलिस उपनिरीक्षक बलकार सिंह के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी। मृतकों में उसके 4 भाई व 2 भतीजे भी शामिल हैं।

इस घटना के बारे में 75 वर्षीया श्रीमती बचन कौर ने रोते हुए बताया कि मैं इतनी बदकिस्मत हूं कि मैंने अपनी आंखों से अपने चार बेटों और दो जवान पोतों की हत्या होते हुए देखी है। उसने बताया कि परिवार के लोग उस समय रेडियो पर खबरें सुन रहे थे जबकि जगरूप सिंह मेरे पास कमरे में था। एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में अन्दर आया और कहा कि जगरूप सिंह को उसके भाई (जो पुलिस में सब-इंस्पैक्टर है) ने बाहर बुलाया है। बूढ़ी मां ने यह भी बताया कि जब उसने कहा कि उसे अन्दर क्यों नहीं भेज देते तो वह क्रोध में आ गया और डांट कर कहा कि तुम चुप रहो। इसके बाद उसने जगरूप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। अन्य को बाद में खबरें सुनते हुए मारा गया। बचन कौर का पोता जसविंदर सिंह बी.एड. का विद्यार्थी था जबकि छोटा सर्वजीत सिंह वल्द बलवंत सिंह 10वीं श्रेणी का छात्र था। गोलियां 10-15 मिनट तक चलती रहीं। पुलिस रात साढ़े 11 बजे वहां पहुंची। मृतकों में बलवंत सिंह जो पंजाब रोडवेज में ड्राइवर था, दिलबाग सिंह जो खेतीबाड़ी करता था और जसवंत सिंह जो पंजाब नैशनल बैंक में कर्मचारी था।

जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो गांव में अंधेरा था और बहुत सन्नाटा था। किसी ने कुछ नहीं बताया। पुलिस वापस चली गई। दोबारा समराला से पुलिस आई।

बूढ़ी मां के अनुसार, गोलियों की आवाज सुन कर गांव के कुछ लोग उनके घर आए मगर मैंने उन्हें कहा कि तुम वापस चले जाओ, अपने आपको खतरे में न डालो।

वहां एकत्रित लोगों से पूछा गया तो सभी खामोश और सहमे हुए थे। वारदात के समय सभी लोगों ने घरों की बत्तियां बुझा दी थीं।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



लुधियाना जिला के गांव समराला में अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर बलकार सिंह के घर में घुस कर उसके चार भाइयों व दो भतीजों की हत्या कर दी । चित्रों में (1) बलकार सिंह की मां बचन कौर पत्रकारों को घटना का विवरण देती हुई, (2) घर के बाहर एक वृक्ष पर गोलियों के निशान, (3) बलकार सिंह अपनी बहन को दिलासा देते हुए, (4) विलाप करती हुई परिवार की महिलाएं, (5) गांव के शोकग्रस्त लोग । (छाया : भाम्बी)

Punjab Sanatani



जिला फिरोज़पुर के उपमंडल ज़ीरा के अधीन धर्मकोट क्षेत्र में गत दिनों पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान (ऊपर) मारे गए चार दुर्दांत मिलिटैंटों के शव तथा (नीचे) उनके कब्जे से बरामद बड़ी संख्या में हथियार व अन्य गोली सिक्का । (छाया : कन्तोड़, अनेजा)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

डी.एस.पी. समराला श्री महेन्द्र सिंह ने बताया कि वारदात पौने 9 बजे हुई। समराला से 10 मिनट के अन्दर-अन्दर पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई, मगर किसी ने कुछ नहीं बताया।

गांव ब्रह्मा में 1 व्यक्ति की हत्या : डी.एस.पी. के अनुसार, इससे पूर्व मिलिटैंटों ने गांव ब्रह्मा में वारदात की। वहां 6 मिलिटैंट एक व्यक्ति जरनैल सिंह वल्द हरबंस सिंह को घर से बाहर ले जाकर गोली मार कर हत्या करने के बाद सौदागर सिंह की जीप लेकर और उस पर बैठ कर गांव भरतला पहुंचे।

एस.एस.पी. श्री अनिल शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राज तिमिरहरन): पंजाब की रेलवे पुलिस ने आज प्रातः जालन्धर रेलवे स्टेशन से जिला अमृतसर के गांव चीमा बाथ के निवासी किरपाल सिंह नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है ।

रेलवे पुलिस के सहायक महानिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने आज सायं यहां पत्रकारों को उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि किरपाल सिंह ने आरम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि वह खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल गुट) का सदस्य है । जिसका नेता होशियारपुर का एरिया कमांडर जसमेल सिंह है तथा वह इन दिनों दिल्ली में रह रहा है । जसमेल के अलावा इस गिरोह के दिल्ली में 6 सक्रिय सदस्य या तो मारे जा चुके हैं अथवा गिरफ्तार हो चुके हैं । इस गिरोह ने कुछ माह पूर्व दिल्ली की ख्याला सब्जी मंडी में भीषण बम विस्फोट किया था । इसके अलावा किरपाल सिंह दिल्ली में डी.टी.सी. की बस में बम विस्फोट करने व पंजाब में कई स्थानों पर रेल पटरियां ध्वस्त करने की घटनाओं में भी संलिप्त रहा है ।

एक अज्ञात मिलिटैंट मरा, एक गिरफ्तार : फिरोजपुर (कन्तोड़) : जिला पुलिस के वरिष्ठ अध्यक्ष सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत रात्रि पुलिस थाना मल्लावाला के अधीन सुरक्षा बलों ने गांव इलमेंवाला में नाकाबंदी के दौरान 2 अज्ञात व्यक्तियों को हीरो होंडा मोटर साइकिल पर आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की जिसमें एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया। घटनास्थल से जर्मनी निर्मित एक रिवाल्वर, 2 चले हुए व 6 जीवित कारतूस, ए.के. 47 राइफल के 10 चले हुए कारतूस व हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद किया गया है।

श्री चट्टोपाध्याय के अनुसार गत 15-16 सितम्बर की रात को ही जिला पुलिस ने मल्लांवाला गांव में एक बांध पर नाकाबंदी के दौरान 2 अज्ञात व्यक्तियों को ट्रैक्टर पर आते देख कर रुकने का संकेत किया। मगर वे गोली चलाते हुए ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गए। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए उनका पीछा किया तथा उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा फरार हो गया। इस गिरफ्तार मिलिटैंट की शिनाख्त सुरिन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बराड़वाला तरनतारन के रूप में हुई। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 12 जीवित कारतूस व 15 चले हुए कारतूस, .12 बोर की एक पिस्तौल, उसके दो कारतूस व एक फोर्ड ट्रैक्टर नं. पी.जे.एफ.-1221 मिला है।

2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि थाना कलानौर के एक गांव रूड़ा के निकट सीमा सुरक्षा बल व पुलिस के साथ हुए मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए।

जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार मारे गए मिलिटैंटों के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 2 एच.ई. 36 हथगोले, एक बजाज चेतक स्कूटर व बब्बर खालसा के 2 कोरे पैड मिले हैं। इनके अलावा बड़ी संख्या में चले हुए व जीवित कारतूस भी बरामद हुए।

युवा इंका नेता व उसके भाई की हत्या : मंगरूर (गर्ग) व धूरी (सिंगला) : गत रात्रि करीब 9.30 बजे कांजली गांव में युवा इंका नेता व ब्लाक कांजली इंका के अध्यक्ष सर्बजीत सिंह तथा उसके भाई कमलजीत सिंह की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस दौरान सर्बजीत सिंह का एक अन्य भाई प्यारे लाल व पिता बचना राम गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त विवरण के अनुसार 4 मिलिटैंट सर्बजीत सिंह के घर में जबरदस्ती घुसे तथा सर्बजीत सिंह, उसके भाई कमल जीत सिंह, एक अन्य भाई प्यारे लाल व पिता बचना राम को एक कमरे में एकत्र करके फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें सर्बजीत सिंह व कमलजीत सिंह मौके पर ही मारे गए। सर्बजीत सिंह अपने पीछे विधवा व एक पुत्र तथा कमलजीत सिंह अपने पीछे विधवा, 3 पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। इस हत्याकांड के बाद फरार होते समय मिलिटैंट 12 बोर की एक बंदूक भी ले गए।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि मंगरूर से 30 कि.मी. दूर भूरे गांव में 2 मिलिटैंटों ने गुरचंद सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

हत्या के बाद शव वृक्ष से बांध दिया : गत रात्रि ही यहां से 30 कि.मी. दूर गांव कगनवाल में मिलिटैंटों ने नसीब सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या करके उसके शव को वृक्ष के साथ बांध दिया।

मोटर साइकिल ले गए : मंगरूर से करीब 20 कि.मी. दूर गांव राजोबाल में गत रात्रि कमलजीत सिंह नामक एक व्यक्ति का मोटर साइकिल नं. डी.एल.बी.-9695 मिलिटैंटों ने हथियारों की नोक पर छीना तथा फरार हो गए।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : गत रात्रि पुलिस ने संगरूर के निकट पाठला गांव के मेवा सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से .12 बोर की एक रिवाल्वर बरामद की है।

कार्यालय बंद : इसी दौरान जिला परिवहन कार्यालय बंद हो गया है। गत दिनों मिलिटैंटों ने संगरूर के डी.टी.ओ. की हत्या कर दी थी तथा इसी से वहां आतंक व्याप्त हो गया। कर्मचारियों ने जिलाधीश से मांग की है कि कार्यालय को नगर के भीतर ही किसी सुरक्षित स्थान में स्थापित किया जाए।

होमगार्ड जवान की हत्या : भुलत्थ (भोगना) : गत रात्रि 7.30 बजे के करीब मिलिटैंटों ने गांव रामगढ़ में होमगार्ड के एक जवान बलदेव सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि बलदेव सिंह रात को खाना खाने के बाद करतारपुर-भुलत्थ मार्ग पर जा रहा था कि मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया तथा उसे रामगढ़ के स्कूल में ले गए और वहां उसकी हत्या कर दी। फरार होते समय मिलिटैंट उसकी 303 बोर की राइफल भी ले गए। मृतक रामगढ़ गांव का ही निवासी था।

शिव सेना नेता के गनमैन का अपहरण : अमृतसर से नारंग के अनुसार गत रात्रि 9.20 बजे अमृतसर की बटाला रोड पर स्थित टंडन नगर आबादी में 4 कार सवार मिलिटैंटों ने हिन्दू शिव सेना अमृतसर के उप-प्रधान श्री अरुण कुमार पीपा के गनमैन बिपन कुमार का पिस्तौलों की नोंक पर अपहरण कर लिया ।

हिन्दू शिव सेना की जिला इकाई के प्रधान अरुण कुमार पोपा के सरकारी गनमैन बिपन कुमार का 4 मिलिटैंटों द्वारा अपहरण कर लिए जाने के रोषस्वरूप आज यहां पूर्ण हड़ताल रखी गई। हिन्दू शिव सेना पंजाब के प्रधान सुरेन्द्र डोगरा ने उच्चाधिकारियों को तारें देकर अपहृत को तुरन्त ढूंढने की अपील की है।

2 मिलिटैंट मारे गए : जिला अमृतसर के माने क्षेत्र में गांव लाल्लू के निकट हुए एक मुकाबले में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए ।

रात्रि कर्फ्यू : अमृतसर जिला प्रशासन ने भारत-पाक सीमा के साथ लगते क्षेत्र के 150 गांवों में 15 नवम्बर तक रात 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया है । ये गांव अजनाला तथा खेमकरण सैक्टरों में पड़ते हैं ।

बिजली बोर्ड के खजांची का अपहरण : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज सायं मिलिटैंटों ने 3.30 बजे के करीब होशियारपुर रोड पर स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय के खजांची मदन लाल का अपहरण कर लिया ।

बताया जाता है कि 2 मिलिटैंट एक स्कूटर पर सवार होकर उक्त कार्यालय में आए तथा खजांची से रुपए मांगे तो उसने बताया कि कैश की चाबी ज्ञान सिंह नामक एक अन्य कर्मी के पास है और वह माडल टाऊन कार्यालय में गया है । तब मिलिटैंटों ने उसे कहा कि वह उनके साथ माडल टाऊन चले । यह भी बताया गया है कि मिलिटैंट उसे लेकर माडल टाऊन आने की बजाए गांव बबेली की ओर फरार हो गए । इस घटना की सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. व पुलिस के एक दल ने डी.एस.पी. अजीत सिंह के नेतृत्व में मिलिटैंटों का पीछा शुरू कर दिया है ।

एकता एवं सद्भावना रैली

जालन्धर, 17 सितम्बर (कपूर): 19

अनूप जलोटा नाइट



शनिवार,
21 सितम्बर, 1991 को
सायं 7.30 बजे से आगे तक के लिए

सूरज सिनेमा
पंचकूला में

टिकटें सभी
पंचकूला मार्कीटों में
उपलब्ध

टिकट मूल्य
रु. 75/-, 50/-
और 30/-

Punjabi Sabrang

मचेल सैक्टर में सीमा क्षेत्र में एक अलगाववादी मारा गया तथा 9 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

शिहाबी को अध्यक्ष चुना।

के.एल.एफ. के लै. जनरल बीरा सांसी समेत 12 मिलिटैंट मारे गए प्रिंसीपल सहित 8 की हत्या : पालिका कार्यकारी अधिकारी अपहृत

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत रात से के.एल.एफ. के स्वयंभू लै. जनरल बीरा सांसी समेत 12 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने अमृतसर में एक प्रिंसीपल सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी और तरनतारन नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी का अपहरण कर लिया ।

बीरा सांसी मारा गया : खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल बीरा सांसी तरनतारन पुलिस जिले के टूट गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने इसे पकड़ने के लिए एक लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था।

कम से कम पचास हत्याओं के लिए जिम्मेदार बीरा सांसी से पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल बरामद की।

वह गत बुधवार को जिले के खुर्कबिडी गांव में दो पुलिस हैड-कांस्टेबलों के सात सदस्यों की हत्या की वारदात में भी कथित रूप से शामिल था।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार बीरा सांसी का नाम भाई रणधीर सिंह उर्फ़ धीरा है तथा उसका संबंध खालिस्तान कमांडो फोर्स से है ।

ज. किरपाल सिंह के पुत्र का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज दोपहर श्री अकाल तख्त साहिब के एक पूर्व जत्थेदार ज्ञानीकिरपाल सिंह के पुत्र मनमोहन सिंह का अपहरण कर लिया। वह नगर पालिका तरनतारन में कार्यकारी अधिकारी हैं। उन्हें झब्बाल के निकट से वैन में सवार मिलिटैंटों द्वारा अपहृत किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वह एक अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए झब्बाल गए थे। जिस समय वह शहर के बाहर ही थे, उन्हें कुछ मिलिटैंटों ने सरकारी वाहन से उतार लिया और अपनी वैन में बैठा कर ले गए। बाद में शाम के समय वह वैन मिलिटैंटों के गढ़ बाकीपुर में से खड़ी मिल गई। सुरक्षा बलों ने बाकीपुर को घेराबन्दी करके खोज शुरू कर दी है। तलाशियां ली जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि ज्ञानी किरपाल सिंह आप्रेशन ब्लू स्टार के समय श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार थे।

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार मनमोहन सिंह के साथ एक ठेकेदार केवल कृष्ण का भी अपहरण किया गया है तथा दोनों उस समय तरनतारन के कोहार हटा क्षेत्र में बैठे थे ।

दो मिलिटैंट मारे गए : एक अन्य मुठभेड़ में कल रात तरनतारन पुलिस जिले के हरिके पुलिस थाना क्षेत्र के कुईवाला गांव में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक 12 बोर की बन्दूक और एक 303 राइफल बरामद की गई।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस ने रोपड़ जिले में मोरिन्डा पुलिस थाने के बदवाली गांव में से एक मिलिटैंट का गोलियों से बिंधा शव बरामद किया। समझा जाता है कि यह आपसी रंजिश का मामला था।

तीन मिलिटैंट मारे गए : मजीठा पुलिस थानांतर्गत कलेरवाल गांव में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के दौरान सरबजीत सिंह, परमजीत सिंह और सुखविंदर सिंह नामक तीन मिलिटैंट मारे गए। उनके पास से 32 बोर की एक प्वाइंट वाली एक पिस्तौल और 303 बोर की दो ऐसी पिस्तौल और 14 राऊंड बरामद हुए हैं।

तीन मिलिटैंट मारे गए : कपूरथला जिले के पंसता गांव के निकट मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। इनसे एक रिवाल्वर और कुछ बिस्फोटक सामग्री बरामद की गई। जिले के ही किलियांवाले गांव में सुरक्षा बलों के हाथों एक अन्य मिलिटैंट मारा गया।

मिलिटैंट मारा गया : भुलत्थ (गोगना) : गत रात 12.30 बजे थाना भुलत्थ के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बदनाम बस्ती के कोठों पर विशिष्ट मेहमानों की दस्तक

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (उमेश): राजधानी की बदनाम बस्ती जी.बी. रोड के कोठों पर दो दिन पहले 15 सितम्बर की रात को विशिष्ट मेहमानों ने देर रात गए दस्तक दी तथा थकी हुई वेश्याओं व उनके दलालों ने गाली-गलोच से उनका स्वागत किया ।

इन दो विशिष्ट मेहमानों के साथ पुलिस बल के दो सुरक्षा कर्मी भी होने पर उन्होंने भी जबरदस्ती मेहमान बनने के लिए वहां हंगामा किया । मारपीट की स्थिति पैदा होने पर वहां स्थानीय पुलिस पहुंच गई तथा विशिष्ट मेहमानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया । पुलिस ने जी.बी. रोड पर पहुंचे विशिष्ट मेहमानों में एक पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का बेटा तथा दूसरा उसका दोस्त बताया है ।

ये दोनों पुलिस के दो निजी सुरक्षा जवानों के साथ रात के सवा बारह बजे जी.बी. रोड के एक कोठे पर पहुंचे थे । देर रात होने के कारण वेश्याओं ने इन्हें सीढ़ियां उतरने को कहा तो इन्होंने डराते-धमकाते

पुलिस इन मेहमानों को थाने ले गई तथा पूछताछ करके इन विशिष्ट मेहमानों का पता लगाने पर चेतावनी देकर इन्हें छोड़ दिया गया ।

मंच टूटने से मुख्यमंत्री और अन्य नेता जमीन पर गिरे

पटना, 18 सितम्बर (प.स.): जनता दल के कार्यकर्ताओं का राज्य स्तरीय विचारोत्पद सम्मेलन आज उस समय अचानक समाप्त हो गया, जब उसका मंच टूट गया । इससे पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता गम्भीर रूप से घायल हो गई ।

बांस से बने इस मंच के टूटने से मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके मंत्रिमंडल के कुछ सदस्य, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आर.एस. दास तथा विधायक नीचे गिर पड़े, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं लगी ।

घायल महिला को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया

हिमालयन क्वीन एक्सप्रैस बड़ी दुर्घटना से बची

Punjabi Sahara

कमजीत सिंह (नीचे बाएं) घायल अवस्था में उनके भाई प्यारा सिंह तथा (नीचे दाएं) पिता पंडित बचना राम। (छाया : बनवीरी)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

रामगढ़ गांव के निकट पुलिस पार्टी ने नाका लगाया हुआ था कि दो मिलिटैंट आते हुए दिखाई दिए। रुकने का संकेत करने पर उन्होंने फ़ायरिंग करनी आरंभ कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा की गई जवाबी फ़ायरिंग में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से 12 बोर की दोनाली बन्दूक तथा एक बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया है।

एक मिलिटैंट मारा गया : संगरूर (गर्ग) : एस.एस.पी. संगरूर एस.एस. भुल्लर ने आज बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मिलिटैंट यहां से 30 कि.मी. दूर गांव मौड़ां में आते-जाते रहते हैं तथा वहीं बैठकें इत्यादि करते हैं। इस पर पुलिस ने इस गांव को घेरे में ले लिया। पुलिस तथा मिलिटैंटों के मध्य मुठभेड़ हो गई तथा एक मिलिटैंट लीला उर्फ़ मिट्ठू निवासी सूलर खुर्द घायल हो गया। घायलावस्था में ही उसने बताया कि उनका 12 मिलिटैंटों का गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय है। बरनाला के निकट जो 13 ट्रक जलाए गए थे, वे हमारा ही काम था। उसने बताया कि उनका गिरोह डेढ़ दर्जन से अधिक हत्याओं में शामिल है।

बाद में इस घायल मिलिटैंट की अस्पताल के रास्ते में ही मृत्यु हो गई। इस मुठभेड़ में उसका एक अन्य साथी गुरजंट सिंह निवासी जोरा घायल हो गया। उसे उसके साथी लेकर फरार हो गए। घटनास्थल से एक कारबाइन, अमरीकी की बनी एक 45 बोर की पिस्तौल, एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का मिला है। फरार होने वाले मिलिटैंटों में धर्म सिंह गांव डिलवां, परमजीत सिंह पम्मा निवासी मंगट (भटिंडा), गुरमुख सिंह गांव भट्टल (भटिंडा), प्रताप सिंह (भटिंडा), सिकन्दर सिंह लहरा बेरा (भटिंडा), बहादुर सिंह फौजी शामिल हैं। उनकी बाद में भटिंडा जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई तथा उनका एक घायल साथी मारा गया।

मुठभेड़ में मिलिटैंट तथा कांस्टेबल ढेर हुए : लुधियाना (मुसाफिर) : खन्ना के निकट कुमकलां में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक कांस्टेबल और एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि एक कांस्टेबल गंभीर घायल हो गया।

एक अन्य की हत्या : होशियारपुर जिले के मुकेरियां पुलिस थाने के गांव मोहिदरपुर में मिलिटैंटों ने रात प्रह्लाद सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में ही हत्या कर दी।

2 की हत्या : लुधियाना जिले के हसनकलां गांव में 4 मिलिटैंटों ने आज गुरमेल सिंह तथा नाहर सिंह नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी।

नम्बरदार की हत्या : होशियारपुर जिले के गांव मेंहदीपुर में मिलिटैंटों ने नम्बरदार गुरनाम सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति का अपहरण : संगरूर जिले के मालेरकोटला कस्बे से मिलिटैंटों ने स्पेयर पार्ट्स की एक दुकान से अशोक कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

अपहृत खंजाची घर लौटा : कल फगवाड़ा से पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के जिस खंजाची मदन लाल का अपहरण कर लिया गया था, वह कल रात सकुशल घर लौट आया।

दो अन्य व्यक्तियों की हत्या : लुधियाना जिले के जगरांव थाने के एक गांव में मिलिटैंटों ने गुरमीत सिंह तथा निरंजन सिंह नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी।

दशमेश रैजीमैंट के तीन मिलिटैंट गिरफ्तार : जंडियाला पुलिस थानांतर्गत नवांकोट गांव के पास कल रात पुलिस ने दशमेश रैजीमैंट के मारे गए मिलिटैंट भूपिंदर सिंह की पत्नी गुरमीत कौर समेत तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया। गुरमीत के पास से दो किलो बिस्फोटक, दो एच.ई. 36 हथगोले और तीन डैटोनेटर बरामद हुए हैं। यह पहला अवसर है जबकि सुरक्षा बलों ने काला बिस्फोट बरामद किया है। दो डैटोनेटर गुरमीत कौर ने पर्स में रखे हुए थे। पुलिस को संदेह है कि यह गिरोह सुरक्षा बलों के वाहनों को बिस्फोट से उड़ाने के लिए काम करता था।

बताया गया है कि यह गिरोह दशमेश रैजीमैंट से अलग होकर अधिकांशतः हरियाणा में ही वारदातें किया करता था। यह गिरोह संभवतः दशमेश रैजीमैंट के प्रमुख तथा पंथक कमेटी के सदस्य भाई शीतल सिंह मत्तेवाल के अंतिम समारोह में हिस्सा लेने के लिए आया था। शीतल सिंह पिछले बृहस्पतिवार को मजीठा पुलिस थानांतर्गत बुलेवाल गांव में पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में पांच साथियों सहित मारा गया था। पुलिस ने बताया कि अम्बाला में हाल ही में हुए दो बम विस्फोटों के लिए यह गिरोह जिम्मेदार था।

प्रिंसीपल की हत्या : अमृतसर में आज रात मिलिटैंटों ने इंस्ट मोहन नगर क्षेत्र में एक प्राइवेट नर्सिंग संस्थान के प्रिंसीपल जी.एस. रंधावा की उनके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंट मोटर साइकिल पर भाग गए।

रात्रि कर्फ्यू : फिरोजपुर जिला मैजिस्ट्रेट ने आज जिले की पांच कि.मी. सीमा पट्टी में पड़ने वाले सभी गांवों में रात 7.30 बजे से 10 घंटे के लिए कर्फ्यू लगा दिया है, जो कि 15 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा।

लुधियाना धूमधा

लुधियाना, 1 आर्य समाज, महर्षि संक्रान्ति पर्व बड़े कार्यक्रम विस्तृत य राजेश्वर शास्त्री, कराया। मुख्य का के उपप्रधान तथा भाटिया जी की अ

चामुंडा देव अष्टमी

अमृतसर, 1 25 किलोमीटर दू मंदिर चामुंडा देवी बड़ी धूमधाम से म सिख श्रद्धालुओं ने सरूप सिंह के नेतृ उसमें भाग लिया

किसी भी

मेरा अनुभव कमो

भारत-पाक और पाकिस्तान के दौर की बातचीत होगी।

विदेश राज्यम अन्तर्राष्ट्रीय स्थि लोकसभा में प्रस्ता उन्होंने कहा कि प होनी थी। लेकिन परियोजना जैसे म करने में असमर्थ कहने पर बैठक स इस तरह की बैठ स्तर की बातचीत नहीं हो पाती।

श्री फ्लेरो ने की सराहना करत मसले को द्विपक्षी अनुसार सुलझाए

श्री फ्लेरो ने ठोस प्रमाण देने सुधारना चाहता बंद करना चा अन्तर्राष्ट्रीय मंच कहा कि भारत दृष्टिकोण रहा है रहे, लेकिन साथ वैधानिक अधिक

सोवियत संघ का उल्लेख करत उससे और विभि बनाना चाहता अमरीका के संब में अन्तर्राष्ट्रीय बातचीत के दौ की सराहना की पी.वी. नरसिम्ह दौरान अन्तर द्विपक्षीय मसलों

श्री फ्लेरो व्यवस्था के लिए दक्षेस को बढ़ावा

चर्चा में भ भारतीय जनता ने अमरीका द्वा जाने के खिलाफ पर जोर दिया रवैए की आलो क्षेत्र में दोहरी

क्षमा या

जयपुर, जैन श्वेताम्ब संक्रांति महोत्स सूरीश्वर जी भवन में श्रद्धा आयोजन श्री की ओर से दि संख्या में दिल भागों, अम्बा

बुलाई थी। बैठक लगभग दो घंटे चली।

आयोग के उपाध्यक्ष श्री प्रणव मुखर्जी एवं अन्य सदस्य। (छाया : पी.टी.)

जाएंगे।

लोगों ने 2 लुटेरों को पीट-पीट कर मार डाला, 7 अन्य मिलिटैंट भी मरे, 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 19 सितम्बर (वार्ता, प.स.): अमृतसर जिला में एक देहाती को लूटने आए दो मिलिटैंटों को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में 7 अन्य मिलिटैंट मारे गए तथा 5 लोगों की हत्या हुई । इस बीच एक व्यापारी की पत्नी समेत 2 लोगों का अपहरण हुआ ।

लोगों ने 2 मिलिटैंटों को पीट-पीट कर मार डाला : अमृतसर (नारंग): अमृतसर जिला के मेंहदी बलांडा क्षेत्र में 2 मिलिटैंट गुरदीप सिंह के घर में घुस गए तथा उससे रुपए मांगने लगे । गुरदीप सिंह द्वारा इंकार करने पर मिलिटैंट गुरदीप सिंह को जबरदस्ती बाहर ले गए । गुरदीप सिंह द्वारा शोर मचा दिए जाने पर वहां लोग एकत्र हो गए । मिलिटैंट पक्खोके गांव की तरफ भाग गए । लोगों ने पीछा करके उन्हें घेर लिया और उनकी खूब पिटाई की, जिससे उन दोनों की मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

2 लोगों की हत्या : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिला के बालाचक गांव में गुरमीत सिंह तथा मनजिन्द्र सिंह नामक दो लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

आपसी लड़ाई में एक मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के सुधार गांव में बलबीर सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया ।

मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिला के वल्टोहा थाना के अंतर्गत असल औतार गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । पुलिस के अनुसार 3 मिलिटैंट नत्था सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से हथियार छीन कर भाग रहे थे । सुरक्षा बलों ने पीछा करके मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मारा गिराया, जबकि उसके दो साथी भाग गए । घटनास्थल से चोरीशुदा एक दोनाली बंदूक तथा ए.के. 47 राइफल का एक मैगजीन बरामद हुआ है ।

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट मरे : ब्यास थाना के गांव सुधार में बलबीर सिंह पुत्र जगदीश सिंह के घर कुछ मिलिटैंट आए और गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

ट्रैक्टर ले गए : अमृतसर जिला के वल्टोहा थाना के अधीन मेंहदीपुर गांव में मिलिटैंटों ने कल प्रीतम सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका ट्रैक्टर छीन लिया ।

अपहर्तों का सुराग नहीं : पुलिस को गुरचरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

व्यापारी की पत्नी समेत 2 लोगों का अपहरण

पुलिस से भगौड़ा सतनाम सिंह उर्फ धुल्ला निवासी जडियाला अपने मामा के घर भोरसी राजपूतां गांव आया हुआ था । कुछ मिलिटैंट उसके घर में आए और उसे घर से ले जाकर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । उक्त दोनों हत्याएं मिलिटैंटों की आपसी रंजिश का परिणाम हैं ।

एस.डी.ओ. की हत्या : कुछ मिलिटैंटों ने बटारी में बिजली कार्यालय में एस.डी.ओ. श्री अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार किरपाल सिंह के अपहृत बेटे मनमोहन सिंह (32) तथा एक अन्य व्यक्ति केवल कृष्ण का कोई अता-पता नहीं मिला । मनमोहन सिंह तरनतारन नगर पालिका में कार्यकारी अधिकारी है तथा केवल कृष्ण ठेकेदार है । इन दोनों को कार सवार मिलिटैंटों ने कल अपहृत किया था । इस बीच सुरक्षा बलों ने दोनों अपहृतों की तलाश में कई गांवों में छापे मारे ।

पुलिस वाहन को उड़ाने का प्रयास : अमृतसर से 'सोनी' के अनुसार आज प्रातः मिलिटैंटों ने सुल्तानविंड के इलाका में पुलिस वाहन को एक शक्तिशाली बम विस्फोट के माध्यम से उड़ाने का प्रयास किया । विस्फोट से पुलिस वाहन का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

घटना के सम्बन्ध में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आज सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को टैलीफोन करके सूचित किया कि सुल्तानविंड रोड पर स्थित गुरुद्वारा मंज साहिब के निकट एक लाश पड़ी हुई है । इस सूचना के बाद पुलिस की एक टुकड़ी घटनास्थल की तरफ रवाना हो गई । सूचनाओं में बताया गया है कि जब पुलिस टुकड़ी, जो कि वाहन में सवार थी, अभी गुरुद्वारा से 100 गज दूर ही थी कि पुलिस वाहन के निकट भीषण विस्फोट हुआ । विस्फोट के बाद और पुलिस फोर्स घटनास्थल पर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

आठवीं योजना में 5.6 प्रतिशत विकास दर का लक्ष्य

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (वार्ता, प.स.): आठवीं पंचवर्षीय योजना में 5.6 प्रतिशत विकास दर को लक्ष्य रखा गया है ।

पुनर्गठित योजना आयोग की बैठक में आज लिए गए निर्णय के अनुसार इसके लिए कुल 792000 करोड़ रुपए का पूंजीनिवेश होगा । इसमें से 342000 करोड़ रुपया सरकारी क्षेत्र में लगाया जाएगा ।

बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने की ।

बैठक के बाद आयोग के उपाध्यक्ष प्रणव मुखर्जी ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी । श्री मुखर्जी ने कहा कि बैठक में योजना की दिशा के संबंध में तैयार एक दस्तावेज पर विचार पुनरीक्षित गाडगिल फार्मूले के विभिन्न पहलुओं पर विचार करेगी और राष्ट्रीय विकास परिषद के विचार के लिए आम राय से फार्मूला तैयार करेगी ।

श्री मुखर्जी ने कहा कि 'दिशा पत्र' को तैयार करते समय श्री राम कृष्ण हेगड़े और श्री मोहन धारिया के समय योजना आयोग द्वारा तैयार किए गए दृष्टिकोण पत्र एवं योजना के मसविदे को ध्यान में रखा गया है । श्री मुखर्जी ने कहा कि हाल में सरकार द्वारा आर्थिक संरचना को पुनर्गठित करने के लिए की गई पहल के कारण आठवीं योजना को नए सिरे से तैयार करने की आवश्यकता हो गई थी । आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि आठवीं योजना का प्रारूप ऐसे समय में तैयार किया जा रहा है जब भुगतान संतुलन और वित्तीय स्थिति अत्यन्त विषम है ।

TO GAIN 100%
DEPRECIATION

भारतीय
हरियाण
एक म

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहुंची । इसके बाद गुरुद्वारा के निकट पड़ी लाश उठाई गई । मृतक की पहचान सुल्तानविंड गांव के निवासी कुलवंत कुमार के रूप में हुई है । कुलवंत कुमार ड्राइवर था ।

'वार्ता' के अनुसार मृतक का नाम कुलविंदर सिंह है और वह ट्रक चलाता था । वह अपने ट्रक में मिलिटैंटों के हथियार प्रायः एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया करता था । पुलिस के अनुसार आपसी रंजिश के कारण कुलविंदर सिंह की हत्या की गई । कुलविंदर सिंह कई अन्य अपराधों में भी पुलिस को वांछित था । पुलिस ने विस्फोटस्थल से एक बैटरी तथा कुछ तार भी बरामद की है ।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : पटियाला (राजू): पातड़ां थाना के अंतर्गत दुग्गल गांव में आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके 2 साथी बच कर भाग गए । पुलिस ने घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद किए हैं ।

एक व्यक्ति का अपहरण : बटाला पुलिस जिला के हरपुरा गांव से कल रात मिलिटैंटों ने रामू शर्मा नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया ।

व्यापारी की पत्नी का अपहरण : लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार इस जिले के गांव गुज्जरवाल के एक व्यापारी श्री विजय कुमार जैन की पत्नी की मिलिटैंटों ने अपहृत कर लिया । इस जिले में मिलिटैंटों की ओर से एक महिला के अपहरण की यह पहली घटना है ।

बताया जाता है कि 3 दिन पूर्व मिलिटैंट विजय कुमार जैन, जो 20-25 वर्षों से उक्त गांव में व्यापार कर रहे हैं, को अपहृत कर ले गए और उससे 10 लाख रुपयों की फिरौती मांगी । किसी तरह वह आधी रात के समय मिलिटैंटों के कब्जे से निकल कर भाग आया । इस उद्देश्य के लिए उसे कई मील तक पैदल चलना पड़ा । उसका अपहरण करने वाले मिलिटैंटों को बहुत क्रोध आया ।

मालूम हुआ है कि कुछ पुलिस वालों, जो सफेद कपड़ों में थे, ने श्री जैन के पैट्रोल पम्प के आसपास कड़ी निगाह रखी ताकि अगर मिलिटैंट उसे पुनः उठाने आएं तो उन्हें पकड़ लिया जाए लेकिन मिलिटैंट एक कार में सवार होकर श्री जैन के घर, जो एक तंग क्षेत्र में है, आए । उन्होंने श्री विजय कुमार के संदर्भ में पूछताछ की और अपना रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमारे चक्कर में से कैसे भाग आया, इसके लिए उसे भारी कीमत देनी पड़ेगी । कहा जाता है कि मिलिटैंट जैन को पुनः ले जाना चाहते थे, लेकिन वह उनको न मिला । जब मिलिटैंट उसके घर आए तो उनके कुछ रिश्तेदार वहां आए हुए थे । वे बन्दूक दिखा कर श्री जैन की पत्नी को अपनी कार में बिठा कर ले गए । पुलिस को इस घटना की सूचना ही नहीं दी गई । इसके बावजूद भी पुलिस अपहरण करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए काफी दौड़-धूप कर रही है । अभी तक कोई सुराग नहीं मिला ।

लुधियाना जिला में गत दिनों हत्या, अपहरण व फिरौतियों की वारदातों में एकाएक वृद्धि होने से दिल्ली व चंडीगढ़ में काफी हलचल पैदा हो गई है । इसी कारण चौधरी सूबे सिंह आई.जी. (आप्रेशन्स) पंजाब, श्री डी.आर. भट्टी डी.आई.जी. पटियाला रेंज और कई दूसरे वरिष्ठ अधिकारी यहां आए । उन्होंने उद्योगपतियों, व्यापारियों व नागरिकों में विश्वास में लाने के लिए बैठकें भी कीं । अपहरणों को रोकने के लिए पुलिस ने जिले में सख्त कदम उठाए हैं ।

मिलिटैंट का शव मिला : लुधियाना जिला के कामा घराला गांव से कल शाम पुलिस ने दलविंदर सिंह उर्फ गींडा नामक एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगज़ीन तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के बर्मा गांव में मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट जरनैल सिंह की जीप भी ले गए ।

मारुति कार ले गए : भटिंडा (ग्रोवर): कल रात स्थानीय बस स्टैंड के निकट मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर लुधियाना निवासी गुरदयाल सिंह से उनकी सफेद मारुति कार (नं. पी.बी. 10 ए 0800) छीन ली ।

महिला की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार कल रात स्थानीय हरिपुरा बस्ती में मिलिटैंटों ने एक महिला पुष्पा देवी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

प्रतिबंध : संगरूर के जिला मैजिस्ट्रेट ने विभिन्न प्रतिबंधों की अवधि बढ़ा दी है । नए आदेशों के अनुसार रात 9 से 12 के सिनेमा शो बंद कर दिए गए हैं, साढ़े 3 हार्स पावर या इससे अधिक क्षमता के मोटर साइकिल रात 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक नहीं चल सकेंगे । ठीकरी पहरा भी लागू कर दिया गया है । ये प्रतिबंध 15 नवम्बर तक लागू रहेंगे ।

राजीव हत्याकांड के संबंध में 2 लोग जमानत पर रिहा

मद्रास, 19 सितम्बर (प.स.): राजीव गांधी हत्याकांड के लिए जिम्मेदार लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम (लिट्टे) के हत्यारे दस्ते से कथित संबंधों के कारण गिरफ्तार किए गए द्रविड़ कषगम नेता पोन रतिनासामी और उनके सहायक षण्मुख सुन्दरम को आज विशेष अदालत ने जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया । विशेष अदालत के न्यायाधीश एस.एम. सिद्दीक ने रतिनासामी और षण्मुख सुन्दरम को नगर के सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार के कार्यालय में जमानत की राशि के तौर पर दस-दस

गाड़ियां बिकाऊ

निम्नलिखित गाड़ियां अच्छी चालू हालत में शीघ्र बिक्री हेतु उपलब्ध हैं :

1. टाटा-608, माडल 1990 दो

Punjabi Sanatani

रखी विशेषज्ञों का मानना है कि सर्दियां आने से

हैं ।

उन्होंने कहा कि श्री चवन कश्मीर घाटी में

बहुत अच्छी तरह तालमेल कर रही है । "इस की सैनिक कार्रवाई सफल रही है ।"

पंजाब में विभिन्न वारदातों के दौरान 6 सुरक्षा कर्मियों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या : अन्यत्र 6 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (वार्ता, पस.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 6 सुरक्षा कर्मियों सहित । व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट भी मारे गए। इसके अलावा राज्य में अपहृत 3 अन्य बस यात्री रिहा कर दिए गए परन्तु एक नन्हे छात्र सहित 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया। सुरक्षा बलों ने 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

कांस्टेबल सहित 3 की हत्या : बारह मिलिटैंटों के एक गिरोह ने फगवाड़ा जिले के मियानी गांव में कांस्टेबल शमशेर सिंह के घर में घुस कर गोलियां चलाईं, जिससे शमशेर सिंह उसके पिता गुरदीप सिंह तथा भाई पीताम्बर सिंह मारा गया। कांस्टेबल शमशेर सिंह फगवाड़ा के पुलिस उप-अधीक्षक का गनमैन था।

कपूरथला से जारी के अनुसार ये हत्याएं घर में हो रहे अखण्ड पाठ के कमरे के बाहर की गईं। कांस्टेबल शमशेर सिंह अपना विवाह करवाने फगवाड़ा से अवकाश पर आया हुआ था। अखण्ड पाठ के भोग के पश्चात् कल 21 सितम्बर को बारात जानी थी। मृतक का बड़ा भाई पीताम्बर सिंह विवाह में भाग लेने के लिए सेना से अवकाश पर आया हुआ था। शमशेर सिंह को मिलिटैंटों ने अखण्ड पाठ वाले कमरे से बाहर घसीट कर गोलियां मार कर उसकी हत्या की। वहां छोड़े एक पत्र में के.सी.एफ. (फ़ोर्स) ने इन हत्याओं की जिम्मेवारी ली है। पुलिस के अनुसार ये हत्याएं दुर्दांत मिलिटैंट जरनैल सिंह उर्फ जैला, बलविंदर सिंह उर्फ काली तथा इनके साथियों ने की है। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल की 14 गोलियों के खाली खोल पुलिस ने अपने कब्जे में लिए हैं।

2 कांस्टेबलों की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के बिलोवल गांव में मिलिटैंटों ने कांस्टेबल अजीत सिंह के घर में घुस कर उसकी तथा उसके सम्बन्धी कांस्टेबल चरणजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व उनका अपहरण कर लिया गया था। अजीत सिंह अमृतसर में व चरणजीत सिंह जंडियाला में नियुक्त था।

पुलिस हिरासत से फ़रार मिलिटैंट मारा गया : दुर्दांत मिलिटैंट बलविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा उस समय पुलिस हिरासत से भाग निकला जब कुछ मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया। पुलिस दल उसको तरनतारन पुलिस जिले में शस्त्रों की बरामदगी के

लुधियाना के एक उद्योगपति, जालंधर के एक बच्चे और काहनूवान के पैट्रोल पम्प मालिक सहित चार व्यक्तियों का अपहरण

सिलसिले में ले जा रहा था।

बाद में प्राप्त एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने पीछा करके बलविंदर सिंह उर्फ़ लक्खा को मार गिराया।

एक व्यक्ति की हत्या : भटिंडा जिला में मिलिटैंटों ने प्रदीप कुमार नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

गोली मार कर हत्या : हरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने पटियाला जिले में बहादुरगढ़ में गोली मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले में सुहन् गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक बंदूक तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

हथियार छीने : पटियाला (राज.): गत रात 7 अज्ञात सशस्त्र संदिग्ध मिलिटैंटों ने पुलिस थाना सामाना के गांव धनतल में मोहिन्दर सिंह हरिजन के घर में घुस कर 303 बोर की 2 राइफलें व 75 कारतूस छीन लिए ।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले में अम्सल उत्तर गांव के निकट सुरक्षा बलों के हाथों एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक बंदूक मिली है।

घायल एस.डी.ओ. चल बसा : मजीठा पुलिस जिले के बटारी गांव में हुई गोलीबारी में घायल पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के एस.डी.ओ जी.एस. रंधावा की कल रात मृत्यु हो गई।

3 मिलिटैंट काबू : भटिंडा जिले में सरदूलगढ़ इलाके में एक मुठभेड़ के दौरान तीन संदिग्ध

(शेष पृष्ठ 8 पर)

घाटी में 10 दिन की हड़ताल के बाद स्थिति सामान्य : हिंसा में 5 मरे

श्रीनगर, 20 सितम्बर (एस. वार्ता) : श्रीनगर और घाटी के अन्य भागों में दस दिन की हड़ताल के बाद जनजीवन सामान्य होता जा रहा है। सुरक्षा बलों और अलगाववादियों के बीच टकराव अभी जारी है। कल रात से विभिन्न घटनाओं में एक अलगाववादी व एक सुरक्षा कर्मी सहित 5 व्यक्ति मारे गए।

अलगाववादियों ने आज सुबह यहां से 52 किलोमीटर दूर श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर सम्बल में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के दो वाहनों पर घात लगा कर हमला किया जिसमें एक सुरक्षा कर्मी मारा

मंत्री श्रीमती खेमलता वाखलू, उनके पति और पंजाब नैशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक श्री के.सी. गुप्ता सहित 13 अपहृत व्यक्तियों का कोई सुराग नहीं मिला । वाखलू दम्पति और श्री गुप्ता के अपहरण के लिए जिम्मेवार हिज़बुल्ला गुट ने आज मांग की कि गुट के प्रमुख मुश्ताक उल इस्लाम सहित 10 उग्रवादियों को रिहा किया जाए ।

नेता इख्वान-उल-मुसलमीन से टूटे : प्रतिबंधित 'इख्वान-उल-मुसलमीन' के दो प्रमुख नेताओं ने अपने संगठन से इस्तीफा दे दिया है । 'इख्वान-उल-मुसलमीन' के उप जिला प्रमुख

Punjab Sanchar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंटों को पकड़ लिया गया। इनमें से एक हरियाणा में हिसार का रहने वाला भी है।

युवती की हत्या : जिला अमृतसर के भिखीविंड क्षेत्र में मिलिटैंटों ने 18 वर्षीया सुरिन्दर कौर नामक एक युवती की हत्या कर दी है। गत दिवस गांव सिंगपुरा स्थित उसके घर से उसका अपहरण कर लिया गया था तथा आज गांव के बाहर उसका गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ।

कारिंदे की हत्या : इसी जिले में स्थित शराब के एक ठेके पर हमला करके मिलिटैंटों ने एक कारिंदे की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि पुलिस जिला बटाला के गांव मालिकपुर में केवल सिंह नामक एक मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारा गया। आज उसका गोलियों से छलनी शव गांव भगवानपुरा में से बरामद हुआ।

छात्र की हत्या : अमृतसर के खालसा कालेज में आज कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बी.एड. के छात्र वरिन्द्र पाल सिंह की परिसर में ही गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस वारदात के समय उक्त छात्र स्कूटर पर कालेज में जा रहा था।

एक अन्य शराब विक्रेता की हत्या : जिला पटियाला के गांव चाहेल में 2 मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर हमला कर एक शराब विक्रेता की गोलियां मार कर हत्या कर दी। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

बम विस्फोट में एक सुरक्षा कर्मी मरा, 7 घायल : मक्खू (चंद्रशेखर) गत रात्रि यहां से 16 कि.मी. दूर गांव बम्ब बंजारा में मिलिटैंटों द्वारा किए गए एक शक्तिशाली भूमिगत बम विस्फोट के परिणामस्वरूप एक पुलिस वाहन ध्वस्त हो गया तथा एक सुरक्षा कर्मी मारा गया, जबकि 7 अन्य बुरी तरह से घायल हो गए।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गत रात्रि करीब 9 बजे कुछ पुलिस कर्मी एक कैंटर वाहन में सवार होकर जीरा से फतेहगढ़ पंजतूर की ओर जा रहे थे कि उक्त गांव के निकट मिलिटैंटों ने एक भूमिगत बारूदी सुरंग में विस्फोट करके कैंटर वाहन को ध्वस्त कर दिया। मृतक सुरक्षा कर्मी की शिनाख्त गुरदेव सिंह के रूप में हुई है। घायल जवानों में से ए.एस.आई. बलबीर सिंह, होमगार्ड के जवान विनोद व एस.पी.ओ. मोहिन्द्र सिंह को फरीदकोट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनके अलावा 4 अन्य सुरक्षा कर्मियों को जीरा के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इनकी पहचान ए.एस.आई. चेत सिंह व होमगार्ड के जवानों कश्मीर सिंह, शमशेर सिंह व हरभजन सिंह के रूप में हुई।

3 अपहृत रिहा : मिलिटैंटों ने गत दिनों गांव खडूर साहब के निकट जिन 8 बस यात्रियों का अपहरण किया था, उनमें से 3 अन्य को आज रिहा कर दिया गया। 4 अपहृतों को पहले ही रिहा करवाया जा चुका है, जबकि एक यात्री अभी भी मिलिटैंटों के कब्जे में है।

2 छलनी शव मिले : संगरूर (गर्ग): स्थानीय बस अड्डे में से आज गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव मिला है।

इसी प्रकार लहरागागा में से भी एक अज्ञात व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है।

एक अज्ञात मिलिटैंट मरा : भटिंडा (ग्रोवर): गत दिवस पुलिस थाना झुनीर के अधीन गांव गुद्दोवाल के निकट पुलिस के साथ मुकाबले के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया।

पैट्रोल पम्प मालिक का अपहरण : काहनूवान (बाहिया): आज सायं करीब 5.30 बजे 2 मिलिटैंटों ने यहां से लगभग एक कि.मी. दूर स्थित 'शर्मा फिलिंग स्टेशन' के मालिक किशन चंद का अपहरण कर लिया और फरार हो गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंट पैट्रोल पम्प पर आए व किशन चंद को अपने स्कूटर पर जबरदस्ती बिठा कर ले गए। जाते हुए मिलिटैंट पैट्रोल पम्प से 8000 रुपए भी लूट कर ले गए। यह भी कहा जाता है कि कुछ मील दूर जाकर मिलिटैंटों ने किशन चंद को एक हल्के नीले रंग की मारुति वैन में बिठाया तथा हरचोवाल की ओर फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है।

आपसी दुश्मनी में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि करीब 8 बजे बस्सी पठानां के गांव बहादुरगढ़ में 4 अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने हरदीप सिंह उर्फ गोगी (20) पुत्र मोहिन्दर सिंह की ए.के. 47 राइफलों से गोलियां चला कर हत्या कर दी। गोगी को उक्त अज्ञात युवकों ने पहले घर से जबरदस्ती बाहर निकाला तथा उसके बाद उसकी हत्या कर दी।



फगवाड़ा के मियानी गांव में मिलिटैंसी का शिकार हुए (1) गुरदीप सिंह, (2) उसके पुत्र पीताम्बर सिंह व (3) उसके दूसरे कांस्टेबल पुत्र शमशेर का शव। (छाया : चोपड़ा)

पुलिस के अनुसार यह हत्या आपसी दुश्मनी परिणामस्वरूप ही की गई है। बताया जाता है गोगी संदिग्ध मिलिटैंट था।

उद्योगपति, उसके मुनीम का अपहरण : लुधियाना से 'धीमान', 'मुसाफिर' और 'महिन्द्रा' सूचना है कि आज सायं तीन मिलिटैंटों ने राहों पर स्थित एक स्पिनिंग मिल के मालिक श्री सती कपूर लाट और उनके मुनीम राजेन्द्र कुमार का समय अपहरण कर लिया, जब वह मिल में अप कार पर बैठ कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे उल्लेखनीय है कि पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेन्द्र न आज प्रथम बार लुधियाना के दौरे पर आने पर समय सर्कट हाऊस में राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों से भेंट कर रहे थे।

बताया जाता है कि श्री कपूर जब अपने पार्ट के साथ कार में बैठ कर घर जाने लगे तो चौकीद राम आसरा ने मेन गेट का एक ओर का दरवा खोल दिया तो सफेद मारुति कार में 3 मिलिटै आए। उस समय श्री कपूर ड्राइवर की सीट पर बै थे। एक मिलिटैंट ने श्री कपूर की कनपटी प पिस्तौल रख कर पूछा कि इस स्पिनिंग मिल क मालिक कौन है। इस पर निकट खड़े चौकीदार श्री कपूर की ओर संकेत करते हुए कहा कि यह दलाल हैं, मालिक नहीं। मिलिटैंट ने श्री कपूर पार्टनर को कार से उतार दिया और मिलिटैंट स्व कार को चला कर मिल के मुनीम को भी साथ लेक मिल से बाहर निकल गया। एक मिलिटैंट कार क पिछली सीट पर बैठ गया। तीसरा मिलिटैंट स्कूट पर सवार होकर उनके साथ चल पड़ा उल्लेखनीय है कि उक्त सड़क पर गत वर्ष मिलिटैंट ने रंगाई के एक कारखाने में 4 श्रमिकों की हत्या क दी थी और 21 अगस्त को राहों रोड से 3 मिलिटैं एक उद्योगपति श्री रमेश जैन को अपहरण करके ले गए थे, जिनको बाद में रिहा कर दिया गया था। जहां यह अपहरण की घटना हुई है, उसके बिल्कुल निकट पुलिस की नाका चौकी है।

2 पुलिस कर्मियों की हत्या : आदमपुर (बलदेव): 2 मिलिटैंटों ने आज सायं गांव डरोली से गांव पधियाना जा रहे एक हवलदार जोगा सिंह और एक एस.पी.ओ. परगट सिंह की हत्या कर दी, उस समय दोनों गश्त पर जा रहे थे। बताया जाता है कि मिलिटैंट मोटर साइकिल पर सवार थे, उन्होंने दोनों पुलिस कर्मियों की हत्या करने के बाद उनका स्कूटर ले लिया और अपना मोटर साइकिल छोड़ कर भाग गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंट फरार होते समय हवलदार की एस.एल.आर. और एस.पी.ओ. की 12 बोर की दोनाली बन्दूक भी ले गए। बताया जाता है कि मिलिटैंट झाड़ियों में छिपे हुए थे, जब उन्होंने गश्त पर जा रहे हवलदार और एस.पी.ओ. पर अंधाधुंध फायरिंग की।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : एक अन्य घटना में जालंधर जिले में माथड़ा खुर्द गांव में मिलिटैंटों ने फकीरा नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसके बेटे राम लुभाया की हत्या कर दी।

बच्चे का अपहरण : दो मिलिटैंटों ने जालंधर जिले के बडाला गांव में कल शाम छह वर्षीय एक बच्चे का उसके स्कूल से अपहरण कर लिया। इस बच्चे का नाम राहुल है तथा वह विद्या बाल भवन स्कूल का छात्र है। वह एल.के.जी. में पढ़ता है।

रक्षा मंत्रालय खालिदा के पास

ढाका, 20 सितम्बर (ए.पी.): बंगलादेश की प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया ने रक्षा मंत्रालय भी अपने पास रखा है। रक्षा मंत्रालय का कार्यभार अभी तक कार्यवाहक राष्ट्रपति शहाबुद्दीन अहमद के पास था।

दशहरे पर ठेके के लिए टैंडर आमंत्रित हैं



श्री राम लीला कमेटी (रजि.) दंडी स्वामी सिविल लाइन्ज लुधियाना की तरफ से इस बार दशहरे का पवित्र त्यौहार महारानी झांसी रोड पर 1.10.91 से 20.10.91 तक धूमधाम से मनाने की घोषणा की जा रही है। पूरे मैदान का ठेका लेने के लिए इच्छुक पार्टियां 22 सितम्बर से 24 सितम्बर 1991 तक निम्नलिखित पते पर सम्पर्क कर सकती हैं।

इस अवसर पर दो निर्धन कन्याओं का विवाह करने की भी कमेटी की तरफ से शुभ घोषणा की गई है।

प्रधान: राकेश सूद सूद क्लाथ हाऊस दंडी स्वामी चौक सिविल लाइन्ज, लुधियाना फोन : 52028-35391-52713

महासचिव :एस.एस. मक्कड़, दंडी स्वामी चौक, लुधियाना फोन : 22660

उपाध्यक्ष : दर्शन पाल गुप्ता चरनजीव लाल राकेश ढंडा

कोषाध्यक्ष : मुंशी राम मक्कड़, चौक दंडी स्वामी, लुधियाना

सचिव : अश्विनी कुमार, विनोद बांसल

मेला प्रभारी
अशोक कुमार
(Samaj)

मेला प्रभारी
भवनेश मनरा

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

टैलीफोन

अगर आप STD/PCO लगाना चाहें तो सलाह के लिए लिखें, अच्छी आर्थिक हालत वाले ही कृपया लिखें : [illegible]

शिक्षा

Direct B.A./B.Com, M.A., M.Com., Matric, LL.B., B.Ed., +2, B.A.M.S., City College, Near, Bus Stand, Islandhar

Punjabi Sahani

ने द्विपक्षीय संबंधों के और विकास पर जोर दिया है और परस्पर सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाया है।

श्रीनगर की सीमा पर स्थित चतुरगल कागान का मंजूर अहमद कलोम अलगाववादियों की गोली से मारा गया, जबकि कुपवाड़ा जिले का गुलाम

किया गया है। राष्ट्रपति यह समझते हैं कि कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग उनके पुन: राष्ट्रपति बनने के पक्ष में नहीं है।

पंजाब में एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 21 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक ही परिवार के 4 सदस्यों, एक दम्पति व बाप-बेटी सहित 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि आपसी रंजिश, मुठभेड़ में 5 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा राज्य में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया। दूसरी तरफ राज्य के 9 जिलों को फरवरी 1992 तक के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया है ।

9 जिले अशांत क्षेत्र घोषित : राष्ट्रपति ने पंजाब के 9 जिलों को आगामी 6 माह के लिए फरवरी 1992 तक अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इन जिलों में अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोजपुर, रोपड़, भटिंडा, पटियाला, लुधियाना, संगरूर व फरीदकोट शामिल है।

आपसी रंजिश में 3 मिलिटैंट मरे : मिलिटैंट गिरोह की आपसी रंजिश में कल रात अमृतसर जिले के डुगरी गांव के बाहरी इलाके में 3 मिलिटैंटों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मृतकों के नाम अजीत सिंह, दिलबाग सिंह तथा सुच्चा सिंह बताए गए हैं। तीनों मिलिटैंट इसी जिले के लालपुरा गांव के निवासी थे।

सुरक्षा कर्मी की अपहरण के बाद हत्या : इसी जिले में एक अन्य घटना में मिलिटैंटों ने एक विशेष पुलिस अधिकारी का अपहरण कर लिया और बाद में कल रात उसकी पक्केसोके गांव में गोली मार कर हत्या कर दी। इसकी पहचान अमरजीत सिंह के रूप में हुई। वह इंका (देहाती) के एक नेता का अंगरक्षक था।

अध्यापक की हत्या : अमृतसर जिले के मकमपुर गांव में मिलिटैंटों ने आज सुबह दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना में एक महिला व एक व्यक्ति लाठ्टी घायल हो गया। दर्शन सिंह अध्यापक था। घायल होने वाली महिला का नाम माला है और वह उसकी पड़ोसिन है जबकि लाठ्टी नामक व्यक्ति दर्शन सिंह का पुत्र है।

एक व्यक्ति का अपहरण : अमृतसर शहर में कल रात मिलिटैंटों ने दवाई की एक दुकान से हरिंदर सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

2 मिलिटैंट और एक सिपाही मारे गए : आज रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव खुर्द में हुए एक मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए, जबकि इस झड़प में एक सिपाही भी मारा गया ।

'प.स.' के अनुसार घटनास्थल से एक स्टेनगन, 11 कारतूस, एक स्टिक बम और बिना नम्बर का एक स्कूटर बरामद हुआ है । बिना नम्बर के इस स्कूटर पर मिलिटैंट सवार थे ।

युवक घायल : एक अन्य घटना में आज रात्रि अमृतसर की हुसैनपुरा आबादी में अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने बलविन्द्र कुमार नामक एक युवक को पिस्तौल से गोलियां चला कर घायल कर दिया ।

पैट्रोल पम्प को आग लगा दी : आज रात्रि हुई एक अन्य घटना में संदिग्ध व्यक्तियों ने अजनाला रोड, अमृतसर में स्थित गांव कक्कड़वाला के निकट एक पैट्रोल पम्प को आग लगा दी ।

दम्पति की हत्या : फिरोजपुर जिले के धूम शहीद गांव में मिलिटैंटों ने कल रात प्रीतम सिंह और उसकी पत्नी की उनके घर में गोली मार कर हत्या

एक व्यक्ति का अपहरण : आपसी रंजिश, मुठभेड़ में 5 मिलिटैंट मरे : राज्य के 9 जिले अशांत क्षेत्र घोषित

कर दी।

2 व्यक्तियों की हत्या : फरीदकोट जिला के कोटसावाली गांव में कल रात चार मिलिटैंटों के एक गिरोह ने मोहिंदर सिंह और राजिंदर सिंह नामक दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी।

निरंकारी की हत्या : संगरूर जिले के भाइके किशोर गांव में मिलिटैंटों ने कल रात एक निरंकारी अजमेर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

'गर्ग' के अनुसार रात्रि एक बजे के लगभग 14-15 मिलिटैंट एक ट्रक में सवार होकर आए तथा अजमेर सिंह की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी। इसके बाद वे अन्धेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए।

एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : जालन्धर (न.ना.ए.) : गत रात थाना करतारपुर के क्षेत्र में हसमुंडा गांव के निकट कुछ अज्ञात संदिग्ध मिलिटैंटों द्वारा एक ही परिवार के चार सदस्यों की तेजधार हथियारों के साथ हत्या किए जाने की सूचना मिली है। मृतकों में दो महिलाएं व दो पुरुष शामिल हैं। इनमें साधु सिंह (66), उसकी पत्नी कर्म कौर (60), बेटा मंहिदर सिंह व बहू जगदीश कौर पत्नी मंहिदर सिंह शामिल हैं।

इस संबंध में इसी गांव के मृतकों के पड़ौसियों ने बताया कि उक्त 4 मृतक अपने ट्यूबवैल पर सोये हुए थे। इनमें साधु सिंह व कर्म कौर बाहर आंगन में सो रहे थे जबकि इनका बेटा व बहू अंदर सो रहे थे कि कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने पहले साधु सिंह व उसकी पत्नी को तथा बाद में उसके बेटे महिंदर सिंह व बहू को कमरे से बाहर निकाल कर मार डाला जबकि इनके दो छोटे बच्चे व साधु सिंह की बेटी को कमरे में बंद कर दिया गया। आज सुबह पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिया।

बाप-बेटी सहित 3 की हत्या : धुरी (संगरूर) : यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव धनौरी कलां थाना शेरपुर में गत रात्रि 12 बजे तीन मिलिटैंटों ने मुख्त्यार सिंह नामक व्यक्ति को घर से बाहर बुलाया। उसकी युवा बेटी परमजीत भी साथ ही बाहर आ गई। जब मिलिटैंट बाप को गोली मारने लगे तो बेटी बाप से लिपट गई। क्रूर मिलिटैंटों ने बाप-बेटी दोनों की अंधाधुंध गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य वारदात में गांव कंगनवाल थाना अहमदगढ़ में मिलिटैंटों ने राम सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

बंदूक छीन ली : होशियारपुर (अश्विनी) : थाना सदर के गांव बैस में 4 सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक भूतपूर्व सैनिक कर्म सिंह के घर में दाखिल होकर उसकी 12 बोर की दोनाली बंदूक व 8 कारतूस छीन लिए और फरार हो गए।

2 अन्य व्यक्तियों की हत्या : मलोट (केबल): गत रात्रि करीब 11 बजे कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने यहां से कुछ मील दूर गांव कटियांवाली में रणजीत सिंह व मोहिन्द्र सिंह नामक 2 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। उन पर पुलिस के मुखबिर होने का आरोप लगाया गया था।

बम मिला : फरीदकोट (जिदल): आज बाद दोपहर स्थानीय विश्राम गृह के निकट जमीन में दबा हुआ एक शक्तिशाली बम मिला है।

हथियार छीने : पटियाला (राजू): गत रात्रि करीब 11 बजे 4 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने डेरा बाजीगरां में एक बाजीगर गिन्दर राम पुत्र बाटू राम के घर में जबरदस्ती घुस कर फायरिंग करके उसे घायल कर दिया। इस दौरान एक पड़ौसी महिन्दर राम भी घायल हो गया। उक्त आक्रमणकारी गिन्दर राम से 303 बोर की एक राइफल व 6 कारतूस छीन कर ले गए ।

Punjab Sarkar

...जैंसी से ऋण : वाशिंगटन ...राष्ट्रीय विकास एजैंसी ने भारत में ...क माता एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम ...स्तार के लिए 21.45 करोड़ डालर ...र की है।



...धियाना में हुई। चित्र में (ऊपर) ...महासचिव सांसद मदन लाल ...ास टंडन व कृष्ण लाल मैनी भी (छाया : जगमोहन कम्बोज)

...ववादियों के ...पर्क स्थापित

...ले की असफल योजना बनाने वाला ...हत्याओं के लिए वांछित कुख्यात ...सिंह राजस्थानी सुमेध सिंह पर हुए ...दिनों बाद ही रोपड़ में एक पुलिस ...ा गया था।

...बात का रहस्योद्घाटन किया है कि ...रा डाले हुए मिलिटैंटों की हालत भी ...जा रही है, क्योंकि पाकिस्तानी ...मिलिटैंटों को महत्व देना कम कर ...कारियोंने मिलिटैंटों को सपष्ट कह ...लटैंट पंजाब में दस वर्षों में जो काम ...वह काम कश्मीरी अलगाववादियों ...में कर दिखाया है। अगर मिलिटैंटों ...ही गति रही तो पाकिस्तान उनकी ...बंद कर देगा। इसलिए मिलिटैंट ...को खुश करने के लिए अपनी शक्ति ...दर्शन करेंगे तथा इसके लिए वह ...गाववादियों की नीतियों का भी ...। मिलिटैंटों ने पहले से ही अपने ...ाने के लिए पुलिस अधिकारियों के ...अपहरण करना शुरू कर दिया है।

...क मिलिटैंटों को पंजाब के साथ लगती ...सीमा से हथियारों की आपूर्ति नहीं हो ...क सीमा सुरक्षा बल की कड़ी चौकसी ...ठिए सीमा पार करने की कोशिश में ...हैं। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ...सपैठियों को भी मार गिराया था जो ...टने में दक्ष थे। इन घुसपैठियों के ...त्रा में हथियार और कारतूस बरामद

...साथ लगती भारत-पाक सीमा के ...टर के क्षेत्र में कंटीली बाड़ लगाने का ...का है, पर मिलिटैंटों ने जिस तरह से ...टने में दक्षता हासिल कर ली है उससे ...ठ रोकने के लिए किए गए प्रबन्ध ...। अब इन प्रबन्धों को पूण करने के ...गी कांटेदार तारों के दोनों तरफ गहरे ...गए हैं तथा खड्डों के बीच तीखी छड़ें ...। खड्डों के ऊपर घास को अच्छी ...या गया है। इन खड्डों में गिरने के ...सानी से बाहर नहीं निकल सकता। ...गए इन प्रबन्धों की जानकारी गत ...ा बल के डी.आई.जी. उदयवीर सिंह ...प्रबन्धों के कारण सीमा पर घुसपैठ ...ठिन हो गया है। सुरक्षा के ऐसे कड़े ...रण मिलिटैंटों को जम्मू-कश्मीर के ...सीमा से हथियार सप्लाई हो रहे ...को हथियार सप्लाई करने तथा ...स्थान से दूसरे स्थानों पर ले जाने के ...ांस्पोर्टरों का सहयोग लिया जा रहा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...की। श्री ठाकुर ने कहा कि पंजाब आपूर्ति जैसी आवश्यक सेवाओं को हड़ताल से मुक्त रखा जाएगा।

जूनियर इंजीनियरों से काम पर लौटने की अपील : इसी बीच हिमाचल बिजली बोर्ड

राजखोवा (कुर्ते में), उपाध्यक्ष मनोज हज़ारिका (बाएं) तथा परथा बोरा (दाएं)। चौथा व्यक्ति (बिल्कुल दाएं) बंगला देश का एक सुरक्षा कर्मचारी है। असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने हाल ही में आरोप लगाया था कि पड़ोसी देशों बंगला देश, चीन व पाकिस्तान के साथ उल्फा के सम्बन्ध हैं। (छाया : स.आ.)

गांववासियों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : एक अन्य ने सायनाईड खा कर आत्महत्या कर ली

चंडीगढ़, 22 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध आक्रोशस्वरूप गत सायं से एक घटना में गांववासियों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार दिया, जबकि एक अन्य ने सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने के बाद सायनाईड खाकर आत्महत्या कर ली। राज्य में अन्यत्र 4 मिलिटैंट मारे गए व एक आश्रयदाता सहित 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा विभिन्न वारदातों में 2 भाइयों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, कांस्टेबल व कमीशन एजैंट का अपहरण कर लिया गया तथा 4 टैंकर अग्निभेंट कर दिए गए।

आश्रयदाता गिरफ्तार : (संघी): स्थानीय पुलिस ने बड़ैल गांव में से कुलदीप सिंह नामक एक युवक को मिलिटैंटों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के छुम्बा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। मृतक के पास से एक बन्दूक और कुछ कारतूस बरामद हुए।

4 टैंकरों को आग लगा दी : मजीठा पुलिस जिले के कुकड़ा गांव के पास मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात दूध के चार टैंकरों को आग लगा दी।

10 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राजू): जिला में विशेष नाकाबंदियों के दौरान विभिन्न स्थानों से 10 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए उक्त सभी मिलिटैंट भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान तथा अन्य मिलिटैंट संगठनों से सम्बन्धित हैं। इनके कब्जे से 4 राइफलें, 6 पिस्तौल, बड़ी संख्या में कारतूस, दो मोटर साइकिल व एक स्कूटर तथा करीब 1.50 लाख रुपए के जेवरात भी बरामद हुए। इनमें से 5 मिलिटैंटों को संक्षिप्त मुकाबलों के बाद काबू किया गया।

उक्त मिलिटैंटों की पहचान अंग्रेज सिंह, जत्था सिंह, कुलवंत सिंह उर्फ कांटा, बलदेव सिंह, रविन्दर सिंह, सौदागर सिंह, जसपाल सिंह उर्फ पाली, राजिन्दर सिंह, भूपिन्दर सिंह, अंग्रेज सिंह पुत्र साधु सिंह के रूप में हुई। यह मिलिटैंट हत्याओं, जबरी वसूलियों आदि की कई वारदातों में वांछित थे।

2 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि थाना तरनतारन के अधीन बुराणा गांव में कुछ मिलिटैंटों ने दरबारा सिंह पुत्र चनन सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

एक अन्य वारदात में गत रात्रि ही कुछ मिलिटैंटों ने देह गांव में जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मिलिटैंट का शव मिला : थाना मेहता के अधीन बोपाराय व मत्तेवाल के मध्य गांव सोधपुर में आज तड़के एक मिलिटैंट का शव मिला है, जिसकी शिनाख्त सुखजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी थाना जंडियाला गांव गदली के रूप में हुई है। शव के निकट से ए.के. 47 राइफल के 10 चले हुए कारतूस व एक लाइसेंस मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मिलिटैंट की मृत्यु सम्भवतः गुट संघर्ष के कारण ही हुई है।

कांस्टेबल का अपहरण : थाना डेरा बाबा नानक के अधीन गढ़वाली गांव में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के सक्रिय सदस्य सतनाम सिंह के घर में गत रात्रि 3 मिलिटैंटों ने आकर उसके गनमैन पंजाब पुलिस के कांस्टेबल मलकीयत सिंह व होमगार्ड के एक जवान महेंद्र सिंह का अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने कुछ दूर जाकर महेंद्र सिंह को छोड़ दिया परन्तु मलकीयत सिंह को अपने साथ ही ले गए। फरार होते समय मिलिटैंट अपने साथ 2 एस.एल.आर., उनकी 4 मैगजीनें व 30 राऊंड एक स्टेनगन, उसकी 2 मैगजीनें व 70 राऊंड भी ले गए।

यह भी बताया जाता है कि तीसरा गनमैन गुरलाज सिंह जो सतनाम सिंह का निकट संबंधी है, इस घटना के समय से ही गायब है तथा उसका अभी तक कुछ भी पता नहीं चला।

मिलिटैंट का शव मिला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव वल्ला में आज रात्रि एक सूचीबद्ध मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ,

पंजाब में अन्यत्र 4 मिलिटैंट मरे, आश्रयदाता सहित 11 अन्य गिरफ्तार : दो भाइयों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : कांस्टेबल व कमीशन एजैंट का अपहरण: 4 टैंकर अग्निभेंट

उसकी शिनाख्त निरवैर सिंह के रूप में की गई है।

व्यापारी का अपहरण मृत्यु का कारण बना : निरवैर सिंह की मृत्यु से संबंधित प्राप्त समाचारों के अनुसार मिलिटैंट निरवैर सिंह गुट के सदस्यों ने आज प्रातः शेरांवाला गेट अमृतसर से एक प्रमुख व्यापारी विपन भाई पटेल का उनके मकान से अपहरण कर लिया और उन्हें अमृतसर के निकटवर्ती गांव वल्ला के एक फार्म में ले गए। गांव में उनके कपड़े बदल कर उन्हें पहलवानों जैसे कपड़े पहना दिए। उस समय वहां कुल 5 मिलिटैंट मौजूद थे, जिनमें से 3 को अमृतसर में श्री पटेल के घर वालों से 5 लाख रुपए प्राप्त करने के लिए भेज दिया गया। अभियुक्तों ने अमृतसर रवाना होने से पूर्व श्री पटेल के हाथ से उनके घर वालों के नाम एक पत्र भी लिखवा लिया कि मेरी रिहाई के लिए यह रुपया दे दिया जाए लेकिन वल्ला से अमृतसर जाने वाले अभियुक्तों में से एक रास्ते में ही कहीं और चला गया। इसी मध्य श्री पटेल के अपहरण की सूचना पुलिस को मिल गई और उसने श्री पटेल की तलाश

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अपील

अभिलेख, पत्र, डायरियां, वंशावलियां, पुस्तकें, पोथियां, पाण्डुलिपियां, छाया चित्र, नक्शे, कला कृतियां, चाहे वह किसी भी वस्तु पर किसी भी भाषा में लिखी हों या किसी भी समय से सम्बन्धित हों, हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर हैं। इनको बिखरने, नष्ट होने, समाप्त होने और उपेक्षित होने से बचाने के लिए हरियाणा राज्य अभिलेखागार को भेंट या उपहार के रूप में देना उत्तम है क्योंकि यहां उनकी वैज्ञानिक रूप से मुरम्मत की जाती है व उन्हें सुरक्षित रखा जाता है, जो आने वाली पीढ़ी के काम आता है।

राज्य अभिलेखागार विविध प्रकार के अभिलेखों का संग्रह करता है और समय-समय पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर इनकी प्रदर्शनी भी लगाता है। ये प्रदर्शनियां साधारणतः विद्यालयों, महाविद्यालयों और दूसरे प्रमुख स्थानों पर लगाई जाती हैं। सभी हरियाणावासी अपने प्रदेश के पुरातन अभिलेख सुरक्षित अवस्था में इन अवसरों पर देख सकते हैं। यह सभी प्रकार के अभिलेख इतिहास लेखन, शोध कार्य और साधारण ज्ञानोपार्जन में अत्यन्त मूल्यवान सिद्ध होते हैं।

मेरा सभी हरियाणा निवासियों से निवेदन है कि यदि उनके पास किसी प्रकार के अभिलेख हैं तो इन्हें हरियाणा राज्य अभिलेखागार को उपहार के रूप में देने का कष्ट करें जिससे इनको सुरक्षित रखा जा सके। यदि वह अपने पास ही कोई अभिलेख रखना चाहें तो भी उनकी सुरक्षा के लिए हरियाणा राज्य अभिलेखागार से समय-समय पर सहायता लेने का कष्ट करें। हरियाणा राज्य अभिलेखागार में प्राप्त अभिलेखों के साथ उपहार-कर्त्ताओं का नाम भी अंकित किया जाएगा।

पुरातन अभिलेखों के सम्बन्ध में सभी प्रकार की जानकारी के लिए निम्नलिखित से सम्पर्क स्थापित करने का कष्ट करें :

1. निदेशक हरियाणा राज्य अभिलेखागार
   एस.सी.ओ. नं. 829, मनीमाजरा (यू.टी.) चण्डीगढ़।
2. सहायक निदेशक क्षेत्रीय अभिलेखागार, अम्बाला मण्डल, कोठी नं. 853, अरब एस्टेट-II, अम्बाला शहर।
3. सहायक निदेशक क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मण्डल, कोठी नं. 155, अरब एस्टेट-II, हिसार।

निदेशक
हरियाणा राज्य अभिलेखागार

PRDH/290F/91/17031/33/16.9.91JDC

Dhanbi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

करनी शुरू कर दी ।

लूट के माल की बांट पर झगड़ा : दूसरी ओर बल्ला के फार्म में व्यापारी के गले से उतारी गई सोने की चेन और घड़ी की बांट के प्रश्न पर निरवैर सिंह और उसके साथियों में झगड़ा हो गया और दोनों में फायरिंग होने लगी, जिसमें निरवैर सिंह मौके पर ही मारा गया । मिलिटैंटों की इस लड़ाई में व्यापारी श्री विपन भाई पटेल वहां से फरार होने में सफल हो गए और निकटवर्ती सी.आर.पी.एफ. की चौकी में पहुंच गए जिसने श्री पटेल को सुरक्षित उनके घर में पहुंचा दिया ।

2 सगे भाइयों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : अहमदगढ़ (पुरी) व लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि थाना डेहलों के गांव गुज्जरवाल में मिलिटैंटों ने 3 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों में 2 सगे भाई प्रदीप कुमार मोदगिल व सोमनाथ मोदगिल तथा उनका एक अन्य निकट संबंधी सोमदत्त शामिल है । इस दौरान उनका एक अन्य संबंधी राजेन्द्र कुमार भी गम्भीर रूप से घायल हो गया । उक्त हत्यारे मिलिटैंट संख्या में 5 से अधिक थे तथा रात्रि 8 बजे के करीब एक मारुति वैन में व स्कूटर पर सवार होकर आए ।

बताया जाता है कि प्रदीप व सोमनाथ के भाई बुद्धराम मोदगिल की भी कुछ दिन पूर्व मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी ।

मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : बाघा पुराना (ज्ञान): गत रात्रि गांव घोलियां कलां में एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार कुछ मिलिटैंट रात्रि 2 बजे के लगभग जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस गए परन्तु उसने शोर मचा दिया और गांव वासी एकत्र हो गए तथा उन्होंने एक मिलिटैंट को काबू कर लिया और पीट-पीट कर उसे मार दिया । मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : मानसा (मेहता): गत रात्रि यहां से 5 कि.मी. दूर गांव बोलोवाल में एक मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने पर सायनाइड का कैप्सूल खा कर आत्महत्या कर ली । उसकी पहचान नहीं हो सकी । उसके एक साथी सिकंदर सिंह पुत्र जीत सिंह को काबू कर लिया गया है जबकि घटनास्थल से हथियार व गोली सिक्का भी बरामद हुआ ।

वाहन व हथियार छीने : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से 20 कि.मी. दूर गांव जखला के निकट मिलिटैंटों ने महिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति का हीरो होंडा मोटर साइकिल नं. पी.सी.एन.-487 छीन लिया ।

एक अन्य घटना में इसी गांव के कर्मजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से मिलिटैंटों ने उसका स्कूटर नम्बर पी.सी.एक्स. 5314 छीन लिया । इसके अलावा एक व्यक्ति से उसकी 12 बोर की एक बन्दूक भी छीन ली गई ।

कमीशन एजैंट का अपहरण : भिखीविंड (शर्मा): गत रात्रि कुछ अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने 7.30 बजे के लगभग गुरदास सिंह नामक एक कमीशन एजैंट का खालड़ा मंडी स्थित उसके घर से अपहरण कर लिया । क्षेत्र में गत एक माह के दौरान अपहरण की यह पांचवीं घटना है ।

मिलिटैंट मारा गया : आज सायं जिला फिरोजपुर के गांव किल्ली कदलां में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में खालिस्तान कमांडो फोर्स (यादू गुट) से सम्बद्ध एक सूचीबद्ध दुर्दांत मिलिटैंट मल्कीयत सिंह मारा गया । उसके कब्जे से एक 38 बोर की पिस्तौल और कुछ गोली-सिक्का बरामद किया गया है । उक्त मिलिटैंट 50 हत्याओं, भारी संख्या में अपहरणों और फिरौती की कई घटनाओं में वांछित था ।

कश्मीर में अलगाववादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

अलगाववादी फरार हो गए । ये दोनों अधिकारी शोपियां जा रहे थे, जहां शुक्रवार को सुरक्षा बलों व अलगाववादियों की मुठभेड़ में 3 अलगाववादियों समेत 7 लोग मारे गए थे । घटना में एक स्थानीय पुलिस कर्मचारी घायल हो गया ।

3 अलगाववादी मरे : कश्मीर घाटी में कल शाम से आज तक एक सुरक्षा कर्मचारी तथा 3 अलगाववादी मारे गए । इनमें से 2 पाक प्रशिक्षित अलगाववादी कल शाम उड़ी सैक्टर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए ।

कल श्रीनगर के रैनबाड़ी इलाके में नेडयार पुल पर सुरक्षा बलों की चौकी पर अलगाववादियों ने राकेटों से हमला किया । हमले में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान की मृत्यु हो गई और एक अन्य जवान घायल हो गया । इस सिलसिले में चार संदिग्ध अलगाववादी गिरफ्तार किए गए ।

कल रात श्रीनगर में बेमीना इलाके में भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी के घर में आग लग गई ।

श्रीनगर में प्रतिबंधित इस्लामिक स्टुडैंट्स लीग के कार्यकर्ताओं द्वारा एक जलूस निकालने के प्रयास को स्थानीय पुलिस एवं अर्ध सैनिक बलों ने विफल कर दिया । यह जलूस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इकबाल पार्क से शुरू होकर नकुशकंद साहिब में समाप्त होने वाला था । बाद में यह खानखा मौला से निकला । इसमें लगभग 10,000 लोग शामिल हुए । अर्ध सैनिक बलों ने इन लोगों को कलशपुरा से आगे बढ़ने से रोक लिया । जलूस में शामिल लोग खानखा मौला लौट आए और वहीं उन्होंने ईद-मिलाद मनाया ।

गणेश विसर्जन के दौरान आंध्र, गुजरात में हिंसा : 2 जगह कर्फ्यू

नई दिल्ली, 22 सितम्बर (प.स.): गणेश विसर्जन के साथ महाराष्ट्र तथा देश के अन्य भागों में आज 11 दिन लम्बा गणेशोत्सव समाप्त हो गया लेकिन आंध्र प्रदेश और गुजरात के कुछ भागों में विसर्जन के दौरान हिंसा हुई । नवसारी से 29 किलो मीटर दूर अभरात समुद्र तट पर विसर्जन के दौरान सात व्यक्ति डूब गए । गुजरात में बड़ौदरा के पंडरा और द्रबोई तालुक नगरों में गणेश विसर्जन के दौरान आज हिंसा में एक पुलिस इंस्पैक्टर मारा गया तथा दो अन्य घायल हो गए । पुलिस के अनुसार इन दोनों नगरों में आगजनी और पथराव की घटनाओं के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया गया । हैदराबाद में विसर्जन के दौरान पथराव और पुलिस गोलीबारी में चार पुलिस कर्मियों सहित कम से 22 व्यक्ति घायल हो गए ।

फिल्म अभिनेत्री दुर्गा खोटे का देहांत

बम्बई, 22 सितम्बर (वार्ता): वयोवृद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं रंगकर्मी दुर्गा खोटे का आज यहां दक्षिण बम्बई में कोलाबा स्थित उनके निवास पर निधन हो गया । वह लम्बे समय से बीमार थीं । श्रीमती खोटे 86 वर्ष की थीं, उनके परिवार में उनका पत्र है ।

जतोई द्वारा वी.पी. सिंह को पाक आने का निमंत्रण

नई दिल्ली, 22 सितम्बर (प.स.): पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री गुलाम मुस्तफा जतोई ने जनता दल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया है । श्री जतोई ने आज श्री सिंह और पूर्व विदेशमंत्री इंद्र कुमार गुजराल से भेंट की । बैठक लगभग 90 मिनट चली । श्री जतोई पैगम्बर मुहम्मद पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने यहां आए । सम्मेलन का आयोजन आलमी उर्दू कांफ्रैंस ने किया ।

Punjabi Sanatan

किए गए इलाकों पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया था।

बाघापुराना में जादूगर स्वीट शॉप में हुए बम धमाके से क्षतिग्रस्त फर्नीचर तथा (2-5) घायल अजायब सिंह, गुरदेव सिंह, राम पाल व रघुबीर सिंह, जोकि अस्पताल में उपचाराधीन हैं। (छाया : शर्मा)

तस्करी, आतंकवाद और गरीबी जैसी व्यापक समस्याओं का विश्व स्तर पर समाधान खोजने की

4 बस यात्रियों समेत 11 लोगों की हत्या, 4 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में 4 बस यात्रियों और 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 11 लोगों की हत्या हुई तथा 4 मिलिटैंट भी मारे गए। बाघापुराना में एक दुकान में बम फटने से 4 लोग घायल हो गए। बटाला पुलिस ज़िला के एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत तथा दो अन्य सुरक्षा कर्मी उस समय घायल हो गए, जब उनकी कार पर मिलिटैंटों ने अपना ट्रक चढ़ा दिया।

दो लोगों की हत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से 20 किलोमीटर दूर गहिला गांव में कल रात 2-3 मिलिटैंटों ने गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। संगरूर जिला के ही गांव शेरपुर में भोला नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई।

मिलिटैंट मोटर साइकिल छोड़ कर भागे : संगरूर जिला के गांव लिद्ड में कल रात पुलिस की एक पार्टी ने नाका लगाया हुआ था कि हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार 2 मिलिटैंट वहां से गुजरे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रुकने का संकेत किया लेकिन वे फायरिंग करते हुए अपना मोटर साइकिल वहीं पर छोड़ कर भाग गए।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : धूरी (सिंगला): कल शाम सात बजे के लगभग यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव भोजोवाली और भदूलबढ़ के बीच दो मिलिटैंटों ने सी.आई.डी. में तैनात हैड-कांस्टेबल दीवान चंद की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी, जब वह अपने गांव भदूलबढ़ अपने स्कूटर पर जा रहा था। वह आजकल नाभा में तैनात था। घटनास्थल से तीन चले हुए कारतूस मिले हैं।

गत रात्रि 11 बजे दो मिलिटैंटों ने शेरपुर गांव में केसर सिंह नामक नम्बरदार के घर से एक 12 बोर की बंदूक व 10 कारतूस छीन लिए।

सुरक्षा कर्मी की मृत्यु : गुरुहरसहाय (भंडारी): कल रात यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव झुंडवाल के निकट मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग से बी.एस.एफ. के एक जवान की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। प्राप्त विवरण के अनुसार बी.एस.एफ. की 137वीं बटालियन के जवान गश्त कर रहे थे कि उक्त गांव के निकट मिलिटैंटों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में विश्वम्भर नामक एक जवान की मृत्यु हो गई। मृतक तमिलनाडु का रहने वाला था। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए।

ग्रंथी की हत्या : चंडीगढ़ (संधी): चंडीगढ़ के बैरियर पर मोहाली क्षेत्र में स्थित एक धार्मिक स्थल के ग्रंथी अवतार सिंह की गत रात्रि दो मिलिटैंटों द्वारा धार्मिक स्थल में घुस कर हत्या कर दी। प्राप्त समाचारों के अनुसार दो मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर धार्मिक स्थल पर आए और 65 वर्षीय ग्रंथी पर गोलियां चला कर फरार हो गए। ग्रंथी की मौका पर ही मृत्यु हो गई।

मुठभेड़ में दुर्दांत मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (कंतोड़): फिरोजपुर जिला के गांव किल्ली गंदेरां से मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है। पुलिस उक्त गांव की तरफ रवाना हो गई। पुलिस ने देखा कि उक्त गांव के निकट स्थित एक मकान से एक संदिग्ध व्यक्ति निकल कर भागा। पुलिस ने जब उसे रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त मिलिटैंट मारा गया। बाद में उसकी पहचान मलकीयत सिंह के रूप में हुई। वह मक्खू थाना के अंतर्गत गांव सर्राफ अली शाह का निवासी था। वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के लै. जनरल यादविन्द्र सिंह उर्फ यादू का दायां हाथ था। घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं। मृतक मिलिटैंट से सायनाइड का एक कैप्सूल भी मिला है। जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि मलकीयत सिंह ने कम से कम 50 लोगों की हत्याएं की थीं। उसने जो बड़े अपराध किए, उनमें भल्लूके गांव में 14 मजदूरों की हत्या तथा बाघा पुराना में 5 व्यापारियों की हत्याएं भी शामिल हैं। उसने झंडेना

मिलिटैंटों ने बटाला के एस.पी. की कार पर ट्रक चढ़ा दिया, 3 घायल

गांव में चार लोगों की जान लेने के अलावा फरीदकोट के जेल सुपरिंटैंडैंट के दो रिश्तेदारों तथा ए.एस.आई. गुरमीत सिंह की भी हत्या की थी। वह अपहरण तथा धन ऐंठने के कई मामलों में भी संलिप्त था।

बम धमाके में 4 जख्मी : बाघापुराना (मित्तल) आज प्रातः 10 बजे के लगभग यहां मदारी मार्केट में स्थित जादूगर स्वीट शॉप में हुए बम धमाके में 4 व्यक्ति घायल हो गए तथा निकटवर्ती दुकानों का फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। यह बम स्वीट शॉप के काउंटर के नीचे पड़ा था। घायलों के नाम गुरदेव सिंह, अजायब सिंह, राम पाल तथा रघुबीर हैं। ये सभी दर्जी हैं तथा कपड़े की एक दुकान के सामने बैठ कर सिलाई कर रहे थे। घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। जहां बम धमाका हुआ, वह शहर का एक भीड़-भाड़ वाला इलाका है। विस्फोट के समय वहां भीड़ काफी कम थी, जिस कारण नुक्सान कम हुआ। धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुक्सान पहुंचा। वहां खड़ा एक स्कूटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार यह देसी बम था। पुलिस ने मौका से बम के टुकड़े एकत्र करके जांच शुरू कर दी है। धमाके के कारण लोगों में आतंक फैल गया तथा दुकानें बंद हो गईं।

मिलिटैंटों ने एस.पी. की कार पर ट्रक चढ़ा दिया : बटाला पुलिस जिला के एस.पी. (मुख्यालय) श्री आर.एल. भगत, उनका ड्राइवर प्रीतम सिंह तथा बाडीगार्ड दलबीर सिंह उस समय घायल हो गए, जब उनकी कार पर मिलिटैंटों ने अपना ट्रक चढ़ा दिया। यह घटना बटाला पुलिस जिला के औजला गांव के निकट हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ट्रक के ड्राइवर को आतंकवादी एवं विघटनकारी गतिविधियां (निरोधक) कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक मिलिटैंट सायनाइड खाकर मरा : भटिंडा जिला के बोहा गांव में सुरक्षा बलों के बीच घिर जाने पर एक मिलिटैंट गुरमुख सिंह ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली।

पाक घुसपैठिया मरा : फिरोजपुर जिला में भारत-पाक सीमा के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया।

एस.पी.ओ. घायल, बैंक लूटा : फिरोजपुर जिला के दाल खादी गांव में मिलिटैंटों ने एक ग्रामीण विकास बैंक के बाहर तैनात एस.पी.ओ. राज सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया तथा बैंक से 31 हजार रुपया लूट लिया।

अपहरण के संबंध में 2 गिरफ्तार : बटाला पुलिस जिले में सिख छात्र संघ के सदस्य के अंगरक्षक मलकीयत सिंह के अपहरण के सिलसिले में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Tribune

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बलों ने श्री सतनाम सिंह तथा सिपाही गुरबख्श सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तीन अज्ञात लोगों ने श्री मलकीयत सिंह को उनके घर से कल अपहृत कर लिया था तथा वहां से दो स्वचालित राइफलें, एक स्टेनगन और छह मैगजीनें भी ले गए थे। सतनाम सिंह पंजाब के रद्द हुए चुनावों में विधानसभा प्रत्याशी था।

3 पुलिस कर्मी घायल : लुधियाना (धीमान) जिला के हलवाड़ाकलां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया, जिससे 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए। उनके नाम हैडकांस्टेबल नछत्तर सिंह तथा कांस्टेबल महेश कुमार व करनैल सिंह हैं।

गुट संघर्ष में 1 मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के तलवंडी चंगा गांव में एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया।

सरपंच की हत्या : फिरोजपुर जिला के बेरी कंडरा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने सरपंच गुरनाम सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। इस घटना में तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

1 मिलिटैंट मरा : धुरी (जैन) यहां से 6 किलो मीटर दूर आज शाम जखलां तथा शेरपुर सोठियां गांवों के मध्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बघेल सिंह नामक एक दर्दांत मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस चौकी पर हमला : पटियाला (राज): पटियाला जिला के शुतराना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पुलिस चौकी पर हमला किया। सूचना मिलने पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी घटनास्थल की तरफ रवाना किए गए। सुरक्षा कर्मियों के वाहन जब शुतराना से आधा किलो मीटर दूर थे तो खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने रिमोट कंट्रोल से बम धमाका कर दिया। यह बम सड़क के किनारे झाड़ियों में छिपा कर रखा गया था। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर खेतों में छिपे मिलिटैंट भाग गए। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान छानबीन अभियान, गश्त तथा नाकाबंदी के दौरान 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 2 को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। पकड़े गए मिलिटैंटों के नाम हैं गुरमीत सिंह, (निवासी गांव व जिला पटियाला), कुलवंत सिंह उर्फ बिल्ला (निवासी गांव बाखोपीर जिला संगरूर) तथा कुलवंत सिंह (निवासी गांव ददेहरा जिला पटियाला)। इन मिलिटैंटों से एक हथगोला, 2 पिस्तौलें तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है। गुरमीत सिंह तथा बिल्ला हत्या, लूटपाट तथा धन ऐंठने की कई वारदातों में संलिप्त थे।

चंडीगढ़ में पुलिस चौकसी : बब्बर खालसा से संबंधित एक दर्दांत मिलिटैंट को कल चंडीगढ़ में घूमते हुए देखे जाने पर शहर में पुलिस चौकसी और कड़ी कर दी गई है।

प्राप्त समाचारों के अनुसार यह मिलिटैंट जो कि चंडीगढ़ पुलिस को कई वारदातों में वांछित है और उसकी गिरफ्तारी के लिए शहर में जगह-जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं, कल दोपहर बाद एक महिला के साथ मारुति कार में घूमते हुए देखा गया। एक पुलिस कर्मी द्वारा उसे पहचान लेने पर शहर में कई जगह लगे नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने वह कार, जिसे कथित तौर पर यह मिलिटैंट

बरामद की। इस मिलिटैंट के शहर में ही किसी जगह छिपे होने की आशंका से पुलिस ने कई जगह छापे मारे, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इस घटना के बाद शहर में आज भी जगह-जगह वाहनों की तलाशी ली गई।

4 बस यात्रियों की हत्या : बटाला से 'चौधरी' के अनुसार मिलिटैंटों ने आज शाम नत्त गांव के समीप बस में सवार 4 यात्रियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पंजाब रोडवेज बटाला डिपो की यह बस दिल्ली से बटाला आ रही थी। यह बस जालंधर से शाम 4.30 बजे रवाना हुई थी। बस जब चौक मेहता पहुंची तो वहां कुछ सवारियों के उतरने के साथ ही कुछ मिलिटैंट उसमें सवार हो गए। जब बस मेहता से आगे नत्त गांव के निकट पहुंची तो मिलिटैंटों ने बस को रुकवा लिया और उसमें सवार कुछ मजदूरों तथा अन्य लोगों को नीचे उतर जाने का आदेश दिया। इसके बाद मिलिटैंट अन्य यात्रियों समेत बस को लिंक रोड पर ले गए तथा अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

मृतकों की पहचान अरुण कुमार, उसके भाई राकेश कुमार, अशोक कुमार (सभी धीरा मुहल्ला बटाला के निवासी) और राजन शर्मा (निवासी इन मुहल्ला बटाला) के रूप में की गई है। 'प.स.' के अनुसार मृतकों की संख्या 5 है।

'अमृतसर' से नारंग के अनुसार मिलिटैंट बस को गांव नत्त से एक तरफ कोटला मज्जा सिंह की ओर ले गए तथा गन्ने के एक खेत के निकट मिलिटैंटों ने बस रोक दी। खेत में मिलिटैंटों के कुछ अन्य साथी भी छिपे हुए थे, वहां उन्होंने बस में से ही सम्प्रदाय के व्यक्तियों को बस से नीचे उतार लिया और उनकी हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने बाद में बस को आग लगा दी।

एक की हत्या : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार आज शाम मन्नन-खैरदीन गांव के मध्य मिलिटैंटों ने सुभाष चंद नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खालड़ा निवासी सुभाष चंद एक टैंकर में बैठ कर अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में जिला खाद्य विभाग की जीप में सवार कुछ लोगों ने टैंकर को रोक कर सुभाष चंद को नीचे उतार लिया तथा उससे कहा कि वह उनके साथ अमृतसर चले क्योंकि उससे (सुभाष चंद से) उन्हें वहां कोई काम है। सुभाष चंद जीप में बैठ गया। जब जीप मन्नन-खैरदीन गांव के नजदीक पहुंची तो 3 मिलिटैंटों ने जीप रुकवा ली। सुभाष चंद ने अपना लाइसैंसी रिवाल्वर निकाल कर गोली चलाई, जो निशाने से चूक गई। इस बीच सुभाष चंद जीप से गिर गया। जीप सवार सुभाष चंद को वहीं छोड़ कर जीप में भाग गए। बाद में मिलिटैंटों ने सुभाष चंद की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

हथियार छीने : बलाचौर (जोशी): नवांशहर थाना के अधीन कलोन गांव में सतलुज दरिया के बांध पर स्थित सुरक्षा चौकी से आज दोपहर 2 मिलिटैंटों ने एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा 7.62 एम.एम. की एक राइफल छीन ली। पुलिस ने केस दर्ज करके मिलिटैंटों की तलाश शुरू कर दी है।

मिलिटैंट मारा गया : आज सायं पुलिस जिला तरनतारन के गांव मलमोरी में त्रिलोक सिंह नामक एक मिलिटैंट मिलिटैंट-गिरोह की आपसी लड़ाई में मारा गया।

आरक्षण विरोधी आंदोलन तेज

कानपुर, 23 सितम्बर (पस): आरक्षण विरोधी छात्रों ने अपना आंदोलन पुनः तेज कर दिया है। आज नगर के विभिन्न स्थानों पर छात्रों ने सरकारी वाहनों पर पथराव कर उन्हें क्षतिग्रस्त किया तथा एक डाकघर में तोड़फोड़ की।



पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह सीबिया के नेतृत्व संघर्ष समिति द्वारा 24 सितम्बर को लुधियाना में की जाने वाली रैली के संबंध में नेताओं की धरपकड़ शुरू कर दी है। चित्र में, रैली स्थल से पुलिस अकालियों को जीप में ले जाती हुई। (छाया :

लुधियाना रैली

(पृष्ठ 3 का शेष)

संघर्ष समिति ने लुधियाना शहर के निर्धारित 6 गेटों से अपने जत्थे रैली की जगह पंजाबी भवन ग्राऊंड को ले जाने का जो प्रोग्राम तय किया था, उन्हीं गेटों से जत्थे कल 10 बजे रवाना होंगे। इस तरह वे जिला मैजिस्ट्रेट के हुक्म का उल्लंघन करते हुए धारा-144 को तोड़ेंगे। संघर्ष समिति की ओर से श्री अजीत सिंह, छावनी वाला मुहल्ला जो अकाली दल मान के सरगर्म लीडर हैं, ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित रैली स्थल सलीम टाबरी उन्हें स्वीकार नहीं है। इसलिए उस जगह पर रैली नहीं करेंगे। अजीत सिंह ने बताया कि पंजाबी भवन में स्टेज बनाने के लिए जो सामान वहां भेजा गया था, वह पुलिस ने छापा मार कर अपने कब्जे में ले लिया है।

पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि कुछ संगठनों द्वारा 24 सितम्बर को लुधियाना में आयोजित की गई रैली पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, केवल जिलाधिकारियों ने यातायात और सुरक्षा की दृष्टि से रैली के लिए उन्हें दूसरा स्थान उपलब्ध किया था लेकिन रैली के आयोजक माने नहीं। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसी ही परिस्थितियों में कुछ मास पूर्व राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित रैली का स्थल गवर्नमैंट कालेज फार वीमैन से बदल कर नई दाना मंडी कर दिया गया था और रैली की गई थी।

चौड़ा बाजार लुधियाना में 28 को भगवती जागरण

लुधियाना, 23 सितम्बर (महिन्दा): चौड़ा बाजार एसोसिएशन की ओर से 28 सितम्बर को चौड़ा बाजार में मां भगवती का विशाल जागरण करवाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन चौड़ा बाजार दुकानदार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री नरेश धवन करेंगे। इस अवसर पर 5000 फुट लम्बी विशाल गुफा का निर्माण किया जा रहा है, जो दर्शनीय होगी।

दिल्ली में एक और व्यवसायी का अपहरण ?

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (प.स.): दक्षिण दिल्ली का एक युवा व्यवसायी शनिवार से ही गायब है और ऐसी आशंका है कि उसका अपहरण कर लिया गया है। वह सिले-सिलाए वस्त्र का निर्यातक है।

रैली की अनुमति न दिया

अलोकतांत्रिक : ब

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (बा., प.स.): अ (ब) के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल ने लु 'दमन विरोधी' रैली के आयोजन की अ दिए जाने के पंजाब सरकार के निर्ण 'अभूतपूर्व, असम्यतापूर्ण और अलोकतां है।

श्री बादल हालत का जायजा लेने रवाना हो गए।

एक बयान में श्री बादल और पार्टी सुखदेव सिंह ढींडसा ने कहा है कि स कार्यकर्त्ताओं पर अत्याचार कर रही है कार्यकर्त्ताओं को रैली में हिस्सा लेने से रो अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अकाली शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि एक देश में सामान्य राजनीतिक गतिविधि लगाई जा रही है।

श्री बादल ने कहा कि इस तरह की भी आयोजित हुई है लेकिन लगता है कि दमन पर उतर आई है।

उन्होंने कहा कि सिखों को अब जानि व्यक्त करने से भी रोका जा रहा है सरकार रैली के प्रति जनता का र बौखला उठी है। "सरकार लोगों से है।" श्री बादल ने कहा कि सरकार ने रूप से सिद्ध कर दिया है कि वह सिख दबाने पर उतरी हुई है।

श्री बादल ने कहा कि सरकार के कारण सिख अमानवीय व्यवहार से और संगठित होंगे। उन्होंने सभी समुद अप्रैल की कि वे रैली में बढ़-चढ़ कर

बंगारप्पा ने राव को व चुनाव लड़ने की पेशव

बेंगलूर, 23 सितम्बर (प.स.) मुख्यमंत्री एस. बंगारप्पा ने आज उन्होंने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा में किसी भी सीट से चुनाव लड़ने के किया है। श्री बंगारप्पा ने संवाददा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से यह पेश दिल्ली में अपनी मुलाकात के दौरा

पड़ेगा । सरकार द्वारा आयात में कटौती की घोषणा से सीमा शुल्क से होने वाली आय में भी कमी आ

शुरू हुए आरक्षण विरोधी आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आंदोलन का कोई औचित्य नहीं है ।

तक आयोग के सुरक्षा सलाहकार की नियुक्ति नहीं की गई है।

पंजाब में एक ही परिवार के 5 सदस्यों, 3 सुरक्षा कर्मियों व 2 सरपंचों सहित 18 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से एक ही परिवार के 5 सदस्यों, 3 सुरक्षा कर्मियों व 2 सरपंचों सहित 18 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 10 मिलिटैंट भी मारे गए।

बब्बर खालसा के 2 मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला मजीठा के थाना मेहता के गांव कामोके में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान बब्बर खालसा संगठन के दो मिलिटैंट मारे गए ।

अमृतसर से 'नारंग' ने इस संबंध में विवरण देते हुए बताया है कि आज प्रातः सवा 4 बजे थाना मेहता के एस.एच.ओ. सी.आर.पी.एफ. के साथ पुलिस जिला मजीठा के एस.पी. आप्रेशन श्री बंगा के निर्देश पर गांव कामोके की बहकों की तलाशी ले रहे थे कि तीन मिलिटैंट हीरो होंडा मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिए । पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया लेकिन उन्होंने अपने मोटर साइकिल तेज़ कर दिए और फायरिंग करने लगे । बाद में 2 मिलिटैंट मोटर साइकिल से उतर कर खेतों में चले गए और फायरिंग फिर शुरू कर दी । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दूसरे मिलिटैंट ने सायनाइड खा लिया । तीसरा मिलिटैंट भाग निकलने में सफल रहा । फायरिंग से मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त स्वर्ण सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, गांव मल्लन नंगल और विष खाकर मरने वाले मिलिटैंट की शिनाख्त बलविन्दर सिंह आफ गांव भुमई के रूप में की गई है ।

बताया जाता है कि मारे गए दोनों मिलिटैंट कई हत्याओं व अन्य 50-60 अन्य मामलों में पुलिस

राज्य में अन्यत्र विभिन्न घटनाओं में 10 मिलिटैंट भी मरे

को वांछित थे । सुरक्षा बलों ने उनके कब्ज़े से एक शक्तिशाली बम, एक डैटोनेटर और एक पिस्तौल बरामद किया है ।

खाद्य निगम के इंस्पैक्टर का अपहरण : 4 मिलिटैंटों ने थाना पट्टी के गांव कोट बुड्ढा में 23 सितम्बर को भारतीय खाद्य निगम के एक इंस्पैक्टर कंचन सिंह का अपहरण कर लिया । श्री कंचन सिंह के अपहृतों की शिनाख्त रछपाल सिंह पुत्र मुक्खा सिंह निवासी तूत, जग्गा सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी तलवंडी भाई सेवा के रूप में की गई है ।

मिठाई विक्रेता की हत्या : आज रात्रि अमृतसर की पुतली घर आबादी में एक मिठाई विक्रेता लवकेश कुमार महाजन की मिलिटैंटों ने गोली मार उसकी दुकान में ही हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों की संख्या 2 थी और उन्होंने श्री महाजन की छाती में 4 गोलियां मारीं, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया । 50 वर्षीय श्री महाजन पर मिलिटैंटों का यह तीसरा हमला था, गत 2 वर्षों में हुए 2 हमलों में वे बचते रहे थे ।

आपसी रंजिश में एक की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि 12 बजे के करीब वैरीवाल थाना के अधीन रामपुर गांव में 3 सशस्त्र अज्ञात मिलिटैंटों ने पृथ्वीपाल सिंह पुत्र राम सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह हत्या आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि 8 बजे के करीब जंडियाला थाना के अधीन बटाला जौहर गांव में कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने महिन्दर सिंह पुत्र मोहन सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसके पुत्र गुरदयाल सिंह के बारे में पूछा, मगर महिन्दर सिंह द्वारा इन्कार करने पर मिलिटैंटों ने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

पंजाब में सेना तैनात करने की मांग : अमृतसर की विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संस्थाओं ने कल के बस यात्री संहार की कटु निंदा की है। जिला भाजपा प्रधान सतपाल महाजन ने इसे पाशविक कृत्य बताया। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला ने घटना की निंदा करते हुए पंजाब में सेना तैनात करने की मांग की। हिन्दू शिव सेना पंजाब के प्रधान सुरेन्द्र डोगरा ने भी इस वारदात को अमानवीय कृत्य बताते हुए पंजाब में सेना तैनात करने की मांग की है जबकि शहीद सत्कार समिति के संरक्षक श्री सुभाष नारंग व अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रधानमंत्री को तार भेज कर पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की है।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ की एक अन्य घटना तरनतारन पुलिस जिले के मुडा गांव के निकट हुई। इस घटना में दो मिलिटैंट मारे गए। उनके पास से एक दुनाली बंदूक, दो हथगोले तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : तरनतारन थाना जिला के अवनीकलां गांव में मिलिटैंटों ने दिलबाग सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

अपहरण में विफल रहने पर हत्या : अमृतसर के उपनगरीय क्षेत्र में स्थित एक जूते के कारखाने में मिलिटैंटों ने मोहिंदर सिंह नामक एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

'हरियाणा बचाओ' अभियान राजनीतिक अस्तित्व की रक्षा के लिए देवी लाल का अंतिम संघर्ष !

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (एन.एस. परवाना): हरियाणा के दो विपक्षी दलों जद और हविपा ने पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री देवी लाल की तरफ से प्रथम नवम्बर को हरियाणा की 25वीं वर्षगांठ पर जींद में 'हरियाणा बचाओ' के नाम से शुरू किए जाने वाले अभियान को 'राजनीतिक अस्तित्व कायम रखने हेतु ताऊ का अंतिम संघर्ष' करार दिया है।

राज्य जद के प्रधान श्री वीरेन्द्र सिंह, जो गत कई वर्षों श्री देवी लाल के नेतृत्व में राजनीतिक लड़ाइयां लड़ते रहे हैं, का विचार है कि सजपा और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल ज्वलंत समस्याओं से जनता का ध्यान बंटाने के लिए इधर-उधर के 'मुर्दा मुद्दे' उठा रहे हैं। जनता को इस बारे में चौकस रहना चाहिए। जबकि हविपा के प्रवक्ता श्री छत्र सिंह चौहान विधायक का कहना है कि श्री देवी लाल अपने दो राजनीतिज्ञ पुत्रों श्री ओम प्रकाश चौटाला व श्री रणजीत सिंह की आपसी लड़ाई से इतने क्षुब्ध हो गए हैं कि उनको कुछ सूझ ही नहीं रहा कि वह करें तो क्या करें ?

श्री छत्र सिंह के अनुसार उनकी व्यक्तिगत राय है कि श्री देवी लाल इस उम्र में भी संघर्ष चलाने की क्षमता रखते हैं। वह सारी उम्र संघर्ष करते रहे हैं परन्तु यदि आज वह श्री चौटाला को राजनीतिक रूप से अस्वीकार कर दें तो जनता उनकी बात पर विश्वास नहीं करेगी क्योंकि अतीत में वह प्रायः कहते हैं कि "श्री चौटाला एक उत्कृष्ट संगठनकर्त्ता व वक्ता हैं जबकि रणजीत सिंह राजनीतिक रूप से अनाड़ी हैं।" श्री छत्र सिंह के अनुसार सरकार चलाना श्री देवी लाल के वश की बात नहीं। वह संघर्षकर्त्ता तो हैं पर प्रशासक नहीं।

श्री छत्र सिंह ने बातचीत के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दिलचस्प विचार व्यक्त किया कि राजनीतिक 'गठजोड़' और 'सौदेबाजी' में श्री भजन लाल का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने राजनीति का व्यवसायीकरण तो किया है पर चौटाला की तरह अपराधीकरण नहीं किया। इसके साथ ही यह बात भी सत्य है कि श्री भजन लाल अपने वर्तमान शासन के तीन महीनों में प्रशासन पर अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर पाए हैं। वह तो छोटे-छोटे झगड़ों में उलझ कर रह गए हैं।

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्रमिक की हत्या कर दी। सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने पहले उसका अपहरण करने की कोशिश की लेकिन उसने जब भागने का प्रयास किया तो उसे गोली मार दी गई। वह घटना स्थल पर ही दम तोड़ गया।

सुरक्षा कर्मी को फांसी दे दी : एक अन्य वारदात में मजीठा पुलिस जिले के सुरोपट्टा गांव में मिलिटैंटों ने आज ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष किशोर चंद के सुरक्षाकर्मी कांस्टेबल तरसेम लाल को फांसी दे दी।

अपहृत रिहा : अकाल तख्त के पूर्व मुख्यग्रंथी जत्थेदार किरपाल सिंह के 32 वर्षीय पुत्र मनमोहन सिंह को मिलिटैंटों ने 6 दिन तक अपनी कैद में रखने के बाद रिहा कर दिया है। ज्ञानी किरपाल सिंह के अनुसार गत रात्रि उनका पुत्र सही-सलामत घर पहुंच गया है। उन्होंने इससे अधिक कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

मनमोहन सिंह तरनतारन म्यूनिसिपल कमेटी का कार्यकारी अधिकारी है तथा उसका गत 18 सितम्बर को एक ठेकेदार केवल कृष्ण सहित अपहरण कर लिया गया था। इस ठेकेदार को पहले ही छोड़ा जा चुका है।

मुकाबला : पुलिस जिला तरनतारन के गांव वनचिड़ी में सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के मध्य आज प्रात: 8 बजे मुकाबला शुरू हुआ जो अंतिम समाचार मिलने तक जारी था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंट गन्ने के खेतों में घुसे हुए हैं तथा उन्हें चारों तरफ से घेर लिया गया है जबकि उक्त स्थान पर अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों के साथ भेजे जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सशस्त्र जवानों ने निकटवर्ती अन्य कई गांवों की भी घेराबंदी की हुई है।

2 घुसपैठिए मारे गए : जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए सुरक्षा बलों की फायरिंग में मारे गए।

एक व्यक्ति व एक महिला की हत्या : पट्टी (पाठक): गत रात्रि थाना झब्बाल के गांव अहमद खुर्द में मिलिटैंटों ने दरबारा सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। उसका गत रात्रि ही अपहरण कर लिया गया था। आज तड़के उसकी गोलियों से छलनी लाश मिली है।

गत रात्रि ही खेमकरण के निकट गांव भूरे करीम में मिलिटैंटों ने नरिन्दर कौर नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि वह संदिग्ध चरित्र की मालिक थी।

5 व्यक्ति घायल : फिरोजपुर जिले के गुरुहरसहाय थानांतर्गत झुंड गांव के निकट मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो व्यक्ति घायल हो गए। उनके नाम विशम्भर और मोहिन्द्र हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के जलवंडी खुर्द गांव में एक घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिसमें मुख्त्यार सिंह, अजीब सिंह और जयदेव सिंह घायल हो गए।

जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मरे : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले की साहिबवाला पुलिस चौकी पर हमला किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं जिससे 2 मिलिटैंट मारे गए जबकि उनका एक साथी बच निकला। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान बूटा सिंह तथा हरजिन्दर सिंह के रूप में हुई है।

घर में घुस कर हत्या : इसी जिले में हुई एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने घुड़वाला गांव में दर्शन सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी।

ए.एस.आई. व सरपंच की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के लिबड़ा गांव के निकट पुलिस सहायक उपनिरीक्षक तरलोक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी। वह खन्ना से लुधियाना जा रहा था। इसी जिले में एक अन्य घटना में तीन मिलिटैंटों ने भगवानपुरा गांव में कल रात सरपंच नीका सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में एक मरा : लुधियाना जिले के ही बजार गांव के निकट मिलिटैंटों के गिरोहों के संघर्ष के दौरान रघबीर सिंह नाम का एक व्यक्ति मारा गया। मिलिटैंटों ने इसी जिले के अमरपुर गांव से उसका अपहरण किया था।

सरपंच व सुरक्षा कर्मी की हत्या : संगरूर जिले में कल रात मिलिटैंटों ने गांव निमादपुर के सरपंच प्रीतम सिंह और उसके सुरक्षा कर्मी प्रकाश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

हमले : मिलिटैंटों ने संगरूर जिले में एक नहर के पुल के निकट भी पुलिस की नाका पार्टी पर गोलियां चलाईं। इसके अलावा पटियाला जिले के सदर थाने के चुहरपुर गांव में तथा सरहिंद के फतेहगढ़ साहिब में भी पुलिस चौकियों पर भी हमले किए गए। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात 11.30 बजे गांव कुलारां में कुछ मिलिटैंटों ने सुखदेव सिंह नामक व्यक्ति को उसके घर से जगाया व उसे अपने साथ निकटवर्ती गांव ताड़ले ले गए। वहां उन्होंने गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

बंदूक ले गए : संगरूर से 20 कि.मी. दूर बादशाहपुर में अज्ञात मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति कर्ण सिंह से उसकी दोनाली बंदूक छीन ली।

दो दुर्दांत मिलिटैंट मरे : संगरूर (गर्ग) व धूरी (जैन): जखाला और शेरपुर सोढियां गांवों के मध्य गत सायं 5.30 बजे सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य जो मुकाबला शुरू हुआ था, वह करीब सात घंटे चला। इस मुकाबले के दौरान दो दुर्दांत मिलिटैंट बघेल सिंह (मजीठा) व सतनाम सिंह अरजनमांगा मारे गए। सतनाम सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स (झामके ग्रुप) का लैफ्टिनैंट जनरल बताया जाता है। मुकाबले वाले स्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 20 साली कारतूस, एक स्टिक बम, एक डायरी व एक रिवाल्वर मिली है।

फायरिंग : सुनाम (नागपाल): यहां से 15 कि.मी. दूर आज प्रात: 9.30 बजे के करीब धर्मगढ़ के निकट एक बैंक की ड्यूटी पर जा रहे 3 सुरक्षा कर्मियों पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग की परन्तु वे बाल-बाल बच गए। इसके बाद मिलिटैंट फरार हो गए परन्तु इस दौरान किसी भी प्रकार की हानि की सूचना नहीं है।

एक व्यक्ति की हत्या : मक्खू से 'चन्द्रशेखर' के अनुसार मक्खू थाने के गांव सिरहाली में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति निरवैर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मुठभेड़ : फिरोजपुर जिला के जीरा थाने के अन्तर्गत गांव किला रतरां में आज प्रात: सुरक्षा बलों ने तलाशियां लीं। इस दौरान सुरक्षा बलों का मिलिटैंटों से मुकाबला हो गया। अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था।

एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान): गत रात्रि करीब 2 बजे कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना बाघापुराना के गांव डेमरू कलां में एक अल्पसंख्यक समुदाय के दुकानदार डिप्टीचंद (40) तथा उसके परिवार के 4 अन्य सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतकों में डिप्टीचंद की पत्नी प्रीतो (38), उसकी पुत्री पम्मी (16), दो पुत्र केवल कृष्ण (14) व संत कुमार (10) शामिल हैं।

बताया जाता है कि हत्यारे मिलिटैंट संख्या में करीब 10-12 थे। वे पहले तो डिप्टीचंद को उसके घर में जबरदस्ती बाहर ले गए तथा एक गुरुद्वारे के निकट जाकर उसकी निर्मम पिटाई की। इसके बाद मिलिटैंट उसके परिवार के उक्त अन्य सदस्यों को भी वहीं ले आए व सभी की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंट निकटवर्ती गुरुद्वारे में चले गए तथा वहां के हाल में बैठ कर खालिस्तान कमांडो फोर्स (ज़फरवाल गुट) के एक लैटर पैड पर संदेश लिखा और बाद में उसे वारदात के स्थान पर छोड़ दिया। इस पत्र में उक्त हत्याकांड की जिम्मेवारी ली गई है। यह भी कहा जाता है कि डिप्टीचंद पुलिस का मुखबिर था। अब उसके परिवार में 6 वर्ष की केवल एक बच्ची ही बची है, जो कुछ दिन पूर्व ही अपने नाना के यहां चली गई थी।

उल्लेखनीय है कि इस गांव में अल्पसंख्यक समुदाय का यही एकमात्र परिवार था, जबकि उक्त समुदाय के अन्य परिवार गांव से पलायन कर चुके हैं। उक्त परिवार ने भी पहले पलायन किया था परन्तु गांववासियों के वापसी के आह्वान के बाद वह पुन: गांव में आ गया था। इस हत्याकांड से गांव में व्यापक रोष व्याप्त हो गया है।

यह भी कहा जाता है कि हत्याकांड के बाद आज प्रात: देर गए तक शव घटनास्थल पर ही पड़े रहे। इसके बाद पंचायत ने ही इस आशय की सूचना बाघापुराना थाना को दी परन्तु अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई। गत कुछ दिनों से क्षेत्र में मिलिटैंसी की वारदातें बढ़ने के कारण यहां से पुन: पलायन शुरू हो गया है।

बंद रहा : बटाला (चौधरी): गत सायं नट गांव में 4 बस यात्रियों की हत्या के विरोधस्वरूप आज बटाला बंद रहा तथा यहां पूर्ण हड़ताल रखी गई। जिला भाजपा के अध्यक्ष बलदेव मित्तर कांसरा, इंका प्रधान कस्तूरी लाल सेठ, सी.पी.आई. नेता करतार सिंह दालम, जद नेता वीरेन्द्र भारती व बैंक कर्मी संघ के प्रधान कृष्ण लाल शर्मा ने इन हत्याओं की निंदा की है।

वारदात के अन्य विवरण : कल शाम बटाला-ब्यास रोड पर मिलिटैंटों द्वारा एक बस का अपहरण करके एक ही समुदाय के 4 यात्रियों को मारने की वारदात के जो अन्य विवरण मिले हैं, उनसे पता चलता है कि इस सड़क पर पूरी तरह से मिलिटैंटों का ही शासन है। इस सड़क पर पिछले कुछ समय से कई बार मिलिटैंटों द्वारा बसों व कारों का अपहरण करके उनमें सवार यात्रियों को मारने की घटनाएं हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन से बार-बार मांग करने के बावजूद इस सड़क पर सुरक्षित यात्रा करने के लिए ठोस पग नहीं उठाए गए।

रोडवेज के बटाला डिपो की इस अभागी बस नं. पी.बी.ई. 9424 में सवार कुछ यात्रियों ने बताया कि यह बस सायं 4.10 पर जालंधर से बटाला के लिए रवाना हुई। बस में लगभग 80 यात्री सवार थे, जिनमें कई उत्तर प्रदेश में रहने वाले मजदूर भी थे। जैसे यह बस अमोलगल नहर के पुल पर पहुंची तो मिलिटैंटों, जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, ने इशारा देकर बस को रुकवा लिया और एक बस की अगली खिड़की व दूसरा पिछली खिड़की के रास्ते बस में सवार हो गए तथा चालक को चलने का हुक्म दिया। जैसे ही बस 3-4 किलोमीटर चल कर नट गांव के राजबाह (सुए) के पुल पर पहुंची तो मिलिटैंटों ने चालक को सुए के साथ लिंक रोड पर चलने का आदेश दिया। लगभग 3-4 किलोमीटर दूर जाकर उन्होंने बस को रुकवा दिया और सभी यात्रियों को बस से उतरने का हुक्म दिया और बाद में एक समुदाय के यात्रियों व महिलाओं को एक तरफ होने को कहा और दूसरे वर्ग के यात्रियों को दूसरी तरफ। मजदूरों ने उनकी मिन्नतें करनी शुरू कर दीं, जिससे उन्होंने उन्हें छोड़ दिया।

मिलिटैंटों ने पहले बस को गोलियां मार कर जलाने का प्रयास किया मगर असफल रहे और उसके बाद उन्होंने गोलियों का रुख एक वर्ग विशेष के यात्रियों की ओर कर दिया, जिससे चार यात्री, बटाला विश्व हिन्दू परिषद के प्रधान जतिन्द्र नाथ शर्मा के दोनों पुत्र राकेश व अरुण के अतिरिक्त अशोक कुमार पुत्र सतपाल धीरां मुहल्ला बटाला व राजन पुत्र द्वारिका दास ताकी मुहल्ला बटाला मौका पर ही दम तोड़ गए जबकि बाकी यात्रियों ने भाग कर अपनी जानें बचाईं।

इसके बाद मिलिटैंटों ने बस में डीजल निकाल कर बस को आग लगा दी और पैदल ही भाग गए। इन यात्रियों ने यह भी बताया कि राजन ने मिलिटैंटों की काफी मिन्नतें कीं कि उसका भाई पहले ही डेरा बाबा नानक में मिलिटैंटों की गोली का शिकार हुआ है और अब वह ही अपने माता-पिता का एकमात्र सहारा है। इसलिए उसे न मारा जाए मगर मिलिटैंटों के दिल में कोई रहम न आया। उल्लेखनीय है कि राजन के भाई की हत्या के बाद यह परिवार पलायन करके डेरा बाबा नानक में बटाला आ गया था।

श्री जे.एन. शर्मा का बड़ा बेटा राकेश अपने छोटे भाई अरुण व बहनोई दर्शन कुमार महन्त को बचाने के लिए स्वयं उनके आगे आ गया, मगर भाई को तो वह बचा न सका लेकिन उसने अपनी बहन के सुहाग को जरूर बचा लिया।

बवासीर



एक नामुराद रोग है। हमारे सफल इलाज से बिना आप्रेशन बवासीर से छुटकारा पाइए। पूरा कोर्स 51/- रुपए। परामर्श करें।

दूर प्रोग्राम नोट करें। मिलने का समय 9 बजे से 6 बजे तक।

लुधियाना : 25.9.91 पैलेस होटल, निकट लक्कड़ पुल।

जालन्धर : 26.9.91 तथा 27.9.91 (दो दिन), राज महल होटल, मिलाप चौक।

पठानकोट : 28.9.91 टूरिस्ट होटल, रेलवे रोड।

फार्मेसी पर दवाई हर रोज मिलती है।

कविराज नौबत राय जैन (फोन: 63)

गढ़दीवाला (जिला होशियारपुर), (पंजाब)

नोट : शहर, ब्लड शुगर, गठिया, दमा व मर्दाना सेहत के रोगी भी सफल इलाज के लिए परामर्श करें।

हिमाचल द्वारा मितव्ययिता-सुझाव आमंत्रित

हिमाचल प्रदेश सरकार ने श्री मोहिन्दर नाथ सोफत, एम.एल.ए. की अध्यक्षता में राज्य के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए पगों की सिफारिश करने/सुझाव देने के लिए एक मितव्ययिता समिति का गठन किया है। समिति द्वारा नए कर लगाने अथवा विभिन्न करों की वर्तमान दरों में वृद्धि सहित राज्य के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने और विभिन्न मदों पर वर्तमान

अर्पणा मधुबन के आकर्षक सामान की बिक्री आरम्भ

जालंधर, 24 सितम्बर : अर्पणा मधुबन करनाल द्वारा लेडीज नाइट वियर, टेबल लिनेन, बैड लिनेन, गर्ल्स फ्राक्स एवं आकर्षक उपहारों की तीन दिवसीय बिक्री आज स्थानीय स्काईलार्क होटल में आरम्भ हुई। बिक्री से होने वाला सारा मुनाफा धर्मार्थ कार्यों में लगाया जाएगा। बिक्री 26 सितम्बर तक जारी रहेगी।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

में तथा दो स्थानों पर अनंतनाग में पुलिस चौकियों पर हमले किए लेकिन इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच अलगाववादी संगठन 'अल-उमर' ने अनिश्चितकालीन बंद को शुक्रवार तक स्थगित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार कश्मीर घाटी के किसी भी हिस्से में आज दिन का कर्फ्यू नहीं है।

पुलिस अधीक्षक बाल-बाल बचे : बारामूला के पुलिस अधीक्षक कल कमेरवाड़ी क्षेत्र के निकट अलगाववादी हमले में बाल-बाल बच गए। उन पर उस समय हमला हुआ, जब वह बारामूला जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक के सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर अलगाववादी भाग गए।

श्रीनगर के सराफकदल क्षेत्र में एक महिला की हत्या कर दी गई। श्रीनगर के सफाकदल क्षेत्र में कल रात अलगाववादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान बेगम खंजरी नामक एक महिला की गोली लगने से मृत्यु हो गई। कपवाड़ा जिला के हांडी गांव के निकट आज अलगाववादियों ने गुलाम हसैन खां नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। सोपोर में आज सुरक्षा बलों तथा अलगाववादियों में मुठभेड़ के दौरान एक व्यक्ति की गोली लगने से मृत्यु हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

रेल-निजी क्षेत्र में

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना था। इस अचानक दौरे के बारे में अपने अनुभव की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जिन विभिन्न स्टेशनों पर वह उतरे, उनमें इटारसी के तो मुख्य प्लेटफार्म की हालत भी संतोषजनक नहीं पाई गई, रख-रखाव की स्थिति भी वहां संतोषजनक नहीं थी।

रेलमंत्री ने यह भी कहा कि सुविधाओं के लिहाज से नागपुर रेलवे स्टेशन पर स्थिति काफी संतोषजनक है।

गणेश उत्सव सम्पन्न

लुधियाना, 24 सितम्बर (महिन्द्रा): गत दिवस यहां गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पंडित बलदेव, श्री जगदीश बजाज, श्री प्रेम गुप्ता तथा श्री विजय अग्रवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में लोग सतलुज दरिया तक जलूस की शक्ल में गए तथा वहां एक दर्जन के लगभग गणेश जी की मूर्तियां जल प्रवाहित कीं।

Punjab Sanatan

विभिन्न भिड़ंतों में केवल सिंह उर्फ छोटा दसौंधा सहित 10 मिलिटैंट मरे : 1 बंदी

पंजाब में अन्यत्र 7 सुरक्षा कर्मियों समेत 17 व्यक्तियों की हत्या : एक का अपहरण

चंडीगढ़, 26 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में भिड़रांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के लैफ्टिनैंट जनरल केवल सिंह उर्फ छोटा दसौंधा सहित 10 मिलिटैंट मारे गए तथा एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि विभिन्न वारदातों के दौरान 7 सुरक्षा कर्मियों सहित 17 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य का अपहरण कर लिया गया ।

गुट संघर्ष में दुर्दांत मिलिटैंट मरा : गत रात्रि पुलिस जिला तरनतारन के गांव घट्टी खेड़ा में गुट संघर्ष के दौरान भिड़रांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का दुर्दांत मिलिटैंट व लैफ्टिनैंट जनरल केवल सिंह उर्फ छोटा दसौंधा मारा गया । आज प्रातः पुलिस ने उसका गोलियों से छलनी शव बरामद किया है ।

अज्ञात छलनी शव मिला : पुलिस ने आज प्रातः पुलिस जिला बटाला के गांव शरजा चक में से एक अज्ञात युवक का छलनी शव बरामद किया है ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : जिला रोपड़ के गांव डुगरी में गत रात्रि मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

2 अन्य अज्ञात मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले के फनवाल गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । उनकी शिनाख्त नहीं की जा सकी है । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से दो राइफलें तथा भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया है ।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : कल रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में तरनतारन पुलिस जिले के वीरोवाल नहर पुल के समीप एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी भी पहचान नहीं हो सकी है ।

कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों के एक दल ने रोपड़ जिले के सिहपुरा गांव में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल कलदीप सिंह के घर में उसे गोली मार दी । वह मौके पर ही मारा गया । कलदीप सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोपड़ के कार्यालय में काम करता था । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : गुरदासपुर जिले के कलानौर थाने के रूड़ा गांव में मिलिटैंटों ने तेजा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी ।

छलनी शव मिला : फिरोजपुर जिले के चौक हरिहर पर महेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश पड़ी पाई गई । अनुमान है कि वह दो गिरोहों के आपसी झगड़े में मारा गया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार बरामद : एक मिलिटैंट सर्बजीत सिंह को फरीदकोट जिले से गिरफ्तार किया गया है । उसके पास से ए.के. 47 राइफल और 50 कारतूस मिले ।

किशोर का अपहरण : एक किशोर बबीत उर्फ बब्बू को बटाला पुलिस जिले के कादियां थानांतर्गत धर्मपुर मोहल्ला स्थित उनके निवास से अपहरण कर लिया गया ।

नम्बरदार व सरपंच की हत्या : मिलिटैंटों ने गत रात्रि पुलिस थाना सदर तरनतारन के गांव रैनेवाला में एक राजस्व अधिकारी स्वर्ण सिंह व उसके एक निकट सम्बन्धी सरपंच जरनैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गए ।

आपसी रंजिश में महिला सहित 3 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि करीब 9 बजे तरनतारन थाना के अधीन ठठ्ठा गांव में मेजा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में गुलजार सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी भिक्खीविंड व दिलेर सिंह पुत्र जमर सिंह निवासी घड़ियाला नामक दो मिलिटैंट उसकी पत्नी पालकौर के साथ रंगरलियां मना रहे थे कि खालिस्तान कमांडो फोर्स (निशान सिंह गुट) के कुछ मिलिटैंट तीनों का अपहरण करके उन्हें घड़ियाला ले गए तथा वहां उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। उक्त हत्याएं आपसी रंजिश का ही परिणाम हैं।

गुट संघर्ष में सूबेदार मरा : गत रात्रि करीब 11-12 बजे तरनतारन थाना के सदर थाना के अधीन बीमेवाला गांव में सरबन सिंह नामक एक सूबेदार पुत्र करतार सिंह के घर में कुछ मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर उसे बाहर निकाल लिया तथा घर से दूर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। बताया जाता है कि उक्त हत्या गुट संघर्ष का ही परिणाम थी।

2 अपहृत हैड-कांस्टेबलों की हत्या : मेहता थाना के अधीन मेहता गांव में सी.आई.डी. के सब-यूनिट कार्यालय में तैनात हैड-कांस्टेबल सुखबंत सिंह व हैड-कांस्टेबल बलवंत सिंह की गोलियों से छलनी लाशें अर्जुन मागा गांव में से बरामद हुई हैं। बताया जाता है कि जब उक्त दोनों हैड-कांस्टेबल किसी सरकारी काम से जा रहे थे तो मिलिटैंटों ने उनका अपहरण कर लिया था।

मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त : गत रात्रि 11 बजे के करीब तरनतारन रोड पर मैड़ साहब गुरुद्वारा के निकट जो 3 मिलिटैंट पुलिस के साथ भिड़त में मारे गए थे, उनकी शिनाख्त इन्द्रजीत सिंह उर्फ काला पुत्र हरभजन सिंह निवासी सांघणा, कश्मीर सिंह पुत्र कुन्दन सिंह निवासी नेहरू कालोनी मजीठा रोड व जसपाल सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी मुस्तफ़ाबाद बटाला रोड अमृतसर के रूप में हुई है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

केन्द्र-राज्य संबंध सुधारने की जिम्मेदारी दोनों की है : चवन

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (वार्ता): केंद्र-राज्य संबंधों के बारे में सरकारिया आयोग की सिफारिशों पर शीघ्रातिशीघ्र विचार करने की राज्यों की मांग को आज गृहमंत्री शंकरराव चवन ने स्वीकार कर लिया ।

श्री चवन ने अंतर्राज्यीय परिषद द्वारा इन सिफारिशों पर विचार करने के लिए गठित उपसमिति की बैठक में कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । बैठक में इस बात पर भी सहमति थी कि आपसी परामर्श और सहयोग का यह नया दौर रहना चाहिए और इसे मजबूत किया जाए ।

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार गृहमंत्री ने राज्यों की यह मांग भी स्वीकार की कि संविधान की समवर्ती सूची में शामिल विषयों पर विचार कर उपसमिति की बैठक में यथासम्भव एक दस्तावेज रखा जाए ।

गृह मंत्री ने आज केन्द्र-राज्य संबंधों को सुधारने का संकल्प दोहराया लेकिन कहा कि इनमें सुधार लाने की जिम्मेदारी दोनों की है और वर्तमान जटिल राजनैतिक स्थिति को देखते हुए इस दिशा में प्रयास जरूरी है। गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्यों में भिन्न-भिन्न पार्टियों की सरकारें हैं इसलिए केन्द्र-राज्यों के बीच मधुर संबंध सुनिश्चित करने के उस पर विचार शुरू किया गया। बैठक में श्री चवन के अलावा डा. मनमोहन सिंह, श्री सीता राम केसरी और श्रीमती मार्गरेट अल्वा (सभी केन्द्रीय मंत्री), असम, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा और राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ केन्द्रीय अधिकारियों ने भाग लिया।

श्री चवन ने कहा कि आयोग ने केन्द्र-राज्य संबंधों से जुड़े सभी मसलों पर गहराई से विचार किया है। उनके मामलों में आयोग ने, जिसके अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश थे, संविधान के वर्तमान प्रावधानों में संशोधन की सिफारिश करना जरूरी नहीं समझा है और कहा है कि वर्तमान प्रावधान उचित और पर्याप्त हैं। आयोग ने केवल उन्हीं मामलों में संशोधनों की सिफारिश की है, जहां आयोग की राय में वर्तमान प्रावधान पर्याप्त नहीं है। गृह मंत्री ने बताया कि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कुल 247 सिफारिशें की हैं, जिनमें लगभग एक दर्जन सिफारिशें संविधान में संशोधन करने और लगभग तीस सिफारिशें वर्तमान कानूनों में संशोधन और नए कानून बनाने के संबंध में हैं।

हिमाचल सरकार व बिजली

Punjab Sarkari

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बम विस्फोट में 2 सुरक्षा कर्मी मरे, 6 घायल : बटाला (कोछड़, चौधरी) : पुलिस जिला बटाला थाना श्रीहरगोबिन्दपुर गांव बल्लोवाल के निकट मिलिटैंटों ने आज दोपहर बाद 2.45 पर 2 विस्फोट करके पुलिस की एक्एम.एल.-1 निसान गाड़ी उड़ा कर पी.ए.पी. के एक हवालदार बलबीर सिंह सहित पंजाब पुलिस के हवालदार कुलवंत सिंह की हत्या कर दी और इस बम विस्फोट में पंजाब पुलिस के सब-इंस्पैक्टर मलकीत सिंह व 5 कांस्टेबल अजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, रवेल सिंह, गुरनाम सिंह, कस्तूरी लाल गम्भीर रूप से घायल हो गए । इनमें से जोगिंदर सिंह, रवेल सिंह व गुरनाम सिंह को गम्भीर घायलावस्था में अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें पंजाब पुलिस की चार सैल्फ लोडिंग राइफलें और अन्य हथियार बुरी तरह जल कर नष्ट हो गए । जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव बहादरपुर रजोहा से मिलिटैंटों की खोजबीन करके वापिस लौट रही थी क्योंकि पुलिस को सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र से मिलिटैंट किसी व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन कर फरार हुए हैं । पुलिस उसकी तलाश में गई थी और वापिस लौट रही थी । पुलिस सूत्रों ने सम्भावना व्यक्त की है कि यह सारा मिलिटैंटों का पुलिस को आमंत्रित करने के लिए ही सुनियोजित षड्यंत्र था ।

लुटेरे की हत्या : मालेरकोटला (अल्पिउ) यहां से 4 किलोमीटर दूर गांव अमामगढ़ में शस्त्र मिलिटैंटों ने एक पूर्व सैनिक करनैल सिंह को गोलियां मार कर मार डाला और उसकी पत्नी महेन्द्र कौर गंभीर घायल हो गई । पता चला है कि करतार सिंह एक लुटेरा था, जो मिलिटैंटों के नाम पर लूटमार किया करता था। पहले लुधियाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उसके घर की तलाशी में 4 लाख रुपए नकद, दो किलो सोने के आभूषण बरामद किए गए थे। इन दिनों वह जमानत पर रिहा होकर आया था। रात 8 बजे 2 युवक उसके घर आए और फायरिंग शुरू कर दी। हत्या के बाद एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह का स्कूटर छीन कर उस पर बैठ कर फरार हो गए।

सी.आर.पी. पर फायरिंग, 1 मरा : लुधियाना (धीमान) : आज दोपहर पूर्व साढ़े 11 बजे दोराहा में मिलिटैंटों ने सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी पर फायरिंग कर दी। परिणामस्वरूप एक जवान की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया। बताया जाता है कि सी.आर.पी.एफ. की एक पार्टी मंडी में गश्त कर रही थी, जब एक मारुति कार में आए मिलिटैंटों ने इन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें हैड-कांस्टेबल आर.एल. शुक्ला और कांस्टेबल हृदय नारायण घायल हो गए। बाद में हृदय नारायण दम तोड़ गया। पुलिस ने मिलिटैंटों का पीछा किया। गांव मल्लीपुर में उन्होंने मारुति कार छोड़ दी और किसी का स्कूटर छीन कर भाग गए।

होमगार्ड और दर्जी की हत्या : लुधियाना (धीमान) : थाना जगराओं के गांव सोहियां में दो मिलिटैंट पैदल मनजीत सिंह होमगार्ड के पिता के घर गए और मनजीत के बारे में पूछा। अभी वह उनको बता ही रहा था कि वह नहीं है तो मनजीत तभी वहां पहुंच गया और मिलिटैंटों ने वहीं उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। जाते हुए वे एक दर्जी रणजीत सिंह उर्फ बिल्लू की भी हत्या कर गए जो उस समय पास ही खड़ा था।

बढ़िया को चुप रहने व पोला पटका पहने एक नौजवान को चले जाने की धमकी दी। दूसरी तरफ पता चला है कि सात-आठ हथियारबंद मिलिटैंटों को भागते देख कर एक नौजवान ने भी हवाई फायर किए। मिलिटैंटों के फगवाड़ा के पुराने क्षेत्र में सरेआम दनदनाने से शहर में आतंक का वातावरण बन गया है।

सरपंच के पुत्र की हत्या : पटियाला (राज): गत 23-24 सितम्बर की मध्य रात्रि को लाटौर ग्राम पंचायत के सरपंच के घर में 3 संदिग्ध डाकुओं ने जबरदस्ती घुस कर उसके 3 वर्षीय पुत्र दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसकी लाइसैंसशुदा बन्दूक छीन कर फरार हो गए ।

उक्त आशय की जानकारी एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा ने देते हुए बताया कि वे संदिग्ध डकैत मिलिटैंसी की अनेकों गतिविधियों में भी वांछित हो सकते हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : मगरूर (गर्ग): यहां से 30 कि.मी. दूर अमरगढ़ में गत रात्रि 2 मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उसका बजाज चेतक स्कूटर हथियारों की नोक पर छीन लिया।

इसके बाद मिलिटैंटों ने इसी गांव के करतार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी तथा उसकी पत्नी को गंभीर रूप में घायल कर दिया और फरार हो गए।

दो रेलवे मजदूरों का अपहरण : खेमकरण व घड़ियाला रेलवे स्टेशनों के मध्य रेल पटड़ी पर काम करते हुए दो रेलवे मज़दूरों गुरमुख सिंह और राम जतन का आज सायं मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया । पुलिस ने उक्त जानकारी दी ।

कांस्टेबल घायल : पुलिस जिला मजीठा के गांव फतेहपुर में मिलिटैंटों द्वारा एक गश्ती पुलिस पार्टी पर घात लगा करा हमला किए जाने से पंजाब पुलिस का कांस्टेबल लखविन्दर सिंह घायल हो गया । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से मिलिटैंट भाग निकले ।

पुलिस डिवीजन नं. 6 पर फायरिंग : लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार आज रात्रि 2 मिलिटैंटों ने ढोलेवाल फ्लाई ओवर ब्रिज पर खड़े होकर पुलिस डिवीजन नं. 6 पर फायरिंग की । पुलिस डिवीजन नं. 6 ओवर ब्रिज के बिल्कुल निकट है और अभी चालू नहीं हुआ । पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने पर दोनों मिलिटैंट भाग निकलने में सफल रहे ।

पिंक विहार के लोगों ने अपने खर्च पर ट्यूबवैल लगाया

लुधियाना, 26 सितम्बर (महिन्द्रा): लोगों ने स्व-सहायता का एक शानदार उदाहरण कायम करके अपनी कालोनी का एक अलग ट्यूबवैल अपने खर्च पर तैयार करवाया है, जिसका उद्घाटन महापौर चौधरी सत प्रकाश करेंगे । नगर निगम ने इस ट्यूबवैल को अपने अधीन ले लिया है, जो अब अपने खर्च पर इस ट्यूबवैल को चालू करेगी । इससे मुहल्ले के लोगों को स्वच्छ पानी मिल सकेगा ।

भगन्दर / बवासीर का

सूत्र शल्य विधि द्वारा बिना तकलीफ ईलाज होता है

B © Dr.BENGALI

डा. बंगाली हस्पताल ®

चरनजीत पुरा डाकखाना बिल्डिंग, जालन्धर । Ph.77734

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

रेलवे में टिकट कलैक्टर, गार्ड, टैलीफोन आप्रेटर, ैन क्लर्क बनने के इच्छुक 10/- रुपए मनीआर्डर भेजकर जानकारी फार्म मंगवाएं । Employment Guidance Institute, Ambala City.

(Puran Singh NA/24JDC)

मैडीकल

छः माह का D.E.H.M. मैडीकल पत्राचार कोर्स करें एवं अनुभव आधार पर R.M.P. रजिस्ट्रेशन कराएं । सहायक रजिस्ट्रार बांच कार्यालय, होमियोपैथी सैंट्रल बोर्ड, 669, न्यूआवास सक्सस, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश ।

(Sambhav/28JDC)

आवश्यकता

Wanted a lady office clerk, Nice salary. Contact:Principal Tagore College, Opp. Syndicate Building, Civil Lines, Ludhiana.

(Mohindra/17C)

Wanted Female experienced Typist (Graduate), salary according to ment. Contact—Tuli's Ashoka Clinical Laboratory, Opp. G.N.D. Hospital, Majitha Road, Amritsar.

(Kalka/22W)

जमीन/जायदाद/प्लाट

गांव बेलगढ़ समीप देवधर, तहसील छछरौली, ला यमुनानगर में 120 एकड़ काश्तकारी जमीन काऊ है । मिलें: मकान नं. 216, सैक्टर 16, बकला प्रातः 8 बजे से पहले या शाम 7 बजे बाद । थवा परमजीत सिंह, जनता प्रापर्टी डीलर, बरवाला, ला अम्बाला ।

(Pushpak/41W)

अत्यन्त उपयुक्त 105 मरले जमीन पांच प्लाट कट्टे नूरपुर में बिकाऊ । इच्छुक सम्पर्क करें । ता ब्रदर्ज, जसूर (कांगड़ा), फोन : 266.

(Rakesh Bharti/20W)

डिफैंस कालोनी जालंधर में 5¼ मरले की चार

मशीनरी बिकाऊ

One Lathe 4½' full Norton one 18"/20" Shaper Contact: M/s Himco Enterprises, Kapoor Castle, Islamabad, Amritsar.

(Milap/16W)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 27.9.91 Per Hundred Eggs without Trays Ludhiana Rs. 69/-, Chandigarh Rs. 70/-, Ambala Rs. 70/-. NECC Suggested Retail Price 80 Ps per Egg.

(Kamboj/27W)

सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने लड़के नरेश दत्त को अपने कंट्रोल से बाहर होने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । मैं उसके किसी भी लेन-देन का जिम्मेवार नहीं । मैंने अपने दूसरे लड़के कमलजीत शर्मा को भी बेदखल किया हुआ है । उपरोक्त दोनों को मेरे घर में दाखिल होने की अनुमति नहीं है । काशी राम सुपुत्र महंत राम, वासी भागोट, डाकघर सानेड, (हि.प्र.)

(5606/67W)

शिक्षा

मैट्रिक, 10+1, 10+2 शर्तिया पास करने के लिए मिलें/पास कराने की गारंटी । Metro College, Bazar Narsinghdass, Near Majith Mandi, Amritsar. Phone : 47664.

आठवीं फेल मैट्रिक करें । मैट्रिक फेल +1 करें । मैट्रिक पास या +1 फेल +2 करें । Direct B.A./B.Com. Final in one sitting. B.Ed. (शिक्षा विशारद), प्रभाकर, वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न, RMP Registration 15 दिनों में । Prospectus 10/-. कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

Punjabi Sansar

करते हुए कहा कि वह प्रबन्ध में मजदूरों की भागीदारी का कानून संसद के आगामी सत्र में पास

गए कर्मचारियों को इस माह की वेतन अग्रिम राशि के रूप में दे दिया जाएगा व इस राशि को उनके वेतन

(शेष पृष्ठ 10 पर)

8 बस यात्रियों के अपहरणकर्त्ता 2 दुर्दांत मिलिटैंट मुकाबले में मरे : सुरक्षा बलों ने अपहृत डाक्टर छुड़ाया

चंडीगढ़, 27 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध अपने अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने 8 बस यात्रियों के अपहरणकर्त्ता 2 दुर्दांत मिलिटैंटों को एक मुकाबले में मार गिराने में शानदार सफलता प्राप्त की तथा इस दौरान उनके कब्जे से एक अपहृत डाक्टर को भी छुड़वा लिया गया । इनके अलावा 3 अन्य मिलिटैंट भी मारे गए जबकि एक दम्पति व एक सुरक्षा कर्मी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई।

दुर्दांत मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिले के पट्टी थाना के अधीन कोहारका गांव के निकट हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया है। मारे गए इस मिलिटैंट की शिनाख्त बलबीर सिंह उर्फ बीरा के रूप में की गई है। उसके पास से एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए गए। इस मिलिटैंट का एक साथी भाग निकला। बताया जाता है कि मृतक दुर्दांत मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के साथ सम्बन्धित था।

छलनी शव बरामद : संगरूर जिले के काठू गांव से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि यह शव अमर सिंह नाम के एक व्यक्ति का है।

सुरक्षा कर्मियों के मकान जला दिए : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने रोपड़ जिले के रोड़े माजरा क्षेत्र में पुलिस कांस्टेबल जसविन्दर सिंह के मकान को आग लगा दी।

बाद में मिलिटैंटों के इसी गिरोह ने साथ लगे एक अन्य गांव भासमिन माजरा में सहायक सब-इंस्पैक्टर सुच्चा सिंह के मकान में आग लगा दी। सुच्चा सिंह इन दिनों रोपड़ जिले में तैनात है। बताया जाता है कि इस गिरोह में करीब 25 मिलिटैंट शामिल थे।

एक व्यक्ति का अपहरण : मिलिटैंटों ने अशोक कुमार नाम के एक व्यक्ति का बटाला पुलिस जिला के कादियां स्थित उसके मकान से अपहरण कर लिया है।

पंजाब में अन्यत्र दम्पति व सुरक्षा कर्मी सहित 6 व्यक्तियों की हत्या : 3 अन्य मिलिटैंट मरे :

अज्ञात छलनी शव बरामद : संगरूर जिले के धनोला गांव में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया। यह तलाशी अभियान पुलिस के एक गश्ती दल पर मिलिटैंटों द्वारा हमला किए जाने के बाद शुरू किया गया।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव संगा में आज सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने 315 बोर की एक राइफल बरामद की है।

सुरक्षा गार्डों द्वारा हवाई फायरिंग : नई दिल्ली-अमृतसर सुपरफास्ट ट्रेन के साथ चल रहे सुरक्षा गार्डों ने करतारपुर-सूरानसी रेलवे स्टेशनों के बीच स्टेशन नहीं होने के बावजूद गाड़ी रुकने के कारण लगभग 15 मिनट तक हवा में गोलियां चलाईं। इन सुरक्षा गार्डों को यह संदेह हुआ था कि मिलिटैंटों ने चेन खींच कर ट्रेन रोकी है। यह गाड़ी डेढ़ घंटा देरी से अमृतसर पहुंची।

रेलवे पुलिस के उच्चाधिकारियों के अनुसार रेलगाड़ी के साथ चल रहे सुरक्षा गार्डों को यह आदेश है कि अगर रेलगाड़ी किसी सुनसान अथवा अनियमित स्थान पर रुक जाए तो वे गोली चला सकते हैं।

बम बरामद : लुधियाना (धीमान): कल रात राजगुरु नगर में एक नाका के दौरान एस.एच.ओ. सराभा नगर पुलिस डिवीजन ने 2 युवकों मोहन वीर सिंह और कर्मजीत सिंह निवासी भीके गांव को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से साढ़े चार किलो देसी बम बरामद किया है।

कल रात पुलिस डिवीजन नम्बर 6 के पुल के पास मिलिटैंटों ने फायरिंग की, उसके संदर्भ में अनिल शर्मा एस.एस.पी. ने आज बताया कि पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन वे स्कूटर रास्ते में छोड़ कर भाग गए। मिलिटैंटों की फायरिंग से चीमा चौक, जनकपुरी और दूरी सलग्न आबादियों में भारी आतंक छा गया। यहां तक कि उस क्षेत्र के फैक्टरी वालों ने अपने मुख्य द्वार बंद कर दिए और लोगों में भगदड़ मच गई। गोलियों की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी।

कार छोड़ कर फरार : संगरूर (गर्ग): यहां से 35 कि.मी. दूर भोसीवाल गांव में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार में सवार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर वे कार छोड़ कर फरार हो गए।

डाक्टर का अपहरण : मोगा (आज़ाद): यहां के प्रमुख डाक्टर रविन्दर थापर व उनकी पत्नी डाक्टर श्रीमती सुधा थापर का गत रात्रि उनकी कोठी के बाहर मिलिटैंटों ने अपहरण कर लिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार प्रसिद्ध डाक्टर गोमती प्रसाद थापर अपने डाक्टर पुत्र रविन्दर थापर व बहू डाक्टर सुधा थापर के साथ शाम को थापर रोड पर स्थित अपना क्लिनिक बंद करके अपनी कोठी पहुंचे ही थे कि उनकी कोठी के बाहर खड़े कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने डाक्टर गोमती प्रसाद थापर को उनकी कार से नीचे उतार दिया तथा उनके पुत्र व बहू को अपने साथ उनकी कार सहित ही ले गए। थोड़ी दूर जाने के बाद उन्होंने डाक्टर सुधा थापर को कार से नीचे उतार दिया व कहा कि तुम अपने पति की रिहाई के लिए 50 लाख रुपयों का प्रबन्ध करे। इतना कहने के बाद वे डाक्टर रविन्दर थापर को अपने साथ ले गए मगर मक्खू से प्राप्त विवरण के अनुसार डाक्टर रविन्दर थापर को छुड़वा लिया गया है।

2 मिलिटैंट मरे, अपहृत डाक्टर छुड़वाया : मक्खू (चंद्रशेखर): यहां से करीब 6

(शेष पृष्ठ 10 पर)

के कई क्षेत्रों में भी फैला

स्थानीय डी.ए.वी. कालेज के छात्र आरक्षण के विरुद्ध प्रोटैस्टस्वरूप कक्षाओं से बाहर निकल आए। बाद में अन्य स्कूलों के छात्र भी उनके साथ आ मिले। कुछ छात्रों ने रेलवे फाटक बंद करके आधे घंटे तक यातायात रोके रखा। छात्रों ने मांग की कि आरक्षण जात-पात के आधार पर न होकर आर्थिक आधार पर किया जाए। पुलिस ने छात्रों को समझा-बुझा कर वहां से तितर-बितर कर दिया।

कक्षाओं का बहिष्कार : जालन्धर (वार्ता): आज यहां आरक्षण विरोधी प्रदर्शनकारियों ने हड़ताल की और प्रदर्शन किया। जब प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप बलातु एच. एम. बी. मे

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि.मी. दूर गांव सूदां के निकट आज शाम हुए एक मुकाबले में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 2 मिलिटैंट मारे गए व उनके कब्जे से गत रात्रि मोगा से अपहृत एक डाक्टर को भी छुड़वा लिया गया।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त गांव में आज प्रातः 9.00 बजे के करीब सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य शुरू हुआ एक जबरदस्त मुकाबला शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों ने बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों व आधुनिक हथियारों का भी प्रयोग किया।

बताया जाता है कि कुल 7 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने रविन्दर थापर नामक एक डाक्टर का मोगा से अपहरण किया हुआ था तथा उसे रिहा करने के लिए उन्होंने 50 लाख रुपयों की मांग भी रखी हुई थी। आज प्रातः सुरक्षा बलों ने रविन्दर थापर को छुड़ाने के उद्देश्य से मिलिटैंटों के सम्भावित ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान शुरू हुए मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए तथा उनके 5 अन्य साथी फरार हो गए जबकि अपहृत डाक्टर रविन्दर थापर को छुड़वा लिया गया। मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त के.एल.एफ. के एरिया कमांडर बलविंदर सिंह मलोवाल उर्फ बिन्दर सिंह व एक अन्य सदस्य घुम्मन सिंह के रूप में हुई है। दोनों मिलिटैंट पुलिस को कम से कम 50 हत्याओं में वांछित थे। गत दिनों गांव खड़ूर साहब के निकट 8 बस यात्रियों का अपहरण करने की घटना में भी वे शामिल थे। पुलिस ने घटना स्थल से एक ए.के. 47 राइफल व कुछ गोली-सिक्का भी बरामद किया है।

दम्पति की हत्या : एक अन्य वारदात में गत रात्रि मक्खू से करीब 20 कि.मी. दूर गांव वाड़ा करियाम सिंह में मिलिटैंटों ने छिन्दो नामक एक महिला का उसके घर से अपहरण कर लिया तथा बाद में मंडी में स्थित उसके पति हरभल्लर सिंह का भी उसकी दुकान से अपहरण कर लिया। इसके बाद अपहरणकर्त्ता मिलिटैंट उक्त दम्पति को हरदासा गांव में ले गए व गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी। दोनों के छलनी शव आज प्रातः यहां मिले हैं।

हमला : जाखल (खोखर): गत रात्रि यहां से कुछ मील दूर गांव जमीपुर के निकट स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने बैंक की ड्यूटी से वापिस आ रहे 2 सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग की परन्तु वे बाल-बाल बच गए। इन्ही मिलिटैंटों ने बाद में सुनाम के डी.एस.पी. हरदीप सिंह पर भी हमला किया परन्तु वह भी बच गए।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर (अशोक सोनी): आज बाद दोपहर लगभग 3.30 बजे मिलिटैंटों ने सी.आर.पी.एफ. की 75वीं बटालियन के जवानों पर घात लगा कर हमला किया। यह जवान बैंक की ड्यूटी के बाद गांव गग्गू बुआ की ओर लौट रहे थे। मिलिटैंटों की फायरिंग से एक कांस्टेबल मारा गया, जिसका नाम देवकर्णी बताया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भी मिलिटैंटों पर जवाबी फायरिंग की परन्तु वे फरार होने में सफल रहे।

मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मरा : मक्खू के निकटवर्ती गांव मंजवाला में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नाहर सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया। यह मुठभेड़ शाम 5 बजे शुरू हुई तथा साढ़े 6 बजे तक चली।

शव मिला : अमृतसर जिला के कंडियाला थाना के अधीन बरपाल गांव में एक स्कूल के निकट से हवनचीरी गांव के निवासी अनोख सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है। मृतक कल से लापता था।

अपहृत युवक बरामद : चंडीगढ़ पुलिस ने आज सुबह यहां से अपहृत जगतदीप (15) को बरामद कर लिया। युवक का अपहरण मिलिटैंटों ने किया था। पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज रात बताया कि मिलिटैंटों के विभिन्न ठिकाने पर छापे मारने के बाद युवक को बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि इस वारदात से संबंधित कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का हंसराज, उम्र 7 वर्ष, 16.7.91 से लापता है। वह निक्कर, कमीज पहने हुए है। पांवों से नंगा है। पहुंचाने वाले को खर्च के इलावा 500/- ईनाम दिया जाएगा।

ओम प्रकाश सुपुत्र नंद राम गांव साबूआना, तहसील फाजिल्का (फिरोजपुर)।



गुमशुदा की तलाश

मेरी बहन सुमन बाला उर्फ डिम्पल, आयु 28 साल, कद 5'-2", शरीर पतला, 25.8.91 से अपने ससुराल से लापता है। पहुंचाने वाले को 500 रुपए शुक्राने के तौर पर दिए जाएंगे। यदि डिम्पल खुद पढ़े तो फौरन घर आ जाए, सभी घर वाले बहुत परेशान हैं।



Yash Paul Behl,
EJ-318, Riaz Pura, Jalandhar City.
Telephone : 57364 (Resi).

गुमशुदा की तलाश

हमारे पिता **श्री केसर सिंह धीमान**, उम्र 50 साल (कर्ता-पायजामा पहने हुए), कद 6', रंग गोरा, सिर पर कम बाल 30.1.1991 से लापता हैं। पता देने व घर पहुंचाने वाले को 2000/- रुपए इनाम दिया जाएगा।



जिम्मी, मीना, टीना, म.नं. 3635/23-डी, चंडीगढ़।



12वां भगवती जागरण

माता रानी चौक, सैंट्रल टाऊन, जालन्धर में

28 सितम्बर शनिवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है

भाग लेने वाली पार्टियां

☆ चंद्राबली (मटके वाले), ☆ बेबी कमिला (टी. सीरीज़ गायिका)
☆आज के किशोर कुमार संदीप भंडी, ☆ विजय राजा, ☆रंजना भट्टी
☆महन्त दास ☆अशोक शर्मा ☆लंगर सारी रात चलेगा



Mr. Jassi, Prop. Neeru Travels Pvt. Ltd;
7, Sehdev Mkt., Jalandhar.

॥ आत्म-शुक्ल जयन्ती महोत्सव पर ॥

29 सितम्बर, 1991 (रविवार) को प्रातः 9 बजे महामहिम उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पदम चंद्र जी महाराज के पावन सान्निध्य में साध्वी श्री श्रेष्ठा जी म. के मास खमण तपपूर्ण महोत्सव भी हो रहा है। आप सपरिवार ससंग अवश्य पधारें।



एस.एस. जैन सभा,
गन्नौर मंडी (हरियाणा)

क्लासीफाइड विज्ञापन

रोज़गार

रेलवे में टिकट कलैक्टर, गार्ड, टैलीफोन आप्रेटर, ट्रेन क्लर्क बनने के इच्छुक 10/- रुपए मनीआर्डर भेजकर जानकारी फार्म मंगवाएं। Employment Guidance Institute, Ambala City.

व्हीकल्ज़ बिकाऊ

चार्ल मिनी बस टाटा 807, माडल 1987, बिकाऊ है। सम्पर्क करें :-अशोका एंटरप्राइज़िज़, सुभाष नगर, ऊधमपुर (जम्मू-कश्मीर), फोन : 285.
(M.R. Mahajan/20W)

Punjabi Sanath.com

कश्मीर घाटी में गत मंगलवार को अलगाववादियों द्वारा अपहृत डी.एस.पी. श्री पूर्णानंद (इनसैट में) के परिवार के चिन्तित सदस्य । (छाया : प्रै.ट्र.)

निहंग नेता की हत्या करने जा रही महिला-मिलिटैंट बम-विस्फोट में मारी गई

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं में 2 सुरक्षा कर्मियों व तीन महिलाओं सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि तीन नागरिक क्रास फायरिंग के दौरान मारे गए । इनके अलावा राज्य में तीन व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । दूसरी तरफ एक महिला मिलिटैंट बम विस्फोट में मारी गई जिसके बारे में संदेह किया जाता है कि वह आत्मघाती दस्ते की सदस्या थी व निहंग नेता बाबा अजीत सिंह की हत्या करने आई थी । 2 मिलिटैंट गुट-संघर्ष में मारे गए ।



जिला फिरोज़पुर के गांव सूदां व मंज़वाला में गत दिवस सुरक्षा बलों के साथ हुए 9 घंटे के मुकाबले में मारे गए मिलिटैंटों (ऊपर) के एल.एफ. के एरिया कमांडर बलविंदर सिंह निवासी गांव मलेवाला, (मध्य) नाहर सिंह निवासी गांव बरे व (नीचे) घुम्मन सिंह निवासी गांव निहाल के शव ।

क्रॉस फायरिंग में 3 नागरिक मरे : पुलिस जिला तरनतारन के गांव नागोके में आज शाम सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई क्रास फायरिंग में 3 नागरिक मारे गए। यह मुकाबला उस समय शुरू हुआ जब हरिके पुलिस थाना के एस. एच. ओ. नेतृत्व में जा रहे एक गश्ती दल पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया। अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था।

मृतकों की पहचान एक किसान कश्मीर सिंह व उसके दो अन्य साथियों रेशम सिंह व निरवैर सिंह के रूप में हुई। इस मुठभेड़ में कुलबंत सिंह नामक एक पुलिस कांस्टेबल भी घायल हो गया।

■ 2 मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारे गए ■ 2 सुरक्षा कर्मियों समेत 12 की हत्या

एक व्यक्ति की हत्या : चार मिलिटैंटों के गिरोह ने फिरोजपुर जिले के नूरपुर सेठियां गांव में श्याम सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या दी।

अपहरण : एक अन्य घटना में तीन मिलिटैंटों ने बाल किशन नाम के एक व्यक्ति का जालन्धर जिले के चौंका गांव में उसके मकान से अपहरण कर लिया है।

कांस्टेबल का छलनी शव बरामद : बटाला पुलिस जिले के अक्कारपुर गांव में गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि शव कश्मीर सिंह नाम के व्यक्ति का है।

'कोछड़' के अनुसार कश्मीर सिंह एक कांस्टेबल था तथा वह बटाला मुख्यालय के कार्यालय में सिक्योरिटी ब्रांच में तैनात था। वह गत रात्रि कलार गांव में जा रहा था कि मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया और उसे अक्कारपुर गांव में ले गए तथा वहां ले जाकर उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल से बब्बर खालसा का एक पत्र मिला है, जिसमें उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली गई है।

16 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार : जिला संगरूर के गांव उपली में से सुरक्षा बलों ने 16 संदिग्ध

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Samachar

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का-शेष)

व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारियां सुरक्षा बलों ने एक पुलिस दल पर गांव में हुई फायरिंग के बाद की।

मां-बेटा सहित 3 की हत्या : जिला संगरूर के गांव मैनेवाली में मिलिटैंटों ने श्रीमती मीरा नामक एक महिला व उसके पुत्र पासी की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

इसी जिले में सुरजीत कौर नामक एक अन्य महिला की भी हत्या कर दी गई।

बम विस्फोटक में महिला मिलिटैंट मरी : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि 8.30 बजे के करीब थाना भिखीविंड के अधीन फूला गांव में एक नहर के किनारे गश्त के दौरान 2 एस.पी. ओज भूपिन्दर सिंह व काबुल सिंह ने एक महिला को अकेली आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु वह निकट के खेतों में घुस गई। उसे दोनों एस.पी. ओज ने ढूंढने की काफी कोशिश की परन्तु वह नहीं मिली।

बताया जाता है कि रात एक बजे के करीब उन्हीं खेतों में एक भीषण बम विस्फोट हुआ तथा उक्त दोनों एस.पी. ओज जब वहां पहुंचे तो खेतों में चूर-चूर हाल में लोथड़े बिखरे हुए थे और एक गहरा गड्ढा पड़ा हुआ था। सन्देह किया जाता है कि वह महिला एक मिलिटैंट थी और बम ले जा रही थी जो फट गया।

'प.स.' के अनुसार पुलिस सूत्रों ने अमृतसर में बताया है कि एक अज्ञात महिला मिलिटैंट के उस समय टुकड़े-टुकड़े हो गए जब उसके पैरे में रखा बम फट गया। यह महिला निहंग नेता बाबा अजीत सिंह से मिलने गई थी लेकिन उसे बाबा से फूला स्थित मुख्यालय में मिलने की अनुमति नहीं दी गई। यह भी कहा जाता है कि यह अपनी ही किस्म की प्रथम घटना है जबकि निहंग नेता बाबा अजीत सिंह पर मिलिटैंटों के विरुद्ध दृढ़ स्टैंड लेने के कारण पहले भी कई बार घातक हमले हो चुके हैं। उनके कई समर्थक इन हमलों से जारी आपसी संघर्ष के दौरान मारे जा चुके हैं। पुलिस ने बाबा को आत्मरक्षा के लिए हथियार भी दिए हुए हैं। बरिरुद्ध पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बाबा के दो निकट साथी बाबा बिजला सिंह व बाबा जिंदा सिंह मिलिटैंटों के हाथों बुटारी में मारे जा चुके हैं जबकि बाबा सुखदेव सिंह के परिवार के 9 सदस्य भी कुछ माह पूर्व ब्यास क्षेत्र में दो गांवों में हुए नरसंहार में मारे गए थे।

कांस्टेबल की हत्या, एक का अपहरण : फतेहगढ़ चूड़ियां थाना के अधीन गत रात्रि गुज्जरपुरा गौड़ में अमरीक सिंह पुत्र प्यारा सिंह नामक एक कांस्टेबल के घर में 25-30 मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर अमरीक सिंह व उसके घर में बैठे कांस्टेबल कश्मीर सिंह तथा फोटोग्राफर गुरमेज सिंह बीरमपुरिया का अपहरण कर लिया। थोड़ी दूर जाने के बाद उन्होंने फोटोग्राफर को तो छोड़ दिया परन्तु कांस्टेबल कश्मीर सिंह की लाश आज प्रातः खेतों में मिली। अपहृत अमरीक सिंह का अभी कुछ पता नहीं चला है।

महिला की हत्या : यहां से पांच कि. मी. दूर गांव जहांगीर में गत रात्रि 10 बजे 5 मिलिटैंटों ने 35 वर्षीया मुखी नामक एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए. के. 47 राइफल के 5 खाली कारतूस मिले हैं।

बम विस्फोट में 5 जवान घायल : गुरदासपुर (बिनोद) : आज प्रातः काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव बेरी कालियां के बाहर एक बारूदी सुरंग फटने से सीमा सुरक्षा बल की एक गश्ती गाड़ी नष्ट हो गई और उसमें सवार 5 जवान घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल गुरदासपुर में दाखिल करवा दिया गया है।

जवान घायल : लुधियाना (धीमान) : कल रात थाना डेहलों के गांव भट्ठा के नजदीक 2 मिलिटैंटों की फायरिंग से सी.आर.पी.एफ. का एक जवान डी. पी. राव गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय सी एम सी अस्पताल में दाखिल कराया गया।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने गांव भट्ठा के नजदीक मुकन्दपुर रोड पर नाका लगाया हुआ था कि साइकलों पर आते दो युवकों को जब रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग कर दी, जिससे उक्त जवान घायल हो गया। मिलिटैंट अंधेरे में भाग गए।

चुंगी लूटी : करतारपुर (साहनी) : यहां से डेढ़ कि. मी. दूर आज जी. टी. रोड पर हीरो होंडा सवार 2 अज्ञात व्यक्ति चुंगी के एक कर्मी गुरदयाल सिंह से 1859 रुपए छीन कर फरार हो गए।

शराब के ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : मिलिटैंटों ने आज रात्रि छछरौली जिला लुधियाना में शराब के एक ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके ठेके के 2 कर्मियों की हत्या कर दी।

2 मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर जिले के धत गांव में मिलिटैंटों के 2 गुटों में संघर्ष में दो मिलिटैंट मारे गए। इनकी शिनाख्त रेशम सिंह और निरबैर सिंह के रूप में की गई है।

Punjab Archive

(छाया : पी.टी.)

पटियाला रेंज के डी.आई.जी. पुलिस गिल के पिता पूर्व विधायक समेत 8 की हत्या : 8 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 29 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान 8 मिलिटैंट मारे गए, जबकि विभिन्न वारदातों में पटियाला रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री आर.एस. गिल के पिता एवं पूर्व विधायक नछत्तर सिंह गिल समेत 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा बम विस्फोट से रेल पटरी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जबकि सुरक्षा बलों ने 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया और कस्टम विभाग ने तस्करी के हथियार बरामद किए ।

खेतों में से शव मिला : अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार जिला अमृतसर के थाना लोपोके के गांव कोटला डग्गा के चरी के खेतों में आज एक शव बरामद किया गया है । शव बरी तरह गला-सड़ा है और समझा जाता है कि 5-6 दिन से वहां पड़ा था । शव के निकट साईकल और बर्तन भी पड़े थे ।

कार छीन ली : मिलिटैंटों ने आज सायं 7.50 बजे अमृतसर के कम्पनी बाग क्षेत्र में से एक सफेद मारुति कार पी.बी.-02-6964 छीन ली ।

पिस्तौल छीन लिया : कुछ मिलिटैंटों ने आज अमृतसर की बसत एवेन्यू आबादी में कस्टम अफसर वीरेन्द्र सिंह सेठी के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर उनका पिस्तौल छीन लिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस जिला मजीठा के थाना मजीठा के गांव कोट गुज्जरां में सुरक्षा बलों ने पीछा करके एक मिलिटैंट बिरसा सिंह उर्फ जज पुत्र गुरमेज सिंह को आज गिरफ्तार कर लिया । उससे 38 बोर का एक रिवाल्वर मिला है ।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले के बाले गांव के निकट मुठभेड़ में दो मिलिटैंटों को मार गिराया और उनके पास से दो हथगोले और कुछ गोलियां बरामद कीं । मारे गए इन मिलिटैंटों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है, उनके दो अन्य मिलिटैंट साथी भाग निकले ।

■ बम विस्फोट से रेल पटरी क्षतिग्रस्त ■ समझौता एक्सप्रैस में से हथियार बरामद

एक अन्य अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने भटिंडा जिले के जलबाड़ा गांव के निकट एक अन्य मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट को मार गिराया और उससे एक राइफल और कुछ गोलियां बरामद कीं । मारे गए इस मिलिटैंट की भी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

2 व्यक्तियों की हत्या, एक घायल : मिलिटैंटों ने तरनतारन पुलिस जिले के सुरसिंह वाला गांव के निकट एक ट्रैक्टर पर घात लगा कर हमला किया, जिसने दो व्यक्ति मारे गए जबकि ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया । इन तीनों की ही फिलहाल पहचान नहीं हो सकी ।

2 व्यक्तियों की हत्या, 4 अन्य घायल : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के छछरौली के निकट एक वैन पर घात लगा कर हमला किया, जिससे उसमें सवार दो व्यक्ति मारे गए और चार अन्य घायल हो गए । ये व्यक्ति अपने घर जा रहे थे । मृतकों की पहचान कमल किशन व मोहन सिंह के रूप में हुई ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के बमवाली में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक की पहचान उदय चंद के रूप में हुई ।

3 व्यक्ति घायल : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के मकसूदां गांव के निकट एक जीप पर गोली चला कर उसमें सवार तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया । घायलों के नाम मक्खन सिंह ठेकेदार, रामफल व सरजीत सिंह हैं ।

2 मिलिटैंट मारे गए : लुधियाना से मुसाफिर की सूचना के अनुसार थाना सदर लुधियाना के गांव पल्ला में आज सायं 6 बजे दो स्कूटर सवार मिलिटैंट सी.आर.पी.एफ. की जवाबी फायरिंग में मारे गए । बताया जाता है कि सी.आर.पी.एफ. के जवानों ने इन मिलिटैंटों को रुकने का संकेत किया था लेकिन उन्होंने रुकने की बजाए फायरिंग करनी शुरू कर दी । इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उनके कब्जे से 415 बोर का रिवाल्वर और पी.बी.-10-1916 चेतक स्कूटर बरामद किया गया है ।

कांस्टेबल घायल : मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल बलवंत सिंह को तरनतारन पुलिस जिले में धब्बा गांव के निकट गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस की जवाबी कार्रवाई पर हमलावर मिलिटैंट भाग खड़े हुए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatan

गी-झौंपड़ी बस्ती में आग से 15 मरे

दिल्ली, 29 सितम्बर (वार्ता): दक्षिण के गोविन्दपुरी के निकट झुग्गी-झौंपड़ी बस्ती में दोपहर बाद भीषण आग लगने से 15 जल कर मर गए । मृतकों में महिलाएं और ी शामिल हैं । आज रात राख के ढेर से तीन के शव निकाले गए ।

ने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है जले हुए कई व्यक्तियों की हालत गम्भीर गिनकांड में 2100 झुग्गियां राख हो गई । मन्त्री एम.एम. जैकब, दिल्ली के पाल तथा पुलिस आयुक्त ने मौके पर जाकर कार्यों का मुआयना किया । श्री जैकब ने कि उन्होंने उपराज्यपाल को अग्निकांड की राने के निर्देश दिए हैं ।

पुलिस के अनुसार सम्भवत: आग लगने ण एक गैस सिलैंडर का फटना है ।

नरसिम्हाराव
(पृष्ठ 3 का शेष)

त्री ने कहा कि विश्व शांति के लिए करण आवश्यक है लेकिन यह पर्याप्त नहीं स्त्रीकरण के साथ-साथ अपने मन को भी होगा। मन में प्रतिशोध की भावना को करना होगा। जब यह भावना मन से चली तो विश्व शांति का रास्ता अपने आप खुलने

ार्य विद्यानंद जी महाराज ने कहा कि आज अपराधियों को क्षमा करने की जो परम्परा है, यह एक धोखा है। अपराधी को पहली ही सजा मिलनी चाहिए ताकि आगे से ऐसा उन्होंने कहा देश में चाणक्य और चर्चिल की त को अपना कर ही आर्थिक संकट के दौर को किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कि एक ओर हम कर्ज ले रहे हैं तथा दूसरी ने खर्च बढ़ा रहे हैं। हमें अपने खर्चों में कमी गी। उन्होंने देश में चल रही हिंसा और की कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

हर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के भूतपूर्व डा. दौलत सिंह कोठारी ने समारोह की करते हुए कहा कि यदि हम अहिंसक समाज ाहते हैं तो हमें महात्मा गांधी और भगवान के विचारों और सिद्धांतों को हर क्षेत्र में ।

जोशी
(पृष्ठ 3 का शेष)

जपेयी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के ददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि के दृष्टिकोण में हाल में कुछ परिवर्तन लेकिन वह काफी नहीं है। उसे बड़े स्पष्ट पाकिस्तान को दखलंदाजी बंद करने को ाहिए। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि अभी भी पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में दियों को न केवल हथियार दे रहा है वरन क्षित करने के लिए उसने शिविर भी खोले न्होंने जम्मू-कश्मीर के पाक अधिकृत क्षेत्र करते हुए कहा कि यदि इस क्षेत्र को वापस ए निरन्तर दबाव बनाए रखा जाता तो हालात ही पैदा नहीं होते। उन्होंने कहा कि मश्रौते के बाद तो भारत इस क्षेत्र पर अपना ने को तैयार हो गया था। इसी से का हौसला इतना बढ़ गया है।

पेयी ने कहा कि कार्यकारिणी अंतर्राष्ट्रीय ारे में एक प्रस्ताव पर विचार कर रही है, कार से मांग की गई है कि वह अंतर्राष्ट्रीय ह मामला उठा कर इस क्षेत्र पर अपना त करे। प्रस्ताव में चीन के साथ सम्बन्ध लिए भी राजनयिक स्तर पर बातचीत की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि ारने के रास्ते में सीमा विवाद को आड़े दिया जाना चाहिए। इस विवाद को तावरण में सुलझाने का प्रयास करना वाजपेयी ने बताया कि प्रस्ताव में विदेश ा आयाम देने का भी सुझाव दिया गया है के मित्र देशों की संख्या में वृद्धि हो तथा ों पर उनका समर्थन और सहयोग मिल

ो पत्र : श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कृतिक गैस आयोग की बिगड़ती हालत पर करते हुए केंद्र सरकार से इसके कारणों रीय जांच कराने की मांग की है। श्री प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव को त्र में कहा है कि आयोग के बिगड़ते हालात संतुलन की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव उनका कहना था कि आयोग ही भुगतान वर्तमान संकट के लिए काफी हद तक है।

हसीना की हत्या का षड्यंत्र

29 सितम्बर (वार्ता): बंगला देश में ता शेख हसीना वाजेद की ब्रिटेन यात्रा के मिलिटैंट गुट ने उनकी हत्या करने की ई थी। यह रहस्योद्घाटन बंगला देश के

तराई में मिलिटैंसी
(पृष्ठ 3 का शेष)

दिया जा रहा है ।

अत्यधिक सम्वेदनशील क्षेत्रों में पुलिस जवानों को आधुनिक हथियारों से भी सुसज्जित किया जा रहा है ।

लेकिन दूसरी ओर स्थिति यह है कि मिलिटैंट इस क्षेत्र में हिंसक घटनाएं करके यह प्रदर्शित करने का प्रयास करते हैं कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती ।

बताया जाता है कि पुलिस को संवेदनशील स्थानों में तैनात किए जाने की घोषणा के बावजूद शाहजहांपुर के नानकपरी गुरुद्वारे में आयोजित एक भोग में भाग लेने के लिए कुछ मिलिटैंट भी आए थे । इसके अलावा गत 21 सितम्बर को अमृतसर से पटना साहब ट्रेन द्वारा जा रही एक शोभा यात्रा में भी कुछ मिलिटैंटों के शामिल होने की बात बताई जाती है ।

बताया जाता है कि पुलिस को इस बात की भनक भी नहीं लगी, हालांकि शाहजहांपुर की पुलिस व गुप्तचर विभाग को अत्यन्त सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं । लेकिन उक्त घटनाओं के दृष्टिगत अब यह अनुभव किया जाने लगा है कि पुलिस को अपनी कार्य प्रणाली में तात्कालिक रूप से सुधार करना चाहिए । तराई क्षेत्र को मिलिटैंसी से बचाने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है ।

हरियाणा पुलिस संगठन ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

कार्रवाई की गई तो राज्य के 40 हजार पुलिस कर्मी ड्यूटी छोड़ कर मैदान में आ जाएंगे।

हरियाणा पुलिस संगठन जिला पानीपत के अध्यक्ष सत्यवान सिंह व महासचिव रमेश लठ्वाल ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर ऐसे हालात उत्पन्न कर रही है जिनसे क्षुब्ध हो कर ही पुलिस कर्मियों को सड़क पर आना पड़ रहा है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक के उस बयान की कड़ी भर्त्सना की जिसमें पुलिस संगठन के अध्यक्ष दिलावर सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी गई है।

कश्मीर में अलगाववाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

कल सफाकदल क्षेत्र से गुलाम अहमद तथा अब्दुल सलाम नामक दो लोगों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए ।

सूत्रों ने बताया कि अनन्तनाग में आज मख्य डाक घर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकी और स्टेट बैंक आफ इंडिया तथा उपायुक्त के कार्यालयों को बम से उड़ाने के प्रयास किए गए ।

उग्रवादियों ने आज सुबह लाल मंडी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक गश्ती दल पर गोलियां चलाईं, जिसमें दो सुरक्षा कर्मी घायल हो गए । घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की हालत गम्भीर बताई गई है । सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों ने श्रीनगर में रेडियो कश्मीर को उड़ाने के लिए राकेट से हमला किया, लेकिन निशाना चूक गया और यह माईक्रोवेव टावर से ऊपर से गुजर गया । उग्रवादियों ने कश्मीर घाटी में कुछ अन्य स्थानों पर सुरक्षा चौकियों पर हमले किए, लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।

सुरक्षा बलों ने कल रात से बड़गाम से 14, श्रीनगर से पांच, अनन्तनाग से पांच तथा कुपवाड़ा से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । सूत्रों ने बताया कि दो उग्रवादी आज अनन्तनाग जिले के गोपालबारा से गिरफ्तार किए गए । आठ पाक प्रशिक्षित उग्रवादी भी गिरफ्तार किए गए ।

उग्रवादियों ने अनंतनाग जिले के दोस पुलिस थाने पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने जबाबी कार्रवाई की । गोलियों की चपेट में आ जाने से मंजूर अहमद नामक एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई ।

सुरक्षा बलों के साथ कल शाम सीमा पर हुई मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । ये उग्रवादी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से घुसपैठ कर रहे थे ।

सोपोर में कल रात सुरक्षा बलों तथा उग्रवादियों के बीच चली गोलियों की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति मारा गया ।

आक्रोश जारी
(पृष्ठ 3 का शेष)

इन छात्र नेताओं ने कहा कि जल्दी ही श्री गोस्वामी की छात्र विरोधी गतिविधियों के बारे में एक जांच रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी और मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू किए जाने के विरोध में देशबंधु कालेज के सामने संघर्ष चौक पर पहली अक्तूबर से धरना शुरू किया जाएगा ।

इस बीच आज रविवार के अवकाश के बावजूद आरक्षण विरोधी आंदोलनकारियों ने कई स्थानों पर रास्ता रोक कर सड़क यातायात जाम करने के प्रयास किए ।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आरक्षण विरोधी युवकों ने जयपुर में मैडीकल कालेज के पास एक जीप को रोक कर उसको आग लगाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उनका प्रयास विफल कर दिया । इसी तरह जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर मालवीय नगर के पास कुछ देर तक यातायात अवरुद्ध किया गया । बीकानेर और कोटा से भी आंदोलनकारियों द्वारा सड़क अवरुद्ध किए जाने की रिपोर्ट है ।

आरक्षण विरोधी आंदोलन के मद्देनजर राजस्थान विश्वविद्यालय व इसके सम्बद्ध कालेजों

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिले के कोट्टियांबाला गांव के निकट एक मिलिटैंट सुखदेव सिंह सुरक्षा बलों के हाथों एक मुठभेड़ में मारा गया । मौके से एक रिवाल्वर, एक हथगोला, एक मोटर साइकिल और एक स्कूटर बरामद किया गया ।

कथित भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स (चंद्र गुट) का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल सुखदेव सिंह उर्फ काक सौ से ज्यादा हत्याओं के लिए जिम्मेदार था और उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था ।

अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार सुखदेव सिंह उर्फ काक भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान (चंद्रा गुट) का लैफ्टिनैंट जनरल था । वह 100 से अधिक हत्याओं में वांछित था और उस पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था ।

मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : दो अन्य अज्ञात मिलिटैंट कल रात मजीठा पुलिस जिले के वेरका पुलिस चौकी के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए । इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

एक व्यक्ति की हत्या, 3 अन्य घायल : मिलिटैंटों ने फिरोजपुर जिले के तिडडन गांव में कल रात काबुल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा तीन अन्य को घायल कर दिया । घायलों की पहचान नहीं हो सकी ।

2 व्यापारी घायल : जिला जालंधर के गांव खुर्दपुर के निकट गत रात्रि पशुओं के 2 व्यापारी सुरक्षा बलों की गोली लगने से घायल हो गए । पुलिस के अनुसार जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो वे नहीं रुके, जिस पर सुरक्षा बलों ने गोली चला दी और वे घायल हो गए । उन्हें जालंधर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला होशियारपुर की पुलिस ने गत रात्रि गांव रायपुर गुज्जरां के निकट से 2 मिलिटैंटों को एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद गिरफ्तार कर लिया परंतु उनके दो अन्य साथी फरार हो गए । इनके कब्जे में दो एके. 47 राइफलें व बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए ।

बम विस्फोट से रेल पटरी क्षतिग्रस्त : मुकेरियां (सुदर्शन) व होशियारपुर (वि.पू.) जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया है कि मिलिटैंटों ने आज तड़के लगभग पौने तीन बजे मुकेरियां-पठानकोट रेल सैक्टर पर सिचियां गांव के पास एक बम विस्फोट किया, जिससे लगभग दो फुट रेल पटरी को नुक्सान पहुंचा । प्रवक्ता के अनुसार क्षतिग्रस्त रेल पटरी की तुरंत मुरम्मत कर दी गई व इस रेल मार्ग पर गाड़ियों का आना-जाना पहले की तरह जारी है । यह ऐसी दूसरी घटना है । इस क्षेत्र में 15 दिन पहले भी ऐसी ही घटना हुई थी । उच्च अधिकारी और डौग स्क्वैड मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं ।

हथियार बरामद : अमृतसर (अशोक सोनी): कस्टम विभाग ने गत रात्रि समझौता एक्सप्रैस की बोगी नं. 2232 के दरवाजे को तोड़ कर उसके अंदर छिपाए गए 10 रिवाल्वर बरामद किए हैं । तस्करी के इन रिवाल्वरों को बरामद करने का काम सहायक नियंत्रक सोमेश अरोड़ा के निरीक्षण में हुआ ।

बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व अटारी रोड कस्टम्ज ने एक तस्कर को काबू किया था, जिसने जांच व पूछताछ के दौरान इन रिवाल्वरों को तस्करी से भारत भेजे जाने की सूचना कस्टम अधिकारियों को दी थी । इसी सूचना के आधार पर समझौता एक्सप्रैस को अटारी रेलवे स्टेशन पर उस समय घेर लिया गया जब वह पाकिस्तान वापस जाने के लिए तैयार खड़ी थी ।

पूर्व विधायक की हत्या : मोगा (आजाद) : पूर्व विधायक एवं अधीनस्थ चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स. नछत्तर सिंह गिल की आज सायं साढ़े 7 बजे 2 मिलिटैंटों ने उनके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी । मिलिटैंट स्कूटर पर आए और घर के बाहर स्कूटर खड़ा करके माली से पूछा कि सरदार साहिब कहां हैं ? माली ने कहा कि घर पर ही हैं । इस पर वे अंदर चले गए, जहां स. गिल अपने मित्रों के साथ बातचीत कर रहे थे । एक मिलिटैंट ने उनको कहा कि यह हमारा 12 बोर का लाइसैंस है, जरा इसको देखें । जब श्री गिल लाइसैंस को देखने लगे तो दूसरे मिलिटैंट ने एक गोली उनके सिर में तथा दूसरी गर्दन में मार दी ।

स. गिल के निकट बैठे स. करनैल सिंह नाभा पर भी फायरिंग की गई, जिनकी टांग और बाजू में भी गोली लगी । इसके पश्चात् मिलिटैंट अपने स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । स. गिल और स. नाभा को सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने स. गिल को मृत घोषित कर दिया । स. गिल का एक सुपुत्र आर.एस. गिल डी.आई.जी. पुलिस पटियाला रेंज है जबकि दूसरा सुपुत्र जम्मू-कश्मीर में डी.आई.जी. है ।

पंजाब में भाजपा अपने दम पर अकेली ही चुनाव लड़ेगी !

तिरुअनन्तपुरम, 29 सितम्बर (दिनेश शर्मा): पंजाब में भाजपा अपने दम पर अकेली ही चुनाव लड़ेगी । पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश इकाई द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर पार्टी उच्चकमान ने प्रदेश इकाई को निर्देश दिया है कि सम्भावित चुनावों को देख कर राज्यव्यापी अभियान



(1) अमर शहीद लाला जगत नारायण (एक पुराना चित्र), जिनकी स्मृति में आज (2) श्री राज किशन बेदी एस.पी.डी. जालन्धर, (3) थाना सदर जालन्धर के एस.एच.ओ. श्री कमलजीत सिंह, (4) श्री चंचल सिंह इंस्पैक्टर, (5) श्री गज्जन सिंह इंस्पैक्टर, (6) श्री नरेन्द्र पाल सिंह सेखों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं ।

लाला जगतनारायण वीरता पुरस्कार वितरण समारोह आज

जालन्धर, 29 सितम्बर : पंजाब कल्याण परिषद की ओर से जालन्धर के स्काई लार्क होटल में कल 30 सितम्बर को प्रात: 10 बजे लाला जगतनारायण वीरता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है । परिषद के प्रधान श्री सोहन लाल ग्रोवर के अनुसार समारोह की अध्यक्षता श्री डी.आर. भट्टी करेंगे तथा जालन्धर के महापौर श्री जयकिशन सैनी मुख्यातिथि होंगे । इस अवसर पर कपूरथला के एस.एस.पी. श्री जसमिन्द्र सिंह, जालन्धर के एस.पी.डी. श्री राज किशन बेदी, थाना सदर जालन्धर के एस.एच.ओ. श्री कमलजीत सिंह, इंस्पैक्टर श्री गज्जन सिंह, इंस्पैक्टर श्री चंचल सिंह, श्री राम लुभाया (पेंशनोपरांत), करतारपुर के एस.एच.ओ. श्री सच्चा सिंह तथा हैड कांस्टेबल श्री नरेन्द्र पाल सिंह को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।

अजीत सिंह द्वारा राव सरकार की आरक्षण नीति का समर्थन

जींदनाल, 29 सितम्बर (वार्ता): जनता दल नेता अजीत सिंह ने आज कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बारे में पी.वी. नरसिम्हाराव की सरकार की नई आरक्षण नीति सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप है ।

श्री अजीत सिंह ने जनता दल के कुछ वरिष्ठ नेताओं की सरकार के फार्मूले का विरोध करने के लिए कड़ी आलोचना की और कहा कि वे महज मुद्दे की राजनीति कर रहे हैं, सामाजिक न्याय से उनका कोई सरोकार नहीं है । श्री अजीत सिंह ने यहां एक भेंट में कहा कि सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की उनकी पार्टी की मांग मान ली है और इसमें आर्थिक आधार जोड़ने से गरीब वर्ग को प्राथमिकता के आधार पर न्याय मिल सकेगा ।

श्री अजीत सिंह ने दावा किया कि नरसिम्हाराव सरकार का आरक्षण फार्मूला बिहार में कर्पूरी ठाकुर द्वारा लागू किए गए फार्मूले से भी अच्छा है ।

विहिप द्वारा कृष्ण जन्म भूमि व विश्वनाथ मंदिर को मुक्त कराने के लिए समितियां गठित

ऋषिकेश, 29 सितम्बर (वार्ता): विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल ने मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि और काशी में विश्वनाथ मंदिर की मुक्ति हेतु आज दो कमेटियों का गठन किया।

मंडल की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन आज परिषद के महामंत्री अशोक सिंघल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह घोषणा की गई कि श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति समिति (मथुरा) के अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद तथा काशी विश्वनाथ मंदिर मुक्ति समिति के अध्यक्ष ज्योतिर्पीठ के शंकराचार्य श्री वासुदेव आचार्य होंगे।

मंडल ने यह निर्णय भी किया कि इन नवरात्रों के अवसर पर अयोध्या में बज्रांग रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ 40 दिन चलेगा जिसमें देश के विभिन्न भागों से राम भक्त भाग लेंगे।

श्री सिंघल कल ही यह घोषणा कर चुके है कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य इसी वर्ष शुरू किया जाएगा। आज गठित दोनों समितियों के अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी। यह जानकारी परमार्थ निकेतन ज्योतिर्पीठ (ऋषिकेश) के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद (सांसद) ने दी। तमिलनाडु के स्वामी तेजोमयानंद ने मंडल की बैठक में कहा कि राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन हाल ही में कांची कामकोटि पीठ के परम आचार्य तेजेन्द्र सरस्वती से मिलने गए थे लेकिन वह वहां केवल स्वामी जयेन्द्र सरस्वती से ही मिल सके थे जिन्होंने राष्ट्रपति से संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित उपासना स्थल विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने का अनुरोध किया जिसे राष्ट्रपति ने अस्वीकार कर दिया।

बैठक में भाग ले रहे साधु-संन्यासियों ने इस विधेयक को कृष्ण जन्म भूमि मंदिर तथा काशी विश्वनाथ मंदिर की मुक्ति में बाधक बताया।

सिखों के सहयोग एस.डी.एम., कानूनगो

लखनऊ, 29 सितम्बर (वार्ता) पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह ने समुदाय के लोगों के सहयोग से ही के एस.डी.एम. और कानूनगो को से छुड़ाया जा सका । पत्रकार बातचीत करते हुए श्री सिंह ने क अवसर है जब आतंकित होने के सिखों ने मिलिटैंटों के खिलाफ स सहयोग किया और एक मठभेड़ के एस.डी.एम. और कानूनगो को मि छुड़ाया जा सका । उन्होंने बताया मुरादाबाद, कमायूं और बरेली प सहयोग से मिलिटैंटों द्वारा सरकारे अपहरण करने का पहला प्रयास दिया गया ।

युनुस हसन खां क

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (वा के मशहूर गायक उस्ताद युनुस ह शाम यहां दिल का दौरा पड़ने से वह 55 वर्ष के थे । उनके परिवा और दो पुत्रियां हैं ।

अमरीका द. एशिय परमाणु मुक्त बनाए

इस्लामाबाद, 29 सितम्बर (प द्वारा अपने कुछ खास किस्म के परम नष्ट करने की एकतरफा घोषणा की हुए पाकिस्तान ने राष्ट्रपति जार्ज बु कि वह दक्षिण एशिया को परमाणु बनाने की दिशा में भी कार्य करें। सम पाकिस्तान स्वयं परमाणु हथियार ब रखता है।

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसा प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा, "द परमाणु हथियारों के मुक्त क्षेत्र बनाने को अपनी भूमिका अवश्य ही निभा

हमारे प्रिय श्री राज
आज के दिन 30 सितम्बर
लिए जुदा हो गए थे, उनकी
दिलों में रह कर मार्ग-दर्श
आज उनकी पुण्य तिथि
परिवारजन उन्हें श्रद्धांजलि
प्रोमिला सहगल (पत्नी) राम
सचिन सहगल, विने
आशिष सहगल, (सुपुत्र)
सनिया सहगल (सुपुत्री)

र
बड़े दुखी हृदय से सूचित
हमारे आदरणीय बड़े भाई सा
चन्द्र शर्मा (मालिक राज क
पैट्रोल पम्प, हरीके पत्तन)
शहीद हो गए हैं । उनकी रस्म
3.10.91 वीरवार को आय
लारैंस रोड, अमृतसर में 3 से
होगी ।
-: दुखी हृदय
परमजीत शर्मा (भाई)
अमरदीप शर्मा (रिम्पी) (सुपुत्र)
समस्त परिवार एवं रिश्तेदार
PARAMJIT &
RAJ KUM
Kamlesh- & H

भारी शोक
आपको सूचित कर
मेरी पुत्रवधू
देवी गर्ग (पत्नी
राम गर्ग) 22.9
स्वर्ग सिधार गई है
पगड़ी 2.10.19
दोपहर बाद 2
धर्मशाला, रेलवे
गर्ग परिवार
प्रीमियर स्टील,
मोतिया खान,
मंडी गोबिंदगढ़ ।

भारत सरकार मुद्रणालय,

Punjab Sanatan

पूर्व विधायक श्री नछत्तर सिंह गिल की हत्या कर दी । श्री नछत्तर सिंह गिल के शोक में परिवार के सदस्य एवं संबंधी विलाप करते हुए दिखाई दे रहे हैं । (छाया : भांबी)

लेकिन स्टॉफ उपस्थित रहेगा ।

पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स के दुर्दांत एरिया कमांडर सहित 9 मिलिटैंट विभिन्न मुकाबलों में मरे

चंडीगढ़, 30 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध सुरक्षा बलों ने अपने संघर्ष के दौरान गत सायं से विभिन्न मुकाबलों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर सहित 9 मिलिटैंटों को मार गिराया, जबकि अन्यत्र एक अपहृत समेत 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया ।

2 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : तरनतारन जिले के चक सिकंदर गांव स्थित गन्ने के खेतों में आठ घंटे तक चले घमासान संघर्ष में सुरक्षा बलों ने खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो दुर्दांत मिलिटैंटों को मार गिराया है।

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से मिलिटैंट एरिया कमांडर दलजीत सिंह उर्फ फौजी और जिन्दर सिंह उर्फ जिन्दा का शव बरामद हुआ। संघर्ष आधी रात तक चला। मिलिटैंटों द्वारा मशीनगनों से की जा रही गोली-बारी का सामना करने के लिए सुरक्षा बलों ने बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों का भी इस्तेमाल किया। घटनास्थल से एक लाइट मशीनगन, दो मैगजीन और 68 कारतूस बरामद हुए।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले में पावा गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा गोली-बारूद के अतिरिक्त एक स्कूटर भी मिला है।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : भटिंडा जिले के अहमदपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ की एक अन्य घटना में दो मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से दो बन्दूकें तथा कुछ गोली-बारूद मिला है। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने घात लगा कर मानसा के एस.एच.ओ. की जीप पर हमला किया था। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में उक्त दोनों मिलिटैंट मारे गए।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : कल रात कपूरथला जिले में फगवाड़ा में सुखचैन गुरुद्वारे के निकट सुरक्षा बलों के हाथों एक अन्य मिलिटैंट मारा गया। मृतक के पास से एक रिवाल्वर तथा कुछ गोलियां बरामद की गई हैं।

2 व्यक्तियों की हत्या, एक घायल : पुलिस थाना पट्टी के अधीन डगली गांव में दलबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने फांसी देकर हत्या कर दी ।

इसके अलावा सरहाली पुलिस थाना के गांव सामान में मिलिटैंटों ने ज्ञान सिंह नामक एक व्यक्ति की गला काट कर हत्या कर दी व उसके पुत्र मुख्तियार सिंह को छुरे मार कर घायल कर दिया ।

राज्य में अन्यत्र अपहृत सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : 2 अन्य का अपहरण

अपहृत की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात पटियाला में छतराना गांव में सीता राम नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व इसका अपहरण कर लिया गया था।

2 भाइयों का अपहरण : (राज) : गत रात्रि जिला पटियाला के पुलिस थाना बस्सी के क्षेत्र में से करीब 6 सशस्त्र संदिग्ध युवकों ने अमर सिंह व हरचंद सिंह नामक 2 भाइयों का अपहरण कर लिया। उक्त अपहरणकर्ताओं के बारे में सन्देह किया जाता है कि वे मिलिटैंट थे।

अंतिम संस्कार : मोगा (आजाद): दिवंगत पूर्व विधायक नछत्तर सिंह गिल का आज यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनकी चिता को अग्नि उनके बड़े पुत्र राजदीप सिंह डी.आई.जी. (रेलवे) ने दी । इस अवसर पर पुलिस ने हथियार उल्टे करके सलामी दी । अंतिम संस्कार में करीब 6000 व्यक्ति शामिल थे तथा उनके अतिरिक्त इस अवसर पर पंजाब इंका के प्रधान बेअंत सिंह, हरियाणा के पूर्व राज्यपाल हरचरण सिंह बराड़, हरचरण सिंह हीरो व महंत सेवा दास सिंह आदि भी मौजूद थे । महंत सेवा दास सिंह ने इस अवसर पर पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की । श्री बेअंत सिंह ने श्री गिल की हत्या की निंदा की ।

नगर में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी । हत्याकांड के विरोध में आज मोगा में हड़ताल रही गई ।

'प.स.' के अनुसार इसी दौरान पता चला है कि घटनास्थल से बरामद एक पत्र में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान व खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ ग्रुट) सहित 4 मिलिटैंट संगठनों ने इस हत्या की जिम्मेवारी ली है ।

इस अवसर पर जिलाधीश सर्वेश कौशल व एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह ने क्रमशः राज्यपाल व डी.जी.पी. की ओर से शव पर पुष्पांजलि अर्पित की । श्री नछत्तर सिंह गिल की गत रात्रि मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी ।

2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना (धीमान): कल रात मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर जिला के दो विभिन्न स्थानों पर हमला किया । एक में दो मिलिटैंट मारे गए जिनमें एक कख्यात मिलिटैंट था और कई कत्लों में वांछित था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अनिल शर्मा ने बताया कि साहनेवाल से डेढ़ किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों ने नाकेबंदी की हुई थी । स्कूटर पर सवार दो मिलिटैंट आते दिखाई दिए । उनको रुकने का संकेत किया तो गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस बलों ने भी जवाबी गोलियां चलाईं । दोनों मिलिटैंट वहां से भाग निकले । वह निकटवर्ती ईंटों के भट्ठे में जाकर छिप गए । सुरक्षा बलों ने पीछा किया । वहां भी गोलियां चलीं । इसमें दोनों ही मारे गए । एक की पहचान नहीं हो सकी ।

श्री शर्मा ने बताया कि दूसरे मिलिटैंट की पहचान हो गई है, वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का कर्मजीत सिंह उर्फ कम्मा गांव संघा का निवासी था । वह कई वारदातों में वांछित था । इनमें

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sarkar

...लेजों के आरक्षण
...नारेलगाते हुए जलूस
...ों पर कई घंटे सड़क
...र भर में सभी शिक्षण
...पुलपर छात्रों ने जब
...ा अपहरण करने का
... उनका संघर्ष हो गया
...ी चोटें आईं। छात्र
...म 15 छात्र घायल हुए
...दोलनकारी छात्रों को

...ने पुलिस कार्रवाई के
...' का आह्वान किया

...ज यहां उत्तर भारत
...स्थानीय कालेजों के
...ह धरने दिए, प्रदर्शन

...त्रों द्वारा किए जा रहे
... के दृष्टिगत ज़िला
... कालेज 5 अक्तूबर
... ज़िला शांति समिति
...ीश श्री गोयल की
...मति से निर्णय किया
... रवैया न अपनाया
...धियों ने यह मांग भी
...न भेजा जाए, जिसमें
...ा को जारी रखने को

...ां होशियारपुर रोड
... ट्रांस्पोर्ट कार्पोरेशन
... इसे आग लगा दी,
... काबू पा लिया ।
...डों से आ रही थी ।
... यात्रियों ने साहस
...ा एक को काबू कर
...है । यह वही युवक
...के दौरान मरणव्रत
...ारा-436, 427,
...व 149 के तहत



...खा रहा

अपनी कक्षाओं को बहिष्कार किया लेकिन स्कूलों में सामान्य रूप से पढ़ाई जारी रही। विद्यार्थियों ने अपने कालेजों के बाहर नारेबाजी की व 2 स्थानों पर ट्रैफिक जाम करने का प्रयास किया। छात्रों ने कल सुबह पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में रैली करने का भी फैसला किया।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

समराला के निकट पुलिस सब-इंस्पैक्टर श्री बलकार सिंह के 4 भाई, दो बच्चे और गांव पम्मा कलां में एक ही रात में 5 कामरेडों की हत्याएं शामिल हैं । उनके कब्जे से दो पिस्तौल और भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र बरामद हुए हैं ।

मिलिटैंटों ने गांव संघोल में बी.एस.एफ. की चौकी पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग करने पर मिलिटैंट भाग गए । कोई घायल नहीं हुआ ।

थानेदार के घर पर फायरिंग : आनंदपुर साहिब (चौधरी): गत दिवस यहां से 18 किलो मीटर दूर कांगड़ गांव के थानेदार चौधरी राधा कृष्ण, जो आजकल थाना मुकेरियां जिला होशियारपुर के एस.एच.ओ. हैं, के घर पर फायरिंग होने का समाचार मिला है । थानेदार ने इस पत्रकार को बताया कि फायरिंग की यह दूसरी घटना है ।

रिटायर्ड मेजर की हत्या : अमृतसर (नारंग): आज शाम 6 बजे अमृतसर के गोपालाला बाईपास पर एक फार्म हाउस में दो मिलिटैंटों ने एक रिटायर्ड मेजर एस.पी. शर्मा, जो कि 352 ग्रीन एवेन्यू, अमृतसर का रहने वाला था, की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कांस्टेबल के तीन सम्बन्धियों की हत्या : ज़िले के हरिके थाने के गांव चम्बा में 5 मिलिटैंटों ने आज शाम पुलिस कांस्टेबल ओंकार सिंह के घर में घुस कर उसकी मां सुरिन्दर कौर, बहन सतवंत कौर तथा भाई दीदार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 8 खोल मिले हैं ।

एक की हत्या : सरहाली थाने के गांव उसमा में 3 मिलिटैंटों ने ट्यूबवैल पर सो रहे ज्ञान सिंह और उसके पुत्र मुख्त्यार सिंह को गोलियां मारकर घायल कर दिया । बाद में ज्ञान सिंह दम तोड़ गया, जबकि मुख्त्यार सिंह को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : फरीदकोट : 2 मिलिटैंटों ने आज ज़िला फरीदकोट के गांव डोडा के निकट 2 व्यक्तियों, जो मोटर साइकिल पर सवार थे, की गोली मार कर हत्या कर दी । दोनों व्यक्तियों की तिलकराज और कस्तूरी लाल के रूप में शिनाख्त की गई है ।

Punjabi Sanjaj

संदेश
अखिल भारतीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस

मुझे यह जानकर हर्ष हुआ है कि भारतीय रैडक्रास सोसाइटी की हरियाणा शाखा की ओर से 1 अक्तूबर 1991 को अखिल भारतीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है । यह उत्साहजनक बात है कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे और स्वैच्छिक

व्यक्ति का रोष
किया है । मे
श्रीलंका में भार
लिट्टे के प्रमुख
महीने तक छि
ने आज यहां
गौतम सहित
हाल ही में धर
किया था । इ
हैं । गिरफ्तार
सेल्वी और शा
कन्केस्तुर की
1989 में भ
दौरान प्रभाकर
और उसने मेय
कर इलाज कर

पाक भारत
लड़

भोपाल, 3
मंत्री माखन ला
लगाया है कि
को प्रशिक्षण
'अघोषित युद्ध'
यहां संवाददाता
कि जम्मू-कश्म
नहीं है । उन्हों
के अधीन जम
अधिकार दिए
1939 में वह
फोतेदार ने क
समाप्त करना
है । वर्तमान मे
दूर करना ही
सामान्य हो जा

संविधान
आंदोलन

बम्बई, 3
विश्वनाथ प्रता
निर्माण के सम
संविधान की
आंदोलन करेगा
में संवाददाताओं
दी । उनसे पू
द्वारा आगामी न
निर्माण कार्य श
क्या है । उन
समझौते से तय
फैसला होने त
कहा कि हिन्दू
मसला नहीं है

उच्च न्य
के बाद
निर्णय क

मद्रास, सि
मुख्यमंत्री सुश्री
बताया कि केंद्र
को 27 प्रतिशत
न्यायालय के
सरकार केंद्र स

जया बच्चन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के कर्मी व 2 परिवारों के 9 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या : 4 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता, पस.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत मार्च में विश्वविद्यालय के एक कर्मी व 2 परिवारों के 9 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 2 पाक घुसपैठिए व 4 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान मारे गये। इसके अलावा 2 मिलिटैंटों को काबू कर लिया गया जबकि शान-ए-पंजाब रेलगाड़ी को ध्वस्त करने का प्रयास सौभाग्यवश विफल हो गया।

2 पाक घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के सीमांत क्षेत्र में पाकिस्तान से भारत में घुसने का प्रयास करते वक्त आज तड़के दो घुसपैठिए मारे गए जबकि दो अन्य घुसपैठिए वापस पाकिस्तान में भाग गए। मृत मिलिटैंटों के पास से दो ए. के. 47 राइफलें और कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए है।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर के ही ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में सतदेव शर्मा नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 मिलिटैंट काबू : पुलिस ने बताया कि दो संदिग्ध मिलिटैंट अमृतसर में हथियार और गोली बारूद सहित पकड़े गए है।

2 मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन के गांव झामके में आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए, जिनकी शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजबड़) के राम सिंह और पब्बा सिंह के रूप में की गई है । उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और एक राइफल बरामद की गई है ।

एक मिलिटैंट मरा : थाना जंडियाला के गांव गरगबआ में सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया ।

विभिन्न वारदातों में 9 व्यक्तियों की हत्या : पट्टी (स.) : गत रात्रि मिलिटैंटों ने पट्टी उप-मंडल के अधीन एक गांव में चार पुलिस कर्मियों

शान-ए-पंजाब रेलगाड़ी ध्वस्त करने का प्रयास सौभाग्यवश विफल सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठिए मार गिराए : 2 मिलिटैंट काबू

के परिवारके सात सदस्यों व एक सैनिक के परिवार के 2 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

गत रात्रि 5-6 कार सवार मिलिटैंटों ने 10.30 बजे गांव धुंनी में मुख्तियार सिंह व उसकी भाभी कश्मीर कौर की हत्या कर दी। मुख्तियार सिंह के 4 और भाई भी हैं जबकि कश्मीर कौर गर्भवती थी। उनकी हत्या का कारण यह बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व उनके घर आकर मिलिटैंटों ने द्वार खटखटाया था परन्तु उक्त परिवार ने कोई उत्तर नहीं दिया। मिलिटैंट जाते हुए बदला लेने की धमकी दे गए थे।

इस वारदात के बाद मिलिटैंटों ने गांव पीरकली में जाकर पूर्व सरपंच कश्मीर सिंह के दो बेटों गुरदीप सिंह व सर्वजीत सिंह की हत्या कर दी। कश्मीर सिंह का एक अन्य बेटा सुखविन्दर सिंह वल्लोहा थाने में तैनात है। सर्वजीत सिंह भी पहले पुलिस में था परन्तु इन दिनों वह पुलिस की नौकरी छोड़ चुका था।

इसके बाद मिलिटैंटों का यही गिरोह गांव रत्ता खुडा में गया व वहां ससार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। ससार सिंह का बेटा सुखवंत सिंह जीरा के डी. एस. पी. का गनमैन है। इसके बाद इस गिरोह ने गांव चब्बा कलां में जगतार सिंह की पत्नी सुरिन्दर कौर (40), बेटी सतवंत कौर (21) व पुत्र दीदार सिंह (11) की गोलियां मार कर हत्या कर दी। जगतार सिंह का बड़ा भाई अवतार सिंह अमृतसर पुलिस लाइन में तैनात है।

गत रात्रि ही मिलिटैंटों ने वल्लोहा थेह सरहाली नामक गांव में गुरदर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा उसे पुनः उसके घर में ले आए व वहां आकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंट उससे उसकी राइफल मांग रहे थे परन्तु उसने इंकार कर दिया जिससे क्रोधित होकर मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी।

विश्वविद्यालय कर्मी की हत्या, 75 हजार लूटे : अमृतसर (अशोक सोनी) : गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय परिसर में आज बाद दोपहर 3 बजे के करीब साइकिल सवार 2 मिलिटैंटों ने विश्वविद्यालय के 'खेल विभाग' के एक क्लर्क गुरदयाल सिंह (55) की गोली मार कर हत्या कर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत सरकार की विशेष स्वीकृति अनुसार
गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर

Punjab Sahalan

गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के कर्मी व 2 परिवारों के 9 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या : 4 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वार्ता, पी.स.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से विश्वविद्यालय के एक कर्मी व 2 परिवारों के 9 सदस्यों सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि 2 पाक घुसपैठिए व 4 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान मारे गये। इसके अलावा 2 मिलिटैंटों को काबू कर लिया गया जबकि शान-ए-पंजाब रेलगाडी को ध्वस्त करने का प्रयास सौभाग्यवश विफल हो गया।

2 पाक घुसपैठिए मरे : अमृतसर जिले के सीमांत क्षेत्र में पाकिस्तान से भारत में घुसने का प्रयास करते वक्त आज तड़के दो घुसपैठिए मारे गए जबकि दो अन्य घुसपैठिए वापस पाकिस्तान में भाग गए। मृत मिलिटैंटों के पास से दो ए.के. 47 राइफलें और कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर के ही ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में सतदेव शर्मा नामक एक व्यक्ति की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 मिलिटैंट काबू : पुलिस ने बताया कि दो संदिग्ध मिलिटैंट अमृतसर में हथियार और गोली बारूद सहित पकड़े गए हैं।

2 मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन के गांव झामके में आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए, जिनकी शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजबड) के राम सिंह और पब्बा सिंह के रूप में की गई है। उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और एक राइफल बरामद की गई है।

एक मिलिटैंट मरा : थाना जंडियाला के गांव गग्गूबुआ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया।

विभिन्न वारदातों में 9 व्यक्तियों की हत्या : पट्टी (स.) : गत रात्रि मिलिटैंटों ने पट्टी उप-मंडल के अधीन एक गांव में चार पुलिस कर्मियों

शान-ए-पंजाब रेलगाड़ी ध्वस्त करने का प्रयास सौभाग्यवश विफल : सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठिए मार गिराए : 2 मिलिटैंट काबू

के परिवारों के सात सदस्यों व एक सैनिक के परिवार के 2 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों को गोलियां मार कर हत्या कर दी।

गत रात्रि 8-6 कार सवार मिलिटैंटों ने 10.30 बजे गांव हुसैनपुर में मुख्तियार सिंह व उसकी भाभी कश्मीर कौर को हत्या कर दी। मुख्तियार सिंह के 4 और भाई भी हैं जबकि कश्मीर कौर गर्भवती थी। उनकी हत्या का कारण यह बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व उनके घर आकर मिलिटैंटों ने द्वार खटखटाया था परन्तु उक्त परिवार ने कोई उत्तर नहीं दिया। मिलिटैंट जाते हुए बदला लेने की धमकी दे गए थे।

इस वारदात के बाद मिलिटैंटों ने गांव पीरकली में जाकर एवं सरपंच कश्मीर सिंह के दो बेटों गुरदीप सिंह व सर्वजीत सिंह की हत्या कर दी। कश्मीर सिंह का एक अन्य बेटा सुखविन्दर सिंह बल्टोहा थाने में तैनात है। सर्वजीत सिंह भी पहले पुलिस में था परन्तु इन दिनों वह पुलिस की नौकरी छोड़ चुका था।

इसके बाद मिलिटैंटों का यही गिरोह गांव रत्ता खुर्द में गया व वहां संसार सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी। संसार सिंह का बेटा गुरबख्त सिंह जीरा के डी.एस.पी. का गनमैन है। इसी बाद इस गिरोह ने गांव चब्बा कला में जगतार सिंह की पत्नी सुरिन्दर कौर (40), बेटी सतवंत कौर (21) व पुत्र दीदार सिंह (11) की गोलियां मार कर हत्या कर दी। जगतार सिंह का बड़ा भाई अवतार सिंह अमृतसर पुलिस लाइन में तैनात है।

गत रात्रि ही मिलिटैंटों ने बल्टोहा थेह सरहाली नामक गांव में गुरदर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा उसे पुत्र उसके घर में ले आए व वहां आकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी। मिलिटैंट उससे उसकी राइफल मांग रहे थे परन्तु उसने इंकार कर दिया जिससे क्रोधित होकर मिलिटैंटों ने उसकी हत्या कर दी।

विश्वविद्यालय कर्मी की हत्या, 75 हजार लूटे : अमृतसर (अशोक सोनी) : गुरु नानकदेव विश्वविद्यालय परिसर में आज बाद दोपहर 3 बजे के करीब साइकिल सवार 2 मिलिटैंटों ने विश्वविद्यालय के 'खेल विभाग' के एक क्लर्क गुरदयाल सिंह (55) की गोली मार कर हत्या कर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत सरकार की विशेष स्वीकृति अनुसार
गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर
दिनांक 3.10.91 से विशेष छूट

Punjabi Sanatan

...ना रहा। शहर के प्रमुख ...ीद चौक, गुरु बाजार, ...ा दूल्लो, रामबाग, हाल ...ट इत्यादि बाजारों में ...लग-अलग गुटों जिनमें ...हर बंद करवाया और ...ड पर धरना देकर रास्ते ...ा कुछ अन्य बाजारों में ...र पुलिस ने लाठीचार्ज ...जे में लेकर 11 बजे तक ... अप्रिय घटना पर काबू ...सैनिक बल जगह-जगह ...स द्वारा गश्त की जा ...प सिंह ढिल्लों अन्य ...रयों समेत जलूस के

... **आरोप** : पटियाला ... आयोग मोर्चा की एक ...सिंह टिवाना ने अपनी ...त कर कहा कि केंद्र में ...ी रिपोर्ट को नष्ट कर

...**रेबाज़ी, ज्ञापन** ...ए.): सरकार की ...फ चल रहा आंदोलन ... गया है। आज यहां ... और एस.डी. कालेज ...र के विभिन्न भागों में ...विरुद्ध जलूस निकाला ...था सरकार के विरुद्ध

... इंजीनियरिंग कालेज ... के विरोध में ...र कुछ समय के लिए ... किया गया तथा बाद ... पर मौका पर पहुंचे ... सड़क पर बैठे छात्रों ...हाल कराया। इससे ...ों व बसों की लम्बी

...विद्यालय की सैकड़ों ... में जलूस के रूप में ...न देने के बाद चली

...लिस ने रिजनल ... पर बिधीपुर रेलवे ... किया। रेलवे के ...लनकारी छात्रों ने ...प्रैस को सुरानुस्सी ...।

... शिमला (पस.): ...लन के दृष्टिगत ... बस सेवा आज ठप्प ... कालेज व कुछ अन्य ...दिन भी कक्षाओं का

भी घोषित कर दिया है।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दी व उसके पास से विश्वविद्यालय कर्मियों को वेतन बांटने के लिए एकत्र 75 हजार रुपए की धन राशि लूट ली। उक्त क्लर्क को उस समय मिलिटैंटों ने घेरा जब वह यह धनराशि लेकर परिसर में अभी पहुंचा ही था।

बताया जाता है कि लुटेरे मिलिटैंटों ने उक्त क्लर्क पर पिस्तौल तान कर धन राशि उन्हें सौंपने को कहा परन्तु उसने जब इंकार किया तो उसे गोली मार दी गई। कहा जाता है कि इस घटनास्थल से थोड़ी दूर पर ही वारदात के समय विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी भी खड़े थे परन्तु वे अपनी जगह से हिले तक नहीं। इस वारदात के तीन घंटे के बाद भी पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना नहीं मिल सकी।

रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म पर बम विस्फोट : आज दोपहर बाद 2.55 बजे ब्यास रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नं. 2 पर एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने से वहां स्थित एक टी-स्टाल का मालिक बनारसी दास घायल हो गया। मिलिटैंटों द्वारा यह विस्फोट टाइम बम से किया गया, जो सम्भवतः शान-ए-पंजाब नामक रेलगाड़ी को क्षति पहुंचाने के लिए ही किया गया था। मगर इस विस्फोट से पूर्व ही रेलगाड़ी स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। घटनास्थल से एक बैटरी व एक घड़ी बरामद हुई।

मुकाबले में मिलिटैंट मारा : आज प्रातः 10.30 बजे पुलिस जिला मजीठा के गांव, जोधा नगर में पुलिस व मिलिटैंटों के मध्य एक मुकाबले के दौरान रणजीत सिंह उर्फ राणा नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

बताया जाता है कि जडियाला के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में एक गश्ती दल ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया व दूसरा फरार हो गया। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त रणजीत सिंह उर्फ राणा पुत्र अवतार सिंह निवासी धनिए-के-बंगर थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के तौर पर हुई है। घटनास्थल से एक रिवाल्वर, 30 बोर के चार जीवित कारतूस, ए.के. 47 राइफल की एक मैगजीन व इसके 10 कारतूस मिले हैं।

16,500 रुपए लूट लिए : 2 मिलिटैंटों ने आज दोपहर अमृतसर में ड्रेनेज विभाग के एक अधिकारी गरदयाल सिंह से उस समय 16,500 रुपए लूट लिए, जब वह बैंक से यह राशि निकलवा कर रिक्शा पर अपने कार्यालय की ओर जा रहा था। मिलिटैंट लूटी गई धन-राशि के साथ फरार हो गए।

बम विस्फोट से एक घायल : गरदासपुर (विनोद): आज दोपहर बाद पुलिस जिला बटाला के थाना काहनुवान के गांव वडैच में मिलिटैंटों द्वारा एक बम फैंकने से गांव के सरपंच का भाई हीरा सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार आज बाद दोपहर बब्बर खालसा का एरिया कमांडर कुलदीप सिंह फौजी तथा मनोहर सिंह उर्फ हरनेक सिंह हनेरी गांव वडैच के सरपंच कश्मीर सिंह के घर आए और कश्मीर सिंह के बारे में पूछताछ की परन्तु सरपंच मिलिटैंटों का पूर्व पता चल जाने पर छिप गया। इसी मध्य सरपंच का भाई हीरा सिंह घर में आ गया, वह मिलिटैंटों को देखते ही छत पर भाग गया परन्तु मिलिटैंटों ने एक पर ही बम फैंका, जिसके



कुरुक्षेत्र में ... रोड पर हरि... हैं।







आरक्षण के वि... नगर के विभि... जलूस निकाल... हुए। (2) ... अन्य निजी ... करते हुए। ... के आह्वान ... चित्र।

डी.ए.पी... सुनिश्...

चंडीगढ़, ... सुरेन्द्र नाथ ने ... अपील की है ... मात्रा में डी.ए... बनाने के लिए...

श्री बलर... सुरेन्द्र नाथ, ... क्षेत्रीय बैठक ... कोटा 3.56 ... टन कर दिया ... नहीं बताया ... सितम्बर को ... टन खाद की ... जाखड़ से कहा... है और विजाइ...

काला... अ...

Punjabi Sanatani

आरक्षण के विरोध में अमृतसर के विभिन्न कालेज तथा स्कूल आज बंद रहे और छात्र-छात्राओं की विभिन्न टोलियां शहर में घूमती रहीं। शहर के प्रमुख बाजार कटड़ा शेर सिंह, फरीद चौक, गुरु बाजार, लोहा मंडी, आटा मंडी, कटड़ा दूल्लो, रामबाग, हाल बाजार, बेरी गेट, लाहौरी गेट इत्यादि बाजारों में दुकानें बंद रहीं। छात्रों के अलग-अलग गुटों, जिनमें अधिकांश छात्राएं थीं, ने शहर बंद करवाया और फिर भंडारी पुल व लारेंस रोड पर धरना देकर रास्ते जाम किए। हाल बाजार तथा कुछ अन्य बाजारों में दुकानें बंद करवा रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। शहर में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक स्थिति तनावपूर्ण रही। किसी अप्रिय घटना पर काबू पाने के लिए पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बल जगह-जगह तैनात थे और घुड़सवार पुलिस द्वारा गश्त की जा रही थी। एस.पी. सिंह, हरदीप सिंह ढिल्लों अन्य पुलिस तथा सुरक्षा अधिकारियों समेत जलूस के साथ-साथ रहे।

रिपोर्ट नष्ट करने का आरोप : पटियाला (भूषण): जिला जद व मंडल आयोग मोर्चा की एक बैठक में आज जद प्रधान तेजा सिंह टिवाना ने अपनी अध्यक्षता में एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि केंद्र में इंका सरकार मंडल आयोग की रिपोर्ट को नष्ट कर रही है।

जलूस, प्रदर्शन, नारेबाज़ी, ज्ञापन प्रस्तुत : जालंधर (न.न.ए.): सरकार की आरक्षण-विरोधी नीति के खिलाफ चल रहा आंदोलन आज चौथे दिन में प्रवेश कर गया है। आज यहां स्थानीय कन्या महाविद्यालय और एस.डी. कालेज की छात्राओं ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न भागों में सरकार की आरक्षण नीति के विरुद्ध जलूस निकाला और मंडल आयोग की रिपोर्ट तथा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की।

इससे पहले सुबह रिजनल इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों द्वारा आरक्षण के विरोध में जालंधर-अमृतसर जी.टी. रोड पर कुछ समय के लिए धरना देकर यातायात अवरुद्ध किया गया तथा बाद में एस.पी. सिटी सूचना मिलने पर मौका पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस बल के साथ सड़क पर बैठे छात्रों को उठाया और यातायात बहाल कराया। इससे पहले सड़क के दोनों तरफ ट्रकों व बसों की लम्बी कतारें लग गई थीं।

एस.डी. कालेज व कन्या महाविद्यालय की सैंकड़ों छात्राएं जिलाधीश के कार्यालय में जलूस के रूप में पहुंचीं और जिलाधीश को ज्ञापन देने के बाद चली गईं।

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने रिजनल इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों पर बिधीपुर रेलवे फाटक के निकट लाठीचार्ज किया। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार आंदोलनकारी छात्रों ने दादर एक्सप्रैस व हावड़ा एक्सप्रैस को सुरानुस्सी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया था।

बस सेवा ठप्प रही : शिमला (प.स.): आरक्षण-विरोधी छात्र आंदोलन के दृष्टिगत हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा आज ठप्प रखी गई। इंदिरा गांधी मैडीकल कालेज व कुछ अन्य कालेजों के छात्रों ने आज दूसरे दिन भी कक्षाओं का

को बस सेवा पुन: चालू कर दी गई थी। आज कुछ स्कूलों के प्रबंधकों ने अनिश्चितकाल के लिए अवकाश भी घोषित कर दिया है।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

दी व उसके पास से विश्वविद्यालय कर्मियों को वेतन बांटने के लिए एकत्र 75 हजार रुपए की धन राशि लूट ली। उक्त क्लर्क को उस समय मिलिटैंटों ने घेरा जब वह यह धनराशि लेकर परिसर में अभी पहुंचा ही था।

बताया जाता है कि लुटेरे मिलिटैंटों ने उक्त क्लर्क पर पिस्तौल तान कर धनराशि उन्हें सौंपने को कहा परन्तु उसने जब इंकार किया तो उसे गोली मार दी गई। कहा जाता है कि इस घटनास्थल से थोड़ी दूर पर ही वारदात के समय विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी भी खड़े थे परन्तु वे अपनी जगह से हिले तक नहीं। इस वारदात के तीन घंटे के बाद भी पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना नहीं मिल सकी।

रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म पर बम विस्फोट : आज दोपहर बाद 2.55 बजे ब्यास रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नं. 2 पर एक शक्तिशाली बम विस्फोट होने से वहां स्थित एक टी-स्टाल का मालिक बनारसी दास घायल हो गया। मिलिटैंटों द्वारा यह विस्फोट टाइम बम से किया गया, जो सम्भवत: शान-ए-पंजाब नामक रेलगाड़ी को क्षति पहुंचाने के लिए ही किया गया था। मगर इस विस्फोट से पूर्व ही रेलगाड़ी स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। घटनास्थल से एक बैटरी व एक घड़ी बरामद हुई।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : आज प्रात: 10.30 बजे पुलिस जिला मजीठा के गांव, जोधा नगर में पुलिस व मिलिटैंटों के मध्य एक मुकाबले के दौरान रणजीत सिंह उर्फ राणा नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

बताया जाता है कि जंडियाला के एस. एच. ओ. के नेतृत्व में एक गश्ती दल ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर जब रुकने का संकेत किया तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त एक संदिग्ध व्यक्ति मारा गया व दूसरा फरार हो गया। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त रणजीत सिंह उर्फ राणा पुत्र अवतार सिंह निवासी धनिए-के-बंगर थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के तौर पर हुई है। घटनास्थल से एक रिवाल्वर, 30 बोर के चार जीवित कारतूस, एक 47 राइफल की एक मैगजीन व इसके 10 कारतूस मिले हैं।

16,500 रुपए लूट लिए : 2 मिलिटैंटों ने आज दोपहर अमृतसर में ड्रेनेज विभाग के एक अधिकारी गुरदयाल सिंह से उस समय 16,500 रुपए लूट लिए, जब वह बैंक से यह राशि निकलवा कर रिक्शा पर अपने कार्यालय की ओर जा रहा था। मिलिटैंट लूटी गई धन-राशि के साथ फरार हो गए।

बम विस्फोट से एक घायल : गुरदासपुर (विनोद): आज दोपहर बाद पुलिस जिला बटाला के थाना काहनूवान के गांव बड़ैच में मिलिटैंटों द्वारा एक बम फैंकने से गांव के सरपंच का भाई हीरा सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार आज बाद दोपहर बब्बर खालसा का एरिया कमांडर कुलदीप सिंह फौजी तथा मनोहर सिंह उर्फ हरनेक सिंह हनेरी गांव बड़ैच के सरपंच कश्मीर सिंह के घर आए और कश्मीर सिंह के बारे में पूछताछ की परन्तु सरपंच मिलिटैंटों का पूर्व पता चल जाने पर छिप गया। इसी मध्य सरपंच का भाई हीरा सिंह घर में आ गया, वह मिलिटैंटों को देखते ही छत पर भाग गया परन्तु मिलिटैंटों ने छत पर ही बम फैंका, जिसके फटने से हीरा सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जया बच्चन व ऋतम्भरा
(पृष्ठ 3 का शेष)

अमेठी के अनेक लोगों द्वारा उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वह लोकसभा में उनका नेतृत्व करें।

श्रीमती जया बच्चन का नाम सम्भवत: इसलिए चर्चित हो रहा है क्योंकि उन्हें श्रीमती सोनिया गांधी के काफी निकट व उनका विश्वस्त माना जाता है।

श्रीमती जया बच्चन के बारे में कहा जाता है कि



कुरुक्षेत्र में मंगलवार को आरक्षण-विरोधी विद्यार्थियों द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पिहोवा रोड पर हरियाणा रोडवेज की बसों को आग लगा दी गई। चित्र में जल रही बसें दिखाई दे रही हैं। (छाया : जोशी)



आरक्षण के विरोध में मंगलवार को छात्रों ने अमृतसर नगर के विभिन्न भागों में प्रदर्शन किया। (1) छात्र जलूस निकाल कर नगर के बाज़ार बंद करवाते हुए। (2) छात्र भंडारी पुल पर सुरक्षा बलों के तथा अन्य निजी वाहनों को रोक कर यातायात अवरुद्ध करते हुए। (3) आरक्षण के विरुद्ध छात्रों द्वारा बंद के आह्वान के दृष्टिगत बंद पड़े हाल बाज़ार का एक चित्र। (छाया : भंडारी)

वी.पी. सिंह व बोम्मई 27 को पटियाला व लुधियाना आएंगे

लुधियाना, 1 अक्तूबर (धीमान): जनता दल नेता सर्वश्री वी.पी. सिंह व बोम्मई 27 अक्तूबर को पटियाला व लुधियाना आएंगे। यह जानकारी देते हुए प्रांतीय संसदीय बोर्ड के सदस्य श्री हरीश खन्ना ने बताया कि वे गत दिवस इन दोनों नेताओं को नई दिल्ली में मिले थे। दोनों नेताओं ने पंजाब की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिन्ता प्रकट की। श्री खन्ना ने कहा कि दोनों नेता 27 अक्तूबर को पटियाला में पार्टी के प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेंगे व लुधियाना में पार्टी कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करेंगे।

अभी किसी भी मुख्यमंत्री को नहीं हटाया जाएगा : चंद्राकर

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (प.स.): कांग्रेस (इ) हाई कमान का फिलहाल किसी मुख्यमंत्री को हटाने का कोई विचार नहीं है। अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस (इ) विधायक दल के एक गुट द्वारा मुख्यमंत्री श्री अपांग को हटाने के सिलसिले में पार्टी अध्यक्ष प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव से की गई भेंट के बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में पार्टी प्रवक्ता चंदू लाल चंद्राकर ने हाई कमान का दृष्टिकोण स्पष्ट किया।

माइकल कैमडेसस की नियुक्ति

वाशिंगटन, 1 अक्तूबर (ए.पी.): श्री माइकल कैमडेसस को पांच वर्ष की दूसरी कार्यावधि के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया है। मुद्राकोष द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह घोषणा की गई। श्री कैमडेसस की दूसरी कार्यावधि 16 जनवरी, 1992 से आरम्भ होगी। उन्होंने पहली बार 1987 में संगठन के प्रबन्ध निदेशक का पद संभाला था।

उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने प्रथम नवम्बर को पंजाबी सूबे की 25वीं वर्षगांठ मनाने के उपलक्ष्य में राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन कर दिया है। इस समिति में कई समाचार पत्रों के सम्पादक, कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपति व वरिष्ठ लेखक शामिल हैं।

डी.ए.पी. खाद की आपूर्ति सुनिश्चित बनाने की मांग

चंडीगढ़, 1 अक्तूबर : पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री बलराम जाखड़ से अपील की है कि वह पंजाब में शीघ्र एवं आवश्यक मात्रा में डी.ए.पी. खाद की आपूर्ति को सुनिश्चित बनाने के लिए निजी रूप से रुचि लें।

श्री बलराम जाखड़ को लिखे एक पत्र में श्री सुरेन्द्र नाथ, ने बताया है कि खादों के सम्बन्ध में क्षेत्रीय बैठक में पंजाब के लिए डी.ए.पी. खाद का कोटा 3.56 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 4.22 मीट्रिक टन कर दिया गया था पर कहां से खाद लेनी है यह नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि दिनांक 23 सितम्बर को गत वर्ष की अपेक्षा 50,000 मीट्रिक टन खाद की कमी थी। राज्यपाल पंजाब ने श्री जाखड़ से कहा है कि पंजाब में खाद की खपत अधिक है और विजाई का समय भी आ रहा है।

काला धन बाहर निकालने तथा विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए पांच नई योजनाएं

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (वार्ता): सरकार ने काला धन बाहर निकालने तथा विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति को बेहतर बनाने के उपायों के तहत आज से पांच नई योजनाएं शुरू कीं।

वित्त राज्य मंत्री रामेश्वर ठाकुर ने इन योजनाओं को शुरू करते हुए कहा कि विभिन्न कानूनों का उल्लंघन करके जमा किए गए धन को सामने लाने का एक और अवसर देने के उद्देश्य से इन्हें शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि काला धन स्वेच्छा से बाहर निकालने के लिए यह अंतिम

के तहत जमा धन पर प्रत्यक्ष कर कानूनों के अंतर्गत मुक्ति और छूट दी जाएगी तथा धन का स्रोत भी नहीं बताना पड़ेगा। जमाकर्त्ता इस योजना के तहत जमा राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा एक बार में या एक से अधिक बार में निकाल सकेंगे और उसका अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकेंगे। शेष 40 प्रतिशत राशि से एक विशेष कोष बनाया जाएगा और गरीबों को मकान उपलब्ध कराने में इसका उपयोग किया जाएगा।

30 नवम्बर को समाप्त होने वाली इस योजना

...स.-5000

...बर 1991 तक

...निवेशकों के आग्रह पर और

...ा के कारण यूजीएस-5000

वह किसी...

लुधियाना, 1 अ... राम मंदिर निर्माण के ... हैं और अब इस मंदिर ... सहन नहीं की जाएगी ... प्रचारिका व सांसद उमा ... पंजाब यूनिवर्सिटी ए... विकास परिषद द्वारा अ... में कहे। उन्होंने कहा ... पर पहले भी श्री राम म... और इस मंदिर को ... बनाया जाएगा कि सा... आएगा। सुश्री उमा ... केंद्र सरकार ने किसी प्र... सरकार का हश्र भी पूर्व ... होगा।

स्वामी उमा भा... व्याख्या करते हुए कहा ... दृष्टि से तमाम भिन्नता ... की हमारे वेदों में भी म... जिस हिन्दू राष्ट्र के नि... वह किसी का विरोध न... हिन्दू राष्ट्र में तो पेड़-प... की जाती है। यहां त... भी दूध पिलाया जाता है ... में तो उन जानवरों व ... अपना वाहन बनाया ... करते।

सुश्री उमा जी ने ... हुए कहा कि हमारे देश ... फ़ैल हो चुकी है। यह ... उन्होंने कहा कि ... होती तो देश में साम्प्र... कहा कि राष्ट्र को ...

दीपा साही छुट्टी मिली...

चंडीगढ़, 1 अक... दीपा साही को यहां पी... के बाद छुट्टी दे दी ... रवाना हो गई। दीप... निकट एक फिल्म की ... थीं तथा उन्हें सिर में ... सूत्रों के अनुसार पी... किया गया तथा आव... की गई। वे 'माया ... शूटिंग कर रही थीं।

मुझे भागने ... था :

नई दिल्ली, 1 ... निगम के कार्यकारी ... कश्मीर के उग्रवादिय... कर रखा था, ने क... निकलने का अच्छा अ... कारणों से वह नहीं ...

'इंडियन आयल... गए एक साक्षात्कार ... व्यक्ति मेरी चौकसी ... और मेरे लिए बाल... अवसर मिला था, ... उग्रवादी शायद उस... कर देते या उनका ... रखा गया था।" दु... के भय ने भी उन्हें ...

गांधी जी... शासन परिक...

नई दिल्ली, 1 अ... ने एक दलविहीन शा... थी और वर्तमान सं... व्यवस्था के रूप में ...

Punjabi Samachar

पंजाब में 6 सुरक्षा कर्मियों के 19 संबंधियों व एक ही परिवार के 7 सदस्यों सहित 33 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 2 अक्तूबर (वार्ता, पस.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से 6 सुरक्षा कर्मियों के 19 सम्बन्धियों व एक ही परिवार के 7 सदस्यों सहित 33 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया, जबकि राज्य में अन्यत्र 6 सुरक्षा कर्मियों के मकान व पंजाब रोडवेज की 6 बसें अग्निभेंट कर दी गई। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने विभिन्न मुकाबलों में 7 मिलिटैंट मार गिराए व 5 अन्य को गिरफ्तार कर लिया जबकि पुलिस के महानिदेशक ने मिलिटैंटों पर दबाव और अधिक बढ़ाने की बात कही है।

मिलिटैंटों पर और अधिक दबाव डालेंगे : मांगट : पंजाब के पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट ने मिलिटैंटों के हमले से पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हर कीमत पर सुरक्षा करने का सरकार का संकल्प दोहराया है।

श्री मांगट ने राज्य में कल रात से विभिन्न वारदातों में पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों की हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज यहां कहा कि सुरक्षा बल मिलिटैंटों पर और अधिक दबाव डालेंगे। उन्होंने कहा कि हम मिलिटैंटों को बता देंगे कि उन्हें उनके जघन्य कृत्यों की कीमत चुकानी पड़ेगी।

श्री मांगट ने कहा कि सरकार ने इस स्थिति से निबटने के लिए कई उपाय किए है। उन्होंने कहा कि पांच हजार विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती की जा चुकी है और जरूरत पड़ने पर इतने ही अधिकारियों की और भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के परिवारों की रक्षा के लिए राज्य के सभी संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाएगा।

श्री मांगट ने कहा कि मिलिटैंट खासकर तरनतारन पुलिस जिले और संगरूर तथा लुधियाना जिलों में इसी तरह की वारदातें कर रहे है। उन्होंने बताया कि राज्य में मारे गए पुलिस कर्मियों के रिश्तेदारों के परिवारों को उतनी ही वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी जितनी कार्रवाई के दौरान मारे गए पुलिस कर्मियों के परिवारों को मिलती है।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव घमीटपुर में आज स्वर्ण सिंह उर्फ गोली नामक एक मिलिटैंट ने उस समय सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, जब उसे हथियारों की बरामदगी के लिए सुरक्षा बलों द्वारा एक ठिकाने पर ले जाया जा रहा था।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : कपूरथला जिले के तलवंडी गांव के निकट सुरक्षा बलों से एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मुठभेड़ स्थल से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए गए है।

2 अन्य मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले के भूरे गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में राम सिंह उर्फ सविंदर सिंह और भोबा नामक दो मिलिटैंट मारे गए। मृत मिलिटैंटों के पास से एक माऊजर, एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए गए है।

एक व्यक्ति का अपहरण : पटियाला जिले में कल रात मिलिटैंटों ने ओम प्रकाश नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। वह राइस शैलर का मालिक है।

राज्य में अन्यत्र 6 सुरक्षा कर्मियों के मकान व पंजाब रोडवेज की 6 बसें अग्निभेंट : सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुकाबलों में 7 मिलिटैंट मरे : दो व्यक्तियों का अपहरण, डाकघर में लूट : मिलिटैंटों पर दबाव और अधिक बढ़ाएंगे—मांगट

एक मिलिटैंट व एक नागरिक मरा : अमृतसर जिले के गांव बल्टोहा में आज सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट तथा एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने अमृतसर में कल शाम सुखदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

दम्पति की हत्या : अमृतसर जिले के मोहन भंडाल गांव में मिलिटैंटों के एक गुट ने कल रात बलदेव सिंह नामक एक किसान और उसकी पत्नी सुरजीत कौर की हत्या कर दी।

बलदेव सिंह दशमेश रैजीमैंट के मारे गए मिलिटैंट लखविंदर सिंह उर्फ मारुति का भाई था। मिलिटैंटों ने बाद में उसके घर और साथ में एक बैंक के भवन में आग लगा दी।

एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या : मक्खू (चन्द्रशेखर): गत रात्रि यहां से करीब 20 कि.मी. दूर गांव पंडोरी खत्रियां में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि 7.30 बजे के करीब 5 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने मेजर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती प्रवेश किया। उस समय उक्त परिवार रात का भोजन कर रहा था। इनमें से 2 मिलिटैंट मकान के भीतर प्रविष्ट हुए व 3 अन्य आंगन में ही खड़े रहे। उस समय घर में ही मौजूद मेजर सिंह मिलिटैंटों को देख कर भागने में सफल हो गया परन्तु मिलिटैंटों ने उसके घर में मौजूद उसके 7 अन्य पारिवारिक सदस्यों को एक पंक्ति में खड़े करके उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतकों में मेजर सिंह के 3 बेटे, दो बहुएं, पत्नी व एक पौत्र शामिल है। इन मृतकों की शिनाख्त अमर कौर (70) पत्नी मेजर सिंह, हरबंस सिंह (40) पुत्र मेजर सिंह, मलकीयत कौर (35) पत्नी हरबंस सिंह, परमजीत सिंह (35) पुत्र मेजर सिंह, कर्मजीत कौर (30) पत्नी परमजीत सिंह, परगट सिंह (25) पुत्र मेजर सिंह व उसका एक पौत्र कुलदीप सिंह (11) शामिल है।



मिलिटैंटों ने बटाला के निकट कलानौर कस्बे में बस स्टैंड पर खड़ी 6 बसों को आग लगा दी । चित्र में जली हुई बसें । (छाया: पंके)

घटनास्थल से प्राप्त एक पत्र से पता चलता है कि यह हत्याकांड दीप सिंह उर्फ दीप छज्जावाली के गिरोह ने ही किया है। यह भी पता चला है कि गत वर्ष इस परिवार ने एक मिलिटैंट को पकड़वाने में सुरक्षा बलों की सहायता की थी।

सुरक्षा कर्मी के परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से 30 कि.मी. दूर गांव दीवाना में गत रात्रि 5-6 मिलिटैंटों ने जिन्दर सिंह कांस्टेबल सी.आई.ए. स्टाफ जगराव के घर में घुस कर उसके पिता संता सिंह तथा दो भाइयों मेजर सिंह व पाला सिंह को घर से बाहर बुला कर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य सुरक्षा कर्मी के परिवार के 3 सदस्यों की हत्या : गत रात्रि मिलिटैंटों ने संगरूर पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल चालक परगट सिंह के घर में जबरदस्ती दाखिल होकर उसके 3 भाइयों कर्म सिंह, जंग सिंह व गुरमेल सिंह की उन्हें घर से बाहर बुला कर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : संगरूर से ही कुछ कि.मी. दूर गांव जखेपाल में गत रात 9 बजे दो मिलिटैंटों ने गुरमीत सिंह नामक एक व्यक्ति को घर से जबरदस्ती बाहर निकाला व गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी।

आढ़ती के पुत्र का अपहरण : संगरूर से ही 30 कि.मी. दूर गांव धनौला में स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने सुरेश कुमार नामक एक आढ़ती के 18 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर लिया। वह 11वीं कक्षा का छात्र है।

डाकघर लूटा : गत सायं यहां से 30 कि.मी. दूर गांव हंडियाइरा में मिलिटैंटों ने एक उप-डाकघर को लूट लिया व 1805 रुपए लेकर फरार हो गए।

एक व्यक्ति की हत्या : मुनाम (नागपाल): गत रात्रि मिलिटैंटों ने 25 वर्षीय एक व्यक्ति गुरमीत सिंह मीता की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी जब वह साइकिल पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। पुलिस के अनुसार यह आपसी दुश्मनी का भी परिणाम हो सकता है।

सुरक्षा कर्मी की पत्नी व भाई की हत्या : पट्टी (पाठक): गत रात्रि मिलिटैंटों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

गांव वरैया में एक ए.एस.आई. मोहन सिंह, जो जीरा में तैनात है, के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी जोगिन्दर कौर व भाई अवतार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस दौरान बलकार सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मगर अमृतसर से 'सुभाष नारंग' के अनुसार उक्त ए.एस.आई. का नाम मान सिंह है तथा वह दो दिन की छुट्टी पर घर में ही आया हुआ था। मृतकों में उसकी पत्नी जोगिन्दर कौर व पुत्र अवतार सिंह शामिल है। मिलिटैंटों के इस हमले के दौरान मान सिंह ने भाग कर अपनी जान बचा ली थी।

6 सुरक्षा कर्मियों के मकान अग्नि भेंट : (सुभाष नारंग): तरनतारन थाना के अधीन गत रात्रि 10.30 बजे के करीब गांव पलासोर में 6 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पंजाब पुलिस के 6 कांस्टेबलों के मकानों को आग लगा कर भस्म कर दिया। इसके अलावा मिलिटैंटों ने उक्त सुरक्षा कर्मियों के परिवार वालों से मारपीट भी की। इन सुरक्षा कर्मियों के नाम बलविन्दर सिंह, बलदेव सिंह, हरजिन्दर सिंह (सभी अमृतसर के कांस्टेबल), जगमिन्दर सिंह कांस्टेबल, मनदीप सिंह कांस्टेबल पी.ए.पी. व हैड-कांस्टेबल इकबाल सिंह (सभी तरनतारन) है।

एल.एम.जी. ले गए, 3 जवान घायल : थाना पट्टी के गांव बाह्मणी वाला में मिलिटैंटों ने आज सायं सी.आर.पी.एफ. की एक नाका पार्टी पर फायरिंग करके 3 जवानों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया और जवानों से एक एल.एम.जी. तथा 5 मैगज़ीन छीन कर ले गए । बताया जाता है कि नाका पार्टी ड्यूटी समाप्त करके कैम्प की ओर वापस आ रही थी कि गांव में ही स्कूल और गोदामों के मध्य छिपे मिलिटैंटों ने नाका पार्टी पर हमला करके 3 जवानों शाहजहान अली, एन.आर. चौधरी, आर.डी. बैनर्जी को घायल कर दिया । मिलिटैंट घायलों के शस्त्र भी छीन कर ले गए । घायलों को ककड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

आपसी रंजिश में एक व्यक्ति की हत्या : आज तड़के थाना छहर्टा के अधीन गांव चक मुकन्द में निधान सिंह पुत्र गुरनाम सिंह सरपंच गांव चक के घर में कुछ मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर निधान सिंह की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह संभवत: आपसी रंजिश का मामला है।

6 बसें अग्नि भेंट, कंडक्टर से मारपीट : गत रात्रि करीब 11.30 बजे पुलिस थाना बटाला के अधीन कलानौर थाना के बस अड्डे में 3 मिलिटैंटों ने एक बस में सोए हुए एक कंडक्टर को गोली मार देने की चेतावनी देते हुए भाग जाने को कहा जिस पर उसने बस स्टार्ट की और भाग गया। इसके बाद मिलिटैंटों के गिरोह ने पंजाब रोडवेज की 6 बसों को अग्न लगा कर नष्ट कर दिया। इन बसों के नं. पी.जे.जी. 716, पी.बी.एन. 1124, पी.यू.ओ. 1794, पी.बी.एन. 1132 (सभी बटाला डिपो) व पी.जे.जी. 4474 तथा पी.जे.जी. 4004 (सभी पठानकोट डिपो) हैं।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार घटनास्थल से आए कुछ लोगों ने बताया कि बसों को लगी आग की लपटें व टायरों तथा टंकियों के फटने और फटने की आवाजें दूर-दूर तक सुनी गईं। इस वारदात के दौरान रोडवेज के कुछ कर्मियों ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी परन्तु वे चुप्पी साधे रहे।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव तारागढ़ के निकट गत रात पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि इसके दो साथी बच कर फरार हो गए। एस.एस.पी. सीताराम के अनुसार मौका से एक ए.के. 74 राइफल, 2 मैगजीनें व 40 जीवित कारतूस बरामद हुए हैं। अभी तक मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस कर्मियों के 3 परिवारों के 11 सदस्यों की हत्या : लुधियाना (धीमान, महिन्द्रा): पुलिस ने बताया है कि गत रात्रि जगराव के आसपास तीन ग्रामों में मिलिटैंटों ने पुलिस कर्मियों के तीन परिवारों के 11 निर्दोष सदस्यों की हत्या कर दी है।

मिलिटैंटों का एक गुट मौजा ढोलन में ए.एस.आई. गुरमीत सिंह के घर दाखिल हुआ तथा उसके मां-बाप, दो भाइयों, उसकी पत्नी तथा उसके भानजे की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इसके बाद उक्त मिलिटैंट मौजा कमालपुरा में दाखिल हो गए तथा वहां गोलियां चला कर सुखदेव सिंह होमगार्ड, उसकी माता तथा पिता की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मौजा भम्मीपुरा में रात को ही गुरचरण सिंह सिपाही मिधवा बेट के दो सगे भाइयों की हत्या कर दी गई। इससे तीन ग्रामों में सन्नाटा छा गया है।

दुर्दांत मिलिटैंट मरा : सिख छात्र संघ (दलजीत बिट्टू गुट का) कुख्यात मिलिटैंट गुरबचन सिंह उर्फ़ डोगरा निवासी पोटाला जिला मजीठा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 40 हज़ार का पुरस्कार घोषित था और वह कम से कम 40 हत्याओं में वांछित था, कल रात पुलिस मुकाबले में मारा गया।

यह जानकारी देते हुए श्री अनिल शर्मा एस.एस.पी. ने आज बताया कि पुलिस ने पायल थाना के गांव गुड़याला क्षेत्र में नाकाबंदी की थी कि एक युवक स्कूटर पर जा रहा था। उसे रुकने का संकेत किया तो उसने अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें वह मारा गया। पहचान करने पर पता चला कि वह गुरबचन सिंह था। एस.एस.पी. ने कहा कि उसके कब्जे से 50 हज़ार रुपए नकद, एक ए.के. 47 राइफल, एक सौ विस्फोटक छर्रे, जो बिहार प्रान्त की एक फैक्टरी की बनी हुई है, एक बिना नम्बर का स्कूटर व बड़ी संख्या में असला मिला। श्री शर्मा ने बताया कि जो हत्याएं इसके गुट ने की, उनके 8 हैड-कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं। जिन लोगों का इसने अपहरण किया, उनमें राहों रोड का उद्योगपति विपिन जैन, पुरुषोत्तम सिंह का बेटा व डा. गुरबिन्दर सिंह शामिल हैं। इसने यहां जी.टी. रोड पर शीर्षस्थ साइकिल उद्योगपति पाहवा का उनकी रालसन नामक फैक्टरी के बाहर गोलियां चला कर अपहरण करने का असफल प्रयास किया था।

अपहृत बच्चा लौटा : गत दिवस दरेमी के क्षेत्र से होज़री के उद्योगपति का 5 वर्षीय बेटा अचानक गुम हो गया था, वह श्री विश्वामित्र का पौत्र है। चंडीगढ़ पुलिस के प्रयत्न से वह वापस आ गया है। बताया जाता है कि चंडीगढ़ पुलिस ने इसे बस स्टैंड पर परेशानी की हालत में देखा व पूछने पर उसने बताया कि वह लुधियाना का रहने वाला है। उसे 4-5 व्यक्ति उठा कर लाए थे और जगह-जगह लेकर फिरते रहे। चंडीगढ़ पुलिस ने लुधियाना सम्पर्क किया तो पता चला कि एक बच्चा गुम है। चंडीगढ़ पुलिस ने इस बच्चे को उसकी नज़दीकी रिश्तेदारों को चंडीगढ़ में उनके हवाले कर दिया है। इसके मां-बाप पहले इसे चंडीगढ़ से चिंतपूर्णी माता ले गए। अब वह वापस आ गए हैं।

पता चला है कि जिस दिन इस बच्चे का अपहरण किया गया, उसके दूसरे दिन उन्हें टैलीफोन मिला कि वे अमुक जगह से एक पत्र ले आएं। इसमें लिखा था कि बच्चा सुरक्षित है, अगर वे इसे वापस लेना चाहते हैं तो 5 लाख रुपया तैयार रखें। रुचिकर पहलू यह है कि बच्चे की वापसी के पश्चात् ही इसके अभिभावकों को यह टैलीफोन आया।

वी.सी.आर. व ज़ेवर आदि लूट लिए : होशियारपुर (वि.प्र.): दसूहा थाना के अधीन हल्टा ग्राम में तीन सशस्त्र मिलिटैंटों द्वारा एक एस.डी.ओ. राम प्रकाश के घर से एक वी.सी.आर., सोने की बालियां, अंगूठी व चार हज़ार रुपए नकद लूटे जाने की सूचना मिली है। पुलिस ने धारा 382-34 के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

5 मिलिटैंटों का गिरोह काबू : नवांशहर (शर्मा): आज प्रात: 3 बजे बंगलकला गांव के निकट मूसापुर वाली नहर के पुल पर सात व्यक्ति पैदल आते देख कर वहां नाकाबंदी किए हुए पुलिस दल ने उनको रुकने को कहा तो इन व्यक्तियों ने गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में पिछले दो मिलिटैंट भाग गए जबकि शेष पांच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनसे भारी शस्त्र मिले हैं। इनमें जोत चन्द्र सिंह उर्फ़ जोती गांव मूसापुर से एक ए.के. 47 राइफल और इसके मैगजीन, गुरतीर्थ सिंह गांव मूसापुर से एक ए.के. 47 राइफल, मनजीत सिंह बम्ब (जट) वासी रूपुर से एक रिवाल्वर और इसके कारतूस, सतनाम सिंह सनाली मुहल्ला बंगा के कब्जे से एक बोतल बम और कमलजीत सिंह गांव मूसापुर से 2 भरे हुए असाल्ट मैगजीन मिले हैं।

इस गिरोह ने बंगा क्षेत्र के गांव भौरे की हरिजन महिला जो वहां के पंच की पत्नी थी, की हत्या की थी। उन्होंने लोंडिया गांव की एक और महिला, बूहार के सेठ और गांव बैंस के सरपंच का भी कत्ल किया था। गांव लंगेरी के पैट्रोल पम्प के मालिक और चाहल गांव के एक व्यक्ति को अगवा करके उनके घर वालों से फिरौती भी इन्हीं लोगों ने ली थी। इस मुकाबले में भागने वाले मिलिटैंटों के नाम जसबीर सिंह और बलविन्द्र सिंह हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

हरियाणा पुलिस
(पृष्ठ 3 का शेष)

आपातस्थिति में नागरिक प्रशासन की सहायता हेतु सेना को तैयार रहने को कहा है। इस सम्बन्ध में अधिकृत तौर पर कुछ पुष्ट नहीं हुआ है। इस बारे पुष्टि या खंडन के लिए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल व पुलिस महानिदेशक श्री कल्याण रुद्र यहां उपलब्ध नहीं हो सके।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार आज जींद पुलिस लाइन्स में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने धरना दिया व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इनको बैरकों में वापस भेजने बारे अधिकारियों के प्रयास विफल रहे। कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन्स में भी आज धरना दिया गया।

प.स. के अनुसार पुलिस महानिदेशक श्री कल्याण रुद्र ने बताया है कि आंदोलन में भाग लेने के आरोप में अब तक केवल 130 पुलिस वालों को बर्खास्त करके जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जींद के अलावा आज कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

गांधी जयंती
(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर शहरी की ओर से सुबह 9 बजे कम्पनी बाग में गांधी जी की प्रतिमा के निकट एक सर्व-धर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता श्री प्रताप चन्द भंडारी ने की । गांधी दर्शन समिति के नेता और वर्कर भी इसमें शामिल हुए । इस पर कांग्रेसी नेताओं ने गांधी जी के जीवन और आदर्शों पर रौशनी डाली और लोगों से गांधी जी के बताए हुए अहिंसा व शांति के मार्ग पर चलते हुए साम्प्रदायिक



(1) लुधियान
तबाही का दृश्य
हुई तबाही का

सपूत ने म

कैगलियारी,
बच्चे ने अपनी
रखा और फिरौत
लिए मजबूर न
एक चाकू का इ

दरअसल ल
के लिए उसे उठा
करवट बदल क
और उसने चाद
के इस तरह उ
बड़बड़ाता हुआ
निश्चित हो गई
तभी अचानक
पर चाकू रख दि

थोड़ी देर तो
उसने प्यार से
लेकिन लाख सम
कोई असर नहीं
चिल्लाना शुरू
महिला परेशानी
कर दिया। पुलि
दबोच लिया और
हुआ।

कुवैत के 7

कुवैत, 2 अक्तू
में इराकी सेनाओं
प्रतिशत में आग बु
ने यह जानकारी दे
में आग बुझाई गई

खाड़ी संक

मुद्रा

वाशिंगटन, 2
कोष ने अपनी वा
एशिया संकट का
बुरा प्रभाव पड़ा है
होने के लिए प्रति

30 अप्रैल, 19
अपनी रिपोर्ट में क
वित्त घाटे को ज
भारतीय अर्थव्यव
लिए कई नीतियां
सार्वजनिक उपक्र
स्थिति मजबूत क
है।

वैसे कोष का क
फिलीपीन में नीति
में बढ़ौतरी हुई है

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

कोठी के लिए कुक, घरेलू हैल्पर औरत, फार्म हेतु माली, Supervisor ग्रहद फार्म के लिए, आफिस के लिए हैल्पर्ज, वीरवार मिलें (रिहायश मुफ्त)। वैद्य हरभजन सिंह, S.C.O.–1030, Sector 22–B, Chandigarh.

(Ad-Assoc/29)

रोज़गार

भारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन आपरेटर आदि, वायुसेना में पुलिस, मोटर-ड्राइवर आदि, बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग में क्लर्क की भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 16 से 25 वर्षीय, 10 रुपए मनीआर्डर भेज कर नियमावली तथा पंजीकरण फार्म शीघ्र मंगवाएं। National School of Competitions, 6, Netaji Subhash Marg, Darya Ganj, New Delhi–110002.

(Superhit/55D)

गीत/संगीत

नवरात्रे सफल करें। देवी भागवत पुराण, मानस ज्ञान गंगा, शंकर विवाह, नर-नारायण, राम बने घनश्याम। आडियो कैसैट सुनें। निर्माता : इन्द्रलोक स्टूडियो, 13-करतार नगर, माडल ग्राम, लुधियाना।

(BPL/27JDC)

सार्वजनिक सूचना

मैं, मिलख राज नरूला सुपुत्र श्री हरिकृष्ण दास, अबोहर सूचित करता हूं कि मेरे बेटे शिव कुमार व रजनीश, बेटियां श्रीमती सुमन, कुसुम, डिम्पल रानी मेरे कहने, सुनने से बाहर हैं। मैं इनसे पूर्णतया सम्बन्ध-विच्छेद करते हुए इन्हें चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने अच्छे-बुरे कर्म के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(Sadosh/55)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 3.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs.

'निष्काम ऋषि-महात्मा हंसराज'

डी.ए.वी. आन्दोलन के संस्थापक महात्मा हंसराज के निःस्वार्थ संघर्ष और त्याग पर आधारित फिल्म दूरदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 3 अक्तूबर, 1991 रात्रि 10.20 बजे प्रसारित हो रही है। अवश्य देखिए।

दरबारी लाल, संगठन सचिव

Punjabi Sanstha

किसी के घायल होने का समाचार नहीं

सुरक्षाबलों ने घाटी से पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से दो एके. 47 राइफलें और गोलियां बरामद कीं। जम्मू-बस अड्डे से हिलाल अहमद भट्ट नाम के एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। घाटी के किसी भी भाग में आज दिन का कर्फ्यू लागू नहीं किया गया।

उग्रवादियों ने तैंका के पूर्व सांसद सैफुद्दीन सोज के बारामूला जिले में स्थित पैतृक मकान को कल रात आग लगा दी। मकान पूरी तरह जल कर राख हो गया।

मध्य गोलीबारी होने में अब्दुल अहमद सोफी नामक एक व्यक्ति मारा गया ।

बाद में प्राप्त एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार श्री सोज के जिस मकान को आग लगाई गई है, उसे उन्होंने बारामूला के एस.डी.ओ. फोन कार्यालय के लिए किराए पर दिया हुआ था ।

उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच यहां नरबाग और छानपोरा तथा अनंतनाग के अवंतीपुरा में मुठभेड़ हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है । इस बीच जम्मू और कश्मीर बैंक में लूट के विरोध में आज एक दिन की सांकेतिक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ने सम्पर्क कर अनुरोध किया है कि जिन लोगों को नौकरी से हटाया गया है, उन्हें माफ कर दिया जाए। वे अपनी गलती मानने को तैयार हैं, सरकार उन्हें नौकरी पर बहाल कर दे लेकिन इस चरण पर उन्हें क्षमा करने का सवाल ही नहीं पैदा होता। सरकार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

रात के समय इंदू
अन्य प्रश्न के उत्तर
मुख्यमंत्री की कोठी
स्टीन का मामला
अदला-बदली करते

पंजाब में एक महिला सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : 2 लुटेरों के जले शव बरामद, अन्यत्र 3 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 3 अक्तूबर (वार्ता, पी.एम.): पंजाब में आतंकी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत रात से एक महिला सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक बस यात्री समेत 2 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया, जबकि सुरक्षा बलों ने 3 मिलिटैंट मार गिराए और 2 लुटेरों के जले हुए शव बरामद किए। इसके अलावा एक मिलिटैंट व दो अन्य व्यक्तियों को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया। मिलिटैंटों ने कुल मिला कर 2,32,600 रुपए की धनराशि लूट ली।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों के एक दल ने लुधियाना जिले के चंडिअयाला गांव में सुभाष चन्द्र नामक व्यक्ति की हत्या कर दी है।

3 सुरक्षा कर्मी घायल : अमृतसर जिले के एक कस्बे में मिलिटैंटों ने जिप्सी की ओर लौट रहे कटीरा निवासी पुलिस बल के जवानों पर गोलियां चलाईं, जिसमें तीन जवान घायल हो गए। इन जवानों के नाम फजाहन अली, तीर चौधरी व डी.आर. बैनर्जी हैं। उन्हें अमृतसर भर्ती करवा दिया गया है।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे : अमृतसर जिले के बड़ातलिया गांव के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। एक मृत मिलिटैंट का नाम बता सिंह बताया गया है। मुठभेड़ स्थल से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए गए।

बस यात्री का अपहरण : जिला अमृतसर में आज ब्यास के निकट से मिलिटैंटों ने एक प्राइवेट बस में सफर कर रहे एक यात्री का अपहरण कर लिया।

एक मिलिटैंट व 2 आश्रयदाता गिरफ्तार : एक मिलिटैंट निर्मल सिंह को फिरोजपुर जिले के आसगढ़ गांव के निकट गिरफ्तार कर लिया गया।

जालंधर जिले के मूसेपुर गांव में मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में सुरक्षा कर्मियों ने आज जसबीर सिंह और कुलदीप सिंह नामक 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

फायरिंग में एक व्यक्ति मरा : लुधियाना जिले के सहा गांव के पास स्कूटर पर सवार मिलिटैंटों ने पुलिस के एक नाका दल पर हमला किया, जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस गोलीबारी में बलजिन्दर सिंह और नरिन्दर सिंह नाम के दो व्यक्ति घायल हो गए। बाद में बलजिन्दर सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मिलिटैंट फरार हो गए।

एक व्यक्ति का अपहरण : पटियाला जिले में 3 मिलिटैंटों ने रोशन लाल और अमरनाथ नामक 2 व्यक्तियों का उस समय अपहरण कर लिया जब वे अपनी मारुति कार में रतिया से पातड़ा जा रहे थे। मिलिटैंट इन दोनों को उनकी मारुति कार में ही ले जा रहे थे कि रोहतक जाने वाली कार से टक्कर लगा दी और अपहर्ताओं के चंगुल से बच निकला जबकि अमरनाथ का अभी तक कोई पता नहीं मिल पाया है।

2 लुटेरों के जले शव मिले : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि जंडियाला थाना के अधीन भौंडसी राजपूतां गांव में पुलिस ने जले हुए 2 शव बरामद किए। घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ ग्रुप) के पैड पर लिखा एक पत्र भी

राज्य में एक बस यात्री समेत 2 लोगों का अपहरण : एक मिलिटैंट, 2 आश्रयदाता गिरफ्तार : कुल 2,32,600 की लूट

मिला जिस पर लिखा था कि चूंकि उक्त दोनों व्यक्ति लूट-खसोट करते थे, इसलिए इन्हें सोध दिया गया है। मृतकों की शिनाख्त बिन्दर सिंह पुत्र सरदारा सिंह, कश्मीर सिंह पुत्र चारा सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल से एके. 47 राइफल के 3 चले हुए कारतूस भी मिले हैं।

महिला सहित 2 की हत्या : रूपा (फौजी): गत रात्रि यहां से करीब 7 कि.मी. दूर गांव कालेके में मिलिटैंटों ने कर्म सिंह पत्नू व शांति नामक एक महिला का अपहरण करने के बाद उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि शांति के दो पुत्रों जीता व पाला की भी दो वर्ष पूर्व मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी तथा बाद में शांति के कर्म सिंह पत्नू नामक उक्त व्यक्ति से सम्बन्ध स्थापित हो गए और दोनों इकट्ठे ही रहने लगे थे।

दोनों अभी कुछ दिन पूर्व ही कालेके गांव के निकट हिलवां स्थित मियानी गांव में आ बसे थे। गत दिनों जब कालेके में सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों की तलाश में छापे मारे तो उन्हें शक हो गया कि इस कार्रवाई के पीछे कर्म सिंह व शांति का ही हाथ है। गत रात्रि मिलिटैंटों ने दोनों का गांव मियानी से अपहरण कर लिया व कालेके गांव में ले जाकर उन्हें गोली से हत्या कर दी। कहा जाता है कि हत्या से पूर्व उनकी पिटाई भी की गई थी।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

उप-चुनावों के लिए कांग्रेस प्र
नामों का फैसला 8 और 9 अ

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर (प.स.): कांग्रेस (इ) संसदीय दल की बैठक सम्भवत: 8 तथा 9 अक्तूबर को होगी, जिसमें 15 नवम्बर को प्रस्तावित लोकसभा तथा विधानसभा उप-चुनावों के लिए पार्टी प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा । कांग्रेस (इ) के महासचिव श्री गुलाम नबी आजाद ने आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए उक्त आशय की जानकारी दी ।

क्या सोनिया गांधी अमेठी से पार्टी प्रत्याशी होंगी ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री आजाद ने कहा, "जब पार्टी अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी तो आपको पता चल जाएगा ।"

इससे पूर्व पार्टी प्रवक्ता प्रो. सी.पी. ठाकुर ने प्रश्नों के उत्तर में कहा कि उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और राज्यों के संसदीय बोर्ड नामों पर विचार कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि राज्य संसदीय बोर्डों की सिफारिशों पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड विचार कर अंतिम निर्णय करेगा ।

श्रीमती सोनिया गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी अथवा नहीं, इस प्रश्न के उत्तर में प्रो. ठाकुर ने कहा कि वह योग्य, सक्षम और सम्भावित उम्मीदवार हैं लेकिन वह चुनाव लड़ेंगी अथवा नहीं, यह पूरी तरह से उनका निजी निर्णय होगा ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री आजाद ने कहा है कि कोई भी सम्मेलन अथवा सैमीनार पार्टी विरोधी कार्रवाई नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया हो और किसी कांग्रेसजन के खिलाफ न हो । श्री आजाद ने आज यहां दिल्ली सात अक्तूबर को संवाददाताओं द्वारा बात कही । उन्होंने खिलाफ नहीं है और उन्होंने कहा कि प्रध सैमीनार में स्पष्ट सैमीनार पार्टी को कि कोई भी कांग्रेसज साथ मिल कर कोई समारोह कर सकता सैमीनार की आलोच ने कहा कि यदि श में चम्बई में कोई विरोधी कार्रवाई नहीं

शरद पवार

(वार्ता): महाराष्ट्र प्र
रक्षामंत्री शरद पवा
कुमार को क्रमश:
विधानसभा उप-चुनाव
बनाए जाने की आज मंज
महाराष्ट्र मंत्रिपरिषद के
बताया कि राज्य संसदीय
सिफारिश पार्टी के केंद्री
है ।

दो लड़कों

लालगंज, 3 अक्तू
बाजपुर थानांतर्गत हरीप
अज्ञात लोगों ने दो लड़क

दिल्ली में अपहृत 4 हीरा व्यापारी और उनके दो साथी नाटकीय रूप से म

■ कोई भी अपहर्ता न पकड़ा जासका ■ बंधक स्थल के सशस्त्र पहरेदार चुधवार रात को हटा लिए गए थे ■ पुलिस टास बंगला सील !

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर (वार्ता): यहां एक पांच सितारा होटल से पिछले माह अपहृत हीरे के सभी 4 व्यापारियों और अन्य दो व्यक्तियों को आज तड़के दक्षिण दिल्ली की एक धनाढ्य कॉलोनी के मकान से मुक्त करा लिया गया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) विमल कुमार के अनुसार इन छहों को सुखदेव विहार में एक मकान की बेसमेंट में रखा गया था।

बताया गया है कि अपहृत व्यापारियों में से एक ने तहखाने की सीमेंट की जाली तोड़ कर शोर मचाया। पड़ोसियों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी तथा पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंच कर उन्हें मुक्त करा लिया। यह बस्ती दिल्ली-फरीदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। श्री कुमार ने बताया कि उक्त मकान दिल्ली राज्य औद्योगिक विकास निगम के अधिकारी का है और स्थानीय प्रापर्टी डीलर का मार्फत एक व्यक्ति ने अपने को एक अमरीकी फर्म का प्रतिनिधि बताकर किराए पर ले रखा था।

श्री कुमार ने कहा कि व्यापारियों से की गई प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला कि अपहरणकर्ता फिरौती की रकम तय करने के लिए बातचीत करते थे, जो कथित तौर पर 18 करोड़ रुपए तक तय हो चुकी थी। श्री कुमार के अनुसार व्यापारियों को बहुत कम भोजन दिया जाता था और कल से उनमें किसी ने न तो कोई बात की और न ही कुछ खाने को दिया।

श्री कुमार ने बताया कि जब बार-बार पुकारने पर कोई नहीं आया तो एक व्यापारी ने हौसला बटोर कर बाहर निकलने की हिम्मत की और मदद के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया। इस नाटकीय ढंग से अपहृत व्यापारी मुक्त हो गए। उनका राजधानी के एक पांच सितारा होटल से गत 14 सितम्बर को अपहरणकर्ता वहां से अलग हट गए।"

पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने तक मकान को सील कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेसमेंट से बाहर निकले व्यापारी का शोर सुन कर एक पड़ोसी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को इत्तलाहदेदी जिसने तत्काल पुलिस को मौके पर भेज दिया।

संयोगवश सुखदेव विहार पुलिस चौकी का एक कांस्टेबल चाय पीने के लिए उधर से गुजर रहा था। उसने वहां जमा भीड़ देखी और तत्काल चौकी जाकर इंचार्ज के मातहत सभी पुलिस कर्मियों को साथ ले आया।

व्यापारियों के अपहरण की घटना ने सत्ता के दबाव के अन्तर्गत सरकार ने मामला दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा से लेकर सी.बी.आई. के सुपुर्द कर दिया। सी.बी.आई. ने इंटरपोल से मदद मांगी थी।

अपहरण के मामले में कई कल्पनाएं की गईं। कुछ ने तो यह भी सम्भावना व्यक्त की कि व्यापारियों को देश से बाहर भेज दिया गया है। हीरे के तीन व्यापारी घरानों की सालाना आमदनी एक अरब अस्सी करोड़ बताई गई है।

हीरे के व्यापारियों राजेश मेहता, गौतम मेहता, मिलन पारीख, सोनिक पारीख और उनके निजी सचिव अनुप कुलकर्णी और उनके ड्राइवर बाबू लाल का अपहरण किया गया था। इस अपहरण कांड के संदिग्ध प्रमुख अभियुक्त आर. चौधरी के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। व्यापारियों और उनके सहायकों का 14 और 15 सितम्बर को अलग-अलग घटनाओं में राजधानी के दो पांच सितारा होटलों से अपहरण किया गया था।

को आज सुबह मुक्ति मिली, उससे इस धारणा की पुष्टि होती है ।

सूत्रों के अनुसार दक्षिण दिल्ली की आलीशान सुखदेव विहार बस्ती की 151 नम्बर की कोठी में जहां उन्हें बंधक बनाकर रखा गया था, पहरा देने वाले अनेक सशस्त्र लोग कल रात ही वहां से हटा लिए गए थे ।

व्यापारियों ने लोहे की जाली से बाहर आने के लिए बिस्तर की चादरों का इस्तेमाल किया । वह सभी आज तड़के तहखाने से बाहर निकल आए थे लेकिन वहां किसी को न पाकर वे वापस लौट गए ।

सवेरा होने पर वे फिर तहखाने से बाहर निकले और पड़ोस में रह रहे श्री एस.सी. जैन के घर गए जहां उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई ।

श्री जैन ने सुबह पांच बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सम्पर्क किया और नियंत्रण कक्ष की एक गाड़ी तुरंत वहां पहुंची जिसमें व्यापारियों को बिठा कर मालवीय नगर पुलिस थाने ले जाया गया ।

अपहृत व्यापारियों की नाटकीय मुक्ति की खबर पाने वाले सम्वाददाता भी आनन-फानन में पुलिस थाने पहुंचे लेकिन इससे पहले ही पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां पहुंच चुके थे और वे व्यापारियों को पूछताछ के लिए किसी अज्ञात ठिकाने पर ले जा चुके थे । वहां पता चला कि व्यापारी मैले-कुचैले कपड़े पहने हुए थे ।

आज रिहा हुए हीरे के व्यापारियों को 18 दिन तक जिस मकान में बंदी बना कर रखा गया था, उसे 1.38 लाख रुपए की अग्रिम राशि और 23000 रुपए मासिक किराए पर किसी नासिर नामक व्यक्ति को दिया गया था ।

पुलिस के अनुसार इस बंगले को किराए पर लेने के लिए उसके मालिक पी के कुमार और नासिर के बीच कई दौरों की बातचीत हुई । नासिर ने अपना



दिल्ली की काल
व्यापारियों आर



छोटी-सी बात ... —रंगा

मैं बिहार के लोगों का रॉबिन हुड हूं ।

—लालू प्रसाद यादव

Punjabi Sahariaan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

शराब का ठेका लूटा : बटाला (कोछड़) : गत रात्रि नगर के एक सुरक्षित क्षेत्र में स्थित शराब के एक ठेके में से मिलिटैंटों ने 2600 रुपए लूट लिए व फरार हो गए।

2.30 लाख रुपए लूटे : पटियाला (भूषण) : आज शाम प्रैस रोड स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला की आर्य समाज शाखा में 2 सशस्त्र लुटेरों ने 'पंजाब टायर्स' नामक एक फर्म के कैशियर संतोष कुमार से 2.30 लाख रुपए की धनराशि लूट ली तथा बंदूक की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर भी छीन कर फरार हो गए। भागने से पूर्व लुटेरों ने हवाई फायरिंग करके लोगों को आतंकित भी किया।

उक्त फर्म का कैशियर बैंक में वह राशि जमा कराने आया था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

स्कूटर चोरी : गवर्नमैंट आयुर्वैदिक कालेज के असिस्टैंट प्रोफैसर कृष्ण कुमार का बजाज चेतक स्कूटर चोरी हो गया है, जो उन्होंने कालेज अस्पताल के परिसर में आज खड़ा किया था।

टेलर मास्टर की हत्या : लुधियाना (धीमान) : कल रात गांव मराभा में 3 मिलिटैंट मोहन सिंह टेलर मास्टर के घर आए तथा उसे बलपूर्वक उठा कर बाहर ले गए और गांव के बाहर ले जाकर गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी। एक वर्ष पूर्व वह भुच्चो मंडी में पुलिस विभाग में एस.पी.ओ. तैनात था।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : (मुसाफिर) : पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा के अनुसार थाना अलौद के एक गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया व उसका साथी फरार हो गया । उक्त मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर गोली चलाई थी तथा सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से उक्त एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी । घटनास्थल से एक माऊज़र रिवाल्वर मिला है ।

अध्यादेश रद्द

ढाका, 3 अक्तूबर (प.स.): बंगला देश सरकार ने वह विवादास्पद अध्यादेश आज वापस ले लिया जो उसने राष्ट्रपति के अगले सप्ताह होने वाले चुनाव में दलबदल को रोकने के लिए कुछ दिन पहले जारी किया था ।

Punjabi Sanatani

पंजाब में पुलिस कांस्टेबल के परिवार के 6 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या

अन्यत्र 5 लोगों का अपहरण : 5 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 4 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में मिलिटैंटों द्वारा पुलिस कर्मियों के संबंधियों की हत्याओं के शुरू किए गए ताज़ा क्रम में कल रात एक कांस्टेबल के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी गई । इसके अतिरिक्त मिलिटैंटों द्वारा कल रात से तीन अन्य व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 5 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इसी अवधि में 5 मिलिटैंट भी मारे गए ।

कांस्टेबल के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या : धूरी (सिंगला): यहां से कुछ दूर गांव ठीकरीवाला में गत रात पांच मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल बेअंत सिंह के घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चला कर उसकी मां गुरदयाल कौर (60), पत्नी कुलवंत कौर, भाई गुरमेल सिंह (30), 5 वर्षीय पुत्र लाडी तथा दो बहनों महिन्दर कौर (16) व कुलविंदर कौर (26) की हत्या कर दी। मिलिटैंट भागते समय कांस्टेबल के घर को आग भी लगा गए। बेअंत सिंह इस समय बहादुर सिंह वाला में सी.आई.ए. स्टाफ में तैनात है।

संगरूर से गर्ग के अनुसार मिलिटैंट पुलिस की वर्दी में आए थे।

बरनाला से सिंधवानी के अनुसार बेअंत सिंह की एक बहन, मां और 6 वर्षीय लड़का एक कमरे में सो रहे थे कि मिलिटैंटों ने उसको आग लगा दी और तीनों को जीवित जला दिया गया। शेष सदस्य बाहर बरामदे में सो रहे थे, जिनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही आई.जी. आप्रेशन चौ. सूबे सिंह, एस.एस.पी. श्री भुल्लर घटनास्थल पर पहुंच गए। बरनाला अस्पताल से लाशों का पोस्टमार्टम करा कर वे वारिसों को सौंप दी गईं।

एक व्यक्ति का अपहरण : अमृतसर (नारंग): आज दिन के पौने बारह बजे जिप्सी में सवार कुछ मिलिटैंटों ने जंडियाला स्थित वर्धमान आयल मिल्स के दो मालिकों नविन्दर सिंह और राजेन्द्र सिंह सुपुत्र अमर सिंह का, जो सगे भाई हैं, असाल्टों की नोक पर अपहरण कर लिया। जब अपहरण करके इनको अमृतसर की ओर ले जाया जा रहा था तो राजेन्द्र सिंह ने जिप्सी से छलांग लगा दी और भागने की कोशिश की मगर मिलिटैंटों ने उसे गोली मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिलिटैंट उसे वहीं छोड़ नविन्दर को साथ ले गए। इन दोनों भाइयों की अमृतसर में मै. लोटा सिंह-हरनाम सिंह नामक तेल की मशहूर दुकान भी है।

प्रेम सिंह का पुनः अपहरण : गत रात्रि तरनतारन में कुछ मिलिटैंट प्रेम सिंह नामक व्यक्ति के घर गए और पिस्तौलों व असाल्टों की नोक पर उसका अपहरण कर लिया। प्रेम सिंह मार्कीट कमेटी में अकाउंट्स क्लर्क है। उसकी शहर में एक चिटफ़ंड कम्पनी तथा कारों के क्रय-विक्रय का काम भी है। प्रेम सिंह का एक बार पहले भी अपहरण हो चुका है। तब वह फिरौती देकर वापस आया था।

अपहृत की लाश मिली : गत 29-30 सितम्बर की मध्य रात्रि को चार मिलिटैंटों ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र के रसीकेतलां गांव से बलदेव सिंह पुत्र दलीप सिंह का अपहरण कर लिया था। आज प्रातः उसकी लाश बटाला थाना के अन्तर्गत गांव शिकार माछियां में मिली। इसे फांसी देकर मारा गया है।

होमगार्ड जवान की हत्या : लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि मौजा धढ़ोनी थाना पायल में सरपंच भजन सिंह ने मिलिटैंटों पर अपने घर से फायरिंग की, जिससे दोनों मिलिटैंट फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि यह मिलिटैंट स्कूटर पर सवार थे। दोनों ने सरपंच के घर दाखिल होने का प्रयास किया लेकिन सरपंच ने गोली चला दी तथा दोनों मिलिटैंट अपना स्कूटर छोड़ कर भाग गए। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में थाना मौजा कुआं के खुर्द का होमगार्ड जोरा सिंह ड्यूटी करने के बाद जा रहा था कि दो साइकिल सवारों ने गोली चला कर उसकी हत्या कर दी।

दुकानदार का अपहरण : मक्खू (चन्द्रशेखर): यहां से 20 कि.मी. दूर गांव चक्तेवाला के एक दुकानदार रमेश कुमार का ट्रैक्टर सवार 4 मिलिटैंटों ने कल शाम अपहरण कर लिया। अपहरण में प्रयुक्त किया गया ट्रैक्टर आज मंड क्षेत्र के गांव संगतपुरा से मिला है।

कांस्टेबलों के दो पुत्रों का अपहरण : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कपूरथला जिले के हबीब गांव में हैड-कांस्टेबल अवतार सिंह के घर में घुस कर उसके बेटे सोनी का अपहरण कर लिया। इसके बाद वे इसी गांव में कांस्टेबल बलदेव सिंह के घर गए और उसके बेटे हरजिन्दर सिंह का अपहरण कर लिया।

कांस्टेबल की हत्या : मजीठा जिले में मिलिटैंटों ने ट्रक में सवार होकर ब्यास नदी पर बने पुल के निकट एक गश्ती दल पर गोलियां चला कर कांस्टेबल विजय कुमार की हत्या कर दी और दूसरे कांस्टेबल मेजर सिंह को घायल कर दिया। मिलिटैंट विजय कुमार की लाइट मशीनगन भी ले गए। मेजर सिंह को राधास्वामी अस्पताल ब्यास में दाखिल करवा दिया गया है।

मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले के धन सिंह वाला गांव में एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के हाथों मारा गया जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। घटनास्थल से एक .12 बोर की बंदूक तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद हुआ है।

2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले के फतेहगढ़ चूहड़चक गांव में मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में

(शेष पृष्ठ 10 पर)



सेना द्वारा मिलिटैंटों की हिरासत से छुड़ाया गया युवक श्रीनगर में अपने परिवार के सदस्यों को हिरासत के दिनों की दुख-भरी दास्तान सुनाते हुए । (छाया : प्रै.ट्र.)

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 18 अक्तूबर के बाद किसी भी समय शुरू हो सकता है : सिंघल

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर (वार्ता): अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य इस वर्ष 18 अक्तूबर के बाद किसी भी समय शिलान्यास स्थल से शुरू होगा।

विश्व हिन्दू परिषद के महासचिव अशोक सिंघल ने आज यहां प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल ने अयोध्या में 18 अक्तूबर से चालीस दिन का श्री बजरंग रुद्र महायज्ञ और 27 नवम्बर से 14 जनवरी तक श्रीराम महायज्ञ कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस 80 दिन की अवधि में निर्माण कार्य की तैयारियां शुरू करने और सामग्री तथा कारीगर जुटाने का निर्देश दिया गया। मंडल ने मंदिर निर्माण के भावी कार्यक्रमों पर निर्णय लेने के लिए महात्माओं की सात सदस्यीय उपसमिति गठित की है।

उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए जन्म भूमि मंदिर के मुख्य शिल्पकार के नेतृत्व में इंजीनियरों तथा शिल्पकारों की एक बैठक सात अक्तूबर को अहमदाबाद में होगी।

इसी दौरान परिषद से सूत्रों ने अपने को गुप्त

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जसवंत सिंह तथा तिलकराज नामक दो मिलिटैंट मारे गए। आज सुबह उनके शव मिले।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिले के सहदां माजरा गांव के निकट सुरक्षा कर्मियों के साथ एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक 9 एम.एम. की पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : लुधियाना (धीमान): आज प्रात: थाना सदर के गांव ओमपुरा में मिलिटैंटों ने आपसी दुश्मनी में अपने एक साथी अवतार सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मिलिटैंट गिरफ्तार : बंगा (खोसला): आज नवांशहर पुलिस ने एक मिलिटैंट बाघा पुत्र तारा सिंह मज़दूर को ड्रामाई हालत में पकड़ा है और उसके कब्जा से 12 बोर की बन्दूक, कुछ कारतूस बरामद किए हैं। यह मिलिटैंट धमकी देने और कत्ल की घटनाओं में पुलिस को वांछित था।

बंगा पुलिस ने यहां से 7 किलोमीटर दर 3 मिलिटैंटों जसबीर सिंह पुत्र कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह नम्बरदार व अमनदीप सिंह पुत्र गुरदेव सिंह जो मुसापुर गांव के रहने वाले हैं, पकड़ा है। उनके विरुद्ध अन्य मिलिटैंटों को पनाह देने का आरोप है। उनके कब्जे से पुलिस ने ए.के. 47 की मैगज़ीन और 500 ग्राम टैनोपाईट पाउडर भी पकड़ा है। इस गिरोह का बलवन सिंह ज़फ़रवाल से सम्बन्ध बताया गया है। इन्होंने बंगा में माडल टाऊन काहमा और करीहा को फायरिंग तथा राज भल्ला, बंगा, चाहल खुर्द के सतनाम सिंह और लंगेरी गांव के बसपाल सिंह को अगवाह करने और लाखों रुपए लेकर छोड़ने का जुर्म मान लिया है। पकड़े गए मिलिटैंटों ने थाना बंगा के गांव बैंस के सरपंच सुरिन्द्र सिंह, लादियां गांव के पंचायत मैम्बर गुरमेल सिंह की धर्मपत्नी सुरिन्द्र कौर और भौरा गांव की एक स्त्री के कत्ल में संलिप्त भी मान लिया है। पुलिस अभी पूछताछ कर रही है और इस बड़े गिरोह के और मैम्बरों की पकड़-धकड़ के लिए अभियान जोरों पर है।

पटियाला (राज): जिला पुलिस ने नरिन्दर पाल सिंह, दविंदर सिंह तथा हरजीत सिंह को एक नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार करके उनके पास से तीन पिस्तौल, कुछ गोली-सिक्का तथा एक मोटर साइकिल बरामद किया है।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार: नवांशहर (शर्मा): स्थानीय पुलिस ने छोकरा नहर के पुल पर नाकाबंदी करके एक व्यक्ति दिलबाग सिंह पुत्र तारा सिंह शेखपुर बाव गांव को गिरफ्तार किया है। उससे एक दोनाली बन्दूक एवं इसके कारतूस मिले हैं।

हीरा खाणियों की

3 लैफ्टिनैंट जनरलों व एक एरिया कमांडर समेत पंजाब में 15 मिलिटैंट मारे गए

अन्यत्र व्यापारी व 3 अन्य का अपहरण : मिलिटैंटों के लैटर हैड छापने वाला प्रैस सील

4 सुरक्षा कर्मियों समेत 9 की हत्या : प्रकाश सिंह मजीठा पर हमला

चण्डीगढ़, 5 अक्तूबर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध अपने अभियान के दौरान गत सायं से सुरक्षा बलों ने विभिन्न मुकाबलों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल व एरिया कमांडर सहित 15 मिलिटैंट मार गिराए जबकि राज्य में अन्यत्र 4 सुरक्षा कर्मियों, समाचार पत्र के एक एजैंट व शराब के एक प्रमुख ठेकेदार सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा एक व्यापारी समेत 3 अन्य व्यक्तियों का अपहरण भी कर लिया गया।

समाचार पत्र एजैंट की हत्या : जिला जालन्धर के गांव अलावलपुर में आज स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने समाचार पत्रों के एक एजैंट रविदास की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार वारदात के समय वह समाचार पत्र वितरित कर रामदासपुर क्षेत्र में वापस लौट रहा था।

दुर्दांत मिलिटैंट मरा : दो मिलिटैंटों को गंगानगर से फरीदकोट ले जा रहे पुलिस दल पर सादिक गांव के पास कल रात मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया। इस मुठभेड़ में 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' का मिलिटैंट शिंगारा सिंह मारा गया जबकि एक अन्य मिलिटैंट भाग गया जिसका नाम बलबीर सिंह बताया गया है।

एक मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिले के ननेका गांव में गिरोहों के आपसी संघर्ष में चार मिलिटैंटों के गुट ने जोगिन्दर सिंह नाम के एक मिलिटैंट की गोली मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : कपूरथला जिले के कूका गांव के पास आज सवेरे सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के पास से एक बंदूक व एक बोतल बम बरामद किया गया।

संदिग्ध मिलिटैंट मरा : पुलिस ने बताया कि लालूके गांव में एक संदिग्ध मिलिटैंट आपसी गुटबंदी में मारा गया। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

कार ले गए : जालन्धर जिले में हुई एक अन्य वारदात में कुछ सशस्त्र व्यक्ति बलोनी गांव के निकट मनोहर लाल नामक एक व्यक्ति की कार को ले उड़े।

एक व्यक्ति का अपहरण : 30 लाख की **मांग** : फरीदकोट जिले के संगतपुरा गांव में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात हेम राज नाम के एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया। मिलिटैंटों ने उसे छोड़ने के बदले तीस लाख रुपए की फिरौती मांगी है।

कांस्टेबल की हत्या : अमृतसर जिले में नगर की इंदिरा कालोनी में मिलिटैंटों ने कल रात कांस्टेबल रणधीर सिंह के घर में घुस कर गोलियां चलाईं, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। वह एक स्थानीय कम्युनिस्ट नेता का गनमैन था।

खूंखार मिलिटैंट जमानत पर रिहा : विशेष अदालत ने मई 1988 में आपरेशन ब्लैक थंडर के दौरान आत्मसमर्पण करने वाले खूंखार मिलिटैंट मल्कीयत सिंह अजनाला को जमानत पर रिहा कर दिया है। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी। वह 50 से अधिक हत्याओं में शामिल था। उसने 45 अन्य बंदूकधारियों के साथ 18 मई को सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इसके साथ ही मिलिटैंटों को स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने का सुरक्षा बलों का दस दिन का अभियान पूरा हो गया था। सुरक्षा बलों ने आपरेशन के दौरान अजनाला की पत्नी और माता को भी मंदिर परिसर से गिरफ्तार किया था।

प्रिंटिंग प्रैस सील : पुलिस ने बरनाला में एक प्रिंटिंग प्रैस को एक मिलिटैंट संगठन के लैटर हैड छापने के आरोप में सील कर दिया है। इस प्रैस के मालिक को गिरफ्तार करके टाडा के अधीन नजरबंद कर दिया गया है।

निन्दा : पंजाब कांग्रेस (इ) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब शाखा ने मिलिटैंटों द्वारा पुलिस कर्मियों के परिजनों की हत्या किए जाने की निंदा की है। पंजाब कांग्रेस (इ) के महासचिव डा. केवल कृष्ण द्वारा यहां जारी बयान में कहा गया है कि सरकार पुलिस कर्मियों के परिजनों को सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बयान में सुरक्षा बलों की मदद के लिए सेना तैनात करने की मांग की गई है।

कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव प्यारा सिंह दियोसी ने अलग से जारी बयान में कहा है कि पुलिस कर्मियों के परिजनों की हत्या और उनके घरों को जलाने का उद्देश्य पुलिस और सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना है।

लैपटीनैंट जनरल 'बिट्टू' व उसका साथी मारा गया : गुरदासपुर से विनोद के अनुसार आज दोपहर थाना काहनूवान के गांव बेरियां के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का लैफ्टीनैंट जनरल सुखविन्दर सिंह उर्फ बिट्टू व उसका एक साथी मारा गया। घटनास्थल से लौट कर पुलिस प्रमुख श्री सुमंत कुमार गोयल ने बताया कि लगभग 12 बजे काहनूवान थाना के एस.एच.ओ. को सूचना मिली थी कि कुछ मिलिटैंट गांव के बाहर बैठे सम्भवत: किसी वारदात की योजना बना रहे हैं। पुलिस पार्टी जब वहां पहुंची तो मिलिटैंटों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से लगभग आध घंटे तक फायरिंग होती रही। बाद में घटनास्थल की छानबीन करने पर वहां से दो लाशें, एक ए.के. 47 राइफल और काफी संख्या में कारतूस बरामद हुए।

श्री गोयल ने बताया कि बाद में एक मृतक की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टीनैंट जनरल सुखविन्दर सिंह उर्फ बिट्टू के रूप में हुई, जो औलख गांव का निवासी था। वह 25 पुलिस कर्मचारियों की हत्याओं में वांछित था और उसके सिर पर 40000 रु. का ईनाम था। श्री गोयल के अनुसार वह बम विस्फोट करने में माहिर था तथा कुछ दिन पूर्व उसने हरगोबिन्दपुर के एस.एच.ओ. की बम विस्फोट करके हत्या कर दी थी। दूसरे मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

मिलिटैंट के पिता का शव मिला : लुधियाना (प.स.): भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के चीफ जनरल दुर्दांत मिलिटैंट भाई रछपाल सिंह छिंदरा के पिता रणजीत सिंह का गोलियों से छलनी शव आज जिला लुधियाना के उसके पैतृक गांव छिंदरा के निकट पड़ा मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट की हत्या : गत रात्रि 8 बजे के करीब रमदास थाना के अधीन नानके गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सुखवन्त सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति को जबरदस्ती घर से बाहर निकाल कर उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि सुखवन्त सिंह खुद भी एक मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या आपसी रंजिश के कारण ही हुई।

मिलिटैंटों द्वारा अपने साथी की हत्या : जंडियाला थाना के अधीन गत रात्रि गांव मच्छल में तीन मिलिटैंटों ने अपने एक साथी मिलिटैंट विजयपाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि विजयपाल सिंह कुछ दिन पूर्व ही जमानत पर रिहा होकर आया था।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

11000 नई राशन की दुकानों से आवश्यक वस्तुओं का वितरण 1 जनवरी, '92 से

नई दिल्ली, 5 अक्तूबर (वार्ता): अनुसूचित जाति-जनजातियों पर अत्याचारों की रोकथाम के लिए कुछ ठोस उपाय करने और देश के चुनींदा 1693 विकास खंडों (ब्लाकों) में 11000 नई राशन दुकानों के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं का वितरण एक जनवरी 92 से शुरू करने के निर्णय के साथ मुख्यमंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन आज देर रात समाप्त हो गया।

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सम्मेलन की कार्य सूची में शामिल दो अन्य विषयों—भूमि संबंधी रिकार्ड अद्यतन करने और सहकारी समितियों के कामकाज में सुधार पर राष्ट्रीय विकास परिषद या राष्ट्रीय एकता परिषद की आगामी बैठकों में विचार करने का फैसला किया गया।

अत्याचारों की रोकथाम के अतिरिक्त उपायों की आवश्यकता के बारे में सम्मेलन में कल पूरे दिन और आज पूर्वान्ह में चर्चा हुई। सम्मेलन इस नतीजे पर पहुंचा कि यह राष्ट्रीय मसला है और मुख्यमंत्रियों को इसकी गम्भीरता को देखते हुए स्वयं निरंतर इस पर ध्यान देना चाहिए ताकि कार्रवाई में विलम्ब न हो। सम्मेलन इस नतीजे पर पहुंचा कि महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां करते समय अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के अधिकारियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए। उनके लिए आरक्षित स्थानों, जहां तक सम्भव हो, को 31 मार्च 92 तक भरने का प्रयास किया जाए।

अत्याचार की घटनाओं का मुख्य कारण भूमि संबंधी मसले होने के कारण सम्मेलन ने फैसला किया कि हदबंदी कानूनों के तहत लाई गई अधिशेष भूमि का वितरण 31 मार्च 92 तक पूरा किया जाना चाहिए।

सम्मेलन द्वारा गठित समिति, जिसकी सिफारिशें आज स्वीकार कर ली गईं, इस निष्कर्ष पर पहुंची कि अत्याचार की घटना के लिए जिम्मेदारी निश्चित करने के संबंध में 1989 में बने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून के प्रावधान पर्याप्त हैं। इस कानून की धारा चार के तहत जानबूझ कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को कम से कम छ: महीने कैद की सजा देने का प्रावधान है। समिति का मत था कि यह कानून 1990 से प्रभावी हुआ है, इसलिए इसमें संशोधनों पर बाद में विचार किया जा सकता है।

समिति ने अनुसूचित जनजाति के लोगों पर अत्याचारों की घटनाओं के मामले, जहां जरूरी हों, एक अलग विभाग को सौंपने की सिफारिश की। समिति ने कहा है कि संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त जिलाधीश को केवल अनुसूचित जाति और जनजातियों से सम्बद्ध मामलों की जिम्मेदारी सौंपी जाए। कुछ जिलों में पूर्णकालिक जिलाधीश की नियुक्ति की जानी चाहिए और उस पर अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए बने कल्याणकारी कार्यक्रमों के अमल पर निगरानी रखने का उत्तरदायित्व हो।

समिति ने कहा है कि अत्याचार की घटना होने पर स्थानीय अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर देनी चाहिए।

प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने अत्याचारों की रोकथाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विस्तार सुधार पर चर्चा में अधिकांश समय उपस्थित रह कर सम्मेलन की समाप्ति से पहले निर्णय लेने पर जोर दिया।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सभी मुख्यमंत्रियों ने इस दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि यह परम्परा आगे भी जारी रहनी चाहिए।

सम्मेलन ने चुनींदा विकास खंडों (ब्लाकों) में राशन की दुकानों से वितरित की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं की सूची में दालें, आयोडीनयुक्त नमक, चाय और साबुन शामिल करने की एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिश को स्वीकार कर लिया। यह समिति सार्वजनिक वितरण प्रणाली सलाहकार परिषद की अगस्त में हुई बैठक में गठित की गई थी और प्रधानमंत्री ने एक महीने के भीतर इस समिति से अपनी सिफारिशें देने और राज्यों से विकास खंडों का चयन कर योजना लागू करने की सभी तैयारियों का जायजा लेने को कहा था।

वादी मरे, श्रीनगर ए सेना बुलाई गई

नगर के निचले भागों में आज दिन भर उग्रवादियों तथा सेना के जवानों के मध्य फायरिंग की विभिन्न घटनाओं में 2 व्यक्ति मारे गए तथा लगभग 9 अन्य घायल हो गए। तलाशी अभियान के दौरान 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

लेह में तनाव : इस बीच लद्दाख क्षेत्र के लेह में दो गुटों के बीच तनाव पैदा होने के बाद पुलिस उप-महानिरीक्षक ओ.पी. भास्कर लेह रवाना हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि लेह में दो बम-विस्फोटों और दो गुटों के बीच पथराव होने की खबर है। अब तक दोनों गुटों के 40 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।



Punjab Sampatari

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

'वार्ता' के अनुसार विजयपाल सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का दुर्दांत मिलिटैंट था तथा वह जमानत पर छूटने के बाद मिलिटैंसी की वारदातों में पुनः सक्रिय हो गया था। वह 40 से अधिक हत्याओं में वांछित था।

एक लाख रुपए लूटे : व्यापारी का अपहरण : (वर्मा): विगत दिवस चाटीविंड गेट मंडी फतेह सिंह के समीप एक व्यापारी कश्मीरी लाल दुग्गल से पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपए लूट लिए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है ।

बताया जाता है कि वह बैंक से रुपए निकलवा कर आ रहा था कि रास्ते में एक मिलिटैंट ने उससे उसका थैला छीनना चाहा लेकिन ज्यों ही इस व्यापारी ने उसे पकड़ना चाहा तो उसने पिस्तौल निकाल लिया । इतने में मिलिटैंट के दो अन्य साथी मोटर साइकिल पर आ गए तथा उसे अपने साथ बिठा कर भागने में सफल हो गए । कुछ समय पहले भी इसी व्यापारी के दो भाइयों का अपहरण कर लिया गया था, जो भारी फिरौती देकर वापस लौटे थे ।

उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों द्वारा आए दिन शहर में बड़े-बड़े अमीर लोगों से जबी धन बटोरने व अपहरण किए जाने का सिलसिला बड़ी तेजी से जारी है, जिस कारण शहर के उद्योगपतियों, व्यापारियों, डाक्टरों व भट्ठा मालिकों में जबरदस्त बेचैनी पाई जा रही है ।

एक ठेकेदार व दो गनमैनों की हत्या : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा) व गोराया (सीहरा): आज प्रातः 10.30 बजे के करीब मिलिटैंटों ने यहां से कुछ मील दूर दो सुरक्षा कर्मियों सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

बताया जाता है कि रामतीर्थ नामक एक ठेकेदार अपने दो गनमैनों व एक अन्य व्यक्ति के साथ जीप में सवार होकर बड़ा गांव से गोराया की ओर जा रहा था कि बड़ा गांव से करीब तीन कि.मी. दूर झाड़ियों में छिपे मिलिटैंटों ने घात लगा कर जीप पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे ठेकेदार रामतीर्थ, उसके दो गनमैन त्रिलोक सिंह व जसपाल सिंह (दोनों एस.पी.ओ.) घटनास्थल पर ही मारे गए व एक अन्य व्यक्ति रत्न सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे बड़ा गांव के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों की अंधाधुंध फायरिंग से जीप नम्बर पी.बी.ओ. 8सी/4140 भी क्षतिग्रस्त हो गई । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के करीब 40 चले हुए कारतूस मिले हैं । ठेकेदार रामतीर्थ पर पहले भी दो बार हमला हुआ था परन्तु वह बच गया था । उनके पीछे उनकी विधवा, 3 बेटियां व एक बेटा रह गया है ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार रामतीर्थ शराब का प्रमुख ठेकेदार था । उस पर हमला करने वाले मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर आए थे तथा उन्होंने जिस समय छोटा रुड़का गांव के निकट उन पर फायरिंग की तो जीप बेकाबू होकर निकटवर्ती दुकानों में जा घुसी । बताया जाता है कि उनके गनमैन निजी थे व गत वारदात के समय उनके पास कोई हथियार नहीं था । उस वक्त रामतीर्थ भी निहत्था ही था ।

कमीशन एजैंट का अपहरण : बाघापुराना (ज्ञान): गत दिवस शामलाल-विजय कुमार नामक एक कम्पनी के मालिक शाम लाल गोयल कमीशन एजैंट का मिलिटैंटों ने बाघापुराना के गांव संगतपुरा में से अपहरण कर लिया है ।



थाना गोराया के गांव रुड़का खुर्द के निकट मिलिटैंटों द्वारा मारे गए (ऊपर) जसपाल सिंह, (मध्य) त्रिलोक सिंह तथा (नीचे) तीर्थ राम ठेकेदार की लाशों के चित्र ।

एक व्यक्ति की हत्या, 2 अन्य घायल : गत रात्रि कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने बाघापुराना पुलिस थाना के गांव बुद्धसिंहवाला में 3 व्यक्तियों की बुरी तरह पिटाई की तथा बाद में उनमें से एक की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गुलाब सिंह के रूप में हुई। घायलों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी, उनकी टांगें व बाजू तोड़ दिए गए हैं। उक्त तीनों व्यक्ति ठीकरी पहरा दे रहे थे। हमलावर बाद में फरार हो गए।

के.एल.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : फिरोजपुर (बागी, धीमान): गत रात्रि पुलिस थाना मल्लांवाला के निकट माछीके नहर के पुल पर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल जगराज सिंह उर्फ राजू निवासी गांव बूटेवाला थाना मल्लांवाला जिला फिरोजपुर मारा गया । बताया जाता है कि हाल ही में स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल नरवैर सिंह फौजी के मुकाबले में मरने के बाद उसके स्थान पर जगराज सिंह को उक्त संगठन का लैफ्टिनैंट जनरल बनाया गया था । जगराज सिंह 30 हत्याओं में वांछित था । मुकाबले के समय जगराज सिंह ने डी.एस.पी. की वर्दी पहन रखी थी ।

जिला पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार एक संयुक्त नाका के दौरान जब एक संदिग्ध मिलिटैंट को आते देख कर रुकने का संकेत किया गया तो उसने गोली चला दी तथा जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की और यह मुकाबला करीब एक घंटा तक चलता रहा। बाद में सुरक्षा बलों ने एक ऐसे मिलिटैंट का शव बरामद किया जो पुलिस के उप-अधीक्षक की वर्दी में था जबकि मुकाबले के दौरान उसके तीन अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसके खाली 65 कारतूस व बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला है।

एक सुरक्षा कर्मी की हत्या, 3 अन्य घायल : संगरूर (गर्ग) व धुरी (सिंगला) : गत रात्रि दिड़बा मंडी के निकट करीब 9.30 बजे मिलिटैंटों ने होमगार्ड के एक जवान की हत्या कर दी व 3 अन्य को घायल कर दिया ।

प्राप्त सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने पहले उक्त पुलिस कर्मियों के गश्ती जिप्सी वाहन पर हथगोले फेंके तथा बाद में उस पर जबरदस्त फायरिंग की, जिसमें होमगार्ड का जवान कर्म सिंह घटनास्थल पर ही मारा गया व ए.एस.आई. बहादुर सिंह, कांस्टेबल गुरमुख सिंह और मुख्तियार सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । मुख्तियार सिंह को सी.एम.सी. लुधियाना व बाकी घायलों को स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पिता-पुत्र की हत्या : पुलिस थाना भदौड़ के अधीन गांव नैनवाल में गत रात्रि 4 मिलिटैंटों ने मोरा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी तथा उसके पुत्र पवन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गए ।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के गांव दवानीवाल के निकट आज प्रातः सीमा सुरक्षा बल व पुलिस के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए ।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 9 एम.एम. का एक विदेशी माऊजर, 2 मैगजीन व बड़ी संख्या में कारतूस मिले ।

एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार उक्त मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त इंदरजीत सिंह उर्फ बिल्ली निवासी टांडा व विकास कुमार शर्मा निवासी बटाला के रूप में हुई तथा दोनों मिलिटैंट बब्बर खालसा से संबंधित थे ।

4 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज तड़के भिखीविंड थाना के अधीन गांव चूंघ में सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में चार दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए ।

बताया जाता है कि एक संयुक्त नाके के दौरान जब सुरक्षा बलों ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखकर रुकने का संकेत किया तो उन्होंने गोली चला दी व निकटवर्ती खेतों में जा घुसे । सुरक्षा बलों ने भी खेतों को घेर कर जवाबी फायरिंग की तथा उक्त मुकाबला करीब डेढ़ घंटे तक चलता रहा । इस दौरान सुरक्षा बलों ने चारों संदिग्ध व्यक्तियों को मार गिराया जो वास्तव में मिलिटैंट थे ।

उक्त मृतक मिलिटैंटों में से दो की शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल कारज सिंह निवासी मारी समड़ा गांव व इसी संगठन के एरिया कमांडर अमरजीत सिंह बाबा के रूप में हुई । दोनों ही क्रमशः 50 व 40 से अधिक हत्याओं तथा अन्य वारदातों के लिए जिम्मेदार थे । इनके अलावा अन्य दो मृतक दुर्दांत मिलिटैंटों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है । घटनास्थल से एक जी.पी.एम., एक ए.के. 47 राइफल, दो डबल बैरल गन व बड़ी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ ।

'वार्ता' के अनुसार कारजे सिंह पर एक लाख रुपए व अमरजीत सिंह बाबा पर 40 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित था और वे 200 से भी अधिक हत्याओं में वांछित थे।

मजीठा पर हमला : 2 मिलिटैंटों ने आज सायं मजीठा कस्बे में अकाली दल (ब) के वरिष्ठ उपप्रधान श्री प्रकाश सिंह मजीठा पर उनके घर में हमला करके उनकी हत्या करने की कोशिश की ।

पुलिस के अनुसार 2 मिलिटैंट श्री मजीठा से मिलने के बहाने उनके घर में घुसे और उन्होंने 'हवेली' में तैनात श्री मजीठा के गनमैन को गोली मार कर घायल कर दिया । गनमैन पंजाब पुलिस का सिपाही चरणजीत सिंह है, जिसे घायलावस्था में अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । इस पर घर के सदस्यों ने शोर मचा दिया, जिससे मिलिटैंट भाग निकलने में सफल हो गए । मिलिटैंट भागते समय अकाली नेता के गनमैनों की एक स्टेनगन और 2 बन्दूकें भी उठा ले गए । श्री मजीठा ने बाद में फोन पर बताया कि वारदात के समय वे घर पर थे । जब मिलिटैंट उनके घर में घुसे, उनके गनमैन चाय पी रहे थे । जैसे ही गनमैन, जिसके तेजी से खून बह रहा था, उनके कमरे की ओर भागा, मिलिटैंट भाग गए । दूसरा गनमैन वारदात के समय बाज़ार गया हुआ था । घायल गनमैन के पेट में गोली लगी है, उसका आप्रेशन कर दिया गया है ।

झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई : जालन्धर (ढल्ल): गत 27-28 सितम्बर की रात को गांव छोकरां के निवासी राम चंद ने अपने युवा बेटे बाल कृष्ण के कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिए जाने की जो रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी, वह झूठी थी और किसी अन्य केस से बचने के लिए ही वह रिपोर्ट जानबूझ कर लिखाई गई थी ।

यह जानकारी देते हुए एस.पी. सिटी श्री सी.एस.आर. रेड्डी ने बताया कि बाल कृष्ण की शादी 4 वर्ष पूर्व एक लड़की भोली से हुई थी किन्तु दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़े के कारण भोली मायके रह रही है और उसने बाल कृष्ण के विरुद्ध अदालत में गुजारे का केस दायर किया है, जिससे बचने के लिए बाल कृष्ण के पिता ने अपहरण की झूठी रिपोर्ट लिखवा दी । उन्होंने बताया कि अपहरण के केस की जांच के दौरान राम चंद ने स्वीकार किया कि उसने इसी कारण झूठी रिपोर्ट लिखवाई थी और वह दो-तीन दिन बाल कृष्ण को दिल्ली से बुला कर पेश कर देगा ।

आढ़ती का अपहरण : जिला जालन्धर के गांव हुण्डल डाढे में से गत रात गुरमुख सिंह नामक एक आढ़ती का अपहरण कर लिया गया है।



मृतक सरपंच सतनाम सिंह । (छाया : शिव जैमिनी)

क्रोएशिया में संघर्ष रोकने के लिए समझौता

जगरेब, 5 अक्तूबर (प.स.): यूगोस्लाविया में संघर्षरत गुटों के नेता अलग हुए गणराज्य क्रोएशिया में संघर्ष रोकने पर सहमत हो गए हैं लेकिन वहां जारी घमासान लड़ाई से इस योजना के लागू होने पर संदेह होने लगा है। इन नेताओं के बीच कल समझौता हुआ। दूसरी ओर यूगोस्लाविया की संघीय सेना ने क्रोएशिया में अपने हमले तेज कर दिए। पिछले तीन दिनों के दौरान बीसियों लोग लड़ाई में मारे गए हैं।

उल्फा द्वारा बंधक बनाए गए लोगों का पता न चल सका

गुवाहाटी, 5 अक्तूबर (प.स.): असम में युनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों का आज भी कोई पता नहीं चला, जबकि 'आपरेशन राइनो'' के दौरान कल एक व्यक्ति को सेना ने मार गिराया । सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों से 60 संदिग्ध 'उल्फा' उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और काफी मात्रा में हथियार और गोली-बारूद भी बरामद किया गया । एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार लखीमपुर जिले के बधनोआ गांव का एक व्यक्ति आज कुछ सैनिकों को छिपे हुए हथियारों की निशानदेही के लिए ले गया, लेकिन जब सैनिक तलाशी ले रहे थे तो वह बच कर भागने लगा । सैनिकों की चेतावनी के बावजूद भी जब वह नहीं रुका तो उसे गोली मार दी गई । सैनिकों ने इस व्यक्ति का शव और दो बरामद बन्दूकें बाद में उत्तरी लखीमपुर पुलिस के सुपुर्द कर दीं । प्रवक्ता ने बताया कि 'उल्फा' द्वारा तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के तीन अधिकारियों समेत बंधक बनाए गए 6 लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है ।

अडवानी
(पृष्ठ 1 का शेष)

भी पड़े हैं। श्री अडवानी ने कहा कि अमरीका का पाकिस्तान के प्रति लगाव रहा और इसलिए हम सोवियत संघ की ओर झुके लेकिन अब अमरीका ने पाक के प्रति कुछ कड़ा रुख अपना कर भारत के प्रति सद्भावना दिखाई है। इसलिए भारत को भी अब सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए।

श्री अडवानी ने कहा कि इसराईल के प्रति भारत के दृष्टिकोण का भाजपा ने हमेशा विरोध किया है और उनकी पार्टी इसराईल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध कायम किए जाने की पक्षधर है। श्री अडवानी ने कहा कि उनकी पार्टी अप्रवासी भारतीयों को दोहरी नागरिकता तथा मताधिकार दिए जाने के पक्ष में है। इससे अप्रवासी भारतीयों को भारत के आर्थिक विकास में योगदान के लिए आकर्षित किया जा सकता है।

गोयंका
(पृष्ठ 1 का शेष)

कहा करते थे, "मैं सिर्फ एक लोटा अपने साथ लेकर मद्रास गया था और जब मैं दुनिया छोड़ कर जाऊंगा तो इसे भी अपने साथ नहीं ले जा पाऊंगा। फिर मैं किसी बात से क्यों डरूं।" डर और गोयनका का कोसों दूर का वास्ता था। इसीलिए वह भारत के स्वाधीनता संग्राम तथा पत्रकारिता की आजादी के लिए अनथक जूझते रहे।

श्री गोयनका का शव आज दोपहर विमान में बम्बई से मद्रास ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसी बीच राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन, प्रधानमंत्री श्री पी.वी नरसिम्हाराव, पूर्व प्रधानमंत्री श्री मोरारजी देसाई, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल तथा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने श्री गोयनका के निधन पर दुःख व्यक्त किया है।

गुमशुदा की तलाश



तिथि 26.7.91 को होशियारपुर से मनीकर्ण जाते हुए, मनीकर्ण के नजदीक कसौल में हुए मारुति वैन हादसे में मेरी लड़की स्वीटी, उम्र 12 वर्ष, उसी दिन से लापता है । थाना कुल्लू में उसकी रिपोर्ट भी दर्ज है । खबर देने वाले या पहुंचाने वाले को 1000/- रु. शुक्राना दिया जाएगा ।

गीता कुमारी, मकान नं. 306, गुरु नानक नगर, होशियारपुर । फोन : 3535.

संशोधन

5.10.91 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित सिक्किम लक्ष्मी के 321वें ड्रा के परिणाम में चौथा पुरस्कार में 85090 की बजाए 80590 पढ़ें ।

हरियाणा अर्बन डिवैलपमैंट अथारिटी

मंडी टाऊनशिप, कालांवाली में फ्री-होल्ड आधार पर निम्नलिखित कमर्शियल प्लाट प्रस्तुत करते हैं।
नीलामी 18.10.91 को सुबह 11 बजे

क्रमांक	सैक्टर नं.	वर्ग	साइज	स्थलों के नम्बर	स्थल संख्या
I.	मंडी टाऊनशिप कालांवाली, कमर्शियल प्लांट्स, सी.सी.-III, कालांवाली	बूथ	3X10 एम	19 से 21, 25, 44 से 56, 150 से 187, 195 से 204, 209 और 210	67

नीलामी का स्थान :
स्थलों की 18.10.91 को सुबह 11 बजे कालांवाली में मंडी टाऊनशिप स्थल पर सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

शर्तें और नियम :
1. बोली की 10% राशि नीलामी की समाप्ति पर नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगी जो एस्टेट अफसर, हुडा सिरसा के पक्ष में बना हो।
2. 15% और राशि आबंटन पत्र के निर्गमन से 30 दिनों के अंदर देय होगी।
3. बकाया 75% राशि लम्प-सम में अथवा 10 छमाही समान किस्तों में 10% ब्याज के साथ देय होगी।
4. प्रीजाइडिंग अफसर कोई कारण बताए बिना किसी बोली को रद्द करने अथवा नीलामी से किसी सम्पत्ति को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
5. नीलामी की विस्तृत शर्तें और नियम नीलामी के समय पर सुनाए जाएंगे।
6. असिस्टैंट एस्टेट अफसर, हुडा, सिरसा को और विवरणों तथा स्थल नक्शों आदि के लिए सम्पर्क किया जाए।

(रजनी सेखड़ी)
आई.ए.एस.
प्रशासक हुडा, हिसार

PRDH/327F/91/18168/1.10.91

हरियाणा लक्ष्मी

परिणाम

ड्रा प्रत्येक शनिवार

स्पोर्टस साप्ताहिक लॉटरी

अधिकतम बिक्री कीमत 1/- रु. प्रति टिकट

86वें ड्रा का परिणाम, जो 5.10.91 को चंडीगढ़ में निकाला गया :-

Engineering, Polytechnic & Ayurved.
1991-92
ADMISSION NOTICE

Punjabi Sadhani

खलचियां में मिलिटैंटों ने बम विस्फोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी, 8 सुरक्षा कर्मी मरे

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): अमृतसर जिला के खेलचियां गांव के निकट कल रात मिलिटैंटों ने बम स्फिोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी जिससे 8 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी तथा पंथक कमेटी के सदस्य गुरनाम सिंह समेत 13 मिलिटैंट मारे गए तथा दो भाइयों सहित 9 लोगों की हत्या हुई । मिलिटैंटों ने एक वन अधिकारी का अपहरण भी किया ।



अमृतसर जिला में खलचियां के निकट शनिवार रात को मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी । चित्र में (ऊपर) ट्रेन की बोगियां ट्रेन में गिरी दिखाई दे रही हैं तथा (नीचे) धमाके से क्षतिग्रस्त रेल लाईन । (छाया : पैट्र. व प.के.)

बम विस्फोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी, 8 सुरक्षा कर्मी मरे : अमृतसर (नारंग): गत रात लगभग एक बज कर 50 मिनट पर जालन्धर से अमृतसर जा रही पैट्रोलिंग ट्रेन को खलचियां के निकट मिलिटैंटों ने एक अत्यन्त शक्तिशाली बम विस्फोट से उड़ा दिया, जिससे इसकी दो बोगियां एक ड्रेन में जा गिरीं। मिलिटैंटों ने ड्रेन में गिरी बोगियों पर भी फायरिंग की, जिससे 8 सुरक्षा कर्मी मारे गए तथा 2 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में पुलिस कर्मचारी लखबिंदर सिंह, साहब सिंह, अमर जीत सिंह, लछविंदर सिंह, चरनजीत सिंह, हवलदार सोढी राम तथा होमगार्ड के हवलदार हरपाल सिंह व हवलदार हरि कृष्ण शामिल हैं। घायलों के नाम रछपाल सिंह व गुरजिंदर सिंह (दोनों कांस्टेबल) हैं। मिलिटैंट जाते समय इन सुरक्षा कर्मियों का असला भी ले गए।

रैया से 'फौजी' के अनुसार बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया। धमाके से 100 मीटर रेल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतकों की लाशें देर रोड़ गए ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई। मिलिटैंटों की तलाश के लिए सारे क्षेत्र की छानबीन की जा रही है।

फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार विस्फोट के कारण अमृतसर-लुधियाना सैक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही में विघ्न पड़ा। तीन जोड़ा ट्रेनें आज रद्द कर दी गई। रद्द ट्रेनों में 4617 अप तथा 4618 डाऊन अमृतसर-लुधियाना पैसेंजर, 333 अप तथा 334 डाऊन अमृतसर-सरहिन्द पैसेंजर और 1 ए. जे. एल. तथा 2 ए. जे. एल. अमृतसर-लुधियाना पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। कई ट्रेनें अपने गंतव्य स्थलों पर देरी से पहुंचीं। बताया जाता है कि आज कुछ समय के लिए रेलवे के स्थानीय कंट्रोल रूम का सम्पर्क भी शेष स्टेशनों से कटा रहा। अभी तक इसका कारण पता नहीं चला।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के तलवंडी सोबा सिंह गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से 2 एके 47 राइफलें, एक बंदूक तथा कुछ गोली सिक्का भी मिला है।

गुट संघर्ष में दम्पति मरा : मजीठा पुलिस जिला के खजाला गांव में कल रात इन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी महेन्द्र कौर को गोलियों से मार दिया गया। पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताया है।

क्रास फायरिंग में 1 मिलिटैंट मरा : पुलिस की एक पार्टी ने मजीठा पुलिस जिला में गुरेन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट को हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जा रही थी कि कुछ मिलिटैंटों ने भगवा पुल के निकट घात लगाकर हमला कर दिया। क्रास फायरिंग में गुरेन्द्र सिंह मारा गया।

मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के त्रिपट गांव के पास कल रात हुई एक मुठभेड़ में गुरचरण सिंह उर्फ जेरा नामक एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक स्वचालित राइफल भी मिली।

दो भाइयों की हत्या : गत रात घरिंडा थाना के गांव सराय अमानत खां में कुछ मिलिटैंट बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर गए तथा उसके दो बेटों सुरजीत सिंह व इन्द्रजीत सिंह को घर से बाहर ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त दोनों भाई सी.पी.आई. कार्यकर्ता थे । इंद्रजीत सिंह गायन के लिए भी क्षेत्र में विख्यात था ।

पंथक कमेटी का सदस्य मुठभेड़ में मरा : गुरदासपुर (विनोद): पुलिस को मिलिटैंटों के विरुद्ध अभियान में उस समय एक बड़ी सफलता मिली, जब एक दुर्दांत मिलिटैंट व पंथक कमेटी (जफरवाल) का सदस्य गुरनाम सिंह उर्फ सुखवीर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । ज़िला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि कल रात लगभग 9 बजे धारीवाल थाने का इंचार्ज पुलिस पार्टी के साथ पैट्रोलिंग पर था कि गांव नांका के निकट सड़क पर एक जोरदार बम धमाका हुआ और फिर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू हो गई । पुलिस पार्टी द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । आधे घंटे की मुठभेड़ के बाद जब मिलिटैंटों की ओर से फायरिंग बंद हो गई तो पुलिस ने और फोर्स मंगवा कर इलाके की छानबीन शुरू कर दी । रात लगभग 10.50 पर खेतों से एक मिलिटैंट का शव मिला । वहां से एक जनरल मल्टीपर्पज गन और 27 जीवित कारतूस भी मिले । अन्य मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए ।

मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त पंथक कमेटी (वस्सन सिंह जफरवाल) के सदस्य गुरनाम सिंह उर्फ सुखबीर सिंह निवासी दानेवाली के रूप में हुई । श्री गोयल के अनुसार पंजाब में मिलिटैंटों की वर्तमान घटनाओं और मिलिटैंटों की सारी योजनाओं के पीछे गुरनाम सिंह का ही हाथ था और वह वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी था । उन्होंने बताया कि कुछ समय से पंजाब में शस्त्र सप्लाई का नियंत्रण इसके हाथ में था । वह पाकिस्तान से जरूरत के अनुसार शस्त्र मंगवाने के लिए पाकिस्तान में वस्सन सिंह जफरवाल को सूचित करता था और शस्त्र आने पर उन्हें विभिन्न संगठनों में बांटता था । उसका जम्मू-कश्मीर में कुछ मिलिटैंट संगठनों से भी सम्पर्क बना हुआ था । श्री गोयल ने बताया कि इस मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मचारियों को उचित इनाम की सिफारिश की जाएगी ।

एक की हत्या : संगरूर (गर्ग): संगरूर जिला के नमोल गांव में मिलिटैंटों ने जीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

लूटपाट : कल रात संगरूर से 30 किलोमीटर दूर अलीकां गांव के निकट मिलिटैंटों ने जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (नं. पी. ए. एस. 7732) छीन लिया तथा भाग गए।

संगरूर से 30 किलोमीटर दूर मालेरकोटला में कल रात सवा 8 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने सोहन लाल नामक एक स्वर्णकार से लगभग एक लाख रुपए मूल्य का सोना छीन लिया। स्वर्णकार दुकान बंद करने के बाद सोना एक थैले में डाल कर ले जा रहा था कि मिलिटैंटों ने रास्ते में ही उससे थैला छीन लिया। मालेरकोटला से आजिज के अनुसार लूटे गए सोने की कीमत 6 लाख रुपए थी।

संगरूर से 35 किलोमीटर दूर गांव अरनवाल में मिलिटैंटों ने कल रात बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी कार (नं. पी. यू. एस. 291) छीन ली।

राइफलें छीन लीं : सुनाम से सिंगला के अनुसार कल रात हरिया गांव से मिलिटैंटों ने ग्रामीण सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीणों को दी गई 303 बोर की 8 राइफलें तथा 400 कारतूस छीन लिए।

एक व्यक्ति जख्मी : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार अमरगढ़ गांव में स्कूटर सवार 2 व्यक्तियों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति को तेजधार हथियार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में अन्यत्र 2 भाइयों समेत 9 लोगों की हत्या, वन अधिकारी अपहृत : पंथक कमेटी के सदस्य गुरनाम सिंह सहित 13 मिलिटैंट मारे गए

छोटी सी बात ... रंगा

वी.पी. सिंह मंदिर के मामले का राजनीतिकरण करना चाहते हैं जबकि मैं चाहता हूं कि मामले को सद्भाव से हल कर लिया जाए । —सीताराम केसरी



भाई साहब कुछ भी कहिए सीता राम केसरी ने एक मंजे हुए राजनीतिज्ञ की तरह ही वी.पी. सिंह को एक झटका देने की कोशिश की है ।

Punjabi Samachar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

में जख्मी कर दिया। उसे फगवाड़ा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुठभेड़ में 4 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : बाघापुराना (मित्तल): फरीदकोट जिला के कोकरी कला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 दुर्दांत मिलिटैंट मारे गए। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया। सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर 4 मिलिटैंट मारे गए। उनके कुछ साथी बच कर भाग गए। घटनास्थल से 4 ए. के. 47 राइफलें तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी मिला है।

सरपंच की हत्या : अमृतसर जिला के रामदास थाना के अधीन मक्खोवाल गांव में आज शाम मिलिटैंटों ने सरपंच अजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

एक की हत्या : लुधियाना जिला के जगराओं थाना के अन्तर्गत टाल्यां क्षेत्र में मिलिटैंटों ने कल रात सज्जन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

क्रास फायरिंग में एक व्यक्ति मरा : कपूरथला जिला के नगल लबाना गांव के निकट कल रात मिलिटैंटों तथा सुरक्षा बलों के बीच क्रास फायरिंग में रणजीत सिंह उर्फ राणा नामक एक व्यक्ति मारा गया।

एक की हत्या : फरीदकोट जिला के रोडे गांव में मिलिटैंटों ने कल रात फायरिंग करके दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी और बूटा सिंह नामक एक व्यक्ति को घायल कर दिया।

एक और व्यक्ति की हत्या : जालन्धर जिला के जगरल्लां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने राम लाल नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

वन अधिकारी का अपहरण : बटाला पुलिस जिला के कादियां क्षेत्र से कल शाम स्कूटर पर सवार दो मिलिटैंटों ने जिला उप वन अधिकारी सरदारा सिंह का अपहरण कर लिया। अपहृत का अभी तक सुराग नहीं मिला।

युवक का जला हुआ शव मिला : बटाला पुलिस जिला के श्री हरगोबिंदपुर थाना के अन्तर्गत भर्थ मठोला गांव से एक युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हुई।

दुर्दांत मिलिटैंट पुलिस हिरासत से भागा : पटियाला (भूषण): पुलिस ने कल शाम गुरुद्वारा मोतीबाग के निकट से मुठभेड़ के दौरान दर्दात मिलिटैंट केवल सिंह उर्फ परगट सिंह को गिरफ्तार किया । केवल सिंह, जोकि मुठभेड़ में घायल हो गया था, को जब पुलिस कर्मी स्थानीय राजेन्द्रा अस्पताल ले जा रहे थे तो उसने पेट में दर्द का बहाना करके पुलिस कर्मियों से उसे पेशाब कराने के लिए ले चलने का आग्रह किया । पुलिस कर्मी जब उसे पेशाब कराने के लिए लेकर गए तो वहां से वह भाग निकला । पुलिस कर्मियों ने भाग रहे मिलिटैंट पर फायरिंग भी की लेकिन वह बच निकला । पुलिस सारे क्षेत्र को सील करके मिलिटैंट की तलाश कर रही है । इससे पूर्व पुलिस ने उक्त मिलिटैंट से एक विदेशी रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस भी बरामद किए थे ।

एक मिलिटैंट काबू : पटियाला पुलिस ने मंडी गोबिन्दगढ़ में कल रात नाकाबंदी के दौरान मैटाडोर में सवार एक मिलिटैंट सतनाम सिंह को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मैटाडोर में 4 मिलिटैंट जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत किया । मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इसके बाद सतनाम सिंह, जो कि मैटाडोर चला रहा था, को पुलिस ने काबू कर लिया, लेकिन उसके साथी भाग गए । पुलिस ने मैटाडोर भी जब्त कर ली है ।

मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त : पटियाला जिला के रखड़ा गांव के निकट 27 अगस्त को नाकाबंदी के दौरान जो दो मिलिटैंट मारे गए थे, उनकी पहचान भजन सिंह निवासी जिला संगरूर तथा सरूप सिंह निवासी जिला लुधियाना के रूप में हुई है ।

विस्फोटक पदार्थ बरामद : पटियाला जिला पुलिस ने निकटवर्ती सनौर कस्बे में दो दुकानदारों के कब्जे से अढ़ाई किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है । दुकानदारों के नाम धर्म पाल तथा दयाली राम हैं ।

दो तस्कर गिरफ्तार : पटियाला जिला पुलिस ने चुरा पोस्त की तस्करी करने वाले 2 लोगों हरचंद सिंह (निवासी जिला रोपड़) तथा भूरा (निवासी जिला अम्बाला) को गिरफ्तार किया है । उनसे 1750 किलोग्राम चुरा पोस्त तथा एक ट्रक (नं.सी.एच.डब्ल्यू. 4893) बरामद हुआ है ।

बसु द्वारा पदभार उत्तराधिकारी को सौंपने का खंडन

कलकत्ता, 6 अक्तूबर (प.स.): पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने अखबारों में छपी इन खबरों पर आश्चर्य व्यक्त किया कि वह अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व ही मुख्यमंत्री का पदभार अपने उत्तराधिकारी को सौंपने वाले हैं । इन खबरों पर टिप्पणी करते हुए श्री बसु ने कहा कि यह पत्रकारिता नहीं है । वे अपने इच्छानुसार मनगढ़ंत कहानियां लिख रहे हैं ।



पूज्य देवा जी के कैनेडा से वापस आने के उपलक्ष्य में जय देवा चिन्तपूर्णी मन्दिर मास्टर तारा सिंह नगर जालन्धर में **रंजिन्द्र एंड पार्टी जालन्धर वाले आज शाम 6 बजे महामाई का गुणगान करेंगे ।**

जय श्री राम — जय श्री राम

आपको सहर्ष सूचित किया जाता है कि **'श्री राम शरणम्' टैगोर नगर,** लुधियाना में नवरात्रों के उपलक्ष्य में

परमहंस पूज्य श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज

द्वारा रचित श्री वाल्मीकि रामायण के पारायण का महान यज्ञ

परम पूज्य श्री भक्त हंस राज जी महाराज द्वारा

आरम्भ ज्ञान यज्ञ : मंगलवार 8.10.91 सायं 4.00 से 5.30 बजे तक
दैनिक ज्ञान यज्ञ : बुधवार 9.10.91 से 17.10.91 तक
प्रात: 6.30 से 8 बजे तक, सायं 4.00 से 5.30 बजे तक
समाप्ति यज्ञ, सत्संग व प्रवचन, शुक्रवार 18.10.91 प्रात: 6.30 से 8.30 तक करवाएंगे।

स्वागतकर्ता : *MILAP ADVERTISERS, 32-BHADAUR HOUSE, OPP. DENA BANK, LUDHIANA.
*PAWAN KUMAR JINDAL, P.N.B. MILLER GANJ, LUDHIANA.



श्री स्वामी सत्यानंद जी

शहीद परिवार फंड

(पृष्ठ 3 का शेष)

पर कोई हक नहीं बल्कि समस्या समाधान के मुद्दे पर सभी को एकजुट होना ही चाहिए।

पंजाब को प्रयोगशाला बना दिया : **बलदेव प्रकाश** : शहीद परिवार फंड के सहायता राशि वितरण समारोह के अवसर पर भाजपा के उपाध्यक्ष डा. बलदेव प्रकाश ने आज कहा कि पंजाब की स्थिति को इस समय विभिन्न दृष्टिकोणों से देखा जाता है तथा राजनीतिक दृष्टि से पंजाब को एक प्रयोगशाला बना दिया गया है। उनका कहना था कि पंजाब की समस्या से संबंधित प्रत्येक बात को साधारण रूप से ही लिया गया जबकि अंतिम समय में राज्य में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने की बात कह दी गई। उनका कहना था कि उन्होंने चंडीगढ़ की एक बैठक में पंजाब में चुनावों के संयुक्त बहिष्कार की बात कही थी, फिर बाद में दिल्ली में एक संयुक्त मोर्चा के अधीन पंजाब में चुनाव लड़ने की अपील की थी, जो नहीं मानी गई। इससे हमने खुद को ही धोखा दिया है। सभी को इस तरह अंधेरे में रखना ईमानदारी भी नहीं तथा पंजाब के चुनावों बारे भेदभाव का उदाहरण भी कहीं नहीं मिलेगा। इसके बावजूद पंजाब की वर्तमान स्थिति के लिए हम सभी संयुक्त रूप से ही जिम्मेवार हैं।

उनका कहना था कि हमारा इतिहास देश की एकता व अखंडता से परिपूर्ण है फिर भी हमारी अपनी ही नीतियां स्पष्ट न होने के कारण कुछ शक्तियों ने देश को तोड़ने के लिए काम शुरू कर दिया है। उन्होंने इस संबंध में कहा कि यह देश कभी भी नहीं टूट सकता बल्कि हमने ही ऐसी शक्तियों की कमर तोड़नी है।

डा. प्रकाश ने कहा कि जिन जिलों में पंजाब की पुलिस अक्षम सिद्ध हो रही है वहां मिलिटैंटों के विरुद्ध जंग के लिए सेना की सहायता ली जा सकती है। अगर अभी भी पंजाब की समस्या को गंभीरता से न लिया गया तो फिर सब कुछ हाथ से निकल जाएगा।

फंड गंगा की तरह पवित्र : वीरेन्द्र : इस अवसर पर अपने सम्बोधन में वरिष्ठ पत्रकार व आर्य समाजी नेता श्री वीरेन्द्र ने शहीद परिवार फंड को गंगा की भांति पवित्र करार देते हुए कहा कि इसका एक पैसा भी कभी इधर-उधर नहीं होता। उन्होंने इस रोष व हिन्द समाचार परिवार का धन्यवाद किया कि वे पिछले कई वर्षों से मिलिटैंसी से पीड़ितों के घावों पर बो मरहम लगा रहे हैं जो सरकार को तो लगानी चाहिए थी या फिर राजनीतिक दलों को। उनका कहना था कि आज राज्य में एक भी राजनीतिक दल विश्वसनीय नहीं रह गया है। इसके अलावा जो सरकार अपनी ही पुलिस को बचा पाने में अक्षम सिद्ध हो रही है, वह जनता की क्या सुरक्षा करेगी।

श्री वीरेन्द्र ने हिंद समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक श्री विजय कुमार चोपड़ा से भी आग्रह किया है कि जो जिम्मेवारी उनके बड़े भाई स्वर्गीय रमेश चन्द्र जी उन्हें सौंप गए हैं, वह उसे इसी प्रकार बखूबी निभाते जाएं क्योंकि वर्तमान हालात के बारे में कोई अंदाजा नहीं कि वे कब तक ऐसे ही चलेंगे।

देश बारे सोचो : बटाला से आए उग्रसेन हुसैन ने इस अवसर पर अपनी कविता के माध्यम से सभी को देश बारे सोचने का आह्वान किया। उनका कहना था, "हुण अक्लां दे जन्दे खोल के, कुज देश दे बारे सोचो।" पंजाब की वर्तमान स्थिति बारे उनके शब्द थे, "सिरां ते चिटियां चुन्नियां, गले च खुले बाल ने। छातियां नाल चिमड़े होए अज सहमे लाल ने।"

सिर पर कफन बांध लो : **उमरानंगल** : बोद्ध अकाली नेता ने अपने बेबाक स्वर में कहा कि आज बन्दूक के जोर पर वोट का हक छीन लिया गया है जबकि सभी दलों का संयुक्त कर्त्तव्य है कि वे इस हक को जनता को वापस दिलाएं। उनका कहना था कि पंजाब में राजनीति ने जनता की जान गंवा दी व नेताओं ने लोगों को मूर्ख बनाया तथा दोनों ही असफल हो गए।

उनका कहना था कि आज आवश्यकता है कि सभी दलों के नेता सिर पर कफन बांध लें तथा बिना किसी सुरक्षा के ही देहातों में निकल जाएं तभी जनता में विश्वास पुन: बहाल हो सकेगा जबकि सरकारों ने मिलिटैंटों के आगे लगातार घुटने ही टेके हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेड़ा गर्क तो उसी दिन हो गया था जब डा. रूबिया सईद की रिहाई के लिए अलगाववादी छोड़ दिए गए। इससे एक नई परम्परा ने जन्म ले लिया। उन्होंने सभी से एकजुट हो कर हिम्मत से काम लेने व मिल कर चलने का आग्रह किया ताकि जनता को पता चल सके कि उसके रखवाले आ गए हैं। उन्होंने पंजाब में चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दलों से ले-दे की नीति भी अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता को लामबंद न किया गया तो फिर पंजाब भी नहीं बचेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगर हम निर्दोष एकजुट हो कर मरने को तैयार हो जाएं तो मारने वाले मिलिटैंट खुद ही भाग जाएंगे।

मर्ज बढ़ता गया : अरोड़ा : इस अवसर पर पंजाब प्रदेश इंका के महासचिव सेवा राम अरोड़ा ने कहा कि पंजाब की वर्तमान हालत यह है कि मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की। आज राज्य में खून का दरिया बह रहा है परन्तु बुनियादी सवाल समस्या के समाधान का है कि वह कैसे हल हो। उन्होंने दावा किया कि इंका ने ही बरनाला सरकार को पंजाब की सत्ता सौंपी परन्तु वह असफल रही। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रैस की भूमिका की भी प्रशंसा की।

राज्यपाल कहां हैं : चावला : राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की नेता प्रो. लक्ष्मी कांता चावला ने अपने संबोधन में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया व पंजाब के 'लापता राज्यपाल' को ढूंढने की बात कही। उनका कहना था कि आज कोई भी पंजाबी अपने आप में 'सवा लाख' नहीं रह गया है। उन्होंने प्रकाश सिंह बादल द्वारा लुधियाना में रैली के प्रयास की निन्दा करते हुए कहा कि अब उनका असली चेहरा सामने आ गया है।

उनका कहना था कि आज मानवता के ठेकेदारों को पीड़ितों की पुकार नहीं सुनती तथा 'सवा लाख से एक लड़ाने' वाले के शिष्य भी गुंगे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनका संगठन शीघ्र ही चंडीगढ़ में जाकर राज्यपाल का घेराव करेगा।

फंड एक सार्थक प्रयास : डांग : भाकपा के वयोवृद्ध नेता श्री सत्पाल डांग ने शहीद परिवार फंड को पीड़ितों की सहायता का एक सार्थक प्रयास करार देते हुए कहा कि इसमें से सिखों को भी अधिकाधिक सहायता देना उनके मुंह पर एक तमाचा है जो शक्तियां हिन्दू-सिख में भेदभाव उत्पन्न कर रही हैं। उनका कहना था कि आज राज्य की प्रत्येक प्रकार की व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है तथा राजनीतिक पहलकदमी व जनता के एकजुट होने से ही मिलिटैंट खुद डर जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जनता ही संगठित हो कर राज्य में से मिलिटैंसी को समाप्त कर सकती है।

फंड ने सांझा मंच बनाया : यश : इंका के वरिष्ठ नेता श्री यश ने अपने सम्बोधन में कहा कि हालांकि समाचारपत्रों पर अतीत में विभिन्न प्रकार के आरोप लगते रहे परन्तु हिन्द समाचार पत्र समूह द्वारा संचालित शहीद परिवार फंड ही विश्व भर में एकमात्र ऐसा उदाहरण है, जिसने इतनी बड़ी राशि जनसहयोग से एकत्र कर मिलिटैंसी से प्रभावित परिवारों को वितरित की । इसके अलावा इस फंड ने सभी राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसा सांझा मंच भी बनाया है, जहां सभी ने अपने विचार रखे । उनका कहना था कि पंजाब की समस्या वास्तव में पुनर्गठन की है क्योंकि उस समय एक प्रकार से राज्य की हत्या ही कर दी गई थी ।

श्री यश ने सभी राजनीतिज्ञों से दलगत राजनीति को छोड़ कर तथा संकुचित दायरों से बाहर निकल कर विशुद्ध रूप से पंजाब के मुद्दे पर सोचने का आह्वान किया । उनका कहना था कि राज्य में जनजीवन सामान्य होने तक चुनावों का आयोजन सम्भव नहीं है ।

इस समारोह के दौरान सहायता वितरण में श्री के.सी. गुप्ता ने भी योगदान दिया व अंत में हिन्द समाचारपत्र समूह के निदेशक श्री तिलक राज सूरी ने सभी उपस्थित सज्जनों का धन्यवाद किया ।

फंड में योगदान : शहीद परिवार फंड के सहायता वितरण समारोह में आज हिन्द नैशनल फ्रंट लुधियाना की तरफ से सर्वश्री विजय जैन, राजेश खन्ना व अशोक सूद ने 5100/- व्यापारी नेता श्री तुलसी दास जेतवानी ने 8300/- रुपए, श्री हीरा लाल गोयल रोटेरियन व श्री राकेश धवन ने 5300/- रुपए तथा श्री हरकेश मित्तल ने 600/- रुपए दिए । लुधियाना के जिला परिवहन अधिकारी श्री चंद्र शेखर तलवाड़ ने 500/- रुपए भेजे । लुधियाना से भाजपा पार्षद श्री चमन लाल भाटिया ने हिन्द समाचार पत्र समूह द्वारा किए जा रहे इस महान पुण्य कार्य की अत्यंत सराहना की और इसे पीड़ितों के लिए वरदान बताया । कांग्रेसी पार्षद श्री शाम सुन्दर मल्होत्रा ने कहा कि शहीद परिवार फंड विश्व में एक रिकार्ड है ।

इसके अलावा जितेन्द्र जैन महामंत्री श्री आत्मा नंद जैन सभा अमृतसर ने भी 10 कम्बल दिए जबकि उनके अलावा श्री सी.एल. जैन एवं श्री अविनाश चंद्र कपूर अमृतसर से इस समारोह में शामिल होने के लिए आए ।

राजस्थान में सर्दी की 'लहर'

जयपुर, 6 अक्तूबर (प.स.): राजस्थान में सर्दी की 'लहर' का नमूना कल रात देखने को मिला जब कई जगहों पर तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सैल्सियस तक गिर गया ।

उदयपुर के हवाई अड्डे पर न्यूनतम तापमान 12 डिग्री था । हवा का रुख भी उत्तर-पश्चिमी से बदल कर उत्तरी हो गया है ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मेरा पुत्र महेंद्र पुत्र स्व. चंदगी राम, कौम नाई, गांव चोशाला व उसकी पत्नी गीता मेरे कहने से बाहर हैं व अलग रहते हैं । मैं उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं । उनके किसी प्रकार के लेन-देन व पुलिस कार्रवाई आदि की मैं किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं हूंगी । ओमपती विधवा चंदगी राम, गांव चोशाला, जिला कैथल ।

(Ranvir Prashar/60W)

तीर्थ यात्रा

तीन धाम सप्तपुरी द्वादश, ज्योति लिंग, गया, गंगासागर, पशुपतिनाथ, नेपाल, नासिक, गोदावरी, 65 तीर्थ सेमी डीलक्स बस द्वारा, किराया 2500/- रवानगी 23 दिसम्बर, वापसी 5 फरवरी । मिलें : हरी राम मल्होत्रा, नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) 174101, फोन : 3117.

(Himachal Book Depot/38W)

व्यापार

Attention Jackets Manufacturers of Ludhiana. Available high quality Polyester Wadding/Cotton Wadding in all

नाम परिवर्तन

मैं, पंकज अग्रवाल सुपुत्र श्री अविनाश अग्रवाल, E.H. 173, सिविल लाइन्ज, जालंधर शहर निवासी, ने अपना नाम बदल कर 'नवीन अग्रवाल' रखा है । कृपया नोट कर लें ।

(Sargam/26W)

गीत-संगीत

नवरात्रे सफल करें । रामधुनि, तुलसी, रामायण, राम कथा सार, दुर्गा सप्तशति । आडियो कैसेट सुनें । निर्माता : इंद्रलोक स्टुडियो, 13-करतार नगर, माडल ग्राम, लुधियाना ।

(Brightways/22JDC)

टैलीफोन

For sale/purchase of Telephone at Jalandhar City. Contact Phone No. 3013, Jalandhar City.

(Ajanta/15W)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 7.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is

श्वास दमा रोगियो ! नोट कर लो !

श्वास (दमा) की दवा

शरद पूर्णिमा ता. 23.10.91 की रात्रि में खीर के साथ सेवन कर दमा, श्वास, कफ, खांसी और नजला में लाभ उठावें ।

गुमशुदा की तलाश



मेरा पुत्र सुरेंद्र कुमार, उम्र 45 साल, रंग साफ, शरीर पतला, 10.9.91 को सायं 4 बजे घर

मुख्यमंत्री एन. जनार्दन रेड्डी ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। श्री रेड्डी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री को निर्विरोध चुन लें।

प्रधानमंत्री 10 अक्तूबर को हैदराबाद आएंगे और तिरुपति जाने से पूर्व श्रीसैलम मंदिर जाएंगे।

सेना के संचार उपकरणों से बेहतर होते थे।

उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा एजेंसियों ने अपना कार्य सक्षम तरीके से किया होता तो लिट्टे के रेडियो स्टेशनों का पता लग गया होता और तमिलनाडु में लिट्टे उग्रवादियों को अपने मुख्यालयों से सम्पर्क का भण्डाफोड़ हो सकता था।

लगाने के एवज में उन्हें दो हजार रुपए दे।

मस्जिद के इमाम के विरुद्ध पाकिस्तान में प्रदर्शन हुए थे। कई वरिष्ठ उलेमाओं ने फतवा दिया था कि मौलाना ने एक गोरी महिला के साथ फोटो खिचवा कर और उन्हें शांत तथा कुरान की प्रति भेंट करके इस्लाम का उल्लंघन किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना के एक हवलदार जे. अशोक विष्णु, जिसका अलगाववादियों ने अपहरण कर लिया था, का शव आज अनन्तनाग के पास मिला।

श्री अशोक विष्णु, जो महाराष्ट्र का रहने वाला था का हिजबुल मुजाहिदीन नामक मिलिटैंट लिबरेशन फ्रंट ने दावा किया है कि उसके लोगों ने शुक्रवार को श्रीनगर में एक सुरक्षा कर्मी का अपहरण कर लिया था।

बीमा व्यवसाय बंद नहीं : साधारण बीमा निगम ने आज कश्मीर घाटी में कारोबार बंद करने की खबरों का खंडन किया है।

आज सुबह यहां बैठक हुई। बैठक में इटावा संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव के लिए श्रीमती शीला दीक्षित और भूतपूर्व सांसद श्री एस.एस. तिवारी के नाम की भी सिफारिश की गई। बैठक में बुलंदशहर के लिए भी तीन नामों का पैनल तैयार किया गया है।

खलचियां में मिलिटैंटों ने बम विस्फोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी, 8 सुरक्षा कर्मी मरे

चंडीगढ़, 6 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): अमृतसर जिला के खलचियां गांव के निकट कल रात मिलिटैंटों ने बम विस्फोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी जिससे 8 सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु हो गई। इसके अतिरिक्त ताजा में पिछले 24 घंटों के दौरान वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी तथा पंथक कमेटी के सदस्य गुरनाम सिंह समेत 13 मिलिटैंट मारे गए तथा दो भाइयों सहित 9 लोगों की हत्या हुई। मिलिटैंटों ने एक वन अधिकारी का अपहरण भी किया।



अमृतसर जिला में खलचियां के निकट शनिवार रात को मिलिटैंटों ने बम विस्फोट करके पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी। चित्र में (ऊपर) ट्रेन की बोगियां ड्रेन में गिरी दिखाई दे रही हैं तथा (नीचे) धमाके से क्षतिग्रस्त रेल लाईन। (छाया : प्रैट्र. व पं.के.)

बम विस्फोट से पैट्रोलिंग ट्रेन उड़ा दी, 8 सुरक्षा कर्मी मरे :अमृतसर (वार्ता): रात रात लगभग एक बज कर 30 मिनट पर वालड़ा से अमृतसर जा रही पैट्रोलिंग ट्रेन को खलचियां के निकट मिलिटैंटों ने एक अत्यन्त शक्तिशाली बम विस्फोट से उड़ा दिया, जिससे इसकी दो बोगियां एक ड्रेन में जा गिरी। मिलिटैंटों ने ट्रेन में गिरी बोगियों पर भी फायरिंग की, जिससे 8 सुरक्षा कर्मी मारे गए तथा 2 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में पुलिस कर्मचारी सर्वविदर सिंह, साहब सिंह, अमर जीत सिंह, लखविदर सिंह, चरनजीत सिंह, हवलदार सोढी राम तथा होमगार्ड के हवलदार हरपाल सिंह व हवलदार हरि कृष्ण शामिल हैं। घायलों के नाम रछपाल सिंह व गुरविंदर सिंह (दोनों कांस्टेबल) हैं। मिलिटैंट जाते समय इन सुरक्षा कर्मियों का असला भी ले गए।

रेल मंत्रालय के अनुसार बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया। धमाके से 110 मीटर रेल लाईन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतकों की लाशें देर रात गए ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गईं। मिलिटैंटों की तलाश के लिए सारे क्षेत्र की छानबीन की जा रही है।

फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार विस्फोट के कारण अमृतसर-लुधियाना मैन्लन पर ट्रेनों की आवाजाही में विघ्न पड़ा। तीन जोड़ा ट्रेनें आज रद्द कर दी गईं। रद्द ट्रेनों में 4617 अप तथा 4618 डाऊन अमृतसर-लुधियाना पैसेंजर, 333 अप तथा 334 डाऊन अमृतसर-मरहिंद पैसेंजर और 1 ए. जे. एल. तथा 2 ए. जे. एल. अमृतसर-लुधियाना पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। कई ट्रेनें अपने गंतव्य स्थलों पर देरी से पहुंचीं। बताया जाता है कि आज कुछ समय के लिए रेलवे के स्थानीय कंट्रोल रूम का सम्पर्क भी शेष स्टेशनों से कटा रहा। अभी तक इसका कारण पता नहीं चला।

मुकाबले में 4 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के तलवंडी मोधा सिंह गांव में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से 2 एके 47 राइफलें, एक बंदूक तथा कुछ गोलियां मिली हैं।

गुट संघर्ष में दम्पति मरा : मजीठा पुलिस जिला के बखाला गांव में कल रात इन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी महेन्द्र कौर को गोलियों से मार दिया गया। पुलिस ने इस वारदात को मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का परिणाम बताया है।

क्रास फायरिंग में 1 मिलिटैंट मरा : पुलिस की एक पार्टी मजीठा पुलिस जिला में गुरेन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट को हथियारों की पुलिस पार्टी के साथ पैट्रोलिंग पर था कि गांव नांखा के निकट सड़क पर एक जोरदार बम धमाका हुआ और फिर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस पार्टी द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। आधे घंटे की मुठभेड़ के बाद जब मिलिटैंटों की ओर से फायरिंग बंद हो गई तो पुलिस ने और फोर्स मंगवा कर इलाके की छानबीन शुरू कर दी। रात्रि लगभग 10.50 बजे झाड़ियों से एक मिलिटैंट का शव मिला। वहां से एक जर्मन मल्टीपर्पज गन और 27 जीवित कारतूस भी मिले। अन्य मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए।

मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त पंथक कमेटी (वस्सन सिंह जफरवाल) के सदस्य गुरनाम सिंह उर्फ सुखवीर सिंह निवासी दानेवाली के रूप में हुई। श्री गोयल के अनुसार पंजाब में मिलिटैंटों की वर्तमान घटनाओं और मिलिटैंटों की सारी योजनाओं के पीछे गुरनाम सिंह का ही हाथ था और वह वस्सन सिंह जफरवाल का निकट सहयोगी था। उन्होंने बताया कि कुछ समय से पंजाब में शस्त्र सप्लाई का नियंत्रण इसके हाथ में था। वह पाकिस्तान से जरूरत के अनुसार शस्त्र मंगवाने के लिए पाकिस्तान में वस्सन सिंह जफरवाल को सूचित करता था और शस्त्र आने पर उन्हें विभिन्न संगठनों में बांटता था। उसका जम्मू-कश्मीर में कुछ मिलिटैंट संगठनों से भी सम्पर्क बना हुआ था। श्री गोयल ने बताया कि इस मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मचारियों को उचित इनाम की सिफारिश की जाएगी।

एक की हत्या : मंगरूर (वर्ग): मंगरूर जिला के नमोल गांव में मिलिटैंटों ने जीत सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

लूटपाट : कल रात मंगरूर से 30 किलोमीटर दूर अलीकां गांव के निकट मिलिटैंटों ने जोगिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (नं. पी.ए.एस. 7732) छीन लिया तथा भाग गए।

मंगरूर से 30 किलोमीटर दूर मालेरकोटला में कल रात सवा 8 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने मोहन लाल नामक एक स्वर्णकार से लगभग एक लाख रुपए मूल्य का सोना छीन लिया। स्वर्णकार दुकान बंद करने के बाद सोना एक थैले में डाल कर ले जा रहा था कि मिलिटैंटों ने रास्ते में ही उससे थैला छीन लिया। मालेरकोटला से आजिज के अनुसार लूटे गए सोने की कीमत 6 लाख रुपए थी।

मंगरूर से 35 किलोमीटर दूर गांव अरनवाल में मिलिटैंटों ने कल रात बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी कार (नं. पी.यू.एस. 291) छीन ली।

राइफलें छीन लीं : सुनाम से सिंगला के अनुसार कल रात ढटलिया गांव से मिलिटैंटों ने ग्रामीण सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीणों को दी गई 303 बोर की 8 राइफलें तथा 400 कारतूस छीन लिए।

एक व्यक्ति जख्मी : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार अमरगढ़ गांव में स्कूटर सवार 2 व्यक्तियों ने अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति को तेजधार हथियार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में अन्यत्र 2 भाइयों समेत 9 लोगों की हत्या, वन अधिकारी अपहृत : पंथक कमेटी के सदस्य गुरनाम सिंह सहित 13 मिलिटैंट मारे गए

छोटी सी बात ... रंगा

वी.पी. सिंह मंदिर के मामले का राजनीतिकरण करना चाहते हैं जबकि मैं चाहता हूं कि मामले को सद्भाव से हल कर लिया जाए। —सीताराम केसरी



भाई साहब कुछ भी कहिए सीता राम केसरी ने एक मंजे हुए राजनीतिज्ञ की तरह ही वी.पी. सिंह को एक झटका देने की कोशिश की है।

Punjabi Sanatan

पंजाब में विभिन्न घटनाओं में 17 मिलिटैंट मरे, इंका नेता व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 16 व्यक्तियों की हत्या

दरबार साहब तरनतारन की परिक्रमा में विस्फोट : एक मरा, 8 घायल : बम पाक निर्मित

मैजिस्ट्रेटी जांच के आदेश, राज्य में 2 सिपाहियों सहित 3 व्यक्तियों का अपहरण

चण्डीगढ़, 7 अक्तूबर (वार्ता, पस.) : पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान 17 मिलिटैंट मारे गए जबकि एक इंका नेता व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 सिपाहियों समेत 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया। इसके अलावा दरबार साहब तरनतारन में बम विस्फोट से एक व्यक्ति मारा गया व 8 अन्य घायल हो गए। इस घटना की मैजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं जबकि प्राथमिक जांच के दौरान पाया गया कि उक्त बम पाकिस्तान में निर्मित था।

मारे गए मिलिटैंटों में भिडरांवाले टाइगर्स फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल गुरभेज सिंह भी शामिल है, जिसके सिर पर एक लाख रुपए का ईनाम था ।

मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिले में खलचियां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक ए.के. 47 राइफल, दो किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, एक हथगोला और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए।

2 सिपाहियों का अपहरण : इसी जिले के जगदेव कलां गांव से मिलिटैंटों ने दो सिपाहियों मक्खन सिंह और मज्जन सिंह का अपहरण कर लिया।

एक व्यक्ति का अपहरण : दो मिलिटैंटों ने कल रात बटाला पुलिस जिले के नसट मट्टीवाल गांव से भोला नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

3 अज्ञात मिलिटैंट मरे : मजीठा पुलिस जिले के महता इलाके में तरसिक्का गांव में सुरक्षा बलों ने तीन अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया। यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया। खोजबीन के दौरान तीन मिलिटैंटों के शव बरामद हुए। घटनास्थल से एक हथगोला, एक बंदूक, दो किलोग्राम विस्फोटक, एक ए.के. 47 राइफल की एक मैगजीन बरामद हुई।

गुट संघर्ष में 3 मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले के खुर्द गांव में दो मिलिटैंट आपसी गुटबंदी में मारे गए। ऐसी एक अन्य घटना बहादुरपुर गांव में हुई, इसमें एक मिलिटैंट मारा गया। एक मृतक मिलिटैंट की पहचान सतनाम सिंह के रूप में हुई है।



तरनतारन में दरबार साहिब की परिक्रमा में हुए बम विस्फोट में घायल 3 लोग, जो कि अमृतसर के अस्पताल में उपचाराधीन हैं। (छाप्या : रवि)

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला लुधियाना के मलिक गांव में मिलिटैंटों ने गुरदीप सिंह व उसके एक पड़ौसी जोगिन्दर सिंह नामक 2 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी है।

बम विस्फोट से 8 घायल, एक मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग) : आज तड़के 3.40 बजे तरनतारन के दरबार साहब की परिक्रमा में बम विस्फोट होने से 8 व्यक्ति घायल हो गए व एक अन्य मारा गया। घायलों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार उस दौरान सोमवती अमावस के संबंध में श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे थे। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है।

निन्दा (पस.) : गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरिन्दर सिंह तरनतारनी, अकाली दल बादल के सचिव मंजीत सिंह तरनतारनी और अन्य

(शेष पृष्ठ 6 पर)

रक्षा बजट में कटौती करना भारत के लिए खतरों भरी बात : पंत

न्यूयार्क, 7 अक्तूबर (पस.) : पूर्व रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत ने कहा है कि पश्चिमी देश भारत के सुरक्षा संबंधी खतरों को समझे बिना उसके बजट में रक्षा की मद में कटौती की बात कर रहे हैं, जबकि दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में उसका बजट पहले ही बहुत कम है। श्री पंत हारवर्ड विश्वविद्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 1978-88 के दशक में भारत का रक्षा बजट 19 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत तक आ गया, जबकि पाकिस्तान ने इसे 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत कर लिया। जहां तक चीन का सवाल है, उसने रक्षा बजट 34 प्रतिशत से घटा कर 20 प्रतिशत किया है।

भारत के सामने खतरों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अक्साईचिन के लनचओ और छगलू में तथा अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के उस पार चीन ने परमाणु आयुधों से युक्त मिसाइलें तैनात कर रखी हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें गैर-सरकारी विशेषज्ञों से यह सूचना मिली है कि 100 से 125 किलो टन क्षमता

अलावा अस्थिर सोवियत संघ के मुस्लिम-बहुल गणराज्यों में लगे परमाणु हथियार और राकेट भी भारतीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं। जब तक इन्हें हटाने अथवा इनके विश्वसनीय नियंत्रण का सबूत नहीं मिल जाता, यह खतरा बना रहेगा। श्री पंत ने कहा कि खतरा इस बात का है कि कहीं इन हथियारों का परमाणु मिलीटैसी के लिए इस्तेमाल न हो।

श्री पंत ने भारत के सीमावर्ती राज्यों में मिलिटैंसी और पृथकतावादी गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के लिए यह मिलिटैंसी है, जबकि हमारे पड़ौसी देशों के लिए यह 'ज्यादा फायदे और कम लागत' वाला सीमित युद्ध है।

उन्होंने कहा कि मिलिटैंटों की गतिविधियों को पाकिस्तान की शह मिल रही है। वह न केवल मिलिटैंटों को प्रशिक्षण और हथियार मुहैया करा रहा है बल्कि उनको शरण भी दे रहा है।

Punjab Sonali

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिख नेताओं ने इस वारदात की कड़े शब्दों में निन्दा की है और इसे सिख विरोधी शक्तियों का काम बताया। उन्होंने कहा कि ये लोग सिख धार्मिक स्थलों को गंदा करना चाहते हैं।

जांच के आदेश : जिला अधिकारियों ने इस बम विस्फोट के कारणों की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच का कार्य तरनतारन के जिला मैजिस्ट्रेट भूपिन्दर सिंह को सौंपा गया है। जिलाधीश सर्वजीत सिंह के अनुसार बम संभवत: किसी थैले में छिपा कर सीढ़ियों के निकट रखा गया था।

प्राथमिक जांच के दौरान पाया गया है कि यह बम पाकिस्तान में ही बना था। पुलिस के अनुसार यह बम संभवत: सुरक्षा कर्मियों को हानि पहुंचाने के लिए ही फिट किया गया था।

इसी दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष बलदेव सिंह सीबिया उक्त घटना की सूचना मिलते ही चण्डीगढ़ से तरनतारन रवाना हो गए। वहां जाकर वह घायलों से भी मिले।

शिनाख्त : (अशोक सोनी) : मृतक की शिनाख्त जोगिन्दर सिंह निवासी कोट मीत सिंह अमृतसर व घायलों की पहचान कुलदीप सिंह निवासी गांव बलगा, दविन्दर कुमार निवासी गांव कोटला, अमरीक सिंह निवासी गांव घुरविंड, अवतार सिंह निवासी ऊधम सिंह कालोनी अमृतसर, दविन्दर सिंह व बलविन्दर सिंह निवासी गांव कान्नाह जिला फिरोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार बम विस्फोट लगभग 4.25 बजे हुआ। इस बम विस्फोट में कुल 7 व्यक्ति घायल हुए।

शिरोमणि कमेटी द्वारा 1 लाख का इनाम देने की घोषणा : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने आज अमृतसर में घोषणा की है जो भी व्यक्ति आज प्रात: तरनतारन दरबार साहब की परिक्रमा में हुए बम विस्फोट के अभियुक्तों के बारे में सूचना देगा उसे एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

यह घोषणा शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह सीबिया ने तरनतारन में घटनास्थल का निरीक्षण करके लौटने के बाद यहां जल्दी में बुलाए गए एक सम्वाददाता सम्मेलन में की।

श्री सीबिया ने इस बम विस्फोट में मृत एक 35 वर्षीय रिक्शा चालक जो गेन्द सिंह के परिवार को भी 25 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। जोगेन्द्र सिंह पटना से यहां पलायन करके आया था। श्री सीबिया घायलों को देखने के लिए अस्पताल में भी गए। उन्होंने गम्भीर रूप से 5 घायलों जिनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं, को 11-11 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। अन्य 4 घायलों को भी 5-5 हजार रुपए की सहायता देने की भी घोषणा की।

छलनी शव बरामद : जिला लुधियाना के ही गांव भैरोवाल कला में मिलिटैंटों ने भगवान दास नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। आज उसका छलनी शव बरामद हुआ।

मिलिटैंटों की तलाश जारी : इसी दौरान उत्तर प्रदेश के अमृतसर-जालंधर मुख्य खंड के ट्रेन ब्रिज को उड़ा देने वाले मिलिटैंटों की बड़ जोर-शोर से तलाश जारी है। इस घटना में कल आठ रेलवे सुरक्षा कर्मी मारे गए थे।

ब्लाक कांग्रेस के प्रधान की हत्या : गोराया (सेहरा): गत 5 अक्तूबर को मिलिटैंटों ने बड़ापिंड ब्लाक कांग्रेस के प्रधान ठेकेदार राम तीर्थ की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी। गत रात्रि मिलिटैंट श्मशानघाट में गए और उसकी चिता पर फायरिंग करके उसकी राख भी बिखेर गए। यह भी बताया गया है कि मिलिटैंटों ने ठेकेदार के घर के बाहर भी फायरिंग की।

फरार मिलिटैंट का बिबरण : गत दिवस पटियाला की जेल से फरार होने वाला मिलिटैंट केवल सिंह खब्बे राजपूता थाना मेहता का रहने वाला था और 50 से भी अधिक वारदातों में वांछित था तथा सुरक्षा बलों पर घातक हमले करने में संलिप्त था। ब्यास, मजीठा, कत्थूनंगल इलाकों में इसने 50 से अधिक हत्याएं की थीं। इस क्षेत्र में लोग इससे भयभीत थे। केवल सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के गुरजंट सिंह राजस्थानी का साथी था और मानीचाहल गुट से सम्बन्धित था।

लुटेरे को ग्रामीणों ने मार डाला : आज सुबह पुलिस जिला मजीठा के गांव बेगमपुरा में लोगों ने एक युवक जोगेंद्र सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी चिट्टी पढ़री को उस समय काबू करके पीट-पीट कर मार डाला, जब वह नकली पिस्तौल के बल पर एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन रहा था। इस घटना के संबंध में प्राप्त विवरण के अनुसार आज सुबह साढ़े 10 बजे गांव बेगमपुरा में जोगेंद्र सिंह ने पाल सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर (नं. पी.बी.ई. 9470) छीनने का प्रयास किया। इस दौरान वहां लोग जमा हो गए और उन्होंने लुटेरे को पकड़ कर उसकी पिस्तौल छीन ली। जब लोगों ने पाया कि पिस्तौल नकली है तो उन्होंने लुटेरे की बुरी तरह पिटाई की जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

मिलिटैंट काबू : जलालाबाद से अनेजा के अनुसार कल रात पुलिस की गश्ती पार्टी ने यहां से 15 किलोमीटर दूर गांव सहाला के निकट पुल से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान मुक्तसर के तिलकनगर के फकीर चंद के रूप में हुई है। उससे एक पिस्तौल भी मिला है।

मिलिटैंट घायल : कम्युनिस्ट कार्यकर्ता बलजिन्द्र सिंह के जिला अमृतसर में स्थित घर से शस्त्र लूटते समय एक मिलिटैंट हरजिन्द्र सिंह गिरोहों की आपसी धड़ेबंदी में घायल हो गया।

शराब विक्रेता की हत्या : कपूरथला जिले के जगजीतपुरा गांव में एक शराब विक्रेता को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई।

फगवाड़ा से 'अशोक कौड़ा' के अनुसार मृतक का नाम गुरनाम सिंह था।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरे : गत रात्रि बल्लोहा थाना के अधीन गांव कोटली बधावा सिंह में निर्भय सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कुछ मिलिटैंटों ने जबरदस्ती घुस कर उसकी हत्या कर दी व फरार हो गए। मृतक खुद भी एक मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या आपसी रंजिश के कारण ही हुई।

को एस.पी. (सी
को पी.ए.पी. ज
असिस्टैंट कम
(डिटैक्टिव) हो
(डिटैक्टिव)
(सिक्योरिटी)
(आर.टी.सी.)
एस.पी. (स्पैश
एस.पी. (क्राइ
एस.पी. पटिय

रेल द

नई दिल्ली
को उत्पादकता
दशहरा उत्स
मंत्रालय के इ
औद्योगिक सम
आज उत्तरी क्षेत्र
बाहर प्रदर्शन

यूगोस्लावि

बेलग्रेड, 9

को पता लग जाएगा । उन्होंने कहा कि फैसला श्रीमती सोनिया गांधी पर छोड़ दिया गया है । उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी ।

ंजाब में 2 सरपंचों व एक ढाबा मालिक सहित 0 व्यक्तियों की हत्या : 4 मिलिटैंट भी मारे गए

डीगढ़, 10 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में मिलिटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न तों में 2 सरपंचों व एक ढाबा मालिक सहित यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य हरण कर लिया गया और बम विस्फोट में 6 कर्मियों सहित 8 व्यक्ति घायल हो गए जबकि न घटनाओं में 4 मिलिटैंट भी मारे गए तथा अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया और 750 रुपए की धनराशि लूट ली गई ।

दांत मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला रन के गांव नत्थ के बुर्ज में आज सायं तान लिबरेशन फोर्स का दुर्दांत मिलिटैंट दर सिंह गुट संघर्ष में मारा गया । वह 50 से हत्याओं में वांछित था तथा उस पर एक लाख का पुरस्कार घोषित था ।

एक व्यक्ति की हत्या, एक का शव मिला : जिला लुधियाना के गांव तलवंडी कलां में गत रात्रि मिलिटैंटों ने नछत्तर सिंह नामक एक

बम विस्फोट में 6 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 व्यक्ति घायल, एक व्यक्ति का अपहरण : एक मिलिटैंट गिरफ्तार : 19,750 रुपए लूटे ।

व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस जिला मजीठा के ठठियां नामक गांव से कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

अपहरण व लूट : लुधियाना के जगरांव इलाके में कल शाम मिलिटैंटों ने जीत सिंह का अपहरण कर लिया और साढ़े सोलह हजार रुपए लूट लिए ।

2 अज्ञात शव मिले : बटाला पुलिस जिले के अकनी गांव में दो अज्ञात शव मिले, जिस पर गोलियों के निशान थे । वहां से एक बंदूक, एक पिस्तौल, कुछ स्टिक बम तथा अनेक कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के खेला गांव में एक व्यक्ति कुलदीप सिंह की हत्या कर दी गई ।

अन्त्येष्टि : जिला रोपड़ के एस.पी. (मुख्यालय) जोगेंद्र सिंह खैरा की आज सायं यहां से 20 कि.मी. दूर जंडियाला स्थित उनके फार्म हाऊस में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई । कल मिलिटैंटों ने उनकी हत्या कर दी थी । उनकी चिता को अग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी । स्व. खैरा अपने पीछे विधवा, 3 पुत्र व 2 पुत्रियां छोड़ गए हैं । उनके अंतिम संस्कार में कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए ।

ढाबे पर फायरिंग, मालिक सहित सात मरे : रायकोट (राकेश): गत रात्रि यहां से 22 कि.मी. दूर मंडी मुल्लापुर में तीन सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक ढाबा पर अंधाधुंध फायरिंग करके ढाबा के मालिक तथा उसके पांच नौकरों सहित सात लोगों की निर्मम हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात्रि 11.30 बजे के लगभग तीन मिलिटैंटों ने स्थानीय पंडितां का ढाबा पर अचानक पैदल पहुंच कर वहां ट्रक चालकों आदि को भगा दिया तथा अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी

(शेष पृष्ठ 10 पर)



धयाना से करीब 15 कि.मी. दूर जगरांव रोड पर स्थित गत रात्रि एक ढाबे में मिलिटैंटों की धुंध फायरिंग से मारे गए (1) अश्विनी कुमार, (2) दलबीर सिंह, (3) अज्ञात व्यक्ति, राज कुमार उर्फ राजू, (5) कपिला, (6) राज कुमार, (7) सतीश कुमार पप्पू (ढाबा लिक) के शव तथा (8) सतीश कुमार की विलाप करती पत्नी व (9) वह स्थान जहां लिटैंटों ने उक्त ढाबे में वारदात की । (छाया : कम्बोज)

पंजाब में चुनाव फरवरी से पूर्व होंगे : चवन

नांदेड़, 10 अक्तूबर (प.स.) : केन्द्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन ने कहा है कि पंजाब में चुनाव फरवरी 1992 के पहले होंगे। पाकिस्तान के साथ युद्ध की संभावना से इन्कार करते हुए श्री चवन ने कल यहां सवाददाताओं को बताया कि पाकिस्तान द्वारा मिलिटैंटों की मदद करने के मसले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के राजनयिक प्रयासों द्वारा हल किया जाएगा।

नांदेड़ में सूखे की स्थिति के बावजूद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। गृहमंत्री ने बताया कि केन्द्रीय कल्याण मंत्री सीताराम केसरी और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस (इ) कमेटी के अध्यक्ष शिवाजी राव पाटिल निलंगेकर स्थानीय पार्टी नेताओं से बातचीत करके इस सीट के लिए उम्मीदवार का नाम तय करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद और निगम चुनावों को स्थगित कर दिया जाएगा। उर्वरकों में दी जाने वाली रियायत में कटौती को सही ठहराते हुए श्री चवन ने कहा कि इस कदम से किसानों का रुख उनकी पार्टी के प्रतिकूल नहीं हुआ है।

यू.पी. में अलर्ट

लखनऊ, 10 अक्तूबर (प.स.): रोमानिया के प्रभारी राजदूत लिविय् राडू के अपहरण के बाद यू.पी. में अलर्ट घोषित कर दिया गया है ।

वी.पी. द्वारा अजीत सिं प्रधान बनाने की पे

बेंगलूर, 10 अक्तूबर (प.स.) विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां श्री अजीत सिंह को जनता दल का सकता है, अगर इससे दल के म समाप्त करने में मदद मिले । दक्षिणी राज्यों के जनता दल पदाधि में कहा कि अगर जनता दल के व आंतरिक कलह को सुलझाने में सप उन्हें युवा नेतृत्व के लिए जगह छो श्री सिंह ने स्वीकार किया कि 'वास्तविक संकट' है । उन कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट गय केंद्रीय नेतृत्व के अभाव में दल ध पार्टी की भूमिका नहीं निभा पाएगा दल के अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने कहा कि अगर सर्वसम्मति से उम्मी हो सके तो वे श्री अजीत सिंह या वि पक्ष में पद छोड़ने के लिए तैयार हैं

भाजपा आगामी उपच बलबूते पर लड़ेगी

इंदौर, 10 अक्तूबर (प.स.): पार्टी के अध्यक्ष श्री मुरली मनोहर भाजपा आगामी उप-चुनाव अप लड़ेगी ।

आज यहां संवाददाताओं से च जोशी ने कहा कि 16 लोकस विधानसभा उपचुनावों में भाजपा गठजोड़ में शामिल नहीं होगी । जिन विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी सम्भावना नहीं होगी, इसे छोड़ा जा

उप-चुनाव बनाम मिनी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी लोकसभा के सभी सोलह तथा विध 58 सीटों पर अपने उम्मीदवार ख के उपाध्यक्ष के.आर. मलकानी ने ब ने उपचुनावों को मिनी-चुनाव के फैसला किया है ।

साम्बा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पंजाब के 6 मिलिटैंट मरे

जम्मू, 10 अक्तूबर (वार्ता, नि.स.): कल रात जम्मू के साम्बा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पंजाब के 6 मिलिटैंट मारे गए ।

सीमा सुरक्षा बल (जम्मू क्षेत्र) के महानिरीक्षक श्री आर.के. पंडित ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि रात साढ़े 11 बजे के लगभग गुलाहार सीमा चौकी के निकट से 6 मिलिटैंट पाक सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुस आए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जब उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने जवानों पर फायरिंग की । जवानों द्वारा जवाबी गोलीबारी किए जाने पर सभी 6 मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ लगभग 2 घंटे तक चली । घटनास्थल से 2 जनरल पर्पज़ मशीनगनें, 10 इम मैगजीन, 2 ए.के. 47 राइफलें, 2 पिस्तौलें, 2 मैगजीन, विभिन्न किस्मों के 3 हजार से अधिक कारतूस, 45 विस्फोटक छड़ें, 20 इलैक्ट्रिक डैटोनेटर, 5 टाइम पैंसिल बम, रिमोट कंट्रोल उपकरण, 10 मीटर इलैक्ट्रिक तार, कुछ अन्य विध्वंसक सामान तथा 20 हजार रुपए की भारतीय मुद्रा बरामद हुई है । मिलिटैंट उक्त हथियार पाकिस्तान से तस्करी करके ला रहे थे । पंजाब के मिलिटैंटों के साथ इस सैक्टर में सम्भवतः पहली बार इतना भीषण मुकाबला हुआ है ।

हत्या की धमकी : श्रीनगर (प.स.): जम्मू-कश्मीर के पूर्व खाद्य व परिवहन मंत्री श्री जी.एम. मीर लसजान के बेटे मीर नसरूल्ला का अपहरण करने वाले अलगाववादी संगठन इख्वानुल मुसलमीन ने धमकी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं तो मीर नसरूल्ला की हत्या कर दी जाएगी । 30 वर्षीय मीर नसरूल्ला को अलगाववादियों ने श्रीनगर से मंगलवार को अपहृत किया था ।

अलगाववादियों द्वारा अपहृत पूर्व मंत्री श्रीमती खेमलता वाखलू, उनके पति डा. ओ. एन. वाखलू तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री गुलामनबी आज़ाद के दो रिश्तेदारों श्री तस्सादक अहमद देव और श्री बी.ए. राठर समेत 8 बंधकों का कोई अता-पता नहीं मिला है ।

इस बीच कल शाम नारबल में अलगाववादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में अब्दुल रहमान गनई नामक एक व्यक्ति मारा गया ।

2 और घुसपैठिए मरे : उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में दो और घुसपैठिए सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । अनन्तनाग जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अलगाववादी मारा गया । दक्षिण कश्मीर में काजीगुंड से कल रात गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ ।

पंजाब में 3 मास में 491 मिलिटैंट मारे गए

नई दिल्ली, 10 अक्तूबर (प.स.): पंजाब में इस वर्ष अगस्त से लेकर अक्तूबर तक विभिन्न मुठभेड़ों और वारदातों में कम से कम 491 मिलिटैंट मारे गए । इनमें से 30 मिलिटैंट दुर्दांत थे । गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई ।

उपचुनावों के लिए मतदान अब 16 नवम्बर को, अधिसूचना जारी

दिल्ली, 10 अक्तूबर (वार्ता) : चुनाव आयोग विभिन्न राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 16 भा तथा 58 विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव के तदान की तारीख पूर्व घोषित तिथि से एक बजाय 19 नवम्बर हो गई है।

उत्तर प्रदेश के इटावा और बुलंदशहर संसदीय क्षेत्रों में उप-चुनाव की अधिसूचना जहां राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई है, वहीं निर्वाचन आयोग ने शेष

नांदेड़ तथा बारामती, उड़ीसा में ढेंकनाल, उत्तर प्रदेश में अमेठी, इटावा तथा बुलंदशहर, पश्चिम बंगाल में पुरुलिया और दिल्ली में नई दिल्ली।

अमेठी लोकसभा उप-चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निधन की वजह से हो रहा है।

वेंदुरथी मंडल प्रजा परिषद के अध्यक्ष वी. राम भूपाल नायडू, पगिडाला परिषद के प्रमुख एम. बिचम, नंदयाल नगर निगम के अध्यक्ष एस.एम.डी. नौमैन और नंदयाल के पूर्व सांसद जी. प्रताप रेड्डी ने श्री राव के नाम का प्रस्ताव किया। नंदयाल सीट से

Punjabi Sanatani

...ना तो पुलिस ने अवरोधक हटाने शुरू कर

कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी

कार्यकाल पूरा करेगी ।

पंजाब में 2 सरपंचों व एक ढाबा मालिक सहित 20 व्यक्तियों की हत्या : 4 मिलिटैंट भी मारे गए

...गढ़, 10 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में ...लिटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न ...में 2 सरपंचों व एक ढाबा मालिक सहित ...व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य ...अपहरण कर लिया गया और बम विस्फोट में 6 ...कर्मियों सहित 8 व्यक्ति घायल हो गए जबकि ...घटनाओं में 4 मिलिटैंट भी मारे गए तथा ...को गिरफ्तार कर लिया गया और ...750 रुपए की धनराशि लूट ली गई ।

...मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला ...के गांव नत्थू के बुर्ज में आज सायं ...लिबरेशन फोर्स का दुर्दांत मिलिटैंट ...सिंह गुट संघर्ष में मारा गया । वह 50 से ...हत्याओं में वांछित था तथा उस पर एक लाख ...का पुरस्कार घोषित था ।

एक व्यक्ति की हत्या, एक का शव मिला : जिला लुधियाना के गांव तलवंडी कलां में गत रात्रि मिलिटैंटों ने नछत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

> बम विस्फोट में 6 सुरक्षा कर्मियों समेत 8 व्यक्ति घायल, एक व्यक्ति का अपहरण : एक मिलिटैंट गिरफ्तार : 19,750 रुपए लूटे ।

पुलिस जिला मजीठा के ठठियां नामक गांव से कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव मिला है ।

अपहरण व लूट : लुधियाना के जगरांव इलाके में कल शाम मिलिटैंटों ने जीत सिंह का अपहरण कर लिया और साढ़े सोलह हजार रुपए लूट लिए ।

2 अज्ञात शव मिले : बटाला पुलिस जिले के अकनी गांव में दो अज्ञात शव मिले, जिन पर गोलियों के निशान थे । वहां से एक बंदूक, एक पिस्तौल, कुछ स्टिक बम तथा अनेक कारतूस बरामद हुए हैं ।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के खेला गांव में एक व्यक्ति कुलदीप सिंह की हत्या कर दी गई ।

अन्त्येष्टि : जिला रोपड़ के एस.पी. (मुख्यालय) जोगेंद्र सिंह खैरा की आज सायं यहां से 20 कि.मी. दूर जंडियाला स्थित उनके फार्म हाऊस में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि कर दी गई । कल मिलिटैंटों ने उनकी हत्या कर दी थी । उनकी चिता को अग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी । स्व. खैरा अपने पीछे विधवा, 3 पुत्र व 2 पुत्रियां छोड़ गए हैं । उनके अंतिम संस्कार में कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए ।

ढाबे पर फायरिंग, मालिक सहित सात मरे : रायकोट (राकेश): गत रात्रि यहां से 22 कि.मी. दूर मंडी मुल्लांपुर में तीन सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक ढाबा पर अंधाधुंधा फायरिंग करके ढाबा के मालिक तथा उसके पांच नौकरों सहित सात लोगों की निर्मम हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात्रि 11.30 बजे के लगभग तीन मिलिटैंटों ने स्थानीय पंडितों का ढाबा पर अचानक पैदल पहुंच कर वहां ट्रक चालकों आदि को भगा दिया तथा अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी,

(शेष पृष्ठ 10 पर)







...याना से करीब 15 कि.मी. दूर जगरांव रोड पर स्थित गत रात्रि एक ढाबे में मिलिटैंटों की ...धुंध फायरिंग से मारे गए (1) अश्विनी कुमार, (2) दलबीर सिंह, (3) अज्ञात व्यक्ति, ...राज कुमार उर्फ राजू, (5) कपिला, (6) राज कुमार, (7) सतीश कुमार पप्पू (ढाबा ...लिक) के शव तथा (8) सतीश कुमार की विलाप करती पत्नी व (9) वह स्थान जहां ...टैंटों ने उक्त ढाबे में वारदात की । (छाया : कम्बोज)

साम्बा सैक्टर में स... साथ मुठभेड़ में पंजा...

जम्मू, 10 अक्तूबर (वार्ता, नि.स.): कल रात जम्मू के साम्बा सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में पंजाब के 6 मिलिटैंट मारे गए ।

सीमा सुरक्षा बल (जम्मू क्षेत्र) के महानिरीक्षक श्री आर.के. पंडित ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि रात साढ़े 11 बजे के लगभग गुलहार सीमा चौकी के निकट से 6 मिलिटैंट पाक सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में घुस आए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जब उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने जवानों पर फायरिंग की । जवानों द्वारा जवाबी गोलीबारी किए जाने पर सभी 6 मिलिटैंट मारे गए । मुठभेड़ लगभग 2 घंटे तक चली । घटनास्थल से 2 जनरल पर्पज़ मशीनगनें, 10 ड्रम मैगज़ीन, 2 ए.के. 47 राइफलें, 2 पिस्तौलें, 2 मैगजीन, विभिन्न किस्मों के 3 हजार से अधिक कारतूस, 45 विस्फोटक छड़ें, 20 इलैक्ट्रिक डैटोनेटर, 5 टाइम पैंसिल बम, रिमोट कंट्रोल उपकरण, 10 मीटर इलैक्ट्रिक तार, कुछ अन्य विध्वंसक सामान तथा 20 हजार रुपए की भारतीय मुद्रा बरामद हुई है । मिलिटैंट उक्त हथियार पाकिस्तान से तस्करी करके ला रहे थे । पंजाब के मिलिटैंटों के साथ इस सैक्टर में सम्भवतः पहली बार इतना भीषण मुकाबला हुआ है ।

हत्या की धमकी : श्रीनगर (प.स.): जम्मू-कश्मीर के पूर्व खाद्य व परिवहन मंत्री श्री जी.एम. मीर लसजान के बेटे मीर नसरुल्ला का अपहरण करने वाले अलगाववादी संगठन इख्वानुल मुसलमीन ने धमकी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र

Jagbir Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिसके परिणामस्वरूप ढाबा का मालिक सतीश कुमार (पप्पू), उसके नौकर अश्विनी कुमार, राज कुमार, बलजीत, कपिला (बिहारी) तथा राजू के साथ एक राहगीर (जिसकी अभी पहचान नहीं हो सकी) मारे गए। इस हत्याकांड के बाद हमलावर मिलिटैंट पैदल ही फरार हो गए।

बताया जाता है कि घटना के समय ढाबे पर चार अन्य नौकर भी थे,जो किसी प्रकार बच गए। पुलिस को घटनास्थल से एके. 47 राइफल के चले हुए कई कारतूस मिले हैं। इस हत्याकांड के विरोध-स्वरूप आज कस्बा पूर्णत: बंद रहा।



जिला अमृतसर के मकबूलपुरा क्षेत्र में मिलिटैंटों के हाथों मारे गए 10 में से (1) व (2) दो व्यक्तियों के शव, (3) वह स्थान जहां वारदात हुई तथा (4) डी.आई.जी. श्री चालिया घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए । (छाया : रवि भंडारी)

सरपंच व उसके साथी की हत्या : गत सायं 6 बजे के लगभग पुलिस स्टेशन रायकोट के अन्तर्गत गांव बस्सियां के सरपंच कामरेड मघर सिंह तथा उसके साथी माला सिंह रमदासिया की मिलिटैंटों ने उनके ही गांव के बाहर गोलियां मार कर हत्या कर दी।

यह वारदात उस समय हुई जब सरपंच कामरेड मघर सिंह अपने साथी माला सिंह के साथ अपने खेतों से घर वापस आ रहा था। गांव के बाहर सूए पर छिपे बैठे दो मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग कर दी तथा उन दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए।

बताया जाता है कि स्कूटर मिलिटैंटों के पास पहले से ही था। पुलिस को घटनास्थल से 30 बोर के मोऊजर के कई खाली खोल मिले हैं।

3 बम विस्फोटों में 2 मरे, 8 घायल : बटाला (चौधरी, कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा श्रीहरगोबिन्दपुर में आज प्रात: 3 स्थानों पर बम विस्फोट होने से 2 व्यक्ति मारे गए तथा 8 अन्य घायल हो गए,जिनमें 6 पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने कस्बे के 3 स्थानों पर बम फिट कर रखे थे,जिनमें से एक बम चुंगी के निकट व दूसरा खोसला हार्डवेयर स्टोर के निकट फिट किया गया था। इनमें से चुंगी वाले बम का पुलिस को पता चल गया तथा जब एक विशेषज्ञ दल उसे निष्क्रिय करने के लिए जा रहा था तो खोसला हार्डवेयर स्टोर के निकट फिट किया गया बम फट गया, जिससे 6 पुलिस कर्मियों सहित 8 व्यक्ति घायल हो गए व 2 अन्य मारे गए। इनमें से 3 पुलिस कर्मियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल पुलिस कर्मियों के नाम सेवा चन्द, सतिन्दर सिंह, जसबीर सिंह, पवन कुमार, लखविन्दर सिंह, हरभजन चंद व एक बच्चा पवन कुमार है, जबकि एक अन्य घायल की पहचान नहीं हो सकी। मृतकों की शिनाख्त गुरदेव सिंह व जोगिन्दर सिंह के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि इस स्थान पर बम विस्फोट होने के बाद मिलिटैंटों ने ... डी.एस.पी. कंवरजीत सिंह के अनुसार इस दौरान अभी तक एक अज्ञात मिलिटैंट मारा जा चुका है तथा घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है। इन क्षेत्रों में कई अन्य मिलिटैंटों के छिपे होने की आशंका है, इसीलिए घेराबंदी जारी रखी गई है। उनका कहना था कि यह एक योजनाबद्ध अभियान है।

डी.आई.जी. सीमा क्षेत्र श्री आर.एस. चालिहा ने बताया है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़ धड़ा) और सुरक्षा बलों में मुठभेड़ आज चौथे दिन भी जारी रही । उन्होंने बताया कि मिलिटैंट अत्यन्त आधुनिक सीमैंट के बंकरों से फायरिंग कर रहे हैं और इसी कारण सुरक्षा कर्मी उन तक पहुंच नहीं सके । मिलिटैंट जनरल पर्पज़ मशीनगनों आदि आटोमैटिक हथियारों का प्रयोग कर रहे हैं । यह मुकाबिला गत सोमवार से जारी है, जब मिलिटैंटों की तलाश में मारे गए छापे के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया था ।

श्री चालिहा ने बताया कि एक नई बात का पता चला है कि मिलिटैंटों ने पक्के बंकरों के अतिरिक्त भूमिगत सीमैंट के ठिकाने भी बना रखे हैं, जो गांव की घनी आबादी के मध्य में हैं । अभी तक एक ऐसा बंकर तोड़ा जा सका है । उन्होंने कहा कि अधिक जनहानि को टालने के लिए सुरक्षा बल मिलिटैंटों को बाहर निकालने के लिए हथगोलों और मोर्टारों का प्रयोग नहीं कर रहे ।

मृतकों की शिनाख्त : गत रात्रि मिलिटैंटों ने मेहता रोड स्थित मकबूलपुरा क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जिन 6 जवानों, बैंक के 2 गार्डों व एक दम्पति की हत्या कर दी थी, उनकी शिनाख्त हो गई है। इनमें इंस्पैक्टर प्रेम सिंह, हैड-कांस्टेबल राज कुमार, नायक रणजीत सिंह, लांस नायक प्रकाश चन्द, कांस्टेबल हीरा प्रसाद व वाशरमैन रमेश चन्द्र तथा बैंक गार्ड दर्शन सिंह व मेजर सिंह और दम्पति जागीर सिंह एवं उसकी पत्नी कुलवंत कौर शामिल है।

डाक घर लूटा : (सोनी): पुलिस जिला तरनतारन के गांव कंग थाना सदर तरनतारन में स्थित डाकघर से आज दोपहर 12.30 बजे 2 ...

कार छीनी : जालंधर (वि.प्र.): स्थानीय लाजपत नगर निवासी नरेश कुमार कपूर ऑफ अमित इंडस्ट्रीज की मारुति कार सी.एच. OI/बी-1777 गत सायं 7 बजे के लगभग जी.टी. रोड फगवाड़ा से जालंधर की ओर रास्ते में तीन-चार किलोमीटर दूर दो सशस्त्र मारुति कार सवार युवकों द्वारा छीन लिए जाने का समाचार मिला है। श्री कपूर द्वारा थाना सदर फगवाड़ा में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार वह लुधियाना से सनमाइका व प्लाई खरीद कर आ रहे थे कि रास्ते में फगवाड़ा की जालंधर की ओर चुंगी से थोड़ा आगे निकलने पर पीछे से एक अन्य मारुति कार ओवरटेक करके सामने खड़ी हो गई, जिस पर उन्होंने भी कार रोक ली। तब उस मारुति में से रिवाल्वर लिए 25 वर्षीय एक पगड़ीधारी युवक बाहर आया और उनसे कार की चाबी छीन ली। उसके बाद एक अन्य 35 वर्षीय व्यक्ति कार में से बाहर आ गया और वह दोनों उनकी कार में बैठ कर जालंधर की ओर फरार हो गए और उनकी मारुति कार भी उनका ड्राइवर उनके पीछे ही ले गया।

एक व्यक्ति की हत्या : मोगा (आज़ाद): आज सायं 4 बजे के करीब स्थानीय मोगा-लुधियाना जरनैली सड़क पर मैसर्ज़ प्रकाश आटो सर्विस नामक पैट्रोल पम्प पर एक बन्दूकधारी व्यक्ति ने इकबाल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

प्राप्त विवरण के अनुसार एक जीप में सवार होकर एक व्यक्ति पैट्रोल पम्प पर आया तथा तब उसके साथ एक महिला व एक बच्ची भी थी । उसकी जीप के पीछे एक ड्रम भी पड़ा था । जीप सवार उस व्यक्ति ने पैट्रोल पम्प पर पहुंचते ही कटी हुई बैरल की अपनी 303 बोर की राइफल निकाली व पैट्रोल पम्प के कारिन्दों से करीब 8700 रुपए की धन-राशि छीन कर उनको पैट्रोल पम्प के एक कमरे में बंद कर दिया । इसी दौरान वहां इकबाल सिंह नामक एक व्यक्ति थ्री-व्हीलर में सवार होकर पैट्रोल लेने पहुंच गया, तब उक्त बन्दूकधारी व्यक्ति ने उसे भी पैट्रोल पम्प के एक कमरे में बंद हो जाने को कहा । इसी दौरान इकबाल सिंह उक्त बन्दूकधारी के साथ उलझ गया और उसने इकबाल सिंह को गोली मार दी व फरार हो गया । इकबाल सिंह की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : मोगा से आजाद द्वारा भेजी एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार एक जीप सवार व्यक्ति ने मोगा के निकट जितवाल गांव के सूद मोटर्ज नामक पैट्रोल पम्प से लगभग 12000 रुपए लूट लिए । लुटेरे के साथ एक स्त्री भी थी । उक्त लुटेरे ने कर्मचारियों से बंदूक की नोक पर यह राशि लूटी । फिर उनकी जीप तलवंडी दोसांझ के पास खड़ी मिली । बताया जाता है कि लुटेरे वहां से किसी की कार छीन कर फरार हो गए ।

संजय, अमिता को बरी करने के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका की आज्ञा दी जा सकती है

लखनऊ, 10 अक्तूबर (प.स.): उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सैयद मोदी हत्याकांड में पुनर्विचार के ...

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

कर्ज़ा

सरकार द्वारा आसान किस्तों एवं उचित ब्याजदर पर तुरन्त लोन प्राप्त करें, लघु/मध्यम/उच्चवर्गीय उद्योगों को लगाने/बढ़ाने के लिए अत्यन्त सुविधाएं : मिलें : डा. वर्मा, S.C.O.-94, सैक्टर 40-C, चंडीगढ़ (समय 10 से 2) (रविवार बंद) ।

(Ganukt/37J)

नाम परिवर्तन

मैंने अपने पुत्रों सर्वश्री दुर्गादास व चंडीदास के नाम बदल कर क्रमश: राजीव कुमार लखनपाल व संजीव कुमार लखनपाल रख दिए हैं । भविष्य में सभी दुर्गादास को राजीव कुमार लखनपाल व चंडीदास को संजीव कुमार लखनपाल कह कर संबोधित करें । निवेदक : कौशल्या देवी पत्नी श्री अमर नाथ, गांव दवड़ियाना, तप्पा वणी, डाकघर लोहारड़ा, तहसील बड़सर, व जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश ।

(Lalit N.A./60W)

तीर्थ यात्रा

तीन धाम सप्तपुरी द्वादश, ज्योति लिंग, गया, गंगासागर, पशुपतिनाथ, नेपाल, नासिक, गोदावरी, 65 तीर्थ सेमी डीलक्स बस द्वारा, किराया 2500/- रवानगी 23 दिसम्बर, वापसी 5 फरवरी । मिलें : हरी राम मल्होत्रा, नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) 174101, फोन : 3117.

(Himachal Book Depot/36W)

12 अक्तूबर से कालीदेवी पटियाला, फ्री यात्रा तथा 15 अक्तूबर चिन्तपूर्णी, ज्वालाजी किराया 80/- मिलें सुमित यात्रा समिति, चौड़ी सड़क, लुधियाना । फोन : 20393, 34521.

(NP/23JDC)

गुम शुदा

30.9.91 को एक ब्रीफ केस जिसमें हमारी 90-91 वर्ष की तथा कुछ पिछले सालों की अकाऊंट्स बुकें तथा जरूरी कागजात थे कटरा कन्हैया से कटरा शेर सिंह जाते हुए गिर गया है । पहुंचाने वाले को 1000/- रुपया ईनाम दिया जाएगा । कमल महाजन कटरा शेर सिंह अमृतसर ।

मेरा स्कूटर नं. PAU-7340 जो हथली खड्ड, हमीरपुर में खड़ा था, दिनांक 12.9.91 को वहां से कोई ले गया । अगर किसी को मिले तो इस पता पर सूचित करें । पता देने वाले को 1000 रुपए ईनाम दिया जाएगा । निवेदक : संजीव कुमार पुत्र बनारसी दास, न्यू रोड, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश ।

(Lalit N.A./50W)

जमीन/जायदाद/प्लाट

आकर्षक/अतिसुंदर रिहायशी प्लाट्स पूर्ण रूप ...

व्यापार

सर्वे के उपकरण जैसे डम्पी लैवल, थियोडोलाइट, लैवलिंग स्टाफ, कम्पास, लैवलस, प्लेन टेबलस तथा असैसरीज़ उपलब्ध हैं । ज्योतिविन एन्टरप्राइसिस, 101, बोरा बाज़ार, बम्बई-400001, टैली : 2617619.

(Rana Pub/MxW)

सार्वजनिक सूचना

Notice having been given of the loss of Policy Numbered 76162289 on the life of Mrs. Harkishan Kaur issued by B.O. Jagadhri, Duplicate Policy will be issued unless objection is lodged with us. Place Jagadhri. Sd/- Divisional Manager.

(Om Fanwa/38W)

पोल्ट्री

Fresh Farm Broiler at competitive retail rate Rs. 50 per K.G. Friend Poultry Centre, Meat Market, Sector 21-C, Chandigarh.

NECC Farmers Price for 11.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 73/-, Chandigarh Rs. 73.50/-, Ambala Rs. 73.50/-. NECC Suggested Retail Price 85 Ps per Egg.

(Kamal/27W)

आवश्यकता

आवश्यकता है हमीरपुर में शीघ्र खुलने वाली ऑटोमैटिक बेकरी प्लांट में कार्य करने हेतु निम्न आसामियों की : बेकर 4 पद, सहायक 4पद, अकाउंटैंट 2 पद, रिसैप्शनिस्ट 1 पद, क्लर्क 4 पद व चौकीदार/चपड़ासी 2 पद । वेतन योग्यतानुसार । शीघ्र मिलें या लिखें : निवेदक : परल प्रोडक्ट्स, 21-22, इण्डस्ट्रीयल एरिया, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश ।

(Lalit N.A./53W)

एक हैल्पर की डैंटल क्लीनिक में । तनख्वाह 700 रुपए प्रति माह । मिलें : डाक्टर अनेजा 1315, सैक्टर 15B, चंडीगढ़ ।

(Pushpak/18W)

रिटेल कपड़ा शोरूम के लिए सेल्समैन चाहिए । चड्ढा क्लाथ, सामने मंदिर शिवाला, बाग भाईयां, अमृतसर ।

(Milap/15W)

अर्जुनदास कालेज धर्मकोट (फिरोज़पुर) हिन्दी के एक लैक्चरार की छुट्टी की आसामी के विरुद्ध 6 महीने के लिए आवश्यकता है । वेतन एवं योग्यताएं डी.पी.आई/पंजाब यूनिवर्सिटी नियमानुसार । इंटरव्यू 16.10.91 को 11 बजे कालेज में होगी ।–प्रिंसीपल ।

(5734/MxW)

Wanted Typist-cum-Receptionist lady and boy. Urgent Contact-SV ...

Punjabi Sanatani

बताया जाता है कि स्कूटर मिलिटैंटों के पास पहले से ही था। पुलिस को घटनास्थल से 30 बोर के माऊजर के कई खाली खोल मिले हैं।

3 बम विस्फोटों में 2 मरे, 8 घायल : बटाला (चौधरी, कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा श्रीहरगोबिन्दपुर में आज प्रात: 3 स्थानों पर बम विस्फोट होने से 2 व्यक्ति मारे गए तथा 8 अन्य घायल हो गए, जिनमें 6 पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने कस्बे के 3 स्थानों पर बम फिट कर रखे थे, जिनमें से एक बम चुंगी के निकट व दूसरा खोसला हार्डवेयर स्टोर के निकट फिट किया गया था। इनमें से चुंगी वाले बम का पुलिस को पता चल गया तथा जब एक विशेषज्ञ दल उसे निष्क्रिय करने के लिए जा रहा था तो खोसला हार्डवेयर स्टोर के निकट फिट किया गया बम फट गया, जिससे 6 पुलिस कर्मियों सहित 8 व्यक्ति घायल हो गए व 2 अन्य मारे गए। इनमें से 3 पुलिस कर्मियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल पुलिस कर्मियों के नाम सेवा चन्द, सतिन्दर सिंह, जसबीर सिंह, पवन कुमार, लखविन्दर सिंह, हरभजन चंद व एक बच्चा पवन कुमार है, जबकि एक अन्य घायल की पहचान नहीं हो सकी। मृतकों की शिनाख्त गुरदेव सिंह व जोगिन्दर सिंह के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि इस स्थान पर बम विस्फोट होने के बाद मिलिटैंटों ने एक निकटवर्ती दुकान की छत पर से फायरिंग भी की। इसके बाद चुंगी के निकट फिट किए गए बम में भी विस्फोट हो गया।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार तीसरा बम विस्फोट भी हुआ, परन्तु भाग्यवश वहां कोई हानि नहीं हुई। पुलिस को संदेह है कि यह बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल के माध्यम से किए गए। 3 गंभीर घायलों को अमृतसर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शेष को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है।

आपसी रंजिश में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि मजीठा पुलिस थाना के अधीन सठियाला गांव में कुछ मिलिटैंटों ने कर्मजीत सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र बलवंत सिंह निवासी ढढियां की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक एक मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या भी आपसी रंजिश के कारण ही हुई।

गत रात्रि ही जंडियाला थाना के क्याला गांव में कुछ मिलिटैंटों ने कुलदीप सिंह पुत्र सूरजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार कुलदीप सिंह मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या भी आपसी रंजिश के परिणामस्वरूप ही हुई।

घेराबंदी जारी, एक मिलिटैंट मरा : परसों सायं से तरनतारन थाना के नागोके गांव की सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी लगातार जारी है। इसी कारण सुरक्षा कर्मी उन तक पहुंच नहीं सके। मिलिटैंट जनरल पर्पज मशीनगनों आदि आटोमैटिक हथियारों का प्रयोग कर रहे हैं। यह मुकाबला गत सोमवार से जारी है, जब मिलिटैंटों की तलाश में मारे गए छापे के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया था।

श्री चालिहा ने बताया कि एक नई बात का पता चला है कि मिलिटैंटों ने पक्के बंकरों के अतिरिक्त भूमिगत सीमैंट के ठिकाने भी बना रखे हैं, जो गांव की घनी आबादी के मध्य में हैं। अभी तक एक ऐसा बंकर तोड़ा जा सका है। उन्होंने कहा कि अधिक जनहानि को टालने के लिए सुरक्षा बल मिलिटैंटों को बाहर निकालने के लिए हथगोलों और मोर्टारों का प्रयोग नहीं कर रहे।

मृतकों की शिनाख्त : गत रात्रि मिलिटैंटों ने मेहता रोड स्थित मकबूलपुरा क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जिन 6 जवानों, बैंक के 2 गार्डों व एक दम्पति की हत्या कर दी थी, उनकी शिनाख्त हो गई है। इनमें इंस्पैक्टर प्रेम सिंह, हैड-कांस्टेबल राज कुमार, नायक रणजीत सिंह, लांस नायक प्रकाश चन्द, कांस्टेबल हीरा प्रसाद व वाशरमैन रमेश चन्द्र तथा बैंक गार्ड दर्शन सिंह व मेजर सिंह और दम्पति जागीर सिंह एवं उसकी पत्नी कुलवंत कौर शामिल हैं।

डाक घर लूटा : (सोनी): पुलिस जिला तरनतारन के गांव कंग थाना सदर तरनतारन में स्थित डाकघर से आज दोपहर 12.30 बजे 2 लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर 3250 रुपए लूट लिए।

सरपंच व उसके 2 बेटों की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि लगभग 20 सशस्त्र मिलिटैंटों ने थाना माहिलपुर के अधीन नमोलियां गांव में सरपंच गुलज़ारा सिंह व उसके दो बेटों सुखबीर सिंह व लखविन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना रात्रि 8 बजे के लगभग घटी, लेकिन इसकी सूचना आज प्रात: साढ़े 7 बजे ग्राम के चौकीदार ने पुलिस को दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन्हीं मिलिटैंटों ने नमोलियां ग्राम में शराब के ठेके को तोड़ कर आग लगा दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

मिलिटैंट गिरफ्तार : जलालाबाद (अनेजा): गत रात्रि पुलिस के एक नाका दल ने गांव बाह्मणीवाला के निकट से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उक्त मिलिटैंट संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था तथा जब उसे ललकारा गया तो उसने भागने की कोशिश की परन्तु पुलिस दल ने पीछा करके उसे काबू कर लिया। इसकी शिनाख्त महिन्दर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी गांव बुड्ढी के रूप में हुई है तथा इसके कब्जे से 38 बोर की एक पिस्तौल मिली है।

पैट्रोल पम्प लूट लिया : मोगा से आजाद द्वारा भेजी एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार एक जीप सवार व्यक्ति ने मोगा के निकट जितवाल गांव के सूद मोटर्ज नामक पैट्रोल पम्प से लगभग 12000 रुपए लूट लिए। लुटेरे के साथ एक स्त्री भी थी। उक्त लुटेरे ने कर्मचारियों से बंदूक की नोक पर यह राशि लूटी। फिर उनकी जीप तलवंडी दोसांझ के पास खड़ी मिली। बताया जाता है कि लुटेरे वहां से किसी की कार छीन कर फरार हो गए।

संजय, अमिता को बरी करने के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका की आज्ञा दी जा सकती है

लखनऊ, 10 अक्तूबर (पी.स.): उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सैयद मोदी हत्याकांड में पुनर्विचार के अनुरोध की सुनवाई इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति के.सी. भार्गव के समक्ष आज यहां शुरू हुई। सी.बी.आई. के विशेष वकील एस.जी. सावंत ने अपने प्रत्युत्तर तर्क में कहा कि सत्र न्यायाधीश द्वारा संजय सिंह और अमिता मोदी की ओर से किये गये तर्कों का उत्तर दे रहे थे। श्री जेठमलानी ने कहा था कि अभियोजना पक्ष ने अपराध के 'इरादे' के बारे में अपना नज़रिया बदल लिया है। इसका उत्तर देते हुए श्री सावंत ने कहा कि मकदमे के दौरान जज रिकार्ड पर आये साक्ष्य से कोई भी नतीजा निकाल सकता है।

बहस कल भी जारी रहेगी।

धार्मिक समाचार

जालन्धर, 10 अक्तूबर : वैष्णो नवयुवक सभा की ओर से तीसरा वार्षिक जगराता 12 अक्तूबर को शिव मंदिर, शिव बाड़ी बाजार, धोबी मुहल्ला, जालन्धर में आयोजित किया जाएगा।

लुधियाना : यंग क्लब, इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कालोनी, दशमेश नगर, लुधियाना द्वारा 12 अक्तूबर को आयोजित किए जाने वाले प्रथम भगवती जागरण में अशोक चंचल एवं साथी तथा सुषमा शर्मा एवं साथी महामाई का गुणगान करेंगे।

भगन्दर / बवासीर का
सूत्र शल्य विधि द्वारा बिना तकलीफ ईलाज होता है
डा. बंगाली हस्पताल
Dr. BENGALI

पहली बरस

बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय श्री देवेंद्र कुमार बजाज का 21.11.90 को स्वर्गवास हो गया था। उनकी पहली पुण्य तिथि पर रखे गए श्री रामायण के पाठ का भोग 11.10.91, दिन शुक्रवार, को हमारे निवास-स्थान 15, बंदा बहादर नगर, नज़दीक भाटिया अस्पताल, जालंधर पर सुबह 11 बजे से 12 बजे तक पड़ेगा।

–: शोकाकुल :–

शशी बजाज (पत्नी) अनिल बजाज (सुपुत्र)

Punjab Samachar

72 घंटे के मुकाबले के बाद सुरक्षा बलों ने 6 दुर्दांत मिलिटैंट मार गिराए

पंजाब में अन्यत्र विभिन्न घटनाओं के दौरान 9 अन्य मिलिटैंट मरे, एक ने आत्महत्या कर ली

राज्य में एक दम्पति सहित 6 व्यक्तियों की निर्मम हत्या, बम विस्फोट में महिला मरी

पंजाब रोडवेज़ की बस अग्नि-भेंट : 20000 रुपए लूटे

चंडीगढ़, 11 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में ज़िला तरनतारन के गांव नागोके में सुरक्षा बलों ने 72 घंटे के मुकाबले के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के 6 दुर्दांत अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया तथा गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 9 अन्य मिलिटैंट मारे गए और एक ने आत्महत्या कर ली जबकि विभिन्न वारदातों के दौरान एक दम्पति सहित 7 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी गई व बम विस्फोट में एक महिला मारी गई । इसके अलावा पंजाब रोडवेज़ की एक बस अग्निभेंट कर दी गई व 20,000 रुपए की धन राशि लूट ली गई जबकि 4 मिलिटैंट गिरफ्तार भी किए गए ।

5 मिलिटैंटों के छलनी शव बरामद : तरनतारन पुलिस ज़िले में नागोके गांव के बाहर 5 मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए गए हैं, इनकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, एक अन्य राइफल, एक दुनाली बन्दूक, विस्फोटक सामग्री तथा गोला बारूद बरामद किया गया है । इस प्रकार अब तक के इस सबसे बड़े मुकाबले में मारे गए मिलिटैंटों की संख्या 6 हो गई है । यह मुकाबला गत सोमवार की प्रातः ही घेराबंदी के बाद शुरू हो गया था ।

पुलिस के अनुसार उक्त 5 मिलिटैंट आज तड़के उस समय मारे गए जब उन्होंने सुरक्षा बलों का घेरा तोड़ने की कोशिश की ।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों को नागोके गांव में कुछ शीर्षस्थ मिलिटैंटों के छिपे होने की सूचना मिली थी तथा उच्चाधिकारियों ने तुरन्त ही कार्रवाई करते हुए सुनियोजित तरीके से उक्त गांव की घेराबंदी कर ली और उसके तुरन्त बाद ही मुकाबला शुरू हो गया । मिलिटैंटों की ओर से रुक-रुक कर फायरिंग करने का क्रम आज प्रातः 11 बजे तक भी चलता रहा ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के लिए अपने उक्त आश्रयस्थल में बंकर भी बनाए हुए हैं । यह मिलिटैंट एक फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं ।

यह मुकाबला 72 घंटे से भी अधिक समय तक चला ।

एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार मारे गए उक्त 6 मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स के हैं । एक मिलिटैंट का छलनी शव गत दिवस बरामद किया गया था ।

विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट मरे : मजीठा में अलग-अलग घटनाओं में चार मिलिटैंट मारे गए हैं । इनके कब्जे से दो .12 बोर की बन्दूकें, एक डी.बी.बी.एल. बन्दूक और अनेक कारतूस बरामद किए गए हैं ।

मजीठा पुलिस ज़िले के दिवयाला गांव में कल कुछ मिलिटैंटों ने अपने साथी कुलदीप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : भटिंडा ज़िले के बुर्ज थरोड़े गांव के निकट कल शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है । मुठभेड़ स्थल से एक बंदूक भी बरामद की गई ।

लुटेरा मिलिटैंट मारा गया : फरीदकोट ज़िले में कल दो पैट्रोल पम्पों से रुपए लूट कर भाग रहा एक मिलिटैंट मलकीयत सिंह अजीतवाल पैट्रोल पम्प के पास मारा गया । लूटी हुई राशि भी उसके पास से बरामद हो गई है ।

मुकाबले में एक मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिला के ममदोट क्षेत्र में स्थित गांव मेहमा के निकट आज रात सुरक्षा बलों ने अनूप सिंह नामक एक मिलिटैंट को मार गिराया । उक्त मिलिटैंट ने सुरक्षा कर्मियों द्वारा चुनौती दिए जाने पर फायरिंग की थी । मुठभेड़ लगभग आधा घंटा तक चली ।

दुर्दांत मिलिटैंट मरा : ज़िला फिरोज़पुर के गांव कौर सिंह वाला में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लखबीर सिंह उर्फ लक्खा नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट मारा गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने अमृतसर ज़िले के एक गांव में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

महिला की हत्या : संगरूर ज़िले के धनौला गांव में मिलिटैंटों ने जोगिन्दर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : ज़िला लुधियाना के गांव अस्सीकलां में मिलिटैंटों ने सरिन्दर कुमार नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी है ।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : इसी दौरान चार मिलिटैंटों को भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया गया है ।

बम विस्फोट में महिला मरी : लुधियाना (मुसाफिर): यहां से 6 किलोमीटर दूर पक्खोवाल रोड पर स्थित गांव में बाज़ीगरों के डेरे पर शिंगारा राम के घर के प्रांगण में आज प्रातः बम धमाके से उसकी पत्नी हरबंस कौर के शरीर के चिथड़े उड़ गए । वह उस वक्त प्रांगण में झाड़ू लगा रही थी । जैसे ही झाड़ू ने प्लास्टिक के लिफाफे को छुआ जिसमें बम रखा हुआ था तो वह फट गया जिससे जोरदार धमाका हुआ, पास के कमरे के बाहर बैठे पति-पत्नी अमर कुमार व साध्वी और उनकी 4 वर्षीय बच्ची रज्जी भी घायल हो गई । उन्हें सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । चार साल पहले शिंगारा राम के बेटे राज कुमार की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी । बम का लिफाफा प्रांगण में पड़े कबाड़ में ही था, जो आज फट गया ।

2 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): मजीठा थाना के अधीन गांव भंगाली खुर्द में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने मुख्तियार सिंह पुत्र उधम सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से जबरदस्ती बाहर निकाला व गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी ।

मजीठा थाना के ही अधीन गत रात्रि जलालपुर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने राजिन्दर सिंह पुत्र लछमन सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जिला फिरोज़पुर के गांव किल्ली बोदला में गत दिनों सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल (1) जोगिन्दर सिंह उर्फ मिन्नी बाबा निवासी गांव सूदां का शव तथा जिस घर में उक्त मुकाबला हुआ, वहां रहने वाले परिवार के सदस्यों (2) अजीत सिंह पुत्र मलूक सिंह, (3) इकबाल कौर पत्नी मलूक सिंह, (4) सुखविन्दर सिंह उर्फ बिल्लू पुत्र दलबीर सिंह, (5) प्रीतम कौर पत्नी दलबीर सिंह, (6) गुरबख्श कौर पत्नी अजीत सिंह (7) निर्मल कौर पत्नी मनजिन्दर सिंह व (8) राजू पुत्र दलबीर सिंह के शव

अजीत सिंह ने जनता दल अध्यक्ष पद की पेशकश ठुकराई

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (प.स.): जनता दल के नेता श्री अजीत सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की इस पेशकश को ठुकरा दिया है कि वह (अजीत सिंह) पार्टी नेतृत्व सम्भाल लें ।

श्री सिंह ने आज यहां कहा कि "यह पेशकश मेरी समझ से बाहर है । सवाल पद का नहीं है । पूरे मामले को इस तरह उभारा जा रहा है कि मैं पद के पीछे दौड़ रहा हूं ।"

वधरना भी शामिल है। दल के प्रवक्ता श्री हरि किशोर सिंह ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही ।

जद बैठक 13 को : जनता दल के राजनीतिक मामलों की समिति की 13 अक्तूबर की बैठक काफी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसमें दल के एक प्रमुख नेता श्री जार्ज फर्नांडीज़ के इस्तीफे, उत्तर प्रदेश में समाजवादी जनता पार्टी के साथ अगले

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बस अग्नि भेंट : मजीठा थाना के अधीन गत सायं गांव संगतपुरा में कुछ मिलिटैंटों ने पंजाब रोडवेज की एक बस को रोक कर उसमें से सभी यात्रियों को बाहर निकाल कर एक ट्रक में बिठाया व बस को आग लगा दी । इन मिलिटैंटों ने यात्रियों को अपने नाम गुरमेज सिंह गेजा, सुखदेव सिंह व जस्सा सिंह निवासी गांव छछोवालियां बताए तथा कहा कि वे बब्बर खालसा से संबंधित हैं । उसके बाद उन्होंने ट्रक में बैठे यात्रियों को उनके गंतव्य स्थल की ओर रवाना कर दिया ।

20,000 की लूट, लुटेरे मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : आज दोपहर करीब 1.30 बजे कटरा बग्गियां क्षेत्र में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में से जब हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति 20,000 रुपए की रकम निकलवा कर आ रहा था तो 2 लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर उससे वह धन राशि छीन ली और जब वे भागने लगे तो हरजीत सिंह ने शोर मचा दिया । शोर सुन कर एक निकटवर्ती चाय की दकान पर बैठे हो.पी. (1) के दो गनमैनों ने फायरिंग कर दी परन्तु लुटेरे भाग निकले । इस पर दोनों गनमैनों व बाजार के लोगों ने उक्त लुटेरों का पीछा किया और उन्हें रामबाग क्षेत्र में जा दबोचा । मगर फिर भी केवल एक लुटेरा मिलिटैंट ही हाथ आया जबकि दूसरा फरार होने में सफल हो गया । काबू आए एक लुटेरे मिलिटैंट की लोगों ने जम कर पिटाई की परन्तु उसने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । उसकी तलाशी लेने पर लूटी गई 1000 रुपए की रकम व एक परिचय पत्र मिला है जिस पर रविन्दर सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी कोटली कत्थूनगल व जारीकर्ता प्रताप पेपर मिल शेखूपुरा गांव थाना जयंतीपुर लिखा है ।

दम्पति की फांसी देकर हत्या : (अशोक सोनी): जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जिला अमृतसर के गांव खुरमानियां थाना छहर्टा में मिलिटैंटों ने एक दम्पति सुखदेव सिंह व रणजीत कौर को उनके घर से बाहर ले जाकर उनके गले में फंदा डाल कर फांसी लगा कर उनकी हत्या कर दी ।

चौकी पर बम फैंका : रैय्या (फौजी): गत रात्रि यहां से कुछ मील दूर गांव वडाला कलां में मिलिटैंटों ने एक सुरक्षा चौकी पर बम फैंका व फायरिंग की । मगर किसी भी प्रकार की हानि की रिपोर्ट नहीं है ।

एस.एच.ओ. पर हमला : थाना ब्यास के एस.एच.ओ. जसवंत सिंह पर आज गांव पंदेयो में कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग की परन्तु वह बाल-बाल बच गए ।

बम विस्फोट : आज सायं 6.15 बजे अमृतसर के हाल बाजार में एक भीषण बम विस्फोट होने से लोगों में आतंक फैल गया । हाल गेट पर तैनात पुलिस कर्मी तुरन्त वहां पहुंचे तथा पाया कि हाल बाजार की एक निकटवर्ती गली में किसी शरारती ने स्वनिर्मित विस्फोटक से यह विस्फोटक किया था। इस विस्फोटक से निकटवर्ती भवनों के शीशे भी टूट गए परन्तु किसी भी प्रकार की प्राणहानि की सूचना नहीं है।

एक व्यक्ति का अपहरण : संगरूर (गर्ग) : गत सायं यहां से करीब 30 कि. मी. दूर गांव लहरागागा में 5 मिलिटैंटों के गिरोह ने सुरिन्दर पाल नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

चवन शीघ्र जम्मू-कश्मीर जाएंगे

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (वार्ता): केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन शीघ्र जम्मू-कश्मीर जाएंगे । वह खास तौर पर राज्य के सीमा क्षेत्रों का दौरा करेंगे । यह पग घाटी में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए केंद्रीय पगों का एक हिस्सा है ।

Punjab Kesari Jalandhar

लोगों ने पीट-पीट कर मिलिटैंट को मार डाला, अन्यत्र 6 मरे : 7 निर्दोषों की हत्या : बटाला के एस.एस.पी. पर हमला

चंडीगढ़, 12 अक्तूबर (वार्ता,प.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने 4 खतरनाक मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल गुरबचन सिंह डोगर के गुट का सफाया कर दिया है तथा 2 अन्य मिलिटैंटों को भी काबू कर लिया है जबकि गत सायं से विभिन्न घटनाओं में 6 मिलिटैंट मारे भी गए और एक अन्य मिलिटैंट को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । इसके अलावा 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया, जबकि बटाला के एस. एस. पी. एक घातक हमले में बाल-बाल बच गए ।

पाक नागरिक सहित 2 रेलयात्री घायल : अमृतसर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज सायं जालन्धर-अमृतसर सैक्शन पर बुटारी व टांगरा रेलवे स्टेशनों के मध्य 8101-अप मूरी एक्सप्रैस में यात्रा कर रहे सरकारी रेलवे पुलिस के एक जवान जसपाल सिंह की राइफल से अचानक गोली चलने के कारण एक पाक नागरिक सहित 2 यात्री घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार उक्त जवान की इस लापरवाही के विरुद्ध विभागीय जांच की जाएगी। वह जवान सुरक्षा गार्द का सदस्य है।

इस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस रेलगाड़ी पर मिलिटैंटों ने फायरिंग नहीं की थी। इससे पूर्व कहा गया था कि इसी रेलगाड़ी पर मिलिटैंटों की फायरिंग से एक महिला घायल हो गई है।

इस वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उक्त घायलों के नाम मेजर सिंह व एक पाक नागरिक खालिदा जेलम हैं। रेलवे के एक प्रवक्ता के अनुसार मूरी एक्सप्रैस इस समय अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से चल रही है।

उल्लेखनीय है कि जहां यह घटना हुई वहां रैय्या के निकट राज्यपाल के सलाहकार के.एल. बत्स की अध्यक्षता में खुले दरबार का आयोजन किया जा रहा था।

एस.एस.पी. पर हमला : कल रात बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीता राम मिलिटैंटों के एक हमले में बच गए । श्री सीता राम अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ अमृतसर से बटाला लौट रहे थे कि रास्ते में बटाला पुलिस जिले के पाखरपुर गांव के पास मिलिटैंटों ने उनके काफिले पर घात लगा कर हमला कर दिया । मिलिटैंटों ने करीब 20 मिनट तक गोलीबारी की लेकिन सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने पर वे भाग गए ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने अपने प्रतिद्वंद्वी बिट्टू की कल रात अमृतसर के सुल्तानविंड क्षेत्र में गोली मार कर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : पांच मिलिटैंटों ने आज तड़के लुधियाना जिले के लांधा गांव में जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोली मार कर हत्या कर दी ।

अपहृत की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): घरिन्डा थाना के अधीन कल्ला गांव के निवासी हरबंस सिंह पुत्र लाभ सिंह का शव आज प्रातः कल्लेवाल गांव में से मिला है। उसका गत 10 अक्तूबर को अपहरण कर लिया गया था। शव की स्थिति से अनुमान लगाया गया है कि हत्या से पूर्व अपहृत पर काफी अत्याचार किए गए। पुलिस के अनुसार यह आपसी रंजिश का मामला है।

2 मिलिटैंट मारे गए : पुलिस जिला तरनतारन (अमृतसर) के गांव ढंड के निकट आज रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । विवरणों की प्रतीक्षा है ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : श्रीहरगोबिन्दपुर थाना के अधीन गत रात्रि दकोया गांव में पुलिस व सुरक्षा बलों ने गश्त के दौरान 2 संदिग्ध मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने का संकेत दिया, परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाबी फायरिंग किए जाने से उनमें से एक संदिग्ध मिलिटैंट मारा गया तथा दूसरा फरार होने में सफल हो गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

3 व्यक्तियों की हत्या : पट्टी की दाना मंडी में आज कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने 3 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इनमें से एक मृतक की शिनाख्त करतार सिंह निवासी बरवाला के रूप में हुई है।

मेयर पट्टी से 'स' के अनुसार इस फायरिंग से 3 व्यक्तियों की मृत्यु होने के अलावा 2 अन्य व्यक्ति घायल भी हो गए हैं। एस.एस.पी. सुखदेव सिंह ने बताया कि मृतकों में एक किसान निरवैर सिंह भी शामिल है,जबकि तीसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

स्पष्टीकरण : एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार कुल रामबाग क्षेत्र में जिस मिलिटैंट ने हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति से 20,000 रुपए की रकम छीनी थी तथा बाद में साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी, उसकी तलाशी लेने पर लूट की 20,000 रुपए की पूरी रकम मिल गई है। पहले यह कहा गया था कि उसके कब्जे से लूटी राशि में से एक हजार रुपया ही बरामद हुआ है।

ए.एस.आई. के पुत्र का अपहरण : कोहलूवान (सर्बजीत): गत रात्रि यहां से एक मील दूर गांव बख्शीवाल में मिलिटैंटों ने एक ए.एस.आई. चनन सिंह के 18 वर्षीय पुत्र कुलविन्दर सिंह का अपहरण कर लिया। उसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

एक अन्य व्यक्ति का अपहरण : बलदेव सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति का गांव आनेपुर में से अपहरण कर लिया गया है।

पुलिस चौकी पर फायरिंग : गत रात्रि मिलिटैंटों ने कलानौर से कुछ मील दूर गांव बडाला बांगर में सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर फायरिंग की। जवानों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर हमलावर मिलिटैंट भाग निकले। उनकी संख्या करीब 18 थी, मगर पुलिस आज प्रातः 9 बजे घटनास्थल पर पहुंची। (शेष पृष्ठ 10 पर)

COMPLETE
HEART
CHECK-UP & CARE
WITH .
- ECHOCARDIOGRAPHY
- TREADMILL STRESS TEST (TMT)
- 12 CHANNEL ECG
- 24 Hrs. HOLTER MONITORING
- CHEST FUNCTION TESTS
- MONITOR & DEFIBRILATOR

DR. SETHI'S
SCAN & HEART DIAGNOSTIC-CLINIC
513, New Jawahar Nagar, Jalandhar. ✆ : 55855
LATEST COMPUTERISED UNITS

Punjab Gradation



लुधियाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चार खतरनाक मिलिटैंट (ऊपर) राजिंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह व सुरिंदर सिंह जिन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को पत्रकारों के सामने पेश किया तथा (नीचे) उक्त मिलिटैंटों से जब्त किए गए हथियार, गोली-सिक्का व अन्य वस्तुएं ।

(छाया : जगमोहन कम्बोज)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

दो मिलिटैंट हथियारों सहित काबू : होशियारपुर (वि.प्र.): गत रात्रि थाना टांडा के अधीन नंगल खूंगा ग्राम के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् पुलिस ने दो मिलिटैंटों बलविन्द्र सिंह व कश्मीरा सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों मिलिटैंट ज़िला गुरदासपुर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों के कब्जे से दो पिस्तौल व बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए हैं। प्रवक्ता के अनुसार दोनों से पूछताछ की जा रही है।

4 खतरनाक मिलिटैंट गिरफ्तार : लुधियाना (विनोद महिन्द्रा, कम्बोज, धीमान, मुसाफिर) : जिला पुलिस ने चार खतरनाक मिलिटैंट गिरफ्तार करके जबरदस्त सफलता प्राप्त की है तथा इन गिरफ्तार हुए मिलिटैंटों से पुलिस को बहुत से सुराग मिले हैं।

आज जिला पुलिस प्रमुख अनिल कुमार शर्मा ने एक पत्रकार सम्मेलन में रहस्योद्घाटन किया कि ये खतरनाक मिलिटैंट कालेज तथा स्कूलों के छात्र हैं। उन्होंने विवरण के साथ बताया कि राजेन्द्र सिंह बी. एस. सी. सुपर फाईनल पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना, गुरप्रीत सिंह माया नगर निवासी जो एक बैंक मैनेजर का बेटा तथा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज भटिंडा का छात्र है, सुरजीत सिंह संत नगर लुधियाना मल्टीपर्पज स्कूल सिनेमा रोड का छात्र है तथा सुरिन्द्र सिंह जनता नगर का निवासी है, जिसने लुधियाना के राजकीय कालेज से बी. काम की थी तथा अब वह एम. बी. ए. चंडीगढ़ में पढ़ रहा था।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि इन मिलिटैंटों का छात्र संघ (दलजीत बिट्टू गुट) से सम्बन्ध है तथा ये लैफ्टीनैंट जनरल गुरबचन सिंह डोगर के नेतृत्व में वारदातें करते थे, जो पुलिस मुकाबले में मारा जा चुका है। श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि इसी गुट के 15 मिलिटैंट पिछले 6 माह में जिला लुधियाना तथा इसके इर्द-गिर्द मारे जा चुके हैं। इन मृतकों में डाक्टर बलजिन्दर सिंह, सुखदेव सिंह, सुक्खा सिंह, मेजर सिंह गिल, जगजीत सिंह, सुखवन्त सिंह, पलविन्दर सिंह लाडो शामिल है। उन्होंने सात वारदातें, अपहरण व लूटमार आदि की भी की है। इन मिलिटैंटों ने पूछताछ के दौरान बताया कि भविष्य में उनकी योजना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को बम-धमाकों से मारने की थी। उन्होंने बिहार से 200 विस्फोटक मंगवाए थे तथा एक मिलिटैंट रणबीर सिंह खालसा ने इस काम में उनका साथ दिया। श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से 150 विस्फोटक बरामद किए हैं।

श्री अनिल शर्मा ने बताया कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि एक पुलिस अधिकारी श्री चोपड़ा का बेटा डाक्टर भूपिन्द्र सिंह व एस. एच. ओ. पुरुषोत्तम सिंह के बेटे का भी उन्होंने अपहरण किया था। इसके अलावा राहों रोड लुधियाना से एक उद्योगपति विपन जैन का अपहरण किया तथा उससे 5 लाख रुपए भी लिए। इसके अतिरिक्त मंडी अहमदगढ़ से एक आढ़ती, शिमलापुरी लुधियाना से एक चक्की वाला, एक भट्ठा मालिक, नीलोपुर लुधियाना से तीन व्यापारियों का भी उन्होंने अपहरण किया था तथा राल्सन फैक्टरी वाले का भी अपहरण करने का नाकाम प्रयास किया। इस प्रकार उन्होंने 13 लाख रुपए की राशि वसूल करके रणबीर सिंह खालसा के जरिये सीमा पर भेजी थी ताकि उनके एक साथी की स्मृति में गुरुद्वारा बनाया जाए। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया है कि उनके ठिकाने साहनेवाल सदर तथा पायल के ग्रामों में थे।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि पुलिस ने इन मिलिटैंटों के अतिरिक्त आधी दर्जन के लगभग उनके शरणदाताओं को भी गिरफ्तार किया है, जिनमें संगोवाल का सरपंच हरपाल सिंह, गिल का सरपंच हरचरण सिंह भी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त जगपाल सिंह जग्गी साहनेवाल, अजीत सिंह खानपुर भी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इन्हें शरण देते थे। उन्होंने बताया कि ये मिलिटैंट डैटोनेटर की प्रतीक्षा में था ताकि उनके साथी छोटे-छोटे ग्रामों में धमाके करें। पुलिस की जांच में इन मिलिटैंटों ने यह भी स्वीकार किया है कि गत 22 जून को आम चुनाव बारे पोस्टर भी उन्होंने ग्रामों में लगाए थे ताकि लोगों में आतंक पैदा किया जाए। उन्होंने इस अवधि के दौरान 14 नागरिकों की हत्या की थी, जिनमें भगवानपुरा का निक्का सिंह सरपंच, पांच पुलिस वाले तथा सी. आर. पी. एफ. के जवान भी हत्या में शामिल थे तथा 7 अन्य पुलिस वालों को उन्होंने घायल भी किया।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि राजेन्द्र सिंह थाना नवांशहर जिला जालन्धर निवासी है। मिलिटैंट गुरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह तथा सुरिन्द्र सिंह लुधियाना के निवासी हैं। मिलिटैंट गुरप्रीत सिंह छात्र संघ दलजीत सिंह बिट्टू का संयुक्त सचिव है। वह गत दो माह से भूमिगत था। इस प्रकार लैफ्टीनैंट जनरल गुरबचन सिंह डोगर के गुट का सफाया कर दिया गया है। इस गिरोह से चार ए. के. 47 एक असाल्ट राईफल, एक एस. एल. आर., पांच माऊज़र रिवाल्वर, एक अन्य रिवाल्वर, दो बम, दो डैटोनेटर, एक मारुति कार मिले हैं।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि ग्रामों के कुछ लोग भी इन मिलिटैंटों को पनाह देते थे तथा उनकी शस्त्र छिपाने में सहायता करते थे। जो लोग अपहृत किए जाते थे, उन्हें माछीवाड़ा, साहनेवाल तथा सदर के क्षेत्रों में रखा जाता था।

लोगों ने मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : बरनाला, (जिंदल): आज रात्रि साढ़े 7 बजे फरवाही बाजार में गीता भवन के निकट 3 मिलिटैंटों ने मोती राम के ऊपर गोली चला कर उसको घायल कर दिया । इस पर भड़के लोगों ने एक मिलिटैंट को पकड़ कर पीट-पीट कर मार दिया । मृत मिलिटैंट के 2 साथी भाग जाने में सफल रहे ।

व्यापारी सहित 3 की हत्या : आज रात्रि पौने 7 बजे बरनाला-संगरूर सड़क पर स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने मारुति वैन पर फायरिंग करके बरनाला के एक व्यापारी और बडवर में पैट्रोल पम्प के मालिक श्री हरबंस लाल, उनके गनमैन और ड्राईवर की हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया । घायल को सी.एम.सी. लुधियाना में ले जाया गया है । बताया जाता है कि श्री हरबंस लाल आढ़ती फर्म नौहरचंद हरबंस लाल भैणीवाले के मालिक थे । कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया है कि जब घायलों को सिविल अस्पताल बरनाला में लाया गया तो एस.एम.ओ. का व्यवहार ठीक नहीं था और उन्होंने घायल को सी. एम. सी. ले जाने के लिए एम्बुलैंस भी देने से इन्कार कर दिया ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : फिरोजपुर : लखबीर सिंह उर्फ लक्खा उर्फ फौजी नामक एक मिलिटैंट जिला फिरोजपुर के गांव कोर सिंह वाला के निकट मुकाबले में घायल हो गया, उसने बाद में सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

सोनिया

(पृष्ठ 1 का शेष)

यही कह रहे थे कि चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम निर्णय स्वयं श्रीमती सोनिया गांधी को लेना है। पार्टी को उनका नाम मंजूर करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

श्रीमती गांधी के निकटवर्ती सूत्रों के अनुसार वे अपना समय सामाजिक कार्यों और राजीव गांधी फाउंडेशन के काम में लगाएंगी ।

श्रीमती सोनिया गांधी ने दूसरी बार कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया कोई प्रस्ताव स्वीकार करने से मना किया है। श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद 22 मई को कांग्रेस (इ) कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से श्रीमती सोनिया गांधी को पार्टी का अध्यक्ष चुना था, पर उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। बाद में 27 मई को श्री पी.वी. नरसिम्हाराव पार्टी अध्यक्ष चुने गए। श्रीमती सोनिया गांधी ने अपने स्वर्गीय पति राजीव गांधी के नाम पर अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामैंट आयोजित करने पर भी असहमति व्यक्त की थी तथा ऐसी संस्था का संरक्षक बनने से इन्कार किया था, जिस पर वह पूरा ध्यान न दे सके।

प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने संवाददाताओं से अनौपचारिक मुलाकात में बताया कि श्रीमती गांधी ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है । श्री राव ने कहा कि वे उपचुनाव लड़ने के बारे में श्रीमती गांधी के विचार जानने के लिए उनसे मिले थे । यह पूछे जाने पर कि क्या श्रीमती गांधी ने चुनाव नहीं लड़ने का कोई कारण दिया है, श्री राव ने कहा, "उन्हें कारण क्यों बताना चाहिए ?"

अमेठी से सतीश शर्मा को इंका टिकट : कांग्रेस (इ) संसदीय बोर्ड ने आज देर रात्रि अपनी बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के निकट सहयोगी कैप्टन सतीश शर्मा को अमेठी से कांग्रेस (इ) की टिकट देने का निर्णय किया । श्री शर्मा अभी राज्यसभा के सदस्य हैं । संसदीय बोर्ड ने बारामती लोकसभाई क्षेत्र से रक्षामंत्री शरद पवार के नाम को भी स्वीकृति दे दी । बोर्ड की कल होने वाली बैठक में शेष सीटों पर प्रत्याशियों का निर्णय कर दिया जाएगा ।

विश्वनाथ मुखर्जी का निधन

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (वार्ता): पश्चिम बंगाल कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव तथा वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ मुखर्जी का कल रात यहां देहांत हो गया। श्री मुखर्जी लम्बे समय से बीमार थे और राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। वह पिछले एक सप्ताह से बेहोश थे। उनकी पत्नी गीता मुखर्जी लोकसभा सदस्य हैं।



गले से निकाली गई रसौली का चित्र

गले से रसौली निकाली

जालन्धर, 12 अक्तूबर (ढल्ल): स्थानीय सिविल अस्पताल में पिछले दिन कान, नाक व गले के विशेषज्ञ डाक्टर करन शर्मा द्वारा एक 19 वर्षीया लड़की कमलेश की सांस वाली नली में गले के क्षेत्र में सफल आप्रेशन कर 4 सै.मी.x8.5 सैंटीमीटर रसौली निकालने के बारे में जानकारी मिली है । उक्त लड़की अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे बोलने या सांस लेने में कोई कठिनाई नहीं आती ।

सिविल अस्पताल के मैडीकल सुप्रिंटैंडैंट डा. जी.एस. ढींढसा द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इस लड़की को डाक्टरों ने पी.जी.आई. चंडीगढ़ जाने की सलाह दी थी, क्योंकि यह एक खतरे भरा आप्रेशन था । इस लड़की को सांस लेने व निगलने आदि के समय काफी तकलीफ होती थी । डा. करन

दहेज हत्याकांड में सस

भटिंडा, 12 अक्तूबर (सोच): वीरां वंती उ रश्मि जिसे कथित रूप से जिंदा जला दिया गया था के ससुर वैद्य बनारसी दास, ननद जय श्री रानी को पुलिस द्वारा धारा 302 व 304-बी के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है। भुच्चो मंडी, जिला भटिंडा की निवासी मृतका रश्मि की शादी 1985 में जालंधर छावनी के वैद्य बनारसी दास शर्मा के लड़के राजेन्द्र प्रसाद के साथ हुई थी। चूंकि जालंधर छावनी पुलिस ने इस दहेज हत्या कांड को कथित रूप से दबाने का प्रयास किया था, इसलिए पंजाब के मुख्य सचिव श्री तेजेन्द्र खन्ना ने अपराध शाखा को इसकी जांच सौंपी थी।

अपराध शाखा के डी.आई.जी. ने इंस्पैक्टर बलदेव सिंह को जांच के लिए तैनात किया। जांच के बाद वैद्य बनारसी दास शर्मा और उसकी पुत्री को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि मृतका का पति और सास पहले से ही जेल में बंद थे। जालंधर की एडीशनल जज श्रीमती बख्शीश कौर ने मृतका रश्मि के ससुर, सास और ननद की ज़मानत की याचिका खारिज कर दी जबकि उसके पति ने ज़मानत के लिए अर्ज़ी नहीं दी थी।

मृतका रश्मि के भाई अशोक कुमार ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि रश्मि के विवाह के तुरन्त बाद ही उसके ससुराल वालों ने और अधिक दहेज की मांग शुरू कर दी थी। एस.एस.पी. जालंधर ने 4.9.86

राष्ट्रीय मोर्चा द्वारा समुचित कार्रवाई की चेतावनी

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (वार्ता): राष्ट्रीय मोर्चे ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या में 2.8 एकड़ विवादास्पद भूमि के अधिग्रहण को असंवैधानिक बताते हुए आज कहा कि इस अधिग्रहण को रद्द कर दिया जाना चाहिए अन्यथा राष्ट्रीय मोर्चा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए समुचित कार्रवाई करेगा ।

मोर्चे के नेता श्री के.पी. उन्नीकृष्णन ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शिलान्यास के लिए 1989 में हुए समझौते में सम्बद्ध पक्षों में विवादास्पद भूमि की यथास्थिति बनाए रखने का वायदा किया गया था । यह अधिग्रहण उस समझौते का खुला उल्लंघन है ।

केंद्र ने 'ज़मीन अधिग्रहण' बारे रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (वार्ता): केंद्र ने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा है कि अयोध्या में विवादग्रस्त धर्मस्थल की ज़मीन अधिग्रहण करने के बारे में अधिसूचना की पूरी रिपोर्ट उसे सौंपे । प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने आज यहां कहा कि केंद्र को अब तक इस रिपोर्ट का इंतजार है । यह रिपोर्ट मिल जाने के बाद ही केंद्र इस बारे में कोई फैसला करने में सक्षम होगा । श्री राव यहां सोमवार को अपने साथ हरारे रवाना होने वाले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे ।

चोड्ढा पी.टी.ए. के प्रधान

जालन्धर, 12 अक्तूबर : गवर्नमैंट माडल को-एजुकेशन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, जालन्धर की अध्यापक अभिभावक एसोसिएशन (पी.टी.ए.) की कार्यकारिणी के आज हुए चुनाव में निम्न पदाधिकारी निर्वाचित किए गए : प्रधान-श्री रणबीर चोड्ढा, उपप्रधान-स. अजीत सिंह, सचिव-श्री एस.के. शर्मा, संयुक्त-सचिव श्रीमती वीना जोशी, लेखा परीक्षक-जी.एस. मुल्तानी, प्रैस सचिव-श्री नरेन्द्र शर्मा ।

धमाका पैदा करने वाले पटाखों पर पाबंदी

जालन्धर, 12 अक्तूबर : ज़िला मैजिस्ट्रेट श्री एन.एस. कंग ने ज़िला भर में धमाका पैदा करने वाले पटाखों के निर्माण व बिक्री पर पाबंदी लगा दी है । चक्री, अनार, फुलझड़ी, रंगीन राकेट आदि पर यह पाबंदी नहीं होगी । उनके एक और आदेश के जरिए सुच्ची गांव के निकट गैस प्लांट के दृष्टिगत आग पैदा करने वाले व उड़ने वाले हवाई पटाखों आदि पर पाबंदी लगा दी गई है । यह पाबंदी 10 अक्तूबर से 15 नवम्बर तक लागू रहेगी ।

सोवियत संघ में के.जी.बी. के स्थान पर 3 नई एजैंसियां

मास्को, 12 अक्तूबर (ए.पी.): सोवियत संघ की राज्य परिषद ने खुफिया एजैंसी के.जी.बी. को भंग करने का फैसला कर पूर्व कम्युनिस्ट शासन के एक और स्तम्भ को गिरा दिया है। वैसे परिषद ने विकल्पस्वरूप कुछ नई एजैंसियां भी बनाई हैं।

राज्य परिषद ने पुराने के.जी.बी. के आधार पर तीन नई गुप्तचर सेवाएं स्थापित की हैं। ये हैं स्वतंत्र केंद्रीय गुप्तचर सेवा, अंतरगणराज्यीय प्रति-गुप्तचर सेवा तथा देश की सीमा पर चौकसी के लिए एक राजकीय समिति।

परिषद के इस निर्णय से के.जी.बी. के विकेन्द्रीकरण के प्रयासों में तेजी आई है। राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव के विरुद्ध कट्टरपंथियों की असफल बगावत के बाद से ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में के.जी.बी. की विदेश शाखा को श्री गोर्बाच्योव ने पहले ही उसकी मूल संस्था से अलग कर दिया था।

भाजपा महंगाई व साम्प्रदायिकता को चुनावी मुद्दा बनाएगी

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर (प.स.): भारतीय

DISH ANTENNA REPAIRING



The only trusted centre for the repairing of Receivers, L.N.C. Amplifiers, Tap off & splitters of all reputed companies like Shyam, MCE, Falna etc.
We manufacture Tap off, Splitters, Amplifiers & Intercoms and also deal in installation of MATV, CATV, Dish Antenna, Intercoms & EPBAX systems.

PHONES 0171-24047
FAX 0171-24047

SHIVANI ELECTRONICS
109 THE MALL
AMBALA CANTT133001 (HARAYANA)
We work to your satisfaction

परिणाम
सिक्किम स्टेट लाटरी
सिक्किम

12.10.91 को सायं 3 बजे सम्पन्न 58वें ड्रा के परिणाम

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/-	SW-03485
2nd Prize (1) Rs. 5,000/-	ST-03485
3rd Prize (4) Rs. 1000/-	3485

पंजाब में वरिष्ठ भाजपा नेता व दम्पति सहित 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या

राज्य में 7 मिलिटैंट मरे, एक गिरफ्तार : एक व्यक्ति का अपहरण

सी.आर.पी.एफ. ने अपहृत व्यक्ति छुड़वाया

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न वारदातों में वरिष्ठ भाजपा नेता व दम्पति सहित 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी गई तथा एक अन्य का अपहरण कर लिया गया जबकि विभिन्न घटनाओं में 7 मिलिटैंट मारे गए तथा एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा सी.आर.पी.एफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मिलिटैंटों के कब्जे से एक अपहृत को छुड़वा लिया।

5 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे : तरनतारन जिले के झब्बालथाने के ढंडकासेल गांव में कल रात 5 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। उनके कब्जे में दो ए.के. 47 राइफलें, दो मैगजीन, एक स्टिक ग्रेनेड, एक पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। कल भी इसी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए थे।

एक सुरक्षा कर्मी भी मरा, अपहृत छुड़वाया : सूत्रों के अनुसार ढंड कासेल गांव में भी एक लम्बा मुकाबला चला तथा इस दौरान 5 मिलिटैंटों के अलावा सी.आर.पी.एफ.का एक जवान भी मारा गया, जबकि सुरक्षा बलों ने राजन अरोड़ा नामक एक अपहृत व्यक्ति को छुड़वा लिया।

पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार मृतक जवान की शिनाख्त रामबिलास के रूप में हुई है। अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने एक सूचना के आधार पर ढंड कासेल गांव में छापा मारा था तथा वहां प्रारंभिक मुठभेड़ के दौरान उन्होंने गत दिवस 2 मिलिटैंट मार गिराए। बाद में उक्त गांव को चारों तरफ से घेर लिया गया तथा सारी रात मुकाबला चलता रहा। यह 'विशेष अभियान' आज सायं समाप्त हो गया।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : संगरूर जिले में बरनाला क्षेत्र के ढांड गांव में सुरक्षा बलों की गोली से दो मिलिटैंट मारे गए। अभी तक उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक अन्य राइफल और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किए गए।

कारिन्दे की हत्या : पटियाला जिले के लुबाना गांव में मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके के एक कर्मचारी की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक का नाम श्रीराम बताया गया है।

शराब विक्रेता की हत्या : संगरूर जिले में मिलिटैंटों ने मैहलखुर्द गांव में शराब की दुकान के सेल्समैन केसर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव दुग्गल में गत रात्रि मिलिटैंटों ने भूपिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एक मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला फरीदकोट के गांव रानीवाला में से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर की एक राइफल बरामद की गई है। बताया गया है कि मिलिटैंटों ने इससे पूर्व एक पुलिस दल पर फायरिंग की थी, जबकि सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग से एक मिलिटैंट घायल हो गया। उसे घायलावस्था में ही काबू कर लिया गया।

सी.आर.पी.एफ. ने अपहृत छुड़वाया : देर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार गत 11 अक्तूबर की रात्रि को सी.आर.पी.एफ. ने आनन-फानन कार्रवाई करते हुए अमृतसर के गोविन्दनगर क्षेत्र में से एक अपहृत सुरिन्दर सिंह को संदिग्ध मिलिटैंटों के कब्जे में से छुड़वा लिया।

बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज उक्त आशय की सूचना देते हुए बताया कि अपहृत सुरिन्दर सिंह पंजाब पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल नरिन्दर पाल सिंह का भाई है तथा उसे सी.आर.पी.एफ. के एक नाका दल ने डी.एस.पी. एस.आर. तिवारी के नेतृत्व में अपहरणकर्त्ता मिलिटैंटों का करीब आधा घंटा तक पीछा करके मुल्तानविड के एक पुल पर छुड़वा लिया। मगर अपहरणकर्त्ता दोपहिया वाहन पर सवार हो कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

सुरक्षा कर्मी सहित 3 घायल : पुलिस जिला मजीठा के क्षेत्र कत्थूनंगल में गत रात्रि मिलिटैंटों ने सी.आर.पी.एफ. के एक जवान जसवंत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया।

एक अन्य वारदात में इसी जिला के गांव जस्तेरवाल में मिलिटैंटों ने जोगीनाथ नामक एक व्यक्ति व उसकी संबंधी किरण कुमारी को गोलियां

(शेष पृष्ठ 8 पर)





कुछ पत्रकार संगठनों द्वारा चंडीगढ़ में रविवार को 'मीडिया एंड टैरेरिज्म' विषय पर अध्यक्षता करते हुए पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेन्द्रनाथ। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार श्री जगजीत सिंह आनन्द बैठे दिखाई दे रहे हैं। (नीचे) सैमीनार में भाग ले रहे पत्रकार

यू. पी. में जद सजपा के साथ चुनाव गठजोड़ करेगा : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (वार्ता) : पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि जनता दल का जल्द ही समाजवादी जनता पार्टी (सजपा) के साथ समझौता हो जाएगा और यह गठबंधन उपचुनावों में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने में सक्षम होगा।

श्री सिंह आज यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता दल की राजनीतिक मामलों की समिति के फैसले के अनुरूप जल्द ही सजपा के साथ सीटों का तालमेल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य उत्तर प्रदेश में भाजपा को पराजित करना है, यद्यपि कांग्रेस (इ) भी हमारी प्रतिद्वंद्वी है।

श्री सिंह ने जनता दल में विभाजन की किसी भी आशंका का खंडन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी के भीतर विवादों तथा असंतुष्ट गतिविधियों को पार्टी नेतृत्व दूर करने में सफल होगा लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पार्टी के कार्यकर्त्ता पार्टी में लगभग लगातार जारी अन्तर्कलह से निराश हुए हैं। कार्यकर्त्ता चाहते हैं कि अंतर्कलह अविलम्ब समाप्त हो।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्त्ताओं को पार्टी की समस्याओं पर नेतृत्व के साथ बातचीत कर फैसला करने का अवसर दिया जाना चाहिए और यदि नेतागण आपसी मतभेद नहीं सुलझा सकते तो इस मुद्दे पर अंतिम फैसले के लिए पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक बुलाई जानी चाहिए।

किन कारणों से उन्होंने जनता दल के गठन को 'अनुपूर्ण प्रयोग' कहा था, श्री सिंह ने इस प्रश्न को यह कहते हुए टाल दिया कि यह तो मैंने वैसे ही कह दिया था।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने बाहरी एकजुटता की प्रक्रिया के जरिए पार्टी का गठन किया और अब आंतरिक संगठन की प्रक्रिया जारी है। मैं आशा करता हूं कि ये विवाद आदि संक्रमण के दौर की बातें हैं।

पार्टी के वरिष्ठ नेता जार्ज फर्नांडीस के इस्तीफे की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने आशा व्यक्त की कि पार्टी अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई इस्तीफा स्वीकार नहीं करेंगे।

जनता दल का नेतृत्व पार्टी के अंदरूनी विवादों को हल करने का मसला अब और अधिक टालने के पक्ष में नहीं है क्योंकि ऐसा करने से समस्याएं सुलझने के बजाय दिनों-दिन उलझती जा रही हैं। दल के असंतुष्ट गुट का भी दबाव इस बात के लिए बढ़ता जा रहा है कि मामले को यथाशीघ्र तय कर दिया जाए। दल के सूत्रों के अनुसार 15 अक्तूबर को दल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक पार्टी अध्यक्ष एस.आर. बोम्मई ने राजधानी में बुलाई है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा बेंगलूर में दिए गए इस सुझाव पर विचार किया जाएगा कि हेगड़े समिति की सिफारिशों के मुताबिक पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को पुनर्गठित कर इसे 21 सदस्यों वाली समिति बना दिया जाए।

बिहार का मंत्री बर्खास्त

पटना, 13 अक्तूबर (वार्ता): एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार बिहार के राज्यपाल शफी करैशी ने मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की सिफारिश पर मानव संसाधन मंत्री (उच्चतर शिक्षा) दिवाकर सिंह को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया है।

पत्रकार मिलिटैंसी के जनमत तैयार करें : सुरेन्द्र

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (प.स.): पंजाब के राज्यपाल सुरेन्द्र नाथ ने आज पत्रकारों से मिलिटैंसी के खिलाफ जनमत तैयार करने का आग्रह किया है।

श्री सुरेन्द्र नाथ यहां मीडिया और मिलिटैंसी विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब कठिन दौर से गुजर रहा है और लोगों के जीवन एवं सम्पत्ति की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। श्री नाथ ने कहा कि सरकार प्रैस पर कोई अंकुश लगाने के पक्ष में नहीं है लेकिन साथ ही वह यह नहीं चाहती कि प्रैस मिलिटैंसी की धमकियों के आगे झुक जाए।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों को संवेदनशील विषयों के बारे में लिखते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि इसके द्वारा जनसाधारण का मनोबल न गिरे। उन्होंने कहा कि प्रैस की स्वतंत्रता हमारे संविधान का एक प्रमुख आधार है और अगर हमारे देश को लोकतंत्र की बाजू थामे रखनी है तो हमें प्रैस की स्वतंत्रता की रक्षा करनी ही होगी।

इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस (इ) के महासचिव सुरेन्द्र सिंगला ने कहा कि मीडिया को मिलिटैंटों के विचारों को भी देना चाहिए। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि कुछ अखबार सरकार और मिलिटैंटों में से किसी एक के भौंपू बन जाते हैं। संगोष्ठी में नवां जमाना के संपादक जगजीत सिंह आनन्द और अन्य प्रमुख पत्रकारों ने भी विचार रखे। इसका आयोजन पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के पत्रकार संगठनों ने संयुक्त रूप से किया।

संघी के अनुसार राष्ट्रीय पत्रकार यूनियन के नेता शाम खोसला ने संगोष्ठी की समाप्ति पर इसमें हुई चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि काफी दबाव के बावजूद भी जिस प्रकार पंजाब में पत्रकारों ने प्रैस की स्वतंत्रता को कायम रखा है, वह सराहनीय है। इस सम्बन्ध में उन्होंने हिन्द समाचार पत्र समूह की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समाचार पत्र समूह के संचालक श्री जगत ना... अपना बलिदान दे दिया और ... समूह से जुड़े 62 व्यक्ति मिलि... हैं। इसके बावजूद भी इस ... किसी प्रकार का दबाव सहन ... नहीं हिन्द समाचार पत्र स... शिकार होने वाले लोगों के ... सहायता देने का बीड़ा भी उ... शहीद परिवार फंड से लगभ... वितरित किए जा चुके हैं। यह ... समूह ने अपने पाठकों के मा... इससे स्पष्ट है कि इस समाच... पाठकों की कितनी प्रतिबद्धता ... पत्र समूह अपने पाठकों के प्र... है।

भिंडरांवाला क... पाकिस्तान

ओटावा, 13 अक्तूबर (आ... नेता जरनैल सिंह भिंडरांवाला ... सिंह बराड़, जिसने कनाडा में ... रहने के लिए अपील की थी, अ... को छोड़ कर पाकिस्तान चल... विभाग द्वारा उसकी अपील अ... थी।

बराड़ जोकि इंटरनैशनल ... पूर्व नेता है, ने कहा कि उसके सं... में सिखों के लिए अलग होमल... भारत में धार्मिक अभियोग च... पर यहां शरणार्थी बन कर रह... थी। आवजन विभाग के प्रवक्त... ने देश से निकाले जाने से पूर्व ही ... कर लिया। वैंकूवर में उक्त फैंड... सिंह दोसांझ ने बताया कि ... पाकिस्तान रवाना हो गया है।

उपचुनावों के लिए भाजपा प्रत्याशियों की सूची घोषित : शत्रुघ्न सिन्हा नई दिल्ली, बंगारू लक्ष्मण नांदयाल से चुनाव लड़ेंगे

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

वरिष्ठ भाजपा नेता की हत्या : लुधियाना (धीमान): आज दोपहर से पहले यहां से 42 कि. मी. दूर जगराओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता 67 वर्षीय श्री सतपाल कत्याल की एक साइकिल सवार मिलिटैंट ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गया । श्री कत्याल पंजाब भाजपा-कार्यकारिणी के सदस्य थे।

बताया जाता है कि जब उन पर गोलियां चलाई गईं, वह अपने घर से मंडी की ओर एक दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में साइकिल सवार मिलिटैंट ने बहुत निकट से उन पर गोलियां चलाईं, जिससे वह सख्त घायल हो गए और उन्हें वहां के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

श्री कत्याल अत्यन्त परिश्रमी, ईमानदार एवं निडर नेता थे। कुछ अर्सा पूर्व उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई, मगर बाद में उन्होंने वापिस कर दी। वह रद्द हो गए विधानसभा चुनाव में जगराओं से भाजपा-प्रत्याशी थे। उन पर एक बार पहले भी हमले की कोशिश की गई थी। दो वर्ष पूर्व उनके भाई श्री यशपाल कत्याल की भी मिलिटैंटों ने उस समय गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, जब वह अपनी आटे की चक्की पर बैठे थे। उनके साथ उनका एक दोस्त भी मारा गया था।

एस. एस. पी. श्री अनिल कुमार शर्मा सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए।

हत्या की निन्दा : इस बीच लुधियाना के भाजपा नेताओं चौ. सतप्रकाश (महापौर लुधियाना नगर निगम), श्री कृष्ण गुप्ता, श्री सतपाल गोसाईं, श्री बलबीर चंद कपिला, श्री सुनील मेहरा और जगराओं के आर. एस. एस. नेता हकीम चिरंजीलाल ने इस हत्या की निंदा करते हुए अभियुक्त की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग की है।

दम्पत्ति की हत्या : धूरी (सिंगला): यहां से 7 किलोमीटर दूर घनौरी कलां गांव में कल रात 2 बजे के लगभग 4 मिलिटैंटों ने नाथ राम शर्मा तथा उसकी पत्नी कर्मजीत कौर की ए. के. 47 राइफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाम में गत रात मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर एक व्यक्ति बूटा सिंह की हत्या कर दी। जिला पुलिस प्रवक्तानुसार मौका से ए. के. 47 राइफल के चार चले हुए खोल मिले हैं।

अपहरण : अमृतसर (वर्मा): विगत दिवस स्थानीय मजीठा रोड पर स्थित रणदेव इलैक्ट्रिक कम्पनी के मालिक के इकलौते 22 वर्षीय नौजवान लड़के के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई है। खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड पर लिखे एक पत्र द्वारा उसकी रिहाई के लिए 40 लाख रुपए की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि आज-कल अमृतसर शहर में अपहरण की घटनाओं का सिलसिला तेजी से जारी है तथा इसी महीने में दर्जनों अपहरण की घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से बहुत से अपहृत व्यक्ति अभी भी वापिस नहीं लौटे हैं। जिस कारण शहर के अमीर लोगों में बेहद परेशानी पाई जा रही है तथा वे केन्द्र सरकार व पंजाब के राज्यपाल को बुरी तरह कोस रहे हैं।

अपहरण के बाद हत्या : कपूरथला (शर्मा): थाना ढिलवां के अंतर्गत गांव दाऊदपुर के निकट एक फार्म हाउस से गत रात्रि लगभग 12 बजे सात सशस्त्र मिलिटैंट एक किसान करतार सिंह का अपहरण करके उसे अपने साथ ले गए तथा मंड में ले जाकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से 10 चली हुई गोलियों के खोल अपने कब्जे में लिए हैं।

मिलिटैंटों के शरणदाता 2 संदिग्ध सरपंच गिरफ्तार : लुधियाना (धीमान): पता चला है कि लुधियाना पुलिस ने गांव गिल के सरपंच चरण सिंह और सधेवाल के सरपंच हरपाल सिंह को मिलिटैंटों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों इका समर्थक बताए जाते हैं और चुनाव में आमतौर पर वे इस पार्टी के प्रत्याशियों को वोटें डालते हैं। श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि सिख छात्र संघ (बिट्टू ग्रुप) के जिन 4 मिलिटैंटों को कल गिरफ्तार किया गया था, वे इनके यहां न केवल शरण लेते बल्कि इनके घरों में शस्त्र व लूटा हुआ माल भी रखते थे।

तेल टैंकर सहित ड्राइवर व क्लीनर का अपहरण : (राज): आज तड़के करीब 3.15 बजे 6 सशस्त्र संदिग्ध मिलिटैंटों ने बस्सी पठानां के सुरिन्दरा फिलिंग स्टेशन से एक खाली तेल टैंकर नं. पी.जे.एन. 4468 का रिवाल्वरों की नोक पर ड्राइवर गुरमीत सिंह व क्लीनर कुलविन्दर सिंह सहित अपहरण कर लिया।

शाम को प्राप्त एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने मेन रोड पर जा कर उक्त दोनों व्यक्तियों को छोड़ दिया तथा बाद में घटनास्थल से 10 कि.मी. दूर खाली तेल टैंकर भी मिल गया परन्तु उसके पहिए चुरा लिए गए थे। बताया जाता है कि यह वारदात करने के बाद मिलिटैंट एक मारुति कार में सवार हो कर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मारे गए पांचों मिलिटैंटों की शिनाख्त होने पर 'कई अन्य रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त पांचों मारे गए मिलिटैंट दुर्दांत मिलिटैंट थे ।

ट्रैक्टर पर जा रहा व्यक्ति घायल : गत रात्रि गांव ठठियां महंतां का भूपेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति अपने ट्रैक्टर पर दग्गलवाल गांव (थाना तरनतारन) की ओर जा रहा था कि मिलिटैंटों ने उसे गोली मार कर घायल कर दिया, उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

जवान घायल : मिलिटैंटों ने आज सी.आर.पी.एफ. के एक जवान जसवंत सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जसवंत सिंह अपने घर वालों को चाबिया देवी क्षेत्र में मिल कर लौट रहा था कि उसे बाबा बुड्ढा गुरुद्वारे के पास मिलिटैंटों ने गोलियां मारीं ।

मिलिटैंट सैनिक ट्रक ले भागा : गत रात्रि साढ़े 11 बजे एक मिलिटैंट काबीन की नोक पर पठानकोट से सेना का एक चार्टर्ड ट्रक भगा कर ले गया । जब वह अजनाला की ओर जा रहा था तो पुलिस ने उसका पीछा किया । बाद में पुलिस द्वारा घिर जाने पर मिलिटैंट सैनिक ट्रक छोड़ कर भाग निकला । पुलिस उक्त ट्रक को थाने में ले आई है ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

नियंत्रण रेखा पार कर इस ओर आ रहे थे कि सुरक्षा बलों से उनका सामना हो गया । मुठभेड़ स्थल से दो असाल्ट राइफलें बरामद की गई ।

इसी बीच पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था इंटर इंटैलीजैंस सर्विसेज ने कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त ग्रुपों के नेताओं से कहा है कि वे विध्वंसक गतिविधियों में तुरन्त वृद्धि करें ।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार हाल ही में गिरफ्तार अलगाववादियों के एक समूह ने मानवाधिकार कार्यकर्त्ताओं के अपहरण तथा हत्या की अपनी एक योजना के बारे में बताया है । इन अधिकारियों ने कहा कि यह योजना भारत सरकार को बदनाम करने के लिए बनाई गई है । यदि ऐसा होता है तो हर आदमी यह मानने लगेगा कि इन हत्याओं में सुरक्षा बलों का हाथ है ।

मणिपुर के 4 विधायकों द्वारा इस्तीफे की धमकी

इम्फाल, 13 अक्तूबर (वार्ता): मणिपुर के चार विधायकों, जिनमें युवा मामलों के राज्यमंत्री एन. देवम सिंह तथा भूतपूर्व स्वास्थ्य राज्यमंत्री बिदर सिंह शामिल हैं, ने आज विधानसभा से इस्तीफा देने की धमकी दी है । उनकी मांग है कि असम राइफल्स को इम्फाल में उसके वर्तमान स्थान से शहर से बाहर कहीं और जगह ले जाया जाए ।

विश्व बैंक व मुद्राकोष ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुसार एशिया में पर्यावरण परियोजना पर व्यय के लिए ऋण की प्रथम किस्त भारत को दी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए 156 मिलियन डालर की धनराशि प्रदान की गई है।

इसके अलावा बैंक ने भारत में बांध सुरक्षा परियोजना के लिए 153 मिलीयन डालर की राशि उधार के रूप में भी देना स्वीकार किया है।

राडू की पत्नी

(पृष्ठ 3 का शेष)

नहीं निकलता, वे धीरज रखें। श्रीमती राडू ने दिल्ली में स्थित सभी विदेशी दूतावासों तथा विश्व भर से अपील की है वि वह भारत सरकार तथा मिलिटैंटों पर दबाव डाल कर उसके पति की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करें।

श्रीमती राडू ने बताया कि अपने पति की रिहाई के बाद वे लोग भारत में नहीं रहेंगे। श्रीमती राडू ने कहा कि अपहरण प्रकरण से भारत और रोमानिया के रिश्ते नहीं बिगड़ेंगे। श्रीमती राडू ने स्पष्ट किया कि वह अपने पति की रिहाई के लिए किसी से भी मदद लेने को तैयार है, भले ही यह मदद अमरीका से या इंगलैंड से या फिर पाकिस्तान से ही क्यों न मिले।

श्रीमती राडू ने बताया कि उनके पति का जीवन गम्भीर रूप से खतरे में है । उन्हें चार साल पहले दिल का दौरा पड़ा था, इस हादसे से उनके दिल पर असर पड़ सकता है ।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनके पति को आवश्यक सरक्षा दी गई थी, उन्होंने कहा कि हमें कैसे मालूम कि आवश्यक सुरक्षा का क्या मतलब है ? यह काम तो भारत सरकार का है । अब लगता है कि उन्हें एस्कॉर्ट कार दी जानी चाहिए थी ।

श्रीमती राडू ने कहा कि रोमानिया के विदेश मंत्री ने कल शाम भारतीय विदेश मंत्री से बात की और उन्हें उनके पति की रिहाई के लिए हर सम्भव कदम उठाने का आश्वासन दिया गया । रोमानिया दूतावास विदेश मंत्रालय से सम्पर्क बनाए हुए है ।

तलाशी अभियान जारी : दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री निखिल कुमार ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि श्री राडू की खोज का काम व्यापक पैमाने पर चल रहा है। दिल्ली तथा इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में घर-घर की तलाशियां ली जा रही हैं। अब तक 30 हजार से अधिक मकानों की तलाशी ली गई है। सैकड़ों लोगों से पूछताछ की गई है। श्री निखिल कुमार ने बताया कि निकटवर्ती गाजियाबाद, गुड़गांव, फरीदाबाद तथा नोएडा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को यहां बुला कर एक उच्च स्तरीय बैठक में श्री राडू की तलाश के लिए छेड़े गए अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री कुमार ने यह नहीं बताया कि खोज अभियान के दौरान कोई सुराग मिला है या नहीं। उक्त बैठक में नागरिक प्रशासन के उच्चाधिकारी, सुरक्षा एजैंसियों के अधिकार तथा दिल्ली के पुलिस आयुक्त श्री अरुण भगत भी मौजूद थे। अपहृत राजदूत की तलाश के लिए पंजाब पुलिस की एक विशेष टीम भी यहां पहुंच गई है।

पुलिस आयुक्त अरुण भगत ने आज घोषणा की कि रोमानिया के अपहृत प्रभारी राजदूत श्री एल. राडू के अपहरण की गुत्थी सुलझाने में जो भी पुलिस अधिकारी सहायक होगा, उसे समय से पूर्व पदोन्नति दी जाएगी।

श्री भगत ने अपनी पहले की इस घोषणा को दोहराया कि अपहृत राजदूत श्री राडू की रिहाई के संबंध में जो कोई व्यक्ति भी सूचना देगा, उसे भारी नकद ईनाम दिया जाएगा। पुलिस के एक प्रवक्त ने बताया कि जो व्यक्ति भी इस बारे में सूचना देगा, उसकी पहचान अत्यंत गुप्त रखी जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में कोई भी जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष को टैलीफोन नम्बर 100 अथवा पुलिस उपायुक्त (अपराध) आर. तिवारी को टैलीफोन नम्बर 3319336 पर दी जा सकती है। श्री राडू को विगत 9 अक्तूबर को पंजाब के संदिग्ध मिलिटैंटों ने नई दिल्ली से अपहृत किया।

प्रचार पर चिंता व्यक्त : रोमानियायी राजनयिक और कई अन्य लोगों के अपहरणकर्त्ताओं की मांगों को मीडिया के जरिए प्रचार किए जाने पर अधिकारियों ने चिन्ता व्यक्त की है । सरकारी सूत्रों ने आज यहां कहा कि कुछ पश्चिमी देशों में ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग के कुछ नियम-कायदे हैं । उन्होंने कहा कि अपहरणकर्त्ताओं का मुख्य उद्देश्य मीडिया के माध्यम से अपनी मांगों का प्रचार करना और प्रशासन पर दबाव बनाए रखना है । अधिकारियों ने खासतौर से रोमानियायी राजनयिक के अपहरणकर्त्ताओं की मांगों को मिल रहे प्रचार का इस संदर्भ में जिक्र किया है ।

रिबैरो के हमलावरों की रिहाई की मांग : अमृतसर (प.स.): एक अज्ञात व्यक्ति ने आज तड़के यहां एक संवाद समिति के कार्यालय में टैलीफोन करके मांग की कि रोमानिया के राजदूत एल. राडू की रिहाई के बदले रोमानिया में भारतीय उच्चायुक्त जे.एफ. रिबैरो पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के मिलिटैंटों को रिहा किया जाए। ये अपराधी इस समय रोमानियाई पुलिस की हिरासत में है। मिलिटैंटों ने कल मांग की थी कि श्री राडू की रिहाई के बदले जनरल ए.एस. वैद्य के हत्यारों को छोड़ दिया जाए। अपहर्त्ताओं ने कल श्री राडू का पोलोरायड कैमरे से लिया गया एक फोटो नई दिल्ली में संवाद समितियों को दिया। इससे इस बात की पुष्टि हो गई कि श्री राडू पंजाब के मिलिटैंटों

फोटो के साथ गुरमुखी में लिखा गया दो पृष्ठों का एक पत्र भी था, जिस पर स्वयंभू जनरल प्रीतम सिंह सेखों और लैफ्टिनैंट जनरल हरि सिंह खालसा के हस्ताक्षर हैं। पत्र में मांग की गई है कि हरजिंदर सिंह जिंदा, सुखदेव सिंह सुक्खा और निर्मल सिंह निम्मा को छोड़ दिया जाए। पत्र में धमकी दी गई है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो राजदूत के टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाएंगे।

मिलिटैंटों ने तेज़ाब डाल कर 'बाबा' के नितम्ब भस्म कर दिए !

नरवाना, 13 अक्तूबर (गुप्ता): सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब की सीमा के साथ लगते गांव खरका से एक किलोमीटर दूर खारा के डेरा पर बाबा मेजर सिंह पत्र करतार सिंह प्रत्येक मंगलवार को आम लोगों की इच्छा और कल्याण हेतु चौकी लगाते हैं और इसी दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी डेरा पर आते हैं ।

बताया जाता है कि गत रात्रि 9 बजे कुछ मिलिटैंट डेरा पर आए और उन्होंने बाबा के नितम्बों को तेजाब डाल कर भस्म कर दिया तथा उनके कान के निकट बन्दक की नोक रख कर उनका गला दबाते हुए उन्हें चौकी लगाने से रोकने का आदेश देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में वह धार्मिक सत्संग कर चौकी लगाना बंद कर दें अन्यथा उनकी हत्या कर दी जाएगी और पुलिस को सूचना देने पर भी इसके घातक परिणाम होंगे तथा उनके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा ।

सोनिया राजीव के बारे में संस्मरण लिखने में व्यस्त

नई दिल्ली, 13 अक्तूबर (स.ओ.): जानकार सूत्रों के अनुसार श्रीमती सोनिया गांधी अपने पति स्व. राजीव गांधी के संस्मरण लिख रही हैं । उनकी यह पुस्तक इस वर्ष के अंत तक या अगले वर्ष के शुरू में प्रकाशित हो जाएगी ।

इस पुस्तक का प्रकाशन वाइकिंग इंटरनैशनल तथा वाइकिंग इंडिया, पैन्गुइन द्वारा एक साथ किया जाएगा । इसमें अनेक चित्र भी होंगे ।

बूटा सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (वि.प्र.): उत्तर क्षेत्र के अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां संगठनों के प्रतिनिधियों आर.आर. सिंह, आर.एल. सभ्बाल और अशोक सिद्धू ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव से मांग की है कि बूटा सिंह को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए । उत्तर क्षेत्र के सफाई मजदूरों के प्रतिनिधियों ने धमकी दी है कि अगर बूटा सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल न किया गया तो 'झाड़ू छोड़ो आंदोलन' शुरू कर दिया जाएगा ।

वित्तीय, व्यापार नीतियों में सुधार का क्रम 3 वर्ष में पूर्ण होगा : चिदम्बरम

मद्रास, 13 अक्तूबर (प.स.): केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पी. चिदम्बरम ने आज कहा कि केंद्र ने वित्तीय और व्यापार नीतियों में सुधार का जो सिलसिला शुरू किया है, वह तीन साल में पूरा हो जाएगा । श्री चिदम्बरम फिक्की के अध्यक्ष डा. बी.एल. दत्त और एसोचैम के अध्यक्ष एन. शंकर के अभिनन्दन के लिए यहां आयोजित समारोह में भाग ले रहे थे । उन्होंने कहा कि सुधारों के बारे में तीन प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस (इ), भाजपा और जनता दल में आम राय है । यदि ये दल सरकार की नई आर्थिक पहल का समर्थन करते रहे तो देश अगले तीन वर्ष में नए आर्थिक दौर में प्रवेश करेगा । उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योगों को अब पहले जैसा संरक्षण नहीं मिलेगा । उद्योगों को खुद बाजार की स्पर्धा में अपनी गुणवत्ता प्रमाणित करनी होगी ।

असम में 24 घंटे के दौरान 34 उल्फा उग्रवादी गिरफ्तार

गुवाहाटी, 13 अक्तूबर (प.स.): राइनो आपरेशन में पिछले 24 घंटे के दौरान एक कुख्यात आतंकवादी सहित 34 संदिग्ध उल्फा उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । शेष छः बंधकों का उग्रवादियों की हिरासत में आज 105वां दिन है । सरकारी सूत्रों के अनुसार इस अवधि में छापों के दौरान 2,10,000 रुपए नकद तथा काफी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद हुए । सेना ने कल गोलाघाट जिले के बिजली गांव में डेढ़ किलो ग्राम हशीश बरामद की । सेना ने बारपेटा जिले में कुख्यात आतंकवादी बाबुल दास सहित चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, जबकि उल्फा उग्रवादियों ने नलबाड़ी जिले में एक व्यापारी से 1.40 लाख रुपए ऐंठ लिए । सूत्रों के अनुसार एक गिरोह के छः बदमाशों ने कल नरेनी चास रैस्टोरैंट से 79,000 रुपए ऐंठ लिए । सेना ने शोणितपुर जिले के रंगपाड़ा से पकड़े गए तीन बदमाशों के पास से 44,450 रुपए बरामद किए । शेष तीन

क्लासीफाइड विज्ञापन

शिक्षा

RMP Registration, 15 दिनों में (बहुत कम फीस) B.A.M.S., मैट्रिक पास वैद्यविशारद/ आयुर्वेदरत्न, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : होम्योपैथी, मैट्रिक पास होम्योरत्न, होम्योविशारद, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : नैचुरोपैथी, मैट्रिक पास नैचुरोपैथी रत्न, नैचुरोपैथी विशारद, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : योग, मैट्रिक पास योगरत्न, योगविशारद, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : ज्योतिष, मैट्रिक पास ज्योतिषरत्न, ज्योतिषविशारद, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : हिप्नोटिज्म, मैट्रिक पास हिप्नोटिज्मरत्न, हिप्नोटिज्मविशारद, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नीशियन, मैट्रिक पास एम.एल.टी., बी.एम.एल.टी., डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : एक्स-रे टैक्नीशियन, मैट्रिक पास एक्स-रे टैक्नीशियन, बी.एक्स-रे टैक्नीशियन, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : फार्मेसी, मैट्रिक पास फार्मेसी, बी.फार्मेसी, डाक द्वारा एम.डी. कोर्स : नर्सिंग, मैट्रिक पास नर्सिंग, बी.नर्सिंग

के. सी. एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल लच्छू व 2 पाक घुसपैठियों सहित 7 मिलिटैंट मारे गए

पंजाब में अन्यत्र 20 व्यक्तियों की हत्या : एक अन्य का अपहरण

सहकारी बैंक से 1.50 लाख रुपए लूटे

चंडीगढ़, 14 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से सुरक्षा बलों के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल लछमण सिंह उर्फ लच्छू व 2 पाक घुसपैठियों सहित 7 मिलिटैंट मारे गए, जबकि राज्य में अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों तथा एक संघी व छात्र समेत 20 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और एक अन्य का अपहरण कर लिया गया । इसके अलावा मिलिटैंटों ने एक सहकारी बैंक में से 1.50 लाख रुपए की धन राशि भी लूट ली ।

2 अज्ञात पाक घुसपैठिए मरे : भारत-पाक सीमा के निकट जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर में सुरक्षा बलों ने 2 अज्ञात पाक घुसपैठियों को मार गिराया।

गुट संघर्ष में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला बटाला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में 2 अज्ञात मिलिटैंट कथित रूप से गुट संघर्ष के दौरान मारे गए। पुलिस ने उनके शवों के अतिरिक्त घटनास्थल से हथियार व विस्फोटक भी बरामद किए।

एक व्यक्ति की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव बूह में आज मिलिटैंटों ने दर्शन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

कार चालक की हत्या, एक व्यक्ति घायल : जिला रोपड़ के चौड़ीयां गांव के निकट आज मिलिटैंटों ने एक कार पर फायरिंग करके चालक राधेश्याम की हत्या कर दी व सेवानिवृत्त कर्नल जसमेर सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार सेवा निवृत्त कर्नल जसमेर सिंह बब्बर अकाली दल के प्रैस सचिव हैं । उन्हें गम्भीर हालत में स्थानीय पी.जी.आई. में भर्ती कराया गया है ।

बब्बर अकाली दल के प्रधान करतार सिंह नारंग व कार्यालय सचिव राजिन्दर पाल सिंह पी.जी.आई. में श्री जसमेर सिंह का हाल-चाल पूछने गए ।

के.सी.एफ. का लेफ्टिनैंट जनरल लच्छू मारा गया : फिरोजपुर (डागी) जिला के पुलिस थाना जीरा के गांव गदड़ीवाल का निवासी दुर्दांत मिलिटैंट व खालिस्तान कमांडो फोर्स (यादू गुट) का लेफ्टीनैंट जनरल लछमण सिंह उर्फ लच्छू आज धर्मकोट के गांव किल्ली गधर में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान मारा गया। यह मुकाबला उस समय शुरू हुआ जब एक पुलिस दल उक्त गांव की तलाशी ले रहा था।

एस.एस.पी. सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार उक्त पुलिस दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को साइकिल पर आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उसने गोली चला दी व निकटवर्ती गन्ने के खेतों में जा छिपा। पुलिस दल ने भी उन खेतों को घेर कर जवाबी फायरिंग की तथा बाद में खेतों में से उसका शव ढूंढ निकाला, जिसकी पहचान के.सी.एफ. के लेफ्टिनैंट जनरल लछमण सिंह उर्फ लच्छू के रूप में हुई।

श्री सिद्धार्थ ने बताया कि वह मिलिटैंटों की 50 से भी अधिक विभिन्न वारदातों में वंचित था तथा उसने जीरा के निकट 14 बिहारी श्रमिकों व पीहावाला गांव में 7 अन्य व्यक्तियों की हत्याएं भी की थीं। घटनास्थल से 38 बोर का एक रिवाल्वर भी बरामद हुआ है।

2 सुरक्षा कर्मियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : रायकोट (राकेश) गत रात्रि यहां से 15 कि. मी. दूर पुलिस स्टेशन सुधार के अधीन गांव बोपाराय में मिलिटैंटों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात्रि करीब 12 बजे 4 मिलिटैंटों ने सोहन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी पत्नी करनैल कौर (54) व बहू सेवा कौर (25) पत्नी निर्भय सिंह की ए.के. 47 राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी। जब सेवा कौर को गोली मारी गई तो उस समय उसकी गोद में उसका बच्चा भी था, मिलिटैंटों ने उसकी गोद का बच्चा छीन कर उससे दूर कर दिया व उसकी हत्या कर दी।

आज प्रात: जब पुलिस इन दोनों हत्याओं की जांच करने गांव में पहुंची तो पता चला कि गांव के बाहर भी दो शव पड़े हुए थे। उनकी भी उन्हीं मिलिटैंटों ने हत्या की। मृतक उसी गांव के रहने वाले थे व उनकी शिनाख्त होमगार्ड जवान करनैल सिंह तथा सुरिन्दर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह के रूप में हुई।

पुलिस कांस्टेबल की हत्या : जिला संगरूर के गांव ढोला में आज सायं मिलिटैंटों ने जसमेर सिंह नामक एक पुलिस कांस्टेबल की गोलियां मार कर हत्या कर दी व उसके एक अन्य साथी मोहिन्दर सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । यह सुरक्षा कर्मी बैंक ड्यूटी से लौट रहे थे ।

2 पुलिस कर्मी मारे गए : बरनाला (वालिया): यहां से लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव रूड़ेके कलां के निकट मिलिटैंटों ने आज सायं 2 पुलिस कर्मियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि ये दोनों पुलिस कर्मी गांव में स्थित चौकी में ड्यूटी देकर घर लौट रहे थे कि सामने की दिशा से मारुति वैन में सवार मिलिटैंटों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे दोनों पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर ही मारे गए ।

विभिन्न वारदातों में ग्रन्थी सहित 5 व्यक्तियों की हत्या, सुरक्षा कर्मी घायल : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मैंने संघर्ष समिति तोड़ी नहीं उसके अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है

लुधियाना, 14 अक्तूबर (धीमान) : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान श्री बलदेव सिंह सीबिया ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि सरकारी जब विरोधी 31 सदस्यीय संघर्ष समिति को भंग नहीं किया गया है। यह ठीक है कि मैंने उसके संयोजक के पद से त्यागपत्र दे दिया है। श्री सीबिया ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा पंथक कमेटी (सोहन सिंह) की ओर से हाल ही में लगाए गए कथित आरोप के प्रकाश में दिया है। जिसमें कहा गया था कि "मैं दोबारा शिरोमणि कमेटी का प्रधान बनना चाहता हूं।" श्री सीबिया ने कहा कि यह आरोप सही नहीं है। इसलिए मैंने संघर्ष समिति के संयोजक पद से त्यागपत्र दे दिया है लेकिन संघर्ष समिति भंग नहीं की। इसको भंग करने का मुझे कोई कानूनी अधिकार नहीं है क्योंकि उक्त कमेटी विभिन्न सिख संगठनों की ओर से एक संयुक्त बैठक में गठित की गई है। उन्होंने कहा कि अगर इस कमेटी के दूसरे सदस्यों ने कोई बैठक बुलाई और सरकारी जब्र के विरुद्ध कोई संघर्ष कार्यक्रम बनाया गया तो मैं उसमें भाग जरूर लूंगा। श्री सीबिया ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का चुनाव 30 नवम्बर से पहले किया जाएगा।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि दमदमी टकसाल के बाबा ठाकुर सिंह अकाल तख्त की जो कार सेवा शुरू कर रहे हैं उसमें हिस्सा लेने बारे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी ही निर्णय करेगी। यह बैठक 20 अक्तूबर से पहले बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दमदमी टकसाल ने श्री अकाल तख्त की कार सेवा का जो प्रोग्राम बनाया है उसके साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के टकराव का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता क्योंकि शिरोमणि कमेटी यही चाहती है कि कार सेवा का काम उस संस्था को सौंपा जाए जो सभी को स्वीकार हो। उनका ध्यान इस ओर दिलाया गया कि अखंड कीर्तनी जत्था और मिलिटैंट संगठन बब्बर खालसा इंटरनैशनल और दमदमी टकसाल को श्री अकाल तख्त की कार सेवा सौंपने के पक्ष में नहीं।

श्री सीबिया ने कहा कि हमारी यह इच्छा है कि यह काम सारी कौम ही करे, जिसमें दमदमी टकसाल भी शामिल है। श्री सीबिया ने पूर्ण सिंह जोश की ओर से लगाए गए आरोपों को गलत बताया और कहा कि अगर वह रिकार्ड दिखा कर बात करते तो अधिक बेहतर होता।

यू.पी. का स्वास्थ्यमंत्री बर्खास्त

लखनऊ, 14 अक्तूबर (वार्ता): उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्यमंत्री दिनेश जौहरी को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया गया है । यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने आज दी । मुख्यमंत्री कल्याण सिंह स्वास्थ्य विभाग फिलहाल स्वयं सम्भालेंगे ।

पाकिस्तान से हथियार लेने जा रहे 2 मिलिटैंट काबू

श्रीगंगानगर, 14 अक्तूबर (खुंगर): पुलिस ने पाकिस्तान हथियार लेने जा रहे दो मिलिटैंटों को काबू किया है । पुलिस के अधिकृत सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कड़ी नाकाबंदी कर केसरीसिंहपुर क्षेत्र की सुन्दरपुरा पोस्ट के पास दो व्यक्तियों को पकड़ा । इन्होंने अपना नाम गुरबचन सिंह व हरदयाल सिंह बताया । इनके कब्जे से पंजाब के एक खालिस्तान संगठन का पत्र भी मिला है, जिसमें पाकिस्तान से हथियारों की आपूर्ति के सम्बन्ध में लिखा है । उक्त लोगों ने मिलिटैंट गिरोहों से अपना सम्बन्ध होना बताया है व पुलिस को यह जानकारी भी दी है कि वे दोनों पाकिस्तान जाकर हथियार लाना चाहते थे, क्योंकि उनके पास अब हथियारों की बहुत भारी कमी है ।

Punjabi Sahara

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कादियां के गांव डल्ला में गत रात 5 मिलिटैंटों ने अजीत सिंह ग्रन्थी, उसकी पत्नी कुलवंत कौर तथा अजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति को उनके घरों से बाहर निकाल कर गोलियां मार कर मार डाला।

गत रात इसी ज़िला में थाना कादियां के गांव बोनेवाल में दो मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति दलजीत सिंह को घर से बाहर निकाल कर एक वृक्ष से बांध कर आग लगाकर मार डाला।

इसी जिले के गांव आदोवाली से पुलिस ने आज सुबह गोलियों से छलनी एक अज्ञात शव बरामद किया है।

इसी जिले में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भाम के निकट मिलिटैंटों ने फायरिंग करके बी.एस.एफ. के एक हवलदार उग्र राम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है।

2 अज्ञात मिलिटैंट मुकाबले में मरे : लुधियाना (महिन्द्रा): पुलिस ने गत रात्रि दो मिलिटैंटों को एक मुकाबले में मारने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि दो मिलिटैंट राहों रोड पर बाजरा गांव की तरफ से साइकल पर आ रहे थे कि उनको नाका पर तैनात पुलिस ने रोका, जिसपर उन्होंने पुलिस दल पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग से दो मिलिटैंट मौके पर मारे गए।

पुलिस के अनुसार उनके कब्जे से माऊजर, दोनाली राइफल, 6 खाली तथा 4 जीवित कारतूस, मोटर साइकिल नं. पी.बी. 10बी/6653 बरामद हुए हैं। मिलिटैंटों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी।

डेढ़ लाख लूटे : (मुसाफिर) : आज दोपहर 12 बजे थाना पंजगराईं के सहकारी बैंक के तीन कर्मचारी जो समराला से आ रहे थे, चार सशस्त्र मिलिटैंटों ने उनसे बैंक के डेढ़ लाख रुपए छीन लिए और फरार हो गए। यह घटना कैंडी के पुल पर हुई। बताया जाता है कि मिलिटैंट स्टेनगनों और रिवाल्वरों से लैस थे।

कारखानेदार की हत्या : मालेरकोटला (आजिज) आज यहां मिलिटैंटों ने एक फैक्टरी के मालिक नवल किशोर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पता चला है कि मृतक अपने पिता और भाई के साथ रेलवे स्टेशन के निकट अपने कारखाने में काम कर रहा था कि दो सशस्त्र मिलिटैंट फैक्टरी के अन्दर आ गए और उसका अपहरण करने की कोशिश की। जब नवल किशोर ने विरोध किया तो उस की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। उसके भाई बिमल कुमार ने भाग कर जान बचाई। उस पर फायरिंग तो की गई थी मगर वह बच गया। वारदात की खबर सुनते ही हजारों लोग वहां पहुंच गए।

अज्ञात शव मिला : अमृतसर (सुभाष) सदर थाना अमृतसर के अधीन अम्बोवाल गांव में से एक केशधारी युवक का शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हो सकी।

3 अन्य अज्ञात शव बरामद : (धुर्मा): थाना झब्बाल के गांव मझण में से आज सुबह पुलिस को गोलियों से छलनी तीन लाशें मिली हैं। जिनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से पुलिस ने तीन ए.के. 47 राइफलें भी बरामद कीं तथा आगे जांच का काम जारी है।

छात्र की हत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से 35 कि.मी. दूर गांव चीनीवाल कला में गत रात्रि मिलिटैंटों ने कक्षा 10+2 के एक छात्र रणजीत सिंह (18) को उसके घर से बाहर बुला कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

ट्रक छीना : संगरूर के ही एक पैट्रोल पम्प से गत रात्रि मिलिटैंटों ने एक ट्रक नं. पी.सी.एल. 9984 को हथियारों की नोक पर छीना तथा फ़रार हो गए परन्तु बाहरी बैरियर पर कड़ी चैकिंग होने के कारण वे ट्रक को वहीं छोड़ कर भाग गए।

अपहरण : कलानौर (सर्बजीत): गत रात्रि स्थानीय बाणियां मोहल्ले में से सुरेश कुमार नामक 14 वर्षीय एक लड़के का अपहरण कर लिया गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि करीब 22 मिलिटैंट मुकन्द लाल नामक एक व्यक्ति के घर में दीवार फांद कर दाखिल हुए तथा उसके पुत्र सुरेश कुमार उर्फ़ पप्पू को उठा कर ले गए। बताया जाता है कि उन सभी मिलिटैंटों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं। अपहरणकर्त्ता मिलिटैंटों ने पप्पू की रिहाई के लिए 4 लाख रुपए की मांग की है।

पुलिस कर्मी घायल : जिला जालन्धर के गांव राजगोपाल व कान्हा ढेसियां के मध्य आज मिलिटैंटों ने 2 सुरक्षा कर्मियों कांस्टेबल जसवंत सिंह, होमगार्ड सरवन सिंह व अखबारों के एक हॉकर सर्बजीत सिंह पर घात लगा कर हमला किया।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से देर से प्राप्त एक सूचना में बताया गया है कि उस समय हॉकर सर्बजीत सिंह एक मोटरसाइकिल पर सवार था तथा दोनों सुरक्षा कर्मी उसके पीछे चल रहे थे कि गन्ने के खेतों में छिपे मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग कर दी और फरार हो गए। इस फायरिंग में कांस्टेबल जसवंत सिंह बुरी तरह घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

इंका बहुमत प्राप्त करने में सफल हो जाएगी : आज़ाद

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (वार्ता): कांग्रेस (इ) महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने आशा व्यक्त की है कि आगामी उपचुनावों में पार्टी को इतनी सीटें मिल जाएंगी कि कांग्रेस को उसके सहयोगी दलों के साथ लोकसभा में स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा। श्री आज़ाद ने आज यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हम बहुमत से सिर्फ दस कम हैं। हम सभी लोकसभा सीटें लड़ रहे हैं और लक्ष्य बहुमत हासिल करने का है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी को समुचित समर्थन मिला तो सदन के अंदर वह बहुमत हासिल कर लेगी। श्री आज़ाद ने कहा कि उपचुनावों में एक बार फिर कांग्रेस का मुख्य मुद्दा स्थायित्व होगा।

पुलिस अभियान के अच्छे परिणाम सामने आए

लुधियाना, 14 अक्तूबर (धीमान): जिला पुलिस ने उद्योगपतियों व दूसरे व्यक्तियों के अपहरण व बलात् फिरौतियों के विरुद्ध जो जोरदार अभियान चलाया है, के कुछ अच्छे परिणाम आने आरम्भ हो गए हैं।

मालूम हुआ है कि साहनेवाल क्षेत्र में ईंटों के लगभग 2 दर्जन भट्ठे हैं। पहले मिलिटैंटों के एक ग्रुप ने एक भट्ठा मालिक से 50 हज़ार रुपया वसूल किए, उसके पश्चात् धमकियां देकर उन पर इतना दबाव डाला गया कि इनसे प्रति मास 10 हज़ार व इससे अधिक रकम हर भट्ठा मालिक से ली जाती थी। इस ग्रुप के 2 सदस्य हाल ही के पुलिस मुकाबले में मारे गए। यह भी बताया गया है कि मिलिटैंटों का एक गिरोह कुछ स्थानीय उद्योगपतियों से प्रति मास निर्धारित रकम लेता था। अब इसमें कुछ कमी हो गई है। श्री अनिल शर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यह सनसनीखेज रहस्योद्घाटन किया कि मिलिटैंटों का एक ग्रुप संत काड़ा साहिब से प्रति मास एक लाख रुपए की फिरौती लेता है।

मालूम हुआ है कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का जगरूप सिंह कालिख जो हाल ही में पुलिस मुकाबले में मारा गया था, पहले इन संतों से यह फिरौती लेता था, लेकिन अब जसपाल सिंह वसूल करता है।

रेलवे विभाग की लापरवाही से यात्री परेशान

लुधियाना, 14 अक्तूबर (राजपाल): रेलवे कंट्रोल अम्बाला के कुछ कर्मियों की लापरवाही से कई बार ठीक समय पर चल रही रेल गाड़ियां भी लेट हो जाती हैं और कई जगह ऐसे सुनसान क्षेत्रों में गाड़ियां खड़ी कर दी जाती हैं, जहां यात्रियों की जिन्दगी का प्रभु ही रक्षक हो जाता है। इससे जहां रेलवे विभाग को भारी नुकसान होता है, वहां यात्रियों का कीमती समय भी नष्ट हो जाता है। 10 अक्तूबर को अम्बाला रेलवे कंट्रोल के मुताबिक खन्ना स्टेशन पर 16.15 बजे यात्रियों को सूचित किया गया कि 4647 अप फ्लाइंग मेल एक घंटा लेट है और 2925 अप डीलक्स मेल 20 मिनट लेट है, जबकि उस समय डीलक्स पानीपत में इंधन खराब होने के कारण दो घंटे देरी से चल रही थी और फ्लाइंग मेल ठीक समय पर चल रही थी। खन्ना स्टेशन की सूचना पर सभी यात्री 337 अप सवारी गाड़ी में बैठ गए और यात्रियों के आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब इस सवारी गाड़ी को साहनेवाल स्टेशन पर रोक दिया गया और बताया गया कि यहां 4647 अप फ्लाइंग क्रास करेगी जबकि यह गाड़ी फ्लाइंग के आने तक आसानी से लुधियाना पहुंच सकती थी। इस पर क्रुद्ध यात्रियों ने साहनेवाल स्टेशन से अम्बाला कंट्रोल को प्रार्थना की कि 4647 को 1 मिनट साहनेवाल स्टेशन पर रोका जाए। नकारात्मक उत्तर मिलने पर यात्रियों ने भारी

सिक्योरिटी गार्ड चाहिए
एक सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है, जो अपनी

सलाहकार परिषद

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि केवल चुनाव पंजाब समस्या का हल नहीं है। इस पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव राज्य में लोकतांत्रिक, राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली की तरफ एक कदम होंगे।

राज्य में उद्योगपतियों की कठिनाइयों एवं समस्याओं के संबंध में राज्यपाल ने बताया कि इस बारे केंद्रीय वित्त मंत्रालय से बात की गई है। वह स्वयं एक शिष्टमंडल के साथ जाकर वित्तमंत्री से मिलेंगे ताकि समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

बैठक में सांसद श्री सतपाल मित्तल, इंका के बेअंत सिंह, भाजपा के डा. बलदेव प्रकाश, भाकपा के श्री मंगत राम पासला, भाकपा के प्यारा सिंह दियोसी, जद के श्री तेजा सिंह टिवाना, बसपा के डा. मोहन सिंह, जपा के श्री सुखचैन सिंह तुली के अलावा राज्यपाल के तीनों सलाहकार, मुख्य सचिव श्री तेजेन्द्र खन्ना तथा अन्य कई उच्चाधिकारी मौजूद थे।

'एन.एस. परवाना' के अनुसार ज्ञात हुआ है कि बैठक में भाकपा और माकपा के प्रतिनिधियों ने प्रथम नवम्बर को पंजाब व यू.टी. चंडीगढ़ की अलग-अलग रजत जयंती मनाने के फैसले का विरोध करते हुए राज्यपाल से अपील की कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। इनका कहना था कि पंजाब की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत चंडीगढ़ की रजत जयंती मनाने का फैसला पंजाबियों के घावों पर नमक छिड़कने के समान है। "एक न एक दिन चंडीगढ़ का पंजाब को हस्तांतरण होना ही है।"

इन सदस्यों ने राज्यपाल, जो कि चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं, से यह जानना चाहा कि क्या चंडीगढ़ कोई अलग प्रदेश है? श्री सुरेन्द्र नाथ का उत्तर था कि प्रथम नवम्बर को पंजाब में कोई समारोह नहीं किया जा रहा। हमने तो पंजाबियत को प्रफुल्लित करने हेतु कुछ कार्यक्रम बनाने का फैसला किया है। जहां तक चंडीगढ़ की रजत जयंती का सम्बन्ध है, उस बारे वह देखेंगे कि यह फैसला किस स्तर पर लिया गया है। "कई बार जल्दबाजी में फैसले हो जाते हैं।"

बैठक में यह मांग भी की गई कि भारत सरकार प्रथम नवम्बर को पंजाब के पड़ोसी राज्यों हिमाचल, हरियाणा व दिल्ली आदि में पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा देने की घोषणा करे। यह भी कहा गया कि चंडीगढ़ का पंजाब को हस्तांतरण किया जाए तथा नई राजधानी बनाने हेतु हरियाणा को धन दिया जाए, पंजाब से बाहर के पंजाबी भाषी क्षेत्र पंजाब को देने बारे समयबद्ध भाषायी आयोग बनाया जाए, नदी-जल विवाद उच्चतम न्यायालय को सौंपा जाए, राज्यों को अधिक अधिकार दिए जाएं तथा 1984 के दंगा पीड़ितों को राहत तथा दोषियों को दंड दिया जाए। पता चला है कि राज्यपाल ने ये बातें सुनीं पर बैठक में इन बारे कोई प्रस्ताव पास नहीं किया।

बैठक के दौरान राज्य की नित्य-प्रति बिगड़ रही कानून-व्यवस्था की हालत पर विचार-विमर्श किया गया। इंका प्रतिनिधियों की मांग थी कि राज्य में सेना बुलाई जाए।

बैठक का अकाली दलों के मान, बादल व लौंगोवाल धड़ों ने बहिष्कार किया था। श्री सुरेन्द्र नाथ के राज्यपाल बनने के बाद परिषद की यह प्रथम बैठक थी। कई सदस्यों का विचार था कि यदि सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए या प्रदेश साम्प्रदायिक सद्भाव समिति की बैठक बुलाई जाए तो शायद अकाली उसमें भाग लेना मान जाएं। आज की बैठक में वामपंथियों ने पंजाब समस्या को ठोस तरीके से पेश किया।

सरवरी रिहा

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (प.स.): अफगानिस्तान के पूर्व उप-प्रधानमंत्री असादल्ला सरवरी को वैध दस्तावेज के बिना यात्रा करने के आरोप में तिहाड़ सैंट्रल जेल में 16 महीने की जेल काटने के बाद आज रिहा कर दिया गया।

50 लिट्टे उग्रवादी मारे गए

कोलम्बो, 14 अक्तूबर (प.स.): उत्तर-पूर्वी श्रीलंका में लिट्टे उग्रवादियों द्वारा एक सैनिक चौकी को उड़ाने के प्रयास को विफल करने के लिए सैनिकों ने कम से कम 50 लिट्टे उग्रवादियों को मार गिराया। आज यह जानकारी मिली।

सैनिक सूत्रों ने बताया कि कल तटीय मुल्लैतिव जिले में सैनिक छावनी के पास लिट्टे छापामारों ने कम से कम पांच सैनिकों को मार डाला।

शत्रुघ्न सिन्हा

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्योंकि मैं चुनाव का राष्ट्रीय अनुमोदन भी चाहता हूं। उन्होंने अपनी जीत के प्रति विश्वास प्रकट किया।

खन्ना में आढ़तियों और बेलदारों की हड़ताल

खन्ना, 14 अक्तूबर (शर्मा): आज यहां अनाज मंडी खन्ना में बेलदारों ने हड़ताल कर दी जिसकी वजह से एक ओर मंडी के आढ़तियों का काम ठप्प हो गया और दूसरी ओर मंडी में बेचने के लिए लाई गई धान की लगभग डेढ़ लाख बोरी खराब हो रही है जिससे तमाम किसान परेशान हैं।

हड़ताल खत्म : बाद में आढ़तियों और बेलदारों ने उस वक्त अपनी हड़ताल खोल दी जब पायल की पुलिस उस आदमी को लेकर आ गई जिसने बताया कि वह हथियार ले कर खन्ना में वारदात करने के लिए आया था।

आढ़ती संघ के महामंत्री श्री निर्मल प्रकाश ने बताया कि उनकी और बेलदारों की तसल्ली हो गई है और हमने हड़ताल खोल दी है।

बताया जाता है कि रात लगभग साढ़े 10 बजे सफेद रंग की एक मारुति जिप्सी में 5-6 पुलिस कर्मी खन्ना मंडी की राहों बांच में आए और आते ही सोए हुए बेलदारों को जगा लिया। नसीब चंद, मनीम को भी जगाया गया। उन्होंने मनीम से सरदारा और विचित्र की दुकान के बारे में पूछा। पुलिस वाले गांव खन्ना के किसी व्यक्ति को ढूंढ रहे थे। जब मनीम नसीब चंद ने बताया कि उसे वांछित व्यक्ति के बारे में कोई पता नहीं है तो नसीब चंद के अनुसार उसे पुलिस वालों ने बहुत बरी तरह मार-पीट की उसके साथ ही बेलदारों को भी कथित तौर पर मार-पीट की गई। आज पुलिस की उक्त ज्यादतियों के विरुद्ध बेलदारों ने पूर्ण तौर पर हड़ताल कर दी और समराला-खन्ना मार्ग पर यातायात जाम कर दिया।

यू.पी. सरकार से किसी मुस्लिम नेता की बात नहीं हुई : बाबरी कमेटी

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (प.स.): बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी और आल इंडिया मुस्लिम यूथ कन्वैंशन के नेता जावेद हबीब ने आज इस बात का खंडन किया है कि बाबरी मस्जिद के मसले पर किसी मान्यता प्राप्त प्रमुख मुस्लिम नेता की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से कोई बातचीत हुई है।

श्री हबीब ने आज यहां बताया कि उन्हें अभी तक इस तरह की बातचीत की कोई जानकारी नहीं है। अगर वास्तव में बातचीत हुई है तो मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को खुल कर उनके नाम बताने में किसी भी प्रकार की देर नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि कुछ भाजपा नेताओं द्वारा मुस्लिम नेताओं के नामों को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री हबीब ने कहा कि बाबरी मस्जिद संघर्ष समिति, शबिता कमेटी और बाबरी मस्जिद समन्वय समिति के कार्यकर्त्ता उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ 19 अक्तूबर को लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर धरना देंगे।

मिलिटैंटों द्वारा बिजनौर जिले में युवक की हत्या

बिजनौर, 14 अक्तूबर (नि.स.): बिजनौर जिले में थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव मौसमपुर में मिलिटैंटों ने एक युवक को गोलियों से भून डाला। मृतक के परिवार वालों ने मिलिटैंटों द्वारा दी गई धमकी से भयभीत होकर पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अन्तिम संस्कार कर दिया, परन्तु बाद में सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव की राख व हड्डियां कब्जे में ले लीं। प्राप्त विवरण के अनुसार रात्रि में कुछ मिलिटैंट चंदन सिंह के डेरे पर पहुंचे। उन्होंने उसके युवा पुत्र सुखविन्दर सिंह उर्फ छिंदर को दबोच लिया और ए.के. 47 की गोलियों से उसे छलनी कर दिया। हत्या केबाद मिलिटैंट घर के अन्दर जाकर बैठ गए तथा आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर धमकी दी कि यदि पुलिस को सूचना दी गई तो उन्हें भी इसी तरह भून दिया जाएगा। इसी डर से सब ने मिलकर चुपचाप मृत युवक का अन्तिम संस्कार कर दिया।

पुलिस सब-इंस्पैक्टर की हत्या

इम्फाल, 14 अक्तूबर (पस) : मणिपुर के थोबाल जिले में तीन अज्ञात बंदूकधारियों ने कल एक सब-इंस्पैक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी।

कुलकर्णी की अर्जी पर निर्णय सुरक्षित

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर (वार्ता): दिल्ली के एक सत्र न्यायालय ने बम्बई के चार हीरा व्यापारियों के अपहरण के सिलसिले में गिरफ्तार अनुपम जयंत कुलकर्णी की जमानत याचिका पर आज अपना

Punjabi Courier

बी. टी. एफ. के एरिया कमांडर पंछी व एक पाक घुसपैठिए सहित 12 मिलिटैंट मारे गए

पंजाब में अन्यत्र 6 बस यात्रियों, 6 निरंकारियों, 2 निहंगों तथा भाजपा नेता सहित 24 व्यक्तियों की हत्या

राज्य में 43,15,750 रुपए की करंसी जब्त, तस्कर व कार चालक गिरफ्तार : 4.88 लाख रुपए की राशि लूटी

सुरक्षा बलों ने हीरो साइकिल्स के 2 अधिकारी छुड़ाए

चंडीगढ़, 15 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं में भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एरिया कमांडर जागीर सिंह उर्फ पंछी व एक संदिग्ध पाक घुसपैठिए सहित 12 मिलिटैंट मारे गए, जबकि अन्यत्र 6 बस यात्रियों, 6 निरंकारियों, 2 निहंगों व भूमि विवाद में भाजपा नेता तथा उसके पुत्र समेत विभिन्न वारदातों में 24 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी गई । इसके अलावा राज्य में कुल मिला कर 4.88 लाख रुपए की धन-राशि भी लूट ली गई, जबकि सुरक्षा बलों ने 43,15,750 रुपए की करंसी जब्त करके एक तस्कर सहित 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया व तुरन्त कार्रवाई करते हुए हीरो साइकिल के 2 अधिकारियों को मिलिटैंटों के चंगुल से छुड़वा लिया ।

6 बस यात्रियों की हत्या लुधियाना (धीमान): आज शाम मिलिटैंटों ने घीहरा गांव के निकट रिंग रोड पर शेखूपुरा बस कम्पनी की एक बस में से एक ही समुदाय के 6 यात्रियों को उतार कर उनकी गोलियां मार कर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । बस लुधियाना से रायकोट जा रही थी । जब वह घीहरा पहुंची तो मिलिटैंट उसमें सवार हो गए व चालक की कनपटी पर पिस्तौल रख कर बस को रिंग रोड पर ले जाने के लिए विवश कर दिया, जहां उन्होंने यह वारदात की ।

जब मिलिटैंट यात्रियों की हत्या कर रहे थे तो चालक बड़ी होशियारी से बस को वहां से भगा ले गया ।

'वार्ता' के अनुसार मरने वालों की संख्या 7 है ।

मिलिटैंटों की संख्या 3 थी : बस यात्रियों की हत्या के संबंध में एक प्रत्यक्षदर्शी एयर फोर्स के जवान विंस्टन जॉन ने बताया कि वह उक्त बस में लुधियाना से सवार हुआ । उस समय वह ऊंघ रहा था, जब लुधियाना से आगे दो बस-स्टाप गुजर जाने पर बस रुकी और बस के आगे और पीछे से एक-एक करके 2 युवक शस्त्रों के साथ बस में सवार हो गए । उन्होंने बस के ड्राइवर से पिस्तौल की नोक पर बस को मुड़वा लिया और मुख्य सड़क से 100 मीटर दूर बस को कच्चे मार्ग पर ले गए और बस रुकवा ली । इसके पश्चात् मिलिटैंटों ने एक ही समुदाय के सदस्यों, जिनकी संख्या लगभग 18 थी, को बस से नीचे उतार लिया । जहां बस रुकी, वहां उन मिलिटैंटों का एक अन्य साथी पहले से ही खड़ा था । श्री जॉन के अनुसार उन्होंने मृत्यु को निकट देख कर जान की बाजी लगा दी और भाग खड़े हुए । इस पर मिलिटैंटों ने उनकी ओर अंधाधुंध गोलियां चलाईं लेकिन वे दूसरी ओर से आ रही बिना लाइट की ट्राली के कारण बच गए । इसी दौरान शेष अन्य यात्री भी भाग खड़े हुए लेकिन मिलिटैंटों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 6 यात्री मारे गए । बताया जाता है कि इस हत्याकांड के बाद मिलिटैंटों ने 6 बस यात्रियों के शव उक्त ट्राली में डाल दिए और बस के यात्रियों को वहां से बस को तुरन्त भगा ले जाने के लिए कहा ।

1.76 लाख रुपए की धनराशि लूटी : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज प्रातः 10.30 बजे के करीब स्थानीय पुतलीघर चौक में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में थम्ज अप कम्पनी का एक कर्मचारी निरंजन सिंह जब 1.76 लाख रुपए की धनराशि जमा करवाने आया तो बैंक के बाहर ही खड़े 2 मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर वह धनराशि छीन ली व फरार हो गए।

बी.टी.एफ. का एरिया कमांडर साथी सहित मारा गया : सुरक्षा बलों ने भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एरिया कमांडर दुर्दांत मिलिटैंट जागीर सिंह उर्फ पंछी को एक मुठभेड़ के दौरान उसके साथी सहित मार गिराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कत्थूनंगल के अधीन गांव बाबोवाल में आज प्रातः 2 मिलिटैंट पुलिस के एक गश्ती दल को देख कर निकट के खेतों में जा छिपे। उस दल ने उसी समय मजीठा के एस.एस.पी. परमजीत सिंह गिल व एस.पी. आप्रेशन श्री बांगा को सूचित किया। वे भी उसी समय भारी पुलिस फोर्स के साथ बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों सहित वहां पहुंच गए तथा खेतों को चारों तरफ से घेर लिया गया मगर मिलिटैंटों ने फायरिंग करके बुलेट प्रूफ ट्रैक्टरों को भी पंक्चर कर दिया। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी होती रही तथा यह मुकाबला 4 घंटों तक चलता रहा।

बाद में खेतों की तलाशी लेने पर उक्त दोनों मिलिटैंटों के शव बरामद किए गए। इनमें से एक की शिनाख्त भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एरिया कमांडर दुर्दांत मिलिटैंट जागीर सिंह उर्फ पंछी पुत्र करतार सिंह निवासी रूजाला के रूप में की गई। वह हरदेव सिंह गुट के साथ सम्बन्धित था तथा 50 से भी अधिक हत्याओं और अन्य वारदातों में वांछित था। उसके दूसरे साथी मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस ने घटनास्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का बरामद किया है।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार जागीर सिंह उर्फ पंछी पर 30 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित था।

अपहरण के बाद हत्या : तरनतारन थाना के अधीन बुग्गा गांव में कुछ मिलिटैंटों ने तारा सिंह पुत्र दुल्ला सिंह का उसके घर से गत रात्रि अपहरण कर लिया तथा थोड़ी दूर ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

आपसी दुश्मनी में एक मरा : हालड़ा क्षेत्र में आज निरंजन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार यह आपसी दुश्मनी का मामला है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कल्याण सिंह द्वारा अयोध्या भूमि अधिग्रहण में केंद्र के हस्तक्षेप अधिकार को चुनौती

मद्रास, 15 अक्तूबर (वार्ता): उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कहा है कि केन्द्र राज्य सरकार के इस अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर सकता जिसके तहत उसने अयोध्या में दो एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ से यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार ने इस भूमि का अधिग्रहण कानून के तहत ही किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी भूमि का अधिग्रहण करने का कानूनी अधिकार राज्य सरकार को है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र ने अयोध्या में अधिगृहीत भूमि के सम्बन्ध में कुछ सूचनाएं मांगी थीं और हमने आवश्यक सूचनाएं तथा नक्शे भेज दिए हैं।। उन्होंने कहा कि विवादास्पद धार्मिक ढांचे को अधिसूचित भूमि से अलग रखा गया है।

श्री कल्याण सिंह ने कहा कि साठ एकड़ के रामकथा पार्क के निकट तीन एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। यह भूमि 26 अक्तूबर को सरकार के अधिकार में आ जाएगी। उन्होंने स्वीकार किया कि इस स्थल पर कुछ निर्माण कार्य पहले मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनके बारे में सम्बद्ध कानून के तहत दावा कर सकता है।

उन्होंने कहा कि अभी इस स्थल पर कोई मंदिर बनाने का प्रस्ताव नहीं है लेकिन यह किसी भी समय निर्मित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण का मुद्दे पर कांचिपुरम के तीन आचार्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। यह कांचि के कामकोटि पीठ का भी दर्शन करेंगे। इसके अलावा श्री सिंह तमिलनाडु की मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता से भेंट करेंगे तथा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके हत्या स्थल श्रीपेरमपुदुर भी जाएंगे।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा सांसद राम नरेश यादव ने कहा है कि यदि राज्य सरकार अयोध्या में भूमि अधिग्रहण के अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती तो केन्द्र को उसे बर्खास्त करने में विलम्ब नहीं करना चाहिए। श्री यादव ने आज दिल्ली में एक वक्तव्य में कहा कि इसके साथ ही सभी धर्म-निरपेक्ष ताकतों को संघर्ष के लिए एकजुट हो जाना चाहिए ताकि साम्प्रदायिक ताकतों की साजिश को असफल किया जा सके।

उनका कहना था कि राज्य सरकार केवल अपनी असफलताओं पर पर्दा डालने के लिए ही केन्द्र से टकराव का रास्ता चुन रही है। उन्होंने कहा कि देश के धर्म-निरपेक्ष स्वरूप तथा संविधान की मर्यादा को अक्षुण्ण रखने के लिए केन्द्र का हस्तक्षेप एक ऐतिहासिक आवश्यकता बन गया है।

जनता दल नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में राम जन्म-भूमि-बाबरी मस्जिद परिसर के पास की भूमि का अधिग्रहण करके संविधान का उल्लंघन किया है, अतः उसे बर्खास्त कर देना चाहिए। श्री सिंह ने आज लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि केन्द्र इस मामले में टाल-मटोल की नीति अपना रहा है और लगता है कि केन्द्र और राज्य सरकार में इस मामले में कोई गुप्त समझौता हुआ है। श्री सिंह ने केन्द्र से इस संदर्भ में जल्द से जल्द अपनी स्थिति साफ करने की मांग की और कहा कि ऐसा नहीं करने पर उनकी पार्टी के सामने नरसिम्हाराव सरकार से इस्तीफा मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा।

जनता दल नेता ने कहा कि उनकी पार्टी केन्द्र सरकार पर राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक शीघ्र बुलाने के लिए दबाव डाल रही है ताकि राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मुद्दे में हुए नवीनतम घटनाक्रम पर विचार किया जा सके।

उन्होंने कहा कि यदि कल्याण सिंह सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने अथवा विवादास्पद ढांचा गिराने का प्रयास किया तो उनकी पार्टी विरोध में वहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह करेगी।

इंका द्वारा सहयोग का आग्रह : कांग्रेस (इ) ने आज यू. पी. सरकार से आग्रह किया कि वह अयोध्या में विवादित धर्मस्थल के इर्द-गिर्द भूमि के अधिग्रहण के बारे में स्थिति स्पष्ट करने में केन्द्रीय गृहमंत्री एस. बी. चवन को सहयोग दे। पार्टी के प्रवक्ता सी. पी. ठाकुर ने आज नई दिल्ली में कहा कि गृहमंत्री से भी मंदिर के मुद्दे पर टकराव टालने के लिए सभी सावधानी मूलक पग उठाने को कहा गया है। उनकी पार्टी अयोध्या की स्थिति पर गहराई से नजर रख रही है।

Punjabi Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

करंसी जब्त : तस्कर व कार चालक गिरफ्तार : एस.पी. सिटी हरदीप ढिल्लों ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस को गत रात्रि एक गुप्ता सूचना मिली थी कि हाल बाजार के बिजली वाला चौक में एक कार नं. पी.जे.डब्ल्यू. 150 संदिग्ध अवस्था में खड़ी है तथा उसका तस्करी के लिए प्रयोग किया जाने वाला है। उनका कहना था कि यह सूचना मिलते ही एस.एच.ओ. कोतवाली अजीत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल वहां भेज दिया गया। वहां वास्तव में ही उक्त नम्बर की कार खड़ी थी और उसमें चालक दर्शन लाल पुत्र बरकत राम बैठा था।

पुलिस दल ने जब कार की तलाशी ली तो पैट्रोल की टैंकी व कार के दरवाजों के बीच बनाए गए बक्सों में से 43 लाख, 15 हजार, 750 रुपए की करंसी छिपी पाई गई जिसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा कार में बैठे चालक दर्शन लाल को भी उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद मौके पर ही एस.डी.एम. को बुलवा कर उनकी उपस्थिति में उक्त करंसी की गिनती की गई।

चालक दर्शन लाल ने पुलसाद के दौरान बताया कि उक्त करंसी अमृतसर के तस्करों हरीश, शिवा, बन्टू, भण्ण व रामपाल की है तथा यह धनराशि सोना खरीदने के लिए ही रखी गई थी। जिन बक्सों में यह राशि छिपाई गई थी, उन्हीं में तस्करी की सोने का सोना भी रखा जाना था।

इसके बाद पुलिस ने उक्त तस्करों के घरों में तुरन्त ही छापे मारे परन्तु तब तक हरीश, शिवा, बन्टू व भण्ण अपने घरों को ताले लगा कर अपने परिवारों सहित फरार हो चुके थे, मगर उनका एक अन्य साथी तस्कर रामपाल कांबू आ गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

आपसी रंजिश में एक मरा : गत रात्रि करीब 11 बजे मेहता थाना के अधीन कलेर गांव में लगभग 10-11 मिलिटैंटों ने परगट सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार उसकी हत्या आपसी रंजिश के कारण ही हुई।

घायल किया, नकदी लूटी : लोपोके थाना के अधीन पंजगराए गांव में अजायब सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में कुछ मिलिटैंटों ने घुस कर उसे गोलियां मार कर घायल कर दिया व फरार होते समय नकदी व गहने भी लूट कर ले गए। उसे गंभीर अवस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिला सहित 2 की हत्या : समराल (गर्ग) : यहां से 20 कि.मी. दूर गांव खेड़ी चंदवा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने बलजिन्दर कौर नामक एक महिला को उसे घर से जबरदस्ती बाहर निकाल कर गोलियां मार कर हत्या कर दी। इसके बाद वे फरार हो गए।

गत रात्रि ही सोमा गांव में मिलिटैंटों ने रामसरूप नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

6 निरंकारियों की हत्या, 4 अन्य घायल : मुक्तसर (दर्डी) : यहां से 20 किलोमीटर दूर धरकोट (थाना कोटभाई) में कुछ मिलिटैंट रात के समय आए और गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों को इकट्ठा कर लिया। उन्हें गांव से बाहर खेतों में ले गए। मिलिटैंटों ने उनसे कहा कि आप में से जो निरंकारी है, वह खड़े हो जाएं। इस पर कुछ लोग खड़े हो गए। मिलिटैंटों ने कहा कि बाकी घर लौट जाएं, हमने निरंकारियों से कोई बातचीत करनी है। इस पर निरंकारियों को छोड़ कर शेष लोग गांव की ओर लौट गए। जब लोग वापस लौट गए तो मिलिटैंटों ने निरंकारियों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमें 6 व्यक्ति घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए जबकि चार अन्य घायल हो गए जिनमें से 2 की हालत गंभीर बताई जाती है।

मरने वालों के नाम इस प्रकार हैं—हजूर सिंह (50), उसका बेटा मक्खन सिंह (30), बलबीर सिंह बीरा (40), उसका भाई अजायब सिंह (35), मिट्ठन उर्फ महेन्द्र (55), जगरूप सिंह 20 वर्ष। घायलों के नाम हैं—प्रीत, चंद सिंह, जोरा सिंह, जीता सिंह। प्रीत और जोरा की हालत गंभीर बताई जाती है।

बताया गया है कि कुछ समय पहले मिलिटैंटों ने एक सिकटवर्ती गांव के निरंकारी श्री कस्तूरी लाल की हत्या कर दी थी और उपरोक्त व्यक्ति के भोग में भाग लेने गए थे। बताया गया है कि मिलिटैंटों की संख्या 4 थी और वह पुलिस वर्दी में थे। मिलिटैंट अपने वाहन गांव के बाहर ही छोड़ आए थे। मरने वाले सभी निरंकारी और सगेदारी सिख हैं। यह भी बताया गया है कि जिस समय मिलिटैंट अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे तो कुछ लोग भागने में सफल हो गए और उन्होंने कपास के खेतों में छिप कर अपनी जान बचाई। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मृतकों का पोस्टमार्टम करके लाशें वारिसों के हवाले कर दी गई हैं।

पुलिस, सुरक्षा बल मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने के लिए सरगर्मी से जुटे हुए हैं।

बैंक से 40 हजार रु. लूट लिए : मालेरकोटला (आंजिज) : कल दोपहर यहां से कुछ किमी. दूर गांव लंडाभूदन में दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा से 40 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। बताया जाता है कि मिलिटैंट बैंक के अन्दर आए और पिस्तौल की नोक पर खजांची से रुपए छीन कर फरार हो गए।

हीरो साइकिल के दो अधिकारियों का अपहरण और रिहा : 2 मिलिटैंट मरे : लुधियाना (महेन्द्रा, धीमान) : आज दो मिलिटैंटों ने यहां हीरो साइकिल लिमिटेड के दो अधिकारियों श्री एस.एल. नंदा और एस.सी. कुमरा का जी.टी. रोड पर सयासपुरा चौक के पास जबकि वह कंटैसा कार में जा रहे थे, सनसनी हालात में अपहरण कर लिया गया। दोनों मिलिटैंट स्कूटर पर सवार थे। उन्होंने स्कूटर वहीं छोड़ दिया और कार में सवार होकर कच्चे रास्ते में ले गए मगर बाद में पुलिस के डर से, जो उनका पीछा कर रही थी, कार और अधिकारियों को वहीं छोड़ कर किसी की मार्फत कार छीन कर संधोवाल रेहड़ियां की ओर भाग गए। पुलिस ने बताया कि इन मिलिटैंटों का पुलिस के साथ गुर्दा रानिया आरामगीर के पास मुकाबला हुआ। इसके बाद वह गांव गलोटी के डेरे में दाखिल हो गए। दोनों मिलिटैंट घायल हैं और पुलिस के घेरे में हैं। एक और मिलिटैंट जो इनके साथ बाद में मिला, फरार होने में सफल हो गया। बाद की सूचना है कि दोनों मिलिटैंट पुलिस मुकाबले में मारे गए हैं। हालांकी अभी पहचान नहीं हुई है। श्री एस.एल. नंदा तकनीक है और श्री कुमरा डिप्टी जनरल मैनेजर।

बैंक कर्मी की हत्या : लुधियाना के ही गांव रुमी की यूको बैंक की शाखा के खजांची को आज सवेरे गांव के बस अड्डे पर उस समय दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर मार डाला। वह लुधियाना से बस द्वारा रुमी आया था। खजांची का नाम सतीश कुमार बताया जाता है।

इस हत्या के विरुद्ध प्रोटैस्ट स्वरूप शहर में बैंक की सभी शाखाएं बंद हो गई हैं और क्लीयरिंग का काम भी बंद हो गया है।

22,000 रुपए लूटे : आज दोपहर बाद 3.45 बजे के करीब जी.टी. रोड पर स्थित बाबा आरयन कम्पनी से पैट्रोल पम्प में से स्कूटर सवार 2 मिलिटैंट पिस्तौल की नोक पर 22,000 रुपए लूट कर फरार हो गए।

कांस्टेबल की हत्या : पटियाला (राजू) : गत रात्रि पुलिस थाना भादसों के गांव दिनपुर में पुलिस कांस्टेबल निर्भय सिंह की कुछ मिलिटैंटों ने उसके घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह सरहिन्द में विशेष सुरक्षा दस्ते का सदस्य था।

बताया जाता है कि रात्रि करीब 9 बजे मोटर साइकिल पर सवार 3 मिलिटैंटों ने उसे घर से बाहर बुला कर उसकी हत्या की।

निहंग का शव मिला : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला थाना सदर बटाला के गांव सल्लोचक के निकट एक कुएं में से आज दोपहर बाद एक छलनी शव बरामद किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस शव पर निहंग लिबास था और इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

एक व्यक्ति की हत्या : पुलिस थाना डेरा बाबा नानक के गांव हरुवाल में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने दलीप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात शव मिला : पुलिस थाना डेरा बाबा नानक के ही गांव निक्को मराए में से आज पुलिस ने एक युवती का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

भाजपा नेता व उसके पुत्र की हत्या, 2 अन्य घायल : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता) : पुलिस सूत्रों के अनुसार गत सायं पठानकोट के निकट शहर चक्री में ममून छावनी क्षेत्र के भाजपा अध्यक्ष बिशम्भर दास व उसके पुत्र प्रीतम की दो व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी व 2 अन्य को घायल कर दिया।

पुलिस ने हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है जिनकी शिनाख्त त्रिलोक चन्द व उसके पुत्र सर्बजीत के रूप में की गई। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त राइफल भी बरामद कर ली है। इस सम्बन्ध में भूमि विवाद का केस दर्ज किया गया है।

बताया जाता है कि उक्त भाजपा नेता व उसके पुत्र ने आक्रमणकारियों से एक पखवाड़ा पूर्व करीब 7 एकड़ भूमि खरीदी थी तथा चार कनाल भूमि के मामले पर झगड़ा हो गया। तब त्रिलोकचंद व उसके पुत्र सर्बजीत ने बिशम्भर दास की .12 बोर की लायूसैंसी राइफल छीन कर उसकी व उसके पुत्र की हत्या कर दी।

लूट : कलानौर (सर्बजीत) : गत रात्रि यहां से 12 कि.मी. दूर खहरा कोटली गांव में कुछ लुटेरों ने गुरजेब सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी पत्नी व बेटी के कानों में से सोने की बालियां व 2 कलाई घड़ियां लूट लीं। बाद में वे निकट ही स्थित नारायण सिंह के घर में गए व उसकी बहू का चांदी का सैट भी लूट लिया। फरार होते समय उन्होंने किसान पाल सिंह व पूर्ण सिंह के साथ मारपीट भी की।

1.50 लाख रुपए लूटे : सुनाम (नागपाल) : आज दोपहर बाद करीब 2.45 बजे 2 मिलिटैंटों ने यहां से लगभग 12 कि.मी. दूर गांव





अमृतसर पुलिस ने मंगलवार को 43 लाख रुपए एक कार की [illegible] किए । चित्र में (1) पुलिस अधिकारी कार की डिक्की की छानबीन [illegible] चित्र । (2) कार का पिछला दरवाजा, जहां नोट छिपा कर रखे

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार खजांची ने उक्त धनराशि एक थैले में रखी हुई थी।

के.सी.एफ. के 2 सदस्यों सहित 3 मिलिटैंट मरे : पुलिस जिला तरनतारन के मंड गांव के निकट एक मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए। इनमें से 2 मिलिटैंट अमरीक सिंह और रजील सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स के बताए जाते हैं, जबकि तीसरे की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : कपूरथला जिले में भेरपुर सादिया गांव के निकट सुरखा बेलों के साथ आज मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मृतक मिलिटैंट के पास से 32 बोर का एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

मुठ संघर्ष में मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले के सामाड़ा गांव में कल रात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में हाकम सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने अमृतसर जिला के रामदास गांव में चनन सिंह नामक एक व्यक्ति की आज सुबह गोलियां मार कर हत्या कर दी।

घायल कर दिया : मजीठा पुलिस जिले के पी-डोरी गांव में मिलिटैंटों ने गोलियां चला कर बीर सिंह नामक एक व्यक्ति को घायल कर दिया।

निहंग की हत्या : जिला लुधियाना के गांव दाखा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने सुरजीत सिंह नामक एक निहंग के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह बाबा बुड्ढा दल के संता सिंह गुट से सम्बन्धित था।

अज्ञात पुलसीड़िए का शव बरामद : जिला फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में से गत रात्रि सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात छलनी शव बरामद किया, जिसके बारे में संदेह किया जाता है कि वह पाकिस्तानी घुसपैठिया था।

आढ़ती से एक लाख रुपए लूटे : होशियारपुर (चोपड़ा) : यहां से 5 कि.मी. दूर फोकल प्वाइंट पर आज शाम स्कूटर सवार 3 मिलिटैंटों ने सोहन लाल नामक एक आढ़ती से पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपए की धन राशि लूट ली ।

कुलकर्णी की जमानत की अर्जी रद्द

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (पस) : चार हीरा व्यापारियों के अपहरण के मामले में गिरफ्तार अनुपम जयंत कुलकर्णी की जमानत की अर्जी आज अदालत ने खारिज कर दी। अतिरिक्त सैशन जज श्री के.एस. गुप्ता ने कहा कि अभियुक्त को इस समय जमानत पर छोड़ने से जांच कार्य में बाधा पड़ सकती है।

हृदय रोगियों का इलाज अब एंजोप्लास्टी सिस्टम से

लुधियाना, 15 अक्तूबर (धीमान) : दिल की बीमारियों वाले रोगियों के एंजोप्लास्टी के माध्यम से उपचार के युग में अब पंजाब पहली बार प्रवेश कर गया है । इसका श्रेय स्थानीय क्रिश्चियन मैडीकल कालेज के 'हृदय खोज सैंटर' के प्रमुख डा. टी.एन. जैसन और उनकी टीम को जाता है । इस अस्पताल ने कई क्षेत्रों में पहल की है ।

एंजोप्लास्टी सिस्टम से पटियाला के 52 वर्षीय श्री स्वर्ण सिंह का उपचार सफलतापूर्वक किया गया ।

हीरक जयंती महोत्सव



महामहिम, राष्ट्र संत उत्तर भारतीय प्रवर्तक भंडारी श्री पदम चन्द्र जी महाराज सा. के (75वें वर्ष प्रवेश) हीरक जयन्ती महोत्सव पर आप सपरिवार ससंघ 17 अक्तूबर प्रातः साढ़े आठ बजे अवश्य पधारें ।

एस.एस. जैन सभा
गन्नौर मंडी (हरियाणा)

Press Service pnp.

ADMISSION NOTICE 91-92
RAMAN COLLEGE OF PHARMACY
134, KAMASHIPALYA, BANGALORE—79
PHONE—358623.

Few Seats are available in Pharmacy Courses :—
(1) Two Years Diploma Course—Matric with Science & Maths.
(2) One Year Diploma Course—Pre-Medical Pass (10+2) with Science.
Few Seats in B.E. Can also be provided in all the Branches.
SEPARATE HOSTEL FACILITIES AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS WITH PUNJABI MEALS.
For further details contact Secretary at South India Hotel, Amal Khan Road, Karol Bagh, New Delhi 5, Tele : 5717126, 5723651 & 5738019.

SECRETARY

महाकाली मंदिर देवी तालाब दशहरा कमेटी की ओर से साईंबास ए.एस. हायर सैकेंडरी स्कूल, पटेल चौक, जालंधर के खेल मैदान में

"दशहरा"

पर्व वीरवार, 17 अक्तूबर, 1991, शाम 4.30 बजे मनाया जाएगा।

* श्री शैलेन्द्र मिश्र I.P.S. Add. D.G. B.S.F. समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।
* श्री एन.के. अरोड़ा I.A.S. मंडल कमिश्नर, शोभायात्रा की अध्यक्षता करेंगे।
* श्री केवल कृष्ण गर्ग P.C.S. G.A. to D.C. आरती उतारेंगे।
* शोभा यात्रा 17 अक्तूबर को बाद दोपहर 3 बजे, मंदिर लाहौरियां, मिट्ठा बाजार से शुरू होकर सर्कुलर रोड, बाल्मीकि गेट से होते हुए दशहरा स्थल पर पहुंचेगी।
* आप सब सादर आमंत्रित हैं।

तरसेम कपूर (प्रधान) विजय शर्मा (महासचिव) सुरेन्द्र सूरी (वरिष्ठ उपप्रधान)

Space by : Double Aay Industrial Corp., Indl. Area, Jalandhar. Ph.-78627.

क्लासीफाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

मेरी पत्नी ईश्वर देवी तथा उसके बच्चों से पिछले 25 वर्षों से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं । उसने दूसरी शादी कर ली थी । मेरी जायदाद, लेनदेन में उनका कोई हक नहीं । उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा । शीतल दास 475/1, पानीपत ।

(Ashok Sharma P.C./43)

गुमशुदा

मेरे बड़े भाई गिरधारी लाल सुपुत्र श्री चंदा राम (70) 11 अक्तूबर से लापता हैं । सफेद कमीज और धोती पहने रंग सांवला दिमागी खराबी सूचना देने वाले को 1000 रु. के अलावा सफर खर्च दिया जाएगा । लालचंद, गरबख्श कालोनी गली नम्बर 11 हाऊस, 1157, पटियाला ।

(Bhushan/45)

शिक्षा

गारंटी से मैट्रिक/इंटर/बी.ए./मैडिकल कोर्स/RMP रजिस्ट्रेशन । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

(5546/15JD)

RMP सरकारी मान्य 15 दिनों में करके एक साल में BAMS करें । Matric, +2, B.A./B.Sc./B.Com./ M.A./ M.Sc./ M.Com., (one sitting), MBA, B.Ed., OT, LT, JBT, Law Forms being sent. Prospectus Rs. 20/- Citizen College, behind Narindera Cinema, Near Bus Stand, Jalandhar.

(NAMA/45W)

Excellent Coaching Start for 10th, +1 and +2 (Maths, Science, Arts) PSEB, CBSE and Bhopal. Contact :—Citizen College, Behind Narinder Cinema, Near Bus Stand, Jalandhar.

(NAMA/25)

जमीन/जायदाद/प्लाट

'Vasudev Nagar' Phase-II, Sector 10, अम्बाला के साथ लगते हुए 27½' चौड़ी Black Topped Road पर Two Sides Open/

बिकाऊ

गांव हलालपुर, जिला सोनीपत (हरियाणा) मेन सड़क पर स्थित एक अच्छी हालत में चल रहा ईंटों का भट्ठा बिकाऊ है । भांडा तीन एकड़ और मिट्टी के लिए भूमि 12 एकड़ जमीन 10 वर्ष और 3 वर्ष के लिए ठेके पर है । पक्की चिमनी, पक्की रिहायशी झुग्गियां, शानदार कार्यालय । सम्पर्क करें : शिव शंकर ट्रेडिंग कम्पनी, 2073/5, अनाज मंडी नरेला (दिल्ली), Ph. : 7281749.

(G. Markanda/80)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 16.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 75/-, Chandigarh Rs. 75.50/-, Ambala Rs. 75.50/-. NECC Suggested Retail Price 85 Ps per Egg.

(Kamboj/27W)

व्यापार

For our special quality Bakery Biscuits, Golden Rusk, Milk-Pav, Fruit-cake, Buns & Gift Packs, Salesmen/ Distributors may contact : Richy Foods, Ghasmandi, Basti Sheikh, Jalandhar. Phone : 79881.

(Ad Asso/25)

रोजगार

नेवी, सेना, एयरफोर्स बैंकों, रेलवे तथा क्लर्कों की लगभग 10,000 पोस्टों के लिए मैट्रिक (10) पास लड़के/लड़कियां 35 रुपए मनिआर्डर/बैंक ड्राफ्ट भेज कर फार्म और गाइडैंस प्रास्पैक्टस 30 अक्तूबर तक मंगवाएं : Advance Careers, .1095/8, Islamabad, Amritsar-143002.

(Milap/3BJDC)

आवश्यकता

ट्रैक्टर के लिए अनुभवी ड्राइवर चाहिए । शीघ्र मिलें : दीपक पब्लिशर्ज, भाई हीरा गेट, जालंधर ।

(5803/90)

Wanted Punjabi/ English Typist. Contact Parkash Computer Centre, Hind

पंजाब में 5 सुरक्षा कर्मियों सहित 8 व्यक्तियों की हत्या : एक का अपहरण

विभिन्न मुठभेड़ों में 11 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान मिलिटैंटों ने नए भर्ती किए गए 5 विशेष पुलिस अधिकारियों समेत 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी और एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया, जबकि इसी अवधि में 11 मिलिटैंट मारे गए ।

5 विशेष पुलिस अधिकारियों की हत्या : मिलिटैंटों ने होशियारपुर जिले के गांव ज़फर में नवनियुक्त 5 विशेष पुलिस अधिकारियों की कल रात गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस की वर्दियां पहने हुए मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह, करनैल सिंह, अशोक कुमार, हरविंदर सिंह तथा कश्मीर सिंह को उनके घरों से निकाल कर एक स्थान पर एकत्र किया तथा गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी। मिलिटैंट उनकी पांच 303 बोर की राइफलें लेकर फरार हो गए। इन विशेष पुलिस अधिकारियों को पिछले दिनों ही पुलिस कर्मियों के परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भर्ती किए गए 5000 विशेष पुलिस अधिकारियों के साथ भर्ती किया गया था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : अमृतसर जिले के खासा गांव में कल रात मिलिटैंटों के गुट संघर्ष में सदा सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया। उसके शव के निकट से तीन 303 बोर की राइफलें पड़ी मिली हैं।

बम्पति की हत्या : पट्टी (सुरेंद्र): गत रात 12 बजे पुलिस जिला तरनतारन के गांव बल्टोहा में 4 मिलिटैंटों ने भृंगारा सिंह के घर में घुस कर उसकी तथा उसकी पत्नी मुख्त्यार कौर की गोलियां मारकर हत्या कर दी। इस दम्पति पर बोता सिंह नामक एक मिलिटैंट को मरवाने का आरोप लगाया गया था। हत्यारों की पहचान बगीचा सिंह निवासी गांव कालिया सकलर (के.सी.एफ.का. ले. जनरल), कुलविंदर सिंह उर्फ पप्पू गांव बल्टोहा, जीत मसीह बल्टोहा तथा जस्सा सिंह बल्टोहा के रूप में हुई है।

3 मिलिटैंट मारे गए : बटाला (चौधरी, कोछड़) कल रात थाना सदर बटाला के गांव मसानी में सुरक्षा बलों के हाथों 3 मिलिटैंट मारे गए। बताया जाता है कि सदर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने गांव दिवानीवाल के निकट एक नहर पर नाका लगा रखा था कि उन्हें 5-6 मिलिटैंट नज़र आए। सुरक्षा बलों द्वारा ललकारने पर मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई में 3 मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से 3 राइफलें मिली हैं। यह तीनों राइफलें पुलिस से छीनी हुई मालूम होती हैं।

दो मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले के डंडारी कलां में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में बलराज सिंह और हीरा सिंह उर्फ काला नाम के दो मिलिटैंट मारे गए। उनके पास से एक एके. 47 राइफल, एक 315 बोर राइफल, दो मैगजीनें और एक स्टिक बम बरामद हुआ। इनका संबंध अ.भा. सिख छात्र संघ के विट्ठू गुट से था।

मिलिटैंटों द्वारा आत्महत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से लगभग 30 कि.मी. दूर गांव दिवाना में कल रात पुलिस और सुरक्षा बलों के मध्य हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया तथा एक अन्य भाग गया। बताया जाता है कि एक मिलिटैंट को जब पुलिस ने घेर लिया तो उसने सायनाइड खा लिया, जिसके परिणामस्वरूप वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया।

2 लड़कियां गिरफ्तार : पटियाला और संगरूर पुलिस ने 2 लड़कियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एके. 47 राइफल के 9 कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ जारी है।

तलाशी अभियान के दौरान बंकर मिला : लुधियाना (मुसाफिर, महिन्द्रा, धीमान) : पंजाब पुलिस और कई अर्द्ध सैनिक बलों की 18 कम्पनियों ने जिला लुधियाना तथा संगरूर के गांवों में आज घर-घर की तलाशी ली । इन गांवों में मल्ला, रसूलपर, चक्कर, दिवाना आदि शामिल हैं । उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लुधियाना अनिल शर्मा ने बताया कि गांव चक्कर में जांच के दौरान राजा सिंह के घर एक पक्का बंकर मिला, जिसमें बिजली आदि लगी हुई है । इसमें 18 व्यक्ति छिप सकते हैं । उन्होंने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (बुध सिंह वाला) के लोग यहां आकर ठहरते थे । मालिक मकान राजा सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है । इसके अतिरिक्त 6 अन्य व्यक्ति भी हिरासत में लिए गए हैं । इस बंकर में हथियार भी रखे जाते थे । जिला लुधियाना के किसी गांव में यह पहला बंकर मिला है । यह सीमेंट और कंकरीट का बना हुआ है ।

दो अन्य मिलिटैंट मरे : फरीदकोट जिले के रुड़ी कपूरा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के हाथों दो मिलिटैंट मारे गए। उनके पास से 12 बोर की दो बंदूकें बरामद हुई हैं।

मिलिटैंट फरार : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने फरीदकोट जिले के धौंडिके गांव के निकट मिलिटैंट अजमेर सिंह को ले जा रहे एक पुलिस दल पर घात लगाकर हमला किया। मुठभेड़ के दौरान अजमेर सिंह फरार हो गया। अजमेर सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था।

2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिले के बब्बोवाल गांव के करीब एक मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक बी.टी.एफ.के. का जागीर सिंह था।

एक का अपहरण : बटाला पुलिस जिले के गांव अच्छल साहब से मिलिटैंटों ने राम किशन नामक एक ड्राइवर का उसके घर से अपहरण कर लिया।

पंचायत सदस्य की हत्या : तपामंडी (गर्ग): आज दोपहर बाद लगभग 3 बजे यहां से 5 कि.मी. दूर गांव डिलवां में मिलिटैंटों ने पंचायत के सदस्य नेक सिंह की खेत में एके. 47 राइफल से गोलियां मार कर हत्या कर दी।

चार की पहचान : लुधियाना (महेन्द्रा): कल जिला के गांव गहोरा के पास मिलिटैंटों के हाथों मारे गए छः बस यात्रियों में से चार की पहचान हो गई है। इनके नाम इस तरह हैं : जिया लाल निवासी कस्बा सुधार, पूरन कुमार सुधार, अशोक कुमार रायकोट और छिंदर सिंह गांव भीरा, शेष दो यात्रियों की अभी पहचान नहीं हुई।

रायकोट से डेढ के अनुसार बस यात्रियों की हत्याओं के रोष-स्वरूप आज रायकोट तथा सुधार कस्बों में पूर्ण बन्द रखा गया ।

हत्या खालिस्तान कमांडो फोर्स ने की : लुधियाना : धीमान के अनुसार पंजाब के आई.जी. आप्रेशन चौधरी सुबे सिंह ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए बताया कि कल जिले के गांव गहोर में जो बस यात्रियों की हत्या हुई थी, उनके हत्यारों की पहचान हो गई है । यह काम खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल, पैंटा धड़े) का है । उन्होंने कहा कि यह गिरोह इस क्षेत्र में काफी सरगर्म है । उन्होंने यह भी बताया कि उक्त छः यात्रियों में से 5 की पहचान हो गई है । पांचवें यात्री का नाम संदीप कुमार (लुधियाना) है ।

बस, खन्ना, मांगट लुधियाना आए : लुधियाना (मुसाफिर, धीमान) गत रात इस जिले में 6 बस यात्रियों की हत्या करने तथा हीरो साइकिल कम्पनी के दो अधिकारियों का अपहरण करने का प्रयास करने से उत्पन्न हुई स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार के एल. वत्स, पंजाब के मुख्य सचिव तेजेन्द्र खन्ना, अजीत सिंह चट्ठा तथा पंजाब के पुलिस महानिदेशक डी.एस. मांगट आज यहां आए ।

उद्योगपतियों ने उक्त वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके कहा कि लुधियाना जिले में मिलिटैंसी की गतिविधियां बढ़ने के कारण लोगों में तथा विशेष रूप से उद्योगपतियों में भय व्याप्त है । लुधियाना नगर में रात आठ बजे के पश्चात मिलिटैंटों का शासन होता है, इसलिए उद्योगपति लुधियाना से बाहर जा रहे हैं । नगर में रात के समय कोई गश्त नहीं होती तथा न ही कोई नाका लगाया जाता है ।

श्री खन्ना ने उद्योगपतियों को विश्वास दिलाया कि नगर में सुरक्षा बढ़ाई जाएगी तथा अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ से प्रत्येक 15 दिन के पश्चात एक वरिष्ठ अधिकारी तथा एक पुलिस अधिकारी यहां आकर लोगों की शिकायतें सुना करेंगे । उन्होंने कहा कि स्थिति को और अधिक खराब नहीं होने दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सेना को बुलाने का अधिकार भी जिला मैजिस्ट्रेट के पास है । उन्होंने बताया कि मिलिटैंटों को पंजाब, गुजरात, राजस्थान तथा जम्मू-कश्मीर की पाकिस्तान के साथ लगती सीमा से शस्त्र मिल रहे हैं ।

बाद में उक्त सभी अधिकारी मल्लापर दाखा भी गए, जहां पिछले दिनों 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी ।

श्री खन्ना ने बताया कि पंजाब सरकार ने केंद्रीय सरकार से अधिक अर्द्ध सैनिक बल मांगे हैं तथापि इस संबंध में उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई । मुख्य सचिव ने बताया कि लुधियाना, संगरूर, मजीठा, तरनतारन और रोपड़ जिले के कुछ हिस्सों में मिलिटैंटों का ज्यादा जोर है, मगर दूसरे जिलों में हालात बेहतर हैं । उन्होंने कहा कि पंजाबियों का मनोबल ऊंचा है । उन्होंने कभी किसी मोर्चे पर कमजोरी नहीं दिखाई ।

मारुति वैन पर फायरिंग, 2 घायल : कल सायं लगभग 7 बजे जयन्तीपुर के सरपंच पवन कुमार व उनके भाई राजेन्द्र कुमार मारुति वैन में वैन

(शेष पृष्ठ 8 पर)



यात्रियों के शव । मिलिटैंटों ने इनकी हत्या मंगलवार रात की । (छाया : पं.के.)



ले के गांव मुल्लांपुर के निकट मिलिटैंटों ने जिस्में से छः या कर दी थी (दाएं) राज्यपाल के सलाहकार के एल. शर्मा तथा डी.आई.जी. डी. आर. भट्टी घटनास्थल का (छाया : कम्बोज)

सरकार से भूमि- पुनर्विचार को कहा

चाहिए।

श्री चवन का पत्र राज्य सरकार के पहले के उस पत्र के जवाब में है, जिसमें राज्य सरकार ने दावा किया था कि अधिग्रहण की जा रही भूमि विवादग्रस्त सम्पत्ति का हिस्सा नहीं है।

श्री चवन ने अपने पत्र में राज्य सरकार से यह जानना चाहा है कि क्या उसने यह कार्रवाई करने से पूर्व उच्च न्यायालय के आदेश पर गौर किया है अथवा नहीं ?

सरकारी सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले महीने संकेत दिया था कि उसका विवादग्रस्त भूमि या अडोस-पड़ोस के क्षेत्र में अधिगृहीत करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन आपात-धारा का उपयोग कर अचानक की गई कार्रवाई के कारण केन्द्र को आश्चर्य हुआ है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

...शरीफ गले मिले !

मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने कल उस समय 'इंशा अल्लाह' ान के एक पत्रकार ने भारत-पाकिस्तान के बीच के आपसी

द्वारा आयोजित स्वागत समारोह के दौरान जब श्री राव और ारिक रूप से आपस में मिले तो दोनों देशों के पत्रकार उनके

न दोनों नेताओं ने तनाव-मुक्त सम्बन्धों की कामना की और सम्बन्धों की स्थापना उनकी चिंता का मुख्य विषय होगा।

नी 17 अक्तूबर की निर्धारित बैठक के बाद पत्रकारों को कुछ

ने उक्त बैठक के परिणाम की संभावना के बारे में पूछा तो श्री

ी बनने पर बधाई दी और कहा कि वह जून में फोन पर बधाई

ारों की बातें बड़े ध्यान से सुनी जिन्होंने उनको सलाह दी कि देशों को एक-दूसरे से दोस्ताना सम्बन्ध कायम करना चाहिए ।

एक पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा कि छोटा देश होने के नाते कता।

पाकिस्तान द्वारा कश्मीर और पंजाब के पृथकतावादियों को ने की संभावना है।

राष्ट्रकुल शिखर सम्मे... अफ्रीका सरकार...

हरारे, 16 अक्तूबर (प.स.): राष्ट्रकुल देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन आज पड़ोसी दक्षिण अफ्रीका से गैर-नस्लवादी लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना के लिए नए संविधान पर फौरन बातचीत शुरू करने तथा विकासशील देशों के ऋण भार और आर्थिक संकट को खत्म करने के लिए विचार-विमर्श करने पर आह्वान के साथ प्रारम्भ हो गया।

जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति राबर्ट मुगाबे ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हरारे से पड़ोसी देश दक्षिण अफ्रीका तक यह संदेश पहुंच जाना चाहिए कि बातचीत के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

सम्मेलन कक्ष उस समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जब श्री मुगाबे ने नामीबिया को राष्ट्रकुल का पचासवां सदस्य बनाए जाने पर स्वागत किया। उन्होंने नामीबिया के नेता सैम नुयोमा को सच्चा राष्ट्र निर्माता बताया।

राजीव गांधी को श्रद्धांजलि : श्री राबर्ट मुगाबे द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को अपराह्न श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ प्रारम्भ हुआ। इसमें भाग ले रहे शासनाध्यक्षों ने उनकी स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। श्री मुगाबे ने कहा कि राजीव गांधी ने 'आधुनिक भारत की एक परिकल्पना' अपने मन में संजोयी थी तथा उसे साकार करने के लिए प्रयासरत थे कि एक आतताई ने उन्हें हमारे बीच से छीन लिया। श्री मुगाबे ने उन्हें 'एक स्पष्ट जीवन दृष्टि तथा संकल्प' से सम्पन्न व्यक्ति बताया।

उन्होंने सदस्यों से श्री गांधी की स्मृति में एक मिनट का मौन रखने का आग्रह किया तथा



हरारे (जिम्बाब्वे) में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों के स... अध्यक्ष डा. महातिर मुहम्मद भारतीय प्रधानमंत्री महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय से परिचय कराते हुए

Punjab Sanatani

समय सीमा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पृष्ठों के वक्तव्य, जो कथित रूप
रेशन फोर्स (के.एल.एफ.),
फोर्स (के.सी.एफ.), सिख
विटट) और भिंडरांवाले टाइगर्स
न (बी.टी.एफ.के.) की ओर से
में कहा गया है कि यदि हमारे
किया गया तो श्री राड का शव
भवन या किसी पर्वतीय स्थान
यह वक्तव्य कई समाचारपत्रों
यों में लिफाफों में भेजा गया ।
रा मिलिटैंट संगठनों के नेताओं
एफ्तार करने के विरुद्ध चेतावनी

र को चेतावनी

3 का शेष)

को हरारे में रवाना होगा।

वेश्य भेंट : प्रधानमंत्री श्री राव
जाम्बेश्य से भेंट की और कहा कि
प्रिंस चार्ल्स की नई दिल्ली यात्रा
है ।
वक्ता ने बताया कि महारानी
सम्मान में दिए गए मध्यान्ह
भेंट हुई ।
मुलाकात के दौरान दोनों ओर
आदान-प्रदान हुआ ।

बया के राष्ट्रपति कैनेथ कौंडा
ानमंत्री महातिर मोहम्मद के
ैठक में कल यहां कहा कि
बीच आपसी सहयोग में प्रगति
ने कहा कि विकासशील देशों
ग को मजबूत बनाना जरूरी

र में मंत्री घायल

अक्तूबर (वार्ता) : केरल के
सी.टी. अहमद अली और 6
घायल हो गए जब क्विलोन
उनकी कार और एक ट्रक में

से 3 मरे

र (वार्ता) यहां उदयगिरि
फैक्टरी में हुए विस्फोट से 3
में एक नन्हा शिशु था ।



DE DWAREY



होशियारपुर जिले के गांव जफर में गत रात मिलिटैंटों के हाथों मारे गए पांच विशेष पुलिस अधिकारियों के शव । (छाया : झावर)



जिला लुधियाना के गांव गलोटी आलमगीर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए मिलिटैंटों (1) बलराज सिंह राजा का शव । (3, 4) क्रास फायरिंग में घायल तीन महिलाएं । बताया जाता है कि उनके फार्म हाउस में मिलिटैंटों ने शरण ले रखी थी ।

लुधियाना में कानपुर के लिए हौजरी माल की बुकिंग बंद होने से निर्माता परेशान

लुधियाना, 16 अक्तूबर (महिन्द्रा) : दाल बाजार हौजरी संघ लुधियाना के प्रधान श्री सुरेश धीर ने रेलवे के संडीय प्रबन्धक को चेतावनी दी है कि वह लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हौजरी के माल की बुकिंग बारे आ रही कठिनाइयों को दूर करें अन्यथा हौजरी उद्योगपतियों व व्यापारियों को रेलवे के अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करनी पड़ेगी।

श्री सुरेश धीर ने एक बयान में बताया है कि रेलवे स्टेशन लुधियाना पर हौजरी की बुकिंग कानपुर के लिए बंद कर दी गई है जिससे कानपुर के व्यापारी परेशान हैं कि वे अपना माल किस प्रकार कानपुर ले जाएं। उन्होंने कहा कि संडीय प्रबन्धक ने आश्वासन दिया था कि हौजरी सीजन में हौजरी माल की बुकिंग के लिए तीन खिड़कियां खोली जाएंगी तथा तीन कन्डे लगाए जाएंगे लेकिन इस बारे अभी तक कुछ नहीं किया गया है। श्री धीर ने कहा कि हौजरी का माल स्टेशन पर पड़ा है तथा कुछ माल चोरी हो जाता है।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

के मालिक हरदीप सिंह तथा ड्राइवर सुविंदर सिंह पुत्र तरलोक सिंह (जो बटाला निवासी है) के साथ जयन्तीपुर से बटाला जा रहे थे कि रास्ते में तीन मिलिटैंटों ने उनकी वैन पर फायरिंग शुरू कर दी जिससे हरदीप सिंह और सुविंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अमृतसर में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पवन कुमार व राजेन्द्र कुमार बाल-बाल बच गए।

शस्त्र पूजन आज

अमृतसर, 16 अक्तूबर (कमलेश) : श्री वेद प्रकाश महानगर सह संघ चालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आज पत्रकारों को बताया कि विजय दशमी के अवसर पर संघ की ओर से 17 अक्तूबर प्रात: 7.30 बजे ठंडी खुई के सामने कंपनी बाग में शस्त्र पूजन होगा । इसके उपरान्त रैली होगी, जिसे प्रांत प्रचारक श्री अशोक प्रभाकर सम्बोधित करेंगे । रैली के बाद शहर में बावर्दी पथ-संचालन मार्च किया जाएगा जो लारेंस रोड, दयानंद नगर, मजीठा रोड, बटाला रोड, शिवाला बाग भाइयां, हुकम सिंह रोड, चिल्ड्रन अस्पताल, केसर चौक से होता हुआ वापस कम्पनी बाग में समाप्त होगा । इसमें भगवे झंडे को लेकर घुड़सवार होंगे ।



श्री राम लीला कमेटी (रजि.) लुधियाना द्वारा दरेसी मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव का उद्घाटन करते हुए मेयर चौधरी सतप्रकाश । उनके साथ कमेटी के प्रधान श्री प्रेम पराशर, श्री सुदर्शन अग्रवाल, श्री केवल कृष्ण मरवाहा, श्री सतपाल बावा व श्री कैलाश शर्मा भी हैं । (छाया : राजपाल)

दशहरा-उत्सव

जालन्धर, 16 अक्तूबर : नवनिर्माण सहयोग सभा (रजि.) द्वारा दशहरा उत्सव 17 अक्तूबर को सायं 3.30 बजे मंदिर श्री राम सरोवर, माडल हाऊस रोड, जालन्धर में मनाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता श्री ब्रज मोहन शर्मा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा पार्षद श्री मनोरंजन कालिया होंगे।

जालन्धर छावनी : श्री राम लीला कमेटी

जम कर लताड़ा

(पृष्ठ 3 का शेष)

पाकिस्तान अपनी सरकार द्वारा मिलिटैंसी को बढ़ावा दिए जाने तथा पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर में विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने की कार्रवाई की गंभीरता को महसूस करेगा तथा पुन: शिमला समझौते के शब्दों एवं भावनाओं का पालन करेगा।

इंडियन एयर लाइन्स द्वारा इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर (वार्ता) : इंडियन एयर लाइन्स ने आज आंदोलनरत पन्द्रह इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ यह स्पष्ट किया कि यदि विमान चालकों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया तो उनके साथ भी प्रबंधक सख्ती बरतेंगे।

एयर लाइन्स के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एयर मार्शल एस. एस. रामदास ने संवाददाताओं को बताया कि कारण बताओ नोटिस बम्बई स्थित इंजीनियरों को जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा गया है।

एयर मार्शल रामदास ने कहा कि इंजीनियरों के आंदोलन के कारण परिवर्तित उड़ान समय सारणी में से लगभग 75 प्रतिशत उड़ानें आज सम्भव हुई और संख्या की दृष्टि से सामान्य दिनों की तुलना में आज केवल पांच प्रतिशत कम यात्रियों ने यात्रा की।

वी.पी. सिंह 27 को राजपुरा आएंगे

राजपुरा, 16 अक्तूबर (मासूम) : समाचार मिला है कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह और अखिल भारतीय जनता दल के प्रधान एस.आर. बोम्मई 27 अक्तूबर को राजपुरा आएंगे तथा एक रैली को सम्बोधित करेंगे।

हिमाचल के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हिमपात से शीत बढ़ी

शिमला, 16 अक्तूबर (प.स., स.) : शिमला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी शीत अनुभव की जा रही है । प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के ऊंचे भागों में पुन: हिमपात हुआ है तथा प्रदेश के निचले क्षेत्रों में व्यापक रूप से वर्षा भी हुई है ।

प्रदेश की राजधानी शिमला में आज वर्षा की तेज बौछारें हुईं तथा दिन-भर तेज ठंडी हवाएं चलती रहीं । शिमला में आज तापमान जमाव बिन्दु के आसपास तक पहुंच गया था । नगर में मुख्य बाजारों में सुनसान-सी दिखाई देती थी । यहां आए पर्यटकों को खराब मौसम व शीत के कारण होटलों के कमरों में ही दिन गुजारना पड़ा ।

ठंडी हवाओं व शीत के बावजूद यहां अष्टमी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु करली बाड़ी मन्दिर में पूजा करने के लिए आते रहे ।

किन्नौर, लाहौल-स्पीति व ऊपरी शिमला के



जिम्बाब्वे के राष्ट्र... का उद्घाटन कर...

रक्तदा...

लुधियाना, 1... शरणम् के भगत... सत्संग में हजारों स्त्री... कहा कि खून दान... यदि हम अपने खून... सकते हैं तो इससे... है ? भगत जी ने र... अधिकाधिक खून द...

भगत हंसराज ... अक्तूबर प्रथम नव...

त्रिपुरा सर्वाधि...

अगरतला, 16 ... दिन एक हत्या, हर ... और हर आधे घंटे प... के कारण त्रिपुरा ... राज्य बन गया है।

सरकारी दस्ता... वर्षों के दौरान र... बलात्कार की 370 ... तक हत्या की 110 ... हो चुकी थी।

पुलिस रिकार्ड के... अभियुक्त अभी त... अपहरण, दंगा, आग ... की पुलिस को जान... कुल आबादी 26 ला...

दिल्ली ...

(पृष्ठ ...

जिसके पास एक स... सायनाइड के कैप्सूल...

Punjab Sanatani

पुलिस कांस्टेबल के परिवार के 3 सदस्यों व समाचारपत्र एजैंट सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : 4 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 17 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न वारदातों में एक पुलिस कांस्टेबल के परिवार के 3 सदस्यों व एक समाचार पत्र एजैंट सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि विभिन्न घटनाओं में 4 मिलिटैंट भी मारे गए । इसके अलावा छुरेबाज़ी की घटना में गत दिवस घायल हुआ एस.पी.ओ. आज चल बसा है ।

एक व्यक्ति की हत्या : दो अज्ञात मिलिटैंटों ने फरीदकोट जिले के कोकरी कलां गांव में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम सुरिन्दर सिंह है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : गत रात्रि जिला लुधियाना के गांव धापई में मिलिटैंटों ने जग्गा सिंह नामक एक व्यक्ति व उसके नौकर इन्दर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

घायल एस.पी.ओ. चल बसा : अमृतसर के ए.एस.पी. सिटी जी. सिंह के अनुसार घायल एस.पी.ओ. ओम प्रकाश आज एस.जी.टी.बी. अस्पताल के अमरजैंसी वार्ड में घावों की ताव न सहते हुए चल बसा है । गत रात्रि उसे हरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति ने छुरे मार-मार कर घायल कर दिया था । पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है तथा प्रारम्भिक जांच के दौरान पता चला है कि यह मामला आपसी दुश्मनी का था । दोनों व्यक्ति ग्वाल मंडी क्षेत्र के निवासी थे और छुरेबाज़ी की उक्त घटना पुतलीघर चौक में हुई ।

इन्कार : पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने आज इस बात से इंकार किया है कि गत 29 अगस्त को जटाना में हुई घटना के बारे में रोपड़ पुलिस ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को कोई पत्र भेजा है । प्रवक्ता के अनुसार घटना के संबंध में पुलिस थाना चमकौर साहब में केस दर्ज कर लिया गया है तथा जांच कार्य जारी है । प्रवक्ता का कहना था कि इस आशय संबंधी प्रकाशित तथ्य निराधार व भ्रामक हैं ।

उक्त जानकारी प्रवक्ता समाचार पत्रों में प्रकाशित इन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा था कि रोपड़ के एस.एस.पी. मोहम्मद मुस्तफा ने डी.जी.पी. डी.एस. मांगट को एक गुप्त पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि चंडीगढ़ के एस.एस.पी. एस.एस. सैनी ने गत 29 अगस्त की रात को भाई जटाना के परिवार के सदस्यों की हत्या के आदेश दिए थे क्योंकि वह उन पर घातक हमले का कथित दोषी था ।

समाचारपत्र एजैंट की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज प्रात: 11 बजे रैय्या में 2 मिलिटैंटों ने समाचारपत्रों के एक एजैंट जसपाल सिंह की उसकी दुकान में गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने उसकी दुकान में आकर उससे पंजाबी का एक समाचारपत्र मांगा। ज्यों ही वह उन्हें समाचारपत्र देने लगा, मिलिटैंटों ने फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी।

4 व्यक्तियों का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज रात्रि थाना तरनतारन के गांव दोबुर्जी के पास 4 लोगों का अपहरण कर लिया । बताया जाता है कि रात्रि लगभग 8.45 बजे 6 व्यक्ति एक वैन में तरनतारन से अमृतसर आ रहे थे कि अमृतसर के निकट थाना तरनतारन में पड़ते क्षेत्र दोबुर्जी के पास पिस्तौल की नोक पर वैन को रोक लिया और 6 में से 4 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया जबकि शेष 2 को जाने दिया । अपहृत व्यक्तियों में भारतीय खाद्य निगम का एक इंस्पैक्टर रामकृष्ण भी शामिल है ।

अपहृत व्यक्तियों के नाम ओमप्रकाश, प्रेम सिंह तथा बी.डी. सूद हैं । मिलिटैंटों की संख्या 15 थी । वैन का नं. आई.ए. 4545 था । यह उन्होंने किराए पर ली थी ।

बताया जाता है कि श्री रामकृष्ण अपने साथियों के साथ भारतीय खाद्य निगम के लिए '7-फूड ग्रेन गाड़ी' में खाद्यान्न लदवा कर वापस आ रहे थे, मिलिटैंट उनकी वैन भी साथ ले गए ।

दो का अपहरण : मिलिटैंटों ने आज शाम चोला साहब की चोला राइस मिल के 2 कर्मचारियों का अपहरण कर लिया ।

कांस्टेबल के परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या : पटियाला



रय्या के समाचारपत्र एजैंट जसपाल सिंह का शव । (छाया : फौजी)

(राजू): यहां से 12 कि.मी. दूर पटियाला-राजपुरा मार्ग पर गत रात्रि कौली गांव में कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, उसके पिता नाहर सिंह व भाई दर्शन सिंह तथा शराब के एक ठेकेदार सुन्दर सिंह (80) की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए।

कांस्टेबल त्रिलोक सिंह लुधियाना में तैनात था तथा इन दिनों अपने गांव में छुट्टी पर आया हुआ था, जबकि उसका भाई दर्शन सिंह पी.आर.टी.सी. में कर्मचारी था।

उल्लेखनीय है कि कौली गांव बब्बर खालसा के मालवा क्षेत्र के एरिया कमांडर अमरीक सिंह कौली का पैतृक गांव है, जो इन दिनों अत्यन्त सक्रिय है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



sma

you wish

month

e : 23019



The Excitement

G.T. Roa

A HOUSE

READYMADE SUITS,

SOHAN LAL & SO

JALANDHAR CANTT. Phones: 4811

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक व्यक्ति की हत्या, एक घायल : गत सायं पुलिस थाना राजपुरा के गांव गोपालपुरा में कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक किसान गुरचरण सिंह पुत्र मिल्खा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। यह घटना रात 8.30 बजे की है तथा उस दौरान वहां मौजूद गांव अब्दुलपुर का निवासी सतनाम सिंह भी फायरिंग के दौरान घायल हो गया। उसे स्थानीय राजिन्द्रा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : पुलिस थाना मुल्लेपुर के गांव बढाली में आज तड़के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर संत कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने जांच कार्य के दौरान मुठभेड़ हो जाने पर 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया। इससे पूर्व दोनों ओर से करीब एक घंटा तक फायरिंग होती रही।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 4 केशधारी युवकों को पैदल आते देख कर जब उक्त पुलिस दल ने उन्हें ललकारा तो वे फायरिंग करते हुए खेतों में जा छिपे। इस पर सुरक्षा बलों ने भी खेतों को घेर कर जवाबी फायरिंग की तथा 2 संदिग्ध मिलिटैंटों को मार गिराया, जिनकी फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी जबकि उनके 2 अन्य साथी फरार हो गए।

2 मिलिटैंट मरे : फाजिल्का (नागपाल): आज दोपहर बाद यहां से करीब 24 कि.मी. दूर गांव मुलियांवाली में सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले के दौरान 2 मिलिटैंट मारे गए तथा पंजाब पुलिस के 2 सिपाही घायल हो गए।

बताया जाता है कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव के एक घर में मिलिटैंट छिपे हुए हैं। इसके बाद डी.एस.पी. श्री बाजवा के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने उक्त स्थल को घेर लिया। इस पुलिस दल को देख कर एक मिलिटैंट तो फरार हो गया, परन्तु उसके बाकी साथियों ने घर के भीतर से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग से 2 मिलिटैंट मारे गए, जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस ने घटनास्थल से 2 ए.के. 56 राइफलें, 536 कारतूस, चीन निर्मित 2 रिवाल्वर व 5 डैटोनेटर बरामद किए। उक्त मुकाबला प्रातः 9 बजे शुरू होकर दोपहर बाद एक बजे तक चलता रहा। घायल सिपाहियों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपहृत का शव मिला : नवांशहर (शर्मा): अश्विनी कुमार पुत्र किशोर चन्द गांव जाडला, जो पिछले चार दिनों से घर से लापता था, की लाश उसके गांव के बाहर खेतों में पड़ी मिली है। यहां सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद लाश उसके घर वालों को सौंप दी गई। बताया जाता है कि उसका संभवतः अपहरण कर लिया गया था।

हत्याकांड की जिम्मेवारी ली : मुक्तसर (दर्दी): गत दिनों 6 निरंकारियों की हत्या करने की जिम्मेवारी 4 विभिन्न मिलिटैंट संगठनों ने ली है। इस संवाददाता को डाक द्वारा प्राप्त एक प्रैस नोट में खालिस्तान कमांडो फोर्स, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स व सिख छात्र संघ (बिट्टू गुट) ने संयुक्त रूप से उक्त हत्याकांड की जिम्मेवारी ली है। इस प्रैस नोट में लुटेरों को चेतावनी दी गई है कि वे अपनी हरकतें छोड़ दें।

रात्रि कर्फ्यू लागू : फिरोजपुर (बागी): जिला फिरोजपुर की भारत-पाक सीमा की 5 कि.मी. की पट्टी में रात्रि कर्फ्यू लागू कर दिया गया है, जो रात 7.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक जारी रहेगा। इस सम्बन्ध में जिला मैजिस्ट्रेट ने विशेष आदेश जारी करते हुए तत्काल रूप से उक्त क्षेत्र में रात्रि कर्फ्यू लागू कर दिया है। यह आदेश आगामी 15 नवम्बर तक जारी रहेगा।

एक अन्य आदेश द्वारा सतलुज व ब्यास नदियों में जिला फिरोजपुर के क्षेत्र में निजी नावों के प्रयोग पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

हथियार छीने : गोराया (सैहरा) : आज प्रातः 7.15 बजे के करीब स्थानीय इंका के महासचिव जगदीश मित्तर राही के यहां स्थित निवास में से 2 लुटेरे एक स्टेनगन व 2 भरे हुए मैगज़ीन छीन कर फरार हो गए । इन लुटेरों ने बंदूक की नोक पर हथियार छीने । घटना के समय श्री जगदीश का एक एस.पी.ओ. गनमैन गुसलखाने में था । फरार हुए लुटेरों का बाद में पीछा भी किया गया, परन्तु वे काबू नहीं आए ।

मारुति वैन छीनी : फगवाड़ा से 'अशोक' के अनुसार आज सायं गांव मौली के निकट दो सशस्त्र व्यक्तियों ने महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति से उसकी मारुति वैन छीन ली। बताया गया है कि इन दो व्यक्तियों ने माहलपुर से वैन किराए पर ली थी तथा मौली गांव के पास आकर इन्होंने वैन चालक को जबरदस्ती वैन से उतार दिया तथा वैन लेकर फरार हो गए।

HAPPY NEWS FOR PEOPLE OF HOUSING BOARD COLONY,

AMBALA SADAR

CH. RANDHIR SINGH, Contesting from Ward No. 13, Municipal Election supported by Congress–I. Please give your Vote & Support. His Election Symbol is Masal.



Malhotra Publicity

EXHIBITION CUM SALE (FESTIVAL BONANZA'91)

ALLWYN

Super

SNACK 'N' SANDWICH TOASTER

ENJOY FREE SNACKS

AT SAWYAMBER PALACE, LAWRENCE ROAD, AMRITSAR

FROM OCT.14 to 21, 1991

ALLWYN

INDIA'S LARGEST SANDWICH TOASTER MANUFACTURER

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

कम्प्यूटर

'Dolphin Micro' Cheapest, best Computer for Schools, Children, Personal use. Unique Computers, Shop 171, 37 C, Chandigarh. (Jai/16)

ज्योतिष

बिना पूछे दिल का हाल बताने वाले बंगाली तांत्रिक (मियां पाशा जी) हर समस्या का समाधान है। हरबन्सपुरा, लुधियाना। (Mohindra/18C)

आवश्यकता

एक्स-सर्विसमैन गनमैन तुरंत चाहिए, अच्छा वेतन, सिगल आवास, गन लाइसैंस के साथ किसी कार्य दिवस को खुद मिलें : एक्स-सर्विसमैन सिक्योरिटी सर्विसिज, 138/5, मोहन नगर, पिपली रोड, कुरुक्षेत्र (निकट न्यू टैलीफोन एक्सचेंज)। (D.D. Nanha/MxW)

फैसी फोटो फ्रेम बनाने के लिए कारीगरों की जरूरत है, मिलें : गिफ्ट राईट बाब्बे दा हट्ट मार्कीट, चौड़ा

मैडीकल

RMP डाक्टरी रजिस्ट्रेशन हेतु सलाह लें। डाक्टर जी.के. सिघल, 30/139, किदवई पार्क, राजामंडी, आगरा-2. (9495/15JD)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 18.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 75/–, Chandigarh Rs. 75.50/–, Ambala Rs. 75.50/–. NECC Suggested Retail Price 85 Ps per Egg. (Kamboj/27W)

तीर्थ यात्रा

तीन धाम सप्तपुरी द्वादश, ज्योति लिंग, गया, गंगासागर, पशुपतिनाथ, नेपाल, नासिक, गोदावरी, 65 तीर्थ सेमी डीलक्स बस द्वारा, किराया 2500/- रवानगी 23 दिसम्बर, वापसी 5 फरवरी। मिलें : हरी राम मल्होत्रा, नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश)-174101

खाड़ी संकट से प्रभावित देशों को मदद का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र, 17 अक्तूबर (वार्ता): ईराक के खिलाफ प्रतिबंधों के कारण प्रभावित हुए विकासशील देशों की मदद के लिए भारत ने ठोस एवं तत्काल कदम उठाए जाने का आह्वान किया है। भारतीय प्रतिनिधि एवं सांसद अबरार अहमद ने

सोना

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुद्रा भंडार अब दो अरब अमरीकी डालर से अधिक हो चुका है। विदेशी मुद्रा कोष में वृद्धि के फलस्वरूप यह अदायगी संभव हुई है।

लेकिन उन्होंने कहा कि इसके बावजूद विदेशी मुद्रा भंडार को संतोषप्रद नहीं माना जा सकता क्योंकि इससे सिर्फ 45 दिनों के आयात की जरूरतें ही पूरी होंगी, इसलिए इसमें और सुधार जरूरी है।

इसी बीच वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह ने साफ शब्दों में कहा है कि भारत सरकार स्वर्ण बांड जारी करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही।

डा. मनमोहन सिंह ने यह संकेत नहीं दिया कि सोना फिर से गिरवी रखा जाएगा, परन्तु इतना अवश्य कहा कि सोना के इन बैंकों में बने रहने से उस पर हमें ब्याज ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि रिज़र्व बैंक को अपने स्वर्ण रिज़र्व का 15 प्रतिशत विदेशों में रखने का अधिकार प्राप्त है।

विश्व बैंक

(पृष्ठ 3 का शेष)

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के आज सम्पन्न हुए वार्षिक सम्मेलन में मुख्यतः सोवियत संघ को बाजार अर्थव्यवस्था की ओर उन्मुख करने और 65 अरब डालर के उसके विदेशी ऋणों का भुगतान करने पर विचार-विमर्श किया गया।

इसी बीच एशियाई विकास बैंक अगले दो महीनों में गंधार गैस, रेलवे और दूरसंचार परियोजना को मंजूरी देने के लिए सहमत हो गया है। बैंक इस वर्ष भारत को एक अरब डालर की सहायता देगा। एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष श्री तासमीजू ने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया।

पर्यवेक्षकों का मत है कि विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की तीन दिन की वर्तमान बैठक भारत के लिये लाभप्रद रही ।



जिला पटियाला के गांव कौली में मिलिटैंसी का शिकार हुए पुलिस कांस्टेबल के परिवार के 3 सदस्यों व शराब के एक ठेकेदार के शव । (छाया : राजू)

रुद्रपुर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

उप-राष्ट्रपति द्वारा दुःख व्यक्त : उप-राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने रुद्रपुर में बम विस्फोट में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना में गहरा दुःख व्यक्त किया है। डा. शर्मा ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह मासूम और निर्दोष लोगों से बदला लेने की घृणित कार्रवाई है। यह कार्रवाई ऐसे लोगों ने की है जो वास्तव में किसी धर्म में आस्था नहीं रखते। उनका यह कार्य हर धर्म के मूल सिद्धांतों की अवहेलना करता है।

नई दिल्ली : (वार्ता): भूतपूर्व रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत ने रुद्रपुर बम विस्फोट की घटना पर दुख प्रकट करते हुए केंद्र तथा राज्य सरकार से तराई में मिलिटैंसी पर काबू पाने के लिए तुरन्त उचित कदम

दश

अमृतसर, नवरात्रों की श्रद्धा से मना भी है। इसलि सरोवर में भा किए। दुर्ग्याण मंदिर में आज भोग डाला ग श्रद्धालु शामि बाग, शिवाल मंदिर माता मंदिर चौक फ में भी श्रद्धालु अपने घरों में बांटे।

दशहरा क रामलीला कमे 3 बजे भगवान झांकियां निका बाजारों को खू

अमृतसर द महोत्सव कल ग्राऊंड नजदीक जाएगा।

अमृतसर भाइयां प्रबंधक राय की प्रधान को मनाने का

लुधियाना कमेटी (रजि.) लुधियाना की त मनाया जाएगा, एस.एस. चन्नी डा. वी.ए.के. पाठ चेयरमैन श्री मोह प्रधान ने दी । दशहरे मेले के अन होगा, जिसका एस.सी. शर्मा करें

धीमान के अन सोसाइटी द्वारा प को दशहरा मेला

लुधियाना, दशमी का पावन को श्री राम लील कमेटी (रजि.) के श्री सतपाल बाब जिसमें सायं 5 बजे एस.एस. चन्नी, शाम लाल सपरा, शामिल होंगे ।

मासूमों की ह की सेवा नह

लुधियाना, 17 टकसाल के प्रमुख कहा है कि मासूमों की हत्याएं करने रहे । यह बयान बाबा हरनाम सिंह सिंह ने कहा कि यह नहीं हैं । उन्होंने तख्त की कार सेव आरम्भ हो जाएगी

प्रतिमा

लुधियाना, 17 रोड पर आरती सि जिलाधीश ने आज स्व अनावरण किया। य कलाकार श्री मंजीत पर प्रो.मोहन सिंह स जगदेव सिंह जस्सोवा

Punjabi Sanatani

प्रधानमंत्री श्री राव ने इस पर सकारात्मक जवाब

सरकार की है ।"

पंजाब में एक ही परिवार के 5 सदस्यों सहित 17 मिलिटैंट मरे, 2 अन्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से एक ही परिवार के 5 सदस्यों सहित 17 मिलिटैंट विभिन्न घटनाओं में मारे गए तथा 2 अन्य को हथियारों समेत गिरफ्तार कर लिया गया जबकि अन्यत्र हैड कांस्टेबल के सम्बन्धी व 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 15व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल ने एक मुकाबले के दौरान 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मिलिटैंट मार गिराए । इस बीच मिलिटैंटों ने अमृतसर के निकट दूरदर्शन रिले टावर को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया ।

आपसी लड़ाई में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला पुलिस जिले के नाहिशमंद गांव में कल रात मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई में दो मिलिटैंट मारे गए।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : जालंधर पुलिस जिले के दुलिके गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक दुनाली बंदूक और एक पिस्तौल बरामद की है।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर जिले में मुठभेड़ की एक अन्य घटना में धरवाला गांव के निकट एक अन्य मिलिटैंट मारा गया।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव चीमा में गत रात्रि गुट संघर्ष के दौरान बख्शीश सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

हैड कांस्टेबल के भाई की हत्या, 2 अन्य घायल : मिलिटैंटों ने अजनाला में तैनात हैड कांस्टेबल सरदूल सिंह के निवास में घुस कर उसके एक भाई जसपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और दो अन्य भाइयों परगट सिंह तथा सुखवंत सिंह को घायल कर दिया।

हैड कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के बरसाल गांव में कुमकलां थाने चौकी पर हमला कर हैड कांस्टेबल सर्तावदर सिंह की हत्या कर दी।

महिला सहित 2 की हत्या : अमृतसर जिले के जंडियाला गांव में मिलिटैंटों ने सुरजीत कौर

अन्यत्र हैड कांस्टेबल के संबंधी व 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 15 व्यक्तियों की हत्या; 2 पाक घुसपैठिए मिलिटैंट भी मारे गए; दूरदर्शन रिले टावर को राकेटों से उड़ाने का प्रयास ।

नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी। इसी जिले के मजीठा कस्बे में हरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की भी गोली मार कर हत्या कर दी गई।

एक व्यक्ति की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के हवालियां गांव में मिलिटैंटों ने दरबार सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

दुकानदार की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव भामबोई में गत रात्रि 4 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कश्मीर सिंह नामक एक दुकानदार की उसकी दुकान में घुस कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए।

2 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने जिला तरनतारन व भटिंडा में से एक-एक संदिग्ध मिलिटैंट को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है।

2 घुसपैठियों के छलनी शव बरामद : गत रात्रि जिला फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में से सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं, जिनके बारे में संदेह किया जाता है कि वे मिलिटैंट थे।

हैड कांस्टेबल व उसके मित्र की हत्या : पुलिस जिला मजीठा के गांव उधोनंगल में से आज हैड कांस्टेबल कुलवंत सिंह व उसके मित्र बलबीर सिंह का गोलियों से छलनी शव बरामद किया गया है। उनका बटाला के क्षेत्र में से अपहरण कर लिया गया था।

आपसी रंजिश में एक ही परिवार के 5 मिलिटैंट सदस्य मरे, 3 घायल : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि रमदास थाना के अधीन कोट रजादां गांव में 5 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने पुलिस हैड कांस्टेबल सुरिन्दर सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उसके परिवार के 5 सदस्यों की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए। सुरिन्दर सिंह इन दिनों लोपोके में तैनात है। मिलिटैंटों की इस अंधाधुंध फायरिंग से उक्त परिवार के 3 अन्य सदस्य घायल भी हो गए। मृतकों की शिनाख्त सतवंत सिंह पुत्र कर्म सिंह, त्रिलोक सिंह पुत्र कर्म सिंह, बलकार सिंह पुत्र मुख्तियार सिंह, लखविन्दर सिंह पुत्र हरभजन सिंह व जसपाल सिंह पुत्र अजायब सिंह के रूप में हुई है। घायलों में दविन्दर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह पुत्र कर्म सिंह, परगट सिंह पुत्र अजायब सिंह व सुखजीत सिंह पुत्र सरदूल सिंह शामिल हैं।

बताया जाता है कि यह हत्याकांड आपसी रंजिश का ही परिणाम है। सूत्रों के अनुसार मृतक भी मिलिटैंसी की वारदातों में संलिप्त थे तथा अतीत में उनके द्वारा किए गए किन्ही हत्याकांडों का ही उनसे बदला लिया गया है।

3 अज्ञात मिलिटैंटों के छलनी शव मिले : मेहता थाना के अधीन ऊधोनंगल गांव में गत रात्रि एक नहर के किनारे से 2 केशधारी मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी अज्ञात शव मिले हैं। जिनकी आयु 25-30 वर्ष के मध्य रही होगी। इसी प्रकार मजीठा पुलिस थाना के क्षेत्र में से भी एक अज्ञात मिलिटैंट का छलनी शव मिला है। एक सूचना के अनुसार उक्त तीनों की संभवत: आपसी रंजिश के कारण ही हत्या की गई है।

2 घुसपैठिए मिलिटैंट मरे : गत रात्रि 1.30 बजे के करीब लोपोके थाने के अधीन सीमावर्ती फतेहपुर चौकी की बुर्जी नं. 96/I/II के निकट सीमा पर लगी तार काट कर कुछ पाक प्रशिक्षित पंजाबी मिलिटैंटों ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास किया। मगर उन्हें देख कर जब सीमा सुरक्षा बल की 40वीं बटालियन के कमांडर बीरबल शर्मा के नेतृत्व में एक नाका दल ने ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उनमें से 2 घुसपैठिए मिलिटैंट मारे गए व बाकी के पाकिस्तानी सीमा की ओर भाग गए। मृतक मिलिटैंटों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है।

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से 2 ए.के. 56 राइफलें व उनकी 4 मैगजीन, एक ड्रम मैगजीन, एक पिस्तौल व उसकी एक मैगजीन, असाल्ट राइफलों के 620 कारतूस, 38 बोर के 158 कारतूस, शक्तिशाली विस्फोटकों के 12 पैकेट, 47 सर्किट बम, 49 खाली कारतूस, पाकिस्तानी करंसी के 3 रुपए, एच.एम.टी. की एक घड़ी, 2 मनीपर्स, साइनायड के 2 कैप्सूल व ए.के. 56 राइफल के कुछ पुर्जे बरामद किए हैं।

मां-बेटी की हत्या : गत रात्रि करीब 1.30 बजे झब्बाल थाना के अधीन गांव मनन में कुछ मिलिटैंटों ने चरणकौर नामक एक महिला व उसकी बेटी की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 के 3 चले हुए कारतूस मिले हैं।

2 लोगों की हत्या : अमृतसर से नारंग के अनुसार 3 मिलिटैंटों ने कटड़ा कर्म सिंह में स्थित चाक चिड़ा में जगदीश सिंह नामक एक व्यक्ति की आटा चक्की से उसके बेटे हरदीप सिंह के अपहरण का प्रयास किया। इस बीच जगदीश सिंह मिलिटैंटों से गुत्थम-गुत्था हो गया। मिलिटैंट जगदीश सिंह को गोली मार कर भाग गए। जगदीश सिंह ने अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया।

एक अन्य घटना स्थानीय रूप नगर में हुई। 3 मिलिटैंटों ने राजीव उर्फ सोनू नामक एक व्यक्ति का उसके घर से अपहरण कर लिया। सोनू के भाई अमित ने मिलिटैंटों का पीछा किया तथा उनसे उलझ गया। उसने सोनू को तो छुड़ा लिया लेकिन मिलिटैंटों ने भागते समय अमित को गोली मार दी। अमित की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

दूरदर्शन रिले टावर उड़ाने का प्रयास : मिलिटैंटों ने आज रात अमृतसर शहर के बाहरी क्षेत्र में बासरके गिल गांव में दूरदर्शन रिले टावर को राकेटों से उड़ाने का प्रयास किया। मिलिटैंटों ने टावर पर 4 आर.पी.जी. राकेट फैंके, लेकिन वे निशाने पर नहीं गिरे। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट भाग गए। राकेट हमले से टावर परिसर की बाहरी दीवार को मामूली क्षति पहुंची।

2 की हत्या : होशियारपुर (वि.प्र.): आज शाम जिला होशियारपुर के थाना माहलपुर के गांव नरयाल में 5 मिलिटैंटों ने कमल कांत और राजेश कुमार नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि सुनील दत्त नामक एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : फिरोजपुर (बागी): गत रात्रि पुलिस थाना धर्मकोट के गांव करयाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया।

बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने आज बताया कि गत रात्रि धर्मकोट के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने फायरिंग की। आवाज सुन कर करयाल गांव में छापा मारा तो उस पर मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी तथा सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान काफी देर तक दोनों ओर से मुकाबला होता रहा। बाद में सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात मिलिटैंट का शव बरामद किया।

इसके अलावा घटनास्थल से 455 बोर का एक रिवाल्वर, 4 जीवित कारतूस व ए.के. 47 राइफल के 22 खोल मिले हैं।

सी.आर.पी.एफ. के कांस्टेबल की हत्या : भुलत्थ (गोगना): गत रात्रि यहां से 8 किलोमीटर दूर कस्बा बेगोवाल में रामलीला खत्म होने पर जब सुरक्षा बलों का एक दस्ता रामलीला ड्यूटी से वापस अपने मुख्यालय को लौट रहा था तो घात लगा कर बैठे मिलिटैंटों ने उस पर गोली चला दी। परिणामस्वरूप सी.आर.पी.एफ. की 78वीं बटालियन का एक कांस्टेबल मारा गया। वह अपनी एस.एल.आर. लेकर सबसे पीछे अकेला ही आ रहा था।

मारुति छीन ली : मोरिंडा (सुधीर): बीती शाम लगभग 6.00 बजे यहां दो अज्ञात युवकों द्वारा एक मारुति कार न. पी.बी.डी. 10 डी-0819 पिस्तौल की नोक पर छीन ली गई।

मारुति कारे छीनीं : लुधियाना (धीमान,): स्थानीय ट्रांसपोर्टर गुरजीत सिंह की कल मोरिंडा में दिन दिहाड़े 2 मिलिटैंटों ने बन्दूक दिखा कर मारुति कार छीन ली। इसमें 30 हजार रुपए नकद भी थे।

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा):गत दिवस दो सशस्त्र मिलिटैंटों ने फगवाड़ा के व्यापारी राम लभाया से उसकी सफेद मारुति कार नम्बर पी.बी. 08-मी/5707 रोपड़ के निकट पिस्तौल दिखा कर उस समय छीन ली व फरार हो गए जब वह चंडीगढ़ से फगवाड़ा वापिस आ रहे थे। रोपड़ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

रुद्रपुर कांड
(पृष्ठ 3 का शेष)

बंद करने की चेतावनी भी दी थी लेकिन किसी ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया था।

रुद्रपुर के सहमे हुए निवासियों ने पत्रकारों को बताया कि पूर्व चेतावनी के बावजूद घटनास्थल पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। राम लीला मैदान में भारी भीड़ थी लेकिन वहां सिर्फ दो होमगार्ड तथा एक पुलिस कांस्टेबल ही तैनात थे।

सूत्रों के मुताबिक केन्द्रीय गुप्तचर एजैंसियों ने केन्द्र सरकार को पहले ही यह चेतावनी दे दी थी कि तराई क्षेत्र में 'मिलिटैंटों' की जड़ें बहुत गहरी हैं और वे कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं।

आज रुद्रपुर में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया तथा मिलिटैंटों के छुपने के कथित ठिकानों पर छापे मारे।

रुद्रपुर से गुजरने वाले वाहनों की जांच भी की जा रही है। बरेली मंडल के पुलिस महानिदेशक ने आशा व्यक्त की है कि इस कांड में पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त मिलिटैंटों का हाथ लगता है क्योंकि रुद्रपुर और बटाला (पंजाब) में हुई घटनाओं में समानता है। दिल्ली से भी विस्फोटक विशेषज्ञों के आज रुद्रपुर पहुंचने की आशा है।

नई दिल्ली (दिनेश शर्मा): रुद्रपुर के रामलीला मैदान में बम विस्फोट से हुए नरसंहार ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को हिला कर रख दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह ने इस सम्बन्ध में पार्टी के राष्ट्रीय नेता श्री लाल कृष्ण अडवानी सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश व राजस्थान की पुलिस की मदद से मिलिटैंटों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने में केन्द्र पूरा सहयोग दे। भाजपा उच्च कमान ने भी उत्तर प्रदेश को पंजाब बनाने की कोशिश कर रही ताकतों के खिलाफ सीधी कार्रवाई करने तथा राज्य को आधुनिक हथियारों से लैस करने हेतु केन्द्र से पूरी मदद की मांग की है। पता चला है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता श्री लाल कृष्ण अडवानी ने स्वयं इस बाबत गृहमंत्री चवन से सम्पर्क करके मांग की है। गृह मंत्रालय से राज्य सरकार ने भी कल से सम्पर्क साधा हुआ है। उ.प्र. से जुड़ी सभी सीमाओं पर जोरदार छानबीन व तलाशियों का अभियान चल रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कृष्ण लाल शर्मा के अनुसार श्री अडवानी ने श्री कल्याण सिंह और राज्य सरकार को मिलिटैंटों के साथ सख्ती से निपटने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत कांड पर जो कथित नेता बहुत बावेला मचा रहे थे, आज उनकी

EXCELLENT COACHING, MANDI H.P.
PMT/PET, NDA, HAS, IAS
Inspectors E & T/Assistants Grade
Bank PO/Clerk. Registration Open. Batch 6/16 every month.
Prosp. Free DIRECTOR
NATIONAL INSTITUTE OF BANKING & GENERAL COMPETITIONS
Gandhi Chowk Mandi H.P. 175001.

LEARN IN 3 MONTHS
ENGLISH
BY CORRESPONDENCE

D'PHARMA ADMISSION
1991-92
(Recognised by Pharmacy Council of India)
ANUPAMA COLLEGE OF PHARMACY, BANGALORE
SHRI RAMAKRISHNA

दहेज के लोभी ग्रंथी व
वालों ने धक्के मार कर

श्रीगंगानगर, 18 अक्तूबर (खुंगर): दहेज के लोभी एक ग्रन्थी व उसके बेटे को लड़की वालों ने शादी तोड़ कर धक्के मार कर घर से बाहर निकाल दिया। ऐसी घटना समीप के रायसिंहनगर कस्बे में घटी। लड़की के पिता जोगिन्द्र सिंह ने बड़े गर्व से इस घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वह समाज से इस कुरीति को समाप्त करने में हमेशा ही अग्रणी रहे हैं व आज जब इसी तरह की समस्या उनके समक्ष आई तो निःसंकोच उन्होंने शादी तोड़ देने का निर्णय कर लिया। उनकी बेटी परमजीत कौर का भी यही निर्णय था व उसने भी यही कहा, "मैं ऐसे व्यक्ति से शादी हरगिज नहीं करूंगी, जो लालची हो।" जोगिन्द्र सिंह के अनुसार उसने अपनी बेटी परमजीत कौर (20) की शादी चार वर्ष पूर्व आदर्श कालोनी के निवासी बचन सिंह के लड़के ईश्वर सिंह (34) से तय की थी। बचन सिंह रायसिंहनगर के समीप ही गांव 12 पी.एस. के गुरुद्वारे में ग्रन्थी है। उस समय इन लोगों की कोई बड़ी मांग नहीं थी। शादी से एक दिन पूर्व 12 अक्तूबर को बचन सिंह अपने कुछ सम्बन्धियों के साथ जोगिन्द्र सिंह के घर आया और ऊल-जलूल मांगे रखीं। जोगिन्द्र सिंह का कथन है कि बचन सिंह ने 51 हजार रुपए नकद, 700 बाराती लाने व उन्हें सीट

कश्मीर में अलगाववाद
(पृष्ठ 3 का शेष)

दी गई। प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के मंजूर अहमद व अब्दुल रहीम, अल-उमेर मुजाहिदीन के असदुल्ला तथा हिजबुल मुजाहिदीन से सम्बन्धित अब्दुल रहमान नामक इन अलगाववादियों ने कहा कि उन्हें हथियारों का प्रशिक्षण लेने के लिए सीमा पार जाने को मजबूर किया गया था।

सुरक्षा बलों ने अभियान के दौरान 50ए.के. 47 राइफलें, 10 पिस्तौलें, 60 हथगोले, 7 यूनिवर्सल मशीनगनें, 2 राकेट लांचर, 10000 कारतूस तथा बारह बोर की 23 बंदूकें भी बरामद कीं। इसके अतिरिक्त अलगाववादी संगठनों के झंडों तथा आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनमें 'तहरेकल मुजाहिदीन' जिसका मख्यालय अफगानिस्तान में है, की रसीद बुकें भी मिली हैं।

जनरल बनर्जी ने बताया, "हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ रहे हैं।" अब तो स्थानीय लोग भी अलगाववादियों के अड्डों की जानकारी देने लगे हैं। जनरल बनर्जी ने कहा कि जनता की सहायता के बगैर सेना अपने काम में सफल नहीं हो सकती।

पवार द्वारा पड़ौसी देशों को गम्भीर परिणामों की चेतावनी

बम्बई, 18 अक्तूबर (प.स.): रक्षा मंत्री श्री शरद पवार ने पड़ौसी देशों को चेतावनी दी है कि वे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद कर दें अन्यथा गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने आज यहां कहा कि "भारत किसी के साथ युद्ध नहीं चाहता परन्तु यह कोई भी दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई सहन नहीं करेगा तथा इसका अनुकूल उत्तर देगा।"

उन्होंने कहा कि सीमा पर भारतीय सैनिकों का मनोबल बहुत ऊंचा है। श्री पवार यहां संयुक्त कार्यकर्त्ता बल द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। यह बल कांग्रेस से सम्बद्ध

Punjabi Sarafari

(शेष पृष्ठ 10 पर)

लुधियाना की गुड़ मंडी में शनिवार को लगी भयावह आग का एक दृश्य । (छाया : कम्बोज)

लुधियाना में भीषण आग : सेना तलब : एक ही परिवार के 4 सदस्य मारे गए

लुधियाना, 19 अक्तूबर (मुसाफिर, महिन्द्रा, अश्विनी जोशी, धीमान): आज दोपहर पौने एक बजे स्थानीय गुड़ मंडी में पटाखों और आतिशबाजी की एक दुकान को आग लग गई, जो अचानक ही अत्यन्त भीषण रूप धारण कर गई । आग के कारण एक ही परिवार के 4 व्यक्तियों की मृत्यु होने की सूचना मिली है । गुड़ मंडी पंजाब में मनियारी के सामान की सबसे बड़ी मंडी है और इस जगह आतिशबाजी के बहुत बड़े-बड़े गोदाम हैं, जिनको आग लगने से नगर विशेषरूप से उक्त क्षेत्र में भगदड़ मच गई ।

प्राप्त सूचना के अनुसार रात्रि 12 बजे तक भी आग लगी हुई थी और उसे बुझाने के प्रयत्न किए जा रहे थे ।

एक अनुमान के अनुसार इसमें आतिशबाजी के अलावा करोड़ों रुपयों का मनियारी का समान भी जल कर भस्म हो गया है। लगभग 15-16 दुकानें जल गई। कई दुकानों की छतें गिर गई। आग से निकटवर्ती चार मंजिला इमारतें भी न बच सकीं। गुड़ मंडी वालों का कहना है कि आग लगने से जो भगदड़ मची, उसमें 4-5 व्यापारी और ग्राहक अभी तक लापता हैं तथापि घायलों की संख्या एक दर्जन से अधिक है। एक व्यक्ति को सी.एम.सी. में दाखिल कराया गया है। एक युवक ने घबराहट में 20 फुट ऊंची छत से छलांग लगा दी, जिसे काफी चोटें आईं।

आग की लपटें साबुन बाजार और तालाब मंडी तक पहुंच रही थीं। वहां के व्यापारी भी अपनी-अपनी दुकानें छोड़ कर बाहर आ गए।

जब आग लगी, उस समय वहां ग्राहकों की काफी भीड़ थी। कुछ ने घबराहट में दुकानों के शटर गिरा दिए और स्वयं ग्राहकों सहित अन्दर ही बैठे रहे, मगर जब धुएं से दम घुटने लगा तो बाहर को भागे।

एक-दो दुकानों के लैंटर गिर गए और कुछ की दीवारें फट गईं।

एक ही परिवार के 4 सदस्य मारे गए : आग लगने से एक ही परिवार के 4 सदस्य मारे गए । मरने वाले श्री कुलदीप सिंह चावला (28) रेल कोच फैक्टरी हुसैनपुरा कपूरथला में एक्स.ई.एन. थे, जो दुर्घटना के समय क्षेत्र में एक जगह अपनी कार छोड़ कर अपनी पत्नी गुरप्रीत कौर, 2 वर्षीय लड़की एवं पांच मास की आयु के बेटे के साथ क्षेत्र में शापिंग करने गए हुए थे । आग लगने पर दुकान का शटर बंद कर दिया गया था और श्री चावला परिवार सहित वहां घिर गए । बाद में दकान की छत बैठ गई, जिसके मलबे के नीचे आकर श्री चावला परिवार सहित मारे गए । कुछ अन्य लोगों के भी मारे जाने की आशंका है । श्री चावला की लुधियाना में ससुराल है और वे शापिंग के लिए ही कपूरथला से लुधियाना आए थे ।

जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी, एडीसी. श्री जे.बी. गोयल, नगरनिगम आयुक्त श्री कालिया और अन्य उच्चाधिकारी आग बुझाने की कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

श्री कमल गुप्ता, प्रधान लुधियाना ट्रेडर्स एसोसिएशन और अन्य व्यापारी नेताओं ने जिलाधीश से मांग की कि लुधियाना नगरनिगम के फायर ब्रिगेडों के घटनास्थल पर देर से पहुंचने तथा उनके असंतोषजनक काम की जांच कराई जाए और दोषी कर्मचारियों को दंड दिया जाना चाहिए । यह भी बताया गया कि इन फायर ब्रिगेडों के पानी के पाईप भी लीक करते थे । गुड़ मंडी के अंदर थापर मार्केट सर्वाधिक प्रभावित हुई है । लुधियाना के अलावा जगराओं, जालन्धर, फगवाड़ा के फायर ब्रिगेड भी आग बुझाने में जुटे हुए थे । सबसे सराहनीय कार्य सेना के जवानों तथा फायर ब्रिगेडों ने किया । लोगों का कहना है कि यदि सेना की सहायता न ली जाती तो कई गुणा अधिक क्षति हो सकती थी ।

विभिन्न राजनीतिक नेताओं तरसेम लाल, ओम प्रकाश मल्होत्रा, चमन लाल भाटिया और सुनील मेहरा ने भी बचाव कार्य में मुख्य भूमिका निभाई ।

एक अन्य सूचना में बताया गया है कि जिलाधीश श्री चन्नी ने बताया कि आग लगने की मैजिस्ट्रेटी जांच का आदेश दे दिया गया है। यह जांच श्री विश्वजीत एडीसी. विकास करेंगे। वह इस बात की भी जांच करेंगे कि किस-किस की कितनी हानि हुई है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ से दमकल विभाग के 5 इंजन भी पहुंच गए हैं। इस वक्त कोई 30 इंजन और पम्प काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक सैनिक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

घाटी में सुरक्षा कर्मी व 6 अलगाववादियों सहित 12 व्यक्ति मारे गए

श्रीनगर, 19 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): कश्मीर घाटी में कल शाम से एक सुरक्षा कर्मी और छः पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों समेत 12 व्यक्ति मारे गए । सरकारी प्रवक्ता ने आज शाम संवाददाताओं को बताया कि बारामुला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज तीन उग्रवादी मारे गए ।

प्रवक्ता के अनुसार बड़गाम जिले में आज मुठभेड़ में सुरक्षा कर्मी मारा गया और दो घायल हो गए । गोलीबारी में दो नागरिक भी मारे गए । दक्षिण कश्मीर के शोपियां में हुई मुठभेड़ में एक उग्रवादी तथा कुपवाड़ा सैक्टर में दो उग्रवादी कल रात मारे गए ।

उग्रवादियों ने कपवाड़ा जिले के कुलगाम में याकूब खां नाम के व्यक्ति की आज हत्या कर दी । बारामुला जिले के एजाज गोज में कल रात कन्हैया लाल को मार डाला गया । श्रीनगर के भीतरी इलाके



जम्मू-कश्मीर की भूतपूर्व पर्यटन मंत्री श्रीमती खेमलता वाखलू व उनके इंजीनियर पति श्री ओ.एन. वाखलू शनिवार को नई दिल्ली पहुंचने पर अलगाववादियों के कब्जे में बिताए 44 दिनों की आप-बीती सुनाते हुए । (छाया : प्रे.ट्र.)

में आज सुबह एक शव पड़ा मिला, जिस पर गोलियों के निशान थे ।

सुरक्षा बलों ने घाटी में कल शाम से पांच पाक प्रशिक्षित अलगाववादियों सहित आठ अलगाववादियों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अलगाववादियों के पास से तीन असाल्ट राइफलें, छः मैगजीनें, दो राकेट तथा दस हथगोले भी बरामद हुए हैं । घाटी के किसी भी हिस्से में आज दिन का कर्फ्यू नहीं लगाया गया ।

इस दौरान अलगाववादियों द्वारा बंधक बनाए गए 7 बंधकों को रिहाई की शर्त पूरी करने की निर्धारित समय सीमा भी नजदीक आ रही है। इन बंधकों को अभी तक खोजा नहीं जा सका।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

का सिल्क उद्योग
त्र प्रणाली उच्च कोटि की है
यां जितनी तादाद में बनती हैं, उनमें से 77% साड़ियां

Punjab Samachar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

होशियारपुर (वि.प्र.): गत सायं थाना माहिलपुर के अधीन ग्राम चक नरियाल में मिलिटैंटों की तरफ से फायरिंग करने की घटना का और विवरण प्राप्त हुआ है । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार 5 मिलिटैंटों ने एक अध्यापक श्री बिमल कांत की हत्या के उद्देश्य से उसके घर में प्रवेश किया व बिमल कांत के बारे में पूछा कि वह कहां हैं । घर में मिलिटैंटों के दाखिल होते ही श्री कांत वहां से निकलने में सफल हो गए । मिलिटैंटों की फायरिंग से श्री बिमल कांत के चचेरे भाई श्री कमल कांत की मृत्यु हो गई, जबकि उसका एक भाई सुनील दत्त जो ग्वालियर में ट्रक ड्राइवर है, बुरी तरह से घायल हो गया । सुनील दत्त को होशियारपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है । मिलिटैंटों की तरफ से की गई फायरिंग की आवाज सुन कर ग्राम की एस.पी.ओ. चौकी में मौजूद एस.पी.ओ. की तरफ से भी फायरिंग शुरू कर दी गई, जिससे मिलिटैंट बिमल कांत के घर से निकल गए । बाहर जाकर मिलिटैंटों ने पुनः फायरिंग की, जिससे ग्राम के सरपंच श्री रत्नचन्द के लड़के राजेश कुमार की मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने इस घटना से पूर्व मखोमजारा ग्राम से एक मोटर साइकल नम्बर डी.डी.डब्ल्यू. 2203 छीना व घटना के पश्चात् सिंघपुर ग्राम के पास एक व्यक्ति से उसकी टी.वी.एस. सुजुकी मोपेड भी छीन ली ।

पुलिस ने अपहृत को आधे घंटे में ही छुड़ा लिया : अमृतसर से 'सभाष नारंग' के अनुसार आज पुलिस ने अद्वितीय वीरता एवं अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए मिलिटैंटों से एक अपहृत व्यक्ति को रिहा करवा लिया । बताया जाता है कि आज सायं साढ़े 7 बजे आज़ाद नगर अमृतसर में 2 मिलिटैंटों ने गगन मैडीकल स्टोर के मालिक जगबीर सिंह पुत्र प्रताप सिंह का अपहरण कर लिया । मिलिटैंट जगबीर सिंह को स्कूटर पर बिठा कर जी.टी. रोड पर ले जा रहे थे कि पुलिस कंट्रोल कक्ष को इसकी सूचना मिल गई । इस पर डी.एस.पी.-I गुरेन्द्र सिंह ढिल्लों ने मिलिटैंटों का पीछा किया । मिलिटैंटों ने पुलिस पर फायरिंग की लेकिन पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए जगबीर सिंह को छुड़ा लिया । मिलिटैंट स्कूटर छोड़ कर भाग निकले लेकिन पुलिस ने घेरा डाल कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी । जगबीर सिंह को पुलिस ने अपहरण के मात्र आधे घंटे बाद ही छुड़ा लिया ।

सिपाही के वृद्ध दादा को जीवित जला दिया : मिलिटैंटों ने आज प्रातः सवा 10 बजे गांव दोबर्जी में हैड कांस्टेबल बिक्रम सिंह के 70-75 वर्षीय बुजुर्ग दादा को घर से बाहर निकाल कर जीवित जला दिया । बताया जाता है कि बिक्रम सिंह फैजपुरा चौकी में तैनात है और वह दोबर्जी गांव में रहता है । जब मिलिटैंट बिक्रम सिंह के घर पर आए, उस समय घर पर केवल बिक्रम सिंह का वृद्ध दादा ही मौजूद था ।



अमृतसर में शुक्रवार रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए जगदीश सिंह तथा अमित नामक दो व्यक्तियों के शव । (छाया : रवि)



जिला होशियारपुर के चक नरियाल गांव में शुक्रवार की रात को मिलिटैंटों के हाथों मारे गए (बाएं) राजेश कुमार (मध्य) कमलकांत के शव (दाएं) इस घटना में घायल ट्रक ड्राइवर सुनील । (छाया : मूनलाइट)



Attention
STD
Pay Phones Owners
Computerised PCO Monitors
are available at resonable prices
Five Star
SCO 5-A, Madhya Marg, Sec. 7-C, Chandigarh
Ph. (0172) 23043, 43909, Resi. 42570



ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥

समस्त संगत को प्रार्थना की जाती है कि हर साल की तरह सालाना जोड मेला सचखण्ड वासी श्रीमान बाबा बलवंत सिंह जी और माता रणजीत कौर जी के डेरे टांडा उड़मुड़ में 23.10.91, बुधवार पूर्णिमा के दिन मनाया जा रहा है । समस्त संगत को प्रार्थना की जाती है कि वह भारी संख्या में दर्शन देने की कृपा करें ।

समस्त संगत की ओर से

नानक दुख भंजन सत्संग घर

दारापुर, टांडा उड़मुड़ ।





भारत गैसहरण गोलियाँ

पेट दर्द, उल्टी आना, अपाचन, पेट गैस, खट्टे डकार, अफारा आदि में गुणकारी है।

भारत कासैक्स खाँसी का मीठा शर्बत

नई व पुरानी खाँसी, नजला, जुकाम, दमा तथा फेफड़े के रोगों के लिये अचुक है।



अपने शहर में प्रत्येक दवाई विक्रेता से खरीदें।

भारत आयुर्वेदिक फार्मेसी

1866, खारी बावली दिल्ली - अमृतसर फोन आ० 2516036 फै० 7282111

उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर स्टाकिस्टों की आवश्यकता है । समृद्ध पार्टियां दिल्ली आफिस में मिलें या पत्र-व्यवहार करें ।

WISH TO SETTLE DOWN IN SOUTH OF DELHI

HURRY ONLY FEW

ORIGINAL BOOKING

PUSH

Punjabi Sanatani

पेट में आ गया क्योंकि
ा गिरा था।
र जीवन ज्योति का था।
यी), ललित कुमार
(व्यवसायी दोराहा),
ा हैरी और एक ग्राहक
हचान भी हो चुकी है। दो
बच्चे ने अपने पिता को
नों मौत की गोद में चले
, तब कुर्सी पर बैठा हुआ



ग्निकांड से हुई क्षति
को लुधियाना आए।
ए। पास में ही इस
जगमोहन कम्बोज)

जिले में नदोखी में कल रात एक मुठभेड़ में 2 अलगाववादी मारे गए थे। घटनास्थल से 7 ए.के. 56 राइफलें, 24 मैगजीन, 240 राऊंड, दो हथगोले, दो राकेट तथा एक राकेट प्रोजैक्टाइल बंदूक बरामद की गई। बारामूला जिले में सेना ने आज नाहिलपुरा तथा पत्तन को घेर कर तलाशियां लीं। बांदीपोरा कस्बे से आज मोहम्मद आरिफ लोन नामक एक संदिग्ध अलगाववादी का शव बरामद

और अलगाववादी मारा गया। जबकि अलगाववादियों ने बांदीपोरा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी। इसके अलावा आज सवेरे सोपोर में गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया है।

गिरोहों की आपसी रंजिश में बांदीपोरा में एक उग्रवादी को मार दिया गया।

सुरक्षा बलों ने 6 अलगाववादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो ए.के. 56

पंजाब में एक दम्पति व सुरक्षा कर्मी सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलीटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न वारदातों में एक दम्पति व एक सुरक्षा कर्मी सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई।

दम्पति की हत्या : जालंधर : मिलिटैंटों ने कल रात जालंधर जिले के करतारपुर थानांतर्गत चक महमूदपुर गांव में एक दम्पति की गोली मार कर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार तीन सशस्त्र व्यक्ति महासिंह के डेरे में गए तथा उसे और उसकी पत्नी गुरमीतो को गोली मार दी। हमलावर वारदात के बाद भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

एक व्यक्ति की हत्या : गुरदासपुर जिले के मुस्तापुर गांव में मिलिटैंटों ने अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिले के भोगा गांव में मिलिटैंटों ने दर्शन कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी।

मिलिटैंट गिरफ्तार : अम्बाला में हरियाणा पुलिस ने कल एक दुकानदार की मदद से पंजाब के एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर लिया है। वह पिस्तौल की नोक पर दुकान से कुछ आभूषण लेकर भागने की कोशिश कर रहा था। दुकानदार का नाम विनीत है जबकि मिलिटैंट की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी।

दुकानदार की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज प्रातः कत्थूनगल थाना के अधीन जयंतीपुर कस्बा में कुछ मिलिटैंटों ने बस अड्डे के बाहर स्थित चाय की एक दुकान में जबरदस्ती घुस कर सुरिन्दर नामक दुकानदार की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

स्पष्टीकरण : मजीठा पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त एक सूचना के अनुसार गत दिवस दोबुर्जी में मिलिटैंटों द्वारा हैड-कांस्टेबल विक्रम सिंह के वृद्ध

(शेष पृष्ठ 8 पर)

रिहाई के
किया था
साथियों
पंजाब
अपहरण
हिजबुल्ला
लिए बड़ा
चार बजे
बदले नपर
है।
अपह
करें : स
जे.एन. स
बात को पू
कोई व्दम
शर्तों पर
कहना था
सम्पक स
माध्यम न
स्थापित
उनकी उ
व उनने ब
पक
लेह (ल्हाख
कपूर का
व्यापक ग
प्रशासन सि
जम्मू
दौरान भी
तक दरबा
जम्मू में प
से खुलने की

सुरजीत

यक आजादी की रक्षा की

की घटनाओं के संदर्भ में
वियत संघ में जो परिवर्तन
देशों पर बुरा असर पड़ने
और अहंकार में इजाफा
ने विश्वासपूर्वक कहा कि
जनता मौजूदा नीति का

क सोवियत संघ में न तो
ा ही सुप्रीम सोवियत। जो
। क्या अकेले वह वहां के
। जाहिर है जब देश की
ो सोवियत जनता इनके

ा सुरजीत ने इस बात पर
ीसरी दुनिया के देशों के
की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय
ठ 8 पर)

माल के
ी करेगी

आप अपना

सही घर, सही स्थान पर प्राप



स्वास्तिक वि
बिक्री के लि

सैक्टर-7, पंचकूला के सामने ढिल्लों थिएटर के पास और चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से केवल पांच मिनट की दूरी पर शिवालिक्स की पाद पहाड़ियों पर अवस्थित

Punjabi Sanatani



गत दिनों बाघापुराना में मिलिटैंटों की गोलियों का शिकार हुए 16 वर्षीय मुकेश कुमार सेतिया का चित्र । उस गोली कांड में उसके परिवार के 4 अन्य सदस्य भी मारे गए थे । (छाया : ज्ञान मित्तल)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दादा सूरत सिंह को जीवित जला देने का समाचार निराधार है। सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने वृद्ध सूरत सिंह को घर से जबरदस्ती बाहर निकाल कर उसके मकान को आग लगा दी थी। उस समय सूरत सिंह अपने घर में अकेला था।

पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल की हत्या : मिलिटैंटों ने आज सायं फेरूमान पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल श्री सरजीत सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों का एक गिरोह आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव खलचियां में श्री सिंह के घर में घुसा और गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी ।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : बरनाला (बालिया): आज प्रात: यहां से 25 कि.मी. दूर गांव चुगा के निकट स्कूटर सवार 2 मिलिटैंटों ने उजागर सिंह (52) नामक एक होमगार्ड जवान को गोलियां मार कर हत्या कर दी। उस समय वह रात की ड्यूटी देकर साइकिल पर वापस आ रहा था। वह महणा थाना में तैनात था। घटनास्थल से एके 47 राइफल के 4 खाली कारतूस मिले हैं।

गऊशाला में हत्या : धूरी (सिंगला): आज प्रात: 6 बजे भवानीगढ़ में भारतीय महावीर दल के प्रधान व गऊशाला समिति के अध्यक्ष सरूप चंद को कुछ मिलिटैंटों ने गऊशाला में जबरदस्ती घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गए।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : मुक्तसर (दीपक पाल): आज सायं करीब 4 बजे सरक्षा बलों ने गांव कब्बवाला में एक संदिग्ध मारुति कार नं. डी.बी.डी. 9547 को रोका व उसमें सवार 2 मिलिटैंटों को 12 बोर की 2 पिस्तौलों समेत काबू कर लिया, जबकि इस दौरान उनका एक साथी फरार हो गया । उक्त मिलिटैंटों की शिनाख्त नरिंदर सिंह पुत्र बाली निवासी गांव कब्बवाला व कुलविंदर सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव छीबियावाली के रूप में हुई है ।

बताया जाता है कि उक्त कार गत 16 अक्तूबर को मलोट से चुराई गई थी । फरार मिलिटैंट की पहचान नीटू नागपाल के रूप में हुई है ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने सेना द्वारा हाल ही में किए गए सफल आप्रेशनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अलीकदल व बटमालू में शानदार सफलता मिली । उन्होंने अल-उमर-मुजाहिद्दीन के उस दावे को झूठा बताया जिसमें उन्होंने कहा था कि गुलाम बट्ट

राज्यपाल द्वारा रोपड़ के मृत एस.पी. के परिवार से सम्वेदना

जालंधर, 20 अक्तूबर (डल्ल): श्री सुरेन्द्र नाथ, राज्यपाल पंजाब आज यहां डिफैंस कालोनी में स्वर्गीय श्री जोगिन्दर सिंह खेरा, एस.पी. आप्रेशन रोपड़, जोकि आतंकवादियों के हाथों मारे गए थे, के दुखी परिवार के साथ सहानुभूति व्यक्त करने के लिए गए।

राज्यपाल ने श्री खेरा की माता, पत्नी, बेटों एवं रिश्तेदारों को दिलासा देते हुए इस बात का आश्वासन दिया है कि सरकार की ओर से परिवार की हर प्रकार की सहायता की जाएगी। राज्यपाल के साथ श्री डी.एस. मांगट, महानिदेशक पुलिस पंजाब, श्री तजेन्द्र खन्ना, मुख्य सचिव पंजाब, स. हरदयाल सिंह, वित्त कमिश्नर राजस्व, जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री गुरइकबाल सिंह भुल्लर, श्री एन.एस. कंग, डिप्टी कमिश्नर जालंधर के अतिरिक्त पुलिस एवं सिविल अधिकारी थे।

राज्यपाल पंजाब ने श्री डी.एस. मांगट को इस अवसर पर कहा कि इस दुखी परिवार के साथ बातचीत करके उनको सरकार की ओर से हर सम्भव सहायता दी जाए। स. जोगिन्दर सिंह खेरा की अन्तिम अरदास के समय हजारों लोग उपस्थित थे।

सुरजीत

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहल करनी चाहिए और गुट निरपेक्ष आंदोलन को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारत की आवाज पश्चिम एशिया के मसलों पर काफी धीमी है।

अपनी हाल की चीन यात्रा के बारे में श्री सुरजीत ने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का मानना है कि सोवियत संघ की घटनाएं समाजवाद की विफलता नहीं है और अभी भी उनकी आस्था मार्क्सवाद-लेनिनवाद के सिद्धांत पर है। उन्होंने कहा कि समाजवाद को अलग-अलग देशों में अलग-अलग ढंग से अमली जामा पहनाना होगा।

श्री सुरजीत ने कहा कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी समाजवाद की स्थापना के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने माना कि चीन में समाजवादी व्यवस्था में सुधार के काम हुए हैं। जहां तक वहां औद्योगिक उत्पादन का प्रश्न है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए सिर्फ दस प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्र ही छोड़ा गया है। 90 प्रतिशत कारखाने सार्वजनिक क्षेत्र में हैं।

श्री सुरजीत ने सवालों के जवाब में कहा कि चीन समाजवाद के रास्ते को छोड़ने वाला नहीं है। जहां तक भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का सवाल है, उसके संबंध चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से काफी अच्छे हैं। इसके अलावा चीन के वियतनाम से संबंध अच्छे हो रहे हैं।

मार्क्सवादी नेता ने स्वीकार किया कि उनकी पार्टी के आधार क्षेत्र में तेजी से विकास नहीं हुआ है लेकिन इन सब मसलों पर पार्टी की मद्रास कांग्रेस (3 से 9 जनवरी 1992) में गंभीरता से विचार किया जाएगा। श्री सुरजीत ने कहा कि युवा पीढ़ी को पार्टी



गत दिवस मि
के जालन्धर
महानिदेशक
परिवार से
उनके सम्बन

पूंजी सप्त

नई दिल्ली,
पूंजी निवेश
अनुमति देने
सात दिनों में
करने की अनु
वाणिज्य
शीर्षस्थ स्तर
औद्योगिक, वा
और ज्यादा
गया। मंत्रालय
प्रतिज्ञत आया
सूत्रों ने
भी प्रस्ताव पर
किया तो उ
जाएगी।
सूत्रों ने
सरकार गुण
को व्यापारि

इस दौरान
कि अग्निकांड
हजार रुपए
लाख रुपए
गुड़ मंडी
राज पलटा
सदस्य और
चार बेटों विम
और राकेश
किशोर (जो
करके यहां
गए। दो नौक

आग में
जिनमें एक ही
गोदाम जिसमें
आग में बच्च

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

को जलाने के दौरान वह स्वयं भी जल कर घायल हो गया।

रायकोट के डी.एस.पी. सरदूल सिंह के अनुसार सूरजपुर स्थित एक बैंक में से एक लाख, 26 हजार, 186 रुपए सुरक्षित मिल गए हैं।

एजैंसी रिपोर्ट : (वार्ता, पस) : लुधियाना में जिन बैंकों को आग लगाई गई उनके नाम हैं : रूमी गांव स्थित यूको बैंक, लीलां गांव स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक, लोधीवाल गांव के सहकारी बैंक, कठनोवाल गांव के पंजाब एंड सिंध बैंक, झुरका गांव स्थित यूको बैंक, धंधरा स्थित पंजाब नैशनल बैंक, थ्रीके स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक, चट्टा स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक, लेतोकलां स्थित यूको बैंक, मल्हा स्थित पंजाब नैशनल बैंक, सज्जलपुर स्थित यूको बैंक, सिधवा कालेज और लोधीवाल गांव स्थित ओरियंटल बैंक आफ कामर्स और कमालपुर स्थित सहकारी बैंक।

जलाई गई जिला संगरूर की बैंक शाखाओं में करारे स्थित मालवा ग्रामीण बैंक, महल कलां स्थित मालवा ग्रामीण बैंक, वेहला स्थित ओरियंटल बैंक आफ कामर्स, चीमा स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया, ठोलेवाल स्थित मालवा ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक ठोलेवाल, जलालीवाला स्थित स्टेट बैंक आफ पटियाला, ओवाना स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक, बेड़ी स्थित सहकारी बैंक, पंजगराई स्थित सहकारी बैंक व स्टेट बैंक आफ इंडिया और कुतबा गांव का सहकारी बैंक शामिल हैं।

फरीदकोट में मिलिटैंटों ने सुखानंद गांव स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया, मर्सी मुस्तफा स्थित केनरा बैंक और वेरोके स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखाओं को आग लगा दी।

एक व्यक्ति की हत्या : एक घटना में भटिंडा जिले के रामपुरा गांव में मिलिटैंटों ने मुख्तियार सिंह उर्फ भोला नामक व्यक्ति की हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के मलचियां गांव में मिलिटैंटों ने सुरजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति को अपनी गोलियों का शिकार बना दिया।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : संगरूर जिले में दो अज्ञात मिलिटैंटों को दो पिस्तौलों और कुछ कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्कूटर चोरी : जालन्धर : स्थानीय रेलवे कालोनी स्थित वृन्दावन रैस्टोरैंट के बाहर से आज कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सुदेश कुमार नामक एक युवक का स्कूटर नं. पी.बी. 08-9399 चोरी कर लिया व फरार हो गए।

रेलवे पुलिस के सूत्रों के अनुसार उक्त युवक रैस्टोरैंट में खाना खाने गया था तथा जब वह वापस आया तो बाहर खड़ा किया उसका स्कूटर चोरी हो चुका था।

मोटर साइकल छीना, विद्युत कर्मी की हत्या : बंगा (खोसला) : कल रात थाना बंगा के गांव रटैंडा, जो यहां से 15 किलोमीटर दूर है, के सरपंच बलबीर सिंह से 9 बजे के करीब उसका हीरो होंडा मोटर साइकल नम्बर पी.बी. 08-डी./2559 दो मिलिटैंट उसके घर से पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गए।

इस घटना के बाद मिलिटैंट यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव झींगड़ा में करीब 9.45 बजे पहुंचे व बिजली विभाग मुकन्दपुर के दर्शन राम (45) आर.ए. के घर जाकर उसे बाहर निकाला व पिस्तौल की नोक पर खेतों में ले जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। पता चला है कि हत्या से पहले उन्होंने उसे गालियां दी व कहा कि रिश्वत लेने वालों का यही हाल होगा। फायरिंग के वक्त थोड़ी दूरी पर पुलिस नाका दल ड्यूटी पर था व गोलियों की आवाज सुनते ही उन्होंने जवाबी फायरिंग भी शुरू कर दी तथा पुलिस फोर्स मंगवा ली मगर मिलिटैंट जिनकी संख्या 4 थी, जवाबी फायरिंग के कारण अंधेरे में भागने में कामयाब हो गए। जब पुलिस गांव में पहुंची तो गांव वालों ने डर के कारण कुछ नहीं बताया व कहा कि फायरिंग गांव के बाहर की तरफ हुई है।

पुलिस को आज सुबह दर्शन राम की लाश खेतों में मिली। पुलिस ने इलाके के कई गांवों में खोजबीन शुरू कर दी है व केस दर्ज कर लिया है।

दर्शन राम की लाश पोस्ट मार्टम के बाद वारिसों को दे दी गई है।

निरंकारी की हत्या : नवांशहर (शर्मा) : गत रात 9 बजे गांव भारटा कलां में तीन सशस्त्र युवकों ने उजागर सिंह (60) जाट को उसके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से 5 ए.के. 47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं। मृतक निरंकारी मत से सम्बन्धित था।

सरपंच की हत्या, डाकघर अग्नि भेंट : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि अमृतसर सदर थाना के अधीन गांव भोड़ू में करीब 10-15 मिलिटैंटों ने सरपंच महिन्दर सिंह के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी व उसके घर में स्थित डाक घर को आग लगा दी। इस वारदात के बाद मिलिटैंट फरार हो गए।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि वल्टोहा थाना के अधीन गांव नवां पिंड में मिलिटैंटों ने सलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियों मार कर हत्या कर दी।

4 लाख रु. लूटे : आज प्रातः अमृतसर के भीड़भाड़ वाले मिश्री बाजार में राजपाल चीनी वाले से 3 मिलिटैंट पिस्तौल की नोक पर 4 लाख रु. लूट कर फरार हो गए।

मारुति छीनी : अमृतसर की रेसकोर्स रोड पर आज सायं दो मिलिटैंट नगर के प्रसिद्ध डा. सन्नन से पिस्तौल की नोक पर उनकी मारुति कार छीन कर ले गए।

2 पाक प्रशिक्षित मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों ने कलानौर थाना के अधीन चौड़ा गांव में 2 पाक प्रशिक्षित मिलिटैंटों को एक मुकाबले के दौरान मार गिराया।

बताया जाता है कि एक संयुक्त नाका दल ने जब पाकिस्तान से आ रहे 2 संदिग्ध प्रशिक्षित मिलिटैंटों को रोका तथा चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग के दौरान दोनों मारे गए। उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 32 बोर का एक पिस्तौल, 26 गोलियां, एक ए.के. 56 राइफल व एक मैगजीन बरामद की गई है।

पैट्रोल पम्प कर्मी की हत्या : लुधियाना से कम्बोज के अनुसार आज रात्रि लगभग 8 बजे दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने यहां भारत नगर चौक में व्हाइट हाऊस पैट्रोल पम्प के कर्मचारी हरबंस सिंह की हत्या कर दी और नगदी छीन कर ले गए। आसमानी रंग के स्कूटर पर आए मिलिटैंटों में से एक ने आकर कहा कि 'पैसे वापस करो।' जब कर्मचारी ने कहा कि 'कौन से पैसे ?' तो दूसरे मिलिटैंट ने कर्मचारी को गोली मार दी, जिससे कर्मचारी हरबंस सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया और सी.एम.सी. अस्पताल में दम तोड़ गया।

राडू

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसका कोई फायदा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, "मुझे यकीन है कि मेरे पति की रिहाई के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है।"

इस बीच दिल्ली पुलिस ने श्री राडू की तलाश में कई और स्थानों पर छापे मारे हैं।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त अरुण भगत ने बताया कि गत बुधवार को कनाट प्लेस में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया मिलिटैंट देवपाल सिंह पंजाब के पूर्व वित्तमंत्री बलवंत सिंह की हत्या और पटियाला में इंजीनियरिंग कालेज में छात्रों के नर-संहार में शामिल था। उन्होंने कहा कि देवपाल सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एक उच्चपदस्थ कार्यकर्त्ता था। उसके पेट की धोवन को जांच के लिए भेजा जा चुका है। उसके परिणामों का इंतजार किया जा रहा है।

लुधियाना अग्निकांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

मृतकों की सहायता के लिए धन एकत्र करेंगी ; यह कमेटी श्री अजय कुमार जिन्दल तथा श्री एम.सी. सहगल पर आधारित होगी। बैठक में एक और कमेटी श्री अनिल कौशल तथा पवन घई पर आधारित होगी, जो आग से घायल होने वालों के लिए रक्त एकत्र करेगी। वकीलों ने आज गुड़ मंडी के मृतकों के शोक में हड़ताल की तथा वे किसी अदालत में पेश नहीं हुए। श्री विजय वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में दो मिनट का मौन धारण किया गया और इस बात की आलोचना की गई कि यह प्रशासन तथा फायर ब्रिगेड वालों की अयोग्यता है।

अमृतसर (कपूर): पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री श्री अमृत लाल जैन, हरबंस लाल गुप्ता अमृतसर, सरनजीत सिंह सिब्बल लुधियाना, मदन लाल बहल और द्वारका दास बाबा ने एक संयुक्त बयान में लुधियाना के गुड़मंडी अग्निकांड के मृतकों के परिवारों से पूरी सहानुभूति प्रकट की है।

इन व्यापारी नेताओं ने पंजाब के राज्यपाल से मांग की है कि इस अग्निकांड के मृतकों के परिवारों को सहायता राशि कम से कम एक लाख रुपए दी

परिणाम
पवन पुत्र मन्डे
21.10.91 को सम्पन्न 114/24 ड्रा का परिणाम

1st PRIZE Rs. 1,00,000/-	PMW-169040
2nd PRIZE Rs. 5,000/-	PMT-169040
3rd PRIZE Rs. 500/-	69040
4th PRIZE Rs. 100/-	9040
5th PRIZE Rs. 50/-	040
6th PRIZE Rs. 40/-	0

आगामी ड्रा 28.10.91 को सायं 3.00 बजे
परिणाम को गज़ट से मिला लें
सब आर्गेनाइज़र : सनराईज एसोसिएट्स, नई दिल्ली, फोन : 345411
जारीकर्त्ता : ए.आई.डी. एण्ड डी.एस., नई दिल्ली
पवन पुत्र का ड्रॉ रोज़ाना 3 बजे

रॉयल गवर्नमेंट ऑफ भूटान
लाभ लक्ष्मी डेली लॉटरी
21.10.91 को सम्पन्न 106वें ड्रा का परिणाम :-

1st Prize Nu/ Rs. 1,00,000/-	1C-026473
2nd Prize Nu/ Rs. 5,000/-	1A, 1B, 1D, 1E 026473
3rd Prize Nu/Rs. 500/-	26473
4th Prize Nu/Rs. 100/-	6473
5th Prize Nu/Rs. 20/-	473
6th Prize Nu/Rs. 15/-	3

Sold by : Vijay Lottery Agency, Jaipur
SOLE STOCKIST :
P.H. JAIN,
14/8, DOCTORS LANE, GOLE MARKET, NEW DELHI-1. PHONE : 343699
SOLE MARKETING AGENT :
PRESTIGE LOTTERY, MADRAS.
ISSUED BY : DEPUTY SECRETARY, ROYAL GOVT. OF BHUTAN PHUNTSHOLING
लाभ लक्ष्मी का ड्रॉ रोजाना 3 बजे (I.S.T.)

Punjabi Sanatani

मिलिटैंटों द्वारा पंजाब के पांच जिलों में 31 राष्ट्रीयकृत बैंक व एक डाकघर अग्निभेंट

कुछ बैंकों में विस्फोट किए गए, एक जले हुए बैंक भवन में संदिग्ध मिलिटैंट काबू

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए, सरपंच समेत 7 की हत्या

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत मास से मिलिटैंटों ने पांच जिलों में 31 राष्ट्रीयकृत बैंकों व एक डाकघर को अग्निभेंट कर दिया तथा राज्य में एक सरपंच सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। सुरक्षा बलों ने एक बैंक के जले हुए भवन में से एक संदिग्ध घायल मिलिटैंट को काबू कर लिया । इसके अलावा राज्य में 2 अन्य मिलिटैंटों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में 2 पाक प्रशिक्षित मिलिटैंट मार भी गिराए ।

एक दर्जन बैंक जले : लुधियाना (धीमान, महेन्द्रा, मुसाफिर) : कल रात मिलिटैंटों ने इस जिले के लगभग एक दर्जन गांवों में स्थित बैंकों की इमारतों को आग लगा दी, जिससे उनकी लाखों रुपए की क्षति हो गई। जो सूचनाएं मिली हैं, उनके अनुसार इन भवनों को काफी क्षति पहुंची। दूसरे दहातों के अतिरिक्त धन्धरा, धीके, रूमी, लीला, होडरा, मल्ला, चब्बर, नत्थवाल और लोधीवाल में भी यह बैंक जला दिए गए।

मुसाफिर के अनुसार मल्हा, महलां, रूमी में भी बैंक कार्यालय को आग लगाई गई।

सूजापो और कमालपुर में भी बैंक कार्यालयों को आग लगाई गई। इन बैंकों का रिकार्ड भी जल गया। कई बैंकों के स्ट्रांग रूम खोलने की कोशिश भी की गई।

उल्लेखनीय है कि इस जिले में जगराओं थाना के क्षेत्र में मिलिटैंटों का बहुत जोर बढ़ रहा है। गत 5 मास में वहां की 50 किलोमीटर पट्टी में लगभग 140 लोगों की हत्या की जा चुकी है। पहली अक्तूबर के पश्चात से अब तक लगभग 3 दर्जन व्यक्ति मिलिटैंटों का शिकार हुए। इस क्षेत्र में कई शराब के ठेके और ट्रक जला दिए गए। थाना जगराओं के अतिरिक्त थाना सिधवा बेट क्षेत्र भी काफी प्रभावित है।

15 बैंक अग्नि भेंट : संगरूर (गर्ग) बरनाला (वालिया) व पटियाला (राजू) : गत रात्रि करीब 12-13 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने बरनाला उपमंडल में 10 व मालेरकोटला उपमंडल में स्थित 2 बैंकों को अग्नि भेंट कर दिया। उक्त मिलिटैंट आधी रात को एक मारुति वैन में सवार होकर आए तथा विभिन्न बैंकों की शाखाओं को आग लगा दी और फरार हो गए।

इन शाखाओं में पुलिस थाना भदौड़ के गांव बिल्ला में ओरियन्टल बैंक आफ कामर्स, पुलिस थाना महलकलां के गांव उरद में मालवा ग्रामीण बैंक, गांव भागनीवांर में स्टेट बैंक आफ पटियाला तथा गांव महलकलां व भूतना में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखाएं और पुलिस थाना शेरपुर के गांव चीमा व पुलिस थाना महलकलां तथा जगराओं गांव में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखाएं, पुलिस थाना बरनाला के गांव भागनीवांर में एक सहकारी बैंक की शाखा तथा गांव शेरपुर में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा भी शामिल है।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ फैंक कर ही बैंकों को अग्नि भेंट किया। अभी तक कहीं से भी प्राणहानि की सूचना नहीं मिली है।

वीर सरकारी रिपोर्टों के अनुसार समूचे जिला संगरूर में विभिन्न बैंकों की एक दर्जन से भी अधिक शाखाओं को आग लगा कर नष्ट कर दिया गया है। इसके अलावा बैंकों के विभिन्न तालों को तोड़ कर सारा रिकार्ड भी पूर्णत: क्षतिग्रस्त किया गया है।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार घटनास्थल से अखिल भारतीय सिख छात्र संघ (बिट्टू गुट) का एक पत्र मिला है, जिसमें जनता को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपना धन केवल सहकारी बैंकों में ही जमा कराएं।

पांच बैंकों की इमारतें विस्फोटों से ध्वस्त : मालेरकोटला (आजिज) : मिलिटैंटों ने गत रात्रि रायकोट सड़क पर स्थित विभिन्न गांवों में बम विस्फोटों से 5 बैंकों की इमारतें ध्वस्त कर दीं। मालेरकोटला सब डिवीजन के थाना शेरपुर के गांवों पंजगराई और बड़ी में तीन बैंकों की इमारतों को नष्ट किया। इनमें पंजगराई के संगरूर सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक और एस.बी.आई. की इमारतों की छतें उड़ा दी गईं और उनका रिकार्ड एक जगह इकट्ठा करके जला दिया गया किन्तु बैंकों में जमा धनराशि सुरक्षित रही।

कई अन्य बैंक जलाए : रायकोट (राकेश) : गत रात्रि ही मिलिटैंटों ने क्षेत्र के कई-गिर्द कई अन्य बैंकों को आग लगा दी। इनमें गांव नत्थूवाल में पंजाब एंड सिंध बैंक व गांव चोड़ड़ा में इसी बैंक की शाखा शामिल है। गांव सूरजपुर में भी एक अन्य बैंक के भवन को भस्म कर दिया गया।

बताया जाता है कि कमालपुर, कुमा व सला गांवों में भी बैंकों के रिकार्ड को आग लगा दी गई।

रायकोट से करीब 6 किमी. दूर गांव जलालीवाला में स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की जली हुई इमारत में से एक युवक घायल अवस्था में मिला है। उसके शरीर पर जलने के कई घाव हैं। पुलिस के अनुसार संभवत: वह मिलिटैंट है तथा बैंक

(शेष पृष्ठ 10 पर)



पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेंद्र नाथ चंडीगढ़ में सोमवार को पंजाब के पुनर्गठन की 25वीं वर्षगांठ उपलक्ष्य में प्रस्तावित समारोह की तैयारियों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए । चित्र में अन्य के अलावा पंजाब के मुख्य सचिव श्री तेजेंद्र खन्ना भी दिखाई दे रहे हैं ।

प्रथम नवम्बर को पंजाब में पुन:-समर्पण दिवस मनाने का फैसला

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (वि.प्र.): आगामी प्रथम नवंबर को पंजाब में मेहनत, 'सरबत दा भला', सहनशीलता, पंजाबी भाषा के विकास तथा सांस्कृतिक एकता के आधारभूत मूल्यों के प्रति पुन: समर्पण दिवस मनाया जाएगा । इस आशय का निर्णय आज यहां राजभवन में हुई 95 सदस्यीय अधिकार प्राप्त तैयारी-समिति की बैठक में लिया गया । बैठक की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेंद्र नाथ ने की ।

इस समिति का गठन पुनर्गठित पंजाब की 'रजत जयंती' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम बनाने हेतु किया गया था । बैठक में 63 सदस्य उपस्थित थे । इनमें ज्ञानी जैल सिंह सेखों, ज्ञानी लाल सिंह, श्री गुलजार सिंह रणीके, श्री गुरदर्शन सिंह, डा. दलीप कौर टिवाना, श्री बलवंत सिंह दुरगल व डा. हरनाम सिंह शान प्रमुख थे ।

अपने भाषण में राज्यपाल ने कहा कि पुनर्गठित पंजाब के 25 वर्ष पूरे होने का अवसर एक महत्वपूर्ण अवसर है । यद्यपि यह ऐसा अवसर नहीं कि जश्न मनाए जाएं और समारोह किए जाएं पर यह अपेक्षित है कि हम आत्म-निरीक्षण करें कि इस 25 वर्ष की अवधि में हमने क्या पाया है, क्या खोया है और क्या कुछ पाया जा सकता है और किस तरह पाया जा सकता है ।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रत्येक कठिनाई या मुसीबत से हम निकलेंगे तथा पंजाबियों के शौर्य की पुन: विजय होगी ।

अनेक वक्ताओं का कहना था कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्यपाल को केंद्र से आग्रह करना चाहिए कि वह पंजाब बारे कोई सार्थक प्रयास करे । अनेक वक्ताओं ने पंजाबी को बढ़ावा देने तथा केंद्र की तरफ से कोई राजनीतिक पहल किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया । डा. अंतर सिंह का कहना था कि पंजाब में लोकतांत्रिक प्रणाली बहाल की जाए ताकि इस राज्य की जनता व केंद्र सरकार के मध्य विश्वास की भावना कायम हो सके । राज्यपाल ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि वह अपनी शक्ति के अनुरूप पूरा प्रयास करेंगे कि केंद्र के आश्वासन के अनुरूप पंजाब में चुनाव कराए जाएं । वक्ताओं ने यह मांग भी की कि सरकार बेरोजगारी दूर करने हेतु सार्थक प्रयास करे ।

बैठक में से अनुपस्थित रहे व्यक्तियों में डा. मुलख राज आनन्द, खुशवंत सिंह, अमृता प्रीतम, कुलदीप नैयर, फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार, सुनील दत्त व अभिनेत्री सिम्मी ग्रेवाल इत्यादि प्रमुख थे ।

वर्णनीय है कि मद्रास, कलकत्ता एवं बम्बई में पंजाबी संगठनों ने अपने पदाधिकारियों को बैठक में भाग लेने हेतु भेजा था और इसके अतिरिक्त राज्य की चारों यूनिवर्सिटियों के वाईस चांसलर भी उपस्थित थे ।

पंजाब के राज्यपाल की ओर से पड़ोसी राज्यों

...द-सजपा गठबंधन बारे निर्णय आज

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (प.स.): जनता दल के राष्ट्रीय मामलों की सौमिति की बैठक कल यहां



मिलिटैंटों द्वारा लुधियाना जिले में जलाये गए तीन बैंक (1) इंडियन ओवरसीज (2) पंजाब नैशनल बैंक, गांव धन्धरा तथा (3) एक अन्य बैंक, गांव ललतो कलां।

राडू के अपहर्त्ताओं ने समय-सीम

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (प.स.): रोमानियायी राजनयिक लिविय राडू के अपहर्त्ताओं ने आज उन्हें छोड़ने के बदले तीन गिरफ्तार मिलिटैंटों की रिहाई की अंतिम समय सीमा बढ़ा दी है ।

यहां प्राप्त चार मिलिटैंट संगठनों के लिखित बयान में कहा गया है कि इसके लिए पहले 19 अक्तूबर की समय सीमा निर्धारित की गई थी, जिसे अब 23 अक्तूबर को शाम सात बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया है । बयान में कहा गया है कि समय सीमा बढ़ाने को उनकी कमजोरी न समझा जाए । यह इसलिए किया गया है ताकि सरकार गम्भीरता पूर्वक निर्णय ले सके ।

बयान में कहा गया है कि अगर सरकार ने कोई उत्तर न दिया तो 23 अक्तूबर को शाम सात बजे के बाद किसी भी समय श्री राडू को मार डाला जाएगा और इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार पर होगी । चार मिलिटैंट संगठनों, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, सिख छात्र संघ, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान और खालिस्तान कमांडो फोर्स ने रोमानियायी प्रभारी राजदूत के अपहरण की संयक्त रूप से जिम्मेदारी ली थी । इन्हें छोड़ने के बदले वे तीन मिलिटैंटों हरजिंदर सिंह जिंदा, सुखदेव सिंह सुखा और निर्मल सिंह निम्मा की रिहाई की मांग कर रहे हैं । इनमें से जिंदा और सेनाध्यक्ष जनरल ए.एस. वैद्य मौत की सजा सुनाई जा चुकी

बयान पर भाई गुरजंट (खालिस्तान लिबरेशन फोर्स) (सिख छात्र संघ), भाई रछपा टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान पंजवड़ (खालिस्तान कमांडो फो इसे हरि सिंह और प्रीतम सिंह

अब धरने पर कैटरीना : नई दिल्ली रोमानियायी राजनयिक लिवि श्रीमती कैटरीना ने अपने पति उनकी रिहाई के लिए समय सी बढ़ाने के फैसले को 'युक्ति संगत राडू ने आज बातचीत के दौरान कि उनके पति को जल्दी ही जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या वे अ रिहाई के लिए राष्ट्रपति भवन य के बाहर धरने पर बैठेंगी, श्रीमती

(शेष पृष्ठ 1

लुधियाना अग्निकांड के 54 शव मिले, 7

लुधियाना, 21 अक्तूबर (राजपाल, महेन्द्रा, लवलीन चावला, बेटा गैरी चावला, बलविंद्र सिंह था । सेना वालों ने लगभग 1

Punjabi Sahitani

में 31

िनभेंट

मिलिटैंट काबू

की हत्या

काफी प्रभावित है।

: संगरूर (गर्ग) :
टियाला (राज़) : गत
नटैंटों के एक गिरोह ने
मालेरकोटला उपमंडल में
कर दिया। उक्त मिलिटैंट
वैन में सवार होकर आए
ाओं को आग लगा दी और

स थाना भदौड़ के गांव
आफ कामर्स, पुलिस थाना
मालवा ग्रामीण बैंक, गांव
ाफ पटियाला तथा गांव
जाब एंड सिंध बैंक की
शेरपुर के गांव चीमा व
ा पंजगराई गांव में स्टेट
एं, पुलिस थाना बरनाला
सहकारी बैंक की शाखा
क आफ इंडिया की शाखा

मिलिटैंटों ने अत्यधिक
र ही बैंकों को अग्नि भेंट
भी प्राणहानि की सूचना

के अनुसार समूचे जिला
एक दर्जन से भी अधिक
नष्ट कर दिया गया है।
भिन्न तालों को तोड़ कर
तिग्रस्त किया गया है।
ार घटनास्थल से अखिल
(बिट्टू गुट) का एक पत्र
निर्देश दिए गए हैं कि वह
री बैंकों में ही जमा

मारतें विस्फोटों से

(आजिज) : मिलिटैंटों
पर स्थित विभिन्न गांवों
ी इमारतें ध्वस्त कर दी।
के थाना शेरपुर के गांवों
न बैंकों की इमारतों को



मिलिटैंटों द्वारा लुधियाना जिले में जलाये गए तीन बैंक (1) इंडियन ओवरसीज बैंक, गांव श्रीके, (2) पंजाब नैशनल बैंक, गांव धन्धेरा तथा (3) एक अन्य बैंक, गांव ललतो कलां। (छाया कम्बोज)

राडू के अपहर्त्ताओं ने समय-सीमा बढ़ाई

चंडीगढ़, 21 अक्तूबर (प.स.): रोमानियायी राजनयिक लिविय राडू के अपहर्त्ताओं ने आज उन्हें रहे हैं । इनमें से जिंदा और सुखा को पूर्व थल

Punjabi Sanjalan

विभिन्न घटनाओं में 9 मिलिटैंट मरे,

पंजाब में अन्यत्र 8 व्यक्तियों की हत्या

राज्य में एक बैंक अग्नि भेंट : सहकारी बैंक से 80 हजार रुपए लूटे

सुरक्षा कर्मियों के परिवारों को दी गई 10 राइफलें लूट ली गईं

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान 9 मिलिटैंट मारे गए जबकि अन्यत्र सहकारी समिति के अध्यक्ष व महंत सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा राज्य में एक बैंक अग्निभेंट कर दिया गया व एक सहकारी बैंक में से 80 हजार रुपए की धन राशि लूट ली गई, दूसरी तरफ मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों के परिवारों को आत्मरक्षा के लिए प्रदान की गई 10 राइफलें भी लूट ली हैं ।

गुट संघर्ष में 2 मिलिटैंट मरे : जिला संगरूर के गांव सरोद में गत रात्रि बलजीत सिंह व करनैल सिंह नामक 2 मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारे गए । वे आपस में पिता-पुत्र थे ।

सहकारी समिति के अध्यक्ष की हत्या : जिला पटियाला के गांव सील में गत रात्रि मिलिटैंटों ने सहकारी समिति के अध्यक्ष तेजा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । इस फायरिंग में प्रीतम सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया ।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला लुधियाना के गांव पल्लोहा अलना में गत रात्रि मिलिटैंटों ने गरमेल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला अमृतसर के गांव कंधारी नारंगपुर में सुरक्षा बलों ने चरणजीत सिंह चन्नी नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से .12 बोर की एक पिस्तौल व कुछ कारतूस भी बरामद किए गए हैं । उसने अपने 2 साथी मिलिटैंटों के नाम अमृतपाल सिंह व बलविन्दर सिंह बताए हैं, जो इस समय फरार हैं । उसने कई अपराधों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है ।

मठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : होशियारपुर जिले के टांडा शहर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए जबकि उनका एक साथी भाग निकला । मृतकों के पास से दो पिस्तौल तथा कुछ गोलियां भी मिली हैं ।

2 मठभेड़ों में 2 मिलिटैंट मरे : पटियाला जिले के भोटवाल गांव के निकट तथा लुधियाना जिले के एक गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ की घटनाओं में एक-एक मिलिटैंट मारा गया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : चरणजीत सिंह उर्फ राम नामक एक मिलिटैंट को हथियारों के साथ एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है ।

10 राइफलें लूटीं : जिला लुधियाना के गांव बलालाहा में आज मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के परिवारों को आत्मरक्षा के लिए प्रदान की गई 10 राइफलें लूट ली हैं ।

पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने सभी ग्रामीणों को एक खुले स्थान पर एकत्र करके कहा कि वे उन्हें सभी 10 राइफलें सौंप दें । इसके बाद वे उक्त सभी राइफलें लूट कर फरार हो गए । इस गांव में कई पुलिस कर्मियों के परिवार रहते हैं ।

निन्दा : पंजाब इंका ने गत दिवस राज्य के 5 जिलों में 31 बैंकों व एक डाकघर को जलाने की घटना की आज कड़े शब्दों में निन्दा की है । गत दिवस जिला जालन्धर, लुधियाना, संगरूर, फरीदकोट व अमृतसर में मिलिटैंटों ने सुनियोजित ढंग से उक्त वारदात की थी ।

पंजाब प्रदेश इंका समिति के प्रधान बेअंत सिंह ने कहा है कि यह एक ऐसी सनसनीपूर्ण वारदात थी, जिससे पता चलता है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति अत्यन्त गम्भीर हो चुकी है । उनका कहना था कि राज्य प्रशासन ने थोड़ी-सी ढील बरती तथा मिलिटैंटों ने उन स्थानों पर अपना हमला किया, जहां कभी सोचा भी नहीं जा सकता था । उन्होंने कहा कि चूंकि बैंकों में धन-राशि सुरक्षित रही है, इसलिए कहा जा सकता है कि मिलिटैंटों का उद्देश्य लूटपाट नहीं बल्कि जनता में भय व आतंक उत्पन्न करना ही था ।

बैंक अग्निभेंट : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि जंडियाला थाना के अधीन मल्लियां गांव में कुछ मिलिटैंटों ने पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के कार्यालय को आग लगा दी।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि जंडियाला थाना के अधीन वरपाल गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सरूप सिंह पुत्र सतवंत सिंह की उसके खेतों में गोली मार कर हत्या कर दी।

लूट का प्रयास, बच्चे घायल : जिला अमृतसर के विजयनगर क्षेत्र में आज सायं पंजाब राज्य विद्युत मंडल के एक कर्मी रमेश गुप्ता के घर में एक अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति ने उसके बच्चों को अलमारी की चाबियां उसके हवाले करने को कहा परन्तु जब बच्चों ने इस बारे अनभिज्ञता व्यक्त की तो उसने अपने रिवाल्वर से बच्चों पर 3 गोलियां चलाईं । इससे बच्चे घायल हो गए तथा आक्रमणकारी भाग निकला । बच्चों के नाम सोनिया व संदीप हैं तथा दोनों भाई-बहन हैं । उक्त आशय की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष ने दी ।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग) : यहां से 30 कि.मी. दूर गांव सराला में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति को उसके घर से बाहर बुला कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

महंत की हत्या : यहां से 25 कि.मी. दूर चनणवाल व रायसर गांवों के मध्य स्थित एक डेरे में गत रात्रि कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने महंत बाबा परमानन्द कलेरां की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

शव बरामद : यहां से 35 कि.मी. दूर सहजा गांव के खेतों में से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राजू) : गत रात्रि जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान जिला अम्बाला में सक्रिय 2 दुर्दांत मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों मिलिटैंट अम्बाला के बलदेव नगर कैम्प, तोपखाना बाजार व पंजोखरा के एक शराब के ठेके में बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार थे। इन गिरफ्तार मिलिटैंटों की शिनाख्त सुखविन्दर सिंह पुत्र अवतार सिंह जाट निवासी चौधरियां मोहल्ला, पंजोखरा पुलिस थाना अम्बाला व सुरजीत सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी पंजोखरा पुलिस थाना अम्बाला के रूप में हुई है।

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान दोनों मिलिटैंटों ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ंदिर का निर्माण मस्जिद होना चाहिए : शत्रुघ्न

वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन इस मसले पर पार्टी की जो भी नीति है, वह उसका पूरी तरह पालन करेंगे । श्री सिन्हा ने कहा कि वह फिल्मी कलाकार के रूप में नहीं बल्कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और फिल्मी दुनिया के प्रभावों का चुनाव में दुरुपयोग नहीं करेंगे । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में उनके वे मित्र ही हिस्सा लेंगे, जिनका भाजपा की नीतियों और देश की प्रगति में विश्वास है ।

श्री सिन्हा ने दावा किया कि वह 1973 से ही सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं । पहले वह जय प्रकाश नारायण के आंदोलन में और 1977 में आपात स्थिति के विरोध में सक्रिय रहे । उन्होंने कहा कि 1989 में उन्होंने भाजपा तथा उसके सहयोगी दलों और 1990 तथा 1991 में भाजपा के चुनाव अभियान में खुल कर हिस्सा लिया । श्री सिन्हा ने कहा कि मैं कल तक लड़ाई लड़वा रहा था, आज लड़ रहा हूं । भाजपा में शामिल होने का

'कार सेवा' का विवाद को पंथ-हितैषियों की

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (वि.प्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अकाल तख्त की कार सेवा के मामले पर छिड़े विवाद को शांत करने के उद्देश्य से आगामी 26 अक्तूबर को सुबह 11 बजे यहां पंथक हितैषियों की विशेष बैठक बुलाने का फैसला किया है।

यह फैसला आज यहां शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के प्रधान श्री बलदेव सिंह सीबिया ने की।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सीबिया ने कहा कि इस विशेष बैठक में प्रमुख सिखों, अकाली नेताओं, मानवाधिकार संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा कार सेवा में रुचि रखने वाले संतों को बुलाया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कार सेवा के अवसर पर आप्रेशन ब्लैक थंडर से पूर्व वाला ड्रामा नहीं होना चाहिए।

Punjab Sanatan

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

अपने अपराध स्वीकार कर लिए हैं।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : पुलिस थाना मदर राजपुरा के गांव जयनगर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया,जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकला।

बताया जाता है कि गत दिवस राजपुरा में 2 मिलिटैंटों ने किसी व्यक्ति से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल छीन लिया तथा सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ से नाकाबंदी कर ली। इस दौरान एक नाका दल ने एक हीरो होंडा मोटर साइकल नं. पी.बी.-11-158 पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर रोका तो उन्होंने उक्त पुलिस दल पर गोली चला दी। सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग के दौरान उनमें से एक व्यक्ति मारा गया व दूसरा भाग निकला। घटनास्थल से 303 बोर की पिस्तौल, कुछ चले हुए व जीवित कारतूस तथा छीना हुआ मोटर साइकल मिला है।

सरपंच व उसका संबंधी घायल : आज दोपहर करीब 12.30 बजे दो अज्ञात मिलिटैंटों ने ग्राम-सरपंच तेजा सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसे तथा उसके एक निकट संबंधी उत्तम सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया। इसके बाद वे फरार हो गए।

एक मिलिटैंट मरा : मलोट (गोयल) : आज दोपहर करीब 12.30 बजे स्थानीय आदर्श सिनेमा के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया,जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया। फरार होने वाले मिलिटैंटों ने भागते हुए फायरिंग भी की, जिससे एक ए.एस.आई. हरदम सिंह घायल हो गया, जिसे फरीदकोट के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक मिलिटैंट के कब्ज़े से कुछ गोली-सिक्का भी मिला है।

सरपंच के भाई की हत्या : गोराया (सैहरा) : गत रात्रि यहां से करीब 2 कि.मी. दूर गांव चक खोपड़ में मिलिटैंटों ने सरपंच तीर्थ सिंह के भाई शंकर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि वह रात को खेतों में अकेला ही सोया हुआ था कि सुबह उसका गोलियों से छलनी शव मिला। उसके शव के निकट ही ए.के. 47 राइफल के चले हुए 12 कारतूस पड़े थे।

मिलिटैंट का शव बरामद : गुरदासपुर (सुरिन्दर) : गत रात्रि पुलिस थाना धारीवाल के गांव गदड़ियां में बलकार सिंह (24) नामक एक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व 19-20 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने उसका अपहरण कर लिया था।

पुलिस के अनुसार मृतक स्वयं भी एक मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या गुट संघर्ष का ही परिणाम है।

शव मिला : बरनाला (बालिया) : तपा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भूतना गांव के खेतों से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक निकटवर्ती गांव कालेके के डेरा में रहता था।

मारुति कार छीनी : फगवाड़ा (खोसला) : कल रात 7.45 बजे फगवाड़ा-जालन्धर के मध्य जी.टी. रोड पर गांव खजूरला के निकट कार सवार तीन मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर जालन्धर से आनंदपुर साहिब जा रही एक मारुति कार नं. डी.एल.-2 सी.बी. 6157 दविन्दर कुमार नामक व्यक्ति से छीन ली।

बैंक से 80 हजार रुपए लूटे : आज प्रात: 10.45 बजे हीरो होंडा मोटर साइकल सवार 2 मिलिटैंटों ने स्टेनगन की नोक पर निकटवर्ती गांव गण्डवां में एक सहकारी बैंक से 80 हजार रुपए लूट लिए।

2 शक्तिशाली बम मिले : मोगा (सर्व) पुलिस थाना मोगा के क्षेत्र में स्थित एक होटल में से गत रात्रि 2 शक्तिशाली बम मिले हैं। होटल के एक कर्मी ने यह बम देख कर पुलिस को इस आशय की सूचना दी। इसके बाद सी.आर.पी.एफ. व पुलिस के एक संयुक्त दल ने उक्त दोनों बमों को अपने कब्ज़े में लेकर निष्क्रिय कर दिया।

9 दुकानदार गिरफ्तार : 2 लाख से अधिक के पटाखे जब्त

पटियाला, 22 अक्तूबर (भूषण): नगर पुलिस ने नौ दुकानदारों को पटाखों की बिक्री के जुर्म में गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो लाख रुपए से भी अधिक के पटाखे जब्त किए हैं । नगर में पटाखों के भंडार व बिक्री करने पर पाबंदी लागू है ।

लुधियाना गुड़ मंडी कांड
(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सनातन धर्म सभा लुधियाना की एक विशेष बैठक सभा अध्यक्ष श्री सुदर्शन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई । बैठक में गुड़ मंडी में हुए भीषण अग्नि कांड में मारे गए लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया गया ।

भयानक आग में जो भारी जानी व माली क्षति हुई है, उसका उचित मुआवजा व आर्थिक सहायता दिलाने के लिए कांग्रेस (इ) का एक शिष्टमंडल बहुत शीघ्र श्री नरसिम्हाराव प्रधानमंत्री व श्री सुरेन्द्र नाथ राज्यपाल से मिलने जाएगा । यह जानकारी देते हुए पंजाब कांग्रेस (इ) व्यापार सैल के संयोजक श्री ओम प्रकाश ने बताया कि पार्टी की ओर से इस संबंध में दो कमेटियां बनाई गई हैं । एक कमेटी नगर निगम पार्षदों सर्वश्री नाहर सिंह गिल, सुरजीत सिंह आहलूवालिया, प्रेम मित्तल, राजेन्द्र कपूर, राजेन्द्र सिंह और श्याम सुन्दर पर आधारित है । यह राज्यपाल से मिलेगी । दूसरी कमेटी जिसमें उनके अतिरिक्त सर्वश्री हरनाम दास जौहर, जरनैल सिंह शर्मा, महिन्द्रपाल स्याल, सतपाल बेरी और जगमोहन शर्मा शामिल हैं, आग से प्रभावित पीड़ितों की क्षति का सर्वेक्षण करेगी । यह टीम प्रधानमंत्री से मिलने जाएगी और जोर देगी कि संबंधित व्यापारियों को पुन: आबाद होने के लिए बिना ब्याज खुले दिल से कर्ज़े दिए जाएं ।

सलाहकार बोर्ड गठित

चंडीगढ़, 22 अक्तूबर (एन.एस. परवाना): हरियाणा सरकार ने 'रासुका' के तहत नज़रबंद लोगों के मामलों की सुनवाई हेतु पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश श्री इकबाल सिंह टिवाना की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय सलाहकार बोर्ड गठित कर दिया है। इसी न्यायालय के दो सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री टेक चंद तथा श्री प्रितपाल सिंह बोर्ड के अन्य दो सदस्य हैं।

नागरिक निगम अधिकारियों से दुखी

लुधियाना, 22 अक्तूबर (नेपाल): नागरिक नगर निगम के अधिकारियों से भारी दुखी हैं, क्योंकि एक तो अधिकारी समय पर अपने कार्यालयों में नहीं बैठते, दूसरे उनकी समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं है और न ही उनको न्याय मिल रहा है । नागरिकों की मांग है कि उनकी समस्याओं को हल करने तथा उनको न्याय दिलाने के लिए निगम के मेयर, वरिष्ठ डिप्टी मेयर तथा डिप्टी मेयर को प्रतिदिन अलग-अलग कार्यालयों में बैठ कर लोगों की शिकायतें सुननी चाहिएं तथा सप्ताह में एक दिन "खुला दरबार" भी लगा कर नागरिकों की शिकायतों का निपटान मौका पर ही करना चाहिए, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आएगी तथा लोगों को राहत मिलेगी ।

इंदिरा की पुण्य तिथि पर 31 को 'एकता दिवस'

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (प.स.): कांग्रेस (इ) श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि 31 अक्तूबर "एकता दिवस" के रूप में मनाएगी ।



हिन्दू तीर्थ यात्रियों का जत्था गत दिवस पाकिस्तान के कटासराज तीर्थ के दर्शनों के लिए अमृतसर से रवाना हुआ तो श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला ने उन्हें विदा कही । इस अवसर पर लिए चित्र में जत्थे के सदस्य श्री बिल्ला के साथ खड़े हैं । (छाया : रवि भंडारी)

कश्मीर घाटी में पुलिस अधिकारी समेत 10 लोगों की हत्या, 3 अलगाववादी भी मरे

श्रीनगर, 22 अक्तूबर (प.स. वार्ता): कश्मीर घाटी में कल रात से एक पुलिस अधिकारी व तीन अलगाववादियों सहित 13 व्यक्ति मारे गए, जबकि सात अपहृत व्यक्तियों की तलाश में सेना और अर्द्ध सैनिक बलों ने घेराबंदी और सर्चिंग अभियान जारी रखा।

अलगाववादियों ने आज श्रीनगर में पुलिस उपाधीक्षक गुलाम जिलानी शाह की उनके कार्यालय में गोली मार कर हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अलगाववादियों ने उपाधीक्षक के हजरतबल स्थित कार्यालय में दाखिल होकर उन्हें गोली मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। श्री जिलानी का हाल ही में हजरतबल तबादला हुआ था।

सरकारी सूत्रों के अनुसार कल सोपोर के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन अलगाववादी और एक नागरिक मारा गया। अलगाववादियों ने बारामूला जिले में एक मकान में घुस कर एक लड़के को गोली मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जाती है। सेना और अर्द्ध सैनिक बल ने फ्रांस के इंजीनियर मोसियो सिल्वा अंतोनियो सहित सात अपहृत व्यक्तियों की तलाश में घाटी में कई गांवों की घेराबंदी कर ली। श्री अंतोनिया का जम्मू क्षेत्र में किश्तवाड़ से अपहरण हुआ था।

इस बीच श्रीनगर में आज छात्रों ने सुरक्षा बलों द्वारा कुछ छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में कक्षाओं का बहिष्कार किया। छात्रों ने कालेज में प्रदर्शन भी किया। सुरक्षा बलों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए कार्रवाई की, जिसमें सात छात्र घायल हो गए। सरकारी सूत्रों के अनुसार फायरिंग की वारदात के बाद श्रीनगर के मजगाम, लाम और श्रीनगर-बारामूला रोड पर स्थित नरबलगांव की घेराबंदी कर दी गई। गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार आज सुबह श्रीनगर-बांदीपुर रोड पर मुगड में बारूदी सुरंग विस्फोट में जानमाल का काफी नुक्सान हुआ।

सुरक्षा बलों ने दस अलगाववादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार एके. 56 राइफलें, छह मैगज़ीनें, पांच हथगोले तथा चार राकेट बरामद किए। घाटी में आज किसी भी क्षेत्र में दिन का कर्फ्यू नहीं है।

कश्मीर घाटी में कल शाम पाक समर्थित उग्रवादी गुट हिजबुल मुजाहिदीन का प्रमुख नेता अशरफ डार भी अपने 2 साथियों के साथ मारा गया । सरकारी सूत्रों ने बताया कि बंदीपोरा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन का आपेशन कमांडर-इन-चीफ अशरफ डार अपने दो साथियों के साथ मारा गया ।

इस दौरान पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी संगठन इख्वानुल मुसलमीन ने श्री जिलानी की हत्या की जिम्मेदारी ली है । श्री जिलानी के हत्यारों का पता लगाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है ।

बड़गाम जिले में 3 उग्रवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए ।



लोक निर्माण विभाग पंजाब की ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन के सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में मंगलवार को जालन्धर के जिलाधीश के कार्यालय के समक्ष धरना देते हुए । (छाया : प्यारे)

भूकम्प
(पृष्ठ 3 का शेष)

के क्षेत्रों में उन्होंने जो कुछ देखा, वह बड़ा ही भयावह था। वहां लगभग सभी मकान गिरे हुए नज़र आए। उन्होंने बताया कि जब हम अगले दिन हरिद्वार लौट रहे थे तो हमें सड़क पर गिरी चट्टानों के कारण सफर तय करने में काफी कठिनाई हुई।

टिहरी बांध बारे सरकार का रुख आज स्पष्ट होगा : टिहरी बांध परियोजना के बारे में सरकार का ताजा रुख संभवत: कल प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव की उत्तर काशी के भूकम्प

49 उल्फा उग्रवादी काबू

गुवाहाटी, 22 अक्तूबर (प.स.): असम में पिछले 24 घंटे के दौरान 10 उल्फा उग्रवादियों ने सेना के समक्ष आत्म-समर्पण किया,जबकि अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । सरकारी सूत्रों ने बताया कि 3 सशस्त्र बदमाशों ने कल सिबसागर जिले के बंगनाबाड़ी डोलोखड़िया गांव में एक अध्यापक के घर में घुस कर उनकी हत्या कर दी । इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है । सेना के समक्ष आत्म-समर्पण करने वाले 10 उल्फा उग्रवादियों में लखीमपुर जिले में उल्फा की "माधोपुर शाखा" के "अध्यक्ष" और "सचिव" तथा विद्रोही संगठन का एक शांतिर नेता शामिल हैं । पिछले 24 घंटे के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने 49 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया ।

महिलाएं सिर्फ महिला प्रत्याशियों को वोट देंगी

वाशिंगटन , 22 अक्तूबर (प.स.): अमरीका की लाखों महिलाओं ने धमकी दी है कि भविष्य में वे सिर्फ महिला उम्मीदवारों को ही वोट देंगी। न्यायाधीश क्लेरेंस थामस के खिलाफ लगाए गए यौन प्रताड़ना आरोपों पर सीनेट की खामोशी से नाराज महिलाओं ने यह धमकी दी है।

'वाशिंगटन पोस्ट' का कहना है कि, "अगर आप महिला हैं और कांग्रेस का सदस्य होना चाहती हैं तो 1992 का वर्ष आपके अनुकूल होगा।"

75 प्रत्याशियों का भाग्य अधर में लटका

अमृतसर, 22 अक्तूबर (प.सू.): विभिन्न मैडीकल तथा डैंटल कालेजों में एम.बी.बी.एस. तथा

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

विदेश यात्रा

मशीनरी बिकाऊ

पंजाब में अकाली वर्कर, जद नेता व दम्पति समेत 12 लोगों की हत्या, 11 मिलिटैंट मरे

डी.एस.पी. के भाई सहित 8 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में अकाली वर्कर, 2 भाइयों, जद नेता व दम्पति समेत 12 लोगों की हत्या हुई, 11 मिलिटैंट मारे गए तथा एक डी.एस.पी. के भाई समेत 8 लोगों का अपहरण हुआ ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (ग्रामीण) : मजीठा पुलिस जिला के बिशम्भरपुरा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है। तरनतारन पुलिस जिला के गांव बूहलगल के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए ।

क्रास फायरिंग में महिला मरी : मजीठा पुलिस जिला के मादोके गांव में कल रात सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के बीच क्रास फायरिंग में करतार कौर नामक एक महिला की मृत्यु हो गई।

डी.एस.पी. के भाई का अपहरण : मजीठा पुलिस जिला के बल्लीवाला गांव से कल रात मिलिटैंटों ने डी.एस.पी. बलदेव सिंह के भाई कुलदीप सिंह का अपहरण कर लिया।

2 मुठभेड़ों में 3 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के गांव सेहड़ा के निकट आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। मुकाबला उस समय शुरू हुआ, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशियां ले रहे थे। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान मंगल सिंह तथा चढ़ा सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैग्नम लोडिड राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

एक अन्य मुकाबला मजीठा पुलिस जिला के गांव बाथ में हुआ, जहां एक मिलिटैंट मारा गया।

अकाली वर्कर की हत्या : पटियाला (भूषण) : कल रात साढ़े 8 बजे के लगभग बस्सी पठानां थाना के अन्तर्गत गुंदबां खुर्द गांव में मिलिटैंटों ने अकाली दल (ब) के एक प्रमुख वर्कर चेला सिंह पुत्र केहर सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। मिलिटैंट स्कूटर पर आए थे और वारदात के बाद भाग निकले।

4 लोगों की हत्या : पटियाला जिला के शुतराना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने एक डेरे में घुस कर दो भाइयों साधु राम व राम चंद तथा एक दम्पति मेहर चंद और बंती बाई की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बस कंडक्टर का अपहरण : संगरूर से 'गर्ग' व धूरी से 'सिंगला' के अनुसार यहां से 20 किलोमीटर दूर भीमसा गांव के निकट 4 मिलिटैंटों ने डी.टी.सी. की एक बस (नं. डी.एल.आई.पी. 9001) के ड्राइवर तथा कंडक्टर का अपहरण कर लिया। यह बस दिल्ली से धूरी आ रही थी। सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने रात एक बजे के लगभग गांव हिमताना के निकट मिलिटैंटों को घेर लिया। कुछ देर तक मुकाबला करने के बाद सुरक्षा बलों ने बस ड्राइवर भीम सिंह को तो मिलिटैंटों के चंगुल से छुड़ा लिया लेकिन मिलिटैंट कंडक्टर ईश्वर सिंह को साथ लेकर भाग गए।

लुटेरा मिलिटैंट मरा : मलोट से 'केवल' के अनुसार कल रात 9 बजे के लगभग मलोट की एक पुलिस पार्टी ने जंडवाला गांव के निकट जब एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का संकेत किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक बंदूक तथा 10 कारतूस भी मिले हैं। मारे गए मिलिटैंट की पहचान सुरजीत सिंह निवासी जंडवाला के रूप में हुई है। वह लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त था। उसका एक साथी सरवन सिंह कुछ समय पहले सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

आपसी लड़ाई में एक मिलिटैंट मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार कल रात बटाला सदर थाना के गांव कोटला सुइयां में लखविन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया। लखविन्दर सिंह एस.पी.ओ. था, लेकिन बाद में वह मिलिटैंटों से जा मिला था।

छात्र का अपहरण : कल शाम 6 बजे के लगभग स्थानीय अर्बन एस्टेट कालोनी में एक मारुति वैन में सवार होकर आए 4 मिलिटैंटों ने बी.ए. भाग-II के एक छात्र योगेश चन्द्र गोयल तथा एक अन्य व्यक्ति बी.डी. रत्ती का अपहरण कर लिया। बाद में मिलिटैंटों ने श्री रत्ती को छोड़ दिया लेकिन योगेश को अपने साथ ले गए। अपहरणकर्ताओं ने पुलिस की

मिग-23 दुर्घटना में नष्ट

जोधपुर, 23 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय वायुसेना का एक मिग-23 विमान सोमवार को अभ्यास करते समय जैसलमेर जिले में मोहनगढ़ के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया । सेना के एक प्रवक्ता के अनुसार मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर मोहनगढ़ के निकटस्थ गांव बालाना के समीप जा गिरा । पायलट बच गया है ।

सीमांत जिलों में मिलिटैंटों से मुकाबलों में सेना द्वारा मदद

अमृतसर, 23 अक्तूबर (वार्ता): पंजाब में हिंसा की बढ़ रही घटनाओं विशेष रूप से पुलिस कर्मियों के परिवारों की हत्या के पश्चात सेना ने अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर के सीमांत जिलों में सुरक्षा बलों को रक्षित सहायता उपलब्ध करनी प्रारम्भ कर दी है ।

सीमा क्षेत्र के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा है कि इस आशय का निर्णय हाल ही में पंजाब के पुलिस अधिकारियों और सेना अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया ताकि मिलिटैंटों की नई

उक्त अधिकारी ने बताया कि सेना की मदद लेने का मुख्य कारण मिलिटैंटों द्वारा अपनी चालें बदलना है, जिन्होंने सुरक्षा बलों के उत्साह-हनन के मुख्य उद्देश्य से पुलिस कर्मियों के परिवारों के सदस्यों की हत्याएं करना शुरू कर दिया था ।

सीमा क्षेत्र के डी.आई.जी. पुलिस श्री आर.एस. चालिया ने सेना द्वारा मदद लेने की पुष्टि करते हुए कहा कि सेना द्वारा मदद लेने से कई मिलिटैंट मारे गए हैं, जिनमें कई दर्दात मिलिटैंट भी शामिल हैं । तरनतारन, मजीठा और बटाला पुलिस जिलों के

Punjab Sanjari

(तरनतारन): मजीठा पुलिस जिला के बिशम्भरपुरा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है। तरनतारन जिला के गांव डहलगल के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं।

ग्रास फायरिंग में महिला मरी : मजीठा

मिग-23 दुर्घटना में नष्ट

जोधपुर, 23 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय वायुसेना का एक मिग-23 विमान सोमवार को अभ्यास करते समय जैसलमेर जिले में मोहनगढ़ के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना के एक प्रवक्ता के अनुसार मिगविमान दुर्घटनाग्रस्त होकर मोहनगढ़ के क्षेत्रस्थ गांव बालाना के समीप जा गिरा। पायलट बच गया है।

2 मुठभेड़ों में 3 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के गांव खेड़ा के निकट आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। मुकाबला उस समय शुरू हुआ, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशियां ले रहे थे। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान मंगल सिंह तथा चढा सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

एक अन्य मुकाबला मजीठा पुलिस जिला के गांव बाथ में हुआ, जहां एक मिलिटैंट मारा गया।

अकाली वर्कर की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात साढ़े 8 बजे के लगभग बस्सी पठानां थाना के अन्तर्गत गुडवां खुर्द गांव में मिलिटैंटों ने अकाली दल (ब) के एक प्रमुख वर्कर चेला सिंह पुत्र केहर सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। मिलिटैंट स्कूटर पर आए थे और वारदात के बाद भाग निकले।

सीमांत जिलों में मिलिटैंटों से मुकाबलों में सेना द्वारा मदद

अमृतसर, 23 अक्तूबर (वार्ता): पंजाब में हिंसा की हो रही घटनाओं विशेष रूप से पुलिस कर्मियों के परिवारों की हत्या के पश्चात सेना ने अमृतसर, फिरोजपुर और फिरोजपुर के सीमांत जिलों में सुरक्षा बलों को सक्रिय सहायता उपलब्ध करनी प्रारम्भ कर दी है।

इस क्षेत्र के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस आशय का निर्णय हाल ही में पंजाब के अधिकारियों और सेना अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया ताकि मिलिटैंटों की नई चुनौती का सामना किया जा सके। इस अधिकारी ने कहा कि इस मास के दौरान सैनिकों ने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों के अतिरिक्त लगभग एक दर्जन मुकाबलों में भी भाग लिया। उक्त अधिकारी ने कहा कि हाल ही में तरनतारन पुलिस जिले में सैनिकों को व्यापारी को छुड़ाने के लिए पुलिस के साथ मिल कर किए गए अभियान में पांच मिलिटैंटों को मारा गया।

उक्त अधिकारी ने बताया कि सेना की मदद लेने का मुख्य कारण मिलिटैंटों द्वारा अपनी चालें बदलना है, जिन्होंने सुरक्षा बलों के उत्साह हनन के मुख्य उद्देश्य से पुलिस कर्मियों के परिवारों के सदस्यों की हत्याएं करना शुरू कर दिया था।

सीमा क्षेत्र के डी.आई.जी. पुलिस श्री आर.एस. चालिया ने सेना द्वारा मदद लेने की पुष्टि करते हुए कहा कि सेना द्वारा मदद लेने से कई मिलिटैंट मारे गए हैं, जिनमें कई दर्दांत मिलिटैंट भी शामिल हैं। तरनतारन, मजीठा और बटाला पुलिस जिलों के मिलिटैंटों से ग्रस्त क्षेत्रों में मिलिटैंट विरोधी अभियानों के लिए सेना की पांच कम्पनियों की मदद मांगी गई है। श्री चालिया के अनुसार पंजाब के केवल सीमा क्षेत्रों में 110 दर्दांत मिलिटैंट और लगभग 1470 दूसरे मिलिटैंट सक्रिय हैं। हाल ही के महीनों में कई मिलिटैंटों के मारे जाने और कइयों को गिरफ्तार कर लेने के बावजूद उनकी संख्या में वृद्धि होने का पता चला है।



छात्र का अपहरण : कल शाम 6 बजे के लगभग स्थानीय अर्बन एस्टेट कालोनी में एक मारुति वैन में सवार होकर आए 4 मिलिटैंटों ने बी.ए. भाग II के एक छात्र योगेश चन्द्र गोयल तथा एक अन्य व्यक्ति बी.डी. रत्ती का अपहरण कर लिया। बाद में मिलिटैंटों ने श्री रत्ती को छोड़ दिया लेकिन योगेश को अपने साथ ले गए। अपहरणकर्त्ताओं ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के एक गांव नंगलचोक में निरंजन सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने तेज़धार हथियारों से मार दिया।

गोली चलने से एक ज़ख्मी : आज सवेरे बटाला की डेरा रोड पर एक सिपाही से अचानक गोली चल गई, जिससे राजेंद्र सिंह नामक एक अन्य सिपाही घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

खोखे जला दिए : बरनाला (वालिया): गत रात्रि मिलिटैंटों ने स्थानीय बस स्टैंड में चार खोखों को आग लगा दी। खोखों के मालिकों सर्वश्री सतपाल, धर्मपाल, सोहन लाल तथा मक्खन लाल ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)



उत्तर प्रदेश सीम
बुधवार को रा

जन्म भूमि न्यास के पास
मंदिर के प्रथम खंड का

अयोध्या, 23 अक्तूबर (वार्ता): अयोध्या में निर्माणाधीन श्री राम मन्दिर के प्रमुख वास्तुशिल्पी चन्द्रकांत सोमपुरा ने कहा है कि राम जन्मभूमि न्यास

विवादस्प
उल्लेखनीय है
सोमपुरा ने पत्र

Punjab Satyatan

24.10.1991

विस्फोट तो नहीं है लेकिन
कि इन पहाड़ियों से धुएं
रहा है।"

द्यालय के भूकम्प विशेषज्ञ
के इस विचार का खंडन
म का 'दृष्टि भ्रम' हो गया

वासियों ने रविवार को
त बाद इस क्षेत्र मे 'आग के
उन्हें बताई थी।
स प्रैस कांफ्रैंस में खुद भी
बातें कोरे 'दृष्टि भ्रम' का
गोले' दरअसल बिजली के
न वाली लाइनों के टूटने से
ों के एक-दूसरे से टकराने
होगी।
ाल प्रसाद यादव ने आज
के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह
क्षेत्र में भूकम्प पीड़ितों के
रुपए का चैक दिया।



सिम्ताराव उत्तर काशी में
के निकट खड़े होकर वहां
जायज़ा लेते हुए ।

रफ्तार
का शेष)

शुरू करना था । बाबरी
शन कमेटी के संयोजक
कल हुई अपनी बातचीत
ए उन्होंने कहा कि उत्तर
ण सिंह को समझदारी से

यों विश्वनाथ प्रताप सिंह
अन्य धर्मनिरपेक्ष दलों से
विरुद्ध आवाज उठाने की
ने कहा कि शांति और
त में उत्तर प्रदेश सरकार
करने की अनुमति दे देनी

तिबंध : फैज़ाबाद :
ने श्री सिमरनजीत सिंह
प्रवेश पर प्रतिबंध लगा
तक जारी रहेगा ।

कार्यवाहक प्रधान : नजीत सिंह मान की आज
द बापू त्रिलोक सिंह को
र्यवाहक प्रधान नियुक्त

मारा गया

र (खुंगर) :पाकिस्तान
हुए एक घुसपैठिया सीमा
न के जवानों द्वारा मारा
ास केसरीसिंहपुर क्षेत्र में

पर
-MC-128837
-MD-128837
28837
8837

एकता परिषद की बैठक

(पृष्ठ 3 का शेष)

निर्माण के मुद्दे, प्रदेश में बढ़ती मिलिटैंसी तथा भूकम्प के मुद्दों पर हुई ।

जी.एस. चावला के अनुसार अयोध्या मुद्दे पर केंद्र सरकार द्विविधा में है । वह अनुच्छेद की धारा 356 के तहत यू.पी. सरकार को अपदस्थ करके ही हस्तक्षेप कर सकती है । समझा जाता है कि विधि मंत्रालय अयोध्या मुद्दे के कानूनी पहलुओं और धारा 356 का प्रयोग किए बिना ही हस्तक्षेप की सम्भावना का जायजा ले रहा है क्योंकि यदि केंद्र धारा 356 का प्रयोग करता है तो भाजपा यह मामला जनता के समक्ष उछालेगी ।

सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के, जो जन्म भूमि मुद्दे की सुनवाई कर रही है, के निर्णय की प्रतीक्षा कर रही है । हाईकोर्ट कल सुनवाई शुरू करेगी । यदि हाईकोर्ट ने मंदिर निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिगृहीत भूमि को विवादग्रस्त करार देकर राज्य सरकार की अधिसूचना रद्द कर दी तो उससे केंद्र के लिए अपनी प्रतिष्ठा बचाना आसान हो जाएगा लेकिन यदि हाईकोर्ट ने अधिगृहीत भूमि को विवादास्पद करार न दिया तो केंद्र को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ेगा । केंद्र सरकार के विधि विशेषज्ञ सभी मामलों पर विचार कर रहे हैं ।

बी.पी. सिंह 29 को सत्याग्रह करेंगे : पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह 29 अक्तूबर को अयोध्या में केंद्र सरकार की कथित निष्क्रियता के विरोध में सत्याग्रह करेंगे। इसमें राष्ट्रीय मोर्चा-वाम मोर्चा की पार्टियों के नेता एवं कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। यह घोषणा खुद श्री सिंह ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में की।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अयोध्या विवाद के सिलसिले में उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार को बर्खास्त किए जाने के पक्ष में नहीं है। पार्टी की केंद्रीय समिति की चार दिन चली बैठक की जानकारी देते हुए माकपा नेता हरकिशन सिंह सुरजीत ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार को बर्खास्त किए जाने का कदम उठाने की बजाय इस मामले पर विचार-विमर्श के लिए संसद और राष्ट्रीय एकता परिषद की तत्काल बैठक बुलाई जानी चाहिए। श्री सुरजीत ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-356 के इस्तेमाल के खिलाफ है और उत्तर प्रदेश सरकार के बारे में भी उनका यही रुख है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा समीक्षा : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या के मसले पर ताजा स्थिति की देर रात एक बैठक में समीक्षा की । प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण समझा जा रहा है ।

समझा जाता है कि प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह के बीच भी आज इस मामले पर चर्चा हुई ।

जनमोर्चा के दो नेताओं श्री सत्पाल मलिक और श्री दिनेश त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री श्री राव को अयोध्या के मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया है ।

बाबरी मस्जिद का अस्तित्व रहेगा : मदनी :वाराणसी (वार्ता) :जमीयत उलमाये हिन्द के अध्यक्ष मौलाना असद मदनी ने कहा है कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद का अस्तित्व हमेशा कायम रहेगा, भले ही उसे ढहा दिया जाए या हटा कर दूसरी जगह ले जाया जाए।

सिख नेताओं की रिहाई की मांग

जालन्धर, 23 अक्तूबर (प.स.): अखिल भारतीय सिख छात्र फैडरेशन (प्रिजीडियम) ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान श्री बलदेव सिंह सीबिया और पूर्व प्रधान श्री गुरचरण सिंह टोहरा को दमदमी टकसाल द्वारा श्री अकाल तख्त की कार सेवा को पुनः शुरू करने के मामले में टांग अड़ाने के विरुद्ध चेतावनी दी है । प्रिजीडियम के सदस्य श्री बलदेव सिंह होटियान और श्री कुलदीप सिंह काहलों तथा मनजीत सिंह भीमा (दोनों महासचिव) ने एक संयुक्त प्रैस कांफ्रैंस में कहा है कि 29 अक्तूबर से शुरू हो रही कार सेवा के रास्ते में आने वाली रुकावट के कारण सम्भावित परिणामों के लिए श्री सीबिया और श्री टोहरा उत्तरदायी होंगे । यह स्पष्ट करते हुए कि आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन कार सेवा में भाग लेगी, उन्होंने कहा कि

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि उनका हजारों रुपए का नुक्सान हुआ है। ये खोखे पान-बीड़ी तथा चाय वालों के थे।

बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार गत रात मिलिटैंटों ने बस स्टैंड पर दो अन्य खोखों को भी अग्नि भेंट कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है। व्यापार मंडल ने खोखे वालों को मुआवजा देने की मांग की है।

4 व्यक्तियों की हत्या : फिरोज़पुर जिला के गांव फतेहुल्ला शाह में आज शाम मिलिटैंटों ने 4 लोगों की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

आपसी झगड़े में एक मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिला के मानसा में कल आपसी झगड़े में लाभ सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

एक मिलिटैंट मरा, 5 फरार : अमृतसर जिला के जंडियाला थाना के अधीन मानांवाला के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके 5 साथी भाग गए।

अपहरणकर्त्ता मरा : जालन्धर जिला के फिल्लौर कस्बे से विगत 21 अक्तूबर को एक स्कूली बालक नरेश कुमार (6) को अपहृत करने वाले मिलिटैंट को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रेम सिंह नामक मिलिटैंट नरेश कुमार को उसके स्कूल से यह कह कर ले गया कि उसे उसकी मां बुला रही है। प्रेम सिंह नरेश कुमार को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर ले गया तथा वहां से किसी और स्थान को जाने के लिए ट्रेन की प्रतीक्षा करने लगा। इस बीच पुलिस की एक पार्टी ने प्रेम सिंह को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। पुलिस पार्टी जब प्रेम सिंह को लुधियाना से फिल्लौर ला रही थी तो गन्ना पिंड के निकट मिलिटैंटों के एक गुट ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। क्रास फायरिंग में प्रेम सिंह मारा गया। अन्य मिलिटैंट भाग निकले।

हथियार छीने : गुरदासपुर (विनोद) कल रात दीनानगर थाना के अन्तर्गत गांव शहपुर से 4 मिलिटैंटों ने पूरन सिंह से उसकी लाइसैंसी बंदूक तथा 12 कारतूस छीन लिए। मिलिटैंटों ने इसी गांव के लक्खा राम, जगमोहन व अजीत राम से 3 राइफलें व 75 कारतूस छीन लिए। इन तीनों को ये हथियार ग्रामीण सुरक्षा योजना के अधीन उपलब्ध कराए गए थे।

बैंक जलाने वालों का पता चला : लुधियाना (मुसाफिर) : पटियाला रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने बताया कि तीन जिलों में बैंक जलाने वाले अभियुक्तों का पता लगा लिया गया है। श्री भट्टी के अनुसार यह कार्रवाई सिख छात्र संघ (दलजीत सिंह बिट्टू धड़ा) और खालिस्तान कमांडो फोर्स (ज़फरवाल धड़े) द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। श्री भट्टी ने बताया कि उस रात जिला संगरूर में एक मिलिटैंट पकड़ा गया, जो घायल है। उसकी जेब से एक पत्र मिला, जिसमें 5 मिलिटैंटों के नाम दर्ज हैं। श्री भट्टी के अनुसार कुछ मिलिटैंट बैंकों में अपनी पगड़ियां भी छोड़ गए हैं। इस कार्रवाई में डेढ़ दर्जन मिलिटैंटों ने तीन ग्रुप बना कर हिस्सा लिया। इस कार्रवाई का उद्देश्य भी लोगों में भय पैदा करना था। श्री भट्टी ने कल जगराओं में जिला लुधियाना, फरीदकोट व संगरूर के पुलिस अधीक्षकों की एक बैठक बैंक जलाने से उत्पन्न स्थिति का जायज़ा लेने के लिए बुलाई थी। श्री भट्टी ने कहा कि अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए नाके लगाए जा रहे हैं। उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने की कोशिशें की जा रही हैं।

धमकी पत्र लिखने वाले काबू : फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह के दो सदस्यों को धमकी भरे पत्र लिख कर पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया है । गिरोह के सदस्यों ने इलाके के लोगों में भारी आतंक फैला रखा था । यह भी मालूम हुआ है कि यहां के एक परिवार को इसी कारण रातों-रात पलायन करना पड़ा था । अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है ।

2 मिलिटैंट काबू : चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने बस अड्डा से संदिग्ध दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से एक रिवाल्वर तथा एक बंदूक बरामद की है । गिरफ्तार मिलिटैंटों में गांव पलसोरा का नरेंद्र सिंह तथा मोहाली के फेज़ 4 का परमजीत सिंह शामिल हैं । यह जानकारी देते हुए चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये दोनों मिलिटैंट पिछले माह मोहाली के फेज़ 6 में एक गुरुद्वारे के ग्रंथी अवतार सिंह की हत्या के अलावा जिला रोपड़ में हुई लगभग आधी दर्जन हत्याओं के केसों में पुलिस को वांछित थे ।

ए.एस.आई. की हत्या : जिला पटियाला के गांव शापीपुर में जमीन में बिछाई एक बारूदी सुरंग फटने से आज रात्रि एक असिस्टैंट सब इंस्पैक्टर मारा गया ।

जद के महामंत्री की हत्या : मिलिटैंटों ने आज सायं सामाना जनता दल के महामंत्री डा. राम गोपाल की उनके सामाना जिला पटियाला में स्थित घर के निकट गोलियां मार कर हत्या कर दी । डा. राम गोपाल उस समय अपनी प्रिंटिंग प्रैस से घर लौट रहे थे ।

बैंक जलाने की जिम्मेवारी : चार मिलिटैंट संगठनों ने पंजाब में गत रविवार को विभिन्न बैंकों की 40 से भी अधिक शाखाओं को जलाने की जिम्मेदारी ली है। सिख छात्र महासंघ खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान और खालिस्तान कमांडो फोर्स ने यहां जारी एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि इन बैंकों में आग लगाने का निर्देश इसलिए दिया गया था क्योंकि ये बैंक पंजाब के किसानों एवं मजदूरों की कमाई को अन्य राज्यों के विकास में इस्तेमाल कर रहे हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि पंजाब से प्रतिवर्ष लगभग 1,500 करोड़ रुपए अन्य राज्यों के विकास के लिए भेजे जाते हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वक्तव्य में कहा गया है कि बैंकों में आग लगाने के पीछे यह भी कारण है कि इन बैंकों में गुरुमुखी में काम नहीं होता तो इसके परिणाम बुरे होंगे। इन संगठनों ने राज्य के बैंकों में 80 प्रतिशत पदों पर सिखों की नियुक्ति करने की मांग की है, इसके अलावा यह भी मांग की गई है कि अध्यक्ष एवं नियुक्ति बोर्ड के सदस्य पंजाब के ही हों।

2 लुटेरे गिरफ्तार : पंचकला पुलिस ने आज शाम 2 लुटेरों को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वे पंचकला के सैक्टर 4 के एक घर में घुस कर खुद को मिलिटैंट बताते हुए पिस्तौल की नोक पर धन-राशि लूटने का प्रयास कर रहे थे । गिरफ्तार लुटेरों के नाम जीत सिंह व नरेश कुमार हैं । ये दोनों पटियाला के निवासी हैं । इनके कब्ज़े से .38 बोर का रिवाल्वर, 5 कारतूस तथा एक खिलौना पिस्तौल बरामद हुआ है ।

5 लोगों का अपहरण : खाड़कुओं ने भटिंडा जिले में रामपुरा फूल में एक मिल से पांच व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । इनमें मिल का मालिक सोहन लाल और खजांची पुरुषोत्तम लाल शामिल हैं ।

महर्षि बाल्मीकि के प्रकाशोत्सव पर राज्यपाल की अपील

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (संघी): पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़-प्रशासक श्री सुरेंद्र नाथ ने लोगों से आग्रह किया है कि वे देश में विशेष रूप से पंजाब राज्य में शांति व सम्पन्नता के लिए प्रार्थना करें । उन्होंने कहा कि निर्मल हृदय से की गई प्रार्थना से वह चीज़ अवश्य प्राप्त हो जाती है, जिसके लिए प्रार्थना की गई हो । राज्यपाल ने आज यहां सैक्टर 24 में बाल्मीकि भवन में आयोजित एक समारोह में महर्षि बाल्मीकि को श्रद्धांजलि भेंट की ।

इस अवसर पर उन्होंने बाल्मीकि भवन समिति के अध्यक्ष श्री के.एस. राजू व अन्य द्वारा पेश की गई मांगों की चर्चा करते हुए कहा कि वह निर्धन वर्गों, विशेष रूप से बाल्मीकि समाज की समस्याएं दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे । राज्यपाल ने बाल्मीकि भवन के लिए दो लाख रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की ।



उत्तर प्रदेश में वीरवार को आए भूकम्प से उत्तर

एस.पी.जी. ने सोनिया, उनके बच्चों की जिम्मेवारी सम्भाली

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (वार्ता): स्पैशल प्रोटैक्शन ग्रुप (एस.पी.जी.) ने श्रीमती सोनिया गांधी और उनके बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेवारी सम्भाल ली है । इसने भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री वी.पी. सिंह, चंद्र शेखर तथा उनके परिवारों की रक्षा की जिम्मेवारी सम्भालनी है । सरकारी सूत्रों ने आज रात्रि बताया कि श्रीमती सोनिया गांधी और उनके बच्चों के लिए कुछ सौ जवान तैनात किए गए हैं । इस ग्रुप की संख्या इस समय कुल 1500 है ।

सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन उड़ा देने की धमकी

हैदराबाद, 23 अक्तूबर (ए.टी.) :किसी अज्ञात गुट के नक्सलवादियों ने एक सप्ताह के अंदर सिकन्दराबाद रेलवे स्टेशन को उड़ा देने की धमकी दी है। सूत्रों के अनुसार यह धमकी दक्षिण-केन्द्रीय रेलवे के महाप्रबन्धक को चार दिन पहले प्राप्त हुए एक पत्र में दी गई है।

बी.सी.सी.आई. ने राजनेताओं को रिश्वत दी थी

वाशिंगटन, 23 अक्तूबर (प.स.): विवादास्पद बैंक आफ क्रैडिट एंड कॉमर्स इंटरनैशनल ने विकासशील देशों के राजनीतिज्ञों को अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए रिश्वत दी । यह आरोप बी.सी.सी.आई. के मामले की जांच कर रही अमरीकी सीनेट की केरी उपसमिति के समक्ष अपने बयान में इस बैंक के एक पूर्व अधिकारी अब्दुल साखिया ने लगाया । उन्होंने कहा कि यह रिश्वत नकद उनके रिश्तेदारों की सेवाएं लेने, मैडिकल बिलों के भुगतान, लोकोपकारी कार्यों के लिए धन देने हेतु रियायती दर पर कर्ज़ देने और परियोजनाओं के लिए वित्तीय व्यवस्था हेतु दी गई ।

74 सीटों के लिए 1200 उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर : उड़ीसा को छोड़ कर सभी राज्यों में नामज़दगी के पर्चे वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद करीब 1200 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं । इन राज्यों में 16 नवम्बर को 16 लोकसभा तथा 58 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है ।

संशोधन

22.10.91 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2 पर प्रकाशित 'विजयरथ मण्डे' के 31वें ड्रा के परिणाम में 5वां पुरस्कार का नम्बर 233 की बजाए 223 पढ़ें ।

संशोधन

13.10.91 के पंजाब केसरी में प्रकाशित डा. एम.के. गुप्ता, एम.के. सर्जीकल अस्पताल, अम्बाला शहर के विज्ञापन में सही फोन नं. 56203 और 58406 पढ़ा जाए ।



Punjab Sarkari

पंजाब में अकाली वर्कर, जद नेता व दम्पति समेत 12 लोगों की हत्या, 11 मिलिटैंट मरे

डी.एस.पी. के भाई सहित 8 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न वारदातों में अकाली वर्कर, 2 भाइयों, जद नेता व दम्पति समेत 12 लोगों की हत्या हुई, 11 मिलिटैंट मारे गए तथा एक डी.एस.पी. के भाई समेत 8 लोगों का अपहरण हुआ ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग): मजीठा पुलिस जिला के बिशम्भरपुरा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है। तरनतारन पुलिस जिला के गांव बूहनगल के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक और मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं।

क्रास फायरिंग में महिला मरी : मजीठा पुलिस जिला के मादोके गांव में कल रात सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के बीच क्रास फायरिंग में करतार कौर नामक एक महिला की मृत्यु हो गई।

डी.एस.पी. के भाई का अपहरण : मजीठा पुलिस जिला के बल्लीवाला गांव से कल रात मिलिटैंटों ने डी.एस.पी. बलदेव सिंह के भाई कुलदीप सिंह का अपहरण कर लिया।

2 मुठभेड़ों में 3 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के गांव खेड़ा के निकट आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। मुकाबला उस समय शुरू हुआ, जब सुरक्षा बल उक्त गांव में तलाशियां ले रहे थे। मारे गए मिलिटैंटों की पहचान मंगल सिंह तथा चढा सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक सैल्फ लोडिंग राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

एक अन्य मुकाबला मजीठा पुलिस जिला के गांव बाथ में हुआ, जहां एक मिलिटैंट मारा गया।

अकाली वर्कर की हत्या : पटियाला (भूषण): कल रात साढ़े 8 बजे के लगभग बस्सी पठानां थाना के अन्तर्गत गुड़वां खुर्द गांव में मिलिटैंटों ने अकाली दल (ब) के एक प्रमुख वर्कर चेला सिंह पुत्र केहर सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। मिलिटैंट स्कूटर पर आए थे और वारदात के बाद भाग निकले।

4 लोगों की हत्या : पटियाला जिला के शुतराना गांव में कल रात मिलिटैंटों ने एक डेरे में घुस कर दो भाइयों साधु राम व राम चंद तथा एक दम्पति मेहर चंद और बंती बाई की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बस कंडक्टर का अपहरण : संगरूर से 'गर्ग' व धूरी से 'सिंगला' के अनुसार यहां से 20 किलोमीटर दूर मीमसा गांव के निकट 4 मिलिटैंटों ने डी.टी.सी. की एक बस (नं. डी.एल.आई.पी. 9001) के ड्राइवर तथा कंडक्टर का अपहरण कर लिया। यह बस दिल्ली से धूरी आ रही थी। सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने रात एक बजे के लगभग गांव हिमताना के निकट मिलिटैंटों को घेर लिया। कुछ देर तक मुकाबला करने के बाद सुरक्षा बलों ने बस ड्राइवर भीम सिंह को तो मिलिटैंटों के चंगुल से छुड़ा लिया लेकिन मिलिटैंट कंडक्टर ईश्वर सिंह को साथ लेकर भाग गए।

लुटेरा मिलिटैंट मरा : मलोट से 'केवल' के अनुसार कल रात 9 बजे के लगभग मलोट की एक पुलिस पार्टी ने जंडवाला गांव के निकट जब एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का संकेत किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस कर्मियों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक बंदूक तथा 10 कारतूस भी मिले हैं। मारे गए मिलिटैंट की पहचान सुरजीत सिंह निवासी जंडवाला के रूप में हुई है। वह लूटपाट की कई वारदातों में संलिप्त था। उसका एक साथी सरबन सिंह कुछ समय पहले सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

आपसी लड़ाई में एक मिलिटैंट मरा : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार कल रात बटाला सदर थाना के गांव कोटला साइयां में लखविन्द्र सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने गोलियों से मार दिया। लखविन्दर सिंह एस.पी.ओ. था, लेकिन बाद में वह मिलिटैंटों से जा मिला था।

छात्र का अपहरण : कल शाम 6 बजे के लगभग स्थानीय अर्बन एस्टेट कालोनी में एक मारुति वैन में सवार होकर आए 4 मिलिटैंटों ने बी.ए. भाग II के एक छात्र योगेश चन्द्र गोयल तथा एक अन्य व्यक्ति बी.डी. रत्ती का अपहरण कर लिया। बाद में मिलिटैंटों ने श्री रत्ती को छोड़ दिया लेकिन योगेश को अपने साथ ले गए। अपहरणकर्ताओं ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : बटाला पुलिस जिला के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के एक गांव नंगलचोक में निरंजन सिंह नामक एक मिलिटैंट को उसके प्रतिद्वंद्वियों ने तेज़धार हथियारों से मार दिया।

गोली चलने से एक ज़ख्मी : आज सवेरे बटाला की डेरा रोड पर एक सिपाही से अचानक गोली चल गई, जिससे राजेन्द्र सिंह नामक एक अन्य सिपाही घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

खोखे जला दिए : बरनाला (वालिया): गत रात्रि मिलिटैंटों ने स्थानीय बस स्टैंड में चार खोखों को आग लगा दी। खोखों के मालिकों सर्वश्री सतपाल, धर्मपाल, सोहन लाल तथा मक्खन लाल ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

राव द्वारा उत्तर प्रदेश के पीड़ितों को 80 लाख की स

उत्तरकाशी, 23 अक्तूबर (पस) : प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने गढ़वा विभीषिका से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्र लाख रुपए प्रधानमंत्री राहत कोष से आज यहां दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विभी आकलन हो जाने के बाद राज्य सरकार को और अधिक आर्थिक सहायता दी जाएग

श्री राव ने भूकम्प से प्रभावित कुछ हिस्सों का दौरा किया तथा इस क्षेत्र का हवाई स बाद में संवाददाताओं से कहा कि केन्द्र राज्य सरकार को सभी संभव सहायता देगा त संकट को दूर किया जा सके। केन्द्र पहले ही इस विपदा से निपटने के लिए रैड क्रास को 2 चुका है। इस तरह अब तक कुल एक करोड़ रुपए की मदद की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री उनके साथ ही दिल्ली वापस ज सहायता के लिए आवश्यक धनराशि के निर्धारण में मदद कर सकें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक-दो दिन में राहत और पुनर्वास कार्यक्रम पर केन्द्र त तारतम्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का पता लगाने के उ क्योंकि अब सर्दी शुरू हो रही है और प्रभावित लोगों को तम्बुओं तथा गर्म कपड़ों की है।

प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के राज्यपाल बी. सत्यनारायण रेड्डी, भूतपूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस (इ) महासचिव हरकिशन लाल भगत भी आए थे। पिछले रविवार को भ नुकसान को अत्यधिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राहत और पुनर्वास काम में जो किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में और अधिक केन्द्रीय दल नियमि केन्द्र को सही स्थिति का पता चल सके।

यह पूछने पर कि क्या इस भूकम्प से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए केन्द्र टिहरी बांध प से गौर करेगा, श्री राव ने कहा कि वह इस समय कुछ नहीं कह सकते क्योंकि वह एक त इस पर विशेषज्ञ ही गौर कर सकते हैं।

मिग-23 दुर्घटना में नष्ट

जोधपुर, 23 अक्तूबर (वार्ता): भारतीय वायुसेना का एक मिग-23 विमान सोमवार को अभ्यास करते समय जैसलमेर जिले में मोहनगढ़ के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया । सेना के एक प्रवक्ता के अनुसार मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर मोहनगढ़ के निकटस्थ गांव बालाना के समीप जा गिरा । पायलट बच गया है ।

मान गाजियाबाद में गिर

गाजियाबाद, 23 अक्तूबर (वार्ता): अकाली दल (मान) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान तथा उनके 20 अन्य साथियों को आज यहां गाजियाबाद सीमा पर गिरफ्तार कर मेरठ जेल भेज दिया गया है । श्री मान तथा उनकी पार्टी के लोग अयोध्या जाना चाहते थे । श्री मान को बाद में रात को फतेहगढ़ जिला जेल में भेज दिया गया ।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलजाकांत मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी आलोक चंद रंजन ने श्री मान के गाजियाबाद में प्रवेश पर रोक लगा दी थी । श्री मान को निषेधाज्ञा भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

श्री शैलजाकांत मिश्र ने बताया कि श्री मान पाबंदी का उल्लंघन करते हुए आज सुबह जब 10.40 बजे गाजियाबाद सीमा में प्रवेश करने लगे तो उन्हें पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश कुमार राय ने गिरफ्तार कर लिया । उनके साथ सात-आठ अन्य कारों में आए 20 अन्य लोगों को भी शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । इनमें पंजाब के पूर्व मंत्री व पार्टी के महासचिव सुच्चा सिंह व पूर्व सांसद व पार्टी के महासचिव चरणजीत सिंह वालिया प्रमुख हैं । गिरफ्तार अन्य लोगों में पार्टी के जालंधर जिले के जत्थेदार कुलबीर सिंह तथा कार्यकारिणी के सदस्य जितेंद्र सिंह, बलदेव रंधावा तथा उ.प्र. के जाट नेता महेंद्र सिंह ढिल्लों शामिल हैं ।

श्री मान के जिले में प्रवेश ध्यान में रखते हुए दिल्ली-गा से ही बड़ी संख्या में पुलिस ब गई थी । श्री मान ने अपनी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अ छिपाना चाहती है । उन्होंने वहां कुछ गैर-कानूनी और है ।

श्री मान ने कहा कि भाज अयोध्या में विश्व हिंदू परिष उससे और साम्प्रदायिक दंगे

श्री मान ने कहा कि वह अयोध्या, पीलीभीत उत्तरका स्थिति का जायजा लेना चाह सरकार चाहती है कि कोई भी पाए । मुख्यमंत्री अदालत के दोनों का उल्लंघन कर रहे हैं

उन्होंने कहा कि क पदाधिकारियों की बैठक होगी रूपरेखा तैयार की जाएगी ।

श्री मान ने कहा कि उन मकसद इस समस्या के समा

(शेष पृष्ठ



उत्तर प्रदेश सीमा में प्रवेश पर लगी रोक का उल्लंघन करने पर अकाली नेता सिमर बुधवार को गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

सीमांत जिलों में मिलिटैंटों से मुकाबलों में सेना द्वारा मदद

अमृतसर, 23 अक्तूबर (वार्ता): पंजाब में हिंसा की बढ़ रही घटनाओं विशेष रूप से पुलिस कर्मियों के परिवारों की हत्या के पश्चात सेना ने अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर के सीमांत जिलों में सुरक्षा बलों को सक्रिय सहायता उपलब्ध करनी प्रारम्भ कर दी है ।

सीमा क्षेत्र के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा है कि इस आशय का निर्णय हाल ही में पंजाब के अधिकारियों और सेना अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया ताकि मिलिटैंटों की नई चुनौती का सामना किया जा सके । इस अधिकारी ने कहा कि इस मास के दौरान सैनिकों ने कई महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकों के अतिरिक्त लगभग एक दर्जन मुकाबलों में भी भाग लिया । उक्त अधिकारी ने कहा कि हाल ही में तरनतारन पुलिस जिले में सैनिकों ने एक व्यापारी को छुड़ाने के लिए पुलिस के साथ मिलकर किए गए अभियान में पांच मिलिटैंटों को मार गिराया ।

उक्त अधिकारी ने बताया कि सेना की मदद लेने का मुख्य कारण मिलिटैंटों द्वारा अपनी चालें बदलना है, जिन्होंने सुरक्षा बलों के उत्साह-हनन के मुख्य उद्देश्य से पुलिस कर्मियों के परिवारों के सदस्यों की हत्याएं करना शुरू कर दिया था ।

सीमा क्षेत्र के डी.आई.जी. पुलिस श्री आर.एस. चालिया ने सेना द्वारा मदद लेने की पुष्टि करते हुए कहा कि सेना द्वारा मदद लेने से कई मिलिटैंट मारे गए हैं, जिनमें कई दुर्दांत मिलिटैंट भी शामिल हैं । तरनतारन, मजीठा और बटाला पुलिस जिलों के मिलिटैंटों से ग्रस्त क्षेत्रों में मिलिटैंट विरोधी अभियानों के लिए सेना की पांच कम्पनियों की मदद मांगी गई है । श्री चालिया के अनुसार पंजाब के केवल सीमा क्षेत्रों में 110 दुर्दांत मिलिटैंट और लगभग 1470 दूसरे मिलिटैंट सक्रिय हैं । हाल ही के महीनों में कई मिलिटैंटों के मारे जाने और कइयों को गिरफ्तार कर लेने के बावजूद उनकी संख्या में वृद्धि होने का पता चला है ।



द्वारा अपनी समग्र औद्योगिक नीति को उदार बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की । दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई ।



प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव भारत के दौरे पर आए आई.एम.एफ. के मैनेजिंग डायरैक्टर माइकल कैमडेसस के साथ नई दिल्ली में वीरवार को भेंट करते हुए (छाया : पी.टी.आई.)

कमांडो फोर्स (पजवंद), खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (बुधसिंहवाला), भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स (सधा-छंदड़ा), सिख छात्र संघ (बिट्टू), पंथक

अमरीका की प्रशांत क्षेत्रीय कमान के मुख्य कमांडर एडमिरल लार्सन के नेतृत्व में एक 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कश्मीर में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थिति का जायज़ा लिया था ।

मुठभेड़ों में 2 लैफ्टिनैंट जनरलों व एरिया कमांडर सहित 15 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने गत सायं से विभिन्न मुकाबलों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान नैशनल आर्मी के 2 लैफ्टिनैंट जनरलों व एक एरिया कमांडर सहित 15 मिलिटैंट मार गिराए जबकि राज्य में अन्यत्र 4 सुरक्षा कर्मियों व पिता-पुत्र समेत 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया । इसके अलावा सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठिए भी मार गिराए हैं ।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : एक मिलिटैंट लुधियाना जिले के ढोले गांव में मुकाबले के दौरान मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और एक मोटर साइकल मिला है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के रटौल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला संगरूर के गांव रतनगढ़ में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जोरा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

कारिन्दे की हत्या : जिला लुधियाना के गांव राहलान में गत रात्रि कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके पर हमला करके वहां के एक कारिन्दे की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

2 पाक घुसपैठिए मरे : सुरक्षा बलों ने भारत-पाक सीमा के अजनाला सैक्टर में 2 पाक घुसपैठियों को मार गिराया।

बम विस्फोट : गत रात्रि जिला फरीदकोट के कस्बा बाघापुराना में स्थित एक पैट्रोल पम्प की पाइप में बम विस्फोट होने से सम्पत्ति को व्यापक क्षति हुई। पुलिस के अनुसार कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ।

3 दुर्दांत मिलिटैंट मुकाबले में मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): पुलिस जिला तरनतारन के थाना सरहाली के गांव खेड़ा व जल्लेवाल के मध्य गत रात्रि 11 बजे से आज प्रातः 7 बजे तक चले एक भीषण मुकाबले में सुरक्षा बलों ने बब्बर खालसा के 3 दुर्दांत मिलिटैंट मार गिराए।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों व पुलिस दल ने एक संयुक्त नाका के दौरान जब 3 मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने का संकेत किया तो उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी फायरिंग के बाद बैंकों में जा छिपे परन्तु सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर ली व मुकाबला शुरू हो गया। आज प्रातः मुकाबला खत्म होने के बाद उक्त तीनों मिलिटैंटों के छलनी शव बरामद किए गए, जिनकी शिनाख्त जसविंदर सिंह उर्फ जज निवासी जौहल, चरण सिंह उर्फ चन्ना पुत्र करनैल सिंह निवासी पट्टी व मंगल सिंह निवासी गुरदासपुर के रूप में हुई। इनमें से जसविंदर सिंह पर 10 लाख व बाकी 2 मिलिटैंटों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। उक्त तीनों मिलिटैंट हत्याओं व मिलिटैंसी की 250 अन्य वारदातों में वांछित थे। इनमें से जसविंदर सिंह के शव के निकट से एक ए.के. 74 राइफल, उसकी 2 मैगजीनें, उसके 150 कारतूस, 50 खोल, एक वायरलैस सैट व चरण सिंह की लाश के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी 3 मैगजीन, उसके 100 कारतूस व 50 खोल तथा मंगल सिंह के शव के निकट से एक एस.एल.आर. व 40 कारतूस बरामद किए गए।

2 मिलिटैंटों के छलनी शव मिले : आज तड़के मेहता थाना के अधीन स्याहड़ व भीलोवाल गांव के मध्य रास्ते में 2 मिलिटैंटों के गोलियों से छलनी शव मिले हैं। इनमें से एक की शिनाख्त

पंजाब में 13 व्यक्तियों की हत्या, 2 का अपहरण : 2 पाक घुसपैठिए भी मरे

किसान सिंह उर्फ बाघा पुत्र बलवंत सिंह, निवासी गांव मेदी के रूप में हुई है जबकि दूसरा शव पहचाना नहीं जा सका। बताया जाता है कि उक्त मिलिटैंटों की हत्या सम्भवतः आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

सी.आर.पी. के 2 जवान मारे गए : मिलिटैंटों ने आज रात्रि सी.आर.पी.एफ. के दो जवानों की घात लगा कर हत्या कर दी, जबकि 3 मिलिटैंट बाद में हुई मुठभेड़ में मारे गए । बताया जाता है कि आज रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे थाना 'बी' डिवीजन के क्षेत्र सुल्तानविंड रोड पर स्थित तेज नगर क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. के जवान गश्त कर रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन पर घात लगा कर हमला किया, जिससे सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों सदानन्दन तथा धर्म सिंह की मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि मिलिटैंट साइकिल पर सवार थे और वे एक जवान की एस.एल.आर. भी ले गए ।

एस.पी. सिटी बाल-बाल बचे : जब घटना की सूचना एस.पी. सिटी श्री हरदीप सिंह को मिली तो वे कार में घटनास्थल की ओर रवाना हुए । जब वह घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थे तो मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की । बाद में जब वह घटना स्थल से लौट रहे थे तो मिलिटैंटों ने पुनः उनकी कार पर फायरिंग की लेकिन वह बाल-बाल बच गए । बाद में सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर मिलिटैंट अपनी साइकिलें छोड़ कर भाग गए ।

3 मिलिटैंट मारे गए : जब सी.आर.पी.एफ. पर हमले की सूचना मिली तो डी.एस.पी.-I गुरिन्दर सिंह ने पुलिस तथा सुरक्षा बलों का नेतृत्व करते हुए सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली । इसी दौरान सुरक्षा बलों और पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल की तलाशी लेने पर वहां से एक शक्तिशाली बम, एक माऊज़र, एक 35 बोर का पिस्तौल, ए.के. 47 राइफल का एक मैगज़ीन बरामद हुए । रात्रि साढ़े 12 बजे तक प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों-पुलिस का मिलिटैंटों से मुकाबला जारी था ।

2 घरों को लूट लिया : आज दोपहर मिलिटैंटों ने अमृतसर के बसंत एवेन्यू क्षेत्र में वेरका डायरी में श्री सहाय के घर से गहने, वस्त्र तथा मूल्यवान वस्तुएं लूट लीं । मिलिटैंटों ने घर में घुस कर घर की स्त्रियों को बांध दिया था । कल रात्रि मिलिटैंटों ने जोशी कालोनी में एक घर में स्त्रियों को बांध कर घर को लूट लिया ।

के.सी.एफ. का एरिया कमांडर मुकाबले में मरा : लुधियाना (धीमान): कल रात एक खतरनाक मिलिटैंट शमशेर सिंह उर्फ काला पुलिस मुकाबले में मारा गया। वह 40 हत्याओं में वांछित था। बताया जाता है कि पुलिस पार्टी ने नाका लगा रखा था। दो युवक आते दिखाई दिए। पहले उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस तरह मुकाबले के बाद काला मारा गया। मृतक खालिस्तान कमांडो फोर्स जफरवाल ग्रुप रोपड़ का एरिया कमांडर था। उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 3 मैगजीन, एक मोटर साइकल और दूसरा बहुत-सा सामान बरामद हुआ है। मृतक 40 हत्याओं के अतिरिक्त अपहृत की कई वारदातों में वांछित था। उसने मुल्लापुर ढाबा में हाल ही में 7 व्यक्तियों की हत्या की थी, जिनमें ढाबा का हिस्सेदार और नौकर शामिल थे। एक बस के 6 यात्रियों को बस से उतार कर हत्या की थी। एक ए.एस.आई. भाग सिंह के 6 रिश्तेदारों की हत्या में भी वह वांछित था। उसके कब्जे से खालिस्तान कमांडो फोर्स के 150 लैटर पैड भी मिले हैं।

अपहरण : कल रात जिला में अपहरण की दो वारदातें हुईं। एक वारदात यहां से 14 किलोमीटर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

दूर साहनेवाल में हुई जब साइकिल सवार दो मिलिटैंटों ने राइस शैलर मालिक गणपत राय के लड़के रंगू का उस वक्त अपहरण कर लिया जब वह अपनी जीप में आ रहा था। उन्होंने जीप को राइफल की नोक पर रोक लिया और साइकिल वहां छोड़ कर उसकी जीप में सवार हो गए और उसे लेकर फरार हो गए।

दूसरी वारदात गांव रोनी में हुई जहां कामरेड लाभ सिंह के घर 5-6 मिलिटैंट अपनी जीप में सवार होकर आए और उसे राइफल की नोक पर अपनी दोनाली बंदूक उनके हवाले करने को कहा। बंदूक और 5 कारतूस लेकर कामरेड को भी जीप में बिठा कर साथ ले गए।

होमगार्ड की हत्या : बरनाला (सिंधवानी): गत रात 8 बजे गांव अगोके में 5 मिलिटैंट पैदल ही आए और 24 वर्षीय गुरचरण सिंह उर्फ चरणा सपुत्र साधु सिंह मजहबी सिख के घर घुस गए। ए.के. 47 राइफल से गोलियां चला कर चरणा की उसके घर में ही हत्या कर दी। मृतक बरनाला पुलिस से उसी समय ड्यूटी से लौटा था। बरनाला पुलिस सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर लाश वारिसों के हवाले कर दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कार छीनी : (वालिया): आज सायं 2 सशस्त्र मिलिटैंटों ने पिस्तौल की नोक पर पी.बी. 10-डी-9549 नं. की एक सफेद मारुति कार को बरनाला रोड पर छीन लिया।

हवलदार की हत्या : सरहिन्द (राकेश): आज सायं 3.15 बजे के करीब 2 मिलिटैंटों ने स्थानीय रेलवे क्रॉसिंग के निकट एक हवलदार जरनैल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह आज प्रातः अपनी गर्भवती पत्नी को उक्त रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित एक नर्सिंग होम में दाखिल करवाने आया था, जहां उसकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया।

बताया जाता है कि जरनैल सिंह जैसे ही उक्त नर्सिंग होम में से बाहर निकला तो घात लगा कर बैठे 2 मिलिटैंटों ने उस पर पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। उसके सिर में 3 गोलियां लगीं और वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया। इस वारदात के बाद मिलिटैंट फ़रार हो गए।

एक व्यक्ति की हत्या : कलानौर (सर्बजीत): गत रात्रि थाना धारीवाल के गांव मसतरपुर में मिलिटैंटों ने अमरीक सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

गोलियां मार कर हत्या : बटाला (कोछड़): गत रात्रि पुलिस थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव नूरपुर में मिलिटैंटों ने जगतार सिंह उर्फ जग्गी नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 3 चले हुए कारतूस मिले हैं।

पिता-पुत्र की हत्या : मानसा (मेहता): गत रात्रि करीब 8 बजे पुलिस थाना जौड़ियां के गांव झेरियांवाली में मिलिटैंटों ने हरदेव सिंह व उसके पुत्र टहला सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। हमलावर मिलिटैंट संख्या में 5 थे।

कारिन्दे की हत्या : गत रात्रि एक अन्य वारदात के दौरान 3 स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने पुलिस थाना जोगा के गांव राला में अनाज मंडी में स्थित एक दुकान के कारिन्दे बच्चा खान की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फ़रार हो गए।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से 30 कि.मी. दूर सिघरा गांव में मिलिटैंटों ने जंग सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

के.सी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल समेत 3 दुर्दांत मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (बागी, तपिन्दर): जीरा तहसील के गांव मसतेवाला के निकट गत दिवस से जारी एक मुकाबले में सुरक्षा बलों ने 3 दुर्दांत मिलिटैंटों को मार गिराया है। इनमें से एक खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल गुरनाम सिंह जाट पुत्र गुरमेज सिंह (यादू गुट) निवासी मसतेवाला है तथा दूसरा निशान सिंह पुत्र इकबाल सिंह निवासी गांव मुड़की है जबकि तीसरे मिलिटैंट की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी।

बताया जाता है कि पुलिस थाना धर्मकोट के अधीन उक्त गांव मसतेवाला में यह मुकाबला करीब 16 घंटे तक चला और सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से 3 मिलिटैंटों के शवों के अतिरिक्त 5 ए.के. 47 राइफलें भी बरामद कीं।

जिला फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय के अनुसार गत सायं पुलिस थाना धर्मकोट के गांव फतेह अल्ला शाह में मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर हमला किया व एक पुलिस कांस्टेबल तथा 2 राहगीरों की हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने पुलिस दल से एक एस.एल.आर. व एक ए.के. 47 राइफल भी छीन ली थी। इस घटना की सूचना मिलते ही उक्त स्थल की ओर व्यापक संख्या में पुलिस व अतिरिक्त सुरक्षा बल के जवान भेज दिए गए और घटनास्थल को घेर लिया गया मगर हमलावर मिलिटैंटों ने निकटवर्ती गन्ने के खेतों में छिप कर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा बलों पर 4 हथगोले भी फैंके और मुकाबले में एक कांस्टेबल भी घायल हुआ।

श्री चट्टोपाध्याय के अनुसार उक्त मुकाबला खत्म होने के बाद तीन मिलिटैंटों के शव बरामद किए गए। उनका कहना था कि गुरनाम सिंह को यादविंदर सिंह उर्फ़ यादू का दायां हाथ माना जाता था। वह 60 से अधिक हत्याओं में वांछित था जबकि निशान सिंह को पहले 1987 में गिरफ्तार किया गया था परन्तु वह पुलिस हिरासत से फ़रार हो गया था।

के.एन.ए. का लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : जिला भटिंडा में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में खालिस्तान नैशनल आर्मी (के.एन.ए.) का एक लैफ्टिनैंट जनरल लाभ सिंह मारा गया। विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है।

लाभ सिंह के कब्जे से 30 बोर का एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया है।

सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था : 'प.स.' की सूचना में बताया गया है कि लाभ सिंह उर्फ़ डा. बचित्तर सिंह के.एन.ए. का संस्थापक था और उसकी मुठभेड़ जिला फरीदकोट के शाम खेड़ा गांव में हुई। वह पुलिस को कई केसों में वांछित था। फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि यह मुठभेड़ लगभग 2 घंटे जारी रही और लाभ सिंह के 2 साथी भाग निकलने में सफल रहे। लाभ सिंह के सिर पर 50,000 रुपए का इनाम था और वह हत्या की लगभग 60 घटनाओं में वांछित था। उसने फरीदकोट, भटिंडा और संगरूर जिलों में कई धन ऐंठने की वारदातें कीं।

गांव में हत्या : थाना सदर जालन्धर के गांव हज़ारा में आज रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हरभजन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

3 DAY GRAND REUNION CELEBRATIONS

(Nov. 8, 9, 10, 1991)

OLD STUDENTS ASSOCIATION

GOVT. COLLEGE, DHARAMSALA (H.P.)

PRESENTS

PANKAJ UDHAS NITE

(IN AID OF RAISING A LIBRARY BLOCK)



ON

SATURDAY, THE 9th NOV. 1991 at 9 P.M.

IN THE COLLEGE PREMISES

DONOR CARDS AVAILABLE WITH :

Prof. S.L. ANAND	**Dr. A.K. SHARMA**	**Mr. T.S. JAIKARIA**
Jt. Secretary	President	Treasurer
Deptt. of Geology	Dalhousie Road,	Ram Nagar,
Govt. College,	Pathankot.	Dharamsala.
Dharamsala.		
Ph. : O–2900, R–2758	Ph. : 21544, 21504	Ph. : O–2900, R–2466

COURTESY : KULDEEP MAHAJAN–KAILASH AGENCIES, JASSUR (Kangra) H.P.

greatway

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

जमीन/जायदाद/प्लाट

Aggarwal Property Developers. Dal Mandi Wale Amabala Cantt Phones : 25697, 24359. Diwali Bonanza. Book your Plot Today and become a member of our scheme and win Ist Prize Maruti Car, 10 2nd Prizes VCP, 14 3rd Prizes Fridge. Total 60 Members in one Group. Site next to DRM Complex Ambala Cantt. Metalled Roads, Water Supply-Genuine Rates. Scheme only Till Diwali. (Ashwani Kohli/MxW)

Commercial Corner Plot for Nursing Home, Building for any other kind of Business (90'x50') on Main Road Model Town, Ambala City. Phone : 23907/43066. (Quality/25C)

शिक्षा

गारंटिड मैट्रिक, +2, B.A., मैडीकल कोर्स, RMP, B.Ed. LL.B. परामर्श। शेखर कालेज, ससौली रोड, (ITI), यमुनानगर। (Khanna Ad/15JDC)

सीधे मैट्रिक (पंजाब, पटना), +2 भोपाल पत्राचार

विदेश यात्रा

तुरंत अमरीका, कनाडा, जर्मनी जाने हेतु परामर्श : Potential Enterprises, Opp. Ram Band, Dharampura Bazar, Patiala. (Bhushan/15C)

पोल्ट्री

NECC Farmers Price for 25.10.91 Per Hundred Eggs without Tray is Ludhiana Rs. 75/-, Chandigarh Rs. 75.50/-, Ambala Rs. 75.50. NECC Suggested Ratail Price 85 Ps per Egg. (Kamboj/27W)

टैलीफोन

Attention STD PCO owner's computerised your booth install CPD Bangalore PCO Monitor for ready delivery distributors : Indo Telecom Services, 6190, Ahata Jain Nicholson Road, Ambala Cantt. Phone : 0171-82220, Dealer : S.P. Bansal STD PCO Opp. Head Post Office, Sonepat, Phone :4271. (Rishi/40JD)

Wanted dealers who can sell STD PCO Monitors of CPD Bangalore in all major towns Punjab, Haryana, Himachal, J & K and U.P. Contact/Write : Indo Telecom Services 6190, Ahata Jain, Nicholson Road, Ambala Cantt-0171

लुधियाना के साइकल उद्योग के विकास में रिसर्च सैंटर का योगदान

लुधियाना, 24 अक्तूबर (भाखड़ी): भारत का

जालन्धर नगर निगम की भाजपा सदस्यों व 2 निर्दली

जालन्धर, 24 अक्तूबर (वि.प्र.): जालन्धर नगर निगम की बैठक में आज ज़बरदस्त हंगामा हुआ और भाजपा पार्षदों और निर्दलीय सदस्यों ने वाक आऊट किया।

भाजपा गुट के श्री मनोरंजन कालिया व श्री ब्रजेश चोपड़ा के नेतृत्व में वाक आऊट की नौबत तब आई, जब श्री मनोरंजन ने प्रश्नोत्तर काल के तुरन्त बाद एजैंडा की अंतिम 669 नम्बर की आइटम पहले विचाराधीन लाने को कहा, जिसका सम्बन्ध मेयर द्वारा कुछ समय पूर्व गठित सब-कमेटियों के अधिकार आदि पर विचार करने से था। श्री मनोरंजन के प्रस्ताव का अनुमोदन श्री ब्रजेश चोपड़ा ने किया। इस पर यह प्रस्ताव हाऊस के विचाराधीन आना था, किन्तु मेयर ने अपने तौर पर इसे रद्द कर दिया। सब-कमेटियों बारे भाजपा सदस्यों की आपत्ति थी कि एक तो हाऊस टैक्स कमेटी में मेयर के विश्वास दिलाने के विपरीत विरोधी पक्ष का कोई सदस्य नहीं लिया गया, दूसरा यह कि कुछ कमेटियों ने बगैर अधिकार निर्धारित हुए काम शुरू कर दिया है, तीसरा यह कि धारा 294-ए के अधीन एक कमेटी एक सदस्यीय बना दी गई है, जबकि किसी भी कमेटी में एक से अधिक सदस्य होने चाहिएं और यह एकमात्र सदस्य स्वयं मेयर हैं। इसके अतिरिक्त सदस्यों को यह आपत्ति भी थी कि नियमों के अनुसार भवन व सड़क की एक ही कमेटी होती है, जबकि मेयर ने इसे दो हिस्सों में बांट एक टाऊन प्लानिंग व बिल्डिंग कमेटी भी गठित कर दी है, जो अवैध है। जब मेयर ने इस प्रस्ताव को हाऊस में रखने से इंकार कर स्वयं रद्द कर दिया तो भाजपा सदस्य व 2 निर्दलीय सदस्य वाक आऊट कर गए। इस मामले पर कोई दस-पन्द्रह मिनट हंगामा होता रहा।

इससे पूर्व श्री अवनीश अरोड़ा ने भी सब-कमेटियों के गठन के बाद अधिकारों के बगैर कुछ सब-कमेटियों द्वारा कार्य शुरू कर देने का मामला उठाया था, जिस पर मेयर श्री जय किशन सैनी ने कहा कि ऐसा नहीं होगा, किन्तु साथ ही कहा कि आज के एजैंडे में इस बारे आइटम विचार के लिए आ रही है।

श्री हरिपाल सोंधी ने इकहरी पुली पर पानी खड़े रहने तथा उसके निकास का उचित प्रबन्ध न किये जाने का मामला उठाया और कहा कि दो मास पूर्व इस बारे उचित कार्रवाई का विश्वास दिलाया गया था, किन्तु कुछ नहीं किया गया।

श्री गुलशन शर्मा ने पत्रों का उत्तर न दिये जाने, पानी के समय में परिवर्तन व कटौती तथा कुछ ट्यूबवैलों पर कर्मी न होने के बारे सवाल उठाए और कहा कि निगमायुक्त के आश्वासन के बावजूद कई-कई याद पत्रों पर भी किसी पत्र का उत्तर पार्षदों को नहीं दिया जा रहा। इसके अतिरिक्त निगमायुक्त पार्षदों को मिलने का समय नहीं देते और काफी समय प्रतीक्षा करनी पड़ती है। निगमायुक्त ने बैठक में ही उत्तर दिया कि पार्षद मेयर से मिला करें, उनके पास समय नहीं है। उन्होंने बगैर कर्मी ट्यूबवैलों बारे स्पष्ट उत्तर दिया कि इतना स्टाफ ही नहीं है। पानी की कमी व समय में परिवर्तन व कटौती के मामले पर तो भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय अनेक सदस्य एक मत थे। श्री राज कुमार गुप्ता,

बम्बई क्रिकेट मैच रद्द

(पृष्ठ 3 का शेष)

समझ रहे हैं।

शिव सेना ने मैच वाले दिन बंद का आह्वान किया है।

मैच राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध : भुजबल

नासिक : शिव सेना के नेता और विधायक श्री भुजबल ने बम्बई में भारत और पाकिस्तान के बीच 28 अक्तूबर को होने वाले एक दिवसीय मैच के विरोध में उस दिन "नासिक बंद" का आह्वान किया है।

कल यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री भुजबल ने कहा कि मंगलवार को बम्बई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच खोदना पूर्व नियोजित और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के आह्वान के अनुरूप था।

उन्होंने दोहराया, "हम पाकिस्तान को यह मैच नहीं खेलने देंगे। मैच के लिए टिकटों की बिक्री भी रोक दी गई है।"

श्री भुजबल ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत में खेलने की अनुमति देना "अपमानजनक

के लिए थाना में प्रार्थना पत्र दिया है ।

है।

पुलिस ने नए थाने बनाने, चौकियों को थानों में बदलने की योजना सरकार को भेजी है । जिन थानों और चौकियों में फोन नहीं, उनमें फोन लगाए

के.एल.एफ. के दुर्दांत मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ़ मिनी बाबा ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दर्दांत मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ़ मिनी बाबा ने सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली जबकि विभिन्न घटनाओं में गत सायं के.सी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल सहित 6 अन्य मिलिटैंट मारे गए व 2 को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा राज्य में सरहाली ट्रक यूनियन के प्रधान, एक सुरक्षा कर्मी व दम्पति सहित 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया ।

गुरमेल सिंह उर्फ़ मिनी बाबा द्वारा आत्महत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव दोदियां में आज तड़के सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने के बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दुर्दांत मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ़ मिनी बाबा ने सायनाइड खा कर आत्महत्या कर ली।

चौकी पर हमला : पुलिस के अनुसार जिला फरीदकोट के कस्बा बाघापुराना में मिलिटैंटों ने सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर हमला करके रतना राय नामक एक जवान को घायल कर दिया।

व्यापारी का अपहरण : जिला फरीदकोट के ही दोबुर्जी क्षेत्र से मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यापारी का अपहरण कर लिया।

एक व्यक्ति की हत्या, एक घायल : जिला जालन्धर के पुलिस थाना शाहकोट के गांव शामपुर में मिलिटैंटों ने आज बलहार सिंह उर्फ़ बाला नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी व एक अन्य को गोलियां मार कर घायल कर दिया।

छलनी शव मिला : अमृतसर जिला में रमदास रेलवे स्टेशन और हरदोवाल गांव के बीच कल रात गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया, जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

एक व्यक्ति की हत्या : कल रात कुछ मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला के सिधवां कलां गांव में बलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी।

दम्पति की हत्या : इसी गांव में आज तड़के मिलिटैंटों ने सुरजीत सिंह नामक एक व्यक्ति व उसकी पत्नी सुरजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : एक अन्य वारदात में मिलिटैंटों ने ब्रह्मपुरा गांव में बलदेव सिंह उर्फ़ लाली नामक एक अन्य व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

ट्रक यूनियन के प्रधान सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव उस्मा में आज मिलिटैंटों ने सरहाली ट्रक यूनियन के प्रधान रणजोध सिंह व उनके एक साथी गुरप्रताप सिंह की उनको मोटर साइकल से गिरा कर हत्या कर दी। उस समय उक्त दोनों व्यक्ति मोटर साइकल पर सवार होकर तरनतारन जा रहे थे कि मिलिटैंटों ने उन्हें घेर कर मोटर साइकल सहित

पंजाब में अन्यत्र के.सी.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल सहित 6 मिलिटैंट मरे, 2 अन्य गिरफ्तार : सरहाली ट्रक यूनियन के प्रधान व एक सुरक्षा कर्मी समेत 16 व्यक्तियों की हत्या, एक व्यापारी का अपहरण

गिरने पर मजबूर कर दिया। दोनों की सड़क पर गिरते ही मृत्यु हो गई।

किसान की हत्या : जिला जालन्धर के गांव सियामपुर में आज सायं मिलिटैंटों के बलबीर सिंह नामक एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

के.सी.एफ. का लैफ्टीनैंट जनरल व एक अन्य मिलिटैंट मरा : अमृतसर (ग्रामीण): आज प्रातः व्यास थाना के अन्तर्गत गांव डाल नंगल की ओर जालन्धर से आ रही पुलिस पार्टी पर कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में के.सी.एफ. पंजवड ग्रुप के लै. ज. दिलबाग सिंह तथा एक अन्य मिलिटैंट जिसकी पहचान नहीं हो सकी, मारे गए। पुलिस पार्टी एक मिलिटैंट दिलबाग सिंह (पुत्र पूर्ण सिंह) उर्फ़ बागा बराड़ (देबीदास पुरा, जडियाला निवासी) को कुछ हथियार बरामद करने के लिए ले जा रही थी।

दिलबाग सिंह दुर्दान्त मिलिटैंट था जिसने कम से कम 30 पुलिस कर्मियों, सौ से अधिक निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी और वह सौ से अधिक अपहरण आदि के केसों में भी वांछित था।

कुछ दिन पूर्व गश्त कर रहे रेलवे इंजन को उड़ाने की जिम्मेवारी भी उसी पर थी।

शव मिला : आज प्रातः सदर थाना के अन्तर्गत गांव नौशहरा खुर्द में प्रकाश सिंह चीमा नामक व्यक्ति के खेतों में से पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव मिला।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : आज सायं 5.20 बजे स्थानीय मजीठा रोड की ओडियन गली नं. 2 में 2 अज्ञात मिलिटैंटों ने रमेश लाल नामक एक होमगार्ड जवान को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बाद में रमेश लाल की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर जिला के अजनाला थाना के अधीन कथेल गांव में आज रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से 12 बोर की एक बन्दूक बरामद हुई है । गुरुसपुर जिला के कादियां थाना के अधीन भागी तरनतारन गांव में भी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर मिली है ।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : धूरी (मिगलां): जिला पुलिस ने गुरदासिंह व काला सिंह नामक 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार बरामद किए।

गोलियां मार कर हत्या : फिल्लौर (तरसेम): आज प्रातः लगभग 6 बज कर 45 मिनट पर जी.टी. रोड पर दोराहा रेलवे फाटक के निकट मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति पुष्प पाल सुपुत्र कर्मचंद जनकपुरी निवासी की गोलियां मार कर हत्या कर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Vani

ड के शिकार
(शेष)

तक लोग आक्रांत है। किन मौत का साया ऊपर लम्बे समय तक महामारी फैलने की में जिन्दा बचे लोगों ने र कर दिया। कुछ ऐसे तने कम थे कि मृतकों ाए। लाशें भागीरथी दाता ने मनेरी भाली

शियों की मडन से ऐसी विपदा के बाद ती है

सा भी खो बैठे है। ोमीटर दूर यातली 70 वर्षीय बुजुर्ग ने ा। उसके सीने में चोट रिवार के सदस्यों से ना था कि वह ऐसी नते है।

ा ने कहा कि गांव के गए।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

दी। कहानी के अनुसार पुष्प पाल अपने एक साथी मेला सिंह के साथ स्कूटर पर राधा स्वामी डेरा व्यास को जा रहे थे कि दो मिलिटैंटों ने उन्हें रुकने को कहा। पुष्प पाल ने स्कूटर धीरे तो कर लिया मगर रोका नहीं। इस पर उन्होंने गोलियां मार कर पुष्प पाल की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद लाश वारिसों के हवाले कर दी है। मेला सिंह काफी घबराया हुआ था और किसी से बात नहीं कर रहा था।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : गुरदासपुर (विनोद): गत रात काहनुवां थाने के अंतर्गत गांव जागोवाल बेट में 6 अज्ञात मिलिटैंटों द्वारा हैड कांस्टेबल चरण सिंह की उनके घर में आकर हत्या कर दी। मृतक चरण सिंह का कल ही गुरदासपुर से तरनतारन तबादला हुआ था।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग): यहां से 30 कि. मी. दूर गांव नवां गाओ में गत रात्रि 2 मिलिटैंटों ने 8.15 बजे गुरबख्श सिंह गुरबख्श नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। उस समय वह अपने कमरे में बैठा टी. वी. देख रहा था।

2 मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त : संगरूर के एस. एस. पी. के अनुसार कुछ दिन पूर्व बरनाला के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारे गए तीन मिलिटैंटों में से 2 की शिनाख्त गुरमेज सिंह उर्फ मेजा निवासी भटिण्डा के रूप में हुई है। उक्त तीनों मिलिटैंट कई वारदातों में वांछित थे।

विवरण : मलोट (गोयल): गत रात्रि जिला भटिण्डा में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में खालिस्तान नैशनल आर्मी का लाभ सिंह नामक जा लैफ्टीनैंट जनरल मारा गया था, उसके बारे में पता चला है कि वह मंडी डबवाली के क्षेत्र किलियांवाली में आर. एस. एस. के 11 कार्यकर्त्ताओं की सामूहिक हत्या में भी वांछित था। वह लाभ सिंह उर्फ डा. बचित्तर सिंह के नाम से जाना जाता था तथा डूमवाली गांव का निवासी था।

बर्खास्त पुलिस कर्मी सहित 2 व्यक्तियों की हत्या : पटियाला (राजू) गत रात्रि पुलिस थाना पात्तड़ां के गांव मौलवीवाला में दो अज्ञात मिलिटैंटों ने एक बर्खास्त पुलिस कांस्टेबल मंजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य वारदात में 2 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने खंग गांव में छत्तर सिंह नामक एक मज़हबी सिख को उसके घर से जबरदस्ती बाहर निकाला तथा निकटवर्ती खेतों में ले जाकर एक वृक्ष के साथ लटका दिया। उसके बाद उन्होंने उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): थाना सदर बटाला के अंतर्गत गुरु नानक नगर, नई आबादी के निकट आज तड़के लगभग साढे चार बजे सीमा सुरक्षा बल और पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए और एक बच कर फरार होने में सफल हो गया।

एस. एस. पी. श्री सीता राम के अनुसार मृतक मिलिटैंटों की पहचान जिला फिरोजपुर के गांव खुइयां सर्वर निवासी माहला सिंह तथा सम्मा सिंह उर्फ सेमा के रूप में हुई। इनके शवों के पास से पुलिस ने एक 303 राइफल, एक पिस्तौल, एक हथगोला, एक ए.के. 47 की मैगज़ीन तथा के.सी.एफ. के लैटरपैड बरामद किए हैं।

पंजाब के 3 युवक काबू

औरंगाबाद, 25 अक्तूबर (प.स.): पंजाब के 3 सिख युवकों को यहां गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 2 के नाम हरजिन्दर सिंह तथा गुरमुख सिंह हैं। इनसे एक पिस्तौल, एक राइफल तथा 27 कारतूस बरामद हुए हैं। इनसे नांदेड़ से चुराई गई एक जीप भी मिली है।

मान को दिल्ली लाया जाएगा

नई दिल्ली, 25 अक्तूबर (वार्ता): अकाली दल (मान) के नेता सिमरनजीत सिंह मान को मेरठ से यहां स्थित उत्तर प्रदेश निवास में लाया जा रहा है। सरकारी सूत्रों ने आज रात बताया, अभी यह नहीं मालूम हुआ है कि श्री मान को क्यों अचानक यहां लाया जा रहा है। श्री मान को मेरठ के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट ने एक नवम्बर तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया था। श्री मान को गाज़ियाबाद में 23 अक्तूबर को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में उस समय गिरफ्तार किया गया, जब अयोध्या जा रहे थे।

ी महासम्मेलन
अक्तूबर 91
हावीर दल
गुड़गावां
मण्डलेश्वर श्री
ी लक्ष्मणदास
ज वेदान्ताचार्य
Ph.d.



आत्म-गुरवे नमः
27 अक्तूबर को मंडी गोबिन्दगढ़ पधारें

परमश्रद्धेय वन्दनीय गुरुदेव पूज्य श्री ज्ञान मुनि जी महाराज की कृपा से विदुषी साध्वी श्री पुष्पा देवी जी म. के सान्निध्य में–

देश-जाति में शांति की स्थापना करने के लिए घोर तपस्विनी महासाध्वी श्री



साध्वी श्री दर्शना जी म.

ानी के आधार पर तप का एक महायज्ञ चाल कर रखा है। 52 दिनों

राव द्व
बा

नई दिल्ली
पी.वी. नरसिम्ह
सभी समस्याएं
जोर दिया है ता
विकास कार्यों प

सैनिक कम
श्री राव ने आज
के समाधान के
स्तर पर सम्पर्क

पांच दिन
प्रमुख तथा वरि

प्रधानमंत्री
चीन के प्रधानम
प्रस्तावित भारत
कर रहे हैं। उन
यात्रा से चीन
मार्ग प्रशस्त हो

श्री राव ने
में निरंतर बात
आया है उन्होंने
विश्वास जागृत

उन्होंने कह
की प्रवृत्ति विश
हमारे लिए आ
राशि मिलने क

प्रधानमंत्री
परायणता और

आयुर्वैदि
लाने के

चंडीगढ़,
राज्य में आयुर्वैदि
उद्देश्य से डिप्
तत्वावधान में ए
स्थापना की है
राजपुरा, रामजी
प्रिंसीपल दयानं
प्रकाश नाथ ति
प्रिंसीपल सरक
इसके सदस्य ना
मियाद 2 मास

यू.पी.
आर. पी
वापस

अयोध्या,
भूमि - बाबरी
प्रबन्धों को पय
ने केंद्र सरकार
पुलिस बल की

Punjabi Sanatani

पंजाब के स्वास्थ्य निदेशक व लुधियाना के सिविल सर्जन सहित 7 कर्मियों की हत्या

राज्य में अन्यत्र एक जूनियर इंजीनियर व सुरक्षा कर्मी समेत 11 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार

अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष की हत्या : अन्यत्र 11 मिलिटैंट भी मारे गए

चंडीगढ़, 26 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान आज राज्य के स्वास्थ्य निदेशक व लुधियाना के सिविल सर्जन सहित 7 कर्मियों की निर्मम हत्या कर दी गई, जबकि गत सायं से विभिन्न वारदातों में एक जूनियर इंजीनियर व सुरक्षा कर्मी समेत 11 व्यक्ति मिलिटैंसी के शिकार हुए । इसके अलावा आपसी दुश्मनी की घटना में अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष की भी हत्या कर दी गई तथा विभिन्न घटनाओं में 11 अन्य मिलिटैंट मारे गए, जबकि राज्य में एक महिला व एक ट्रक चालक सहित तीन व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया ।

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष की हत्या : कल रात अखिल भारतीय सिख छात्र संघ की लुधियाना शाखा के पूर्व अध्यक्ष जगविंदर सिंह की हत्या कर दी गई। लुधियाना जिले में अपने गांव किला रायपुर जाते समय रेलवे स्टेशन के समीप दो मिलिटैंटों ने जगविंदर सिंह की हत्या की। हत्यारे भाग निकले। पुलिस का मानना है कि यह हत्या मिलिटैंटों की आपसी लड़ाई का नतीजा है।

3 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे : भटिंडा जिले के राहों खुर्द गांव में कल रात तीन मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। मुठभेड़ स्थल से एक दुनाली बंदूक, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

एक अन्य मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले के सराय अमानत खां गांव के निकट कल रात मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया।

एक व्यक्ति की हत्या : तीन सशस्त्र हमलावरों ने जालंधर जिले के डालिके गांव में कल रात गुरनाम सिंह नाम के एक व्यक्ति को मार डाला। पुलिस के अनुसार मिलिटैंट उसके घर की दीवार फांद कर अंदर घुसे व हत्या के बाद अंधेरे में फरार हो गए। मिलिटैंट उसके घर से 4000 रुपए की नकदी व 200 कनाडियन डालर भी ले गए।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : पुलिस ने आज यहां बताया कि कासेल गांव में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया।

एक मिलिटैंट मरा, 3 नागरिक घायल : अमृतसर के कोट हरनाम दास क्षेत्र में आज सायं एक मुकाबले के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया व 3 नागरिक घायल हो गए। इस सम्बन्ध में और अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।


1


2


3


4


5


6


7


8

शनिवार को मिलिटैंटों ने जिला लुधियाना के गांव मेहत्याना में पंजाब के स्वास्थ्य निदेशक डा. बचित्तर सिंह व उनके छः सहयोगियों की हत्या कर दी । चित्रों में (1) गोलियों से छलनी वह कार जिसमें डा. बचित्तर सिंह व कुछ अन्य व्यक्ति सवार थे, (2) डा. बचित्तर सिंह का शव तथा (इनसैट में) उनका पुराना चित्र, (3) लुधियाना के सी.एम.ओ. डा. आर. एन. गोयल, (4) फार्मासिस्ट श्रीमती अमरजीत कौर, (5) कार चालक महेन्द्र सिंह, (6) एक दूसरी कार का चालक जीवन, (7) फार्मासिस्ट गुरमेज सिंह तथा (8) स्टैनो अमृतपाल सिंह के शव । (छाया : चित्र नं. 2 पुरी, अन्य चित्र : कम्बोज)

चालक का अपहरण : पुलिस जिला मजीठा के गांव उधो के निकट गत रात्रि मिलिटैंटों ने एक ट्रक चालक का अपहरण कर लिया। उस समय वह बटाला से बाघा की ओर जा रहा था।

शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के अजनाला इलाके से पुलिस को आज एक शव मिला है।

वाहन अग्नि भेंट, एक व्यक्ति की हत्या : नांगल कलां गांव के पास एक जीप में जा रहे एक शराब के ठेके के सेल्समैन को मिलिटैंटों ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाद में उन्होंने जीप में आग लगा दी तथा उसी गांव में रूप चंद नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

स्वास्थ्य निदेशक व 6 अन्य की हत्या : लुधियाना (अश्विनी जोशी, महेन्द्रा, धीमान, नेपाल): आज दोपहर के बाद जगरांव के निकट मेहत्याना गांव के निकट मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके पंजाब के स्वास्थ्य निदेशक डा. बचित्तर सिंह व लुधियाना के सिविल सर्जन डा. आर.एन. गोयल सहित 7 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी।

विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार आज प्रातः गांव मेहत्याना में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें भाग लेने के लिए अन्यों के अलावा डा. बचित्तर सिंह भी आए हुए थे। इस शिविर में शामिल होने के बाद डा. बचित्तर सिंह जैसे ही गांव के गुरुद्वारे में माथा टेकने के बाद बाहर निकले, उनकी दोनों कारों पर मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस फायरिंग की लपेट में दोनों कारों में सवार हुए उक्त सातों व्यक्ति आ गए।

डा. बचित्तर सिंह व आर.एन. गोयल के अलावा बाकी 5 मृतकों की शिनाख्त गुरमेल सिंह चीफ फार्मासिस्ट सिविल अस्पताल लुधियाना, अमरजीत कौर फार्मासिस्ट सिविल अस्पताल लुधियाना, अमृतपाल सिंह स्टैनो व 2 कार चालक जीवन कुमार तथा मोहन लाल के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि श्री आर.एन. गोयल के बेटे की शादी आगामी 11 नवम्बर को होनी निश्चित हुई थी।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार हमलावर मिलिटैंटों की संख्या 3-4 थी तथा प्रातः करीब 11 बजे उन्होंने घात लगा कर हमला किया। वे एक जीप में सवार होकर फरार हुए तथा जाते हुए गुरुद्वारे के बाहर खड़े

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjab Sahatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

एक व्यक्ति का स्कूटर भी अपने साथ ले गए।

इस वारदात की सूचना मिलते ही पटियाला रेंज के डी.आई.जी. डी.आर. भट्टी, लुधियाना के एस.एस.पी. अनिल शर्मा व जिलाधीश एस.एस. चन्नी तथा कई अन्य उच्चाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए। सारे क्षेत्र की नाकाबंदी करके अभियुक्तों की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया गया है।

बताया जाता है कि गत सायं ही डा. बचित्तर सिंह ने लुधियाना के सर्किट हाऊस में एक पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित किया था। मगर दुर्भाग्यवश वह उनका अंतिम पत्रकार सम्मेलन ही साबित हुआ।

एक अन्य सूचना में बताया गया है कि स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डाक्टर बचित्तर सिंह ने गांव के गुरुद्वारे में पाठ रखवाया हुआ था। उसकी समाप्ति पर जैसे ही वह गुरुद्वारे से बाहर आए, 3 मिलिटैंटों ने बहुत निकट से उन पर अधाधुंध फायरिंग की और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। डाक्टर बचित्तर सिंह और डाक्टर गोयल की लाशें चंडीगढ़ भेज दी गई हैं। उनका अंतिम संस्कार वहीं पर होगा। घटना के बाद जिस जीप पर मिलिटैंट फरार हुए थे, वह निकट के गांव से मिल गई है।

'कम्बोज' के अनुसार जब डा. बचित्तर सिंह अपने साथियों के साथ लुधियाना की ओर आ रहे थे तो कपास के खेत में छिपे 4 मिलिटैंटों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उनकी हत्या कर दी। जब मिलिटैंट इस कार पर गोलियां चला रहे थे तो उनके पीछे दूसरी कार में आ रहे गुरमेज सिंह तथा ड्राइवर ने कार वापस ले जानी चाही लेकिन उनकी कार गड्ढे में फंस गई, जिस पर ये दोनों कार छोड़ कर गांव की ओर भागे, लेकिन मिलिटैंटों ने उनका पीछा करके उनकी हत्या कर दी।

बताया जाता है कि डा. बचित्तर सिंह के एक सुपुत्र, जो पी.सी.एस. अधिकारी बताए जाते हैं, का विलाप बड़ा हृदय द्रावक था। वे रुदन-क्रन्दन करते हुए पुलिस को कोस रहे थे कि इन निर्दोष डाक्टरों की टीम को कोई सुरक्षा प्रदान क्यों न की गई। घटना के समय डाक्टरों की उच्चस्तरीय टीम के साथ कोई भी सुरक्षा कर्मी न था।

कुंदरा का बयान : पंजाब के स्वास्थ्य निदेशक श्री ए.के. कुंदरा ने डाक्टर बचित्तर सिंह, डाक्टर गोयल और उनके 5 सहयोगियों के कत्ल की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने यह जानकारी दी कि किसी भी सरकारी बैठक में स्वास्थ्य विभाग के किसी अफसर को मिलिटैंटों की ओर से धमकी मिलने का कोई मामला विचाराधीन नहीं आया अगर धमकी मिलती तो विभाग उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करता।

सहाय : पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री सुबोध कांत सहाय अपनी पार्टी के नेताओं के साथ डाक्टर बचित्तर सिंह और डाक्टर गोयल के परिवारों के सदस्यों को मिले और उनके साथ सहानुभूति व्यक्त की।

होमगार्ड की हत्या, एस.पी.ओ. घायल : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि पट्टी थाना के अधीन चीमा खुर्द गांव में कुछ मिलिटैंटों ने सरदूल सिंह नामक एक होमगार्ड जवान को घर से बाहर निकाल कर उसकी फांसी लगा कर हत्या कर दी। वह अमरकोट चौकी में तैनात था। उसकी पत्नी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसे बगीचा सिंह, बलविंदर सिंह व अजीत सिंह नामक 3 व्यक्तियों पर संदेह है।

उक्त गांव में ही गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने जागीर सिंह नामक एक एस.पी.ओ. के घर पर फायरिंग करके उसे घायल कर दिया। उसने भी अपनी लाइसैंसी राइफल से जवाबी फायरिंग की, जिससे हमलावर मिलिटैंट फ़रार हो गए। वह चोला साहब में तैनात है।

महिला का अपहरण : गत रात्रि कोहगढ़ चूड़ियां थाना के अधीन पारोवाल गांव में 6-7 मिलिटैंट आए व कर्म सिंह नामक एक बढ़ई को बंदूक की नोक पर अपने साथ ले गए परन्तु उसकी पत्नी जगदीश कौर ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। जब कुछ दूरी तक चलने के बाद वह उनके निकट पहुंची तो मिलिटैंटों ने कर्म सिंह को तो छोड़ दिया परन्तु जगदीश कौर का अपहरण करके उसे अपने साथ ही ले गए।

घर से निकाल कर हत्या : उक्त थाना के अधीन ही मल्लेवाल गांव में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने बीरा मसीह पुत्र करनैल मसीह नामक एक व्यक्ति को घर से बाहर निकाल कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरा : गत रात्रि तरनतारन थाना के अधीन पलासौर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने बलविंदर सिंह पुत्र गुरा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि वह खुद भी एक मिलिटैंट था तथा आपसी रंजिश के कारण ही उसकी हत्या हुई।

हत्या व लूट : आज प्रातः अमृतसर के मोहन नगर क्षेत्र में कुछ मिलिटैंटों ने पूर्ण सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी व उसके घर में से कीमती सामान लूट लिया। बताया जाता है कि उसने कुछ दिन पूर्व ही अपने भतीजे बलकार सिंह की धूमधाम से शादी की थी।

घायल चल बसा : गत दिवस आर.एस.एस. के वरिष्ठ नेता सतपाल महाजन सहित 4 व्यापारी मारुति कार नं. पी.बी. 02-5816 में जब जालंधर से अमृतसर वापिस आ रहे थे तो टांगरा के बिजली घर के निकट कुछ मिलिटैंटों ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया परन्तु उन्होंने अपनी कार की गति तेज कर दी, जिस पर मिलिटैंटों ने कार पर पीछे से जबरदस्त फायरिंग की, जिससे सतपाल महाजन का पार्टनर हरिओम पुत्र पूर्ण चंद महाजन निवासी बजरंग बाजार कटरा सफेद गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसे कक्कड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आज तड़के उसकी मृत्यु हो गई।

2 मिलिटैंट व एक नागरिक मरा : आज सायं अमृतसर की सुल्तानविंड रोड पर तेज नगर क्षेत्र में फ्रैंड्स प्रापर्टी डीलर की दुकान पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से संबंधित तीन मिलिटैंट आए व हथियारों की नोक पर उन्होंने एक व्यक्ति का अपहरण करने का प्रयास किया मगर इतने में ही वहां भाजपा नेता एस.पी. महेन्द्र अपने अंगरक्षकों के साथ पहुंच गए व मिलिटैंट को जफ्फा मार लिया परन्तु उसके एक साथी ने उन्हें गोली मार कर घायल कर दिया।

इसी दौरान श्री महेन्द्र के गनमैनों ने भी गोली चला दी तथा एक मिलिटैंट को मौके पर ही मार गिराया, जिसकी शिनाख्त नरिन्दर सिंह बब्बर के रूप में हुई। इसके तुरन्त बाद बाकी 2 मिलिटैंट वहां से भाग निकले। एक मिलिटैंट जब बाहर की ओर भाग रहा था तो उसे पुलिस ने घेर लिया परन्तु उसने सायनाइड का कैप्सूल खा लिया व इसके साथ ही अपनी कनपटी पर गोली भी मार कर आत्महत्या कर ली।

बताया जाता है कि क्रास फायरिंग के दौरान सुरिन्दर सिंह नामक एक नागरिक भी मारा गया। मिलिटैंटों की तलाशी होने पर उनके कब्जे से के.एल.एफ. का आज की तिथि में लिखा एक प्रैस नोट भी मिला है।

बताया जाता है कि इस दौरान 2 व्यक्ति घायल भी हो गए, जिनके नाम त्रिलोक सिंह व चरण सिंह हैं।

जूनियर इंजीनियर की हत्या : पटियाला (राजू): गत सायं 3 मिलिटैंटों ने स्थानीय माडल टाऊन क्षेत्र के एक घर में जबरदस्ती घुस कर पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर शाम लाल सिंगला की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह मालेरकोटला में तैनात था। उस समय उसके घर में मौजूद पटियाला तकनीकी सेवा संघ का सचिव उपमंडल वेद प्रकाश भी फायरिंग में गम्भीर रूप से घायल हो गया, उसे स्थानीय राजिन्दरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पता चला है कि करीब 300 तकनीकी कर्मियों ने माडल टाऊन से पुलिस थाने तक इस मांग के समर्थन में जलूस निकाला कि वेद प्रकाश को अस्पताल में उचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाए क्योंकि वही इस वारदात का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी गवाह है। इसके बाद उसकी सुरक्षा के लिए अस्पताल में 2 पुलिस कांस्टेबल तैनात कर दिए गए।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : बटाला (कोछड़, चौधरी): गत रात्रि पुलिस थाना कादियां के गांव भागी नंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से 38 बोर का एक रिवाल्वर व 7 चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं।

चौकीदार की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान मित्तल): गत रात्रि पुलिस थाना बाघापुराना के गांव भालूर में कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने बूटा सिंह नामक एक चौकीदार की हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि पुलिस की वर्दी पहने मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था तथा आज प्रातः उसका गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ है।

शव मिला : मोरिन्डा (राज): गत रविवार 20 अक्तूबर को मिलिटैंटों ने रतन पाल भोला का प्रातः 7 बजे के करीब बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया था। उसका गोलियों से छलनी शव आज प्रातः मोरिन्डा-ढोलां माजरा मार्ग पर पड़ा मिला है।

आपसी दुश्मनी में एक की हत्या : बरनाला (सिंधवानी): यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव महलकलां में रात 10 बजे एक व्यक्ति सुखदेव सिंह की घर से बाहर निकाल कर गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। डी.एस.पी. बरनाला श्री हरीश कुमार ने बताया कि यह निजी शत्रुता का मामला है। मृतक एक हत्या केस में जमानत पर आया हुआ था। 30 मई 1990 को उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी और अब उसके वारिसों ने इसको मार दिया है।

मृत मिलिटैंट की शिनाख्त : धूरी (सिंगला): जिला संगरूर में गत 12 अक्तूबर को सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में जो मिलिटैंट मारा गया था, उसकी शिनाख्त बलबीर सिंह निवासी खुड्डी कलां के रूप में हुई है। वह पंजाब होमगार्ड का एक बर्खास्त जवान था तथा इन दिनों बरनाला में सक्रिय था।

एक व्यक्ति का अपहरण : मक्खू (चन्द्रशेखर): यहां से करीब 20 कि. मी. दूर गांव टपूजो में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

अपहृत छुड़वाया : संगरूर के एस. एस. पी. सुखदयाल सिंह के जिस भाई मुख्तियार सिंह का आज से 62 दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था, उसे आज सुरक्षा बलों ने हरीके के निकट छुड़वा लिया है।

हत्या : फिल्लौर (भाखड़ी): आज रात यहां धक्का कालोनी में स्कूटर सवार तीन अज्ञात मिलिटैंटों ने साहब सिंह उर्फ साबी (26) नामक युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी। हत्यारे अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले।

राज्यपाल

(पृष्ठ 1 का शेष)

हुए जुबानी सहानुभूति तो दिखाई है परन्तु अभी तक कोई पुख्ता काम नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली के उपराज्यपाल को निर्देश दिए हैं कि पलायनकर्त्ताओं की सहायता की जाए तथा इन्हें कुछ मासिक भत्ता भी दिया जाए परन्तु उपराज्यपाल ने कहा है कि इस मामले से उनका कोई संबंध नहीं है तथा पलायनकर्त्ताओं को वापस पंजाब चले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने सहानुभूति तो दिखाई है परन्तु उन्होंने भी कुछ नहीं किया। पहाड़गंज के कुछ निजी संगठनों तथा व्यापारियों ने शरणार्थियों की थोड़ी बहुत मदद की है और कर भी रहे हैं।

प्रशासन ने पलायनकर्त्ताओं से पेशकश की है कि अब चूंकि वे राजधानी में आ ही गए हैं, इसलिए उन्हें दो माह के लिए एक हजार रुपए मासिक भत्ता इस

दीवाली के आसपास तर
कोई बड़ा हिंसा कांड कि

हल्द्वानी, 26 अक्तूबर (संजय): विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों द्वारा तराई क्षेत्र में दीवाली के आसपास कोई बड़ी वारदात किए जाने की आशंका प्रकट की जा रही है। बताया जाता है कि इस सम्बन्ध में जिले में गुप्तचर विभाग ने जिला पुलिस के प्रमुख अधिकारियों को चौकसी बरतने की सलाह दी है। बताया जाता है कि रुद्रपुर बम कांड से पहले भी गुप्तचर विभाग ने जिला पुलिस को काफी समय पूर्व इस बारे में सतर्क कर दिया था लेकिन पुलिस की निष्क्रियता का लाभ उठाकर मिलिटैंटों ने यह जघन्य कांड कर दिया था।

यह भी कहा जाता है कि गुप्तचर विभाग ने तराई के कुछ बड़े फार्म हाऊसों में मिलिटैंटों द्वारा शरण लिए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों से इन फार्म हाऊसों पर कड़ी नजर रखने व उनके



प्राचीन काली माता मंदिर श्री देवी तालाब जालन्धर में आयोजित भगवती संकीर्तन दरबार में मेयर श्री जय किशन सैनी, सिटी बैंक के निदेशक श्री प्रदम्न सिंह जौली, श्री सिद्ध बाबा सोडल ट्रस्ट के मंत्री श्री अविनाश चड्ढा व पार्षद श्री बाल कृष्ण बाली को सिरोपे भेंट किए गए। चित्र में श्री गुलशन कुमार व श्री शाम लाल कोहली भी हैं।



अतिरिक्त जिला एवं सैशन जज श्री के.के. गर्ग व उनकी पत्नी गत दिवस राजेश्वरी धाम बस्ती नौ, जालन्धर में भगवती मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने गए तो देवी राज रानी ने उन्हें सिरोपे भेंट किए। चित्र में श्री अविनाश चड्ढा व सुदेश बहन भी हैं।

कश्मीर में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

कल स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

सोपोर में आज जेहलम नदी से मुहम्मद यूसुफ नामक एक व्यक्ति का शव निकाला गया, जबकि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड और अनंतनाग के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया।

श्रीनगर के घनी आबादी वाले इलाके से कल रात चार पाक प्रशिक्षित अलगाववादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि खानमोह गांव से 42, रिहोम से दो तथा श्रीनगर, बड़गाम और अनन्तनाग से 10 अन्य संदिग्ध अलगाववादियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रवक्ता के अनुसार पुलिस अनन्तनाग जिले के कनलीबाग शाह-ए-हमदान में कल रात आगजनी की उन वारदातों की जांच कर रही है जिसमें 35 कच्चे मकान, नौ गौशालाएं, सात दुकानें तथा दस कोठरियां जल कर राख हो गईं।

श्रीनगर और बारामूला में आज छानबीन के दौरान 12 ए.के. 56 राइफलें, उनके 47 मैगजीन, 2174 कारतूस, 6 पिस्तौल, 13 हथगोले, चार राकेट, चार डैटोनेटर, चार बूस्टर आर.पी.जी. तथा अन्य गोली-बारूद बरामद हुए।

अलगाववादियों ने गत रात श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र गंडेरबल में एक बिजली घर में तैनात सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर गोलियां बरसाईं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अनंतनाग में धामहाल हांजीपोरा में भी गत रात सीमा सुरक्षा बल की एक चौकी पर हमला किया गया।

जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किए गए आज बंद के आह्वान की मिश्रित प्रतिक्रिया

ONLY PLACE IN PUNJAB SERVING
Bukhara

रीगले शनिवार लॉटरी
26.10.91 को सम्पन्न 67वें ड्रा का परिणाम :
1st Prize Rs. 5,00,000/- 37458

Punjabi Sanjari

फैडरेशन नेता होतियां की हत्या, पंजाब में चार मिलिटैंट मारे गए

राज्य में 9 लोगों की हत्या, 3 का अपहरण

चंडीगढ़, 27 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह होतियां की हत्या कर दी गई तथा गत सायं से एक हैडकांस्टेबल सहित 9 व्यक्ति मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों का शिकार हुए, जबकि 3 अन्य व्यक्तियों का अपहरण कर लिया गया । इसके अलावा विभिन्न घटनाओं में 4 मिलिटैंट मारे गए व 8 अन्य को काबू कर लिया गया ।

मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या : जिला संगरूर के गांव भागरौल में आज प्रात: सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने के बाद अमर सिंह अल्लीरख्ख नामक एक मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का दुर्दांत मिलिटैंट था ।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : भटिंडा जिले में कलां गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बंदक, एक हथगोला, एक स्कूटर तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

हैडकांस्टेबल की हत्या : लुधियाना जिले के पाहरुवाला गांव में मिलिटैंटों के एक गुट ने पंजाब पुलिस के हैडकांस्टेबल साधु सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी । वह जालंधर जिले के फिल्लौर पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में प्रशिक्षण ले रहा था तथा इन दिनों छुट्टी पर था ।

पुलिस अधिकारी पर हमला, अंगरक्षक घायल : फिरोजपुर में तैनात एक पुलिस उप-अधीक्षक के वाहन पर इसी जिले के भूरे कलां गांव के निकट कल रात मिलिटैंटों ने घात लगा कर हमला किया । इस हमले में पुलिस अधिकारी को कोई चोट नहीं आई किंतु उसका अंगरक्षक जगरूप सिंह गोली लगने से घायल हो गया ।

अज्ञात छलनी शव मिला : मजीठा पुलिस जिले के मोईबाल गांव में आज तड़के पुलिस ने एक युवक का गोलियों से छलनी शव बरामद किया । शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

कमीशन एजैंट का अपहरण : मिलिटैंटों ने संगरूर जिले के शुभपुरा मोर गांव से अमर कुमार नाम के एक कमीशन एजैंट का अपहरण कर लिया है ।

2 व्यक्तियों की हत्या : जिला लुधियाना के गांव मालौद में गत रात्रि मिलिटैंटों ने अंधाधुंध फायरिंग करके लाल खान व रमेश लाल नामक दो व्यक्तियों की हत्या कर दी ।



जिला अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में मिलिटैंसी का शिकार हुए (1) अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के नेता बलदेव सिंह होतियां का शव, (2) व (3) सुल्तानविंड क्षेत्र में मारे गए नरिन्दर सिंह व सुरिन्दर सिंह के शव तथा (इन्सैट) स्व. होतियां का पुराना चित्र । (छाया : रवि भंडारी)

3 मिलिटैंट काबू : जिला फरीदकोट के गांव धालियांवाली के निकट से गत रात्रि पुलिस ने एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 3 अज्ञात मिलिटैंटों को काबू करके उनके कब्जे से .45 बोर की एक पिस्तौल, दो दोनाली बंदूकें व कई कारतूस बरामद किए ।

3 अन्य मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस के अनुसार जिला संगरूर में 2 व जिला रोपड़ में भी एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया गया है ।

वैन में से शव मिला : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि 11.30 बजे मेहता थाना के अधीन भोलाबाला गांव के बाहर खड़ी एक संदिग्ध मारुति वैन में से पी.बी.-08/4780 में से 60-65 वर्षीय एक केशधारी व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी पहचान नहीं हो सकी। इस वैन के अगले टायर पंक्चर थे व उसके निकट से 30 बोर का एक चला हुआ कारतूस भी बरामद किया गया।

बताया जाता है कि यह वैन किसी परमजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है।

स्कूटर सवार की हत्या : गत सायं तरनतारन में कुछ मिलिटैंटों ने दिनेश कुमार पुत्र सरदारी लाल नामक एक स्कूटर सवार युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गए।

2 स्कूटर सवार घायल : तरनतारन थाना के अधीन पलासौर गांव में कुछ मिलिटैंटों ने स्कूटर सवार 2 व्यक्तियों बलदेव सिंह व मंजीत सिंह को गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

2 व्यक्तियों की फांसी देकर हत्या : गत रात्रि डेरा बाबा नानक के गांव खत्रा चमियारा में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने जोगिन्दर सिंह व बुआ सिंह नामक 2 व्यक्तियों को घर से जबरदस्ती बाहर निकाला व उन्हें फांसी देकर उनकी हत्या कर दी।

होतियां की हत्या : जिला अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में आज प्रात: अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह होतियां की उनके घर में दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि दो मिलिटैंट उनसे मुलाकात करने आए व उनसे चाय मंगवाने को कहा। जब श्री होतियां की पत्नी चाय बनाने गई तो मिलिटैंटों ने फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी।

'प.स.' के अनुसार बताया जाता है कि 32 वर्षीय श्री होतियां नवगठित अखिल भारतीय छात्र संघ के अध्यक्ष मंडल के पांच मदस्यों में से थे। मिलिटैंटों ने श्री होतियां को गोली मारने से पहले उनसे बातचीत की और चाय भी पी थी। उसके बाद मिलिटैंटों ने श्री होतियां पर निकट से गोलियां चलाईं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

श्री होतियां काफी लम्बे अरसे से छात्र संघ से जुड़े हुए थे और मिलिटैंट नेता संत जरनैल सिंह भिंडरांवाले के घनिष्टतम साथी और खालिस्तान कमांडो फोर्स भाई मनविन्दर सिंह चारू गुट के प्रमुख संस्थापक थे।

संघ के महासचिव मंजीत सिंह भोमा ने कहा है कि श्री होतियां के मंजीत सिंह गुट से अलग होने के बाद ही नए गुट का गठन हुआ था।

इसी दौरान प्रिथी सिंह, जस्सा सिंह व मंजीत सिंह भोमा आदि नेताओं ने उनकी हत्या की निंदा भी की है।

गत 36 घंटों से भी कम समय के दौरान वह नए घटक के अध्यक्ष मंडल के ऐसे दूसरे नेता हैं, जिनकी हत्या कर दी गई।

युवक का अपहरण : तपा मंडी (गर्ग): गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने नौहर चंद महाजन नामक एक व्यक्ति के 20 वर्षीय पौत्र शंटी का अपहरण कर लिया। मिलिटैंट एक कार में सवार हो कर आए थे।

कैमिस्ट घायल : गत रात्रि मिलिटैंटों ने स्थानीय आजाद बस्ती में सुरिन्दर कुमार नामक एक कैमिस्ट गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : फिल्लौर (भाखड़ी): गत रात यहां के निकटवर्ती गांव शेखपुरा में नहर के समीप पुलिस से मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। प्राप्त सूचना के अनुसार एक व्यक्ति साहब सिंह उर्फ साहब की मिलिटैंटों द्वारा हत्या किए जाने के पश्चात सुरक्षा बलों ने मिलिटैंटों का पीछा किया तो शेखपुरा के निकट स्कूटर पर 2 मिलिटैंट जाते हुए दिखाई दिए। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस व मिलिटैंटों के मध्य 1 घंटे तक मुकाबला चला। इससे एक मिलिटैंट मारा गया जबकि दूसरा भाग गया। मारे गए मिलिटैंट से एक ए.के. 47 राइफल, 1 मैगजीन, 4 कारतूस व 12 चले हुए कारतूस बरामद किए गए।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पाक हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई कार्रवाई में 6 पाक सैनिक मरे

नागपुर, 27 अक्तूबर (प.स., वार्ता): करगिल क्षेत्र की एक सीमा चौकी पर कल पाकिस्तानी सैनिकों के हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम छ: पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 4 सैनिक गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

रक्षा मंत्री शरद पवार ने आज यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों के इस हमले में भारतीय सेना के चार अधिकारियों समेत 5 जवान भी गम्भीर रूप से घायल हो गए । हमले में पाकिस्तानी सैनिकों ने मोर्टार और गोलों का भी प्रयोग किया ।

रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हाल ही में एक सहमति हुई थी और यह हमला उसके सरासर विपरीत था । श्री पवार के अनुसार भारतीय सैनिकों ने पाक सैनिकों को अपने 6 साथियों के शव उठा कर पाकिस्तान की ओर भागते हुए देखा । पाकिस्तान की इस हरकत के बाद भारत के सामने कठोर जवाबी कार्रवाई करने के अलावा कोई चारा नहीं था, लेकिन रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच पूरे युद्ध की संभावना

उन्होंने इस बात को उल्लेखनीय बताया कि अमरीका ने भी पाकिस्तान की घुसपैठ की इस कार्रवाई का विरोध किया है । उन्होंने बताया कि अमरीकी नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कश्मीर का दौरा किया और उसे भी पाकिस्तान की चाल समझ में आ गई ।

रक्षा मंत्री श्री पवार ने आज यहां अखिल आदिवासी परिषद के दो दिन के एक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि वे थलसेना में एक आदिवासी रैजीमैंट बनाएंगे । उन्होंने कहा कि थलसेना में मौजूद सिख रैजीमैंट तथा महार रैजीमैंट की ही पद्धति पर आदिवासियों को सेना में भरती के अधिक अवसर उपलब्ध करा कर एक आदिवासी रैजीमैंट का गठन किया जाएगा ।

श्री पवार ने कहा कि हम कश्मीर को भारत से अलग होने की या खालिस्तान का निर्माण करने की आज्ञा नहीं देंगे ।

सेना द्वारा उत्तरी कश्मीर के एलओसी क्षेत्रों

Punjabi Sonatan



पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर श्री शाम लाल सिंगला, जिनकी शुक्रवार शाम को पटियाला में मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । (छाया : राजू)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

आढ़ती का अपहरण : लुधियाना (धीमान) : आज तड़के लगभग 5 बजे मिलिटैंट चाट मंडी केसरगंज से एक आढ़ती सुखदेव का अपहरण करके ले गए । वे सफेद मारुति कार में आए और उसका अपहरण करके चले गए ।

बताया जाता है कि इन दिनों शहर में अपहरण की वारदातों में भारी वृद्धि के कारण पुलिस महानिदेशक श्री डी.एस. मांगट ने पुलिस तथा सुरक्षा बलों के उच्चाधिकारियों के साथ आज एक बैठक की जिसमें शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई ।

मिलिटैंट मरा : पटियाला (राजू): गत रात्रि करीब 9 बजे डेढ़ना गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में पाला सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।



जिला जालन्धर के फिल्लौर कस्बे में मारे गए (ऊपर) सोहन सिंह साबी का शव व इन्सैट में उसका पुराना चित्र (मध्य) मोहल्ला संतोखपुरा में घायल मक्खन सिविल अस्पताल में उपचाराधीन व (नीचे) शेखुपुरा के निकट पुलिस मुकाबले में मारे गए अज्ञात मिलिटैंट का चित्र । (छाया : तरसेम)

भारतीय रेलवे
रेलवे कोच फैक्टरी (कपूरथला)
तिलकब्रिज, नई दिल्ली-110002

बोली आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेल कोच फैक्टरी (कपूरथला) पंजाब के लिए निम्नलिखित मैटीरियल्स की सप्लाई के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रमांक-1, निविदा नं. आर.पी./पी.ओ./पी.-1/202/एम.एस./91/आर.सी.एफ., 27.11.91 **को देय।**

विवरण : (i) बोगी ब्रेक रिगिंग के लिए पिन ड्राइंग नं. आई.सी.एफ./एस.के.-3-2-142, आइटम-1 के अनुसार; प्रमात्रा 3408 अदद। (ii) बोगी ब्रेक रिगिंग के लिए पिन ड्राइंग नं. आई.सी.एफ.-एस.के. 3-2-142, आइटम-II के अनुसार, प्रमात्रा 9531 अदद। **निविदा दस्तावेज का मूल्य** : 60/- रुपए, **धरोहर राशि** : 8500/- रुपए।

क्रमांक 2, निविदा नं. 1002910096, 22.11.91 **को देय।**

विवरण : शीट लैमिनेटिड प्लास्टिक 3X1220X2440 स्टार डस्ट ग्रे, ड्राइंग नं./स्पैसिफिकेशन, आर.डी.एस.ओ., एस.टी.आर. नं. सी. 8623 के अनुसार, प्रमात्रा : 51664 अदद; धरोहर राशि : 50,000/- रुपए, निविदा का मूल्य 60/- रुपए।

आवश्यकता का स्थान :—हुसैनपुर जिला कपूरथला (पंजाब)

निविदा दस्तावेजों की बिक्री का समय सभी कार्य दिवसों को 10.30 बजे से 15.00 बजे के बीच होगा। निविदा दस्तावेजों का पूर्ण सैट कंट्रोलर आफ स्टोर्ज, रेल कोच फैक्टरी (कपूरथला), रेलवे आफिस कम्पलैक्स, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली-2, टैलेक्स 031-65052, आर.सी.एफ.-डी-इन, केबल/तार : RAIL COS : N. DELHI, के कार्यालय से अथवा

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पुलिस ने नारिन्दर सिंह निन्दी व ज्ञान सिंह नामक 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है ।

हथियार लूटे : पुलिस जिला मजीठा के अजनाला सैक्टर के गांव पाल में गत रात्रि मिलिटैंटों के एक गिरोह ने दर्शन सिंह, कुलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह व मलकियत सिंह के घरों में घुस कर उनसे वे हथियार लूट लिए, जो उनको आत्मरक्षा के लिए प्रदान किए गए थे । इन हथियारों में 12 बोर के 3 रिवाल्वर, 315 बोर की एक राइफल व 12 बोर की 3 अन्य राइफलें भी शामिल हैं ।

गांव में हत्या : मिलिटैंटों ने आज सायं जिला संगरूर के गांव लंगाई में एक व्यक्ति प्यारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दो कांस्टेबल घायल : मिलिटैंटों ने आज रात्रि तरनतारन उपमंडल में पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबलों हरदीप सिंह और गुरदास सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दिया। यह एक महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है।

भयानक आग : नगर में आज केंद्रीय बाजार, जिसे प्रदर्शनी मैदान के नाम से भी जाना जाता है, में लगी भयंकर आग में 2 सरकारी भवन तथा 20 दुकानें जल कर राख हो गईं। आग लगभग एक घंटे के बाद बुझाई जा सकी। सूत्रों के अनुसार आग में जनस्वास्थ्य इंजीनियरिंग तथा बिजली विभाग के भवनों को क्षति पहुंची।

एक रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंटों ने एक अपहृत ड्राइवर सहित दो व्यक्तियों को रिहा कर दिया। इन लोगों का बारामूला में कार्यरत नैशनल हाइड्रो प्रोजैक्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. बाली के साथ अपहरण कर लिया गया था।

फ्रांसीसी इंजीनियरों की धमकी : इस बीच डोडा जिले के दसलहस्ती हाइड्रो प्रोजैक्ट में कार्यरत 150 फ्रांसीसी इंजीनियरों ने धमकी दी है कि यदि उनके अपहृत साथी मोसिया मिल्वो अन्तोनियो को नहीं रिहा कराया गया तो वे तीन महीने के अवकाश पर चले जाएंगे। अन्तोनियो का 14 अक्तूबर को अपहरण कर लिया गया था।

मांगट

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला लुधियाना में सेना तैनात करने के संबंध में बैठक में उपस्थित जिलाधीश एस.एस. चन्नी ने कहा कि जिला में सेना तैनात तो नहीं की गई बल्कि आवश्यकता पड़ने पर दो बार उसकी सहायता अवश्य ली गई है।

'मुसाफिर' के अनुसार श्री मांगट ने कहा कि जिला अधिकारियों को अधिकार दिया गया है कि वे आवश्यकता पड़ने पर सेना बुला सकते हैं।

सेना की दो बटालियनें पहुंचीं : जिला लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर श्री एस.एस. चन्नी ने कहा कि समराला और जगराओं में सेना की दो बटालियनें बुला ली गई हैं। वे पहुंच गई हैं लेकिन

Punjab Samachar

एरिया कमांडर सहित 3 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से एक गुरुद्वारे के सेवादार व एक दम्पति सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य का अपहरण कर लिया गया, खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के एक एरिया कमांडर समेत 3 मिलिटैंट मारे गए । सुरक्षा बलों ने 14 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी कर लिया ।

एरिया कमांडर मारा गया : अमृतसर (सुभाष नारंग): खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का एरिया कमांडर दर्दात मिलिटैंट मंगल सिंह मंगा आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव भोया के निकट अपने साथियों द्वारा पुलिस की हिरासत में से उसे छुड़ाने की कोशिश में हुए मुकाबले में मारा गया । बताया जाता है कि मंगल सिंह मंगा लगभग 25 हत्याओं में पुलिस को वांछित था । उसे गत रात्रि गांव अर्जन मंगा में गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए थे । पुलिस उससे और शस्त्र बरामद करवाने के लिए सी.आर.पी.एफ. के जवानों के साथ उसे गांव अर्जन मंगा ले जा रही थी कि रास्ते में गांव भोया के पास मिलिटैंटों ने पुलिस और सी.आर.पी.एफ. की गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इस दौरान मंगा हथकड़ी की जंजीर छुड़वा कर भाग निकला । पुलिस और सी.आर.पी.एफ. द्वारा उसका निरन्तर पीछा किया गया लेकिन वह पकड़ा न गया । बाद में मंगल सिंह मंगा का शव गांव मत्तेवाल के निकट सुखी छोटी नहर के पास पड़ा मिला । मिलिटैंटों द्वारा की गई फायरिंग से पुलिस की गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

सेवादार की हत्या : अमृतसर जिले के चीचा गांव में कल रात मिलिटैंटों के एक गिरोह ने बाबा नानक सिंह गुरुद्वारे के एक सेवादार बाबा लाभा सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

महिला की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर जिले के मकाना गांव में जोगिन्दर कौर नामक एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव नामोके में गत रात्रि कश्मीर सिंह नामक एक मिलिटैंट गुट संघर्ष में मारा गया।

4 लुटेरे काबू : पुलिस ने जिला तरनतारन में हरदीप सिंह, अमर जीत सिंह, सुरजीत सिंह व कश्मीर सिंह नामक चार लुटेरों को वैरोवाल क्षेत्र में से काबू कर लिया है। इन लुटेरों ने पांच लाख रुपए के मूल्य से साबुन से भरा ट्रक छीन लिया था।

❊ गुरुद्वारे के सेवादार समेत 8 की हत्या, एक का अपहरण
❊ 14 मिलिटैंट गिरफ्तार

14 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने गत रात्रि जिला तरनतारन से 5, जिला भटिंडा से 4, जिला मजीठा से तीन व जिला फरीदकोट से 2 मिलिटैंट गिरफ्तार किए हैं । इनके कब्जे से एक हथगोला, .12 बोर की 3 दोनाली बन्दूकें, बड़ी संख्या में कारतूस व विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं ।

अज्ञात शव मिला : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस थाना कादियां के गांव शेरपुर में से गत रात्रि पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव के निकट खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र भी पड़ा था, जिसमें सुखविन्दर सिंह उर्फ पप्पू नामक मिलिटैंट ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए लिखा है कि उक्त व्यक्ति की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह लुटेरा था।

दम्पति की हत्या : जिला फिरोजपुर के गांव दरौली खर्द में गत रात्रि मिलिटैंटों ने अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति व उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

निहंग की हत्या : मलोट (गोयल): यहां से 15 कि.मी. दूर गांव फतेहपुर मंजीवाला में गत रात्रि 9.30 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने बलविन्दर सिंह नामक एक निहंग की गोलियां मार कर हत्या कर दी। वह मजीठा का निवासी था।

आश्रयदाता नज़रबंद : (वि.प्र.): चंडीगढ़ पुलिस ने यहां बरैल के रहने वाले सच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति को मिलिटैंटों को आश्रय देने व उनकी सहायता करने के आरोप में 'टाडा' के अधीन नजरबंद कर दिया है ।

गोलियों से छलनी शव मिला : मोरिंडा (सुधीर): गत रविवार को यहां से सुबह सात बजे अपहृत किए गए स्थानीय दुकानदार रत्नपाल की गोलियों से छलनी लाश सुबह छः बजे यहां दोलनमाजरा रोड पर पड़ी मिली । उसकी हत्या असाल्ट राइफल से की गई । लाश के सिर में गोली लगी थी व लाश के पास से खाली कारतूस भी मिला । लाश को पोस्ट-मार्टम हेतु रोपड़ भेज दिया गया है । सी.पी.आई. जिला कौंसिल के सदस्य करम चंद ने इस हत्या की निन्दा की है । शिव सेना पंजाब के नेता सुधीर कुमार कक्कड़ ने भी इस हत्या की निन्दा की है ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों की गोली से लुधियाना जिले के सहारन माजरा गांव में कल एक मिलिटैंट मारा गया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। उसके पास से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस मिले है।

पटियाला (राज): कल रात यहां पंजाबी विश्वविद्यालय के निकट तीन अज्ञात मिलिटैंटों ने एक डीजल पम्प से पिस्तौल की नोक पर एक डीजल टैंकर नं. पी.बी. 11-9555 का अपहरण कर लिया ।

घुसपैठ का प्रयास विफल : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): गत रात्रि भारत-पाक सीमा पर पाक रेंजरों द्वारा जबरदस्त फायरिंग की आड़ में हथियारों सहित घुसपैठ कराने के प्रयास को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने विफल कर दिया।

सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार गत रात्रि करीब 11 बजे भारत-पाक सीमा पर पंजाब व जम्मू-कश्मीर की सीमा के निकट स्थित गांव जैतपुर के पास उज्ज दरिया के किनारे से पाक रेंजरों ने जबरदस्त फायरिंग की, जिसके जवाब में सीमा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sansar.com

...ाव पारित किया

...भी कब्जा नहीं : ...परिसर में राज्य ...कब्जे की कार्रवाई ...री नेतराम ने इस ...ा कि प्रशासन इस ...आवश्यक कदम

...ोगी : लखनऊ ...य की एक खंडपीठ ...र प्रदेश सरकार ...अपने कब्जे में तो ...मूर्ति को सुरक्षित

...ेजद विवाद की ...च्च न्यायालय की ...का या अर्जियों का ...तिरिक्त मुद्दे तय ...ीख मुकर्रर की । ...र्जी को खारिज कर ...रा क्रमांक 63 के

...U R
...P ACKS
...a kery
...s
...ODS,
...th,
...9 169.

उपरांत कैमी स्वास्थ्य निदेशालय के समक्ष इकट्ठे हुए । वहां पर स्वास्थ्य निदेशक डा. बचित्तर सिंह की स्मृति में एक शोकसभा का आयोजन किया गया । बाद में कर्मियों की इस शोकसभा में आसपास के कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हो गए ।

फगवाड़ा : (अशोक): आज स्थानीय सिविल अस्पताल में सरकारी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल व रैली की ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुरक्षा बल की 43वीं बटालियन ने भी फायरिंग शुरू कर दी।

इसी बीच सरकंडों में से तीन युवक आते दिखाई दिए तथा भारतीय जवानों ने अपनी फायरिंग का रूख उस ओर भी कर दिया। जिससे उनमें से 2 तो घायल हो गए तथा तीसरा वापस पाक सीमा में भाग गया। उन घायल घुसपैठियों को पाक रेंजर उठा कर अपने क्षेत्र में ले जाते हुए दिखाई दिए। दोनों पक्षों के मध्य एक घंटे तक फायरिंग होती रही।

बाद में क्षेत्र की जांच करने पर सीमा सुरक्षा बल ने जो हथियार बरामद किए, उनमें 2 ए. के. 47 राइफलें, एक माऊजर, 4000 से अधिक कारतूस, 60 विस्फोटक पदार्थ, 30 डैटोनेटर, 10 हथगोले व 15 रिमोट कंट्रोल बम शामिल हैं।

एक व्यक्ति की हत्या : गुरदासपुर जिले के थाना काहनुवान के गांव मुबली में स्कूटर सवार दो मिलिटैंटों ने नरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

सुबोध कांत

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री सहाय ने कहा कि बार-बार राज्यपाल बदलना या प्रशासन में फेरबदल करना व्यर्थ है। जब तक कि समस्या के हल के लिए केन्द्र कोई राजनीतिक हल नहीं करता। उन्होंने कहा कि पंजाब में चुनाव पहले स्थगित करके और बाद में रद्द करके केन्द्र ने मिलिटैंटों से बातचीत शुरू करने का एक अच्छा अवसर खो दिया है।

श्री सहाय ने कहा कि चंद्रशेखर सरकार के समय जो शक्तियां चुनाव की पक्षधर थीं अब वे भी चुनाव विरोधी ताकतों से मिल गई हैं। चंद्रशेखर सरकार चुनाव विरोधी तत्वों समेत पंजाब के सभी वर्गों से बातचीत शुरू करने में सफल रही थी। श्री सहाय ने कहा कि उन्होंने पंजाब की स्थिति के संबंध में आज प्रदेश के राज्यपाल सुरेन्द्र नाथ से बातचीत की है।

कैपिटल सुपर
रोज़ाना लॉटरी

28.10.91 को सम्पन्न 8वें ड्रा का परिणाम :

1st Prize Rs. 1,00,000/-	689767
2nd Prize Rs. 500/-	89767
3rd Prize Rs. 200/-	9767
4th Prize Rs. 100/-	767
5th Prize Rs. 90/-	7

ड्रॉ रोज़ाना 3 बजे

बेंगलूर, 28 ...
पुरातत्वविद ए.आर ...
राजधानी के रूप में ...
अंतिम चरण दिसम्बर ...
राष्ट्रीय समुद्रविज्ञा...

डाक बीमा ...

नई दिल्ली, 28 ...
सेवा के तहत अब ...
हजार रुपए तक क...
10 हजार रुपए थी ...
एक सरकारी विज्ञ...

भारत अब ... सहन न ...

हल्द्वानी, 28 ...
राज्यमंत्री राजेश ...
पंजाब और कश्मी...
अधिक घुसपैठ ब...
कल कश्मीर के क...
किए गए हमले के ...
का उत्तर दे रहे थे ...
पाकिस्तान को ब...
सावधान और सन्न...
जवाब देने में सक्ष...
पाकिस्तान का क...
घटना नहीं थी ।

अर्जुन सिं...

भोपाल, 28 अ...
संसाधन मंत्री अर्जु...
जाएंगे। यह जानक...
यहां संवाददाताओं ...
अयोध्या की यात्रा ...
धर्मनिरपेक्षता की ...
भारतीय संविधान ...
सामान्य नागरिक ...
यात्रा होते हुए भी ...
मिलने वाली जानक...
करेंगे।

इंका को ... सरकार ह... का उल्ल...

नई दिल्ली, 2...
आशा व्यक्त की ...
न्यायालय के आदे...
काम नहीं करेगी ...
(इ) महासचिव गु...
मुख्यालय में संवा...
कहा कि उच्च न्य...
पक्के निर्माण पर ...
राज्य सरकार इस...
करेगी । यह पूछे...
वह कोई निर्माण क...
"तब देखा जाएगा ...
है ।"

कश्मीर में ... हथियारबंद ...

न्यूयार्क, 28 ...
प्रशासन जनता के ...

Punjabi Sanjhani

ऐसा आरोप है कि राजीव गांधी हत्याकांड की योजना मुख्यतः अम्मान के दिमाग की उपज थी । इसी बीच कुछ गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया है

यह गिरोह तमिल राष्ट्रीय राहत बल का गठन करने वाला था और कोडईकनाल में संचार नैटवर्क स्थापित करना चाहता था ।

भाजपा द्वारा गृहमंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक का



फैजाबाद में पुलिस कर्मी राष्ट्रीय मोर्चा-वाममोर्चा प्रदर्शनकारियों पर लाठ

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का मेजर जनरल गुरजंट सिंह जंटा मारा गया : विभिन्न घटनाओं में 9 अन्य मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के विरुद्ध अपने संघर्ष में सुरक्षा बलों ने खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के मेजर जनरल गुरजंट सिंह उर्फ़ जंटा को मार गिराने में सफलता प्राप्त की है,जबकि विभिन्न घटनाओं में गत सायं से 9 अन्य मिलिटैंट मारे गए । इसके अलावा राज्य में एक सुरक्षा कर्मी सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक छात्र समेत 4 अन्य का अपहरण भी कर लिया गया ।

दुर्दांत मिलिटैंट मुठभेड़ में मरा : (विप्र.): जिला रोपड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्तफ़ा ने आज यहां एक प्रैस विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि आज प्रातः 8 बजे पुलिस थाना में यह गुप्त सूचना मिली कि खाबड़ा गांव में कुछ मिलिटैंट आ रहे हैं तथा सुरक्षा बलों ने इसी आधार पर उक्त गांव की घेराबंदी कर ली।

इसके बाद एक मिलिटैंट अपने निर्धारित स्थान पर आता दिखाई दिया, परन्तु वह सादे लिबास में सुरक्षा बलों को देख कर शक में पड़ गया और भाग कर बचित्तर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जा घुसा। सुरक्षा बलों ने भी उस घर को घेर लिया तथा उक्त मिलिटैंट को ललकारा व उसे बाहर निकलने को कहा,मगर उस मिलिटैंट ने समर्पण करने की बजाय अपने रिवाल्वर से सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग शुरू

पंजाब में एक सुरक्षा कर्मी सहित 9 व्यक्तियों की हत्या : एक छात्र सहित 4 अन्य का अपहरण

कर दी।

सुरक्षा बलों ने तब उक्त मकान को घेर लिया और कुछ कर्मचारी छत पर चढ़ गए तथा उन्होंने हथगोले बरसाए। इस प्रहार से उस मकान में छिपा उक्त मिलिटैंट मौका पर ही मारा गया। उसकी शिनाख्त जसविन्दर सिंह उर्फ़ काला के रूप में हुई है। वह एक दुर्दांत मिलिटैंट था तथा जिला में गत 4-5 वर्षों से सक्रिय था। वह अनेक हत्याओं में भी वांछित था।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला मजीठा के गांव मल्लियां में गत रात्रि सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट गुट संघर्ष के दौरान मारा गया।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिले के अयाली गांव में सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। उसके घायल साथी को गिरफ्तार कर लिया गया।

राकेट फटने से 2 मिलिटैंट घायल : पुलिस थाना कत्थूनगल के गांव मंगल में गत रात्रि एक मकान में राकेट फटने से 14 सदस्यीय मिलिटैंट गिरोह के 2 सदस्य घायल हो गए।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार लखविन्दर सिंह नामक एक ग्रामीण ने उन्हें बताया कि मिलिटैंटों के एक गिरोह ने उसके घर में आकर उसकी पत्नी को चाय बनाने के लिए कहा। इसके बाद जब वे चाय पी रहे थे तो उनके हाथों में पकड़ा हुआ एक राकेट फट गया, जिससे 2 मिलिटैंट घायल हो गए। इससे मकान का बरामदा व कमरे भी क्षतिग्रस्त हो गए। उसके बाद सभी मिलिटैंट अपने घायल साथियों को लेकर फरार हो गए।

2 व्यक्तियों की हत्या : अमृतसर जिले के फतेहपुर गांव में 12 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कल रात पाल सिंह और राज सिंह नाम के दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व उनका अपहरण कर लिया गया था। घटनास्थल से एके 47 राइफल के चले हुए 4 कारतूस भी मिले हैं।

कारिन्दे की हत्या : कल रात मिलिटैंटों ने लुधियाना जिले के सरीना गांव में शराब के एक ठेके पर हमला करके वहां के कर्मचारी जगदीश सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना जिले के बबी गांव में मिलिटैंटों ने नरिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

किसान की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के क्षेत्र पट्टी में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जसवंत सिंह नामक एक किसान की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इससे पूर्व उसका अपहरण कर लिया गया था।

छात्र सहित 2 व्यक्तियों का अपहरण : मिलिटैंटों ने जिला कपूरथला से जगतार सिंह नामक एक व्यक्ति तथा जिला लुधियाना के खन्ना क्षेत्र से विकास कालिया नामक एक छात्र का अपहरण कर लिया है। इस छात्र का अपहरण कालेज में से किया गया।

के.एल.एफ. का मेजर जनरल मारा गया : फिरोजपुर (बागी, कन्तोड़): गत रात्रि पुलिस थाना ज़ीरा के गांव मलूक में एक पुल के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का स्वयंभू मेजर जनरल गुरजंट सिंह उर्फ़ जंटा पुत्र मिस्त्री लाल सिंह, निवासी गांव जटोबली पुलिस थाना मल्लांवाला मारा गया।

जिला पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने आज यहां इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त स्थान पर मुकाबला उस समय शुरू हुआ,जब मिलिटैंटों ने सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलाई व उन्होंने भी जवाबी फायरिंग की।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कश्मीर के प्रायः सभी मिलिटैंट नेताओं के अंगरक्षक पाक-प्रशिक्षित हैं

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर (प.स.): जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को छोड़ कर कश्मीर के लगभग सभी मिलिटैंट संगठनों के प्रमुख कमांडरों के अंगरक्षक पाक अधिकृत कश्मीर से घुसपैठ करके आए अत्यधिक प्रशिक्षित लोग हैं। सेना के सूत्रों ने यहां बताया कि ये अंगरक्षक पाक अधिकृत कश्मीर के मुजाहिद ग्रुपों या मुजफ्फराबाद के अति-प्रशिक्षित लोग हैं जो भारत के कश्मीरी मिलिटैंटों के अंगरक्षक तो है ही, पाक सेना से समन्वय बनाने का काम भी करते हैं।

जाट रैजीमैंट द्वारा अभी हाल ही में हिज्बे मुजाहिदीन के 'डिप्टी कमांडर-इन-चीफ' अशरफ घर सहित 10 मिलिटैंटों को घेरे जाने पर यह राज खुला। नरबल और तंगमर्ग के बीच हुई मुठभेड़ में अशरफ सहित दो मिलिटैंट मारे गए थे और कई अन्य पकड़े गए थे।

मेजर जनरल टी. बैनर्जी ने 22 अक्तूबर को हुए इस अत्यधिक सफल अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि पाक अधिकृत कश्मीर से आए अशरफ के अंगरक्षकों ने उसे बचाने का कोई खास प्रयास नहीं किया। उन्होंने बताया कि उस दिन सुबह लगभग आठ बजे जाट रैजीमैंट की एक टुकड़ी ने काबूस के पास दस 10 मिलिटैंटों के जत्थे को देखा और टुकड़ी ने उन भागते हुए मिलिटैंटों का पीछा करना शुरू कर दिया। जवानों की गोली से एक मिलिटैंट घटनास्थल पर ही मारा गया। यह मिलिटैंट जवानों पर बम फैंकने का प्रयास कर रहा था।

प्रवक्ता ने बताया कि भागते हुए मिलिटैंटों द्वारा मशीनगनों और रौकेटों से हमले किए जाने के बावजूद निर्दोष ग्रामवासियों को कोई नुक्सान नहीं होने देने के लिए सेना ने जवाबी कार्रवाई नहीं की। पांच किलोमीटर तक पीछा करने के बाद उन्हें घेर लिया गया। जवानों पर गोली चलाने के प्रयास में अशरफ मारा गया।

'काम नहीं तो वेतन नहीं' का सिद्धांत लागू करने की चेतावनी

जालन्धर, 29 अक्तूबर : नगर निगम जालन्धर द्वारा जारी एक सूचना में कहा गया है कि निगम ने वाटर सप्लाई एंड सीवरेज स्टाफ यूनियन को तकनीकी ग्रेड देने की मांग मान ली है । इन मांगों के क्रियान्वयन हेतु सरकार की स्वीकृति अपेक्षित है, जिस बारे प्रयास जारी हैं । इसके बावजूद कर्मियों द्वारा आंदोलन तेज करना निश्चय ही उचित नहीं है । निगम ने कर्मियों से टकराव पैदा न करने की अपील की है व कहा है कि अन्यथा अधिकारियों को उचित कार्रवाई करनी पड़ेगी व 'काम नहीं तो वेतन नहीं' का सिद्धांत अपनाना पड़ेगा ।

उधर निगम के मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों के हक में आज 31 वें दिन भी आंदोलन जारी रखा व यहां प्रदर्शन किया । इन लोगों ने मेयर के अड़ियल फैसला किया है ।

छोटी सी बात ... रंगा

अगर हमारी जैसी बड़ी पार्टी में आपस में धड़ेबंदी न हो तथा चर्चा परिचर्चा न हो तो लोग बोर हो जाएंगे ।

अर्जन सिंह



भाई साहब क्या दूर की कौड़ी लाए हैं अर्जन सिंह । फिर तो क्या नेताओं में गुटबाजी आदि सबका उचित कहा जा सकता है ?

74 बच्चों के जन्म दे 60 वर्षीय महिला पुन

सान्टियागो, 29 अक्तूबर (न्यूटा.): विश्व की जनसंख्या पिछले वर्ष 5 जनसंख्या वृद्धि में चिली की एक 60 वर्षीया महिला लिओन्टिना एस्पीनोज़ किया है। उसका कहना है कि वह अब तक 74 बच्चों को जन्म दे चुकी एस्पीनोजा का विवाह 11 वर्ष की आयु में हुआ था। शादी के एक वर्ष बाद जन्म दिया था। उसके बाद उसने 11 बार तीन जुड़वां बच्चों को जन्म दिय जन्म दिया। दो जुड़वां बच्चों को उसने पिछले ही वर्ष जन्म दिया था। उस रिकार्ड में सर्वाधिक बच्चों को जन्म देने वाली महिला के रूप में दर्ज किया तथ्यों की जांच की जा रही है।

यह अनूठी 60 वर्षीया महिला लिओन्टिना और उसका पति मध्य रान्कागुआ से 10 किलोमीटर दूर दक्षिण में एक गांव में रहते हैं।

लिओन्टिना का जन्म अर्जेंटाइना में हुआ था तथा उसका विवाह चिली हुआ था। अपने विवाह के 10 वर्षों की अवधि में उनके 30 बच्चे हुए। वह स आ गए। चिली आते हुए मार्ग में लिओन्टिना ने तीन जुड़वों को जन्म दि

अनेक जापानी व अमरीकी वैज्ञानिकों ने इस दम्पति की असाधारण की।

लिओन्टिना पुनः गर्भवती होने पर काफी खुश दिखाई देती है। हाला बिताते हुए दिखाई देते हैं। उनका सड़क के किनारे बना एक लकड़ी का मका चारपाइयां हैं जिनमें यह दोनों पति-पत्नी सोते हैं। अन्य 32 बच्चे, जो अभी हैं, एक-दूसरे के साथ सट कर जमीन पर सोते हैं। इस दम्पत्ति का नाम प्रच स्थानीय अधिकारियों ने इस परिवार को 10 गद्दे और 20 कम्बल दिए।

लिओन्टिना को अपनी गरीबी से शिकायत नहीं है। उसे अखबार वालों उसने सस्ते प्रचार के लिए इतने बच्चों को जन्म देने का झूठा दावा किया है कहा ऐसी बातें कहने वाले स्वयं आकर मेरे बच्चों को क्यों नहीं देख लेते। ल मुझे तो भगवान ने बच्चे दिए हैं।



अमृतसर में अकाल तख्त की कार सेवा के मौके पर दमदमी टकसाल के और (इनसैट में) अकाल तख्त पर खड़े श्रद्धालुओं का एक दृश्य ।

ट्रक खड्ड में गिरने से 5 मरे, 6 घायल

शिमला, 29 अक्तूबर (प.स.): यहां प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि आज दोपहर यहां से लगभग 180 किलोमीटर दूर जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में मिरथ के निकट एक ट्रक खड्ड में गिरने से पांच व्यक्ति मारे गए और कम से कम छः अन्य घायल हो गए ।

नियोगी क सी.बी.आई

भोपाल, 2 मंत्रालय ने छत्ती गत नियोगी की (सी.बी.आई.) स सरकार को अ सी.बी.आई. के को यह जांच का

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने उक्त मिलिटैंट का शव तथा उसके निकट से 303 बोर की एक राइफल व 15 जीवित कारतूस बरामद किए।

गुट संघर्ष में दुर्दांत मिलिटैंट मरा : पटियाला (राज.): बब्बर खालसा के एरिया कमांडर अमरीक सिंह कौली का मामा दुर्दांत मिलिटैंट गुरदेव सिंह उर्फ नात्थी गुट संघर्ष में मारा गया है। इस आशय की जानकारी एस.एस.पी. एल.के. शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि गुरदेव सिंह आर्य समाज चौक, त्रिपुरी पुलिस चौकी व स्टेट बैंक आफ पटियाला के निकट पुलिस मुख्यालय में बम विस्फोटों के लिए जिम्मेवार था। उसे 8 दिन पूर्व ही अदालत ने ज़मानत पर रिहा किया था।

मुठभेड़ में अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने एक घंटे तक चले मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया जबकि उसका साथी फरार होने में सफल हो गया।

बताया जाता है कि सामाना के डी.एस.पी. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल आज प्रातः गांव बुजरक से गांव घगरोल जा रहा था कि करीब 10.30 बजे 2 स्कूटर सवार संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जो उक्त पुलिस दल को देख कर वापस भाग निकले। उन्हें भागते देख कर उक्त पुलिस दल ने भी उनका पीछा किया, परन्तु करीब 4 कि.मी. दूर जाने के बाद मिलिटैंटों ने स्कूटर से उतर कर सुरक्षा बलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा यह मुकाबला 11.30 बजे तक चला। बाद में घटनास्थल से एक संदिग्ध मिलिटैंट का शव बरामद किया गया, जबकि उसका साथी फरार हो चुका था। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल व पी.बी. 11-9353 नं. का एक बजाज चेतक स्कूटर भी बरामद किया गया है।

सिपाही की हत्या : बिड़वा (गुप्ता): आज प्रातः बैंक की ड्यूटी देने जा रहे एक कांस्टेबल की यहां से 10 कि.मी. दूर गांव भरथोस में मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतक सुरक्षा कर्मी की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

दो व्यक्तियों की हत्या : बटाला (कौड़ा): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव स्वाल छोटा में गत रात मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर दो व्यक्तियों दिलबाग सिंह (42) व अनूप सिंह (32) की हत्या कर दी। जिला पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार 4 मिलिटैंट इन दोनों को इसी गांव में स्थित इनके घरों से जबरी गांव के बाहर ले गए व गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 3 चले हुए कारतूस मिले है।

2 व्यक्तियों का अपहरण : कलानौर (सर्बजीत): यहां से करीब 5 कि.मी. दूर अगवान गांव में मिलिटैंटों ने साधुराम (65) व उसके भतीजे मुलखराज का अपहरण कर लिया।

बताया जाता है कि रात्रि 10 बजे के करीब 14 मिलिटैंट साधु राम के घर आए व उसका तथा उसके भतीजे का अपहरण करके ले गए। दोनों का अभी तक कुछ पता नहीं चला।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : रैय्या (फौजी): आज सायं करीब 4 बजे उमरानंगल गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया व उसके 2 साथी फरार होने में

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त गांव के निकट सीमा सुरक्षा बल का एक वाहन गश्त कर रहा था कि उसे स्कूटर सवार 3 मिलिटैंटों ने घात लगाकर आग लगाने का प्रयास किया । मगर सुरक्षा कर्मियों ने जब उन्हें ललकारा तो वे अपना स्कूटर नं. पी.बी. 02-0494 फैंक कर खेतों में जा घुसे । सुरक्षा बलों ने खेतों को घेर कर मिलिटैंटों के साथ मुकाबला शुरू कर दिया । इस दौरान एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके साथी भाग निकले । मारे गए मिलिटैंट की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी । उसके शव के निकट से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी 3 मैगजीनें व एक बोतल बम भी मिला है ।

3 मिलिटैंट मरे, अपहृत बच्चा छुड़वाया : लुधियाना (महेंद्रा): आज थाना पायल के गांव कद्दों में पुलिस के मुकाबले में तीन मिलिटैंट मारे गए और अपहृत किया गया बच्चा भी बरामद कर लिया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इन मिलिटैंटों ने जस्सी नाम के एक बच्चे का आज प्रातः अपहरण किया था । वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस पार्टी ने उनका पीछा किया अतः दोराहा के पास गांव अड़ पट्टियां के निकट गन्ने के खेतों में वह मिलिटैंट छिप गए । जिस पर पुलिस ने फायरिंग की और बच्चे को बरामद कर लिया । पहले एक मिलिटैंट की लाश के साथ 32 बोर का रिवाल्वर मिला । पुलिस इन मिलिटैंटों की बाकायदा तलाश करती रही और फायरिंग भी जारी रही । शाम के वक्त पुलिस को और दो लाशें मिल गईं । वहां से 12 बोर की एक पिस्तौल और एक बंदूक भी 12 बोर की मिली ।

खेतों में से शव बरामद : ज़िला होशियारपुर के गांव पंजली के खेतों में से कल एक व्यक्ति चैन सिंह का शव बरामद किया गया है ।

एक की हत्या, एक घायल : मिलिटैंटों ने ज़िला भटिंडा के गांव भामके कलां में आज प्रातः एक व्यक्ति हरपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति जरनैल सिंह भी घायल हो गया ।

बंदूक, कारतूस लूट लिए : अमृतसर (नारंग): आज सायं कुछ मिलिटैंटों ने थाना तरनतारन के गांव जोधपुर में ए.एस.आई. पुलिस अमरीक सिंह, जो बल्टोहा थाने में तैनात है, के घर से 12 बोर की एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस लूट लिए और फरार हो गए ।

पाक को 7 मिराज विमान मिले

इस्लामाबाद, 29 अक्तूबर (वार्ता): पाकिस्तान को आस्ट्रेलिया से 7 मिराज लड़ाकू विमान मिले हैं। पाक को देने से पूर्व इन्हें ओवरहाल किया गया तथा इनमें सुधार किया गया। पाकिस्तान को इस वर्ष के शुरू में आस्ट्रेलिया से 40 मिराज विमानों के पुर्जे भी मिले थे।

शुद्धिपत्र

रॉयल गवर्नमैंट ऑफ भूटान

इन्द्रधनुष डेली लॉटरी

इन्द्रधनुष डेली लॉटरी 27.10.91 को भूटान में सम्पन्न एवं 28.10.91 को इस समाचारपत्र में प्रकाशित उपरोक्त लॉटरी के 12वें ड्रा के परिणाम में कृपया दूसरे पुरस्कार के नम्बर को IHE-92404 के स्थान पर IHC-92404 पढ़ें।

शेष पूर्ववत रहेगा।

वाहन बिकाऊ

निम्नलिखित वाहन अच्छी चालू हालत में बिकाऊ हैं :

जालंधर कार्यालय :

टाटा-608	1990	2
आलविन निशान	1988	2
	1990	2

इच्छुक खरीदार हमारे सम्बन्धित कार्यालय अधिकारी/निम्नहस्ताक्षरी से तुरन्त सम्पर्क करें :

अकाऊंट्स एग्ज़ीक्यूटिव,
दी हिंद समाचार लिमिटेड,
सिविल लाइन्स, जालंधर

गुमशुदा की तलाश



हवलदार परमजीत सिंह सपुत्र सूबेदार वीर सिंह आयु 23 वर्ष, कद 5'-7", रंग गोरा, बाईं आंख व

हुई ।

थे ।

(छाया : ऋषु गर्ग)

पंजाब में 7 मिलिटैंटों समेत 13 मरे : जालन्धर पुलिस लाईन में बम विस्फोट

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान दो एरिया कमांडरों समेत 7 मिलिटैंट मारे गए तथा एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 6 लोगों की हत्या हुई । पुलिस लाइन्स जालन्धर में आज रात्रि बम विस्फोट में 12 व्यक्ति घायल हो गए ।

मुठभेड़ में चार मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग): गत रात पुलिस थाना अमृतसर सदर के गांव भोड़ू में पांच घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान चार मिलिटैंट मारे गए।

पुलिस ने बताया है कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने उक्त गांव के पास रात को नाका लगा रखा था। रात 9.40 बजे पांच मिलिटैंट वहां से गुज़रे तो सुरक्षा बलों ने उनको रुकने का इशारा किया, पर वे फायरिंग करते हुए सरकंडों के बीच जा कर छिप गए तथा वहां से उन्होंने सुरक्षा बलों पर भारी फायरिंग की। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए सरकंडों को घेर लिया। पांच घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए।

मारे गए मिलिटैंटों में से दो बब्बर खालसा के एरिया कमांडर थे तथा इन पर सरकार ने 5-5 लाख रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। एरिया कमांडरों के नाम जरनैल सिंह निवासी कालियां सकतरां (अमृतसर) तथा लाली सुल्तानविंडिया बताए जाते हैं। जरनैल सिंह पाकिस्तान से बम बनाने तथा विस्फोट करने का प्रशिक्षण लेकर हाल ही में भारत लौटा था। मारे गए अन्य दो मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस के अनुसार ये मिलिटैंट बम विस्फोट तथा फायरिंग करके 200 से अधिक हत्याएं करने के मामलों में संलिप्त थे तथा अपहरण के करीब 100 मामलों में इनका हाथ था। इन्होंने कुछ पुलिस वालों के बच्चों का भी अपहरण किया था।

पुलिस को घटना-स्थल से एक बुलेट एक्शन राइफल, एक दोनाली बंदूक, सुरंग बिछाने वाली 150 मीटर तार तथा एक बारूदी सुरंग मिली है। पांचवां [illegible] गया। यह भी बब्बर खालसा का दर्दांत मिलिटैंट है। इसकी तलाश जारी है। ईस्ट नाका पार्टी का नेतृत्व एस.पी. (आप्रेशंस) श्री एस.के. सिंह कर रहे थे।

मिलिटैंटों की फायरिंग से घायल : कुछ मिलिटैंटों ने आज सायं थाना मजीठा के गांव भोमें में जिप्सी में सवार श्री धर्मपाल नामक एक व्यक्ति को गोली मार गम्भीर रूप से घायल कर दिया । श्री धर्मपाल को यहां कक्कड़ अस्पताल में दाखिल कराया गया है । बताया जाता है कि श्री धर्मपाल सायं को फतेहगढ़ चूड़ियां से अमृतसर लौट रहे थे । उनके पास दो निजी गनमैन भी बैठे हुए थे । रास्ते में मिलिटैंटों ने ट्रक खड़े करके सड़क को रोक रखा था । श्री धर्मपाल की जिप्सी गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी को एक तरफ से निकाल कर आगे ले आया तो मिलिटैंटों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी । श्री धर्मपाल के एक गनमैन ने स्टेनगन से 18 राऊंड चलाए जबकि दूसरे गनमैन ने अपनी एस.एल.आर. से 10 राऊंड चला कर मिलिटैंटों को भागने पर विवश कर दिया ।

[illegible] में 12 पुलिस कर्मी घायल : जालन्धर (विशेष): आज आधी रात 1 बजे स्थानीय पुलिस लाइन्स में एक भीषण बम विस्फोट हुआ, जिसमें पंजाब पुलिस के 12 जवान घायल हो गए । घायलों में से एक की दशा गम्भीर है । घायलों को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार विस्फोट पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित बैरकों में हुआ, जो बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अंगरक्षकों के लिए बनाई गई हैं लेकिन पुलिस कंट्रोल रूम इस सम्बन्ध में चुप्पी साधे हुए है । सिविल अस्पताल के एमरजैंसी विभाग के अनुसार 12 घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जिनमें से एक की हालत गम्भीर है । एक अन्य सूचना के अनुसार बम विस्फोट रात्रि लगभग एक-डेढ़ बजे हुआ ।

जालन्धर के एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार यह बम नई बैरकों के बाहर फटा, जहां पर एक एस.पी. के अंगरक्षक रहते हैं । समझा जाता है कि या तो यह बम वहीं फिट किया जाना था या फिर किसी अन्य स्थान पर, लेकिन यह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahit

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहले ही फट गया । बम विस्फोट में पुलिस के 10 जवान घायल हुए हैं, जिनमें से एक की दशा गम्भीर है । गम्भीर रूप से घायल पुलिस जवान के पेट में फटे हुए बम के टुकड़े लगे हैं ।

घायलों में निर्मल दास, कुलदीप सिंह, बलवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, हवलदार जसबीर सिंह, तार सिंह, हरदेश लाल, अमरजीत सिंह, गुरमेल सिंह, गुरमुख सिंह, सुखराज सिंह, कमलजीत सिंह, बीर सिंह शामिल हैं । रात्रि बाद में मिली सूचना नुसार एक हवलदार और 13 सिपाही घायल हैं जिनमें से दो की हालत गम्भीर बताई जाती एक बैरक की एक दीवार बम विस्फोट से ा क्षतिग्रस्त हो गई । बम विस्फोट नई बैरकों सरी मंजिल पर हुआ ।

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : मक्खू से खबर' के अनुसार मिलिटैंटों ने कल रात यहां से 6 मीटर दूर अम्मीवाला गांव में चिहारा मसीह एक व्यक्ति की पत्नी जगीरो (40), दो पुत्रों (22) निम्मा (18) तथा ससुर फौजा की ां मार कर हत्या कर दी। प्राप्त रिपोर्ट के जीलि एक दर्जन से अधिक मिलिटैंटों ने चिहारा दिनाक के घर आकर उसके बारे में पूछताछ की। गया कि मसीह उस समय घर पर नहीं था। मिलिटैंट तथा गां संतोष को साथ लेकर चिहारा मसीह को आवास ले गए। उन्हें जब चिहारा मसीह नहीं मिला लिए गां कर उसके घर लौट आए तथा पहले जगीरो, ज्वाला संतोष तथा फौजा को बुरी तरह पीटा तथा के 15 दिन ए को छोड़ कर शेष तीनों को एके. 47 से पक्षीय का गोलियां मार कर मार दिया। इसके बाद वे संतोष को लेकर राइयांवाला गांव में स्थित उसकी बुआ के घर गए। मिलिटैंटों ने घर की तलाशी ली लेकिन चिहारा वहां भी नहीं मिला। फिर मिलिटैंटों ने संतोष को भी गोलियों से मार दिया। संतोष का शव आज प्रात: मक्खू जी.टी. रोड से बरामद हुआ। पुलिस को इस वारदात की सूचना आज प्रात: 7 बजे मिली।

सरपंच की हत्या : संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार आज प्रात: 3.6 बजे के लगभग यहां से 25 किलोमीटर दूर गांव मदसिंहवाला में 3 मिलिटैंटों ने सरपंच नछत्तर सिंह को गोलियां मार कर मार दिया।

मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिला के परोधी गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। घटनास्थल से एक राइफल तथा एक स्कूटर भी बरामद हुआ है।

क्रास फायरिंग में 1 मिलिटैंट मरा : कल रात भटिंडा जिला में नरेश सिंह नामक एक मिलिटैंट को सुरक्षा कर्मी हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में ले जा रहे थे कि बुर्ज डल्ला गांव के निकट मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया। क्रास फायरिंग के दौरान नरेश सिंह मारा गया।

मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा : दिड़बा से 'गुप्ता' के अनुसार कल शाम गांव भड़ियास के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जुगराज सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

फायरिंग में स्कूटर सवार मरा : कल रात जालंधर जिला में कोट कलां गांव के निकट मिलिटैंटों तथा सुरक्षा कर्मियों के बीच मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात स्कूटर सवार मारा गया। मिलिटैंट भाग जाने में सफल रहे।

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

ने भगवान सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी।

फायरिंग में 2 व्यापारी घायल : अमृतसर के मीराकोट इलाके में मिलिटैंटों ने सेतिया राइस मिल के मालिक दो सगे भाइयों विजय कुमार तथा राजीव कुमार को उस समय गोलियां मार कर घायल कर दिया, जब वे दोनों मिल के बाहर कार में बैठ कर अपने घर जा रहे थे। विजय कुमार ने घायलावस्था में ही अपनी रिवाल्वर से मिलिटैंटों पर फायरिंग की, जिससे वे भाग गए। दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

कारबाइन छीन ली : कल शाम व्यास थाना के अधीन रगड़ा गांव में कुछ मिलिटैंटों ने एक सैनिक से कारबाइन छीन ली।

आपसी लड़ाई में मिलिटैंट का गला काट दिया : कल रात 11 बजे के लगभग मिलिटैंटों ने घरिंडा थाना के अधीन भखना गांव के चौक में अपने एक प्रतिद्वंद्वी धोखा पुत्र अजीत सिंह का गला किरपाण से काट दिया। धोखा की मौका पर ही मृत्यु हो गई। मिलिटैंट एके 47 से फायरिंग करते हुए भाग गए। घटनास्थल से एक किरपाण, के.सी.एफ. का एक लैटरहैड तथा एके. 47 के 2 खाली कारतूस बरामद हुए हैं।

मिलिटैंट का शव बरामद : मम्मू (चन्द्रशेखर): यहां से करीब 5 किमी. दूर गांव चकीयां में छिन्दा उर्फ छिन्दी नामक एक मिलिटैंट का शव उसके घर में से ही चारपाई पर पड़ा हुआ बरामद किया गया है।

बताया जाता है कि गत रात्रि करीब 12.30 बजे कुछ मिलिटैंट एक ट्रक में सवार हो कर उक्त गांव में आए व छिन्दा के शव को ट्रक में से निकाल कर उसके घर में चारपाई पर डाल गए। गांव वासियों के अनुसार छिन्दा शायद पुलिस व मिलिटैंटों की मुठभेड़ के दौरान मारा गया जबकि पुलिस का कहना है कि छिन्दा गुट संघर्ष के दौरान मारा गया।

पता चला है कि छिन्दा पहले के.एल.एफ. के साथ संबंधित था परन्तु बाद में उसे इस संगठन में से निकाल दिया गया। वह अपने घर में अकेला ही रहता था तथा पुलिस को मिलिटैंसी की कई गतिविधियों में वांछित था।

ठेके के 2 कर्मियों की हत्या : लुधियाना से मुसाफिर के अनुसार लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर स्थित गांव संघोल के शराब के ठेकेदार देवेन्द्र सिंह के 2 कर्मचारियों की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। वारदात करने के बाद मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गए।

शि. कमेटी के ड्राइवर की हत्या : आज सायं लगभग पौने 6 बजे अमृतसर के गुरुद्वारा शहीदां के पास अस्पताल के बाहर बूटा सिंह नामक व्यक्ति, जो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का ड्राइवर है, की एक मिलिटैंट ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।



फिरोजपुर के उपायुक्त सुरेश कुमार भारत के शहीदों भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव की समाधि हुसैनीवाला में वीरवार को पंजाब के पुनर्गठन के उपलक्ष्य में पंजाब ज्योति (फिरोजपुर) को प्रज्ज्वलित करने के पश्चात जिले के प्रमुख खिलाड़ियों कैप्टन जीत सिंह और बुलकार सिंह को ज्योति सौंप कर पटियाला के लिए रवाना करते हुए।

बादल

(पृष्ठ 3 का शेष)

पार्टी का एक शिष्टमंडल राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ से मिलेगा तथा यदि एक पखवाड़े के अंदर इसे बंद करने के लिए कोई कार्रवाई न की गई तो दल को लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन करना पड़ेगा।

टोहरा-बादल भेंट : चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार पता चला है कि वरिष्ठ अकाली नेताओं प्रकाश सिंह बादल तथा गुरचरण सिंह टोहरा के बीच आज यहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के उप-कार्यालय में बंद दरवाजे में बैठक हुई, जो लगभग एक घंटे तक चली। समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के बारे में गिले-शिकवे किए। इस बीच अकाली दल (ब) के महासचिव श्री सुखदेव सिंह ढींडसा ने आज यहां बताया कि शिरोमणि कमेटी के वार्षिक अध्यक्षीय चुनाव के बारे में कोई सर्वसम्मति कायम करने के लिए श्री बादल को अधिकार दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे कोई न कोई हल निकाल लिया जाएगा तथा इस बार भी अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हो जाएगा।

बोनस के लिए वेतन सीमा बढ़ाना विचाराधीन

मदुरै, 31 अक्तूबर (प.स.): केन्द्रीय श्रम उपमंत्री पी.वी. चाटोवर ने आज कहा कि श्रम विभाग बोनस के लिए वेतन की वर्तमान सीमा को बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

VIDEOCON DIWALI MELA

Punjabi Sanatan

कोई प्रयोजन नहीं रहेगा ।

श्री सिंह ने गृहमंत्री को राम जन्म भूमि और बाबरी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पंजाब में विभिन्न घटनाओं के दौरान 8 मिलिटैंट मारे गए : राज्य में सुरक्षा कर्मी सहित 12 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत साय से विभिन्न घटनाओं के दौरान 8 मिलिटैंट मारे गए, जबकि राज्य में अन्यत्र विभिन्न वारदातों में एक सुरक्षा कर्मी सहित 12 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

2 मिलिटैंट व सुरक्षा कर्मी मरे : जिला अमृतसर के क्षेत्र छहटों में आज एक मुकाबले के दौरान अज्ञात मिलिटैंट व सी.आर.पी.एफ. का नरेश कुमार नामक एक कमांडो मारा गया। उनके कब्जे से 2 ए.के. 47 राइफले व एक पिस्तौल भी बरामद की गई।

बताया जाता है कि उक्त मिलिटैंटों ने मुकाबले से पूर्व एक वूलन मिल के मालिक व कर्मचारी का हथियारों की नोक पर अपहरण कर लिया था। उसी समय वहां सी.आर.पी.एफ. के 2 अधिकारी अचानक ही पहुंच गए तथा उन्होंने अतिरिक्त पुलिस बल घटनास्थल तक पहुंचने से पूर्व उन मिलिटैंटों को मुकाबले में उलझाए रखा था।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार उक्त मुकाबले में खजान सिंह नामक एक सुरक्षा कर्मी घायल भी हुआ है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि मिलिटैंट छहर्टा की हिमालय वूलन मिल्ज से एक व्यक्ति का अपहरण करने के उद्देश्य से एक मारुति वैन में सवार होकर आए थे मगर उसी समय सुरक्षा कर्मी वहां पहुंच गए परन्तु वैन में सवार एक मिलिटैंट वाहन को भगा ले गया जबकि मिल में गए 2 मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा कर्मियों ने भी फायरिंग की तथा यह मुकाबला 2 घंटे तक चला था।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : लुधियाना जिले के मुन्दियां गांव के पास आज सवेरे एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की गोली से दो मिलिटैंट मारे गए। मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई है। उनके पास से एक रिवाल्वर, एक राइफल और एक स्कूटर मिला।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : पटियाला जिले के सिआलो गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ कल रात हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हुई है, जबकि उसके दो अन्य साथी भाग निकले। उसके पास से एक राइफल, दो मैगजीन और 207 कारतूस मिले हैं।

आपसी संघर्ष में मिलिटैंट मरा : गुरदासपुर जिले के पुरानी बगरियाना गांव के पास मिलिटैंट गिरोहों के आपसी संघर्ष में एक मिलिटैंट की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है।

गोली मार कर हत्या : फिरोजपुर जिले के पहुवा गांव के पास मिलिटैंटों ने जरनैल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य की हत्या : अमृतसर जिले के पहाड़ कला गांव के पास मिलिटैंटों ने भोला नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

एस.जी.पी.सी. कर्मी की हत्या : जिला अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार गुरु राम दास अस्पताल में आज साय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के एक कर्मी बूटा सिंह की हत्या कर दी गई। वह समिति में चालक के पद पर कार्य करता था तथा उक्त अस्पताल भी समिति द्वारा ही चलाया जाता है।

बम विस्फोट की जांच : गत आधी रात के बाद जिला पुलिस लाइन के भीतर हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में जो 13 पुलिस कर्मी घायल हो गए थे, उनमें से 3 की हालत गंभीर है।

जालंधर के जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विस्फोट वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के एक गनमैन के कमरे के भीतर हुआ। श्री अरोड़ा ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जालंधर पुलिस लाइन में बम विस्फोट मिलिटेंटों की कथित घुसपैठ का परिणाम : परिसर में सुरक्षा व्यवस्था ढीली : बम की तस्करी कठिन कार्य नहीं

इस विस्फोट से कमरे की एक दीवार भी गिर गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरी घटना की जांच की जा रही है।

घायलों की पहचान है कांस्टेबल जसबीर सिंह व प्रेमपाल सिंह, सुबराज सिंह, गुरमेल सिंह, तरसेम राज, गुरमुख सिंह, अवतार सिंह, राजिन्दर सिंह, बलबीर सिंह, निर्मल सिंह, कुलदीप सिंह, भूपिन्दर सिंह व जगजीत सिंह (सभी कांस्टेबल) के रूप में हुई है।

कथित घुसपैठ का परिणाम, 15 घायल ? : एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि उक्त बम विस्फोट के दौरान 15 सुरक्षा कर्मी घायल हुए। इस सन्दर्भ में सन्देह किया जाता है कि यह घटना पुलिस लाइन में मिलिटैंटों की कथित घुसपैठ का ही परिणाम है क्योंकि यही पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो पर जानलेवा हमला हुआ तथा पी.ए.पी. के कमांडैंट गोविन्द राम की बम विस्फोट करके हत्या कर दी गई। इसके अलावा फिल्लौर में पुलिस प्रशिक्षण कालेज में भी मध्यम स्तर के 2 अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त घटना के बारे में फिलहाल यही कहा जा सकता है कि बम एक ट्रंक में छिपाया गया था क्योंकि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था ढीली होने के कारण तस्करी करके कोई बम अन्दर लाना कठिन नहीं है।

सूत्रों के अनुसार व्यवस्था में ढीलापन इस बात से भी प्रकट होता है कि नवनिर्मित उक्त आवासीय क्वार्टरों में जहां यह बम फटा, वहां रहने वाले कुछ कर्मी उस समय नशे में थे।

सूत्रों के अनुसार इनमें से एक अधिक शराबी कर्मी को उसके साथियों ने बेहद कठिनाई के साथ करीब आधी रात के समय सुलाया। उसके सोने के एक घंटे बाद ही विस्फोट हो गया तथा वह नींद से तब जागा जब सभी कर्मी व अन्य व्यक्ति विस्फोट स्थल के निकट एकत्र हो चुके थे।

घायलों में सभी कर्मी एस.पी. स्तर के 3 पुलिस अधिकारियों के सुरक्षा गार्ड हैं। इस ब्योरी पर सोचा जा रहा है कि इनमें से किसी भी अधिकारी की कार में बम रख कर उपयुक्त अवसर पर परिसर में लाया होगा। एक अन्य ब्योरी के अनुसार यह विस्फोट संभवतः सुरक्षा कर्मियों का मनोबल गिराने के लिए ही किया गया होगा।

बताया जाता है कि उक्त विस्फोट कांस्टेबल जसबीर सिंह की हत्या के लिए भी किया गया हो सकता है क्योंकि वह इससे पूर्व दसूहा के डी.एस.पी. लोकनाथ के साथ तैनात था और उन्होंने इसी वर्ष के शुरू में 6 मिलिटैंटों को उस समय मार गिराया था जब वे नवांशहर की एक चीनी मिल के निकट एक डकैती के बाद फरार होने का प्रयास कर रहे थे। उस समय जिन्होंने पुलिस को दिशा-निर्देश दिए थे, अब उनको के.सी.एफ. (जफरवाल गुट) के मिलिटैंट धीरे-धीरे खत्म कर रहे हैं।

बब्बर खालसा का हाथ ? पुलिस ने इस विस्फोट में बब्बर खालसा के मिलिटैंटों का हाथ होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है क्योंकि एक माह पूर्व ही संगठन के चंडीगढ़ क्षेत्र के एरिया कमांडर हरमीत सिंह को जिला जालंधर में देखा गया था। इस मामले में गुरजंट सिंह बुढ़सिंहवाला के नेतृत्व वाले गुट के.एल.एफ. का हाथ होने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है।

इसी दौरान पुलिस घायलों से पूछताछ करने व विस्फोट के बाद संभावित लापता होने वालों की तलाश में भी जुट गई है। इस समय उनकी जो जानकारी स्थिति स्थिर बनी हुई है जो गंभीर बताए गए थे। आज प्रातः उनका आप्रेशन कर दिया गया जबकि बाकी 13 घायल जवान जांच में सहयोग देने में सक्षम हैं। उन 3 पुलिस कांस्टेबलों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगाह रखी जा रही है, जो गत रात ही पुलिस लाइन में लौटे थे। उन्होंने हाल ही में अपना प्रशिक्षण समाप्त किया है।

जिस कमरा नं. 21 में उक्त विस्फोट हुआ, वह 10 मीटर तक के क्षेत्र में ध्वस्त हो गया तथा उसके सामने स्थित कमरा नं. 21 भी टूट-फूट गया। इस कमरे के दो पंखे टुकड़े-टुकड़े हो गए तथा छत टूट गई और फर्श में गड्ढे पड़ गए। उस समय जवानों ने भूकम्प की सी स्थिति का अहसास किया। उसके बाद चारों तरफ फैले धुंए व धूल के कारण सांस तक लेना कठिन हो गया था।

4 व्यक्तियों की हत्या : समराला (भारद्वाज): यहां से 15 कि.मी. दूर गांव पंजो में मिलिटैंटों ने एक ही परिवार के 2 सदस्यों व 2 महिलाओं की हत्या कर दी। मृतकों में जोगिन्दर, उसकी पत्नी प्रकाशो, पुत्र संजू व एक अन्य महिला परमजीत कौर पत्नी रेशम सिंह शामिल हैं।

बंदूक छीनी : एक अन्य सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने सहजे माजरा गांव के निवासी हाकम सिंह से उसकी बंदूक छीन ली तथा फरार हो गए।

घर में घुस कर हत्या : अमृतसर (नारंग): गत रात्रि अमृतसर जिला के सरहाली थाना के अधीन नौशहरा पन्नुआं गांव में 3 मिलिटैंटों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

छोटी-सी बात ... —रंगा

हम लोगों ने कठोर परिश्रम करने के बजाय बच्चों को जन्म देने पर ही अधिक ध्यान दिया है ।
—बलराम जाखड़



भाई साहब, हम इस बात पर ही ध्यान देते रहे हैं कि जिसने मुंह दिया है, वह पेट भरने के लिए भी देगा ।

Punjab Satabdi

पंजाब में आपसी रंजिश व गुट संघर्ष की वारदातों में 2 परिवारों के 10 सदस्यों की हत्या

चंडीगढ़, 1 नवम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में गत सायं से आपसी रंजिश व गुट संघर्ष की वारदातों में 2 परिवारों के 10 सदस्यों की हत्या कर दी गई,जबकि राज्य में अन्यत्र दम्पति व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार हो गए। इसके अलावा विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट भी मारे गए।

सुरक्षा कर्मी के पिता व भाई की हत्या : एक अन्य घटना में तरनतारन पुलिस जिला के कंग गांव में पंजाब पुलिस के सहायक निरीक्षक चानन सिंह के घर में घुस कर उसके पिता प्रीतम सिंह और भाई जस्सा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

चानन सिंह फरीदकोट के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह का व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभारी था। वह इन दिनों फरीदकोट में ही कार्यरत था तथा घटना के समय घर में नहीं था।

एक व्यक्ति व एक महिला की हत्या : पुलिस ने बताया कि रोपड़ जिला के तीरा गांव में पांच मिलिटैंटों ने एक डेरे में घुस कर एक व्यक्ति करनैल सिंह और एक महिला कांता देवी की गोली मार कर हत्या कर दी।

नागरिक मरा : जालन्धर-जिले के खजूरला गांव के निकट मिलिटैंटों और पुलिस के बीच संघर्ष में एक नागरिक मारा गया। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : लुधियाना जिले के अमराला गांव के निकट एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया है। अभी इस संबंध में विस्तृत विवरण प्राप्त नहीं हो सका।

कार चालक का शव मिला : अटारी रेलवे स्टेशन के निकट आज तड़के सुपरिटैंडैंट (कस्टम्ज़) के कार चालक गुलज़ार सिंह का शव रेल पटरी के निकट पड़ा पाया गया। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है क्योंकि सुपरिटैंडैंट (कस्टम्ज़) की भी इसी प्रकार संदिग्ध अवस्था में हत्या कर दी गई थी तथा एक माह पूर्व उनका शव अमृतसर के रेलवे स्टेशन के निकट पाया गया था।

राज्य में अन्यत्र दम्पति व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार : विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट भी मारे गए

सुरक्षा कर्मी घायल : मिलिटैंटों ने अमृतसर के फ़ौकल प्वायंट क्षेत्र में एक पुलिस चौकी पर गोलियां चलाईं,जिससे एक सिपाही घायल हो गया जबकि मजीठा जिले के संगतपुरा गांव के निकट पुलिस के गश्ती दल पर हुए एक ही हमले में एक सहायक सब-इंस्पैक्टर घायल हुआ, जिसका नाम स्वर्ण सिंह है।

डाक्टर घायल : अमृतसर जिला के नारायणगढ़ गांव में मिलिटैंटों ने डा. बलविन्दर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया है।

हथियार छीने, पुलिस कर्मी घायल : पुलिस के अनुसार गत रात्रि जालन्धर नगर के पुलिस थाना नं. 2 के क्षेत्र में कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर गोली चला कर कांस्टेबल हरदास सिंह को घायल कर दिया।

सूत्रों के अनुसार हरदास सिंह चौकीदार के एक जवान गुरमुख सिंह ने गश्त के दौरान जवाबी फायरिंग भी की, परन्तु मिलिटैंट दोनों के हथियार छीन कर फरार होने में सफल हो गए। इस गोलीकांड में गुरमुख सिंह घायल हुआ।

एक व्यक्ति की हत्या : जिला भटिंडा के गांव रामपुरा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने बंगा सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फरार हो गए।

2 पाक घुसपैठिये मारे गए : जिला फिरोज़पुर के फाज़िल्का सैक्टर में भारत-पाक सीमा के निकट सुरक्षा बलों ने तीन अज्ञात पाक घुसपैठियों में से 2 को मार गिराया है जिनके बारे में संदेह किया जाता है कि वे सम्भवत: पाक प्रशिक्षित मिलिटैंट थे।

अपहृत दम्पति के शव मिले : अमृतसर (सुभाष नारंग) : आज तड़के निक्की सरहाली क्षेत्र के निकट दो छलनी शव मिले हैं, जिनकी पहचान कर्म सिंह व उसकी पत्नी सुखविन्दर कौर के रूप में हुई। बताया जाता है कि गत सायं 5.30 बजे के करीब पट्टी थाना के पांच मिलिटैंटों ने उनका अपहरण कर लिया था।

आपसी रंजिश में 3 व्यक्तियों की हत्या : गत रात्रि 12 बजे के करीब पट्टी थाना के अधीन चुसलेवड़ गांव में 8 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने चरण सिंह नामक एक व्यक्ति, उसकी पत्नी मुख्तियार कौर व पुत्र हरपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए. के. 47 राइफल के चले हुए 4 खोल मिले हैं। बताया जाता है कि तीनों की हत्या आपसी रंजिश का ही परिणाम है।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : गत रात्रि 2 स्कूटर सवार मिलिटैंट पुलिस जिला बटाला के गांव बालेचक में लवतार सिंह नामक एक व्यक्ति के घर आए तथा उसकी 12 बोर की 2 सिंगल बैरल बंदूकें छीन लीं। जब वे फरार होने लगे तो लवतार सिंह ने शोर मचा दिया तथा सभी गांव वासी वहां एकत्र हो गए। दोनों मिलिटैंट एक निकटवर्ती घर में जा घुसे परन्तु गांव वालों ने उस घर को घेर कर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आकर दोनों मिलिटैंटों को घर से बाहर निकल कर समर्पण करने को कहा, परन्तु उन्होंने अन्दर से गोली चला दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा उक्त दोनों मिलिटैंटों को मार गिराया, जिनकी अभी पहचान नहीं हो सकी। घटनास्थल से छीनी गई बंदूकें व एक स्कूटर नं. पी. बी. 06-7806 बरामद हुआ है।

एक ही परिवार के 7 सदस्यों की हत्या : पुलिस जिला तरनतारन के गांव गोलवाल में गत

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Sansar

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

रात्रि 8.45 बजे 8-10 मिलिटैंटों के एक गिरोह ने गांव के सरपंच सेवा सिंह, उसके दो पुत्रों दीदार सिंह, बलकार सिंह, उसकी दो पुत्रवधुओं सुरजीत कौर, सुरिन्दर कौर, उसकी बेटी जोगिन्दर कौर व उसकी भाभी जोगिन्दर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 37 खाली खोल बरामद किए गए हैं।

एजेंसी रिपोर्ट : पंजाब के तरनतारन जिले में मिलिटैंटों ने फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वर्गी सिंह के सात रिश्तेदारों की कल रात हत्या कर दी।

बताया जाता है कि तरनतारन जिले के सोहलपुरा गांव में की स्वर्गी सिंह के सास ससुर के घर में घुस कर मिलिटैंटों ने उन पर गोलियां दे दीं। इस हमले में उनके परिवार के छह अन्य सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी।

मिलिटैंटों ने सेवा सिंह के ससुरा उसके दोनों बेटों, दोनों बहुओं, बेटी व भाभी की हत्या कर दी।

हमलावरों पुलिस संघर्ष का परिणाम : (पठानकोट) पंजाब के श्री आई.जी. आरएस खन्नियां ने कल यहां बताया कि पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद पठानकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने वाले मिलिटैंट मारे गए।

श्री खन्नियां का कहना है कि यह हमला केवल पुलिस के साथ मुठभेड़ का परिणाम है। इसका कोई और उद्देश्य नहीं था।

आपसी रंजिश का परिणाम : (पठानकोट) 7 व्यक्ति जिनमें ऐस. विलिंग, एक सुरक्षा सिपाही की लड़की शामिल थी की परिवार के आपसी रंजिश के कारण हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार इस हत्या कांड में पुलिस के सिपाही का हाथ होने की संभावना है। इस संबंध में पुलिस ने एक सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार हरविन्दर सिंह के सिरोह से फिरोजपुर जिले के गांव मुदकी में विवाह था। इस विवाह में शामिल होने के लिए वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गया था। इसी अवसर पर उसके

जेल सिपाहियों : चंडीगढ़ में जारी पंजाब पुलिस की जेल, ऐस, सिलिंग, एं. आगार, सिपाहियों को आपसी रंजिश का परिणाम है। पुलिस के अनुसार हरविन्दर सिंह के सिरोह से फिरोजपुर जिले के गांव मुदकी में विवाह था। इस विवाह में शामिल होने के लिए वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गया था। इसी अवसर पर उसके

2 सुरक्षा कर्मी सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : (मोगा/फरीदकोट) गत रात्रि यहां से करीब 10 कि.मी. दूर गांव अमरगढ़ में मिलिटैंटों ने 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने एक महिला को भी अगवा कर लिया है।

बताया जाता है कि उक्त दोनों सुरक्षा कर्मियों ने गांव के ही निवासी सिंह का लंबा दोनों ही उक्त महिला को कहीं से आकर्षण करके उसे यहां लाए थे कि गांव में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने उसकी हत्या कर दी। दोनों सुरक्षा कर्मी पुलिस जिला तरनतारन से संबंधित थे।

पता चला है कि मिलिटैंटों ने उक्त महिला की चार वर्षीया बेटी व डेढ़ वर्षीय बेटे को कुछ नहीं कहा। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कई खाली खोल बरामद किये हैं।

ठेका मालिक व 2 कारिन्दों की हत्या : समराला (लुधियाना) गत रात्रि करीब 10.30 बजे यहां से 22 कि.मी. दूर गांव जल्लापिंड में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने शराब के ठेके पर अंधाधुंध फायरिंग करके उसके मालिक देविन्दर सिंह व 2 कारिन्दों रमेश तथा विनोद की हत्या कर दी। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

सी.आई.एं. स्टॉफ के इंस्पैक्टर के वाहन के पास विस्फोट : पटियाला (राज.) आज रात्रि लगभग 9.5 बजे सी. आई.ए. स्टॉफ के इंस्पैक्टर सत राम अपनी खुफिया पुत्र जिप्सी में अपने घर जा रहे थे कि गुरुद्वारा पालकी के पास से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगाए गए शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ, जिससे जिप्सी का ड्राइवर गम्भीर रूप से घायल हो गया। ड्राइवर को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बम विस्फोट होने से घटनास्थल की निकटवर्ती 5 दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और विस्फोट स्थल पर एक बिजली के घर को आग लग गई, जिस पर एक घंटे में काबू पाया जा सका।

लुटेरा पकड़ा गया : गोरायां से सीहरा के अनुसार आज सायं 7 बजे स्थानीय चौक में पुलिस द्वारा फायरिंग करके एक संदिग्ध असरीक सिंह पुत्र सूरजीत सिंह निवासी गोरायां को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि आज प्रातः 11.30 बजे फगवाड़ा के निकट उसने लूटमार की। उसके बताने पर पुलिस ने उससे 80000 रुपए भी बरामद किए। उससे 12 बोर का एक रिवाल्वर भी मिला।

शहाबुद्दीन ने चवन को 3 विकल्प सुझाए

Pramath Sanatani

पंजाब में 3 हत्याएं, एक का अपहरण : 2 मिलिटैंट भी मरे

चंडीगढ़, 2 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से मिलिटैंटों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक लड़के का अपहरण कर लिया । इसी अवधि में दो मिलिटैंट भी मारे गए, जबकि फरीदकोट में एक बम विस्फोट हुआ ।

लड़के का अपहरण : धुरी (सिंगला): यहां से 16 किलोमीटर दूर शेरपुर में सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निकट कल मारुति में सवार चार मिलिटैंटों ने एक 15 वर्षीय लड़के संजीव कुमार का अपहरण कर लिया । संजीव कुमार, जो दसवीं कक्षा का छात्र है, एक ठेकेदार का लड़का बताया जाता है ।

मिलिटैंट मारा गया : भटिंडा जिले में आज सुबह चौके गांव के पास मिलिटैंटों द्वारा घात लगा कर एक गश्ती दल पर हमला करने के बाद हुई मुठभेड़ में मंजीत सिंह नामक मिलिटैंट मारा गया । पुलिस मंजीत सिंह को हथियार बरामद करने हेतु ले जा रही थी ।

बम विस्फोट में एक मरा : कल फरीदकोट शहर में एक होटल में हुए बम विस्फोट में भूपिन्दर सिंह और रूपिन्दर सिंह नामक दो भाई घायल हो गए । भूपिन्दर सिंह ने बाद में दम तोड़ दिया ।

फरीदकोट से जिंदल के अनुसार बम एक सिनेमा घर के समक्ष फटा । भूपिन्दर सिंह एक पी.सी.ओ. मालिक था तथा उसकी मृत्यु के रोष स्वरूप आज नगर के समस्त पी.सी.ओ. बंद रहे ।

युवक का शव मिला : बटाला (कोछड़): थाना डेरा बाबा नानक के गांव दालमनंगल के पास से पुलिस ने आज प्रातः एक 18-19 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है । जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार शव पर तेजधार हथियार के निशान हैं । मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

एजैंसी रिपोर्ट के अनुसार यह हत्या गुट संघर्ष का परिणाम है ।

पटियाला बम विस्फोट का विवरण : कल रात यहां हुए बम विस्फोट के सम्बन्ध में पुलिस ने जांच के पश्चात बताया है कि रिमोट कंट्रोल बम को एक स्कूटर के साथ जोड़ा गया था । स्कूटर एक फर्नीचर की दुकान के बाहर पार्क किया गया था । ज्यों ही सी.आई.ए. के पुलिस इंस्पैक्टर संत कुमार की बुलेट प्रूफ जीप बाजार में से गुजरी, बम फट गया लेकिन पुलिस इंस्पैक्टर बाल-बाल बच गया । बम विस्फोट में जीप का चालक बूटा सिंह, सहायक उपनिरीक्षक पुलिस सुरजीत सिंह तथा एक अन्य कांस्टेबल घायल हो गया । उन्हें अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है । विस्फोट में घायल दो नागरिकों रघुबीर सिंह तथा हरजीत सिंह को भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है । विस्फोट में लगभग 8 दुकानें तथा अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए । मकानों में दरारें आ गईं, जबकि दुकानों की क्षति अधिक हुई है । लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है । भाजपा का एक शिष्टमंडल आज उपायुक्त से मिला तथा विस्फोट में जिन लोगों का नुक्सान हुआ है, उन्हें क्षतिपूर्ति दिए जाने की मांग की ।

एक व्यक्ति को घायल कर दिया : थाना कादियां के गांव दुनिया संधू में गत रात मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति गुलजार सिंह को गोलियां मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

महिला की हत्या : अमृतसर (नारंग): गत रात 2.30 बजे के करीब थाना कत्थूनंगल के तहत गांव तलवंडी घुम्मन में अज्ञात मिलिटैंटों ने बीरो नामक एक महिला की गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल पर से एक पत्र मिला है जिस पर लिखा है कि बीरो धागे-तावीज किया करती थी इसलिए उसकी हत्या की गई है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अपहृत फ्रांसीसी इंजीनियर की फोटो व फ्रांस के राष्ट्रपति के नाम उनकी अपील जारी

श्रीनगर, 2 नवम्बर (वार्ता, पस): फ्रांसीसी इंजीनियर सिल्वियो एंतोनियो के अपहर्त्ताओं ने कल यहां उनका फोटो और फ्रांस के राष्ट्रपति एवं एमनैस्टी इंटरनैशनल के नाम उनकी अपील जारी की। श्री एंतोनियों ने अपील में फ्रांस के राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वह भारत से अलगाववादियों की मांग मानने को कहें।

श्री एंतोनियो का फोटो जारी होने से पुलिस की यह धारणा निर्मूल हो गई कि वह जम्मू क्षेत्र में डोडा जिले के किश्तवाड़ में एक दुर्घटना में मारे गए थे।

अलगाववादी संगठन 'अलफतह' ने गत 18 अक्तूबर को श्री एंतोनियो के अपहरण की जिम्मेदारी ली थी और मांग की थी जेलों में बंद संगठन के 11 विरोध करने पर अलगाववादियों ने 2 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । इस पर अलगाववादी घबरा गए और आपस में ही गोलियां चलाने लगे, जिसमें 3 अलगाववादी मारे गए ।

बारामूला में लालबाग सोपोर नामक स्थान पर उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोली चलने पर चार नागरिक मारे गए । इनके नाम मीर अब्दुल रशीद, पीर मिरक शाह कमानी, फारूक अहमद लोन और श्रीमती मीरा बताए गए हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि बारामूला ज़िले के सफापर गांव में तलाशी अभियान के दौरान तीन विध्वंसकारी पकड़ लिए गए । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, चार मैगज़ीनें, दो पिस्तौलें और एक

Punjab Samaj.com

इन लुटेरों ने अपने
जानकारी दी है।
सरगर्म है। उन्होंने
टों द्वारा गत 3-4
उनमें टीटा व पिन्दर
राबियों को लूटना,
सिंह से शरीफपुरा
ाख 38 हजार रुपए
स्थित एक कोठी से
लूट ले जाना, बसन्त
नोक पर नकदी व
दात, शरीफपुरा के
त कार छीनने की
इलाकों से 6 मोटर
टनाएं शामिल हैं।
ानीय आई.डी.एच.
ल की नोक पर छीने
स्थित एक शराब के
के अलावा बस स्टैंड
चिकन की दुकानों
ने की वारदातें भी
ा शेर सिंह में एक
रुपए लूटने, अजीत
टर साईकिल, 7000
था पुतलीघर क्षेत्र में
करने की घटनाएं
है।

रदातों के बावजूद
न नकली मिलिटैंटों
के साथ वास्तव में
कि पकड़े गए चार
ील तथा दो नकली
ा ने इन चारों को
करवाया।

ा कि वे छीने गए
टर साइकिल भी
ट स्थित गुमटाला
न्होंने बताया कि
20 हजार रुपए में
इकिल 5000 रुपए
उन्होंने बताया कि
जाली प्रपत्र तैयार
स्ता ने बताया कि
ों की भी तलाश में

अनुसार श्री गुप्ता
स समाचार को
रा जासांसी हवाई
युवक संदिग्ध रूप
क वस्तुतः कर्मवीर
अड्डे के बाहर से
स्सा का छात्र यह
रण घर से भागा

पत्रकार सम्मेलन में उपस्थित डी.एस.पी.-I श्री गुरबिन्दर सिंह ढिल्लों ने बताया कि कल गेट हकीमां से जिस लड़के का अपहरण हुआ था उसे अपहरण के दो घण्टे बाद ही स्थानीय कपूर नगर से मुक्त करा लिया गया था।

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

सेवादार की हत्या : फिल्लौर (तरसेम): गत रात यहां से कुछ दूर गांव पच्छोवाल के धार्मिक स्थान पंजपीरां की सेवा कर रहे सेवादार बाबा अब्दल की मिलिटैंटों ने उनके गले में रस्सा बांध कर तथा सिर में कोई भारी वस्तु मार कर हत्या कर दी ।

घात लगा कर हमला : कल रात संगरूर जिले के मोहरां ऊपोके गांव में मिलिटैंटों ने एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया, जिसमें सहायक उप निरीक्षक मोहिन्दर सिंह घायल हो गए ।

तमिलनाडु में लिट्टे की गतिविधियां ठप्प

मद्रास, 2 नवम्बर (प.स.): आधिकारिक सत्रों ने आज यहां बताया कि एक लिट्टे उग्रवादी द्वारा लिट्टे के अध्यक्ष प्रभाकरन को लिखे गए पत्र के अनुसार प्रमुख उग्रवादियों मुरगन व संतन की गिरफ्तारी से लिट्टे द्वारा नियोजित व क्रियान्वित समूचे षड्यंत्र का पर्दाफाश हो गया है तथा इसके बाद तमिल बलों की कार्रवाई से तमिलनाडु में इस संगठन की गतिविधियां पूर्ण रूप से ठप्प हो गई हैं ।

यह पत्र पेरिया संतन, जोकि भारत में शिवरासन तथा शुभा की मौत के पश्चात् लिट्टे की गतिविधियों को देखता था, द्वारा लिखा गया था । उससे यह प्रमाणित हो गया है कि राजीव हत्याकांड में लिट्टे का हाथ है । पेरिया संतन अभी तक फरार है । हस्तलिखित पत्र को द्रविड़ कषगम के एक सदस्य इरम्बोराई (31), जो उसे तीन उग्रवादियों के साथ वार्फना ले जा रहा था, से अक्तूबर के शुरू में नौसेना के जवानों ने रमेश्वरम में पकड़ा था । दो उग्रवादियों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी । इरम्बोराई, जोकि प्रभाकरन का विश्वासपात्र है, ने पत्र को समुद्र में फैंकने की चेष्टा की, लेकिन उसे ऐसा करने से रोक दिया गया ।

एस.बी.आई. द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

जालन्धर, 2 नवम्बर : स्टेट बैंक आफ़ इंडिया की स्पोर्ट्स एवं सर्जिकल शाखा जालन्धर द्वारा गत दिवस अपने आठवें स्थापना-दिवस पर आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन बैंक के क्षेत्रीय मैनजर श्री एस.पी. मल्होत्रा ने किया । शिविर में विभिन्न कारखानों के करीब 400 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा मुफ्त दवाइयां दी गईं ।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा

जालन्धर, 2 नवम्बर : श्री बलबीर सिंह सैनी के अनुसार गुरु नानक मिशन अस्पताल, गुरु नानक चौक, जालन्धर द्वारा मिडवे टाउन्ज़ गुरुद्वारा सभा (ब्रिटेन) तथा गुरु अमर दास मिशन (ब्रिटेन) के सहयोग से डेरा बाबा ठकरांवाला, गांव बशेशरपुर तहसील जालन्धर में 9-10 नवम्बर को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा । पहले दिन प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक आंखों का

श्रीमती
निधन के दुख
कि हमारी
अपरान्ह 1
भवन, दरेसी
निर्मला-ओम
बहनोई), स
राज-हरिओ
शुक्ला, अम
पुत्र), उषा-
एवं ऋत,
अभिलेश, स
तर्जनी व
(अलग से

मंडी टा
करते हैं।

क्र.	सैक्टर नं.
1.	सब्जी मंडी
2.	कपड़ा मार्कीट
3.	जनरल मार्की
4.	शापिंग मैं रिहायशी धर्मशाला अस्पताल मे

नीलामी का
स्थलों को
नीलाम किया
शर्तें और नि
1. बोली क
देय होगी
2. 15%
3. बकाया
आठ छ
4. प्रीज़ाइ
लेने या
5. नीलामी
6. एस्टेट
करें ।

PROH/228F/

Punjab Sahitya

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक महिला की गोलियां मार कर हत्या कर दी । हमलावर मिलिटैंट 6 थे ।

अंधे ग्रंथी की हत्या : बरनाला (सिधवानी, वालिया): यहां से 18 कि.मी. दूर गांव भंतना में 85 वर्षीय अंधे ग्रंथी श्री आत्मा सिंह की एक मिलिटैंट ने गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि ग्रंथी प्रातः साढ़े 4 बजे गुरुद्वारे में बैठा सुखमनी साहब का पाठ कर रहा था कि एक मिलिटैंट अन्दर आया और उसने पाठ सुन रहे दो व्यक्तियों को गुरुद्वारा से बाहर निकाल दिया और ग्रंथी के मुंह में गोली मारी,जो गर्दन की पिछली ओर से बाहर निकल गई । ग्रंथी वहीं दम तोड़ गया । उसके बाद मिलिटैंट फरार हो गया ।

जनता दल नेता की हत्या : होशियारपुर (नि.स.): कल रात लगभग पौने नौ बजे मुकेरियां में दो मिलिटैंटों ने जिला जनता दल के वरिष्ठ उपप्रधान श्री सुरेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि सुरेन्द्र सिंह मुकेरियां में अपने पैट्रोल पम्प के कमरे में बैठा था । खिड़की खुली थी । मिलिटैंटों ने खिड़की से गोलियां चलाईं,जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ गया ।

जिला जनता दल के प्रधान श्री बलवन्त सिंह खेड़ा, महासचिव का. जोगेन्द्र सिंह और नगर जनता दल के प्रधान चौ. इंद्रजीत सिंह सैनी ने इस हत्या की कड़ी निन्दा की है । इन नेताओं ने हत्यारों को तुरन्त पकड़ने की मांग की है ।

एक मिलिटैंट मरा : नवांशहर (शर्मा): सुरक्षा बलों ने कल आधी रात को राहों रोड पर नहर के पुल के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान 2 संदिग्ध व्यक्ति गांव छोकरां की ओर से आते दिखाई दिए। सुरक्षा बलों की ओर से उन्हें रुकने का संदेश देने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा अपनी सुरक्षा हेतु गोलियां चलाई गईं। इस आधा घंटा की गोलीबारी के पश्चात् एक मिलिटैंट,जिसके पास एक एस.एल.आर. थी, मृत पाया गया। उसका दूसरा साथी बच कर भाग गया।

घटनास्थल से असाल्ट राइफल के खाली कारतूस भारी संख्या में मिले हैं। मृतक मिलिटैंट की पहचान नहीं हुई।

संदिग्ध युवक काबू : मालेरकोटला (आजिज): आज प्रातः स्थानीय बस अड्डे में किसी युवक एक व्यक्ति केवल कृपाण के सहारे घूम रहा और उनमें से एक ने पिस्तौल दिखाते हुए लोगों को हाथ ऊपर उठाने को कहा। इससे पूर्व कि एक व्यक्ति ने उसे जफ्फा मार लिया, जिस पर उसका पिस्तौल नीचे गिर गया। यह देख कर दूसरा भाग गया। जब लोगों ने उसे मारा-पीटा तो उसने अपना नाम हाकम सिंह पुत्र हरदित सिंह बताया। वह मोगा के किसी निकटवर्ती गांव का रहने वाला है। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई तो लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

कार छीनी : मोरिंडा (सुधीर): आज प्रातः 7.30 बजे के करीब यहां के बाईपास से 2 अज्ञात मिलिटैंटों ने हथियारों की नोक पर पीबी.-10 एफ-4481 नं. की एक मारुति कार छीन ली। मिलिटैंटों ने कम्बल ओढ़ रखे थे।

बम मिला : नकोदर (गगन दीप): यहां से 6 किलोमीटर दूर गांव लितरां अड्डे में आज सवेरे एक बम मिला। वह बम शराब के ठेके के पास पड़ा था। सूचना मिलने पर नकोदर पुलिस बम वाली जगह पर पहुंच गई और बम को नकारा कर दिया। किसी भी प्रकार का नुक्सान नहीं हुआ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : मुकेरियां (जालंधर) आज रात मुकेरियां थाना के अधीन गांव नौशहरा पत्तर में 2 मिलिटैंट सर्बजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के घर घुस आए। सर्बजीत सिंह ने उनमें से एक को जफ्फा मार लिया लेकिन दूसरे मिलिटैंट ने गोली चला कर सर्बजीत सिंह तथा उसके बेटे हरमिन्दरपाल सिंह को जख्मी कर दिया। सूचना मिलते ही दसूहा के डी.एस.पी. सुरक्षा कर्मियों को साथ लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए। सुरक्षा कर्मियों ने उक्त मिलिटैंटों को घेर लिया। आधे घंटे तक चली मुकाबला में एक मिलिटैंट बलजीत सिंह उर्फ़ बल्ली पुत्र केवल सिंह सैनी गांव चांदपुर मारा गया तथा उसका दूसरा साथी भाग गया। घटनास्थल से एक ए.के. 56 राइफल, 3 मैगजीनें, 6 देसी बम, 2 फ्लायर बम, 53 कारतूस और ए.के. 56 के चले हुए 15-16 कारतूस बरामद हुए हैं। डी.एस.पी. ने बताया कि मारा गया मिलिटैंट कल रात जिला होशियारपुर जनता दल के उपाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह की हत्या के अलावा मुकेरियां व दसूहा में हुए दो बम धमाकों में संलिप्त था। उसने अपने साथियों के साथ मुकेरियां व दसूहा में कोई बड़ी वारदात करने की योजना बनाई थी।

बाद में सुरक्षा बलों ने फरार हुए मिलिटैंट को भी घेर लिया तथा डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ में वह मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, कुछ गोली-सिक्का, एक मोटर साईकिल तथा एक स्कूटर भी बरामद हुआ है। क्रास फायरिंग में हरविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति व महिला की भी मृत्यु हो गई। मुकाबले में मुकेरियां के एस.एच.ओ. का गनमैन कांस्टेबल राकेश कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति दिलबाग सिंह जख्मी हो गया। अंदेशा है कि क्रास फायरिंग में कुछ और ग्रामीणों की भी मृत्यु हुई है, लेकिन गांव में अंधेरा होने की वजह से स्थिति स्पष्ट नहीं हुई।

"क्रिकेट क्षेत्र में आर्य स्कूल हावी"



आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल लुधियाना ने सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रतियोगिता में रामगढ़िया सीनियर सैकेंडरी स्कूल को 210 दौड़ों से पराजित करके जिला चैंपियनशिप 1991-92 पर जो तीन वर्षों से चली आ रही अपनी परम्परा को कायम रखा।

11 नवम्बर 1991 से आरम्भ होने वाली सी.बी. नायर क्रिकेट ट्राफी 1991-92 में आर्य स्कूल के आठ अन्य खिलाड़ियों सहित भारत भूषण जिला टीम का नेतृत्व कर रहा है।

फोटो में आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल लुधियाना की क्रिकेट टीम अपने Principal O.P. Tondan तथा Game Incharge Sh. Hans Raj Sharma के साथ। (A)

3 DAY GRAND REUNION CELEBRATIONS

Punjab Satata.com

लैफ्टिनैंट जनरल सुरजीत सिंह और उसकी

प्रेमिका सहित 12 मिलिटैंट पंजाब में मरे

अन्यत्र सुरक्षा कर्मी, ग्रंथी व सरपंच समेत 11 व्यक्तियों की हत्या : 2 का अपहरण

बाबा अजीत सिंह का डेरा अग्नि भेंट

चंडीगढ़, 3 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत साल से बी.टी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल सुरजीत सिंह अपनी प्रेमिका सहित गुट संघर्ष में मारा गया था 3 मिलिटैंटों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली और विभिन्न घटनाओं में के.सी.एफ. के सदस्य समेत 7 अन्य मिलिटैंट मारे गए । राज्य में अन्यत्र सुरक्षा कर्मी, ग्रंथी व सरपंच सहित 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया, जबकि एक वारदात के दौरान बाबा अजीत सिंह के डेरे को अग्निभेंट कर दिया गया ।

गुट संघर्ष में मिलिटैंट प्रेमिका सहित मरा : पुलिस थाना बल्टोहा के गांव वरनाला में गत रात्रि भिड़रांवाला टाइगर्स फ़ोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल दुर्दांत मिलिटैंट सुरजीत सिंह उर्फ़ भोला तथा उसकी प्रेमिका वरिन्दर कौर उर्फ़ रानी की उनके विरोधी गुट ने गोलियां मार कर हत्या कर दी।

3 दुर्दांत मिलिटैंटों द्वारा आत्महत्या : अमृतसर के गुरु रामदास अस्पताल में आज तड़के 3 दुर्दांत मिलिटैंटों पिरथीपाल सिंह उर्फ़ लाली, जतिन्दर सिंह व मंगल सिंह ने सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिए जाने के बाद सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि सुरक्षा बलों ने इन तीनों को गुरु रामदास अस्पताल में घेरा तथा उसी समय तीनों ने सायनाइड खा लिया। इनमें से पिरथीपाल तो उसी वक्त मर गया, जबकि उसके दोनों साथियों को चिंताजनक स्थिति में अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां दोनों ने दम तोड़ दिया।

सुरक्षा बलों को इनकी तलाश थी, क्योंकि एस.जी.पी.सी. के एक कार चालक बूटा सिंह की हत्या के सिलसिले में ही इन्हें घेरा गया था। उल्लेखनीय है कि गुरु रामदास अस्पताल एस.जी.पी.सी. द्वारा ही चलाया जाता है।

पता चला है कि जतिन्दर सिंह सीमा सुरक्षा बल का भगौड़ा था। वह कम से कम 30 हत्याओं तथा अपहरण के 15 मामलों में वांछित था। उसे एक बार पहले भी काबू किया गया था परन्तु बाद में छोड़ दिया गया।

जिला पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक संजीव गुप्ता के अनुसार जतिन्दर पाल सिंह उर्फ़ बिल्ला एक मिलिटैंट गिरोह का लैफ्टिनैंट जनरल था ।

के.सी.एफ. का दुर्दांत मिलिटैंट मरा : फ़रीदकोट जिले में मोगा के निकट गिल रोड पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आज तड़के खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का खूंखार मिलिटैंट गुरजीत सिंह मारा गया। मृत मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 56 राइफल, 30 बोर का एक रिवाल्वर तथा पैंतीस कारतूस बरामद किए गए।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के कामूबो गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अन्य मिलिटैंट मारा गया। मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसके पास से एक ए.के. 47 राइफल तथा 25 कारतूस बरामद किए गए हैं।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : तरनतारन पुलिस जिले के बराना गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पूरन सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर जिले के धोदी गांव में हरबंस सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

ठेका कर्मी की हत्या : भटिंडा जिले के घापाई गांव के निकट मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके पर हमला करके उसके कर्मचारी इन्दरपाल की हत्या कर दी।

हैड-कांस्टेबल की हत्या : मिलिटैंटों ने पटियाला जिले के पातड़ां गांव में हैडकांस्टेबल जंग सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी।

सरपंच की हत्या : मिलिटैंटों ने ज़िला कपूरथला में गुलज़ारी लाल नामक एक सरपंच की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : अमृतसर जिले के कोट खालसा गांव में कल रात मिलिटैंटों ने मोहिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

फार्म हाऊस में हत्या : जिला जालंधर में एक अन्य घटना में उसी पुलिस थाना लोगरोआ के एक गांव में दो मिलिटैंटों ने इन्द्रजीत सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके फार्म हाऊस में घुस कर हत्या कर दी।

2 व्यक्तियों का अपहरण : तरनतारन पुलिस जिले के वढाला गांव में मिलिटैंटों ने कल रात तलविन्दर सिंह तथा सुखविन्दर सिंह नामक 2 व्यक्तियों का उनके घरों से अपहरण कर लिया।

डेरा अग्निभेंट : कपूरथला जिले में बाबा अजीत सिंह के डेरे को मिलिटैंटों ने आग लगा दी।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों के साथ एक अन्य मुठभेड़ में कल रात रोपड़ जिले के डुगरी सलीमपुर गांव में गुरमुख सिंह उर्फ़ गोखा नामक एक मिलिटैंट मारा गया, मृत मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 56 राइफल तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए।

महिला सहित दो की हत्या : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव सरवाली में स्थित नहर के निकट से पुलिस ने आज एक महिला सहित दो व्यक्तियों के गोलियों से छलनी शव बरामद किए हैं। जिला पुलिस के प्रवक्तानुसार इनकी शिनाख्त गांव नवां पिण्ड बर्कीवाल निवासी श्रीमती मोहिन्द्र कौर (50) व जसवंत सिंह (45) के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि 3 मिलिटैंट गत रात इन्हें गांव बर्कीवाल से इनके अलग-अलग घरों से अपहृत करके ले गए थे और सरवाली गांव के निकट गोलियां मार कर उनकी हत्या कर गए। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 9 चले हुए कारतूस मिले हैं।

महिला की हत्या : गत रात्रि मिलिटैंटों ने गांव शिकार बाशियां में स्वर्ण कौर (35) नामक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अगले केंद्रीय बजट की तैयारी शुरू

नई दिल्ली, 3 नवम्बर (प.स.): अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.2 अरब डालर ऋण की मंज़ूरी मिलने और भुगतान संतुलन की स्थिति में मामूली सुधार होने के बाद वित्त मंत्रालय में अगले वर्ष के बजट की प्रारम्भिक तैयारी शुरू हो गई है । बजट फरवरी 1992 में पेश किया जाना है ।

वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों का मानना है कि वित्तीय संरचना में सुधार के लिए उठाए गए कदमों के परिणाम इतना शीघ्र सामने नहीं आने वाले, लेकिन हाल ही में किए गए उपायों के कारण विदेशी मुद्रा भंडार 2300 करोड़ रुपए से बढ़ कर छह हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार अर्थ-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए निर्यात में वृद्धि पर विशेष बल दिया जाएगा । व्यापार सम्बन्धी आंकड़ों के अनुसार तमाम छूटों के बावजूद पिछले तीन माह में डालर के रूप में निर्यात में कमी आई है ।

Punjabi Sarat.com



जालंधर के क्षेत्र जंडियाला के निकट हत्या कर दी गई। चित्रों में (1) वह मारुति जिप्सी जिसमें श्री चीमा व उनके अंगरक्षक सवार थे, (2) वाहन का क्षतिग्रस्त भीतरी भाग, (3) वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, रसिंह, (7) संतोख सिंह, (8) रघुबीर उर्फ़ रंगा, (9) महेन्द्र सिंह व (10) राम लुभाया के शव। (छाया: शिव)

र ही मृत्यु हो गई। यह के ही एक गांव में हुई।
मिलिटैंटों ने पहले उससे ताछ की तथा उसने जब कारी नहीं दी तो उन्होंने

रे : भारत-पाक सीमा के तानी घुसपैठिए मारे गए

हां के बराड़

क्ष चला जाना असहनीय

धर्म में दया का बहुत भ्रमित युवक पंजाब को तरह अपने घरों को भी न उन्हें अक्ल दें ।
. चन्नी ने श्रद्धांजलि भेंट तूबर का दिन हम सब के हुआ है । जबकि हमारे । उन्होंने कहा कि यह र व्यक्ति को दुःख हुआ ाक स्वास्थ्य सेवा पंजाब से ईमानदार अफसर की । उनकी हत्या से पंजाब न जगदीश चंद्र ने कहा च हो रहा है । हजारों सुला दिया गया है । ान भी हम से छीन लिए का मुकाबला करने के कितने बेगुनाहों का खून

व श्री ए.के. कुन्दरा ने त्या से शोष विभाग भी सक और मानव के नाते थी । सरकार उनके यता करेगी ।
लाहकार श्री सदानंद ने हा कि डाक्टर गोयल जदा हो गए हैं । जिस का गया उससे हमारा म उनके परिवार के हर दार होंगे । पंजाब में ह खत्म हो इसके लिए श्वमित्र तिवाड़ी ने भी

स्तरों पर सम्पर्क

क्षधर

र (पी.एस. वार्ता): राव ने भारत और

गोलीबारी जारी : पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने कल रात जालन्धर के एक व्यापारी को छुड़ाने के लिए अमृतसर के बरपाल गांव में एक मिलिटैंट राम सिंह उर्फ बिल्ला के छिपने के स्थान पर छापा मारा। मिलिटैंटों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाई जिसका सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाब दिया। अंतिम समाचार मिलने तक गोलीबारी अभी भी जारी है। विस्तृत विवरण की अभी प्रतीक्षा है।

माकपा नेता की 5 अंगरक्षकों सहित हत्या : (वार्ता): पंजाब के जालंधर जिले में मिलिटैंटों ने आज सवेरे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य समिति के सदस्य और पंजाब किसान सभा के महासचिव सरवण सिंह चीमा और उनके पांचों सुरक्षा गार्डों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने श्री चीमा और उनके सुरक्षा गार्डों की हत्या जालंधर जिले में भंगाला गांव के पास नूरमहल-नकोदर सड़क पर की।

सबसे पहले प्राप्त पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट फियेट कार में सवार थे जबकि श्री चीमा और उनके सुरक्षा गार्ड मारुति कार में सवार थे। मारे गए पांचों सुरक्षा गार्ड विशेष पुलिस अधिकारी थे। श्री चीमा पार्टी की जालंधर जिला इकाई के सचिव थे तथा वह राज्य के विधायक भी रह चुके थे।

विवरण : जंडियाला (जौहल) व नकोदर (गगनदीप): पता चला है कि आज प्रातः 10.30 बजे मिलिटैंटों ने कामरेड चीमा व उनके 5 अंगरक्षकों पर घात लगा कर हमला किया व अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी।

बताया जाता है कि उस समय श्री सरवण सिंह चीमा अपने अंगरक्षकों सहित अपनी मारुति जिप्सी कार न. पी. आई. जे. 1071 में अपने गांव से जालंधर की ओर जा रहे थे। जब वह नूरमहल से 5 कि.मी. आगे पहुंचे तो उन पर सुनियोजित तरीके से हमला किया गया। उनके वाहन के आगे एक मारुति वैन चल रही थी जो अचानक ही रुक गई तथा तेजी से पीछे की ओर आने लगी। यह देख कर उनके वाहन चालक ने भी अपनी गाड़ी रोक ली तथा उसे भी पीछे करना शुरू कर दिया।

कहा जाता है कि पीछे कुछ मिलिटैंट छिपे बैठे थे तथा श्री चीमा के आगे वाले वाहन में भी मिलिटैंट ही सवार थे और उन पर दोनों तरफ से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। श्री चीमा के अंगरक्षकों को अपने बचाव का कोई अवसर नहीं मिला और सभी घटनास्थल पर ही मारे गए।

श्री चीमा के साथ मारे गए पांच गनमैनों की शिनाख्त पुलिस हवालदार बलविंदर सिंह, रघुबीर उर्फ रंगा, रामलुभाया, संतोख सिंह व महेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। इनमें हवालदार बलविंदर सिंह उनका सरकारी गनमैन था व बाकी उनके निजी अंगरक्षक थे। रामलुभाया उनका अंगरक्षक भी था व कार चालक भी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्याकांड के बाद मिलिटैंट श्री चीमा की व्यक्तिगत पिस्तौल समेत मृतकों के सभी हथियार समेट कर वैन में फरार हो गए। जहां गोलीबारी हुई उसके आसपास कोई रिहायश नहीं है।

श्री चीमा मिलिटैंटों की हिट लिस्ट में थे। वह पार्टी के दूसरे नेता हैं, जिसकी हत्या कर दी गई। इससे पूर्व गत 8 जून को नकोदर में माकपा नेता वीरेन्द्र कुमार गगन की भी हत्या कर दी गई थी।

इस वारदात की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा, एस.पी. एस.एस. दिल्लों, फिल्लौर के डी.एस.पी. हरिन्दर सिंह चाहल, एस.पी. (डी.) हरकिशन सिंह बेदी, एस.पी. नकोदर व डी.एस.पी. भारी पुलिस बल लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए व क्षेत्र की नाकाबंदी करके हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई।

सभी मृतकों के शवों का फिल्लौर में पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें उनके वारिसों को सौंप दिया गया।

अंत्येष्टि सम्पन्न : नकोदर (गगनदीप): राज्य के पूर्व विधायक व माकपा नेता स्व. सरवण सिंह चीमा का आज सायं उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राज्य सरकार की ओर से जालंधर के जिलाधीश एन.एस. कंग ने स्व. चीमा के शव पर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने वालों में माकपा के राज्य सचिव मंगत राम पासला व भाकपा के वरिष्ठ नेता जगजीत सिंह आनंद भी शामिल थे।

स्व. चीमा अपने पीछे विधवा, 3 बेटे व एक बेटी छोड़ गए हैं। स्व. चीमा के 3 गनमैनों का भी उनके साथ ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पार्टी की पोलित ब्यूरो ने आज यहां एक वक्तव्य में इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों ने मार्क्सवादी पार्टी को अपना मुख्य राजनैतिक लक्ष्य बना लिया है। ऐसे में केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बरी नहीं हो सकती। वक्तव्य में केंद्र से पंजाब की समस्या के बारे में प्रयोग करने की अपनी नीति का परित्याग करने और इसका समाधान ढूंढने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया। श्री चीमा राज्य किसान सभा के महासचिव व पूर्व विधायक भी थे और अपने लगभग दशक के राजनैतिक जीवन में वह कई बार जेल भी गए थे।

चंडीगढ़ : (संधी, वि.प्र.): कांग्रेस (इ) और कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब शाखाओं ने राज्य के पूर्व

(शेष पृष्ठ 10 पर)

200 विद्रोहियों ने प्रशिक्षण लेने को सीमा पार की, उत्तर-पूर्वी राज्यों में सुरक्षा पग कड़े

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (पस) : उत्तर-पूर्वी राज्यों के कम से कम 200 विद्रोहियों के छापामार प्रशिक्षण के लिए बर्मा और बंगलादेश की सीमा पार करने की सूचना मिलने के बाद असम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय में सुरक्षा उपाय मजबूत कर दिए गए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि तमाम उत्तर-पूर्वी राज्यों के पुलिस प्रमुखों की उच्च-स्तरीय समन्वय बैठक इस महीने के अंत में होगी, जिसमें विदेश-प्रशिक्षित उग्रवादियों की चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त रणनीति तैयार की जाएगी।

इसी बीच असम में उल्फा के खिलाफ सैनिक अभियान बोडो-प्रभुत्व वाले इलाकों तक बढ़ा दिए गए हैं ताकि अखिल बोडो छात्र संघ कार्यकर्ताओं की हिंसक गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

असम के मुख्यमंत्री हितेश्वर सैकिया ने कल यहां बताया कि उन्हें अगले तीन माह के भीतर राज्य में हालात सामान्य होने की उम्मीद है क्योंकि उल्फा के हमलों का जवाब देने में सेना का 'आपरेशन राइनो' काफी सफल रहा है।

मणिपुर के मुख्यमंत्री आर.के. रणबीर सिंह ने बताया "गुप्तचर नैटवर्क से हमें ऐसी सूचना मिली है कि उत्तर-पूर्व के तमाम कुख्यात उग्रवादी गुट ताजा हमले के लिए एकजुट हो गए हैं।" उन्होंने कहा, "मैंने कानून का पालन करवाने वाले संगठनों को ताजा चुनौती का सामना करने के लिए खुद को तैयार कराने का निर्देश दिया है।" उन्होंने कहा कि इस बात की पक्की सूचना मिली है कि उल्फा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, नैशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड, द नगा नैशनल कौंसिल और 'पीपुल कन्वेंशन आफ मिजोरम' के बीच घनिष्ठ संपर्क हैं।

नागालैंड के मुख्यमंत्री वामुजो ने कहा कि चार दशक से चल रहा नागा समस्याओं का सर्वसम्मत हल ढूंढने के लिए नागा विद्रोहियों के तमाम धड़ों को बातचीत शुरू करने के उद्देश्य से एक मंच पर लाना होगा। उन्होंने बताया कि नागालैंड चर्च कौंसिल विभिन्न धड़ों को समान मंच पर लाने के लिए प्रयत्नशील है ताकि केन्द्र के साथ ताजा बातचीत शुरू की जा सके।

राज्य सरकार ने केन्द्र से कहा है कि नागा विद्रोही बर्मा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार के ठिकानों से सक्रिय हैं।

असम और मणिपुर में भूमिगत तत्वों की मौजूदगी और बर्मा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से भूमिगत संगठनों की सक्रियता से उनका कामकाज आसान हो गया है।

नागालैंड में वास्तव में युद्ध जैसा माहौल है और राज्य के मौजूदा सामाजिक राजनीतिक परिवेश में इससे निपटना कोई आसान काम नहीं है। राज्य की जनता का एक भाग ऐसा है जो खुद को भारत का हिस्सा ही नहीं समझता और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त रहता है।

ऐसे गुट हताश, बेरोजगार युवकों की मदद से अपना अस्तित्व बनाए रखते हैं और आधारभूत ढांचे की सहायता की कमी के कारण ऐसे बेरोजगार युवकों की तादाद बढ़ती जा रही है।

इसी बीच नागालैंड के मुख्यमंत्री वामुजो ने यहां नागालैंड भवन में कांग्रेस (इ) विधायकों के एक दल द्वारा सहायक आवासीय आयुक्त बी.एन. आनंद के साथ मारपीट करने के मामले को गंभीर से लिया है।

श्री वामुजो ने बताया कि विधायकों ने ड्यूटी पर तैनात श्री आनंद को पिछले सप्ताह सिर्फ इसलिए मारा-पीटा और परेशान किया क्योंकि उन्होंने विधायकों के लिए वाहन उपलब्ध नहीं कराया था।

उन्होंने इस घटना को राजनीति मूल्यों के ह्रास का क्रूर उदाहरण बताया। नागालैंड के मुख्य सचिव से मामले की जांच करने को कहा गया है। मुख्य सचिव यह भी पता लगाएंगे कि इन विधायकों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं अपना पद छोड़ने के लिए तैयार हूं लेकिन व्यवस्था के लिए खतरा बनने वाले मामलों पर समझौता करने को तैयार नहीं हूं।"

बैंक अधिकारियों द्वारा पंजाब जे. एंड के. व चंडीगढ़ में पूर्ण हड़ताल

चंडीगढ़, 4 नवम्बर (संधी): आल इंडिया बैंक आफिसर्ज कन्फैडरेशन के आह्वान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व चंडीगढ़ में इस संगठन से सम्बद्ध सभी बैंक अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज अपने प्रशासनिक कार्यालयों व शाखाओं में पूर्ण हड़ताल की। कन्फैडरेशन के प्रदेश सचिव श्री अमर पाल के अनुसार उनकी मांगों में पंजाब नैशनल बैंक के अपहृत अधिकारी श्री के.सी. गुप्ता की रिहाई, बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने, पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ग्रामीण बैंकों की शाखाएं स्थानांतरित करने तथा उपद्रवग्रसत क्षेत्रों के लिए लागू मुआवजा देने की मांगें शामिल हैं।

पैंशनरों व कर्मचारियों में मायूसी : 'वि.प्र.' के अनुसार बैंक अधिकारियों की हड़ताल के कारण पंजाब व हरियाणा के पैंशनरों तथा हरियाणा सरकार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को क्रमशः पैंशन तथा दीवाली के त्यौहार के अवसर पर 300 रु. का ऋण न मिल सका। इस तरह इन लोगों में मायूसी छा गई।

दोनों राज्यों के दूरदराज के इलाकों से लोग पैंशन लेने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे लेकिन उन्हें भी अपना सा मुंह लेकर वापस लौटना पड़ा। इसी बीच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, हरियाणा ने आरोप लगाया है कि दैनिक वेतन पर काम करने वाले कर्मचारियों को दीवाली के मौके पर कोई उपहार नहीं मिल सका और कई को वेतन भी नहीं मिल सका। उन्होंने 6 नवम्बर को चंडीगढ़ में रैली करने का फैसला किया है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)



भारत का पाकिस्तान से प्रोटैस्ट

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (वार्ता): भारत ने आज इस देश के अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थानों की रक्षा के बारे में पाकिस्तान के वक्तव्य का कड़ा विरोध किया और इसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का प्रयास बताया।

पाकिस्तान के दिल्ली स्थित उच्चायुक्त शफकत कावकखेल को इस सम्बन्ध में विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और संयुक्त सचिव नरेश्वर दयाल ने उन्हें पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के उपर्युक्त वक्तव्य पर भारत की चिंता से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार श्री दयाल ने पाकिस्तानी उच्चायुक्त को इस बात से भी अवगत कराया कि इस प्रकार के वक्तव्य शिमला समझौते के विरुद्ध हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अपने वक्तव्य में भारत को सलाह दी थी कि वह अपने यहां के अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थानों की रक्षा के मामले में अपने नैतिक तथा संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करे।

भारत के विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने याद दिलाया है कि अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार के मामले में पाकिस्तान की सरकार का रिकार्ड कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है और उसे भारत को इस प्रकार की सलाह देने का कोई अधिकार नहीं है।

सिंध के हजारों हिन्दू सुरक्षा के अभाव के कारण हर साल पाकिस्तान छोड़ कर राजस्थान में प्रवेश कर रहे हैं। पिछले चार दशकों में सिंध प्रांत में सैंकड़ों मंदिर या तो नष्ट कर दिए गए हैं और उनके आसपास की भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। इसी प्रकार पूरे पाकिस्तान में गुरुद्वारों की हालत खराब है।

सोलंकी 13 नवम्बर को मास्को जाएंगे

Punjab Sahara

मार्क्सवादी नेता पूर्व विधायक सरवण सिंह चीमा और उनके 5 अंगरक्षकों की हत्या

अन्यत्र 8 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार : डाकघर के कर्मी लूटे : शस्त्र छीने

के. सी. एफ. के एरिया कमांडर साहब सिंह समेत 12 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 4 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान आज राज्य के माकपा नेता पूर्व विधायक सरवण सिंह चीमा व उनके 5 अंगरक्षकों की हत्या कर दी गई तथा अन्यत्र विभिन्न वारदातों में गत सायं से 8 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार हुए। इसके अलावा डाक घर के कर्मियों को लूट लिया गया तथा हथियार भी छीने गए जबकि खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर साहब सिंह समेत 12 मिलिटैंट विभिन्न घटनाओं में मारे गए। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने 2 पाक घुसपैठिए भी मार गिराए हैं।

के. सी. एफ. का एरिया कमांडर मारा गया : जिला अमृतसर के पुलिस थाना वल्टोहा के गांव दसूवाल में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर साहब सिंह उर्फ साहबा मारा गया। घटनास्थल से 30 बोर की एक राइफल भी बरामद की गई है।

एक मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों की गोली से कल रात फरीदकोट जिले के पखरवड गांव के पास एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी भाग निकला। घटनास्थल से एक पिस्तौल, कुछ कारतूस और एक मोटर साइकल बरामद की गई।

अज्ञात मिलिटैंट मुठभेड़ में मरा : फरीदकोट जिले के ही कबरवाला गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कल रात एक मिलिटैंट मारा गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। उसके पास से एक दुनाली बंदूक और कुछ कारतूस मिले।

3 अपहृतों की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव धनिए-के-बांगड़ में मिलिटैंटों ने हरदीश कौर, [illegible] सिंह और सुलावन सिंह का अपहरण करने के बाद गांव के बाहर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी।

अपहरणकर्त्ताओं में धर्मसिंह कश्तीवाल, बलविंदर सिंह संधु, कमलजीत सिंह उर्फ कमल, सरबजीत सिंह उर्फ सबी, सागर सिंह, हरजीत सिंह, डाक्टर उर्फ सबी और सतिन्दर सिंह शामिल हैं।

बाबा की हत्या : पुलिस के अनुसार पांच सशस्त्र व्यक्ति बलबीर शाह उर्फ बाबा के घर में घुसे और नजदीक से उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। यह वारदात जिला जालन्धर के ही एक गांव में हुई।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पहले उससे उसके भाई के बारे में पूछताछ की तथा उसने जब मिलिटैंटों को कोई जानकारी नहीं दी तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी।

2 पाक घुसपैठिए मरे : भारत-पाक सीमा के अजनाला क्षेत्र में 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए हैं।

गोलीबारी जारी : पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने कल रात जालन्धर के एक व्यापारी को छुड़ाने के लिए अमृतसर के दरपाल गांव में एक मिलिटैंट राम सिंह उर्फ बिल्ला के छिपने के स्थान पर छापा मारा। मिलिटैंटों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाई जिसका सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाब दिया। अंतिम समाचार मिलने तक गोलीबारी अभी भी जारी है। विस्तृत विवरण की अभी प्रतीक्षा है।

माकपा नेता की 5 अंगरक्षकों सहित हत्या : (वार्ता): पंजाब के जालंधर जिले में आगे पहुंचे तो उन पर सुनियोजित तरीके से हमला किया गया। उनके वाहन के आगे एक मारुति वैन चल रही थी जो अचानक ही रुक गई तथा तेजी से पीछे की ओर आने लगी। यह देख कर उनके वाहन चालक ने भी अपनी गाड़ी रोक ली तथा उसे भी पीछे करना शुरू कर दिया।

कहा जाता है कि पीछे कुछ मिलिटैंट छिपे बैठे थे तथा श्री चीमा के आगे वाले वाहन में भी मिलिटैंट ही सवार थे और उन पर दोनों तरफ से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। श्री चीमा के अंगरक्षकों को क्षेत्र की नाकाबंदी करके हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई।

सभी मृतकों के शवों का फिल्लौर में पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें उनके वारिसों को सौंप दिया गया।

अंत्येष्टि सम्पन्न : नकोदर (गगनदीप): राज्य के पूर्व विधायक व माकपा नेता स्व. सरवण सिंह चीमा का आज सायं उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राज्य सरकार की ओर से जालंधर के जिलाधीश एन.एस. कंग ने स्व. चीमा के शव पर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करने वालों में माकपा के राज्य सचिव मंगत राम पासला व भाकपा के वरिष्ठ नेता जगजीत सिंह आनंद भी शामिल थे।

स्व. चीमा अपने पीछे विधवा, 3 बेटे व एक बेटी छोड़ गए हैं। स्व. चीमा के 3 गनमैनों का भी उनके साथ ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।



सोमवार की प्रात: माकपा नेता सरवण सिंह चीमा व उनके 5 अंगरक्षकों की जिला जालंधर के क्षेत्र जंडियाला के निकट हत्या कर दी गई। चित्रों में (1) वह मारुति जिप्सी जिसमें श्री चीमा व उनके अंगरक्षक सवार थे, (2) वाहन का क्षतिग्रस्त भीतरी भाग, (3) वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (4) श्री चीमा का पुराना चित्र, (5) श्री चीमा का शव, (6) हवालदार बलविंदर सिंह, (7) संतोख सिंह, (8) रघुबीर उर्फ रंगा, (9) महेन्द्र सिंह व (10) राम लुभाया के शव। (छाया: शिव)

माकपा के राज्य कार्यालय के एक प्रवक्ता हरकंवल सिंह ने आज शाम एक बयान जारी करके बताया कि स्व. चीमा की चिता को अग्नि मंगत राम पासला व अन्यों ने दी। अंत्येष्टि सायं 4.30 बजे सम्पन्न हुई।

जिन तीन अंगरक्षकों की उनके साथ ही अंत्येष्टि की गई उनमें संतोख सिंह, रघुबीर उर्फ रंगा व महेन्द्र सिंह भी थे।

पंजाब पुलिस के कर्मियों ने हथियार उलटे करके दिवंगतों को अंतिम सलामी दी।

चीमा हत्या कांड की निंदा : नई दिल्ली, (वार्ता, प.स.): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पंजाब राज्य समिति के सचिवालय के सदस्य श्री सरवण सिंह चीमा और उनके 5 अंगरक्षकों की मिलिटैंटों द्वारा आज पंजाब के जंडियाला क्षेत्र में हत्या कर दिए जाने पर क्षोभ व्यक्त किया है।

पार्टी की पोलित ब्यूरो ने आज यहां एक वक्तव्य में इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों ने मार्क्सवादी पार्टी को अपना मुख्य राजनैतिक लक्ष्य बना लिया है। ऐसे में केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारियों से बरी नहीं हो सकती। वक्तव्य में केंद्र से पंजाब की समस्या के बारे में प्रयोग करने की अपनी नीति का परित्याग करने और इसका समाधान ढूंढने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया। श्री चीमा राज्य किसान सभा के महासचिव व पूर्व विधायक भी थे और अपने चार दशक के राजनैतिक जीवन में वह कई बार जेल गए थे।

चंडीगढ़ : (संघी, वि.प्र.): कांग्रेस (इ) और कम्युनिस्ट पार्टी की पंजाब शाखाओं ने राज्य के पूर्व

(शेष पृष्ठ 10 पर)

सिंह, (7) सतोखसिंह, (8) रघुबीर उर्फ़ रंगा, (9) महेन्द्र सिंह व (10) राम लुभाया के शव।

ही मृत्यु हो गई। यह
के ही एक गांव में हुई।
मिलिटैंटों ने पहले उससे
छ की तथा उसने जब
री नहीं दी तो उन्होंने

: भारत-पाक सीमा के
नी घुसपैठिए मारे गए

हां के
राड़

चला जाना असहनीय

धर्म में दया का बहुत
मित युवक पंजाब को
रह अपने घरों को भी
उन्हें अक्ल दें ।

चन्नी ने श्रद्धांजलि भेंट
वर का दिन हम सब के
आ है । जबकि हमारे
। उन्होंने कहा कि यह
व्यक्ति को दुःख हुआ
क स्वास्थ्य सेवा पंजाब
ईमानदार अफसर की
उनकी हत्या से पंजाब
न जगदीश चंद्र ने कहा
च हो रहा है । हजारों
सुला दिया गया है ।
न भी हम से छीन लिए
का मुकाबला करने के

गोलीबारी जारी : पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने कल रात जालन्धर के एक व्यापारी को छुड़ाने के लिए अमृतसर के बरपाल गांव में एक मिलिटैंट राम सिंह उर्फ बिल्ला के छिपने के स्थान पर छापा मारा। मिलिटैंटों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाई जिसका सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाब दिया। अंतिम समाचार मिलने तक गोलीबारी अभी भी जारी है। विस्तृत विवरण की अभी प्रतीक्षा है।

माकपा नेता की 5 अंगरक्षकों सहित हत्या : (वार्ता): पंजाब के जालधर जिले में मिलिटैंटों ने आज सवेरे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य समिति के सदस्य और पंजाब किसान सभा के महासचिव सरवण सिंह चीमा और उनके पांचों सुरक्षा गार्डों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मिलिटैंटों ने श्री चीमा और उनके सुरक्षा गार्डों की हत्या जालधर जिले में भंगाला गांव के पास नूरमहल-नकोदर सड़क पर की।

सबसे पहले प्राप्त पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट फियेट कार में सवार थे जबकि श्री चीमा और उनके सुरक्षा गार्ड मारुति कार में सवार थे। मारे गए पांचों सुरक्षा गार्ड विशेष पुलिस अधिकारी थे। श्री चीमा पार्टी की जालधर जिला इकाई के सचिव थे तथा वह राज्य के विधायक भी रह चुके थे।

विवरण : जडियाला (जौहल) व नकोदर (गगनदीप) पता चला है कि आज प्रातः 10.30 बजे मिलिटैंटों ने कामरेड चीमा व उनके 5 अंगरक्षकों पर घात लगा कर हमला किया व अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी।

बताया जाता है कि उस समय श्री सरवण सिंह चीमा अपने अंगरक्षकों सहित अपनी मारुति जिप्सी कार नं. पी. आई. जे. 1071 में अपने गांव से जालधर की ओर जा रहे थे। जब वह नूरमहल से 5 कि.मी. आगे पहुंचे तो उन पर सुनियोजित तरीके से हमला किया गया। उनके वाहन के आगे एक मारुति वैन चल रही थी जो अचानक ही रुक गई तथा तेजी से पीछे की ओर आने लगी। यह देख कर उनके वाहन चालक ने भी अपनी गाड़ी रोक ली तथा उसे भी पीछे करना शुरू कर दिया।

कहा जाता है कि पीछे कुछ मिलिटैंट छिपे बैठे थे तथा श्री चीमा के आगे वाले वाहन में भी मिलिटैंट ही सवार थे और उन्होंने दोनों तरफ से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। श्री चीमा के अंगरक्षकों को अपने बचाव का कोई अवसर नहीं मिला और सभी घटनास्थल पर ही मारे गए।

श्री चीमा के साथ मारे गए पांच गनमैनों की जिनमें पुलिस हवालदार बलविंदर सिंह, रघुबीर उर्फ रंगा, रामलुभाया, संतोख सिंह व महेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। इनमें हवालदार बलविंदर सिंह उनका सरकारी गनमैन था व बाकी उनके निजी अंगरक्षक थे। रामलुभाया उनका अंगरक्षक भी था व कार चालक भी था । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्याकांड के बाद मिलिटैंट श्री चीमा की व्यक्तिगत पिस्तौल समेत मृतकों के सभी हथियार समेट कर वैन में फरार हो गए । जहां गोलीबारी हुई उसके आसपास कोई रिहायश नहीं है ।

श्री चीमा मिलिटैंटों की हिट लिस्ट में थे। वह पार्टी के दूसरे नेता हैं, जिसकी हत्या कर दी गई। इससे पूर्व गत 8 जून को नकोदर में माकपा नेता वीरेन्द्र कुमार गगन की भी हत्या कर दी गई थी।

इस वारदात की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा, एस.पी. एस.एस. ढिल्लों, फिल्लौर के डी.एस.पी. हरिन्दर सिंह चाहल, एस.पी. (डी.) हरकिशन सिंह बेदी, एस.पी. नकोदर व डी.एस.पी. भारी पुलिस बल लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए व क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई।

सभी मृतकों के करने के बाद उ गया।

अंत्येष्टि राज्य के पूर्व वि सिंह चीमा का अ संस्कार कर दिया

200
पार

नई देल्ही, राज्यों के कर से प्रशिक्षण के लिए करने की सूचना अरुणाचल प्रांश सुरक्षा उपाय मज

आधिकारिक उत्तर-पूर्वी राज्यों समन्वय ईठब इ विदेश-प्रशिक्षित के लिए संयुक्त रण

इसी बीच अ अभियान बोरो-प्र गए हैं ताकि उक्त हिंसक गतिविधियों

असम के मुख्य

Punjabi Sahara.com

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

मार्क्सवादी विधायक सरवण सिंह चीमा और उनके पांच अंगरक्षकों की आज जंडियाला के निकट गोली मार दिए जाने की घटना की निंदा की है।

प्रदेश कांग्रेस (इ) महासचिव डा. केवल कृष्ण और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतोख सिंह रंधावा ने सरकार से अपील की है कि वह राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में आई गिरावट को रोकने के लिए तुरन्त प्रभावशाली कदम उठाए।

पंजाब प्रदेश कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव प्यारा सिंह दियोसी और सहायक सचिव भूपिंदर साम्बर ने कहा कि श्री चीमा के निधन से पंजाब में किसानों और कम्युनिस्टों के आंदोलन को गहरा धक्का लगा है।

उन्होंने कहा कि इस हत्या कांड से साफ हो जाता है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने में सरकार असफल रही है।

क्रॉस फायरिंग में मिलिटैंट मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि सठियाला गांव के निकट सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य क्रॉस फायरिंग के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया।

बताया जाता है कि 9 बजे के करीब थाना ब्यास के एस.एच.ओ. ने गांव छाबेवाली में एक नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध मिलिटैंट को जब रुकने का संकेत किया तो उसने अंधेरे में भागने का प्रयास किया परन्तु उसे सर्चलाइट के प्रकाश में सुरक्षा बलों ने धर दबोचा। प्रारम्भिक पूछताछ में उसने अपना नाम हरदयाल सिंह पुत्र हरभजन सिंह निवासी गांव घसीटपुर बताया। उससे ए.के. 47 राइफल के 2 भरे हुए मैगजीन व उसके 18 जीवित कारतूस मिले और उसने बताया कि गांव दयालगढ़ बुट्टर में उसने एक ए.के. 47 राइफल छिपाई हुई है। सुरक्षा बल उसे लेकर उक्त राइफल की बरामदगी के लिए जब जा रहे थे तो गांव सठियाला के निकट छिपे बैठे मिलिटैंटों ने उन पर हमला कर दिया तथा इस दौरान क्रॉस फायरिंग में हरदयाल सिंह मारा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हरदयाल सिंह 'खालिस्तान आर्म्ड फोर्स' से सम्बद्ध दर्दात मिलिटैंट था तथा वह मजीठा और बटाला पुलिस जिलों में हत्या के अनेक मामलों में संलिप्त था। सूत्रों ने बताया कि हरदयाल सिंह को स्वर्ण मंदिर परिसर में आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में वह जमानत पर रिहा होकर वारदातें करने लगा था। पहले वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स में शामिल हुआ और फिर खालिस्तान आर्म्ड फोर्स में चला गया।

एक व्यक्ति की हत्या : आज तड़के छहर्टा क्षेत्र की गली नारायणगढ़ में कुछ मिलिटैंटों ने गुरदयाल सिंह पुत्र हरबंस सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी व फ़रार हो गए।

एक मिलिटैंट मरा, एक फ़रार : शाहकोट (चोपड़ा): गत रात्रि थाना शाहकोट के गांव पछाणिया के निकट पुलिस के साथ भिड़ंत में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी फ़रार हो गया। घटनास्थल से एक माऊज़र, कुछ कारतूस, एक स्टिक बम तथा ए.के. 47 राइफल के कुछ कारतूस मिले हैं।

2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के अंतर्गत गांव हरदूरवाल के निकट गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ हुई एक भिड़ंत में 2 मिलिटैंट मारे गए। उक्त आशय की जानकारी एस.एस.पी. सीता राम ने दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चीन निर्मित 30 बोर की एक रिवाल्वर, एक स्टिक बम व कुछ चले हुए कारतूस बरामद किए गए। मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज तड़के पौने तीन बजे निकटवर्ती गांव माखंडियाना में सेम नाले के निकट सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों में परस्पर भिड़ंत के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया व उसके कब्जे से 12 बोर की राइफल तथा दस जीवित कारतूस बरामद किए गए।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों व सुरक्षा बलों के मध्य फायरिंग के बाद घटना स्थल से दो चले हुए कारतूस भी मिले। उल्लेखनीय है कि कल फगवाड़ा के निकट गांव भबियाना के सरपंच की मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी व पुलिस ने इस सिलसिले में अनेक स्थानों पर नाके लगा रखे थे।

युवक का छलनी शव मिला : बाघापुराना (मित्तल): आज सुबह पुलिस को निहालसिंहवाला पुलिस थाने के अंतर्गत गांव पखारवड के निकट गोलियों से छलनी एक युवक की लाश मिली। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है। पुलिस को मृतक के पास एक स्कूटर भी पड़ा मिला।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : मलोट (गोयल): गत रात्रि गांव कनियावाली के निकट पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया।

बताया जाता है कि रात 9.30 बजे एक पुलिस दल ने नाकाबंदी के दौरान 2 संदिग्ध मिलिटैंटों को आते देख कर रुकने का संकेत किया परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर उनमें से एक मिलिटैंट मारा गया व दूसरा फ़रार हो गया। घटनास्थल से 12 बोर की एक बंदूक व कुछ कारतूस मिले हैं जबकि मृत मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।



पुलिस थाना मुकेरियां के गांव नौशहरा पत्तन में गत रात्रि सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुए मुकाबले के बाद (1) पकड़ा गया शस्त्र भंडार, (2) बब्बर खालसा का मारा गया लैफ्टिनैंट जनरल मिलिटैंट तजिन्दर सिंह, (3) उसका दूसरा साथी बलजीत सिंह बल्ली, (4) क्रॉस फायरिंग में मारा गया ग्रामीण जगवीर सिंह व (5) उसकी माता गुरदेव कौर का शव। (छाया : झावर)

डाकघर के कर्मी लूटे : आज लम्बी डाकघर से डाक लेकर जा रहे 2 कर्मियों को यहां से 6 कि.मी. दूर स्थित मेहणा गांव में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने लूट लिया। उक्त दोनों कर्मी साइकलों पर सवार थे तथा लुटेरे भी साइकलों पर ही आए व उनसे डाक का थैला लूट कर ले गए। उस थैले में 10,900 रुपए नकद व 150 रुपए की डाक टिकटें थीं। पुलिस को इस सम्बन्ध में सूचना दी गई तथा बाद में निकटवर्ती खेतों में से थैला बरामद कर लिया गया जिसमें से धनराशि व डाक टिकटें गायब थीं।

हथियार छीने : एक अन्य सूचना के अनुसार लम्बी डाकखाना के गांव माणीखेड़ा में से 3 मिलिटैंटों ने गोबिंद सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका रिवाल्वर, संत सिंह से भी उसका रिवाल्वर व बलविंदर सिंह से 315 बोर की उसकी बंदूक छीन ली, मगर फ़रार होते समय वे बलविंदर सिंह को उसकी बंदूक वापिस कर गए।

3 अज्ञात मिलिटैंट मरे : कपूरथला (शर्मा): जिला कपूरथला में गत रात्रि तीन विभिन्न मुठभेड़ों में तीन अज्ञात मिलिटैंट मारे गए तथा पुलिस ने काफी मात्रा में हथियार तथा गोली-सिक्का अपने कब्जे में लिया है। रात्रि लगभग 12 बजे थाना सुलतानपुर लोधी के गांव मोठा वाला के निकट नाका लगाए पुलिस पार्टी से हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसके दो साथी अपने शस्त्रों से फायरिंग करते हुए अंधकार का लाभ उठा कर भाग गए। पुलिस ने 12 बोर की एक बंदूक, 4 जीवित कारतूस, 5 खाली खोल तथा ए.के. 47 राइफल के 12 खाली खोल अपने कब्जे में लिए हैं।

गत रात्रि थाना ढिलवां के गांव चकोकी के निकट नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ रात्रि 12.45 बजे मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया। पुलिस ने एक दो नाली, 12 बोर की एक बंदूक तथा कारतूस व गोलियां अपने कब्जे में ले ली हैं। पुलिस के अनुसार थाना सदर, फगवाड़ा के क्षेत्र में एक अज्ञात मिलिटैंट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है।

डेरा के संत की हत्या : नवांशहर (शर्मा): गत रात 11 बजे यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव सकोहपुर में 7 मिलिटैंटों ने संत भीरादास के डेरे में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी और बाद में कुछ दूरी पर खड़े किए हुए ट्रैक्टर पर भाग गए। कहा जाता है कि धर्म प्रचार करने के अतिरिक्त संत ने सैकड़ों व्यक्तियों को शराब और पोस्त आदि के सेवन से छुटकारा दिलाया था।

यहां सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को गांव सकोहपुर की भूमि को समर्पित कर दिया गया।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (भूषण): गत 24 घंटों के दौरान पुलिस ने 2 संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है, जिनकी शिनाख्त मंजीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह हरिजन निवासी न्यू आजाद नगर, न्यू ग्रेन मार्केट, लुधियाना व स्वर्ण सिंह लबना निवासी कोटला पुलिस थाना टांडा जिला होशियारपुर के रूप में हुई है। उनके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल व उसके 2 जीवित कारतूस, .303 बोर के 20 जीवित कारतूस व एक स्कूटर नं. सी.एच.सी. 5938 बरामद किया गया है।

सूचना

हिमाचल पथ परिवहन निगम, नाहन के निम्नलिखित चालक उनके आगे दर्शाई गई तिथियों से स्वेच्छा से अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। उनको बार-बार पत्र तथा तार उनके घर भेजने पर भी वे अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए हैं, और न ही उनकी ओर से कोई सूचना अभी तक प्राप्त हुई है।

1. 9.8.91 श्री मोहिन्दर सिंह II चालक, सुपुत्र श्री योगिन्द्र सिंह गांव वहलूम, डाकखाना सुंगरी, तहसील रोहरू जिला शिमला
2. 20.10.91 श्री असरफ अली, चालक मोहल्ला तेलियां, कच्चा टैंक नाहन, मकान नं. 1356/6 जिला सिरमौर।
3. 4.7.91 श्री सुरेश चन्द II चालक, सुपुत्र श्री कांशी राम ग्राम तथा डाकखाना नगोटी, त. तथा जिला सोलन।
4. 16.9.91 श्री वीर चन्द, सुपुत्र श्री किशन चन्द, ग्राम माजरी डाकखाना झिड़ीवाला, त. नालागढ़, जिला सोलन।
5. 3.10.91 श्री रमेश चन्द्र चालक, सुपुत्र श्री गीत राम ग्राम व डाकखाना अर्की जिला सोलन (हि.प्र.)

अतः उपरोक्त कर्मचारियों को इस सूचना के माध्यम से निर्देश दिए जाते हैं कि वे इस सूचना की छपने की तिथि से सात दिन के अन्दर-अन्दर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हों अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसका पूर्ण दायित्व उन पर होगा।

9$/6003/2.11.91-D

राष्ट्रीय एकता मजबूत रखने का संकल्प लिया

लुधियाना, 4 नवम्बर (धीमान): वाल्मीकि प्रबन्धक कमेटी झुग्गी-झौंपड़ी पी.ए.यू. लुधियाना ने पंजाब में शांति व एकता के लिए एक समारोह किया। इसमें उपस्थित सभी सज्जनों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखने का संकल्प लिया। विद्वान, कवियों व भजन मंडलियों ने भगवान वाल्मीकी जी का गुणगान किया। कमेटी के प्रधान श्री जयपाल और चेयरमैन श्री किशन लाल ने प्रांत में समृद्धि और शांति की बहाली करने के लिए सरकार पर जोर दिया कि वह सख्त व प्रभावी कदम उठाए।

बैंक अधिकारियों द्वारा हड़ताल

(पृष्ठ 1 का शेष)

जालन्धर (प.स.) : जालन्धर क्षेत्र में एस.बी.आई. व पंजाब नैशनल बैंक की सभी शाखाओं में हड़ताल रही। ए.आई.बी.ओ.सी. से सम्बद्ध अन्य बैंकों में भी हड़ताल रही। क्लीयरिंग हाऊस निलम्बित रहा तथा स्थानीय पी.एन.बी. चौक पर प्रदर्शन भी आयोजित किया गया जिसे अन्य के अलावा आल इंडिया पी.एन.बी. आफिसर्ज एसोसिएशन जालन्धर जोन के सचिव श्री के.सी. दिलबर, अध्यक्ष श्री बी.के. मल्होत्रा, एस.बी.आई. आफिसर्ज एसोसिएशन के क्षेत्रीय संयोजक श्री अशोक नारंग, इसकी जालन्धर इकाई के सचिव श्री कमलजीत सैनी तथा एस.बी.आई. स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री तिलक राज ने भी सम्बोधित किया।

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

HOTEL KAMAL PALACE
JALANDHAR
requires

TELEPHONE OPERATORS
Experienced/Retired from Telephone Deptt. Either sex. Handsome salary.

RECEPTIONIST (MALE)
Minimum qualification graduate or equivalent. Atleast 3 years experience. Attractive salary.

WAITERS
Minimum 5 years experience.
EDUCATION : Matric or Equivalent.
Handsome salary.
Apply giving Bio-data to the General Manager.

तीर्थ यात्रा

21 से 31 दिसम्बर—नेपाल, अयोध्या, बनारस, हरिद्वार, पटना। किराया 900/- मुरारीलाल, बासा बाजार, फगवाड़ा।

(Greatway/15W)

ज्योतिष

ज्योतिष लाल—किताब द्वारा उपायों का सामान व असमर्थ मुफ्त सलाह लेवें। अशोका, 152, हरबंस नगर, जालंधर।

(NAMA/17W)

विदेश यात्रा

अमरीका, कैनेडा, अर्जेंनटाइना, फिलिपींस, न्यूजीलैंड, और यूरोप देशों में जाने वास्ते, वीज़ा, इमीग्रेशन, टिकटों वास्ते, पासपोर्ट, विज़िटर परमिट, स्पांसर समेत, मिलें : फ्लाईट 15 दिनों में। पासपोर्ट

Punjabi Sanatan

रुद्रपुर बम कांडों के अभियुक्त पम्मा समेत 6 मिलिटैंट मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (पस, वाता): पंजाब में सोमवार की रात्रि से लेकर 48 घंटों में 30 व्यक्ति और 6 मिलिटैंट विभिन्न घटनाओं में मारे गए। मारे गए मिलिटैंटों में रुद्रपुर बम विस्फोटों का अभियुक्त सैफरन टाइगर्स का लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह पम्मा भी शामिल है। मृतकों में 5 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिनकी उनके एक साथी ने मिलिटैंटों से हत्या करवा दी, लेकिन वह भी मारा गया, मिलिटैंट उनके शस्त्र भी लूट कर ले गए। पुलिस जिला बटाला के क्षेत्र में हुए बम विस्फोट में 2 पुलिस कर्मी घायल हो गए, जबकि जिला संगरूर में 6 मिलिटैंटों ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया।

रुद्रपुर बम-कांडों का अभियुक्त मारा गया : अमृतसर (पस.): उत्तर प्रदेश के नैनीताल जिले के रुद्रपुर में पिछले महीने हुए तो बम-विस्फोटों में शामिल कुख्यात मिलिटैंट परमजीत सिंह उर्फ़ पम्मा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'सैफरन टाइगर्स' के लैफ्टिनैंट जनरल पम्मा को कल रात मानावाला नाला पुल के निकट जी.टी. रोड पर गिरफ्तार किया गया। उसे पूछताछ के लिए बचिरी गांव ले जाया जा रहा था। तभी कुछ मिलिटैंटों ने पुलिस पर घात लगा कर हमला किया। पम्मा ने भागने का प्रयास किया, लेकिन दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में वह मारा गया। बचिरी गांव से एक बम, एक के 47 की मैगज़ीन, मणीलान की कुछ मैगज़ीनें और कुछ कारतूस बरामद हुए।

परमजीत सिंह का एक थाने में बम-फोट, पुलिस चौकी पर हमला करने और बटाला थाने के नेत गांव में चार बस यात्रियों की हत्या करने में हाथ था।

पम्मा ने पुलिस के समक्ष प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान रुद्रपुर के बम-विस्फोटों में मुख्य भूमिका होने की बात स्वीकार की। उसने ये विस्फोट सैफरन टाइगर्स के प्रमुख स्वर्ण सिंह के आदेश पर किए। उसने पूछताछ के दौरान यह भी बताया कि पंजाब में सुरक्षा बलों के अत्यधिक दबाव के कारण सैफरन, टाइगर्स के सीनियर मिलिटैंट इस साल सितम्बर में उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में भाग गए थे, जहां उन्होंने मिलिटैंट संगठनों से तालमेल कायम किए।

अधिकारियों का कहना है कि सैफरन टाइगर्स खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स (ज़फ़रवाल) का ही एक धड़ा है। यह धड़ा पीलीभीत, बाजपुर और रुद्रपुर क्षेत्र में सिख युवकों को अपने रैंक में भर्ती करने में सक्षम है। तराई क्षेत्र से भर्ती किए गए लोगों की मदद से ही सैफरन टाइगर्स अपने लक्ष्य को भेदने में सफल होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैफरन टाइगर्स को खालिस्तान कमांडो फोर्स से हथियारों की आपूर्ति की जाती थी तथा इसी के इशारे पर वे अपनी गतिविधियां चलाते हैं।

रुद्रपुर बम कांड का विवरण : रुद्रपुर बम विस्फोट घटना का विवरण देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्वर्ण सिंह और पम्मा ने रुद्रपुर शहर के पास एक फार्म हाउस में दो टाइम बम तैयार किए। एक बम दूध के डिब्बे में रखा गया, जबकि दूसरा स्टील के कंटेनर में रखा गया था। यह डिब्बा अस्पतालों में इंजैक्शन रखने वाले डिब्बे से मिलता-जुलता था।

स्वर्ण सिंह ने पन्द्रह मिनटों के अंतराल से इन दोनों बमों का समय निर्धारित किया। बाद में पम्मा और उसके चार साथी ट्रैक्टर में बैठ कर इन बमों को रुद्रपुर शहर ले गए। दूध के डिब्बे में रखा बम भीड़-भाड़ वाले राम लीला मैदान में रखा गया, इस बम में विस्फोट पहले होना था, जबकि दूसरा बम अस्पताल में रखा गया, जहां बाद में घायलों को लाया गया।

अधिकारी ने बताया कि बमों को रखने के बाद पम्मा और उसके साथी मैदान के पास ही एक गन्ने के खेत में छुप गए। पहला विस्फोट होते ही भगदड़ में ये लोग चुपचाप ट्रैक्टर में बैठ कर भाग गए। पम्मा अपने प्रमुख स्वर्ण सिंह के साथ जुल्द ही पंजाब आ गया और यहां आते ही उन्होंने गांव नेत में चार बस यात्रियों की हत्या कर दी।

पुलिस वाले ने 5 साथियों की हत्या कराई, स्वयं भी मारा गया : अमृतसर (नारंग): गत रात जंडे पुलिस थाना के तहत गांव बडाला कला की पुलिस चौकी में तैनात शिवराज सिंह नामक कांस्टेबल द्वारा मिलिटैंटों से मिल कर अपने पांच साथियों की हत्या कराने की सूचना है। इस सूचि कार्यक्रम में स्वयं शिवराज सिंह भी मारा गया।

सिपाही ने अपने साथी 5 पुलिस कर्मियों की मिलिटैंटों से हत्या करवा दी; बम विस्फोट में 2 पुलिस कर्मी घायल; अन्यत्र 24 व्यक्तियों की हत्या

CHANDIGARH, Nov 9 – Over 2,000 children from schools of the Union Territory moulded beautiful shapes and forms at the "Mrittika-91", on the spot clay modelling competition held at the Government Museum and Art Gallery.

The U.T. Home Secretary, inaugurated the competition.

The participants at the competition were divided into six different categories including children from potters' families and non-school going children. Sweets were also distributed among the participants on the occasion.

A correction

The author of the article "Edward Chargers & Hostesses" published in Saturday Plus of The Tribune on November 9 is Roopinder Singh and not Capt Lalit Sood and Lt Harvind Singh Kler as inadvertently published.

Engagements

AMBALA CITY

Sri Sathya Sai Samithi: Sai Global bhajan; 14, Old Officers Colony; 6 a.m. to 6 p.m.

Shree Ram Sharnam: Swami Satyananda's amritwani, kirtan and bhakti parkash; 76, Model Town; 10.30 a.m.

CHANDIGARH

Shri Ram Sharnam: Swami Satyananda's amritvani, bhakti prakash, extracts from his pravachans and bhajans; Sector 15-D, 8 a.m.

Punjabi Lekhak Sabha (Regd.): Monthly meeting Punjab Art Council, Sector 16, 10 a.m.

Shirdi Sai Darbar: Mahasamadhi day, bhandara and variety programme; Lahora Khudha village; 10 a.m.

Yogoda satsanga Dhyana Mandir (Sector 28-D): Satsang; 9.30 a.m.

Centre for the Visual and Performing Arts: Art and craft classes; Nehru Seva Bhavan, Sector 24-B; 9.30 a.m.

Banaras Hindu University Alumni Association: Ex-students of BHU meet, Persian Department (top floor of Chemical Engineering building); PU; 10.30 a.m.

Anglican Church (CMS): Sunday matin with holy communion and Sunday school, Indira Holiday, Sector 24A; 10 a.m. Sunday matin; 571, Dadumajra Colony; 10 a.m.

Osho Sadguru Meditation Centre: Discourse on Nanak vani; 1092 (1st floor), Sector 19-B 10 a.m.

Vishva Adhyatmik Sangh: Vishvas meditation, discourse and satsang; 1081, Sector 15-B 4 p.m.

Sant Gulab Singh Memorial: Satsang; 126, Sector 9-B 9 a.m.

Christian Science Society: Sunday service on "Adam and the fallen man", YWCA, Sector 11-B 9.30 a.m.

Divine Life Society: Satsang, sankirtan and study of teachings of Swami Sivanandaji Maharaj; 1463, Sector 22; 9 a.m.

Free Sunjeevani Preventive Medicine Centre: Free consultation, scientific yoga training and talk by Dr K.L. Anand on medical tips; 196, Sector 16-A; 11 a.m.

ISKCON, Hare Krishna Dham (Sector 15-B): Kirtan, pravachan on Srimad Bhagvad Gita and bhandara; 12 noon.

Charitable health home chronic diseases: Talks by Yogacharya Madhusoodan and Shri Hans on "Soyabean as drug and chronic constipation; 76, Sector 16-A; 4 p.m.

Baha'i Spiritual Assembly: Talk on "Baha'i faith" by Dr Sohayl Mohajer; Baha'i house 1026, Sector 8-C; 6 p.m.

HSEB Pensioners Welfare Association: Meeting; 199, Sector 19-A; 11 a.m.

Indian Institute of Materials Management: Holds workshop on materials management, Hotel Sunbeam; 11 a.m.

Brahma Kumaris Chandigarh: Discourses on "Main principles of Rajyoga meditation", Tajyoga bhavan, Sector 33-A, 11 a.m.

Shirdi Sai Samaj Trust: Path of Sh Sai satcharitra and sankirtan; Shirdi Sai Baba Temble, Sector 29-A 10.30 a.m.

Arya Samaj (Sector 7-B): Weekly satsang; 8 a.m.

Bihar Parishad: Meeting, Labour Welfare Centre, Sector 30-B, 10.30 a.m.

Sri Krishna Bhakti Ashram Mandal (Regd): Bhog of Sri Ramayan Akhand path, satsang and bhandara; Lahora village (near PGI); 11 a.m.

Bawa Lal Dayal Mandal: Satsang; 2462, Sector 20-C 10 a.m.

Punjabi Kavi Mandal: Meeting, Kala Bhavan, Rose Garden; 4 p.m.

Sawan Kirpal Ruhani Mission: Birthday celebrations of H.H.Sant Darshan Singh Ji Maharaj and Sant Rajinder Singh Ji Maharaj; Kirpal Ashram, Plot No.15, Sector 24-C 10 a.m.

Baptist Church (44-C): Worship service in English and Hindi with Sunday school, 10 a.m.

Lions Club Greater Chandigarh: Medical clinic, Karsan village, 8 a.m.

Free homoeopatic camp: Health Centre Panjab University campus; 10.30 a.m.

Punjab Lalit Kala Akademi: Exhibition of paintings of Punjab Kala Bhavan – Rose Garden, Sector 16, 11 a.m.

Kirtan Darbar: Gurdwara Sector 34D, 5 p.m.

Pracheen Shiv Mandir Society (Sector 21): Bhog of Shree Ram Charitmanas, discourses and Sankirtan 10 a.m.

PANCHKULA

Rotaract Club: To organise treasure hunt, City Centre, Sector 5, near K.C. Palace; 9.30 a.m. prize distribution 5 p.m.

Lions Club Chandigarh Central: Second dose immunisation-cum-health checkup camp under the Bal Suraksha Divas programme; Kumhar Colony, Sector 25, 10 a.m. to 1 p.m.

Installation ceremony: of Lions Club of Panchkula Lion R.L. Goel to be installed as president; Bal bhavan, Sector 23, 8 a.m.

Shirdi Sai Seva Samaj: Path of Sh Sai Gita and sankirtan; SLB 336-A, Sector 8, 10.30 a.m.

Christ Church CNI: Church service; 13, Sector 8; 5 p.m.

Osho Asem Meditation Centre: Discourse; 404, Sector 6; 10.30 a.m.

Divine Life Society: Satsang; 1634, Sector 15; 9 a.m.

Sangat Samtavad: Satsang; 87, Sector 9; 8.30 a.m.

Arya Samaj (Sector 9): Saptahik satsang; 7.15 a.m.

SAS NAGAR

Punjab and Haryana Retired Accounts and Audit Officers Association: Monthly meeting; 289, Phase-II; 10.30 a.m.

NEW PUBLIC SCHOOL
SECTOR 18-B, CHANDIGARH
NOTICE

A few months back an advertisement appeared in these columns about show-cause notice having been served to our school, alongwith certain other schools, by the C.B.S.E. for the withdrawal of affiliation of the school. It is hereby informed for the information of Parents/General Public that the Board has since withdrawn the said show-cause notice and our school has further been granted affiliation upto +2 Stage by the Board.

S.H. SINGH
PRINCIPAL
New Public School,
Sector 18-B, Chandigarh

13497AB

INTRODUCING
THE NEW LITTLE GIANT
in fine restaurant of the city beautiful
Come ! enjoy the real innovative, fresh delicious food in elegant, serene and comfortable environment where Quality, service and reasonable rates give the best value for your money
The Cuisine RESTAURANT
Centrally Air Conditioned



There is lot more at Cuisine
Come ! explore the wonderful
Food Khazana of our Masterchefs
YOU WILL STOP EATING AT HOME & ELSEWHERE
The Cuisine RESTAURANT
S.C.O. 479, SEC. 35-C,
CHANDIGARH PH. : 531004

SHAKUNTALA NIKETAN COLLEGE FOR GIRLS
3128, 38-D, CHANDIGARH
CLASSES 10th to BA,
PRABHAKAR PRINCIPAL
1715B

A semi-commercial plot 418 sq.mtr. (500 yards) suitable for Nursing Home/Showroom etc. on 60 ft. road, posh locality sector 15, Faridabad. Contact: Venus Estate Agents, 381 15-A, Faridabad. Tel: 8287474/8291010.
13652AB

Estd. 1971 Ph.: 28160
PMT/CET
100 DAYS
CLASSROOM COACHING
(CBSE, PB., HARYANA, H.P.)
In '91 we bagged 189 seats in PMT/CET including 1st position.
Batch starting on 16.11.91 Book your seat in advance by sending Rs. 100/- Separate hostel facility. Prospectus Rs. 10/- and Rs. 15/- (by post)
BAC INSTITUTE
188, Sector 19-A, Chandigarh

CITCO
I.T.C/PACKAGE TOURS
1. Katra-(Mata Vaishno Devi) (3)
Rs- 350/- Every Friday
2. Nepal (Raxaul) (14)
Rs- 1400/- 22nd November, 21st December
3. Gangtok Via Nepal (17)
Rs- 1950/- 15th November
4. Jagannath Puri (16)
Rs- 1600/- 21st December
5. Mount Abu (Rajasthan)
Rs- 800/- 20th December (7)
Dormitory accomodation Free
Luxury Coaches/Taxis Available
MANAGER (TOURS & TRAVELS)
CHANDIGARH TOURISM
S.C.O. No. 51, Sector 17-E,
CHANDIGARH, PH 25839



Some corporate planners are regulars at Ambassador.

Happily, our shoes share their long term vision.

Endurance. You'll find it in everything marked 'Ambassador'. Ready-made shoes and accessories created from durable material.

With strong detailing. Sure to go with you a long, long way.

Next time, buy Ambassador. It repays, in time and fit, more than its price.

AMBASSADOR
SMART BUYS FROM Bata
Just what you'd expect from us

Shirts Trousers Shoes Ties Blazers Briefcases Accessories

CHANDIGARH ADMINISTRATION
AND
NORTH ZONE CULTURAL CENTRE, PATIALA
PRESENT
A THREE DAY CULTURAL BONANZA
OF FOLK PERFORMANCE, QUWWALIS, AND THEATRE
AT TAGORE THEATRE CHANDIGARH
FROM 11TH NOV. TO 13TH NOV, 1991.
DAILY AT 6.00 PM.

PROGRAMME

11TH NOV. 1991	FOLK DANCES AND SONGS.	HIMACHAL & HARYANA ARTISTS
12TH NOV 1991	QUWWALI	ASLAM SABRI & PRABHA BHARTI
13TH NOV 1991	THEATRE SHOW	AADAVARZ HAI

ISSUED BY : DIRECTOR, PUBLIC RELATIONS & CULTURE AFFAIRS CHANDIGARH ADMINISTRATION PHONE : 32973.

लैफ्टिनैंट जनरल सुक्खा सहित पंजाब में 8 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने मिलिटैंसी के विरुद्ध जारी अपने अभियान में गत सायं से विभिन्न मुकाबलों के दौरान फौज-ए-खालिस्तान के लैफ्टिनैंट जनरल सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा सहित 8 मिलिटैंटों को मार गिराया जबकि विभिन्न वारदातों में 3 सुरक्षा कर्मियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा पुलिस के हाथों कुछ मिलिटैंटों के बच निकलने के बाद राज्य में किसी बड़ी वारदात की आशंका भी व्यक्त की गई है ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा, मुकाबला जारी : पुलिस जिला मजीठा के गांव कालेके में आज सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया तथा उसके कब्जे से एक एल.ए.आर. बरामद की । पुलिस सूत्रों के अनुसार अंतिम रिपोर्ट मिलने तक मुकाबला जारी था ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : सुरक्षा बलों ने संगरूर जिले के काकूवाली गांव के निकट मठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । मृत मिलिटैंट के पास से एक ए.के. 56 राइफल और दो मैगजीन बरामद की गई । इस मिलिटैंट की शिनाख्त अभी नहीं की जा सकी है ।

फौज-ए-खालिस्तान का लैफ्टिनेंट जनरल मारा गया : अमृतसर (सुभाष नारंग): सुरक्षा बलों ने आज फौज-ए-खालिस्तान नामक मिलिटैंट संगठन के लैफ्टिनैंट जनरल दुर्दांत मिलिटैंट सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा को एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।

बताया जाता है कि आज तड़के सी डिवीजन के एस.एच.ओ. राजपाल सिंह को सूचना मिली थी कि एक दुर्दांत मिलिटैंट अमृतसर के 99 न. फाटक के निकट इंदिरा कालोनी में बलकार सिंह दोधी के मकान में छिपा हुआ है। श्री राजपाल ने सुरक्षा बलों के साथ उक्त मकान को घेर कर जब दोधी का दरवाजा खटखटाया तो अन्दर से सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा ने गोली चला दी। सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाबी फायरिंग करने पर वह मारा गया। पुलिस के अनुसार उक्त दुर्दांत मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं व मिलिटैंसी की 60 से अधिक अन्य वारदातों में वांछित था। घटनास्थल से 32 बोर का एक रिवाल्वर, 6 कारतूस व एक हथगोला मिला है।

कथित मुखबिर की हत्या : थाना लोपोके के अधीन बराड़ गांव में आज प्रात: 13-14 वर्षीय बाऊ नामक एक लड़के का गोलियों से छलनी शव मिला है। उसके शव के निकट ही के.सी.एफ. (पंजाबी गुट) का पत्र पड़ा था, जिसमें लिखा था कि चूंकि बाऊ पुलिस का मुखबिर था, इसीलिए उसकी हत्या कर दी गई है। इस पत्र पर सुखविन्दर सिंह गोल्डी व बलविन्दर सिंह घोड़े के हस्ताक्षर हैं।

अपहृत का शव मिला : थाना जंडियाला के अधीन जंड गांव में गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने सुखविन्दर सिंह उर्फ टोनी नामक एक युवक का अपहरण कर लिया था। आज उसका गोलियों से छलनी शव भालूवाल गांव में पड़ा मिला है। घटनास्थल से एके. 47 राइफल के 3 चले हुए खोल भी बरामद किए गए हैं।

कार छीनी : दो मिलिटैंटों ने कल रात अमृतसर के विजय नगर चौक से एक व्यक्ति से उसकी सफेद मारुति कार छीन ली ।

2 सुरक्षा कर्मियों सहित 3 की हत्या : जालंधर (न.न.ए.): गत रात्रि थाना सदर के गांव चौकां में 5 अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों द्वारा पंजाब पुलिस के हवलदार कुंदन लाल, सिपाही दौलत राम व मुरिंदर की गोलियां मार कर हत्या किए जाने की सूचना मिली है।

इस सम्बन्ध में पुलिस के एक उच्च अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रात उक्त गांव में 5 मिलिटैंट ट्राली में से कूद कर निकटवर्ती गन्ने के खेतों में जा छिपे तथा फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जब फायरिंग की तो सभी मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए। इस दौरान फायरिंग में परमजीत सिंह घायल हो गया, उसे नकोदर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को आशंका है कि उक्त मिलिटैंट क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात करने जा रहे थे तथा वे चूंकि सुरक्षा बलों के हाथ नहीं लगे तो भी ऐसी ही आशंका है कि वे अभी भी कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं।

बराड़ के भाई की हत्या : बाघापुराना (ज्ञान मित्तल): कल रात कुछ सशस्त्र मिलिटैंटों ने बाघापुराना पुलिस थाना के अन्तर्गत रोडे गांव में बलविन्द्र सिंह उर्फ बिल्लू नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आधी रात के लगभग कुछ सशस्त्र मिलिटैंट बिल्लू के घर में घुसे तथा उसे गांव के बाहर पानी के टैंक के निकट खींच कर ले गए। बाद में उन्होंने उस पर गोलियां चला दीं। बलविन्द्र की गोलियों से छलनी लाश आज सुबह बरामद की गई। वह अकाली दल (मान) के नेता तथा बाघापुराना विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार रविन्द्र सिंह बराड़ का भाई था।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले बिल्लू को मिलिटैंटों को पनाह देने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। ऐसा भी शक है कि उसकी हत्या का कारण मिलिटैंटों के गिरोह की आपसी दुश्मनी है।

फांसी लगा कर हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से कुछ मील दूर गांव धौला में 5 मिलिटैंटों ने परमा राम नामक एक होमगार्ड जवान की फांसी लगा कर हत्या कर दी।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

PunjabSamachar

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

मिलिटैंट मरा : सुनाम (सिंगला): गत रात्रि 2 बजे के लगभग यहां से करीब 25 कि.मी. दूर गांव खोतला के निकट सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान एक मिलिटैंट को मार गिराया।

बताया जाता है कि दिड़बा पुलिस चौकी का एक ए.एस.आई. अपने साथी कर्मी के साथ गश्त करते हुए सुनाम की ओर आ रहा था कि रास्ते में एक संदिग्ध युवक को देख कर उन्होंने उसे रुकने को कहा, परन्तु उसने गोली चला दी। जवाबी फायरिंग के दौरान वह मारा गया। उसके कब्जे से एक ए.के. 56 राइफल, 2 मैगजीन व 28 कारतूस मिले है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

एक व्यक्ति की हत्या : तपामंडी (गर्ग): गत सायं यहां से 8 कि.मी. दूर रुड़ेके गांव में मिलिटैंटों ने करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी। इसके बाद वे फरार हो गए।

लुटेरों की फायरिंग से 3 घायल : मलोट (गोयल): गत रात्रि 1.30 बजे के करीब स्थानीय हरजी राम मोहल्ला में कुछ लुटेरों ने फायरिंग करके 3 व्यक्तियों को घायल कर दिया, जिनमें एक स्थानीय अकाली नेता बख्शीश सिंह भी शामिल है।

बताया जाता है कि 7-8 लुटेरे घोके लाल बिहारी नामक एक कोयले वाले के घर में उसे लूटने के इरादे से आए थे। इन लुटेरों ने पुलिस की वर्दियां पहनी हुई थीं।

बख्शीश सिंह के अलावा दो अन्य घायलों की पहचान भगवान दास व लछमन दास के रूप में हुई है। बख्शीश सिंह को गंभीर अवस्था में फरीदकोट मैडिकल कालेज में भेजा गया है। बाद में लुटेरे फरार हो गए।

हथियार छीने : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): गत रात्रि धारीवाल थाना के अधीन गांव खान मलिक में 4 अज्ञात मिलिटैंटों ने गांव के सरपंच बलविन्दर सिंह के घर में ज़बरदस्ती घुस कर उसकी दोनाली बंदूक व 20 कारतूस तथा ग्रामीण सुरक्षा योजना के अधीन सरकार से मिली 303 बोर की राइफल व उसके 48 कारतूस और 315 बोर की एक अन्य राइफल छीन ली तथा फरार हो गए।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़): पुलिस थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव झाड़ी पन्नुआं के निकट आज दोपहर बाद सीमा सुरक्षा बल व पुलिस के साथ हुए एक मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए ।

एक रिपोर्ट के अनुसार पुलिस का एक दल जीप में गश्त कर रहा था कि मिलिटैंटों ने जीप पर एक स्टिक बम फैंका, जो जीप के निकट ही गिर कर फट गया, जिससे वाहन को क्षति हुई । इसके बाद उक्त पुलिस दल ने मिलिटैंटों का पीछा किया तथा दोनों पक्षों में हुए मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए । इन मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी । सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से 4-4 किलो के 2 बम, एक पैन्सिल बम, ए.के. 47 राइफल की एक मैगज़ीन, 35 कारतूस, एक कस्सी व तसला बरामद किया है ।

Punjab Kesari

भाखड़ा नहर के निकास द्वार को विस्फोट से ध्वस्त करने का प्रयास : कुलपति के दफ्तर से बम मिला

पंजाब में 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या : व्यापारी समेत दो का अपहरण

विभिन्न घटनाओं में 7 मिलिटैंट मरे : 6 गिरफ्तार, 4 द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में आतंकी मिलिटैंसी की वारदातों के दौरान गत सायं से विभिन्न घटनाओं में भाखड़ा नहर के निकास द्वार को विस्फोटक से ध्वस्त करने का प्रयास किया गया तथा गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के कुलपति के कार्यालय में उनकी हत्या के लिए बम फ़िट कर दिया गया जबकि 4 सुरक्षा कर्मियों सहित 13 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और व्यापारी समेत 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया। राज्य में विभिन्न घटनाओं में 7 मिलिटैंट भी मारे गए तथा 6 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 4 अन्य मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

भाखड़ा नहर को ध्वस्त करने का प्रयास : मिलिटैंटों ने रोपड़ जिला के बाल संडा गांव के निकट भाखड़ा नहर के निकास द्वार को विस्फोटक से उड़ाने की कोशिश की। इससे नहर में एक दरार आई है। बाद में अधिकारियों ने दरार को पाट दिया। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

रोपड़ में 'राकेश' के अनुसार मिलिटैंटों ने भाखड़ा नहर को ध्वस्त करने के लिए सोमवार की रात्रि राकेटों से हमला किया । उल्लेखनीय है कि मिलिटैंटों द्वारा उक्त नहर को ध्वस्त करने के लिए यह तीसरा हमला किया गया था ।

उल्लेखनीय है कि मिलिटैंट इससे पहले भी रोपड़ जिले में नहर में दो बार दरारें डाल चुके हैं । एक बार 1984 में आपरेशन ब्ल्यू स्टार के तुरन्त बाद और दूसरी बार उसी वर्ष कुछ समय बाद यह कार्रवाई की गई थी ।

बताया जाता है कि टिन के डिब्बों में रखे इन बमों के फटने से नहर में चार फुट चौड़ी और एक फुट गहरी दरार पड़ गई । विस्फोट से एक बरसाती नाले के ऊपर से गुजरने वाले सायफन को मामूली सी क्षति पहुंची । घटना की सूचना मिलते ही नहर प्रमुख इंजीनियर समेत अधिकारीगण तथा सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंच गए तथा दरार और चौड़ी होने से पूर्व ही उसे पाट दिया गया ।

कुलपति की हत्या की कोशिश ? : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के कुलपति डा. जी.एस. रंधावा की हत्या का प्रयास उस समय विफल हो गया जब आज प्रातः उनके कार्यालय में फ़िट किए गए एक अत्यन्त संवेदनशील बम का समय रहते ही पता लगा लिया गया। उनका कार्यालय विश्वविद्यालय परिसर में ही स्थित है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार करीब 5 किलो वजन का एक बम डा. रंधावा की मेज के नीचे ही फ़ुट-रैस्ट के साथ फ़िट किया गया था। यह बम इस तरीके से रखा गया था कि केवल हल्का-सा दबाव पड़ते ही उसने फट जाना था।

बताया जाता है कि एक सफाई कर्मी ने आज प्रातः 9.30 बजे कार्यालय में एक 'अजीब-सी वस्तु' देख कर तुरन्त ही अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद पुलिस को भी उसी समय सूचना दे दी गई तथा समूचे क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिया गया। बम को सेना के विशेषज्ञों की सहायता से निष्क्रिय किया गया।

डा. रंधावा गत दो दिनों से अवकाश पर थे तथा आज ही उन्होंने अपने कार्यालय में उपस्थित होना था।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बम का पता सुरक्षा अधिकारियों ने मैटल डिटैक्टर के माध्यम से दैनिक निरीक्षण के कार्यक्रम के दौरान लगाया। पता चला है कि उक्त बम संभवतः डा. रंधावा की हत्या के लिए ही फ़िट किया गया था।

भटिंडा जिला के मेहराज गांव के निकट सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए। उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन, 24 कारतूस और एक दोनाली बंदूक बरामद की गई। मारे गए इन मिलिटैंटों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने मामूली मुठभेड़ के बाद लुधियाना जिला के कावेवाला गांव में से अमरजीत सिंह उर्फ़ जोगा, गुरदेव सिंह और जगजीत सिंह उर्फ़ बिल्लू नामक 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है।

एक व्यक्ति की हत्या : मिलिटैंटों ने गुरदासपुर जिला के किशन चंद नाम के एक व्यक्ति के मकान में घुस कर गोलियां चलानी शुरू कीं, जिससे इसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : बटाला पुलिस जिला के मसनियां गांव में कल रात मिलिटैंटों ने मोहन सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

दो की हत्या, एक का अपहरण, मकान अग्निभेंट : जिला फ़िरोज़पुर के पोहीविंड क्षेत्र में सशस्त्र मिलिटैंटों ने सी.आई.ए. इम्पैक्टर बलबीर सिंह के एक सम्बन्धी बलजीत सिंह के घर में घुस कर उसके पुत्र प्रदीप सिंह व पुत्री कुलविंदर कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया। जाते हुए वे इनके मकान को अग्निभेंट कर गए। बाद में उन्होंने बलजीत सिंह का

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जिला फरीदकोट में सुरक्षा बलों के सामने आत्म-स[मर्पण] बांधे खड़े हुए—बाएं से दाएं) बिकर सिंह, बलवि[न्दर] डी.एस.पी. (डी.) सुच्चा सिंह तथा सी.आई.ए. स्टाफ [इंचार्ज] (नीचे) उनके कब्जे से बरामद हथियार ।

पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में मिलिटैंसी से पैदा स्थिति पर उच्चस्तरीय बैठकों में विचार

चंडीगढ़, 12 नवम्बर (एन.एस. परवाना) : ज्ञात हुआ है कि आज यहां पंजाब के राज्यपाल श्री सुरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय दो अलग-अलग बैठकें हुई जिनमें पंजाब, हरियाणा व यू.टी. चंडीगढ़ में मिलिटैंटों की बढ़ रही गतिविधियों से उत्पन्न स्थिति पर विचार किया गया।

पहली बैठक राजभवन में हुई जिसमें सैनिक अधिकारियों के अलावा सिविल व पुलिस उच्चाधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों में पंजाब के मुख्य सचिव श्री तेजेन्द्र खन्ना, प्रधान सचिव (गृह) श्री अजीत सिंह चट्ठा तथा पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल भी शामिल थे। बैठक के बाद श्री गिल राज्य के दौरे पर चले गए। उनका जिला पुलिस अधिकारियों से साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है।

करीब दो घंटे तक चली उक्त बैठक के उपरान्त सिविल सचिवालय में पंजाब, हरियाणा और यू.टी. चंडीगढ़ के सिविल व पुलिस अधिकारियों की बैठक श्री सुरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में हुई। पता चला है कि इस बैठक में मिलिटैंटों के खिलाफ संयुक्त रणनीति पर विचार किया गया तथा निर्णय लिया गया कि आपस में तालमेल रखा जाए। इस बैठक में पंजाब की तरफ से श्री खन्ना, श्री चट्ठा तथा गिल, हरियाणा की तरफ से पुलिस महानिदेशक श्री कल्याण रुद्र, वित्तायुक्त (गृह) श्री त्रिलोचन सिंह तथा चंडीगढ़ की तरफ से प्रशासक के सलाहकार श्री बालेश्वर राय, गृह सचिव श्री आर.एन. पराशर तथा आई.जी. पुलिस श्री आर.एस. गुप्ता उपस्थित थे।

सरकारी सूत्रों ने इशारा किया है कि ये बैठकें काफी लाभदायक सिद्ध हुई हैं तथा आगामी एक-दो सप्ताह तक इनके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। इन सूत्रों ने अधिक विवरण देने से इन्कार किया है।

जलूस पर सेना द्वारा फायरिंग से 20 मरे

सिंगापुर, 12 नवम्बर (वार्ता) : इंडोनेशिया के पूर्वी तिमोर प्रांत की राजधानी में एक जलूस पर सैनिकों की गोलीबारी में कम से कम 20 लोगों के मारे जाने की खबर है।

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपहरण भी कर लिया।

ट्रांस्पोर्टर पर हमला : अमृतसर (नारंग): आज प्रात: लगभग 10 बजे स्थानीय सर्कुलर रोड पर स्थित एक ट्रांस्पोर्टर हरपाल सिंह के घर पर तीन मिलिटैंट आए और दरवाजा खटखटाया। हरपाल सिंह ने जब दरवाजा खोला तो उन्होंने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे हरपाल सिंह और उसका ड्राइवर निरवैर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मिलिटैंटों ने इन पर 10 बोर के माऊजर से गोलियां बरसाईं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों के नाम इस प्रकार हैं—हरमिन्दर सिंह, काला और गुरदेव सिंह।

महिला को फांसी दे दी : गत रात्रि लगभग 9 बजे छहर्टा थाना के अन्तर्गत गांव कुरमानियां में चार मिलिटैंट इन्द्र सिंह पुत्र बरयाम सिंह के घर आए और उसकी पत्नी बीर कौर को घर से बाहर ले जाकर पेड़ के साथ लटका कर फांसी दे दी।

9 नहीं, 6 व्यक्ति मरे : कल सायं जालंधर से अमृतसर की ओर जाती दो कारें और अमृतसर से जालंधर की ओर जाती एक कार जब एक साथ मुच्छल पहुंची तो मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसमें 6 व्यक्ति मारे गए और 3 अन्य घायल हो गए। इस फायरिंग में 9 व्यक्ति नहीं मरे, जैसा कि आज के समाचारपत्रों में प्रकाशित हुआ है, 6 व्यक्ति मरे हैं, जिनके सही नाम इस प्रकार हैं : मुल्तानविंड रोड अमृतसर का निवासी सुखबीर सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह, इन्दौर निवासी प्रीतम सिंह पुत्र कर्म सिंह, अमरजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, अमरजीत सिंह पुत्र कल्याण सिंह और इनकी अढ़ाई वर्षीया बेटी प्रभजोत कौर तथा सोडल नगर जालंधर का महेन्द्र सिंह (ड्राइवर) पुत्र सेवा सिंह।

घायलों के नाम हैं : गुरु अर्जुन देव नगर अमृतसर का दलविन्दर सिंह पुत्र दौलत सिंह, इन्दौर का कुलदीप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह तथा फरीदाबाद का तरलोक सिंह पुत्र भाग सिंह।

एक व्यक्ति की हत्या : आज प्रात: जंडियाला थाना के गांव मक्खन मंडी में कुछ मिलिटैंटों ने आत्मा सिंह पुत्र फौजा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी और उसके बेटे सोहन सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल मिलिटैंट दम तोड़ गया : कल अजनाला क्षेत्र में हरडकला गांव में आपसी रंजिश में हुई लड़ाई में गंभीर रूप से घायल मिलिटैंट सरदूल सिंह की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : लुधियाना (धीमान): आज प्रात: लगभग 10 बजे कार सवार मिलिटैंटों ने यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव नूरपुर में एक पुलिस कांस्टेबल अमरजीत सिंह और होमगार्ड मनजीत सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। यह दोनों सुरक्षा कर्मचारी ओरिएंटल बैंक में ड्यूटी देने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में ही उन पर हमला कर दिया गया। जाती बार मिलिटैंट उनकी राइफलें भी छीन कर ले गए।

पिता-पुत्र की हत्या : बरनाला (सिंघवाणी): यहां से 30 किलोमीटर दूर गांव निहालवाल थाना महलकलां में 3 मिलिटैंटों ने एक घर में दाखिल होकर भाग सिंह पुत्र मित्त सिंह (60 वर्ष) और उसके 35 वर्षीय लड़के गुरमेल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि कुछ समय पहले मरने वाले बाप-बेटे ने गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहब की पवित्र बीड़ों को कथित तौर पर जला दिया था। यह दोनों पशुओं का व्यापार करते हैं।

पाबंदी : संगरूर (गर्ग): जिलाधीश फुलवंत सिंह ने एक आदेश जारी करके जिला-भर में सायं 6 से प्रात: 6 बजे तक बसों के चलने पर पाबंदी लगा दी है। यह पाबंदी 2 जनवरी, 1992 तक लागू रहेगी।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : कपूरथला (शर्मा): थाना सदर कपूरथला के गांव कालासंघियां के निकट गत रात्रि लगभग 12.30 बजे नाका लगाए पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसका साथी फायरिंग करते हुए अपने शस्त्रों सहित अंधकार का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गया। घटनास्थल से पुलिस ने एक स्टेनगन, 3 जीवित कारतूस, 12 खाली खोल व एम.एम. गोलियों के तथा 15 खाली खोल ए.के. 47 गोलियों के अपने कब्जे में लिए हैं।

एस.पी.ओ. व गाय घायल : मोरिन्डा (राज): आज प्रात: 10.30 बजे के करीब अम्पताल वाले रेलवे फाटक के करीब पुलिस की गश्त कर रही एक टुकड़ी पर मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी, जिससे एक एस.पी.ओ. जसबीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान एक गाय भी घायल हो गई। एस.पी.ओ. को पी.जी.आई. ले जाया गया है।

4 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण : फरीदकोट (स.): जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि बलविन्दर सिंह पुत्र बुद्ध सिंह, नाथा सिंह पुत्र महिन्दर सिंह, सरजीत सिंह पुत्र करतार सिंह व धंकार सिंह पुत्र दलीप सिंह नामक 4 मिलिटैंटों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करके राष्ट्र की मुख्य धारा में पुन: शामिल होने व संविधान के दायरे में रह कर जीवन-यापन करने की सौगंध ली है।

एक प्रैस विज्ञप्ति में डी.एस.पी. (डी.) सच्चा सिंह ने बताया कि इनके कब्जे से 3 राइफलें सिंगल बारी की, 315 बोर की एक पिस्तौल के अलावा बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए।

मृत मिलिटैंट की पहचान : फिल्लौर (तरसेम): गत दिवस निकटवर्ती गांव मंडी में पुलिस मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट की पहचान के.सी.एफ. के एरिया कमांडर मनजीत सिंह आफ कनाला के रूप में हुई है। इस पर एक लाख रुपए का पुरस्कार था। इस बात की जानकारी देते हुए डी.एस.पी. फिल्लौर ने कहा कि मनजीत सिंह कत्ल की 100 वारदातों में वांछित था जिसमें कम्युनिस्ट नेता कामरेड सरवन सिंह चीमा और उसके अंगरक्षकों के अतिरिक्त गोराया, बडा पिंड आदि घटनाओं में भी वह शामिल था।

मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त : मक्खु (चंद शेखर): गत दिवस जिला फिरोजपुर के गांव बुटर रौशन शाह में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जो मिलिटैंट मारा गया था उसकी शिनाख्त अमरजीत सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। उसके सिर पर 2 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था और वह 70-80 हत्याओं में वांछित था। वह स्वयं को भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल कहता था।

मारुति वैन छीनी : फगवाड़ा (अशोक): दो व्यक्तियों ने आज दोपहर बाद फगवाड़ा से अमृतसर जाने के लिए पी.सी.वी. 743 नं. की एक मारुति वैन किराए पर ली तथा रेय्या के निकट पहुंच कर चालक प्रदीप कुमार को पिस्तौल दिखा कर चलती हुई वैन में से सड़क पर फैंक दिया तथा वाहन लेकर फरार हो गए। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

दोनाली बंदूक छीनी : पटियाला (राज): गत सायं पुलिस थाना बस्सी पठाना के गांव रत्ती में 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने आत्मा सिंह पुत्र सरदा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी दोनाली बंदूक छीन ली व फरार हो गए।

2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : मिलिटैंटों के एक गिरोह ने कपूरथला जिला के फिल्लौर थाना गांव के निकट केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया, जिससे बल के दो जवान मारे गए। मिलिटैंट भागते समय दो बम और कुछ गोलियां छोड़ गए।

व्यापारी का अपहरण : पटियाला में सिविल लाइन्स के एक मकान में से विलायती राम नाम के एक व्यापारी का कल रात अपहरण कर लिया गया।

पटियाला से 'राज' के अनुसार विलायती राम एक शैलर मालिक था तथा उसका अपहरण दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने किया। बताया जाता है कि अपहरण से पूर्व मिलिटैंटों ने शैलर के चौकीदार प्रल्हाद सिंह (70) को घायल कर दिया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपहृत व्यापारी का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : पुलिस थाना अज्बाल के गांव गगबआ में आज 2 अज्ञात मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। बताया जाता है कि उक्त मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षा बल तलाशी ले रहे थे। उस समय गन्ने के निकटवर्ती खेतों में छिपे 3 मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी तथा जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं। इनमें से 2 मिलिटैंट तो मारे गए परन्तु एक फरार होने में सफल हो गया।

पता चला है कि उक्त मुकाबला 2 घंटे तक चलता रहा तथा घटनास्थल से एक जरनल पर्पज मशीनगन व ए.के. 47 राइफल व बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए।

दर्दांत मिलिटैंट काबू : अमृतसर के रेलवे स्टेशन से आज सुरक्षा बलों ने एक नाका के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दर्दांत मिलिटैंट इकबाल सिंह को काबू करके उसके कब्जे से एक भरी हुई पिस्तौल बरामद की है।

घुसपैठिया मिलिटैंट मरा : सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आज जिला अमृतसर के अजनाला सैक्टर की बाहरी चौकी भूले चक में एक पाक प्रशिक्षित घुसपैठिए मिलिटैंट को मार गिराया।

2 मिलिटैंट काबू : एक अन्य घटना में तरनतारन पुलिस जिले के हरीके कस्बे के निकट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद जहन सिंह और बलबीर सिंह नामक दो मिलिटैंटों को काबू कर लिया।

गोली मार कर हत्या : मिलिटैंटों ने जालंधर जिला के बेगमपुर गांव में कल रात मनोहर लाल नाम के एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के मच्छल गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए। मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा कर्मी उक्त गांव में मिलिटैंटों के अड्डे पर छापा मारने गए थे। मुकाबले के दौरान कुछ मिलिटैंट भाग भी गए।

गुमशुदा की तलाश



मेरी लड़की भारती उर्फ रीपू आयु 8 वर्ष, कद 3' रंग गंदमी जिसने सफेद फ्राक, सफेद पाजामी, सफेद बूट तथा सफेद स्वैटर पहनी हुई है तथा उसके पास उसकी किताबों का बस्ता भी है। 9 नवम्बर दोपहर 3 बजे से लापता है।

पहचानने वाले को सफर खर्च के अलावा 500 रुपया शुक्राना दिया जाएगा।

सुभाष सालोमन C/o फर्जीलत मसीह
मिशन रोड, पठानकोट Ph. : 21493

कार्यालय अधिसूचित पालिका क्षेत्र तलाई, त. धमारवीं, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)

इश्तहार बनाम विश्वा देव पुत्र किरपा राम निवासी मगहा, त. धमारवीं, जिला बिलासपुर, हि.प्र. बाबत वापस लेने सामान खोया बाकया शाहतलाई

उपरोक्त व्यक्ति को कई बार नोटिस जारी किए गए कि उसके खोया का सामान जो कि आ.ओ.स. तलाई ने अपने कब्जा में लिया था, उसे शीघ्र वापिस ले परन्तु उक्त व्यक्ति पर न तो साधारण तरीके से नोटिस की तामील हो पाई है, न ही वह अपना सामान वापिस लेने उपस्थित हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि तामील नोटिस साधारण तरीके से होनी कठिन है। अत: इस इश्तहार द्वारा उक्त व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि वह इस इश्तहार के प्रकाशित होने के एक माह के भीतर अपना सामान वापिस ले अन्यथा आपका जमा सामान नीलाम कर दिया जाएगा।

सैक्रेटरी
एन.ए.सी. तलाई, जिला बिलासपुर

हार्ट अटैक क्यों और कैसे ?
मोटापा बिना परहेज दूर

दिमागी रोग, ब्लड प्रैशर हाई/लो निशानियां ✲दिल की धड़कन ✲डर ✲बेचैनी ✲नींद कम ✲पसीना तरेलियां आना ✲शरीर निढाल ✲सिरदर्द ✲गुस्सा ✲बड़ा-बड़ा दिल ✲चेहरे पर मुस्कान न रहना आदि। पुराने नज़ला, जुकाम के आयुर्वेदिक स्थाई इलाज हेतु मिलें : सवेरे 10 से 2, शाम 4 से 6 तक, रविवार 2 बजे तक।

कंडा दवाखाना सामने एस.डी. कालेज फार विमैन, जालंधर।



जय मां जय मां जय मां

13 नवम्बर 1991 दिन बुधवार को सद्गुरुदेव ज्योति मां ऊषा माता जी महाराज द्वारा रात्रि में विशाल भगवती जागरण सैक्टर-11 पंचकूला

जय मां प्रेमियो,

आपको जानकर खुशी होगी कि सद्गुरुदेव ज्योति मां ऊषा माता जी महाराज 13.11.91 को सैक्टर 11, पंचकूला में विशाल भगवती जागरण करेंगे, सभी जय मां प्रेमी अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपना जीवन सफल बनाएं।

महाराज जी आज कल पंजाब यात्रा पर हैं कार्यक्रम इस प्रकार है :—

13.11.91 बुधवार :—दर्शन गुरु सेवा सिमरन धाम (पंचकूला)
14.11.91 वीरवार :—दर्शन/विश्राम गुरु सेवा सिमरन धाम 1205/22B, चंडीगढ़
15.11.91 शुक्रवार :—Do-
16.11.91 शनिवार :—दिल्ली वापसी By AIR
ऊषा माता मन्दिर सराय बस्ती दिल्ली दर्शन सायं 4 से 11 बजे तक।
18.11.91 सोमवार :—इलाहाबाद प्रस्थान
19.11.91 मंगलवार :—इलाहाबाद सत्संग रात्रि 9 से 12 बजे तक
20.11.91 बुधवार :—दर्शन दोपहर 12 से रात्रि 9 बजे तक
21.11.91 वीरवार :—कार्तिक पूर्णिमा स्नान प्रात: 9 बजे
22.11.91 शुक्रवार :—वापसी दिल्ली मन्दिर

मोहन लाल सल्होत्रा (प्रबन्धक)
जय मां गुरु सेवा सिमरन धाम पंचकूला। फोन नं. **27526** (चंडीगढ़)

विशेष :—स्वामी ज्योति मां महादेव जी महाराज आज कल यात्रा पर हैं, महाराज जी के कार्यक्रमों के बारे में मिशन के किसी भी कार्यालय या मन्दिर या गुरु सेवा सिमरन धाम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नोट :—मिशन ने ठाकुर मान सिंह, राजेन्द्र कौल व राम को प्रबन्धक पद से निलम्बित कर दिया है।



जिला अमृतसर में जी.टी. रोड पर मारे गए मारुति कार सवारों (1-
हरदोकला गांव में मारे गए सरदूल सिंह का गोलियों से छलनी शव

केन्द्र सरकार कश्मीरी अल
बिना पूर्व शर्तों के सार्थक वात

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (वार्ता): केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर के प्रमुख अलगाववादी संगठनों के प्रतिनिधियों से बिना पूर्व शर्तों के सार्थक बातचीत करनी चाहिए। यह बात एक स्वयं सेवी संगठन कोआर्डीनेशन कमेटी ऑन कश्मीर के सात सूत्री फार्मूले में कही गई है। यह फार्मूला कश्मीर समस्या को सुलझाने के उद्देश्य से हो रही सर्वदलीय बैठक से पूर्व सरकार को सौंपा गया है।

कमेटी के अध्यक्ष न्यायाधीश वी.एम. तारकुंडे ने फार्मूला आज प्रैस के लिए जारी किया। इसमें सरकार को सलाह दिया गया है कि वह उन राजनीतिज्ञों की न माने, जो अलगाववादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीति से स्थिति और खराब होगी।

शमीर

(पृष्ठ 3 का शेष)

इसी बीच इसराईली संसद ने गोलान पहाड़ियों के नियंत्रण के बारे में किसी तरह की बातचीत का विरोध करने वाले एक प्रस्ताव को 12 के मुकाबले 26 मतों से पारित कर दिया। इसराईल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में सीरिया से यह क्षेत्र छीना था और 1981 में इसे बाकायदा देश की सीमाओं में मिला लिया।

समझा जाता है कि इसराईल के साथ बातचीत के दौरान सीरिया मुख्य तौर पर कूटनीतिक महत्व की इन पहाड़ियों को लौटाए जाने की मांग करेगा। इस क्षेत्र में लगभग 18 हजार इसराईली रहते हैं और इसराईली संसद के सदस्यों ने वहां और अधिक यहूदी बस्तियां बसाने का आह्वान किया है।

सफेदा तख्ते (Planks)

हमें इरादत गंज जिला इलाहाबाद में अपनी फैक्टरी के लिए निम्न आकार में 25,000 क्यू. फू. आकारों में काटे गए तख्तों की मासिक आवश्यकता है।

मोटाई (इंच)	चौड़ाई (इंच)	लम्बाई (इंच)

Punjabi Sarcari

हो जाएगा।

अवामी एक्शन कमेटी के तीन दिन के बंद के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

लिए के.पी.एस. गिल को पुनः पंजाब का पुलिस महानिदेशक बना कर भेजा गया है, के साथ-साथ

पंजाब में 8 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र महिला सहित 5 की हत्या : 2 बैंक जलाए

चंडीगढ़, 13 नवम्बर (वा., प.स.): पंजाब में गत रात से के.एल.एफ. के एक दुर्दांत मिलिटैंट ज़िन्दाशहीद सहित 8 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने विभिन्न स्थानों पर एक महिला सहित 5 लोगों की हत्या कर दी है । मिलिटैंटों ने दो बैंकों को आग लगा दी, जबकि एक अन्य स्थान पर सुरक्षा बलों के गश्ती दल पर हमला करके 4 सुरक्षा कर्मियों को घायल कर दिया । उधर बी.एस.एफ. ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है ।

गुट संघर्ष में मरा : तरनतारन : पुलिस ज़िला तरनतारन के गांव नौशहरा पन्नुआं में गत रात मिलिटैंटों ने जोगिन्दर सिंह नामक युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी। अधिकृत सूत्रों के अनुसार यह हत्या मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का परिणाम है।

दुर्दांत मिलिटैंट ज़िन्दाशहीद मरा : आज सायं पुलिस ज़िला तरनतारन के गांव झंड में सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में 'खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स' का एरिया कमांडर, दुर्दांत मिलिटैंट काबुल सिंह उर्फ़ ज़िन्दाशहीद मारा गया ।

पुलिस सूत्रों ने बताया है कि ज़िन्दाशहीद हत्याओं के करीब 50 मामलों में पुलिस को वांछित था । इसने अधिकांश हत्याएं फिरोज़पुर जिले में की थीं । उसके पास से एक एक, 47 राइफल तथा कुछ कारतूस मिले हैं ।

अमृतसर से 'नारंग' के अनुसार मारा गया मिलिटैंट काबुल सिंह उर्फ़ काला उर्फ़ ज़िन्दाशहीद पुत्र चरण सिंह गांव फत्तूवाल का निवासी था तथा उस पर सरकार ने 5 लाख रु. का ईनाम घोषित कर रखा था । हत्याओं के अलावा वह अपहरण, फिरौतियों व बलात्कारों के मामलों में भी संलिप्त था ।

गुटबंदी में 2 मिलिटैंट मरे : गुरदासपुर (विनोद) : बीती रात काहनूवान थाना के अंतर्गत गांव मल्लियां में मिलिटैंटों की आपसी गुटबंदी के कारण लूटमार करने वाले दो मिलिटैंट मारे गए। ज़िला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त कुमार गोयल ने बताया कि कल रात लगभग 9 बजे कुछ अज्ञात मिलिटैंटों ने मल्लियां निवासी इंद्र सिंह के डेरे के पास दो युवकों की गोलियां मार कर हत्या कर दी, मगर पुलिस को इसकी सूचना आज प्रातः दी गई। मृतकों की पहचान सुखपाल सिंह उर्फ़ सुक्खा मल्लियां निवासी तथा मंगा (कुहार निवासी) के रूप में हुई है। ये दोनों भगौड़े थे और लूटमार के काम में संलिप्त थे।

नाका पार्टी पर हमला : 'धीमान' के अनुसार ज़िला लुधियाना में गत रात थाना सुधार के गांव खाना में मिलिटैंटों ने बी.एस.एफ. की नाका पार्टी पर हमला किया । बी.एस.एफ. वालों ने वहां नाका लगाया हुआ था कि ट्रैक्टर सवार मिलिटैंटों ने उन पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग पर मिलिटैंट एक राइफल छोड़ कर अंधेरे में भाग निकले ।

कारबाइन ले गए : कलानौर से 'सर्वजीत' के अनुसार गत सायं 7 बजे के करीब यहां मुहल्ला कूचगरां में मिलिटैंट दीवार फांद कर एक सिपाही कुलदीप सिंह के घर में घुसे तथा उसकी कारबाइन ले

(शेष पृष्ठ 10 पर)

ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ़. भिड़ंत में 2 घुसपैठिए मरे : मिलिटैंटों के हमले से 4 सुरक्षा कर्मी घायल

Punjabi Sanatani



लिए प्रचार की समाप्ति आज

क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे रहें।

उत्तर प्रदेश के अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से, जिसका

गृहमंत्री चवन

नई दिल्ली, 13 नवम्बर (वार्ता): गृहमंत्री

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

गए। कुलदीप सिंह इस समय कलानौर के सरपंच का गनमैन है।

मुकाबले में 4 पुलिस कर्मी घायल : दमूहा से 'आवर' के अनुसार गत रात 9 बजे के करीब पुलिस थाना टांडा के गांव घोड़ा बाहा के पास मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। क्रास फायरिंग करीब 15 मिनट चली, जिसमें पुलिस के चार कर्मी घायल हो गए। इनमें ए.एस.आई. निर्मल सिंह, ए.एस.आई. रवीन्द्र पाल सिंह, होम गार्ड जवान मोहन सिंह व परमजीत सिंह शामिल हैं। इनको होशियारपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल से ए.के. 47 की गोलियों के बड़ी संख्या में खाली खोल मिले हैं। मुकाबले के दौरान मिलिटैंट फरार हो गए। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी है।

दो मिलिटैंट मरे : फरीदकोट (वा.): गत रात जिला फरीदकोट के गांव खराज में मिलिटैंटों ने आपसी शत्रुता के कारण अपने दो साथियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान हरभजन सिंह तथा दलजीत सिंह के रूप में हुई है।

महिला की हत्या : जिला फरीदकोट के गांव दिलवां कलां में गत रात मिलिटैंटों ने पुलिस के एक हैड-कांस्टेबल नायब सिंह के घर में घुस कर उसकी पत्नी मलकीयत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

मुकाबले में मिलिटैंट मरा : लुधियाना : गत रात जिला के गांव पुल सूआ सैमी में सुरक्षा बलों ने मुकाबले के दौरान एक मिलिटैंट को मार गिराया। इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। मारे गए मिलिटैंट के पास से 12 बोर की एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

स्कूल में दो की हत्या : लुधियाना जिला के गांव शेरपुर कला के स्कूल में मिलिटैंटों ने एक अध्यापक सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी। मृतक अध्यापक (पी.टी.आई.) श्री हरनेक सिंह के अलावा दूसरे मृतक की शिनाख्त तरसेम लाल के रूप में हुई है, जो एक दुकानदार था।

तीन मिलिटैंट गिरफ्तार : खरड़ (शशि): आज प्रातः निकटवर्ती गांव बरयाली में एक भिड़ंत के बाद पुलिस ने तीन मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है। इन की शिनाख्त बलबीर सिंह (चमकौर साहिब), गुरप्रीत सिंह (बलाचौर) तथा हरमिंदर सिंह (खरड़) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से तीन राइफलें बरामद की गई हैं।

दो घुसपैठिए मरे : फिरोजपुर : गत रात जिला फिरोजपुर में ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाक की तरफ से भारत में घुसपैठ कर रहे दो घुसपैठियों को मार गिराया। इन मृतकों के कब्जे से 30 बोर की एक रिवाल्वर तथा कुछ कारतूस मिले हैं।

मिलिटैंट मरा : जालंधर : जालंधर जिले में सम्भीपुर गांव के निकट आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक बंदूक तथा कुछ गोलियां मिली हैं।

बैंक जला दिए : अमृतसर 'सारंग' के अनुसार गत रात अज्ञात मिलिटैंटों ने मजीठा पुलिस थाना के तहत गांव चहेड़ में एक ग्रामीण विकास बैंक को आग लगा दी। मजीठा थाना के ही गांव चेतनपुर में मिलिटैंटों ने पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को आग लगा दी। दोनों बैंकों का सारा रिकार्ड जल गया।

'पी.स.' के अनुसार आग से कारण बैंकों का थोड़ा-सा फर्नीचर व रिकार्ड जला है। उल्लेखनीय है कि गत रविवार की रात को मिलिटैंटों ने इसी जिले में चार बैंकों को आग लगाई थी।

कुलपति की हत्या के प्रयास की निंदा : अशोक सोनी के अनुसार गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के गैर-शिक्षण कर्मी संगठन तथा सीनेट सिंडीकेट एसोसिएशन ने गत दिवस विश्वविद्यालय में कुलपति श्री जी.एस. रंधावा के कार्यालय में घुस घिराव करके उनकी हत्या का प्रयास किए जाने की भर्त्सना की है। इन संगठनों का कहना है कि जिस विश्वविद्यालय का नाम महान गुरु के नाम पर हो उसमें ऐसा कृत्य गुरु के उपदेशों की अवहेलना है।

उल्लेखनीय है कि कुलपति के कार्यालय में सफाई आदि करने वाले तीन सेवादारों को हिरासत में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि कुलपति के कार्यालय में सफाई का काम विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की देखरेख में होता था। इतना ही नहीं कुलपति के कार्यालय की चाबियां भी इसी अधिकारी के पास रहती थीं, पर पुलिस ने जांच में इस अधिकारी को शामिल करने की आवश्यकता नहीं समझी है।

अपहृत की हत्या : अमृतसर के एक प्रमुख उद्योगपति के बेटे जसबीर सिंह का गोलियों से छलनी शव आज शाम तरनतारन पुलिस जिला के गांधार गांव से बरामद हुआ। मिलिटैंटों ने इस माह के शुरू में जसबीर सिंह का अपहरण कर लिया था और उसकी रिहाई के बदले में एक करोड़ रुपए की मांग की थी। फिरौती न मिलने पर मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार अपहरण से पूर्व जसबीर सिंह को अदालत ने हत्या के एक मामले में बरी कर दिया था।

मोटरसाईकल छीना : पटियाला से 'राज' के अनुसार दो अज्ञात सशस्त्र मिलिटैंटों ने पुलिस थाना बनूड़ के गांव जगपुरा निवासी बलबीर सिंह पुत्र शेर सिंह के घर में घुस कर पिस्तौल दिखा कर उसका याज़ा मोटरसाईकिल नं. पी.बी.-11, बी 9009 छीन लिया व भाग गए।

अपहरण : मिलिटैंटों द्वारा गत रात पुलिस जिला तरनतारन के गांव साहिबपुर में मार्कीटिंग बोर्ड के एक कर्मचारी देसराज का अपहरण कर लिए जाने की सूचना है।

पंच की हत्या : बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव काला अफगाना में मोटर साइकल सवार अज्ञात मिलिटैंटों ने गत सायं गांव आजमपुर के पंचायत सदस्य गुरदयाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस को घटना स्थल से माऊज़र के कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं। श्री गुरदयाल सिंह व उनके 3 साथी गांव आजमपुर से काला अफगाना जा रहे थे कि रास्ते में श्री गुरदयाल सिंह की हत्या कर दी गई। मिलिटैंटों ने उनके साथियों को कुछ नहीं कहा।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा बाल ठाकरे के विरुद्ध मामला

बम्बई, 13 नवम्बर (प.स.): महाराष्ट्र सरकार ने शिव सेना के प्रमुख बाल ठाकरे के खिलाफ एक मामला दायर किया है, जिसमें श्री ठाकरे पर पिछले महीने एक जनसभा में पार्टी कार्यकर्त्ताओं को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच न होने देने को उकसाने का आरोप लगाया गया है। गृह राज्यमंत्री श्री अरुण मेहता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच को नुक्सान पहुंचाने के सिलसिले में 20 अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। ऐसा आरोप है कि इन कार्यकर्त्ताओं ने ही मैदान की पिच खोद दी, जिसके कारण पाकिस्तान क्रिकेट टीम का भारत दौरा रद्द कर दिया गया।

इंश्योरैंस कर्मियों द्वारा प्रदर्शन

जालन्धर, 13 नवम्बर : आल इंडिया इंश्योरैंस एम्पलाईज़ एसोसिएशन की जालन्धर इकाई ने आज यूनाइटिड इंडिया इंश्योरैंस कम्पनी लि. मंडल कार्यालय नं. 1 जालन्धर के बाहर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यूनियन के नेताओं श्री डी.के. सेठी एवं श्री जे.आर. जस्सल ने भारतीय



प्रधानमन्त्री श्री पी. वी. नरसिम्हाराव बुधवार को बाढ़ [illegible] को सम्बोधित करते हुए।

सीवर पाइप लाइन में विस्फोट, 30 मरे

ढाका, 13 नवम्बर (वार्ता): ढाका में आज सायं बड़े सीवर पाइप लाइन में विस्फोट होने से कम से कम 30 व्यक्तियों के मर जाने की आशंका है। इस घटना में छह व्यक्ति घायल हुए हैं। लगभग छह फुट व्यास के सीवर के स्थान पर नया सीवर डालने के काम में लगभग 40 व्यक्ति काम कर रहे थे। लगभग 25 फुट गहरे सीवर वाले स्थान से पानी निकालने के काम में सौ दमकल कर्मचारी जुटे हुए हैं। अब तक एक शव बरामद किया गया है।

कश्मीर में अलगाववाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

में कल रात श्रीनगर की ऊपरी कालोनी लाल बाजार में सात व्यक्ति तथा दरेशकदल में चार सुरक्षा कर्मी घायल हो गए। अलगाववादियों ने फतेहकदल पुल, बोहरीकदल, नईदकदल तथा अनंतनाग जिले में नागबल में सुरक्षा कर्मियों पर हमले किए। कोई हताहात नहीं हुआ।

प्रवक्ता ने बताया कि बारामूला में आज 11 संदिग्ध अलगाववादी पकड़े गए जबकि कुपवाड़ा जिले में कल एक पाकिस्तानी प्रशिक्षित अलगाववादी पकड़ा गया। श्रीनगर और बारामूला से भी कल तीन संदिग्ध अलगाववादी पकड़े गए।

मुन्ना गिरफ्तार : जम्मू (नि.स.): राजौरी पुलिस ने राजौरी निवासी शफीक अहमद उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया है, जो इस जिले में 'हिजबुल-मुजाहिदीन' का आधार तैयार कर रहा था। मुन्ना जिला राजौरी की प्रतिबन्धित 'जमायते इस्लामी' का प्रधान था। उस पर आरोप है कि वह युवकों को सीमा पार जाकर शस्त्रों का प्रशिक्षण लेने

Punjab Archive

क्लासीफाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

17 से 21 नवम्बर, पंचकाशी स्नान, कपालमोचन, कुरुक्षेत्र। मिलें : सुमित यात्रा समिति, चौड़ी सड़क, लुधियाना। फोन : 20383

गीत/संगीत

कुड़ी तां एटम बम्ब ऐ, गायक सुरेंद्र छिंदा। कैसेट जल्द आ रही है। पूछताछ फोन : 37823, लुधियाना।

बी.टी.एफ. के एरिया कमांडर सहित 6 मिलिटैंट मरे : 15 अन्य गिरफ्तार

पंजाब में 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 5 व्यक्तियों की हत्या : व्यापारी सहित 2 का अपहरण

पुलिस अधीक्षक का अपहृत सम्बन्धी छात्र छुड़वाया

चंडीगढ़, 14 नवम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत मास से विभिन्न घटनाओं के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एरिया कमांडर मक्खनसिंह सहित 6 मिलिटैंट मारे गए तथा 15 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि सुरक्षा बलों ने तुरत कार्रवाई करके पुलिस अधीक्षक के एक संबंधी अपहृत छात्र को भी छुड़वा लिया । इसके अलावा राज्य में 3 सुरक्षा कर्मियों समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक व्यापारी सहित 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया जबकि एक बैंक को भी अग्निभेंट कर दिया गया है ।

10 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा बलों ने रोपड़, लुधियाना और मजीठा से दस मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है। छह मिलिटैंट खरड़ में और दो-दो मिलिटैंट लुधियाना व मजीठा जिलों में पकड़े गए। इन मिलिटैंटों में से चार के नाम जसमेर सिंह, पलविंदर सिंह, रतन सिंह और मंधीर सिंह हैं। इनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए।

बब्बर खालसा के 2 मिलिटैंट काबू : अमृतसर पुलिस ने बब्बर खालसा संगठन के 2 दुर्दांत मिलिटैंटों को भी काबू किया है। पुलिस के अनुसार इनमें से एक तजिन्दर सिंह उर्फ भोला पंखे बनाने वाली एक फैक्टरी का मालिक है तथा दूसरा अमृत सिंह एक कैमिस्ट की दुकान करता है और दोनों ही नगर के दक्षिणी भाग में सक्रिय थे।

सूत्रों के अनुसार दोनों ने गत 21 अक्तूबर को सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों की हत्या के अलावा नर्स कुलविंदर कौर व एस.जी.पी.सी. के चालक बूटा सिंह की भी हत्या की थी। इन दोनों ने एक डाक्टर से एक लाख व दो अन्य व्यक्तियों से भी एक-एक लाख रुपए की वसूली की थी तथा कई घरों से नकदी व आभूषण भी लूटे थे। इनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक बंदूक व बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए गए।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : तरनतारन क्षेत्र में भी एक मुठभेड़ में कथित खालिस्तान कमांडो फोर्स (निरवैर गुट) का मिलिटैंट काबल सिंह उर्फ काला मारा गया। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल और एक मैगजीन बरामद की गई।

वृद्धा की हत्या : जिला होशियारपुर के गांव बाडिया कलां में गत रात्रि कुछ अज्ञात हमलावरों ने रविन्दर कौर नामक एक वृद्धा की चाकू मार कर हत्या कर दी। वह विधवा थी।

पुलिस अधीक्षक का सम्बन्धी छुड़ाया : बी.टी.एफ. का एरिया कमांडर मरा : भटिंडा (वासुदेव, सोच) : गत रात्रि गांव सीवियां के निकट एक भीषण मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने मक्खनसिंह नामक एक दुर्दांत मिलिटैंट को मार गिराया। उसके कब्जे से छीनी गई एक मारुति कार तथा 9वीं कक्षा के एक अपहृत छात्र सुरजीत कुमार को भी बरामद कर लिया गया। इसके अलावा घटनास्थल से ज़ब्त किए गए हथियारों में 30 बोर की एक कार्बाइन, 455 बोर की रिवाल्वर व 2 स्टिक बम भी शामिल हैं।

भटिंडा के एस.एस.पी. एच.एस. काहलों के अनुसार मक्खन सिंह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एरिया कमांडर था। वह हत्या की 30 व फिरौती की करीब एक दर्जन वारदातों में वांछित था। उन्होंने बताया कि मक्खन सिंह ने उक्त छात्र का अपहरण करके उसे छीनी गई एक मारुति कार में डाल लिया तथा उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी गई। उसने यह अपहरण फिरौती वसूल करने के लिए ही किया था।

श्री काहलों के अनुसार मक्खन सिंह के पिता का नाम स्वर्ण सिंह है और वह जिला संगरूर के बीरबुर्द गांव का निवासी था। मक्खनसिंह संघा गुट का एक सक्रिय सदस्य था।

'प.स.' के अनुसार पुलिस ने सूचना मिलने पर भटिंडा जिले के डेऊकलां के निकट एक कार का पीछा किया जिसमें तीन मिलिटैंट बालक सुरजीत कुमार का अपहरण करके ले जा रहे थे। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर ये मिलिटैंट कार छोड़ कर भाग निकले।

सुरजीत फिरोजपुर के पुलिस अधीक्षक भूषण कुमार गर्ग का रिश्तेदार है। वह नौवीं कक्षा का छात्र है। मिलिटैंटों ने कल उसका उस समय अपहरण कर लिया था, जब वह स्कूल से लौट रहा था।

मुकाबले में 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक झब्बाल थाना के अधीन जियोबाल गांव में सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी के दौरान एक मुकाबले में 2

(शेष पृष्ठ 8 पर)

वेंकटरमन द्वारा राबर्ट मुगाबे 'जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार' से सम्मानित

नई दिल्ली, 14 नवम्बर (वार्ता): राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने आज यहां कहा कि शांति एवं निःशस्त्रीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सम्बन्धों को नया स्वरूप देने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें मिलजुल कर गुट-निरपेक्ष आंदोलन को और सशक्त तथा प्रभावी बनाना पड़ेगा।

श्री वेंकटरमन आज यहां राष्ट्रपति भवन के भव्य सभागार में जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति राबर्ट मुगाबे को अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव के लिए 1989 का जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार प्रदान करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में विश्व की स्थिति में आए भारी परिवर्तनों में से कुछ ने आंदोलन की सामयिकता पर प्रश्न-चिन्ह लगा दिया है। उनका कहना था कि शीत-युद्ध की समाप्ति, सैनिक गुटों के बिखरने तथा पूर्वी यूरोप में आए दूरगामी राजनीतिक-आर्थिक परिवर्तनों ने सिद्ध कर दिया है कि आंदोलन की अभी भी उतनी ही जरूरत है, हालांकि उसकी स्थितियां तथा प्राथमिकताएं बदल गई हैं।

श्री वेंकटरमन ने कहा कि अब आंदोलन को शांति एवं निरस्त्रीकरण, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सम्बन्धों को नया स्वरूप देने, विकसित देशों के कर्ज माफ करने, संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों के लोकतंत्रीकरण तथा पर्यावरण संरक्षण आदि मुद्दों को प्रमुखता देनी होगी।

उन्होंने कहा कि मिल-जुल कर इन लक्ष्यों की प्राप्ति यह सिद्ध करेगी कि अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति कुछ ताकतवार देशों के इशारों पर चलेगी या बहुसंख्य राष्ट्रों की सामूहिक राय पर।

श्री वेंकटरमन ने कहा कि आपसी हितों के अधिकतर मुद्दों पर भारत और जिम्बाब्वे की सोच लगभग एक ही है। इसी कारण हम संयुक्त राष्ट्र, गुट-निरपेक्ष आंदोलन, राष्ट्रकुल सम्मेलन तथा विभिन्न आर्थिक मंचों पर तालमेल के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मुगाबे न केवल जिम्बाब्वे के नेता हैं बल्कि अफ्रीकी उत्थान के महत्वपूर्ण प्रणेता भी हैं। उन्होंने कहा कि आपको यह पुरस्कार देते हुए हमें बहुत संतोष हो रहा है।

इससे पूर्व श्री मुगाबे ने राष्ट्रपति रामस्वामी

Punjabi Sahara.com

15.11.1991

राव
(पृष्ठ 3 का शेष)

में पुनः चुनाव कराने पड़े और देश का चरमरा गया। श्री राव ने आज यहां भा में कहा कि विपक्ष के दो वर्ष के देश आर्थिक दृष्टि से जर्जर हो गया, की साख खत्म हो गई तथा विकास के

मुद्दे पर हिंसा सहन नहीं

धानमंत्री ने आरोप लगाया कि उत्तर हार की सरकारें विकास कार्य के प्रति रत रही हैं। श्री राव ने अयोध्या में विवाद का ज़िक्र करते हुए आशा इसे सद्भावनापूर्वक हल कर लिया ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस विवाद किसी तरह की हिंसा बर्दाश्त नही की

ने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश में नही होंगे, तब तक देश में तरक्की नहीं बिहार की जनता दल सरकार की ते हुए श्री राव ने कहा कि बिहार में चुनाव रणनीति केंद्र किसी भी हालत में रेगा।

रुखसाना हाथ नहीं लगी : जम्मू (नि.स.): जम्मू जेल में गिरफ्तार किए गए अलगाववादियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने नैशनल कांफ्रैंस के भूतपूर्व नेता गुलाम मुहम्मद रोशन के निवासस्थान से ए.के. 47 राइफलों के दो भरे हुए मैगजीन बरामद किए हैं, जिनमें 59 गोलियां थीं। पुलिस ने जे.के.एल.एफ. के डिप्टी एरिया कमांडर खालिद कसाना की सास के मुहल्ला जुलाहका स्थित मकान से एक चीनी स्टिक ग्रेनेड भी बरामद किया है।

इसी बीच पुलिस रुखसाना उर्फ पिंकी को अभी तक गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी है। पुलिस ने उसकी तलाश में अलगाववादियों के कुछ छुपने के ठिकानों तथा लड़की की मां परवीन अख्तर के ऊधमपुर में रहने वाले कुछ रिश्तेदारों के यहां छापे भी मारे हैं। परवीन अख्तर को जे.के.एल.एफ. के जम्मू क्षेत्र के एरिया कमांडर जाकिर हुसैन के साथ स्थानीय गुज्जर नगर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार परवीन अख्तर काफी समय से अपनी दो बेटियों के साथ गुज्जर नगर में रह रही थी। रुखसाना का पति डोडा में जन-स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत है।

दूरबीन के साथ पित्ते का आप्रेशन

जालन्धर, 5 दिसम्बर : यहां के बाबा अस्पताल में पित्ते के रोगों के उपचार के लिए दूरबीन द्वारा आप्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । उत्तर भारत में पहली बार उक्त अस्पताल में ऐसी व्यवस्था की गई है ।

छात्रों, अध्यापकों, प्रिंसीपलों द्वारा स्कूल मैनेजर के विरुद्ध हड़ताल

लुधियाना, 5 दिसम्बर (भाखड़ी): ए.एस.पी.सी.

भारत की पा... न आज

(पृष्ठ ...

आस्ट्रेलिया से खेलना

श्री मिश्र ने बत... घुसपैठियों को संरक्षण ... चुकी है तथा बैठक में ... टीमों की हालत खस्ता किए गए । उनका ... ही एक दिवसीय मैच में रेंजरों ने ऐसी कार्रवाई ... हाथों सात विकेट की प्राप्त होने से इंकार कर... तो भारत ब्रिसबेन टैस्ट से सहमत हो गए कि ... हार से त्रस्त है । किया जाना चाहिए । ...स्ट्रेलिया की पिचों पर

उन्होंने बताया कि... विश्व श्रृंखला कप के मानने के लिए विवश ... इनकी तैयारी पक्की नहीं आरोप सही है कि मध्य... तियोगिता में भारत, 21 व 14 मुहाजिरों ... टीम के दमखम की भारत भेजने का प्रया...

मुहाजिरों को पुन: पा... रिद अजहरुद्दीन ने आज उनका कहना था कि ... आस्ट्रेलिया के माहौल पाकिस्तान के ऐसे क... से अधिक समय लिया है । उन्होंने बताया ...गाहिर की कि टीम के वातावरण' में बार्ता ह...

अलावा राजस्थान ... एक दिवसीय मैच से (बी.एस.एफ.) ए. ग... मदद मिलती है । इन मुख्यालय) पी.सी. ...ता इसलिए टैस्ट मैचों (बी.एस.एफ.-अमृतस... लगाए जा सकते हैं । थे । दोनों पक्षों ने ...ा जाते हैं । किया ।

तेम 4 में

श्री ए.पी. पांडे अधिकारियों के साथ ... विरोध व्यक्त किया ...ल): पंजाब एंड सिंध विशेषत: पंजाब में ...गनल्स जालन्धर ने हथियारों की आपूर्ति ...ब लिबरल्स हाकी कि इस पर पाक अधिक... आज प्रवेश किया । यहां तो हथियार साध...म में प्रात:कालीन सत्र हैं जैसे बाजार में स...काबलों में पंजाब एंड स्पष्टत: पाक अब ...श सिरसा तथा कोर उसके यहां से भारती... ई.टी.बी.पी. चंडीगढ़ की आपूर्ति हो रही ...राजित किया ।

राजस्थान सीमा ... 1988 की विजेता बताया कि गत 11 ... पंजाब राज्य बिजली की पंजाब व राजस्था... 1979 व 1989 जिनमें 15 घुसपैठिय... धर ने भी ई.एम.ई. 109 ए.के. 47 रा... अंतर से ही हरा कर बोर के 43,000 ...प्रवेश किया । व 70 बम पकड़े ग...

उनका कहना ... कि.मी. के क्षेत्र में ... राजस्थान के गंगानग... पाकिस्तान से हथिय...

QUALITY THAT S FOREVER

Punjabi Sanatan

अत्याधुनिक हथियार देने का आश्वासन | घोषित : टोहाना के डी.एस.पी. व एस.एच.ओ. तबदील | सुराग नहीं मिला : सी.आई.डी. की सहायता ली गई | हत्या कांड की सर्वत्र

ं भाजपा नेता राम प्रकाश प्रभाकर का अपहरण : 2 मिलिटैंट मरे, 42 हिरासत में : अन्यत्र दो

में जारी मिलिटैंसी
में इसके बढ़ते
टोहाना कांड के
णा करके पंजाब
दिया गया है और
यापक धरपकड़
के उक्त कांड के
। इसके अलावा
का अपहरण कर
दो मिलिटैंट मारे
ाशी अभियान के
लिया गया है ।
ों का शिकार हुए
ारवाई लगातार

ी संख्या 26 :
हिसार जिला के
ों को फायरिंग में
26 हो गई है। इस
बाद में दम तोड़
कि 9 घायलों में
ों को रोहतक के
या है। बाकी छह
ान में किया जा

ति कार में सवार
ा में चार स्थानों
2 लोग मौके पर
यादा घायल हुए

ा में नरसंहार के
में रैड अलर्ट की
र मिलिटैंटों की
भियान शुरू कर

लिटैंटों
त्यायें

तर प्रदेश में गत
ी 27 लोगों की
हो गए हैं। इनके
3 व्यक्तियों का
इस अवधि में
की गई है।
ा.खीरी जिले में
। पुलिस प्रवक्ता
ों के बीच आज
155 के पास
कर हत्या कर
र ने बताया कि
दी कि गोलियां
ास पड़े हैं तथा
की आवाजें भी

दिया गया है तथा हरियाणा-पंजाब की सीमा पर गश्त भी तेज कर दी गई है।

भजन लाल टोहाना गए : इसी बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री भजन लाल आज सुबह टोहाना गए। उनके साथ कृषि मंत्री हरपाल सिंह भी थे। वहां पिछली शाम के हत्या कांड के बाद से तनाव फैला हुआ है। वह विमान द्वारा नगर में पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। वह मृतकों के परिवारों से मिले तथा उनसे संवेदना व्यक्त की। चौ. भजन लाल ने अस्पताल में भर्ती घायलों से भी मुलाकात की। उन्होंने जनता से अपील की कि वह इस कांड से उत्तेजित न हो और आपसी सद्भावना बनाए रखते हुए स्थिति का डट कर सामना करे। उन्होंने कहा कि मिलिटैंटों से टक्कर लेने का कोई भी बहादुरी पूर्ण कारनामा सरकार द्वारा उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

मिलिटैंटों को चेतावनी : चौ. भजन लाल ने मिलिटैंटों को कड़ी चेतावनी दी है कि हरियाणा में उनके नापाक इरादों को कदापि सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे हरियाणा में बढ़ रही मिलिटैंसी का बहादुरी से सामना करें व इसके लिए आवश्यक कड़े कदम उठाएं।

डी.एस.पी. व एस.एच.ओ. तबदील : मुख्यमंत्री का कहना था कि टोहाना की जनता की भावनाओं के दृष्टिगत वहां के डी.एस.पी. व एस.एच.ओ. के तबादलों के आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो तीव्र रूप से प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों को ड्यूटी में उनकी लापरवाही के कारण ही तबदील किया गया है। इसके अलावा उक्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध जनता में आक्रोश भी व्याप्त था तथा लोग चाहते थे कि दोनों अधिकारियों को निलम्बित कर दिया जाए। इसके बाद भजन लाल चंडीगढ़ वापस लौट आए। मगर उनके साथ गए कृषि मंत्री हरपाल सिंह टोहाना में ही हैं। वह वहां राहत कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

अनुग्रह राशि की घोषणा : चौ. भजन लाल ने टोहाना में गत सायं मिलिटैंटों द्वारा मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम रिश्तेदार को पचास हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घ उन्होंने टोहाना से लौटने के बाद संवाददाताओं से कहा कि गम्भीर व व्यक्तियों को 20-20 हजार रुपए जाएगी। इसके अलावा साधारण घाय हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

चंवन से बातचीत : चौ. बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री एस.बी.
















(1-6) गत रात टोहाना जिला हिसार में मिलिटैंटों द्वारा मारे गए व्यक्तियों के शव, (7) अपने बेटे तथा 2 पोतों के शवों के पास विलाप करती एक औरत, (8) विलाप करती हुई मृतकों की सम्बन्धी महिलाएं, (9) टोहाना का वह बाजार (लक्कड़ बाजार) जहां मिलिटैंटों ने सबसे पहले गोलियां चल व्यक्तियों की हत्या की। घटनास्थल पर बिखरा खून, (10) अस्पताल में क्रुद्ध भीड़ ने वहां के एस.पी. का घेराव किया, (11) क्रुद्ध भीड़ का सामना न कर सकने के कारण घायलों का हाल पूछने आए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल को पुलिस भीड़ से बचा कर कार में बैठाती हुई, (12-13) अस्पताल में उपचा घायल, (14) शोक में टोहाना का बंद पड़ा बाजार सुनसान दिखाई दे रहा है।
(छाया:अनिल

Punjabi Sanatani

रेवती रमण को मान्यता | बिटेन ने पाक को उप

पंजाब में भाजपा नेता राम प्रकाश प्रभाकर का अपहरण : 2 मिलिटैंट मरे, 42 हिरासत में : अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 दिसम्बर : पंजाब में जारी मिलिटैंसी वातावरण पड़ौसी राज्य हरियाणा में इसके बढ़ते प्रभाव की वजह से गत दिवस हुए टोहाना कांड के बाद राज्य में रैड अलर्ट की घोषणा करके पंजाब के साथ लगती सीमा को सील कर दिया गया है और दोषियों की तलाश के लिए व्यापक धरपकड़ अभियान भी शुरू हो गया है जबकि उक्त कांड के मृतकों की संख्या आज 26 हो गई । इसके अलावा पंजाब में गत सायं से भाजपा नेता का अपहरण कर लिया गया व विभिन्न घटनाओं में दो मिलिटैंट मारे गए जबकि कई क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान के दौरान 42 अन्य को हिरासत में ले लिया गया है । इस बीच में अन्यत्र 2 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार हुए हैं। सुरक्षा बलों की इसके विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रही ।

टोहाना कांड के मृतकों की संख्या 26 : चंडीगढ़, 6 दिसम्बर (पी.एस., वि.प्र.) : हरियाणा में हिसार जिले के टोहाना शहर में गत सायं मिलिटैंटों की फायरिंग में घायल होने वालों की संख्या आज बढ़ कर 26 हो गई है। इस संबंध में घायल हुए चार लोगों ने बाद में दम तोड़ दिया। सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि 9 घायलों में से नाजुक हालत वाले तीन लोगों को रोहतक के पंडित भगवत दयाल कालेज अस्पताल में भेजा गया है। बाकी छह का इलाज टोहाना के सिविल अस्पताल में किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत सायं मारुति कार में सवार मिलिटैंटों ने लगभग 5.30 बजे टोहाना में चार स्थानों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इससे 22 लोग मौके पर ही मारे गए और एक दर्जन से ज्यादा घायल हुए थे।

रैड अलर्ट घोषित : टोहाना में नरसंहार के बाद पुलिस ने पूरे हरियाणा राज्य में रैड अलर्ट की घोषणा कर दी है। सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों की तलाश के लिए व्यापक धर-पकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है तथा हरियाणा-पंजाब की सीमा पर गश्त भी तेज कर दी गई है।

भजन लाल टोहाना गए : इसी बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री भजन लाल आज सुबह टोहाना गए। उनके साथ कृषि मंत्री हरपाल सिंह भी थे। वहां पिछली शाम के हत्या कांड के बाद से तनाव फैला हुआ है। वह विमान द्वारा नगर में पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। वह मृतकों के परिवारों से मिले तथा उनसे संवेदना व्यक्त की। चौ. भजन लाल ने अस्पताल में घायल व्यक्तियों से भी मुलाकात की। उन्होंने जनता से अपील की कि वह इस कार से उत्तेजित न हो और आपसी सद्भावना बनाए रखते हुए स्थिति का डट कर सामना करे। उन्होंने कहा कि मिलिटैंटों से टक्कर लेने का कोई भी बहादुरी पूर्ण कारनामा सरकार द्वारा उचित रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

मिलिटैंटों को चेतावनी : चौ. भजन लाल ने मिलिटैंटों को सही चेतावनी दी है कि हरियाणा में उनके साथ इनसे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे हरियाणा में बढ़ रही मिलिटैंसी का बहादुरी से सामना करें व इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं।

डी.एस.पी. व एस.एच.ओ. तबदील : मुख्यमंत्री का कहना था कि टोहाना की घटना की आशंकाओं के दृष्टिगत वहां के डी.एस.पी. व स्थानीय थाने के एस.एच.ओ. को तबदील कर दिया गया है। डी.सी.पी. रूप से प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों को छुट्टी पर उनकी सहमति के बाद ही स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा उक्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की बात भी तथा सोम चाहते हैं कि दोनों अधिकारियों को निलम्बित कर दिया जाए। इसके बाद भजन लाल चंडीगढ़ वापस लौट आए। उधर उनके साथ गए कृषि मंत्री हरपाल सिंह टोहाना में ही हैं। वह वहां राहत कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

अनुग्रह राशि की घोषणा : चौ. भजन लाल ने टोहाना में सत सायं मिलिटैंटों द्वारा मारे गए इनेस व्यक्ति के निकटतम रिश्तेदार को एक हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने टोहाना में चीरने के बाद चंडीगढ़ में संवाददाताओं से कहा कि गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को 20-20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा साधारण घायलों को 10-10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

चवन से बातचीत : चौ. भजन लाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री एस.बी. चवन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि हरियाणा में बढ़ रही मिलिटैंसी पर काबू पाने के लिए राज्य में शीघ्र ही अर्ध सैनिक बलों की कुछ और कम्पनियां भी भेजी जाएंगी तथा पुलिस को अत्याधुनिक हथियार व उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत मास टोहाना में उक्त वारदात के बाद उन्होंने श्री चवन से टैलीफोन पर बातचीत की थी और उन्होंने उक्त आशय का आश्वासन देते हुए कहा था कि हरियाणा में अर्ध सैनिक बलों की कम्पनियां आज शाम तक पहुंच जाएंगी।

सीमा सील होगी : चौ. भजन लाल का कहना था कि उक्त कम्पनियां राज्य में पहुंचते ही पंजाब के साथ लगती हरियाणा की 400-500 कि.मी. की सीमा को सील कर दिया जाएगा।

उन्होंने स्वीकार किया कि गत सायं टोहाना में पुलिस का समुचित प्रबंध था परन्तु वारदात के समय उसका नेतृत्व करने वाला कोई भी मौजूद नहीं था क्योंकि टोहाना के डी.एस.पी. महेन्द्र सिंह मलिक छुट्टी पर फतेहाबाद गए हुए थे और एस.एच.ओ. छुट्टी पर था।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि पंजाब के साथ लगती हरियाणा की सारी सीमा सील कर दी गई है और सुरक्षा बलों के विभिन्न दल टोहाना कांड के हत्यारे मिलिटैंटों की तलाश में सभी दिशाओं में रवाना कर दिए गए हैं।

हत्यारों का सुराग नहीं : मुख्यमंत्री का कहना था कि टोहाना कांड के हत्यारे मिलिटैंटों का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है परन्तु प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर वारदात के बाद पंजाब की ओर भाग गए थे। इसके अलावा किसी भी मिलिटैंट संगठन ने अभी तक उक्त वारदात की

(शेष पृष्ठ 10 पर)



(1-6) गत रात टोहाना जिला हिसार में मिलिटैंटों द्वारा मारे गए व्यक्तियों के शव, (7) अपने बेटे तथा 2 पोतों के हत्यारे के पास विलाप करती एक औरत, (8) बिलख करती हुई मृतकों की सम्बन्धी महिलाएं, (9) टोहाना का खून बाजार (लस्कर बाजार) जहां मिलिटैंटों ने सबसे पहले गोलियां चला कर 8 व्यक्तियों की हत्या की। घटनास्थल पर बिखरा खून, (10) अस्पताल में हृदय चीर से बचे व्यक्ति का ऐक्स-रे का परीक्षण किया, (11) हृदय चीर का सामना करने वाले चार घायलों का हाल पूछने आए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल को पुलिस चीर से बचा कर कार में बैठाती हुई, (12-13) अस्पताल में उपचाराधीन घायल, (14) शोक में टोहाना का बंद पड़ा बाजार सुनसान दिखाई दे रहा है।

(छाया:अनिल पुरी)

उ. पी. में मिलिटैंटों द्वारा 27 हत्यायें

लखनऊ, 6 दिसम्बर (पी.एस.) : उत्तर प्रदेश में गत 24 घंटों में पंजाब के मिलिटैंटों द्वारा 27 लोगों की हत्या की गई जबकि 18 लोग घायल हो गए हैं। इनके अलावा 9 वर्ष की एक लड़की समेत 3 व्यक्तियों का अपहरण किया गया। तराई क्षेत्र में इस अवधि में मिलिटैंटों द्वारा हिंसा की 6 वारदातें की गई हैं।

लखनऊ : मिलिटैंटों ने आज प्रात: खीरी जिले में 10 लोगों की गोली मै हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार भेरा-खीरी रेलवे स्टेशनों के बीच आज सुबह के लगभग दो बजे रेलवे गेट नं. 155 के पास मिलिटैंटों ने 10 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। प्रवक्ता के अनुसार स्टेशन मास्टर ने बताया कि आसपास के कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गोलियां चलने से 10 लोगों के शव रेलवे गेट के पास पड़े हैं तथा आसपास के लोगों ने गोलियां चलने की आवाजें भी सुनी थीं।

मिलिटैंटों ने कल रात ही पीलीभीत जिले के

रेवती रमण को मान्यता

हरियाणा, उत्तर प्रदेश में मिलिटैंटों द्वारा हत्याओं पर

ब्रिटेन ने पाक को उग्रवादियों की मदद बंद करने को कहा

घाटी में उग्रवादी समेत 8 मारे गए

श्रीनगर, 6 दिसम्बर (वार्ता) : कश्मीर घाटी में गत सायं से एक उग्रवादी समेत 8 व्यक्ति मारे गए जबकि सुरक्षा बलों ने 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

सरकारी सूत्रों ने कहा है कि एक उग्रवादी गत रात्रि जिला बारामूला में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था। गत रात्रि जिला बडगाम में उग्रवादियों के 2 प्रतिद्वंद्वी गुटों में हुई आम फायरिंग में दो लोग मारे गए।

सुरक्षा बलों ने 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उन से 2 ए.के. 47 राइफलों सहित शस्त्र और गोली-सिक्का बरामद किया है। गत रात्रि उग्रवादियों ने तीन स्थानों पर सुरक्षा चौकियों पर हमला किया। गत रात्रि अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित 3 मकान जल कर राख हो गए।

एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार हिजबुल मुजाहिदीन गुट के तीन प्रशिक्षित उग्रवादियों ने आज आत्म-समर्पण कर दिया । उन्होंने एक ए.के. 47 राइफल, एक पिस्तौल, दो चीनी हथगोले और कुछ

Punjabi sanatani

पंजाब-हरियाणा में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिम्मेवारी नहीं ली है।

उन्होंने बताया कि टोहाना कांड के मृतक विभिन्न समुदायों से सम्बन्धित थे। इनमें से 12-13 टोहाना, 2 करनाल, एक घरौंडा व एक अथवा दो पंजाब के जिला संगरूर के निवासी थे। उन्होंने बताया कि रोजगार प्रदान करने के मामले में मृतकों के परिजनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सी.आई.डी. की सहायता प्राप्त : उनका कहना था कि राज्य में पुलिस को अत्यधिक सतर्क कर दिया गया है तथा टोहाना हत्या कांड की जांच के लिए सी.आई.डी. की भी सहायता ली जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को हथियारों के लाइसैंस जारी करने की प्रणाली आसान बनाने का फैसला किया है।

बंद आयोजित : हिसार (नांदवाल): जिला के टोहाना कस्बे में गत सायं हुए हत्याकांड के मृतकों की संख्या अपुष्ट तौर पर 31 बताई जा रही है, हालांकि सरकारी तौर पर यह संख्या 26 कही गई है। उक्त घटना के विरोध में आज टोहाना व निकटवर्ती कस्बा बरवाला पूर्णत: बंद रहे। इस दौरान औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़ताल रखी गई।

मुख्यमंत्री भजन लाल आज जब यहां घायलों को देखने पहुंचे तो उन्हें अस्पताल में नहीं जाने दिया गया। बाहर जमा भीड़ ने मुख्यमंत्री के विरुद्ध जम कर नारेबाजी की। हरियाणा प्रदेश युवा इंका के संगठन सचिव कृष्ण प्रभाकर, हरियाणा हैंडलूम एपेक्स की अध्यक्ष श्रीमती संध्या बजाज ने इस कांड की निन्दा की है। भाजपा के संगठन सचिव जगदीश मित्तल ने राज्य में बढ़ती मिलिटैंसी को सरकार की कमजोरी बताया है। राज्य के पूर्व गृहमंत्री सम्पत सिंह व पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश ने भी टोहाना कांड की निन्दा की।

टोहाना कांड का विवरण : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल सायं 5 बजे के करीब कोका कोला रंग की एक मारुति कार में सवार 4 मिलिटैंटों ने सबसे पहले रेलवे रोड व नेहरू पार्क में अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें 8 व्यक्ति मारे गए। इसके बाद यह कार नई अनाज मंडी रोड पर गई व एक स्कूटर सवार की हत्या कर दी गई तथा मिलिटैंटों ने इसी मंडी में हरियाणा के.पी. कॉटन मिल के मालिक की भी हत्या कर दी जिससे वहां भय के कारण सभी दुकानें तुरन्त ही बंद हो गई। इसके बाद मिलिटैंटों की कार सिम्बल रोड पर गई और वहां भारतीय खाद्य निगम के एक कर्मी व मार्कीट कमेटी के निकट 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। इसी मार्ग पर मिलिटैंटों ने सामने से आ रही एक अन्य मारुति कार को रोक कर उसमें सवार 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी। इसके बाद वे रेलवे स्टेशन के यार्ड को जाने वाले मार्ग पर पहुंचे तथा हरियाणा कॉटन मिल के दो मुनीमों, एक चौकीदार व एक अन्य कर्मी की हत्या कर दी, जो रसोइया था। उन्होंने रसोइए को रसोईघर में जाकर मारा, जहां वह जान बचाने को छिप गया था। इसी मार्ग पर मिलिटैंटों ने एक स्कूटर सवार पशु चिकित्सक सुरिन्दर भाटिया की भी हत्या कर दी तथा निकट स्थित एक अन्य औद्योगिक संस्थान के 2 कर्मियों को मौत के घाट उतार दिया। पता चला है कि इसके बाद हत्यारे मिलिटैंट पंजाब की ओर भाग गए।

शिनाख्त : एक रिपोर्ट के अनुसार टोहाना कांड के मृतकों की शिनाख्त हो गई है। इनमें से 3 टोहाना एफ.सी.आई. के कर्मी थे। मृतकों के नाम राजकुमार, सुरिन्दर भाटिया, रमेश कुमार, विद्यासागर, गुरदीप कुमार, बहादुर, कैलाश कुमार, विनोद कुमार, मोहिन्दर सिंह, नरेश, जय किशन, बिल्लू, परवीण कुमार, राधेश्याम, योगराज, वेद प्रकाश, अनिल कुमार, राजेश कुमार, प्रेम कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, राजकुमार, अर्जुन दास, अशोक, राजन जसवाल व दलजीत सिंह ढिल्लों हैं।

पहचान : टोहाना कांड के कुछ घायलों की पहचान राजेन्द्र, जीवन दास, सुरेन्द्र, नरेश, गुरमुख सिंह, नंद लाल, रामबख्श, सतपाल व ईश्वर के रूप में हुई है।

पंजाब : हरियाणा राज्य के उपरोक्त विस्तृत विवरण के पश्चात् पंजाब में मिलिटैंसी की वारदातों व अन्य घटनाओं का पूरा ब्यौरा इस प्रकार है :

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : जिला लुधियाना के गांव दौलतपुर में गत रात्रि सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले के दौरान 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया। घटनास्थल से बिना नम्बर का एक हीरो होंडा मोटर साइकल व कुछ कारतूस मिले हैं। यह मुकाबला गांव के बस अड्डे के निकट हुआ।

मौत सूरज प्रकाश की हुई, संतराम की नहीं : लुधियाना की बस्ती जोधेवाले में कल रात मिलिटैंटों की फायरिंग में एक व्यक्ति सूरज प्रकाश मारा गया, जो वहां संतराम की दुकान पर बैठा था। पूर्व समाचार में गलती से यह छप गया था कि संतराम मारा गया।

2 व्यक्ति घायल : मोगा (आजाद) : आज दोपहर बाद 3.15 के करीब स्थानीय अनाज मंडी में मिलिटैंटों ने फायरिंग करके विजय कुमार व दर्शन कुमार नामक 2 व्यक्तियों को घायल कर दिया। मिलिटैंट स्कूटर पर सवार होकर आए थे। फायरिंग के बाद मिलिटैंट अपना स्कूटर छोड़ कर फरार हो गए।

2 युवकों की हत्या : (सर्व): यहां पुलिस थाना बाघापुराना के गांव रोडे में गत सायं मिलिटैंटों के एक गिरोह ने 2 युवकों की हत्या कर दी तथा बाद में फरार हो गए। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

भाजपा नेता का अपहरण : बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के कस्बा कादियां के निवासी व जिला गुरदासपुर भाजपा के वरिष्ठ उपप्रधान राम प्रकाश प्रभाकर का गत सायं 3 मिलिटैंटों ने बटाला-कादियां मार्ग पर उस समय अपहरण कर लिया जब वह अपने स्कूटर पर बटाला से कादियां जा रहे थे।

बताया जाता है कि श्री प्रभाकर ने मिलिटैंटों का काफी विरोध भी किया परन्तु मिलिटैंटों ने उन्हें काफी मारा-पीटा व अपने साथ जबरदस्ती ले गए। गत 21 नवम्बर को भी मिलिटैंटों ने कादियां भाजपा के पूर्व प्रधान चमन लाल का भी अपहरण कर लिया था। उनका भी अभी तक कोई सुराग नहीं मिला।

सेना द्वारा कार्रवाई शुरू : : पुलिस जिला बटाला में सेना, सीमा सुरक्षा बल व पुलिस ने मिलिटैंटों की खोजबीन के लिए संयुक्त कार्रवाई आरम्भ करके अभियान शुरू कर दिया है।

एस.एस.पी. सीता राम ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस जिला बटाला के अलग-अलग थानों के अंतर्गत आते लगभग 150 गांवों में तीन दिनों में तलाशियों का अभियान चलाया गया और 35 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई तेजी से जारी रखी जाएगी।

कर्फ्यू लगा कर तलाशी : अमृतसर (सुभाष नारंग): आज तड़के 4 बजे सुरक्षा बलों ने कर्फ्यू लगा कर एस.पी. (आप्रेशन) एस.के. सिंह के नेतृत्व में गुरु अर्जुन देव नगर, कोट खालसा, धर्मकोट, गुरुनानकवाड़ा, चानिहंगा क्षेत्रों में घर-घर की तलाशी ली व 40 संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर लिया जिनमें से 35 को बाद में छोड़ दिया गया। यह कार्रवाई प्रात: 8.30 बजे तक चलती रही।

मिलिटैंट काबू : अजनाला थाना के अधीन चमियारा ड्रेन पुल पर एक मिलिटैंट गुरमीत सिंह पुत्र गुरमेज सिंह निवासी खानोवाला को सुरक्षा कर्मियों ने एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया।

3 और मिलिटैंट गिरफ्तार : आज रात पौने 9 बजे खालड़ा थाना के अधीन भाड़ी मेघा गांव के निकट से सुरक्षा कर्मियों ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया। इनके नाम राज सिंह उर्फ घुम्मन निवासी भूरे कोना, अवतार सिंह उर्फ तारी निवासी भाई लद्दूवाला तथा हरदीप सिंह निवासी ब्रह्मपुरा हैं। इनसे एक बंदूक, एक पिस्तौल, एक छड़ी बम, एक हथगोला और कुछ गोली-सिक्का भी मिला है।

विशेष सुरक्षा अभियान आरम्भ : होशियारपुर (अश्विनी): जिला पुलिस ने होशियारपुर में सुरक्षा बलों की सहायता से मिलिटैंटों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। जिला पुलिस प्रमुख राजन गुप्ता इस विशेष अभियान की निगरानी कर रहे हैं। इस अभियान के अधीन जिला के दसूहा उपमंडल में अब तक 50 से अधिक ग्रामों में छापे मारे जा चुके हैं। आज भी सुरक्षा बलों की लगभग दो दर्जन टुकड़ियों ने श्री गुप्ता के नेतृत्व में छापा मार अभियान जारी रखा।

पाबंदी आदेश में वृद्धि : लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट ने अपने पाबंदी आदेश में आगामी 4 फरवरी तक वृद्धि की है, जिसके अधीन जिला भर में रैस्टोरैंट, ढाबे तथा खाने-पीने की दुकानें 11 बजे रात तक खुली रखी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त उपखंडों के मुख्यालयों लुधियाना, मुल्लांपुर, रायकोट, सुधार, दोराहा, माछीवाड़ा तथा साहनेवाल में देसी तथा अंग्रेजी शराब के ठेके 10 बजे रात तक तथा अन्य स्थानों पर 8 बजे रात तक खुले रहेंगे।

लोकसभा में चिंता व्यक्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री ने श्री राव को बताया कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में मिलिटैंसी का प्रसार रोकने के लिए एक योजना तैयार की है। इसमें कम से कम 36 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। उन्होंने केन्द्र से इसका कम से कम आधे के बराबर सहायता की मांग की।

श्री कल्याण सिंह ने कहा कि मिलिटैंटों द्वारा हिंसा का शिकार होने वालों को राहत पहुंचाने तथा उनके पुनर्वास के लिए केन्द्र सरकार से आर्थिक सहायता देने का अनुरोध किया गया है।

फरवरी की बजाय चुनाव अप्रैल में कराए जाने विचाराधीन

लुधियाना, 6 दिसम्बर (धीमान): कुछ सरकारी क्षेत्रों के अनुसार केंद्रीय सरकार अब इस सुझाव पर भी विचार कर रही है कि पंजाब में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव फरवरी की बजाय अप्रैल या इसके पश्चात कराए जाएं ताकि इस अवधि में शांति की स्थापना के लिए युद्धस्तर पर जो अभियान आरम्भ किया गया है, उसे पूरे तौर पर सफल बनाया जाए, वरना कोई भी चुनाव अर्थहीन हो जाएगा। अब सरकार यह भी प्रयत्न करेगी कि इस अभियान के कारण मिलिटैंटों के दूसरे प्रांतों को जाने पर भी नियंत्रण पाया जाए।

चंडीगढ़ गड़बड़ग्रस्त

(पृष्ठ 3 का शेष)

घोषणा नहीं की जाती तब तक पंजाब की स्थिति में शायद ही किसी प्रकार का परिवर्तन हो। अधिकारी यह भी बताते हैं कि नई दिल्ली की बैठक सामान्य रूप से होने वाली बैठक थी। इसमें किसी मामले पर

कोइ... ओं के सेवन के ... की शुरूआत 1...

नई दिल्ली ... प्रधानमंत्री गिरि... राष्ट्रपति भवन ... भेंट की। श्री ... आधा घंटे तक ... पर बातचीत की ... श्री वेंकटर... आयोग की बैठ... किया। राष्ट्र... लोकतंत्र के सम... कहा कि दोनों दे... आर्थिक मामल... बहाली के संद... श्री कोइरा... खासकर प्रधान... बातचीत से सं... बैठक के ... सुजाता कोइरा... लक्ष्मी भी उप... बैठक में ... मुरारी, विदेश... नेपाल में भार... भी हिस्सा लि... राज्यमंत्री महे... विक्रम शाह ... बाद में ... सम्मान में ए... प्रधानमंत्री, ... अटल बिहारी ... सोलंकी, लोक... नटवर सिंह ... पूर्व प्रधा... प्रधानमंत्री ... आज प्रात: अ... अनेक केंद्री... वरिष्ठ अधि... नेता शामिल ... श्री कोइ... उन्होंने केंद्र... आपसी हित... राज्यमंत्री ... कोसी-भीम... परियोजना ... 5 स... नेपाल ने ... समेत आज... इसके साथ... अध्याय प्रा... विभागों के... प्रधानमंत्री ... प्रधानमंत्री ... हस्ताक्षर ... व्यापा... अवैध व्या... तीन समझ... और नेपा... हस्ताक्षर ... व्याप... नेपाली नि... पारगमन ... विदेशी ...

... अंतर्राष्ट्रीय ... उत्तेजक दवाओं ... की शुरूआत ... अध्यक्ष प्रिंस ... जांच के साथ ... यहां हुई बैठक ... कार्रवाई नहीं की ... बिले (फ्रांस) में ... बैठक में इस ... मिल जाने पर ... लिम्पिक से की ... के सेवन की ... तिक, जातीय ... लेकिन समिति

... लों पर ... खर्च ... ता

... राज्यमंत्री ... कहा कि ... करने पर ... के अनुसार ... एगा। ... कि कोष ... मुरम्मत ... 2 करोड़ ... श्री बनर्जी ... 1989- ... तिविधियों ... 37 लाख ... 9 करोड़ ... एक अन्य ... अंतर्राष्ट्रीय ... नहीं रहा ... सलाह से ... गता जैसी ... गाड़ियों के ... भारतीय ... प्रशिक्षण ... नहीं है ... तर खर्च ... क्षकों की ... का ही ... के बगैर ... प्रेक्ष्य में ... र्च होने ...

... के उपाध्यक्ष तथा ... न्यायाधीश कीबा ... कहा कि इसके विरो... समिति की प्रव... इस प्रस्ताव को ए... आयोग का समर्थन ... कहा कि रक्त जांच ... नहीं है। खून चढ़ाने ... कुछ धार्मिक संगठन ... डि मेरोदे ने कार्य... दवाओं मेसोकार्ब औ... प्रतिबंधित पदार्थों की ... है। उन्होंने बताया ... डेनमार्क, बैल्जियम ... परीक्षण प्रयोगशाला ... है। कार्यकारिणी ने ... परीक्षण के अध्ययन ... अध्यक्षता में एक आय... मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने ... ओलिम्पिक के मेजबान ... बदलाव के प्रस्ताव का ... अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ... समितियों को मतदान क... शामिल है। अभी मतदा... ही हिस्सा ले सकते हैं। मेजबानी की दावेदा... संख्या घटाने के प्रस्ताव प... रहा है। 1996 के ... अटलांटा ने कल अपनी प्र...



सी.एम.सी. लुधियाना के प्ला... अध्यक्ष डा. अब्राह्म थामस को... एक समारोह में रोटरी क्लब ... सिंह स्मृति चिन्ह भेंट करते हु... जालंधर के अध्यक्ष डा. एस.ए... बीघामल भी...

Join and ...
MATRIC...
Matric Pass/+...
10+2 D...
Arts/Science/Commerce...
Exam Centre-Bhop...
Prospectus Rs. 15/-
SANJAY GANDHI...
Angra House, CHHOTA S...
Sunday Also O...

7 लु... का...
लु... ने लुटेरों ... को गिर... अनुसार ... किया क... दो रिवा... अतिरि... की हैं।
लु...

NITED INDIA
इन्श्यूरेन्स कं...
URANCE COMPANY ...
वश्यकता है
जिनमें एक या दो फ्लैट्स हों, प्र...

उत्तम सेवा अधिक ब्याज
अम्बाला कुरुक्षेत्र ग्रामीण बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
...बैंक आफ इंडिया द्वारा प्रायोजित

Punjabi Sanjani

उन्होंने कहा कि कुछ सामाजिक स्थानों से दोनों
(शेष पृष्ठ 10 पर)

कार्यकाल की अवधि को सुरक्षित बनाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं ।

जानी चाहिए ।
(शेष पृष्ठ 10 पर)

सिरसा में पंजाब के 3 मिलिटैंट काबू : राज्य में अन्यत्र तलाशियों के दौरान 51 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ्तार

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों ने गत सायं से हरियाणा के जिला सिरसा में से पंजाब के 3 मिलिटैंट काबू किए जबकि राज्य में अन्यत्र तलाशियों के दौरान 51 अन्य संदिग्ध मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके अलावा अमृतसर में गत 2 सप्ताह के दौरान 14 व्यापारी अपहृत हुए व उनसे करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी गई, जबकि अन्यत्र एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

पंजाब के 3 मिलिटैंट सिरसा में काबू : पुलिस सूत्रों के अनुसार पंजाब के 3 दुर्दांत मिलिटैंटों को हरियाणा के जिला सिरसा में काबू कर लिया गया है जो एक बड़ी वारदात करने की योजना बना रहे थे। इनकी शिनाख्त जसवीर सिंह उर्फ बिल्लू उर्फ अमली, दिलबाग सिंह व हरदीप सिंह के रूप में हुई है। इन तीनों ने पंजाब में कई हत्याएं की थी तथा तीनों को 18 दिसम्बर तक पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। इन में से जसवीर सिंह के सिर पर 50,000 रुपए का इनाम घोषित था।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : मजीठा पुलिस जिला में सुरक्षा बलों ने मलूक सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर उससे एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए है। इसी जिला में पुलिस ने गुरमीत सिंह नामक एक अन्य मिलिटैंट को गिरफ्तार कर उससे एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए।

अज्ञात शव मिला : अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर के सराय क्षेत्र में से पुलिस ने आज तड़के एक अज्ञात शव बरामद किया है।

सेना के संरक्षण में तलाशी : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि 11 बजे सेना द्वारा मिलिटैंटों के गढ़ सुलतानविंड गांव को घेर कर सुरक्षा बलों ने घर-घर की तलाशी ली तथा 151 संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर लिया, जिनमें से 107 को बाद में छोड़ दिया गया तथा 44 से पूछताछ जारी है। यह तलाशी अभियान आज सायं 3 बजे तक चला तथा इसमें सी.आर.पी.एफ. की 8 कम्पनियों व उसके 9 उच्चाधिकारियों तथा पंजाब पुलिस के 75 जवानों व उसके 4 उच्चाधिकारियों ने भाग लिया।

14 व्यापारियों का अपहरण : करोड़ों की फिरौती मांगी : (मनोहर): विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने पिछले 2 सप्ताह में जिला अमृतसर के विभिन्न क्षेत्रों से 14 व्यक्तियों का अपहरण किया है जिनसे करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी गई है। 2 अपहृत व्यक्तियों बारे समाचारपत्रों

अमृतसर में 2 सप्ताह के दौरान 14 व्यापारी अपहृत : करोड़ों की फिरौती मांगी गई : अन्यत्र एक व्यक्ति की हत्या

में यह खबर आई कि वे मार दिए गए हैं लेकिन वे अभी भी अपहरणकर्ताओं के कब्जे में है। अमृतसर के एक सरकारी होटल के नीचे से एक ठेकेदार के अपहरण का असफल प्रयास भी हुआ है।

मिलिटैंटों ने अमृतसर की पोश कालोनियों, जंडियाला, अजनाला, पट्टी से करीब 14 लोगों का अपहरण कर रखा है। शहर के पुलिस थाना सिविल लाइन के इलाके में व्यापारियों के अपहरण और उन्हें धमकीपूर्ण पत्र लिख कर फिरौती मांगने के बेतहाशा केसों ने इन पोश कालोनियों में जबरदस्त आतंक पैदा कर रखा है। दहशत का वातावरण तो यहां तक आ पहुंचा है कि इन क्षेत्रों में व्यापारी लोग अपने लाइसैंसी हथियारों से संदिग्ध व्यक्ति देखते ही फायरिंग कर देते है। ग्रीन ऐवन्यू में 3 व्यापारियों से मिलिटैंटों ने लाखों रुपए की मांग कर रखी है। यही हालत रणजीत ऐवन्यू की है। जंडियाला गुरु से 6 व्यापारियों का अपहरण किया गया है। एक अपहृत व्यक्ति से ही एक करोड़ रुपए की मांग की गई है। कुछ सप्ताह पहले भी मिलिटैंटों ने अमृतसर के एक प्रमुख उद्योगपति का अपहरण करके उनसे करोड़ों रुपए मांगे गए थे और रुपए न मिलने की वजह से मिलिटैंटों ने उन पर कई आरोप लगा कर उसकी हत्या कर दी थी। जंडियाला के इस व्यापारी बारे उसके वारिसों को दो-चार संदेश मिल गए कि उनका सदस्य मारा गया है, मगर मिलिटैंटों ने उसे मारा नहीं बल्कि जीवित ही रखा हुआ है। इसके अलावा अन्य अपहृत व्यापारियों से लाखों रुपयों की मांग की गई है। अजनाला क्षेत्र से 2 डेलर मालिकों का अपहरण किए जाने का समाचार है, जिनसे 5-5 लाख की मांग की गई है। पट्टी क्षेत्र से मिलिटैंटों ने दो जमींदारों समेत 5 लोगों का अपहरण करके लाखों रुपए की मांग रखी है। पिछले दो सप्ताह से इनमें अभी समझौता नहीं हो सका। अमृतसर शहर में एक सरकारी होटल के बाहर से मिलिटैंटों ने एक सिख ठेकेदार के अपहरण का असफल प्रयास किया। बताया जाता है कि ठेकेदार होटल के अंदर से अपनी गाड़ी से कुछ लेने के लिए बाहर आया तो दो पिस्तौलधारी मिलिटैंटों ने उसे खामोश रह कर अपने साथ चलने को कहा मगर सामने से पुलिस की गाड़ी आती देख मिलिटैंट दीवार के ऊपर से छलांग लगा कर भाग गए।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया है कि मिलिटैंटों ने अपहृत व्यक्तियों को रखने के लिए मकानों के नीचे भूमिगत कमरे बना रखे हैं। ऐसे ठिकाने खडूर साहिब, पट्टी, गोइंदवाल की तरफ बनाए गए हैं।

लूट : लुधियाना (भाम्बी): थाना मुल्लांपुर दाखा के गांव में कल रात 11 बजे से लेकर सुबह 3.45 बजे तक 10-15 लुटेरों ने 11-12 मकानों में घुस कर दो-अढ़ाई लाख रुपए की सम्पत्ति जिसमें नकदी तथा सोने के आभूषण थे, लूट ली । एक रिपोर्ट के अनुसार 10-15 लुटेरे, जिनमें चार-पांच क्लीनशेव थे तथा बाकी ने मुंह कपड़ों से लपेटे हुए थे, गांव हसनपुर के
(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

8.12.1991

फ्रा की कम्युनिस्ट पार्टी,
र्टी और भारतीय जनता
रतीय उद्योग एवं वाणिज्य
और इंजीनियरिंग उद्योग
में भी बातचीत होगी।
र के उत्तर में कहा कि भारत
त को लेकर कुछ मतभेद है।
श्री गांधी द्वारा चीन यात्रा के
यदे पर अमल नहीं किया जा
भारत की धरती पर चीन
ी अनुमति नहीं दी जाएगी।
ी राजीव ने कहा कि चीन की
कि यह मसला भारत और
ी बातचीत से हल करना
पर चीनी राजदूत ने कहा कि
यार किए जाने की बात काफी
रही है। बर्मा को चीन ने बहुत
वे भी राष्ट्रीय सुरक्षा के

R BAZAR

MARUTI

5800 (Resi.

SALE
ng since 1980 is available
(iii) Land Area—13480
—Two Nos (48" & 30" dia)
A Loading Plot form 6x5
ndependent water supply.
ailable.
Co.
01.
S. 8-713568.

शिविर
ने सी.एम.सी. अस्पताल
म्बर से लगाया जा रहा
12, 13 दिसम्बर को
का रहने, खाने-पीने एवं
ये मुफ्त दिए जाएंगे ।
के मुख्य डाक्टर करेंगे ।)

Krishan Sharma
Finance
Secretary

दिल्ली-हरिद्वार

चना :—

ी सूचित किया जाता है कि
ों के स्थानों पर अपने सेवकों
दी हैं । मिशन के किसी भी
नियुक्तियां इस प्रकार हैं :
देव"—संचालक—मिशन के
रन धाम एवं जय मां आश्रम

—प्रबन्धक—जय मां आश्रम

प्रबन्धक—जय मां आश्रम

क्षा अधिकारी-ऊषा माता

शर्मा—जालन्धर । श्री टी.
केरिया, (होशियारपुर), श्री
ल—पटियाला, श्री सतपाल
ष चन्द्र, भटिंडा, श्री सुभाष

ब्रिटेन द्वारा चीन में मानव अधिकारों के उल्लंघन की आलोचना पर रुशंग ने कहा कि इस मामले में चीन भारत के प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हाराव द्वारा हरारे और बेनजुएला में कही गई इस बात का पूरी तरह समर्थन करता है कि विकास को मानव अधिकारों की रक्षा जितना महत्वपूर्ण ही माना जाना चाहिए।

कश्मीर समस्या पर मध्यस्थ नहीं बनेगा : चीन कश्मीर विवाद को भारत और पाकिस्तान की बीच की समस्या मानता है और चाहता है कि दोनों देशों की सरकारें इसका शांतिपूर्ण समाधान खोजें। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन इस विवाद को सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष को मध्यस्थ बनाने का समर्थन करता है, उन्होंने कहा कि चीन मध्यस्थ बनने को तैयार नहीं है। चीन के राजदूत ने भारत की तिब्बत संबंधी नीति पर असंतुष्टता व्यक्त की।

गाड़ी पटरी से उतरी
(पृष्ठ 1 का शेष)

अंग्रेज सिंह, सोमा देवी, सतिन्दर कुमार, कुमारी ज्योति, मोहाल सिंह (रेल कर्मी), पाली देवी, हेम राज तथा प्रीतमा देवी ।

वार्ता के अनुसार मरने वालों की संख्या 20 है और 60 व्यक्ति घायल हुए हैं । यह दुर्घटना उत्तर रेलवे की पठानकोट-बैजनाथ लाइन पर आज सायं हुई ।

मुरपुर (राकेश): भूतपूर्व मंत्री श्री सत महाजन जो तुरन्त दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए थे, ने स्वयं और स्थानीय युवकों ने घायलों को निकालने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रबन्ध किया । स्थानीय डाक्टर भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । स्थानीय युवकों ने अपनी कारों, स्कूटरों, मोटर साइकलों पर घायलों को डाक्टरों तक पहुंचाया । श्री सत महाजन के साथ श्री अनुप ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री चन्द्र कुमार, रणजीत चरखी, गोरख राम भी थे । श्री महाजन ने कहा कि यह गाड़ी पठानकोट से बैजनाथ की ओर जा रही थी । उनका कहना है कि दो बोगियां उलट गई हैं जिन्हें उठाने की कोशिश की जा रही है ताकि कुछ लोगों को बचाया जा सके । श्री महाजन ने रेलमंत्री से प्रार्थना की है कि मृतकों के परिवारों और घायलों को तुरन्त राहत राशि दी जाए ।

पंजाबी विस्थापितों को हटाया
(पृष्ठ 1 का शेष)

प्रशासन के राहत और पुनर्वास अधिकारियों ने बताया कि इन परिवारों को वैकल्पिक आवास रूप में लाल किले के पीछे बसाने की पेशकश की गई थी, जिसे इन्होंने अस्वीकार कर दिया था । पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाली परेड के लिए की जा रही तैयारियों की वजह से इन विस्थापितों को हटाया गया है ।

पूर्वी सीमा पर भारत-चीन द्वारा सेनाएं पीछे हटाने का खंडन

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर (प.स.): सरकार ने आज इन खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन किया कि देश की पूर्वी सीमा पर भारत और चीन ने अपनी सेनाओं को पीछे हटा लिया है।

दोहरा, बादल सर्वदलीय...
(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री बादल ने चेतावनी दी कि केंद्र ठीक मार्ग अपना कर इस समस्या को ईमानदारी और साहस से हल करे, गोली से यह समस्या हल नहीं होगी । इस समस्या को प्यार से ही हल करना चाहिए । श्री बादल ने कहा कि समस्या का राजनीतिक हल ढूंढते समय आंखें पोंछने वाली बात न की जाए । जो भी करना है, सबकी राय से किया जाए ।

'मुसाफिर' के अनुसार तीनों अलग-अलग अकाली नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि पहले कई ऐसी बैठकों में शामिल होकर उन्होंने देख लिया, लेकिन समस्या हल नहीं हुई, अब हमें सरकार पर भरोसा नहीं रहा ।

संशोधन

7.12.91 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 2पर प्रकाशित इन्द्रधनुष डेली लाटरी के 52वें ड्रा के परिणाम में पहला पुरस्कार के टिकट नम्बर के साथ ये शब्द भी पढ़ें—"Sold by R.D. Associates, Bangalore."

फैक्टरी बिकाऊ

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 1 का शेष)

मकानों में यह कह कर घुस गए कि वह सी.आर.पी.एफ. के आदमी है तथा तलाशी लेने आए है परन्तु घर में घुस कर उन्होंने नकदी तथा सोने के आभूषण लूट लिए। गांव की एक वृद्ध महिला ने जब दरवाजा खोलने से इंकार किया तो लुटेरे दीवार फांद कर अंदर चले गए। शादी वाले एक घर में सबसे ज्यादा आभूषण लूटने का समाचार है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह काले कच्छे वालों का काम नहीं है परन्तु यह लुटेरे नजदीक के शहरों से आए लगते है। नए एस.एस.पी. के आने के बाद यह पहली ऐसी घटना है।

फायरिंग : (धीमान): कल सायं 7.30 बजे मारुति कार में सवार मिलिटैंटों ने स्थानीय ऊधम सिंह नगर की रोज गार्डन वाली सड़क पर गोलियां चलाईं। वे फायरिंग करते हुए सर्वेनमैंट कालेज रोड की ओर निकल गए। उस सड़क पर 2 स्कूटरों पर सवार नागरिक बाल-बाल बच गए क्योंकि गोलियां उनके काफी नजदीक से निकल गईं।

चोरी : पता चला है कि गत दिवस माया नगर में एक प्रोफैसर की कोठी में चोरी की सनसनीखेज घटना घटी। चोर हजारों रुपए मूल्य की नकदी, जेवर और दूसरा सामान ले गए।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला (राजू): जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है जिनकी शिनाख्त मान सिंह, बलवीर सिंह, दरोहा सिंह उर्फ बग्गा, कमलजीत सिंह व स्वर्ण सिंह के रूप में हुई। इनके कब्जे से बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.जे.पी. 9249, 32 बोर की दो पिस्तौलें, 303 बोर की एक पिस्तौल, 12 बोर की एक दोनाली व 24 कारतूस तथा एक अन्य बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.जे.बी. 601 बरामद हुआ।

70 ग्रामों में छापे : होशियारपुर (अश्विनी): जिला पुलिस अधीक्षक राजन गुप्ता ने आज यहां बताया कि जिला में आरम्भ किए गए विशेष सुरक्षा अभियान के अधीन पुलिस व सुरक्षा बलों की तरफ से अब तक लगभग 70 ग्रामों में छापे मार कर तलाशियां लेने का कार्य किया जा चुका है। आज भी सुरक्षा बलों ने बलाचौर उपमंडल के अधीन मंड के 6 ग्रामों में छापे मारे । होशियारपुर नगर में आज सुरक्षा बलों ने कमालपुर मोहल्ला के अलावा नगर के विभिन्न होटलों में भी छापे मारे ।

शिनाख्त : श्री गुप्ता ने बताया कि गत रात्रि दसूहा में जम्मू मेल की तलाशी के दौरान पकड़े गए चरस के दो तस्करों की शिनाख्त जिला रोहतक के धर्मदेव सिंह व जिला करनाल के प्रकाश सिंह के तौर पर की गई है । इनके कब्जे से कुछ शस्त्र भी पकड़े गए । उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है ।

सुरक्षा कर्मी घायल : बंगा (खोसला): आज सुबह 9 बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर बहराम के नजदीकी गांव भारोमजारा में तलाशी के दौरान गुरमीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह के घर छिपे हुए 3 मिलिटैंटों ने दरवाजा खटखटाने पर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी व होमगार्ड के एक जवान गुरनाम सिंह को गोलियों का बर्स्ट मारा जिससे वह सख्त जख्मी हो गया । बाद में उसे ढाहां-कलेरां अस्पताल ले जाया गया और फिर सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया । वारदात वाली जगह से पुलिस ने ए.के. 47 राइफल के खोल बरामद किए हैं । छापा पार्टी में कुल 15 पुलिस जवान, होमगार्ड व सी.आर.पी.एफ. के जवान थे ।

पुलिस ने उस घर से खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटरपैड व अन्य कागजातों के अलावा एक महत्वपूर्ण डायरी भी बरामद की है । इस घटना में कुलबीर सिंह बड़ा पिंड व गुरदीप सिंह हेरांवाले गुट का हाथ बताया जाता है । पता चला है कि मिलिटैंट नंगे पांव निकटवर्ती घरों की छतों पर से होते हुए भाग गए । पुलिस ने पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में ले लिया है । बताया जाता है कि यहां से भाग कर मिलिटैंट साढ़े 10 बजे निकटवर्ती गांव लिद्दड़कलां में से महिन्द्र सिंह पुत्र फुम्मन सिंह के घर से पी.बी. 10-बी-5727 नम्बर का स्कूटर ले गए ।

हत्या के बाद लूटपाट, आगज़नी

गाजियाबाद, 7 दिसम्बर (वार्ता): हापुड़ नगरपालिका सदस्य बृजमोहन की कल रात हुई हत्या के बाद आज हापुड़ शहर में पथराव, आगजनी, लूटपाट और तोड़फोड़ की अनेक वारदातें हुईं ।

अमरीका ने यूगोस्लाविया के विरुद्ध

आयात के लिए न्यूनतम नकद मार्जिन में भारी कमी

बम्बई, 7 दिसम्बर (प.स.): भारतीय रिजर्व बैंक ने आज निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आयात के लिए न्यूनतम नकद मार्जिन दर डेढ़ सौ प्रतिशत से घटा कर पचास प्रतिशत करने की घोषणा की । यह फैसला तत्काल लागू होगा । बैंक की विज्ञप्ति के अनुसार यह दर ओपन जनरल लाइसैंस और निर्दिष्ट लाइसैंसों के तहत पूंजीगत वस्तुओं को छोड़ कर अन्य सभी वस्तुओं के आयात पर लागू होगी । निर्दिष्ट लाइसैंसों में भी उन वर्गों में जहां यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है या जिसमें ढील दी गई है, यह लागू नहीं होगी । रिजर्व बैंक ने पूंजीगत वस्तुओं को छोड़ कर अन्य सभी आयातित वस्तुओं पर, जिनके लिए निर्धारित नकद मार्जिन बनाए रखना जरूरी है, बैंक की ओर से केंद्रीकृत मंजूरी की आवश्यकता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है ।

कोइराला भारत की पहली राजकीय यात्रा से संतुष्ट

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर (प.स.): नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला दो दिन की सरकारी बातचीत के बाद आज यहां से रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी भारत की पहली राजकीय यात्रा के परिणामों से काफी संतुष्ट हैं। राष्ट्रपति भवन के परिसर में आयोजित औपचारिक विदाई समारोह के बाद संवाददाताओं से चर्चा करते हुए श्री कोइराला ने कहा कि इस यात्रा से भारत और नेपाल के बीच रिश्ते और सुदृढ़ होंगे। उनके भारत प्रवास के दौरान दोनों देशों के बीच पांच समझौतों और अन्य में व्यापार एवं पारगमन संधियों पर हस्ताक्षर हुए। संयुक्त रूप से जल संसाधनों के इस्तेमाल के बारे में दोनों पक्षों ने समान रवैया अपनाया।

श्री कोइराला ने भारतीय उद्योगपतियों को नेपाल में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने एक विशेष समारोह में श्री गिरिजा प्रसाद कोइराला को 'डाक्टर आफ ला' की उपाधि से सम्मानित किया।

वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कोइराला ने कहा कि उनकी वर्तमान यात्रा का उद्देश्य तो दोनों देशों के बीच मैत्री, सौहार्द तथा मधुर संबंध स्थापित करना है, कुछ मांगना नहीं । श्री कोइराला ने वायदा करने के लहजे में कहा कि जब तक उनकी सांस चलेगी, वह संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की कोशिश करते रहेंगे ।

भारत को मिग-29, हैलीकाप्टर के पुर्जों की कमी का सामना

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर (प.स.): भारतीय वायुसेना को अपने अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान मिग-29 और परिवहन हैलीकाप्टर बेड़े एम.आई.-17 के कलपुर्जों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सोवियत संघ के नागर विमानन मंत्रालय के उपमंत्री व्लादिमीर इवानोव ने यह जानकारी दी।

'टीपू सुल्तान' के कन्नड़ संस्करण के लिए स्थिति अनुकूल नहीं

बेंगलूर, 7 दिसम्बर (प.स.): बेंगलूर दूरदर्शन केंद्र से नई दिल्ली में दूरदर्शन महानिदेशक को सूचित किया जा रहा है कि धारावाहिक टीपू सुल्तान के कन्नड़ संस्करण के प्रसारण के लिए स्थिति इस समय अनुकूल नहीं है । निर्माता-निर्देशक संजय खान ने हिन्दी धारावाहिक 'द सोर्ड आफ टीपू सुल्तान' का कन्नड़ में डब किया संस्करण तैयार किया है ।

राज्यपालों के सम्बन्ध में सिफारिश मंजूर
(पृष्ठ 1 का शेष)

समिति ने आयोग की इस सिफारिश को भी मंजूरी दे दी कि किसी भी राज्यपाल को अपने पद से सेवानिवृत्त होने के बाद केंद्र अथवा राज्य में किसी भी पद पर नियुक्त होने की अनुमति नहीं होगी । इस सिफारिश के अनुसार कोई भी राज्यपाल सेवानिवृत्ति के बाद सक्रिय राजनीति में भी नहीं लौट सकेगा । आयोग ने राज्यपालों को सेवानिवृत्ति के बाद सुविधाएं देने की जो सिफारिश की है, उसे भी मंजूरी दे दी गई है ।

उपसमिति ने उस प्रक्रिया से संबंधित आयोग की

वेश्यावृत्ति के लिए बाध्य करने पर सरकार से हर्जाने की मांग !

टोक्यो, 7 दिसम्बर (एपी.): तीन कोरियाई महिलाओं ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापानी सैनिकों के लिए वेश्यावृत्ति करने पर बाध्य किए जाने के लिए जापान सरकार पर मुकद्मा दायर कर हर्जाने की मांग की है। महिलाओं ने अपनी अपील में इसे मानवता के प्रति अपराध बताया है तथा प्रत्येक के लिए 1.56 लाख डालर हर्जाने की मांग की है। इन महिलाओं ने दावा किया है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना ने करीब एक लाख महिलाओं को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया था। जापान सरकार के मुख्य प्रवक्ता कोइची कातो ने संवाददाताओं से कहा कि अभी मंत्रालय ने इस मुद्दे की जांच की है और इस मामले में सरकार का हाथ होने के कोई प्रमाण नहीं मिले है।

पर्यटकों के लिए बीसा शुल्क की दरें कम करने का विचार

नई दिल्ली, 7 दिसम्बर (वार्ता) पर्यटन मंत्री माधव राव सिंधिया ने कहा है कि उनका मंत्रालय पर्यटकों के लिए बीसा शुल्क की दरें कम करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

श्री सिंधिया ने आज यहां एक संगोष्ठी में यह जानकारी देते हुए आशा प्रकट की कि इस संबंध में जल्दी कोई घोषणा की जाएगी। दक्षिण दिल्ली रोटरी क्लब की ओर से आयोजित इस संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि रेल यात्रा में पर्यटकों के लिए अलग से आरक्षण निर्धारित करना संभव नहीं है। पर्यटन मंत्री ने यह स्वीकार किया कि मनोरंजन कर से देश में पर्यटकों की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है लेकिन उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री की भी अपनी कई मजबूरियां है।

रुपए के और अवमूल्यन के लिए दबाव नहीं डाल रहे : वुड

वाशिंगटन, 7 दिसम्बर (वार्ता): विश्व बैंक के दक्षिण एशिया क्षेत्र के उपाध्यक्ष जोसेफ वुड ने इन खबरों का खंडन किया है कि विश्व बैंक भारत को वित्तीय सहायता देने के लिए रुपए का और अवमूल्यन करने का दबाव डाल रहा है।

चंडीगढ़ पंजाब को दिया जाए : बिट्टा

जालन्धर, 7 दिसम्बर (वार्ता): पंजाब युवक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा ने चंडीगढ़ पंजाब को सौंपे जाने की मांग की है ।

श्री बिट्टा ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि सभी दलों के नेताओं को अपने राजनीतिक स्वार्थों की बजाय पंजाब में शांति एवं सामान्य स्थिति की बहाली के उद्देश्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए । श्री बिट्टा अपनी पार्टी के अलावा भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी जनता पार्टी और जनता दल की चंडीगढ़ इकाइयों के उस प्रस्ताव पर टिप्पणी कर रहे थे जिसमें चंडीगढ़ पंजाब को सौंपने का विरोध करने की बात कही गई थी ।

उन्होंने अकाली दल के सभी गुटों से अपील की कि वे चुनावों में भाग लें । उन्होंने अकाली दल मान के अध्यक्ष श्री सिमरनजीत सिंह मान से भी आग्रह किया कि वह कृपाण को प्रतिष्ठा का मुद्दा न बनाएं ।

जब श्री बिट्टा से पूछा गया कि क्या चंडीगढ़ को पंजाब में विलय किए जाने तथा पंजाब को आर्थिक पैकेज दिए जाने की बात चुनावों से पूर्व होगी तो उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि यह निर्णय चुनावों से पूर्व लिया जाता है या बाद में ।

जब उनसे पूछा गया कि अगर अकाली चुनाव का बहिष्कार करें तो फिर चुनावों का क्या अर्थ रह जाता है तो श्री बिट्टा ने कहा कि अकाली अवश्य चुनावों में भाग लेंगे ।

उन्होंने कहा कि पंजाब युवक कांग्रेस दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में ज्योति ग्रहण करेगी तथा पंजाब के गांवों में ले जाकर राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय अखंडता का प्रचार करेगी ।

रॉयल गवर्नमेंट ऑफ भूटान
जनसंदेश डेली

Punjabi Sanatan

खालिस्तान कमांडो फोर्स के डिप्टी चीफ बलविंदर सहित पंजाब में 7 मिलिटैंट मरे : 7 बंदी

सुरक्षा कर्मियों की हत्या : दो लाख रुपए लूटे : भाजपा नेता प्रभाकर की अन्त्येष्टि

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में 24 घंटे के दौरान विभिन्न घटनाओं के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के डिप्टी चीफ़ बलविन्दर सिंह गोबुआ सहित 7 मिलिटैंट मारे गए तथा 7 अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा तीन सुरक्षा कर्मियों व एक महिला सहित 4 व्यक्ति मारे गए तथा 2 लाख रुपए की राशि लूट ली गई। इसी दौरान भाजपा नेता स्व. राम गोपाल प्रभाकर की आज अंत्येष्टि भी कर दी गई।

घर-घर की तलाशी : चंडीगढ़ में भी तलाशी अभियान जारी है। शहर के दक्षिण सैक्टर में घर-घर की तलाशी ली गई। इस बारे विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा : सूत्रों के अनुसार लुधियाना जिला में गिल कनाल के पास हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मुठभेड़ स्थल से एक रिवाल्वर और ए.के. 47 राइफल की 15 गोलियां बरामद की गईं।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : जिला लुधियाना के ही शिमलापुरी क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा बलों ने मुकाबले के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया। घटनास्थल से 12 बोर का एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया।

मिलिटैंट काबू : जिला संगरूर में पुलिस ने एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक आग्नेयास्त्र व कुछ कारतूस जब्त किए।

कर्फ्यू : आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस जिला अमृतसर व तरनतारन के 340 गांवों में 13 दिसम्बर से रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया जा रहा है जो आगामी वर्ष 7 फरवरी तक जारी रहेगा। कर्फ्यू की अवधि सायं 5.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक की होगी। इन गांवों के आवासीय क्षेत्रों में यह पाबंदी लागू नहीं होगी परन्तु कर्फ्यू की सीमा के घेरे में सभी नहरें, नाले, सुए, छोटी योजक सड़कें व रेल पटरियां भी शामिल रहेंगी।

सूत्रों के अनुसार यह कदम मिलिटैंटों का सफाया करने की कार्रवाई के लिए उठाया गया है। इस दौरान सेना व अन्य सुरक्षा बल संयुक्त रूप से अभियान शुरू करेंगे।

जिलाधीश के अनुसार उक्त गांवों के निवासियों को कर्फ्यू की अवधि शुरू होने व समाप्त होने की बाकायदा सूचना दी जाएगी।

स्वर्णाभूषण लूटे : जिला पटियाला की सरहिन्द मंडी में मिलिटैंटों के एक गिरोह ने रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसे तथा उसकी पत्नी को तेज धार हथियारों से घायल कर दिया और 25,000 रुपए मूल्य के स्वर्णाभूषण लूट कर फरार हो गए।

के.सी.एफ. के डिप्टी चीफ़ समेत 2 मिलिटैंट व 2 सुरक्षा कर्मी मरे : अमृतसर (सुभाष नारंग): पुलिस थाना झब्बाल के गांव गगोबुआ में आज एक भीषण मुकाबले के दौरान सुरक्षा बलों ने 2 दुर्दांत मिलिटैंट मार गिराए। इस दौरान सेना ने भी मुकाबले में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा 2 सुरक्षा कर्मी मारे गए व एक अधिकारी सहित 4 अन्य घायल हो गए।

बताया जाता है कि आज प्रातः उक्त गांव में सेना तथा अर्धसैनिक बल व पुलिस संयुक्त रूप से तलाशी ले रहे थे तो मिलिटैंटों के एक दल ने उन पर घात लगा कर हमला किया। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी हमला किया तथा यह मुकाबला प्रातः 10.30 बजे से शुरू होकर 11.40 तक चलता रहा। इस मुकाबले में मारे गए एक दुर्दांत मिलिटैंट की शिनाख्त बलविन्दर सिंह गगोबुआ के रूप में हुई, वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के जफरवाल गुट का डिप्टी चीफ था। उसके सिर पर 10 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था तथा वह अनेक हत्याओं के अलावा मिलिटैंसी की 200 से भी अधिक अन्य वारदातों में वांछित था। इसके साथ मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी।

इस मुकाबले में पंजाब पुलिस के 2 हवालदार भी मारे गए। इनमें से एक राकेश कुमार व दूसरा लखबीर सिंह था। राकेश कुमार तरनतारन के एस.पी. (आप्रेशन) का गनमैन था व लखबीर सिंह एस.एस.पी. श्री कालड़ा का गनमैन था। इस दौरान श्री कालड़ा भी मामूली रूप से घायल हुए तथा उनके अलावा सी.आर.पी.एफ. के 3 जवान एम.डी. अंसारी, पूर्ण सिंह व बनवारी लाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि इस मुकाबले में मिलिटैंट बलविन्दर सिंह की मां उसकी ही गोली लगने से मारी गई। घटनास्थल से एक एस.एल.आर., एक ए.के. 47 राइफल व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का बरामद हुआ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : तरनतारन थाना के अधीन भुल्लरवाल गांव में तलाशी अभियान के दौरान एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया।

तलाशी : सुरक्षा बलों ने आज तड़के 5 बजे से प्रातः 9.30 बजे तक थाना डी. डिविजन के अधीन ईस्टमोहन नगर व अमीन नगर तथा इसके इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा कर संयुक्त रूप से घर-घर की तलाशी ली। 31 संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर लिया गया। इनमें से 25 को रिहा कर दिया गया जबकि 6 अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में रख लिया है।

4 मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण : थाना हरिके जिला अमृतसर के गांव बुर्जवाला के निकट सुरक्षा बलों ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात बब्बर खालसा संगठन से सम्बद्ध चार मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण कर दिया। इन मिलिटैंटों की पहचान अर्जन सिंह, धर्म सिंह, बहादुर सिंह और जसबीर सिंह के रूप में की गई है और इनसे .32 बोर के दो रिवाल्वर, एक राईफल, एक देसी पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं।

मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि जिला अमृतसर के गांव नौरंगाबाद और जाविन्दा खुर्द के मध्य पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। बताया जाता है कि थाना तरनतारन के एस.एस.ओ. फोर्स के साथ गांव नौरंगाबाद में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अकालियों से पंजाब चुनावों में भाग लेने की अपील

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (वार्ता): राज्यसभा ने आज पंजाब से सम्बन्धित विनियोग विधेयक लोकसभा को लौटा दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है।

विधि राज्यमंत्री शांताराम पोटदुखे ने विधेयक

सर्वदलीय बैठक में 'एकता-यात्रा' पर चिंता : अडवानी बैठक से उठ कर चले गए

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव की पहल पर राजनीतिक दलों की आज रात हुई आपात् बैठक में इस बात पर आम सहमति थी कि भाजपा अध्यक्ष की 'एकता यात्रा' से साम्प्रदायिक तनाव और कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने का खतरा है।

लेकिन नेताओं ने इस बारे में भिन्न-भिन्न विचार व्यक्त किए कि सरकार को आने वाले दिनों में एकता यात्रा से किस तरह निपटना चाहिए। कुछेक ने रथयात्रा के अनुभव को देखते हुए यह यात्रा शुरू में ही रोकने की सलाह दी। इससे पहले भाजपा नेता श्री लाल कृष्ण अडवानी एकता यात्रा रद्द करने की सम्भावना से इंकार करने के बाद बैठक से उठ कर चले गए।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रधानमंत्री ने बैठक के समापन से पहले राजनीतिक दलों के नेताओं से चर्चा के लिए राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक शीघ्र बुलाने का संकेत भी उन्होंने दिया।

बैठक में श्री अडवानी ने भाजपा के अध्यक्ष श्री मुरली मनोहर जोशी की ओर से बताया कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी का मानना है कि अब अंतिम क्षणों में उनकी 'एकता यात्रा' रद्द नहीं की जा सकती और न ही भाजपा अब किसी अन्य राजनीतिक दल को इस यात्रा में साथ लेकर चल सकती है। बैठक से उठ कर आने के बाद श्री अडवानी ने सम्वाददाताओं को बताया कि उन्होंने बैठक में कहा कि, 'एकता यात्रा' का निर्णय भाजपा का था, उसके संसदीय दल का नहीं, इसलिए इसे पार्टी ही बदल सकती थी और अब पार्टी इसे बदलना नहीं चाहती।

श्री अडवानी ने बताया कि आज की सर्वदलीय बैठक की कल लिखी गई चिट्ठी उन्हें आज दोपहर ढाई बजे मिली। उसके बाद इस मुद्दे पर उन्होंने श्री

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जाविन्दा खुर्द जा रहे थे कि उन्होंने एक व्यक्ति को पुलिस से छिप कर भागते हुए देखा । जब उन्होंने उसे ललकारा तो मिलिटैंट फायरिंग करने लगा । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और मुकाबिला लगभग 15 मिनट जारी रहा । बाद में जाकर देखा गया तो मौके पर मिलिटैंट का शव पड़ा था । घटनास्थल से एक 32 बोर का पिस्तौल, 5 खाली, 4 जीवित कारतूस और 15 ए.के. 47 के कारतूस बरामद हुए ।

मिलिटैंट का शव मिला : तरनतारन की पुलिस ने गांव पलासोर में गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया है । पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति मिलिटैंट था और गिरोहों की आपसी लड़ाई में मारा गया । मृतक की जेब से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटरपैड बरामद किया गया है ।

गांवों में कर्फ्यू : अमृतसर जिले के सभी गांवों और कस्बों में आगामी सात फरवरी तक रात का कर्फ्यू लागू कर दिया गया है लेकिन अमृतसर शहर में कर्फ्यू लागू नहीं रहेगा । जिला मैजिस्ट्रेट सरबजीत सिंह के आदेशानुसार कर्फ्यू शाम साढ़े पांच से सुबह साढ़े पांच बजे तक लागू रहेगा ।

लूट : आज प्रातः 10.30 बजे बटाला रोड पर हीरो होंडा सवार 2 मिलिटैंटों ने एक कार में बैठे यूनिवर्सल प्रोसेसर्ज के मालिक सरदारी लाल खन्ना से पिस्तौल की नोक पर 2 लाख रुपए की राशि लूट ली व फरार हो गए। उस समय सरदारी लाल अपनी फैक्टरी में जा रहा था।

हथियार जब्त : सुरक्षा बलों ने अमृतसर में 315 बोर की एक राइफल, 12 बोर की 2 बंदूकें व 30 एम.एम. की एक पिस्तौल जब्त की है। इन हथियारों के मालिक इनके लाइसैंस नहीं दिखा पाए थे।

सुरक्षा कर्मी की हत्या : बटाला (कोछड़): आज प्रातः 10 बजे के करीब बटाला पुलिस जिला के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव थ्रिएवाल के निकट मिलिटैंटों ने पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला कर दिया जिससे कमलजीत सिंह नामक एक होमगार्ड जवान मारा गया। बताया जाता है कि फायरिंग के दौरान उक्त जवान घायल हो गया था परन्तु उसने बाद में अमृतसर के एक अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया। वह थाना कादियां के गांव भगतुपुरा का निवासी था।

प्रभाकर की अंत्येष्टि : इसी दौरान जिला गुरदासपुर भाजपा के वरिष्ठ उप-प्रधान स्व. राम प्रकाश प्रभाकर की आज कादियां में अंत्येष्टि कर दी गई। कल उनका गोलियों से छलनी शव कादियां के निकट पुराना गांव में से मिला था। इस अवसर पर पंजाब भाजपा के प्रधान मदन मोहन मित्तल, भाजपा कार्य समिति के सदस्य बलदेव मित्तर कांसरा, गुरदासपुर भाजपा के प्रधान मोहन लाल व आर.एस.एस. तथा विश्व हिन्दू परिषद के बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्त्ता शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि श्री प्रभाकर का गत 5 दिसम्बर को अपहरण कर लिया गया था।

आप्रेशन : फगवाड़ा (कौड़ा): सेना ने यहां के 2 गांवों भगावा व सिरंदी में आज कूम्बिंग आप्रेशन किया। यह कार्रवाई सैनिक अधिकारी एम.एम. मरहोत्रा की देख-रेख में की गई। इस अवसर पर सेना ने 2 मैडिकल कैम्प भी लगाए तथा जनता ने सेना की इस कार्रवाई की सराहना की है।

गुमशुदा की तलाश



लक्की, उम्र 8 साल, कद 2½ फुट, रंग गोरा, चेहरा लम्बा, नैन-नक्श तीखे । पंजाबी- हिन्दी दोनों बोलता है । घर से भागा हुआ है 4.12.91 से । उसका पता देने वाले को आने-जाने के किराए के अलावा 500/- रुपए इनाम दिया जाएगा ।

पता :—राजेंद्रा कुमार कन्डे बट्टेवाला, द्वारा सुन्दर लाल साईकल वाला, किला रोड, भटिंडा ।

गुमशुदा



मेरा लड़का **राजीव आनंद 'मिंटू'** 4.12.91, सुबह 11 बजे घर से हालगेट दुकान को गया, न दुकान पर और न घर वापिस पहुंचा है। उसके बारे में सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा। वह खुद पढ़े तो फौरन घर आए। परिवार परेशान है।

जमनादास अख्तर पाकिस्तानी भान्जी का विवाह करने लाहौर गए

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर : पाकिस्तान के नेता भले ही भारत के प्रति कैसी भी भावना रखें, पर इन दोनों देशों के आम लोगों में एक-दूसरे के प्रति स्नेह की जो भावना है उसमें राजनीति किसी प्रकार की दरार नहीं ला सकी है । वरिष्ट पत्रकार श्री जमनादास अख्तर अपनी मुंह बोली पाकिस्तानी बहन की बेटी के विवाह में भाग लेने के लिए लाहौर पहुंच रहे हैं । श्री अख्तर इस विवाह में दुल्हन के मामू के रूप में भाग लेंगे ।

उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व लाहौर में जब श्री जमनादास अख्तर ने अपने विवाह की स्वर्ण जयन्ती मनाई थी तो उनके पैतृक मकान में अब रहने वाले चौधरी मुहम्मद अली की पत्नी श्रीमती शरीफा बेगम ने ही बहन बन कर श्री अख्तर को सेहरा बांधा था ।

अकाली दल मान द्वारा भी चवन का निमंत्रण अस्वीकार

लुधियाना, 10 दिसम्बर (प.स.): अकाली दल मान ने 12 दिसम्बर को नई दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन के निमंत्रण को अस्वीकार करते हुए कहा है कि केंद्र द्वारा पंजाब के बारे में समय-समय पर जो विचार-विमर्श किया गया है तथा निर्णय लिए गए हैं, उन्हें कभी भी कार्यान्वित नहीं किया गया ।

श्री चवन के निमंत्रण के प्रत्युत्तर में अकाली दल मान के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान ने उन्हें लिखा है कि, "हालांकि मेरा यह विश्वास है कि समस्या का समाधान केवल बातचीत के माध्यम से ही हो सकता है, लेकिन पंजाब में सेना के तैनात होने, इसे गड़बड़ी ग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने तथा श्री चवन के साथ मेरे पिछले अनुभवों के आधार पर मैं सोचता हूं कि मेरे बैठक में भाग लेने से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी ।" अन्य अकाली दलों द्वारा निमंत्रण अस्वीकार किए जाने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि उनके तत्कालीन सहयोगी भी यह कह चुके हैं कि इस संबंध में पहले ही काफी विचार-विमर्श हो चुका है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा ही यह स्टैंड रहा है कि पंजाब समस्या के समाधान के लिए मिलिटैंटों को बातचीत के लिए अवश्य ही सामने लाना चाहिए । उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाया कि वह समस्या का केवल ऊपरी समाधान



सुप्रसिद्ध ज्योतिषी

पं. के.एल. शास्त्री हस्तरेखा या जन्मपत्री दिखा कर अपनी कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान के लिए मिलें ।

पता : सैन जी महाराज जी का मंदिर, ढिल्लों

फंग की भारत य

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर (प.स., वा.): तिब्बती शरणार्थियों, विशेषकर भारत तिब्बितयों ने चीन के प्रधानमंत्री श्री ली से शुरू हो रही भारत यात्रा पर रोष है।

तिब्बती यूथ कांग्रेस-चंडीगढ़ की त एक विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है 1959 से तिब्बत पर अवैध कब्जा जमा वहां तिब्बतियों को निरन्तर दबाया ज

साइकल रैली; अनशन का इस दौरान आज चंडीगढ़ में तिब्बती 'तिब्बती फ्रीडम मूवमैंट' की उप मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या रैली की। इन्होंने विश्व के सभी देशों से कि वे चीन पर दबाव डालें कि व मानवाधिकार बहाल करे।

इन लोगों ने कल से दिल्ली में ए क्रमिक अनशन शुरू करने का भी फैस

गिरफ्तारियों पर चिंता : चीन के प्रधानमंत्री ली फंग की भारत में तिब्बती लोगों की गिरफ्तारी पर अ में चिंता व्यक्त की गई। शून्यकाल के दल के श्री जार्ज फर्नांडीज ने यह मामल कहा कि श्री फंग के स्वागत का यह त है। उन्होंने सभी गिरफ्तार तिब्बतियों मांग की।

दोनों पक्षों के अनेक सदस्यों ने गि विरोध किया पर कहा कि तीन दश प्रधानमंत्री की भारत यात्रा स्वागत यो शिवराज पाटिल ने कहा कि पूरा सदन फंग की भारत यात्रा का स्वागत कर कहा कि ऐसे मौके पर तिब्बती लोगों या भारत में चीनी राजदूत के कथि सवाल तब तक नहीं उठाए जाने चा उनकी पुष्टि न हो जाए।

भाजपा के ही श्री एल.के. अडवान चीन के प्रधानमंत्री की यात्रा का हम स लेकिन उसके लिए बरसों से यहां रह को गिरफ्तार करना हमारे जैसे लोकत लिए शोभा की बात नहीं है। उन्हीं दाउदयाल जोशी ने मांग की तिब्बतियों को तुरन्त रिहा किया जाए

जनता दल के रवि राय का कहना चीन को खुश करने के लिए किया जा र

Punjabi Sanatani

...र और भारी परिमाण में ...द जब्त किया।

...दियों द्वारा ...ा बेटा रिहा

...र (प.स.): जम्मू-कश्मीर ...शफी के पुत्र सज्जाद शफी ... मुक्त कर दिया । उधर ...धन तलाशी अभियान में ... जबकि सोलह अन्य पकड़

...ने बताया कि पूर्व विधायक ...ट के बारामूला जिले में ...थत मकान में गत मंगलवार ...क बम विस्फोट किया ।

...क बलों ने हथियारों और ...ीरा पकड़ा है । बारामूला ...ड के बाद 10 उग्रवादी और ...कड़े गए ।

...लस ने पाक-प्रशिक्षित चार ... और ए.के. 56 राइफल, ...ोला बरामद किया ।

राष्ट्रमंडल ...ा का समर्थन ...ने में सफल

...र (प.स.): ऐसा प्रतीत होता ...डल बनाने के सम्बन्ध में ...फलता प्राप्त कर ली है, जो ...स के साथ मिलकर बनाने ... की सरगर्मियों से यह भी ...ा से भूतपूर्व गणराज्य नए ...और वे राष्ट्रपति मिखाइल ...ने वाले हैं ।

...बोरिस येल्तसिन ने श्री ...के पश्चात अपने गणराज्य ...या कि श्री गोर्बाच्योव भी ...हे प्रतीत होते हैं । श्री ...ा मंत्रालय के वरिष्ठ ... कमांडरों से भी बातचीत ...ा है कि उनको राष्ट्रमंडल ...मर्थन प्राप्त हो गया है ।

पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में प्रतिवर्ष 34.30 लाख सिलेंडरों का उत्पादन हो रहा है। सिलेंडरों के निर्माण की प्रतिष्ठापित क्षमता सिलेंडरों की मांग से कहीं अधिक होने के कारण सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।



(1) लुधियाना में मंगलवार रात को लुटेरों द्वारा एक घर में लूटपाट के दौरान मारे गए जनक राज के परिवार की महिलाएं विलाप करती हुई (इनसैट) जनक राज का शव, (2-3) लुटेरों द्वारा अन्य घरों में की गई लूटपाट में बिखरा हुआ सामान और इस लूटपाट से बिखरे हुए सामान को हतप्रभ हो देखता हुआ एक नन्हा बालक । (छाया : कम्बोज)

दूसरी तरफ ऑल इंडिया सिख स्टुडेंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट), पूर्व सांसद अतिदर पाल सिंह तथा राजदेव सिंह इस बैठक में भाग ले रहे हैं। अतिदर पाल सिंह 1989 में मिलिटैंटों के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीते थे जबकि श्री राजदेव सिंह अकाली दल (पंथक-राजदेव) के संस्थापक हैं। इनके अलावा अन्य लगभग सभी राजनीतिक दलों ने

पंजाब और हरियाणा में 8 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब तथा हरियाणा में कल रात से आठ मिलिटैंट मारे गए, जबकि मिलिटैंटों ने इसी अवधि में एक ही परिवार के 4 सदस्यों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी और ईंट भट्ठे के एक मालिक का अपहरण कर लिया ।

मुठभेड़ में 6 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग): आज हरगोबिंदपुर थाना के अंतर्गत नंगल झोर गांव में सुरक्षा बलों और मिलिटैंटों के मध्य हुई भिड़ंत, जो सुबह 6.30 बजे से सुबह 9.30 बजे तक चली, में 6 मिलिटैंट मारे गए । उनके पास से एक ए.के. 47 राइफल, उसके 2 मैगजीन, दो 12 बोर की बंदूकें 2, 303 बोर की बंदूकें (नाली कटी हुई), एक माऊजर, उसके दो मैगजीन तथा काफी गोली-सिक्का बरामद किया गया है । वहां से दो स्कूटर तथा एक मोटरसाइकिल भी मिला है ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार बटाला के एस.एस.पी. सीता राम ने बताया कि इन 6 मिलिटैंटों का एक साथी फरार होने में सफल हो गया । उन्होंने बताया कि इनमें से दो मिलिटैंटों की पहचान के.सी.एफ. (जफरवाल) के सुरजीत सिंह उर्फ बिट्टू तथा जगतार सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव भावरी के रूप में हुई है । एस.एस.पी. ने बताया कि पिछले दो दिनों में बटाला पुलिस जिले के 60 गांवों में तलाशी अभियान चलाया गया है तथा यह अभियान अभी जारी है ।

तलाशियां : जंडियाला : आज सुबह 10 बजे से लगभग एक बजे तक सेना के जवानों ने गांव रुड़का, जजा तथा बसनीयां आदि में घर-घर की तलाशी ली लेकिन किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया ।

घर-घर की तलाशी : आज प्रातः छहटा थाना के गांवों गुरु की वडाली और नारायणगढ़ में अमृतसर के एस.पी. आप्रेशन एस.के. सिंह के नेतृत्व में सी.आर.पी.एफ. की पांच कम्पनियों और 10 पुलिस पार्टियों ने सुबह 5 बजे से 9.30 बजे तक कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली और 32 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया । बाद में 15 व्यक्तियों को पूछताछ के पश्चात् छोड़ दिया गया ।

दुकानदार की हत्या : मजीठा पुलिस जिले में आज शाम गुरमुख सिंह नामक एक दुकानदार की गला काट कर हत्या कर दी गई ।

अपहृत दोधी का शव मिला : इसी पुलिस जिले के गांव रख में से पुलिस ने एक दोधी काबुल सिंह की अधजली लाश बरामद की है । उसका पिछले मास अपहरण कर लिया गया था । शव पर गोलियों के निशान भी थे ।

घायल : अमृतसर के आदर्श नगर में आज मिलिटैंटों ने भूषण नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया ।

एक परिवार के 4 सदस्यों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : ईंट भट्ठा मालिक का अपहरण

परिवार के 4 सदस्यों की हत्या : मानसा (मेहता): मिलिटैंटों ने गत शाम 7.30 बजे यहां से लगभग 10 कि.मी. दूर गांव भमेकलां में पंचायत सदस्य जनक सिंह के घर में प्रवेश करके अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी, उसके पिता मंगा सिंह, पत्नी ज्ञान कौर तथा भतीजे चरणर सिंह (5) की हत्या कर दी । फायरिंग में जनक सिंह की माता नंद कौर गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । बताया जाता है कि मिलिटैंट लगभग 4 घंटे तक फायरिंग करते रहे । फायरिंग की आवाज सुनकर गांव वासियों ने अपनी-अपनी बिजली बंद कर ली । पुलिस को घटना का पता आज ही चला ।

लूटपाट तथा एक व्यक्ति की हत्या : लुधियाना (कम्बोज, महिन्द्रा): गत रात्रि लगभग 10-15 सशस्त्र लुटेरों ने शहर के बाहरी क्षेत्रों की तीन कालोनियों सरताज नगर, आनंदपुरी तथा आजाद नगर में लगभग 8-9 घरों से लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद तथा 20 तोले सोने व अन्य बहुमूल्य सामान लेकर फरार हो गए और एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन लुटेरों के पास एस.एल.आर. ए.के. 47 राइफलें, पिस्तौल व अन्य हथियार थे । इन लुटेरों ने एक के बाद एक घरों में घुस कर लगभग डेढ़ दो घंटे तक लूटमार की । लुटेरों ने सरताज नगर के 4, आनंदपुरी व आजाद नगर के 2-2 घरों को लूटा । आनंदपुरी में लुटेरों ने एक डाईंग फैक्टरी मालिक विजय कुमार के 1¼ वर्षीय बेटे को बोरी में डाल लिया, जिससे घर वालों ने घबरा कर गहने आदि लुटेरों को सौंप दिए । इसके पश्चात लुटेरे साथ वाले जनक राज शर्मा के घर में गए । जब उसने लुटेरों का प्रतिरोध किया तो उन्होंने उसे गोली मार कर मार दिया । सरताज नगर की एक महिला राजरानी के बेटे की आज ही शादी थी । लुटेरों ने उसके घर से 87000 रुपए नकद व शादी के लिए बनवाए गए जेवरात लूट लिए । एक अन्य प्रापर्टी डीलर जगमोहन सिंह के घर से 65 हजार रुपए नकद, बी.सी.पी., तीन विदेशी कैमरे व टेप रिकार्डर आदि ले गए । उसके पड़ौसी सुभाष चंद्र से 10000 रुपए लूट लिए । कालोनी के लोगों ने बताया कि लुटेरों ने ओवरकोट पहने हुए थे और मुंह ढांप रखे थे । वह अपने सरगना को बाबा जी कह कर बुलाते थे । ये लोग रात 1.30 बजे से प्रातः 4 बजे तक लूटमार करते रहे । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राज किशन बेदी आज प्रातः घटनास्थल पर गए और लुटे परिवारों की दास्तान सुनी । धीमान के अनुसार लुटेरों ने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं ।

घर में घुस कर हत्या : लुधियाना जिले के गांव सधानी में आज सुबह मिलिटैंटों ने तरसेम सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी।

ईंट-भट्ठा मालिक का अपहरण : हिसार (देवेन्द्र) : सोमवार शाम को रतिया के निकट रतनगढ़ गांव से मिलिटैंटों ने एक ईंट-भट्ठा मालिक नरेन्द्र सिंह का अपहरण कर लिया। वे नरेन्द्र सिंह के स्कूटर पर ही उसे बैठा कर पंजाब की ओर भाग गए। पुलिस ने खोज अभियान शुरू कर दिया है।

मिलिटैंट द्वारा आत्म हत्या : मंडी डबवाली (आजाद) : कल शाम कालांवाली में एक मिलिटैंट ने उस समय सायनाइड खाकर आत्म हत्या कर ली, जब वह पुलिस के घेरे में आ गया। उसका दूसरा साथी पुलिस को चमका देकर भाग निकला। बताया जाता है कि ये मिलिटैंट थानेदार होशियार सिंह के निकट उसके बच्चों का अपहरण करने के उद्देश्य से घूम रहे थे।

एक मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिले के धूलकोट और कनारी गांव के बीच कल रात पुलिस गश्ती दल के साथ हुई मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। मुठभेड़ स्थल से एक बन्दूक और कुछ कारतूस मिले हैं।

मास्टर बाबा को रिहा करने का आग्रह : बटाला से कोछड़ की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार बटाला बार एसोसिएशन के प्रधान महिन्दर सिंह रंधावा ने पंजाब के सभी मिलिटैंट संगठनों से आग्रह किया है कि वे पंजाब के डिप्टी एडवोकेट जनरल मुकेश बेरी के अपहृत किए गए पुत्र मास्टर बाबा (6) को छोड़ दें। इसके लिए पंजाब की सभी बार एसोसिएशनें उनकी धन्यवादी होंगी। उल्लेखनीय है कि मास्टर बाबा को 9 दिसम्बर को बटाला से अपहृत कर लिया गया था तथा पंजाब की

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Scrutiny

बुलाई गई इस बैठक
क पंजाब बारे सरकार

मान के अध्यक्ष महंत
केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा
विमर्श के लिए कल
भाग लेंगे ।

को बताया कि केंद्रीय
में भाग लेने के लिए
भाग लेने के लिए वह

क समिति के प्रमुख
प्रमुख अकाली घटकों
न लेने के निर्णय की
की । उन्होंने कहा कि
के प्रति इन नेताओं का
क प्रधानमंत्री पी.वी.
मावर्ती राज्य में शांति
यास कर रहे हैं ।
से अपने निर्णय पर
भाग लेने की अपील

बुल्ले : पता चला है कि
चाहे बहिष्कार करने
में 15 फरवरी से पूर्व
बारे विकल्प खुले छोड़
मान व लौंगोवाल धड़े
न (ब) के प्रधान श्री
आनन्दपुर साहिब में
फैसले पर अड़े हुए हैं।
ते हैं कि इस फैसले पर
सल नहीं किया और

बलों ने आज प्रात: डी.एस.पी. (सिटी) बलदेव राज शर्मा के नेतृत्व में होशियारपुर व नसराला रेलवे स्टेशन पर जालन्धर से होशियारपुर आने वाली तथा होशियारपुर से जालन्धर जाने वाली दो रेल गाड़ियों की तलाशी ली। श्री गुप्ता के अनुसार तलाशी के दौरान कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया।

जेवर व नकदी लूटी : जिला होशियारपुर के मुकेरियां पुलिस थाना के अधीन पंडोरी भगता ग्राम में तीन सशस्त्र लुटेरों ने एक व्यक्ति गोपाल सिंह के घर से हजारों रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवर व 660 रुपए नकद लूट लिए। बाद में लुटेरे कुछ अन्य घरों में भी लूटपाट करने के उद्देश्य से गए लेकिन घर वालों ने दरवाजे न खोले। बाद में ये लुटेरे पंडोरी भगता के साथ लगने वाले ग्राम लंडिंग में गए व वहां पर एक व्यक्ति रसाल सिंह के घर में जबरदस्ती दाखिल हो गए। रसाल सिंह के शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण इक्ट्ठे हो गए व उन्होंने एक लुटेरे को पकड़ भी लिया लेकिन दो अन्य लुटेरे अपने साथी को छुड़ा कर फरार होने में सफल हो गए।

मां-पुत्र की हत्या : फगवाड़ा (अशोक) : कल रात जिला कपूरथला के गांव थिंदपुर छाना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मुख्त्यार सिंह (30) तथा उसकी मां मंगो के घर में दाखिल होकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । जिला पुलिस कप्तान जसविंदर सिंह ने बताया कि यह वारदात आपसी दुश्मनी का परिणाम लगती है ।

तलाशियां : चंडीगढ़ (वि.प्र.): पता चला है कि चंडीगढ़ पुलिस ने आज मिलिटैंटों की तलाश में गांव धनास, उसके निकट की श्रमिक कालोनियों, सारंगपुर और मिल्क कालोनी में घर-घर जाकर तलाशी ली । इस अवसर पर अर्द्धसैनिक बलों और

वाशिंगटन,
खुफिया एजैंसी सी
ने भारत और पा
खतरे के प्रति अ
अमरीकी कांग्रेस क
बयान में कहा कि
छोटी है । यह सह
है । जिन जगहों
वहां की घटनाएं
लेती हैं ।

श्री राम

हम बड़े
हैं कि हमारा
लाल नारंग
छोड़ कर दि
गया है ।
13.12.91
गुरुद्वारा श्री
खालसा हाई

नारंग परिवार
सेतीया परिवार

बड़े दु
सर्वप्रिय राज
छोड़ स्वर्ग
12.12.9
हमारे निवास

Punjabi Sanatan

पंजाब में 2 पाक घुसपैठियों सहित 14 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 13 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 2 पाक घुसपैठियों समेत 14 मिलिटैंट मारे गए । बटाला में बम विस्फोट में 3 लोगों की जानें गईं एवं 25 अन्य व्यक्ति जख्मी हो गए । इस बीच राज्य में अन्यत्र 2 लोगों की हत्या हुई ।

संदिग्ध मिलिटैंट काबू, हथियार बरामद : चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 23 के एक मकान में आज तड़के छापा मारकर कर मोहिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बारे में संदेह किया जाता है कि वह मिलिटैंट है । उसके कब्जे से कुछ हथियार भी बरामद हुए । पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

घुसपैठिया मिलिटैंट मरा : भारत-पाकिस्तान सीमा के खालड़ा क्षेत्र में धर्मकोट क्षेत्र में भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते वक्त एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया । संदेह किया जाता है कि वह पाक प्रशिक्षित मिलिटैंट था ।

दो मिलिटैंट मरे : सरहाली पुलिस थानान्तर्गत चोला साहिब क्षेत्र के पास सुरक्षा बलों ने दो मिलिटैंटों को मार गिराया । मृत मिलिटैंटों के पास से कुछ हथियार और गोली बारूद बरामद हुआ है । मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी । बरामद हथियारों में 303 बोर की दो राइफलें, .12 बोर की एक देसी पिस्तौल व बड़ी संख्या में कारतूस शामिल हैं ।

दो अज्ञात मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के माहावा गांव में आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मारे गए । उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है । घटनास्थल से दो राइफलें और 45 कारतूस बरामद किए गए ।

गांव वालों ने डाकू खदेड़े : जिला होशियारपुर के गांव शेरपुर के सतर्क निवासियों ने गत रात्रि एकत्र होकर डाकुओं के एक गिरोह को खदेड़ दिया । बताया जाता है कि कम से कम आठ डाकुओं ने सोढी सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में डाका मारा व 30,000 रुपए मूल्य के सोने की दो बुंदे तथा एक कलाई घड़ी लूटकर ले गए ।

बटाला में बम धमाके से 3 मरे, 25 घायल, प्रदेश में अन्यत्र 2 की हत्या

मुठभेड़ में दो मिलिटैंट मरे : सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में संगरूर जिला के लेहड़ा गांव में दो मिलिटैंट मारे गए । मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी है । उनके पास से एक असाल्ट राइफल और 12 बोर की एक बंदूक बरामद की गई है ।

मिलिटैंट काबू : अजनाला पुलिस ने गत रात्रि बस अड्डा क्षेत्र से अरविंदर सिंह नामक एक मिलिटैंट को काबू कर लिया है । उस समय वह खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी कर रहा था ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : पटियाला पुलिस ने बलविंदर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 303 बोर की एक राइफल बरामद की है ।

अहाते में विस्फोट : 3 मरे, 25 घायल : बटाला से कोछड़ के अनुसार आज शाम 6.45 बजे के करीब स्थानीय गांधी चौक के निकट बस अड्डे के पीछे देसी शराब के ठेके के अहाते के अंदर हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में कम से कम 3 व्यक्ति मारे गए तथा 25 अन्य घायल हो गए ।

मृतकों में से एक की पहचान भगवान सिंह के रूप में हुई है । वह ट्रकों की बाडी बनाने का काम करता था । घायलों के नाम इस प्रकार है : बूटा भूषण, लखविन्दर सिंह, जगरूप सिंह, अजीत सिंह, गिरधारी लाल, कुक्कू, मैथ्यू, एल्विन, अनिल कुमार, स्वर्ण सिंह, जोगेन्द्र पाल, बूआ दास, गुरचरण सिंह, अश्विनी कुमार तथा अशोक लाल । धमाके में अहाते की छत गिर गई, जिससे कई लोग मलबे के नीचे दब गए । धमाके से निकटवर्ती दो अन्य दुकानों को भी क्षति पहुंची ।

ए.एस. आई. का स्कूटर चोरी : थाना सदर बटाला के ए.एस.आई. अजीत सिंह का स्कूटर (नं. डी.ए.ई. 7727) किसी ने चोरी कर लिया है ।

एक पाकिस्तानी मारा गया : बटाला (चौधरी): कल रात डेरा बाबा नानक सीमा पर बी.एस.एफ. की चौकसी के कारण एक पाकिस्तानी मारा गया जबकि दो घायल हो गए । उनसे भारी परिमाण में असला मिला है । बताया जाता है कि रात डेढ़ बजे तीन व्यक्ति सीमा पर आते दिखाई दिए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उनको ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जब जवाबी फायरिंग आरम्भ की गई तो उनमें से एक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

मारा गया जबकि दो घायल हो गए । उनके कब्जे से 4 ए.के. 47 राइफलें, 18 मैगजीनें, 820 कारतूस, 5 पिस्तौलें और उनके 350 कारतूस मिले हैं ।

बाप-बेटे की हत्या : थाना सदर बटाला के गांव गिलांवाली में मिलिटैंटों के हाथों बाप-बेटा मारे गए । बताया जाता है कि सात साढ़े सात बजे चार मिलिटैंट तेज मसीह के घर गए और फायरिंग करके तेजू मसीह और उसके बेटे कुन्दन मसीह की हत्या कर दी । गांव वालों ने बताया कि उन्होंने फौरन बाद रात को ही पुलिस को सूचना दे दी थी मगर पुलिस आज प्रातः साढ़े आठ बजे गांव में पहुंची जिसके विरुद्ध लोगों में भारी रोष व्याप्त है ।

कर्फ्यू : अमृतसर प्रशासन ने नगर के 350 से अधिक गांवों व कुछ उपनगरीय क्षेत्रों में कल से एक माह के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है जो आगामी 15 जनवरी तक जारी रहेगा । कर्फ्यू की अवधि सायं 6.30 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक रहेगी ।

जिला मैजिस्ट्रेट सर्बजीत सिंह ने आज यहां एक बयान में बताया कि उक्त कार्रवाई असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ही की जा रही है तथा नगर के कोट खालसा, छहर्टा, सुल्तानविंड व चाटीविंड क्षेत्र भी कर्फ्यू की सीमा में रहेंगे ।

2 अन्य मिलिटैंट मरे : फिरोजपुर (तपिन्दर): आज गांव बुटर रौशन शाह के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में के.सी.एफ. के दो मिलिटैंट मारे गए व मक्खू के एस.एच.ओ. निगौर सिंह घायल हो गए । मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी परन्तु उनके कब्जे से भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है । अन्तिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था ।

दो संदिग्ध मिलिटैंट मरे : दसूहा (झाबर): गत रात्रि थाना मुकेरियां के गांव झरेड़ियां के निकट हुए एक मुकाबले में दो अज्ञात संदिग्ध मिलिटैंट मारे गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार सीमा सुरक्षा बल व पुलिस ने लिंक रोड पर नाका लगाया हुआ था कि रात 11.30 बजे नीले रंग की बिना नम्बर की एक वैन आती हुई दिखाई दी । उसे सर्च लाइट मारकर रुकने का संकेत दिया गया परन्तु उसमें सवार मिलिटैंटों ने नाका दल पर फायरिंग कर दी । नाका दल ने भी जवाबी फायरिंग की तथा दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए । तलाशी लेने पर वैन में से 32 बोर व 12 बोर के दो पिस्तौल व चार कारतूस मिले तथा वैन भी कब्जे में ले ली गई । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

के.सी.एफ. के 5 मिलिटैंट काबू : अमृतसर (नारंग): अमृतसर के नए युवा पुलिस प्रमुख श्री एस. चट्टोपाध्याय ने आज यहां एक सम्वाददाता सम्मेलन में बताया कि छहर्टा पुलिस ने 5 मिलिटैंटों को पकड़ा है । उन्होंने कहा मिलिटैंट 'थर्ड ग्रेड' वाले कहे जा सकते हैं । इनका सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ ग्रुप से है । उन्होंने कहा कि पकड़े गए मिलिटैंट जसबीर सिंह (खापड़खेरी), रणजीत सिंह (गांव मूले चक), मजिंदर सिंह (गांव सोहल का निवासी लेकिन आज कल छोटा हरिपुरा अमृतसपुर में रहता था), भूपेन्द्र सिंह उर्फ टीटा (जसपाल नगर-अमृतसर) तथा हरिविंदर सिंह (गांव मूले चक) हैं ।

पुलिस ने इनके पास से 32 व 12 बोर के दो पिस्तौल व गोली सिक्का तथा दो स्कूटर बरामद किए हैं । पूछताछ के बाद इन्होंने बताया कि इन्होंने कटरा बग्गियां से एक दुकानदार से 1100 रुपए छीने थे । उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने हरभजन सिंह तहसीलदार के लड़के का अपहरण किया था तथा एक लाख रुपए की फिरौती लेकर उसे रिहा किया था । उन्होंने कोट आत्मा राम में एक सुनार का अपहरण करने की भी योजना बनाई थी पर वे इसमें सफल नहीं हो पाए थे ।

इन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने जसपाल नगर के एक व्यक्ति से उसका हीरो होंडा मोटर साइकिल, गुरुनानकपुरा से एक युवक से उसका स्कूटर, अमृतसर के इस्लामाबाद क्षेत्र के फाटक पर एक अन्य व्यक्ति से उसका स्कूटर छीना था । गांव धानूपुर काले से भी इस गिरोह ने एक स्कूटर चुराया था ।

श्री चट्टोपाध्याय ने जनता से आग्रह किया कि प्रशासन व पुलिस को सहयोग दें जिससे कि प्रशासन व पुलिस जनता की सेवा में और अधिक शक्ति के साथ कार्य करे । उन्होंने कहा कि लोग जब भी चाहें उनसे फोन पर सम्पर्क कर सकते हैं या उनसे मिल सकते हैं तथा अपनी समस्याएं उन्हें बता सकते हैं ।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे जनता की समस्याओं व शिकायतों को सुनें तथा जनता से अपने सम्बन्ध बनाएं । उन्होंने कहा कि मैं यह तो दावा नहीं कर सकता कि सारी स्थितियों को रातों-रात बदल दूंगा फिर भी स्थितियां सुधारने के लिए पूरे प्रयास करूंगा । भ्रष्टाचार को भी समाप्त किया जाएगा ।

उन्होंने मिलिटैंटों से भी कहा कि वे आत्म समर्पण करें । उन्होंने कहा कि जो भी मिलिटैंट आत्म समर्पण करेगा उसे पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी । उन्होंने जनता से भी आग्रह किया कि वे किसी भी आपराधिक या राष्ट्र विरोधी घटना की पुलिस को तत्काल जानकारी दे जिससे कि पुलिस समय रहते ऐसी बातों की रोकथाम कर सके व अपराधियों के प्रति त्वरित कार्रवाई कर सके । ऐसी सूचना देने वाले के नाम अगर वे चाहेंगे तो गुप्त रखे जाएंगे ।

मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिला के गोइंदवाल थाना के अधीन खेलदा और तुदां गांवों के मध्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हुई । घटनास्थल से एक रिवाल्वर, एक राइफल, कुछ कारतूस एवं एक स्कूटर बरामद हुआ है ।

5 मिलिटैंट गिरफ्तार : सुरक्षा कर्मियों ने वल्टोहा के निकट स्कूटर सवार 3 मिलिटैंटों नरेन्द्र सिंह, सोहन सिंह तथा दारा सिंह को गिरफ्तार किया है तथा उनसे 2 राइफलें एवं एक पिस्तौल बरामद किया है ।

सुरक्षा बलों ने मजीठा थाना के सहसरा खुर्द ड्रेन पर नाकाबंदी के दौरान कार पर सवार दो मिलिटैंटों बलजिंदर सिंह एवं कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से 2 ए.के. 47 राइफलें, 2 मैगजीन, एक रिवाल्वर, एक राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है ।

थानेदार व जवान घायल : मक्खू (शेखर): आज शाम 5 बजे थाना जीरा के गांव बुट्टर रोशन शाह के एक लम्बे-चौड़े खेत में तलाशी के दौरान मिलिटैंटों से हुए मुकाबले में एक थानेदार तथा होमगार्ड का एक जवान घायल हो गए । मिलिटैंटों ने उन पर हथगोला फैंका था । डी.एस.पी. जीरा श्री देव राज के नेतृत्व में तलाशियां सुबह से ही जारी थीं । सेना ने खेत को घेरा हुआ था तथा अंतिम समाचार मिलने तक मुकाबला जारी था । आशंका है कि खेत में मिलिटैंटों ने बैरकें बनाई हुई हैं ।

भारत-चीन समझौते

(पृष्ठ 1 का शेष)

अभी किसी ठोस समझौते तक नहीं पहुंचा जा सका है। एक अन्य विशेषज्ञ का कहना है कि श्री ली फंग की यात्रा के दौरान इस दिशा में कुछ और प्रगति हो सकती है क्योंकि सीमा विवाद के हल होने से एशिया के घनी आबादी वाले इन दो विकासशील देशों में सम्बन्ध मजबूत होंगे।

इस दौरान एक अन्य क्षेत्र सीमा व्यापार में भी महत्वपूर्ण प्रगति होने की संभावना है। दोनों देशों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग कायम हो चुका है लेकिन व्यापार के क्षेत्र में भारत और चीन के बीच आदान-प्रदान कोई उत्साहवर्धक नहीं है।

राव को निमंत्रण : चीन के प्रधानमंत्री ली फंग ने प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव को चीन की यात्रा का निमंत्रण दिया है । उन्होंने कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग अधिक मजबूत होगा । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्री राव ने श्री फंग का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है । श्री राव की चीन यात्रा राजनीतिक माध्यम से निर्धारित की जाएगी ।

तिब्बत की स्वतंत्रता के मुद्दे पर वार्ता नहीं : भारत की यात्रा पर आए चीन के प्रधानमंत्री ली फंग ने आज दृढ़ता से घोषणा की कि तिब्बत की स्वतंत्रता पर कोई बातचीत सम्भव नहीं है लेकिन अन्य मुद्दों पर चीन दलाई लामा के साथ बातचीत करने को तैयार है । श्री ली फंग ने विद्वानों, बुद्धिजीवियों और विश्लेषकों के एक चुनिन्दा समूह के बीच आज कहा कि प्राचीन काल से तिब्बत चीन का अभिन्न अंग रहा है और भविष्य में भी रहेगा । भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इस बैठक का आयोजन किया था ।

रूस गणराज्य सोवियत विदेश नीति का अनुसरण करेगा

पेईचिंग, 13 दिसम्बर (प.स.): रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने चीन के राष्ट्रपति को पत्र लिख कर उनसे स्पष्ट किया है कि रूस सोवियत संघ की विदेश नीति का ही अनुसरण करेगा । पेइचिंग में सोवियत सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

मास्को : मध्य एशिया के चार गणराज्यों तथा कजाकिस्तान ने आज घोषणा की कि वे भी रूस, यूक्रेन तथा बाइलोरूस द्वारा गठित राष्ट्रमंडल में शामिल होंगे ।

गोर्बाच्योव इस्तीफा देंगे ? : सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाच्योव ने आज संघ के कुछ गणराज्यों के स्वतंत्र देश के रूप में एक राष्ट्रकुल गठित करने के प्रति अपना विरोध [illegible]

पुण्य तिथि



हमारी प्रिय **श्रीमती शकुंतला सचदेवा** जो आज के दिन एक वर्ष पहले हमें रोता हुआ छोड़ गई थीं, हम उनकी याद को कभी भुला नहीं सकते ।

दुखी हृदय के साथ :

राजिन्द्र कुमार सचदेवा (पति),
सुरिंद्र पाल सचदेवा, अमित कुमार सचदेवा (पुत्र),
मोनिका सचदेवा (सुपुत्री)

Punjabi Sanatani

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पंजाब में

महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारी

की तिथि राष्ट्रीय विकास परिषद की नई दिल्ली में

पंजाब व हरियाणा में 6 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 14 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब एवं हरियाणा में कल रात से 6 मिलिटैंट मारे गए, जबकि सिख छात्र संघ के प्रधान राजिन्दर सिंह मेहता और महासचिव अमरजीत सिंह चावला को भाजपा उपाध्यक्ष बलदेव प्रकाश पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों पर तलाशियां लीं । इसी अवधि में 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई ।

मिलिटैंट जहर खाकर मरा : सिरसा (दिवाकर): यहां से लगभग 40 कि.मी. दूर कालांवाली के निकट पुलिस ने कल एक अज्ञात मिलिटैंट का शव बरामद किया । मृतक ने कथित रूप से सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी । पुलिस सूत्रों के अनुसार सी.आई.डी. पुलिस का एक कांस्टेबल रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के पास ड्यूटी पर था कि उसे मृतक पर संदेह हो गया और उसका पीछा करना शुरू कर दिया । मिलिटैंट लगभग दो किलोमीटर तक भागा,जब उसकी गिरफ्तारी के लिए वहां और पुलिस बल पहुंच गया तो उसने सायनाइड खा लिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई । पता चला है कि पुलिस को मृतक की जेब से कुछ संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं ।

दो मिलिटैंट मारे गए : लुधियाना (महिन्द्रा): आज प्रात: मौजा अब्बोपरा थाना सिधवां बेट में पुलिस मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस ने बताया कि पुलिस पार्टी मिलिटैंट जगदीश सिंह उर्फ देशा को पुलिस वाहन में हथियारों की बरामदगी के लिए सतलुज नदी के मंड क्षेत्र में ले जा रही थी कि पुलिस दलों पर कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग कर दी । पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे मिलिटैंट जगदीश सिंह तथा एक अन्य अपरिचित मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से पुलिस को एक राइफल, ए.के. 47, एक मैगजीन तथा एक मारुजर बरामद हुआ है ।

बम विस्फोट : लुधियाना जिले के जस्सोवाल गांव में एक बम विस्फोट की वारदात हुई । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । उस समय वहां से पुलिस का गश्ती दल गुजर रहा था ।

मेहता, चावला गिरफ्तार : अमृतसर पुलिस ने यहां 15 नवम्बर को हुए बम विस्फोट जिसमें 6 व्यक्ति मारे गए तथा भाजपा के उपाध्यक्ष बलदेव प्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, में कथित रूप से संलिप्त होने के आरोप में सिख छात्र संघ के प्रधान राजिंद्र सिंह मेहता तथा महासचिव अमरजीत सिंह चावला को गिरफ्तार किया है । पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मेहता तथा चावला को इस मास के प्रथम सप्ताह में चार अन्य व्यक्तियों के साथ दिल्ली पुलिस ने पकड़ा था । उन्हें कल शाम यहां लाया गया और सब जज बलदेव सिंह की अदालत में पेश किया गया है, जिन्होंने उन्हें सोमवार तक पुलिस रिमांड में दे दिया ।

गुट संघर्ष में दो मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग): रात रात ब्यास थाने के गांव बटाला में कुछ मिलिटैंटों ने जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसे बाहर निकाल कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनके साथ ही सोहन सिंह पुत्र करतार सिंह नामक एक व्यक्ति का, जिसका वे जोधे गांव से अपहरण करके लाए थे, बाद में उन्होंने उसकी भी झंझरी गांव के निकट जाकर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह मिलिटैंटों के गुट संघर्ष का मामला है ।

उद्योगपति का अपहरण : आज सायं लगभग 6 बजे कुछ मिलिटैंटों ने बटाला रोड अमृतसर पर जरका के निकट स्थित डाबर इंडस्ट्री के मालिक श्री राम कुमार का ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल की नोक पर अपहरण कर लिया ।

एक व्यक्ति की हत्या : मजीठा पुलिस जिले के गांव संगतपुरा में कल रात जोगिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई । पुलिस ने दावा किया है कि यह व्यक्तिगत दुश्मनी का मामला है ।

मृतकों की संख्या 4 हुई : बटाला के एक अहाते में कल हुए बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या चार हो गई है । पुलिस ने बताया कि आज सुबह शराब के ठेके पर काम करने वाले रत्न चन्द (55) (हिमाचल) नामक एक व्यक्ति का शव मलबे में से बरामद किया गया । स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाए गए 18 व्यक्तियों की हालत खतरे से बाहर है । गम्भीर रूप से घायल दविन्दर पाल उर्फ लाट को अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है । पांच अन्य लोग जिन्हें मामूली चोट आए थे प्राइवेट अस्पतालों में उपचार करवा कर घरों को चले गए हैं । बताया जाता है कि बम विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे चार दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई । लगभग आठ मीटर दूर खड़ी कार भी मलबा ऊपर गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई । दुकानों का मलबा दस मीटर व्यास में फैल गया । अहाता तो पूरी तरह ढह गया । जब विस्फोट हुआ तब अहाते में लगभग 30 व्यक्ति शराब पी रहे थे । अहाते के अतिरिक्त शराब का ठेका, खाद की एक दुकान तथा ट्रैक्टर मकैनिक की एक दुकान विस्फोट में ढह गई । नगर पालिका के कर्मचारी आज मलबा हटाने में लगे हुए थे ।

बटाला में कोएड के अनुसार जिला पुलिस व सुरक्षा बल सूत्रों से अभी तक यह ज्ञात नहीं हो सका कि बम विस्फोट किस प्रकार की विस्फोटक सामग्री से किया गया, लेकिन यह बताया गया है कि बम विस्फोट योजनाबद्ध ढंग से व दहशत फैलाने की नीयत से किया गया ।

कांस्टेबल की हत्या : कादियां थाना के गांव रायजादा में मिलिटैंटों ने पुलिस कांस्टेबल सर्बजीत सिंह, जोकि गांव मम्मन का रहने वाला है, की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

डी.एस.पी. पर फायरिंग : श्रीहरगोबिंदपुर थाने के डी.एस.पी. आज जब ड्यूटी से अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ वापस अपने गांव सखोवाल जा रहे थे तो रास्ते में पुलिस की वर्दियां पहने हुए कुछ मिलिटैंटों ने उनके वाहन पर फायरिंग की । पुलिस दल ने भी जवाबी फायरिंग की, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ ।

शरणदाता गिरफ्तार : चंडीगढ़ (वि.प्र.): चंडीगढ़ पुलिस ने आज यहां सुबह घर-घर की तलाशी ली और कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया । इस बीच पुलिस ने मोहाली के बलवन्त सिंह को टाडा के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया है । उसके विरुद्ध

(शेष पृष्ठ 12 पर)

बलदेव प्रकाश पर हमले के आरोप में सिख छात्र संघ का प्रधान मेहता तथा महासचिव चावला गिरफ्तार : विभिन्न जगहों पर तलाशियां जारी : राज्य में 3 व्यक्तियों की हत्या

HUDA

एच.यू.डी.ए. प्रस्तुत करता है
रिक्त कमर्शियल/स्लाट
न्यू मंडी टाऊनशिप
अम्बाला शहर
में
नीलामी 23.12.91 को सुबह 11 बजे
स्थान : एस्टेट कार्यालय हुडा, अम्बाला शहर

क्र.	सैक्टर नं.	स्थलों का विवरण	साइज मीटरों में	प्लाट नं.	स्थलों की संख्या
1.	2.	3.	4.	5.	6.
(1)	न्यू मंडी अम्बाला टाऊनशिप	बूथ स्थल	3x7	222-P, 223-P, 285-P, 286-P, 276, 277, 280, 281, 282	9
(2)	—„—	बूथ स्थल	3x8	299, 300, 301, 302, 303, 304, 305, 306, 309	9

नोट : विस्तृत शर्तें और नियम मौका पर सुनाए जाएंगे । स्थल का नक्शा आदि एस्टेट कार्यालय, हुडा, अम्बाला शहर में देखे जा सकते हैं ।

(आर.एस. वत्स)
आई.ए.एस.
प्रशासक, हुडा पंचकूला

PRDH/485F/23522-23/6.12.91

HUDA

हरियाणा
निम्नलिखित क
अ
नीलामी
स्थान

क्रमांक	सैक्टर नं.	स्थलों का
1.	2	दोमंजिला
2.	4	बूथ स्थल
3.	4	एस.सी.एफ
4.	5	एस.सी.ओ (तीन मंजि
5.	6	बूथ स्थल
6.	8	बूथ स्थल
7.	9	बूथ स्थल
8.	10	एस.सी.ओ (सामने ब
9. मेन	10	बूथ स्थल
10.	11	एस.सी.एफ
11.	11	बूथ स्थल
12.	12	निर्मित बू
13.	15	आयरन अ स्टील स्थ
14.	15	बूथ स्थल

Punjabi Sanatani

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

आरोप है कि वह मिलिटैंटों को शरण देता था ।

घर-घर की तलाशी : फाजिल्का (नागपाल): आज सुबह फाजिल्का सब-डिवीजन के गांव रोड़ावाली तथा हतीस वाला में सुबह तीन बजे से 10 बजे तक सुरक्षा बलों ने घर-घर की तलाशी ली । फिरोजपुर के एस.एस.पी. अनिल शर्मा के अनुसार 12 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार फिरोजपुर जिले के जीरा कस्बे में भी घर-घर की तलाशी ली गई और कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई ।

अमृतसर (नारंग): आज प्रात: 5 बजे अमृतसर के बाहरी क्षेत्रों बसंत नगर, भवानी नगर और गोपाल नगर में सुरक्षा कर्मियों ने कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली । इस दौरान 4 मिलिटैंटों को काबू किया गया । पिछले 8 दिनों के भीतर इस क्षेत्र में दूसरी बार तलाशी ली गई है ।

एक व्यक्ति का अपहरण : फगवाड़ा (कौड़ा): कल शाम पलाही गांव से दो संदिग्ध व्यक्ति बलविन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति का घर से अपहरण करके ले गए । अकाली नेता जगतसिंह पलाही ने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक बलविन्दर सिंह का पता नहीं चल सका ।

स्कूटर छीना : पटियाला (राज): दो अज्ञात मिलिटैंटों ने आज राजपुरा में कश्मीरी लाल नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. सी.एच.एन. 3911 छीन लिया ।

मिलिटैंट गिरफ्तार : जिला पुलिस ने गश्त के दौरान बलविन्दर सिंह नामक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके पास से 303 बोर की राइफल, 5 कारतूस बरामद किए हैं । वह करतारपुरा थाना पातड़ां का निवासी है ।

पंजाब का मिलिटैंट भिवानी में मरा

रोहतक (संजय खन्ना): पंजाब का बब्बर खालसा ग्रुप का कख्यात मिलिटैंट हरि सिंह लेहरा जिसकी पंजाब व हरियाणा पुलिस को तलाश थी, आज तड़के साढ़े चार बजे यहां से 40 किलो मीटर दूर भिवानी में पंजाब-पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया । यह मिलिटैंट कालांवाली हत्याकांड तथा अन्य कई हत्याकांडों में संलिप्त था । मुठभेड़ में पंजाब पुलिस के दो जवान हवलदार श्योकरण तथा दिलदार सिंह गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें रोहतक मैडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है । श्योकरण की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

बताया गया है कि यह मिलिटैंट पंजाब में सेना के निरंतर बढ़ते दबाव के कारण भिवानी में हरियाणा बिजली बोर्ड में कार्यरत एक जे.ई. के निवास स्थान में छुपा था । पंजाब पुलिस को इस बारे जानकारी मिली तो डी.एस.पी. मुक्तसर इन्द्र सिंह रंधावा के नेतृत्व में पुलिस दल ने वहां छापा मारा । पुलिस को देखते ही हरि सिंह ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में पुलिस पार्टी ने भी फायरिंग की । बीस मिनट के कड़े मुकाबले के बाद हरि सिंह मारा गया । उसके पास से एक माऊजर और काफी संख्या में कारतूस बरामद हुए । पंजाब के मिलिटैंटों के रोहतक और दिल्ली के बीच के अनेक स्थानों पर छुपे होने की आशंका के दृष्टिगत आज रोहतक में भी काफी छानबीन की गई । अपुष्ट सूत्रों के अनुसार हरि सिंह के बारे में जानकारी गत दिवस पंजाब में पकड़े गए उसके एक साथी से मिली ।

भिवानी से उदय शंकर के अनुसार घटनास्थल से प्राप्त ब्यौरे और पुलिस के अनुसार मिलिटैंट पिछले तीन दिनों से यहां आया हुआ था और व्यास निर्माण बोर्ड के एक कनिष्ठ अभियन्ता नरेश कुमार भारद्वाज के पास ठहरा हुआ था । नरेश कुमार बोर्ड का पुराना कर्मचारी है ।

भिवानी के पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंघल के अनुसार उन्हें वारदात की सूचना मिलते ही वह पुलिस बलों के साथ तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । उनके अनुसार फरीदकोट के डी.एस.पी. पुलिस पार्टी के साथ मिलिटैंट हरि सिंह के गनमैन की निशानदेही पर ही यहां पहुंचे । एक पुलिस अधिकारी ने अपना नाम न छापने को कहते हुए बताया कि हरि सिंह कालांवाली और डबवाली में आर.एस.एस. के कार्यकर्त्ताओं को मारने की वारदात में शामिल था । पुलिस अधीक्षक के अनुसार मिलिटैंट ने हमले में जिस पिस्तौल को प्रयुक्त किया वह बरामद कर लिया गया है । 9 एम.एम. का यह पिस्तौल काफी पुराना लग रहा था और उस पर खून के धब्बे भी थे ।

चीन पाक को कहेगा...

(पृष्ठ 1 का शेष)

व्यापकता को लेकर गम्भीर रूप से चिंतित है और भारतीय जनता को बड़ी खुशी होगी अगर चीन अपने प्रभाव के इस्तेमाल कर उस पड़ौसी देश (पाकिस्तान) को मिलिटैंटों की मदद करने से रोके ।

भारत-चीन सहयोग जरूरी : चीन के प्रधानमंत्री ली फंग ने आज वामपंथी दलों से कहा कि सोवियत संघ के सम्भावित बिखराव को देखते हुए यह ज्यादा जरूरी है कि भारत और चीन अब एक दूसरे के नजदीक आएं तथा आर्थिक और राजनीतिक मामलों पर सहयोग करें । श्री ली ने श्री हरकिशन सिंह सरजीत के नेतृत्व में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के शिष्टमंडल और श्री इंद्रजीत गुप्त के नेतृत्व में कम्युनिस्ट पार्टी के शिष्टमंडल के साथ अलग-अलग भेंट की । दोनों शिष्टमंडलों में तीन-तीन सदस्य थे ।

चीन भारत के साथ अपने सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए आज इस बात पर सहमत हो गया कि नालंदा (बिहार) में चीनी पर्यटक ह्यूनसांग का एक स्मारक बना कर उसका संरक्षण किया जाए ।

संयुक्त उपक्रम : चीन के प्रधानमंत्री ली फंग ने आज कहा कि भारत और चीन विभिन्न क्षेत्रों में और खासतौर से बिजली उपकरण के उत्पादन में संयुक्त उपक्रम लगा सकते हैं। श्री फंग यहां भारतीय उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे।

यहां चीनी दूतावास में आयोजित इस बैठक में श्री ली ने कहा कि चीन भारत से कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, बिजली के सामान और मशीनरी आयात करने की संभावना पर विचार कर सकता है जबकि चीन भारत को कोयला बेचने की पेशकश कर सकता है।

ION NOTICE
ime in Punjab
ducation. For females only
teachers training course
wn as D.C. ED. Delhi)
on :—One year
10+2) Graduates will be given preference.
available at the office counter between 9
of Rs. 20/-.
itute of Education
ublic health & hygiene New Delhi)
ernment Recognised)
t. College for boys) Civil Lines, Ludhiana.
Lt.col S.K. Bhasin (Retd.) Director
es on Dec. 20, 1991.

AVAILABLE FOR RENT
CIAL ACCOMMODATION
T AT SHASTRI MARKET,

Punjabi Sanatani

सुरंग फटने से सब-इंस्पैक्टर सहित 3 बी.एस.एफ. कर्मी मारे गए : प्रेमी-प्रेमिका समेत 3 की हत्या : अन्यत्र 4 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 15 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): आज रात्रि जिला लुधियाना में भू-सुरंग फटने से एक सब-इंस्पैक्टर सहित बी.एस.एफ. के 3 कर्मी मारे गए जबकि एक डी.एस.पी. सहित 7 अन्य घायल हो गए । पंजाब में जारी मिलिटैंसी के दौरान गत सायं से विभिन्न वारदातों में एक युवती व उसके प्रेमी सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि अन्यत्र विभिन्न घटनाओं में 4 मिलिटैंट मारे गए तथा 5 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों से 8 राकेट व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया है ।

सुरंग फटने से बी. एस. एफ. के 3 कर्मी मारे गए : आज रात्रि जिला लुधियाना में एक भू-सुरंग फटने से एक सब-इंस्पैक्टर समेत सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के 3 कर्मी मारे गए जबकि एक डी.एस.पी. समेत 7 अन्य पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

बताया गया है कि मिलिटैंटों ने आज रात्रि लगभग 10 बजे जिला लुधियाना में गांव डोलना और छरौली के मध्य एक भू-सुरंग में विस्फोट करके सीमा सुरक्षा बल के एक गश्ती वाहन को उड़ा दिया, जिससे एक सब-इंस्पैक्टर, वाहन का चालक और एक जवान मारे गए और एक डी.एस.पी. समेत 7 कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों को गम्भीरावस्था में सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करवाया गया है । सुरंग फटने से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ।

एक व्यक्ति घायल, मोपेड छीनी : मिलिटैंटों ने लुधियाना शहर के कीर्ति नगर मोहल्ले में सुभाष चन्द्र नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया। मिलिटैंट सुभाष के पिता की मोपेड छीन कर भाग गए।

तलाशी, 2 काबू : अमृतसर (सुभाष): सुरक्षा बलों ने आज तड़के 5 से प्रातः 9.30 बजे तक न्यू प्रताप नगर व संत एवेन्यू क्षेत्र में कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली व 2 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

युवती व उसके प्रेमी की हत्या : पुलिस जिला मजीठा के गांव भंगाली में गत रात्रि मिलिटैंटों ने परमजीत कौर नामक एक युवती व उसके प्रेमी गांधी नामक युवक की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बताया जाता है कि परमजीत कौर अनिंद्य सुंदरी थी और सुच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति की पत्नी थी । परमजीत कौर और गांधी परस्पर अंधा प्रेम करते थे कि गांव वाले भी उन्हें फटकारें डालते थे । परमजीत कौर अपने पति की भी एक न सुनती थी । कुछ दिन पूर्व प्रेमी और प्रेमिका दोनों गांव से भाग गए थे और एक-दो दिन पूर्व ही गांव में लौटे थे । गांव में लौटने पर परमजीत कौर दुल्हिन बनी हुई थी और उसने लाल चूड़ा पहन रखा था । गांधी भी बन-ठन कर रहने लगा था । मिलिटैंटों ने उन्हें पकड़ कर दीवार के साथ खड़ा करके गोली मारी ।

3 मिलिटैंट काबू : 8 राकेट व अन्य शस्त्र बरामद : आज जिला अमृतसर की पुलिस ने 3 कुख्यात मिलिटैंटों को काबू करके उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए । आज पुलिस जिला तरनतारन की पुलिस ने सुरक्षा बलों के सहयोग के साथ थाना हरिके के गांव रूड़ीवाला में सुखजिंदर सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव गंडीविंड को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.300 किलो विस्फोटक पदार्थ, एक डेटोनेटर और एक गुच्छा तार बरामद की ।

थाना हरिके के ही गांव पनगोटा में सुरक्षा बलों ने लखान सिंह पुत्र पाल सिंह निवासी गांव ठठ्ठा को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 2 राकेट तथा एक स्कूटर बजाज चेतक नं. पी.बी. 02-सी-1614 बरामद किए । सुरक्षा बलों ने थाना भिखीविंड के गांव सुरसिंहवाला से पूर्ण सिंह पुत्र चन्नन सिंह निवासी गांव बल को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 6 राकेट, 5 बूस्टर, 12 बोर की एक बंदूक, 20 खोल बंदूक की गोलियों के और 2 जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

मिलिटैंटों द्वारा साथी की हत्या : कुछ मिलिटैंटों ने आज जिला अमृतसर के थाना मेहता के गांव नंगली में बलजीत सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । बलजीत सिंह एक सैनिक भगौड़ा था और सेना से भाग कर मिलिटैंट बन गया था । वह अब अपने गांव में नहीं, अपने ननिहाल बलपुरिया गांव (बटाला) में रहता था । बताया जाता है कि मिलिटैंट ने पहले उसका अपहरण किया, बाद में उसकी हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राईफल के 6 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : पुलिस जिला बटाला के गांव भुल्लर में आज तड़के सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया ।

अपहृत का शव मिला : पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव घुमाण के निवासी कुलदीप सिंह पुत्र चंचल सिंह का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः लद्दा मंडा गांव में से मिला है। गत रात्रि कुछ मिलिटैंटों ने उसका अपहरण कर लिया था।

आपसी रंजिश में एक मिलिटैंट मरा : पुलिस थाना मेहता के अधीन रामदुआली मुसलमाना गांव में गत रात्रि 3 मिलिटैंट निशान सिंह पुत्र श्याम सिंह का अपहरण करके ले गए व आज प्रातः करतार सिंह नामक एक व्यक्ति के खेतों में से उसका शव बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार निशान सिंह स्वयं भी एक मिलिटैंट था तथा उसकी हत्या सम्भवतः आपसी रंजिश का ही परिणाम है। बताया जाता है कि उसकी पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।

मिलिटैंट मरा : पता चला है कि कुछ मिलिटैंटों के गिरोह ने हमला कर नरेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र दर्शन सिंह निवासी भरच्च गांव की हत्या कर दी है। बताया जाता है कि गत रात्रि ब्यास थाना के अधीन चौमा बाठ गांव में सुरक्षा बलों ने उसे नाकाबंदी के दौरान काबू करके उसके कब्जे से एक एक.टू.के. हथगोला बरामद किया था। तब नरेन्द्र सिंह ने बताया कि उसने कुछ हथियार खेतों में भी दबा रखे हैं, उसके बाद सुरक्षा कर्मी उसे उक्त खेतों में ले गए और जब वहां से हथियार निकाले जा रहे थे तो एक अन्य मिलिटैंट गिरोह ने हमला करके नरेन्द्र सिंह की हत्या कर दी। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, उसकी एक मैगजीन व 10 कारतूस बरामद हुए हैं।

मृत मिलिटैंटों की शिनाख्त : फिरोजपुर (धीमान): पुलिस थाना जीरा के गांव बूटर रौशन शाह में गत 12—13 दिसम्बर की मध्य रात्रि को सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारे गए 2 मिलिटैंटों की शिनाख्त बाज सिंह उर्फ बाजा पुत्र हरबंस सिंह निवासी गांव शेखमांगा व मेजर सिंह पुत्र पाल सिंह निवासी गांव मल्लांवाला के रूप में हुई है। बाजसिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (निशान सिंह गुट) का लैफ्टीनैंट जनरल था। मारे गए उक्त दोनों मिलिटैंट मिलिटैंसी की अन्य वारदातों के अलावा करीब 50 हत्याओं में भी वांछित थे। उन्होंने चार अक्तूबर, 1989 को सी.आर.पी.एफ. के 2 जवानों की हत्या की थी तथा गांव खडूर में 6 अन्य सुरक्षा कर्मियों को घायल किया था। फिर 7 अक्तूबर, 1991 को गांव बोदला में इंस्पैक्टर बलकार सिंह, ए.एस.आई. करनैल सिंह व 6 अन्य सुरक्षा कर्मियों की हत्या भी इन्होंने ही की तथा 30 अक्तूबर, 1991 को अमीवाला गांव में चार व्यक्तियों तथा 21 नवम्बर, 1991 को जिला कपूरथला के गांव शाहवाला में 2 व्यक्तियों की भी हत्या की।

यकता : वाजपेयी

श्री वाजपेयी ने पुनः कहा कि पार्टी अध्यक्ष श्री मुरली मनोहर जोशी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की एकता यात्रा देश में साम्प्रदायिक सद्भावना व एकता को प्रोत्साहन देने के लिए है । उन्होंने कहा, "हमें एकता यात्रा या किसी अन्य मुद्दे पर संसद में अलग-अलग पड़ जाने का डर नहीं है । जनसमर्थन ही महत्वपूर्ण है ।"

उन्होंने दावा किया कि समाज के सभी वर्ग डा. जोशी की यात्रा का समर्थन कर रहे हैं तथा स्वर्गीय हवालदार अब्दुल हमीद के सुपुत्र सहित भारी संख्या में मुसलमान यात्रा में भाग लेंगे । उन्होंने कहा देश के मुसलमानों में असुरक्षा की कोई भावना नहीं है ।

मेतेई उग्रवादियों द्वारा 5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या

इम्फाल, 15 दिसम्बर (प.स.): संदिग्ध मेतेई उग्रवादियों ने आज यहां से 40 किलोमीटर दूर लमहान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 5 जवानों को गोली से उड़ा दिया और चार अन्य को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि उग्रवादी स्वचालित राइफलों और एक लाइट मशीनगन समेत पांच आधुनिक हथियार भी लूट ले गए ।

भारत को अत्याधुनिक लड़ाकू विमान देने की पेशकश

कश्मीर के एक खूंखार संगठन की मदद से पंजाब के दो खूंखार गिरोहों ने नववर्ष तक बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में हत्याएं करने की योजना बनाई थी। उसी योजना के अधीन तराई में अब तक मिलिटैंटों ने 100 से अधिक निर्दोषों को मौत के घाट उतार दिया है। पिछले दिनों बनारस में भी दंगा भड़का था। उसके पीछे ऐसे ही तत्वों का नाम

Punjabi Sanatani

ी नवाज शरीफ ने छठे दक्षेस शिखर
को सम्बोधित करते हुए अपने पड़ौसी देशों
संबंध बनाने की इच्छा व्यक्त की । उन्होंने
न सभी समस्याओं और विवादों को आपसी
नाधार पर पूरी गम्भीरता के साथ हल करना
लेकिन पाकिस्तान भी अपने पड़ौसियों से
आचरण की उम्मीद करता है ।'

ा रवाना होने से पूर्व श्री राव की श्रीलंका
ति श्री रणसिंघे प्रेमदास से और पाकिस्तान
मंत्री श्री नवाज़ शरीफ़ से भी वार्ता हुई ।

न का शिखर सम्मेलन
ा रहा : नरसिम्हाराव

ई, 21 दिसम्बर (प.स.): प्रधानमंत्री श्री
सिम्हाराव ने आज कहा कि दक्षिण क्षेत्रीय
संगठन (दक्षेस) का कोलम्बो शिखर
अच्छा रहा । श्री राव नई दिल्ली जाते
डेर यहां रुके । उन्होंने कहा कि समय के
कारण सम्मेलन एक दिन में ही समाप्त हो
हां पहुंचने के बाद श्री राव सीधे अस्पताल
उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति श्री नीलम संजीव रेड्डी
य के बारे में पूछताछ की ।

SHOW-ROOM
AR
■ Jeans
Sweaters
Pump
ndhar.
8.

साइड बैटरी
रन स्टार्ट की शक्ति

गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों की संख्या 6 थी और उन्होंने गुरुद्वारे के अन्दर जाकर फायरिंग की । घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के 6 खोल मिले हैं ।

फांसी देकर हत्या : अमृतसर (सुभाष): पुलिस थाना तरनतारन के अधीन गांव सूबाखां के निवासी फरियाद अली नामक एक व्यक्ति का दो संदिग्ध मिलिटैंटों गुरमेल सिंह उर्फ़ फौजी तथा प्रकाश सिंह उर्फ़ फौजी ने अपहरण कर लिया और उसे दिलेर गांव में ले जाकर फांसी देकर उसकी हत्या कर दी ।

गोली चलने से गनमैन घायल : आज प्रातः रामदित्त रोड पर रणधीर सिंह भुल्लर नामक व्यक्ति का गनमैन मंजीत सिंह अपनी राइफल से अचानक ही गोली चलने के कारण घायल हो गया ।

घुसपैठिया मारा गया : आज तड़के जिला अमृतसर के थाना नरोट जैमल सिंह के अंतर्गत स्थित गांव बबियाल (सीमावर्ती चौकी) में पाक सीमा पार करके भारत में घुसा एक पाक घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया ।

पंजाब कांग्रेस दोफाड़
(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री बराड़ ने कहा कि जो युवक गत 5 वर्षों से जेलों में बंद हैं, उनको रिहा किया जाए। उनकी यह भी मांग है कि प्रदेश पार्टी संगठन में उनके धड़े के कम से कम दो-दो जन प्रतिनिधि लिए जाएं। यदि ऐसा न हुआ तो 23 दिसम्बर को कार्यकर्त्ता ही यह निर्णय करेंगे कि असली कांग्रेस कौन-सी है। इस लड़ाई को फिर सड़कों पर ले जाने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचेगा।



इम्पलाईज़ प्राविडैंट फंड स्टाफ यूनियन अमृतसर की तरफ से अपनी मांगों के समर्थन में सब-रीजनल आफिस, अमृतसर के समक्ष शुरू की गई भूख-हड़ताल का दृश्य ।

जोशी बैठक में भाग लेंगे



प्रदर्शनकारियों ने एक मोटर साइकिल को कर दिया ।

वीना हयात बलात्कार कां
(पृष्ठ 1 का शेष)

सरदार शौकत हयात खान ने रुंधी हुई कहा कि "मेरे आंसू सूख चुके हैं। मैं मर च कायदे-आजम का साथी हूं। हर मां की बेटी है। उन सबकी सुरक्षा के लिए लड़ रहा हूं को बनाने में मेरा हाथ है। अब कौम को ब जगाने की कोशिश कर रहा हूं !"

उन्होंने बताया कि मेरी बेटी फरह वीना) हयात अब भी रात को चीखें म बैठती है और रात-भर चीखती रहती कहा कि मैंने अपनी बेटी के साथ होने घटना के बारे में कोई गैर-जिम्मेदाराना दिया। वह 5 दिसम्बर की शाम को इस्लामाबाद पहुंची, और जब 6 दिसम्बर मुझे सारी कहानी सुनाई तो मेरे रौंगटे ख इससे पूर्व मैं भी इस घटना को डकैती की घ रहा था। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को ए कार्यकर्त्ताओं ने अपने संरक्षण में विमान कराया ताकि उसे इस्लामाबाद पहुंचने कत्ल न कर दिया जाए।

इस बीच इस बलात्कार कांड के वि अभी भी जारी हैं।

गत दिवस लाहौर में एक भारी जलू गया और प्रदर्शन किया गया। इसमें पु प्रदर्शनकारियों के बीच जी.पी.ओ. जबरदस्त भिड़न्त हुई। पुलिस ने हवाई फा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया,

Punjabi Sanatani

दिल्ली में बम विस्फोट से 4 व्यक्ति मरे, 45 घायल

धमाके में मिलिटैंट संगठन का हाथ होने की सम्भावना

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (प.स.): आज शाम लाल किले के पिछवाड़े में लगे साप्ताहिक बाजार में शक्तिशाली बम फटने से 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 45 लोग जख्मी हो गए । धमाका शाम पौने पांच बजे हुआ, विस्फोट से एक व्यक्ति के बाज़ उड़ गए । डाक्टरों के अनुसार गम्भीर रूप से घायल हुए 5 अन्य लोगों के बचने की उम्मीद कम है । ज्यादातर लोगों के शरीर के निचले भाग में बम के छर्रे लगे हैं । घायलों में से अधिकतर 20 से 30 वर्ष की आयु के बीच के हैं ।

जिस समय यह विस्फोट हुआ, बाज़ार में काफी भीड़ थी । बम फटते ही भगदड़ मच गई, लोग शरण लेने इधर-उधर भागने लगे । घटनास्थल खून से भर गया । घायलों के खून से सने कपड़ों के टुकड़े जहां-तहां पड़े दिखाई दिए । विस्फोट के बाद भगदड़ होने से यातायात में भी बाधा आई । घायलों में दुकानदार और खरीदार थे । घायलों की अभी पहचान नहीं हो सकी है । बम विस्फोट की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ता घटनास्थल पर पहुंचा । मलबे से बम के छर्रे एकत्र किए जा रहे हैं । यह विस्फोट लाल किले के पीछे रिंग रोड पर शक्ति स्थल के सामने हुआ ।

यद्यपि किसी भी संगठन ने बम धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस ने इस घटना में पंजाब या कश्मीर के मिलिटैंटों का हाथ होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया है । दिल्ली के पुलिस आयुक्त श्री अरुण भगत ने इस विस्फोट के पीछे पंजाब के मिलिटैंटों का हाथ होने की आशंका बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया । बम के अंदर लोहे की कीलें और छर्रे भरे हुए थे । इस प्रकार के बम विस्फोट पंजाब के मिलिटैंट करते रहे हैं । जिन घायलों को स्थानीय लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उनमें से 4 की टांगें काटनी पड़ी हैं ।

पुलिस प्रमुख ने कहा कि बम बाजार में पुराने कपड़े बेचने वाले यूसुफ की चारपाई के नीचे एक पोटली में छिपा कर रखा गया था । विस्फोट के समय यह विक्रेता खुद मौजूद नहीं था । मगर उस वक्त मौके पर मौजूद उसके दो बेटे बुरी तरह घायल हो गए । विस्फोट की जगह पर बड़ा-सा गड्ढा पड़ गया था, जिससे बम की ताकत का पता चलता है । पुलिस ने उस जगह को सील कर दिया है ।

सहायक पुलिस आयुक्त श्री वी.बी. चौधरी ने बताया कि कुछ दुकानदारों सहित 7 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । राजधानी में इस वर्ष यह 11वां बम धमाका था । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री पी.आर.एस. बराड़ ने बताया कि बम में 'आर.डी. एक्स' विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल किया गया । इस बीच दिल्ली में पुलिस को अत्यधिक चौकस कर दिया गया है । सारे शहर में बैरियर तथा नाके लगा दिए गए हैं । पुलिस के 350 गश्ती वाहन सड़कों पर निगरानी कर रहे हैं । पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे किसी भी लावारिस एवं संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं क्योंकि इसमें विस्फोटक हो सकता है । पंजाब तथा कश्मीर के मिलिटैंटों के संदिग्ध अड्डों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के कैजुएलिटी चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि 40 लोगों को इलाज के लिए यहां लाया गया । उन्होंने कहा कि घायलों का आज ही ऑपरेशन किया जा रहा है और इसकी हालत के बारे में सही जानकारी इसके बाद ही मिल पाएगी । हिन्दू राव अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि कोई भी घायल नाजुक हालत में नहीं है । डाक्टरों के अनुसार एक व्यक्ति को जब अस्पताल में लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी । इस मृतक की पहचान नहीं हो पाई । अस्पताल में लाए गए तीन घायलों को मामूली चोटें आई हैं । एक अन्य मृतक का नाम रमेश (30 वर्ष) बताया गया है । रमेश को अस्पताल पहुंचाया गया तो वह जिन्दा था मगर बाद में उसने दम तोड़ दिया ।

विस्फोट की खबर फैलते ही हताहतों के रिश्तेदार अस्पतालों में जमा होने लगे । दिल्ली पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए कुत्तों की मदद ली है । साप्ताहिक रविवारीय कबाड़ी बाज़ार में समूची दिल्ली और आसपास के शहरों से काफी लोग खरीददारी करने आते हैं । इस बाज़ार में आम इस्तेमाल की हर तरह की चीजें मिलती हैं ।

इंडियन एयर लाइन्स के 63 और पायलट छुट्टी पर

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (प.स.): इंडियन एयर लाइन्स के 63 और पायलटों ने आज आकस्मिक सामूहिक अवकाश लिया। कल से अब तक 143 पायलट अचानक छुट्टी पर चले गए हैं, जिससे एयरलाइन्स का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बताया जाता है कि पायलटों ने अपने कुछ सहकर्मियों के स्थानांतरण उनकी मर्ज़ी के बिना किए जाने के विरुद्ध रोषस्वरूप यह कदम उठाया है।

डाक कर्मियों की हड़ताल खत्म

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (वार्ता): डाक विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच आज समझौता हो जाने के पश्चात् पूर्वोत्तर राज्यों में डाक कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई ।

आतंकवादी खतरों के दृष्टिगत संसद की सुरक्षा

Punjabi Sarathi

...ों में हिमपात

...प्रकोप बढ़ा

...ाऊं क्षेत्र भी प्रभावित

...की मौत

...ीपड़, नंगल, कपूरथला व जालंधर में भी ...ी सूचना है।

...ोन कटे : भारी वर्षा के कारण ...करीब 15,000 टैलीफोन आज कम से ...के लिए शेष विश्व से कटे रहे। दूरसंचार ...महाप्रबन्धक एच.एस. सोढी व अन्य ...क्त अवधि के दौरान लाइनों में आई ...र करने के लिए लगातार काम किया ...ह ही टैलीफोन सेवा पुन: शुरू हो सकी। ...यह प्रथम अवसर था, जब इलैक्ट्रॉनिक ...ड़े सभी टैलीफोन खराब हो गए जबकि ...क प्रणाली से जुड़े टैलीफोन सामान्य ...करते रहे।

... : (धीमान): शीत ऋतु की पहली ...ारी है जिसके कारण नगर के कुछ क्षेत्रों ...दिन बिजली बंद रही। इनमें औद्योगिक ...ल कालोनी, मिलरगंज, चौड़ा बाजार, ...ड, साबुन बाजार और शहर के अंदरूनी ...ं। नगर के उद्योगपतियों का कहना है ...गों को भारी हानि पहुंची है।

... : (अशोक): आज दूसरे दिन भी ...आसपास के क्षेत्रों में वर्षा जारी रही ...हर में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई। सर्दी ...ग बुरी तरह ठिठुरते रहे। आज अनेक ...व पैसेंजर यात्री ट्रेनें कई घंटे तक ...लीं। उत्तरी रेलवे के फिरोजपुर ...ालय से आज भी अनेक स्टेशनों का ...ा में रुकावट के कारण सम्बन्ध टूटा ...त्री ट्रेनों के विलम्ब में और वृद्धि

... : अश्विनी): होशियारपुर नगर ...के क्षेत्रों में आज दूसरे दिन भी तेज ...ही, जिससे सामान्य जीवन ठप्प होकर ...ान और गिर जाने से सर्दी और बढ़ ...के ग्रामीण क्षेत्रों में भी वर्षा जारी

...ाग के विशेषज्ञों की भविष्यवाणी के ...ल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय ...24 घंटों के दौरान भारी हिमपात व











(1) दिल्ली में लाल किले के पिछवाड़े में स्थित वह स्थान जहां बम धमाका हुआ, (2) घटनास्थल पर बम विशेषज्ञ निरीक्षण करते हुए, (3) घायलों एवं मृतकों के बिखरे जूते और एक पुलिस अधिकारी जांच के लिए टार्च से बम के टुकड़े एकत्र करते हुए, (इनसैट) जला हुआ स्कूटर, (4) बाजार में बिखरा सामान व (5) जय प्रकाश नारायण अस्पताल में उपचाराधीन घायल ।

(छाया : मनु)

पूर्व सोवियत संघ के 11 गणराज्यों में हथियारों के नियंत्रण के लिए संयुक्त सैनिक कमान

मास्को, 22 दिसम्बर (ए.पी.): पूर्व सोवियत संघ के ग्यारह गणराज्यों में परमाणु हथियारों को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त सैनिक कमान बनाने पर सहमति हो गई है।

कजाकिस्तान की राजधानी अलमा-अता में इन नेताओं ने स्वयं के स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रकुल घोषित किया और सोवियत रक्षामंत्री येवजेनी शपोशनिकोव को सैनिक कमान का तीस दिसम्बर तक के लिए अंतरिम अध्यक्ष घोषित किया है। समझौते के अनुसार पूर्व सोवियत संघ के 27 हजार

बाइलोरशिया और यूक्रेन संयुक्त नियंत्रण करेंगे, लेकिन किसी भी एक नेता को परमाणू बटन पर पूर्व नियंत्रण नही मिला है। रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने कहा है कि रूस को छोड़ कर सभी गणराज्य परमाणु हथियार रहित होंगे लेकिन कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजरबायोंफ का कहना है कि यदि रूस में परमाणु हथियार रहेंगे तो उनका गणराज्य भी हथियार रखेगा। समझौते में

हथियार रहित नही हो जाते, तब तक रूसी राष्ट्रपति अन्य नेताओं के सहयोग से परमाणु हथियारों के बारे में निर्णय लेंगे। इसमें कजाकिस्तान का जिक्र नहीं किया गया है।

बाइलोरशिया और यूक्रेन ने स्वयं को परमाणु हथियार रहित क्षेत्र बनाने का निर्णय लिया है जबकि रूसी राष्ट्रपति येल्तसिन ने कहा है कि अन्य गणराज्य अपने यहां मौजूद परमाणु हथियार रूस को सौंप सकते हैं। समझौते में परमाणु हथियार के प्रयोग में पहल नही करने की भी व्यवस्था की गई है।

पंजाब में 4 मिलिटैंट मरे, 3 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए तथा 3 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

मिलिटैंट मरा : मजीठा पुलिस जिला के जगदेव कलां गांव के पास कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में केवल सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक ए.के. 47 राइफल, एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और गोलियां बरामद हुईं।

एक मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के कटियांवाली गांव में कल रात सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट को मार दिया। मुठभेड़ स्थल से एक ए.के. और एक बम बरामद हुआ।

3 मिलिटैंट गिरफ्तार : जालन्धर जिला की पुलिस ने कल रात बोपाराय कलां गांव के पास एक मुठभेड़ के बाद तीन मिलिटैंटों बलदेव सिंह, इन्द्रजीत सिंह और बलवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कुछ हथियार और कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

दो मिलिटैंट मारे गए : बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव भगटाना तुलियां के निकट गत रात दो मिलिटैंट मारे गए। जिला पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गांव हरपुरा के निवासी तथा हिरासत में लिए गए दो संदिग्ध मिलिटैंटों जसबीर सिंह व दिलबाग सिंह को हथियार बरामद करने के लिए गत रात पुलिस व सुरक्षा बल के जवान लेकर जा रहे थे कि गांव भगटाना तुलियां के निकट मिलिटैंटों ने घात लगा कर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की और हमलावर मिलिटैंट फरार हो गए लेकिन जसबीर सिंह व दिलबाग सिंह इस फायरिंग में मारे गए। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक राकेट लांचर, एक वाकी-टाकी वायरलैस सैट, कुछ जिन्दा व 107 चले हुए कारतूस मिले हैं।

'प.स.' के अनुसार इस फायरिंग के दौरान कांस्टेबल लखविन्दर सिंह नामक एक सुरक्षा कर्मी घायल हो गया।

तलाशी : अमृतसर (सुभाष) : सुरक्षा बलों ने आज प्रात: स्थानीय शरीफपुरा व हुसैनपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू लगा कर घर-घर की तलाशी ली। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

सैनी पर बम फैंकने वाला मिलिटैंट फरार

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (संघी): विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि चंडीगढ़ पुलिस ने बलवंत सिंह मुल्तानी नामक जिस मिलिटैंट को एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी की एक कार-बम से हत्या करने के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया था,वह पंजाब पुलिस की हिरासत से भागने में सफल हो गया ।

जानकार सूत्रों के अनुसार बलवंत सिंह मुल्तानी को पंजाब पुलिस पूछताछ के लिए यहां से जिला गुरदासपुर ले गई थी । यह कथित मिलिटैंट पंजाब के एक आई.ए.एस. अफसर का बेटा है ।

उसके पुलिस की हिरासत से भाग जाने के मामले में एक बड़ी साजिश होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है ।

घाटी में 6 अलगाववादी मरे, 25 गिरफ्तार

श्रीनगर, 22 दिसम्बर (पस, वार्ता): आज यहां पाकिस्तान में प्रशिक्षित छह अलगाववादी मारे गए और चार अन्य ने आत्मसमर्पण कर दिया, इसके अलावा 21 अन्य अलगाववादियों को गिरफ्तार कर

Punjabi Sanatan

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल छीना क्रॉस फायरिंग में मरा

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह उर्फ़ काला उर्फ़ छीना समेत 9 मिलिटैंट मारे गए व 2 लुटेरों सहित 8 अन्य मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि राज्य में अन्यत्र पूर्व इंका विधायक के पुत्र सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसके अलावा सुरक्षा कर्मियों की सामयिक कार्रवाई से सम्भावित भीषण बस यात्री संहार टल गया ।

3 अज्ञात मिलिटैंट मरे : जिला फरीदकोट के गांव औलख में गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले के दौरान 3 अज्ञात मिलिटैंट मारे गए। घटनास्थल से एक जी.पी.एम. गन, एक ए.के. 56 राइफल व 315 बोर की एक बन्दूक तथा गोली-सिक्का बरामद हुआ।

मिलिटैंट मरा : जिला भटिंडा के गांव झण्डेकलां में गत रात्रि सब सुरक्षा बल बचित्तर सिंह नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रहे थे तो कुछ अन्य मिलिटैंटों ने उनपर घात लगा कर हमला किया। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में बचित्तर सिंह मारा गया जबकि हमलावर भाग निकले। घटनास्थल से एक मैगजीन, 10 जीवित व 13 चले हुए कारतूस मिले हैं।

एक व्यक्ति की हत्या : गत रात्रि जिला बटाला के गांव सैरपुर में मिलिटैंटों ने भरदीर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बी.टी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल मारा गया : अमृतसर (सुभाष नारंग) : गत रात्रि क्रॉस फायरिंग के दौरान भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल परमजीत सिंह मारा गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. परमजीत सिंह गिल ने बताया कि सुरक्षा

पंजाब में पूर्व इंका नेता के पुत्र सहित 8 व्यक्तियों की हत्या : अन्यत्र 8 मिलिटैंट मरे, 6 काबू : 2 लुटेरे गिरफ्तार

बलों को गुप्त परन्तु पुष्ट सूचना मिली थी कि रमदास क्षेत्र में कुछ दुर्दांत मिलिटैंट छिपे हुए हैं तथा इसी आधार पर रात 12 बजे के करीब सेना, अर्द्ध-सैनिक बलों व पुलिस ने संयुक्त रूप से रमदास इलाके की घेराबंदी करके तलाशी लेनी शुरू कर दी। जब सुरक्षा कर्मी गुरुद्वारे के निकट पहुंचे तो अचानक ही एक संदिग्ध व्यक्ति शाल ओढ़ कर गुरुद्वारे से बाहर निकला तथा अपनी शाल को फैंक कर उसने एकाएक ही ए.के. 47 राइफल सुरक्षा कर्मियों पर तान दी। मगर इससे पहले कि वह फायरिंग कर पाता, एक जवान ने उसे दबोच लिया। बाद में उसकी तलाशी लेने पर एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीनें व बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम परमजीत सिंह उर्फ़ काला उर्फ़ छीना बताया तथा कहा कि वह भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स (सत्ता-छीना) गुट का लैफ्टिनैंट जनरल है। उसने यह भी बताया कि धुस्सी बांध के निकट उसने कुछ और भी हथियार छिपा रखे हैं। तब उसे वहां सुरक्षा व्यवस्था में उक्त स्थल पर ले जाया गया और उसने वहां से एक एके. 47, एक एके. 56 राइफल, चार मैगजीनें, एक स्टिक बम व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का तथा अन्य विस्फोटक बरामद करवाए। उक्त बरामदगी के बाद जब उसे वापस लाया जा रहा था तो रमदास थाना के अधीन पैंदेवाल गांव के निकट कुछ अन्य मिलिटैंटों ने सुरक्षा बलों के उक्त दल पर फायरिंग कर दी। सुरक्षा दल ने भी जवाबी कार्रवाई की तथा इस दौरान परमजीत सिंह उर्फ़ काला उर्फ़ छीना ने फरार होने का प्रयास किया परन्तु क्रॉस फायरिंग के दौरान वह मारा गया जबकि उक्त हमलावर मिलिटैंट अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले।

श्री गिल ने बताया कि परमजीत सिंह 250 के करीब हत्याओं व मिलिटैंसी की अन्य वारदातों में संलिप्त था। इसके अलावा उसने उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में कई पुलिस कर्मियों की हत्या की, कम्युनिस्ट नेता बलदेव सिंह का सिर धड़ से अलग कर दिया, कामरेड सर्बजीत सिंह की हत्या की, ब्यास थाना के अधीन बडाला कलां में भी एक ए.एस.आई. सहित 6 पुलिस कर्मियों की हत्या की। वह अमृतसर, अजनाला, लोपोके व राजासांसी के क्षेत्रों में एक सक्रिय अपहरणकर्ता के रूप में कार्यरत था। श्री गिल ने बताया कि परमजीत सिंह आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान भी पकड़ा गया था तथा जमानत पर रिहा होने के बाद वह अगले ही दिन से मिलिटैंसी की वारदातों में शामिल हो गया था। मृतक मिलिटैंट के सिर पर दस लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था।

सुरक्षा कर्मी का शव मिला : आज दोपहर 12 बजे वेरका के निकट रेल पटरी से जोगिन्दर पाल नामक एक सुरक्षा कर्मी का शव मिला है। वह अमृतसर के रेलवे स्टेशन पर जी.आर.पी.एफ. में इंस्पैक्टर के रूप में तैनात था। उसके शव पर तेजधार हथियारों के निशान पाए गए। बताया जाता है कि वह इन दिनों 'मैडीकल लीव' पर था।

बस पर फायरिंग : दुखांत टला : आज प्रात: 10 बजे के करीब बटाला से जालंधर जाने वाली पंजाब रोडवेज की एक बस पर नत्थ गांव के निकट कुछ मिलिटैंटों ने फायरिंग की, परन्तु बस में सवार सुरक्षा कर्मियों द्वारा जवाबी कार्रवाई करने से हमलावर फरार हो गए। इस दौरान एक सुरक्षा कर्मी हाथ पर गोली लगने से घायल हो गया। बताया जाता है कि पहले मिलिटैंटों ने बस को रुकने का संकेत किया था परन्तु चालक के वाहन नहीं रोका और इसके बाद मिलिटैंटों ने गोली चला दी। कहा जाता है कि अगर सुरक्षा कर्मी बस में मौजूद न होते तो भीषण नरसंहार हो सकता था।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार उक्त मिलिटैंट सीमा सुरक्षा बल की वर्दी में थे तथा उन्होंने टार्च की रोशनी फैंक कर बस को रुकने का इशारा किया, जिसपर चालक ने बस रोक ली तथा एक मिलिटैंट ने चालक को नीचे आने को कहा। चालक जैसे ही नीचे उतरा तो मिलिटैंटों ने उसे बस के टायरों के साथ ही जमीन पर लेटने को कहा परन्तु चालक को संदेह हो गया तथा उसने एकदम शोर मचाना शुरू कर दिया। इस शोर को सुनते ही बस में सवार सुरक्षा कर्मियों ने बस की खिड़कियों के शीशे तोड़ कर गोली चला दी, जिससे मिलिटैंट फरार हो गए।

एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि मिलिटैंटों (शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में 3 ज़िलाधीशों सहित कई प्रशासनिक अधिकारी तबदील

चण्डीगढ़, 23 दिसम्बर (वि.प्र.) : पंजाब सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कपूरथला, रोपड़ व गुरदासपुर के जिलाधीशों सहित 12 आई.ए.एस. अधिकारियों को तबदील कर दिया है।

छुट्टी से वापसी पर श्री मनमोहन सिंह को नागरिक उड्डयन, पर्यटन व भाषा प्रधान-सचिव एन.एस. रत्न व श्री बाई.एस. खंडा पदमुक्त किए गए हैं। श्री कमल नैन सिंह अब वित्तायुक्त (अपील्स) होंगे। श्रीमती ज्योत्सना खन्ना को श्री ए.एस. पूनी की जगह वन एवं वन्य जीवन सचिव बनाया गया है। श्री एन.एस. रत्न को सांस्कृतिक मामलों, म्यूजियम व आर्क्योलोजी सचिव के साथ-साथ पंजाब फिल्म समाचार निगम का प्रबन्धक निदेशक भी बनाया गया है।

वीना हयात से मेरे पति के अवैध संबंधों

Punjabi Sarantam

भी ड्यूटी पर रहेंगे ।

ी ने बताया कि मिलिटैंटों को काबू करने
ाणस्थलों का पता लगाने के लिए घर-घर
यों का सिलसिला जारी रहेगा । अब तक
बाहरी बस्तियों जिनमें शिमलापरी,
ाडल ग्राम, माडल टाऊन, आदि शामिल
ार्य समाप्त हो चुका है ।

तराई में दुख व दहशत

(पृष्ठ 3 का शेष)

ग शिविर होने की संभावना से इन्कार
होंने कहा कि मिलिटैंसी से निपटने के लिए
सिस की गश्त लगाने की क्षमता को बढ़ाने
किए जा रहे हैं। सभी चैक पोस्टों पर
सैट की व्यवस्था अभी नहीं हो पाई है किन्तु
ब्दी ही आवश्यक उपकरण मिल जाने की
व्यक्त की।

धीक्षक ने बताया कि तराई इलाके में
कमांडो फोर्स, भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स
हल), खालिस्तान लिबरेशन आर्मी
सरगना राजबीर), भिंडरांवाला सैकरन
सबद्ध मिलिटैंट मौजूद है। पुलिस अधीक्षक
ा कि मंडरिया कांड की जिम्मेदारी
कमांडो फोर्स ने ली है। इस सिलसिले में
से पूछताछ की जा रही है, किन्तु किसी को
फ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि
और मिलिटैंटों की तलाश में बड़ी सावधानी
रही है ताकि पुलिस पर किसी खास वर्ग को
करने का आरोप न लगे। क्षेत्र में मिलिटैंसी
ों से सभी लोग चिंतित हैं। खुरिया थाने के
सूबा बीज के सरदार रघुबल सिंह बाजू सेना
र्व इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि हालात
ाब हैं। वे साम्प्रदायिक तनाव के बारे में भी
किन्तु वे कहते हैं कि हिंदुओं और सिखों में
नहीं टूटेगा। मिलिटैंटों के खिलाफ पुलिस
ा के बारे में उनका कहना है, "अपनी जान
जत की चिंता सबको है।" तराई क्षेत्र में
ाने वाले दिनों की चिंता सता रही है।

मिलिटैंट मारा गया : आज रात्रि लुधियाना में सराभा नगर में कैनाल ब्रिज के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया, जबकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 की एक राईफल, 2 मैगजीन बरामद किए हैं ।

जेवर लूटे : अमृतसर (मनोहर): नगर के कटड़ा मोहर सिंह की पश्चिम सिंह मार्केट में गत दिवस हथियारबंद व्यक्तियों ने अश्विनी कुमार सर्राफ की दुकान से 50 हजार रुपए के जेवरात लूट लिए । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

अज्ञात शव मिला : कत्थूनंगल थाना के अधीन भाखरपुर गांव में से एक अज्ञात शव मिला है, जिसका चेहरा जला हुआ था । कहा जाता है कि उक्त व्यक्ति की हत्या सम्भवत: आपसी रंजिश का ही परिणाम है ।

स्कूटर छीना : आज सायं अमृतसर के विजयनगर क्षेत्र में 5 बजे के करीब 2 मिलिटैंटों ने सरभिन्दर सिंह पुत्र किरपाल सिंह नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नं. पी.बी. जीरो-2-सी. 2478 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

2 लुटेरे काबू : बरनाला (सिधवानी): स्थानीय पुलिस ने दो लुटेरों को काबू करके उनके कब्जे से एक स्कूटर, 12 बोर की एक बंदूक व चूक गोली-सिक्का बरामद किया है।

एस.एस.पी. ईश्वर चन्द के अनुसार काबू लुटेरों की पहचान रेशम सिंह व कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है, जबकि इनके 2 अन्य साथी अभी फरार हैं।

3 मिलिटैंट ढेर : फाजिल्का (धर्म लता, नागपाल): गत रात्रि यहां 2 विभिन्न मुठभेड़ों में 3 मिलिटैंट मारे गए। बताया जाता है कि गत रात्रि गांव खोड़की अहोवाली में सुरक्षा बलों ने एक नाका के दौरान 2 संदिग्ध व्यक्तियों को आते देख कर रुकने का संकेत किया, परन्तु उन्होंने गोली चला दी। सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की तथा उक्त दोनों संदिग्ध व्यक्ति मार गिराए। इनमें से एक की शिनाख्त सुरजीत सिंह निवासी गांव खोड़की अहोवाली के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीनें, 90 कारतूस व 3 बक्से विस्फोटक सामग्री तथा गोली-सिक्का मिला है।

बताया जाता है कि दूसरा मुकाबला हीलेवाला गांव के निकट हुआ, जहां एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी पहचान नहीं हो सकी। उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल, 2 बक्से विस्फोटक सामग्री व सांस्कृतिक कमांडो फोर्स के लैटरहैड मिले हैं। समझा जाता है कि उक्त तीनों मारे गए मिलिटैंट के.सी.एफ. के आतंकवाद ग्रुप से संबंधित थे।

एस.एस.पी. अनिल शर्मा के अनुसार उक्त मिलिटैंट पहले समझौता ब्लैकर में सक्रिय थे परन्तु वहां सेना का दबाव बढ़ने के कारण वे फाजिल्का क्षेत्र में आ गए। मृतक मिलिटैंट सुरक्षा बलों की हत्याओं की कम से कम 15 वारदातों में संलिप्त थे। इनके अलावा उन्होंने कश्मीर सिंह नामक एक हैड-कांस्टेबल के परिवार के 8 सदस्यों की भी हत्या की थी।

2 व्यक्तियों की हत्या : मुनाम (सिंगला, सुरेन्द्र): गत रात्रि यहां से 7 किलोमीटर दूर गांव नीलोवाल में मिलिटैंटों ने सुखदेव सिंह (45) व करनैल सिंह (58) नामक दो व्यक्तियों को गोली मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए। पुलिस को घटनास्थल से कुछ चले हुए कारतूस मिले हैं।

6 मिलिटैंट गिरफ्तार : पठानकोट (भूषण): जिला पुलिस ने गत 24 घंटे के दौरान 6 मिलिटैंटों को 2 विभिन्न मुठभेड़ों में गिरफ्तार कर लिया है। इनमें राजपूरा के आतंकी नेता व उसके गनमैनों का हत्यारा भी शामिल है। पुलिस थाना पठानकोट के गांव सोमिया में जो 3 मिलिटैंट काबू किए गए, उनके नाम राम कुमार निवासी सिमला, हरमेल सिंह उर्फ बन्ना निवासी मैतपुर व रंजीत सिंह उर्फ धाप्पा गांव दौन सूदे हैं। उनके कब्जे से एक रिवाल्वर, एक स्टेन्ग पौल्ट राइफल, 2 बमों सहित 2 बंदूक, 12 बोर की 2 सिंगलें, दो मोटरसाईकिल व बड़ी संख्या में गोली-सिक्का बरामद हुआ। इन्होंने स्वीकार किया कि राजपूरा के नेता हरनाम सिंह पूरा में एक भाजपा नेता व उसके दो गनमैनों सहित महसूदपुर के छन्नू सिंह, गांव कलवां व अवतार सिंह व गांव हरदासपुरा के पूर्ण चंद की हत्या के अलावा उन्होंने दो मोटरसाईकिल व कुछ हथियार भी छीने थे।

पुलिस थाना पठानकोट के एक अन्य गांव में से काबू किए 3 मिलिटैंटों की पहचान मेजर सिंह उर्फ भोला, मोहन सिंह (दोनों निवासी साधारणपुर व कर्म सिंह निवासी जींद (हरियाणा) के रूप में हुई है। इनसे पूछताछ जारी है।

पूर्व विधायक के बेटे की हत्या : लुधियाना (धीमान) : जगराओं के पूर्व इका विधायक स्वर्गीय जगमोहन सिंह के बेटे जितेन्द्र पाल सिंह की रात मिलिटैंटों ने हत्या कर दी। रात 8 बजे के लगभग चार मिलिटैंट उनके घर आए और उसे अपनी कार में डाल कर अपहरण करके ले गए। थोड़ी देर के बाद उनमें से 2 फिर वापस आए और घर वालों को कहा कि वह अपनी कारबाइन और 38 बोर का रिवाल्वर उनके हवाले कर दें तो वह जितेन्द्र पाल सिंह को रिहा करेंगे। इस पर घर वालों ने उन्हें हथियार दे दिए। उस वक्त जितेन्द्र पाल उनके साथ नहीं था। प्रात: 3-4 किलोमीटर पर उसकी लाश पड़ी मिली। पुलिस के अनुसार उसे रात ही गोलियां मार कर मार डाला गया और स्वयं फरार हो गए। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले स्वर्गीय जगमोहन सिंह की भी मिलिटैंटों ने उस वक्त गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, जब शाम के वक्त वह अपने गांव को लौट रहे थे।

नौकर की हत्या : थाना सिधवा बेट के गांव मवादीकलां में सरपंच बिक्कर सिंह के घर में 3-4 आदमी आए और उन्होंने दरवाजा खटखटाया। नौकर गुरमिन्द सिंह ने दरवाजा खोला तो वे उसको साथ लेकर चले गए और थोड़ी दूर जाकर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह आपसी शत्रुता का मामला है।

चौकीदार की हत्या करके चोरी की : कल रात्रि फोकल प्वाइंट की एक फैक्टरी 'विशाल उद्योग' के चौकीदार नाहर सिंह की रात को बड़ी नृशंसता से हत्या किए जाने की सूचना मिली है।

सहमति मिली

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (प.स.): राष्ट्रीय विकास परिषद ने आज यहां अपनी बैठक में आठवीं पांच वर्षीय योजना (1992-97) के संबंध में योजना आयोग द्वारा उद्देश्यों तथा लक्ष्यों के बारे में तैयार किए गए दिशा-पत्र तथा केंद्र द्वारा प्रायोजित 100 से अधिक परियोजनाओं को राज्यों को स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अपनी सहमति प्रदान कर दी ।



कन्या महाविद्यालय जालन्धर में जारी गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अंतर कालेज महिला युवा समारोह में हस्तराज महिला महाविद्यालय जालन्धर की छात्राएं समूह गान प्रस्तुत में भाग लेती हुई ।

यूथ फैस्टीवल में दूसरे दिन के.एम.वी. जालन्धर छाया रहा

जालन्धर, 23 दिसम्बर (जोशी): यहां कन्या महाविद्यालय में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के चार दिवसीय अंतर कालेज युवा महोत्सव (महिला) के दूसरे दिन कन्या महाविद्यालय सारे समारोह में छाया रहा । इस कालेज की छात्राओं ने 8 प्रतियोगिताओं में से 6 में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया और अपना रिकार्ड बनाया । ए.पी.जे. कालेज आफ फाइन आर्ट्स की प्रिंसीपल श्रीमती वीना दुआ, एच.एस.बी. कालेज की प्रिंसीपल श्रीमती खेता सरीन, डी.ए.वी. कालेज के प्रिंसीपल श्री महेंद्र, जिला रवाड इंडस्ट्री के मैनेजिंग डायरैक्टर श्री ओ.पी., ठुकराल ने इन कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया । प्रो. रीटा आहूजा द्वारा मंच संचालन कार्यक्रम का सराहनीय अंग था । अन्य परिणाम इस प्रकार रहे :

सुगम संगीत (समूह, भजन) : गगनदीप एच.एस.बी. प्रथम, बलजीत के.एम.वी. व दिविया ए.पी.जे. द्वितीय, रश्मिनी डी.बी. आर्य कालेज जालन्धर छावनी तृतीय । **सुगम संगीत-लोक गीत-गुरविन्द** के.एम.वी. प्रथम, सुखविन्द सरु गढ़िया कालेज फार वीमेन फगवाड़ा और रणपाल कौर बी.एन. कालेज नकोदर द्वितीय, निधि बी.डी. आर्य कालेज जालन्धर छावनी तृतीय । **समूहगीत** : के.एम.वी. प्रथम, के.आर.एम.डी.ए.बी. कालेज नकोदर और डी.ए.वी. कालेज जालन्धर द्वितीय, एस.डी. कालेज फार वीमेन तृतीय । **पहेली प्रतियोगिता** : एच.एस.बी. प्रथम, बी.एन. कालेज फार हैरिटा द्वितीय और के.एम.वी. जालन्धर तृतीय । **पश्चिमी संगीत (सोलो)** : के.एम.वी. की मनिन्द प्रथम, रामगढ़िया कालेज फार वीमेन की हरदीप और जी.एन.डी.यू. परिसर अमृतसर की मनदीप द्वितीय और ए.पी.जे. कालेज की सोनिया तृतीय । **पश्चिमी समूहगान** : के.एम.वी. जालन्धर ने फिर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और जी.एन.डी.यू. अमृतसर द्वितीय । के.एम.वी. की सुनंदा और मनिन्द डिबेट में प्रथम रहीं । सायनपुर खालसा कालेज फार वीमेन जालन्धर की परमिन्द एवं दीपमाला द्वितीय और जी.बी.के.डी.ए.वी. कालेज अमृतसर की सोनिका-वाधिनी तृतीय रहीं । पश्चिमी लोक गीत (सोलो) में कन्या महाविद्यालय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ।

क्रिसमस त्यौहार का के रूप में मनाए

लुधियाना, 23 दिसम्बर (धीम स्टूडैंट्स फ्रंट ने घोषणा की है कि वह को क्रिसमस का त्यौहार काले दि मनाएगें । यह गत शुक्रवार को ली विस्फोट कांड के विरोध में प्रोटैस्ट किया जा रहा है । यह जानकारी फ्रंट डा. संजय जैन ने दी । उन्होंने 25 'पंजाब प्रार्थना दिवस' के रूप में मनाने की जिसके अंतर्गत प्रांत में शांति व सामूहिक प्रार्थनाएं की जाएंगी ।

ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा का से कोई संबंध नहीं : दे

अमृतसर, 23 दिसम्बर (ना प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री एडवोकेट ने पंडित किशोर चंद के उन्होंने कहा है कि ब्राह्मण प्रतिनिधि भाग लेगी, की कटु आलोचना करत ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा पंजाब का भी साथ कोई संबंध नहीं तथा न ही इ कोई राजनीतिक सम्बद्धता है । श्री कि हमारी सभा विशुद्ध धार्मिक सं

सी.बी.आई. ने अदालत से दस्ताबे

मद्रास, 23 दिसम्बर (वार्ता): विशेषतयारी संविधि निरीक्षक आ की व्यवस्थाओं के तहत सहित सा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की दस्तावेज मांगे हैं, जो स्थानीय पुलि एवं लिट्टे उग्रवादी कोणेश्वरन तंजावुर जिले के तिरुत्तैरैपुंडि से अर

डॉक्टर और एक स्थानीय निवा स्थानीय लोगों को धमकी दी थी। गतिविधियों की जानकारी पुलिस क इन्हें हत्या के अतीत जिलाधीश कर सच-देल भेज दिया गया । विशे राजीव गांधी हत्याकांड में डॉक्टर के संदेह में ये दस्तावेज मांगे हैं हत्याकांड में आगे की जांच में व साबित हो सकते हैं । सी.बी.आई न्यायाधीश एस.एम. सिद्दीकी ने साक्षियों को समन जारी किए और सुनवाई को नोटिस भेजने का निर्ण मामले की अगली सुनवाई दो जन

इसाइयों द्वारा पं शीघ्र शांति होने के

लुधियाना, 23 दिसम्बर (सी क्रिसमस के अवसर पर प्रा पंजाब में जीघ्र ही शांति वापस प्रार्थना की गई कि पंजाब में कोई हो ।

हिन्दू संस्कृति पर वि

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (प.स. पहली बार हिन्दू संस्कृति पर विश्व करने की महत्वाकांक्षी योजना बना विश्वकोष का प्रकाशन संस्कृत प्रतिष्ठान द्वारा किया जाएगा।

रस्म संस्कार



उप-प्रवर्त्तक श्री 1008 श्री नौबत
महाराज का 23.12.91 को दोपहर 12.
निधन हो गया है । उनकी अंतिम यात्रा 25.12
बुधवार, सुबह 11 बजे, जैन स्थानक
(लुधियाना) से आरम्भ होगी ।
एस.एस. जैन सभा रायकोट (रजि

KITTY SHAWLS

Diamond Card PRESENTS

LAST Pop Show-91

DATE; 25 Dec.1991.
TIMINGS; 5.30 Pm Sharp
VENUE ;Nehru Sidant Kendra. (Feroze Gandhi Market)

Limited

खेजरी सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुताबिक सजा दी जाए।"

जिरगा के सामने पाकिस्तान के निर्माता मुहम्मद अली जिन्ना के साथी सरदार शौकत हयात ने पेश होकर कहा कि "कौम मेरी दाढ़ी के सिर पर चादर डाले, मैं आपके पास फरियादी बन कर नंगे सिर आया हूं। कोई बाप अपनी इज्जत की राजनीतिक मकसद के लिए उछाल नहीं सकता। जब तक इन्साफ नहीं मिलता, मैं पगड़ी नहीं पहनूंगा।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति गुलाम इसहाक खां झूठ बोल रहे हैं। इस लिहाज से वह एक इस्लामी मुल्क का राष्ट्रपति बने रहने के काबिल नहीं है। मेरी कौम ने इन्साफ नहीं किया तो खुदा और अल्लाताला करेगा। राष्ट्रपति और उनके दामाद इरफानुल्ला मुरव्वत खुदा के कहर से बच नहीं सकेंगे।"

जम खिस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

इस बीच अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आई.बी.) श्री पी.आर.एस. बराड़ ने कहा है कि कल के जम खिस्फोट के दृष्टिगत दिल्ली में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों पर रोक लगाए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । श्री बराड़ ने कहा कि उनके बाजारों के साथ लाखों लोगों की रोटी-रोजी का सवाल भी जुड़ा है, इसलिए बाजारों पर रोक का कोई फैसला नहीं होगा । श्री बराड़ ने कहा कि जम खिस्फोट की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त चौकसी और सुरक्षा की जरूरत है ।

सुरक्षा नहीं : आज दिन के पीछले कारोबारी बाजार में काल हुए भीषण जम खिस्फोट की घटना के सम्बन्ध में पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है । पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) सिंह ने आज बताया कि इस खिस्फोट के सिलसिले में अभी तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है । पुलिस यह भी पता नहीं कर सकी है कि इस वारदात के पीछे किस मिलिटैंट संगठन का हाथ है ?

बेअदबी

(पृष्ठ 3 का शेष)

श्री जगदेव सिंह जाखड़ ने मिलिटैंटों से अपील की कि वे मुख्यधारा में लौट आएं। हमारे द्वार उनके लिए हमेशा खुले हैं। हमें आज अखबारों पर तरस आ रहा है। इनकी कई बार पंजाब में सरकार बनी और अपनी फूट के कारण टूट गई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री बेअंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी फिर राज्य पर पार्टी का नक्शा बदल देगी।

श्री जाखड़, जिनकी कुछ दिन पूर्व बागी इकाइयों ने अपना वकील करार दिया था, ने कहा कि इन्होंने (बागियों ने) इका की भर्ती में दिलचस्पी नहीं दिखाई जबकि मैंने इनको कई बार इस बारे बात दिलाया था। उन्होंने बागियों से कहा कि यदि आपको पार्टी में रह कर काम करना है तो आपका स्वागत है। पार्टी छोड़ने की धमकियां देने वालों बारे श्री जाखड़ ने कहा, "ये बात सरे आजमाए हुए हैं।" इन लोगों को समझ लेना चाहिए कि आंखें दिखाने या डंडे के जोर पर कुछ नहीं मिलेगा। उनको प्रेम से बात करनी चाहिए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार सिंगला ने घोषणा समय पर सम्मन हो जाने पर सूची व्यक्त की।

विज्ञापन

आवश्यकता

airdeal Finance Corporation 170, ampuri, Shwala Road, Amritsar. res-Lady Office Assistant with cation atleast matric. One part time ienced accountant and one energetic r field work. Contact alongwith your monials on 25.12.91 (Wednesday) een 9.30 a.m. to 5.00 p.m.

पके अपने शहर और कस्बे में आकर्षक वेतन पर ी और सीधे ग्राहकों को बिक्री के लिए हैड निर्देशों के अधीन काम करने के लिए धियों, सुपरवाइजर, स्टोरकीपर, क्लर्क, ट्राईफ्रट च मैनेजर की आवश्यकता है । अंग्रेजी अथवा में लिखें : डायरैक्टर (पर्सनल आफ दी बोर्ड), पोस्ट नं. 16880, बांद्रा, बम्बई-400050.

रोज़गार

ारतीय रेलवे में टिकट-कलैक्टर, टैलीफोन टर आदि, वायुसेना में पुलिस, मोटर-ड्राइवर बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग में क्लर्क की भर्ती डुक मैट्रिक पास 16 से 25 वर्षीय, 10 रुपए ार्डर भेज कर नियमावली तथा पंजीकरण फार्म डमम्बर तक मंगवाएं । National School of mpetitions, 6, Netaji Subhash Marg, ya Ganj, New Delhi-110002.

बिकाऊ

For Sale Loco Steam Boiler Yamuna

at Cannon Steels (P) Ltd.,

CHING COMMANDER, hicle from Mahindra's a.m. today at EL GREWAL'S ER 750 DP/650DI ARGAIN ON WHEELS with larger seating onomically priced, with "Certainly the most available in the market report. yourself. st drive too. OTORS Campus, HIANA. 01.

अर्से से चली आ रही अपनी
सम्मेलन की भावना के अनरूप
हल करने को सहमत हो गए हैं ।
ने सिंगापुर से यहां लौट कर
बताया कि यह सहमति कोलम्बो में
नरसिम्हाराव के साथ उनकी
ई । उन्होंने कहा कि अगर दोनों
अपने मसले सुलझा लें तो क्षेत्र में
ह अच्छी बात साबित होगी ।
क्त कम होने की वजह से वह श्री
बातचीत नहीं कर पाए । उनकी
स मिनट तक ही हो पाई ।

मिलिटैंट पीलीभीत में के बाद गिरफ्तार

दिसम्बर (वार्ता): बब्बर खालसा
ट विलायत सिंह को कल रात
चंदन नगर गांव के निकट मुठभेड़
र लिया गया । सरकारी प्रवक्ता
कि मुठभेड़ जिले के हजारा क्षेत्र
सिंह के पास से काफी संख्या में
ए गए हैं । बताया गया है कि
भीत जिले में इसी मास बारूदी
ए.सी. का ट्रक उड़ाने की कार्रवाई
ह पंजाब के पटियाला जिले का
है ।

व्यक्ति डूबे

इसम्बर (प.स.): पाकिस्तान के
त बलूचिस्तान के तटीय समुद्री
नावों के डूबने से उनमें सवार
तियों के डूबने की आशंका है ।

इधर बेनज़ीर भुट्टो ने आरोप लगाया है कि अपने निहित स्वार्थ के लिए राष्ट्रपति न्यायपालिका का प्रयोग कर रहे हैं।

श्रीमती जयंती नटराजन को श्री गांधी के शव की ओर इंगित करते हुए देखा ।

उन्होंने कहा कि जब मुझे पता चला कि श्री

साथ मिलकर की होगी ।

उन्होंने बताया कि उन्हें यह किसी ने नहीं

(शेष पृष्ठ 8 पर)

किया गया, उनमें बैंक जलाने वालों में सुखविंद सिंह उर्फ़ जमरा पत्र प्रीतम सिंह भूतपूर्व सरपंच, हरजिंद सिंह उर्फ़ जिंदर जट्ट, मंगत सिंह उर्फ़ मंगा जट्ट,

रणजीत प्रेमदासु को यूने
सत्तारूढ़ होने के बाद से कि
गया है।

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल फौजी मुकाबले में मारा गया

चंडीगढ़, 24 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में गत सायं से विभिन्न घटनाओं के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल गुरसेवक सिंह फौजी समेत 6 मिलिटैंट मारे गए तथा एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि सुरक्षा बलों ने 3 लुटेरे भी काबू किए । इसके अलावा राज्य में एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया ।

ग्रामीणों ने मिलिटैंट मार गिराया : जिला फिरोजपुर के गांव लोहार में गत रात्रि ग्रामीणों ने एक मिलिटैंट को मार गिराया जबकि उसका साथी फ़रार हो गया। घटनास्थल से .12 बोर की एक पिस्तौल बरामद की गई है। दोनों मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह के घर पर हमला किया था। ब्रिगेड पुलिस अधीक्षक अनिल शर्मा के अनुसार मिलिटैंटों ने गुरनाम सिंह का द्वार खटखटाया और जब अंदर से उसने उनके बारे में पूछा तो मिलिटैंटों ने गोली चला दी। तब गुरनाम सिंह ने भी अपनी लाइसैंसी बंदूक से जवाबी फायरिंग की तथा सहायता के लिए शोर मचा दिया। उसकी आवाज़ सुन कर तुरन्त ही वहां ग्रामीण एकत्र हो गए तथा उन्होंने एक मिलिटैंट को मार गिराया।

अपहरण : जिला जालंधर के पुलिस थाना भोगपुर के गांव में गत रात्रि दो सशस्त्र व्यक्तियों ने राजकुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया तथा फ़रार हो गए। पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने के.सी.एफ. (पंजवड़ ग्रुप) का एक पत्र घटनास्थल पर छोड़ा है जिसमें राजकुमार को रिहा करने के लिए 7 लाख रुपए की मांग की गई है।

के.एल.एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल समेत 2 मिलिटैंट मरे : अमृतसर (नारंग): गत रात लगभग साढ़े 11 बजे एस.एच.ओ. जंडियाला, सी.आर.पी.एफ. की 73वीं बटालियन के डी.एस.पी. और मजीठा के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर अपने दल-बल

राज्य में अन्यत्र एक व्यक्ति का अपहरण : पंजाब में 5 अन्य मिलिटैंट मरे, एक गिरफ्तार : 5 लुटेरे काबू

के साथ तलाशी अभियान चला कर लौट रहे थे कि जंडियाला थाना के अंतर्गत गांव बडाला जौहल के पास 6-7 मिलिटैंटों ने इन पर जबरदस्त फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की। मिलिटैंट खेतों में घुस गए और मोर्चाबंदी कर ली। दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जब फायरिंग बंद हुई तो दो मिलिटैंटों की लाशें मिलीं। बाकी भागने में सफल हो गए।

मृतक मिलिटैंटों में एक था दोनों मिलिटैंट गुरसेवक सिंह फौजी जो के.एल.एफ. का लै. जनरल था। दूसरे की पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरसेवक सिंह फौजी पाकिस्तान में आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण-प्राप्त मिलिटैंट था। वह लगभग 300 हत्याओं, अपहरणों, फिरौतियों, बलात्कारों आदि की वारदातों में संलिप्त था। उस पर 10 लाख का इनाम था।

मृतक मिलिटैंटों के पास से 1 एस.एल.आर., 30 बोर का स्पैशल माउज़र, 1 जी.पी.एम. इमर्जेंसी, ब्राउनिंग गन, भारी परिमाण में विस्फोटक पदार्थ, गोली-सिक्का और मैगज़ीनें मिलीं।

उल्लेखनीय है कि गत 48 घंटों में मजीठा पुलिस ने यह दूसरा के.एल.एफ. कमांडो मार गिराया है।

पुलिस के अनुसार गुरसेवक सिंह के दूसरे मृतक मिलिटैंट साथी की शिनाख्त तरसेम सिंह के रूप में हुई है।

3 लुटेरे काबू : (अशोक) एसपी (डी) थी शुक्ला के अनुसार थाना 'सी' डिवीज़न के क्षेत्र में से पुलिस ने 3 लुटेरों को काबू किया है, जिनके नाम अश्विनी कुमार उर्फ़ पप्पू निवासी विजय नगर, सरवण कुमार निवासी चौक मोनी तथा पलविंदर सिंह उर्फ़ पप्पी है। इनके कब्ज़े से .12 बोर की एक पिस्तौल भी बरामद हुई है।

मिलिटैंट गिरफ्तार : श्री शुक्ला के अनुसार पुलिस ने के.एल.एफ. (रंजीत सिंह ग्रुप) से सम्बन्धित एक मिलिटैंट इकबाल सिंह उर्फ़ राजू निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्ज़े से .12 बोर की एक बंदूक व 3 कारतूस बरामद हुए। इस मिलिटैंट ने एक स्कूटर छीनने व एक व्यक्ति से 40 हज़ार रुपए लूटने की वारदात की थी।

आपसी लड़ाई में 3 मिलिटैंट मरे : लुधियाना (धीमान): कल रात यहां से 14 किलोमीटर दूर गांव बढ़ोवाल में मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति अवतार सिंह और उसके दो बेटों गुरमुख सिंह और नरेन्द्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों का जत्था ग्रुप अवतार सिंह के घर को अपनी शरण स्थली के रूप में प्रयुक्त करता था। परसों इस ग्रुप का सदस्य उसके घर में एक ए.के. 47 राइफल भी छोड़ गया था। कल रात 7-8 मिलिटैंट उनके घर आए और कहा कि उन्हें थाने बुलाया है। अतः वह बाप-बेटे को साथ लेकर चले

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Nee
Sarees
fro
Ra
CHAURA

Digitized by Sri Sanatan Dharma Pratishthan Rajkot Gujarat

11वां अंटार्कटिका अभियान दल अपने लक्ष्य पर पहुंच गया है । आज यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई ।

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 8 का शेष)

गए। थोड़ी दूर ले जाकर गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक श्री राजकिशन बेदी घटनास्थल का निरीक्षण करने गए। उन्होंने बताया कि यह मिलिटैंट ग्रुपों की आपसी लड़ाई का परिणाम है।

Punjabi Sanatani

...गरांव के निकट मिलिटैंटों द्वारा ट्रेन पर फायरिंग से 60 मरे, 30 घायल

पंजाब में एक पाक घुसपैठिए समेत 5 मिलिटैंट मरे, 6 लुटेरे काबू

पूर्व कृषिमन्त्री हरभजन सिंह संधु के भाई समेत अन्यत्र 5 की हत्या

...26 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): ...में मिलिटैंटों ने आज शाम ट्रेन पर ...ग करके 60 यात्रियों की हत्या कर ...श को जख्मी कर दिया । इस बीच ...पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्व कृषि ...सिंह संधु के भाई हरदीप सिंह संधु ...की हत्या हुई तथा एक पाक ...5 मिलिटैंट मारे गए ।

...यरिंग, 60 मरे : लुधियाना ...आज सायं लुधियाना-फिरोजपुर ...गराओं के निकट सोइयां फाटक के ...यों द्वारा यात्री ट्रेन पर अंधाधुंध ...60 व्यक्ति मारे गए और 30 से ...ए ।

...स के अनुसार यह यात्री गाड़ी सायं ...धियाना से फिरोजपुर के लिए रवाना ...ह जगराव के निकट सोइयां फाटक ...7.20 बजे पहुंची तो ट्रेन में ही ...यों ने ट्रेन को जंजीर खींच कर रोक ...धुंध फायरिंग करते हुए भाग निकले ।

घायलों में से कुछेक को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में तथा कई अन्य को नगर के दूसरे अस्पतालों में लाया गया है । अभी तक 25 घायल यात्रियों को लुधियाना लाया जा चुका है । घटनास्थल पर एम्बुलैंस भेजे जा रहे हैं । जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

जिलाधीश एस.एस. चन्नी के अनुसार यह घटना लुधियाना से 30 किलोमीटर दूर जगराव के निकट सोइयां क्रासिंग के निकट हुई । मिलिटैंट ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे ।

एक अन्य सूचना के अनुसार मिलिटैंटों ने इंजन के साथ लगते 3 डिब्बों में सवार यात्रियों को नीचे उतार लिया और उन यात्रियों में से एक समुदाय के लोगों को एक तरफ खड़ा करके उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई गईं ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मिलिटैंट लगभग 20 मिनट तक फायरिंग करते रहे । लुधियाना जिला में दूसरी बार इतनी बड़ी संख्या में ट्रेन यात्रियों की हत्या की गई । इससे पूर्व लगभग 3 माह पहले मिलिटैंटों ने लुधियाना जिला में 2 ट्रेनों पर फायरिंग करके 80 से अधिक लोगों की हत्या कर दी थी ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सेना तथा अर्द्ध सैन्य बलों के जवानों ने घटनास्थल के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों की घेराबंदी कर ली है तथा हत्यारों की तलाश की जा रही है । सुरक्षा कर्मी घर-घर की तलाशियां भी ले रहे हैं । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 मिलिटैंट लुधियाना से उक्त ट्रेन में सवार हुए थे और दो अन्य मिलिटैंट चौकी मान रेलवे स्टेशन पर उनसे आ मिले । फायरिंग से 48 ट्रेन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा शेष ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया । मृतकों में कुछ बच्चे तथा महिलाएं भी शामिल हैं । घायलों में से 22 की हालत चिंताजनक है । पिछले 10 दिनों के दौरान जिला लुधियाना में यह दूसरी बड़ी घटना है । विगत 19 दिसम्बर को लुधियाना शहर में बम विस्फोट से 13 लोगों की मृत्यु हो गई थी तथा 25 अन्य घायल हुए थे ।

महिला की हत्या : तरनतारन पुलिस जिला के दूर्ग गांव में मिलिटैंटों ने कल रात सविंदर कौर नामक एक महिला की उसके घर में गोली मार कर हत्या कर दी।

अज्ञात शव बरामद : जालंधर जिला के गुरुदासपुर गांव में पुलिस ने आज सवेरे एक शव बरामद किया। अभी शव की शिनाख्त नहीं हुई है।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : फरीदकोट जिला के चूहड़ चक गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक राइफल और पांच कारतूस बरामद हुए।

मिलिटैंट मरा : कपूरथला जिला के सतनाम गांव में आज तड़के सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। उसके पास से एक पाकिस्तानी घुसपैठिया को भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करते हुए मार गिराया। हथियार बरामद किया गया। इस मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पाक घुसपैठिया मरा : सुरक्षा बलों ने रात्रि भारत-पाक सीमा के निकट डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करते हुए मार गिराया। घटनास्थल से एक एके. 47 राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए गए।

3 नेपाली काबू : जिला होशियारपुर की पुलिस ने रात गश्ती पट्टाहार गांव में से रेयर राम, नगराम और विक्रम व सोनेर नामक 3 नेपाली युवकों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3 मिलीटर व कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

सुरक्षा कर्मी मरा, दूध की हत्या : लुधियाना (महिला) आज यहां की डेयरी फार्म के एक कर्मचारी जोगिंदर मेंढी की अचानक मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि वह अपनी नाइट ड्यूटीनिभा रहा था कि वह अचानक चल बसे और कर्मचारियों की मौजूदगी में ही मृत्यु हो गई।

पुलिस ने बताया कि किसी व्यक्ति ने 60 साल के एक बुजुर्ग हरचन्द सिंह की रात उसके खेतों में हत्या कर दी। हरचन्द सिंह के शरीर पर लेदड़ा होशियार के निशान पाए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

6 लुटेरे काबू : (धीमान) थी राज किशन बेदी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि लुधियाना पुलिस ने एक विशेष जांच टीम का गठन करके डकैती कराहने के 6 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह है अमरीत सिंह, परमजीत सिंह, जसविन्दर सिंह, हरबंस सिंह, सुखविन्दर सिंह और अमरीक सिंह। यह सभी लुधियाना के विभिन्न शहरों के निवासी हैं। यह सारे बदमाशों के कब्जे से घरों से लूटा गया सोना भी बरामद किया गया है।

पूर्व कृषि मंत्री के भाई सहित 5 व्यक्तियों की हत्या : कपूरथला जिला के पास बी.टी. रोड पर मिलिटैंटों ने कल रात एक कार में जा रहे 2 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी।

अमृतसर से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार इन में प्रमुख व्यापारी हरदीप सिंह संधु व उनका चालक गजबुमार शामिल है। हरदीप सिंह पंजाब के पूर्व कृषि मंत्री हरभजन सिंह संधु के भाई थे।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अजीत सिंह 6 वर्ष के लिए जनता दल से निष्कासित

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर (वार्ता) जनता दल के असंतुष्ट नेता अजीत सिंह को दल विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के प्रवक्ता हरि किशोर सिंह ने आज सम्वाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।

पार्टी अध्यक्ष श्री एस.आर. बोम्मई ने एक बयान में श्री अजीत सिंह पर पार्टी का अनुशासन भंग करने और पार्टी-विरोधी गतिविधियों में, जिनसे पार्टी की छवि को देश भर में भारी क्षति पहुंची है, भाग लेने का आरोप लगाया।

श्री बोम्मई ने श्री अजीत सिंह को लिखे एक पत्र में कहा है कि आपकी गतिविधियां और बयान पार्टी के कामकाज का प्रमाण है इसलिए आरोपों के लिए दलतावेजी सबूत देने की आवश्यकता नहीं है। पत्र में कहा गया है कि "आपका जवाब मिलने के बाद मैंने जनता दल के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श किया और राजनीतिक मामलों की समिति की आज आपात बैठक बुलाई जिसमें आप अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकते थे लेकिन किन्हीं कारणों से, जिन्हें आप ही जानते हैं, आपने बैठक में भाग नहीं लिया।

पत्र में कहा गया है कि विस्तृत विचार-विमर्श के बाद मैं इस दुखद निर्णय पर पहुंचा हूं कि आपका पार्टी में रहना उसके हितों के खिलाफ है इसलिए आपको तुरन्त प्रभाव से जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जा रहा है।

श्री अजीत सिंह ने पार्टी अध्यक्ष द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब 22 दिसम्बर को दिया था जिसमें आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इस मामले की जांच करने के लिए ठोस प्रमाण देने की मांग की थी।

उक्त प्रवक्ता ने कहा कि यह पत्र आज अपराह्न श्री सिंह को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि श्री सिंह के कट्टर समर्थक और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रशीद मसूद को दल विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह नोटिस कब जारी किया जाएगा।

श्री हरि किशोर सिंह ने कहा कि श्री सिंह को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय श्री बोम्मई ने लिया क्योंकि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक नहीं होने की स्थिति में ऐसा निर्णय लेने का उन्हें ही अधिकार है। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने इस मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में विचार-विमर्श किया। उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि समिति की बैठक में विभिन्न नेताओं ने इस मसले पर क्या राय दी।

श्री हरि किशोर सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बैठक में श्री रशीद मसूद के वक्तव्य पर चर्चा नहीं हुई। यह पूछने पर कि श्री मसूद को क्या उनकी गैर हाजिरी में कारण बताओ नोटिस जारी किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि यह अभी तय नहीं हुआ है।

उत्तर भारत में कड़ी शीत लहर जारी : हिमाचल में 1 मरा : कोहरे से विमान सेवाएं प्रभावित

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (वा.पस.): एक सप्ताह के खराब मौसम के बाद आज उत्तरी भारत में धूप निकली तथा लोगों को कड़ाके की शीत से कुछ राहत मिली । उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊंचे व मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ तथा इन तीनों ही राज्यों के विभिन्न शिमला नगर व इसके आस-पास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों में हुए भारी हिमपात के कारण शिमला नगर व क्षेत्र बर्फ की मोटी चादर से ढका हुआ था । कड़ी शीत के बावजूद बड़ी संख्या में सैलानी आज बर्फ का आनंद लेने के लिए इधर-उधर घूम रहे थे । शिमला नगर में आज तापमान शून्य से एक डिग्री नीचे तक चला गया है । यह सामान्य

उन्होंने कहा कि अब तक जो जनता दल था, वह केवल तकनीकी तौर पर ही था । उसका कोई संगठन था ही नहीं । उन्होंने कहा कि अब वह असली जनता दल बनाएंगे जिसका पूरा संगठन होगा तथा पिछड़े वर्ग के लोगों और गांव वालों की आवाज उठाएगा ।

श्री अजीत सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के कामकाज की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि उनके कारण ही जनता दल टूटा । उन्होंने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह पर आरोप लगाया कि वह पिछले एक वर्ष में तीसरी बार जनता दल तोड़ रहे हैं । उन्होंने कहा कि 26 दिसम्बर को उन्हें पार्टी से निष्कासित करके श्री सिंह और श्री एस.आर. बोम्मई ने पार्टी तोड़ने का आखिरी कदम उठाया है । उन्होंने कहा कि वैसे जनता दल टूटने का सवाल ही नहीं है क्योंकि वह कभी बना ही नहीं और इस आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री के इस बयान में कुछ हद तक सच्चाई भी है कि जनता दल 'मूर्खतापूर्ण प्रयोग' था ।

उन्होंने कहा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का संगठन में कोई विश्वास नहीं है, वह सिर्फ खोखले नारों में विश्वास रखते हैं । वह चाहते हैं कि आंदोलन हो और वह उसके एकमात्र नेता हों । वह पार्टी में अपना एकछत्र राज चाहते थे ।

पूर्व केन्द्रीय उद्योग मंत्री ने कहा कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सामूहिक निर्णय, पिछड़ों की आवाज उठाने और धर्म-निरपेक्षता की बातें खोखले नारेबाजी से अधिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Jagran Sanatani

कार्रवाई पंजाब में राजनीतिक प्रक्रिया को शुरू करने में व्यवधान डालने के लिए ही की गई है । उनका निन्दा की । जिला युवा इंका अमृतसर (शहरी) के महासचिव विजय साहनी व जगदीश शर्मा तथा शिव



उत्तर क्षेत्रीय
साँस्कृतिक केन्द्र तथा
श्री बाबा हरबल्लभ
संगीत महासभा
1991

देवी तालाब, जालन्धर
समय 5-00 अपरान्ह

हरबल्लभ संगीत सम्मेलन

पं. देबू चौधरी - सितार
सिंह बन्धु - गायन
शफात अहमद खान - तबला (एकल)
प्रभाकर कारेकर - गायन
जसकर्ण गोस्वामी - सितार
अनिल नरूला - वायलिन

आज
28
दिसम्बर

शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता प्रात: 9-00



चौ. भजन लाल



बलबीर पाल शाह

पानीपत के विकास का नया सूत्रपात

बलबीर पाल शाह परिवहन राज्यमंत्री, हरियाणा
के कर्मठ व अनथक प्रयासों से
विकास पुरुष व हरमन प्यारे नेता
चौ. भजन लाल मुख्यमंत्री, हरियाणा
रविवार, 29 दिसम्बर, 1991 प्रात: 11 बजे
(स्थान : आई.बी. कालेज, जी.टी. रोड, पानीपत)



विशाल जनसभा को
संबोधित कर नगर की प्रगति को नया आयाम देंगे ।
रजत जयन्ती वर्ष में हरियाणा की गतिशील योजनाओं और महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर राज्य के अन्य कई मंत्री व सांसद भी प्रकाश डालेंगे ।
आप सादर आमंत्रित हैं :
निवेदक : नगर कांग्रेस (इ) कमेटी, पानीपत

चेतावनी सूचना

एम डी एच

हमारे मवक्किल **मै. महाशयां-दी-हट्टी प्रा. लि.**
9/44, कीर्ति नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-15
निम्नलिखित व्यापार चिन्ह के प्रोप्राइटर्ज है :



से नाकाम हो चुके हैं, इसलिए अब केवल यही एक मार्ग बचा है कि प्रांत को सेना के हवाले कर दिया जाए ।

'राजपाल' के अनुसार भारत विकास परिषद, लुधियाना ने कल रात जगराँव के निकट हुए रेल हत्याकांड पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है । परिषद की ओर से रेल राज्यमंत्री श्री मल्लिकार्जुन को श्री हरकेश मित्तल व श्री जिबतेश होड़ा ने ज्ञापन देकर मांग की है कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कड़े कदम उठाए जाएं ।

जालंधर : पंजाब कल्याण परिषद के संयोजक तथा नगर पार्षद श्री वीरेंद्र शर्मा ने जगराओं के रेल हत्याकांड की कड़ी निंदा की है ।

पंजाब में वारदातें :(वार्ता, प.स.) : पंजाब में जारी मिलिटैंसी की विभिन्न वारदातों के दौरान गत सायं से बी.टी.एफ.के. के एरिया कमांडर सहित 6 मिलिटैंट मारे गए जबकि अन्यत्र सरपंच सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई और 2 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

द्वारा आत्महत्या : मजीठा जिले थाना इलाके में जगदीप सिंह नामक मिलिटैंट ने आज पुलिस हिरासत में सायनाइड निगल कर आत्महत्या कर ली । मरने से पूर्व उसने इस थाना क्षेत्र में काफी परिमाण में शस्त्र व गोली-बारूद पुलिस को बरामद कराया था । पुलिस ने उसे कल रात गिरफ्तार किया था तथा उससे कुछ कारतूसों के साथ एक माउजर जब्त की गई थी । जगदीप सिंह द्वारा दिए गए सुराग के आधार पर पुलिस नेछक चीनी राइफल, उसकी चार मैगज़ीनें, एक कटी स्टेन की राइफल, एक सैल्फ़ लोडिंग राइफल तथा भारी संख्या में कारतूस बरामद किए हैं ।

2 अज्ञात मिलिटैंट मरे : तरनतारन पुलिस जिले के धराता ब्रिज गांव के समीप सुरक्षा बलों की गोली से कल रात एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से बिना नम्बर का एक स्कूटर और एक रिवाल्वर बरामद किया गया ।

इसी पुलिस जिले के नागोके गांव में सुरक्षा बलों की गोली से कल रात एक और मिलिटैंट मारा गया । अभी उसकी भी शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

सरपंच की हत्या : पुलिस जिला बटाला के गांव बिजवा में गत रात्रि मिलिटैंटों ने जसवंत सिंह नामक एक सरपंच की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

एक अन्य व्यक्ति की हत्या : जिला भटिंडा के गांव रायपुर में गत रात्रि मिलिटैंटों ने गुरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की उसके घर में ज़बरदस्ती घुस कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

दो कुरिन्दों की हत्या : फरीदकोट में धुदीके गांव में कल रात मिलिटैंटों ने शराब के एक ठेके पर दो बिक्रेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी और अन्य दो को घायल कर दिया ।

2 व्यक्तियों का अपहरण : पुलिस थाना झब्बाल के गांव तेजा सिंह वाला में से आज मिलिटैंटों ने अजीत सिंह व हजारा सिंह नामक दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया है । मिलिटैंटों ने उनके घरों को आग भी लगा दी । पुलिस के अनुसार मिलिटैंटों ने पहले उनके हथियार मांगे तथा इन्कार करने पर दोनों का अपहरण कर लिया ।

बी.टी.एफ.के. का एरिया कमांडर मरा : जसबीर सिंह उर्फ़ टुन्डा नाम का एक मिलिटैंट पटियाला जिले के फतेहपुर काकड़ा गांव के समीप आज दोपहर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया । उससे एक चीनी राइफल बरामद की गई ।

'राज' के अनुसार घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, कई कारतूस व विभिन्न पुलिस अधिकारियों के नामों की सूची भी बरामद की गई है । मृतक टुन्डा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर था ।

एक मिलिटैंट मरा : बाघापुराना (ज्ञान): आज सायं 4 बजे के करीब गांव संगतपुरा के निकट एक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान मारा गया । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । घटनास्थल से कुछ हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

दो मिलिटैंट काबू : अमृतसर (नारंग): स्थानीय गुरु नानक डेरी पर फायरिंग की घटना में संलिप्त एक मिलिटैंट गुरलाभ सिंह उर्फ़ लाभी निवासी बडाला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । लाभी बब्बर खालसा से संबंधित था ।

Punjabi Sanatani

बब्बर खालसा इंटरनेशनल व खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडरों सहित 4 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 28 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में सुरक्षा बलों ने गत सायं से विभिन्न मुकाबलों के दौरान बब्बर खालसा इंटरनैशनल के एरिया कमांडर मुक्खा व खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर छोटा सोना सहित 4 मिलिटैंट मार गिराए तथा बड़ा हथियार भंडार बरामद किया । राज्य में अन्यत्र विभिन्न वारदातों के दौरान एक महिला सहित 2 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार हुए ।

बब्बर खालसा के एरिया कमांडर सहित 2 मिलिटैंट व एक नागरिक मरा : पुलिस जिला तरनतारन के गांव गाडीके में आज सायं सुरक्षा बलों के साथ एक मुकाबले में बब्बर खालसा इंटरनैशनल गुट का एरिया कमांडर मुख्तियार सिंह उर्फ़ मुक्खा तथा उसका साथी बूटा सिंह मारा गया। इस दौरान क्रॉस फायरिंग में जगतार सिंह नामक एक नागरिक भी मारा गया। मारे गए उक्त दोनों मिलिटैंट अनेक हत्याओं व मिलिटैंसी की कई अन्य वारदातों के लिए जिम्मेवार थे। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, 303 बोर की एक राइफल, 3 मैगज़ीनें व 290 कारतूस बरामद किए गए हैं।

महिला की हत्या : जिला भटिंडा के गांव काकोरियां में गत रात्रि 2 मिलिटैंटों ने भोला सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में जबरदस्ती घुस कर उसकी बहन परमजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गए।

के.एल.एफ. का एरिया कमांडर मरा : अमृतसर (सुभाष नारंग): सुरक्षा बलों ने गत रात्रि खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के एरिया कमांडर हरपाल सिंह को मार गिराया। बताया जाता है कि 9 बजे के करीब पुलिस व सी.आर.पी.एफ. का एक गश्ती दल बडाला से जंडियाला की ओर आ रहा था कि सामने से 2 मिलिटैंट हीरो होंडा मोटर साईकल पर आते दिखाई दिए। जब उन्हें रुकने का संकेत

*** राज्य में अन्यत्र महिला सहित 2 व्यक्ति मिलिटैंसी का शिकार * विशाल हथियार भंडार बरामद**

किया गया तो वे अपना वाहन छोड़ कर निकट के खेतों में जा घुसे और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सुरक्षा बलों ने भी खेतों को घेर कर जवाबी फायरिंग की तथा यह मुकाबला करीब आधा घंटा तक चलता रहा। फायरिंग बंद होने के बाद जब क्षेत्र की तलाशी ली गई तो वहां से एक मिलिटैंट का शव मिला, जबकि दूसरा फ़रार हो चुका था। मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के एरिया कमांडर हरपाल सिंह उर्फ़ पाला उर्फ़ छोटा सोना के रूप में हुई। वह पलविन्दर सिंह सोना व तस्वीर चन्डेर गुट के साथ संबंधित था। हरपाल सिंह 45 से अधिक हत्याओं व मिलिटैंसी की 50 से अधिक अन्य वारदातों में वांछित था तथा उस पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित था। बताया जाता है कि उसने अपने समर्थकों के साथ मिल कर जंडियाला से जगदीश राय नामक एक व्यक्ति का अपहरण करके 5 लाख रुपए फिरौती के रूप में मांगे थे और उनमें से एक लाख रुपए की राशि वसूल कर ली थी। जंडियाला क्षेत्र में उसके द्वारा व्याप्त आतंक के कारण ही वहां से पलायन होना शुरू हुआ था। उसने एक बस के 2 यात्रियों की हत्या के अलावा पुलिस के एक दल पर भी बम फैंका गया था। सुरक्षा बलों ने उक्त घटनास्थल से एक ए.के. 47 व एक ए.के. 74 राइफल, 96 गोलियों वाली एक ड्रम मैगज़ीन, बड़ी संख्या में गोली-सिक्का तथा हीरो होंडा मोटर साईकल नं. पी.बी. 02-सी-1010 बरामद किया है। यह मोटर साईकल कुछ दिन पूर्व ही कहीं से छीना गया था।

कार छीनी : अमृतसर के रेसकोर्स रोड पर 5 मिलिटैंटों ने चमन लाल छाबड़ा नामक एक व्यक्ति के घर का दरवाजा खटखटाया तथा राइफलों की नोक पर श्री छाबड़ा से उनकी मारुति कार छीन कर ले गए ।

सेना द्वारा वाहनों की तलाशी : आज शाम अमृतसर शहर के विभिन्न भागों में सेना ने वाहनों की तलाशी ली ।

मिलिटैंट मरा, हथियार बरामद : गुरदासपुर (विनोद गुप्ता): जिला पुलिस ने गत रात सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से एक मुठभेड़ में हथियार भंडार बरामद किया तथा एक मिलिटैंट को

(शेष पृष्ठ 10 पर)

वर्तमान संख्या 57 है। इनमें 16 कैबिनिट मंत्री, 34 राज्यमंत्री तथा 7 उपमंत्री है। नरसिम्हाराव के पास राष्ट्रपति की सलाह की अवमानना करने का कोई तर्क नहीं है और उन्हें कम से कम 5 मंत्रियों की छुट्टी करनी ही पड़ेगी। इससे पूर्व राव मंत्रिमंडल के विस्तार तथा पुनर्गठन की सम्भावनाएं व्यक्त की जाती रही हैं लेकिन अब राष्ट्रपति के सुझाव के दृष्टिगत यह तभी सम्भव हो सकेगा, जब वह कुछ मंत्रियों की छुट्टी करेंगे लेकिन नरसिम्हाराव के लिए अपने कुछ साथियों को छोड़ना शायद आसान न हो सके।

उधर हरियाणा में स्थिति और भी विचित्र है। 51 इका विधायकों में से 37 मंत्री हैं और शेष को सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का अध्यक्ष नियुक्त करके मंत्रियों जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। हरियाणा विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 90 है और इस प्रकार मंत्रियों की संख्या 9 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

सोमवार को होने जा रही इका कार्यकारिणी की बैठक में इन सुझावों पर विचार किया जाएगा तथा

की योजना तैयार की अनापत्ति प्रमाणपत्र मि आज यहां कम्पनी के मुबतराय ने एक संवाद

कम्पनी ने शुरू—शु निर्मित याक-42 विमान है। इन विमानों को प्राप्त एक्सपोर्ट के साथ क समझौता हुआ है।

इन विमानों के अ भारत-रूस व्यापार प्रो दिया गया है। श्री राय ने इंडियन एयर लाइंस 320-एयरबस की टक्क

यह सेवा प्रारम्भ इसकी सुविधाएं अंतर होंगी। बाद में इसे निजी के रूप में विकसित किय यह केवल दो विमानों बल्कि एक अत्याधुनिक प्रारम्भिक प्रयास है।

गैस पेपर

विशेषज्ञ अध्यापकों द्वारा तैयार किए गए 10वीं श्रेणी के गैस पेपर आज से रोज़ाना जगबाणी में प्रकाशित किए जा रहे हैं । पाठक व एजैंट कृपया नोट करें ।

—सचिव

अफीम, सेहत, बवासीर, मोटापा, चमड़ी रोगों का सफल ईलाज

शराब छुड़ाओ :- हमारी दवाई मरीज को बिना बताए दाल,सब्जी या किसी भी नमकीन चीज में खिलाने



रूसी राष्ट्रकुल के 11 देश सांझी रक्षा नीति अपनाने

मास्को, 28 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): ग्यारह आजाद देशों के नए राष्ट्रकुल के रक्षा मंत्री सांझा सैन्य नीति अपनाने पर सहमत हो गए हैं लेकिन इसी बीच रूस ने सोवियत संघ के सब से बड़े और आधुनिक विमानवाहक पोत को अपने कब्जे में ले लिया है ।

रक्षा मंत्रियों ने सांझा सशस्त्र बलों के बारे में कल चार दस्तावेजों पर दस्तखत किए । ये दस्तावेज राष्ट्रकुल मंत्रिपरिषद के गठन, सैन्य शपथ और सैनिकों की स्थिति के बारे में हैं । इसके बारे में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई लेकिन समाचार एजैंसी इंटरफैक्स के अनुसार ग्यारह देशों के राष्ट्रपतियों की सोमवार को मिन्स्क में होने वाली बैठक के लिए ये समझौते आधार होंगे ।

यूक्रेन के राष्ट्रपति लियोनिद क्रावचुक ने काला सागर में तैनात बेड़े के कमांडरों से मुलाकात की है । इससे पहले राष्ट्रकुल के अन्तरिम सैन्य कमांडर मार्शल येवगेनी शापोशनिकोव अपनी सभी जमीनी सैनिक इकाइयों को नियंत्रण में लेने के यूक्रेन सरकार के फैसले को लेकर विचार-विमर्श करने कीव पहुंचे ।

विशाल सोवियत सैन्य प्रणाली का पुनर्गठन राष्ट्रकुल के सामने एक कठिन मसला है । अपने गठन के दो हफ्तों के अन्दर ही राष्ट्रकुल रक्षा और आर्थिक मामलों पर मतभेदों में फंस गया है । रूस



रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन (दाए) को मास्को में गत दिनों एक सैनिक अधिकारी परमाणु नियंत्रण सूटकेस के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए । इसमें देश के सभी परमाणु ठिकानों व अस्त्रों का नियंत्रण विभिन्न कोडों के रूप में जमा है ।

इन्तजार नहीं किया है ।

राष्ट्रकुल के विभिन्न नेताओं की कल की बैठक में चार गणराज्यों में तैनात परमाणु हथियारों को रूसी नियंत्रण में रखने के बारे में कोई सहमति नहीं हो पाई । इससे वाशिंगटन और रूस की राजधानी मास्को में पूर्व सोवियत संघ के परमाणु हथियारों के सवाल पर अनिश्चितता बनी हुई है ।

विमानवाहक पोत 'कजनेत्सोव' के हस्तांतरण

सोवियत सैनिक जखीरे में है । यूक्रेन ने काल अड्डे पर अपना दावा व हिस्सा मांगा है ।

तास के अनुसार आधुनिक विमानवाहक रूस की मरमंस्क बंदरग कार्रवाई से लगता है कि सुनिश्चित करना चा प्रक्षेपास्त्रों वाले अनेक तैनात हैं । रूस, रोमानिया और बुल्गारि मिलती है ।

इंटरफैक्स के अ कोन्सतेन्तिन मोरोजोव अपने देश में तैनात से कमांडर के बजाय कीव को कहा है । एजैंसी ने की जमीन पर के ज्यादा कब्जा नहीं कर पाएगा

रूस ने जार्जिया और हटाने की घोषणा की सोवियत सेना पहुंचने के आर्मीनियाइयों के बीच इलाके से सोवियत गृह तरह लौट गई ।

Punjabi Jagrantani

के नागरिकों को कूपन दिए गए थे
ाशन की दुकानों से खाने-पीने की
थीं लेकिन वहां खाद्यान्नों की काफी
गरिकों को इन कूपनों के बदले राशन
है ।

ाष्ट्र में रूस का झंडा : संयुक्त
राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार रूसी
ाया जो इस बात का परिचायक है कि
में भंग सोवियत संघ का स्थान अब
ने ले लिया है । सुरक्षा गार्डों ने सफेद
ल्लाल रंग का यह ध्वज आज स्थानीय
र दो बजे दिन में फहराया ।

न शरीफ का प्रस्ताव

(पृष्ठ 1 का शेष)

ने कहा कि कुछ समस्याओं के कारण
व्यापार रोक देना पड़ा। उन्होंने
कि पाकिस्तान को थोड़ा भय है कि
ाने पर उसके बाजारों में भारतीय
, इसलिए व्यापार शुरू करने से पहले
त्तावरण तैयार करना होगा। इसी
न्होंने कहा, "इसमें आपको अपनी
लिकर चलना होगा। यदि आप मुख्य
धान करने से पहले ही अलग से कुछ
स निर्णय में लोग आपका साथ नहीं

त हत्याओं की
म्मेदारी ली

दिसम्बर (प.स.): पंजाब के तीन
ं ने 18 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश के
क्ट तीन परिवारों के 14 सदस्यों की
ा लिया है । यह दायित्व आज यहां
डो फोर्स, भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स
तथा दशमेश रैजीमैंट की ओर से
ल्लिया गया है । बयान में कहा गया
थत्त रूप से हत्याओं, अभद्र व्यवहार
थ साहिब का अपमान करने के दोषी

नापी श्रद्धांजलि समारोह

आसानी से उड़ा सकता है। श्री गोयल ने बताया कि गत रात्रि पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से डी.एस.पी. (डी) पुष्पिन्दर सिंह के नेतृत्व में काहनूवान थाना के अंतर्गत गांव दाऊवाल, जो मुकेरियां-गुरदासपुर सड़क पर है, में नाकाबंदी कर रखी थी, लगभग 9.00 बजे ब्यास दरिया पर बने पुल (शाला पुल) की ओर से एक मारुति कार आती दिखाई दी। जब कार को रुकने का इशारा किया गया तो कार में सवार मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। इस गोलीबारी में एक मिलिटैंट तो मारा गया परन्तु अन्य दो मिलिटैंट फायरिंग करते हुए अंधेरे का लाभ उठाकर ब्यास दरिया की ओर भागने में सफल हो गए।

श्री गोयल के अनुसार जब मिलिटैंटों की ओर से फायरिंग बंद हो गई तो कार की तलाशी ली गई। कार की डिक्की में बड़ी संख्या में शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ और गोली-सिक्का मिला। श्री गोयल के अनुसार बरामद शस्त्रों में चीन निर्मित .30 बोर के 6 पिस्तौल, 6 बारूदी सुरंगें, 40 किलो विस्फोटक पदार्थ, ए.के. 47 राइफल के 6 मैगज़ीन, हथगोलों के 108 (36 डिब्बियां) फ्यूज़, दबाव डाल कर भवन उड़ाने वाले 11 प्रैशर स्विच, ए.के. 47 की 1200 गोलियां, 455 बोर की 435 गोलियां और .30 बोर की 22 गोलियां शामिल हैं।

श्री गोयल ने बताया कि जो बारूदी सुरंग बरामद हुई है, वह बहुत शक्तिशाली है और बड़ी से बड़ी गाड़ी उड़ा सकती है। यह सुरंग पंजाब में प्रथम बार बरामद की गई है। जो प्रैशर स्विच बरामद हुए हैं, यह भी नई किस्म के हैं। यह भी किसी भारी चीज़ को उड़ाने के काम आते हैं तथा पहली बार बरामद हुए हैं। सफेद रंग की मारुति कार जिस पर हाथ से नं. जे.के.एस. 3645 लिखा था, बरामद की गई है, उसमें से कोई कागज़ नहीं मिला।

श्री गोयल के अनुसार मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी, जबकि भागने वाले 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार करने के लिए बड़े स्तर पर क्षेत्र की छानबीन की जा रही है।

राजीव के हत्यारों को

पत्रकारों को बताया कि पार्टी
शाखा व पार्टी विधायक श्री अ
करेंगे।

जनता दल अध्यक्ष एस.आर
इकाई को भंग करने की घोषणा
देते हुए श्रीमती चन्द्रावती ने क
दिसम्बर तथा 22 दिसम्बर
प्रस्ताव पास करके श्री अजीत
व्यक्त कर चुकी है अत: श्री बोम
मायने नहीं रखती है।

पत्रकार सम्मेलन में उपस्थि
दल के अध्यक्ष रणधीर सिंह राड़
पार्टी की सम्पूर्ण युवा शाखा पा
और राज्य में विधानसभा चुनाव
सभी प्रत्याशी भी श्री अजीत सिंह
चंद्रावती और श्री राड़, दोनों ने

कड़ी शीत लह
विभिन्न क्षेत्रों में

शिमला, 28 दिसम्बर (प.स
भागों में पानी के पाइप जम जाने
पानी की आपूर्ति ठप्प होकर रह
की यह रात सब से ठंडी थी । ज
क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य
सेल्सियस नीचे चला गया ।

कश्मीर घाटी में भी शीत
है । श्रीनगर में न्यूनतम त
सेल्सियस रिकार्ड किया गया ।
में सब से कम तापमान दो डिग्री
किया गया, जबकि लुधियाना
न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सि
गया । अमृतसर के लोग 5.
न्यूनतम तापमान में ठिठुरते रहे

ठंड से 5 मरे : हमीरपुर
दूर कठेड़ा गांव के पास एक अज्ञा
रात ठंड से मृत्यु हो गई। पटियाल
साहिब में भी ठंड से एक व्यक्ति

बटाला में मोहिन्दर पाल
रिक्शा चालक शीत लगने के
उत्तर प्रदेश के गढ़वाल क्षेत्र में

Punjabi Sanatani

कीमतों में वृद्धि नियंत्रित न कर पाने के कारण यह आंदोलन नरसिम्हाराव सरकार के लिए प्रमुख चुनौती सिद्ध होगा। असल में कीमतों में वृद्धि के लिए

सरकार इस आंदोलन को और भी दुविधा में दिखाई देती है क्योंकि वह अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाई है कि इससे किस प्रकार निपटा जाए। यहां तक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

इस्लामाबाद, 29 दिसम्बर (पा.स.) : पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गत शनिवार को हुए पालिका चुनावों के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम 12 लोग मारे गए और 100 घायल हुए हैं।

ग्रामीणों ने एक मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार दिया, एक अन्य विस्फोट में मारा गया; 3 मिलिटैंट अन्यत्र मरे; 6 काबू

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वार्ता, प.स.) : पंजाब में गत साल से विभिन्न घटनाओं में 5 मिलिटैंट मारे गए तथा 6 अन्य को काबू कर लिया गया जबकि अन्यत्र एक भाजपा नेता सहित 3 लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा मिलिटैंटों ने राज्य के पूर्व जी.पी.आई. डी.एस. मांगट के अपहृत ममेरे भाई को रिहा कर दिया है।

विस्फोट में मिलिटैंट मरा : जिला कपूरथला के कस्बा फगवाड़ा के गांव जगतपुर जट्टां में आज एक मिलिटैंट उस समय मारा गया जब उसके साइकिल पर रखे विस्फोटकों में अचानक ही विस्फोट हो गया।

अज्ञात मिलिटैंट मरा : जिला फरीदकोट के गांव संगतपुरा में गत रात्रि सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले में एक अज्ञात मिलिटैंट को मार गिराया। घटनास्थल से एक दोनाली बंदूक व कुछ कारतूस भी बरामद किए गए।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : फरीदकोट पुलिस ने दो मिलिटैंटों अजायब सिंह और केवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए।

महिला की हत्या, मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार डाला : फिल्लौर (तरसेम) : आज प्रात: 7.15 बजे के करीब गांव

❊ पंजाब में भाजपा नेता सहित 3 लोगों की हत्या
❊ डी. एस. मांगट का अपहृत ममेरा भाई रिहा

शाहपुर में 2 मिलिटैंटों ने शिरोमणि अकाली दल के नेता चौ. अमीर सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर फायरिंग की। जिससे वह खुद, उसकी पत्नी राम प्यारी व बेटी बुरी तरह घायल हो गईं। बाद में राम प्यारी ने दम तोड़ दिया परन्तु अमीर सिंह व उसकी बेटी इस समय घायलावस्था में सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल हैं। बताया जाता है कि दो मिलिटैंटों ने अमीर सिंह के घर का द्वार खटखटाया तथा उसका बेटा दरवाजा खोल कर उन्हें अन्दर ले गया और उसकी बेटी ने उन्हें चाय पेश की परन्तु मिलिटैंटों ने इंकार कर दिया और अमीर सिंह से मिलना चाहा। जब वह उनसे मिलने के लिए आया तो एक मिलिटैंट ने ए.के. 47 राइफल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी परन्तु अमीर सिंह के बेटे ने एक मिलिटैंट को जफ्फा मार कर शोर मचा दिया। आवाजें सुन कर उनके पड़ौसी व अन्य ग्रामीण वहां एकत्र हो गए तथा उन्होंने काबू किए हुए मिलिटैंट को पीट-पीट कर मार दिया जबकि दूसरा मिलिटैंट फरार होने में सफल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस स्थल पर पहुंच गई थी।

2 मिलिटैंट मरे : बटाला (कोछड़) गत रात्रि थाना सदर के गांव जैतो सरजा के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए व चार अन्य फरार होने में सफल हो गए। एस.एस.पी. सीता राम के अनुसार मृतक मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल से 32 बोर की एक रिवाल्वर व कुछ गोली सिक्का मिला है।

मांगट का ममेरा भाई रिहा : अहमदगढ़ (पुरी) : पंजाब के पूर्व डी.जी.पी. डी.एस. मांगट के मामा के पुत्र उजागर सिंह रूहीरा को मिलिटैंटों ने रिहा कर दिया है। उनका गत 18 अगस्त को जिला संगरूर के गांव रूहीरा में से अपहरण किया गया था तथा बब्बर खालसा इंटरनैशनल के दो दुर्दांत मिलिटैंटों माधा सिंह व अवतार सिंह को रिहा करने की मांग की गई थी। मिलिटैंटों ने उजागर सिंह को आज प्रात: 9 बजे लुधियाना बस अड्डे पर रिहा किया तथा उनके गांव को जाने वाली बस में उन्हें बिठा दिया। बताया जाता है कि 65 वर्षीय उजागर सिंह का अपहरण करने की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनैशनल के सुखविन्दर सिंह धनौरीकलां व गुरमीत सिंह राजूमाजरा ने ली थी। उजागर सिंह अपने घर में सकुशल पहुंच गए हैं तथा अपनी रिहाई के आशय की सूचना स्वयं उन्होंने दी।

एक व्यक्ति की हत्या : अमृतसर (सुभाष नारंग) : पुलिस थाना सरहाली के गांव चोला साहब में कुछ मिलिटैंटों ने बुक्कन सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी पखोकी नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए।

फिरौती लेने आया मिलिटैंट काबू : अमृतसर के डी.एस.पी. (डी) करनैल सिंह बराड़ के अनुसार गुरमीत सिंह उर्फ भुट्टो पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी कपूर नगर नामक एक मिलिटैंट को काबू कर लिया गया है। वह गत रात्रि एक पैट्रोल पम्प से फिरौती की रकम वसूल करने आया था। उसके कब्जे से 12 बोर की एक रिवाल्वर भी बरामद की गई है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



(ऊपर) फिल्लौ
शव घर में पड़
कर मार डाला

क्या पूर्व सोवियत संघ के परमाणु प्रक्षेपास्त्रों का निशाना अब भी अमरीका है ?

वाशिंगटन, 29 दिसम्बर (ए.पी.) : सोवियत संघ के इतिहास के पन्नों में चले जाने के बाद एक ज्वलंत और लाख टके का सवाल अभी अनुत्तरित है : क्या पूर्व सोवियत संघ के परमाणु प्रक्षेपास्त्रों का निशाना अब भी अमरीका ही बना हुआ है ? कई पहलुओं को देखते हुए इसका उत्तर 'हां' प्रतीत होता है । यदि निशाना अमरीका नहीं तो और कौन है और यह भी कि अगर उनका निशाना किसी पर नहीं है तो उनके होने का मतलब क्या है ?

ऐसे में अहम बात यह नहीं है कि 'परमाणु बटन' किस की उंगली के इशारे पर काम करे बल्कि पूर्व सोवियत संघ और अमरीका को नए सिरे से इस बात पर विचार करना है कि यदि कोई दुश्मन है ही नहीं तो परमाणु मिसाइलों की जरूरत क्या है ?

सोवियत संघ के 27 हजार परमाणु हथियारों में से करीब तीन-चौथाई हथियार अब रूस के कब्जे में आ गए हैं । रूस उन्हें मिटा सकता है, लेकिन अमरीका में परमाणु हथियारों के अम्बार के मौजूद रहते क्या रूस के नेता अपने हथियार नष्ट करने की सोचेंगे ।

अमरीका और पूर्व सोवियत संघ के परमाणु हथियार यदि एक-दूसरे की तरफ निशाना नहीं साधते हैं तो यह दोनों के बीच मित्रता के नए युग की शुरूआत होगी । अमरीका यदि पूर्व सोवियत संघ की ओर से अपनी मिसाइलों का रुख घुमा देता है तो उसका रक्षा मंत्रालय यह मान लेगा कि अब कोई खतरा नहीं है और जाहिरा तौर पर अब उसे परमाणु हथियारों की आवश्यकता नहीं है ।

अमरीका में परमाणु हथियारों के निर्माण के प्रभारी ऊर्जा मंत्री जेम्स वाटकिंस ने भी पिछले दिनों यह मुद्दा उठाया । उन्होंने यह स्पष्ट किया कि बुश प्रशासन परमाणु हथियार बनाने पर रोक क्यों नहीं लगा रहा है । श्री वाटकिंस ने कहा-जहां तक हमें पता चला है, उन प्रक्षेपास्त्रों के रुख अभी भी हमारी तरफ हैं, उन्हें नष्ट नहीं किया गया है ।

जार्जिया में संघर्ष जारी

तिबलिसी, 29 दिसम्बर (ए.पी.) : जार्जिया सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के एक गुट ने राष्ट्रपति गम्सखुर्दिया से नाता तोड़ लिया है और विपक्ष के साथ वे राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग करने लगे हैं। इसी बीच गणराज्य में कल छठे दिन भी संघर्ष जारी रहा।

विपक्ष और वरिष्ठ अधिकारियों ने कल रात दो घंटे की बातचीत के बाद संयुक्त बयान जारी कर राष्ट्रपति गम्साखुर्दिया से त्यागपत्र की मांग की और जार्जियाई सांसदों को सत्ता सौंपने को कहा।

दो रक्षा उपमंत्रियों (विधिमंत्री और गृह उपमंत्री) के दल बदल लेने से जार्जिया में संघर्ष रुकने

Punjabi Santari

धुंध के

25

फाजिल्का, 29
किलो मीटर दूर
साढ़े 9 बजे पंजा
राजस्थान रोडवे
परिणामस्वरूप 2
की दशा गम्भीर
जबरदस्त धुंध छा
कुछ दिखाई नहीं
बसों के चालक भ

राजस्थान रो
के लिए रवाना हु
रोडवेज की बस
राजस्थान रोडवेज
सिंह, पंजाब रोडवे
एक व्यक्ति कुन्दन
लक्ष्मी बाई और
गई। छाबड़ा को
और सिमरनजीत
स्थानांतरित कर

दुर्घटना की सू
एम.आर. अग्रवाल



मुकेरिया कालेज से गत 27 दिसम्बर को एन.सी.सी. की 12वीं बटालियन की होशियारपुर इकाई की चराई गई दो स्टेनगनें व 4 मैगजीनें पुलिस ने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी नामक मिलिटैंट को गिरफ्तार करके बरामद कर ली हैं । बिच में बरामद हथियार । (छाया : जागर)



पुलिस थाना बाघा पुराना के गांव मंगलपुरा में गत दिवस सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए अज्ञात मिलिटैंट का शव । (छाया : शर्मा स्टूडियो)

पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसने क्षेत्र में कई वारदातें करना स्वीकार किया है।

जनता में सुरक्षा की भावना पनपी : बताया जाता है कि अमृतसर के एस.एस.पी. सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय व एस.पी. (डी.) अंजित शुक्ला ने जब से अपना कार्यभार सम्भाला है, तब से ही जनता में सुरक्षा तथा सुरक्षा कर्मियों में कर्तव्यपरायणता की भावना पनपी है। उक्त दोनों अधिकारियों ने गत रात्रि नगर के सभी पुलिस थानों व नाकों का अचानक निरीक्षण भी किया।

2 मिलिटैंट गिरफ्तार : अंडियाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत झीता गांव के निकट से सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट भूपिंदर सिंह निवासी दयालपुर को गिरफ्तार किया है तथा उससे एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीनें और 40 कारतूस बरामद किए हैं । भूपिंदर सिंह भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स से सम्बद्ध बताया जाता है ।

थाना मेहता क्षेत्र के अंतर्गत रोमाना चक गांव के निकट से सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट करनैल सिंह निवासी बटाली को गिरफ्तार किया है ।

भाजपा नेता की हत्या : बरनाला (चंदन, राकेश तथा सिधवानी): आज शाम 7.40 बजे मंगलूर के भाजपा प्रधान तथा भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राज महाजन को दो मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर घायल कर दिया । वह उस समय अपनी पत्नी के साथ कार से घर वापस आ रहे थे । उनकी छाती में तीन गोलियां लगीं । उन्हें सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना ले जाया जा रहा था कि बरनाला से 15 कि.मी. दूर एक गांव के निकट वह दम तोड़ गए । उनका अंतिम संस्कार कल दोपहर को होगा । व्यापार मंडल बरनाला ने कल बरनाला बंद का आह्वान किया है । विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा कर्मचारी संगठनों ने श्री महाजन की हत्या की निंदा की है ।

हथियार छीने : फगवाड़ा (अशोक कौड़ा, सोमला) : गत रात्रि निकटवर्ती गांव जगतपुर जट्टां में स्कूटर सवार दो हथियारबंद अज्ञात मिलिटैंटों ने एक एस.पी.ओ. कश्मीर सिंह व होमगार्ड के जवान रवेल सिंह से उनकी एस.एल.आर. व 303 बोर की राइफल तथा एक मैगजीन व 50 कारतूस छीन लिए और फरार हो गए। बाद में मिलिटैंट दोनों राइफलें रास्ते में ही फैंक गए लेकिन कारतूस ले गए। दोनों सुरक्षा कर्मचारी शराब के एक ठेके पर ड्यूटी पर तैनात थे। सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मिलिटैंट गिरफ्तार, हथियार बरामद : दसूहा (जागर) : गत 27 दिसम्बर की रात को मुकेरियां में एन.सी.सी. के एक शिविर के दौरान हथियार लूट लिए जाने के संबंध में पुलिस ने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी नामक एक संदिग्ध मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे में से 2 स्टेनगनें व 4

एक कैडर के रूप में शामिल हुआ था परन्तु बाद में हथियार लेकर फरार हो गया था। उनका कहना था कि अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसने कहा है कि उन हथियारों से उसने लूटमार करके विदेश चले जाना था।

कीमतों में वृद्धि

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि इंका समर्थित इंटकने भी खाद्यान्नों के मूल्यों में की गई वृद्धि की निंदा की है। इंटक के लिए इस आंदोलन से दूर रहना कठिन हो सकता है और अगर इंटक इसमें भाग लेती है तो केन्द्र सरकार बहुत ही कठिन स्थिति में पड़ जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा पिछले मास की गई एक दिन की हड़ताल ने पहले ही सरकार को झिंझोड़ कर रख दिया है और अब उक्त प्रस्तावित आंदोलन से देश के अनेक भागों में अनिश्चय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

चीन के परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के प्रस्ताव को मंज़ूरी

पेइचिंग, 29 दिसम्बर (ए.पी.) : चीन के सांसदों ने आज परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया । चीनी संवाद समिति सिन्हुआ ने बताया कि नैशनल पीपल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने प्रस्ताव को मंज़ूरी दी । प्रधानमंत्री ली फंग ने अगस्त में घोषणा की थी कि चीन सैद्धांतिक रूप से 1968 की संधि पर हस्ताक्षर करने को तैयार है, जिसके तहत परमाणु सामग्री के स्थानांतरण पर रोक लगाई गई है । इस संधि पर अब तक 140 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं ।

विकासशील देशों, खासकर ईरान और ईराक से चीन के आणविक सहयोग को लेकर पश्चिमी राष्ट्र काफी चिंतित रहे हैं । प्रस्ताव को राष्ट्रपति याङ शांगकुन की मंज़ूरी मिलने के बाद ही चीन औपचारिक रूप से संधि में शामिल हो पाएगा ।

बादल के भारत में 'राष्ट्रकुल' बनाने के सुझाव की निंदा

अमृतसर, 29 दिसम्बर (कमलेश): डा. बलदेव चावला प्रधान, श्री अविनाश जायसवाल महामंत्री तथा श्री लक्ष्मीकांता चावला प्रचार सचिव राष्ट्रीय सिक्ख संगत समिति पंजाब ने अकाली नेता श्री प्रकाश सिंह बादल के इस बयान की सख्त निंदा की है जिसमें उन्होंने सुझाव दिया है कि देश के तमाम प्रांतों को भी अन्य के स्वतंत्र प्रांतों की तरह राष्ट्रकुल बना दिया जाए । बयान में कहा गया है कि श्री बादल के इन विचारों से पता चलता है कि वह एक निराश हो चुके नेता की भांति बोल रहे हैं या फिर उन्हें देशभक्ति का अर्थ नहीं आता क्योंकि जब-जब हमारे देश का केंद्र कमज़ोर हुआ है, तब-तब ही हम गुलाम बने हैं । बयान में सरकार से मांग की गई है कि वह देश में हर प्रकार की हिंसा को सख्ती से दबा कर अमन व शांति का वातावरण बहाल करे ताकि देश मज़बूत बने ।

केंद्र व राज्यों में रचनात्मक सांझेदारी अनिवार्य : इंका

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर (प.स.): कांग्रेस (इ) ने केंद्र और राज्यों में विभिन्न दलों की सरकारों के रहते केंद्र व राज्यों के बीच रचनात्मक सांझेदारी को अनिवार्य बताया है ।

पार्टी प्रवक्ता प्रो. सी.पी. ठाकर ने यहां प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव द्वारा कल राज्यपालों के सम्मेलन में केंद्र व राज्यों के संबंधों के बारे में व्यक्त किए गए विचारों का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले छह महीने के दौरान केंद्र सरकार ने ऐसी भावना विकसित करने में पूरी सावधानी और सतर्कता बरती है । प्रो. ठाकर ने कहा कि केंद्र की इस प्रकार की भावना का राज्यों को इसी तरह उत्तर देना चाहिए । उन्होंने कहा कि कांग्रेस (इ) देश की संघीय प्रणाली को सुगमता और सुदृढ़ता से चलाने को महत्वपूर्ण मानती है ।

बैठक आज : कांग्रेस (इ) कार्यसमिति की कल शाम यहां बैठक होगी । पार्टी अध्यक्ष प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी के चुनावों के बारे में भी विचार किए जाने की आशा है । पार्टी चुनावों के बारे में कई राज्यों से मिली शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए इस बैठक को काफी महत्व दिया जा रहा

लुधियाना, 29 दिसम्बर (महिन्द्रा): स्थानीय वरिष्ठ उप-न्यायाधीश श्री जे.एस. चावला ने एक महिला वीना रानी के वकील श्री प्रेम चंद गुप्ता की बहस सुनने के बाद एक अन्य महिला ममता के विरुद्ध नोटिस जारी किया है कि वह 10 मार्च को अदालत में हाजिर होकर बयान करे कि उसने मेरठ के एक युवक विनोद कुमार के साथ उसकी पहली पत्नी के होते हुए दूसरी शादी क्यों की ? अदालत ने मेरठ के इस युवक तथा उसके माता-पिता को भी अदालती सम्मन जारी किए हैं कि वह इस मुकद्दमे में पेशी पर हाजिर हों । ममता के मां-बाप को भी नोटिस दिया गया है । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मेरठ निवासी विनोद कुमार का विवाह प्रेम नगर लुधियाना की एक लड़की वीना रानी से हुआ था कि इनमें झगड़ा शुरू हो गया । विनोद कुमार किसी न किसी तरह मेरठ की अदालत से वीना रानी से तलाक के अवैध कागजात बनवाने में सफल हो गया तथा उसने एक अन्य लड़की ममता के साथ दूसरी शादी कर ली । पहली पत्नी को पता चला तो उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट से अपने पति का तलाक अस्वीकार करा लिया तथा लुधियाना की अदालत में अपने पति विनोद कुमार, उसके मां-बाप, नई दुल्हन ममता तथा उसके मां-बाप के विरुद्ध दूसरी शादी करने के आरोप में मुकद्दमा दायर कर दिया ।

बुश एशिया व आस्ट्रेलिया यात्रा करेंगे

वाशिंगटन, 29 दिसम्बर (ए.पी.) : अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश आस्ट्रेलिया और एशिया के दौरे पर जा रहे हैं। राजनीतिक और व्यापारिक दृष्टि से उनकी इन यात्राओं को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है हालांकि जापान और दक्षिण कोरिया में उनकी यात्रा के उद्देश्यों को लेकर असंतोष झलक रहा है।

इस बात की पूरी संभावना है कि श्री बुश इस यात्रा के दौरान मेजबान देशों से अधिक खुली-बाजार-नीति अपनाने के लिए कहेंगे। ये देश अमरीका के इस तरह के किसी सुझाव का विरोध करते आए हैं। पर्यवेक्षकों का मानना है कि उनकी यात्रा से अमरीका को ज्यादा फायदा होने वाला नहीं।

पत्रकारों के प्रति हिंसा की घटनाओं पर चिंता व्यक्त

बेंगलूर, 29 दिसम्बर (प.स.): भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ ने देश के विभिन्न भागों में हो रही पत्रकारों के प्रति हिंसा की घटनाओं पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की है ।

27 दिसम्बर को यहां सम्पन्न संघ के तीन दिवसीय अधिवेशन में कहा गया कि केरल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, असम, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं । बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से प्रैस की आज़ादी को उत्पन्न नए खतरों पर भी चर्चा हुई । केंद्र और राज्य सरकारों से पत्रकारों को पर्याप्त संरक्षण देने की मांग की गई ताकि वे निर्बाध रूप से अपना कर्त्तव्य पालन कर सकें ।

सजपा द्वारा पंजाब के चुनावों में भाग लेने का निर्णय

चंडीगढ़, 29 दिसम्बर (वि.प्र.): समाजवादी जनता पार्टी ने पंजाब में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाग लेने का निर्णय किया है । आज यहां पार्टी की पंजाब शाखा की कार्यकारिणी की बैठक में जगराओं के निकट मारे गए रेल यात्रियों के परिवारों से सहानुभूति व्यक्त की गई ।

भारत-श्रीलंका आयोग की बैठक जनवरी में

कोलम्बो, 29 दिसम्बर (वार्ता): भारत श्रीलंका संयुक्त आयोग की पहली बैठक पांच से सात जनवरी तक नई दिल्ली में होगी । यह घोषणा आज यहां आधिकारिक तौर पर की गई ।

विदेश मंत्री हेरालडहर्ट के नेतृत्व में श्रीलंका का प्रतिनिधिमंडल चार जनवरी को नई दिल्ली पहुंचेगा । वार्ता में विदेश मंत्री माधव सिंह सोलंकी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे ।

संयुक्त आयोग दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के बारे में विचार-विमर्श करेगा ।

गत सप्ताह द्विपक्षीय बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव और राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास ने दोनों देशों के बीच आर्थिक

Punjabi Sanatani

चंडीगढ़ व पंजाब में 40 संदिग्ध मिलिटैंट गिरफ़्तार

राज्य में अन्यत्र 2 व्यक्तियों की हत्या, 2 मिलिटैंट मरे

बच्चे सहित 2 का अपहरण : बम कांड का सुराग मिला

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वार्ता, प.स.): सुरक्षा बलों ने गत सायं से चंडीगढ़, मोहाली व पंजाब के विभिन्न स्थानों में से 40 संदिग्ध मिलिटैंटों को काबू कर लिया, जबकि राज्य में अन्यत्र दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई तथा एक बच्चे सहित दो व्यक्तियों का अपहरण भी कर लिया गया। इसके अलावा आपसी रंजिश के दौरान 2 मिलिटैंट भी मारे गये।

तलाशी, 25 हिरासत में : (संधी): चंडीगढ़ व मोहाली पुलिस ने आज तड़के कई क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा कर मिलिटैंटों की खोज में घर-घर की तलाशी ली। चंडीगढ़ पुलिस ने सैक्टर 18 व 21 में प्रात: 5 बजे से कर्फ्यू लागू करके तलाशी के दौरान 25 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया जिनमें से 11 को पूछताछ के बाद मौका पर ही छोड़ दिया गया जबकि मोहाली पुलिस ने फेज 2, 4, 5 के अलावा फेज 3 के कुछ हिस्सों में भी कर्फ्यू लगा कर तलाशी ली व 11 संदिग्ध व्यक्तियों को काबू कर लिया। यह कार्रवाई प्रात: 10 बजे तक जारी रही। इस दौरान ड्यूटी पर जाने वाले कर्मियों व आवश्यक सेवाओं के वितरण में कोई अड़चन नहीं आने दी गई। इस कार्रवाई में 300 अधिकारियों व कर्मियों के अलावा महिला पुलिस ने भी भाग लिया।

आपसी रंजिश में मिलिटैंट मरा : खारूर जिला के गांव भीमसा के खेतों में कल रात गुरदयाल सिंह नामक एक मिलिटैंट का शव बरामद किया गया। पुलिस ने इस घटना को मिलिटैंट गिरोहों की आपसी रंजिश का मसला बताया है।

4 मिलिटैंट गिरफ्तार : फिरोजपुर जिला में कल रात पुलिस ने चार मिलिटैंटों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 4 बंदूकें, एक टैंक-भेदी माइन, 303 बोर की 3 राइफलें, एक दोनाली व कुछ कारतूस बरामद किए हैं।

हथियार बरामद, 3 मिलिटैंट काबू : मजीठा पुलिस ने तीन मिलिटैंटों को काबू कर उनके पास से एक एके. 47 राइफल, एक माऊजर, दो मैगजीनें और कुछ कारतूस बरामद किए हैं। मिलिटैंटों की शिनाख्त भूपिन्दर सिंह, करनैल सिंह व गुरभाज सिंह के रूप में हुई है।

2 मिलिटैंट हिरासत में : जिला पुलिस ने भी कल दो मिलिटैंटों को हिरासत में लेकर उनके पास से 32 बोर की एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद किए हैं। इन मिलिटैंटों की पहचान वासन मसीह व सुरिन्द्र सिंह के रूप में हुई।

कारिन्दे की हत्या : जिला भटिण्डा के गांव पीठो में आज मिलिटैंटों ने एक शराब के ठेके में घुस कर बंत सिंह नामक एक कारिन्दे की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

अपहरण : अमृतसर में आज मोटर साइकिल सवार तीन मिलिटैंटों ने अनूप कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। उस समय वह अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर साइकिल पर अपने घर जा रहा था।

एक व्यक्ति की हत्या : संगरूर (गर्ग): गत रात्रि यहां से 25 कि.मी. दूर गांव ईसी में 3-4 मिलिटैंटों ने गुरदयाल सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी।

बच्चे का अपहरण : जालंधर (शिव): तीन अज्ञात हथियारबंद व्यक्तियों द्वारा कल रात 8.30 बजे स्थानीय न्यू जवाहर नगर की कोठी नम्बर 72 से तीन महीने के एक बच्चे प्रभव सुपुत्र राजन का अपहरण किए जाने का समाचार मिला है। अपहरणकर्ता बच्चे का अपहरण करके उसे उसके पिता की सफेद मारुति कार नं. यू.एआर 7101 में ही ले गए। कार सिद्धार्थ रोड से बरामद कर ली गई है। पुलिस ने केस की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

कश्मीर में 16 अलगाव 5 व्यक्ति मरे, 10

श्रीनगर, 30 दिसम्बर (वार्ता): कश्मीर घाटी में कल शाम से 16 अलगाववादियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि 5 व्यक्ति मारे गए व 2 सुरक्षा कर्मियों सहित 10 अन्य घायल हो गए।

2 सुरक्षा कर्मी घायल : सरकारी सूत्रों ने आज बताया कि कल रात यहां अलगाववादियों ने सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी पर दो हथगोले फैंके। इससे दो सुरक्षा कर्मी घायल हो गए।

16 अलगाववादी गिरफ्तार : घाटी के विभिन्न भागों से पिछले 24 घंटे में 16 अलगाववादी गिरफ्तार किए गए। इस बीच बड़गाम, कुपवाड़ा और पुलवामा में अलगाववादियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों का कल से शुरू अभियान जारी है।

5 मरे, 8 घायल : सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सुरक्षा बलों व अलगाववादियों के मध्य गत सायं हुए संघर्ष के दौरान क्रास फायरिंग में 5 व्यक्ति

मान झंझलाए !

चंडीगढ़, 30 दिसम्बर (वि.प्र.): अकाली दल (मान) के प्रधान श्री सिमरनजीत सिंह मान ने कहा है कि अकाली दल (ल) और अकाली दल (पंथक) निरर्थक हैं। मैं इन्हें कोई राजनीतिक महत्व नहीं देता। आज जब इस बारे में श्री मान से पूछा गया तो उन्होंने खीझ कर कहा, "कृपा करके मुझसे इस तरह के फिजूल प्रश्न न पूछें।" याद रहे कि अकाली दल (पंथक) के रह चुके प्रधान कैप्टन अमरेंद्र सिंह श्री मान के सगे साढ़ू हैं, जिसके साथ वह राजनीतिक बातचीत करने के लिए तैयार नहीं।

Punjabi Sahara



बरनाला के भाजपा नेता राज महाजन के शव के साथ उनकी धर्म पत्नी तथा शोकग्रस्त अन्य सम्बन्धी । उनकी गत दिवस मिलिटैंटों ने हत्या कर दी थी । (छाया : सिंधवानी)

पंजाब में वारदातें
(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि परखालों ने सुबह 7.25 बजे रिपोर्ट लिखवाई कि रात 8.30 बजे 3 युवक, जिनमें 2 केशधारी और एक क्लीनशेव था, सांकी पगड़ी बांधे आए और कहा कि उन्होंने तलाशी लेनी है। एक के पास एके 47 राइफल भी थी। वहां प्रणव को उसका रिश्तेदार अश्विनी मिला रहा था कि केशधारी युवक ने बच्चा उससे छीन लिया और कार की चाबी मांगी। चाबी मिलने पर एक युवक अंदर आया और कार निकाल कर बाहर ले आया तथा तीनों युवक बाद में बच्चे को लेकर फरार हो गए। डर के मारे घर वालों ने रात को रिपोर्ट ही दर्ज नहीं कराई। इस घटना से क्षेत्र में दहशत पाई जाती है।

वाहन व हथियार बरामद, 4 काबू : फगवाड़ा (सोमला): कल स्थानीय थाना सदर पुलिस ने 4 संदिग्ध मिलिटैंटों हरिन्द्र सिंह निवासी फगवाड़ा, परमिन्दर सिंह निवासी फगवाड़ा, सुखविन्द्र सिंह निवासी गांव पलाही, कुलविन्द्र सिंह निवासी फगवाड़ा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक मोटर साइकिल इड सजूकी, बजाज चेतक पी.बी. 36-0109, .12 बोर की दो पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद किए हैं। उनके विरुद्ध धारा 25 शस्त्र अधिनियम के अधीन केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

बरनाला में मातमी हड़ताल : बरनाला (सिंधवानी): भाजपा नेता श्री राज कुमार महाजन, जिनकी कल वहां रात्रि सवा सात बजे मिलिटैंटों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, के शोक में आज बरनाला में पूर्ण हड़ताल रही। श्री महाजन अपनी धर्मपत्नी सहित घर को आ रहे थे कि गली के मोड़ पर पहले से ही खड़े दो मिलिटैंटों ने गोलियां चलाईं, जो उनकी छाती में लगने से बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें लुधियाना ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। श्री महाजन जिला संगरूर भाजपा के महासचिव तथा भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य थे। घटना की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. ईश्वर चन्द, डी.एस.पी. हरीश कुमार, उपमंडल अधिकारी के.के. शर्मा मौके पर पहुंचे और अभियुक्तों का पता लगाने के लिए नगर के बाहरी क्षेत्र सिंधु पत्ती को सेना, पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. ने घेरे में लेकर तलाशी अभियान आरम्भ कर दिया है। भाजपा पंजाब तथा जिला के नेताओं को फोन द्वारा घटना की सूचना दे दी गई है। बरनाला के सरकारी अस्पताल से पोस्टमार्टम के उपरान्त निकाली गई शव यात्रा में हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए जिनमें जिला संगरूर भाजपा के प्रधान श्री नीरता राम गोयल, श्री राम स्वरूप गोयल तथा जिला के उपप्रधान श्री जयभगवान गर्ग ने शामिल होकर श्रद्धांजलि भेंट की। इस घटना की क्षेत्र में सर्वत्र निंदा की जा रही है।

बस-कांड का सुराग मिला : लुधियाना (धीमान): श्री राज किशन बेदी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज बताया कि गत 19 दिसम्बर को भारत नगर चौक के नजदीक जो बस विस्फोट हुआ था, उसके संदर्भ में महत्वपूर्ण सुराग मिल गया है। आशा है कि इसमें संलिप्त दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कांड में 13 मासूम व्यक्ति मारे गए थे। इनमें टैलीफोन विभाग के 2 कर्मचारी भी थे।

मारुति छीनी : अमृतसर (सुभाष नारंग): गत रात्रि स्थानीय जामुन वाली सड़क पर 2 मोटर साइकिलों पर सवार 4 संदिग्ध मिलिटैंटों ने अलोरा स्पिनिंग मिल के मालिक नरेन्द्र खन्ना की सफेद रंग की नई मारुति कार हथियारों की नोक पर छीन ली तथा फरार हो गए।

स्पष्टीकरण : गत दिवस स्थानीय रेसकोर्स रोड पर 5 मिलिटैंटों ने जिस व्यक्ति की मारुति कार हथियारों की नोक पर छीन ली थी, उसका नाम चमन लाल छाबड़ा नहीं बल्कि किशनचंद है।

हथियार जब्त, एक काबू : मेहता थाना के अधीन कालेके गांव में सुरक्षा बलों ने करनैल सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी बुटारी नामक एक मिलिटैंट को काबू करके उसके कब्जे से एक माऊजर व 6 कारतूस जब्त किए हैं।

हथियार बरामद : जंडियाला पुलिस ने कल झीता गांव में भूपिन्दर सिंह उर्फ भिन्डा निवासी दयालपुर नामक एक मिलिटैंट को काबू करके एक एके 47 राइफल, 2 मैगजीनें व 40 कारतूस जब्त किए थे। उसने आज झीता गांव के ही खेतों में दबे कुछ और हथियार बरामद करवाए हैं, जिनमें एक थामसन गन, एक एल.एम.जी., उसकी एक मैगजीन व 150 कारतूस, 2 एके 47 राइफलें, उसकी 2 मैगजीनें व 220 कारतूस, 303 बोर की एक राइफल व उसके 20 कारतूस शामिल हैं। उससे आगे पूछताछ जारी है।

हथियार बरामद, एक गिरफ्तार : आज तड़के बियास थाना के अधीन मठियाला गांव में सुरक्षा बलों ने गुरमेज सिंह गोल्डी नामक एक संदिग्ध मिलिटैंट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 30 बोर का एक सैमी माऊजर व 5 कारतूस बरामद किए हैं।

अमृतसर से पुलिस के हवाले से मिली खबर के अनुसार पिछली दीवाली को बडाला कलां विशेष पुलिस अधिकारी चौकी पर किए गए हमले की योजना गोल्डी ने ही बनाई थी । इस घटना में छह सुरक्षा कर्मी मारे गए थे तथा 13 शस्त्र लूटे गए थे । वह सेना में कार्यरत कैप्टन का भाई है ।

आपसी लड़ाई में मिलिटैंट मारा गया : पुलिस ने आज सायं पुलिस जिला मजीठा के गांव बताला के निकट से एक मिलिटैंट का गोलियों से छलनी शव बरामद किया है । मृतक का नाम दलबीर सिंह उर्फ भीरा पुत्र चरण सिंह निवासी गांव पैडेवाल थाना बियास बताया गया है । पुलिस के अनुसार यह गिरोहों की आपसी शत्रुता का मामला है ।

आश्रयदाता गिरफ्तार : तरनतारन की पुलिस ने गांव लालपरा से एक व्यक्ति सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस को सूचना मिली थी कि सुरजीत सिंह के घर में मिलिटैंट आश्रय लिए हुए हैं, जब पुलिस ने सुरजीत सिंह के घर पर छापा मारा, तब मिलिटैंट खिसक गए थे । पुलिस ने सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

एरिया कमांडर चंचल सिंह मारा गया : बाघा पुराना (ज्ञान): यहां संगतपुरा के निकट पुलिस के साथ गत दिवस हुए एक मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट की पहचान चंचल सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी गांव नैराबाला (बरनाला) के रूप में की गई है । वह गुरजंट सिंह बुधसिंहवाला के नेतृत्व वाली खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का एरिया कमांडर था ।

भारत ने पाक का प्रस्ताव ठुकराया

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर (वार्ता): भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक स्तर पर वार्ता शुरू करने के पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के प्रस्ताव को भारत ने यह कहते हुए नामंजूर कर दिया कि इसमें कुछ भी नया नहीं है । हाल ही में दिल्ली के एक

Punjabi Sanatani